हिन्दी

विश्वकोष

बंगला विश्वकोषके सम्पादक

श्रीनगेन्द्रनाथ वसु प्राच्यविद्यामहार्णव,

सिद्धान्त-वारिधि, शब्दरत्नाकर, तत्त्वचिन्तामणि, एम, आर, ए, एस,

तथा हिन्दीके विद्वानों द्वारा सङ्कलित ।

नवम भाग

[ट—तौलिकिक]

THE

ENCYCLOPÆDIA INDICA

VOL. IX.

COMPILED WITH THE HELP OF HINDI EXPERTS

BY

NAGENDRANATH VASU, Prāchyavidyāmahārnava,

Siddhānta-vāridhi, Sabda-ratnākara, Tattva-chintāmani, M. R. A. S

Compiler of the Bengali Encyclopædia ; the late Editor of Bangiya Sāhitya Parishat and Kāyastha Patrikā ; author of Castes & Sects of Bengal, Mayurabhanja Archæological Survey Reports and Modern Buddhism ; Hony. Archæological Secretary, Indian Research Society, Member of the Philological Committee, Asiatic Society of Bengal ; &c. &c. &c.

Printed by P. C. *Bose*, at the Visvakosha Press.

Published by

Nagendranath Vasu and Visvanath Vasu

9, Visvakosha Lane, Baghbazar, Calcutta.

1925.

हिन्दी

विश्वकोष

(नवम भाग)

ट

ट—संस्कृत और हिन्दी व्यञ्जनवर्णमालाका ग्यारहवाँ और ट-वर्गका पहला अक्षर। इसका उच्चारण-स्थान मूर्द्धा है। उच्चारणमें आभ्यन्तरप्रयत्न मूर्द्धस्थानके द्वारा जिह्वाका मध्यभाग स्पर्श और वाह्यप्रयत्न विराम, श्वास और अघोष है। मातृकान्यासमें दक्षिणस्फितिमें (दक्षिण नितम्बमें) इसका न्यास किया जाता है। इसका आकार इस प्रकार है—"ट"। इस अक्षरमें कुबेर, यम और वायुका नित्य-वास है।

तन्त्रके मतसे इसके पर्याय वा वाचक शब्द २७ हैं—टकार, कपाली, सोमेश, खेचरी, ध्वनि, मुकुन्द, विनदा, पृथ्वी, वैष्णवी, वारुणी, दक्षाङ्गक, अर्द्धचन्द्र, जरा, भूति, पुनर्भव, बृहस्पति, धनुः, चित्रा, प्रमोदा, विमला, कटि, राजा, गिरि, महाधनुः, प्राणात्मा, सुमुख और मरुत्।

कामधेनुतन्त्रके मतसे टकारका स्वरूप—यह स्वयं परम कुण्डली, कोटिविद्युल्लताकार, पञ्चदेवमय, पञ्चप्राणयुक्त, त्रिगुणोपेत, त्रिशक्तिसमन्वित और त्रिविन्दुयुक्त है।

इसका ध्यान करनेसे अभीष्टकी सिद्धि होती है। ध्यान—"मालती पुष्पवर्णाभां पूर्णचन्द्रनिभेक्षणाम्।

दशबाहुसमायुक्तां सर्वालङ्कारसंयुताम्॥

परमोक्षप्रदां नित्यां सदास्मेरमुखीं पराम्।

एवं ध्यात्वा ब्रह्मरूपां तन्मन्त्रं दशधा जपेत्॥"

(वर्णोद्धारतन्त्र)

इस मन्त्रको ध्यानपूर्वक दशबार जपनेसे अभीष्टसिद्धि होती है।

काव्यके प्रारम्भमें इसका विन्यास करनेसे खेद होता है।

ट (सं० क्ली०) टल्-ड। १ करङ्क, नारियलका खोपड़ा। (पु०) २ वामन। ३ पाद, चतुर्थांश, चौथाई भाग। ४ निःस्वन, शब्द।

टँकना (हिं० क्रि०) १ कील आदि जड़ कर जोड़ा जाना। २ सीया जाना, सिलाईसे जुड़ना। ३ सी कर अँटकाया जाना। ४ रेतीका तेज होना। ५ अङ्कित होना, लिखा जाना, दर्ज किया जाना। ६ सिल, चक्की आदि रेहा जाना, कुटना।

टँका (हिं० पु०) १ पुराने समयकी एक तौल जो एक तोलेके समान मानी जाती थी। २ ताँबेका एक पुराना सिक्का, टका। ३ एक प्रकारका गन्ना।

टँकाई (हिं० पु०) १ टाँकनेकी क्रिया। २ टाँकनेकी मजदूरी।

टँकाना (हिं० क्रि०) १ टाँकोंसे सिलवाना। २ सिला कर लगवाना। ३ खुरदुरा कराना, कुटाना। ४ लिखा कर लगवाना।

टंकाना (हिं० क्रि०) सिक्कोंकी जाँच कराना।

टंकारना (हिं० क्रि०) धनुषिका तान कर ध्वनि उत्पन्न

ा, धनुषको डोरी खींचकर आवाज करना।
हिं० स्त्री०) १ भैरागकी एक रागिणी। २ पानी-
छोटासा कुंड जो दीवार उठा कर बनाया जाता
चौबचा, टाँका। ३ (Tank) वह बरतन जिसमें
ई पानी समाता हो, टब।
(हिं० पु०) टंकार देखो।
ना (हिं० क्रि०) १ धनुषका तान कर शब्द उत्पन्न
ा, धनुषको डोरी खींच कर आवाज करना। २
र लगाना। ३ किसी वस्तुको जोरसे टकरानेके लिए
नी वा मध्यमा अँगुलीकी कुण्डली बना कर उसकी
को अँगुठेसे दबा कर जोरसे छोड़ना।
ी (हिं० स्त्री०) वह छोटा तराजू जिससे सोना
ी आदि तौला जाता है, काँटा।
ी (हिं० स्त्री०) घुटनेसे ले कर एँड़ी तकका भाग
।
ा (हिं० क्रि०) १ लटकाना। २ फाँसी पर चढ़ाना,
ी लटकना। ३ कपड़े आदि रखे जानेके लिये
ी हुई रस्सी, अलगनी। ४ जुलाहोंकी उठौनी टाँगी
नेकी रस्सी।
ी (हिं० स्त्री०) टंगड़ी देखो।
(हिं० पु०) मूँज।
ंट (हिं० पु०) पूजा पाठका भारी आडम्बर, मिथ्या
डम्बर।
(हिं० पु०) १ प्रपंच, बखेड़ा, खटराग। २ उप-
, छलचल, टण्टा फसाद। ३ झगड़ा, लड़ाई, कलह।
र (अं० पु०) १ किसी दूसरेसे कुछ काम करने या
ई माल किसी नियत दर पर बेचने या खरीदनेका
करारनामा। २ अदालतका वह आज्ञापत्र जिसके
रा कोई मनुष्य किसीके प्रति अपना लेना अदालतमें
ाबित करे।
ल (हिं० पु०) मजदूरोंका जमादार या मेट।
ड़िया (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका गहना जो बाँहमें
हना जाता है। यह अनन्तके आकारका होता लेकिन
समें भारी और बिना घुंडीका होता है, टाँड़, टड्डा।
डुनिया (हिं० स्त्री०) कटिदार वन-चौलाई। वह
ाग और औषध दोनोंके काममें आती है।

टंडैल (हिं० पु०) टंडल देखो।

टंमरो (हिं० स्त्री०) एक वीणा।

टक (हिं० स्त्री०) १ स्थिर दृष्टि, गड़ी हुई नजर। २ बड़े तराजूका चौखूंटा पलड़ा जिस पर लकड़ी आदि रख कर तौला जाता है।

टकटकी (हिं० स्त्री०) स्थिर दृष्टि, गड़ी हुई नजर।

टकटोना (हिं० क्रि०) टकटोलना देखो।

टकटोलना (हिं० क्रि०) हाथसे छू कर पता लगाना, टटोलना।

टकटोहन (हिं० पु०) स्पर्श, छूनेकी क्रिया।

टकतन्त्री (सं० स्त्री०) आर्योंका एक प्राचीन वाद्ययन्त्र सितारके ढङ्गका एक प्राचीन बाजा।

टकबौड़ा (हिं० पु०) वह भेंट जो किसान विवाहादि के अवसर पर जमींदारको देते हैं, मथवच, शादियां।

टकराना (हिं० क्रि०) १ जोरसे एक दूसरेमें ठोकर लगना, जोरसे भिड़ना। २ कार्यसिद्धिकी आशासे कई स्थानों पर कई बार आना जाना, घूमना।

टकरी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका वृक्ष।

टकसरा (हिं० पु०) आसाम, चटगाँव और बर्मामें होनेवाला एक प्रकारका बाँस।

टकसाल (हिं० स्त्री०) १ (सं० टङ्कशाला शब्दका अपभ्रंश रूप) मुद्रा प्रस्तुत होनेका कार्यालय, सिक्के बनने या ढलनेका कारखाना, वह स्थान जहां रुपये, पैसे आदि बनाये जाते हों।

अति प्राचीनकालसे भारतवर्षमें सोने चाँदी और तांबे आदिके सिक्के व्यवहृत होते आये हैं। नाना-स्थानोंमें प्राचीन हिन्दू-राजाओंके नामाङ्कित बहुत सिक्के मिले हैं। उन सिक्कोंका आकार, परिमाण, विशुद्धता आदि अति विस्मयप्रद है। उनके देखनेसे सहजही प्रतीत होता है कि, तत्कालिक नरपतिगण राजकीय टकसालोंमें अपने अपने राज्यके लिये सिक्के बनवाते थे। अलेकसन्दरके समयसे लगा कर अंग्रेजोंके अधिकार समय तक भारतवर्षमें कोई शुमार नहीं कि कितने प्रकारके सिक्के चले हैं। मूल्य, परिमाण, आकार और गठनका पारिपाट्य प्रायः भिन्न भिन्न होता था। मुद्रा देखो।

राजाओंके सिवा और किसीके भी सिक्कोंके बनानेका

अधिकार न था। राजकीय टकसालोंमें शिल्पिगण हाथसे एक एक सिक्का बनाते थे। कहना फिजूल है कि, प्राचीन हिन्दू-राजाओंके समयके जितने भी सिक्के पाये गए हैं, उनका सोना वा चाँदी अति विशुद्ध होने पर भी उनकी बनावट उतनी उमदा नहीं है क्योंकि वह हाथसे बनाया जाता था। सम्भवत: खूबसूरतीकी तरफ उनका लक्ष्य ही नहीं था, ऐसा मालूम पड़ता है।

अलेकसन्दरके आगमनके बाद पञ्जाब और अफगानिस्तानमें, उनके द्वारा स्थापित नगरोंके शासनकर्त्ता ग्रीक-अक्षरोंमें सिक्के अङ्कित करवाते थे। परवर्ती शासनकर्तागण ग्रीक और देशीय दोनों ही भाषाएं व्यवहार करते थे।

मुगल सम्राटोंने सिक्कोंकी खूबसूरतीके विषयमें काफी उन्नति की थी। भारतवर्षसे लूटी हुई सुवर्णराशि दिल्ली और आगरेकी राजकीय टकसालोंमें मुसलमानी सिक्कोंमें परिणत हो कर देश देशमें प्रचलित हुई। कहना फजूल है कि, मुगल सम्राटोंके समयमें ही भारतवर्षके बहुविस्तृत स्थानमें दिल्लीकी टकसालके सिक्के प्रचलित हुए थे।

बादशाह अकबरके समयमें मुगल-साम्राज्यके ४२ नगरोंमें टकसालें थीं। उन टकसालोंमें जिन जिन स्थानोंके लिये जैसे जैसे सिक्के बनाए जाते थे, उनका नीचे उल्लेख किया जाता है।

१म। दिल्ली, बङ्गाल, गुजरातस्थ अहमदाबाद और काबुल, इन चार स्थानोंकी टकसालोंमें स्वर्ण, रौप्य और ताम्र इन तीन प्रकारकी धातुओंके सिक्के बनते थे।

२य। इलाहाबाद, आगरा, उज्जैन, सूरत, पटना, काश्मीर, लाहोर, मुलतान और ताण्डा इन दश स्थानोंकी टकसालोंमें सिर्फ चाँदी और ताँबेके सिक्के बनते थे।

३य। अजमेर, अयोध्या, अटक, अलवर, बदाऊं, बनारस, भाक्कर, बहिरा, पाटन, जौनपुर, जालन्धर, हरिद्वार, हिसार, फिरुजा, कालपी, ग्वालियर, गोरखपुर, कलानूर, लखनौ, माण्डु, नागर, सरहिन्द, शियालकोट, सरोंज, सहारनपुर, सारङ्गपुर, सम्बल, कन्नौज और रन्तम्-गड़ (रणस्तम्भपुर)—इन उनतीस नगरोंकी टकसालोंमें ताँबेके सिक्के बनते थे।

इन टकसालोंमें जितने कर्मचारी, शिल्पी और मजदूर आदि रहते थे, उनके नाम और काम संक्षेपसे कहे जाते हैं।

१। दरोगा—टकसालके कार्याध्यक्ष स्वरूप प्रत्येकके कार्यका परिदर्शन करनेवाला। सब विषयोंमें निपुण और तीक्ष्णदृष्टि तथा न्यायपर व्यक्ति ही ऐसे पद पर नियुक्त किये जाते थे।

२। सराफ—स्वर्णपरीक्षक, ये स्वर्ण-रौप्यादिकी विशुद्धताकी परीक्षा किया करते थे। इन पर सिक्केका उत्कर्षापकर्ष निर्भर करता था, इसलिए इस पद पर सुनिपुण और न्यायपर व्यक्ति ही नियुक्त किये जाते थे।

३। आमिन—दरोगाका सहकारी।

४। मुशरिफ—दैनन्दिन व्ययका हिसाब रखनेवाला।

५। महाजन—सोना, चाँदी और ताँबा खरीद कर टकसालमें देनेवाला।

६। कोषाध्यक्ष—आय-व्यय और लाभका हिसाब रखनेवाला।

५वें (महाजन)-को छोड़ कर उपरोक्त सभी कर्मचारी आहदी अर्थात् १म श्रेणीके कर्मचारियोंमें गिने जाते थे।

७। तौला—सिक्केकी बारीकोंके साथ तौलनेवाला।

८। धातु गलानेवाला—मिश्र स्वर्ण, रौप्य और ताम्रको गला गला कर चद्दर बनानेवाला।

९। मिश्र स्वर्ण-रौप्यादिकी चकतियां बनानेवाला—सराफको इनकी बनाई हुई चकतियोंको अच्छा समझनेसे विशोधन करानेका अनुमति देता था। मिश्रित उन चकतियोंको मोडा और ईंटके चूरेमें कण्डोंकी आगमें जला कर शुद्ध किया जाता था।

१०। विशुद्ध धातु गलानेवाला—यह आदमी उपरोक्त विशोधित चकतियोंको गला कर चद्दर बनाता है।

११। जराब—चद्दरको काट कर सिक्केके आकार और मापका टुकड़े बनानेवाला।

१२। खोटकार—ईस्पात लोहे पर चित्र और अक्षर आदि खोद कर सिक्केके लिये ठाँचा बनानेवाला।

अकबरके समयमें दिल्ली-निवासी मौलाना अली अहमद नामक एक अति सुदक्ष खोदकार इस्पातका सांचा बनाता था।

१३। सिक्कावो—यह व्यक्ति गोलाकार धातुखण्डको ले कर दो सांचोंके बीचमें रखता और दूसरा आदमी (पाट कुचि) हथौड़ेसे उस पर चोट करके धातुखण्ड पर मुद्राङ्कित करता था।

१४ सब्बाक—विशुद्ध चाँदीको गोल चद्दर बनानेवाला।

१५। कुर्सकुब—यह व्यक्ति विशुद्ध चाँदीकी चद्दरको जला कर पीटता रहता था। जब तक उसमें सीसेको गन्ध रहती, तब तक उसको बारबार पीटा जाता था।

१६। कसनिगीर—यह व्यक्ति सोने चाँदीकी विशुद्धताको परीक्षा करता था और विशुद्ध न होने पर इच्छानुसार विशुद्ध करा लिया करता था।

१७। नियारिया—यह व्यक्ति स्वर्णादिको खाक धो कर उसमेंसे स्वर्ण पृथक् करता था।

स्वर्ण-रौप्यादिको विशुद्ध करनेके लिए ताँबा, सीसा, गन्धक, सुहागा आदिको काममें लाया जाता था।

१८। मिश्रित चाँदीकी गाद गला कर चाँदी निकालनेवाला।

१८। पैकार—नगरस्थ स्वर्णकारोंसे धूल आदि खरीद कर उसमेंसे सोना चाँदी निकालनेवाला।

२०। निकोईवाला—पुराने ताँबेके सिक्कोंका संग्रह कर उनको गलानेवाला।

२१। खकशो—टकसालमें झाड़ू देनेवाला। यह टकसालकी धूलको घर ले जा कर उसमेंसे सोना चाँदी निकालता था। इसमें उसको खूब आमदनी होती थी।

अकबर बादशाहके समयमें अति विशुद्ध सोने चाँदीसे सिक्के बनते थे। इन्होंने उत्कृष्ट शिल्पियोंको नियुक्त कर सिक्कोंकी बनावटमें पहलेसे बहुत कुछ सुधार किया था।

अकबरकी टकसालोंमें २६ प्रकारके सोनेके सिक्के, ८ प्रकारके चाँदीके और ४ प्रकारके ताँबेके सिक्के बनते थे। उनमें कुछ गोल और कुछ चौखूंटे होते थे।

मुद्रा देखो।

सोने चाँदीसे सिक्के बन जाने पर उनका जो मूल्य बढ़ता था, उसमेंसे कुछ अंश कर्मचारियोंके वेतनमें खर्च होता था और बाकीमेंसे महाजनको कुछ दे कर सब राजकोषमें जमा किया जाता था।

ईसाकी १६वीं शताब्दीके मध्यवर्ती समय तक यूरोपमें सिक्केका विशेष उत्कर्ष साधित नहीं हुआ था। उस समय तक धातुकी चद्दरको काट छाँट कर तथा हथौड़ेसे चोट दे कर हाथसे ही सिक्के बनाये जाते थे। कहना फजूल है कि, इस तरहकी प्रणालीसे सिक्के ठीक गोल नहीं होते थे और न उनके दोनों तरफ समान दाब हो सकती थी। १५५० ई०में एक फरासीसी खोदकारने स्क्रूके जरिये दाब कर छाप उतारनेकी तरकीब निकाली। १६६२ ई०में इङ्गलैण्डकी टकसालमें वाष्पीय यन्त्र द्वारा परिचालित एक बड़े हथौड़ेसे सिक्के बनाये जानेकी प्रथा उद्भावित हुई। यही अभी सर्वत्र प्रचलित है। इस समय जिस प्रणालीसे सिक्के बनाये जाते हैं, उसका संक्षेपमें वर्णन किया जाता है।

जिस सोने वा चाँदीसे सिक्के बनेंगे उनके थान टकसालमें आते ही पहले एक सुदक्ष स्वर्णपरीक्षक प्रत्येक थानकी परीक्षा कर उसकी विशुद्धता लिख लेते हैं। इसके बाद सोनेके थान मजबूत पात्रमें गलाये जाते हैं। सोना जब प्रखर उत्तापसे गल जाता है, तब उसमें यथोपयुक्त ताम्र मिला कर सोनेको निर्दिष्ट मिश्रित अवस्थामें परिणत किया जाता है। २२ भाग विशुद्ध स्वर्ण और २ भाग ताम्र मिला कर इंग्लैण्डके सिक्के बनाये जाते हैं। चाँदीके सिक्कोंमें २२२ भाग चाँदी और १८ भाग ताँबा डाला जाता है। यथोपयुक्त मिश्रण होने पर सोने वा चाँदीके आकार और परिमाणके भेदानुसार लोहेके साँचेमें ढालनेके नाना प्रकार थान बनाये जाते हैं। इन थानोंको वाष्पीय यन्त्र द्वारा परिचालित घूर्णमान इस्पातकी मजबूत चक्कीमें बार बार पेषित करके पतला किया जाता है। इन पत्तियोंको सर्वत्र समान करनेके लिए पुनः आगमें जला कर इस्पातकी जांतेमेंसे खींचते हैं। कामके लायक पतली होने पर वे पत्तियाँ एक परीक्षकके पास भेजी जाती हैं। परीक्षक प्रत्येक पत्तीमेंसे एक एक टुकड़ा काट कर वजन करता है। यदि

किसीकी तौलमें ३ ग्रेनसे ज्यादा तारतम्य हो, तो पूरी पत्ती नाकाम हो जाता है।

इन पत्तियोंसे छेनीसे गोल गोल चकतियाँ काटो जाती हैं। एक वृहत् वाष्पीय चक्र द्वारा परिचालित छेनीके जरिये इस कामको प्रायः लड़केही किया करते हैं। इस तरह एक लड़का प्रत्येक मिनटमें ६०।७० चकतियाँ काट सकते हैं। चकतियोंके कट जाने पर उनको फिर गलानेको जगह भेजा जाता है।

इसके बाद एक एक चकती तौली जाती है। यदि किसी तरह किसीका वजन कम हो, तो उनको अलग रख कर फिरसे गलाया जाता है। जिनका वजन ज्यादा होता है, उनको घम कर ठीक कर लिया जाता है। इससे पहले प्रत्येक टुकड़ेको लोहे पर पटक कर बजाया जाता है; यदि किसीको आवाज ठीक न हो, तो उसको निकाल दिया जाता है।

सिक्कोंके किनारोंको ऊँचा करनेके लिए पहले उनको यन्त्र द्वारा दो गोलाकार ईस्पातमें रख कर चारों तरफसे दाब दी जाती है; इससे किनारे बीचकी अपेक्षा मोटे हो जाते हैं और आकार भी ठीक गोल हो जाता है। इसके बाद आगमें दे कर नरम करनेसे ही वे सिक्के बनानेके योग्य हो जाते हैं। किन्तु उपरोक्त प्रणालीको सम्पादित करते करते वे असुद्रित खण्ड प्रायः मैले हो जाया करते हैं। उस मैलको दूर करनेके लिए उनको गन्धकद्रावकमिश्रित खौलते हुए पानीमें छोड़ कर धो लिया जाता है। उन धौत खण्डोंको काठके चूरेसे अच्छी तरह पोंछ कर सामान्य तापसे शुष्क किया जाता है। इस प्रकारको सावधानीके विना सिक्कोंमें चमकीलापन नहीं आता।

अनन्तर उन टुकड़ोंको मुद्रित करनेके लिए मुद्रणगृहमें भेजा जाता है। एक बड़े भारी मजबूत यन्त्रके दोनों तरफके दोनों साँचे ठीक तरजपर हूबहू होते हैं। पहले नीचेके साँचेमें एक टुकड़ा रखा जाता है, फिर वाष्पीय तेजसे ऊपरका साँचा समस्त यन्त्रसहित आ कर उसको दाबता है। इससे दोनों ओर एक साथ छाप पड़ती है। किनारेके दाँत भी इसीके साथ बन जाते हैं। नीचेके साँचेके चारों तरफ वलयाकृति एक इस्पातको मजबूत बेड़ी रहती है। जब ऊपरका साँचा आ कर गिरता है, तब यह भी चारों ओरसे दाब कर दाँत बना देती है। इस तरह एक एक करके सिक्के बनाये जाते हैं। कहना फजूल है कि, साँचेमें टुकड़ोंका धरना भी मशीनहीसे होता है। इसके बाद उन सिक्कोंको थैलियोंमें भरा जाता है, तथा उनमेंसे दो चार सिक्कोंको परोक्षा की जाती है।

१६०१ ई०में इष्ट इण्डिया कम्पनी टकसालमें सिक्के बना कर भारतमें लायी थी। १६६०-६१ ई०में मद्राजमें एक टकसाल स्थापित हुई थी।

१७५८-६० ई०में इष्ट इण्डिया कम्पनीको टकसाल बनानेके लिए परवाना मिलने पर उसने कलकत्तेमें एक टकसाल बनाई थी। १७८० ई०में बङ्गालमें इतने तरहके सिक्के चलते थे और उनका मूल्य हर साल इतना बढ़ जाता था कि, सुदक्ष सर्राफोंके सिवा दूसरा कोई भी उनके मूल्यका निरूपण नहीं कर सकता था। इन सब कारणोंसे टकसालके अध्यक्षोंने सर्वत्र एकसे सिक्के चलानेका प्रस्ताव किया। एक तरहका रुपया (सिक्का) चलने लगा, बाकी सब गला दिये गये।

१७८२ ई०में गवर्नर जनरलने टकसालके अध्यक्षोंको आदेश दिया कि, शीघ्रतासे समस्त पुरातन मुद्राओंको नये सिक्कोंमें परिणत करनेके लिए पटना और मुर्शिदाबादमें भी टकसालें स्थापित की जाय।

इससे पहले मुसलमानी सिक्कों पर पुरी छाप नहीं उभरती थी, क्योंकि सिक्केसे साँचे बड़े होते थे। उस पर मुद्रित अक्षरादि भी बहुत ऊँचे होते थे, इसलिए दुष्ट लोग मुहरके किनारेको घस कर या खुरच कर सोना चाँदी निकाल लिया करते थे। इस तरहसे मुहरोंका वजन बहुत घट जाता था। अब इस चालाकीसे बचनेके लिए किनारेमें दाँत बनाये जाते हैं और छाप भी कम ऊँची कर दी गई है। इस तरहके सिक्कोंमें सब छाप बराबर पड़ती है और किनारियोंमें दाँत रहनेके कारण किसी तरफसे घिसे जानेसे मालूम पड़ जाता है।

उक्त वर्षके अगस्त महीनेमें गवर्नर जनरलके आदेशसे ढाका, पटना और मुर्शिदाबादमें भी कलकत्तेको भाँति रुपये बनाने लगे। इन रुपयोंमें सनकी जगह सम्राट्के राजत्वका १९वाँ वर्ष मुद्रित होता था। यह रुपया

कम्पनीके अधिकृत सभी स्थानोंमें चलाने लगा।

१८८० ई॰में ढाका और पटनाकी टकसालें बंद कर दी गईं। इसके बाद मुर्शिदाबादकी टकसालभी उठ गई।

उस समय भी काशी, फरुखाबाद, बरेली, इलाहाबाद, गोरखपुर आदि नगरोंमें स्थानीय व्यवहारके लिए सिक्के बनते थे। किन्तु बहुत जगह टकसालके कर्मचारियोंके असद्व्यवहारसे सिक्केका मूल्य घटने लगा। गवर्मेण्ट यथासाध्य चेष्टा करने पर भी उसका निराकरण न कर सकी।

ईसाकी १८वीं शताब्दीके प्रारम्भमें ही कम्पनीके अधिकृत विस्तीर्ण प्रदेशमें एक तरहके सिक्के चलानेका प्रसङ्ग छिड़ा। कुछ भी हो, नवाधिकृत और करद राज्योंमें नये नये सिक्के चलने लगे।

पुराने सिक्कोंको गला कर नये सिक्के बनानेके लिए सागर, अजमेर आदि स्थानोंमें भी टकसालें स्थापित की गई थीं।

फिलहाल समग्र भारतवर्षमें सिक्का, फरुखाबादी, गोरखपुरी, बालाशाही आदि भिन्न भिन्न रुपयोंका अस्तित्व उठ कर सर्वत्र १८० ग्रेन (द्रव्य) वजनका रुपया प्रचलित हुआ है। १८३५ ई॰में मद्राजकी टकसाल उठ गई और उसकी मशीनें आदि सब कलकत्ते और बम्बईकी टकसालमें पहुंचाई गईं। इसके बाद कलकत्ता और बम्बईकी टकसालमें ही समस्त भारतवर्षके लिए मुद्रा बनने लगी और अन्यान्य टकसालें फिजूल समझ कर उठा दी गईं। इस समय बम्बई और कलकत्तेमें ही रुपये-पैसे बनते हैं। दोनों जगहके रुपये आदि एक ही प्रकारके होते हैं।

इनके सिवा बहुतसे करद और मित्र राजाओंकी राजधानीमें टकसालें हैं। उन टकसालोंमें स्थानीय प्रदेशोंके लिए रुपये आदि बनते हैं।

२ प्रामाणिक वस्तु, असल चीज।

टकसाली (हिं॰ वि॰) १ टकसाल-सम्बन्धी, टकसालका। २ टकसालका बना हुआ, खरा, चोखा। ३ सर्व-सम्मत, माना हुआ। ४ परीक्षित, प्रामाणिक, जँचा हुआ, पक्का। (पु॰) ५ वह जो टकसालकी देख भाल करता हो, टकसालका मालिक।

टकहाई (हिं॰ वि॰) जो वेश्याओंमें खराब हो।

टका (हिं॰ पु॰) १ रुपया, चाँदीकी पुरानी मुद्रा। २ दो पैसेके बराबर ताँबेकी एक मुद्रा, अधन्ना, दो पैसे। ३ धन, द्रव्य, रुपया, पैसा। ४ तीन तोलेकी तौल, आधी छटाँकका मान। ५ सवा सेरके बराबरकी एक तौल जो गढ़वालमें प्रचलित है।

टकाई (हिं॰ वि॰) टकहाई देखो।

टकाटकी (हिं॰ स्त्री॰) टकटकी देखो।

टकातोप (हिं॰ स्त्री॰) जहाजों पर रक्खी जानेवाली एक प्रकारकी तोप।

टकाना (हिं॰ क्रि॰) टँकाना देखो।

टकार (सं॰ पु॰) टस्वरूपे कारः। ट, ट स्वरूप अक्षर।

टकासी (हिं॰ स्त्री॰) १ दो पैसे प्रति रुपयेका सूद। २ हरएक मनुष्यसे टकेके हिसाबसे लिये जानेका चन्दा।

टकाही (हिं॰ वि॰) टकहाई देखो।

टकी (हिं॰ स्त्री॰) टकटकी देखो।

टकुआ (हिं॰ पु॰) १ चरखेमें लगा हुआ एक प्रकारका सूआ। इस पर सूत काता और लपेटा जाता है, तकला। २ चरखोंमें लोहेका एक पुरजा जिससे बिनौला निकाली जाती है। ३ वह तागा जो छोटे तराजू या काँटेके पलड़ोंमें बंधा होता है।

टकुली (हिं॰ स्त्री॰) १ टाँकी, एक प्रकारका औजार जिसे पत्थर काटा जाता है। २ नक्काशी बनानेके काममें आनेवाला एक प्रकारका लोहेका औजार जो पेचकशकी तरह होता है। ३ एक पेड़का नाम।

टकैत (हिं॰ वि॰) जिसे रुपये पैसे हों, धनी।

टकोर (हिं॰ स्त्री॰) १ आघात, प्रहार, हलकी चोट। २ वह चोट जो नगाड़े पर पूजाके समय की जाती है। ३ नगाड़ेकी आवाज। ४ धनुषकी कसी हुई पतञ्चिका खींच या तान कर छोड़नेका शब्द, धनुषकी डोरी खींचनेकी आवाज, टङ्कार। ५ दवा भरी हुई गरम पोटलीको किसी अङ्ग पर रह रह कर छुलानेकी क्रिया, सेंक। ६ खट्टी वस्तु खानेके कारण दाँतोंकी टीस, चमक। ७ तीक्ष्णता, तीतापन, चरपराहट।

टकोरना (हिं॰ क्रि॰) १ ठोकर लगाना। २ बजाना, चोट लगाना। ३ सेंकना।

टकोरा (हिं० पु०) नगाड़े का आघात, डङ्केकी चोट।

टकोरी (हिं० स्त्री०) वह छोटा तराजू जिससे सोना आदि तौला जाता है, छोटा काँटा।

टक्क (सं० पु०) टक्-कक् पृषोदरादित्वात् उपधालोपश्च। देश-विशेष, एक देशका नाम।

टक्कदेश (सं० पु०) टक्कः टक्क इति नाम्ना ख्यातः देशः, कर्मधा०। पञ्जावस्थ चन्द्रभागा और विपाशा नदीके मध्यवर्ती प्राचीन जनपद-विशेष। राजतरङ्गिणीमें टक्कदेशको गुर्जर (गुजरात) राज्यके अन्तर्गत लिखा है। टक्कजाति किसी समयमें अत्यन्त प्रतापशालिनी और सारे पञ्जावमें राज्य करती थी। चीन-परिव्राजक युएनचुयङ्गने टक्क राज्यका तथा उसके अधिपति मिहिरकुलका उल्लेख किया है। उनके लेखसे यह राज्य विपाशाके पश्चिमी किनारे पड़ता है। यहांकी जमीन उर्वरा थी। सोना, चाँदी, ताँबा और लोहा यथेष्ट मिलता था। जलवायु उष्ण था, साथ साथ तूफानका डर सदा बना रहता था। लोग बड़े कामकाजी तथा साहसी थे, इन लोगोंका पहनावा लाल रेशमी वस्त्र था। टक्कको राजधानी शाकलसे १४।१५ ली अर्थात् ३ मील उत्तर-पश्चिममें अवस्थित थी। युएनचुयाङ्गके लेखसे पता चलता है, कि उस समय टक्कमें बौद्धधर्मका उतना प्रभाव नहीं था। केवल १० सङ्घाराम थे। यहांके लोग अत्यन्त आतिथेय थे। यहां तक कि वे अतिथिशालामें आगन्तुकों और दीनहीन यात्रियोंकी सेवा शुश्रूषा किया करते थे।

टक्कदेशीय (सं० पु०) टक्कदेशे भवः इति छ। १ वास्तुकशाक, वथुवा नामका साग। (त्रि०) २ टक्कदेशोत्पन्न, टक्कदेशका।

टक्कर (हिं० स्त्री०) १ दो वस्तुओंके जोरसे एक दूसरेसे मिलना, ठोकर। २ लड़ाई, भिड़न्त, मुकाबिला। ३ किसी कड़ी वस्तु पर सिर पटकनेका आघात। ४ क्षति, हानि, नुकसान।

टक्कारिका—चन्देलराज भोजवर्माके अजयगढ़के शिलालेखमें लिखा हुआ एक प्राचीन नगर। उस लिपिके मतसे यह नगर कायस्थ-निवासभूत छत्तीस नगरोंमें सबसे प्रधान तथा वास्तव्य कायस्थोंके आदिपुरुष वास्तुका वासस्थान था।

टखना (हिं० पु०) पादग्रन्थि, पैरका गट्टा।

टगण (सं० पु०) मात्रावृत्तमें तेरह भेदात्मक गणविशेष, मात्रिक गणोंमेंसे एक। इसके आकार और अधिष्ठात्री देवताके विषयमें छन्दोग्रन्थमें इस प्रकार लिखा है, यथा—(ऽऽऽ) १ शिव, (।।ऽऽ) २ शशी, (।ऽ।ऽ) ३ दिनपति, (ऽ।।ऽ) ४ सुरपति, (।।।ऽ) ५ शेष, (।ऽऽ।) ६ अहि, (ऽ।ऽ।) ७ सरोज, (।।ऽ।) ८ धाता, (ऽऽ।।) ९ कलि, (।।ऽ।।) १० चन्द्र (।ऽ।।) ११ ध्रुव, (ऽ।।।) १२ धर्म, (।।।।।) १३ शालिकर।

टगर (सं० पु०) टः टङ्कणः क्षारविशेषः गर इव। १ टङ्कणक्षार, सोहागा। २ विलास, क्रीड़ा। ३ तगरका पेड़। (त्रि०) ४ केकराच, ऐंचा, भेंगा।

टगरगोड़ा (हिं० पु०) लड़कोंका एक खेल। इसमें कुछ कौड़ियां चित्त करके जमा देते हैं फिर एक कौड़ीसे उन्हें मारते हैं।

टगरा (हिं० वि०) भेंगा, ऐंचा ताना।

टघरना (हिं० क्रि०) १ चित्तमें दया आदिका उत्पन्न होना, हृदयका पिघल जाना। २ घी, चरबी आदिका गर्मीके कारण द्रव होना, पिघलना।

टघराना (हिं० क्रि०) द्रव करना, पिघलाना।

टङ्क (सं० पु०) टक-अच्। १ कोप, क्रोध, गुस्सा। २ कोष, खजाना। ३ खड्ग, तलवार। ४ पाषाणदारण, पत्थर काटनेका औजार, टाँकी। (क्ली०) ५ जङ्घा, जाँघ। ६ परिमाणविशेष, एक तौल जो चार माशेको होती है, कोई कोई इसे २४ रत्तीकी मानते हैं। (पु०-क्ली०) ७ नीलकपित्थ, नीला कैथ, खटाई। ८ खनित्र, कुदाल। ९ दर्प, अभिमान। १० परशु कुल्हाड़ी, फरसा।

"दारितैश्चैव टङ्कैश्च; समिश्रैश्च पुरी इतम्॥" (हरिवंश ९२ अ०) ११ राजाम्र, एक बड़ा आम।

"शीतं कषायं मधुरं टंकमारुतकृद् गुरुः॥" (सुश्रुतसूत्र ४६)

१२ पर्वतका प्रान्तभाग। १३ पर्वतका उन्नत प्रदेश, पहाड़की चोटी। १४ विदीर्ण प्रस्तर भाग, पत्थरका कटा हुआ टुकड़ा। १५ रागविशेष, संपूर्ण जातिका एक राग। यह श्री, भैरव और कान्हड़ाके योगसे बना है। इसमें कोमल ऋषभ लगता है और इसका सरगम इस प्रकार है—

सा, ऋ, ग, म, प, ग, नि। (संगीतसा॰)

१६ म्लान। १७ कांटेदार पेड़। इसमें बेल या कैथके बराबर फल लगते हैं। १८ टङ्कणक्षार, सुहागा। १९ नियत मान या बाट। इसमें धातुको तौल कर टकसालमें सिक्के बनानेके लिये देते हैं। २० मुद्रा, सिक्का। २१ २११ रत्तीके बराबर मोतीकी एक तौल। २२ घुटनेसे ले कर एंड़ी तकका अङ्ग, टांग। २३ रजतमुद्रा। २४ पाषाणदारण।

टङ्क (टोङ्क)—१ राजपूतानेके अन्तर्गत एक देशीय राज्य। इसका थोड़ा भाग तो राजपूतानेमें और थोड़ा मध्यभारतमें पड़ता है। राजपूतानेमें केवल यही एक राज्य मुसलमान राजासे शासित होता है। यह राज्य परस्पर विच्छिन्न ६ विभागोंसे संगठित है, यथा—राजपूतानेके टङ्क, अलीगढ़-रामपुर तथा मध्य भारतके निम्बेर, पिरवा, चपरा और सिरोञ्ज है। यह अक्षा॰ २३° ५२′ से २६° २८′ उ॰ और देशा॰ ७४° १२′ से ७७° ५७′ पू॰में अवस्थित है। इसका क्षेत्रफल २५५३ वर्गमील है, जिनमेंसे १११४ राजपूतानेमें और १४३९ मध्य-भारतमें हैं। यहांका राजस्व प्रायः १२ लाख रुपये है। राज्यमें जहां तहां घनी झाड़ियोंसे ढके हुए छोटे छोटे पहाड़ देखे जाते हैं। चित्तौर नामक पहाड़ ही सबसे बड़ा है। इसकी ऊँचाई समुद्रपृष्ठसे लगभग १९८० फुट है। यों तो राज्यभरमें अनेक नदियां प्रवाहित हैं, पर बनास और पार्वती नदी ही सबसे बड़ी है। बाढ़के समयमें ये दो नदियां बहुत भीषणरूप धारण कर लेती हैं। १८७५ ई॰में उक्त नदियोंमें जो बाढ़ आई थी उससे हजारों ग्राम तथा घर बह गये थे, बहुतोंकी जान चली गई थी। इनके सिवा मासी, सोहद्र, गम्भीर, बेराच आदि भी कई एक छोटी नदियां बहती हैं। यहांका जलवायु शुष्क तथा स्वास्थ्यकर है।

टङ्कके अधिपति बोनर सम्प्रदायके पठान हैं। सम्राट् महम्मदशाह गाजीके राजत्वकालमें तालखां नामक कोई पठान अपनी वासभूमि बेनरको छोड़ कर रोहिलखण्डके सैन्य विभागमें चले आये। इनके पुत्र हैयतखांने मुरादाबादमें थोड़ी भूसम्पत्ति प्राप्त की। १७६८ ई॰में हैयतके पुत्र टङ्कराज्यके स्थापनकर्ता विख्यात अमीरखांने जन्मग्रहण किया।

अमीरने सबसे पहले थोड़ेसे अनुचरोंको ले कर सैनिकवृत्ति अवलम्बन की। क्रमशः जब इनकी शक्ति कुछ बढ़ी, तब १७९८ ई॰में उन्होंने यशवन्तराव होलकरके सेनापति हो कर सिन्धिया, पेशवा और अंगरेजोंके विरुद्ध लड़ाई ठान दी।

१८०६ ई॰में होलकरने अमीरको टङ्क राज्य दे कर उनसे अपना पिण्ड छुड़ाया। इसके बाद अमीरखांने परस्पर विवादमें प्रवृत्त जयपुर और जोधपुरके दोनों राजाओंको क्रमशः सहायता दे कर दोनोंका राज्य तहस नहस कर डाला। उनकी दुर्दान्त सैन्यने दोनोंका राज्य लूटा। १८०८ ई॰में उन्होंने ४० हजार अश्वारोही लेकर नागपुरकी ओर यात्रा की। रास्तेमें २५ हजार पिण्डारी उनके दलमें मिल गये। जब अंगरेज गवर्मेण्टने उनको इस काममें मना किया, तब उनके सेनादलने राजपूताना लौट कर लूट मार मचा दी।

१८१७ ई॰में मार्किस आफ हेष्टिंसने पिण्डारियोंको दमन करनेकी इच्छासे अमीरको होलकर-प्रदत्त राज्यमें स्थापित करनेका विचार और उन्हें सैन्यदलको छोटा देनेके लिये आदेश किया। प्रतिवाद करना निष्फल समझ कर अमीर सहमत हो गये। उनकी अधिकांश युद्धसामग्री वृटिश सरकारने खरीद ली। अलीगढ़, रामपुर विभाग और रामपुरदुर्ग उन्हें दे दिये गये। १८३४ ई॰में अमीरकी मृत्यु हुई।

बाद उनके पुत्र वजीर महम्मदखां तथा उनके बाद वजीर महम्मदके पुत्र महम्मद अलीखां टङ्कके नवाब हुए। इन्होंने किसी सामन्त राजाके परिवारको अन्याय अत्याचारमें आश्रय दिया था, इसीसे अंगरेजने उन्हें राज्यच्युत कर उनके पुत्र महम्मद इब्राहिम अलीखांको नवाबके पद पर अभिषिक्त किया। इनका पूरा नाम अमीन उद्-दौला वजीर उल् मुल्क नवाब सर हफीज महम्मद इब्राहीम अलीखां बहादुर सौलत जङ्ग जी॰सी॰एस॰आई॰ जी॰सी॰आई॰ई॰ है। नवाबको कर नहीं देना पड़ता। इन्हें १७ तोपोंकी सलामी मिलती है। ये ८२ तोपें, २४७ गोलन्दाज सैन्य, ४४२ अश्वारोही और १०४६ पदातिक सैन्य रखते हैं।

इस राज्यमें ग्राम और शहर मिला कर कुल १२८४

लगते हैं। लोकसंख्या प्रायः २७२२०१ है, जिनमेंसे सैकड़े ८२ अर्थात् २२५४३२ हिन्दू, सैकड़े १५ अर्थात् ४१०८० मुसलमान और ६६२३ जैन हैं। यहांके अधिकांश मुसलमान सुन्नी सम्प्रदायके हैं। इस राज्यमें ब्राह्मण, महाजन, चमार, पठान मीना गुजर और शेख जातिके मनुष्य रहते हैं। राजपूताना परगनेके लोग साधारणतः हिन्दी, मारवाड़ी और उर्दू भाषा तथा मध्यभारतके लोग मालवी बोलते हैं। यहांके अधिकांश अधिवासी कृषक हैं। यहांके उत्पन्न शस्यमें गेहूं, बाजरा, चना और जुन्हरी है। कपास और अफीम भी यहां बहुत उपजाई जाती है।

इस राज्यके सम्पूर्ण भागमें सूतीका कपड़ा प्रस्तुत होता है। यहां जूट और शराबका कारखाना भी है।

इस राज्यसे अनाज, कपास अफीम, चमड़े और सूती कपड़ेकी रफतनी होती और दूसरे दूसरे देशोंसे नमक, चीनी, चावल, तमाकू और लोहेकी आमदनी होती है। इस राज्यमें ४२ मील तक पक्की सड़क और ४७ मील तक कच्ची सड़क गई है। टङ्कसे जयपुर जानेकी सड़क ही सबसे प्रधान है।

नवाब और उनके सहकारी वजीरसे तथा एक सभासे विचार-कार्य चलाया जाता है। उक्त सभामें केवल ४ सदस्य रहते हैं। बृटिश गवर्मेण्टके नियमानुसार यहांका भी शासनकार्य चलता है। नवाबके सिवा और दूसरेको मृत्युदण्ड देनेका अधिकार नहीं है।

यहां ३ अस्पताल, ५ औषधालय और ६ सरकारी डाकघर हैं।

२ राजपूतानेके पूर्व टङ्क राज्यका सबसे बड़ा परगना। यह अक्षा० २५° ५२′ से २६° २८′ उ० और देशा० ७५° ३१′ से ७६° १′ पू०में अवस्थित है। इसका भूपरिमाण ५७४ वर्गमील है। उत्तर पश्चिमके अतिरिक्त इसके चारों ओर जयपुर राज्य है। यहांकी प्रधान नदी बनास और इसकी शाखा माशी तथा सोहद्र है। इसमें एक शहर और २५८ ग्राम लगते हैं। यहांकी लोकसंख्या प्रायः ८५७६८ है। प्रवाद है, कि यह परगना पहले टोरी जिलेके अन्तर्गत था। १२वीं शताब्दीके मध्य सातूजी नामके एक चौहान राजपूतने इसे दखल किया। अकबरके समयमें जयपुरके मानसिंहने इस पर अपना अधिकार जमाया, किन्तु थोड़े समयके बादही यह रायसिंह शिशोदियके अधिकारमें आ गया। पीछे यह परगना १६८६ से १७०७ ई० तक हार राजपूतके अधीन रहा। जब यह जयपुरके सवाई जयसिंहके अधिकारभुक्त हुआ तब जयपुर, होलकर और सिन्धिया इसे पानेके लिए आपसमें लड़ने लगे। अन्तमें यह १८०४ ई०में बृटिश गवर्मेण्टके हाथ लगा और उन्होंने फिर जयपुरके राजाको समर्पण किया। १८०६ ई०में राजाने यह परगना अमीरखांको दे दिया। तभीसे यह उन्हींके उत्तराधिकारीके अधीन चला आ रहा है। यहांकी प्रधान उपज ज्वार, बाजरा, गेहूं, चना, तिल और कपास है। आय प्रायः तीन लाख रुपयेसे अधिककी है।

३ राजपूतानेके अन्तर्गत उक्त टाङ्क राज्यकी राजधानी। यह अक्षा० २६° १०′ उ० और देशा० ७५° ४८′ पू० बनास नदीके दो मील दक्षिण और जयपुर शहरसे ६० मील तथा देवली छावनीसे ३६ मील उत्तर-पूर्वमें अवस्थित है। नगरका आयतन बड़ा है तथा चारों ओर प्राचीरसे घिरा है। प्रवाद है, कि १६४३ ई०में भोला नामक किसी ब्राह्मणने इसे स्थापित किया था। इसके दक्षिण भूमगढ़ नामका किला और पूर्वमें अमरखांकी छावनी है। यहांकी लोकसंख्या प्रायः ३८७५८ है, जिसमें सैकड़े ५३ मुसलमान और ४४से अधिक हिन्दू तथा कुछ दूसरी दूसरी जाति है। यहां दश सामान्य स्कूल तथा एक हाईस्कूल, एक कारागार और एक चिकित्सालय है।

टङ्कक (सं० पु०) टङ्कयते टङ्क घञ्-संज्ञायां कन्। रजतमुद्रा, चाँदीका सिक्का रुपया।

टङ्कपति (स० पु०) टङ्कस्य पतिः, ६-तत्। टकशालाध्यक्ष, टकसालका मालिक।

टङ्कशाला (सं० स्त्री०) टङ्कस्य शाला, ६ तत्। मुद्रागृह, टकसाल घर।

टङ्कटीक (सं० पु०) टङ्क इव टीकते टीक-क। शिव, महादेव।

टङ्कण (सं० पु०) टक-ल्यु, पृषोदरादित्वात् षत्वं। १ क्षारविशेष, सुहागा। इसके पर्याय—पाचनक, मालती-

सा, ऋ, ग, म, प, ध, नि। (संगीतर०)
१६ म्यान। १७ कांटेदार पेड़। इसमें बेल या कैथके बराबर फल लगते हैं। १८ टङ्गणक्षार, सुहागा। १९ नियत मान या बाट। इससे धातुको तौल कर टकसालमें सिक्के बनानेके लिये देते हैं। २० मुद्रा, सिक्का। २१ २११ रत्तीके बराबर मोतीकी एक तौल। २२ घुटनेसे ले कर पैरों तकका अङ्ग, टांग। २३ रजतमुद्रा। २४ पाषाणदारण।

टङ्क (टोङ्क)—१ राजपूतानेके अन्तर्गत एक देशीय राज्य। इसका थोड़ा भाग तो राजपूतानेमें और थोड़ा मध्यभारतमें पड़ता है। राजपूतानेमें केवल यही एक राज्य मुसलमान राजासे शासित होता है। यह राज्य परस्पर विच्छिन्न ६ विभागोंसे संगठित है, यथा—राजपूतानेके टङ्क, अलीगढ़-रामपुर तथा मध्य भारतके निम्बेर, पिरवा, चपरा और सिरोञ्ज है। यह अक्षा० २३° ५२´ से २६° २८´ उ० और देशा० ७४° १३´ से ७७° ५७´ पू०में अवस्थित है। इसका क्षेत्रफल २५५३ वर्गमील है, जिनमेंसे १११४ राजपूतानेमें और १४३९ मध्य-भारतमें हैं। यहांका राजस्व प्रायः १२ लाख रुपये है। राज्यमें जहां तहां घनी झाड़ियोंसे ढके हुए छोटे छोटे पहाड़ देखे जाते हैं। चित्तौर नामक पहाड़ ही सबसे बड़ा है। इसकी ऊंचाई समुद्रपृष्ठसे लगभग १८८० फुट है। यों तो राज्यभरमें अनेक नदियां प्रवाहित हैं, पर बनास और पार्वती नदी ही सबसे बड़ी है। बाढ़के समयमें ये दो नदियां बहुत भीषणरूप धारण कर लेती हैं। १८७५ ई०में उक्त नदियोंमें जो बाढ़ आई थी उससे हजारों ग्राम तथा घर बह गये थे, बहुतोंकी जान चली गई थी। इनके सिवा मासी, सोहद्र, गम्भीर, ढेरव आदि भी कई एक छोटी नदियां बहती हैं। यहांका जलवायु शुष्क तथा स्वास्थ्यकर है।

टङ्कके अधिपति बोनर सम्प्रदायके पठान हैं। सम्राट् महम्मदशाह गाजीके राजत्वकालमें तालर्खां नामक कोई पठान अपनी वासभूमि बेनरको छोड़ कर रोहिलखण्डके सेना विभागमें चले आये। इनके पुत्र हैयतखांने मुरादाबादमें थोड़ी भूसम्पत्ति प्राप्त की। १७६८ ई०में हैयतके पुत्र टङ्कराज्यके स्थापनकर्ता विख्यात अमीरखांने जन्मग्रहण किया।

अमीरने सबसे पहले थोड़ेसे अनुचरोंको ले कर सैनिकवृत्ति अवलम्बन की। क्रमशः जब इनकी शक्ति कुछ बढ़ी, तब १७९८ ई०में उन्होंने यशवन्तराव होलकरके सेनापति हो कर सिन्धिया, पेशवा और अंगरेजोंके विरुद्ध लड़ाई ठान दी।

१८०६ ई०में होलकरने अमीरको टङ्क राज्य दे कर उनसे अपना पिण्ड छुड़ाया। इसके बाद अमीरखांने परस्पर विवादमें प्रवृत्त जयपुर और जोधपुरके दोनों राजाओंको क्रमशः सहायता दे कर दोनोंका राज्य तहस नहस कर डाला। उनकी दुर्दान्त सैन्यने दोनोंका राज्य लूटा। १८०९ ई०में उन्होंने ४० हजार अश्वारोही लेकर नागपुरकी ओर यात्रा की। रास्तेमें २५ हजार पिण्डारी उनके दलमें मिल गये। जब अंगरेज गवर्मेण्टने उनको इस कामसे मना किया, तब उनके सेनादलने राजपूताना लौट कर लूट मार मचा दी।

१८१७ ई०में मार्किस आफ हेष्टिंसने पिण्डारियोंको दमन करनेकी इच्छासे अमीरको होलकर-प्रदत्त राज्यमें स्थापित करनेका विचारा और उन्हें सैन्यदलको लौटा देनेके लिये आदेश किया। प्रतिवाद करना निष्फल समझ कर अमीर सहमत हो गये। उनकी अधिकांश युद्धसामग्री ब्रिटिश सरकारने खरीद ली। अलीगढ़, रामपुर विभाग और रामपुरदुर्ग उन्हें दे दिये गये। १८३४ ई०में अमीरकी मृत्यु हुई।

बाद उनके पुत्र वजीर महम्मदखां तथा उनके बाद वजीर महम्मदके पुत्र महम्मद अलीखां टङ्कके नवाब हुए। इन्होंने किसी सामन्त राजाके परिवारको अन्याय अत्याचारमें आश्रय दिया था, इसीसे अंगरेजने उन्हें राज्यच्युत कर उनके पुत्र महम्मद इब्राहिम अलीखांको नवाबके पद पर अभिषिक्त किया। इनका पूरा नाम अमीन उद्-दौला वजीर उल्-मुल्क नवाब सर हफीज महम्मद इब्राहीम अलीखां बहादुर सौलत जङ्ग जी०सी०एस०आई० जी०सी०आई०ई० है। नवाबको कर नहीं देना पड़ता। इन्हें १७ तोपोंकी सलामी मिलती है। ये ८२ तोपें, २४७ गोलन्दाज सैन्य, ४४२ अश्वारोही और १०४६ पदातिक सैन्य रखते हैं।

इस राज्यमें ग्राम और शहर मिला कर कुल १२८४

लगते हैं। लोकसंख्या प्रायः २७३२०१ है, जिनमेंसे सैकड़े ८२ अर्थात् २२५४३२ हिन्दू, सैकड़े १५ अर्थात् ४१०८० मुसलमान और ६६२३ जैन हैं। यहांके अधिकांश मुसलमान सुन्नी सम्प्रदायके हैं। इस राज्यमें ब्राह्मण, महाजन, चमार, पठान मीना, गुजर और शेख जातिके मनुष्य रहते हैं। राजपूताना परगनेके लोग साधारणतः हिन्दी, मारवाड़ी और उर्दू भाषा तथा मध्यभारतके लोग मालवी बोलते हैं। यहांके अधिकांश अधिवासी कृषक हैं। यहांके उत्पन्न शस्यमें गेहूं, बाजरा, चना और जुन्हरी है। कपास और अफीम भी यहां बहुत उपजाई जाती है।

इस राज्यके सम्पूर्ण भागमें सूतीका कपड़ा प्रस्तुत होता है। यहां जूट और शराबका कारखाना भी है। इस राज्यसे अनाज, कपास अफीम, चमड़े और सूती कपड़ेकी रफतनी होती और दूसरे दूसरे देशोंसे नमक, चीनी, चावल, तमाकू और लोहेकी आमदनी होती है। इस राज्यमें ४२ मील तक पक्की सड़क और ४७ मील तक कच्ची सड़क गई है। टङ्कसे जयपुर जानेकी सड़क ही सबसे प्रधान है।

नवाब और उनके सहकारी वजीरसे तथा एक सभासे विचारकार्य चलाया जाता है। उक्त सभामें केवल ४ सदस्य रहते हैं। वृटिश गवर्मेण्टके नियमानुसार यहांका भी शासनकार्य चलता है। नवाबके सिवा और दूसरेको मृत्युदण्ड देनेका अधिकार नहीं है।

यहां ३ अस्पताल, ५ औषधालय और ६ सरकारी डाकघर हैं।

२ राजपूतानेके पूर्व टङ्क राज्यका सबसे बड़ा परगना। यह अक्षा० २५° ५२´ से २६° २८´ उ० और देशा० ७५° ३१´ से ७६° १´ पू०में अवस्थित है। इसका भूपरिमाण ५७४ वर्गमील है। उत्तर-पश्चिमके अतिरिक्त इसके चारों ओर जयपुर राज्य है। यहांकी प्रधान नदी बनास और इसकी शाखा माशी तथा सोहद्र है। इसमें एक शहर और २५८ ग्राम लगते हैं। यहांकी लोकसंख्या प्रायः ८५७६८ है। प्रवाद है, कि यह परगना पहले टोरी जिलेके अन्तर्गत था। १२वीं शताब्दीके मध्य मातृजी नामके एक चौहान राजपूतने इसे दखल किया। अकबरके समयमें जयपुरके मानसिंहने इस पर अपना अधिकार जमाया, किन्तु थोड़े समयके बादही यह रायसिंह शिशोदियाके अधिकारमें आ गया। पीछे यह परगना १६८६ से १७०७ ई० तक चार राजपूतके अधीन रहा। जब यह जयपुरके सवाई जयसिंहके अधिकारभुक्त हुआ तब जयपुर, होलकर और सिन्धिया इसे पानेके लिए आपसमें लड़ने लगे। अन्तमें यह १८०४ ई०में वृटिश गवर्मेण्टके हाथ लगा और उन्होंने फिर जयपुरके राजाको समर्पण किया। १८०६ ई०में राजाने यह परगना अमीरखांको दे दिया। तभीसे यह उन्हींके उत्तराधिकारीके अधीन चला आ रहा है। यहांकी प्रधान उपज ज्वार, बाजरा, गेहूं, चना, तिल और कपास है। आय प्रायः तीन लाख रुपयेसे अधिककी है

३ राजपूतानेके अन्तर्गत उक्त टाङ्क राज्यकी राजधानी। यह अक्षा० २६° १०´ उ० और देशा० ७५° ४८´ पू० बनास नदीके दो मील दक्षिण और जयपुर शहरसे ६० मील तथा देवली छावनीसे ३६ मील उत्तर-पूर्वमें अवस्थित है। नगरका आयतन बड़ा है तथा चारों ओर प्राचीरसे घिरा है। प्रवाद है, कि १६४३ ई०में भोला नामक किसी ब्राह्मणने इसे स्थापित किया था। इसके दक्षिण भूमगढ़ नामका किला और पूर्वमें अमरखांकी छावनी है। यहांकी लोकसंख्या प्रायः ३८७५८ है, जिसमें सैकड़े ५३ मुसलमान और ४४से अधिक हिन्दू तथा कुछ दूसरी दूसरी जाति है। यहां दश सामान्य स्कूल तथा एक हाईस्कूल, एक कारागार और एक चिकित्सालय है।

टङ्क (सं० पु०) टङ्कयति टक बन्ध-न स्वार्थे कन्। रजतमुद्रा, चाँदीका सिक्का रुपया।

टङ्कपति (सं० पु०) टङ्कस्य पतिः, ६-तत्। टकसालाध्यक्ष, टकसालका मालिक।

टङ्कशाला (सं० स्त्री०) टङ्कस्य शाला, ६-तत्। मुद्रागृह, टकसाल घर।

टङ्कटोक (सं० पु०, टङ्क इव टोकते टोक-क। शिव, महादेव।

टङ्कण (सं० पु०) टक-ल्यु, पृषोदरादित्वात् णत्वं। १ क्षारविशेष, सुहागा। इसके पर्याय—पाचनक, मलतो-

रस, लोहद्रावण, रसशोधन, टङ्कणक्षार, टङ्कक्षार, रसाधिक, लोहद्रावी, रसघ्न, सुभग, वङ्कद, वर्त्तुल, कनकक्षार, मलिन, धातुवल्लभ, मालतीतीरसम्भव, द्रावी, द्रावक, लोहशुद्धिकारक और स्वर्णपाचक है। इसके गुण—कटु, उष्ण, कफ, स्थावरादि विष, काश और श्वासनाशक, अग्नि तथा वातपित्तनाशक और रूक्ष है। इसकी शोधन-प्रणाली वैद्यक ग्रन्थमें इस प्रकार लिखी है—अम्ल द्वारा भावना दे कर चूर्ण करनेसे यह सब कामोंमें प्रयोग किया जा सकता है।

"अम्लेन भावित चूर्ण सर्वकार्येषु योजयेत्।" (वैद्यक)

पहले टङ्कण काञ्जिक अम्लमें डालते हैं, बाद अम्लसे निकाल कर एक दिन रौद्रमें भावना देनी पड़ती है, पीछे नरमूत्र गोमूत्रके साथ मिला कर एक दिन रख छोड़ते हैं। इसके बाद उसे जंबीरी नीबूके रसमें डाल कर और फिर उसमेंसे निकालते हैं, तब उसे नारियलके पानीमें मिर्च चूर्ण मिला कर शीतल जलसे प्रक्षालन करते हैं। ऐसा करनेसे टङ्कण विशुद्ध होता है और सब कामोंमें इसका प्रयोग किया जा सकता है। यह अग्निकर, दस्त, कफनाशक, रोचन और लघु है। २ धातुको चीजमें टांका मार कर जोड़ लगानेका कार्य, टांका लगानेका काम। ३ अश्वभेद, घोड़ेकी एक जाति।

"टङ्कणतनमाससहितं हरितालपांशुलेन।" (कादम्बरी)

४ देशविशेष, एक देश जिसका नाम बृहत्संहितामें कोङ्कण आदिके साथ आया है। (बृहत्संहिता १४।१२)

टङ्कणादिवटी—वैद्यकोक्त औषधविशेष। प्रस्तुत-प्रणाली—मल्लिकाफल सोंठ, गन्धक पारद, विष, मरिच, इनको बराबर बराबर चूर्ण कर मदारके रसमें घोंटना चाहिये; फिर चनेके बराबर गोलियां बना कर सेवन करना चाहिये। यह शीघ्र अग्निदीप्तिकर है।

टङ्कनल (सं० पु०) आम्र, आम।

टङ्कपति (सं० पु०) टङ्कस्य पतिः, ६-तत्। टकसालका अधिपति।

टङ्कपालि—उड़ीसाका एक ग्राम। यह भुवनेश्वर-मन्दिरके चारों ओरके ४५ पुण्यक्षेत्रोंमेंसे एक है तथा कुण्डलेश्वरके समीप पुरी जानेके रास्ते पर अवस्थित है। किसी किसीका मत है, कि क्षेत्रपरिक्रमके समय यात्रियोंको इस स्थानका भी दर्शन करना चाहिये।

टङ्कवत् (सं० पु०) टङ्क अस्त्यर्थे मतुप् मस्य वः। पर्वतभेद, एक पहाड़ जिसका नाम वाल्मीकीय रामायणमें आया है। "टङ्कवन्तं गिरिश्रेष्ठं वन्दे प्रस्रवणं गिरिम्।" (रामा० ३।५५।४४)

टङ्कविज्ञान (सं० क्ली०) टङ्कस्य विज्ञानं, ६-तत्। नानादेशीय और नानाकालीन टङ्क परिज्ञानार्थ विद्या, भिन्न भिन्न देशों और बहुत पुराने समयकी टङ्क जाननेकी विद्या। मुद्रा देखो।

टङ्कविशोधन (सं० क्ली०) टङ्कस्य विशोधनं, ६-तत्। मुद्राविशुद्धिसम्पादन, सिक्केको परिष्कार करनेकी क्रिया।

टङ्कशाला (सं० स्त्री०) टङ्कस्य शाला, ६-तत्। टकसाल। टकसाल देखो।

टङ्का (सं० स्त्री०) टङ्क-अच-टाप्। १ जङ्घा, जाँघ। २ तारादेवी। "टंकारकारिणी टीका टंका टङ्कारिणी तथा।" (तारासहस्रनाम)

३ रागिणीविशेष, सम्पूर्ण जातिकी एक रागिणी। यह विषड्ज और आदि मूर्च्छनायुक्त होती है। सुवर्णवर्णा वियोगविधुरा रागिणी अपने घरमें आ कर नलिनीदलशय्यामें निद्रित कान्तको विषण्णचित्त देख कर गान करनेसे टङ्का संज्ञा होती है। हनुमत्के अनुसार इसका स्वरग्राम इस प्रकार है—स रे ग म प ध नि स।

टङ्कानक (सं० पु०) टङ्कं क्रोधं आनयति उद्दीपयति। टङ्क-आन्-णिच् ण्वुल्। अम्लदाम, सहतूत।

टङ्कार (सं० पु०) टं वित्त-विकृतिं करोति कृ-कर्मण्यण्। १ विस्मय। २ शिञ्जिनीध्वनि, टन टन शब्द जो किसी कसे हुए तार आदि पर उंगली मारनेसे होता है। ३ धनुषकी कसी हुई पतञ्चिका खींच कर छोड़नेका शब्द, यह शब्द जो धनुषकी कसी हुई डोरी पर बाण रख कर खींचनेसे होता है।

"टंकारमुखरज्ज्वा टीकनीया महातट।" (काशीख० २५।६६)

४ धातु पर आघात लगनेका शब्द, ठनाका, झनकार। ५ कीर्त्ति, प्रसिद्धि, नाम।

टङ्कारकारिणी (सं० स्त्री०) टङ्कारस्य कारिणी, कृ-णिनि-ङीप्। तारादेवी।

"टंकारकारिणी टीका टंका टंकारिणी तथा।" (तारासहस्रनाम)

टङ्कारी (सं० स्त्री०) टङ्क कत्सुति कट कर्मणि-अण्, ततः ङीप्। वृक्षभेद, एक पेड़। इसकी पत्तियाँ लम्बोतरी होती हैं। फूलके भेदसे इसकी कई जातियां हैं। किसीमें लाल फूल, किसीमें गुलाबी और किसीमें सफेद फूल लगते हैं। जब फूल झड़ जाते तब छोटे छोटे फलोंके गुच्छे लगते हैं। इसके फलका गुण—वातश्लेष्म, शोथ और उदरव्यथानाशक, तिक्त, दीपन और लघु है।

टङ्किका (सं० स्त्री०) यन्त्रविशेष, एक प्रकारका औजार जिससे पत्थर काटा जाता है, टांकी, छेनी।

टङ्कित (सं० त्रि०) टङ्क-क्त। १ उल्लिखित। २ बद्ध, जो सिया गया हो। ३ शब्दित, धनुषकी डोरीका शब्द किया हुआ।

"नाकृष्टं न च टंकितं न नमितं नोत्थापितं स्थानतः।" (उद्भट)

टङ्ग (सं० पु०-क्ली०) टङ्क पृषोदरादित्वात् साधुः। १ खनित्र, कुदाल। २ परशु, फरसा। ३ जङ्घा, जाँघ। ४ टङ्कन, सुहागा। ५ परिमाणविशेष, चार माशेकी एक तौल।

टङ्गण (सं० पु०-क्ली०) टङ्कण-पृषोदरादि० साधुः। टङ्कण, सुहागा।

टङ्गश्शेरी—त्रिवाङ्कुड़ राज्यके अन्तर्गत वृटिश शासनाधीन एक ग्राम। यह अक्षा० ८° ५४' उ० और देशा० ७६° ३५' पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण ८८ एकड़ और लोकसंख्या प्रायः १०३३ है। यह पहले पोर्तुगीज और डचका वासस्थान था। आजकल यहां रोमन काथलिक रहते हैं।

टङ्गिनी (सं० स्त्री०) टङ्क-णिनि पृषोदरा० साधुः। वृक्षविशेष, पाठा।

टङ्गी—युक्तप्रदेशके पेशावर जिलेके अन्तर्गत चारसद्द तहसीलका एक शहर। यह अक्षा० ३४° १०' उ० और देशा० ७१° ४२' पू०के मध्य पेशावर शहरसे २८ मील की दूरी पर अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ८०८५ है। स्वात नामकी नदी शहरके पश्चिम हो कर प्रवाहित है। अधिवासी मुहम्मदजई पठान हैं।

टचटच (हिं० क्रि०-वि०) धांय धांय, धक धक।

टचमो (हिं० स्त्री०) कसेरेका एक औजार जिससे यह बरतनोंमें नक्काशी करता है।

टटावली (हिं० स्त्री०) टिटिहरी नामकी चिड़िया, कुररी।

टटिया (हिं० स्त्री०) टट्टी देखो।

टटियाना (हिं० क्रि०) सूख जाना, खुश्क हो कर अकड़ जाना।

टटीबा (हिं० पु०) घिरनी, चक्कर।

टटीरी (हिं० स्त्री०) टिटिहरी देखो।

टटुआ (हिं० पु०) टट्टू देखो।

टटुई (हिं० स्त्री०) मादा टट्टू।

टटोना (हिं० क्रि०) टटोलना देखो।

टटोरना (हिं० क्रि०) टटोलना देखो।

टटोल (हिं० स्त्री०) गूढ़ स्पर्श, उंगलियोंसे छू कर मालूम करनेकी क्रिया।

टटोलना (हिं० क्रि०) १ गूढ़ स्पर्श करना, उँगलियोंसे छू कर किसी चीजका अनुभव करना। २ किसी चीजका पता लगानेके लिये इधर उधर हाथ रखना। ३ बातचीतसे किसीके हृदयके भावको थाह लेना। ४ परीक्षा करना, परखना, आजमाना।

टट्टनी (सं० स्त्री०) टट्टेति शब्दं नयति नी-ड गौरा० ङीप्। ज्येष्ठी, छिपकली।

टट्टर (हिं० पु०) बांसकी फट्टियों आदिका बना हुआ पल्ला। यह ओट, रोक या रक्षाके लिये दरवाजे इत्यादिमें लगाया जाता है।

टट्टरी (सं० स्त्री०) टट्टेति शब्दं राति रा-क गौरादि० ङीप्। १ पटहवाद्य, ढोलका शब्द। २ लम्बाचौड़ी, लंबी चौड़ी बात। ३ मिथ्या वाक्य, झूठी बात, शुहलबाजी, ठट्ठा।

टट्टा (हिं० पु०) १ एक बांसकी फट्टियोंका परदा, टट्टर। २ लकड़ीका पल्ला।

टट्टा—१ बम्बई प्रदेशके अन्तर्गत सिन्धुप्रदेशमें करांची जिलेका उपविभाग। यह करांची, टट्टा, मिरपुर-सकरो और घोड़ावाड़ी तालुक ले कर संगठित हुआ है।

२ बम्बई प्रदेशके अन्तर्गत सिन्धुप्रदेशमें करांची जिलेके भीतरके उपविभागका एक तालुक। यह अक्षा० २४° ३१' से २५° २०' उ० और देशा० ६७° ३४' से ६८° २४' पू०में अवस्थित है। क्षेत्रफल १२२२८ वर्गमील और लोक-

संख्या प्रायः ४१७४५ है। अधिवासियोंमें अधिकांश मुसलमान है। इस तालुकमें इसी नामका एक शहर और २५ ग्राम लगते हैं। इसके उत्तरमें पार्वत्य भूमि और दक्षिणमें मनकाली पहाड़ है। यहां प्रधान उपज धान, ईख, गेहूं, जौ, बाजरा, ज्वार और तिल है।

३ सिन्धुप्रदेशमें कराची जिलेके अन्तर्गत उक्त टट्टा तालुकका प्रधान नगर। यह अक्षा० २४° ४५´ उ० और देशा० ६७° ५८´ पू० पर सिन्धु नदीके दाहिने किनारेसे ७ मील पश्चिम और कराचीसे ५० मील पूर्वमें अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः १०७८३ है।

पहले नगरकी चारों दिशायें सिन्धु नदीके जलसे प्लावित होती थीं। अब भी बाढ़के बाद बहुतसी झील और खाड़ीमें जल रह जाता है और उस जलसे वायु दूषित हो कर ज्वर इत्यादि रोग उत्पादन करती है। इन्हीं सब कारणोंसे यहांका जलवायु अस्वास्थ्यकर है।

सिन्धु-पञ्जाब-दिल्ली-रेलवेके जङ्गशाही स्टेशनसे १३ मील दूर यह नगर पड़ता है। इसका मध्यवर्ती बहुत सुन्दर और सुगम है। यहां एक मुख्तियारका और तप्पादारका आफिस तथा एक थाना है। इसके सिवा सरकारी-विद्यालय, डाकघर, दातव्यऔषधालय और एक कारागार है। समीपवर्त्ती माकली पर्वत पर प्रसिद्ध कब्रिस्तान है और इसके समीप ही फौजदारी अदालत और डिपुटि-मजिष्टरका बङ्गला है।

१८वीं शताब्दीके पहले टट्टा बहुजनाकीर्ण वाणिज्य शिल्पादियुक्त एक बड़ा नगर था। १६९८ ई०के पूर्व एक भीषण महामारीसे इसके प्रायः ८० हजार अधिवासियोंकी जान गई थी। १७४२ ई०में जब पारस्यके राजा नादिरशाह टट्टा देखने आये थे, तब यहां ४० हजार तांती, २० हजार अन्यान्य शिल्पजीवी और ६० हजार दूसरे अधिवासी वास करते थे। किन्तु भारतीय सैनिकदलके कप्तान (Captain) जो वह अनुमान करते हैं, कि १८३० ई०में टट्टाके अधिवासी १० हजारसे अधिक नहीं थे। टट्टाका वाणिज्य और शिल्प पहलेकी तुलनामें नाम मात्र है। अभी साधारण कपड़ा और छींट तैयार होती है, किन्तु मैनचेष्टरकी प्रतियोगितासे उसका भी धीरे धीरे ह्रास होता जा रहा है। आमदनीमें अनाज, घी, चीनी और रेशम तथा रफतनीमें कपास, रंगीन कपड़ा और चमड़ा प्रधान है।

टट्टा नगरमें बहुतसी प्राचीन कीर्तियां विद्यमान हैं, जिनमेंसे यहांका दुर्ग और जुमामसजिद प्रधान है। यह नगर अत्यन्त प्राचीन है। १५५५ ई०में पोर्त्तगीज वणिकोंने इस नगरको लूटा था। १५९१ ई०में अकबरने सिन्धुप्रदेश पर आक्रमणके समय इसे तहस नहस कर डाला था।

जब शाहजहान् जहांगीरके निकटसे भागा था, तब उन्होंने टट्टाकी मसजिदमें उपासना की थी। इस कृतज्ञतामें उन्होंने ८ लाख रुपये खर्च करके यहां जुमामसजिद बनवाई थी। यहांके लोगोंने चन्दा संग्रह कर तथा गवर्मेण्टसे कुछ सहायता ले कर इस मसजिदकी मरम्मत की जिससे यह और भी अधिक सुन्दर दीख पड़ती है। टट्टाके निकट माकली पर्वत पर बहुविस्तीर्ण और प्राचीन विख्यात कब्रिस्तान है।

टट्टी (हिं० स्त्री०) १ टट्टर देखो। २ चिक, परदा, चिलमन। ३ आड़ रोक आदिके लिये खड़ी की जानेवाली पतली दीवार। ४ पाखाना। ५ बारातोंमें ले जानेका फुलवारीका नक्शा। ६ अंगुर आदिकी बेलें चढ़ाई जानेके लिये बांसकी फट्टियों आदिकी बनी हुई दीवार।

टट्ट,र (सं० पु०) टट्, इत्यव्यक्तशब्दं राति रा-क भेरीका शब्द, तुरहीकी आवाज।

टट्टू (हिं० पु०) १ छोटे आकारका घोड़ा, टांगन २ लिङ्गेन्द्रिय।

टठिया (हिं० स्त्री०) टाटी देखो।

टड़िया (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका गहना जो बांहमें पहना जाता है। यह अनन्तके आकारका होता है परन्तु उससे मोटा और बिना घुंडीका होता है।

टण (हिं० पु०) टन देखो।

टण्ट,क (सं० पु०) पोतलोध।

टन (हिं० स्त्री०) वह शब्द जो धातुखण्ड पर आघात पड़नेसे उत्पन्न होता है, टनकार, झनकार।

टन (अं० पु०) अट्ठाईस मनके लगभगकी एक अंगरेजी तौल।

टनकना (हिं॰ क्रि॰) १ टन टन बजना। २ गरमी लगनेके कारण सिरमें दर्द होना।

टनटन (हिं॰ स्त्री॰) घण्टा बजनेका शब्द।

टनटनाना (हिं॰ क्रि॰) घण्टा बजाना।

टनमन (हिं॰ पु॰) तन्त्र मन्त्र, टोना, जादू।

टनमना (हिं॰ वि॰) जिसकी चेष्टा तीव्र हो, जो सुस्त न हो, स्वस्थ, चङ्गा।

टना (हिं॰ पु॰) १ योनि, भग। २ वह मांसका टुकड़ा जो स्त्रियोंकी योनिके बीचमें निकला रहता है।

टनाटन (हिं॰ स्त्री॰) बराबर घण्टा बजनेका शब्द।

टनी (हिं॰ स्त्री॰) टना देखो।

टनेल (अं॰ स्त्री॰) जमीन या किसी पहाड़ आदिके नीचे हो कर गया हुआ रास्ता, सुरंग।

टप (हिं॰ स्त्री॰) १ वह कपड़ेका परदा या ओहार जो जोड़ी, फिटन, टमटम या इसी प्रकारकी खुली गाड़ियोंमें लगा रहता है, कलंदरा। २ वह छतरी जो लट कानेवाले लंपके ऊपरमें लगी रहती है। (पु॰) ३ पानी रखनेका एक बड़ा बरतन जिसका आकार नाँदसा होता है। ४ डिबरीका घुमावदार पेच बनानेका औजार। (स्त्री॰) ५ किसी चीजके हठात् गिर जानेका शब्द। ६ बूँद बूँद टपकनेका शब्द।

टपक (हिं॰ स्त्री॰) १ टपकनेका भाव। २ बूँद बूँद गिरनेका शब्द। ३ ठहर ठहर कर होनेवाला दर्द।

टपकना (हिं॰ क्रि॰) १ किसी तरलपदार्थका बिन्दुके रूपमें थोड़ा थोड़ा कर गिरना, चूना, रसना। २ पके हुए फलका आपसे आप गिरना। ३ ऊपरसे सहसा पतित होना, टूट पड़ना। ४ अधिकतासे कोई भाव प्रकट होना। ५ शीघ्र आकर्षित होना, ढल पड़ना, फिसलना। ६ स्त्रीका संभोगकी ओर प्रवृत्त होना। ७ घाव इत्यादिके कारण शरीरमें पीड़ा होना, चिलकना, टीस मारना। ८ युद्धमें आघात खा कर गिरना।

टपका (हिं॰ पु॰) १ बूँद बूँद गिरनेका भाव। २ टपकी हुई वस्तु, रसाव। ३ पक कर आपसे आप गिरा हुआ फल। ४ वह पीड़ा जो ठहर ठहर उठती हो, टीस। ५ मवेशियोंके खुरका एक रोग, खुरपका।

टपका टपकी (हिं॰ स्त्री॰) १ बूँदा बूँदी। २ किसी वस्तुको प्राप्त करनेके लिये मनुष्योंका एक पर एक टूटना। ३ एकके बाद दूसरेका मरना। (वि॰) ४ भूला भटका, एक आध, बहुत थोड़ा।

टपकाना (हिं॰ क्रि॰) १ चुआना। २ अरक उतारना, चुआना।

टपकाव (हिं॰ पु॰) टपकानेका भाव या क्रिया।

टपना (हिं॰ क्रि॰) १ निराहार रहना, बिना खाये पीए पड़ा रहना। २ व्यर्थ किसी दूसरेकी आशमें बैठा रहना। ३ आच्छादित करना, ढाकना।

टपनामा (हिं॰ पु॰) जहाज परका एक रजिस्टर। इसमें समुद्रयात्राके समय तूफान गर्मी आदिका लेखा रहता है।

टपमाल (हिं॰ पु॰) जहाजों पर काममें आनेवाला एक बड़े लोहेका घन।

टपाटप (हिं॰ क्रि॰वि॰) १ बराबर टपटप शब्दके साथ। २ जल्दी जल्दी, झट झट।

टपाना (हिं॰ क्रि॰) १ निराहार रहना, पड़ा रहने देना। २ निष्प्रयोजन बैठाए रखना।

टप्पर (हिं॰ पु॰) छाजन, छप्पर।

टप्पा (हिं॰ पु॰) १ गतियुक्त वस्तुके बीचमें भूमिका स्पर्श, उछल कर जाती हुई वस्तुका बीच बीचमें टिकान। २ उछाल, कूद, फाँद, फलांग। ३ नियत दूरी, मुकर्रर फासला। ४ वह विस्तृत भूमि जो दो स्थानोंके बीचमें पड़ती हो। ५ छोटा भूविभाग, परगनेका हिस्सा। ६ अन्तर, फर्क। ७ दूर दूरकी खराब मिलाई। ८ वह ठहराव जहाँ पालकी ले जानेवाले कहार बदले जाते हैं। ९ पानीके जोरसे चलनेवाला बेड़ा। १० एक प्रकारका हुक या काँटा।

टब (अं॰ पु॰ १ नाँदके आकारका एक खुला बरतन जो पानी रखनेके काममें आता है। २ छत या किसी दूसरे ऊँचे स्थान पर लटकाये जानेका लंप।

टमकी (हिं॰ स्त्री॰) किसी प्रकारकी घोषणा करनेका एक छोटा नगाड़ा, डुगडुगिया।

टमटम (अं॰ स्त्री॰) एक घोड़ेकी गाड़ी जिसे सवारी करनेवाला अपने हाथसे हाँकता है।

टमटी (हिं॰ स्त्री॰) एक बरतन।

टमस (हिं॰ स्त्री॰) टौंस नदी, तमसा।

टमाटर (हिं॰ पु॰) बैंगनका एक भेद। इसका फल गोलाई लिए हुए चिपटा और स्वाद खट्टा होता है, बिला-यती भंटा।

टमुकी (हिं॰ स्त्री॰) टमकी डुग्गी।

टर (हिं॰ स्त्री॰) १ कर्कश शब्द, कड़ुई बोली। २ मेंढ़क-की बोली। ३ अभिमानयुक्त वचन, घमंडसे भरी बात। ४ हठ, जिद, अड़। ५ क्षुद्र वचन, तुच्छ बात, बेमेल बात। ६ मुसलमानोंका एक भिश्त जो ईदके बाद लगता है।

टरकना (हिं॰ क्रि॰) चला जाना, लट जाना।

टरकाना (हिं॰ क्रि॰) १ स्थान परिवर्तन करना, हटाना, निकालना। २ टाल देना, धता बताना।

टरकी (तु॰ पु॰) एक प्रकारकी मुर्गी। इसकी चोंचके नीचे गलेमें मांसकी लाल झालर रहती है। इसका मांस बहुत स्वादिष्ट माना जाता है। कोई कोई इसे पेरू भी कहते हैं।

टरगी (हिं॰ पु॰) भारतवर्षके मोंटगोमरी आदि स्थानोंमें होनेवाली एक प्रकारकी घास। इसे भैंसें बड़े चावसे खाती हैं। १२से १३ वर्ष रखने पर भी इसका स्वाद नहीं बदलता है। इसका दूसरा नाम ललवा या ललवन है।

टरटराना (हिं॰ क्रि॰) १ व्यर्थ बात बोलना, बकबक करना, २ टर टर करना।

टर्रा (हिं॰ वि॰) घमण्डसे बातें करना, सीधेसे न बोलना। २ ढीट, कटुवादी।

टर्राना (हिं॰ क्रि॰) घमण्डके साथ चिढ़ चिढ़ कर बोलना।

टर्रापन (हिं॰ पु॰) कटुवादिता, वह जो ऐंठ कर बातें करता हो।

टर्रू (हिं॰ पु॰) १ वह जो चिढ़ कर बातें बोलता हो। २ मेंढ़क, भेंक, दादुर। ३ घोड़ेकी पूंछके बालसे एक लकड़ीमें बंधा हुआ खिलौना। यह चमड़ेको झिल्लीसे मढ़ा होता है।

टलन (सं॰ क्ली॰) टल भावे ल्युट्। विक्लव, व्याकुल, विह्वल, परेशान।

टलना (हिं॰ क्रि॰) १ अपनी जगहसे सरकना, हटना। २ अनुपस्थित होना, किसी जगह पर न रहना। ३ चंगा होना, दूर होना, मिटना। ४ समय बदलना, मुलतवी होना। ५ अन्यथा होना, ठीक न ठहरना। ६ उल्लंघित होना, पूरा न किया जाना। ७ समय गुजरना, बीतना।

टलित (सं॰ वि॰) टल-क्त। विचलित, जो अधीर हो गया हो।

टलस्टय (लियो)—रूसियाके सुप्रसिद्ध उपन्यास-लेखक और समाज-संस्कारक। १८२८ ई॰ ता॰ २८ अगस्तको, यसनाया-पलियाना नामक स्थानमें, धनाढ्य पितामाताके घरमें इनका जन्म हुआ था। टलस्टयके पूर्व-वंशीयगण पहले जर्मनीमें रहते थे, पीछे पिटर-दी-ग्रेटके राजत्वकालमें वे रूसिया आये। इनके वंशमें, अधिकांश लोगोंने राज-कार्य करके ख्याति लाभ की है। जिस समय टलस्टयकी माताका देहान्त हुआ, उस समय इनकी अवस्था मात्र तीन वर्ष की थी। माताकी मृत्युके कुछ दिन बाद ही इनके पिताकी मृत्यु हो गई। बाल्यावस्थामें टलस्टयका मन पढ़ने-लिखनेकी ओर विशेष आकृष्ट न था। इन्हें किसीसे मिलना-जुलना भी पसन्द न था। बाल्य-जीवनमें ये सर्वदा इसी चिन्तामें मग्न रहते थे, कि कैसे लोग उन्हें 'अच्छा लड़का' समझें, कैसे वे यशस्वी हो सकें। परन्तु उनका चेहरा देखनेमें अच्छा न था, इसलिये लोगोंकी दृष्टि इन पर कम पड़ती थी। इसके लिये बालक टलस्टय बड़े दुःखित होते थे। बाल्यावस्थामें विद्यालयमें जा कर इन्होंने वहांके कुत्सित आलापादि सुने और बालकोंमें जो दुर्नीतियां प्रचलित थीं, उनके स्रोतमें इन्होंने अपनेको बहा दिया। टलस्टय शिकार खेलना बहुत पसन्द करते थे।

ग्यारह वर्षकी अवस्थामें टलस्टयके लिये एक फरासीसी शिक्षक नियुक्त हुए। १८४० ई॰में, जब इनकी उम्र १५ वर्षकी थी, ये कजानके विश्वविद्यालय-में प्रविष्ट हुए। उस समय रूसियाके सम्भ्रान्त वंशीयगण विश्वविद्यालयमें पढ़ने-लिखनेके लिये न आते थे, बल्कि समाजमें मिल कर रहनेके गुण सीखनेके लिए आते थे। टलस्टयको १५ वर्षकी उम्रमें ही समाजके विभिन्न स्तरों-की जटिल समस्याओंसे परिचित होनेका अवसर मिला

गया। उस समय कज़ानके समान मौजकी जगह रूसिया भरमें न थी। परन्तु सर्वदा भोज खाते और 'बल'-नाच देखते देखते इनको उससे नफरत हो गई। टलस्टय इस समय भीतर ही भीतर अपने लिये आदर्श नायिकाको खोज कर रहे थे। इसी अवसर पर उन्हें फरासीसी उपन्यास-लेखक डूमा और यूजिनसूके उपन्यास पढ़ कर बड़ा आनन्द होता था। परन्तु इतने आनन्दमें भी उनके मनमें शान्ति न थी — उन्हें जीवनकी गभीरतम समस्याओंकी चिन्ता करनेका अभ्यास बाल्यावस्थासे हो पड़ गया था। इसी समयकी स्मृति पर टलस्टयने Boyhood और Youth नामक दो जीवन-स्मृतियां लिखी थीं। टलस्टयके जीवन पर फरासीसी-विप्लवके अन्यतम सृष्टिकर्ता रूसोका प्रभाव पड़ चुका था—रूसोको ये देवताकी तरह भक्ति करते थे।

टलस्टयको इस बातकी हमेशा चिन्ता रहती थी, कि किस तरह साधारणकी दृष्टि आकर्षित की जाय। इसी उद्देश्यसे वे प्राच्यभाषा शिक्षाके विद्यालयमें प्रविष्ट हुए। किन्तु पहली बार वे 'पास' न हुए; दूसरी बार अरबी और तुर्की भाषामें पारदर्शिताके साथ उत्तीर्ण हुए। परन्तु इस अध्ययनसे उन्हें तृप्ति न हुई और इसी लिए १८४४ ई०में कानूनी विद्यालयमें वे भरती हो गये। वहां भी विशेष लाभ न हुआ। छात्रोंकी शिक्षाके लिए वहां कोई सुव्यवस्था न थी—जर्मनदेशीय अध्यापकगण छात्रोंकी शिक्षा पर विशेष ध्यान न रखते थे। अन्तमें विश्वविद्यालयकी उपाधि पानेके लिए, टलस्टय इतिहास, कानून और धर्म-सम्बन्धी पुस्तकें पढ़ने लगे। धर्मके विषयमें इनका मत परिवर्तित हो गया। बाल्यकालमें वंशानुगतिक धर्म-विश्वासमें जो बालक अलौकिक था, वही अब पढ़-लिख कर एक तरहका नास्तिक हो गया। टलस्टय इतिहासको व्यर्थ ज्ञान समझते थे। वे कहा करते थे, "हजार वर्ष पहले क्या हुआ था, उसके जाननेसे क्या लाभ?" इसलिए टलस्टय इतिहासकी वक्तृता सुनने नहीं जाते थे—कालेजमें अनुपस्थित रहते थे और इसके लिए एक बार वे कालेजमें बन्दी भी किये गये थे। आखिरकार किसी तरह ये परीक्षामें उत्तीर्ण हो गये। १८४७ ई०में नाना कारणोंसे इनका स्वास्थ्य बिगड़ गया; इन्होंने किसी ग्राम (देहात)-में जानेके लिए अनुमति मांगी। इस प्रकार टलस्टयकी विद्या-शिक्षा समाप्त हुई—वे कुछ उपाधि न पा सके। कालेजकी शिक्षा उनके मनको आकर्षित न कर सकी थी, इसीलिए उन्हें वहां व्यर्थ काम होना पड़ा था।

टलस्टयको शहरोंसे नफरत हो गई और ये अपने गांवमें लौट आये। उन्हें आशा थी कि 'गांवके किसानोंके साथ मिल कर, उनमें शिक्षा और नव-संस्कारका प्रचार करेंगे। टलस्टय कज़ानके किसानोंकी दुर्दशाका विवरण बहुत सुन चुके थे—इसी लिए उनके दुःख दूर करनेके लिए उन्होंने कमर कस ली। १८४७ ई०में दुर्भिक्ष हुआ। प्रत्येक ज़िलेके आदमियोंने अनाज पानेकी उम्मेदसे ज़ारके पास प्रार्थना-पत्र भेजे। टलस्टयने देखा, कि यह सैकड़ों हजारों मनुष्योंके जीवन-मरणका प्रश्न है, अब कार्य करनेका अवसर आया है। छ मास तक उन्होंने संस्कारके लिए नाना प्रकारके प्रयत्न किये। परन्तु अन्तमें विशेष कुछ नतीजा न निकलनेसे सेण्ट-पिटर्सबर्ग लौट आये और "Landlord's morning" नामक उपन्यास लिख कर उन्होंने उस युगकी अभिज्ञता प्रदर्शित की। इसके बाद फिर आमोद-प्रमोदमें फंस कर ये कर्जदार हो गये। आखिर १८५१ ई०में वे ककासस पहुंचे, जहां उनके भाई निकोलस फौजमें काम करते थे। यहां पर्वतके नीचे एक झोंपड़ी भाड़े पर लेकर रहने लगे और महीनेमें सिर्फ बारह शिलिङ् मात्र खर्च करने लगे।

इसके बाद भाई तथा उच्चपदस्थ आत्मीय-स्वजनोंके अनुरोधसे टलस्टय फौजमें भरती हो गये। सैन्य-विभागकी परीक्षामें उत्तीर्ण हो, वे यदस्तूर सैनिकका काम करने लगे। परन्तु उनके मनकी गति दूसरी ओर थी। उन्होंने एक अच्छी पुस्तक लिखी और उसे रूसियाके एक प्रसिद्ध मासिकपत्रमें छपानेके लिए भेज दिया। सम्पादकने उनकी बहुत प्रशंसा की और अपने पत्रमें स्थान दिया। इस समय टलस्टय अपने घर जानेके लिए बड़े चञ्चल हो पड़े थे। परन्तु क्रिमियामें युद्ध छिड़ जानेसे उन्हें तुरकोंसे युद्ध करनेके लिए क्रिमिया जाना पड़ा।

युद्धके बीचमें लगातार मृत्युओंका दृश्य देख कर

टमस (हिं॰ स्त्री॰) टौंस नदी, तमसा।

टमाटर (हिं॰ पु॰) बैगनका एक भेद। इसका फल गोलाई लिए हुए चिपटा और स्वाद खट्टा होता है, विलायती भंटा।

टमुकी (हिं॰ स्त्री॰) टमकी देखो।

टर (हिं॰ स्त्री॰) १ कर्कश शब्द, कडुई बोली। २ मेढ़ककी बोली। ३ अभिमानयुक्त वचन, घमंडसे भरी बात। ४ हठ, जिद, अड़। ५ धृष्ट वचन, तुच्छ बात, बेमेल बात। ६ मुसलमानोंका एक मेला जो ईदके बाद लगता है।

टरकना (हिं॰ क्रि॰) चला जाना, हट जाना।

टरकाना (हिं॰ क्रि॰) १ स्थान परिवर्तन करना, हटाना, खिसकाना। २ टाल देना, धता बताना।

टरकी (तु॰ पु॰) एक प्रकारकी मुर्गी। इसकी चोंचके नीचे गलेमें मांसकी लाल झालर रहती है। इसका मांस बहुत स्वादिष्ट माना जाता है। कोई कोई इसे पेरू भी कहते हैं।

टरगी (हिं॰ पु॰) भारतवर्षके मांटगोमरी आदि स्थानोंमें होनेवाली एक प्रकारकी घास। इसे भैंसें बड़े चावसे खाती हैं। १२से १४ वर्ष रखने पर भी इसका स्वाद नहीं बदलता है। इसका दूसरा नाम खलवा या खल-बन है।

टरटराना (हिं॰ क्रि॰) १ व्यर्थ बात बोलना, बकबक करना, २ टर टर करना।

टर्रा (हिं॰ वि॰) घमण्डसे बातें करना, सीधेसे न बोलना। २ ढीठ, कटुवादी।

टर्राना (हिं॰ क्रि॰) घमण्डके साथ चिढ़ चिढ़ कर बोलना।

टर्रापन (हिं॰ पु॰) कटुवादिता, वह जो ऐंठ कर बातें करता हो।

टर्रू (हिं॰ पु॰) १ वह जो चिढ़ कर बातें बोलता हो। २ मेढ़क, भेंक, दादुर। ३ घोड़ेकी पूंछके बालसे एक लकड़ीमें बंधा हुआ खिलौना। यह अकड़को किस्मसे सदा होता है।

टलन (सं॰ स्त्री॰) टल भावे ल्युट्। विक्लव, स्खलन, विह्वल, परेशान।

टलना (हिं॰ क्रि॰) १ अपनी जगहसे सरकना, हटना। २ अनुपस्थित होना, किसी जगह पर न रहना। ३ अलग होना, दूर होना, मिटना। ४ समय बढ़ना, मुलतवी होना। ५ अन्यथा होना, ठीक न ठहरना। ६ उल्लंघित होना, पूरा न किया जाना। ७ समय गुजरना, बीतना।

टलित (सं॰ वि॰) टल-क्त। विचलित, जो अधीर हो गया हो।

टलस्टय (लियो)—रूसियाके सुप्रसिद्ध उपन्यास-लेखक और समाज-संस्कारक। १८२८ ई॰ ता॰ २८ अगस्तको, यशनाया-पलियाना नामक स्थानमें, धनाढ्य पितामाताके घरमें इनका जन्म हुआ था। टलस्टयके पूर्व-वंशीयगण पहले जर्मनीमें रहते थे, पीछे पिटर-दी-ग्रेटके राजत्वकालमें ये रूसिया आये। इनके वंशमें, अधिकांश लोगोंने राज-कार्य करके ख्याति लाभ की है। जिस समय टलस्टयकी माताका देहान्त हुआ, उस समय इनकी अवस्था मात्र तीन वर्ष की थी। माताकी मृत्युके कुछ दिन बाद ही इनके पिताकी मृत्यु हो गई। बाल्यावस्थामें टलस्टयका मन पढ़ने-लिखनेकी ओर विशेष आकृष्ट न था। इन्हें किसीसे मिलना-जुलना भी पसन्द न था। बाल्य-जीवनमें ये सर्वदा इसी चिन्तामें मग्न रहते थे, कि कैसे लोग उन्हें 'अच्छा लड़का' समझें, कैसे ये यशस्वी हो सकें। परन्तु उनका चेहरा देखनेमें अच्छा न था, इसलिये लोगोंकी दृष्टि इन पर कम पड़ती थी। इसके लिये बालक टलस्टय बड़े दुःखित होते थे। बाल्यावस्थामें विद्यालयमें जा कर इन्होंने वहांके कुत्सित आलापादि सुने और बालकोंमें जो दुर्नीतियां प्रचलित थीं, उनके स्रोतमें इन्होंने अपनेको बहा दिया। टलस्टय शिकार खेलना बहुत पसन्द करते थे।

ग्यारह वर्षकी अवस्थामें टलस्टयके लिये एक फरासीसी शिक्षक नियुक्त हुए। १८४० ई॰में, जब इनकी उम्र १५ वर्षकी थी, ये कजानके विश्वविद्यालय-में प्रविष्ट हुए। उस समय रूसियाके सम्भ्रान्त वंशीयगण विश्वविद्यालयमें पढ़ने-लिखनेके लिये न जाते थे, बल्कि समाजमें मिल कर रहनेके गुण सीखनेके लिए जाते थे। टलस्टयको १५ वर्षकी उम्रमें ही समाजके विभिन्न स्तरों-की जटिल समस्याओंसे परिचित होनेका अवसर मिला

गया। उस समय कजानके समान मौजकी जगह रूसिया भरमें न थी। परन्तु सर्वदा भोज खाते और 'बल'-नाच देखते देखते इनको उससे नफरत हो गई। टलस्टय इस समय भीतर ही भीतर अपने लिये आदर्श नायिकाकी खोज कर रहे थे। इसी अवसर पर उन्हें फरासीसी उपन्यास-लेखक डूमा और यूजिनसूके उपन्यास पढ़ कर बड़ा आनन्द होता था। परन्तु इतने आनन्दमें भी उनके मनमें शान्ति न थी – उन्हें जीवनकी गभीरतम समस्याओंकी चिन्ता करनेका अभ्यास बाल्यावस्थासे हो पड़ गया था। इसी समयकी स्मृति पर टलस्टयने Boyhood और Youth नामक दो जीवन-स्मृतियां लिखी थीं। टलस्टयके जीवन पर फरासी-विप्लवके अन्यतम सृष्टिकर्ता रूसोका प्रभाव पड़ चुका था—रूसोको ये देवताकी तरह भक्ति करते थे।

टलस्टयको इस बातकी हमेशा चिन्ता रहती थी, कि किस तरह साधारणकी दृष्टि आकर्षित की जाय। इसी उद्देश्यसे वे प्राच्यभाषा शिक्षाके विद्यालयमें प्रविष्ट हुए। किन्तु पहली बार वे 'पास' न हुए; दूसरी बार अरबी और तुर्की भाषामें पारदर्शिताके साथ उत्तीर्ण हुए। परन्तु इस अध्ययनसे उन्हें तृप्ति न हुई और इसी लिए १८४४ ई०में कानूनी विद्यालयमें वे भरती हो गये। *वहां भी विशेष लाभ न हुआ। छात्रोंकी शिक्षाके लिए* वहां कोई सुव्यवस्था न थी—जर्मनदेशीय अध्यापकगण छात्रोंकी शिक्षा पर विशेष ध्यान न रखते थे। इससे विश्वविद्यालयकी उपाधि पानेके लिए, टलस्टय इतिहास, कानून और धर्म-ग्रन्थों पुस्तकें पढ़ने लगे। धर्मके विषयमें इनका मत परिवर्तित हो गया। बाल्यकालमें वंशानुगतिक धर्म-विश्वाससे जो बालक धनोयान् था, वही अब पढ़-लिख कर एक तरहका नास्तिक हो गया! टलस्टय इतिहासको व्यर्थ ज्ञान समझते थे। वे कहा करते थे, "हजार वर्ष पहले क्या हुआ था, उसके जाननेसे क्या लाभ?" इसलिए टलस्टय इतिहासकी वक्तृता सुनने नहीं जाते थे—कालेजमें अनुपस्थित रहते थे और इसके लिए एक बार वे कालेजमें बन्दी भी किये गये थे। आखिरकार किसी तरह ये परीक्षामें उत्तीर्ण हो गये। १८४७ ई०में नाना कारणोंसे इनका स्वास्थ्य बिगड़ गया; इन्होंने किसी ग्राम (देहात)-में जानेके लिए अनुमति मांगी। इस प्रकार टलस्टयकी विद्या-शिक्षा समाप्त हुई—वे कुछ उपाधि न पा सके। कालेजकी शिक्षा उनके मनको आकर्षित न कर सकी थी, इसीलिए उन्हें वहां व्यर्थ काम होना पड़ा था।

टलस्टयको शहरोंसे नफरत हो गई और वे अपने गाँवमें लौट आये। उन्हें आशा थी कि 'गाँवके किसानोंके साथ मिल कर, उनमें शिक्षा और नव-संस्कारका प्रचार करेंगे। टलस्टय कजानके किसानोंकी दुर्दशाका विवरण बहुत सुन चुके थे—इसी लिए उनके दुःख दूर करनेके लिए उन्होंने कमर कस ली। १८४७ ई०में दुर्भिक्ष हुआ। प्रत्येक जिलेके आदमियोंने अनाज पानेकी उम्मेदसे जारके पास प्रार्थना-पत्र भेजे; टलस्टयने देखा, कि यह सैकड़ों हजारों मनुष्योंके जीवन-मरणका प्रश्न है, अब कार्य करनेका अवसर आया है। छ मास तक उन्होंने संस्कारके लिए नाना प्रकारके प्रयत्न किये। परन्तु अन्तमें विशेष कुछ नतीजा न निकलनेसे सेण्ट-पिटर्सबर्ग लौट आये और "Landlord's morning" नामक उपन्यास लिख कर उन्होंने उस युगकी अभिज्ञता प्रदर्शित की। इसके बाद फिर आमोद-प्रमोदमें फँस कर ये कर्जदार हो गये। आखिर १८५१ ई०में *वे ककासस पहुँचे, जहां उनके भाई निकोलस* फौजमें काम करते थे। यहां पर्वतके नीचे एक झोंपड़ी भाड़े पर ले कर रहने लगे और महीनेमें सिर्फ बारह शिलिङ् मात्र खर्च करने लगे।

इसके बाद भाई तथा उच्चपदस्थ आत्मीय-स्वजनोंके अनुरोधसे टलस्टय फौजमें भरती हो गये। कैडेट-विभागकी परीक्षामें उत्तीर्ण हो, वे बटम्रूर सैनिकका काम करने लगे। परन्तु उनके मनकी गति दूसरी और थी; उन्होंने एक अच्छी पुस्तक लिखी और उसे रूसियाके एक प्रसिद्ध मासिकपत्रमें छपानेके लिए भेज दिया। सम्पादकने उनकी बहुत प्रशंसा की और अपने पत्रमें स्थान दिया। इस समय टलस्टय अपने घर जानेके लिए बड़े चञ्चल हो पड़े थे। परन्तु क्रिमियामें युद्ध छिड़ जानेसे उन्हें तुरकोंसे युद्ध करनेके लिए क्रिमिया जाना पड़ा।

युद्धके बीचमें लगातार मृत्युओंका दृश्य देख कर

उनका अन्तर्निहित धर्मभाव जाग्रत हो गया। १८५५ ई०के एप्रिल मासमें वे अपने रोजनामचेमें भगवान्‌से प्रार्थना करनेकी बात लिख गये हैं। युद्धके भीषण दृश्यसे अपने मनको हटानेके लिए उन्होंने ग्रन्थरचनामें मन लगाया। इस सिबास्टिपोलके विषयमें उन्होंने जो तीन ग्रन्थ लिखे हैं, उनमें एक तरफ जैसा वास्तव जीवनका सुन्दर चित्र है, दूसरी ओर वैसा ही प्रकृतिके सौन्दर्यका मधुर वर्णन है। युद्ध करना अन्याय है, इस बातको उन्होंने बड़े जोरके साथ लिखा था; जिसके लिए सम्राट् जारने उन्हें सेण्ट पिटर्सबर्गको लौट आनेकी आज्ञा दी थी। इसके बाद उन्होंने फिर युद्धक्षेत्रमें पदार्पण नहीं किया।

टलस्टय नये भावोंको ले कर देश लौटे। युद्धकी वीभत्सताकी बातें याद करके उनका मन बड़ा खिन्न हुआ। परन्तु सेनासे जो मृत्युकी अवहेलना कर वीरत्वके साथ अपना कर्तव्य पालन करती है, उनका प्रेम हो गया। स्वार्थपर मध्यम वंशीयोंके चरित्रके साथ सैनिकोंकी तुलना करके, उन्होंने सैनिकोंमें ही श्रेष्ठता पाई। सेण्ट पिटर्सबर्गमें उनकी रचनाकी ख्याति पहलेसे ही थी। अब सभीने आदरके साथ उनकी अभ्यर्थना की। सुप्रसिद्ध उपन्यास-लेखक टुर्गनिभने टलस्टयको छातीसे लगा लिया और निमन्त्रण-पूर्वक उन्हें अपने घर ले गये। सभाओंमें सर्वत्र उनका सम्मान होने लगा। टलस्टयने युद्धके जीवनका जो वर्णन अपने ग्रन्थमें दिया था, उस पर सभी मुग्ध हो गये थे। राजधानीके प्रधान प्रधान राजकर्मचारिगण भी टलस्टयको निमन्त्रण दे दे कर जिमाने लगे। इस आदर अभ्यर्थनासे टलस्टयका साधु भाव जाता रहा। वे पुनः विलास और आमोदके स्रोतमें बहने लगे। परन्तु इतने पर भी उन्हें शान्ति न मिली। वे सत्यपथके यात्री थे—उनका चित्त सर्वदा सत्यके अन्वेषणमें लगा रहता था। यही कारण था जो रूसियाकी राजधानीके साहित्यिकोंसे, जो सत्यकी अपेक्षा चिरागत प्रथाको ही अधिक सम्मानकी दृष्टिसे देखते थे, उनका सम्बन्ध अधिक दिनों तक स्थायी न रहा। विशेषतः टुर्गनिभके साथ उनका मतभेद बहुत ही बढ़ गया। परन्तु स्टेट नामक एक कविसे उनकी आजीवन मित्रता निभी थी।

इस प्रकारसे टलस्टयकी पारिवारिक अवस्था अच्छी हो गई। उस समय रूसियाके सिंहासन पर द्वय अलेक्सन्दर बैठे थे (१८५५ ई०)। सम्राट् (द्वय) अलेक्सन्दरने जनसाधारणके हितके लिए टलस्टयको अधिकतर क्षमता देनेका प्रयास किया। इसमें सम्भ्रान्तवंशीय और उच्चपदस्थ व्यक्तियोंके बाधा उपस्थित करने पर भी, रूसियाके अधिकांश लोगोंने उनके मतका समर्थन किया। इस समय बहुतसे लेखकोंने जनसाधारणके लिए लेखनी धारण की थी। परन्तु टलस्टयके द्वारा साधारणके लिए जैसा प्रयत्न हुआ, वैसा और किसीसे भी न हुआ। उन्होंने Polikoushka नामक एक ग्रन्थमें दासभावापन्न कृषकोंकी सम्पूर्ण दुर्दशाका वर्णन बड़ी खूबीके साथ किया। उन्होंने कृषकोंकी उन्नतिके लिए उन्हें शिक्षित बनानेका संकल्प किया। किन्तु वे स्वयं शिक्षा-प्रणालीके विषयमें कुछ जानते न थे, इसलिए जर्मनीमें जा कर इस विषयकी शिक्षा प्राप्त करनेका निश्चय किया।

टलस्टय १८५७ से १८६१ ई०के भीतर इटली, जर्मनी, फ्रान्स आदि नाना देशोंमें घूम आये। १८६१ ई०में वे अपने ग्राममें पहुँचे। प्रथम ही उन्होंने अपनी विपुल सम्पत्तिके अधीन जितने दासभावापन्न कृषक थे, सबको मुक्त कर दिया। उनकी असाधारण वदान्यताको देख कर सभी विस्मित हुए। उनके इस महत् कार्यका अनुसरण कर रूसियाके सम्राट्‌ने वहाँके समस्त कृषकोंको स्वाधीनता दे दी। जर्मनीमें जिस प्रणालीके ग्राम्य विद्यालय हैं, टलस्टयने उसी प्रणालीको रूसियामें प्रचलन करना चाहा। किण्डर-गार्टन-प्रथाका अनुसरण कर उन्होंने यास्नाया पोलियानामें एक विद्यालय खोला। वे शिक्षाके विषयमें सम्पूर्ण स्वाधीनतावादी थे। इसलिए इनके विद्यालयमें छात्रोंके लिए कोई वेतन निर्दिष्ट नहीं हुआ, छात्र चाहे जिस समय आते और चले जाते थे तथा चाहे जिस विषयकी शिक्षा लेना चाहें ले सकते थे। उनके विद्यालयमें किसीको भी किसी प्रकारकी सजा न दी जाती थी। टलस्टय स्वयं चित्राङ्कनविद्या, अङ्गरेजी और बाइबलका इतिहास पढ़ाते थे। १८६२ ई०के अक्टोबर मासमें राजकीय परिदर्शकोंने इनके विद्यालयके विषयमें इस प्रकार अपना अभिमत प्रकट किया,—

"काउण्ट टलस्टयका कार्य विशेष यत्नके साथ उल्लेख्योग्य है। शिक्षा-विभागकी ओरसे उन्हें सहायता पहुंचाना उचित है। उनके सम्पूर्ण मतोंसे हमारा ऐक्य नहीं है, तथापि आशा की जा सकती है कि कुछ विषयोंमें वे अपना मत परिवर्तन करेंगे।" शेषोक्त वाक्यसे गवर्मेण्टने सहायता देना तो दूर रहा, उनके कार्योंमें विघ्न डालना शुरू कर दिया। टलस्टय भी नाना कारणोंसे क्लान्त हो गये थे, जिसका प्रधान कारण था लड़कोंकी विशेष उन्नति न होना। दो वर्ष चला कर, बादमें उन्होंने विद्यालय बन्द कर दिया।

इसके बाद ये समाज-तन्त्र-वादका प्रचार करने लगे। इनके मतसे जनसाधारण ही सब कुछ हैं—उच्चश्रेणीके लोगोंकी कोई जरूरत नहीं। उनका कहना था कि पढ़ने लिखनेसे ही मनुष्यका चरित्र गठन होता हो, ऐसा नहीं है। इन्होंने साधारणके विषयमें लिखा था—कि साधारण लोगोंमें भी, उच्चश्रेणीको अपेक्षा अधिकतर बलिष्ठ, स्वाधीन, न्यायपरायण, दयालु और प्रयोजनीय व्यक्ति पाये जाते हैं। वे हमारे विद्यालयमें आ कर शिक्षा लेवें, यह ठीक नहीं। हमको ही चाहिये कि हम उनके पास जा कर शिक्षा ग्रहण करें।' यह बात रूसोकी एमिलोमें प्रचारित वाक्योंके समान है।

इन कामोंके करनेके कारण टलस्टयकी लेखन-शक्ति घट गई। किन्तु विवाह होनेके बाद उनकी स्त्री, उन्हें लिखनेमें बहुत कुछ सहायता पहुंचाने लगीं। उन महीयसी महिलाके प्रयत्नसे टलस्टयका हृदय पुनः नूतन भावोंसे सञ्जीवित हुआ। इस नये उद्यमसे उन्होंने दो अपूर्व ग्रन्थ लिखे, (१) War and Peace, (२) Anna Karenina इन दो ग्रन्थोंने ही टलस्टयका नाम हमेशाके लिए अमर कर दिया है। इनकी जीवनी लिखनेवाले रोमो रोंलाका कहना है, कि इन दो ग्रन्थोंका प्रभाव आधुनिक युगके यूरोपीय साहित्यके सर्वत्र ही थोड़ा-बहुत पाया जाता है। १८६४ ई॰में टलस्टयने अपने मित्र फेटको लिखा था—"मैं जिस काम (उपन्यास लिखना)-को इस समय कर रहा हूं उसमें कितने परिश्रमकी जरूरत है, उसको तुम कल्पना भी नहीं कर सकते। मैं जिनके चरित्रोंको खींच रहा हूं, उनके जीवनमें क्या क्या हो सकता है, उस विषयमें कितनी ही बातें सोच कर, उनमेंसे कुछ छांट लेना बड़ा कठिन काम है।"

टलस्टय कृषिकार्य और सम्पत्तिको व्यवस्थाके लिए तरह तरहके बन्दोबस्त करने लगे। विवाहके बाद उन्होंने इस विषयमें एक चिट्ठी लिखी थी, जिसमें इस विषयको अपनी अभिज्ञता प्रकट की थी—"मैंने एक आविष्कार किया है, जो शीघ्र ही तुमसे कहूंगा। गुमाश्ता, नायब, परिदर्शक आदि सिर्फ कृषिकार्यमें बाधा पहुंचाते हैं। उन सबको विदा कर दो। खुद दिनके दस बजे तक सोते रहो ; उठ कर देखना, तुम्हारा कोई काम बिगड़ा नहीं है।"

१८६४ ई॰में जब ये अपने मित्र फेटके घर थे, तब टुर्गेनिभके साथ इनका घोरतर विवाद हुआ था—यहां तक कि द्वन्द्वयुद्धकी नौबत आ चुकी थी। इसी बीचमें टलस्टयने अपनी साहित्य-साधनामें मन लगाया। इनके War and Peace नामक ग्रंथ एक महाकाव्य समझा जाता है। उसमें प्रिन्स ऐण्ड्रूके चरित्रमें ग्रन्थकारने मानो अपना ही चित्र खींच दिया है। इसी प्रकार Anna Karenina में Levin के चरित्रमें भी टलस्टय नजर आते हैं।

इन दिनों टलस्टयने फिर अध्ययन करना शुरू किया। ग्रीक्भाषाकी शिक्षामें ही ये अधिक समय देने लगे। दर्शनशास्त्रका अध्ययन करते करते ये शोपेनहरके गुणों पर मुग्ध हो गये और उनके ग्रंथोंका रूसी भाषामें अनुवाद कर डाला। १८७३ ई॰में इनके दो पुत्र और मौसीका देहान्त हो गया। इस शोकके समय इन्होंने बाइबेल पढ़ा था और उससे कुछ सान्त्वना पाई थी। फिर मूल यहूदीमें बाइबेल पढ़नेके लिए ये हिब्रू भाषा सीखने लगे। इन शान्तिके दिनोंमें इन्होंने टुर्गेनिभसे पुनः मित्रता कर ली।

परन्तु इतना लिखने पर भी उन्हें आनन्द प्राप्त न हुआ। उन्होंने लिखा है (Confessions 1879)—'मेरी उमर अब तक पचास तक नहीं पहुंची है—मैं प्रेम करता था—मुझ पर भी लोग प्रेम रखते थे। मेरे बाल-बच्चे अच्छे हैं ; मेरी सम्पत्ति भी अच्छी है, सुयश

है, स्वास्थ्य अच्छा है, नैतिक और दैहिक शक्ति भी काफी है। मैं कृषकोंकी तरह बोना और काटना जानता हूँ। दस घण्टे तक स्थिरचित्तसे काम करने पर भी मुझे क्लान्ति नहीं मालूम पड़ती। किन्तु सहसा मेरे जीवनकी गति रुक गई। मैं श्वास प्रश्वास ले सकता हूँ, खा सकता हूँ, पी सकता हूँ, परन्तु यह तो जीवन नहीं है। मुझे अब किसी बातकी इच्छा नहीं है। इच्छा करने को भी कुछ नहीं है। और तो क्या, सत्य जाननेकी वासना भी नहीं है। मैं गह्वरके पास आ चुका हूँ—मृत्युके सिवा, मेरे सामने और कुछ भी नहीं है। मैं इतना सुखी होने पर भी समझ रहा हूँ, कि जीनेसे कोई लाभ नहीं है। न मालूम कौन मुझे मृत्युकी ओर खींचे लिये जा रहा है।"

इसके बाद एक दिन टलस्टय पर भगवान्‌की कृपा हुई। आप लिखते हैं—एक दिन (वसन्तऋतुमें) मैं अकेला जंगलमें बैठा हुआ पत्तोंकी मर्मर ध्वनि सुन रहा था—अपने जीवनके अन्तिम तीन वर्षके दुःखोंकी याद कर रहा था—भगवान्‌का अनुसन्धान, आनन्दसे उल्लाससे पतन इत्यादि बहुतसी बातोंको उथलपुथल कर रहा था। सहसा मैंने देखा, कि जिस समय मैं भगवान् पर विश्वास करता हूँ, उसी समय मालूम होता है कि मैं जीवित हूँ। भगवान्‌का स्मरण करते ही हृदयमें आनन्दका स्रोत बह चला। चारों ओरके सम्पूर्ण पदार्थ सजीवसे दीखने लगे—सब सार्थक मालूम पड़ने लगे। परन्तु जिस मुहूर्तसे अविश्वासने हृदय पर अधिकार जमा लिया, उसी समयसे जीवनकी गति रुक गई। तो भगवान्‌को मैं क्या ढूँढ़ रहा हूँ? भीतरसे न मालूम किसीने कहा—उसको ढूँढ़ रहे हो, जिसके बिना मनुष्य जी नहीं सकता। भगवान्‌को जानना और जीवित रहना, दोनों एक ही बात है। क्योंकि भगवान् ही जीवन है। तबसे फिर मुझे अन्धकारमें नहीं जाना पड़ा।"

जीवनकी साधनामें आनन्द पानेके लिए इन्होंने ग्रीक चर्चकी सम्पूर्ण आचार-पद्धतिको अपनाना चाहा; परन्तु बाह्य आचारोंसे वे तृप्ति या शान्ति किसीसे भी न पा सके। विशेषतः जब धर्म-सम्प्रदाय दूसरे धर्म-सम्प्रदायोंसे परस्पर विवाद-विसम्वाद करता और युद्ध एवं प्राणदण्डका अनुमोदन करता था, इसलिए वे उससे बाहर निकल आये। इन्होंने ईसाके उपदेशोंसे निम्नलिखित वाक्य ग्रहण किये—

(१) क्रोध न करना।

(२) व्यभिचार न करना।

(३) शपथ न करना।

(४) दुःख या कष्टको बलसे न रोकना।

(५) मनुष्यसे शत्रुता न करना।

और एक उपदेशमें उन्होंने उक्त वाक्योंका सार पाया यथा 'भगवान् और अपने पड़ोसियों पर उतना ही प्रेम करो, जितना तुम अपने पर करते हो।'

धर्म-जीवनमें उन्नति प्राप्त करनेके लिए स्वावलम्बी और सरल-स्वभावी होनेकी आवश्यकता समझ टलस्टय कृषकोंकी जीवनयात्रा-प्रणालीका अनुकरण करने लगे। बहुत सवेरे बिछौनेसे उठ कर वे खेतोंमें जाते और शस्यादि काटते और रोपते थे। अपने पहननेका जूता स्वयं बना सकें, इसके लिए उन्होंने चमारका काम भी सीखा। इस तरह सुबहसे शाम तक वे कठोर परिश्रम करते थे। सरलता तो इनके जीवनका व्रत हो गया। वे आहार-व्यवहारमें संयत हो गये—मांसाहार छोड़ कर निरामिषभोजी बन गये। यहाँ तक कि मादक-द्रव्य-भुक्त होनेके कारण उन्होंने तम्बाकू पीना भी छोड़ दिया।

परन्तु इतना करने पर भी वे अपनेको कृषकोंके समान न बना सके। टलस्टय इस बातको समझते थे, कि किसान दिन भर काम करनेके बाद अपनी छोटी-सी झोंपड़ीमें आ कर बहुत दुःख भोगते हैं, और वे शामको प्रासादमें आ कर आराममें सोते हैं। टलस्टयने अब अनुष्ठान या भोज-समाजमें जाना आना प्रायः छोड़ दिया। "अर्थ ही अनर्थोंका मूल है" ऐसा समझ कर हमारे रामकृष्ण परमहंसकी तरह उन्होंने उसका स्पर्श करना छोड़ दिया।

१८८० ई०में मोस्कोमें गणनाके समय गवर्मेण्टने टलस्टयको सहायता पहुँचानेके लिए आमन्त्रण दिया। टलस्टयने देखा, इस मौके पर वे [illegible] जनसाधारणकी अवस्थाका परिज्ञान कर सकते हैं,

इसलिए वे राजी हो गये। इसके बाद रूसियाके साधारण लोगोंकी जिस मर्मभेदी दरिद्रताको उन्होंने अपनी आँखोंसे देखा, उससे उनका हृदय बिलकुल पिघल गया। "हमें क्या करना चाहिए" शीर्षक पुस्तिकामें उन्होंने लोकगणनाके समयकी सम्पूर्ण अभिज्ञता प्रकट कर दी। अन्तमें एक दिन उन्होंने अपनी स्त्रीको अपने कमरेमें बुला कर कहा—"धनसम्पत्तिके अधिकारको मैं पाप समझता हूं। इसलिए मैंने अपने व्यक्तिगत अधिकारको छोड़ देनेका निश्चय किया है।" १८८८ ई०में इन्होंने अपनी सम्पत्ति स्त्री और पुत्रको दे दी। इससे उन्हें अपनी सम्पत्तिकी उन्नतिकी चिन्तासे छुट्टी मिल गई।

इसके बाद उन्होंने अपनी सम्पूर्ण शक्ति किसानोंकी जीवनोन्नति करनेमें लगा दी। किसान लोग शराब पीना छोड़ दें और राष्ट्र द्वारा उन्हें अधिकार प्राप्त हो, इस विषयके अनेक ग्रन्थ भी लिखे।

१८९१-९२ ई०में जो भीषण दुर्भिक्ष हुआ था, उसमें टलष्टयने स्वयं तथा उनके परिवारके लोगोंने लगातार कार्य किया था।

रूसियाके प्रतिष्ठित ईसाई चार्च पर आक्रमण करनेके कारण धर्मसम्प्रदायने उन्हें पृथक् कर दिया था (१९०१ ई०की २२ फरवरीके आदेशानुसार) १९१० ई०के २० नवम्बरको निमोनिया रोगसे इनकी मृत्यु हो गई।

जगत्में टलस्टयने ही सबसे पहले Nonresistance वा अहिंस असहयोग नीतिका प्रचार किया था। महात्मा मोहनदास करमचन्द गान्धीके साथ इनका पत्रव्यवहार होता था। महात्मा गान्धीको ये श्रद्धाकी दृष्टिसे देखते थे।

मोहनदास करमचन्द गान्धी देखो।

टलेमी (टलमी)—ग्रीकके एक प्रसिद्ध ज्योतिर्विद्, गणितज्ञ और भौगोलिक पण्डित। इनका असली नाम था क्लडियस् टलेमियाम्। ये १३८ ई०में मिसरमें प्रादुर्भूत हुए थे और सम्भवतः १६१ ई०में ये जीवित थे। इसके सिवा इनको जीवनीके विषयमें विशेष कुछ मालूम नहीं हुआ है, किन्तु इनके द्वारा रचित ज्योतिष और भूगोलसंबन्धी अनेक पुस्तकें अब भी मौजूद हैं, जो बहुकाल पर्यन्त समय यूरोप और अरब आदि देशोंमें अभ्रान्त और सर्वोत्कृष्ट समझी गई हैं। इन्होंने ब्रह्माण्डके विषयमें जो मत प्रचार किया था, वह अभी तक 'टलेमीका मत' इस नामसे प्रसिद्ध है। इनके मतसे, पृथिवी ब्रह्माण्डके मध्यस्थलमें अवस्थित है तथा सूर्य, चन्द्र, ग्रह और नक्षत्र समन्वित ज्योतिष्कमण्डल २४ घण्टेमें एक बार पृथिवीके चारों तरफ आवर्तन करता है। टलेमीने ग्रहोंकी गतिके विषयमें एक नये मतका तथा चन्द्रका तुङ्गान्तरसंस्कारका (Evection) आविष्कार किया था। इनके मतमें विशेषत्व कुछ नहीं है, उसमें सिर्फ ज्योतिष्कोंकी प्रत्यक्ष गतिविधिको ही वैज्ञानिक-प्रणालीसे प्रमाणित करनेकी चेष्टा की गई है। इसमें सबसे भारी वस्तु मिट्टीका ही पहले अवस्थान बतलाया गया है; मिट्टीके ऊपर उससे कुछ हलका पदार्थ जल है, उसके बाद वायुराशिके स्तर और वायुराशिके बाद तेजोराशि है। तेज वा अग्निके बाद इथर नामक सूक्ष्म पदार्थ अनन्त स्थानमें व्याप्त है। इस इथरके भीतर वा बाहर बहुसंख्यक स्वच्छ स्तर-मण्डल पृथिवीके चारों तरफ बहुत दूरी पर उपर्युपरि अवस्थान करते हैं। इन स्तरोंमें एक एक ज्योतिष्क अवस्थित हैं जो स्तरके आवर्त्तनके साथ पृथिवीके चारों तरफ आवर्त्तित होते हैं। इन स्तरोंके भीतर चन्द्रमण्डलके अवस्थान-स्तरमें पृथिवी सर्वापेक्षा निकटवर्त्ती है, उसके बुध, शुक्र, सूर्य, मङ्गल, बृहस्पति, शनि और नक्षत्रोंका स्तरमण्डल यथाक्रमसे दूरवर्त्ती हैं। टलेमीके परवर्त्ती ज्योतिर्विदोंने क्रान्तिपात गतिकी व्याख्याके लिए पूर्णमान नवम मण्डलकी तथा दिवारात्रिकी ह्रास-वृद्धि समझानेके लिए दशम मण्डलकी कल्पना की है। यह दशम मण्डल ही २४ घण्टेमें पूर्वसे पश्चिमकी ओर एक बार आवर्त्तित होता है तथा अपनी गतिके द्वारा अन्यान्य मण्डलोंमें गति उत्पन्न करता है। इसको प्राइमम मोबिलि (Primum mobile) अर्थात् गतिका आदिकारण कहते हैं। किन्तु टलेमी मतावलम्बी ज्योतिर्विदोंने इस मण्डलोंकी कल्पना करके भी प्रत्यक्ष घटनाओंकी सूक्ष्म और विशद व्याख्या नहीं कर सके हैं। ये सूर्यगतिकी ह्रास-वृद्धि समझानेके लिए पृथिवीको सूर्याधिन मण्डलके केन्द्रके पार्श्वमें अवस्थित बतलाते थे। सूर्य अपेक्षाकृत निकटवर्त्ती होने पर इसकी गति वृद्धि और दूरवर्त्ती होने पर गति ह्रास होती

है। ग्रहोंकी वक्र और विपरीत गतिको समझानेके लिए कहा जाता था कि, ये अपने अपने स्तरमें एक स्थिर बिन्दुके चारों तरफ वृत्तपथमें परिभ्रमण करते हैं तथा उसी अवस्थामें अपने आश्रय-स्तरमण्डलकी गतिके द्वारा पृथिवीके चारों तरफ भ्रमित होते हैं। स्तरस्थ वृत्तके भीतरके अर्द्धांशमें अवस्थित होने पर ग्रहकी गति एक तरफ और बाहरके अर्द्धांशमें अवस्थित होने पर दूसरी तरफ हुआ करती है। इस तरह नाना प्रकारके जटिल और दुर्बोध्य नियमोंकी कल्पना द्वारा ज्योतिष्कविषयक तत्त्वोंकी व्याख्या होने लगी। अन्तमें कोपार्निकस ने उक्त भ्रान्त सिद्धान्तोंका उच्छेद कर जगत्‌तत्त्वका विशुद्ध मतका आविष्कार किया। अब तक जो टलेमीका मत अभ्रान्त समझा जाता रहा, वह अब भ्रान्त प्रमाणित हो गया।

टलेमीके फलित ज्योतिषसम्बन्धी ग्रन्थ भी सर्वत्र आदरके साथ गृहीत हुए थे।

ज्योतिषकी तरह, टलेमीके द्वारा प्रणीत भूगोल शास्त्र भी ईसाकी १५वीं शताब्दी तक सर्वोत्कृष्ट समझे जाते थे। इन्होंने पूर्व पूर्व भौगोलिकोंके मतका उत्कर्ष साधन और परिवर्तन कर तात्कालिक पृथिवीखण्डका विवरण २२ मानचित्रों सहित लिखा था। टलेमीने पश्चिमके कैनारीद्वीपसे लगा पूर्वमें भारतवर्षके पूर्वस्थ श्याम, मलय और चीन तक तथा उत्तरमें नरवेसे लगा कर दक्षिणके निरक्षरेखा तक आविष्कृत किया था। इन्होंने अपने भूगोल शास्त्रको ८ अध्यायोंमें विभक्त करके क्रमशः पश्चिमसे पूर्व तक समस्त जनपदोंका वर्णन किया है। इसके सिवा प्रत्येक स्थानका अक्षांतर और देशान्तर भी लिखा है। टलेमी कैनारी द्वीपसे देशान्तरकी गणना करते हैं और निरक्षरेखाकी ओर भी १०° अंश दक्षिणमें स्थापित करते हैं। इसके अक्षांश और देशांश कहीं कहीं गलत हैं। ये अपने भूगोलको १८०° अर्थात् गोलार्द्ध बताते हैं, वास्तवमें वह १२०°से ज्यादा नहीं है।

टलेमी फिलाडेलफस्—टलेमी (मिस्र)के कनिष्ठ पुत्र: टलेमी इनकी उपाधि थी और फिलाडेलफस् अर्थात् भ्रातृप्रिय इनका नाम था। इन्होंने ईसासे २८६ वर्ष पहले मिस्र सिंहासन पर बैठते ही अपने दो सहोदरोंकी हत्या की थी; इसीलिए लोगोंने इनको फिलाडेलफस् अर्थात् भ्रातृप्रिय यह विद्रूपात्मक उपाधि दी थी। फिलाडेलफसने राजकार्यकी पर्यालोचना करते थे। किसीके मतसे, ईसासे २८० वर्ष पहले ये यौवराज्य पद पर अभिषिक्त हुए थे। ये वाणिज्य और विद्याके वास्तविक उत्साहदाता थे। इन्होंने भी दियोनिसियसको भारतवर्षमें भेजा था। भूमध्य और लोहित-सागरमें टलेमीकी सैकड़ों नावें बहती थीं। फारोसबन्दर पर विपत्ति पड़नेके कारण बेरेनिस्‌में बन्दर स्थापित करनेके लिए इन्होंने एक फौज भेजी थी। वहां भारतीय वाणिज्य-पोत निरापदमें रहते थे। इस नवीन मार्गमें क्रमशः वाणिज्य वृद्धि होने लगी। अलेकजन्द्रिया नगरी भी उस समय समधिक श्रीसम्पन्न और प्रसिद्ध हो गई। इन्होंने अपने प्रधान ग्रन्थागार दिमित्रियास्‌के अनुरोधसे अरिस्तिया नामक एक यहूदी पण्डितको जेरुसालेम भेजा और वहांके प्रधान याजकको एक बाइबिलकी पोथी और १२ द्विभाषियोंके भेजनेके लिए अनुरोध किया। इन्हींके समयमें हिब्रु बाइबेल ग्रीक भाषामें अनुवादित हुआ था।

टलेमी फिलाडेलफस्‌ने वर्तमान सुयेज-नहरके निकटवर्ती आरसिनोसे लगा कर नीलनदके पेलुसियाक शाखा तक एक नहर खुदवाई थी। ईसासे २४६ वर्ष पहले इनकी मृत्यु हुई थी।

टलेमी युयारगेटिस—टलेमी फिलाडेलफस्‌के पुत्र और उत्तराधिकारी। इन्होंने सिरिया और साइलेसियाकी बहुतसी जमीन अपने राज्यमें मिला ली थी। इनके दिग्विजयके समय शत्रुओंने मौका पा कर इजिप्ट पर चढ़ाई कर दी थी, किन्तु इनके आ जानेसे वह विद्रोहाग्नि शीघ्र ही निर्वापित हो गई थी। अन्तियोककी पत्नी इनकी बहन थीं। बहनकी मृत्यु होने पर इन्होंने उसका बदला चुकानेके लिये अन्तियोकके विरुद्ध युद्धकी घोषणा की थी। इन्होंने अपने सुशासनके प्रभावसे 'युयारगेटिस' अर्थात् 'परोपकारी'की उपाधि पाई थी। ईसासे २२१ वर्ष पहले इनके पुत्रने इनको जहर दे कर मार डाला था। इनके पुत्रका नाम था टलेमी फिलो-पिटर अर्थात् पितृहन्ता, इस दुरात्माने विमाताका तथा अन्यान्य आत्मीयवर्गोंका विषप्रयोगसे विनाश कर दिय-

सिंहासन अधिकार किया था। यहूदी जाति उनको अतिशय प्रिय हुई थी ; ईस्वीसे २०४ वर्ष पहले इनकी मृत्यु हुई।

मि० रैनेलके मतसे उपरोक्त टलेमी राजाओंके राजत्व-कालमें मिसरवासियोंने पाटलीपुत्र (पटना) तक अभियान किया था।

टलेमी सोटार—प्रियदर्शीके अनुशासनपत्रमें इनका तुरमय नामसे वर्णन है। इनकी उपाधि सोटार अर्थात् पुररक्षक थी। साधारण लोग इनको लेगासका पुत्र कहते थे, किन्तु माकिदनीय लोग इनको फिलिप और मिण्डाका पुत्र समझते थे। वास्तवमें इनकी माताके जब ये पैदा हुए थे, तब इनके पिताने उनको लेगसको समर्पण कर दिया था।

टलेमी पहले महावीर अलेकसन्दरके एक सेनापति थे, इस कार्यमें इन्होंने बड़ी ख्याति लाभ की थी। अलेकसन्दरको मृत्युके बाद इजिप्ट-राज्य टलेमीके हस्तगत हुआ ; उस समय इजिप्ट ग्रीकसाम्राज्यके अधीन रहने पर भी टलेमीने इसे स्वाधीन कर लिया। अलेकसन्दरने क्लिओमेनिसको इजिप्टका छत्रपति नियुक्त किया था। टलेमीने उसका विनाश कर राज्य अधिकार कर लिया। इनके पास बहुत धन था, उस अर्थके बलसे टलेमीने क्रमश: लिबिया और अरबका कुछ अंश अधिकार कर लिया।

ईस्वीसे ३२१ वर्ष पहले पारदिकासने इजिप्ट पर आक्रमण किया था, किन्तु वे कृतकार्य न हो सके थे। उनकी मृत्युके बाद टलेमी सिलो-सिरिया, फिनिकोया, जूदिया और साइप्रास-द्वीप अधिकार कर बैठे। अलेकसन्द्रियानगरमें इनकी राजधानी स्थापित हुई। यहां इन्होंने पोतवाहियोंके सुभीतेके लिए बन्दर पर एक बड़ा आलोकगृह बनवाया। यूरोपके समस्त वाणिज्यपदार्थ यहां हो कर एसियाके नानास्थानोंमें जाने लगे।

इसके बाद टलेमीने नीलनदसे एक बड़ी नहर खुदवाई, जो भूमध्यस्थ सागरसे मिली है। इस नहरको लम्बाई ३६ मील, विस्तार १०० फुट और गहराई ३० फुट है।

टलेमीके समयमें अलेकसन्द्रियाकी सुख-समृद्धिकी ख्याति दिग्‌दिगन्तमें व्याप्त थी। इनके समयमें पालेस्टाइनके यहूदी लोग उत्पन्न हो कर अलेकसन्द्रिया नगरमें जा बसे थे। टलेमी ग्रीक और मिसरदेशवासियोंको एक धर्मसूत्रमें बांधनेके लिये यत्नवान् हुए थे। इन्हींके अनुग्रहसे यहूदियोंने अलेकसन्द्रियानगरमें आइसिस और जुपिटर देवका मन्दिर बना सके थे।

ईस्वीसे २८३ वर्ष पहले टलेमीने इहलोक त्याग किया। ये जब तक जीवित रहे, तब तक राज्यकी उन्नतिके लिये इन्होंने बराबर प्रयत्न किये। ये विद्योत्साही और विज्ञानप्रिय कह कर प्रसिद्ध थे। एण्टिपेटारकी कन्या यूरिडिसके साथ इनका विवाह हुआ था ; उनके गर्भसे अनेक पुत्र होने पर भी ये अपने कनिष्ठ पुत्र टलेमी फिलाडेलफासको राज्य दे गये थे।

टसी (हिं० पु०) बाँसका एक भेद।

टवर्ग (सं० पु०) व्याकरणका संज्ञान्तर्गत तृतीय वर्ग, ट ठ ड ढ ण—इन पांच वर्णोंका समूह।

टवाई (हिं० स्त्री०) व्यर्थ घूमना।

टस (हिं० स्त्री०) १ टसकनेका शब्द। २ कपड़े आदिके फटनेका शब्द, मसकनेकी आवाज।

टसक (हिं० स्त्री०) ठहर ठहर कर होनेवाला दर्द, टीस, चसक।

टसकना (हिं० क्रि०) १ किसी बड़ी वस्तुका स्थान परिवर्त्तन होना, हटना, खिसकना। २ ठहर ठहर कर पीड़ा होना, टीस मारना। ३ प्रभावित होना।

टसकाना (हिं० क्रि०) किसी भारी चीजको जगहसे हटाना, खिसकाना।

टसर (हिं० पु०) तसर देखो।

टहकन—पञ्जाबवासी एक हिन्दी कवि। इन्होंने पाण्डवोंकी 'यज्ञकथा संस्कृतसे हिन्दीमें अनुवाद की है।

टहना (हिं० पु०) पतली शाखा, पतली डाल।

टहनी (हिं० स्त्री०) पतली डाली।

टहरकट्टा (हिं० पु०) टकुया तकलीसे उतारा हुआ सूत लपेटनेका काठका टुकड़ा।

टहल (हिं० स्त्री०) १ शुश्रूषा, सेवा, खिदमत। २ नौकरी, चाकरी, कामधंधा।

टहलना (हिं० क्रि०) १ मंद गतिसे भ्रमण करना,

है। ग्रहोंकी वक्र और विपरीत गतिको समझानेके लिए कहा जाता था कि, ये अपने अपने स्तरमें एक स्थिर बिन्दुके चारों तरफ वृत्तपथमें परिभ्रमण करते हैं तथा उसी अवस्थामें अपने आश्रय-स्तरमण्डलकी गतिके द्वारा पृथिवीके चारों तरफ भ्रमित होते हैं। स्तरस्थ वृत्तके भीतरके अर्द्धांशमें अवस्थित होने पर ग्रहकी गति एक तरफ और बाहरके अर्द्धांशमें अवस्थित होने पर दूसरी तरफ हुआ करती है। इस तरह नाना प्रकारके जटिल और दुर्बोध्य नियमोंकी कल्पना द्वारा ज्योतिष्कविषयक तत्त्वोंकी व्याख्या होने लगी। अन्तमें कोपार्निकस ने उक्त भ्रान्त सिद्धान्तोंका उच्छेद कर जगत्‌सम्बन्धी विशुद्ध मतका आविष्कार किया। अब तक जो टलेमीका मत अभ्रान्त समझा जाता रहा, वह अब भ्रान्त प्रमाणित हो गया।

टलेमीके फलित ज्योतिषसम्बन्धी ग्रन्थ भी सर्वत्र आदरके साथ गृहीत हुए थे।

ज्योतिषकी तरह, टलेमीके द्वारा प्रणीत भूगोल शास्त्र भी ईसाकी १५वीं शताब्दी तक सर्वोत्कृष्ट समझे जाते थे। इन्होंने पूर्व पूर्व भौगोलिकोंके मतका उत्कर्ष साधन और परिवर्तन कर तात्कालिक पृथिवीखण्डका विवरण २२ मानचित्रों सहित लिखा था। टलेमीने पश्चिममें केनारीद्वीपसे लगा पूर्वमें भारतवर्षके पूर्वस्थ श्याम, मलय और चीन तक तथा उत्तरमें नरवेसे लगा कर दक्षिणमें निरक्षरेखा तक आविष्कृत किया था। इन्होंने अपने भूगोल शास्त्रको ८ अध्यायोंमें विभक्त करके क्रमशः पश्चिमसे पूर्व तक समस्त जनपदोंका वर्णन किया है। इसके सिवा प्रत्येक स्थानका अक्षान्तर और देशान्तर भी लिखा है। टलेमी केनारी द्वीपसे देशान्तरकी गणना करते हैं और निरक्षरेखाको और भी १०° अंश दक्षिणमें स्थापित करते हैं। इनके अक्षांश और देशांश कहीं कहीं गलत हैं। ये अपने भूगोलको १८०° अर्थात् गोलार्द्ध बनाते हैं, वास्तवमें वह १२०°से ज्यादा नहीं है।

टलेमी फिलाडेलफाम्—टलेमी (सिटार)-के कनिष्ठ पुत्र; टलेमी इनकी उपाधि थी और फिलाडेलफाम् अर्थात् भ्रातृप्रिय इनका नाम था। इन्होंने ईस्वीसे २८१ वर्ष पहले पितृसिंहासन पर बैठते ही अपने दो सहोदरोंकी हत्या की थी; इसीलिए लोगोंने इनको फिलाडेलफाम् अर्थात् भ्रातृप्रिय यह विद्रूपात्मक उपाधि दी थी। पिताके सामने ही राजकार्यको पर्यालोचना करते थे। किसीके मतसे, ईस्वीसे २८७ वर्ष पहले ये यौवराज्य पद पर अभिषिक्त हुए थे। ये वाणिज्य और विद्याके वास्तविक उत्साहदाता थे। इन्होंने भी दियोनिसियासको भारतपरिदर्शनार्थ भेजा था। भूमध्यस्थ और लोहित-सागरमें टलेमीकी सैकड़ों नावें बहती थीं। हरमोसबन्दर पर विपत्ति पड़नेके कारण बेरेनिसमें बन्दर स्थापित करनेके लिए इन्होंने एक फौज भेजी थी। वहां भारतीय वाणिज्य-पोत निरापदमें रहते थे। इस नवीन मार्गमें क्रमशः वाणिज्य वृद्धि होने लगी। अलेकसन्द्रिया नगरी भी उस समय समधिक श्रीसम्पन्न और प्रसिद्ध हो गई। इन्होंने अपने प्रधान ग्रन्थाध्यक्ष दिमित्रियाम्‌के अनुरोधसे अरोस्तिया नामक एक यहूदी पण्डितको जेरुसालेम भेजा और वहांके प्रधान याजकको एक बाइबेलकी पोथी और १२ हिब्रुवियोंके भेजनेके लिए अनुरोध किया। इन्हींके समयमें हिब्रु बाइबेल ग्रीकभाषामें अनुवादित हुआ था।

टलेमी फिलाडेलफाम्‌ने वर्त्तमान सुयेज-नहरके निकटवर्त्ती आरसिनासे लगा कर नीलनदके पेलुसियाक शाखा तक एक नहर खुदवाई थी। ईस्वीसे २४६ वर्ष पहले इनकी मृत्यु हुई थी।

टलेमी यूयारगेटिस—टलेमी फिलाडेलफास्‌के पुत्र और उत्तराधिकारी। इन्होंने सिरिया और साइलेसियाकी बहुतसी जमीन अपने राज्यमें मिला ली थी। इनके दिग्विजयके समय शत्रुओंने मौका पा कर इजिप्ट पर चढ़ाई कर दी थी, किन्तु इनके आ जानेसे वह विद्रोहाग्नि शीघ्र ही निर्वापित हो गई थी। अन्तियोकसकी पत्नी इनकी बहन थीं। बहनकी मृत्यु होने पर इन्होंने उसका बदला चुकानेके लिये अन्तियोकसके विरुद्ध युद्धकी घोषणा की थी। इन्होंने अपने सुशासनके प्रतापसे 'यूयारगेटिस' अर्थात् 'परोपकारी'-की उपाधि पाई थी। ईस्वीसे २२१ वर्ष पहले इनके पुत्रने इनको जहर दे कर मार डाला था। इनके पुत्रका नाम था टलेमी फिलोपिटर अर्थात् पितृवत्सल, इस दुष्टात्माने पितामाता तथा अन्यान्य आत्मीयवर्गोंका विषप्रयोगसे विनाश कर पितृ-

सिंहासन अधिकार किया था। यहूदी जाति उनको अतिशय प्रिय हुई थी ; ईस्वीसे २०४ वर्ष पहले इनकी मृत्यु हुई।

मि० रेनेलके मतसे उपरोक्त टलेमी राजाओंके राजत्वकालमें मिसरवासियोंने पाटलीपुत्र (पटना) तक अभियान किया था।

टलेमी सोटार—प्रियदर्शीके अनुशासनपत्रमें इनका तुरमय नामसे वर्णन है। इनकी उपाधि सोटार अर्थात् पुररक्षक थी। साधारण लोग इनको लेगासका पुत्र कहते थे, किन्तु माकिदनीय लोग इनको फिलिप और मिण्डाका पुत्र समझते थे। वास्तवमें इनकी माताके जब ये पैदा हुए थे, तब इनके पिताने उनको लेगसको समर्पण कर दिया था।

टलेमी पहले महावीर अलेकसन्दरके एक सेनापति थे, इस कार्यमें इन्होंने बड़ी ख्याति लाभ की थी। अलेकसन्दरको मृत्युके बाद इजिप्ट-राज्य टलेमीके हस्तगत हुआ ; उस समय इजिप्ट ग्रीकसाम्राज्यके अधीन रहने पर भी टलेमीने इसे स्वाधीन कर लिया। अलेकसन्दरने क्लियोमेनिसको इजिप्टका छत्रपति नियुक्त किया था। टलेमीने उसका विनाश कर राज्य अधिकार कर लिया। इनके पास बहुत धन था, उस अर्थके बलसे टलेमीने क्रमशः लिबिया और अरबका कुछ अंश अधिकार कर लिया।

ईस्वीसे ३२१ वर्ष पहले पारदिकास्‌ने इजिप्ट पर आक्रमण किया था, किन्तु वे कृतकार्य न हो सके थे। उनकी मृत्युके बाद टलेमी सिलो-सिरिया, फिनिकोया, जूदिया और साइप्रास-द्वीप अधिकार कर बैठे। अलेकसन्द्रियानगरमें इनकी राजधानी स्थापित हुई। यहां इन्होंने पोतवाहियोंके सुभीतेके लिए बन्दर पर एक बड़ा आलोकस्तम्भ बनवाया। यूरोपके समस्त वाणिज्यपदार्थ यहां हो कर एसियाके नानास्थानोंमें जाने लगे।

इसके बाद टलेमीने नीलनदसे एक बड़ी नहर खुदवाई, जो भूमध्यस्थ सागरमें मिली है। इस नहरको लम्बाई ३६ मील, विस्तार १०० फुट और गहराई ३० फुट है।

टलेमीके समयमें अलेकमन्द्रियाकी सुख-समृद्धिकी ख्याति दिग्‌दिगन्तमें व्याप्त थी। इनके समयमें पालेस्टाइनके यहूदी लोग उत्साह हो कर अलेकमन्द्रिया नगरमें जा बसे थे। टलेमी ग्रीक और मिसरदेशवासियोंको एक धर्मसूत्रमें बांधनेके लिये यत्नवान् हुए थे। इन्होंके अनुग्रहसे यहूदियोंने अलेकमन्द्रियानगरमें आइसिस और जुपिटर देवका मन्दिर बना सके थे।

ईस्वीसे २८३ वर्ष पहले टलेमीने इहलोक त्याग किया। ये जब तक जीवित रहे, तब तक राज्यकी उन्नतिके लिये इन्होंने बराबर प्रयत्न किये। ये विद्योत्साही और विज्ञानप्रिय कह कर प्रसिद्ध थे। एण्टिपेटारकी कन्या यूरिडिसके साथ इनका विवाह हुआ था ; उनके गर्भसे अनेक पुत्र होने पर भी ये अपने कनिष्ठ पुत्र टलेमी फिलाडेलफासको राज्य दे गये थे।

टसी (हिं० पु०) बाँसका एक भेद।

टवर्ग (सं० पु०) व्याकरणका संज्ञान्तर्गत तृतीय वर्ग, ट ठ ड ढ ण—इन पाँच वर्णोंका समूह।

टवाई (हिं० स्त्री०) व्यर्थ घूमना।

टस (हिं० स्त्री०) १ टसकनेका शब्द। २ कपड़े आदिके फटनेका शब्द, मसकनेकी आवाज।

टसक (हिं० स्त्री०) ठहर ठहर कर होनेवाला दर्द, टीस, चसक।

टसकना (हिं० क्रि०) १ किसी बड़ी वस्तुका स्थान परिवर्त्तन होना, हटना, खिसकना। २ ठहर ठहर कर पीड़ा होना, टीस मारना। ३ प्रभावित होना।

टसकाना (हिं० क्रि०) किसी भारी चीजको जगहसे हटाना, खिसकाना।

टसर (हिं० पु०) तसर देखो।

टहकन—पञ्जाबवासी एक हिन्दी कवि। इन्होंने पाण्डवोंकी 'यज्ञकथा संस्कृतसे हिन्दीमें अनुवाद की है।

टहना (हिं० पु०) पतली शाखा, पतली डाल।

टहनी (हिं० स्त्री०) पतली डाली।

टहरकट्टा (हिं० पु०) टकुया तकलेसे उतारा हुआ सूत लपेटनेका काठका टुकड़ा।

टहल (हिं० स्त्री०) १ शुश्रूषा, सेवा, खिदमत। २ नौकरी, चाकरी, कामधंधा।

टहलना (हिं० क्रि०) १ मंद गतिसे भ्रमण करना,

धीरे धीरे चलना। २ हवा खाना सैर करना। ३ पर लोक गमन करना, मर जाना।

टहलनी (हिं॰ स्त्री॰) १ दासी, मजदूरनी, लौंडी। २ बत्ती उसकानेके लिये चिरागमें पड़ी हुई लकड़ी।

टहलाना (हिं॰ क्रि॰) १ धीरे धीरे चलाना, घुमाना, फिराना। २ हवा खिलाना, सैर कराना। ३ हटा देना, दूर करना।

टहलुआ (हिं॰ पु॰) सेवक, टहल करनेवाला, चाकर।

टहलुई (हिं॰ स्त्री॰) १ दासी, लौंडी। २ चिरागकी बत्ती उसकानेकी लकड़ी।

टहलुवा (हिं॰ पु॰) टहलुआ देखो।

टहलू (हिं॰ पु॰) नौकर, चाकर, सेवक।

टहका (हिं॰ पु॰) १ पहेली। २ चमत्कार-पूर्ण उक्ति, चुटकुला।

टहोका (हिं॰ पु॰) झटका, धक्का।

टा (सं॰ स्त्री॰) टलति प्रलये भूकम्पादौ वा टल-डा-टाप्। पृथिवी।

टाइटिल पेज (अं॰ पु॰) पुस्तकके ऊपरका पृष्ठ। इस पर पुस्तक और ग्रन्थकारका नाम कुछ बड़े अक्षरोंमें अंकित रहता है।

टाइप (अं॰ पु॰) कांटेका अक्षर जो सीसेका बना होता है।

टाइप कास्टिंग मशीन (अं॰ स्त्री॰) वह कल जिससे कांटेके अक्षर ढाले जाते हैं।

टाइप-मोल्ड (अं॰ पु॰) वह सांचा जिसमें कांटेके अक्षर ढाले जाते हैं।

टाइप-राइटर (अं॰ पु॰) एक कल। इसमें कागज रख कर टाइपकी से अक्षर छाप सकते हैं।

टाइफायड ज्वर (अं॰ पु॰) एक प्रकारका विषैला और प्राणनाशक ज्वर। ज्वर शब्दमें आन्त्रिक ज्वर देखो।

टाइफोन (अं॰ पु॰) चीनके समुद्रमें तथा उसके आसपास बरसातके चार महीनोंमें आनेवाला तूफान।

टाइम (अं॰ पु॰) काल, समय, वक्त।

टाइम-टेबुल (अं॰ पु॰) १ भिन्न भिन्न कार्योंके लिये निश्चित समय लिखे रहनेका विवरणपत्र। २ रेल संबंधी कागज। इसमें रेल-गाड़ीके पहुंचने और छूटनेका समय लिखा रहता है।

टाइमपीस (अं॰ स्त्री॰) घड़ीका एक भेद। यह बजती नहीं केवल सूइयोंके द्वारा समय बताती है।

टाई (अं॰ स्त्री॰) अंगरेजी पहनावेमें कालरके ऊपर गांठ दे कर बांधी जानेकी कपड़ेकी पट्टी।

टाउन (अं॰ पु॰) शहर, कसबा।

टाउनड्यूटी (अं॰ स्त्री॰) चुंगी, चौंटटी।

टाउनहाल (अं॰ पु॰) किसी नगरका सार्वजनिक भवन। इसमें नगरकी सफाई रोशनी आदिके प्रबंध-कर्त्ताओंकी सभाएं होती हैं।

टांक (हिं॰ स्त्री॰) १ चार माशेकी एक तौल। इसका प्रचार जौहरियोंमें है। २ लिखावट। ३ कलमकी नोक, लेखनीका डङ्क। ४ पचीस सेरके बराबरकी एक प्राचीन तौल। इससे धनुषकी शक्तिकी परीक्षा की जाती थी। प्राचीन समयमें इस तौलका बटखरा धनुष की डोरीमें बांध कर लटका दिया जाता था। जितने बटखरे बांधनेसे धनुषकी डोरी अपने पूरे खिंचाव पर पहुंच जाती थी, उस धनुषको उतनी ही टांकका सम- झते थे। ५ अन्दाज, जांच, आंक। ६ हिस्सेदारोंका हिस्सा, बखरा।

टांकना (हिं॰ क्रि॰) १ कील कांटे ठोंक कर एक वस्तुको दूसरी वस्तुसे मिलाना। २ सिलाईके द्वारा जोड़ना। ३ सिलाईके द्वारा एक वस्तुको दूसरे वस्तुसे अँटकाना। ४ कूटना, रेहना। ५ रेती तेज करना। ६ स्मरण रखने- के लिये कागज पर लिख लेना, दर्ज करना, चढ़ाना। ७ खाना, उड़ा जाना, चट कर जाना। ८ अनुचित रूपसे रुपया पैसा आदि ले लेना, मार लेना।

टांकली (हिं॰ स्त्री॰) एक प्रकारकी घिरनी जिससे जहाजका पाल लपेटा जाता है।

टांका (हिं॰ पु॰) १ जोड़ मिलानेवाली कील। २ सिलाईका अलग अलग भाग, डोभ। ३ सिलाई, सीवन। ४ चिप्पी, चकती। ५ वह सिलाई जो शरीर परके घाव या कटे हुए स्थान पर की जाती है। ६ धातुओंकी जोड़नेका मसाला। ७ लोहेको कीन, पत्थर काटनेकी चौड़ी छेनी। ८ होज, चहबचा। ९ पानी रखनेका बड़ा बरतन, कंडाल।

टांकाटूक (हिं॰ वि॰) जो तौलमें ठीक निकले, वजनमें पूरा पूरा।

टाँकी (हिं० स्त्री०) १ पत्थर गढ़नेका यन्त्र। २ काट कर बनाया हुआ छिद्र। ३ एक प्रकारका फोड़ा। ४ गरमी या सूज़ाकका घाव। ५ आरीका दाँत, दाँता। ६ छोटा हौज़, चहबचा। ७ पानी रखनेका बड़ा बरतन, कण्डाल।

टाँकीबन्द (हिं० वि०) जिसमें लगे हुए पत्थर दोनों ओर गढ़नेवाली कीलोंके द्वारा एक दूसरेसे खूब जुड़े हों।

टाँग (हिं० स्त्री०) १ शरीरकी जड़से ले कर एड़ी तकका अङ्ग या घुटनेसे ले कर एँड़ी तकका भाग। २ कुश्तीका एक पेंच। ३ चतुर्थांश, चौथाई भाग।

टाँगन (हिं० पु०) कम ऊँचाईका घोड़ा, पहाड़ी टट्टू।

टाँगना (हिं० क्रि०) १ किसी वस्तुको दूसरी वस्तुसे इस प्रकार बांधना कि उसका सब भाग नीचेकी ओर लटकता रहे, लटकाना। २ फांसी चढ़ाना, फांसी लटकाना।

टाँगा (हिं० पु०) १ बड़ी कुल्हाड़ी। २ घोड़े या बैलसे खींचो जानेकी एक प्रकारकी गाड़ी। इसमें सवारी प्रायः पीछेकी ओर ही मुंह करके बैठती है। इस गाड़ीके इधर उधर उलटनेका भय भी बहुत कम रहता है, क्योंकि इसके नीचेका भाग जमीनसे सटा रहता है। यह प्रायः पहाड़ी रास्तोंके लिये बहुत लाभदायक होती है।

टाँगातोचन (हिं० स्त्री०) खींच खसोट, खींचातानी।

टाँगुन (हिं० स्त्री०) सावन भादोंमें तैयार होनेवाला एक प्रकारका अनाज। इसके दाने बहुत बारीक और पीले रङ्गके होते हैं। यह गरीब मनुष्योंके खानेके काममें आता है।

टाँच (हिं० स्त्री०) १ दूसरेका काम बिगाड़नेवाली बात। २ टांका, सिलाई, डोभ। वह टुकड़ा जो किसी फटे हुए कपड़े या और किसी वस्तुका छेद बन्द करनेके लिये टांका जाय, चकती।

टाँचना (हिं० क्रि०) १ टांकना, सीना। २ काटना, छांटना, छीलना।

टाँची (हिं० स्त्री०) १ कपड़ेकी वह लम्बी पतली थैली जिसमें व्यापारी रुपये भर कर कमरमें बांध लेते हैं, मियानी। २ भांजी।

टाँठा (हिं० वि०) १ कठोर, कड़ा। २ दृढ़, हृष्टपुष्ट, मजबूत।

टाँड़ (हिं० स्त्री०) १ चीज असबाब रखनेका पाटन, परछत्ती। २ मचान। यह दो या चार बल्लोंके योगसे बनाया जाता है। ऊपरमें खाट या तख्ती बिछाई रहती है जिस पर बैठ कर कृषक खेतकी रखवाली करते हैं। ३ एक प्रकारका गहना जिसे स्त्रियां बाहु पर पहनती हैं, टँड़िया। (पु०) ४ समूह, ढेर, राशि। ५ समूह, पंक्ति। ६ घरोंकी पंक्ति। (स्त्री०) ७ कंकरीली मट्टी। ८ गुल्ली पर डंडेकी चोट, टोला।

टाँड़ा (हिं० पु०) १ बनजारोंके बैलों आदिका झुण्ड, बरदी। २ व्यापारियोंके मालकी चलान। ३ व्यापारियोंका झुण्ड। ४ परिवार, कुटुम्ब। ५ गन्ने आदिकी फसलको नुकसान पहुंचानेवाला एक प्रकारका कीड़ा।

टाँयटाँय (हिं० स्त्री०) १ अप्रिय शब्द, कड़ुई बोली, टेंटें। २ प्रलाप, बकवाद।

टाँस (हिं० स्त्री०) हाथ या पैरके बहुत देर तक सिकुड़े रहनेके कारण नसोंका तनाव। इसमें यद्यपि बहुत पीड़ा होती है लेकिन वह बहुत कम काल तक ठहरती है।

टाकी—बङ्गालके चौबीस परगना जिलेके अन्तर्गत बसिरहाट उपविभागका एक शहर। यह अक्षा० २२° ३५´ उ० और देशा० ८८°५५´ पू०के मध्य यमुनाके किनारे अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ५०८८ है यहां सरकारी हाई-स्कूल, बालिका-विद्यालय और दातव्य-चिकित्सालय है। यह नगर स्वास्थ्यकर है। यहां मलेरियाका प्रकोप नहीं देखा जाता। यहांके राजा बसन्तरायके वंशज हैं। स्वर्गीय कालीनाथ राय बारासातसे एक लम्बी-चौड़ी सड़क प्रस्तुत कर गये हैं। इस नगरमें अच्छे अच्छे गड़ुवे प्रस्तुत होते हैं। यह चावल व्यवसायका केन्द्रस्थल है। यहां १८६८ ई०में म्युनिसपालिटी स्थापित हुई है।

टाकू (हिं० पु०) टकुवा, तकला, टेकुरी।

टाङ्क (सं० क्लो०) टङ्केन तद्रसेन निवृत्तं। मद्यविशेष, एक प्रकारकी शराब। यह शराब नोना कैथके रससे तैयार होती है। इसके बारह भेद हैं—पानस, द्राक्ष, माधूक, खर्जूर, ताल, ऐक्षव, माध्वीक, टाङ्क, मार्द्वीक, ऐरेय और नारिकेलज ये ग्यारह प्रकारके मद्य हैं। बारहवें प्रकारके मद्यका नाम सुरा है। पहले ग्यारह प्रकारके

मद्य पीनेमें प्रायश्चित्त किया जा सकता है, इसका प्रायश्चित्त तीन दिन उपवास मात्र है।

"द्राक्षेक्षुटंकखर्जूरपनसादेश्च यो रसः।
सद्योजातन्तु पीत्वा तं त्र्यहाच्छुध्येत् द्विजोत्तमः।"
(पुलस्त्य) मद्य देखो।

टाङ्कमाध्वीक (सं० क्ली०) मद्यविशेष, एक प्रकारको शराब। यह मद्य शतावरी टङ्कमूलका रस और पद्ममधु द्वारा एकत्र कर बनाया जाता है।

"शतावरी टंकमूलं लक्ष्मणाश्मैव च।
मधुना सह सन्धानात् टंकमाध्वीकमीरितं।" (तन्त्र)

टाङ्कर (सं० पु०) टङ्कयेदं टाङ्कं गति रा-क। स्वेच्छाचारो, रण्डीबाज।

टाङ्गाइल—१ पूर्वीय बङ्गालके मैमनसिंह जिलेका एक उपविभाग। यह अक्षा० २३° ५७´ से २४° ४८´ उ० और देशा० ८८°४०´ से ९०° १४´ पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण १०६१ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः ८७०२३८ है। इसके तीन ओर पुलिनमय भूभाग और शेष पूर्वको ओर मधुपुर नामका जङ्गल है। इसमें टाङ्गाइल शहर तथा २०३० ग्राम लगते हैं। इसके समीप सुवर्णखाली नामक स्थानमें एक बड़ा बाजार है।

२ पूर्वीय बङ्गालके मैमनसिंह जिलेका एक शहर। यह अक्षा० २४°१५´ उ० और देशा० ८८°५७´ पू०के मध्य यमुनाकी एक शाखा लौहजङ्गतीर पर अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः १६६६६ है। यहां दो उच्चश्रेणीके विद्यालय हैं, जो स्थानीय लोगोंकी देख भालमें हैं। यह वाणिज्यका केन्द्रस्थल है। १८८७ ई०में म्युनिसपालिटी स्थापित हुई।

टाट (हिं० पु०) १ बिछाने, परदा डालने आदिके काममें आनेवाला एक प्रकारका मोटा कपड़ा। यह सन या पटुएकी रस्सियोंका बुना होता है। २ बिरादरी, कुल। ३ वह बिछावन जिस पर साहूकार बैठते हैं, महाजनकी गद्दी। (वि०) ४ कसा हुआ, जकड़ा हुआ।

टाटबाफीजूता (हिं० पु०) कामदार बढ़िया जूता।

टाटर (हिं० पु०) १ टट्टर, टट्टी। २ खोपड़ी, कपाल।

टाटरिक ऐसिड (अं० पु०) इमलीका सुक्त, इमलीका सत।

टाटा—सिन्धुप्रदेशका एक नगर। यह १४८५ ई०में सोमोयवंशके चौदहवें राजा जाम सन्दलसे स्थापित हुआ है। यह नगर सिन्धु नदीके किनारे समुद्रसे १३० कोस दूर पर्वतके ऊपर अवस्थित है। वर्षाकालमें इसके निकटवर्ती बहुतसे प्रदेश जलमग्न हो जाते हैं। यह द्वीपको नाईं मालूम पड़ता है। यहांकी सड़कें असमतल और अपरिष्कार हैं। किन्तु यहांके मकान अच्छे अच्छे दीख पड़ते हैं। इसके चारों ओरकी जमीन उर्वरा है।

ठट्टा देखो।

टाटा (जमशेदजी)—भारतवर्षके गौरव-स्वरूप एक प्रधान वणिक्। ताता देखो।

टॉड (जेम्स् कर्नल) "राजस्थान" नामक प्रसिद्ध इतिहासग्रन्थके लेखक और राजनीतिविद्। १७८२ ई०, तारीख २० मार्चको इसलिङ्टन नामक स्थानमें इनका जन्म हुआ था। १७९८ ई०में इनके चाचा मि० पार्टिक हिटलेने इन्हें इष्ट इण्डियन कम्पनीके अधीन कैडेटको नौकरी लगा दी। १७९९ ई०के मार्च महीनेमें, बङ्गालमें आ कर ये दूसरी यूरोपीय सेनामें शामिल हो गये। १८०१ ई०में ये नौकरी ले कर दिल्ली गये और वहां उन्हें एक पुरानी नहरकी जरीब करनेका भार प्राप्त हुआ। १८०५ ई०में ये सिन्धिया-राज्यमें ब्रिटिशदूतके सहकारी नियुक्त हुए। सन १८१२से १७ ई० तक ये सर्वदा प्रत्नतत्त्व-विषयक संवादादि संग्रह करते रहे। राजपूत जातिके साथ घनिष्टतासे मिल कर उनका जातीय इतिहास बनाना इनके जीवनका व्रत था। १८१५ ई०में कर्नल टॉडने एक मानचित्र बना कर गवर्नर जनरलको दिया, जिसमें सबसे पहले उन्होंने 'मध्यभारत' शब्दका व्यवहार किया था और वहांके कुछ करदराज्योंको ले कर उक्त भौगोलिक अंशका दिग्दर्शन कराया था। इनके उपदेशानुसार मध्यभारतके करदराज्योंके साथ राजनैतिक सम्बन्ध स्थिर करनेके लिये एक एजेन्सी स्थापित की गई। टॉड साहबको राजपूतानाके बहुतसे स्थानोंसे परिचय था। १८१७ ई०में जब लार्ड हेटिंस् पिण्डारियोंके विरुद्ध युद्धयात्रा की थी, उस समय इन्होंने उनको बहुत कुछ सहायता पहुंचाई थी। इन्होंने पिण्डारी-युद्धमें अपनी इच्छासे ब्रिटिश-शक्तिको संवाद देनेका भार ग्रहण किया था।

गवर्नर जनरलने इसकी इस कार्यकी प्रशंसा की है।

१८१८ ई०में राजपूतानेके सामन्तगण ब्रिटिश शक्तिके अधीन मित्रतापूर्वक रहनेको राजी हो गये और साथ ही टॉड साहब पश्चिम राजपूतानेके राजनीतिक दूत नियुक्त हो गये। ये राजपूतजातिके अत्यन्त विश्वासभाजन हो गये थे। कार्यभार ग्रहण करनेके बाद एक वर्षके भीतर इन्होंने वहां व्यवसायकी काफी उन्नति हो गई थी और करीब तीन सौ उजाड़ गाँव फिरसे बस गये थे। १८२५ ई०में जिस समय बिशप हिबार राजपूताना परिदर्शन करने आये थे, उस समय उन्होंने सुना था कि टॉड साहबने राजपूतानाकी जैसी उन्नति की है, वैसी और किसीने भी नहीं की। टॉड साहब राजपूत राजाओंको इतनी नेक नजरसे देखते थे, कि कलकत्तेकी गवर्मेण्ट समझती थी कि टॉड साहब शायद घूस लेते होंगे। इस प्रकारके हेतुहीन सन्देह किये जाने पर टॉड साहबने काम छोड़ दिया। पीछे गवर्मेण्टको मालूम हो गया कि टॉड साहब सचमुच ही राजपूतोंके हितैषी बन्धु थे वे घूस न लेते थे।

१८२३ ई०में टॉड साहब बम्बईसे इङ्गलैण्ड लौट गये। इनके जीवनका शेष भाग राजपूतानेमें संगृहीत ग्रन्थादि प्रकाशित करनेमें व्यय हुआ था। रॉयल एसियाटिक सोसाइटीमें इन्होंने राजपूतानेके विषयमें कई एक निबन्ध पढ़े थे और कुछ दिन उक्त सभाके लाइब्रेरियन नियुक्त थे।

१८२७ ई०में इन्होंने सिन्धियाके पुराने फरासीसी सेनापति काउण्ट डी० बयनके साथ मुलाकात की। १८३५ ई० तारीख १७ नवम्बरको, ५३ वर्षकी उमरमें आपने लन्दनके डाक्टर क्लटरबुकको कन्याका पाणिग्रहण किया। आपके एक कन्या और दो पुत्र थे।

टॉड साहबने रॉयल एसियाटिक सोसाइटीकी पत्रिकामें प्रत्नतत्त्व-विषयक अनेक निबन्ध प्रकाशित कराये थे। १८३३ ई०में भारतकी राजनीतिक विषयकी आलोचनाके लिए हाउस ऑव कॉमन्समें विचारार्थ जो बैठक हुई थी, उसमें मि० टॉडने पश्चिम भारतकी राजनीतिके विषयमें एक सुन्दर मन्तव्य पेश किया था।

आपका नाम केवल "राजस्थान" ही अमर रक्खेगा। यद्यपि फिलहाल ऐतिहासिक दृष्टिसे आपके ग्रन्थमें बहुतसी भूलें निकल रही हैं, तथापि आपकी लेखनशैली और उसकी धारा इस ग्रन्थको उपादेय बनाये रक्खेगी। १८३९ ई०में आपका "पश्चिम-भारत भ्रमण" नामक और एक ग्रन्थ लन्दनसे प्रकाशित हुआ है।

टाड़ (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका गहना जो भुजा पर पहना जाता है, टॉड़, बहुंटा।

टाडर (हिं० स्त्री०) एक पक्षीका नाम।

टाण्डा—१ युक्तप्रदेशके फैजाबाद जिलेकी एक तहसील। यह अक्षा० २६°८' से २६°४०' उ० और देशा० ८२° २७' से ८३°८' पू० में अवस्थित है। इसका भूपरिमाण ३४५ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः २४८४१२ है। इस तहसीलमें तीन शहर और ७३५ ग्राम लगते हैं। तहसीलकी कुछ जमीन गोगरा (घर्घरा) नदीके किनारे रहनेके कारण तर और नीची है और फसल प्रायः नहीं लगती है। लेकिन ऊंची जमीन बहुत उर्वरा है और काफी अनाज उत्पन्न करती है। वहां झीलकी अपेक्षा कुएंसे जल सींचनेमें विशेष सुविधा है।

२ युक्तप्रदेशके फैजाबाद जिलेकी इसी नामकी तहसीलका एक शहर। यह अक्षा० २६°३४' उ० और देशा० ८२°४०' पू०के मध्य गोगरा नदी किनारे अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः १८८५३ है। यह शहर अवध रोहिलखण्ड रेलवेके अकबरपुर स्टेशनसे १२ मील दूर पड़ता है। १८वीं शताब्दीके अन्त अवधके नवाब आसादत अली खाँने इस नगरकी बहुत उन्नति की तथा कई एक राज्यभवन बनाये। उस समय यह नगर तरह तरहके कपड़े बुननेका भारतवर्षमें एक प्रधान केन्द्र गिना जाता था। अमेरिकाके भीषण गृहयुद्धके समयसे ही यहांका वाणिज्य कुछ क्षीण होता आया है। आज भी यहां ११००से अधिक करघे चलते हैं। जामदानी नामका मलमल कपड़ा यहांका प्रसिद्ध है। इस नगरमें केवल तीन विद्यालय हैं।

३ (तांड़ा) पूर्वीय बङ्गालके मालदह जिलेका एक प्राचीन नगर। यह गौड़के निकट गङ्गाके दूसरे किनारे अवस्थित था। गौड़ नगरके ध्वंस होने पर कुछ काल तक यहां बङ्गालकी राजधानी थी। यह नगर कहां पर स्थापित हुआ था, इसका पूरा पता नहीं लगता है। शायद यह

स्थान पगला नदीगर्भमें विलीन हो गया है। अभी भी इस स्थानमें एक ग्राम टाण्डा या टाँड़ा नामसे पुकारा जाता है। बङ्गालके इतिहास-लेखक स्टुयर्ट साहबका कथन है, कि गौड़ नगर जनशून्य होनेके ११ वर्ष पहले बङ्गालके शेष अफगान राजा सुलेमान शाह करराणीने १५६४ ई०में टाण्डा नगरमें बङ्गालकी राजधानी स्थापित की। मुगल-सम्राट् अकबरके समयमें टाण्डा नगर सुसमृद्ध और बङ्गालके नवाबोंका वासस्थान था। १६६० ई०में विद्रोही सुजाशाह औरङ्गजेबके सेनापति मीरजुमलाके भयसे राजमहलसे टाण्डा नगरको भाग आये थे और पीछे युद्धमें पराजित हुए। इसके बाद मुगलोंने राजमहल और ढाकामें बङ्गालकी राजधानी स्थापन की थी।

४ युक्तप्रदेशके रामपुर राज्यकी सुआर तहसीलका एक शहर। यह अक्षा० २८°५८´ उ० और देशा० ७८° ५७´ पू०के मध्य मुरादाबादसे नैनीतालके पथ पर अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ७८८३ है। यहाँ बञ्जार जातिका वास अधिक है। इस नगरमें एक चिकित्सालय और एक विद्यालय है।

टाण्डा-उरमार—पञ्जाबके होशियारपुर जिलेके अन्तर्गत दसुय तहसीलके शहर। ये दोनों शहर एक दूसरेसे आध मीलकी दूरी पर पड़ता है और अक्षा० ३१°४०´ उ० और देशा० ७५°३८ पू०में अवस्थित है। दोनोंकी मिश्रित लोकसंख्या प्रायः १०२४० है। यहाँ सखी सरवर नामक एक साधुका मठ है। १८६७ ई०में म्युनिसिपालिटी स्थापित हुई है। यहाँ म्युनिसिपल बोर्डके अधीन एक ऐङ्गलोवर्नाक्युलर मिडिल स्कूल और एक सरकारी चिकित्सालय है।

टान (हिं० स्त्री०) १ विस्तृति, फैलाव, खिंचाव। २ खींचनेकी क्रिया, खींच। ३ साँपके दाँत लगनेका एक प्रकार। इसमें दाँत धँसता नहीं केवल छीलता या खरोंच लगता हुआ निकल जाता है। ४ सितारके परदे पर उँगलीको रख कर इस प्रकार खींचनेकी क्रिया जिससे उसके सभी स्वर निकल आवें। (पु०) ५ मचान, टाँड़।

टानना (हिं० क्रि०) खींचना, तानना।

टाप (हिं० स्त्री०) १ घोड़ेके पैरका निचला भाग। २ वह शब्द जो चलते समय घोड़ेके पैरोंसे होता है। ३ मछली पकड़नेका झाबा। यह बेंत या और किसी पेड़की पतली टहनियोंका बना होता है। ४ मुरगियोंके बंद करनेका झाबा। ५ पलंगके पायेका तलभाग। यह भाग पृथ्वीसे लगा रहता और इसका घेरा उभरा रहता है।

टापड़ (हिं० पु०) ऊसर मैदान।

टापदार (हिं० वि०) जिसके ऊपर या नीचेका छोर कुछ फैला हुआ हो।

टापना (हिं० क्रि०) १ घोड़ोंका पैर पटकना। २ इधर उधर घूमा फिरना, टक्कर मारना। ३ निष्प्रयोजन इधर उधर फिरना। ४ कूदना, उछलना। ५ निराहार पड़ा रहना। ६ व्यर्थ प्रतीक्षा करना, व्यर्थ किसी दूसरेकी आशा करना। ७ पश्चात्ताप करना, पछताना, हाथ मलना।

टापर (हिं० पु०) टट आदिकी सवारी।

टापा (हिं० पु०) १ टप्पा, मैदान। २ वह विस्तृत भूमि जहाँ कोई चीज उगती न हो, उजाड़ मैदान। ३ कूद, फाँद, फलाँग। ४ एक टोकरा जिससे कोई वस्तु ढाँकी या बंद की जाय।

टापू (हिं० पु०) चारों ओरसे घिरा हुआ भूखंड, द्वीप।

टाबर (हिं० पु०) लड़का, बालक।

टाबू (हिं० पु०) रस्सीकी बनी हुई एक प्रकारकी जाली जो कटोरेके आकारकी होती है। काम करते समय बैलोंको चारे खानेसे रोकने लिये यह उनके मुँह पर लगा दिया जाता है, जाबा।

टामन (हिं० पु०) तन्त्रविधि, टोटका।

टार (सं० पु०) टा पृथ्वीं स्खलति ऋ-अण्। १ तुरङ्ग, घोड़ा। २ लङ्ग, गाडू, लौंड़ा। ३ रङ्ग, वह मनुष्य जो स्त्री पुरुषका संयोग करा देता हो, कुटना, दलाल।

टार (हिं० पु०) १ राशि, ढेर, पुञ्ज। (स्त्री०) २ टाल टल।

टारन (हिं० पु०) १ टालने या सरकानेकी वस्तु। २ कोल्हूमें पड़ा हुआ लकड़ीका डंडा। इससे ईख चलाई या हिलाई जाती है।

टारपीडो (अं० पु०) पानीके भीतर हो कर चलनेवाला जंगी जहाज।

टाल (हिं० स्त्री०) १ भारी राशि, ऊँचा ढेर, गंज। २ लकड़ी, भुस आदिकी बड़ी दूकान। ३ बैलगाड़ीके पहि·

येका किनारा। ४ टालनेका भाव। ५ झूठा वादा। ६ गाय, बैल, हाथि आदिके गलेमें बांधनेका एक घंटा। (पु०) ७ कुटना, दलाल।

टालटूल (हिं० स्त्री०) टालमटल देखो।

टालना (हिं० क्रि०) १ हटाना, खिसकाना, सरकाना। २ अनुपस्थित कर देना, भगा देना। ३ दूर करना, मिटाना। ४ नियत समयसे और आगेका समय ठहराना, मुलतवी करना। ५ समय व्यतीत करना, गुजारना। ६ उल्लंघन करना, न मानना। ७ किसी कार्यके संबन्धमें इस प्रकारकी बातें कहना जिसमें वह न करना पड़े। ८ किसी कार्यको पूरा करनेकी मिथ्या आशा देना, आज कलका झूठा वादा करना। ८ किसी मनुष्यको निराश करके लौटाना। १० पलटना, फेरना। ११ बचा जाना, तरह दे जाना।

टालमटाल (हिं० स्त्री०) टालमटूल देखो।

टालम-टाल (हिं० क्रि०-वि०) आधे आध, निस्फा निस्फ।

टालमटूल (हिं० पु०) बहाना।

टाला (हिं० वि०) अर्द्ध, आधा।

टालो (हिं० स्त्री०) १ वह घंटा जो गाय बैल आदिके गलेमें बांधी जाती है। २ तीन वर्षसे कामकी बछिया। ३ एक प्रकारका बाजा। ४ आधा रुपया, अठन्नी।

टाहली (हिं० पु०) पंजाबमें मिलनेवाला एक प्रकारका शीशम। इसकी लकड़ी इमारतों आदिके काममें आती है।

टासो (टरकुआटो)– यूरोपके नव-जागरणके युगके महाकवि। इटलीके बारगामो नगरके किसी सम्भ्रान्त परिवारमें इनका जन्म हुआ था। इनके पिताने बहुत दिनों तक सालर्नोके राजाके सेक्रेटरीका काम किया था। इनकी माता नियापलिटन भी सम्भ्रान्तवंशीयोंके साथ घनिष्ट सम्बन्धमें आवद्ध थीं। नेपल्सके शासनकर्त्ताओंके साथ सालर्नोके राजाका विवाद उपस्थित होने पर वे सम्पत्ति-च्युत किये गये। टासोके पिता भी सालर्नोसे निर्वासित हुए थे। टासो उस समय छोटे बच्चे थे।

१५५२ ई०मे टासो अपनी माताके साथ नेपल्समें रह कर जेसुईट नामक खृष्टीय सम्प्रदायके निकट विद्याभ्यास करने लगे। बाल्यावस्थामें ही टासोकी बुद्धिका विकाश और धर्म-भावोंकी प्रबलता देख कर सब उन पर मुग्ध हो गये। आठ वर्षकी उमरमें ही टासोका नाम प्रसिद्ध हो गया। इसके कुछ दिन बाद ये अपने निर्वासित पितासे मिलनेके लिए रोम नगरोमें पहुंचे। इनके पिताके दुःखका उस समय पारावार न था। १५५६ ई०में उन्हें सम्वाद मिला कि उनकी माताकी मृत्यु हो गई है। टासोके पिताने कहा, कि "सम्पत्ति पानेकी आशासे मामाने अपनी बहनको विष दे कर मार डाला है।" सचमुच ही टासोने कभी अपनी माकी सम्पत्ति भोग न पाई थी।

१५५७ ई०में टासोके पिताने उरबिनोके राज-दरबारमें काम करना स्वीकार कर लिया। टासो देखनेमें बहुत ही खूबसूरत थे—वे उरबिनोकी राजकुमारी मेरियाके खेलने और पढ़ने-लिखनेके साथी हो गये। उस समय उरबिनो विद्या, शिल्प और सौन्दर्य-चर्चाका एक केन्द्र बन गया था। इसलिए टासो कैशोर-जीवनमें विलासिता और काव्यसमालोचनाकी परिवेष्टनीमें परिवर्द्धित होने लगे।

१५६० ई०में जब इनके पिता भिनिसमें आये, तब वहां टासो सबके आदर और गौरवके पात्र हो गये। इनके पिताके हृदयमें कवि-भाव रहनेके कारण उन्हें बड़ा दुःख उठाना पड़ा था; इसलिए वे बालक टासोको उस मार्गसे विरत करनेके लिए यथासाध्य चेष्टा करने लगे। उन्होंने अपने पुत्र टासोको कानून पढ़ानेके लिए पदूया भेज दिया। परन्तु वहां उस युवकने व्यवहार-शास्त्रका अध्ययन छोड़ कर काव्य और दर्शन पढ़ना शुरू कर दिया।

१५६२ ई०के शेष भागमें टासोने "रिनल्डो" नामका एक काव्य लिखा। इस काव्यमें ऐसे सुन्दर भाव और छन्दका समावेश किया गया था, कि लोगोंने उन्हें उस युगका एक प्रसिद्ध कवि मान लिया और उनकी अभ्यर्थना की।

१५६५ ई०में टासोने फेरारार दुर्गमें प्रथम पदार्पण किया। यहां रह कर इन्होंने जैसा यश उपार्जन किया, वैसा या उससे अधिक कष्ट भी पाया। एक तो वे विद्वान् समाजप्रिय सुन्दर युवक थे, दूसरे उनकी ख्याति चारों ओर फैल गई थी। इसलिए तदानीन्तन इटलीकी राज-

सभामें इनकी काफी खातिर तवज्जह हुई। ल्युक्रेज़िया और लियोनारा नामकी दो राजकन्याएँ, जो अविवाहिता और टासोसे १० वर्ष उमरमें बड़ी थीं, उनकी भर एक तरहसे खातिरदारी करने लगीं। टासो राजकुमारी लियोनाराके प्रेममें पड़ गये थे। उस प्रेमकी सुप्रसिद्ध कहानीकी स्मृति अब भी उनके काव्यालोकमें प्रकाशमान है। १५६५ से ७० ई० तक इनके जीवनका सर्वापेक्षा सुखमय समय था। १५६८ ई०में इनके पिताकी मृत्यु हो गई, जिससे इनका भावप्रवण हृदय शोकाकुल हुआ था।

१५७० ई०में ये कार्डिनाल महोदयके साथ पारी नगरीमें भ्रमण करने गये। ये बड़े निर्भीक और स्पष्टवक्ता थे, इसलिए कार्डिनालके साथ बनती थी। दूसरे वर्ष ये फ्रान्ससे फेरारा गये और वहाँ ड्यूकके अधीन कार्य करने लगे। परवर्ती चार वर्षोंमें इन्होंने "आमेनिया" और "जेरुसालेम मुक्ति" नामके दो ऊँचे ढंगके ग्रन्थ बनाये। "आमेनिया" किसानोंकी जीवनियोंके आधार पर नाटकके तौर पर लिखा गया था, किन्तु उसमें गीति कविताकी सुषमा और तदानीन्तन इटलीका भाव मौजूद था। परवर्ती दो सौ वर्ष तक जो भाव काव्य और नाटक इटलीमें लिखे गये थे, उसमेंसे अधिकांश ग्रन्थोंमें इसी "आमेनिया"का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। इसलिए इसे हम टासोकी श्रेष्ठ और प्रयोजनीय रचना कह सकते हैं।

"जेरुसालेमो लिबारटा" का प्रभाव यूरोपीय साहित्य पर और भी अधिक पड़ा है। यह ग्रन्थ उस युगका महाकाव्य समझा जाता है। इस ग्रन्थके कारण ही इनका नाम वाल्मीकि, व्यास, होमर, वर्जिल आदिके साथ लिया जाता है। टासोने इकतीस वर्षकी उमरमें यह महाकाव्य समाप्त किया था। इस ग्रन्थकी समाप्तिके साथ ही इनके जीवनका सर्वोत्कृष्ट भाग व्यतीत हुआ था। इसके बाद इन्हें दुर्दिनोंने घेर लिया। टासोने "जेरुसालेम" महाकाव्य स्वयं न छाप कर, इटलीके प्रधान प्रधान लोगोंके पास समालोचनार्थ भेज दिया। फिर क्या था : नाना मुनिके नाना मत! कोई कहने लगे कि और भी संयम बरतनेकी ज़रूरत है, किसीने फरमाया कि धर्मको उसी ओर भी कवित्वमय बनाना चाहिए इत्यादि। टासोने वर्जिलके आदर्श पर इस महाकाव्यकी रचना की थी। उन्होंने किसीके कहनेसे कुछ परिवर्तन करना उचित न समझा। १५६५में इन्होंने "काव्यकी रीति" नामक जिस सन्दर्भकी रचना की थी, उसके अनुसार इन्हें भी चलना पड़ा।

इस महाकाव्यमें गडफ्रेको नायक बना कर उनके धर्मभावके प्रति हमारे मनको आकृष्ट करनेकी चेष्टा की जाने पर भी, यथार्थ नायकके रूपमें हम भावप्रवण रिनाल्डोको, विपन्न टानक्रेडको और वीरहृदय मुसलमानोंको ग्रहण करते हैं। सुन्दरी आर्मिदाने ईसाइयोंमें किस तरह विवादका बीज बोया और फिर वह कैसे विफल-मनोरथ हुई, इसी विषयको ले कर इस महाकाव्यकी रचना की गई है। अन्तमें आर्मिदा एक ईसाई वीर पर आसक्त हो गई और उसके प्रेममें पड़ कर उसने ईसाई धर्म ग्रहण कर लिया। वीर-रमणी क्लोरिंदाने किस तरह अपने प्रणयीके साथ युद्ध करते करते प्राण दिये और अन्तिम समयमें कैसे ईसाई धर्मको अपनाया, किस तरह आरमेनियाने दुःखोंका सामना किया, इत्यादि घटनाओंको पढ़ते पढ़ते पाषाणहृदयोंकी आँखें भी भर आती हैं। ईसाकी सोलहवीं शताब्दीमें इस महाकाव्यमें नारीकी महिमा ऊँचे स्वरसे गायी गई। सत्रहवीं शताब्दीमें "जेरुसालेम" महाकाव्यके नायकोंके नाम यूरोपमें घर घर उच्चारित और समालोचित होते थे।

टासोके ग्रन्थोंके तदानीन्तन समालोचकगण उन्हें इतना तङ्ग करने लगे कि फिर वे क्लान्त और उन्माद-भावापन्न हो गये। "जेरुसालेम" महाकाव्यको उस समय तक उन्होंने छपाया नहीं था। इसी बीचमें वे फ्लोरेन्समें कार्य ग्रहण करनेके लिए बातचीत कर रहे थे। इससे फेराराके ड्यूक बहुत क्रुद्ध हुए; उन्होंने सोचा इस समय यदि टासो फ्लोरेन्स जायँगे, तो "जेरुसालेम" महाकाव्य वहाँके शासनकर्त्ता मेडिसीके नाम समर्पित किया जायगा। परिणाम यह होगा कि आज तक फेराराके ड्यूकने जो इनका भरण-पोषण किया, उसका इन्हें कुछ प्रतिदान न मिलेगा। इसी बीचमें (१५७५-

७७ ई०में) टासोका स्वास्थ्य बहुत ही बिगड़ने लगा। राजसभाके लोग इनके विरुद्ध नाना प्रकारके षड़यन्त्र रचने लगे। इस समय टासो उन्मादग्रस्त हो गये थे। उन्हें सर्वदा ऐसा मालूम होता था, कि फेरारके डिउक शायद उनको हत्या करेंगे। एक दिन ये किसानके वेषमें पैदल ही अपनी बहनके घर पहुंचे।

इसके कुछ दिन बाद फिर इन्हें फेरारा लौटनेको आज्ञा मिली। परन्तु इनका रोग उपशम न हुआ। १५७८ ई०में ये फिर भाग गए। सेप्टेम्बर मासमें नाना देशोंमें घूमते हुए ये पैदल ही टुरिन नगरके तोरण पर जा पहुंचे। सेभायके डिउकने इनका बड़ा आदर सत्कार किया। इसके बाद टासो जहां जाने लगे, वहीं उनका सम्मान होने लगा। परन्तु थोड़े ही दिनों में ये समाजसे नाराज हो गये और फेरारामें लौटनेके लिए पत्रव्यवहार करने लगे। फेरारके डिउक जिस समय तीसरी बार अपना विवाह कर रहे थे, उस समय टासो फेरारा पहुंचे। परन्तु यहां वे, अपनेको अवहेलित समझ, इतना उपद्रव करने लगे कि सबने मिल कर एक उन्मादागारमें भेज दिया। १५७९ ई०के मार्चसे लगा कर १५८६ ई०के जुलाई मास तक इन्हें उस पागलखानेमें रहना पड़ा था।

कुछ महीने यहां रहनेके बाद ही, इन्हें बन्धुबान्धवों के आने पर उनके साथ साक्षात् करने और पत्रव्यवहार करनेकी अनुमति मिल गई। इस समय ये नाना प्रकार की रचनाओंमें मशगुल थे। इन दिनों ये कविता अधिक न लिखते थे, किन्तु दार्शनिक आलोचनाका विषय लिखा करते थे। उन्मादागारमें भेज देने पर भी, इटालिके लोग इनको रचनाकी कदर करते थे। १५८१ ई०में जिरुसालेम काव्यके सम्पूर्ण भाग छप कर प्रकाशित हो गये, परन्तु प्रकाशकोंने इनको अनुमति न ली और न संशोधन करनेको ही जरूरत समझी। एक वर्षके भीतर इस ग्रन्थके सात संस्करण निकल गये। १५८५ ई०में फ्लोरेन्सके दो विद्वान् "जिरुसालेम"में नाना प्रकारके दोष दिखाने लगे। किन्तु टासोने इन प्रतिवादोंका उत्तर ऐसे भद्रभावसे और संयत भाषामें दिया था, उसे पढ़ कर हम उन्हें किसी तरह भी पागल नहीं समझ सकते। फलतः टासोका पागलखानेमें अवस्थिति एक समस्याका विषय हो जाता है। हां, इतना अवश्य स्वीकार करना पड़ेगा कि टासोमें यथेष्ट विचार बुद्धि रहने पर, जनसमाजको वे परवाह न करते थे। टासोने राजसभामें रह कर इतनी तकलीफ पाई थी, तो भी उन्होंने अपने दोनों भानजोंको पार्मा और मण्टुआके डिउकको नौकरी दिला दी।

१५८६ ई०में मण्टुआके डिउकके अनुरोधसे ये उन्मादागारसे छोड़ दिये गये। हजारों लोगोंने इनको अभ्यर्थना की। इसके बाद ये कुछ दिन मण्टुआमें रहे और फिर नाना स्थानोंमें घूमने लगे। किसी भी जगह ये स्थिर न रह सकते थे। जहां जाते थे, वहीं इनका आदर होता था। परन्तु ये इस तरहका अत्याचार करते थे, कि घरके मालिकोंको इन्हें अन्यत्र भेज देनेके लिए बाध्य होना पड़ता था, इस तरह अन्तिम अवस्थामें प्रतिभाके वरपुत्र महाकवि इटलीके उपहास-पात्र हो गये।

१५९२ ई०में अष्टम क्लेमेण्टको पोपका पद मिला। क्लेमेण्ट और उनके भतीजे टासोका आदर बढ़ानेके लिए क्षतसंकल्प हो गये। १५९४ ई०में उनके आमन्त्रणके अनुसार रोम पहुंचे। टासो रोममें कविसम्राट्‌का मुकुट ग्रहण करेंगे ऐसा प्रस्ताव हुआ। किन्तु पोपके भतीजेके बीमार हो जानेके कारण वैसा हो न सका। पोप साहबने टासोके लिए गुजरेका बन्दोबस्त कर दिया और उनको पैत्रिक सम्पत्तिसे कुछ आय उन्हें प्राप्त हो, ऐसी व्यवस्था करा दी। टासोके दुःखाभिशप्त जीवनमें आनन्दका क्षीण प्रकाश दिखलाई दिया।

१५९५ ई०, तारीख २५ अप्रेलको सेण्ट ओनोफ्रिओमें टासोकी मृत्यु हुई। उस समय इनकी उमर ५१ वर्षकी थी, परन्तु इनको अन्तके बीस वर्षोंकी रचनाओंमें विशेष कुछ प्रतिभा दृष्टिगोचर न हुई थी। टासोने अपने जीवनमें बड़े बड़े दुःख पाये थे। यही कारण है कि आज हम उनका उल्लेख करते हुए भी सहानुभूति और प्रीति प्रकट किया करते हैं।

टिंचर (सं० पु०) स्पिरिटके योगसे बना हुआ किसी औषधका सार।

टिंचर आयोडीन (सं० पु०) वह मोईडे सारका अर्क जो सूजन पर लगाया जाता है।

टिंचर ओपियाई (अं॰ पु॰) अफीमका अर्क ।
टिंचर कार्डिमम (अं॰ पु॰) इलायचीका अर्क ।
टिंचर स्टील (अं॰ पु॰) फौलादके मारका अर्क ।
टिंड (हिं॰ पु॰) एक प्रकारकी बेल । इसमें ककड़ीके जैसे गोल गोल फल लगते हैं । फल तरकारीके काममें आता है ।
टिंडा (हिं॰ पु॰) टिंड देखो ।
टिंडर (हिं॰ पु॰) रहटमें लगी हुई हंडिया ।
टिंडसी (हिं॰ स्त्री॰) टिंड नामकी तरकारी ।
टिंडी (हिं॰ स्त्री॰) १ हलकी पकड़ कर दबानेवाली मुठिया । २ जांता घुमानेका खूंटा ।
टिक (हिं॰ पु॰) टिक्कर, लिट्टा, पूआ ।
टिकई (हिं॰ स्त्री॰) वह गाय जिसके माथे पर सफेद टीका हो ।
टिकट (अं॰ पु॰) १ प्रमाणपत्रके रूपमें दिये जानेका कागजका टुकड़ा । यह किसी प्रकारका महसूल, भाड़ा, कर या फीस चुकानेवालेको दिया जाता है । २ अधिकारपत्र जिसके द्वारा मनुष्य कहीं आ जा सकता है । ३ किसी कार्यकर्त्ताओंके ऊपर लगाये जानेका कर, फीस या महसूल ।
टिकटिक (हिं॰ स्त्री॰) १ वह शब्द जो घोड़ोंको हांकनेके लिए मुंहसे किया जाता है । २ घड़ीके बजनेका शब्द ।
टिकटिकी (हिं॰ स्त्री॰) १ लकड़ियोंका ढांचा जो तीन लकड़ियोंको तिरछी करनेसे बनता है । इससे अपराधियोंके हाथ पैर बांध कर उनके शरीर पर बेंत या कोड़े लगाये जाते हैं । २ ऊंची तिपाई, टिकठी । ३ सारे भारतमें मिलनेवाली एक प्रकारकी चिड़िया । इसकी लम्बाई लगभग आठ नौ अंगुलकी होती है और इसका रंग भूरा और कुछ लाली लिए होता है । जाड़ेमें यह प्रायः जलाशयोंके किनारेकी झाड़ियोंमें घोंसला लगाती है । यह एक बारमें चार अंडे देती है ।
टिकठी (हिं॰ स्त्री॰) १ टिकटिकी देखो । २ एक तरहकी ऊंची तिपाई । इस पर अपराधियोंको खड़ा करके उनके गलेमें फांसीका फंदा लगाया जाता है । ३ तीन ऊंचे पाए लगे हुए काठका आसन, तिपाई । ४ दो लकड़ियोंका बना हुआ ढांचा जिस पर बुना हुआ कपड़ा फैलाया जाता है । यह कपड़ेकी चौड़ाईके समान फैल सकता है ।
टिकड़ा (हिं॰ पु॰) १ किसी वस्तुका चक्राकार खण्ड, चिपटा गोल टुकड़ा । २ एक तरहकी मामूली रोटी ।
टिकड़ी (हिं॰ स्त्री॰) छोटा टिकड़ा ।
टिकना (हिं॰ क्रि॰) १ ठहरना, डेरा करना, मुकाम करना । २ तलछटके रूपमें नीचे बैठ जाना । ३ स्थायी रहना, कुछ दिनों तक चलना । ४ स्थित रहना, ठहरना, इधर उधर न गिरना ।
टिकली (हिं॰ स्त्री॰) १ छोटी टिकिया । २ एक प्रकारकी टिकिया जो कांच या पन्नीकी बनी होती है । स्त्रियां शृंगार करनेके लिये इसे अपने ललाट पर चिपकाती हैं, सितारा, चमकी । ३ छोटा टीका, छोटी बेंदी । ४ एक प्रकारका औजार जिससे सूत काता जाता है ।
टिकस (अं॰ पु॰) कर, महसूल ।
टिकाऊ (हिं॰ वि॰) कुछ दिनों तक काम देनेवाला, टिकनेवाला ।
टिकाना (हिं॰ स्त्री॰) १ टिकने या ठहरनेका भाव । २ ठहरनेका स्थान, पड़ाव, चट्टी ।
टिकाना (हिं॰ क्रि॰) १ निवासस्थान देना, ठहराना । २ स्थित करना, अड़ाना, ठहराना ।
टिकानी (हिं॰ स्त्री॰) पैंजनी डाल कर रस्सीसे बांधी जानेकी छकड़ा गाड़ीकी लकड़िया ।
टिकारी - गया जिलेके अन्तर्गत एक जमींदारी । यह अक्षा॰ २४° ५६´ उ॰ और देशा॰ ८४° ५०´ पू॰के मध्य गया नगरीसे १५ मील उत्तर-पश्चिममें मुरहर नदीके किनारे अवस्थित है । लोकसंख्या प्रायः ६४१० है । यहां म्यु़निसपालिटी है । प्रति अधिवासीको ॥) तीन आनेके हिसाबसे टैक्स देना पड़ता है ।

यहांके महीका दुर्ग उल्लेखयोग्य है । शत्रुके आक्रमणसे नगरकी रक्षा करनेके लिये टिकारी-राजाओंने इस दुर्गको बनाया है । दुर्गप्राचीरकी मोरचामें तोप रखनेका स्थान और चारों ओर नाला कटा हुआ है ।

इतिहास ।—यहांका राजवंश अधिक प्राचीन नहीं है । नादिरशाहके आक्रमणके बाद मुगल-साम्राज्यको विशृङ्खला उत्पन्न हो जाने पर वर्त्तमान राजवंशके पूर्व-

पुरुष धीरसिंहका प्रादुर्भाव हुआ। पहले वे केवल एक सामान्य जमींदार थे। उनके पुत्र सुन्दरसिंहने बङ्गबिहारके सूबादार अलीवर्दीखांको महाराष्ट्रोंके विरुद्ध सहायता पहुंचाई थी तथा पटनाके विद्रोह दमनमें सफलता भी प्राप्त की थी। अतः सूबादारको औरसे इन्हें 'राजा'की उपाधि मिली। राजा सुन्दरसिंह एक साहसी वीर थे। उन्होंने महज्जहीमें अपनी सम्पत्ति की बहुत कुछ उन्नति कर डाली। थोड़े ही दिनोंके मध्य उन्होंने औकड़ी, मनवत्, एकिल मिनावर, दखनाहर आइटो और पहारा तथा अमराधू और माहरे परगनेका अधिकांश अपने राज्यमें मिला लिया। इसके सिवा उन्होंने विहार और रामगढ़के नाना स्थानोंमें भी यथेष्ट सम्पत्ति पाई थी। अन्तमें उन्हींके एक जमादारने उनका प्राणनाश किया। सुन्दरके तीन पुत्र थे—बुनियादसिंह, फतेहसिंह और निहालसिंह। कोई कोई कहते हैं कि वे तीनों सुन्दरके भतीजे थे और उन्होंने केवल ज्येष्ठ बुनियादसिंहको दत्तकपुत्र ग्रहण किया था।

बुनियादसिंह शान्तिप्रिय थे। अङ्गरेजोंके साथ उनका अच्छा सद्भाव था। उन्होंने पातुगत्य स्वीकार कर अङ्गरेजोंको एक पत्र लिखा। वह पत्र नवाब मीरकासिमके हाथ लगा। पत्र पा कर कासिमअली बहुत बिगड़ा और उन्होंने बुनियादसिंह तथा उनके दोनों भाईको पटने बुलवा कर मार डाला। उक्त घटनासे कुछ पहले बुनियादसिंहके एक पुत्र हुआ था। कासिमअलीने उस छोटे बच्चेको मार डालनेके लिये एक आदमी भेजा। किन्तु रानीने पुत्रको बचानेके लिये उसे एक उपलेकी टोकरीमें रख कर बुनियादके प्रधान कर्मचारी दलीलसिंहके निकट भेज दिया। बक्सरकी लड़ाई तक दलीलने राजपुत्रकी बहुत सावधानीसे रक्षा की थी। इस राजकुमारका नाम मित्रजित्सिंह था। सेतावरायके शासनकालमें मित्रजित्सिंहने अपनी समस्त सम्पत्ति खो डाली थी। अन्तमें ला साहब (Mr. Law) जब विहारके कलेक्टर हुए, तब मित्रजित्सिंहने पुनः अपनी पूर्व सम्पत्ति तथा दिल्ली दरबारसे 'महाराज'की उपाधि पाई। अंगरेज सरकार भी उन्हें 'महाराज' कहा करती थी। खरकदी जिलेके कोलहन नामक स्थानमें जब विद्रोह हुआ तब मित्रजित्ने ससैन्य अंगरेजोंकी रक्षा की थी। उन्होंने गयासे टिकारी तक जमनी नदीके ऊपर एक बड़ा पुल बनाया और धर्मशालामें एक वृहत् सरोवर खोदवाया था। उनके यत्नसे टिकारी-राज्यकी आय दुगनी बढ़ गई थी। १८४० ई०में वे परलोकको सिधारे।

उनके बड़े पुत्र हितनारायण ॥/, आने तथा छोटे पुत्र मोदनारायणसिंहने ।/, आनेकी सम्पत्ति पाई। १८४५ ई०के १० नवम्बरमें हितनारायणको 'महाराज'-की उपाधि तथा लार्ड हार्डिञ्जसे सनद मिली थी। ये देवद्विजभक्त और धार्मिक थे। वे अपनी सहधर्मिणी महारानी इन्द्रजित्कुमारी पर राज्यका भार सौंप कर आप पटनेमें गङ्गाके किनारे समय व्यतीत करने लगे। उसी स्थान पर १८६१ ई०में उनकी मृत्यु हुई।

इन्द्रजित्कुमारीके सुशासनसे राज्यकी उन्नति चरम सीमा तक पहुंच गई थी। तथा प्रजा भी बहुत सुखसे रहती थी। उन्होंने पतिकी अनुमति ले कर अपने भतीजे रामकृष्णसिंहको दत्तकपुत्र ग्रहण किया और निहालसिंहके उत्तराधिकारियोंसे उनका भविष्यका दावा कायम रखनेके लिये एक पत्र लिखवा लिया था।

१८७० ई०में रामकृष्णसिंह उत्तराधिकारी हुए। इन्हें १८७३ ई०में 'महाराज'की उपाधि तथा वृटिश गवर्मेण्टसे ३५००) रु० मूल्यको खिलअत मिली। दूसरे वर्षमें उन्हें एक दूसरा अधिकार मिला, जिससे उनको आदलत अदालतमें जानेकी आवश्यकता न रही, किन्तु १८७५ ई०में उनकी मृत्यु हो गई। वे फैजाबादके अन्तर्गत अयोध्या नामक स्थानमें तथा गया जिलेके धर्मशाला, नामक स्थानमें एक बड़ा मन्दिर निर्माण कर गये हैं।

मोदनारायणके भी कोई सन्तान न थी। उनकी मृत्युके बाद उनकी दो रानी अप्रमेयकुमारी और रानी शोणितकुमारीने अपने स्वामीकी सारी सम्पत्ति दो बराबर बराबर भागोंमें बांट ली। शोणितकुमारीने अपने भतीजे प्रताप नारायणसिंहको दत्तकपुत्र बनाया। उनको देखादेखी अप्रमेयकुमारीने भी एक दत्तकपुत्र ग्रहण किया। सताप्तने सारी पैत्रिक सम्पत्ति पर दावा

किया। अगमेधकुमारीके दत्तकपुत्रने भी मातृसम्पत्ति पर अपना अधिकार जमाया।

महारानी इन्द्रजित्कुमारीने रामेश्वर, द्वारका आदि तीर्थस्थानोंमें पर्यटन कर वृन्दावनधाममें १८९८ ई॰को प्राणत्याग किया। उनके १८८७ ई॰के इच्छापत्रके अनुसार उनकी पुत्रवधू महारानी राजरूपकुमारी सारी सम्पत्तिकी अधिकारिणी हुई।

महारानी इन्द्रजित्कुमारीने दो तीन लाख रुपये खर्च करके पटने और वृन्दावनमें दो बड़े बड़े देवालय निर्माण किये हैं। उन्होंने सिपाही विद्रोहके समय अपने अधिकारभुक्त कलकत्ते जानेका पथस्थित मलयावक्को निरापद रखा था। विधवा राजरूपकुमारीके भी कोई पुत्र न था। उनकी एकमात्र कन्या राधाकिशोरी उत्तराधिकारी हुईं। महारानी राजरूपकुमारी अत्यन्त दानशीला थीं। उनके व्ययसे टिकारी-राज्यके नाना स्थानोंमें अतिथिशाला और विद्यालय स्थापित हुए हैं, जिनमें प्रति वर्ष तीस हजार रुपये देने पड़ते हैं।

१८८८ ई॰में राधेश्वरी एक पुत्रको छोड़ इस लोकसे चल बसी। लड़केका नाम था महाराजकुमार गोपालशरणनारायण सिंह। इनकी नाबालगी तक टिकारी राज्यका ८ आना हिस्सा कोर्ट अफ वार्डसकी देखरेखमें रहा। १८०४ ई॰में जब ये राजगद्दी पर बैठे, तब इन्होंने बहुत अच्छे अच्छे काम कर दिखलाये। आकन्द मुहालमें जाइ और कुछ नहर काटी गई जिससे जमीन पहलेसे बहुत उर्वरा हो गई. साथ साथ एक लाख रुपयेकी आय भी बढ़ गई। यहांकी हैमन्तिक फसल ही प्रधान है।

इस राज्यकी आय लगभग तेरह लाख रुपयेकी है और गवर्मेण्टको लगभग दो लाख रुपये करमें देने पड़ते हैं।

२ गया जिलेका एक शहर। यह अक्षा॰ २४°५६´ उ॰ और देशा॰ ८४°५०´ पू॰के मध्य मुरहर नदीके किनारे गया शहरसे १६ मील उत्तर-पश्चिममें अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ६४६७ है। इस शहरकी आय ६०००) रु॰ और व्यय ६१००) रु॰ है।

टिकाव (हिं॰ पु॰) १ स्थिति, ठहराव। २ स्थिरता। ३ यात्रियोंके ठहरनेका स्थान, पड़ाव।

टिकिया (हिं॰ स्त्री॰) १ चक्राकार छोटी मोटी वस्तु गोल और चिपटा छोटा टुकड़ा। २ वह चिपटा गोल टुकड़ा जो कोयलेकी बुकनीको किसी लसीली चीजमें सान कर बनाया जाता है। यह चिलम परको आग सुलगानेके काममें आती है। ३ एक प्रकारकी गोल चिपटी मिठाई। ४ बाहर सिरा निकला हुआ बरतनके मांचेका ऊपरी भाग। ५ रोटीका एक भेद, लिट्टी। ६ ललाट, माथा। ७ वह बिन्दी जो माथे पर लगाई जाती है। ८ वह चिह्न या लकीरें जो उंगलोंमें चूना, रंग या और कोई वस्तु पोत कर बनाई जाती है। अपढ़ लोगोंको जब रोजाना लेन देनकी वस्तुका हिसाब रखना होता है, तो वे इस प्रकारके चिह्न प्रायः दीवार पर बनाते हैं।

टिकुरा (हिं॰ पु॰) मोटा, टीला।

टिकुरी (हिं॰ स्त्री॰) सूत कातनेकी फिरकी, टिकली।

टिकुला (हिं॰ पु॰) टिकोरा देखो।

टिकुली (हिं॰ स्त्री॰) टिकलि देखो।

टिकैत (हिं॰ पु॰) १ राजाका उत्तराधिकारी कुमार, युवराज। २ अधिष्ठाता, सरदार।

टिकैतराय—लखनऊके नवाब आसफउद्दौलाके दीवान। ये अत्यन्त विद्योत्साही थे और १७७७ से १७८७ ई॰ तक विद्यमान थे। हिन्दीके कवि नागर, गिरधर और बेनीकवि इन तीनों कवियोंने स्वीकार किया है कि, उन्हें टिकैतरायसे बहुत कुछ सहायता मिली है। इनके नामका बाराबंकीके पास एक नगर भी है जो टिकैतनगर कहलाता है।

टिकोर (हिं॰ स्त्री॰) टकोर देखो।

टिक्कड़ (हिं॰ पु॰) १ बड़ी टिकिया। २ सेंकी हुई रोटी, लिट्टी। ३ मालपूआ।

टिक्का (हिं॰ पु॰) १ मूंगफलीके पौधेका एक रोग। २ स्मरण, सुध, याद। ३ उंगलीमें रंग आदि लगा कर बनाया हुआ खड़ा चिह्न।

टिक्की (हिं॰ स्त्री॰) १ टिकिया। २ लिट्टी, बाटी। ३ बिन्दी। ४ गोल टीका। ५ ताशकी बूटी। ६ उंगलियोंसे गीला चूना या रंग आदि पोत कर दीवार पर बनाई हुई खड़ी रेखा या चिह्न।

टिसटिस (हिं॰ स्त्री॰) टिसटिस देखो।

टिघलना (हिं॰ क्रि॰) पिघलना, गलना।

टिघलाना (हिं॰ क्रि॰) पिघलाना।

टिचन (अं॰ वि॰) १ प्रस्तुत, तैयार, ठीक। २ उद्यत, मुस्तैद।

टिटकारना (हिं॰ क्रि॰) टिक टिक शब्द करके किसी पशुको हाँकना।

टिटिभ (सं॰ पु॰) टिटीत्यव्यक्तशब्दं भणति भण-ड। पक्षिविशेष, टिटिहरी नामका पक्षी।

टिटिभक (सं॰ पु॰) टिटिभ स्वार्थे कन्। टिटिभ देखो।

टिटिल (सं॰ क्ली॰) संख्याविशेष, १०० नागबलका एक टिटिल माना गया है।

टिटिह (हिं॰ पु॰) एक पक्षीका नाम।

टिटिहरी (हिं॰ स्त्री॰) एक प्रकारकी छोटी चिड़िया जो प्रायः पानीके किनारेमें ही पायी जाती है। इसका मस्तक लाल, गरदन सफेद, पर चितकबरे, पीठ खैरे रंगकी और चोंच काली होती है। इसकी बोली कडुई होती है। कहा जाता है कि रातको यह अपने दोनों पैर ऊपर करके चित सोती है क्योंकि उसे यह भय लगा रहता है कि शायद आकाश न टूट पड़े।

टिटिह्व (हिं॰ पु॰) टिटिह देखो।

टिटिहारोर (हिं॰ पु॰) १ चिल्लाहट, शोरगुल। २ क्रन्दन, रोना पीटना।

टिट्टिभ (सं॰ पु॰-स्त्री॰) टिट्टीत्यव्यक्तशब्दं भणति भण-ड। १ पक्षिविशेष, टिटिह पक्षी। इसके पर्याय-टिटिभक और टिट्टीक। द्विजोंके लिए इसका मांस भक्षण निषेध है। २ त्रयोदश मन्वन्तरीय इन्द्रशत्रु दानवविशेष, तेरहवें मन्वन्तरके एक दैत्यका नाम जो इन्द्रका शत्रु था। भगवान्‌ने मायारूप धारण कर इसको मारा था। (गरुड़पु॰ ८७ अ॰) ३ वरुणके सभारक्षक दानवविशेष, वरुणकी सभाको रक्षा करनेवाला एक असुरका नाम। (भारत २।९।१५)

टिट्टिभक (सं॰ पु॰) टिट्टिभ स्वार्थे कन्। टिट्टिभ, टिट्टू।

टिड्डा (हिं॰ पु॰) पंखयुक्त एक प्रकारका कीड़ा। इसकी लम्बाई लगभग चार पाँच अंगुलकी होती है। रंगके भेदसे यह कई प्रकारका होता है।

टिड्डी (हिं॰ स्त्री॰) एक प्रकारका उड़नेवाला कीड़ा। यह दल बाँध कर चलता है और रास्तेके पेड़ पौधों और फसलको बड़ी हानि पहुँचाता है। जिस समय यह दल बाँध कर ऊपरमें उड़ता है उस समय आकाश लाल बादल-जो घटाके समान दीख पड़ता है। ये हजार डेढ़ हजार कोस तककी लम्बी यात्रा करती हैं। जहाँ ये जाती हैं वहाँकी फसलको नष्ट करती जाती हैं। ये पहाड़को कंदरा तथा रेगिस्तानोंमें रहती और बालूमें अंडे पारती है। अफ्रिकाके उत्तरीय और एशियाके दक्षिणी भागोंमें ये कई बार जाती आती हैं इन्होंके उत्पातसे वहाँकी फसल अच्छी तरह होने नहीं पाती है।

टिढ़बिंगा (हिं॰ वि॰) वक्र टेढ़ामेढ़ा।

टिण्टिनिका (सं॰ स्त्री॰) १ अम्लशिरोपिका, जल-सिरिसका पेड़, दाढ़ौन। २ जलौका, जोंक।

टिण्डिश (सं॰ पु॰) वृक्षविशेष, टिंडा, डेंड़सी। इस-के पर्याय—रोमशफल, शिन्दिश, मुनिनिर्मित और तिण्डिश है। इसका गुण—रोचक, भेदक, पित्तश्लेष्मा, अश्मरीनाशक, सुशीतल, वातल, रूक्ष और मूत्रल है।

टिप (हिं॰ स्त्री॰) साँप काटनेका एक प्रकार।

टिपटिप (हिं॰ स्त्री॰) बूँद बूँद गिरनेका शब्द।

टिपवाना (हिं॰ क्रि॰) १ दबवाना, मिसवाना। २ धीरे धीरे प्रहार करवाना, पिटवाना।

टिपारा (हिं॰ पु॰) मुकुटके आकारकी एक टोपी। इस-में कलगीकी तरह तीन शाखाएँ एक सिरे पर और बगलमें निकली होती हैं।

टिपुर (हिं॰ पु॰) १ अभिमान, घमंड, गुमान, गुरूर। २ पाखण्ड, आडम्बर।

टिप्पणी (हिं॰ स्त्री॰) टिप्पनी देखो।

टिप्पन (सं॰ पु॰) १ व्याख्या, टीका। २ जन्मकुण्डली, जन्मपत्री।

टिप्पनी (सं॰ स्त्री॰) व्याख्या, टीका।

टिप्पी (हिं॰ स्त्री॰) १ वह चिह्न जो उँगलीमें रंग आदि पोत कर बनाया जाता है। २ ताशकी बूटी।

टिफिन (अं॰ स्त्री॰) अंगरेजोंका दोपहरका जलपान।

टिब्बी (हिं॰ स्त्री॰) पहाड़ोंकी छोटी चोटी।

टिमटिमाना (हिं॰ क्रि॰) १ कम प्रकाश देना, मन्द

मन्द पड़ना। २ झिलमिलाना। ३ मरणासन्न होना, मरनेके निकट होना।

टिमाक (हिं० स्त्री०) सिंगार, बनाव, ठसक।

टिर (हिं० स्त्री०) टर देखो।

टिरफिस (हिं० स्त्री०) प्रतिवाद, विरोध।

टिर्रटिर्राना (हिं० क्रि०) टर्राना।

टिलवा (हिं० पु०) १ गठीला और टेढ़ा मेढ़ा लकड़ीका टुकड़ा। २ नाटा आदमी। ३ चापलूस आदमी।

टिलेहू (हिं० पु०) सुमात्रा, जावा आदि टापुओंमें मिलनेवाला एक प्रकारका नेवला। इसका सिर सूअरके जैसा और पूंछ बहुत छोटी होती है।

टिहा (हिं० पु०) धक्का, टकोर, चोट।

टिल्लेनवीसी (हिं० स्त्री०) १ निकृष्ट सेवा, नीच सेवा। २ व्यर्थका काम, निठल्ला काम। ३ होला हवाला बहाना।

टिसुआ (हिं० पु०) आंसू।

टिहुकना (हिं० क्रि०) १ ठिठकना। चौंकना।

टिहुनी (हिं० स्त्री०) १ घुटना। २ कोहनी।

टी (सं० स्त्री०) संयुक्त वर्ण।

टींड (हिं० पु०) रहटमें बांधनेकी हँडिया।

टींडसी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी बेल। यह ककड़ीकी जातिकी होती और इसमें गोल फल लगते हैं। इन फलोंकी तरकारी बनती है।

टींड़ा (हिं० पु०) वह खूंटा जिससे जांता घुमाया जाता है।

टीक (हिं० स्त्री०) १ एक प्रकारका सोनेका गहना जो गलेमें पहना जाता है। २ माथेमें पहननेका सोनेका एक गहना।

टीकन (हिं० पु०) वह खम्भा जो किसी बोझको रोकनेके लिये नीचेसे लगाया जाय, टेक, खम्भा।

टीका (सं० स्त्री०) टीक्यते गम्यते बुध्यते अनया टीक-गत्यर्थे क-टाप् च। १ व्याख्याग्रन्थ, किसी वाक्य या पदका अर्थ स्पष्ट करनेवाला वाक्य।

टीका (हिं० पु०) १ वह चिह्न जिसे गीले चन्दन, केसर आदिसे मस्तक बाहु आदि अङ्गों पर साम्प्रदायिक सङ्केत या शोभाके लिये लगाते हैं, तिलक। २ विवाह-सम्बन्ध स्थिर करनेकी एक रीति। इसमें कन्या पक्षके लोग वरके माथेमें दही अक्षत आदिका टीका लगाते और कुछ द्रव्य उसके साथ देते हैं। ३ माथेका वह भाग जो दोनों भौंके बीचमें होता है। ४ श्रेष्ठ मनुष्य, शिरोमणि। ५ राजसिंहासन पर प्रतिष्ठा, राज्याभिषेक, गद्दी। ६ राजाका वह पुत्र जो उसके मरनेके बाद गद्दी पर बैठे, युवराज। ७ आधिपत्यका चिह्न, प्रधानताकी छाप। ८ वह भेंट जो सामन्त राजाको देते हैं। ९ माथे पर पहननेका एक आभूषण। १० घोड़ेके माथेका मध्य भाग जहां भँवरी होती है। ११ चिह्न, दाग, धब्बा। १२ शीतला रोगसे बचानेके लिये उसके चेप या रसको ले कर किसीके शरीरमें सूइयोंसे चुभा कर प्रविष्ट करनेकी क्रिया। इसका व्यवहार विशेष कर शीतला रोगसे बचानेके लिये जो इस देशमें बहुत पहलेसे चला आ रहा है। मनुष्य और गौके शरीरसे शीतला रोगके कारण जो पीब या रस निकलता है उसीको ले कर प्राचीन कालमें टीका लगाया जाता था। उसी पीब या रसको बीज या नीर कहते हैं। प्राचीन आर्य ऋषि लोग भी अच्छी तरह जानते थे, कि गो-नीरका टीका ही निरापद है। मनुष्यके नीर द्वारा टीका देना मानो शीतला रोगको बुलाना है। कई बार तो इससे कितनोंकी जानें चली गई हैं। गो-नीरके टीकेमें यह भय नहीं है। यद्यपि इससे भी सारे शरीरमें गो-वसन्तका रस मिल जाता है, मगर उसका प्रकोप मनुष्य-वसन्तके जैसा भीषण नहीं है। यहां तक कि शीतला रोग रोकनेकी जो इसमें शक्ति है वह मनुष्य-नीरसे किसी अंशमें कम नहीं है।

शीतलाके नीरको रक्तके साथ मिश्रित करना ही टीका लगानेका उद्देश्य है। इसका सञ्चार कई प्रकारसे होता है। शरीरके किसी स्थानमें अस्त्र द्वारा क्षत करके उसमें वसन्त (शीतला)-का रस देना ही टीका लगाना हुआ। अकसर बाहु और हाथमें ही टीका लगाया जाता है। चमड़ेको छेद करनेके लिये सूई या तेज छुरी भी काममें आती है। संथाल आदि असभ्य लोग अस्त्रसे क्षत करनेके बदले आगसे शरीरमें ३।४ फफोले डाल कर उनके फूटने पर शीतलाका नीर प्रविष्ट करते हैं। फलतः

इससे टीका लगानेका फल कम नहीं होता वरं उससे अधिक ही होता है।

कुछ दिन पहले तक हम लोगोंके देशमें मनुष्य-नीर द्वारा टीका लगाया जाता था जिसे देशी टीका कहते थे। वर्त्तमान प्रणालीसे गो-नीर द्वारा जो टीका लगाया जाता है उसे अङ्गरेजी टीका कहते हैं। देशी टीकासे क्षत स्थान बहुत जल्द सूज जाता है, ज्वर वेगसे आता है। और कभी कभी सारे शरीरमें शीतला निकल आती है। देशी टीका लेनेसे जब तक टीका सूख न जाता, तब तक अपने परिवारके सभी लोग शुद्धाचारसे रहते हैं, निरामिष खाते हैं और कपड़ा नहीं पछारते हैं अर्थात् शीतला रोग होने पर जो सब नियम पालन करने पड़ते हैं वही सब इसमें भी करने पड़ते। मसूरिका देखो। यथार्थमें देशी टीका कृत्रिम वसन्तके सिवा और कुछ नहीं है। गो-नीरका टीका लेनेमें ये सब कठोर नियम पालन नहीं करने पड़ते।

अंगरेजी टीका- गो-वसन्त नामक स्वतन्त्र व्याधि शरीरमें संक्रामित हो जाती है। मसूरिकाके साथ यदि इसकी तुलना की जाय, तो इसकी मारात्मक शक्ति बहुत सामान्य और अल्प कष्टदायक है। सम्प्रति यही टीका इस देशमें प्रचलित हुआ है। गवर्मेण्टने मनुष्य-नीर द्वारा टीका लगानेकी प्रथा उठा दी है और समस्त प्रधान प्रधान नगरोंमें गो-नीरद्वारा टीका लगानेका केन्द्र-स्थान स्थापित कर दिया है। इन सब स्थानोंसे अनेक शिक्षित लोग गाँवोंमें टीका लगानेके लिये भेजे जाते हैं। इसके लिये किसीको कुछ खर्च नहीं पड़ता है। कलकत्तेमें साधारणतः बलिष्ठ गाय या बछड़ेका नीर लेकर प्रत्यक्ष भावसे टीका लगाया जाता है। अन्यान्य स्थानोंमें गवर्मेण्ट द्वारा सञ्चित नीर भेजा जाता है। कहना नहीं पड़ेगा कि टीका लगानेकी प्रथा दिनों दिन जितनी ही बढ़ती जा रही है उतनी ही शीतला रोगसे मृत-संख्या कमती जाती है।

अङ्गरेजीमें टीका लगानेको भैक्सिनेशन (Vaccination) कहते हैं। इसका अर्थ है भैक्सिनिया अर्थात् गो-वसन्तरोगको मनुष्यके शरीरमें संक्रामित करना। सबसे पहले जेनर (Jennar) नामक एक चिकित्सकने इस महोपकारी विषयको यूरोपमें निकाला। १७९८ ई०में इन्होंने परीक्षालब्ध निम्नलिखित कई एक विषय जन-साधारणमें प्रकाश किये—

१ गो-वसन्तरोगको मनुष्यके शरीरमें संक्रामित करनेसे उसे शीतला निकलनेका डर नहीं रहता। २ गौके शरीरमें वसन्तरोगके अलावा एक और प्रकारकी फुंसी निकलती है जो देखनेमें ठीक वसन्तकी तरह लगती है। अतः उसके नीरसे टीका लगानेसे शीतला रोग होनेका डर बना ही रहता है। ३ सुविधा देख कर सभी समय निपुण अस्त्रवैद्य द्वारा गो-नीरका टीका लगाया जा सकता है। ४ एक मनुष्यको गो-नीरका टीका दे कर उसके नीरसे दूसरेको और फिर उसके नीरसे तीसरेको इसी प्रकार बहुतसे लोगोंमें इसका सञ्चार कर सकते हैं। अन्तिम मनुष्यको भी उसका वैसा ही असर पड़ेगा जैसा पहलेको गो-नीरका टीका लेनेसे पड़ता है।

टीका लगाते समय निम्नलिखित थोड़े विषयों पर विशेष ध्यान रखना चाहिये। आस पासमें वसन्तरोगका प्रादुर्भाव न रहे तो छोटे छोटे दुर्बल बच्चोंको टीका लगानेकी जरूरत नहीं। पेटमें दर्द होता हो, अथवा किसी प्रकारका चर्मरोग हो या कर्णमूल, थोथा और कुक्षिमें उत्ताप मालूम पड़ता हो, तो टीका लगाना उचित नहीं है। अकसर देखा जाता है, कि एक वर्षसे कम उमरके बच्चे ही विशेष कर शीतला रोगसे आक्रान्त होते हैं। इसलिये बच्चा यदि सुस्थ और सबल हो, तो खूब थोड़ी उमरमें ही टीका लगाना उचित है। डा० सिटन (Dr. Seaton)-का कहना है, कि बड़े बड़े नगरोंमें स्थूलकाय सबल शिशुको १।।२ महीनेमें ही टीका लगाना चाहिये। अपेक्षाकृत दुर्बल शिशुको २।३ महीनेमें एवं टीका लगानेका जब तक बिलकुल अनुपयुक्त न हो, तब तक सभी बच्चोंको ३ महीनेमें टीका लगाना कर्त्तव्य है।

सुस्थ और सबल बच्चेके उत्थित टीकेसे नीर ग्रहण करना उचित है। असली नीर कुछ घना रहता है। अपक्व टीकेके पतले नीरसे टीका लगाना अच्छा नहीं। अधिक उमरके बालक और बालिकाकी अपेक्षा कम उमरके बच्चेका ही नीर उत्कृष्ट है। विशेषतः बाछे,

धने, चिकने और परिष्कार चमड़े वाले बच्चेके शरीरमें ही सर्वोत्कृष्ट लोर पाया जाता है। साथ साथ यही लोर ले कर टीका लगाना ही प्रशस्त है। यदि उस तरहका बच्चा न पाया जाय तो बछड़ेमें संचित लोरसे ही टीका लगाना पड़ता है। लेकिन यह जरूरी है कि अच्छा लोर जब तक न मिले, तब तक टीका बन्द रखना ही उचित है। एक परिपक्व क्षतको कुछ छेद कर उससे जो रस निकलता है, उससे ५।६ मनुष्योंको टीका लगा सकते हैं और भविष्यमें ५।६ मनुष्योंको टीका लगानेके लिये हाथी दाँतकी बनी हुई सींकके मुँहमें रस लगा कर ही काम चल सकता है।

टीका किस तरहसे लगाया जाता है, यह उसका संक्षिप्त विवरण यहाँ दिया जाता है। बाहुका ऊपरी भाग ही टीका लगानेका उपयुक्त स्थान है। इस स्थानके चमड़ेको खींच कर उसे एक परिष्कार सुतीक्ष्ण बीज-स्थापित छुरीके मुँहसे कुछ टेढ़ा करके छेद देते हैं। बाद चमड़ेको छोड़ देने पर वह लोर छिद्र स्थान पर रुक जाता है। फलतः चमड़ेमें बीज प्रवेश और शोषित कराना ही टीका लगानेका उद्देश्य है। एक स्थान पर टीका लगानेसे यदि वह न उठे, तो इस झगड़ाको दूर करनेके लिये प्रत्येक बाहु पर ३ इञ्चकी दूरी पर कमसे कम तीन जगह टीका लगाना कर्त्तव्य है। सींकमें यदि लोर सूख गया हो, तो उसे पहले उष्ण जल या वाष्पमें डाल कर सलाईके मुँह तक लगाये रहना चाहिये। बहुतेरे डाक्टर चमड़ेको समान्तर भावमें और थोड़े आड़े करके छेद देते हैं। कोई तो केवल दुअन्नी भर भागमें अनेक बार भेद कर ही उसमें लोर लगा देते हैं। फिर अनेक डाक्टर ऐसे भी हैं जो छिदे हुए स्थानके चमड़ेको आड़े करके काट डालते हैं। शेषोक्त प्रकारका टीका लगाना ही डा० सिटनके मतसे सर्वोत्कृष्ट है। अच्छी तरहसे टीका लगाये जाने पर वह स्थान ३।४ दिनमें सूज जाता है। ३।४ दिनमें लाल और कठिन हो जाता है और ५।६ दिनमें इसके मध्यभाग पर कुछ सफेद फुंसी निकल आती है। इससे पीप निकलता है। आठवें दिनमें टीका ठीक पकाव पर आ जाता है। नवें और दसवें दिनमें इसके चारों ओर लाल हो कर सूजन पड़ जाती है और ग्यारहवें दिनमें यह फुंसी और भी फैल जाती है, मगर मध्य भागकी सूजन कुछ कम जाती है। चारों ओरसे फूले हुए स्थानका घेरा लगभग १ इञ्चसे २ इञ्च तक हो जाता है। पीछे तेरहवें या चौदहवें दिनमें यह फोड़ा सूखने लगता है और एक सप्ताहके भीतर एक दम सब मिट जाता है। अर्थात् पचीस दिनसे ज्यादे फोड़ा रहने नहीं पाता है। पीछे वह स्थान गोल, आशीगत लोमशून्य कुछ निम्न और बिन्दुमय या सूक्ष्म छिद्रयुक्त रह जाता है।

टीका लेने पर प्रायःही ज्वरका होना, बाहुयन्त्रको बिगड़ना और बगलकी गिल्टी फूलना आदि उपद्रव देखे जाते हैं। यद्यपि ये सब उपद्रव उतने कष्टकर नहीं हैं, तो भी शरीरमें एक प्रकारकी पीड़ा मालूम पड़ती है। टीकेके आनुषङ्गिक उपसर्गके लिये चिकित्सा की जरूरत नहीं पड़ती। कभी तो टीका बहुत समय तक रह जाता और कभी शीघ्रही सूख जाता है। जो टीका अच्छी तरहसे उठ कर नियमित रूपसे सूख जाय, वही वसन्तनिवारक है, अन्यथा उस टीकेका कोई फल नहीं।

प्रायः देखा जाता है, कि टीका कई जगह अधिकतर नहीं उठता है। इसके कई एक कारण भी सकते हैं। पहला टीका लगानेवाले विशेष अभिज्ञ नहीं हैं और उपयुक्त परिमाणमें लोरका प्रयोग नहीं करते, दूसरा लोरकी अनुपयोगिता, तीसरा यत्न और सतर्कताका अभाव। इससे अनेक समय टीकाके निष्फल नहीं होने पर भी यह अभिप्रेत फलोत्पादन नहीं करता। चौथा बहुत पुराने लोरका व्यवहार।

डा० सिटन साहबने परीक्षा करके कहा है, कि पूर्णरूपसे टीका लेनेका फल असम्पूर्ण टीकेकी अपेक्षा १० गुण वसन्तनिवारक है और सबसे निकृष्ट टीका भी टीका नहीं लेनेकी अपेक्षा ४० गुण वसन्तनिवारक है। और भी देखा गया है, कि टीका लेनेके बाद भी यदि शीतला रोग हो जाय, तो वह उतना मारात्मक नहीं होता तथा आरोग्य होने पर शरीरको उतना विकृत नहीं कर डालता।

एकबार टीका लिये जानेके बाद कितने दिन तक

इनकी शक्ति रहती है, वह आज तक स्थिर नहीं हुआ है। जो कुछ हो, जब देखा जाता है कि एक बार वसन्त-प्रपीड़ित व्यक्ति फिरसे भी वसन्तरोगाक्रान्त होते हैं, तो अन्ततः हर ७वें वर्षमें टीका लेना उचित है। टीकाके अच्छी तरह नहीं उगने पर फिर भी टीका लेना अच्छा है। कोई कोई डाक्टर तो हर तीसरे वर्षमें या उससे भी कम दिनमें टीका लेनेकी सलाह देते हैं।

टीकेका नीर लेना बहुत ही सावधानीका काम है। जिस बच्चेको शीतलासे नीर लिया जाय, वह यदि कोढ़ी हो अथवा उपदंश आदि रोगोंसे आक्रान्त हो, तो वही सब रोग हजारों बालकोंमें जिन्हें टीका लगाया जाता है, फैल जाते हैं। इसी कारण सबसे पहले लड़केके माता-पिताको कोई संक्रामक रोग है या नहीं भलीभांति जांच कर लेनी चाहिये। फिर कोई डाक्टर कहते हैं, कि टीका द्वारा व्याधि संक्रामित नहीं होती।

मनुष्य और गौके वसन्तरोगके विषयमें मतभेद है। डा० जेनर कहते हैं कि यह यथार्थमें एकही रोग है। परीक्षा करके देखा गया है, कि गौको मनुष्य-नीर द्वारा टीका लगानेसे उसे शीतला रोग हुआ है और पीछे उसको शीतलाका नीर ले कर टीका लगानेसे प्रकृत गो-नीरकी नाईं फल हुआ है। अतः मनुष्य और गो दोनोंका शीतला रोग एक ही है। घोड़े आदि भी इस रोगसे आक्रान्त होते हैं। घोड़ेके नीरसे टीका लगाना भी गो-नीर सरीखा फलप्रद है। बेलुचिस्तानके ऊंटोंमें भी एक प्रकारका शीतला रोग व्याप्त है। लेकिन विशेषता यह है कि उस अवस्थामें जो इसका प्रतिपालन करते हैं या दूध पीते हैं, वे अकस्मात् वसन्तरोगसे आक्रान्त नहीं होते। भारतवर्षमें टीकाका प्रचार अंगरेजी शासनकालमें हुआ है।

प्राचीन कालमें भारतवासी गो नीर और मनुष्य-नीर दोनोंमेंसे किसी एकके द्वारा कैसी सुविधा देखते टीका लगाते थे। इसके विषयमें धन्वन्तरिने कहा है—

"धेनुस्तन्यमसूरिका नराणाञ्च मसूरिका।
तज्जलं बाहुमूलाच्च शस्त्रान्तेन गृहीतवान्॥
बाहुमूले च शस्त्राणि रक्तोत्पत्तिकराणि च।
तज्जलं रक्तमिलितं स्फोटकज्वरसम्भवम्॥"
(धन्वन्तरि कृत शाक्तेय ग्रन्थ)

धेनुके स्तनमें अथवा मनुष्यके बाहुमूलमें जो शीतला निकलती है, उसके रसको शस्त्रके अग्रभागमें ले कर बाहुमूलमें प्रविष्ट करना चाहिये। शस्त्रद्वारा बाहुमूलसे जो रक्त निकलेगा, उसके साथ वह रस मिल कर स्फोटकज्वर उत्पादन करता है।

१३ विवृति, अर्थका विवरण, व्याख्या।

टीकाकार (सं० पु०) टीकां करोति कृ-अण्। व्याख्याकार, वह जो किसी ग्रन्थका अर्थ लिखता हो।

टीटा (हिं० पु०) टना देखो।

टीण्डल—सुप्रसिद्ध अंग्रेज वैज्ञानिक। १८२० ई०में आयर्लैण्डके कार्लो नगरके निकटवर्ती एक छोटेसे गांवमें इनका जन्म हुआ था। टीण्डलके पितामाता अत्यन्त दरिद्र थे। दरिद्रताके कारण वे पुत्रको पढ़ानेमें असमर्थ थे। इसलिए थोड़ीसी अंग्रेजी पढ़ा कर इन्हें शिक्षा बन्द कर देनी पड़ी। गार्हस्थ्य अवस्थाको अतीव शोचनीय देख कर, बहुत थोड़ी उम्रमें ही टीण्डल स्कूल छोड़ कर सेना-विभागमें किसी काम पर भरती हो गये।

जो जड़ विज्ञानके अत्यन्त गुह्य तत्त्वोंका आविष्कार करनेके लिए उत्पन्न हुए थे, उन्हें ये सब काम क्यों अच्छे लगने लगे? कुछ दिनों बाद इन्होंने यह काम छोड़ दिया और मञ्चेष्टरके एक कारखानेमें काम करते हुए यन्त्रादिका काम सीखने लगे। इस अवस्थामें उन्हें ज्यादा दिन न रहना पड़ा; कुछ ही दिनोंमें वे कल-कारखानेके काममें विशेष व्युत्पन्न हो गये और शीघ्र ही मञ्चेष्टरकी रेलवे कम्पनीमें इञ्जीनियर नियुक्त हो गये। टीण्डल बड़े सम्मानके साथ तीन वर्ष तक इस कामको करते रहे। इस समय इनकी कार्यकुशलताके कारण मञ्चेष्टरकी रेलवे कम्पनीको विशेष लाभ हुआ था। १८४७ ई०में हम्पसायरमें कुइनस्-उड-कालेज प्रतिष्ठित हुआ, कालेजके अधिकारियोंने टीण्डलका अतुलनीय बुद्धिमाहात्म्य देख कर उन्हें उक्त कालेजका प्रोफेसर नियुक्त किया। कुइनस्-उड-कालेज ही टीण्डलका प्रथम उल्लेखनीय कार्यक्षेत्र है। यहीं प्रसिद्ध रसायनवित् फ्राङ्कलण्डके साथ टीण्डलकी मित्रता हुई थी और यहीं रह कर उन्होंने बड़े परिश्रमके साथ पदार्थविद्या-सम्बन्धी नाना अज्ञात तत्त्वोंका आविष्कार कर जगत्में ख्याति पाई थी।

वर्ष भर अध्यापकोंका कार्य करनेसे टीण्डलका ध्यान और भी बढ़ गया। वे विज्ञानुशीलनकी इच्छासे जर्मनी चल दिये। मित्र मित्र फ्रैङ्कलैण्ड भी इनके साथ गये थे। दोनों मित्रोंने मारबर्ग विश्वविद्यालयके प्रसिद्ध अध्यापकोंके पास कुछ दिन रह कर अध्ययन किया। पीछे उन्होंने स्वाधीनभावसे वैज्ञानिक तत्त्वोंका अनुसन्धान और चिन्ता करनेका निश्चय किया। बुनसेन आदि प्रसिद्ध अध्यापकगण वैदेशिक छात्रयुगलकी प्रतिभाको देख कर विस्मित हुए थे; उन्हें यह स्वीकार करना पड़ा था कि अल्पायास और अल्प समयमें दुरूह वैज्ञानिक विषयोंको सम्पूर्णतया सीख लेना, केवलमात्र आइरिश युवक टीण्डलके लिए ही सम्भवपर था। विश्वविद्यालयकी पढ़ाई समाप्त कर वे बार्लिनस्थ सुप्रसिद्ध मैगनस परीक्षागारमें स्वाधीनतापूर्वक नाना वैज्ञानिक गवेषणाओंके लिए नियुक्त हुए। इनके इस समयके अनुसन्धान और चिन्ताओंके फलसे ही इनके जीवनकी महती कीर्ति थी। इनके द्वारा आविष्कृत चुम्बक और आलोक-विज्ञानके सत्य आधुनिक विज्ञानकी अतुलनीय सम्पत्ति है, इस बातको सभी स्वीकार करते हैं।

१८५१ ई०में टीण्डल जर्मनीसे स्वदेशको लौट आये। स्वदेशकी विज्ञान-मण्डलीमें वे विशेष आदरके साथ सम्मानित हुए थे और नाना वैज्ञानिक समाजोंसे इन्हें नाना सम्मानसूचक उपाधियां प्राप्त हुई थीं। कुछ दिनोंमें वे सुप्रसिद्ध "रायल इन्स्टिटिउशन"में जड़ विज्ञानके आचार्य पद पर नियुक्त हो गये और विख्यात वैज्ञानिक फैराडेके पदत्यागके बाद उनके स्थान पर सभाध्यक्षताका कार्य करने लगे।

चार वर्ष तक इङ्गलैण्डमें उपर्युक्त कार्योंमें नियुक्त रह कर १८५६ ई०में वे स्विट्ज़रलैण्ड चल दिये। स्विट्ज़रलैण्डकी आल्पस्पर्वतमालाके बर्फकी गतिका निर्णय करना तथा कठिन तुषारराशिका तरल पदार्थवत् प्रवाहित होनेके यथार्थ कारणकी खोज करना, यही इनका उद्देश्य था। प्रसिद्ध वैज्ञानिक हक्सली टीण्डलके साथ थे और भीषण जनहीन पार्वत्य प्रदेशमें वैज्ञानिक तत्त्वके परिदर्शन-कार्यमें सहायता पहुंचाया करते थे। कुछ दिन परिदर्शनादि करनेके बाद टीण्डलने स्वदेश लौट कर तुषारराशिकी गतिके सम्बन्धमें एक सम्पूर्ण नूतन पुस्तक लिख डाली। इस पुस्तकमें गतिके सम्बन्धमें जितने भी कारण दिखलाये गये थे, आजकल वे सब विज्ञान सम्मत माने जाते हैं।

१८७२ ई०में टीण्डल अमेरिका पहुंचे। विज्ञानानुरागी मार्किनोंने प्रत्येक नगरमें इनकी विशेष अभ्यर्थना की थी। अमेरिका-भ्रमणके समय आप निश्चिन्त न थे; युक्तराज्यके प्रधान प्रधान नगरोंमें आपने विविध वैज्ञानिक विषयोंकी वक्तृताएं दी थीं। इन वक्तृताओंमेंसे २५।३० तो लिपिबद्ध हैं और उनकी भाषा अत्यन्त सरल है। विज्ञानसे सर्वथा अनभिज्ञ व्यक्ति भी सहजमें वैज्ञानिक तत्त्वोंको समझ सकता है। टीण्डल केवल अपनी बुद्धिशक्तिकी चरमोन्नति कर शान्त न होते थे; किन्तु जिससे विज्ञानानुरागी प्रतिभासम्पन्न व्यक्ति स्वाधीन चिन्ता और गवेषणा द्वारा विज्ञानकी पुष्टि कर सकें, उसके भी उपाय निकालते थे तथा दरिद्र वैज्ञानिकोंको हर एक विषयमें उत्साह देते थे। अमेरिकामें आपने वक्तृता द्वारा करीब साठ हजार रुपये कमाये, जिसमेंसे अपनी आवश्यकताओंकी पूर्तिके लिए कुछ छोड़ कर अवशिष्ट रुपयोंसे अमेरिकाके कलम्बिया कालेजमें एक छात्र-वृत्तिकी स्थापना कर आये। अमेरिकामें स्वाधीन भावसे चिन्ता और वैज्ञानिक अनुसन्धान करनेवाले योग्य छात्रोंको अब भी यह वृत्ति दी जाती है।

अमेरिकासे स्वदेश लौट कर अध्यापक टीण्डल तापविकिरणके विषयमें नाना प्रकार अनुसन्धान करनेमें नियुक्त हुए, और थोड़े ही दिनोंमें इस विषयमें अपना स्वाधीन मत प्रकट किया इससे उनकी ख्याति और भी बढ़ गई थी।

१८७६ ई०में ५६ वर्षकी अवस्थामें टीण्डलने लार्ड हैमिल्टनकी प्रथमा दुहिताका पाणिग्रहण किया। इनका दाम्पत्य-जीवन बड़े सुखसे बीता। ज्यादा उम्रमें विवाह करनेसे प्रायः गार्हस्थ्य शान्तिभङ्ग होनेका डर रहता है, किन्तु इनका शेष जीवन बड़े आनन्दसे बीता था। वृद्ध टीण्डलने करीब बीस बाईस वैज्ञानिक ग्रन्थ लिखे हैं। इनका प्रत्येक ग्रन्थ सुन्दर और सरल है। सरल भाषामें ग्रन्थ लिखना, यह इनका एक प्रधान गुण

था और इस गुणके कारण ही साधारण पाठकोंके वे आदरणीय थे।

जराग्रस्त हो कर टौण्डलने शेष जीवनमें कुछ शारीरिक कष्ट पाया था। इनके बन्धुवर्ग और चिकित्सकोंने सोचा था, इस पीड़ासे अध्यापक टौण्डलको अब छुटकारा नहीं मिल सकता। परन्तु एक आकस्मिक कारणसे टौण्डलकी मृत्यु हो गई। कुछ दिनोंसे ये नाना प्रकारकी पीड़ाओंसे तकलीफ पा रहे थे; किन्तु चिकित्सकोंके परामर्शसे शारीरिक यन्त्रणादिके निवारणार्थ नियमित रूपसे "सलफेट आव मगनेशियम्" काममें लाते थे और अनिद्रा दूर करनेके लिए कभी कभी दो एक बूंद 'क्लोरल सोराव' पी लिया करते थे। एक दिन टौण्डलको स्त्रीने भूलसे ज्यादा "क्लोरल" पिला दी, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

बहुतोंका कहना है, कि टौण्डल ईश्वरकी सत्ता पर विश्वास न करते थे और न उनकी ईसाई धर्म पर विशेष श्रद्धा ही थी। बाइबेलमें लिखित "मिराकल" आदिके विरुद्ध लेखनी चलानेसे पादरी लोग इन्हें ईसाई धर्मका विरोधी समझते थे। अक्सफोर्डकी डी० सी० एल० उपाधि ग्रहण करते समय टौण्डलकी आस्तिकताके विषयमें ज़िक्र उठा था; किन्तु कोई आपत्ति कार्यकारी न हुई। टौण्डलका कहना था कि "उच्छृङ्खल इच्छाओंका नीतिके बन्धनों द्वारा दमन करना मनुष्यका प्रधान कार्य है, एवं पाशवहृत्तिको जो जितना दमन करेंगे, वे उतने ही आदर्श चारित्रके निकटस्थ होवेंगे।"

टीन (अं० पु०) १ एक रासायनिक धातु। त्रपु देखो। २ लोहेकी पतली चद्दर जिस पर रांगेकी कलई की हुई रहती है। ३ लोहेकी पतली चद्दरका बना हुआ बरतन।

टीप (हिं० स्त्री०) १ दबाव, दाब। २ हलका प्रहार। ३ गचकी पिटाई। ४ टंकार, ध्वनि, घोर शब्द। ५ जोरकी तान। ६ दूध और पानीका योग। ७ स्मरण रखनेके लिये किसी बातको टांक लेनेकी क्रिया, नोट। ८ दस्तावेज। ९ हुंडी, चेक। १० कम्पनी, सेनाका एक भाग। ११ गंजीफेका एक खेल। १२ टिप्पन, कुंडली। १३ वह लकीर जो बिना पलस्तरकी दीवारमें ईंटोंके जोड़ोंमें मसाला दे कर नहलेसे बनाई जाती है। १४ छातीके शरीर पर लेप करनेकी औषध। १५ महाजनका एक कागज। इस पर वे फसलके समय ब्याजके बदलेमें अनाज आदि देनेका इकरार लिखा लेते हैं।

टीपटाप (हिं० स्त्री०) दिखावट, ठाठ बाट।

टीपन (हिं० स्त्री०) गांठ, टांका, घट्टा।

टीपना (हिं० क्रि०) १ चापना, मसकना। २ हलका प्रहार करना, धीरे धीरे ठोकना। ३ ऊंचे स्वरसे गाना, जोरकी तान देना। ४ अङ्कित कर लेना, दर्ज कर लेना, लिख लेना। ५ गंजीफेके खेलमें दो पत्तोंसे एक पत्ता जीतना।

टीपू शाह—आर्कटके एक प्रसिद्ध मुसलमान फकीर। इन्हींके नामानुसार मैसूरके शासनकर्ता प्रसिद्ध टीपू सुलतानका नामकरण हुआ था। टीपू सुलतानके पिता हैदरअली इनकी अत्यन्त भक्ति करते थे। अब भी टीपू शाहकी कब्र पर बहुतसे फकीर आया करते हैं। कर्णाटी भाषामें टीपू शब्दका अर्थ व्याघ्र होता है।

टीपू सुलतान—मैसूरके राजा हैदरअलीके पुत्र। १७४९ ई०में इनका जन्म हुआ था। जिस समय रघुनाथरावने मराठी सेनाकी सहायतासे हैदरअलीके विरुद्ध युद्धघोषणा की थी, जिस समय हैदरअली १०० अश्वारोहियोंके साथ गम्भीर रात्रिमें शत्रुके भयसे भाग गये थे, उस समय टीपूकी उम्र कुल ८ वर्षकी थी। हैदरअलीके परिवारवर्गके साथ टीपू भी महाराष्ट्रों द्वारा कैद किये गये थे। हैदरअलीके साथ निबटेरा हो जाने पर ये छूट गये थे। हैदरअली देखो।

जिस समय टीपूकी उम्र १७ वर्षकी थी, और हैदरके साथ अंग्रेजोंका घोर युद्ध चल रहा था, उस समय युवक टीपू साहब सेना सहित मद्राजके चारों तरफ लूट मचा रहे थे।

१७८०में अंग्रेजोंके हैदरअलीके विरुद्ध अस्त्रधारण करने पर हैदरअलीने टीपू सुलतानको ५००० पैदल और ६००० अश्वारोही सेनाके साथ कर्नल बेलीको रोकनेके लिए भेजा था। ६ सेप्टेम्बरको इन्होंने कर्नल बेली पर आक्रमण किया था, इनके आक्रमणसे भीत हो कर अंग्रेजसेनानायक ईङ्करने मनरोसे सहायता मांगी थी। इसके बाद हैदरअली जब महम्मदअलीकी शासित

करनेके लिए आर्कटकी तरफ गये थे, उस समय टीपूने वन्दीवास अवरोध किया था। उस समय टीपूने वन्दी-पुत्र और कृष्णगाको लेकर अंग्रेज सेनानायक तक पलायन हो गये थे। जिस दिन अंग्रेज सेनानायक आर्नोकी तरफ गये, उस दिन हैदरने बहुतसी सेना दे कर टीपूको आर्नो भेज दिया। आर्नोमें हैदरका मुख्य अड्डा था। अंग्रेज सेनापति सर आयार कुटका लक्ष्य आर्ना पर विशेष लक्ष्य था। १७८२ ई०में इसी जगह सेनापतिने आर्नोके पास शिविर स्थापित किया। इस समय मौका देख कर टीपू अंग्रेजी सेना पर गोला बरसाने लगे। अंग्रेजी फौज घबरा गई। उस दिन टीपूकी ही जय हुई। सर आयार कुटको मद्रास-में युद्धप्रदर्शन करनेके लिए बाध्य होना पड़ा। २० तारीखको कर्नल हम्बरष्टोनने पोनानीकी तरफ सेना चलाई। टीपूने फरासीसी-सेनानायक लालिके साथ हटिंगसेना पर आक्रमण किया था। इस समय वे सर्वदा ही रणक्षेत्रमें रहते थे।

७ दिसम्बरको ओरयर हैदरअलीने अपने तम्बूमें प्राणत्याग किया, उस समय चारों तरफ विपद् देख कर पुर्णिया और कृष्णराव नामक दोनों मन्त्रियोंने उनकी मृत्यु-संवाद प्रकट नहीं होने दिया। हैदरके द्वितीय पुत्र अबदुल करीमको यह बात किसी तरह मालूम पड़ गई; वे दो सेनापतियोंकी सहायतासे सिंहासन अधिकार करनेके लिए षड्यन्त्र रचने लगे। किन्तु विज्ञ मन्त्रियोंके कौशलसे शीघ्र ही षड्यन्त्र प्रकट हो गया। दोनों मन्त्रियोंने यथासमय विश्वस्त अनुचरके जरिये टीपूको पिताका मृत्यु-संवाद भेजा। टीपूको ११ तारीखको यह संवाद मिला था, दौड़ कर शीघ्र वे (१७८३ ई०की २री जनवरीको) शिविरमें आ पहुंचे। उस समय तक भी सबको हैदरकी मृत्युका समाचार नहीं मालूम हुआ था। टीपूने सामको प्रधान प्रधान कर्मचारियोंको बुला कर एक सभा की। सभामें वे मलिन वेशमें साधारण एक गलीचे पर बैठे थे। उनको ऐसा देख कर सभी लोग चौंक पड़े। शीघ्र ही सबको हैदरअलीका मृत्यु-संवाद मालूम हो गया। सभासदोंने टीपूको मसनद पर बैठनेके लिए अनुरोध किया किन्तु सुचतुर टीपूने अतिशय विषशोक प्रकट करके उन अनुरोधोंकी रक्षा करनेमें असमर्थता दिखाई। दोनों सुचतुर मन्त्रियोंके कौशलसे टीपू सुलतान हो गये।

टीपू सुलतान।

हैदरअलीके मृत्यु-संवादको सुन कर अंग्रेज लोग महिसुर-राज्य पर आक्रमण करनेके लिए अभिनिवेश करने लगे; किन्तु अंग्रेज-राजपुरुषोंके मतभेदके कारण उन्होंने मौका और सुभीता खो दिया। टीपूने सुलतान हो कर प्रथमतः युद्धविग्रहमें मन न दिया था। उन्होंने कर्णाटकसे अपना तमाम दलबल हटा लिया, पश्चिमकी तरफ सिर्फ एक दल फरासीसी सेना रही। हेष्टिंसने सर आयार कुटको फिर मद्रास भेजा, किन्तु वृद्ध सेना-पतिने रोग और पथकष्टके कारण मार्गमें ही लोकान्तर-गमन किया। फरासीसी-सेनानायक बुसी भारतमें आये और १० अप्रैलको उन्होंने कुड्डालूरमें फरासीसी सेनाका आधिपत्य ग्रहण किया। समय पर टीपूकी सहायता पहुंचानेकी बात थी, उस समय अंग्रेजोंकी अवस्था बड़ी सङ्कटापन्न थी। इसके थोड़े ही दिन बाद इंगलैंड और फ्रान्समें एक सन्धि स्थापित हुई। बुसीने जो सेना टीपूके साथमें भेज रखी थी, अंग्रेजोंने सन्धिकी शर्तसे उसको हटा लिया।

उधर बम्बई गवर्मेण्टने टीपूके विरुद्ध जनरल म्याथू-को भेज दिया था। मैसूर अधित्यकास्थित वेदनूर अंग्रेजोंके अधिकारमें हो गया था। टीपूने ८ अप्रील-को आ कर उस स्थानको घेर लिया। अंग्रेजोंने ५ महीने तक इसको रक्षाके लिए कोशिश की आखिर रक्षाका कुछ उपाय न देख कर सन्धिपूर्वक आत्मसमर्पण करनेको वाध्य होना पड़ा। टीपूने पराजित अंग्रेजी सेनाको मैसूरके किलेमें कैद कर रक्खा।

वेदनूरसे प्राय: एक लाख सेना ले कर टीपू मङ्गलोर-को तरफ बढ़े। यहां कर्नेल कम्बेलके अधीन ७०० अंग्रेजी और २८०० देशीय सेना दुर्गको रक्षा कर रही थी। २री अगस्त तक उन लोगोंने टीपूके प्रबल आक्र-मण सहे थे। बादमें ३० जनवरी तक कोई युद्धविग्रह नहीं हुआ। किन्तु रसदके अभावसे उनको वाध्य हो कर तेलिचेरोकी तरफ चला जाना पड़ा।

इधर अंग्रेज-सेनानायक कर्नल फुलारटनने १३००० सेना ले कर दिन्दिगुल, पालघाटचेरी और कोयम्बातुर पर अधिकार कर लिया। अब वे भी महिसुर राजधानी पर आक्रमण करनेके लिए अग्रसर हुए। और एक दल सेना महिसूरकी उत्तर-पूर्वांशस्थित कार्पाराज्यमें उपस्थित थी; टीपूके अत्याचारसे राज्यस्थित हिन्दू अधिवासिगण सुलतानके विरुद्ध हो गये थे। वे भी इस समय महिसूर-के पूर्वतन राजाको ब्रुटिशकी सहायतासे टीपूके हाथसे मुक्त करनेके लिए विशेष चेष्टा कर रहे थे। इस समय-में अंग्रेजोंके लिए बहुत कुछ सुभीता होने पर भी लार्ड माकार्टनि बड़े लाटकी बात न मान कर टीपू-के साथ सन्धि स्थापन करनेको वाध्य हुए थे। मद्राजी-मन्त्रिसभाने टीपूके पास दो कमिश्नरोंको भेजा किन्तु टीपूने तीन मास तक व्यर्थ उनको रोक रक्खा। इसके बाद उन्होंने अपने आदमीके साथ उनको मद्राज भेज दिया।

बड़े लाटने सन्धिके विषयमें विशेष आपत्ति की थी, उनका कहना था कि, यदि सन्धि करनी हो हो तो महिसुर राजधानीमें उपस्थित हो कर करनी होगी। किन्तु लार्ड माकार्टनिने अपनी इच्छानुसार टीपूके दूतके साथ फिर कमिश्नरोंको भेज दिया। मार्गमें सभी उनकी हंसी करने लगे, पद पद पर वे लाञ्छित होने लगे। मङ्गलूर-में उनके तम्बूके सामने दो फांसी-काठ स्थापित किये गये। अंग्रेजराजपुरुषोंने जो सोचा था, वही हुआ। उन दोनोंने बड़ी मुसीबतसे छिपो तौरसे एक अंग्रेजी जहाज पर चढ़ कर अपने प्राण बचाये।

१७८४ ई०में ११ मार्चको टीपूके एक अमात्य लिख गये हैं कि-"अंग्रेज कमिश्नरोंने अनावृत मस्तकसे खड़े हो कर सन्धिपत्र हाथमें लिए हुए २ घण्टे तक किसमो ही खुशामद की और मनोमुग्धकर बातें कह कर सन्धि-पत्र पर सम्मति देनेके लिए अनुरोध किया था। पूना और हैद्राबादके वकीलोंने भी उस समय विशेष अनुनय विनय किया था, आखिर सुलतान सहमत हो गये थे।" इस सन्धिसे स्थिर हुआ था कि, परस्पर कोई विवाद विसं-म्वाद या युद्धविग्रह न कर सकेंगे। सन्धिके अनुसार १८० अंग्रेज-राजपुरुषों, ८०० अंग्रेजों और १६०० देशीय सेनाने छुटकारा पाया। इन्हींके जरिये टीपूके अत्याचार, जनरल म्याथू और अन्यान्य अंग्रेज-सेनापतियोंको हत्याकी बात मालूम पड़ी। सन्धि हुई तो सही, पर स्थायी नहीं हुई।

१७८५ ई०में अंग्रेजोंने बंगलोर और महाराष्ट्र राज्यकी रक्षाके लिए तीन दल पलटनें भेजे। किन्तु नाना-फड़नवीसके प्रस्ताव अग्राह्य करने पर टीपू सुलतानका दोष प्रकट हो गया और यहींसे सन्धिभङ्गका सूत्रपात हुआ।

उधर नानाफड़नवीस टीपूसे चौथ वसूल करनेके लिए अग्रसर हुए। निश्चय किया कि, यदि टीपू चौथ देनेमें असम्मत हों, तो अवश्य ही घोरतर युद्ध होगा। १७८४ ई०के जुलाई महीनेमें नाफनाड़नवीसने भीमानदीके किनारे यातगिर नामक स्थान पर निजामसे मुलाकात की। उनके साथ मित्रता स्थापन कर वे चुपचाप टीपूके विरुद्ध युद्ध कर-नेका आयोजन करने लगे। यह संवाद शीघ्र ही टीपूके कानों तक पहुंचा। टीपू शीघ्रही युद्धकी तैयारियां करके निजामसे बीजापुर प्रदेश मांग बैठे और निजामराज्य-में उनके द्वारा स्थापित परिमापादि चलानेका आदेश दिया। इस असङ्गत प्रस्तावसे निजामने अपना अपमान समझा, किन्तु उस समय उनको ऐसी क्षमता न थी कि,

टीपूके विरुद्ध अस्त्रधारण कर सकें, ऐसा हुए, नाना फड़नवीसके साथ जो इन्होंने अभिसन्धि की थी, वह भी बेकार होती रही। टीपूने जब देखा कि, क्रमशः उनके सहविरुद्ध हुए जा रहे हैं, तब वे भी क्रमशः धर्मान्ध होने लगे।

ये अपने राज्यके निवासी हिन्दू और ईसाइयोंको मुसलमान धर्ममें दीक्षित करने लगे। कोड़गके हजारों अधिवासियोंको पकड़ कर इन्होंने उनको टापस ... में बन्द किया, सभी भोग और शहीद हुए। कोई भी इनके विरुद्ध कुछ बात कहनेके लिए साहसी नहीं हुआ। १७८५ ई०में टीपूने अपने राज्यके मराठाप्रदेशों पर दृष्टि डाली। इनकी सेनाने बहुत दिनोंसे मराठोंसे युद्ध नहीं किया था। महाराष्ट्रराजकी सीमाभ्यन्तरस्थ बहुसंख्यक हिन्दू-प्रजा मुसलमान-धर्ममें दीक्षित हुई थी, इसलिए उनका मिजाज और भी बढ़ गया। इस समयमें धर्मत्याग-की अपेक्षा प्राणत्याग करना श्रेय समझ कर बहुतसे ब्राह्मणोंने आत्महत्या कर ली थी। इससे नानाफड़नवीस अत्यन्त विचलित हुए थे। इन्होंने देखा कि, निजामसे सहायता मिला हुआ है। टीपूने जिस सबकी सेना संग्रह की है और वह भी फरासीसी सेनानायकके द्वारा शिक्षित हुई है, उससे सहसा उन पर आक्रमण करना सहज बात नहीं है। नानाफड़नवीसने अंग्रेजोंसे सहायता मांगी। किन्तु मङ्गलूरकी सन्धिके अनुसार वे मध्यस्थ रहनेके लिए बाध्य थे, इसलिए नानाफड़नवीसने साहाय्य-प्रार्थी हो कर यादगिरके पास निजाम और बरारके भोंसलेसे मुलाकात की। यहां परस्परमें टीपूके विरुद्ध युद्धघोषणा और महिसूर-राज्य विभाग कर लेनेके लिए एक सन्धिपत्र स्थिर हुआ।

१७८६ ई०में टीपूने न मालूम क्या सोच कर इन लोगोंसे सन्धिकी प्रार्थना की। १७८७ ई०में सन्धिपत्र पर हस्ताक्षर किये गये। मराठोंको कुछ राज्य और अदोनि वापिस मिले। टीपू भी ४५ लाख रुपये देनेके लिए राजी हुए जिसमें ३० लाख रुपये नगद और बाकीके रुपये एक वर्षमें देनेका निश्चय हुआ। टीपूने क्यों सहसा ऐसी सन्धि की थी, तत्कालीन किसी भी इतिहासमें इसका जिक्र नहीं है और न टीपू ही कुछ लिख गये हैं। किन्तु यह सन्धि ज्यादा दिन तक नहीं रही। निजामके साथ फिर इनका झगड़ा शुरू हो गया। १७८८ ई० तक निजाम और टीपू सुलतानमें परस्पर युद्ध चलता रहा था। इस वर्षके अन्तमें निजामके पास गण्टूर-सरकार समर्पण कर देनेके लिए बड़े लाटने कप्तान केनावेको भेजा। पहले कुछ युद्ध होनेकी सम्भावना हुई थी, किन्तु निजाम-ने गण्टूर समर्पण करनेमें कुछ भी आपत्ति नहीं की। सलबित्तनकी सन्धिके अनुसार, हैदर और टीपूने निजाम-का जितना भूभाग अधिकृत किया था, निजामने उसके पुनरुद्धारके लिए अंग्रेज गवर्नमेण्टसे सेना मांगी थी। इतनेसे भी सन्तुष्ट न हो कर इन्होंने टीपू सुलतानके पास स्वर्णाक्षरोंमें लिखित एक कुरान ग्रन्थ उपहार दे कर उनके पास एक दूत भेजा। दूतने जा कर कहा कि, दिन दिन अंग्रेज लोग क्षमताशाली हुए जा रहे हैं, इससे आगे हम अपने धर्म और मानकी रक्षा भी न कर सकेंगे। अब परस्पर एकतासूत्रमें बद्ध हो कर धर्मरक्षाके लिए उनके विरुद्ध इन लोगोंको अस्त्रधारण करना चाहिये। सुचतुर टीपू सुलतान वैवाहिक सूत्रमें बद्ध हो कर मित्रता स्थापन करनेके लिए सम्मत हुए। किन्तु निजामने उनका यह प्रस्ताव अग्राह्य किया। वे साथ घरमें लड़की देनेके लिए राजी न हुए। अब फिर आपसमें शत्रुता हो गई। टीपूने सलबित्तनकी सन्धिको नितान्त दोषा-वह ठहराया। क्योंकि उसमें टीपूका नाम और उपाधि स्वीकृत नहीं हुई थी। इधर इंग्लैण्डके राजपुरुषोंने निश्चय किया कि, भारतमें अंग्रेजोंको शक्तिसम्पन्नताके विषयमें सावधान रहनेकी जरूरत नहीं; इसलिए टीपू भी युद्धका आयोजन करने लगे।

मंगलूरकी सन्धिके अनुसार त्रिवाङ्कुरराज्य अंग्रेजों-के आश्रित है, ऐसा स्थिर हुआ। त्रिवाङ्कुर-राज्यमें उस समय ओलन्दाजोंसे क्रांगनूर और आयाकोट नामके दो नगर खरीदे थे। टीपू उन दो नगरोंको मांग बैठे; इन्होंने कहला भेजा कि, 'जब ये दोनों नगर हमारे अधीन कोचीन-राज्यके अधिकारभुक्त हैं, तब ओलन्दाज लोग उन्हें किसी हालतमें भी बेच नहीं सकते।' यहाँ लाट कर्न-वालिसने त्रिवाङ्कुरराजके उनका समर्थन करनेके लिए मद्रासके अंग्रेज-शासक हालैण्ड साहबको अनुमति दी,

किन्तु इस बातको न मान कर वे त्रिवाङ्कुर राजसे रुपये मांग बैठे।

त्रिवाङ्कुर-राजने पर्वत और समुद्रके मध्यवर्ती अपने राज्यकी उत्तर सीमाका दुर्ग तुड़वा दिया। अब तक टीपू त्रिवाङ्कुर जय करनेके लिए विशेष प्रयत्न कर रहे थे, अब तक त्रिवाङ्कुरराज्य दुर्भेद्य था, किसी भी तरफसे शत्रुके आनेका मार्ग नहीं था। अब मौका देख कर टीपूने सेना बढ़ाई।

१७८९ ई०के २८ दिसम्बरको इन्होंने त्रिवाङ्कुर पर आक्रमण किया। मद्राज-गवर्मेण्ट इसका कुछ भी प्रतिवाद न कर सको। त्रिवाङ्कुरराज्य पर आक्रमण होनेका सम्वाद पा कर नानाफड़नवीसने टीपूके विरुद्ध युद्ध करनेके लिए १७९० ई०के मार्च मासमें अंग्रेजोंसे सन्धि कर ली। जुलाई मासमें निजामके साथ भी उसी अभिप्रायसे सन्धि हुई। बड़े लाट कर्णवालिसने मद्राजके सेनापति मेडोज पर सैन्य-परिचालनका भार दिया। १७९० ई०को २६वीं मईको १५००० सुदक्ष सेना ले कर अंग्रेज-सेनापति त्रिचिनापल्लीसे चल दिये। २१ जुलाईको सेनाने कोयम्बातुरमें उपस्थित हो कर कुछ दुर्ग पर कब्जा कर लिया। सेप्टेम्बरके भीतर ही भीतर पालघाटचेरी और दिन्दिगुल अंग्रेजोंके अधिकारमें आ गया। अब वह विपुलवाहिनी महिसूरको सीमा पर उपस्थित हुई। टीपू सुलतान भी निश्चिन्त नहीं थे, उन्होंने विपुल विक्रमसे शत्रुकी गति रोक कर अंग्रेज-सेनापति कर्नल फ्लाइड पर आक्रमण किया। अंग्रेज-सेनापतिको पीठ दिखा कर भाग जाना पड़ा। यहां तो अंग्रेजी सेना टीपूका कुछ कर न सकी, पर उधर मलबार उपकूलमें कर्नेल हारटलिने टीपूके सेनापति हुसेन-अलीको परास्त कर दिया।

उधर महाराष्ट्र-सैन्योंने बम्बईकी अंग्रेजी सेनाके साथ मिल करके टीपूके अन्य सेनापति बदरउल्-जमान् और कुतुब-उद्दीनको पराजित कर धारवार दुर्ग अधिकार कर लिया, उधर निजाम सेनासहित कपालदुर्ग और बहादुरबन्द अधिकार करनेको अग्रसर हुए, इसी प्रकार चारों ओरसे आक्रान्त हो कर भी दृढ़प्रतिज्ञ टीपू किसी तरह विचलित नहीं हुए। वे अदम्य उत्साहसे नाना उपायोंका अवलम्बन कर शत्रुकी गतिको रोकने लगे। बड़े लाट कर्णवालिसने जब देखा कि, टीपू सहजमें वशीभूत नहीं होंगे और उनको वश करना भी सामान्य बात नहीं है, तब उन्होंने स्वयं ही युद्धक्षेत्रमें अवतरण किया। वे महिसूरके गिरिसङ्कट मुगलीघाट पार गये, वहांसे उन्होंने कोलारसे बंगलूर यात्रा की। यहां टीपूके साथ घोरतर युद्ध होने लगे। १७९१ ई० २० मार्चको रातको शत्रुओंने अकस्मात् दुर्ग आक्रमण किया। निजामकी प्रायः १०००० सेना आ कर लार्ड कर्णवालिसके साथ मिल गई। बड़े लाटने उस महती सेनाके साथ श्रीरंगपत्तनकी तरफ यात्रा की। अंग्रेज-सेनापति अबरक्रम्बो उनके साथ देनेको अग्रसर हुए। इस विषम विपदके समय टीपूने जब देखा कि, महाशक्ति उनके विरुद्ध खड़ी है जिसका प्रतिरोध करना उनकी हैसियतसे बाहर है, तब वे अपनी समस्त सेनाको एकत्र करके राजधानीके रक्षार्थ यत्नवान् हुए। १३ अप्रेलको अरिकेरा नामक स्थानमें शत्रुओंके साथ भीषण घर्षण हुआ।

१३ अप्रेलकी रातको बड़े लाटने दुर्ग अधिकार करनेकी चेष्टा की। १४ अप्रेलको दुपहरके समय घोरतर युद्धके बाद टीपू पराजित हुए। किन्तु लार्ड कर्णवालिसके जयलाभसे विशेष कुछ लाभ नहीं हुआ। उनकी सेनाको रसद निबट गई, इसलिए उन्हें पीछे लौटना पड़ा। इस समय मौका पा कर टीपूने उनको मालगाड़ियां और भण्डार लूट लिया।

उस समय बड़े लाट बड़े सङ्कटमें पड़ गये। इस समय यदि अंग्रेज-सेनापति कप्तान लिटल, परशुरामराव द्वारा परिचालित महाराष्ट्र सेनाके साथ आ कर सहायता न करते तो शायद उस अभियानसे वे लौट कर न आते। कुछ भी हो, दूसरी बारके युद्धसे भी कुछ फल नहीं हुआ। अबकी बार टीपूको चारों तरफसे आक्रमण करनेके अभिप्रायसे परशुरामराव और कप्तान लिटलने बहुसंख्यक सेना ले कर उत्तर-पश्चिम, निजामने अपनी और अंग्रेजी सेना ले कर उत्तर-पूर्व तथा लार्ड कर्णवालिसने महाराष्ट्र और हरिपन्थके साथ मध्यभाग आक्रमण किया।

टीपू भी सब ओरसे शत्रुओंके प्रतिरोधमें विशेष यत्नवान् हुए। इन्होंने अपने प्रधान प्रधान सेनापतियोंको बंगलोर और मल्लारकी रक्षाके लिये उत्साहित करके उपस्थित योद्धाओंमें नियुक्त किया।

इधर लार्ड कर्नवालिसने असीम साहससे नन्दीदुर्ग, सुवर्णदुर्ग, रायकोट आदि दुर्गोंको जय किया।

१७९२ ई०के जनवरी महीनेमें कर्नवालिस निजाम और महाराष्ट्रसेनाके साथ मिले और ५ फरवरीको श्रीरङ्गपत्तनमें उपस्थित हुए। ६ फरवरीको बम्बईके अंग्रेज सेनापति जनरल आवरकम्बीने आ कर उनका साथ दिया। इसके दिन बाद टीपू चिन्तित हुए, उनके पिताने कहा था "टीपू राज्यकी रक्षा न कर सकेगा।" अब यह बात उनको याद आई। इस समय टीपूने अपने एक मित्रसे कहा था कि, "इन अंग्रेजोंको देख कर नहीं डरते, पर हमारे होनहारको सोच कर हमें डर लगता है।"

२४ फरवरीको सुलतानने लेफ्टिनेण्ट चामास नामक एक बन्दी अंग्रेज-सेनापतिके जरिये सन्धिका प्रस्ताव करा कर लार्ड कर्नवालिसके पास भेजा। पहले बड़े-लाट सन्धिके प्रस्ताव पर सहमत न हुए। अन्तमें कोडुगके राजाका हठीला सोच कर सहमत हुए। कोडुगके राजाने जनरल आवरक्रम्बीको काफी सहायता दी थी। तथा वे टीपूके प्रतिद्वन्द्वी, इसलिये भी अवश्य डरते थे। कुछ भी हो, इस समय कोडुगके राजाके लिए भी सन्धि हुई। २६ तारीखको टीपूने अपने दो पुत्रोंको अंग्रेज-शिविरमें भेजा। अंग्रेज पक्षके सभी लोगोंने महासमादर और सम्मानके साथ सुलतानके पुत्रोंका अभिनन्दन किया। सन्धिपत्रके अनुसार टीपूके दोनों पुत्र अंग्रेज शिविरमें ही रहे। १८ मार्चको सन्धिपत्र पर हस्ताक्षर हुए। टीपूने अपना आधा राज्य छोड़ दिया, जिसमेंसे मलबार, कोडुग और बारामहल अंग्रेजोंके हिस्सेमें आया। इसके सिवा युद्धव्ययके हिसाबमें टीपूने ३३ लाख रुपया देना मंजूर किया, जिसमें आधा नगद और आधा एक वर्षके भीतर देनेका वादा हुआ। निजाम और महाराष्ट्रोंने अपने अपने राज्यके निकटवर्ती भाग लिए।

इसके बाद ४।५ वर्ष तक विशेष कुछ गड़बड़ी नहीं हुई। टीपूने राज्यकी उन्नति और प्रजाकी सुखसमृद्धिके लिये अनेक प्रयत्न किया था। इस समय उन्होंने नाना देशोंसे बहुत ग्रन्थ क्रय करके अरबी फारसी, संस्कृत और दाक्षिणात्यकी स्थानीय भाषामें लिखित बहुत प्रकारकी हस्तलिपि संग्रह की थी।

१७९८ ई०में निजामके तथा महाराष्ट्रके सेनापतिगण गुप्तभावसे टीपूके साथ षड्यन्त्र करने लगे। टीपूने भी पूर्वोक्त सन्धिसे अपना अत्यन्त अपमान समझा था। अब तक वे मौका ढूंढ़ रहे थे, किन्तु अब उक्त सेनापतियोंकी प्ररोचनासे उत्तेजित हो गये।

अंग्रेजोंको इस षड्यन्त्रका हाल मालूम हो गया। १७९८ ई०की १७ मईको लार्ड मार्निंगटन गवर्नर जनरल हो कर आये। टीपू सुलतानकी गतिविधि पर उनकी पहले दृष्टि पड़ी। उस समय यूरोपमें अंग्रेज और फरासियोंमें घोरतर युद्ध हो रहा था। इसलिये टीपू भारतमें आई हुई फरासीसी सेनाकी मदद को हस्तगत करने लगे। फरासीसी कर्मचारिगण टीपूकी देशीय सेनाको अच्छी तरह युद्धकी शिक्षा देने लगे। टीपूने अपने दो-सेनाध्यक्षको भारतवर्षके मरिशसद्वीपमें फरासीसी शासनकर्ता जनरल मलार्टिकको १०,००० सेनाके लिये लिख भेजा। हैदराबादमें फरासीसी सेनानायक मूसो रेमण्ड १५००० सेना ले कर ठहरे हुए थे, वे भी कार्यकालमें टीपूकी सहायता करनेको सहमत हुए। इधर सिन्धिया-राज्यमें फरासीसी पीरन डो-बरन ४०,००० सेना और ४५० तोपें ले कर अपेक्षा कर रहे थे। वे भी आत्मीय गौरवकी रक्षार्थ अंग्रेजोंके विरुद्ध अस्त्रधारण करनेके लिये उद्यत थे।

लार्ड मार्निंगटनने अंगरेजोंका विपद् सन्निकट जान मन्द्राजके प्रधान अंगरेज सेनापति लार्ड हारिसको हुक्म दिया कि वे बहुत बड़ी सेनाको ले कर श्रीरङ्गपत्तनकी ओर रवाना हो जाय।

उस समय मन्द्राजमें केवल ८००० सेनाएं थीं। वहांका खजाना भी बिलकुल खाली था। अतः मन्द्राजके अफसरोंने इस समय टीपूसे युद्ध ठान देना उचित न समझा। किन्तु बड़े लाटने उन लोगोंकी युक्ति न सुन

करें शीघ्र ही समरसज्जा करनेका आदेश दिया। इधर उन्होंने हैदरअलीके मन्त्री मामिर उल् मुल्कको (मीर आलमको) टीपूके विरुद्ध उत्तेजित किया।

इस समय महावीर नेपोलियन इजिप्टमें उपस्थित थे। कब भारतमें आ जाय, इसका कोई पता नहीं। ऐसे समयमें शीघ्र ही कार्योद्धार करनेके अभिप्रायसे बड़े लाटने अपने भाई कर्नल आर्थर वेलिस्लि (भावी डिउक आफ् वेलिंगटन)-को ३३ दल पदातिक और ३००० सिपाही दे कर मद्राज भेज दिया। आखिर टीपूके साथ एक मीमांसा करनेके लिये वे स्वयं मद्राज पहुंचे। कर्नल डोभटन बड़े लाटका पत्र पा कर पहलेहीसे टीपूके पास चले गये थे। इस पत्रमें यही लिखा गया था कि, जिससे फरासीसियोंसे टीपूका कुछ सम्बन्ध न रहे।

टीपूने कर्नलके साथ मुलाकात नहीं की। कहला भेजा कि, "अंग्रेजोंके साथ पहले जो सन्धि हुई है, वही यथेष्ट है। हम अंग्रेज गवर्मेण्टके हमेशा ही मित्र हैं।" इधर उन्होंने फरासीसी गवर्मेण्टको सेना भेजनेके लिए तथा अफगानके राजा जमानशाहको भारतमें आ कर धर्मयुद्धकी घोषणा करनेके लिए अनुरोध किया।

टीपूको ऐसा भरोसा था कि फरासीसीगण शीघ्र ही इजिप्ट जय करके भारतमें पदार्पण करेंगे और तो क्या नेपोलियनसे भी उनका पत्रव्यवहार चल रहा था। किसी तरह एक पत्र उसके शत्रुओंके हाथ पड़ गया। अंग्रेजोंने तुरकिस्तानके सुलतानसे पत्र लिखवा कर टीपूको होशियार हो जानेको कहा। किन्तु टीपूने उस पर भ्रूक्षेप भी न किया। १७९८ ई०, ११ फरवरीको २१००० अंग्रेजी सेना और १०,००० निजामकी सेना बेलूरसे चल दी। इधर पश्चिम उपकूलमें जनरल ष्टुयार्ट और हार्टलिके अधीन ६००० सैन्य अग्रसर हो रही थी। १५ मार्चको जनरल हरिस् बंगलूर आ पहुंचे। १६ मार्चको कोड़गराज्यको सीमा पर सदासीर नामक स्थान पर घोरतर युद्ध हुआ। इस युद्धमें टीपूकी २००० सेना नष्ट हो गई।

अब सुलतान अपनी बची हुई सेना ले कर प्रबल पराक्रमसे शत्रुओंकी गतिरोधके लिए अग्रसर हुए। २७ मार्चको मालवली नामक स्थान पर टीपूकी सेना पराजित हो गई। इस पराजयसे टीपू भी भीत और भग्नोत्साह हो गये थे, पिताकी निदारुण वाणी मानो ज्वलन्त अक्षरोंमें उनके स्मृतिपट पर उदय होने लगी। वे तुरंत ही राजधानीको लौट आये। यहां आ कर सुना कि, उनके बहुतसे कर्मचारी उनके विरुद्ध षड़यन्त्र कर रहे हैं। इस समय वे और भी हताश हो गये। किसी किसीने उनसे पुन: अंग्रेजोंसे सन्धि करनेके लिए कहा। पहले तो वे सन्धि करनेके लिए कुछ कुछ राजी भी हुए थे, पर जब सुना कि, अंग्रेज-सेनापति हरिस सुमीला नामक कावेरी नदीके एक गुप्त टापूको पार कर चुके हैं और शीघ्र ही वे श्रीरङ्गपत्तन पर चढ़ाई करेंगे, तब उनके हृदयमें सन्धिके प्रस्तावने स्थान नहीं पाया। इधर लार्ड हरिसने—सेनाकी रसद निबटी जा रही है देख कर तुरंत ही श्रीरङ्गपत्तन पर धावा कर दिया। अंग्रेजोंने भारतवर्षमें ऐसा भीषण युद्ध कभी भी नहीं किया था। ६ अप्रैलसे युद्ध प्रारम्भ हुआ। तीसरे दिन टीपूने—न मालूम क्या सोच कर—सन्धिका प्रस्ताव कर भेजा। किन्तु अंग्रेज सेनापति हरिस २ करोड़ रुपये और आधा राज्य मांग बैठे। इसके प्रत्युत्तरमें टीपूने कहलवा भेजा कि—"इस घृणित प्रस्तावको स्वीकार करनेकी अपेक्षा वीरोंकी भांति मृत्यु ही वाञ्छनीय है। हम वीरके पुत्र हैं, वीरोंकी तरह अपनी सम्मान-रक्षा करना जानते हैं।" उस दिन इन्होंने अपने प्रधान प्रधान अमात्य और कर्मचारियोंको बुला कर कहा—"आज हम अपने जातीय सम्मान और धर्मको रक्षार्थ आत्मविसर्जन करेंगे। जो इस कार्यसे डरते हों, वे अभी इस स्थानसे प्रस्थान करें।"

सुलतानके उत्साह भरे वचनोंसे सभी प्राणोंकी ममता छोड़ कर घोरतर युद्धमें प्रवृत्त हुए। अंग्रेजोंने भारतमें ऐसा भीषण युद्ध न देखा था और न सुना ही था। इस युद्धमें दोनों पक्षकी कितनी सेना नष्ट हुई, इसकी कोई शुमार नहीं। २री मईको दुर्ग तोड़नेकी तैयारियां हुईं। ३री मईको चार हजार सेना गड़खाईको पार कर दुर्गको तोड़ने लगी। टीपू सुलतान स्वयं वीरवेशमें

टीपू भी महोत्साहसे उनके प्रतिरोधमें विशेष यत्नवान् हुए। उन्होंने अपने प्रधान प्रधान सेनापतियोंको राज्य और सम्मानकी रक्षाके लिये उत्तेजित करके उपस्थित वीरव्रतमें नियुक्त किया।

इधर लार्ड कर्नवालिसने असीम साहससे नन्दोदुर्ग, सुवर्णदुर्ग, रायकोट आदि दुर्गोंको जय किया।

१७९२ ई०के जनवरी महीनेमें कर्नवालिस निज़ाम और महाराष्ट्रसेनाके साथ मिले और ५ फरवरीको श्रीरङ्गपत्तनमें उपस्थित हुए। ६ फरवरीको बम्बईके अंग्रेज सेनापति जनरल आवरक्राम्बीने आ कर उनका साथ दिया। इतने दिन बाद टीपू विचलित हुए, उनके पिताने कहा था "टीपू राज्यकी रक्षा न कर सकेगा।" अब वह बात इनको याद आई। इस समय टीपूने अपने एक मित्रसे कहा था कि, "हम अंग्रेजोंकी देख कर नहीं डरते, पर हमारी होनहारको सोच कर हमें डर लगता है।"

२४ फरवरीको सुलतानने सेफ्टेनाग्ट चामारस् नामक एक वन्दी अंग्रेज-सेनापतिके जरिये सन्धिका प्रस्ताव करा कर लार्ड कर्नवालिसके पास भेजा। पहले बड़े लाट सन्धिके प्रस्ताव पर सहमत न हुए। अन्तमें कौड़गके राजाका सुभीता सोच कर सहमत हुए। कौड़गके राजाने जनरल आवरक्राम्बीको काफी सहायता दी थी। तथा वे टीपूकी प्रतिजिघांसा वृत्तिसे भी अत्यन्त डरते थे। कुछ भी हो, इस समय कौड़गके राजाके लिए ही सन्धि हुई। २६ तारीखको टीपूने अपने दो पुत्रोंको अंग्रेज-शिविरमें भेजा। अंग्रेज पक्षके सभी लोगोंने महासमादर और सम्मानके साथ सुलतानके पुत्रोंका अभिनन्दन किया। सन्धिपत्रके अनुसार टीपूके दोनों पुत्र अंग्रेज शिविरमें ही रहे। १८ मार्चको सन्धिपत्र पर हस्ताक्षर हुए। टीपूने अपना आधा राज्य छोड़ दिया, जिसमेंसे मलबार, कौड़ग और बारमहल अंग्रेजोंके हिस्सेमें आया। इसके सिवा युद्धव्ययके हिसाबमें टीपूने ३३ लाख रुपया देना मंजूर किया, जिसमें आधा नगद और आधा एक वर्षके भीतर देनेका वायदा हुआ। निज़ाम और महाराष्ट्रोंने अपने अपने राज्यके निकटवर्ती भाग लिए।

इसके बाद ४१५ वर्ष तक विशेष कुछ गड़बड़ी नहीं हुई। टीपूने राज्यकी उन्नति और प्रजाकी सुखसमृद्धिके लिये अनेक प्रयत्न किया था। इस समय उन्होंने नाना देशोंसे बहुत अर्थ व्यय करके असंख्य फारसी, संस्कृत और दाक्षिणात्यकी स्थानीय भाषामें लिखित बहुत प्रकारकी हस्तलिपि संग्रह की थी।

१७९८ ई०में निज़ामके तथा महाराष्ट्रके सेनापतिगण शुभभावसे टीपूके साथ षड़यन्त्र करने लगे। टीपूने भी पूर्वोक्त सन्धिसे अपना अत्यन्त अपमान समझा था। अब तक वे मौका ढूंढ़ रहे थे, किन्तु अब उक्त सेनापतियोंकी प्ररोचनासे उत्तेजित हो गये।

अंग्रेजोंको इस षड़यन्त्रका हाल मालूम हो गया। १७९८ ई०के १७ मईको लार्ड मर्निंटन गवर्नर जनरल हो कर आये। टीपू सुलतानकी गतिविधि पर उनकी पहले दृष्टि पड़ी। उस समय यूरोपमें अंग्रेज और फरासियोंमें घोरतर युद्ध हो रहा था। इसलिये टीपू भारतमें आयी हुई फरासीसी सेनाको सहज ही हस्तगत करने लगे। फरासीसी कर्मचारिगण टीपूकी देशीय सेनाको अच्छी तरह युद्धकी शिक्षा देने लगे। टीपूने अपने नौ-सेनादलकी साहाय्यार्थ मरिचशहरमें फरासीसी शासनकर्ता जनरल मलारटिककी २०,००० सेनाके लिये लिख भेजा। हैद्राबादमें फरासीसी सेनानायक मूसो रेमण्ड १५००० सेना ले कर ठहरे हुए थे, वे भी कार्यकालमें टीपूकी सहायता करनेको सहमत हुए। इधर सिन्धिया-राज्यमें फरासीसी वीर डो-बइन ४०,००० सेना और ४५० तोपें ले कर अपेक्षा कर रहे थे। वे भी जातीय गौरवकी रक्षार्थ अंग्रेजोंके विरुद्ध अस्त्रधारण करनेके लिये उद्यत थे।

लार्ड मर्निंटनने अंगरेजोंका विपद नजदीक आता देख मन्द्राजके प्रधान अंगरेज सेनापति लार्ड हारिसको हुक्म दिया कि वे बहुत जल्द सेनाको ले कर श्रीरङ्गपत्तनकी ओर रवाना हो जाय।

उस समय मन्द्राजमें केवल ८००० सेनायें थीं। वहांका कोषागार भी बिलकुल खाली था। अतः मन्द्राजके अफसरोंके इस समय टीपूसे युद्ध ठान देना उचित न समझा। किन्तु बड़े लाटने उन सबोंकी युक्ति न सुन

-करें शीघ्र ही समरसज्जा करने का आदेश दिया। इधर उन्होंने हैदरअलीके मन्त्री मासिर उल् मुल्कको (मीर आलमको) टीपूके विरुद्ध उत्तेजित किया।

इस समय महावीर नेपोलियन इजिप्टमें उपस्थित थे। कब भारतमें आ जाय, इसका कोई पता नहीं। ऐसे समयमें शीघ्र ही कार्योद्धार करनेके अभिप्रायसे बड़े लाटने अपने भाई कर्नल आर्थर वेलिसलि (भावी डिउक आफ् वेलिंगटन)-को ३३ दल पदातिक और ३००० सिपाही ले कर मद्रास भेज दिया। आखिर टीपूके साथ एक मीमांसा करनेके लिये वे स्वयं मद्रास पहुंचे। कर्नल डोभटन बड़े लाटका पत्र पा कर पहलेहीसे टीपूके पास चले गये थे। इस पत्रमें यही लिखा गया था कि, जिससे फरासीसियोंसे टीपूका कुछ सम्बन्ध न रहे।

टीपूने कर्नलके साथ मुलाकात नहीं की। कहला भेजा कि, "अंग्रेजोंके साथ पहले जो सन्धि हुई है, वही यथेष्ट है। हम अंग्रेज गवर्मेण्टके हमेशा ही मित्र हैं।" इधर उन्होंने फरासीसी गवर्मेण्टको सेना भेजनेके लिए तथा अफगानके राजा जमानशाहको भारतमें आ कर धर्मयुद्धकी घोषणा करनेके लिए अनुरोध किया।

टीपूको ऐसा भरोसा था कि फरासीसीगण शीघ्र ही इजिप्ट जय करके भारतमें पदार्पण करेंगे और तो क्या नेपोलियनसे भी उनका पत्रव्यवहार चल रहा था। किसी तरह एक पत्र उसके शत्रुओंके हाथ पड़ गया। अंग्रेजोंने तुरकिस्तानके सुलतानसे पत्र लिखवा कर टीपूको होशियार हो जानेको कहा; किन्तु टीपूने उस पर भ्रूक्षेप भी न किया। १७९८ ई॰, ११ फरवरीको २१००० अंग्रेजी सेना और १०,००० निजामकी सेना बेलूरसे चल दी। इधर पश्चिम उपकूलसे जनरल ष्टुआर्ट और हार्टलिके अधीन ६००० सैन्य अग्रसर हो रही थी। १५ मार्चको जनरल हरिस् बंगलूर आ पहुंचे। १६ मार्चको कोइम्बराज्यकी सीमा पर मदागोर नामक स्थान पर घोरतर युद्ध हुआ। इस युद्धमें टीपूकी २००० सेना नष्ट हो गई।

अब सुलतान अपनी चुनी हुई सेना ले कर प्रबल पराक्रमसे शत्रुकी गतिरोधके लिए अग्रसर हुए। २७ मार्चको मालवल्ली नामक स्थान पर टीपूकी सेना पराजित हो गई। इस पराजयसे टीपू भी भीत और भग्नोत्साह हो गये थे, पिताकी निदारुण वाणी मानो ज्वलन्त अक्षरोंमें उनके स्मृतिपट पर उदय होने लगी। वे तुरंत ही राजधानीको लौट आये। यहां आ कर सुना कि, उनके बहुतसे कर्मचारी उनके विरुद्ध षड्यन्त्र कर रहे हैं। इस समय वे और भी हताश हो गये। किसी किसीने उनसे पुनः अंग्रेजोंसे सन्धि करनेके लिए कहा। पहले तो ये सन्धि करनेके लिए कुछ कुछ राजी भी हुए थे, पर अब सुना कि, अंग्रेज-सेनापति हरिस सुगीला नामक कावेरी नदीके एक गुप्त घाटको पार कर चुके हैं और शीघ्र ही ये श्रीरङ्गपत्तन पर चढ़ाई करेंगे, तब उनके हृदयमें सन्धिके प्रस्तावने स्थान नहीं पाया। इधर लार्ड हरिसने—सेनाकी रसद निबटी जा रही है देख कर तुरंत ही श्रीरङ्गपत्तन पर धावा कर दिया। अंग्रेजोंने भारतवर्षमें ऐसा भीषण युद्ध कभी भी नहीं किया था। ६ अप्रैलसे युद्ध प्रारम्भ हुआ। तीसरे दिन टीपूने—न मालूम क्या सोच कर—सन्धिका प्रस्ताव कर भेजा। किन्तु अंग्रेज सेनापति हरिस २ करोड़ रुपये और आधा राज्य मांग बैठे। इसके प्रत्युत्तरमें टीपूने कहलवा भेजा कि—"इस घृणित प्रस्तावको स्वीकार करनेकी अपेक्षा वीरोंकी भांति मृत्यु ही वाञ्छनीय है। हम वीरके पुत्र हैं, वीरोंकी तरह अपनी सम्मान-रक्षा करना जानते हैं।" उस दिन इन्होंने अपने प्रधान प्रधान अमात्य और कर्मचारियोंको बुला कर कहा—"आज हम अपने जातीय सम्मान और धर्मकी रक्षार्थ आत्म-विसर्जन करेंगे। जो इस कार्यसे डरते हों, वे अभी इस स्थानसे प्रस्थान करें।"

सुलतानके उत्साह भरे वचनोंसे सभी प्राणोंकी ममता छोड़ कर घोरतर युद्धमें प्रवृत्त हुए। अंग्रेजोंने भारतमें ऐसा भीषण युद्ध न देखा था और न सुना ही था। इस युद्धमें दोनों पक्षकी कितनी सेना नष्ट हुई, इसकी कोई शुमार नहीं। २री मईको दुर्ग तोड़नेकी तैयारियां हुई। ४थी मईको चार हजार सेना गड़खाईको पार कर दुर्गको तोड़ने लगी। टीपू सुलतान स्वयं वीरवेशसे

भज कर दुर्गकी रक्षा करने लगी। किन्तु टीपू पर विधाता ही उलटे थे, उनकी सब चेष्टायें व्यर्थ हुईं। अधिकांश दुर्गवासी सायंकालके प्रारम्भमें आत्मसमर्पण करने लगे। दुर्गमें प्रवेश कर शत्रुओंने देखा तो वीर टीपू सुलतानको अपने सम्मान और गौरवके रक्षार्थ रण-शय्या पर हमेशाके लिए सोते पाया। कोई कोई कहते हैं कि, जिस समय टीपू दुर्ग-रक्षार्थ स्वयं युद्ध कर रहे थे, उस समय पीछेसे किसी व्यक्तिने गुप्तभावसे उनको मार दिया था।

कुछ भी हो, अंग्रेज सेनापतिने वीरमदसे आज दुर्भेद्य श्रीरङ्गपत्तनके दुर्गमें प्रवेश किया। यथासमय महासमारोहसे मुसलमान-प्रथानुसार टीपू सुलतानकी मृत-देह समाधिस्थ की गई। वीरनादसे अंग्रेजोंकी तोपें टीपूके सम्मान और श्रीरङ्गपत्तनविजयकी घोषणा करने लगीं। साथ ही महिसूरसे क्षणस्थायी मुसलमान राजत्वका भी अन्त हुआ।

इस युद्धमें जयलाभ करके बड़े लाट मर्निंटन वेलिसृलि उपाधिसे विभूषित हुए। इसी नामसे ये भारत-इतिहासमें प्रसिद्ध हैं। श्रीरङ्गपत्तनदुर्ग जय करके अंग्रेजोंने नगद २ करोड़ रुपये, ८२८ तोपें, ४२४००० पीतल और लोहेके गोले तथा ६५०० मन बारूद पाई थी।

लालबाग नामक उद्यानमें हैदरके समाधि-मन्दिरमें टीपूकी कब्र हुई। टीपू अत्यन्त अत्याचारी, चञ्चल और अस्थिर प्रकृति होने पर भी इनमें बहुतसे सद्गुण थे। ये नित्य नवीन पसंद करते थे। इनके प्रासादसे बहुतसे संस्कृत ग्रन्थ, कुरानोंका अनुवाद और हिन्दुस्तान विशेषतः मुगल-साम्राज्यके इतिहास-मूलक बहुतसी हस्तलिपियाँ मिली हैं, जो कलकत्तेके पुस्तकालयमें सुरक्षित रक्खी गई हैं। वे देशीय शिल्प और पण्डितोंका विशेष समादर करते थे।

टीपू सिर्फ पुस्तक-संग्रह करके ही शान्त नहीं हुए थे। ये स्वयं भी विद्वान् थे। इन्होंने फारसी भाषामें दो ग्रन्थ भी लिखे हैं—एकका नाम है "फरमान बनाम अलीराजा" और दूसरेका "फत-उल् मजाहिदीन।" इसके सिवा ये अपने जीवनकी बहुतसी घटनायें लिख गये हैं।

टीपूका परिवारवर्ग पहले वेलूरमें स्थानान्तरित हुआ था, किन्तु उससे ब्रटिश गवर्मेण्टका सुभीता न हुआ, इसलिए सब कलकत्तेमें लाये गये। इस समय टीपूके घरानेके सभी लोग ब्रटिश गवर्मेण्टकी वृत्ति पाते हैं और कलकत्तेके रसापगला या टालीगञ्ज नामक स्थानमें रहते हैं।

टीबा (हिं० पु०) टीला, भीटा।

टीम (अं० स्त्री०) खेलनेवालोंका दल।

टीमटाम (हिं० स्त्री०) १ बनाव, सिंगार, सजावट। २ पाखंड, तड़क भड़क।

टीला (हिं० पु०) १ पृथ्वीका तलसे ऊँचा भाग, भीटा। २ मट्टी या बालूका ऊँचा ढेर। ३ छोटी पहाड़ी।

टीस (हिं० स्त्री०) ठहर ठहर कर होनेवाली पीड़ा, कसक चसक।

टीसना (हिं० क्रि०) ठहर ठहर कर दर्द उठना, कसक होना।

टुंगना (हिं० क्रि०) १ कुतरना, कोमल पत्तियोंको दांतसे काटना। २ कुतर कर चबाना।

टुंच (हिं० वि०) क्षुद्र, तुच्छ, टुच्चा।

टुंटा (हिं० वि०) जिसके हाथ न हो, लूला।

टुंड (हिं० पु०) १ छिन्न वृक्ष, वह पेड़ जिसकी डाल टहनी कट गई हो, ठूँठ। २ पत्तियोंसे रहित वृक्ष, बिना पत्तेका पेड़। ३ कटा हुआ हाथ, लूला। ४ एक प्रकारका प्रेत। प्रवाद है कि यह प्रेत घोड़े पर चढ़ कर अपना कटा हुआ सिर आगे रख कर रातको निकलता है।

टुंडा (हिं० वि०) १ ठूँठा, जिसमें डाल टहनी न हो। २ जिसके हाथ न हो, लूला, लुंजा। ३ एक सींगका बैल, डूँडा। (पु०) ४ वह मनुष्य जिसके हाथ कट गये हों, लूला आदमी। ५ एक सींगका बैल।

टुंडी (हिं० स्त्री०) १ सुरक, भुआ, बाहुदंड। (वि०) २ लूली जिसे हाथ न हो।

टुइयाँ (हिं० स्त्री०) १ तोतेकी एक नीच जाति, सुग्गी। इसकी चोंच पीली और गरदन बैंगनी रंगकी होती है। (वि०) २ नाटा, बौना।

टुइल (अं० स्त्री०) एक तरहका सूती कपड़ा। यह

बहुत मुलायम होती है और इसके अच्छे अच्छे कुर्ते, कमीज इत्यादि बनते हैं।

टुक (हिं॰ वि॰) किञ्चित्, तनिक, ज़रा, थोड़ा।

टुकड़गदा (हिं॰ पु॰) १ घर घर रोटीका टुकड़ा मांगनेवाला आदमी, भिखारी। (वि॰) २ तुच्छ, नीच। ३ अत्यन्त निर्धन, बहुत गरीब, कंगाल।

टुकड़गदाई (हिं॰ पु॰) १ टुकड़गदा देखो। (स्त्री॰) २ टुकड़ा मांगनेका काम।

टुकड़तोड़ (हिं॰ पु॰) पराश्रित मनुष्य, वह आदमी जो दूसरेका दिया हुआ टुकड़ा खा कर रहता है।

टुकड़ा (हिं॰ पु॰) १ खण्ड, छिन्न अंश, रेज़ा। २ चिह्न आदिके द्वारा विभक्त अंश, भाग, हिस्सा। ३ रोटीका टुकड़ा, ग्रास, कौर।

टुकड़ी (हिं॰ स्त्री॰) १ खण्ड, छोटा टुकड़ा। २ कपड़ेका टुकड़ा, थान। ३ समुदाय, मंडली। ४ पशु-पक्षियोंका दल, झुंड, जत्था। ५ सेनाका एक भाग।

टुकनी (हिं॰ स्त्री॰) टोकनी देखो।

टुकरी (हिं॰ स्त्री॰) १ एक कपड़ा जो मलमलकी तरहका होता है। २ टुकड़ी।

टुचलाना (हिं॰ क्रि॰) १ मुँहमें रख कर धीरे धीरे कूँचना, चुभलाना। २ जुगाली करना, पागुर करना।

टुच्चा (हिं॰ वि॰) तुच्छ, नीच।

टुटका (हिं॰ पु॰) टोटका देखो।

टुटनी (हिं॰ स्त्री॰) झारीकी पतली नली, छोटी टोंटी।

टुटपुँजिया (हिं॰ वि॰) थोड़ी पूँजीका, कम औकातका।

टुटरूँ (हिं॰ पु॰) छोटी पंडुकी, छोटी फाख्ता।

टुटरूँटूँ (हिं॰ स्त्री॰) १ पंडुकीकी बोली। (वि॰) २ अकेला। ३ कमजोर, दुबला पतला।

टुटुका (हिं॰ स्त्री॰) चमड़ेसे मढ़ा हुआ एक बाजा।

टुड्डी (हिं॰ स्त्री॰) १ नाभि, ठोढ़ी। २ टुकड़ी, डली।

टुण्टुक (सं॰ पु॰) टुण्टु इत्यव्यक्तशब्दं करोति कंक। १ पक्षीविशेष, एक चिड़ियाका नाम। २ श्योनाकवृक्ष सोनापाठा, अरलु। ३ कृष्ण खदिरवृक्ष, काला खैरका पेड़। (स्त्री॰) ४ टङ्किणोवृक्ष (त्रि॰)। ५ अल्प, थोड़ा। ६ क्रूर, कठोर।

टुण्टुका (सं॰ स्त्री॰) १ टङ्किणोवृक्ष। २ पाट

टुनका (हिं॰ पु॰) एक प्रकारका रोग। इसमें मूत्रस्र अधिक होता और उसके साथ धातु भी गिरता है।

टुनकी (हिं॰ स्त्री॰) धानकी फसलको नुकसान कर वाला एक परदार कीड़ा।

टुनगा (हिं॰ पु॰) डालका अग्रभाग टहनीका अग हिस्सा।

टुनगी (हिं॰ स्त्री॰) टहनीका अगला भाग जिस पत्तियाँ छोटी और मुलायम होती हैं।

टुण्टाका (सं॰ स्त्री॰) तालमूली वृक्ष, मुसली।

टुरा (हिं॰ पु॰) फल लगनेका काल।

टुर्रा (हिं॰ पु॰) वह रसीद जो रुपये पाने पर लि दी जाती है।

टुर्री (हिं॰ पु॰) कण, टुकड़ा, डली दाना।

टुलड़ा (हिं॰ पु॰) पूरबी बङ्गाल और आसाममें होने वाला एक प्रकारका बाँस।

टुसकना (हिं॰ क्रि॰) टसकना देखो।

टूँ (हिं॰ स्त्री॰) गुदमार्गसे वायु निकलनेका शब्द, प नेकी आवाज।

टूँगना (हिं॰ क्रि॰) १ कोमल पत्तियोंको दाँतसे काट कुतरना। २ कुतर कर चबाना।

टूँड (हिं॰ पु॰) १ मच्छड़, मक्खी, टिड्डे आदि कीड़े मुंहके आगे निकली हुई दो पतली नलियाँ। ये बाल तरह पतली होती हैं। ये इन्हें धँसा कर रक्त च चूसते हैं। २ वह पतला अवयव जो जौ, गेहूँ, अ आदिकी बालमें दानोंके कोशके सिरे पर निकला रह है, सींग, सींगुर।

टूँड़ी (हिं॰ स्त्री॰) १ टूँड़ देखो। २ नाभि, ढोंढ़ी। गाजर, मूली आदिकी नोक। ४ किसी वस्तुको दूर त निकली हुई नोक।

टूक (हिं॰ पु॰) खण्ड, टुकड़ा।

टूका (हिं॰ पु॰) १ खण्ड, टुकड़ा। २ रोटीका टुकड़ ३ रोटीके चार भागोंमेंसे एक भाग। ४ भिक्षा, भीख

टूट (हिं॰ स्त्री॰) १ टूट कर अलग हो गया हु अंश, खण्ड, टूटन। २ टूटनेका भाव। ३ भूलसे छु हुआ वह शब्द या वाक्य जो पीछेसे किनारे पर लि दिया जाता है।

टूटना (हिं॰ क्रि॰) १ खण्डित होना, भग्न होना टुकड़े टुकड़े होना। २ किसी अङ्गके जोड़का उखड़ जाना। ३ चलते हुए क्रमका भङ्ग होना, सिलसिला बंद होना जारी न रहना। ४ झपटना, झुकना। ५ दल बांधकर आना, पिल पड़ना। ६ आक्रमण करना एकबारगी धावा करना। ७ अकस्मात् प्राप्त होना, हठात् कहींसे आ जाना। ८ पृथक् होना, अलग होना। ९ किसी स्थानका शत्रुके अधिकारमें जाना। १० क्षीण होना, दुबला पड़ना। ११ फलोंका एकत्र करना। १२ शरीरमें दर्द होना। १३ निर्धन होना, कंगाल होना। १४ बंद हो जाना। १५ हानि होना, टोटा या घाटा होना। १६ रुपयेकी बाकी पड़ना, वसूल न होना।

टूटा (हिं॰ वि॰) १ भग्न, खण्डित, टुकड़े किया हुआ। २ क्षीण, शिथिल, कमजोर, दुबला। ३ धनहीन, दरिद्र, कंगाल।

टूनरोटी (हिं॰ स्त्री॰) चुंगो।

टूम (हिं॰ स्त्री॰) १ आभूषण, गहना। २ सुन्दर स्त्री, खूबसूरत औरत। ३ धनी स्त्री, मालदार औरत। ४ चालाक और चतुर मनुष्य। ५ धक्का झटका। ६ व्यङ्ग, ताना।

टूरनामेण्ट (अं॰ पु॰) इनाम मिलनेवाला एक खेल।

टूसा (हिं॰ पु॰) खण्ड, टुकड़ा।

टूसी (हिं॰ स्त्री॰) जो फूल अच्छी तरह खिला न हो, कली।

टें (हिं॰ स्त्री॰) तोतेकी बोली।

टेंकिका (हिं॰ स्त्री॰) तालका एक भेद।

टेंगड़ा (हिं॰ पु॰) टेंगरा देखो।

टेंगना (हिं॰ स्त्री॰) टेंगरा मछली।

टेंगर (हिं॰ स्त्री॰) टेंगरा हीकी तरहकी एक मछली। यह टेंगरासे कुछ बड़ी होती है।

टेंगरा (हिं॰ स्त्री॰) भारतवर्षके अनेक स्थानोंमें विशेष कर अवध, विहार और बङ्गालके उत्तरके जलाशयोंमें पाई जानेवाली एक प्रकारकी मछली, (Macrones vittatus) इसकी गरदन शरीरके सब अङ्गोंसे बड़ी और पोछेकी पतली होती है। इसके शरीरमें सोहरा नहीं होता और मुंहके किनारे लम्बी मूंछें होती हैं। इस मछलीके कई भेद होते हैं। सबोंके शरीरमें तीन कांटे होते हैं, दो अगल बगलमें और एक पोठमें। जब यह क्रुद्ध हो कर मनुष्योंको बिंधती है तो बहुत देर तक वे दर्दसे बेचैन रहते हैं। सबसे बड़ी विलक्षणता इस मछलीमें यह है कि यह मुंहसे गुनगुनाहटके जैसा एक प्रकारका शब्द निकालती है। इनके आकार और आयतनमें बहुत विभिन्नता है। कोई कोई ४।५ इञ्च और कोई ८।१० इञ्च लम्बी होती है। मन्द्राजको टेंगरा मछली काली किन्तु बङ्गालकी रुपयेके समान सफेद रङ्गकी होती है। इसका स्वाद बहुत बढ़िया होता है।

टेंघुना (हिं॰ पु॰) घुटना।

टेंघुनी (हिं॰ स्त्री॰) टेंघुना देखो।

टेंट (हिं॰ स्त्री॰) १ कमर पर पड़ी हुई धोतीकी मंडलाकार ऐंठन। इसमें मनुष्य कभी कभी रुपया पैसा भी रखते हैं। २ कपासको ढोंढ़। ३ करोल। ४ पशुओंके शरीर पर एक प्रकारका घाव। यह घाव देखनेमें तो सूखा मालूम पड़ता है, पर उसमेंसे समय समय पर रक्त बहा करता है।

टेंटड़ (हिं॰ पु॰) टेंटर देखो।

टेंटर (हिं॰ पु॰) आंखके डेले परका उभरा हुआ मांस जो रोग या चोटके कारण होता हो।

टेंटा (हिं॰ पु॰) एक बड़ा पक्षी। इसकी चोंच एक बिलस्तकी और पैर डेढ़ हाथ तक ऊंचे होते हैं। इसके समूचे शरीरका वर्ण चितकबरा पर, चोंच काली होती है।

टेंटार (हिं॰ पु॰) टेंटा देखो।

टेंटी (हिं॰ स्त्री॰) १ करील। २ करीलका फल, कचड़ा।

टेंटू (हिं॰ पु॰) श्योनाक, सोनापाठा।

टेंटुवा (हिं॰ पु॰) १ गला, घेंटू। २ अंगूठा।

टेंटें (हिं॰ स्त्री॰) १ तोतेकी बोली। २ व्यर्थकी बकवाद, हुज्जत।

टेंहु (हिं॰ स्त्री॰) टेंह देखो।

टेउकी (हिं॰ स्त्री॰) १ वह वस्तु जो किसी वस्तुको लुढ़कने या गिरनेसे बचानेके लिये उसके नीचे लगी रहती है। २ तानेकी डांड़ोंमें लगी हुई जुलाहोंकी एक लकड़ी।

यह उसमें इसलिये लगाई जाती है जिसमें ताना जमीन पर न गिरे।

टेक (हिं० स्त्री०) १ किसी भारी वस्तुको अड़ाए या टिकाए रखनेका खंभा, चाँड़, थम। २ सहारा, श्रोठने-की चीज। ३ आश्रय, अवलम्ब। ४ बैठनेका ऊँचा चबूतरा। ५ दृढ़संकल्प, अड़, हठ, जिद। ६ संस्कार, आदत, बान। ७ बार बार गाये जानेका गीतका पद, स्थायी। ८ छोटी पहाड़ी, ऊँचा टीला।

टेकचन्द—सरहिन्दवासी एक हिन्दू कवि। इनके पिताका नाम बलराम था। इन्होंने उर्दू भाषामें 'गुलदस्ते इश्क' नामक ग्रन्थकी रचना की है। इस ग्रन्थमें आदिसे अन्त तक कामरूपका इतिहास भरा है। ये आलमगीरके समयमें विद्यमान थे।

टेकचन्द मुन्शी—एक हिन्दू कवि। इनका कविता-सम्बन्धीय नाम बहार था। क्षत्रिय होने पर भी इनकी बनाई हुई सभी किताबें उर्दूमें हैं। यों तो इन्होंने बहुत-सी किताबें रची हैं, मगर फारसी मुहावरेकी किताब "बहार अंजाम" और "नवादिर-उल-मासदिर" मशहूर हैं। पहली किताब १७३८ ई०में और दूसरी १८५२ ई०में रची गई है। उक्त दो पुस्तकोंके सिवा ये "अखताल जरूरत" नामक एक और भी पुस्तक बना गये हैं।

टेकन (हिं० पु०) किसी भारी चीजको टिकाए रखनेके लिये उसके नीचेमें लगाई जानेवाली वस्तु, अटकन, रोक।

टेकना (हिं० क्रि०) १ सहारा लेना, आश्रय बनाना। २ ठहराना। ३ सहारेके लिये थामना। ४ हाथका सहारा लेना। ५ एक प्रकारका जंगली धान, चनाव।

टेकनी (हिं० स्त्री०) टेकन देखो।

टेकर (हिं० पु०) १ टीला, ऊँचा धुस्स। २ छोटी पहाड़ी।

टेकरी (हिं० स्त्री०) टेकर देखो।

टेकली (हिं० स्त्री०) वह यन्त्र जिससे कोई चीज उठाई या गिराई जाती है।

टेकान (हिं० पु०) १ टेक, चाँड़, थम। २ ऊँचा चबूतरा या खंभा। इस पर बोझा ढोनेवाला अपना बोझा रख कर कुछ काल तक आराम लेता है, धरम ढोका।

टेकाना (हिं० क्रि०) १ किसी वस्तुको ले जानेमें सहारा देनेके लिये थामना। २ सहारा देनेके लिये थामना।

टेकानी (हिं० स्त्री०) वह लोहेकी कील जो पहियेको रोकनेके लिए लगी रहती है, किल्ली।

टेकी (हिं० पु०) १ प्रतिज्ञा पर दृढ़ रहनेवाला। २ दुराग्रही, हठी, जिद्दी।

टेकुआ (हिं० पु०) १ काते हुए सूतका लपेटनेका चरखेका तकला। २ वह वस्तु जिससे कोई चीज अड़ाई जाती है। ३ गाड़ीको ऊपर ठहराये रखनेकी एक लकड़ी। यह उसी समयमें काम आती है जब गाड़ीसे एक पहिया निकाल लिया जाता है।

टेकुरी (हिं० स्त्री०) १ वह सूआ जिसमें फिरकी लगी रहती है। इसके घूमनेसे फँसी हुई रूईका सूत कात कर लिपटता जाता है, सूत कातनेका तकला। २ रस्सी बटनेका तकला। ३ तागा खींचने और निकालनेका चमारोंका सूआ। ४ मूर्त्ति बनानेवालोंका एक औजार। इससे वे मूर्त्तिका तल साफ और चिकना करते हैं। ५ जुलाहोंकी एक फिरकी। यह बाँसकी डाँड़ीके एक छोर पर लाह लगा कर बनाई जाती है और इसकी नोकमें रेशम फँसाया रहता है। ६ सोनारोंकी सलाई जो गोप नामका गहना बनानेके काममें आती है। इससे तार खींच कर फंदा दिया जाता है।

टेकली—मन्द्राजके गञ्जाम जिलान्तर्गत इसी नामकी जमींदारी तहसीलका एक शहर। यह अक्षा० १८° ३०´ उ० और देशा० ८४° १४´ पू०, इच्छपुरसे ५ मीलकी दूरी पर अवस्थित है। टेकली राज्यके प्राचीन अधिपति रघुनाथ देवके स्मारकमें कोई कोई इसे, रघुनाथपुरम् भी कहते हैं। लोकसंख्या प्रायः ७५५० है। वर्तमान सम्राट्के राज्याभिषेककी यादगारीमें यहां टाउनहाल बनाया गया है।

टेंचिन (अं० पु०) एक प्रकारका काँटा। इसके एक ओर माथा और दूसरी ओर पेच और ढिबरी होती है।

टेढ़ (हिं० पु०) १ वक्रता, टेढ़ापन। २ नटखटी, ऐंठ, अकड़।

टेढ़बिड़ंगा (हिं० वि०) वक्र, टेढ़ा, बेडौल।

टेढ़ा (हिं० वि०) १ वक्र, कुटिल, जो एक सीधमें न

गया हो। २ जो समानान्तर न गये हों, तिरछा। ३ कठिन, मुश्किल, पेचीला। ४ उद्दत, उग्र, उज्जड़।

टेढ़ई (हिं॰ स्त्री॰) वक्रता, टेढ़ापन।

टेढ़ापन (हिं॰ पु॰) टेढ़ाई देखो।

टेढ़े (हिं॰ क्रि॰-वि॰) पेचीला।

टेना (हिं॰ क्रि॰) १ तेज करनेके लिये रगड़ना। २ मूछके बालोंको खड़ा करनेके लिये ऐंठना।

टेनिस (अं॰ पु॰) गेंदका एक खेल।

टेनिसन (लॉर्ड अलफ्रेड)—१९वीं शताब्दीके सर्वश्रेष्ठ अंग्रेज कवि। १८०८ ई॰ ता॰ ६ अगस्तको लिनकलन शायरके अन्तर्गत सोमार्सबी नामक स्थानमें आपका जन्म हुआ था। आप अपने पितामाताके १२ पुत्रपुत्रियोंमें चतुर्थ पुत्र थे। आपके पितामह जॉर्ज टेनिसनने, जो पार्ल्यामेण्टके सदस्य थे, अपने पुत्रको त्याग दिया था; इस कारण कविके पिताको अपने जीवनमें अपनी ही कोशिशसे धनोपार्जन करना पड़ा था। लिनकलनशायरकी शस्यश्यामला भूमि, छोटी छोटी नदियों और वन, उपवन आदिकी प्राकृतिक शोभाको देखते देखते बचपनसे ही टेनिसनमें कवि-प्रतिभा जाग उठी थी। यही कारण है कि आपने बाल्यावस्थामें ही कविता बनाना प्रारम्भ कर दिया।

१८१५ ई॰को बड़े दिनकी छुट्टियोंके बाद आप लाउथके विद्यालयमें भरती हुए। इस विद्यालयमें पाँच वर्ष अध्ययन करनेके बाद आप सोमार्सबी लौट आये और अपने पिताके पास पढ़ने लगे। आपके पिता ख्रीष्ट धर्मसम्प्रदायके एक उच्चश्रेणीके पुरोहित थे—उनके मकानमें नाना प्रकारके ग्रन्थोंसे परिपूर्ण एक पाठागार था। यहाँ रहते समय बालक टेनिसनका साहित्यके साथ इतना घनिष्ट सम्बन्ध हो गया था, कि कवि बायरनका मृत्यु संवाद सुन कर आप अत्यन्त दुःखित हुए थे। आपने वनमें जा कर एक काठके ऊपर खोद दिया—"बायरन आज मर गये।" टेनिसनको पहलेसे ही साहित्य-चर्चाका शौक था। बारह वर्षकी उम्रमें आपने ६००० पंक्तियोंका एक महाकाव्य रचा था; चौदह वर्षकी अवस्थामें अमित्राक्षर छन्दमें एक नाटक लिखा था। ये दोनों ग्रन्थ आपने उस समय छपाये न थे। टेनिसन-परिवार ग्रीष्मऋतुमें समुद्रके किनारे रहता था, इस कारण कविको बाल्यकालमें ही समुद्रकी शोभा पसन्द थी। कवि एवं समालोचक मि॰ फिज जेरल्डने ठीक ही कहा है कि "आपकी कविको स्वाभाविक प्रीति लिनकलनशायरके प्राकृतिक सौन्दर्यसे ही प्राप्त हुई है।"

१८२७ ई॰में फ्रेडरिक, चार्लस् और अलफ्रेड इन तीनों टेनिसन भ्राताओंने मिल कर एक साथ "दो भाइयोंकी कवितावली" इस नामसे एक पुस्तक निकाली। चार्लस और अलफ्रेडकी कविताएँ अधिक होनेके कारण पुस्तकका नाम "दो भाइयोंकी कवितावली" रक्खा गया था इस पुस्तकको बेच कर इन्होंने बीस पौण्डका लाभ उठाया था। मिल्टनके विश्वविख्यात महाकाव्य "पराडाइस लष्ट"के बेचनेमें कुल ५ पौण्ड प्राप्त हुए थे, इसकी तुलनामें टेनिसनका लाभ बहुत ज्यादा है।

१८२८ ई॰को २० फरवरीको चार्लस और अलफ्रेड केम्ब्रिजके ट्रिनिटि कालेजमें प्रवेशिका परीक्षामें उत्तीर्ण हुए। दोनों भाई जरा नाजुक प्रकृतिके थे, पहले ये किसीसे मित्रता न कर सके थे। किन्तु अब कुछ ही दिनोंमें इनको कई एक प्रतिभासम्पन्न युवकोंसे मित्रता हो गई, जिनमें ट्रेञ्च, लॉर्ड हाफटन, जेम्स् स्पेडिं, डब्ल्यु॰ एइच॰ टमसन, एडवर्ड फिज् जेरल्ड आदि प्रसिद्ध प्रसिद्ध व्यक्ति भी थे। १८२९ ई॰के जून मासमें "टिमबुक्टू" नामकी कविता पर टेनिसनको चान्सेलरका पदक प्राप्त हुआ था। इसी समय आपने कुछ गीति-कविताएँ लिखी थीं जो कि प्रशंसनीय हैं। १८३० ई॰में इनमेंसे कुछ कविताएँ प्रकाशित हुईं। कवि बायरनकी मृत्युके बाद छः वर्ष तक अंग्रेज जातिको काव्यरसका आस्वाद नहीं मिला था, अब इक्कीस वर्षके युवक कविके काव्यालोकसे परिचित हो लोग अपनेको धन्य समझने लगे। नवीन कविका कल्पनाके सुकुमार भाव, छन्दकी मधुर गति और चित्रकलाका अपूर्व समावेश देख कर सब समझ गये कि इङ्गलैण्डमें फिर एक प्रतिभावान् कविका अभ्युदय हुआ। तदानीन्तन सुप्रसिद्ध कवि कोलरिजने आपकी कविताओंकी बहुत ही प्रशंसा की, साथ ही जहाँ जहाँ छन्दपतन हुआ था, उसका भी दिग्दर्शन करा दिया।

१८३० ई॰में टेनिसन और हलाम दोनों स्पेनिश

विद्रोही टोरीजोसके दलमें जा मिले, परन्तु किसी नवयुवकसे भेंट न होनेके कारण पिरेनीसमें भ्रमण करने लगे। टेनिसनने इङ्गलैण्ड आ कर देखा कि उनके पिता रोगशय्या पर पड़े हैं। आपने केम्ब्रिज छोड़ दिया (फरवरी १८३१)। इसके कुछ दिन बाद ही आपके पिताका देहान्त हो गया।

आपके पिताके स्थान पर जो पुरोहित बन कर आये थे, उन्होंने टेनिसन परिवारको छ वर्ष तक रेक्टरीमें ही रहने दिया। इस समय आर्थर हलम टेनिसनकी बहन पर आसक्त हो गये और उनके साथ विवाह सम्बन्ध भी पक्का हो गया। इसलिए आर्थर अकसर करके सोमार्सबीमें आया करते थे, आपका यह समय बड़े सुखसे व्यतीत हुआ था। इसके सिवा आप व्यायाममें भी शामिल हुआ करते थे। इसीलिए ब्रुकफिल्डने कहा था कि "तुम एक ही साथ हरक्यूलिस और आपोलो दोनों बनना चाहते हो, सो हो नहीं सकता।" १८३१ ई०के बादसे आपकी एक आंखमें बीमारी हो गई। १८३० से ३३ ई० तक आपने जो कविताएँ बनाई थीं वे सब १८३२ ई०के अन्तमें प्रकाशित हुईं। चौबीस वर्षसे कम उम्रवाले युवक ऐसी सुन्दर कविताएं बहुत कम ही बना सके हैं। आपकी ये कविताएँ अब इङ्गलैण्डमें घर घर पढ़ी जाती हैं—"The Lady of the Shalott," "The Dream of Fair Women," "Oenone," "The Lotos-Eaters," "The Palace of Art," 'The Miller's Daughter" इत्यादि ये कविताएं १८३० ई०की कविताओंकी अपेक्षा इतनी स्वतन्त्र कोटीकी हैं, कि तुलना करनेसे दोनों भिन्न भिन्न कवियोंकी रचना मालूम पड़ने लगती है। परन्तु तदानीन्तन सुप्रसिद्ध समालोचक-पत्रने आपकी कविताओंका बड़े तीव्र और कठोर भावसे उपहास किया था। यदि आप इस आक्रमणसे डर कर साहित्य-क्षेत्रसे अवसर ग्रहण करते, इङ्गलैण्डके जातीय साहित्यकी सचमुच ही अवनति होती, इसमें सन्देह नहीं।

१८३४ ई०में आपने "The Two Voices" लिखा और बन्धुके वियोगमें "In Memoriam" का सूत्रपात कर दिया। "Idylls of the King" भी इसी समय प्रारम्भ किया था। इस समय आप झरनेके किनारे जाते और डार्टमोरमें कोलरिजको देखा करते थे, पर उनके साथ बातचीत करनेका साहस न होता था। अब इनके मनकी अवस्था ऐसी हो गई कि इन्हें अपनी ख्याति, प्रतिपत्ति या सामाजिक अवस्थाका कुछ भी ख्याल न रहा। १८३७ ई०में टेनिसन-परिवार रेक्टरीसे निकाल दिया गया और हाई बीच नामक स्थानमें पहुँचा।

१८४२ ई०में, दस वर्ष तक निस्तब्ध रहनेके बाद टेनिसनने दो खण्डोंमें अपनी कुछ कविताएँ प्रकाशित की। इसीमें Morte d' Arthur, Dora and other Idylls आदि कविताएं प्रकाशित हुई थीं। इनमें इंगलैण्डके गार्हस्थ्य-जीवनका चित्र बड़ी खूबीके साथ खींचा गया है। इसी समयसे आपका नाम श्रेष्ठ-कवियोंमें गिना जाने लगा। इस बीचमें आप बहुत बीमार हो गये थे। १८४५ ई०में ऐतिहासिक हलमकी कोशिशसे इंगलैण्डके सुप्रसिद्ध प्रधानमन्त्री सर रबार्ट पीलने टेनिसनके लिए वार्षिक दो सौ पौण्डकी वृत्ति निर्धारित कर दी। १८४६ ई०में आपने "प्रिन्सेस" नामका एक काव्य बनाया। १८४७ ई०में इनका पुन: स्वास्थ्य बिगड़ गया। बीमारीकी हालतमें आपने कहा था—"तुम लोग मुझे पढ़नेसे भी रोकते हो, विचारनेके लिये भी मना करते हो, इससे तो मुझे जीनेसे रोक दो तो अच्छा।" डा० गुल्लीकी नव प्रणालीकी चिकित्सासे आप आरोग्य हो गये। इसके बाद "प्रिन्सेस" प्रकाशित हुआ। पीछेसे इसमें आपने कुछ परिवर्तन भी किया था।

१८५० ई० ता० १३ जूनको एमिलि सारा सेलवुडके साथ आपका विवाह हो गया। इस समय आपकी उम्र ४१ और स्त्रीकी ३७ वर्षकी थी। इसके बाद आपके सुखके दिन आये। १८५० ई०में कवि वार्डसवार्थकी मृत्युके बाद १८ नवेम्बरको महारानी विक्टोरियाने आपको राजकविका सम्मान दिया। इसके बाद आप निर्जन-स्थानमें रहने लगे। लोग इनकी खबर लेनेके लिये आग्रहान्वित होते थे, किन्तु उन्हें विशेष हाल मालूम न होता था।

१८५९ ई०में आपने "Idylls of the King" का प्रथम भाग प्रकाशित किया। एक महीनेमें इसकी १० हजार प्रति बिक गई। १८७५ ई०में आपने "क्वीन

मेरी" नामक एक नाटक प्रकाशित किया, सर हेनरी आरभिङने इसका अभिनय किया था। १८७६ ई०में "हेरल्ड" और १८७८ ई०में 'The Revenge' प्रकाशित हुआ। १८८३ ई०में ग्लाडष्टोनके साथ आप भ्रमणको निकले। इसके बाद ग्लाडष्टोनने प्रधान मन्त्रीकी हैसियतसे आपको लार्डकी उपाधि दी। १८८४ ई०में आपका ऐतिहासिक नाटक "Becket" प्रकाशित हुआ। १८९२ ई०में 'अकबरका स्वप्न' नामक एक बहुत ही उमदा कविता प्रकाशित हुई। १८९२ ई० ता० ६ अक्टोबरकी रातको ८४ वर्षकी अवस्थामें आपको मृत्यु हो गई।

टेनी (हिं० स्त्री०) छोटी उँगली।

टेपारा (हिं० पु०) टिपारा देखो।

टेबुल (अं० पु०) मेज़।

टेम (हिं० स्त्री०) १ दीपककी ज्योति: दियेकी लौ। (पु०) २ समय, वक्त।

टेमन (हिं० पु०) साँपका एक भेद।

टेमा (हिं० पु०) छोटी घंटिया जो कटे हुए चारेकी बनाई जाती है।

टेर (हिं० स्त्री०) १ गानेमें ऊँचा स्वर, तान, टीप। २ पुकारनेकी आवाज, बुलाहट। ३ निर्वाह, गुजर।

टेर—मैनपुरी जिलेके एक कवि। ये १८३१ ई०में जन्म ग्रहण किया था।

टेरक (सं० त्रि०) केकर पृषोदरादित्वात् साधुः। वक्रचक्षु, ऐंचा, भेंगा। इसके पर्याय—वलिर, केकर और केदर है।

टेरना (हिं० क्रि०) १ तान लगाना, जोरसे गाना। २ पुकारना, बुलाना। ३ पूरा करना, निबाहना। ४ व्यतीत करना, बिताना, गुजारना।

टेरवा (हिं० पु०) हुक्केको नली।

टेरा (हिं० पु०) १ अंकोलका पेड़, टेरा। २ वृक्षस्तम्भ, धड़, तना। ३ शाखा। (वि०) ४ ऐंचाताना, टेपरा।

टेराकोटा (अं० पु०) १ पकी हुई मट्टीके जैसा रङ्ग, ईंटकोहिया रङ्ग। २ पकी हुई मट्टी। इससे मूर्तियां, इमारतोंमें लगानेके लिये बेलबूटे आदि बनते हैं।

टेरा (हिं० स्त्री०) १ पतली शाखा, टहनी। २ बह मूँज जिससे दरी बुनी जाती है। ३ एक पौधा। इसकी कलियां रङ्गने और चमड़ा सिझानेके काममें आती हैं। ३ बकमको कली।

टेरी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका सरसों, उलटो।

टेलिग्राफ़ (अं० पु०) यह शब्द Tele और grapho इन दो ग्रीक शब्दोंसे उत्पन्न हुआ है; इसका मौलिक अर्थ है दूरलिपि। जिसमें किसी यन्त्रादिके द्वारा बहुत दूर तक इशारेसे संवाद आदि भेजे जाते हैं, उसको टेलिग्राफ़ (वा तार) कहते हैं। बहुत प्राचीनकालमें अग्निके द्वारा सङ्केतादि बहुत दूरवर्ती स्थान तक भेजे जाते थे। उसके बाद इस कामके लिये नाना प्रकारकी पताका, लालटेन, नीलोचिराग आदि दृश्यमान चिह्न तथा बन्दूककी आवाज, भेरीध्वनि, घड़ी और ढक्कावाद्य व्यवहृत होने लगा। जिस चिह्न द्वारा सङ्केत किया जाता था, उसका अर्थ पहलेसे ही दोनों पक्षवालोंको मालूम रहता था। इसलिए इन सङ्केतों द्वारा कुछ निर्दिष्ट संख्याके सिवा और कुछ अभिप्राय व्यक्त नहीं किया जा सकता। फिलहाल बिजलीके द्वारा ही सर्वत्र टेलिग्राफ़ कार्य सम्पन्न होता है, इसके द्वारा हर एक तरहका संवाद अतिशीघ्र बहुत दूर तक स्पष्टरूपसे भेजा जाता है। इसका विवरण ताड़ितवार्तावह शब्दमें देखो।

यद्यपि ताड़ितवार्तावहके द्वारा संवाद भेजनेके उपाय अति आधुनिक है, किन्तु सङ्केत द्वारा निर्दिष्ट संख्यक संक्षिप्त अभिप्राय दूरस्थानमें व्यक्त करनेकी प्रथा बहुत प्राचीन है। ईसाकी प्रायः ६ठी शताब्दीसे पहले शत्रुके आगमनको जतलानेके लिए उच्चस्थान पर अग्निके निशान देनेकी प्रथाका उल्लेख पाया जाता है। एस्किलस् द्वारा वर्णित आगामेमनके वृत्तान्तके पढ़नेसे मालूम होता है कि, ट्रयनगरकी ध्वंससंवाद श्रेणीबद्ध अनलमाला द्वारा बहु दूरस्थ ग्रीसमें विज्ञापित हुआ था। यही टेलिग्राफ़ द्वारा संवाद-प्रेरणकी सर्वापेक्षा प्राचीनतम घटना है। स्काटलैण्डमें एक गुच्छे काठकी अग्निसे अंग्रेजोंके आनेकी आशङ्का, दोनोंकी जलनेसे यथार्थ आगमन और बराबर बराबर चार अग्नि जलनेसे शत्रुओंकी संख्या बहुत ज्यादा है—ऐसा मालूम होता था। रातको इस तरहकी अग्नि

बहुत दूरसे दिखाई देती थी और दिनको धुएँसे इशारे मालूम पड़ जाते थे। प्रज्वलित मशालको इधर उधर घुमा-फिरा कर अथवा एक बार छिपा कर और फिर दिखा कर इशारे किये जाते थे। पीछे सङ्केतके बदले मशाल आदिके द्वारा अक्षर निर्देश करनेकी प्रथा चली। १६८४ ई०में इंग्लैण्डके डाक्टर रबार्ट हुक(Dr. Robert Hooke)ने ऊँचे स्तंभादि पर बड़े बड़े अक्षरोंकी प्रतिकृति रख कर दूरसे संवाद भेजनेका एक तरीका निकाला। रातको अक्षरोंके बदले चुकने आलोक द्वारा सङ्केतज्ञापन करनेका तरीका निकाला। फलतः उन अक्षरोंको साधारण लोग समझ नहीं पाते थे। इसके प्रायः २० वर्ष बाद आमण्टनने (M. Amonton) फ्रान्समें हुककी भांतिका एक उपाय उद्भावन किया। किन्तु पीछे इन दोनोंके कोई भी अधिक दिन तक नहीं ठहरे। १७८३ वा १७८४ ई०में मि० चापि (M Chappe)ने जिस टेलिग्राफ़का आविष्कार किया था, वही उस समय फरासीसी गवर्मेण्ट द्वारा वहां प्रचलित हुआ था। इसका आकार एक बृहत् T की भांतिका था। इसलिए कभी कभी लोग इसको टी-टेलिग्राफ भी कहा करते हैं। एक सीधी गड़ी हुई लकड़ीके छोर पर दूसरी एक आड़ी लकड़ीके दोनों छोरों पर दो लकड़ियां और लगी होती थी इन लकड़ीके टुकड़ोंको रस्सीसे खींच कर नानारूप अवस्थाओंमें रक्खा जा सकता है। इस तरहसे प्रायः २५५ प्रकारके भिन्न भिन्न आकारों द्वारा २५५ प्रकारके इशारा किये जाते थे। इन इशारोंसे अक्षर या शब्द एक शब्द या वाक्य सभी हो सकते थे। शब्द या वाक्य पुस्तकोंमें लिखे रहते थे और सङ्केतानुसार संख्याके आधारसे उसका अर्थ लगाना पड़ता था। फरासीसी विप्लवके समय इस टेलिग्राफ़के द्वारा बहुत जगह संवाद भेजे जाते थे। दूरबीक्षणकी सहायतासे चिह्न आदि देखे जाते थे। किसी ष्टेशनसे एक तरहका चिह्न दिखाये जाने पर उसी समय परवर्ती ष्टेशनसे भी वही चिह्न दिखाया जाता था, उससे फिर अन्य स्थानमें— इसी तरह शीघ्र अति दूरवर्ती स्थानमें संवाद पहुंच जाय करता था।

मि० चापिके बाद मि० एजवर्थ (Edgeworth)-ने इंग्लैण्डमें इसी तरहका टेलिग्राफ़ आविष्कार किया। इसमें कुछ संख्याएं निर्दिष्ट थीं। प्रत्येक संख्याका पृथक् अर्थ पुस्तकमें लिखा रहता था जो आवश्यकतानुसार ढूंढ़ लेना पड़ता था।

मि० गेम्बलके टेलिग्राफ़में एक बड़े काठकी चौखटके छह प्रकोष्ठोंमें छह दरवाजे संयुक्त होते थे ये किवाड़ इच्छानुसार खोले और बन्द किये जा सकते थे। इनको नाना प्रकारसे खोलने और बन्द करनेकी अवस्थाओंके द्वारा नाना प्रकारके सङ्केतोंसे अक्षरादि सूचित होते थे।

१७९६ ई०में पहले पहल इङ्गलैण्डमें लण्डनसे डोवर तक टेलिग्राफ़ लाइन स्थापित हुई थी। यह टेलिग्राफ़ गेम्बलके टेलिग्राफ़का ईषत् रूपान्तर मात्र था। कहा जाता है कि, इसके द्वारा ७ मिनटमें डोवरसे लण्डनको संवाद भेजा जाता था। १८१६ ई० तक ऐसा टेलिग्राफ़ ही व्यवहृत होता था।

इसके बाद बहुतोंने नानारूप परिवर्तन या उत्कर्षसाधन करके नाना प्रकारकी तरकीबोंका निकालना शुरू किया। फरासीसी लोग इस समयमें एक खुंटो पर दो या तीन हत्थे लगा कर टेलिग्राफ़ करते थे।

पूर्वोक्त नाना प्रकारके सङ्केतोंका अनेक प्रकारसे परिवर्तन करके असंख्य प्रकारके टेलिग्राफ़ इङ्गलैण्ड और यूरोपमें प्रचलित हुए थे। इस प्रकारके सङ्केतादि, दूरस्थ जहाजोंके साथ संवाद आदान प्रदानमें अत्यन्त प्रयोजनीय था। बहुत समय इसकी आवश्यकता अति अपरिहार्य हो जाती थी। जहाजोंमें सङ्केत करनेके लिए प्रधानतः नाना वर्णोंकी भिन्न भिन्न आकारकी पताकाएं व्यवहृत हुआ करती थीं। स्थलभागके टेलिग्राफ़की तरह इसमें भी संख्या आदि निर्दिष्ट थी और अर्थ-पुस्तक द्वारा अर्थका निर्णय होता था। १७९८ ई०में इङ्गलैण्डीय नौ-सेना-विभागसे एक पुस्तक निकली। उसमें प्रायः ४०० वाक्य सङ्केत द्वारा प्रकट करनेकी तरकीबें लिखी थीं। किन्तु यदि कोई संवाद उस ४०० संख्यासे बाहर होता तो उस टेलिग्राफ़से कार्य नहीं चलता था। यह देख कर सर होम पपहम (Sir Hom Popham)-ने पताका द्वारा अक्षर स्थिर करनेकी प्रथा चलाई। इन्होंने नूतन सङ्केतोंका विवरण लिख कर एक पुस्तक कलकत्ते को भेजी। पीछे वह पुस्तक

लण्डनमें परिवर्द्धित और संस्कृत हो कर छपी थी।

कुछ भी हो, ऐसे टेलिग्राफ बहुत समय सहज और सुविधाजनक होने पर भी कभी कभी अस्पष्ट और अकर्मण्य हो जाता था। वायुराशि कुज्झटिकामय होनेसे दूरस्थ सङ्केत दीखता नहीं था। बहुत दूरके शब्द आदि भी सुनाई नहीं पड़ते थे। इसीसे दूरस्थ स्थानका घण्टा बजा कर तथा जल या वायुपूर्ण नलसंयोग करके सङ्केत किये जाते थे। किन्तु ऐसा टेलिग्राफ बहुत समय असम्भव हो जाता था। आखिर ताड़ित अर्थात् बिजलीका आविष्कार और धातुके तारों द्वारा इसका अतिशीघ्र स्थानान्तरमें परिचालनव्यवहार आविष्कृत होने पर टेलिग्राफका युग परिवर्तन हुआ। फिलहाल सर्वत्र इसी तरीकेसे टेलिग्राफ होता है। बेतारके टेलिग्राफका भी आविष्कार हो गया है।

ताड़ितवार्तावह और बेतारका तार देखो।

टेलिग्राम (अं॰ पु॰) वह संवाद जो तारके द्वारा भेजा जाता है।

टेलिफोन (अं॰ पु॰) यह शब्द ग्रीक टेलि=दूर और फोनो=श्रवण करना, इन दो शब्दोंसे उत्पन्न हुआ है। इसका अर्थ दूर-श्रवणयन्त्र है, अर्थात् जिसके द्वारा दूरसे सुना जाय वह यन्त्र।

दो बांस, कागज या टीनके चोंगाका एक तरफसे कागज, चाम या धातुकी पत्ती द्वारा आच्छादित करके मध्यस्थलमें एक लम्बा सूत वा तार बांध दें। इस तरहके दो चोंगोंमेंसे एकमें बात करनेसे दूसरेमें वह हूबहू सुनाई पड़ती है। द्वितीय चोंगको कान पर रखना चाहिये। यह एक प्रकारका सरल टेलिफोन है। इससे थोड़ी दूर तककी बात सुनाई पड़ती है, पर ज्यादा होनेसे शब्द अस्पष्ट हो जाते हैं। इसका नासिकास्वर होता है। नीचे ताड़ितप्रवाह द्वारा जो टेलिफोन होता है, उसका संक्षेपमें वर्णन किया जाता है।

एक चुम्बकदण्डके ऊपर रेशमादि अपरिचालक सूत्र-मण्डित तांबेका तार लपेट कर उस तारके दोनों छोर एक तरफ दो बन्धनी स्क्रूके साथ कसे होते हैं। पीछे यह तार लपेटा हुआ चुम्बक एक नलके बीचमें स्थापित होता है और इसके किनारे एक बहुत पतली लोहेकी पत्ती चुम्बकके अति निकट सट रहती है। लोहेकी पत्ती काठके चोंगके भीतर चारों तरफसे कसा होता है तथा उसके बीचमें चुम्बकको दूसरी तरफ खुला रहता है।

टेलिफोन द्वारा बातचीत करनेके लिए इस तरहके दो यन्त्रोंकी जरूरत होती है, एक कहनेका और दूसरा सुननेका। प्रथमतः उक्त दोनों नलोंको रेशममण्डित तांबेके तारसे संयुक्त करना होगा। एक चुम्बक पर लपेटे हुए तांबेके तारके एक छोरको उक्त बन्धनीके द्वारा एक लम्बे तारके साथ संयुक्त करके दूसरेको एक स्क्रूसे कस देना चाहिये। अन्य दो स्क्रूओंको या तो अन्य तार द्वारा परस्पर संयुक्त करें या प्रत्येकको क्षुद्र तार द्वारा पृथिवीके साथ संयुक्त कर दें। इनमेंसे एक चोंगेसे मुंह लगा कर बात कहनेसे अन्य व्यक्ति दूसरे चोंगेमें कान लगा कर हूबहू शब्द सुन सकता है। इसमें कण्ठस्वर अनेकांशमें क्षीण और ईषत् नासिकासुरकी भांति हो जाने पर भी बहुत दूरसे पूर्वपरिचित स्वर मालूम हो सकता है और बात भी समझी जा सकती है। सागरमध्यस्थ तार द्वारा प्रायः ६०।७० मील तथा स्थलभागस्थ ऊपरके तार द्वारा प्रायः २०० मील तककी दूरीसे दो मनुष्य आपसमें बातचीत कर सकते हैं। यह वैज्ञानिक आविष्क्रिया अतीव आश्चर्यजनक है।

अब जिस तरह दूरवर्ती नलमें प्रतिरूप शब्द उत्पन्न होता है, उसका विवरण लिखा जाता है। शब्द वायुराशिका कम्पन मात्र है। (शब्द देखो।) मुखसे निकली हुई शब्द-तरङ्ग चोंगाके मध्यस्थित वायुराशिको कम्पित करती है और उसके घात प्रतिघातसे तत्संलग्न सूक्ष्म लोहेकी पत्तियां भी स्पन्दित हुआ करती हैं। इस प्रकारका स्पन्दन लोहेकी पत्तियोंका एक बार आगे और एक बार पीछे हटनेके सिवा और कुछ नहीं है। यह स्पन्दन इतना द्रुत और अल्पदूरव्यापी है कि हम उसको देख नहीं सकते। कुछ भी हो इस तरहके स्पन्दनके कारण निकटस्थ चुम्बकदण्डकी शक्ति एक बार ह्रास और एक बार वृद्धि होती है तथा चुम्बकके चारों तरफकी तार-कुण्डलीमें एक बार एक तरफ और एक बार दूसरी तरफ ताड़ित स्रोत उत्पन्न होता है। (चुम्बक देखो।) यह ताड़ित-प्रवाह तार द्वारा दूरस्थ ष्टेशन पर पहुंचता है और

वहाँ चुम्बकदण्डके चारों तरफकी कुण्डलीमें प्रवाहित हो कर एक बार चुम्बककी शक्तिको ह्रास और एक बार वृद्धि करता है। इसलिए उसके पासकी लोहेकी पत्तियाँ एक बार अधिक और एक बार अल्प जोरसे आकृष्ट हो कर स्पन्दित होती रहती हैं. यह स्पन्दन क्षीण होने पर भी प्रथम नलकी पत्तियोंके स्पन्दनके हूबहू अनुरूप होनेसे क्षीणतर होता है, किन्तु अनुरूप शब्द उत्पन्न करता है।

बहुत समय सुभीतेके लिए चुम्बकके स्थान पर लौह-दण्ड दिया जाता है और ताड़ितकोषके साथ संयुक्त करके उसको अस्थायी चुम्बकमें परिणत किया जाता है।

किसी तारमें अति क्षीण ताड़ितप्रवाहको पकड़नेके लिए टेलिफोन व्यवहृत होता है टेलिफोनके तारका ताड़ितप्रवाह साधारण ताड़ित-वार्त्तावहके तारके प्रवाहकी अपेक्षा बहुत थोड़ा होता है। किन्तु उतनेसे ही टेलिफोनमें श्रवण करने योग्य शब्द उत्पन्न होता है। इसलिए उस तारके पास टेलिफोनका तार रहनेसे उसमें विपरीत ताड़ितस्रोत उत्पन्न हो कर टक् टक् शब्द उत्पन्न होता है।

१८७६ ई०में मि० बेलने टेलिफोनका आविष्कार किया था। १८७७ ई०में जर्मन राज्यमें पहले पहल टेलिफोन प्रचलित हुआ था। फिलहाल टेलिफोनका बहुत प्रचार हो गया है। क्या विलायत और क्या हिन्दुस्तान, सर्वत्र बड़े बड़े नगरोंमें धनवान् लोग अपने अपने मकानोंमें टेलिफोन-यन्त्र लगवाते हैं। इसके जरिये बहुत आसानीसे खिलाके सिवा अन्य सभी संवाद भेजे जा सकते हैं। घर घर टेलिफोनसे बात कहनेके लिए एक मकानसे प्रत्येक मकान तक तार नहीं रखना पड़ता। सब मकानोंके टेलिफोनका तार एक साधारण टेलिफोन आफिसमें संयुक्त रहता है वहाँ पर इच्छानुसार कोई भी दो मकानोंके टेलिफोन द्वारा साक्षात् करनेके लिए संयुक्त हो सकता है। बड़े बड़े शहरोंमें इसी तरह टेलिफोनमें तार जोड़े जाते हैं।

टेसी (हिं० पु०) आसाम, कछार, सिलहट और चटगांवमें होनेवाला मझले आकारका एक पेड़। इसकी लकड़ी लाल और मजबूत होती है।

टेव (हिं० स्त्री०) अभ्यास आदत, बान।

टेवकी (हिं० स्त्री०) १ नावका वह छोटा पाल जो सब पालोंसे ऊपरमें रहता है। २ बाँसकी वह लकड़ी जो दोनों छोरों पर कुछ दूर तक चिरी रहती है। जुलाहा डाँड़ोमें इसे इसलिए लगाते हैं कि तागा गिरने न पावे।

टेवा (हिं० पु०) १ जन्मपत्री, जन्मकुण्डली। २ लग्नपत्र। इसमें विवाहकी मिती दिन, घड़ी आदि लिखी रहती हैं। विवाहसे कुछ पहले नाई लड़कीके यहांसे शकुनके साथ इस जन्मपत्रीको ले कर लड़केके पिताको देता है।

टेसू (हिं० पु०) १ पलाशका फूल, ढाकका फूल। २ पलाशका पेड़। ३ लड़कोंका एक उत्सव। इसमें छोटे छोटे लड़के विजयादशमीको तीन लकड़ी और मिट्टीका पुतला बना कर कुछ गाते हुए दरवाजे दरवाजे घूमते हैं। इसी तरह वे पाँच दिन तक घूमा करते हैं और लोगोंसे जो कुछ भिक्षा मिलती उससे वे मिठाई और लावा खरीदते हैं। अन्तिम दिन वे बोए हुए खेतों पर जाते और अनेक तरहके खेल कसरत इत्यादि करते हैं। बाद मिठाई लावा आपसमें बाँट कर शामको घर लौट आते हैं।

टेहरी-१ युक्तप्रदेशके अन्तर्गत एक देशीय राज्य। यह अक्षा० ३०° ३´ से ३१°१८´ उ० और देशा० ७७°४८´ से ७८°२४ पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण ४२०० वर्गमील है। इसके उत्तरमें पञ्जाबके रावित और बशहर राज्य तथा तिब्बत, पूर्व और दक्षिणमें गढ़वाल जिला तथा पश्चिममें देहरादून है। राज्यका अधिकांश गिरिजङ्गलसे आच्छादित है। ऊँचेसे ऊँचे पहाड़की ऊँचाई समुद्रपृष्ठसे २०००० फुटसे ले कर २३००० फुट तक है। राज्यमें गङ्गा और यमुना दोनों नदी प्रवाहित हैं। यहां गङ्गा भागीरथी नामसे प्रसिद्ध है। यह दक्षिण-पश्चिमसे ले कर दक्षिण पूर्व होती हुई देवप्रयागके समीप अलकनन्दासे आ मिली है। बन्दरपूँछ पहाड़के पार्श्व हो कर यमुना नदी बहती है। यह दक्षिण पश्चिम होती हुई राज्यकी पूर्वीय सीमाको चली गई है। उक्त दो प्रसिद्ध नदियोंके उद्गमस्थानके समीप यमनोत्री और गङ्गोत्री प्रसिद्ध तीर्थस्थानोंमें गिनी जाती हैं।

यहांके जङ्गलमें बाघ, चीता, भालू, हरिन तथा तरह तरहके भेंड़े पाये जाते हैं। आबहवा गढ़वाल जिलेकी सी है।

गढ़वाल जिलेके इतिहासको ही इस राज्यका प्राचीन इतिहास कह सकते हैं। एक ही वंशके राजा दोनों देश के शासनकार्य चलाते थे। प्रद्युम्नशाह नामक अन्तिम राजा गोरखायुद्धमें काम आये। लेकिन १८१५ ई०में नेपाल-युद्धके समाप्त होने पर उनके लड़के सुदर्शनशाहने वृटिशगवर्मेण्टसे वर्तमान टेहरी राज्य प्राप्त किया। सन् सत्तावनके गदरमें सुदर्शनशाहने अंगरेजोंको खासी मदद दी थी। १८५८ ई०में इनका देहान्त हुआ। बाद इनके दत्तकपुत्र भवानीशाह राज्यके अधिकारी हुए। इन्हें एक सनद तथा दत्तकपुत्र ग्रहण करनेका अधिकार मिला था। १८७२ ई०में इनके स्वर्गवास होने पर इनके लड़के प्रतापशाह १८८७ ई०में सिंहासनारूढ़ हुए। बाद १८९४ ई०में राजा कीर्तिशाहने टेहरीका सिंहासन सुशोभित किया। इन्होंने नेपालके महाराज जङ्गबहादुरको पोतीको व्याहा था। ये K.C.S.I. उपाधिसे भूषित थे। वर्त्तमान राजाका नाम नरेन्द्रशाह है।

राज्यमें कुल २४५६ ग्राम लगते हैं, शहर एक भी बड़ा नहीं है। लोकसंख्या प्राय: २६८८८५ है। सैकड़े ९८ हिन्दूकी संख्या है। राज्य भरमें केवल एक ही तहसील है।

धान और गेहूं यहांकी प्रधान उपज है। राज्यके पश्चिम कुछ चाय भी उपजाई जाती है। यहांसे देवदार, घी, धान और आलूकी रफ़तनी होती तथा दूसरे दूसरे देशोंसे चीनी, नमक, लोहे, पीतलके बरतन, दाल, मसाले और तेलकी आमदनी होती है।

राज्यमें केवल राजाकी ही पूरी क्षमता है। विचारकार्य वजीरके अधीन है। राजस्व आदिका मामला एक तहसीलदार और तीन डिपटी-कलेक्टरसे ही होता है। तृतीय श्रेणीके दो मजिष्ट्रेट देवप्रयाग और कीर्तिनगरमें रहते हैं। द्वितीय श्रेणीकी सामान्य क्षमताप्राप्त डिपटी कलेक्टरके हाथ और प्रथम श्रेणीकी वजीर तथा एक मजिष्ट्रेटके हाथ है। मृत्युदण्ड केवल राजासे ही दिया जाता है। दीवानी मुकदमा डिपटी-कलेक्टरके इजलासमें पेश होता है। सभी मुकदमोंकी अपील राजा सुनते हैं। राज्यकी आय ३७४०००) रु०की है।

राजाको ११२ पदातिक सैन्य और २ तोपें रखनेका अधिकार है। राज्य भरमें केवल दो अस्पताल और एक कारागार है।

२ उक्त राज्यकी राजधानी। यह अक्षा० ३०°२३´ उ० और देशा० ७८° ३२´ पू०के मध्य भागीरथी तथा भीलिङ्ग नदीके सङ्गम स्थान पर अवस्थित है। लोकसंख्या प्राय: ३३८७ है। यह शहर समुद्रपृष्ठसे २२७८ फुट ऊंचा है। यहां गर्मी बहुत पड़ती है। इस समय राजा शहरसे ८ मील दूर प्रतापनगरमें जा कर रहते हैं। अदालत चिकित्सालय और स्कूलके सिवा यहां अनेक मन्दिर तथा धर्मशालायें भी हैं।

टैमरनियर (जियान बैप्टिष्टा)—प्रसिद्ध यूरोपीय पर्यटक। ये मुगल-साम्राज्यके शेष युगमें भारत-भ्रमणके लिए आये थे। इनके भ्रमणवृत्तान्तसे उस युगके अनेक ऐतिहासिक तथ्य मालूम हो सकते हैं।

टैमरनियरका जन्म १६०५ ई०में सौन्दर्यके अमर निकेतन पारिस नगरीमें हुआ था। इनके पिता एक फ्लेमिश शिल्पीके औरसजात थे और उन्होंने देशभ्रमणमें ही अपना जीवन बिताया था। टैमरनियरने भी पिताका आदर्श सामने रख कर पन्द्रह वर्षकी उम्रमें ही पितासे आज्ञा ले कर देश-भ्रमण प्रारम्भ कर दिया। प्रथमत: आपने यूरोपके भिन्न भिन्न स्थानोंमें परिभ्रमण किया और फिर दो फरासीसी सम्भ्रान्त व्यक्तियोंके अधीन काम करते हुए आप प्राच्यदेशकी तरफ चल दिये। १६३० ई०के दिसम्बर महीनेमें आपका भ्रमण शुरू हुआ था। रोजसबर्ग, ड्रेसडेन, भियेना, कनस्तान्तिनोपल आदि स्थानोंमें भ्रमण करनेके बाद आपने उक्त फरासीसी सज्जनोंका साथ छोड़ दिया। पीछे एरिविजि रोयम, ताब्रिज, इस्पाहन, बोगदाद, आलेपो और स्कान्डारुन आदि स्थानोंमें घूमते हुए आप १६३३ ई०में समुद्रके रास्ते रोम नगरीमें उपस्थित हुए। १६३८ ई०में आप दूसरी बार भ्रमणके लिये निकले। इस बार आपने मार्सेलिससे ले कर स्कान्डारुन तक भ्रमण किया। पीछे आप सिरिया पार हो कर इस्पाहान और फारसके

दक्षिण-पश्चिम प्रदेशोंमें घूमते हुए भारत आये।

आपका यह भ्रमण १६४३ ई०में समाप्त हुआ था। १६४३ ई०से १६४८ ई० तक तृतीय बार भ्रमणका समय है। इस बार आपने इस्पाहानसे ले कर जावा आदि पूर्व भारतीय द्वीपोंमें पर्यटन किया था। चतुर्थ और पञ्चम बारके भ्रमणका समय निर्णय करना कठिन है। सम्भवतः ये दोनों भ्रमण १६५१से १६५८ ई०के भीतर हुए होंगे। १६६३ ई०में इन्होंने छठी बार भ्रमण शुरू किया। सिरिया और अरबकी मरुभूमि पार कर फारस होते हुए आप भारतवर्ष आये। १६६८ ई०में आप यूरोप पहुँच गये।

टैभरनियरने साधारणतः जवाहरातके व्यवसायी बन कर भ्रमण किया था। जिस समय आप भारतवर्ष आये थे उस समय भारतके गौरव तपनने प्राच्य आकाशमें उदित हो कर समग्र जगत्को आलोकित किया था। आपने भारतके प्रायः सभी प्रधान प्रधान नगरोंमें भ्रमण किया था। उस समय मुगल साम्राज्यके गौरव और वाणिज्य व्यवसायकी उन्नतिके कारण भारतवर्षकी कैसी उन्नत दशा थी, इसका परिज्ञान आपके भ्रमणवृत्तान्तसे भली भांति हो जाता है। इसके सिवा आपके भ्रमण-वृत्तान्तमें भारतके प्रधान प्रधान बन्दरों और मुगल-शासन-प्रणालीका विवरण भ मिलता है। फलतः आपके भ्रमणवृत्तान्तने भारतके इतिहासकी १७वीं शताब्दीकी बहुतसी घटनाएं मालूम हो सकती है। टैभरनियर अन्तमें अपनीके बैरन नामसे अभिहित हुए थे। राजनैतिक परिवर्तनके कारण आपको बाध्य हो कर सुइजरलैण्डमें रहना पड़ा था। वहां आप ईष्ट-इण्डिया-कम्पनीके डिरेक्टर नियुक्त हुए थे।

आप रूसियाके भीतरसे भारतवर्ष तक एक मार्ग निकालनेके लिए (१६८८ ई०में) बार्लिनसे चल दिये। परन्तु (१६८८ ई०में) मस्को नगरमें आपका देहान्त हो गया। आपके भ्रमणवृत्तान्तके दो भाग १६७६-७७ ई०में और ३य खंड १६७८ ई०में प्रकाशित हुआ था।

टैसीटस् (कर्नेलियस्)—सुप्रसिद्ध रोमन ऐतिहासिक। आपके लिखे हुए इतिहासमें ही सबसे पहले जर्मन-जातिका विवरण लिपिबद्ध हुआ है। आपके जीवन-कालमें रोमके सिंहासन पर निम्नलिखित सम्राट् बैठे थे—नीरो, गेलवा, अटो, भिटेलियस, भेसपेसियन, टाइटस, डोमिसियन, नार्भा और ट्राजान।

आपके व्यक्तिगत जीवनके विषयमें, जिन्हें वे स्वयं लिख गये हैं तथा प्लिनीके साथ आपका जो पत्रव्यवहार हुआ था, उससे कुछ मालूम हो सकता है। टैसीटस जहां तक सम्भव हो सकता है, ईसासे ६१ या ६२ वर्ष पहले उत्पन्न हुए थे। आप जूलियस ऐग्रिकोलाके जामाता थे। इससे मालूम होता है कि आप समाजके उच्च पदस्थ और सच्चरित्र व्यक्ति थे। आप अपने श्वशुरकी एक जीवनी लिख गये हैं।

८७ ई०में टैसीटसको कन्सालका पद प्राप्त हुआ था। ईसाकी ३री शताब्दीमें सम्राट् टैसीटस अपनेको ऐतिहासिक टैसीटसके वंशधर समझ कर गौरव अनुभव करते थे; उन्होंने आदेश दिया था कि प्रति वर्ष टैसीटसके ग्रन्थकी दश प्रतिलिपि करा कर साधारण पाठागारमें रक्खी जायें।

प्लिनीने बड़ी श्रद्धाके साथ कई जगह टैसीटसका उल्लेख किया है। प्लिनीने एक पत्रमें, अपने जन्मस्थानके विद्यालयके विषयमें टैसीटससे उपदेश चाहा था। एक जगह प्लिनी टैसीटसको लिखते हैं—"मैं जानता हूं कि आपका नाम इतिहासमें अमर रहेगा। इसलिए मैं चाहता हूं कि उसमें मेरा भी नाम रहे।"

टैसीटसके ग्रन्थोंकी सूची इस प्रकार है—(१) वक्ताओंका कथोपकथन (सम्भवतः ७६ या ७७ ई०का) (२) ऐग्रिकोलाकी जीवनी, (३) जर्मनी (४) इतिहासमाला और (५) घटनावली।

आपके इतिहाससे रोमसाम्राज्यकी बहुतसी बातें मालूम हो सकती हैं।

टैया (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी छोटी कौड़ी। इसकी पीठ साधारण कौड़ीसे कुछ चिपटी होती है। इसका रंग बिल्कुल सफेद होता है। फेंकनेमें यह सदा चित पड़ती है इसी कारण जुएमें इसका व्यवहार होता है। इसका दूसरा नाम चित्ती है।

टैक्स (अं० पु० Tax) शुल्क, कार, महसूल।

यहांके जङ्गलमें बाघ, चीता, भालू, हरिन तथा तरह तरहके भेड़े पाये जाते हैं। यानइया गढ़वाल जिलेकी भी है।

गढ़वाल जिलेके इतिहासको ही इस राज्यका प्राचीन इतिहास कह सकते हैं। एक ही वंशके राजा दोनों देशके शासनकार्य चलाते थे। प्रद्युम्नशाह नामक अन्तिम राजा गोरखायुद्धमें काम आये। लेकिन १८०५ ई०में नेपाल-युद्धके समाप्त होने पर उनके लड़के सुदर्शनशाहने ब्रिटिशगवर्मेण्टसे वर्तमान टेहरी राज्य प्राप्त किया। सन् सत्तावनके गदरमें सुदर्शनशाहने अंगरेजोंको खासी मदद दी थी। १८५८ ई०में इनका देहान्त हुआ। बाद इनके दत्तकपुत्र भवानीशाह राज्यके अधिकारी हुए। इन्हें एक सनद तथा दत्तकपुत्र ग्रहण करनेका अधिकार मिला था। १८७२ ई०में इनके स्वर्गवास होने पर इनके लड़के प्रतापशाह १८८७ ई०में सिंहासनारूढ़ हुए। बाद १८८४ ई०में राजा कीर्तिशाहने टेहरीका सिंहासन सुशोभित किया। इन्होंने नेपालके महाराज जङ्गबहादुरकी पोतीको व्याहा था। ये K.C.S.I. उपाधिसे भूषित थे। वर्त्तमान राजाका नाम नरेन्द्रशाह है।

राज्यमें कुल २४५६ ग्राम लगते हैं, शहर एक भी बड़ा नहीं है। लोकसंख्या प्राय: २६८८८५ है। सैकड़े ८८ हिन्दूकी संख्या है। राज्य भरमें केवल एक ही तहसील है।

धान और गेहूं यहांकी प्रधान उपज है। राज्यके पश्चिम कुछ चाय भी उपजाई जाती है। यहांसे देवदार, घी, धान और आलूकी रफ्तनी होती तथा दूसरे दूसरे देशोंसे चीनी, नमक, लोहे, पीतलके बरतन, दाल, मसाले और तेलका आमदनी होती है।

राज्यमें केवल राजाको ही पूरी क्षमता है। विचारकार्य वजीरके अधीन है। राजस्व आदिका मामला एक तहसीलदार और तीन डिपटी-कलेक्टरसे तै होता है। तृतीय श्रेणीके दो मजिष्ट्रेट देवप्रयाग और कोर्तिनगरमें रहते हैं। द्वितीय श्रेणीकी सामान्य क्षमता प्राप्त डिपुटी कलेक्टरके हाथ और प्रथम श्रेणीकी वजीर तथा एक मजिष्ट्रेटके हाथ है। मृत्युदण्ड केवल राजासे ही दिया जाता है। दीवानी मुकदमा डिपटी-कलेक्टरके इजलासमें पेश होता है। सभी मुकदमोंकी अपील राजा सुनते हैं। राज्यकी आय ३०४०००) रु०की है।

राजाको ११२ पदातिक सैन्य और २ तोपें रखनेका अधिकार है। राज्य भरमें केवल दो अस्पताल और एक कारागार है।

२ उक्त राज्यकी राजधानी। यह अक्षा० ३०°२३´ उ० और देशा० ७८° ३२´ पू०के मध्य भागीरथी तथा भिलिङ्ग नदीके सङ्गम स्थान पर अवस्थित है। लोकसंख्या प्राय: ३३८७ है। यह शहर समुद्रपृष्ठसे २२७८ फुट ऊंचा है। यहां गर्मी बहुत पड़ती है। इस समय राजा शहरसे ८ मील दूर प्रतापनगरमें जा कर रहते हैं। अदालत चिकित्सालय और स्कूलके सिवा यहां अनेक मन्दिर तथा धर्मशालायें भी हैं।

टैभरनियर (जियान वैप्टिष्ट)—प्रसिद्ध यूरोपीय पर्यटक। ये मुगल-साम्राज्यके शेष युगमें भारत-भ्रमणके लिए आये थे। इनके भ्रमणवृत्तान्तसे उस युगके अनेक ऐतिहासिक तथ्य मालूम हो सकते हैं।

टैभरनियरका जन्म १६०५ ई०में सौन्दर्यके अमर निकेतन पारिस नगरीमें हुआ था। इनके पिता एक फ्लेमिश शिल्पीके औरसजात थे और उन्होंने देशभ्रमणमें ही अपना जीवन बिताया था। टैभरनियरने भी पिताका आदर्श सामने रख कर पन्द्रह वर्षकी उम्रमें ही पितासे आज्ञा ले कर देश-भ्रमण प्रारम्भ कर दिया। प्रथमत: आपने यूरोपके भिन्न भिन्न स्थानोंमें परिभ्रमण किया और फिर दो फरासीसी संभ्रान्त व्यक्तियोंके अधीन काम करते हुए आप प्राच्यदेशकी तरफ चल दिये। १६३० ई०के दिसम्बर महीनेसे आपका भ्रमण शुरू हुआ था। रोजनवर्ग, ड्रेसडेन, भियेना, कनस्तान्तिनोपल आदि स्थानोंमें भ्रमण करनेके बाद आपने उक्त फरासीसी सज्जनोंका साथ छोड़ दिया। पीछे एशियामिनर, तेब्रिज, इस्पाहन, बोगदाद, आलेपो और स्कान्डरून आदि स्थानोंमें घूमते हुए आप १६३३ ई०में समुद्रके रास्ते रोम नगरीमें उपस्थित हुए। १६३८ ई०में आप दूसरी बार भ्रमणके लिये निकले। इस बार आपने मार्सेलिससे ले कर स्कान्डरून तक भ्रमण किया। पीछे आप सिरिया पार हो कर इस्पाहान और फारसके

दक्षिण-पश्चिम प्रदेशोंमें घूमते हुए भारत आये।

आपका यह भ्रमण १६४३ ई०में समाप्त हुआ था। १६४३ ई०से १६४८ ई० तक तृतीय बार भ्रमणका समय है। इस बार आपने इस्पाहानसे ले कर जावा आदि पूर्व भारतीय द्वीपोंमें पर्यटन किया था। चतुर्थ और पञ्चम बारके भ्रमणका समय निर्णय करना कठिन है। सम्भवतः ये दोनों भ्रमण १६५१से १६५८ ई०के भीतर हुए होंगे। १६६३ ई०में इन्होंने छठी बार भ्रमण शुरू किया। सिरिया और अरबको मरुभूमि पार कर फारस होते हुए आप भारतवर्ष आये। १६६८ ई०में आप यूरोप पहुँच गये।

टैभरनियरने साधारणतः जवाहरातके व्यवसायी बन कर भ्रमण किया था। जिस समय आप भारतवर्ष आये थे उस समय भारतके गौरव तपनने प्राच्य आकाशमें उदित हो कर समग्र जगत्‌को आलोकित किया था। आपने भारतके प्रायः सभी प्रधान प्रधान नगरोंमें भ्रमण किया था। उस समय मुगल साम्राज्यके गौरव और वाणिज्य व्यवसायकी उन्नतिके कारण भारतवर्षको कैसी उन्नत दशा थी,-इसका परिज्ञान आपके भ्रमणवृत्तान्तसे भली भांति हो जाता है। इसके सिवा आपके भ्रमणवृत्तान्तमें भारतके प्रधान प्रधान बन्दरों और मुगलशासन-प्रणालीका विवरण भ मिलता है। फलतः आपके भ्रमणवृत्तान्तने भारतके इतिहासको १७वीं शताब्दीकी बहुतसी घटनाएं मालूम हो सकती हैं। टैभरनियर अन्तमें अवनीके वैरन नामसे अभिहित हुए थे। राजनीतिक परिवर्तनके कारण आपको वाध्य हो कर सुइजरलैण्डमें रहना पड़ा था। वहां आप ईष्ट-इण्डिया-कम्पनीके डिरेकृर नियुक्त हुए थे।

आप रुसियाके भीतरसे भारतवर्ष तक एक मार्ग निकालनेके लिए (१६८८ ई०में) वार्लिनसे चल दिये। परन्तु (१६८९ ई०में) मस्को नगरमें आपका देहान्त हो गया। आपके भ्रमणवृत्तान्तके दो भाग १६७६-७७ ई०में और ३य खंड १६७९ ई०में प्रकाशित हुआ था।

टैसीटस् (कर्नेलियस्)—सुप्रसिद्ध रोमन ऐतिहासिक। आपके लिखे हुए इतिहासमें ही सबसे पहले जर्मनजातिका विवरण लिपिबद्ध हुआ है। आपके जीवनकालमें रोमके सिंहासन पर निम्नलिखित सम्राट् बैठे थे—नीरो, गैलवा, अटो, भिटेलियस, भेसपेसियन, टाइटस, डोमिसियन, नार्भा और ट्राजान।

आपके व्यक्तिगत जीवनके विषयमें, जिन्हें वे स्वयं लिख गये हैं तथा प्लिनीके साथ आपका जो पत्रव्यवहार हुआ था, उससे कुछ मालूम हो सकता है। टैसीटस जहां तक सम्भव हो सकता है, ईसासे ६१ वा ६२ वर्ष पहले उत्पन्न हुए थे। आप जूलियस ऐग्रिकोलाके जामाता थे। इससे मालूम होता है कि आप समाजके उच्च पदस्थ और सच्चरित्र व्यक्ति थे। आप अपने श्वशुरकी एक जीवनी लिख गये हैं।

८७ ई०में टैसीटसको कन्सालका पद प्राप्त हुआ था। ईसाकी ३री शताब्दीमें सम्राट् टैसीटस अपनेको ऐतिहासिक टैसीटसके वंशधर समझ कर गौरव अनुभव करते थे; उन्होंने आदेश दिया था कि प्रति वर्ष टैसीटसके ग्रन्थको दश प्रतिलिपि करा कर साधारण पाठागारमें रक्खी जायें।

प्लिनीने बड़ी श्रद्धाके साथ कई जगह टैसीटसका उल्लेख किया है। प्लिनीने एक पत्रमें, अपने जन्मस्थानके विद्यालयके विषयमें टैसीटससे उपदेश चाहा था। एक जगह प्लिनी टैसीटसको लिखते हैं—"मैं जानता हूं कि आपका नाम इतिहासमें अमर रहेगा। इसलिए मैं चाहता हूं कि उसमें मेरा भी नाम रहे।"

टैसीटसके ग्रन्थोंकी सूची इस प्रकार है—(१) वक्ताओंका कथोपकथन (सम्भवतः ७६ वा ७७ ई०का) (२) ऐग्रिकोलाकी जीवनी, (३) जर्मनी (४) इतिहासमाला और (५) घटनावली।

आपके इतिहाससे रोमसाम्राज्यकी बहुतसी बातें मालूम हो सकती हैं।

टैया (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी छोटी कौड़ी। इसकी पीठ साधारण कौड़ीसे कुछ चिपटी होती है। इसका रंग बिल्कुल सफेद होता है। फेंकनेसे यह सदा चित पड़ती है इसी कारण जुएमें इसका व्यवहार होता है। इसका दूसरा नाम चित्ती है।

टैक्स (अं० पु० Tax) शुल्क, कार, महसूल।

टैन (हिं॰ स्त्री॰) चमड़ा सिझानेके काममें आनेवाली एक प्रकारकी घास।

टोघा (हिं॰ पु॰) गर्त्त, गड्ढा।

टोइयाँ (हिं॰ स्त्री॰) तोतेकी एक जाति। इसकी चोंच पीली और कंठसे ले कर चोंच तक सारा भाग बैंगनी होता है, तोती।

टोई (हिं॰ स्त्री॰) एक गिरहसे दूसरे गिरह तकका भाग, पोर।

टोंगा (हिं॰ पु॰) टोंग देखो।

टोंगू (हिं॰ पु॰) फैलनेवाली एक झाड़ी। इसकी छालके रेशोंसे रस्सी बनाई जाती है, जिती, जक।

टोंचना (हिं॰ क्रि॰) चुभाना, गड़ाना।

टोंट (हिं॰ स्त्री॰) चोंच, ठोर।

टोंटा (हिं॰ पु॰) १ वह वस्तु जिसका आकार चिड़ियोंकी चोंच जैसा हो। २ चोंचके आकारमें गढ़े हुए काठके टुकड़े। ये डेढ़ दो हाथ लम्बे होते हैं और दीवार परकी छाजनको सहारा देनेके लिये लगाए जाते हैं। ३ वह नली जो पानी आदि ढालनेके लिये बरतनमें लगी रहती है।

टोंटी (हिं॰ स्त्री॰) १ झारीमें लगी हुई नली, तुलतुली। २ पशुओंका थूथन।

टोक (हिं॰ पु॰) १ उच्चारण किया हुआ अक्षर। (स्त्री॰) २ प्रश्न आदि द्वारा किसी कार्यमें बाधा, पूछ ताछ। ३ खराब दृष्टिका प्रभाव, नजर।

टोकना (हिं॰ क्रि॰) १ प्रश्न आदि करके किसी कार्यमें बाधा डालना, बीचमें बोल उठना। २ बुरी दृष्टि डालना, नजर लगाना। ३ एक पहलवानको दूसरेसे लड़नेके लिये कहना, ललकारना।

टोकनी (हिं॰ स्त्री॰) १ टोकरी, डलिया। २ पानी रखनेका छोटा बरतन ३ बटलोई, देगची।

टोकरा (हिं॰ पु॰) खाँचा, डला, झाबा।

टोकरी (हिं॰ स्त्री॰) १ छोटा डला, झाँपी, झपोली। बटलोई, देगची।

टोकया (हिं॰ पु॰) नटखट लड़का।

टोकसी (हिं॰ स्त्री॰) नारियलकी आधी खोपड़ी।

टोका (हिं॰ पु॰) उर्दकी फसलको हानि पहुँचानेवाला एक कीड़ा।

टोट (हिं॰ पु॰) टोटा देखो।

टोटका (हिं॰ पु॰) १ तान्त्रिक प्रयोग, यंत्र मंत्र टोना, लटका। २ वह काली हाँडी जो खेतमें फसलको नजरसे बचानेके लिये रखी जाती है।

टोटकेहाई (हिं॰ स्त्री॰) जादू करनेवाली।

टोटल (अं॰ पु॰) जमा, ठीक, जोड़।

टोटा (हिं॰ पु॰) १ बाँसका खंड। २ मोमबत्तीका जलनेसे बचा हुआ टुकड़ा। ३ कारतूस। ४ एक प्रकारकी आतशबाजी। ५ घाटा, हानि, नुकसान। ६ अभाव, कमी।

टोडरमल—१ सम्राट् अकबरके सुनामप्रसिद्ध राजस्वसचिव और अन्यतम सेनापति। इनका जन्म १५२३ ई॰को अयोध्याके अन्तर्गत लाहरपुर नामक स्थानमें हुआ था। मासिर-उल-उमराके मतानुसार इनका जन्मस्थान लाहोरमें था। इनके पिताका नाम भगवतीदास था। इनकी थोड़ी अवस्थामें ही इनके पिताका देहान्त हुआ। माता अत्यन्त कष्टसे इनका पालन पोषण करने लगीं। पितृवियोगके कुछ समय बाद इन्होंने सम्राट्के निकट एक उपयुक्त कार्य पानेकी प्रार्थना की। सम्राट्ने इनके गुणग्रामसे संतुष्ट हो कर इन्हें एक मुहर्रिरके पद पर नियुक्त किया, परन्तु कार्यकौशलसे ये शीघ्रही उच्चपद पर प्रतिष्ठित हुए।

८७२ हिजरीमें जब सम्राट्ने खाँजमानके विरुद्ध युद्धयात्रा की तब टोडरमल सम्राट्के अधीन सैनिक विभागमें काम करते थे। सम्राट्के राजत्वके अठारहवें वर्ष अर्थात् १५७४ ई॰में गुजरातके अधिकृत होने पर वहाँके भूपरिमाण निर्धारण और आभ्यन्तरीण बन्दोवस्त करनेके लिये टोडरमल ही नियुक्त हुए। इसके दूसरे वर्षमें पटनाके विजयकालमें इन्होंने अद्भुत क्षमता दिखलाई थी और सम्राट्के आदेशानुसार ये मुनिमखाँके साथ बङ्गदेशको गये थे। इस समय बङ्गदेशमें दाउदखाँ विद्रोही हो उठे थे। उनको दमन करनेके लिये ही मुनिमखाँ और टोडरमल वहाँ भेजे गये। युद्धमें टोडरमलने असीम उत्साह और विक्रम दिखलाते हुए विजय प्राप्त की। इस युद्धमें सेनापति खाँ आलम मारे गये तथा मुनिमखाँका घोड़ा अत्यन्त भयभीत

हो कर उनको लिये हुए भाग चला। परन्तु टोडरमल इससे तनिक भी हतोत्साह न हुए, वरं धायर्य साहसके साथ शत्रुओंको पराजय किया। इसके बाद ये बङ्ग और उड़ोसाका राजस्व प्रबन्ध कर सम्राट्के दरबारमें आ पहुँचे। फिर भी इन्होंने खांजहानके सहकारो रूपमें बङ्गदेशको जा कर पहलेकी नाईं दाउदखांको पराजित किया। १५७५ ई०को ३री मार्चको मुगलमारीके युद्धमें भी टोडरमलने अपनी क्षमताका पूरा परिचय दिया था। जब टोडरमलने सुना कि दाउदने सम्राट् अकबरका शासन अग्राह्य कर हरिपुर नामक स्थानमें सैन्यावास स्थापन किया है, तो वे शीघ्र ही वर्द्धमानसे छित्तुआ परगनाको चल दिये। मुनीमखां यहां आ कर उनसे मिले। दाउदने इच्छा की थी कि सम्राट्की सेना जिससे उड़ीसा प्रवेश न कर सके वैसा ही कार्य करना चाहिए, परन्तु इलियासखां लङ्गा नामक एक मुसलमानने सम्राट्-सैन्यको एक सहज रास्ता दिखला दिया था। इसी राहसे मुनीमखां गन्तव्य स्थानको जानेमें समर्थ हुए। लड़ाईमें दाउद पराजित हो कर भाग गया। टोडरमल उसका पीछा करते हुए भद्रकको जा पहुंचे। दाउद कटकके निकट सैन्य संग्रह करके फिर भी लड़नेके लिए प्रस्तुत हुए। जब टोडरमलको यह खबर मिली तो इन्होंने मुनीमखांको शीघ्र ही उनसे मिलनेके लिए एक पत्र लिख भेजा। यथासमय मुनीम भी पहुंच गये। दोनोंकी सेना एकत्रित हो कर कटकको ओर आगे बढ़ी। यहां पर दाउदके साथ एक सन्धि हुई। १५७७ ई०में टोडरमल दूसरी बार गुजरातको भेजे गये। अब ये अहमदाबाद नामक स्थानमें वजीरखांके साथ सम्राट्के कार्यका प्रबन्ध कर रहे थे, तब मुजफ्फर हुसेनको उत्तेजनासे मोरअली गुलामी इनके विरुद्ध हो उठे। वजीरखां टोडरमलको दुर्गमें आश्रयग्रहण करनेका आदेश किया। किन्तु टोडरमलने इस आदेशके अनुसार काम न करके अहमदाबादसे १२ कोस दूर धोलकोया नामक स्थान पर जा कर विद्रोहीके परामर्शदाता और प्रधान सहायक मुजफ्फरको अच्छो तरह परास्त किया।

इसी बप, सम्राट्ने टोडरमलको वजीरके पद पर नियुक्त किया। इस समयसे ये राजा टोडरमल नामसे सम्मानित होने लगे।

जब सम्राट्को मालूम हुआ कि मुजफ्फरको मृत्यु हो गई है; परन्तु विद्रोहियोंने बङ्ग और बिहार पर अधिकार जमा लिया है तो उन्होंने टोडरमल और शादिकखांको फतहपुर-सिकरीसे विहारको प्रस्थान करनेके लिये एक पत्र लिख भेजा। मुहिब अली और महम्मद मसुमखां उनकी मदद देनेके लिये नियुक्त हुए। महम्मद मसुमखांने ३००० सुशिक्षित अश्वारोही सैन्य ले कर टोडरमलको मददमें गये, लेकिन इनके मनमें विद्रोहाग्नि धधकती थी। राजाने यह जान कर मसुमखांको किसी तरह अपने अधीनमें रख लिया सही किन्तु यह सम्वाद इन्होंने सम्राट्को जना दिया।

बङ्गदेशके विद्रोहिगण मुङ्गेरके निकट एक किला स्थापन कर रहने लगे। राजा टोडरमलने अपने दुर्गमें विश्वासघातकताको आशङ्का समझ कर प्रकाश्यभावसे युद्ध न करके मुङ्गेरके दुर्गमें आश्रय लिया। दुर्गके घेरे जानेके समय हुमायूं फरमिली और तरखानदिवाना नामक दो सेनापति विद्रोहियोंके साथ मिल गये। अधिक दिन अवरोध किये जाने पर दुर्गमें रसदका अभाव होने लगा। टोडरमल इससे तनिक भी शङ्कित न हो कर साहसके साथ दुर्गकी रक्षा करने लगे। शीघ्रही राज्यको सहायताके लिये बहुतसी सेनाएं आ पहुंचो। विद्रोहिगण छिन्न भिन्न हो गये। मसुम-इ-काबुली दक्षिण बिहार और अरबबहादुर पटनाको ओर भाग गये। टोडरमल और शादिकखां मसुमका पीछा करते हुए बिहार पहुंचे। मसुम एक लड़ाईमें पराजित हो कर उड़ीसाकी ओर भाग चले। इसी तरह टोडरमलने दक्षिण बिहारको दिल्ली साम्राज्यके अन्तर्गत कर लिया।

९८० हिजरीमें टोडरमल दीवानके पद पर नियुक्त हुए। इस वर्षमें इन्होंने राजस्वसम्बन्धमें एक नया नियम निकाला। इसी नये नियमके लिये राजा टोडरमलने ऐसी प्रसिद्धि प्राप्त की है। इस समय टोडरमलने मुद्रा सम्बन्धमें भी बहुत हेरफेर किया था। इन्होंने चार प्रकारकी मोहरें प्रचलित कीं। इन चार प्रकार

की मोहरोंके मूल्य भी चार प्रकारके थे जैसे - ४००) ३६०), २५५) और २५०) मूल्य। इस समय तीन प्रकार-के रुपये भी प्रवर्त्तित हुए जिनका मूल्य क्रमशः ४०, ३८ और ३६) रखा गया था। पहले हिन्दू मोहर्रिर राजकोष हिसाब हिन्दी भाषामें लिखा करते थे। टोडर-मलने नियम बनाया कि अबसे समस्त राजकार्य्य उर्दू भाषामें लिखे जायँगे। तभीसे बाध्य हो कर अर्थो-पार्जनके लिए हिन्दूगण उर्दू भाषा सीखने लगे। मुसलमान ऐतिहासिकोंने स्वीकार किया है—टोडर-मलसे ही उर्दू भाषाकी बहुत कुछ उन्नति हुई है।

एक क्षत्रिय बहुत दिनोंसे टोडरमलको अत्यन्त घृणा-दृष्टिसे देखता आ रहा था, यहां तक कि उसने एक बार इन्हें मार डालनेकी भी चेष्टा की थी। १५८५ ई०को एकदिन रात्रिकालमें उसने टोडरमल पर अस्त्रा-घात किया। सौभाग्यवश उस आघातसे टोडरमलका कोई विशेष अनिष्ट न हुआ। वह नराधम उसी समय पकड़ा गया और मार डाला गया।

युसुफजाइयोंको दमन करनेके लिए राजा बीरबल भेजे गये थे। परन्तु वे उन्हें वशीभूत तो क्या करते आप स्वयं उन लोगोंसे मार डाले गये। बीरबलकी मृत्युकी प्रतिहिंसा लेने और युसुफजाइयोंको सम्पूर्णरूपसे वशीभूत करनेके लिये टोडरमल प्रधान सेनापति मान-सिंहके साथ १५८८ ई०में भेजे गये। १५८० ई०में अकबर जब काश्मीरको पधारे थे, तब लाहोरको रक्षा-का भार राजा टोडरमल ही पर सौंपा गया था।

इस समय टोडरमल वृद्ध हो गये थे। तथा राज-कीय कार्यके गुरुतर परिश्रमसे इनका शरीर क्रमशः दुर्बल होता जा रहा था। इसी लिए राजकार्यसे छुट-कारा पा कर धर्मचर्चामें जीवनका अवशिष्ट काल बितानेके लिए इन्होंने सम्राट्से प्रार्थना की। लेकिन सम्राट्ने सम्मति तो दे दी, मगर बहुत अनिच्छासे। टोडरमल जब हरिद्वारमें रहते थे, तब सम्राट्ने इन्हें फिर बुला भेजा। टोडरको आनेकी तनिक भी इच्छा न थी, किन्तु सम्राट्की आज्ञा पालन करनेके लिये ये आनेको बाध्य हुए। जो कुछ हो, इन्होंने ९९८ हिजरी-में लाहौरमें प्राणत्याग किया।

राजा टोडरमलका चरित्र अत्यन्त महत् और उदार था। सम्राट् अकबरके गुणानुरागियोंमें टोडरमल ही प्रधान गिने जाते थे। इनकी कार्यदक्षताके प्रभावसे अकबरके राज्यमें बहुतसे सुनियम और सुश्रृङ्खला स्थापित हुई थीं। सम्राट्के प्रधान सभासदोंमें अबुलफजल और मानसिंह सरीखे राजा टोडरमलके नामसे कौन नहीं परिचित है? ये अपने गुणसे चार हजार सेनाओंके अधिपति हो गये थे। राजस्व-नियमके स्थापनमें जैसा ये निपुण थे, वैसा इनका साहस भी असीम था।

अबुलफजल टोडरमलके कट्टर विद्वेषी थे। किन्तु जब वे सम्राट्के सामने टोडरमलकी शिकायत करते, तब सम्राट् उत्तर देते थे कि 'टोडरमल जैसे प्रभुभक्त और विश्वासी व्यक्तिको कदापि पृथक् नहीं कर सकते।' अन्तमें अबुलफजल भी राजा टोडरमलकी कार्यदक्षता, सत्यवादिता और साहसकी यथेष्ट प्रशंसा करने लगे थे एवं धर्मसम्बन्धमें अन्धविश्वासी कह कर उनकी निन्दा करते थे।

राजा टोडरमल एक कट्टर हिन्दू थे। वे प्रतिदिन नियमितरूपसे बहुतसी देवमूर्त्तियोंकी अर्चना करते तथा पूजादि किये बिना किसी कार्यमें हाथ नहीं डालते थे। सम्राट्के साथ पंजाब जाते समय एक दिन जल्दीमें उनकी एक देवमूर्त्ति कहीं गिर पड़ी; इस कारण उन्होंने कई दिन तक उपवास किया था, वे चिन्ताके मारे कुछ भी खाते पीते नहीं थे। अन्तमें सम्राट्ने अत्यन्त कष्टसे उनका मानसिक दुःख दूर किया।

पहले हिन्दूगण कर दिये बिना किसी तरहका धर्मानुष्ठान नहीं कर सकते थे। अकबरने राजा टोडरमलके आदेशसे उक्त कर तथा जिजिया कर सदाके लिये उठा दिया।

कर वसूल होनेका कोई निर्दिष्ट नियम नहीं रह-नेसे प्रजा और जमींदार दोनोंको अत्यन्त कष्ट झेलना पड़ता था। राजा टोडरमलकी सहायतासे अकबरने कृषि-विषयमें नये नियम निकाले। प्राचीन हिन्दू रीतिके अनु-सार अकबरके राजस्व नियम बनाये गये थे। पहले भूमिका परिमाण निर्णय कर, बाद जमीनसे जितनी

फसलमें उत्पन्न होगी, उसके मूल्यका तीसरा भाग राजकर निर्धारित हुआ। पहले पहल प्रति वर्ष भूमिका परिमाण निर्णय करके उक्त रूपसे कर वसूल होने लगा। किन्तु इसमें प्रजाको बहुत कष्ट होता था; इसलिये अन्तमें दश वर्षके लिये प्रजाके साथ जमीन व दोबस्त कर दी गई। राजा टोडरमलको बहुत प्रयत्नसे इस तरहका नियम स्थापन करना पड़ा था। इस नियमसे प्रजाको यथेष्ट सुविधा होती थी। बङ्गदेशके प्रायः सभी कृषकोंके सामने राजा टोडरमलका नाम परिचित है। राजस्वके बन्दोबस्तके लिये ही उनका नाम चिरस्मरणीय है। वे क्षत्रिय-कुलके थे। कोई कोई भूलसे इन्हें पंजाबी कहा करते हैं, किन्तु अयोध्यामें इनका पूर्वधाम था।

इन्होंने पारसी भाषामें भागवतपुराण अनुवाद किया था। नीति सम्बन्धमें भी इनकी बहुतसी कविताएं देखनेमें आती हैं।

राजा टोडरमलका नाम कोई कोई 'तोदरमल' लिखा करते हैं। लेकिन टोडरानन्द नामक संस्कृत ग्रन्थमें 'टोडरमल' नाम देखा जाता है। टोडरमलने इस बृहद् संस्कृत ग्रन्थकी रचना की है। यह ग्रन्थ तीन खण्डोंमें विभक्त है—धर्मशास्त्र, ज्योतिष और वैद्यक। धर्मशास्त्रखण्ड भी फिर आचार, काल और व्यवहार-निर्णय इन शाखाओंमें विभक्त।

२ सम्राट् शाहजहान्के एक सभासद। उस समय ये बहुत प्रसिद्ध थे।

टोडरमल पण्डित—दिगम्बर जैन-सम्प्रदायके सुप्रसिद्ध विद्वान् और ग्रन्थकार। इनकी जाति खण्डेलवाल जैन और निवासस्थान जयपुर था। ये वि॰ सं॰ १८२४ तक विद्यमान थे। केवल ३२ ही वर्षकी अवस्थामें ये इतना काम कर गये थे कि, सुन कर आश्चर्य होता है। इनकी रचनासे जैन-समाजका तत्त्वज्ञानका रुका हुआ प्रवाह पुनः प्रवाहित होने लगा है। जहां कर्म-सिद्धान्तकी चर्चा करना केवल संस्कृत या प्राकृतके विद्वानोंके हिस्सेमें था, वहां आपकी कृपासे साधारण हिन्दी जाननेवाले लोग भी कर्मतत्त्वोंके विद्वान् बनने लगे। सुना जाता है कि, जयपुर राज्यके दीवान अमरचन्दने इनकी ग्रन्थ रचना-शैली देख कर इनके परिवारवर्गके निर्वाहका भार अपने ऊपर ले कर इनको "गोम्मटसार" नामक ग्रन्थकी हिन्दी टीका रचनेके लिए बाध्य किया था. दीवान अमरचन्दने इनको हर तरहसे निश्चिन्त कर दिया था। जैन दर्शनके ये असाधारण विद्वान् थे। इन्होंने प्रधान जैन ग्रन्थ गोम्मटसारकी विस्तृत टीका रची है, जो छप भी चुकी है. इसकी पृष्ठसंख्या लगभग ३००० है। इसके साथ ही लब्धिसार क्षपणासारकी टीका रची है, जिसकी श्लोकसंख्या ४५ हजार है। इन ग्रन्थोंमें जीव और कर्मसिद्धान्तका विस्तृत विवेचन है। इनका दूसरा ग्रन्थ त्रिलोकसारवचनिका है, इसमें जैनमतके अनुसार भूगोल और खगोलका वर्णन है। इसकी श्लोकसंख्या लगभग १०।१२ हजार होगी। तीसरा ग्रन्थ गुणभद्रस्वामिकृत संस्कृत आत्मानुशासनकी वचनिका (स्वतंत्र टीका) है। इसमें बहुत ही हृदयग्राही आध्यात्मिक उपदेश है। शेष दो ग्रन्थ अधूरे हैं—१ पुरुषार्थसिद्ध्युपाय हिन्दी वचनिका और २ मोक्षमार्ग-प्रकाशक। इनमेंसे पहले ग्रन्थको तो पण्डित दौलतरामकाशलीवालने पूर्ण किया था, परन्तु दूसरा ग्रन्थ मोक्षमार्गप्रकाशक अधूरा ही है। यह ग्रन्थ छप चुका है, पृष्ठ ५०० हैं। यह ग्रन्थ उनका बिल्कुल स्वतन्त्र है। इसके पढ़नेसे मालूम होता है कि, यदि टोडरमल वृद्धावस्था तक जीते, तो जैनसाहित्यको अनेक अपूर्व रत्नोंसे अलङ्कृत कर जाते। इनके ग्रन्थोंकी भाषा जयपुरके बने हुए तमाम ग्रन्थोंसे सरल, शुद्ध और साफ है। इन्होंने ग्रन्थोंके मङ्गलाचरण आदिमें जो अपने पद्य दिये हैं, उनसे मालूम होता है कि, आप कविता भी अच्छी बना सकते थे।

टोडा (हिं॰ पु॰) दीवारमें गड़ी हुई खूंटी जो बढ़ी हुई छाजनको सहारा देनेके लिये लगाया जाता है, टोटा।

टोडा—नीलगिरिकी एक पार्वत्य जाति। ये कुछ ऊंचे सींगवाली भैंस पालते और उसके दूधसे अपनी गुजर करते हैं। भैंसें ही इनकी सम्पत्ति या जायदाद है। इनकी रहन-सहन साधारण किसानोंकी भांति है, पर ये खेतीबारी करनेमें अपना अपमान समझते हैं।

इनकी स्त्रियोंका दैनिक कार्य सेप लगाना रसोई बनाना और केश-विन्यास करना है। यूरोपियोंने पा कर इनमें व्यभिचारका प्रचार किया है। जैसा कि डा॰

डा० मार्ट कहते हैं—"टोडा जाति दिनोदिन दुर्बल होती जाती है, जिसका कारण यूरोपियों द्वारा प्रवर्तित कुत्सित व्याधि और अमितपान-मद्य है।" सचमुच ही वर्णशंकरत्वके संस्पर्शसे इस जातिको उपदंश रोगने घेर लिया है। बहुतोंका कहना है, कि टोडारमणियोंका चरित्र अत्यन्त हीन है; परन्तु यह बात यूरोपियोंके आवासस्थानके निकटवर्ती ग्रामोंमें ही पाई जाती है, सर्वत्र नहीं।

वर्तमान समयमें टोडा लोग तामिल भाषा बोलते हैं। कोई कोई तामिल भाषा लिख भी सकते हैं। टोडा पुरुष साधारणतः छहफुट, ऊँची नाकवाले और मझोले कदके होते हैं। ये लोग लोहेकी गरम सींकसे कन्धे पर नाना प्रकारके चिह्न बनाते हैं। इनका विश्वास है कि ऐसा करनेसे महिष दोहनकार्य अच्छी तरह किया जा सकता है। गर्भवती स्त्रियाँ पांचवें मासमें हाथकी कलाई पर चिह्न करती हैं। टोडा स्त्रियोंका सौन्दर्य बहुत थोड़े दिन रहता है। इसीलिए स्त्रियोंकी अपेक्षा पुरुष अधिकतर सुन्दर होते हैं। स्त्री-पुरुष सब सफेद कपड़े पहनते हैं। ऋतुमती स्त्रियोंके शरीर पर एक प्रकारका चिह्न रहता है।

टोडाओंके वासस्थानका नाम 'मान्द' है। मान्दमें छोटी छोटी मिट्टीकी कुटीर और गोशालाएँ रहती हैं। डा० रिभर्सका अनुमान है कि टोडा मलवारकी किसी जातिकी शाखा हो सकती है। परन्तु इस अनुमानकी कोई भित्ति नहीं है।

ये लोग महिषदलके साथ ग्रामसे ग्रामान्तरमें भ्रमण किया करते हैं। एक ग्रामकी शस्य-सम्पद जब निबट जाती है, तब इन्हें दूसरे ग्राममें जाना पड़ता है। महिषादि सम्पत्तिके ऊपर इनका निजस्व स्वत्व है। किन्तु जमीन तमाम ग्रामवासियोंके अधीन होती है, किसी एक व्यक्तिकी नहीं। जमीनको कोई बेच भी नहीं सकता।

टोडा लोग सामाजिक हिसाबसे दो भागोंमें विभक्त हैं - एक देवलगा और दूसरे तारसेरल्हल। इन दोनों श्रेणियोंमें परस्पर विवाह नहीं होता। पहली श्रेणीमें पेकी लोग हैं, जो ब्राह्मणोंके समान समझे जाते हैं। और दूसरी श्रेणीमें पेकान, कुट्टान, केंव और टोडी नामकी चार शाखाएं हैं। कोई भी पेकी स्त्री तारसेरल्हलके पास नहीं जा सकती; किन्तु तारसेरल्हल स्त्रियाँ पेकियोंके पास जा सकती हैं। प्रथम रजोदर्शन होनेके बाद बालिकाओंका एक बलिष्ठ पुरुषसे संयोग कराया जाता है।

इनमें एक स्त्री कई पति ग्रहण कर सकती है। एक भाईकी स्त्रीके साथ अन्य भाई भी सहवास किया करते हैं। सन्तानका कौन पिता है, इस बातका निर्णय बड़ा कौतुकावह है। गर्भके सातवें मासमें एक उत्सव होता है, इसमें जो व्यक्ति गर्भवतीके हाथमें एक कृत्रिम धनुर्वाण देता है, वही गर्भस्थ सन्तानका पिता समझा जाता है। साधारणतः बड़ा भाई ही धनुर्वाण देता है। जब तक सब भाई एक साथ रहते हैं, तब तक सभी भाई बालकके पितृत्वका दावा रखते हैं; किन्तु जब एक ही स्त्रीके स्वामिगण विभिन्न वंशीय हो जाते हैं, तब धनुर्वाण प्रदान करनेवाला व्यक्ति, सिर्फ गर्भस्थ शिशुका ही नहीं बल्कि उसके बाद जितने भी बच्चे होंगे, सबका पिता माना जाता है। यदि समयान्तरमें अन्य कोई व्यक्ति गर्भिणीको धनुर्वाण प्रदान करे, तो वह व्यक्ति पिता समझा जायगा। टोडोंमें अब भी पुरुषोंकी अपेक्षा स्त्रियोंकी संख्या कम है। इसलिए बहुतोंका अनुमान है कि ये लोग कन्याओंको सौरमें ही मार डालते हैं। जिस तरह दो भाई मिल कर एक स्त्रीके साथ विवाह कर सकते हैं, उसी तरह चाहें तो वे बहुतसी स्त्रियोंका भी पाणिग्रहण कर सकते हैं।

इनका नाच बड़े अद्भुत ढंगका है। स्त्रियाँ नाचमें शामिल नहीं होतीं। सात आठ पुरुष एक दूसरेका हाथ पकड़े हुए गोल हो कर खड़े हो जाते हैं और फिर "ओ—हाऊ" "ओ—हाऊ" कह कर चिल्लाते और सब एक साथ तालसे पैर पटकते हुए घूमा करते हैं। यह इनका आनन्दोत्सव नहीं, बल्कि मृत्यूत्सव है। किसीके मरने पर ये मृत-व्यक्तिको ले कर एक गाँवसे दूसरे गाँव जाते हैं और प्रत्येक ग्राममें ऊपर लिखे अनुसार मुर्देको घेर कर ईश्वरका नाम लेते हैं। ग्रामकी प्रदक्षिणा समाप्त होने पर मुर्दा गाँवमें लाया जाता है और सम्पूर्ण तैजस पत्रकुठारादिके साथ घरमें ही

उसकी दाहक्रिया होती है। फिलहाल इस प्रथामें कुछ परिवर्तन हो गया है। अब कुट्टर और द्रव्यादि मुरदेके साथ भस्मीभूत नहीं की जाती, बल्कि उसके जलानेके लिये एक न्यारी कुट्टर बनाई जाती है। अब मिल कर जो दो एक तैजसपत्र देते हैं, मात्र वही मुरदेके साथ जलाया जाता है। शवदाहके बाद युवक लोग मिल कर ८।१० महिषोंको मारते हैं और स्त्रियां सुर बांध कर रोती हैं। इनमें स्त्रियां नाचती नहीं और पुरुष गाते नहीं। ये मांस-मछली कुछ नहीं खाते और इसीलिए मृत्यु-भोजके लिये उनका वध भी नहीं करते।

इस मृत्यूत्सवके सिवा इनमें और कोई भी उत्सव नहीं होता। और तो क्या, विवाहमें भी कोई उत्सव नहीं होता। पितामाता मिल कर निश्चय कर लेते हैं कि हम अपनी कन्याका ब्याह तुम्हारे पुत्रके साथ करेंगे। बस, इसके बाद किसी दिन कन्या स्वामीके घर जा कर रहने लगती है। इनमें लड़कीका ब्याह ३।४ वर्षकी उमरमें और लड़केका ८।१० वर्षकी उमरमें होता है।

टोडा भीम-राजपूतानेके जयपुर राज्यके अन्तर्गत एक शहर। यह अक्षा० २६° ५५' उ० और देशा० ७६° ४८' पू० के मध्य जयपुर शहरसे ६२ मीलको दूरी पर अवस्थित है। लोक-संख्या प्रायः ६६२८ है। शहरमें केवल ८ स्कूल हैं।

टोड़ी (हिं० स्त्री०) १ रागिणीका एक भेद। इसके गानेका समय १० दण्डसे १६ दण्ड तक है। इसका स्वरग्राम इस प्रकार है—स रे ग म प ध नि स स नि ध प म ग ग ग रे स। रे म नि म नि ध प नि स रे ग रे स नि ध। प ग ग म ग रे ग रे स रे नि म नि ध म रे ग स प ध ध प। म ग म ग रे म नि स रे रे स नि ध ध ध नि स। हनुमत्‌के मतानुसार इसका स्वरग्राम यह है—म प ध नि स रे ग म अथवा म रे ग म प ध नि स। इसे सम्पूर्ण जातिकी रागिणी मानते हैं। इसमें शुद्ध मध्यम और तीव्र मध्यमके सिवा शेष सब स्वर कोमल होते हैं। यह भैरव रागकी स्त्री है। इसका रूप इस प्रकार है—हाथमें बीणा लिये हुए प्रियके विरहमें गाती है, शरीर पर सफेद वस्त्र है और आंख बहुत सुन्दर है। २ चार मात्राओंका एक ताल। इसमें २ आघात और २ खाली रहते हैं। इसका तबलेका बोल यों है—

+	०	३	०	+
धिन्, धा,	गेदिन,	झिनना,	गेदिन,	धा।

+	०	०	०	+
अथवा धेड़ा,	केटे	मेड़ा	केटे	धा।

टोनहाई (हिं० स्त्री०) १ जादू चलानेवाली स्त्री, नजर लगानेवाली। २ जो स्त्री मन्त्र और झाड़ फूंक करती है।

टोनहाया (हिं० पु०) वह मनुष्य जो टोना करता हो, जादू करनेवाला आदमी।

टोना (हिं० पु०) १ मन्त्र तन्त्रका प्रयोग, जादू। २ विवाहके अवसरमें गाये जानेका एक गीत। ३ एक शिकारी चिड़िया।

टोनाहाई (हिं० स्त्री) टोनहाई देखो।

टोप (हिं० पु०) १ बड़ी टोपी, सिरका बड़ा पहरावा। २ शिरस्त्राण, लोहेकी वह टोपी जो लड़ाईके समय सिरकी रक्षाके लिये पहनी जाती है, खोद, कूंड। ३ खोल, गिलाफ। ४ अंगुश्ताना, उंगली पर पहिननेकी लोहे या पीतलकी एक टोपी। इसे दरजी लोग सीते समय एक उंगलीमें पहन लेते हैं।

टोपन (हिं० पु०) टोकरा।

टोपा (हिं० पु०) बड़ी टोपी।

टोपी (हिं० स्त्री०) १ मस्तक आच्छादन वस्तु, सिर परका पहरावा। २ राजमुकुट, ताज। ३ कोई गोल वस्तु जिसका आकार गोल और गहरा हो, कटोरी। ४ बन्दूकका पड़ाका। ५ शिकारी जानवरके मुंह पर चढ़ाई जानेकी थैली। ६ लिङ्गका अगला भाग, सुपारी।

टोपीदार (हिं० वि०) टोपी लगी हुई।

टोपीवाला (हिं० पु०) १ टोपी पहना हुआ आदमी। २ अहमदशाह और नादिरशाहकी सेनाके सिपाही। ये लाल टोपियां पहन कर भारतवर्ष आये थे और टोपीवाले कहलाते थे। ३ अंगरेज या यूरोपियन जो हट (hat) लगाते हैं।

टोर (हिं० स्त्री०) ममककी फलियोंको छान कर निकाल लेने पर बचा हुआ मोरेकी महीका पानी। इसे फिर उबाल और छान कर शोरा निकाला जाता है।

टोरा (हिं॰ पु॰) वह तराजू जिससे जुलाहे सूत तौलते हैं।

टोरा (हिं॰ पु॰) अरहरका छिलके सहित मुड़ा दाना जो तैयार को हुई दालमें रह जाता है।

टोल—१ चतुष्पाठी, संस्कृत विद्याशिक्षाका स्थान। यदि कोई जीवनकी उन्नति करनी चाहे तो सबसे पहले विद्या-शिक्षाकी आवश्यकता है। जिस समाजके मनुष्य जितने ही शिक्षित हैं, वे उतनी ही संसार और आत्माकी उन्नति कर सकते हैं। एकमात्र विद्याशिक्षा ही सब प्रकारकी उन्नतिका मूल है। प्रत्येक सभ्य जातिके मनुष्योंमें विद्याशिक्षाकी व्यवस्था एक न एक प्रकारकी निर्दारित है। हम लोगोंके देशमें भी विद्याशिक्षाका स्थान टोल है। कबसे यह टोल-प्रथा प्रचलित हुई है, उसका निर्णय करना अत्यन्त कठिन है। किन्तु थोड़ी विवेचना कर देखनेसे स्पष्ट ही अनुमान किया जाता है, कि यह ब्रह्मचर्यका अंशमात्र है। जबसे हम लोगोंके देशमें ब्रह्म-चर्यप्रथा बिलकुल अस्तमित हो गई है, तभीसे यह टोल-प्रथा प्रवर्त्तित हो गई है, इसमें कुछ भी सन्देह नहीं है। ब्रह्मचर्यके अभावसे ही हम लोगोंके देशमें प्रकृत शिक्षा और उन्नतिका अभाव हो गया है।

पूर्व समयमें तीनों वर्णके बालक किस तरह गुरुगृह-में रह कर विद्यार्जन करते थे, इस विषयको स्थिर करनेमें ब्रह्मचर्यके विषयकी आलोचना करनी आवश्यक है।

भारतमें जब हिन्दूधर्मका पूर्ण विकाश तथा वर्णा-श्रमविभाग था, तब गुरु और विद्यार्थी किस प्रकार परि-चालित होते थे, उसीको देखना चाहिये।

तीनों वर्णके बालक उपनयनके बाद गुरुगृहमें आ कर रहते थे। उपनयनकाल ब्राह्मणका आठ, क्षत्रियका ग्यारह और वैश्यका बारह वर्ष निर्दिष्ट था। यथासमय बालकगण उपनीत हो कर पितामाता और आत्मीय स्वजनोंसे कुछ कुछ भिक्षा ले गुरुगृहमें आते थे। गुरुगृहमें वे कौनसी शिक्षा प्राप्त करते थे तथा किस आदर्शसे उनका हृदय संगठित होता था, उसके विषयमें मनुने यों कहा है—

"उपनीय गुरुः शिष्यं शिक्षयेच्छौचमादितः।
आचारमग्निकार्यञ्च सन्ध्योपासनमेव च॥" (मनु२।६९)

गुरु उपनयनके बाद शिष्यको सबसे पहले शौच, आचार, अग्निकार्य और सन्ध्योपासनाकी शिक्षा दें।

बालकका हृदय नवनीतकी नाईं सुकोमल है। लड़कपनसे वह जिस भावमें परिचालित किया जायगा, युवावस्थामें भी वह उसी भाव गठित होगा तथा उसीके अनुसार कार्य-प्रणाली जीवनके भावि-शुभाशुभ उत्पन्न करेगी। इसी अवस्थामें बालकको विशेष सावधानीसे विद्या शिक्षा देनी आवश्यक है। केवल बहुतसी पुस्तकों-को कण्ठस्थ कर लेनेका नाम विद्याशिक्षा नहीं है। जिस विद्याके पढ़नेसे मनुष्य देवभाव धारण कर लें और अशेष गुणराशिके आधार हो जावें वही प्रकृत विद्या-शिक्षा है। गुरु लोग वही शिक्षा छात्रको देते थे। वे जानते थे, कि छात्रोंके अन्तःकरणको निर्मल नहीं करानेसे आन्तर और बाह्यविषयका पूर्ण प्रतिबिम्ब उस पर नहीं पड़ सकता और विशुद्ध सत्वका स्फूरण नहीं होनेसे उसमें ज्ञानालिप्सा वृत्ति उत्पन्न नहीं हो सकती है। इसी कारण ज्ञानोपदेशके पहले मानसिक निर्मलता आवश्यक है। यह निर्मलता एकमात्र शौचके अधीन है। शौच भी दो तरहका है, बाह्य और आन्तर। मृदादि द्वारा बाह्यशौच और मानसिक मलशुद्धि आन्तर-शौच है। ये दोनों प्रकारके शौच सम्पन्न हो जानेसे हृदयमें ज्ञानज्योतिका विकाश होता है। इसी कारण आर्य ऋषिगण वेदाध्ययनके पहलेही शौचशिक्षा देते थे। अभी उस शिक्षाका कैसा दुर्दिन हो आया है। शिक्षक वा छात्र शौच किसे कहते हैं, यह भी नहीं जानते तथा जाननेकी कोशिश भी नहीं करते हैं। शौचशिक्षाके समाप्त होने पर आर्यऋषिगण आचार शिक्षा देते थे। गुरुके प्रति शिष्यका कैसा व्यवहार होना चाहिये तथा इस अवस्थामें किस द्रव्यको सेवा और किस विषयका परित्याग करना चाहिये इसी विषयकी शिक्षाका नाम आचारशिक्षा है।

ब्रह्मचारीको समावर्त्तनकाल तक निम्नोक्त विधि और निषेधका पालन करना चाहिये।

विधि। पहले इन्द्रियजय, प्रतिदिन जल, पुष्प, गोमय (गोबर), कुश, समिध आदि आहरण, सद्‍ ब्राह्मणोंके घरसे माधुकरी वृत्तिके अनुसार भिक्षावर्ण्णग्रह, स्नान,

देवता, ऋषि और पितृतर्पण देवताओंकी पूजा, सन्ध्या-वन्दन, सायंप्रातर्होम, वेदपाठ, गुरुके निकट सब प्रकारकी विनति, गुरुके प्रति पितृवत् भक्ति, गुरुका प्रसन्नतासाधन, गुरुजनके प्रति सम्मान।

निषेध—मधु, मांस, गन्ध, माल्य विविध रसाल द्रव्य, प्राणीहिंसा, सर्वाङ्गमें तैलमर्दन, दिनमें शयन, चर्म-पादुका और छत्रव्यवहार, विषयाभिलास, क्रोध, लोभ, मोहसङ्ग, नृत्य, गीत, वाद्य, अक्षादिक्रीड़ा (पासा), लोगोंके साथ वृथा कलह, दुर्वाक्य प्रयोग, दूसरे पर दोषारोपण, मिथ्याकथन, मन्द अभिप्राय, स्त्रियोंको अव-लोकन वा आलिङ्गन, दूसरेका अनिष्टाचरण, चौरकर्म, एक बार दिनमें और एक बार रात्रिमें भोजन। उक्त विधि और निषेधात्मक व्रतनियम पालन कर ब्रह्मचारी-को संयतेन्द्रिय हो कर वेदादि शास्त्र पढ़ना चाहिये। बालकके चित्तक्षेत्रको विद्याबोज बोनेका उपयोगी बनानाही आचारका मुख्य प्रयोजन है।

प्राचीन कालमें जो ऋषि जितनी शिष्यसंख्या पढ़ाते थे वे उतने ही प्रधान गिने जाते थे। छात्रकी संख्याके अनुसार उनकी भी उपाधि रहती थी। उसी उपाधिसे वे कितने शिष्यकी पढ़ाते हैं, यह साफ साफ मालूम हो जाता था। इसी लिये कण्वादि ऋषि कुलपति कह-लाते थे—

"मुनीनां दशसाहस्रं योऽन्नदानादिपोषणात्।
अध्यापयति विप्रर्षिः स वै कुलपतिः स्मृतः॥" (मनु०)

जो दस हजार मुनिको अन्नादि द्वारा पालन कर पढ़ाते थे, उन्हें कुलपतिकी उपाधि मिलती थी। उस समय प्रत्येक ऋषि अपने साध्यके अनुसार शिष्यको रखते और उन्हें पढ़ाते थे। जबसे नियमपूर्वक ब्रह्मचर्य-को प्रथा अदृश्य हो गई, किन्तु शिक्षाका भार पहलेको नाई ब्राह्मणोंके हाथमें ही रहा, तभीसे प्रकृत शिक्षाका लोप हो गया है। अभी उपनयनके बाद तीनों वर्णके बालक गुरुगृहमें आ कर अध्ययन समाप्त करके ही घरको लौट आने लगे हैं, अब कोई कठिन नियम कायम न रहा, अवनतिका सूत्रपात आरम्भ हो गया। इस समय अब केवल एक ही नियम रह गया है। अभी हम लोगोंके देशमें जो टोल-प्रणाली प्रवर्तित है, उसमें गुरु साध्यानुसार कई एक छात्रको आहारादि दे कर विद्या शिक्षा देते हैं, किन्तु पहलेको नाईं आचारादिकी शिक्षा कुछ भी नहीं दी जाती है। आजकल विजातीय शिक्षाके प्राबल्यसे इस तरहकी प्रथा प्रायः लोपसी हो गई है। पहले ऐसा कोई ग्राम नहीं था, जहां २।४ टोल न रहे। अभी १०।१५ ग्रामोंमें अनुसन्धान करने पर एक आध टोल देखनेमें आता है, वह भी विकृतभावमें परिचालित है। वर्त्तमान समयमें टोलकी ऐसी दुर-वस्था देख कर पहलेकी तरह जिससे यह प्रथा अब भी प्रचलित रहे, इसके लिये गवर्मेण्टसे अध्यापक और छात्र-को वृत्ति देनेकी व्यवस्था कर दी गई है। देशके धनी और ज्ञानियोंमें भी कोई कोई टोल स्थापन कर पहले-की नाईं जिससे संस्कृत-शिक्षा प्रचलित हो, उसके लिये यत्नवान् हुए हैं। आजकल भारतवर्षके कई देशोंमें टोल संस्थापित हुआ है। किन्तु शिक्षाप्रणाली विजातीय नियमानुसार चलाई जाती है, पहलेकी नाईं कुछ भी नहीं है। हम लोगोंके देशमें जैसी शिक्षा-प्रणाली प्रचलित थी और जो कुछ रह भी गई है, उससे मालूम होता है, कि किसी दूसरी सभ्यजातिमें ऐसी प्रथा प्रच-लित नहीं है। बिना अर्थको सहायतासे कोई बालक शास्त्रवित् पण्डित् हो जावे, ऐसी प्रथा किसी जातिमें न थी और न है। हम लोगोंका धर्मबन्धन छिन्न हो जानेसे इस तरहका सुन्दर नियम विलुप्त हो गया है। धीरे धीरे ज्ञानियोंमें जिस तरह इस प्रणालीका आदर देखा जाता है, उससे बहुत जल्द इसकी उन्नति होनेकी सम्भावना है।

२ कुटीर, झोंपड़ी।

टोल (हिं० स्त्री०) १ मण्डली, समूह, जत्था। (पु०) २ सम्पूर्ण जातिका एक राग। इसके गानेका समय २५ दण्डसे ले कर २८ दण्ड तक है।

टोल (अ० पु०) महसूल, महसूल चुंगी।

टोला (हिं० पु०) १ महल्ला, बड़ी बस्तीका एक भाग। २ उंगलीको मोड़ कर पीछे निकली हुई हड्डीसे मारनेकी क्रिया, ढंग। ३ पत्थर या ईंटका टुकड़ा, रोड़ा। ४ बेंत आदिकी चोटका पड़ा हुआ चिह्न। ५ बड़ी कौड़ी, कौड़ा, टग्गा। ६ गुल्ली पर डंडेकी चोट।

टोलिया (हिं० स्त्री०) टोली, छोटा महल्ला।

टोली (हिं० स्त्री०) १ बस्तीका छोटा भाग। २ समूह, झुण्ड, जत्था, मण्डली। ३ पत्थरकी चौकोर पटिया, सिल। ४ पूर्वीय हिमालय, सिकिम और आसाममें मिलनेवाला एक प्रकारका बाँस। यह बाँस कुछ कुछ पेड़ोंसे मिलता जुलता है। इसके बड़े बड़े मजबूत टोकरे बनते हैं। इससे अच्छी अच्छी चटाइयाँ भी बनाई जाती हैं। इसका दूसरा नाम नाल और वरोक है।

टोलो धनवा (हिं० पु०) एक प्रकारकी घास जो धानकी तरह होती है। इसके पत्ते बहुत नरम होते और इन्हें पशु चावसे खाते हैं। कहीं कहीं गरीब मनुष्य इसके मवेगो दाने भी खाते हैं।

टोवा (हिं० पु०) पानीकी गहराई नापनेवाला मांझी। यह हमेशा गलही पर बैठा रहता है।

टोह (हिं० स्त्री०) १ अन्वेषण, खोज, ढूँढ़, तलाश। २ देखभाल, खबर।

टोहना (हिं० क्रि०) अन्वेषण करना, तलाश करना, खोजना, पता लगाना।

टोहाटाई (हिं० स्त्री०) १ अन्वेषण तलाश, ढूँढ़, छान-बीन। २ देखभाल, खबर।

टोहिया (हिं० वि०) १ अन्वेषण करनेवाला, ढूँढ़नेवाला। २ जासूस, भेदिया।

टोही (हिं० वि०) अन्वेषण करनेवाला, ढूँढ़नेवाला, पता लगानेवाला।

टौंस (हिं० स्त्री०) एक नदी। तमसा देखो।

टौनहाल (हिं० पु०) टाउनहाल देखो।

ट्रङ्क (अं० पु०) लोहेका सफरी सन्दूक।

ट्रम्प (अं० पु०) ताशके खेलका एक रङ्ग। यह दूसरे रङ्गोंके बड़ेसे बड़े पत्तेको काटनेके लिये मान लिया जाता है, तुरुपका रङ्ग। २ ट्रम्पका खेल।

ट्राइट्स्के—सुप्रसिद्ध जर्मन राजनीतिविद् और ऐतिहासिक। जिन चिन्ता-वीरोंकी युक्ति, तर्क और उत्तेजनाके फलसे वर्त्तमान जर्मनजातिके हृदयमें विजिगीषा और रक्त-पिपासाका सञ्चार हुआ था, उनमें ट्राइट्स्केको अन्यतम समझना चाहिए। इतिहासके अध्यापक, प्रजा-सभाके प्रतिनिधि और संवादपत्रोंके लेखक बन कर आप दीर्घकाल तक जर्मनोंको जातीयता और उसके लिए दिग्विजय-साधनके अवश्य कर्त्तव्यताका प्रचार कर गये हैं।

१८३४ ई०में, ड्रेसडेन नगरमें ट्राइट्स्केका जन्म हुआ था। बाल्यकालमें ही आपके चरित्रमें विशेषत्व लक्षित हुआ था। चार वर्षकी अवस्थामें विद्यारम्भके समय ही आपकी ज्ञानार्जनकी क्षमताका यथेष्ट विकाश हुआ था। आठ वर्षकी उम्रमें आप विद्यालयमें भरती किये गये। थोड़े ही दिनोंमें आप सहपाठियोंमें सर्वश्रेष्ठ छात्र गिने जाने लगे। थोड़ी ही उम्रमें इन्हें रणरङ्गका शौक हो गया। आपने बड़े आग्रहसे ग्रीक भाषा सीखी। आप अपने पिताके युद्धवेशमें सज्जित हो कर होमर-वर्णित युद्धोंका पुनः पुनः अभिनय किया करते थे। बारह वर्षकी उमरमें आप ड्रेसडेनके उच्च विद्यालयमें प्रविष्ट हुए और शीघ्र ही सहपाठियोंमें प्रधान हो गये। सत्रह वर्षकी अवस्थामें आप योग्यताके साथ वहाँकी अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण हो गये। यहाँ पढ़ते समय ही आपके हृदयमें अपरिमेय देशभक्ति जाग्रत हो गई। विद्यालय छोड़ते समय पुरस्कार-वितरण-सभामें आपने स्वरचित एक कविता पढ़ी थी, जिसमें जातीय सम्मानकी रक्षाके लिए वैर-साधनद्वारा मनुष्यत्व प्राप्त करनेके लिए समग्र जर्मन जातिको प्रस्तुत रहनेके लिए उत्साहित किया था।

इसके बाद उच्चशिक्षा प्राप्त करनेके लिए पहले आप Bonn विश्वविद्यालयमें प्रविष्ट हुए और वहाँके प्रसिद्ध इतिहास अध्यापक Dahlmann के साथ आपका विशेष परिचय हो गया। जर्मन-साम्राज्यकी प्रतिष्ठा उस समय भी भविष्यके गर्भमें थी। प्रसिद्ध जर्मन राजनीतिज्ञ डाल-मान इसके गुरु थे। उन्होंने जर्मनोंको एकताके सूत्रमें आबद्ध हो कर जातीय संगठनके लिए इन्हें उत्साहित किया। इस समय आपकी कर्णपीड़ा उद्रिक्त थी, इस लिए अध्यापकोंकी बहुतसी वक्तृताएं आपके कर्ण-गोचर न हुईं। बोन् विश्वविद्यालयसे आप लीपजिकके विश्वविद्यालयमें गये। परन्तु कुछ दिन रह कर आप फिर बोन् लौट आये और व्यवहारशास्त्र, राष्ट्रीय इतिहास आदिका अध्ययन करने लगे। इसी समय आपको Rochon प्रणीत ग्रन्थके "राष्ट्रशक्ति ही सारासार है"

इसं मतसे परिचय हुआ। आपका भी ऐसा ही मत था। १८५४ ई०में जब कि आप बीसवर्षके युवक थे, लोपजिक विश्वविद्यालयसे डाक्टरकी उपाधि प्राप्त हुई। इसके बाद आप अध्यापकपदकी आशासे गटिनवर्ग पहुंचे। वहां आपने स्वरचित दो कवितागन्थ प्रकाशित किये। इसमें भी जर्मनजातिकी एकताके लिए उत्तेजना दो गई थी। अनन्तर आप लोपजिकके अध्यापक चुने गये और इसी कार्यमें आपने जीवन बिता दिया।

आपने अध्यापकके आसनसे ही जर्मनोके एकत्व-संसाधनरूप आदर्शका प्रचार किया था। १८६२ ई०में आपको वेडेन राज्यके अन्तर्गत फ्राइवार्ग-विश्वविद्यालयमें अतिरिक्त अध्यापकका पद मिला। श्लेजुइग इलष्टाइनके युद्धके समय आपने अपना ऐसा मत प्रचारित किया था, कि उक्त दोनों राज्य प्रूशियामें मिला दिये जायं और जर्मनीके छोटे छोटे राज्योंका विलोप कर साम्राज्य संगठन किया जाय। इस पर आपके पिताने आपका मुंह तक देखना छोड़ दिया। जब कालेजके मानिक अष्टीयाके साथ मिल गये, तब आप अध्यापकीसे इस्तीफा दे कर एक संवादपत्रका सम्पादन करने लगे।

१८९० ई०में आपको येल-विश्वविद्यालयमें अध्यापक नियुक्त हुए। पोछे आप हाइडेलवर्गमें अध्यापक हुए। वहां आपने फ्राङ्कोप्रूशियाके युद्धके समय छात्रोंको उत्साहित किया था। १८७१ ई०में आप जर्मन-रीकष्टग नामक महासभाके प्रतिनिधि निर्वाचित हुए और बहुत सम्मान पाया। १८७८ ई०में, लगातार अठारह वर्ष तक परिश्रम करनेके बाद आपने "उन्नीसवीं शताब्दीका जर्मन-इतिहास"का प्रथम खण्ड प्रकाशित किया। इसका पांचवां खण्ड १८७४ ई०में निकला था। छठा खण्ड लिखते लिखते आप बीमार पड़ गये और १८८६ ई०के अप्रैल मासमें आपका देहान्त हो गया।

ट्राम (अं० स्त्री०) बड़े बड़े नगरोंमें एक प्रकारको लम्बी गाड़ी जो लोहेको बिछी हुई पटरी पर चलती है। इसका आविष्कार सबसे पहले इङ्गलैण्डमें १८६० ई०को हुआ था। अब यह भारतवर्ष तथा दूसरे दूसरे देशोंके बड़े नगरोंकी हर एक गलीमें चलने लगी है। यह बहुत कुछ रेलगाड़ीसे मिलती जुलती है। किन्तु दोनोंमें फर्क यही है, कि रेलगाड़ी वाष्प द्वारा चलती और ट्रामगाड़ी बिजलीके जोरसे चलाई जाती है। पहले इसमें घोड़े लगते थे, अब केवल बिजलीहीके द्वारा बहुत वेगसे अर्थात् घण्टेमें २०से २५ मीलके हिसाबसे चलती है। बिजली पहले डायनेमोमें बनती है। उसी डायनेमोमें विद्युत्की शक्ति काममें लानेके लिये तार लगे रहते हैं। हरएक ट्रामके अगले कमरेमें ट्रोली रहती है। यही ट्रोली ऊपरके विद्युत्-तारमें लगी रहती है। बिजलीका धक्का लगनेहीसे गाड़ी आपसे आप चलने लगती है। इसमें किसी प्रकारको कल नहीं है केवल विद्युत्के प्रवाहको सञ्चारण करनेके लिये गाड़ीके अगले कमरेमें एक चक्कासा बना रहता है। उसी चक्केको घुमानेसे गाड़ी विद्युत् शक्तिके धक्केसे चलती है। हरएक गाड़ीमें फष्ट और सेकेण्ड क्लासके दो डब्बे रहते हैं। हरएक डब्बेमें टिकट बांटनेके लिये एक एक कर्मचारी रहता जिसे कनडक्टर (Conductor) कहते हैं। इसके सिवा गाड़ी चलानेके लिये एक ड्राइवर रहता है। रेलगाड़ीकी तरह इसका स्टेशन दूर दूरमें नहीं रहता है। जहां कई दस पांच आदमी एक जगह जुटे रहते उसी जगह पर ठहर जाती है। हरएक डब्बेमें पचास साठ आदमीसे कम नहीं बैठते हैं। इसमें कभी कभी जीवन नष्ट होनेका भी डर रहता है। बिजलीकी शक्ति अधिक पड़नेसे अथवा और दूसरे कारणोंसे इसमें आग लगते देखा गया है और जब विद्युत्का प्रवाह कुछ भी न रहता तथा तारमें लगी हुई ट्रोली उससे अलग हो जाती है, तो कभी कभी यह अपनी लाइनसे हट कर जमीन पर गिर जाती है। भारतवर्षमें यह प्रायः विद्युत्तारमें लगी हुई ट्रोली द्वाराही चलती है, किन्तु यूरोप आदि देशोंमें विद्युत्-प्रवाहको जमीनके भीतर अथवा ऊपर हो कर एक नली बनी गई है जिसे ओप्र कनड्ट (open conduit) कहते हैं। यह हरएक गाड़ीमें संयुक्त रहता है। एक शहरमें केवल एक ही ट्रामगाड़ी नहीं रहती वरन् प्रत्येक गली और सड़कके लिये कई एक नियत की हुई रहती हैं। जब ट्रामगाड़ी नहीं थी, तब बड़े बड़े शहरमें घूमने फिरने तथा कहीं

आने जानेमें बहुत असुविधा होती थी और साथही साथ बहुत खर्च भी करने पड़ते थे; किन्तु जबसे इसका आविष्कार हो गया है, तबसे बहुत थोड़े खर्चमें अर्थात् कुछ आने पैसेमें ही क्या गरीब क्या अमीर सभी दो चार कोस तक आरामसे चले जाते हैं। रेलगाड़ीकी नाईं इसमें कोई निश्चित समय नहीं रहता, वरन् हर एक सड़क और गलीमें जब और जिस स्थान पर इच्छा होती, तभी जगह इस पर चढ़ कर आनन्द लूटते हैं। आजकल यह भारतवर्षके बड़े बड़े देशोंमें चलने लगी है, यथा—मन्द्राज, राजपूताना, बरकल, चटगाम, पञ्जाब, बम्बई प्रदेश, बम्बई शहर, बरमा, कलकत्ता, कानपुर, मध्यप्रदेश, त्रिचनापुर, कोचिन, धौलपुर, धोराजी, काठियावाड़, जयपुर, जोधपुर, करांची, कानाडा इत्यादि।

ट्रेडमार्क (अं० पु०) बने या भेजे हुए माल पर व्यापारीका चिह्न, छाप।

ट्रेडिल मशीन (अं० स्त्री०) एक प्रकारकी छोटी कल। इसको एकही आदमी पैरसे चलाता और हाथसे उसमें कागज रखता जाता है। इसमें फोटोकी तस्वीरें बहुत स्पष्ट और उत्तम छपती हैं और काम बहुत जल्दीसे होता जाता है।

ट्रेन (अं० स्त्री०) १ रेलगाड़ीमें लगी हुई गाड़ियोंकी पंक्ति। २ रेलगाड़ी।

ठ

ठ—संस्कृत और हिन्दी वर्णमालाका तेरहवां अक्षर, टवर्गका द्वितीय वर्ण। इसका उच्चारणस्थान मूर्द्धा है। अर्द्धमात्रा समयमें इस वर्णका उच्चारण होता है। इसके उच्चारणमें आभ्यन्तरप्रयत्न, जिह्वा-मध्य द्वारा मूर्द्धस्थान स्पर्श और बाह्यप्रयत्न, विवार, श्वास, अघोष और महाप्राण है। मातृकान्यासमें दक्षिण जानुमें न्यास करना होता है। इसको लिखन-प्रणाली इस प्रकार है—"ठ"। इस ठकारमें सूर्य, चन्द्र और अग्नि सर्वदा अवस्थान करते हैं।

इस वर्णकी अधिष्ठात्री देवीका ध्यान करके इस वर्णका दश बार जप करनेसे साधक शीघ्र ही अभीष्ट लाभ कर सकता है। इसका ध्यान—

"ध्यानमस्य प्रवक्ष्यामि शृणुष्व कमलानने।
पूर्णचन्द्रप्रभां देवीं विकसत्पङ्कजेक्षणाम्॥
[illegible] धर्मकामार्थमोक्षदाम्।
एवं ध्यात्वा ब्रह्मरूपां तन्मन्त्रं दशधा जपेत्॥" (वर्णोद्धारतन्त्र)

यह देवी पूर्णचन्द्रकी भांति प्रभासे युक्त, प्रस्फुटित पद्मकी तरह नयनोंवाली, सुन्दरी, गौराङ्गी और धर्म काम मोक्षदायिनी है।

कामधेनुतन्त्रमें इसका स्वरूप इस प्रकार लिखा है—यह मोक्षरूपिणी कुण्डली, पीतविद्युल्लताकार, त्रिगुणयुक्त, पञ्चदेवात्मक, पञ्चप्राणमय, त्रिबिन्दु और त्रिशक्तियुक्त।

इसके २१ वाचक शब्द हैं—शून्य, मञ्जरी, बीज, पणिनी, लाङ्गली क्षमा, वनज, नन्दन, जिह्वा, सुनन्द, धूर्णक, सुधा, वर्तुल, कुन्ताम, वह्नि, अमृत, चन्द्रमण्डल, दक्षजा, अनुभाव, देवभक्ष, बृहद्ध्वनि, एकपाद, विभूति, ललाट, सर्वमित्रक, वृषघ्न, नलिनी, विष्णु, महेश, ग्रामणी और शशी। (नानातन्त्र) काव्यके प्रारम्भमें इसका प्रयोग करनेसे दुःख होता है। पद्यकी आदिमें इस शब्दका विन्यास करनेसे शोभा होती है। (वृत्त० र० टी०)

ठ (सं० पु०) ठ-पृषोदरादि० साधुः वा ठयते ठो बाहुल० ड। १ शिव, महादेव। २ महाध्वनि। ३ चन्द्रमण्डल। ४ मण्डल। ५ शून्य। ६ लोकगोचर, इन्द्रियग्राह्य वस्तु।

ठंठ (हिं० वि०) जिसकी डाल और पत्तियां सूख कर या और किसी प्रकारसे गिर गई हों, ठूँठा, सूखा।

ठंठनाना (हिं० क्रि०) ठनठनाना देखो।

ठंढार (हिं० वि०) रिक्त, खाली, छूँछा।

ठंढी (हिं० स्त्री०) १ दाना पीटनेके बाद बालमें लगा हुआ अनाज। (वि०) २ जिसमें मक्खा और दूध आनेकी सम्भावना न हो।

ठंड (हिं० स्त्री०) ठंढ देखो।

ठंडक (हिं० स्त्री०) ठंढक देखो।

ठंडा (हिं० वि०) ठंढा देखो।

ठंढ (हिं० स्त्री०) शीत, सरदी, जाड़ा।

ठंढई (हिं० स्त्री०) ठंढाई देखो।

ठंढक (हिं० स्त्री०) १ उष्णताका अभाव, शीत, सरदी। २ तापकी कमी, तरी। ३ तृप्ति, प्रसन्नता, तसल्ली। ४ किसी प्रकारके रोग या उपद्रवकी शान्ति।

ठंढा (हिं० वि०) १ शीतल, सर्द। २ बुझा हुआ, बुता हुआ। ३ उद्वाररहित, शान्त। ४ जिसे कामोद्दीपन न होता हो, नामर्द, नपुंसक। ५ गम्भीर शान्त, धीर। ६ उदासीन, सुस्त, मन्द। विरोध न करनेवाला, जो अपनी शिकायत सुन कर भी कुछ नहीं बोलता हो। ८ तृप्त, प्रसन्न, खुश। ९ निश्चेष्ट, मृत, मरा हुआ। १० जिसमें चमक दमक न हो, जो भड़कीला न हो, बेरौनक।

ठंढाई (हिं० स्त्री०) १ शरीरकी गरमी शान्त करनेवाली दवा। सौंफ इलायची, ककड़ी, खरबूजे आदिके बीज, गुलाबकी पखड़ी, गोलमिर्च आदिको एकमें पीस कर ठंढाई बनाई जाती है। २ सिद्धि, भांग।

ठंढामुलम्मा (हिं० पु०) बिना तापके सोना चांदी चढ़ानेकी रीति।

ठंढी (हिं० वि०) ठंढा देखो।

ठक (हिं० स्त्री०) १ ठोकनेका शब्द, वह आवाज जो एक वस्तु पर दूसरी वस्तुकी ठोकनेसे होता है। (वि०) २ स्तब्ध, भौचक्का। (पु०) ३ पतङ्गबाजीकी सनाई या सूजा। इसमें अफीमका किवाम लगा कर में कते हैं।

ठकठक (हिं० स्त्री०) प्रपञ्च, बखेड़ा, झगड़ा, टंटा।

ठकठकाना (हिं० क्रि०) १ खटखटाना। २ ठोंकना, पीटना।

ठकठकिया (हिं० वि०) टंटा करनेवाला तकरार करनेवाला, हुज्जती।

ठकठोंवा (हिं० पु०) १ एक प्रकारकी करताल। २ वह जो करताल बजा कर दरवाजे दरवाजे भीख मांगता हो। ३ एक छोटी नाव।

ठकार (सं० पु०) ठ स्वरूपी कार। ठ स्वरूपवर्ण, 'ठ' अक्षर। "ठकार चपलापांगि।"(कामधेनुत०)

ठकुर सुहाती (हिं० स्त्री०) दूसरोंको प्रसन्न करनेके लिये कही जानेवाली बात, खुशामद।

ठकुराइत (हिं० स्त्री०) ठकुरायत देखो।

ठकुराइन (हिं० स्त्री०) ठाकुरकी स्त्री, स्वामिनी, मालकिन। २ क्षत्रियकी स्त्री, क्षत्राणी। ३ नाईकी स्त्री, नाइन, नाउन।

ठकुराई (हिं० स्त्री०) १ आधिपत्य, सरदारी, प्रधानता। २ ठाकुरका अधिकार। ३ राज्य रियासत। ४ बड़ाई, महत्व, बड़प्पन।

ठकुरानी (हिं० स्त्री०) १ सरदारकी स्त्री, जमींदारकी औरत। २ रानी। ३ अधीश्वरी, मालकिन। ४ क्षत्रियकी स्त्री, क्षत्राणी।

ठकुराय (हिं० पु०) क्षत्रियोंकी एक जाति।

ठकुरायत (हिं० स्त्री०) १ आधिपत्य, सरदारी। २ राज्य, रियासत।

ठकोरी (हिं० स्त्री०) वह लकड़ी जिसमें सहारा ली जाती है।

ठक्कर (हिं० स्त्री०) टक्कर देखो।

ठक्कुर (सं० पु०) १ देवप्रतिमा, देवताकी मूर्ति। २ ब्राह्मणोंकी एक उपाधि। ३ देवद्विजवत् पूजनीय व्यक्ति वह मनुष्य जिसका सम्मान देवता और ब्राह्मणके जैसा किया जाय। "श्रुदावनगोपाल: श्रीमान् सुन्दरठक्कुर:।" (अनन्तस०)

ठग (हिं० पु०) १ वह मनुष्य जो धोखा दे कर दूसरोंका धन हरण करता है, सुनवा दे कर लोगोंका माल लेनेवाला। डाकू और ठगमें बहुत फर्क है। डाकू जबरदस्ती दूसरेका माल हरण करता पर ठग अनेक प्रकारकी धूर्त्तता करके अपना काम निकाल लेता है। भारतवर्षमें इनका एक पृथक् संप्रदायसा हो गया था, किन्तु विलियम,बेण्टिङ्कके समय यह सम्प्रदाय सदाके लिये लोप कर दिया गया। बहुप्राचीनकालसे ही ये भारतवर्षके सर्वत्र व्याप्त हुए थे। हिमालयसे कुमारिका तथा आसामसे गुजरात तक सभी स्थानोंके रास्तोंमें इन ठकैतोंका वास था। अकबरके राजत्वकालमें प्रायः ५०० ठगोंको इटावेमें प्राणदण्ड हुआ था। दिल्ली और आगरेके रास्तेमें कोई अपरिचित व्यक्ति पास न आने पाते, इसके लिए पथिकोंको होशियार

कर दिया जाता था। ठगोंके दलमें हिन्दू मुसलमान दोनों ही रहते थे, हिन्दुओंकी उपास्यदेवी काली थी।

ठगोंमें प्रवाद है कि—ये दिल्लीके निकटस्थ प्रदेशवासी मुसलमान-धर्मावलम्बी समजातिसे उत्पन्न हैं। कालक्रमसे ये मुसलमानधर्मको छोड़ कर कालिकादेवीकी उपासना करने लगे। इनकी प्रथम-उत्पत्तिके विषयमें वंशपरम्परागत ऐसा प्रवाद चला आ रहा है कि,—किसी समय एक दुर्धर्ष असुरके साथ कालिकादेवीका युद्ध हुआ। युद्धमें कालीने खड्गाघातसे असुरके टुकड़े कर डाले। किन्तु असुर रक्तबीज था, इसलिए उसके भूतल-पतित प्रत्येक रक्तबिन्दुसे तुल्य बलशाली एक एक असुर उत्पन्न होने लगा। कालीने उन सब असुरोंको भी काट डाला; फिर उनके रक्तसे असंख्य दानव उत्पन्न होने लगे। अन्तमें कालीने सोचा कि, इस तरह जितने काटे जायेंगे उतने ही अधिक दानवोंकी उत्पत्ति होगी। उन्होंने दो वीरोंकी सृष्टि करके उनको उत्तरीय-निर्मित फांस प्रदान की। उन फांसोंके जरिये दोनों वीर असुरोंको मारने लगे। इससे रक्त न गिरनेके कारण असुरोंका उत्पन्न होना बंद हो गया, धीरे धीरे समस्त असुर मारे गये। कालीदेवीने दोनों वीरों पर सन्तुष्ट हो कर वे फांसें उन्हें ही दे दीं और पुत्रपौत्रादि-क्रमसे उसीके जरिये जीविकानिर्वाह करेंगे—ऐसा वर दिया। उक्त दोनों वीर ही ठगोंके आदिपुरुष थे। प्रवादानुसार ठग लोग वंशानुक्रमसे नरहत्या-व्यवसायी हो गये और मध्यभारतसे लगा कर दाक्षिणात्यके कुछ दूर तक फैल गये। ये नाना स्थानोंमें भिन्न भिन्न सम्प्रदायमें निरीह प्रजाकी तरह कृषि आदि जीविका अवलम्बन करके रहते थे। किन्तु सर्वदा चारों तरफ इनके गुप्तचर रहते थे, जो कहां निराश्रय पथिक जा रहा है, इसकी खोज रखते थे। ठगोंमें एक साधारण सङ्केत था, जिससे वे परस्परको पहिचान लिया करते थे। बहुत समय ये लोग दल बांध कर अल्पाधिक संख्यामें निकलते थे और छद्मवेशमें रह कर मौका देख पथिकोंका सर्वनाश करते थे। प्रथमतः ये लोग पथिकोंसे इस ढंगसे पेश आते थे कि, जिससे पथिक किसी भी तरह इनको पहिचान नहीं सकते थे। पीछे मौका पाते ही असावधानी दशामें उन अभागोंको गलेमें फांसी दे कर मार डालते थे। अनन्तर उनका सर्वस्व लूट कर उनकी लाशको ऐसी जगह गाड़ देते थे कि, उनका किसी तरह पता नहीं चल सकता था। जिन लोगोंको मारनेसे उनकी जल्दी खोज होनेकी सम्भावना नहीं था जिनके न मिलनेसे लोग उनको भागा हुआ समझें, ऐसे लोग सहजहीमें ठगोंके चक्रमें पड़ कर जान खो बैठते थे। अवकाशप्राप्त सैनिक वा प्रभुका अर्थादिवाहक भृत्य ही ठगोंके बन्धनमें पड़ते थे। किन्तु ठग लोग स्त्री, कवि गङ्गाजलवाहक, धोबी, तेली, झाड़ूवाल, नट आदि नीच जातिवालोंको अथवा मजूर, फकीर और मित्रोंको कभी नहीं मारते थे। इनकी एक प्रकार सांकेतिक भाषा थी जिसे दूसरा कोई नहीं समझता था। दलके ठगोंसे उपयोगितानुसार कोई नेता होता था, कोई राहगीरको भुलावा दे कर अभिप्रेत स्थानपर ले जाता था, कोई गलेमें फांसी लगा कर मारता था, कोई गुप्तचरका काम करता और कोई गड्ढा खोद कर लाशको गाड़ता था। इस और साहसी ठग लुण्ठित द्रव्यका अंश पाते थे।

ठगोंमें साधारण दस्युकी तरह सिर्फ दस्युवृत्तिके द्वारा ही पारस्परिक सम्बन्ध नहीं था। ये भलीभांति समाजसङ्गठन करके भिन्न भिन्न जातियोंके साथ एकत्र वास करते तथा पुरुषानुक्रमिक नरहत्या और चौर्य द्वारा जीविकानिर्वाह करते थे। इनका विश्वास था, कि इसमें इनको पाप नहीं लगता, वरन् नरहत्या-व्यवसाय ही उनका मूलकर्म है। इसलिये जो जितना निष्ठुराचरण करके निराश्रय पथिकोंको मारता था, वह उतना ही प्रशंसनीय और कालिकादेवीका प्रियपात्र समझा जाता था। वास्तवमें इन पाषण्डी नारकियोंके हृदयमें जरा भी धर्मभय या अनुताप नहीं था। इसलिये इस तरहकी निर्दय भीषण नरहत्या करनेमें इनके हृदयमें तनिक चोट भी न लगती थी। किन्तु आश्चर्य है, ये नरपिशाच लोग भी इस तरहके बीभत्स कार्यके लिए निकलते समय अपनी उपास्यदेवी भवानीकी पूजा कर उनकी प्रीति और आशीषकी कामना करते थे। इस प्रकारके पैशाचिक कार्योंमें भी अपने लोगोंको उत्साहित करने तथा कालीदेवीकी पूजा

करनेके लिये पुरोहित ब्राह्मणोंका भी अभाव नहीं था। नितान्त दुष्कर्मी व्यक्ति भी अपने परिवारवर्गसे अपने दुष्कर्मोंको छिपा रखता है, उनमेंसे किसीको भी अपनी तरह अमत्पथावलम्बी नहीं बनना चाहता। किन्तु ठगोंमें ठीक इससे उलटी रीति थी। ये लोग बचपनसे ही लड़कोंको नरहत्याकी शिक्षा देते थे। शुरूआतमें बालकगण चररूपमें घूमा करते थे। फिर उनको पथिकोंकी लाश दिखाई जाती थी। ये ठगोंके साथ निकलते थे और पथिकोंको भुलावा देने तथा अन्य कार्योंमें उनकी सहायता करते थे। अन्तमें जब ये योग्य हो जाते, तब इनके हाथमें जीविकानिर्वाहके लिए एकमात्र अवलम्बन फांसी दी जाती थी। इस कार्यमें दीक्षित करनेके समय एक उत्सव होता था और दीक्षा-गुरु कालीकी पूजा करके उसके कपाल पर दीक्षा-तिलक दे कर उसको कालीको प्रसादी एक प्रकारका गुड़ खिला देते थे। प्रवाद है—इस प्रसादी गुड़की शक्ति अति भीषण थी, इसके खानेसे ही वह एक पक्का ठग हो जाता था।

ठग लोग इतनी चतुराई और निपुणताके साथ अपना काम बनाते थे कि, कभी वे पकड़े नहीं जाते थे। वे विचारकोंको प्रचुर उत्कोच देकर भाग जाया करते थे। मध्यभारतके अनेक स्थानोंमें, विशेषतः पश्चिमभारतमें अधिकांश सर्दार राजकर्मचारीसे सिर्फ इनके उपद्रवमें उपेक्षा करते थे, ऐसा नहीं, बल्कि उन्हें उनके चौर्य-लब्ध धनमेंसे हिस्सा तक नियमितरूपसे मिलता था। बहुतसे तो आयका प्रकृष्ट पन्था समझ कर अपने राज्यमें इनकी रक्षा करते थे। इसके साथ एक शर्त रहती थी कि, ये उस प्रदेशके अन्दर नरहत्या न कर सकेंगे। इसलिये अन्य स्थानोंसे अर्थादि लाने पर कोई भी असन्तुष्ट नहीं होता था। जमींदार, महाजन, दूकानदार, मोदी आदि सभी अर्थलोभसे इनके पक्षपाती होते थे। ऐसी दशामें ठगोंको छांट कर निकालना अत्यन्त कठिन कार्य था। अत्याचारके डरसे कोई भी इनसे कुछ कहता नहीं था। इस प्रकार भारतवर्षके विस्तीर्ण भूभाग पर यह नृशंस व्यवसाय बेखटके चल रहा था। आखिर अंग्रेजी शासनमें यह निवारित हुआ।

जिस तरह यह हत्याकाण्ड होता था, उसमें प्रति वर्ष कितने लोग ठगोंके द्वारा मारे जाते थे, इसकी कोई शुमार नहीं। कोई कोई कहते हैं कि, प्रायः १०००० आदमी प्रतिवर्ष ठगोंके द्वारा मारे जाते थे। यह संख्या अत्यन्त अधिक और अभावनीय मालूम पड़ने पर भी, जो प्रमाण मिल रहे हैं, उससे सत्य मालूम होती है।

१७९९ ई०में इस हत्याकाण्डका हाल अंग्रेज गवर्मेण्टके कर्णगोचर हुआ। १८१० ई०में दोआबके नाना स्थानोंके कुओंमें ३० लाशें मिली थीं। १८३० ई०में कप्तान श्लीमान्‌के प्रयत्नसे गवर्मेण्टको मालूम हुआ कि, भारतवर्षका कोई भी स्थान ठगोंसे शून्य नहीं है। इस नृशंस अत्याचारका दमन करनेके लिए गवर्मेण्टने एक नया विभाग खोला। इस ठग निवारक-विभागके कर्मचारिगण अपराधियोंको प्रलोभन दे कर ठगोंकी खोज करके उनको पकड़ने लगे। क्या अंग्रेजी राज्य और क्या देशीय राज्य, सर्वत्र इस बीभत्स ठगोंके अत्याचारको निवारणके लिए बद्धपरिकर हो कर अंग्रेज-गवर्मेण्टने ८ वर्ष तक लगातार प्रयत्न किया था, जिसमें हैदराबाद, सागर और जबलपुरमें प्रायः २००० ठग पकड़े गये थे और उनका न्याय हुआ था। इनमेंसे १४६७ आदमी हत्याके अपराधमें अभियुक्त हुए; जिसमें ३८२ आदमियोंको प्राणदण्ड, ९०९को देशनिकाला, ७७को आजीवन कारावास, ६८२को निर्दिष्टकाल तक कारावास और १को छुटकारा हुआ था तथा ११ आदमी भाग गये थे, ३१ आदमी विचारकालमें ही मर गये थे और बाकी २५० आदमियोंने राजाकी तरफ गवाही दी थी।* फांसीदार-ठगकी फांसी ही होती थी। उक्त दण्डितोंमेंसे किसी किसीने २०० तक नरहत्या की थी, यह स्वीकार किया था।

ठगोंको न्यायोपार्जित वृत्तिद्वारा जीविकानिर्वाह करनेकी शिक्षा देनेके लिए जबलपुरके मध्य जेलखानेमें एक कार्यालय स्थापित हुआ; यहां पर ठगोंके बच्चों और युवकोंको ऊन और सूतके वस्त्र बुनने तथा तम्बू बनानेकी शिक्षा पाने लगे। १८५० ई०के भीतर भीतर ठगोंका अन्त हो गया, कहीं भी उनका नाम सुननेमें न

* Asiatic Journal, 1836.

३ प्रवृत्त होना, ठहरना, जमना। ४ उद्यत होना, मुस्तैद होना।

ठनमनना (हिं० क्रि०) ठनगनना देखो।

ठनाका (हिं० पु०) ठनकार, ठनठन शब्द।

ठनाठन (हिं० क्रि०) झनकारके साथ।

ठपना (हिं० क्रि०) १ आरम्भ करना, छेड़ना। २ समाप्त करना, अच्छी तरहसे करना। ३ निश्चित करना, पक्का करना। ४ प्रयुक्त करना, लगाना, नियोजित करना। ५ ठनना। ६ मनमें दृढ़ होना। ७ स्थापित करना ठहराना। ८ स्थित होना, जमना। ९ लगना, प्रवृत्त होना।

ठप्पा (हिं० पु०) १ लकड़ी धातु मट्टी आदिका खण्ड। इस पर किसी प्रकारकी आकृति इस प्रकार खुदी रहती है कि उसे किसी वस्तु पर रख कर दबानेसे दूसरी वस्तु पर भी वही आकृति बन जाती है, सांचा। २ छापा। ३ वह सांचा जिससे गोटे पट्टे पर बेल बूटे उभारे जाते हैं। ४ छाप, नकश। ५ एक प्रकारका चौड़ा नक्काशीदार गोटा।

ठमक (हिं० स्त्री०) १ रुकावट। २ चलनेमें हाव भाव, लचक।

ठमकना (हिं० क्रि०) १ चलते चलते रुक जाना। २ लचकके साथ चलना।

ठमकाना (हिं० क्रि०) ठहराना, रोकना।

ठमकारना (हिं० क्रि०) ठमकाना।

ठरना (हिं० क्रि०) १ अत्यन्त शीत लगनेसे ठिठुरना। २ अत्यन्त ठण्ड पड़ना।

ठर्रा (हिं० पु०) १ मोटा सूत। २ वह बड़ी ईंट जो अच्छी तरह पकी न हो। ३ महुयेकी निकृष्ट शराब। ४ घुंघियाका बन्द, नली। ५ एक प्रकारका जूता। ६ भद्दा और बेडौल मोती।

ठर्री (हिं० स्त्री०) १ धानके बीज जिनके अंकुर उठे हुए न हों। २ बिना अंकुर उठे हुए धानकी बोआई।

ठवनि (हिं० स्त्री०) एक स्थिति, बैठक। २ मुद्रा, आसन।

ठवर (हिं० पु०) ठौर देखो।

ठस (हिं० वि०) १ कठिन, ठोस, कड़ा। २ जिसके भीतरका भाग खाली न हो, भीतरसे भरा हुआ। ३ जिसकी बुनावट बहुत घनी हो, गाठा, गफ। ४ दृढ़, मजबूत। ५ गुरु, भारी। ६ निष्क्रिय, सुस्त मट्ठर। ७ जो कुछ खोटा होनेके कारण ठीक आवाज न दे। ८ सम्पन्न, धनाढ्य। ९ कृपण, कंजूस। १० हठी, जिद्दी।

ठसक (हिं० स्त्री०) १ अभिमानपूर्ण चेष्टा, नखरा। २ दर्प, गुमान, शान।

ठसकदार (हिं० वि०) १ घमण्डी, शान करनेवाला। २ जिसमें खूब तड़क भड़क हो।

ठसका (हिं० पु०) १ सूखी खांसी। २ ठोकर, धक्का।

ठसाठस (हिं० क्रि०-वि०) अच्छी तरहसे परिपूर्ण किया हुआ, खूब कस कर भरा हुआ, खचाखच।

ठस्सा (हिं० पु०) १ छोटी रुखानी जो नक्काशी बनानेके काममें आती है। २ गर्वपूर्ण चेष्टा, नखरा। ३ अहङ्कार, घमण्ड, शान, गुमान। ४ ठाट बाट, वह जिसमें तड़क भड़क हो। ५ मुद्रा, आसन।

ठहक (हिं० स्त्री०) नगाड़े बजनेका शब्द।

ठहना (हिं० क्रि०) घोड़ोंका बोलना। २ घण्टेका बजना, ठनठनाना।

ठहर (हिं० पु०) १ ठौर, स्थान, जगह। २ वह स्थान जो रसोईके लिये मट्टीसे लीपा गया हो, चौका। ३ रोनई घरमें मट्टीकी लिपाई, पोताई।

ठहरना (हिं० क्रि०) १ गतिमें न होना, रुकना, थमना। २ विश्राम करना, कुछ काल तकके लिये आराम करना। ३ स्थित रहना, इधर उधर होना। ४ स्थिर रहना, टिका रहना। ५ बहुत दिन तक रहना, जल्दी खराब न होना, चलना। ६ घुले अंशको स्थिर होने देना, पानी आदिका हिलना डोलना बंद करना, थिराना। ७ प्रतीक्षा करना, आसरा देखना। ८ रुकना, थमना। ९ निश्चित होना, पक्का होना, ते पाना।

ठहराई (हिं० स्त्री०) १ स्थिर करानेकी क्रिया। २ स्थिर करानेकी मजदूरी। ३ अधिकार, कब्जा।

ठहराऊ (हिं० वि०) १ नियत समयके पहले नष्ट नहीं होना, ठहरनेवाला। २ दृढ़, मजबूत, टिकाऊ।

ठहराना (हिं० क्रि०) १ गति बंद करना, चलनेसे रोकना। २ विश्राम कराना, टिकाना। ३ टिकाना,

गिरने न देना, अड़ाना। ४ स्थिर रखना, चलविचल न होने देना। ५ किसी कामको रोकना, बंद करना। ६ निश्चित करना, तै करना।

ठहराव (हिं॰ पु॰) १ स्थिरता, ठहरनेका भाव। २ निर्धारण निश्चय, मुकर्ररी।

ठहरौनी (हिं॰ स्त्री॰) वह प्रतिज्ञा जो विवाहमें लेन देनके विषयमें की जाती है।

ठहाका (हिं॰ पु॰) अट्टहास, जोरकी हँसी।

ठाँ (हिं॰ पु॰) १ बन्दूककी आवाज। २ ठाँव देखो।

ठाँई (हिं॰ स्त्री) १ स्थान, जगह। २ तई। ३ समीप, निकट, पास।

ठाँउँ (हिं॰ स्त्री) ठाँई देखो। २ निकट, समीप, पास।

ठाँठ (हिं॰ वि॰) १ नीरस, जिसका रस सूख गया हो। २ जो दूध न देती हो।

ठाँयँ (हिं॰ स्त्री॰) १ स्थान, ठौर, जगह। २ निकट, पास। ३ वह शब्द जो बन्दूक छूटनेसे होता है।

ठाँव (हिं॰ पु॰-स्त्री॰) स्थान, जगह, ठिकाना। यह शब्द प्रायः पुलिङ्गमें ही व्यवहार होता है, परन्तु दिल्ली मेरठ आदि स्थानोंमें इसे स्त्रीलिङ्ग मानते हैं।

ठाँसना (हिं॰ क्रि॰) १ बलपूर्वक प्रविष्ट करना, दबा कर घुसाना। २ जोरसे भरना। ३ ठन ठन शब्दके साथ खाँसना।

ठाकुर (हिं॰ पु॰) १ देवमूर्त्ति, देवता। ईश्वर, परमेश्वर, भगवान्। ३ पूज्यव्यक्ति। अधिष्ठाता, नायक, सरदार। ५ जमींदार, गाँवका मालिक। ६ क्षत्रियोंकी उपाधि। ७ स्वामी, मालिक। ८ नाइयोंकी उपाधि, नापित।

ठाकुर—१ एक हिन्दू कवि। कोई तो इन्हें फतहपुर जिलेके असनी ग्रामका भाट बतलाते हैं और कोई बुन्देलखण्डके कायस्थ। १६४३ ई॰में इनका जन्म हुआ था और ये मुहम्मद शाहके समय तक (१७१८ ई॰) जीवित रहे। इनके विषयमें बुन्देलखण्डमें दन्तकहानी है कि बुन्देला लोग जब गोसाईं हिम्मती बहादूरकी हत्या करनेके लिये छत्रपुरमें एकत्र हुए थे, तब ठाकुर कविने उन लोगोंके पास एक कविता लिख भेजी थी। जिसका पहला चरण यों था—"कहिबे सुनिबे की कछु न हिया" * इसके बाद ही वे लोग तुरंत तितर बितर हो गये। हिम्मती बहादुरको यह बात मालूम होने पर उन्होंने इनकी कविताकी खूब प्रशंसा की और इन्हें यथेष्ट पुरस्कार दे विदा किया।

२ इस नामके और एक कवि हो गये हैं जो १७५० ई॰में विद्यमान थे और जिन्होंने "ठाकुरसतक" तथा बिहारी सतसईकी टीका रची है।

ठाकुरगाँव—१ बङ्गालके अन्तर्गत दीनाजपुर जिलेका उत्तरीय उपविभाग। यह अक्षा॰ २५° ४०' से २६° २३' उ॰ और देशा॰ ८८° २' से ८८° ३८' पू॰में अवस्थित है। भूपरिमाण ११७१ वर्गमील है। उपविभागके दक्षिण बहुतसी नदियाँ बहती हैं। लोकसंख्या लगभग ५४३०८६ है। इसमें १८८० ग्राम लगते हैं। शहर एक भी नहीं है। कान्तनगरमें एक बढ़िया मन्दिर है।

२ उक्त उपविभागका सदर। यह अक्षा॰ २६° ५' उ॰ और देशा॰ ८८° २६' पू॰ पर सगन नदीके किनारे अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः १६५८ है। यहाँ एक छोटा कारागार है जहाँ केवल १८ कैदी रखे जाते हैं।

ठाकुरदास—हिन्दीके ये अच्छे कवि हो गये हैं। इनके पिताका नाम खुमान सिंह था। ये जातिके कायस्थ थे और चरखारीमें रहते थे। सम्वत् १८८०में इनका जन्म और १८५५में देहान्त हुआ था। इनकी भक्तिपक्षकी कविता इतनी सुहावनी और सरस होती थी, कि चरखारी-नरेशने एक बार इन्हें यथेष्ट पारितोषिक दिया था। यों तो इनकी सभी कविताएँ एकसे एक बढ़ कर हैं, पर यहाँ केवल एक ही देते हैं—

"प्रभु जी अबकी बार उबारो।
दीननाथ दीनदुखभञ्जन है यह बिरद तिहारो॥
अजामेल पै कृपा कीनी नाम लेत ही तारो।
ग्राह मार गज फन्द छुड़ायो ताको कियो निस्तारो॥
खम्भ फोड़ हिरणाकुश मारो टूंक टूंक कर डारो।
गरभ परीछित रच्छा कीनी चक्र सुदर्शन धारो॥
दुखदारिद्र तुम हरो सुदामा मनमें कहा बिचारो।
ठाकुरदास दास शरनन कौं भाखो काहे बिसारो॥"

* पूरी कविता शिवसिंह सरोज नामक ग्रन्थके १२४ पृष्ठमें दी गई है।

ठाकुरद्वार (हिं० पु०) १ देवालय देवस्थान। २ पुरुषोत्तमधाम पुरीमें जगन्नाथका मन्दिर।

ठाकुरद्वारा—युक्तप्रदेशके मुरादाबाद जिलान्तर्गत इसी नामकी तहसीलका एक शहर। यह अक्षा० २८° १२' उ० और देशा० ७८° ५२' पू० पर मुरादाबाद शहरसे २० मील उत्तरमें अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ६१११ है। यह शहर मुहम्मदशाहके शासन-कालमें (१७१९-४८ ई०) बसाया गया था। १८०५ ई०में पिण्डारी-नायक अमीरखाँने इसे लूटा था। यहां एक तहसीली, पुलिस ष्टेशन, अस्पताल और American Methodist mission की एक शाखा है।

ठाकुरप्रसाद (हिं० पु०) १ नैवेद्य। २ भादों और आश्विनके मध्यमें होनेवाला एक प्रकारका धान।

ठाकुरप्रसाद खत्री—हिन्दीके एक धुरंधर तथा निष्कपट विद्वान्। इनका जन्म सन् १८६५को काशीमें हुआ था। स्वनामधन्य बाबु विश्वेश्वरप्रसाद जो काशीके सरकारी कोषागारमें हेड क्लर्क रहे, इनके पिता थे। हिन्दी तथा फारसीमें इनकी अच्छी पैठ थी। अंग्रेजीमें इन्होंने १८८५ ई०में कलकत्ता युनिवर्सिटीकी इंट्रेन्स परीक्षा पास की थी। इंट्रेन्स होने पर भी अंगरेजीमें इनका पूरा दखल था। पिताके मरने पर कई पदों पर काम करने बाद ये पुलिसके रोपाध्यक्ष बना दिये गये। पुलिस-विभागमें इन्होंने कई बड़े कार्य किए तथा कई अच्छे प्रशंसापत्र भी प्राप्त किये थे। अन्तमें इनकी रुचि इस ओरसे हट गई और ये अपना समय पढ़ने लिखनेमें व्यतीत करने लगे। 'मदनकाकी मसाली' नामकी पुस्तक इन्हींकी लिखी हुई है। भूगर्भ विद्या, ज्योतिष और उत्तरध्रुवकी यात्राके लिए थे इन्हें काशी-नागरी प्रचारिणी सभासे चांदीके तीन पदक मिले थे।

कपड़े बुननेमें भी ये बड़े सिद्ध हस्त थे। इस विषय पर इन्होंने 'देशीय करघा' नामकी एक पुस्तक भी लिखी है। इन्होंने 'विनोदवाटिका' तथा 'जमींदार' नामका एक छुद्र काव्य सबके लिए लिखा था। दिनों दिन अच्छी नीतिका मनोभावोंका प्रचार बढ़ते देख ये समाज साधारण दोष दूर करनेके विचार पर 'जगत् व्यावहारिक पदार्थकोष' नामक एक उत्तम और उपयोगी ग्रन्थ लिख गये हैं। इसके लिए सरकारकी ओरसे इन्हें १०००) रु०की सहायता मिली थी।

ये बड़े मिलनसार, सरलचित्त और गुणसम्पन्न थे। हिन्दीमें व्यापार सम्बन्धी पुस्तकोंको लिख कर ये इसमें प्रसिद्ध हो गये हैं।

ठाकुरप्रसाद त्रिपाठी—संस्कृतके एक विद्वान्। रायबरेली जिलेके किशुनदासपुरमें इनका घर था। १८२२ ई०में इनका जन्म हुआ था। 'रसचन्द्रोदय' नामक संस्कृत ग्रन्थ इन्हींका बनाया हुआ है। इनके पास भाषा-साहित्यका अच्छा पुस्तकालय था।

ठाकुरप्रसाद त्रिवेदी—ये भी एक अच्छे विद्वान् थे। इनकी जन्मभूमि खीरी जिलेके अलीगञ्जमें थी। १८८३ ई०में ये विद्यमान थे। इन्होंने "चन्द्रशेखर" काव्यकी रचना की है।

ठाकुरप्रसाद मिश्र—अवध देशान्तर्गत पयागीके एक ब्राह्मण कवि। इनकी कविता बड़ी ओजस्विनी और सरस होती थी। ये महाराज मानसिंह अयोध्या-नरेशके यहां रहते थे। इनकी एक कविता नीचे दी जाती है।

"बाजे मुरदंगके अभंग घोर बाजे
बीर गुजरी समेत डोर मेदनी कंदरी।
सुरभ ठाह मेघ से द अंबर धीर
साहस दुसाह बहार केते पारी॥
पंडित प्रवीन कहै मानसिंह भूपति समान पै
शरीरत की होनी और बैरी।
लिपके सपेटे गज भारके लपेटे तरा
मेघे भूले भूतल सकलनकी नारी॥"

ठाकुरबाड़ी (हिं० स्त्री०) देवालय, मन्दिर।

ठाकुरराम—हिन्दीके एक कवि।

ठाकुरवंश—कलकत्ताके विख्यात श्रीमन्त वंशसम्भूत सम्भ्रान्त पीराली गोष्ठी। ये अंगरेजोंसे यथेष्ट सम्मानित होते थे। इसीसे किसी किसीको अंगरेजोंसे 'महाराज'की उपाधि मिली है। ये अपनेको भट्टनारायण-वंशके बतलाते हैं। महात्मा द्वारिकानाथ ठाकुर, प्रसन्नकुमार ठाकुर, इसमेंसे हैं। इस वंशमें महर्षि देवेन्द्रनाथ ठाकुर, महाराज यतीन्द्रमोहन ठाकुर, राजा शौरीन्द्रमोहन ठाकुर प्रभृतिने जन्मग्रहण किया है। पीराली देखो।

ठाकुरसेवा (हिं० स्त्री०) १ देवताका पूजन। २ किसी मन्दिरमें देवताके नामसे उत्सर्ग की हुई सम्पत्ति।

ठाकुरी (हिं० स्त्री०) स्वामित्व, आधिपत्य, ठकुराई।

ठाकुरीवंश—नेपालका एक पराक्रान्त राजवंश।

लिच्छविराज शिवदेवके राजत्वकालमें महासामन्त अंशुवर्मा आविर्भूत हुए। येही ठाकुरी-राजवंशके प्रथम पुरुष थे। अपने शौर्यवीर्यगुणसे वे विस्तीर्ण जनपदके अधीश्वर हुए। लिच्छविराजका प्राधान्य स्वीकार करने पर ये एक पराक्रान्त स्वाधीन राज हो गये थे। नेपालके पार्वतीय-वंशावलीके मतसे ३००० कलियुगाब्दमें अर्थात् ई० सनसे १०१ वर्ष पहले अंशुवर्मा राजगद्दी पर बैठे थे और उनके पहले विक्रमादित्य नेपाल जा कर वहां अपना सम्वत् चला आये थे। फ्लिट, होरन्लि प्रभृति प्रत्नतत्त्वविद्के मतानुसार अंशुवर्मा ६३८ ई०में राज्य करते थे*। किन्तु उक्त पार्वतीय-वंशावली और प्रत्नतत्त्वविद्का मत समीचीनके जैसा मालूम नहीं पड़ता है।

गोलमाढ़िटोल-शिलालेखके अनुसार अंशुवर्मा और लिच्छविराज शिवदेव दोनों समसामयिक हैं। यह लेख ३१६ संख्यक अनिर्दिष्ट सम्वत्‌में खुदा गया है। उक्त युरोपीय प्रत्नतत्त्वविदोंने उस अङ्कको गुप्त सम्वत्‌ज्ञापक और उसके बाद अंशुवर्मा प्रभृतिके शिलालेखमें जो अङ्क हैं उसे हर्ष-सम्वत्‌ज्ञापकके जैसा स्थिर किया है।

हर्षवर्द्धनके समय चीनपरिव्राजक युएनचुयाङ्गने नेपालकी यात्रा की थी। उन्होंने लिखा है, कि महाज्ञानी अंशुवर्मा उनके बहुत पहले इस लोकसे चल बसे हैं। पार्वतीयवंशावलीमें लिखा है, कि अंशुवर्माने ६८ वर्ष तक राज्य किया था, उनके राज्याभिषेकके पहले विक्रमादित्य नेपाल आ कर अपना सम्वत् प्रचलित कर गये हैं। फ्लीट् प्रभृति पुराविदोंने पार्वतीय वंशावलीके आधार पर उस विक्रमादित्यको हर्ष बतलाया है। जब उक्त वंशावलीके मतसे अंशुवर्माने ६८ वर्ष राज्य किया है और उनके पहले सम्वत् प्रचलित हुआ था तथा हर्षके समसामयिक चीन परिव्राजकके अनुसार उनके नेपाल जानेके पहले ही अंशुवर्माकी मृत्यु हो चुकी थी तो कब सम्भव है, कि हर्षदेवसे नेपालका सम्वत् प्रचार हुआ हो चीनपरिव्राजक युएनचुयाङ्ग ६३७ ई०को पूर्वी करबरीको नेपाल गये थे।† नेपालसे अंशुवर्माके समयके जो बहुतसे शिलालेख आविष्कृत हुए हैं, उनमें ३८ और ४५ अङ्क खुदे हुए हैं। यूरोपीय पुराविदोंने उन अङ्कोंको हर्ष-सम्वत्‌ज्ञापक माना है। डाक्टर बुह्लर और फ्लीट् साहबके मतसे ६०६-६०७ ई०में हर्ष-सम्वत् आरम्भ हुआ है। अतएव उनके मतसे अंशुवर्मा (६०६ + ३८)=६४५ ई०में विद्यमान थे, किन्तु चीनपरिव्राजकका वर्णनाके अनुसार ६३७ ई०के पहले ही अंशुवर्माकी मृत्यु हुई थी। ऐसी हालतमें अंशुवर्माके शिलालेख-वर्णित अङ्कोंको हर्षसम्वत्‌ज्ञापक नहीं मान सकते हैं।

पहले अंशुवर्माके समसामयिक शिवदेवका जो सम्वत् अङ्कित शिलालेख पाया गया है, वह शक-सम्वत्‌ज्ञापक है तथा अंशुवर्माके शिलालेखके अङ्कको गुप्तसम्वत्‌ज्ञापक मान भी लें तो कोई आपत्ति नहीं। ३१८ ई०में चन्द्रगुप्तने विक्रमादित्य गुप्तसम्वत् प्रचार किया है। उन्होंने नेपालके लिच्छवि-राजकन्या कुमारदेवीसे विवाह किया था। गुप्तराजवंश देखो। इसमें कुछ भी सन्देह नहीं, कि विवाह करके वे नेपालमें अपना सम्वत् प्रचार कर आये हों। १म शिवदेवके शिलालेखके अनुसार ३१६ (शक) सम्वत् अर्थात् ३९४ ई०में अंशुवर्माका पराक्रम नेपालमें बहुत चढ़ा बढ़ा था। उससे पहले ही (अर्थात् ३१८ + ३४ = ३५२ ई०के कुछ पहले) वे महाराजकी उपाधिसे भूषित हुए थे।

अंशुवर्माके बाद उस वंशमें कौन कौन राजा हुए उनका विशेष परिचय सामयिक शिलाफलकमें भी नहीं पाया जाता है। पार्वतीयवंशावलीके मतसे अंशुवर्माके बाद उनके पुत्र कृतवर्मा, कृतवर्माके बाद क्रमशः भीमार्जुन, नन्ददेव, वीरदेव, चन्द्रकेतुदेव, नरेन्द्रदेव, वरदेव, शङ्करदेव, वर्द्धमानदेव, बलवकामदेव, भीमदेव, लक्ष्मीकामदेव और जयकामदेव राजा होते गये।

* Fleet's corpus Inscriptionum Indicarum, Vol iii, p 184 and Dr. Hoernle's Synchronistic Table in Journal of the Asiatic Society of Bengal for 1889 pt I.

* Cunningham's Ancient Geography of India, p. 555.

† Buhler's Note on the twenty-three inscriptions from Nepal, q 15 and Fleet's Inscriptions of the Gupta kings.

पश्चिम भागमें और पुत्र न रहनेके कारण उनको मृत्युके बाद मयाकोटके राठोरवंशीय मानदेव राज्यसिंहासन पर बैठे। इनके बाद यथाक्रम मानदेव, पद्मदेव, भागासुन्दरदेव और मदनदेव राजा हुए। मदनदेवकी मृत्युके बाद चांग वर्माके वंशीय और एक शाखा-भुक्त वामदेव राज्यसिंहासन पर आरूढ़ हुए। इनके बाद पुत्रानुक्रमसे वामदेव, हर्षदेव, महादित्यदेव, मानदेव, नारसिंहदेव, मन्त्रदेव, रुद्रदेव, मित्रदेव, अरिदेव, आनन्द मल और आनन्दमल राजा कहलाये। आनन्दमलके समयमें कर्णाटक वंशीय नान्यदेवने नेपाल राज्य पर आक्रमण कर उसे अपने अधिकारमें कर लिया। इसी समयसे ठाकुरीवंशका राज्य जाता रहा। अब भी नेपालके अनेक स्थानोंमें ठाकुरीवंशका वास है। उनकी अवस्था हीन होने पर भी वे अपनेको राजवंशीय जैसा सम्मानित और गौरवान्वित समझते हैं।

ठाट (हिं॰ पु॰) १ लकड़ी या बांसकी फट्टियोंका बना हुआ परदा। २ ढांचा, पंजर। ३ वेश, विन्यास, शृङ्गार, रचना, सजावट। ४ आडम्बर, दिखावट, धूमधाम। ५ आराम, सुख, मज़ा। ६ प्रकार, शैली, ढब, तरीका। ७ आयोजन, सामान, तैयारी। ८ सामग्री, सामान। ९ युक्ति, उपाय। १० कुश्तीमें लड़नेका ढंग, पैंतरा। ११ कबूतर या मुरगेका मस्तीमें पर झाड़नेका ढंग। १२ सितारका तार। १३ समूह, झुंड। १४ वह मांसका चिह्न जो बैल या सांड़की गरदनके ऊपर रहता है, कूबड़।

ठाटना (हिं॰ क्रि॰) १ निर्मित करना, संयोजित करना, बनाना। २ अनुष्ठान करना, ठानना। ३ सुसज्जित करना, सजाना, संवारना।

ठाटबंदी (हिं॰ स्त्री॰) छप्पर या परदे आदि बनानेका काम, ठाट, टट्टर।

ठाटबाट (हिं॰ पु॰) १ सजावट, बनावट, सजधज। २ आडम्बर, दिखावट, तड़क भड़क।

ठाटर (हिं॰ पु॰) १ ठाट, टट्टर, टट्टी। २ ठठरी, पंजर। ३ ढांचा। ४ टट्टरकी छतरी जिस पर कबूतर आदि बैठते हैं। ५ शृङ्गार, सजावट, बनाव।

ठाठा—मविवासक अन्तर्वर्तिन समभूमिके मध्यभागमें कासीसे एक योजन पश्चिममें अवस्थित एक प्राचीन ग्राम। मुसलमानराजाके समय यहां बहुतसे ठठेरे या कसेरे रहते थे इसी कारण ग्रामका नाम ठाठर पड़ा है। यहांके राजा भूमिहार जातिके थे। गुनावसिंह नामक एक मनुष्यने मुसलमानोंको भगा कर यहां पर कुछ काल तक राज्य किया था। यहांका कोटगढ़ उन्हींका बनाया हुआ है। इनके बाद गौतमगोत्रीय राजपूतोंने इसे अपने अधिकारमें लाया। अभी पूर्व समृद्धि लुप्त हो गई है। आजकल यहां केवल कृषकोंका वास है।

(प्रत्नां॰ ५७।१७।२४६)

ठाठर (हिं॰ पु॰) नदीका गहरा स्थान जहां बांस या लग्गी न लगती हो।

ठाड़ा—काशीके पश्चिम नन्दा नदीके तीर पर अवस्थित एक ग्राम। यहां हिन्दू और मुसलमानोंमें घमसान लड़ाई हुई थी। (प्रत्नां॰ ५७।२२-२४)

ठाढ़ा (हिं॰ पु॰) खेतकी एक प्रकारकी जोताई।

ठाढ़ेश्वरी—एक प्रकारके संन्यासी। ये दिनरात खड़े रहते हैं और इसी अवस्थामें भोजन इत्यादि सब काम करते हैं। सोनेमें किसी ओटका सहारा मिल जानेसे ही ये सो जाते हैं।

ठान (हिं॰ स्त्री॰) १ अनुष्ठान, समारम्भ, कामका शुरू होना। २ कार्य शुरू किया हुआ काम। ३ दृढ़संकल्प, पक्का इरादा। ४ चेष्टा, अंदाज।

ठानना (हिं॰ क्रि॰) १ अनुष्ठित करना, किसी कामको मुस्तैदीसे शुरू करना। २ स्थिर करना, दृढ़संकल्प करना, पक्का करना।

ठार (हिं॰ पु॰) १ अत्यन्त शीत, गहरी सरदी। २ हिम, पाला।

ठाल (हिं॰ स्त्री॰) १ जीविकाका अभाव, बेकारी। २ अवकाश, फुरसत।

ठाला (हिं॰ पु॰) १ किसी प्रकारके रोजगारका न रहना। २ जीविकाका अभाव, रुपये पैसेकी कमी।

ठाली (हिं॰ वि॰) १ रिक्त, खाली, बेकाम।

ठावँ (हिं॰ स्त्री॰) ठांव देखो।

ठासा (हिं॰ पु॰) लोहारोंका एक यन्त्र। इससे वे संकीर्ण स्थानमें लोहेको ठोंक और सिकाकर बैठाते हैं।

ठाहरूपक (हिं० पु०) सात मात्राओंका मृदंगका एक ताल। इसमें और आड़ा चौतालमें बहुत थोड़ा अन्तर है।

ठिंगना (हिं० वि०) कम उचाईका छोटे कदका, नाट।

ठिक (हिं० स्त्री०) धातुको कट्टरका कटा हुआ छोटा टुकड़ा जो केवल जोड़ लगानेके काममें आता है, थिकती।

ठिकरौर (हिं० स्त्री०) खपड़े ठीकरे आदिसे आच्छादित भूमि, वह जमीन जहां खपड़े ठीकरे आदि बहुतसे पड़े हों।

ठिकाई (हिं० स्त्री०) पालसे जम कर ठीक ठीक बैठनेका भाव।

ठिकाना (हिं० पु०) १ स्थान ठौर, जगह, पता २ निवास-स्थान, ठहरनेकी जगह। ३ आश्रमस्थान, निर्वाह करनेका ठौर। ४ प्रमाण, ठीक। ५ प्रबन्ध, आयोजन, बंदोबस्त। ६ पारावार, अन्त, हद। (क्रि०) ७ स्थित करना, ठहराना, अड़ाना।

ठिठकना (हिं० क्रि०) १ गतिमें हठात् रुक जाना, एकदम ठहर जाना। २ स्तम्भित होना, न हिलना न डोलना।

ठिठरना (हिं० क्रि०) अधिक शीतसे संकुचित होना, जाड़ेसे अकड़ना।

ठठुरना (हिं० क्रि०) ठिठरना देखो।

ठिनकना (हिं० क्रि०) १ छोटे छोटे लड़कोंका ठहर ठहर कर रोनेके जैसा शब्द निकालना। २ ठसकसे रोना, रोनेका नखरा करना।

ठिर (हिं० स्त्री०) कठिन शीत, गहरी सरदी।

ठिरना (हिं० क्रि०) अधिकशीतसे संकुचित होना, जाड़ेसे अकड़ना।

ठिलना (हिं० क्रि०) १ बलपूर्वक किसी ओर बढ़ाया जाना, ठेला जाना। बलपूर्वक बढ़ना, घुसना, धंसना।

ठिलिया (हिं० स्त्री०) गगरी, छोटा घड़ा।

ठिलुआ (हिं० वि०) निठल्ला, निकम्मा, बेकाम।

ठिल्ली (हिं० स्त्री०) ठिलिया देखो।

ठिहारी (हिं० स्त्री०) निश्चय ठहराव, इकरार।

ठीक (हिं० वि०) १ प्रामाणिक, उचित, सच। २ उपयुक्त अच्छा, मुनासिब। ३ शुद्ध, सही। ४ जिसमें कुछ त्रुटि न हो, अच्छा, दुरुस्त। ५ अच्छी तरह बैठ जानेवाला, जो ढीला न हो। ६ नम्र, शिष्ट, सीधा। ७ निर्दिष्ट जिसमें कुछ फर्क न पड़े। निश्चित स्थिर, पक्का। (पु०) ८ दृढ़ बात, पक्की बात। १० स्थिर प्रबन्ध, पक्का आयोजन, बन्दोबस्त। ११ योग, जोड़, टोटल, मीजान

ठीकठाक (हिं० पु०) १ निश्चित प्रबन्ध, बन्दोबस्त। २ जीविकाका प्रबन्ध, ठौर ठिकाना। ३ निश्चित, ठहराव। (वि०) ४ प्रस्तुत, बन कर तैयार।

ठीकड़ा (हिं० पु०) ठीकरा देखो।

ठीकरा (हिं० पु०) १ मट्टीके बरतनका टूटा फूटा टुकड़ा। २ जीर्णपात्र, पुराना बरतन। ३ भिक्षापात्र, भीख मांगनेका बरतन।

ठीकरी (हिं० स्त्री०) १ मट्टीके बरतनका टूटा फूटा टुकड़ा। २ क्षुद्र वस्तु, निकम्मी चीज। ३ चिलम पर रखे जानेका मट्टीका तवा। ४ स्त्रियोंकी योनिका उभरा हुआ तल, उपस्थ।

ठीका (हिं० पु०) १ कुछ धन आदिके बदलेमें किसीके किसी कामको पूरा करनेका जिम्मा। २ किसी वस्तुको कुछ कालके लिये दूसरेके ऊपर इस शर्त पर सौंप देना कि वह उस वस्तुकी आमदनी वसूल करके और कुछ अपना मुनाफा काट कर बराबर मालिकको देता जाय, इजारा।

ठीकेदार (हिं० पु०) वह जो ठीका देता हो।

ठीठा (हिं० पु०) ठेंठ देखो।

ठीठी (हिं० स्त्री०) हँसीका शब्द।

ठीहँ (हिं० स्त्री०) हिनहिनाहटका शब्द।

ठीहा (हिं० पु०) १ लकड़ीका कुंदा जिसे लोहार, बढ़ई आदि जमीनमें गाड़ रखते हैं। इसका थोड़ासा भाग जमीनके ऊपर रहता है जिस पर वे वस्तुओंको रख कर पीटते तथा छीलते हैं। २ बढ़इयोंका लकड़ी चीरनेका कुंदा। इसमें वे लकड़ीको कस कर खड़ा कर देते और चीरते हैं। ३ बैठनेका ऊंचा स्थान बैठी, गद्दी। ४ सीमा, हद।

ठुंठ (हिं० पु०) १ शुष्क तरु, सूखा हुआ पेड़। २ वह मनुष्य जिसका हाथ कटा हो, लूला।

ठुकना (हिं० क्रि०) १ आघात सहना, चोट खाना, पिटना। २ चोटसे धँसना, गड़ना। ३ लाञ्छित होना, मर जाना। ४ दण्डित होना, हारना। ५ घाटा लगना, नुकसान होना। ६ कैदमें घिरा पड़ना। ७ हाजिर होना।

ठुकराना (हिं० क्रि०) १ ठोकर मारना, लात मारना। २ तुच्छ मान कर पैरसे हटाना।

ठुकवाना (हिं० क्रि०) १ किसी दूसरेसे ठोकनेका काम कराना। २ गड़वाना, धँसवाना। ३ प्रसंग कराना।

ठुड्डी (हिं० स्त्री०) १ चिबुक, ठोड़ी। २ भूना हुआ दाना, ठोरीं।

ठुनठुन (हिं० पु०) १ धातुके टुकड़ोंके बजनेका शब्द। २ छोटे छोटे बच्चोंके ठहर ठहरके रोनेका शब्द।

ठुमक (हिं० वि०) मचलनेवाली, ठमक भरी।

ठुमक ठुमक (हिं० क्रि० वि०) छोटे छोटे बच्चोंकि जैसा फुदकते या रह रह कर कूदते हुए।

ठुमकना (हिं० क्रि०) १ कूदते हुए चलना। २ पैरोंके घुंघुरू बजाते हुए चलना।

ठुमकारना (हिं० क्रि०) धक्का देना, झटका देना।

ठुमकी (हिं० स्त्री०) १ धक्का, झटका। २ रुकावट। ३ छोटी सी पूरी। नाटी, छोटे डीलकी।

ठुमरी (हिं० स्त्री०) १ छोटासा गीत। इसमें चार मात्राका ताल लगता है, दो ताल और दो खाली। इसकी बोली इस प्रकार है—

+	०	३	०
(१) धिना,	क्रिटि,	धिना	क्रिटि ::
(२) तातांकि	सुन्	धा	सुधा ::
(३) धाक्	धिन्	धिना,	तिंदिन ::
(४) धाति,	धिनधिन्,	धाति,	धिन्धिन् ::

२ गप, बकवाद। (संगीतरत्ना०)

ठुरियाना (हिं० क्रि०) सरदीमें ठिठुरना।

ठुर्री (हिं० स्त्री०) भूना हुआ दाना जो भूनने पर न खिले।

ठुसकना (हिं० क्रि०) ठुसकी मारना।

ठुसकी (हिं० स्त्री०) ठुस शब्द करके पादनेकी क्रिया।

ठुसना (हिं० क्रि०) १ कस कर भरा जाना। २ मुश्किलसे घुसना।

ठुसवाना (हिं० क्रि०) १ कस कर भरवाना। २ जोरसे घुसवाना।

ठुसाना (हिं० क्रि०) १ कस कर भरवाना। २ जोरसे घुसवाना। ३ पशुको सान खिलाना।

ठूंग (हिं० स्त्री०) १ चोंच, ठोर। २ चोंचका प्रहार। ३ टोना।

ठूँगा (हिं० पु०) ठूंग देखो।

ठूँठ (हिं० पु०) १ शुष्क वृक्ष, सूखा पेड़। २ कटा हुआ हाथ, ठुंड। ३ ज्वार, बाजरे, ईख आदिकी फसलको नष्ट करनेवाला एक कीड़ा।

ठूंठा (हिं० वि०) १ जिसमें पत्तियाँ और टहनियाँ न हों। २ कटे हुए हाथका, लूला।

ठूँठी (हिं० स्त्री०) फसल काट लिये जाने पर खेतमें बची हुई खूंटी।

ठूँसना (हिं० क्रि०) ठुसना देखो।

ठूँसा (हिं० पु०) ठोसा देखो।

ठून (हिं० पु०) पटवोंकी टेढ़ी कील। इस पर वे गहने अटका कर तागे गूँथते हैं।

ठूसना (हिं० क्रि०) १ कस कर खूब भर देना। २ घुसेड़ना, जोरसे घुसाना। ३ पेट भर कर खाना।

ठेगना (हिं० वि०) जिसकी ऊंचाई कम हो, नाटा।

ठेंगा (हिं० पु०) १ अंगूठा। २ पुरुषेन्द्रिय। ३ सोंटा, डंडा, गदका। ४ चुंगीका महसूल।

ठेंगुर (हिं० पु०) नटखट मवेशियोंके गलेमें बांध दिये जानेका काठका मोटा कुंदा।

ठेंपा (हिं० पु०) टेपा देखो।

ठेंठ (हिं० स्त्री०) ठेंठी देखो।

ठेंठी (हिं० स्त्री०) १ कानकी मैल। २ वह वस्तु जिससे कानका छेद बंद किया जाता है। ३ वह वस्तु जिससे शीशी बोतल आदिका मुंह बंद किया जाता है, काग।

ठेंपी (हिं० स्त्री०) ठेंठी देखो।

ठेक (हिं० स्त्री०) १ सहारा, टिकनेकी चीज। २ टेक, थोड़। ३ वह वस्तु जिसके देनेसे दोनों वस्तु जकड़ कर बैठ जाय और तनिक भी हिलने न पावे, पच्चड़।

४ पेंदा, तला। ५ मनाज र उनेका टट्टियों आदिसे घिरा हुआ स्थान। ६ घोड़ोंकी एक चाल। ७ वह चकतो जो टूटे फूटे बरतनमें लगी रहती है। ८ एक प्रकारको मोटो महताबी। ९ छड़ो या लाठोको मामो।

ठेकना (हिं० क्रि०) १ आश्रय लेना, सहारा लेना। २ टिकना, रहना ठहरना।

ठेकवा बाँस (हिं० पु०) बंगाल और आसाममें होनेवाला एक प्रकारका बाँस। यह छाजन तथा चटाई आदिके बनानेके काममें आता है।

ठेका (हिं० पु०) १ श्रोठगनेको वस्तु, ठेक। २ बैठक, अड्डा। ३ तबलेमें बाँयां। ४ कौवालो ताल। ५ ठोकर, धक्का। ६ ठीका देखो।

ठेकाई (हिं० स्त्री०) कानें छापियेको छपाई।

ठेकी (हिं० पु०) सहारा, टेक।

ठेगनो (हिं० स्त्री०) वह लकड़ो जिससे सहारा लो जातो है।

ठेठ (हिं० वि०) १ निपट, बिलकुल। २ शुद्ध, खालिस। निर्लिप्त, निर्मल, साफ। ४ साधारण बोली। ५ आरम्भ, शुरू।

ठेप (हिं० स्त्री०) १ अंटोमें समा जाने लायक सोने चांदोका बड़ा टुकड़ा। (पु०) २ दोपक, चिराग।

ठेपो (हिं० स्त्री०) वह वस्तु जिससे सीसी या बोतलका मुंह बंद किया जाता है, काग।

ठेलना (हिं० क्रि०) रेलना, ढकेलना।

ठेला (हिं० पु०) १ पार्श्वका आघात, टक्कर, धक्का। २ मनुष्यसे ढकेले जानेकी एक प्रकारकी गाड़ी। ३ छिछली नदियोंमें लग्गीके सहारे चलनेवाली नाव। ४ धक्कम धक्का, भीड़में एकके ऊपर एकका गिरना।

ठेलाठेल (हिं० स्त्री०) बहुतसे मनुष्योंका एकके ऊपर दूसरेका गिरना।

ठेस (हिं० स्त्री०) आघात, चोट ठोकर।

ठेसना (हिं० क्रि०) ठूसना देखो।

ठेसमठेस (हिं० क्रि०-वि०) बिना पालीके जहाजोंका चलना।

ठेहरो (हिं० स्त्री०) दरवाजोंको पल्लोंको चूलमें गड़ी हुई छोटीसी लकड़ो।

ठेहो (हिं० स्त्री०) भारी हुई ईंख।

ठेंकर (हिं० पु०) नीबूकी जातिका एक खट्टा फल। जब यह हलदीके साथ उबाला जाता है तो एक प्रकारका हलका पीला रंग तैयार होता है।

ठेंगाई (हिं० स्त्री०) ठगाई देखो।

ठोंक (हिं० स्त्री०) १ प्रहार, आघात। २ दरोके सूत ठोंक कर ठस करनेकी लकड़ी।

ठोंकना (हिं० क्रि०) १ आघात पहुंचाना, प्रहार करना पोटना। २ ठोकर मारना, मारना पोटना। ३ गाड़ना। ४ पेश करना, दाखिल करना, दायर करना। ५ बेड़ियोंमें जकड़ना, काठमें डालना। ६ तबला बजाना। ७ लगाना, जड़ना। ८ खटखटाना, खटखट करना। ९ थपथपाना, हाथ मारना।

ठोंग (हिं० स्त्री०) १ चोंच। २ चोंचका प्रहार। ३ अंगुलोको ठोकर, खुटका।

ठोंगना (हिं० क्रि०) १ चोंचसे आघात पहुंचाना। २ अंगुलोसे ठोकर मारना।

ठोंठा (हिं० पु०) ज्वार, बाजरा और ईखको नुकसान पहुंचानेवाला एक कीड़ा।

ठोकचा (हिं० पु०) आमको गुठलीका आवरण।

ठोकना (हिं० क्रि०) ठोंकना देखो।

ठोकर (हिं० स्त्री०) १ चलते समय किसी कड़ी वस्तुसे पैरोंमें चोट लगना, ठेस। २ रास्तेमें पड़ा हुआ उभरा पत्थर। ३ पैर या जूतेका भारी आघात। ४ कड़ा प्रहार, धक्का। जूतेके सामनेका भाग। ६ कुश्तीका एक पेच।

ठोकरो (हिं० स्त्री०) वह गाय जिसे बच्चा दिये कई महीने हो चुके हों। ऐसी गायका दूध गाढ़ा और मोठा होता है।

ठोकवा (हिं० पु०) ठोंकवा देखो।

ठोट (हिं० वि०) जड़, मूर्ख, गावदी।

ठोढ़ी (हिं० स्त्री०) चिबुक, दाढ़ी, ठुड्डी।

ठोढ़ो (हिं० स्त्री०) ठोढ़ी देखो।

ठोप (हिं० पु०) बिन्दु, बूंद।

ठोर (हिं० पु०) एक प्रकारको मिठाई।

ठोला (हिं० पु०) १ रेशम फेरनेवालोंका एक औजार, यह लकड़ीको चौकोर छोटो पटरीके रूपमें होता है। २ मनुष्य, आदमी।

ठोस (हिं॰ वि॰) १ जिसका मध्य भाग खाली न हो, जो पोला या खोखला न हो। २ दृढ़, मजबूत। (पु॰) ३ ईंटों हाड़, ठूठन।

ठोंगा (हिं॰ पु॰) चंगुल।

ठोहा (हिं॰ पु॰) पानी अथवा चोलीका गड्ढा। किसान इसी गड्ढेका पानी ढोरोंसे ऊपर उलीच कर खेत सींचते हैं।

ठौर (हिं॰ पु॰) स्थान, जगह, ठिकाना। २ अवसर, घात, दाव, मौका।

ड

ड—संस्कृत और हिन्दी वर्णमालाका तेरहवाँ व्यञ्जनवर्ण और टवर्गका तीसरा अक्षर। इसके उच्चारणमें आभ्यन्तर प्रयत्न जिह्वामध्य द्वारा मूर्द्धस्थान स्पर्श और बाह्यप्रयत्न संवार, नाद, घोष एवं अल्पप्राण लगता है। मातृकान्यासमें दक्षिणपादगुल्फमें न्यास होता है।

वर्णोद्धारतन्त्रमें इसकी लेखनप्रणाली इस प्रकार लिखी है—"ड"। इस अक्षरमें लक्ष्मी, सरस्वती और भवानी सर्वदा वास करती हैं। यह ब्रह्मस्य और महाशक्ति माना कहा गया है।

वर्णाभिधानतन्त्रमें इसके वाचक शब्द लिखे हैं, यथा—स्मृति, दारुक, निन्दिनी, योगिनी, प्रिय, कौमारी, शङ्कर, त्रास, त्रिवक्र, नटक, ध्वनि, दुरूह, जटिली, भीमा, द्विजिह्व, पृथिवी, सती, कोरगिरि, क्षमा, कान्ति, नाभि, लोचन।

इसका स्वरूप—यह सदा त्रिगुणयुक्त, पञ्च देवमय, पञ्च प्राणमय, त्रिशक्ति एवं त्रिविन्दुयुक्त, चतुर्वर्गमय, चाकलारयुक्त और पीतविद्युदाकार है। (कामधेनुतन्त्र) इसका ध्यान—

> "जटाभिर्व्याप्तदेहाञ्च वराभयकरां पराम्।
> त्रिनेत्रां वरदां नित्यां चन्द्रकोटिसमप्रभाम्॥
> एवं ध्यात्वा ब्रह्मरूपां तन्मन्त्रं दशधा जपेत्।"

(वर्णोद्धारतन्त्र)

इसका वर्ण श्वेत और सिन्दूरवर्ण है। यह चतुर्वर्गप्रदायक, त्रिशिव, मादात्मक, स्निग्ध और ब्रह्मपद है। इसका ध्यान करके उस अक्षरमें साधक दशवार यदि जप करे तो अभीष्ट प्राप्त कर सकता है।

दशको आदिमें इसका विन्यास किया जाता है।

"डः शिवः शंकरो त्रिशूली" (एका॰ १० टी॰)

ड (सं॰ पु॰) डयते उड्डीयते अनेनाम डयाकारेण वा। डी बाहुलकात् ड। १ शिव, महादेव। २ शब्द, आवाज। ३ त्रास, डर। ४ वाड़वाग्नि (स्त्री॰) ५ डाकिनी।

डंक (हिं॰ पु॰) १ वह विषैला काँटा जो भिड़, बिच्छू, मधुमक्खी आदि कीड़ोंके पीछेमें रहता है। जब ये गुस्से होते हैं तो इसी काँटेको जीवोंके शरीरमें चुभा देते हैं। भिड़ मधुमक्खी आदि उड़नेवाले कीड़ोंका काँटा नलीके रूपमें होता है। इसी हो कर विषकी गांठसे विष निकल कर चुभे हुए स्थानमें प्रवेश करता है। यह काँटा सिर्फ मादा कीड़ोंको होता है। २ निब, कलमकी नोक। ३ वह स्थान जहाँ डंक मारा गया हो।

डंकदार (हिं॰ वि॰) जिसके डंक हो, डंकवाला।

डंका (हिं॰ पु॰) १ लोहे या लोहेके बरतनों पर चमड़ा मढ़ कर बनाया हुआ एक प्रकारका बाजा। पूर्व समय यह लड़ाईके समयमें बजाया जाता था। २ वह स्थान घाट जहाँ जहाज आ कर ठहरता है।

डंकिनी (हिं॰ स्त्री॰) डाकिनी देखो।

डंगी (हिं॰ स्त्री॰) १ कुश्तीका एक पेंच। मल्लशास्त्रमें एक कसरत।

डंकुर (हिं॰ पु॰) एक पुराना बाजा।

डंग (हिं॰ पु॰) पत्थरका टुकड़ा।

डंगम (हिं॰ पु॰) एक पेड़का नाम। यह दार्जिलिङ्ग, आसाम तथा खसिया की पहाड़ियोंमें बहुत पाया जाता है। इसके पत्ते प्रति वर्ष झड़ जाते हैं। इसकी लकड़ी

हैं। इसकी लड़की बहुत मजबूत होती है।

डंगर (हिं० पु०) मवेशी, चौपाया।

डंगरी (हिं० स्त्री०) १ लम्बी ककड़ी, डाँगरी। एक प्रकारकी चुड़ैल, डाइन । २ पूर्वीय हिमालय, सिकिम, भूटानसे लगा कर चटगांव तक होनेवाला एक प्रकारका मोटा बेंत। इसमेंसे बहुत अच्छी अच्छी छड़ियां और डंडे निकालते हैं। इससे टोकरे भी बनाये जाते हैं।

डंगवारा (हिं० पु०) वह सहायता जो किसान लोग खेतकी जोताई बोआईमें एक दूसरेको देते हैं, हूंड़।

डंगूज्वर (अं० पु०) एक प्रकारका ज्वर। इसमें शरीर पर चकत्ते पड़ जाते हैं।

डंगोरी (हिं० स्त्री०) एक पेड़। इसका काठ बहुत मजबूत और चमकदार होता है। यह आसाम और कछारमें बहुत उपजता है।

डंटल (हिं० पु०) छोटे पौधोंकी पेड़ी और शाखा।

डंठी (हिं० स्त्री०) डंठल।

डंड (हिं० पु०) १ लाठी, सोंटा। २ बाहु दण्ड, बाहु। एक प्रकारका व्यायाम जो हाथ पैरके पंजोंके बल पट पड़ कर किया जाता है।

डँड़ (हिं० पु०) दण्ड देखो।

डंडपेल (हिं० पु०) १ वह जो खूब दँड लगाता हो, कसरती, पहलवान्। २ बलवान् मनुष्य।

डंडल (हिं० स्त्री०) बंगाल और बरमामें मिलनेवाली एक प्रकारकी मछली। यह लगभग १८ इंच लम्बी होती है। यह हमेशा पानीके ऊपर अपनी आंखें निकाल कर तैरती है।

डँडवारा (हिं० पु०) १ बहुत दूर तक विस्तृत खुली दीवार। २ दक्षिणकी वायु, दखिनैया।

डँडवारी (हिं० स्त्री०) किसी स्थानको घेरनेके उठाई जानेवाली कम ऊँची दीवार।

डँड़हरा (हिं० स्त्री०) बङ्गाल, मध्यभारत और बरमामें मिलनेवाली एक प्रकारकी मछली। इसकी लम्बाई लगभग ३ इंच तक होती है।

डँडहरी (हिं० स्त्री०) आसाम, बङ्गाल और उड़ीसा और दक्षिण भारतकी नदियोंमें पाई जानेवाली एक प्रकारकी छोटी मछली।

डँड़हिया (हिं० पु०) बैलोंकी पीठ पर लदे हुए दो बोरोंको फसाए रखनेका एक डंडा।

डंडा (हिं० पु०) १ लकड़ी या बांसका सीधा लम्बा टुकड़ा। २ लाठी, सोंटा। ३ चारदीवारी, डांड।

डंडाडोली (हिं० स्त्री०) छोटे छोटे लड़कोंका एक खेल।

डंडाल (हिं० पु०) दुन्दुभि, नगारा।

डँडिया (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी साड़ी जिसमें बेल बूटेकी लंबी लकीरें बना कर टांकी गई हो। २ गेहूँके पौधेकी लम्बी सींक। (पु०) ३ वह जो कर वसूल करता हो।

डँडियाना (हिं० क्रि०) दो कपड़ोंकी लंबाईके किनारोंको एकमें सीना।

डंडी (हिं० स्त्री०) १ छोटी पतली लम्बी लकड़ी। २ मुठिया, हत्था, दस्ता। ३ तराजूकी सीधी लकड़ी। इसीमें रस्सियां लटका कर पलड़े बन्धे रहते हैं। ४ पत्ता फूल या फल लगा हुआ लम्बा डंठल, नाल। ५ फूलके नीचेका लम्बा हिस्सा। ६ हरसिंगारका फूल। ७ पहाड़ों पर चलनेवाली एक प्रकारकी सवारी। यह डंडेमें बन्धी हुई झोलीकी आकारकी होती है, झप्पा। ८ लिङ्गेन्द्रिय। ९ वह सन्यासी जो दण्ड धारण करता हो। (वि०) १० जो एक दूसरेसे झगड़ा लगाता हो, चुगलखोर।

डँडीर (हिं० स्त्री०) सीधी रेखा।

डँडोरना (हिं० क्रि०) ढूंढ़ना, उलट पुलट कर खोजना।

डंडौत् (हिं० पु०) दण्डवत् देखो।

डंबेल (अं० पु०) १ कसरत करनेकी लोहे या लकड़ीकी गुल्ली, इसके दोनों सिरे लट्टूकी तरह गोल होते हैं। इसको हाथमें ले कर तानते हैं। २ इस प्रकारके लट्टूसे की जानेवाली कसरत।

डंमरुआ (हिं० पु०) वातका एक रोग, गठिया।

डंवरूमाल (हिं० पु०) धातु या लकड़ीके दो टुकड़ोंको मिलानेके लिये एक प्रकारका जोड़। यह जोड़ बहुत दृढ़ होता और खींचनेसे भी नहीं उखड़ता है।

डंवाडोल (हिं० वि०) चञ्चल घबराया हुआ।

डंस (हिं० पु०) १ बड़ा मच्छर, डांस। २ वह स्थान

ठोस (हिं॰ वि॰) १ जिसका मध्य भाग खाली न हो, जो पोला या खोखला न हो। २ दृढ़, मज़बूत। (पु॰) ३ ईस्पात ढाल, कुन्दन।

ठोंगा (हिं॰ पु॰) अंगूठा।

ठोका (हिं॰ पु॰) पानी जमा होनेका गड्ढा। किसान इसी गड्ढेका पानी खेतोंमें लाकर उपयोग कर फसल सींचते हैं।

ठौर (हिं॰ पु॰) स्थान, जगह, ठिकाना। २ अवसर घात, दाव, मौका।

ड

ड—संस्कृत और हिन्दी वर्णमालाका तेरहवाँ व्यञ्जनवर्ण और ट-वर्गका तीसरा अक्षर। इसके उच्चारणमें आभ्यन्तर प्रयत्न जिह्वामध्य द्वारा मूर्द्धस्थान स्पर्श और बाह्यप्रयत्न संवार, नाद, घोष एवं अल्पप्राण लगता है। मातृकान्यासमें दक्षिणपादगुल्फमें न्यास होता है।

वर्णोद्धारतन्त्रमें इसकी लेखनप्रणाली इस प्रकार लिखी है—"ड"। इस अक्षरमें लक्ष्मी, सरस्वती और भवानी सर्वदा वास करते हैं। यह ब्रह्मरूप और महाशक्ति माता कहा गया है।

वर्णाभिधानतन्त्रमें इसके वाचक शब्द लिखे हैं, यथा—स्मृति, दारुक, निन्दिविन्दो, योगिनी, प्रिय, कौमारी, शङ्कर, त्रास, त्रिवक्र, नटेश, ध्वनि, दुरूह, जटिली, भीमा, द्विजिह्व, पृथिवी, सती, कोरगिरि, क्षमा, कान्ति, नाभि, लोचन।

इसका स्वरूप—यह सदा त्रिगुणयुत, पञ्च देवमय, पञ्च प्राणमय, त्रिशक्ति एवं त्रिबिन्दुयुत, चतुर्ज्ञानमय, आत्मतत्त्वयुत और पीतविद्युत्प्रभाकार है। (कामधेनुतन्त्र)

इसका ध्यान—

"ज्वालामिन्दुसमप्रख्यां वरालङ्कारभूषिताम्।
त्रिनेत्रां वरदां नित्यां वरदामभयप्रदाम्॥
एवं ध्यात्वा ब्रह्मरूपां तन्मन्त्रं दशधा जपेत्।"

(वर्णोद्धारतन्त्र)

इसका वर्ण श्याम और सिन्दूरसदृश है। यह चतुर्वर्ग प्रदायक, त्रिलिङ्ग, सरदायक, प्रिय और ब्रह्मरूप है। इसका ध्यान करके दश बार जपनेसे साधक सौम्य हो अभीष्ट लाभ कर सकता है।

दक्षको आदिमें इसका विन्यास किया जाता है।

"ड: शीता ड: विशोका" (एका॰ र॰ टी॰)

ड (सं॰ पु॰) डयति उड्डीयते आकाशं स्वर्गगामितया वा। डी बाहुलकात् ड। १ शिव, महादेव। २ शब्द, आवाज। ३ त्रास, डर। ४ वाडवाग्नि (स्त्री॰) शाकिनी।

डंक (हिं॰ पु॰) १ वह विषैला काँटा जो भिड़, बिच्छू, मधुमक्खी आदि कीड़ोंके पीछेमें रहता है। जब ये गुस्सा होते हैं तो इसी काँटेको जीवोंके शरीरमें चुभा देते हैं। भिड़ मधुमक्खी आदि उड़नेवाले कीड़े का काँटा सबोंके पीछे होता है। इसीमें हो कर विषकी गाँठसे विष निकल कर चुभे हुए स्थानमें प्रवेश करता है। यह काँटा सिर्फ मादा कीड़ोंको होता है। २ निब, कलमकी नोक। ३ वह स्थान जहाँ डंक मारा गया हो।

डंकदार (हिं॰ वि॰) जिसमें डंक हो, डंकवाला।

डंका (हिं॰ पु॰) १ ताँबे या लोहेके बरतनों पर चमड़ा मढ़ कर बनाया हुआ एक प्रकारका बाजा। पूर्व समय यह लड़ाईके स्थानोंमें बजाया जाता था। २ वह निशान घाट जहाँ जहाज आ कर ठहरता है।

डंकिनी (हिं॰ स्त्री॰) डाकिनी देखो।

डंकी (हिं॰ स्त्री॰) १ कुश्तीका एक पेंच। २ मलखंभकी एक कसरत।

डंकुर (हिं॰ पु॰) एक पुराना बाजा।

डंग (हिं॰ पु॰) चलनेका इशारा।

डंगम (हिं॰ पु॰) एक पेड़का नाम। यह दार्जिलिंगके आसपास तथा खसियाकी पहाड़ियोंमें बहुत पाया जाता है। इसके पत्ते प्रति वर्ष जाड़ेकी मौसिममें झड़ जाते

है। इसकी लकड़ी बहुत मजबूत होती है।

डंगर (हिं० पु०) मवेशी, चौपाया।

डंगरी (हिं० स्त्री०) १ लम्बी ककड़ी, डाँगरी। एक प्रकारकी चुड़ैल, डाइन। २ पूर्वीय हिमालय, सिकिम, भूटानसे लगा कर चटगांव तक होनेवाला एक प्रकारका मोटा बेंत। इसमेंसे बहुत अच्छी अच्छी छड़ियां और डंडे निकालते हैं। इससे टोकरे भी बनाये जाते हैं।

डंगवारा (हिं० पु०) वह सहायता जो किसान लोग खेतकी जोताई बोआईमें एक दूसरेको देते हैं, हँड़।

डंगूज्वर (अ० पु०) एक प्रकारका ज्वर। इसमें शरीर पर चकत्ते पड़ जाते हैं।

डंगोरी (हिं० स्त्री०) एक पेड़। इसका काठ बहुत मजबूत और चमकदार होता है। यह आसाम और कछारमें बहुत उपजता है।

डंटल (हिं० पु०) छोटे पौधोंकी पेड़ी और शाखा।

डंठी (हिं० स्त्री०) डंठल।

डंड (हिं० पु०) १ लाठी, सोटा। २ बाहु दण्ड, बाहु। एक प्रकारका व्यायाम जो हाथ पैरके पंजोंके बल पट पड़ कर किया जाता है।

डँड़ (हिं० पु०) दण्ड देखो।

डंडपेल (हिं० पु०) १ वह जो खूब दंड लगाता हो, कसरती, पहलवान्। २ बलवान् मनुष्य।

डंडल (हिं० स्त्री०) बंगाल और बरमामें मिलनेवाली एक प्रकारकी मछली। यह लगभग १८ इंच लम्बी होती है। यह हमेशा पानीके ऊपर अपनी आंखें निकाल कर तैरती है।

डँडवारा (हिं० पु०) १ बहुत दूर तक विस्तृत खुली दीवार। २ दक्षिणकी वायु, दखिनैया।

डँडवारी (हिं० स्त्री०) किसी स्थानको घेरनेके उठाई जानेवाली कम ऊँची दीवार।

डँड़हरा (हिं० स्त्री०) बङ्गाल, मध्यभारत और बरमामें मिलनेवाली एक प्रकारकी मछली। इसकी लम्बाई लगभग ३ इंच तक होती है।

डँडहरी (हिं० स्त्री०) आसाम, बङ्गाल और उड़ीसा और दक्षिण भारतकी नदियोंमें पाई जानेवाली एक प्रकारकी छोटी मछली।

डँड़ुहिया (हिं० पु०) बैलोंकी पीठ पर लदे हुए दो बोरोंको फसाए रखनेका एक डंडा।

डंडा (हिं० पु०) १ लकड़ी या बाँसका सीधा लम्बा टुकड़ा। २ लाठी, सोटा। ३ चारदीवारी, छोड़।

डंडाडोली (हिं० स्त्री०) छोटे छोटे लड़कोंका एक खेल।

डंडाल (हिं० पु०) दुन्दुभि, नगाड़ा।

डँडिया (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी साड़ी जिसमें बेल बूटेकी लंबी लकीरें बना कर टाँकी गई हो। २ गन्नेके पौधेकी लम्बी नोंक। (पु०) ३ वह जो कर वसूल करता हो।

डँडियाना (हिं० क्रि०) दो कपड़ोंकी लंबाईके किनारों को एकमें सीना।

डंडी (हिं० स्त्री०) १ छोटी पतली लम्बी लकड़ी। २ मुठिया, हत्था, दस्ता। ३ तराजूकी सीधी लकड़ी। इसीमें रस्सियां लटका कर पलड़े बन्धे रहते हैं। ४ पत्ता फूल या फल लगा हुआ लम्बा डंठल, नाल। ५ फूलके नीचेका लम्बा हिस्सा। ६ हरसिंगारका फूल। ७ पहाड़ों पर चलनेवाली एक प्रकारकी सवारी। यह डंडेसे बन्धी हुई झोलीकी आकारकी होती है, झप्पा। ८ लिङ्गेन्द्रिय। ९ वह सन्यासी जो दण्ड धारण करता हो। (वि०) १० जो एक दूसरेसे झगड़ा लगाता हो, चुगलखोर।

डँडौर (हिं० स्त्री०) सीधी रेखा।

डंढोरना (हिं० क्रि०) ढूंढ़ना, उलट पुलट कर खोजना।

डंडौत् (हिं० पु०) दण्डवत् देखो।

डंबेल (अं० पु०) १ कसरत करनेकी लोहे या लकड़ीकी गुल्ली, इसके दोनों सिरे लट्टूकी तरह गोल होते हैं। इसको हाथमें ले कर तानते हैं। २ इस प्रकारके लट्टूसे की जानेवाली कसरत।

डंबरुआ (हिं० पु०) वातका एक रोग, गठिया।

डंबरूमसाला (हिं० पु०) धातु या लकड़ीके दो टुकड़ोंको मिलानेके लिये एक प्रकारका जोड़। यह जोड़ बहुत दृढ़ होता और खींचनेसे भी नहीं उखड़ता है।

डंवाडोल (हिं० वि०) बहुत घबराया हुआ।

डंस (हिं० पु०) १ जङ्गली मच्छर, डाँस। २ वह स्थान

जहाँ डंक चुभा हो या मांस आदि सिमटनेसे कौड़ीका ढोल हुआ हो।

डँकना (हिं० क्रि०) डकना देखो।

डक (हिं० पु०) १ एक प्रकारका पतला सफेद टाट। २ एक प्रकारका मोटा कपड़ा।

डकई (हिं० स्त्री०) केलेकी एक जाति।

डकरा (हिं० पु०) कामी मर्द।

डकराना (हिं० क्रि०) बैल या भैंसेका बोलना।

डकार (सं० पु०) डकारप्रत्यय:, ड स्वरूप वर्ण, ड अक्षर।

डकार (हिं० स्त्री०) १ मुंहसे निकला वायुका उद्गार। २ बाघ सिंह आदिकी गरज, दहाड़, गुर्राहट।

डकारना (हिं० क्रि०) १ डकार लेना। २ हजम करना, पचा जाना। ३ बाघ सिंह आदिका गरजना, दहाड़ना।

डकिकि—उर्दूके एक प्रसिद्ध कवि। ये अमीर मसरूर मालालोके पुत्र द्वितीय अमीरमुहके दरबारमें रहते थे। उन्हींके अनुरोधसे इन्होंने 'शाहनामा' लिखना आरम्भ कर दिया था। लेकिन उसे समाप्त करनेके पहले ही ये अपने एक भृत्यके हाथसे मार डाले गये। इनका समय प्राय: ९८० ई०में साबित होता है।

डकैत (हिं० पु०) बलपूर्वक दूसरेका माल छीननेवाला लुटेरा।

डकैती (हिं० पु०) डकैतका काम, लूट मार, धावा।

डकोत (हिं० पु०) वह जो सामुद्रिक, ज्योतिष आदिका ढोंग रचता हो, भड्डरी। इनकी एक पृथक् जाति है। ये अपनेको ब्राह्मण बतलाते हैं, पर ब्राह्मण इन्हें नीच समझते हैं।

डग्गी (हिं० स्त्री०) भाण्डालकी टहा, भाण्डालकी एक टोल।

डग (हिं० पु०) १ कदम, पग। २ उतनी दूरी जितनी पर एक स्थानसे दूसरे कदम पड़े, पैंड़।

डगडगाना (हिं० क्रि०) हिलना, कांपना डोलना।

डगडोल (हिं० वि०) चलायमान, हिलनेवाला।

डगण (सं० पु०) छन्दःशास्त्रमें चार मात्राओंके गण-विशेष। यथा (ऽऽ कर्ण १) (।।ऽ करतल २) (।ऽ। पयोधर ३) (ऽ।। पदाति ४) (।।।। विप्र ५)

डगमगाना (हिं० क्रि०) १ इधर उधर हिलना डोलना, लड़खड़ाना। २ विचलित होना, किसी बात पर कायम न रहना।

डगर (हिं० स्त्री०) मार्ग, रास्ता, पथ, पैंड़ा।

डगरा (हिं० पु०) १ मार्ग, रास्ता। २ टोकरा, छिछला बाँसका छावड़ा।

डगाना (हिं० क्रि०) डिगाना देखो।

डग्गर (हिं० पु०) १ एशिया और अफ्रिकाके बहुतसे भागोंमें मिलनेवाला एक प्रकारका मांसाहारी पशु। यह रातको कभी कभी शिकारके लिये बाहर निकलता है और कुत्ते बकरीके बच्चे आदिको उठा कर ले भागता है। इसके मुख्य दो भेद हैं, चित्तीवाला और धारीवाला। इसका पिछला भाग बहुत छोटा और अगला भाग भारी होता है। कमर पर बड़े बड़े बाल होते हैं। इसके दांत बहुत तेज होते हैं। कहा जाता है कि यह प्राय: कब्रमें गड़े हुए मुर्देको निकाल कर खाता है। २ एक प्रकारका दुबला घोड़ा, जिसके पैर बहुत लम्बे भारी होते हैं।

डग्गा (हिं० पु०) दुबला पतला घोड़ा।

डक्का (हिं० स्त्री०) डमिव्यक्तशब्दं कायति कै-क-टाप्। १ दुन्दुभिध्वनि। यह बाजा मनुष्योंको सचेत करनेके लिये बजाया जाता है। २ ढिंढोरा।

डङ्गरी (हिं० स्त्री०) डं भयं गिरति नाशयति गृ-अच्, गौरा० ङीष्। एक प्रकारकी ककड़ी। इसके पर्याय—डाङ्गरी, दीर्घवृन्ता, लड्डीरी, मालवर्णी और गजदन्तफला है। इसका गुण शीतल, रुचिकारक, दाह, पित्त, अस्रदोष, वात, आमदोष और मूत्रदोषनाशक, गर्म और गौल्य है।

डट (हिं० पु०) १ चिह्न, निशाना।

डटना (हिं० क्रि०) १ स्थिर रहना, अड़ना। २ लगा होना, जुट जाना, भिड़ना।

डटाना (हिं० क्रि०) १ सटाना, भिड़ाना। २ एक वस्तुको दूसरी वस्तु द्वारा आदिको घेर डालना। ३ खड़ा करना, जमाना।

डटाई (हिं० स्त्री०) १ डटानेका भाव। २ डटानेकी मजदूरी।

डढ़ा (हिं० पु०) १ दुर्गका पेंदा, डेढ़ला। २ ज्ञा,

काठी। ३ बड़ी मेख। ४ ठप्पा; जिससे छींट छापी जाती है, सांचा।

डड़ही (हिं० स्त्री०) मछलीका एक भेद।

डढ़ा-रा (हिं० वि०) १ जिसके डाढ़ें हों, दांतवाला। २ जिसके डाढ़ी हो।

डढ़ियल (हिं० वि०) डाढ़ीवाला, जिसके डाढ़ी बड़ी हो।

डण्डमत्स्य (सं० पु०) मत्स्य विशेष, एक मछली।

डपट (हिं० स्त्री०) १ डांट, झिड़की। २ तेज, दौड़, झपट चाल।

डपटना (हिं० क्रि०) १ कठोर स्वरसे बोलना, डांटना। २ तेज दौड़ना।

डपोरसंख (हिं० पु०) १ व्यर्थकी अपनी बड़ाई करने वाला, डींग हांकनेवाला। २ वह जो देखनेमें युवक हो पर उसकी बुद्धि बच्चोंकीसी जान पड़े।

डप्पू (हिं० वि०) बहुत मोटा, बहुत बड़ा।

डफ (हिं० पु०) एक प्रकारका बड़ा बाजा। इस पर चमड़ा मढ़ा होता है और लकड़ीसे बजाया जाता है, डफला। २ लावनी बाजोंका बाजा; चङ्ग।

डफर (हिं० पु०) जहाजका एक तरफका पाल।

डफला (हिं० पु०) १ डफ नामका बाजा। २ जातिभेद। डाफला देखो।

डफली (हिं० स्त्री०) छोटा डफ, खंजरी।

डफालची हिं० पु०) डफाली देखो।

डफाली (हिं० पु०) वह जो डफला बजाता हो। मुसलमानोंकी एक जाति डफला बजाती तथा चमड़ेसे मढ़े हुए बाजोंकी मरम्मत करती है।

डब (हिं० पु०) १ थैला, जेब। २ वह चमड़ा जिससे कुप्पा बनाया जाता है।

डबकना (हिं० क्रि०) १ किसी धातुकी चद्दरको कटोरीके आकारका गहरा बनाना। २ पीड़ा देना, टीस मारना। ३ लँगड़ाना।

डबकौंहाँ (हिं० वि०) आंसूसे छाया हुआ, डबडबाया हुआ।

डबडबाना (हिं० क्रि०) अश्रुपूर्ण होना, आंखोंमें आंसू भर आना।

डबरा (हिं० पु०) १ पानी जमा रहनेका लम्बा और कम गहराईका गड्ढा, कुण्ड, हौज। ४ खेत जोते जानेमें छूटा हुआ कोना।

डबरी (हिं० स्त्री०) छोटा गड्ढा।

डबल (अं० वि०) १ दोबार। दोहरा (पु०) २ अंगरेजी राज्यका पैसा।

डबलरोटी (अं० स्त्री०) पावरोटी।

डबलविक (अं० वि०) दोहरी बत्ती।

डबला (हिं० पु०) कुल्हड़, मट्टीका पुरवा।

डबोना (हिं० क्रि०) १ मग्न करना, बोरना डुबाना। २ नष्ट करना, बिगाड़ना।

डब्बा (हिं० पु०) १ कोई ठोस या भुरभुरी चीजें रखी जानेका ढक्कनदार छोटा गहरा बरतन। २ रेलगाड़ीकी एक कोठरी।

डब्बू (हिं० पु०) कटोरेके आकारका एक बरतन। इसमें डांड़ी लगी रहती है और भोज इत्यादिमें यह कोई चीज परोसनेके काममें आता है।

डभका (हिं० पु०) वह पानी जो कुएंसे तुरन्त निकाला गया हो।

डभकौरी (हिं० स्त्री०) उड़दकी पीठीकी बरी। यह बिना तले हुए कढ़ीमें डाल दी जाती है।

डम (सं० पु०) डं नीचयोनित्वात् भीतिं माति-मा-क। वर्णसङ्कर जातिविशेष। ब्रह्मवैवर्त पुराणके मतसे इस जातिकी उत्पत्ति लेट और चाण्डालीसे हुई है। डोम देखो।

डमर (सं० क्ली०) डं-भावे अच्, डमं पालनं डेन शब्देन मरं पलायनं इ-तत्। १ भयसे पलायन, भगेड़। इसके पर्याय—शृगालिका, विद्रव और डिम्ब हैं। (पु०) डेन भयेन मरो मृतिरिव यत्र, बहुव्री०। २ परचक्रादि भय। ३ अस्वकलह, उपद्रव, हलचल। इसके पर्याय विप्लव, डिम्ब, विम्ब और डामर हैं।

डमरी (सं० पु०) डमर-इनि। छोटा डफ, खञ्जरी।

डमरू (सं० पु०) डमित्यव्यक्तशब्दं ऋच्छति डम-ऋ-कु। मृगय्वादयश्च। उण् १।३७। इति सूत्रेण निपातनात् साधुः। १ वाद्यविशेष, एक बाजा। इसका आकार बीचमें पतला और दोनों सिरोंकी ओर बराबर चौड़ा होता जाता है। इसके दोनों सिरों पर चमड़ा मढ़ा होता है।

जहां डंक चुभा हो या सांप आदि विषैले कीड़ोंका दांत चुभा हो।

डंसना (हिं० क्रि०) डसना देखो।

डक (हिं० पु०) १ एक प्रकारका पतला सफेद टाट। २ एक प्रकारका मोटा कपड़ा।

डकई (हिं० स्त्री०) केलेकी एक जाति।

डकरा (हिं० पु०) कामी मर्द।

डकराना (हिं० क्रि०) बैल या भैंसेका बोलना।

डकार (सं० पु०) डकारप्रत्ययः, ड स्वरूप वर्ण, ड अक्षर।

डकार (हिं० स्त्री०) १ मुखसे निकला वायुका उद्गार। २ बाघ सिंह आदिकी गरज, दहाड़, गुर्राहट।

डकारना (हिं० क्रि०) १ डकार लेना। २ हजम करना, पचा जाना। ३ बाघ सिंह आदिका गरजना, दहाड़ना।

डकिकि—उर्दूके एक प्रसिद्ध कवि। ये अमीर मनसूर सामानीके पुत्र द्वितीय अमीरनूहके दरबारमें रहते थे। उन्हींके अनुरोधसे इन्होंने 'शाहनामा' लिखना आरम्भ कर दिया था। लेकिन उसे समाप्त करनेके पहले ही ये अपने एक भृत्यके हाथसे मार डाले गये। इनका रचना प्रायः ९८० ई०में साबित होता है।

डकैत (हिं० पु०) बलपूर्वक दूसरेका माल छीननेवाला लुटेरा।

डकैती (हिं० पु०) डकैतका काम, लूट मार, छापा।

डकोत (हिं० पु०) वह जो सामुद्रिक, ज्योतिष आदिका ढोंग रचता हो, भड्डरी। इनकी एक पृथक् जाति है। ये अपनेको ब्राह्मण बतलाते हैं, पर ब्राह्मण इन्हें नीच समझते हैं।

डकौरी (हिं० स्त्री०) चाण्डालकी टहा, चाण्डालकी एक टोल।

डग (हिं० पु०) १ कदम, फाल। २ उतनी दूरी जितनी पर एक स्थानसे दूसरा कदम पड़े, पैंड़।

डगडगाना (हिं० क्रि०) हिलना, कांपना डोलना।

डगडोर (हिं० वि०) चलायमान, हिलनेवाला।

डगण (सं० पु०) छन्दोग्रन्थोक्त पांच मात्रामें विभक्त गण-विशेष। यथा (ऽऽ गज १) (॥ऽ रथ २) (।ऽ। घोड़ा ३) (ऽ॥ पदाति ४) (॥॥ पत्ति ५)

डगमगाना (हिं० क्रि०) १ इधर उधर हिलना डोलना, डगमगाना लड़खड़ाना। २ विचलित होना, किसी बात पर कायम न रहना।

डगर (हिं० स्त्री०) मार्ग, रास्ता, पथ, पैंड़ा।

डगरा (हिं० पु०) १ मार्ग, रास्ता। २ टोकरा, छिछला बरतन डालरा।

डगाना (हिं० क्रि०) डिगाना देखो।

डगार (हिं० पु०) १ एशिया और अफ्रिकाके बहुतसे भागोंमें मिलनेवाला एक प्रकारका मांसाहारी पशु। यह रातको कभी कभी शिकारके लिये बाहर निकलता है और कुत्ते बकरीके बच्चों आदिको उठा कर ले भागता है। इसके मुख्य दो भेद हैं, चित्तीवाला और धारीवाला। इसका पिछला भाग बहुत छोटा और आगेका भाग भारी होता है। कन्धे पर बड़े रुखड़े बाल होते हैं। इसके दांत बहुत तेज होते हैं। कहा जाता है कि यह प्रायः कब्रमें गड़े हुए मुरदेको निकाल कर खाता है २ एक प्रकारका दुबला घोड़ा, जिसके पैर बहुत लम्बे लम्बे होते हैं।

डग्गा (हिं० पु०) दुबला पतला घोड़ा।

डङ्का (हिं० स्त्री०) डमिचयमशब्दं कायति कै-क-टाप्। १ दुन्दुभिध्वनि। यह बाजा मनुष्योंको सचेत करनेके लिये बजाया जाता है। २ टिकारा।

डङ्गरी (हिं० स्त्री०) डं भयं गिरति गारयति गृ-अच् पृषो० साधुः गौरा० ङीप्। ककड़ी एक प्रकारकी ककड़ी। इसके पर्याय—डाङ्गरी, दीर्घवीज, डङ्गरी, डङ्गारी, नागमण्डी और गजदन्तफला है। इसका गुण शीतल, रुचिकारक, दाह, पित्त, अस्रदोष, घर्म, जाड्य और मूत्ररोधदोषनाशक, तर्पण और गौल्य है।

डट (हिं० पु०) १ चिह्न, निशाना।

डटना (हिं० क्रि०) १ स्थिर रहना, अड़ना। २ सामने होना, छू जाना, भिड़ना।

डटाना (हिं० क्रि०) १ सटाना, भिड़ाना। २ एक वस्तुको दूसरी वस्तु द्वारा आगेको ओर ठेलना। ३ खड़ा करना, जमाना।

डटाई (हिं० स्त्री०) १ डटानेका भाव। २ डटानेकी मजदूरी।

डट्टा (हिं० पु०) १ हुक्केका नैचा, टेहथा। २ गद्दी,

कार्य। ३ बड़ी मेख। ४ ठप्पा; जिससे छींट छापी जाती है, साँचा।

डड़ही (हिं० स्त्री०) मछलीका एक भेद।

डढ़ा-रा (हिं० वि०) १ जिसके डाढ़ें हों, दाँतवाला। २ जिसके डाढ़ी हो।

डढ़ियल (हिं० वि०) डाढ़ीवाला, जिसके डाढ़ी बड़ी हो।

डण्डमच्छ (सं० पु०) मत्स्य विशेष, एक मछली।

डपट (हिं० स्त्री०) १ डांट, झिड़की। २ तेज़, दौड़, सरपट चाल।

डपटना (हिं० क्रि०) १ कठोर स्वरसे बोलना, डांटना। २ तेज़ दौड़ना।

डपोरसंख (हिं० पु०) १ व्यर्थकी अपनी बड़ाई करने वाला, डींग हाँकनेवाला। २ वह जो देखनेमें युवक हो पर उसकी बुद्धि बच्चोंकीसी जान पड़े।

डप्पू (हिं० वि०) बहुत मोटा, बहुत बड़ा।

डफ (हिं० पु०) एक प्रकारका बड़ा बाजा। इस पर चमड़ा मढ़ा होता है और लकड़ीसे बजाया जाता है, डफला। २ लावनी गानेका बाजा; चङ्ग।

डफर (हिं० पु०) जहाजका एक तरफका पाल।

डफला (हिं० पु०) १ डफ नामका बाजा। २ जातिभेद। डाफला देखो।

डफली (हिं० स्त्री०) छोटा डफ, खंजरी।

डफालची हिं० पु०) डफाली देखो।

डफाली (हिं० पु०) वह जो डफला बजाता हो। मुसल-मानोंकी एक जाति डफला बजाती तथा चमड़ेसे मढ़े हुए बाजोंकी मरम्मत करती है।

डब (हिं० पु०) १ थैला, जेब। २ वह चमड़ा जिससे कुप्पा बनाया जाता है।

डबकना (हिं० क्रि०) १ किसी धातुकी चद्दरको कटोरीके आकारका गहरा बनाना। २ पीड़ा देना, टीस मारना। ३ लँगड़ाना।

डबकौंहाँ (हिं० वि०) आंसूसे छाया हुआ, डबडबाया हुआ।

डबडबाना (हिं० क्रि०) अश्रुपूर्ण होना, आँखोंमें आंसू भर आना।

डबरा (हिं० पु०) १ पानी जमा रहनेका लम्बा और कम गहराईका गड्ढा, कुण्ड, हौज़। ४ खेत जोते जानेसे छूटा हुआ कोना।

डबरी (हिं० स्त्री०) छोटा गड्ढा।

डबल (अं० वि०) १ दोबार। दोहरा (पु०) २ अंग्रेजी राज्यका पैसा।

डबलरोटी (अं० स्त्री०) पावरोटी।

डबलविक (अं० वि०) दोहरी बत्ती।

डबला (हिं० पु०) कुल्हड़, मट्टीका पुरवा।

डबोना (हिं० क्रि०) १ मग्न करना, बोरना डुबाना। २ नष्ट करना, बिगाड़ना।

डब्बा (हिं० पु०) १ कोई ठोस या भुरभुरी चीजें रखी जानेका ढक्कनदार छोटा गहरा बरतन। २ रेलगाड़ीकी एक कोठरी।

डब्बू (हिं० पु०) कटोरेके आकारका एक बरतन। इसमें डाँड़ी लगी रहती है और भोज इत्यादिमें यह कोई चीज परोसनेके काममें आता है।

डभका (हिं० पु०) वह पानी जो कुएंसे तुरन्त निकाला गया हो।

डभकौरी (हिं० स्त्री०) उड़दकी पीठीकी बरी। यह बिना तले हुए कढ़ीमें डाल दी जाती है।

डम (सं० पु०) डं नीचयोनित्वात् भीतिं माति-मा-क। वर्णसङ्कर जातिविशेष। ब्रह्मवैवर्त पुराणके मतसे इस जातिकी उत्पत्ति लेट और चाण्डालीसे हुई है। डोम देखो।

डमर (सं० क्ली०) मृ-भावे अप्, मरं प्राणनं डेन त्रासेन मरं पलायनं ३-तत्। १ भयसे पलायन, भगेड़। इसके पर्याय—शृगालिका, विद्रव और डिम्ब हैं। (पु०) डेन भयेन मरो मृतिरिव यत्र, बहुव्री०। २ परचक्रादि भय। ३ अत्यन्त कलह, उपद्रव, हलचल। इसके पर्याय विप्लव, डिम्ब, विम्ब और डामर है।

डमरी (सं० पु०) डमर-इनि। छोटा डफ, खञ्जरी।

डमरू (सं० पु०) डमित्यव्यक्तशब्दं ऋच्छति डम-ऋ-कु। मृगय्वादयश्च। उण् ११३८। इति सूत्रेण निपातनात् साधुः। १ वाद्यविशेष, एक बाजा। इसका आकार बीचमें पतला और दोनों सिरोंकी ओर बराबर चौड़ा होता जाता है। इसके दोनों सिरों पर चमड़ा मढ़ा होता है।

इसके बीचमें एक डोरी बंधी रहती रहती है। डोरीके दोनों सिरों पर दो कौड़ियां टो हुई रहती है। बीचमें पकड़ कर जब यह हिलाया जाता है तो कौड़िया चमड़े पर पड़ती हैं और शब्द होता है। बन्दर भालू आदिके लिए मदारी इसे अपने साथ रखता है। यह बाजा शिवजीका बहुत प्रिय है।

शिवजीके हाथमें यह बाजा हमेशा रहता है।

"त्रिशूल-डमरुधरं।" (शिवध्यान) २ वह वस्तु जो बीचमें पतली हो और दोनों ओर बराबर चौड़ी होती गई हो। ३ १२ लघु वर्णयुक्त एक प्रकारका दण्डक-वृत्त। ४ विस्मय, ताज्जुब।

डमरुका (सं० स्त्री०) डमरुक कन् स्त्रियां टाप्। तन्त्रोक्त मुद्राभेद, एक प्रकारका आसन।

डमरुमध्य (सं० पु०) डमरु इव मध्यः यस्य, बहुव्री०। योजक, जमीनका वह संकीर्ण भाग जो दो बड़े बड़े खण्डोंको मिलाता हो।

डमरुयन्त्र (हिं० पु०) एक प्रकारका यन्त्र। इसमें अर्क खींचे जाते और सिंगरफका पारा, कपूर, नौसादर आदि उड़ाये जाते हैं। यह दो घड़ोंका मुंह मिलाने और कपड़मट्टी द्वारा बनता है। जोड़नेसे जिस वस्तुका अर्क चुआना होता है उसे पानीके साथ एक घड़ेमें रख देते हैं और तब दोनों घड़ोंका मुंह जोड़ दिया जाता है। तब दोनों जुड़े हुए घड़े इस प्रकार आड़ा-कर रखे जाते हैं कि एक घड़ा आग पर और दूसरा ठण्डी जगह पर रहता है। गर्मी लगनेसे वस्तु मिश्रित जलका वाष्प उड़ कर दूसरे घड़ेमें जा टपकता है। भापका जल ही उस वस्तुका अर्क है। जो घड़ा नीचे रहता है उसके पेंदेमें आंच लगती है और ऊपरके घड़ेके पेंदेको भींगा हुआ कपड़ा आदि रख कर ठण्ढा रखते हैं। जब नीचेके घड़ेमें गर्मी लगती है तो सिंगरफसे पारा उड़ कर ऊपरके घड़ेके पेंदेमें लग जाता है।

डमसार—पूर्व बंगालका एक प्राचीन ग्राम।

(भ० ब्रह्म० ११।८१)

डम्फ—एक प्रकारका प्राचीन बाजा। यह लकड़ेसे गोल घेरे मेंढ़े पर चमड़ा मढ़ कर बनाया जाता है। युक्त-प्रदेशमें इसका व्यवहार अधिक है।

डम्बर (सं० पु०) डम्ब-अरन्। १ समूह। २ आयोजन, आडम्बर, धूमधाम। "अत्रापुडे गणिमाई प्रभावे मेघडम्बरः।" (न्यन्नप) ३ धात्रदत्त कुमारके एक अनुचरका नाम। "डम्बराडम्बरौ चैव ददौ धाता महात्मने।" (भा० ९।४५ अ०) ४ विस्तार। ५ विलास ६ एक प्रकारका चँदोवा, चटरछत।

डयन (सं० क्ली०) डीयते आकाशमार्गे गम्यते अनेन डि करणे ल्युट्। १ कर्णीरथ, पालकी, डोली। २ नभोगति, उड़ान, उड़नेकी क्रिया।

डर (हिं० पु०) १ भय, भीति, त्रास, खौफ। २ आशंका, अनिष्टकी भावना, अन्देशा।

डरना (हिं० क्रि०) १ भयभीत होना, खौफ करना। २ आशंका करना, अंदेशा करना।

डरपना (हिं० क्रि०) भयभीत होना, डरना।

डरपोक (हिं० वि०) भीरु, कायर, जो बहुत डर खाता हो।

डराना (हिं० क्रि०) भय भीत करना, डर दिखाना, खौफ दिलाना।

डरावना (हिं० वि०) भयानक, भयंकर।

डरावा (हिं० पु०) फलदार पेड़ोंमें बंधी हुई एक लकड़ी जो चिड़ियोंको उड़ानेके लिये लगी रहती है। इसमें एक लम्बी रस्सी बंधी होती है।

डरी (हिं० स्त्री०) डली देखो।

डरील (हिं० वि०) जिसमें शाखा हो, डारवाला, टहनीदार।

डल (हिं० पु०) १ खण्ड, अंश, टुकड़ा। (स्त्री०) २ झील। ३ काश्मीरकी एक झील।

डलई (हिं० स्त्री०) डलिया देखो।

डलना (हिं० क्रि०) डाला जाना, पड़ना।

डलवा (हिं० पु०) डला देखो।

डलवाना (हिं० क्रि०) डालनेका काम किसी दूसरेसे कराना।

डला (हिं० पु०) १ खण्ड, टुकड़ा। २ बांस इत्यादिकी फट्टियोंका बनाया हुआ बरतन, टोरा, टोकरा।

डली (हिं० स्त्री०) खण्ड, छोटा टुकड़ा। २ सुपारी। ३ डलिया।

डलहौसी—इनका यथार्थ नाम जेम्स अण्ड्रु ब्रोन रामसे, दशम आर्ल और प्रथम मारक्विस् आफ डलहौसी (James Andre Brown Ramsay, tenth Earl and first marquis of Dalhousie)। १८१२ ई०को २२वीं अप्रैलको इनका जन्म हुआ था। ये हाडिंङ्गटनसायारस्थ कालस्ट्राउनके वोनको उत्तराधिकारिणीके तृतीय पुत्र थे। इन्होंने पहले हरोर विद्यालयमें शिक्षा प्राप्त की थी, पीछे अक्सफोर्ड विश्वविद्यालयके क्राइष्टचार्च कालेजमें अध्ययन करके १८३८ ई०में एम०ए० उपाधि लाभ किया था। अग्रज दो सहोदरोंकी मृत्यु होनेके कारण १८३२ ई०में ये लार्ड रामसे (Lord Ramsay) नामसे प्रसिद्ध हुए। इन्होंने ग्रेटब्रिटेनको मन्त्रिसभामें कुछ दिन कार्य किया था; पीछे ये भारतवर्षके गवर्नर जनरल (बड़े लाट) नियुक्त हुए थे। इन्होंने १८४८ ई०की १२वीं जनवरीको कार्य-भार ग्रहण और १८५६ ई०की २८वीं फरवरीको कार्य परित्याग किया था।

१८४७ ई०के अन्तमें भाइकाउण्ट हार्डिञ्ज भारतवर्षसे चले जाने पर डलहौसीने आ कर भारतका शासनभार ग्रहण किया। जब ये इस देशमें आये थे, तब भारत-राज्यमें किसी तरहकी विशृङ्खला नहीं थी। समस्त प्रदेशोंमें एक प्रकार सुखशान्ति विराजमान थी। किन्तु अकस्मात् मुलतानमें एक मेघका उदय हुआ। १८४४ ई०में सवनमलकी मृत्यु होनेसे उनके पुत्र मूलराज मुलतानके दीवान चुने गये। ये ३० लाख रुपये और नियमित कर प्रदान करेंगे, इस शर्त पर लाहोर-दरबारने इनको दीवान मनोनीत किया था। मूलराज अत्यन्त साहसी थे; वे अधीनताकी अपेक्षा मृत्युको श्रेयस्कर समझ कर गुपचुप स्वाधीन होनेका मौका ढूंढने लगे। इस समय लाहोर-दरबारमें बड़ी विशृङ्खला उपस्थित थी। प्रधान प्रधान सामन्तोंमें परस्पर वास्तविक एकता बिलकुल न थी। मूलराजने लाहोरको मञ्जूर किये हुए ३० लाख रुपये अथवा नियमित कर कुछ भी नहीं भेजा। इसका सन्तोषजनक उत्तर देनेके लिए प्रधान मन्त्री लालसिंहने मूलराजको लाहोर आनेके लिए आह्वान किया तथा यदि मूलराज सहजमें न आवें, तो उनको बलपूर्वक लानेके लिए एक दल सेना भी भेजी। इधर मूलराज भी निश्चिन्त न थे, वे विपक्षिको आशङ्का जान कर पहलेहीसे तयार थे। लाहोरसे सेना आ कर उपस्थित होने पर मूलराजके साथ एक युद्ध हुआ।

युद्धमें मूलराजने विजय प्राप्त की। उनमें ब्रिटिश-गवर्मेण्टने मध्यस्थ हो कर दोनों पक्षमें एक सन्धि करा दी। सन्धिके नियम मूलराजको पसन्द न होनेसे उन्होंने रेसिडेण्टोंके पास मुलतानको दीवानी छोड़ देनेकी इच्छा प्रकट की और साथ लिख दिया कि, दीवानी छोड़ देनेकी बात साधारणको मालूम न होने पावे। रेसिडेण्ट लारेन्स साहबने आपके अनुरोधकी रक्षा करेंगे ऐसा लिख भेजा।

१८४८ ई०की ६ठी मार्चको सर फ्रेडरिक करी (Sir Frederic Currie) रेसिडेण्ट हो कर लाहोर आये। मूलराजका पदत्याग छिपा रखनेके लिये लारेन्सने उनसे कहा। किन्तु लारेन्सका प्रस्ताव इन्होंने ग्राह्य नहीं किया। नये रेसिडेण्टने मन्त्रिसभामें मूलराजका इस्तीफा पेश किया और मन्त्रिसभा द्वारा वह मञ्जूर हो गया।

खाँसिंहको दीवान नियुक्त कर मुलतान भेजा गया। उनके साथ अग्निउ (Agnew) और आण्डरसन् (Anderson) नामक दो अंग्रेज कर्मचारी भी गये। १८ अप्रैलको ये सेना सहित मुलतानके किलेके पास ईदगाहमें पहुंच गये। मूलराज वहां आये और उनके साथ साक्षात् करके दुर्ग अर्पण करनेके लिए राजी हो गये। दूसरे दिन सुबहके वक्त खाँसिंह और पूर्वकथित दो अंग्रेज-कर्मचारियोंने दो दल गुर्खा-सेनाके साथ दुर्गमें प्रवेश किया। जब ये दुर्गपरिखाके सेतुके ऊपरसे जा रहे थे, तब मूलराजके एक सैनिकने सहसा अग्रसर हो कर अगनिउ साहबको बरछा मार कर घोड़ेसे गिरा लिया और तलवारसे उन पर दो गहरी चोट कीं, किन्तु साहबको विनाश करनेके पहले ही वह परिखामें गिर गया। मूलराजने इस घटनामें किसी प्रकारका हस्तक्षेप न कर अपने आवास आमखासकी ओर घोड़ा दौड़ा दिया। इसके बाद मूलराजके कुछ सैनिकोंने आण्डरसन पर धावा किया और उनको मुर्देकी तरह वहीं छोड़ कर प्रस्थान किया। अगनिउने कुछ सुस्थ हो कर लाहोरमें

रेसिडेण्ट साहबको सब हाल लिख भेजा तथा मूलराजको उनको निर्दोषिता प्रमाण और दोषियोंको पकड़ करनेके लिखा। मूलराजने जवाब दिया कि, "इस इस पत्रके अनुसार कार्य करनेमें सम्पूर्ण अक्षम हूँ।"

मूलराजका प्रथम उद्देश्य कुछ भी हो, पर अब वे प्रकाश्यरूपसे विद्रोही हो गये। ता० १८ को मूलराजने अंगरेजोंके यानवाहनादि सब छीन लिये। अंगरेज पक्षने भागनेका कोई उपाय न देख कर ईदगाहमें ही आश्रय ग्रहण किया। उनको भरोसा था कि, ३।४ दिनमें ही लाहोरसे सेना आ कर उनकी रक्षा करेगी। किन्तु उनकी यह आशा मुहूर्तमें ही लुप्त गई। लाहोरके गोलन्दाजोंने युद्ध करना अस्वीकार किया। ता० २० को सायंकालके समय खांसिंह, ८।१० सैनिक कुछ मुन्शी और अंगरेजोंके कुछ नौकरों तथा कर्मचारियोंके सिवा अन्यान्य सभी लोगोंने अंगरेजोंका पक्ष छोड़ दिया। उन लोगोंने जीवनकी कुछ आशा न देख कर मूलराजकी अधीनता स्वीकार करके सन्धिका प्रस्ताव किया। मूलराजने उनको चले आनेके लिये कहलवा भेजा, किन्तु उनकी सेना इतनी उत्तेजित थी कि, वह रक्तपातके सिवा किसी तरह भी सन्तुष्ट न थी। जब खांसिंह आदि चले आ रहे थे, तब मुलतानके सैनिकगण घोर रवसे उन पर टूट पड़े। खांसिंहको कैद और अंगरेज-कर्मचारियोंको मार डाला। मूलराजने सैनिकोंको पुरस्कार दिया।

रेसिडेण्ट साहबको दो दिन बाद विद्रोह-संवाद मालूम हुआ। उन्होंने पहले सोचा था कि, मूलराज इस विद्रोहमें शामिल नहीं हैं। इसलिये उन्होंने कुछ सैनिकोंको भेज दिया। ता० २१ को समस्त संवाद अवगत हो कर वे समझ गये कि, यह युद्ध सहजमें नहीं निबटेगा। लाहोर-दरबारकी सेनाने अंगरेजोंके साथ विश्वासघातकता की है, यह संवाद पा कर रेसिडेण्ट करी साहब मुलतानमें अंगरेजी सेना भेजनेके लिये राजी न हुए। किन्तु अङ्गरेजोंकी सहायताके बिना सिख सर्दारगण मूलराजको किसी तरह भी वश न कर सकेंगे, इस आशयसे लाहोर-दरबारके अङ्गरेजी सेना भेजनेके लिये रेसिडेण्टको बार बार अनुरोध करने पर करी साहब अङ्गरेजी सेना भेजनेके लिये राजी हो गये। उन्होंने शिमलामें प्रधानसेनापति लार्ड गफको इस आशयका एक पत्र भेजा कि—"वृटिश-शासित भारतके सम्मानकी रक्षा और राजनैतिक स्वार्थसाधनके लिये लाहोर-दरबारकी सेनाके अभावमें भी जिससे अङ्गरेजी सेना मुलतानके दुर्ग और नगर पर अधिकार कर सके, ऐसी एक दल सेना शीघ्र ही भेज देना उचित है।" किन्तु लार्ड गफने उस समय सेना न भेजी। सन्धिसभाधिष्ठित गवर्नर-जनरल साहबकी भी यही राय थी। इसलिए युद्धयात्रामें विलम्ब हो गया।

इधर अगनिउ साहबने सुस्थ हो कर लाहोरका विद्रोह-संवाद और लेफ्टेनण्ट एडवर्डस् साहबको सहायतार्थ शीघ्र आनेके लिये लिख भेजा। एडवर्डस् साहब उस पत्रको पा कर अधीनस्थ सैन्य संग्रह करके मुलतानकी तरफ अग्रसर हुए। उन्होंने लिया नामक स्थानमें पहुँच कर शिविर स्थापित किया। इस स्थानमें एक पत्र पा कर उनके मनमें सिक्खोंकी विश्वस्तता पर सन्देह हुआ। इस समय उन्होंने सम्वाद पाया कि, मूलराज चन्द्रभागा नदी पार हो कर लियाकी तरफ अग्रसर हो रहे हैं। एडवर्डस् साहबने उस समय सिन्धुनद पार हो कर गिरिङ्ग-दुर्गमें आश्रय लिया। इस स्थान पर सेनापति कर्टलैण्डने कुछ मुसलमान-सेनाके साथ आ कर उनका साथ दिया। क्रमशः अङ्गरेजोंकी सेना बढ़ने लगी।

बहावलपुरके नवाब शतद्रु नदी पार हो कर मुलतान आक्रमण करनेको उद्यत हुए। अङ्गरेजी सेनाने आ कर डेरागाजीखां घेर लिया। मूलराजने जमालखां पर इस प्रदेशका शासन भार छोड़ दिया था। जमालके प्रधान शत्रु वरालाने अङ्गरेजोंके साथ मिल कर जमाल पर आक्रमण किया। जमालखां पराजित हो कर भाग गये। डेरागाजीखां अङ्गरेजोंके हस्तगत हो गया। इसके बाद किनेरी नामक स्थान पर युद्ध हुआ, उस युद्धमें भी अङ्गरेज पक्षने विजय पाई। किनेरीके युद्धके बाद बहुतसे सिख सर्दार अङ्गरेजोंका पक्ष ग्रहण करने लगे, मूलराजने अत्यन्त भीत हो कर दुर्गमें आश्रय लिया। एडवर्डस् पुनः पुनः विजय प्राप्त करनेके कारण अत्यन्त उत्साहित हुए।

साथ मुलतान पर आक्रमण करनेको अग्रसर हुए। साम ग्रामके पास दोनों पक्षोंमें एक छोटा युद्ध हुआ। अङ्गरेजोंकी तरफ सेना बहुत ज्यादा थी। कुछ देर बाद मूलराजने युद्धस्थलसे प्रस्थान किया। उनके सैन्यसामन्तोंने भी उनके दृष्टान्तका अनुकरण किया। अङ्गरेज लोग उनका पीछा करते हुए मुलतान-दुर्गके पास तक पहुंचे। एडवर्ड्स् साहबने दुर्गको शीघ्र ही अवरोध करना चाहिये—इस आशयकी एक चिट्ठी रेसिडेण्टके पास भेजी। डलहौसी और मि० शाफ उस समय तक भी दुर्गको घेरनेके पक्षपाती न थे, किन्तु उनके पत्र पानेसे पहले ही रेसिडेण्ट साहब दुर्ग अवरोध करनेके लिये मुलतानको खबर दे चुके थे और तदनुसार प्रबन्ध भी कर चुके थे। इसलिए डलहौसीने रेसिडेण्टकी क्षमता और आज्ञाको अक्षुण्ण रखनेके लिये उनके प्रस्तावमें सम्मति दे दी। २४ जुलाईको दृढ़ उत्साहके साथ मुलतान दुर्ग अवरोध करनेके लिए सेनापति हुइसने युद्ध यात्रा की। बहवलपुरसे लेक साहबके अधीन ५७०० पयादे और १८०० अश्वारोही तथा राजा शेरसिंहके अधीन ८०८ पयादे और ३३८२ अश्वारोही सिक्ख-सेना मुलतान अवरोधके लिए अग्रसर हुई। कार्टलेण्ड, एडवर्ड्स्, लेक और शेरसिंहके अधीन बहुसंख्यक सेनाने मुलतान घेर लिया। मूलराज बहुत डर गये। उन्होंने हटनेको और उनके मित्र महाराज दिलीपसिंहको आत्मसमर्पण करनेका विचार किया। किन्तु इसी समय एक नवीन घटनाने उनके विचारको सहसा पलट दिया। अङ्गरेज और दलीपसिंहके पक्षके सिक्खोंमें विद्रोहके लक्षण दिखाई दिये। हाजराप्रदेशमें शेरसिंहके पिता छत्रसिंह विद्रोही हो गये। मूलराजके हृदयमें नूतन आशाका अङ्कुर उदित हुआ।

७ सेप्टेम्बरको दुर्ग पर आक्रमण किया गया। शेरसिंह अभी तक तलम्बा नामक स्थानमें ठहरे हुए थे। १४ सेप्टेम्बरको उन्होंने मुलतानसे अग्रसर हो कर उनका जयडङ्का खालसाओंके नामसे बजनेके लिए आदेश दिया। यह संवाद सुन कर अंग्रेज सेनापतियोंने परामर्श करके टिब्बी नामक स्थानमें पीछे लौटनेका निश्चय किया, वहां पहुंच कर वे प्रधान सेनापतिकी भेजी हुई सेनाकी बाट देखने लगे।

शेरसिंहने मूलराजका साथ देनेका प्रस्ताव करके उनके पास दूत भेजा, पर मूलराज शेरसिंहका पूरी तरह विश्वास न कर सके। उन्होंने शपथ खाई, पर तो भी मूलराजका सन्देह मूलसे दूर न हुआ। आखिर शेरसिंहने कहा कि उनको सेनाको कुछ अग्रिम वेतन देनेसे वे हाजराप्रदेशमें जा कर अपने पिताका साथ देंगे। मूलराजने यह मौका हाथसे न जाने दिया, शेरसिंहने अन्य प्रदेशमें जा कर नया सिक्खयुद्ध प्रज्वलित कर दिया।

अंग्रेजोंके अवरोध छोड़ कर चले जाने पर मूलराज निश्चिन्त नहीं हुए थे। वे समझते थे कि, अंग्रेज लोग पुनः द्विगुण उत्साह और अधिकतर बलके साथ दुर्ग पर आक्रमण करेंगे। इसलिए उन्होंने दुर्गको मजबूत कराई और सेना संग्रह करनेकी कोशिश करने लगे। सिर्फ इतनेसे ही सन्तुष्ट नहीं हुए, उन्होंने काबुलके दोस्त-महम्मद और कन्दाहारके सर्दारोंसे सहायता देनेके लिए लिख भेजा।

इधर अंग्रेज लोग भी दुर्ग जय करनेके लिए तरह तरहकी तर्कीबें सोच रहे थे। जिससे उनको चेष्टा सफल बनी हो, इसके लिए वे काफी उपकरणोंका संग्रह भी कर रहे थे। क्रमशः बम्बई और बंगालसे कई दल सेना आ कर उपस्थित हुई। अधिक समय नष्ट न कर अङ्गरेज सेनापतिने १७ दिसम्बरको पुनः दुर्ग पर आक्रमण करनेके लिए आदेश दिया। थोड़े ही आघातसे दुर्गके कई एक स्थान टूट जाने पर मूलराजने डर कर आत्मसमर्पणका प्रस्ताव किया। अङ्गरेज-सेनापतिने उनसे बिना शर्त्तके आत्मसमर्पण करनेके लिए कहा। किन्तु इससे राजी न हो कर मूलराज आत्मरक्षा करने लगे।

कुछ दिन बीत गये। किन्तु इससे क्या होता? बाहर असीम शत्रु पड़े थे, उनको सेना बहुत थोड़ी थी। शत्रु दिन दिन विजय लाभ कर रहे हैं। वे उनको हटा नहीं सकते। क्रमशः उनका साहस क्षय होने लगा। उपायान्तर न देख कर १८४९ ई०के जनवरी महीनेमें मूलराजने आत्मसमर्पण किया। अङ्गरेजोंने दुर्ग पर अधिकार कर लिया। लाहोरमें मूलराजका विचार हुआ; विचारमें वे दोषी प्रमाणित हुए और निर्वासित किये गये।

इधर छत्रसिंहका विद्रोहानल क्रमशः प्रज्वलित होने लगा। २४ अक्तोबरको पेशावरकी समस्त सिखसेना विद्रोही हो गई। मेजर लारेन्स उसको दमन न कर सकनेके कारण लाचारीसे कोहाट भाग गये। कोहाटके शासनकर्त्ता दोस्त महम्मदके भाई सुलतान महम्मद थे। इन्होंने पेशावर विभागके किसी स्थानके बदले मेजर लारेन्स, इनकी स्त्री और उनके सहकारी मि० बाउईको छत्रसिंहके हाथ बेच दिया। छत्रसिंह विद्रोही थे।

शेरसिंहने अङ्गरेजोंका पक्ष छोड़ दिया है इस संवादसे डलहौसी अत्यन्त भयभीत हो गये। उन्होंने सोचा कि, सिक्खोंने एकत्र हो कर अंगरेजोंके विरुद्ध पुनः स्वाधीनतामें अग्रसर होनेका विचार किया है। यदि ऐसा ही हुआ, तो ब्रिटिशगवर्मेण्ट पर बड़ी भारी विपद् आने वाली है। अङ्गरेजराज्यकी रक्षा करनी हो, तो अभीसे पूरी सावधानी रखनी चाहिये। ऐसा विचार कर वे कलकत्तेसे पञ्जाबकी तरफ चल दिये और प्रधान सेनापति लार्ड गफ साहबको फिरोजपुरमें सैन्य समावेश करनेके लिए परामर्श दे गये। लार्ड गफ अब उदासीन न रह सके, वे स्वयं युद्धमें व्याप्त हुए और शीघ्र ही चन्द्रभागाकी तरफ उन्होंने एक दल सेना भेज दी। उक्त नदीके वाम तट पर प्रायः १२ मील दूर रामनगर नामक स्थानमें शेरसिंह ठहरे हुए थे। इस स्थानसे उनको हटानेके लिए चेष्टा की गई। युद्धमें शेरसिंहकी ही जय हुई। अङ्गरेज-पक्षके कर्नल हैवलक और क्युरटन निहत हुए। पीछे सर जोसेफ थैकवेल और लार्ड गफ दोनोंने मिल कर शेरसिंहकी सेना पर आक्रमण किया, किन्तु उसकी विशेष कुछ क्षति नहीं कर सके।

१८४९ ई०को १२ जनवरीको लार्ड गफ डिङ्गि नामक स्थान पर उपस्थित हुए, वहां आ कर उन्होंने देखा कि पास ही सिख-सेना ठहरी हुई है। शत्रुओंकी अवस्थाको अच्छी तरह जाननेके लिए उन्होंने कमूस नामक स्थानको जाना विचारा, इसी समय कुछ लोग रसूलपुर ग्रामके सामने आ कर अंग्रेजों पर गोलियां बरसाने लगे। लार्ड गफने उनको हटानेके लिए कुछ तोपें दाग कर आवाज करवाई, पर इससे कुछ फल न हुआ। सिखोंकी तरफसे असंख्य गोलियोंने आ कर उनका जवाब दिया। अब गफ समझ गये कि सिक्ख लोग युद्ध करनेको तयार हैं। उन्होंने भी सैनिकोंको युद्धके लिए तयार होनेको आदेश दिया। इसके बाद ही प्रसिद्ध चिलियनवालाका युद्ध हुआ। १८४९ ई०की १३ जनवरीका दिन सिक्खोंका चिरस्मरणीय है। इस युद्धमें शेरसिंहकी सेनाने जैसा असीम साहस, अमित तेज और प्रबल पराक्रम दिखलाया था, वह असाधारण है। वास्तवमें इस युद्धमें अङ्गरेजोंकी पराजय हुई थी। इस युद्धके बाद गफकी सेना अत्यन्त निरुत्साहित हो गई। इस युद्धमें बुकक्, पेनिकुइक आदि कई एक सेनापति और प्रायः २४००० सेना मारी गई थी। सिक्खोंने अङ्गरेजोंसे ४ तोपें तथा ८ पताकाएं छीन ली थीं। युद्ध करते करते रात हो गई थी, रात्रिके शेषांशमें सिख लोग युद्धक्षेत्र छोड़ कर चले गये थे, इसी लिए शायद अङ्गरेज ऐतिहासिकोंने इस युद्धका फल अमीमांसित बतलाया है। इसके बादसे ही शेरसिंहके अदृष्ट पर शनिकी दृष्टि पड़ी। २१ फरवरीको सिखसेना गुजरातमें उपस्थित हुई। लार्ड गफने वहां जा कर उस पर आक्रमण किया। अङ्गरेजोंकी जय हुई। अङ्गरेजोंका अदृष्ट अति सुप्रसन्न था, इसीलिए वे इस युद्धमें जयलाभ करनेमें समर्थ हुए थे। बड़े लाट डलहौसीने भी इस बातको माना है। उन्होंने लिखा है—'ईश्वरके अनुग्रहसे ही अङ्गरेजी सेना इस तरह जय प्राप्त करनेमें समर्थ हुई। २१ फरवरीका युद्ध भारतमें अङ्गरेजोंके युद्धके इतिहासमें चिरस्मरणीय है।" चिलियनवालाके युद्धके उपरान्त डलहौसीने भयभीत हो कर इङ्गलैण्डसे सेना मंगाई थी, किन्तु उस सेना आनेके पहले ही गुजरातके युद्धमें लार्ड गफने अपने नष्ट गौरवका उद्धार कर दिया। शेरसिंह वितस्ताके उस पार भाग गये। उन्होंने पुनः युद्ध करनेका सङ्कल्प छोड़ दिया और पहले मेजर लारेन्सको जो कैद कर रक्खा था, उसके द्वारा वे अङ्गरेज-गवर्मेण्टकी अधीनता स्वीकार करनेका उपाय सोचने लगे।

इसके बाद, पञ्जाब शासनके विषयमें क्या होना चाहिये, डलहौसीने पहले ही इसका निश्चय कर रक्खा था, अतः उसको प्रकट करनेमें जरा भी देर न लगी।

शीघ्र ही लाहोरको संवाद भेजा गया। महाराज रण-जीतसिंहके परिवारमें शोकध्वनि हो उठी। दलीपसिंह-का सुख हमेशाके लिए डूब गया। डलहौसीने लाहोर दरबारको कहलवा भेजा कि, सिख-राजत्वका अन्त हो गया। दलीपसिंहकी उम्र उस समय सिर्फ ग्यारह वर्षकी थी। दरबारके सदस्योंने डलहौसीके प्रस्ताव पर कुछ आपत्ति नहीं की। दलीपसिंहको बिना अपराध के दण्ड हुआ, यह डलहौसीको जतलाने पर भी कोई लाभ होता था या नहीं सन्देह था। कुछ भी हो, एक सन्धिपत्र लिखा गया, जिस पर महाराज दलीपसिंहके हस्ताक्षर कराये गये (ई० सन् १८४८)। इस सन्धिपत्रमें निम्नलिखित ५ नियम लिखे थे—

(१) महाराज दलीपसिंहने पञ्जाबका स्वत्व हमेशाके लिये परित्याग किया।

(२) राजसम्पत्ति इष्टिण्डियागवर्मेण्टके अधीन हुई।

(३) कोहिनूर इंग्लैण्डकी रानीके मस्तक पर सुशोभित हुआ।

(४) गवर्नर-जनरल जो स्थान मनोनीत करेंगे, वहीं दलीप रहेंगे।

(५) 'महाराज दलीपसिंह बहादुर' यह नाम उनका यावज्जीवन रहेगा, वे यथोचित मानके साथ व्यवहृत होंगे तथा ४ लाखसे ज्यादा और ५ लाखसे कम रुपये उन्हें भत्ताके मिला करेंगे।

२८ मार्चको लार्ड डलहौसीने निम्नलिखित आशय-का एक घोषणापत्र प्रचारित किया—

"भारतगवर्मेण्टने पहले घोषणा की थी कि, गवर्मेण्टको अब अधिक राज्य-विजयकी इच्छा नहीं है और अब तक उस प्रतिश्रुत वाक्यकी रक्षा हुई थी। अब भी गवर्मेण्टको राज्य-अधिकारकी इच्छा नहीं है; किन्तु अपनी निरापदता और जिनका भार उस पर है, उनकी स्वार्थरक्षा करनेके लिए गवर्मेण्ट बाध्य है। इस उद्देश्यसे तथा बिना कारण युद्धविग्रहसे राज्यकी रक्षा करनेके लिए जिन लोगोंका उनके अधिपति शासन नहीं कर सकते, किसी प्रकारका दण्ड भी जिनको उत्पीड़नसे विरत वा भीत नहीं कर सकता और किसी प्रकारकी भी मित्रता जिनको शान्तिसे नहीं रख सकती, उनको सम्पूर्ण रूपसे अधीन करनेके लिए भारतके गवर्नर-जनरलको बाध्य होना पड़ा है। इसलिए गवर्नर-जनरल प्रचार करते हैं और इसके द्वारा घोषणा करते हैं कि, पञ्जाब-राजत्व हो गया, शेष महाराज दलीपसिंह बहादुर-का अधीनस्थ समस्त प्रदेश अबसे भारत-साम्राज्यके अन्तर्गत हुआ।" पञ्जाब, सिख और सिखयुद्ध देखो।

चिलियनवाला-युद्धका संवाद इंग्लैण्ड पहुंचने पर कम्पनीके प्रायः सभी कर्मचारी सर चार्लस नेपियरको सेनापति बना कर भारत भेजनेके लिए डिरेक्टरोंसे पुनः पुनः अनुरोध करने लगे। डिरेक्टरोंने इच्छा न होते हुए भी उनको नियुक्त किया। किन्तु डलहौसी नेपियरको समतासे बड़ी ईर्षा रखते थे। भारत आ जाने पर डलहौसी और नेपियर दोनोंमें मनोविकार होने लगा; एक वर्षके भीतर ही भीतर यह मनोमालिन्य अत्यन्त बद्धमूल हो गया। पञ्जाबमें इनका प्रकाश्य विवादका सूत्रपात हुआ। खाद्य पदार्थोंके लूटनेमें अतिरिक्त भत्ता लगनेके कारण डलहौसीने सिपाहियोंका वेतन घटा दिया था। इससे पञ्जाबके सैनिकोंमें भावी विद्रोह की सूचना हो रही थी। इस पर चार्लस नेपियरने गवर्नर-जनरल अथवा सुप्रिम कौन्सिलकी अनुमति बिना लिए गवर्मेण्टके नियम बंद कर दिये। डलहौसी उस समय समुद्रयात्रा कर रहे थे। इसके बाद विद्रोहको आशङ्का देख नेपियरने ६६ संख्यक देशीय पदाति सैनिकों-को कर्मच्युत कर दिया। डलहौसीने पत्र द्वारा इस विषयमें असम्मति प्रकट की किन्तु प्रयत्नोक्त विषयको उन्होंने सहजमें नहीं छोड़ा, इस विषयमें मतामत प्रकट करके सेक्रेटरी द्वारा सेना-विभागके एडजुटान् जनरलको नियमानुसार पत्र भी भेज दिया। यह पत्र तीव्र तिरस्कारसे भरा हुआ था इस पत्रमें निम्नलिखित भाव अभिव्यक्त था,—"सेनापतिने जो पञ्जाबके कर्मचारियोंको आदेश दिया है, उससे मन्त्रि-सभाधिष्ठित गवर्नर-जनरल अत्यन्त दुःखित और असन्तुष्ट हुए हैं। भविष्यके लिए उनको सूचित किया जाता है कि, भारतके सैनिकोंके भत्ता या वेतनके परिवर्तनके विषयमें कैसी भी अवस्था क्यों न हो—यदि वे कोई आदेश दें, तो गवर्नर-जनरल कभी भी उस पर सम्मति नहीं देंगे। इस विषयमें

आदेश देनेकी क्षमता एक मात्र सुप्रिम-गवर्नमेंटको ही प्राप्त है। मैं इसमें किसी भी तरह क्षमता प्रकट नहीं कर सकते, इस पदके पानेके बाद सर चार्ल्स नेपियर इस्तीफा दे कर १८५१ ई०में इंग्लैण्ड चले गये।

पञ्जाबकी गड़बड़ी पूरी तरह शान्त हो भी न पाई थी कि, इतनेमें दूसरी ओर फिर रणदुन्दुभि बज उठी। ब्रह्मदेशके राजाके साथ जो सन्धि हुई थी, उसमें एक नियम था कि, ब्रिटिश प्रजा ब्रह्मदेशके बंदरमें रहकर वाणिज्य कर सकेंगे। डलहौसीके समय १८५१ ई०में कुछ वणिकों और वाणिज्य जहाजके अध्यक्षोंने कलकत्तेको एक आवेदनपत्र इस आशयका भेजा कि—रंगूनके शासनकर्ता अंग्रेज वणिकों पर अत्यन्त अत्याचार कर रहे हैं, जिससे व्यवसायको बड़ी भारी हानि हो रही है। क्षति-पूर्ति करानेके लिए ही सेनापति लेम्बर्ट एक दल सेनासहित रंगून भेजे गये। गवर्नर जनरलने उनसे कह दिया कि, 'पहले आप रंगूनके शासनकर्ताके पास जा कर समस्त विषयको संक्षेपमें कहें, यदि वे क्षति-पूर्ति न करें, तो आप वापिस चले आवें।' किन्तु मामला सहजमें तय हो जायगा, इसमें सन्देह था, इसलिए डलहौसीने लेम्बर्टके साथ दोनों गवर्मेंटकी मित्रताकी रक्षाके लिए रंगूनके शासनकर्ताको स्थानच्युत करनेके लिए ब्रह्मदेशके राजाके नाम एक पत्र लिख दिया और सेनापतिको आज्ञा दी कि 'यदि रंगूनमें क्षतिपूर्ति न हो, तो इस पत्रको ब्रह्मके राजाके पास भेज देना।' नवम्बरके मासके अन्तमें वे रंगून पहुंचे, और २८ तारीखको उन्होंने कलकत्तेकी कौंसिलको लिखा कि, 'रंगूनके शासनकर्ताके विरुद्ध जो अभियोग लगाया गया है, वास्तवमें वह अभियोग उससे भी बढ़ कर गुरुतर है, इसलिए मैं उक्त शासनकर्तासे किसी विषयका तर्क न कर ब्रह्म-राजाके पास उस पत्रको भेजता हूं।' डलहौसीने सेनापतिके कार्यको पूरी तरहसे अनुमोदना की और कहा कि स्थानीय शासनकर्ताके साथ वादानुवाद न करके लेम्बर्टने बुद्धिमत्ताका ही परिचय दिया है, किन्तु सहसा युद्ध न होने पावे, इस विषयमें उनको सावधान कर दिया गया। कहीं ब्रह्मके राजा ऐसा उत्तर न दें, अथवा अंग्रेजोंके प्रस्तावमें सम्मत न हों, इसलिए गवर्नर-जनरलने यह निश्चय किया कि, जिससे इस कमिटीको सद्युद्धमें व्यापृत न होना पड़े, उसके लिए मोल्मेनको जिन दो नदियोंसे ब्रह्मदेशमें वाणिज्यतरी जाती आती है, उन दो नदीको घेरना आवश्यक है। १८५२ ई०की १ली जनवरीको आवासे उत्तर आया कि, रंगूनमें दूसरे शासन-कर्त्ता नियुक्त हुए हैं और उपयुक्त क्षतिपूर्तिके लिए उन पर आदेश है। सो सेनापतिने इस संवादसे अत्यन्त उत्साहित हो कर नवीन प्रतिनिधिसे समस्त विषयका उल्लेख करनेके लिए फिशबोर्न तथा अन्य कर्मचारियोंको भेजा। किन्तु उन्होंने जो सोचा था, कार्यमें उसका विपरीत हुआ। उन लोगोंने रंगून पहुंच कर वहांके शासनकर्तासे मुलाकात करनी चाही; उनको कहा गया कि, "शासनकर्ता सो रहे हैं, इस समय मुलाकात नहीं हो सकती।" अंग्रेजोंने समझा, इस प्रकारके उत्तरसे सन्तुष्ट न हो कर किसी प्रकारकी क्षमता प्रकट की होगी, और इसी लिए उन्हें अपमानित हो कर लौट आना पड़ा। इस अपमानका बदला लेनेके लिए ही लेम्बर्टके आदेशानुसार फिशबोर्नने आवा राज्यका एक जहाज रोक लिया। इससे समरानल प्रज्वलित हो उठा। १० जनवरीको प्रकाश्य रूपसे शत्रुताचरणका प्रारम्भ हुआ। लेम्बर्ट संवाद देनेके लिए कलकत्ते आ गये। डलहौसीने उस समय ब्रह्मराजको निम्नलिखित मर्मका एक पत्र लिखा:—

(१) ब्रह्मराज रंगूनके वर्तमान शासनकर्ताके कार्यका अनुमोदन नहीं करें और ब्रिटिश-कर्मचारियों पर जो अत्याचार हुए हैं, उसके लिए दुःख प्रकट करें।

(२) दो कप्तानों पर अत्याचार और अंग्रेज वणिकोंकी अर्थ हानिके कारण आवाराज क्षतिपूर्ति स्वरूप गवर्नमेंटको १० लाख रुपये देवें।

(३) याण्डाबूकी सन्धिके अनुसार एक एजेण्ट रंगूनमें रहेंगे और ब्रह्मराज्यकी प्रथानुसार उनका यथोचित सम्मान करेंगे।

(४) रंगूनके वर्त्तमान शासनकर्ताको स्थानान्तरित करना पड़ेगा। उपरोक्त नियमों पर सम्मति दान कर १ली अप्रैलके पहले इसके अनुसार कार्य न करनेसे युद्ध होगा।

इसे पत्रके आवा पहुंचने पर राजाने पत्रके अनुसार कार्य नहीं किया। दोनों पक्षमें युद्धकी तैयारियां होने लगीं। कलकत्तेसे सेनापति गडविन २८ मार्चको रवाना हो कर २ अप्रेलको इरावती नदीके किनारे जो सेनाके प्रधान अधिपति अष्टिनसे मिले। मद्राजसे और एक दल सेना अग्रसर हुई। गडविनने शीघ्र ही मार्तावान पर आक्रमण करके उस पर कब्जा कर लिया। ११ अप्रेलको अंग्रेजी सेना रंगूनमें उतर कर अग्रसर होने लगी। उसने थोड़ी बहुत बाधाओंको अतिक्रम कर १७ मईको बागड़ा अधिकार कर लिया। बागड़ाके युद्धमें ब्रह्मवासियोंने काफी साहस दिखाया था। कुछ भी हो पुनः पुनः वर्जित हो कर भी ब्रह्मवासिगण भीत न हुए और २६ मईको मार्तावानके पुनरुद्धारके लिए कृतसङ्कल्प हो कर अमित तेजसे अंग्रेज सेना पर आक्रमण किया। यद्यपि इस युद्धमें भी वे जयलाभ न कर सके थे, पर तो भी उन लोगोंने यह प्रमाणित कर दिया था कि, वे सहजमें अंग्रेजोंके वशीभूत नहीं होंगे। इन लोगोंको डरानेके लिए राजधानी आवा अथवा अमरपुर पर आक्रमण करनेकी कल्पना हुई। कमान टारलेटन प्रोम तक जा कर अधिवासियोंका काफी नुकसान कर आये। इससे भी मग लोग नहीं डरे यह देख कर डलहौसी स्वयं २७ जुलाईको रंगून पहुंचे। इस दिन तक वहां ठहर कर इन्होंने अधिकतर सेना संग्रह करके विपुल आयोजनसे युद्धार्थ प्रस्तुत होनेके लिए परामर्श दिया। ८ अक्टोबरको अंग्रेज-चमू पुनः प्रोमकी तरफ अग्रसर हुआ। ब्रह्मवासियोंने इस स्थानमें किसी तरहकी बाधा नहीं पहुंचाई। अंग्रेजी सेना क्रमशः जयलाभ करने लगी। उन लोगोंने पेगू अधिकार कर लिया। गडविन थोड़ीसी सेनाके साथ मेजर हिलको वहां छोड़ कर खुद रंगून चले आये। ब्रह्मवासियोंने कुछ दिन बाद पेगू अधिकार कर बागड़ा चढ़ाई कर दी। हिलने उनके आक्रमणमें बाधा देनेके लिए गडविनसे सेना मांगी। सेनापति सहायताके लिए निकले। मार्गमें ब्रह्म सैन्यने कुछ दिन तक उनको रोक रक्खा। इतनेमें ब्रह्मवासी पेगूसे भाग गये। पेगू फिर अंग्रेजोंके हाथ पड़ा। २० दिसम्बरको डलहौसीने पेगू अधिकारका संवाद पा कर निम्नलिखित घोषणापत्र प्रचारित किया —

"ब्रह्मराजके कर्मचारियोंके द्वारा वृटिश प्रजाका ऐसा अपमान और अनिष्ट हुआ है, आवा-दरबार उसकी क्षतिपूर्ति देनेमें अस्वीकृत होनेके कारण गवर्नर जनरलने अस्त्रबलसे उसको वसूल करना विचारा है। इसके लिए उपकूलस्थ दुर्ग और नगरों पर आक्रमण हुआ था; बहुत स्थानोंसे ब्रह्म-सेना भाग गई है और पेगू प्रदेश अंग्रेजोंके अधिकारमें पड़ा है। भारत-गवर्मेण्टके न्याय और उपयुक्त दावेको आवा-राजने अग्राह्य किया है, क्षतिपूर्तिके लिए उनको काफी मौका दिया गया था, पर उन्होंने तदनुसार कार्य नहीं किया। तथा उनके राज्य-विनाशको निवारण करनेके लिए वे यथासमय वशीभूत नहीं हुए। अतएव गतविषयकी क्षतिपूर्ति और भविष्यकी शान्तिके लिए मन्त्रि-सभाधिष्ठित गवर्नर-जनरलने यह निश्चय किया है कि, आजसे पेगू प्रदेश-वृटिश गवर्मेण्टके अधिकारमें आया। इस प्रदेशमें ब्रह्म-सैन्य पहुंचने पर वह शीघ्र ही दूरीभूत होगी; विभिन्न विभागोंको शासन करनेके लिए शीघ्र ही अंग्रेज-कर्मचारी नियुक्त होंगे। मन्त्रिसभाधिष्ठित गवर्नर-जनरल पेगूके अधिवासियोंको वृटिश-गवर्मेंटकी अधीनता स्वीकार करनेके लिए आदेश देते हैं. क्षतिपूर्ति होनेके बाद गवर्नर-जनरल ब्रह्मदेशमें और भी विजयकी इच्छा नहीं करते तथा दोनों राज्यकी शत्रुताका नाश चाहते हैं। किन्तु यदि ब्रह्मके राजा वृटिश-गवर्मेण्टके साथ अपनी पूर्व मित्रतासे संबंध न करें अथवा यदि अंग्रेजों द्वारा अधिकृत प्रदेशमें अशान्ति फैलावें, तो गवर्नर-जनरल अपनी क्षमताका पुनः प्रयोग करेंगे। उनका राज्य सम्पूर्ण रूपसे विध्वस्त तथा राजा और राजवंश निर्वासित होगा।"

इरावती नदीका मुंह अंग्रेज सैनिकों द्वारा अवरुद्ध होनेसे खाद्य द्रव्यके अभावके कारण ब्रह्मराजधानीमें अकाल पड़ गया। वृद्ध राजा अत्यन्त अप्रिय हो उठे। उनके भाईने उनके पद पर बैठ कर अंग्रेजोंसे सन्धि करनेका प्रस्ताव कर भेजा। १८५३ ई०को ४ अप्रेलको वृटिश और ब्रह्म-कमिश्नरगण सन्धिके नियम अवधारित करनेके लिए प्रोम नगरमें एकत्र हुए। डलहौसीकी घोषणाके अनुसार ही राजप्रतिनिधियोंने सन्धिपत्र पर

हस्ताक्षर करना मंजूर किया, सिर्फ पेगूको प्रान्तमेंसे सिद्ध नामक स्थान निर्दिष्ट न करके पेगूके पास कुछ मीलके कोई स्थान निर्धारित करना चाहा। डलहौसीके पास आवेदन भेजा गया, वे सम्मत हो गये। ब्रह्मराज-प्रतिनिधियोंने कहा कि, जिस पर प्रदेश अर्पण करनेको आप लिखते हैं, उसे सन्धिपत्रमें राजा हस्ताक्षर नहीं कर सकते। इस पर उनको चले जानेके लिए कहा गया; तथा पुनः प्रचण्डतर युद्ध होगा ऐसा अनुमान होने लगा। किन्तु ब्रह्मराजने सब कुछ स्वीकार करके डलहौसीके पास एक पत्र भेज दिया। डलहौसीने इस पत्रको ही सन्धिपत्रके रूपमें ग्रहण कर सन्तुष्ट हुए। १८५३ ई०की ३० जूनको साधारण विज्ञापन द्वारा सन्धिपत्र प्रचारित हुआ।

डलहौसी सार्वभौमसत्ताके अत्यन्त पक्षपाती थे। उन्होंने ब्रिटिश-गवर्मेण्टको भारतका सर्वेसर्वा तथा भारतके छोटे छोटे राज्योंको क्रमशः ब्रिटिश-साम्राज्यमें शामिल करनेका निश्चय कर लिया था। इस उद्देश्यको कार्यमें परिणत करनेके लिए उन्होंने १८४८ ई०में सतारा राज्यको ब्रिटिशशासनमें शामिल कर लिया। सताराका राजा अपुत्रक था, किन्तु मृत्युके पहले उन्होंने शास्त्रानुसार एक पोष्यपुत्र ग्रहण किया था। नियमानुसार यह पोष्यपुत्र ही राज्यका उत्तराधिकारी था, किन्तु डलहौसीने कहा—"सतारा ब्रिटिश-साम्राज्यका अधीन राज्य है, सताराके राजा ब्रिटिश-गवर्मेण्टके बिना अनुमोदन किये पोष्यपुत्र ग्रहण नहीं कर सकते, करनेसे वह अग्राह्य है। ब्रिटिश गवर्मेण्टकी अनुमति बिना ही पोष्यपुत्र ग्रहण किया गया है, इसलिए यह शासक राज्यका अधिकारी नहीं हो सकता। अतएव सताराके देशीय राजत्वका अन्त हुआ।

१८५२ ई०में करौलीके राजाकी मृत्यु हुई। इस राज्यको विलुप्त करनेके लिये डलहौसीकी इच्छा हुई। परन्तु डिरेक्टरोंने उनके इस प्रस्तावको मंजूर न किया। करौलीके राजाकी भी निःसन्तान अवस्थामें मृत्यु हुई थी और उन्होंने बिना डलहौसीकी आज्ञा लिये ही पोष्य-पुत्र ग्रहण किया था। सताराकी तरह इस राज्यको भी डलहौसी ग्रास करना चाहा, पर यह मित्र राज्य था, नहीं अधीन राज्य, इसलिये डिरेक्टरोंने करौली-राज्यका अस्तित्व लोप नहीं किया।

कुछ भी हो, डलहौसी देशीयराज्योंका ग्रास करनेसे निवृत्त न हुए, वे अवसर ढूंढने लगे। अबकी बार झांसी राज्यमें सुभीता मिला। १८५४ ई० में झांसीके राजा बाबा गङ्गाधरराव देवलोक सिधारे। इन्होंने मृत्युसे १ दिन पहले एक दत्तकपुत्र ग्रहण किया था। किन्तु डलहौसीने झांसी-राज्य अङ्गरेज-साम्राज्य-भुक्त हुआ तथा शासनके लिए नियमके अनुसार उक्त साम्राज्य-भुक्त हो रहेगा, ऐसा निश्चय कर १८५५ ई०में निम्नलिखित मन्तव्य डिरेक्टरोंके पास भेजा—

'ब्रिटिशगवर्मेण्टके करद और अधीन राज्य झांसीके राजाने मृत्युके एक दिन पहले एक पोष्यपुत्र ग्रहण किया था। इस राज्यमें पहले जो एक घटना हुई थी, उसके अनुसार हमने निश्चय किया है कि, यह पोष्यपुत्र ग्रहण मान्य नहीं है—इसके द्वारा दत्तक पुत्रको राज्य शासनका अधिकार नहीं हो सकता तथा इस राज्यके राजाकी या पूर्ववर्ती राजाओंकी सन्तानादि न होनेसे यह राज्य ब्रिटिश-साम्राज्यमें शामिल किया जाता है।' विधवा रानीने युक्ति दिखा कर डलहौसीके आदेशके विरुद्ध आवेदन किया। किन्तु उससे कुछ भी नतीजा न निकला, सताराकी भांति झांसीका नाम भी देशीय राज्योंमेंसे विलुप्त हो गया।

डलहौसीकी संयोजन नीतिको जब कर्तृपक्षियोंने द्वितीय बार अनुमोदन किया, तब उन्हें बड़ी खुशी हुई। अबकी बार उन्होंने महाराष्ट्र-प्रदेशका सुविस्तर राज्य विलुप्त कर दिया। नागपुरके राजा रघुजी भोंसलेकी १८५३ ई०के ११ दिसम्बरको मृत्यु हुई। उनका कोई पुत्र या निकटसम्बन्धी नहीं था और न उन्होंने कोई दत्तकपुत्र ही ग्रहण किया था। इस राज्यको ग्रहण करते समय डलहौसीने निम्नलिखित मन्तव्य प्रकट किया था,—

'इस राज्यके (नागपुरके) राजा उत्तराधिकारी न रख कर मर गये, इसलिए यह राज्य पुनः ब्रिटिशगवर्मेण्टके हस्तगत हुआ है, जो अधिकार हस्तगत है उसको हस्तान्तरित करना उचित नहीं, क्योंकि द्वितीय बार इस सत्वको छोड़ना न्याय और विचारानु-

भार ठीक नहीं तथा राजनीतिके अनुसार इस मतको छोड़ देना सर्वतोभावसे अविवेक है।

लार्ड डलहौसीने मानो देशीय राजाओंके प्रभुत्वको ग्रास करनेके लिए ही इस देशमें पदार्पण किया था वे सिर्फ इन राज्योंको ही ब्रुटिशराज्यमें शामिल करके शान्त न हुए। उन्होंने हैदराबादके निजामको कुछ विभाग छोड़नेके लिए बाध्य किया तथा सुदूर दाक्षिणात्यके कर्णाट और तञ्जोर राज्यको ब्रुटिश साम्राज्यमें शामिल कर लिया। उत्तराञ्चलमें पेशवा बाजीराव सिंहासनच्युत हो कर वार्षिक ८०,०००० रुपयेकी वृत्ति पा रहे थे। १८५२ ई०में उनकी मृत्यु होनेके कारण उनके पुत्र नानासाहबने उक्त वृत्तिके लिए प्रार्थना की, किन्तु डलहौसीने वृत्ति भी बन्द कर दी।

इतने पर भी डलहौसीकी राज्य-पिपासा नहीं मिटी वे अन्तमें अयोध्या-राज्य ग्रास करनेको उत्सुक हुए। अबकी बार उन्होंने एक नयी चाल चली। १७६५ ई०में सुजाउद्दौलाने क्लाइवसे अयोध्याका पुनरधिकार पाया था। तभीसे उनके वंशधर उक्त राज्यका शासन करते आ रहे हैं। अंग्रेजोंके साथ मित्रताके कारण उनको किसी तरहके युद्धादिमें व्याप्त नहीं होना पड़ता था। अयोध्याके शासनकर्त्तागण क्रमशः अत्यन्त अकर्मण्य और प्रजापीड़क हो गये थे। भिन्न भिन्न गवर्नरजनरलोंने उनसे राज्यमें सुश्रृङ्खला स्थापित करनेके लिये पुनः पुनः अनुरोध किया था। अन्तमें लार्ड हार्डिञ्ज स्वयं अयोध्या जा कर वहांके शासनकर्त्ताको दो वर्षके भीतर अपने राज्यमें सुप्रबन्ध करनेके लिए विशेष रूपसे कह आये थे। उस समय वाजिद अली अयोध्याके शासनकर्त्ता थे। वे हार्डिञ्जके डरानेसे विचलित न हुए और न उन्होंने राज्यमें कोई सुप्रबन्ध ही किया। लार्ड डलहौसी गवर्नर जनरल हो कर आये। उन्होंने निर्दिष्ट- व्यतीत समय होते ही तत्कालीन रेसिडेण्ट मि० स्लिमानको राज्य परिभ्रमणपूर्वक समस्त विषय अच्छी भांति जान कर बतलानेके लिए लिख भेजा। १८५२ ई०को स्लिमानने डलहौसीको लिखा कि, राज्यमें अत्याचारके कारण नवाब वाजिद अलीके विरुद्ध जैसा अभियोग उपस्थित हुआ है, उसका एक अक्षर भी अतिरञ्जित नहीं है—अभियोगकी मात्रा उससे भी ज्यादा है। प्रजा-साधारण सभी साग्रह रूपसे अंग्रेज गवर्मेण्ट द्वारा शासित होनेकी इच्छा करते हैं। इस विषयमें राजवंशीयोंकी इच्छा ही सबसे अधिक पायी जाती है।

डलहौसीकी यद्यपि उसी समय इस राज्यको अस्तित्व लोप करनेकी इच्छा थी, तथापि ब्रह्मदेशके साथ युद्ध और पारस्यराज्यके साथ शत्रुताकी आशङ्कासे वे अपने उद्देश्यके अनुसार कार्य न कर सके। इसी समय डलहौसीका भारत-शासनकाल निबटनेको हुआ। उन्होंने डिरेक्टरोंको लिख भेजा कि,—"यदि आप लोगोंकी इच्छा हो तो मैं और कुछ दिन भारतमें रह कर अयोध्याके विषयमें आप लोग जैसा सिद्धान्त निर्णीत करें उसको कार्यमें परिणत कर जाऊं।" डिरेक्टरोंने आनन्दके साथ इस प्रस्तावको मंजूर कर लिया और अयोध्या ग्रहणके पक्षपाती हो कर कार्यका पूर्ण भार डलहौसी पर सौंप दिया। पहले अयोध्याके साथ जो सन्धि हुई थी, उसका लोप करके अयोध्या ब्रुटिश साम्राज्यमें शामिल कर ली गई। १८०१ और १८३७ ई०में अयोध्याके साथ अंग्रेजोंकी दो सन्धि हुई थीं। पूर्वसन्धिके अनुसार नवाब कर्मचारियोंके परामर्शानुसार राज्यकी श्रीवृद्धि करेंगे, इस शर्त पर अयोध्याका अर्द्धांश ब्रुटिश-गवर्मेण्टको प्राप्त हुआ। दूसरी सन्धिका नियम यह था कि यदि सुनियमसे राज्य-शासन न हो, तो अंग्रेज-कर्मचारी उत्पीड़ित प्रदेशका शासन भार ग्रहण कर सुप्रबन्ध करेंगे तथा व्ययातिरिक्त अर्थ अयोध्याके राजकोषमें पहुंचेगा। सैन्य रक्षाके लिए वार्षिक १६,००,०००) रुपये अंग्रेज-गवर्मेण्टको देने पड़ेंगे, यह भी उक्त सन्धिमें लिखा था। किन्तु डिरेक्टरोंने इस अंशका अनुमोदन नहीं किया; क्योंकि सैन्य रक्षाके लिए नवाबने उनको राज्यका अर्द्धांश पहले ही दे दिया था। इस अंशके सिवा उक्त सन्धिके अन्य किसी भी अंशको डिरेक्टरोंने अग्राह्य नहीं किया था।

इस प्रकारका सन्धिपत्रके होते हुए भी ब्रुटिशगवर्मेण्टने अयोध्याराज्य पर कब्जा कर लिया। डलहौसीने रेसिडेण्ट आउट्रमको निम्नलिखित आशयका एक पत्र लिखा, यादानुबन्दके समय सम्भव है, राजा अयोध्याके नवाब १८३० ई०की सन्धिकी बात छेड़ेंगे। रेसिडे-

इनको मालूम है कि, उक्त सन्धिपत्रका डिरेक्टरोंने अनुमोदन नहीं किया था। ऐलिवेट साहबको यह भी मालूम है कि, १८३७ ई०की सन्धिकी भिन्न भिन्न धारा कार्यमें परिणत न होगी यह राजाको सूचित किया गया था। परन्तु सन्धि व सम्पूर्णरूपसे अग्राह्य हुआ है यह बात उनसे नहीं कही गई। इस विषयकी ठीक परीक्षा करने पर अतिशय कष्टजनक और व्याकुलताव्यञ्जक मालूम पड़ेगा। १८४५ ई०में गवर्मेण्ट द्वारा पुस्तकमें यह विषय लिखा गया था कि अयोध्याके सुशासनके लिए १८३७ ई०की सन्धिके अनुसार वृटिशगवर्मेण्ट कार्य कर सकती है, यह बात प्रमाणित होने पर सभाको मालूम हो जायगा कि, सन्धिपत्रको डिरेक्टरोंने अग्राह्य किया है। राजाको स्पष्ट कह देना पड़ेगा कि, १८३७ ई०की सन्धिके कोई कोई नियम रद कर दिये गये हैं, यह मामला दरबारको सूचित किया गया था। यह समझ लेना होगा कि, तत्कालीन कार्यनिर्वाह करनेके लिए उक्त सन्धिके साथ जिन जिन नियमोंका कोई सम्बन्ध न था, उनको किसीने व्यक्त नहीं किया। असमीचीनताके कारण कार्यमें ऐसी अवहेला हुई है इसके लिए सन्धिसभाधिष्ठित गवर्नर जनरल दुःख प्रकट करते हैं, ऐलिवेट साहब इसके प्रकट करनेमें स्वाधीन हैं।

डलहौसी १८३७ ई०की सन्धिको तोड़नेके लिए कूटराजनीति और युद्धनीतिके उपाय अवलम्बन करनेमें जरा भी कुण्ठित न हुए। १८०१ ई०की सन्धि भी इसी तरहसे किसी अन्याय उपायसे तोड़ दी गई। अयोध्या वृटिश-साम्राज्यभुक्त करनेका विचार स्थिर हो गया। वाजिद अलीको च्युत करनेके लिए डलहौसी साम दाम दण्डकी तरकीबें ढूँढ़ने लगे। नवाबने किसी तरह भी उनके प्रस्तावको मंजूर न किया। लार्ड डलहौसीने साधारण घोषणाके द्वारा अयोध्या राज्य विलुप्त किया। उन्होंने प्रकट किया कि, अयोध्याके प्रजावर्गके प्रति कर्त्तव्य पालनके लिए तथा दयासिन्धुके आशीर्वाद पर निर्भर कर उन्होंने यह कार्य सम्पादन किया। इस तरह यह देखा जाता है कि, अयोध्याको वृटिशसाम्राज्यमें शामिल करनेके लिए यहाँकी किसी भी प्रजाने डलहौसीसे प्रार्थना नहीं की थी। पहलेसे बहुतसे लोग अंग्रेजोंको अन्याय आक्रमणकारी और राज्यलिप्सु कहने लगे थे। इस तरह डलहौसीने अयोध्याके नवाबको राज्यच्युत कर जरा भी ध्यान न दे कर बरन् निन्द्य उपायसे अपनी मनस्कामना सिद्ध की थी।

कुछ भी हो लार्ड डलहौसीके सभी कार्य दोषावह नहीं थे, इनके द्वारा कुछ अच्छे काम भी हुए थे। इनके समयमें भारतके अनेक स्थानोंमें रेलवेका प्रचलन होने लगा, तथा जगह जगह डाकघर तथा तारोंका भी प्रचार प्रारम्भ हो गया था। कलकत्तेसे पेशावर तक पक्की सड़क, जगह जगह पुल तथा ४००० मील तक वैद्युतिक तार बैठाये गये थे। इस समय गङ्गासे नहरें निकाली गई थीं, पञ्जाबकी नहरकी मरम्मत हुई थी और नाना स्थानोंमें नई नहरें खुदी थीं। इस कार्यके लिए इन्होंने पब्लिकवर्क्स विभागका नया बन्दोबस्त किया था। साधारणके उपकारार्थ इन्होंने और भी एक कार्य किया था; इस कार्यके लिये ये विशेष प्रशंसाभाजन हैं। इन्होंने, जिसमें थोड़े खर्चमें पत्र द्वारा लोग परस्परका संवाद जान सकें, इसका नया बन्दोबस्त किया था। मिलिटरी सिविल विभाग और कारागारका संस्कार भी इन्हींके समयमें हुआ था। शिक्षाविभागकी उन्नति डलहौसीकी सचेष्टाका एक सुफल है। व्यवस्थापक विभागका भी इन्होंने बहुत कुछ सुधार किया था। हिन्दू विधवाका पुनर्विवाह और धर्मपरित्यागके कारण कोई सम्पत्तिके अधिकारसे वञ्चित न होगा, इन दो विषयोंमें इन्होंने नई आईन बनाई थी।

इस तरह ८ वर्ष तक भारतवर्षका शासन कर लार्ड डलहौसी ४४ वर्षकी उमरमें, १८५६ ई०की ६ठी मार्चको भारतसे चले गये। राजकार्यमें गुरुतर परिश्रमके कारण इनका स्वास्थ्य बिगड़ गया था। ये स्वदेशमें जा कर ज्यादा दिन सुखशान्ति नहीं भोग पाये थे। इनकी अस्वस्थता दिनों दिन बढ़ने लगी। १८६० ई०के १९ दिसम्बरको इनकी जीवनलीला शेष हो गई।

लार्ड डलहौसी प्रखर बुद्धिसम्पन्न थे और उनकी दृष्टि सब तरफ रहती थी। इन्होंने कठोर रूपसे शासन किया था। मालूम होता है कि, भारतीय देशीय राज्य विलुप्त करनेके लिए अंग्रेजोंने हस्तक्षेप भी कर

इन्होंने भारतकी मृत्तिका पर पदार्पण किया था। अयोध्याको साक्षात्‌भावसे अधिकारभुक्त करनेके लिए इनका उन्नत हृदय घृणित हीनता अवलम्बन करनेमें तनिक भी विचलित नहीं हुआ था। इन्होंने बहुतसे सत्कार्यों का भी अनुष्ठान किया था, परन्तु वे असत्कार्यों के अथाह पानीमें डूबे हुए हैं। एकच्छत्रशक्तिके विशेष पक्षपाती होनेके कारण उनका सुयश स्फूर्तिको प्राप्त न हो सका। कुछ भी हो, बहुतसे अंग्रेज ऐतिहासिकोंने इनको एक श्रेष्ठ राजनीतिकुशल बतलाया है। किन्तु भारतीयों पर इन्होंने विशेष अन्याय किया था और ये ही परवर्ती सिपाही-विद्रोह (गदर)-के मूल कारण थे, इसमें कुछ भी अत्युक्ति नहीं है। डिरेक्टरोंका नाम ले कर अयोध्या पर अधिकार करते समय इन्होंने जो सत्यका अपलाप किया था, उससे इनकी सत्यनिष्ठा पर सन्देह होता है।

इनके समयमें कम्पनीकी शासनरीतिका एक प्रधान परिवर्तन हुआ था। १८५३ ई०के २० अगस्तको पार्लामेण्ट-सभामें स्थिरीकृत हुआ कि, जब तक पार्लामेण्ट कोई नवीन आदेश न दे, तब तक इंग्लैण्डेश्वरी-की प्रजा और कम्पनीका अधिकृत राज्य इंग्लैण्डेश्वरीके प्रतिनिधिस्वरूप कम्पनीके ही शासनाधीन रहेगा। थोड़े ही दिनमें कुछ परिवर्तन होगा, इस आशासे कम्पनीके स्वत्वाधिकारियोंने डिरेक्टरोंकी संख्या घटा कर २४ की जगह १२ कर दिये। इन १२ डिरेक्टरोंमेंसे ६को राजी चुनेंगी और ६ अधिकारियों द्वारा नियुक्त होंगे। इसके साथ ही और एक नियम हुआ कि, पहले डिरेक्टरगण विशेष विशेष व्यक्तियोंको भारतके असिष्टेण्ट सार्जन और सिविल सर्वेण्टके कार्यमें नियुक्त करते थे; अबसे ऐसा नियम हुआ कि साधारणकी प्रतियोगी परीक्षा द्वारा उक्त पद पर कर्मचारी नियुक्त होंगे। डलहौसीके समयमें ही लेफ्टनाण्ट गवर्नरके पदकी सृष्टि हुई।

डल्लक (सं० क्लो०) १ वंशादिनिर्मित पात्रविशेष, बाँस इत्यादिकी फट्टियोंका बना हुआ बरतन, डला, टोरा। किसी व्रतमें टोरेमें खाद्य पदार्थ, उपवीत और वस्त्र दे कर ब्राह्मणोंको दान देना चाहिए।

"त्रिशतष पञ्चाधिकं डल्लकं वपर्युते।
तद्भोज्यं गौरवीत्य सोपहारं मनोहरं॥" (व्रतेन्दु)

२ काश्मीरके एक राजाका नाम।

"उत्कण्ठयन् प्रजा डल्लको नाम देशिकः"

(राजतर० ७।१९)

डल्लनाचार्य—निबन्ध-संग्रह नामक सुश्रुतके एक प्रसिद्ध टीकाकार। ये जातिके ब्राह्मण थे। इनके पिताका नाम भरत था।

डवँढ़ (हिं० पु०) ड्योढ़ देखो।

डवित्थ (सं० पु०) १ काष्ठमय मृग, काठका बना हुआ मृग।

"डित्थः काष्ठमयो हस्ती डवित्थस्तन्मयो मृगः" (मुग्धबोध०)

२ द्रव्यवाचि संज्ञाभेद।

"डवित्थशब्दाः एकव्यक्तिवाचिनो हरिहरडित्थडवित्थादयः।"

(साहित्यदर्पण)

डस (हिं० स्त्री०) १ मद्यविशेष, एक प्रकारकी शराब। २ पलड़े बँधे रहनेकी तराजूकी डोरी जोती। ३ कपड़े आदिका वह किनारा जहाँ लम्बाई समाप्त हो, छोर।

डसन (हिं० स्त्री०) डसनेकी क्रिया या भाव। २ डसनेका ढंग।

डसना (हिं० क्रि०) १ साँप आदि विषैले कीड़ोंका काटना। २ डंक मारना।

डसवाना (हिं० क्रि०) डसाना देखो।

डसाना (हिं० क्रि०) दाँतसे कटवाना।

डहकना (हिं० क्रि०) १ छल करना, धोखा देना, ठगना। २ ललचाना। ३ बिलखना, विलाप करना। ४ विस्तृत करना, फैलाना, छितराना। ५ गरजना, हुंकारना।

डहकाना (हिं० क्रि०) १ नष्ट करना, गँवाना। २ वञ्चित होना, ठगा जाना। ३ छल करना, धोखा देना।

डहडहा (हिं० वि०) १ लहलहाता हुआ, ताजा, हरा-भरा। २ प्रफुल्लित, प्रसन्न, आनन्दित। ३ टटका, ताजा तुरन्तका।

डहडहाना (हिं० क्रि०) १ लहलहाना, हराभरा होना। २ प्रसन्न होना, खुश होना।

डहडहाव (हिं० पु०) प्रफुल्लता, प्रसन्नता, ताजगी।

डहन (हिं० पु०) १ पक्ष, पर, डैना। (स्त्री०) २ जलन, दाह।

डहना (हिं० क्रि०) १ भस्म होना, दग्ध होना, जलना। २ द्वेष करना, कुढ़ना, चिढ़ना। ३ सन्ताप करना, दुःख पहुँचाना।

डगर (हिं॰ स्त्री॰) १ पथ, मार्ग, रास्ता। २ आकाशगङ्गा।

डगरना (हिं॰ क्रि॰) अग्रसर करना, चलना, फिरना।

डहाना (सं॰ स्त्री॰) शाक्यमुनि, बौद्धिराज्यका दूसरा नाम। डाहन देखो।

डडु (सं॰ पु॰) दशति मारयति मत्स्यादीन् दश-क। उण् १।१४। इति सूत्रेण निपातनात् साधुः। १ फलविशेष, लकुच, डडहर। इसके पर्याय—लकुच और निकुच है। इसका गुण—गुरु, त्रिदोष और शुक्रवृद्धि-कारक है। लकुच देखो। २ बड़हर।

डड्ड (सं॰ पु॰) पृषो॰ साधुः। डडु देखो।

डा (सं॰ स्त्री॰) डी-ड स्त्रियां टाप्। डाकिनी, डाइन।

डा (हिं॰ पु॰) सितारकी गतिका एक बोल।

डाइन (हिं॰ स्त्री॰) १ भूतनी, राक्षसी, चुड़ैल। २ वह औरत जिसकी दृष्टि आदिके प्रभावसे बच्चे मर जाते हैं। ३ कराल और [illegible] औरत।

डाइरेक्टर (अं॰ पु॰) १ कार्य-संचालक, वह जो इन्तजाम करता हो। २ गति उत्पन्न करनेवाला मशीनका एक पुरजा।

डाइरेक्टरी (अं॰ स्त्री॰) एक पुस्तक जिसमें किसी किसी नगर या देशके प्रधान प्रधान मनुष्योंकी सूची अकार क्रमसे हो।

डाई (अं॰ पु॰) १ पासा। २ ठप्पा, सांचा। ३ रङ्ग।

डाईसिन (अं॰ स्त्री॰) वह कल जिससे ठप्पे पर अक्षर बनाये जाते हैं।

डाक (हिं॰ स्त्री॰) कागजकी तरह पतला तांबे या चांदीका पत्तर।

डांगर (हिं॰ पु॰) १ चौपाया, ढोर। २ एक नीच जातिका नाम। (वि॰) ३ कृश, दुबला-पतला। ४ मूर्ख, जड़।

डांगा (हिं॰ पु॰) जहाजके मस्तूलमें आड़ी लगी हुई बल्ली जिस पर रस्सियां फैलाई जाती हैं।

डांट (हिं॰ स्त्री॰) १ डर, दाब, दबाव। २ क्रोधका शब्द, घुड़की।

डांटना (हिं॰ क्रि॰) क्रोधपूर्वक ऊंचे स्वर कहना, डपटना।

डांड (हिं॰ पु॰) १ डण्डा, सीधी लकड़ी। २ गदका। ३ वह लम्बा डंडा जिससे नाव खेई जाती है, बल्ला। ४ [illegible]। ५ [illegible]। ६ ऊंची उठी हुई लहरोंवाली जमीन जो बहुत दूर तक चली गई हो, ऊंची मेंड़। ७ [illegible] दीवार जो पानी आदिके लिये उठाई जाती है। ८ ऊंचा स्थान, छोटा भीटा। ९ मेंड़। १० समुद्रका ढालुआ रेतीला किनारा। ११ सीमा, हद। १२ [illegible] हुआ मैदान। १३ अर्थदण्ड, जुरमाना। १४ नुकसानका बदला, हरजाना। १५ अड़ा, चांप।

डांड़ना (हिं॰ क्रि॰) अर्थदण्ड देना, जुरमाना करना।

डांड़र (हिं॰ पु॰) बाजरेकी खूंटी जो फसलके काट लिये जाने पर खेतमें रह जाती है।

डांडा (हिं॰ पु॰) १ डण्डा, लट्ठ। २ गदका। ३ बांसका लम्बा डण्डा जिससे नाव खेई जाती है। ४ सीमा, हद।

डांडामेंड़ा (हिं॰ पु॰) १ परस्पर अत्यन्त सामीप्य लगाव। २ झगड़ा, टण्टा।

डांड़ायर्हन (हिं॰ पु॰) बङ्गालमें मिलनेवाला एक प्रकारका सांप।

डांड़ी (हिं॰ स्त्री॰) १ लम्बा पतला डाल। २ लम्बा हत्था। ३ पलड़े बांधे रहनेका तराजूकी सीधी लकड़ी। ४ पतली शाखा, टहनी। ५ फूल या फल लगा हुआ लम्बा डंठल। ६ वे चार सीधी लकड़ियां या डोरियां जो हिंडोलेमें लगी रहती हैं। ७ जुलाहोंकी चरखीकी बगलोंमें डाली जानेकी लकड़ी। ८ पौधेमें लगा हुआ [illegible] लकड़ी। ९ वह आदमी जो डांड़ खेता है। १० पालकी [illegible]। ११ मर्यादा, इज्जत। १२ वह स्थान जहां चिड़ियां आ कर बैठा करती हैं। १३ फूलके नीचेका वह भाग जो लम्बा और पतला होता हो। १४ पालकीके दोनों ओर निकले हुए डण्डे। कहार इन्हींसे कंधा लगा कर चलते हैं। १५ पालकी। १६ पहाड़ी सवारी, झप्पान।

डांडू (हिं॰ पु॰) हिमालयमें होनेवाला एक प्रकारका मरघट।

डांवरा (हिं॰ पु॰) पुत्र, लड़का, बेटा।

डाँवरी (हिं॰ स्त्री॰) पुत्री, कन्या, बेटी।

डाँवरू (हिं॰ पु॰) बाघका बच्चा।

डाँवाडोल (हिं॰ वि॰) चञ्चल, विचलित।

डाँगपाहिड़ (हिं॰ पु॰) रुद्रतालके ग्यारह भेदोंमेंसे एक। इसमें ५ आघातके बाद १ शून्य होता है।

डाँस (हिं॰ पु॰) १ बड़ा मच्छड़, डंश। २ मवेशियोंको दुःख देनेवाली एक मक्खी।

डाँसर (हिं॰ पु॰) इमलीका बीज, चियाँ।

डाक (हिं॰ स्त्री॰) १ वह स्थान जहाँ घोड़े गाड़ी आदि बदले जाते हैं। २ सरकारकी ओरसे चिट्ठियोंके आने जानेकी व्यवस्था। ३ चिट्ठीपत्री। ४ वमन, उलटी, कै।

डाक (अं॰ पु॰) १ समुद्रके किनारेका वह स्थान जहाँ जहाज आ कर ठहरता है। २ नीलामकी बोली।

डाक—हिन्दीके एक प्रसिद्ध कवि। इनका दूसरा नाम घाघ है। कृषिसम्बन्धीय इन्होंने बहुतसी कवितायें खड़ी बोलीमें लिखी हैं। उदाहरणार्थ एक नीचे दी जाती है—

"जो शुक्रकी बादली रहै शनीचर छाय।
कहै डाक सुन डाकनी बिन बरसे कधी न जाय॥ घाघ देखो।

डाकखाना (हिं॰ पु॰) वह स्थान जहाँ मनुष्य भिन्न भिन्न स्थानों पर भेजनेके लिये चिट्ठी पत्री आदि छोड़ते हैं। और जहाँसे आई हुई चिट्ठियाँ लोगोंको बाँटी जाती है।

डाक-विभागकी प्रथा अत्यन्त आधुनिक नहीं है। पहले राजा अपने राजकीय कार्योंकी सुविधाके लिये डाक प्यादा रखते थे। वे संवादज्ञापक पत्रादि ले कर बहुत तेजीसे एक स्थानसे दूसरेको जाते और फिर वहाँसे दूसरा आदमी उन सब पत्रोंको ले कर दूसरी जगह जाता था। इसी तरह थोड़े ही समयमें बहुत दूर दूर देशोंमें संवाद पहुंचाये जाते थे। यहाँ तक कि भारतवर्षमें और अमेरिकाके मेक्सिकोवासी प्राचीन जातियोंमें भी इसी तरहसे संवादके आदान प्रदानका नियम प्रचलित था। रोमसाम्राज्यकी समृद्धिके समय वहाँ भी अनेक तरहके डाकविभाग थे जिन्हें (Cursus publicus) कहते थे।

१५वीं शताब्दीसे फ्रान्समें डाक-विभाग स्थापित हुआ। १७वीं शताब्दीमें फ्रान्सके राजा १४वें लुईके समयमें उक्त विभागमें बहुत उन्नति हुई। १८वीं शताब्दीकी फरासीसी विप्लवके समय फ्रान्सके साधारण मनुष्योंमें भी डाक-प्रथा प्रचलित हो गई थी।

१५१६ ई॰में अष्ट्रियाके राजाके अनुरोधसे फ्रांज (Franz Von Thun) और टैक्सिस (Taxis) ने सार्वजनिक डाकविभाग स्थापन किया। पहले उन्होंने ब्रुसेल्स और वियानामें संवाद पहुंचानेके लिए बहुतसे डाकघर निर्माण किये। क्रमशः उन्हींके यत्नसे बहुत दूरस्थित नेपल्स और बर्लिन तक डाकविभाग स्थापित हुआ था।

१६वीं शताब्दीमें शेरशाहके यत्नसे घोड़ेका डाक तथा दिल्लीश्वर अकबरके यत्नसे मुगल साम्राज्यके सभी स्थानोंमें थोड़े ही समयमें संवाद ले जानेके लिए डाक-विभाग स्थापित हुआ। काफीखाँ नामक एक मुसलमानने इतिहासमें लिखा है, बादशाह अकबरने जो सब नये नियम चलाये उनमेंसे 'डाकमेवड़ा' ही एक सर्वोपयोगी है। स्थान स्थान पर उनका अड्डा था।"* अबुलफजलको आइन-इ-अकबरीमें लिखा है, मेवड़ा मेवाटके अधिवासी थे। वे चलनेमें बड़े तेज थे। बहुत दूरसे थोड़े ही समयमें संवाद ला देते थे। उत्तम गुप्तचरोंमें भी उनकी गिनती थी।

इंगलैण्डके राजा १म चार्ल्सके समय ग्रेटब्रिटेनमें डाकविभाग स्थापित हुआ। बुद्धिमान पिटके मन्त्रित्वके समयमें डाककी आवश्यकता अंगरेजोंने सम्यक् रूपसे उपलब्धि की। इसी समयसे डाककी उन्नति आरम्भ हुई।

१८वीं शताब्दीको अमेरिकाके युक्तराज्यमें डाक प्रचलित हुआ।

डाकसे वाणिज्य व्यवसायियोंके अनेक उपकार होने पर भी पहले अधिक व्यय इसकी प्रयोजनीयता उपलब्धि कर न सके।

१८वीं शताब्दीके मध्यभागसे डाक-विभागकी बहुत कुछ उन्नति की गई। पहले डाक-विभागसे राजा और राजपुरुषोंको ही सुविधा थी। अब क्या राजा क्या प्रजा सभी एकसा उपकार पाते हैं। डाकके होनेसे वाणिज्यादिमें कैसा लाभ हुआ है वह वर्णनातीत है।

१८४० ई॰में राउलैण्ड-हिलने एक स्टाम्प सोसाइटी

* Khafi Khan, I, p. 243.

डहर (हिं॰ स्त्री॰) १ पथ, मार्ग, रास्ता। २ आकाश-गङ्गा।

डहरना (हिं॰ क्रि॰) भ्रमण करना, चलना, फिरना।

डहाला (सं॰ स्त्री॰) डाहलभूमि, चेदिराज्यका दूसरा नाम। डाहल देखो।

डहु (सं॰ पु॰) दहति तापयति सर्वशरीरं दह कु। मृगय्वादयश्च। उण् ११३८। इति सूत्रेण निपातनात् साधुः। १ वृक्षविशेष, लकुच, डड्हर। इसके पर्याय—लकुच और लिकुच है। इसका गुण—गुरु, त्रिदोष और शुक्रपुष्टि-कारक है। लकुच देखो। २ बड़हर।

डहू (सं॰ पु॰) पृषो॰ साधुः। डहु देखो।

डा (सं॰ स्त्री॰) डी-ड स्त्रियां टाप्। डाकिनी, डाइन।

डा (हिं॰ पु॰) सितारकी गतिका एक बोल।

डाइन (हिं॰ स्त्री॰) १ भूतनी, राक्षसी चुड़ैल। २ वह औरत जिसकी दृष्टि आदिके प्रभावसे बच्चे मर जाते हैं। ३ खराब और खौफनाक औरत।

डाइरेक्टर (अं॰ पु॰) १ कार्य-संचालक, वह जो इन्तजाम करता हो। २ गति उत्पन्न करनेवाला मशीनका एक पुरजा।

डाइरेक्टरी (अं॰ स्त्री॰) एक पुस्तक जिसमें किसी किसी नगर या देशके प्रधान प्रधान मनुष्योंकी सूची अक्षर क्रमसे हो।

डाई (अं॰ पु॰) १ पासा। २ ठप्पा, साँचा। ३ रङ्ग।

डाईप्रेस (अं॰ स्त्री॰) वह कल जिससे उभरे हुए अक्षर उठाये जाते हैं।

डाँक (हिं॰ स्त्री॰) कागजकी तरह पतला ताँबे या चाँदीका पत्तर।

डाँगर (हिं॰ पु॰) १ चौपाया, ढोर। २ एक नीच जातिका नाम। (वि॰) ३ कृश, दुबला-पतला। ४ मूर्ख, जड़।

डाँगा (हिं॰ पु॰) जहाजके मस्तूलमें आड़ी लगी हुई धरन जिस पर रस्सियाँ फैलाई जाती हैं।

डाँट (हिं॰ स्त्री॰) १ वश, दाब, दबाव। २ क्रोधका शब्द, डपट, घुड़की।

डाँटना (हिं॰ क्रि॰) क्रोधपूर्वक कर्कश स्वर कहना, डपटना।

डाँड़ (हिं॰ पु॰) १ डण्डा, सीधी लकड़ी। २ गदका। ३ वह लम्बा डंडा जिससे नाव खेई जाती है, चप्पू। ४ अंकुशका दस्ता। ५ रीढ़की हड्डी। ६ ऊँची उठी हुई मट्टीकी जमीन जो बहुत दूर तक पतली रेखाकी तरह चली गई हो, ऊँची मेंड़। ७ कम ऊँचाईकी दीवार जो आड़ आदिके लिये उठाई जाती है। ८ ऊँचा स्थान, छोटा भीटा। ९ मेंड़। १० समुद्रका ढालुआं रेतीला किनारा। ११ सीमा, हद। १२ जङ्गल कटा हुआ मैदान। १३ अर्थदण्ड, जुरमाना। १४ नुकसानका बदला, हरजाना। १५ कट्टा, बाँस।

डाँड़ना (हिं॰ क्रि॰) अर्थदण्ड देना, जुरमाना करना।

डाँड़र (हिं॰ पु॰) बाजरेकी खूँटी जो फसलके काट लिये जाने पर खेतमें रह जाती है।

डाँड़ा (हिं॰ पु॰) १ डण्डा, छड़। २ गदका। ३ बांसका लम्बा डण्डा जिससे नाव खेई जाती है। ४ सीमा, हद।

डाँड़ामेंड़ा (हिं॰ पु॰) १ परस्पर अत्यन्त सामीप्य, लगाव। २ झगड़ा, टण्टा।

डाँड़ाअहेल (हिं॰ पु॰) बङ्गालमें मिलनेवाला एक प्रकारका साँप।

डाँड़ी (हिं॰ स्त्री॰) १ लम्बा पतला काठ। २ लम्बा दस्ता। ३ पलड़े बन्धे रहनेकी तराजूकी सीधी लकड़ी। ४ पतली शाखा, टहनी। ५ फूल या फल लगा हुआ लम्बा डंठल। ६ वे चार सीधी लकड़ियाँ या डोरोंकी लड़ें जो हिंडोलेमें लगी रहती हैं। ७ जुलाहोंकी चरखीकी बवनीमें डाली जानेकी लकड़ी। ८ पीतल लगा हुआ गहनादिकी लकड़ी। ९ वह आदमी जो डाँड़ खेता है। १० आलसी मनुष्य। ११ मर्यादा, इज्जत। १२ वह स्थान जहाँ चिड़ियाँ आ कर बैठा करती हैं। १३ फूलके नीचेका वह भाग जो लम्बा और पतला होता हो। १४ पालकीके दोनों ओर निकले हुए लम्बे डंडे। कहार इन्हींमें कंधा लगा कर चलते हैं। १५ पालकी। १६ पहाड़ी सवारी, झप्पान।

डाँवू (हिं॰ पु॰) दलदलमें होनेवाला एक प्रकारका नरकट।

डाँवरा (हिं॰ स्त्री॰) पुत्र, लड़का, बेटा।

डाँवरो (हिं॰ स्त्री॰) पुत्री, कन्या, बेटी।
डाँवरू (हिं॰ पु॰) बाघका बच्चा।
डाँवाडोल (हिं॰ वि॰) चञ्चल, विचलित।
डाँगपाहिड़ (हिं॰ पु॰) कद्दतालके ग्यारह भेदोंमेंसे एक। इसमें ५ आघातके बाद १ शून्य होता है।
डाँस (हिं॰ पु॰) १ बड़ा मच्छड़, डंश। २ मवेशियोंको दुःख देनेवाली एक मक्खी।
डाँसर (हिं॰ पु॰) इमलीका बीज, चियाँ।
डाक (हिं॰ स्त्री॰) १ वह स्थान जहाँ घोड़े गाड़ी आदि बदले जाते हैं। २ सरकारकी ओरसे चिट्ठियोंके आने जानेकी व्यवस्था। ३ चिट्ठीपत्री। ४ वमन, उलटी, कै।
डाक (अं॰ पु॰) १ समुद्रके किनारेका वह स्थान जहां जहाज आ कर ठहरता है। २ नीलामकी बोली।
डाक—हिन्दीके एक प्रसिद्ध कवि। इनका दूसरा नाम घाघ है। कृषिसम्बन्धीय इन्होंने बहुतसी कवितायें खड़ी बोलीमें लिखी हैं। उदाहरणार्थ एक नीचे दी जाती है-

"जो शुक्रकी बादली रहै शनीचर छाय।
कहे डाक सुन डाकनी बिन बरसे कभी न जाय॥" घाघ देखो।

डाकखाना (हिं॰ पु॰) वह स्थान जहां मनुष्य भिन्न भिन्न स्थानों पर भेजनेके लिये चिट्ठी पत्री आदि छोड़ते हैं। और जहांसे आई हुई चिट्ठियां लोगोंको बाँटी जाती है।

डाक-विभागकी प्रथा अत्यन्त आधुनिक नहीं है। पहले राजा अपने राजकीय कार्योंकी सुविधाके लिये डाक प्यादा रखते थे। वे संवादज्ञापक पत्रादि ले कर बहुत तेजीसे एक स्थानसे दूसरेको जाते और फिर वहांसे दूसरा आदमी उन सब पत्रोंको ले कर दूसरी जगह जाता था। इसी तरह थोड़े ही समयमें बहुत दूर दूर देशोंमें संवाद पहुंचाये जाते थे। यहां तक कि भारतवर्षमें और अमेरिकाके मेक्सिकोवासी प्राचीन जातियोंमें भी इसी तरहसे संवादके आदान प्रदानका नियम प्रचलित था। रोमसाम्राज्यकी समृद्धिके समय वहां भी अनेक तरहके डाकविभाग थे जिन्हें (Cursus publicus) कहते थे।

१५वीं शताब्दीको फ्रान्समें डाक-विभाग स्थापित हुआ। १०वीं शताब्दीको फ्रान्सके राजा १४वें लुईके समयमें उस विभागमें बहुत उन्नति हुई। १८वीं शताब्दीको फरासीसी विप्लवके समय फ्रान्सके साधारण मनुष्योंमें भी डाक-प्रथा प्रचलित हो गई थी।

१५१६ ई॰में अष्ट्रियाके राजाके अनुरोधसे फ्रांज (Franz Von Thun) और टैक्सिस (Taxis) ने सार्वजनिक डाकविभाग स्थापन किया। पहले उन्होंने ब्रुसेल्स और भियानामें संवाद पहुंचानेके लिए बहुतसे डाकघर निर्माण किये। क्रमशः उन्हींके यत्नसे बहुत दूरस्थित नेपल्स और मिलिन तक डाकविभाग स्थापित हुआ था।

१६वीं शताब्दीमें शेरशाहके यत्नसे घोड़ेका डाक तथा दिल्लीश्वर अकबरके यत्नसे मुगल साम्राज्यके सभी स्थानोंमें थोड़े ही समयमें संवाद ले जानेके लिए डाक-विभाग स्थापित हुआ। काफोखाँ नामक एक मुसलमानने इतिहासमें लिखा है, बादशाह अकबरने जो सब नये नियम चलाये उनमेंसे 'डाकमेवड़ा' ही एक अत्युपयोग्य है। स्थान स्थान पर उनका अड्डा था।"* अबुलफजलकी आइन-इ-अकबरीमें लिखा है, मेवड़ा मेवाटके अधिवासी थे। वे चलनेमें बड़े तेज थे। बहुत दूरसे थोड़े ही समयमें संवाद ला देते थे। उत्तम गुप्तचरोंमें भी उनकी गिनती थी।

इंगलैण्डके राजा १म चार्लसके समय ग्रेटब्रिटेनमें डाकविभाग स्थापित हुआ। बुद्धिमान पिटके मन्त्रित्वके समयमें डाककी अत्यावश्यकता अंगरेजोंने सम्यक्‌रूपसे उपलब्धि की। इसी समयसे डाककी उन्नति आरम्भ हुई।

१८वीं शताब्दीको अमेरिकाके युक्तराज्यमें डाक प्रचलित हुआ।

डाकसे वाणिज्य व्यवसायियोंके अनेक उपकार होने पर भी पहले वणिक गण इसकी प्रयोजनीयता उपलब्धि कर न सके।

१८वीं शताब्दीके मध्यभागसे डाक-विभागकी बहुत कुछ उन्नति की गई। पहले डाक-विभागसे राजा और राजपुरुषोंको ही सुविधा थी। अब क्या राजा क्या प्रजा सभी एकसा उपकार पाते हैं। डाकके होनेसे वाणिज्यादिमें कैसा लाभ हुआ है वह वर्णनातीत है।

१८४० ई॰में राउलेण्ड-हिलने एक छटांक तोलकी

* Khafi Khan, I. p. 243.

दूरीको चिट्ठी होने पर भी सिर्फ एक पेन्स खर्च दे कर भेजनेकी सम्मति अंगरेजोंसे ली। यूरोपके दूसरे दूसरे देशोंमें भी थोड़े ही समयमें सभीने राउलैण्ड-हिलका पथ अवलम्बन किया। भारतके अंगरेज-शासनकर्त्ता बड़े लाट डलहौसीने यहाँ सबसे पहले सार्वजनिक डाक-विभाग स्थापन किया।

१८७० ई०में अष्ट्रियासे सबसे पहले पोष्टकार्ड प्रचलित हुआ। बाद वह भी बहुत थोड़े दिनोंमें ही जगत्के समस्त सभ्य देशोंमें चलाया गया।

पहले देश भेदके अनुसार डाकखर्च भी लगता था। १८७४ ई०में जबसे आन्तर्जातिक डाक-सम्मेलन (International Postal Union) स्थापित हुआ, तबसे विदेशको चिट्ठी भेजनेमें खर्चकी जो गड़बड़ी थी वह जाती रही।

अभी सभी सुसभ्य देशोंके प्रधान प्रधान नगरों और ग्रामोंमें डाकघर स्थापित हो गया है। डाकसे सब लोगोंको समान सुविधा मिलने पर भी डाक-विभाग देशके राजाके अधीन है।

डाकगाड़ी (हिं० स्त्री०) चिट्ठी पत्री ले जानेकी रेलगाड़ी इसका इन्तजाम सरकारकी ओरसे है। यह और गाड़ियोंसे तेज चलती है। अधिक महसूल ले कर इसमें आदमी भी बैठाये जाते हैं।

डाकघर (हिं० पु०) डाकखाना देखो।

डाकना (हिं० क्रि०) १ उलटी करना, कै करना। २ लांघना, फांदना, कूदना।

डाकबंगला (हिं० पु०) एक स्थानसे दूसरे स्थान जानेमें राजपुरुषों या भ्रमणकारियोंके सुविधार्थ और विश्रामार्थ घर। ईस्ट इण्डिया कम्पनीके समयमें इस प्रकारके घर स्थान स्थान पर बने थे। रेल होनेके पहले इन्हीं स्थानों पर डाक ली जाती और बदली जाती थी।

डाकमुंशी (हिं० पु०) वह पुरुष जिसके हाथ डाकघरका इन्तजाम हो, पोष्टमाष्टर।

डाकर (हिं० पु०) सूखे हुए तालाबोंको चिटकी हुई मट्टी।

डाकव्यय (हिं० स्त्री०) डाकका खर्च, डाक महसूल।

डाका (हिं० पु०) किसीका धन छीननेका आक्रमण, बटमारी।

डाकाजनी (हिं० स्त्री०) डकैती करनेका काम, बटमारी।

डाकिन (हिं० स्त्री०) डाकिनी देखो।

डाकिनी (सं० स्त्री०) डाय भयदानाय अकति व्रजति-डाय-अक-इनि वा डाकानां समूहः इति डाक इनि। खलादिभ्यइनिर्वक्तव्यः। पा ४।२।५१ वार्त्तिक। १ कालीके एक गणका नाम।

"डादेश डाकिनीनाम विकटानां त्रिकोटिभिः।" (ब्रह्मपु०)

२ पिशाची, यह किसी मनुष्यको देखनेसे ही उसका अनिष्ट करती है। ३ स्त्रीविशेष, डाइन। ४ शिव और पार्वतीका अनुचर। इसको संहार-शक्तिका अंश-विशेष कहा जाता है। यह मारण, वशीकरण प्रभृति कार्य्योंका तथा उनके मन्त्रका उपास्य देवता है।

"डाकिनी शाकिनी भूतप्रेतवेतालराक्षसाः।" (काशीख १० अ०)

भोटदेशवासी अभी भी डाकिनीकी उपासना करते हैं।

डाकी (हिं० स्त्री०) १ उलटी, कै, वमन। (पु०) २ पेटू, बहुत खानेवाला।

डाकू (हिं० पु०) १ वह जो बलपूर्वक दूसरेका माल लूट लेता है, लुटेरा, बटमार। २ वह जो बहुत खाता हो, पेटू।

डाकेट (अं० पु०) किसी पत्रका सारांश, चिट्ठीका खुलासा।

डाकौत—एक ब्राह्मण जाति। ये लोग कहीं डाकौत कहीं भड्डरी कहीं भड्डली, कहीं जोतगी, कहीं दिसन्धी, कहीं जोषी, कहीं शनिचरिया, कहीं ग्रहविप्र, कहीं ज्योतिषीजी, कहीं नक्षत्रजीवी और कहीं थावरिया कहलाते हैं। प्रवाद है कि, ब्राह्मणके वीर्य से भड्डरी नामकी एक शूद्राके संयोगसे जो सन्तान उत्पन्न हुई वह डाकौत या भड्डरी कहलाई। आज कल जैसे अन्य ब्राह्मणगण मन्दिरोंके पुजारी हैं, तैसे ही ये डाकौत लोगभी शनिदेवके मन्दिरके पुजारी हैं।

यथार्थमें यह जाति डक ऋषिकी सन्तान है। महाभारतके अनुशासनपर्वमें लिखा है कि भृगुजीके गुणोंके समान च्यवन, वज्रशीर्ष, शुचि, शुक्र, वरेण्य और विभु-सवन ये सात उनके पुत्र पैदा हुए। इन्हीं शुक्राचार्यके वंशमें डक ऋषि हो गये हैं और उन्हीं डकके वंशमें

डाकोत हैं। पहले ये लोग डका कहलाते थे, बाद डका डका कहातेकहाते डाकोत कहलाने लगे हैं।

डाकौर (हिं॰ पु॰) विष्णु भगवान्, ठाकुर। यह शब्द सिर्फ गुजरातमें प्रयोग किया जाता है।

डाक्टर (अं॰ पु॰) १ अध्यापक, विद्वान्, आचार्य। २ चिकित्सक, वैद्य, हकीम।

डाक्टरी (हिं॰ स्त्री॰) १ चिकित्साशास्त्र, वैद्यक-विद्या। २ पाश्चात्य आयुर्वेद।

डाक्तर (हिं॰ पु॰) डाक्टर देखो।

डागा (हिं॰ पु॰) वह डंडा जिससे नगारा बजाया जाता है, चोब।

डागुर (हिं॰ पु॰) जाटोंकी एक जाति।

डाङ्कृति (सं॰ स्त्री॰) घण्टा और थालीका शब्द।

डाङ्गरी (सं॰ स्त्री॰) डङ्गरी पृषोद॰ साधुः। दीर्घकर्कटी।

डाङ्गाग्राम—दरभङ्गाके अन्तर्गत बरमसीपिसे ६ कोस उत्तरमें अवस्थित एक ग्राम। (भ॰ ब्रह्मखं॰ ४७।१६६)

डाट (हिं॰ स्त्री॰) १ टेक, चाँड़। २ वह वस्तु जिससे कोई छेद बंद किया जाता है। ३ वह वस्तु जिससे बोतलका मुंह बंद किया जाता है, काग।

डाटना (हिं॰ क्रि॰) १ एक पदार्थको दूसरे पदार्थ पर जोरसे दबाना। २ टेकना, चाँड़ लगाना। ३ छिद्र बंद करना, मुंह कसना। ४ कस कर भरना, अच्छी तरह घुसेड़ना। ५ तृप्ति भर खाना, कस कर खाना। ६ डटाना, भिड़ाना।

डाढ़ (हिं॰ स्त्री॰) १ चौभड़, दाढ़। २ बट आदि वृक्षोंकी जटाएँ जो नीचेकी ओर लटकती रहती हैं, बरोह।

डाढ़ा (हिं॰ स्त्री॰) १ दावानल, वनकी आग। २ आग। ३ ताप, दाह, जलन।

डाढ़ी (हिं॰ स्त्री॰) १ चिबुक, ठुड्डी। २ चिबुक और गण्डस्थल परके लोम, दाढ़ी।

डाब (हिं॰ स्त्री॰) १ डाभ नामकी घास। २ कच्चा नारियल। ३ परतला, तलवार लटकानेकी चमड़े या मोटे कपड़ेकी चौड़ी पट्टी।

डाबक (हिं॰ वि॰) डाबक देखो।

डाबर (हिं॰ पु॰) १ नीची जमीन। २ गर्त, पोखरी, गड़ही, गड्ढा। ३ हाथ धोने और कुल्ली करनेका बरतन, चिलमची। ४ अपरिष्कार जल, मैला पानी। (वि॰) ५ मटमैला, गदला।

डाबा (हिं॰ पु॰) डब्बा देखो।

डाबी (हिं॰ स्त्री॰) कटी हुई घास।

डाभ (हिं॰ पु॰) १ एक प्रकारका कुश। २ कुश। ३ आम्रमञ्जरी, आमका मौर। ४ कच्चा नारियल।

डाभक (हिं॰ वि॰) ताजा, टटका।

डामचा (हिं॰ पु॰) मचान, माचा।

डामर (सं॰ पु॰) १ महादेवकथित तन्त्रशास्त्रविशेष। इन तन्त्रोंकी संख्या, इनके नाम और श्लोकसंख्या वाराही-तन्त्रमें इस प्रकार लिखी है, १ योगडामर—इसकी श्लोक-संख्या २३५३३ है। २ शिवडामर—इसकी श्लोकसंख्या ११००७ है। ३ दुर्गाडामर—इसकी श्लोकसंख्या ११५०२ है। ४ सारस्वतडामर—इसकी श्लोकसंख्या ८८०६ है। ५ ब्रह्मडामर—इसकी श्लोकसंख्या ७१०५ है। गन्धर्व-डामर-इसकी श्लोकसंख्या ६००६० है। वाराहीतन्त्र देखो। २ चमत्कार। ३ गर्व, आडम्बर, ठाटबाट।

"रतिगलिते ललिते कुसुमानि शिखण्डिशिखण्डकडामरे।"

(गीतगोविन्द १२।११)

४ कोटचक्रविशेष, दुर्गके शुभाशुभ जाननेके लिए बनाए जानेवाले चक्रोंमेंसे एक।

"पञ्चमो गिरिकोटश्च षष्ठः कोटश्च डामरः।" (समयामृत)

५ भैरवान्नविशेष, ४८ भैरवान्न भैरवोंमेंसे एक। ६ धूम, हलचल।

डामर (हिं॰ पु॰) १ साल वृक्षका गोंद, राल। २ एक प्रकारका गोंद। इसका पेड़ दक्षिणमें पश्चिमी घाटके पहाड़ों पर मिलता है। कहरुवा देखो।

३ छोटी मधुमक्खियोंके छत्तोंसे निकलनेवाला एक प्रकारका मसीला राल। ४ इस तरहका राल बनानेवाली छोटी मधुमक्खी।

डामल (हिं॰ स्त्री॰) १ जीवन पर्यन्त कारागार, जन्म भरके लिये कैद। २ देश निकालेका दण्ड। भारत-वर्षमें अंगरेजी सरकार उन अपराधियोंको अण्डमन टापूमें भेजा करती है जो बहुत भारी अपराध करते हैं। उसी दण्डको डामल कहते हैं।

डामाडोल (हिं॰ वि॰) डांवाडोल देखो।

दूरीकी चिट्ठी होने पर भी सिर्फ एक पेन्स खर्च दे कर भेजनेकी सम्मति अंगरेजोंसे ली। यूरोपके दूसरे दूसरे देशोंमें भी थोड़े ही समयमें समीने राउलेगड-हिलका पथ अवलम्बन किया। भारतके अंगरेज-शासनकर्त्ता बड़े लाट डलहौसीने यहाँ सबसे पहले सार्वजनिक डाक-विभाग स्थापन किया।

१८७० ई०में अष्ट्रियासे सबसे पहले पोष्टकार्ड प्रचलित हुआ। बाद वह भी बहुत थोड़े दिनोंमें ही जगत्‌के समस्त सभ्य देशोंमें चलाया गया।

पहले देश भेदके अनुसार डाकखर्च भी लगता था। १८७४ ई०में जबसे आन्तर्जातिक डाक-सम्मेलन (International Postal Union) स्थापित हुआ, तबसे विदेशकी चिट्ठी भेजनेमें खर्चकी जो गड़बड़ी थी वह जाती रही।

अभी सभी सुसभ्य देशोंके प्रधान प्रधान नगरों और ग्रामोंमें डाकघर स्थापित हो गया है। डाकसे सब लोगोंको समान सुविधा मिलने पर भी डाक-विभाग देशके राजाके अधीन है।

डाकगाड़ी (हिं० स्त्री०) चिट्ठी पत्री ले जानेकी रेलगाड़ी इसका इन्तजाम सरकारकी ओरसे है। यह और गाड़ियोंसे तेज चलती है। अधिक महसूल ले कर इसमें आदमी भी बैठाये जाते हैं।

डाकघर (हिं० पु०) डाकखाना देखो।

डाकना (हिं० क्रि०) १ उलटी करना, कै करना। २ लांघना, फांदना, कूदना।

डाकबंगला (हिं० पु०) एक स्थानसे दूसरे स्थान जानेमें राजपुरुषों या भ्रमणकारियोंके सुविधार्थ और विश्रामार्थ घर। ईस्ट इण्डिया कम्पनीके समयमें इस प्रकारके घर स्थान स्थान पर बने थे। रेल होनेके पहले इन्हीं स्थानों पर डाक ली जाती और बदली जाती थी।

डाकमुंशी (हिं० पु०) वह पुरुष जिसके हाथ डाकघरका इन्तजाम हो, पोष्टमाष्टर।

डाकर (हिं० पु०) सूखे हुए तालाबोंकी चिटकी हुई मट्टी।

डाकव्यय (हिं० स्त्री०) डाकका खर्च, डाक महसूल।

डाका (हिं० पु०) किसीका धन छीननेका आक्रमण, बटमारी।

डाकाजनी (हिं० स्त्री०) डकैती करनेका काम, बटमारी।

डाकिन (हिं० स्त्री०) डाकिनी देखो।

डाकिनी (सं० स्त्री०) डाय भयदानाय अकति गच्छति डाय-अक-इनि वा डाकानां समूहः इति डाक इनि। खलादिभ्यइनिर्वक्तव्यः। पा ४।२।५१ वार्त्तिक। १ कालीके एक गणका नाम।

"डाकिन डाकिनीनाम विरटानां त्रिकोटिभिः।" (ब्रह्मपु०)

२ पिशाची, यह किसी मनुष्यको देखनेसे ही उसका अनिष्ट करती है। ३ स्त्रीविशेष, डाइन। ४ शिव और पार्वतीका अनुचर। इसको संहार-शक्तिका अंशविशेष कहा जाता है। यह मारण, वशीकरण प्रभृति कार्य्योंका तथा उनके मन्त्रका उपास्य देवता है।

"डाकिनी शाकिनी भूतप्रेतवेतालराक्षसाः।" (काशीख १० अ०)

भोटदेशवासी अभी भी डाकिनीकी उपासना करते हैं।

डाकी (हिं० स्त्री०) १ उलटी, कै, वमन। (पु०) २ पेटू, बहुत खानेवाला।

डाकू (हिं० पु०) १ वह जो बलपूर्वक दूसरेका माल लूट लेता है, लुटेरा, बटमार। २ वह जो बहुत खाता हो, पेटू।

डाकेट (अं० पु०) किसी पत्रका सारांश, चिट्ठीका खुलासा।

डाकोत—एक ब्राह्मण जाति। ये लोग कहीं डाकोत कहीं भड्डरी कहीं भड़ली, कहीं जोतगी, कहीं दिसन्धी, कहीं जोषी, कहीं शनिचरिया, कहीं ग्रहविप्र, कहीं ज्योतिषीजी, कहीं नक्षत्रजीवी और कहीं थावरिया कहलाते हैं। प्रवाद है कि, ब्राह्मणके औरस व भडली नामकी एक शूद्राके संयोगसे जो सन्तान उत्पन्न हुई वह डाकोत या भड्डरी कहलाई। आज कल जैसे अन्य ब्राह्मणगण मन्दिरोंके पुजारी हैं, तैसे ही ये डाकोत लोगभी शनिदेवके मन्दिरके पुजारी हैं।

यथार्थमें यह जाति डक्क ऋषिको सन्तान है। महाभारतके अनुशासनपर्वमें लिखा है कि भृगुजीके गुणोंके समान च्यवन, वज्रशीर्ष, शुचि, शुक्र, वरेण्य और विभसवन ये सात उनके पुत्र पैदा हुए। इन्हीं शुक्राचार्यके वंशमें डक्क ऋषि हो गये हैं और उन्हीं डक्कके वंशमें

डाकीत हैं। पहले ये लोग डक्का कहलाते थे, बाद डक्का डक्का कहलातेकहलाते डाकीत कहलाने लगे हैं।

डाकोर (हिं० पु०) विष्णु भगवान्, ठाकुर। यह शब्द सिर्फ गुजरातमें प्रयोग किया जाता है।

डाक्टर (अं० पु०) १ अध्यापक, विद्वान्, आचार्य। २ चिकित्सक, वैद्य, हकीम।

डाक्टरी (हिं० स्त्री०) १ चिकित्साशास्त्र, वैद्यक-विद्या। २ पाश्चात्य आयुर्वेद।

डाक्तर (हिं० पु०) डाक्टर देखो।

डागा (हिं० पु०) वह डंडा जिससे नगारा बजाया जाता है, चोब।

डागुर (हिं० पु०) जाटोंकी एक जाति।

डाङ्कृति (सं० स्त्री०) घण्टा और थालीका शब्द।

डाङ्गरी (सं० स्त्री०) डङ्गरी पृषोद० साधुः। दीर्घकर्कटी।

डाङ्गाग्राम—दरभङ्गाके अन्तर्गत करमगोपिसे १ कोस उत्तरमें अवस्थित एक ग्राम। (भ० ब्रह्मखं० ४७।१६१)

डाट (हिं० स्त्री०) १ टेक, चाँड़। २ वह वस्तु जिससे कोई छेद बंद किया जाता है। ३ वह वस्तु जिससे बोतलका मुंह बंद किया जाता है, काग।

डाटना (हिं० क्रि०) १ एक पदार्थको दूसरे पदार्थ पर ओरसे दबाना। २ टेकना, चाँड़ लगाना। ३ छिद्र बंद करना, मुंह कसना। ४ कस कर भरना, अच्छी तरह घुसेड़ना। ५ खूब भर खाना, कस कर खाना। ६ डटाना, भिड़ाना।

डाढ़ (हिं० स्त्री०) १ चौभड़, दाढ़। २ वट आदि वृक्षोंकी जटाएँ जो नीचेकी ओर लटकती रहती हैं, बरोह।

डाढ़ा (हिं० स्त्री०) १ दावानल, वनकी आग। २ आग। ३ ताप, दाह, जलन।

डाढ़ी (हिं० स्त्री०) १ चिबुक, ठुड्डी। २ चिबुक और गण्डस्थल परके लोम, दाढ़ी।

डाब (हिं० स्त्री०) १ डाभ नामकी घास। २ कच्चा नारियल। ३ परतला, तलवार लटकानेको चमड़े या मोटे कपड़ेकी चौड़ी पट्टी।

डाबक (हिं० वि०) डाभक देखो।

डाबर (हिं० पु०) १ नीची जमीन। २ गर्त, पोखरी, गड़ही, गड्ढा। ३ हाथ धोने और कुल्ली करनेका बरतन, चिलमची। ४ अपरिष्कार जल, मैला पानी। (वि०) ५ मटमैला, गदला।

डाबा (हिं० पु०) डब्बा देखो।

डाबी (हिं० स्त्री०) कटी हुई घास।

डाभ (हिं० पु०) १ एक प्रकारका कुश। २ कुश। ३ आम्रमञ्जरी, आमका मौर। ४ कच्चा नारियल।

डाभक (हिं० वि०) ताजा, टटका।

डामचा (हिं० पु०) मचान, माचा।

डामर (सं० पु०) १ महादेवकथित तन्त्रशास्त्रविशेष। इन तन्त्रोंकी संख्या, इनके नाम और श्लोकसंख्या वाराहीतन्त्रमें इस प्रकार लिखी है, १ योगडामर—इसकी श्लोकसंख्या २३५३३ है। २ शिवडामर—इसकी श्लोकसंख्या ११००७ है। ३ दुर्गाडामर—इसकी श्लोकसंख्या ११५०२ है। ४ सारस्वतडामर—इसकी श्लोकसंख्या ८८०६ है। ५ ब्रह्मडामर—इसकी श्लोकसंख्या ३१०५ है। गन्धर्वडामर-इसकी श्लोकसंख्या ६००६० है। वाराहीतन्त्र देखो। २ चमत्कार। ३ गर्व, आडम्बर, ठाटबाट।

"रतिगलिते ललिते कुसुमानि शिखण्डिशिखण्डकडामरे।"

(गीतगोविन्द ११,१२)

४ कोटचक्रविशेष, दुर्गके शुभाशुभ जाननेके लिए बनाए जानेवाले चक्रोंमेंसे एक।

"पञ्चमो गिरिकोटश्च षष्ठः कोटश्च डामरः।" (धनवापन)

५ शिवपार्श्वविशेष, ४८ शिवपार्श्व भैरवोंमेंसे एक। ६ धूम, हलचल।

डामर (हिं० पु०) १ साल वृक्षका गोंद, राल। २ एक प्रकारका गोंद। इसका पेड़ दक्षिणमें पश्चिमी घाटके पहाड़ों पर मिलता है। कहरुवा देखो।

३ छोटी मधुमक्खियोंके छत्तेसे निकलनेवाला एक प्रकारका मसीला राल। ४ इस तरहका राल बनानेवाली छोटी मधुमक्खी।

डामल (हिं० स्त्री०) १ जीवन पर्यन्त कारागार, जन्म भरके लिये कैद। २ 'देश निकाला'का दण्ड। भारतवर्षमें अंगरेजी सरकार उन अपराधियोंको अंडमन टापूमें भेजा करती है जो बहुत भारी अपराध करते हैं। उसी दण्डको डामल कहते हैं।

डामाडोल (हिं० वि०) डावाँडोल देखो।

डायँडाय (हिं० क्रि०-वि०) व्यर्थ इधरसे उधर, व्यर्थ धूल छानते हुए।

डायन (हिं० स्त्री०) १ पिशाचिनी, डाकिनी। २ कुरूपा स्त्री, बदसूरत औरत।

डायनामो (अं० पु०) बिजली उत्पन्न करनेवाली एक प्रकारका छोटा एनजिन।

डायमण्डकट (अं० पु०) हीरेकेसी काट, डामल काट।

डायमण्ड हारबर (Diamond Harbour)—१ बङ्गालके अन्तर्गत २४ परगने जिलेका एक उपविभाग। यह अक्षा० २१° ३१' से २२° २१' उ० और देशा० ८८° २' से ८८° ३१' पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण १२८३ वर्ग-मील है, जिनमेंसे ८०० वर्गमील तक सुन्दरवन व्याप्त है। इस उपविभागमें डायमण्ड-हारबर, देवीपुर, बाँकीपुर, काल्पी और मथुरापुर नामक ५ थाने हैं। ३ दीवानी और ३ फौजदारी अदालतमें विचारकार्य सम्पन्न होता है। विख्यात सागरद्वीप इसी उपविभागके अन्तर्गत है। १८६४ ई०के तूफानमें यहांके बहुतसे अधिवासियोंकी मृत्यु हुई थी। प्रायः ५६२५ अधिवासियोंमें केवल १४८८ मनुष्योंकी जान बची थी। १८६६ ई०के दुर्भिक्षमें भी बहुत लोग मरे थे। कलकत्तेसे डायमण्ड-हारबर तक रेलपथ हो जानेसे इसकी दुरवस्था बहुत कुछ जाती रही। अभी यहांकी लोकसंख्या प्रायः ४६०७४८ है। इसमें १५७५ ग्राम लगते हैं, शहर एक भी नहीं है।

२ बङ्गालके अन्तर्गत २४ परगने जिलेके डायमण्ड-हारबर उपविभागका प्रधान स्थान और एक विख्यात बन्दर। इसी स्थानके नामानुसार उपविभागका नाम पड़ा है। डायमण्ड-हारबर शब्दका अर्थ (डायमण्ड=हीरक, हारबर=बन्दर) उत्कृष्ट बन्दर है। यह अक्षा० २२° १०' उ० और देशा० ८८° १२' पू० पर भागीरथीके बायें किनारे अवस्थित है। पहले यहां इष्ट इण्डिया कम्पनीके जहाज रहते थे। अभी यहां एक टेलिग्राफ आफिस और पोष्ट-घर है। जो जहाज नदी हो कर प्रतिदिन जाते हैं, बन्दरके मालिक उनमेंसे प्रत्येकका विवरण बोझ आदिकी तादाद कलकत्तेमें टेलिग्राफ द्वारा जनाते हैं। कलकत्तेके टेलिग्राफ गजटमें वह प्रतिदिन प्रकाशित हो जाता है। जो कुछ हो, अभी यह मनुष्यगामी स्थान हो गया है। प्राचीन किल्लेमेंसे एक कब्रिस्तान विद्यमान है। रेलपथके द्वारा यह कलकत्तेसे ३८ मील दूर है। यह रेलपथ कलकत्ते और साउथ इष्टर्न बेङ्गल ष्टेट रेलपथके सोनापुर स्टेशनसे निकला है। यह कलकत्तेसे पैदल ३० मील और नदी द्वारा ४१ मील दूर पड़ता है।

डायरी (अं० स्त्री०) दिनचर्या, रोजनामचा।

डायल (अं० पु०) घड़ीका चेहरा, जहां अंक बने होते हैं और सूइयाँ घूमती हैं।

डायस (अं० पु०) किसी सभाका ऊंचा स्थान जहाँ सभापतिका आसन रखा जाता है।

डार (हिं० स्त्री०) १ डलिया, टोकरा। २ शाखा डाल। ३ एक प्रकारकी खूंटी जो फानूस जलानेके लिये दीवार में लगाई जाती है।

डारना (हिं० क्रि०) डलना देखो।

डारियास (हिं० पु०) बावन बन्दरकी एक जाति।

डाल (हिं० स्त्री०) १ शाखा, शाख। २ दीवारमें लगी हुई एक प्रकारकी खूंटी जो फानूस जलानेके लिये दीवारमें लगाई जाती है। ३ तलवारका फल। ४ मध्यभारत और मारवाड़में पहने जानेका एक प्रकारका गहना। ५ डलिया, चँगेरी। ६ डलियेमें सजा कर किसीके यहां भेजी जानेवाली खाने पीनेकी वस्तु। ७ विवाहके समय वरकी ओरसे वधूको दिये जानेका कपड़ा और गहना।

डालना (हिं० क्रि०) १ नीचे गिराना, छोड़ना, फेंकना। २ छोड़ना, ऊपरसे गिराना। ३ स्थित या मिश्रित करना रखना, मिलाना। ४ प्रविष्ट करना, भीतर घुसेड़ना। ५ परित्याग करना, सुधि न लेना, भुला देना। ६ चिह्नित करना, अङ्कित करना, लगाना। ७ जिम्मे स्वार रखना, फैलाना। ८ शरीर पर धारण करना, पहनना। ९ सौंपना, भार देना। १० गर्भपात करना, पेट गिराना। ११ उपयोग करना, लगाना। १२ वमन करना, करना। १३ स्त्रीकी तरह रखना।

डालफिन (अं० पु०) एक प्रकारकी ह्वेल मछली।

डालर (अं॰ पु॰) तीन रुपये दो आनेके बराबर अमे- रिकाका एक सिक्का।

डाली (हिं॰ स्त्री॰) १ टोकरा, चँगेरी। २ फूल फल या खाने पीनेकी वस्तु जो डलियामें सजा कर किसीके यहां भेजी जाय।

डावड़ा (हिं॰ पु॰) १ पिठवन। २ डावरा देखो।

डावरा (हिं॰ पु॰) पुत्र, बेटा।

डावरी (हिं॰ स्त्री॰) कन्या, बेटी।

डास (हिं॰ पु॰) चमारोंका एक यन्त्र। इससे वह चम- ड़ेके भीतरका रूखं साफ़ करता है।

डासन (हिं॰ पु॰) बिछावन बिछौना, बिस्तर।

डासना (हिं॰ क्रि॰) फैलाना, बिछाना।

डासनी (हिं॰ स्त्री॰) चारपाई, पलंग, खाट।

डाह (हिं॰ स्त्री॰) ईर्ष्या, द्वेष, जलन।

डाहना (हिं॰ क्रि॰) दिक करना, सताना, जलाना।

डाहिर देशपति—सिन्धप्रदेशके एक हिन्दू राजा। समग्र सिन्धुदेश, मुलतान और सिन्धुकूलवर्ती बहुत दूर तकका प्रदेश इनके अधिकारमें था। इनके राजत्वमें पहले अरबी लोग सिन्धुप्रदेश पर आक्रमण कर लूट मचाते तथा स्त्रियों और बच्चोंको क़ैद कर ले जाते थे। डाहिरके राजत्वकालमें उनके राज्यके अन्तर्गत देवल बंदरमें अर- बियोंका एक जहाज लूट गया था। अरबियोंके उसकी क्षतिपूर्तिके लिए दावा करने पर डाहिरने जवाब दिया— "देवल हमारे राज्यके अन्तर्गत नहीं है, इसलिए उसके लिए हम जिम्मेवार नहीं।" इस पर अरबियोंने पहले एकदल सेना भेजी, जो पराजित और निहत हो गई। इसके बाद ७११ ई॰में बसोराके शासनकर्त्ताने बड़ी भारी सेनाके साथ अपने भतीजे महम्मद बिन् क़ासिमको डाहिरके विरुद्ध युद्धार्थ भेजा। बेन-क़ासिमने आ कर पहले ही देवल आक्रमण और अधिकार किया।

इसके बाद महम्मद बिन् क़ासिम द्वारा परिचालित विजयी अरबी सेना निरुन (वर्त्तमान हैदराबाद) आदि नगरोंको जितनेके लिए उत्तरको तरफ अग्रसर होने लगी। डाहिरने अपने ज्येष्ठ पुत्र जयसिंहको बहुसंख्यक सेनाके साथ भेजा। किन्तु इतनेमें आरब्यसे और भी २००० सवारोंकी सेनाने आ कर महम्मद बिन् क़ासिमका साथ दिया; इसलिए जयसिंहको बाध्य हो कर भागना पड़ा। महम्मद राजधानी आरोरकी तरफ अग्रसर होने लगे। अबकी बार डाहिरने समस्त सेना ले कर जी-जानसे बेन-क़ासिमके विरुद्ध अस्त्रधारण किया। उनकी तरफसे उस समय ५०,००० सेना युद्ध कर रही थी। बेन क़ासिम एक सुदृढ़ स्थानमें आश्रय ले कर आत्म- रक्षा करने लगे। बहुत दिन तक युद्ध हुआ। आखिर एक दिन डाहिर स्वयं हाथीके पीठ पर युद्ध करते करते विपक्षके तीरसे विद्ध हो गये। उनके हाथीने भी उस समय एक जलते हुए आगके गोलेसे आहत हो कर वेगसे निकटस्थ नदीमें प्रवेश किया। इस अतर्कित विपद्‌से समस्त सेना छिन्न भिन्न हो गई। इसके बाद राजाने घोड़े पर सवार हो कर अपनी सेनाको पुनः उत्साहित करने और सुसङ्गठनमें लानेकी बहुत चेष्टा की पर सब व्यर्थ हुई। वे स्वयं युद्ध करके मारे गये। मिहरान नदी दरावके मध्यवर्ती रावर दुर्गके पास यह युद्ध हुआ था। पराजित सेनाने भाग कर रावर दुर्गमें आश्रय लिया। डाहिरके पुत्र जयसिंह और विधवा रानी रानीबाईने दुर्गकी रक्षाके लिए जी-जानसे कोशिश करनेकी ठान ली। परन्तु डाहिरके विश्वस्त मन्त्रीने जयसिंहको उस दुर्गको छोड़ कर ब्राह्मणाबाद आश्रय लेनेका परामर्श दिया।

रावरका दुर्ग बेन क़ासिमके कब्जेमें आ गया। दुर्ग- वासी राजपूत-सेनाने जीवनकी आशा छोड़ कर शत्रुओं के बीच भीषण वेगसे प्रवेश किया और युद्ध करते करते प्राण त्याग किया। रानीने कई एक सखाओं सहित अनलमें प्रवेश किया। विजयी मुसलमान-सेनाने दुर्गके अस्त्रधारी पुरुष मात्रको मार डाला और स्त्रियां तथा बालकोंको कैद कर लिया। इसके बाद महम्मद बिन् क़ासिमने ब्राह्मणाबाद जय किया। जयसिंह पहलेसे ही उसका रक्षणभार १६ सेनापतियोंको सुपुर्द करके काश्- मीर चले गये थे।

डाहिरकी दो कन्याओंने माताके साथ देहत्याग नहीं किया था। वे महम्मद बेन् क़ासिमके हाथ क़ैद हुईं। मह- म्मदने इन दोनोंका अलौकिकासाधारण सौन्दर्य देख कर खलीफाको उपहार देनेका विचार किया। दोनों नमीदा- की तात्कालिक राजधानी दामस्कास नगरमें खलीफा

बालिदके सामने लाई गई। उनमेंसे बड़ोने करुण स्वरमें कहा—"धर्मावतार! हम आपके लायक नहीं हैं, महम्मदबेन् कासिमने पहले ही हमारा धर्मनाश कर डाला है।" खलीफा इस बातको सुन कर अत्यन्त क्रुद्ध हुए, उन्होंने सत्यासत्यका विचार बिना किये ही महम्मदबेनकासिमको चामड़ेके थैलेमें भर लानेका आदेश दे दिया। उनका आदेश प्रतिपालित हुआ थो। यथासमय पर बेनकासिमकी मृतदेह खलीफाके सामने लाई गई। राजकुमारीने पितृगत्रुको मृतदेहको देख कर कहा—"इतने दिन बाद हमारी अभीष्टसिद्धि हुई। मैंने मिथ्या कह कर अपने कुलोच्छेदकारी इस दुष्टके प्राणनाश करवाये हैं।" इस तरह डाहिरकी कन्याओंने पितृनिधनकी प्रतिहिंसा साधन की।

डाहुक (हिं० पु०) टिटिहरीके आकारका एक पक्षी। यह सदा जलाशयोंके निकट पाया जाता है।

डिंगल (हिं० वि०) १ दूषित, घृणित नीच, अधम, पामर। (स्त्री०) २ राजपुतानेकी एक भाषा। इसमें भाट और चारण काव्य तथा वंशावली आदि लिखते हैं।

डिंगमा (हिं० पु०) लुसिया पर्वत तथा चटगांव और बरमाकी पहाड़ियों पर होनेवाला एक प्रकारका पेड़। इससे एक प्रकारका सफेद गोंद या राल निकलती है। तारपीनका तेल भी इससे निकलता है।

डिंड्स (हिं० पु०) एक प्रकारकी तरकारी।

डिंड्सी (हिं० स्त्री०) टिंडया टिंडसी नामकी तरकारी।

डिंडिभी (हिं० स्त्री०) डिण्डिम देखो।

डिंभिया (हिं० वि०) १ पाखण्डी, जो आडम्बर रचता हो। २ अभिमानी, घमंडी।

डिकामाली (हिं० स्त्री०) मध्यभारत तथा दक्षिणमें होनेवाला एक पेड़। इसमेंसे एक प्रकारका गोंद निकलता है। गोंद हींगके तरह मृगी रोगमें दिया जाता है। इससे घाव जल्दी सूखता है और मक्खियां बैठने नहीं पातीं।

डिको (हिं० स्त्री०) १ सींगोंका धक्का। २ आक्रमण धावा, झपट।

डिक्टेशन (अं० पु०) वह वाक्य जो लिखनेके लिए बोला जाय, इमला।

डिक्री (अं० स्त्री०) १ आज्ञा, हुक्म। २ जीतकी आज्ञा।

डिक्शनरी (अं० स्त्री०) शब्दकोष।

डिगना (हिं० क्रि०) १ प्रतिज्ञा छोड़ना, अपनी बात पर कायम न रहना। २ स्थान परित्याग करना, जगह छोड़ना, हिलना, टलना।

डिगरी (अं० स्त्री०) १ विश्वविद्यालयकी परीक्षामें उत्तीर्ण होनेकी उपाधि। २ समकोणका ⅑० भाग, अंश, कला। ३ न्यायालयका वह फैसला जिसके द्वारा लड़नेवाले पक्षोंमेंसे किसीको कोई हक मिलता है।

डिगरीदार (अं० पु०) वह मनुष्य जिसके पक्षमें अदालतकी डिगरी हुई हो।

डिगवा (हिं० पु०) एक पक्षीका नाम।

डिगाना (हिं० क्रि०) १ जगहसे हटाना, खसकाना, सरकाना। २ विचलित करना, बात पर कायम न रहना।

डिग्गी (हिं० स्त्री०) १ तालाब, पोखरा। २ हिम्मत, साहस।

डिङ्गर (सं० पु०) डङ्गर पृषो० साधुः। १ डङ्गर, मोटा आदमी, मोटासा। २ धूर्त, बदमाश, ठग। ३ फेंकना। ४ वन, जंगल। ५ सेवक, दास, गुलाम।

डिङ्गि—बम्बई प्रदेशके अन्तर्गत सिन्धुप्रदेशमें खैरपुर राज्यका एक दुर्ग। यह अक्षा० २६° ५२´ उ० और देशा० ६८° ४०´ पू०में अवस्थित है। यहां जल बहुत मिलता है।

डिटेक्टिव (अं० पु०) गुप्तचर, भेदिया, जासूस।

डिठार (हिं० वि०) आंखवाला, जिसे सुझाई दे।

डिठौहरी (हिं० स्त्री०) एक जङ्गली पेड़के फलका बीज। इसको तागेमें पिरोकर छोटे छोटे लड़कोंको पहनाते हैं। कहा जाता है कि इससे उन्हें दूसरेकी दृष्टि नहीं लगती है।

डिठौना (हिं० पु०) काजलका टीका। स्त्रियां लड़कोंके मस्तक पर नजरसे बचानेके लिये यह लगा देती हैं।

डिडका (सं० स्त्री०) यौवनकालजात रोगभेद, मुहांसा।

"यौवने डिटकास्तेव विशेषाच्छर्दनं हितं।" (सुश्रु०)

इस रोगमें वमन विशेष उपकारी है। धन्या, वच, लोध और कुट अथवा रोल, वच, सैन्धव और सर्षप एकत्र करके प्रलेप देनेसे यह रोग आरोग्य होता है।

डिहुई (हिं॰ पु॰) अगहनमें होनेवाला एक प्रकारका धान।

डिहुया (हिं॰ पु॰) एक प्रकारका धान जो अगहनमें तैयार होता है।

डिडिमा (सं॰ पु॰) प्रत्युद ये णोका पक्षी। प्रयुद देखो।

डिण्डिम (सं॰ पु॰) डिण्डोति शब्द मानि मान्क। वाद्य-भेद, प्राचीन कालका एक बाजा, डिमडिमी, डुगडुगिया। २ कग्णपाकफल, करौंदा।

डिण्डिमेश्वरतीर्थ (सं॰ पु॰) शिवपुराणोक्त तीर्थ विशेष।

डिण्डिर (सं॰ पु॰) डिण्डिर पृषो॰ साधुः। १ समुद्र फेन। २ पानीका भाग।

डिण्डिरमोदक (सं॰ क्ली॰) डिण्डिर इव मोदकः मोदि-शुन्। १ गृञ्जन, गाजर। २ लहसुन।

डिण्डिश (सं॰ पु॰) डिण्डिक पृषोदरा॰ साधुः। डिण्डिश वृक्ष, टिंड या टिंडसो नामको तरकारी। इसका गुण—रुचिकारक, भेदक और पित्तश्लेष्मनाशक, शीतल वातल, रुक्ष, मूत्रल और अश्मरीनाशक है। (भावप्रकाश)

डितिका (सं॰ स्त्री॰) बालरोग।

डित्थ (सं॰ पु॰) १ काष्ठमय हस्ती, काठका बना हाथी।

"डित्थ काष्ठमयो हस्ती डवित्थस्तन्मयो मृगः।" (मुग्धबोध॰)

२ एकव्यक्तिमात्र बोधक संज्ञाशब्दविशेष। ३ विशेष लक्षणयुक्त पुरुष।

"श्यामरूपो युवा विद्वान् सुन्दरः प्रियदर्शनः।
सर्वशास्त्रार्थवेत्ता च डित्थ इत्यभिधीयते॥"

(कलापव्या॰ टीका)

श्यामवर्ण, युवा, विद्वान्, सुन्दर, प्रियदर्शन और सर्व-शास्त्रवेत्ता विद्वान् पुरुषको डित्थ कहते हैं।

डिपटी (अं॰ पु॰) सहकारी, सहायक, नायब।

डिपाजिट (अं॰ पु॰)धरोहर, अमानत, तहवील।

डिपार्टमेण्ट (अं॰ पु॰) विभाग, मुहकमा, महिकमा।

डिपो (अं॰ स्त्री॰) भाण्डार, गुदाम, जखीरा।

डिप्लोमा (अं॰ पु॰) विद्यासम्बन्धिनी योग्यताका प्रमाण पत्र सनद।

डिब्रूगढ़—१ आसाममें लखीमपुर जिलेका एक उपविभाग। यह अक्षा॰ २७° ७´ से २७° ४५´ उ॰ और देशा॰ ८४° १०´ से ८६° ५´ पू॰में अवस्थित है। भूपरिमाण १२५४ वर्गमील है। यह उपविभाग ब्रह्मपुत्र नदीके दोनों किनारे बसा हुआ है और इसके तीन ओर पहाड़ हैं। लोकसंख्या लगभग २८९५-७२ है। इसमें १ शहर और ८८० ग्राम लगते हैं।

२ उक्त उपविभागका एक शहर। यह अक्षा॰ २७° २८´ उ॰ और देशा॰ ८४° ५५´ पू॰ डिब्रू नदीके बायें किनारे अवस्थित है। इसके चारों ओर पहाड़ हैं जिनका दृश्य देखने योग्य है। यहां उतना काफी असबाब नहीं उपजता है कि लोग अच्छी तरह गुजर कर सकें। शहरमें एक कारागार, गिर्जा, अस्पताल, मेडिकल स्कूल और एक हाई स्कूल है। १८७८ ई॰में यहां म्युनिसपालिटी भी स्थापित हो गई है।

डिबिया (हिं॰ स्त्री॰) छोटा संपुट, छोटा डिब्बा।

डिबिया टंगड़ी (हिं॰ स्त्री॰) कुश्तीका एक पेंच। यह पेंच उस समय किया जाता है जब विपक्षी कमर पर होता है और उसका दहना हाथ कमरमें लिपटा होता है। इसमें विपक्षीको दाहिने हाथसे जोड़का बायां हाथ कमरके पाससे टखने तक खींचते हुए और बायें हाथसे लंगोट पकड़ते हुए बायें पैरसे भीतरी टांग मार कर गिराते हैं।

डिबेंचर (अं॰ पु॰) १ ऋणपत्रोंकारपत्र। २ मालको ढलनेके महसूलका रसीदा, बहतो।

डिब्बा (हिं॰ पु॰) १ छोटा संपुट, डिबिया। २ रेलगाड़ी-का एक कमरा। ३ पसलीके दर्दकी बीमारी। यह बीमारी प्रायः छोटे छोटे बच्चोंको हुआ करती है।

डिम (सं॰ पु॰) डिमन्क। दृश्यकाव्य रूप नाटकका एक भेद। इसमें माया, इन्द्रजाल, लड़ाई और क्रोध आदिका समावेश विशेष रूपसे होता है। यह रौद्ररस-प्रधान होता है और इसमें चार अंक होते हैं। इसके नायक देवता, गन्धर्व, यक्ष, रक्ष या महोरग होते हैं। इसमें भूतों तथा पिशाचोंको लीला दिखाई जाती है। शान्त, हास्य और शृङ्गार ये तीनोंरस इसमें वर्जनीय हैं। अन्य तीनों रस प्रदीप्त होना आवश्यक है। (साहि॰द॰) नाटक देखो।

डिमडिमी (हिं॰ स्त्री॰) लकड़ीसे बजाए जानेका एक प्रकारका बाजा, डुग्गी।

डिमरेज (अं॰ पु॰) १ वह हर्जा जो बन्दरगाहमें जहाजके ज्यादा ठहरनेसे लगता है। २ वह हर्जा जो स्टेशन पर आए हुए मालके अधिक दिन पड़े रहनेके कारण पाने-वालेको देना पड़ता है।

डिमाई (अं॰ स्त्री॰) कागजकी एक माप जो १८×२२ इंच होती है।

डिम्ब (सं॰ पु॰) डिव-घञ्। १ भय, डर। २ कलल, गर्भा-शयमें रज और वीर्यको एक अवस्था। इसमें एक पतली झिल्लीसी बन जाती है और यह कललके बाद होती है। ३ फुपफुस, फेफड़ा। ४ डमर, भयसे पलायन, भगड़े। ५ भयध्वनि, हलचल। ६ अण्ड, अंडा। ७ प्लीहा, पिलही। ८ विप्लव, उपद्रव। ९ कोड़ेका छोटा बच्चा।

डिम्बक (सं॰ पु॰) डिम्भक देखो।

डिम्बज (सं॰ पु॰) डिम्बात् जायते डिम्ब-जन-ड। अण्डज, वह जिसकी उत्पत्ति अंडेसे हो।

डिम्बाहव (सं॰ क्ली॰) डिम्बं भयध्वनियुक्तं आहवं, कर्मधा॰। सामान्य युद्ध, ऐसी लड़ाई जिसमें राजा आदि सम्मिलित न हों।

'*डिम्बाहवहतानाम विद्युता पार्थिवेन च।*' (मनु ५।९५)

इस डिम्बाहवमें मरनेसे केवल एक दिनका अशौच होता है।

डिम्बिका (सं॰ स्त्री॰) डिम्ब-ण्वुल्-टाप्। १ कामुकी, मद-माती स्त्री। २ जलविम्ब, जलकी परछाईं। ३ शोणाक वृक्ष, सोनापाठा।

डिभ (सं॰ पु॰) डिभ-अच्। १ शिशु, बच्चा। २ मूर्ख।

डिम्भक (सं॰ पु॰) डिभ स्वार्थे कन्। १ बालक। २ शाल्वदेशाधिपति ब्रह्मदत्तका पुत्र। हरिवंशमें इस प्रकार लिखा है—

शाल्वनगरमें ब्रह्मदत्त नामके एक परम दयालु नरपति थे। उनकी परम रूपवती और असामान्यगुणशालिनी दो भार्याएं थीं। ब्रह्मदत्तने पुत्रके लिए महिषीद्वयके साथ एकाग्रचित्तसे दश वर्ष तक महादेवकी आराधना की।

महादेवने इनकी आराधनासे प्रसन्न हो कर एक दिन रातको स्वप्नमें दर्शन दिये और कहा—"राजन्! तुम्हारी आराधनासे मुझे अत्यन्त प्रीति हुई है, अब तुम वर मांगो। राजाने उत्तर दिया—"भगवन्! दो रानियों-के गर्भसे दो पुत्र उत्पन्न हों—यही मेरी प्रार्थना है।" भगवान् 'तथास्तु' कह कर अन्तर्हित हो गये और नर-पतिकी निद्राभङ्ग हो गई।

कालक्रमसे रानियोंके गर्भसे शङ्करके प्रसादसे दो महा-वीर्य पुत्र उत्पन्न हुए। नृपतिने बड़ेका नाम रक्खा हंस और कनिष्ठका डिम्भक।

क्रमशः हंस और डिम्भकको तपश्चरणकी अभिलाषा हुई। दोनों जिनके अंशसे उत्पन्न हुए थे, उन्हीं शङ्कर-की आराधनाके लिए हिमालयपर्वत पर जा कर तपस्या करने लगे। इनका मुख्य उद्देश्य था—वीर्य और अस्त्र-बलमें वे सर्वप्रधान हों।

महादेव इनकी तपस्यासे सन्तुष्ट हो कर वहां उप-स्थित हुए और उन्होंने वर मांगनेको कहा। दोनोंने कहा-"भगवन्! यदि आप सन्तुष्ट हुए हों, तो हमें यह वर दीजिये कि, देवता, असुर, राक्षस, गन्धर्व और दानवोंमेंसे कोई भी हमें पराजित न कर सके। दूसरी प्रार्थना यह है कि, रुद्रास्त्रसमुदय हम संग्रहीत कर सकें। अन्यान्य जितने अस्त्र और कवच आदि हैं, उन पर हमारा अधि-कार हो और हम लोग जब युद्धयात्रा करें, तब दो महा-भूत हमारी सहायता करें।" महादेवने तथास्तु कह कर अङ्गीकार कर लिया तथा भूतप्रधान कुण्डोदर और विरूपाक्षको बुला कर कहा—'वत्स विरूपाक्ष और कुण्डोदर! तुम भूतोंमें श्रेष्ठ हो। जब ये दोनों वीर युद्धयात्रा करेंगे, तब तुम दोनों इनकी सहायता करना।' इस तरहसे ये महादेवका प्रसाद पा कर देव दानव आदिके अजेय हो गये।

एक दिन हंस और डिम्भक घोड़े पर सवार हो कर शिकार खेलने निकले। बहुतसे मृग, व्याघ्र और सिंहोंका संहार कर वे श्रान्त हो गये। पिपासा दूर करनेके लिये वे एक सरोवरके किनारे पहुंचे, वहां पर उन्होंने सरोवरमें स्नान कर पद्मके मृणाल और पद्म भोजन करके श्रान्ति दूर की। उस सरोवरके किनारे ब्राह्मणगण मध्याह्नकालोचित वेदगान कर रहे थे। इन्होंने उन ब्राह्मणोंसे कहा—"आप लोग इस यज्ञको समाप्त करके हमारे आलयको चलिये, हमारे पिता राज-सूययज्ञमें प्रवृत्त हुए हैं, हम दिग्विजयके लिये निकले हैं,

त्रिभुवनमें इन लोगोंको पराजित कर सके ऐसा वीर कोई भी नहीं है, हमने महादेवसे समस्त अस्त्र ले लिये हैं, आप लोग निश्चय समझिये कि, कोई भी शत्रु हम दोनोंको पराजित न कर सकेगा।"

मुनियोंने उत्तर दिया—"राजन्! यदि ऐसा ही है, तो हम अवश्य ही शिष्य सहित आपके आलयको चलेंगे, किन्तु अभी हम इसी स्थानमें रहेंगे।" इसके बाद दोनों वीर सरोवरके उत्तर तीर पर गये, वहां शिष्योंके साथ भगवान् दुर्वासा वास करते थे। उनको ध्यानस्थ देख कर वीरद्वय विचारने लगे—'यह कषाय वस्त्रधारी सर्वश्रेष्ठ महाभूत कौन है? गृहस्थाश्रम छोड़ कर यह कौनसा आश्रम ग्रहण किया है। गृहस्थाश्रम ही तो धार्मिक और धर्मज्ञोंमें श्रेष्ठ है, गृहस्थ ही सर्वश्रेष्ठ है, गृहस्थ ही सब जीवोंका जीवन और माता है। जो मूढ़ ऐसे गृहस्थाश्रमको छोड़ कर अन्य आश्रम ग्रहण करता है वह तो उन्मत्त, विक्षतरूप और महामूर्ख है। हमारी समझसे यह भण्ड तपस्वी सिर्फ ध्यानके छलसे लोगोंको धोखा देता होगा। ये जिस तरहके घोर मूढ़-विज्ञानसे आच्छन्न हैं, उससे मालूम होता है इन पर बलप्रयोग करना पड़ेगा। कौनसा मूर्ख इन दुर्मतियोंका उपदेष्टा है, यह भी नहीं मालूम पड़ता।' इस तरहकी चिन्ता करते हुए दोनों सहसा उस अतीन्द्रिय दुर्वासाके सामने उपस्थित हो कर क्रोधभावसे कहने लगे—"ब्राह्मण! हम देख रहे हैं, तुम्हें बिलकुल हिताहितका ज्ञान नहीं है, तुम यह क्या कार्य कर रहे हो? तुमने जिसका आश्रय लिया है, वह कौनसा आश्रम है? तुमने गृहस्थाश्रमको छोड़ कर यह कौनसा आश्रम ग्रहण किया है? स्पष्ट ही मालूम पड़ता है कि, घोरतर दम्भ ही इसका मूल कारण है। हमें मालूम होता है कि, इन सबका नाश करोगे, सबको नरकमें डालोगे! तुम स्वयं नष्ट हुए हो, औरोंको भी नष्ट करनेमें प्रवृत्त हो। क्या कोई तुम पर शासन करनेवाला नहीं है? हम कहते हैं, सावधान होओ। यह सब छोड़ कर शीघ्र ही गृही बनो, अश्वमेधका अनुष्ठान करो जिससे स्वर्ग प्राप्त कर सको, स्वर्ग ही मनुष्योंके लिये परम सुखास्पद है।"

दुर्वासाने इन वाक्योंको सुन उन पर ऐसी दृष्टि निक्षेप की कि, मानो दोनोंके प्राण तक जला दिये। मानो त्रिलोक भस्म हो गये। उन्होंने रोषारुणनेत्रोंसे नृपतिद्वयको कहा—"तुम्हारा शीघ्र ही निपात हो, निपात हो, तुम यहांसे शीघ्र ही दूर हो जाओ, विलम्ब मत करो। हम समस्त नृपतियोंको दग्ध कर सकते हैं, किन्तु हम यतिधर्मावलम्बी हैं, हम किसीका अनिष्ट नहीं करेंगे, भूतनाथ भगवान् ही तुम लोगोंको इसका फल चखावेंगे।" इतना कह कर वे यहांसे प्रस्थान करनेको उद्यत हुए। यह देख कर दोनों वीरोंने उनका हाथ पकड़ लिया और क्रूरबुद्धिसे उनकी कौपीन छिन्न कर डाली। यह देख कर अन्य यति सब भागने लगे। अनन्तर हंस और डिम्भकने कालप्रेरित हो कर महाक्रोधसे महर्षिके शिष्य, कमण्डलु, दारुमय द्विदल, दण्ड और पात्रसमूहको छिन्न भिन्न कर दिया। इसके बाद दुर्वासा अत्यन्त अपमानित हो कर श्रीकृष्णके पास पहुंचे और उनसे अपना सब हाल कह सुनाया। श्रीकृष्णने सब वृत्तान्त सुन कर कहा—"शीघ्र ही हम इसका प्रतिविधान करेंगे।"

इसके बाद हंस और डिम्भकने राजसूययज्ञके लिए श्रीकृष्णके पास दूत भेजा। श्रीकृष्णने इनके अत्यन्त औद्धत्यको देख कर शीघ्र ही युद्धार्थ इनका आह्वान किया।

मार्गमें दोनों दलोंमें घोर युद्ध हुआ। श्रीकृष्ण हंसके साथ और सात्यकि डिम्भकके साथ घोरतर युद्ध करने लगे। श्रीकृष्ण हंसको बहुत दूर ले गये। हंस रथसे उतर पड़े और कालीयह्रदमें जा कर श्रीकृष्णके साथ घोरतर युद्ध करने लगे। इधर डिम्भक, हंस श्रीकृष्ण द्वारा मारा गया, यह सुन कर युद्ध छोड़ दिया और यमुनामें प्रवेशपूर्वक अपनी जिह्वा उत्पाटन करके आत्मघात किया। इस आत्महत्याके पापसे डिम्भक घोर नरकमें गये थे। (हरिवंश २१५।११०)

डिम्भचक्र (सं० क्ली०) डिम्भ इव चक्रं। मनुष्योंके शुभाशुभ निर्णय करनेका चक्र।

डिम्भज (सं० त्रि०) जिसकी उत्पत्ति अण्डेसे हो।

डिम्भा (सं० स्त्री०) डिम्भ-टाप्। अति शिशु, नौदन्त बच्चा।

डिल (हिं० पु०) १ गीली भूमिमें उगनेवाली एक प्रकारकी घास, मोथा। २ उसका गच्छा।

डिलिवरी (अं० स्त्री०) डाकखानोंमें आई हुई चिट्ठियों, पारसलों, मनीआर्डरोंका वितरण।

डिल्ल (सं० पु०) १ छन्दविशेष, एक प्रकारका वर्णवृत्त। इसके प्रत्येक चरणमें १६ मात्राएं और अन्तमें भगण होता है। २ एक वर्णवृत्तका नाम। इसके प्रत्येक चरणमें दो सगण होते हैं।

डिल्ला (हिं० पु०) ककुद्म, बैलोंके कंधे पर उठा हुआ कूबड़ा।

डिसमिस (अं० पु०) १ च्युत, बरखास्त। २ खारिज।

डिस्ट्रिब्युट करना (अं० क्रि०) छापेखानेमें कम्पोज किये हुए टाइपोंको केसोंमें अपने स्थान पर रख देना।

डिहरी (हिं० स्त्री०) १ ६००० गांठोंका एक मान। इसके अनुसार कालीनोंका दाम लगाया जाता है। २ अनाज रखनेका कच्ची मट्टीका एक बड़ा बरतन।

डींग (हिं० स्त्री०) अभिमानकी बात, लम्बी चौड़ी बात, अपनी बड़ाईकी झूठी बात।

डीक (हिं० स्त्री०) मोतियाबिन्द, जाला।

डीग—मध्यभारतमें राजपूतानेके अन्तर्गत भरतपुर राज्यका एक नगर। यह अक्षा० २७° २८' उ० और देशा० ७७° २०' पू० भरतपुरसे २० मील और मथुरासे २२ मीलकी दूरी पर अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः १५४०८ है। यहां एक दुर्ग है। यह नगर चारों ओर जलाभूमिसे घिरा है। इसलिये वर्षमें अधिकांश समयको शत्रुके लिये दुर्गम रहता है। अङ्गरेजोंके अधिकारमें आनेके पहले इसका दुर्ग अत्यन्त दुर्जेय था। अब भी मथुरासे २४ मील पश्चिममें उसका भग्नावशेष विद्यमान है। उस दुर्गमें भग्नराजप्रासाद आज भी देखा जाता है। इसकी गठन-प्रणाली अत्यन्त दृढ़ और सुन्दर है तथा इसके स्तम्भ प्राचीरादि मनोहर और सूक्ष्म शिल्पकार्ययुक्त चित्रोंसे चित्रित हैं। यह नगर बहुत प्राचीन है। बहुतसे पुराणादिमें इसका उल्लेख है। १७७६ ई०में नजाफखांने यह नगर जाटोंसे जीता था। किन्तु उनकी मृत्युके बाद यह नगर पुनः भरतपुरके राजाके हाथ लगा। १८०४ ई०के १३ नवम्बरको जब अंगरेजी सेनाने होलकरका अनुसरण कर उसे परास्त किया, तब उसकी बहुतसी सेनाने डीगके दुर्गमें आश्रय लिया था। जनरल फ्रेजर (General Fraser) से परिचालित अङ्गरेजी सेनाने डीगको घेर लिया। एक माससे अधिक घेरे जानेके बाद १८०४ ई०के २४ दिसम्बरको यहांका दुर्ग और नगर अङ्गरेजके अधिकारमें आ गया। डीग नगरका राजप्रासाद सौन्दर्य और शिल्पनैपुण्यके लिये विख्यात है। सुदनसिंहने यहांका दुर्ग बनाया था। भरतपुर दुर्ग अधिकृत होने पर डीगका सुदृढ़ नगर-प्राचीर तोड़ डाला गया। भरतपुर देखो।

डीठ (हिं० स्त्री०) १ दृष्टि, नजर। २ देखनेकी शक्ति। ३ ज्ञान, सूझ।

डीठबन्ध (हिं० पु०) १ इन्द्रजाल, नजरबन्दी। २ इन्द्रजाल करनेवाला, जादूगर।

डीनर (सं० त्रि०) डी-क्विप् तत स्मरच्। अनुगामी, जो दूसरोंका जल्दीसे पीछा करता हो।

डीन (सं० क्ली०) डी-भावे क्त। १ पक्षियोंकी गति, उड़ान, ऊपर नीचे आदि इसके २६ भेद किये गये हैं। खगपति देखो। २ आगम शास्त्र।

"डामरे डमरे डीनं श्रुतं काली विलासके।" (शुद्धितत्त्व)

डीनडीनक (सं० क्ली०) डीनेन सह डीनकं। पक्षियोंकी गति।

डीनावडीनक (सं० क्ली०) डीनेन सह अवडीनकं। पक्षियोंकी गति।

डीमडीम (हिं० पु०) १ अहङ्कार, ऐंठ, ठसक। २ आडम्बर, धूमधाम, ठाटबाट।

डील (हिं० पु०) १ शरीरका विस्तार, कद। २ शरीर, देह। ३ व्यक्ति, प्राणी, मनुष्य।

डीला (हिं० पु०) पश्चिमोत्तर भारतमें मिलनेवाला एक प्रकारका नरकट।

डीह (फा० पु०) १ आबादी, गांव, बस्ती। २ भग्नावशेष, उजड़े हुए गांवका टोला, खण्डहर। ३ ग्राम देवता।

डीहदारी (हिं० स्त्री०) जमींदारोंका एक तरहका हक। इसमें वे अपनी जमीन बेच सकते हैं। खरीदार उनको गांवका कोई अंश देता है जिससे उनका निर्वाह हो।

डुक (हिं० पु०) घूंस्सा, मुक्का।

डुकिया (हिं० स्त्री०) डोकिया देखो।

डुकियाना (हिं० क्रि०) घूंसा लगाना, मुक्का जमाना।

डुगडुगाना (हिं० क्रि०) चमड़ेसे मढ़े हुये बाजेको लकड़ीसे बजाना।

डुगडुगी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका बाजा, डौंडी, डुग्गी।

डुग्गी (हिं० स्त्री०) डुगडुगी देखो।

डुड्डरी (सं० स्त्री०) लौकी, कद्दू।

डुड़का (हिं० पु०) एक रोग जो प्रायः धानके पौधेमें हुआ करता है।

डुण्डु (सं० पु०) द्विमुख सर्प, दो मुँहवाला साँप।

डुण्डुभ (सं० पु०) डुण्डुः सन् भाति-भा-क। सर्पविशेष, पानीमें रहनेवाला साँप। इसमें बहुत कम विष होता है, ढोंड़हा साँप, ढोंड़ा साँप। इसका संस्कृत पर्याय-राजिल, दुण्डुभ, नागभृत् और डुण्डु है।

डुण्डुल (सं० पु०) डुण्डु इति शब्दं भाति भा-क। क्षुद्र-पेचक, छोटा उल्लू। पर्याय—क्षुद्रोलूक, शाकुनेय, पिङ्गल, वृक्षाश्रयी, हूहूरावी, विशालाक्ष और भयङ्कर।

डुन्दुक (हिं० पु०) १ हरिणभेद, एक प्रकारका हरिण। २ पक्षिभेद, पानीमें रहनेवाला एक पक्षी।

डुप्ले—इनका असली नाम था फ्रान्सिस जोसेफ डुप्ले। भारतवर्षीय फरासीसी-अधिकारमें प्रसिद्ध शासनकर्ता और सेनापति। ये फरासी ईष्टइण्डियन कम्पनीके अन्यतम डिरेक्टरके पुत्र थे।

थोड़ी ही उम्रमें डुप्लेने भारतीय फरासीसी अधिकारके प्रधान शहर पुंदिचेरीकी मन्त्रिसभाके प्रधान सदस्यका पद प्राप्त कर लिया। दश वर्ष इस पदपर कार्य करनेके उपरान्त १७३० ई०में ये चन्दननगरकी कोठीके अध्यक्ष नियुक्त हुए। इस कामको अत्यन्त दक्षताके साथ करनेसे शीघ्र ही ये कम्पनीके अध्यक्षोंके विश्वासभाजन हो गये। १७४२ ई०में ये शासनकर्ता नियुक्त हो कर पुंदिचेरी भेजे गये। डुप्ले अब तक फरासीसी ईष्ट-इण्डिया कम्पनीकी वाणिज्यवृद्धिके लिए यथासाध्य चेष्टा करते आ रहे थे और इसमें इन्होंने काफी सफलता भी पाई थी। किन्तु इस पदको पा कर उनका मन दूसरी तरफ चला गया। ये स्वभावतः अतिशय उच्चाकांक्षी और अहङ्कारी, किन्तु असाधारण प्रतिभाशाली थे। पुंदिचेरीके शासनकर्ता हो कर ये भारतभूमिमें फरासीसी अधिकार और फरासीसीके प्रभाव बद्धमूल करनेके लिए कल्पना करने लगे। उस समय इस देशमें कई जगह वृटिश और ओलन्दाजोंकी भी कोठी बन गई थी तथा वाणिज्य व्यापारमें भी ये लोग खूब बढ़े चढ़े थे। डुप्लेने विचारा कि, वाणिज्यके विषयमें इनके साथ प्रतियोगिता करके ये कभी भी अपने उद्देश्यको कार्यमें परिणत न कर सकेंगे। इसलिए ये उपायान्तर अनुसन्धान करने लगे। उन्होंने अपने असाधारण बुद्धिबल और नैपुण्यगुणके सहारे शीघ्र ही देशीय लोगोंकी रीति नीति जान ली और देशीय राज्योंकी राजनीतिके अन्तस्तलमें प्रवेश कर मनस्कामना सिद्ध करनेके लिए उपाय निकाल लिया।

इस समय मुगलसाम्राज्यका ध्वंस अवश्यम्भावी हो गया था। इनके अधीनस्थ सूबेदारगण अपने अपने अधिकृत प्रदेशोंका स्वाधीन भावसे शासन करते थे और नवाबगण भी सूबेदारोंके दृष्टान्तका अनुकरण करते थे। वास्तवमें उस समय मुगल-साम्राज्यमें सर्वत्र विशृङ्खला फैल गई थी। दुर्बल शासनकर्त्ता किसी बलवान् सूबेदारके आश्रयमें और सहायतासे अपनी स्वाधीनता प्रचारित करते थे। फरासीसी गवर्नर डुप्ले भी इस समय अपनी चिर-पोषित आशा फलवती करनेके लिए सचेष्ट हुए। सौभाग्यवश उनकी सहधर्मिणीने इस विषयमें उनको यथेष्ट सहायता पहुँचाई। स्त्रीकी सहायतासे डुप्लेने अपनी मनोरथ पूर्ण करनेका सहज और उत्तम सुयोग निकाला। उनकी स्त्रीने भारतवर्षमें ही जन्म लिया था एवं भारतमें ही प्रतिपालित और शिक्षित हुई थीं। बहुतसी भारतीय भाषा भी ये जानती थीं, इसलिए उन्होंने अपने स्वामी और अधिवासियोंका मनोभाव प्रकाशन और परामर्शका पथ सुगम कर दिया था। इस तरहसे अपनी सहधर्मिणीकी सहायतासे डुप्ले फरासीसी राज्य और क्षमता वृद्धि करनेके उपायोंको गुप्त भावसे परिपुष्ट करने लगे।

१७४४ ई०में यूरोपमें फरासीसी और अंग्रेजोंमें समरानल प्रज्वलित हुआ, साथ ही इस देशमें भी दोनों कम्पनियोंमें मुठभेड़ हो गई। लाबोर्डोनेने फरासीसी रणपोतके अध्यक्ष हो कर भारतमें आये। ये भी फरासीसी

समतावृद्धिके एकान्त पक्षपाती थे; उन्होंने सोचा था कि, डुप्लेके साथ कार्यक्षेत्रमें अवतीर्ण हो कर उद्देश्यको कार्यमें परिणत करेंगे। किन्तु पूंदिचेरी पहुंच कर वे निराश हो गये। पूंदिचेरी पहुंचने पर गवर्नर डुप्लेने उनकी अन्तःकरणसे अभ्यर्थना नहीं की। लाबोर्डोनेके प्रति उनको ईर्षा हुई है, इस बातके लक्षण पहलेसे ही दिखाई देने लगे। डुप्ले आशङ्का करने लगे कि, यदि उन पर कभी विपत्ति पड़ेगी, तो लाबोर्डोने उनका स्थान अधिकार कर लेंगे। उन्होंने देखा कि, युद्ध आदि उनकी अधिकारसीमामें सङ्घटित नहीं होंगे; पत्रान्तरमें लाबोर्डोनेको अनुकूल परामर्श और सैन्य तथा अपने प्रयत्नों द्वारा सहायता करनेके लिए कर्तृपक्षने उनको आदेश दिया है। लाबोर्डोनेकी क्षमताने ये अत्यन्त ईर्षापरतन्त्र हो उठे और क्रमशः उनके साथ शत्रुताचरण करने लगे। इस शत्रुभावने ही लाबोर्डोने और डुप्लेका सर्वनाश किया तथा प्रतिकूल कार्योंके कारण भारतसे फरासीसी क्षमता विलुप्त हुई।

कुछ भी हो, लाबोर्डोनेने पूर्वसिद्धान्तानुसार १८ सेप्टेम्बरको मद्राजके दुर्ग पर चढ़ाई कर दी और २५ तारीखको दुर्ग अधिकार कर लिया। ४४ लाख रुपये देने पर ६ मास बाद फरासीसी सेना मद्राज परित्याग करेगी, इस नियम पर मद्राज दुर्गवासी अंग्रेजोंने लाबोर्डोनेके पास आत्मसमर्पण किया। किन्तु डुप्लेने इस सन्धि पर विशेष आपत्ति की। उनका कहना था कि, "मद्राज हमारे शासित प्रदेशके अन्तर्भुक्त है, इसलिए एकमात्र हम ही उस विषयकी मीमांसा कर सकते हैं।" इसी समय आर्काटके नवाबने डुप्लेके पास एक इस आशयका पत्र भेजा कि—"हमारे राज्यमें रह कर हमारी बिना अनुमतिके फरासीसियोंको मद्राज पर आक्रमण करनेका कोई भी हक नहीं था।" डुप्लेने नवाबको उत्तर दिया कि, "उक्त नगर हमारे हस्तगत होने पर हम आपको लौटा देंगे।" इसके बाद डुप्लेने लाबोर्डोनेको लिखा कि, "आप मद्राजके दुर्गमें स्थित व्यक्तियोंके साथ सन्धिके किसी नियम पर अपना मत न देवें; क्योंकि उक्त विषय पूंदिचेरीके शासनकर्त्ताओंका ही विचार्य है। किन्तु इस पत्रके पहुंचनेके पहले ही दुर्ग लौटा देनेकी बात पक्की हो गई थी। लाबोर्डोनेको आत्ममर्यादाका ज्ञान यथेष्ट था, जिस नियमको उन्होंने स्वीकार किया था, उसको तोड़ना उन्होंने हीन अनौचित कार्य समझा। डुप्लेको नगर समर्पणके नियम स्थिर करनेकी क्षमता है, इस बातको वे मान न सके, पत्रान्तरमें उन्होंने डुप्लेको लिख भेजा कि, यह उनकी नितान्त दाम्भिकता और परस्परके कार्यकी प्रतिकूलताके सिवा और कुछ नहीं है। इससे डुप्ले क्रोधान्ध हो गये और लाबोर्डोनेको कारागत कर अपना प्रभुत्व प्रकट करनेकी चेष्टा करने लगे। पूंदिचेरी नगरमें उन्होंने एक षड़यन्त्र रचा; पूंदिचेरीके फरासीसी अधिवासियों द्वारा एक इस आशयका आवेदनपत्र लिखवाया कि, 'अर्थ ले कर मद्राज नगर छोड़ देनेसे फरासीसियोंकी हानि होनेकी सम्भावना है।' लाबोर्डोनेने भी अपना यह दृढ़सङ्कल्प डुप्लेको जतलाया कि, हमारी सम्मतिके अनुसार प्रत्येक कार्य न होनेसे हम मद्राज नहीं छोड़ेंगे। इधर डुप्ले अपने उद्देश्यको कार्यमें परिणत करनेके लिये जब तक भलीभांति प्रस्तुत न हो सकें, तब तक मद्राज जिससे अंग्रेजोंके हाथ न सौंपा जाय, उसके लिए विविध उपायोंका अवलम्बन करने लगे। इस समय फ्रान्ससे और भी कई एक जङ्गी जहाज आ पहुंचे। डुप्ले और लाबोर्डोनेने यदि मिल कर कार्य करते, तो वे अब तक अंग्रेजोंके समस्त स्थान अधिकृत कर सकते थे। अंग्रेजोंके सौभाग्यवश ही उस समय ये आपसी झगड़ेमें फंस गये।

कुछ दिन बाद डुप्ले लाबोर्डोनेके प्रस्तावानुसार कार्य करनेके लिए तैयार हुए। लाबोर्डोनेने डुप्लेकी बात पर विश्वास करके मद्राज परित्याग किया।

उधर आर्काटके नवाब अनवारउद्दीनने अब तक मद्राज अपने हाथमें न आते देख, १०,००० सेनाके साथ अपने पुत्र महफूजखांको बलपूर्वक उक्त नगर अधिकार करनेके लिए भेजा। डुप्लेने कूटनीतिका अवलम्बन कर उनसे सन्धिका प्रस्ताव किया। सन्धिके प्रस्तावको ले कर डुप्लेके जो दो दूत गये थे, उनको महफूजखांने कैद कर लिया। डुप्ले इस पर अत्यन्त असन्तुष्ट और क्रुद्ध हुए। रणवाद्य बज उठा। फरासीसियोंकी बन्दूकोंसे

बहुतसी मुगलसेनाने प्राण खो दिये, अवशिष्ट सेना भी हतमान: भाग गई। महाफजने अपनी सेनाको एकत्र करके सेलापुर नामक स्थानमें शिविर स्थापित करनेका हुक्म दिया। इस स्थान पर वे सम्मुख और पश्चात् दोनों तरफसे फरासीसी सेना द्वारा आक्रान्त और पराजित हो कर भाग गये।

डुप्ले अब एक घृणित कार्यमें प्रवृत्त हुए। उन्होंने मद्राजके विषयमें लाबोर्डोनेके साथ जो हुई किसी भी प्रतिज्ञाका पालन नहीं किया। १७४६ ई०के ३० अक्टोबरको उन्होंने अङ्गरेजोंको सूचित किया कि उनकी समस्त सम्पत्ति फरासीसी-गवर्मेण्टके खजानेमें शामिल कर ली गई और वे या तो युद्धके कैदियोंकी तरह रक्खे जायेंगे या पुंदिचेरीको भेज दिये जायेंगे। इसके बाद किसी किसीने भाग कर सेण्टडेभिड दुर्गमें आश्रय लिया; तथा अवशिष्ट लोगोंको पकड़ कर पुंदिचेरी भेज दिया गया। साथ ही मद्राजके अङ्गरेज शासनकर्त्ता कैद किये गये।

अब डुप्ले। अंग्रेजोंको उपकूल-प्रदेशसे सम्पूर्ण रूपसे दूरीभूत करनेके अभिप्रायसे सेण्टडेभिड-दुर्गको हस्तगत करनेकी चेष्टा करने लगे। डुप्लेने मद्राज अधिकार कर वहां पराडिस नामक एक सुइजारलैण्डवासीको शासनकर्त्ता नियुक्त किया। डुप्लेके आदेशानुसार डेभिड दुर्ग पर आक्रमण करनेके लिये ३०० यूरोपीय सेनाके साथ पराडिस पुंदिचेरीकी तरफ जा रहे थे, मार्गमें महाफजखांने ३००० अश्वारोही और २००० पदातिक सेना ले कर उन पर आक्रमण किया। डुप्लेने खबर पाते ही वहां एक दल सेना भेज दी। यह फौज पराडिसको निरापद पुंदिचेरी ले आई। दिसम्बर मासमें बेरीके अधीन सेण्टडेभिड-दुर्ग अधिकार करनेके लिये कुछ सेना अग्रसर हुई। ८ दिसम्बरको यह फौज दुर्गके निकटवर्ती किसी स्थानको अधिकार कर वहां विश्राम कर रही थी कि, इतनेमें महाफजखां और महम्मद अलीने सहसा आ कर उन पर आक्रमण किया जिससे फरासीसी फौज डर कर भाग गई। इस सामरिक मर्यादा खर्व होनेसे आकस्मिक आक्रमणसे दुर्ग अधिकार करनेके लिए डुप्लेने गुप्त रीतिसे ५०० सेना भेज दी। किन्तु इस बार भी डुप्लेकी आशा फलवती न हुई। डुप्ले इससे जरा भी भीत या हताश न हुए। उन्होंने फिर विविध उपाय अवलम्बन किये। उनके आदेशसे फरासीसी सेना मद्राजके निकटवर्ती नवाब-शासित प्रदेशोंको लूटने लगी। उन्होंने यह अच्छी तरह समझ लिया था—कि अङ्गरेजोंकी मित्रतासे विशेष कुछ लाभ नहीं—यह मालूम होते ही नवाब अङ्गरेजोंसे फिर कुछ सम्बन्ध न रखेंगे। बहुत थोड़े समयमें ही नवाबके साथ फरासीसियोंकी सन्धि हो गई। सेण्टडेभिड दुर्गसे पुनरागत नवाब-सेनाके साथ महाफजखां पुंदिचेरीको भेजे गये। डुप्लेने नवाब-पुत्रकी अति समारोहसे अभ्यर्थना की। डुप्ले फिर डेभिड दुर्ग अधिकार करनेकी कल्पना करने लगे। १७४७ ई०की १८वीं फरवरीको नवाबकी सेना तथा फरासीसी सेनाके अध्यक्ष हो कर पराडिस अग्रसर हुए। सौभाग्य वशतः इस समय अङ्गरेजोंकी सहायतार्थ बङ्गालसे एक रणपोत आ पहुंचा। फरासीसी सेनाका वार निष्फल हुआ, वह लौट आई। १७४८ ई०में ऐसी अफवाह सुनी गई कि, डुप्ले शीघ्र ही डेभिड दुर्ग पर पुनः आक्रमण करेंगे। इस समय अंग्रेज-शिविरमें एक विषम षड़यन्त्र प्रकाशित हुआ। डुप्ले स्वभावसिद्ध धूर्त्तताके साथ अंग्रेज पक्षीय देशीय सेनाको फरासीसी पक्ष अवलम्बन करनेको प्रलोभित कर रहे थे। अंग्रेज गवर्नर इस विषयमें यथोचित सतर्क हुए। डुप्लेने बार बार पराजित होते हुए भी पुनः दुर्ग आक्रमण करनेके लिए सेना भेजी, किन्तु इस बार भी कृतकार्य न हो सके। २८ जुलाईको इङ्गलैण्डसे कुछ बड़े जहाजोंने आ कर सेण्टडेभिड दुर्गके पास लंगर डाल दिये। अंग्रेजोंके दलकी वृद्धि होते देख नवाब पुनः अंग्रेजोंसे मिल गये। अब अंग्रेजोंने साहसी हो कर मिलित सेना द्वारा पुंदिचेरी घेर लिया। किन्तु कुछ दिन बाद अंग्रेजी सेना अवरोध छोड़ कर डेभिड-दुर्गमें चली गई। अंग्रेजोंकी पराजयसे डुप्ले चारों तरफ फरासीसी प्रभाव स्थापित करने लगे। उन्होंने देशीय राजन्यवर्गको, यहां तक कि मुगल-सम्राट्के पास भी अंग्रेजोंकी भीरुता लिख भेजी। इतने पर भी वे

प्राप्त न हुए। सहसा मद्रास हस्तगत न हो, इस बातकी भी वे पूरी कोशिश करने लगे। किन्तु इसी समय यूरोपमें अंग्रेज और फरासीसियोंकी सन्धि होनेके कारण यहां भी सन्धि हो गई। अंग्रेज मद्रासको पुनः प्राप्त हुए।

युद्धके समय डुप्लेने देखा कि, अति अल्पसंख्यक यूरोपीय सेना बहुसंख्यक देशीय सेनाको सहजमें ही पराजित कर सकती है। इससे उनकी राज्याधिकारकी लालसा और भी बढ़ गई। देशीय राजा उस समय परस्पर शत्रुताचरणमें व्याप्त थे। उनमेंसे एकका पक्ष ले कर डुप्ले फरासीसी क्षमताको विस्तृत करनेमें प्रवृत्त हुए। १७४१ ई०में चान्दसाहबने त्रिचिनपल्लीकी अधिवासियोंको धोखेमें डाल कर उक्त नगर अधिकार कर लिया था। रघुजी भोंसलेने चान्दसाहबको उपयुक्त दण्ड देनेके लिए त्रिचिनपल्लीको घेर लिया। चान्दसाहबने अपनी स्त्री पुत्रोंको गुप्तभावसे डुप्लेके आश्रयमें रख कर रघुजीके सामने आत्मसमर्पण किया, रघुजीने उनको कैद करके सतारा भेज दिया। पहले कहा जा चुका है कि, आर्काटके नवाब अनवारउद्दीन् स्वार्थसिद्धिके लिए कभी अंग्रेजों और कभी फरासीसियोंका पक्ष अवलम्बन कर रहे थे। डुप्ले अब उनका बदला लेनेका मौका ढूंढ़ने लगे। मौका भी हाथ आया। जब चान्दसाहबकी स्त्री पुंदीचेरीमें थीं, तब डुप्लेकी स्त्रीने उनसे गाढ़ी मित्रता जोड़ ली थी। वे डुप्लेकी स्त्रीसे अपने स्वामीकी मुक्तिके प्रार्थना करने लगीं, डुप्लेने अपनी स्त्रीसे इस बातको सुन कर सोचा कि, चान्दसाहब अनवारके प्रतिद्वन्द्वी हैं और प्रजासाधारण अनवारकी अपेक्षा चान्दसाहबके अधिक वशमें हैं। चान्दसाहबका छुटकारा होनेसे सभी उनको नवाब रूपमें मानने लगेंगे और फरासीसी सेनाकी सहायतासे वे सिंहासन अधिकार कर सकेंगे। साथ ही फरासीसियोंका बल भी बढ़ जायगा। ऐसी कल्पना करके उन्होंने चान्दसाहबकी स्त्रीके द्वारा गुप्तरीतिसे ७ लाख रुपये रघुजीके पास भिजवा दिये; चान्दसाहब मुक्त हो कर पुंदिचेरीके तरफ चल दिये। इसी समय निजाम उल-मुल्ककी मृत्यु होनेसे उनके सिंहासनको ले कर अत्यन्त गड़बड़ी होने लगी। उनके दौहित्र मजफरजङ्ग सिंहासनका दावा करते थे। उनको राज्य मिलनेकी कुछ भी सम्भावना न थी। किन्तु चान्दसाहबने आ कर उनका साथ दिया, और फरासीसी सेना उनका पृष्ठपोषण करती है यह बात भी उनसे कही। इससे मजफरको साहस हुआ, वे चान्दसाहबके साथ मिल कर अनवारके साथ युद्ध करने लगे। युद्धमें अनवार निहत हुए और उनके पुत्र महफूज कैद कर लिए गये। मजफर और चान्दसाहबने यथाक्रमसे सूबेदार और नवाबकी उपाधि ग्रहण कर आर्काटमें प्रवेश किया। इसके बाद वे पुंदिचेरी पहुंचे; डुप्लेने अपनी अभिसन्धि पूर्ण करनेके अभिप्रायसे विशेष यत्नके साथ उनकी अभ्यर्थना की। चान्दसाहबने पुंदिचेरीके निकटवर्ती ८१ गांव फरासीसियोंको दिये। थोड़े ही दिन बाद डुप्लेने चान्दसाहब और मजफरको त्रिचिनपल्ली अवरोध करनेका परामर्श दिया। इस स्थानमें अनवारके पुत्र महम्मदअलीने आश्रय लिया था। चान्दसाहब त्रिचिनपल्ली न जा कर पहले तञ्जोर चले गये। इस मौके पर नासिरजङ्ग (मजफरके प्रतिद्वन्द्वी) ने आ कर आर्काट अधिकार कर लिया। चान्दसाहब और मजफरको इस बातकी खबर भी न थी। डुप्लेने ही पहले उनको नासिरजङ्गके आक्रमणका संवाद दिया। वे पुंदिचेरीकी तरफ अग्रसर हुए।

फरासीसियोंको चान्दसाहब और मजफरका पक्ष अवलम्बन करते देख अंग्रेजोंने भी महम्मदअली और नासिरजङ्गका पक्ष अवलम्बन करना शुरू कर दिया। नासिरजङ्गकी बहुसंख्यक सेनाके साथ मजफर पर आक्रमण करनेके लिए आते देख डुप्लेने मजफर और चान्दकी सहायताके लिए कुछ फरासीसी सेना भेजी। किन्तु डुप्लेके साथ सैनिक विभागके कर्मचारियोंका उतना सद्भाव न था। किसी अप्रकाश्य कारणसे फरासीसी सेना युद्धक्षेत्रसे चल दी। मजफरके आत्मसमर्पण करने पर नासिरजङ्गने उनको शृङ्खलाबद्ध किया, चान्दसाहबने साहसके साथ युद्ध जारी करके अन्यत्र जा कर आश्रय लिया।

फरासीसी सेनाके बिना युद्ध किये युद्धक्षेत्र छोड़ कर चले आनेसे डुप्ले भविष्यत्में विपत्तिकी आशङ्का करने लगे। वे कौशलसे अपने प्रभावको अक्षुण्ण रखनेके

लिए यत्नवान् हुए। चर नियुक्त करके डुप्लेने जाना कि, नाजिरजङ्गको सेना विद्रोह भावसे शून्य नहीं है। डुप्लेने नाजिरजङ्गके साथ सन्धि करेंगे, ऐसा प्रस्ताव कर डुप्लेने उनके पास कुछ दूतोंको भेजा। डुप्लेने उन दूतोंसे नाजिरजङ्गकी सेना विद्रोही हो जाय, उस विषयमें चेष्टा करनेके लिए भी कह दिया। दूत भी तदनुरूप कार्य करके लौट आये।

नाजिरजङ्गके आदेशसे फरासीसियोंकी एक वाणिज्य-कुठी लूट ली गई थी। इसका बदला लेनेके लिए डुप्लेने १७५० ई०में मसलिपत्तन अधिकार करनेके लिए जल-पथसे एक दल सेना भेज दी। उसने वह स्थान अधिकृत कर लिया। महम्मद अली डर कर भाग गये। इस समय फरासीसियोंके प्रसिद्ध सेनापति बूसिने चान्दसाहबके साथ मिल कर जिञ्जी-दुर्ग हस्तगत कर लिया।

नाजिरजङ्गने फरासीसियोंकी कृतकार्यसे अत्यन्त भीत हो कर सन्धि करनेके लिए पुदिचेरीको दो दूत भेज दिये। डुप्लेने निम्नलिखित प्रस्तावानुसार सन्धि करना मंजूर किया—"मजफरजङ्ग मुक्त किये जाय, चान्दसाहबको कर्णाटकी नवाब उपाधि मिले तथा मसलिपत्तन और उसके अधीन प्रदेशसमूह फरासीसियोंके दिये जांय।" नाजिरजङ्गने उक्त नियमोंमें आवद्ध होना स्वीकार नहीं किया। वे युद्धके लिये तैयार हुए। डुप्लेने उनके प्रधान सर्दारोंके साथ जो षड़यन्त्र रचा था, नाजिरजङ्गको उससे जरा भी वाकिफ न थे। डुप्लेने टौसे (Touche)को नाजिरजङ्गके साथ युद्ध करनेके लिए आदेश दिया। युद्धमें फरासीसी सेनाने विजय पाई, नाजिरजङ्ग मारे गये और मजफरजङ्गको सूबेदारको उपाधि मिली। मजफरजङ्गने मसलिपत्तन और उसके अधीन प्रदेश-समूह फरासीसियोंको तथा २० लाख रुपये डुप्लेको दिये। इस समय और एक विपत्ति आ खड़ी हुई। मजफरने डुप्लेसे कहा—'नाजिरजङ्गके अधीन जो ३ सर्दार आपके साथ षड़यन्त्रमें लिप्त थे, वे दावा करते हैं कि उनको उनके अधिकृत प्रदेशके लिए कर माफ कर दिया जाय और नाजिरजङ्गका धन उनमें बांट दिया जाय। डुप्लेने इस विषयमें मध्यस्थ हो कर अनेक वादानुवादके बाद एक सन्धि कर दी।

इसके बाद डुप्लेने अपनेको कृष्णा नदीके दक्षिणस्थ भूभागका मुगल-प्रतिनिधि बनवाया। उनके आदेशानुसार उक्त प्रदेशका समस्त कर डुप्लेके जरिये मुगल-सम्राट्के पास भेजा जाता था तथा पुदिचेरीमें जो सिक्के बनते थे, उनके सिवा अन्य सिक्के कर्णाट प्रदेशमें नहीं चलते थे। १७५१ ई०में मजफरजङ्गके निहत होने पर डुप्ले सलावतजङ्गको सूबेदार मान कर उनका पक्ष समर्थन करने लगे। इस समय महम्मदअली त्रिचिनपल्लीमें ठहरे हुए थे। डुप्लेने फरासीसी सेनाके जरिये उनको हटानेके लिए चांदसाहबको परामर्श दिया। अंग्रेजोंने अभी तक किसीका भी पक्ष नहीं लिया था। फरासीसियोंके प्रभावसे ईर्षान्वित हो कर उन लोगोंने अली महम्मदका पक्ष ग्रहण किया। अबसे डुप्लेकी सेना प्रायः सभी युद्धमें पराजित होने लगी। चांदसाहब आखिर जानसे भी हाथ धो बैठे। चांदसाहबकी मृत्युके बाद डुप्लेने स्वयं नवाबकी उपाधि ग्रहण की। कुछ दिन बाद वे राजासाहबको नवाबकी तरह सम्मान करने लगे। किन्तु मुरतजाअलीने ८०००००) रुपये दे कर शीघ्र ही डुप्लेसे नवाबकी उपाधि ले ली। १७५२ ई०में अंग्रेजी सेनाने फरासीसियोंका जिञ्जि-दुर्ग आक्रमण किया, परन्तु पराजित हो कर उसे भागना पड़ा। इससे डुप्लेके हृदयमें यथेष्ट आशाका सञ्चार हुआ, पर बाहार नामक स्थानमें फरासीसीसेनाके विशेषरूपसे पराजित होनेसे डुप्लेकी आशालता सूख गई। कुछ भी हो डुप्ले बिल्कुल ही निरुत्साहित नहीं हुए। उन्होंने देखा कि, यह युद्ध सहजमें नहीं निबटेगा: इसलिए वे सेना संग्रह करने लगे। १७५३ ई०में डुप्लेके दुर्भेद्य कौशलसे महाराष्ट्र और महिसुरकी सेनाने अंग्रेजोंका पक्ष छोड़ कर फरासीसियोंका साथ दिया। पुदिचेरीमें रणवाद्य बज उठा। इस युद्धमें कभी फरासीसियों और कभी अंग्रेजोंकी जय होने लगी। १७५४ ई० तक इसी तरह युद्ध होता रहा।

इस तरहके युद्धविग्रहसे दाक्षिणात्यमें फरासीसियोंका प्रभाव और अधिकार बढ़ता तो जाता था, पर अधिक अर्थव्ययके कारण कम्पनीको विशेष कुछ लाभ नहीं हुआ। इसलिए ऊपरवाले डुप्लेको युद्ध बन्द करनेके

लिए पुन: पुन: आदेश दे रहे थे। यद्यपि डुप्लेका अभिप्राय दूसरा था, तथापि अंगरेजोंके आदेशसे डर कर १७५४ ई०के प्रारम्भमें ही उन्होंने मद्राजको सन्धिका प्रस्ताव भेज दिया। मद्राज-गवर्मेण्टने भी सन्धिके प्रस्तावका अनुमोदन करके नियमादि स्थिर करनेके लिए प्रतिनिधि भेज दिया। दोनों पक्षके प्रतिनिधियोंने कुछ दिन वादानुवाद करके अपने अपने स्थानको प्रस्थान किया।

फरासीसी इष्ट इण्डिया कम्पनीके डिरेक्टरगण डुप्लेसे अत्यन्त असन्तुष्ट थे। वे शान्ति चाहते थे। उन लोगोंने डुप्लेको अनुपयुक्त समझ कर मि० गडेहू (M. Godeheu)को पुंडिचेरीका गवर्नर नियुक्त करके भेज दिया। गडेहूने १७५४ ई०को २री अगस्तको भारतमें आ कर डुप्लेसे शासनभार ग्रहण किया। इसके बाद दो महीने तक डुप्ले पुंडिचेरी नगरमें रहे थे। दो महीने तक उन्होंने अपनेको कर्णाटका नवाब समझ कर बड़े ठाट-बाटसे उमदा उमदा पोशाक पहन कर भ्रमण किया था।

कुछ भी हो, उन्होंने फ्रान्स जा कर यथोपयुक्त सम्मान नहीं पाया। इस देशमें रह कर फरासीसी राज्यके विस्तारके लिए उन्होंने अपनी निजी-सम्पत्ति भी खर्च की थी। फरासीसी गवर्मेण्टने उनकी कुछ भी क्षति नहीं दी; सिर्फ उनके महाजनोंके हाथसे हिफाजतनामा (Letter of protection) का प्रचार करा कर उनकी रक्षा की। इन्होंने अपने रुपये वसूल करनेके लिए न्यायालयका आश्रय लिया, किन्तु उसके फैसलेसे पहले ही इनका देहान्त हो गया।

डुप्ले अत्यन्त प्रतिभाशाली सुदक्ष राजनीतिकुशल शासनकर्त्ता थे। ये अत्यन्त उच्चाकांक्षी, अहङ्कारी और पराक्रमप्रिय व्यक्ति थे। भारतकी वास्तविक उन्नति पर इनका उतना ध्यान नहीं था। इन्होंने फरासीसी राज्य विस्तारके लिए सब तरहके उपायोंका अवलम्बन किया था। भारतमें फरासीसी अधिकारके साथ डुप्लेके नामका चिर सम्बन्ध है।

डुबको (हिं० स्त्री०) १ डुब्बी, गोता, बुड़की। २ एक प्रकारकी बिना तली बरी। यह पीठीकी बनी होती है। ३ एक प्रकारका बटेर।

डुबवाना (हिं० क्रि०) डुबानेका काम किसी दूसरेसे कराना।

डुबाना (हिं० क्रि०) १ मग्न करना, गोता देना, बोरना। २ नष्ट करना, सत्यानाश करना, बरबाद करना।

डुबाव (हिं० पु०) अथाह, डूबने भरकी गहराई।

डुबोना (हिं० क्रि०) डुबोना देखो।

डुब्बी (हिं० स्त्री०) डुबकी देखो।

डुभकौरी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी बिना तली बरी। यह पीठीकी बनी होती है और इसीके झोलमें पकाई तथा डुबा कर रखी जाती है।

डुमई (हिं० स्त्री०) कछारमें होनेवाला एक प्रकारका चावल।

डुमरावँ—१ शाहाबाद जिलेके अन्तर्गत एक जमींदारी। प्रायः ७५८ वर्गमील क्षेत्रफल ले कर यह संगठित हुआ है।

यहां डुमरावँके राजवंश रहते हैं। ये पंवार नामक राजपूत कुलोद्भव हैं। उनके पूर्वपुरुष उज्जयिनी नगरमें वास करते थे, वहींसे आ कर ये मध्यभारतमें रहने लगे। महाराज सिन्धोलसिंहने सबसे पहले विहारमें वास किया। वे अपने पुत्र भोजसिंहको राज्य-शासनका भार सौंप गये। भोजसिंहके नामानुसार उनका अधिकृत जनपद भोजपुर नामसे विख्यात हुआ। कालक्रमसे यह राजवंश कई एक शाखा प्रशाखाओंमें विभक्त हो गया। उनमेंसे प्रधान वंश अपने पूर्वपुरुषकी राजधानी डुमरावँमें रहने लगे। एक शाखा बक्सर और दूसरी शाखा जगदीशपुरमें जा रहने लगी।

इसी वंशमें राजा नारायणमल्ल उत्पन्न हुए। उन्होंने १६०५ ई०में सम्राट् जहाङ्गीरसे राजाकी उपाधि प्राप्त की। उनके बाद यथाक्रम वीरबरसाहि, रुद्रप्रतापसाहि, मानधातासाहि, होरिलसाहि, छत्रधारीसिंह और विक्रमजित् सिंह राजशासन कर मुगल बादशाहोंके प्रीतिभाजन हुए थे। आलमगीर, फरुखसियर, महम्मदशाह और शाहआलमसे उक्त राजाओंने बहुतसी जागीर पाई थी।

१७६४ ई०के अक्टूबर मासमें अयोध्याके नवाब सुजा

उड़ीसाके साथ अंगरेज़ोंका जो युद्ध छिड़ा था, उसमें जयप्रकाशसिंहने अङ्गरेज-सेनानायक इंकर सनरोको यथेष्ट सहायता दी थी।

इसो कतज्ञतामें १८१६ ई०के १० मार्चको बड़े लाट मार्किस आफ हेष्टिंसने जयप्रकाशसिंहको 'महाराजा बहादुर'की उपाधि दी।

जयप्रकाशके बाद उनके पोते जानकीप्रसादसिंहने बहुत कम अवस्थामें राज्य प्राप्त किया। किन्तु थोड़े दिन बाद ही उनकी मृत्यु हो जानेसे महेश्वरबक्ससिंह बहादुर १८४४ ई०में डुमरावँ राज-सिंहासन पर अभिषिक्त हुए। इन्होंने नेपाल-युद्ध तथा सिपाही विद्रोहके समय ब्रटिश गवर्मेण्टको यथेष्ट सहायता की थी। जगदीशपुरमें इनके ज्ञाति कुमारसिंहके विद्रोही होने पर महाराज महेश्वरबक्सने थोड़े ही समयमें उन्हें पराजित और शासित किया था। इन्हीं कारणोंसे १८७२ ई०में ब्रटिश गवर्मेण्टने उन्हें 'महाराज' तथा K. C. S. I. की उपाधि दी। उनके जीतेजी १८७५ ई०में राजकुमार राधाप्रसाद सिंहको भी "राजा"-की उपाधि मिली थी।

महाराज राधाप्रसादके यत्नसे भी डुमरावँ राज्य उच्च शिखर पर पहुँच गया था। १८८८ ई०में ये के. सी. आइ. ई. (K. C. I. E.) बनाये गये थे। इनका देहान्त १८९४ ई०में हुआ। इनके मरने पर उनकी स्त्री महारानी बेनीप्रसादकुँवरी उत्तराधिकारिणी हुईं। इन्हें ब्रटिश सरकारको चार लाखसे अधिक रुपये करमें देने पड़ते हैं।

२ शाहाबाद जिलेके अन्तर्गत बक्सर उपविभागका एक शहर। यह अक्षा० २५° ३१′ उ० और देशा० ८४° ८′ पू० पर कलकत्तेसे ४०० मीलकी दूरी पर अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः १०२१६ है। यहां डुमरावँके राजाका राजप्रासाद और किला है।

डुमार—मध्यखण्ड-वर्णित भोजदेशके अन्तर्गत सिद्धाश्रमके दक्षिणभागमें अवस्थित एक नगर। (यह वर्त्तमान डुमरावँके जैसा अनुमान किया जाता है।) भविष्य ब्रह्मखण्डके मतसे यहां भूमिहार जातिके प्रथम पराक्रान्त उदयवन्तसिंहका राज्य था। उन्होंके वंशीय विक्रमसिंहने यहां एक दुर्ग निर्माण किया था।

(भ० ब्रह्म० ३।४०)

डुम्बुर (सं॰ पु०) एक प्रकारका वृक्ष और उसका फल, गूलर। यह वृक्ष भारतवर्षमें तथा ब्रह्मदेशमें सब जगह पाया जाता है। हिमालयके निम्नस्थानसे ले कर आसामके पर्वतसमूह तक यह पेड़ समुद्रपृष्ठसे ४००० फुटकी ऊँचाई पर लगते देखा गया है।

भारतवर्षमें कई तरहके गूलर होते हैं। यद्यपि उनके पेड़ तथा फल एकसे दीख पड़ते, तो भी आकारमें बहुत प्रभेद है। किसी किसी जातिके गूलरके पत्ते और फल बहुत बड़े होते तथा पेड़ लताकी तरह होता है। फिर किसी जातिका पेड़ पीपल पेड़के जैसा सुदीर्घ और शाखाप्रशाखाविशिष्ट होता है। किन्तु इसका पेड़ जितना ही बड़ा होता जाता है उतना ही इसके पत्ते और फल छोटे होते जाते हैं।

गूलरमें फूल नहीं लगता। एकही दफा कोपसे गुच्छाका गुच्छा फल निकलता है। वृक्षके धड़में तथा शाखा प्रशाखाके सन्धिस्थानसे ही अधिकांश फल निकलता है। इस देशमें लोगोंका ऐसा विश्वास है कि गूलरका फूल देखनेसे राजा होता है। सच पूछिये तो गूलरका फूल देखनेमें आता ही नहीं।

उद्भिदतत्त्वविद् पण्डित लोग गूलरको पीपल, बरगद पाकर आदि वृक्षोंके अन्तर्गत मानते हैं। सभोंकी पेड़ी, डाल आदि काटनेसे दूधकी तरह सफेद एक प्रकारका गोंद निकलता है। इस गोंदसे रबरके जैसा पदार्थ उत्पन्न होता है। गूलरका गोंद कभी कभी घावके ऊपर मरहमकी तरह व्यवहृत होता है।

नीचे थोड़े प्रकारके विभिन्न जातीय गूलरका विषय दिया जाता है।

यज्ञ-डुम्बुर (Ficus glomerata)—साधारणतः होमकार्यमें इसकी शाखा काम आती है। इसी कारण इसका नाम यज्ञ-डुम्बुर पड़ा है। हिमालय प्रदेश, राजपूताना, मध्यभारत, बङ्गाल, दाक्षिणात्य, आसाम, ब्रह्मदेश आदि स्थानोंमें यह पेड़ पाया जाता है। अन्दामें इसके दूध अर्थात् गोंदसे एक प्रकारका रबर बनता है।

इस वृक्षमें कभी कभी लाख उत्पन्न होती है। बङ्गालिया इसके दूधसे पक्षी पकड़नेके लिये गोंद प्रस्तुत करता है।

मोरङ्गामें यज्ञडुम्बुरकी छालको मिला कर एक प्रकारका काला रंग तैयार होता है जिससे कपड़ा रंगाया जाता है। यज्ञडुम्बुरके पत्ते, मूल, छाल और फल सबके सब देशीय वैद्योंसे औषधरूपमें व्यवहृत होते हैं। वे इसकी छालको विरेचक औषध रूपमें तथा घाव आदि धोनेके काममें लाते हैं। बाघ तथा बिल्ली आदिके काटने पर भी यह विषघ्न माना गया है।

इसका मूलतन्तु आमाशय रोगमें विशेष उपकारी है। बहुतेरे डाक्टरोंका मत है कि मूलतन्तुका रस बहुत तेजस्कर तथा बलकारी औषध है। अधिक काल तक व्यवहार करनेसे यह आश्चर्य फल देता है। पित्तके बढ़ने पर इसकी सूखी पत्तियोंको चूर कर मधुके साथ सेवन करें। आटकिनसन साहब (Atkinson)-ने लिखा है—इसके पत्तों पर चेचकके जैसा जो दाग उठ जाते हैं उन्हें दूधमें भिगो कर मधुके साथ सेवन करनेसे शीतला रोगमें उसका दाग शरीर पर नहीं पड़ता है। यह अनेक प्रकारके रक्तरोग, मूत्ररोग, मेहघटित रोग और काश-रोगमें अनेक तरहसे व्यवहृत होता है। अर्श और उदरामयरोगमें यज्ञडुम्बुरका दूध दिया जाता है। इस दूधमें यदि थोड़ा तिलतैल मिला दें, तो वह घावकी उत्तम मरहम बन जाता है। ताजा गूलरका रस धातुघटित औषधके अनुपानके रूपमें व्यवहृत होता है।

देवकार्यमें व्यवहृत होनेके कारण इस देशके कितने लोग यज्ञडुम्बुर नहीं खाते। इसका आकार साधारण गूलरकी अपेक्षा कुछ बड़ा, पर उतना सुस्वादु नहीं होता। वैशाखसे भाद्र तक फल लगते हैं। [illegible] के लोग कच्चे गूलरको तरकारीके साथ खाते हैं। पकने पर अक्सर फल छोटे कीड़ोंसे भरा हो जाता है। अजन्मा और दुर्भिक्षके समय बहुतसे लोग इसे खाते हैं।

बकरे भेड़े गूलरको बड़े चावसे खाते हैं। इसके पत्ते गायों आदिके खाद्य हैं।

गूलरकी लकड़ी दृढ़तासारशून्य, मृदु तथा जल्दी टूटनेवाली होती है। यदि इसे कुछ समयके लिए जलमें रख छोड़ें तो यह बहुत दिन तक ठहरती है। इसी कारण लोग इसे कुएँके चारों ओर रखते हैं और कहीं कहीं इसे बेड़ा तथा नाव भी बनानेके काममें लाते हैं।

काकडुम्बुर (Ficus hispida)—इसका पेड़ यज्ञडुम्बुरके पेड़से कुछ छोटा होता है और भारतवर्षके सब जगह तथा मलय, सिंहल, चीन, आन्दामन द्वीप, अष्ट्रेलिया आदि स्थानोंमें मिलता है। भारतवर्षमें हिमालय पहाड़ पर यह पेड़ ३५०० फुट ऊँचे पर उगता है।

इसकी छालसे एक प्रकारकी रस्सी बनती है। फल, बीज और छाल वमनकारक तथा विरेचक हैं। इसके शुष्कफलचूर्णको जलमें सिद्ध कर बम्बई और कोङ्कण प्रदेशमें विदारिका आदिमें प्रलेप देते हैं। दुग्धवती गाय यदि कम दूध देने लगे, तो इसके खिलानेसे वह दूध देने लगती है। आयुर्वेदीयके मतसे यह दुग्धकर और गर्भस्थ बालकके लिए हितकर है।

काकोडुम्बर देखो।

इसके पत्ते आदि पशुओंके खाद्यपदार्थ हैं। लकड़ी जलानेके सिवा और किसी काममें नहीं आती। चिड़ियाँ इसके बीजको अट्टालिकाकी दीवारों पर ले जा कर खाती हैं और जो बीज वहीं छोड़ देतीं उससे अट्टालिका पर पेड़ उग जाता है। यह पेड़ मकानका बहुत अनिष्ट करता है।

डुम्बुर (Ficus Roxburghii)—यह वृक्ष हिमालय प्रदेशसे ले कर भूटान, आसाम, श्रीहट्ट, चट्टग्राम तकके देशोंमें पाया जाता है। यह पेड़ ६००० फुट ऊँचे पर होता देखा गया है। पेड़ मझोले कदका होता है। इसका कच्चा फल तरकारीके साथ व्यवहृत होता है। पकने पर यह कोमल, लाल और सुगन्ध तथा मीठा होता है। बहुतसे लोग पका गूलर खाते हैं। पेड़के नीचे तथा शाखा प्रशाखाओंमें गुच्छाका गुच्छा फल लगता है। शतद्रु नदीके किनारे गूलरकी छालसे एक प्रकारकी मोटी रस्सी बनती है। इसकी लकड़ी किसी काममें नहीं आती। मवेशी इसके पत्तेको बहुत पसन्द करते हैं।

भूडुम्बुर (Ficus heterophylla)—इस जातिका गूलर लताके आकारमें पैदा होता है। यह भारतवर्ष और ब्रह्मदेशके उष्ण प्रदेशोंमें, चट्टग्राम, तेनासेरिम, सिंहल आदि स्थानोंमें नदीके किनारे उत्पन्न होता

है। स्थानभेदसे इसके कई भेद हो गये हैं। इसके पत्ते और मूल औषधमें व्यवहृत होते हैं। जड़की छाल बहुत कड़ुई होती है। उसका चूर्ण धनियाके साथ मिला कर सेवन करनेसे कास, कफ आदि हृद्रोग जाते रहते हैं।

गूलरके पुं पुष्प और स्त्रीपुष्पके अलग अलग कोष होते हैं। गर्भाधान कीड़ोंकी सहायतासे होता है। पुं ज्यों ज्यों बढ़ता जाता है, त्यों त्यों कीड़ोंकी उत्पत्ति होती जाती है। ये कीड़े पुं परागको गर्भकेशरमें ले जाते हैं। ये कीड़े किस प्रकार पराग ले जाते हैं, यह जाना नहीं जाता। लेकिन यह निश्चय है कि ले अवश्य जाते हैं और उसीसे गर्भाधान होता है तथा कोश बढ़ कर फलके रूपमें होते हैं। फल बिलकुल सोमल और मुलायम होता है। उसके ऊपर कड़ा छिलका नहीं होता, बहुत महीन झिल्ली होती है।

डुम्बुर—वङ्गदेशके चन्द्रद्वीप भूभागके अन्तर्गत एक प्राचीन ग्राम। भविष्यब्रह्मखण्डमें लिखा है—

एक दिन महादेव उमाके साथ आकाशमार्ग हो कर इन्द्रपुरको जा रहे थे। अकस्मात् चन्द्रद्वीप पर उनकी दृष्टि पड़ी। वहां वे भक्तोंका नृत्य देख कर विमोहित हो गये और डमरु उनके हाथसे नीचे गिर पड़ा। डमरुके गिरनेसे अपूर्व शब्द होने लगा। यह देख कर चन्द्रद्वीपके ब्राह्मण वेदविधिसे डमरुकी पूजा करने लगे। इस पर शिव-डमरुने संतुष्ट हो कर वर दिया। "यहांके सभी मनुष्य धार्मिक, विद्वान्, ज्ञानी, धनी और निरोगी होंगे।" जिस स्थान पर डमरु गिरा था वही स्थान कालक्रमसे डुम्बरु या डुम्बुर नामसे मशहूर हो गया है। (भ० ब्रह्म० ११ अ०)

डुम्बरर्णी (सं० स्त्री०) दन्तीवृक्ष।

डुलि (सं० स्त्री०) दुलि पृषो० साधुः। १ कच्छपी, कमठी, कछुई। २ यानविशेष, वाहन, सवारी, असवारी।

डुलिका (सं० स्त्री०) डुलिरिव कायति कै-क। खञ्जनाकार पक्षिविशेष, खंजनकी जातिका एक पक्षी।

डुली (सं० स्त्री०) चिल्ली शाक, मालवशोका बथुआ।

डूंगर (हिं० पु०) १ अण्डहर, टीला। २ छोटी पहाड़ी।

डूंगरगढ़—मध्यप्रदेशके खैरागढ़ सामन्त राज्यका एक शहर। यह अक्षा० २१° ११´ उ० और देशा० ८०° ४६´ पू०के मध्य बङ्गाल नागपुर रेलवे द्वारा बम्बईसे ६४० मील की दूरी पर अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ५८५६ है। यह शहर व्यापारका एक केन्द्र है। यहां एक वर्नाक्युलर मिडिल स्कूल, बालिका स्कूल और एक औषधालय है।

डूंगरपुर—१ राजपूतानेके दक्षिणका एक राज्य। यह अक्षा० २३° २०´ से २४° १´ उ० और देशा० ७३° २२ से ७४° २१´ पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण १४४७ वर्गमील है। इसके उत्तरमें मेवाड़ या उदयपुर, पूर्वमें बांसवाड़ा, दक्षिणमें रेवाकांठा एजेन्सीको रियासतें—सूंथ व कडाणा और पश्चिममें महीकांठाके अन्तर्गत रियासत ईडर या रेवाकांठाके अन्तर्गत लूणावाड़ा राज्य है।

राज्य विशेषकर अरावलीपर्वत-मालाकी शाखाओंसे आच्छादित है। लेकिन ऊंचाई सब जगह बहुत कम है। ऊंचासे ऊंचा शिखर समुद्रपृष्ठसे १८८१ फुट ऊंचा है। वर्षाकालमें यहांका दृश्य देखनेयोग्य है। जिधर ही दृष्टि डालिये उधर ही सब सब्जमयी जमीन नजर आती है। जङ्गलकी घटा और ही निराली है। राज्यका दक्षिणी भाग कुछ समतल है और यही भाग बहुजनाकीर्ण तथा समृद्धिशाली है।

यहां ऐसी एक भी नदी नहीं है जो बारहों मास बहती हो। जितनी नदियां यहां हैं भी उनमें केवल दो ही प्रधान हैं, माही और सोम। माही नदी राज्यको पूर्वमें बांसवाड़ासे और दक्षिणमें सूंथसे पृथक् करती है। वर्षाऋतुमें ये दोनों नदियां बड़ी विशालाकार हो जाती हैं। सोम नदी राज्यके मध्यमेंसे बहती हुई बहुतसे बहती है। इसके अलावा भादर, माजम और वात्रोक अन्य छोटी छोटी नदियां हैं। इस प्रान्तमें स्वाभाविक झील तो नहीं है, पर कृत्रिम तालाबोंकी भी कमी नहीं है। सबसे बड़ा तालाब गैबसागर राजधानीमें है। रेल रियासतके किसी भागमें हो कर नहीं गई है। राज्यान्तर्गत कोई पक्की सड़क भी नहीं है और जो एक दो हैं भी वे केवल एक दो दो मील तक

राजधानीसे खेरवाड़ा तक गई है। शेष सभी मार्ग कच्चे हैं।

जिस प्रकार और प्रान्तोंमें घोड़ोंकी सवारी काममें लाई जाती है, उसी प्रकार इस प्रान्तमें बैलोंकी। पर यह सवारी भारतके अन्य प्रान्तोंमें हेय समझी जाती है। यहांका जलवायु अपेक्षाकृत कुछ तक गर्म और शुष्क, पर सितम्बर और अक्तूबर महीनोंमें बहुत खराब रहता है। शीतकाल सबसे अच्छा समझा जाता है। यहां पर वार्षिक वृष्टिपातका औसत २७ इञ्च है।

इतिहास—डूंगरपुरके वर्तमान राजवंशका वर्णन करनेके पहले यह कह देना उचित होगा, कि इस वंशकी स्थापनाके पहले किस किस वंशका इस देश पर आधिपत्य रहा। ३री शताब्दीके पूर्व यह प्रान्त मौर्य साम्राज्यके अन्तर्गत था। बाद यह कुशनवंशके संस्थापक कनिष्कके हाथ लगा। इसी प्रकार कालक्रमसे यह क्षत्रप, गुप्त, हूण, वैस तथा परमारवंशके हस्तगत होता गया। अब वर्तमान डूंगरपुर राज्यकी स्थापनाके विषयमें कहते हैं, कि मेवाड़नरेशके दो पुत्र थे—माहुप और राहुप थे। बड़े पुत्र माहुपने ही वर्तमान राज्यकी स्थापना की। ये कुछ काल तक अहाड़में रहते थे, इस कारण उनके वंशज अहाड़ा कहलाये। डूंगरपुरमें यह कथा प्रसिद्ध है, कि महारावल वीरसिंहजीने डूंगरपुर राजधानीकी स्थापना की है। जहां पर आज कल डूंगरपुरकी राजधानी है, वहां पर पहले डूंगरिया नामक एक भीलका आधिपत्य था। वह अत्याचारी था। किसी एक अबलाका धर्म बचानेके लिये वीरसिंहने उसे मार डाला। बाद उसकी दो स्त्रियोंने वीरसिंहसे कहा, "इस स्थान पर आप अपनी राजधानी बना कर उसका नाम हमारे पतिके नाम पर ही रखना, और हमारा ही वंशज आपके उत्तराधिकारियोंको प्रथम राजतिलक किया करेगा।" तभीसे यह स्थान डूंगरपुर नामसे प्रसिद्ध हुआ है। बहुत दिनों तक तिलककी भी प्रथा उसी तरह जारी रही पर अब नहीं है।

वीरसिंहके बाद भसुण्डी राजसिंहासन पर बैठे। इन्होंने केवल एक वर्ष तक राज्य किया। इनके उत्तराधिकारी डूंगरसिंहजी हुए। दो ही वर्ष तक राजत्व करके आप १३६१ ई०में परलोकको चल बसे। इनके उत्तराधिकारी करमसिंहने २१ वर्ष राज्य किया और इनके लड़के रावल कानड़देवने लगभग १३८३से १३९८ ई० तक राज्य किया। इन्होंने कानड़दा पोल बनवाई, जहां पर किलदार कोतवाली, खजाना और हिसाब दफ्तर हैं। बाद पाताराबल राजसिंहासनारूढ़ हुए; इन्होंने १३९८ से १४११ ई० तक राज्य भोग किया। इन्होंने एक तालाब खुदवाया, जो पातेला तालाब कहलाता है। इनके उत्तराधिकारी इनके लड़के गैबा रावलजी हुए। लोग इन्हें रावल गोपीनाथ भी कहते थे। इन्होंने अपने नाम पर गैब नामका तालाब बनवाया। यही तालाब राज्य भरमें सबसे बड़ा है। तालाबके एक किनारे पर 'उदयविलास' नामका एक नवीन राजप्रासाद सुशोभित है। इनका देहान्त १४४८ ई०में हुआ था। बाद सोमदासजी राजतख्त पर बैठे। इनके समयमें महम्मद खिलजीने राजधानी पर धावा मारा। जब वे बहुत उत्पात मचाने लगे तब सोमदासने दो लाख रुपये और २० घोड़े भेंटमें दे कर शत्रुसे पिण्ड छुड़ाया।

गङ्गा रावलको उत्तराधिकारी छोड़ आप १४८१ ई०में परलोकको सिधारे। गङ्गाने १४८२से ले कर १४९८ तक राज्य किया। बाद रावल उदयसिंहजी सिंहासनासीन हुए। इस समय मेवाड़के सिंहासन पर महाराणा संग्रामसिंहजी सुशोभित थे। इन्हींके समयमें बाबरने दिल्लीमें मुसलमानी साम्राज्यकी नींव डालनेका विचार किया। दोनोंमें घनघोर युद्ध चला। रावल उदयसिंह संग्रामसिंहके पक्षमें थे। रणक्षेत्रमें कदम बढ़ानेके पहले इन्होंने राज्यको दो भागोंमें बांट दिये, एक भागका नाम डूंगरपुर रखा और दूसरेका बांसवाड़ा। डूंगर ज्येष्ठपुत्र पृथ्वीराजको और बांसवाड़ा कनिष्ठपुत्र जगमलको सौंप दिया। रावल उदयसिंह लड़ाईमें खेत रहे।

रावल पृथ्वीराजजीके समयसे २०० वर्ष तक डूंगरपुरमें सुख-शान्ति विराजती रही। सन् १५४२ और १५५४ के बीचमें पृथ्वीराजका स्वर्गवास होने पर इनके लड़के आसकरणजी राजसिंहासन पर बैठे। इन्होंने अपने नाम पर 'आसपुर' नामका ग्राम बसाया। लोग

और माही नदीके सङ्गम पर वेणेश्वर महादेवका जो मन्दिर है, वह भी इन्हींका बनवाया हुआ है। इनके सिवा ये राजधानीमें चतुर्भुजजीका मन्दिर निर्माण कर गये हैं। कहते हैं कि लूटमें जो इन्हें ८४ मन सोना हाथ लगा था, उसीसे इन्होंने तुला-दान किया। सम्राट् अकबरकी अधीनता स्वीकार कर ये उन्हें वार्षिक कर देने लगे।

इनके बाद सहसमलजी राजगद्दी पर सुशोभित हुए। इनके शासन-कालमें राज्य भरमें शान्ति विराजती रही। राज्य उन्नतिकी चरमसीमा तक पहुंचा हुआ था। १५८० ई०में इन्होंने सुरपुरमें गाङ्गलो नदीके किनारे श्री माधवरायजीके विशाल मन्दिरका निर्माण कराया। १८ वर्ष-राज्य कर चुकनेके बाद १६०४ ई०में आप इस लोकसे चल बसे। इनके उत्तराधिकारी कर्मसिंहजी हुए, जिन्होंने केवल पांच ही वर्ष तक राज्य किया। इनके समयमें कोई विशेष घटना न घटी। बाद १६११ ई०में पूंजाजीने डूंगरपुरकी गद्दी सुशोभित की। इन्होंने अपने नाम पर पूंजपुर स्थापित कर वहां "पूंजेरो" नामका एक वृहत् तालाब खुदवाया। मुगलसम्राट्ने इनको डेढ़ हजारीका मन्सब और माही मुरातब अता किया। पचीस वर्ष राज्य करनेके बाद १६५१ ई०में इनका देहान्त हुआ।

बाद महारावल गिरिधरजी राजसिंहासन पर आसीन हुए। इस समय मुगलसम्राट् औरङ्गजेब और मेवाड़के शासक राजसिंहजी थे। आपने दो लड़के छोड़ कर मानवलीला समाप्त की। बड़े लड़के जसवन्तजीने १६८० ई० तक राज्य किया। इनके छोटे भाई हरिसिंहजी या केसरीसिंहजी थे जिन्हें सावलीकी जागीर मिली। जसवन्तके भी दो लड़के थे, बड़े खुमानसिंहजी और छोटे फतहसिंहजी। बड़े खुमानसिंहजी राज्याधिकारी हुए और छोटे फतहसिंहजीको मांटलीका ठिकाना मिला। इनके समयका कोई विशेष विवरण नहीं मिलता। इनके पांच लड़कोंमें रामसिंह बड़े थे। ये बड़े उद्दण्ड और हठकारी थे। किसी कारणवश पिताने इन्हें निर्वासनकी आज्ञा दी थी। किन्तु मरते समय वात्सल्यवश उमड़ आया और युवराजको बुलवा मंगाया।

१७०२ ई०में महारावल रामसिंहजी डूंगरपुरके सिंहासन पर आरूढ़ हुए। ये बड़े प्रतापी और लोकप्रभावशाली निकले। इनके समयमें सारे राज्यमें सुख-शान्तिका साम्राज्य था। यहां तक कि इनके राज्यको 'राम-राज्य' कहते थे। १७३८ ई०के लगभग इनका स्वर्गवास हुआ। बाद शिवसिंहजी राज्यके उत्तराधिकारी हुए। ये भी योग्य पिताके योग्य पुत्र थे। विद्वानोंका आदर इनके समयमें यथेष्ट था, कारण, आप स्वयं विद्वान् और कवि थे। ये कट्टर धार्मिक भी रहे। यहां तक कि अन्तावस्थामें आप योगीके भेषमें जटा धारण किये रहने लगे थे। इन्होंने राज्यमें अच्छी अच्छी इमारतें बनवाईं। कहते हैं, कि गुमटा बाजार आप ही बनवा गये हैं। १७८४ ई०में इनका स्वर्गवास हुआ।

इनके पश्चात् महारावल वैरिशालजीने डूंगरपुरकी गद्दीको सुशोभित किया। इनकी महिषी सोरहा रानीजीने राजधानीमें एक मन्दिर बनवाया जिसमें मुरली धरजीकी मूर्ति स्थापित की गई। अपने लड़के फतहसिंहजी पर राजकार्य सौंप आप १७८८ ई०में इस लोकसे चल बसे। फतहसिंह रातदिन नशेमें चूर रहते थे, राज्य शासन उनके मन्त्री पेमजी चलाते थे। नशेके कारण आप एक बार बन्दी भी हो चुके थे। डूंगरपुर राज्यमें जहां एक समय सुख-शान्तिका साम्राज्य था, आज वहां आपत्तिका घनघोर गर्जन होने लगा। जहां तहां सभी स्वतन्त्र हो गये। इसी मौकेमें १८०५ ई०को महाराष्ट्रोंने भी राजधानी पर धावा मारा। शत्रुसे मुठभेड़ करनेका तो साहस फतहसिंहमें था नहीं, दो लाख रुपये दे कर उनसे अपना पिण्ड छुड़ा लिया।

१८०८ ई०में महारावल फतहसिंह परलोकको प्राप्त हुए। बाद जसवन्तसिंहजी राजगद्दी पर बैठे। इस समय सिन्धी पठानोंने डूंगरपुर राज्यमें प्रवेश कर उसे चारों ओरसे घेर लिया। दोनोंमें २० दिन तक घनघोर युद्ध होता रहा। अन्तमें 'घरका भेदिया लङ्का ढाह'वाली कहावत चरितार्थ हुई। इनमेंसे किसी एक भेदीने रातको राम-फाटक खोल दिया। जिससे अनेक योद्धा हताहत हुए। स्त्री, पुरुष, बाल, वृद्ध सभी शत्रुके शिकार बन गये। नगरमें हाहाकार मच गया। मकान लूटे और इन्ह

किये गये। बाद कई एक राजाओंके महारावताके राज्यकी हार भी हुई सही पर अन्ततः लोग आज तक राज्यमें एक तरह स्वाधीनता भोगते रहे। इन्होंने प्रतापगढ़के महारावत सामन्तसिंहके पौत्र दलपतसिंहको गोद लिया था और जीतेजी राज्यका भार उन्हीं पर सुपुर्द भी कर दिया था। उचित उत्तराधिकारी न होनेके कारण फिर राज्यमें विप्लव उपस्थित हुआ। दिन दहाड़े डाके पड़ते थे और ठाकुर लोग आततायियोंको आश्रय देते थे। अन्तमें १८०२ ई०में जसवन्तसिंहको मासिक पेन्शन १२००) रु० दे कर वृन्दावन भेज दिया गया। इधर दलपतसिंहने भी विवश हो मायनी ठाकुर साहबके पुत्र उदयसिंहजीको अपनी गोदमें ले डूंगरपुरका अधिकारी स्वीकार कर लिया। तभीसे सभी गड़बड़ी मर मिट गई।

१८५० ई०में महारावल श्रीउदयसिंहजीने डूंगरपुर राजसिंहासनको सुशोभित किया। राज्यके सुधारकी ओर इन्होंने अटूट परिश्रम किया। इस समय भीलोंने फिर एक बार उत्पात मचाना शुरू कर दिया। अन्तमें उनको पूरी हार हुई, कितनोंके तो सिर भी धड़से अलग कर दिये गये। १८७० ई०में एक भयङ्कर अकाल पड़ा। महारावल साहबने दुर्भिक्षके निवारणका अच्छा प्रबन्ध किया। जगह जगह पर Relief work खोले गये, हजारों तालाब, बावड़ी आदि खोदी गईं। १८७७ ई०में प्रथम दिल्ली-दरबारके उत्सव पर राजराजेश्वरी महारानी विक्टोरियाकी ओरसे डूंगरपुर दरबारको एक झण्डा प्रदान हुआ। १८८० ई०में आपने तुलादान किया जिसमें लगभग १ लाख रुपये खर्च हुए। पहलेसे यहां शिक्षाका कोई प्रबन्ध नहीं था। इन्होंने ही पहले पहल पाठशालाएं स्थापित कीं।

आपके बाद श्रीमान् महारावल साहब श्रीविजयसिंहजी बहादुर के. सी. आई. ई. राज्यके उत्तराधिकारी हुए। पितामहके मरते समय आपकी अवस्था केवल ११ वर्षकी थी। नाबालगी तक राज्य प्रबन्धके लिये मेवाड़की देखरेखमें चार मेम्बरोंकी कौंसिल नियुक्त हुई और आप मेयो कालेज अजमेर पढ़नेके लिये भेजे गये। इनके समयमें भी प्रजाको दुर्भिक्षका सामना करना पड़ा था। ये बड़े विज्ञ, प्रतापी और प्रजावत्सल राजा थे। डूंगरपुर राज्यका जो शोचनीय अवस्थामें बना था रहा था आपहीने संस्कार किया। धर्मकी ओर भी आपकी श्रद्धा कम न थी। कवितामें भी आप अच्छे प्रेमी थे। प्रजाकी भलाईके लिये आप अच्छे अच्छे काम कर गये हैं। इस थोड़ीसी अवस्थामें आपका मेल जोल भारतके प्रायः सभी मुकुटधारी रईसोंके साथ खूब बढ़ गया था।

१९१२ ई०में सम्राट्के वार्षिक जन्मदिनके उत्सव पर आप 'के, सी, आई, ई' की उपाधिसे विभूषित हुए थे। १९१४ ई०के विश्वव्यापी युद्धमें आपने गवर्मेण्टके प्रति सच्ची भक्ति दिखलाई थी। सारे राज्यमें सुख-शान्ति स्थापित कर १९१८ ई०की १५ नवम्बरको आप इस लोकसे चल बसे। बाद इनके बड़े लड़के लक्ष्मणसिंहजी बहादुर राजसिंहासन पर आरूढ़ हुए। ये अभी नाबालिग हैं और मेयो-कालेज अजमेरमें शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। ये भी योग्य पिताके योग्य पुत्र जैसे मालूम होते हैं।

राज्यभरमें कुल ७७१ ग्राम लगते हैं। लोकसंख्या प्रायः १८९२७२ है। अधिवासियोंमें अधिकतर भील हैं। इनके सिवा यहां ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, मुसलमान, बोहरे आदि भी रहते हैं। मुख्य धर्म जो राज्यमें प्रचलित है, वह वैदिक-हिन्दूधर्म है। इसके सिवा जैन और महम्मदी भी हैं। जैन भट्टारककी गद्दी भी है।

यहांकी मुख्य उपज मकई, धान, मूंग, उड़द, तिल सरसों, गेहूं, चना और जौ है। पहले अफीमकी खेती जितनी ही अधिक होती थी, अब उतनी ही कम गई है।

वन-विभागकी ओर उतना ध्यान आकर्षित नहीं होता। पथरीली जमीन होनेके कारण उपयोगी वृक्ष बहुत कम दिखाई पड़ते हैं। फलदार वृक्षोंमें महुआ और आम खूब होते हैं। राज्यभरमें लोहे और तांबेकी खानें हैं सही, पर इस ओर राज्यका कम ध्यान रहता है। थोड़ीगाममें एक नकली हीरेका पत्थर अच्छा होता है और बहुत पाया जाता है।

यह राज्य कृषिप्रधान देश है। सैकड़े पीछे ८१ खेतीबारी करके अपनी जीविकानिर्वाह करते हैं। कोई

कला-कौशल उतना सुयोग्य नहीं है। पत्थर तथा काठ परकी खुदाईका काम प्रशंसनीय है। चांदी सोनेके भी कई अच्छे कारीगर हैं।

यहांके नरेशोंकी उपाधि "रायरायां महाराजाधिराज महारावल श्री १०८ श्री......बहादुर" है। पन्द्रह तोपोंकी सलामी है और लाट साहबसे वापसीकी मुलाकात (Return Visit) होती है। राजाको राज्यके आभ्यन्तरिक प्रबन्धमें पूरा अधिकार है। 'राज्य श्री अमात्य-कार्यालय" दरबारके अधीन है। भिन्न भिन्न विभाग एक एक अध्यक्षकी देख रेखमें है। राजकार्यकी सुविधाके लिए स्वर्गीय महारावल विजयसिंहजी दो सभाएं स्थापित कर गये हैं। पहली सभाका नाम "राजप्रबन्धकारिणी सभा" है। इसमें वह मुकदमा पेश किया जाता है, जो अमात्य-कार्यालयके अधिकारसे बाहर रहता है। दूसरी सभा "राज-शासनसभा" कहलाती है। इसमें बड़े बड़े फौजदारी और दीवानी मुकदमें तथा दीवानी फौजदारीकी अपीलें सुनी जाती हैं। नवीन कानून भी इसी सभासे पास होता है। "राज-शासनसभा" में केवल मेम्बर ही नहीं बैठते, मगर कुछ असेसर भी बैठते हैं। राज्यकी आमदनी दो लाख रुपयेकी है, जिसमेंसे १७५००) रु- वृटिश गवर्नमेण्टको देने पड़ते हैं। डूंगरपुर राज्यमें अपना सिक्का नहीं चलता। सब जगह अंगरेजी सिक्कोंका ही चलन है। राजपूतानेके जैसा यहां भी जमीनके अनुसार मालगुजारी स्थिर की गई है।

राज्यमें विद्याकी उतनी उन्नति नहीं है, किन्तु पहलेसे आजकल कुछ बढ़ोतरी पर है। भील लोगोंके लिये खास एक स्कूल है। स्कूलके अतिरिक्त दो अस्पताल हैं। शहर सफाई आदिके लिये म्युनिसपालिटी भी स्थापित है।

२ उक्त राज्यका एक शहर। यह अक्षा० २३° ५१′ उ० और देशा० ७३° ४३′ पू० उदयपुरसे ६६ मील दक्षिणमें अवस्थित है। लोकसंख्या लगभग ६०८४ है। कहते हैं, कि १४वीं शताब्दीमें यह नगर महारावल वीरसिंहने भील-सरदार डूंगरियाके नाम पर बसाया गया। १८वीं शताब्दीमें महाराष्ट्र-सेनाने शाहजादे खुदादादके अधीन इस नगरको अवरोध किया था। यहां एक अङ्गरेजी डाकघर, टेलिग्राफ आफिस, कारागार, अस्पताल और अङ्गरेजी वर्नाक्युलर स्कूल है।

डूंगरपुर राजाकी वंश-तालिका।

मेवाड़ नरेश रणसिंह

क्षेमसिंह (रावल शाखा) — (राणाशाखा)

सामन्तसिंह (मेवाड़ तथा डूंगरपुरके राजा)
मेवाड़—(संवत् १२२८से १२३६)
डूंगरपुर—(संवत् १२३६से १२७७के पूर्व)
|
सोहड़देव (संवत् १२७७ से १२८१)
|
देवपालदेव (संवत् १२८१ से १३४३ के पूर्व)
|
वीरसिंहदेव (संवत् १३४३ से १३७८)
|
भचुण्डो (भरतुण्ड)
|
डूंगरसिंह
|
करमसिंह (करणसिंह)
|
कान्हड़देव
|
पाता रावल (प्रतापसिंह)
|
गोपा रावल (गोपीनाथ)
|
सोमदास
|
गांगोरावल (गङ्गदेव)
|
उदयसिंह १म
|
पृथ्वीराज
|
आसकरण
|
सहसमल
|
कर्मसिंह
|
पूंजा रावल
|
गिरिधरदास
|

डेपूटेशन (अं॰ पु॰) प्रसिद्ध मनुष्योंकी मण्डली। ये किसी सभा संस्थाकी ओरसे सरकार, राजा महाराजा इत्यादिके पास किसी विषयमें प्रार्थनाके लिये जाते हैं।

डेरा (हिं॰ पु॰) १ टिकाव, ठहराव, पड़ाव। २ ठहरनेका आयोजन, छावनी। ३ ठहरनेका स्थान, छावनी, कैम्प। ४ खेमा, तम्बू, शामियाना। ५ नाचने तथा गानेवालोंकी मण्डली। ६ निवास-स्थान, मकान, घर। ७ पञ्जाब, अवध, बंगाल तथा मध्यप्रदेश और मद्रासमें मिलनेवाला एक प्रकारका जंगली पेड़। इसकी छाल और जड़ गाँव काटने पर दिखाई जाती है।

डेरा इस्माइलखाँ—१ उत्तर-पश्चिम सीमान्तप्रदेशका दक्षिणस्थ जिला। यह अक्षा॰ ३१° १५' से ३२° ३२' उ॰ और देशा॰ ७०° ५' से ७१° २२' पू॰में अवस्थित है। भूपरिमाण ३७८० वर्गमील है। इसके उत्तरमें बन्नू जिला, पूर्वमें भक्कर और लाइयुर, दक्षिणमें डेरागाजीखाँ और मुजफ्फरगढ़ तथा पश्चिममें सुलेमान पहाड़ है। यही जिला भारतकी अन्तिम सीमा है।

यहाँ दो गढ़ोंके भग्नावशेष देखे जाते हैं जिन्हें काफिरकोट कहते हैं। शायद ग्रीक लोगोंने ये गढ़ निर्माण किये थे। १४वीं शताब्दी तक इस देशका विशेष विवरण कुछ नहीं मिलता है। १५वीं शताब्दीके अन्तमें मालिक सोहराबके अधीन एक दल बलूची यहाँ आ कर रहने लगे। इस्माइलखाँ और फतेहखाँ नामक उनके दो पुत्रोंने अपने नाम पर दो नगर स्थापित किये। बलूचियोंको हूट जाति कहते थे। इस हूट जातिने ३०० वर्ष तक स्वाधीनभावसे राज्य किया। पीछे १७१० ई॰में अहमदशाह दुर्रानीने उन्हें मार भगाया और देश अपने कब्जेमें कर लिया। १७९२ ई॰में दुर्रानीके सिंहासन अधिकारी शाहजमान महम्मदखाँने एक पठानको नवाबकी पदवी दे कर यहाँ भेजा। महम्मदखाँने देशको अधिकृत कर मनकेरा नामक स्थानमें राजधानी स्थापित की। उनके मरनेके बाद उनके नाबालिग नाती शेर महम्मदखाँ राज-सिंहासन पर अभिषिक्त हुए। इस समय रणजितसिंह देश जीतनेमें लगे हुए थे। उनके मनकेरा अधिकार कर लेने पर शेर महम्मद डेरा इस्माइलखाँ भाग गये और यहाँ निश्चिन्तभावसे करद हो कर उन्होंने २० वर्ष तक राज्य किया। बाद खाँको बहु जानेके कारण १८३१ ई॰में नवनिहालसिंहने यह देश अपने अधिकारमें कर लिया। नवाबको खर्च वर्चके लिये राजस्वका कुछ अंश देनेका निश्चय कर दिया गया। आज भी उनके वंशधर उस अंशका भोग कर रहे हैं। सिख-शासनकालमें अपर डेराजात दीवान लक्खीमलके अधीन आ गया, पीछे इनके लड़के दीवान दौलतरायके हाथ लगा। १८४० ई॰में वृटिश गवर्मेण्टका इस ओर ध्यान आकर्षित हुआ। गवर्नर एडवर्ड (पीछे सर हरबर्ट) जब लाहौर दरबारमें प्रतिनिधि स्वरूप बना कर भेजे गये थे, तब उन्होंने राजस्वका एक संक्षिप्त बन्दोबस्त कर दिया। दूसरे वर्ष डेरा इस्माइलखाँ तथा बन्नूके योद्धाओंने एडवर्डका मुलतान तक साथ दिया तथा पञ्जाब अधिकृतकालमें भी उनकी यथेष्ट सहायता की। पञ्जाब फतह किये जानेके साथ साथ डेरा इस्माइलखाँ भी अंगरेजोंके हाथ लगा। अंगरेजोंने इसे जिलेका सदर कायम किया और बन्नूको भी उसके अन्तर्गत कर लिया। १८६१ ई॰में बन्नू एक पृथक् कर्मचारीके हाथ सुपुर्द किया गया और लेह जिलेका दक्षिणस्थ आधा भाग डेरा इस्माइलखाँके साथ मिला दिया गया। १८५७ ई॰में सिपाहीविद्रोहके समय यहाँ भी विद्रोहकी सूचना दी गई थी, किन्तु डिपुटी कमिश्नर कर्नल कस्सने विद्रोह-अग्नि धधकनेके पहले ही उसे शान्त कर दिया। १८७० ई॰में पञ्जाबके लेफ्टिनेण्ट गवर्नर सर हेनरी दुरन्द जब एक दिन टाङ्क शहरके तोरणद्वार हो कर हाथीकी पीठ पर चढ़े भीतर जा रहे थे, तब संयोगवश उन्हें तोरणमें धक्का लगा और औंधे मुँह वहीं गिरे और पञ्चत्वको प्राप्त हुए। उनकी लाश डेरा इस्माइलखाँमें गाड़ी गई। उनकी मृत्यु होने पर जिला भरमें शोक फैल गया था। १९०१ ई॰में सीमान्तप्रदेशके संगठनके समय भक्कर, लेह जिला तथा कुलाची तहसीलके बहुतेरे ग्राम इस जिलेसे पृथक् कर लिये गये थे।

इस जिलेमें ३ शहर और ४०८ ग्राम लगते हैं। लोकसंख्या प्रायः २४७८५० है। यहाँ हिन्दू, मुसलमान, सिख, पठान, बलूची, जाट, चमार, मोची और कसाई लोग वास करते हैं। खेतीकी अच्छी सुविधा नहीं है।

नहर द्वारा जमीन सींची जाती है। गेहूँ, जौ, ज्वार, चीनी, तमाखू, सुन्दरी, मूंग, मसुर, अरहर आदि जिलेकी प्रधान उपज है। डेरा इस्माइलखाँ और खुरासानके साथ वर्षमें दोबार आमदनी और रफ्तनी होती है। चमड़े, नमक आदिकी आमदनी और गेहूँ और गल्ली ज्वारकी रफ्तनी होती है।

शासन-कार्यकी सुविधाके लिये यह जिला तीन तालुकमें विभक्त है, डेरा इसमाइलखाँ, टांक और कुलाची। हरएक तहसील एक एक तहसीलदार और नायब तहसीलदारके अधीन है। डिपुटी कमिश्नर तथा सहकारी कमिश्नर द्वारा विचारकार्य सम्पादन होता है। एक सहकारी कमिश्नरके अधीन पुलिसका इन्तजाम है। दीवानी कार्य डिष्ट्रिक्ट जज द्वारा चलाया जाता है जिसकी अदालत बन्नूमें है।

जिलेमें दो म्युनिसिपालिटी हैं, एक डेरा इस्माइलखाँमें और दूसरी कुलाचीमें। यहां ४ सेकेण्डरी, २५ प्राइमरी, ४ हाई और २८८ बालिका स्कूल हैं। इस विभागमें वार्षिक २३४००) रु० खर्च होते हैं। इसके सिवा यहां एक कारागार और एक अस्पताल है। जिलेमें ग्रीष्मका प्रकोप बहुत अधिक है।

२ उक्त जिलेकी एक तहसील। यह अक्षा० ३१° १८ से ३२° १२ उ० और देशा० ७०° ११´ से ७१° २२´ पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण १६८८ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः १४४११० है। इसमें २५० ग्राम लगते हैं।

३ उक्त जिलेका एक प्रधान शहर। यह अक्षा० ३१° ४८´ उ० और देशा० ७०° ५५´ पू०में अवस्थित है। लोकसंख्या लगभग ३१७३७ है। यह शहर सिन्धु नदीसे ४६ मील, लाहोरसे २०० मील तथा मुलतानसे १२० मील दूर पड़ता है। यह शहर १५वीं शताब्दीमें बलूचके प्रधान सर्दार सोहरावके लड़के इस्माइलखाँसे स्थापित हुआ। उन्हींके नाम पर शहरका नामकरण हुआ है। यहां दो मिशनरी हाईस्कूल, चिकित्सालय तथा औषधालय है। यहांसे अनाज, लकड़ी और घी की रफ्तनी तथा दूसरे दूसरे स्थानोंसे चमड़े, नमक आदिकी आमदनी होती है।

डेरा गाजीखाँ—१ पञ्जाबके दमाजात मुलतान विभागका एक जिला। यह अक्षा० २८° २१´ से ३१° २०´ उ० और देशा० ६९° १९´ से ७०° ५४´ पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण ५३०६ वर्गमील है। इसके उत्तरमें डेरा इस्माइलखाँ, पूर्वमें सिन्धु नदी, दक्षिणमें उत्तर सिन्धु का प्रान्तसीमास्थ जिला और पश्चिममें सुलेमान पहाड़ है।

यह जिला बालुकामय निम्नभूमिसे समाच्छन्न है। एक ओरसे सुलेमान पहाड़ और दूसरी ओरसे सिन्धुका किनारा इसको घेरे हुए हैं। जिलेके पश्चिम भागमें गिरिमाला पहाड़की सानुभूमिकी ओर विस्तृत है। जहां बहुतसे स्वाधीन बलूचिजातिके आश्रयस्थान हैं। पहाड़से अनेक जलस्रोत निकले हुए हैं सही, किन्तु सूखी जमीनमें जा कर वे शीघ्रही सूख जाते हैं। कहा और सङ्गर नदियोंमें बारहों महीने जल रहता है। अन्य नदियोंका जल जब सूख जाता है तब बलूची लोग अपने अपने मवेशीको ले कर पहाड़ पर चराने जाते हैं। ग्रीष्मकालमें ६; दोसौ हाथ जमीनके नीचे पानी मिलता है। पश्चिमकी ओर नदीके किनारे निर्जन मरुभूमि दृष्टिगोचर होती है। बीच बीचमें ६८८ फुट गहरा कुआं गवर्मेण्टकी ओरसे बना दिया गया है जिससे पथिकोंको जल मिल जाया करता है। पूर्वकी ओर सिन्धु नदीके जलसे जमीन कुछ कुछ उर्वरा हो गई है इसी कारण मनुष्योंका वास भी इस ओर अधिक है। लोकसंख्या प्रायः ४०११४० है। इसमें ५ शहर और ७१० ग्राम लगते हैं। अधिवासियोंमें प्रधानतः जाट, हिन्दू और भिन्न भिन्न श्रेणीके बलूची लोग हैं। इस अञ्चलमें ऊंटके झुण्ड देखे जाते हैं। यहांका अजूरवा घृत प्रसिद्ध है। यहांके जंगलमें जो लकड़ी मिलती हैं वे केवल जलानेके काम आती हैं। खेतीबारीकी सुविधाके लिए कई एक नहर काटी गई हैं। सङ्गर और जामपुर तहसीलका अंश कालापानी नामसे मशहूर है। दो नदियोंमें बारहों महीने काले रंगका पानी रहता है, इसीसे इस अंशको कालापानी कहते हैं।

यहांसे सुलेमान पहाड़की प्रधान चोटीका नाम एकभाय है जो समुद्रतलसे ७४१२ फुट ऊंची है। इसके बाद ही तख्तारी शामक चोटी है। दोस्तकालमें सुलेमान

पहाड़का ऊपरी भाग बहुत ठंढा रहता है। सुतरां ग्रीष्म-दिनोंके लिये बहुत मनोरम है। यहां ८२ गिरिसङ्कट हैं जिनमेंसे सङ्गर, सखीसरवार, चाचर, काहा और मोरी प्रधान हैं।

सिन्धु नदीमें जब बाढ़ आती है, तो दूर तकका कोई कोई स्थान डूब जाता है। जो जो स्थान जलप्लावित होते हैं, वहां उमदा पङ्क जमनेसे जमीन उर्वरा हो जाती है। कभी कभी सिन्धु नदमें भारी बाढ़ आ जाती है। १८११ और १८४१ ई०में जब भीषण बाढ़ आई थी, तब सिन्धु नदीका जल २० फुट ऊपर चढ़ कर ६ कोस तककी जमीनको डुबाता हुआ शहरके उपकण्ठ तक आ गया था। १८५६ ई०के प्लावनमें डेरा गाजीखाँका सेनानिवास बह गया था।

खनिजद्रव्योंमें यहांके पहाड़ पर लोहा, तांबा और सीसा मिलता है। पत्थरके कोयले भी पाये जाते हैं। जिलेके दक्षिणभागमें फिटकरी निकाली जाती है। पहाड़ पर सुलतानी नामकी एक प्रकारकी मट्टी पाई जाती है जो औषध बनानेके काममें आती है और साबुनके बदले व्यवहृत होती है। यहां क्षार नामक एक प्रकारका पेड़ है जिसे जला कर सज्जी प्रस्तुत होती है। जलप्लावित भूमिमें मूंज नामकी झाड़ी उगती है। जङ्गली पशुओंमें बाघ, हिरन, सूअर, गदहा और तरह तरहके पक्षी तथा कबूतर पाये जाते हैं।

इतिहास—पहले इस जिलेमें केवल हिन्दूजातिका वास तथा हिन्दूराजत्व था। जिलेके अनेक स्थानोंमें आज भी हिन्दूराजाओंके कीर्तिकलाप वर्णित हुआ करते हैं। यहांके हिन्दू राजाओंमें मोरधर रसालूका नाम बहुत मशहूर है। (रसालू देखो।)

सङ्गर तथा दूसरे दूसरे स्थानोंमें मुसलमान आक्रमणकी पूर्ववर्ती प्राचीन कीर्तियोंके अनेक ध्वंसावशेष देखे जाते हैं। ७१२ ई०में मुलतानके साथ साथ यह जिला अरब विजेता महम्मद बिन्‌कासिमके हाथ लगा। मुसलमान राजत्वकालमें इस जिलेकी आय राजकर्मचारियोंके हस्तगत हो जाती थी। प्रायः १४५० ई०में लङ्गालोन मस्याहके बाल्लेय ओदोमंशके भाटियोंका प्रभाव बहुत बढ़ गया। वे सिन्ध और मोलतुर दलमें स्वाधीनभावसे राज्य करते थे। बाहोरवंशमें इस्माइल मिरानीने अपना आधिपत्य विस्तार किया था। किन्तु पश्चिमप्रान्तवासी पार्वतीय बलूची जातिके आक्रमणसे उनका अधिकार बहुत कुछ ह्रास हो गया। बलूचियोंमें मालिक सोहराब ही प्रधान थे। बाद सरदार हाजी खाँ बहुत बढ़ चढ़ गये। इनके पुत्र गाजीखाँने १५वीं शताब्दीमें अपने नाम पर शहर और जिलेका नाम रखा। तभीसे डेरा-गाजीखाँ नाम प्रचलित है। उक्त बलूची लोग मुलतानके राजाके अधीन सामन्तोंमें गिने जाते थे। क्रमशः वे अपने दलको मजबूत कर दो वर्षके बाद उक्त राजाके अधीन राजा हो गये। इसी वंशके १८ राजाओंने उक्त राज्य पर राज्य किया और उनके उत्तराधिकारियोंने हाजी और गाजीखाँकी उपाधि धारण की। अकबरके समयमें गाजीखाँके वंशने सामसाय मुगल साम्राज्यकी अधीनता स्वीकार की। यद्यपि इन लोगोंका राज्य इस समय भी जागीरमें गिना जाता था और उन्हें कुछ कुछ कर भी देने पड़ते थे, तो भी एक तरहसे वे सम्पूर्ण स्वाधीनता भोग करते थे। दक्षिणांशमें नाहरोंने १२वीं शताब्दी तक अपनी स्वाधीनता बचाये रखी थी। मुगलोंकी अवनतिके समय १७३९ ई०में सिन्धुनदका पश्चिम कूलवर्ती प्रदेश नादिरशाह दुर्रानीके अधिकारमें आया। इस समय गाजीखाँ दुर्रानीकी अधीनता स्वीकार कर पैतृक अधिकार निर्विवादसे भोग करने लगे। उनकी मृत्युके बाद कोई उत्तराधिकारी नहीं रहनेसे यह जिला पुनः थोड़े समयके लिये नासराव मुलतानमें मिला दिया गया। इस समय कलहोरा राजाओंने इस जिलेको अपने अधिकारमें कर लिया, किन्तु १७७० ई०में महमूद गुजर नामक अहमदशाह दुर्रानीके अधीनस्थ एक शासनकर्ताने इसे उद्धार किया। उन्हींके यत्नसे इस जिलेमें कई तालाब कुएँ और नहरें काटी गईं, जिससे कृषिकार्यको अच्छी सुविधा हो गई है। दुर्रानी राजाओंके अधीन यहां कई एक व्यक्तियोंने यथाक्रम शासनकार्य किया। पीछे बलूची जातिके अत्याचारोंसे यह स्थान श्रीभ्रष्ट और उजाड़ हो गया।

इस समय नहरें आदि बरबाद हो गईं, कृषिकार्य नष्ट हुआ और दशा दुरवस्थापन्न हो गई। रणजित्सिंहके

अभ्युदयके समय यह जिला लाहोर-दरबारके अधीन हुआ। १८१८ ई०में रणजित्सिंहने अपना आधिपत्य सिन्धुनद तक फैला लिया। यहां तक कि इस जिलेका दक्षिणीय भाग भी इनके हाथ आ गया। बहवलपुरके नवाब सादिक मुहम्मदखाने लाहोर दरबारमें कुछ वार्षिक कर दे कर ये सब नवीन अधिकृत प्रदेश बतौर जागीरके ले लिये। १८२० ई०में नवाबने इसके उत्तरीय भाग पर भी धावा मारा। १८३२ ई०में सारा जिला मुलतान के सावनमलके हाथ आ गया। द्वितीय सिख-युद्ध तक सावनमलके लड़के मूलराजका इस पर अधिकार रहा। बाद जब समूचा पञ्जाब ब्रटिश गवर्मेण्टके शासनाधीन हुआ, तब यह जिला भी उसीके साथ साथ ब्रटिशके दखलमें आ गया। जबसे यह जिला अङ्गरेजोंके अधीन आया है, तभीसे इसकी उन्नति दिन दूनी और रात चौगुनी होने लगी है।

जिलेकी खेती फसल गेहूं ही प्रधान है। इसके अलावा चना, पोस्त, तमाकू, धान, रूई और नीलकी उपज भी कम नहीं होती। यहां कम्बल, गलीचा, जीन तथा और दूसरे दूसरे प्रकारके पशमके कपड़े तैयार होते हैं। रेशमकी बुनावट भी यहांकी अच्छी होती है। यहां जो हाथी दांतकी चूड़ियां बनती हैं, वह सब जिलेसे बाहर होती हैं। इस जिलेसे गेहूं, बाजरा, नील, अफीम, रूई, चमड़ा और सिन्दुन कराची और मुलतान भेजा जाता है तथा वहांसे गेहूं, चना, नमक, दलहन, चीनी, चमड़े और लोहेकी आमदनी होती है।

इस जिलेमें रेल नहीं गई है। लोग जहाज तथा नाव द्वारा वर्षाऋतुमें नदी पार होते हैं। २८ मील तक पक्की सड़क और ६६० मील तक कच्ची सड़क गई है। सखी सरवर नामकी पक्की सड़क ही सबसे बड़ी तथा मशहूर है। शासनकार्यकी सुविधाके लिये यह जिला चार तहसीलोंमें विभक्त किया गया है, डेरा गाजीखां, राजनपुर और सङ्घड़। प्रत्येक तहसील तहसीलदार और नायब तहसीलदारके अधीन है। डिपटी कमिश्नर फौजदारी मामलेका विचार करते हैं और डिष्ट्रिक्ट जज दीवानीका। इन दोनोंके ऊपर मुलतान सिविल डिष्ट्रिक्टके डिविजनल जज हैं।

शिक्षा-विभागमें वार्षिक ३४०००) रु० व्यय होते हैं। स्कूलके सिवा यहां कई एक अस्पताल और औषधालय भी हैं। जिलेमें पांच शहर लगते हैं,—डेरा गाजीखां, दजल, मोमहरा, जमपुर, राजनपुर और मिठनकोट।

२ उक्त जिलेकी एक तहसील। यह अक्षा० २८° ३४´ से ३०° ३१´ उ० और देशा० ७०° १०´ से ७०° ५४´ पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण १४५७ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः १८३७४४ है। इसके पूर्वमें सिन्धु नद और पश्चिममें स्वाधीन राज्य है। यहां एकभाय और फोर्ट मुनरो नामक पर्वतशृङ्ग क्रमशः ७४६२ और ६३०० फुट समुद्रपृष्ठसे ऊंचे हैं। इसी तहसीलमें इसी नामका एक शहर और २१५ ग्राम लगते हैं।

३ उक्त तहसीलका एक प्रधान शहर। यह अक्षा० ३०° ३´ उ० और देशा० ७०° ४७´ पू० पर सिन्धु नदके किनारे पर अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः २३०३१ है।

१४७५ ई०में गाजीखां मिरानी नामक किसी बलूचीने यह नगर स्थापित किया था। नगरके पूर्वमें कस्तूरी नामकी नहर है। जिसके दोनों बगल घने खजूरके जंगल हैं, बीच बीचमें अनेक घाट भी हैं। ग्रीष्मकालमें बहुतसे लोग यहां स्नान करने आते हैं। नगरके ऊपर एक बहुत ऊंचा बांध है जो १८५८ ई०में बाढ़से नगरको बचानेके लिये तैयार किया गया है। पहले यहां गाजीखांका उद्यान था। अभी यहां अदालत है और प्राचीन दुर्गमें तहसीलकी कचहरी और पुलिस कार्यालय है। इसके अलावा यहां टाउनहाल, विद्यालय, औषधालय, डाकघर आदि हैं, बीच बीचमें अनेक मसजिदें भी देखनेमें आती हैं। इनमेंसे गाजीखां, अबदुल जब्बार और चुताखांकी मसजिद प्रसिद्ध है। सिखोंके आधिपत्यकालमें उक्त तीनों मसजिदें सिखोंके उपासना-गृहके रूपमें गिनी जाती थीं। यहां प्राचीन हिन्दू देवमन्दिर और दो मुसलमान साधुओंकी समाधियां हैं।

शहरसे नील, अफीम, खजूर, गेहूं, कपास, अंगनी, घी, चमड़े आदिकी रफतनी और दूसरे दूसरे देशोंसे चीनी, काबुलके तरह तरहके फल, विलायती कपड़े, धातु, नमक तथा गरम मसालेकी आमदनी होती है। किसी समय यहां रेशम और रूईका कारबार था, अब प्रायः नहींके बराबर है।

चौकआमेंमें नहरके किनारे सप्ताहमें दो बार हाट लगती है। शासनकार्यके लिये यहांके जिलेमें एक दल सरकारी और दो दल प्रजाकीय रहते हैं। १८६० ई०में यहां म्युनिसिपालिटी कायम हुई है। यहां टाउनहाल, अस्पताल, हाई-स्कूल और एक धर्मशाला है।

डेरा गोपीपुर—पञ्जाबके कांगड़ा जिलेकी एक तहसील। यह अक्षा० ३१° ४० से ३२° १३´ उ० और देशा० ७५° ५५´ से ७६° ३२´ पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण ४२५ वर्गमील और लोकसंख्या लगभग १८५५९८ है। इसमें कुल १४५ ग्राम लगते हैं। यहांकी आय लगभग दो लाख रुपयेकी है।

डेराजात—पञ्जाब प्रदेशके अन्तर्गत एक कमिश्नरके अधीन एक विभाग। यह अक्षा० २८° २० से ३४° १५´ उ० और देशा० ६८° २५´ से ७१° पू०में अवस्थित है। इसके अन्तर्गत डेरा इस्माइलखां, डेरा फतहखां और डेरा गाजीखां ये तीन जिले हैं। यह उपविभाग उत्तरमें शेख बुदिन पहाड़ और दक्षिणमें राजनपुर शहर तक विस्तृत है। इसकी लम्बाई ३२५ मील और चौड़ाई ५० मील है। १८४८ ई०में यह विभाग अंगरेजोंके हाथमें आया। १५वीं शताब्दीमें यह विभाग मुलतानके शासनाधीन था। मुलतानके अधिपति सुलतान हुसैनने जब देखा कि सिन्धुप्रदेशका अधिकार उनके हाथमें अब रहनेको नहीं है, तब उन्होंने बलूच-सेनापतियोंको बुलाया और मलिक सोहराबको ये सब प्रदेश जागीरमें दे दिये और उनके लड़के इस्माइल और फतहखांने अपने अपने नाम पर दो डेरा अर्थात् वासस्थान स्थापित किये। इधर गाजीखां भी बलूचके प्राचीन मिरानी वंशके प्रधान थे और लङ्गाह दरबारमें नौकरी करते थे, सुलतान हुसैनके पीछे महमूदके शासनकालमें स्वतन्त्र हो गये। उन्होंने अपने लड़केके नाम पर एक शहर बसाया जिसका नाम डेरा गाजीखां रखा गया। १५२६ ई०में बाबरके भारत पर चढ़ाईके समय मिरानियोंने उनकी अधीनता स्वीकार कर ली। बाबरके मरने पर उनके लड़के कामरानने, जो काबुलके शासक थे, डेराजात पर अपना अधिकार जमाया। फिर हुमायूँने इसका पूरा अधिकार मिरानियोंको दे दिया। १७३८ ई०में नादिरशाहने सिन्धुका पश्चिमीय प्रदेश हस्तगत कर लिया और मिरानियोंका शासन अन्त आया था। बाद यहां एक राजाओंने इस पर एक एक कर आक्रमण किया सही, लेकिन कोई अधिक दिन तक ठहर न सके। कालक्रमसे इसपर दूर राष्ट्रोंके हाथसे यह विभाग १८४८ ई०में सदाके लिये अंगरेजोंके हाथमें आ गया।

डेरा नानक—पञ्जाबके गुरदासपुर जिलेके अन्तर्गत बटाला तहसीलका एक नगर। यह अक्षा० ३२° २´ उ० और देशा० ७५° ७´ पू० पर रावी नदीके दक्षिण किनारे पर स्थित है। लोकसंख्या प्रायः ५११८ है। यह गुरदासपुर शहरसे २२ मीलकी दूरी पर अवस्थित है।

इस नगरके निकट दूसरी तरफ पखोकेके ग्राममें सिक्खोंके आदिगुरु नानक रहते थे और इसी ग्राममें उनकी मृत्यु भी हुई। उनके वंशधर वेदीगण बराबर इसी ग्राममें रहते थे, किन्तु जब यह ग्राम क्रमशः नदीमें कट गया, तब वे नदी पार कर गये और यहां उन्होंने एक नया नगर बसाया जिसका नाम अपने आदिपुरुष नानकके नाम पर डेरा-नानक रखा। तभीसे यह नगर सिक्खोंके निकट बहुत पवित्र माना जाता है। बाबा नानकके स्मरणार्थ यहां एक सुन्दर मन्दिर बनाया गया है जिसे दरबार साहब कहते हैं। शहरमें नानकके वंशधर ही प्रधान हैं।

एक समय यहां वाणिज्यव्यापार खूब जोर था। रेल हो जानेसे व्यवसाय कुछ कम गया है। तो भी यहांका शाल प्रस्तुत करनेका व्यवसाय आज भी प्रसिद्ध है। यहांसे कपास और चीनीकी रफतनी अधिक होती है। रावी नदीकी बाढ़से नगरके विशेष अनिष्ट होनेकी सम्भावना रहती थी, इसीसे यहां एक बांध दे दिया गया है। इस पर भी मन्दिर और नगर भूगर्भशायी हो जानेकी आशङ्का सदा बनी रहती है।

यहां थाना, अंगरेजी और देशीभाषा शिक्षाके विद्यालय, औषधालय आदि हैं। १८६० ई०में यहां म्युनिसिपालिटी स्थापित हुई है।

डेरापुर—१ युक्तप्रदेशके कानपुर जिलेकी एक तहसील। यह अक्षा० २६° २०´ से २६° ४७´ उ० और देशा० ७९° ४४´ से ७८° ५५´ पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण ३०८

वर्गमील और लोकसंख्या लगभग १४८५८३ है। इसमें २०५ ग्राम लगते हैं, शहर एक भी नहीं है। इसके उत्तरमें रिन्द नदी और दक्षिणमें सेङ्गुर नदी प्रवाहित है।

२ ईटावा जिलेका एक प्रधान नगर। यह सेङ्गुर नदीके बांये किनारे कानपुर शहरसे १७ कोस पश्चिममें अवस्थित है। यहां तहसीलकी कचहरी, प्रथम श्रेणीका थाना, विद्यालय, डाकघर आदि हैं। महाराष्ट्रोंके शासनकालमें (१७५६-१७६२ ई०को) इस प्रदेशके शासनकर्त्ता गोविन्दराव पण्डित यहां एक सुदृढ़ दुर्ग बना गये हैं। नगरमें अनेक प्राचीन मसजिद भी हैं।

डेरोली श्रीगौड़—श्रीगौड़ ब्राह्मणोंकी जातिका एक भेद। मालव प्रान्तमें ये अधिक संख्यामें पाये जाते हैं। इनका आचार विचार साधारण है। शूद्रकन्याकी सन्तान होनेके कारण इनका पद नीचा है। कहते हैं, कि ऋषियोंके शापसे ये लोग भिक्षुक हो गये हैं, इसलिए कर्म धर्ममें भी हीन हैं।

डेल (हिं॰ स्त्री॰) १ रबीकी फसलके लिये जोती हुई जमीन। (पु॰) २ मद्रासमें होनेवाला एक प्रकारका बड़ा और ऊँचा पेड़। इसकी लकड़ी मेज कुरसी आदि बनानेके काममें आती है। इसके बीज खाये जाते हैं और उनमेंसे एक प्रकारका तेल निकलता है जो दवा और जलानेके काममें आता है। ३ उल्लू पक्षी। ४ पत्थर मट्टी आदिका खण्ड, ढेला, रोड़ा।

डेल्टा (अं॰ पु॰) वह तिकोनी जमीन जो नदियोंके मुहानों या सङ्गमस्थान पर उनके द्वारा लाए हुए कीचड़ और बालूके जमनेसे बनती है।

डेंगा (हिं॰ पु॰) १ बांसका कोंपा। २ नटखट चौपायोंके गलेमें बांधे जानेका काठ, ठेंगुर।

डेलिगेट (अं॰ पु॰) प्रतिनिधि, वे जिन्हें स्थानके निवासियोंकी ओरसे किसी सभामें अपनी सम्मति देनेके लिये भेजे जाते हैं।

डेंलिया (हिं॰ पु॰) लाल या पीले रंगका फूल देनेवाला एक प्रकारका पौधा।

डेवढ़ना (हिं॰ क्रि॰) १ आंच पर रक्खी हुई रोटीका फूलना। २ कपड़ेका तह लगाना।

डेवढ़ा (हिं॰ वि॰) १ आधा और अधिक, ड्योढ़ा। (पु॰) २ मद्दीर्गपथ, तंग रास्ता, जिसका एक किनारा ढाल हो। ३ कुछ उच्च स्वरका गान। ४ ड्योढ़ा संख्याका पहाड़ा।

डेस्क (अं॰ पु॰) लिखनेके लिये छोटा ढालुआं मेज।

डेहरिया—काशी प्रदेशके पूर्व भागमें कर्मनाशा नदीके किनारे अवस्थित एक प्राचीन ग्राम। भविष्यब्रह्मखण्डके मतसे यहां प्राचीन कालमें ताड़का राक्षसी रहती थी। उसकी मृत्यु रामचन्द्रके हाथसे हुई और इसी स्थान पर उसकी हड्डियां कालक्रमसे मट्टीमें मिल गईं।

(भ॰ ब्रह्म॰ ५८अ॰)

डेहरी (हिं॰ स्त्री॰) दहलीज, देहली।

डेहल (हिं॰ पु॰) डेहरी देखो।

डेंगना (हिं॰ पु॰) वह काठ जो नटखट चौपायोंके गलेमें बांध दिया जाता है, ठेंगुर।

डैना (हिं॰ पु॰) पक्ष, पंख, पर।

डैम (अं॰ पु॰) सत्यानाशी, अभागा।

डैश (अं॰ पु॰) अङ्गरेजी विराम-चिह्न। इसका प्रयोग कई उद्देश्योंसे किया जाता है। वाक्यके बाद डैश दे कर जब कोई वाक्य लिखा जाता है, तब उस वाक्यका व्याकरण सम्बन्ध प्रधान वाक्यसे नहीं होता। इसका चिह्न '—'यों है। जैसे, जो सगुण अच्छे पढ़े लिखे हैं—चाहे वे हिन्दू हों, चाहे मुसलमान हों, चाहे संगी हों—सभी उनका आदर करते हैं।

डोंगर (हिं॰ पु॰) पहाड़ी, टीला।

डोंगा (हिं॰ पु॰) १ वह नाव जिसमें पाल नहीं रहता है। २ नाव।

डोंगी (हिं॰ स्त्री॰) १ बिना पालकी छोटी नाव। २ छोटी नाव। ३ लोहारका वह पानीका बरतन जिसमें वे लोहा लाल करके बुझाते हैं।

डोंड़ा (हिं॰ पु॰) १ बड़ी इलायची। २ कारतूस, टोटा।

डोंडी (हिं॰ स्त्री॰) १ पोस्तेका फल जिसमेंसे अफीम निकलती है। २ उभरा मुंह, टोंटी। ३ छोटी नाव।

डोई (हिं॰ स्त्री॰) काठकी बड़ी करछी। यह कड़ाहमेंसे दूध, घी, चाशनी आदि चलानेके काममें आता है।

डोक (हिं॰ पु॰) पक्षा हुआ हुआरा।

डोकर (हिं॰ पु॰) डोकरा देखो।

डोकरा (हिं॰ पु॰) वृद्ध और क्षुद्र मनुष्य, बुड्ढा आदमी।

डोकरी (हिं॰ स्त्री॰) बूढ़ी स्त्री, बुड्ढी औरत।

डोका (हिं॰ पु॰) तेल आदि रखनेका काठका छोटा बरतन।

डोकिया (हिं॰ स्त्री॰) डोका देखो।

डोकी (हिं॰ स्त्री॰) डोका देखो।

डोङ्ग (अ॰ स्त्री॰) नाला, सुराख।

डोहनी (हिं॰ स्त्री॰) ममगार।

डोड़हा (हिं॰ पु॰) वह सांप जो पानीमें रहता है।

डोडी (सं॰ स्त्री॰) क्षुपविशेष, एक प्रकारको पेड़। इसके पर्याय—जीवन्ती, शाकश्रेष्ठा, सुखालुका, बहुवर्षा, दीर्घपत्रा, सूक्ष्मपत्रा और जीवनी हैं। इसमें कटु, तिक्त, उष्ण, दीपन, कफ, वात, अग्न्यामय रक्तपित्त, दाहनाशक और रुचिकर गुण माना गया है। (राजनि॰)

डोडी (हिं॰ स्त्री॰) औषधके काममें आनेवाली एक प्रकारकी लता। इसका दूसरा नाम जीवन्ती है। यह मधुर, शीतल, नेत्रहितकर, त्रिदोषनाशक और वीर्यवर्द्धक मानी जाती है।

डोडो (अ॰ स्त्री॰) एक पुराने समयकी चिड़िया। यह बत्तकके बराबर होती थी। इसका शरीर भारी और बेडौल था। यह अपने बचावके लिये कुछ नहीं कर सकती क्योंकि यह अधिक उड़ नहीं सकती थी। १६८१ ई॰के जुलाई मास तक यह मारिशस टापूमें देखी गई थी। १८६६ ई॰में इसकी बहुतसी हड्डियां पाई गई थीं। यूरोपियनोंके बसने पर इस दीन पक्षीका समूल नाश हो गया।

डोब (हिं॰ पु॰) गोता, डुबकी।

डोबा (हिं॰ पु॰) डुबकी, गोता।

डोम—भारतवर्षकी एक अस्पृश्य और नीच जाति। ये कई एक स्थानोंमें विस्तृत तथा भाषा और रीतियोंमें विभक्त हैं। इनकी उत्पत्तिके विषयमें बहुतोंका मतभेद है। बिहारका मघैया डोम कहता है, कि एक दिन महादेव और पार्वतीने सब जातियोंको भोजन करनेके लिये निमन्त्रण किया था। डोमोंका आदिपुरुष सुपच भक्त सबसे पीछे निमन्त्रणमें पहुंचा और देखा, कि, अन्यान्य जातियोंका भोजन शेष हो गया है। उसे बहुत भूख लगी थी इसलिये उसने सबोंका उच्छिष्ट भोजन एकत्र कर अपनी भूख शान्त कर ली। उपस्थित मनुष्य इस घृणित कार्यसे उसकी बहुत निन्दा करने लगे। अन्तमें वह जातिच्युत कर दिया गया। बिहारके सिवा मिर्जापुरीके डोममें इसकी जातिकथा पूरी कहकर वह अपनेको उच्छिष्ट भक्षक बतलाता है। परन्तु मगध और पश्चिम बङ्गालके डोम अपना उत्पत्ति-विवरण कुछ दूसरा ही बतलाते हैं। वे कहते हैं, कि ब्राह्मण जातिके निम्न श्रेणीके पुरुषके औरस तथा चण्डाल जातिकी स्त्रीके गर्भसे कालुवीरका जन्म हुआ। डम देखो।

यही कालुवीर समस्त डोम श्रेणियोंका आदिपुरुष है। कालुवीरके प्रानवीर, मनवीर, बालवीर और सालवीर नामके चार पुत्रसे आहुरिया, बिसबनिया, बांसफोड़िया और मघैया इन चार श्रेणियोंके डोम उत्पन्न हुए हैं। धनुकिया अथवा मगहपुरिया डोम भी अपनेको कालुवीरके वंशज बतलाते हैं। वे मृतदेहके शव शरीरको एक स्थानसे दूसरे स्थान तक पहुंचाते और चिता काटते हैं। इन डोमोंका प्रवाद है, कि महादेवने कालुवीरके एक पुत्रको गङ्गासे जल लाने भेजा था। रास्ते पर जा कर उसने देखा कि बहुतसे मनुष्य शवको जलानेके लिये खड़े हो रहे हैं। तब मृतव्यक्तिके आत्मीयसे वस्त्र ले कर उसने स्वयं दाह करके चिता प्रज्वलित कर दी। लौटने पर शिवजीने उसे इस तरह अभिशाप दिया 'तुम तथा तुम्हारे वंशधर बहुत काल तक मृतदेहका सत्कारादि करके कालयापन करेंगे।' डोमकी स्त्रियां बालकका नाल काट कर 'धाय' नामसे पुकारी जाती हैं। इस श्रेणीके पुरुष मजदूरी कर अपनी जीविकानिर्वाह करते हैं। एक श्रेणीके डोम बांस काट कर उससे टोकरी, सूप, पंखे आदि बनाते हैं। इन्हें बांसफोड़ कहते हैं। इसी श्रेणीका जो डोम छप्पर छाता है वह छपरिया कहलाता है।

डोमोंमें भिन्न भिन्न गोत्र हैं। इनमें मगहियोंके गोत्र ही अधिक प्रचलित हैं। साधारणतः डोमोंके अपने कुलमें विवाह निषिद्ध है। विवाहके मर्यादानुसार

विवाहके लिये गोत्रका नियम अत्यन्त प्रबल है। (१) पिता, (२) पितामही, (३) प्रपितामही, (४) वृद्ध प्रपितामही, (५) माता, (६) मातामही तथा (७) प्रमातामही ये जिन श्रेणीके होते हैं उन श्रेणीमें सर्वथा डोम विवाह नहीं करता है। बङ्गालके डोमोंमें केवल एक मूलको स्त्री-पुरुषका विवाह नियम-विरुद्ध है। बाँकुड़ामें कमसे कम ३ पीढ़ीमें विवाह नहीं होता, परन्तु भैयादि रहने पर ५ पीढ़ीमें भी विवाह नहीं हो सकता है। २४ परगनावासीको कोई डोम सपिण्ड स्त्री ग्रहण नहीं करता।

यदि किसी दूसरी जातिका मनुष्य डोम होना चाहे तो वह पञ्चायतको निर्दिष्ट अर्थ और निकटवर्ती डोमोंको एक भोज दे कर डोम जातिमें मिल सकता है। जो मनुष्य डोम श्रेणीभुक्त होना चाहता है, उसे सिर मुड़वा कर पञ्चायतसे एक प्रकारकी दीक्षा ग्रहण करनी पड़ती है।

मध्य और पूर्व बङ्गालके डोम थोड़ी ही अवस्थामें अपनी लड़कीका विवाह कर देते हैं। १० वर्षसे अधिक उम्रकी कन्याका विवाह नहीं करनेसे समाजमें कन्याके पिताकी निन्दा होती है। इनमें कन्याका पण ५) रुपयेसे ले कर १०) रुपये तक है। ढाका जिलेके डोम विवाहकालमें आत्मीयस्वजनोंको आमन्त्रण करते हैं। निमन्त्रितगणके पहुंचने पर वरका पिता पुत्रको गोदमें ले कर मंडप पर बैठता तथा कन्याका पिता भी कन्याको ले कर वरके सामने बैठ जाता है। कन्याका पिता ७ पीढ़ीके तथा वरका पिता ३ पीढ़ीके नाम उच्चारण करता है। इसके बाद वे ईश्वरको इस विषयमें साक्षी रखते हैं और वरका पिता कन्याके पितासे यह जिज्ञासा करता है कि वह अपनी कन्याको परित्याग करता है या नहीं। कन्याके पितासे सम्मतिसूचक उत्तर पाने पर वर कन्याके कपालमें सिन्दूर देता है। इसी तरहसे विवाहक्रिया संपन्न होती है। २४ परगनेके डोम विवाहसमयमें विवाह-सभाके मध्यस्थल पर गङ्गा-जलसे पूर्ण एक पात्र रखते हैं। इस पात्रके ऊपर वर और कन्याके हाथ रखाते हैं। धर्मपण्डितके मन्त्रादि पढ़ने पर अन्तमें वर और कन्या दोनोंको माला परस्पर बदली जाती है। विवाहके पहले दुर्गा, महादेव, गणेश प्रभृति देवताओंकी अर्चना की जाती है।

डोमोंमें बहुविवाह और विधवा विवाह निषिद्ध नहीं है। विधवाके साथ उसके स्वामीका कनिष्ठ भाई विवाह कर सकता है। वस्त्र और सिन्दूर दान ही सगाई विधवा-विवाहका अङ्ग है। मुर्शिदाबादके डोमोंमें पति पत्नी परित्यागकी प्रथा प्रचलित है। परन्तु यह परित्याग पञ्चायतके सम्मतिक्रमसे होना आवश्यक है। पञ्चायतके 'साथी' कहनेसे ही सब गड़बड़ी जाती रहती है। उत्तर भागलपुरमें स्वामी कुछ पयाल ले कर सबके सामने दो खण्ड कर देता है और इस तरह विवाह-सम्बन्ध विच्छिन्न हो जाता है। मुङ्गेरमें २य स्वामी पञ्चायतको एक भोज देता और उसमें सूअर काटता है। जब कोई किसी स्त्रीका सतीत्व नष्ट करता है, तो वह उसके पूर्व स्वामीको ८) रुपये दे कर ही समाजमें मुक्ति पा लेता है।

डोमोंके पञ्चायतोंकी भिन्न भिन्न उपाधि हैं; यथा—सरदार, प्रधान, मण्डल, मरार, गोरैत और कविराज। एक मनुष्यको सन्तान ही उत्तराधिकारीक्रमसे पञ्चायत नाम प्राप्त करती है। प्रति पञ्चायतके अधीनमें एक एक छड़ीदार रहता है।

डोमोंमें धर्मकी शृङ्खला नहीं है। विभिन्न प्रदेशीय डोमोंकी धर्मप्रथाओंकी समानता देखी नहीं जाती। इनके कोई ब्राह्मण पुरोहित नहीं रहनेके कारण इनका धर्मानुष्ठान भिन्न भिन्न स्थानोंमें विभिन्न आकारमें प्रकट गया है। भागिनेय ही विशेषकर पुरोहितका काम करता है। भागिनेय अथवा भागिनेयसम्पर्कीय किसी व्यक्तिके न रहने पर परिवारका कर्त्ता ही मन्त्रादि पाठ करता है। बङ्गालके बाँकुड़ा जिलेमें देघरिया तथा अन्यान्य जिलोंमें धर्मपण्डित नामसे अभिहित डोमोंसे पुरोहितका कार्य किया जाता है। इनका पद पुरुषानुक्रमिक है। अङ्गुलीमें तांबेकी अंगूठीसे ये पहचाने जाते हैं। मन्दाज परगनेमें नापित भी पौरोहित्य करता है।

बाँकुड़ा और पश्चिम बङ्गालके बहुतसे डोम वैष्णव हैं। परन्तु राधा और कृष्णके अतिरिक्त धर्मराजको भी इनके

प्रधान उत्सव है। ये दुर्गापूजाके समय शस्त्रपूजा किया करते हैं। इस प्रदेशके डोम दक्षिण भारतीय हैं। पूर्व बङ्गालके बङ्गाली डोम डोमकालको गुरुदेव पूज्य हैं। इनमेंसे कोई ऐसे भी हैं जो महाराज हरिश्चन्द्रके अपने अर्पित सम्बन्धके हुए अपनेको हरिश्चन्द्रका मानते हैं। इनका कहना है कि हरिश्चन्द्र जब अपना सर्वस्व विश्वामित्रको दान कर चुके थे तब उन्होंने एक डोमके निकट दासत्व स्वीकार किया था। उसीके गले पड़ कर और उसके अत्याचारसे मजबूर हो कर उन्होंने अपनी जातिको अपने धर्ममें दीक्षित किया; इसीसे डोम सब भी प्रतिपालन करते आ रहे हैं।

पूर्व बङ्गालमें श्मशानिया पूजा डोमोंका प्रधान उत्सव है। यह उत्सव श्रावण मासमें किया जाता है। उस समय एक शूकर बलिदान कर एक पात्रमें उसका शोणित और दूसरेमें दुग्ध तथा सोमरससे पूरा रख कर नारायणको उत्सर्ग किया जाता है। मातृ उपासनामें भी इसी तरह वे एक दिन एक पात्र दुग्ध, चार पात्र सुरा, एक नारियल और गांजा इत्यादि द्रव्यादिको उत्सर्ग करनेके बाद शूकरको बलि दे कर उत्सव करते हैं। कुछ दिन पहले बङ्गालमें नियम सा हो गया था। सूर्य या चन्द्रग्रहणके समय प्रत्येक हिन्दू गृहस्थ द्वारके बाहरमें बहुतसी ताम्रमुद्राएं रख देते थे जो डोमोंको ही मिला करती थीं। परन्तु आजकल गवर्णमेण्टने इस पर अपना स्वत्व जमा लिया है। रिजली साहबका अनुमान है, इस प्रथासे प्रमाण भी होता है कि डोम पहले अग्नि, जल, वायु प्रभृति भूतोपासक अनार्य जातियोंके पुरोहित थे।

बिहारके डोम भी महादेव, काली, गङ्गा प्रभृतिकी समय समय पर पूजा करते हैं। इनके अतिरिक्त स्थान सिंह, रक्तमाता, गोरिया, सोखा, बन्दी, भोगेश्वर और दिहवार प्रभृति इनके उपास्य देवता हैं। इनमेंसे ये ज्वालासिंहको अपना आदिपुरुष अनुमान करते हैं। ज्वालासिंहकी इन लोगोंका प्रधान देवता है। दरभङ्गेके दिघवा नामक स्थानमें इनका एक मन्दिर है। विवाह, सगाई और किसी प्रकारके उत्सवमें डोम मट्टीकी पिण्डा-कृति बड़ुआकी मूर्तियां निर्माण करके शूकरकी बलि देते हैं और उनकी उपासना करते हैं। दक्षिण बङ्गालमें एक पात्रमें मदिरा ढालके भीतर पुष्पादिका अर्घ दिया जाता है। कहना नहीं पड़ेगा, कि इन देवताओंका मन्दिर और उत्पत्ति विवरण अज्ञात है। जो डोम अपनी जातिसे हट गए, या किसी दूसरे कारणसे पतित हो गया है, डोम लोग उसे ही ठाकुरके जैसा व्यवहार करते हैं। ज्वालासिंह भी सम्भवतः इसी तरहसे उत्पन्न हुए होंगे। गयाके निकटवर्ती अहीरा डोम प्रसिद्ध [illegible] हैं। जब कोई चोरीके लिये बाहर निकलता है, तो पहले वह अपने मङ्गलके लिये गनगानी माई देवीको पूजा कर लेता है। बहुतोंका अनुमान है कि यह देवी कामाख्या भी मालूम होती है। परन्तु दूसरे इस देवीको दुर्गा बतलाते हैं। इस देवीकी उपासनाके लिये प्रतिमूर्तिका प्रयोजन नहीं पड़ता है। घरमें चार हाथ परिमित स्थान पर गोबरके ऊपर एक मण्डली बनाई जाती और उपासक उस मण्डलीके सामने अपने घुटनेको टेक कर बैठता है। बाद दाहिने हाथमें डोमोंका प्रसिद्ध चुरकाड़ा ले कर उसके द्वारा बाईं बाहुमें एक जगह काटता है। बाद वह अंगुलीसे चार पांच बूंद लहू ले कर मण्डलीके मध्य छिड़क देता है, तथा गद्गद स्वरसे देवीके निकट प्रार्थना करता है कि आजकी रात खूब अन्धकारमय हो, जिससे उसे मनुष्य गृहस्थोंमें जाय न जागें एवं यह भी कामना करता है कि वह पकड़ा न जाय।

बहुतोंका विश्वास है कि डोम मृतदेहका न तो अग्निसंस्कार करते और न उसे जमीनमें गाड़ते ही हैं। वे निशीथोंमें मृतदेहको खण्ड खण्ड करके नदियोंमें फेंक देते हैं। जो कुछ हो, यह जीवित धारणा नितान्त अमूलक है, सम्भवतः डोमोंको पहले जाति-योंसे ही अग्निसंस्कार करनेमें बाध्य करानेसे ऐसा प्रवाद प्रचलित हुआ होगा। अब बहुतसे डोम मृतदेह नदीमें फेंक देते हैं, [illegible] हो जाता है। आजकल अधिकांश स्थानमें ही दाह करनेकी प्रथा प्रचलित हो गई है। मृतका [illegible] सम्बन्ध होने पर वे [illegible] कर एक [illegible] और सूखे गोबरको ला कर दाह करते हैं, तथा

मृतकी प्रेतात्माके उद्देश्यसे अन्न और मद्य उत्सर्ग करते हैं। ८ दिन तक कोई मछली या मांस नहीं खाता है। १०वें दिन सूअरका मांस खा कर और मद्य पी कर उत्सव करते हैं। पश्चिम बङ्गाल और बिहार प्रदेशमें डोम प्रायः मृतका अग्निसत्कार ही करते हैं। लेकिन जो वसन्त प्रभृति रोगसे अथवा तीन वर्षसे कम अवस्थामें मरता है उसे गाड़ दिया जाता है। वहाँ स्थान स्थान पर ११वें १२वें या १३वें दिनमें मृतका श्राद्ध होता है।

समस्त हिन्दू डोमोंको अत्यन्त घृणा और भयसे देखते हैं। इनका आचार-व्यवहार तथा खाद्य प्रभृति ऐसा जघन्य है कि हिन्दू उनकी छाया स्पर्श करनेसे भी अपनेको अपवित्र समझते हैं। फिर भी उनका काम ऐसा नृशंस है जिससे मालूम पड़ता है कि ये दया-मायासे रहित हैं। इनका मद्यदोष और चरित्रदोष अत्यन्त प्रबल है। ये जो कुछ उपार्जन करते हैं उसे मद्य इत्यादिमें व्यय कर डालते हैं। भविष्यत्के लिए ये कुछ भी बचा कर न रखते। ऐसा प्रवाद है, कि ढाकाके किसी नवाबने जल्लादका काम करनेके लिये एक डोमको मंगाया था। ढाकाके डोम उसीके वंशज हैं। फांसीदण्डाज्ञा कार्यमें परिणत करनेके लिये प्रायः प्रति जिलेमें एक डोम नियुक्त है। जब दण्डित मनुष्यको फांसी दी जाती है तब वह डोम दुहाई महारानी या दुहाई जज साहब कह कर चिल्लाता है। वह सोचता है कि, ऐसा करनेसे ही वह पापसे मुक्त हो जायगा।

डोम श्मशानघाट बहुत साफ सुथरा रखता है। डोमोंकी सहायताके बिना काशीमें मृतदेह सत्कारमें विशेष असुविधा होती है। ये पहले चिता सजा देते और तब अग्नि, पयाल तथा काठ प्रभृति ला देते हैं। इस कार्यके लिए ये मृतव्यक्तिके आत्मीयसे यथासाध्य कुछ द्रव्य लेते हैं। कलकत्ता प्रभृति स्थानोंके श्मशानघाटमें बहुतसे डोम नियुक्त हैं।

सभी डोम श्मशानघाटके कामोंमें लगे नहीं रहते, परन्तु मृतदेह सत्कारके पहले और पीछेका जो काम है उसे ये लोग अपना जातीय पेशा अवश्य मानते हैं। खाद्य सम्बन्धमें इन लोगोंमें कोई रोक टोक नहीं है। ये सूअर, घोड़े, कुत्ते, हंस, मुर्गे इत्यादिका मांस खाते हैं। किसी किसी देशके डोमोंमें गोमांस भी प्रचलित है।

डोम धोबीका छुआ हुआ द्रव्य नहीं खाता है। इस सम्बन्धमें एक गल्प इस तरह है—एक दिन डोमोंका आदिपुरुष सुपच भक्त पथक्लान्त और क्षुधार्त हो दूर देशसे घरकी ओर आ रहा था। रास्तेमें उसने एक धोबीको गदहेकी पीठ पर बहुतसे कपड़े लाद कर ले जाते देखा तथा उससे कुछ खाद्यपदार्थ और थोड़ा जल मांगा। धोबीने उसे कुछ भी न दिया। इस पर दोनोंमें गालियोंकी बौछार होने लगी। अन्तमें उसने धोबीको मार कर भगा दिया और उसके गदहेको उसी जगह मार कर मांस खा लिया। क्षुधा निवृत्त होने पर गदहेकी हत्या पर उसे बहुत दुःख हुआ। धोबी ही इस पापका मूल है ऐसा सोच कर वह धोबी जातिको अत्यन्त घृणादृष्टिसे देखने लगा। उसी समयसे कोई डोम धोबीके घरमें अथवा उनका स्पर्श किया हुआ पदार्थ भक्षण नहीं करता है। बीरभूमवासी पहाड़िया तथा बिसबिसिया डोम न तो घोड़े पकड़ते और न कुत्ते ही मारते हैं। ये लोग गहनेमें कण्ठा इत्यादि नहीं लगाते। उस देशके डोम कुत्तेको तो नहीं मारते मगर और शहरके डोम कुत्तेको मार कर अर्थ उपार्जन करते हैं।

सूप टोकरे प्रभृति प्रस्तुत करना ही डोमोंका जातिगत व्यवसाय है। किन्तु इन लोगोंमें अब बहुत ही कृषिकार्यमें लग गये हैं। इनके रैयती स्वत्व नहीं है, क्योंकि ये प्रायः स्थान परिवर्तन किया करते हैं। मानभूम जिलेके दक्षिणांशमें गिधीसार डोमोंका अधिकारभुक्त है। मगहिया डोम विवाहकालमें बाजे बजाते हैं और स्त्रियां नाचगान किया करती हैं। किसी किसीके मतसे चौर्यवृत्ति ही चम्पारनके मगैया डोमोंका व्यवसाय है। इस श्रेणीके डोम अधिक दिन एक स्थान पर नहीं रहते। ये किसी छोटे ग्राममें रास्तेके निकट सिरकी बांधते और वहींसे चोरी करनेके लिये इधर उधर निकल पड़ते हैं। मघैया डोममें सबके सब चोर नहीं होते। बहुतेरे मजदूरी बांस और कृषिकार्य द्वारा जीवन-पोषण करते हैं।

महामहोपाध्याय पण्डित हरप्रसाद शास्त्रीजीका कहना है कि भारतवर्षसे बौद्धधर्म अब तक भी सम्पूर्ण रूपसे लुप्त नहीं हुआ है। भारतवर्षके भिन्न भिन्न स्थानोंमें डोम बौद्धधर्मके अस्तित्वका साक्षी देते हैं। वे यह भी कहते हैं कि डोम ब्राह्मणोंका प्रभुत्व स्वीकार नहीं करता। धर्मपुरोहित स्वजातिके डोमोंसे इनका धर्मानुष्ठान किया जाता है। बुद्धदेवका एक नाम धर्मराज है। सबसे पहले रामाइ डोमने धर्मराजका पौरोहित्य ग्रहण किया था। धर्मराजको पूजामें लिखा है कि गौड़ेश्वर धर्मपालने महामदको मन्त्रीके पद पर नियुक्त किया था। महामद ब्राह्मणोंका सम्मान [illegible] करता था। किन्तु धर्मराज ब्राह्मणोंको बहुत चाहते थे। महामद अपने [illegible] पुत्र लाउसेनको विविध उपायसे विपद्ग्रस्त करनेकी चेष्टा करने लगा। परन्तु धर्मराजका विश्वास होनेके कारण वह उनका कुछ भी अनिष्ट कर न सका। महामदकी सारी चेष्टा निष्फल होने पर उसने लाउसेनको युद्धके लिये कामरूप और [illegible] भेजा। धर्मराजके अनुग्रहसे लाउसेन प्रत्येक कार्यमें ही सफलकार्य हुआ। अन्तमें महामद अपना [illegible] कर अपने भांजेको प्यार करने लगा। [illegible] लाउसेनका प्रिय सेनापति कालू डोम धर्मराजका पुरोहित बनाया गया। धर्मराज बौद्धधर्मसम्मत हैं। साधारण मनुष्योंकी सुविधाके लिये मालूम पड़ता है कि बौद्धधर्ममें धर्मराजपूजाकी सृष्टि धर्मराजके समयमें ही हुई है। यह पूजा आज भी प्रचलित है। डोम एक दूसरे देवताकी अर्चना नहीं करते। डोम [illegible] धर्मराजकी उपासना करते हैं। ध्यानके समय शून्यमें धर्मराज ही बुद्धदेव हैं, ऐसा प्रतीत होता है।

"यस्यान्तो नादिमध्ये न च कर चरणं नास्ति कायो निनादम्।
नाकारं नादिरूपं [illegible] ([illegible])
योगीन्द्रो ध्यानगम्यो सकलदलगतं सर्वसंकल्पहीनम्।
[illegible] पातु वः शून्यमूर्तिः॥"

इस श्लोककी समालोचना करनेसे बुद्धदेवका रूप ही झलक पड़ता है। शास्त्रीजीने और भी कहा है कि [illegible] और ध्यानके लिये धर्मराज पूजा और धर्मपूजन नहीं है इसमें प्रायः सब कोई सन्देह कर सकते हैं। परन्तु डोमधर्मका इतिहास पढ़नेसे यह सन्देह जाता रहता है। [illegible] के पुराणमें लिखा है कि [illegible] आदि भूप हुए। ये धर्मपाल कहलाते थे। [illegible] राजा हुए। [illegible] अनुसार इन्होंने डोम जातिको [illegible] किया। इस पर [illegible] निकाल दिया। राजा डोमोंके साथ [illegible] परिचित हुए। बाद एक दिन [illegible] होने पर वे [illegible] गये। तब वे धर्म मानने और [illegible] करने लगे। [illegible] डोमाचार्योंको [illegible] राजाने भी इनका [illegible] स्वीकार किया और दूसरे दूसरे लोग भी इनका अधिक आदर करने लगे। धर्म उपासनाने भी वृद्धि पाई। बौद्धधर्मके शिक्षाओंमें धर्म उपासना प्रचलित हुई। धर्मराजकी अर्चना और उपासनाकी तान्त्रिक आकृति है। इस उपासना प्रणालीमें [illegible] डोम प्रकृति अन्यत्रमें पाया है। बौद्धधर्मकी [illegible] बुद्ध और बोधिसत्त्वोंकी उपासना प्रचलित तथा दिक्पाल और धर्मपाल मूर्तियोंकी पूजा प्रचलित हो गई थी।*

बहुतोंके मतसे डोम भारतकी आदिमवासी अनार्य जातिकी एक शाखा है। इनकी आकृति देखनेसे भी ये बहुत कुछ सब लोगोंसे मिलते जुलते हैं; [illegible] इनकी आकृति छोटी, वर्ण काला, बाल [illegible] और [illegible] होता है। [illegible] करते हैं। किसीका मत है कि डोम द्राविड़ जातिके अन्तर्गत है। परन्तु इस सम्बन्धमें

* Journal of the Asiatic Society of Bengal for 1895, p. 61.

पण्डितोंका एक मत नहीं है। जो कुछ हो, कई शताब्दोंसे डोम अत्यन्त हीन और घृणित कार्य करके कालक्षेपण करते हैं।

पूर्वी डोमोंके आचार-व्यवहार तथा और सभी तरहके काम बङ्गालके डोमोंसे बहुत कुछ मिलते जुलते हैं, पर जिस तरह बङ्गालमें कई जगह मृतदेहको न जला कर उसे खण्ड कर फेंक देते हैं उस तरह इस देशमें नहीं है। यहांके डोम हिन्दूके जैसा मृतदेहको जलाते हैं, पर जिसको अवस्था अच्छी नहीं है, वह नदीमें फेंक देता है। कुंआरेकी लाश चाहे वह धनी हो चाहे गरीब, नदीमें ही फेंकी जाती है। लेकिन गोरखपुरका मघैया डोम मृतदेहको जङ्गलमें छोड़ देता है। मृतकर्म तथा अशौच बङ्गालके डोमों सरीखा है। हिन्दूके जैसे काली, महादेव आदि भी इनके उपास्यदेवता हैं। पीपल वृक्षको भी ये लोग पवित्र मानते और उसके पत्ते आदि तोड़नेसे डरते हैं। हिमालय प्रदेशके कुमाऊंके डोम इन सब डोमोंको घृणादृष्टिसे देखते हैं। यहां तक कि इनमेंसे कोई यदि उनके घरमें प्रवेश कर जाये तो घरको पवित्र करनेके लिये वह गोबर आदिसे लोपता है। आदान-प्रदान तो किसी हालतसे हो ही नहीं सकता। यहांके कुछ डोम ऐसे हैं जो अच्छे अच्छे कपड़े बुनते तथा तरह तरहके बरतन और कुर्सीको पेंदी बनाते हैं।

यह जाति अस्पृश्य है, भ्रमसे यदि उससे स्पर्श हो जाय, तो स्नान कर १०८ बार गायत्री जप करनी पड़ती है: "स्पृष्ट्वा प्रमादतः स्नात्वा गायत्र्यष्टशतं जपेत्।"

(मत्स्यसूक्त ३९ पटल)

डोमकौआ (हिं० पु०) एक प्रकारका बड़ा कौआ। इसका सारा शरीर काला होता है।

डोमखमौटा (हिं० पु०) एक पहाड़ी जाति। ये पीतल तांबेका काम करते हैं।

डोमनगढ़—युक्तप्रदेशके अन्तर्गत गोरखपुर जिलेका एक प्राचीन दुर्ग। यह गोरखपुर नगरसे प्रायः १॥ मील उत्तर-पश्चिम रोहिन और राप्ती दोनों नदियोंके सङ्गमस्थानके पास अवस्थित है। दुर्गका अवस्थान स्वभावतः दुर्गम है। इसके उत्तर पश्चिम, पश्चिम और दक्षिण-पश्चिममें रोहिन नदी, दक्षिणमें राप्ती नदी, उत्तर पूर्व, पूर्व और दक्षिण-पूर्वमें ककागडुआ ताला है। वर्षा कालमें यह प्रायः चारों ओरसे पहाड़-डीआरोंकी नाईं घिरा रहता है। यद्यपि यह अभी टूटीफूटी अवस्थामें पड़ा है, तो भी यदि चाहें तो फिरसे इसे एक सरीखा सुदृढ़ दुर्गमें ला सकते हैं। प्राचीन कालमें यह एक दुर्जय दुर्ग समझा जाता था, इसमें सन्देह नहीं। अभी दुर्गका केवल भग्नावशेष रह गया है। भग्नस्तूपके ऊपर बहुतसे अंगरेजोंके मकान बस गये हैं। अंगरेज लोग कभी कभी हवा बदलनेके लिये गोरखपुरसे यहां आते हैं।

प्रवाद है कि डोमकटके राजाओंसे यह दुर्ग बनाया गया था, उसीके अनुसार इसका नाम डोमनगढ़ पड़ा है। सभीका विश्वास है, कि यह जाति क्षत्रियवंशोद्भव थी और शायद इन लोगोंने तत्पूर्ववर्त्ती डोम राजाओंको काट कर या मार कर राज्य प्राप्त किया होगा। डोमकट नामसे हो ऐसा अनुमान किया जाता है। साधारण लोगोंका भी विश्वास है, कि डोमनगढ़ अर्थात् डोमोंका दुर्ग डोम राजाओंसे ही बनाया गया है। फिर किसीका यह भी अनुमान है कि डोम जातिके अधिपतियोंसे इस दुर्गका निर्माण हुआ है। सच पूछिये तो वे डोम थे नहीं और डोमोंने यहां राज्य भी नहीं किया। जो कुछ हो, डोमनगढ़ एक समय ऐसा बड़ा था, कि प्रायः वर्त्तमान समस्त गोरखपुर और राप्ती नदीके किनारेसे ले कर बहुत दूर तक इसका राज्य फैला हुआ था। बहुतेरे यह भी कहते हैं, कि इस प्रदेशके आदिम अधिवासी डोम थे। आज भी डोमनगढ़, डोमरी, डोमरदार, डोमकैआ, डोमरा, डोमघाट, डोमरिया, डोमा, डामाट आदि अनेक स्थानोंके नाम प्राचीन डोम अधिवासियोंका परिचय देते हैं।

प्राचीन डोमनगढ़के भग्नस्तूपोंसे जो दो एक ईंटें पाई गई हैं उनका आकार चौखूंटा, बड़ा और मोटा है।*

डोमनी (हिं० स्त्री०) १ डोम जातिकी स्त्री। २ डोमकी स्त्री। ३ एक प्रकारकी नीच जातियोंकी स्त्री। ये

* Cunningham's Archæological Survey of India, vol. xxii, p. 65-67.

अवसरों पर नाच बजानेका काम करती हैं। कहीं कहीं उच्च जातिकी स्त्रियां [illegible] भी काम करती हैं।

ढोला—पूर्वीय बङ्गाल और आसामके [illegible] जिलेके अन्तर्गत [illegible] परगनेका एक नगर। यह अक्षा० २४°१६' उ० और देशा० ९०°४' पूर्वमें अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः १८४८ है। यहां [illegible] एक [illegible] है और दूर दूर देशोंमें इसकी रफ्तनी होती है।

ढोलर—डोम जातिका एक थोक। इलाहाबाद जिलेमें ये अधिक संख्यामें पाये जाते हैं।

ढोला (हिं० पु०) एक प्रकारका कीड़ा।

ढोलिन (हिं० स्त्री०) १ ढोल जातिकी स्त्री। २ ढोलकी देखो।

ढोलर—[illegible] एक जाति। ढोली देखो।

ढोल (सं० क्ली०) [illegible] प्रायः [illegible] ढक्का, ढोल, मृदङ्ग। [illegible] एक [illegible] है। किन्तु [illegible] आदि [illegible] और [illegible] होते हैं। ढक देखो।

ढोलक (सं० क्ली०) ढोल-स्वार्थे कन्। ढोल देखो।

"[illegible]" ([illegible])

ढोलका (सं० स्त्री०) [illegible] टाप्। [illegible]

ढोल (हिं० पु०) १ [illegible] २ [illegible] ३ [illegible] ४ [illegible] ५ [illegible] ६ [illegible] ७ [illegible] ८ [illegible] ९ [illegible] १० [illegible]

ढोलिया (हिं० पु०) १ एक प्रकारका [illegible] २ [illegible] ३ [illegible]

ढोलिन (हिं० क्रि०) [illegible]

ढोलिया (हिं० पु०) [illegible]

ढोलिया—एक प्रकारके [illegible] इसलिए ये ढोलिया कहलाते हैं।

ढोली (हिं० स्त्री०) १ [illegible] २ [illegible] ३ [illegible] ४ [illegible]

ढोन (हिं० पु०) १ [illegible] २ [illegible] ३ [illegible] ४ एक प्रकारकी [illegible] होती है।

ढोला—गुजरातके काठियावाड़के [illegible] एक छोटा राज्य। इसका क्षेत्रफल [illegible] है। जिसमेंसे [illegible] और [illegible] रहते हैं।

ढोलक (सं० पु०) [illegible] एक [illegible] है।

ढोलकी (हिं० स्त्री०) छोटा ढोल।

ढोलपाल (हिं० पु०) १ [illegible] २ [illegible]

ढोलना (हिं० क्रि०) १ [illegible] २ [illegible] ३ [illegible] ४ [illegible]

ढोलवाड़—गुजरातके दक्षिण काठियावाड़का एक छोटा राज्य। इसमें [illegible] एक गांव लगता है। क्षेत्रफल [illegible] है जिसमें [illegible] और [illegible] रहते हैं।

ढोंगा (हिं० पु०) १ [illegible] २ [illegible]

ढोंसना (हिं० क्रि०) १ [illegible] २ [illegible]

ढोंसपना (हिं० पु०) [illegible]

ढोंसा (हिं० स्त्री०) [illegible]

ढोंसा मारना (हिं० क्रि०) [illegible]

डोल् (हिं॰ स्त्री॰) १ हिमालयके कांगड़ा, नेपाल, सिक्किम आदि प्रदेशोंमें होनेवाली हिन्दी रेवंद चीनी। इसका दूसरा नाम पदमचल और सुकरी भी है। २ पूर्वीय बङ्गाल, आसाम और भूटानसे ले कर बरमा तकमें पाये जानेवाला एक प्रकारका बांस। यह चोंगे और छाते बनानेके काममें विशेषकर आती है।

डौंड़ी (हिं॰ स्त्री॰) १ डुगडुगिया, ढिंढोरा। २ घोषणा, मुनादी।

डौंरा (हिं॰ पु॰) खेतोंमें उगनेवाली एक प्रकारकी घास।

डौआ (हिं॰ पु॰) काठका चमचा।

डौल (हिं॰ पु॰) १ प्रारम्भिक रूप, ढांचा, ठाट। २ रचना प्रकार, ढब, शैली। ३ भांति, प्रकार, किस्म। ४ उपाय, तदबीर। ५ लक्षण, आयोजन, रंग ढंग, सामान। (स्त्री॰) ६ खेतोंकी मेंड़, डांड़।

डौलडाल (हिं॰ पु॰) युक्ति, प्रयत्न, उपाय।

डौलदार (हिं॰ वि॰) सुन्दर, खूबसूरत।

डौवर (हिं॰ पु॰) एक प्रकारका पक्षी। इसका पर, छाती और पीठ सफेद, दुम काली और चोंच लाल होती है।

ड्योढ़ा (हिं॰ वि॰) १ आधा और अधिक, डेढ़गुना। (पु॰) २ सङ्कीर्ण पथ, तंग रास्ता। ३ गीतका ऊंचा स्वर। ४ डेढ़गुनी संख्याका पहाड़ा।

ड्योढ़ी (हिं॰ स्त्री॰) १ फाटक, दरवाजा, चौखट। २ दरवाजेमें प्रवेश करते समय सबसे पहली बाहरी कमरा, पौरी।

ड्योढ़ीदार (हिं॰ पु॰) ड्योढ़ीवान देखो।

ड्योढ़ीवान (हिं॰ पु॰) द्वारपाल, दरबान।

ड्राइंग (अं॰ पु॰) लकीरोंसे चित्र या आकृति बनानेकी विद्या।

ड्राइवर (अं॰ पु॰) वह जो गाड़ी चलाता हो।

ड्राई प्रिंटिङ्ग (अं॰ स्त्री॰) बिना भिगोए हुए छपाई। इस प्रकारकी छपाईसे कागजकी चमक ज्योंकी त्यों रह जाती है और छपाई भी साफ होती है।

ड्राफ्टसमैन (अं॰ पु॰) वह जो स्कूल मानचित्र प्रस्तुत करता हो, नकशा बनानेवाला।

ड्राम (अं॰ पु॰) तीन माशेके बराबर एक अंगरेजी मान। इससे पानी आदि द्रवपदार्थ मापा जाता है।

ड्रिल (अं॰ स्त्री॰) कवायद।

ड्रेक—कलकत्ताके एक अङ्गरेज शासनकर्ता। जिस समय (१७५६ ई॰में) सिराजने कलकत्ते पर आक्रमण किया था उस समय ये ईष्ट इण्डिया कम्पनीकी ओरसे कलकत्ताके शासनकर्त्ताके पद पर नियुक्त थे।

ड्रेस करना (हिं॰ क्रि॰) मरहम पट्टी करना।

ड्रेसर (अं॰ पु॰) सवार, सिपाही।

ढ

ढ—संस्कृत और हिन्दी वर्णमालाका चौदहवां अक्षर, टवर्गका चौथा वर्ण। इसका उच्चारणस्थान मूर्द्धा और उच्चारणकाल अर्द्धमात्रा है। इसके उच्चारणमें आभ्यन्तर प्रयत्न है—जिह्वामध्य द्वारा मूर्द्धाका स्पर्श, बाह्य प्रयत्न संवार, नाद, घोष और महाप्राण।

मातृकान्यासमें इसका दक्षिण पदाङ्गुलिके मूलमें न्यास होता है।

इसकी लिखन-प्रणाली इस प्रकार है—"ढ" इस वर्णमें ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर नित्य विराजते हैं। (वर्णोद्धारतन्त्र)

वर्णाभिधानमें इसके वाचक शब्द इस प्रकार लिखे हैं—ढक्का, निर्गुण, शूर, यक्षेश, धनदेश्वर, अर्द्धनारीश्वर, तोय, ईश्वरी, त्रिशिखी, नख, दक्षपादाङ्गुलीमूल, सिद्धि दण्ड, विनायक, प्रहास, विदेश, ऋद्धि, निर्घोष, निर्भय, ध्वनि विघ्नेश, पालिनी, तडधारिणी, क्रोडपुच्छक, ऐन्द्रपुर, त्वगात्मा, विशाखा, श्री, मन और रति। (नानातन्त्र) इस अक्षरकी अधिष्ठात्री देवी परमाराध्या, परकुण्डली, पञ्चदेवात्मक, पञ्चप्राणमय, त्रिगुण और आत्मादि सकल तत्त्वोंसे संयुक्त तथा विद्युल्लताकार है। (कामधेनुत॰) इसका ध्यान कर इस अक्षरके दश बार जपनेसे साधक

होता हो उसकी ध्वनि आती है। यथा—

"[illegible]
[illegible]
[illegible]"

([illegible])

इसका अर्थ [illegible] गुण है, [illegible] लिखी है। [illegible] इस वर्णका प्रथम विन्यास करने में लिखना होती है। ढ देखो।

ढ (सं० पु०) ढोलके गम्भीर शब्द [illegible]। १ ढक्का, बड़ा ढोल। २ कुक्कुर, कुत्ता। ३ कुक्कुर-लाङ्गूल, कुत्तेकी पूँछ। ४ निर्गुण, परमेश्वर। ५ ध्वनि, नाद, शब्द। ६ सर्प, साँप।

ढँकन (हिं० पु०) ढक्कन देखो।

ढँकना (हिं० क्रि०) ढकना देखो।

ढंग (हिं० पु०) १ पद्धति, रीति, तौर, तरीका। २ प्रकार, भाँति, किस्म। ३ रचना, बनावट, गढ़न। ४ युक्ति, उपाय, तदबीर। ५ आचरण, व्यवहार। ६ पाखण्ड, बहाना, ढोंग। ७ लक्षण, सामान, आयोजन। ८ स्थिति, अवस्था, दशा।

ढंगलाह (हिं० पु०) घोड़ोंकी गुदके नीचेकी एक भौंरी। इस भौंरीके घोड़े ऐबी समझे जाते हैं।

ढंगी (हिं० वि०) चतुर, चालाक, चालबाज।

ढंढस (हिं० पु०) ढाढ़स देखो।

ढंढार (हिं० वि०) लम्बा चौड़ा, बड़ा भारी।

ढँढोर (हिं० पु०) १ ज्वाला, लपट, लौ। २ वह बन्दर जिसका मुँह काला हो, लंगूर।

ढँढोरची (हिं० पु०) वह जो ढँढोरा पीटता हो, मुनादी फिरानेवाला।

ढँढोरा (हिं० पु०) १ वह ढोल जिससे घोषणा की जाती है, डुगडुगी, डौंडी। २ ढोल बजा कर की गई घोषणा, मुनादी।

ढँढोरिया (हिं० पु०) वह जो डुगडुगी बजा कर घोषणा करता हो।

ढँपना (हिं० क्रि०) १ ढक जाना, आड़ में होना। २ वह वस्तु जिससे कोई चीज ढाँकी जाती है, ढक्कन।

ढकाई (हिं० स्त्री०) १ ढाँकना। २ ढाँकनेकी [illegible] एक प्रकारका [illegible]।

ढकना (हिं० पु०) ढक्कन, ढाकनी।

ढकनी (हिं० स्त्री०) १ ढाँकनेकी वस्तु, ढक्कन। २ एक प्रकारका गोदना। इसका आकार फूलसा होता है और स्त्रियोंकी ठोढ़ीके पास गोदी जाती है।

ढकपेंच (हिं० पु०) एक चिड़ियाका नाम।

ढका (हिं० पु०) १ तौल मेंकी एक तौल। २ [illegible] ढाई सेरका [illegible] होता है।

ढकार (सं० पु०) ढ स्वरूप वर्ण, ढ-कार।

"[illegible]।" ([illegible])

ढकेलना (हिं० क्रि०) १ धक्का दे कर गिराना। २ धक्का दे कर हटाना, ठेल कर सरकाना।

ढकेलाढकेली (हिं० स्त्री०) ठेलमठेला।

ढकोसना (हिं० क्रि०) बहुत पीना।

ढकोसला (हिं० पु०) आडम्बर, पाखण्ड, मिथ्या, ढोंग।

ढक्क (सं० पु०) १ देशविशेष, एक देशका नाम ढाका। २ अभिमानी, घमंडी।

ढक्कन (सं० पु०) वह वस्तु जिससे कोई चीज ढाँकी जाय।

ढक्का (सं० स्त्री०) ढक् इति शब्देन [illegible]। १ वाद्यविशेष, बड़ा ढोल। इसके पर्याय—यशःपटह और विजयमर्द्दल है। इसके ऊपर [illegible] आदि [illegible] हैं। २ नगाड़ा, डंका।

ढक्कामात्रसमाम्नाय (सं० स्त्री०) ढक्काका शब्द [illegible]। ([illegible])

ढक्कारवा (सं० स्त्री०) ढक्काका रव [illegible] तान्त्रिकी देवी।

ढक्कारी (सं० स्त्री०) ढक् इति शब्दं करोति [illegible] तारा [illegible]।

"[illegible]।"

([illegible])

ढड्ढी (हिं० स्त्री०) [illegible]।

ढगण (सं० पु०) मात्रावृत्तमें मात्रिक गणविशेष। तीन मात्राओंका ढगण होता है। इसके तीन भेद हैं,—(।।) १ ध्वजा, (।।) २ ताल, (।।) ३ [illegible]।

ठङ्कण (सं० स्त्री०) गोधाल, सियार।

ढचर (हिं० पु०) १ आयोजन और सामान। २ प्रपञ्च, टंटा, बखेड़ा। ३ आडम्बर, झूठा आयोजन। ४ अत्यन्त जीर्ण तथा क्षश, बहुत दुबला पतला और बूढ़ा।

ढटींगड़ (हिं० पु०) १ बड़े डील डौल, ढींग। २ हृष्ट-पुष्ट, मोटाताजा।

ढट्ठा (हिं० पु०) यह बड़ा मुरेठा जो सिर, डाढ़ी तथा कानों तकको भी ढांक लेता हो।

ढट्ठी (हिं० स्त्री०) १ कपड़ेकी वह पट्टी जिससे डाढ़ी बांधी जाती है। २ वह वस्तु जिससे कोई छेद बंद किया जाता है, डाट, ठेंपी।

ढड्ढा (हिं० वि०) १ आवश्यकतासे अधिक, बहुत बड़ा। (पु०) २ ढांचा। ३ आडम्बर, झूठा ठाटबाट।

ढड्ढी (हिं० स्त्री०) १ बुड्ढी स्त्री। २ सखरा स्त्री, बक-वादिन औरत। ३ एक प्रकारकी चिड़िया जो मटमैले रंगकी होती है। और जिसकी चोंच पोली होती है। यह बहुत जोरसे शब्द करती है, चरखी।

ढण्ढी (सं० स्त्री०) वाक्य भेद, एक प्रकारका वाक्य। "ढण्ढी वाक्यसङ्ख्या च ढकाराक्षरश्रेणी।" (ढदवा०)

ढप (हिं० पु०) १ क्रियाप्रणाली, रीति, तरीका। २ भांति, प्रकार, तरह, किस्म। ३ रचनाप्रकार, बनावट, गढ़न। ४ युक्ति, उपाय, तदबीर। ५ प्रकृति, आदत।

ढपना (हिं० पु०) ढक्कन, ढाकनेकी वस्तु।

ढपरी (हिं० स्त्री०) चूड़ीवालोंकी अंगोठीका ढक्कन।

ढप्पू (हिं० वि०) अत्यन्त दीर्घ, बहुत बड़ा।

ढबैला (हिं० वि०) गदला, मटमैला।

ढमढम (हिं० पु०) नगारे या ढोलका शब्द।

ढयना (हिं० क्रि०) ध्वस्त होना, गिर पड़ना।

ढरकना (हिं० क्रि०) १ ढलना, गिर कर बह जाना। २ नोचेकी ओर जाना।

ढरका (हिं० पु०) १ आंखका एक रोग। इसमें आंखसे आंसू बहा करता है। २ बांसकी सुकीली नली। इसमें चौपायोंको दवा पिलाई जाती है।

ढरकी (हिं० स्त्री०) बानेका सूत फेंकनेका जुलाहोंका एक औजार। इसकी आकृति करतामसी होती है और भीतरमें तीली रहती है।

ढरनि (हिं० स्त्री०) १ पतन, गिरनेकी क्रिया। २ स्पन्दन गति, हिलने डोलनेकी क्रिया। ३ चित्तकी प्रवृत्ति, झुकाव। ४ स्वाभाविक करुणा, दयाधीनता, सहज कृपालुता।

ढरहरा (हिं० वि०) ढालू, ढालुवां।

ढरारा (हिं० वि०) १ जो गिर कर बह जाता हो: ढर-कनेवाला। २ जो थोड़े ही आघातसे सरक जाता हो, लुढ़कनेवाला। ३ शीघ्र प्रवृत्त होनेवाला, आकर्षित होनेवाला।

ढर्रा (हिं० पु०) मार्ग, पथ, रास्ता। २ शैली, ढङ्ग, तरीका। ३ युक्ति, उपाय, तदबीर। ४ आचरण, पद्धति, चालचलन।

ढलकना (हिं० क्रि०) १ ढलना, बह जाना। २ चक्कर खाते हुए सरकना, लुढ़कना।

ढलका (हिं० पु०) आंखका एक रोग। इसमें आंखसे बराबर पानी बहा करता है।

ढलकाना (हिं० क्रि०) १ बहाना, गिराना। २ लुढ़काना।

ढलकी (हिं० स्त्री०) ढरकी देखो।

ढलना (हिं० क्रि०) १ ढरकना, गिर कर बहना। २ व्यतीत होना, बीतना, गुजरना। ३ पानी या और किसी द्रव पदार्थका एक बरतनसे दूसरे बरतनमें डाला जाना। ४ सांचेमें ढाल कर बनाया जाना। ५ प्रसन्न होना, रीझना। ६ लुढ़कना। ७ लहराना। ८ प्रवृत्त होना, झुक जाना।

ढलवां (हिं० वि०) जो सांचेमें ढाल कर बनाया गया हो।

ढलवाना (हिं० क्रि०) ढालनेका काम किसी दूसरेसे कराना।

ढलाई (हिं० स्त्री०) १ ढालनेका काम। २ ढालनेकी मजदूरी।

ढलाना (हिं० क्रि०) ढलवाना देखो।

ढलुवां (हिं० वि०) ढलवां देखो।

ढलैत (हिं० पु०) ढाल बांधनेवाला, सिपाही।

ढहना (हिं० क्रि०)१ ध्वस्त होना, ढयना। २ नष्ट होना। मिट जाना।

ढहवाना (हिं० क्रि०) ढहानेका काम किसी दूसरेसे कराना, गिरवाना।

शीघ्र ही अभीष्ट लाभ कर सकता है। ध्यान—

"रक्तोत्पलनिभां रम्यां रक्तपङ्कजलोचनाम्।
अष्टादशभुजां भीमां महामोक्षप्रदायिनीम्॥
एवं ध्यात्वा ब्रह्मरूपां तन्मन्त्रं दशधा जपेत्।"

(वर्णोद्धारतन्त्र)

इसका वर्ण रक्तोत्पल सदृश और लोचन रक्तपद्मके तुल्य है, ये अष्टादशभुजा, भयङ्करी और परम मोक्ष-प्रदायिनी हैं। मात्रावृत्तमें इस वर्णका प्रथम विन्यास करनेसे विशोभा होती है। ड देखो।

ढ (सं० पु०) ढौकते अयमिन्द्रियं ढौक ड। १ ढक्का, बड़ा ढोल। २ कुक्कुर, कुत्ता। ३ कुक्कुर-लाङ्गूल, कुत्तेकी पूँछ। ४ निर्गुण, परमेश्वर। ५ ध्वनि, नाद, शब्द। ६ सर्प, साँप।

ढँकन (हिं० पु०) ढक्कन देखो।

ढँकना (हिं० क्रि०) ढकना देखो।

ढंग (हिं० पु०) १ पद्धति, रीति, तौर, तरीका। २ प्रकार, भाँति, किस्म। ३ रचना, बनावट, गढ़न। ४ युक्ति, उपाय, तदबीर। ५ आचरण, व्यवहार। ६ पाखण्ड, बहाना, हीला। ७ लक्षण, आसार, आभास। ८ स्थिति, अवस्था, दशा।

ढंगउखाड़ (हिं० पु०) घोड़ोंकी दुमके नीचेकी एक भौंरी। इस तरहके घोड़े ऐबी समझे जाते हैं।

ढंगी (हिं० वि०) चतुर, चालाक, चालबाज।

ढंढस (हिं० पु०) ढँढस देखो।

ढंढार (हिं० वि०) अत्यन्त जीर्ण, बड़ा बुड्ढा।

ढँढोर (हिं० पु०) १ ज्वाला, लपट, लौ। २ वह बन्दर जिसका मुँह काला हो, लंगूर।

ढँढोरची (हिं० पु०) वह जो ढँढोरा फिरता हो, मुनादी फिरनेवाला।

ढँढोरा (हिं० पु०) १ वह ढोल जिससे घोषणा की जाती है, डुगडुगी, डौंड़ी। २ ढोल बजा कर की गई हुई घोषणा, मुनादी।

ढँढोरिया (हिं० पु०) वह जो डुगडुगी बजा कर घोषणा करता हो।

ढँपना (हिं० क्रि०) १ ढक जाना, आड़ हो जाना। (पु०) २ वह वस्तु जिससे कोई चीज ढांकी जाती है, ढक्कन।

ढकई (हिं० वि०) १ ढाकेका। २ ढाकेकी ओर होनेवाला एक प्रकारका केला।

ढकना (हिं० पु०) ढक्कन, ढकनी।

ढकनी (हिं० स्त्री०) १ ढाकनेकी वस्तु, ढक्कन। २ एक प्रकारका गोदना। इसका आकार फूलसा होता है और हथेली पीठकी ओर गोदी जाती है।

ढकपेडुक (हिं० पु०) एक चिड़ियाका नाम।

ढका (हिं० पु०) १ तीन सेरकी एक तौल। २ वह स्थान जहां जहाज आ कर ठहरता है।

ढकार (सं० पु०) ढ स्वरूपे कार प्रत्ययः। ढ स्वरूपवर्ण।

"ढकारं प्रणमाम्यहम्।" (कामधेनुतन्त्र)

ढकेलना (हिं० क्रि०) १ धक्का दे कर गिराना। २ बलपूर्वक हटाना, ढकेल कर सरकाना।

ढकेलाढकेली (हिं० स्त्री०) ठेलमठेला।

ढकोसना (हिं० क्रि०) बहुतसा पीना।

ढकोसला (हिं० पु०) आडम्बर, पाखण्ड, मिथ्या, जाल।

ढक्क (सं० पु०) १ देशविशेष, एक देशका नाम, ढाका। २ अभिलाषा, इच्छा।

ढक्कन (सं० पु०) वह वस्तु जिससे कोई चीज ढांकी जाय।

ढक्का (सं० स्त्री०) ढक् इति गम्भीरशब्देन कायति कै-क टाप् च। १ वाद्यविशेष, बड़ा ढोल। इसके पर्याय—यशःपटह और विजयमर्दल हैं। इसके ऊपर पक्षियोंके पर इत्यादि लगे रहते हैं। २ नगारा, डंका।

ढक्कानादचलज्जला (सं० स्त्री०) ढक्काया नाद इव चलत् जलं यस्याः, बहुव्री०। गङ्गा। (काशीख०)

ढक्कारवा (सं० स्त्री०) ढक्काया रव इव रवो यस्याः, बहुव्री०। तारिणी देवी।

ढक्कारी (सं० स्त्री०) ढक् इति शब्दं करोति कृ-अण्, गौरा० ङीष्। तारिणी, तारादेवी।

"ढक्कारवा च ढक्कारी ढक्कारवरवा शुभा।"

(ताराशतनामस्तोत्र)

ढकी (हिं० स्त्री०) पहाड़की ढाल।

ढगण (सं० पु०) मात्रावृत्तमें त्रैमात्रिक प्रस्तारविशेष। एकमात्रिक गण जो तीन मात्राओंका होता है। इसके तीन भेद हैं,—(ऽ।) १ ध्वजा, (।ऽ) २ ताल, (।।।) ३ ताण्डव।

ढङ्कण (सं० स्त्री०) ढँकना, पिधान।

ढचर (हिं० पु०) १ आयोजन और सामान। २ प्रपञ्च, टंटा, बखेड़ा। ३ आड़म्बर, झूठा आयोजन। ४ अत्यन्त जीर्ण तथा कृश, बहुत दुबला पतला और बूढ़ा।

ढटींगड़ (हिं० पु०) १ बड़े डील डौल, ढींग। २ हृष्ट-पुष्ट, मोटाताजा।

ढट्ठा (हिं० पु०) वह बड़ा मुरेठा जो सिर, डाढ़ी तथा कानों तकको भी ढांक लेता हो।

ढट्ठी (हिं० स्त्री०) १ कपड़ेकी वह पट्टी जिससे डाढ़ी बांधी जाती है। २ वह वस्तु जिससे कोई छेद बंद किया जाता है, डाट, ठेंपी।

ढड्ढा (हिं० वि०) १ आवश्यकतासे अधिक, बहुत बड़ा। (पु०) २ ढांचा। ३ आड़म्बर, झूठा ठाटबाट।

ढड्ढी (हिं० स्त्री०) १ बुड्ढी स्त्री। २ प्रखरा स्त्री, बकवादिन औरत। ३ एक प्रकारकी चिड़िया जो मटमैले रंगकी होती है। और जिसकी चोंच पीली होती है। यह बहुत जोरसे शब्द करती है, चरखी।

ढण्ढी (सं० स्त्री०) वाक्य भेद, एक प्रकारका वाक्य।

"ढण्ढी वाक्यसमूहा च ढकाराक्षरवर्जिता।" (शब्दर०)

ढप (हिं० पु०) १ क्रियाप्रणाली, रीति, तरीका। २ भांति, प्रकार, तरह, किस्म। ३ रचनाप्रकार, बनावट, गढ़न। ४ युक्ति, उपाय, तदबीर। ५ प्रकृति, आदत।

ढपना (हिं० पु०) ढक्कन, ढाकनेकी वस्तु।

ढपरी (हिं० स्त्री०) चूड़ीवालोंकी अंगीठीका ढकना।

ढप्पू (हिं० वि०) अत्यन्त दीर्घ, बहुत बड़ा।

ढपैला (हिं० वि०) गदला, मटमैला।

ढमढम (हिं० पु०) नगारे या ढोलका शब्द।

ढयना (हिं० क्रि०) ध्वस्त होना, गिर पड़ना।

ढरकना (हिं० क्रि०) १ ढलना, गिर कर बह जाना। २ नीचेकी ओर जाना।

ढरका (हिं० पु०) १ आंखका एक रोग। इसमें आंखसे आंसू बहा करता है। २ बांसकी चोंगीसी नली। इससे चौपायोंको दवा पिलाई जाती है।

ढरकी (हिं० स्त्री०) बानेका सूत फेंकनेका जुलाहोंका एक औजार। इसकी आकृति करतालसी होती है और भीतरमें नरी रहती है।

ढरनि (हिं० स्त्री०) १ पतन, गिरनेकी क्रिया। २ स्पन्दन गति, हिलने डोलनेकी क्रिया। ३ चित्तकी प्रवृत्ति, झुकाव। ४ स्वाभाविक करुणा, दयाशीलता, सहज दयालुता।

ढरहरा (हिं० वि०) ढालू, ढालुवां।

ढरारा (हिं० वि०) १ जो गिर कर बह जाता हो: ढरकनेवाला। २ जो थोड़ी ही आघातसे सरक जाता हो, लुढ़कनेवाला। ३ शीघ्र प्रवृत्त होनेवाला, आकर्षित होनेवाला।

ढर्रा (हिं० पु०) मार्ग, पथ, रास्ता। २ शैली, ढङ्ग, तरीका। ३ युक्ति, उपाय, तदबीर। ४ आचरण, पद्धति, चालचलन।

ढलकना (हिं० क्रि०) १ ढलना, बह जाना। २ चक्कर खाते हुए सरकना, लुढ़कना।

ढलका (हिं० पु०) आंखका एक रोग। इसमें आंखसे बराबर पानी बहा करता है।

ढलकाना (हिं० क्रि०) १ बहाना, गिराना। २ लुढ़काना।

ढलकी (हिं० स्त्री०) ढरकी देखो।

ढलना (हिं० क्रि०) १ ढरकना, गिर कर बहना। २ व्यतीत होना, बीतना, गुजरना। ३ पानी या और किसी द्रव पदार्थका एक बरतनसे दूसरे बरतनमें डाला जाना। ४ सांचेमें ढाल कर बनाया जाना। ५ प्रसन्न होना, रीझना। ६ लुढ़कना। ७ लहराना। ८ प्रवृत्त होना, झुक जाना।

ढलवां (हिं० वि०) जो सांचेमें ढाल कर बनाया गया हो।

ढलवाना (हिं० क्रि०) ढालनेका काम किसी दूसरेसे कराना।

ढलाई (हिं० स्त्री०) १ ढालनेका काम। २ ढालनेकी मजदूरी।

ढलाना (हिं० क्रि०) ढलवाना देखो।

ढलुवां (हिं० वि०) ढलवां देखो।

ढलैत (हिं० पु०) ढाल बांधनेवाला, सिपाही।

ढहना (हिं० क्रि०) १ ध्वस्त होना, ढयना। २ नष्ट होना। मिट जाना।

ढहवाना (हिं० क्रि०) ढहानेका काम किसी दूसरेसे कराना, गिरवाना।

ढहाना (हिं० क्रि०) ध्वस्त करना, गिराना।

ढाँक (हिं० पु०) कुश्तीका एक पेंच।

ढाँकना (हिं० क्रि०) १ छिपाना, ओटमें करना। २ किसी वस्तुको इस प्रकार फैलाना जिससे उसके नीचेकी वस्तु छिप जाय।

ढाँचा (हिं० पु०) १ किसी रचनाकी प्रारम्भिक अवस्था, ठाट, ठट्टर, डौल। २ पंजर, ठठरी। ३ रचना प्रकार, बनावट, गढ़न। ४ प्रकार, भाँति, तरह। ५ भिन्न भिन्न टुकड़ोंसे एक दूसरेके साथ इस प्रकार जोड़े हुए लकड़ी आदिके बन्द या छड़ जिससे उनके बीचमें कोई वस्तु जमाई या जड़ी जा सके। ६ चार लकड़ियोंका बना हुआ खड़ा चौखट। इसमें जुलाहे नरनी लटकाते हैं।

ढाँपना (हिं० क्रि०) ढाँकना देखो।

ढाँस (हिं० स्त्री०) सूखी खाँसी आने पर गलेमेंका शब्द।

ढाँसना (हिं० क्रि०) सूखी खाँसी खाँसना।

ढाई (हिं० वि०) १ दोसे आधा अधिक। (स्त्री०) २ कौड़ियोंसे खेले जानेका लड़कोंका एक खेल। ३ इस खेलमें रखी जानेकी कौड़ी।

ढाक (हिं० पु०) १ पलाशका पेड़। २ वह बड़ा ढोल जो लड़ाईमें बजाया जाता है।

ढाका—१ कमिश्नरके अधीन पूर्व बङ्गालका एक विभाग। यह अक्षा० २१° ४८´ से २५° २६´ उ० और देशा० ८८° १८´ से ९१° १६´ पू०में अवस्थित है। इसके उत्तरमें गारो पहाड़, पूर्वमें सुरमा, त्रिपुरा और मेघना, दक्षिणमें बङ्गोप-सागर तथा पश्चिममें खुलना, यशोर, पावना, बगुड़ा, मधुमती और रङ्गपुर जिला है। लोकसंख्या प्रायः १०७८२८८८ और क्षेत्रफल १५८९७ है। अधिवासियोंमें अधिकांश मुसलमान हैं। इसके सिवा यहां हिन्दू, ईसाई और बौद्ध भी रहते हैं। इस उपविभागमें १७ शहर और २६८२८ ग्राम लगते हैं, जिनमेंसे ढाका और नारायणगञ्ज सबसे बड़े हैं। ढाका, मैमनसिंह, फरिद-पुर और बाकरगञ्ज नामके चार जिला इस उपविभागके अन्तर्गत है। ब्रह्मपुत्र, पद्मा और मेघना बड़ी तीन नदियां इस विभागमें जल देती हैं। पर इनका जल समुद्र पहाड़ों तक नहीं पहुंच सकता। प्रसिद्ध 'मधुपुर जङ्गल' नामक भूभाग कुछ ऊंचा है। यह भूभाग मैमनसिंह और ढाका जिलेसे ले कर ढाका शहर तक विस्तृत है। वर्षा यद्यपि इस विभागमें कम होती है तो भी इस विभागको आज तक दुर्भिक्षका सामना न करना पड़ा है कारण यहांकी जमीन बहुत ही उर्वरा है। विक्रमपुर और सोनारगांवमें प्राचीन अट्टालिकाओंके भग्नावशेष देखे जाते हैं। कहते हैं, कि पहले यहां सेनवंश तथा मुसल-मान राजाओंकी राजधानी थी।

२ पूर्व बङ्गालका एक जिला। यह अक्षा० २३° १४´ से २४° २०´ उ० और देशा० ८९° ४५´ से ९०° ५९´ पू०में अवस्थित है। क्षेत्रफल २७८२ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः २६४८५२२ है। इसके उत्तरमें मैमनसिंह जिला, पूर्वमें त्रिपुरा, दक्षिण-पश्चिममें बाकरगञ्ज, फरिदपुर एवं पश्चिममें पावना जिलेका कुछ अंश है। इसकी सब दिशा-यें नदीसे सीमाबद्ध हैं, पूर्वमें मेघना-दक्षिण-पश्चिममें पद्मा और पश्चिममें यमुना नदी नामक ब्रह्मपुत्र नदीकी प्रधान शाखा अवस्थित है। ढाका नगर इस जिलेका सदर है।

ढाका जिलेकी भूमि समतल है। धलेश्वरी इसी समतलमें पूर्वसे पश्चिमकी ओर प्रवाहित हो कर इसको दो भागोंमें विभक्त करती है। इन दोनों भागोंकी प्रकृतिमें बहुतसे विभेद हैं। उत्तर भाग फिर लाखा नदीसे दो भागोंमें विभक्त है। इन दोनों भागोंके पश्चिम दिशामें ढाका नगर अवस्थित है। इसकी भूमि बाढ़के जलकी अपेक्षा ऊंची है। स्थान स्थानमें कीचड़ है और उसके ऊपर गली हुई उद्भिज वस्तु भी देखी जाती हैं। लाखा नदीके दोनों किनारे ऊंचे तथा गभीर जलपूर्ण हैं। स्थान स्थानमें नदीतीरका दृश्य अत्यन्त मनोरम मालूम पड़ता है। ढाकासे प्रायः २० मील उत्तर मधुपुर जङ्गलमें छोटे छोटे पहाड़ अर्थात् टीले देखे जाते हैं। इन टीलोंकी ऊंचाई कहीं भी ३०।४० फुटसे अधिक नहीं है और वे प्रायः तृणगुल्म या जङ्गलादिसे ढके हुए हैं। इस भूमिखण्डका अधिकांश अनुर्वर है तथा कंटार, जंगली जन्तुसे भरा अरण्यमय है। सम्प्रति इस विभागमें कृषि विस्तारकी चेष्टा हो रही है। नगरके निकट झील और नहरोंके चारों तरफकी भूमि धान, सरसों और तिल आदि पैदा करनेके लिए उपयोगी है। ढाकाके पूर्वभागमें

ले कर धलेश्वरी और लाखा नदीके संगमस्थल तकको भूमि पङ्कमय और उर्वरा है। पूर्वोत्तर खण्ड लाखा और मेघना नदीका मध्यवर्त्ती तथा अधिकांश पङ्कमय है। अतएव पश्चिमस्थ खण्डको अपेक्षा इसके कृषिकार्यको अवस्था बहुत अच्छी है। इसके अनेक स्थान बाढ़से डूब जाते हैं। धलेश्वरी नदीका दक्षिणस्थ विभाग ही जिलेमें सबसे अधिक उर्वरा है। यह विस्तीर्ण समतल भूभाग वर्षाकालमें २ फुटसे १४ फुट पर्यन्त बाढ़के जल-से डुब जाता है। इस समय यह स्थान एक अगाध झीलको नाईं दीखता है। वर्षाकालमें समस्त भूभाग हराभरा मालूम पड़ता है। बीच बीचमें कृत्रिम ऊंची भूमि पर ग्राम बसे हुए हैं। अधिवासिगण छोटी छोटी नावके द्वारा इन खेतोंके मध्य हो कर इधर उधर जाते आते हैं। अभी यहां स्थान स्थान पर पाट सन आदिकी खेती होती है।

इस जिलेमें नदियोंकी संख्या अधिक है। वर्ष भर जलपथ हो कर ही लोग अधिकांश स्थलमें जाते आते हैं। पद्मा, मेघना और यमुना इन तीन नदियोंके अतिरिक्त आड़ियालखाँ, कीर्त्तिनाशा, धलेश्वरी, बूढ़ीगङ्गा, लाखा, सैदोखाली और गाजीखाली नामक ७ नदियोंमें भी बड़ी बड़ी नावें आ जा सकती हैं। इनका अधिकांश गङ्गाका या ब्रह्मपुत्रकी शाखाका अथवा प्राचीन परित्यक्त नदीका गर्भ है। आज भी जिलेके दक्षिणखण्डमें समस्त नदियोंका गर्भ बाढ़के समय परिवर्त्तित हो जाता है। अपेक्षाकृत छोटी नदियोंमें इच्छामती, बांसी, तुराग, टुङ्गी, धामू और ब्रह्मपुत्रके प्राचीन स्रोत प्रधान हैं। इन नदियोंमें ज्वारका प्रभाव लक्षित होता है। ढाकाके निकटस्थ बूढ़ीगङ्गामें ज्वार २ फुट पर्यन्त ऊपर उठती है। अनेक स्थानोंमें नदीके हट जानेसे विस्तीर्ण झील बन गई है। एक नदीसे दूसरी नदीमें जानेके लिये अनेक नहरें खोदी गई हैं। जिलेकी सभी नदियां उत्तर-पश्चिमसे दक्षिण-पूर्वको ओर बहती हुई प्रायोभागमें गङ्गा और मेघनाके सङ्गम स्थलके निकट उसके साथ मिल गई हैं।

कुछ अनन्नास और कटहलको छोड़ कर यहां विविध प्रकारके फल पुष्पादि उत्पन्न नहीं होते। जङ्गलोंके काष्ठादिसे भी आमदनी थोड़ी नहीं होती है। व्यापार भी अधिक नहीं है। नदियोंसे प्रति वर्ष बहुतसी मछलियां पकड़ी जाती हैं।

ढाका बहुत दिनों तक मुसलमानोंकी राजधानी रहनेके कारण अन्यान्य स्थानोंकी अपेक्षा इस समय यहां मुसलमान अधिवासियोंकी संख्या बहुत ज्यादा है। लोकसंख्या प्रायः २६४८५२२ है।

ढाका जिलेकी आबहवा और खेती आदिकी सुविधा होने तथा पाटका व्यवसाय खुल जानेसे यहांकी जन-संख्या क्रमशः बढ़ती जाती है। यहांके मुसलमान प्रायः अधिकांश सेख सम्प्रदायके हैं। सैयद, मुगल और पठानोंकी संख्या उनकी अपेक्षा बहुत थोड़ी है। हिन्दुओंमें ब्राह्मण, कायस्थ, वैद्य, बढ़ई अर्थात् सूत्रधर, तम्बोली, बनिया, ग्वाला, धोबी, नापित, कुम्हार, लोहार, चमार, तांती, मूंड़ी इत्यादि प्रधान हैं। चण्डाल और कोच जाति भी हिन्दू धर्म स्वीकार करती है। इनकी संख्या भी थोड़ी नहीं है। जातिभ्रष्ट अनेक हिन्दू वैष्णव-सम्प्रदायके कहे जाते हैं। इस सम्प्रदायकी लोकसंख्या कम नहीं है। अधिकांश नीच जातिके लोग अपने मुसलमान अथवा ईसाई धर्ममें दीक्षित हुए थे। अवशिष्ट लोग अपनेको निम्नश्रेणीके बतलाते हैं। ढाकाके ईसाई सम्प्रदायकी उत्पत्ति भिन्न प्रकारकी है। ये लोग पोर्तुगीज, आर्मेनीय, ग्रीक, यूरोपीय अथवा देशीय ईसाइयोंके वंशधर हैं। फिरङ्गी अर्थात् पोर्तुगीज ईसाई देशियोंके विवाहसे उत्पन्न हैं। ईसाई जिलेके अनेक स्थानोंमें छोटे छोटे दल बांध कर निवास करते हैं तथा कृषि आदिके द्वारा जीविकानिर्वाह करते हैं। ये लोग गोआ नगरके प्रधान पादरी साहबको अपना प्रधान गुरु मानते हैं।

निम्नलिखित सात नगरोंमें ५ हजारसे अधिक मनुष्य निवास करते हैं। यथा १ ढाका, २ नारायणगञ्ज, मदनगञ्ज, ३ मानिकगञ्ज, ४ वज्रजिरा, ५ शोनाङ्ग, ६ कमारखोल तथा ७ नविमा ये ही सात नगर हैं। इनमेंसे प्रथमोक्त तीन नगरोंमें म्युनिसपालिटी है, ढाका नगरमें जिलेका सदर है जो लाखा नदीके परस्पर विपरीत तट पर अवस्थित है। नारायणगञ्ज और मदन-

ढहाना (हिं॰ क्रि॰) ध्वस्त करना, गिराना।

ढांक (हिं॰ पु॰) कुश्तीका एक पेंच।

ढांकना (हिं॰ क्रि॰) १ छिपाना, ओटमें करना। २ किसी वस्तुको इस प्रकार फैलाना जिसमें उसके नीचेकी वस्तु छिप जाय।

ढांचा (हिं॰ पु॰) १ किसी रचनाकी प्रारम्भिक अवस्था, ठाट, ढड्ढ, डौल। २ पंजर, ठठरी। ३ रचना प्रकार, बनावट, गढ़न। ४ प्रकार, भांति, तरह। ५ भिन्न भिन्न रूपोंमें एक दूसरेके साथ इस प्रकार जोड़े हुए लकड़ी आदिके बल्ले या छड़ जिनसे उनके बीचमें कोई वस्तु जमाई या जड़ी जा सके। ६ चार लकड़ियोंका बना हुआ बड़ा चौखट। इसमें जुलाहे गफनी लटकाते हैं।

ढांपना (हिं॰ क्रि॰) ढांकना देखो।

ढांस (हिं॰ स्त्री॰) सूखी खांसी आने पर गलेसेका शब्द।

ढांसना (हिं॰ क्रि॰) सूखी खांसी खांसना।

ढाई (हिं॰ वि॰) १ दोसे आधा अधिक। (स्त्री॰) २ कौड़ियोंसे खेले जानेका लड़कोंका एक खेल। ३ इस खेलमें रखी जानेकी कौड़ी।

ढाक (हिं॰ पु॰) १ पलाशका पेड़। २ वह बड़ा ढोल जो लड़ाईमें बजाया जाता है।

ढाका—१ कमिश्नरीके अधीन पूर्व बङ्गालका एक विभाग। यह अक्षा॰ २१° ४८′ से २५° २६′ उ॰ और देशा॰ ८८° १८′ से ९१° १६′ पू॰में अवस्थित है। इसके उत्तरमें गारो पहाड़, पूर्वमें सुरमा, त्रिपुरा और मेघना, दक्षिणमें बङ्गोपसागर तथा पश्चिममें खुलना, यशोर, पावना, बगुड़ा, मधुमती और रङ्गपुर जिला है। लोकसंख्या प्रायः १०७८३८९८ और क्षेत्रफल १५८६७ है। अधिवासियोंमें अधिकांश मुसलमान हैं। इसके सिवा यहां हिन्दू, ईसाई और बौद्ध भी रहते हैं। इस उपविभागमें १० शहर और २६८२९ ग्राम लगते हैं, जिनमेंसे ढाका और नारायणगञ्ज सबसे बड़े हैं। ढाका, मैमनसिंह, फरिदपुर और बाकरगञ्ज नामके चार जिला इस उपविभागके अन्तर्गत हैं। ब्रह्मपुत्र, पद्मा और मेघना यही तीन नदियां इस विभागमें जल देती हैं। पर इनका जल समग्र पहाड़ो तक नहीं पहुंच सकता। प्रसिद्ध 'मधुपुर जङ्गल' नामक भूभाग कुछ ऊंचा है। यह भूभाग मैमनसिंह और ढाका जिलेसे ले कर ढाका शहर तक विस्तृत है। वर्षा यद्यपि इस विभागमें कम होती है तो भी इस विभागको प्रायः कभी दुर्भिक्षका सामना न करना पड़ा है, कारण यहांकी जमीन बहुत ही उर्वरा है। विक्रमपुर और सोनारगांवमें प्राचीन अट्टालिकाओंके भग्नावशेष देखे जाते हैं। कहते हैं, कि पहले यहां सेनवंश तथा मुसलमान राजाओंकी राजधानी थी।

२ पूर्व बङ्गालका एक जिला। यह अक्षा॰ २३° १४′ से २४° २०′ उ॰ और देशा॰ ८९° ४५′ से ९०° ५९′ पू॰में अवस्थित है। क्षेत्रफल २७८२ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः २६४९५२२ है। इसके उत्तरमें मैमनसिंह जिला, पूर्वमें त्रिपुरा, दक्षिण-पश्चिममें बाकरगञ्ज, फरिदपुर एवं पश्चिममें पावना जिलेका कुछ अंश है। इसकी सब दिशायें नदीसे सीमाबद्ध हैं, पूर्वमें मेघना, दक्षिण-पश्चिममें पद्मा और पश्चिममें यमुना नदी नामक ब्रह्मपुत्र नदीकी प्रधान शाखा अवस्थित है। ढाका नगर इस जिलेका सदर है।

ढाका जिलेकी भूमि समतल है। धलेश्वरी नदी समतलमें पूर्वसे पश्चिमकी ओर प्रवाहित हो कर इसको दो भागोंमें विभक्त करती है। इन दोनों भागोंकी प्रकृतिमें बहुतसे विभेद हैं। उत्तर भाग फिर लाखा नदीसे दो भागोंमें विभक्त है। इन दोनों भागोंके पश्चिम दिशामें ढाका नगर अवस्थित है। इसकी भूमि बाढ़के जलकी अपेक्षा ऊंची है। स्थान स्थानमें कीचड़ है और उसके ऊपर सड़ी हुई उद्भिज वस्तु भी देखी जाती है। लाखा नदीके दोनों किनारे ऊंचे तथा गभीर जङ्गलपूर्ण हैं। स्थान स्थानमें नदीतीरका दृश्य अत्यन्त मनोरम मालूम पड़ता है। ढाकासे प्रायः २० कोस उत्तर मधुपुर जङ्गलमें छोटे छोटे पहाड़ अर्थात् टीले देखे जाते हैं। इन टीलोंकी ऊंचाई कहीं भी ३०।४० फुटसे अधिक नहीं है और वे प्रायः वनगुल्म या जङ्गलादिसे ढके हुए हैं। इस भूमिखण्डका अधिकांश अनुर्वर है तथा कूंआर, जंगली जन्तुसे भरा अरण्यमय है। सम्प्रति इस विभागमें कृषि विस्तारकी चेष्टा हो रही है। नगरके निकट झील और नदियोंके आस पासकी भूमि धान, सरसों और तिल आदि पैदा करनेके लिए उपयोगी है। ढाकाके पूर्वभागमें

ले कर धलेश्वरी और लाखा नदीके संगमस्थल तकको भूमि पङ्कमय और उर्वरा है। पूर्वोत्तर खण्ड लाखा और मेघना नदीका मध्यवर्ती तथा अधिकांश पङ्कमय है। अतएव पश्चिमस्थ खण्डको अपेक्षा इसके कृषिकार्यको अवस्था बहुत अच्छी है। इसके अनेक स्थान बाढ़से डूब जाते हैं। धलेश्वरी नदीका दक्षिणस्थ विभाग ही जिलेमें सबसे अधिक उर्वरा है। यह विस्तीर्ण समतल भूभाग वर्षाकालमें २ फुटसे १४ फुट पर्यन्त बाढ़के जल-से डूब जाता है। इस समय यह स्थान एक प्रशस्त झीलको नाईं दीखता है। वर्षाकालमें समस्त भूभाग हराभरा मालूम पड़ता है। बीच बीचमें कृत्रिम ऊंची भूमि पर ग्राम बसे हुए हैं। अधिवासिगण छोटी छोटी नावके द्वारा इन खेतोंके मध्य हो कर इधर उधर जाते आते हैं। अभी यहां स्थान स्थान पर पाट सन आदिकी खेती होती है।

इस जिलेमें नदियोंकी संख्या अधिक है। वर्ष भर जलपथ हो कर ही लोग अधिकांश स्थलमें जाते आते हैं। पद्मा, मेघना और यमुना इन तीन नदियोंके अतिरिक्त आड़ियालखां, कीर्त्तिनाशा, धलेश्वरी, बूढ़ीगङ्गा, लाखा, बैदोखाली और गाजीखाली नामक ७ नदियोंमें भी बड़ी बड़ी नावें आ जा सकती हैं। इनका अधिकांश गङ्गाका या ब्रह्मपुत्रको शाखाएं अथवा प्राचीन परित्यक्त नदीका गर्भ है। आज भी जिलेके दक्षिणखण्डमें समस्त नदियोंका गर्भ बाढ़के समय परिवर्त्तित हो जाता है। अपेक्षाकृत छोटी नदियोंमें इच्छामती, बांसी, तुराग, टुंगी, बालू और ब्रह्मपुत्रके प्राचीन स्रोत प्रधान हैं। इन नदियोंमें ज्वारका प्रभाव लक्षित होता है। ढाकाके निकटस्थ बूढ़ीगङ्गाकी ज्वार २ फुट पर्यन्त ऊपर उठती है। अनेक स्थानोंमें नदीके हट जानेसे विस्तीर्ण झील बन गई है। एक नदीसे दूसरी नदीमें जानेके लिये अनेक नहरें खोदी गई हैं। जिले-की सभी नदियां उत्तर-पश्चिमसे दक्षिण-पूर्वको ओर बहती हुई प्रान्तभागमें गङ्गा और मेघनाके सङ्गम स्थलके निकट उसके साथ मिल गई हैं।

कुछ अनाज और जङ्गली उद्भिदको छोड़ कर यहां विशेष प्रकारके फल पुष्पादि उत्पन्न नहीं होते। जङ्गलोंके काष्ठादिसे भी आमदनी थोड़ी ही होती है। वराहादि भी अधिक नहीं है। नदियोंसे प्रति वर्ष बहुतसी मछलियां पकड़ी जाती हैं।

ढाका बहुत दिनों तक मुसलमानोंकी राजधानी रहनेके कारण अन्यान्य स्थानोंकी अपेक्षा इस समय यहां मुसलमान अधिवासियोंकी संख्या बहुत ज्यादा है। लोकसंख्या प्रायः २६४८५२२ है।

ढाका जिलेकी आबहवा और खेती आदिकी सुविधा होने तथा पाटका व्यवसाय खुल जानेसे यहांकी जन-संख्या क्रमशः बढ़ती जाती है। यहांके मुसलमान प्रायः अधिकांश शेख सम्प्रदायके हैं। सैयद, मुगल और पठानों-की संख्या उनकी अपेक्षा बहुत थोड़ी है। हिन्दुओंमें ब्राह्मण, कायस्थ, वैद्य, बढ़ई अर्थात् सूत्रधर, तम्बोली, बनिया, ग्वाला, धोबी, नापित, कुम्हार, लोहार, मल्लाह, तांती, मूड़ी इत्यादि प्रधान हैं। चण्डाल और कोच जाति भी हिन्दू धर्म स्वीकार करती है। इनकी संख्या भी थोड़ी नहीं है। शाक्तिभिन्न अनेक हिन्दू वैष्णव-सम्प्रदायके कहे जाते हैं। इस सम्प्रदायकी लोकसंख्या कम नहीं है। अधिकांश नीच जातिके लोग पहले मुसलमान अथवा ईसाई धर्ममें दीक्षित हुए थे। अव-शिष्ट लोग अपनेको निम्नश्रेणीके बतलाते हैं। ढाकाके ईसाई सम्प्रदायकी उत्पत्ति भिन्न प्रकारकी है। ये लोग पोर्त्तुगीज, आर्मेनीय, ग्रीक, यूरोपीय अथवा देशीय ईसा-इयोंके वंशधर हैं। फिरङ्गी अर्थात् पोर्त्तुगीज ईसाई देशियोंके मिश्रणसे उत्पन्न हैं। ईसाई जिलेके अनेक स्थानोंमें छोटे छोटे दल बांध कर निवास करते हैं तथा कृषि आदिके द्वारा जीविकानिर्वाह करते हैं। ये लोग गोआ नगरके प्रधान पादरी साहबको अपना प्रधान गुरु मानते हैं।

निम्नलिखित सात नगरोंमें ५ हजारसे अधिक मनुष्य निवास करते हैं। यथा १ ढाका, २ नारायणगञ्ज, मदनगञ्ज, ३ मानिकगञ्ज, ४ [illegible], ५ [illegible], ६ [illegible] तथा ७ नरिसा ये ही सात नगर हैं। इनमेंसे प्रथमोक्त तीन नगरोंमें म्युनिसपालिटी है। ढाका नगरमें जिलेका सदर है जो लाखा नदीके पश्चिम किनारे तीर पर अवस्थित है। नारायणगञ्ज और मदन

गञ्ज वाणिज्यका प्रधान अड्डा है। शहरमें वास करना अधिवासियोंको पसन्द नहीं पड़ता कारण शिल्पादिका कोई कार्यालय नहीं है। उपरोक्त नगरोंमें जिलेको छोड़ कर निम्नलिखित स्थान भी उल्लेखयोग्य हैं। यथा सुवर्णग्राम, यही पूर्व बङ्गालको सर्व प्रथम मुसलमानकी राजधानी थी, फिरङ्गीबाजार, पोर्तुगीजका आदि उपनिवेश, विक्रमपुर, साभार और दुरदुरिया। शेषोक्त दो स्थानोंमें जितने भग्न प्रासादादि देखे जाते हैं, लोग उनको भुइयाँ और पाल राजाओंकी कीर्ति बतलाते हैं। इसके सिवा जिलेके अनेक स्थानोंमें प्राचीन हिन्दू और मुसलमान राजाओंकी अनेक कीर्तियाँ विद्यमान हैं। सम्प्रति कृषिकार्यकी विशेष उन्नति होने एवं कृषिजात द्रव्योंका मूल्य बढ़ जानेसे कृषकोंकी अवस्था बहुत अच्छी हो गई है। तिल, सरसों, कुसुमफूल, सन और पाट आदिकी खेती द्वारा अनेक कृषकोंकी अवस्था सुधर गई है। कहना नहीं पड़ेगा कि निर्दिष्ट वेतन भोगी कर्मचारी या सरकारी तालुकदारोंकी इस उन्नतिसे कोई सम्बन्ध नहीं है।

कृषि—बङ्गालके अन्यान्य स्थानोंकी नाईं यहाँ भी चावल ही लोगोंका प्रधान खाद्य है। चार तरहके धान विशेषकर पैदा होते हैं। १ आमन या हैमन्तिक, २ आउश या आशु धान, ३ बोरो धान तथा ४ लड़ीधान अर्थात् दलदल आदिमें आपसे आप होनेवाला धान। इनमेंसे हैमन्तिक या आमनधान ही प्रधान है। ढाकामें जितना धान उत्पन्न होता उतनेसे इस जिलेका काम नहीं चलता है। दूसरे दूसरे स्थानोंसे चावलकी आमदनी होती है। उत्पन्न द्रव्योंमें ज्वार, बाजरा, गुन्दरी, अनेक तरहके उड़द, तिल, सरसों, रुई, सन, पटसन, कुसुम फूल, ऊख, पान, सुपारी और नारियल प्रभृति प्रधान हैं। आजकल रुईकी खेती बहुत कम गई है; पहले यहाँकी रुई बहुत प्रसिद्ध थी, इसमें सन्देह नहीं। उसी रुईसे संसारविख्यात ढाकेकी साड़ी बनती थी। इस समय तिल, सरसों, सन, पटसन, कुसुमफूल इत्यादि यहाँसे दूसरे स्थानोंमें भेजे जाते हैं। धानका खेत अधिकांश बाढ़के जलसे प्लावित हो जाता है। इसलिये उसमें खादकी आवश्यकता नहीं होती। रब्बीके खेतोंमें बहुत खाद देनी पड़ती है। समस्त जिलेके ३ अंशमें हल चलता है। अच्छे धानके खेतोंमें धानके कट जाने पर एक दूसरी फसल उत्पन्न होती है।

ढाका जिलेमें अतिवृष्टि, अनावृष्टि, बाढ़ प्रभृति दैव-दुर्विपाक अधिक नहीं होते हैं। दैवदुर्घटनासे धानकी हानि बिलकुल नहीं होती। १७७०-७८ ई०में भयानक बाढ़ और उसके बाद भीषण दुर्भिक्ष हुआ था। १८९६ और १८०० ई०में अनावृष्टि होनेके कारण अन्न मँहगा हो गया था। सम्प्रति कई एक वर्षोंसे विक्रमपुरमें दुर्भिक्षकी बातें प्रायः सुनी जाती हैं। अभी रेलवे और जलपथसे अन्यान्य जिलोंके साथ संयोग हो जानेके कारण अन्तर्वाणिज्यकी वृद्धि हो रही है। तथा और दुर्भिक्षकी आशङ्का नष्ट हो रही है। ढाका जिलेमें बहुतसी बड़ी बड़ी नदियाँ रहनेके कारण साल भर प्रायः सभी स्थानोंमें जलपथसे आने जानेकी सुविधा रहती है। ऐसा कोई स्थान नहीं है जो बड़ी नदीसे दूर हो। विशेष कर आना जाना और वाणिज्य व्यापारादि अधिकांश जलपथसे ही सम्पन्न होता है।

ढाका नगरके मध्य हो कर त्रिपुरा और चट्टग्राम तक जो पक्की सड़क गई है, वही सबसे प्रधान है। ढाकासे मैमनसिंह और नारायणगञ्ज तक एक दूसरी सड़क गई है, जिसमेंसे नारायणगञ्जकी सड़क हो कर बहुत वाणिज्य होता है। ढाकासे नारायणगञ्ज और मैमनसिंह तक रेललाइन गई है। शिल्पद्रव्योंमें यहाँका सूती कपड़ा, शङ्ख और सोने तथा चाँदीके बने हुए तरह तरहके पदार्थ, सीपोंके बरतन और कपड़ेके ऊपर पालिश करनेका काम प्रधान है। पहले ढाकाके कपासकी सूतकी बनी हुई अत्यन्त महीन तरह तरहकी मसलिन या मलमल जगत्‌में विख्यात थी। अब भी यूरोपकी अनेक उत्कृष्ट मशीनोंके रहते हुए भी ऐसा आश्चर्योत्पादक मलमल नहीं बनती। अभी उसकी खपत नहीं रहनेके कारण ढाकेका पूर्व गौरव जाता रहा। जो उक्त वस्त्रके लिये सूत कातते तथा जो लोग उस भुवनविख्यात मलमलको बुनते थे, वे अब एक भी नहीं हैं। जिस कपाससे उनका सूता बनता था, बहुतोंका कहना है कि उसका भी लोप हो गया है। कहा

जाता है, कि मलमलके लिये चरखेका काता हुआ आध छटाक सूतका मूल्य ५०) रु०से कम नहीं था। आज भी दो एक तांती कुछ शौकीन व्यक्तियोंके लिये पहलेसा मलमल थोड़ा बहुत बनाते हैं। अधिकांश तांती नाना तरहके देशी वस्त्र बुनते हैं। इनमेंसे अनेक महाजनोंके निकट ऋणग्रस्त हैं, अतः महाजन उन्होंसे सब कपड़े ले कर बेचते हैं। सोने और चांदीके अलङ्कार बनानेवाले तथा शङ्खवणिक्‌की अवस्था वैसी नहीं है। वे स्वाधीनभावसे अपने अपने कर्मशालेमें काम करते हैं और अपने द्रव्यको इच्छानुसार जहां तहां बेचा करते हैं। इसके सिवा यहां भिन्न भिन्न प्रकारके वाद्ययन्त्र, सोने चांदीका फीता, हाथी दांतके कई तरहके द्रव्य, चित्र, फूलदार साड़ी आदि बनती हैं।

ढाका एक बड़ा वाणिज्यका केन्द्र है। जलपथ हो कर ही इसका अधिकांश वाणिज्य होता है। अभी रेलपथसे भी इसका बहुत वाणिज्य चल रहा है। पहले युरोपीय, यहूदी, मुसलमान, मारवाड़ी आदि जातिके वणिक् तथा देशी वणिक् यहां कपड़ेका कारबार बहुत करते थे। अभी उस व्यवसायका ह्रास हो गया है। नारायणगञ्ज और उसके निकट मदनगञ्ज सम्भ्रान्त नगर हैं। यहां वाणिज्य अधिक होता है। मुन्शीगञ्जमें प्रति वर्ष तीन सप्ताह तक मेला लगता है। उस मेलेमें भारतवर्षके नाना स्थानोंसे, यहां तक कि दिल्ली, अमृतसर, आराकान आदि दूर दूर देशोंसे भी वणिक् आते हैं।

इस जिलेमें विद्याकी उन्नतिके लिये विशेष चेष्टा हो रही है। ढाका शहर छोड़ कर अन्यान्य स्थानोंमें भी छापेखाने स्थापित हुये हैं और मासिक तथा साप्ताहिक पत्र निकलते हैं। पाठशाले आदिमें गवर्मेण्टने सहायता मिलनेकी प्रथा प्रचलित हो जानेसे छात्रसंख्या बहुत बढ़ रही है। अङ्गरेजी स्कूल भी यहां बहुतसे हैं। ढाका नगरमें एक कालेज है। लड़कियोंको पढ़ानेके लिये यहां कई एक कन्या-पाठशालायें हैं। मुसलमानोंके लिये मदरसा है।

शासनकार्यकी सुविधाके लिये यह जिला ढाका, नारायणगञ्ज, मानिकगञ्ज और मुन्शीगञ्ज इन चार उपविभागोंमें और फिर ये भी कुल १९ थानोंमें विभक्त हैं।

जलवायु। जिलेके चारों ओर बड़ी बड़ी नदियोंके रहनेसे ग्रीष्मकालमें यहांकी जलवायु कुछ शीतल रहती है। बैशाखके अन्तसे आश्विन मास तक यहां वृष्टि होती रहती है। इस समय चारों ओरकी भूमि जलमग्न रहती है। वर्षाकालका अन्त भाग अप्रीतिकर रहता है। वार्षिक वृष्टिपात प्रायः ७४ इञ्च और तापांश प्रायः ७८°८ फा० होता है। भूमिकम्प भी प्रायः हुआ करता है। १७६२ और १७७५ ई०के मई मासमें भीषण भूमिकम्प हुआ था।

सभी रोगोंमें ज्वर, गलगण्ड, आमाशय, अतिसार, वात, आंतका दुरुस्त होना इत्यादि साधारण हैं। प्लेग और यक्ष्मा रोगसे भी कभी कभी बहुत मनुष्योंकी मृत्यु होती है। छोटे छोटे ग्रामवासियोंको स्वास्थ्यरक्षाकी ओर किसीका भी ध्यान नहीं है। नवाब अबदुलगनि ढाका नगरके स्वास्थ्यकी उन्नतिके लिये अर्थसाहाय्य और स्वास्थ्यसमिति संगठन तथा परिष्कृत जल लानेका अच्छा बन्दोबस्त कर ढाकावासियोंका बहुत उपकार कर गये हैं। दातव्य-चिकित्सालयोंमें एक पागलागारद, मिटफोर्ड अस्पताल, अबदुलगनिप्रतिष्ठित एक सदावर्त और १३ दूसरे दूसरे अस्पताल हैं।

इतिहास। अभी बङ्गाल कहनेसे जिस तरह राढ़, वरेन्द्र, बङ्ग, बागड़ी प्रभृति स्थानोंका बोध होता है, पहले उस तरह नहीं था। अभी जिसको ढाका विभाग कहते हैं, उसीका अधिकांश पहले बङ्ग नामसे प्रसिद्ध था। इस समय लोग जिसे पूर्व बङ्गाल कहते हैं, महाभारत और पौराणिक समयसे ले कर गौड़के सेनराजाओंके राजत्वकाल तक उसीको केवल बङ्ग कहते थे। वर्त्तमान ढाका जिलेका अधिकांश और फरीदपुर जिलेका कुछ अंश सेनराजाओंके समयमें विक्रमपुर नामसे मशहूर था। सेनराज विश्वरूपके ताम्रशासन द्वारा यह प्रमाणित होता है।*

ढाका नाम कबसे प्रचलित है, उसका स्थिर करना कठिन है। महाराज समुद्रगुप्तके इलाहाबादके स्तम्भमें ऐसा लिखा है, कि उन्होंने डवाक और समतटको जय किया था। बंगालका दक्षिणांश समुद्रकूलवर्त्ती स्थान

* Journal of the Asiatic Society of Bengal for 185..

पहले समतट नामसे प्रसिद्ध था। दोनों नामके साथ साथ रहनेसे वर्त्तमान ढाका ही पहले सुवाङ्ग था, ऐसा अनुमान किया जाता है।

प्रवाद है, कि आदिशूर प्रभृतिके बहुत पहले यहां विक्रमादित्य नामक एक राजा राज्य करते थे, उन्हींके नामानुसार विक्रमपुरका नामकरण हुआ है।

भविष्य-ब्रह्मखण्डमें लिखा है—"यहां ढक्कावाद्य प्रिया सदा काली वास करती हैं, इसीसे देशीय मनुष्य इस स्थानको ढक्का (ढाका) कहा करते हैं। इसका दूसरा नाम जहांगीरपत्तन (१) (जहांगीराबाद) है।"

ढाका जिलेका प्राचीन इतिहास अन्धकारमय है। महाभारतके समय यहां क्षत्रिय-पौरगण राज्य करते थे। बंग देखो। बौद्धप्राधान्यके समय गौड़के दूसरे अंशमें बौद्धधर्मकी सूचना होने पर भी यहां किसी समय बौद्ध धर्म प्रबल था, उसका कोई विशेष प्रमाण नहीं है। छठी शताब्दीमें काश्मीरराज ललितादित्यने पूर्वसमुद्र तक जीत कर काश्मीरियोंके रहनेके लिये यहां कालम्बा नामक एक जनपद स्थापन किया (२)।

८वीं शताब्दीमें गौड़राज्य पालवंशीय-राजाओंके अधीन होने पर यहां भी उनके वंशीय कोई कोई स्वाधीनभावसे राज्य करते थे। दक्षिण प्रदेशके तिरुमलय शिलालिपिमें लिखा है, कि जब (१०वीं शताब्दीमें) महाराज राजेन्द्रचोलने वङ्गराज्य पर आक्रमण किया, तब यहां गोविन्दचन्द्र नामक एक राजा राज्य करते थे। गौड़ शब्द देखो।

पाश्चात्य वैदिक-कुलपञ्जिकाके मतसे १००१ शकमें महाराज श्यामलवर्मा (पूर्व) वङ्गमें राज्य करते थे।

(१) "ढक्का [illegible]।
[illegible]॥
तत्र देवी महाकाली ढक्कावाद्यप्रिया सदा।
[illegible] ढक्काख्यं देशवासिनः।"
(भ० ब्रह्मख०, १ अ०)

(२) "[illegible] पूर्वसागरं।
[illegible]।
काश्मीरिकनिवासाय [illegible]॥"
(राजतर० ४।[illegible])

उत्कलके विख्यात भुवनेश्वरमें अनन्तवासुदेवके मन्दिरमें भवदेवकी एक प्रशस्ति है, जिसमें वङ्गाधिप हरिवर्म-देवका परिचय मिलता है। शायद ये १२वीं शताब्दीके किसी समय विद्यमान थे। सेनवंशीय राजाओंके समयमें दक्षिणराढ़, वङ्ग और वरेन्द्र इन्हीं तीन स्थानोंमें इन लोगोंकी राजधानी थी। सेन-राजवंश देखो। महम्मद-इ-बख्तियारके ११९८ ई०में नदिया अधिकार करने पर महाराज लक्ष्मणसेनके पुत्र केशवसेन गौड़राज्य परित्याग कर विक्रमपुर भाग आये थे। उस समय यहां लक्ष्मणसेनके दूसरे पुत्र विश्वरूपसेन शासनकर्त्ता रहते थे। ये भी मुसलमानोंके साथ युद्ध कर स्वाधीनभावसे राज्य करने लगे। उनके समयमें पूर्व बङ्गाल और समतट स्वाधीन था, मुसलमान उसे जीत न सके थे। उनके बाद सदासेनने (१) कुछ काल तक राज्य किया, इस समय सुवर्णग्राममें सेन राजाओंकी राजधानी थी। तदनन्तर प्रबल पराक्रान्त सेनराज दनौजामाधवने बहुत दिनों तक राज्य किया। थोड़े दिनों सम्राट् बलबन तुघिलखांको दमन करनेके लिये गौड़ राज्य पहुंचे। महाराज दनौजामाधवने [illegible] सम्राट्को यथेष्ट सहायता की थी। मालूम पड़ता है कि इसी कारण लक्ष्मणावतीके सूबादार उन पर विरक्त हुए थे और जब बलबन लौट कर आया तब सूबादारोंने भी हिन्दुओंके ऊपर अत्याचार आरम्भ किया। राजा दनुजमर्द्दनने गौड़ परित्याग किया और चन्द्रद्वीपमें आ कर राजधानी स्थापन की। इस समय वर्त्तमान ढाका जिलेका अधिकांश मुसलमानोंके अधिकारमें आया। सुवर्णग्राम देखो। वर्त्तमान फरीदपुर और बाकरगञ्ज ले कर चन्द्रद्वीप राज्य स्थापित हुआ। दनुजमर्द्दनके वंशधरोंने बहुत समय तक चन्द्रद्वीपमें राज्य किया। चन्द्रद्वीप देखो। प्रायः १३३० ई०में जब ढाका जिला मुसलमानोंके हाथ आया, तब थोड़े समयके बाद ही वैद्यवंशीय बल्लाल नामक एक व्यक्तिने प्रबल हो कर विक्रमपुरका अधिकांश अधिकार किया और वहां कुछ काल तक स्वाधीनभावसे राज्य किया था। उनके आदेशसे उनके शिक्षक गोपालभट्टने १३०० शक अर्थात् १३७८ ई०में 'बल्लालचरित' नामकी पुस्तक बनाई।

उनके समयमें जो राजभवन और सरोवर बनाया गया, वह अभी बल्लालबाड़ी और बल्लालदीघी नामसे मशहूर है। प्रवाद-इस तरह है, वे बाबा आदम नामक एक मुसलमान फकीरके साथ युद्ध करने लगे। युद्धयात्राकालके समय वे अपने परिवारवर्गसे इस तरह कह गये, "युद्धमें यदि मेरी मृत्यु हो जायगी, तो मेरा साथी कबूतर उड़ कर यहां पहुँच जायगा और तब तुम लोग भी अग्निकुण्डमें कूद कर प्राणत्याग करना।" इतना कह कर वे रणक्षेत्रमें गये और वहां बल्लालकी ही जय हुई। वे ज्यों ही एक सरोवरमें प्रवेश कर अपने रक्ताक्त कलेवरको साफ करने लगे त्यों ही अवकाश पा कर उनका कबूतर उड़ गया। इधर कबूतरको देख कर राजपरिवारवर्गने अग्निकुंडमें कूद कर अपना अपना प्राणत्याग किया। जब बल्लाल लौट कर आये, तब वे इस घटनाको देख अत्यन्त शोकातुर हुए और उन्होंने भी उसी जलते हुए अग्निकुण्डमें कूद कर प्राण छोड़ा। उनका विस्तृत राज्य भोग करनेके लिये अब कोई न बचा. ढाका जिला पुनः मुसलमानोंके हाथ आया। किसीके मतानुसार उस समय भी भावाल और साभर प्रभृति स्थानोंमें हिन्दू जमींदारगण स्वाधीन भावसे राज्य करते थे। भावाल देखो।

१३१० ई०में महम्मद तुगलकने पूर्व बङ्गाल अपने अधिकारमें किया। इस समय बङ्गराज्य लक्षणावती, सातगांव और सोनारगांव इन तीन भागोंमें विभक्त हुआ। ढाका सोनारगांव विभागके अन्तर्गत था। १३३८ ई०में सोनारगांवके शासनकर्त्ता तातार बहरामखांकी मृत्यु होनेसे फकर-उद्दीन् सिंहासन पर बैठे और इन्होंने मुबारकशाह नामसे १० वर्षसे अधिक समय तक उक्त प्रदेशमें राज्य किया। १३५१ ई०में समसुद्दीन इलियासशाह तथा उनके पुत्र सिकन्दरशाहकी अपरिमित चेष्टासे समग्र बङ्गदेश एक राज्यभुक्त तथा ढाकाके निकटवर्त्ती सोनारगांवमें राजधानी स्थापन की। सिकन्दरके पुत्र आजमशाहने दिल्लीकी अधीनता परित्याग की। राजा गणेशके शासनकालके समय यह प्रदेश त्रिपुरा, आसाम और आराकानके राजाओंसे कई बार उत्पीड़ित हुआ था। १४४२ ई०में महम्मदशाहने पुनः समस्त बङ्गालको अपने अधिकारमें कर लिया। इस वंशके शासनकालमें ढाका, फरीदपुर और बाकरगञ्जके चारों ओरके प्रदेश जलालाबाद और फतयाबाद नामसे परिचित थे। १५३८ ई०में शेरशाहने बङ्गदेशपर शासन किया। उनके उत्तराधिकारी मुगलोंसे पराजित हुए। मुगल-सम्राट् अकबर द्वारा मध्यबङ्गसे भगाये जाने पर इन्होंने उड़ीसा और ढाकामें जा कर आश्रय ग्रहण किया। १६०४ ई०में इनके एक सर्दार उसमान-खांसे निम्नबङ्ग लूटा गया था। इन्होंने उक्त प्रदेशको १६१२ ई० तक अपने अधिकारमें रखा था। इस वर्ष पूर्वबङ्गके किसी स्थानमें मुगलोंके साथ युद्धमें वे मारे गये। इस समय इसलामखां बङ्गदेशके शासनकर्त्ता थे। इस युद्धके बाद उन्होंने राजमहलसे ढाकामें अपनी राजधानी स्थानान्तरित की। तबसे १६२८ ई० तक अराजक-द्रोह और वहिराक्रमणसे ढाका कई बार उत्पीड़ित हुआ था। इस समय आसामवासी और मगोंने यथाक्रम ढाकाका उत्तर और दक्षिण भू-भाग लूटा था। १६३८ ई०में सुलतान महम्मद सुजाने ढाका परित्याग कर पुनः राजमहलमें राजधानी स्थापन की। १६६० ई०में मीर-जुमला जब राजप्रतिनिधि नियुक्त हुए, तब राजधानी फिर ढाकामें लाई गई। मीरजुमलाके शासनकालमें ही ढाका सबसे अधिक उन्नतिशिखर पर पहुँच गया था। मग और आराकानको बाधा देनेके लिये उन्होंने लाखा और धलेश्वरी नदीके सङ्गम पर बहुतसे दुर्ग निर्माण किये थे, जिनमेंसे हाजीगञ्ज और इदरकपुरके दुर्ग ही सबसे अधिक विख्यात हैं। इनके समयमें ढाकाके निकट बहुतसी सड़कें और पुल प्रस्तुत हुए। शाइस्ताखांके शासनकालमें इस नगरमें स्थापत्यविद्याकी बहुत उन्नति हुई थी। उन्होंने यहां बहुतसी मसजिदें बनाईं। इनके समयमें ईंटोंके घर बनानेके लिये एक नयी पद्धति आविष्कृत हुई जिसे शाइस्ताखानी कहते हैं। इस पद्धतिके दो एक घर अब भी ढाका नगरमें दिखे जाते हैं।

शाइस्ताखांने ढाका शहर तथा निकटवर्त्ती स्थानको उत्तरकी ओर टुङ्गी तक विस्तृत किया था। सम्राट् औरङ्गजेबके आदेशसे उन्होंने कुछ दिनके लिये अंग्रेज वणिकोंके ढाकास्थित एजण्टोंको नजरबन्द कर रखा था। जब औरङ्गजेब सम्राट् हुए, तब बङ्गदेशका राजस्व बढ़ानेके लिये उन्होंने मुर्शिदकुलीखांको बङ्गदेशका

दीवान बना कर भेजा। इस समय कुमार आजिम-उशान सम्राट्के आदेशसे बङ्गदेशकी निजामतमें नियुक्त थे। मुर्शिदने ढाका आ कर सम्राट्-पौत्रकी बहुतसी जागीर खालसाके अन्तर्गत कर ली। इस पर आजिम-उशान अत्यन्त विरक्त हो कर मुर्शिदका प्राणनाश करनेके लिये षड़यन्त्रमें प्रवृत्त हुए। मुर्शिद अपने साहससे षड़यन्त्रकारियोंके हाथसे छुटकारा पा कर मुर्शिदाबादमें आ कर रहने लगे। यह सब हाल जान कर सम्राट्ने अपने पौत्रको बिहार भेज दिया और मुर्शिदकुलीखांको नाजिम बनाया। फर्रुखसियरके राजत्वकालमें ये प्रकृत नाजिम हो गये। इस तरह १७०४ ई०में ढाकासे राजधानी उठा दी गई। पूर्व प्रदेशके शासनका भार एक नायब अर्थात् अधीन नाजिमके ऊपर सौंपा गया। १७१२ ई०में मिर्जा लताफतखांने त्रिपुरा राज्यको ढाका निजामतके अन्तर्गत किया। परवर्ती अधिकांश नायब ही अधीन कर्मचारी पर इसका भार सौंप कर मुर्शिदाबादमें आ बसे। ऐसा होनेसे अनेक कर्मचारी ढाका और निकटवर्ती स्थानोंके अधिवासियोंका सर्वस्व हरण कर आप धनी हो गये। १७६५ ई० तक ढाकावासियोंने इस तरहका अत्याचार सह्य किया। इस समय अंग्रेज कम्पनीने बङ्गालकी दीवानी पाई। तब दीवानी और निजामत इन दो विभागोंमें ढाकाशासनका बन्दोबस्त हुआ। राजस्वसम्बन्धीय प्रथम विभागका कार्य मुर्शिदाबादके दीवान द्वारा चलाया जाता था। दीवानी और फौजदारी अभियोग आदि दूसरे विभागके अन्तर्गत थे। १७६८ ई०में दोनों विभागकी देखभाल करनेके लिये एक कर्मचारी नियुक्त हुए। १७७२ ई०से यही कर्मचारी कलेक्टर कहलाते आ रहे हैं। इसी वर्ष एक दीवानी अदालत और १७७४ ई०में एक कौन्सिल स्थापित हुई। नायब राजस्व वसूल तथा दीवानी अदालतमें विचार करते थे। उक्त कौन्सिलमें इनके कार्यका प्रतिवाद किया जा सकता था। १७८१ ई०में कौन्सिल उठ गई और राजकार्य आदि चलानेके लिये मजिष्ट्रेट, कलेक्टर, जज प्रभृति नियुक्त हुए।

पूर्व समयके जमींदारोंने ढाका विभागका ३ अंश अधिकार किया था। प्रथम जमींदारको नवारा [illegible] थे। जल और स्थलवासियोंके आक्रमणसे सम्पूर्ण प्रदेशकी रक्षा करनेके लिये नवाराकी बाब खर्च देना [illegible] थी। नवारा भी फिर कई एक तालुकोंमें विभक्त था। अमीर प्रभृति अपनी तनखाहके बदले इन तालुकोंको भोग करते थे। इस तरह नवाब प्रधान-सेनापति आदिका खर्च चलानेके लिये सरकार अलि, चाकलाय प्रभृति प्रदेश अवधारित किया था।

नवाब ढाकामें निम्नलिखित कर वसूल करते थे—

(१) नवाब बदलनेके समय जमींदारोंसे एक प्रकारका कर।

(२) ईद तथा और दूसरे दूसरे मुख्य मुसलमान पर्वोंमें नवाबके निकट जितने उपहार भेजे जाते, उनका मूल्य जुटानेके लिये एक प्रकारका कर।

(३) विभागीय राजस्वके ऊपर सैकड़े कर।

(४) ढाकासे राजधानी दूसरी जगह ले जानेमें नायब द्वारा गृहीत सामानके ऊपर एक प्रकारका स्थायी कर।

(५) महाराष्ट्रीय चौथ।

निम्नलिखित विषयोंसे सायर लिया जाता था।

(१) नौकामहसूल (जितने जलयान ढाका बन्दरमें आते अथवा यहांसे दूसरी जगह जाते उनके ऊपर भी यह कर लगाया जाता था) (२) बाजारोंमें बेचे जानेके द्रव्य (३) घास बेचना (४) जो बाजारोंमें बेचनेके लिये बांस, पयाल आदि लाते थे; (५) जो [illegible] प्रस्तुत करते थे। (६) सिन्दूर प्रस्तुत। (७) पान बेचना। (८) आकमनी पान बेचना (९) कागज बेचना। (१०) नगरमें जो व्यवसाय करते थे। (११) दूकानदार इत्यादि। (१२) बाजार, भात, [illegible] इत्यादि कामोंमें जो नियुक्त रहते थे। (१३) नायक। (१४) काष्ठविक्रय। (१५) वजन या सोनेकी निरीक्षण करनेवाला भी [illegible] हिसाबसे कर देते थे।

मुगल सम्राटोंके अधीन ढाकाका राजस्व वसूल करनेमें कुल राजस्वके [illegible] अधिक खर्च नहीं होता था। अन्तमें दीवानी ग्रहण करने पर ढाकाका राजस्व कुछ कम गया। [illegible] प्रभृति [illegible] स्थान ढाका विभागसे अलग कर दिये गये। किन्तु १७९३ ई०के चिरस्थायी बन्दोबस्तके समय राजस्व

और फरीदपुर ढाका कमिश्नरीके साथ मिला दिये गये। १८०३-१८०४ ई०में ढाकासे ५११०००) रु० राजस्व वसूल हुआ है। ब्रिटिश गवर्मेण्टने सायर कर उठा कर शराब, अफीम इत्यादि मादक द्रव्योंके ऊपर कर रखा है।

ढाकामें ८८४२ जमींदारी चिरस्थायी बन्दोबस्तके अधीन हैं पीछे ४५० जमींदारी और उक्त बन्दोबस्तके अधीन हुईं और २१४ लाखराज जमीन हैं। इस जिलेके १२५० जमींदारियोंका स्वत्व गवर्मेण्टने बेच दिया है। निर्दिष्ट समय पर कर नहीं चुकानेसे गवर्मेण्ट चिरस्थायी प्रबन्धके अन्तर्गत सभी जमींदारोंको प्रकाश्य नीलाममें बेच डालती थी। १२ जनवरी, २८ मार्च, २८ जून और २८ सितम्बर ढाका कलक्टरीमें कर जमा करनेका निर्धारित समय है। ढाका जरिपके समय बहुतसी लाखराज जमीन प्रकाशित हो पड़ी है। गवर्मेण्टने सबसे पहले इन्हींको अपनाया किन्तु बहुत समय तक गवर्मेण्टका कोई स्वत्व नहीं रहनेसे अथवा अन्य जमींदारीके अन्तर्गत हो जानेसे गवर्मेण्ट इन्हें छोड़नेको बाध्य हुई।

अङ्गरेजोंकी नाईं फरासीसी और ओलन्दाजोंने ढाकामें वाणिज्य-कोठियां खोलीं। किन्तु वे भी क्रमशः १७७८ और १७८१ ई०में अङ्गरेजोंके हाथ लगीं। मुसलमानोंके शासनकालमें ढाकेका वस्त्रव्यवसाय और साधारण वाणिज्य विशेष प्रसिद्ध था। ढाकेकी मलमलकी प्रशंसा सब जगह फैली हुई थी। किन्तु अंग्रेज-शासनमें यहांका व्यवसाय क्षीण हो गया है, ईष्टरी महामन्यसे यहांके तांतियोंका कुल निर्मूल हो गया है। अंग्रेज-वणिकोंने ढाका अधिकार कर यहां व्यवसाय आरम्भ किया। किन्तु धीरे धीरे आय कम जानेसे १८१० ई०में उनकी कोठियां उठा दी गईं।

अंग्रेज राजत्वकालको ढाकामें उतनी अधिक राजकीय दुर्घटना न घटी, किन्तु १८५७ ई०का सिपाही-विद्रोह उल्लेखयोग्य है। ७३ नं० देशीय पदातिक सैन्य दो दलमें यहां रहती थी। मेरठके सिपाही विद्रोही हुए हैं, यह सम्वाद पा कर ढाकेके सिपाहियोंमें भी असन्तोषका चिह्न झलकने लगा। ब्रिटिश गवर्मेण्टने भावी अमङ्गल जान कर शहरकी रक्षाके लिये बहुतसी सेना भेजी। यूरोपीय और युरेसियनने भी नगरकी रक्षाके लिये सैन्यदलमें अपना अपना नाम लिखाया। २१ नवम्बर तक कोई विशेष घटना न हुई। उस दिन ऐसा संवाद पाया कि चट्टग्रामके सिपाही विद्रोही हो गये हैं। यह समाचार पा कर गवर्मेण्टने ढाकाके सिपाहियोंको अस्त्र छोड़ देनेके लिये कहा। दूसरे दिन प्रातःकालके ५ बजे सिपाहियोंको निरस्त्र करनेके लिये यूरोपीय सेना पहुंची। सबसे पहले कोषागारका पहरा निरस्त्र किया गया। बाद नौ-सेनागणने लाल बागकी ओर यात्रा की। कार्यकी प्रथम अवस्था देख कर मालूम पड़ता था, कि सिपाही सहजहीमें गवर्मेण्टके प्रस्तावको स्वीकार कर लेंगे, किन्तु लालबागमें पहुंच कर अंग्रेजोंने देखा, कि सिपाही सामना करनेके लिये प्रस्तुत हो गये हैं। अतः दोनों पक्षमें एक छोटी लड़ाई छिड़ गई। सिपाही पराजित हो कर भाग चले। इनमें से कई एक पकड़े गये और उन्हें फांसी हो गई।

१५५८ ई०में सम्राट् अकबरके राजस्वसचिव टोडरमलने करग्रहणकी सुविधाके लिये बाजुहा और सोनारगांव इन दो विभागोंमें ढाकाको विभक्त किया था। ढाका शहर[१] प्रथम विभागके अन्तर्गत था तथा पूर्वमें और बायकाबादसे ख्वोहट तक विस्तृत था। मुगल सम्राट्गण महसूल और सायर इन दो विषयोंसे राजस्व वसूल करते थे। जमीनकी मालगुजारी अदा करनेके लिये बाजुहा ३२ और सोनारगांव ५२ परगनोंमें विभक्त हुआ था। प्रत्येक विभागमें यथाक्रम ८८०८२०) और २५८२८८) रु० वसूल होते थे। १७२२ ई०में यह देश १३ चकलोंमें परिवर्तित हुआ। सोनारगांव, बाकरगञ्ज, बाजुहा विभागके कई अंश, त्रिपुरा, सुन्दरवन और गोवालपाड़ा फतेयोनद्दी तक जहांगीरनगर (ढाका) विभागके अन्तर्गत थे। ये फिर २३६ परगनोंमें और कई एक जमींदारियोंमें विभक्त हुए। इस प्रदेशमें १८२८२८) रु० कर निर्धारित हुआ था।*

१ बङ्गालके अन्तर्गत ढाका जिलेका सदर उपविभाग।

* ढाकेका विस्तृत विवरण जाननेके लिए निम्नलिखित ग्रन्थ द्रष्टव्य Dr. Taylor's Topography of Dacca, Dacca Antiquities and Dacca. Hunter's Statistical Account of Bengal, Vol. V.

यह अक्षा० २३° ३०' से २४° २०' उ० और देशा० ८०' से ९०° ४३' पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण १२११ वर्गमील और जनसंख्या प्रायः ८८२४१०७ है। इसमें ढाका शहर तथा ६४५० ग्राम लगते हैं। यहां मानिकगञ्ज, नारायणगञ्ज, मुन्सीगञ्ज और समागञ्ज नामके ४ थाने हैं।

४ पूर्वीय बंगालके अन्तर्गत ढाका जिलेका प्रधान नगर। यह अक्षा० २३° ४३' उ० और देशा० ९०° २४' पू० पर बुड़ीगङ्गा नदीके उत्तरी किनारे अवस्थित है। यहां नगर जलसे भरा रहता है। ढाका डिवीजनके कमिश्नर यहीं वास करते हैं। ढाका म्युनिसपालिटीके अन्तर्गत स्थानका परिमाण प्रायः ८ वर्गमील है। लोकसंख्या प्रायः ८.४४२ है।

यह नगर नदीके उत्तरी किनारे प्रायः ४ मील तक लम्बा और नदी-किनारेसे उत्तरको ओर प्रायः १½ मील चौड़ा है। दोलाई खालकी एक शाखाने इसे दो भागोंमें विभक्त किया है। नगरमें दो प्रधान सड़क हैं, एक पश्चिममें लालबाग प्रासादसे पूर्वमें दोलाई खाल तक प्रायः ३ मील और दूसरी नदीसे उत्तरको ओर दाखील दुर्ग तक गई है। दो राज-सड़क भी बहुत बड़ी हैं और इनके दोनों किनारे सुन्दर अट्टालिका और विपणि (दूकान)-श्रेणी-द्वारा सुशोभित हैं। शेष सड़कोंमेंसे अधिकांश छोटी और टेढ़ी हैं। नगरके पश्चिमभागमें चक अर्थात् बाजार पड़ता है। यूरोपीयगण नगरके मध्यभागमें नदी किनारे प्रायः ½ मील तक स्थानमें वास करते हैं। आर्मेनीय और ग्रीक दलोंमें बहुतसी बड़ी बड़ी अट्टालिकायें जङ्गलोंमें पड़ी हैं। देशीय लोगोंकी वासभूमि बहुत मलीन है। निम्न स्तर लोगों और मध्यवित्तके मकानोंका मूल्य १० रुपयेसे अधिक नहीं है, किन्तु उनकी संख्या प्रायः ४० हजार तक पहुंची है। इस नगरके मकानका मध्यभाग सुना है, केवल दो ही पाकमें घर हैं।

१७वीं शताब्दीमें ढाकानगर बङ्गालके मुसलमान शासकोंकी राजधानी था। किन्तु अभी उसकी पूर्व समृद्धिका अधिक परिचय विद्यमान नहीं है। सम्राट् जहांगीरके समयमें निर्मित ढाकाका दुर्ग बहुत पहले ध्वंस हो गया है। मुसलमान शासकोंके केवल दो चिह्न दिखाई पड़ते हैं—मुसलमान सूबेदार सुलतानके निर्मित कटरा और लालबागप्रासाद। ये दोनों अभी भी भग्नावस्थामें पड़े हैं। १७वीं शताब्दीकी बनी हुई पंचील और छोटीसी कोठियां भी नदी-गर्भमें विलीन हो गई हैं।

बहुत समयसे ढाकाके चारों ओरके प्रदेशों पर मग और पोर्तुगीज डकैत बहुत उत्पात मचाते थे। उन लोगोंके आक्रमणसे इस प्रदेशको बचानेके लिये १६१० ई०में बङ्गालकी राजधानी ढाका नगरमें स्थापित हुई। १७०४ ई०में मुर्शिदकुलीखां ढाकासे हटाकर मुर्शिदाबादमें राजधानी उठा लाये। उसी समयसे ढाकाकी अवनति आरम्भ हुई। कहा जाता है, कि इसकी समृद्धिके समय ढाका नगर बहु जनाकीर्ण और नदीके किनारेसे उत्तरको ओर १५ मील तक विस्तृत था। अभी भी अरण्यके मध्य टूटी फूटी बहुतसी अट्टालिकायें और मसजिद प्रभृतिका भग्नावशेष देखा जाता है। १८वीं शताब्दीमें ढाका नगरकी मसलिन बहुत आदरके साथ यूरोपखण्डमें बिकती थी। उस समय यहांके हिन्दू तांतियोंने सूक्ष्म-सूत्रसे ढाका-मसलिनका प्रभूत उत्कर्ष साधन किया था। सूक्ष्मतामें, बुनावटके ढंगमें, चिकनाहटमें तथा परिष्कार परिच्छन्नतामें कोई भी इन लोगोंकी बराबरी नहीं कर सकते थे। ढाकेका व्यापार भी उस समय सर्वत्र भूमण्डल पर अतुलनीय समझा जाता था। १८वीं शताब्दीके अन्तमें ईष्ट इण्डिया कम्पनी और देशीय सौदागर प्रति वर्ष प्रायः २५ लाख रुपयेकी ढाकेकी मसलिन खरीदते थे। १९वीं शताब्दीके प्रारम्भमें ही मञ्चेष्टर-तांतियोंकी कृत्रिम मसलिनकी प्रतिद्वन्द्विताने ढाकेकी मसलिनकी मांग कम होने लगी। अन्तमें १८१७ ई०को ईष्ट इण्डिया कम्पनीकी कोठी उठ गई। यह ढाकाकी अवनतिका दूसरा कारण है। तभीसे इसकी उन्नतिकी कोई आशा न रही। केवल मसलिनका व्यवसाय ही ढाकेका प्रधान आयका मूल था। अभी यह व्यवसाय नष्टप्राय होनेसे लोप हो जाने पर अधिवासीगण धनहीन हो गये हैं। बहुतसे अधिवासी स्थान छोड़ कर दूसरी जगह चले गये। अब भी तांतियोंकी सूक्ष्मता और बहुतसे परिच्छद इत्यादि इनका विलक्षण कौशल प्रकट करते हैं। १८०० ई०में यहांके अधिवासियोंकी संख्या दो लाखसे कम नहीं

थी, किन्तु १८६२ ई०में लोकसंख्या केवल ६८२१२ रह गई। १८८१ ई०में इनकी संख्या ७८०७६ थी। रेल तथा वाणिज्यकी वृद्धि हो जानेसे दिनों दिन यहांकी लोकसंख्या कुछ कुछ बढ़ रही है। किन्तु फिर भी यह शहर कभी पूर्व-गौरव पा सकेगा, यह आशा दुराशा मात्र है। सम्प्रति ढाकेकी मलमलका थोड़ा बहुत आदर होता है। थोड़े तांतो धनकुबेरके उत्साहसे अत्यन्त सुन्दर और सूक्ष्म मलमल प्रस्तुत करते हैं। अब ढाकामें युनिवार्सिटि प्रतिष्ठित हुई है।

ढाका नगरका अवस्थान वाणिज्यके पक्षमें बहुत ही सुविधाजनक है। गङ्गा, यमुना और मेघना इन तीन बड़ी नदियोंसे यह अधिक दूर नहीं पड़ता है। मदनगञ्ज और नारायणगञ्जको ढाकेका बन्दर कह सकते हैं। इसका वाणिज्य पटना छोड़ कर बङ्गालके अन्यान्य सभी मध्यवर्त्ती नगरोंसे अधिक है। यहांके प्रधान वाणिज्य-द्रव्य—चावल, पाट, तिल, सरसों, चमड़ा और वस्त्रादि हैं। ढाकाके मांझी बङ्गालके सभी मांझियोंमें श्रेष्ठ गिने जाते हैं।

ढाका नगरकी जलवायु अत्यन्त खराब थी। वर्षाकालमें चारों ओर जलमग्न हो जानेसे अनेक रोग उत्पन्न होते थे। अभी विशुद्ध जलप्राप्तिकी सुविधा हो जानेसे ढाका पहलेसे स्वास्थ्यकर हो गया है। यहांका सेन्ट्रल कारागार पूर्वीय बङ्गालमें सबसे बड़ा है, जिसमें प्रायः ११८३ कैदी रखे जाते हैं। १८५८ ई०में मिटफोर्ड अस्पताल स्थापित हुआ। इसके सिवा यहां लेडी डफरिन जनाना अस्पताल और पागलखाना है।

ढाकादक्षिण—श्रीहट्ट जिलेके अन्तर्गत एक परगना। इस परगनेके मध्यमें ही अन्यतमख्यात 'ढाकादक्षिण' ग्राम है। यह श्रीहट्टके मध्य एक प्रसिद्ध तीर्थस्थानमें गिना जाता है और गुप्तवृन्दावन नामसे मशहूर है। यह अक्षा० २४° ४८' और देशा० ९२° १०' पू०में अवस्थित है।

यह ग्राम श्रीहट्ट शहरसे सात कोस दूर दक्षिण-पूर्व-कोणमें अवस्थित है। शहरसे ढाकादक्षिण तक एक पक्की सड़क गई है। ढाकादक्षिण एक अपेक्षाकृत बड़ा ग्राम है। यहां कई हजार ब्राह्मण कायस्थ इत्यादि वास करते हैं।

यह ढाकादक्षिण श्रीचैतन्यदेवके पिता जगन्नाथमिश्रजीका जन्मस्थान और उनका पितृालय है। उपेन्द्रमिश्रजीका वासभवन ही अभी वैष्णवतीर्थ रूपमें परिगणित हुआ है। प्रति वर्ष बङ्गालसे वैष्णव इस तीर्थको देखनेके लिये आते हैं।

प्रायः साढ़े चार सौ वर्षके प्राचीन चैतन्योदयावली तथा परवर्ती सन्तःसन्तोषिणी ग्रन्थोंमें इस तीर्थकी उत्पत्ति और माहात्म्य इस तरह लिखा है—

ढाका दक्षिणमें उपेन्द्रमिश्रके पुत्र जगन्नाथमिश्रका वास था। जगन्नाथ नवद्वीपमें पढ़ते थे। नवद्वीपके नीलाम्बर चक्रवर्त्तीकी लड़की शचीदेवीके साथ उनका विवाह हुआ। विवाहके बाद वे नवद्वीपमें रहने लगे। कुछ दिनके बाद वे सपरिवार पितृदर्शनके लिये यहां आये। यहां शचीको गर्भ रहा, इसी गर्भकी सन्तान श्रीचैतन्यदेव थे। गर्भावस्थामें शचीको ले कर जगन्नाथ पुनः नवद्वीपको लौट आये। आनेके पहले शचीसे उनकी माताने अनुरोध किया था कि पुत्र जन्म लेने पर उसे एक बार ढाकादक्षिणमें भेज देना।

यथासमय माताका अनुरोध शचीदेवीने अपने पुत्रसे कह सुनाया था, किन्तु गौराङ्ग संन्यासके पहले श्रीहट्टमें आ न सके। संन्यासके बाद १४३१ शकमें वे श्रीहट्टके ढाकादक्षिणमें आये।

पूर्वोक्त दोनों ग्रन्थोंमें लिखा है, कि इस बार उन्होंने अपने पितामहीके पास अनेक तरहको कथा-वार्त्ताके साथ अपने पारिवारिक सुख-दुःखकी बातें भी कही थीं। इस पर संन्यासके रूपमें दो मूर्त्तियां दीं, एक श्रीकृष्णमूर्त्ति और दूसरी अपनी। मूर्त्ति दे कर चैतन्यदेव चले गये किन्तु आयुर्वेद (?) विदित था, कि इन दोनों मूर्त्तियोंके प्रभावसे यह ग्राम लक्षित हो गया—पितृघाटी कोई भी न रहा तथा इन दोनों मूर्त्तियोंके प्रभावसे मिश्रवंशका पारिवारिक अभाव जाता रहा। ग्राम भी मूर्त्तिपूजाके सिवा मिश्रवंशको और कोई दूसरी जीविका नहीं है। उत्सव आदिके उपलक्षमें यहां जो आमदनी होती है, उसीसे एक वंश (१८ घर ब्राह्मण)-का भरण-पोषण होता है।

उपेन्द्रमिश्रका मकान जहां दोनों मूर्त्तियां विराजमान हैं, अभी 'ठाकुरबाड़ी' नामसे प्रसिद्ध है। इस ठाकुर-

स्थानोंमें भारतमें डाकघर, तारघर स्थापित हैं। इसका सारा खर्च टिकट इत्यादिकी बिक्रीसे पूरा चलता जाता है।

इसके सिवा डाकटिकटमें प्रसिद्ध 'मेलिंग-सर्विस' है, डाकघरोंमें डाक या कोई दूर की चीज भेजने वाला एक छोटे कागजके ऊपर चिपकाता है। यह इससे लिखा है, कि पैसेके लिये किसी दूसरेके लिये नहीं थे। अंग्रेजीमें नाम भी स्टाम्प है।

टाकायाटन (हिं॰ पु॰) एक प्रकारका महीन कपड़ा जिसमें फूल कढ़े छिपे रहते हैं।

टाइपराइटर (हिं॰ पु॰) एक प्रकारकी छपनेकी कल। इसके ऊपर छप जाता अक्षरोंके बनानेके लिये अक्षर दिये रहते हैं।

टाटा (हिं॰ पु॰) १ बाढ़ी बांधनेकी लकड़ीकी टट्टी। २ एक बड़ा मुरेठा जिसका एक छोर डाढ़ीसे ले कर कान तक लपेटा रहता है। ३ जकड़के मारनेसे बचानेके लिये मुरदेका मुंह बांधनेका कपड़ा।

टाढ़ (हिं॰ स्त्री॰) १ चिंघाड़, शोर, गरज। २ चिल्लाहट।

टाढ़स (हिं॰ पु॰) १ धैर्य, आश्वासन, सान्त्वना, तसल्ली। २ दृढ़ता, साहस।

टाढ़िन (हिं॰ स्त्री॰) टाढ़ीकी स्त्री।

टाढ़ी (हिं॰ पु॰) एक प्रकारकी नीच जाति। ये लोग जनके अवसर पर मोतीके घड़ी जा कर बधाई आदिके गीत गाते हैं।

टाढ़ीन (हिं॰ पु॰) अमलितिरका पेड़। यह अरुणा गिरिमें बहुत होता होता है। इसका गुण—त्रिदोष, कफ, कुष्ठ और अतिसारनाशक है।

टाना (हिं॰ क्रि॰) १ प्रसन्न करना, बहलाना। २ गिराना।

टापना (हिं॰ क्रि॰) टपना देखो।

टापा (हिं॰ पु॰) १ चौमासे। २ जाल। ३ दरवाजो। ४ रोटीकी दूकान।

टाबक (हिं॰ पु॰) टाम बनाने आदिका सन, झगड़ा।

टाबना (हिं॰ पु॰) एक प्रकारका कोट।

टाबर (सं॰ स्त्री॰) कुंजी, ताला कुंजी।

टाम (हिं॰ पु॰) १ छप्पर, टाम अपेक्षा। २ पट, टाम, टालना। ३ रखना, बनाना। (स्त्री॰) ४ एक प्रकार का गहना जो कानमें पहना जाता है। इसका आकार टामका होता है, डिबिया। ५ पहीको मारना पकड़ना।

टामन (हिं॰ पु॰) टमन देखो।

टाम (सं॰ पु॰) टाक-घञ् पृषो॰ साधुः। १ धातुकी चिट कमचा, चमड़ेका एक प्रकारका चमड़। इसमें मसाला आदि चांदिका तार रोका जाता है। यह टामोके आकार गोल होता और गोडेके पुट्ठे, बहुत कौड़ी, धातु आदि कई चीजोंको बनाता है। २ सहारा, तिरछी अलीम। ३ प्रकार, तरीका, ढङ्ग।

टामना (हिं॰ क्रि॰) १ एक स्थानसे दूसरे स्थानमें गिराना, उड़ेलना। २ मद्यपान करना, शराब पीना। ३ बिक्री करना, बेचना। ४ काम दाम कर साथ बंधना। ५ कठ बोलना, नाना बोड़ना। ६ चिकनी पुई धातु आदिको साचेमें ढाल कर बनाना।

टामनी (हिं॰ वि॰) टामदार, टामू।

टामिया (हिं॰ पु॰) वह जो सांचेमें टाम कर बरतन आदि बनाता हो, सांचिया, भरिया।

टामी (सं॰ वि॰) टामसम्बन्धि टाम-इनि। टामविशिष्ट, टामधारी, चर्मी।

टामुवा (हिं॰ वि॰) टामनी देखो।

टामू (हिं॰ वि॰) टामन देखो।

टामना (हिं॰ पु॰) १ सहारेका पत्र, टेक, थंभाव। २ तकिया, बालिश।

टिंडोरना (हिं॰ क्रि॰) १ अनुसन्धान करना, खोजना, तलाश करना।

टिंडोरा (हिं॰ पु॰) १ घोषणा करनेका ढोल, डुगडुगी। २ घोषणा, मुनादी।

टिक्कन (हिं॰ पु॰) एक प्रकारका गहना।

टिकुली (हिं॰ स्त्री॰) टेकुली देखो।

टिग (हिं॰ क्रि॰ वि॰) १ समीप, निकट, नजदीक। (स्त्री॰) २ सामीप्य, पास। ३ तट, किनारा। ४ पाढ़, कोर, पाढ़िया।

टिठाई (हिं॰ स्त्री॰) १ दृष्टता, अकड़ना, गुस्ताखी। २ निर्लज्जता। ३ अनुचित साहस।

डिबरी (हिं॰ स्त्री॰) मट्टीका तेल जलानेकी डिबिया।

२ सांचेके पेंदेका भाग। ३ मोटेका चौड़ा टुकड़ा जो किसी कलमें जानेवाले पेचके सिरे पर लगा रहता है इससे पेच बाहर नहीं निकलता है। ४ चमड़े या मूंजकी चकती। यह चरखेमें इसलिये लगाई जाती है जिससे तकला न घिसे।

ढिलढिला (हिं० वि०) १ ढीला-ढाला। २ पानीकी तरह पतला।

ढिलाई (हिं० स्त्री०) १ ढीला होनेका भाव। २ शिथिलता आलस्य, सुस्ती। ३ ढीलनेकी क्रिया।

ढिलाना (हिं० क्रि०) १ ढीलनेका काम किसी दूसरेसे कराना। २ ढीला करना।

ढिसड़ (हिं० वि०) सट्टर, सुस्त।

ढिसरना (हिं० क्रि०) १ प्रवृत्त होना, झुकना। २ फलोंका पकना आरंभ होना।

ढींढ (हिं० पु०) १ बड़ा पेट। २ गर्भ।

ढींढस (हिं० पु०) एक प्रकारकी तरकारी।

ढीट (हिं० स्त्री०) रेखा, लकीर।

ढीठ (हिं० वि०) जो बड़ोंके सामने संकोच न रखता हो, धृष्ट, बेअदब, शोख। २ भयरहित, जिसको डर न हो। ३ साहसी, हिम्मतवर।

ढीठ्यो (हिं० पु०) ढीठा देखो।

ढीमा (हिं० पु०) पत्थर आदिका टुकड़ा, ढेला, ढोंका।

ढील (हिं० स्त्री०) शिथिलता, सुस्ती, गामुस्तेद। २ बन्धन को ढीला करनेका भाव।

ढीलना (हिं० क्रि०) १ तना न रखना, ढीला करना। २ बन्धनसे छुटकारा देना, छोड़ देना।

ढीला (हिं० वि०) १ जो तना न हो। जो दृढ़तासे बंधा न हो। २ जो खूब कस कर पकड़े हुए न हो। जिसमें जलका भाग अधिक हो गया हो, पनीला, बहुत गीला। ५ जो अपने संकल्पमें शिथिल हो। ६ शान्त, नरम, मन्द। ७ शिथिल, मन्द, सुस्त। ८ आलसी, सुस्त, सट्टर। ९ नपुंसक।

ढीलापन (हिं० पु०) शिथिलता ढीला होनेका भाव।

ढीह (हिं० पु०) ऊंचा टीला।

ढुंढवाना (हिं० क्रि०) अन्वेषण कराना, तलाश कराना।

ढुंढी (हिं० स्त्री०) गाड़, ढोढ़।

ढुकना (हिं० क्रि०) १ प्रवेश करना, घुसना। २ आक्रमण करना, टूट पड़ना। ३ आड़में छिपना।

ढुका (हिं० पु०) ढूका देखो।

ढुण्डन (सं० क्ली०) ढुण्ड ल्युट्। अन्वेषण, खोज, तलाश।

ढुण्ढा (सं० स्त्री०) एक राक्षसीका नाम। यह हिरण्यकशिपुकी बहिन थी। शिवजीसे वर पा कर यह अग्निमें भी नहीं जलती थी। जब हिरण्यकशिपु प्रह्लादको मारनेके अनेक उपाय करके हार गया तो उसने ढुण्ढाको साथ अग्निमें बैठ जानेके लिये कहा। श्रीरामचन्द्रकी कृपासे इसका परिणाम उलटा हो गया, प्रह्लाद तो न जले, ढुण्ढा जल कर भस्म हो गई।

ढुण्ढि (सं० पु०) ढुढि अन्वेषणे ढुण्ढ इन्। गणेश जो सब प्रकारकी सिद्धियां प्रदान करते हैं। काशीखण्डमें लिखा है—

"अन्वेषणे ढुण्ढिरयं प्रथितोऽस्ति धातुः
सर्वार्थढुण्ढिततया तव ढुण्ढिनाम।
काशीप्रवेशमपि को लभतेऽत्र देही
तोषं विना तव विनायक ढुण्ढिराज॥" (काशीख०)

ढुण्ढि यह धातु जगत्‌में अन्वेषणार्थकरूपमें ही प्रचलित है भाई। विषय तुम्हारे अन्वेषित या ढूंढे हुए हैं, इसीसे तुम्हारा नाम ढुण्ढि है। तुम्हारे सन्तोषके बिना कोई मनुष्य काशीमें प्रवेश नहीं कर सकता है, तुम सुखसे कुछ दक्षिण ढुण्ढिराजरूपमें विराजमान रह कर भक्तोंको अन्वेषण कर उन्हें समस्त अभिलषित पदार्थ प्रदान करते हो, इसी लिये हो तुम्हारा नाम ढुण्ढि पड़ा है। जो मनुष्य विविध प्रकारसे गन्धमाल्यादि द्वारा ढुण्ढिराजकी पूजा करता है, वह शिवजीका अनुचर हो कर काशीमें अवस्थान करता है। प्रतिचतुर्थीमें जो उनकी पूजा करता है, वह भी इस संसारका अभीष्ट प्राप्त करता है।

माघमासकी शुक्लाचतुर्थीमें नक्तव्रत करके जो मनुष्य ढुण्ढिगणेशकी पूजा करते, घी तिलके लड्डू बना कर भोग लगाते तथा जो तिलसे होम करते हैं, वे सब प्रकार की बाधाओंसे रहित हो कर यथेष्ट सिद्धिलाभ करते हैं।
(काशीख० ५७अ०) काशी देखो।

२ अनन्तदेवके आत्मज ज्योतिर्विद्‌ आचार्य। ३ लक्ष्मी-लिङ्गितके आत्मज संस्कृत ग्रन्थ रचयिता। ४ एक संस्कृत ग्रन्थकार राजा। इन्होंने भगवद्‌ विश्वनाथके निकट "ढुंढिराजस्तव" नामक एक क्षुद्र स्तवनिबन्ध प्रकाश किया है।

ढुंढिराज—एक विख्यात ज्योतिर्विद्‌। ये पार्थपुरवासी नृसिंहके पुत्र थे। इन्होंने बहुतसे ज्योतिःशास्त्रीय ग्रन्थ प्रणयन किये हैं, जिनमेंसे निम्नलिखित कई एक पाये जाते हैं—ग्रहमुखभाव, कुण्डकल्पलता, ग्रहफलोपपत्ति, पञ्चाङ्गफलोदाहरण, जातकाभरण, ज्ञानराज-रत्न, ताजिकभूषण, तात्कालिकरत्न, पञ्चाङ्गफल, राम-दैवज्ञकृत, तिथिचिन्तामणि, गणेशदैवज्ञकृत ग्रहलाघव-तिथिचिन्तामणि नामकी टीका, 'सुधारसकरणचषक' प्रभृति। इनके पुत्र गणेशने गणितमञ्जरीकी रचना की है। २ मोक्षोपाय वासिष्ठरामायणतात्पर्यप्रकाशिका। ३ वाचस्पतीय प्रणेता।

ढुंढिराज भट्ट—एक वैदिक पण्डित। इन्होंने शतपथ-ब्राह्मण, मार्कण्डेयपुराण तथा मोक्षधर्मीय श्लोक प्रभृतिकी व्याख्या रची है।

ढुंढिराज व्यासयज्वन्‌—एक महाराष्ट्र-पण्डित। इन्होंने १७१३ ई०में शाहजीके अनुरोधसे शाहविलास नामक एक सङ्गीत ग्रन्थ और उसके बाद मुद्राराक्षस-टीकाकी रचना की है।

ढुंढस (सं० पु०) ढुण्डस, टिण्डा, बीज।

ढुकना (हिं० क्रि०) १ घुसना, टकराना, भिड़कर चढ़ना। २ इधर उधर झाँकना, लुकजाना। ३ छिपना, झाँकना। ४ लड़खड़ाना, जिसम पड़ना। ५ प्रवृत्त होना, झुकना। ६ प्रस्तुत होना, पहुंच होना।

ढुकड़ी (हिं० स्त्री०) १ छिपनेकी क्रिया। २ उत-झुंडी, चलना बन्द। ३ खेतमें सौम दानोंको दक्षिण की तरफ झुका रहती है।

ढुकाना (हिं० क्रि०) १ घुसाना, टकराना। २ छिपाना, लुकाना। ३ लुढ़काना।

ढुनढुना (हिं० पु०) ढोल मढ़ा, बेताब मढ़ा।

ढुकी (हिं० स्त्री०) छलाँग, छलना चाबना।

ढुरकाना (हिं० क्रि०) छितराना, गिराना।

ढुरकाना (हिं० क्रि०) गुदगुदाना, मारकाना।

ढुलना (हिं० क्रि०) १ गिर कर बहना २। लुढ़कना, फिसल पड़ना। ३ प्रवृत्त होना, झुकना। ४ प्रसन्न होना, खुश होना। ५ हिलना, डोलना।

ढुलाई (हिं० स्त्री०) १ ढोनेका काम। २ ढोनेकी मज़दूरी।

ढुलवाना (हिं० क्रि०) ढोनेका काम किसी दूसरेसे कराना।

ढुलाना (हिं० क्रि०) १ ढालना, टपकाना। २ गिराना। ३ लुढ़काना, सरकाना। ४ प्रवृत्त करना, झुकाना। ५ प्रसन्न करना, खुश करना। ६ इधर उधर हिलाना, फहराना। ७ चलाना, फिराना। ८ ढोनेका काम कराना।

ढुलिया (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी चौकी जो खसकी बनाई जाती है।

ढुसाना (हिं० पु०) एक नामका घोड़ा।

ढूँकना (हिं० क्रि०) ढुकना देखो।

ढूँका (हिं० पु०) किसी पदार्थको देखनेके लिये छिपकर छिपनेका काम।

ढूँढ़ (हिं० स्त्री०) खोजबीन, खोज, तलाश।

ढूँढ़ना (हिं० क्रि०) खोजबीन करना, तलाश करना।

ढूँढ़िया (हिं० स्त्री०) ढूँढ़ा नामकी राक्षसी।

ढूह (हिं० पु०) ढेर, धान इत्यादिके बोझका एक भाग। यह दस पूलेके बराबर माना गया है।

ढूँढ़िया (हिं० पु०) जैन मतावलम्बी श्वेताम्बरोंका एक भेद। ये मूर्तिपूजा नहीं करते और दिगम्बर भी नहीं हैं। ये जनम भर साधु बनकर मुँह पर कपड़ा बाँधे रहते हैं।

ढूसर (हिं० पु०) बनियोंकी एक जाति। धूसर देखो।

ढूसा (हिं० पु०) कुश्तीका एक पेंच।

ढेंक (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी चिड़िया। यह सदा पानीके किनारे रहती है। इसकी चोंच और गरदन लम्बी होती है।

ढेंकली (हिं० स्त्री०) १ एक औज़ार जिसके द्वारा सिंचाई के लिये कुएँसे पानी निकाला जाता है। इसमें एक खड़ी लकड़ी पर एक लम्बी लकड़ी लटकाई जाकर इस प्रकार टेंगी रहती है कि उसके दोनों छोर क्रमशः नीचे ऊपर हो सकते हैं। २ एक प्रकारकी सिलाई। ३ एक प्रकारका

लकड़ीका औज़ार जिससे धान इत्यादि कूटा जाता है, धान-कुटी, ढेंकी। ४ एक प्रकारका यन्त्र जिसके द्वारा भबकेमें अर्क उतारा जाता है, बकतुण्डयन्त्र। ५ एक प्रकारकी क्रिया जो सिर नीचे और पैर ऊपर करके की जाती है, कलाबाजी। कलैया। ६ बकतुण्डयन्त्र, भबकेमें अर्क उतारनेका यन्त्र।

ढेंका (हिं० पु०) १ कोल्हूका बाँस। यह जटाके सिरेसे कतरी तक लगा रहता है। २ बड़ा ढेंकी।

ढेंकिका (सं० स्त्री) एक प्रकारका नृत्य।

ढेंकिया (हिं० स्त्री०) डेढ़पटी चद्दर बनानेमें कपड़ेकी एक काट और सिलाई। इससे कपड़ेकी लम्बाई एक तिहाई घट जाती है और चौड़ाई उतनी ही बढ़ जाती है।

ढेंकी (हिं० स्त्री०) ढेंका देखो।

ढेंकुली (हिं० स्त्री०) ढेंकली देखो।

ढेंढ (हिं० पु०) १ काक, कौवा। २ मृत जन्तुओंका मांस खानेवाली एक प्रकारकी नीच जाति। ३ मूर्ख, मूढ़, जड़। ४ कपासपोस्त आदिका ढोंढ़ा।

ढेंढर (हिं० पु०) रोग या चोटके कारण आँखके ढेले परका उभरा हुआ मांस, टेंटर।

ढेंढवा (हिं० पु०) एक प्रकारका बन्दर जिसका मुँह काला होता है, लंगूर।

ढेंढा (हिं० पु०) ढेंढ देखो।

ढेंढी (हिं० स्त्री०) १ कपासका ढोंढा। २ पोस्तेका ढोंढा। ३ एक प्रकारका गहना जो कानमें पहना जाता है, तरकी।

ढेंप (हिं० स्त्री) १ टहनीमें लगा हुआ फल या पत्तेके औरका भाग। २ कुचाग्र, ढेंढ़ी।

ढेंपी (हिं० स्त्री०) ढेंप देखो।

ढेंकरी—प्राचीन डाकार्णव तन्त्रमें उल्लिखित एक स्थान। यह पहले कोचबिहारके पूर्वांशमें था, किन्तु वर्तमानमें यह ग्वालपाड़ा और कामरूपका अंश समझा जाता है। मुगल-बादशाहोंके समयमें तथा ईष्ट इण्डिया कम्पनीके अधिकारके प्रारम्भमें यह 'सरकार ढेंकरी' कहलाता था। ग्वालपाड़ा जिलेके अधीन गौरीपुर-राजकी जमींदारी अब भी 'ढेंकरी'के नामसे प्रसिद्ध है।

ढेबरी (हिं० स्त्री०) डिबरी देखो।

ढेमनीज (हिं० स्त्री०) समुद्रकी लंबी लहर।

ढेर (हिं० पु०) समूह, पुंज, टाल, गंज।

ढेरना (हिं० पु०) वह फिरकी जिससे सूत या रस्सी बटी जाती है।

ढेरा (हिं० पु०) १ सुतली बटनेकी फिरकी। २ लकड़ी या लोहेका घेरा जो मोटके मुँह पर लगा रहता है। ३ अकोलका पेड़।

ढेराढीक (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी मछली।

ढेरी (हिं० स्त्री०) ढेर, समूह, टाल।

ढेल (हिं० पु०) ढेला देखो।

ढेलवांस (हिं० स्त्री०) १ ढेला फेंकनेका रस्सीका एक फन्दा।

ढेला (हिं० पु०) ईंट, मट्टी इत्यादिका छोटा टुकड़ा। २ खण्ड, टुकड़ा। ३ धानका एक भेद।

ढेला चौथ (हिं० स्त्री०) भादों सुदी चौथ। कहा जाता है कि इस तिथिको चन्द्रमा देखनेसे कलंक लगता है। यदि इस दिन चन्द्रमा देखा जाय तो देखनेवालोंको लोगोंसे कुछ गालियां सुन लेनी चाहिए। सिर्फ गालियां ही सुननेके लिये इस दिन लोगोंके घरमें ढेला फेंका जाता है।

ढेंकली (हिं० स्त्री) ढेंकली देखो

ढेंचा (हिं० पु०) एक प्रकारका पेड़ जो चकवंडकी तरह होता है। इसकी छालसे रस्सियां बनाई जाती हैं, जयन्ती।

ढैया (हिं० स्त्री०) १ ढाई सेरका एक बटखरा। २ ढाई गुनेका पहाड़ा। ३ शनैश्चरके एक राशि पर स्थिर रहनेका ढाई वर्षका काल।

ढोकना (हिं० क्रि०) पीना, पी जाना।

ढोंका (हिं० पु०) १ पत्थर या और किसी कड़ी वस्तुका बड़ा अनगढ़ टुकड़ा। २ कोल्हूका वास। यह कोल्हूमें जाटके सिरेसे लेकर कोल्हू तक बँधा रहता है। ३ दो सींकों या चार सौ पान।

ढोंग (हिं० पु०) पाखण्ड, आडम्बर, ढकोसला।

ढोंगधतूरा (हिं० पु०) धूर्तविद्या, धूर्तता, पाखण्ड।

ढोंगबाजी (हिं० स्त्री०) पाखण्ड, आडम्बर।

ढोंढो (हिं० क्रि०) ढूंढना, जो मैं पाइयो तू नाहिं होय।
ढोंटा (हिं० पु०) ढोटा देखो।
ढोंढ़ (हिं० पु०) १ कपास आदिका ढोंढ़। २ कली।
ढोक (हिं० स्त्री०) १२ इंच लम्बाईकी एक मछली, ढेरी।
ढोका (हिं० पु०) ढोंका देखो।
ढोटा (हिं० पु०) १ पुत्र, बेटा। २ बालक, लड़का।
ढोटी (हिं० स्त्री०) लड़की।
ढोढ मिश्र—रामकृष्णमिश्रके पुत्र और माहेश्वरीके रचयिता।
ढोना (हिं० क्रि०) १ किसी वस्तुको एक स्थानसे दूसरे स्थान पर पहुँचाना। २ उठा ले जाना।
ढोर (हिं० पु०) चौपाया, मवेशी।
ढोरा (हिं० पु०) ढोर देखो।
ढोरी (हिं० स्त्री०) १ धुनकी भाव। २ रट, धुन, लौ।
ढोल (अं० पु०) कानका पर्दा।
ढोल (सं० पु०) ढौकते महाशब्दं करोति ढोल-अच् पृषो० साधुः। १ वाद्ययन्त्रविशेष, एक प्रकारका बाजा, जिसके दोनों ओर चमड़ा मढ़ा होता है। बृहदाकारमें इस बाजेका व्यवहार पाया जाता है। यह एक वाद्य यन्त्रविशेष है, ढोलकसे कुछ बड़ा होता है। यह बाजा प्रायः गलेमें लटका कर एक तरफ हाथसे और एक तरफ लकड़ीसे बजाया जाता है। (शब्दकोष)

२ कान्यकुब्ज, एक जातिका नाम। यह चौकस, बहादुर और देशभक्त होते हैं। (मङ्गोलव०)
ढोलक (सं० पु०) ढोल स्वार्थे कन्। ढोलके आकारका यन्त्रविशेष, छोटा ढोलकी। हिन्दीमें ढोलक शब्द स्त्रीलिङ्गमें व्यवहृत होता है।
ढोलकिया (हिं० पु०) जो ढोल बजाता है।
ढोलकी (हिं० स्त्री०) ढोलक देखो।
ढोलन (हिं० पु०) ढोलना देखो।
ढोलना (हिं० पु०) १ एक प्रकारका जंतर। यह ढोलके आकारका होता और गलेमें डोरेमें पहना जाता है। २ बच्चोंके झुलानेका एक छोटा झूला। ३ बड़ोंका छोटा पलंग, खटोला। (क्रि०) ४ इधर उधर फिराना।
ढोलनी (हिं० स्त्री०) बच्चोंका झूला, खटोला।
ढोलपुर (धौलपुर) राजपूतानेके उत्तर पूर्व कोणका एक देशीय राज्य। यह अक्षा० २६° २२' से २६° ५७' उ० और देशा० ७७° १४' से ७८° १७' पूर्वमें अवस्थित है। यह राज्य उत्तर पूर्वसे दक्षिण पश्चिमकी ओर ४२ कोस लम्बा और प्रायः ११ कोस चौड़ा है। इसके उत्तरमें आगरा, दक्षिणमें चम्बल नदी और पश्चिममें करौली तथा भरतपुर है। इसका प्रधान नगर ढोलपुर है। इस राज्यमें एक वृटिश गवर्मेण्टके प्रतिनिधि (Political agent) रहते हैं। भूपरिमाण ११५५ वर्गमील है।

चम्बल नदी इस राज्यके दक्षिण पश्चिमसे उत्तर पूर्वमें १०० कोस तक प्रवाहित है। ग्रीष्मकालमें इसकी चौड़ाई ३०० गज और वर्षाकालमें १००० गज रहती है। चम्बल नदीके जलका आकस्मिक परिवर्तन हो जानेके कारण नदीके ऊपर हो कर आने जानेमें डर लगता है। इस नदीको पार कर ग्वालियर जानेको कई एक घाट हैं। परन्तु उनमें राजघाट ही सबसे प्रसिद्ध है। इस राज्यके उत्तरमें वाणगङ्गा (अथवा उतंगन) नदी है। ढोलपुरमें पार्वती और कोर्ट नामक इसकी दो शाखा नदी भी हैं। ग्रीष्म कालमें ये दोनों नदियां प्रायः सूख जाती हैं। यहांकी नदियां साधारणतः देशके समतलकी अपेक्षा बहुत निम्न हैं और इनका किनारा कहीं कहीं बड़े बड़े गढ़ोंसे परिपूर्ण है।

ढोलपुरकी चौड़ाईकी ओर एक भाग रेतीले पत्थरका बना हुआ पहाड़ है। अधित्यकाभाग इस पहाड़की तराईसे जा कर आदि बनाते हैं। बहुतसे एक प्रकार कठिन हो जाता है और किसीसे भी नहीं टूटता। आगराका रेलवे पुल इसी पत्थरका बना हुआ है। नदीके किनारे अनेक गढ़ोंमें कङ्कड़ मिलते हैं। ढोलपुर नगरके २१ कोसके मध्य भूमिके ऊपर पत्थर देखे जाते हैं। यहांकी मिट्टी भूमि उपजाऊ है। उत्तर और उत्तर पश्चिम भागकी जमीन ढालू और ओषधियोग्य मट्टीसे पूर्ण होती है। राजाजीके थोड़ा भागमें कृषिकार्य करनेके लिये अनुकूल है। बाजरा, चना, गेहूं, जौ, ढोलपुरके प्रधान उत्पन्न शस्य हैं। ईख और कपास भी होता है। कुएं और तालाबसे जल सींचा

जमीन सींची जाती है। कुएँमें प्रायः २५ फुट नीचे जल रहता है।

धौलपुरके राजा ही इस समय भूखण्डके एकमात्र अधिकारी हैं। जमींदार अथवा तालुकदार कृषकोंसे कर वसूल कर राजकोषमें भेजते हैं। ग्रामके स्थापनकर्त्ताके वंशधर ही जमींदारश्रेणीभुक्त हैं। जब तक जमींदारगण राजाके साथ निर्द्धारित नियमोंका पालन करते हैं तभीतक वे जमीनका अधिकार भोग कर सकते हैं। परती जमीन तालाब आदि राजाके खास अधिकारमें हैं।

१८७१ ई०में राज्य एक बार मापा गया था। यहांकी लोकसंख्या प्रायः २७०८७२ है। हिन्दू, मुसलमान ईसाई और जैनधर्मके माननेवाले बहुतसे लोग यहां रहते हैं। राजपूत, गुर्जर, कच्छी, मीना, जाट, बनियां, अहीर इत्यादि श्रेणीके लोग भी इस प्रदेशमें देखे जाते हैं। बारी और गिर्द तालुकके गुर्जरोगण पालतू पशुओंकी चोरी करते हैं। मीनागण क्षत्रियजीवी हैं। वैष्णव धर्म ही धौलपुर राज्यमें प्रबल है। इस राज्यमें धौली, बारी, पुरणा और राजाखेरा नामके चार प्रधान शहर तथा ५२८ ग्राम लगते हैं। यहां हिन्दी पारसी अङ्गरेजी आदि सिखानेके लिये बहुतसे विद्यालय हैं।

धौलपुर राज्यके बीच हो कर आगरेसे बम्बई तक ग्राण्डट्रङ्क रोड गई है। धौलपुरसे राजखेरा होती हुई आगरा, धौलपुरसे बारी और धौलपुरसे कोलारी तथा बसेरी तक तीन अच्छी सड़कें हैं। सिन्धिया ष्टेट रेलवे लाइन भी इस राज्यमें हो कर गई है।

राजकार्यको सुविधाके लिये यह राज्य ५ तहसीलोंमें विभक्त है। यथा (१) गिर्द धौलपुर, (२) बारी (३) बसेरी (४) कोलारी, (५) राजखेरा। उक्त तहसीलोंमें यथाक्रम ५, ७, २, २ और २ तालुक हैं। सैन्यसे सहायता पानेके लिये ५५ ग्राम जागीर और ४४ ग्राम देवोत्तर रूपमें दिये गये हैं। जागीरदारोंके अत्याचार करने पर राजा उनका विचार करते हैं। प्रजाकी जीवनमृत्युकी क्षमता राजाके हाथ है। राजकार्यमें सलाह देनेके लिये कौन्सिलमें ३ सदस्य रहते हैं। नाजिम पुलिस और विचार-विभागके प्रधान रहते हैं। किन्तु कौन्सिलसे अनुमति लिये बिना वे किसीको भी ६ वर्षसे अधिक समय तक कैद नहीं कर सकते। इस राज्यमें बहुतसे थाने, फाटक, तथा प्रति ग्राममें एक एक चौकीदार है। वन-विभागका बन्दोबस्त तहसीलदारोंके हाथ है। धौलपुरका कारागार बृटिश-साम्राज्यकी भांति है।

देशका जलवायु साधारणतः स्वास्थ्यजनक है। चैत्र वैशाख और ज्येष्ठ मासमें अत्यन्त उष्ण वायु चलती है। वार्षिक वृष्टिपातका परिमाण २७ से ३० इञ्च है। इस राज्यमें १ दातव्य चिकित्सालय है, जिसका खर्च राजकोषसे दिया जाता है।

१००४ ई०में तोमरवंशके राजा धोलन-देव चम्बल और बाणगङ्गा नदीके मध्यवर्ती प्रदेश पर शासन करते थे। प्रवाद है, कि उन्हींके नामानुसार धौलपुरके राजाने बाबरको कुछ काल तक बाधा दी थी। अकबरके समयमें धौलपुर मुगल राज्यमें मिलाया गया। १६५८ ई०में धौलपुरसे ३ मील पूर्व रञ्जपुर नामक स्थानमें राज्यके कारण औरङ्गजेब मुरादके साथ युद्धमें प्रवृत्त हुए थे। औरङ्गजेबकी मृत्युके बाद आजम और मुआजमके बीच धौलपुरमें एक लड़ाई छिड़ी। नवीन सम्राट् मुआजमको विपदापन्न देख कर राजा कल्याणसिंहने धौलपुरको अपने अधिकारमें कर लिया।

धौलपुरके शासनकर्त्ता जाटवंशके हैं। इनके पूर्व पुरुष प्राचीन कालमें ग्वालियरके निकटवर्त्ती गोहद नामक एक ग्रामके जमींदार थे। प्राचीन वर्णनके अनुसार धौलपुर कन्नौज-राज्यका एक अंश जैसा अनुमित होता है। सम्राट् अकबरने धौलपुरको आगरा राज्यके अन्तर्गत किया था। जो कुछ हो, धौलपुरके शासनकर्त्तागण अत्यन्त परिश्रमी और युद्धकुशल होनेके कारण धीरे धीरे उन्नति करने लगे। पेशवा बाजीरावके समयमें ये महाराष्ट्रोंके अधीन गोहदराणा उपाधिसे भूषित हुए। १७६१ ई०को पानीपतके भीषण युद्धके बाद गोहदराजने ग्वालियरका अधिकार और अपनी स्वाधीनता प्रचार कर राणाकी उपाधि धारण की। १७७८ ई०में गोहदके महाराणा लोकेन्द्रसिंहके साथ अंगरेजोंकी इस शर्त पर सन्धि हुई, कि वृटिशगवर्मेण्ट जब राणाको महाराष्ट्रोंके विरुद्ध युद्ध करनेमें सैन्यसाहाय्य करेगा, तथा अङ्गरेजोंके

अधिकारमें रहे। अंगरेजोंकी सहायतासे महाराणाका राज्य बहुत बढ़ गया था। किन्तु महाराणाके अपने दखलमें पूरा न रहा। इसी कारणसे अंगरेज गवर्मेण्टने उनके साथ सन्धि तोड़ दी और गुआलियर का भार सिन्धिया महाराज और गोहद अधिकार तथा महाराणा-को अर्पण किया। १८०२ ई०में सिन्धियाके प्रतिनिधि महाराजको पराजय करके गोहद ले लिया और अफसर कई एक लाख रु० गवर्मेण्टको प्रदान किये। १८०४ ई०में बृटिश गवर्मेण्टने महाराणा कीर्ति-सिंहके पुत्र कीरतसिंहको गोहद और उसके आसपास देश लौटा दिये। किन्तु थोड़े समयके बाद बृटिश गव-र्मेण्टने महाराणा कीरतसिंहसे गोहद प्रदेश ले कर सिन्धियाको दे दिया। महाराणाको क्षतिपूर्तिके लिये बृटिश गवर्मेण्टने उन्हें धौलपुर, बारी और राजाखेड़ा अर्पण किये। इस प्रकार कीरतसिंह धौलपुरके महा-राणा हुए। १८३६ ई०में कीरतसिंहकी मृत्यु होने पर उनके पुत्र भगवन्तसिंहने महाराणाकी उपाधि पाई। इन्होंने सिपाही विद्रोहके समय बृटिश गवर्मेण्टको यथेष्ट सहायता की थी। पुरस्कार स्वरूप इन्हें बृटिश गवर्मेण्टसे जि० सी० एस० आई० की उपाधि और १८६८ ई०में के० सी० एस० आई०की उपाधि मिली थी। पटियालेके महाराजकी बहनके साथ इनका विवाह हुआ था। निहाल सिंह नामक इनके एक पुत्र थे। १८७३ ई०में राणा भगवन्तसिंहकी मृत्युके बाद निहालसिंह सिंहासन पर अभिषिक्त हुए। ये [illegible] सैन्यकी अध्य-क्षता तथा तिराह-यात्रामें उपस्थित थे। १९०१ ई०में उनकी मृत्यु हुई। बाद उनके लड़के रामसिंह राणा अधिकारी हुए। इनका जन्म १८८३ ई०में हुआ था। इनके बाद पर उदयभानसिंहने राजसिंहासन सुशोभित किया। जिनका यहांके महाराणा हैं। इनका पूरा नाम है—

रईस उद्दौला—सिपहदार उल मुल्क सरमद राजहाय हिन्द महाराजाधिराज श्री सवाई महाराजराणा सर उदय भानसिंह लोकेन्द्र, बहादुर, दिलेर जङ्ग जयदेव, के. सी. एस. आई० ।

धौलपुरके महाराणाको १५ तोपोंकी सलामी है।

इस राज्यमें १६३ दरगाहें, ८८४ मन्दिर और ३३ मठ हैं।

धौलपुर राज्यमें पहाड़ और बहुत जङ्गल हैं जिनमें उत्तम पत्थर, बांस और अन्यान्य पादपोंमें अधिक उत्पन्न होते हैं। यहां देशमें बहुत पत्थर जमते हैं। शिल्पकार्यमें भारतवर्षके अनुसार इसके पत्थरका काम हुआ करता है। धौलपुरमें पत्थरका एक बड़ा किला मिलता और अपूर्व हुआ करता है, किन्तु इस राज्यमें खड़े बहते हैं। इस राज्यके आसपास बहुत किले और दूसरे दूसरे द्रव्य भी अच्छा सुन्दर होते हैं। यहां-का शालिग्राम इसके लिये विशेष प्रसिद्ध है।

इसके दक्षिण-पश्चिमके जङ्गलोंमें शेर, चीता, भालू, तेंदुआ, लकड़बग्घा, हरिण, नीलगाय और जंगली सूअर आदि जानवर दिखाई देते हैं। यहांके लोगोंका गेहूं, मकई, और चनेकी खेती होती है। लकड़ी, नमक, चीनी चावल और तमाकू बाहरसे आती हैं। इस राज्यकी वार्षिक आय ७१०००००) रु० है।

२. राजपूतानेके अन्तर्गत धौलपुर राज्यकी राजधानी और शहर। यह अक्षा० २६°४२´ उ० और देशा० ७७°५४´ पूर्वमें पड़ता है। यह आगरेसे बम्बई तक आग्रा-बम्बई रोड पर आगरेसे ३४ मील दक्षिण तथा ग्वालियरसे ४० मील उत्तर-पश्चिममें अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः १८७१० है। धौलपुरसे १ मील दक्षिणमें राजबाड़ेके निकट चम्बल नदीके ऊपर एक सेतु है, जो १ फर्लांगसे १५ फुट तक ऊंचा है। गर्मीके समयमें उतारोंको नाव द्वारा नदीमें पार करते हैं। नदीके ग्वालियर और सिन्धिया स्टेट-रेलवे धौलपुर हो कर गई है। यह स्टेशन धौलपुरसे १ मील दूर शहरके पास पश्चिममें नहीं पार होता है।

कहते हैं, कि राजा धोलनदेवने शाकम्भरी नगरके दक्षिणमें प्राचीन धौलपुर नगर बसाया था। बाबरने १५२६ ई०में इसे अपने अधिकारमें किया था। उनके पुत्र हुमायूं बादशाहने यहांके दुर्गको फिरसे बनाया और भी उसको संवारा। अकबर, बादशाहने यहां एक सराय और स्मा-रक भवन निर्माण की है। नगरका नूतन अंश तथा राजप्रासाद राणा कीरतसिंहके बनाया हुआ है। वर्तमान

मासमें १५ दिन तक यहां एक मेला लगता है, जिसमें बहुतसे मवेशी तथा दिल्ली, आगरा, कानपुर लखनऊ आदि स्थानोंके द्रव्य बिकने आते हैं। ढोलपुरसे ३ मील दक्षिण मुचुकुन्द ह्रदके समीप भी प्रतिवर्ष ज्येष्ठ और भाद्र मासमें दो मेला लगते हैं। इस समय बहुतसे लोग आ कर यहां स्नानादि करते हैं। यह ह्रद (झील) प्रायः १२५ बीघा चौड़ा और बहुत गहरा है। चारों ओरके पर्वतोंसे वृष्टिजल आ कर इस ह्रदमें जमा रहता है। इसके चारों ओर कमसे कम ११४ देवालय हैं। फाल्गुन मासमें ढोलपुरसे १४ मील उत्तर-पश्चिमके मनयो नगरमें भी एक बड़ा मेला लगता है। यहां कई एक विद्यालय और औषधालय हैं।

ढोलसमुद्र—बङ्गालके अन्तर्गत फरीदपुर जिलेकी एक झील। यह फरीदपुर शहरसे दक्षिण-पूर्वमें अवस्थित है। वर्षाकालमें यह झील बढ़ कर नगरके मकानोंके पास तक फैल जाती है। शीतकालमें यह धीरे धीरे सङ्कुचित हो कर अन्तको ग्रीष्मकालमें एक या दो मील तक रह जाती है।

ढोला (हिं० पु०) १ एक प्रकारका छोटा सफेद कीड़ा जिसके पर नहीं होते हैं। इसकी लम्बाई आध अंगुल तक की होती है। यह प्रायः सड़ी हुई वस्तुओं तथा पौधोंके हरे डंठलों पर रहता है। २ सीमा, सूचित करनेका निशान। ३ गोल मेहराब बनानेका ठाट, भराव। ४ शरीर, देह। ५ प्रियतम, पति। ६ एक प्रकारका गीत। ७ मूर्ख मनुष्य, जड़।

ढोलिनी (हिं० स्त्री०) वह औरत जो ढोल बजाती है, डफालिन।

ढोलिया (हिं० पु०) वह पुरुष जो ढोल बजाता है।

ढोली (सं० त्रि०) ढोल अस्त्यस्य इनि। जो ढोल बजाता है।

ढोली (हिं० स्त्री०) २०० पानोंकी गड्डी। २ परिहास, हँसी, दिल्लगी।

ढोव (हिं० पु०) भेंट, डाली, नजर।

ढौंचा (हिं० पु०) साढ़े चारका पहाड़ा।

ढौंसना (हिं० क्रि०) आनन्दध्वनि करना।

ढौकन (सं० क्ली०) ढौक ल्युट्। १ गमन, जाना। २ उत्कोच, घूस, रिशवत।

ढौकना (हिं० क्रि०) पीना।

ण

ण—संस्कृत और हिन्दी व्यञ्जनवर्णका पन्द्रहवां अक्षर और टवर्गका पांचवां वर्ण। इस वर्णका अर्द्धमात्राकालमें उच्चारण होता है। इसका उच्चारणस्थान मूर्द्धा है। इसके उच्चारणमें आभ्यन्तरिक प्रयत्न है—जिह्वा मध्य द्वारा मूर्द्धाका स्पर्श और नासिकामें यत्नविशेषका प्रभेद। बाह्यप्रयत्न—संवार, नाद, घोष और अल्पप्राण है। इसकी लिखनप्रणाली इस प्रकार है—पहले एक आड़ी लकीर खींचे, फिर उसके नीचे क्रमशः बड़ी बड़ी तीन लकीरको ऊपर नीचे खींच कर नीचे वहींसे लकीरसे एक तिरछी लकीर खींच दें, इसका आकार ऐसा हो जायगा—"ण"। इस अक्षरमें ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर सर्वदा अवस्थान करते हैं। मातृकान्यासमें इस वर्णका दक्षिण पादाङ्गुलिमूलमें न्यास करना पड़ता है।

इसके पर्यायवाची शब्द—निर्गुण, रति, ज्ञान, जम्भन, पक्षिवाहन, जया, शम्भु, नरकजित्, निष्कल, योगिनीप्रिय, द्विमुख, कोटवी, श्रोत्र, समृद्धि, बोधनी, त्रिनेत्र, मानुषी, व्योम, दक्षपादाङ्गुलिमूल, माधव, शङ्खिनी, वीर और नारायण। (वर्णाभिधान)

इसकी अधिष्ठात्री देवीका स्वरूप—ये परमकुण्डली, पीतविद्युदाकार, पञ्चदेवतामय, पञ्चप्राणमय, त्रिगुणयुत, आत्मा आदि तत्त्वयुक्त और महामोहप्रद हैं। (कामधेनुत०) इसका ध्यान कर इस मन्त्रको दश बार जप करनेसे साधक शीघ्र ही अभीष्ट लाभ कर सकता है। इसका ध्यान—

[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] (ब्रह्म० [illegible])

ये त्रिमूर्त्ति, पाणिनिकी [illegible], [illegible] भोगदायिनी हैं। ये [illegible] प्रदान करती है। (वर्ण० [illegible])

ण (सं० पु०) णण—ड प्रत्ययः। १ निष्कृष्ट, एक बुरा अंश। २ भूषण, गहना। ३ निर्णय। ४ शिव, एक नाम। ५ दानौका घर। ६ ज्ञान। ७ बिन्दुदेव एक नामका नाम। ८ दान। (एकाक्षरको०) (सं० त्रि०) ९ गुणवर्जित, गुणहीन।

णकार (सं० पु०) ण-स्वरूपे कारप्रत्ययः। ण स्वरूप वर्ण, णकार।

णगण—दो मात्राओंका एक मात्रिक गण।

णत्वविधान (सं० क्ली०) णत्वस्य विधानं, ६ तत्। णत्व-विधायकविधान। पाणिनिने इसका विधान इस प्रकार किया है—

ऋ, ॠ, र और ष इन चार वर्णोंके बाद दन्त्य न रहे तो वह मूर्धन्य होता है। यदि स्वरवर्ण, कवर्ग, पवर्ग, य, व, ह और अनुस्वार व्यवधान रहे तो भी दन्त्य न मूर्धन्य होता है।

पदका अन्तस्थित दन्त्य न मूर्धन्य नहीं होता है तथा न किसी तवर्ग युक्त (त, थ, द, ध) वर्ण न और श युक्त दन्त्य न मूर्धन्य नहीं होता है।

यदि एक पदमें ऋ, ॠ, और ष रहे और दूसरे पदमें दन्त्य न रहे तो न मूर्धन्य नहीं होता है।

यदि पद-पश्चात्स्थित दन्त्य न विभक्ति स्थान पर हो अथवा विभक्ति युक्त हो या [illegible] है, इसके साथ मिला हो, तो विकल्पसे मूर्धन्य होता है। [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], इत्यादि मिला दन्त्य न मूर्धन्य नहीं होता है।

क्षोभविधायक और [illegible] शब्दके पश्चात्स्थित दन्त्य न विकल्पसे मूर्धन्य होता है, परन्तु [illegible], [illegible], [illegible], [illegible] और [illegible] इन शब्दों के बाद [illegible] मूर्धन्य नहीं होता है।

[illegible] एक [illegible] [illegible] [illegible] नहीं है। [illegible] शब्दमें यदि दो या तीन स्वर रहें तो [illegible] नहीं है।

[illegible], [illegible], [illegible] और [illegible] ([illegible]) इन शब्दोंके पश्चात्स्थित [illegible] दन्त्य न सदा मूर्धन्य होता है।

[illegible], [illegible], [illegible], [illegible] इन शब्दोंके पश्चात्स्थित अन्य दन्त्य न नित्य मूर्धन्य होता है। [illegible] पश्चात्स्थित [illegible] शब्दका न विकल्पसे मूर्धन्य होता है।

[illegible], पूर्व, [illegible] प्रभृति शब्दोंके परवर्ती [illegible] शब्दका न नित्य मूर्धन्य होता है।

[illegible], [illegible], [illegible], [illegible] और [illegible] शब्दोंके परवर्ती [illegible] शब्दका न नित्य मूर्धन्य होता है।

[illegible] और [illegible] शब्दोंके परवर्ती भी [illegible] शब्दका न मूर्धन्य होता है।

[illegible] पश्चात्स्थित [illegible] का न तथा [illegible], [illegible], [illegible] और [illegible] शब्दके पश्चात्स्थित [illegible] का न मूर्धन्य होता है।

[illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible] इन समस्त शब्दोंके न विकल्पसे मूर्धन्य होता है।

प्र, परा, परि और निर, इन चार उपसर्गोंके तथा [illegible] शब्दके बाद यदि नह्, नम्, नद्, नश्, नी, नु, नुद्, [illegible] और [illegible] ये सब धातु रहें, तो उनका मूर्धन्य होता है।

यदि [illegible] धातुका न [illegible] और [illegible] युक्त हो तो विकल्पसे मूर्धन्य होता है।

[illegible] धातुके [illegible] [illegible] हो तो न मूर्धन्य नहीं होता है।

प्र, परा, परि और निर ये चार उपसर्ग और [illegible] शब्दके बाद [illegible], [illegible] और [illegible] इन धातुओंके न विकल्पसे मूर्धन्य होता है।

[illegible] के बाद [illegible] और [illegible] का न नित्य मूर्धन्य होता है।

[illegible] के बाद [illegible] को [illegible] विभक्तिका न सदा मूर्धन्य होता है।

प्र प्रभृतिके बाद गद्, पत्, दा, धा, हन्, नद्, पद्, दान्, द्रो, सो, दे धे, मा, या, द्रा, प्सा, वप्, वह्, शम्, चि, और, दिह्, इन समस्त धातुओंके पूर्ववर्त्ती नि उपसर्गका न नित्य मूर्द्धन्य होता है।

धातुके पहले यदि प्र, परा, परि और निर् ये चार उपसर्ग अथवा अन्तर शब्द रहे तो कृत् प्रत्ययका न विकल्पसे मूर्द्धन्य होता है।

जिन धातुओंके प्रारम्भमें तो व्यञ्जन वर्ण हो और अन्तिमवर्णसे पहिले अ या से भिन्न स्वर वर्ण हो, तो उनसे आये हुए कृत्प्रत्ययका नकार विकल्पसे मूर्द्धन्य 'ण' हो जाता है।

ण्यन्त धातुके उत्तर विहित कृत् प्रत्ययका न विकल्पसे मूर्द्धन्य होता है।

भा, भू, पू, कम, गम, प्याय, वेप और कम्प इन समस्त धातुओंको ण्यन्त करनेसे उनके उत्तर विहित कृत्में न मूर्द्धन्य नहीं होता है।

कृत् प्रत्ययका न व्यञ्जन वर्णसे मिला रहनेसे मूर्द्धन्य 'ण' नहीं होता है।

नश धातुका श मूर्द्धन्य होने पर न मूर्द्धन्य होता है।

क्षुभ्रादिका न मूर्द्धन्य नहीं होता है।

णमोकारमन्त्र (सं० पु०) जैनोंका महामन्त्रविशेष। जैनोंका प्रधान मन्त्र। इसमें पांच पद, और अट्ठावन मात्रा पैंतीस अक्षर हैं, यथा—'णमो अरहन्ताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरीयाणं णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं।' इस मन्त्रके आदिमें ॐ जोड़ कर १०८ बार जपनेसे विघ्न बाधाएं दूर होती हैं। साधारणतः हृदयमें भूत, प्रेत आदिका भय सञ्चार होने पर इस महामन्त्रका सौ बार जप किया जाता है। अनेक जैनग्रन्थोंमें इसके माहात्म्यका वर्णन लिखा है। यह मन्त्र वैदिक गायत्री मन्त्रके तुल्य पूज्य है। इसके प्रत्येक अक्षरसे सैकड़ों मन्त्रोंकी उत्पत्ति हुई, जिसका वर्णन "णमोकारकल्प" नामक ग्रन्थमें किया गया है। "पुण्यास्रव" नामक जैनग्रन्थमें इसके माहात्म्यको आठ कथाएं लिखी हैं। उनमेंसे एक कथा यहां संक्षेपमें लिखी जाती है—"किसी समय........चक्रवर्ती छह खण्डोंको जीत कर सातवें खण्डको जय करनेके लिए समुद्र पार हो रहे थे। मार्गमें उनको पूर्वभवके शत्रु एक देवसे साक्षात् हो गया। देवके आक्रमण करते ही उन्होंने णमोकार मन्त्र जपना प्रारम्भ कर दिया, जिससे देव उनको स्पर्श तक न कर सका। कुछ देर बाद उनके चुप होने पर देवने धमकी दी कि, "यदि तू मन्त्रको लिख कर मेंट दे तो हम तुझे छोड़ देंगे, अन्यथा समुद्रमें बिना डुबोये नहीं छोड़ेंगे।" अनेक वादानुवादके पश्चात् चक्रवर्ती अपनी रक्षासे विचलित हो गये और उन्होंने उक्त मन्त्रको लिख कर मेंट दिया। देवको अभिलाषा पूर्ण हुई, उसने चक्रवर्तीको समुद्रमें डुबो दिया।

णय (सं० पु०) ब्रह्मलोकस्थित एक सरोवर।

"अरश्चार्णवौ ब्रह्मलोके तृतीयस्यां।" (छान्दोग्य उ०)

त

त—संस्कृत और हिन्दी वर्णमालाका [illegible] व्यञ्जन, तवर्गका प्रथम वर्ण। [illegible] होता है। इसके [illegible] है—[illegible] विवार, श्वास और अघोष है। इसके [illegible]। [illegible] इसका [illegible] है—"[illegible]"।

इस वर्णमें ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर नित्य विराजित रहते हैं।

इसके वाचक शब्द [illegible], [illegible], [illegible], [illegible] [illegible], [illegible] [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible] और [illegible]। ([illegible]) यह वर्ण [illegible] और [illegible] है। यह वर्ण [illegible] और [illegible] है। ([illegible])

[illegible] इस वर्णका [illegible] [illegible] होती है। [illegible]—

"[illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥" ([illegible])

इस वर्णके [illegible] हैं। [illegible] है। [illegible] और [illegible] है [illegible] करते हैं।

इस वर्णका [illegible] है। ([illegible])

त (सं० पु०) [illegible] १ [illegible], [illegible]। २ [illegible]। ३ [illegible]। ४ [illegible], [illegible]। ५ [illegible]। ६ [illegible], [illegible]। ७ [illegible]। ८ [illegible], [illegible]। ९ [illegible]। १० [illegible] जिसके [illegible] न हो। ११ [illegible], [illegible]। १२ [illegible]। १३ [illegible]। १४ [illegible], [illegible]। १५ [illegible]।

तअल्लुक़ (अ० पु०) वास्ता, रिश्ता।

तअज्जुब (अ० पु०) १ [illegible], [illegible]। २ विस्मय, हैरानी। ३ [illegible], [illegible]।

तअल्लुक़ (अ० पु०) [illegible], [illegible]।

तअल्लुक़ः (अ० पु०) वह ज़मींदारी जिसमें बहुतसे मौजे शामिल हों, बड़ा इलाका।

तअल्लुक़ेदार (अ० पु०) १ तअल्लुक़ेका मालिक। (स्त्री०) २ तअल्लुक़ेदारका पद।

तअल्लुक़ा (हिं० पु०) तअल्लुक़ः देखो।

तअल्लुक़ादार (हिं० पु०) तअल्लुक़ेदार देखो।

तअल्लुक़ेदार (हिं० पु०) तअल्लुक़ेदार देखो।

तअल्लुक़ेदारी (हिं० स्त्री०) तअल्लुक़ेदारीका पद।

तअस्सुब (अ० पु०) पक्षपात, तरफ़दारी।

तइस (हिं० पु०) [illegible], [illegible]।

तइनात (हिं० पु०) तैनात देखो।

तई (अव्य०) १ से। २ प्रति, को, से।

तई (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी कड़ाही। यह थालीके जैसी छिछली होती है और इसमें कड़े भी होते हैं।

तं (अ० स्त्री०) १ [illegible], [illegible]। २ [illegible], [illegible]।

तंग (फ़ा० पु०) १ घोड़ेकी पेटी, कसन। (वि०) २ [illegible], [illegible]। ३ दुःखी, दिक, आजिज। ४ [illegible], [illegible], [illegible], [illegible]।

तंगदस्त (फ़ा० वि०) १ [illegible], कंजूस। २ दरिद्र, गरीब, कंगाल।

तंगदस्ती (फ़ा० स्त्री०) १ [illegible], कंजूसी। २ दरिद्रता, गरीबी।

तंगहाल (फ़ा० वि०) १ [illegible], [illegible]। २ [illegible] जो [illegible] हो। ३ [illegible], [illegible], [illegible]।

तंगा (हिं० पु०) १ [illegible]। २ [illegible] [illegible]।

तंगी (फा० स्त्री०) १ संकीर्णता, तंग होनेका भाव। २ दुःख, कष्ट, क्लेश। ३ निर्धनता, दरिद्रता। ४ न्यूनता, कमी।

तंजेब (फा० स्त्री०) एक प्रकारका सूक्ष्म और उमदा मलमल।

तंड (हिं० पु०) नृत्य, नाच।

तंडव (हिं० पु०) नृत्यविशेष, एक तरहका नाच।

तंत (हिं० पु०) १ तार लगा हुआ एक प्रकारका बाजा। २ क्रिया, काम। ३ तन्त्रशास्त्र। ४ प्रबल कामना, इच्छा। ५ अधीनता, परवशता, मातहती। (वि०) ६ जो वजनमें ठीक हो।

तंतु (हिं० पु०) तन्तु देखो।

तंदान (हिं० पु०) एक प्रकारका छोटा और बढ़िया अंगूर। यह छोटाके आस-पास होता है। इसको सुखा कर किशमिश बनाते हैं।

तंदुआ (हिं० पु०) ऊसर जमीनमें होनेवाली एक प्रकारकी घास जो चारों मास उपजती है। यह मवेशीको खिलाया जाता है।

तंदुरुस्त (फा० वि०) स्वास्थ्य, नीरोग, चङ्गा।

तंदुरुस्ती (फा० स्त्री०) १ आरोग्यता, चङ्गा होनेका भाव। २ स्वास्थ्य।

तंदूर (फा० पु०) एक प्रकारका मट्टीका बहुत बड़ा गोल और लंबा बरतन। इसकी बनावट अंगीठी, चूल्हे या भट्टी आदिकी तरह होती है। तेज आँच दी जाती है और जब यह अच्छी तरहसे गरम हो जाता है तब उसकी दीवारों पर भीतरकी ओर मोटी मोटी रोटियाँ चिपका देते हैं, रोटियाँ थोड़ी देरमें सिक कर लाल हो जाती हैं।

तंदूरी (हिं० पु०) १ मालदहमें पानेवाला एक प्रकारका रेशम, यह अच्छा महीन और नर्म तथा लाल रङ्गका होता है। (वि०) २ तंदूर सम्बन्धी।

तंदेही (हिं० स्त्री०) १ परिश्रम, मिहनत। २ प्रयत्न, ध्यान, कोशिश। ३ आज्ञा, चेतावनी, ताकीद।

तंबा (हिं० पु०) एक प्रकारका पायजामा।

तंबाकू (हिं० पु०) तमाकू देखो।

तंबाकूगर (हिं० पु०) वह जो तमाकू बनाता हो।

तंबिया (हिं० पु०) एक प्रकारका छोटा तसला जो तांबेका बना होता है।

तंबियाना (हिं० क्रि०) १ तांबेके रंगका होना। २ तांबेका स्वाद या गंध आ जाना।

तंबीह (अ० स्त्री०) १ शिक्षा, नसीहत। २ दण्ड, सजा।

तंबू (हिं० पु०) १ कपड़े आदिका बना हुआ घर, शामियाना, खेमा, डेरा। २ बांसकी तरहकी एक मछली।

तंबूर (फा० पु०) एक प्रकारका छोटा ढोल।

तंबूरची (फा० पु०) वह जो तंबूर बजाता हो।

तंबूरा (हिं० पु०) सितारकी तरहका एक बहुत प्राचीन बाजा। यह आलापचारीमें केवल सुरका सहारा देनेके लिये बजाया जाता है। कहा जाता है कि तम्बुरु गन्धर्वने इसे बनाया था इसीसे इसका नाम तंबूर पड़ा है।

तंबूरातोप (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी बड़ी तोप।

तंबोरा (हिं० पु०) तंबूरा देखो।

तंबोल (हिं० पु०) १ एक प्रकारका पेड़। इसके पत्ते निसोतके पत्तेसे होते हैं। २ विवाहके समय वरको दिये जानेका टीका। ३ लगामकी रगड़के कारण घोड़ेके मुंहका जखम।

तंबोलिन (हिं० स्त्री०) वह औरत जो पान बेचती है, बरइन।

तंबोलिया (हिं० स्त्री०) गङ्गा और यमुनामें मिलनेवाली एक प्रकारकी मछली। इसका आकार पानका होता है।

तंबोली (हिं० पु०) पान बेचनेवाला मनुष्य, बरई।

तंभन (हिं० पु०) स्तम्भन देखो।

तंवार (हिं० स्त्री०) १ वह चक्कर जो कभी कभी सिरमें आ जाता है, घुमटा, घुमेर। २ ज्वरांश, हरारत।

तंवारी (हिं० स्त्री०) तंवार देखो।

तंसु (सं० पु०) मति-नर्। पुरुवंशीय सुमति, पुरुवंशके एक राजाका नाम। इन्होंने पौरवराज मतिनारके औरस तथा सरस्वतीके गर्भसे जन्मग्रहण किया था। राजा मतिनारके और तीन पुत्र थे। परन्तु तंसुने अपने वीर्यबलसे पुरुवंशका उद्धार तथा धर्मपालन किया था। (भारत आ० ९४।१५)

तक (सं० त्रि०) तं गौरववर्जितं यथा तथा कायति कै-क। १ निन्दित, दूषित, बुरा। २ सहनशील। ३ वञ्चित।

[illegible]

के बटलेमें दिये जानेका धन।

तक़ाज़ा (अ० पु०) १ तगादा, माँगना। २ कोई ऐसा काम करनेके लिये कहना जिसके लिये वचन मिल चुका हो। ३ प्रेरणा, उत्तेजना।

तकान (हिं० स्त्री०) थकन देखो।

तकाना (हिं० क्रि०) दिखाना, बतलाना।

तकार (सं० पु०) त-स्वरूपे कार। तस्वरूप वर्ण, त अक्षर। "एव ध्यात्वा तकारन्तु तन्मन्त्रं दशधा जपेत्" (कामधेनु०)

तकारा—बम्बई प्रदेशकी एक पत्थर काटनेवाली मुसलमान जाति। प्रवाद है कि, यह जाति शोलापुरकी धन्गुकोड़ा अर्थात् पत्थर-काटनेवाली जातिसे उत्पन्न हुई है। तकार लोगोंका कहना है कि, सम्राट् औरङ्गजेबने उनको मुसलमान धर्ममें दीक्षित किया था। इनकी आकृति और पोशाक मुसलमानोंके समान है। ये परस्परमें हिन्दी तथा दूसरोंके साथ मराठी बोलते हैं। पुरुषगण मध्यमाकृति सुगठित और काले होते हैं। तथा मस्तक मुड़ाते और लम्बी या छोटी दाढ़ी रखते हैं। पहनावेमें ये धोती, आकट और पगड़ी व्यवहार करते हैं। स्त्रियाँ मराठी कामिनियों जैसी पोशाक पहनती हैं। अभिप्राय यह है कि, ये गन्दे रहते हैं। खानसे पत्थर उठाना और उससे चक्की, मूर्ति आदि बनाना ही इनकी उपजीविका है। ये मितव्ययी और परिश्रमी होते हैं। काम न होने पर गरीब तकारा लोग जगह जगह चक्की खोदते फिरते हैं। इनमें जिनकी अवस्था कुछ अच्छी है वे घर बैठे लोगोंकी फरमाइशके अनुसार पत्थर दिया करते हैं। इस समय कामकी कमताईसे प्रायः सभी गरीब हो गये हैं, और बहुतसे कृषि, मजदूरी, नौकरी आदि करने लगे हैं। ये सुन्नि सम्प्रदायके होते हुए भी मुहर्रमोत्सव करते हैं तथा मद्धाई और मरियाई देवताको मानते हैं। नियमानुसार सब नमाज भी नहीं पढ़ते। मुसलमान-धर्माचरणमें सिर्फ खुतबा पढ़ कर ही खत्म होते हैं। इनमें समाज-पति कोई नहीं है, ये काजीको मानते हैं। काजी ही इनके विवाह आदिमें रजिष्टरी और सामाजिक विवादकी मीमांसा करते हैं। ये लड़कोंको पाठशाला नहीं भेजते। धीरे धीरे इनकी संख्या घटती ही जाती है।

तकारी—बम्बई प्रदेशकी पत्थर काटनेवाली एक जाति। अहमदनगर जिलेके जामखेड़ा, कर्जतनगर आदि स्थानोंमें इनका वास है। सम्भवतः ये तैलिङ्गसे यहां आ कर बसे हैं। ये बलिष्ठ, कर्मठ और काले हैं। दूसरोंके साथ मराठी और आपसमें तैलङ्गी भाषामें बातचीत करते हैं। ये गाय और सूअर आदिके मांसके सिवा अन्य मांस खाते और शराब पीते हैं। पुरुषोंका पहनावा धोती, चादर, कुर्ता, जूता और मराठी पगड़ी है। स्त्रियाँ मराठी स्त्रियोंकी भाँति साड़ी और चोली पहनती हैं, पर कांछ नहीं लगातीं। क्रियाकाण्ड और उत्सव आदिमें ये कुछ अच्छे और साफ कपड़े तथा उत्कृष्ट गहने पहना करते हैं। तकारीगण साधारणतः साफ-सुथरे, परिश्रमी, मिताहारी और अतिथेय होते हैं, इनमें बहुतसे शठकपटी भी होते हैं। स्त्रियाँ कड़े और मजबूत संपद तथा गृहस्थोंका काम-काज करती हैं। पुरुषगण पत्थर काट चक्की बना कर जीविका-निर्वाह करते हैं। कोई कोई कृषि और मजदूरी भी करते हैं। ये भैरवोजीकी और खण्डोबाकी प्रतिमूर्ति घरमें रख कर हर एक हिन्दू-त्योहारमें उनकी पूजा करते हैं। पूजा और विवाह आदिके समय उन्हींमेंसे एक पुरोहितका कार्य करता है। विवाहके समय कन्याका पिता या कन्यापक्षीय कोई प्रौढ़ व्यक्ति वर और कन्याके वस्त्रमें गांठ बांध देता है। इनमें विधवा-विवाह और पुरुषोंका बहुविवाह प्रचलित है। ये धर्मानुष्ठानके समय वेद या पुराणादि नहीं पढ़ते। धर्मशास्त्रमें ये कुलवियोंकी तरह समाजोंकी पद्धति नहीं और न किसी नये व्यवसायमें ही प्रवृत्त होते हैं।

तकावी (अ० स्त्री०) सरकार या जमींदारकी ओरसे गरीब गृहस्थोंको दिये जानेका धन। यह आवश्यकतापर दी जाती और नियत समय पर सूद सहित वसूल की जाती है।

तकिया (फा० पु०) १ कपड़ेका बना हुआ गोल या चौकोर थैला। इसको रूई इत्यादिसे भर कर सोनेके समय सिरके नीचे रखते हैं, बालिश। २ पत्थर, ईंट या लकड़ीके सिरे लगाई जानेवाली पत्थरकी पटिया, मुतका। ३ विश्रामका स्थान, आराम करनेकी जगह। ४ आश्रय, सहारा आसरा। ५ शहरके बाहर या कब्रि-

[illegible] है।

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible] है।

किन्तु [illegible] है। [illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible] है।

[illegible]

[illegible]

तक्त (सं॰ क्लो॰) मथित, छिन्न।

तक्मन् (सं॰ पु॰) १ बसन्त नामक चर्मरोग। २ शीतलादेवी।

तक्मनाशन (सं॰ क्लो॰) बसन्त-नाशकारी, वह जिससे बसन्तरोग जाता रहता है।

तक्य (सं॰ त्रि॰) तकं ज्ञानं अर्हति तक-यत्। तक्तिशनि नयति अनिर्मो गद्गादय:। पा ६।१।१५ इति सूत्रस्य वार्त्तिकोक्त्या यत्। सहनीय, सहने योग्य, बरदाश्त करने काबिल।

तक्र (सं॰ क्लो॰) तनक्ति सङ्कोचयति दुग्धं तनच-रक्। स्फायितञ्चीति। उण् २।१३। दधिविकार, चतुर्थांश जलके साथ मथा हुआ दही, मट्ठा, छाछ। मथित दधिमेंसे नवनीत निकाल लेने पर जो द्रवभाग अवशिष्ट रहता है उसको तक्र या घोल कहते हैं। पर्याय—गोरसज, घोल, कालसेय, विलोड़ित, दण्डाहत, अरिष्ट, अम्ल, उदश्वित्, मथित और दस। (राजनि॰) भावप्रकाशमें लिखा है कि—तक्र पांच प्रकारका है—घोल, मथित, तक्र, उदश्वित् और छच्छिका। बिना पानी दिये मलाई सहित दहीको मथने से घोल बनता है। बिना मलाई वाले दहीका पानीके साथ मथ कर जो मठा बनाया जाता है उसे मथित कहते हैं। दहीको चतुर्थांश जलके साथ फेंटनेसे तक्र, अर्द्धांश जलके साथ मथनेसे उदश्वित् और बहुत पानीके साथ मथ कर नवनीत निकाल लेनेसे उस मठाको छच्छिका कहते हैं। गुण—घोल वायु और पित्तनाशक है।

घोल देखो।

मथित—कफ और पित्तनाशक है। तक्र—मधुर और अम्लरसविशिष्ट, थोड़े कषाय, लघु, उष्णवीर्य, अग्निदीप्तिकर, शुक्रवर्द्धक, प्रीतिजनक और वायुनाशक, गरल, शोथ, अतीसार, ग्रहणी, पाण्डु, अर्श, प्लीहा, गुल्म, अरुचि, विषमज्वर, तृष्णा, जलमशीक, शूल, मेद, श्लेष्मा और वायुरोगके लिए हितकर है। तक्र लघु होनेसे धारक है, पर विपाकमें मधुर होनेसे पित्तप्रकोपक नहीं है। इसके कषायत्व, उष्णत्व, विकाशित्व और रूक्षत्वके द्वारा कफ नष्ट होता है।

तक्र सेवन करनेवालेको कोई क्लेश या रोग नहीं होता। विद्वानोंका कहना है कि जैसे अमृतपान देवोंके लिए सुखावह है, वैसे ही मनुष्योंके लिए तक्र सुखावह है।

उदश्वित्—कफवर्द्धक, बलकारक और अत्यन्त श्रमनाशक है।

छच्छिका—शीतवीर्य, लघु, कफनाशक तथा पित्त, श्रम, पिपासा और वायुनाशक है। यह नमक संयुक्त होने पर अग्निदीप्तिकर भी है।

जिस तक्रमेंसे सम्पूर्ण घी निकाल लिया गया हो, वह अत्यन्त हितकर और लघु होता है। जिस तक्रमेंसे थोड़ा घी निकाला गया हो वह उससे कुछ गुरु, पुष्टिकारक और कफनाशक है। जिसमेंसे घी बिलकुल ही नहीं निकाला गया हो, वह घन, गुरु, पुष्टिकारक और कफवर्द्धक है।

वायुप्रशान्तिके लिए सोंठ, नमक और अम्लरसयुक्त तक्र प्रशस्त है।

पित्तप्रशमनके लिए चीनी और मधुर रस मिला कर घोल सेवन करना चाहिये।

कफप्रशमनके लिए त्रिकटुयुक्त घोल हितकर है।

घोलमें हींग, जीरा और सेंधा नमक मिला कर पीनेसे सब तरहकी वायु प्रशमित होती है। यह घोल रुचिकारक, पुष्टिकर, बलप्रद, वस्तिगतशूलनाशक, अर्श और अतीसार रोगमें विशेष फलदायक है।

गुड़-मिश्रित घोल मूत्रकृच्छ्ररोगमें पीनेसे फायदा होता है।

पक्व तक्र—कोष्ठगत, कफनाशक, पर कण्ठगत कफकी वृद्धि करता है।

अम तक्र—पीनस, श्वास और कासरोगके लिए हितकर है।

शीतऋतुमें, मन्दाग्नि, वायुरोग और अरुचिमें स्रोतोंके रुक जाने पर तक्र अमृतकी भांति फलप्रद है।

क्षतरोगमें दुर्बल शरीरमें, मूर्च्छा, भ्रम, दाह और रक्तपित्त रोगमें तथा गरमियोंमें तक्र नहीं सेवन करना चाहिये। (भावप्र॰ तक्रवर्ग)

तक्रकूर्चिका (सं॰ स्त्री॰) तक्रजाता तक्रयोगेन उत्पद्यमाना कूर्चिका। फटा हुआ दूध, छेना। इसका गुण—मलमूत्रावरोधक, वायुवर्द्धक, रूक्ष तथा अत्यन्त दुर्जर

तक्ष (सं॰ स्त्री॰) तक्षित, छिन्न।

तक्मन् (सं॰ पु॰) १ बच्चेका नामक चर्मरोग। २ शीतलादेवी।

तक्मनाशन (सं॰ स्त्री॰) बसन्त-नाशकारी, यह जिससे बसन्तरोग जाता रहता है।

तक्य (सं॰ त्रि॰) तकं हासं अर्हति तक-यत्। तकिशसि चयति जनिभ्यो यद्वाच्यः। पा ३।१।९७ इति सूत्रस्य वार्त्तिकोक्त्या यत्। सहनीय, सहने योग्य, बरदाश्त करने काबिल।

तक्र (सं॰ स्त्री॰) तनक्ति सङ्कोचयति दुग्धं तनच-रक्, इत्यादिनसोति। उण् २।१३। दधिविकार, चतुर्थांश जलके साथ मथा हुआ दही, मट्ठा, छाछ। मथित दधिमेंसे नवनीत निकाल लेने पर जो द्रवभाग अवशिष्ट रहता है उसको तक्र वा घोल कहते हैं। पर्याय—गोरसज, घोल, कालसेय, विलोडित, दण्डाहत, अरिष्ट, अम्ल, उदश्वित्, मथित और दध। (राजनि॰ भावप्रकाशमें लिखा है कि—तक्र पाँच प्रकारका है—घोल, मथित, तक्र, उदश्वित् और छच्छिका। बिना पानी दिये मलाई सहित दहीको मथने से घोल बनता है। बिना मलाईवाले दहीका पानीके साथ मथ कर जो मठा बनाया जाता है उसे मथित कहते हैं। दहीको चतुर्थांश जलके साथ फेंटनेसे तक्र, अर्द्धांश जलके साथ मथनेसे उदश्वित् और बहुत पानीके साथ मथ कर नवनीत निकाल लेनेसे उस मठाको छच्छिका कहते हैं। गुण—घोल वायु और पित्तनाशक है।

घोल देखो।

मथित—कफ और पित्तनाशक है। तक्र—मधुर और अम्लरसविशिष्ट, थोड़े कषाय, लघु, उष्णवीर्य, अग्नि दीप्तिकर, शुक्रवर्द्धक, प्रीतिजनक और वायुनाशक, ग्रहणी, शोथ, अतीसार, ग्रहणी, पाण्डु, अर्श, प्लीहा, गुल्म, अरुचि, विषमज्वर, तृष्णा, वमनप्रसेक, शूल, मेद, श्लेष्मा और वायुरोगके लिए हितकर है। तक्र लघु होनेसे ग्राहक है, पर विपाकमें मधुर होनेसे पित्तप्रकोपक नहीं है। इसके कषायत्व, उष्णत्व, विकाशित्व और रूक्षत्वके द्वारा कफ नष्ट होता है।

तक्र सेवन करनेवालेको कोई रोग वा रोग नहीं होता। विद्वानोंका कहना है कि जैसे अमृतपान देवोंके लिए सुखावह है, वैसे ही मनुष्योंके लिए तक्र सुखावह है।

उदश्वित्—कफवर्द्धक, बलकारक और अत्यन्त श्रान्तिनाशक है।

छच्छिका—शीतवीर्य, लघु, कफनाशक तथा पित्त, श्रम, पिपासा और वायुनाशक है। यह लवणसंयुक्त होने पर अग्निदीप्तिकर भी है।

जिस तक्रमेंसे सम्पूर्ण घी निकाल लिया गया हो, वह अत्यन्त हितकर और लघु होता है। जिस तक्रमेंसे थोड़ा घी निकाला गया हो वह उससे कुछ गुरु, पुष्टिकारक और कफनाशक है। जिसमेंसे घी बिलकुल ही नहीं निकाला गया हो, वह घन, गुरु, पुष्टिकारक और कफवर्द्धक है।

वायुप्रशान्तिके लिए सोंठ, नमक और अम्लरसयुक्त तक्र प्रशस्त है।

पित्तप्रशमनके लिए चीनी और मधुर रस मिला कर घोल सेवन करना चाहिये।

कफप्रशमनके लिए त्रिकटुयुक्त घोल हितकर है।

घोलमें हींग, जीरा और सेंधा नमक मिला कर पीनेसे अच्छी तरहसे वायु प्रशमित होती है। यह घोल रुचिकारक, पुष्टिकर, बलप्रद, वस्तिगतशूलनाशक, अर्श और अतीसार रोगमें विशेष फलदायक है।

गुड़मिश्रित घोल मूत्रकृच्छ्ररोगमें पीनेसे फायदा होता है।

अपक्व तक्र—कोष्ठगत, कफनाशक, पर कण्ठगत कफकी वृद्धि करता है।

पक्व तक्र—पीनस, श्वास और कासरोगके लिए हितकर है।

शीतकालमें, मन्दाग्नि, वायुरोग और अरुचिमें स्रोतोंके रुक जाने पर तक्र अमृतकी भांति फलप्रद है।

क्षतरोगमें दुर्बल शरीरमें, मूर्च्छा, भ्रम, दाह और रक्तपित्त रोगोंमें तथा गरमियोंमें तक्र नहीं सेवन करना चाहिये। (भावप्र॰ तक्रवर्ग)

तक्रकूर्चिका (सं॰ स्त्री॰) तक्रजाता तक्रयोगेन उत्पद्यमाना कूर्चिका। फटा हुआ दूध, छेना। इसका गुण—मलमूत्रावरोधक, वायुवर्द्धक, रूक्ष तथा अत्यन्त दुर्जर

स्थानके पासका स्थान। ऐसे स्थान पर प्रायः मुसलमान फकीर रहा करता है।

तकिया कलाम (हिं॰ पु॰) सखुनतकिया देखो।

तकियादार (फा॰ पु॰) वह मुसलमान फकीर जो मजार पर रहता हो।

तक्तिल (सं॰ त्रि॰) तक-इलच्। निष्कारणवध। उण् ५।५३। १ धूर्त, चालबाज। २ औषध, दवा।

तक्तिला (सं॰ स्त्री॰) तक्तिल-टाप्। औषध, दवा।

तक्तु (सं॰ स्त्री॰) तक-गतौ उन्। गतियोग, जानेवाला।

तकुआ (हिं॰ पु॰) १ टेकुवेवाला, तागनेवाला। २ तकला देखो।

तक्क—जातिविशेष, एक जातिका नाम। तक्क लोग रावलपिण्डी विभागमें अक्षा॰ ३३° १०' उ॰ और देशा॰ ७२° ४८' १५" पू॰के मध्य शाहधेरी ग्रामके प्राचीनतम अधिवासी हैं। कनिङ्हमका कहना है, कि तक्क जातिके नामानुसार ही तक्षशिलाका नामकरण हुआ है। पूर्वकालमें समस्त सिन्धुसागरका दोआब इनके अधिकारमें था। पीछे ये पञ्जाबके पश्चिम प्रदेशमें शकों द्वारा भगाये जाने पर मध्यप्रदेशमें मद्र लोगोंके साथ एकत्र रहने लगे। तक्कोंके आचार-व्यवहारके विषयमें फिलष्ट्रेटस और फाहियानने प्रायः एक ही बात लिखी है। दोनोंको वर्णना पढ़नेसे मालूम होता है कि तक्क लोग किसी भी परदेशीकी तीन दिन तक सेवा शुश्रूषा करते थे। अलेकसन्दर जिस समय भारत पर आक्रमण करने आये थे उस समय तक्षशिलाके राजाने उनकी तीन दिन तक अतिथिके समान परिचर्या की थी। चीन परिव्राजकका भी अच्छी तरह सम्मान किया गया था। इससे मालूम होता है कि ४०० ई॰से पहले भी तक्कवंशीय राजा तक्षशिला प्रदेशका शासन करते थे और अलेकसन्दरके भारतमें आनेसे पहले ही सिन्धुसागरका दोआब तक्कोंके हाथसे निकल गया था।

सिन्धुनदीके तटवर्ती आटक नगरमें अब भी तक्क जातिके लोग पाये जाते हैं। राजतरङ्गिणीके पढ़नेसे मालूम होता है कि राजा शङ्करवर्माने ८०० ई॰में तक्क देशको काश्मीरराज्यमें मिला लिया था। उस समय तक्क देश गुर्जरके उत्तर पूर्व कोणमें था। अब भी इस प्रदेशमें वितस्तानदीके दोनों किनारे बहुतसे तक्कोंका वास है। काश्मीरके इतिहासलेखकोंका कहना है कि प्राचीनकालमें बहुतसे तक्क इस प्रदेशमें रहते थे। यादवोंने उन्हें इस स्थानसे दूर कर दिया था।

सिन्धु प्रदेशमें जिन तीन आदिम निवासियोंका उल्लेख पाया जाता है, उनमें एक तक्क जाति भी है। किसी यूरोपीय विद्वान्का कहना है कि तक्षशिला प्रदेशसे भगाये जाने पर तक्कोंमेंसे कोई कोई सिन्धु प्रदेशमें जा कर रहने लगे थे। ईसाकी १२वीं शताब्दीमें आशाढ़-दुर्ग तक्कराज हातके अधीन था। १४वीं शताब्दीमें शारंग तक्क मजफ्फर शाह नामके एक राजा गुजरातमें राज्य करते थे।

टॉड साहबके मतसे, तक्षक तक्कवंशके आदिपुरुष थे। इन्होंने नागवंशकी स्थापना की थी और हिन्दुओंका विश्वास है कि ये इच्छानुसार मनुष्यका आकार धारण कर सकते थे। तक्क लोग नागकी उपासना करते थे। तक्षशिलाके राजाके दो बड़े बड़े सर्प-विग्रह थे। कनिङ्हम लिखते हैं, कि काश्मीरके उपत्यका-प्रदेशमें पहले तक्क जातिका वास था। नागराज लोग इस प्रदेशकी रक्षा करते थे। अधिवासिगण अत्यन्त सर्पोपासक थे। बौद्ध राजा कनिष्कने सर्पपूजा उठा दी थी, परन्तु ३य गोनर्दके समय यह फिर चल निकली।

जम्बू, रामनगर और छत्रधार आदिके पार्वत्यप्रदेशमें तक्कजातिका वास है। तक्कगण अनार्यवंशसम्भूत और राजपूतोंसे निकृष्ट हैं, इनकी सामाजिक मर्यादा जाटोंके समान है। भट्टिसरदार मल्लरावके पुत्रोंने ललिता तक्कोंके साथ भोजन किया था, इसलिए वे जाटोंमें शामिल किये गये। तक्क लोगोंकी सामाजिक हीनताको देखते हुए इन्हें अनार्य ही कहना पड़ता है। ये प्राचीनतम तूराण-वंशीय और सम्भवतः तक्षशिला प्रदेशके आदिम अधिवासी हैं।

देहली और करनाल जिलोंमें बहुतसे तक्कोंका वास है। इनमें प्रायः एक तिहाई लोग इसलाम-धर्मावलम्बी हो गये हैं।

तक्कन् (सं॰ क्ली॰) तक-कनिन्। अपत्य, सन्तान।

तक्कोल (सं॰ पु॰) कक्कोल, एक प्रकारका पेड़।

तक्ष (सं० स्त्री०) तक्षित, छिन्न।

तक्मन् (सं० पु०) १ यक्ष्मा नामक चर्मरोग। २ शीतलादेवी।

तक्मनाशन (सं० स्त्री०) यक्ष्म-नाशकारी, वह जिससे यक्ष्मरोग जाता रहता है।

तक्य (सं० त्रि०) तक्रं क्षान्तं अर्हति तक्र-यत्। तदिदासि भवति अनिभ्यो महाबल:। पा ५।१।६५ इति सूत्रस्य वार्त्तिकोक्त्या यत्। सहनीय, सहने योग्य, बरदाश्त करने काबिल।

तक्र (सं० क्ली०) तनक्ति सङ्कोचयति दुग्धं तन्च-रक्। रक्षायितञ्चोति। उण् २।१३। दधिविकार, चतुर्थांश जलके साथ मथा हुआ दही, मट्ठा, छाछ। मथित दधिमेंसे नवनीत निकाल लेने पर जो द्रवभाग अवशिष्ट रहता है उसको तक्र या घोल कहते हैं। पर्याय—गोरसज, घोल, कालशेय, विलोडित, दण्डाहत, अरिष्ट, अम्ल, उदश्वित्, मथित और द्रव। (राजनि०) भावप्रकाशमें लिखा है कि—तक्र पांच प्रकारका है—घोल, मथित, तक्र, उदश्वित् और छच्छिका। बिना पानी दिये मलाई सहित दहीको मथने से घोल बनता है। बिना मलाईवाले दहीको पानीके साथ मथ कर जो मट्ठा बनाया जाता है उसे मथित कहते हैं। दहीको चतुर्थांश जलके साथ फेंटनेसे तक्र, अर्द्धांश जलके साथ मथनेसे उदश्वित् और बहुत पानीके साथ मथ कर नवनीत निकाल लेनेसे उस मट्ठाको छच्छिका कहते हैं। गुण—घोल वायु और पित्तनाशक है।

घोल देखो।

मथित—कफ और पित्तनाशक है। तक्र—मधुर और अम्लरसविशिष्ट, थोड़ा कषाय, लघु, उष्णवीर्य, अग्नि-दीप्तिकर, शुक्रवर्द्धक, प्रीतिजनक और वायुनाशक, गरल, शोथ, अतीसार, ग्रहणी, पाण्डु, अर्श, प्लीहा, गुल्म, अरुचि, विषमज्वर, तृष्णा, वमनप्रसेक, शूल, मेद, श्लेष्मा और वायुरोगके लिए हितकर है। तक्र लघु होनेसे धारक है, पर विपाकमें मधुर होनेसे पित्तप्रकोपक नहीं है। इसके कषायत्व, उष्णत्व, विकाशित्व और रूक्षत्वके द्वारा कफ नष्ट होता है।

तक्र सेवन करनेवालेको कोई क्लेश या रोग नहीं होता। विद्वानोंका कहना है कि जैसे अमृतपान देवोंके लिए सुखावह है, वैसे ही मनुष्योंके लिए तक्र सुखावह है।

उदश्वित्—कफवर्द्धक, बलकारक और अत्यन्त श्रान्तिनाशक है।

छच्छिका—शीतवीर्य, लघु, कफनाशक तथा पित्त-श्रम, पिपासा और वायुनाशक है। यह लवणसंयुक्त होने पर अग्निदीप्तिकर भी है।

जिस तक्रमेंसे सम्पूर्ण घी निकाल लिया गया हो, वह अत्यन्त हितकर और लघु होता है। जिस तक्रमेंसे थोड़ा घी निकाला गया हो वह उससे कुछ गुरु, पुष्टि-कारक और कफनाशक है। जिसमेंसे घी बिलकुल ही नहीं निकाला गया हो, वह घन, गुरु, पुष्टिकारक और कफवर्द्धक है।

वायुप्रशान्तिके लिए सोंठ, नमक और अम्लरसयुक्त तक्र प्रशस्त है।

पित्तप्रशमनके लिए चीनी और मधुर रस मिला कर घोल सेवन करना चाहिये।

कफप्रशमनके लिए त्रिकटुयुक्त घोल हितकर है।

घोलमें हींग, जीरा और सेंधा नमक मिला कर पीनेसे सब तरहकी वायु प्रशमित होती है। यह घोल रुचिकारक, पुष्टिकर, बलप्रद, वस्तिशूलनाशक, अर्श और अतीसार रोगमें विशेष फलदायक है।

गुड़मिश्रित घोल मूत्रकृच्छ्ररोगमें पीनेसे फायदा होता है।

अपक्व तक्र—कोष्ठगत कफनाशक, पर कण्ठगत कफकी वृद्धि करता है।

पक्व तक्र—पीनस, श्वास और कासरोगके लिए हित-कर है।

शीतकालमें, मन्दाग्नि, वायुरोग और अरुचिमें स्रोतोंके रुक जाने पर तक्र अमृतकी भांति फलप्रद है।

क्षतरोगमें दुर्बल शरीरमें, मूर्छा, भ्रम, दाह और रक्त-पित्त रोगमें तथा गर्मियोंमें तक्र नहीं सेवन करना चाहिये। (भावप्र० तक्रवर्ग)

तक्रकूर्चिका (सं० स्त्री०) तक्रेण या तक्रयोगेन उत्पन्नत्वात् जाता कूर्चिका। फटा हुआ दूध, छेना। इसका गुण—मलसंग्राहक, वायुवर्द्धक, रूक्ष तथा अत्यन्त गुरुपाक

और मन्दिर गुहादि द्वारा भी यह बहुत प्राचीन है ऐसा स्पष्ट अनुमान किया जाता है। फिर यह बहुत प्राचीन कालमें भी वाणिज्यका स्थान कह कर विख्यात तथा शिलाके राजभवनके निकट अवस्थित था। शिलाहारगणके नामानुसार ऐसा अनुमान किया जाता है, कि यह शिलाहारके राजाओंका बना हुआ है। शिलाहारगण भी तगर नगरको अपना आदिम वासस्थान मानते हैं। पुनः यह तुवार नगरके नेनाद्रि, मानभाड़ और शिवनेर इन तीन पर्वतों अर्थात् त्रिगिरिका मध्यवर्ती है। सुतरां त्रिगिरि शब्दके अपभ्रंशसे तगर होना असम्भव नहीं है। इस मतके विपक्षमें यह आपत्ति उठ सकती है, कि तुवार नगर पैठान (प्रतिष्ठान) नगरसे १०० मील पश्चिममें अवस्थित है, किन्तु टलेमी और पेरिप्लस-लेखक जबरमें कहते हैं, कि तगर नगर प्रतिष्ठान (पैठान) से १० दिनके रास्ते पर पूर्वकी ओर अवस्थित है। फिर भी सम्प्रति निजामकी राजधानी हैदराबाद नगरमें १७वीं शताब्दीका एक शिलालिप मिला है। उस शिलालिपमें तगर नगरवासी एक ब्राह्मणको भूमिदान करनेकी कथा लिखी है। इससे फिर वर्तमान हैदराबाद प्राचीन तगर नगरके जैसा अनुमान किया जाता है। टलेमीका भूगोल और पेरिप्लसका निर्दिष्ट अवस्थान भी हैदराबादके निकट पड़ता है *।

तगरपादिक (सं॰ क्लो॰) तगरस्य पादो मूलमस्त्यत्र इति ठन्। तगर।

तगरपादी (सं॰ स्त्री॰) तगरः गन्धद्रव्यभेदः पादे मूलेऽस्याः जातित्वात् ङीष्। तगरहक्ष।

तगला (हिं॰ पु॰) १ तकला। २ दो हाथ लम्बी सरकंडेका एक छड़। जुलाहे इससे नरी भरते हैं।

तगसा (हिं॰ पु॰) एक प्रकारकी लकड़ी। पहाड़ी लोग इससे ऊनको कातनेसे पहले साफ करनेके लिये पीटते है।

तगाई (हिं॰ स्त्री॰) १ सिलाईका काम। २ सिलाईका भाव। ३ सिलाईकी मजदूरी।

तगा-गौड़—गौड़ ब्राह्मणोंकी एक शाखा। ये विशेषतः मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर आदि जिलोंमें पाये जाते हैं। इस जातिके विषयमें भिन्न भिन्न विद्वानोंका भिन्न भिन्न मत है किन्तु उनमें जो सङ्गत प्रतीत होता है। इसीका यहां वर्णन किया जाता है—पहले ये लोग गौड़-ब्राह्मण ही थे, पीछेसे कृषिकार्य करने और ब्राह्मणकर्म भूल जानेसे लोगोंने इन्हें यज्ञोपवीतका सङ्केत दिखाते हुए कहा—"आप लोगोंने नाममात्रको यज्ञोपवीत रूप 'तागा' पहन रक्खा है।" तबसे लोग इन्हें 'तगागौड़' कहने लगे।

महामहोपाध्याय पण्डित लक्ष्मण शास्त्री लिखते हैं कि "गौड़-ब्राह्मणोंका एक भेद 'तगा' भी है। इनका ऐसा नाम इसलिए पड़ा कि ये लोग नाममात्रको तागा अर्थात् जनेऊ पहनते हैं, पर काम किसानोंका करते हैं और ब्राह्मणोंके कर्मोंसे अनभिज्ञ हैं। ये लोग न तो शास्त्र ही पढ़ते हैं और न पण्डिताई ही करते हैं। अन्य जातियां इन्हें अन्य ब्राह्मणोंकी तरह नमस्कार नहीं करती, वरन् राजपूत और बनियोंकी तरह 'राम राम' कहती हैं।" मि॰ आरवर्न आई॰ सी॰ एस॰ अपनी रिपोर्टमें (पृष्ठ २२०) लिखते हैं, कि "सर्वसाधारण जनसमुदायकी सम्मति है कि तगा और भूमिहार ये दोनों या तो ब्रह्मवंशीय हैं अथवा ब्राह्मण या क्षत्रिय इन दो वर्णोंके बीचमेंसे कोई एक होंगे।"

इस जातिकी आभ्यन्तरिक अवस्था पर लक्ष्य देनेसे मालूम होता है कि इनमें क्षत्रिय समुदाय भी सम्मिलित है, जैसे—चौहान, बरगला, पण्डेल, धैम आदि। इसी प्रकार इनमें कुछ ब्राह्मण वंश भी सम्मिलित हैं, यथा—सनाढ्य, दीक्षित, गौड़, वशिष्ठ आदि। इसलिए तगामात्रको ब्राह्मण मानना भूल है, किन्तु ब्राह्मणोंको ब्राह्मण और क्षत्रियोंको क्षत्रिय मानना उचित है।

मि॰ सी॰ एस॰ डब्ल्यु॰ सी॰ तथा राजा लक्ष्मणसिंहने लिखा है, कि, "एक राजाके यहां यह नियम था कि जो कोई ब्राह्मण स्त्री-सहित उनके राज्यमें आते थे वे बहुत दानदक्षिणासे सम्मानित किये जाते थे। लोभवश एक अविवाहित ब्राह्मण एक वेश्याको अपनी स्त्री बना कर उनके राज्यमें आया और दानदक्षिणा ले कर चला गया। पीछेसे यह भेद खुला, तो राजाने वेश्याको उसकी स्त्री बना दी और उससे उत्पन्न हुई सन्तानको नाममात्र·

* Bombay Gazetteer, Vol XVIII, part 2, p. 211.

को अलग या त्यागा पतित किया। यही सन्तान कालान्तरमें तगा ब्राह्मण कहाने लगी।" कनिङ्गहम साहब लिखते हैं, कि गौड़-ब्राह्मण और गौड़-तगा ब्राह्मण इन दोनोंका आदि स्थान उत्तर कोशल (गोंडा जिला) है, न कि बंगाल प्रान्तस्थ गौड़देश।

इन सब प्रमाणोंको देखते हुए यही स्थिर किया जा सकता है, कि ये गौड़-ब्राह्मण अवश्य हैं, पर अपने आचार व्यवहारमें कुछ गिरे हुए हैं।

तगाड़ा (हिं॰ पु॰) लोहेका छिछला बरतन। इसमें मजदूर मसाला या चूना रख कर जोड़ाई करनेवालोंके समीप ले जाता है।

तगादा (हिं॰ पु॰) तकाजा देखो।

तगाना (हिं॰ क्रि॰) तागनेका काम किसी दूसरेसे कराना।

तगार (हिं॰ स्त्री॰) १ वह गड्ढा जिसमें चूना गाड़ी जाती है। २ चूना गारा इत्यादि ढोनेका लोहेका छिछला बरतन। ३ हलवाइयोंका मिठाई बनानेका मिट्टीका बरतन।

तगारी (हिं॰ स्त्री॰) तगार देखो।

तगियाना (हिं॰ क्रि॰) तागना देखो।

तगीर (हिं॰ पु॰) परिवर्तन, बदली।

तगीरी (हिं॰ स्त्री॰) तगीर देखो।

तघार (हिं॰ स्त्री॰) तगार देखो।

तघारी (हिं॰ स्त्री॰) तगार।

तङ्क (सं॰ पु॰) तङ्क-अच्। १ पाषाणभेदनास्त्र, पत्थर काटनेकी टांकी। २ दुःख द्वारा जीवनधारण। ३ प्रिय विरहके लिये सन्ताप, वह दुःख जो किसी प्रियके वियोगसे हो। ४ भय, डर। ५ परिधेयवसन, पहननेका कपड़ा।

तङ्कन (सं॰ क्ली॰) तङ्क भावे ल्युट्। कष्ट द्वारा जीवन धारण।

तङ्का—मुद्राविशेष, एक प्रकारका सिक्का। यह संस्कृत टङ्क शब्दसे उत्पन्न हुआ है। पहले भारतवर्ष, तुर्किस्तान प्रभृति देशोंमें तङ्का प्रचलित था। अभी भी तुर्किस्तानमें तङ्गा या तङ्का नामक मुद्रा प्रचलित है। मुसलमान राजाओंके समय १४वीं शताब्दीमें सोने और चांदीका तङ्का ही व्यवहृत होता था। सम्प्रति तङ्का और टङ्काके बदले रुपया प्रचलित हुआ है। अभी रुपया जिस अर्थमें व्यवहृत होता है, एक समय तङ्का शब्द भी उसी अर्थमें प्रचलित था।

वर्द्धमान प्रभृति राजदरबारमें चलनसार कर्मचारी, मौलिक, अध्यापक सभापण्डित ब्राह्मणपण्डितको जो वृत्ति दी जाती है, उसे भी तङ्का कहते हैं।

तङ्गण (सं॰ पु॰) १ भोटदेशीय अश्व, भोट देशका घोड़ा। घोड़ा देखो।

२ महाभारत प्रधान पुराणवर्णित एक प्राचीन जनपद। यह वर्तमान अफगानिस्तानके निकट अवस्थित है। आर्यावर्त देखो।

तचाना (हिं॰ क्रि॰) तप्त करना, तपाना, जलाना।

तच्छील (सं॰ त्रि॰) तत् शील यस्य, बहुव्री॰। तत् स्वभावविशिष्ट, जो फलकी अपेक्षा न करके स्वभावके अनुसार काम करता है।

तज (हिं॰ पु॰) कोचीन, मलबार, पूर्व बंगाल, खासिया की पहाड़ियों और ब्रह्मदेशमें होनेवाला एक प्रकारका सदाबहार पेड़। यह तमाल और दारचीनीकी जातिका मझोले आकारका होता है। यह सिर्फ भारतवर्षमें ही नहीं होता वरं चीन, सुमात्रा और जावा आदि स्थानोंमें भी होता है। अर्थात् वाट जहां कहीं खूब पड़ती है वहां यह पेड़ बहुत जल्द बढ़ता है। कोई कोई इसे और दारचीनीके पेड़को एक ही मानता है, पर यथार्थमें यह उससे भिन्न है। इसी वृक्षका पत्ता तेजपत्ता और तज (लकड़ी) इसकी छाल है। इसमें सफेद सुगन्धित फूल लगते हैं। इसके फल करौंदेसे होते हैं। उनसे जो तेल निकलता है उससे दवा तथा वर्त्ती बनाया जाता है। यह वृक्ष प्रायः दो वर्ष तक जीवित रहता है। विशेष विवरण दारचीनी शब्दमें देखो।

तजकिरा (अ॰ पु॰) चर्चा, जिक्र।

तजगरी (फा॰ स्त्री॰) रन्दा तेज करनेकी लोहेकी पटरी। यह दो अंगुल चौड़ी और लगभग ६ इंच लम्बी होती है।

तजना (हिं॰ क्रि॰) त्यागना, छोड़ना।

तजरबा (अ॰ पु॰) १ परीक्षा, द्वारा प्राप्त ज्ञान, अनुभव ज्ञान, अनुभव। २ किसी बातका ज्ञान प्राप्त करनेकी परीक्षा।

स्त्रियोंको एक घरमें रख कर उसके चारों ओर बारूद संग्रह कर रखो और सङ्केत पाने पर उसमें आग लगा तुम तलवार हाथमें लिये युद्धके लिये बाहर रणभूमिमें निकल पड़ना। विजयराघव युद्ध करते करते मारे गये। इधर पुत्रने पिताका मृत्युसंवाद सुन कर अन्दर महल को बारूदमें आग लगा दी। तञ्जाउर श्मशानभूमिमें परिणत हो गया। राजभवनके दक्षिण-पश्चिम-कोणमें यह दुर्घटना हुई थी। यह अंश अब भी उसी तरह भग्नावस्थामें रह कर पूर्व दुर्घटनाका स्मरण दिलाता है।

तञ्जाउर जीते जाने पर गोलकुण्डनायकने एकमात्र-भ्राता एलागिरिको वहांका शासनकर्त्ता नियुक्त किया। एलागिरि पहले गोलकुण्डनायकके अधीनमें राज्य करने लगे; किन्तु कुछ कालके बाद उनके साथ मतान्तर हो जानेसे वे स्वाधीन हो गये। तञ्जाउरका राजभवन बारूदसे उड़ाये जानेके पहले एक दाई विजयराघवके नाबालिग पुत्रको ले कर नगपत्तनमें भाग आई थी। वह बालक किसी बनियेके घरमें भरणपोषण किया गया था। ४।५ वर्षके बाद विजयराघवके अन्यतम सेक्रेटरी वेनकण्ण नामक कोई नियोगी ब्राह्मण बालकका सन्धान पा कर स्वर्गीय राजाके कई एक आत्मीयवर्गोंकी सहायतासे उक्त बालक और दाईको साथ ले विजनगरको गये। जब विजापुरके सुलतानको पूरा ब्योरा मालूम हुआ, तब वे तञ्जाउरके नायकोंके दुःखसे अत्यन्त दुःखित हो गये। इस समय शियाजीके छोटे वैमात्र भाई एकोजी विजापुरके सेनानायकके पद पर अधिष्ठित थे। एलागिरिको भगा कर विजयराघवके नाबालिग पुत्र सिंहमालदासको तञ्जाउरके सिंहासन पर प्रतिष्ठित करनेके लिये विजापुरके सुलतानने एकोजीसे कहा। एकोजी जानते थे कि गोलकुण्ड नायकके साथ एलागिरिका विरोधभाव चल रहा है। अतएव उन्होंने शीघ्र ही आयमपट्टी नामक स्थानमें एलागिरि को पराजित कर सिंहमालदासको तञ्जाउरके राजपद पर अभिषिक्त किया। वेनकण्णने आशा की थी, कि सिंहमालदासके राजा होने पर उन्हें मन्त्रीका पद मिलेगा, किन्तु दाईके अनुरोधसे बनियां ही मन्त्री हुआ। इस पर वेनकण्ण नितान्त असन्तुष्ट हो कर एकोजीको राज्य अधिकार करनेके लिये बारबार उसकाने लगा। पहले तो एकोजीने इस ओर तनिक भी ध्यान न दिया, किन्तु विजापुरके सुलतानका मृत्युसम्वाद पा कर वे तञ्जाउरको जीतनेकी इच्छासे ससैन्य पहुँच गये। वेनकण्णने भी राजभवनमें सम्वाद दे दिया कि भारी विपत्ति आ पड़ी है। राजा इस घटनासे अत्यन्त भीत हो कर भाग चले। बिना युद्ध-व्यवधानके तञ्जाउर एकोजीके हाथ लगा। इस तरह तञ्जाउरमें महाराष्ट्रीय राजवंश स्थापित हुआ। यह घटना शायद १६७४ ई०में हुई होगी।

एकोजीके अन्यतम पुत्र तुकाजीके ५ लड़के थे। तुकाजीकी मृत्युके बाद सबसे बड़े लड़के बाबासाहब राजसिंहासन पर बैठे। १७३६ ई०में उनकी मृत्यु होने पर उनकी स्त्री सुजानाबाई राज्यशासन करने लगीं। किन्तु कोइलजी-घाटगे नामक किसी सचिवने रूपा नामकी किसी स्त्रीके पुत्रको एकोजीके २य पुत्र शरभोजीको उत्तराधिकारी कह कर स्थिर किया और किसी मुसलमान किलादारकी सहायतासे सुजानाबाईको राज्यसे भगा दिया। इस तरह वे रूपाके पुत्रके लिये सिंहासन-प्राप्त करनेमें समर्थ हुए। परन्तु अन्यान्य मन्त्रियोंने शीघ्र ही कोइलजीका यह षड्यन्त्र जान कर तुकाजीके २य पुत्र शाहजीको राजपद पर अभिषिक्त किया। १७४० ई०में तुकाजीके छोटे पुत्र प्रतापसिंह कई एक राजमन्त्रियोंकी सहायतासे शयाजीको भगा कर आप सिंहासन पर बैठे। १७४४ ई०में आर्काटके नवाबके साथ प्रतापसिंहकी दो बार लड़ाई छिड़ी। दोनों लड़ाइयोंमें पराजित हो कर प्रतापसिंहने नवाबको ७ लाख रुपयेका एक तमस्सुक लिख दिया।

१७४८ ई०में शयाजीने पुनः राज्य लौटानेके लिये सेण्टडेविड दुर्गके अंगरेज गवर्नरसे सहायता मांगी। प्रतापसिंहने आसन्नविपदको जान कर तुरन्तसे अंगरेजोंके साथ इस शर्त पर सन्धि कर ली, कि यदि उन्हें राजपदसे च्युत न करें, तो वे देवकोट नामक दुर्ग तथा उपस्थित युद्धका आयोजन-व्ययस्वरूप ६ हजार पैगोडा (सिक्का) अंगरेजोंको और शयाजीके खर्चके लिये वार्षिक ४००० पैगोडा अर्थात् (१४८००) रु० देंगे।

१७४८ ई०में प्रतापसिंहने आर्काटनवाबके भयसे उन्हें ५८ लाख रुपयेका एक दस्तावेज लिख दी। किन्तु कुछ

दिन बाद ही उन्होंने १००० अश्वारोही और २००० पदा-तिक सैन्य मल्होजीके सेनापतित्वमें महम्मद अलीकी सहा-यताके लिये चाँदसाहबके विरुद्ध भेजी। महम्मद अलीने जयलाभ कर तञ्जावुरके राजाको पुरस्कारस्वरूप बकाया दस वर्षका पेशकश (नजर) छोड़ दिया और कोइलदी तथा मन्नाडु नामके दो प्रदेश भी दिये।

१७५२ ई०में प्रतापसिंहने मन्त्री मणोजीके कुपरा-मर्शसे सेनापति मल्होजीको कार्यसे अलग कर दिया। मुरारिराव यह जान कर कोइलदी अधिकार कर तञ्जावुरकी ओर अग्रसर होने लगे। राजाने कोई उपाय न देख कर मल्होजीका शरण ली। मल्होजीने महाराष्ट्रीय सेनापतिको मार भगाया।

१७५४ ई०में फरासीसी सेनानायकने तञ्जावुर राज्य लूट कर कोलरूणका बाँध काट दिया। प्रतापसिंहने अंगरेजोंकी सहायतासे पुनः कोलरूण नदीका बाँध संस्कार कर लिया।

१७५८ ई०में प्रतापसिंहने चाँदसाहबको जो ५६ लाख रुपयेकी दस्तावेज लिख दी थी, वह फरासीसी गवर्नरके हाथ लगी। इस रुपयेको पानेके लिये फरासीसी गवर्नर काउण्ट लाली कई एक स्थान लूट कर तञ्जावुर दुर्गके सामने आ पहुँचे। इस समय उनको बारूद और रसद कम गई। राहमें जाते समय प्रतापसिंहने उनका अनु-सरण कर उन्हें राज्यसे बाहर निकाल भगाया।

महम्मद अली अंगरेजोंके साथ लड़ाईका खर्च चुकानेमें बहुत ऋणग्रस्त हो गये थे। उन्होंने नवाब हो कर ऋण-परिशोधकी कोई सुविधा न देखी। अन्तमें जब उन्हें मालूम पड़ा, कि प्रतापसिंह कई वर्षोंसे पेशकश नहीं देते हैं, तब उन्होंने सोचा, कि तञ्जावुरको ग्रास अपने दखलमें लानेसे बहुत नगद रुपये मिल सकते हैं। यह सोच कर उन्होंने मन्द्राजके गवर्नरसे सहायता माँगी। उक्त प्रस्तावमें सहमत न हो कर उन्होंने राजाका बाकी पेशकश चुकानेके लिये कौंसिलके अन्यतम सदस्य कोमियार-डो-प्रेको भेजा। उन्होंने यह मीमांसा की, कि राजा प्रति वर्ष नवाबको ४ लाख रुपये पेशकश देंगे, बाकी पेशकश (२२ लाख रुपये) दो वर्षोंके मध्य तीन दफेमें परिशोध करना होगा। यह सन्धि १७६२ ई०में हुई थी।

कावेरीके उत्तरी किनारे त्रिचिनापल्लीके निकट मौसूर नामक स्थानमें एक बाँध था। राजा प्रतापसिंह-की प्रार्थना और व्ययसे त्रिचिनापल्लीके शासनकर्त्ता महम्मदअलीने उसे बनाया था। अभी उक्त शासनकर्त्ता और अभी राजाके ऊपर उस बाँधको मरम्मत होती रही। १७६४ ई०में उसका एक स्थान टूट गया। नवाबने उस को मरम्मत न की और न तो राजाको ही उसे मरम्मत करनेकी अनुमति मिली। इस समय तुलजाजी तञ्जावुर (तञ्जोर)-के राजा थे। उन्होंने भयभीत हो कर अंगरेज गवर्नरकी सहायता ली। इस समयसे जब कभी बाँधको मरम्मत करनेका आवश्यक होता, तभी राजाको अंगरे-जोंसे सहायता लेनी पड़ती थी।

इसके बाद हैदरअलीके तञ्जोर आक्रमण करने पर राजाने उन्हें प्रचुर धन दिया। १७६८ ई०में उनके साथ राजाकी एक सन्धि हुई। शिवगङ्गाके राजा ८ वर्ष पहले तञ्जोरकी जो सम्पत्ति ले गये थे, राजा तुलजाजीने १७७१ ई०में उसे पुनः अपने अधिकारमें किया। इस पर नवाब बहुत अप्रसन्न हुए। राजाके यहाँ दो वर्षका कर बाकी है, इसी छलसे तञ्जोर आक्रमण करनेमें वे सम-उद्यत हुए। २७ सितम्बरको नवाबपुत्रने तञ्जोरका दुर्ग अवरोध किया, बाद २७ तारीखको राजाने बाध्य हो कर उनके साथ सन्धि कर ली। सन्धिपत्रमें यह शर्त रही, कि २ वर्षका बाकी पेशकश ८ लाख रुपये और युद्धव्यय-स्वरूप ३२ लाख रुपये नवाबको देंगे और शिव-गङ्गाके राजाका जो सम्पत्ति ली गई है, उसे लौटा देंगे; आर्णी, विनायुर, एलाङ्गाय, और कोइलदी छोड़ देंगे तथा उक्त ३२ लाख रुपये चुकानेके लिये मायावरम् और कुम्भकोणम् ये दोनों प्रदेश दो वर्षके लिये नवाबके अधिकारमें छोड़ देंगे, राजा नवाबके मित्रके साथ मित्रता और शत्रुके साथ शत्रुता रखेंगे। १७७१-७२ ई०का पेशकश फिर बाकी रह जानेसे नवाबने १७७३ ई०में अंगरेज गवर्नरके निकट तञ्जोरराजके विरुद्ध यह नालिश की, कि पेशकश बाकीमें दस लाख रुपये बाकी रह गया है। राजा हैदरअली और महाराष्ट्रके साथ मिल कर अंगरेजोंके विरुद्ध षड्यन्त्र कर रहे हैं। अंगरेज गवर्नरकी आज्ञासे सेनापति स्मिथने त्रिच-

कर महीनेमें तन्जोर पाकर राजा तुलजाजीको कैद कर लिया और नवाब तन्जोरके प्राय अधिकारी हो गये।

डाइरेक्टरोंके निकट यह संवाद पहुंचने पर उन्होंने असन्तोष प्रकाश किया। वे बोले कि १७६२ ई०की सन्धिके अनुसार अंगरेज गवर्मेण्ट तुलजाजीको सहायता करनेमें बाध्य है। पेशकशके बाकी रह जानेसे राजाको कैद कर लेना मन्द्राज-गवर्नरने बहुत अन्याय किया है। उन्होंने पिगट साहबको मन्द्राजका गवर्नर नियुक्त कर यह आज्ञा दी, कि उन्हें तुलजाजीको सिंहासन पर पुनः अधिष्ठित करना होगा। राजा नवाबको वार्षिक ४ लाख रुपये पेशकश देंगे। मन्द्राज गवर्नरकी अनुमतिके अनुसार नवाबके साहाय्यार्थ राजा समय समय पर सैन्य-साहाय्य करेंगे और राजा अंगरेजके मित्र बने रहेंगे। एक दल अंगरेजी सेना तन्जोरमें रह कर शान्ति रक्षा करेगी और उसका खर्च राजाको देना पड़ेगा। अंगरेजोंकी अनुमतिके बिना राजा किसीसे सन्धि-स्थापन नहीं कर सकते।

डाइरेक्टरोंके आदेशानुसार पिगट साहबने १७७६ ई०के ११ अप्रेलको तुलजाजीको तन्जोरके सिंहासन पर अभिषिक्त किया। १२ अप्रेलको राजाने सन्धिपत्र पर अपना हस्ताक्षर किया। और अंगरेजी-सेनाके खर्चके लिये वार्षिक १४ लाख रुपये देनेको स्वीकार किया।

१७८१ ई०में हैदरअलीने तन्जोरका दुर्ग छोड़ कर और सभी जगह ६ मास तक अपना अधिकार जमाये रखा था।

१७८७ ई०में तुलजाजीकी मृत्यु हुई। उन्होंने मरनेके पहले सरभोजी नामक किसी आत्मीय-पुत्रको दत्तक लिया था। किन्तु उनकी मृत्युके बाद उनके छोटे भाई, दत्तक-शास्त्रसङ्गत नहीं है, यह अंग्रेजके निकट प्रमाण कर आप स्वयं राजा हो गये। तुलजाजीकी विधवा स्त्रीको वार्षिक ६ हजार और सरभोजीको ११ हजार पैगोडा (सिक्का) देना कबूल कर सन्धिपत्र पर हस्ताक्षर किया।

मन्द्राजमें रहते समय तुलजाजीकी विधवा स्त्रीने लार्ड कर्नवालिसके निकट दत्तकग्रहण शास्त्रसङ्गत है या नहीं इसका अनुसन्धान करनेके लिये आवेदन किया। बनारस (काशी) प्रभृति स्थानोंके पण्डितोंके मतानुसार देखा गया, कि दत्तकग्रहणमें कोई दोष नहीं है। डाइरेक्टरोंको यह बात मालूम होने पर, उन्होंने सरभोजीको राज्यसिंहासन पर अभिषिक्त करनेका आदेश किया। मार्किस आफ वेलेसलीने १७९८ ई०में उक्त आदेशको कार्यमें परिणत किया।

राजकार्यमें सरभोजीकी अनभिज्ञता रहनेसे मन्द्राज-गवर्मेण्टने उनके बदले कुछ काल तक राज्यशासन किया था।

१७९८ ई०के २५ अक्तूबरमें जो सन्धि हुई, उसमें यह शर्त थी, कि वृटिशगवर्मेण्ट राजाके प्रतिनिधिस्वरूप तन्जोर पर शासन करेगी। राजा दुर्गमें रह कर एक लाख पैगोडा और समस्त आयका ⅕ अंश मात्र पायेंगे। इस सन्धिके अनुसार तन्जोर-दुर्गको छोड़ कर और सभी प्रदेश एक प्रकारसे वृटिशसाम्राज्यभुक्त हो गये थे। महाराष्ट्रवंशीय राजाओंने १२२ वर्ष तक यहां राज्य किया था।

सरभोजीके बाद उनके पुत्र २य शिवाजीने विरुदपट पाया। शिवाजीने मरनेके पहले एक दत्तकपुत्र ग्रहण किया था। किन्तु मार्किस आफ डलहौसीने उस दत्तकको स्वीकार न कर १८५५ ई०में तन्जावुर राज्यका अस्तित्व लोप कर दिया। राजपरिवारवर्गको मासिक वृत्ति निर्धारित हुई थी।

अभी तन्जोरकी पूर्वश्री जाती रही। दुर्ग कहीं कहीं टूट-फूट गया है। राजभवनकी भी अच्छी तरह मरम्मत नहीं होती है। रानियोंकी भूसम्पत्ति रिसीवरोंके हाथ लगी। इस सम्पत्तिकी वार्षिक आय १॥ लाख रुपये है। तन्जोरका सरस्वती-भवन नामक पुस्तकालय सुरक्षित है। इस पुस्तकागारमें राजा सरभोजी बहुतसे हस्तलिखितग्रन्थ संग्रह कर गये हैं।

तन्जोरमें वृहदीश्वर महादेवके मन्दिरके पश्चिम-उत्तर कोणमें सुब्रह्मण्य स्वामीका मन्दिर विशेष उल्लेखयोग्य है। इसकी गठन-प्रणाली बहुत अच्छी है। प्रसिद्ध मन्दिरके सामने जो प्रकाण्ड नन्दीकी मूर्ति है, उसके विषयमें एक प्रवाद सुना जाता है। नन्दीकी आकृति पहले बहुत छोटी थी। किसी समय उस मूर्तिकी रक्षा

हुई कि मैं शिवजीके आयतनमें बड़ी हो जाऊँ। यह सोच कर वह प्रतिदिन बढ़ने लगी। शिवजी भी नन्दी से छोटे रहनेकी इच्छा न करते हुए दिनों दिन बढ़ने लगे। सर्वसाधारण यह देख कर बहुत संकटमें पड़ गये। अन्तमें उन्होंने नन्दीकी वृद्धि निवारण करनेके लिये नन्दी के पिछले भागमें एक बड़ी लोहेकी कील ठोक दी। उस दिनसे नन्दी और बढ़ न सकी। महादेव भी उसी अवस्थामें हैं। यह प्रवाद सत्य या असत्य जो कुछ हो, किन्तु इस तरहका बड़ा मन्दिर, लिङ्ग और नन्दी-मूर्ति अन्यत्र देखनेमें नहीं आती।

हिन्दू राजाओंके शासनकालमें तञ्जोर सब प्रकारके शिल्प, वाद्ययन्त्र, स्वरविद्या, काव्यरचना और चित्रविद्या का केन्द्रस्वरूप था। अभी उक्त सभी विषय धीरे धीरे लोप होते जा रहे हैं। लेकिन अब भी तञ्जोरमें जो चित्र बनता है, वह अत्यन्त मनोहर दीख पड़ता है। हालमें यह कलकत्तेके आर्टस् डिपोके चित्रकी अपेक्षा अनेक अंशमें श्रेष्ठ है।

२ मन्द्राज प्रदेशके अन्तर्गत तञ्जोर जिलेका प्रधान उपविभाग और तालुक। यह अक्षा० १०° २६´ से १०° ५५´ उ० और देशा० ७८° ४७´ से १८° २२´ पू०में अवस्थित है। भू-परिमाण ६९८ वर्गमील और जनसंख्या प्रायः ४०७१९८ है। इसमें तञ्जोर, तिरुवदी, वल्लम और अय्यमपेत नामके चार शहर तथा ३१२ ग्राम लगते हैं। दक्षिण भारतीय रेलवे इस उपविभागके मध्यमें प्रवेश कर तञ्जोर नगर होता हुआ पश्चिमको गया है। यहां सब जमीनोंसे धानकी फसल हो अच्छी होती है।

३ मन्द्राज प्रदेशके अन्तर्गत तञ्जोर जिलेका प्रधान नगर और सदर। इसका प्रकृत नाम तञ्जापुर है। यह अक्षा० १०° ४७´ उ० और देशा० ७९° ८´ पू० पर दक्षिण भारतीय रेलवेके किनारे मन्द्राजसे २१८ मील और तुतीकोरिनसे २२६ मीलकी दूरी पर अवस्थित है। जनसंख्या प्रायः ५७८७० है, जिनमेंसे सैकड़े ८५ हिन्दू, ६६०० मुसलमान, ४७८६ ईसाई और १५४ जैन हैं।

यहां जिलेके जज, कलक्टर, मजिष्ट्रेट आदि वास करते हैं। इस नगरमें म्युनिसपालिटी है।

यह नगर पहले दक्षिण प्रदेशके प्रथम पराक्रान्त हिन्दू-राजवंशकी राजधानी तथा राजनीति, धर्मनीति, विद्यानुशीलन प्रभृतिका केन्द्रस्थान था। यह स्थान प्राचीन हिन्दू राजाओंकी कीर्ति तथा पूर्वतन गौरवमहिमाका परिचायक है। यहांका मन्दिर भुवनविख्यात है और इसकी ऊंचाई १८० फुट है। इसके सिवा उस मन्दिरमें और बहुतसे छोटे छोटे देवालय हैं। उनमेंसे किसी किसीकी गठनप्रणाली और निर्माणचातुर्य देखनेसे आश्चर्य लगा रहता है। मन्दिरकी देवमूर्ति एवं मूर्ति आदि भी विस्मयकर है।

तञ्जोरका भग्नावशिष्ट दुर्ग बहुत दूर तक फैला हुआ है। दुर्गके प्राचीरके अभ्यन्तर ही राजप्रासाद और नगर स्थापित है। राजप्रासादकी प्रकाण्ड अट्टालिकाओं-मेंसे एकके अन्दर राजाओंका पुस्तकालय था। उसमें इतने संस्कृतग्रन्थ थे कि उतने और कहीं पाये नहीं जाते। मन्द्राजके सिविलसर्विसके भूतपूर्व डाक्टर वार्णेल-ने उन पुस्तकोंकी एक सूची बनाई है।

तञ्जोर नगर बारीक शिल्पकार्योंके लिये विख्यात है। यहांका रेशमी कार्पेट, मखमली कपड़ेका अंगरखा, ताम्बेका तार, तरह तरहके खिलौने इत्यादि अत्यन्त सुन्दर होते हैं। तञ्जोरसे ले कर पूर्वकी ओर समुद्र किनारे नागपत्तन बन्दर तक तथा पश्चिममें त्रिचिनापल्ली तक रेलवे द्वारा संयुक्त है।

तटंक (हिं० पु०) कर्णफूल, एक प्रकारका गहना जो कानमें पहना जाता है।

तट (सं० क्ली०) तट-अच्। १ नदी प्रभृतिका कूल, किनारा, तीर। २ उच्चभूमि, ऊंची जमीन। (पु०) ३ शिव। शिवको प्रधान देवता समझ कर उनका नाम तट रखा गया है। "नमस्ताय तटाय च तटाय चसरे नमः।"

(भारत १३।१७।१६)

(त्रि०) ४ उच्छिन्न, उन्नत, उठा हुआ।

तटग (सं० पु०) तड़ाग पृषो० साधुः। १ तड़ाग, तालाब, सरोवर (त्रि०) तट गम-ड। २ तटगामी, तालाब पर जानेवाला।

तटस्थ (सं० त्रि०) तटे स्थीयते तिष्ठति स्था-क। १ समीप स्थित, समीप रहनेवाला। २ उदासीन व्यक्ति, निरपेक्ष.

जो किसीका पक्ष ग्रहण न करे। ३ तीरस्थ, किनारे पर रहनेवाला। ४ उदास। ५ अमंगल, आशयान्वित विन्हित। (पु०) ६ लक्षणविशेष, किसी पदार्थका वह लक्षण जो उसके स्वरूपको नहीं वरन गुण और धर्मको ले कर कहा जाय। लक्षण देखो।

प्रत्येक वस्तु दो प्रकारके लक्षणों द्वारा समझी जा सकती है—एक स्वरूप-लक्षण और दूसरा तटस्थलक्षण।

किसी बातका अर्थ समझाते समय जिस विशेषणके कहनेसे विशेष कुछ मर्म न समझा जाय सिर्फ एक ही बातका अर्थ समझ पड़े अर्थात् पहलेकी बातसे जिस अर्थका बोध हो दूसरी बार समझाने पर भी उतना ही समझ पड़े, उसको स्वरूपलक्षण विशेषण कहते हैं। एक उदाहरण दिया जाता है,—कलस और कुम्भ, इस जगह कुम्भ, कलसका स्वरूपलक्षण विशेषण हुआ, तथा कलस भी कुम्भका स्वरूपलक्षण विशेषण हो सकता है, कारण यहां कुम्भ शब्दके द्वारा कलसका या कलस शब्दके द्वारा कुम्भका विशेष मर्म नहीं मालूम पड़ता। कुम्भ कहनेसे जितना ज्ञान होता है, कलस कहनेसे भी उतना ही समझ पड़ता है। कुछ विशेष ज्ञान नहीं होता। और भी एक दृष्टान्त दिया जाता है,—किसीने आपसे पूछा, "व्योम क्या चीज है?" आपने कहा, "व्योम शून्य पदार्थ है।" किन्तु इस शून्य शब्दसे व्योमका कुछ मर्म नहीं मालूम हुआ। व्योम कहनेसे पहले जितना ज्ञान हुआ था, शून्य कहनेसे भी उतना ही ज्ञान हुआ। अतएव शून्य शब्द व्योमका स्वरूपलक्षण हुआ। यह तो हुआ स्वरूपलक्षणका वर्णन, अब तटस्थलक्षणका वर्णन किया जाता है। किसी अन्य वस्तुकी सहायतासे यदि अन्य किसी वस्तुका लक्ष्य किया जाय तो वैसे वाक्यको तटस्थलक्षण कहते हैं।

यह तटस्थलक्षण भी उक्त व्योम या शून्यके दृष्टान्तसे समझा जा सकता है।

आपसे किसीके यह पूछने पर कि, व्योम या शून्य पदार्थ क्या है, आपने उत्तर दिया कि, इस घरमें यहांसे वहां तक जितना सब व्योम या शून्य है। यहां स्थानको सहायतासे शून्य पदार्थको समझाया गया, इसलिए यह वाक्य तटस्थलक्षण हुआ।

ब्रह्मको भी उक्त दोनों लक्षणोंसे समझाया जा सकता है। ब्रह्म चित्स्वरूप है, सत्स्वरूप है, आनन्दस्वरूप है इत्यादि कहनेसे उनका स्वरूपलक्षण प्रकट होता है, क्योंकि इसके द्वारा उनका विशेष कुछ ज्ञान नहीं हुआ। चित् कहनेसे जितना बोध होता है, सत् कहनेसे भी उतना ही ज्ञान होता है तथा ब्रह्म इत्यादि कहनेसे भी उतना ही बोध होता है। हां, जब यह कहा जाय कि, वे कर्त्ता हैं, हर्त्ता हैं और विधाता हैं तो कर्तृत्व, हर्तृत्व, विधातृत्वादि गुणोंकी सहायतासे उनका लक्ष्य किया गया, अतएव यह तटस्थलक्षण हुआ। क्योंकि कर्तृत्वशक्ति और पालयितृत्वादि शक्तियां प्राकृत पदार्थ अर्थात् प्रकृतिसे विकाशित होती हैं। इसलिए यह ब्रह्मका कोई गुण या शक्ति नहीं है, यह तो ब्रह्मसे विभिन्न ही पदार्थ है। अतिरिक्त या पृथक्भूत किसी वस्तुकी सहायतासे किसी वस्तुका प्रकाश किया जाय तो तटस्थलक्षण विशेषण हुआ करता है। स्वरूपलक्षण देखो।

तटाक (सं० पु०) तट-आकन् या तटं अकति अक-अण्। तड़ाग, सरोवर, तालाब।

तटाघात (सं० पु०) तटे आघातः, ७-तत्। वप्रक्रीड़ा, पशुओंका अपने सींगों या दांतोंसे जमीन खोदना।

तटिनी (सं० स्त्री०) तटमस्त्यस्याः तट-इनि ततो ङीप्। नदी, सरिता, दरिया।

तटी (सं० स्त्री०) तट-अच्-ततो ङीष्। १ तीर, तट, किनारा। २ नदी, दरिया। ३ तराई, घाटी।

तट्य (सं० पु०) तटं उच्छ्रायं अर्हति तट-यत्। शिव, महादेव। "नमस्तटाय तट्याय।" (भा० १३।१८४।११)

तड़ (हिं० पु०) १ पक्ष, तरफ। २ स्थल, जमीन। ३ वह शब्द जो थप्पड़ आदि मारने या कोई चीजके पटकनेसे उत्पन्न होता है। ४ लाभका आयोजन।

तड़प (हिं० स्त्री०) १ तड़कनेकी क्रिया। २ वह चिह्न जो तड़कनेके कारण किसी चीज पर पड़ जाता है। ३ स्वाद लेनेकी इच्छा, चाट। ४ चरन, कड़ी।

तड़कना (हिं० क्रि०) १ चटकना, कड़कना। २ किसी चीजका सूखने आदिके कारण फट जाना। ३ उच्चस्वरसे शब्द करना, जोरकी आवाज करना। ४ बिगड़ना, झुंझलाना, बिगड़ना। ५ उछलना तड़पना, कूदना।

तड़का (हिं॰ पु॰) १ प्रभात, प्रातःकाल, सुबह। २ बघार, घी और कुछ मसाला गर्म करके दाल आदि तरकारियोंमें डालना।

तड़काना (हिं॰ क्रि॰) १ किसी सूखी हुई चीजको फाड़ना २ उच्च शब्द करना, जोरसे आवाज करना। ३ किसीको क्रोध दिलाना।

तड़ग (सं॰ पु॰) तड़ाग पृषो॰ साधुः। तड़ाग, सरोवर।

तड़तड़ाना (हिं॰ क्रि॰) तड़ तड़ शब्द होना।

तड़तड़ाहट (हिं॰ स्त्री॰) तड़तड़ानेकी क्रिया।

तड़प (हिं॰ स्त्री॰) कूदनेकी क्रिया। २ चमक, भड़क।

तड़पदार (हिं॰ वि॰) भड़कीला, चमकीला, भड़कदार।

तड़पना (हिं॰ क्रि॰) १ व्याकुल होना, छटपटाना, तड़फड़ाना। २ घोर शब्द करना, चिल्लाना।

तड़पवाना (हिं॰ क्रि॰) कूदनेका काम किसी दूसरेसे कराना।

तड़पाना (हिं॰ क्रि॰) १ मानसिक वा शारीरिक वेदना पहुंचा कर व्याकुल करना। २ किसीको गरजनेके लिए बाध्य करना।

तड़फड़ाना (हिं॰ क्रि॰) तड़पना देखो।

तड़फना (हिं॰ क्रि॰) तड़पना देखो।

तड़बंदी (हिं॰ स्त्री॰) समाज इत्यादिमें पृथक् पृथक् दल बनना।

तड़ाक (सं॰ पु॰) ताड्यते, दलिष्यते ऊर्मिभिः तड़-आक। पिनाकादयश्च। उण् ४।१५। तड़ाग, तालाब।

तड़ाक (हिं॰ पु॰) १ किसी पदार्थके फटनेका शब्द। (क्रि॰ वि॰)। २ जल्दीसे, चटपट, तुरन्त।

तड़ाका (सं॰ स्त्री॰) तड़ाक स्त्रियां टाप्। १ नदी और समुद्रका तटभाग। २ आघात, चोट। ३ प्रभा, दीप्ति, चमक।

तड़ाका (हिं॰ पु॰) कलाबत्तू बुननेवालोंका एक औज़ार। इसकी लम्बाई प्रायः एक बालिश्त होती है और यह मचिये बंधा रहता है।

तड़ाग (सं॰ पु॰) तड़ आग। तटाकवत्। इति निपातनात् साधुः। १ मृगहरिण, पक्षि इत्यादि पकड़नेका फंदा। २ जलाशय विशेष, पुष्कर, तालाब। इसके संस्कृत पर्याय—पद्माकर, तड़ाक, तटाक और तड़ग है। पांच सौ धनुष तक पुष्करिणी, दीर्घिका तथा समस्त भूभागमें रहनेवाले तथा बहुत दिनोंका जलाशयको तड़ाग कहते हैं। २४ अंगुलीका एक हाथ और चार हाथका एक धनुष माना गया है। एक सौ धनुष परिमित स्थानके जलाशयको पुष्करिणी कहते हैं, और पांच सौ धनुष परिमित स्थानके जलाशयको तड़ाग कहते हैं।

'प्रारब्धभूमिभागस्थो बहु स्वेदसेविनः।
जलाशयस्तड़ागः स्यात् श्रोतियो न दर्शितः॥' (शब्दार्थचि॰)
"धनुःशतप्रमाणेन पुष्करिणी पञ्चकाश्मरी।
तस्माच्चतुर्गुणैव प्रायस्तु पुष्करिणी तथा॥
एतद् पञ्चगुणः प्रोक्तः तड़ाग इति निर्णयः॥" (वह्नि)

इसके जलका गुण—वायुवर्द्धक, स्वादु, कषाय और कटुपाक तथा शिशिर और हिमकालमें अत्यन्त प्रशस्त है। (राजव॰) जो मनुष्य यथाविधिसे तड़ागोत्सर्ग करते हैं, वे एक कल्प ब्रह्मालयमें और उसके बाद दिव्ययुग स्वर्गमें वास करते हैं। उत्सर्गविधिका विशेषविवरण पुष्करिणी प्रतिष्ठा देखो।

कालविशेषमें तड़ागके जलका फल—

वर्षा और शरत्कालमें अवस्थित जल अग्निष्टोमयज्ञ सदृश, हेमन्त और शिशिरकालमें वाजपेय, वसन्तकालमें अश्वमेध और ग्रीष्मकालमें राजसूयफल सदृश फलदायक है।

"प्रावृट्काले स्थितं तोयं अग्निष्टोमफलं स्मृतम्।
शरत्काले स्थितं तोयं तदुक्तफलदायकम्॥
वाजपेयफलं हेमन्तशिशिरस्थितम्।
अश्वमेधफलं प्राहुर्वसन्तसमयस्थितम्॥
ग्रीष्मेऽपि तु स्थितं तोयं राजसूयफलाधिकम्॥" (पद्मपुराण)

जो तड़ागोत्सर्ग करते हैं। वे ही इस फलको पाते हैं। एक तड़ागोत्सर्ग करनेसे ही मनवाञ्छित फल होता है।

तड़ागज (सं॰ पु॰) कामकोठ, एक प्रकारका कन्द, मनमाद।

तड़ातड़ (हिं॰ क्रि॰) तड़ तड़ शब्दके साथ।

तड़ाना (हिं॰ क्रि॰) ताड़नेका काम किसी दूसरेसे कराना।

तड़ावा (हिं॰ स्त्री॰) १ आडम्बर, ऊपरी तड़क-भड़क। २ धोखा, कपट, छल।

तड़ि (सं॰ पु॰) तड़-आघाते तड़-इन्। १ आघात, चोट। (त्रि॰) २ आघातकर्त्ता, चोट पहुँचानेवाला।

तड़ित् (सं॰ स्त्री॰) ताड़यत्यभ्रं तड़-आघाते इति प्रत्ययः। ताड़ेरिलच्। उण् १।१००। विद्युत्, बिजली।

विद्युत् देखो।

तड़ित्कुमार (सं॰ पु॰) जैनोंके एक देवता। ये भुवनपति देवगणोंमें हैं।

तड़ित्पति (सं॰ पु॰) मेघ, बादल।

तड़ित्प्रभा (सं॰ स्त्री॰) तड़ितः प्रभेव प्रभा यस्याः बहुव्री॰। १ कुमारानुचर मातृभेद, कार्त्तिकेयकी एक मातृकाका नाम।

"केशयन्त्री त्रुटिनामा क्रोशनाऽथ तड़ित्प्रभा।"

(भारत शल्य ४६ अ॰)

(त्रि॰) २ विद्युत्सदृश दीप्तियुक्त, जिसमें बिजलीकी चमक हो।

तड़िलत् (सं॰ पु॰) तड़ित् विद्यतेऽस्य मतुप् मस्य वः, अपदान्तत्वात् तस्य न दः। १ मेघ, बादल। २ मुस्तक, नागरमोथा। (त्रि॰) ३ तड़िद्विशिष्ट, विद्युद्युक्त।

तड़िल्वती (सं॰ त्रि॰) तड़िल्वत् स्त्रियां ङीप्। तड़ित्युक्त, जिसमें बिजलीकी चमक हो।

तड़िद्गर्भ (सं॰ पु॰) तड़ितो गर्भे यस्य, बहुव्री॰। मेघ बादल।

तड़िन्मय (सं॰ त्रि॰) तड़िदात्मकः स्वरूपे तड़ित् मयट्। तड़ित् स्वरूप, बिजलीके सदृश।

तड़िया (हिं॰ स्त्री॰) समुद्रके तटकी वायु।

तड़ी (हिं॰ स्त्री॰) १ थप्पड़, धोल। २ धोखा, छल। ३ बहाना, हीला।

तण्ड (सं॰ पु॰) तड़ि अच्। १ ऋषिविशेष, एक ऋषिका नाम। (स्त्री॰) भावे अ। २ आहति, चोट, मार।

तण्डक (सं॰ पु॰) तण्डति मुख्यति तण्ड-ण्वुल्। १ खञ्जन पक्षी। २ फेन। ३ समासबहुलवाक्य, वह वाक्य जिसमें बहुतसे समास हों। (स्त्री॰) ४ स्तम्भदारुविशेष, गृहस्तम्भ, घरमें लगाये जानेका खम्भा। ५ तरुस्कन्ध, पेड़का तना। ६ परिष्कार, शुद्धि, सफाई। ७ बहुरूपी, बहुरूपिया। ८ शैल। (त्रि॰) ९ मायाबहुल, मायावी। १० उपघातक, नाश करनेवाला।

तण्डि (सं॰ पु॰) सत्ययुगके एक ऋषिका नाम। इन्होंने दस हजार वर्ष शिवजीकी आराधना की। बाद शिवजीने इनकी तपस्यासे संतुष्ट हो इन्हें दर्शन दे कर कहा था "मैं तुमसे बहुत प्रसन्न हुआ, तुम्हें मेरे प्रसादसे एक पुत्ररत्नकी प्राप्ति होगी। यह पुत्र यशस्वी, तेजस्वी, दिव्य-ज्ञानसमन्वित, अमर और वेदका सूत्रकर्त्ता होगा।" शिवजीके वरसे तण्डिके एक पुत्र उत्पन्न हुआ। तण्डिके पुत्रने ही यजुर्वेदीय ताण्डिन शाखाका कल्पसूत्र प्रणयन किया था। (भारत अनु॰ १६।१७ अ॰)

तण्डु (सं॰ पु॰) महादेवजीके द्वारपाल, नन्दिकेश्वर।

'नन्दी भृङ्गिरिटस्तण्डु नन्दिनौ नन्दिकेश्वरः।' (शब्दरत्नाकर को॰)

तण्डुरीण (सं॰ पु॰) तण्डुलार्थं ईरण् तस्य भवः ठः। १ कीटमात्र, कीड़ा मकोड़ा। (क्ली॰) तण्डुले भवः ठः यस्य वः। २ तण्डुलोदक, चावलका पानी। (त्रि॰) ३ बर्बर, असभ्य, जङ्गली।

तण्डुल (सं॰ पु॰-क्ली॰) तण्डते आहन्यते तड़-उलच्। सानसिवर्णसीति। उण् ४।१०७। १ निस्तुष धान, चावल। चावल देखो। २ चौड़ङ्ग, वायविड़ङ्ग। ३ तण्डुलीयशाक, चौलाईका साग। ४ प्राचीन कालकी तौलका एक तौल जो ८ सरसोंके बराबर होता है।

तण्डुल-जल (सं॰ पु॰) तण्डुलोदक, चावलका पानी। यह वैद्यकमें बहुत हितकर बतलाया गया है। इसके प्रस्तुत करनेकी दो प्रणाली हैं—(१) चावलको कूट कर अठगुने जलमें पका कर छान लिया जाता है, यह उत्कृष्ट तण्डुल-जल है। (२) चावलको थोड़ी देर तक भिगो कर छान लिया जाता है, यह साधारण तण्डुलजल है।

तण्डुलपरीक्षा (सं॰ स्त्री॰) तण्डुलेन परीक्षा, ३-तत्। दिव्यविशेष, नौ प्रकारके दिव्योंमेंसे एक। याज्ञवल्क्यमें लिखा है कि किसी चीजकी चोरी होने पर विचारक इस दिव्यका प्रयोग करें। इसका विधान—चावलको अच्छी तरह धो कर उसे देवताके सामने जलमें एक नवीन मट्टीके पात्रमें भिगो कर एक रात तक रख देना चाहिये। दूसरे दिन विचारक शुचि हो कर नियमपूर्वक आसन पर बैठें। बाद शिष्यके ऊपर मन्त्र पढ़ उसे स्नान करा कर पूर्वकी ओर बैठावे। तब एक भोजपत्रके ऊपर अथवा उसके अभावमें पीपलके पत्तेके ऊपर निम्नलिखित मन्त्र लिख जायें।

"आदित्यचन्द्रावनिलोऽनलश्च द्यौर्भूमिरापो हृदयं यमश्च ।
अहश्च रात्रिश्च उभे च सन्ध्ये धर्मोऽपि जानाति नरस्य वृत्तं ॥"

इसके बाद वह पत्र उसके मस्तक पर रख वह चावल उसे चबानेके लिये देवें। यदि उसने यथार्थमें चोरी या अपराध किया होगा तो उसका शरीर कांपने लगेगा और मांस सूख जायगा तथा उसे चबा कर भोजपत्र या पीपलके पत्ते पर थूक फेंकनेसे वह लहूके जैसा लाल दीख पड़ेगा। अन्तमें उसे ही दोषी समझ कर अपराधके अनुसार दण्ड देवें।

तण्डुला (सं॰ स्त्री॰) तण्डु-उलच्, ततटाप्। १ विडङ्ग, वायविडङ्ग। २ महासमङ्गातृण, ककही नामका पेड़।

तण्डुलाम्बु (सं॰ क्ली॰) तण्डुलक्षालितं अम्बु:, मध्यपदलो॰। तण्डुलोदक, चावलका पानी। इसके संस्कृत पर्याय—तोयाम्बु, तण्डुलोदक और तण्डुलोत्थ है। पल परिमित चावलको अठगुने जलमें डाल देवें। बाद उसे पका कर ग्रहण करें। इस प्रकारका जल विशेष हितकर है।

तण्डुलिकाश्रम (सं॰ पु॰ क्ली॰) तीर्थविशेष, एक तीर्थका नाम। जो मनुष्य इस तीर्थमें जाता है वह इस संसारमें कष्ट नहीं पाता और अन्तमें ब्रह्मलोकको प्राप्त होता है।

"जम्बूमार्गाद्‍ावृत्य गच्छेत्तण्डुलिकाश्रमं।
न दुर्गतिमवाप्नोति ब्रह्मलोकं च गच्छति॥"
(भारत वन॰ ८२ अ॰)

तण्डुलिया (हिं॰ स्त्री॰) चौलाई, चौराई।

तण्डुली (सं॰ स्त्री॰) तण्डुल-ङीष्। १ यवतिक्ता लता। २ शशाण्डुली ककँटी, एक प्रकारकी ककड़ी। ३ तण्डुलीयशाक, चौलाईका साग।

तण्डुलीक (सं॰ पु॰) तण्डुलीय कायति कै-क। तण्डुलीयशाक, चौलाईका साग।

तण्डुलीय (सं॰ पु॰) तण्डुलाय तद्वपनाय हितः तण्डुल-छ। (विभाषाहविरपूपादिभ्यः। पा ५।१।४) एक शाकविशेष, चौलाईका साग। इसके संस्कृत पर्याय—अल्पमारिष, तण्डुलीर, तण्डुल, मण्डीर, तण्डुली, तण्डुलीयक, बहुवीर्य, मेघनाद, घनस्वन, शूलपाक, दीर्घशाक, स्थूलकण्ठ, काण्डशाक, वीर और तण्डुलाला है। (Amaranthus polygonoides)

इसका गुण—शिशिर, मधुर, विष, पित्त, दाह और भ्रमनाशक, रुचिकारक, दीपन और पथ्य है। इसके पत्तेका गुण—हिम, अर्श, पित्तरक्त और विषकासनाशक, ग्राहक, मधुर, दाह और शोथनाशक तथा रुचिकारक है। भावप्रकाशके मतसे इसके पर्याय—तण्डुलेरक, मण्डीर, तण्डुली, मेघनाद और अल्पमारिष है। इसका गुण—लघु, शीतवीर्य, रूक्ष, पित्तघ्न, कफनाशक, रक्तदोषापहारक, मलमूत्रनिःसारक, रुचिजनक, अग्निप्रदीपक और विषनाशक है। (भावप्रकाश)

एक दूसरे प्रकारका भी तण्डुलीय होता है जिसे पानीय तण्डुलीय कहते हैं और कोई कोई इसे जल तण्डुलीयकघट नामसे भी पुकारते हैं। इसका गुण—तिक्त, रक्त, पित्तघ्न, वायुनाशक और लघु है। (भावप्र॰)

तण्डुलीयक (सं॰ पु॰) १ तण्डुलीयशाक, चौलाईका साग। २ विडङ्ग, वायविडङ्ग।

तण्डुलीयकमूल (सं॰ क्ली॰) तण्डुलीयकस्य मूलं, ६-तत्। तण्डुलीयशाकका मूल, चौलाई सागकी जड़। इसका गुण—उष्ण, संज्ञानाशक, रक्तरोधक, रक्तपित्त और प्रदरनाशक है। (आत्रेयसंहिता)

तण्डुलीयिका (सं॰ स्त्री॰) तण्डुलीय स्वार्थे कन् स्त्रियां टाप् कापि अत इत्वं। विडङ्ग, वायविडङ्ग।

तण्डुलु (सं॰ पु॰) तण्डुल पृषो॰ उत्वं साधुः। विडङ्ग, वायविडङ्ग।

तण्डुलेर (सं॰ पु॰) तण्डुल बाहुलकात् स्वार्थे ढ्र। तण्डुलीयशाक, चौलाईका साग।

तण्डुलेरक (सं॰ पु॰) तण्डुलेर स्वार्थे कन्। तण्डुलीयशाक, चौलाईका साग।

तण्डुलौघ (सं॰ स्त्री॰) तण्डुलान् क्षालयति ...क:। तण्डुलाम्बु, चावलका पानी। तण्डुलाम्बु देखो।

तण्डुलोदक (सं॰ क्ली॰) तण्डुलस्य उदकं, ६-तत्। तण्डुलक्षालित जल, चावलका धोया हुआ पानी।

तण्डुलौघ (सं॰ पु॰) तण्डुलानामोघः, ६-तत्। १ तण्डुलराशि, चावलका ढेर। २ एक प्रकारका बांस।

तण्डेश्वर (सं॰ पु॰) ४२ लिङ्गमेंसे एक प्रधान लिङ्ग। ...ङ्ग देखो।

तत् (सं॰ अव्य॰) १ हेतु, लिये। यह शब्द हेत्वर्थ में व्यवहृत होता है। (वि॰) तन-क्विप्। २ विस्तारक, फैलानेवाला। (क्लो॰) ३ ब्रह्मका नामविशेष, ब्रह्म या परमात्माका एक नाम।

"ओं तत् सदिति निर्देशो ब्रह्मणस्त्रिविधः स्मृतः।
ब्राह्मणास्तेन वेदाश्च यज्ञाश्च विहिताः पुरा।" (गीता १७।२३)

ओं तत् सत् ब्रह्मके ये ही तीन प्रकारके नाम हैं। इसी त्रिविध नामसे पहले ब्राह्मण, वेद और यज्ञकी सृष्टि हुई थी, इसी लिये ब्रह्मवादियोंके विधानोक्त यज्ञ-दान और तप ओंकारपूर्वक उदाहृत हुआ करते हैं। (त्रि॰) ४ तुच्छ। ५ परामर्शविशेष। यह शब्द वह और वे शब्दके बदले व्यवहृत होता है।

यत् और तत् शब्दके साथ नित्य सम्बन्ध है। यत् शब्द प्रयोग करनेसे ही तत् शब्दका प्रयोग करना पड़ता है। किन्तु तत् शब्द यदि प्रसिद्ध अर्थ में व्यवहृत हो, तो यत् शब्दका प्रयोग नहीं करनेसे भी काम चल सकता है।

तत (सं॰ क्लो॰) तनोति तन तन्। तनिमृङ्भ्यां किच्। उण् ३।८८। १ वीणादि वाद्ययन्त्र एक प्रकारका बाजा जिसमें बजानेके लिये तार लगे हों। यह सारङ्गी, सितार, बीणा, एकतारा, बेहला आदिके जैसा होता है। इसके दो भेद हैं। —एक जो सिर्फ अंगुली या मिजराब आदिसे बजाया जाता है उसे अंगुलित्राणयन्त्र कहते और दूसरा जो कमानीकी सहायतासे बजाया जाता है उसे धनुःयन्त्र कहते हैं। (संगीतरत्नाकर) (त्रि॰) तन-क्त। २ विस्तारित, फैला हुआ। ३ व्याप्त। (क्लो॰) ४ वायु, हवा। ५ सन्तान। ६ पिता, बाप। ७ पुत्र, बेटा।

ततक (सं॰ पु॰) जैनमतानुसार द्वितीय पृथिवीके ग्यारह इन्द्रकोंमेंसे पहला इन्द्रक। (त्रिलोकसार, १५५)

ततताथेई (हिं॰ स्त्री॰) नृत्यका शब्द, नाचके बोल।

ततमा (सं॰ स्त्री॰) सङ्गीतशास्त्रकी एकमात्रा।

ततगुटि (सं॰ पु॰) ततं धर्मसन्तानं गुदति यदि कामयते कामान् गुद-ङ, तत-क्विप्। धर्मसन्तानमोदक, धर्म-सन्तानकामुक।

ततवंश (सं॰ स्त्री॰) ततं विस्तृतं यथं गायत्रः, कर्मधा॰। सङ्कोचन, फैलाहट।

ततथेर (हिं॰ स्त्री॰) ततथेर देखो।

ततम (सं॰ त्रि॰) तेषां मध्ये निर्द्धारितो योऽसौ तद्-डतमच्। डतमच् बहूनां जातिपरिप्रश्ने डतमच्। पा ५।३।९३। बहुतोंमेंसे वे या वह।

ततर (सं॰ त्रि॰) तयोर्मध्ये निर्द्धारितो योऽसौ तद्-डतरच्। किमादीनां निर्द्धारणे द्वयोरेकस्य डतरच्। पा ५।३।९२। दो-मेंसे वह, दोनोंमें कोई एक।

ततरी (हिं॰ स्त्री॰) एक फलदार पेड़।

ततस् (सं॰ अव्य॰) तद्-तसिल्। तद् शब्दका उत्तर सभी विभक्तियोंमें तसिल् होता है। जैसे—पञ्चमार्थ, तदित्थ, इस कारण, वहां, उस स्थानमें, तो, तत्पश्चात्। पञ्चम्यादिके अर्थमें तसिल् प्रत्यय होने पर उन्हीं अर्थोंमें व्यवहृत होता है।

ततःप्रभृति (सं॰ अव्य॰) तदवधि, तभीसे।

तत्त्वतः (सं॰ अव्य॰) ततः ततः आपाततो दिव्यं। उसके बाद।

ततस्तम (सं॰ अव्य॰) हेतुभूतानां बहूनां मध्ये एकस्य निर्णये ततः तमप्। बहुतोंमेंसे एकका उत्कर्ष।

ततस्तर (सं॰ अव्य॰) हेतुभूतयोर्द्वयोर्मध्ये एकस्यातिशये ततः तरप्। दोमेंसे एकका उत्कर्ष।

ततस्त्य (सं॰ त्रि॰) ततस्तत्र भवः ततः त्यप्। तत्र भव, तत्रस्थ, तदागत, तज्जात, तत्सम्बन्धी।

ततहड़ा (हिं॰ पु॰) तांबेका एक बरतन। देहातके रहनेवाले इस तरहके बरतनमें नहानेका पानी गरम करते हैं।

ततामह (सं॰ पु॰) ततस्य पितुः पिता पितरि तत डामहः। पितामह, दादा।

ततारना (हिं॰ क्रि॰) १ उष्ण जलसे धोना। २ धार दे कर धोना।

तति (सं॰ स्त्री॰) तन-क्तिन्। १ श्रेणी, पंक्ति, तांता। २ समूह, झुण्ड। ३ विस्तार। (त्रि॰) तत् परिमाणं येषां तत् डति। ४ तत् परिमाण, उतना।

ततियो (सं॰ स्त्री॰) मानवानां पुत्रा मानव डट्, तिपुत्राः नमः शिव-पिदे चयस्दयोः। भारतका दुर्गविग्रह घर जो मनका पुत्र हो।

तद्विधा (सं॰ अव्य॰) ततः प्रकारे सर्वनाम्नः। तत् प्रकार, उस तरहसे।

ततुरि (सं० त्रि०) तुर्व हिंसायां कि द्वित्वं पृषोदरादित्वात् साधुः। १ हिंसक, हिंसा करनेवाला। २ तारक, तारनेवाला।

तत्पृवि—तत्पृति देखो।

ततैया (हिं० स्त्री०) १ बर्रे, भिड़, हड्डा। २ एक मिर्च जो बहुत कड़ुई होती है। (वि०) ३ तेज, फुरतीला। ४ बुद्धिमान्, चालाक।

तत्कर (सं० त्रि०) तत् करोति तत्-कृ-अः ट। तत्पदार्थकारक।

तत्काल (सं० पु०) स चासौ कालश्चेति, कर्मधा०। १ वर्तमानकाल। २ उसी समय, तुरन्त, फौरन। (त्रि०) स कालो यस्य, बहुव्री०। ३ तत्कालवृत्ति।

तत्कालधी (सं० त्रि०) तस्मिन् काले कार्यकाले धी उपस्थिता बुद्धिर्यस्य, बहुव्री०। प्रत्युत्पन्नमति, उपस्थित बुद्धि।

तत्काललवण (सं० क्ली०) विट्लवण।

तत्कालसंक्रान्त (सं० त्रि०) तस्मिन् काले संक्रान्त, ७-तत्। जो उस समय हुआ हो।

तत्कालसम्भूत (सं० त्रि०) तस्मिन् काले सम्भूतः, ७-तत्। जो उस समय उत्पन्न हुआ हो।

तत्कालीन (सं० त्रि०) उसी समयका।

तत्क्रिय (सं० त्रि०) वेतनं विना स्वभावतः सा क्रिया कर्म यस्य, बहुव्री०। कर्मकरणशील, जो बिना कुछ लिये भार ढोता हो।

तत्क्षण (सं० पु०) स चासौ क्षणः कालः, कर्मधा०। सद्य, उसी समय, तत्काल।

तत्प्रतिमान (सं० क्ली०) जैनमतानुसार मान, उन्मान, अवमान, गणिमान, प्रतिमान और तत्प्रतिमान इन लौकिक मानके ६ भेदोंमेंसे एक। गुरुत्व अर्थात् चीड़ आदिके मूल्यको तत्प्रतिमान कहते हैं। (त्रि० सा०)

तत्तुल्य (सं० त्रि०) तत्सदृश, उसके समान।

ततोथंबो (हिं० पु०) १ दमदिलासा, बहलावा। २ झगड़ा शान्त करना, बीच बचाव।

तत्त्व (सं० क्ली०) तनोति सर्वमिदं तन-क्विप् तुक्च पृषो०, साधुः। तस्य भावः तत्-त्व। १ यथार्थता, वास्तविकता, यथास्थित। २ स्वरूप। ३ ब्रह्म। (अमर)

४ समारोपित स्वरूप परमात्मा। "सर्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जलानिति" (श्रुति) यह समस्त जगत् ब्रह्ममय है। जो कुछ भी है वह सब ब्रह्म ही है। ५ चित्स्थित आत्मादि। ६ चेतः। ७ वस्तु। ८ पंचभूत। ९ सारवस्तु, सारांश। १० सांख्योक्त प्रकृति आदि, जगत्का मूल कारण। सत्त्व, रजः और तमः।

इस परिदृश्यमान जगत्रूप कार्यको देख कर इसके कारणका भी अनुमान होता है। वस्तुके बिना किसी भी वस्तुकी उत्पत्ति नहीं हो सकती। जैसे मनुष्यके सींग होना असम्भव है, वैसे ही असत् अर्थात् अवस्तुसे कुछ उत्पन्न होना असम्भव है। क्योंकि प्रत्येक वस्तुका एक न एक उपादानकारण है, यह सर्वतःप्रसिद्ध है। जैसे—मिट्टीसे घड़ेकी और सूतसे कपड़ेकी उत्पत्ति इत्यादि। अतएव यह मानना पड़ेगा कि इस जगत्का मूल कोई तत्त्व है, वह तत्त्व प्रधानतः प्रकृति और पुरुष है।

आदिकारणसे क्रमशः कार्यपरम्पराकी उत्पत्ति हुई है, इसलिए सांख्यशास्त्रवित् विद्वानोंने आदिकारणको ही प्रकृति बतलाया है। कारणका कारण और उस कारणका पुनः अन्य कारण, इस प्रकारकी यदि कारणपरम्परा हो, तो भी एक स्थान पर जा कर कारणका अन्त होगा। प्रकृति उस आदिकारणका संज्ञामात्र है। इस प्रकृतिसे समस्त तत्त्व आविर्भूत हुए हैं। प्रकृतिमें उत्तम, मध्यम और अधम अर्थात् सुख, दुःख और मोह ये तीन गुण पाये जाते हैं। इसलिए प्रकृतिसे उत्पन्न तत्त्वोंमें भी उक्त गुण देखनेमें आते हैं, इसी लिए जगत्को सुख दुःख और मोहमय कहा गया है।

सत्त्व पदार्थ गुण होना असम्भव है, कारण गुणसे पदार्थ या तत्त्वकी उत्पत्ति नहीं हो सकती। किन्तु सत्त्व, रजः और तमः ये तीन गुण-द्रव्य नहीं बल्कि पदार्थद्रव्य हैं।

सत्त्व, रज और तमोगुणात्मिका प्रकृति, महत् (बुद्धितत्त्व), अहङ्कार, मन, चक्षुः, कर्ण, नासिका, जिह्वा, त्वक्, वाक्, पाणि, पायु, पाद, उपस्थ, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध, क्षिति, अप्, तेजः, वायु, आकाश और पुरुष ये २५ तत्त्व हैं।

ये चौबीस तत्त्व ही जगत्‌के मूल कारण हैं। इन तत्त्वोंसे जगत्‌की उत्पत्ति हुई है। जब इस जगत्‌का नाश होगा, तब क्रम क्रमसे तत्त्व प्रकृतिमें लीन हो जायेंगे। फिर सृष्टिके प्रारम्भमें प्रकृतिसे तत्त्वसमूह उत्पन्न होंगे।

प्रकृतिसे इसी तरहसे तत्त्व उत्पन्न हुआ करते हैं। पहले प्रकृतिसे महत्तत्त्व (बुद्धितत्त्व) उत्पन्न होता है, पीछे महत्तत्त्व-अहङ्कारतत्त्व, अहङ्कारतत्त्वसे एकादश इन्द्रिय (पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ) और मन और पञ्चतन्मात्रतत्त्व, पञ्चतन्मात्रतत्त्वसे पञ्चमहाभूततत्त्व-की (पृथ्वी जल आदि) उत्पत्ति होती है; इसी तरह सृष्टिके विलोपकालमें पञ्चमहाभूत पञ्चतन्मात्रमें, पञ्चतन्मात्र और एकादश इन्द्रिय अहङ्कारमें, अहङ्कारमहत्तत्त्वमें और महत्तत्त्व प्रकृतिमें लीन हो जाता है। उस समय सिर्फ प्रकृति और पुरुष बाकी रहते हैं।

(सांख्यद० १।६१)

पातञ्जलदर्शनके मतसे तत्त्व छब्बीस हैं—पचीस तो सांख्यवाले और छब्बीसवाँ ईश्वर भी तत्त्व है। सांख्यके पुरुषसे योगके ईश्वरमें विशेषता इतनी ही है कि योगका ईश्वर क्लेश, कर्म, विपाक आदिसे पृथक् माना गया है। मायावादी वेदान्तियोंके मतसे ब्रह्म ही एकमात्र परमार्थ तत्त्व है, उसके सिवा और कुछ भी तत्त्व नहीं है, सिर्फ मायाकल्पित है। सब ही ब्रह्ममय है, जो कुछ दीखता है, वह सब ब्रह्म है, इसलिए एकमात्र ब्रह्म ही परमार्थ तत्त्व है, ब्रह्मातिरिक्त अन्य तत्त्वान्तर नहीं है।

माया परब्रह्मकी शक्तिस्वरूप है। ब्रह्म मायावच्छिन्न होते ही जगत् उत्पन्न होता है। किन्तु स्वभावतः वे नित्य मुक्तस्वभाव कहे गये हैं।

वेदान्तिकगण एक उपमा दे कर इन दो परस्पर विरुद्ध बातोंका सामञ्जस्य किया करते हैं। जैसे घट-मठोंके अभ्यन्तरसे उनके अन्तरालस्थ महान् आकाशको देखनेसे वह खण्ड खण्ड दीखता है, किन्तु वास्तवमें आकाश खण्डित नहीं होता, उसी तरह ब्रह्म मायाव-च्छिन्न होने पर भी वास्तवमें अवच्छिन्न नहीं होते। वे स्वभावतः पूर्ण और मुक्तस्वरूप हैं तथा उसी रूपमें रहते हैं।

वेदान्तके मतसे परब्रह्म निर्गुण, निर्विकार और निरवयवस्वरूप है। जगत् यदि भ्रम ही है, तो उसको भी जगत्कर्त्ता, सर्वनियन्ता इत्यादि कहा गया है, वह भी सत्य नहीं, आरोपमात्र है। वास्तविक स्वरूप नहीं है। जीव साम्प्रतिक अवस्थाके सिवा और कुछ नहीं है, अयमात्मा, अहं ब्रह्मास्मि, तत्त्वमसि इत्यादि वाक्योंसे ब्रह्म ही एक तत्त्व है, तदतिरिक्त अन्य कोई भी तत्त्व नहीं है। विस्तृत विवरण ब्रह्म और ब्रह्मन् शब्दमें देखो।

चतुस्तत्त्व—तेजः अप् पृथिवी और आकाश। पञ्च-तत्त्व—शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध। षट्तत्त्व—क्षिति, अप्, तेज, मरुत्, व्योम और परमात्मा।

सप्ततत्त्व—पञ्चमहाभूत, जीव और परमात्मा। नव-तत्त्व—पुरुष, प्रकृति, महत्तत्त्व, अहङ्कार, नभः वायु, ज्योति, अप् और क्षिति। एकादशतत्त्व—श्रोत्र, त्वक्, जिह्वा, चक्षु, नासिका, वाक्, पाणि, पायु, पाद, उपस्थ और मन।

त्रयोदशतत्त्व—नभः, वायु, ज्योति, अप्, क्षिति, श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, घ्राण, जिह्वा, मन, जीवात्मा और परमात्मा। षोड़शतत्त्व—पञ्चभूत, पञ्चज्ञानेन्द्रिय, मन, रूप, रस, गन्ध, शब्द और स्पर्श। सप्तदशतत्त्व—षोड़शतत्त्व और आत्मा।

शून्यवादी बौद्धोंके मतसे शून्य ही एकमात्र जगत्‌का तत्त्वभाव अर्थात् जिसका अस्तित्व अनुभूत होता है, उसका शेषफल अभाव या विनाश है। यह विनाश वस्तु-मात्रका स्वधर्म या स्वभाव है। शून्यवादियोंका मनो-भाव यह है कि, वस्तुकी आदिमें उत्पत्तिसे पहले शून्य या अभाव ही तत्त्व है, शेषमें भी शून्य या अभाव है। मध्यमें जो किञ्चित् स्थायित्व पाया जाता है, विचार कर देखनेसे वह भी अभाव या शून्य है। शून्यतत्त्ववादियों-के मतसे, शून्यके बाद शून्यके सिवा और कुछ भी नहीं रहता। अतएव मरनेसे ही मुक्ति होती है। शून्य ही तत्त्व है, शून्य ही सार है, यह मूढ़बुद्धि कुतार्किकोंका प्रमाद है; शून्यवादी नास्तिकबुद्धि मोहवशतः ऐसी कल्पना करते हैं, जिसको प्रमाणित नहीं कर सकते।

चार्वाक्‌मतसे क्षिति, अप्, तेज और मरुत्, ये चार तत्त्व हैं, ये ही जगत्‌के कारण हैं। इन चार भूतोंसे ही स्वाभाविक परिदृश्यमान जगत्‌की उत्पत्ति हुई है।

इन चार तत्त्वोंके सिवा पाँचवाँ तत्त्व नहीं है। (चार्वाक)

द्वैतवादी पूर्णप्रज्ञाचार्यके मतमें तत्त्व दो प्रकारका है—एक स्वतन्त्र और दूसरा अस्वतन्त्र। रामानुजीके मतमें चित्, अचित् और ईश्वर ये तीन तत्त्व हैं।

पाशुपतशास्त्रवित् नकुलीशाचार्य शैवोंके मतमें पति, पशु और पाश, ये तीन तत्त्व हैं।

ज्योतिषमें तत्त्वका विषय इस प्रकार लिखा है—तत्त्व पाँच प्रकारका है—पृथिवी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनके गुण—अस्थि, मांस, नख, त्वक्, लोम ये ५ पृथिवीके गुण हैं। शुक्र, शोणित, मज्जा, मल, मूत्र, ये ५ जलतत्त्वके गुण हैं। निद्रा, क्षुधा, तृष्णा, क्लान्ति, आलस्य, ये ५ तेजस्तत्त्वके गुण हैं। धारण, चालन, क्षेपण, सङ्कोचन और प्रसारण ये ५ वायुतत्त्वके गुण हैं। काम, क्रोध, मोह, लज्जा और लोभ ये आकाशतत्त्वके गुण हैं। आकाशसे वायुकी, वायुसे अग्निकी, अग्निसे जलकी और जलसे पृथिवीकी उत्पत्ति हुई है। पृथिवी जलमें, जल वह्निमें और वह्नि वायुमें लय होता है। इन पाँच तत्त्वोंसे सम्पूर्ण सृष्टि हुई है। पृथिवीतत्त्वके ५ गुण हैं। जलके चार गुण हैं। तेजके तीन गुण हैं। वायुके दो और आकाशमें एक गुण है। पृथिवी गन्धतन्मात्र है। जल रसतन्मात्र, अग्नि रूपतन्मात्र, वायु स्पर्शतन्मात्र और आकाश शब्दतन्मात्र है। ये पाँच पञ्चतत्त्वके गुण हैं।

तत्त्वोंकी प्रकृतियाँ—पृथिवीतत्त्व कठिन, जल शीतल, अग्नि उष्ण, वायु चर और स्थिर है।

तत्त्वोंके स्थान—पृथ्वीतत्त्वका स्थान है नाभिका अधःप्रदेश, जलतत्त्वका स्थान है मस्तिष्क, अग्नितत्त्वका स्थान है चित्त, वायुतत्त्वका स्थान है नाभिदेश और आकाशतत्त्वका स्थान है मस्तक।

तत्त्वोंके द्वार—पृथ्वीतत्त्वका द्वार है मुख, जलतत्त्वका द्वार है लिङ्ग, अग्निका द्वार है नेत्र, वायुके द्वार हैं नासिकाके दोनों छिद्र और आकाशके द्वार हैं दोनों कान।

तत्त्वद्वारोंकी क्रियाएँ—पृथ्वीतत्त्वद्वारकी क्रिया है भोजन, जलद्वारकी क्रिया है वमन, अग्निद्वारकी क्रिया है दृष्टि, वायुद्वारकी क्रिया है श्वास और आकाशद्वारकी क्रिया है शब्द।

तत्त्वोंके गुण—पृथ्वीतत्त्वका गुण है भय, जलका लोभ, अग्निका लज्जा, वायुका सन्तोष और आकाशका गुण है दुःख।

एक एक तत्त्वमें पञ्चतत्त्वका उदयचक्र—

पृथ्वी	आकाश	वायु	अग्नि	जल
जल	पृथ्वी	आकाश	वायु	अग्नि
अग्नि	जल	पृथ्वी	आकाश	वायु
वायु	अग्नि	जल	पृथ्वी	आकाश
आकाश	वायु	अग्नि	जल	पृथ्वी

बहुतोंको मालूम है कि, श्वास-प्रश्वास दिन रात दोनों नासारन्ध्रोंसे समानरूपसे बहता है, किन्तु यह भ्रम-मात्र है। शीत-ग्रीष्म आदि आठों तरह ऋतुओं और चन्द्रादि ग्रहादिके आकर्षणसे तथा तिथिके अनुसार यथा नियम इड़ा, पिङ्गला अर्थात् वाम किम्वा दक्षिण नासापुटमें प्रथमतः सूर्योदयके समय उदित होता है। यदि एक एक नासिकामें ढाई दण्ड (प्रायः एक घण्टा) तक स्थिर रह कर दोनों नासारन्ध्रोंमें २४ बार सञ्चरित हुआ करता है। इस ढाई दण्ड समयमें जब किसी नासिकामें श्वास-प्रश्वास बहता है, उस समय पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश इन पाँच तत्त्वोंका उदय होता है। पृथ्वीतत्त्व उदय हो कर ५० पल (२० मिनट) तक ठहरता है; इसी तरह जलतत्त्व ४० पल (१६ मिनट), अग्नितत्त्व ३० पल (१२ मिनट), वायुतत्त्व २० पल (८ मिनट) और आकाशतत्त्व १० पल (४ मिनट), उदय हो कर अव-स्थिति करता है।

प्रत्येक नासापुटसे वायु बहनेके समय पञ्चतत्त्वका उदय हुआ करता है। पञ्चतत्त्वका विवरण निम्नलिखित उपायसे जाना जा सकता है। पहले तत्त्वको संख्या का निरूपण, दूसरे श्वासका सन्धान, तीसरे स्वरका चिह्न, चौथे वायुकी गति, पाँचवें वर्ण, छठे तत्त्वका उदित स्थान, सातवें नासिके उदयकाल और आठवें इनका स्वाद जानना चाहिये। प्रातःकालमें यम-पूर्वक वृद्धा-ङ्गुलि द्वारा दोनों नासापुट धारण कर तत्त्वादिका ज्ञान करना चाहिये।

पृथ्वीतत्त्वका लक्षण—नासारन्ध्रके मध्यदेशसे अङ्गुलि भाग से अन्त कर श्वास बहेगा। यह श्वास बाहरको जाकर न पहुँचा निकलता है। उस समय जिह्वामें

मधुर रसकी आस्वादन और मनमें भिन्न पीतवर्णके विषयोंकी चिन्ता होगी। किसी प्रकारके करने पर पीत-वर्णका दर्शन होगा। उत्तम दर्पणमें निःश्वास त्यागने-से चतुष्कोण और पीतवर्ण दिखाई देगा। अंगूठेमें इसकी स्थिति ढाई दण्ड समयके भीतर ५० पल समय तक इस अवस्थामें स्थिर रहेगा। इस प्रकारका कार्य होने पर उसको पृथ्वीतत्त्व समझें। रविचक्रके आकर्षणसे वाम नासिकामें पृथ्वीतत्त्वका उदय होता है तथा दक्षिण नासिकाके बहनकालमें भी पृथ्वीतत्त्वका उदय होता है, तब बुधग्रह उसका अधिपति होता है। पृथ्वीतत्त्वके नक्षत्र—२३ धनिष्ठा, २७ रेवती, १८ ज्येष्ठा, १७ अनुराधा, २२ श्रवणा अभिजित्, २१ उत्तराषाढ़ा।

जलतत्त्वका लक्षण—इसकी गति अधोगामी अर्थात् नासिकापुटके निम्नभागमें छूट कर श्वास चलेगा। श्वास-का परिमाण १६ अङ्गुल होगा। उस समय मुखमें कषाय रसका अनुभव होता है, दर्पण पर निःश्वास त्यागनेसे वह अर्द्धचन्द्राकृत और सफेद होगा। ललाटमें श्वेत-वर्ण उदित होगा। किसी प्रकारके होने पर श्वेतवर्ण दृष्टिगोचर होगा। पादद्वयमें इसकी स्थिति भी ढाई दण्डके मध्य ४० पल समय होगी। इन कार्योंको जल-तत्त्वका लक्षण समझना चाहिये। दक्षिण-नासिकाके बहनकालमें शनिग्रह और वाम नासिकाके बहनकालमें चन्द्र इस तत्त्वका अधिपति होता है। इस तत्त्वके नक्षत्रों-के नाम—२० पूर्वाषाढ़ा, ८ अश्लेषा, १९ मूला, ६ आर्द्रा, ४ रोहिणी, २६ उत्तरभाद्रपद, २४ शतभिषा।

अग्नितत्त्वका लक्षण—इसकी गति ऊर्ध्वगामी अर्थात् नासिकापुटके उपरिभागमें लग कर श्वास चलता है। श्वासका परिमाण ४ अङ्गुल है। मुखमें तिक्त रसका अनुभव होता है। दर्पण पर निःश्वास त्यागनेसे वह त्रिकोणाकार और लाल दीखेगा। ढाई दण्डके मध्य ३० पल तक इसी प्रकारसे स्थिति रहेगी तथा मनमें रक्तवर्ण-का उदय होगा और प्रकाश करनेसे रक्तवर्ण दिखाई देगा। कन्धेमें इसकी स्थिति है। दक्षिण-नासिका-बहनकालमें मङ्गल ग्रह और वाम नासिका-बहनकालमें शुक्र ग्रह इसका अधिपति होता है। इस तत्त्वके नक्षत्रों-के नाम—२ भरणी, ३ कृत्तिका, ८ पुष्या, १० मघा, ११ पूर्वफल्गुनी, २५ पूर्वभाद्रपद, १५ स्वाति।

वायुतत्त्वका लक्षण—इसमें श्वास तिर्यग्गामी अर्थात् नासापुटमें तिरछी तरहसे किनारेसे लग कर चलता है। इस वायुका परिमाण ८ अङ्गुल है। उस समय मुखमें अम्ल रसकी उत्पत्ति होती है, दर्पणमें श्वास निक्षेप क-रनेसे वह गोलाकृति और श्यामवर्ण किम्वा नीलवर्ण दीखता है। नाभिमूलमें इसकी स्थिति है। दक्षिण नासिका-बहनके समय राहु ग्रह और वामनासिका बहन-के समय बृहस्पति अधिपति होता है। इस तत्त्वमें ये नक्षत्र होते हैं—१६ विशाखा, १२ उत्तरफल्गुनी, १३ हस्ता, १४ चित्रा, ७ पुनर्वसु, १ अश्विनी, ५ मृगशिरा।

आकाशतत्त्वका लक्षण—इसमें नासापुटके मध्यस्थान-से वायु निकलती है। सर्वगामी होनेसे इसके परिमाण-का निर्णय नहीं किया जा सकता। मुखमें कटु रस-का उदय होता है। दर्पण पर निःश्वास छोड़नेसे वह बिन्दु बिन्दु नाना वर्णोंका दीखता है तथा चित्रवर्ण मालूम पड़ता है। इसकी स्थिति ढाई दण्डकालके भीतर १० पल मात्रकी है। यह तत्त्व सर्वकार्योंमें निष्फल है। इसलिये इस तत्त्वके बहनकालमें कोई भी कार्य न करना चाहिये, करनेसे वह काम सिद्ध नहीं होता।

पृथ्वीतत्त्वके अधिष्ठात्री देवता ब्रह्मा, जलतत्त्वके विष्णु, अग्नितत्त्वके रुद्र, वायुतत्त्वके ईश्वर और आकाश-तत्त्वके सदाशिव हैं।

पृथ्वी अथवा जलतत्त्वके समय प्रश्न होनेसे कार्यका शुभ फल होता है। अग्नितत्त्वके समय प्रश्न होने पर शुभाशुभ मिश्रफल होता है। वायु वा आकाशतत्त्वके समय प्रश्न होने पर हानि और मृत्यु फल होता है।

अग्नितत्त्वके उदयकालमें मारणादि कार्य करना चाहिये। जलतत्त्व-बहनकालमें शान्तिकार्य, वायुतत्त्वमें उच्चाटन, पृथ्वीतत्त्वमें स्तम्भनादि कार्य और आकाशतत्त्व-के समय कोई भी कार्य न करना चाहिये। पृथ्वीतत्त्वके समय स्थिरकार्य और जलतत्त्वके समय चर कार्य करें।

जलतत्त्व पश्चिम दिशाका अधिपति है, पृथ्वीतत्त्व पूर्व-दिशाका, अग्नितत्त्व दक्षिणदिशाका, वायुतत्त्व उत्तरदिशा-का और आकाशतत्त्व ऊर्द्ध, अधः और मध्यस्थलका तथा अग्नि, ईशान, वायु, नैऋत दिशाका अधिपति है।

पञ्चतत्त्वका उदय और अवस्थान जाननेका उपाय—१ घंटेसे ७ घंटा तक वाम नासिकामें वायु चलेगी, इस समय पृथ्वीतत्त्वका उदय हो कर ५० पल (२० मिनट) तक उसकी स्थिति होगी। इसके बाद जलतत्त्वका उदय और ४० पल (१६ मिनट) तक उसकी स्थिति होगी, फिर अग्नितत्त्वका उदय और ३० पल (१२ मिनट) स्थिति, वायुतत्त्वका उदय और २० पल (८ मिनट) स्थिति, आकाशतत्त्वका उदय और १० पल (४ मिनट) उसकी स्थिति होगी। वामनासापुटमें वायुकी स्थिति-काल, तत्त्वका उदय और स्थितिका उदाहरण—

घंटा	मिनट	तत्त्व	ग्रह
६	२०	पृथ्वी	बृहस्पति
६	३६	जल	शुक्र
६	४८	अग्नि	बुध
६	५६	वायु	चन्द्र
७	०	आकाश	०

दक्षिण नासापुटमें वायुके स्थितिकालमें तत्त्वका उदय—

घंटा	मिनट	तत्त्व	ग्रह
७	२०	पृथ्वी	रवि
७	३६	जल	शनि
७	४८	अग्नि	मङ्गल
७	५६	वायु	राहु
८	०	आकाश	०

इस नियमके अनुसार किस समय किस तत्त्वका उदय होगा, यह जाना जा सकता है।

जैनमतानुसार—तत्त्व सात हैं,—१ जीव, २ अजीव, ३ आस्रव, ४ बन्ध, ५ संवर, ६ निर्जरा और ७ मोक्ष। इन सात तत्त्वोंके संशय, विमोह अनध्यवसायरहित यथार्थ ज्ञानसे मोक्षकी प्राप्ति होती है।

विस्तृत विवरणके लिए जैनधर्म शब्द (भाग ८, पृ० ४६१-४६६) देखो।

तत्त्वज्ञ (सं० त्रि०) तत्त्वं जानाति तत्त्व-ज्ञा-क। १ तत्त्वज्ञानी, जिसने ईश्वर-विषयक ज्ञान उत्पन्न हुआ हो, ब्रह्मज्ञानी। इस जगत्में सभी वस्तुएं दुःखमय हैं, ऐसा जान कर जिसने तत्त्व (ब्रह्म) को समझ लिया है, वही तत्त्वज्ञ है। तत्त्वज्ञान प्राप्त करनेके लिए समाधिकी आवश्यकता है। योगशब्द देखो।

२ दर्शनशास्त्रका ज्ञाता, दर्शन जाननेवाला, दार्शनिक।

तत्त्वज्ञान (सं० क्लो०) तत्त्वस्य ब्रह्मतत्त्वस्य ज्ञानं, ६-तत्। ब्रह्मज्ञान, आत्मज्ञान। नैयायिकोंके मतसे प्रमाण, प्रमेय, संशय, प्रयोजन, दृष्टान्त, अवयव, तर्क, निर्णय, वाद, जल्प, वितण्डा, हेत्वाभास, छल, जाति, निग्रहस्थान, इन षोडश पदार्थोंके ज्ञानको तत्त्वज्ञान कहते हैं। (गौतमसू० १) इनका स्वरूप जान लेनेसे जीव अपवर्ग लाभ कर सकता है। जब तक इन षोडश पदार्थोंका तत्त्वज्ञान नहीं होगा तब तक अपवर्ग नहीं हो सकता। न्याय देखो।

सांख्य और पातञ्जलके मतसे प्रकृति और पुरुषका भेदज्ञान ही तत्त्वज्ञान है। पुरुष जब निरन्तर दुःखमें अभिभूत हो कर प्रकृतिके तत्त्वानुसन्धानमें प्रवृत्त होगा, तब वह अपनेको इस प्रकारके ज्ञानसे पृथक् करनेकी चेष्टा करेगा कि—'सुख' दुःख और मोहमयी प्रकृतिकी मायामें अभिभूत नहीं होना चाहिये, मैं पुरुष निर्गुण, निर्लेप, सच्चिदानन्दमय हूं, प्रकृतिने मुझे अब तक विमोहित कर रक्खा था, अब सावधान होना उचित है।" प्रकृति और पुरुषके इस प्रकारके भेदज्ञानका नाम तत्त्वज्ञान है। प्रत्येक पुरुष (जीवात्मा) को कभी न कभी एक बार तत्त्वज्ञान अवश्य ही होता है या होगा। जब तक यह तत्त्वज्ञान न होगा, तब तक प्रकृतिसे पुरुष छूटा न हो सकेगा। प्रकृति पुरुषको यह ज्ञान उत्पन्न करा कर निवृत्त हो जाती है। सांख्य देखो।

वेदान्तमतसे अभिभूत हो कर मनुष्य स्वरूप नहीं जान पाता। रज्जुमें सर्पकी तरह ब्रह्ममें परिदृश्यमान जगत् अवलोकन करता है। जगत्में जो कुछ दिखलाई देता है, सब ब्रह्म है, किन्तु अविद्याभिभूत जीव जगत्में ब्रह्मको न देख कर घट, पट, मठ आदि देखा करता है। जब तक अविद्याका नाश न होगा, तब तक जीवको ब्रह्मका स्वरूप किसी तरह भी मालूम न होगा।

अविद्याका नाश होने से जगत् नहीं दीखेगा, फिर वह जगत् ही को ब्रह्म देखने लगेगा। पहले जिसको विविध समझता था, उसे ही फिर वह ब्रह्म समझने लगेगा, 'सर्वं ब्रह्म' ज्ञान-इसका भेद न रहेगा, सभी एक ब्रह्मात्मक हो जायंगे। इस प्रकारके ज्ञानको तत्त्वज्ञान कहते हैं।

मधुर रसकी उत्पत्ति और मनमें सिर्फ पीतवर्णके विषयों की चिन्ता होगी। किसी प्रकरणके करने पर पीतवर्ण का दर्शन होगा। उत्तम दर्पणमें निःश्वास त्यागनेसे चतुष्कोण और पीतवर्ण दिखलाई देगा। जानुदेशमें इसको स्थिति ढाई दण्ड समयके भीतर ५० पल समय तक इस अवस्थामें स्थित रहेगा। इस प्रकारका कार्य होने पर उसको पृथ्वीतत्त्व समझें। रविग्रहके आकर्षणसे वाम नासिकामें पृथ्वीतत्त्वका उदय होता है तथा दक्षिण नासिकाके वहनकालमें जब पृथ्वीतत्त्वका उदय होता है, तब बुधग्रह उसका अधिपति होता है। पृथ्वीतत्त्वके नक्षत्र—२३ धनिष्ठा, २७ रेवती १८ ज्येष्ठा, १७ अनुराधा, २२ श्रवणा, अभिजित्, २१ उत्तराषाढ़ा।

जलतत्त्वका लक्षण—इसकी गति अधोगामी अर्थात् नासिकापुटके निम्नभागमें छूट कर श्वास चलेगा। श्वासका परिमाण १६ अङ्गुल होगा। उस समय गलेमें कषाय रसका अनुभव होता है, दर्पण पर निःश्वास त्यागनेसे वह अर्द्धचन्द्राकृत और सफेद दीखेगा। हृदयमें श्वेतवर्ण उदित होगा। किसी प्रकरणके होने पर श्वेतवर्ण दृष्टिगोचर होगा। पादान्तमें इसकी स्थिति भी ढाई दण्डके मध्य ४० पल समय होगी। इन कार्यों को जलतत्त्वका लक्षण समझना चाहिये। दक्षिण-नासिकाके वहनकालमें शनिग्रह और वाम नासिकाके वहनकालमें चन्द्र इस तत्त्वका अधिपति होता है। इस तत्त्वके नक्षत्रोंके नाम—२० पूर्वाषाढ़ा, ९ अश्लेषा, १९ मूला, ६ आर्द्रा, ४ रोहिणी, २६ उत्तरभाद्रपद, २४ शतभिषा।

अग्नितत्त्वका लक्षण—इसकी गति ऊर्ध्वगामी अर्थात् नासिकापुटके उपरिभागमें लग कर श्वास चलता है। प्रश्वासका परिमाण ४ अङ्गुल है। गलेमें तिक्त रसका उद्भव होता है। दर्पण पर निःश्वास त्यागनेसे वह त्रिकोणाकार और लाल दीखेगा। ढाई दण्डके मध्य ३० पल तक उसी प्रकारसे स्थिति रहेगी तथा मनमें रक्तवर्णका उदय होगा और प्रकरण करनेसे रक्तवर्ण दिखलाई देगा। स्कन्धदेशमें इसको स्थिति है। दक्षिण-नासिका वहनकालमें मङ्गल ग्रह और वाम नासिका-वहनकालमें शुक्र ग्रह इसका अधिपति होता है। इस तत्त्वके नक्षत्रोंके नाम—२ भरणी, ३ कृत्तिका, ८ पुष्या, १० मघा, ११ पूर्वफल्गुनी, २५ पूर्वभाद्रपद, १५ स्वाति।

वायुतत्त्वका लक्षण—इसमें श्वास तीर्यक्गामी अर्थात् नासापुटमें तिरछी तरहसे किनारोंमें लग कर चलता है। इस वायुका परिमाण ८ अङ्गुल है। उस समय गलेमें अम्ल रसकी उत्पत्ति होती है, दर्पणमें श्वास निक्षेप करनेसे वह गोलाकृति और श्यामवर्ण किम्वा नीलवर्ण दीखता है। नाभिमूलमें इसकी स्थिति है। दक्षिण नासिका-वहनके समय राहु ग्रह और वामनासिका वहनके समय बृहस्पति अधिपति होता है। इस तत्त्वमें ये नक्षत्र होते हैं—१६ विशाखा, १२ उत्तरफल्गुनी, १३ हस्ता, १४ चित्रा, ७ पुनर्वसु, १ अश्विनी, ५ मृगशिरा।

आकाशतत्त्वका लक्षण—इसमें नासापुटके सर्वस्थानसे वायु निकलती है। सर्वगामी होनेसे इसके परिमाणका निर्णय नहीं किया जा सकता। गलेमें कटु रसका उद्भव होता है। दर्पण पर निःश्वास छोड़नेसे वह विन्दु विन्दु नाना वर्णोंका दीखता है तथा मिश्रितवर्ण मालूम पड़ता है। इसकी स्थिति ढाई दण्डकालके भीतर १० पल मात्रकी है। यह तत्त्व सर्वकार्यमें निष्फल है। इसलिये इस तत्त्वके वहनकालमें कोई भी कार्य न करना चाहिये, करनेसे वह काम सिद्ध नहीं होता।

पृथ्वीतत्त्वके अधिष्ठात्री देवता ब्रह्मा, जलतत्त्वके विष्णु, अग्नितत्त्वके रुद्र, वायुतत्त्वके ईश्वर और आकाशतत्त्वके सदाशिव हैं।

पृथ्वी अथवा जलतत्त्वके समय प्रश्न होनेसे कर्मका शुभ फल होता है। वह्नितत्त्वके समय प्रश्न होने पर शुभाशुभ मिश्रफल होता है। वायु वा आकाशतत्त्वके समय प्रश्न होने पर हानि और मृत्युकर फल होता है।

अग्नितत्त्वके उदयकालमें मारणादि कार्य करना चाहिये। जलतत्त्व-वहनकालमें शान्तिकार्य, वायुतत्त्वमें उच्चाटन, पृथ्वीतत्त्वमें स्तम्भनादि कार्य और आकाशतत्त्वके समय कोई भी कार्य न करना चाहिये। पृथ्वीतत्त्वके समय स्थिरकार्य और जलतत्त्वके समय चर कार्य करें।

जलतत्त्व पश्चिम, दिशाका अधिपति है, पृथ्वीतत्त्व पूर्वदिशाका, अग्नितत्त्व दक्षिणदिशाका, वायुतत्त्व उत्तरदिशाका और आकाशतत्त्व ऊर्द्ध, अधः और मध्यस्थलका तथा अग्नि, ईशान, वायु, नैऋत दिशाका अधिपति है।

पञ्चतत्त्वका उदय और अवस्थान जाननेका उपाय—६ घंटेसे ७ घंटा तक वाम नासिकामें वायु चलेगी, उस समय पृथ्वीतत्त्वका उदय हो कर ५० पल (२० मिनट) तक उसकी स्थिति होगी। इसके बाद जलतत्त्वका उदय और ४० पल (१६ मिनट) तक उसकी स्थिति होगी, फिर अग्नितत्त्वका उदय और ३० पल (१२ मिनट) स्थिति, वायुतत्त्वका उदय और २० पल (८ मिनट) स्थिति, आकाशतत्त्वका उदय और १० पल (४ मिनट) उसकी स्थिति होगी। वामनासापुटमें वायुकी स्थितिकाल, तत्त्वका उदय और स्थितिका उदाहरण—

घंटा	मिनट	तत्त्व	ग्रह
६	२०	पृथ्वी	बृहस्पति
६	३६	जल	शुक्र
६	४८	अग्नि	बुध
६	५६	वायु	चन्द्र
७	०	आकाश	०

दक्षिण नासापुटमें वायुके स्थितिकालमें तत्त्वका उदय—

घंटा	मिनट	तत्त्व	ग्रह
७	२०	पृथ्वी	शनि
७	३६	जल	शनि
७	४८	अग्नि	मङ्गल
७	५६	वायु	राहु
८	०	आकाश	०

इस नियमके अनुसार किस समय किस तत्त्वका उदय होगा, यह जाना जा सकता है।

जैनमतानुसार—तत्त्व सात हैं,—१ जीव, २ अजीव, ३ आस्रव, ४ बन्ध, ५ संवर, ६ निर्जरा और ७ मोक्ष। इन सात तत्त्वोंके संशय, विपरीत, अनध्यवसायरहित यथार्थ ज्ञानसे मोक्षकी प्राप्ति होती है।

विस्तृत विवरणके लिए जैनधर्म शब्द (भाग ८, पृ० ४८१ ४९६) देखो।

तत्त्वज्ञ (सं० त्रि०) तत्त्वं जानाति तत्त्व-ज्ञा-क। १ तत्त्वज्ञानी, जिसके ईश्वर-विषयक ज्ञान उत्पन्न हुआ हो, ब्रह्मज्ञानी। इस जगत्में सभी वस्तुएं दुःखमय हैं, ऐसा जान कर जिसने तत्त्व (ब्रह्म) को समझ लिया है, वही तत्त्वज्ञ है। तत्त्वज्ञान प्राप्त करनेके लिए समाधिकी आवश्यकता है। योगसूत्र देखो।

२ दार्शनिकोंका ज्ञाता, दर्शन जाननेवाला, दार्शनिक।

तत्त्वज्ञान (सं० क्लो०) तत्त्वस्य ब्रह्मतत्त्वस्य ज्ञानं। (-गत्) ब्रह्मज्ञान, आत्मज्ञान। नैयायिकोंके मतसे प्रमाण, प्रमेय, संशय, प्रयोजन, दृष्टान्त, अवयव, तर्क, निर्णय, वाद, जल्प, वितण्डा, हेत्वाभास, छल, जाति, निग्रहस्थान, इन षोड़श पदार्थके ज्ञानको तत्त्वज्ञान कहते हैं। (गौतमसू० १) इसका स्वरूप जान लेनेसे जीव अपवर्ग लाभ कर सकता है। जब तक इन षोड़श पदार्थोंका तत्त्वज्ञान नहीं होगा तब तक अपवर्ग नहीं हो सकता। न्याय देखो।

सांख्य और पातञ्जलके मतसे प्रकृति और पुरुषका भेदज्ञान ही तत्त्वज्ञान है। पुरुष जब निरन्तर दुःखमें अभिभूत हो कर प्रकृतिके तत्त्वानुसन्धानमें प्रवृत्त होगा, तब वह अपनेको इस प्रकारसे ज्ञानसे पृथक् करनेकी चेष्टा करेगा कि—'मुझे' दुःख और मोहमयी प्रकृतिकी मायामें अभिभूत नहीं होना चाहिये, मैं पुरुष निर्गुण, निर्लेप, सच्चिदानन्दमय हूं, प्रकृतिने मुझे अब तक विमोहित कर रक्खा था, अब सावधान होना उचित है।" प्रकृति और पुरुषके इस प्रकारके भेदज्ञानका नाम तत्त्वज्ञान है। प्रत्येक पुरुष (जीवात्मा) को कभी न कभी एक बार तत्त्वज्ञान अवश्य हो होता है वा होगा। जब तक यह तत्त्वज्ञान न होगा, तब तक प्रकृतिसे पुरुष छूटा न हो सकेगा। प्रकृति पुरुषको यह ज्ञान उत्पन्न करा कर निवृत्त हो जाती है। सांख्य देखो।

वेदान्तमतसे अभिभूत हो कर वस्तुका स्वरूप नहीं जान पाता। रज्जुमें सर्पकी तरह ब्रह्ममें अनिर्वचनीय जगत् अध्यारोपण करता है। जगत्में जो कुछ दिखलाई देता है, सब ब्रह्म है, किन्तु अविद्याभिभूत जीव जगत्में ब्रह्मको न देख कर घट, पट, मठ आदि देखा करता है। जब तक अविद्याका नाश न होगा, तब तक जीवको ब्रह्मका स्वरूप किसी तरह भी मालूम न होगा।

अविद्याका नाश होते ही जगत् नहीं दीखेगा, फिर सब जगत् ही को ब्रह्म देखने लगेगा। पहले जिसको भिन्न समझता था, उसे ही फिर वह ब्रह्म समझने लगेगा, "मैं' 'यह'" तुम-उसका भेद न रहेगा, अभी अद्वैतभाव हो जायगा। इस प्रकारके ज्ञानको तत्त्वज्ञान कहते हैं।

जीव ब्रह्मसाक्षात्कार होते ही ब्रह्म हो जाता है, आत्मज्ञ मनुष्य दुःखको अतिक्रम करता है, इत्यादि श्रुतिवाक्योंके प्रमाणसे और तदनुकूल युक्तियोंसे स्थिर होता है कि, तत्त्वज्ञानके सिवा जीवके लिए दुःखातीत होनेका और कोई उपाय नहीं है। ब्रह्म ही मैं हूं, इत्याकार असन्दिग्ध अनुभवका नाम है तत्त्वज्ञान. इस तत्त्वज्ञानके प्रधान उपाय श्रवण, मनन और निदिध्यासन उसके सहायकमात्र हैं। शास्त्रकथा सुननेसे ही श्रवण होता है ऐसा नहीं। गुरुके मुखसे शास्त्रीय उपदेश सुनना, हृदयमें उसका विचारित अर्थ धारण करना, साक्षात् अथवा परम्परासे ब्रह्म ही समस्तशास्त्रका तात्पर्य है, इस विषयमें विश्वास, इन सबके एकत्र होने पर तब कहीं वह श्रवण कहलाता है। इनके बिना श्रवण नहीं होता। इसका एक लौकिक दृष्टान्त दिया जाता है।

कल्पना कीजिये, आपके घरमें जा कर हमने आपके नौकरसे कहा, "एक ग्लास पानी लाओ।" परन्तु वह पानी नहीं लाया। पीछे हमने दुःखित हो कर आपसे कहा "आपके नौकरने हमारी बात नहीं सुनी।" अब देखना चाहिये कि सचमुच ही क्या नौकरने हमारी बात नहीं सुनी या "एक ग्लास पानी ला" ये शब्द उसके कानमें प्रविष्ट ही नहीं हुए अथवा प्रविष्ट हुए थे, उसने सुना था पर ध्यान नहीं दिया या उसके अनुसार कार्य नहीं किया।

अतएव ऊपरका सुनना सुनना नहीं है। सैकड़ों मनुष्य वेदान्त अध्ययन करते हैं, 'तत्त्वमसि' वाक्य भी सुनते हैं और उसका अर्थ भी आदरपूर्वक ग्रहण करते हैं, फिर भी उनको तत्त्वज्ञानका उदय नहीं होता। संसारमें ऐसे भी बहुत मनुष्य हैं, जो बिना वेदान्त अध्ययन किये और 'तत्त्वमसि' वाक्यको बिना सुने ही तत्त्वज्ञान प्राप्त करते हैं। शास्त्रमें कहा गया है कि, कपिल, वामदेव आदि जन्मसे ही तत्त्वज्ञानी थे, अतएव श्रवणके लिये तत्त्वज्ञान या तत्त्वज्ञान श्रवणका कार्य है, यह बात कैसे मानी जा सकती है? आचार्यदेव शङ्कर कहते हैं, इसके प्रत्युत्तरमें हमारा यह कहना है, कि चित्तकी अनिर्मलता और जन्मान्तरीय पाप आदि प्रतिबन्धकोंसे श्रवण-फल तत्त्वज्ञान अवरुद्ध रहता है। उससे उसकी कारणताका अभाव नहीं होता। जैसे अग्निका संयोग होने पर भी मणिमन्त्रादि प्रतिबन्धकके कारण दाह-कार्य अवरुद्ध रहता है, उसी प्रकार श्रवणफल तत्त्वज्ञान नाना प्रतिबन्धकों द्वारा अवरुद्ध रहता है। प्रतिबन्धकका क्षय होते ही उसका उदय होता है। कपिल आदिका ऐसा ही हुआ था। उनके पूर्वजन्मके श्रवणने इस जन्ममें प्रतिबन्धक शून्य हो कर तत्त्वज्ञान उत्पन्न किया था, इसलिये इस जन्ममें उनको श्रवण-मननादि नहीं करना पड़ा था। अतएव श्रवण ही तत्त्वज्ञानका प्रधान कारण है, मनन और निदिध्यासन उसके सहकारी हैं। 'तत्त्वमसि' इस महावाक्यके श्रवण करनेसे, उसके अर्थमें जो अविश्वास और असम्भव बोध आदि जो कार्य होते हैं, वे कार्य मनन द्वारा निवारित होते हैं। मननके बाद भी यदि स्पष्ट रूपसे 'मैं ब्रह्म हूं और कुछ नहीं', ऐसा अनुभव न हो, तो निदिध्यासनकी जरूरत पड़ती है। निदिध्यासनसे सिद्धि प्राप्त कर लेनेसे ही यह अनुभव स्थिरतर होता है, अन्यथा करनेसे तत्त्वज्ञान नहीं होता।

कोई कोई आचार्य कहते हैं कि निदिध्यासन ही तत्त्वज्ञानका मूल कारण है, श्रवण और मनन उसके सहायक मात्र हैं। अपने ब्रह्मभावका अपरोक्ष ज्ञानमें आरूढ़ होना ही तत्त्वज्ञान है। जैसे मरु-मरीचिकामें जलकी भ्रान्ति होती है, उसी तरह ब्रह्ममें दृश्यकी भ्रान्ति होती है। इसलिए दृश्यप्रपञ्च मिथ्या और ब्रह्म ही सत्य है। पहले यह ज्ञान-अर्जन भी दृढ़ करना पड़ता है, बादमें मैं ही ज्ञान हूं और उसके अवलम्बन शरीर, मन और इन्द्रियां सभी भ्रान्तिविशेषका विलास है, इसलिये मैं ही ज्ञान और ज्ञानका अवलम्बन हूं, समस्त ही ब्रह्ममें है, रज्जु सर्पकी भांति यह मिथ्याज्ञान जब अविद्याप्य होता है, तब अपने आप "अहं" अर्थात् "मैं" यह ज्ञान इन्द्रिय और मन आदिको त्याग कर ब्रह्ममें जा मिलता है। अहंज्ञानके ब्रह्मावगाही होते ही तत्त्वज्ञान हुआ है, ऐसी अवधारणा करनी चाहिये। ऐसा तत्त्वज्ञान होते ही मोक्षकी प्राप्ति होती है। तत्त्वज्ञान ही जीवके उद्धारका एकमात्र उपाय है, ऐसा तत्त्वज्ञान होने पर उसको आत्मज्ञान वा ब्रह्मज्ञान कहा जा सकता है। यह तत्त्वज्ञान सात्त्विक, राजसिक और तामसिक मनो-

तृप्तिके अतीत है, इसलिये गुणातीत भी है। अब जिसको सुख-दुःख समझते हो, वह अवस्था उस सुख-दुःखके अतीत है। (वेदान्त०)

जैनमतानुसार—जब तत्त्वोंका यथार्थ ज्ञानपूर्वक जब शरीर, आत्मा अपनेको कर्मादि बाह्य पदार्थोंसे भिन्न समझ कर सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्ररूप मोक्षमार्गका अवलंबन करती है, तब उसके उस ज्ञानको तत्त्वज्ञान कहते हैं। यह तत्त्वज्ञान तीन प्रकारका होता है, १ उपशम सम्यक्त्व २ क्षायिकोपशम सम्यक्त्व और ३ क्षायिकसम्यक्त्व। इनमेंसे पहलेके दो हो कर छूट भी जाते हैं, परन्तु जिस जीवको क्षायिकसम्यक्त्व या अक्षय-तत्त्वज्ञान हो जाता है, वह अवश्य ही मोक्षलाभ करता है। (विशेष विवरण जैनधर्मशब्द भाग ८, पृष्ठ ४७१—४७१) में देखो।

तत्त्वज्ञानार्थदर्शन (सं० स्त्री० तत्त्वज्ञानस्य अहं ब्रह्मास्मीति साक्षात्कारस्य अर्थः तस्य दर्शनं, ६-तत्। तत्त्वज्ञानके लिये आलोचन और मोक्षके लिये तत्त्वज्ञानके साधन, मैं ही ब्रह्म हूं ऐसे साक्षात्कारका प्रयोजन अविद्या और उसका कार्य निखिल दुःखनिवृत्तिरूप और परम आनन्दप्राप्तिरूप मोक्ष है। उसकी आलोचना को तत्त्वज्ञानार्थदर्शन है।

तत्त्वज्ञानी (सं० पु०) तत्त्वस्य ज्ञानमस्यास्ति ज्ञान-इनि। १ जिसमें ब्रह्म, आत्मा और सृष्टि आदिके सम्बन्धका यथार्थ ज्ञान हो। तत्त्वज्ञ देखो। २ दार्शनिक।

तत्त्वतः (सं० अव्य०) तत्त्व-तसिल्। यथार्थ रूपसे, वस्तुतः, वास्तविक।

तत्त्वता (सं० स्त्री०) तत्त्व भावे तल् स्त्रियां टाप्। १ यथार्थता, वास्तविकता। तत्त्व होनेका भाव या गुण।

तत्त्वदर्शी (सं० त्रि०) १ जिसने तत्त्व दर्शन किया है, जिसके तत्त्वज्ञान उत्पन्न हुआ हो। (पु०) २ सावर्णि मन्वन्तरके एक ऋषिका नाम।

तत्त्वदर्शिता (सं० स्त्री०) तत्त्वदर्शिनो भावः तत्त्वदर्शिन् तल् स्त्रियां टाप्। वह जो दर्शन द्वारा जानता हो, तत्त्वज्ञता।

तत्त्वदर्शी (सं० पु०) तत्त्वं पश्यति तत्त्व-दृश-णिनि। १ तत्त्वज्ञानी, वह जो तत्त्व जानता हो। २ रैवतक मनुके एक पुत्रका नाम।

तत्त्वदीपन (सं० स्त्री०) तत्त्वालोक, तत्त्वज्ञानकी आभा।

तत्त्वदृष्टि (सं० स्त्री०) वह दृष्टि जो तत्त्वका ज्ञान प्राप्त करनेमें सहायक हो, ज्ञानचक्षु, दिव्यदृष्टि।

तत्त्वनिरूपण (सं० क्ली०) तत्त्वस्य निरूपणं ६-तत्। १ ब्रह्मज्ञान, ईश्वर-निरूपण, ब्रह्म-निर्णय। २ जैनमतानुसार—जीव, अजीव, आस्रव, बंध आदि सब तत्त्वोंका निरूपण।

तत्त्वनिर्णय (सं० पु० तत्त्वस्य निर्णयः ६-तत्। तत्त्वनिरूपण देखो।

तत्त्वन्यास (सं० पु०) तन्त्रोक्त विष्णुपूजाङ्गन्यासविशेष तन्त्रके अनुसार विष्णुपूजामें एक अङ्गन्यास। इस न्यासके विषयमें तन्त्रसारमें इस प्रकार लिखा है। पहले पूजा विधिके अनुसार पूजा कर सिद्धिलाभके लिये साधकको यह न्यास करना चाहिए।

"नमः पादादिपर्यन्तं तत्त्वात्मने नमः।" (तन्त्रदीप०)

पहले नमः शब्द और इसके बाद तत्त्वात्मने नमः यह वाक्य प्रयोग करना पड़ेगा।

मं नमः पराय ओंकारात्मने नमः मं नमः पराय ज्ञान-तत्त्वात्मने नमः एतद्द्वयं सर्वाङ्गे।
ततो हृदम्भोजे तत्त्वत्रयं विन्यसेत्।
यं नमः पराय प्रकृत्यात्मने नमः; रं नमः पराय अहंकार-तत्त्वात्मने नमः; पं नमः पराय मनस्तत्त्वात्मने नमः; एतत्त्रयं हृदि।
नं नमः पराय शब्दतत्त्वात्मने नमः मस्तके।
धं नमः पराय स्पर्शतत्त्वात्मने नमः मुखे।
दं नमः पराय रूपतत्त्वात्मने नमः हृदि।
थं नमः पराय रसतत्त्वात्मने नमः गुह्ये।
तं नमः पराय गन्धतत्त्वात्मने नमः पादयोः।
णं नमः पराय श्रोत्रतत्त्वात्मने नमः श्रोत्रयोः।
ढं नमः पराय त्वक्तत्त्वात्मने नमः त्वचि।
डं नमः पराय चक्षुस्तत्त्वात्मने नमः चक्षुषोः।
ठं नमः जिह्वातत्त्वात्मने नमः जिह्वायां।
टं नमः पराय घ्राणतत्त्वात्मने नमः घ्राणयोः।
ञं नमः वाक्तत्त्वात्मने नमः वाचि।
झं नमः पराय पाणितत्त्वात्मने नमः करयोः।
जं नमः पराय पादतत्त्वात्मने नमः पादयोः।
छं नमः पराय पायुतत्त्वात्मने नमः गुह्ये।

मं नमः पराय उपस्थतत्त्वात्मने नमः लिङ्गे ।
हं नमः पराय आकाशतत्त्वात्मने नमः मूर्ध्नि ।
यं नमः पराय वायुतत्त्वात्मने नमः मुखे ।
रं नमः पराय तेजस्तत्त्वात्मने नमः ।
वं नमः पराय जलतत्त्वात्मने नमः लिङ्गे ।
लं नमः पराय पृथिवीतत्त्वात्मने नमः पादयोः ।

इत्याद्युक्तीकृततनुर्विदधीत तत्त्वान्यासं मपूर्वकपराक्षरन्युपेतं । मूलपराय च तदाह्वयमात्मने च नत्यन्तमुदरन्तु तत्त्वमनुक्रमेण ॥
सकलवपुषि जीवं प्राणमायोज्य मध्ये
न्यहतुमतिमहंकारान्तरवं मनश्च ।
कमुखहृदयगुह्य पृष्ठ घोशब्दपूर्वं
गुणगणमपकर्णादिस्थितं श्रोत्रपूर्वं ॥
भागादीन्द्रियवर्गमात्मनि नमेदाकाशपूर्वं गणं ।
मूर्द्धास्ये हृदये शिरे चरणयोः हृत्पुण्डरीकं हृदि ।
शं नमः पराय हृत्पुण्डरीकतत्त्वात्मने नमः हृदि ।
हं नमः पराय द्वादश-कलाव्याप्त-सूर्यमण्डलतत्त्वात्मने नमः हृदि ।
सं नमः पराय षोडशकलाव्याप्तसोममण्डलतत्त्वात्मने नमः हृदि ।
रं नमः पराय दशकलाव्याप्तवह्निमण्डलतत्त्वात्मने नमः हृदि ।
यं नमः पराय परमेष्ठितत्त्वात्मने वासुदेवाय नमः मस्तके ।
मं नमः पराय पुरुषतत्त्वात्मने संकर्षणाय नमः मुखे ।
लं नमः पराय विश्वतत्त्वात्मने प्रद्युम्नाय नमः हृदि ।
वं नमः पराय निवृत्तितत्त्वात्मनेऽनिरुद्धाय नमः लिंगे ।
लं नमः पराय सर्वतत्त्वात्मने नारायणाय नमः पादयो ।
क्षं नमः पराय कोपतत्त्वात्मने नृसिंहाय नमः सर्वगात्रे ।
एवं तत्त्वानि विन्यस्य प्राणायामं समाचरेत् । (तन्त्रसार)

इस प्रकार उक्त मन्त्र द्वारा सर्वाङ्गमें न्यास कर प्राणायाम करना चाहिये । यथानियमसे तत्त्वन्यास करने पर समस्त सिद्धि लाभ होती है और वह मनुष्य विष्णुको स्वरूपता प्राप्त करता है ।

तत्त्वप्रकाश (सं० पु०) तत्त्वस्य प्रकाशः, ६ तत् । तत्त्वदीपन, तत्त्वज्ञानकी आभा ।

तत्त्वबोधिनी (सं० स्त्री०) वह जिसके द्वारा तत्त्वज्ञान उत्पन्न होता हो ।

तत्त्वभाव (सं० पु०) प्रकृति, स्वभाव ।

तत्त्वभाषी (सं० त्रि०) तत्त्वं भाषते भाष णिनि । यथार्थवादी, जो स्पष्टरूपसे यथार्थ बात कहता हो ।

तत्त्वमङ्गलम्—मन्द्राज प्रदेशके अन्तर्गत कोचिन राज्यके त्रिचूर जिलेका एक शहर । यह अक्षा० १०° ४१' उ० और देशा० ७६° ४२' पू०में अवस्थित है । यहां एक मुन्सफी अदालत है । इसका क्षेत्रफल प्रायः ५६ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः ६२२२ है ।

तत्त्वरश्मि (सं० पु०) तन्त्रके अनुसार स्त्री-देवताका बीज, वधूबीज ।

तत्त्वरायर—१७वीं शताब्दीके एक विख्यात तामिल शैव संन्यासी । इन्होंने तामिल भाषामें बहुतसे ग्रन्थ लिखे हैं ।

तत्त्ववत् (सं० त्रि०) तत्त्वं विद्यतेऽस्य तत्त्व-मतुप् । तत्त्वविशिष्ट, तत्त्वज्ञानसे भरा हुआ ।

तत्त्ववाद (सं० पु०) दर्शनशास्त्रसम्बन्धी विचार ।

तत्त्ववादी (सं० पु०) तत्त्वं वदति, वद-णिनि । १ यथार्थवादी, वह जो स्पष्टरूपसे यथार्थ बात कहता हो । २ वह जो तत्त्ववादका ज्ञाता और समर्थक हो ।

तत्त्वविद् (सं० पु०) १ तत्त्ववेत्ता । २ परमेश्वर ।

तत्त्वविद्या (सं० स्त्री०) दर्शनशास्त्र ।

तत्त्ववेत्ता—एक कविका नाम । ये १६२३ ई०में हुए थे ।

तत्त्ववेत्ता (सं० पु०) १ तत्त्वज्ञानी, वह जिसे तत्त्वका ज्ञान हो । २ दार्शनिक, दर्शनशास्त्रका ज्ञाता, फिलासफर ।

तत्त्वशास्त्र (सं० पु०) दर्शनशास्त्र ।

तत्त्वश्रद्धान (सं० स्त्री०) जिस वस्तुका जो स्वरूप है उसका उसी तरहसे श्रद्धान करना । जैन शास्त्रानुसार सम्यग्दृष्टिके यह होता है ।

तत्त्वसञ्चय (सं० पु०) बौद्धशास्त्रका एक भेद ।

तत्त्वार्थश्रद्धान—(सं० स्त्री०) तत्त्वश्रद्धान देखो ।

तत्त्वार्थसूत्र (सं० स्त्री०) जैनधर्मका मूलतत्त्व प्रकाशक सूत्रग्रन्थविशेष । यह ग्रन्थ संस्कृत भाषामें लिखा हुआ है इसमें प्रायः समस्त ही जैनधर्मकी ज्ञातव्य बातोंका उल्लेख है । आचार्य श्रीउमास्वामीने इसे बनाया है । दिगम्बर श्वेतांबर दोनों संप्रदायवाले कुछ परिवर्तनके साथ समानभावसे इसे मानते हैं । इसके सूत्रोंका पाठ करनेसे एक उपवास करनेका फल मिलता है । बहुतसे जैनी इसका प्रतिदिन पाठ करना अपना कर्तव्य समझते हैं ।

जो लोग पढ़ना नहीं जानते वे भी इसको दूसरोंसे सुनने-में पुण्य समझते हैं।

इस ग्रन्थमें दश अध्याय हैं। उनमें पहिले अध्याय-में नय प्रमाण और निक्षेपका वर्णन है। दूसरे अध्याय-में जीवके औपशमिक आदि ५३ भाव, उसके त्रस स्थावर संसारी मुक्त आदि भेद, संमूर्छन आदि जन्मप्रकार और योनि आदिका विस्तृत वर्णन है। तीसरे अध्यायमें अधोलोक, नरकावास और मध्यलोकके समुद्र द्वीप पर्वत नदी आदिका वर्णन है। चौथेमें ऊर्ध्वलोक-स्वर्ग ज्योतिषक उनके विमान, आयु, ज्ञान प्रभृतिका वर्णन है पांचवें अध्यायमें जीव, पुद्गल, धर्म (द्रव्यविशेष) अधर्म द्रव्य, आकाश और काल इन छहद्रव्योंका वैज्ञानिक ढङ्गसे वर्णन है। छठेमें जीवके साथ मन वचन कायकी क्रिया से ज्ञानावरणादि कर्मोंका किस प्रकार आस्रव (आगमन) होता है, कौन काम करनेसे क्या फल होता है इत्यादि बातोंका विस्तार है। सातवेंमें मुनि और श्रावकके आचारका वर्णन है। आठवेंमें ज्ञानावरणादि कर्मोंकी स्थिति, प्रकृति अनुभाग और प्रदेशोंका कथन है। नवमें-में कर्मोंको नष्ट करदेनेमें कारण गुप्ति समिति अनुप्रेक्षा परीषहजय ध्यान आदिका वर्णन है और दशवेंमें मोक्ष-तत्त्वका विशेष व्याख्यान है। जैनधर्म और उमास्वाति देखो।

तत्त्वानुसन्धान (सं॰ क्ली॰) तत्त्वस्य अनुसन्धानं, ६-तत्। प्रकृत अवस्थाका अन्वेषण।

तत्त्वानुसन्धायी (सं॰ त्रि॰) तत्त्व अनु-सं-धा-णिनि। जो तत्त्वानुसन्धान करता हो।

तत्त्वावधान (सं॰ क्ली॰) तत्त्वस्य अवधानं, ६-तत्। निरीक्षण, जांच पड़ताल, देखरेख।

तत्त्वावधायक (सं॰ पु॰) तत्त्वस्य अवधायकः, ६-तत्। तत्त्वावधानकारी, निरीक्षक, वह जो देखरेख करता हो।

तत्त्वावधारक (सं॰ पु॰) तत्त्वस्य अवधारकः, ६-तत्। अवधारणकर्ता, वह जो किसी विषयका तत्त्वनिरूपण करता हो।

तत्त्वावधारण (सं॰ क्ली॰) तत्त्वस्य अवधारणं, ६-तत्। तत्त्वनिर्णय, यथार्थ बोध।

तत्त्वावबोध (सं॰ पु॰) तत्त्वस्य अवबोधः, ६-तत्। तत्त्व-ज्ञान। तत्त्वज्ञान देखो।

तत्पत्नी (सं॰ स्त्री॰) तत्पत्नं यस्याः, बहुव्री॰। १ दिक्-पाली, वंगदेशी नामका पौधा। २ कदलो वृक्ष, केलेका पेड़।

तत्पद (सं॰ क्ली॰) तदिति पदं, कर्मधा॰। १ विष्णुका परम पद, निर्वाण।

"तत्त्वमसि श्वेतकेतो इत्यादिवाक्यस्य तत्त्वम् अस्मात्" (श्रुति) हे श्वेतकेतो! वही सत्य है वही आत्मा एक मात्र सत्य है इसीलिये उस आत्माको तत्पद समझना चाहिये। "तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः।" (गुरु-स्तव) २ परमब्रह्म।

तत्पदलक्ष्यार्थ (सं॰ पु॰) तत्पदस्य लक्ष्यार्थः, ६-तत्। चित्स्वरूप ब्रह्म।

तत्पदवाच्य (सं॰ त्रि॰) तत्पदस्य वाच्यः, ६-तत्। ब्रह्म, श्रुतिप्रतिपाद्य एकमात्र ब्रह्म ही तत्पदवाच्य है।

तत्पदवाच्यार्थ (सं॰ पु॰) तत्पदवाच्यस्य अर्थः ६-तत्। ब्रह्मके वाच्यार्थमें अज्ञानादिसमूह उपहित सर्वज्ञत्व प्रभृति विशिष्टचैतन्य और अनुपहितचैतन्य ये तीन तत्पदवाच्यके अर्थ हैं।

तत्पदार्थ (सं॰ पु॰) तत्पदस्य-जन्मैश्वर्यादिवाक्यस्य अर्थः, ६-तत्। जगत्कारण परमात्मा, सृष्टिकर्ता। ब्रह्म ही एक-मात्र जगत्का कारण है। ब्रह्म देखो।

तत्पदाविध (सं॰ त्रि॰) तत्पदस्य जगत्सम्बन्धादिमात्रकारस्य अविधा यत्र, बहुव्री॰। तत्पदवाच्य, ब्रह्म।

तत्पर (सं॰ त्रि॰) तत् परं उत्तमं यस्य, बहुव्री॰। १ रत, उससे सम्बन्ध रखनेवाला। २ तदासक्त, उसमें लगा हुआ। तस्मात् परं, ५-तत्। ३ मुस्तैद, उद्यत जो कोई काम करनेके लिये तैयार हो। ४ निरत, दक्ष-वान्। ५ निपुण, दक्ष। ६ सतर्क, चतुर, होशियार। (पु॰) ७ एक निमिषका तीसवां भाग।

तत्परता (सं॰ स्त्री॰) तत्पर-तल्-टाप्। १ उद्यतता, मुस्तैदी। २ दक्षता, निपुणता। ३ रत, आसक्ति। ४ सतर्कता, होशियारी।

तत्परायण (सं॰ त्रि॰) तदेव परं अयनं, ६-तत्, बहुव्री॰। १ तदासक्त, उसमें लगा हुआ। २ तन्निष्ठ, उसमें लीन।

तत्पुरुष (सं॰ पु॰) १ समासविशेष, एक प्रकारका समास। इस समासमें उत्तरपदकी प्रधानता होती है,

वं नमः पराय उपस्थतत्त्वात्मने नमः लिंगे ।
रं नमः पराय आकाशतत्त्वात्मने नमः मूर्ध्नि ।
यं नमः पराय वायुतत्त्वात्मने नमः मुखे ।
गं नमः पराय तेजस्तत्त्वात्मने नमः ।
सं नमः पराय जलतत्त्वात्मने नमः लिंगे ।
कं नमः पराय पृथिवीतत्त्वात्मने नमः पादयोः ।

इत्याध्युतीकृततनुर्विदधीत तत्त्वान्यासं मपूर्वकपरास्तरन-ग्युपेतं । भूमपराय च तदाद्यपरात्मने च नयन्तमुदरतु तत्त्व-मनुक्रमेण ॥

सकलवपुषि जीवं प्राणमायोज्य मध्ये
न्यस्तुमतिमहंकारान्तरं मनस्तु ।
कमुकहृदयपुष्प्यं प्रिष्वयोशब्दपूर्वं
गुणगणमयकर्णादिस्थितं श्रोत्रपूर्वं ॥
वागादीन्द्रियवर्गमात्मनि नमेदाकाशपूर्वं गणं ।
मूर्द्धास्ये हृदये शिरे चरणयो हृत्पुण्डरीकं हृदि ।
शं नमः पराय हृत्पुण्डरीकतत्त्वात्मने नमः हृदि ।
हं नमः पराय द्वादश-कलाव्याप्त-सूर्यमण्डलतत्त्वात्मने नमः हृदि ।
सं नमः पराय षोडशकलाव्याप्तसोममण्डलतत्त्वात्मने नमः हृदि ।
रं नमः पराय दशकलाव्याप्तवह्निमण्डलतत्त्वात्मने नमः हृदि ।
यं नमः पराय परमेष्ठितत्त्वात्मने वासुदेवाय नमः मस्तके ।
मं नमः पराय पुरुषतत्त्वात्मने संकर्षणाय नमः मुखे ।
लं नमः पराय विश्वतत्त्वात्मने प्रद्युम्नाय नमः हृदि ।
वं नमः पराय निवृत्तितत्त्वात्मनेऽनिरुद्धाय नमः लिंगे ।
लं नमः पराय सर्वतत्त्वात्मने नारायणाय नमः पादयो ।
क्षं नमः पराय कोपतत्त्वात्मने नृसिंहाय नमः सर्वगात्रे ।
एवं तत्त्वानि विन्यस्य प्राणायामं समाचरेत् । (तन्त्रसार)

इस प्रकार उक्त मन्त्र द्वारा सर्वाङ्गमें न्यास कर प्राणायाम करना चाहिये । यथानियमसे तत्त्वन्यास करने पर समस्त सिद्धि लाभ होती है और वह मनुष्य विष्णुको स्वरूपता प्राप्त करता है ।

तत्त्वप्रकाश (सं० पु०) तत्त्वस्य प्रकाशः, ६ तत् । तत्त्व-दीपन, तत्त्वज्ञानकी आभा ।

तत्त्वबोधिनी (सं० स्त्री०) वह जिसके द्वारा तत्त्वज्ञान उत्पन्न होता हो ।

तत्त्वभाव (सं० पु०) प्रकृति, स्वभाव ।

तत्त्वभावी (सं० त्रि०) तत्त्वं भाषते भाष णिनि । यथार्थ-वादी, जो स्पष्टरूपसे यथार्थ बात कहता हो ।

तत्त्वमङ्गलम्—मन्द्राज प्रदेशके अन्तर्गत कोचिन राज्यके चित्तूर जिलेका एक शहर । यह अक्षा० १०° ४१′ उ० और देशा० ७६° ४२′ पू०में अवस्थित है । यहां एक मुन्सफी अदालत है । इसका क्षेत्रफल प्रायः ५६ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः ६२२२ है ।

तत्त्वरश्मि (सं० पु०) तन्त्रके अनुसार स्त्री-देवताका बीज, वधूबीज ।

तत्त्वरायर—१७वीं शताब्दीके एक विख्यात तामिल शैव संन्यासी । इन्होंने तामिल भाषामें बहुतसे ग्रन्थ लिखे हैं ।

तत्त्ववत् (सं० त्रि०) तत्त्वं विद्यतेऽस्य तत्त्व-मतुप् । तत्त्वविशिष्ट, तत्त्वज्ञानसे भरा हुआ ।

तत्त्ववाद (सं० पु०) दर्शनशास्त्रसम्बन्धी विचार ।

तत्त्ववादी (सं० पु०) तत्त्वं वदति, वद-णिनि । १ यथार्थ-वादी, वह जो स्पष्टरूपसे यथार्थ बात कहता हो । २ वह जो तत्त्ववादका ज्ञाता और समर्थक हो ।

तत्त्ववित् (सं० पु०) १ तत्त्ववेत्ता । २ परमेश्वर ।

तत्त्वविद्या (सं० स्त्री०) दर्शनशास्त्र ।

तत्त्ववेत्ता—एक कविका नाम । ये १६२२ ई०में हुए थे ।

तत्त्ववेत्ता (सं० पु०) १ तत्त्वज्ञानी, वह जिसे तत्त्वका ज्ञान हो । २ दार्शनिक, दर्शनशास्त्रका ज्ञाता, फिलासफर ।

तत्त्वशास्त्र (सं० पु०) दर्शनशास्त्र ।

तत्त्वश्रद्धान (सं० स्त्री०) जिस वस्तुका जो स्वरूप है उसका उसी तरहसे श्रद्धान करना । जैन शास्त्रानुसार सम्यग्दृष्टिके यह होता है ।

तत्त्वसञ्चय (सं० पु०) बौद्धशास्त्रका एक भेद ।

तत्त्वार्थश्रद्धान—(सं० स्त्री०) तत्त्वश्रद्धान देखो ।

तत्त्वार्थसूत्र (सं० स्त्री०) जैनधर्मका मूलतत्त्व प्रकाशक सूत्रग्रन्थविशेष । यह ग्रन्थ संस्कृत भाषामें लिखा हुआ है इसमें प्रायः समस्त ही जैनधर्मको ज्ञातव्य बातोंका उल्लेख है । आचार्य श्रीउमास्वामीने इसे बनाया है । दिगम्बर श्वेतांबर दोनों संप्रदायवाले कुछ परिवर्तनके साथ समानभावसे इसे मानते हैं । इसके सूत्रोंका पाठ करने-से एक उपवास करनेका फल मिलता है । बहुतसे जैनी इसका प्रतिदिन पाठ करना अपना कर्तव्य समझते हैं,

जो लोग पढ़ना नहीं जानते वे भी इसको दूसरोंसे सुनने-में पुण्य समझते हैं।

इस ग्रन्थमें दश अध्याय हैं। उनमें पहिले अध्याय-में नय प्रमाण और निक्षेपका वर्णन है। दूसरे अध्याय में जीवके औपशमिक आदि ५३ भाव, उनके त्रस स्थावर संसारी मुक्त आदि भेद, संमूर्छन आदि जन्मप्रकार और योनि आदिका विस्तृत वर्णन है। तीसरे अध्यायमें अधोलोक, नरकावास और मध्यलोकके समुद्र द्वीप पर्वत नदी आदिका वर्णन है। चौथेमें ऊर्ध्वलोक-स्वर्ग ज्योतिषक उनके विमान, आयु, ज्ञान प्रभृतिका वर्णन है पांचवें अध्यायमें जीव, पुद्गल, धर्म (द्रव्यविशेष) अधर्म द्रव्य, आकाश और काल इन छहद्रव्योंका वैज्ञानिक ढङ्गसे वर्णन है। छठेमें जीवके साथ मन वचन कायकी क्रियासे ज्ञानावरणादि कर्मोंका किस प्रकार आस्रव (आगमन) होता है, कौन काम करनेसे क्या फल होता है इत्यादि बातोंका विस्तार है। सातवेंमें मुनि और श्रावकके आचारका वर्णन है। आठवेंमें ज्ञानावरणादि कर्मोंकी स्थिति, प्रकृति अनुभाग और प्रदेशोंका कथन है। नवमें-में कर्मोंको नष्ट करदेनेमें कारण गुप्ति समिति अनुप्रेक्षा परीषहजय ध्यान आदिका वर्णन है और दशवेंमें मोक्ष-तत्त्वका विशेष व्याख्यान है। जैनधर्म और उमास्वाति देखो।

तत्त्वानुसन्धान (सं० स्त्री०) तत्त्वस्य अनुसन्धानं, ६-तत्। प्रकृत अवस्थाका अन्वेषण।

तत्त्वानुसन्धायी (सं० त्रि०) तत्त्व अनु-सं-धा-णिनि। जो तत्त्वानुसन्धान करता हो।

तत्त्वावधान (सं० स्त्री०) तत्त्वस्य अवधानं, ६-तत्। निरी-क्षण, जांच पड़ताल, देखरेख।

तत्त्वावधायक (सं० पु०) तत्त्वस्य अवधायकः, ६-तत्। तत्त्वावधानकारी, निरीक्षक, वह जो देखरेख करता हो।

तत्त्वावधारक (सं० पु०) तत्त्वस्य अवधारकः, ६-तत्। तत्त्वपरिज्ञाता, वह जो किसी विषयका तत्त्वनिरूपण करता हो।

तत्त्वावधारण (सं० स्त्री०) तत्त्वस्य अवधारणं, ६-तत्। तत्त्वनिर्णय, यथार्थबोध।

तत्त्वावबोध (सं० पु०) तत्त्वस्य अवबोधः, ६-तत्। तत्त्व-ज्ञान। (तत्त्वज्ञान देखो।)

तत्पदी (सं० स्त्री०) तत्पदं यस्याः, बहुव्री०। १ हिङ्गु-पत्री, वंशपत्री नामकी घास। २ छदनी तृण, केमेका पेड़।

तत्पद (सं० क्लो०) तदिति पदं, कर्मधा०। १ विष्णुका परम पद, निर्वाण।

"तत्त्वमसि श्वेतकेतो इत्यादिवाक्यस्थं तत्पदं च [illegible]" (श्रुति) हे श्वेतकेतो! वही सत्य है वही आत्मा एक मात्र सत्य है इसीलिये उस आत्माको तत्पद समझना चाहिये। "तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः।" (गुरु-स्तव) २ आत्मतत्त्व।

तत्पदलक्ष्यार्थ (सं० पु०) तत्पदस्य लक्ष्यार्थः, ६-तत्। चित्स्वरूप ब्रह्म।

तत्पदवाच्य (सं० त्रि०) तत्पदस्य वाच्यः, ६-तत्। ब्रह्म, श्रुतिप्रतिपाद्य एकमात्र ब्रह्म ही तत्पदवाच्य है।

तत्पदवाच्यार्थ (सं० पु०) तत्पदवाच्यस्य अर्थः ६-तत्। ब्रह्मके वाच्यार्थमें अज्ञानादिसमूह उपहित सर्वज्ञ प्रभृति विशिष्टचैतन्य और अनुपहितचैतन्य ये तीन तत्पदवाच्यके अर्थ हैं।

तत्पदार्थ (सं० पु०) तत्पदस्य तत्त्वमस्यादिवाक्यस्य अर्थः, ६-तत्। जगत्कारण परमात्मा, सृष्टिकर्ता। ब्रह्म ही एक-मात्र जगत्का कारण है। ब्रह्म देखो।

तत्पदाभिध (सं० त्रि०) तत्पदस्य तत्त्वमस्यादिवाक्यस्य अभिधा यत्र, बहुव्री०। तत्पदवाच्य, ब्रह्म।

तत्पर (सं० त्रि०) तत् परम् उत्तमं यस्य, बहुव्री०। १ सतत, उससे सम्बन्ध रखनेवाला। २ तदासक्त, उसमें लगा हुआ। तस्मात् परं, ५-तत्। ३ सन्नद्ध, जो कोई काम करनेके लिये तैयार हो। ४ निविष्ट, यत्न-वान्। ५ निपुण, दक्ष। ६ सतर्क, चतुर, होशियार। (पु०) ७ एक निमेषका तीसवां भाग।

तत्परता (सं० स्त्री०) तत्पर-तल्-टाप्। १ [illegible], मुस्तैदी। २ दक्षता, निपुणता। ३ रत, आसक्त। ४ सतर्कता, होशियारी।

तत्परायण (सं० त्रि०) तदेव परं अयनं, यस्य, बहुव्री०। १ तदासक्त, उसमें लगा हुआ। २ तद्ध्यान, उसमें ध्येय।

तत्पुरुष (सं० पु०) १ समासविशेष, एक प्रकारका समास। इस समासमें उत्तरपदकी प्रधानता होती है,

पर्थात् दो पदोंमें समास हो कर जो पद बनता है उसका लिङ्ग प्रभृति होता है। प्रधानतः यह समास ६ भागोंमें विभक्त है—द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पञ्चमी, षष्ठी और सप्तमी तत्पुरुष। द्वितीयादि विभक्तिके अन्तका उत्तर द्वितीयादि तत्पुरुष होता है। स ७ देखो। २ रुद्र भेद, एक रुद्रका नाम। ३ ईश्वर, परमेश्वर। ४ मत्स्यपुराणके अनुसार एक कल्पका नाम।

तत्पूर्व (सं० त्रि०) स एव पूर्वः, कर्मधा०। सर्व प्रथम, सबसे पहला।

तत्प्रकार (सं० त्रि०) उसी तरह।

तत्प्रतिरूपक व्यवहार (सं० पु०) जैनियोंके मतसे एक अतिचार। यह विक्रेय शुद्ध पदार्थोंमें खोटे पदार्थोंको मिलान करनेसे होता है।

तत्फल (सं० पु०) तनोति तन-क्विप् तत् फलं यस्य, बहुव्री० या तत् विस्तृतं फलति फल-अच्। १ कुवलय, नीलकमल। २ कुष्ठ नामक औषधविशेष; कूट नामकी दवा। ३ चोर नामक सुगन्धि द्रव्य। ४ रोहिषतृण (क्ली०) तस्य फलं, ६-तत्। ५ उसका फल।

तत्र (सं० अव्य०) तत् त्रल्। वहाँ, उस स्थान पर उस जगह।

तत्रक (हिं० पु०) यूरोप, अरब, फारससे ले कर पूर्वमें अफगानिस्तान तक होनेवाला एक प्रकारका पेड़। यह कुछ कुछ अनार पेड़से मिलता जुलता है। इसके पत्ते नीमके पत्तोंकी तरह कटावदार और कुछ ललाई लिये होते हैं। इसके बीजको समाक कहते हैं और ये बाजारमें बिकते हैं। हकीमी दवामें इसके बीज बहुत उपयोगी हैं। एक प्रकारका रंग इसके पत्तोंसे बनाया जाता है। इसके डंठल और पत्ते चमड़े सिझानेके काममें आते हैं। हिन्दुस्तानमें चमड़ेके बड़े बड़े कारखानोंमें इसके पत्ते सिसिलीसे मंगाये जाते हैं।

तत्रत्य (सं० त्रि०) तत्र भवः अव्ययात् त्यप्। तत्स्थानस्थ, उस स्थान पर उत्पन्न।

तत्रभवत् (सं० त्रि०) पूज्यार्थं तत्र भवान् नित्यसः वा सुप्सुपेति समासः। पूज्य, मान्य, प्रशंसनीय श्रेष्ठ।

अत्रभवान् देखो।

तत्रस्थ (सं० त्रि०) तत्र तिष्ठति स्था-क। तत्रस्थित, उस स्थानका, उस जगह पर।

तत्रापि (सं० अव्य०) तथापि, तोभी।

तत्संक्रान्त (सं० त्रि०) तस्य संक्रान्तः, ६-तत्। तदीय। उसका, उससे सम्बन्ध रखनेवाला।

तत्सदृश (सं० त्रि०) तस्य सदृशः, ६-तत्। तथाविध, उसके समान।

तत्सम (सं० पु०) भाषामें व्यवहृत होनेवाला संस्कृतका एक शब्द।

तत्समानन्तर (सं० अव्य०) तदनन्तर, उसके बाद।

तत्साधुकारी (सं० त्रि०) तत्साधु यथा तथा करोति तत्-साधु-कृ-णिनि। जो उसके प्रति उत्तम व्यवहार करता हो।

तत्स्थ (सं० त्रि०) तत्र तिष्ठति तत्-स्था-क। वहाँ पर अवस्थित।

तत्स्थानाभिषिक्त (सं० त्रि०) तस्य स्थाने अभिषिक्तः ६ और ७-तत्। उसका प्रतिनिधि, जो दूसरोंका स्थानापन्न हो कर काम करता हो।

तत्स्वरूप (सं० त्रि०) तस्य स्वरूपः ६-तत्। उसके समान, उसीके जैसा।

तथा (सं० अव्य०) तेन प्रकारेण तद्-थाल्। १ इसी तरह, ऐसे ही। २ और, व। ३ अभ्युपगम, निकट, समीप। (पु०) ४ पूर्व प्रतिवचन, पहलेकी कही हुई बात। ५ सत्य। ६ सीमा, हद। ७ निश्चय। ८ समानता।

तथाकार (सं० अव्य०) किसी प्रकारसे करके।

तथागत (सं० पु०) तथा सत्यं गतं ज्ञानं यस्य, बहुव्री० यथा न पुनरावृत्तिर्भवति तथा तेन प्रकारेण गतः। १ गौतमबुद्ध, सुगत। पूर्व पूर्व बुद्धोंकी तरह आगमन हुआ था, इसलिए इनका नाम तथागत हुआ। बुद्ध देखो। (त्रि०) तथा तेन प्रकारेण आगतः ३-तत्। २ उसी प्रकार एवं उसी रूपमें आये हुए। (भारत ३।७७।२)

तथागतगर्भ (सं० पु०) बौद्धके एक शास्त्रका नाम।

तथागतगुणज्ञानचिन्त्यविषयावतारनिर्देश (सं० पु०) बौद्धके एक शास्त्रका नाम।

तथागतगुप्त (सं० पु०) एक बौद्ध राजा।

तथागतगुह्यक (सं० पु०) नेपाली बौद्धोंके ९ प्रधान शास्त्रोंमेंसे एक।

तथागतभद्र—नागार्जुनके एक प्रधान शिष्य।

तथागुण (सं॰ वि॰) तद्रूपगुणसम्पन्न, वैसा ही गुण वान् ।

तथाच (सं॰ अव्य॰) तथा च च, च, इति, द्वन्द्व॰ । तथापि, तौभी ।

तथाता (सं॰ स्त्री॰) तथा भावे तल्-टाप् । तथात्व, उस तरह ।

तथात्व (सं॰ क्ली॰) तथा भावे त्व । तथाभूतत्व, उस तरह ।

तथापि (सं॰ अव्य॰) तथा च अपि च, द्वन्द्व । तथापि, तौ भी, तिस पर भी, तब भी ।

तथाभावी (सं॰ त्रि॰) तत्स्वभावसम्पन्न, उसी स्वभावका ।

तथाभूत (सं॰ वि॰) तेन प्रकारेण भूतः भू-कर्त्तरि क्त । उसी प्रकारसे सम्पन्न, उसी तरहसे भया हुआ ।

तथामुख (सं॰ त्रि॰) उसी ओर मुख घुमा कर । उसी ओर मुंह रख कर ।

तथाराज (सं॰ पु॰) तथेति राजते राज-टच् । बुद्ध ।

तथारूप (सं॰ त्रि॰) तदनुरूप, उसी प्रकार ।

तथारूपी—तथारूप देखो ।

तथाविध (सं॰ वि॰) तथा विधा यस्य, बहुव्री॰ । तादृश, उसी प्रकार ।

तथाविधेय (सं॰ त्रि॰) उसी प्रकार कर्त्तव्य, जो उसी तरह किया जाय ।

तथाव्रत (सं॰ वि॰) उसी तरह व्रतपरायण ।

तथास्तु (अव्य॰) वैसाही हो ।

तथोक्त (सं॰ त्रि॰) उसी तरह उच्चारण किया हुआ ।

तथाहि (सं॰ अव्य॰) तथा च हि च, द्वन्द्वः । १ निदर्शन, दिखलानेकी क्रिया । २ प्रसिद्ध, ख्याति । ३ समर्थन ।

तथैव (सं॰ अव्य॰) तथाच एव च, द्वन्द्वः । तद्वत्, उसी तरह, वैसाही ।

तथैवच (सं॰ अव्य॰) तथा च एव च चच, द्वन्द्वः । उसी प्रकारसे ही ।

तथ्य (सं॰ क्ली॰) तथा साधु तथा यत् । (पा ४।४।९८) १ सत्य, यथार्थता, सचाई । (त्रि॰) २ सत्ययुक्त ।

तथ्यज्ञान (सं॰ क्लो॰) तथ्यस्य ज्ञानं, ६-तत् । यथार्थ ज्ञान, प्रकृत ज्ञान । तत्त्वज्ञान देखो ।

तथ्यबोध (सं॰ पु॰) तथ्यस्य बोधः ६-तत् । तथ्यज्ञान, प्रकृत ज्ञान । ज्ञान देखो ।

तथ्यभाषी (सं॰ वि॰) तथ्यं भाषते भाष-णिनि । यथार्थ-वादी, सत्य बोल सच्ची बात कहनेवाला ।

तथ्यवादी (सं॰ वि) तथ्यं वदति वद-णिनि ।

तथ्यभाषी देखो ।

तथ्यानुसन्धान (सं॰ क्लो॰) तथ्यस्य अनुसन्धानं, ६-तत् । प्रकृत अवस्थाका अनुसन्धान ।

तद् (सं॰ त्रि॰) तन् आदि क्विप् । १ बुद्धिस्थ परामर्श विशेष, वह । इसका प्रयोग यौगिक शब्दोंके आरम्भमें होता है । तत् देखो ।

तदंश (सं॰ पु॰) तस्य अंशः, ६-तत् । उसका भाग या हिस्सा ।

तदतिरिक्त (सं॰ त्रि॰) तस्य अतिरिक्त, ६-तत् । उसके अतिरिक्त, उसके सिवा ।

तदधिक (सं॰ त्रि॰) तदतिरिक्त, उसके अलावा ।

तदर्थ (सं॰ त्रि॰) १ उसी प्रकारसे समान होना । (पु॰ क्ली॰) २ अभिप्राय, मतलब ।

तदनन्तर (सं॰ क्ली॰) उसके पीछे, उसके उपरान्त ।

तदनन्तर (सं॰ क्ली॰) तस्य अनन्तर ६ तत् । उसके बाद, उसके पीछे ।

तदन्त (सं॰ त्रि॰) तदेव अन्तं यस्य, बहुव्री॰ । जिस तरह आदन्त शब्दोंमें अकारादि भोजनीय उसी तरह आदमें भी ।

तदनु (सं॰ क्रि॰ वि॰) १ एक उसी प्रकार, उसी तरह । २ उसके बाद, तदनन्तर ।

तदनुरूप (सं॰ त्रि॰) तस्य अनुरूप, ६-तत् । तद्रूप । उसीके जैसा ।

तदनुसार (सं॰ पु॰) तस्य अनुसारः ६-तत् । उसके अनुरूप, उसके मुताबिक ।

तदनुसारी (सं॰ त्रि॰) तदनुसरति अनु सृ-णिनि । तदनुयायी, उसीके अनुसार चलनेवाला ।

तदन्य (सं॰ त्रि॰) तस्मादन्यः ५-तत् । तद्भिन्न, उससे अलग ।

तदन्यबाधितार्थप्रसङ्ग (सं॰ पु॰) तदन्यः बाधितार्थस्य प्रसङ्गः । प्रमाणबाधित अर्थका प्रसङ्गरूप तर्कभेद, न्याय शास्त्रमें तर्कके पांच प्रकारोंमेंसे एक । पांच प्रकारके तर्कोंके नाम—आत्माश्रय, अन्योन्याश्रय, चक्रक, अन-

अर्थात् दो पदोंमें समास हो कर जो पद बनता है उसका लिङ्ग प्रभृति होता है। प्रधानतः यह समास ६ भागोंमें विभक्त है—द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पञ्चमी, षष्ठी और सप्तमी तत्पुरुष। द्वितीयादि विभक्ति अन्तका उत्तर द्वितीयादि तत्पुरुष होता है। स।ध देखो। २ रुद्र भेद, एक रुद्रका नाम। ३ ईश्वर, परमेश्वर। ४ मत्स्यपुराणके अनुसार एक कल्पका नाम।

तत्पूर्व (सं॰ वि॰) स एव पूर्वः, कर्मधा॰। सर्व प्रथम, सबसे पहला।

तत्प्रकार (सं॰ त्रि॰) उसी तरह।

तत्प्रतिरूपक व्यवहार (सं॰ पु॰) बनियोंके मतसे एक अतिचार। यह विक्रेय शुद्ध पदार्थोंमें खोटे पदार्थोंको मिलान करनेसे होता है।

तत्फल (सं॰ पु॰) तनोति तन-क्विप् तत् फलं यस्य, बहुव्री॰ वा तत् विस्तृतं फलति फल-अच्। १ कुवलय, नीलकमल। २ कुष्ठ नामक औषधविशेष; कूट नामको दवा। ३ चोर नामक सुगन्धि द्रव्य। ४ रोहितक्षण (क्लो॰) तस्य फलं, ६-तत्। ५ उसका फल।

तत्र (सं॰ अव्य॰) तत् त्रल्। वहां, उस स्थान पर उस जगह।

तत्रक (हिं॰ पु॰) युरोप, अरब, फारसमें ले कर पूर्वमें अफगानिस्तान तक होनेवाला एक प्रकारका पेड़। यह कुछ कुछ अनार पेड़सा मिलता जुलता है। इसके पत्र नीमके पत्तोंकी तरह कटावदार और कुछ ललाई लिये होते हैं। इसके बीजको समाक कहते हैं और ये बाजारमें बिकते हैं। हकीमी दवामें इसके बीज बहुत उपयोगी हैं। एक प्रकारका रंग इसके पत्तोंसे बनाया जाता है। इसके डंठल और पत्ते चमड़े सिझानेके काममें आते हैं। हिन्दुस्तानमें चमड़ेके बड़े बड़े कारखानोंमें इसके पत्ते सिसिलीसे मंगाये जाते हैं।

तत्रत्य (सं॰ त्रि॰) तत्र भवः अव्ययात् त्यप्। तत्स्थानस्थ, उस स्थान पर उत्पन्न।

तत्रभवत् (सं॰ त्रि॰) पूज्यार्थं तत्र भवान् नित्यसः वा सुप्सुपेति समासः। पूज्य, मान्य, मग्य समीपस्थ। अत्रभवान् देखो।

तत्रस्थ (सं॰ त्रि॰) तत्र तिष्ठति स्था-क। तत्रस्थित, उस स्थानका, उस जगह पर।

तथापि (सं॰ अव्य) तथापि, तोभी।

तत्संक्रान्त (सं॰ त्रि॰) तस्य संक्रान्तः, ६-तत्। तदीय, उसका, उससे सम्बन्ध रखनेवाला।

तत्सदृश (सं॰ त्रि॰) तस्य सदृशः, ६-तत्। तथाविध, उसके समान।

तत्सम (सं॰ पु॰) भाषामें व्यवहृत होनेवाला संस्कृतका एक शब्द।

तत्समनन्तर (सं॰ अव्य) तदनन्तर, उसके बाद।

तत्साधुकारी (सं॰ त्रि॰) तत्साधु यथा तथा करोति तत्-साधु-कृ-णिनि। जो उसके प्रति उत्तम व्यवहार करता हो।

तत्स्थ (सं॰ त्रि॰) तत्र तिष्ठति तत्-स्था-क। वहां पर अवस्थित।

तत्स्थानाभिषिक्त (सं॰ त्रि॰) तस्य स्थाने अभिषिक्तः, ६ और ७-तत्। उसका प्रतिनिधि, जो दूसरोंका स्थानापन्न हो कर काम करता हो।

तत्स्वरूप (सं॰ त्रि॰) तस्य स्वरूपः ६-तत्। उसके समान, उसीके जैसा।

तथा (सं॰ अव्य॰) तेन प्रकारेण तद्-थाल्। १ इसी तरह, ऐसे हो। २ और, व। ३ अभ्युपगम, निश्चय, समीप। (पु॰) ४ पूर्व प्रतिवचन, पहलेको कही हुई बात। ५ सत्य। ६ सोमा, हद। ७ नियम। ८ समानता।

तथाकार (सं॰ अव्य॰) किसी प्रकारसे करके।

तथागत (सं॰ पु॰) तथा सत्यं गतं ज्ञानं यस्य, बहुव्री॰ यथा न पुनरावृत्तिर्भवति तथा तेन प्रकारेण गतः। १ गौतमबुद्ध, सुगत। पूर्व पूर्व बुद्धोंकी तरह आगमन हुआ था, इसलिए इनका नाम तथागत हुआ। बुद्ध देखो। (त्रि॰) तथा तेन प्रकारेण आगतः ३-तत्। २ उसी प्रकार एवं उसी रूपमें आये हुए। (भारत ३।७०।१५)

तथागतगर्भ (सं॰ पु॰) बौद्धके एक शास्त्रका नाम।

तथागतगुणज्ञानचिन्त्यविषयावतारनिर्देश (सं॰ पु॰) बौद्धके एक शास्त्रका नाम।

तथागतगुप्त (सं॰ पु॰) एक बौद्ध राजा।

तथागतगुह्यक (सं॰ पु॰) नेपाली बौद्धोंके ८ प्रधान शास्त्रोंमेंसे एक।

तथागतभद्र—नागार्जुनके एक प्रधान शिष्य।

तथागुण (सं० वि०) तद्रूपगुणसम्पन्न, वैसा ही गुणवान्।

तथाच (सं० अव्य०) तथा च च, च, इति, द्वन्द्व०। तत्रापि, तो भी।

तथाता (सं० स्त्री०) तथा भावे तल्-टाप्। तथात्व, उस तरह।

तथात्व (सं० क्ली०) तथा भावे त्व। तथाभूतत्व, उस तरह।

तथापि (सं० अव्य०) तथा च अपि च, द्वन्द्व। तत्रापि, तो भी, तिस पर भी, तब भी।

तथाभावी (सं० वि०) तत्स्वभावसम्पन्न, उसी स्वभावका।

तथाभूत (सं० वि०) तेन प्रकारेण भूतः भू-कर्त्तरि क्त। उसी प्रकारसे सम्पन्न, उसी तरहसे भया हुआ।

तथामुख (सं० वि०) उसी ओर मुख घुमा कर। उसी ओर मुंह रख कर।

तथाराज (सं० पु०) तथेति राजते राज-टच्। बुद्ध।

तथारूप (सं० वि०) तदनुरूप, उसी प्रकार।

तथारूपी—तथारूप देखो।

तथाविध (सं० वि०) तथा विधा यस्य, बहुव्री०। तादृश, उसी प्रकार।

तथाविधेय (सं० वि०) उसी प्रकार कर्त्तव्य, जो उसी तरह किया जाय।

तथाव्रत (सं० वि०) उसी तरह व्रतपरायण।

तथास्तु (अव्य०) वैसाही हो।

तथास्वर (सं० वि०) उसी तरह उच्चारण किया हुआ।

तथाहि (सं० अव्य०) तथा च हि च, द्वन्द्वः। १ निदर्शन, दिखलानेकी क्रिया। २ प्रसिद्ध, ख्याति। ३ समर्थन।

तथैव (सं० अव्य०) तथाच एव च, द्वन्द्वः। तद्वत्, उसी तरह, वैसाही।

तथैवच (सं० अव्य०) तथा च एव च चच, द्वन्द्वः। उसी प्रकारसे ही।

तथ्य (सं० क्ली०) तथा साधु तथा यत्। (तत्र साधुः। पा ४।४।९८) १ सत्य, यथार्थता, सचाई। (वि०) २ तथ्ययुक्त।

तथ्यज्ञान (सं० क्ली०) तथ्यस्य ज्ञानं, ६-तत्। यथार्थ ज्ञान, प्रकृत ज्ञान। तत्त्वज्ञान देखो।

तथ्यबोध (सं० पु०) तथ्यस्य बोधः ६-तत्। तथ्यज्ञान, प्रकृत ज्ञान। ज्ञान देखो।

तथ्यभाषी (सं० वि०) तथ्यं भाषते भाष-णिनि। यथार्थवादी, साफ और सच्ची बात कहनेवाला।

तथ्यवादी (सं० वि) तथ्यं वदति वद-णिनि।

तथ्यभाषी देखो।

तथ्यानुसन्धान (सं० क्ली०) तथ्यस्य अनुसन्धानं, ६-तत्। प्रकृत अवस्थाका अनुसन्धान।

तद् (सं० वि०) तन् आदि त्यिच। १ बुद्धिस्थ परामर्श विशेष, वह। इसका प्रयोग यौगिक शब्दोंके आरम्भमें होता है। तत् देखो।

तदंश (सं० पु०) तस्य अंशः, ६-तत्। उसका भाग या हिस्सा।

तदतिरिक्त (सं० वि०) तस्य अतिरिक्त, ६-तत्। उसके अतिरिक्त, उसके सिवा।

तदधिक (सं० वि०) तदतिरिक्त, उसके अलावा।

तदन्त (सं० वि०) १ इसी प्रकारसे समाप्त होना। (पु० क्ली०) २ अभिप्राय, मतलब।

तदनन्तर (सं० क्ली०) उसके पीछे, इसके उपरान्त।

तदन्तर (सं० क्ली०) तस्य अनन्तर ६ तत्। उसके बाद, उसके पीछे।

तदन्न (सं० वि०) तदेव अन्नं यस्य, बहुव्री०। जिस तरह जाग्रत अवस्थामें अन्नादि भोजनशील उसी तरह स्वप्नमें भी।

तदनु (सं० क्रि० वि०) १ एक उसी प्रकार, उसी तरह। २ उसके बाद, तदनन्तर।

तदनुरूप (सं० वि०) तस्य अनुरूप, ६-तत्। तद्रूप। उसीके जैसा।

तदनुसार (सं० पु०) तस्य अनुसारः, ६-तत्। उसके अनुकूल, उसके मुताबिक।

तदनुसारी (सं० वि०) तदनुसरति अनु सृ-णिनि। तदनुयायी, उसीके अनुसार चलनेवाला।

तदन्य (सं० वि०) तस्मादन्यः ५-तत्। तद्भिन्न, उससे अलग।

तदन्यबाधितार्थप्रसङ्ग (सं० पु०) तदन्यः बाधितार्थस्य प्रसङ्गः। प्रमाणबाधित अर्थका प्रसङ्गरूप तर्कभेद, न्याय न्यायमें तर्कके पांच प्रकारोंमेंसे एक। पांच प्रकारके तर्कोंके नाम—आत्माश्रय, अन्योन्याश्रय, चक्रक, अन-

यथा घोर प्रमादवाधिनार्थ प्रमद। तर्क देखो।
तटपि (सं० अव्य०) तदापि, तोभी।
तदपोर (प० स्त्री०) युक्ति उपाय, तरकीब।
तदभिन्न (सं० त्रि०) तस्मादभिन्नः, ५-तत्। तत्स्वरूप उसीके समान, उसीके जैसा।
तदर्थ (सं० त्रि०) १ तत्प्रयोजनक, उसके लिये। २ तदभिधेय। ३ तत्प्रयोजन, तन्निमित्त, तज्जन्य।
तदर्पण (सं० क्ली०) तस्य तस्मिन् निमित्तस्य अर्पणं ६-तत्। उस वस्तुका प्रत्यर्पण, उस पदार्थका देना।
तदर्ह (सं० त्रि०) तद्योग्य, उसके लिये।
तदवधि (सं० क्ली०) सः अवधि यस्मिन् तत्, बहुव्री०।
तदवस्थ (सं० त्रि०) सा अवस्था यस्य बहुव्री०। जो उसी अवस्थामें हो, जिसको पहली अवस्था कुछ भी नहीं घटी हो।
तदा (सं० अव्य०) तस्मिन् काले तद्-दा। उस समय, जिस समय, तब।
तदाकार (सं० त्रि०) १ तद्रूप, उसी आकारका, वैसा ही। २ तन्मय, तल्लीन, लगा हुआ।
तदात्मा (सं० पु०) १ तत्स्वरूप, उसके ऐसा। २ तद्विध, उसीके सदृश।
तदात्व (सं० क्ली०) तदा इत्यस्य भावः तदा-त्व। तत्काल, वर्तमान समय।
तदानीं (सं० अव्य०) तस्मिन् काले तद्-दानीं। तदो दा च। पा ५।३।१९। उसी समय, तब।
तदानीन्तन (सं० त्रि०) तत्र भव इति ट्युल्, ल्युट्, च। तदातन, उस समयका।
तदाप्रभृति (सं० त्रि०) तदा तत्कालः प्रभृतिरादिर्यस्य, बहुव्री०। उसी समयसे।
तदामुख (सं० त्रि०) तदा मुखं यस्य बहुव्री०। आरंभ, शुरू।
तदायुक्तक (सं० पु०) तस्मिन् आयुक्तः, ७-तत् स्वार्थे कन्। राजपरिषद्‌विशेष, राजाकी एक सभा।
तदारुक (प० पु०) १ किसी खोई हुई चीज अथवा अपराधीका अन्वेषण। २ प्रबन्ध बन्दोबस्त, पेशबन्दी। ३ दण्ड, सजा।
तदित् (सं० त्रि०) तदेति इन् क्विप्, तुक्। तद्-विषयक स्तोत्र।
तदितर्थ (सं० त्रि०) तदित् तदेवार्थः प्रयोजनं यस्य, बहुव्री०। तद्विषयक स्तोत्र, उस सम्बन्धो स्तुति। जिसका प्रयोजन है। "वयुग् त्वा तदिदर्था इन्द्र" (ऋक् ८।९।१९) 'तद्विषयकं स्तोत्र तदित्तदेवार्थः प्रयोजन येषां तादृशाः' (सायण)
तदीय (सं० त्रि०) १ तत्सम्बन्धी, उसका, उससे सम्बन्ध रखनेवाला।
तदुपरान्त (सं० अव्य०) उसके पीछे, उसके बाद।
तदुपरि (सं० त्रि०) तत् उपरि। उसके ऊपर।
तदेक (सं० त्रि०) स एव एकः प्रधानं यस्य, बहुव्री०। तत्स्वरूप, उसके सदृश।
तदेकात्मा (सं० त्रि०) स एव एकः आत्मा आत्मस्वरूपः यस्य, बहुव्री०। उसीके जैसा, उसीके समान।
तदोकस (सं० त्रि०) वही स्थान वही।
तदोजस् (सं० त्रि०) सर्वबलस्वरूप, उसीके जैसा बलवान्।
तद्गत (सं० त्रि०) तत् गतः, २-तत्। १ तदासक्त, उसके अन्तर्गत। २ उससे सम्बन्ध रखनेवाला।
तद्गुण (सं० त्रि०) तस्य गुण इव गुणो यस्य, बहुव्री०। १ तत्तुल्य गुणयुक्त, उसीके समान गुणवान्। २ अर्थालङ्कारविशेष, एक अर्थालङ्कार। जहां अपना गुण त्याग करके समीपवर्ती किसी दूसरे उत्तम पदार्थका गुण ग्रहण किया जाता है, वहां यह अलङ्कार हुआ करता है। (पु०) तस्य गुणः, ६-तत्। ३ उसका गुण। ४ प्रधान विशेषण।
तद्गुण-संविज्ञान (सं० पु०) तत्र बहुव्रीहौ गुणस्य गुणीभूतस्य विशेषणस्य संविज्ञानं सम्यक्ज्ञानं यत्र, बहुव्री०। समासविशेष, एक समास। बहुव्रीहि समासके दो भेद हैं—तद्गुणसंविज्ञान और अतद्गुणसंविज्ञान। बहुव्रीहि समास करने पर समस्यमान पदार्थ जहां समासवाच्यमें रहता है, उसको तद्गुणसंविज्ञान कहते हैं। यथा— "त्रीणि लोचनानि यस्य स त्रिलोचनः शिवः।" यहां पर समास वाच्यमें अर्थात् शिवके तीन नेत्र हैं ऐसा ज्ञान कर इसका नाम तद्गुणसंविज्ञान पड़ा है। समास देखो।
तद्दण्ड (सं० त्रि०) तत्‌दण्ड, कर्मधा०। यह दण्ड, वह काम, तब।
तद्दिन (सं० क्ली०) तत् दिनं, कर्मधा०। वह दिन, उस रोज।

तद्दिनम् (सं० अव्य०) १ दिन मध्य, दिनमें। २ प्रतिदिन, रोज रोज।

तद्धन (सं० त्रि०) तदेव व्ययेनाल्पीनं धनं यस्य, बहुव्री०। १ कृपण, कंजूस। (क्ली०) तत् धनं, कर्मधा०। २ वह धन या दौलत। तस्य धनं ६-तत्। ३ उसका धन।

तद्धर्म (सं० त्रि०) स धर्म यस्य, बहुव्री०। तथाभूत धर्मयुक्त, उसीके ऐसा धर्मात्मा।

तद्धित (सं० त्रि०) तस्मै हितं, ४-तत्। १ उसकी भलाई। (पु० क्ली०) २ व्याकरणोक्त प्रत्ययविशेष, व्याकरणमें एक प्रकारका प्रत्यय। इसे संज्ञाके अन्तमें लगा कर शब्द बनाते हैं। यह प्रत्यय पाँच प्रकारके शब्द बनानेके काममें आता है। यथा—अपत्यवाचक, कर्तृवाचक, भाववाचक, ऊनवाचक और गुणवाचक। अपत्यवाचक वह है जिससे अपत्यता या अनुयायित्वका बोध हो। इसमें या तो संज्ञाके पहले स्वरको वृद्धि कर दी जाती है अथवा उसके अन्तमें 'ई' प्रत्यय जोड़ दिया जाता है। कर्तृवाचक वह है जिससे किसी क्रियाके कर्त्ता होनेका बोध हो। इसमें प्रायः वाला या हारा प्रत्यय लगाया जाता है। भाववाचक वह है जिससे भावका बोध हो। इसमें आई, ई, त्व, ता, पन पा, वट, हट आदि प्रत्यय लगते हैं। ऊनवाचक वह है जिसमें किसी प्रकारकी न्यूनता या लघुता आदिका बोध हो। इसमें संज्ञाके अन्तमें 'क,' 'इया' आदि लगाये जाते हैं और 'आ' 'ई'में बदल दिया जाता है। गुणवाचक वह है जिससे गुणका बोध हो। इसमें संज्ञाके अन्तमें आ, इक, इत, ई, ईला, एला, लू, वर्त्त, मान, दायक, कारक आदि प्रत्यय लगाये जाते हैं।

३ इसी तरहके प्रत्यय लगा कर बना हुआ शब्द।

तद्दल (सं० पु०) तस्मिन् लक्ष्ये एव बलं यस्य, बहुव्री०। वाणविशेष, एक प्रकारका वाण।

तद्भव (सं० पु०) संस्कृतके शब्दका अपभ्रंशरूप। जैसे हस्तका हाथ।

तद्भाव (सं० पु०) तस्य भाव, ६-तत्। १ उसका असाधारण धर्म। यथा घटमें घटत्व, गोमें गोत्व। तस्मिन् भावः, ७-तत्। २ विषयको चिंता।

तद्भावापन्न (सं० त्रि०) तद्भावं-आपन्नं, २-तत्। तदवस्थ, जो उसी अवस्थामें हो, जिसकी पहली अवस्था कुछ भी बदली न हो।

तद्भिन्न (सं० त्रि०) तस्मात् भिन्नः, ५-तत्। तद्व्यतिरिक्त, उसके सिवा।

तद्यपि (सं० अव्य०) तथापि, तोभी।

तद्राज (सं० पु०) तस्य राजा, ६-तत्। उसका राजा।

तद्रूप (सं० त्रि०) तत् रूपं कर्मधा०। सदृश, समान, वैसा ही।

तद्रूपता (सं० स्त्री०) सादृश्य, समानता।

तद्वत् (सं० अव्य०) तेन तुल्यं वा तथा तुल्या सा चेत् क्रिया इत्यर्थे वति। १ तत्सदृश क्रियायुक्त, उसीके समान जिसकी क्रिया हो। २ तत्सदृश, उसीके जैसा, ज्योंका त्यों। (त्रि०) तद् अस्त्यर्थे मतुप् मस्य वः। ३ तत्तुल्य, उसकी नाईं।

तद्वत्ता (सं० स्त्री०) तद्वतो भावः तद्वत्-तल्-टाप्। तद्विशिष्ट, सदृशता, समानता।

तद्वश (सं० त्रि०) तत्काम।

तद्दा—तद्दर देखो।

तद्वाचक (सं० त्रि०) तदर्थक।

तद्विध (सं० त्रि०) सा विधा प्रकारो यस्य, बहुव्री०। तथाविध, उसी तरह।

तद्व्यतिरिक्त (सं० त्रि०) तस्मात् व्यतिरिक्तः, ५-तत्। तद्भिन्न, उसके सिवा

तन (सं० पु०) १ धन। २ वंशज, सन्तान।

तन (हिं० पु०) १ शरीर, देह। २ स्त्रीकी मूत्रेन्द्रिय, भग, योनि।

तनक (सं० पु०) वेतनक।

तनक (हिं० पु०) एक रागिणीका नाम। इसे कोई कोई मेघरागकी रागिणी मानते हैं।

तनकपुर—अलमोड़ा जिलेकी चम्पावत तहसीलका व्यवसायप्रधान एक ग्राम। यह अक्षा० २८° ४' उ० और देशा० ८०° ७' पू० पर हिमालयकी तलहटीमें सारदा नदीके निकट बसा हुआ है। लोकसंख्या लगभग ६८२ है। यह तिब्बतके व्यापारियोंका प्रधान व्यापारस्थान है। भूटानवासी यहाँ सुहागा और ऊन ला कर बेचते हैं और कपड़ा चीनी खरीद ले जाते हैं।

तनकीह (अ॰ स्त्री॰) अन्वेषण, जाँच, खोज। २ न्याया-लयमें उपस्थित अभियोगमेंसे विवादास्पद बातोंको ढूँढ़ निकालना।

तनख़ाह (फा॰ स्त्री॰) वेतन, तलब।

तनख़ाहदार (फा॰ पु॰) वेतनभोगी, तलब पानेवाला नौकर।

तनख़ाह (हिं॰ स्त्री॰) तनख़ाह देखो।

तनज़ेब (फा॰ स्त्री॰) एक प्रकारका सूक्ष्म और सुन्दर सूती कपड़ा।

तनज़्ज़ुल (अ॰ पु॰) अवनति, घटाव।

तनज़्ज़ुली (फा॰ स्त्री॰) अवनति, घटाव।

तनतना (हिं॰ पु॰) १ रोबदाब, हुकूमत। २ क्रोध, गुस्सा।

तनतनाना (हिं॰ क्रि॰) १ रोबदाब दिखलाना। २ क्रोध करना।

तनदिही (हिं॰ स्त्री॰) तंदेही देखो।

तनधर (हिं॰ पु॰) तनुधारी देखो।

तनना (हिं॰ क्रि॰) १ झटके, खिंचाव या जुड़नेसे किसी पदार्थका विस्तार बढ़ना। २ जोरसे खिंचना। ३ अकड़ कर खड़ा होना। ४ अभिमानसे ऐंठना।

तनपात (हिं॰ पु॰) तनुपात देखो।

तनपोषक (हिं॰ वि॰) स्वार्थी, खुदगरज़ी।

तनपाल (सं॰ पु॰) १ जनपदविशेष, एक प्राचीन देशका नाम। २ उस देशके निवासी।

तनमय (हिं॰ वि॰) तन्मय देखो।

तनमानसा (सं॰ स्त्री॰) ज्ञानकी सात भूमिकाओंमें तीसरी भूमिका।

तनय (सं॰ पु॰) तनोति विस्तारयति कुलं तन-कयन्। वाभिपलितनिश्चः कयन्। उण् ४।९९। १ पुत्र, बेटा। २ जन्मलग्नसे पाँचवाँ स्थान।

तनय—चन्द्रवंशी राजा कुशके पुत्र।

तनया (सं॰ स्त्री॰) तनय-टाप्। १ कन्या, बेटी। २ अर्क-पुष्पिका, पिठवन लता। ३ घृतकुमारी, घीकुआर, ग्वारपाठा। ४ स्वर्णगुमनी।

तनयित्नु (सं॰ पु॰) तन शब्दे तन-इत्नु, पृषोदरा॰ साधुः। १ अशनि, बिजली, वज्र। २ मेघ, बादल।

तनराग (हिं॰ पु॰) तनुराग देखो।

तनवाना—तानने का काम दूसरोंसे कराना, तनाना।

तनवास (हिं॰ पु॰) घोड़ोंकी एक जाति।

तनस् (सं॰ पु॰) तनोति वंश तन-असुन्। पौत्रादि।

तनसुख (हिं॰ पु॰) स्फटिक, बिल्लौर।

तनसीख़ (अ॰ स्त्री॰) अस्वीकार करना, रद्द करना।

तनसुख (हिं॰ पु॰) एक प्रकारका उमदा फूलदार कपड़ा।

तनहा (फा॰ वि॰) एकाकी, अकेला।

तनहाई (फा॰ स्त्री॰) १ तनहा होनेकी दशा। २ एकान्त, वह स्थान जहाँ और कोई न हो।

तना (सं॰ स्त्री॰) तन-अच् टाप्। धन, दौलत।

तना (फा॰ पु॰) १ पेड़का धड़, मंदन। (क्रि॰ वि॰) २ ओर, तरफ।

तनाई (हिं॰ स्त्री॰) तनाव देखो।

तनाज़ा (अ॰ पु॰) १ प्रपंच, झगड़ा, टंटा। २ अदावत, बैर।

तनादि (सं॰ पु॰) धातुपाठोक्त धातुगणविशेष।

तनाना (हिं॰ क्रि॰) तानने के काममें किसी दूसरेको लगाना।

तनाव (हिं॰ पु॰) १ तननेका भाव या क्रिया। २ धोबीके कपड़े सुखानेकी रस्सी। ३ रज्जु, रस्सी, डोरी।

तनावल—उत्तर-पश्चिम सीमान्त प्रदेशके अन्तर्गत हजार जिलाके अधीन एक पार्वत्य जनस्थान है। यह अक्षा॰ ३४° १५′ तथा ३४° २६′ उ॰ और देशा॰ ७२° ५२′ तथा ७३° १०′ पू॰में सिन्धु नदीके पूर्व किनारे पर अवस्थित है। उत्तर-पश्चिमकी ओर सिरान नदी बहती है। अकबरके शासनकालमें युसफजाइके निवासी पठानोंने तनावलको जीता था और अब भी इस प्रदेशके किसी किसी भागमें अफगानोंका निवासस्थान देखा जाता है। दुर्रानियोंके समयमें यह कुछ दिनोंके लिये नाममात्र को काश्मीरके अधीन था। तनावलके नियाजी ही इस प्रदेशके प्रकृत शासनकर्त्ता हैं। वे मुगलोंकी शाखान्तर्भुक्त हैं। तनावल-निवासी पुलाल और हिन्दवाल—दो श्रेणीमें विभक्त हैं तथा वर्त्तमान तनावल स्टेट हिन्दवाल सामन्तियोंके वासस्थान और उनके अधिकृत स्थानोंसे गठित है।

इस प्रदेशका क्षेत्रफल लगभग २०४ वर्गमील तथा जनसंख्या प्रायः ३११९२२ है। इसके उत्तरमें कृष्ण पर्वत, पश्चिममें सिन्धु नदी, दक्षिणमें हरिपुर तथा अबोटाबाद तहसील और पूर्वमें हजार जिलाका मानसेर-तहसील अवस्थित है। इस प्रदेशका थोड़ा भाग अम्बाके शासनकर्त्ता नवाब सर महम्मद अकरम खाँ, के० सी० एस० आई० महोदयके और थोड़ा भाग फुलराके खाँ आता महम्मद खाँके अधीन है। ये दोनों हिन्दवाल संप्रदायके तनावली हैं। महम्मद अकरम खाँने १८६८ ईस्वीमें नवाबकी उपाधि पाई थी। सिपाही-विद्रोहके समयमें इनके पिताने अंग्रेजोंका यथेष्ट उपकार किया था और इन्होंने भी १८६८ ई०में हजाराधिकारके समय अत्यन्त साहस तथा प्रगाढ़ भक्तिका परिचय दिया था। इसीलिये अंग्रेजोंने इन्हें नवाबकी उपाधि दी। इन्हें १८७१ ई०में सी० एस० आई० और १८८९ ई०में के० सी० एस० आईकी उपाधि मिली इन्होंने हजार जिलाके अन्तर्गत हरिपुर तहसीलका ८०००) की जागीर उपभोग कर रहे हैं।

तनिक (हिं० वि०) १ थोड़ा, कम। २ छोटा।

तनिका (सं० स्त्री०) तन्यते धातूनामनेकार्थत्वात् बध्यतेऽनया करणे इन् संज्ञायां कन् कापि अत इत्वं। बन्धनरज्जु, कोई चीज बाँधी जानेकी रस्सी।

तनिमन् (सं० पु०) तनोर्भावः तनु-इमनिच्। १ तनुत्व, कृशता, दुर्बलता, दुबलापन। २ यकृत्, उदररोग प्लीहा।

तनिया (हिं० स्त्री०) १ लंगोट, लँगोटी। २ काछनी, जाँघिया। ३ चोली।

तनिष्ठ (सं० त्रि०) अयमनयो रतिशयेन तनुः या अयमेषामतिशयेन तनुः तनु-इष्ठन्। क्षुद्र, जो बहुत दुबला पतला छोटा या कमजोर हो।

तनी (हिं० स्त्री०) बन्धन, बन्द।

तनीयस् (सं० स्त्री०) बहूनां मध्येऽयमतिशयेन। अल्प, छोटा।

तनु (सं० स्त्री०) तन-उ। १ शरीर, देह। २ त्वच्, चमड़ा ३ स्त्री, औरत। ४ केंचुली। (त्रि०) ५ कृश, दुबलापतला। ६ अल्प, थोड़ा ७ विरल, सुन्दर, बढ़िया। ८ कोमल, नाजुक। ९ योगशास्त्रोक्त अस्मित् आदि क्लेश। "अविद्याक्षेत्रमुत्तरेषां प्रसुप्ततनुविच्छिन्नोदाराणां" (पातञ्जल० साधन० ४)

अविद्या ही समस्त दुःखोंका मूल है, अनात्मामें आत्माभिमानका नाम ही अविद्या है। एक अविद्यासे ही अस्मितादि चतुर्विध क्लेशोंकी उत्पत्ति होती है। ये अस्मितादि क्लेश चार प्रकारके हैं—प्रसुप्त, तनु, विच्छिन्न और उदार। जो क्लेश चित्तभूमिमें रह कर भी अपने सहकारी उद्बोधकके बिना अपना कार्य कर नहीं सकता, उसको प्रसुप्त कहा जा सकता है। जैसे बाल्यावस्थामें बालकोंका चित्त वासनारूपमें अवस्थित हो कर भी सहकारी उद्बोधकके अभावके कारण उसको व्यक्त नहीं कर सकता। जो क्लेश अपनी प्रतिपक्षीकी चिन्ताके द्वारा स्वकार्यशक्तिके शिथिल होने पर वासनास्वरूप चित्तमें रहता है, किन्तु प्रभूत कार्यारम्भक सामग्रीके अभावसे स्वकार्य प्रारम्भ करनेमें असमर्थ होता है, उसको तनु कहते हैं। जैसे योगियोंके चित्तमें वासना रहती अवश्य है, पर वह उपयुक्त सामग्रीके अभावसे किसी तरहका कार्य करके नहीं दिखा सकती। जो क्लेश अन्य प्रबल क्लेशके आक्रमणसे पराभूत होता है, उसको विच्छिन्न कहते हैं। जो क्लेश सहकारीका सन्निधानमात्र अपना कार्य सम्पादन करता है, उसको उदार कहते हैं। (स्त्री०) १० ज्योतिषोक्त लग्नका स्थान। (जातकालङ्कार)

तनुक (सं० क्ली०) तनु स्वार्थे कन्। १ शरीर, देह। २ धातकीपुष्प, धवका फूल। ३ विभीतकवृक्ष, तिनिशका पेड़। ४ त्वच्, दारचीनी।

तनुकूप (सं० पु०) रोमकूप।

तनुक्षीर (सं० पु०) तनु अल्पं क्षीरं निर्यासो यस्य, बहुव्री०। आम्रातकवृक्ष, आमड़ेका पेड़।

तनुगृह (सं० क्ली०) ज्योतिषोक्त गृहभेद, ज्योतिषके अनुसार एक प्रकारका घर।

तनुच्छद (सं० पु०) तनुं देहं छादयति छादेः षः। कवच। छादेर्घेऽद्व्युपसर्गस्य। पा ६।४।९६। कवच, बख्तर।

तनुच्छाय (सं० पु०) तन्वी छाया यस्य, बहुव्री०। १ जाम-बबूरक वृक्ष, जाम बबूलका पेड़। (स्त्री०-क्ली०) २ शरीरच्छाया, शरीरकी परछाहीं। (त्रि०) ३ अल्पछाया-

करते हैं, किन्तु अधिकांश ही बुद्धराम नामक विदूनवासी किसी मोची (चमार)-के प्रवर्त्तित धर्मको मानते हैं। इस बुद्धराम मोचीका मत बहुत कुछ नानकशाहके मतसे मिलता जुलता है। उसके मतावलम्बी तांती जातिभेद नहीं मानते हैं, किन्तु धर्माचरणके अनेक तरहसे आडम्बर अनुष्ठान किया करते हैं। बिहारके बन्दी, गोरैया धर्मराज प्रभृति जिन देवताओंको पूजा करते हैं उन्हें छोड़ तांती मैसियार, काशवर आदि अपने पूर्वपुरुषोंकी पूजा करते हैं। श्रावण मासके शनि और मङ्गलवारको उनके उद्देश्यसे मेष बलिदान कर प्रेतपुरुषोंको प्रसन्न करते हैं। इस काममें पुरोहितका प्रयोजन नहीं पड़ता है। पुरुष ही स्वयं इस कार्यको करते हैं।

पहले ही कहा जा चुका है, कि बङ्गालके तन्तुवाय नवशाखके अन्तर्गत हैं, सुतरां उनके पुरोहित ब्राह्मण ही उनका पौरोहित्य करते हैं। कहना नहीं पड़ेगा कि तन्तुवायोंकी याजकता करानेके लिये वे दो चार विशुद्ध ब्राह्मणोंके निकट हेय होने पर भी ब्राह्मणसमाजमें कुलीन ब्राह्मणोंके समान गिने जाते हैं।

बिहारमें कई जगह तांतियोंके पुरोहित नहीं हैं और जहां हैं भी वहां वे नीच ब्राह्मणोंमें गिने जाते हैं। बहुत जगह जहां तांतियोंके पुरोहित नहीं हैं, वहां इन्हीं लोगोंमेंसे कोई एक पुरोहित बन जाता है और कभी कभी उनका भांजा ही पुरोहितका काम करता है। इस तरहके अनार्य कामोंसे साबित होता है कि बिहारके तांती नीच जातिके हैं और नीच जातिसे क्रमशः हिन्दूधर्म ग्रहण करते हुए समाजमें प्रवेश होते हैं। उच्च श्रेणीके हिन्दुओंका अनुकरणसे बिहारके तांती भी तेरह दिनों तक अशौच मानते हैं। जो कुछ हो कितने ही अपवित्र वे क्यों न रहें तोभी हिन्दूसमाज तथा कोई सद्ब्राह्मण इनके हाथका जल ग्रहण नहीं करते हैं।

कौन तांती उच्च और कौन नीच श्रेणीका है इसका पता इनके व्यवहृत मण्ड (माँड़) द्वारा ही चलता है। उच्च श्रेणीके तन्तुवाय कपड़ा बुननेके समय लावेकी माँड़ व्यवहार करता है। वे भातकी माँड़को अपवित्र और उच्छिष्ट समझते हैं, परन्तु निम्नश्रेणीके तांती भातकी माँड़ व्यवहार करते इसीसे इन्हें मेड़ो तांती कहते हैं। बङ्गालके तांती शराब पीनेके विषयमें अशास्त्र नवशाख जातिके जैसे हैं। वे समाजमें न शराब पीते हैं और न मांस खाते हैं। परन्तु बिहारके तांती मद्य मद्यमांस व्यवहारमें लाते हैं। शराब पीनेके पहले वे दो चार बुन्द अपने इष्टदेवता काली या महादेवके नामसे पृथ्वी पर गिरा कर तब पीते हैं।

पहले ही कहा जा चुका है कि कपड़ा बुनना ही तन्तुवायकी उपजीविका है। इन लोगोंका यह व्यवसाय बहुत दिनोंसे चला आ रहा है। किन्तु विलायती कपड़ा कुछ सस्ता हो जानेके कारण आज कल इनका व्यवसाय विलुप्त हो गया है। बहुतसे तांतियोंने बाध्य हो कर अपना व्यवसाय छोड़ दिया है और वाणिज्य, कृषि प्रभृतिमें लग गये हैं। आश्विना और मङ्गानियोंके प्रायः ¾ अंशने कृषिकार्य अवलम्बन किया है। यह कहना अत्युक्ति नहीं होगा कि जिन्होंने अपनी वृत्ति परित्याग कर अन्यान्य व्यवसाय अवलम्बन किया है, उनकी अवस्था यथार्थमें उन्नत हो गई है, परन्तु जो पुरुषानुक्रमिक वस्त्रवयनवृत्ति अनुसरण करते आये हैं, उनकी उन्नतिकी बात तो दूर रहे, क्रमशः दुर्दशा बढ़ती जा रही है। इस व्यवसायसे वे केवल पेट ही पोसते, कुछ सञ्चय नहीं कर सकते हैं। इस विषयमें एक प्रवाद इस तरह है—शिवजीने शिवदासकी सृष्टि कर उसे वस्त्र बुननेका आदेश किया। इस पर शिवदासने उनसे सूत, तन्तु इत्यादि मांगा। तब शिवजीने एक असुरको मार कर उसकी आंखोंसे कपासकी गोटी सृष्टि की। उस गोटीसे कपासका बीज उत्पन्न हुआ। बाद उस बीजसे कपास हुआ और क्रमशः उससे रूई तैयार हुई, और विश्वकर्माने आ कर एक चरखा प्रस्तुत किया। दुर्गाजीने स्वयं सूता कात दिया, परन्तु ये बोलीं कि यह वस्त्र इन्हें ही देना पड़ेगा। इसके बाद विश्वकर्माने तसर निर्माण किया और देवताओंने आ कर उसे पृथक् पृथक् अङ्गमें अधिष्ठान किया। शिवदासने प्रथम वस्त्र बुन कर गौरीको प्रदान किया। गौरी जब प्रसन्न हो कर शिवदासको वर देनेको राजी हुईं तो शिवदासने कहा कि मुझे यही वर दीजिए कि मैं एक वस्त्र बुन कर छह मास तक उससे घर बैठे जीविकानिर्वाह करूं। गौरीने भी

उसे वैसा ही वर दिया। इधर इन्द्रादि देवताओंने जब सुना कि शिवदासको केवल एक वस्त्र बुननेसे ही छह मास तकको जीविका प्रतिपालन करनेका वर मिला है तो उन्होंने सोचा कि ऐसा होनेसे समस्त मनुष्योंको वस्त्र नहीं मिलेंगे, ऐसी हालतमें अब उपाय यह करना नितान्त आवश्यक है जिससे वह शिवदास अनेक वस्त्र प्रस्तुत कर सके ऐसा सोच कर उन्होंने सरस्वतीको शिवदासको स्त्री कुशावतीके पास भेजा। सरस्वती कुशावतीके कण्ठ पर जा बैठीं। इतनेमें जब शिवदास वर ले कर घरको लौटा तो कुशावतीने उससे पूछा "आपने कौनसा वर लिया है?" शिवदासने आद्योपान्त समस्त विवरण कह सुनाया। कुशावती सरस्वतीको प्ररोचनासे बोली, "आह! आपने यह क्या वर लिया है? यदि एक वस्त्र बुन कर छह मास तक बैठे खाओगे तो बालबच्चे किस तरह इस कार्यको सोखेंगे, प्रतिदिन कपड़ा बुननेसे ही पुत्रगण कर्मिष्ठ हो सकेंगे। इसलिये आप अभी जा कर वर लौटा दीजिये और इस बातको उनसे प्रार्थना कीजिये कि मैं प्रतिदिन कपड़ा बूनूंगा और प्रतिदिन खाऊंगा।" शिवदास स्त्रीको बुद्धिको प्रशंसा करते हुए उसी समय गौरीके पास गया और उक्त वर लौटा कर पुनः घर आया। उसी दिनसे वह कपड़ा बुनने लगा और उसे प्रति दिन बेच कर खाने लगा। देवताओंकी इच्छा पूरी हुई। इस तरह बुद्धिमान् तन्तुवायोंकी सुबुद्धि आदि पुरुषने खीय महा बुद्धिमत्ताका परिचय दे कर अपनेको तथा अपने वंशधरोंको कर्मकुशल और परिश्रमी होनेमें बाध्य किया। आज भी अज्ञ तन्तुवायगण अपनी दुरवस्था देख कर इस उपाख्यानको कहते हुए अपने आदिपुरुषोंको दोषी ठहराते हैं।

यह गल्प यथार्थमें सत्य हो या न हो, लेकिन साधारण मनुष्योंका दृढ़ विश्वास है कि तांतियोंकी बुद्धि उनके उपाख्यान-वर्णित आदि पुरुषसे अधिक पृथक् नहीं है। तांतीकी निर्बुद्धि और भोलताका अर्थ पारिभाषिकता हो गया है, और इसी पर ये निरोह, दुर्बल, भोरु, उद्यमशून्य और थोड़ेहीमें सन्तुष्टचित्त हो जाते हैं। समस्त दिन परिश्रम करके अत्यन्त कष्टसे दिन व्यतीत करने पर भी ये संतुष्ट रहते हैं। बलवान्‌का अत्याचार ये शान्तभावसे सहन करते तथा क्षमता रहने पर भी किसीके विरुद्ध ये हाथ न उठाते हैं। इनको निर्बुद्धिता हो या न हो तोभी तांती कहनेसे ही ये निर्बोध और कापुरुष समझे जाते हैं। मनुष्योंका यह विश्वास इतना प्रबल है कि इनकी निर्बुद्धिताके विषयमें इस तरहके कई एक गल्प प्रचलित हो गये हैं। कोई तांती घासके जंगलमें बाढ़के भ्रमसे तैर रहा है, उधर कोई तांती पृथ्वी पर गिरी हुई रोटीको जीर्ण चन्द्रमाके भ्रमसे देख रहा है, कोई तांती लावाके बन्धनमें बंधा हुआ है, और काजी या दलपति आ कर उसके मुंहसे खड़का ढक्कन, आंख-से बन्धन और कानसे रुई खोल कर अपनी अगाध बुद्धिका विकाश करते हुए स्तम्भ काट कर हाथ बाहर निकालनेका उपाय बतला रहा है तथा उसी समय दूसरी बार आंखमें भायको, मुंहमें खड़ और कानमें रुई डाल देता है यह जान कर कि शायद सुतीक्ष्ण बुद्धि बाहर न निकल जाय। इधर कोई तांती दूध देनेवाली गायको एक मास तक न दुह कर विवाहके दिन एक ही बारमें उसके एक मासका दूध जब दुहनेके लिये जाता और उतना दूध नहीं पाता है तो गायकी पीठ पर बैठी हुई मक्खीको चोरचोर समझ कर मारनेमें गायको ही हत्या कर डालता है और वह मक्खी जब उड़ कर उसके भाईके ऊपर जा बैठती है तो उसका भाई उसे बतला देता है कि मक्खी यहां है, मक्खीको मारनेमें वह अपने भाईको ही धराशायी कर देता है। उधर कोई तांती लोभसे काट पा रहा है और कोई अभिमानमें चूर है। कहीं तांती दलबलके साथ मेढ़कसे लड़नेके लिये जा रहा है। इस तरहके सेकड़ों गल्प अत्यन्त रञ्जित भावसे उन्हें ग्लानि करते हैं। ये सब गल्प तन्तुवायोंकी निर्बुद्धिताके परिचायक हों या न हों, रचयिताको विद्वेषबुद्धि, परनिन्दाप्रियता और तन्तुवायोंके ऊपर बदमूल बैर स्पष्ट प्रकाश करते हैं।

जो कुछ हो, आज कल बहुतसे तन्तुवाय-युवक अपनी प्रखर बुद्धिमत्ताका परिचय देते हुए राज्यकार्यमें प्रविष्ट हो रहे हैं। ये जिस तरह तीक्ष्ण बुद्धि, सर्वकार्य-कुशलता, उद्यमशीलता प्रभृति द्वारा बहुतोंको परास्त कर रहे हैं, उससे अब कोई उन्हें निर्बोध कहनेका

मालूम नहीं कर सकते हैं। मुसलमान जोला तांती निर्णयके आदर्श हैं।

तन्तुवायोंमें एक विशेष पार्थक्य है। उत्तरकुल सम्प्रदाय केवल कपासके सूतसे वस्त्र प्रस्तुत करते हैं, मड़ुयानी तांती रेशम तसरका वस्त्र बनाते कभी सूतसे कपड़ा नहीं बुनते हैं और आश्विना तांती दोनों तरहके वस्त्र प्रस्तुत करते हैं।

ढाकाके तांती पहले जगत्‌विख्यात उत्कृष्ट कपास वस्त्र प्रस्तुत कर प्रचुर धन उपार्जन करते थे। अभी उस तरहका कपड़ा कहीं देखनेमें नहीं आता है। उनके सौभाग्यके समय जो अच्छे अच्छे वस्त्र बनते थे डाक्टर वाइज Dr. Wise ने उनके ५ प्रकारकी तालिका दी है, यथा, मलमल—इसमें पहले प्रकारका अर्थात् सबसे अच्छे अबरवान, तञ्जेब और शिगोह कपासके सूतका बना हुआ मलमल है। दूसरे प्रकारका शबनाम, खासा, भूना, गङ्गाजल और सरिन्दम है। तीसरे प्रकारका मल-मल जो सबसे मोटा होता है, इसका साधारण नाम अपता है।

२। डोरिया—अर्थात् मोटे सूतकी लम्बी धारीदार मलमल, यथा—राजकोट, ढाकान, पादशाहीदार, बूटी-दार, कागजी और तेलाशाट।

३। चारखाना—चारखाना मलमल, यथा—नन्दन-शाही, अनारदाना, कबूतरखोपो, शाकुहा, बच्चादार और कुण्डीदार।

४। जमदानी—अर्थात् छोटे छोटे बूटेदार मलमल। पहले यूरोपीय वणिक् इसे नयनसुख कहते थे। बूटेके आकार, पत्ते, फूल इत्यादिकी प्रतिमूर्ति तथा उनके वर्णभेदसे जमदानीका नामभेद हुआ है, उनमेंसे शाह पसन्दबूटि, चौतर, मेल, तेरचा और बुलबुलचश्म साधा-रण है।

५। कसीदा या चिकण—मलमलको थान, लाने, शरदी और रेशमी कपड़ेमें डाल कर उसके ऊपर तसर इत्यादिका फूल बना रहता है। इस प्रकारके कपड़ेमें बूटा करमी, नौवाड़ी, बादशाही आसिनुआ और समुद्र-लहर प्रधान है।

तन्तुवायदण्ड (सं॰ पु॰) तन्तुवायस्य दण्डः, ६-तत्। कपड़े बुननेका डण्डा, करघा।

तन्तुविग्रहा (सं॰ स्त्री॰) तन्तुभिः निर्मितो विग्रहो यस्याः, बहुव्री॰। कदलीवृक्ष, केलेका पेड़।

तन्तुशाला (सं॰ स्त्री॰) तन्तुवयनार्थं या शाला। तन्तु-वायगृह, वह स्थान जहाँ कपड़ा बुना जाता है।

तन्तुसन्तत (सं॰ त्रि॰) तन्तुभिः सन्ततं व्याप्तं, ३-तत्। स्यूतवस्त्र, सिया हुआ कपड़ा। इसके पर्याय—उत, ऊत और स्यूत है।

तन्तुसन्तति (सं॰ स्त्री॰) तन्तूनां सन्ततिः ६-तत्। वयन, बुननेकी क्रिया।

तन्तुसार (सं॰ पु॰) तन्तुः एव सारो यस्य, बहुव्री॰। गुवाकवृक्ष, सुपारीका पेड़।

तन्त्र (सं॰ क्ली॰) तनोति तन्यते वा तन्-ष्ट्रन् या तन्त्रि कुटुम्ब धारणे घञ्। १ कुटुम्बकृत्य, कुटुम्बका भरण और पालन आदिका कार्य। २ वेदकी एक शाखा। ३ सिद्धान्त, मीमांसा, विचार। ४ दृढ़ प्रमाण, पक्का सबूत। ५ परिच्छद, वस्त्र, कपड़ा। ६ औषध, दवा। ७ झाड़-मन्त्र, झाड़ने फूँकनेका मन्त्र। ८ प्रधान। ९ कार्य, काम। १० आरम्भ। ११ उपाय। १२ राजसन्धि-व्यापारी लोक, राजकर्मचारी। १३ सैन्य, सेना। १४ अधिकार। १५ राज्य। १६ स्वराज्यचिन्ता, राज्यका प्रबन्ध। १७ इतिकर्तव्यता, धर्म, फर्ज। १८ सूत्र, सूत। १९ तन्तुवाय, तांती। २० तन्तु, तांत। २१ पद, कार्य करनेका स्थान। २२ समूह, ढेर। २३ वस्त्रवयनकी सामग्री, कपड़े बुननेकी सामग्री। २४ आह्लाद, प्रसन्नता, आनन्द। २५ राज्यशासन। २६ राज्यका कार्यनिष्पादन, वह कार्य जिससे राज्यकी उन्नति हो। २७ गृह, घर। २८ धन, सम्पत्ति, दौलत। २९ प्रधानता, परतन्त्रता। ३० सर्वनिर्मित सूत्र रस्सा, समदेशको घतली रस्सी। ३१ दल, संप्रदाय। ३२ उद्देश्य। ३३ कुल, खानदान। ३४ शपथ, कसम। ३५ प्रमाण। ३६ उभयार्थ प्रयोजक। ३७ विधिके अनेक अङ्ग समुदाय। ३८ शिवोक्त शास्त्रभेद, एक शास्त्र जो शिवके मुखसे कहा गया है। यह शास्त्र प्रधानतः आगम, यामल और तन्त्र इन तीन श्रेणियोंमें विभक्त है। वाराहीतन्त्रके मतसे—

"सृष्टिश्च प्रलयश्चैव देवतानां यथार्चनम् ।
साधनञ्चैव सर्वेषां पुरश्चरणमेव च ॥
षट्कर्मसाधनञ्चैव ध्यानयोगश्चतुर्विधः ।
सप्तभिर्लक्षणैर्युक्तमागमं तद्विदुर्बुधाः ॥"

सृष्टि, प्रलय, देवताओंकी पूजा, सबका साधन, पुरश्चरण, षटकर्म साधन और चतुर्विध ध्यानयोग, इन सात प्रकारके लक्षणोंके रहने पर उसको आगम कहा जा सकता है।

"सर्गश्च प्रतिसर्गश्च मन्त्रनिर्णय एव च ।
देवतानाञ्च संस्थानं तीर्थानाञ्चैव वर्णनम् ॥
तथैवाश्रमधर्मश्च विप्रसंस्थानमेव च ।
संस्थानञ्चैव भूतानां यन्त्राणाञ्चैव निर्णयः ॥
उत्पत्तिर्विबुधानाञ्च तरूणां कल्पसंज्ञितम् ।
संस्थानं ज्योतिषाञ्चैव पुराणाख्यानमेव च ॥
कोषस्य कथनञ्चैव व्रतानां परिभाषणम् ।
शौचाशौचस्य चाख्यानं नरकाणाञ्च वर्णनम् ॥
हरचक्रस्य चाख्यानं स्त्रीपुंसोश्चैव लक्षणम् ।
राजधर्मो दानधर्मो युगधर्मस्तथैव च ॥
व्यवहारः कथ्यते च तथा चाध्यात्मवर्णनम् ।
इत्यादिलक्षणैर्युक्तं तन्त्रमित्यभिधीयते ॥"

सृष्टि, प्रलय, मंत्रनिर्णय, देवताओंका संस्थान, तीर्थवर्णन, आश्रमधर्म, विप्रसंस्थान, भूतादिका संस्थान, यंत्रनिर्णय, विबुधगणको उत्पत्ति, कल्पवर्णन, ज्योतिष-संस्थान, पुराणाख्यान, कोषकथन, व्रतकथा, शौचाशौचवर्णन, स्त्री-पुरुषका लक्षण, राजधर्म, दानधर्म, युगधर्म, व्यवहार और आध्यात्मिक विषयकी वर्णना इत्यादि लक्षणोंके रहने पर उसको तंत्र कहा जा सकता है।

"सृष्टिश्च ज्योतिषाख्यानं नित्यकृत्यप्रदीपनम् ।
क्रमसूत्रं वर्णभेदो जातिभेदस्तथैव च ॥
युगधर्मश्च संख्यातो यामलस्याष्टलक्षणम् ।"

सृष्टितत्त्व, ज्योतिष-वर्णन, नित्यकृत्य, क्रमसूत्र, वर्णभेद, जातिभेद और युगधर्म, ये आठ यामलके लक्षण है।

वाराहीतंत्रके मतसे समस्त तंत्रके श्लोक देवलोक, ब्रह्मलोक और पाताललोकमें ८ लाख तथा भारतमें १ लाख मात्र हैं। इनमें—

"आगमं त्रिविधं प्रोक्तं चतुर्थमीश्वरं स्मृतम् ॥
कल्पश्चतुर्विधः प्रोक्तः आगमो डामरस्तथा ।
यामलश्च तथा तन्त्रं तेषां भेदाः पृथक् पृथक् ॥"

आगम तीन प्रकारका है, चौथा ईश्वर है। कल्प भी चार प्रकारका है—आगम, डामर, यामल और तंत्र। महाविश्वसारतंत्रमें लिखा है—

"चतुःषष्टिश्च तन्त्राणि यामलादीनि पार्वति ।
सफलानीह वाराहे विष्णुक्रान्तासु भूमिषु ॥
कल्पभेदेन तन्त्राणि कथितानि च यानि च ।
पाषण्डमोहनायैव विफलानीह सुन्दरि ॥"

यामल आदिको ले कर ६४ तंत्र विष्णुक्रान्ता भूमि पर फलदायक हैं। कल्पभेदसे जो तंत्र कहे गये हैं, वे पाषण्ड मोहनके लिए हैं, उनसे कुछ फल नहीं होता।

थेहता। महानिर्वाण तंत्रमें महादेवने कहा है—

"कलिकल्मषदीनानां द्विजातीनां सुरेश्वरि ।
मेध्यामेध्यविचाराणां न शुद्धिः श्रौतकर्मणा ।
न संहिताद्यैः स्मृतिभिरिष्टसिद्धिर्नृणां भवेत् ॥
सत्यं सत्यं पुनः सत्यं सत्यं सत्यं मयोच्यते ।
विना ह्यागममार्गेण कलौ नास्ति गतिः प्रिये ॥
श्रुतिस्मृतिपुराणादौ मयैवोक्तं पुरा शिवे ।
आगमोक्तविधानेन कलौ देवान् यजेत् सुधीः॥" २३० ।

कलिके दोषसे दोन ब्राह्मण क्षत्रियादिके पवित्र और अपवित्रका विचार न रहेगा। इसलिए वेदविहित कर्म द्वारा वे किस तरह सिद्धिलाभ करेंगे? ऐसी अवस्थामें स्मृतिसंहितादिके द्वारा भी मानवोंके इष्टकी सिद्धि नहीं होगी। प्रिये! मैं सत्य ही कहता हूं कि, कलियुगमें आगममार्गके सिवा और कोई गति नहीं है। शिवे! मैंने वेद, स्मृति और पुराणादिमें कहा है कि, कलियुगमें साधक तन्त्रोक्तविधान द्वारा देवोंकी पूजा करेंगे।

"कलावागममुल्लङ्घ्य योऽन्यमार्गे प्रवर्त्तते ।
न तस्य गतिरस्तीति सत्यं सत्यं न संशयः ॥"

कलिकालमें जो आगम (तन्त्र) उल्लङ्घन करके अन्य मार्ग अवलम्बन करेगा, सचमुच ही उसको सद्गति नहीं होगी।

"निर्वीर्य्याः श्रौतजातीया विषहीनोरगा इव ।
सत्यादौ सफला आसन् कलौ ते मृतका इव ॥

पाञ्चालिका यथा भित्तौ सर्वेन्द्रियसमन्विताः।
अमूरशक्ताः कार्येषु तथान्ये मन्त्रराशयः॥
अन्यमन्त्रैः कृतं कर्म वन्ध्यास्त्रीसङ्गमो यथा।
न तत्र फलसिद्धिः स्यात् श्रम एव हि केवलम्॥
कलावन्योदितैर्मार्गैः सिद्धिमिच्छति यो नरः।
तृषितो जाह्नवीतीरे कूपं खनति दुर्मतिः॥
इतो तन्त्रोदिता मन्त्राः सिद्धास्तूर्णफलप्रदाः।
शस्ताः कर्मसु सर्वेषु जपयज्ञक्रियादिषु॥"

अब वैदिक मन्त्र विषहीन सर्पके समान वीर्यहीन हो गये हैं। सत्य, त्रेता और द्वापरयुगमें उक्त मन्त्र सफल होते थे, अब मृततुल्य हो गये हैं। जिस तरह भीत पर चित्रित पुत्तलिका इन्द्रियसम्पन्न होने पर भी स्वकार्य-साधनमें असमर्थ है, उसी प्रकार कलियुगके अन्यान्य मन्त्र भी शक्तिहीन हैं। वन्ध्यास्त्रीमें जैसे पुत्रफलकी उत्पत्ति नहीं होती उसी प्रकार अन्य मन्त्र द्वारा कार्य करनेसे फलसिद्धि नहीं होती, केवल वृथा श्रम मात्र होता है। कलिकालमें अन्य शास्त्रोक्त विधिद्वारा जो व्यक्ति सिद्धि-लाभ करनेकी इच्छा करता है, वह निर्बोध तृष्णातुर हो कर गङ्गाके किनारे कूप खोदना चाहता है। कलियुगमें तन्त्रोक्त मन्त्र शीघ्र फलप्रद है, वह जप, यज्ञ आदि सभी कार्योंमें प्रशस्त है।

इसी लिए रघुनन्दन आदि स्मार्तोंने तन्त्रशास्त्रको प्रामाणिक माना है।

गुह्यशास्त्र। क्या हिन्दू और क्या बौद्ध दोनों ही सम्प्रदायोंमें तन्त्र अति गुह्यतत्त्व (Mystic doctrine) समझा जाता है। यथार्थ दीक्षित और अभिषिक्तके सिवा किसीके सामने यह शास्त्र प्रकट नहीं करना चाहिये। कुलार्णवतन्त्रमें लिखा है कि, धन देना, स्त्री देना, अपने प्राण तक देना पर यह गुह्यशास्त्र अन्य किसीके सामने प्रकट न करना। *

आगमतत्त्वविलासमें निम्नलिखित कुछ तन्त्रोंका उल्लेख है—

१ स्वतन्त्रतन्त्र, २ फेत्कारीतन्त्र, ३ उत्तरतन्त्र, ४ नीलतन्त्र, ५ वीरतन्त्र, ६ कुमारीतन्त्र, ७ कालीतन्त्र, ८ नारायणीतन्त्र, ९ तारिणीतन्त्र, १० बालातन्त्र, ११ समयाचारतन्त्र, १२ भैरवतन्त्र, १३ भैरवीतन्त्र, १४ त्रिपुरातन्त्र, १५ वामकेश्वरतन्त्र, १६ कुक्कुटेश्वरतन्त्र, १७ मातृकातन्त्र, १८ सनत्कुमारतन्त्र, १९ विशुद्धेश्वरतन्त्र, २० सम्मोहनतन्त्र, २१ गौतमीयतन्त्र, २२ बृहद्गौतमीयतन्त्र, २३ भूतभैरवतन्त्र, २४ चामुण्डातन्त्र, २५ पिङ्गलातन्त्र, २६ वाराहीतन्त्र, २७ मुण्डमालातन्त्र, २८ योगिनीतन्त्र, २९ मालिनीविजयतन्त्र, ३० स्वच्छन्दभैरव, ३१ महातन्त्र, ३२ शक्तितन्त्र, ३३ चिन्तामणितन्त्र, ३४ उन्मत्तभैरवतन्त्र, ३५ त्रैलोक्यसारतन्त्र, ३६ विश्वसारतन्त्र, ३७ तन्त्रामृत, ३८ महाफेत्कारीतन्त्र, ३९ वारवीयतन्त्र, ४० तोडलतन्त्र, ४१ मालिनीतन्त्र, ४२ ललितातन्त्र, ४३ त्रिशक्तितन्त्र, ४४ राजराजेश्वरीतन्त्र, ४५ महामोहस्वरोत्तरतन्त्र, ४६ गवाक्षतन्त्र, ४७ गान्धर्वतन्त्र, ४८ त्रैलोक्यमोहनतन्त्र, ४९ हंसपारमेश्वर ५० हंसमाहेश्वर, ५१ कामधेनुतन्त्र, ५२ वर्णविलासतन्त्र, ५३ मायातन्त्र, ५४ मन्त्रराज, ५५ कुब्जिकातन्त्र, ५६ विज्ञानलतिका, ५७ लिङ्गागम, ५८ कालोत्तर, ५९ ब्रह्मयामल, ६० आदियामल, ६१ रुद्रयामल, ६२ बृहद्यामल, ६३ सिद्धयामल और ६४ कल्पसूत्र।

इनके सिवा और भी कुछ तान्त्रिक ग्रन्थोंके नाम पाये जाते हैं। यथा—१ मत्स्यसूक्त, २ कुलसूक्त, ३ कामराज, ४ शिवागम, ५ उड्डीश, ६ कुलोड्डीश, ७ वीरभद्रोड्डीश, ८ भूतडामर, ९ डामर, १० यक्षडामर, ११ कुलसर्वस्व, १२ कालिकाकुलसर्वस्व, १३ कुलचूडामणि, १४ दिव्य, १५ कुलसार, १६ कुलार्णव, १७ कुलामृत, १८ कुलावली, १९ कालीकुलार्णव, २० कुलप्रकाश, २१ वाशिष्ठ, २२ सिद्धसारस्वत, २३ योगिनीहृदय, २४ कालीहृदय, २५ मातृकार्णव, २६ योगिनीजालकुरक, २७ लक्ष्मीकुलार्णव, २८ तारार्णव, २९ चन्द्रपीठ, ३० मेरुतन्त्र, ३१ चतुःशती, ३२ तत्त्वबोध, ३३ महोग्र, ३४ स्वच्छन्दसारसंग्रह, ३५ ताराप्रदीप, ३६ संकेतचन्द्रोदय, ३७ षट्त्रिंशत्तत्त्वक, ३८ लक्षनिर्णय, ३९ त्रिपुरार्णव, ४० विष्णुधर्मोत्तर, ४१ मन्त्रदर्पण, ४२ वैष्णवामृत, ४३ मामसो-ज्ञान, ४४ पूजाप्रदीप, ४५ भक्तिमञ्जरी, ४६ भुवनेश्वरी, ४७ पारिजात, ४८ प्रयोगसार, ४९ कामरत्न, ५० क्रियासार, ५१ आगमदीपिका, ५२ भावचूडामणि, ५३ तन्त्रचूडामणि, ५४ बृहच्छ्रीक्रम, ५५ श्रीक्रम, ५६ सिद्धान्त-

* कुलार्णवपूर्वोक्त उद्धरण प्रसङ्ग देखना चाहिये।

शेखर, ५७ गणेशविमर्शिनी, ५८ मंत्रमुक्तावली, ५९ तत्त्वकौमुदी, ६० तन्त्रकौमुदी, ६१ मन्त्रतन्त्रप्रकाश, ६२ रामार्चनचन्द्रिका, ६३ शारदातिलक, ६४ ज्ञानार्णव, ६५ सारसमुच्चय, ६६ कल्पद्रुम, ६७ ज्ञानमाला, ६८ पुरश्चरणचन्द्रिका, ६९ आगमोत्तर, ७० तत्त्वसागर, ७१ सारसंग्रह, ७२ देवप्रकाशिनी, ७३ तन्त्रार्णव ७४ क्रमदीपिका, ७५ तारारहस्य, ७६ श्यामारहस्य, ७७ तन्त्ररत्न, ७८ तन्त्रप्रदीप, ७९ ताराविलास, ८० विश्वमातृका, ८१ प्रपञ्चसार, ८२ तन्त्रसार और रत्नावली। इनके अलावा महासिद्धिसारस्वतमें सिद्धीश्वर, नित्यतन्त्र, देव्यागम, निबन्धतन्त्र, राधातंत्र कामाख्यातन्त्र, महाकालतन्त्र, यन्त्रचिन्तामणि, कालीविलास और महाचीनतन्त्रका उल्लेख है।

उपरोक्त तन्त्रोंको छोड़ कर और भी कुछ तंत्र तान्त्रिक ग्रन्थ प्रचलित हैं। यथा—आचारसारप्रकरण, आचारसारतन्त्र, आगमचन्द्रिका, आगमसार, अन्नदाकल्प, ब्रह्मज्ञानमहातन्त्र, ब्रह्मज्ञानतन्त्र, ब्रह्माण्डतन्त्र, चिन्तामणितन्त्र दक्षिणाकल्प, गौरीकञ्चलिकातंत्र, गायत्रीतंत्र, ब्राह्मणोल्लास, गुह्ययामलतंत्र, ईशानसंहिता, जपरहस्य, ज्ञानानन्द-तरङ्गिणी, ज्ञानतंत्र, कैवल्यतंत्र, ज्ञानसङ्कलिनी तंत्र, कौलिकार्चनदीपिका, क्रमचन्द्रिका, कुमारीकल्पोल्लास, लिङ्गार्चनतंत्र, निर्वाणतंत्र, महानिर्वाणतंत्र बृहन्निर्वाणतंत्र, वरदातंत्र, मातृकाभेदतंत्र, निगमकल्पद्रुम, निगमतत्त्वसार, निरुत्तरतंत्र, पिच्छिलातंत्र, पीठनिर्णय, पुरश्चरणविवेक, पुरश्चरणरसोल्लास शक्तिसङ्गमतंत्र, सरस्वतीतंत्र, शिवसंहिता, श्रीतत्त्वबोधिनी, स्वरोदय, श्यामाकल्पलता, श्यामार्चनचन्द्रिका, श्याप्रदीप, ताराप्रदीप, शाक्तानन्दतरङ्गिणी, तत्त्वानन्दतरङ्गिणी, त्रिपुरासारसमुच्चय, वर्णभैरव, वर्णोद्धारतन्त्र, बीजचिन्तामणि, मणितंत्र, योगिनीहृदयदीपिका, यामल इत्यादि।

वाराहीतन्त्रमें तन्त्रोंके नाम और उनकी श्लोक संख्या इस प्रकार लिखी है—

तंत्रका नाम।	श्लोकसंख्या
मुण्डक	६०५०
शारदा	१६०२५
प्रपञ्च (१म)	१२३००
प्रपञ्च (२य)	८०२७०
प्रपञ्च (३य)	५३१०
कपिल	६०८०
योग	१३३११
कल्प	५०९०
कपिञ्जल	२८०१२०
भूतशुद्धि	५००५
वीरागम	६६०६
सिद्धसम्बरण	५००६
योगडामर	२३५३३
शिवडामर	११००७
दुर्गाडामर	११५०३
सारस्वत	८९०५
ब्रह्मडामर	७१०५
गान्धर्वडामर	६००६०
आदियामल	३५३००
ब्रह्मयामल	६२१००
विष्णुयामल	२४०२०
रुद्रयामल	६४६५
गणेशयामल	१०३२३
आदित्ययामल	१२०००
नीलपताका	५०००
वामकेश्वर	२५
मृत्युञ्जयतन्त्र	१३२२०
योगार्णव	८३०७
मायातन्त्र	११०००
दक्षिणामूर्त्ति	५५५०
कालिका	११०१
कामेश्वरीतन्त्र	३०००
मन्त्रराज	९०९०
हरगौरीतन्त्र (१म)	२२०२०
हरगौरीतन्त्र (२य)	१२०००
तत्त्वनिर्णय	२८
कुब्जिकातन्त्र (१म)	१०००७
कुब्जिकातन्त्र (२य)	६०००
कुब्जिकातन्त्र (३य)	३०००
कात्यायनी तन्त्र	२४२००

नाम	श्लोकसंख्या
प्रपञ्चसारतन्त्र	८८००
मन्त्रमहोदधितन्त्र	३१०५
देवीतन्त्र	१२०००
त्रिपुरार्णव	८८०६
मत्स्यसूक्ततन्त्र	३३०५
मायातन्त्र	२२८१५
योगिनीतन्त्र (१म)	२२५३२
योगिनीतन्त्र (२य)	६४०३
वाराहीतन्त्र	[illegible]
गयायतन्त्र	६५१५
नारायणीतन्त्र	५०२००
गुह्यानीतन्त्र (१म)	४४८०
गुह्यानीतन्त्र (२य)	३०००
गुह्यानीतन्त्र (३य)	३३०

वाराहीतन्त्रमें लिखा है—इनके सिवा बौद्ध और कपिलोक्त अनेक उपतन्त्र हैं। जैमिनि, वशिष्ठ, कपिल, नारद, गर्ग, पुलस्त्य, भार्गव, सिद्ध, याज्ञवल्क्य, भृगु, शुक्र, बृहस्पति आदि मुनियोंने बहुतसे उपतन्त्र रचे थे, उनकी गिनती नहीं हो सकती।

हिन्दुओंके तन्त्र जिस प्रकार शिवोक्त है, बौद्धोंके तन्त्र भी उसी प्रकार बुद्ध द्वारा वर्णित हैं। बौद्धोंके तन्त्र भी संस्कृत भाषामें रचे गये हैं। बौद्धतन्त्रोंमें ये तन्त्र ही प्रधान हैं—१ प्रमोदमहायुग, २ परमार्थसेवा, ३ पिण्डीक्रम, ४ सम्पुटोद्भव, ५ हेवज्र, ६ बुद्धकपाल, ७ सम्वरतन्त्र वा सम्वरोदय, ८ वाराहीतन्त्र वा वाराहीकल्प, ९ योगाम्बर, १० डाकिनीजाल, ११ शुक्लयमारि, १२ कृष्णयमारि, १३ पीतयमारि, १४ रक्तयमारि, १५ श्यामयमारि, १६ क्रियासंग्रह, १७ क्रियाकन्द, १८ क्रियासागर, १९ क्रियाकल्पद्रुम, २० क्रियार्णव, २१ अभिधानोत्तर, २२ क्रियासमुच्चय, २३ साधनमाला, २४ साधनसमुच्चय, २५ साधनसंग्रह, २६ साधनरत्न, २७ साधनपरीक्षा, २८ साधनकल्पलता, २९ तत्त्वज्ञान, ३० ज्ञानसिद्धि, ३१ गुह्यसिद्धि, ३२ उद्यान, ३३ नागार्जुन, ३४ योगपीठ, ३५ पीठावतार, ३६ कालचक्रतन्त्र वा [illegible], ३७ वज्रवीर, ३८ मल्लकल्प, ३९ मरीचि, ४० ...सार, ४१ वज्रधातु, ४२ विमलप्रभा, ४३ मणिकर्णिका, ४४ सेकोद्देशटिप्पण, ४५ सम्पुट, ४६ मर्मकलिका, ४७ कुरुकुल्ला, ४८ भूतडामर, ४९ कालचक्र, ५० योगिनी, ५१ योगिनीसञ्चार, ५२ योगिनीजाल, ५३ योगाम्बरपीठ, ५४ उड्डामर, ५५ वसुन्धरासाधन, ५६ मैत्रक, ५७ डाकार्णव, ५८ क्रियासार, ५९ यमान्तक, ६० वज्रगर्भ, ६१ तन्त्रसमुच्चय, ६२ क्रियासमय, ६३ हयग्रीव, ६४ महाबीज, ६५ नामसङ्गीति, ६६ वज्रसत्त्वनामसङ्गीति, ६७ गुह्योत्पादनामसङ्गीति, ६८ मायाजाल, ६९ धर्मोदय, ७० धनतालिका, ७१ निष्पन्नयोगाम्बर, और ७२ महाकालतन्त्र।

इनके सिवा हिन्दुओंके तान्त्रिक ग्रन्थकी भांति नेपाली बौद्धोंमें भी असंख्य धारणीसंग्रह है। बौद्धतन्त्रोंमें बहुतोंका चीन और तिब्बती भाषामें अनुवाद हो गया है। तिब्बतमें तन्त्र कहग्युरके नामसे प्रसिद्ध हैं, कहग्युर ७८ भागोंमें विभक्त हैं। इसमें २६५० स्वतन्त्र ग्रन्थ हैं। उनमें प्रधानतः बौद्धोंके गुह्य क्रियाकाण्ड, मन्त्रोद्देश, स्तव, कवच, मन्त्र और पूजाविधिका वर्णन है। शिवोक्त तन्त्र शाक्त, शैव और वैष्णवके भेदसे तीन प्रकारके हैं। तान्त्रिक गण साम्प्रदायभुक्त तन्त्रके अनुसार ही चलते हैं।

उत्पत्ति। तन्त्रशास्त्रकी उत्पत्ति कबसे हुई है, इसका निर्णय नहीं हो सकता। प्राचीन स्मृतिसंहितामें चौदह विद्याओंका उल्लेख है, किन्तु उनमें तन्त्र गृहीत नहीं हुआ है। इसके सिवा किसी महापुराणमें भी तन्त्रशास्त्रका प्रसङ्ग नहीं है, इत्यादि कारणोंसे तन्त्रशास्त्रको प्राचीनतम आर्यशास्त्र नहीं माना जा सकता। तन्त्रोक्त मारणोच्चाटन-वशीकरणादि आभिचारिक क्रियाका प्रसङ्ग अथर्वसंहितामें पाया जाता है सही किन्तु तन्त्रके अन्यान्य प्रधान लक्षण नहीं मिलते। ऐसी दशामें तन्त्रको हम अथर्वसंहितानुगत नहीं कह सकते। अथर्ववेदीय नृसिंहतापनीयोपनिषद्में सबसे पहले तन्त्रका लक्षण देखनेमें आता है। इस उपनिषद्में मन्त्रराज-नरसिंह-अनुष्टुभ प्रसङ्गमें तान्त्रिक मालामन्त्रका स्पष्ट आभास सूचित हुआ है। शङ्कराचार्यने भी जब इस उपनिषद्का भाष्य रचना की है तब निःसन्देह यह ईसाकी ७वीं शताब्दीसे भी पहलेका है। हिन्दुओंके

अनुकरणमे बौद्धतन्त्रोंकी रचना हुई है। ईसाकी ८ वीं शताब्दीसे ११ वीं शताब्दीके भीतर बहुतसे बौद्ध-तन्त्रोंका तिब्बतीय भाषामें अनुवाद हुआ था। ऐसी दशामें मूल बौद्धतन्त्र ईसाकी ७वीं शताब्दीके पहले और उनके आदर्श हिन्दू-तन्त्र बौद्धतन्त्रसे भी पहले प्रकाशित हुए हैं, इसमें सन्देह नहीं। श्रीमद्भागवतमें ४र्थ स्कन्धके २य अध्यायमें लिखा है—दक्षयज्ञमें शिव-निन्दा सुन कर नन्दीने शिवनिन्दक दक्ष और उसके समर्थनकारी ब्राह्मणोंको अभिसम्पात करने पर भृगुने भी इस प्रकार अभिशाप दिया था—

"भवव्रतधरा ये च ये च तान् समनुव्रताः।
पाषण्डिनस्ते भवन्तु सच्छास्त्रपरिपन्थिनः॥
नष्टशौचा मूढधियो जटाभस्मास्थिधारिणः।
विशन्तु शिवदीक्षायां यत्र दैवं सुरासवम्॥
ब्रह्म च ब्राह्मणं चैव यद् यूयं परिनिन्दथ।
सेतुं विधारणं पुंसामतः पाषण्डमाश्रिताः॥"

जो महादेवका व्रत धारण करेंगे और जो उनके अनुवर्ती होंगे, वे सत्शास्त्रके प्रतिकूलाचारी और पाखण्डी नामसे प्रसिद्ध हों। शौचाचारहीन और मूढबुद्धि व्यक्ति ही जटाभस्मधारी हो कर उस शिवदीक्षामें प्रवेश करें, जहां सुरासव ही देववत् आदरणीय है, तुम लोगोंने शास्त्रोंके मर्यादास्वरूप ब्रह्म, वेद और ब्राह्मणोंकी निन्दा की है, इसलिये तुम लोगोंको पाषण्डाश्रित कहा है।

पद्मपुराणके पाषण्डोत्पत्ति अध्यायमें लिखा है—लोगोंको भ्रष्ट करनेके लिये ही शिवकी दुहाई दे कर पाषण्डियोंने अपना मत प्रकट किया है। उक्त भागवत और पद्मपुराणमें जिस तरह पाषण्डीमतका उल्लेख किया गया है, तन्त्रमें वही शिवोक्त उपदेश कहा गया है। गौड़ीय वैष्णववर्गके ग्रन्थोंके पढ़नेसे मालूम होता है कि, चैतन्यदेवने भी तान्त्रिकोंको पाषण्डीके नामसे सम्बोधन किया है। ऐसा होनेसे भागवत और पद्मपुराणके रचनाकालमें जो तान्त्रिक मत प्रचारित हुआ था, वह एक तरहसे ग्रहण किया जा सकता है। चीन-परिव्राजक फाहियान और यूयेनचुयाङ्गने भारतमें आ कर यहांके अनेक सम्प्रदायोंका विवरण लिखा है, किन्तु तान्त्रिकोंके विषयमें कुछ नहीं लिखा है। ई० ८वीं शताब्दीमें भोटदेशमें बौद्धतन्त्र अनुवादित हुए थे। किन्तु ई० ७वीं शताब्दीमें यूयेनचुयाङ्गने नानाप्रकारके बौद्ध शास्त्रोंका उल्लेख करने पर भी तन्त्रशास्त्रका कोई उल्लेख नहीं किया। जब ८वीं शताब्दीमें मूल ग्रन्थका अनुवाद हुआ है, तब मानना पड़ेगा कि, मूलतन्त्र अवश्य ही उससे पहले रचे गये हैं। हां, यह हो सकता है, कि उस समय उनकी प्रसिद्धि नहीं हुई होगी अथवा साधारणने उसको असद् मत मान कर ग्रहण नहीं किया होगा। दाक्षिणात्यमें बहुतोंका विश्वास है कि अद्वैतवादी शङ्कराचार्यने ही तान्त्रिक मतका प्रचार किया था और इसी कारण वे *मायावादी नामसे प्रसिद्ध* हैं। किन्तु शङ्कराचार्यको हम *तन्त्रमतका* प्रचारक किसी हालतमें भी नहीं मान सकते। शंकराचार्य देखो।

दक्षिणाचार-तन्त्रराजमें लिखा है—गौड़, केरल और काश्मीर इन तीनों देशके लोग ही विशुद्धशाक्त हैं। किन्तु हम गौड़देशको ही प्रधानशाक्त या तान्त्रिकोंकी जन्मभूमि मान सकते हैं। तान्त्रिकोंमें शैव, वैष्णव और शाक्त ये तीन संप्रदायभेद रहने पर भी कार्यतः सभी शाक्त हैं। बौद्ध तान्त्रिकोंको भी हम इस हिसाबसे शाक्त कहनेको बाध्य हैं। शाक्त देखो।

बङ्गालमें जिस प्रकार शाक्तोंका प्राधान्य है, भारतमें और कहीं भी वैसा नहीं है। जिस समय बौद्धधर्म हीनप्रभ होता जा रहा था, उस समय गौड़में तान्त्रिक धर्मका प्रचार हुआ था। इस समय जितने भी शिवोक्त तन्त्र पाये जाते हैं, उनको रचनाप्रणालीको पर्यालोचना करनेसे सहजमें ही धारणा होती है कि, वे गौड़देशमें रचे गये थे। तन्त्रमें जैसी पृथक् वर्णमाला गृहीत हुई है, वह भी संपूर्ण गौड़ या वङ्गदेशमें प्रचलित थी। वरदातन्त्र वर्णोद्धारतन्त्र आदि तन्त्रोंमें वर्णमालाकी जैसी लिखनप्रणाली लिखी है, उसे भी हम वङ्गला अक्षरके सिवा अन्य कोई लिपि नहीं मान सकते। तन्त्रोक्त लिपि अब सिर्फ बङ्गालमें ही प्रचलित है। इस लिपिको हजार या बारह सौ वर्षसे ज्यादा पुरानी नहीं कह सकते। *इसलिये अब इसमें कोई सन्देह नहीं रह* जाता कि, उक्त प्रकारकी लिपिके तन्त्र भी उसके बाद रचे गये हैं। भोटदेशमें अतिशका नाम बहुत प्रसिद्ध

है। ये बङ्गाली थे, ईसाकी ११वीं शताब्दीमें इन्होंने तिब्बतमें जा कर तांत्रिक धर्मका प्रचार किया था। यह असम्भव नहीं कि, इनसे भी पहले किसी बङ्गालीने जा कर वहाँ धर्म प्रचार किया होगा। अतएव सम्भव है कि बङ्ग वा गौड़से ही नेपाल, भूटान, चीन आदि दूर देशोंमें तान्त्रिक धर्म विस्तृत हुआ था।

गुजराती भाषामें लिखे हुए 'रासमाला'में लिखा है कि हिन्दू राजाओंके राज्यकालमें ब्राह्मणोंने गुजरात, डभोई, पावागढ़, अहमदाबाद, पाटन आदि स्थानोंमें जा कर कालिकामूर्त्ति स्थापित की थीं। बहुतसे हिन्दू राजा और प्रधान प्रधान व्यक्तियोंने उनको मंत्रदीक्षा ग्रहण की थी। (रासमा० १२) वास्तवमें देखा जाय तो किसदाम वो बहाम आदि देशोंमें मंत्रगुरुका प्रचलन है वह भी तांत्रिकोंके प्राधान्य कालमें प्रचलित हुआ था। ऐसा मंत्रगुरुका नियम पहले न था। बङ्गाली तांत्रिकोंने ही इस प्रथाका प्रथम प्रचार किया था। उनकी देखा-देखी भारतके नाना स्थानों वा नाना सम्प्रदायोंमें इस प्रकारके मंत्रगुरुकी प्रथा चल पड़ी है।

सभी तंत्र प्राचीन नहीं माने जा सकते। ज्योगिनी-तंत्रमें कोचराजवंशके प्रतिष्ठाता विश्वसिंहका परिचय दिया गया है। विश्वसारतंत्रमें नित्यानन्दको जन्मकथाका वर्णन किया गया है। इसलिए ऐसे तंत्र ईसाकी १५वीं शताब्दीके बादके हैं, इसमें सन्देह ही क्या? बङ्गालमें महानिर्वाणतंत्रका सर्वत्र आदर होता है, किन्तु बहुत जगह किम्वदन्ती है कि, महात्मा राममोहन रायके गुरुने इस तन्त्रकी रचना की थी। शक्तिसंगमतंत्रमें इस महानिर्वाणतंत्रका उल्लेख है। किन्तु नितान्त आधुनिक शास्त्रोंविदोंके सिवा अन्य किसी प्राचीन वा आधुनिक तंत्रसंग्रहमें महानिर्वाणतंत्रका नामोल्लेख न रहनेसे इसका आधुनिकत्व ही प्रतिपन्न होता है। और सिद्धान्तमें लण्डज, अंग्रेज इत्यादि शब्दों द्वारा यही प्रमाणित होता है कि, भारतमें अंग्रेजोंके आगमनके बाद इन तंत्रोंकी रचना हुई है।

वर्णित विषय। तंत्रोंमें प्रातःस्मरण, स्नानविधि, त्रिपुण्ड्र, धारण, भूशुद्धि, भूतशुद्धि, प्राणायाम, संध्या, जप, पुरश्चरण, कराङ्गन्यास, अन्तर्मातृका, बहिर्मातृका, पीठन्यास, मानसादिविद्या, नित्यादिविद्या, कुलविद्या, तत्त्वन्यास, द्वारपूजा, तर्पण, स्वर्णविद्यास्नान, पात्रनिर्णय, नित्यपूजा, सूर्यार्घ्य तोयसंस्कार, गुर्वादि पूजन, दीक्षा, पूर्णाभिषेक, प्रायश्चित्त, नित्यपुष्पपूजा, दमनकपूजा, पवित्रापूजा, चोपचकपूजा, दीक्षाकाल, दीक्षाभेद, सर्वतोभद्रादिचक्रनिर्णय, मंत्रसिद्धपद, पुरश्चरण साधन, मारणोच्चाट, मन्त्रयोनि, कौलाचार, मंत्रशोधन, मन्त्रोद्धार, नामपारायण, तत्त्वपारायण, पञ्चाङ्गन्यास, महाषोढान्यास, महान्यास, सम्मोहनन्यास, सौभाग्यवर्द्धनन्यास, अन्त्येष्टिक्रिया, विविधमुद्रा, मधुमांसादि-निर्णय आदि नाना विषयोंका वर्णन किया गया है।

मनुके टीकाकार कुल्लूकभट्टने लिखा है—

"वैदिकी तान्त्रिकी चैव द्विविधा श्रुतिकीर्त्तिता।"

वैदिकी और तान्त्रिकी इन दो श्रुतियोंका निर्देश है। इसलिए कुल्लूकभट्टके मतसे, तन्त्रको भी श्रुति कहा जा सकता है। आदियामलके मतसे—

"आगतः शिववक्त्रेभ्यो गतोऽपि गिरिजामुखे।
मतं तस्य हृदम्भोजे तस्मादागम उच्यते॥"

हे दुर्गे! शिवके मुखसे निकल कर तुम्हारे हृदयपद्ममें मग्न हुआ है, इसीलिए इसको आगम कहते हैं।

कुलार्णवके मतसे—

"कृते श्रुत्युक्त आचारस्त्रेतायां स्मृतिसम्भवः।
द्वापरे तु पुराणोक्तं कलौ आगमकेवलम्॥"

विष्णुयामलमें वर्णित है—

"आगमोक्तविधानेन कलौ देवान् यजेत् सुधीः।
नहि देवाः प्रसीदन्ति कलौ चान्यविधानतः॥"

बुद्धिमान् मनुष्य कलिकालमें आगमोक्त व्यवस्थाके अनुसार ही पूजा करेंगे। अन्य नियमसे पूजा करनेसे देवगण प्रसन्न नहीं होते।

रुद्रयामलके मतसे—

"अथर्ववेदसंभूतागमागमोक्तं मनु प्रिये।
सा कृत्या कलिकाले च सर्वसिद्धिं करिष्यति॥"

आगमोक्त पञ्चमंत्र द्वारा दीक्षा लेने, इसके लेनेसे मनुष्यको कलिकालमें सर्व अभीष्टकी सिद्धि होगी।

दीक्षा। तंत्रोंके मतसे, सबसे पहले दीक्षा ग्रहण करके पीछे तान्त्रिक कार्यमें हाथ डालना चाहिये, बिना

दीक्षाके तांत्रिक कार्यमें अधिकार नहीं है।

गौतमीयतंत्रमें लिखा है—

"द्विजानामनुपनीतानां स्वधर्माध्ययनादिषु।
यथाधिकारो नास्तीह सन्ध्योपासनकर्मसु॥
तथात्वदीक्षितानान्तु मंत्रतंत्रार्चनादिषु।
नाधिकारोऽस्त्यतः कुर्यादात्मानं शिवसंस्कृतम्॥"

जैसे द्विजातियोंको उपनयन बिना हुए अध्ययन और सन्ध्यापूजा आदि स्वकर्ममें अधिकार नहीं होता, उसी तरह अदीक्षित व्यक्तियोंको मंत्रतंत्र और पूजादि कर्ममें अधिकार नहीं होता। इसी लिए शिवसंस्कृत होना आवश्यक है। उक्त तंत्रके ७वें अध्यायमें लिखा है—

"ददाति दिव्यतावंचेत् क्षिणुयात् पापसन्ततिं।
तेन दीक्षेति विख्याता मुनिभिस्तंत्रपारगैः॥
यां विना नैव सिद्धिः स्यान्मंत्रो वर्षशतैरपि॥"

दिव्यता देती और पापसन्तति नाश करती है, इस लिए तंत्रपारग मुनि द्वारा यह दीक्षा नामसे प्रसिद्ध है। इसके बिना सौ वर्ष मंत्र पढ़नेसे भी सिद्धि नहीं होती।

दीक्षा लेनेके लिए सद्गुरुकी आवश्यकता है। दीक्षागुरुका लक्षण इस प्रकार है—

"शान्तो दान्तः कुलीनश्च शुद्धान्तःकरणः सदा।
पंचतत्त्वार्चको यस्तु सद्गुरुः स प्रकीर्तितः॥
सिद्धोऽसाविति चेत् ख्यातो बहुभिः शिष्यपालकः।
चमत्कारी देवशक्त्या सद्गुरुः कथितः प्रिये॥
अश्रुतं सम्मतं वाक्यं व्यक्ति साधु मनोहरम्।
तन्त्रे मन्त्रे समं व्यक्ति स एव सद्गुरुश्च सः॥
सदा यः शिष्यबोधेन हिताय च समाकुलः।
निग्रहानुग्रहे शक्तः सद्गुरुर्गीयते बुधैः॥
परमार्थे सदा दृष्टिः परमार्थं प्रकीर्तितम्।
गुरुपादाम्बुजे भक्तिर्यस्यैव सद्गुरुः स्मृतः॥"

(कामाख्यातन्त्र ४र्थ)

शान्त, दान्त, कुलीन, शुद्धान्तःकरण, पञ्चतत्त्वके पूजक, सिद्ध, प्रसिद्ध, बहुशिष्यपालनकारी, चमत्कारी, दैवशक्तिसम्पन्न, साधु, मनोहर, अश्रुत और तंत्रसम्मत वाक्यवादी, मंत्रमंत्रको जो समभावसे जानते हों, शिष्यबोधमें जो सर्वदा ही हित करते रहते हों, निग्रहानुग्रहमें समर्थ हों, सदा परमार्थमें दृष्टि रखते हों और जो सदा परमार्थतत्त्व कीर्तन करते रहते हों, गुरुके पादपद्ममें जिनकी अचल भक्ति हो, उन्हींको सद्गुरु समझना चाहिये। इसलिए सभी प्रधान तंत्रोंमें लिखा है—

"अज्ञानं तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया।
नेत्रमुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः॥"

अज्ञानरूप तिमिररोगसे जो अन्ध हुआ है, ज्ञानरूप अञ्जनकी शलाकाके द्वारा जो उसकी अन्धता नष्ट कर ज्ञाननेत्रको खोल सकते हैं, ऐसे श्रीगुरुको नमस्कार है।

जैसे गुरु हैं, वैसे शिष्यकी जरूरत है। गौतमीयतंत्रमें लिखा है—

"शिष्यः कुलीनः शुद्धात्मा पुरुषार्थपरायणः।
अधीतवेदकुशलः पितृमातृहिते रतः॥
धर्मविद्धर्मकर्ता च गुरु-शुश्रूषणे रतः।
सदा शास्त्रार्थतत्त्वज्ञो दृढदेहो दृढाशयः॥
हितैषी प्राणिनां नित्यं परलोकार्थकर्मकृत्।
वाङ्मनःकायवसुभिर्गुरुशुश्रूषणे रतः॥
अनित्यकर्मणस्त्यागी नित्यानुष्ठानतत्परः।
जितेन्द्रियो जितालस्यो जितमोहविमत्सरः॥
गुरुवद्गुरुपुत्रेषु तत्कलत्रादिषु भक्तिमान्।
एवम्विधो भवेच्छिष्यस्त्वितरो गुरुदुःखदः॥
वर्षैकेण भवेद्योग्यो विप्रः सर्वगुणान्वितः।
वर्षद्वये तु राजन्यो वैश्यस्तु वत्सरैस्त्रिभिः॥
चतुर्भिर्वत्सरैः शूद्रः कथिता शिष्ययोग्यता।
यदा शिष्यो भवेद् योग्यः तदा सद्गुरुस्तदा॥
कृपया परया सम्यग् दीक्षाया विधिमाचरेत्।" (४ अध्याय)

शिष्य कुलीन, शुद्धान्तःकरण, पुरुषार्थपर, वेदपाठमें निपुण, पितामाताके मङ्गलमें तत्पर, धर्मज्ञ, धार्मिक, गुरुसेवामें अनुरक्त, सर्वदा तंत्रशास्त्रका यथार्थ मर्मज्ञ, दृढ़काय और दृढ़चित्त, प्राणियोंका सर्वदा मङ्गलकारी, परलोकमें मङ्गलके लिए कर्मकारी, कायमनोवाक्यसे यावज्जीवन गुरुसेवामें निरत, अनित्य कर्मत्यागकारी, सर्वदा तंत्रानुष्ठानमें तत्पर, जितेन्द्रिय, आलस्यजयकारी, मोह और मत्सरको जीतनेवाले, गुरुपुत्र और गुरुके परिवारवर्गको गुरुके समान भक्ति करनेवाला, ऐसा शिष्य होना चाहिये; अन्य प्रकार शिष्य गुरुके लिए दुःखदायक है। सर्वगुणान्वित ब्राह्मण एक वर्षमें, क्षत्रिय दो वर्षमें

केवल तीन वर्षमें और गुरु चार वर्षमें शिष्य होनेके उपयुक्त होता है। शिष्य उपयुक्त होने पर सद्गुरुको चाहिये कि, उनसे श्रद्धापूर्वक सम्पूर्ण दीक्षाको विधियोंका पालन करावें।

ग्रहणाक्रान्त होने पर भी सबसे दीक्षा लेनेकी विधि नहीं है। योगिनीतन्त्रमें लिखा है—

"पितुर्मन्त्रं न गृह्णीयात् तथा मातामहस्य च।
सोदरस्य कनिष्ठस्य वैरिपक्षाश्रितस्य च॥"

पिता, मातामह, सहोदर या अपनेसे अपेक्षा छोटे उम्रवालेसे तथा शत्रुपक्षवालोंसे मंत्र ग्रहण न करना चाहिये।

कामाख्यातन्त्रके मतसे—

"आर्त्तं वध्यं तथा दानं स्वल्पकालमुपैं पुनः।
यावज्जीवं भवेद् यावद्देवमतिमान् सदा॥
उदासीनं विशेषेण वर्जयेत् सिद्धिकामुकः।
उदासीनमुखाद्दीक्षा वन्ध्या नारी यथा प्रिये॥
अज्ञानाद् यदि वा मोहादुदासीनस्य चाश्रयः।
अभिषिक्तो भवेद्देवि विघ्नस्तस्य पदे पदे।
सर्वं हि विफलं तस्य सर्वं दारिद्र्यं जायते।" (८प०)

मतिमान् सिद्धिकामुक व्यक्तिको चाहिये कि, वह अन्धा, मूका, बधिर, अल्पायुषी, सामान्य कौल, विशेषतः उदासीनको परित्याग कर दें। क्योंकि वन्ध्या नारी जैसी है, उदासीनके पास दीक्षा लेना भी वैसा ही है। यदि बिना जाने किम्वा मोहसे उदासीनसे दीक्षा ले भी ली हो तो उसको पदपदमें विघ्न हुआ करते हैं। उसके सभी कार्य विफल हैं। अन्तको वह नरक जाता है।

नन्दिनीविमर्षिणीतन्त्रके मतसे—

"वनेचरा पितुर्दीक्षा दीक्षा च वनवासिनः।
विविक्ताश्रमिणो दीक्षा न सा कल्याणदायिका॥"

यति, पिता, वनवासी और गृहस्थाश्रम परित्यागीसे दीक्षा लेना मङ्गलजनक नहीं है।

रुद्रयामलमें लिखा है—

"न पत्नीं दीक्षयेद् भर्ता न पिता दीक्षयेत् सुताम्।
न पुत्रञ्च तथा भ्राता भ्रातरं न च दीक्षयेत्॥
सिद्धमन्त्रो यदि पतिस्तदा पत्नीं च दीक्षयेत्।
शक्तित्वेन वरारोहे न सा तु दुहिता भवेत्॥"

पति पत्नीको, पिता कन्या या पुत्रको, भ्राता भाईको दीक्षा न देवें। पति सिद्धमन्त्र होने पर पत्नीको दीक्षित कर सकते हैं; क्योंकि उनके शक्तित्वके कारण वह कन्या नहीं समझी जाती।

गन्धर्वविमर्शिनीके मतसे—

"प्रमादाद्वा तदाज्ञानात् पितुर्दीक्षां समाचरेत्।
प्रायश्चित्तं ततः कृत्वा पुनर्दीक्षां समाचरेत्॥"

प्रमाद वश या अज्ञान वश यदि पितासे दीक्षा ली जाय, तो प्रायश्चित्त करके पुनः दीक्षा लेनी पड़ती है।

तत्त्वानन्दमें सारसंग्रहमें लिखा है—

"वैष्णवे वैष्णवो ग्राह्यः शैवे शैवस्तु शस्यते।
शैवः शाक्तोऽपि सर्वत्र दीक्षाचार्यो न वैष्णवः॥"

वैष्णवका वैष्णव तथा शैवका शैव और शाक्त ग्राह्य है। शैव और शाक्त सर्वत्र ही दीक्षागुरु हो सकते हैं।

देशभेदसे भी गुरुओंमें तारतम्य होता है। उत्तरगौतमीयतन्त्रके मतसे—

"पाश्चात्या गुरवो मुख्या दाक्षिणात्यस्य मध्यमाः।
गौडदेशोद्भवा मुख्याः कामरूपोद्भवास्तथा।
कलिङ्गाद्याश्च ये प्रोक्ता अधमास्ते प्रिये स्मृताः॥"

पाश्चात्य वैदिक गुरु प्रधान, दाक्षिणात्यमें मध्यम, गौड़ और कामरूपके ब्राह्मण उनसे अपेक्षा न्यून, कलिङ्गादि अधम हैं।

विद्याधराचार्यकृत आगमचन्द्रिकाके मतसे—

"मध्यदेशे कुरुक्षेत्रे लाटकोङ्कणसम्भवाः।
अन्तर्वेदिप्रतिष्ठाना अवन्त्याश्च गुरूत्तमाः॥
गौडाः शाल्वोद्भवाः सौराः मागधाः केरलास्तथा।
कोशलाश्च दशार्णाश्च गुरवः सप्त मध्यमाः॥
कर्णाट-नर्मदा-रेवा-कच्छतीरोद्भवास्तथा।
कलिङ्गाश्च कम्बलाश्च काम्बोजाश्चाधमा मताः॥"

मध्यदेशमें कुरुक्षेत्र, लाट, कोङ्कण, अन्तर्वेदि, प्रतिष्ठान और अवन्ति, इन स्थानोंके गुरु उत्तम या श्रेष्ठ, गौड़, शाल्व, सौर, मगध, केरल, कोशल, दशार्ण, इन सात स्थानोंके गुरु मध्यम तथा कर्णाट, नर्मदा, रेवा और कच्छतीरवासी, कलिङ्ग, कम्बल और काम्बोजवासी गुरु अधम होते हैं।

तान्त्रिक दीक्षा या मंत्रग्रहण करनेमें जो गुरु

सभीको समान अधिकार है। गौतमीयतंत्रके प्रारम्भमें ही लिखा है—

"सर्ववर्णाधिकारश्च नारीणां योग्य एव च ॥"

कङ्कालमालिनीतंत्रके मतसे—

"शूद्राणां प्रणवं देवि चतुर्दशस्वरं प्रिये ।
नादबिन्दुसमायुक्तं स्त्रीणां चैव वरानने ॥
मनौ स्वाहा च या देवि शूद्रोच्चार्या न संशयः ।
होमकार्ये महेशानि शूद्रः स्वाहां न चोच्चरेत् ॥
मन्त्रोप्युद्धो नास्ति शूद्रे विपबीजं विना प्रिये ॥"

हे देवि! शूद्र और स्त्रियोंका प्रणव बीजमंत्र नादबिन्दुसमायुक्त चतुर्दशस्वर है। शूद्रको मनमें भी स्वाहा उच्चारण न करना चाहिये। होम-कार्यमें भी शूद्र स्वाहा उच्चारण न करे। विपबीजके सिवा शूद्रको और कोई भी मंत्र न उच्चारण करना चाहिये।

गौतमतंत्रके मतसे दीक्षाकाल इस प्रकार है—

"कृष्णपक्षस्य चाष्टम्यां शुभे लग्ने शुभेऽहनि ।
पूर्वभाद्रपदायुक्ते मित्रतारादिसंयुते ॥
अथवा ह्यनुराधायां रेवत्यां वा प्रशस्यते ।
जानीयाच्छोभनं कालं चन्द्रार्कग्रहणं प्रति ॥
इषे मासि विशेषेण कार्तिके च विशेषतः ।
महाष्टम्यां विशेषेण धर्मकामार्थसिद्धये ॥
रोहिणी श्रवणार्द्रा च धनिष्ठा चोत्तरात्रयम् ।
पुष्या शतभिषा चैव दीक्षानक्षत्रमुच्यते ॥"

कृष्णपक्षकी अष्टमी तिथि, शुभ लग्न और शुभ दिनमें मित्रतारादियुक्त पूर्वभाद्रपद, अनुराधा वा रेवती नक्षत्रमें चन्द्रग्रहणके समय, आश्विन, वा कार्तिक मासमें दीक्षा लेना प्रशस्त है। विशेषतः धर्म-अर्थ-कामकी सिद्धिके लिए महाष्टमी अत्यन्त प्रशस्त है। रोहिणी, श्रवणा, आर्द्रा, धनिष्ठा, उत्तराषाढ़ा, उत्तरभाद्रपद, उत्तरफल्गुनी, पुष्या, और शतभिषा ये दीक्षानक्षत्र समझे जाते हैं।

मतभेदसे दीक्षागुरुमें भी भेद होता है। गौतमतन्त्रके मतसे—"विष्णुर्विष्णुमतस्थानां सौरः सौरविदां मतः ।
गाणपत्यस्तु देवेशि गणदीक्षाप्रवर्त्तकः ।
शैवः शाक्तश्च सर्वत्र दीक्षास्वामी न संशयः ॥"

वैष्णवोंके गुरु विष्णुमन्त्रोपासक, सौरमतावलम्बियोंके गुरु सौर और गाणपत्योंके गुरु गणदीक्षाप्रवर्तक होंगे। शैव और शाक्त सर्वत्र ही दीक्षा-गुरु हो सकते हैं, इसमें सन्देह नहीं।

उक्त पाँच सम्प्रदायोंमें भी विभिन्न देवमूर्ति और असंख्य बीज हैं, उन बीजोंके अनुसार ही इष्टदेवकी पूजा और ध्यान आदि हुआ करते हैं। बीज देखो।

तान्त्रिकगण उपासना और बीजमंत्रके भेदसे नाना शाखाओं और सम्प्रदायोंमें विभक्त होने पर भी किसी किसी तंत्रमें ब्राह्मणमात्रको ही शाक्त कहा गया है।

"सर्वे शाक्ता द्विजाः प्रोक्ता न शैवा न च वैष्णवाः ।
आदिदेवी च गायत्री उपासकनिमोक्षदा ॥"

सभी द्विज शाक्त, शैव या वैष्णव नहीं हैं, क्योंकि उपासककी मुक्तिदात्री आदि देवी गायत्री (सबकी आराध्य) है।

आचारभेद। तांत्रिकगण पाँच प्रकारके आचारोंमें विभक्त हैं। कुलार्णवतन्त्रके मतसे—

"सर्वेभ्यश्चोत्तमा वेदा वेदेभ्यो वैष्णवं महत् ।
वैष्णवादुत्तमं शैवं शैवाद्दक्षिणमुत्तमम् ॥
दक्षिणादुत्तमं वामं वामात् सिद्धान्तमुत्तमम् ।
सिद्धान्तादुत्तमं कौलं कौलात् परतरं नहि ॥"

सबसे वेदाचार श्रेष्ठ है, वेदाचारसे वैष्णवाचार महत् है, वैष्णवाचारसे शैवाचार उत्कृष्ट है, शैवाचारसे दक्षिणाचार उत्तम है, दक्षिणाचारसे वामाचार श्रेष्ठ है, वामाचारसे सिद्धान्ताचार उत्तम है और सिद्धान्ताचारकी अपेक्षा कौलाचार उत्तम है। कौलाचारके बाद और कोई नहीं है।

वेदाचार—प्राणतोषिणीधृत नित्यानन्दतंत्रके मतसे—

"वेदाचारं प्रवक्ष्यामि शृणु सर्वाङ्गसुन्दरि ।
ब्राह्मे मुहूर्ते उत्थाय गुरुं नत्वा स्वनामभिः ॥
आनन्दनाथ शब्दान्तैः पूजयेद्य साधकः ।
सहस्राराम्बुजे ध्यात्वा उपचारैस्तु पंचभिः ॥
प्रजप्य वाग्भवबीजं चिन्तयेत् परमां कलाम् ।"

सर्वाङ्गसुन्दरि! वेदाचारका वर्णन करता हूं, तुम सुनो। साधकको चाहिये कि, वह ब्राह्म मुहूर्तमें उठे और गुरुके नामके अन्तमें आनन्दनाथ योग कर उनको प्रणाम करे। फिर सहस्रदलपद्ममें ध्यान करके पञ्च उपचारसे पूजा करे और वाग्भवबीज जप करके परम कलात्मिका ध्यान करे।

वैष्णवाचार—"वेदाचारक्रमेणैव सदा नियमतत्परः।
मैथुनं तत्कथालापं वर्जयेच्च कदाचन॥
हिंसां निन्दां च कौटिल्यं वर्जयेन्मांसभोजनम्।
रात्रौ मालां च यन्त्रं च स्पृशेन्नैव कदाचन॥"

वेदाचारकी विधिके अनुसार सर्वदा नियमतत्पर होना चाहिये। मैथुन या उसका कथालाप भी कभी न करना चाहिये, हिंसा, निन्दा, कुटिलता और मांस भोजन परित्याग करना चाहिये। रातको कभी माला या यन्त्र न छूना चाहिये।

शैवाचार—"वेदाचारक्रमेणैव शैवे शाक्ते व्यवस्थितम्।
सहितं च महादेवि! केवलं पशुघातनम्॥"

शैव और शाक्तोंके लिए जैसे वेदाचारकी व्यवस्था हो गई है, इनके लिए भी वैसी ही है। शैवाचारमें विशेषता इतनी ही है कि, इसमें केवल पशुहत्याकी व्यवस्था है।

दक्षिणाचार—"वेदाचारक्रमेणैव पूजयेत् परमेश्वरीम्।
स्वीकृत्य विजयां रात्रौ जपेन्मन्त्रमनन्यधीः॥"

वेदाचारके क्रमानुसार आद्याशक्तिकी पूजा करें और रातको विजया ग्रहण करके एकाग्रचित्तसे जप करें।

वामाचार—"पञ्चतत्त्वं खपुष्पं च पूजयेत् कुलयोषितम्।
वामाचारो भवेत्तत्र वामा भूत्वा यजेत् पराम्॥"
(आचारभेदत०)

पञ्चतत्त्व अथवा पञ्चमकार, खपुष्प अर्थात् रजस्वलाके रज और कुलस्त्रीकी पूजा करें। ऐसा करनेसे वामाचार होता है। इसमें स्वयं वामा हो कर पराशक्तिकी पूजा करें।

सिद्धान्ताचार—"पूतापूतं भवेद् द्रव्यं शोधनादेव पार्वति।
इत्येव कथ्यते सिद्धान्ताचारलक्षणम्॥"

पार्वति! शुद्ध या अशुद्ध वस्तुओंके शोधन करनेसे शुद्ध हुआ करता है। सिद्धान्ताचारका लक्षण इसी प्रकार है। सम्प्रदायतन्त्रमें सिद्धान्ताचारियोंके विषयमें लिखा है—"देवपूजारतो नित्यं सदा विष्णुपरो दिवा।
नक्तं [illegible] यथाशक्ति भोजनम्॥
[illegible] "

जो सर्वदा देवपूजामें निरत है, दिनको विष्णुपरायण हो कर रातको यथासाध्य और भक्तिभावसे यथाविधि मद्यपान और मांसपान करता है, वह मनुष्य [illegible] कहा जाता है।

कौलाचार—"दिक्कालनियमो नास्ति तिथ्यादिनियमो न च।
नियमो नास्ति देवेशि महामन्त्रस्य साधने॥
क्वचित् शिष्टः क्वचिद् भ्रष्टः क्वचिद् भूतपिशाचवत्।
नानावेशधराः कौलाः विचरन्ति महीतले॥
कर्दमे चन्दनेऽभिन्नं मित्रे शत्रौ तथा प्रिये।
श्मशाने भवने देवि तथैव काञ्चने तृणे।
न भेदो यस्य देवेशि स कौलः परिकीर्तितः॥"
(निगमा०)

दिक्कालका नियम नहीं है, तिथ्यादिका भी नियम नहीं है, देवेशि! महामन्त्रसाधनका भी नियम नहीं है। कभी शिष्ट कभी भ्रष्ट और कभी भूतपिशाचके समान, इस तरह नाना वेशधारी कौल महीतल पर विचरण करते हैं। प्रिये! कर्दम और चन्दनमें, मित्र और शत्रुमें, श्मशान और गृहमें, स्वर्ण और तृणमें जिनको भेदज्ञान नहीं रहे हो कौल कहा जा सकता है।

यद्यपि निरुत्तर और कुलार्णवमें सात प्रकारके आचारोंका उल्लेख है, तथापि प्रधानतः दक्षिणाचार और वामाचार ये दो प्रकारके आचार ही देखनेमें आते हैं। दक्षिणाचारतन्त्रराजमें लिखा है—

"दक्षिणाचारतन्त्रोक्तं कर्मानुष्ठानमीरितम्।"

दक्षिणाचारतन्त्रमें जिस प्रकारकी कर्मपद्धति विवृत हुई है, वही शुद्ध वैदिक है।

वास्तवमें दक्षिणाचारी लोग वैदिक विधिके अनुसार अर्थात् पद्मासनसे भगवतीकी अर्चना किया करते हैं। ये वामाचारियोंकी तरह मद्य-मांस व्यवहार या शक्तिसाधनादि नहीं करते। दक्षिणाचारतन्त्रके मतसे रक्त-मांसादि रहित सात्त्विक बलि देना ही ब्राह्मणोंके लिए विधेय है। दाक्षिणात्यमें बहुतसे दक्षिणाचारी रहते हैं। वामकेश्वरतन्त्रमें (छठे पटल) पद्मासनका विषय इस प्रकार लिखा है—

"[illegible]
[illegible]
[illegible]"

तस्याचारं वदाम्याशु शृणु संशयनाशकम्।
हविष्यं भक्षयेन्नित्यं ताम्बूलं न स्पृशेदपि।
ऋतुस्नातां विना नारीं कामभावे नहि स्पृशेत्।
परस्त्रियं कामभावो दृष्ट्वा संगं समुत्सृजेत्।
संत्यजेन्मत्स्यमांसानि पशवो नित्यमेव च।
गन्धमाल्यानि वस्त्राणि चीराणि प्रभजेन्न च।
देवालये सदा तिष्ठेदाहारार्थं गृहं भजेत्।
कन्यापुत्रादिवात्सल्यं कुर्यान्नित्यः समाकुलः।
ऐश्वर्यं प्रार्थयेन्नैव यदस्ति तत्तु न त्यजेत्।
सदादानं समाकुर्याद् यदि सन्ति धनानि च।
कार्पण्यद्रोहान् क्षिपेत् सर्वानहंकारादिकांस्ततः।
विशेषेण महादेवि! क्रोधं संवर्जयेदपि।
कदाचिद्दीक्षयेन्नैव पशवः परमेश्वरि।
सत्यं सत्यं पुनः सत्यं नान्यथा वचनं मम।
अज्ञानाद् यदि वा लोभान्मन्त्रदानं करोति च।
सत्यं सत्यं महादेवि देवीशापं प्रजायते।
इत्यादि बहुधाचारा कथिद्भूमः पशोर्मतिः।
तथापि न न मोक्षः स्यात् सिद्धिश्च कदाचन।
यदि चंक्रमणे शक्त खड्गधारे सदा नरः।
पश्वाचारं सदा कुर्यात् किन्तु सिद्धिर्न जायते।
जम्बूद्वीपे कलौ देवि ब्राह्मणो हि कदाचन।
पशुर्नस्यात् पशुर्नस्यात् पशुर्नस्यात् शिवाज्ञया॥"

जो पञ्चतत्त्व ग्रहण नहीं करते और न उसकी निन्दा ही करते हैं, जो शिवोक्त कथाको सत्य मानते हैं और पापकार्यको निन्दनीय समझते हैं, वे ही पशु नामसे प्रसिद्ध हैं। तुम्हारे सन्देहको दूर करनेके लिए मैं उनका आचार कहता हूं, सो सुनो। जो प्रतिदिन हविष्य आहार करते हैं, ताम्बूल नहीं छूते, ऋतुस्नाता अपनी स्त्रीके सिवा अन्य किसीको भी कामभावसे नहीं देखते, परस्त्रीके कामभावको देख कर उसका साथ त्याग देते हैं, मत्स्य-मांस कभी भी ग्रहण नहीं करते, गन्धमाल्य वस्त्र और चीर नहीं लेते, सर्वदा देवालयमें रहते हैं, और आहारके लिए घर जाते हैं, पुत्रकन्याओंको अति स्नेहदृष्टिसे देखते हैं, ऐश्वर्यको नहीं चाहते या जो है उसको भी त्याग नहीं करते, धन होने पर सर्वदा दरिद्रोंको दान देते हैं, कभी कार्पण्य, द्रोह और अहङ्कारादि प्रकट नहीं करते, विशेषतः जो अपना क्रोध वर्जन करते हैं, परमेश्वरि! ऐसे पशुओंको दीक्षा न देनी चाहिये। सत्य कहता हूं, मेरा कहना कभी अन्यथा न होगा। अज्ञान वा भ्रमसे पशुको मंत्र देनेसे, सच-मुच ही देवीके शापका भागी होना पड़ेगा। इस तरहके बहुप्रकार आचारोंको पशु कहते हैं। इनको कभी मोक्ष वा सिद्धि नहीं होती। पश्वाचार कितना ही क्यों न करे, किसी तरह भी सिद्धि नहीं होती। हे देवि! शिवकी आज्ञा है कि, इस जम्बूद्वीपमें ब्राह्मण कभी पशु न होंगे।

बङ्गालमें तांत्रिक कहनेसे प्रधानतः वामाचारियोंका ही बोध होता है। किसीके मतसे ये वेदविरुद्ध विपरीत आचरण करनेके कारण वामाचारीके नामसे मशहूर हैं। बङ्गालके तांत्रिकोंमें वामाचार और दक्षिणाचार दोनों ही आचार मिश्रित देखनेमें आते हैं। किन्तु असली तांत्रिकगण इस बातको नहीं मानते।

वामकेश्वरतंत्रके ५१वें पटलमें लिखा है—

"आचारो द्विविधो देवि वामदक्षिणभेदतः।
जन्ममात्रं दक्षिणं हि अभिषेकेन वामकम्॥"

देवि! वामाचार और दक्षिणाचारके भेदसे आचार दो प्रकारका है। जन्ममात्रमें दक्षिण और अभिषेक होने पर वामाचारी होता है।

भाव। उक्त सात आचार निर्दिष्ट होने पर भी तंत्रमें प्रधानतः तीन भावोंका विषय वर्णित है। यथा—पशुभाव, वीरभाव और दिव्यभाव। वामकेश्वरतंत्रके मतसे—

"जन्ममात्रं पशुभावं वर्षेषोडशकावधि।
ततश्च वीरभावस्तु यावत् पञ्चाशतो भवेत्।
द्वितीयांशे वीरभावस्तृतीयो दिव्यभावकः।
एवं भावत्रयेणैव भावमैक्यं भवेत् प्रिये।
ऐक्यज्ञानात् कुलाचारो येन देवमयो भवेत्।
भावोहि मानसो धर्मो मनसैव सदाभ्यसेत्॥"

जन्मकालसे सोलह वर्ष तक पशुभाव, इसके बाद द्वितीयांशमें पचास वर्ष तक वीरभाव, उसके बाद तृतीयांशमें दिव्यभाव होता है। इन भावत्रयसे भावऐक्य होता है। ऐक्यज्ञानसे कुलाचार होता है, इस कुलाचारके द्वारा ही मानव देवमय हुआ करता है। भाव ही मानस धर्म है, मन ही मन सर्वदा उसका अभ्यास करना

उचित है। कुब्जिकातन्त्रमें इसी प्रकार लिखा है—

"[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
केवलं दिव्यभावेन पूजयेत् परमेश्वरीम्॥"

भाव तीन प्रकारके हैं—दिव्य, वीर और पशु। हे कुलसुन्दरि! यह विश्व देवतामय है, समस्त जगत् स्त्रीमय और पुरुष शिव है, इस प्रकार भावनासे जो क्रिया करता है, वह देवतात्मक या दिव्य है। उसको चाहिये कि, वह नित्यस्नान, नित्यदान, नित्यसन्ध्या, जपपूजा, निर्मल वसन परिधान, वेदपाठ, गुरु और देवतामें दृढ़भक्ति, मांस और त्रिदेवपूजामें अटल विश्वास, [illegible] दान, श्राद्ध और नित्यकार्य, [illegible], [illegible] परित्याग, सर्वसिद्धिके लिए गुरुका [illegible], [illegible] और [illegible] तथा दिव्यभावसे सर्वदा [illegible] पूजा करे। उसको सर्वदा सत्य बोलना चाहिये, कभी झूठ न बोले। पिच्छिलातन्त्रके १०वें पटलमें लिखा है—

"[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ॥"

दिव्य और वीर ये दो महाभाव हैं, पशुभाव अधम है। ये लोग पशुभावसे पूजा करते चाहिये। कलिकालमें पशुभाव [illegible] है। दिव्य और वीरभावकी प्रसिद्धि नहीं है। वीरभाव अति उत्तम है। सर्वशास्त्रोंमें [illegible] और दिव्य वीरभावका विषय कहा जाता है। शक्ति या मद्य, मत्स्य, मांस, मुद्रा और मैथुनके बिना पूजा नहीं की जाती। दोनों पूजाका आधार है—स्वर्ग और मोक्षात्मक फल। कलियुगमें सर्वतन्त्रके मतानुसार पशुभाव ही [illegible] मार्ग है। मानसध्यान, सर्वदा [illegible] महापूजाभोजन यहीं मानसभोजन और मन ही मन [illegible] करें। साधकश्रेष्ठ मन ही मन मद्यमांसादि अर्पण करें और प्रचुर गन्ध, पुष्प भी उपहार दें, तथा मन ही मन [illegible] आदिको क्रिया और [illegible] पूजा करें। इस प्रकारसे मन ही मनमें सब कार्य करना चाहिये। कलिकालमें विषय ही [illegible] आधार नहीं है। इस प्रकारसे मानसभावोंके द्वारा ही सर्वसिद्धि प्राप्त होती है।

पशुभावका लक्षण इसमें पहले ही लिखा जा चुका है। रुद्रयामलमें (उत्तरतन्त्रमें) लिखा है।

"[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।"

पशूनां मध्यतः श्रीमान् शिवया सह चोत्तमः ॥
केवलं वैष्णवो धीरः पशूनां मध्यमः स्मृतः ।
भूतानां देवतानां च सेवां कुर्वन्ति सर्वदा ॥
पशूनामधमाः प्रोक्ता नरकस्था न संशयः ।
त्वत्सेवां मम सेवां च ब्रह्मविष्ण्वादिसेवनम् ।
कृत्वान्यसर्वभूतानां नायिकानां महाप्रभो ।
यक्षिणीनां भूतिनीनां ततः सेवां शुभप्रदाम् ॥
यः पशु ब्रह्मकृष्णादि सेवांच कुरुते यदा ।
तथा श्रीतारकब्रह्मसेवां ये वा नरोत्तमाः ॥
तेषामसाध्याभूतादि देवता सर्वदाग्रहा ।
वर्जयेत् पशुमार्गेण विष्णुसेवापरो जनः ॥"

जो प्रति दिन दुर्गापूजा, विष्णुपूजा और शिवपूजा अवश्य करता है वही पशु उत्तम है। पशुओंमें जो शक्ति-सह शिवपूजा करता है अथवा जो व्यक्ति धीर और केवल वैष्णव है, उसको मध्यम तथा पशुओंमें जो भूतादि उपदेवताकी सर्वदा सेवा करता है, उसको अधम कहते हैं। अधम निश्चय नरकस्थ होता है। जो पशु आपकी, मेरी और विष्णु आदिकी सेवा करके बादमें सर्वभूत, नायिका, यक्षिणी, भूतिनी आदिकी सेवा करता है, उसको भी शुभप्रद समझें। और जो पशु ब्रह्म कृष्णादि और तारकब्रह्मकी सेवा करता है, भूतादि देवताकी सेवा उसके लिए कामदायी है, सुतरां साधनयोग्य नहीं। वैष्णवको पशुमार्गसे भूतादिकी सेवा छोड़ देनी चाहिये। रुद्रयामलके मतसे—

"पशुभावस्थितो मन्त्री सिद्धिमेकामवाप्नुयात् ।
यदि पूर्वापरयां च महाकौलिकदेवताम् ॥
कुलमार्गस्थितो मन्त्री सिद्धिमाप्नोति निश्चितं ॥
यदि शिवाः प्रसीदन्ति वीरभावं तदाप्नुयात् ।
वीरभावप्रसादेन दिव्यभावमवाप्नुयात् ।
दिव्यभावं वीरभावं ये गृह्णन्ति नरोत्तमाः ।
वांछाकल्पद्रुमलता पतयस्ते न संशयः ॥"

यदि पूर्वापर पशुभावसे रह कर महाकौलिक देवताका सम्यग्ग्रहणकारी केवल सिद्धि लाभ करे, तो कुलमार्गस्थ सम्यग्ग्रहणकारी निश्चय सिद्धि लाभ करेगा। महाविद्याके प्रसन्न होने पर वीरभाव प्राप्त होता है। वीरभावके प्रसादसे दिव्यभावकी प्राप्ति होती है। जो नरवर दिव्य और वीरभाव ग्रहण करता है, वह निःसन्देह वाञ्छाकल्पतरुलताका अधिपति है अर्थात् वह चाहे सो कर सकता है।

अभिषेक। तान्त्रिक कार्यादिका प्रकृत साधन करनेके लिए पहले अभिषिक्त होना ही पड़ता है, अभिषेक बिना हुए चक्र पूजा या साधनमें अधिकार नहीं होता। निरुत्तरतंत्रमें (१०वें पटलमें) लिखा है—

"अभिषिक्तो भवेत् वीरो अभिषिक्ता च कौलिकी ।
एवं च वीरशक्तिं च वीरश्चक्रे नियोजयेत् ॥
नाभिषिक्तो वसेच्चक्रे नाभिषिक्ता च कौलिकी ।
वसेच्च रौरवं याति सत्यं सत्यं न संशयः ॥"

वीर और कुलस्त्री दोनों ही अभिषिक्त हों, ऐसे वीर और शक्तिको चक्रमें नियुक्त करें। जो अभिषिक्त नहीं हुआ हो, ऐसे पुरुष और कुलस्त्रीको चक्र पर नहीं बैठने देना चाहिये। यदि बैठे तो वह सच-मुच ही नरकको जायगा।

अभिषेक साधारणतः पट्टाभिषेक या पूर्णाभिषेक नामसे प्रसिद्ध है। यथाविधि दीक्षित हो कर जो गुरुका उपदेश, सङ्केत और तांत्रिक परिभाषा समझ कर उसके अनुसार काम करनेमें समर्थ, सैकड़ों बार पञ्चमकारको सेवा करके भी जो विचलित नहीं होते, उनको पूर्णाभिषिक्त कहा जा सकता है। इस प्रकार पूर्णाभिषिक्त आचार्यपद पर अभिषिक्त होनेको क्रियाका नाम पट्टाभिषेक है। कुलार्णवतंत्रमें लिखा है—

"गुरूपदिष्टमार्गेण बोधं कुर्याद्विचक्षणः ।
पाशमुक्तस्तथाखिलैः परानन्दमयो भवेत् ॥
बोधविद्वा शिवः साक्षान्न पुनर्जन्मतां भजेत् ।
एषा तीव्रतरा दीक्षा भवबन्धविमोचनी ॥
सञ्जीवमीनयुक्तेन सुरया पूरितेन च ।
अयं सिद्धाभिषेकस्तु आचार्यस्यापि पावति ॥
पूर्णाभिषेकहीना ये मृताश्च कुलनायिके ।
सिद्धा पूर्णाभिषेकेन शिवसायुज्य माप्नुयात् ॥
तेन मुक्तिं प्रवक्ष्यामि शाम्भवी वाक्यमब्रवीत् ।"

दीक्षित विचक्षण व्यक्तिके गुरुके उपदिष्ट मार्ग पर विचरण करके सम्पूर्ण ज्ञान लाभ करने पर वह भवबन्धन और क्लेशसे मुक्त हो कर परानन्दमय हो जाता

है। [illegible] होता है। ये कुम्भादिके [illegible] जिनका पूर्णाभिषेक नहीं हुआ है, उनको [illegible]। पूर्णाभिषेकके द्वारा शिव [illegible] करता है। स्वयं शिवने कहा है कि, इस पूर्णाभिषेकके द्वारा [illegible] प्राप्ति होती है।

पूर्णाभिषेकका विधान महानिर्वाणतन्त्रमें इस प्रकार लिखा है—[illegible]

[illegible]

क्षकाराद्यैरकारान्तैर्वर्णैर्बिन्दुविभूषितैः ॥
मूलमंत्रजापेन पूरयेत् कारणेन तं ।
अथवा तीर्थतोयेन शुद्धेन पायसापि वा ॥
नवरत्नं सुवर्णं वा घटमध्ये विनिःक्षिपेत् ।
पनसोदुम्बराश्वत्थवकुलाम्रसमुद्भवम् ॥
पल्लवं तन्मुखे दद्याद्वाग्भवेन कृपानिधिः ।
सरावं मार्तिकञ्चापि फलाक्षतसमन्वितं ॥
रमां मायां समुच्चार्य स्थापयेत् पल्लवोपरि ।
बध्नीयाद्वस्त्रयुग्मेन ग्रीवां तस्य वरानने ॥
शाक्तौ रक्तं शिवे विष्णौ श्वेतवासः प्रकीर्तितं ।
रमां स्त्रीं मायां रमां स्पृष्ट्वा स्थिरीकृत्य घटान्तरे ॥
निःक्षिप्य पंचतत्त्वानि नवपात्राणि विन्यसेत् ।
राजतं शक्तिपात्रं स्याद् गुरुपात्रं हिरण्मयम् ॥
श्रीपात्रन्तु महाशंखं ताम्रान्यन्यानि कल्पयेत् ।
पाषाणदारुलौहानां पात्राणि परिवर्जयेत् ॥
शक्त्या प्रकल्पयेत् पात्रं महादेव्याः प्रपूजने ।
पात्राणां स्थापनं कृत्वा गुरून् देवीं प्रतर्पयेत् ॥
ततस्त्वमृतसम्पूर्णघटमभ्यर्चयेत् सुधीः ।
दर्शयित्वा धूपदीपौ सर्वभूतबलिं हरेत् ॥
प्राणायामं ततः कृत्वा ध्यात्वा चाद्यमहेश्वरीम् ।
स्वशक्त्या पूजयेदिष्टां वित्तशाठ्यं विवर्जयेत् ॥
होमन्तु कृत्वा निःशाय कुमारीशक्तिसाधनं ।
पुष्पचन्दनवासोभिरर्चयेत् स गुरुः शिवे ॥
अनुगृह्णन्तु कौल मे शिष्यं प्रतिकूलव्रताः ।
पूर्णाभिषेकसंस्कारे भवद्भिरनुमन्यताम् ॥
एवं पृच्छति चक्रेशे ते ब्रूयुर्गुरुमादरात् ।
महामायाप्रसादेन प्रभावात् परमात्मनः ॥
शिष्यो भवति पूर्णस्ते परतत्त्वपरायणः ।
शिष्येण च गुरुर्देवीमर्चयित्वार्चिते घटे ॥
कामं मायां रमां जप्त्वा चालयेद् घटमुत्तमम् ।
उत्तिष्ठ ब्रह्म कलशमुत्तरामिमुखं गुरुः ॥
मन्त्रैरेतैर्वक्ष्यमाणैरभिषिंचेत् कृपान्वितः ।
शुभपूर्णाभिषेकस्य सदाशिव ऋषिः स्मृतः ॥
छन्दोऽनुष्टुप् देवताद्या प्रणवं बीजमीरितं ।
शुभपूर्णाभिषेकार्थे विनियोगः प्रकीर्तितः ॥"

सत्य, त्रेता और द्वापर युगमें इस पूर्णाभिषेकका विधान मानिन्दय शुभ था। उस समय गुप्तभावसे इसका अनुष्ठान करके मानवोंने मोक्ष लाभ किया है। बादमें जब कलिका प्रभाव बढ़ जायगा, तब कुलाचारी लोग रात या दिनको प्रकाश्यभावसे अभिषेक करेंगे। अभिषेकके बिना सिर्फ मद्य सेवन करनेसे ही कौल नहीं होते। जिनका पूर्णाभिषेक हुआ है, वे ही कुलार्चक चक्राधीश्वर और कौल हो सकते हैं। अभिषेकके पहले दिन गुरुको सर्वविघ्नोंकी शान्तिके लिए यथाशक्ति उपचार द्वारा विघ्नराजको पूजा करनी चाहिये। यदि गुरु शुभ पूर्णाभिषेकमें अधिकारी न हों, तो पूर्णाभिषेकमें अभिषिक्त कौल द्वारा उक्त संस्कारका साधन करना चाहिये।

'ग'—इस वर्णके अन्तिम वर्णमें चन्द्रविन्दु जोड़नेसे (गँ) गणपतिका बीज होगा। उस गणपति मंत्रके ऋषि गणक, छन्दः, नीवृत् और देवता विघ्न हैं; कर्तव्य कर्मके विघ्नोंकी शान्तिके लिए विनियोग कीर्तन करना होगा *। छह दीर्घस्वरयुक्त मूलमंत्रके द्वारा षड़ङ्गन्यास (१) करना चाहिये। अनन्तर प्राणायाम करके (२) गणपतिका ध्यान करना पड़ता है।

जो सिन्दूरके समान रक्तवर्ण हैं, जो नयनत्रयविशिष्ट हैं, जिनका जठर स्थूलतर है, जो चार हाथोंमें शङ्ख, पाश, अङ्कुश और वरको धारण किये हुए हैं, जो विशाल शुण्डद्वारा वारुणीपूर्ण कुम्भ धारण करते हैं, न तन मणिकलाके द्वारा जिनका मस्तक शोभायमान

* ऋष्यादिन्यास, यथा—अस्य गणपति बीजमन्त्रस्य गणक ऋषिः नीवृच्छन्दो विघ्नो देवता कर्तव्यस्य पूर्णाभिषेककर्मणो विघ्नशान्त्यर्थे विनियोगः। शिरसि गणकाय ऋषये नमः। मुखे नीवृच्छन्दसे नमः। हृदये विघ्नाय देवतायै नमः। कर्तव्यस्य शुभपूर्णाभिषेककर्मणो विघ्नशान्त्यर्थे विनियोगः।

(१) अंगुष्ठ आदि षड़ंगन्यास, यथा—गामंगुष्ठाभ्यां नमः। गीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। गूं मध्यमाभ्यां वषट्। गैं अनामिकाभ्यां हुम्। गौं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। गः करतलपृष्ठाभ्यां अस्त्राय फट्। हृदयादि षड़ंगन्यास, यथा—गां हृदयाय नमः। गीं शिरसे स्वाहा। गूं शिखायै वषट्। गैं कवचाय हुम्। गौं नेत्रत्रयाय वौषट्। गः करतल पृष्ठाभ्यां अस्त्राय फट्।

(२) 'गँ'—इस बीजमन्त्रको पढ़ कर प्राणायाम करना पड़ता है।

है, जिसका मुख्यतम [illegible] है. जिसमें [illegible] सप्तमी [illegible] हैं, जिसका शरीर [illegible] द्वारा निरूपित है, श्री [illegible] और [illegible] धारण करते हैं ऐसे देव [illegible] अवश्य करना चाहिये।

इस प्रकारका ध्यान करके मानस उपचार द्वारा ([illegible] पूर्वक [illegible] नाम उच्चारण करके 'नमः' इस शब्द [illegible] गन्ध पुष्पादि द्वारा) पूजा कर और शक्तियोंकी पूजा करनी चाहिये। [illegible], [illegible], भद्रा, [illegible], [illegible], [illegible], [illegible] और [illegible], इन आठ योगिनियोंकी पूर्वादिक्रमसे पूजा करके मध्यदेशमें [illegible] पूजा करनी चाहिये। [illegible], भद्रा, [illegible], [illegible], [illegible] और [illegible] इन आठ योगिनियोंकी पूर्वादिक्रमसे पूजा करके मध्यदेशमें [illegible] पूजा करनी चाहिये। (२) [illegible] ([illegible] पूर्वक 'नमः' [illegible] नाम उच्चारण करके) [illegible] पूजा करनी चाहिये। [illegible] पुनः ध्यान करके [illegible] उपचार द्वारा [illegible] पूजा करना उचित है। इसके बाद [illegible] [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible] पूजा करनी चाहिये।

[illegible] आदि [illegible] और [illegible] आदि [illegible] पूजा करके [illegible] ([illegible] द्वारा) पूर्वक [illegible] निवेदन करे।

इस प्रकारसे [illegible] पूजा करके [illegible] करे और [illegible] द्वारा [illegible] भोजन करावे।

दूसरे दिन [illegible] पूर्वक [illegible] करके [illegible] लिये [illegible] लिये [illegible] करे [illegible] लिये [illegible] करना चाहिये [illegible] पूर्वक [illegible], विष्णु, शिव, [illegible] और [illegible] पूजा [illegible] चाहिये। फिर [illegible] लिये [illegible]।

[illegible] गुरुके पास जा कर [illegible] पूर्वक [illegible] करे कि, 'भगवन्! आप [illegible] हैं। [illegible]! [illegible] द्वारा प्रदान करें। [illegible]! [illegible] विषयमें आप [illegible] प्रदान करें। [illegible] निर्विघ्न कार्य सिद्ध कर सकूँ।"

"वत्स! [illegible] आज्ञानुसार [illegible] सिद्ध होगी। [illegible] आदेशानुसार [illegible] सिद्ध होंगे।" फिर गुरुसे इस प्रकारकी आज्ञा ले [illegible] शान्तिके लिये [illegible] आयु, [illegible], [illegible] और आरोग्य लाभके लिये [illegible] करे *।

इस प्रकारसे [illegible] हो कर [illegible], [illegible], भूषण और [illegible] द्वारा गुरुकी [illegible] कर प्रसन्न करे †।

(१) [illegible] —[illegible] नमः। [illegible] —[illegible] नमः। [illegible] —[illegible] नमः। [illegible] —[illegible] नमः। [illegible] —[illegible] नमः। [illegible] —[illegible] नमः। [illegible] —[illegible] नमः।

(४) [illegible] नमः।

(५) [illegible] नमः। [illegible] नमः इत्यादि।

* [illegible]

† [illegible]

गुरु गैरिकादि द्वारा चित्रित मनोहर गृहमें उपवेशन करें। वह गृह मनोहर ध्वजा पताका द्वारा और फल पल्लवादि द्वारा सुशोभित तथा किङ्किनी अर्थात् क्षुद्र घण्टिकासमूहकी मालासे विभूषित चन्द्रातप द्वारा वह घर अलंकृत होना चाहिये। इस जगह इस तरह घृतप्रदीप जलाने होंगे कि, जिससे कहीं भी अन्धकारका लेशमात्र न रहे। वह स्थान कर्पूरसहित शालनिर्यासमे निर्मित धूपके द्वारा सुवासित और पंखा, तालवृन्त, चामर, मयूरपुच्छ, दर्पणादि द्वारा सुसज्जित होना चाहिये।

गुरुको चाहिये कि, इस घरके भीतर चार अङ्गुलि उच्च और साढ़े हस्त परिमित मृण्मय वेदीकी रचना करें। पीछे पीत, रक्त, कृष्ण, श्वेत, श्यामल, इन पाँच वर्णोंके अक्षत-चूर्ण द्वारा सुमनोहर सर्वतोभद्र मण्डल बनावें। फिर स्व स्व कल्पोक्त विधानानुसार मानसपूजा पर्यन्त समस्त कार्य सम्पन्न करके मंत्र द्वारा पंचतत्त्व शोधन करें।

पंचतत्त्वशोधनके बाद पूर्वकल्पित सर्वतोभद्र मण्डलके ऊपर सुवर्णनिर्मित, रजतनिर्मित, ताम्रनिर्मित अथवा मृत्तिकानिर्मित घट ला कर 'फट्' इस मंत्रके द्वारा उस घटका प्रक्षालन करें। उस पर दधि और अक्षत विलेपन पूर्वक प्रणव उच्चारण करके उसको उस मण्डलमें स्थापित करें। पीछे 'श्रीं' यह बोजमंत्र पढ़ कर सिन्दूर द्वारा उसको लिख दें। अनन्तर चन्द्रबिन्दु-विभूषित 'अ' से 'क्ष' पर्यन्त पंचाशत् वर्णोंके साथ मूलमंत्र तीन बार जप करके कारण द्वारा उस घटको भर दें अथवा तीर्थजल द्वारा या विशुद्ध हो तो सलिल द्वारा घट पूर्ण करके उस घटमें नवरत्न व सुवर्ण निक्षेप करें। तत्पश्चात् कृपानिधि गुरु 'ऐं' यह बीजमंत्र उच्चारण कर कलसके मुंह पर कटहर, उदुम्बर, अश्वत्थ, वकुल और आम्र, इन पाँच प्रकारके वृक्षोंके पत्ते रक्खें। पीछे 'श्रीं ह्रीं' यह मंत्र उच्चारण करके आतप-तण्डुल और फलसमन्वित सुवर्णमय, रजतमय, ताम्रमय या मृण्मय शराव (सरवा)-को पत्तोंके ऊपर रक्खें। वरानने! वस्त्रयुगल द्वारा उस घटका ग्रीवाबन्धन करना चाहिये। शिवे! शक्तिमंत्रमें रक्तवस्त्र और विष्णुमंत्रमें श्वेतवस्त्र ही प्रशस्त है। इसके उपरान्त 'ह्रां ह्रीं ह्रौं' ग्रों स्थिरीभव' इस मंत्रको पढ़ कर स्थिरीकृत अन्य घट पर पञ्चतत्त्व स्थापन करके नवपात्रका विन्यास करना चाहिये।

शक्तिपात्र रजतनिर्मित गुरुपात्र सुवर्णनिर्मित, श्रीपात्र महाशङ्खविरचित और अन्य समस्त पात्र ताम्रनिर्मित होने चाहिये। महादेवीकी पूजाके समय पाषाणनिर्मित पात्र, काष्ठनिर्मित पात्र या लौहनिर्मित पात्रको छोड़ कर शक्तिके अनुसार अन्य पदार्थके पात्रोंका व्यवहार करें। पात्रसंस्थापन करके गुरुओंको भगवती (और आनन्दभैरवादि)-का तर्पण करें। तत्पश्चात् ज्ञानी व्यक्ति अमृतपूर्ण घटकी पूजा करें। फिर धूप, दीप प्रदर्शनपूर्वक पूर्वोक्त मंत्र बोल कर सर्वभूत बलि प्रदान करें। अनन्तर पीठ-देवताओंकी पूजा करके षडङ्गन्यास करें। पीछे प्राणायाम करके महेश्वरीका ध्यान और आवाहनपूर्वक अपनी शक्तिके अनुसार अभीष्ट देवताकी पूजा करें, किसी तरह भी वित्तशाठ्य नहीं करना चाहिये। शिवे! सद्गुरुको चाहिये कि वे होम तक समस्त कार्य सम्पन्न करके पुष्प चन्दन और वस्त्र द्वारा कुमारियों और शक्ति- साधकोंको अर्चित करें।

"हे कुलव्रत कौलगण! आप लोग मेरे शिष्य पर अनुग्रह प्रकट करें। इस पूर्णाभिषेक संस्कारमें आप लोग अनुमति प्रदान करें।" चक्रेश्वरके ऐसा प्रश्न करने पर कौलगण समादरपूर्वक कहेंगे कि, "महामायाके प्रसाद और परमात्माके प्रभावसे आपके शिष्य परमतत्त्वपरायण और श्रेष्ठ हों।

तदनन्तर गुरु शिष्यके द्वारा देवी भगवतीकी पूजा करा कर अर्चित घट पर 'क्लीं ह्रीं श्रीं' यह मन्त्र जप कर उस निर्मल घटको चालना करें। फिर यह मन्त्र पढ़ें कि, हे ब्रह्म कलस तुम सिद्धिदाता हो और देवतास्वरूप उत्थान करते हो। मेरा शिष्य तुम्हारे जल और पल्लवसे सिक्त हो कर ब्रह्मनिरत होवे।

गुरु इस मंत्र द्वारा कलस सञ्चालित करके कृपायुक्त हृदयसे, उत्तरकी तरफ मुंह करके शिष्यको अभिषिक्त

वर्णार्णकारादिभिरंह दूने। इस प्रकार मेरुर पाठ करके गुरुको वरण करना चाहिए।

[illegible] ७ ।

[illegible] —

[illegible] ।
[illegible] ॥

[illegible]

० [illegible]

इति ते कथितं देवि शुभपूर्णाभिषेचनम्।
ब्रह्मज्ञानैकजननं शिवत्वफलदायनम्॥
नवरात्रं सप्तरात्रं पंचरात्रं त्रिरात्रकम्।
अथवाप्येकरात्रं च कुर्यात् पूर्णाभिषेचनम्॥
संस्कारेऽस्मिन् कुलेशानि पंचकल्पाः प्रकीर्तिताः।
नवरात्रे विधातव्यं सर्वतोभद्रमण्डलम्॥
नवनाभं सप्तरात्रे पंचाब्जं पंचरात्रके।
त्रिरात्रे चैकरात्रे च पद्ममष्टदलं प्रिये॥
मण्डले सर्वतोभद्रे नवनाभेऽपि साधकैः।
स्थापनीया नवघटाः पंचाब्जे पंचसंख्यकाः॥
नलिनेऽष्टदले देवि कलसश्चैकः प्रकीर्तितः।
अंगावरणदेवांश्च केशरादिषु पूजयेत्॥
पूर्णाभिषेकसिद्धानां कौलानां निर्मलात्मनाम्।
दर्शनात् स्पर्शनात् प्राणात् द्रव्यशुद्धिर्विधीयते॥"

गुरु तुमको अभिषिक्त करें। ब्रह्म, विष्णु और महेश्वर तुमको अभिषिक्त करें। दुर्गा, लक्ष्मी, भवानी ये मातायें तुम्हें अभिषिक्त करें। षोडशी, तारिणी, नित्या, स्वाहा, महिषमर्दिनी, ये तुमको मंत्रपूतः सलिल द्वारा अभिषिक्त करें। जयदुर्गा, विशालाक्षी, ब्रह्माणी, सरस्वती, बगला, वरदा, शिवा, ये तुमको अभिषिक्त करें। नारसिंही, वाराही, वैष्णवी, वनमालिनी, इन्द्राणी, वारुणी, रौद्री, ये समस्त शक्तियाँ तुम्हें अभिषिक्त करें। भैरवी, भद्रकाली, तुष्टि, पुष्टि, उमा, क्षमा, श्रद्धा, कान्ति, दया, शान्ति, ये सर्वदा तुम्हें अभिषिक्त करें। महाकाली, महालक्ष्मी, महानीलसरस्वती, उग्रचण्डा, प्रचण्डा ये सर्वदा तुमको सलिल द्वारा अभिषिक्त करें। मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन, राम, परशुराम, ये सर्वदा तुम्हें सलिल द्वारा अभिषिक्त करें। असिताङ्ग, रुरु, चण्ड, क्रोधोन्मत्त, भयङ्कर, कपाली, भीषण, ये सलिलसे तुम्हें अभिषिक्त करें। काली, कपालिनी, कुल्ला, कुरुकुल्ला, विरोधिनि, विप्रचण्डा, महोग्रा, ये तुमको अभिषिक्त करें। इन्द्र, अग्नि, पितृपति, नैर्ऋत, वरुण, मरुत्, कुवेर, ईशान, ये अष्टदिक्पाल तुम्हें अभिषिक्त करें। रवि, सोम, मङ्गल, बुध, वृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु, केतु, ये ग्रह और नक्षत्र तुमको अभिषिक्त करें। अश्विनी आदि नक्षत्र, वव आदि करण, विष्कम्भ आदि योग, रवि आदि वार, शुक्लपक्ष, कृष्णपक्ष, वसन्त आदि छह ऋतुएं, वैशाख आदि बारह मास, उत्तरायण, दक्षिणायण, ये सर्वदा तुम्हें अभिषिक्त करें। लवण-समुद्र, इक्षुसमुद्र, सुरासमुद्र, घृतसमुद्र, दधिसमुद्र, दुग्धसमुद्र, और जल-समुद्र, ये समस्त समुद्रसंभूत सलिल द्वारा तुम्हें अभिषिक्त करें। गङ्गा, यमुना, रेवा, चन्द्रभागा, सरस्वती, सरयू, गण्डकी, कुन्ती, श्वेतगङ्गा, कौशिकी, ये मंत्रपूतः जल द्वारा तुम्हें अभिषिक्त करें। अनन्त, वासुकि, पद्म आदि महानाग, गरुड़ आदि पक्षी, कल्पवृक्ष आदि वृक्ष, और पर्वत तुम्हें अभिषिक्त करें। पातालचारी, भूतलचारी और व्योमचारी जीव तुम्हारा मङ्गल करें तथा ये पूर्णाभिषेक दर्शन करके परितुष्ट हो तुम्हें सलिल द्वारा अभिषिक्त करें। पूर्णाभिषेक तथा परब्रह्मके तेज द्वारा तुम्हारा दुर्भाग्य, अयश, रोग, दौर्मनस्य और शोक समुदाय विध्वस्त होवे।

अलक्ष्मी, कालकर्णी, डाकिनी, योगिनी, ये अभिषेक और कालीवीजके द्वारा ताड़ित हो कर विनष्ट होवें। भूत, प्रेत, पिशाच, ग्रह तथा घोर घोर समस्त अनिष्टकारीगण रमाबीज द्वारा ताड़ित हो कर नष्ट हो जावें। अभिचार जनित दोष, वैरमंत्रसे उत्पन्न दोष, मानसिक दोष, वाचनिक दोष कायिक दोष, ये सब तुम्हारे अभिषेकके द्वारा ध्वस्त होवें। तुम्हारी समस्त विपत्तियाँ दूर होवें। तुम्हारी समस्त सम्पद स्थिरतर होवें। इस पूर्णाभिषेकके द्वारा तुम्हारे समस्त मनोरथ पूर्ण होवें।

इन इक्कीस मंत्रोंसे साधकको अभिषिक्त होना चाहिये। यदि शिष्य पहलेके मार्ग दीक्षित हुआ हो, गुरुको चाहिये कि, उसे पुनः वही मंत्र सुनावें। अनन्तर कौलिक गुरु शक्तिसाधकोंको सूचना देते हुए पूर्वनाम ग्रहणपूर्वक शिष्यको सम्बोधन करके आनन्दनाथान्त नाम प्रदान करें। शिष्यको चाहिये कि, वह गुरुसे मंत्र सुन कर पञ्चतत्त्वोपचार द्वारा मंत्रमें अपने अभीष्ट देवताकी पूजा करके गुरु-पूजा करें।

इसके बाद गुरुको गाभी, भूमि, सुवर्ण, वस्त्र, पेय-द्रव्य, अलङ्कार इन सबको दक्षिणा दे कर साक्षात् शिवस्वरूप कौलोंकी पूजा करनी चाहिये। पीछे ज्ञानी व्यक्ति कौलिकोंकी अर्चना करके शान्त और अति विनीत हो

[illegible] गुरुको दक्षिणा दे कर नमस्कार करे और [illegible] कि, [illegible] हैं, [illegible] और [illegible] है। [illegible] दिन [illegible] चाहिए। गुरु [illegible] कहीं— [illegible] है। [illegible] शिष्य [illegible] दिखाई [illegible] करें। [illegible] है, [illegible] है। [illegible] करें। [illegible]

[illegible] गुरु शिष्यों [illegible] पूजा [illegible] करें। [illegible] गुरुको चाहिये कि, [illegible] और [illegible] है। [illegible] और [illegible] नहीं। [illegible] है।

[illegible], [illegible], [illegible], [illegible] पूर्वोक्त [illegible] चाहिये। [illegible] हैं। यदि [illegible] करना हो, तो [illegible] करना चाहिये। [illegible] और [illegible] चाहिये। [illegible] है कि, [illegible] और [illegible] करें। [illegible] है। [illegible] और [illegible] है। जो पूर्वोक्त [illegible] हैं, [illegible] है।

[illegible] और [illegible] है। [illegible] ([illegible]) [illegible]—

"[illegible]।

[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥"

[illegible] होता है। [illegible] हैं, वे [illegible] हैं—[illegible], [illegible] और [illegible]। [illegible] करना चाहिये। [illegible] करना उचित है। [illegible] और [illegible] होता है। [illegible] भी [illegible], [illegible], [illegible] [illegible] और [illegible] [illegible] [illegible]

उदारचित्त, सब समय वैष्णवाचारमें तत्पर, कुलाचाररत, वीराचारी, कुलमार्गमें पण्डित, कुलसंकेतका वेत्ता, कुलशास्त्रमें विशारद, महाधनवान्, बुद्धिमान् अतिसाहसी, शुद्धाचारी, नित्यकर्मनिष्ठ, दम्भ और हिंसावर्जित, परनिन्दासहिष्णु, सर्वदा परोपकारमें रत, वीरासनमें समासीन, पिटभूमिगत, सर्वदा ही आनन्दित और कुमारीपूजनमें रत, ऐसा होने पर वीर तान्त्रिकसाधनमें हीनजा यजन करें। दिव्य और वीर भावसे कुलसाधन करें। कुलपूजामें सभी जातिकी कुलस्त्री पूजनीय हैं। श्मशानमें, निर्जन वा रमणीय स्थानमें, त्रिमार्गस्थ और शून्य मण्डलमें, ग्राम वा सुरङ्गके भीतर कुलपूजा करनी चाहिये।

साधिकाके लक्षण—

"निर्लोभा कामनाहीना निर्लज्जा दम्भवर्जिता।
शिवसमागता साध्वी स्वेच्छया विपरीतगा॥
चतुर्वर्णोद्भवा रम्भा प्रशस्ता कुलपूजने।
चतुर्वर्णोद्भवानां च पुरश्चर्या विधीयते॥
वर्णशंकरतो जाता हीनजा परिकीर्त्तिता।
लज्जा लांछितभाला या सा साक्षाद् भुवनेश्वरी॥
नानाजात्युद्भवानां च सा दीक्षा कुलपूजने।
ब्राह्मणो हीनजां देवीं मनसा वा प्रपूजयेत्॥
अज्ञात्वा कौलिकी देवीं पशुवत् परिपूजयेत्॥
पशुवत् पूजयेद्वीरो दीक्षितां वाप्यदीक्षिताम्।
शक्तिमात्रं यजेद्वीरः प्राप्तयोगमनाः स्मरेत्॥
हीनजाते तु संयुक्ता दीक्षिताश्चैव सर्वदा।
शांकरी शाक्तिका चापि वैष्णवी वाप्यवैष्णवी।
सर्वदा साधने योज्या साधकानाम् कुलार्चने॥"

(निरु० ११ प०)

जिस स्त्रीको लोभ नहीं, कामना नहीं, लज्जा नहीं, दम्भ नहीं, जिस साध्वीने शिव* सङ्ग किया है, जो स्त्री अपनी इच्छासे विपरीत रमण करती है, ऐसी चारों ही वर्णोंकी स्त्रियां कुलपूजाके लिए प्रशस्त हैं। चारों वर्णोंकी कुलस्त्रियोंके लिए पुरश्चरणका विधान है। वर्णसङ्करसे उत्पन्न नारी हीनजा नामसे प्रसिद्ध है। जिसके मुखमण्डल पर लज्जाकी आभा हो, वह साक्षात् भुवनेश्वरी है। इस प्रकारको नाना जातिकी स्त्रियोंको कुलपूजामें दीक्षित किया जा सकता है। ब्राह्मण हीनजातीया देवीको मन ही मन पूजा करेगा। कौलिकी देवी मालूम न होने पर पशुवत् अर्चना करेगा। वीराचारी दीक्षिता वा अदीक्षिता स्त्रीको पशुवत् पूजा करेगी अथवा प्राप्तयोगमना हो कर शक्तिमात्रका स्मरण करेगा। हीनजा मात्र ही सर्वदा दीक्षिता हैं। शैवा वा शाक्तरमणी, वैष्णवी अथवा अवैष्णवी साधिकाओंको कुलसाधनमें योग्य समझना चाहिये।

संकेत। तान्त्रिक उपासक मात्रको ही सङ्केतका जानना विशेष आवश्यकीय है, नहीं तो कुलपूजामें उनका बिल्कुल अधिकार नहीं अथवा चक्रके मध्य वह स्थान पानेके योग्य नहीं होता। निरुत्तरतन्त्रमें लिखा है—

"क्रमसंकेतकं चैव पूजासंकेतमेव च।
मन्त्रसंकेतकं चैव यन्त्रसंकेतकस्तथा॥
लिखनं मन्त्रयन्त्राणां संकेतं गुरुमार्गतः।
संकेतज्ञं विना वीरं यदि चक्रे नियोजयेत्॥
निष्फलं पूजनं देवि दुःखं तस्य पदे पदे।
संकेतहीनो यो वीरो नाभिषेकी गुरुः क्रमात्॥
कुलभ्रष्टः स पापिष्ठस्त्यजेद्वीरचक्रके।"

(निरु० १० प०)

क्रमसङ्केत, पूजासङ्केत, मन्त्रसङ्केत, यन्त्रसङ्केत, गुरुसे मंत्र और यन्त्र लिखनेका सङ्केत, इन सङ्केतोंको जिसने नहीं जाना है, उसको चक्रमें नियुक्त करनेसे पूजा निष्फल होती और पद पदमें उसको दुःख हुआ करता है। जो वीर सङ्केत नहीं जानता अथवा जो गुरुके क्रमानुसार अभिषिक्त नहीं है, वह कुलभ्रष्ट और पापिष्ठ है, उसको वीरचक्रमें परित्याग करना चाहिये।

क्रमसङ्केत—स्वपुष्प, स्वयंभूपुष्प, कुण्डोद्भव, गोलोद्भव, वज्रपुष्प, उल्लास, प्रौढ़ इत्यादि।

तन्त्रमें उक्त तान्त्रिक शब्दोंके अर्थका निर्णय किया गया है। बहुतसे साङ्केतिक शब्द ऐसे भी हैं जिनका

* "अष्टोत्तरशतं देवि तद्योगं गुरतो जपेत्।
प्रणम्य मनसा देवीं चुंबनं मनसा चरेत्॥
सुंदरीं नागरीं दृष्ट्वा एवं संचिन्तयेन्नरः।
स एव कालिकापुत्रः सदाशिव इवापरः॥" (निरु० ११ प०)

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

कांस्यादिपात्रमें धूना और गुग्गुलसे धूप, तथा समवर्त्तीयुक्त दीप द्वारा धूप बनती है। जितने द्रव्यके भक्षण करनेसे एक पुरुषका पेट भरता है, उतनेसे नैवेद्य बनता है। (इस नैवेद्यमें नानाप्रकारके पदार्थ मिलाये जाते हैं, खाद्यवस्तु ४ प्रकारसे कम न होनी चाहिये)। कार्पासादि सूतके द्वारा ४ अङ्गुल परिमित ७ वर्त्ति बना कर उसमें कर्पूर संयुक्त कर जला देनेसे दीप और ७ बार प्रदक्षिणा करके प्रणाम करनेसे उसको वन्दना समझना चाहिये। (विष्णुप्रीतिके लिए ताम्रादि पात्रमें यह कार्य करना चाहिये।)

दूर्वाक्षत कहनेसे एकसौसे अधिक दूर्वा और अक्षत लेना चाहिये। धनशाली व्यक्तिके लिए यही उत्तम विधि है। इस विधिके अनुसार जो पूजा करता है, वह समस्त भोगोंको भोग कर आखिर हरिपुरको गमन करता है। विभवहीन व्यक्ति यथाशक्ति उपचार द्वारा पूजा कर सकता है। यह अनुकल्प धनवानोंके लिए नहीं है। धनवान् व्यक्तिके ऐसा करने पर वह निष्फल होता है।

मन्त्रसङ्केत—अर्थात् बीज। जैसे भुवनेश्वरी बीज।

"नकुलीशोऽग्निमारूढो वामनेत्रार्द्धचन्द्रवान् ॥"

नकुलीश शब्दसे 'ह्', अग्नि शब्दसे 'र्', वामनेत्र शब्दसे 'ई' और अर्द्धचन्द्र शब्दसे 'ँ'-इन सबसे "ह्रीँ" मन्त्रका उद्धार हुआ।

कालीबीज, यथा—

'वर्गाद्यं वह्निसंयुक्तं रतिबिन्दुसमन्वितम्।"

वर्गाद्य शब्दसे 'क्', वह्नि शब्दसे 'र्' रति शब्दसे 'ई' और बिन्दु शब्दसे 'ं'—इनसे "क्रीं" इस मन्त्रका उद्धार हुआ। इस साङ्केतिक पदसमूहको मन्त्रसङ्केत कहते हैं। बीज शब्दमें विस्तृत विवरण देखो।

इस प्रकारसे किस तरहका यन्त्र होनेसे उसको कौनसा यन्त्र कहते हैं, वह किस रीतिसे बनाया जाता है, इन सब सङ्केतोंके जाननेको यन्त्रसङ्केत कहते हैं। यन्त्रशब्द देखो।

वीराचार-पूजा। तन्त्रमें वीराचार-पूजा एक प्रधान अङ्ग है। कुलार्णव-दीपिकाके तृतीय पटलमें लिखा है—

"आदौ वीरनी देवेशि सम्यक्या वीरपूजिते।
यस्य विज्ञानमात्रेण जीवन्मुक्तो भवेन्नरः॥
सर्वेषामेव देवानां दीपनीया प्रकीर्त्तिता।
आचारं विना विद्या न सिद्ध्यति कदाचन॥
विना पूजां विना ध्यानं विनाचारं महेश्वरि।
साधको ज्ञानमात्रेण भवेन्मुक्तो महाशयः॥
तत्कुले नैव दारिद्र्यं तद्गोत्रं नास्तिपंडितः।
प्राणं देयात् धनं देयात् कुलं देयात् स्त्रियोऽपि च॥
एतां विद्यां महेशानि न दद्यात् यस्य कस्यचित्।
काली बीजत्रयं कूर्चयुगलं तदनन्तरम्॥
लज्जाबीजद्वयं देवि दक्षिणे कालिके तथा।
पुनस्तान्येव बीजानि वह्निकान्तावधिर्मनुः॥
भैरवोऽस्य ऋषिः प्रोक्त उष्णिक्छन्द उदाहृतम्।
दक्षिणा कालिका प्रोक्ता देवता तन्त्रगोपिता॥
बीजशक्ति च देवेशि कूर्चं लज्जां क्रमात् प्रिये॥
अंगन्यासकरन्यासौ मायया परिकीर्तितौ॥
करालवदनां घोरां मुक्तकेशीं दिगम्बरीम्।
चतुर्भुजां महादेवीं मुण्डमालाविभूषिताम्॥
सद्यःकृत्तशिरः खड्गवामोर्द्धाधःकराम्बुजाम्।
अभयं वरदञ्चैव दक्षिणाधोर्द्धपाणिकाम्॥
महामेघप्रभां श्यामां करकङ्कालकान्विताम्।
कण्ठावसक्तमुण्डालीगलद्रुधिरचर्चिताम्॥
घोरदंष्ट्रां करालास्यां पीनोन्नतपयोधराम्।
शवरूप-महादेव-हृदयोपरिसंस्थिताम्।
महाकालेन च समं विपरीतरतातुराम्॥
एवं ध्यात्वा प्रयत्नेन मद्यैर्मांसैश्च भक्षितः॥
रक्तपुष्पै रक्तपद्मै रक्ताम्बरसमन्वितैः।
संपूज्य यततो मन्त्री परिवारान् समर्चयेत्॥
पीठपूजां ततो देवि आधारशक्तिपूर्वकम्।
प्रकृतिं कमठञ्चैव शेषं पृथ्वीं तथैव च॥
सुधाम्बुधिं मणिद्वीपं चिन्तामणिगृहं तथा।
श्मशानं पारिजातञ्च तन्मूले मणिवेदिकाम्॥
तस्योपरि मणेः पीठं न्यसेत् साधकसत्तमः।
चतुर्दिक्षु मुनीन् देवान् शिवाश्च नरमुण्डकान्॥
धर्माद्यधर्मादींश्चैव ओं ह्रीं ज्ञानात्मने नमः।
केशरेषु च पूर्वादिदिक्षु ज्ञानाक्रिया तथा॥
कामिनी कामदा चैव रतिः प्रीतिस्तथैव च।
प्रिया नन्दा महेशानि मध्ये चैव मनोन्मनी॥

अर्थ अभिषिक्त गुरुके सिवा और कोई नहीं बता सकता।

स्वयम्भू कुसुम प्रथम ऋतुमतीका रजः है। यथा—

"स्वयम्भूर्देहिनामादिकायजाताः कामभूरीदृशे।
जातं कुसुमनाडी तन्महादेव्यै निवेदयेत् ॥
स्वयम्भूकुसुमं देवि रक्तचन्दनसन्निभम्।
तथा विद्युत्पुष्पं च वज्रपुष्पं वरानने ॥
अनुकल्पं लोहिताख्यचन्दनं परिकल्पयम्।"

(मुण्डमालातन्त्र १प०)

कर अर्थात् पुरुषके संसर्गके विना लता अर्थात् स्त्रीकी योनिसे जो कुसुम अर्थात् रजः निकलता है, उसीको स्वयम्भू कुसुम या रक्तचन्दन कहा जा सकता है। इसके अभावमें महादेवीको विद्युत्पुष्प और वज्रपुष्प (चण्डालिनीका रजः) चढ़ाना चाहिये। इसका अनुकल्प शिवप्रिय लोहिताख्य चन्दन है।

कुण्डोद्भव अर्थात् सधवा स्त्रीका रजः। यथा—

"जीवद्भर्तृकनारीणां पञ्चमे कारयेत् प्रिये।
तस्या भगस्य यद्द्रव्यं तत्कुण्डोद्भवमुच्यते ॥"

(समयाचारतन्त्र २य प०)

गोलोद्भव अर्थात् विधवा स्त्रीका रजः। यथा—

"मृतभर्तृकनारीणां पंचमं चैव कारयेत्।
तस्या भगस्य यद्द्रव्यं तत् गोलोद्भवमुच्यते ॥"

कुलार्णवके मतसे—

"नगरस्थस्य स्वादारम्भः कौमारं कुलनायिके।
तरुणस्तरुणोल्लासे यौवनं सुषमं विके ॥
यौवनं मनसः प्रत्युल्लासः कथितः प्रिये।
स्खलनं दृष्टमनोवाचः प्रौढ उल्लासनीयते ॥"

तत्त्वत्रयको आरम्भ, तरुण सुखको तरुण उल्लास, यौवनको मनका मनोल्लास, दृष्टि मन और वचनकी स्खलनको प्रौढ कहते हैं।

पूजा-सङ्केत—संसारमें इस प्रकार सङ्केत है—

"द्रव्याणां यावती संख्या पात्राणां तावतीष्यते।
द्वादशं राजतं ताम्रं कांस्यमयमथापि वा ॥
उपचारविधाने तद् द्रव्यमादुर्मनीषिणः।
आसने पञ्चपुष्पाणि स्वागते षट्पुष्पकम्मम् ॥
अर्घ्यं श्यामाकदूर्वां च विष्णुक्रान्तापराजितम्।
पाद्येऽपि चार्घं तावत् गन्धपुष्पाक्षतं यथा ॥
दूर्वातिलाश्च कुशाः क्षालनः गौरसर्षपाः।
आचमनीयं मधुपर्कं स्नानीयं च षट्फलम् ॥
प्रोक्तमाचमनं कांस्ये मधुपर्कं घृतं मधुः ॥
दध्ना सह पलैकन्तु द्रवं यावत् तथा च मे।
परिमाणन्तु पंचाशत् पलं स्नानार्थमेव च ॥
निर्मोकेनोद्धृतेनाथ वर्णेन परिपूर्णता।
सर्वस्वं गर्हितं सर्वं स्यजेत् पूजाविधौ हरेः ॥
वितस्तिमात्रादधिकं वासो युग्मन्तु नूतनम्।
स्वर्णाद्याभरणान्येव मुक्तारत्नयुतानि च ॥
चन्दनागुरुकर्पूरपङ्कं गन्धकतानि।
नानाविधानि पुष्पाणि पंचाशदधिकानि च ॥
[illegible] निर्मिते पात्रे धूपो गुग्गुलुकर्णवाद्।
एकवर्त्यापि संयुक्तो दीपस्त्वायतनुर्गुणः ॥
यावद् भक्ष्यं भवेत् पुंसस्तावद्द्रव्यार्चनादिने।
नैवेद्यं विविधं वस्तुमद्यादिकन्तु पंचकम् ॥
कर्पूरादियुता वर्तिः सा च कार्पासनिर्मिता।
एकवर्त्यापि संयुक्तो दीपस्त्वायतनुर्गुणः ॥
शिलापिष्टं चन्दनाद्यं गन्धाक्षतं कल्पयेन्नरः।
कार्यं ताम्रादिपात्रे तत् प्रीतये हरिमेधसः ॥
नूतनच्छत्रप्रमाणं च विहितन्तु शताधिकम्।
उत्तमोऽयं विधिः प्रोक्तो विभवे सति सर्वदा ॥
एतासमभावे सर्वेषां यथाशक्त्या तु पूजयेत्।
अनुकल्पं विवर्जेच्च द्रव्याणां विभवे सति ॥"

द्रव्यकी जितनी संख्या है, पात्रकी भी उतनी ही संख्या समझनी चाहिये। उपचार द्रव्य कहनेसे सुवर्ण, रजत, ताम्र और कांस्य इन चारका बोध होता है। पञ्चविध पुष्पसे आसन, षट्पुष्पसे स्वागत, चार पल जलसे पाद्य, श्यामाक (विष्णुक्रान्ता), अपराजिता, गन्धपुष्प, आतप तण्डुल, दूर्वा, तिल, कुशाग्र, गौरसर्षप आयकष, भद्र और कङ्कोल, इसका अर्घ्य, षट्पल जलसे आचमन, कांस्यपात्रमें घृत, मधु और दधिसे मधुपर्क, एक पल विशुद्ध जलसे आचमन, ५० पल विशुद्ध जलसे स्नान, वितस्तिमात्रसे अधिक दो नये कपड़ेसे वसन, मुक्ता और रत्नादियुक्त स्वर्णादि द्वारा आभरण, चन्दन, अगुरु और कर्पूरसे गन्ध, ५० प्रकारसे अधिक फलोंसे पुष्प,

कांस्यादिपात्रमें धूना और गुग्गुलसे धूप, तथा मन्त्रयुक्त दीप द्वारा धूप बनती है। जितने द्रव्यके भक्षण करनेसे एक पुरुषका पेट भरता है, उतनेसे नैवेद्य बनता है। (इस नैवेद्यमें नानाप्रकारके पदार्थ मिलाये जाते हैं, खाद्य-वस्तु ४ प्रकारसे कम न होनी चाहिये)। कार्पासादि सूतके द्वारा ४ अङ्गुल परिमित ७ बत्ति बना कर उसमें कपूर संयुक्त कर जला देनेसे दीप और ७ बार प्रदक्षिणा करके प्रणाम करनेसे उसको वन्दना समझना चाहिये। (विष्णुप्रीतिके लिए ताम्रादि पात्रमें यह कार्य करना चाहिये।)

दूर्वाक्षत कहनेसे एकसौसे अधिक दूर्वा और अक्षत लेना चाहिये। धनवाली व्यक्तिके लिए यही उत्तम विधि है। इस विधिके अनुसार जो पूजा करता है, वह समस्त भोगोंको भोग कर आखिर हरिपुरको गमन करता है। विभवहीन व्यक्ति यथाशक्ति उपचार द्वारा पूजा कर सकता है। यह अनुकल्प धनवानोंके लिए नहीं है। धनवान् व्यक्तिके ऐसा करने पर वह निष्फल होता है।

मन्त्रसङ्केत—अर्थात् बीज। जैसे भुवनेश्वरी बीज।

"नकुलीशोऽग्निमारूढो वामनेत्रार्द्धचन्द्रवान्॥"

नकुलीश शब्दसे 'ह्', अग्नि शब्दसे 'र्', वामनेत्र शब्दसे 'ई' और अर्द्धचन्द्र शब्दसे 'ँ'-इन सबसे "ह्रीँ" मन्त्रका उद्धार हुआ।

कालीबीज, यथा—

'वर्गाद्यं वह्निसंयुक्तं रतिबिन्दुसमन्वितम्।"

वर्गाद्य शब्दसे 'क्', वह्नि शब्दसे 'र्' रति शब्दसे 'ई' और बिन्दु शब्दसे 'ँ'—इनसे "क्रीँ" इस मन्त्रका उद्धार हुआ। इस साङ्केतिक पदसमूहको मन्त्रसङ्केत कहते हैं। बीज शब्दमें विस्तृत विवरण देखो।

इस प्रकारसे किस तरहका पद्म होनेसे उसको कौनसा यन्त्र कहते हैं, यह किस रीतिसे बनाया जाता है, इन सब सङ्केतोंके जाननेको यन्त्रसङ्केत कहते हैं। यन्त्रशब्द देखो।

वीराचार-पूजा। तन्त्रमें वीराचार-पूजा एक प्रधान अङ्ग है। तन्त्रसार-दीपिकाके तृतीय पटलमें लिखा है—

"आदौ वीरवो देवेशि वक्ष्यामि वीरपूजिते।
यस्य विज्ञानमात्रेण जीवन्मुक्तो भवेन्नरः॥
सर्वेषामेव देवानां दीपनीया प्रकीर्तिता।
अनाचारं विना विद्या न सिद्ध्यति कदाचन॥
विना पूजां विना ध्यानं विनाचारं महेश्वरि।
साधको ज्ञानमात्रेण भवेन्मुक्तो महानघः॥
तत्कुले नैव दारिद्र्यं तद्गोत्रे नास्ति पंडितः।
प्राणं देयात् धनं देयात् कुलं देयात् शिरोऽपि च॥
एतां विद्यां महेशानि न दद्यात् यस्य कस्यचित्।
काली बीजत्रयं कूर्चयुगलं तदनन्तरम्॥
लज्जाबीजद्वयं देवि दक्षिणे कालिके तथा।
पुनस्तान्येव बीजानि वह्निकान्तावधिर्मनुः॥
भैरवोऽस्य ऋषिः प्रोक्त उष्णिक्छन्द उदाहृतम्।
दक्षिणा कालिका प्रोक्ता देवता तन्त्रगोपिता॥
बीजशक्ति च देवेशि कूर्चं लज्जां क्रमात् प्रिये॥
अंगन्यासकरन्यासौ मायया परिकीर्तितौ॥
करालवदनां घोरां मुक्तकेशीं दिगम्बरीम्।
चतुर्भुजां महादेवीं मुण्डमालाविभूषिताम्॥
सद्यःछिन्नशिरः खड्गवामोर्द्धाधःकराम्बुजाम्।
अभयं वरदञ्चैव दक्षिणोर्द्धाधःपाणिकाम्॥
महामेघप्रभां श्यामां करकङ्कालकान्विताम्।
कण्ठावसक्तमुण्डालीगलद्रुधिरचर्चिताम्॥
घोरदंष्ट्रां करालास्यां पीनोन्नतपयोधराम्।
शवरूप-महादेव-हृदयोपरिसंस्थिताम्।
महाकालेन च समं विपरीतरतातुराम्॥
एवं ध्यात्वा प्रयत्नेन मद्यमांसैश्च भक्तितः॥
रक्तपुष्पैः रक्तगन्धैः रक्ताम्बरसमन्वितैः।
संपूज्य सततो मन्त्री परिवारान् समर्चयेत्॥
पीठपूजां ततो देवि आधारशक्तिपूर्वकम्।
प्रकृतिं कमठञ्चैव शेषं पृथ्वीं तथैव च॥
सुधाम्बुधिं मणिद्वीपं चिन्तामणिगृहं तथा।
श्मशानं पारिजातञ्च तन्मूले मणिवेदिकाम्॥
तस्योपरि मणेः पीठं न्यसेत् साधकसत्तमः।
चतुर्दिक्षु मुनीन् देवान् शिवांश्च वरमुण्डकान्॥
धर्माधर्मादीश्चैव ओं ह्रीं ज्ञानात्मने नमः।
केशरेषु च पूर्वादिदिक्ष्वा ज्ञानाक्रिया तथा॥
कामिनी कामदा चैव रतिः प्रीतिस्तथैव च।
प्रिया नन्दा महेशानि मध्ये चैव मनोन्मनी॥

काली कपालिनी कुल्लां कुरुकुल्लां विरोधिनीम् ।
विप्रचित्तां महेशानि वहिःषट्कोणकेषु च ॥
उग्रामुग्रप्रभां दीप्तां न्यसेत् पञ्चत्रिकोणके ।
मात्रां मुद्रां मितांश्चैव न्यसेदन्त्यत्रिकोणके ॥
सर्वाः श्यामा असिकरा मुण्डमालाविभूषिताः ।
तर्जनीं वामहस्तेन धारयन्त्यः शुचिस्मिताः ।
दिगम्बरा हसन्मुख्यः स्वस्ववाहनभूषिताः ।
एवं ध्यात्वा प्रयत्नेन पूजयेदष्टपत्रके ॥
ब्राह्मी नारायणी चैव तथा माहेश्वरी प्रिये ।
अपराजिता च कौमारी वाराहीमर्चयेद्बुधः ॥
नारसिंहीं प्रपूज्यैव ततो दक्षिणतो यजेत् ।
महाकालं यजेत् देवि विपरीतरतान्तरे ॥
दिगम्बरं मुक्तकेश चण्डवेगं प्रयत्नतः ।
एवं संपूज्य यत्नेन यजेत् मन्त्रमनन्यधीः ॥
विना मद्यं विना मांसं यदि देवीं प्रपूजयेत् ।
देवता शापमाप्नोति मृतो नरकमश्नुते ॥"

वीराचार पूजामें पहले दीक्षा आवश्यक है जिसके जाननेसे मनुष्य जीवन्मुक्त होता है इसलिये समस्त देवताओंके लिए दीक्षा कही गई है, इस दीक्षाके बिना आयत्त एवं कर्मों भी सिद्धि प्राप्त नहीं होती। साधक पूजा ध्यान और आचारके बिना एकमात्र ध्यान द्वारा मुक्त होता है तथा जो मुक्त होता है उसके कुलमें कोई दरिद्र या मूर्ख नहीं रहता। प्राण, धन, कुल और स्त्री तक भी दान की जा सकती है, किन्तु यह मन्त्र दूसरेको नहीं देना चाहिये। कालीके बीजद्वय, उसके बाद कूर्च बीजद्वय और लज्जाबीजद्वय, देवी दक्षिणकालिका, पुनः ये ही बीज होंगे। इसके ऋषि भैरव, छन्द उष्णिक् और देवी दक्षिणाकालिका हैं।

इसके बीज कूर्च और लज्जा शक्ति हैं, अङ्गन्यास और करन्यास मायाबीज द्वारा करके देवीका ध्यान करना पड़ता है।

कराल-वदना, घोरा, मुक्तकेशी, दिगम्बरी, चतुर्भुजा इत्यादि रूपमें कालीका ध्यान करके मद्य, मांस, रक्तपुष्प और रक्तचन्दन द्वारा तथा रक्त वस्त्रान्वित हो कर भक्तिपूर्वक पूजा करना चाहिये।

इसके बाद परिवारपूजा, फिर पीठपूजा की जाती है। प्रकृति, कमठ, शेष, पृथ्वी, सुधाम्बुधि, मणिद्वीप, चिन्तामणिगृह, श्मशान, पारिजात, इसकी जड़में मणिवेदिका बनावें। उसके ऊपर साधक देव मणिपीठ न्यस्त करें। चारों ओर मुनि, देवता, शिव, नरमुण्ड, धर्माधर्मादिको 'ॐ ह्रीं ज्ञानात्मने नमः' इतना कह कर आसन न्यस्त करें।

पीछे साधक काली, कपालिनी, कुल्ला, कुरुकुल्ला, विरोधिनी, विप्रचित्ता, इन सबको बहिःषट्कोणोंमें न्यस्त करें।

उग्र, उग्रप्रभा और दीप्ताको पञ्चत्रिकोणमें तथा मात्रा, मुद्रा और मिता को अन्त्य त्रिकोणमें न्यस्त करें।

बादमें "सर्वाः श्यामा असिकरा" इत्यादि मन्त्रद्वारा ध्यान करके अष्टपत्रमें भक्तिपूर्वक पूजा करें।

तदुपरान्त साधक ब्राह्मी, नारायणी, माहेश्वरी, अपराजिता, कौमारी और वाराहीकी पूजा करें। पीछे नारसिंहीकी पूजा करके फिर याग करें। विपरीत रतान्तरमें महाकाल याग करें। साधकको चाहिये, कि अनन्यचित्त हो कर चण्डवेग, मुक्तकेश और दिगम्बरको यत्नपूर्वक पूजा करें। मद्य और मांसके व्यतीत यदि देवीकी पूजा की जाय, तो देवता शापग्रस्त होते हैं और पूजाकारी व्यक्ति अन्तमें नरक जाता है।

"विना परकिया देवि जपेद्यदि तु साधकः ।
शतकोटिजपेनैव तस्य सिद्धिर्न जायते ॥
शिवो गतिः शिवो प्राणाः शिवा सिद्धिर्न संशयः ।
नारीं दृष्ट्वा नारीं स्पृष्ट्वा ध्यात्वा वा ।
कण्ठे कर्णे भुजे वक्त्रे वक्षोजे योनिमि प्रिये ।
तस्यै कुरुष्व देवि पाचविशा यथोचितम् ॥
स्वयं वीरश्च जपेन्मन्त्रं सिद्धिर्भवति नान्यथा ।"

साधक परस्त्रीके बिना यदि जप करें तो शत कोटि जप करने पर भी उसको सिद्धि प्राप्त न होगी। क्योंकि इसमें स्त्री ही एकमात्र गति है, स्त्री ही एकमात्र प्राण है, स्त्री ही एकमात्र सिद्धि है, इसमें जरा भी संशय नहीं। नारीके स्मरणसे कालीका स्मरण करना होता है। कण्ठमें कर्ण, भुजमें भुज, वक्षःस्थलमें वक्षोज, इस तरह उसको कुमरस पिला कर और छू कर यथोचित जप करें।

इस प्रकारसे जप करने पर सिद्धि होती है; अन्यथा होने पर सिद्धि नहीं होती।

इसमें अनधिकारी कौन है?

"एतस्य च प्रयोगेन ग्लानिर्यस्य प्रजायते।
कालिकामन्त्रवर्गेषु नाधिकारी स उच्यते॥"

ऊपर जो कहा गया है, उस पर जिसको ग्लानि उपस्थित हो, वह घोराचारपूजामें अनधिकारी है।

पुरश्चरण—

"लक्षमात्रजपेनैव पुरश्चरणमुच्यते।
क्षत्रियाणां द्विलक्षं स्यात् वैश्यानां त्रिलक्षकम्॥
शूद्राणान्तु चतुर्लक्षं पुरश्चरणमुच्यते।
लक्षमात्रं जपेद्देवि हविष्याशी दिवाशुचिः॥
रात्रौ निशीथे तावच्च पीत्वा कुलरसं प्रिये।
कुलनारीगणोपेतो जपेन्मन्त्रमनन्यधीः॥
एवमुक्तविधानेन दशांशं होममाचरेत्।
तद्दशांशं तर्पणं च तद्दशांशाभिषेचनम्॥
तद्दशांशं विप्रभोज्यं कीर्त्तितं परमेश्वरि।
पुष्पिणीमकरन्देन होमतर्पणमाचरेत्॥
एवं प्रयोगमार्गेण सिद्धो भवति नान्यथा।
वाक्सिद्धिं लभते देवि कवित्वं निर्मलं प्रिये॥
धनेनापि कुबेरस्यात् विद्यया स्यात् बृहस्पतिः।
आकल्पोजीवनो भूत्वा अन्ते मुक्तिमवाप्नुयात्॥"

लक्षमात्र जप ही इसका पुरश्चरण है, किन्तु क्षत्रियके लिये दो लाख, वैश्योंके लिए तीन लाख और शूद्रोंके लिए चार लाख जपका पुरश्चरण होता है। शुचिपूर्वक हविष्याशी हो निशीथरात्रमें कुलरस पी कर तथा कुलनारीयुक्त हो अनन्यचित्तसे इस मन्त्रका जप करें। इस तरहसे जपकार्यको पूरा करके विधानानुसार दशांश होम, दशांश तर्पण और दशांश अभिषेक करें, बादमें दशांश ब्राह्मण-भोजन करावें। पुष्पिणी-मकरन्द द्वारा होम तथा तर्पण करें। इस प्रकारसे प्रयोग किया जाय तो सिद्धि होती है, अन्यथा होने पर नहीं। वाक्सिद्धि तथा निर्मल कवित्वशक्ति लाभ होती है, धनमें कुबेरके समान, विद्यामें बृहस्पति तुल्य और जीवन कल्पान्त पर्यन्त स्थायी होता है। अन्तमें वह मुक्तिलाभ करता है।

"प्रयोगारम्भकाले च सुरा दुग्धमयी भवेत्।
लोहितं वा भवेद्देवि मांसं पुष्पमयं भवेत्॥
सुरापात्रं भवेत् शून्यं मांसपात्रं विशेषतः।
कलाकमान्तरेणैव पुष्पं पुष्पान्तरं भवेत्॥
नवनीतं मांसतुल्यं मांसं पुष्पं भवेत् प्रिये।
एवं ज्ञात्वा साधकेन्द्रो वायते च क्रमेण तु॥"

इसके प्रयोगारम्भकालमें सुरा दो दुग्धतुल्य और मांस पुष्पस्वरूप है। सुरा और मांसपात्र बादमें शून्य हो जायेंगे। उसमें भी कुछ न बचेगा। इसमें नवनीत मांसतुल्य है। साधकश्रेष्ठको इस प्रकार जान कर कार्य करना उचित है।

"सौवर्णं राजतञ्चैव तथा मौक्तिकमेव च।
विद्रुमं पद्मरागं च तथैव वरवर्णिनि॥
प्रोक्तं मालाचतुष्कं च समभागेन मालिकां।
ग्रथयेत् पट्टसूत्रेण पुष्पिणी पद्मवर्णिनी॥
लोहितेन वरारोहे सर्पाकारां सुशोभनाम्।
स्नापयेत् पञ्चगव्येन मकरन्देन पार्वति॥
तारं माया कूर्च्चयुग्मं शक्ते माले पदं तथा।
वह्नि कान्तां समुच्चार्यतत् जप्ताभिमन्त्रयेत्॥
स्नापयेत् पीठमध्येतु शन्यागारे वरानने।
ततस्तां मालिकां देवि गृहीत्वा यत्नतः सुधीः॥
ज्ञात्वा सिद्धिस्तु निकटे महोत्सवमथाचरेत्।
षोडशाब्दां सुयुवतीं समानीय प्रयत्नतः॥
तामुद्वर्त्त्य स्वयं कम्पैः स्नापयेत् शुद्धवारिणा।
दिव्यालङ्कारशोभाभिर्दिव्यपुष्पैः सुगन्धिभिः॥
पूजयित्वा च मिष्टान्नैर्भोजयेत्तां वराननाम्।
आसवं पाययेत् पश्चात् निश्चयं तन्मयं पिबेत्॥
ततो मन्त्री रमयेत्तां रतिमिच्छति सा यदा।
तस्या हस्ते ततो मालां दत्वा तां याचयेद्बुधः॥
गीत्वा मालां तया दत्तां ब्राह्मणान् भोजयेत्ततः।
तदा जपेद्दशांशं सिद्धो भवति नान्यथा॥"

सुवर्ण, रौप्य, मौक्तिक, विद्रुम और पद्मराग, इनकी माला पट्टसूत्रसे गूंथ कर उससे पद्मवर्णिनी पुष्पिणी स्त्रीको ग्रथित करें। बादमें पञ्चगव्य और मकरन्द द्वारा स्नान करावें। इनके बाद वह्निकान्ता (स्वाहा) उच्चारण कर अभिमन्त्रण करना और पीठके मध्य मालिकाको स्नान

करालीं कालिकां घोरां मुक्तकेशीं दिगम्बराम् ।
[illegible] महाकालीं रतिः [illegible] ॥
ध्रुवपूर्वां [illegible] [illegible] ।
तारां [illegible] [illegible] ॥
अथवा श्यामा असिकरा मुण्डमालाविभूषिता ।
तर्जनीं वामहस्तेन धारयन्ती शुचिस्मिता ।
दिगम्बरा हसन्मुखी [illegible] भूषिता ।
एवं ध्यात्वा प्रयत्नेन पूजयेद् घटमध्यके ॥
ब्राह्मी नारायणी चैव तथा माहेश्वरी प्रिये ।
अपराजिता च कौमारी वाराहीमर्चयेद् बुधः ॥
नारसिंहीं प्रपूज्यैव ततो दक्षिणतो यजेत् ।
महाकालं यजेत् देवि विपरीतरतातुरे ॥
दिगम्बरं मुक्तकेशं चण्डवेशं [illegible] ।
एवं संपूज्य यत्नेन यजेत् मन्त्रपरायणः ॥
विना मद्यं विना मांसं यदि देवीं प्रपूजयेत् ।
देवता शापदा [illegible] नरकमृच्छति ॥"

वीराचार पूजामें पञ्चतत्त्वकी आवश्यकता है जिसके जाननेसे मनुष्य जीवन्मुक्त होता है इसलिये समस्त देवताओंके लिए दीपना कही गई है, इस विद्याके बिना आयत्त हुए कभी भी सिद्धि प्राप्त नहीं होती। साधक पूजा ध्यान और आचारके बिना एकमात्र ज्ञान द्वारा मुक्त होता है तथा जो मुक्त होता है उसके कुलमें कोई दरिद्र या मूर्ख नहीं रहता। प्राण, धन, कुल और लोक्या लों भी दान की जा सकती है, किन्तु यह मन्त्र पर एकका नहीं देना चाहिये। कालीके बीजद्वय, उसके बाद कूर्च बीजद्वय और लज्जाबीजद्वय, देवी दक्षिणकालिका, पुनः ये ही बीज होंगे। इसके ऋषि भैरव, छन्द उष्णिक् और देवी दक्षिणाकालिका है।

इसके बीज कूर्च और लज्जाशक्ति है, अङ्गन्यास और करन्यास मायाबीज द्वारा करके देवीका ध्यान करना पड़ता है।

करालवदना, घोरा, मुक्तकेशी, दिगम्बरा, चतुर्भुजा इत्यादि रूपमें कालीका ध्यान करके मद्य, मांस, रक्तपुष्प और रक्तवस्त्र द्वारा सदा रक्त [illegible] होकर भक्तिपूर्वक पूजा करनी चाहिये।

इसके बाद परिवारपूजा, फिर पीठ-पूजा की जाती है। महर्षि, कमठ, शेष, पृथ्वी, सुधाम्बुधि, मणिद्वीप, चिन्तामणिगृह, श्मशान, पारिजात, इनको क्रममें अधिष्ठित करावें। उसमें साधक रत्न मणिपीठ न्यास करें। चारों ओर मुनि, देवता, शिव, नरमुण्ड, धर्माधर्मादिको 'ॐ ह्रीं ज्ञानात्मने नमः' इतना कह कर स्थापन न्यास करें।

पीछे साधक काली, कपालिनी, कुल्ला, कुरुकुल्ला, विरोधिनी, विप्रचित्ता, इन सबको बहिःषट्कोणमें न्यस्त करें।

उग्र, उग्रप्रभा और दीप्ताको मध्यत्रिकोणमें तथा नीला, मुद्रा और मिता को अन्य त्रिकोणमें न्यस्त करें।

बादमें "अथोः श्यामा असिकरा" इत्यादि मन्त्रद्वारा ध्यान करके घटपद्ममें भक्तिपूर्वक पूजा करें।

तदुपरान्त साधक ब्राह्मी, नारायणी, माहेश्वरी, अपराजिता, कौमारी और वाराहीकी पूजा करें। पीछे नारसिंहीकी पूजा करके फिर याग करें। विपरीत रतान्तरमें महाकाल याग करें। साधकको चाहिये, कि अनन्यचित्त हो कर चण्डवेश, मुक्तकेश और दिगम्बरकी यत्नपूर्वक पूजा करें। मद्य और मांसके व्यतीत यदि देवीकी पूजा की जाय, तो देवता शापग्रस्त होते हैं और पूजाकारी व्यक्ति अन्तमें नरक जाता है।

"विना पञ्चक्रिया देवि जपेद् यदि तु साधकः ।
शतकोटिजपेनैव तस्य सिद्धिर्न जायते ॥
शिवो गतिः शिवो प्राणाः शिवः सिद्धिर्न संशयः ।
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] संशयः ॥
कण्ठे कण्ठं तुभ्यं [illegible] [illegible] प्रिये ।
तस्यै कुरुत्व' देवि पापदिशा यथोचितम् ॥
स्वयं पीत्वा जपेन्मन्त्रं सिद्धिर्भवति नान्यथा ॥"

साधक पञ्चतत्त्वके बिना यदि जप करें तो शत कोटि जप करने पर भी उसको सिद्धि प्राप्त न होगी। क्योंकि इसमें कालीकी एकमात्र गति है, वो ही एकमात्र प्राण है, वो ही एकमात्र सिद्धि है, इसमें जरा भी संशय नहीं। मांसके भक्षणमें कालीका स्मरण करना होता है। कण्ठमें कण्ठ, मुखमें मुख, हृदयमें वक्षोज, इस तरह इनको कुम्भक [illegible] और [illegible] यथोचित जप करें।

इस प्रकारसे जप करने पर सिद्धि होती है, अन्यथा होने पर सिद्धि नहीं होती।

इसमें अनधिकारी कौन है ?

"एतस्य च प्रयोगेन ग्लानिर्यस्य प्रजायते।
कालिकामन्त्रवर्गेषु नाधिकारी स उच्यते॥"

ऊपर जो कहा गया है, उस पर जिसको ग्लानि उपस्थित हो, वह घोराचारणाओंमें अनधिकारी है।

पुरश्चरण—

"लक्षमात्रजपेनैव पुरश्चरणमुच्यते।
क्षत्रियाणां द्विलक्षं स्यात् वैश्यानां त्रिलक्षकम्॥
शूद्राणान्तु चतुर्लक्षं पुरश्चरणमुच्यते।
लक्षमात्रं जपेद्देवि हविष्याशी दिवाशुचिः॥
रात्रौ निशीथे तावच्च पीत्वा कुलरसं प्रिये।
कुलनारीगणोपेतो जपेन्मंत्रमनन्यधीः॥
एवमुक्तविधानेन दशांशं होममाचरेत्।
तद्दशांशं तर्पणं च तद्दशांशाभिषेचनम्॥
तद्दशांशं विप्रभोज्यं कीर्त्तितं परमेश्वरि।
पुष्पिणीमकरन्देन होमतर्पणमाचरेत्॥
एवं प्रयोगमार्गेण सिद्धो भवति नान्यथा।
वाक्सिद्धिं लभते देवि कवित्वं निर्मलं प्रिये॥
धनेनापि कुबेरस्यात् विद्यया स्यात् बृहस्पतिः।
आकल्पोजीवनो भूत्वा अन्ते मुक्तिमवाप्नुयात्॥"

लक्षमात्र जप ही इसका पुरश्चरण है, किन्तु क्षत्रियके लिये दो लाख, वैश्योंके लिए तीन लाख और शूद्रोंके लिए चार लाख जपका पुरश्चरण होता है। शुचिपूर्वक हविष्याशी हो निशीथरात्रमें कुलरस पी कर तथा कुलनारीयुक्त हो अनन्यचित्तसे इस मन्त्रका जप करें। इस तरहसे जपकार्यको पूरा करके विधानानुसार दशांश होम, दशांश तर्पण और दशांश अभिषेक करें, बादमें दशांश ब्राह्मण-भोजन करावें। पुष्पिणी-मकरन्द द्वारा होम तथा तर्पण करें। इस प्रकारसे प्रयोग किया जाय तो सिद्धि होती है, अन्यथा होने पर नहीं। वाक्सिद्धि तथा निर्मल कवित्वशक्ति लाभ होती है, धनमें कुबेरके समान, विद्यामें बृहस्पति तुल्य और जीवन कल्पान्त पर्यन्त स्थायी होता है। अन्तमें वह मुक्ति लाभ करता है।

"प्रयोगारम्भकाले च सुरा दुग्धमयी भवेत्।
लोहितं वा भवेद्देवि मांसं पुष्पमयं भवेत्॥
सुरापात्रे भवेत् शून्यं मांसपात्रं विशेषतः।
कलाकमान्तरेणैव पुष्पं पुष्पान्तरं भवेत्॥
नवनीतं मांसतुल्यं मांसं पुष्पं भवेत् प्रिये।
एवं ज्ञात्वा साधकेन्द्रो जायते च क्रमेण तु॥"

इसके प्रयोगारम्भकालमें सुरा हो दुग्धतुल्य और मांस पुष्पस्वरूप है। सुरा और मांसपात्र बादमें शून्य हो जायेंगे। उसमें बाकी कुछ न बचेगा। इसमें नवनीत मांसतुल्य है। साधकश्रेष्ठको इस प्रकार जान कर कार्य करना उचित है।

"सौवर्णं राजतञ्चैव तथा मौक्तिकमेव च।
विद्रुमं पद्मरागं च तथैव वरवर्णिनि॥
प्रोक्तं मालापञ्चकं च समभागेन मालिकां।
ग्रथयेत् पट्टसूत्रेण पुष्पिणी गृहवर्त्तिनी॥
लोहितेन वरारोहे सर्वाकारां सुशोभनाम्।
स्नापयेत् पञ्चगव्येन मकरन्देन पार्वति॥
तारं माया कूर्चयुग्मं भद्रे भद्रे पदं तथा।
वह्निकान्तां समुच्चार्य्यशतं जप्ताभिमन्त्रयेत्॥
स्नापयेत् पीठमध्येतु सन्ध्यागारे वरानने।
ततस्तां मालिकां देवि गृहीत्वा यत्नतः सुधीः॥
द्वारा सिद्धिस्तु निकटे महोत्सवमथाचरेत्।
षोडशाब्दां सुयुवतीं समानीय प्रयत्नतः॥
तामुद्वर्त्त्य स्वयं बन्धैः स्नापयेत् शुद्धवारिणा।
दिव्यालंकारशोभाभिर्दिव्यपुष्पैः सुगन्धिभिः॥
पूजयित्वा च मिष्टान्नं भोजयेत्तां वराननाम्।
आसवं पाययेत् पश्चात् स्वयं तन्मयं पिबेत्॥
ततो मन्त्री रमयेत्तां रतिमिच्छति सा यदा।
तस्या हस्ते ततो मालां दत्वा तां याचयेद्बुधः॥
नीत्वा मालां तया दत्तां ब्राह्मणान् भोजयेत्ततः।
तदा जपेद्दशांशौ सिद्धो भवति नान्यथा॥"

सुवर्ण, रौप्य, मौक्तिक, विद्रुम और पद्मराग, इनकी माला पट्टसूत्रसे गूंथ कर उसमें गृहवर्तिनी पुष्पिणी स्त्रीको ग्रथित करें। बादमें पञ्चगव्य और मकरन्द द्वारा स्नान करावें। इसके बाद वह्निकान्ता (स्वाहा) उच्चारण कर अभिमन्त्रण करना और पीठके मध्य मालिकाको स्नान

करना चाहिये। इस प्रकारके आचरण करनेसे सिद्धिको निकटवर्ती समझें और महोत्सव करें। षोडशवर्षीया युवतीको यत्नपूर्वक ला कर शुद्ध जल और गन्ध द्वारा स्वयं उसको स्नान करावें। फिर दिव्य अलङ्कार, सुगन्ध पुष्प और मिष्टान्नादि द्वारा पूजा करके तन्मय हो कर उसको आसव पिलावें और स्वयं भी पीवें। उस समय यदि वह षोडशी युवती रतिके लिये प्रार्थना करे, तो उसके साथ रमण करें, तथा उसके हाथमें माला देवें। पीछे उस मालाको उससे वापस ले कर ब्राह्मण-भोजन करावें। इसके बाद आधी रातको जप करनेसे सिद्धि साक्षात् होगी, इसमें अन्यथा नहीं।

> "तत्रापि प्रत्ययो नोचेत् कन्याघरे विशेद्बुधः।
> अर्द्धरात्र मनुसार्धं वस्त्रं मनोरमम् ॥
> गत्वा द्वारिकाणि प्रविशं रमोपुटितमुलकैः।
> निविदेव स्वाधार्य वामास्थी गैन्धवी तथा ॥
> स्वस्थानस्थमेवेव कर्णोत्पदि निधापयेत्।
> षोडशाब्दां परमां नन्दितां च विशेषतः ॥
> समानीयप्रयत्नेन दिव्यपुष्पैर्निवेदयेत् ॥
> भोजयेत् मिष्टान्नानि औत्सकं दर्शापयेत्।
> सेवयेत् दिव्यगन्धेन भूषणैर्भूषयेत् स्वयम्।
> रमयेत् परया भक्त्या साधकः सिद्धिहेतवे ॥
> अथवार्द्धरात्रेऽपि सिद्धिर्भवति नान्यथा।
> विना मद्यं महेशानि न सिध्यति कदाचन ॥
> तस्मादादौ प्रयत्नेन पीत्वा तां पाययेद्बुधः।"

पूर्वोक्त प्रकारसे यदि भागोत्पत्ति अर्थात् सिद्धि न हो तो इस प्रकारसे करने पर सिद्धि होगी —

साधक कन्याके भोग निवेदित हो, फिर अर्द्धरात्रि आदि और मनोहर वस्त्रमें रमापुटित मूलक द्वारा बाहिर गांठ बांध कर अपनी रक्षाके लिये स्वस्थानके नियमानुसार पोशाको और भैरवी वस्त्रके ऊपर स्थापित करें। बादमें साधक यत्नके साथ षोडशी परमा या नन्दिताको ला कर, उसको दिव्य पुष्प देवें और मिष्ट भोजन खिलावें, कौतुक दिखावें तथा दिव्य गन्ध और भूषण द्वारा विभूषित करें। साधक सिद्धिके लिये परा भक्तिके द्वारा उसके साथ रमण करें। इस प्रकार भर पूजनके बाद उसका अर्द्धभाग सिद्धि होती है। किन्तु इसमें मद्यके बिना कभी भी सिद्धि नहीं हो सकती। इसलिये पहले यत्नपूर्वक स्वयं मद्य पान करके और उसको पिला कर पीछे जप करना चाहिये।

> "तथापि प्रत्ययो नोचेत् श्मशाने प्रजपेदपि।
> निशीथे निर्भयो देवि श्मशाने प्रान्तरे तथा ॥
> गन्धैः भक्तादिकं हत्वा पारनीयादिपूर्वकम्।
> घटस्थापनं कृत्वा पीठं स्थापितं तथा ॥
> ताम्रं वा ताम्रकुम्भानि विभवानुक्रमेण तु।
> कृत्वादेवा निशाभागे पूजयेत् परमेश्वरीम् ॥
> उपचारैर्यथाशक्ति निशान्ते विसर्जयेत्।
> देवीपूजां यथार्थेन चिह्नं तु परिदापयेत्।
> गदी निधाय यत्नेन चतुःपीठकपुञ्जकम्।
> ततश्च पाचयेत् कुण्डमध्ये तु पूजयेत् ॥
> रक्ता दन्ता कलाकार्य मीना काली कलावती।
> द्वारेषु पूजयेन्मन्त्री लोकपालान् प्रयत्नतः ॥
> महान् मन्त्रयेन्मन्त्री चतुर्लोकक्रमेण तु।
> दक्षिणादि कुलेन्मन्त्री मधायक्षा तपस्वम् ॥
> साधयेत् मूलमन्त्रेण मधुना सिद्धिहेतवे।
> हुत्वा चोच्चाटयेन्मन्त्री ततो दक्षिणकालिकाम् ॥
> धूपदीपैर्नैवेद्यैः प्रदक्षिणमथाचरेत्।
> विह्वलं मद्यपानं पुष्पादि प्रजायते ॥
> एकेनैव प्रयोगेण यदि सिद्धिर्नजायते।
> तदा होमो द्वितीयेन योग्यं चापि सुरेश्वरि ॥
> तृतीयेन प्रयोगेण लोहं पुष्पेण च स्वगतम्।
> एवाज्जनमयं कृत्वा साधयेत् सिद्धिमुत्तमम् ॥
> सिद्धानां कालिकायाश्च नेगं पुष्पमुच्यते।
> पुष्पमूलमिदं पर्वं तस्मादादौ समर्पयेत् ॥
> तस्य प्रसादमात्रेण सिद्धो भवति नान्यथा।"

पूर्वोक्त प्रकारसे यदि सिद्धि न हो, तो साधकको अवहोम करना चाहिये। साधक श्मशान या प्रान्तरमें जा कर निशीथ समयमें वही ध्यान करें। अनन्तर पाद-गोपादि पूर्वक विभवानुसार सुवर्ण, रजत या ताम्रमय घट स्थापन करके पूजा करें। देवीपूजाके उपचारके विषयमें कल्पना न करनी चाहिये। यथाशक्ति देवी पूजा करके त्रिकोण बनावें। मन्त्राकार चतुष्पिठको

यत्नपूर्वक चरुमें रख कर चरुपाक करें और कुण्डके मध्य पूजा करें। साधकको उचित है कि, रक्ता, घना, बलाका, मोला, काली, कलावती और द्वारसमूहके लोकपालोंको पूजा करे। पीछे चतुष्कोणके क्रमसे ग्रहोंको पूजा तथा यथाशक्ति हविर्द्वारा प्रक्षेप करें। मूलमन्त्र और मधुसे द्वारा होम तथा दीप, धूप, नैवेद्य आदिसे द्वारा पूजा करके प्रदक्षिणा देनी चाहिये। बादमें पिट वर्त्तुल संख्याके अनुसार सुवर्णादि उत्पन्न होते हैं। एक प्रयोगमें यदि सिद्धि हो तो होम करना पड़ेगा। द्वितीय द्वारा रौप्य, तृतीयसे ताम्र और चतुर्थसे लौह होता है। इनमें अन्यतम होने पर उत्तम सिद्धि समझनी चाहिये।

इस प्रकारसे कालिका सिद्ध होने पर इन्द्रत्व भी दुर्लभ नहीं है।

ये सभी सिद्धि गुरुमूलक हैं, गुरुके विना किसी तरह भी सिद्धि नहीं हो सकती। इसलिये सबसे पहले गुरुकी अर्चना करें। गुरुके साधक पर प्रसन्न होते ही सिद्धि होती है। अन्यथा नहीं।

"तत्रापि प्रत्ययो नो चेत् प्रदक्षिणमथाचरेत्।
अमावास्यादिने चैव निशीथे गतसाध्वस॥
श्मशाने प्रान्तरे वापि गत्वा देवीं प्रपूजयेत्।
मद्यमांसोपचारैश्च धूपदीपैर्मनोरमैः॥
नैवे : द्यामिषान्नैश्च तथैव वरवर्णिनि।
द्रव्यैर्लोहितवस्त्रेण स्वर्णाभरणभूषितैः॥
जपन्मूलं क्रोधरुद्धं प्रदक्षिणमथाचरेत्।
प्रणमेद्दण्डवद्भूमावनिशं गिरिसम्भवे॥
निशायामुत्तमं यावन्निशाशेषं महेश्वरि।
यदि भीतिर्भवेत्तस्य तदा दूरतरे भवेत्॥
दन्तादन्तिविधायैव मनसैव मनुस्मरेत्।
अवश्यं श्रूयते शब्दः शिवा च दृश्यते स्थले॥
यदि तत्र भवेद् देवि शब्दो गुनगुनो भवेत्।
ततः परलतासक्तः पुनः कार्यं तथैव च॥
तदा भवति चार्वङ्गि देववाणी सुशोभना।
सिद्धिप्रावःदकं ज्ञात्वा महोत्सवमथाचरेत्॥"

इससे भी यदि सिद्धि न हो, तो प्रदक्षिण आचरण करना चाहिये। साधकको चाहिये कि, वे अमावास्याके दिन निशीथ रात्रिको भयरहित हो कर श्मशान अथवा प्रान्तरमें जा कर वहाँ देवीको मद्य, मांस, धूप, दीप और मनोरम उपचार, आमिषान्न, रक्तवस्त्र और स्वर्णाभरणादि द्वारा पूजा करें। बादमें मूलमन्त्रका जप और दण्डवत् हो कर प्रदक्षिण करें।

जब तक निशा शेष न हो, तब तक हो जपादिका करना प्रशस्त है। यदि साधकको उस समय भय उपस्थित हो तो उस समय उनको खूब दूर और दन्तादन्ति हो कर मन हो मन स्मरण करना चाहिये। उस समय अवश्य हो शब्द सुनाई पड़ेगा और उस स्थान पर शिवा दिखाई देगी। यदि वहाँ गुनगुन शब्द हो, तो परलतासे आसक्त हो कर पुनः कार्य आरम्भ करें और उसके बाद यदि सुशोभना देववाणी हो तो सिद्धिको उपस्थित जान कर महोत्सव करें।

"तथापि प्रत्ययो नो चेत् भगयागमथाचरेत्।
कामिनीं युवतीं रम्यां पुष्पिताञ्च विशेषतः॥
तामानीय प्रयत्नेन स्वं च भूषणमाचरेत्।
तामुद्वर्त्य स्वयं गन्धैर्भूषणैर्वसनैस्तथा॥
सिन्दूरैर्भूषयित्वा च भक्त्या परमया शिवे।
तां निवस्त्रां विधायैव स्थापयेत्कल्पितेऽलगे॥
ततः पूजां विधायैव नानाभेमारसैर्युतः।
तत्रैव रमयेत् मन्त्रं रक्तचन्दनचारुभिः॥
भगनाम्नीं भगप्राणां भगदेहां भगात्मनीं।
पूजयेदष्टपत्रेषु मध्ये देवीं प्रपूजयेत्॥
रक्तगन्धै रक्तमाल्यै रक्तवस्त्रैर्मनोरमैः।
पूजयेत् भक्तितो मन्त्री देवीदर्शनकाम्यया॥
एतस्मिन् समये देवि रतिमिच्छति सा यदा।
तदा तु रमयेद्देवि यावद्धोमं करोति न॥
पुष्पितोपस्थल्लेन ततो होमं समाचरेत्।
ओं नमस्ते भगमालिनि भगरूपे शुभे॥
भगरूपे महाभागे भोगमोक्षप्रदायिनि।
भगवत्याः प्रसादेन मम सिद्धिर्भविष्यति॥
अवश्यं कथयेत् कान्ता नात्र कार्या विचारणा।
इति ते कथितं देवि गुह्याद्गुह्यतरं परं॥
प्रकाशात् कार्यहानिः स्यात् तस्मात् यत्नेन गोपयेत्॥"

इससे भी सिद्धि न हो तो साधकको भगयाग करना

चाहिये। साधकको उचित है कि, एक युवती पद्मिनी कामिनीको यत्नपूर्वक ला कर स्वयं उसको गन्धादि द्वारा भूषित करें। उसको मिष्टान्न भोजन करा कर तथा विवस्त्रा (नंगी) करके तद्देशस्थ पर स्थापन करें। पीछे रक्त चन्दन और अलक्तक द्वारा गन्ध लगावें और नाना उपकरणोंसे पूजा करें। भगवानके भग ही मांस है, भग ही प्राण है, भग ही देह है और भग ही रक्त है, अतएव मध्य देवीकी पूजा करें। पूजा करते समय रक्तगन्ध, रक्तपुष्प, रक्तमाल्य आदि प्रदान करें। देवीके दर्शनकी कामना करके इस प्रकारसे पूजा करें। उस समय यदि वह रतिके लिए प्रार्थना करे, तो जब तक होम न होवे तब तक मनमें रस रखना चाहिये। पीछे पद्मिनी-मकरन्द द्वारा होम करें। ओं भगमालायै नमः, तुम भगरूपधारिणी हो तुम महाभागा हो, तुम्हीं एक मात्र मोक्षदायिनी हो, इत्यादि कह कर प्रणाम करें। 'तुम्हारे अनुग्रहसे मुझे सिद्धि प्राप्त हो, इस प्रकारका आचरण करनेसे सिद्धि होती है। यह अत्यन्त गुह्यतम है। कोई इसको प्रकट कर दे, तो कार्यमें हानि होती है। इसलिए इसको सब तरहसे गुप्त रखना चाहिये।

"अथातो महेशानि कलावती समाचरेत्।
कुंकुमं चन्दनं चन्द्रं एकीकृत्य तु लेपयेत् ॥
जपेत् सहस्रं देवेशि देवीमेव प्रपूजयेत्।
कामिनीं पूजयेत् भक्त्या तस्या मूर्द्धनि धारयेत् ॥
तिलकं करमध्येन स्वयं शिरसि धारयेत्।
रमा वाणीश्वरानी च सर्वे मन्मोहिनी तथा ॥
देहस्य परमेशानि सिद्धिलाभविधिर्ध्रुवः।
अनेन ताम्बूलेन तिलकं मूर्ध्नि धारयेत् ॥
कन्यां च पूजयेत् देवीं नानाभरणभूषिताम्।
पाययेत् तां स्वयं पश्चात् स्वयं पीत्वा च साधकः ॥
तस्यां देवतारूपी च ततो देवीं न संशयः।
एवं कृत्वा वरारोहे ततो मन्त्रं समाचरेत् ॥
अथवा देवदेवेशि रात्रौ गत्वा विचक्षणः।
मार्गं गत्वा दशरत् जपेत् मन्त्रमतन्द्रितः ॥
कालीतारे समारभ्य चाष्टदलनिवेशितः।
तदन्तं देवतारूपं पूजयित्वा विशेषतः ॥
रक्तचन्दनपुष्पैस्तु रक्तवस्त्रैः प्रपूजयेत्।
गणनाथं क्षेत्रपालं वटुकं योगिनीं तथा ॥
बलिभिः सामिषान्नैश्च यजेत् परमसुन्दरि।
घृतदीपं प्रज्वाल्य ततो देवीं समर्चयेत् ॥
ततः सहस्रं जप्त्वा देवतादर्शनं भवेत्।
अथवा नियमीभूत्वा भूतादि सम्पुटं च यत् ॥
जपेत् प्रतिदिने देवि सहस्रं सिद्धिदेतवे।"

यदि पूर्वोक्त कार्यमें साधक अशक्त हो, तो उसे कन्याकी आचरण करना चाहिये। कुङ्कुम, चन्दन और चन्द्र (कर्पूर) को एकत्र करके लेपित करें तथा सहस्र जप करके देवीकी पूजा करें। अनन्तर कामिनी-पूजा करें। 'ह्रीं गुला इत्यादि मंत्र सौ बार जप कर उसके मस्तक पर तिलक लगा दें और खुद भी तिलक लगावें। पश्चात् नाना आभरणसे भूषित कन्याकी पूजा करें। पीछे यत्नपूर्वक मद्य पी कर उसको भी पिलावें और उस समय देवताकी होने पर और भी यत्नके साथ जपादि आचरण करें। अथवा उस समय साधक स्वयं नग्न हो कर तथा उसको नंगी करके, उसे देखते हुए अनन्यचित्तसे जप करें।

यामोत्तरमें प्रारम्भ करके यामद्वय पर्यन्त मद्य और मांस आदि उपचार द्वारा इष्टदेवीकी पूजा करें। आकांक्षाके लिए वज्रधारी होना तथा मार्गमें रक्षा करना जरूरी है।

तत्पश्चात् गणनाथ, क्षेत्रपाल, वटुक और योगिनी, इनका सामिषान्न द्वारा याग करें तथा घृतप्रदीप प्रज्व-लित करके देवीकी अर्चना करें। इस प्रकारसे हजार जप करने पर देवताके दर्शन होते हैं। अथवा नियमी हो कर भूतलिप्यादि संपुट प्रतिदिन हजार जप करें। इससे भी सिद्धि होती है।

"दिवाभागे यौवनस्थे दक्षिणाचारवेष च।
कुमारीं पूजयेत् भक्त्या नानाभरणभूषिताम् ॥
मद्ये पूर्णे वरारोहे सिद्धिदे मनुरुत्तमः।
महापूजां प्रकुर्वीत कलामन्त्रसमन्वितः ॥
मधे मांसेन विविधैर्मीन विविधैस्तथा।
संपूज्य विविधद्रव्यैः सर्वदा सिद्धिमाप्नुयात् ॥
शङ्खराजमथो च सिद्धिदात्री महात्मना।
ततो देवी महेशानि अयं मन्त्रं च दुर्लभः ॥
साधनम् यदि वरारोहे सर्वसिद्धिकरो नरः।

अञ्जनं पादुकासिद्धिः खड्गसिद्धिर्वरानने ॥
अज्ञयावरता देवी कामिनी सिद्धिहेतवे ।
तथा मधुमती सिद्धिर्जायते नात्र संशयः ।
देवचेटी शतशतं तस्य वश्या भवन्ति हि ।
स्वर्गे मर्त्ये च पाताले स यत्र गन्तुमिच्छति ॥
तत्रैव चेटिका सर्वा नयन्ति नात्र संशयः ।
रम्भा वा घृताची वा यदि जपति साधकः ॥
तदैव याति सा देवी नात्र कार्या विचारणा ।
इच्छामृत्युर्भवेद्देवि किमन्यत् कथयामि ते ॥"

अथवा साधक हविष्याशी हो कर दिवारात्र इष्टदेवीका स्मरण करें और नानाआभरणोंसे भूषित कुमारीको पूजा करें। इस प्रकार एक मास करके, मासके पूर्ण दिनमें निशीथके समय निर्भयतासे लतामण्डलके मध्यगत हो कर महापूजा करें। मद्य मांस आदि विविध उपचारों द्वारा विधिवत् पूजा करें, सहस्र जप करें, इससे निश्चय ही सिद्धि होगी। सिद्धि प्राप्त होनेके बाद देवीका साक्षात् होगा। इस तरहसे पादुकासिद्धि, खड्गसिद्धि, मधुमती आदिको सिद्धि निश्चयसे होगी। जिनको सिद्धि प्राप्त होती है सैकड़ों चेटिका देवता आदि उनके वशीभूत हो जाते हैं तथा स्वर्ग मर्त्य और पातालमें जहां जानेको इच्छा हो, उसी जगह चेटिकाएं उन्हें ले जाती हैं। साधक यदि रम्भा, घृताची आदिका जप करें, तो स्वयं वे उपस्थित होंगी और उनको इच्छामृत्यु होगी।

"अथवा गणिकां गत्वा पूजयेत् भक्तिभावतः ।
तया सह जपेन्मन्त्रं पिबेदतिशमासवम् ॥
निवेद्य परया भक्त्या पाययेत्तां प्रयत्नतः ।
एवं कृत्वा विधानन्तु मासमेकं वरानने ॥
प्रत्यहं होमयेद्विद्वान् नित्यं स्याद्विप्रभोजनम् ।
मासपूर्णे साधकेन्द्रो निशीथे च लतायुतः ॥
साक्षात् पूजाक्रमेणैव पूजयेत् परमेश्वरीम् ।
महातिमिरमध्यस्थो जपेन्मन्त्रमनन्यधीः ॥
तत्क्षणात् जायते सिद्धि सत्यं देवि वदामि ते ।"

अथवा साधक गणिकाके पास जा कर भक्तिपूर्वक पूजा करें। उसके साथ हजार बार मंत्र जपें और अत्यन्त उत्साह पूर्वक उसको शराब पिला कर खुद भी पीवें। इस तरहसे एक मास तक अनुष्ठान करें। प्रति दिन होम और ब्राह्मण-भोजन कराना चाहिये। मास पूर्ण होने पर साधक निशीथ रात्रिमें लतायुक्त हो कर साक्षात् पूजाक्रम द्वारा परमेश्वरीको पूजा करें और महातिमिरमें अनन्यचित्तसे मन्त्र जपें। ऐसा करनेसे साक्षात् सिद्धि होगी।

"अथवापि वरारोहे प्रयोगविधिमाचरेत् ।
नरमुण्डं समानीय मार्जारस्यापि पार्वति ॥
गोमुण्डं समानीय भूमौ निःक्षिप्य यत्नतः ।
ततः पीठं समारोप्य देवी ध्यात्वा तु साधकः ॥
पूजयेदर्द्धरात्रादौ आसवादि समन्वितः ।
जपेत्तु परया भक्त्या सहस्रावधि साधकः ॥
ततः साक्षात् भवेद्देवि नात्र कार्या विचारणा ॥"

अथवा साधकको चाहिये कि, प्रयोग-विधिका अनुष्ठान करें। साधक नरमुण्ड, मार्जार-मुण्ड और गोमुण्डको यत्नपूर्वक ला कर भूमि पर निःक्षेप करें। उस पर पीठ आरोपण करके देवीका ध्यान और अर्द्धरात्रिके समय पूजा करें और आसवादि युक्त हो कर भक्तिके साथ सहस्र जप करें। इतनेहीसे देवी साक्षात् दर्शन देवेंगी और साधक भी सिद्धि लाभ करेंगे।

"अथवा वनितां रम्यां गत्वा देवेशि साधकः ।
पीत्वा तदधरं सम्यक् कर्पूरेण तु पूरयेत् ॥
तद्योनौ कुंकुमञ्चैव तत्कर्णे क्षौद्रमेव च ।
ततो भुक्त्वा तु तां कान्तां तन्मन्त्रं परमेश्वरि ॥
तत् कुंकुमञ्च तत्क्षौद्रमेकीकृत्य प्रयत्नतः ।
तदेव तिलकं कृत्वा निशीथे गतसाध्वसः ॥
सहस्रन्तु जपेत् मन्त्री ततः साक्षात् भवेत्तदा ।"

अथवा साधक रमने योग्य स्त्रीमें रत हो उसके अधरामृतको पान कर पीछे कर्पूर पूर्ण करें। योनि पर कुङ्कुम और कर्णमें क्षौद्र प्रदान करें। पीछे यत्नके साथ उस कुङ्कुम आदिको एकत्र कर उससे तिलक करें। तिलक लगाकर निशीथ रात्रिमें निर्भय हो हजार बार जप करें। ऐसा करनेसे देवी साक्षात् होंगी।

"अथवापि वरारोहे पर्वतेन वरानने ।
मन्त्रं निर्माय यत्नेन तत्र देवीं समर्पयेत् ॥
मद्यमांसोपचारैश्च अर्द्धरात्रे वरानने ।
सहस्रजपमात्रेण सिद्धो भवति नान्यथा ॥"

अथवा साधक पहले सोनेके त्रिशूल बनाके द्वारा एक हाथ भर ऊँचा और साथ तलवार तथा खर्पर युक्त इससे देवीकी पूजा करें, फिर श्मशानमें जा कर हजार जप करें। इससे साधकको सिद्धि हो जायगी।

"अथवा पार्थिवीं देवीं कृत्वा [illegible] सुधीः।
[illegible] कुर्यात् [illegible]॥
ततो देवीं समभ्यर्च्य पुष्पैर्नानाविधैः।
[illegible] नैवेद्यैः स्तवैः सुगन्धि [illegible]॥
[illegible] शिवा यदि निशीथे [illegible]।
तदैव परमं देवेशि ततः सिद्धिर्भविष्यति॥"

अथवा साधक मद्यके निमित्त जा कर भी उपवास करें फिर अर्धरात्रिमें स्नान करें तथा धूप, दीप, बलिदान और नैवेद्य द्वारा पूजा करके स्वयं हविष्यान्न भोजन करें।

भोजन और पान करके सो कर रात्रि निशीथकालमें निर्भय हो सहस्र जप करें। इससे साधकको सिद्धि होगी।

"अथवा [illegible] त्रिशूलाग्रे [illegible]।
[illegible]॥
ततः साक्षात् भवेद्देवि [illegible]।"

पूर्वोक्त उपायसे यदि सिद्धिलाभ न हो तो साधक भस्म और मुण्डमाला धारण कर सभी वस्त्रों द्वारा वेष्टित हो कर श्मशानमें मन्त्र जपें। इसीसे निश्चय ही देवीका साक्षात्कार होगा।

"एतैरपि प्रयोगैश्च यदि साक्षान्न जायते।
तदा देवि! प्रवक्ष्यामि उपायं परमाद्भुतम्॥
एकैकेन प्रयोगेन यदि साक्षान्न जायते।
द्वितीयं वा तृतीयं वा [illegible] प्रिये॥
[illegible] सिद्धि [illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible] देवीं [illegible]।
[illegible]॥
ततः [illegible]।
[illegible]॥
ततः [illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
ततः साक्षात् भवेद्देवि [illegible]॥"

पहले जितने भी उपाय कहे गये हैं, उनसे यदि देवीके साक्षात् न हो, तो साधकके लिये और भी एक परम अद्भुत उपाय कहा जाता है। यदि एक उपायके द्वारा सिद्धि न हो, तो द्वितीय और तृतीय उपाय काममें लाना चाहिये।

पहले शुक्र, रक्त, लोध और पीत पदार्थसे सम्पूर्ण अवयवसम्पन्न एक पुत्तलिका बनावें। मनोहर रक्तवस्त्र द्वारा क्रोधरूपमें उस मूर्तिकी पूजा करें। इसके बाद उसकी रक्तचन्दन निर्मित श्रीसमस्त द्वारा पञ्चदर्शन करके मन्त्र जप करें। तत्पश्चात् शान्तमोक्षात या निम्बकाष्ठ द्वारा अग्नि जलावें और पूजा करें। अनन्तर पुत्तलिकाके कपाल पर मन्त्र लिखें और सिन्दूरसे पुत्तलिकाको अग्निमें लगावें। मूलमन्त्र द्वारा ताडन और रक्षा करें। बादमें दुग्ध अथवा दधि या जल द्वारा शान्ति करें। पीछे सहस्रबार हुङ्कार मन्त्रका जप करें। इससे निश्चय ही देवीके साक्षात् दर्शन होंगे, इसमें सन्देह नहीं।

"अथवा साधयेद्देवि! [illegible]
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible] देवेशि [illegible]॥
[illegible] साक्षात् भवति [illegible]।
[illegible] साक्षात् [illegible]॥"

अथवा नारसिंह मन्त्र द्वारा देवीको ताड़ित करें, जिससे हविष्याशी हो कर ब्रह्मचारीके समान रहें। रात्रिको ताम्बूल चर्वण करके ममादन्तम सप्तवर्षी हो नारसिंह मन्त्र पुटित कर जप करें। इस प्रकार सात बार जप करनेसे देवी साक्षात् दर्शन देती हैं। इसमें किञ्चिन्मात्र भी सन्देह नहीं।

"[illegible]।
[illegible]॥

तां पूजयेत् प्रयत्नेन रक्तचन्दनपुष्पकैः ।
पूजयित्वा प्रयत्नेन तस्याग्रे पीठदेवताम् ॥
आवाह्य विधिवद्भक्त्या जपेन्मन्त्रमनन्यधीः ।
शूलं संपूजयेद्यत्नात्तीक्ष्णं परमदुर्लभम् ॥
ओं महाशूलं नमस्तुभ्यं सर्वदैत्यान्तकारिणे ।
मन्त्रद्वयं समुच्चार्य ततः शूलेन वक्षसि ।
उद्यमे नैव सा काली आयाति च न संशयः ।
अवश्यं जायते साक्षात् ममैव वचनं यथा ॥"

पूर्वोल्लिखित उपायसे यदि देवीका साक्षात् न हो, तो नौका-लौह द्वारा शूल बनावें और उसमें यत्नपूर्वक देवीकी कल्पना करें। रक्तचन्दन और रक्तपुष्प द्वारा भक्तिके साथ उनकी और पीठ-देवताओंकी पूजा करें। पीछे विधिपूर्वक अनन्यचित्तसे मन्त्र जपें। अनन्तर शूलकी पूजा करें "ॐ महाशूल" इस मन्त्रके द्वारा प्रणाम करें। इस प्रकारके प्रयोगसे काली निश्चय दर्शन देंगी।

"अथवा कालिकाबीजं शतं संलिख्य यत्नतः ।
पूर्वपत्रे कुंकुमेन मन्त्रं स्वर्णशलाकया ॥
विलिख्य भुवि देवेशि तत्र कान्तां समानयेत् ।
तद्गात्रे पूजयेद्देवीं नानाभरणसंयुताम् ॥
निशीथे तु जपेन्मन्त्रमेकान्ते कान्तया सह ।
जपेन्मन्त्रं सहस्रं तु ततः साक्षात् भवेद्ध्रुवम् ॥
इति ते कथितं देवि गुह्याद्गुह्यतरं परम् ।
अप्रकाश्यमिदं देवि गोपयेत् मातृजारवत् ॥"

पूर्व कथित उपायसे साक्षात् न होने पर कुङ्कुम और स्वर्णशलाकाके द्वारा सौ कालिकाबीज लिखें। लिख कर उस पर कान्ता बुला कर बैठावें और उसके शरीरमें देवीकी पूजा करें। निर्जन स्थानमें निशीथरात्रिको कान्ताके साथ अनन्यचित्त हो कर हजार मन्त्र जप करें। ऐसा करनेसे निश्चयसे ही देवीका साक्षात् होगा। यह अतिशय गुह्यतम और अप्रकाश्य है, यह मन्त्र मातृजारवत् गोपनीय है।

"श्मशानकालिकायास्तु कथायामुपवेशनम् ।
कलशपाने महेशानि कुमारीणाञ्च उच्यते ॥
अष्टवर्षा तु या बाला द्वादशाब्दी महेश्वरि ।
स्थापयेत्तु चतुःपार्श्वे मिष्टभोजनभोजिता ॥
पूजयेत् परया भक्त्या स्वयं भुंजीत साधकः ।
पाययेत् आसवं दद्यात् स्वयं चापि पिबेत्ततः ॥
मकारैश्च मकारैश्च लकारेण समन्वितम् ।
जपेदष्टोत्तरशतं तासां कर्णे पृथक् पृथक् ॥
समभ्यर्च्य प्रयत्नेन कृत्वा वक्षसि साधकः ।
अंगन्यासयुतं देवि जपेन्मन्त्रमनन्यधीः ॥
एतस्मिन् समये देवी रतिमिच्छति सा यदा ।
तदा तां रमयेत् मन्त्री पीडा न जायते यथा ॥
शनैरधरपानं च शनैर्वक्षोजमर्दनम् ।
शनैर्गुदनिवेशं च शनैरालिंगनं प्रिये ॥
यद्यत्र जायते पीडा तदा सिद्धिर्विनाशिनी ।
एवं प्रयोगेतु काली साक्षात् भवति नान्यथा ॥
इति ते कथितं देवि गुह्यात् गुह्यतरं परम् ।
भक्तिहीनं क्रियाहीनं विधिहीनं च यद्भवेत् ॥
तदा सिद्धि विलम्बेन निष्फलं नैव जायते ।
अविश्वासो न कर्त्तव्यं आलस्यं नैव पार्वति ॥
सर्वेषां मन्त्रवर्याणां सारमुद्धृत्य पार्वति ।
दुग्धमध्ये यथा सर्पि काष्ठ मध्ये यथा नलः ॥
तथा समुद्धृतः सारो देवि नास्त्यत्र संशयः ।
स्वयं सिद्धाहि ते मन्त्राः सर्वतन्त्रेषु गोपिता ॥
इति ते कथितं देवि गोपनीयं प्रयत्नतः ।"

यह तन्त्रशास्त्र अत्यन्त गुह्यतम है, विशेषतः गुरुके उपदेशके बिना इसकी कोई भी प्रक्रिया नहीं जानी जा सकती। इसलिये इसका विस्तृत वृत्तान्त लिखना दुःसाध्य है।

इस प्रकारका घोराचार पूजा और सिद्धि-प्रक्रियायें और भी बहुत तरहकी हैं, जिनकी संख्या नहीं हो सकती। इन प्रक्रियाओंको करने पर भी किसी किसीको सिद्धि होनेमें विलम्ब होता है। किसी किसीको तो जन्म भर तक सिद्धि नहीं होती। इसका कारण यह है, कि कोई भक्तिहीन, कोई क्रियाहीन और कोई विधिहीन हो कर पूजा करते हैं। सद्गुरुके उपदेशानुसार विधि-पूर्वक अनुष्ठान करने पर शीघ्र सिद्धि प्राप्त होती है।

इसका गुह्यतम वृत्तान्त सद्गुरुके बिना दूसरा कोई भी नहीं बता सकता। इसलिये इसको पढ़नेसे हृदयमें नाना तरहके भाव उदित होते हैं। किन्तु वास्तविक तत्त्वार्थ निरूपण गुरूपदेशके बिना किसी तरह भी नहीं हो सकता।

देव इसका सेवन करते हैं, इसलिये इसका नाम सुरा है। इस सुराको गन्ध ही कैरव है, उस गन्धके द्वारा कौलिक-वरा कालिका देवोको पूजा करें।

मांसशोधन—"ॐ प्रतद्विष्णु स्तवते वीर्य्येण मृगोन भोम: कुचरोग विष्ठा यस्योरुषु त्रिषु विक्रमे ष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा।" इस मंत्रसे मांस शोधित होता है।

मत्स्यशुद्धि—"ॐ तद्विष्णो परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरय: दिवोव चक्षुराततं। ॐ तद्विप्रासो विपन्य वोजागृवांस: समिन्धते विष्णोर्यत् परमं पद" इस मंत्रके द्वारा मत्स्य शुद्धि करें।

मुद्राशुद्धि—"ॐ विष्णुर्योनिं कल्पयतु त्वष्टा रूपाणि पिंशतु आसिंचतु प्रजापतिर्धाता गर्भं दधातु ते।

"गर्भं देहि सिनीवालि गर्भं देहि सरस्वती।
गर्भं ते अश्विनौ देवा वाधत्तां पुष्करस्रजौ॥"

इस मंत्रके द्वारा मुद्राशुद्धि करें। पहले जो विधान कहे गये हैं, उनसे पंचमकार शोधित होते हैं। किन्तु पंचमकार शोधित करनेके लिये सिद्ध गुरुको जरूरत है। बिना सिद्ध गुरुके कोई भी साधक इसको अपनी इच्छानुसार नहीं कर सकता, यदि करेगा, तो उससे फलको प्राप्ति न होगी।

चक्रानुष्ठान—सिद्धतान्त्रिकगण चक्रानुष्ठान किया करते हैं। यह अति गुह्य व्यापार है। निशीथरात्रिमें इसका अनुष्ठान करना पड़ता है।

वीरचक्र—"वीरचक्रं प्रवक्ष्यामि येन सिध्यन्ति साधकाः।
अनया पूजया देवि देहसिद्धिः प्रजायते॥
चक्रे यो न समर्थः स्यात् द्रव्यजातं निवेदयेत्।
भूचराणां खेचराणां तत्तन्मांसः सुसाधय॥
मुद्रा सर्वाणि धान्यानि पुष्पाणि परमेश्वरि।
श्वेतपीतं च पुष्पाणि रक्तानि च विशेषतः॥
अष्टवीरं च षड्वीरं नववीरं तथा प्रिये।
कल्पयेत् वीरचक्रं यथालब्धाथ सुन्दरी॥
वीरेभ्यो दक्षिणां दद्यात् आचार्याय विशेषतः।
सर्वोपपातकश्चैव ब्रह्महत्यादिपातकम्॥
नाशयेत् तत्क्षणात् देवि वीरचक्रप्रभावतः।
दक्षिणाविधिहीनं च तच्चक्रं निष्फलं भवेत्॥"

इस वीरचक्रका विषय कहा जाता है, कि जिसकी पूजाके प्रभावसे साधक शीघ्र ही सिद्धि लाभ करते हैं। इसमें समर्थ होने पर समस्त द्रव्य न दे कर सिर्फ प्रशस्त द्रव्य निवेदन करना चाहिये।

भूचर और खेचर आदिका मांस ही उत्तम सिद्धिप्रद है। सभी प्रकारके धान्यको मुद्रा कहते हैं। श्वेत, पीत और रक्तपुष्प लाना चाहिये। षड्वीर, अष्टवीर या नववीर इनमेंसे जो प्राप्त हो, उसकी कल्पना करें। इस प्रकारकी कल्पना करनेसे वीरचक्र होता है। आचार्यको दक्षिणा दे कर पीछे वीरको दक्षिणा देवें। उपपातक और ब्रह्महत्यादि पातक वीरचक्रके प्रभावसे तत्क्षण दूर हो जाते हैं। चक्र यदि विधि और दक्षिणाहीन हो तो वह निष्फल है।

राजचक्र—"चतुर्वर्णा कुमार्यश्च स्वरूपा सुमनोहरा।
यामिनी योगिनी चैव रजकी श्वपची तथा॥
कैवर्तकप्रसूताश्च पंचशक्ति इदाहृता।
एता प्रशस्ता सकला साधकेन नियोजिता॥
अर्पयेत् मधुमद्यं च शुद्धिमांसमतःपरम्।
धर्मार्थकाममोक्षार्थं राजचक्रं विधीयते॥
षष्टिवर्षसहस्राणि देवलोके महीयते।"

अतिशय रूपवती सुमनोहरा चतुर्वर्णा कुमारी—ऐसी यामिनी, योगिनी, रजकी, चाण्डाली और कैवर्ती—ये पञ्चशक्ति हैं, ये पञ्चकन्या साधक द्वारा नियोजित होने पर प्रशस्ता होती है। पश्चात् मधु, मद्य और मांस अर्पण करें, इस प्रकारसे राजचक्र होता है। इस राजचक्रके प्रभावसे धर्म, अर्थ, काम और मोक्षको प्राप्ति तथा देवलोकमें षष्टि सहस्र वर्ष वास होता है।

देवचक्र—"देवचक्रं प्रवक्ष्यामि यत्सुरैः क्रियते सदा।
शक्तयस्तत्र वक्ष्यामि दिव्यरूपा मनोरमा॥
राजवेश्या नागरी च गुप्तवेश्या तथा प्रिये।
देववेश्या ब्रह्मवेश्या इत्येवं पंचदेवता॥
राजवेश्यापरा राजवेश्या गुप्ता च कौलजा।
देववेश्या नृत्यकारा ब्रह्मवेश्या च तीर्थगा॥
नागरी कस्यचित् कन्या रम्याकामरसस्वता।
एतैता शक्तयः देवि देवचक्रे नियोजयेत्॥"

देवचक्रका विषय कहा जाता है—देवता सर्वदा देवचक्रका अनुष्ठान किया करते हैं। इस देवचक्रमें

राजवेश्या, नागरी, गुप्तवेश्या, देववेश्या और ब्रह्मवेश्या ये पञ्चवेश्या कही जाती हैं। राजविवाहिता राजवेश्या, कोमला गुप्तवेश्या, कुलकामिनी देववेश्या, तीर्थगामिनी ब्रह्मवेश्या और कोई भी रमणी अथवा नागरी कहलाती है, ये पाँचों वेश्या हैं इनको देवचक्रमें नियोजित करें।

"राजचक्रे राज्यं दद्यात् महाचक्रे समृद्धिदम्।
देवचक्रे च सौभाग्यं वीरचक्रं च मोक्षदम्॥"

राजचक्रका अनुष्ठान करनेसे राज्यलाभ, महाचक्रसे समृद्धि, देवचक्रसे सौभाग्य और वीरचक्रसे मोक्षकी प्राप्ति होती है। (रुद्रयामल)

"पञ्चचक्रं प्रवक्ष्यामि शृणुष्व पार्वति।
यत्नेन 'कौल' [illegible] प्रपूजयेत्॥
राजचक्रं महाचक्रं देवचक्रं तृतीयकम्।
वीरचक्रं चतुर्थं च पशुचक्रं च पञ्चमम्॥"

पशुचक्रमें जो प्रधान हैं, उनका विषय कहा जाता है। चक्र पाँच प्रकारके हैं, उनमें शक्तिकी पूजा करें। राजचक्र, महाचक्र, देवचक्र, वीरचक्र और पशुचक्र ये चक्र हैं।

"पशुचक्रे [illegible] कुलसुन्दरि।
अष्टवर्षा [illegible] पशुचक्रे प्रपूजयेत्॥
अष्टवर्षा [illegible] वीरचक्रे प्रपूजयेत्।
[illegible] पूजयेद्देवि सर्वचक्रेषु कामिनी॥
माता च भगिनी चैव दुहिता च स्नुषा तथा।
[illegible] राजचक्रे प्रपूजयेत्॥
[illegible] कुलेश्वरि।
[illegible] देवचक्रका॥
[illegible]
[illegible] नियोजयेत्॥"

और पशुचक्रमें याग करें। ब्रह्मचारी और [illegible] भी पशुचक्रमें पूजा कर सकते हैं। कौलिक सभी चक्रमें शक्तिकी पूजा कर सकते हैं। माता, भगिनी, दुहिता, पुत्रवधू, पुत्री, इन पाँचोंको राजचक्रमें पूजा करनी चाहिये। [illegible], कुसुम, [illegible] पुष्प, इन सबका पशुचक्रमें प्रयोग किया जाता है।

"[illegible] च [illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥"

[illegible] और पशुभावसे भी [illegible] आदिके द्वारा भूषित करें तथा [illegible] देवताको मिथासे उपस्थित करें। नाना प्रकारके भक्ष्य पदार्थ, भिन्न-भिन्न मद्य आदि तथा पायस द्रव्य आदि करके उन्हें पुनः पुनः प्रदान करें। पश्चात् उनको [illegible] पूर्वक नमस्कार करें। उनका [illegible] न करें यदि स्पर्श करेंगे, तो रौरव नरकको जाना पड़ेगा। [illegible] उनको [illegible] देने तथा [illegible] सहित सब [illegible] स्वर्गलोकमें वास करते हैं।

"[illegible] कुलेश्वरि।
[illegible] पुनः पुनः॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible] विहरति॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible]।
[illegible]॥
[illegible] देवि प्रपूजयेत्।
[illegible]॥
[illegible] प्रपूजयेत्।
[illegible]॥
[illegible] विहरेत्॥"

माता, भगिनी, पुत्रवधू, कन्या और [illegible] ये कुल[illegible] और पशुचक्रमें [illegible] पूजा की जाती है। इसमें इनकी पूजा करें, इन शक्तियोंमें कभी

भी लिङ्ग योजन न करना चाहिये। योजन करनेसे सिद्धिहानि, रौरव नामक नरकमें वास, महाव्याधि, धनहानि, सर्वदा दुःखभोग और सर्वनाश होता है। प्रथम गौड़ी, द्वितीय इक्षुटीक्ष्य, तृतीय रोहित, चतुर्थ मासजात, करवीरपुष्प, चन्दन और रक्तचन्दन; इन सबसे देवीको सभक्ति पूजा करनेसे शिवलोकको गमन होता है। वहाँ भक्त साठ हजार वर्ष तक देवीको पूजा किया करता है। अष्टमी, चतुर्दशी, अमावस्या अथवा मङ्गलवारको राजचक्र नामक महाचक्रमें भक्तिपूर्वक पञ्चशक्तिकी पूजा करें। सम्पूर्ण कामना और अर्थसिद्धिके लिए शुक्लपक्षमें वृहस्पतिवारके चतुर्थी वा सप्तमी तिथिमें महाचक्रमें भक्तिपूर्वक याग करें।

माता, भगिनी आदि जिन पञ्चमहाशक्तियोंका विषय लिखा गया है, उन पाँचों शब्दोंको पारिभाषिक समझना चाहिये। निरुत्तरतन्त्रके १०वें पटलमें लिखा है—

"भूमीन्द्रकन्यका माता दुहिता रजकीसुता।
श्वपची च स्वसा ज्ञेया कापाली च स्नुषा स्मृता॥
योगिनी निजशक्तिः स्यात् पञ्चकन्याः प्रकीर्तिताः।"

माता कहनेसे राजकन्या, दुहिता कहनेसे रजकीकी कन्या, स्वसा कहनेसे चण्डाली, स्नुषा कहनेसे कापाली तथा अपनी शक्तिको योगिनी समझना चाहिये— ये पाँच पञ्चकन्या कहलाती हैं।

"देवचक्रं प्रवक्ष्यामि शृणुष्व वरवर्णिनि।
विदग्धा सर्वजातीनां पञ्चकन्याः प्रकीर्तिताः॥
गौडिकं कलशं रम्यं द्वितीयं पक्षिसंभवम्।
तृतीयं शालमत्स्यन्तु चतुर्थं धान्यसंभवम्॥
सुगन्धि गन्धपुष्पं च देवचक्रे नियोजयेत्।
देवचक्रे यजेत् शक्तिं देवलोके महीयते॥
षष्टिवर्षसहस्राणि देवकन्याः प्रपूजयेत्।
पञ्चकन्या यजेच्चक्रे नातिरिक्तां कदाचन॥
लोभाद्वा कामतो वापि छलाद्वा वरवर्णिनि।
यदि स्यात् संगमस्तासां रौरवं नरकं व्रजेत्॥
अष्टम्याञ्च चतुर्दश्यां पक्षयोरुभयोरपि।
पितृभूमिं समासाद्य वीरचक्रे प्रपूजयेत्॥
छिन्नवीराश्रितो मन्त्री दद्यात् शक्तिः बलिमोम्।"

देवचक्रका विषय कहा जाता है—सर्वजातिकी पाँच विदग्धा कन्या, कलश रम्य गौड़िक, द्वितीय पक्षिसम्भव, तृतीय शालिमत्स्य, चतुर्थ धान्यसम्भव और सुगन्धि गन्धपुष्प इनके द्वारा देवचक्रमें शक्तिपूजा करनी चाहिये। देवचक्रमें याग करनेसे देवलोककी गति होती है। पञ्चकन्या चक्रमें याग करें, कभी भी इससे अतिरिक्त याग न करें। लोभवश अथवा छल वा कामके वशीभूत हो यदि कोई इनके साथ संगम करे, तो वह रौरव नरकमें जाता है। दोनों पक्षकी अष्टमी और चतुर्दशीको पितृभूमिमें जा कर वीरचक्रमें पूजा करनी चाहिये।

"सिद्धमन्त्री भवेद् वीरो नवीरो मद्यपानतः।
अभिषिक्तो भवेद् वीरो अभिषिक्ता च कौलिकी॥
एवं च वीरशक्तिं च वीरचक्रे नियोजयेत्।
नाभिषिक्तो वसेच्चक्रे नाभिषिक्ता च कौलिकी॥
वसेच्च रौरवं याति सत्यं सत्यं न संशयः।
एवं क्रमं विना देवि वीरचक्रे वसेद् यदि॥
सिद्धिहानिं सिद्धिहानिं रौरवं नरकं व्रजेत्।
सर्वमद्यं सर्वशुद्धिं सर्वमीनं कुलेश्वरि॥
सर्वमुद्रां सर्वपुष्पं सर्वमूलकुसुमं तथा।
कुण्डगोलोद्भवं द्रव्यं नानाद्रव्यसमन्वितम्॥
प्रदद्यात् साधको श्रेष्ठो वीरचक्रे पुनः पुनः।
स्वशक्तिं पूजयेत्तत्र तदुच्छिष्टं पिबेद् प्रिये॥
चर्वं च ज्येष्ठतो भाग्यं कनिष्ठाय निवेदयेत्।
एकासने न भुञ्जीत भोजने चैकभाजने॥
परस्परं मुखस्पर्शं न कर्तव्यं कदाचन।
एवं क्रमेण देवेशि वीरचक्रं समाचरेत्॥
आनीय हीनजां देवीं शक्तिमन्त्रेण शोधयेत्।
संशोध्य हीनजां पूर्वां वीरशक्तिं निवेदयेत्॥
अपुत्रकाय वीराय यो दद्यात् हीनजां शुभाम्।
वत्सकोटिसहस्रेण तस्य पुण्यं न वर्ण्यते॥
वीरेण सच्चिदानन्द वीरचक्रे विधीयते।
चक्रमिलने चरेद् दानं रौरवं नरकं व्रजेत्॥
घातयेद् गोपयेद्वापि न निन्देत निषिद्धदेत्।
कामं क्रोधं च मात्सर्यं विकारं लोभमेव च॥
कुत्सा निन्दा गुरावज्ञां रौरवेऽहं प्रिये।
मन्त्रं गुप्तमप्रकाश्यं योनिं च वीरसंगमम्॥
मंडलं च पर्वं पीठं सिद्धिस्थानि गोपयेत्।

[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥"

सम्मिलित होनेसे ही वीर होता है, मद्य बिना वीर नहीं होता। यथाविधि अभिषिक्त होने पर वीर और यथाविधि अभिषिक्त होने पर कौलिकी होती है। कौलमतमें इस प्रकारसे वीर और वीर शक्तिको नियुक्त किया जाता है।

वीर और कौलिकोंको अभिषिक्त बिना हुए चक्र पर बैठ कर दान न करना चाहिये। यदि करें, तो उन्हें रौरव नरक जाना पड़ेगा। इस चक्रके सिवा कौलचक्र पर कभी भी न बैठना चाहिये। इस चक्रके सिवा भैरवचक्र पर बैठनेसे उनको सिद्धिहानि होती है और रौरव नरकको जाना पड़ता है। सब नारियोंका [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], ये सब [illegible] कुलचक्र पर चढ़ाना चाहिये तथा उनको शक्तिरूप पूजा करनी चाहिये। [illegible] शक्तिकी निन्दा न करें, [illegible] न करें। [illegible] पर और [illegible] भोजन न करें। [illegible] शक्तिका [illegible] करें। और [illegible] पूजा और उनका [illegible] नित्य करें। [illegible] भी [illegible] है, यह कौलिक पुरुष भी नहीं जान सकते।

कौलचक्रका आचरण करनेके लिये [illegible] करना पड़ता है। कौलचक्रके बिना यदि [illegible], तो उसको रौरव नरकमें जाना है। [illegible] करना चाहिये। [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], इन सबको गुप्त रखें।

मद्य, मुद्रा, [illegible], [illegible], कौलमार्ग [illegible], [illegible] और [illegible], इन सबको गुप्त रखें। [illegible] और, [illegible], [illegible], [illegible], कौलिकों, [illegible] और गुरु [illegible] इनको मनमें भी निन्दा न करें।

[illegible], [illegible], [illegible], इनको [illegible] न करें। [illegible], गुरु, [illegible], [illegible], कौलिकों, भैरवोंका और [illegible] पूजा करें।

[illegible]—माता, दुहिता, भगिनी, पुत्रवधू और पत्नी, ये पांच शक्तियां [illegible] हो कर कुलचक्रमें [illegible] करेंगी। इनमें [illegible] शुद्धि आचरण करें। मद्य, मुद्रा, मांस, मत्स्यादि आचरण, सिन्दूर, [illegible], [illegible], नाना प्रकारके पुष्प और फल ये सब [illegible] उनको अर्पण करें। इस तरह चक्रमें [illegible] नाना [illegible] प्रकार सब [illegible] पूर्तियों पर [illegible] होता है। भैरवचक्रमें सम्मिलित [illegible], [illegible] नहीं। [illegible] आचरण और [illegible] करें। [illegible] प्रकट न करें।

"[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥"

चक्रमें [illegible] शक्तियोंको देख कर [illegible] और निन्दा न करें। इस चक्रको [illegible] प्रकट न करें। [illegible] भोजन करें और [illegible]। [illegible] करें और [illegible] सब [illegible] करें। ([illegible])

वीरसाधन—"पुरश्चरणसम्पन्नो वीरसिद्धिं समाचरेत् ।
सम्यक्परिश्रमेणापि नैव सिद्धिं समाधिना ॥
जायते तत्र कर्त्तव्या साधकै वीरसाधना ।
पुत्रदारधनस्नेहलोभमोहविवर्जितः ॥
मन्त्रं वा साधयिष्यामि देहं वा पातयाम्यहम् ।
प्रतिज्ञामीदृशीं कृत्वा बलिद्रव्याणि चिन्तयेत् ॥
यस्य मन्त्रस्य यद्द्रव्यं तत्तद्द्रव्यञ्च साधकैः ।
शवलक्षणं देवेशि शृणु पर्वतनन्दिनि ॥
सर्वेषां जीवहीनानां जन्तूनां वीरसाधने ।
ब्राह्मणो गोमयं त्यक्त्वा साधयेत् वीरसाधनम् ॥
महाशवाः प्रशस्ताः स्युः प्रधाने वीरसाधने ।
ब्राह्मणस्तु स्त्रियं त्यक्त्वा साधयेद्वीरसाधनम् ॥
शूद्राः प्रयोगकर्तॄणां प्रशस्ताः सर्वसिद्धये ।
ऊर्द्ध्वं द्विवर्षात् यदि वा पञ्चधा तरुणं यदि ॥
सप्तमाष्टममासीयं गर्भं यदि वा शवम् ।
चाण्डालं चाभिभूतं च शीघ्रं सिद्धिफलप्रदम् ॥
यष्टिप्रभृतिभिर्विद्धं अन्यं वा विजने मृतम् ।
शवमानीय कर्तव्यं ना हरेत् स्वेच्छया मृतम् ॥
धीरसमरपतितमस्पृश्यं सर्वं हि तत्शवम् ।
कुष्ठादिरोगसंयुक्तं वृद्धभिन्नं शवं हरेत् ॥
न दुर्भिक्षं मृतं चापि न पर्युषितमेव वा ।
स्त्रीजनसदृशं रूपं सर्वदा परिवर्जयेत् ॥......
शून्यागारे नदीतीरे बिल्वमूले चतुष्पथे ।
श्मशाने वा विशेषेण नीत्वा चोद्धृत्य भूषयेत् ॥
शून्यागारे अरण्ये वा नीत्वा चैव विभूषयेत् ।
संस्थाप्य कुशशय्यायां पुरुषं दिव्यरूपिणम् ॥
आनीय स्थापयेदादौ न्यासजालं समाचरेत् ।
पीठमन्त्रं समालिख्य गन्धपुष्पादिभिस्ततः ॥
अभ्यर्च्य चासनं दत्वा रक्षां मन्त्रेण कारयेत् ।
ततः शवास्ये विधिवत् देवताप्ययनं चरेत् ॥
भुवनेशी फडन्तास्त्रः कथितः मानवोत्तमः ।
ततः शवं क्षालयित्वा स्थापयेच्च प्रयत्नतः ॥
यदि यत्नेन तिष्ठेत् भैरव्याश्च भयं भवेत् ।
एलालवङ्गकर्पूरजातिखदिरर्द्दकैः ।
ताम्बूलं तन्मुखे दद्यात् शवं कुर्यादधोमुखम् ।
स्थापयित्वा च तत्पृष्ठे चन्दनेन विलेपयेत् ॥
बाहुमूलादिकट्यन्तं चतुरस्रं विधाय च ।
मध्ये पद्मं चतुर्द्वारं दलाष्टकसमन्वितम् ॥
ततश्चैलेयमजिनं कम्बलान्तरितं न्यसेत् ।
पूजाद्रव्यं सन्निधौ च दूरे चोत्तरसाधकम् ॥
संस्थाप्य शवमभ्यर्च्य तत्र चारोहणं चरेत् ।
कुशान् पदतले दत्वा गलकेशान् प्रसार्य च ॥
दृढं निबध्य क्षुटिकां तत्र देवस्वरूपिणम् ।
तस्य देहं सुसंपूज्य पठेद्ध्याय सम्मुखे ॥
ओं मीनमोरुणयामांसवसभक्ष्यलोचनमातुकः ।
त्राहि मां देवदेवेश शवानामधिपाधिप ॥
इति पादतले तस्य त्रिकोणयन्त्रमालिखेत् ॥"

साधक पुरश्चरण सिद्ध हो कर वीरसिद्धि या शव-साधना करें। सम्यक् परिश्रमके विना सिद्धि नहीं होती, ऐसा स्थिर करके साधक वीरसाधनामें प्रवृत्त होवें। वीर-साधन करना हो तो पुत्र, दारा और धनादिसे स्नेह, मोह, लोभ आदि त्याग दें। मन्त्रका साधन अथवा शरीर-पतन दोमें एक होगा, ऐसी प्रतिज्ञा कर साधनमें प्रवृत्त होवें और बलिद्रव्य आहरण करें। जिस जिस मन्त्रमें जिस जिस द्रव्यकी आवश्यकता हो, साधक उन्हीं द्रव्यों-का आहरण करें।

इस वीरसाधनका प्रधान उपकरण शव है, जिसका विषय पहले कहते हैं। सभी जीवहीन जन्तुके शव वीरसाधनके उपयुक्त हैं किन्तु शवोंमें कुछ (शव-साधनमें) प्रशस्त भी हैं। ब्राह्मणको गोमय त्याग कर शवसाधन करना चाहिये। प्रधान वीरसाधनमें महाशव ही एकमात्र प्रशस्त है। इस वीरसाधनमें स्त्रीत्याग करके साधना करना होगा। प्रयोगकर्त्ताओंके लिए शूद्र ही प्रशस्त, और सकल सिद्धिका निमित्त है। दो वर्षसे ऊपर पञ्चम वर्ष पर्यन्त अथवा तरुण और सप्तम वा अष्टम मासीय गर्भज चण्डालका शव ही प्रशस्त है। ऐसे शवद्वारा आराधना करनेसे शीघ्र फल होता है।

यष्टि आदिके द्वारा अर्थात् जो चण्डाल यष्टि, शूल, खड्ग या वज्रके आघातसे किंवा सर्पदंशनसे मरा है। अथवा पानीमें डूब कर या सम्मुखयुद्धमें पलायन परा-ङ्मुख हो कर मरा है, वह यदि सुन्दरकान्तिविशिष्ट

[illegible] और महामांसादि हों, तो श्मशानमें इसको करना चाहिये।*

शव-साधन द्वारा दक्षिण और कुमारि महाविद्याकी साधना [illegible] इसका परित्याग करना उचित है। [illegible] कुछ [illegible] और [illegible] न करना चाहिये। [illegible] शवसाधनके लिए उपयुक्त है। [illegible] उसमें संग्रहीत है।

नाना प्रकारके साधनोंमें शवसाधन वीराचारियोंका एक प्रधान साधन है; इसलिए इसका स्थान विशेष [illegible] है। शून्य गृहमें, नदीतीर पर, पर्वत पर, निर्जन स्थानमें, बिल्ववृक्षके नीचे अथवा श्मशान या उसके समीपवर्ती वनस्थलमें साधना करनी चाहिये। [illegible] शवसाधनाका उपयुक्त स्थान है। स्नानादि करके शवको ला कर [illegible] स्थापन करें और फिर ध्यान करना प्रारम्भ करें। [illegible] द्वारा अर्चना करें। [illegible] आसन प्रदान कर [illegible] रक्षा करें। इसके बाद शवके मुख पर विधिपूर्वक देवताओंका आवाहन (सृष्टि) [illegible] करें। [illegible] और [illegible] 'फट्' का प्रयोग करें उसके बाद शवको प्रक्षालित करके यत्नपूर्वक स्थापित करें और [illegible] यदि स्थापित न हो, तो एला, लवङ्ग, कर्पूर, जातीफल, खदिर और [illegible] द्वारा शवको [illegible] करें तथा उसके मुखमें ताम्बूल देवें। उसके बाद [illegible] निक्षेपित करें। बादमें शवको [illegible] करके [illegible] बनावें। उसके बाद [illegible] स्नान करें और निकटमें [illegible] देवें। कुछ दूरी पर [illegible] रखना चाहिये।

---

* "[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]"
([illegible])

शवको [illegible] करके [illegible] करें और [illegible] करें। [illegible] चाहिये। [illegible] करके [illegible] देवें। [illegible] और बादमें [illegible] 'ॐ [illegible]' [illegible] करें। [illegible] लिखना चाहिये।

"[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।

गीतं श्रुत्वा च बधिरो निशासु नृत्यदर्शनात् ॥
यदि वक्ति दिवा वाक्यं तदास्यं मूकतां व्रजेत् ।
पंचदश दिनं यावत् देहे देवस्य संस्थितिः ॥
ना स्पर्शं कुर्यात् गन्धपुष्पे बहिर्गति यदा भवेत् ।
तदा वस्त्रं परित्यज्य गृहीयाद्वसनान्तरम् ॥
गोब्राह्मणविनिन्दां च न कुर्याच्च कदाचन ।
देवगोब्राह्मणादींश्च संस्पृशेत् प्रत्यहं शुचिः ॥
प्रातर्नित्यक्रियान्ते च बिल्वपत्रोदकं पिबेत् ।
ततः स्नात्वा च गंगायां प्राप्ते षोडशवासरे ॥
स्वाहान्तं मन्त्रमुच्चार्य तर्पणान्ते नमः पदम् ।
एवं शतत्रयादूर्ध्वं देवं वै तर्पयेज्जले ॥
स्नानतर्पणशून्यन्तु नह्यादेवस्य तर्पणम् ।
इत्यनेन विधानेन सिद्धिं प्राप्नोति साधकः ॥
इति भुक्त्वा वरान् भोगान् अन्ते याति हरेः पदम् ॥"

पैरों तले त्रिकोणयन्त्र लिखनेके बाद उत्थान करनेको शक्ति होवें और शव भी निश्चल होवेगा। पुनः उस पर उपवेशन करके पाद द्वारा दोनों बाहुओंको निकालें और उस पर कुश बिछा कर पैरोंको स्थापित करें। ओठोंको संपुट करके स्थिरचित्त और स्थिरेन्द्रिय होवें। इस प्रकार अनन्यचित्तसे हृदयमें देवीका ध्यान कर जप करें। इस प्रकारके अनुष्ठान करनेसे यदि आसन चञ्चल होवे, तो डरना न चाहिये। भय होने पर उसकी पूजा करें और कहें कि "हे देवेशि! तुम जो चाहती हो, दिनके अन्त होने पर उसे मैं तुम्हें वही दूंगा। तुम अपना नाम प्रकट करो।" संस्कृतमें उसको यह बात कह कर निर्भयतासे पुनः जप करें। उसके बाद यदि वह मधुरवाक्य न कहें, तो साधकको उचित है कि, सत्य करा कर उनसे वर-प्रार्थना करें। यदि वह सत्य न करें या वर न दें, तो साधक पुनः अनन्यचित्तसे जप करना शुरू कर दें। पुनः ऐसा होने पर जब वह सत्य करें और वर दें, उसके बाद उस वरको ले कर साधक जप करना छोड़ दें। उसके बाद फल प्राप्त हो गया—ऐसा समझ कर चोटी खोल दें। पीछे शवको प्रक्षालित करके संस्थापन पूर्वक पादबन्धन मोचन करावें और पादबद्ध मोचन करा कर पूजा-द्रव्यको जलमें निक्षेप करें। उसके बाद शवको पानी या गड्ढेमें फेंक कर स्नान करके घरको लौट जाय।

दिनके अन्तमें साधक देवीकी पूजा करके बलिप्रदान करें और प्रार्थना करें कि—हे देवि! मेरे द्वारा प्रदत्त बलिको ग्रहण कीजिये। दूसरे दिन पञ्चगव्य पान कर पचीस ब्राह्मणोंको जिमावें। तदनन्तर स्नान और भोजन करके उत्तम स्थानमें वास करें। साधक यदि ब्राह्मणभोजन न करावें तो वह निर्धन होता है और यदि निर्धन भी न हो तो देवी उस पर कुपित होती हैं। १ दिन, ६ दिन या ७ दिन तक इसको गुप्त रखना चाहिये। साधक यदि स्त्रीकी शय्या पर गमन करें, तो उसको व्याधि होती है तथा गीत सुननेसे बहरा, नाच देखनेसे अन्धा और दिनको बोलनेसे गूंगा होता है। इस प्रकारसे पन्द्रह दिन बिताने चाहिये। क्यों कि पन्द्रह दिन तक शरीरमें देवताका संस्थान रहता है। इन पन्द्रह दिनोंमें गन्दे वस्त्रोंका व्यवहार न करना चाहिये। बाहर जाना हो तो वस्त्र बदल कर जावें। गऊ और ब्राह्मणकी कभी निन्दा न करें। देवता, गऊ और ब्राह्मणका प्रतिदिन स्पर्श करें। प्रातःकालमें नित्यक्रिया करनेके उपरान्त बिल्वपत्रोदक पान करें। पश्चात् १६वें दिन गङ्गा-स्नान कर स्वाहान्त मूल उच्चारणपूर्वक तर्पण करें और तर्पण कर चुकने पर नमः पद प्रयोग करें।

इस प्रकारसे तीन सौसे ऊर्ध्वजलमें देवतर्पण करें। स्नान करके ऐसा तर्पण न करनेसे, देवतर्पण न होगा। साधकको ऐसा आचरण करने पर अवश्य ही सिद्धि प्राप्त होगी। इस तरह सिद्धिलाभ करनेसे इस संसारमें विविध भोग और अन्तमें स्वर्गमें गमन होता है। (नीलतन्त्र)

तन्त्रके मतसे सृष्टितत्त्व—

"निराकारं निर्गुणं च स्तुतिनिन्दाविवर्जितम् ।
सुनित्यं सर्वकर्तारं वर्णातीतं सुनिश्चलम् ॥
संहारविद्धिं शान्तं क्रियाकारं प्रतिष्ठितं ।
तस्माद्गुणविशेषेण क्रियाकारेण जायते ॥

शंकर उवाच—

शृणु देवि परं तत्त्वं वर्णातीता न वैखरी ।
गुणमयी गुणातीता स्तुतिनिन्दाविवर्जिताम् ॥
आकाररहिता नित्या शेषयोगविवर्जिताम् ।

[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] पुनः पुनः ॥"

ये देवता : [illegible], [illegible], [illegible] [illegible] [illegible] ... [illegible] हुई है ... [illegible] हुई [illegible] ... [illegible] ... [illegible] हुई है [illegible] ... [illegible] मैं [illegible] ।

गृहाजका, गृहगोला, मृगि और [illegible], [illegible], [illegible] आदि [illegible] ... [illegible] हुई है [illegible] । [illegible] ... [illegible] हुई है। ये [illegible] हैं, [illegible] हुई है। [illegible] ... [illegible] हैं। [illegible] मैं [illegible] द्वारा पुनः पुनः [illegible] करता हूँ।

[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।

[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ॥"

मनुष्य [illegible] और [illegible], दोनों [illegible] हुई है। [illegible] । [illegible] — [illegible] ! [illegible] करते हैं, [illegible] और [illegible] करते हैं, [illegible] जाते हैं। [illegible] करते हैं [illegible] प्रकार [illegible] है। [illegible] प्रकार [illegible]

एक शरीरका बिना आश्रय लिए पहिला शरीर नहीं त्यागता।" पार्वतीने महादेवकी इस बातको सुन कर कहा—"यदि जीव दूसरे एक देहको ग्रहण बिना किये पूर्वदेहको नहीं छोड़ते, तो मृत व्यक्तिका पिण्डादि ग्रहण कैसे होता है? आप अनुग्रहपूर्वक मेरे इस संशयको भी दूर कीजिये।" महादेव बोले—हे शिवे! मृत्युके समय मायादेह होती है, मायारूप देह वायुस्वरूप है, यह मायादेह आकाशस्थित हो कर निराश्रय भावसे रहती है। जब तक पिण्डदान नहीं दिया जाता, तब तक वह इसी तरह निराश्रय रहती है।

उसके बाद मृत व्यक्तिको पिण्डदान दिये जाने पर वह वायु स्थिर होती है और क्रमसे मस्तक उत्पन्न हो कर अन्यान्य अवयव सब उत्पन्न होते हैं। पीछे यमपुरको जा कर पाप और पुण्य जो कुछ होता है, उसको भोगता है। पाप और पुण्य रहनेसे स्वर्ग और नरक भोगता है। उनका भोग हो जाने पर जब कोई कर्म बाकी नहीं रह जाते, तब जीव यमकी आज्ञाके अनुसार ब्रह्मशासनको गमन करता है। पीछे कर्मानुसार उत्तमा आदि तनु लाभ करता है।

किन्तु यदि कोई भाग्यक्रमसे सद्गुरु, महाविद्या या तत्त्वज्ञान प्राप्त कर ले, तो वह जब तक इस ब्रह्माण्डमें रहता है, तब तक मोक्ष लाभ करता है। इनमें ब्राह्मण महामोक्ष, क्षत्रिय सायुज्य, वैश्य सारूप्य और शूद्र सालोक्य पाते हैं। महाविद्याके प्रभावसे पुनरागमन नहीं होता। हे शिवे! जिस समय इस बृहत् ब्रह्माण्डका नाश होगा, उस समय सभी जीव मुक्त होवेंगे। इस ब्रह्माण्डको बाह्य-देह और ब्रह्माण्ड अनेक हैं, ब्रह्माण्ड भी अनन्त हैं। इस अनन्तका प्रमाण कहनेको क्या कोई समर्थ है?

"प्रकृत्या जायते पुंसां प्रकृत्या सृज्यते जगत्।
तोयाद्बुद्बुदं देवि यथातोये विलीयते॥
प्रकृत्या जायते सर्वं प्रकृत्या सृज्यते जगत्।
तोयाद्बुद्बुदं देवि यथा तोये विलीयते॥
तस्मात् प्रकृतियोगेन जायते नान्यथा क्वचित्।
ब्रह्मा विष्णु शिवो देवि प्रकृत्या जायते ध्रुवम्॥
तथा प्रलयकालेषु प्रकृत्या लुप्यते पुनः।"

(निर्वाणतन्त्र)

प्रकृतिसे ही समस्त पुरुष जन्मग्रहण करते हैं, प्रकृतिसे ही जगत्‌की उत्पत्ति है। जैसे जलमें बुद्बुद होते और फिर विलीन हो जाते हैं, उसी प्रकार प्रकृतिसे ही सब उत्पन्न होते और उसीमें लय हो जाते हैं। ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर प्रकृतिसे ही उत्पन्न हुए हैं तथा प्रकृतिमें ही लीन हो जायगे। प्रलयकालके उपस्थित होने पर यह ब्रह्माण्ड प्रकृतिमें ही विलुप्त हो जायगा।

सात्त्विकतन्त्र—

"स्त्रीरूपां वा स्मरेद्देवीं पुंरूपां वा स्मरेत् प्रिये।
स्मरेद्वा निष्कलं ब्रह्म सच्चिदानन्दरूपिणीम्॥
नेयं योषिन्न च पुमान् न षण्ढो न जड़ः स्मृतः।
तथापि कल्पवल्लीवत् स्त्रीशब्देन च युज्यते॥
साधकानां हितार्थाय अरूपा रूपधारिणी।"

वह सच्चिदानन्दरूपिणी देवी चाहे स्त्रीरूपमें हो या पुरुषरूपमें और चाहे निष्कल ब्रह्मभावमें हो हो—उनका स्मरण करना चाहिये। वास्तवमें वह न तो स्त्री हैं, न पुरुष और न षण्ड अथवा जड़ ही हैं। तथापि कल्पलता जैसे स्त्रीवाचक है, उसी तरह उनमें भी स्त्रीशब्दका प्रयोग करना चाहिये। उनका रूप नहीं है, वह साधकोंके मङ्गलके लिए रूपधारिणी हैं।

प्रपञ्चसारमें लिखा है—

"तामेतां कुण्डलीलिके सन्तो हृदयन्तीं विदुः।
सा रौति सततं देवी भृङ्गीसङ्गीतकध्वनिम्॥"

वह महाशक्ति कुलकुण्डलिनी योगीन्द्रोंके हृदयको आश्रय कर रहती हैं, तथा वह ही जीवके मूलाधारमें निरत हो भ्रमरसङ्गीतवत् गुन् गुन् ध्वनि करती हैं।

शारदातिलकमें कहा गया है—

"योगिनां हृदयाम्भोजे नृत्यन्ती नृत्यमञ्जसा।
आधारे सर्वभूतानां स्फुरन्ती विद्युदाकृतिः॥
शंखावर्तक्रमाद्देवी सर्वमावृत्य तिष्ठति।
कुण्डलीभूतसर्पाणामङ्गश्रियमुपेयुषी॥
सर्ववेदमयी देवी सर्वमन्त्रमयी शिवा।
सर्वतत्त्वमयी साक्षात् सूक्ष्मात् सूक्ष्मतरा विभुः।
त्रिधामजननी देवी शब्दब्रह्मस्वरूपिणी॥"

वे योगियोंके हृदयकमलमें अपना अपना रूप प्रकाश कर अपने आनन्दमें नृत्य करती हैं। सर्वभूत-

[illegible]

सुश्रुतमें लिखा है—

[illegible]

[illegible]

इस प्रकार निर्दिष्ट हुआ है—

[illegible]

लोकका माहात्म्य गोलोकसे भी सौगुना है। इसके ऊपर षोड़शपत्रयुक्त मोहान्धकारनाशक निर्मल पद्म है जो यमलोक कहलाता है। यहाँ बाईं ओर गौरी और दाहिनी ओर सदाशिव विराजमान हैं। इस पद्मके ऊपर पत्रद्वयसमन्वित ज्ञानपद्म है, जो तपोलोक कहलाता है। यहाँ शिवकी बाईं ओर सदानन्दरूपिणी सिद्धकाली अवस्थान करती हैं।

"तपोलोकं गोलोकस्य चतुर्लक्षगुणं शिवे।
ब्रह्मलोकेषु ये देवा वैकुण्ठे ये सुरादयः॥
तपसापि न लभेत तपोलोकमतः शिवे।
तपोलोकसमा नास्ति लोकमध्ये सुलोचने।
सालोक्यं महर्लोके स्यात् सारूप्यं जनलोकके॥
सायुज्यं तपोलोकेषु निर्वाणं हि तदूर्ध्वगे॥
अतो ब्रह्मादयो देवास्तपोलोकार्थिनः सदा।
तस्य लोकस्य माहात्म्यं मया वक्तुं न शक्यते॥"

तपोलोक गोलोककी अपेक्षा चार लाख गुना प्रधान है। ब्रह्मलोक और वैकुण्ठस्थित देवगण भी तपस्याके द्वारा इस भवलोकको नहीं पाते। इस तपोलोकके समान दूसरा कोई लोक नहीं है। महर्लोकमें सालोक्य, जनलोकमें सारूप्य और इस तपोलोकमें सायुज्यलाभ होता है। इसके बाद ही निर्वाण है। ब्रह्मादि सभी देवता इस तपोलोककी प्रार्थना करते हैं। इस लोकका माहात्म्य करनेमें मैं समर्थ नहीं हूँ।

"किमाकारन्तु ब्रह्माण्डं तन्मे ब्रूहि महेश्वर।
सृष्टिप्रकारं तन्मध्ये किमाकारं हि तत्त्ववित्॥

शंकर उवाच—

जन्तोराकारं ब्रह्माण्डं नानाविग्रहं पार्वति॥
ब्रह्माण्डं विग्रहं प्रोक्तं स्थूलसूक्ष्मादिकं हि तत्।
मेरुः पर्वतस्तन्मध्ये तथा सप्तकुलाचलाः॥
मूलादिमस्तकान्तं वै सुमेरुर्नाम पर्वतः।
स्थितं मेरोरधोभागेऽर्द्ध्वे गुह्याधोर्ध्वदेशतः॥
भूर्लोकादि महेशानि सप्तस्वर्गक्रमेण हि।
इदं गुह्याः सप्तपातालास्तिष्ठन्ति परमेश्वरि॥
सत्यलोके निराकारा महाज्योतिःस्वरूपिणी।
मायया च्छादितात्मानं चणकाकाररूपिणी॥
हस्तपादादिरहिता चन्द्रसूर्याग्निरूपिणी।
मायावल्कलसंत्यज्य द्विधा भिन्ना यदोन्मुखी।
शिवशक्तिविभागेन जायते सृष्टिकल्पना।
प्रथमे जायते पुत्रो ब्रह्मसंज्ञो हि पार्वति॥"

ब्रह्माण्डका आकार कैसा है और सृष्टि किस तरह होती है? पार्वतीने महादेवसे ऐसा प्रश्न किया। उत्तरमें महादेवने कहा—"हे पार्वति! नाना विग्रहविशिष्ट जन्तुका आकार ही ब्रह्माण्ड है तथा स्थूल-सूक्ष्मादि विग्रह ही ब्रह्माण्ड कहलाता है। उसमें मेरुपर्वत और सप्तकुलाचल (महेन्द्र, मलय, सह्य, शुक्तिमान, ऋक्षपर्वत, विन्ध्य, पारियात्र-ये ७ कुलपर्वत हैं) मूल आदिसे ले कर मस्तक पर्यन्त सुमेरु पर्वत है। मेरुके ऊर्ध्वदेशमें भूर्लोकादि सप्तस्वर्ग, और अधोभागमें सप्त पाताल हैं। सत्यलोकमें आकाररहित महाज्योतिःस्वरूपिणी महाशक्ति मायाके द्वारा आत्माको आच्छादित कर रखा है। यह महाशक्ति चणकाकाररूपिणी तथा हस्तपदादिरहिता और चन्द्र-सूर्याग्निस्वरूपिणी हैं। यह महाशक्ति मायारूप वल्कलका परित्याग कर स्वयं अपनेको दो भागोंमें विभक्त करती हैं। उस समय शिव और शक्ति विभागसे पहले सृष्टिकी कल्पना होती है तथा उसी समय प्रथम पुत्र होता है जिसका नाम है ब्रह्मा।

"शृणु पुत्र महावीर विवाहं कुरु यत्नतः।
एतच्छ्रुत्वा ततो ब्रह्मा उवाच सादरं प्रिये॥
त्वां विना जननी नास्ति शक्तिं मे देहि सुन्दरीम्।
तच्छ्रुत्वा जगतां माता स्वदेहान्मोहिनीं ददौ॥
द्वितीया सा महाविद्या सावित्री परमा कला।
अनया सङ्गं समासाद्य वेदविस्तारणं कुरु॥
समासाद्य सृष्टिकर्ता भव त्वं महीमण्डले॥"

इस प्रकार ब्रह्माके उत्पन्न होने पर महाशक्तिने उनसे कहा—"हे महावीर! तुम विवाह करो।" ब्रह्माने शक्तिको इसके उत्तरमें कहा—"आपके सिवा मेरी और कोई भी जननी नहीं है, मैं विवाह न करूँगा। आप मुझे शक्ति प्रदान करें।" इस पर महाशक्तिने अपने शरीरसे मोहिनीशक्ति उत्पन्न कर ब्रह्माको दी और कहा—"यह शक्ति द्वितीय महाविद्या और परमकला है, इसका नाम है, सावित्री। तुम इसका सङ्ग करके वेदविस्तार करो। इस महीमण्डल पर तुम अनायास ही सृष्टिकर्ता होओगे।"

"[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] —
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।"

[illegible] — "[illegible] ।" [illegible] — "[illegible] ।" [illegible] — "[illegible] ।" [illegible]

[illegible] — "[illegible] ।" [illegible] ।

[illegible] है ।

"[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible]
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible]"

[illegible] — "[illegible]

सत्यलोकमें महाकाली महारुद्र द्वारा संपुटित हुई। यह महाकाली चन्द्रसूर्याग्नि रूपविशिष्टा, अनादि रूप-संयुक्ता और चनककी भाँति आकृतिविशिष्टा हैं। समस्त जीव इन महाकालीके अंशमात्र हैं। जिस तरह ज्वलदग्निके विस्फुलिङ्ग स्फुरित होते हैं, किन्तु वे अग्निसे भिन्न नहीं हैं, उसी प्रकार जीव भी महाकालीसे भिन्न नहीं उनके अंशमात्र हैं। महाकालीसे जिस समय परब्रह्मच्युत हो कर भूमि पर पड़े, हे देव! उसी समय वे शक्तियुक्त हुए। स्थावरादि कीट और पशुपक्षि आदि चौरासी लाख योनियोंमें जन्म लिया, उसके बाद दुर्लभ मनुष्यत्व प्राप्त किया. यह मनुष्य-शरीर ही धर्म और अधर्मका आकर है। इस धर्माधर्मके द्वारा मनुष्य एक बार जन्म ले कर फिर मरता है। इस तरह मानव-समूह कर्मपाश द्वारा नियन्त्रित हो कर नाना प्रकारकी योनियोंमें परिभ्रमण करता है।

तन्त्रके मतसे तत्त्वज्ञान—

पञ्चभूत, एक एक भूतके पाँच पाँच करके २५ गुण हैं। अस्थि, मांस, नख, त्वक्, लोम, ये ५ पृथिवीके गुण हैं। शुक्र, शोणित, मज्जा, मल और मूत्र, ये ५ जलके गुण हैं, निद्रा, क्षुधा, तृष्णा, क्लान्ति और आलस्य ये पाँच तेजके गुण हैं। धारण, चालन, क्षेपण, सङ्कोच और प्रसव, ये ५ वायुके गुण हैं। काम, क्रोध, मोह लज्जा और लोभ, ये ५ आकाशके गुण हैं। समुदायमें पञ्चभूतके २५ गुण हैं। यह पञ्चभूत—मही जलमें, जल रविमें, रवि वायुमें और वायु आकाशमें विलीन होते हैं।

इन पञ्चतत्त्वके बाद भी तत्त्व हैं—स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र, ये पाँच इन्द्रियें और मन साधन इन्द्रिय है। यह ब्रह्माण्डलक्षण देहके मध्य व्यवस्थित है, सिवा सप्तधातु, आत्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा ये भी शरीरके मध्य अवस्थित हैं। शुक्र, शोणित, मज्जा, मेद, मांस, अस्थि और त्वक् ये सप्तधातु हैं।

शरीर ही आत्मा है, अन्तरात्मा है। मन और परमात्मा शून्यमय है, इस परमात्मामें ही मन विलीन होता है।

रक्तधातु माता, शुक्रधातु पिता और शून्यधातु प्राण, इन्हींसे गर्भपिण्डकी उत्पत्ति होती है।

अव्यक्तसे प्राण, प्राणसे मन और मनसे वाक्यकी उत्पत्ति होती है तथा मन वाक्यके साथ विलीन होता है। सूर्य, चन्द्र, वायु और मन, ये कहाँ अवस्थान करते हैं? तालुमूलमें चन्द्र, नाभिमूलमें दिवाकर, सूर्यके आगे वायु और चन्द्रके आगे मन तथा सूर्यके आगे चित्त और चन्द्रके आगे जीवन अवस्थित है। किस स्थानमें शक्ति शिव अवस्थान करते हैं? काल कहाँ रहता है और जरा कहाँ आती है?

पातालमें शक्ति अवस्थित है, ब्रह्माण्डमें शिव वास करते हैं, अन्तरीक्षमें कालकी अवस्थिति है और इस कालसे ही जराकी उत्पत्ति होती है। कौन तो आहारकी आकाङ्क्षा करता है और कौन पानभोजनादि करता है तथा जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति किसकी होती है और कौन प्रतिबुद्ध होता है?

प्राण आहारकी आकाङ्क्षा करते हैं, हुताशन पान-भोजनादि करता है तथा जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्तिमें वायु ही प्रतिबुद्ध होती है।

कौन तो कर्म करता है, कौन पातकमें लिप्त होता है तथा पापका आचरण करनेवाला कौन है और पापोंसे मुक्त कौन होता है? मन पाप कार्य करता है, मन ही पापमें लिप्त होता है। मन ही तन्मना हो कर पुण्य और पाप उपार्जन करता है। जीव किस प्रकारसे शिव होता है। भ्रान्तियुक्त होने पर उसको जीव कहते हैं, वह जब भ्रान्तिमुक्त हो जाता है, तब उसे शिव कहते हैं। तामस व्यक्ति इस तीर्थके लिये इसी तरह भ्रमण करते रहते हैं। अज्ञानान्ध हो कर आत्मतीर्थसे वाकिफ नहीं होते। आत्मतीर्थके बिना जाने कैसे मोक्ष हो सकता है?

वेद भी वेद नहीं हैं, अर्थात् ४ वेदोंका वेद नहीं कहा जा सकता, सनातन ब्रह्म ही वेद हैं। चार वेद और समस्त शास्त्रोंके अध्ययन करके योगी उनका सार संग्रह करते हैं, किन्तु पण्डितगण तक्र पीया करते हैं। तप तपस्या नहीं है, ब्रह्मचर्य ही तपस्या है; जो ब्रह्मचर्यके प्रभावसे ऊर्द्ध्वरेता होते हैं, वे ही तपस्वी हैं।

होम आदि भी होम नहीं हैं, ब्रह्माग्निमें प्राणोंका समर्पण करना ही होम है, मोक्ष लाभ करनेके लिए पाप पुण्य दोनोंका ही त्याग करना पड़ता है।

[illegible]

बस्ती (सं॰ [illegible]) [illegible]

[illegible]

बस्ती—हैदराबाद जिलेका एक [illegible] है।

बस्ती [illegible]—हैदराबाद जिलेका एक तालुक। यह [illegible] और [illegible] अवस्थित है। [illegible] है।

[illegible]

बस्ती [illegible]—हैदराबाद जिलेका एक तालुक। यह [illegible] और [illegible] अवस्थित है। [illegible] है।

[illegible]

बस्ती [illegible]—बम्बई [illegible] है।

[illegible]

बस्ती [illegible]—बम्बई [illegible] हैदराबाद जिलेके [illegible] तालुक [illegible] अवस्थित है। [illegible]

संग ४६३५ है। सहायक कलक्टरके रहनेके कारण यहां छोटी आदालत तथा कई एक सरकारी मकान हैं। १८५६ ई०में यहां म्युनिसपालिटी स्थापित हुई है। दूसरे दूसरे देशोंसे चावल तथा दूसरे प्रकारके अनाज, रेशम, धातु, तमाकू, रंग, जीनके कपड़े और औषध की आमदनी तथा यहांसे ज्वार, बाजरे, चावल, तथा तमाकूकी रफतनी होती है। शहरमें तांबे, लोहे तथा मट्टीके बरतन, रेशम, कम्बल, सूता, कपड़े, जूते देशी शराब तथा लकड़ीकी अच्छी अच्छी चीजें प्रस्तुत होती हैं। प्रवाद है कि, मोर मुहम्मद-तालपुर शाहजादीने इस शहरको बसाया था, जिनकी मृत्यु १८१३ ई०में हुई। यहां एक औषधालय और तीन स्कूल हैं।

तन्द्र (सं० क्लो०) तन्द्र-घञ्। पंक्तिच्छन्दः, एक प्रकारका छन्द।

तन्द्रयु (सं० त्रि०) तन्द्रां आलस्यं याति या-कु पृषो० साधुः। आलस्ययुक्त, आलसी।

तन्द्रवाप (सं०पु०) तन्त्रवाप पृषो० साधुः। तन्तुवाय, तांती। तन्त्रवाय देखो।

तन्द्रवाय (सं० पु०) तन्त्रवाय पृषो० साधुः। तन्त्रवाय देखो।

तन्द्रा (सं० स्त्री०) तत् द्रातीति तत् द्रा-क, वा तन्द्र अवसादे तन्द्र-घञ्, ततटाप्। १ निद्राविश, ऊंघाई, ऊंघ। २ आलस्य, सुस्ती। इसका संस्कृत पर्याय—प्रमीला, तन्द्री, तन्द्रि, तन्द्रिका और विषयाज्ञान है।

इसमें मनुष्यको व्याकुलता बहुत होती, इन्द्रियोंका ज्ञान नहीं रह जाता, मुखसे वचन नहीं निकल सकता तथा बार बार जंभाई आती रहती है। यही तन्द्राका प्रकृष्ट लक्षण है। चरकसंहितामें इसका लक्षण इस प्रकार लिखा है। मधुर, स्निग्ध, गुरु और अन्नसेवन, चिन्ता, भय शोक और व्याध्यानुषङ्ग (रोगाक्रान्त)के लिये कफ वायु प्रेरित होकर हृदयको आश्रय करके हृदयस्थित ज्ञानको आच्छादन करती है, उससे तन्द्रा उपस्थित होती है। इस तन्द्राके उपस्थित होने पर हृदयमें व्याकुलीभाव, बाधा, चेष्टा और इन्द्रियोंकी गुरुता, मन और बुद्धिकी असमर्थता उत्पन्न होती है। निद्रा और तन्द्रा इन दोनोंमें प्रभेद यह है कि निद्रामें जागरित होनेसे क्लान्ति मालूम पड़ती और तन्द्रामें जागरित होनेसे शान्ति मालूम पड़ती है। कफनाशक वस्तु और कटुतिक्त भक्षण अथवा व्यायाम और रक्तमोक्षण करनेसे तन्द्रा दूर होती है।

तन्द्रा सुखकी भार्या, निन्द्रा कन्या और प्रीति भगिनी है। (शब्दार्थचि०)

तन्द्रालु (सं० त्रि०) तन्द्रा-आलुच्। स्पृहि गृहीति। पा ३।२।१५८। आलस्ययुक्त, आलसी।

तन्द्रि (सं० स्त्री०) तदिसौत्रो धातु क्रिन्। उज्ज्वलदत्तउणा० ४।६६। अल्पनिद्रा, ऊंघाई, ऊंघ।

तन्द्रिकसन्निपात (सं० पु०) एक प्रकारका सन्निपात-ज्वर। इसमें ऊंघाई अधिक आती, ज्वर वेगसे चढ़ जाता, प्यास अधिक लगती जीभ काली हो कर खुरदरी हो जाती, दम फूल जाता, दस्त अधिक होता, जलन नहीं होती और कानमें दर्द रहता है। यह ज्वर सिर्फ २५ दिन तक रहता है।

तन्द्रिका (सं० स्त्री०) तन्द्रिरेव स्वार्थे कन् टाप् च। तन्द्रि, अल्पनिद्रा, ऊंघाई, ऊंघ।

तन्द्रिज (सं० पु०) यदुवंशीय कमवक राजाके पुत्र। (हरिवंश १५ अ०)

तन्द्रित—तन्द्रित देखो।

तन्द्रिता (सं० स्त्री०) तन्द्रिनो भावः तन्द्रि-तल्-टाप्। निद्रालुता, आलस्य।

तन्द्रिपाल (सं० पु०) यदुवंशीय कमवक राजाके एक पुत्रका नाम।

तन्द्री (सं० स्त्री०) तन्द्रि-ङीप्। १ तन्द्रा, ऊंघ। २ भृकुटी, भौंह।

तन्न (सं० अव्य०) तत्-न। वह नहीं।

तन्ना (हिं० पु०) १ बुनाईमें तानेका सूत जो लम्बाईमें ताना जाता है। २ ऐसा पदार्थ जिस पर कोई चीज तानी जाती है।

तन्वि (सं० स्त्री०) तनयति सौ बाहुलकात् ङि। १ अश्व-कृष्णा, पिठवन। २ काश्मीरकी चन्द्रतुष्या नदीका नाम।

तन्निबन्धन (सं० क्लो०) तत् निबन्धनं, कर्मधा०। उसी-लिये।

तन्निमित्त—तदर्थ, उसके लिये।

तन्नी (हिं० स्त्री०) १ एक प्रकारकी चैंकुसी। इससे

तन्त्रि (सं॰ स्त्री॰) तन्त्र-इ। १ तन्त्री, वीणा सितार आदि बाजोंमें लगा हुआ तार। २ तन्द्रा, ऊँघाई झँप।

तन्त्रिका (सं॰ स्त्री॰) तन्त्री एव स्वार्थे कन् पूर्वह्रस्वश्च। १ गुड़ुची, गुरुच। २ नस, तांत।

तन्त्रिप—तन्त्रि देखो।

तन्त्रित (सं॰ वि॰) तन्त्रा तन्द्रा जाता अस्य तारकादित्वादितच्। आलस्ययुक्त, आलसी।

तन्त्रिन्—तन्त्रिन देखो।

तन्त्रिग्राम—तंत्रिग्राम देखो।

तन्त्रिपालक (सं॰ पु॰) जयद्रथ राजा। (शब्दमाला)

तन्त्री (सं॰ स्त्री॰) तन्त्रयति मोचयति लोकान् तंत्र-ङीप्। १ वीणागुण, वीन सितार आदि बाजोंमें लगा हुआ तार। २ गुड़ुची, गुरुच। ३ देहशिरा, शरीरकी नस। ४ नाड़ी। ५ नदीभेद, एक नदीका नाम। ६ युवतीभेद, एक जवान औरत। ७ रज्जु, रस्सी। ८ वह बाजा जिसमें बजानेके लिये तार लगे हों। ९ कर्णपालीगत रोगविशेष। १० मेंहदी छिपली। (पु॰) ११ बाजा बजानेवाला। १२ गवैया, वह जो गाता हो। (वि॰) १३ आलस्ययुक्त, आलसी। १४ अधीन।

तन्त्रीमुख (सं॰ पु॰) हस्तका अवस्थाभेद, हाथकी एक मुद्रा।

तन्त्वग्र (सं॰ क्लो॰) तन्तूनां अग्रं, ६-तत्। सूतका अग्र-भाग, सूतेका अगला हिस्सा।

तन्दो (सं॰ अव्य॰) स्वीकार, अङ्गीकार, मंजूरी।

तन्दो—हैद्राबाद जिलेका एक उपविभाग। इसमें गुनी, बदीन, तन्दोबागो, डेरा मद्दावल ये चार तालुका लगते हैं।

तन्दो अलाहियर—१ हैद्राबाद जिलेका एक तालुक। यह अक्षा॰ २५°७′ और २५° ४८′ उ॰ और देशा॰ ६८° ३५′ और ६८°२′ पू॰ पर अवस्थित है। जनसंख्या ८७८८०-के लगभग है। इसमें ३ शहर और १०७ ग्राम लगते हैं। बाजरा और तमाकू यहाँ प्रधानतया उपजते हैं। क्षेत्रफल प्रायः ६८० वर्गमील है।

२ उक्त तालुकका शहर। यह जोधपुर-बीकानेर रेलवेकी हैद्राबाद बदीनवाली शाखा पर अक्षा॰ २५°२७′ उ॰ और देशा॰ ६८°४६′ पू॰ में अवस्थित है। लोकसंख्या ४१२४ के लगभग है। यहाँ चीनी, शाली, रेशम, कपड़ा, रुई और तेलका व्यवसाय चलता है। यह १७९० ईस्वीमें अलाहियार खानपुर राज्यके प्रथम राजपुत्रने बसाया था। यहाँका किला देखने लायक है। १८५६ ईस्वीमें म्युनिसपलिटी स्थापित हुई थी। यहाँ तीन लड़कोंके स्कूल, एक लड़कियोंकी पाठशाला, एक रुईकी जीन, एक कपास ओटनेका पेंच और एक अस्पताल है।

तन्दो आदम—(आदमजो) तन्दो हैद्राबाद जिलेके तन्दो अलाहियर तालुकका एक शहर। यह अक्षा॰ २५°४६′ उ॰ और देशा॰ ६८°४२′ पू॰पर अवस्थित है। यहाँ हो कर नार्थ वेष्टर्न रेलपथ गया है। इसको सन् १८०० ई॰में आदमखाँ मरीने अपने नाम पर बसाया था। जनसंख्या ८६६४ है। रेशम, रुई, तेल, चीनी और घीका अच्छा व्यापार होता है। यहाँ १८६० ई॰में म्युनिसपलिटीकी स्थापना हुई थी। यहाँ तीन रुईके जीन, पाँच स्कूल और एक अस्पताल है।

तन्दोबागो—हैद्राबाद जिलेका एक तालुक। यह अक्षा॰ २४°३५′ और २५°२′ उ॰ और देशा॰ ६८°४६′ एवं ६८° २२′ पू॰के बीच अवस्थित है। लोकसंख्या ७४८७१के लगभग है। इसमें १४१ ग्राम लगते हैं। नहरोंके पानीसे जमीन सींची जाती है और चावल, रुई, ईख और यव अधिक उत्पन्न होते हैं। इसका क्षेत्रफल प्रायः ६८७ वर्गमील है

तन्दो मस्तीखाँ—बम्बईके अन्तर्गत खैरपुर राज्यका एक शहर। यह अक्षा॰ २७°२६′ उ॰ और देशा॰ ६८°४२ पू॰ पर खैरपुर शहरसे १२ मील दक्षिणमें अवस्थित है। हैदराबादसे रोहरी तककी प्रधान सड़क इसी शहरसे हो कर गई है। लोकसंख्या प्रायः ६४६५ है। १८०१ ई॰में खाटेरो मस्तीखाँने यह शहर बसाया था। कोटिगरका भग्नावशेष अब भी शहरके दक्षिणमें देखा जाता है। कहते हैं, कि एक समय यहाँ बहुत सत्पुरुषोंका वास था। पश्चिममें शाहजरी और कमलशाही और शेख मर्कका मसजिदें हैं।

तन्दो महम्मदखाँ—बम्बईके हैदराबाद जिलेके अन्तर्गत गुनी तालुकका शहर। यह अक्षा॰ २५°८′ उ॰ और देशा॰ ६८°३२′ पर फुलेली नहरके दाहिने किनारे तथा हैदराबाद शहरसे २१ मील दक्षिणमें अवस्थित है। लोकसंख्या लग-

मंग ४६३५ है। सहायक कलक्टरके रहनेके कारण यहां छोटी अदालत तथा कई एक सरकारी मकान हैं। १८५६ ई०में यहां म्युनिसपालिटी स्थापित हुई है। दूसरे दूसरे देशोंसे चावल तथा दूसरे प्रकारके अनाज, रेशम, धातु, तमाकू, रंग, चीनके कपड़े और औषधकी आमदनी तथा यहांसे ज्वार, बाजरे, चावल, तथा तमाकूकी रफतनी होती है। शहरमें तांबे, लोहे तथा मट्टीके बरतन, रेशम, कम्बल, सूता, कपड़े, जूते देशी शराब तथा लकड़ोकी अच्छी अच्छी चीजें प्रस्तुत होती हैं। प्रवाद है कि, मीर मुहम्मद-तालपुर शाहजादेने इस शहरको बसाया था, जिनको मृत्यु १८१३ ई०में हुई। यहां एक औषधालय और तीन स्कूल हैं।

तन्द्र (सं० क्ली०) तन्द्र-घञ्। पंक्तिच्छन्दः, एक प्रकारका छन्द।

तन्द्रयु (सं० त्रि०) तन्द्रां आलस्यं याति या-कु पृषो० साधुः। आलस्ययुक्त, आलसी।

तन्द्रवाप (सं०पु०) तन्त्रवाप पृषो० साधुः। तन्त्रवाय, तांती। तन्त्रवाय देखो।

तन्द्रवाय (सं० पु०) तन्त्रवाय पृषो० साधुः। तन्त्रवाय देखो।

तन्द्रा (सं० स्त्री०) तत् द्रातीति तत् द्रा-क, वा तन्द्र अव-सादे तन्द्र-घञ्, ततटाप्। १ निद्राविशेष, ऊंघाई, ऊंघ। २ आलस्य, सुस्ती। इसका संस्कृत पर्याय—प्रमीला, तन्द्री, तन्द्रि, तन्द्रिका और विषयाज्ञान है।

इसमें मनुष्यको व्याकुलता बहुत होती, इन्द्रियोंका ज्ञान नहीं रह जाता, मुखसे वचन नहीं निकल सकता तथा बार बार जंभाई आती रहती है। यही तन्द्राका प्रकट लक्षण है। चरकसंहितामें इसका लक्षण इस प्रकार लिखा है। मधुर, स्निग्ध, गुरु और अन्नसेवन, चिन्तन, भय शोक और व्याध्यानुषङ्ग (रोगाक्रान्त)के लिये कफ वायु प्रेरित होकर हृदयको आश्रय करके हृदय-स्थित ज्ञानको आच्छादन करती है, उससे तन्द्रा उपस्थित होती है। इस तन्द्राके उपस्थित होने पर हृदयमें व्याकुलीभाव, वाक्य, चेष्टा और इन्द्रियोंको गुरुता, मन और बुद्धिको अप्रसन्नता उत्पन्न होती है। निद्रा और तन्द्रा इन दोनोंमें प्रभेद यह है कि निद्रामें जागरित होनेसे क्लान्ति मालूम पड़ती और तन्द्रामें जागरित होनेसे क्लान्ति मालूम पड़ती है। कफनाशक वस्तु और कटुतिक्त भक्षण अथवा व्यायाम और रक्तमोक्षण करनेसे तन्द्रा दूर होती है।

तन्द्रा सुखकी भार्या, निद्रा कन्या और प्रीति भगिनी है। (शब्दार्थचि०)

तन्द्रालु (सं० त्रि०) तन्द्रा-आलुच्। स्पृहि गृहीति। पा ३।२।१५८। आलस्ययुक्त, आलसी।

तन्द्रि (सं० स्त्री०) तदिसौत्री धातु क्रिन्। वहकहयस्वउ॰ ४।६६। अल्पनिद्रा, ऊंघाई, ऊंघ।

तन्द्रिकसन्निपात (सं० पु०) एक प्रकारका सन्निपात-ज्वर। इसमें ऊंघाई अधिक आती, ज्वर वेगसे चढ़ जाता, प्यास अधिक लगती जीभ काली हो कर खुरदरी हो जाती, दम फूल जाता, दस्त अधिक होता, जलन नहीं होती और कानमें दर्द रहता है। यह ज्वर सिर्फ २५ दिन तक रहता है।

तन्द्रिका (सं० स्त्री०) तन्द्रिरेव स्वार्थे कन् टाप् च। तन्द्रि, अल्पनिद्रा, ऊंघाई, ऊंघ।

तन्द्रिज (सं० पु०) यदुवंशीय कनवक राजाके पुत्र। (हरिवंश ६५ अ०)

तन्द्रित—तन्द्रित देखो।

तन्द्रिता (सं० स्त्री०) तन्द्रिणो भावः तन्द्रि-तल्-टाप्। निद्रातुता, आलस्य।

तन्द्रिपाल (सं० पु०) यदुवंशीय कनवक राजाके एक पुत्रका नाम।

तन्द्री (सं० स्त्री०) तन्द्रि-ङीप्। १ तन्द्रा, ऊंघ। २ भ्रकुटी, भौंह।

तन्न (सं० अव्य०) तत्-न। वह नहीं।

तन्ना (हिं० पु०) १ बुनाईमें तानेका सूत जो लम्बाईमें ताना जाता है। २ ऐसा पदार्थ जिस पर कोई चीज तानी जाती है।

तनि (सं० स्त्री०) तनवति मी बाहुलकात् डि। १ अश्व-कुण्डा, पिठवन। २ कासमारकी चन्द्रतुल्या मठोका नाम।

तन्निबन्धन (सं० क्ली०) तत् निबन्धनं, कर्मधा०। उसी-लिये।

तन्निमित्त—तदर्थ, उसके लिये।

तन्नी (हिं० स्त्री०) १ एक प्रकारकी बैंकुली। इसमें

मोहेका मैल घुरघते हैं। २ एक प्रकारका रस्सा जो जहाजके मस्तूलको जड़में बंधा रहता है। इसको सहायतासे पाल आदि चढ़ाते हैं। ३ तराजूमें कांटोंको रस्सी, जोती। (पु०) ४ व्यापारी जहाजका एक अफसर जिसके हाथ व्यापार सम्बन्धी कार्योंका इन्तजाम रहता है। ५ तानी देखो।

तन्मतता (सं० स्त्री०) तस्य मतं, ६-तत्, तन्मत-तल्-टाप्। उसी तरह, वैसा ही।

तन्मध्य (सं० क्ली०) तस्य मध्यं, ६-तत्। उसमें।

तन्मध्यस्थ (सं० त्रि०) तन्मध्ये तिष्ठति स्था-क। तन्मध्यवर्ती, उसके मध्यका, उसमेंके।

तन्मनोहराङ्गनिरीक्षण (सं० क्ली०) जैनशास्त्रानुसार ब्रह्मचर्य-व्रतका एक अतिचारदोष। ब्रह्मचारी अथवा स्वदार-सन्तोष-व्रतवाले श्रावकको स्त्रियोंके मनोहर अंगोंको न देखना चाहिये। यदि वह ऐसा करे तो उसे उक्त दोष लगता है। जैनधर्म देखो।

तन्मय (सं० त्रि०) तदात्मकं तद्-मयट्। दत्तचित्त, तदात्मक चित्त, लवलीन, लीन, लगा हुआ।

तन्मयता (सं० स्त्री०) निमग्नता, एकाग्रता, लीनता।

तन्मयासक्ति (सं० स्त्री०) भगवान्में दत्तचित्त हो जाना।

तन्मात्र (सं० क्ली०) तदेव पदार्थं मात्रच् वा वा मात्रा यस्य, बहुव्री०। सांख्यमतानुसार सूक्ष्म अमिश्र पञ्चभूत; शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध। सत्त्व, रज और तमोगुणात्मिका प्रकृतियोंसे महत्तत्त्व उत्पन्न होता है। महत्तत्त्वका अपर पर्याय है—बुद्धितत्त्व।

उस त्रिगुणात्मक महत्तत्त्वसे त्रिगुणान्वित अहङ्कार उत्पन्न होता है। यह अहङ्कार भी तीन प्रकारका है—सात्त्विक अहङ्कार, राजस अहङ्कार और तामस अहङ्कार।

राजस अहङ्कारके साथ सात्त्विक अहङ्कारसेसे एकादश इन्द्रियां तथा तामस अहङ्कार और राजस अहङ्कारके संयोगसे पञ्चतन्मात्रोंकी उत्पत्ति होती है और अन्य सात्त्विक सम्बन्ध होनेसे उसका लिङ्ग उत्पन्न होता है; लिङ्ग अर्थात् अनुद्भूत स्वभाव बाह्येन्द्रियके अग्राह्य मोक्षादि लिङ्ग।

शब्दादि पञ्चतन्मात्र योगिग्राह्य हैं, वे मात्राएं जिनसे इस व्युत्पत्तिके अनुसार तन्मात्र शब्द निष्पन्न हुए हैं, अर्थात् जो स्वयं अवयवरूपसे पर समस्त पदार्थोंमें व्याप्त हैं, उनको तन्मात्र कहते हैं। ये तन्मात्र, ५ हैं—शब्द-तन्मात्र, स्पर्शतन्मात्र, रूपतन्मात्र, रसतन्मात्र और गन्ध-तन्मात्र।

इन पांच तन्मात्रोंसे क्रमशः आकाश, वायु, तेज, जल और क्षिति ये पांच महाभूत उत्पन्न होते हैं। इन आकाशादि पञ्च महाभूतोंमें उत्तरोत्तर एक एक तन्मात्र-की क्रमशः वृद्धि होती है। जो जिससे उत्पन्न होता है, वह उसके गुणोंको पाता है, इस न्यायके अनुसार शब्द तन्मात्रसे शब्दगुण आकाश, शब्द-तन्मात्रसंयुक्त स्पर्श-तन्मात्रसे शब्द स्पर्श-गुण वायु, शब्दस्पर्श-तन्मात्र संयुक्त रूपतन्मात्रसे शब्द-स्पर्श-रूप गुण तेज, शब्दस्पर्शरूप-तन्मात्र-युक्त रसतन्मात्रसे शब्द, स्पर्श, रूप और रसगुण अप्, तथा शब्द, स्पर्श, रूप और रसतन्मात्रके साथ गन्धतन्मात्रसे शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध-गुण पृथिवी उत्पन्न हुआ करती है।

शब्द स्पर्शादि पांच तन्मात्र स्थूलताको प्राप्त हो कर यथाक्रमसे विशिष्ट भावापन्न होते हैं।

ये पञ्चतन्मात्र सुखदुःख और मोहात्मक अहङ्कारसे उत्पन्न हुए हैं, इसलिए कहना होगा कि, इन पांच तन्मात्रके सुख-दुःख और मोह ये तीन धर्म हैं अर्थात् शब्द तन्मात्र आदि क्रमशः सुख दुःख और मोहादि रूप धर्म-विशिष्ट होनेके कारण अनुभवयोग्य होते हैं। अतएव इस जगह समझना होगा कि, जो अविशिष्ट भावापन्न पञ्चतन्मात्रका सूक्ष्मत्व हेतु है, उसका सुख दुःखादि रूप द्वारा विशेषरूपसे अनुभव नहीं किया जा सकता। जैसे—किसी सुललित शब्दका सुन कर सुख और विकृत शब्द सुन कर दुःखका अनुभव होता है, तथा यदि वह सुललित और विकृत शब्द अति सूक्ष्मभावसे होता तो, सुननेमें नहीं आता, सुतरां उनमें सुख या दुःख कुछ भी नहीं होता। महत्, अहङ्कार और पञ्चतन्मात्र इन सात इन्द्रियां और भूतके कारणत्वके कारण दार्शनिकोंने इनको प्रकृति कहा है। गीतामें मनको शामिल करके ८ प्रकृति कही गई हैं। (गीता ७।४)

मूल प्रकृतिमें कोई कारण नहीं है, इसलिए उसको प्रकृति कहना दार्शनिकोंका अभिप्रेत है।

परन्तु महत् अहङ्कार और पञ्चतन्मात्र, इन सातों को प्रकृतिका कार्य समझना चाहिये।

प्रकृति स्वयं ही कारण है, इसका पृथक् कोई कारण नहीं है। महत्, अहङ्कार और पञ्चतन्मात्र, ये सभी कार्य हैं। (सांख्यद०)

विशेष विवरण प्रकृति शब्दमें देखो।

तन्मात्रता (सं० स्त्री०) तन्मात्रस्य भावः तन्मात्र-तल् टाप्। तन्मात्रत्व। तन्मात्र देखो।

तन्मात्रिक (सं० त्रि०) तन्मात्र सम्बन्धीय।

तन्यता—तन्यतु देखो।

तन्यतु (सं० पु०) तनोति विस्तारयति तन-यतुच्। १ वायु, हवा। २ रात्रि, रात। ३ वाद्य-सङ्गीतयन्त्रविशेष, प्राचीन कालका एक प्रकारका बाजा। ४ गर्जन, गरजना। ५ अशनि, वज्र, बिजली। ६ पर्जन्य, गरजता हुआ बादल।

तन्व (सं० त्रि०) तन-क्युन्। १ अनादेश, उपदेशका अभाव। (पु०) २ वायु, हवा।

तन्वि—काश्मीरकी चन्द्रकुल्या नदीका एक नाम।

तन्वी (सं० स्त्री०) तनु-ङीप्। १ कृशाङ्गी, वह स्त्री जिसके अङ्ग कृश और कोमल हों। २ शालपर्णी। ३ श्रीकृष्णकी एक स्त्रीका नाम। (हरिवंश ११८ अ०) ४ छन्दोविशेष, एक छन्दका नाम। इसके प्रत्येक चरणमें २४ वर्ण रहते हैं तथा १।४।५।१२।१३।१६।२३ और २४ अक्षर गुरु होता है। तथा ५वें, १२वें और २४वें अक्षर पर विराम लेना पड़ता है।

तप (सं० पु०) तप-अच्। १ ग्रीष्म, ज्येष्ठ और आषाढ़ मास। २ तपस्या। ३ ज्वर, बुखार।

तप आचार (सं० पु०) तपका आचरण करना, उसकी प्रभावना करना, आदि सब तप आचारके ही भेद हैं। तपस् देखो।

तपःकर (सं० त्रि०) तपः करोति क-ट। १ तपस्याकारी, जो तपस्या करता है। (पु०) २ तपस्विमत्स्य, तपसी मछली।

तपःक्षय (सं० त्रि०) तपसा क्षयं, ३-तत्। तपसे क्षीण।

तपःक्लेशसह (सं० त्रि०) तपसः क्लेशं सहते सह-अच्। इन्द्रिय-संयमादिकारक तपस्वी, जो तपस्यामें होनेवाले कष्टको सहन कर सकता है।

तपःप्रभाव (सं० पु०) तपसः प्रभावः, ६-तत्। तपस्याका प्रभाव।

तपःशील (सं० त्रि०) तपः एव शीलं स्वभावो यस्य, बहुव्री०। तपस्यापरायण, तपस्यामें लीन।

तपःसाध्य (त्रि० पु०) तपसा साध्यः, ३-तत्। तपस्या द्वारा साधनीय, तपस्यासे साधन करने योग्य।

तपःसिद्ध (सं० त्रि०) तपसा सिद्ध, ३ तत्। तपस्या द्वारा सिद्ध, जिसने तपस्या करके सिद्धि लाभ की है।

तपकना (हिं० क्रि०) १ उछलना, धड़कना। २ टपकना देखो।

तपचाक (हिं० पु०) एक प्रकारका तुर्की घोड़ा।

तपड़ी (हिं० स्त्री०) १ ढूह, छोटा टीला। २ झाड़के आकारमें होनेवाला एक प्रकारका फल। पकने पर यह पीलापन लिये लाल रंगका हो जाता है।

तपती (सं० स्त्री०) १ सूर्यकी कन्या। यह सूर्यकी पत्नी छायाके गर्भसे उत्पन्न हुई थीं, बहुत रूपवती थीं। कुरुवंशीय क्षत्र-राजपुत्र संवरण सूर्यके अच्छे भक्त थे। उनको शुश्रूषासे तुष्ट हो कर सूर्यदेवने तपतीको उन्हींके साथ विवाह कर दिया था। (भारत १।१७१अ०) २ नदीविशेष, एक नदीका नाम। यह नदी दाक्षिणात्य-प्रदेशमें सह्याद्रि पर्वतसे निकल कर पश्चिममुखसे अरब समुद्रमें गिरी है। यह नदी कोङ्कण देशकी उत्तरीय सीमा है। तापी देखो।

तपन (सं० पु०) तपतीति तप कर्त्तरि ल्यु। १ सूर्य। २ भल्लातक वृक्ष, भिलावेंका पेड़। ३ अर्कवृक्ष, मदार, आक। ४ ग्रीष्मकाल, गरमीका समय। ५ अन्यादिसे दाहयुक्त नरकविशेष, एक प्रकारका नरक जिसमें जानेसे शरीर जल जाता है। ६ क्षुद्राग्निमन्थ वृक्ष, अरनीका पेड़। ७ सूर्यकान्तमणि, सूरजमुखी। ८ साहित्यदर्पणोक्त स्त्रियोंके यौवन कालमें सत्वजात अलङ्कारभेद, वह क्रिया या हाव भाव आदि जो नायकके वियोगमें नायिका करती है। ९ अग्निभेद, एक प्रकारकी अग्नि। (पु०) १० शिव, महादेव। ११ ताप, जलन, दाह, आँच। १२ धूप।

१३ जैनशास्त्रानुसार विद्युत्प्रभ नामक गजदन्तके नवकूटोंमेंसे एक। (त्रिलोकसार ७४०, ७४८ गाथा)

तपनक (सं० पु०) शालिधान्य भेद, एक प्रकारका धान।

तपस्यामत्स्य (सं० पु०-स्त्री०) मत्स्यभेद, एक मछली। इसके पर्याय—तपःकर, वेटक और वेट।

तपस्वत् (सं० त्रि०) तपस् मतुप् मस्य व। तपस्वी।

तपस्विता (सं० स्त्री०) तपस्विनो भावः तपस्विन्-तल्-टाप्। तपस्वित्व तपस्वी होनेकी अवस्था।

तपस्विन् (सं० त्रि०) तपो विद्यतेऽस्य तपस्-विनि। अस्मायामेधास्रजो विनिः। पा ५।२।१२१। १ तपोयुक्त, तपस्या करनेवाला। इसके पर्याय तापस, पारिकाङ्क्षी, पारकाङ्क्षी और तपोधन है।

स्वाध्यायरूप तप, समयरूप तप तथा मनके साथ इन्द्रियोंका एकाग्रतारूप तप, इन तीन प्रकारके तपस्याविशिष्टको तपस्वी कहते हैं। विधिपूर्वक वेदादि अध्ययनके समय यथाशास्त्र नियमादि पालन और मनके साथ इन्द्रियोंकी एकाग्रता अर्थात् स्थिरत्व सम्पादन नहीं करनेसे तपस्वी नहीं कहला सकता है।

जिनमें धर्मित्व, नियमित्व और धैर्यिकत्व ये तीन गुण विद्यमान हैं, वे ही प्रकृत तपस्वी हैं। जिन्होंने संसार-आश्रम परित्याग कर अरण्य वास किया है और वहीं तन-मनसे देवताकी आराधना करते हैं, वे भी तपस्वी कहलाते हैं।

इस संसारमें मनुष्य दुर्निवार इन्द्रियगणमें आसक्त हो कर कभी न कभी अवसन्न हो जाते हैं। बुद्धिमान् मनुष्य जन्म, मृत्यु, जरा, व्याधि और मानसिक क्लेशसे संसारको असार समझ कर तपस्याके लिये यत्नशील हो जाते तथा वे कायमनोवाक्यसे पवित्र, अहङ्कारपरिशून्य और संसारमें निर्लिप्त हो कर भिक्षावृत्ति अवलम्बन करके तपस्याका अनुष्ठान किया करते हैं।

प्राणियोंके प्रति दया करनेसे उनमें अनुराग उत्पन्न हो सकता है; इसलिये प्राणियों पर उपेक्षा दर्शाना तपस्वियोंको उचित है। शुभकर्मका अनुष्ठान करके यदि उन्हें दुःख भोग करना पड़े तो वे विरत नहीं होते। तपस्वी अहिंसा, सत्यवाक्य, भूतानुकम्पा, क्षमा और सावधानता अवलम्बन किया करते हैं।

वे अपक्षिप्तचित्तसे समस्त प्राणियोंके प्रति समान दृष्टिसे देखते हैं। दूसरोंकी अनिष्टचिन्ता, असभ्य स्पृहा और भविष्य या भूत विषयके अनुष्ठानसे सर्वदा विरत रहते हैं। वे क्रमिक यत्नसे तपस्याके फल आसायुर्में प्रविष्ट होते हैं। उनके वेदशास्त्रानुशीलनके प्रभावसे ज्ञान प्रवर्धित होते रहते हैं। वे अविचलितचित्तसे हिंसा, अपवाद, शठता, परुषता, क्रूरतापरिशून्य और परिमित सत्यवाक्य प्रयोग किया करते हैं। तपस्वी संसारके भयसे भीत हो कर राजसिक और तामसिक कार्य परित्याग करके संसारकी यन्त्रणा अर्थात् जन्म, मृत्यु, जरा और व्याधिके फंदेसे विमुक्त होते हैं। वे शोतस्पृह, परिग्रहपरिशून्य, निर्जनविहारी, अल्पाहारनिरत और जितेन्द्रिय होते हैं। जो तपस्याके प्रभावसे समस्त क्लेशको निवारण कर योगानुष्ठानमें एकान्त अनुराग दिखलाते हैं, वे निरत हो अपने यथोक्त चित्तके प्रभावसे परमगति पानेमें समर्थ होते हैं। बुद्धिमान् मनुष्य अपने बुद्धिवृत्तिको निग्रहीत कर पीछे उसी धीशक्तिके प्रभावसे मनको तथा मनःप्रभावसे शब्दादि इन्द्रियविषय समूहको निग्रहीत करते हैं। जितेन्द्रिय हो कर चित्तको वशीभूत करनेसे सब इन्द्रियां प्रसन्न हो बुद्धितत्त्वमें लीन हो जाती हैं। इन्द्रियोंके साथ मनकी एकता सम्पादित होनेसे ही तपस्याका फल ब्रह्मज्ञान उत्पन्न होता तथा उसी समय मनमें ब्रह्मभाव आ जाता है।

तपस्वीगण विशुद्धवृत्ति अवलम्बन कर तण्डुलकण, सुपक्वमाष, शाक, उदुम्बर, यवकणचूर्ण, शक्तु और फलमूल प्रभृति भिक्षालब्धद्रव्य भक्षण करके जीवनधारण करते हैं।

तपस्याका कार्य आरम्भ होनेसे उसमें व्याघात करना कर्तव्य नहीं है। अग्निकी नाईं क्रमशः उसको उत्तेजना करना ही विधेय है। ऐसा होनेसे धीरे धीरे सूर्यकी नाईं तपस्याका फल ब्रह्मज्ञान प्रकाशित हुआ करता है। प्राणानुगत अज्ञान, जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति इन तीनों अवस्थाओंमें ही मनुष्यको अभिभूत करता और बुद्धिवृत्तिके अनुगत ज्ञान और अज्ञान द्वारा उपहत (नष्ट) हुआ करता है। मनुष्य जब तक अवस्थात्रयातीत परमात्माको उन तीन अवस्थायुक्त कह कर समझते हैं, तब तक उन्हें कुछ भी समझमें नहीं आ सकता। फिर जब तपस्याके प्रभावसे पृथक्त्व और अपृथक्त्वका विषय समझमें आ जाता है, तब उनकी स्पृहा सदाके लिये दूर

हो जाती है तथा उस समय तपस्वी तपस्याके प्रभावसे जरा और मृत्युको पराजय कर परमपदके अधिकारी होते हैं। विशेष विवरण योगिन् शब्दमें देखो। २ अनुकम्पाके योग्य, दया करने योग्य। ३ दीन, दुखिया। ४ तपस्यामत्स्य, तपसी मछली। ५ इतकरञ्जवृक्ष, घीकुंवार। ६ नारद। ७ चौथे मन्वन्तरके कश्यपात्मज ऋषिका नाम। तामसोमूर्ति देखो। ८ भागवतके अनुसार बारहवें मन्वन्तरके सप्तर्षि। तपोमूर्ति देखो। ९ ढिङ्गुपत्र। १० दमनकवृक्ष दौनेका पेड़।

तपस्विनी (सं॰ स्त्री॰) तपस्विन् स्त्रियां ङीप्। १ तपोयुक्ता, तपस्या करनेवाली स्त्री। २ जटामांसी। ३ कटुरोहिणी, कुटकी। ४ महाश्रावणिका, बड़ी गोरखमुण्डी। ५ दीना, दुःखिता, दीन और दुखिया स्त्री। ६ पतिव्रता, सती स्त्री। ७ वह स्त्री जो अपने पतिकी मृत्यु पर केवल अपनी सन्तानके पालन करनेके लिये सती न हो और कष्टपूर्वक अपना जीवन बितावे। ८ तपस्वीकी स्त्री। ९ मुण्डीरी, गोरखमुण्डी। १० जिङ्गिणी, जिगिनका पेड़।

तपस्विपत्र (सं॰ पु॰) तपस्विप्रियं पत्रं यस्य, बहुव्री॰। दमनकवृक्ष, दौनेका पेड़।

तपा (सं॰ पु॰) १ ग्रीष्म ऋतु। २ माघ मास।

तपाक (फा॰ पु॰) १ आवेग, जोश। २ वेग, तेजी।

तपागच्छ (सं॰ पु॰) श्वेताम्बर जैन साधुओंका एक संघ। जैनसम्प्रदाय देखो।

तपात्यय (सं॰ पु॰) तपस्य ग्रीष्मस्य अत्ययो यत्र, बहुव्री॰। १ वर्षाकाल, बरसात। तपस्य अत्ययः, ६-तत्। ग्रीष्मावसान, गरमी ऋतुकी समाप्ति।

तपानल (सं॰ पु॰) तपसे उत्पन्न तेज।

तपाना (हिं॰ क्रि॰) १ तप्त करना, गरम करना। २ दुःख देना, क्लेश देना।

तपान्त (सं॰ पु॰) तपस्य अन्तो यत्र, बहुव्री॰। १ वर्षाकाल। तपस्य अन्तः, ६-तत्। २ ग्रीष्मावसान, गरम ऋतुका अन्त।

तपाव (हिं॰ पु॰) ताप, गरमाहट।

तपावन्त (हिं॰ पु॰) तपस्वी, तपसी।

तपित (सं॰ त्रि॰) तप-दाहे क्त। तप्त, उष्ण, गरम।

तपित (सं॰ पु॰) जैनशास्त्रानुसार बालुकाप्रभा नामक तीसरी नरकभूमिमें नारकियोंके रहनेके जो बिलस्थान हैं उनमें ८ इन्द्रकबिल कहे जाते हैं। तपित दूसरे इन्द्रकबिलका नाम है।

तपिया (हिं॰ पु॰) मध्यभारत, बङ्गाल तथा आसाममें होनेवाला एक प्रकारका वृक्ष। इसके छिलके और पत्ते दवाके काममें आते हैं। इसका दूसरा नाम बिरमो है।

तपिश (फा॰ स्त्री॰) तपन, गरमी, आंच।

तपिष्ठ (सं॰ त्रि॰) अतिशयेन तप्ता तप्तृ-इष्ठन् तृणोलोपः। १ अत्यन्त तापक, अधिक गरम। २ अत्यन्त तप्त, अधिक तपा हुआ।

तपिष्णु (सं॰ त्रि॰) तप-इष्णुच्। तपकारी, जलन देनेवाला।

तपी (हिं॰ पु॰) १ तापस, तपसी, ऋषि। २ सूर्य।

तपीयस् (सं॰ त्रि॰) अतिशयेन तप्ता तप्तृ-ईयसुन्, तृणोलोपः। १ अत्यन्त तापकारी, अधिक गरमी देनेवाला। २ अत्यन्त तपस्याकारक, कठिन तप करनेवाला।

तपु (सं॰ त्रि॰) तप-उन्। १ तापक, ताप उत्पन्न करनेवाला। २ तापयुक्त, जिसमें अधिक गरमी हो। ३ तप्त, उष्ण, गरम। (पु॰) ४ अग्नि, आग। ५ रवि, सूर्य। ६ शत्रु, दुश्मन।

तपुरग्र (सं॰ त्रि॰) अग्रभाग उष्णतायुक्त, जिसका अगला भाग बहुत गरम हो।

तपुर्जम्भ (सं॰ पु॰) अग्नि, आग।

तपुर्मूर्द्धन् (सं॰ पु॰) जिसका मस्तक उत्तप्त हो, अग्नि।

तपुर्वध (सं॰ त्रि॰) उत्तम अस्त्रयुक्त, गरम हथियार।

तपुषि (सं॰ त्रि॰) तप-उसिन् वेदे नञ्जारस्य-इत्। तापक, गरम करनेवाला।

तपुषी (सं॰ स्त्री॰) तपुषि स्त्रियां ङीष्। क्रोध, गुस्सा।

तपुष्पा (सं॰ त्रि॰) ज्वालामें रखा, आगमें तपाया।

तपुस् (सं॰ पु॰) तपति तापयति वा तप-उसि। अर्त्तिपृवपीति। उण् २।११८। १ रवि, सूर्य। २ अग्नि, आग। ३ तापयुक्त, वह जिसमें अधिक गरमी हो। ४ तपन, जलन, आंच। (क्ली॰) ५ तपनशील, तपानेवाला।

तपोज (सं॰ त्रि॰) तपसः तपस्यातः अग्नेर्वा जायते जन-ड। १ तपस्याजात, जो तपस्यासे उत्पन्न हुआ हो। २ अग्निजात, जो अग्निसे उत्पन्न हुआ हो।

तपोजा (सं॰ स्त्री॰) तपोज-टाप्। जल, पानी। तपस्या-को अग्निसे अप् (जल) उत्पन्न होता है। उसमें अग्निसे धूम, धूमसे अभ्र (मेघ) और मेघसे वृष्टि होती है। इसीलिये वृष्टि तपस्यासे उत्पन्न होनेके कारण इसका नाम तपोजा हुआ है।

तपोड़ी (हिं॰ स्त्री॰) काठका एक बरतन।

तपोद (सं॰ पु॰) मगधका एक तीर्थ।

तपोदान (सं॰ क्ली॰) तप इव दानं यत्र, बहुव्री॰। तीर्थभेद, पुण्य-तीर्थमें तपोदान एक प्रधान तीर्थ माना गया है। (भारत १३।८२ अ॰) तीर्थ देखो।

तपोधन (सं॰ त्रि॰) तपोधनं यस्य, बहुव्री॰। १ तपोरत, तपस्वी। तपोधन मन, वाक्य और काय द्वारा जो कुछ पाप करते, वे तपस्यासे नाश हो जाते हैं। (क्ली॰) २ तप एव धनं, कर्मधा॰। २ तपोरूप धन, तपस्या ही जिसका एक मात्र धन हो। तपः धनं मूल्यं यस्य। ३ तपस्या द्वारा पाने योग्य स्वर्गादि। ४ दमनकवृक्ष, दौने का पेड़।

तपोधन—गुजराती ब्राह्मणोंकी जातिका एक भेद। ताप्ती नदीके तीरवर्ती देशोंमें ये अधिक संख्यामें पाये जाते हैं। प्राचीन कालमें इस वंशके लोग बड़े तपस्वी थे, यहां तक कि तपस्याको ही अपना सर्वस्व समझते थे और लौकिक धनकी इच्छा न रख करके तपरूपी धनको एक-त्रित करनेवाले थे। इसी कारण इन्हें तपोधनकी उपाधि मिली थी। आज कल ये नाम मात्रके तपोधन रह गये हैं।

तपोधना (सं॰ स्त्री॰) तपोधन-टाप्। मुण्डीरीवृक्ष, गोरखमुण्डी।

तपोधर्म (सं॰ पु॰) तपः एव धर्मो यस्य, बहुव्री॰। १ तपस्या ही जिसका धर्म है, तपस्वी। तपसो धर्मः, ६-तत्। २ तपस्याका धर्म। ३ ग्रीष्मकालका धर्म।

तपोधृत (सं॰ पु॰) तपसि धृतः मनीषो यस्य, बहुव्री॰। १ तपोरत, तपस्वी। २ महर्षिभेद, बारहवें मन्वन्तर और सावर्णिके सप्तर्षियोंमेंसे एक ऋषि।

तपोनिधि (सं॰ पु॰) तप एव निधिः धनं यस्य, बहुव्री॰। तपोनिरत, तपस्वी।

तपोनिष्ठ (सं॰ पु॰) तपसि निष्ठा यस्य, बहुव्री॰। तपो-रत, तपस्वी।

तपोभूमि (सं॰ स्त्री॰) तप करनेका स्थान, तपोवन।

तपोभृत् (सं॰ त्रि॰) तपो बिभर्त्ति तपः भृ-क्विप् तुक् च। तपोधारक, जो तपस्या धारण करते हैं।

तपोमय (सं॰ पु॰) तपःप्रचुरः तपः स्वरूपप्रकाशोऽस्य तदात्मको वा तपस् मयट्। १ तपः प्रचुर, अधिक तपस्या। २ परमेश्वर।

तपोमयी (सं॰ स्त्री॰) तपोमय-ङीप्। तपस्विनी, वह जिसने अधिक तपस्या की हो।

तपोमूर्ति (सं॰ पु॰) तपः ध्यानोपलक्षित एव मूर्त्ति-र्यस्य वा तपःप्रधाना मूर्तिर्यस्य, बहुव्री॰। १ परमेश्वर। २ तपस्वी। ३ महर्षिभेद, बारहवें मन्वन्तरके और सावर्णिके सप्तर्षियोंमेंसे एक। (हरिवं॰ ७ अ॰) मन्वन्तर देखो।

तपोमूल (सं॰ पु॰) तपो मूलं यस्य, बहुव्री॰। १ तपस्याके लिये स्वर्गादि। २ तामस मनुके एक पुत्रका नाम। तापस देखो।

तपोयुत (सं॰ त्रि॰) तपसा युक्त, ३ तत्। तपस्या द्वारा युक्त, तपस्यामें भरपूर।

तपोरति (सं॰ त्रि॰) तपसि रतिर्यस्य, बहुव्री॰। १ तपः परायण, जो तपस्यामें लीन हो। (पु॰) २ तामस मनुके एक पुत्रका नाम। तापस देखो।

तपोरवि (सं॰ पु॰) तपसा रविरिव। १ वह जो सूर्यके सदृश तेजस्वी हो। २ बारहवें मन्वन्तरके और सावर्णिके समयमें सप्तर्षियोंमेंसे एक ऋषिका नाम।

तपोराशि (सं॰ पु॰) महामुनि, बहुत बड़ा तपस्वी।

तपोलोक (सं॰ पु॰) तपोनाम लोकः, मध्यपदलोपि कर्मधा॰। ऊर्ध्वस्थित लोकविशेष, ऊपरके सात लोकों-मेंसे छठा लोक। यह लोक जनलोकसे आठ करोड़ योजन ऊपरमें अवस्थित है।

"चतुःकोटिप्रमाणं तु तपोलोकोऽपि भूतलात्।" (काशीख॰ २२।१०)

भू प्रभृति सात लोक ब्रह्मासे उत्पन्न हुए हैं। ब्रह्माके दोनों पैरसे भूर्लोक, नाभिसे भुवर्लोक, हृदयसे स्वर्लोक, वक्षःस्थलसे महर्लोक, गलेसे जनलोक, दोनों स्तनसे तपो-लोक और मस्तकसे सत्यलोक उत्पन्न हुआ है। ([illegible] ५।१९१-२) विशेष विवरण शास्त्रोंमें देखो।

तपोवट (सं॰ पु॰) तपसो वट-इव। ब्रह्मावर्त देश।

तपोवन (सं० क्लो०) तपसो वनं, ६-तत् । १ तापससेव्य वनविशेष, मुनियोंका आश्रयस्थान, वह एकान्त स्थान जहाँ मुनिगण कुटी बना कर तपस्या करते हैं । २ इसी नामका एक तीर्थ, वृन्दावनस्थित एक वन । यहाँ गोपकन्या कात्यायनी-व्रत करते हैं । इसके पासही चीरघाट है । (भक्तमाल) वृन्दावन देखो ।

तपोवल (सं० क्लो०) तपस· वलं, ६-तत् । तपस्याका बल, तपस्याका प्रभाव ।

तपोवृद्ध (सं० त्रि०) तपसा वृद्धः, ३-तत् । तपोज्येष्ठ, जो तपस्या द्वारा श्रेष्ठ हो ।

तपोद्युति (सं० पु०) १ सप्तर्षिभेद, तपसोमूर्तिका एक नाम । २ तामस मनुके एक पुत्रका नाम ।

तपस्य देखो ।

तपोनी (हिं० स्त्री०) १ ठगोंकी एक रसम । जब वे मुसाफिरोंको लूट मार कर उनका माल घर ले जाते हैं तब यह रसम की जाती है । इसमें वे मिल कर देवीकी पूजा करते और उन्हें गुड़ चढ़ा कर उसीका प्रसाद आपसमें बाँटते हैं ।

तप्त (सं० वि०) तप-क्त । १ दग्ध, तपा हुआ, जलता हुआ । २ तापयुक्त, जिसमें अधिक गरमी हो । ३ दुःखित, पीड़ित ।

तप्तक (सं० क्लो०) १ रौप्य, चाँदी । २ स्वर्णमाक्षिक ।

तप्तकाञ्चन (सं० क्लो०) तप्तं यत् काञ्चनं, कर्मधा० । अग्निसंयोगसे विमल काञ्चन, आगसे साफ किया हुआ सोना ।

तप्तकुण्ड (सं० पु०) प्राकृतिक उष्ण जलधारा, गरम पानीका सोता । पहाड़ों या मैदानोंमें कहीं कहीं गरम पानीके सोते मिलते हैं । इसका कारण यह है कि या तो पानी बहुत अधिक गहराईसे या भूगर्भके मध्यकी अग्निसे तप्त चट्टानों परसे होता हुआ आता है । ऐसे जलमें खनिज पदार्थ मिले रहनेके कारण इसमें स्नान करनेसे प्रायः रोग जाता रहता है । ऐसे गरम जलके सोते यूरोप और अमेरिकामें बहुत पाये जाते हैं । दूर दूरके मनुष्य उन्हें देखने तथा उनका जल पीनेके लिए वहाँ आते हैं और बहुतसे मनुष्य रोगसे छुटकारा पानेके लिये महीनों उनके किनारे रह जाते हैं । जल जितना हो गरम होगा उसमें उतना ही गुण अधिक होता है ।

तप्तकुम्भ (सं० पु०) तप्तः कुम्भो यत्र, बहुव्री० । नरकभेद, एक भयानक नरकका नाम । इसके चारों ओर गरम कड़ाहे हैं जिनमें लोहेका चूर्ण और तेल सदा खौलता रहता है । उन्हीं कड़ाहोंमें दुराचारियोंको मस्तक नीचेकी ओर करके यमके दूत फेंक दिया करते और गिद्ध उनके नेत्र, अस्थि इत्यादि उखाड़ उखाड़ उनमें डाल देते हैं । जब उनमें उनका प्रत्येक अङ्ग गल जाता है तो यमके दूत उसे करछी या चमचेसे घोंटते हैं ।

इस तरह आपत्तियुक्त महानरकमें दुष्कर्मकारी मनुष्य उन्मथित होते हुए अनेक प्रकारकी यन्त्रणा पाते हैं । (मार्कण्डेयपुराण) नरक देखो ।

तप्तकृच्छ्र (सं० पु०-क्ली०) तप्तेन जलदुग्धादिना आचरितं कृच्छ्रं यत्र वा तप्तेन आचरितं । द्वादशाहसाध्य व्रतविशेष, बारह दिनोंमें समाप्त होनेवाला एक प्रकारका व्रत । इस व्रतमें व्रत करनेवालेको पहले तीन दिन तक प्रति दिन तीन पल उष्ण दूध, तब तीन दिन तक प्रतिदिन एक पल घी, बाद तीन दिन तक नित्य ६ पल उष्ण जल और अन्तमें तीन दिन तक तप्त वायु सेवन करना पड़ता है । दूध गरम किये जाने पर जो उष्णवाष्प निकलता है वही तप्तवायु मानी गई है ।

यह व्रत करनेसे द्विजोंके सब प्रकारके पाप नष्ट हो जाते हैं । प्रायश्चित्तविवेकके मतसे यह व्रत चार दिनोंमें भी किया जा सकता है । पहले तीन दिन यथाक्रमसे दूध, घी और जल सेवन करना चाहिए और चौथे दिन उपवास करना चाहिये । इसको चतुरहसाध्य तप्तकृच्छ्र कहते हैं । प्रायश्चित्त देखो ।

तप्तचक्र (सं० पु०) औषध कूटनेका गरम किया हुआ खल ।

तप्तजला (सं० स्त्री०) तप्तं जलं यस्याः, बहुव्री० । जैनशास्त्रानुसार सीतानदीके दक्षिण तट पर देवारण्य के दोसे आगे उक्त नामकी एक विभङ्ग नदी है । इसका जल गरम है इसीलिये यह नाम पड़ा है ।

तप्तपापाणकुण्ड (सं० पु०) तप्तानां पाषाणानां कुण्डमिव । नरकविशेष, एक नरकका नाम ।

तप्तवालुक (सं० पु०) तप्त वालुका यत्र, बहुव्री० । १ नरकविशेष, एक नरकका नाम । नरक देखो । (त्रि०) २ उत्तप्त वालुकामय, गरम किया हुआ बालू ।

तप्तमाष (सं० पु०) तप्तं माषमितं सुवर्णादिकं यत्र, बहुव्री०। परीक्षाविशेष, प्राचीन कालकी एक प्रकारकी परीक्षा। यह परीक्षा किसी मनुष्यको अपराधी या निरपराधी साबित करनेके लिये की जाती थी। इसमें लोहे या ताँबेके बरतनमें बीस पल तेल और घी डाल कर उसे अग्निद्वारा उत्तप्त करते थे। बाद उसमें एक माषा सोना छोड़ कर अपराधीको उसे बाहर निकालनेके लिये कहा जाता था। यदि उसकी अंगुलीमें छाले आदि न पड़ते तो वह सच्चा समझा जाता था। (बृहस्पति)

इसका दूसरा विधान भी इस तरह है—

सोने, चाँदी, ताँबे, लोहे और मट्टीके बरतनको अच्छी भाँति परिष्कार कर अग्नि पर रख छोड़ते थे बाद उसमें गायका घी या तेल डालते थे। इसके बाद विचारक धर्मका आवाहन और पूजादि करके निम्नलिखित मन्त्र द्वारा अग्निको शुद्ध करते थे।

"ओं परं पवित्रममृतं घृतत्वं यज्ञकर्मसु।
दह पावक पापं त्वं हिमशीतशुचौ भव॥"

बाद जिस मनुष्यकी परीक्षा करनी होती उसे उपवास करना पड़ता और तब स्नान कर आर्द्रवस्त्रयुक्त हो प्रतिज्ञापत्र मस्तक पर रख कर निम्नलिखित मन्त्र पढ़ना पड़ता था—

"ओं त्वमग्ने सर्वभूतानामन्तश्चरसि पावक।
साक्षिवत् पुण्यपापेभ्यो ब्रूहि सत्यं कवे मम॥"

यह मन्त्र पढ़ कर उस खौलते घृतमेंसे तप्तमाष निकालने पर यदि परीक्षार्थीको उँगलीमें छाले आदि न पड़ते तो वह सच्चा समझा जाता था। (दिव्यतत्त्व) दिव्य देखो।

तप्तमुद्रा (सं० स्त्री०) तप्ता अग्निसन्तप्ता मुद्रा, कर्मधा०। शरीर पर धारणीय गोल अग्निसन्तप्त भगवान्‌का आयुधादि चिह्न, द्वारकामें शंखचक्रादिके छापे। वैष्णव लोग इसे तपा कर अपनी भुजा तथा दूसरे अङ्गों पर दाग लेते हैं। यह धार्मिक चिह्न होता है और वैष्णव लोग इसे मुक्तिदायक मानते हैं। मुद्रा देखो।

तप्तरश्मि (सं० पु०) तप्ताः रश्मयः, कर्मधा० बहुव्री० समास। १ वह्नि, आग। २ तप्तरश्मि निर्दिष्टतापात्, यह पापनाशक है। पर कोई दूसरा अनुमान नहीं सकता।

तप्तराजतैल (सं० क्ली०) आयुर्वेदोक्त तैलविशेष, एक प्रकारका दवाईका तेल।

प्रस्तुत-प्रणाली—सरसोंका तेल ४ सेर, मदार, अग्निमन्थ, धतूरा, वासक, सम्हालू, दशमूल, अरण्ड, इन प्रत्येकका रस १६ सेर, कल्कार्थ पीपल, इन्द्रजौ, सोंठ, मूल, पोतेकी जड़, कटफल, धतूरेके बीज, वच, जीरा, सौंफ, पुनर्नवा, चमड़ा, देवदारु, गजपिप्पली, मूसा, कुड़, दुरालभा, कालाजीरा, त्रिकटु, मदारका गोंद, अपामार्ग, नागदोना, सिहोंड़, ममरा, यवक्षार, रक्तचन्दन, सहिजनकी जड़, वादाम, मिर्च, जेठी मधु, रास्ना, काकड़ासींगी, कण्टकारी और बबूलकी छाल, प्रत्येकका दो तोला। इस प्रकारसे यह तेल बनता है। शिरःपीड़ामें यह औषध विशेष फलप्रद है। तथा नेत्रशूल, कर्णशूल, तरह तरहका सन्निपात, गात्रशोथ, गलग्रह, सब तरहका शोथ, ज्वर, हिचकी, श्वेतकास, ये सब रोग उपशान्त होते हैं।

यह तेल और एक प्रकारका होता है। प्रस्तुतप्रणाली—

कटुतेल ४ सेर, गोमूत्र १६ सेर, क्वाथके लिये धतूरा (पुत्तिका), डहरकरञ्ज, झिण्टी, अपराजिता, सम्हालू, शिरीष, सहिजन और सहिंजन मिलित दशमूल, प्रत्येक २ सेर, जल ६४ सेर, शेष १६ सेर। कल्कार्थ मदनफल, त्रिकटु, कुड़, काला जीरा, सोंठ, कटफल, बबूल-छाल, सोया, हिज्जल, बेमगरी, हरिताल, जवाकुसुम, विष, मनःशिला, काकड़ासींगी, रक्तचन्दन, सहिजनकी छाल, वच, मायन और धँचोकी जड़, प्रत्येकका दो तोला। इससे शिरःशूल, नेत्रशूल, कर्णशूल, ज्वर, दाह, स्वेद, कास, पाण्डु, और तरह तरहका सन्निपात नष्ट होता है।

शिरःशूलमें यह तेल विशेष फलप्रद है। (भैषज्यरत्नावली)

तप्तरूपक (सं० क्ली०) तप्तं वह्निशोधितं रूपकं रूप्यं कर्मधा०। विशुद्ध रौप्य, तपाई हुई और साफ चाँदी।

तप्तलोमश (सं० पु०) कासीस एक प्रकारकी धातु, कसीस।

तप्तलोह (सं० पु०) नरकविशेष, एक नरकका नाम।

तप्तसूर्मिकुण्ड (सं० पु०) तप्ता अग्निसन्तप्ता सूर्मिः लौहप्रतिमूर्तिः तत्र निपातितं कुण्डं यत्र, बहुव्री०। नरकविशेष, एक नरकका नाम।

तप्तशूर्मी (सं॰ पु॰) तप्ता शूर्मी यत्र, बहुव्रो॰। नरकविशेष, एक नरक। यदि पुरुष अगम्या स्त्रीके साथ और स्त्री अगम्य पुरुषोंके साथ सम्भोग करे तो वे इस नरकमें भेजे जाते हैं।

इस नरकमें पुरुष तप्त लोहेकी नारीको आलिङ्गन कर और नारी तप्तलोहेके पुरुषको आलिङ्गन कर अनेक प्रकारकी यन्त्रणा पाते हैं। (भागवत ५।२६।२०) नरक देखो।

तप्तसुराकुण्ड (सं॰ क्ली॰) तप्तायाः सुरायः कुण्डमिव। नरकविशेष, पुराणानुसार एक नरकका नाम। नरक देखो।

तप्तान्न (सं॰ क्लो॰) तप्तं अन्नं, कर्मधा॰। तप्त अन्न, गरम भात।

तप्ताम्भ (सं॰ क्लो॰) उष्ण सलिल, गरम जल।

तप्तायनी (सं॰ स्त्री॰) तप्तेन अय्यतेऽत्र अय-ल्युट् ङोप्। भूमिभेद, वह भूमि जो दीन दुःखियोंको बहुत सता कर प्राप्त की जाय।

तप्पा—मध्यभारतके भोपाल एजेन्सीकी ठाकुरात या रियासत।

तप्या (सं॰ पु॰) तप-यत्। १ शिव, महादेव। (त्रि॰) २ तपनीय, जो तपने या तपाने योग्य हो।

तप्यतु (सं॰ त्रि॰) तप-यतुन्। तापके सूर्यादि।

तफ़ज्जुलहुसेनखाँ—फरुखाबादके वृटिश राजद्रोही नवाब। ये मुजफ्फरजङ्गके उत्तराधिकारी तथा पौत्र थे। १८५७ ई॰के गदरमें इन्होंने बाहठ अंग्रेज, उनकी स्त्री तथा बच्चोंको कतल कर डाला था। अन्तमें ये पकड़े गये और दोष प्रमाणित होने पर फांसीको आज्ञा दी गई। लेकिन अवध जिलेके कमिश्नर मेजर बेरी इन्हें पहले ही प्राणदान दे चुके थे, इस कारण गवर्नर-जनरलने प्राणदण्ड न दे कर वृटिश राज्यसे बाहर निकाल देनेका विचार किया। नवाबने मक्का जानेकी इच्छा प्रकट की। अन्तमें १८५८ ई॰को २३वीं॰ मईको जंजीर डाल कर इन्हें मक्का भेजवा दिया। जाते समय केवल अपनी सन्तानसे ही मुलाकात कर लेनेकी इन्हें आज्ञा मिली थी।

तफ़रीक़ (अ॰ स्त्री॰) १ भिन्नता, जुदाई। २ वियोग, घटाना, बाकी निकलना। ३ अन्तर, फरक। ४ भाग, बँटवारा, बाँट।

तफ़रीह (अ॰ स्त्री॰) १ प्रसन्नता, खुशी, फरहत। २ हँसी, ठट्ठा, दिल्लगी। ३ सैर, हवाखोरी। ४ ताजापन, ताजगी।

तफ़सील (अ॰ स्त्री॰) १ विस्तृत वर्णन, लम्बा चौड़ा ब्योरा। २ सूची, फर्द, फेहरिस्त। ३ विवरण, कैफियत। ४ टीका, तशरीह।

तफ़ावत (अ॰ पु॰) १ अन्तर, फर्क। २ दूरी, फासिला।

तब (हिं॰ अव्य॰) १ उस समय, उस वक्त। २ इस कारण, इसलिये।

तबक़ (अ॰ पु॰) १ लोक, तल। २ परियोंकी नमाज़। मुसलमान स्त्रियाँ परियोंकी बाधासे बचनेके लिये यह नमाज़ पढ़ती हैं। ३ घोड़ोंका एक रोग। इसमें उनके शरीर पर सूजन हो जाती है। ४ शरीर पर एक प्रकारका दाग जो रक्तविकारके कारण हो जाया करता है, चकत्ता। ५ तल, तह, परत। ६ चौड़ी और कम गहराईकी थाली।

तबक़गर (अ॰ पु॰) सोने चांदी आदिके तबक या पत्तर बनानेवाला, तबकिया।

तबक़फाड़ (अ॰ पु॰) कुश्तीका एक पेंच।

तबक़ा (अ॰ पु॰) १ विभाग, खंड। २ तह, परत। ३ लोक, तल। ४ मनुष्योंका झुण्ड। ५ पद, स्थान, दर्जा।

तबकिया (अ॰ पु॰) तबकगर देखो।

तबकिया हरताल (हिं॰ पु॰) एक प्रकारकी हरताल। इसके टुकड़ोंमें तबक या परत होते हैं।

तबदील (अ॰ वि॰) परिवर्त्तित, बदला हुआ।

तबदीली (अ॰ स्त्री॰) परिवर्त्तित होनेकी क्रिया, बदली।

तबद्दुल (अ॰ पु॰) तबदीली देखो।

तबर (फा॰ पु॰) १ कुल्हाड़ी, टांगी। २ लड़ाईका एक हथियार जो कुल्हाड़ीसा होता है।

तबर (हिं॰ पु॰) एक प्रकारको पान जो मस्तूलके सबसे ऊपरी भागमें लगाई जाती है।

तबरदार (फा॰ पु॰) वह जो कुल्हाड़ी या तबर चलाता है।

तबरदारी (फा॰ स्त्री॰) तबर, कुल्हाड़ी या फरसे चलनेका काम।

भारतीय विश्वविद्यालयोंके स्नातक पद पर एक भारी मेला लगता है जिसमें अनुष्ठानों भी करायें जाते हैं। राजा साहब अपने हाथसे इन छात्रोंको जिनके पद स्वतन्त्र तथा पुष्ट होते हैं अधिक पुरस्कार देते हैं और प्रशस्तिपत्र-को प्रकाशित करते हैं।

तमगा (तु० पु०) पदक, तमगा।

तमगुन (हिं० पु०) तमोगुन देखो।

तमङ्ग (सं० पु०) मञ्चस्थान।

तमङ्गक (सं० पु०) इन्द्रकोष, मञ्चक, मचान।

तमचर (हिं० पु०) १ राक्षस, निशाचर। २ उल्लू, घुग्घू।

तमत (सं० त्रि०) तम काङ्क्षायां अतच्। तृषित, प्यासा।

तमतमाना (हिं० क्रि०) १ अधिक गर्मी अथवा क्रोध-के कारण चेहरा लाल हो जाना। २ चमकना, दमकना।

तमतमाहट (हिं० स्त्री०) तमतमानेका भाव।

तमता (सं० स्त्री०) १ तमका भाव। २ अन्धकार, अंधेरा।

तमप्रभ (सं०पु०) तम इव प्रभा यस्मिन् बहुव्री०। नरक-भेद, एक नरकका नाम।

तमरंग (हिं० पु०) एक प्रकारका नीबू।

तमर (सं० क्ली०) तमं याति या-क। १ वङ्ग, रांगा। २ सीसधातु, सीसा।

तमर (हिं० पु०) अन्धकार, अंधेरा।

तमरशेरि—मन्द्राज प्रदेशके मालबार विभागका एक गिरि-पथ। यह अक्षा० ११° २८´ १०˝ और ११° १०´ ४१˝ उ० तथा देशा० ७६° ४´ १०˝ और ७६° ५´ १५˝ पू० के मध्य अवस्थित है। कालिकटसे महिसुर तकका रास्ता पश्चिम-घाट पर्वतके ऊपर हो कर तमरशेरिको ओर चला गया है। बकरी आदिकी रफतनीके लिये यह पथ विशेषरूप से व्यवहृत होता है।

१७७३ ई०में कालिकटको घाटसे मध्य हैदर अली तथा मालबार पर चढ़ाई करनेके लिये सुलतान टीपू इसी पथसे गये थे।

तमराज (सं० पु०) तम इव राजते राज-टच्। शर्करा-विशेष, एक प्रकारकी खांड। इसका दूसरा नाम खागड है। इसका गुण—ज्वर, दाह, रक्तपित्त और पित्तनाशक है (राजनि०)

तमसा—एक नदी। यह बर्द्धमान जिलेके जहानाबादके पश्चिममें सेरगढ़ परगनासे निकल दक्षिण-पूर्वको चार कोसों दूर मोटरा ग्राम तक जा कर दामोदरमें गिरी है।

तमलुक—बङ्गदेशके मेदिनीपुर जिलेका एक उप विभाग। यह अक्षा० २१° ५४´ और २२° ११´ उ० एवं देशा० ८७° ३८´ और ८८° ११´ पू०में अवस्थित है। यहां हिन्दू, मुसलमान, ईसाई इत्यादिका वास है। हिन्दुओंकी संख्या सबसे अधिक है। इस उपविभागमें तमलुक, पांश-कुड़ा, महम्मदपुर, सुताहाटा और नन्दिग्राम इन पांच स्थानोंमें ५ पुलिसथाना है। १८८४ ई०को इसमें ४ फौज-दारी, २ दीवानी अदालत और १४० पुलिसकर्मचारी तथा ११८० चौकीदार नियुक्त हुआ था।

इस उपविभागमें ११ बड़े बड़े जमींदार हैं। तम-लुकनगर और किनोमाथ ग्राम सबसे प्रसिद्ध स्थान है। पहले तमलुकमें जिलोंके कलक्टरके अधीन नमकको आढ़त थी।

पूर्व समयमें यहां बौद्धोंका एक विख्यात शहर और पूर्वदेशीय वाणिज्यका केन्द्रस्थल था। बहुत दिन हुए, तमलुकसे बौद्धधर्मके सभी निदर्शन लोप हो गये हैं, किन्तु अब भी तमलुकका कोई कोई हिन्दू-परिवार बौद्धोंको गर्दं मतदेहको जमीनमें गाड़ता है। राजपूत-कुलोद्भव मयूरवंश पहले तमलुकमें राज्य करते थे। ताम्रध्वज, ताम्रध्वज, हंसध्वज, गरुड़ध्वज, और विद्या-धरराय तमलुकके इन पांच राजाओंके नाम विशेष प्रसिद्ध हैं। तमलुकके ४८वें राजा हरिराय कर नहीं देनेके कारण ११४४ ई०में मुगल सम्राट्से राज्यच्युत हुए और ११५४ ई० तक हरिरायने राज्यशासन किया। हरि-रायकी मृत्युके बाद उनके भाई और लड़केमें सिंहासनके लिये विवाद उपस्थित हुआ। बाद राज्य दो भागोंमें विभक्त किया गया। १०८१ ई०में हरिरायके भाईका वंशलोप होने पर पुनः तमलुक राज्य एकत्र हो कर भारतप्राप्त और उनके उत्तराधिकारियोंके हाथ लगा। १०७० ई०में मिर्जा टोडर-मलने अकबरके सिंहासन हस्तगत कर १०८६ ई० तक अपने अधिकारमें रखा। ... ई०में ... आदेशसे तमलुक पुनः सिंहासन-

च्युत राजाकी स्त्री सन्तोषप्रिया तथा लक्षप्रियाके अधिकारमें आया। रानी सन्तोषप्रियाके दत्तक और लक्षप्रियाके गर्भजात पुत्र थे। उन्होंने क्रमशः राज्यका ।६ तथा ॥० आना अंश पाया। १७८५ ई०में ॥०) आनेके जिम्मेदार आनन्दनारायणराय ।६) आनेके जिम्मेदार शिवनारायणरायके विरुद्ध एक दीवानी मुकदमा चला कर उनकी सब सम्पत्तिके अधिकारी हो गये। आनन्दनारायणने अपुत्रक अवस्थामें प्राणत्याग किया। उनकी दोनों स्त्रीने लक्ष्मीनारायणराय और रुद्रनारायणराय नाम दो दत्तकपुत्र ग्रहण किये। इन्होंने सारी सम्पत्ति आपसमें बाँट ली। किन्तु दोनों भाइयोंमें परस्पर विरोध हो जानेसे धीरे धीरे दोनोंकी सम्पत्ति जाती रही।

तमलुक परगनेमें कई एक बाँध हैं; इसी कारण बाढ़से देश बह नहीं जाते। गङ्गा और रूपनारायणके निकट तमलुक अवस्थित है। इसीसे इस प्रदेशके उत्पन्नद्रव्य बहुत आसानीसे दूसरे दूसरे स्थानोंमें भेजे जा सकते हैं। चावल, नारियल, शहतूत और तरह तरहकी साक सब्जी इस परगनेका वाणिज्यद्रव्य है। यहाँ चिरस्थायी बन्दोबस्त प्रचलित है।

तमलुकके अनेक अधिवासी पूर्व समयमें नमक तैयार कर जीविकानिर्वाह करते थे। यहाँका नमकका व्यवसाय बहुत प्रसिद्ध हो गया था। जबसे यह प्रदेश गवर्मेण्टके अधीन आया, तबसे यहाँका उक्त व्यवसाय नष्ट हो गया है। अभी तमलुकवासी नमक तैयार नहीं कर सकते हैं। इस कारण अनेक दरिद्र लोग बहुत कष्ट पाते हैं।

तमलुक गङ्गाके मुहानेके निकट अवस्थित है। ४थीसे १२वीं शताब्दी तक विभिन्न देशोंसे वाणिज्यके जहाज आया करते थे।

गङ्गाके पश्चिम मुहानेके निकटस्थ तमलुकके अधिवासियोंको दमलिप्त या तमलिप्त कहते हैं।

तमलुक अत्यन्त समृद्धिशाली देश था, यह अनेक ग्रन्थोंमें भी लिखा है। रत्नाकर नामक तमलुकका एक शहर था। इस नामका अस्तित्व क्रमशः लोप होता जा रहा है। रत्नाकर नामसे ही प्राचीन तमलुककी धनशालिताका यथेष्ट परिचय पाया जाता है।

इस उपविभागका भूपरिमाण ६५३ वर्गमील है। इसमें १५२२ ग्राम लगते हैं। १८५१ ई०के नवम्बर मासमें तमलुक उपविभागमें परिणत हुआ है। यहाँ ६१५ एकड़ जमीन जागीर है। लोकसंख्या प्रायः ५८३२३८ है।

२ उक्त तमलुक उपविभागका सदर। यह अक्षा० २२° १८´ उ० और देशा० ८७° ५६´ पू० पर मेदिनीपुर जिलेके दक्षिण-पूर्व अंशमें रूपनारायण नदीके ऊपर अवस्थित है। तमलुक शहरमें म्युनिसपालिटिका अच्छा बन्दोबस्त है। यहाँ विभिन्न धर्मावलम्बी लोग वास करते हैं, हिन्दूकी संख्या सबसे अधिक है। तमलुक शहर मेदिनीपुर जिलेका प्रधान वाणिज्यकेन्द्र है।

आधुनिक इतिहासमें तमलुक बौद्धोंका एक बन्दर कह कर वर्णित हुआ है। ५वीं शताब्दीके पूर्वभागमें प्रसिद्ध चीनपरिव्राजक फाहियान इसी स्थानसे सामुद्रिक जहाज पर चढ़ कर सिंहल देश गये थे। इसके २५० वर्ष पीछे युएनचुयाङ्ग तमलुकमें आये थे। उन्होंने भी तमलुकको बौद्धधर्मका लीलाक्षेत्र कह कर उल्लेख किया था। उनका भ्रमण-पुस्तक पढ़नेसे मालूम होता है, कि यहाँ बहुतसे बौद्धमठ और बौद्ध-संन्यासी तथा महाराज अशोकका बनाया हुआ २५० फुट ऊँचा एक स्तम्भ था। बौद्धधर्मकी अवनतिके बाद भी यह स्थान सामुद्रिक वाणिज्यका आगारके जैसा वर्णित है। बहुतसे धनी वणिक् और जहाजाधिकारी इस बन्दरमें वास करते थे। नील, शहतूत, रेशम और वस्त्र तथा उड़ीसेके बहुमूल्य द्रव्यादि प्राचीन तमलुक नगरसे विदेशको भेजे जाते थे। पहले नगरके पास ही समुद्र बहता था। समुद्रके बहुत दूर हट जाने पर भी वाणिज्यकी विशेष क्षति नहीं हुई है। ६३५ ई०में युएनचुयाङ्गने इस नगरके समीप ही समुद्रको बहते देखा था, किन्तु अभी समुद्र नगरसे ६० मील दूर हट गया है। गङ्गाके मुहाने पर मट्टीका स्तर बढ़ जानेसे तमलुक अभी गङ्गासे दूरमें पड़ता है। तमलुकगण कूप और पुष्करिणी खोदते समय १०से २० फुटके मध्य बहुतसी सामुद्रिक सीप पाते हैं।

प्राचीन मयूरध्वजके शासनकालमें लाई और इङ्ग

प्राकार द्वारा वेष्टित है और भूमिके ऊपर राजमहल बनवाया गया था। वर्तमान [illegible] राजाओंके प्रासादके दक्षिण भागमें एक [illegible] देखा जाता है, इसका और दूसरा चिह्न कुछ भी नहीं है। [illegible] राजप्रासाद सत्यनारायण नदीके किनारे ४० फुट ऊँचाईके ऊपर अवस्थित है।

सम्बलपुरकी वर्तमान (काली) देवीका मन्दिर सबसे प्रसिद्ध है। इस मन्दिरके निर्माणके विषयमें बहुत-सी कहानियाँ हैं। उनमेंसे केवल एक कहानी पर सम-लपुरके अधिकांश अधिवासी विश्वास करते हैं—[illegible] के राजा [illegible] पाटरानी एक धीवर दिन प्रति राजाके खानेके लिये गोस्त मछली लाया करता था। एक दिन अधिक चेष्टा करने पर भी उसे गोस्त मछली न मिला। इस पर राजाने क्रोधित हो कर उसे मृत्यु-दण्डकी आज्ञा दी। वह दरिद्र धीवर किसी उपायसे कारागारसे निकल कर जङ्गलमें भाग गया। वहाँ [illegible] उसके भागने [illegible] हो कर [illegible] कारण हुआ। [illegible] सब [illegible] बनाईं। [illegible] बहुतसी [illegible] उसने कहा कि तुम इन्हें [illegible] सब [illegible] रहो। [illegible] एक [illegible] लिखवा कर यह बता दिया, कि इसका [illegible] हुई [illegible] पर [illegible] फिर भी [illegible]। [illegible] अनुग्रहसे [illegible] द्वारा प्रतिदिन राजाको मछली देने लगा। प्रति दिन [illegible] मछली ला कर देता है, यह देख राजा बहुत आश्चर्य हो गये और किस उपायसे [illegible] मछली लाता है, यह जाननेके लिये [illegible] पूछा। पहले तो वह इस गुप्त रहस्यको प्रकाश करनेमें असम्मत हुआ, किन्तु पीछे राजाके भयसे उसने सब वृत्तान्त कह सुनाई। [illegible] धीवरके प्रति [illegible] कर [illegible] निवास करती थीं, किन्तु कुएँका निकट [illegible] हो जाने पर वे बहुत दुःखित हुईं। उसमें [illegible] हो गईं और [illegible] मूर्ति धारण कर कुएँके [illegible] निकट [illegible] गईं। [illegible] राजाको यह स्वप्न दिखला दिया। राजा कुएँके निकट आ न सके, इसलिये [illegible] मूर्तिके ऊपर एक मन्दिर बनवा दिया।

यही मन्दिर वर्तमान समलेश्वरी देवीका मन्दिर है। कहते हैं, कि इस कुएँमें कोई कुछ फेंकनेसे वह सोना हो जाता है। ये देवीका मन्दिर सत्यनारायण नदीके किनारे प्रतिष्ठित है। [illegible] लिखा है, कि [illegible] आ कर इस मन्दिरको बनाया था। [illegible]

फिर भी सम्बलपुरके वर्तमान [illegible] राजा [illegible] का कहना है, कि उनके आदि पुरुषने इस मन्दिरका निर्माण किया है। दूसरे इतिहाससे इस मन्दिरको ऐसा समझा है, कि [illegible] नामक कोई प्रसिद्ध [illegible] नारायण नदीको पार [illegible] समय [illegible] में [illegible] है। वहाँ उन्होंने एक मनुष्यको एक [illegible] में [illegible] देख दिया। [illegible] उन्हें मालूम पड़ा कि निकट कहीं एक [illegible] पत्थरका [illegible] हो जाता है। इस मनुष्यने उन्हें यह स्थान दिखला दिया। [illegible] सम्बलपुर-राज्यका समस्त [illegible] छोड़ कर [illegible] और [illegible] अधिवासियोंके निकट [illegible] कर यथेष्ट लाभ उठाया। उन्होंने [illegible] सम्बलपुरमें एक मन्दिर बनवाया था। इस मन्दिरका शिल्पनैपुण्य [illegible] है। मन्दिर [illegible] पत्थरोंसे [illegible] है और देखनेमें बहुत सुन्दर लगता है। प्राचीर ६० फुट ऊँचा है और [illegible] ऊपर इसकी चौड़ाई ८ फुट है। इस मन्दिरमें कहीं कहीं ऐसे प्रकाण्ड पत्थर लगाये गये हैं, जिन्हें देख कर आश्चर्य होता है। आधुनिक यन्त्रादिकी बिना सहायताके इतने ऊँचे पर किस तरह वे प्रकाण्ड पत्थर चढ़ाये गये, [illegible] और ध्यान देनेसे सम्बलपुरवासियोंको धन्यवाद दिये बिना रहा नहीं जाता। मन्दिरके शिखर पर त्रिशूल [illegible] रहता है। मन्दिर ४ भागोंमें विभक्त है, (१) बड़ा देवालय (यहाँ देवीमूर्ति स्थापित है), (२) जगमोहन, (३) भोगमण्डप, (४) नाटमन्दिर। मन्दिरके बाहरमें [illegible] बहुतसी सीढ़ियाँ हैं और सीढ़ीके दोनों बगल दो [illegible] हैं। मन्दिरके [illegible] स्थानोंमें [illegible] और एक [illegible] कदम्बका वृक्ष है। प्रवाद है, कि इस वृक्षको [illegible] भी [illegible] होती है। [illegible] इसका [illegible] करनेके लिये [illegible] गया था [illegible]

ईंट बाँध देतीं और इसको शाखामें लटका देतीं हैं।

वर्गभीमादेवीसे सभी अत्यन्त भय करते हैं। देवीका क्रोध बहुत प्रचण्ड है। १८वीं शताब्दीमें महाराष्ट्रीयगण वङ्गदेशको लूटते लूटते जब तमलुकको पहुँचे थे, तब देवीके भयसे उन्होंने वहाँ कोई अत्याचार न किया। उन्होंने बहुत धूमधामसे देवीकी अर्चना की। मन्दिरके निकट रूपनारायण नदीका वेग मन्द है, किन्तु कुछ दूर जा कर इसका वेग बहुत तीव्र हो गया है। अधिवासियोंका कहना है, कि रूपनारायण नदी देवीके भयसे डर कर ही मन्दिरके निकट धीरे धीरे बहने लगी है। अनेक बार नदी बढ़ कर मन्दिरके समीप तक पहुँच गई थी। एक बार मन्दिरमें केवल ५ गजका ही फर्क था। उसके आघातसे मन्दिर नष्ट हो जायगा इस आशङ्कासे पुरोहितगण भागने लगे। किन्तु नदीका जल कुछ दूर और बढ़ कर पीछे हट गया। मन्दिर निरापदसे रहा।

तमलुकमें विष्णुका एक मन्दिर है। प्रवाद है, युधिष्ठिरके अश्वमेधयज्ञका घोड़ा जब तमलुकमें आया, तब यहांके मयूरवंशीय राजा ताम्रध्वज उसे पकड़ा। अतएव अश्वरक्षक सेनाके अधिपति अर्जुनके साथ उनकी गहरी मुठभेड़ हुई। लड़ाईमें ताम्रध्वजकी जीत हुई और वे कृष्णके साथ अर्जुनको बाँध कर लाये। कृष्ण स्वयं विष्णु थे, इस कारण कृष्ण और अर्जुनको एक साथ बँधे हुए देख ताम्रध्वजके पिताने अपने लड़केका तिरस्कार तथा कृष्णसे सविनय निवेदन किया। सर्वदा कृष्ण और अर्जुनसे दर्शन होता रहे, इस आशासे उन्होंने एक मन्दिर बनवाया और उसमें कृष्ण तथा अर्जुनकी प्रतिमूर्त्ति स्थापन करनेकी आज्ञा दी। इन दोनों प्रतिमूर्त्तियोंका नाम जिष्णु और नारायण हैं। प्रायः ५।६ सौ वर्ष व्यतीत हुए, स्थानीय नदीने इस मन्दिरको आत्मसात् कर लिया है, किन्तु दोनों प्रतिमूर्त्तियोंकी रक्षा की गई थी। बाद गोपजातीय किसी स्त्रीने एक मन्दिर निर्माण कर उसमें उक्त मूर्त्तियाँ स्थापित कीं। मन्दिरकी आकृति और निर्माणकौशल वर्गभीमा देवीके मन्दिर सरीखा है।

तमलुक अत्यन्त प्राचीन शहर है। इसका संस्कृत नाम ताम्रलिप्त है। महाभारतमें भी ताम्रलिप्तका उल्लेख देखा जाता है। दशकुमारचरित, बृहत्कथा प्रभृति ग्रन्थोंमें ताम्रलिप्त वङ्गदेशका प्रधान बन्दरके जैसा वर्णित है। प्राचीन संस्कृत ग्रन्थ पढ़नेसे मालूम पड़ता है, कि बङ्गोपसागर और भारत महासागर द्वीपावलीके साथ ताम्रलिप्तका यथेष्ट वाणिज्य चलता था और समुद्रसे केवल ८ मीलकी दूरी पर यह शहर अवस्थित रहा। ताम्रलिप्तसे बौद्धधर्म अन्तर्हित होने पर यह हिन्दूधर्मका तीर्थक्षेत्र हो गया है। किसी किसीने तमसा लिप्तः अर्थात् पाप-कलङ्कित, इन दो शब्दोंसे ताम्रलिप्तकी व्युत्पत्ति निर्द्धारित की है, इससे जाना जाता है कि पूर्वकालको इस स्थानमें धर्मनियम उतना प्रतिपालित नहीं होता था। जो कुछ हो, ताम्रलिप्तके उत्पत्ति सम्बन्धमें एक कहानी इस तरह प्रचलित है—विष्णु जब कल्कि अवतारमें दैत्योंको विनाश करते करते बहुत क्लान्त हो गये, तब उनके शरीरसे ताम्रलिप्तमें पसीना गिरा। देवधर्म द्वारा लिप्त हो जानेसे यह स्थान पवित्र क्षेत्रमें परिणत हो गया और इसका नाम ताम्रलिप्त पड़ा। संस्कृतके ग्रन्थोंमें लिखा है, कि भारतवर्षके दक्षिणदिक्स्थ ताम्रलिप्त तीर्थमें स्नान करनेसे मनुष्य सब पापोंसे विमुक्त होते हैं। फिर भी कहा है, कि जब महादेवने दक्षका वध किया, तब ब्रह्महत्या पापके कारण उनके हाथसे दक्षका छिन्न मस्तक परिभ्रष्ट न हुआ। दूसरा कोई उपाय न देख उन्होंने देवताओंकी शरण ली। देवगणने उन्हें पृथ्वीके समस्त तीर्थोंमें पर्यटन करनेकी सलाह दी। महादेव ताम्रलिप्त छोड़ कर और दूसरे दूसरे तीर्थोंमें भी गये, किन्तु उनका अभीष्ट सिद्ध न हुआ। उनके हाथमें दक्षका मस्तक धर्मलिप्त अवस्थामें रह गया। तब वे हिमालय पर्वत पर तपस्या करने लगे। इस समय विष्णु भगवान्ने उनके सामने उपस्थित हो कर ताम्रलिप्तमें आनेके लिये उनसे कहा। उनके कथनानुसार शिवजीने ताम्रलिप्तमें आ वर्गभीमा और जिष्णु-नारायणके मध्यवर्त्ती जलाशयमें स्नान किया। स्नान करनेके बाद ही उनके हाथसे दक्षका मस्तक नीचे गिर पड़ा, इसी कारण इस स्थानको कपालमोचन कहते हैं और यह एक प्रधान तीर्थक्षेत्रमें गिना जाता है। कालक्रमसे यह स्थान नदी गर्भस्थ हो गया है। अब भी

बहुतसे मठों, इनमें सबसे विष्णुमन्दिर सर्वप्रसिद्ध था इसी स्थानपर तालाब पाँच है।

तञ्जोरके पहले प्राचीन राजा चोल तथा मदुरा-सम्बन्धमें है। इसका ऐतिहासिक विवरण नहीं मिलता है। किन्तु यहाँके प्रधान चोल राजाओंके निकटमें बहुतसी बातें सुनी जाती हैं। मदुरवंशके शेष राजाका नाम विजयराघव था। इन्होंने विपद्‌अवस्थामें प्राणत्याग किया। इनकी मृत्युके बाद शाहजी भोंसला नामक किसी मराठेने तञ्जोरका सिंहासन अधिकार किया। ये शाहजी भोंसला तञ्जोरके वर्तमान राजवंशके आदिपुरुष हैं। आधुनिक लेखकोंका विश्वास है, कि वेङ्कटाजी आदिम निवासी भुइयाकी सन्तति हैं और इन्होंने परवर्तीकालमें हिन्दूधर्म ग्रहण किया है।

वृटिश गवर्मेण्टके अधीन इस शहरमें फौजदारी और दीवानी अदालत स्थापित हुई हैं। यहाँ एक थाना, एक दातव्य औषधालय और एक अंगरेजी विद्यालय है। लोकसंख्या प्रायः ८०८५ है। कामशिव, मैङ्गलोर और मध्यग्राम प्रभृति शब्द देखो।

तमलेट (हिं० पु०) १ एक प्रकारका टीन या लोहेका बरतन। २ फौजी सिपाहियोंका लोटा।

तमस (सं० क्ली०) ताम्यत्यनेन तम-असुन्। गर्वपाद्भ्यो उण् ४।१८८। १ प्रकृतिका एक गुण। २ अन्धकार, अँधेरा। ३ अज्ञानका अन्धकार।

तमस (सं० पु०) तम-असच्। अत्यविचमितमि। उण् ३।११७। १ कूप, कुआँ। २ अन्धकार, अँधेरा। (क्ली०) ३ नगर। ४ अज्ञानका अन्धकार। ५ पाप। ६ तमसा नदी।

तमसा (सं० स्त्री०) तम इव कृष्णमस्त्यस्याः तमस्-अच् टाप्। नदीविशेष, एक नदीका नाम। यह एक तीर्थस्थान माना गया है। जिसके नाम स्मरण करनेसे समस्त पाप नाश होते हैं। इसीका नाम टमसा है।

"तमसा नर्मदा तापी" (मत्स्यपु०)

श्रीरामचन्द्रजीने वन जाते समय इसी नदीके किनारे प्रथम रात्रि व्यतीत की थी। पुरवासियोंको इसी नदीके किनारे सोते छोड़ कर दूसरे दिन सवेरे वे चुपचापसे चले गये। (रामा० २।४६ अ०)

वामनपुराणके मतानुसार शोण, महानदी, वेणा, मन्दाकिनी, तमसा, करतोया पर्वतसे निकलती है और ये विन्ध्यपर्वतसे निकली हैं।

(वामनपु० १३ अ०)

इस नदीका जल अत्यन्त पवित्र, पापविनाशक है तथा देवता और पितरादि कार्यमें लानेसे यह अक्षय फलप्रद है। यह नदी जगत्की माताकाला और महामायाकी शक्ति है। (वामनपु०)

मार्कण्डेय पुराणमें इसकी उत्पत्ति दूसरे प्रकारसे लिखी है। (मार्क० ५७।११-५१) इसका वर्तमान नाम टौंस है।

तमसा—युक्तप्रदेशके गढ़वाल राज्य और देहरादून जिलेकी एक नदी। यह अक्षा० ३१°५' उ० और देशा० ७८°३०' पू० पर यमुना नदीके उत्पत्तिस्थानके निकटवर्ती यमुनोत्रीके पहाड़ी अंशमें अवस्थित है। समुद्रतलसे १२,७८४ फुट ऊँचे स्थानमें यह नदी गिरती है। उत्पत्तिस्थानमें कुछ दूर तक इसकी चौड़ाई ११ फुटसे अधिक नहीं है और गहराई भी फुटसे कम है। १० मील तक यह पश्चिमकी ओर बहती है। कहीं कहीं इसमें कई एक नाले भी हैं। १० मील जानेके बाद यह रूपा नदीसे मिल गई है। इस जगह इसकी चौड़ाई १२० फुट है। फिर १८ मील बाद यह पावर नदीके साथ मिलती है। इस स्थानमें यह मिली हुई नदियाँ आराकोट, बवार तथा जुब्बल और सिरमुर राज्यके सीमान्तमें प्रवाहित हैं। इस प्रकार तमसा नदी बहुतसे ऊँचे नीचे पूर्ण स्थानमें गढ़वालके साथ चौ का प्रायः ठीक दक्षिणको पार चला गई है। कुछ दूर आगे बढ़कर यह गिरि नदीके साथ मिलती है, बाद अक्षा० ३०°२' उ० और देशा० ७७°५१' पू०के निकट यमुनामें जा गिरी है।

तमसाकी लम्बाई प्रायः १०० मील होगी। यमुनाके साथ सङ्गमस्थान पर यह यमुनासे कुछ बड़ी मालूम पड़ती है। सुतरां यही प्रधान धारा गिनी जा सकती है।

उत्पत्तिस्थानसे यह नदी ३६ मील दूर जा कर होती हुई स्थानसे तक चली गई है। इसका मिर्जापुर जाने तमसाके कूलसे ११ मील दूरी इस नदीको पार करना पड़ता है। यह

नदीके ऊपर ईष्ट इण्डियन रेलवेका एक पुल है। ग्रीष्मकालको इस नदीमें कहीं कहीं नाव जाती आती हैं। जलका वेग बहुत तेज है। कभी कभी ज्वार अथवा बाढ़ भी आ जाती है, उस समय २४।२५ फुट ऊपर तक जल चढ़ जाता है। इस नदीका जल ४५ फुट तक ऊपर उठता हुआ देखा गया है।

सतनी, बेहावा, मोहन, बेलुन, मेवती तथा अन्यान्य बहुतसी छोटी छोटी नदियाँ तमसाके साथ मिल गई हैं। देहरादूनमें महेशपुर तथा इलाहाबादके रामनगरके निकट यह नदी प्रवाहित है। महाकवि भवभूतिने उत्तरचरितमें इस नदीका उल्लेख किया है। उक्त ग्रन्थमें यह नदी तथा मुरला सीताकी सखीके रूपमें वर्णित हुई हैं।

तमसावृत (सं॰ त्रि॰) तमसाच्छन्न, अन्धकारसे घिरा हुआ।

तमस्क (सं॰ त्रि॰) तमस्-कन्। तमःस्वरूप।

तमस्कान्त (सं॰ पु॰) तमसः कान्तः, ६-तत्। कस्कादि॰ विसर्गस्य सः। तमःसमूह, अन्धकारसमूह, अँधेरा।

तमस्तति (सं॰ स्त्री॰) तमसां ततिः, ६-तत्। तमिस्र, अन्धकार।

तमस्वत् (सं॰ त्रि॰) तमस् अस्त्यर्थे मतुप् मस्य वः। तमोयुक्त, अन्धकारमय, अँधेरा।

तमस्वती (सं॰ स्त्री॰) तमस्वत्-ङीप्। १ रात्रि, रात। २ हरिद्रा, हल्दी।

तमस्विन् (सं॰ त्रि॰) तमोऽस्त्यस्येति तमस्-विनि मान्तत्वात् मत्वर्थे विसर्गः। तमोयुक्त, अँधेरा।

तमस्विनी (सं॰ स्त्री॰) तमस्विन्-ङीप्। १ रात्रि, रात। २ हरिद्रा, हल्दी।

तमस्सुक (अ॰ पु॰) ऋणपत्र, दस्तावेज, सनद।

तमहंडी (हिं॰ स्त्री॰) तांबेका बना हुआ एक प्रकारका बरतन जो हांड़ीके आकारका होता है।

तमहर (हिं॰ पु॰) तमोहर देखो।

तमहीद (अ॰ स्त्री॰) भूमिका, दीबाचा।

तमांचा (हिं॰ पु॰) तमाचा देखो।

तमा (सं॰ स्त्री॰) १ भूधात्री, भुईआंवला। २ काकोली। ३ रात्रि, रजनी रात। ४ तमालपत्र।

तमाई (हिं॰ स्त्री॰) खेत जोतनेके पहले उसमेंकी घास आदि साफ करनेकी क्रिया।

तमाकू—१ एक प्रकारका पौधा। लोग नशेके लिए इसके पत्ते, डंठल, फूल आदि सबहीका व्यवहार करते हैं। भारतवर्षके सिवा और भी पृथिवीके सर्वत्र इसको सुखा कर, अग्निसंयोगसे इसका धूम्रपान किया जाता है। इस तरहके धूम्रपानके लिए तीन उपाय अवलम्बित होते हैं।

(१) चुरट—डंठलोंको अलग करके तमाकूके पत्तोंके छोटे छोटे टुकड़े कर डालना और फिर उनको तमाकूके पत्तेमें ही भर कर साधारणतः अंगुलीके बराबर लम्बा करना।

(२) चुरा—अथवा तमाकूके चूर्णको पाइपमें रख कर उसका धूआं पीना।

(३) बीड़ी—कागज या अन्य वृक्षको पत्तियों पर तमाकूके चूरेको रख कर चुरटकी तरह लपेट लेना। भारतमें उपरोक्त बीड़ीके अलावा और भी तीन तरहसे तमाकूका सेवन होता है।

(१)—सूखी तमाकूका पत्तोंको चूनेके साथ रगड़ कर गाल या जीभके तले ठोंठोंमें रख देना।

(२) जर्दा—तमाकूकी पत्तियोंको कुचल कर उसमें दारचीनी, लवङ्ग, माव, इलायची आदि मसाले मिलाना और फिर उसको पानके साथ खाना। उड़िष्यावासी स्त्रीपुरुष और बङ्गालकी स्त्रियोंमें इसका व्यवहार अधिक है। आजकल बनारस आदिका बना हुआ जर्दाका भी काफी प्रचार हो गया है। इसे प्रायः सर्वत्र और सभी लोग खाते हैं।

बङ्गाली लोगोंको साधारणतः सीरा मिला कर बनाई हुई तमाकू ही अधिक प्रिय है। ये तमाकूके सूखे पत्तेको 'दोक्ता' कहते हैं। इसके सिवा भारतमें अथवा यों कहो कि पृथिवीके प्रायः सभी स्थानोंमें पत्तियोंका चूरा बना कर (या सड़ा कर) 'नस्य' रूपमें उसका व्यवहार किया जाता है। नस्य वा सूंघनी तमाकू नाना प्रकारकी होती है।

तमाकू सिर्फ नशेकी ही चीज है, ऐसा नहीं, इससे बहुतसी औषधियां भी बनती हैं।

यूरोपीय उद्भिद् तत्त्वानुसार तमाकू निकोटियाना (Nicotiana) श्रेणीके अन्तर्गत है। फ्रान्समें पहले पहल निमूसैस् नगरनिवासी जियानिको (Gean Nicot of

… तमाकू की आमदनी हो गयी। क्योंकि तमाकू-का धूम्रपान भी अंग्रेजोंके समयमें चला है। निकोटियाना-के सिवा और एक प्रकारकी तमाकूके सिवा अन्य कोई भी तमाकू व्यवहार नहीं होता। तथा और कृषितत्त्व सम्बन्धी तमाकूपर्योंके साथ साथ ४० प्रकारके तमाकूके पेड़ोंका विवरण प्रकाशित हुआ है। इन ४० प्रकारके पेड़ोंमें ३८ प्रकारका आदिस्थान अमेरिका है, अवशिष्ट २ प्रकारके पेड़ोंमें एक प्रकारका पेड़ नई दुनिया और एक प्रकारका नई अस्ट्रेलियामें पाया जाता है। इन ४० प्रकारके तमाकूके पेड़ोंमें विशेषतः इस देशमें निकोटियाना टाबाकम् (N. tabacum) और निकोटियाना रास्टिका (N. rustica) इन दो ही जातियोंका प्रचलन अधिक है। देश और जलवायुके भेदसे तथा कृषिकी प्रणालीके भेदसे इनके नाना प्रकारके सामान्य विभाग देखनेमें आते हैं,

१। आसाम तमाकूका पेड़। २। तुर्की तमाकूका पेड़।

जिनमें अधिकांश ही व्यवसायके लिए और व्यवहारके कामसे परिचित हैं। ब्राजिल, मेक्सिको, वर्जिनिया, कारोलिना, हवाना, मानिला, शिराज आदि दक्षिण, पूर्व और अमेरिकाकी प्रसिद्ध तमाकू एक निकोटियाना टाबाकमसे ही उत्पन्न हुई है। प्रसिद्ध तुर्की तमाकू निकोटियाना रास्टिकासे उत्पन्न है।

निकोटियाना रास्टिका या तुर्की तमाकू साधारणतः यूरोपमें पूर्व भारतकी तमाकू (Turkish or East Indian tobacco) के नामसे तथा बङ्गाल, बिहार और युक्तप्रदेशमें विलायती या कलकत्तेकी तमाकूके नामसे प्रसिद्ध है। बम्बईमें कलकतिया तमाकू या कलकत्तावाली तमाकू नामसे प्रसिद्ध है।

निकोटियाना टाबाकम् या साधारण तमाकू अमेरिका या वर्जिनियाकी तमाकू कहलाती है।

भिन्न भिन्न देशोंमें तमाकूके नाम इस प्रकार हैं—

युक्तप्रदेशमें … तमाकू, तम्बाकू, बजरभाङ्ग।
बङ्गालमें … तामाक्, दोक्ता, तामाकु।
सिन्ध, गुजरात और राजपूतानामें … तमाकू।
बम्बई प्रदेशमें … तम्बाखू।
उड़ीसामें … धूम्रपत्र (धुआपत्र)
मन्द्राजमें … पोगाकु।
" (तामिल) … पुगइला, पोगकूइ।
मालाबारमें … पोगई-इला।
तैलङ्गीमें … पोगाकु, धूम्रपत्रम्।
काश्मीरमें … तमक् …।
कर्णाटकमें … होगेसप्पु।
ब्रह्ममें … दुकक्या, दुकाको, सायको।
मलयदेशमें … ते, साक, साकरिम।
सिंहलमें … दिक्कोल, दुंकोला।
पारस्यमें … तम्बाकू।
अरबमें … तुतन, तम्बाकू।
तुरुष्कमें … तुतन, टोटन।
स्पेन या पर्तुगालमें … ताबाको।
चीनदेशमें … यियाउयेन, इयनयाई, तामुगा।
जापानमें … टाबाको।
इटलीमें … टैबाको।
जर्मनीमें … टाबाकम्।
रूस, स्वीडन, डेनमार्क और जर्मनीमें … टाबाक।
फ्रान्समें … टोबाक।
अमेरिका, स्पेन और इंगलैण्डमें … टोबाको।
मेक्सिको देशमें … पीयाक्स्लिटि।

तमाकूका पेड़ मोटा होता है। इसके पत्ते काफी बड़े, लम्बे और नोकदार होते हैं तथा काण्डके साथ बिल्कुल जड़से ही लगते हैं। काण्डके ऊपर कुछ रोयें भी रहा करते हैं। पत्तोंमें चारक एवं

हरे और पञ्चकोणी होते हैं। इसका पेड़ बहुत कोमल होता है। वास्तवमें यह वृक्ष किस देशका स्वभावजात है, इसका अभी तक निश्चय नहीं हुआ। हां, इतना तो निश्चय हो चुका है कि मध्य वा दक्षिण अमेरिकाके किसी न किसी स्थानसे यह पृथिवी भरमें फैल गया है। कोई कोई कहते हैं, कि विषुवरेखा और उसका निकटवर्ती स्थान ही इसकी आदि जन्मभूमि है। इस समय यह पृथिवीके प्रायः सभी उष्णप्रधान और नातिशीतोष्ण देशोंमें यथेष्ट उत्पन्न होता है।

विलायती वा तुर्की (Turkish) तमाकू मेक्सिको वा कालिफोर्नियाके स्वभावजात पौधे हैं। उद्भिद् तत्त्वानुसार यह, भार्जिनियाकी तमाकूसे बहुत कुछ स्वतन्त्र है। इस जातिकी तमाकू सबसे पहले इंग्लैण्डमें लाई गई थी, इसलिए इसको विलायती तमाकू कहते हैं। सर वाल्टर रालि इस तम्बाकूको पसन्द करते थे।

पञ्जाबके, वन-विभागके परिदर्शक डा० ष्टुयार्ट (१८६५ ई०में) ने सबसे पहले यह आविष्कार किया था, कि उत्तरभारतमें इस जातिकी तमाकूकी खेती होती है। उन्होंने लाहोर, मुलतान, होशियारपुर, दिल्ली, आदि स्थानोंमें अन्यान्य प्रकारकी तमाकूकी तरह इस श्रेणीकी तमाकूकी भी बहुत खेती होते दिखलाई थी। इरावती प्रदेशके उत्तरांशमें आग्नि नामक स्थानमें, चन्द्रभागाकी अववाहिकामें, कृष्णगङ्गाके किनारे, लागान प्रदेशमें, यहां तक कि लुदाक प्रदेशमें १०५०० फुट ऊंचाई पर भी इसकी खेती होती है। बङ्गालमें, कोचविहार, रङ्गपुर, श्रीहट्ट, कछाड़, मनीपुर, आसाम आदि स्थानोंमें भी इसकी खेती होती है। दक्षिणदेशमें गोदावरी जिलेकी "लङ्का तमाकू" इसी जातिकी तमाकूसे उत्पन्न है। यह अन्य प्रकारकी तमाकूकी अपेक्षा कड़ी होनेके कारण, तमाकूके व्यवसायी लोग ग्राहकोंकी रुचिके अनुसार इसको दूसरी तमाकूके साथ मिलाया करते हैं। तमाकूसे इसके पौधे मजबूत हैं और अधिकतासे उत्पन्न होते हैं। इसकी खेती करनेमें भी परिश्रम कम लगता है और इसकी मिलावटसे जो तमाकू बनती है, उससे पैसा भी ज्यादा आता है। पञ्जाबमें इसके पत्ते मोड़ कर गड्डी बांध रखते हैं। इससे थोड़ी बहुत सुंघनी (नस्य) बनती है, पर कोई इसे सुरती बना कर खाता नहीं। इसमें गुड़ (सीरा) मिला कर पीनी तमाकू नहीं बनती किन्तु चुरटके लिए इसका अधिक प्रचलन है। इस तमाकूकी चुरटमें कुछ मीठापन होनेसे मि० बेडेन पावेलने अनुमान किया था कि इसमें कुछ मधुका अंश है। इसको युक्तप्रदेशमें कान्दाहारी, विलायती और विलासी तमाकू कहते हैं। इन नामोंसे अनुमान होता है, कि भारतमें यह पहले पहल उक्त देशोंसे आई थी।

अमेरिका वा भार्जिनियाकी तमाकू ही साधारणतः सब देशोंमें मिलती है। भारतवर्षमें तमाकूकी खेती यथेष्ट होने पर भी आजकल अनुसन्धानसे देखा गया है, कि भारतवर्षके अन्यप्रदेशमें इस जातिकी तमाकू स्वयं वन्यभावसे यथेष्ट उगती है। किन्तु इस तरह इस देशमें तुर्की वा विलायती तमाकू होते कहीं भी नहीं देखी गयी है। डा० वाटका कहना है, कि कलकत्तेके निकटस्थ २४ परगनेके मध्यवर्ती स्थानोंमें, गांवोंके भीतर, सड़कके किनारे, बांसके निविड़ जङ्गलोंमें और गोले स्थान पर इस श्रेणीके तमाकूके पौधे अपने आप पैदा होते हैं। बहुत पुरानी दीवारों पर तथा हुगली और गङ्गाके बालुकामय द्वीपोंमें भी यह अपने आप पैदा होता है। जिस टापूमें यह पौधा होता है, वहां दूसरा कोई भी स्वभावजात तृणगुल्मादि नहीं उग सकते, परन्तु इतनी बात जरूर है कि ये खेतवाले तमाकूके पौधोंकी तरह परिपुष्ट नहीं होते। ये वर्षाके अन्तमें होते हैं, और चैत वैशाखमें इन पर फूल लगते हैं। डा० वाटने जिस जातिके अयत्नजात तमाकूके पौधेकी वन्य अवस्था बतलाई है, वह क्या चीज है, यह हम ठीक नहीं कह सकते। डाक्टरने इसकी बहुलताके विषयमें जैसा विवरण लिखा है, उससे मालूम होता है, कि गांवके लोग इसे जरूर जानते और अवश्य ही किसी नये नामसे पुकारते होंगे। परन्तु हम बहुत कोशिश करने पर भी इसके विषयमें कुछ निर्णय नहीं कर सके हैं। कोई कहते हैं, कि उक्त डाक्टरने जिस पौधेका उल्लेख किया है, वह "निकोटिया टोबेकम" नहीं, उस जातीय "निकोटियाना प्लम्बजिनिफोलिया" है, परन्तु डाक्टरने इस बातको अस्वीकार किया है।

[illegible] १४९२—१४९६ ई० में [illegible] तमाकू पानका प्रचलित हुई था। [illegible] [illegible] आरम्भ होनेके [illegible] इस अंश पर ध्यान दिया था। क्योंकि [illegible] दिया था, इस में भी बहुत सन्देह है। कोई तो यह कहते हैं, कि [illegible] इसलिये नहीं दिया था और कोई ऐसा कहते हैं, क्योंकि [illegible] उल्लिखित किया था, [illegible] ([illegible]) प्रचलित हो कर इस वस्तुको दिया था। उस लोगोंमें उस देशके आदमीको एक [illegible] लपेट कर [illegible] धुआँ पीते देखा था। उस देशके लोग इस पौधेको 'कोहिबा' और उसके बने हुए चुरुटको 'टोबाको' कहते हैं। कोलम्बसकी द्वितीय यात्रामें (१४९४—९६ ई०में) [illegible] भी साथ थे, उनका कहना है, कि सन-डोमिंगो द्वीपके लोग "[illegible]" या "टोबागो" नामक एक प्रकारके [illegible] 'टोबाको' [illegible] द्वारा धूम्रपान करते थे। उनके लिखनेसे उस देशमें [illegible] विषय भी मालूम पड़ता है। १५३५ ई०में [illegible] शासनकर्ता द्वारा लिखित [illegible] पुस्तकमें इस 'टोबाको' नामक धूम्रपानकी नलीकी [illegible] वर्णना कर गये हैं। यह [illegible] V जैसी होती थी। इसमें तमाकू भरनी नहीं पड़ती थी। आग पर पत्तों को [illegible], उससे धुआँ निकलता रहता था, उस धुएँके अन्दर उस नलीके [illegible] भाग रखते थे और [illegible] दोनों छेद दोनों नासारन्ध्रोंमें लगा कर उससे धुआँ खींचा करते थे। [illegible] यह भी कहा जाता है, कि [illegible] के कारण इसका बड़ा आदर करते थे। १५०२ ई०में [illegible] लोगोंने दक्षिण-अमेरिकाके [illegible] तमाकू चबानेकी प्रथा [illegible] पहले देखी थी। [illegible] अमेरिका में [illegible] [illegible] विवरणोंमें ऐसा लिखा है कि अमेरिका में इसका [illegible] व्यवहार होता था, किन्तु [illegible] कहता है, कि दक्षिण अमेरिकाके लोग धूम्रपान करते [illegible] सूँघते और तमाकू चबाते थे तथा [illegible]

और [illegible] इस [illegible] देशोंमें तमाकूका किसी प्रकार भी व्यवहार न होता था। [illegible] कालिफोर्निया, दक्षिण [illegible] आदि समस्त स्थानोंमें धूम्रपानका अधिकतासे प्रचार था। इसका भी प्रमाण मिलता है कि [illegible] जानेके पहले [illegible] धूम्रपानकी प्रथा [illegible] प्रचलित थी। [illegible] 'टोबाको' नामको [illegible] सुन्दर और मनोहर चित्रकार्य हैं, पर भी कोई किसीका [illegible] नहीं है। मेक्सिको देशको [illegible] अमेरिकाके [illegible] इस प्रकारके चित्रकार्य [illegible] हुए हैं। इन पर कुछ ऐसी [illegible] है, जो उत्तर अमेरिकामें नहीं पाये जाते।

अमेरिकाके नाना स्थानोंमें इसके भिन्न भिन्न नाम प्रचलित हैं। मेक्सिको देशमें इसके नाम पिसम (Pi-sum) या पिटम् (Petum) है। इस शब्दसे ही एक [illegible] तमाकूका नाम 'पिटुनिया' (Petunia) हुआ है। 'पिटुम' (yetl) नाम भी मेक्सिकोके किसी किसी भागमें सुनाई देता है। [illegible] इसको 'सेरी' (Sisy) कहते हैं।

यूरोपमें सबसे पहले १५६० ई०में तमाकू पहुँचा था। द्वितीय फिलिपके समयमें [illegible], मेक्सिकोके [illegible] स्थान आविष्कार करने गये थे, वे ही तमाकूके बीज यूरोपको भेजते गये थे। [illegible] वर्ष तक धूम्रपान प्रचलित होने पर भी तमाकूका विशेष आदर नहीं हुआ। पश्चात् पोर्तुगालमें ही इसका विशेष प्रचार हुआ। [illegible] (Grand [illegible]) [illegible] एक [illegible] पोर्तुगीजोंके दरबारमें रहते थे। उन्होंने [illegible] तमाकूके बीज ले कर [illegible] उद्यानमें भी दिये। तमाकूके [illegible] [illegible] १५६१ ई०में [illegible] [illegible] इसका विशेष आदर किया जिससे इसका [illegible] बहुत जल्द [illegible] था। [illegible] इसका [illegible] दिये गये थे, जैसे—"[illegible]"

'पवित्र गुल्म), "हार्बा पैनिसिया" "हार्बा डिनाग्रेहन" "हार्ब अि.एस आम्बसयाडिडर" (ट्रून-गुल्म) इत्यादि। पोर्तुगालसे कार्डिनाल साण्टाक्रोय इसे इटलीमें ले गये, यहाँ इसका नाम उनके नामानुसार "आर्बा साण्टाक्रोग" पड़ गया। इटलीसे इसका क्रमशः उत्तर-यूरोपमें विस्तार हो गया।

१५८४ ई०में सर वाल्टार रालेने भार्जिनियामें कप्तान राल्फ लेन नामक किसी व्यक्तिके अधीन एक उपनिवेश स्थापित किया। वहाँ औपनिवेशिकोंने इसकी खेती की। १५८६ ई०में कप्तान साहबने इसे पहले पहल इंग्लैण्ड भेजा। उस समय तमाकू पर २ पेन्स शुल्क लगता था, किन्तु १७ वर्ष बाद प्रथम जेम्सने १६०३ ई०में इसको बढ़ा कर ६ शिलिङ्ग १० पेन्स कर दिया।

कुछ दिनों तक यूरोपमें इसका प्रचार खूब आदरके साथ होता रहा, सभी विचारते थे कि इसका सेवन-गुण अति आश्चर्य फलप्रद है मानसिक पीड़ाकी यह एक तरहसे आश्चर्य महौषध है। अन्तमें कुछ दिन पीछे यह भ्रम दूर हो गया। उस समय सम्राट्, राजा और पोपोंको इसका व्यवहार घटानेके लिए अति निठुर दण्डकी व्यवस्था करनी पड़ी थी। तुर्किस्तानमें धूमपायियोंके लिए ओष्ठ-अध-छेदन और नस्यग्राहकोंके लिए नासाच्छेदनकी व्यवस्था हुई। किसी किसी जगह तो प्राणदण्ड तक होता था। इतने पर भी तमाकूका व्यवहार घटा नहीं। अन्तमें यह प्रायः प्रत्येकको व्यवहार्य वस्तु हो गई। विदेशी तमाकूका आमदनीमहसूल बहुत ही बढ़ गया था, आखिर १६६० ई०में यह भी उठा दिया गया। १८१० ई०को आयर्लेण्डमें भी महसूल उठा दिया गया और १८८६ ई०में कुछ बंधे हुए नियमोंके अनुसार इंग्लैण्ड और स्काटलैण्डमें गवर्नमेण्टसे तमाकूकी खेती करनेके कानून बन गये।

भारतमें तमाकू—यूरोपियोंके मतसे अकबर बादशाहके राजत्वके बाद पोर्तुगीज लोग १६०५ ई०में इसे भारतमें लाये थे। बहुतसे ऐसा भी कहते हैं, कि अमेरिकाके आविष्कारके बहुत पहले एशिया और भारतमें धूमपान प्रचलित था; परन्तु आज तक इसका कोई प्रमाण नहीं मिला है। यूरोपियोंका कहना है, कि संस्कृत ग्रन्थमें इसका कुछ उल्लेख नहीं मिलता तथा एशिया और भारतमें सर्वत्र इसका यूरोपिक नाम होनेसे और भी विश्वास होता है, कि यह इस देशमें कहीं भी ई०की १७वीं शताब्दीसे पहले परिचित न था। किन्तु सिद्धान्त-मानवस्ता नामक वैद्यक ग्रन्थमें "कलञ्ज" शब्दका अर्थ 'तमाकू' है, इस बातको सब मानते हैं। "इण्डयन वेटन"-का अर्थ चुरट ही अनुमित होता है। हल्स देखो। इसके सिवा इब्न और मार्सेलडिनोय शब्दके इतिहासमें १६०४ ई०में लिखित आसाद-बेगके विवरणसे भी तमाकूकी बात जाहिर होती है।

आसादबेग लिखते हैं - "बीजापुरमें मैंने तम्बाकू देखा। भारतवर्षमें अन्यत्र कहीं भी इसका पता नहीं पाया। मैंने कुछ साथमें ले आया और जवाहरातकी एक नली बनवाई। अकबर बादशाह मेरे उपहारोंको पा कर बड़े सन्तुष्ट और विस्मित हुए। उन्होंने कहा—'इतने थोड़े समयमें आपने इतनी अचम्भेकी चीजें कैसे इकट्ठी कीं?' इसी समय डालीमें धूम्रपानकी नली और अन्यान्य चीजोंको देख कर उन्होंने पूछा, कि 'यह क्या है और आपने कहांसे प्राप्त की है?'

नवाब खां आजमने उत्तर दिया—इसका नाम है तम्बाकू; यह मक्का और मदीनेमें विशेषरूपसे व्यवहृत होती है। हकीम साहब आपकी दवाके लिए इसे लाये हैं। बादशाहने उसे देखभाल कर, मुझे उसके बनानेके लिए कहा। वे धूम्रपान करने लगे। उस समय चिकित्सक उन्हें तमाकू पीनेके लिए निषेध करने लगे। मेरे पास तमाकू कुछ ज्यादा थी, मैंने अमीर-उमरावोंके पास भी कुछ कुछ तम्बाकू भेज दी। सेवन करके सभीने और पानेकी इच्छा प्रकट की। इस तरह तम्बाकूका व्यवहार प्रचलित हुआ। इसके बाद सौदागरोंने इसका रोजगार करना शुरू कर दिया। मगर बादशाहने इसके पीनेका अभ्यास न डाला।"

भारतमें भी इसके कुछ दिन बाद यूरोप जैसी घटना हुई। अकबरके समयमें तमाकूका व्यवहार प्रचलित हुआ था यही ठीक है, किन्तु जहांगीरने इसको अनिष्टकारिता समझ कर इसके व्यवहारको बन्द करनेके लिए ऐसा आदेश दिया था कि—'तमाकूके पीनेसे बुद्धको

[illegible] और स्पेनकी भाषा तबाको शब्दसे [illegible] की गयी है, इसलिए कोई भी ठीक नहीं कहते।" ईरान देशमें सबसे पहले [illegible] समय तमाकू [illegible] व्यवहार आरम्भ किया था। सम्राट् अकबरके तमाकू पीनेवालों के लिए "हुक्का" [illegible] का प्रचार होनेलगा। इसका आदर किया था।

किन्तु, योरोप और [illegible] हिन्दू, और [illegible] अधिकांश लोगोंके कारण तमाकू नहीं पीते। मुसलमान लोग पहले इसमें बहुत घृणा करते थे, किन्तु दिन दिन यह प्रेम होता गया। वर्तमान समयमें भारतके प्रायः सब स्थानोंमें तमाकूका ऐसा एक मुख्य भोग हो गया है। [illegible] तमाकूको जितना इसका घट गया है, [illegible] सब पर [illegible] भी बस गयी है—

"[illegible]
[illegible]"

भारतवर्षमें तमाकू कबसे [illegible] था, [illegible] तमाकूका नाम [illegible] नहीं है। ई. १५०८ ई०में [illegible] के लिए [illegible] गई थी। [illegible] इस विषयमें [illegible] [illegible] [illegible] किया था, [illegible] इस बातोंसे [illegible] और [illegible] तमाकूके बोनेमें [illegible] भी तमाकू पैदा होता था, सब दिनादमें [illegible] हुई। [illegible] अनुमान है, कि भारतीय तमाकूके [illegible] तमाकू [illegible] और [illegible] भी नहीं देखो। सब तमाकू [illegible] १ [illegible] ८ [illegible] किये थे। [illegible] बाद [illegible] तमाकू [illegible] नहीं था। [illegible] नहीं हुआ। [illegible] हिन्दुस्तानमें तमाकूके [illegible] ज्यादा होता है, इसलिए [illegible] भारतकी तमाकू [illegible] नहीं [illegible]।

तमाकूके खेत—[illegible] किये हुए [illegible] [illegible] तमाकूके खेतों और उसमें [illegible] तमाकू उत्पन्न होती है। [illegible]

[illegible] [illegible]) [illegible] ([illegible]) [illegible] और [illegible] तमाकूकी खेती अधिकतासे होती है। [illegible] "[illegible] तमाकू" [illegible] और [illegible] तमाकू [illegible] और [illegible] उत्पन्न होती है।

[illegible]—यहाँ [illegible] १२६८८७ बीघा जमीन पर तमाकू उत्पन्न होती है। [illegible] और [illegible] भी तमाकू ज्यादा होती है। [illegible] बार तमाकूको उत्पन्न होती है।

[illegible] "[illegible]" नामसे प्रसिद्ध है। दूसरी [illegible] काटी जाती है, इसलिए "[illegible]" नामसे [illegible] है। "[illegible]" [illegible] और [illegible] भी [illegible] जाती है, उसमें दूसरी [illegible] और [illegible] है, जिसे 'नूल' [illegible] है। 'नूल' [illegible] नहीं होती। [illegible] [illegible] जाती है और उसके पूर्वांशमें एक [illegible] लिये जाते हैं। [illegible] बिहारकी [illegible] तमाकू [illegible] था। [illegible] तमाकू हुई थी, [illegible] और [illegible] नहीं थी। [illegible] किये थे।

इससे मालूम होता है, कि हिन्दुस्तानमें तमाकूका [illegible] का [illegible] तमाकूके [illegible] नहीं [illegible]।

[illegible]—यहाँ प्रायः ४०१२६ बीघा जमीनमें तमाकूकी खेती होती है। [illegible] और [illegible] तमाकूकी [illegible] अधिकताये होता है।

[illegible]—यहाँ १८१६८८ बीघामें तमाकूकी खेती होती है। [illegible], [illegible] और [illegible] इनकी उपज ज्यादा है। [illegible] [illegible], [illegible] [illegible] तमाकू [illegible] ज्यादा होता है। [illegible] और [illegible] ज्यादा [illegible] है। [illegible] और [illegible] होता है। [illegible]

कई तरहकी मशहूर तमाकू पैदा होती है।

बोग्दादी तमाकूकी फसल खूब अच्छी और ज्यादा होती है, कारण किसान लोग बोनेके लिए इसके बीज ज्यादा काममें लाते और पसन्द करते हैं। सम्भवतः इसके बीज सबसे पहले बोग्दादसे ही भारतमें लाये गये थे, इसी लिए इसका नाम ऐसा पड़ा है।

नोकी—इसकी पत्तियाँ खूब लम्बी और नोकदार होती है, इसलिए इसका नाम "नोकी" पड़ा है। यह देशी और "नोकी" के भेदसे दो प्रकारकी है।

असली- यह लाहोर, अमृतसर और सियालकोटमें होती है। इनकी सिर्फ पत्तियाँ ही व्यवहृत होती हैं, डंठल किसी काममें नहीं आते।

पूर्बी—पहले बङ्गालसे इस जातिका तम्बाकूके बीज ला कर लाहोरकी तरफ इसकी खेती की गई थी, इस-लिए इसका नाम पूर्बी पड़ा है। इसकी खेतीमें यहाँ कुछ ज्यादा खर्च पड़ता है। यहाँके लोग इसे पानके साथ खाया करते हैं। धनिक लोग इसको पीते भी हैं।

बैंगनी—इसकी पत्तियाँ देखनेमें बैंगनकी पत्तियोंसे मिलती-जुलती होती है, इस कारण इसका नाम बैंगनी पड़ा है। उस देशमें इसीका प्रचार ज्यादा है।

सूरती—सूरतसे बीज ला कर इसकी पहले पहल खेती की गई थी, इसलिए इसका नाम सूरती पड़ गया। यह तिक्त और कड़ी होती है। करनाल जिलेमें देशी तमाकू, खेतीके गुण और पत्तोंके आकारानुसार तीन तरहकी उत्पन्न होती है—बुगड़ी, सुरनामी और खजूरी। डेरा-इस्माइलखाँ जिलेमें दो प्रकारकी तमाकूकी पैदायश है—सिम्हार और गारोथा। गारोथा अति निकृष्ट तमाकू है। यहाँके लोग इसे कान्दाहारी तमाकूके साथ मिला कर पोनी तमाकू बनाते हैं। गारोथा तमाकूमें स्वाद और गन्धकी विशेषता कुछ भी नहीं है।

सिन्ध—खरीफ फसलके बाद इस देशमें तमाकूकी खेती होती है। यहाँ तमाकूकी पहली फसलको लेहरा कहते हैं। एक मास बाद दूसरी फसल कटती है, जो बाउटी या "मान्डरा" कहलाती है। शिकारपुरी तमाकू इस देशमें उमदा समझी जाती है। इसके सिवा कड़ी मीठी और सिन्धी ये तीन तरहकी तमाकू यहाँ होती है।

कड़ी—यह तिक्त और अम्ल आस्वादविशिष्ट है।

मीठी—इसका स्वाद मीठेपनको लिए होता है।

सिन्धी—अति निकृष्ट है।

मध्यभारत—ग्वालियरके अन्तर्गत भेलसा नामक स्थानकी तमाकू बहुत उमदा होती है। बङ्गालमें यह भेलसाके नामसे प्रसिद्ध है। राजपूतानाके अन्तर्गत आमेरकी तरफ भी एक प्रकारकी उत्कृष्ट तमाकू पैदा होती है जिसे 'आमेरी' कहते हैं।

बङ्गाल।—इस देशमें यथेष्ट तम्बाकू होती है। तमाकूकी खेतीके लिए इस देशमें कितनी जमीन लगा हुई है इसका निर्णय नहीं हुआ। क्योंकि, यहाँ तमाकूकी उत्पत्ति अधिकतासे होने पर भी देशकी रुचिसे उसकी गिनती नहीं है। रङ्गपुर, त्रिहुत, पूर्णिया दरभङ्गा, २४ परगना, दुआर, चट्टग्राम पहाड़ और कोचबिहार जिलेमें और जगहसे तमाकूकी खेती ज्यादा होती है तथा सब स्थानोंके उत्पन्न द्रव्यसे ही व्यवसाय चलता है। अन्यान्य स्थानोंकी तमाकू वहाँके लोगोंके व्यवहारमें खतम हो जाती है। जो किसान तमाकूकी खेती करने-का निश्चय करता है, वह उसके लिए प्रायः अपने घर या गोष्ठके पासकी जमीन चुनता है। बारासातकी तरफ जहाँ नीलकी खेती बंद हो गई है, उन जमीनों पर तमाकूकी खेती अच्छी होती है। श्रावण, भाद्र और आश्विन मासमें, तमाकूके पौधे ४।६ इञ्च होने पर उन्हें दूसरी जमीनमें गाड़ते हैं तथा माघसे चैत्र मास तक पत्ते तोड़ लिए जाते हैं। रङ्गपुर और कूचबिहारकी तमाकू समस्त पूर्वभारत और ब्रह्मदेशमें जाती है। रङ्ग-पुरकी जमीन और आब-हवा तमाकूके लिए बहुत ही उपयोगी है। राजपुरुषोंका अनुमान है, कि कुछ दिन बाद यहाँकी तमाकू और भी उमदा हो कर बहुतसे देशोंमें विस्तृत होगी। तमाकूकी रक्षा करनेका प्रबन्ध अच्छा होने पर इस विषयमें आशाके अनुसार फल मिल सकता है।

१८८० ई०में रङ्गपुरके एक व्यक्तिने अपने यत्नसे प्रस्तुत तमाकू पेरिसकी प्रदर्शनीमें भेज कर पदक पुरस्कार

मन और स्वास्थ्य नाना प्रकारके दोषोंसे दूषित हो रहा है, इसलिए कोई भी इसे न पीवे।" ईरान देशमें जहांगीरके भाई शाह अब्बासने भी इसी समय तमाकू बंद करनेका आदेश दिया था। जहांगीरने तमाकू पीनेवालों के लिए "तशोर" (उलटे गधे पर सवार होनेका) दण्ड जारी किया था।

सिक्ख, बोहरो और कईएक ऐसे लोक हिन्दू, और जैनी धर्महानिकर होनेके कारण तम्बाकू नहीं पीते। मुसलमान लोग पहले इससे बहुत घृणा करते थे, किन्तु दिन दिन वह लोप होती गई। वर्तमान समयमें भारतके प्रायः सभी स्थानोंमें तमाकूकी खेती एक मुख्य चीज हो गई है। बिहारमें तमाकूकी प्रियता इतनी बढ़ गई है, कि उस पर कहावतें भी बन गई हैं—

"जो खाय न खाय तमाकू पीवे।
सो नर वैकुण्ठ कैसे जीवे॥"

भारतवर्षकी तमाकू अमेरिका या विलायती तमाकूकी तरह व्यवसायमें उतनी आदरणीय नहीं है। हां, १८२८ ई०में गवर्मेण्टकी तरफसे इसके लिए कोशिश की गई थी। कप्तान डाबिल हॉलसे इस विषयमें कलकत्तेकी एग्रिकल्चरल एण्ड हॉर्टिकल्चरल सोसाइटीमें जैसा उपदेश दिया था, उसके अनुसार उन लोगोंने मेरिलैण्ड और वार्जिनिया तमाकूके बीजसे खेती करके जो तमाकू पैदा की थी, वह विलायतमें बड़े आदरके साथ गृहीत हुई। विलायती वणिकोंका कहना है, कि भारतीय तमाकूसे इतनी उमदा तमाकू उन्होंने और कभी भी नहीं देखी। यह तमाकू विलायतमें १ पौण्ड ६ शिलिंग ८ पेन्सके हिसाबसे बिकी थी; किन्तु इसके बाद अहमदाबादसे एक बार तमाकू विलायतको भेजी गई थी, उसका इतना आदर नहीं हुआ। उसके पत्ते ज्यादा सूखे और छोटे थे। हिन्दुस्तानकी तमाकूमें धूल-रेत ज्यादा होता है, इसलिए विदेशोंमें व्यवसायके लिए भारतकी तमाकू वणिकोंसे आदर नहीं पाती।

तमाकूकी खेती—१८८८-८९ ई०में स्थिर हुआ कि देशीय राज्योंको छोड़ कर वृटिश-अधिकारमें प्रायः लाख बीघा जमीनमें तमाकूकी खेती और उससे करोड़ मन के करीब तमाकू उत्पन्न होती है। भारतमें मन्द्राज, गोदावरी कृष्णा, कोयम्बातुर, विजगापट्टन, (बंगालमें) रङ्गपुर, (बम्बईमें) खेड़ा और अहमदाबादमें तमाकूकी खेती अधिकतासे होती है। प्रसिद्ध "लङ्का तमाकू" गोदावरी और कृष्णा जिलेमें तथा त्रिचिनापल्ली-चुरटकी तमाकू कोयम्बातुर और मदुरा जिलेमें उत्पन्न होती है।

युक्तप्रदेश—यहां प्रायः १२३८८४ बीघा जमीन पर तमाकू उत्पन्न होती है। फर्रुखाबाद और बुलन्दशहरमें ही तमाकू ज्यादा होती है। इस प्रदेशमें कहीं दो और कहीं तीन बार तमाकूकी फसल होती है।

पहली फसल (श्रावणसे खेती शुरू होनेके कारण) "श्रावणी" नामसे प्रसिद्ध है। दूसरी फसल (जेठ असाढ़में फसल काटी जाती है, इसलिए) "असाढ़ी" नामसे मशहूर है। "श्रावणी" फसल कट जानेके बाद उसकी जड़ जो खेतोंमें रह जाती है, उससे दूसरी साल वैशाखमें और एक फसल मिलती है, जिसे 'रतून' फसल कहते हैं। 'रतून' फसल अच्छी नहीं होती। इलाहाबादके पश्चिमाञ्चलमें फसल जड़के पाससे काटी जाती है और उसके पूर्वाञ्चलमें एक एक पत्ते तोड़ लिये जाते हैं। इस देशमें बिहारकी पूसा कोठीसे पहले भी गाजीपुरमें तमाकूकी एक कोठी बनी थी। वहां जितनी तमाकू हुई थी, वह इंग्लैण्ड और अष्ट्रेलियामें नमूनेको तौर पर भेजी गई थी। उस समय वह ॥) सेरके हिसाबसे बिकी थी।

इससे साबित होता है, कि हिन्दुस्तानी तमाकूकी खेती यत्नपूर्वक का जाने पर, वह अमेरिकाकी तमाकूसे किसी अंशमें हीन नहीं समझी जा सकती।

अयोध्या—यहां प्रायः ४०१२२ बीघा जमीनमें तमाकूकी खेती होती है। सीतापुर और खेरी जिलेमें तमाकूकी खेती कुछ अधिकतासे होती है।

पञ्जाब—यहां १८५६८८ बीघामें तमाकूकी कृषि होती है। जालन्धर, सियालकोट और लाहोर जिलेमें इसकी फसल ज्यादा है। इस प्रान्तमें विशेषतः लाहोर जिलेमें, निकोटियाना रास्टिका या कान्दाहारी या कक्कर तमाकू ही ज्यादा होती है। लाहोरी कक्कर और विलासपुरी कक्कर ज्यादा प्रसिद्ध है। इसकी पत्तियां छोटी और मोटी होती हैं। इसके सिवा यहां और भी

कई तरहकी मशहूर तमाकू पैदा होती है।

बोग्दादी तमाकूकी फसल खूब अच्छी और ज्यादा होती है, कारण किसान लोग बोनेके लिए इसके बीज ज्यादा काममें लाते और पसन्द करते हैं। सम्भवतः इसके बीज सबसे पहले बोग्दादसे ही भारतमें लाये गये थे, इसी लिए इसका नाम ऐसा पड़ा है।

नोकी—इसकी पत्तियां खूब लम्बी और नोकदार होती हैं, इसलिए इसका नाम "नोकी" पड़ा है। यह देशी और "नोकी" के भेदसे दो प्रकारकी है।

अमली- यह लाहोर, अमृतसर और सियालकोटमें होती है। इसकी सिर्फ पत्तियां ही व्यवहृत होती हैं, डंठल किसी काममें नहीं आते।

पूर्वी—पहले बङ्गालसे इस जातिका तम्बाकूके बीज ला कर लाहोरकी तरफ इसकी खेती की गई थी, इसलिए इसका नाम पूर्वी पड़ा है। इसकी खेतीमें यहां कुछ ज्यादा खर्च पड़ता है। यहांके लोग इसे पानके साथ खाया करते हैं। धनिक लोग इसको पीते भी हैं।

बेंगनी—इसकी पत्तियां देखनेमें बैंगनकी पत्तियोंसे मिलती-जुलती होती हैं, इस कारण इसका नाम बेंगनी पड़ा है। उस देशमें इसीका प्रचार ज्यादा है।

सूरती—सूरतसे बीज ला कर इसकी पहले पहल खेती की गई थी, इसलिए इसका नाम सूरती पड़ गया। यह तिक्त और कड़ी होती है। करनाल जिलेमें देशी तमाकू, खेतीके गुण और पत्तोंके आकारानुसार तीन तरहकी उत्पन्न होती है—बुगड़ी, सुरनामी और खजूरी। डेरा-इस्माइलखां जिलेमें दो प्रकारकी तमाकूकी पैदावार है—मिस्सार और गारोबा। गारोबा अति निकृष्ट तमाकू है। यहांके लोग इसे कान्दाहारी तमाकूके साथ मिला कर पीनेकी तमाकू बनाते हैं। गारोबा तमाकूमें स्वाद और गन्धकी विशेषता कुछ भी नहीं है।

सिन्ध—खरीफ फसलके बाद इस देशमें तमाकूकी खेती होती है। यहां तमाकूकी पहली फसलको मेहरा कहते हैं। एक मास बाद दूसरी फसल कटती है, जो बाटी या "पाद्धरा" कहलाती है। शिकारपुरी तमाकू इस देशमें उमदा समझी जाती है। इसके सिवा यहां मीठी और सिन्धी ये तीन तरहकी तमाकू यहां होती है।

कड़ी—यह तिक्त और अम्ल आस्वादविशिष्ट है।

मीठी—इसका स्वाद मीठेपनको लिए होता है।

सिन्धी—अति निकृष्ट है।

मध्यभारत—ग्वालियरके अन्तर्गत भेलसा नामक स्थानकी तमाकू बहुत उमदा होती है। बङ्गालमें यह भेलसाके नामसे प्रसिद्ध है। राजपूतानाके अन्तर्गत आमेरकी तरफ भी एक प्रकारकी उत्कृष्ट तमाकू पैदा होती है जिसे 'आमेरी' कहते हैं।

बङ्गाल।—इस देशमें यथेष्ट तम्बाकू होती है। तमाकूकी खेतीके लिए इस देशमें कितनी जमीन लगी हुई है इसका निर्णय नहीं हुआ। क्योंकि, यहां तमाकूकी उत्पत्ति अधिकतासे होने पर भी देशकी खपतिसे उसकी गिनती नहीं है। रङ्गपुर, त्रिहुत, पूर्णिया, दरभङ्गा, २४ परगना, दुआर, बर्दवान, पबना और कोचबिहार जिलेमें और जगहसे तमाकूकी खेती ज्यादा होती है तथा सब स्थानोंके उत्पन्न द्रव्यसे ही व्यवसाय चलता है। अन्यान्य स्थानोंकी तमाकू वहींके लोगोंके व्यवहारमें खतम हो जाती है। जो किसान तमाकूकी खेती करनेका निश्चय करता है, वह उसके लिए प्रायः अपने घर या गोहालके पासकी जमीन चुनता है। बारासातकी तरफ जहां नीलकी खेती बंद हो गई है, उन जमीनों पर तमाकूकी खेती अच्छी होती है। श्रावण, भाद्र और आश्विन मासमें, तमाकूके पौधे ४।५ इञ्च होने पर उन्हें दूसरी जमीनमें गाड़ते हैं तथा माघसे चैत्र मास तक पत्ते तोड़ लिए जाते हैं। रङ्गपुर और कछाड़की तमाकू समस्त पूर्वभारत और ब्रह्मदेशमें जाती है। रङ्गपुरकी जमीन और आब-हवा तमाकूके लिए बहुत ही उपयोगी है। राजपुरुषोंका अनुमान है, कि कुछ दिन बाद यहांकी तमाकू और भी उमदा हो कर बहुतसे देशोंमें विस्तृत होगी। तमाकूकी रक्षा करनेकी व्यवस्था अच्छी होने पर इस विषयमें आशाके अनुसार फल मिल सकता है।

१८६० ई०में रङ्गपुरके एक व्यक्तिने अपने यहांसे बहुत तमाकू पेरिसकी प्रदर्शनीमें भेज कर पदक पुरस्कार

पाता था। रङ्गपुरकी तमाकू देशीय लोगोंको बहुत प्रिय है। उक्त जिलेमें इसकी खेती आज कल धान या सनकी समकक्ष हो गई है। प्रति वर्ष ४०।५० मन पा कर मन तमाकू खरीदते और कलकत्ते, नारायणगञ्ज, चट्टग्राम और ब्रह्मदेशको भेजते हैं। इसका अधिकांश ही ब्रह्म और कलकत्तेमें 'चर्मापुरट' बनानेके लिए व्यवहृत होता है। यहां प्रति बीघेमें लगभग ३।४ मन तमाकू उत्पन्न होती है और ६) ७) रुपये मन बिकती है। मग लोग अपने चुरुटके लिए तमाकू छांट कर लेते हैं। खूब चौड़े, मोटे और मोठे-कड़े पत्ते वे ७) मनके भावमें भी खरीद लेते हैं। यहां सबसे उमदा तमाकूके पत्ते हाथीके कानके समान होते हैं और "हाथीकान" नामसे ही उसकी प्रसिद्धि है। मग लोग इस तमाकूको ही अधिक पसंद करते हैं। कोचविहारकी तमाकू भी बहुत उमदा होती है। २४ परगना और नदीयामें जितनी तमाकू पैदा होती है, वह स्थानीय लोगोंके काममें ही आती है। बारासत, बनगांव, और रानाघाटमें जो तमाकू पैदा होती है, उसमेंसे कुछ रफ्तनी भी होती है।

गोबरडांगाके निकटवर्ती गाइघाटा थानेसे ३।४ मील दूरी पर यमुनाके पश्चिम किनारे झिङ्गली ग्राममें जो तमाकू होती है, वही बङ्गालमें 'झिङ्गली' नामसे सर्वापेक्षा प्रसिद्ध और उत्कृष्ट समझी जाती है। रानाघाट और बारासतकी तमाकू भी झिङ्गलीके नामसे चलती है। असली झिङ्गली ग्राममें उत्पन्न तमाकू परिमाणमें थोड़ी होती है। सुना गया है, कि झिङ्गली ग्राममें २।३ बीघा मात्र जमीनमें इसकी खेती होती है। झिङ्गली-तमाकू ५)से ८) मन तक बिकती है।

आसाममें—तमाकू बहुत कम पैदा होती है, किन्तु यहांके मिरमी और अन्य जातिके स्त्री-पुरुष मात्र ही तमाकूके प्रेमी हैं। वे प्रायः बिना हुक्केके निकलते ही नहीं। यहां बङ्गालसे तमाकू आती है। पार्वत्य जातियां अपने कामके लायक थोड़ी तमाकू बोते हैं। कुकी लोग हुक्केकी लकड़ीको चबा कर नशा करना पसन्द करते हैं।

बिहारमें—गङ्गानदीके उत्तरकूलमें तमाकूकी खेती होती है। यहां तीन प्रकारकी तमाकू पैदा होती है—देशी या बड़की, विलायती या कलकतिया और जेठुआ। जेठुआ तमाकूको पूस माघमें बोते और बसन्तमें काटते हैं। दरभङ्गामें ही तमाकूकी खेती ज्यादा है। तिरहुत और मुजफ्फरपुरकी तमाकूको ही इस प्रदेशमें अच्छी समझी जाती है। इसके पत्ते खूब बड़े होते हैं। सम्भवतः यही तमाकू कलकत्तेकी तरफ 'मोतिहारी तमाकू'के नामसे प्रसिद्ध है।

इस देशमें प्रति बीघामें लगभग ६।० मन तमाकू पैदा होती है। किन्तु सर्वोत्कृष्ट तमाकूका मूल्य ५) मनसे अधिक नहीं होता। यहांकी तमाकू ही नेपाल, गोरखपुरमें रेल और नावोंसे युक्तप्रदेशके अन्यान्य स्थानोंमें पहुंचती है। किसी किसी जमीन पर पहली फसलमें २० मन और दूसरी फसलमें १५ मन तक उत्पन्न होती है। किसी किसी जमीन पर ३।४ बार भी फसल होती है। यहां तिरहुतके अन्तर्गत पूसा नामक स्थानमें अंग्रेजोंने नीलकी कोठीकी तरह तमाकूकी कोठी बनाई है। उनकी खेती बहुत अच्छी होती है।

बम्बई - इस प्रदेशमें प्रायः १०१४६१ बीघेमें तमाकू पैदा होती है। खेड़ा और खानदेशकी तरफ ही तमाकूकी खेती ज्यादा है। खेड़ा और बेलगांव जिलेमें अच्छरूपमें इसकी आबादी है। गुजरातमें एक तरहकी उमदा तमाकू होती है, जो युक्तप्रदेशको भेजी जाती है। पारस्यदेशीय सिराजी और अमेरिकाकी हावाना, मेरीलैण्ड आदि तमाकू इस देशमें पैदा होती है।

भड़ौंच जिलेमें इसकी आबादी ज्यादा है। यहांकी तमाकू अधिकतर मरिचनगर और बोरबा द्वीपमें भेजी जाती है।

मद्रास—इस प्रान्तमें २६९५८० बीघा जमीन पर तमाकूकी फसल होती है, जिसमें कृष्णा जिलेमें ही इसकी खेती ज्यादा है।

गोदावरी जिलेकी 'लङ्कातमाकू'के सिवा डिण्डिगुल और त्रिचिनापल्लीकी तमाकूने भी इंग्लैण्डमें ख्याति लाभ की है। इससे चुरुट बहुत उमदा बनती है।

इस देशके अंग्रेजोंको शेषोक्त दो प्रकारकी तमाकू ही ज्यादा पसन्द है। डिण्डिगुल-तमाकूका व्यवहार बहुत ज्यादा है। ममलीपत्तनकी तमाकू अम्बरीके लिए प्रसिद्ध है। यहांकी नास पृथिवी भरमें प्रचलित है।

मन्द्राजमें भी हवाना, मेरीलैण्ड, भार्जिनिया, मानिला, सिराजी आदि उत्कृष्ट तमाकूकी खेती बहुत अच्छी होती है। इस जिलेमें इन विदेशी तमाकुओंके द्वारा वर्षमें प्रायः ५४ लाख रुपयेकी आय होती है।

गोदावरीके मध्यस्थ सीतानगरम् नामक द्वीपकी लङ्का-तमाकू सबसे उत्कृष्ट होती है।

आगस्तान—मान्दुवे नामक स्थानकी तमाकू उत्कृष्ट है। लण्डनमें भी इसकी कीमत ६ या ७ पेन्स फी-पौण्ड है। इसमें एक श्रेणी सर्वोत्कृष्ट है, जो मानीयान-तमाकू कहलाती है, इस तमाकूके पत्तेसे ठीक मेरीलैण्डका स्वाद और हवानाकी खुशबू मिलती है। इससे पीनी-तमाकू और चुरट दोनों ही उमदा बनते हैं।

सिंहल—काण्डी, जाफना, नेगाम्बो, चिलाव और मटवा नामक स्थानमें तमाकूकी खेती ज्यादा होती है। जाफनाकी तमाकू त्रिवाङ्कुर आदि स्थानों तक पहुंचती है। यहां तमाकूकी खेती खास गवर्मेण्ट द्वारा होती है।

पारस्य—यहांकी "सिराजी" तमाकू अति उत्कृष्ट और सर्वत्र आदृत है। इसकी मृदु सुगन्धि बड़ी सुहावनी है। इसके डंठल और पत्तोंकी नसें फेंक दी जाती हैं। इस देशमें और एक प्रकारकी निकृष्ट तमाकू उत्पन्न होती है, जिसकी पैदावार खुरासान प्रदेशमें ही अधिक है। शायद इस खुरासानी तमाकूके बीजसे ही बङ्गालमें 'खमीर' तमाकूकी उत्पत्ति हुई है।

चीन—इस देशमें सम्भवतः पहले पहल पश्चिमसे ही तमाकू आई थी। किन्तु इस समय चीनके अधिकांश स्थानोंमें तमाकूकी खेती होने लगी है। यहां जितनी भी तमाकू होती है, उसमें निकोटियाना फ्रुटिकोसा और निकोटियाना रष्टिका ही प्रधान है। यहांसे इस-राज्यमें चुरटके लिए तमाकूकी रफ्तनी होती है। आज कल कलकत्तेकी तरफ "शाईम पाई" नामसे जिस सूक्ष्म छिन्न तमाकूका प्रचार अधिकतासे हुआ है, चीनमें वही तमाकू उस तरह सूक्ष्माकारमें छेदी जाती है। इसके साथ मेंहदी और 'पवड़ी' भी कुछ कुछ मिलाई जाती है, कभी कभी इसे अफीमके पानीमें भी भिगोते हैं।

जापान—इस देशके अपने काम लायक ही तमाकूकी खेती करते हैं। नागासाकि, सिण्डे, सासमा आदि स्थानोंमें तमाकू उत्पन्न होती है। सासमाकी तमाकू सबसे उमदा और खुशबूदार, किन्तु बहुत कड़ी होती है। जापानी लोग बहुत अच्छी तरह और कौशलसे इसकी खेती करते हैं। जो किसी भी तमाकूका व्यवहार नहीं कर सकते, उन्हें भी जापानी-तमाकू व्यवहार करनेमें तकलीफ नहीं होती।

फिलिपाइन द्वीपपुञ्ज—जगत्प्रसिद्ध मानिला-तमाकू इन्हीं द्वीपोंमें पैदा होती है। इस तमाकूसे चुरट बहुत उमदा बनते हैं। यहांकी गवर्मेण्टने चुरटका रोजगार अपने ही हाथमें रक्खा है। एक तमाकूके रोजगारसे ही इस देशमें यथेष्ट लाभ होता है और इससे यहांके बहुतसे लोगोंकी जीविकानिर्वाह होती है।

पहले बङ्गालकी तमाकूके विषयमें जो कुछ कह चुके हैं, उनके अलावा यहां सूरती, भिलसा और आराकानी-तमाकूकी भी बहुत कुछ आमदनी है। सूरत और भिलसा-की तमाकू कलकत्तेके निकटवर्ती स्थानोंमें ही अच्छी होती है। चन्दननगरके पास सिङ्गूरमें आराकानी-तमाकू और जगहसे अच्छी होती है। सुनारकी तमाकू गङ्गाके तीरवर्ती स्थानमें पैदा होती है। बङ्गालकी तमाकुओंमें सबसे उमदा और प्रसिद्ध हिङ्गली है, उससे कुछ उतरती हुई भिलसा-तमाकू है। भिलसा तमाकूमें काफी स्वाद और राख देखी पड़ती है। भुरसुट परगनेमें एक प्रकारकी निकृष्ट तमाकू होती है, जो 'भुरसुटी' नामसे मशहूर है। इसकी गन्ध और स्वाद अच्छा नहीं, किन्तु गुण यह है कि यह जलती बहुत कम है। एक चिलम तमाकू सुलगा कर, एक आदमी उसे शायद तीन घण्टेमें भी न निबटा सकेगा। किसान लोग इसका ज्यादा व्यवहार करते हैं। खमीरा तमाकू भी गरीबोंमें अधिक प्रचलित है।

तमाकूका व्यवहार—बङ्गालमें "गुड़ुक" नस्य, "दोक्ता" या सुरती तथा चुरट सभी तरहसे तमाकू व्यवहृत होती है। 'गुड़ुक' (या पीनी तमाकू)का ही ज्यादा व्यवहार है। तमाकूके पत्तोंको काटि छोटे टुकड़े बना कर गुड़ (शीरा) और पानीके साथ ओखलीमें कूटनेसे पिण्डाकार बन जाती है, सामान्यतः इसे ही "गुड़ुक" या पीनी तमाकू कहते हैं। इसके बाद इसे मीठा, स्वादिष्ट

और सुगन्धित बनानेके लिये उसमें सड़े केले, अतर तथा अन्यान्य मसाले डालते हैं।

'गुड़ाकू' या पीनी तमाकूमें खमीरा ही विशेष प्रसिद्ध है। बहुत उमदा तमाकूके पत्तोंके साथ गुलकन्द (मिसरी और गुलाबकी पंखड़ीसे बनता है), सेवका मुरब्बा, पानका सूखा हुआ चूरा, मुश्कबाला (चन्दनकी भांति सुगन्धवाली लकड़ी), चन्दन, इलायची, केवड़ेका इत्र, कोकमधर (सुमिष्ट फलविशेष) और अन्य नामका चूर्ण मिला कर फिर उसे सड़ा कर खमीरा-तमाकू बनायी जाती है। अच्छोंमें अच्छी खमीरा-तमाकू रुपयेमें ८० सेर तक बिकती है। अच्छी खमीरा-तमाकू डब्बेमें भर कर बिना वजनके बिकती है। पञ्जाब, दिल्ली, लखनऊ आदि स्थानोंमें खमीरा-तमाकू बनती है। खमीरेके साथ मफिट तमाकूके पत्ते मिला कर दूसरी तमाकू बनती है।

बिहारकी तरफ खमीरा बनानेके लिए जटामांसी, छरीला, सुगन्धवाला और सुगन्धकोकिल नामक गन्धद्रव्य मिलाते हैं। लखनऊमें "बादशाही" तमाकू खमीरेके अन्तर्गत है। यह अति उपादेय वस्तु है।

पीनी-तमाकू बहुत जगह अच्छी बनती है। पञ्जाबकी खमीरा और लखनऊकी बादशाही-तमाकूके सिवा पुसार, चण्डालगढ़, गया आदिकी तमाकू भी बहुत उमदा होती है। बङ्गालमें विष्णुपुर और भामरपुरकी पीनी-तमाकू अति उत्कृष्ट समझी जाती है। कलकत्तेमें विष्णुपुर, भानरपुर, गया, चण्डालगढ़की तमाकू ही ज्यादा बिकती है। इनके साथ ग्राहकोंकी रुचिके अनुसार खमीरा-तमाकू भी मिलाई जाती है। विष्णुपुरकी सर्वोत्कृष्ट पीनी तमाकू कलकत्तेमें ८) सेर बिकती है। हिन्दीमें इसको 'पियानी' या पिइनी कहते हैं। तमाकू पीनेके लिये हुक्का, नल आदिकी आवश्यकता होती है।

नस्य या नास।—नस्योपसेवनका नाम जगत्प्रसिद्ध और जगद्व्याप्त है। यह बोतल भर कर बेची जाती है और खूब नरम और खुशबूदार होती है। इसके सिवा काशी, उड़ीसा और पञ्जाब प्रान्तमें भी सूंघनी बनती है। काशीकी नास सुगन्धयुक्त और प्रसिद्ध पर बहुत कड़ी होती है। पञ्जाबमें मोखी और बिहारमें मोतिहारी नास बनती है। कर्णाटक प्रदेशमें पीनी तमाकू नहीं चलती, सूंघनीका ही अधिक प्रचलन है। इस देशमें हिन्दू लोग हुक्का क्या चीज है यह भी नहीं जानते। मुसलमानोंके हुक्केमें तमाकू पीना हिन्दुओंके लिये जातिनाशका कारण समझा जाता है किन्तु नस्यसेवन अति आदरणीय है। बहुतेरे धार्मिक और परबके व्यवसायी लोग नस्योपसेवनकी नास ले कर नाना स्थानोंमें फिरते हैं। नस्योपसेवनकी नस्यप्रस्तुतप्रणाली बहुत ही सहज है। जितनी पत्तियोंकी नास बनानी हो, उसके डण्ठल और नसें निकाल कर आधीको घाममें सुखा दें और सूख जाने पर उसका चूरा बना लें। बची हुई आधी तमाकूको नमकके पानीमें उबाल लें। उबालनेके बाद जो पानी बचे, उसमें बची तमाकू भी उबाली जा सकती है। ऐसा करते रहनेसे पानी क्रमशः तमाकूके अर्कसे गाढ़ा होता रहता है। अन्तमें पानी जब गुड़की तरहका हो जाता है तब उसको ठण्डा किया जाता है। फिर उसमें थोड़ीसी ब्राण्डी (विलायती शराब) मिला कर पूर्वोक्त तमाकूका चूरा डाल दिया जाता है। कुछ दिन तक यह सड़ता रहता है। पीछे यह नस्य बोतलमें भर कर बेचा जाता है।

चुरुट—त्रिचिनापली, ब्रह्मदेश आदि स्थानोंमें चुरुटके कारखाने हैं। इन स्थानोंमें अपने नामसे मशहूर हर तरहके चुरुटोंका विलायतके लिए रफ्तनी होती है। इसके सिवा सभी जगह देशी चुरुट बनते हैं। मानिला, हावाना, लङ्का और ययदीवकी तमाकूके चुरुट भी विदेशको जाते हैं।

बीड़ी—यह शाल या बादाम आदिके पत्तोंमें तमाकूका चूरा लपेट कर बनाई जाती है। गरीब लोग इसे चुरुटकी तरह सुलगा कर पीते हैं। यह ग्रामवासियोंके सिवा अन्य लोगोंके लिए बड़ी प्रिय वस्तु है।

'खैनी' या 'सुर्ती'—पश्चिममें विशेषतः बिहारमें इसका ज्यादा प्रचार है। तमाकूके सूखे पत्तोंको 'खैनी' कहते हैं। बंगालमें इसे 'दोक्ता' कहते हैं। लोग इसको चबा कर खाते हैं।

गुल—तमाकूके पत्तेको चूनाके साथ रगड़ कर गोली सी बना लेते हैं और ओठके नीचे रख कर इसका रस चूसा करते हैं।

गुटी—तमाकूमें कस्तूरी चन्दन आदि मसाले डाल कर उसे कूटें और मटरकी बराबर गोलियाँ बना लें। यह पानके साथ खायी जाती है। कामीको गुटी उमदा होती है।

विशेषता—तमाकूके पत्तोंसे एक प्रकारका निर्यास निकलता है, जो विषाक्त है। हुक्केकी नलीमें उक्त तेल और तमाकूके पत्ते व्यवहृत होते हैं। देशीय वैद्योंके मतसे तमाकू संक्रामक तथा विषघ्न है।

हुक्केके पानीसे बिच्छू-कीड़े आदिका विष और सूजन जाती रहती है। हुक्केकी लकड़ीसे जो तैलवत् स्नेहद्रव्य निकलता है, उससे नसका घाव और रतौंधी अच्छी हो जाती है। कोषप्रदाह रोगमें नास, चूना और सुल्तानी चम्पकवृक्षकी छालका चूरा तीनोंको एक साथ मिला कर प्रलेप देनेसे रोग आरोग्य होता है। डा० स्मिथका कहना है, कि धनुष्टङ्कारमें मेरुदण्ड पर तमाकूकी पुल्टिस देनेसे फायदा पड़ता है। ज्यादा नास सूंघनेसे अजीर्णता, ज्यादा चुरट पीनेसे शरीरयन्त्रमें दुर्बलता, यकृत्में कार्यह्रास, पाकयन्त्रमें कार्यहानि इत्यादि होती है; कभी कभी लकवा जैसा आक्षेप भी होता है। तमाकूके उबाले हुए पानीसे सेंकने पर धनुष्टङ्कारका आक्षेप घट जाता है। तमाकूका डण्ठल लड़कोंके गुह्य देशमें लगानेसे मृदु विरेचन होता है। एक तरफका फोता बढ़नेसे उस पर तमाकूका पत्ता बांध देनेसे सूजन और दर्द जाता रहता है, पर सिर और देह घूमती तथा कै होती है। स्ट्रीकनाइन विषमें तमाकूका पानी प्रतिषेधकका काम करता है। चूनेमें तमाकूके पत्तेका चूरा मिला कर फोड़ा (पिलही)के ऊपर उसका प्रलेप देनेसे फायदा होता है। मसूड़े फूलने पर तमाकू दबा रखनेसे आराम पड़ता है।

इसके अलावा यदि तमाकू-सेवनका अनभ्यास हो तो इससे उद्गार, वमन, दस्त और खांसी हो जाती है; सहसा लकवा भी हो सकता है। तमाकू चबानेसे जितना अनिष्ट होता है, उतना तमाकू पीनेसे नहीं होता तथा नस्य लेनेमें उससे भी कम अनिष्ट होता है। नास सूंघनेसे रोमावृद्धि, घ्राणशक्तिकी तीक्ष्णताका नाश, अग्निमान्द्य और स्वादका परिवर्तन हो जाता है।

तमाकूमें दो प्रकारका तेल और एक प्रकारका क्षार है। इन तीन चीजोंसे ही उक्त कार्य होते हैं। एक प्रकारका तेल उद्वायु है। पानीमें तमाकू उबालनेसे, पानीके ऊपर यह तेल तैरने लगता है। इसमें ही तमाकूका गन्ध और मादकत्व (थोड़ा नशा लानेवाला)-गुण रहता है यह उत्ताप लगनेसे वायुमें मिल जाता है। तमाकू पीते समय धुएंके साथ यह ही शरीरमें आ कर अपना क्रम प्रकाश करता रहता है।

दूसरे प्रकारका तेल तमाकू जलते समय चूता रहता है। इसका स्वाद कड़ुआ होता है। यह विषाक्त द्रव्य है। इसकी एक दो बूंदसे बिल्लीका दम निकल जाता है। सिनिगार या सिरकामें इस तेलको शोधित कर लेनेसे इसका जहर जाता रहता है।

तमाकूका क्षार—थोड़ासा गन्धकद्रावक मिला कर, ईषत् अम्लजलमें तमाकूको भिगो दें, फिर उसमें कलीका चूना डाल कर उसे चुआयें ऐसा करनेसे एक प्रकारका वर्णहीन तैलवत् उद्वायु क्षार मिलेगा। यह जलसे भारी और अति विषाक्त होता है। इसकी एक बूंदसे कुत्ता मर जाता है। इसकी गन्ध इतनी तीव्र है, कि एक घरमें यदि इसकी एक बूंद हवाके साथ मिल जाय तो वहाँ श्वास लेना भी कष्टकर हो जाता है। सूखे तमाकूके पत्तेमें यह क्षार २से ८ भाग तक रहता है। 'चीनी' ज्यादा खानेवाले उसके साथ चूना मिला कर खाते हैं, इसलिए उनके शरीरमें इस द्रव्यकी अनिष्टकारिता बहुत ज्यादा होती है।

हुक्केमें पानी रहनेके कारण हुक्केसे तमाकू पीने पर उक्त विषाक्त द्रव्य शरीरके अन्दर अल्प परिमाणमें प्रविष्ट होते हैं। धुएंके साथ, नलीके भीतरसे आनेके समय, उसका कुछ अंश नलीमें और कुछ पानीमें रह जाता है। नलीदार हुक्केकी नली बड़ी होनेके कारण उससे विषाक्त द्रव्य और भी कम पेटमें जाते हैं। चुरट पीनेसे यह सुभीता नहीं होता। मन्द जलते समय तमाकूका क्षार और तैलभाग बहुत कुछ नष्ट हो जाता है, इस कारण चुरटकी अपेक्षा यह कम अनिष्टकर है। पृथिवी पर ८० करोड़से अधिक लोग तमाकू पीते हैं। [illegible] इससे शरीर और मन कुछ उत्तेजित और अवसादशून्य होता है,

इसीलिए सब तरहके आईडियोंमें अस्पालिटका तमाकूका इतना प्रचार हुआ है।

किन्तु जाँच परीक्षा करनेसे मालूम हुआ है, कि तमाकू पीनेवालोंके फुस्फुसयन्त्र (फेफड़े) बहुत शीघ्र दुर्बल हो जाते हैं। धूम्रपान, धूम्रलिह् देखो।

तमाचा (फा० पु०) थप्पड़, झापड़।

तमाचारी (सं० पु०) राक्षस, दैत्य, निशाचर।

तमादी (अ० स्त्री०) १ अवधि व्यतीत होना, समय गुजर जाना। २ ऐसे समयका बीत जाना जिसके अन्दर अदालतमें किसी दावेकी सुनवाई हो सकती हो।

तमाम (अ० वि०) १ सम्पूर्ण, पूरा, सारा, बिलकुल। २ समाप्त, खतम।

तमामी (फा० स्त्री०) एक प्रकारका देशी रेशमी कपड़ा। इस पर कलाबत्तूकी धारियाँ होती हैं।

तमारि (हिं० पु०) सूर्य, दिनकर।

तमाल (सं० पु०-क्ली०) ताम्यति कांक्षति तम कांक्षन्। तमिविशि विडीति। उण् १।११७। १ पत्रक, तेजपात। (पु०) २ वृक्षविशेष, तमालका पेड़। पर्याय कालस्कन्ध, तापिच्छ, नीलताल, तमालक, नीलध्वज, कालताल, महाबल। (Xanthocymus pictorius) यह वृक्ष देखनेमें बड़ा ही मनोरम है। २०से २५।२८ फुट पर्यन्त इसकी ऊँचाई है। भारतमें बहुत जगह यह वृक्ष होता है। तमालका फूल बड़ा और सफेद होता है। बैशाख मासमें फूल लगा करते हैं। तमालका फल भी खूब सुन्दर है, देखते ही खानेको जी चाहता है। इसका आकार कमला-नींबू जैसा है, ऊपरी छिलका बेलकी तरह चिकना और पीला है। किन्तु यह फल तीव्र अम्लरसयुक्त है। इसका छिलका सबसे ज्यादा खट्टा है। कोमल अंश (जहाँ बीज होते हैं) कुछ कम खट्टा है। किन्तु इस अंशको खानेसे भी किसी किसीके दाँत दो दिन तक खट्टे रहते हैं। इतना खट्टापन होने पर भी तमालफलमें एक प्रकारका सुस्वाद है। सावन भादोंमें यह पकता है, तब शृगाल इस फलको बहुत खाते हैं। तमालफलका आचार सुखाद्य नहीं है।

वैद्यकके अनुसार इसके गुण—मधुर, बल्य, हृद्य, शैत्य, गुरु, कफ, पित्त, तृष्णा, दाह और श्रमशान्तिकर। (राजनि०)

इस वृक्षका सार गुरु और कृष्णवर्ण तथा ऊपरका छाल मलिनाभ है। पत्ते तेजपत्तेकी आकृतिके होते हैं। इसकी छाया अन्धकारमय और घनी है। इसके पर्यायवाची नीलताल, कालताल और नीलध्वज इन शब्दोंसे इसमें नीलवर्णका तालसदृश वृक्षका भ्रम होता है। इसके फलमें भी तालतरु जैसा सार है और फल ताड़की आकृतिके हैं; इसलिए नीलतालको कालताल कहते हैं। तमालदल पर्युषित नहीं होते। (योगिनीत० ३)

३ तिलकवृक्ष, तिलकका पेड़। ४ खड्गभेद, एक तरहकी तलवार। ५ वरुणवृक्ष। ६ कृष्णखदिर, काले खैरका पेड़। ७ वंशत्वक्, बाँसकी छाल। ८ एक तरहका सदाबहार पेड़ जो हिमालय तथा दक्षिण भारतमें होता है। इसमेंसे एक प्रकारका गोंद निकलता है जो घटिया रेवंद चीनीकी भाँतिका होता है। इसको मल्होला और डमवेल भी कहते हैं। इसकी छालमें एक प्रकारका उमदा पीला रंग निकलता है। इस वृक्षमें आपके सदृश एक तरहका फल लगता है, जिसे लोग यों ही अथवा दाल आदिमें इमलीकी तरह डाल कर खाते हैं। यह औषधके काममें भी आता है। लोग इसका सिरका बनाते तथा सुखा कर भी रखते हैं। ९ श्यामपत्र। १० कृष्णतिल। ११ शैलसुनिषण्णकशाक। १२ त्वक्, दारचीनी।

तमालक (सं० क्ली०) तमाल-इवार्थे कायति कै-क। १ सुनिषण्णशाक, सुसना साग। तमालमिव स्वार्थे कन्। २ पत्रक, तेजपात। ३ श्यामपत्र, जलमें होनेवाला एक प्रकारका कमल। (पु०) ४ तमालवृक्ष। तमाल देखो। ५ बाँसकी छाल।

तमालकी [की] (सं० स्त्री०) भूधात्री, भुइँआँवला।

तमालपत्र (सं० क्ली०) तेजपत्र, तेजपात।

तमालपत्र (सं० क्ली०) १ तेजपत्र, तेजपात। २ त्वक्, दारचीनी। ३ तिलक।

तमालपत्रचन्दनगन्ध (सं० पु०) बुद्धभेद।

तमालिका (सं० स्त्री०) तमालाः सन्त्यत्र तमाल-ठन्। १ ताम्रलिप्त प्रदेश, तमलुक। २ ताम्रवल्ली नामक लता। ३ भूम्यामलकी, भुइँआँवला।

तमालिनी (सं॰ स्त्री॰) तमाली तमालवर्णोऽस्त्यस्याः इति इनि ङीप्। १ ताम्रलिप्त देशका एक नाम। २ भूम्यामलकी, भुइँआँवला।

तमाली (सं॰ स्त्री॰) तम-कालन् गौरा॰ ङीप्। १ चित्रकूटमें होनेवाली ताम्रवल्ली नामकी लता। २ मञ्जिष्ठा, मजीठ। ३ वरुणवृक्ष।

तमाशबीन (हिं॰ पु॰) १ तमाशा देखनेवाला, सैलानी। २ वेश्यागामी, रंडीबाज।

तमाशबीनी (हिं॰ स्त्री॰) वेश्यागामी, रण्डीबाजी।

तमाशा (फा॰ पु॰) १ चित्तको प्रसन्न करनेवाला दृश्य। २ अद्भुत व्यापार, अनोखी बात।

तमाशाई (अ॰ पु॰) वह जो तमाशा देखता हो।

तमाह्वय (सं॰ क्ली॰) तालीशपत्र।

तमि (सं॰ पु॰) ताम्यति ग्लायतेऽत्र तम-इन्। सर्वधातुभ्यो इन्। उण् ४।११७। १ रात्रि, रात। २ मोह। ३ हरिद्रा, हल्दी।

तमिन् (सं॰ त्रि॰) तम-घिनुण्। शमित्यष्टाभ्यो घिनुण्। पा ३।२।१४१। अन्धकारयुक्त, अँधेरा।

तमिनाथ (सं॰ पु॰) तमीनां नाथः, ६ तत्। निशानाथ, चन्द्रमा।

तमिषीचि (सं॰ स्त्री॰) तमिं मोहं मिषति मिष-इन् संज्ञायां पत्वं पृषो॰ दीर्घः। १ अप्सरोभेद, एक अप्सराका नाम। (अथर्व २।२।५) (त्रि॰) २ बलवान्, ताकतवर।

तमिस्र (सं॰ क्ली॰) तमोऽस्त्यत्र। ज्योत्स्ना तमिस्रेति। पा ५।२।११४। इति निपातनात् साधुः वा तमिस्रा अस्त्यस्य अर्श आद्यच्। १ अन्धकार, अँधेरा। २ क्रोध, गुस्सा। ३ नरकविशेष, एक नरकका नाम। (भागवत ४।७।२४)

तमिस्रपक्ष (सं॰ पु॰) तमिस्रं अन्धकारं तत्प्रधानो पक्षः, मध्यपदलो॰। कृष्णपक्ष, जिस मासका कृष्णपक्ष अँधेरा हो।

तमिस्रा (सं॰ स्त्री॰) तमो बहुलमस्ति यस्यां। ज्योत्स्ना तमिस्रेति पा ५।२।११४। इति निपातनात् साधुः। १ अन्धकार रात्रि, अँधेरी रात। २ दर्शरात्रि, अमावस्या तिथिकी रात। ३ समस्तानि, अन्धकार राशि। ४ हरिद्रा, हल्दी।

तमी (सं॰ स्त्री॰) तमि-ङीष्। १ रात्रि, रात। २ हरिद्रा, हल्दी।

तमोचर (सं॰ पु॰) निशाचर, दैत्य, दनुज।

तमोज् (अ॰ स्त्री॰) १ विवेक, भले बुरेका विचार। २ पहचान, चिह्न। ३ ज्ञान, बुद्धि। ४ अदब, कायदा।

तमीपति (सं॰ पु॰) चन्द्रमा, निशाकर।

तमीश (सं॰ पु॰) चन्द्रमा।

तमुट्कीय (सं॰ क्ली॰) तमुट् हि इत्यादिकमर्थमधिकृत्य प्रवृत्तः इतिच्छ। सूक्तभेद, एक सूक्तका नाम।

तमेर (सं॰ त्रि॰) ताम्यति तम-एर। ग्लानियुक्त, जिसे लज्जा हो।

तमोगा (सं॰ त्रि॰) १ अन्धकारमें जानेवाला। (पु॰) २ सुपर्णका नामान्तर।

तमोगु (सं॰ पु॰) राहु।

तमोगुण (सं॰ पु॰) तमसः गुणः, ६-तत्। प्रकृतिका तृतीय गुण। इस गुणका प्राधान्य होनेसे मनुष्य क्रोधमें आ कर खराबसे खराब काम करते हैं। तमस् देखो।

तमोगुणी (सं॰ त्रि॰) जिसकी वृत्तिमें तमोगुण हो।

तमोघ्न (सं॰ पु॰) तमोऽन्धकारं वा मोहं अज्ञानं हन्ति हन-टक्। १ सूर्य। २ वह्नि, आग। ३ चन्द्रमा। ४ बुद्ध। ५ विष्णु। ६ शिव, महादेव। ७ ज्ञान। ८ दीप, दीया, चिराग। ९ बौद्धमतके नियमादि। (त्रि॰) १० तमोनाशक, जिससे अँधेरा दूर हो।

तमोज्योतिस् (सं॰ पु॰) तमसि ज्योतिर्यस्य, बहुव्री॰। खद्योत, जुगनू।

तमोदर्शन (सं॰ क्ली॰) पैत्तिक ज्वर, वह ज्वर जो पित्तके प्रकोपसे उत्पन्न हो।

तमोनुद् (सं॰ त्रि॰) तमोऽज्ञानं अन्धकारं वा नुदति नुद-क्विप्। १ अग्नि, आग। २ सूर्य। ३ चन्द्रमा। ४ दीप, दीया, चिराग। ५ तमोनाशक, जिससे अँधेरा दूर हो।

तमोनुद (सं॰ पु॰) तमो नुदति नुद-क। इगुपधेति। पा ३।१।१३५। १ अग्नि, आग। २ चन्द्रमा। ३ ईश्वर, प्रकृतिप्रेरक। (त्रि॰) ४ अन्धकारनाशक। ५ अज्ञाननाशक।

तमोऽन्धकृत् (सं॰ पु॰) तमसोऽन्धं करोति कृ-क्विप्। १ वह जो समस्त अज्ञान विनाश करता हो। २ वह जिससे समस्त अन्धकार दूर होता है।

तमोऽन्ध (सं॰ क्ली॰) अन्धभेद, इस तरहसे अन्ध हो सकता है, उनमेंसे तमोऽन्ध एक है।

तमोऽपह (सं॰ पु॰) तमोऽन्धकारं अपहन्ति अप-हन-ड। अपे क्लेशतमसोः। पा ३।२।५०। १ सूर्य। २ चन्द्र। ३ अग्नि। ४ ज्ञान। (वि॰) ५ तमोनाशक, जिससे अँधेरा दूर हो। ६ मोहनाशक।

तमोभिद् (सं॰ पु॰) तमस्तिमिरं भिनत्ति नाशयति भिद्-क्विप्। १ खद्योत, जुगनू। (वि॰) २ तमोभेदक, जिससे अँधेरा दूर हो।

तमोभिद (सं॰ पु॰) तमोभिद् देखो।

तमोभूत (सं॰ त्रि॰) १ अन्धकारकृत, अँधेरा किया हुआ। २ अज्ञ, अज्ञानी, जड़, मूर्ख, नादान।

तमोमणि (सं॰ पु॰) तमसि अन्धकारे मणिरिव। १ खद्योत, जुगनू। २ गोमेदक मणि।

तमोमय (सं॰ त्रि॰) तम आत्मकं तमः प्रचुरं वा तमस्-मयट्। १ अन्धकारात्मक, अँधेरासे घिरा हुआ। २ अज्ञानावृत, अज्ञानी, मूर्ख। ३ तमोगुणयुक्त। (पु॰) ४ राहु।

तमोरि (सं॰ पु॰) सूर्य।

तमोलिन (हिं॰ स्त्री॰) तँबोलिन।

तमोलिप्ती (सं॰ स्त्री॰) तमसा लिप्यते लिप-क्त निपातनात् ङीप्। जनपदविशेष, एक मुल्कका नाम। इसके पर्याय—तामलिप्त, वेलाकूल, तमालिका, दामलिप्त, तमालिनी, स्तम्बपूः और विष्णुगृह हैं। तमलुक देखो।

तमोली (हिं॰ पु॰) तँबोली देखो।

तमोविकार (सं॰ पु॰) तमसैव विकारो यत्र, बहुव्री। १ रोग। तमसो विकार, ६-तत्। २ तमोगुणका विकार, निद्रा और आलस्य आदि। तमस् देखो। ३ तमिस्रा, रात्रि, रात।

तमोवृध् (सं॰ त्रि॰) तमसि वा तमसा वर्द्धते वृध्-क्विप्। १ अँधेरी रातमें घूमनेवाला राक्षस। २ अज्ञान हठ, भारी नादान।

तमोज्योति (सं॰ पु॰) खद्योत।

तमोहन् (सं॰ त्रि॰) तमो हन्ति हन-क्विप्। १ अज्ञाननाशक। २ अन्धकारनाशक, सूर्य, चन्द्र प्रभृति।

तमोहर (सं॰ त्रि॰) तमो हरति हृ-अच्। १ अज्ञाननाशक। २ अन्धकारनाशक, जिससे अँधेरा दूर हो। (पु॰) ३ सूर्य। ४ चन्द्रमा।

तमोहरि (सं॰ पु॰) तमसो हरिः, ६-तत्। १ सूर्य। २ चन्द्रमा। ३ अग्नि। ४ ज्ञान।

तम्पा (सं॰ स्त्री॰) तम्पति गच्छति तम-अच् पृषो॰ साधुः। सोरभेयी गाभी, अच्छी गाय।

तम्बा (सं॰ स्त्री॰) तम्बति तम्ब-अच्-टाप्। गाभी, गाय।

तम्बिका (सं॰ स्त्री॰) तम्ब ण्वुल्-टाप् कापि अत इत्वं। गाभी, गाय।

तम्बीर (सं॰ पु॰) तम्ब-ईरन्। योगभेद, ज्योतिषका एक योग। योग देखो।

तम्बौर—१ अयोध्याके सीतापुर जिलेका बिसवन तहसीलका परगना। इसके उत्तरमें खेरी जिला, पूर्व, दक्षिण तथा पश्चिममें कुण्डि, बिसवन और लाहरपुर परगना है। भूपरिमाण १८० वर्गमील है। इस परगनेमें बहुतसी नदियां बहती हैं। उत्तरमें दहावर नदी तथा पश्चिममें घाघरा, चौका और कई एक छोटी छोटी नदियां, मध्यदेशको विच्छिन्न करती हैं। इस परगनेमें सब जगह एक प्रकारकी दोमट मट्टी पाई जाती है। इस कारण खेतमें जल सींचने का प्रयोजन नहीं पड़ता है। वर्षाकालमें परगनेके प्रायः सभी ग्राम जलप्लावित हो जाते हैं। चौका और दहावर नदी अक्सर प्रवाहपथ बदला करती हैं। ये दोनों नदियां जिस ग्राम हो कर बहती हैं, प्रति वर्ष उस ग्रामको बहुत क्षति होती है।

तम्बौर परगनेके कुर्मी और मुराव गृहस्थ कृषिकार्यमें बड़े सुदक्ष और अभिज्ञ हैं।

इस परगनेमें १६६ ग्राम लगते हैं। इनमें ८० तालुक हैं, जिनमेंसे ४१ गौड़ राजपूतोंके अधिकारभुक्त हैं। ८६ ग्राम जमीन्दारी हैं, इनमें भी ४०के अधिकारी गौड़ राजपूत हैं।

तम्बौर परगनेमें शोरा तैयार होता है। एक सड़क इस परगने हो कर सीतापुरसे मल्लापुर तक चली गई है।

२ उक्त सीतापुर जिलेका बिसवन तहसीलका एक शहर। यह मल्लापुरसे ६ मील पश्चिम तथा सीतापुर शहरसे २५ मील उत्तर-पूर्वमें अवस्थित है। ८८० वर्षसे अधिक समय हुए, ताम्बु लोगोंने यह नगर स्थापन किया

था, उन्हींके नामानुसार इसका 'तम्बोर'-नाम हुआ है।

अहमदाबाद ग्राम तम्बोर नगरके मध्यमें है। यह अभी कुर्मी-पंचायतके हस्तगत है। इस शहरमें एक स्कूल, बाजार, महादेवका मन्दिर और एक महात्माकी कब्र है। यहांका ईंटेका बना हुआ प्रायसरोवर धीरे धीरे बरबाद होता जा रहा है। पहले इस शहरमें एक दुर्ग था।

तम्र (सं० त्रि०) ताम्यत्यनेन तम करणे र। ग्लानिसाधन, जिसे लज्जा उत्पन्न हो।

तय (अ० वि०) १ समाप्त, पूरा किया हुआ। २ निश्चित, स्थिर, मुकर्रर। ३ निर्णीत, फैसल।

तर (सं० पु०) तृ-भावे अप्। ऋदोरप्। पा ३।३।५७। १ तरण, पार करनेकी क्रिया। २ लगातु, अग्नि। ३ वृक्ष। ४ प्रत्ययविशेष, एक प्रत्ययका नाम, दोमें एकका उत्कर्ष या अपकर्ष समझे जानेसे गुणवाचक शब्दके बाद तर प्रत्यय आता है। ५ पथ, रास्ता। ६ गति, चाल। ७ नावकी उतराई। ८ मल्लाह।

तर (फा० वि०) १ आर्द्र, भीगा हुआ, गीला। २ शीतल, ठण्ढा। ३ हरा, जो सूखा न हो। ४ मालदार, भरा पूरा।

तरक (हिं० स्त्री०) १ तड़क देखो। (पु०) २ विचार, सोच विचार, उधेड़बुन, ऊहापोह। ३ तर्क, उक्ति, चतुराईका वचन। ४ पृष्ठ या पन्ना समाप्त होने पर उसके नीचे किनारेकी ओर लिखा हुआ अक्षर या शब्द। यह शब्द आगेके पृष्ठके आरम्भका अक्षर या शब्द सूचित करनेके लिए लिखा जाता है। ५ व्यतिक्रम, भूलचूक।

तरकना (हिं० क्रि०) कूदना, झपटना, उछलना।

तरकश (फा० पु०) तूणीर, तीर रखनेका चोंगा।

तरकस (हिं० पु०) तरकश देखो।

तरकसी (फा० स्त्री०) छुद्रतूणीर, छोटा तरकश।

तरका (हिं० पु०) तड़का देखो।

तरकारी (फा० स्त्री०) १ वह पौधा जिसकी पत्ती, जड़, डंठल, फल, फूल आदि पका कर खानेके काममें आते हैं। २ शाक, भाजी। ३ खानेयोग्य मांस।

तरकी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका गहना जिसे स्त्रियां कानमें पहनती हैं। इस गहनेका जो भाग कानके भीतर रहता है वह ताड़के पत्तेको गोल लपेट कर बनाया जाता है। इसीसे यह शब्द 'ताड़' से निकला हुआ प्रतीत होता है। संस्कृत शब्द 'ताड़ङ्क' से भी यही सूचित होता है। कहीं कहीं इसे तालपत्र भी कहते हैं। इस गहनेका व्यवहार छोटी जातिकी स्त्रियोंमें अधिक होता है।

तरकीब (अ० स्त्री०) १ संयोग, मिलान, मेल। २ युक्ति, उपाय, ढंग। ३ रचनाप्रणाली, शैली, तरीका। ४ बनावट, रचना।

तरकोहार—एक प्रकारकी नीच हिन्दू जाति। ये लोग विशेष कर ताड़के पत्तोंसे 'तरकी' नामका गहना, जिसे नीच जातिकी स्त्रियां पहनती हैं, बनाते हैं। इसीसे इनका नाम तरकोहार पड़ा है। मुजफ्फरपुरमें जो तरकोहार हैं वे अपनेको वैश्य राजपूत और गोरखपुरमें ब्राह्मण बतलाते हैं। लेकिन ब्राह्मण या राजपूत होनेका इनका कोई प्रमाण नहीं मिलता है। जो कुछ हो, अवश्य ये लोग हिन्दू हैं इसमें सन्देह नहीं। क्योंकि मर्दुमशुमारीमें भी इन्हें हिन्दू ही बतलाया है।

ये लोग पांचसे ले कर ग्यारह वर्षकी अवस्थामें लड़कीका विवाह करते हैं। इनमेंसे यदि कोई पहली स्त्रीके रहते दूसरा विवाह करना चाहे, तो जब तक पञ्चायत सलाह नहीं देती तब तक वह विवाह नहीं कर सकता है। विधवाविवाह भी इस जातिमें प्रचलित है। मरवरिया वंशके तिवारी ब्राह्मण इनके पुरोहित होते हैं। इनका प्रधान व्यवसाय 'तरकी' बनना है। कभी कभी ये लोग सिन्दूर और टिकुली ले कर भी मेलेमें बेचने जाते हैं। इस जातिके लोग शराब पीते, भेड़े, बकरे तथा हरिणमांस खाते हैं। ब्राह्मण केवल इनके हाथका जल ही पीते हैं और कुछ नहीं।

तरकुला (हिं० पु०) एक प्रकारका गहना, जो कानमें पहना जाता है, तरकी।

तरकुली (हिं० स्त्री०) कानका एक गहना, तरकी।

तरक्की (अ० स्त्री०) वृद्धि, उन्नति बढ़ती।

तरक्षु (सं० पु०) तरक्षु पृषोदरादुत्वोत्। तक्षु देखो।

तरङ्ग (सं० पु०) तरं वेगं गच्छति गम-ड। तरतीति तृ-अङ्गच्।

स्थानविशेष, नक्षुबंधा, चरख। पर्याय—मृग, मृगादन और तरक्षुक। (शब्दर०)

यह मांसाशी हिंस्रजन्तु है। इसका आकार प्रायः कुत्ते समान और सर्वाङ्ग रेखादि द्वारा चिह्नित होनेसे, इसको हायना (Hyæna Striata) भी कहते हैं। यह कुत्ते-से कुछ बड़ा होता है, इसके शरीरका चमड़ा चित्रल-वर्ण लोमोंसे ढका है तथा स्कन्ध कपिश रेखान्वित और पीठपर केशरकी तरह दीर्घलोम हैं। इसके सामनेका पैर पीछेसे कुछ बड़े और पूंछ छोटी होती है। पेटकी धारियाँ सुस्पष्ट होती हैं; पीठका रंग सार होनेके कारण वहांकी तिरछी धारियाँ स्पष्ट नहीं दीखती।

इसकी दोनों डाढ़ें (दांत) अत्यन्त सबल और दृढ़ हैं और तो क्या यह इनसे हड्डी तकको कतर सकता है। ये भारतवर्ष, सिंहल, अफ्रीका, अरब, आदि स्थानोंमें रहते हैं। ये घने जङ्गलोंमें रहना पसन्द करते हैं। विरलगुल्मपूर्ण पर्वतकी गुहा, नदीतीरस्थ वनके प्रान्त आदि स्थानोंमें ही इनका वास है। दिनको पर्वतकी गुहा या जङ्गलके गड्ढोंमें सोते हैं तथा सन्ध्याके बाद श्मशानमें, लोकालयके किनारे या प्रान्तरमें आहारकी खोजमें निकलते हैं। ये मुर्दे खाते और उनकी हड्डी चबाना पसन्द करते हैं। कुत्ता, बिल्ली, गाय, बकरी इत्यादिको यातें ही पकड़ ले जाते हैं।

इसकी गर्जनसे एक प्रकारका विकट शब्द होता है, कुत्ते भी उसे सुनते ही डरसे और भागते हैं, इसी डरसे पर यह कुत्तोंको पकड़ता है। स्वभावतः यह डरपोक होता है। यह मनुष्य पर प्रायः आक्रमण नहीं करता। समतल स्थानमें ये उतनी तेजीसे नहीं दौड़ सकते किन्तु पार्वत्य-स्थानमें इसको दौड़ देखनेसे विस्मित होना पड़ता है। बचपनसे पालनेसे यह हिलता है, पर ज्यादा उत्तेजित करने या छेड़नेसे यह भयानक हो जाता है। नाना स्थानोंमें नाना प्रकारके तरक्षु देखनेमें आते हैं। उन सभीका स्वभाव प्रायः एकसा है।

इसके गुह्यद्वारके नीचेकी झिल्लीको चमड़ा सिकुड़ी हुई है, इसलिये पहले ग्रीकके लोग इसको उभय लिङ्ग समझते थे। प्लिनि, इलियन आदि प्रसिद्ध ग्रन्थकारोंने लिखा है, कि यह एक वर्ष तक पुंलिङ्ग रहता है, फिर साथ स्त्रीलिङ्ग हो जाता है। इस प्रकारके और भी बहुतसे अलीक उपाख्यान हैं, जिनसे ग्रीक-पारस्य आदिके लोग इसकी हड्डी, चमड़ा, लोमादि, आदि विषयोंमें आश्चर्यशक्तियुक्त ज्ञान कर आदरके साथ रक्षा करते थे।

तरक्षुक (सं० पु०) तरक्षु स्वार्थे कन्। तरक्षु देखो।

तरगा (हिं० स्त्री०) तीव्रप्रवाह, तेज प्रवाह।

तरघान (हिं० पु०) बढ़ई, वह जो लकड़ीका काम करता हो।

तरगुलिया (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका छिछला बरतन जिसमें पकान रखा जाता है।

तरङ्ग (सं० पु०) तरति प्लवते इति तृ-अङ्गच्। तरन्तादिभ्यश्च। उण् १।११९। ऊर्मि, लहर, हिलोर। वायु द्वारा नदी इत्यादिका जल उछाले जाने पर वह तिर्यक्रूपसे बहने लगता है, इस प्रकारकी गतिका नाम तरङ्ग है। एकमात्र वायु ही तरङ्गका कारण है। इसके पर्याय—भङ्ग, ऊर्मि, ऊर्मी, वीचि, वीची, ह्लो, विनि, लहरि, लहरी, उल्लोल, भृङ्गि, उत्कलिका और ऊर्मिका है। २ वस्त्र, कपड़ा। ३ चित्र प्रभृतिका समुत्थान, घोड़े आदिका फलांग या उछाल। ४ चित्तकी उमङ्ग, मनकी मौज। ५ एक प्रकारकी चूड़ी जो हाथमें पहनी जाती है। ६ स्वरलहरी, सङ्गीतमें स्वरोंका चढ़ाव उतार।

तरङ्गक (सं० पु०) तरङ्ग-स्वार्थे कन्। १ पानीकी लहर, हिलोर। २ सङ्गीतमें स्वरोंका चढ़ाव उतार।

तरङ्गभीरु (सं० पु०) तरङ्गेन भीरुः, ३-तत्। चतुर्दश मनुका पुत्रभेद, चौदहवें मनुके एक पुत्रका नाम।

तरङ्गवती (सं० स्त्री०) तरङ्गिणी, नदी।

तरङ्गालि (सं० स्त्री०) नदी।

तरङ्गिणी (सं० स्त्री०) तरङ्गिन् स्त्रियां ङीप्। नदी, सरित्।

तरङ्गित (सं० त्रि०) तरङ्गः सञ्जातोऽस्य तारकादित्वादितच्। १ जाततरङ्ग, हिलोर मारता हुआ, लहराता हुआ। २ चञ्चल, चपल। ३ भङ्गिविशिष्ट।

तरङ्गिन् (सं० त्रि०) तरङ्गोऽस्त्यस्य तरङ्ग इनि। १ तरङ्गयुक्त, जिसमें लहर हो। २ आनन्दी, मनमौजी।

तरचपी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका पौधा। यह सजावटके लिये उद्यानमें लगाया जाता है।

तरछट (हिं० स्त्री०) तलछट देखो।

तरछा (हिं० पु०) वह स्थान जहां तेली गोबर जमा करता है।

तरज (हिं० पु०) तर्ज़ देखो।

तरजना (हिं० क्रि०) १ ताड़न करना, डांटना, डपटना। २ उचित अनुचित कहना, बिगड़ना।

तरजनी (हिं० स्त्री०) १ तर्जनी, अंगुठेके पासकी उँगली। २ भय, डर।

तरजुमा (अ० पु०) भाषान्तर, अनुवाद, उल्था।

तरट (सं० पु०) चक्रमर्द वृक्ष, चकवँड़।

तरण (सं० पु०) तीर्यते अनेन तृ करणे ल्युट्। १ प्लव, पानी पर तैरनेवाला तख्ता, बेड़ा। २ स्वर्ग (क्लो०) भावे ल्युट्। ३ प्लवनपूर्वक देशान्तर गमन, बेड़ा पर चढ़ कर दूसरा देश जाना। ४ पारगमन, नदी आदिको पार करनेका काम। ५ निस्तार, उद्धार। ६ सन्तरण।

तरणतारण—१ पञ्जाबके अमृतसर जिलेके दक्षिण भागमें अवस्थित एक तहसील। यह अक्षा० ३१°१०´ तथा ३१°४०´ और देशा० ७४°३३´ तथा ७५°१७´ पू०में अवस्थित है। इस तहसीलमें सब जगह बड़े बड़े मैदान हैं और इसके अधिकांश स्थलमें ही खेती होती है। क्षेत्रफल ५८७ वर्गमील है। इसमें शहर और ग्राम मिला कर कुल ३४० लगते हैं। यहां हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई इत्यादि विभिन्न धर्मावलम्बियोंका वास है। मुसलमानोंकी संख्या सबसे अधिक है। लोकसंख्या प्रायः ३२१५७६ है।

इस तहसीलमें गेहूं, जौ, ज्वार, उर्द, धान, सुन्दरी ईख, कई तथा तरह तरहकी साक सब्जी उत्पन्न होती है। यहांकी वार्षिक आय प्रायः २८३८७०) रु०की है। इस तहसीलमें एक फौजदारी और दो दीवानी अदालत हैं। एक तहसीलदार और एक मुन्सिफ विचारकार्य करते हैं। यहां ४ थाने हैं, जिनमें बहुतसे कान्सटेबल और चौकीदार रहते हैं।

२ उक्त तहसीलका प्रधान शहर। यह अक्षा० ३१°२७´ उ० और देशा० ७४°५६´ पू० पर अमृतसर शहरसे १२ मील दक्षिणमें शतद्रु और विपासा नदीके सङ्गमस्थल पर अवस्थित है। इस शहरमें म्युनिसपालिटीका बन्दोवस्त है। हिन्दू, मुसलमान सिख प्रभृति धर्मावलम्बी मनुष्य यहां वास करते हैं।

गुरु रामदासजीके उत्तराधिकारी गुरु अर्जुनजीने यह नगर स्थापित किया है। इन्होंने शिष्योंसे नगरके मध्य एक सुन्दर तालाब और उसके बगलमें एक सिख धर्ममन्दिर निर्माण कर गये हैं। प्रवाद है कि जो कुष्ठरोगी तैर कर यह तालाब पार हो सके, वह उसी समय आरोग्य हो जाता है। इसी कारण शहरका नाम तरणतारण रखा गया है। तालाबके पार्श्वस्थित मन्दिरके प्रति महाराज रणजित्सिंहको अगाध भक्ति थी। उन्होंने बहुत रुपये खर्च करके मन्दिरको अलङ्कृत तथा इसका ऊपरी भाग तांबेसे मढ़वा दिया था। उक्त सरोवरके दोनों किनारे नवनिहालसिंहके बनाये हुए ऊंचे स्तम्भ विद्यमान हैं। यह शहर मञ्झाकी राजधानी कह कर प्रसिद्ध है। तथा बारि दुआबका मध्यस्थल भी है। इस स्थानको इतिहासमें सिखोंका दुर्ग बतलाया है। अब भी यहांसे वृटिश गवर्मेण्ट बहुत सैन्य संग्रह करती है।

अमृतसरके साथ इस शहरका वाणिज्यसम्बन्ध है। यहां लोहेके अच्छे अच्छे बरतन तैयार होते हैं।

यहांसे थोड़ी ही दूर पर बारि-दुआबकी सोब्राओन शाखा है। इस शाखासे एक नाला हो कर तरणतारणके सरोवरमें जल गिरता है। यह नाला स्रोतके रास्तेसे बनाया गया है। शहरमें विद्यालय, पुलिस, थाना, सराय, चिकित्सालय, डाकघर और विद्यालय है। अमृतसर और लाहोरविभागके दरिद्र कुष्ठ रोगियोंके लिये जो कुष्ठाश्रम प्रतिष्ठित हुआ है, वह शहरके बाहरमें पड़ता है। शहरके समीप भी बहुतसे कुष्ठरोगियोंका वास है। यहांके अधिवासियोंका कहना है, कि गुरु अर्जुनजी इन लोगोंके आदिपुरुष हैं।

तरणि (सं० पु०) तार्यत्यनेन तृ अनि। अ.ग उन्‌ द अनीति। उ्‌ण् २।१०२। १ सूर्य। २ प्लवक, बेड़ा। ३ अर्कवृक्ष, मदारका पेड़। ४ किरण, रोशनी। ५ ताम्र, तांबा। (स्त्री०) ६ नौका, नाव। ७ घृतकुमारी, घीकुवार, ग्वारपाठा। ८ कण्टकर्कमता। (त्रि०) ९ तारक, उद्धार करनेवाला। १० शीघ्रगन्ता, जल्दी जानेवाला। ११ जो शत्रुको उल्लंघन कर वर्तमान हो।

कहलाते हैं इस लोगोंको ऐसा भ्रम होता है, कि एक व्यक्तिके अनेक उत्तराधिकारी थे। उन उत्तराधिकारियोंने जमीन आपसमें विभक्त कर ली। कालक्रमसे एक एक महालमें अनेक अधिकारियोंका अंश खरीद लिया। १०१४ ई०में एक एक महालका अधिकृत विभाग इन्हींके नाम पर तरफदरमें लिखा जाने लगा। तरफकी उत्पत्तिके विषयमें तीसरा मत भी प्रचलित है। १७१४ ई०में बन्दोबस्तके कर्मचारियोंको कार्यमें पारदर्शिताके कारण पुरस्कारस्वरूप बहुतसी जमीन मिली थी। उन जमीनोंको उन्होंने एक एक महालके अन्तर्गत कर लिया। यही महाल अन्तमें तरफ नामसे प्रसिद्ध हो गया है, चट्टग्राममें कानूनगो नामके अनेक तरफ हैं।

कर्नेलफरोक्के हिसाबसे चट्टग्राममें ११०८ संख्यक तरफ देखे जाते हैं। जिनमें मध्यभागमें ही तरफकी संख्या अधिक है। उत्तरांशमें फटिकछरी थानाके अधीन इसकी संख्या कुछ कम है।

तरफदार (अ० वि०) पक्षपाती, समर्थक, हिमायती।

तरफदारी (अ० स्त्री०) पक्षपात।

तरफराना (हिं० क्रि०) तड़फड़ाना देखो।

तरब (हिं० पु०) सारङ्गीके तार। ये तांतके नीचे एक विशेष ढङ्गसे लगे रहते हैं।

तरबगञ्ज—युक्तप्रदेशके गोण्डा जिलेकी एक तहसील। यह अक्षा० २६° ४६´ और २७° १० उ० तथा देशा० ८१° ११´ और ८२° १८´ पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण १२० वर्गमील तथा लोकसंख्या ३१४८८१ है। यहां हिन्दू, मुसलमान, ईसाई प्रभृति वास करते हैं। हिन्दूकी संख्या सबसे अधिक है। नवाबगञ्ज, दिगसिर, महादेव गुआरिच ये चार परगने तरबगञ्ज तहसीलके अन्तर्गत हैं। इसमें ५४१ ग्राम तथा नवाबगञ्ज, कोलोनेलगञ्ज नामके शहर लगते हैं। इस विभागकी वार्षिक आय प्रायः ४१०००० है। १८८५ ई०को इस तहसीलमें १ दीवानी, २ फौजदारी अदालत, ४ थाने, ८० पुलिस कर्मचारी और ८४१ चौकीदार थे।

तरबतर (फा० वि०) आर्द्र, भीगा हुआ।

तरबन्ना (हिं० पु०) ठाकुरद्वारेका जल रखनेका एक बरतन जो तांबे या पीतलका होता है।

तरबालिका (सं० स्त्री०) करवालिका पृषो० साधु। करवालिका, एक प्रकारका कटार। खड्ग देखो।

तरबूज, तरबुज (फा० पु०) फलविशेष, एक प्रकारका फल जो लौकी या कुम्हड़ेकी तरह गोलाकार और बड़ा होता है। इस फलके भीतर पानीका अंश अधिक है। संस्कृत पर्याय—तरम्बुज, कालिन्दक, सुवर्ताक और फलवर्तुल। हिन्दीमें इसे कलींदा कहते हैं। गुण—शीतल, मलरोधक, मधुररस, मधुर पाक, गुरु, विष्टम्भि, अभिष्यन्दकारक तथा दृष्टिशक्ति, शुक्र और पित्तनाशक। पक्के फलके गुण—पित्तवर्द्धक, उष्ण, क्षार तथा कफ और वायुनाशक। इसके पत्ते तिक्त और रक्तस्रावक हैं। (वैद्यकनि०) ज्येष्ठ मासकी पूर्णिमाकी अर्द्ध रात्रिके समय महाकाली तृषातुरा हो कर त्रिलोकमें भ्रमण करती हैं, ऐसा समझ कर ब्राह्मण जो उनके उद्देशसे तरबूज चढ़ाते हैं, उनसे हरप्रिया महाकाली परितृप्त हो कर वर देती हैं तथा चढ़ानेवाला चिरायुः होता है। इसलिए ज्येष्ठ मासकी पूर्णिमाके दिन आधीरातके समय महाकालीको तरबूज चढ़ाना उचित है।

(व्रतकालादर्श)

प्राचीन महाद्वीपके प्रायः सभी देशोंमें तरबूज पाया जाता है। उष्णप्रधान देशोंमें ही इसकी ज्यादा उपज है। गुजरातीमें इसको तरबूच, तरबूच और तरमूज और संस्कृतमें तरम्बुज कहते हैं। फारसीमें इसको हिन्दवाना और कर्बुज तथा अंग्रेजीमें वाटर-मेलन कहते हैं। (Citrullus Cucurbita.)

तरबूजके पत्ते गोल और बीचमें कुछ गहरे कटे होते हैं। फल गोल और बड़ा होता है। इसका छिलका चिकना, घोर सब्ज और चित्तिवत् होता है। पके तरबूजका भीतरी भाग पीत, पाटल अथवा रक्तवर्ण है और बीजोंका मध्यभाग सफेद। सब तरबूजके बीज एकसे नहीं होते, किसीके लाल और किसीके काले रंगके आदि होते हैं। तरबूज फूटकी जातिका है, पर इसमें जल बहुत ज्यादा होता है।

भारतमें प्रायः सर्वत्र ही तरबूजकी खेती होती है। उत्तरांशमें यह कुछ अधिक उत्पन्न होता है। अमेरिका, एशियावासी और यूरोपीय लोग इसे खूब पसन्द करते

है। पौष और माघ मासमें इसकी खेती होती है। यह ग्रीष्मकालके प्रारम्भमें ही यह उत्पन्न होता है। असमयमें वृष्टि अथवा ओले पड़नेसे इसको फसल मारी जाती है। युक्तप्रदेशमें कालिन्द नामक एक तरहका तरबूज मिलता है, जो जेठके महीनेमें ईखके खेतमें बोया जाता और कार्त्तिकमें पकता है। ग्रेट-ब्रिटनमें तरबूजकी खेती बहुत कम होती है पर वहां वालोंको यह प्रिय बहुत है। दक्षिण अफरीकाका तरबूज साधारण तरबूजसे कुछ निराला होता है। अफरीकामें यह सर्वत्र पाया जाता है। चीनदेशमें भी तरबूज होता है। चीन लोग उस तरबूजको ज्यादा खाते हैं, जिसका मध्यांश लाल हो। युरोपीय, स्पेनीय, इटालियन और कैरोलिना लोग तरबूजको सर्वोत्कृष्ट फल कहते हैं। वैशाख और ज्येष्ठ मासमें बङ्गदेशके हर एक बाजार या हाटमें असंख्य तरबूज बिका करते हैं।

लिनियसका कहना है, कि तरबूज इटली देशके दक्षिणांशसे पृथिवीके अन्यत्र प्रचारित हुआ है। किन्तु सेरिन्जके मतसे, यह भारतवर्ष और अफरीकाका फल है। लिभिंष्टोनका विवरण पढ़नेसे ज्ञात होता है, कि अफरीकाकी बहुतसी जमीन तरबूजोंसे छा जाती है; यहांके असभ्य अधिवासी तथा जङ्गली जानवर इसे खाया करते हैं। जिन स्थानोंमें ग्रीष्मके प्रारम्भमें अत्यन्त शीतलतासम्पादक शाक सब्जी नहीं होती; वहां तरबूज आदि फल बहुत होते हैं। बहुत प्राचीनकालसे ही अफरीका और एशियामें तरबूजका प्रचलन चला आ रहा है। यह किस देशमें सबसे पहले उपजा था, इसका निर्णय करना असम्भव है। भारतके बहुतसे प्राचीन ग्रन्थोंमें तरबूजका उल्लेख मिलता है। यूरोपमें १६वीं शताब्दीसे पहले तरबूज नहीं मिलता था और यह भी आज तक निर्णीत नहीं हुआ, कि पहले पहल किस देशसे इसकी आमदनी हुई। प्राचीन इजिप्टवासियोंके चित्र देखनेसे मालूम होता है, कि वे तरबूजकी खेती करते थे। यूरोपवासियोंका कहना है, कि १०वीं शताब्दीसे पहले चीनदेशमें तरबूज न था। कुछ भी हो, संक्षेपतः उष्णप्रधान देशमें ही इसकी उत्पत्ति है, इसमें सन्देह नहीं।

तरबूजके बीजसे एक प्रकारका पीतवर्ण और साफ तेल बनता है। यह जलानेके काममें आता है। कहीं कहींके लोग इस तेलसे खानेकी चीज भी बनाते हैं।

शैत्यसम्पादक औषध बनानेके लिए तरबूजके बीजों-का प्रयोग किया जाता है। तरबूजके बीज विक्रयार्थ तैयार रहते हैं तथा इसकी खपत भी काफी होती है। इसके गुण—मूत्रोत्पादक, शीतलकारक और बलकर। बम्बई-विभागमें ही इसका अधिक प्रचलन है। तरबूज-का जल पीनेसे छाती और मस्तिष्क-ज्वरमें उपकार दिखाई देता है। डा॰ एन्सलीने इसको व्यवस्था देकर यथेष्ट फल पाया था।

तरबूजके बीज दबे हुए और चपटे होते हैं, पर सबकी आकृति एकसी नहीं होती। बीजोंको सुखा कर रखनेसे इसको गिरी खाई जा सकती है।

युक्तप्रदेश विशेषतः अयोध्याकी बहुतसी जमीनोंमें तरबूज उत्पन्न होते हैं। बीकानेरमें स्वभावतः बिना बोये बहुत तरबूज पैदा होते हैं। यहां तरबूजको संख्या इतनी ज्यादा है, कि मासमें कई महीने तो यही लोगोंका प्रधान खाद्य हो जाता है। दुर्भिक्ष पड़ने पर लोग तरबूजसे तथा उस जातीय फलके बीजोंसे एक तरहका आटा बना कर जीवन रक्षा करते हैं। युक्तप्र-देशमें जैसा स्वादिष्ट तरबूज होता है, वैसा भारतवर्षमें और कहीं भी नहीं होता। इस तरबूजकी सर्वत्र प्रसिद्धि है। गर्मियोंमें लोग इसका शरबत बना कर पीया करते हैं।

असली पिठा तरबूजकी जमीनमें साधारणतः व्यवहृत होता है।

तरबूजिया (हिं॰ वि॰) जिसका रंग तरबूजके छिलकेके रंगसा हो, गहरा हरा।

तरमाची (हिं॰ स्त्री॰) तरवांची देखो।

तरमाना (सं॰ पु॰) तर-शानच्। यह चीज जिसके द्वारा नदी इत्यादि पार होता हो, नाव इत्यादि।

तरमानी (हिं॰ स्त्री॰) वह नदी जो सोती हुई भूमिमें जाती है।

तरमाली—पासी जातिकी एक शाखा। पासीके जैसा ये लोग भी ताड़के पेड़से ताड़ी चुआते हैं। ये केवल बैसा-खाड़में ही पाये जाते हैं जहां इनकी संख्या निराली कम है।

तरमीम (अ० स्त्री०) संशोधन, दुरुस्ती।

तरम्बुज (सं० क्ली०) तरं तरणं अम्बु यत् जायते यत्र तत्र अम्बुबहुलत्वात् तथात्वम्। तरबूज देखो।

तरल (सं० पु०) तॄ-कलच्। वृषादिभ्यश्चित्। उण् १।१०६। इति कलच् प्रत्ययः। १ हारके बीचका मणि। २ हार। ३ तल, पेंदा। (त्रि०) ४ चंचल चपल। ५ कामुक, लम्पट। ६ चिकना, फैला हुआ। ७ भास्वर, चमकीला। ८ अघनद्रव्य, जोलना, पीला। ९ द्रवीभूत पदार्थ, पानीकी तरह बहनेवाला। (पु०) १० जनपदविशेष, एक देशका नाम। ११ उस देशका रहनेवाला। १२ अश्वभद्र, घनिष्ठ। १३ हीरकरत्न, हीरा। १४ लौह, लोहा। १५ घोटक, घोड़ा। १६ मद्यविशेष, एक प्रकारकी शराब। १७ मधुमक्खी।

तरलता (सं० स्त्री०) तरल भावे तल् स्त्रियां टाप्। १ तारल्य। २ चञ्चलता।

तरलनयन (सं० पु०) छन्दोविशेष, एक वर्णवृत्तका नाम। इसके प्रत्येक चरणमें चार नगण होते हैं।

तरलनयना (सं० स्त्री०) तरले नयने यस्याः, बहुव्री०। १ चञ्चलाक्षि, चंचल आँख। २ छन्दोभेद, एक प्रकारका छन्द।

तरलभाव (सं० पु०) १ द्रवभाव। २ चपलता चंचलता।

तरललोचन (सं० त्रि०) तरले लोचने यस्य, बहुव्री०। १ चञ्चल नेत्र, जिसकी आँखें चञ्चल हों। (क्ली०) तरले लोचने, कर्मधा०। २ चञ्चलनेत्र, चलायमान आँख।

तरललोचना (सं० स्त्री०) तरले लोचने यस्याः, बहुव्री०। चञ्चलनयना स्त्री, वह औरत जिसकी आँखें चञ्चल हों।

तरला (सं० स्त्री०) तरल-टाप्। १ यवागू, जौका माँड़। २ सुरा मदिरा, शराब। ३ काञ्चिक। ४ मधुमक्षिका, शहदकी मक्खी।

तरवा (हिं० पु०) छाजनके नीचेका बाँस।

तरलाई (हिं० स्त्री०) १ चञ्चलता, चपलता। २ द्रवत्व।

तरलित (सं० त्रि०) तरलमस्य सञ्जातं तारकादित्वादितच्, यद्वा तरल इव आचरति तरलं करोति तरल-णिच्-क्त। कम्पित, काँपता हुआ, इधर उधर हिलता हुआ। इसके संस्कृत पर्याय—दोलायित, लुलित, प्रेङ्खित, धूत चलित, कम्पित, धुत, ईरित और आन्दोलित है।

तरवट (सं० क्ली०) गुल्मभेद, एक पेड़का नाम। (Cassia auriculata)

तरवड़ी (हिं० स्त्री०) छोटा तराजू या पलड़ा।

तरवन (हिं० पु०) १ एक प्रकारका गहना जो कानमें पहना जाता है, तरकी। २ कर्णफूल।

तरवर (हिं० पु०) १ बड़ा वृक्ष। २ मध्यभारत और दक्षिणमें होनेवाला एक प्रकारका बड़ा पेड़। इसके छिलकेसे चमड़ा सिझाया जाता है।

तरवांसी (हिं० स्त्री०) जुएके नीचेकी लकड़ी तवैली।

तरवाई सिवाई (हिं० स्त्री०) पहाड़ और घाटी, ऊँची जमीन और नीची जमीन।

तरसाना (हिं० क्रि०) १ वेश्याका मँगवाना। २ मारनेकी प्रेरणा करना।

तरवारि (सं० पु०) तरं वेगवन्तं शत्रुगतिविशेषम् वारयति वृ णिच्, इन्। खड्गभेद, तलवार। खड्ग देखो।

तरस् (सं० क्ली०) तॄ-असुन्। १ बल। २ वेग। ३ तीर तट। ४ वानर। ५ रोग।

तरस (सं० क्ली०) तॄ आदन्तत्वात् असच्। १ मांस। २ दया, करुणा, रहम। (त्रि०) तरस् अस्त्यर्थे अच्। ३ वेगयुक्त, तेज।

तरसत् (सं० पु०-स्त्री०) तरस इव आचरति तरस् क्विप् शतृ। मृगभेद, एक प्रकारका हिरन।

तरसना (हिं० क्रि०) अभावका दुःख सहना।

तरसान (सं० पु०) तरसा वेगेन सु-वानच्, सुद च। नौका, नाव।

तरसाना (हिं० क्रि०) १ अभावका दुःख देना। २ व्यर्थ ललचाना।

तरस्थान (सं० क्ली०) तारय अवतरणाय स्थानं तरस्य स्थानं वा। १ घाट, घट। २ वह स्थान जहाँ उतराई ली जाती है।

तरस्वत् (सं० त्रि०) तरोबलं वेगो वा अस्त्यस्येति मतुप्, मस्य वः। १ शूर, वीर, बहादुर। २ वेगयुक्त, तेज। ३ चतुर्थ मनुके एक पुत्रका नाम।

तरस्विन् (सं० त्रि०) तरो वेगः बलं अस्त्यस्य तरस्-

विनि। अन् मातामेधाप्रभो विनिः। पा ५।३।१२१। १ वेगयुक्त, तेज। २ शूर, वीर, बहादुर। (पु०) ३ गरुड़। ४ वायु।

तरह (अ० स्त्री०) १ प्रकार, भाँति, किस्म। २ रचना-प्रकार, ढाँचा, बनावट। ३ प्रणाली, रीति, तर्ज। ४ युक्ति, उपाय। ५ अवस्था, हाल, दशा।

तरहटी (हिं० स्त्री०) १ नीची भूमि। २ पहाड़की तराई।

तरहदार (फा० वि०) १ जिसकी बनावट अच्छी हो। २ शौकीन, सजधजवाला।

तरहदारी (फा० स्त्री०) सजधजका ढब।

तरहा (हिं० पु०) १ एक हाथकी माप जो प्रायः कुआँ खोदनेमें आती है। २ एक कपड़ा। इस पर मट्टी फैला कर खड़ा ढालनेका साँचा बनाया जाता है।

तरहुवान—युक्तप्रदेशमें बाँदा जिलेका एक प्राचीन शहर। यह बाँदा नगरसे ४२ मील पूर्वमें पयोष्णी नदीके निकट अवस्थित है। यह शहर धीरे धीरे ध्वंस होता जा रहा है। यहाँ एक दुर्ग है, वह भी ध्वंसावस्थामें पड़ा है। कहा जाता है, कि प्रायः २८० वर्ष पहले पन्नाके राजा अमन्तरायने इस दुर्गका निर्माण किया था। इस दुर्गमें १ मील लम्बा एक सुरङ्ग था। सुरङ्ग हो कर पहले लोग आते जाते थे। अभी यह रास्ता सम्पूर्णरूपसे बंद कर दिया गया है। ६ हिन्दूमन्दिर और ५ मसजिदें शहरमें विद्यमान हैं। राजा अमन्तरायके बाद रहिमखाँने नवाब-की उपाधि तथा तरहुवान राज्य प्राप्त कर यहाँ मुसल-मान उपनिवेश स्थापन किया था। पेशवा रघुनाथके पुत्र अमृतराव यहाँ वास करते थे। १८०३ ई०में ब्रिटिशगवर्मेण्टने उन्हें तथा उनके पुत्रको वार्षिक ७०००००) रु० की वृत्ति स्वीकार की और वे तरहुवानमें रहने लगे। यहाँ उन्होंने एक छोटी जागीर भी पाई थी। अमृतराव-के पुत्र विनायकरावकी मृत्यु होने पर ब्रिटिश-गवर्मेण्टने वह वृत्ति बंद कर दी। इस पर उनके दो दत्तक पुत्र नारायणराव तथा माधवराव विद्रोही सिपाहियोंके साथ मिल गये। नारायणरावने १८६० ई०को बन्दी अवस्थामें प्राणत्याग किया। माधवरावका दोष क्षमा कर ब्रिटिश-गवर्मेण्टने उन्हें ३०००) रु०की वृत्ति स्वीकार की।

इस शहरमें एक विद्यालय और एक बाजार है। यहाँके पथ, घाट प्रभृतिको परिष्कार रखने तथा पुलिसका खर्च चलानेके लिये एक प्रकारका टैक्स-कर वसूल किया जाता है।

तरहैल (हिं० वि०) १ अधीन। २ पराजित, जीता हुआ।

तरौव—बुन्देलखण्डमें पोलिटिकल एजेण्टके अधीन एक चौबे जागीर। भूपरिमाण २६ वर्गमील है। १८१७ ई०में कालिञ्जरके रामकृष्ण चौबेका राज्य ५ भागोंमें विभक्त हुआ जिनमेंसे तरौव उनके चौथे पुत्र गङ्गाधरके लड़के गयाप्रसाद चौबेके हाथ लगा। वर्त्तमान जागीर-दारका नाम चौबे व्रजगोपाल है। यहाँकी लोकसंख्या प्रायः ३१७८ है। इसमें कुल १३ ग्राम लगते हैं। राजस्व १००००) रु०का है।

तराई (हिं० स्त्री०) १ पहाड़के नीचेका वह मैदान जहाँ तरी रहती है, पहाड़के नीचेकी भूमि। २ पहाड़की घाटी। ३ मूँजके मुट्ठे जो छाजनमें खपड़ोंके नीचे दिए जाते हैं।

तराई—१ हिमालय पहाड़के नीचेकी भूमि या उपत्यका। यह सब जगह एकसी नहीं है, किसी जगह १० और किसी जगह ३० मील चौड़ी देखी गई है। यह एक प्रकाण्ड वनभूमि है। अयोध्यासे आसाम तक यह हिमालयके सिलसिलेमें विस्तृत है। इस वन-भागमें शाल और शीशमके वृक्ष बहुत पाये जाते हैं। कोसी और काली नदीमें बहा कर उक्त काष्ठ अन्यत्र लाये जाते हैं।

नेपालकी तराईको मोरङ्ग कहते हैं। तराईकी तहोंमें बालू, कंकड़ और पत्थर मिले रहते हैं। पर्वतके निकटवर्त्ती भूभागमें बड़े बड़े पत्थर देखे गये हैं। सिकिम पर्वतसे २० मील दक्षिण तककी जमीन कंकड़मय है।

इस प्रदेशमें आयुल नामक एक प्रकारका रोग देखा जाता है। वर्षमें ८।१० मास तक यह व्याधि अत्यन्त प्रबल रहती है। इस समय कोई भी तराई-भूमि अति-क्रम नहीं कर सकता है। यह तराई आसाम पहाड़के उत्तर-में ब्रह्मपुत्र नदी तक ६० मील विस्तृत है। यहाँ बहुतसे अच्छे अच्छे पेड़ पाये जाते हैं। अप्रैलसे अक्तूबर तक यदि कोई यूरोपीय इस प्रदेशमें किसी समय निद्रा-वस्थामें रहे तो वह निश्चय ही मृत्युमुखमें पतित होगा। सितम्बरमासमें तापमानयन्त्रमें पारा ७५से ८०° और नवम्बर-में ७५से ७०° पर्यन्त उतरता है। नेपाल राज्यके अधीन

तराई-भूमिमें बहुत कुछ मदद मिलती है, जिससे नेपाल राज्यको अधिक आमदनी होती है। अस्वास्थ्यकर इस प्रदेशमें बहुमूल्य शाल, शीशम आदि कई जातिके अच्छे वृक्षो-त्पादक ही यह जंगलोंमें पाये हैं। १८१४ ई०में युद्धके बाद नेपालके राजासे सुलह और अन्य कई एक पार्वत्य प्रदेशोंके साथ साथ तराईके भी कई एक अंश इंग्लिश गवर्नमेण्टको दिये हैं। नेपाली लोग अयोध्या और रुहेलोंके ऊपर अंगरेजाधिकृत प्रदेशको लूटते थे। लार्ड मिण्टोने नेपाल दरबारसे यह बात सूचित करने पर भी कोई फल न निकला। लार्ड मयराके शासन-कालमें नेपालियोंका अत्याचार और भी बढ़ जानेसे उन्होंने इस विषयका प्रतिविधान करनेकी इच्छा की। उनके आदेशसे भूटवाल नगर अधिकृत हुआ। उस समय नेपाल दरबारमें दो दल थे। अमरसिंह दूसरे दलके मुखिया शामिल थे, किन्तु दूसरे दलने सन्धि करने-की राय दी। जो कुछ हो नेपाल गवर्नमेण्टने अंगरेज गवर्नमेण्टके विरुद्ध लड़ाई ठान दी। युद्धमें अंगरेजोंकी जीत हुई। नेपालीगण सन्धि करनेकी चेष्टा करने लगे। बातचीतमें नेपाल-दलने अंगरेजपक्षीय गवर्नर लार्ड मयराको खबर दी, कि नेपालदरबार काली नदीका पश्चिम अंग-स्थित भूभाग अंगरेज गवर्नमेण्टको देनेमें प्रस्तुत है, किन्तु वे तराईप्रदेश छोड़ नहीं सकते, लार्डमयराने इसके जवाब-में कहला भेजा, कि बिना तराई-प्रदेशको लिये अंग-गवर्नमेण्ट सन्धि करनेमें राजी न होगी। इस पर बातचीतने कहा, कि पार्वत्यप्रदेशमें केवल तराई ही नेपाल राज्यको आमदनीका सम्बल है, इसको छोड़ देनेसे पार्वत्य प्रदेश-में उनको बहुत क्षति होती है। अंगरेज गवर्नमेण्ट यदि इस प्रदेशको अधिकारमें लानेकी चेष्टा करती, तो नेपालमें पुनः समरानल प्रज्वलित हो उठता। पहले जो लड़ाई हुई थी, उसमें नेपालके सब मनुष्योंने योग न दिया था। किन्तु अब यह मालूम हो जाता कि तराईके लिये लड़ाई होती है, तो नेपालके छोटेसे बड़े सभी व्यक्ति ईर्ष्या और स्वार्थपरता परित्याग कर अंगरेजों-के विरुद्ध तलवार धारण करते। तब भी विजय न करते। ऐसा होनेसे फल क्या होता, यह कहा नहीं जा सकता है। इंग्लिश गवर्नमेण्टको भी मालूम हो गया, कि गोरखाओंसे सैन्यसंचालन करनेसे उन्होंने तराई छोड़ देनेका प्रस्ताव मान लिया है। लार्ड मयराने कहा कि गवर्नर जेनरल इस विषयमें विचार करेंगे। तराई प्रदेश कुछ काल तक अंगरेजोंके अधिकारमें था। उस समय मालूम हुआ, कि इस प्रदेशकी जलवायु अत्यन्त अस्वास्थ्यकर है और अधिवासियोंका सम्पूर्ण शासनभार रखना भी कठिन है। इस कारण इस प्रदेशको अधि-कारमें लानेका गवर्नर जेनरलकी कोई इच्छा न रही। किन्तु विपक्षियोंको भय दिखानेके लिये उन्होंने सैन्य भेजनेका आदेश दिया। [illegible] मकवानपुर), [illegible] ओक्टरलोनी [illegible] तथा दर्रेके नाकेकी भूमि छोड़ कर तराईके अधिकृत अंश इंग्लिश गवर्नमेण्टको अर्पण करनेको राजी हुए। २री दिसम्बरको गजराजमिश्रने अंगरेजीय कर्नल ब्राडशॉके साथ सन्धि निश्चित स्थिर किया। इस सन्धिके अनुसार अंगरेज गवर्नमेण्टने काली नदीके पश्चिम भागमें पार्वत्यप्रदेश और मेचीका पूर्वीय प्रदेश पाया। १५ दिनके मध्य नेपाल-राजाको सन्धिपत्र पर हस्ताक्षर करना पड़ेगा, यह स्थिर किया गया। किन्तु इसी बीच अमर-सिंह दूसरे दलके दरबारमें प्रधान हो गये, अतः सन्धि-पत्र पर हस्ताक्षर न हुआ। दोनों दलमें पुनः नवीन उत्सा-हके साथ युद्धका आयोजन होने लगा। एक सामान्य लड़ाईके बाद दोनों दलने सन्धिपत्र पर स्वीकार किया। २री दिसम्बरको गुरु गजराजमिश्रने सन्धिकी जो शर्तें निश्चित की थीं, प्रायः वही शर्तें कायम रहीं। किन्तु अंगरेज गवर्नमेण्टने तराईके जो अंश पाये थे, उसका अधिकांश नेपाल दरबारको लौटा दिया गया। अयो-ध्याके सीमावर्ती तराईका अंश अयोध्याके नवाबको तथा मेची और तिस्ता नदीका मध्यवर्ती छोटा अंश सिकिमके राजाको मिला।

शारदा नदीके सन्निकटवर्ती तराईभूमि अरण्यसे परि-पूर्ण है। इस प्रदेशमें आज तक कोई उपयुक्त प्रबन्ध नहीं हुआ है। शीतकालमें कई एक इस प्रदेशमें [illegible] से गायें भी चराने आते हैं। किन्तु यहाँ बाघका डर हमेशा बना रहता है। बहुतसे रहते भी बाघ सर्वदा गाय भैंस इत्यादिको नाश कर डालते हैं।

दिनके समयमें भी बाघ गृहपालित पशुओं पर आक्रमण करनेमें डरते नहीं। स्थानीय बाघ इतने भयानक होते हैं कि मवेशी चरानेवालेको इन्हें बाधा देनेका साहस नहीं होता। इस प्रदेशमें बहुतसी झील और दलदल हैं, जो तरह तरहकी घासोंसे आच्छादित हैं। जिस दलदलमें घास इत्यादि बहुत तथा घनी रहती है, उस स्थानमें गैंड़ा पाया जाता है।

२ युक्तप्रदेशके नैनीताल जिलेके अन्तर्गत वृटिश गवर्मेण्टके अधीन एक जिला। यह अक्षा० २८° ४५´ और २८° २६´ उ० तथा देशा० ७८° ५´ और ८०° ५´ पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण ७७६ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः ११८४२२ है। इसमें कुल ४०४ ग्राम लगते हैं। इसके उत्तरमें कुमायूँ जिला, पूर्वमें नेपाल और पिलिभित जिला, दक्षिणमें बरेली, मुरादाबाद और रामपुर राज्य तथा पश्चिममें बिजनोर है। जिलेका प्रधान शहर काशीपुर है, किन्तु ग्रीष्मकालमें जिलेके उच्चपदीय युरोपीय कर्मचारी नैनीतालमें आ कर रहते हैं। वैशाखके अन्तसे कार्त्तिक मास तक नैनीताल तराईके प्रधान शहरमें परिणत होता है।

तराई जिला हिमालयके नीचे पूर्व और पश्चिमकी ओर प्रायः ८० मील विस्तृत है। इसकी चौड़ाई लगभग १२ मील होगी। कुमायूँके जलशून्य वनप्रदेशमें बहुतसे सोते हैं। इन सोतोंका जल भिन्न भिन्न दिशाओंसे एकत्र हो कर नदीके रूपमें तराई जिलेके सब स्थानोंमें प्रवाहित होता है। इस जिलेके दक्षिण-पूर्व कोणसे प्रति मीलमें १२ फुट ढालू है। उक्त नदियोंका किनारा असमान है तथा नदीगर्भस्थ स्तर भी कंकड़मय है। उच्चस्थ प्रान्तरसे उतर हो कर ये नदियाँ बहती हैं। निम्नस्थ पहाड़प्रदेशसे जो नदियाँ निकली हैं, उनमेंसे कलिङ्ग नदी शारदा नदीके साथ मिलती है। इस जिलेकी देवहा नदी ही सबसे बड़ी है। पिलिभितके निकटवर्त्ती स्थानको छोड़ कर इस नदीसे नाव आती जाती हैं। सुखी नदी वर्षाकालके बाद ही सूख जाती है। किच्छा नदीका ज्वार बहुत प्रबल है। कोसी नदी काशीपुर परगनेसे बहती है। किच्छा और कोसी नदीके उत्पत्तिस्थानमें पह, मकरा, भोर और ढवका नदी भिन्न भिन्न दिशाओंसे बही गई हैं। सब नदियाँ अन्तको रामगङ्गासे मिली हैं।

हाथी बाघ, भालू, चिताबाघ सूअर, तरह तरहके हरिण इत्यादि जङ्गली जन्तु इस जिलेमें बहुत देखे जाते हैं।

बहुत प्राचीन कालसे तराई जिला नेपालराज्यके पार्वत्यप्रदेशके अधीन था। रोहिलाओंने कई बार पार्वत्यवासियोंको अत्यन्त कष्ट दिया था। सम्राट् अकबरके राजत्वकालमें इस प्रदेशकी आय ८ लाख रुपयेकी थी और यह ८४ कोस तक विस्तृत समझा जाता था। इसीसे तराईको उस समय लोग चौरासी मील कहते थे। १७४४ ई०में इसका कर ४ लाख तथा रोहिलाओंके समयमें २ लाख रुपयेमें परिणत हुआ था। जब अराजक और मेवातीगण लोग जुल्म करने लगे, तब यह स्थान डकैतों तथा भगोड़ोंका आश्रयस्थान हो गया। अन्तःकलहसे पार्वत्य राज्यकी अवनति होने पर काशीपुरके शासनकर्त्ता सुअवसर देख कर विद्रोही हो गये और अन्तमें उन्होंने अयोध्याके नवाबको तराईप्रदेश समर्पण किया। १८०२ ई०में रोहिलखण्ड अंगरेजोंके हाथ लगा, तब नन्दरामके भतीजा शिवलाल इस राज्यके इजारदार (ठेकेदार) थे। तराईका भग्नकुञ्ज, कूप इत्यादि देखनेसे मालूम पड़ता है, कि यह प्रदेश एक समय समुन्नत था। वृटिश गवर्मेण्टके अधीनमें इस प्रदेशकी अधिक उन्नति हुई है। पहले बहुत वर्षों तक इस प्रदेशके प्रति विशेष ध्यान न दिया था। १८५१ ई०में तराई प्रदेशमें बाँध और जल सींचनेका अच्छा प्रबन्ध कर दिया गया है। १८६१ ई०में तराई जिलेकी सृष्टि हुई है तथा १८७० ई०में कुमायूँ विभागके अन्तर्भुक्त हो जानेसे इसने आश्चर्य उन्नति लाभ किया है।

थारू और भुक्सा लोग इस प्रदेशमें सर्वदा वास करते हैं। दूसरे दूसरे अधिवासी कभी कभी तराई छोड़ कर अन्यत्र चले जाते हैं। थारू और भुक्सा अपनेको राजपूत वंशोद्भव बतलाते हैं। यहाँ एक प्रकारका संक्रामक रोग होता है। इस रोगसे आक्रान्त होने पर मरनेका डर अधिक बना रहता है। किन्तु यह संक्रामक रोग थारू और भुक्साका कोई अनिष्ट कर नहीं सकता है। इस

तराई-भूमिमें बहुत शुल्क भरते हैं, जिससे नेपाल राज्यको प्रचुर आमदनी होती है। अष्टमशताब्दीसे इस प्रदेशमें बहुमूल्य शाल, सरहद्का पता कई साइके खम्भे पूरो-गलत हो कर अन्तमें भी गये हैं। १८१४ ई०में इसके बाद नेपालके राजासे युद्ध और उन्होंने कई एक पार्वत्य प्रदेशोंके साथ साथ तराईके भी कई एक अंश वृटिश गवर्मेण्टको दिये हैं। नेपाली लोग अबाध्य और हठीले थे, अंगरेजाधिकृत प्रदेशको लूटते थे। अंगरेजोंने नेपाल दरबारमें सब बात सूचित करने पर भी कोई फल न निकला। अन्तमें मयराके शासन प्रान्तमें नेपालियोंका अत्याचार और भी बढ़ जानेसे अंगरेजोंने इस विषयका प्रतिविधान करनेकी इच्छा की। इसके बाद देशमें भूटान समर उपस्थित हुआ। उस समय नेपाल दरबारमें दो दल थे। अमरसिंह दूसरे दलके मुखिया थे, किन्तु दूसरे दलने सन्धि करने को राय दी। जो कुछ हो नेपाल गवर्मेण्टने अंगरेज गवर्मेण्टके विरुद्ध लड़ाई ठान दी। युद्धमें अंगरेजोंकी जीत हुई। नेपालीगण सन्धि करनेकी चेष्टा करने लगे। आखिरको नेपाल-दलने अंगरेजराजदूत गार्डनर साहबको खबर दी, कि नेपालदरबार कालो ब्रडशा प्रभृति अंग-रेजाधिकृत भूभाग अंगरेज गवर्मेण्टको दे देनेमें प्रस्तुत है, किन्तु वे तराईप्रदेश छोड़ नहीं सकते, गार्डनरने इसके जवाबमें कहला भेजा, कि बिना तराई-प्रदेशको लिये वृटिश-गवर्मेण्ट सन्धि करनेमें राजी न होगी। इस पर सामन्तोंने कहा, कि पार्वत्यदेशमें केवल तराई ही नेपाल राज्यको लाभजनक सम्पत्ति है, इसको छोड़ देनेसे पार्वत्य प्रदेशमें उनको बहुत क्षति होती है। अंगरेज गवर्मेण्ट यदि इस प्रदेशको अधिकारमें लानेकी इच्छा प्रकाश किया करती, तो नेपालमें पुनः समरानल प्रज्वलित हो उठता। इससे जो लड़ाई हुई थी, उसमें नेपालने सब समुन्नति छोड़ न दिया था। किन्तु जब यह मालूम हो जाता कि तराईके लिये लड़ाई होती है, तो नेपालके चोटीसे बड़े भारी क्षति होगी और अन्तःकलह, परिणाम वह अंगरेजों-के विरुद्ध समरसार आरम्भ करनेमें अनिच्छा भी दिखलाने लगे। ऐसा होनेसे अब क्या होगा, यह कहा नहीं जा सकता है। वृटिश गवर्मेण्टको भी मालूम हो गया, कि

ये इसकी नैसर्गिक संपद छोड़ने तराई छोड़ देनेका अनिच्छुक मत देते हैं। लार्ड मयराने अन्तमें गवर्नर जनरल इस विषयमें विचार करने लगे। तराई-प्रदेश कुछ काल तक अंगरेजोंके अधिकारमें था। उस समय उन्होंने देखा, कि इस प्रदेशकी आबहवा बहुत अनिष्टकर है और अधिवासियोंका स्वास्थ्य भी यहाँ अच्छा नहीं रहता। इस कारण इस प्रदेशको अधिकारमें लानेकी गवर्नर जेनरलकी वैसी इच्छा न थी। किन्तु विपक्षियोंका भय दिखानेके लिये उन्होंने मेकनाबेको भेज दिया। इधर गवर्नमेण्ट बहादुर (मकवानपुर), हरिहरपुर, सफोलगढ़ी प्रभृति स्थान तथा पर्वतके नीचेकी भूमि छोड़ कर तराईके अधिकार अंग्रेज गवर्मेण्टको अर्पण करनेमें राजी हुए। २री दिसम्बरको गजराजमिश्रने अंगरेजराजके कर्नल ब्राडशके साथ सन्धि स्थिर किया। इस सन्धिके अनुसार अंगरेज गवर्मेण्टने काली नदीके पश्चिम भागके पार्वत्यदेश और मेचीका पूर्वीय प्रदेश पाया। १२ दिनके मध्य नेपाल राजाको सन्धिपत्र पर हस्ताक्षर करना पड़ेगा, यह स्थिर किया गया। किन्तु इसी बीच अमरसिंह दूसरे दलके दरबारके प्रधान हो गये, अतः सन्धि-पत्र पर हस्ताक्षर न हुआ। दोनों पक्षमें पुनः भयंकर युद्धके साथ युद्धका आयोजन होने लगा। एक साधारण लड़ाईके बाद दोनों पक्षने सन्धिपत्र पर स्वाक्षर किया। २री दिसम्बरको गुरु गजराजमिश्रने सन्धिको जो शर्तें लिपिबद्ध की थीं, प्रायः वही शर्तें कायम रहीं, किन्तु अंगरेज गवर्मेण्टने तराईका जो अंश पाये थे, उसका अधिकांश नेपाल दरबारको लौटा दिया गया। अयो-ध्याके सामावर्ती तराईका अंश अयोध्याके नवाबको तथा मेची और तिस्ता नदीका मध्यवर्ती छोटा अंश सिक्किमके राजाको मिला।

सारदा नदीके सन्निकटवर्ती तराईभूमि कुमायूँके अन्त-र्भुक्त है। इस प्रदेशमें धान तथा और अनाज उत्पन्न नहीं हुई है। गोरखपुरमें कई स्थानमें इस प्रदेशके व्यापा-में गन्ने भी इत्यादि धान पाये जाते हैं। किन्तु यहाँ आबहवा बड़ा दूषित बना रहता है। इसके पश्चात् भी बाघ भालू साँप भैंस इत्यादिका आक्रमण बना रहता है।

दिनके समयमें भी बाघ गृहपालित पशुओं पर आक्रमण करनेमें डरते नहीं। स्थानीय बाघ इतने भयानक होते हैं कि सवेशी चरानेवालेको इन्हें बाधा देनेका साहस नहीं होता। इस प्रदेशमें बहुतसे झील और दलदल हैं, जो तरह तरहकी घासोंसे आच्छादित हैं। जिस दलदलमें घास इत्यादि बहुत तथा घनी रहती है, उस स्थानमें गैंडा पाया जाता है।

२ युक्तप्रदेशके नैनीताल जिलेके अन्तर्गत वृटिश गवर्मेण्टके अधीन एक जिला। यह अक्षा० २८° ४५´ और २८° २६´ उ० तथा देशा० ७८°५ और ८०°५´ पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण ७७६ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः ११८४२२ है। इसमें कुल ४०४ ग्राम लगते हैं। इसके उत्तरमें कुमायूँ जिला पूर्वमें नेपाल और पिलिभित जिला, दक्षिणमें बरेली, मुरादाबाद और रामपुर राज्य तथा पश्चिममें बिजनोर है। जिलेका प्रधान शहर काशीपुर है, किन्तु ग्रीष्मकालमें जिलेके सर्टपतीय यूरोपीय कर्मचारी नैनीतालमें जा कर रहते हैं। वैशाखसे अगस्तसे कार्त्तिक मास तक नैनीताल तराईके प्रधान शहरमें परिणत होता है।

तराई जिला हिमालयके नीचे पूर्व और पश्चिमको ओर प्रायः ८० मील विस्तृत है। इसकी चौड़ाई लगभग १२ मील होगी। कुमायूँके जनशून्य वनप्रदेशमें बहुत से सोते हैं। इन सोतोंका जल भिन्न भिन्न दिशाओंसे एकत्र हो कर नदीके रूपमें तराई जिलेके सब स्थानोंमें प्रवाहित होता है। इस जिलेके दक्षिण-पूर्व कोणमें प्रति मीलमें १२ फुट ढाल है। उक्त नदियोंका किनारा समतल है तथा नदीगर्भस्थ स्तर भी कीचड़मय है। तृणमय प्रान्तरसे जा कर ये नदियां बहती हैं। निम्नस्थ पहाड़प्रदेशसे जो नदियां निकली हैं, उनमेंसे प्रसिद्ध नदी शारदा नदीके साथ मिलती है। इस जिलेकी देवहा नदी ही सबसे बड़ी है। पिलिभितके निकटवर्ती स्थानको छोड़ कर इस नदीमें नाव आने जाने नहीं पाती। दुसी नदी वर्षाकालके बाद ही सूख जाती है। किचहा नदीका ज्वार बहुत प्रबल है। कोसी नदी काशीपुर परगनेमें बहती है। किचहा और कोसी नदीके उत्पत्तिस्थानमें पथ, मकरा, भीर और ढबका नदी भिन्न भिन्न दिशाओंसे चली गई है। सब नदियां अन्तको रामगङ्गामें गिरी हैं।

हाथी बाघ, भालू, चिताबाघ, सूअर, तरह तरहके हरिण इत्यादि जङ्गली जन्तु इस जिलेमें बहुत देखे जाते हैं।

बहुत प्राचीन कालसे तराई जिला नेपालराज्यके पार्वत्यप्रदेशके अधीन था। रोहिलाओंने कई बार अधिवासियोंको अत्यन्त कष्ट दिया था। सम्राट् अकबरके राजत्वकालमें इस प्रदेशकी आय ८ लाख रुपयेकी थी और यह ८४ कोस तक विस्तृत समझा जाता था। इसीसे तराईको उस समय नौलखिया और चौरासी मील कहते थे। १७४४ ई०में इसका कर ४ लाख तथा रोहिलाओंके समयमें २ लाख रुपयेमें परिणत हुआ था। जब बाशाइक और मेवातीगण लोग उपद्रव करने लगे, तब यह स्थान डाकुओं तथा लुटेरोंका आश्रयस्थल हो गया। अन्तःकलहसे पार्वत्य राज्यकी अवनति होने पर काशीपुरके शासनकर्त्ता सुबेदार स्वतन्त्र हो कर विद्रोही हो गये और अन्तमें उन्होंने अयोध्याके नवाबको तराईप्रदेश समर्पण किया। १८०२ ई०में रोहिलखण्ड अंगरेजोंके हाथ लगा, तब नन्दरामके भतीजा शिवलाल इस राज्यके इजारदार (ठीकेदार) थे। तराईका आम्रकुञ्ज, कूप इत्यादि देखनेसे मालूम पड़ता है, कि यह प्रदेश एक समय समुन्नत था। वृटिश गवर्मेण्टके अधीनमें इस प्रदेशकी अधिक उन्नति हुई है। पहले पहल गवर्मेण्टने इस प्रदेशके प्रति विशेष ध्यान न दिया था। १८५१ ई०से तराई प्रदेशमें बांध और जल सींचनेका अच्छा प्रबन्ध कर दिया गया है। १८६१ ई०में तराई जिलेकी सृष्टि हुई है तथा १८७० ई०में कुमायूँ विभागके अन्तर्भुक्त हो जानेसे इसने आशातीत उन्नति लाभ किया है।

जाड़ा और भूखा लोग इस प्रदेशमें सर्वदा वास करते हैं। दूसरे दूसरे अधिवासी कभी कभी तराई छोड़ कर अन्यत्र चले जाते हैं। जाड़ा और भूखा अपनेको राजपूत वंशोद्भव बतलाते हैं। यहां एक प्रकारका संक्रामक रोग होता है। इस रोगसे आक्रान्त होने पर मरनेका डर सदैव बना रहता है। किन्तु यह संक्रामक रोग जाड़ा और भूखाका कोई अनिष्ट कर नहीं सकता है। इस

कोठीका खजाना है, कि मलेरिया ज्वर और प्लीहा रोग बहुतोंके प्राण ले इस रोगसे प्रहार करते हैं। ज्वर और प्लीहारोगसे भी यहाँ बहुत लोग मरते हैं। यहाँकी अधिक होनेके कारण यहाँके अधिवासियोंकी संख्या बहुत घट गई है। हिन्दू, मुसलमान, ईसाई, जैन प्रभृति धर्मावलम्बी मनुष्य इस प्रदेशमें वास करते हैं। ब्राह्मण, कायस्थ, राजपूत, बनिया, गोसाईं, चमार, कुर्मी, अहीर, तेली, लोध, नक्कारी, कोहार, पहाड़ी, भड़ी, नाई, भाट और धोबी इत्यादिकी संख्या अधिक है।

इस जिलेमें काशीपुर और जसपुर नामके दो प्रधान शहर लगते हैं। इन्हीं दो स्थानोंमें लोकसंख्या सब जगहसे ज्यादे है।

इस जिलेकी जमीन बहुत उर्वरा है। थोड़े परिश्रममें ही अच्छी फसल उपजती है। इस स्थानका प्रधान पण्य धान है। जौ, गेहूँ, बाजरा, जुन्हरी, उरद, सरसों, तीसी, ईख, रूई, तमाकू, आलू, अदरक, हल्दी, मिर्च, पटसन इत्यादि उत्पन्न होते हैं। इस प्रदेशकी भूमि और वायु आर्द्र है, सुतरां, अनावृष्टिके कारण उत्पन्न द्रव्योंकी विशेष क्षति नहीं होती है। किन्तु १८६८ ई०के दुर्भिक्षमें तराई जिलेके किसी किसी ग्रामवासियोंको अत्यन्त कष्ट भोगना पड़ा था।

रोहिलखण्डके जमींदारों तथा व्यापारीके अनेक पशु तराईप्रान्तमें विचरण करते हैं।

तराई नदीमें से कर पूर्व और पश्चिमकी ओर एक रास्ता है, जो दामनके चारों ओर गया है। राजपुर तक तथा हो कर मुरादाबाद और नैनीतालका रास्ता २१ कोस विस्तृत है। बरेली और नैनीतालका रास्ता १६ कोस लम्बा है। मुरादाबाद और रानीखेतका रास्ता रामनगर तक चला गया है। रोहिलखण्ड और कुमायूँ रेलपथ तराई जिलेके मध्य होकर, नैनीताल रास्तेके साथ समान्तर भावमें प्रचलित है।

तराई जिलेमें एक सुपरिंटेण्डेण्ट, तथा दो पेशकारों और बहुतसे तहसीलदार दीवानी विचार करते हैं। इन लोगोंका फौजदारी विचार करनेका भी अधिकार है। कुमायूँके कमिश्नरके निकट इनके विचारकी अपील हो सकती है। राजपुर, गदरपुर और बाजपुरमें एक देशीय सिविल मजिस्ट्रेट रहते हैं। यह जिला काशीपुर, जसपुर, गदरपुर, बाजपुर, किलपुरी, नानकमाता और बिलहरी नामक परगनोंमें विभक्त है। काशीपुर और नानकमाता छोड़ कर और किसी परगनेमें जमीनका मालिकाना स्वत्व नहीं है। गवर्मेण्ट ही सभी जमीनके अधिकारी हैं। इस जिलेमें चारु सुनानेका मुकदमा ही अधिक चलता है। यहाँके सिपाही, गुर्खा और पठानगण इस काममें मदद देते हैं। इस जिलेमें ७ पुलिस स्टेशन और बहुतसे विद्यालय हैं। इस जिलेको अनेक जिलोंसे घेरा है।

२ दार्जिलिङ्ग जिलेका एक उपविभाग। क्षेत्रफल ४०१ वर्गमील है। इसमें ७१० ग्राम लगते हैं, जिनमें हिन्दू, मुसलमान, ईसाई, बौद्ध प्रभृति वास करते हैं। इस विभागका प्रधान शहर सिलिगुड़ी है। यह स्थान हिमालय पहाड़के नीचे अवस्थित है। सिलिगुड़ीमें इष्टर्न बेङ्गल रेलवे और दार्जिलिङ्ग हिमालय-रेलवेकी अन्तिम सीमा है। इस विभागमें ४२ थाने लगते हैं।

जब यह प्रदेश वृटिश साम्राज्यभुक्त हुआ, तब अंगरेजोंने इस प्रदेशका उत्तरांश दार्जिलिङ्ग और दक्षिणांश पुर्निया जिलेके अन्तर्भुक्त करनेकी इच्छा की, किन्तु दक्षिण प्रदेशवासियोंने पुर्नियाके कलक्टरीके अधीन होनेमें असन्तोष दिखलाया, बाद समस्त तराई विभाग दार्जिलिङ्गके अधीन कर दिया गया। लेकिन इसके पहले पुर्नियाके कलक्टरने तराईके निम्नस्थानवासी राजवंशी और मुसलमानोंके साथ तीन वर्षके लिये जमीनका कर निर्धारित किया था। पहले तराईमें निम्नलिखित प्रकारका राजस्व वसूल किया जाता था, (१) मेष और भैंसोंपर डाककर, (२) निम्नतराईके अधिवासियोंमें जमीनका कर, (३) तराईके निकटवर्ती पहाड़ोंके भूभागमें धान्य उत्पादित पदके विचारके लिये अदालतका शुल्क, (४) वनमें उत्पन्न द्रव्योंकी आय, (५) बाजारका शुल्क, (६) पर्वदण्ड, (७) गायोंके ऊपर एक प्रकारका कर, (८) आबकारीकी आय। पहले दो प्रकारके करोंको चौधरी वसूल करते थे। इन्हें फौजदारी और दीवानी विचारका भी अधिकार था।

तराई प्रदेशमें ४४ कोठी थी और प्रायः १८२१

रुपये राजस्वमें वसूल होते थे। इस वर्षके अन्तमें जोतदार लोग चौधरीसे अपनी जोतका अधिकार स्वत्व पाते थे। किन्तु प्रकृतपक्षमें जोतदारोंका एक प्रकारका पुरुषानुक्रमिक स्वत्व था।

वृटिश गवर्मेण्टके प्रथम शासनकालमें चौधरीके हाथसे दीवानी और फौजदारीका अधिकार ले लिया गया, और बोर्ड ऑफ रेविन्यूसे ऐसा कहा गया कि वे सैकड़े १०) रु० कमीशन या दस्तूरी पावेंगे।

१८५० ई०में तराईका आबादी अंश १० वर्षके लिये पुनः बन्दोबस्त किया गया। यह बन्दोबस्त केवल जोतदारोंके साथ था। अङ्गरेज गवर्मेण्टने ५८५ जोतके ऊपर २००३९) रु० कर स्थिर किया। कर निर्धारित होनेके समय गवर्मेण्टने जमीनको बिना नापे अंदाजन कर अदा करनेकी आज्ञा दी।

तराजू (फा० स्त्री०) तौलनेका यन्त्र, तुला, तखरी।

तराण—मध्यभारतके इन्दौर राज्यके अन्तर्गत मेहदीपुर जिलेके एक परगनेका सदर। यह अक्षा० २३° २० उ० और देशा० ७६° ५' पू०के मध्य तथा इन्दौर शहरसे ४४ मील और उज्जैन भूपाल रेलवेके तराण स्टेशनसे ८ मीलकी दूरी पर अवस्थित है। लोकसंख्या लगभग ४४८० है। अकबरके समयमें यह मालवाके सूबा सारङ्गपुर सरकारके महालका सदर था और तीनोंच नामसे पुकारा जाता था। पीछे इसका नाम बदल कर लोगाम तराण हो गया। आस पासके बड़े बड़े सुन्दर हृद तथा अनेक भग्नस्तूप देखनेसे मालूम पड़ता है, कि एक समय यह स्थान उन्नत दशामें था। अभी प्राचीन कीर्त्तियोंमेंसे केवल मुसलमानी किलेका भग्नांश रह गया है। यह शहर १८वीं शताब्दीमें होलकरके अधीन था। अहल्याबाईका बनाया हुआ यहां एक तिलभाण्डारेश्वरका मन्दिर है। कहते हैं कि शहरके आसपास जो सुन्दर पेड़ देखे जाते हैं वे बाईजीके ही लगाये हुए हैं। अहल्याबाईने अपनी लड़की मुक्ताबाईको फान्से यशवन्तरावके साथ ब्याहा था और यौतुकमें उन्हें तराण शहर दे दिया। १८४८ ई० तक यह शहर उन्हींके वंशधरोंके अधिकारमें रहा। पीछे राजा भाव फान्सेका चरित्र दूषित हो जानेके कारण सराणा उनसे छीन लिया गया। १९०२ ई०में यहां म्युनिसपालिटी स्थापित हुई है। यहां ब्रिटिश डाकघर, एक पुलिस स्टेशन, एक स्कूल और एक औषधालय है।

तराना (फा० पु०) १ एक प्रकारका गाना। इसका बोल इस प्रकारका होता है—दिर दिर ता दि या ना रे ते टो म् ता ना ना दे रे ता दा रे दा नि ता ना ना दे र ना ता ना ना दे रे ना ता ना ना ना ना तोम् दे र ता रे दा नी। तराना प्रत्येक रागका हो सकता है। इसमें कभी कभी सरगम और तबलेके बोल भी मिला दिये जाते हैं। २ बढ़ियां गीत।

तरान्धु (सं० पु०) तराय तरणाय अन्धुरिव, अतिगभीरत्वात्। नौकाविशेष, एक प्रकारकी नाव। इसके पर्याय फोड, वहन, बार्यट और वहित्र हैं।

तरापा (हिं० पु०) जलमें तैरती हुई शहतीर, बेड़ा।

तराबोर (फा० वि०) आर्द्र, खूब भींगा हुआ।

तरामल (हिं० पु०) १ हाथमें खराद लेके नीचे दिये जानेके मूंजके मुट्ठे। २ कुएके नीचेकी लकड़ी।

तरामीरा (हिं० पु०) उत्तरीय भारतमें होनेवाला सरसोंकी तरहका एक पौधा। इसके बीज जाड़ेकी फसलके साथ बोए जाते हैं और उससे एक प्रकारका तेल निकलता है। मवेशी इसके पत्ते बड़े चावसे खाते हैं।

तरारा (हिं० पु०) १ छलांग, कुलांच। २ किसी वस्तु पर लगातार गिरनेकी पानीकी धार।

तरालु (सं० पु०) तराय तरणाय अलति पर्याप्नोति, अलउण्। नौकाविशेष, एक प्रकारकी नाव।

तरावट (फा० स्त्री०) १ गीलापन, नमी। २ शीतलता, ठण्डक। ३ वह आहार जिससे शरीरको गरमी शान्त होती है। ४ स्निग्धभोजन।

तराश (फा० स्त्री०) काटनेका तरीका, काट। २ बनावट, रचना प्रकार।

तराशखराश (फा० स्त्री०) बनावट, काट छांट।

तराशना (फा० क्रि०) कतरना, काटना।

तरिंदा (हिं० पु०) समुद्रमें किसी स्थान पर लङ्गरके द्वारा बांधे जानेका एक पीपा।

तरि (सं० स्त्री०) तरत्यनया तृ-इ। अदृ ई। उण् ४।१४८। १ नौका नाव। २ वस्त्रादिपेटक, कपड़ोंका पिटारा। ३ कपड़ेका छोर, दामन।

तरिक (सं॰ पु॰) तरेण तरपण्येन जीवति तर-ठन्। १ [illegible] [illegible] [illegible]। २ [illegible] [illegible]। ३ [illegible], [illegible], [illegible]।

तरिका (सं॰ स्त्री॰) तरिक-टाप्। नौका, नाव।

तरिकिन् (सं॰ पु॰) तरिक-इनि। तरिक, माँझी।

तरिकेरी—१ महिसुर राज्यके कडूर जिलेका एक तालुक। यह अक्षा॰ १३° ३४' और १३° ५४' उ॰ तथा देशा॰ ७५° ३४' और ७६° ८' पू॰में अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ७८,४०२ और विस्तार ४८८ वर्गमील है। इसमें २ शहर और २११ ग्राम लगते हैं। तालुकके दक्षिण-पश्चिममें बाबाबुदन पहाड़ और उत्तरमें उब्राणी पहाड़ है। [illegible] समीप [illegible] आ जाता है।

२ उक्त तालुकका एक शहर। यह अक्षा॰ १३° ४२' उ॰ और देशा॰ ७५° ४८' पू॰में अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ५०११४ है। इसके [illegible] एक स्थान है, जहाँ प्राचीन शहर था और जो १७वीं शताब्दीमें [illegible] स्थापित हुआ था। १८वीं शताब्दीमें [illegible] राजाने इसे अधिकृत कर अपने एक सामन्तके हाथ सौंप दिया। पीछे उसके वंशधरने [illegible] कर लिया। [illegible] पूरा अधिकार जमा कर इसे [illegible] कर दिया, जिन्होंने १६५८ ई॰में तरिकेराका दुर्ग और शहर स्थापित किया। १७११ ई॰में यह हैदरअलीके अधिकारमें था। [illegible] पहलेसे [illegible] बहुत कुछ सुधार गई है। १८७० ई॰में यहाँ म्युनिसिपालिटी स्थापित हुई। [illegible] आमदनी ८८००) रु॰की है।

तरित्री (सं॰ स्त्री॰) [illegible] [illegible] इति [illegible]। नौका, नाव।

तरित (सं॰ त्रि॰) तृ-क्त। उत्तीर्ण, पार किया हुआ।

तरिता (सं॰ स्त्री॰) [illegible] तारकादित्वात् इतच्-टाप्। १ तर्जनी अँगुली। २ [illegible], ३ [illegible], [illegible]।

तरित्र (सं॰ क्ली॰) [illegible] तृ-इत्र। [illegible] नौकादि, पार होनेके साधन नाव इत्यादि।

तरिसा—त्रिवाङ्कुर जिलेके [illegible] एक [illegible] अवस्थित ग्राम।

तरिरथ (सं॰ पु॰) तरिं रथमिव [illegible]। अरित्र, जिससे नाव खेते हैं, डाँड़।

तरिस॰ (हिं॰ पु॰) १ एक प्रकारका गहना जिसे स्त्रियाँ कानमें पहनती हैं, तरकी। २ [illegible]।

तरी (सं॰ स्त्री॰) तरत्यनया तृ-ई। [illegible] [illegible]। १ नौका, नाव। २ गदा। ३ वस्त्र-पेटक, कपड़ा रखनेका पिटारा, पिटो। ४ धूम, धुआँ। ५ डोंगी, डोंगा। ६ कपड़ेका छोर, दामन।

तरी (फा॰ स्त्री॰) १ आर्द्रता, गीलापन। २ शीतलता, ठंढक। ३ नीची भूमि जहाँ बरसातका पानी बहुत दिनों तक जमा रहता है, कछार। ४ तराई, तलहटी।

तरीका (अ॰ पु॰) १ रीति, प्रकार, ढंग। २ चाल, व्यवहार। ३ युक्ति, उपाय।

तरीयस् (सं॰ त्रि॰) अतिशयेन तरीता ईयसुन् तृचो लोपः। अतिशय तारक, बहुत तारनेवाला।

तरीष (सं॰ पु॰) तृ-ईषच्। [illegible]। १ शुष्क गोमय, सूखा गोबर। २ नौका, नाव। ३ पानीमें बहनेवाला लकड़ा, बेड़ा। ४ व्यवसाय। ५ समुद्र। ६ स्वर्ग। ७ [illegible]।

तरीषन् (सं॰ पु॰) तृ-छन्दसि ईषन्। नाव, पार होनेकी क्रिया।

तरीषी (सं॰ स्त्री॰) तरीष संज्ञायां ङीष्। इन्द्रकी कन्या।

तरु (सं॰ पु॰) तरति समुद्रादिकमनेनेति तृ-उ। [illegible]। [illegible] वृक्ष, गाछ, पेड़। (त्रि॰) २ तारक, उद्धार करनेवाला। (पु॰) ३ एक प्रकारका झाड़। इसके [illegible] पत्ते [illegible] और [illegible] जाते हैं। इसका गोंद बहुत अच्छा होता है। [illegible] भी इससे बहुत अच्छा [illegible] जाता है।

तरुआ (हिं॰ पु॰) तलवेमें हुए घावका [illegible]।

तरुकूलि (सं॰ पु॰) [illegible] [illegible] [illegible]। [illegible], एक प्रकारकी चिड़िया।

तरुण (सं॰ त्रि॰) तृ-उनन्। [illegible]। १ युवा और

घोड़े इत्यादिको रक्षा करनेवाला। २ जो गाय घोड़े आदिको पालनेमें नियुक्त हो।

तरुखण्ड (सं० पु०) तरूणां समूहः। भिक्षादिभ्योऽण्। पा ४।२।३८। इति सूत्रस्य काशिकायां वृक्षादिभ्यः षण्डः। वृक्षसमूह, बहुतसे पेड़ोंकी संख्या।

तरुज (सं० वि०) तरु-जन-ड। १ वृक्षज, जो पेड़से उत्पन्न हो। (पु०) २ श्वेतखदिर, सफेद कत्था।

तरुजीवन (सं० क्ली०) तरोर्जीवनं, ६-तत्। वृक्षमूल, पेड़की जड़।

तरुण (सं० क्ली०) तृ-उनन्। श्रीः(?)स्य लो वा। उण् ३।५४। १ कुब्जपुष्प, कुब्जाका फूल, सेवतिया। २ स्थूलजीरक, बड़ाजीरा। ३ एरण्डवृक्ष, रेंडका पेड़। (वि०) ४ युवा, जवान। ५ नूतन, नया।

तरुणक (सं० पु०) तरुण-कन्। १ तरुण। २ तरुण दधि, पाँच दिनका दही।

तरुणज्वर (सं० पु०) तरुणश्चासौ ज्वरश्चेति, कर्मधा०। नवज्वर, वह ज्वर जो सात दिनका हो गया हो।

तरुणतरणि (सं० पु०) तरुणसूर्य देखो।

तरुणदधि (सं० क्ली०) तरुणं तरुणलक्षणोक्तं दधि, कर्मधा०। पाँच दिनका दही। यह दही बहुत अहित-कर है। दही पाँच दिनसे अधिकका हो जानेसे वह तरुणदधि कहलाता है।

तरुणदारु (सं० पु०) वृद्धदारुकवृक्ष, विधारका पेड़।

तरुणपीतिका (सं० स्त्री०) मनःशिला, मैनसिल।

तरुणप्रभसूरि—ये चन्द्रगच्छीय। जिनकुशलके शिष्य थे। इन्होंने जिनकुशलसे दीक्षा और आचार्यपद प्राप्त किया था। जिनचन्द्र और जिनलब्धिने इनसे सूरिमन्त्र पाया था। इन्होंने १४११ सम्वत्‌में षडावश्यकप्रतिक्रमणसूत्र विवरण नामक पुस्तककी रचना की थी।

तरुणसूर्य (सं० पु०) दोपहरका सूर्य।

तरुणाभास (सं० पु०) ककटी, ककड़ी।

तरुणास्थि (सं० स्त्री०) पतली लचीली हड्डी।

तरुणी (सं० स्त्री०) तरुण: गौरादित्वात् ङीष्। १ युवती स्त्री, जवान औरत। ११ वर्षसे लेकर १२ वर्ष तक-की स्त्रीको तरुणी कहते हैं।

तरुणी स्त्रीके साथ सम्भोग करनेसे अधिक काम होता है। इसके पर्याय—युवती, तलुनी, युवति, यूनी, दिक्करी, धनिका और धनीका है। २ घृतकुमारी, घीकुआर, ग्वार-पाठा। ३ दन्तीवृक्ष, समानगोटा। ४ चीड़ा नामक गन्ध-द्रव्य। ५ पुष्पविशेष, कुब्जाका फूल, सेवतिया। इसके पर्याय—सेवती, भद्रा, कुमारी, गन्धाढ्या, चारुकेशरा, भृङ्गेष्टा, रामतरुणी, सुदला, बहुपत्रिका और भृङ्गवल्लभा है। गुण—शिशिर, स्निग्ध पित्त, दाह, ज्वरसुखपाक, तृष्णा और विच्छर्दिनाशक तथा मधुर है। इसके एक फूलसे पूजा करनेसे उतना ही फल होता है जितना कि एक हजार अशोकके फूलसे होता है। ६ स्थूलजीर-जीरक, एक प्रकारका बड़ा काला जीरा। ७ मेघरागकी एक रागिणी।

तरुणीकटाक्षमाल (सं० पु०) तरुणीनां कटाक्षाणां माला यत्र, बहुव्री०। तिलकपुष्प वृक्ष।

तरुतुलिका (सं० स्त्री०) तरुस्थिता तुलिका चित्रण-नाका इव वा तरौ तुले तोलयति दोलयति वा तुल-णच्, ल, टापि अत इत्वं पृषो० साधुः। चमगादड़।

तरुतूलिका (सं० स्त्री०) तरुतुलिका देखो।

तरुतृ (सं० वि०) तृ-तृच्। ग्रसितस्कभितस्तभितोत्तभित... इति। पा ७।२।३४। इति सूत्रेण निपातनात् सिद्धं। तारक, उद्धार करनेवाला।

तरुत्र (सं० वि०) तृ-बाहु० उत्र। तारक, तारनेवाले।

तरुदूलिका—तरुतूलिका देखो।

तरुनख (सं० पु०) तरोर्नख इव। कण्टक, काँटा।

तरुनाप्य (हिं० पु०) युवावस्था, जवानी।

तरुपङ्क्ति (सं० स्त्री०) तरूणां पङ्क्तिः, ६-तत्। वृक्ष-श्रेणी, पेड़ोंकी कतार।

तरुभुज (सं० पु०) तरुं भुङ्क्ते भुज-क्विप्। वन्दाक, बाँदा। वृक्ष पर जमनेसे यह उसको शीघ्र ही नष्ट कर डालता है।

तरुमालिनी (सं० स्त्री०) भूम्यामलकी, भुइँआँवला।

तरुमूल (सं० क्ली०) तरूणां-मूलं, ६-तत्। वृक्षमूल, पेड़की जड़।

तरुमृग (सं० पु० स्त्री०) तरौ स्थितः मृग इव, मध्य-पदलो०। शाखामृग, बानर।

तरुराग (सं० क्ली०) तरूणां रागो रक्तिमाभा यस्मात्, बहुव्री०। किसलय, नया कोमल पत्ता।

[illegible] (सं॰ पु॰) [illegible] । [illegible] । [illegible] ([illegible]) [illegible] ।

[illegible] (सं॰ स्त्री॰) [illegible] । [illegible] ([illegible]) [illegible] ।

[illegible] (सं॰ स्त्री॰) [illegible] ।

[illegible] (सं॰ स्त्री॰) [illegible] ।

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible] (सं॰ पु॰) [illegible] ।

[illegible] (सं॰ स्त्री॰) [illegible] ।

[illegible] (सं॰ त्रि॰) [illegible] ।

[illegible] (सं॰ त्रि॰) [illegible] ।

[illegible] (सं॰ स्त्री॰) [illegible] ।

[illegible] (सं॰ त्रि॰) [illegible] ।

[illegible] (सं॰ पु॰) [illegible] ।

[illegible] (सं॰ त्रि॰) [illegible] ।

[illegible] (सं॰ पु॰) [illegible] ।

[illegible] (सं॰ त्रि॰) [illegible] ।

[illegible] (सं॰ स्त्री॰) [illegible] ।

[illegible] (सं॰ पु॰) [illegible] ।

[illegible] (सं॰ त्रि॰) [illegible] ।

[illegible] (सं॰ पु॰) [illegible] ।

तरेटी (हिं० स्त्री०) वह जमीन जो पहाड़के नीचे रहती है। तराई, घाटी।

तरेहा (हिं० पु०) तरेरा देखो।

तरेरना (हिं० क्रि०) दृष्टि कुपित करना, आंखके इशारे से असन्तोष जाहिर करना।

तरैनी (हिं० स्त्री०) हरिस और हलको एकमें सटाये रखनेका पत्थर।

तरैला (हिं० पु०) किसी स्त्रीका वह पुत्र जो उसके दूसरे पतिसे जन्मा हो।

तरैनो (हिं० स्त्री०) तरैनी देखो।

तरोंच (हिं० स्त्री०) १ कांधोके नीचेको लकड़ी। २ तरौंछी देखो।

तरोंड़ा (हिं० पु०) फसलका वह परिमित अंश जो हल-वाहे आदि मजदूरोंको देनेके लिये निकाल दिया जाता है।

तरोई (हिं० स्त्री०) तुरई देखो।

तरोता (हिं० पु०) मध्यभारत और दक्षिण भारतमें होनेवाला एक प्रकारका लम्बा पेड़। इसके छिलके चमड़ा सिझानेके काममें आता है। इसका दूसरा नाम तरवर है।

तरोली—मथुरा जिलेके अन्तर्गत छाता तहसीलका एक छोटा ग्राम। यह अक्षा० २७° ४०' ४६" उ० और देशा० ७७° ३७' ४५" पू०में अवस्थित है। कृषिकार्यके लिये यह ग्राम उत्तम उपयोग्य है। इस स्थानका राधागोविन्द-देवका मन्दिर विशेष प्रसिद्ध है। प्रति वर्ष कार्त्तिक मासमें त्रयोदशीसे पूर्णिमा पर्यन्त उक्त मन्दिरके निकट एक मेला लगता है।

तरौंछी (हिं० स्त्री०) १ हलमें नीचेकी ओर लगी हुई लकड़ी। २ बैल गाड़ीमें जुआठेके नीचे लगी हुई एक लकड़ी।

तरौटा (हिं० पु०) चक्कीके नीचेका पत्थर।

तरौता (हिं० पु०) छाजनमें ठाटके नीचे दिये जानेकी लकड़ी।

तरोच—सिमला पहाड़के अन्तर्गत और पञ्जाब गवर्मेण्टके अधीन एक देशीय राज्य। यह अक्षा० ३०° ५५' और ३१° ४' उ० तथा देशा० ७७° ३७' और ७७° ५१' पू०में अवस्थित है। इस राज्यका क्षेत्रफल ६७ वर्गमील है। थोड़े मुसलमान छोड़ कर इस प्रदेशके सभी अधिवासी हिन्दू हैं। तरोच पहले सरमोरके राज्यके अन्तर्गत था। अंगरेजोंके हाथ आनेके समय ठाकुर करमसिंह तरोचके शासनकर्त्ता थे। किन्तु वार्द्धक्ययुक्त वे कोई कार्य नहीं कर सकते थे। उनके भाई भोलू समस्त राजकार्य चलाते थे। १८१८ ई०में करमसिंहकी मृत्युके बाद भोलूको एक सनद मिली, जिससे उनके तथा उनके उत्तराधिकारीके हाथ तरोच राज्यका शासनभार अर्पण किया गया। १८८५ ई०में ठाकुर केदारसिंह तरोचके राजा थे। केदार सिंहके मृत्युके बाद ठाकुर शम्भुसिंह राजा हुए।

इस राज्यकी आय प्रायः ६००० रु० है। राजाको ८० सैन्य रखनेका अधिकार है।

तरौना (हिं० पु०) १ एक प्रकारका गहना जिसे स्त्रियां कानमें पहनती हैं, तरकी। २ कर्णफूल नामका गहना। ३ मिठाईका खोंचा रखनेका मोढ़ा।

तर्क (सं० पु०) तर्क भावे अच्। १ अविज्ञाततत्त्व-निर्णयका हेतुभेद, अर्थात् अविज्ञात अर्थके विषयमें युक्तिक कारण द्वारा तर्कविशेष, वह तर्क जो शास्त्रके अविरोधी और सन्दिग्ध पूर्वपक्षको निरास कर उत्तरपक्षमें व्यवस्थापनपूर्वक शास्त्रार्थमें निश्चयताका अवधारण करता है। २ आकांक्षा, चाह। ३ व्याप्यके आरोपके कारण व्यापकका प्रसञ्जन। ४ आगमका अविरोधी न्याय। ५ आगमार्थ परीक्षा। ६ मीमांसारूप विचार या शास्त्रार्थ। ७ सामग्र ज्ञानभेद। ८ अपनी बुद्धिके अनुसार तर्क (विचार) मात्र। (वेदान्तप०)

जो भाव अचिन्तनीय हैं, किसी शास्त्रमें भी जिनका विषय चिन्तामें नहीं आ सकता, उन विषयोंका कभी भी तर्क द्वारा निर्णय न करें। क्योंकि अप्रतिष्ठित तर्क द्वारा कभी भी गम्भीर अर्थका निश्चय नहीं हो सकता।

इस प्रकारका तर्क करनेसे अप्रतिष्ठादोष लगता है। तर्कमें अप्रतिष्ठा दोष होने पर, वह निराकृत होता है; वह तर्क ग्रहणीय नहीं। तर्क बिना किये मांस-मीमांसा न करें ऐसी विधि है; किन्तु वह तर्क कुतर्क न होना चाहिये। धर्मशास्त्रमें एक मत हो कर तर्क

नहीं। इस प्रकारके तर्कमें ही यथार्थ ज्ञान होता है। वेदान्तदर्शनमें तर्कका विषय इस प्रकार लिखा है "तर्काप्रतिष्ठानादपि"। (वेदान्तसूत्र)

जो वस्तु शास्त्रगम्य है, तर्कमात्रका अवलम्बन कर उस वस्तुके विरुद्ध तर्क नहीं करना चाहिये। कारण, पुरुष शास्त्रज्ञानके बिना बुद्धिबलसे जितने भी तर्कोंका उद्भावन करता है, उन तर्कोंकी प्रतिष्ठा नहीं होती। क्योंकि कल्पनामें कोई अङ्कुश (नियामक) नहीं होता। जो कभी तर्क सारवान् है, वह कभी तर्क असार हो जाता है। अनुभवसे कार्यमें देखा जाता है, कि एक विद्वान्ने बहुत यत्नसे एक तर्क दिया था, अन्य विद्वान्ने उसे तर्कको मिथ्या बना दिया और उससे भी अधिक विद्वान्ने उनके तर्कको भी मिथ्या सिद्ध कर दिया। मनुष्यबुद्धि विभिन्न है, इसीलिए प्रतिष्ठित तर्क असम्भव है। अब कि जो महर्षि हैं उनका तर्क अप्रतिष्ठित है ऐसा नहीं, तब उनके उत्पन्न तर्क भी अप्रतिष्ठित होना एक प्रकारान्तर नहीं। अतः सिर्फ तर्क अप्रतिष्ठा-दोषसे दूषित है अर्थात् स्थिरतर तर्क नहीं होता। अन्यत्र तर्क अप्रतिष्ठित है। तर्कका विनाश करके शास्त्रार्थ निर्णय करना अन्याय है। मान लो, प्रसिद्ध कपिल देव सर्वज्ञ थे, इस कारण उनका तर्क प्रतिष्ठित था, ऐसा कहनेसे भी कहेंगे कि वह भी अप्रतिष्ठित था अर्थात् वह बात भी तर्कमें अप्रसिद्ध हो जाती है। कपिल सर्वज्ञ थे और गौतम असर्वज्ञ, इस विषयमें क्या प्रमाण है? कपिल, कणाद, गौतम, ये सभी स्मरणीय हैं, सभी महात्मा और सर्वविदित हैं, परन्तु तो भी इनके मतमें परस्पर विरोध पाया जाता है।

कपिलके मतमें कणाद और गौतमको आपत्ति है तथा कणाद और गौतमके मतमें कपिलको आपत्ति है। यदि कहोगे, कि हम ऐसे एक तर्कका अनुमान करेंगे, जिसमें प्रतिष्ठा-दोष नहीं पावेगा। ऐसा नहीं कह सकते कि, अप्रतिष्ठित तर्क है ही नहीं; एक न एक अप्रतिष्ठित तर्क है, यह स्वयं ही स्वीकार करना पड़ेगा। और, ऐसा कह सकते हो कि, किसी किसी तर्कोंमें अप्रतिष्ठित देख कर तर्कमात्रमें अप्रतिष्ठितताकी कल्पना नहीं हो सकती। व्यवहारोच्छेदकी आपत्ति हो सकती है, क्योंकि तर्क यदि निन्दित है, तो लोकोंका सांसारिक व्यवहार किस तरह होगा?

हम देखते हैं कि अतीत व वर्तमान अर्थोंमें सुख दुःखकी प्राप्ति और परिहारके लिए लोग प्रवृत्त हैं; यह चेष्टा भी तर्कमूलक है।

तर्कका दूसरा नाम है ऊहा, तर्कमें श्रुतिका विरोध भी उसका व्यवहार न करना, यह तर्क नहीं कुतर्क हो जाता। श्रुतिके अर्थमें सन्देह होने पर वाक्यशेषादि उपक्रम तर्क द्वारा उनके तात्पर्य अर्थका निर्णय होता है। भगवान् मनुने भी ऐसा ही कहा है—

जो धर्मशुद्धिकी इच्छा रखते हैं, उन्हें प्रत्यक्ष अनुमान (तर्क) और विविधशास्त्रका आगमद्वारा ज्ञान रखना चाहिए। जो पुरुष वेदशास्त्रके अविरोधी तर्कका अवलम्बन कर वाक्यनिहित धर्मविधिको खोज करते हैं, उन्हें ही धर्मका वास्तविक रहस्य मालूम पड़ता है। अप्रतिष्ठित तर्कका कोई दोष नहीं है। जिस तर्कमें दोष है, उसे छोड़ देना चाहिये, निर्दोष तर्क ग्रहणीय है। पूर्वपुरुष मूढ़ थे, इसलिए हमको भी मूढ़ होना पड़ेगा, ऐसा कोई नियम नहीं। एक तर्कमें दोष देख कर समस्त तर्कोंमें दोष बतलाना बड़ा अन्याय है।

सम्यक्ज्ञान एक ही प्रकारका होता है, नाना प्रकारका नहीं। मैं एक तरहका और तुम दूसरी तरहका हो, ऐसा भी नहीं; क्योंकि सम्यक्ज्ञान वस्तुके अधीन है, न कि मनुष्यके। जैसे—अग्नि उष्ण है। अग्नि उष्ण है यह ज्ञान एक ही भाँतिका अर्थात् सब समय और सब पुरुषोंके लिए एकसा है। इसलिए सम्यक्ज्ञानमें प्रमाण (तर्क)का होना आवश्यक है। तर्क बुद्धिसे उत्पन्न है। इसलिए सब मनुष्य बुद्धिके नाना प्रकार हैं अतः विरुद्ध तर्कजनित ज्ञान भी विभिन्न और परस्पर विरुद्ध होते हैं, किन्तु सम्यक्ज्ञान एक ही प्रकारका होता है। किसी कालमें भी विभिन्न नहीं होता।

एक तार्किकने तर्क करके कहा कि यही सम्यक्-ज्ञान है और दूसरेने उसका खण्डन कर कहा कि नहीं, वह सम्यक्ज्ञान नहीं, यह सम्यक्ज्ञान है। अतएव जो एक प्रकारका नहीं, वह अनेक प्रकारसे उत्पन्न है, ऐसा ज्ञान किस तरह सम्यक् हो सकता है।

इसलिए तर्क द्वारा यह मीमांसित नहीं होता। दुरूह विषयमें तर्क छोड़ कर शास्त्रका अनुसरण करना उचित है। शास्त्र समझनेके लिए भी तर्ककी जरूरत है किन्तु वह तर्क शास्त्रानुकूल है। शास्त्रमें प्रतिकूल तर्क ही प्रतिषिद्ध हुआ है। शास्त्र आदि किसी भी विषयके जानने में तर्क ही एकमात्र कारण है। तर्कके बिना किसी भी विषयका वास्तविक तत्त्वार्थ मालूम नहीं होता। यह तर्क शास्त्रानुयायी होना चाहिये, ऐसा न होनेसे उसे कुतर्कवाद आदि कहते हैं। इस प्रकारके कुतर्कवादियों-से किसी तरहका भी तर्क न करना चाहिये तथा करने-से भी कोई फल नहीं होगा। (वेदा तद०)

गौतमसूत्रमें तर्कका विवरण इस तरह लिखा है

'अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे कारणोपपत्तितस्तत्त्वज्ञानार्थमूहस्तर्कः।'

(गौतमसूत्र १।४०)

व्याप्यका आरोपप्रयुक्त व्यापकका आरोप ही तर्क-पदार्थ है अर्थात् धूमादिका आरोप करके व्यापक है। व्यापक वह्नि आदिका जो आरोप होता है, उसी-को तर्क कहते हैं।

'आरोप'का अर्थ है अयथार्थ ज्ञान। सूत्रमें 'कारणोपपत्तितः' इन शब्दोंसे व्याप्यका आरोपप्रयुक्त' यह अर्थ तथा 'ऊह' शब्दसे व्यापकका आरोप ऐसा अर्थ हुआ है।

'तर्क द्वारा क्या फल होता है?' शिष्यने जब गौतम-देवसे यह प्रश्न किया, तब महर्षिने उत्तर दिया-'किसी पदार्थमें विशेष संशय होने पर तर्क करना चाहिये, तर्कसे संशयकी निवृत्ति हो कर यथार्थ पक्षका निर्णय हो जायगा।'

इसलिये तर्क पदार्थनिर्णयमें विशेष प्रयोजनीय है। तर्कके बिना कभी भी एकतरका निश्चय नहीं होता। जैसे जलसे उत्थित वाष्पको देख कर बहुतोंको 'वाष्प है या धुआँ' ऐसा सन्देह हुआ करता है। अनन्तर यह यदि धुआँ हो, तो जलमें अग्नि हो सकती है, किन्तु वस्तुतः जलमें अग्नि नहीं होती, तो धूमका निकलना कैसे सम्भव हो सकता है, अतएव यह धूम नहीं है। इस प्रकारकी आपत्ति जिसको उपस्थित होती है, उसको इस तर्कके द्वारा 'यह धुआँ नहीं, वाष्प है' ऐसा निश्चय होता है। दूरसे एक ठूंठ काष्ठको देख कर उसमें मनुष्यका भ्रम हुआ, पीछे 'यदि यह मनुष्य है, तो हाथ पैर जरूर होते' ऐसा तर्क उदित होने पर यह वास्तवमें मनुष्य नहीं है, ऐसा स्थिर होता है। सौगत नामके बौद्ध कहा करते हैं, कि यह दृश्यमान विचित्र पदार्थ-समूह विज्ञानमय ज्ञानस्वरूप है, अर्थात् सोते समय स्वप्नमें बाघ, हाथी, मनुष्य आदि दीख पड़ते हैं किन्तु असलमें वे कुछ भी नहीं हैं, केवल रूप हैं, उसी प्रकार जाग्रत्-अवस्थामें पृथिवी, जल, मनुष्य आदि जो कुछ दृष्टिगोचर हो रहे हैं, वे पदार्थ भी ज्ञानस्वरूप हैं, ज्ञानके अतिरिक्त कुछ भी नहीं।

इसमें नैयायिकोंका कहना है, कि सोते समय जो पदार्थ अनुभूत होते हैं, जग जाने पर वे पदार्थ मिथ्या अर्थात् मनःकल्पित मात्र मालूम पड़ते हैं; इसलिए स्वाप्निकपदार्थ ज्ञानस्वरूप होने पर भी जाग्रत् अवस्थामें जो नाना प्रकारके पदार्थ दीख रहे हैं वे कभी भी ज्ञानमय नहीं, ज्ञानसे भिन्न हैं। इस प्रकार दोनोंके वाक्य सुन कर, हम जो पदार्थ-समूह देख रहे हैं, वह ज्ञानस्वरूप है या ज्ञानसे अतिरिक्त, यह संशय अवश्य ही उपस्थित होता है। बादमें दृश्यमान चराचर पृथिवी, जल, मनुष्य, पशु, पक्षी आदि पदार्थ यदि ज्ञानस्वरूप हों, ज्ञान-से भिन्न न हों, तो हम प्रतिदिन पृथिवीको पृथिवी, जल को जल, मनुष्यको मनुष्य नहीं समझ सकते थे तथा पृथिवीको पृथिवी और जलको जल इत्यादि रूपसे हमको जैसा ज्ञान हो रहा, वैसा औरोंको भी होता है, वास्तवमें बाह्यपदार्थ स्वाप्निकज्ञानकी भाँति ज्ञानरूप होते तो पृथिवीको पृथिवी, जलको जल इत्यादि एक रूपसे समस्त व्यक्तियोंके अनुभवका विषय नहीं होता। जब देखते हैं, कि स्वप्नावस्थामें सबका ज्ञान एकसा नहीं होता, इस प्रकारका तर्क उदित होने पर दृश्यमान पदार्थसमूह ज्ञानस्वरूप नहीं ज्ञानसे पृथक् है, अवश्य ही ऐसी अवधारणा होती है। इस तर्कके बिना असंशय-रूपसे कभी भी एकतरकी अवधारण नहीं होती। इस लिए पदार्थनिर्णयमें तर्क बहुत आवश्यक है। प्राणी-मात्रको तर्क हुआ करता है, किन्तु विशेष परिचय न होनेसे उसको तर्क नहीं समझते।

न्यायशास्त्रमें तर्कपदार्थका विस्तृतरूपसे प्रकाश होने-

[illegible] भी कहते हैं। [illegible]
[illegible]
[illegible] होता है।

[illegible] नहीं होता। क्योंकि [illegible] यदि पूर्वनिश्चित होगा, तो [illegible] भी होगा, इस प्रकारकी अर्थापत्ति [illegible] नहीं [illegible] यदि [illegible] होगा, तो [illegible] अर्थापत्ति कोई नहीं [illegible] इसी लिए [illegible] अर्थात् [illegible] अर्थापत्ति [illegible] है। [illegible] नहीं है और [illegible] अर्थापत्ति नहीं हुई। [illegible] होता है। इसलिए [illegible] यदि पूर्वनिश्चित होगा तो [illegible] होगा, ऐसी अर्थापत्ति नहीं होती। कारण, [illegible] नहीं, किन्तु [illegible] है। यह तर्क ६ प्रकारका है—[illegible], [illegible], [illegible], [illegible] और [illegible]।

इनमें जो अर्थापत्ति [illegible] होने पर होती है, उसका नाम है [illegible], अर्थात् अर्थापत्तिमें [illegible] अपेक्षा करती है इसलिए इस अर्थापत्तिका नाम [illegible] है।

जिनके अभावमें भी वस्तु [illegible] नहीं होती, उनको [illegible] कहते हैं, [illegible] भी [illegible] है। यथा—[illegible] होता है, [illegible] किसी [illegible] होने पर [illegible] चाहिए, [illegible] अर्थात् [illegible] होने पर [illegible] होती है, इस-लिए [illegible] है। [illegible] जिस अर्थापत्तिमें [illegible] होता है वही अर्थापत्ति [illegible] है, जैसे-[illegible] 'यह [illegible] है या नहीं' [illegible] होगा या नहीं? ऐसा संशय होने पर यदि [illegible] क्योंकि [illegible] ऐसा देखा गया है। [illegible] नहीं देता।

यह अर्थापत्ति [illegible] है। जिस अर्थापत्तिमें [illegible] होता है, यह अर्थापत्ति [illegible] है। यथा—[illegible] यदि [illegible] होगा, तो [illegible] समय [illegible] होता [illegible] है और [illegible] है। [illegible] नहीं होता, [illegible] यदि [illegible] हो, तो यह [illegible] होता है, यह [illegible] ही [illegible] होता है। [illegible] होता है, जिससे [illegible] है।

[illegible] होने पर जो [illegible] अर्थापत्ति होती है, उसको [illegible] कहते हैं। [illegible] जिस अर्थापत्तिमें [illegible], [illegible] भी एक [illegible] है। यथा—यह [illegible] यदि [illegible] होगा तो [illegible] होगा। क्योंकि [illegible]

पहले अवश्य ही रहता है। किन्तु जैसे यह वृक्ष उस वृक्षका पूर्ववर्ती नहीं होता, उसी तरह इस वृक्षसे उत्पन्न फल भी इस वृक्षका पूर्ववर्ती नहीं होता। इसलिए यह वृक्ष इस वृक्षजात फलजन्य नहीं है। इसी तरह यह घट यदि इस घटमें स्थित होता, तो यह घट इस घटसे भिन्न होता तथा यह घट यदि इस घटज्ञानके स्वरूप हो, तो यह घट ज्ञान सामग्रीसे जन्य होता। और जिस पदार्थको स्वीकार किया उस तरहके पदार्थमें असीम आपत्ति धाराकी कल्पनाके कारण अनिष्ट प्रसङ्ग होता है, इस अनवस्था दोष और उक्त अनवस्थादोषके भयसे किसी एक पदार्थको सीमा स्वीकार करना पड़ता है। यथा—अविभक्त परमाणुको निरवयव न मान कर उसको सावयव मानना होता है तथा उक्त अवयवमें पुनः अवयवकी कल्पना आवश्यक है। इस प्रकार अनन्त अवयवको कल्पना करने पर सर्षप और सुमेरुके समान परिमाणापत्ति हो सकती है। कारण जो वस्तु जिसकी अपेक्षा अधिक संख्यक अवयवों द्वारा संगठित है, वह वस्तु उसकी अपेक्षा महत् परिमाणविशिष्ट है। तथा जो द्रव्य जिस वस्तुकी अपेक्षा अल्पसंख्यक अवयवों द्वारा संगठित है, वह वस्तु उसकी अपेक्षा क्षुद्र है।

अतएव इस जगह जैसे पार्वतीय परमाणुके अवयव अनन्त हैं, उसी प्रकार सर्षपीय परमाणुके अवयव भी अनन्त हैं, दोनोंके न्यूनाधिक्यका निश्चय करना साध्यातीत है। इस तरह दोनोंको अनन्त अवयवविशिष्ट मानना पड़ता है। सुतरां दोनोंमें परिमाणगत कोई वैलक्षण्य न होनेसे दोनोंमें ही समान परिमाणकी आपत्ति हो सकती है। इस अनवस्थाभयसे परमाणुको निरवयव कहना होगा तथा जैसे विचारालयमें अपराधी है या निरपराधी, यह निश्चय करनेके लिए गवाहकी जरूरत है, उसी प्रकार गवाह देनेवाला उस घटनास्थल पर था या नहीं, इस तरहकी आपत्तिसे यदि गवाहको गवाही मंजूर की जाय, तो उक्त गवाहके लिए गवाहीकी जरूरत है, इस तरह असंख्य साक्षीकी आवश्यकता होती है। सुतरां किसी तरह भी विचारके निष्पन्न होनेकी सम्भावना नहीं, इस स्थानमें भी ऐसे अनवस्थादोषके भयसे केवल एक साक्षी प्रचलित है, अथवा वस्तुमात्र ही किसी न किसी शरीरी द्वारा सृष्ट है, अतः निराकार जगदीश्वर द्वारा उसकी सृष्टि नहीं हो सकती, इस प्रकारकी शङ्का उठी। अब यदि उसमें भी शरीरकी कल्पना करें, तो जगदीश्वरके शरीरकी सृष्टिके लिए पृथक् एक शरीरी जगदीश्वरकी कल्पना करनी पड़ेगी और उनके शरीरकी सृष्टिके लिए भी पुनः पृथक् शरीरी परमेश्वरकी कल्पना करनी पड़ेगा, इस तरह अनन्त, छोटे छोटे साकार जगदीश्वरकी कल्पना करने पर भी किसी समयमें सृष्टिकार्यका निर्वाह नहीं हो सकता। इसलिए दार्शनिकोंने एकमात्र जगत्स्रष्टा माना है। अथवा यह ससागरा पृथिवी शून्यमें अपनी शक्तिबलसे है या अन्य किसी सुवृहत् साकार आधार पर है, इस प्रकार सन्देहाक्रान्त हो कर यदि पृथिवीका कोई साकार आधार मान लेवें, तो उस आधार-वस्तुकी स्थितिके लिए पुनः और एक साकार आधारकी कल्पना करनी पड़ेगी।

इस प्रकारसे उसके भी आधारकी कल्पना करनी पड़ेगी, पर तो भी यह निर्णय नहीं होगा कि, पृथिवी किसके आधार पर है। इस प्रकारके अनवस्थादोषके कारण ज्योतिर्विदोंने पृथिवीका कोई साकार आधार स्वीकार नहीं माना, पृथिवी अपनी शक्तिके बलसे सर्वदा आकाशमें विद्यमान है, ऐसा वे स्वीकार करते हैं।

आत्माश्रय आदि जो चार आपत्तियोंका उल्लेख किया गया है, उनके सिवा अन्य आपत्तियोंका नाम है प्रमाणबाधितार्थप्रसङ्ग।

यह प्रमाणबाधितार्थप्रसङ्ग दो प्रकारका है—एक व्याप्तिनिर्वाहक और दूसरा विषयपरिशोधक। व्याप्तिनिर्वाहक उसे कहते हैं, जिस तर्कके द्वारा व्याप्तिकी निश्चयता हो, जैसे धूममें वह्निकी व्याप्तिका निश्चय होने पर, उस धूमके द्वारा वह्निकी अनुमिति हुआ करती है। किन्तु जब तक धूममें वह्निके व्यभिचारका सन्देह रहे, तब तक व्याप्तिका निश्चय नहीं होता।

इसलिए तर्क द्वारा व्यभिचार सन्देह (वह्नि अर्थात् अभावाधिकरणमें धूमकी विद्यमानताका अभाव) को दूर करना आवश्यक है, जैसे—धूम वह्निव्यभिचारी है या नहीं ऐसा सन्देह होने पर धूम यदि वह्नि व्यभिचारी हो, तो वह्निसे उत्पन्न नहीं होता। कारण जो जिससे

[illegible] है।

[illegible] १८८९ ई० [illegible] [illegible]

[illegible] (सं० पु०) [illegible]

[illegible] (सं० स्त्री०) [illegible]

[illegible] (सं० पु०) [illegible]

[illegible] (हिं० क्रि०) [illegible]

[illegible] (सं० पु०) [illegible]

[illegible] (सं० पु०) [illegible]

[illegible] (सं० पु०) [illegible]

[illegible] (सं० स्त्री०) [illegible]

[illegible] (सं० त्रि०) [illegible]

[illegible] (सं० स्त्री०) [illegible]

[illegible] (सं० पु०) [illegible]

[illegible] (सं० स्त्री०) [illegible]

[illegible] है।

[illegible] है—

[illegible] है—

[illegible] है।

[illegible]

([illegible])

गङ्गा आदि तीर्थोंमें जो स्नान किया जाता है, वह काम्य-स्नान है। चाण्डालादिके स्पर्श, क्षौरकर्म, गर्भपात, मैथुन, छर्दन और अस्पृश्य स्पर्श करनेसे जो स्नान करते हैं, वह भी नैमित्तिक स्नान है। किन्तु ऐसे नैमित्तिक स्नानमें तर्पणादि जलक्रिया नहीं की जाती। पूर्वोक्त नित्य, नैमित्तिक और काम्यस्नान करनेसे ही तर्पण करना आवश्यकीय है। जो पुत्र नास्तिकताके कारण प्रतिदिन पितरोंका तर्पण नहीं करता, पितृगण जलार्थी हो कर उसको देहके रुधिरको पीते हैं। अतएव अति यत्नपूर्वक प्रतिदिन तर्पण करें। स्नान करके तर्पण करना उचित है। इस नियमके अनुसार यदि किसी दिन शारीरिक अस्वस्थताके कारण प्रातः, मध्याह्न स्नान न किया जाय, तो क्या उस दिन तर्पण करना निषिद्ध है? परन्तु वचनान्तरमें "तर्पणं प्रत्यहं कार्यं" इत्यादि वचन द्वारा तर्पणको नित्यता प्रतीत होती है।

"नास्तिक्यभावात् यश्चापि न तर्पयति वै सुतः।
पिबन्ति देहरुधिरं पितरो वै जलार्थिनः॥"

(योगी याज्ञवल्क्य)

तर्पणको नित्यताके कारण "शुचि हो कर तर्पण करे" इस वचनके अनुसार प्रधान तर्पण मध्याह्न और संध्याके बाद करना उचित है। क्योंकि पञ्चयज्ञान्तर्गत तर्पण मध्याह्नकालमें कहा गया है।

यदि प्रातःस्नान तर्पण करके मध्याह्नस्नान न कर सकें, तो भी प्रधान तर्पण करना विधेय है या नहीं? इसके उत्तरमें शातातपने लिखा है, कि प्रातःस्नानाङ्ग तर्पण करनेसे ही ब्रह्माधीन पञ्च यज्ञान्तर्गत प्रधान तर्पणको भी सिद्धि होती है। मनुने कहा है-द्विजगण स्नान करके जल द्वारा पितरोंको जो तर्पण करते हैं, उसी तर्पणके द्वारा ही उन्हें समस्त पितृयज्ञ क्रियाका फल प्राप्त होता है।

"यदेव तर्पयत्यद्भिः पितॄन् स्नात्वा द्विजोत्तमः।
तेनैव सर्वमाप्नोति पितृयज्ञक्रियाफलम्॥" (मनु)

मनुके मतसे—रात्रिके शेष चार दण्डसे आगामी रात्रिके प्रथम चार दण्डके भीतर स्नान करें, अर्थात् प्रातः और मध्याह्न स्नानका उपाय न रहनेके कारण अरुणोदय कालीन तर्पण द्वारा भी पितृयज्ञ तर्पणकी सिद्धि होती है। अरुणोदयके समय स्नान करनेसे सामवेदियोंको मध्याह्न तर्पणके बाद पितृतर्पण करना चाहिये। पीछे मध्याह्नस्नान करने पर मध्याह्न सन्ध्याङ्ग तर्पण करके पितृतर्पण करना चाहिये। प्रातःस्नान न करनेसे सूर्योदयके बाद जो स्नान होता है, उसको अरुणस्नान कहते हैं, इसलिये पितृतर्पण मध्याह्न सन्ध्याके बाद करें।

प्रातःकालमें स्नान और तर्पण करके यदि अरुणस्नान न किया जाय, तो मध्याह्नकालमें प्रधान तर्पण नहीं करना पड़ता। कारण—अरुणोदय तर्पणसे ही प्रधान तर्पणकी सिद्धि होती है। चन्द्रसूर्य ग्रहण और अर्द्धोदय आदि योगोंमें स्नान करनेसे केवल तर्पण करना पड़ता है।

शरीर अस्वस्थ होने पर यदि प्रातः और मध्याह्नस्नान न किया जाय, तो मध्याह्नसन्ध्याङ्ग तर्पणके बाद प्रधान तर्पण करना पड़ता है। किसी कारणसे जो व्यक्ति एक दिन प्रातः और मध्याह्नसन्ध्या कर अरुणस्नान करता है, उसको मध्याह्नस्नानान्तर तर्पण करना चाहिये। सन्ध्यादि करके यदि तीर्थादिमें स्नान किया जाय तो भी स्नानके बाद तर्पण करना चाहिये।

जिस जलाशयका जल समस्त प्राणियोंके लिये उत्सर्गीकृत नहीं हुआ है और अभोज्य है अर्थात् म्लेच्छादि द्वारा खनित कूप पुष्करिणी आदिका जल और निपानस्थ जलसे तर्पण न करना चाहिये। (कूपके पास गाय, भैंस आदिके पीनेके लिये रचित जलाशयको निपान कहते हैं।)

"अन उद्धृत्य चोत्सृष्टं सर्वभोज्यनिपानकम्।
तद्वर्ज्यं सलिलं तात सदैव पितृकर्मणि॥" (आदित्यपुराण)

वृष्टिके जलसे तर्पण न करना चाहिये। शूद्र और शिव आदिके जलसे स्नान, आचमन, दान, देव और पितृतर्पण न करें। जो अल्प बालि वर्षा होते समय छतमलम्बित जलसे तर्पण करता है, उसको निश्चयसे घोर नरकमें जाना पड़ता है। ईंटके बने हुए स्थान पर बैठ कर पितृतर्पण न करना चाहिये।

"नेष्टकाचिते स्थाने पितॄं स्तर्पयेत्।" (स्मृतिचिन्ता)

आर्द्रवस्त्र हो कर तर्पण करना हो तो जलमें रह कर ही तर्पण करना चाहिये। आर्द्रवस्त्र परित्याग करने पर तीर पर बैठ कर तर्पण करें। किन्तु तीर्थ-

खानोयवर्ग को 'तर्खान' की उपाधि दो। उसीमें सिन्धुदेशमें तर्खानवंशकी उत्पत्ति हुई है।

पाटना प्रदेशमें भी तर्खानवंशियोंका वास है। ७०३ ई०में यहांके तर्खानोंने अत्यन्त समारोहके साथ कासमके मुलतानकी अभ्यर्थना की थी। कास्पीय सागरके पश्चिममें खजरके लोकमें कर्मचारीविशेषको तुर्खान कहते हैं।

भारतमें तर्खान-वंशके लोग इस समय नगरपुर और ठठामें रहते हैं।

१५२१ ई०में सिन्धुदेशमें अर्घुनवंशियोंका आधिपत्य देखनेमें आता है। १५५४ ई०में इस वंशके शाह हुसेनकी अपुत्रक दशामें मृत्यु होने पर तर्खानवंशने अर्घुनवंशका स्थानाधिकार किया। किन्तु ये कुछ ही दिन वहां राज्य करनेमें समर्थ हुए थे। १५९२ ई०में शाहशाह अकबरने मिर्जा जानीबेगको परास्त कर सिन्धुदेश मुगल-साम्राज्यमें मिला लिया था।

तर्ज़ (अ० स्त्री०) १ प्रकार, तरह, किस्म। २ रीति शैली, ढंग, ढब। ३ रचनाप्रकार, बनावट।

तर्जन (सं० क्ली०) तर्ज भावे ल्युट्। १ तिरस्कार, फटकार। २ अवज्ञापूर्वक निर्देशकरण, घृणा करनेका कार्य। ३ भयप्रदर्शन, धमकानेका कार्य। ४ आस्फालन, ताड़न, मार, फटकार। ५ क्रोध, गुस्सा।

तर्जना (हिं० क्रि०) डाटना, धमकाना, डपटना।

तर्जनी (सं० स्त्री०) तर्ज्यतेऽनया तर्ज करणे ल्युट्, ततः स्त्रियां ङीप्। अङ्गुष्ठसमीपाङ्गुली, अंगुठेके पासको उंगली। इसके दूसरा पर्याय प्रदेशिनी है।

तर्जनीमुद्रा (सं० स्त्री०) तन्त्रोक्त मुद्राभेद, तन्त्रकी एक मुद्रा। इसमें बायें हाथकी मुट्ठी बांध तर्जनी और मध्यमाको फैलाते हैं।

तर्जिक (सं० पु०) तर्ज स्तर्जनमस्त्यत्र तर्ज-ठन्। देशविशेष, एक देशका प्राचीन नाम, ताजिकदेश।

तर्जित (सं० त्रि०) तर्ज-क्त। भर्त्सित, अपमानित, अनादर किया हुआ।

तर्जुमा (अ० पु०) अनुवाद, भाषान्तर, उल्था।

तर्ण (सं० पु०) तर्णोति तृणादिकं भक्षयति तृण अच्। १ वत्स, बछड़ा। २ शालिधान्यविशेष, एक प्रकारका धान।

तर्णक (सं० पु०) तर्ण एव स्वार्थे कन्। १ सद्योजातवत्स, तुरतका जन्मा गायका बछड़ा। २ शिशु, बच्चा।

तर्णि (सं० पु०) तरन्त्यादाय पद्धतिं तृ-नि। १ सूर्य। २ प्लव, बेड़ा।

तर्त्तरीक (सं० क्ली०) तीर्यतेऽनेन तृ-ईक। फर्फरीकादयश्च। उण् ४।२० । इति निपातनात् साधुः। १ नौका, नाव। कर्त्तरि-ईक। (त्रि०) २ पारग, पार करनेवाला।

तर्त्तव्य (सं० त्रि०) तृ-तव्य। तरणीय, पार होने योग्य।

तर्दू (सं० स्त्री०) तरति प्लवते तृ-ऊ दुकागमश्च। गोदुग्ध। उण् १।११। दारुहस्तक, लकड़ीका हत्था।

तर्द्दन् (सं० पु०) तृद वा मनिन्। १ छिद्र, भान, सुराख। २ तर्दन प्रदेश।

तर्पण (सं० क्ली०) तृप-प्रीणने भावे ल्युट्। १ तृप्ति, प्रीणन सन्तोष होनेकी क्रिया। २ यज्ञकाष्ठ। तृप्यन्ति पितरो येन तृप-करणे ल्युट्। ३ आहारविशेष। ४ नित्यतर्पणानुष्ठान। ५ जलदान दे कर देवर्षि, पितृ, मनुष्य आदिको तृप्त या परितुष्ट करनेका कार्य। यह तर्पण पञ्च महायज्ञके अन्तर्गत महायज्ञका भेद है।

तर्पण दो प्रकारका है—प्रधान तर्पण और अङ्गतर्पण। शातातपने प्रधान तर्पणका वर्णन इस प्रकारसे किया है,—

स्नातक द्विजगण शुचि हो कर प्रतिदिन देव, ऋषि और पितरोंका यथाक्रमसे तर्पण करें तथा विधवा स्त्रियां कुशतिलोदक द्वारा भर्ता और श्वशुरादिके नाम गोत्रका उल्लेख कर प्रतिदिन तर्पण करें।*

इनके मतसे अङ्गतर्पण इस प्रकार है—

स्नान तीन प्रकारका है—नित्य, नैमित्तिक और काम्य, तर्पण उसका अङ्ग है। प्रात्यहिक प्रातः और मध्याह्न सम्बन्धी स्नान नित्य है। ग्रहणादिके निमित्तमें जो स्नान किया जाता है, उसे नैमित्तिक कहते हैं।

* "तर्पणन्तु शुचिः कुर्यात् प्रत्यहं स्नातको द्विजः।
देवेभ्यश्च ऋषिभ्यश्च पितृभ्यश्च यथाक्रमम्॥
तर्पणं प्रत्यहं कार्यं भर्तुः कुशतिलोदकैः।
तत् पितुस्तत्पितुश्चापि नामगोत्रादिपूर्वकम्॥"
(आह्निकतत्त्व)

गङ्गा आदि तीर्थोंमें जो स्नान किया जाता है, वह काम्य-स्नान है। चाण्डालादिके स्पर्श, श्मश्रुकर्म, अश्रुपात, मैथुन, छर्दन और अस्पृश्य स्पर्श करनेसे जो स्नान करते हैं, वह भी नैमित्तिक स्नान है। किन्तु ऐसे नैमित्तिक स्नानमें तर्पणादि जलक्रिया नहीं की जाती। पूर्वोक्त नित्य, नैमित्तिक और काम्यस्नान करनेसे ही तर्पण करना आवश्यकीय है। जो पुत्र नास्तिकताके कारण प्रतिदिन पितरोंका तर्पण नहीं करता, पितृगण जलार्थी हो कर उसकी देहके रुधिरको पीते हैं। अतएव अति यत्नपूर्वक प्रतिदिन तर्पण करें। स्नान करके तर्पण करना उचित है। इस नियमके अनुसार यदि किसी दिन शारीरिक अस्वस्थताके कारण प्रातः, मध्याह्न स्नान न किया जाय, तो क्या उस दिन तर्पण करना निषिद्ध है? परन्तु वचनान्तरमें "तर्पणं प्रत्यहं कार्यं" इत्यादि वचन द्वारा तर्पणकी नित्यता प्रतीत होती है।

"नास्तिक्यभावात् यश्चापि न तर्पयति वै सुतः।
पिबन्ति देहरुधिरं पितरो वै जलार्थिनः॥"
(योगी याज्ञवल्क्य)

तर्पणकी नित्यताके कारण "शुचि हो कर तर्पण करे" इस वचनके अनुसार प्रधान तर्पण मध्याह्न और संध्याके बाद करना उचित है। क्योंकि पञ्चयज्ञान्तर्गत तर्पण मध्याह्नकालमें कहा गया है।

यदि प्रातःस्नान तर्पण करके मध्याह्नस्नान न कर सकें, तो भी प्रधान तर्पण करना विधेय है या नहीं? इसके उत्तरमें शातातपने लिखा है, कि प्रातःस्नानाङ्ग तर्पण करनेसे ही प्रसङ्गाधीन पञ्च यज्ञान्तर्गत प्रधान तर्पणकी भी सिद्धि होती है। मनुने कहा है-द्विजगण स्नान करके जल द्वारा पितरोंको जो तर्पण करते हैं, उसी तर्पणके द्वारा ही उन्हें समस्त पितृयज्ञ क्रियाका फल प्राप्त होता है।

"यदेव तर्पयत्यद्भिः पितॄन् स्नात्वा द्विजोत्तमः।
तेनैव सर्वमाप्नोति पितृयज्ञक्रियाफलम्॥" (मनु)

मनुके मतसे—रात्रिके शेष चार दण्डसे आगामी रात्रिके प्रथम चार दण्डके भीतर स्नान करें, अर्थात् प्रातः और मध्याह्न स्नानका कर्तव्य न रहनेके कारण अरुणोदय कालीन तर्पण द्वारा भी नित्यप्राप्त तर्पणकी सिद्धि होती है। अरुणोदयके समय स्नान करनेसे सामवेदियोंको सन्ध्याङ्ग तर्पणके बाद पितृतर्पण करना चाहिये। पीछे मध्याह्नस्नान करने पर मध्याह्न सन्ध्याङ्ग तर्पण करके पितृतर्पण करना चाहिये। प्रातःस्नान न करनेसे सूर्योदयके बाद जो स्नान होता है, उसको अहःस्नान कहते हैं, इसलिये पितृतर्पण मध्याह्न सन्ध्याके बाद करें।

प्रातःकालमें स्नान और तर्पण करके यदि अहःस्नान न किया जाय, तो मध्याह्नकालमें प्रधान तर्पण नहीं करना पड़ता। कारण—अरुणोदय तर्पणसे ही प्रधान तर्पणकी सिद्धि होती है। चन्द्रसूर्य ग्रहण और अर्द्धोदय आदि योगोंमें स्नान करनेसे केवल तर्पण करना पड़ता है।

शरीर अस्वस्थ होने पर यदि प्रातः और मध्याह्नस्नान न किया जाय, तो मध्याह्नसन्ध्याङ्ग तर्पणके बाद प्रधान तर्पण करना पड़ता है। किसी कारणसे जो व्यक्ति एक दिन प्रातः और मध्याह्नसन्ध्या कर अहःस्नान करता है, उसको मध्याह्नस्नानान्तर तर्पण करना चाहिये। सन्ध्यादि करके यदि तीर्थादिमें स्नान किया जाय तो भी स्नानके बाद तर्पण करना चाहिये।

जिस जलाशयका जल समस्त प्राणियोंके लिये उत्सर्गीकृत नहीं हुआ है और अभोज्य है अर्थात् म्लेच्छादि द्वारा खनित कूप पुष्करिणी आदिका जल और निपानस्थ जलसे तर्पण न करना चाहिये। (कूपके पास गाय, भैंस आदिके पीनेके लिये रचित जलाशयको निपान कहते हैं।)

"अन सर्वाण भोज्यं नवाभोज्यनिपानजम्।
तद्वर्ज्यं सलिलं तात सदैव पितृकर्मणि॥" (आदित्यपुराण)

वृष्टिके जलसे तर्पण न करना चाहिये। शूद्र और म्लेच्छ आदिके जलसे स्नान, आचमन, दान, होम और पितृतर्पण न करें। जो अल्पबुद्धि वर्षा होते समय वृष्टिजल मिश्रित जलसे तर्पण करता है, उसको निश्चयसे घोर नरकमें जाना पड़ता है। ईंटके बने हुए स्थान पर बैठ कर पितृतर्पण न करना चाहिये।

"इष्टकाचिते स्थाने पितॄन् न तर्पयेत्।" (स्मृतिचिन्तन)

आर्द्रवस्त्र हो कर तर्पण करना हो तो जलमें रह कर ही तर्पण करना चाहिये। आर्द्रवस्त्र परित्याग करने पर तीर पर बैठ कर तर्पण करें। किन्तु संगव-

में युक्तवस्त्र पहन कर तर्पण करना हो, तो एक पैर जलमें और एक पैर स्थल पर रख कर तर्पण करें। जलमें उतर कर तर्पण करना हो तो नाभिमात्र जलमें रहें। स्थल पर तर्पण करनेके नियम कुछ विशेष है, यदि कोई उद्धृत जल द्वारा तर्पण करें तो उसमें तिल मिला लेवें। यदि तिलमिश्रित न किया जा सके, तो विचक्षण व्यक्तिको चाहिये कि, वह वामहस्तके द्वारा तिल ग्रहण करें।

तिलतर्पण करना हो तो अङ्गुष्ठ और अनामिका द्वारा वामहस्तमें तिल ग्रहण करें और पात्रस्थ करके पितरोंका तर्पण करें।

जो व्यक्ति तिलको रोमसंस्थ करके पितरोंका तर्पण करते हैं, पितृगण उस तर्पणके द्वारा तर्पित न हो कर उनका रुधिर और मल द्वारा तर्पित होते हैं।

"रोमसंस्थान् तिलान् कृत्वा यस्तु सन्तर्पयेत् पितॄन्।
पितरस्तर्पितास्तेन रुधिरेण मलेन च ॥" (आह्निकतत्त्व)

वाम करमें जहां रोम न हों, वहीं तिल रखना चाहिये। किसी शुद्ध पात्रमें तिल रख कर तर्पण करना उचित है, ऐसा करनेसे लोमसे मिलनेकी सम्भावना नहीं। व्यवहार भी इसी तरहका देखनेमें आता है। विप्रगण ताम्रनिर्मित तिलधानीको वामहस्तके मणिबन्धमें संयुक्त करके तर्पण किया करते हैं। तिलके बिना शुद्ध जलसे भी तर्पण हो सकता है। किन्तु तिलतर्पण अधिक फलदायक है।

कुश, रौप्य वा स्वर्णाङ्गुरीय दाहिने हाथकी अनामिकामें पहननी चाहिये। एक हाथसे तर्पण करना निषिद्ध है। यव और त्रिपत्र द्वारा देवतर्पण, तिल और कुशमोटक द्वारा पितृतर्पण करना विधेय है। तिलके अभावमें सुवर्ण और रजतयुक्त करके जल देवें। उसके अभावमें दर्भयुक्त जल द्वारा तर्पण करें। इसके सिवा अन्य प्रकारसे तर्पण न करें। तिलके अभावमें क्रमशः प्रतिनिधि कहे गये हैं। इससे ही स्पष्ट प्रतीयमान होता होता है, कि तिलयुक्त तर्पण ही प्रशस्त है। रविवार, शुक्रवार, द्वादशी और अमावस्यानिमित्तक श्राद्धके सिवा अन्य श्राद्धके दिन, सप्तमी, जन्मतिथि और संक्रान्तिमें तिल तर्पण न करें। किन्तु अयन और विषुवसंक्रान्ति, ग्रहणकाल, युगादि, मैत्रपक्ष (महालया) अमावास्याके पहलेकी प्रतिपदासे (महालया अमावास्या तक मैत्रपक्ष कहलाता है) और गङ्गादि तीर्थमें सब दिन तिल तर्पण किया जा सकता है। दाक्षात्यमें और प्रेतके उद्देशसे निषिद्ध दिनको भी तिलतर्पण करें। ऐसी दशामें किसी दिन भी तिलतर्पण निषिद्ध नहीं है।

सौवर्ण, ताम्र वा रौप्यमय अथवा खड्गनिर्मित पात्रसे पितरोंका तर्पण करनेसे सब कुछ अक्षय होता है।

सुवर्णादिके पात्रके बिना अथवा तिल और दर्भके बिना तर्पणोदक पितरोंके लिये तृप्तिकर नहीं होता। किन्तु ऐसा समग्र द्रव्यके अभावमें समझें। सौवर्ण आदि पात्रमें सुवर्ण द्वारा उदक पितृतीर्थको स्पर्श करके देना पड़ता है।

जलमें तर्पण करना हो तो पात्रमेंसे जल ले कर अन्य शुद्ध पात्रमें वा जलमें भरे हुए गड्ढेमें निक्षेप करें, वहिःशून्य स्थानमें परित्याग न करें। तर्पणका जल जलपात्रसे एक बित्ता ऊँचेसे छोड़ना चाहिये।

उपवीती हो कर देवोंका, निवीती हो कर मनुष्योंका और प्राचीनावीति हो कर पितरोंका तर्पण किया जाता है। तर्पण करते समय वामहस्त बहुतर कुशयुक्त करें और दक्षिणहस्त कुशपत्रद्वय निर्मित पवित्रयुक्त करें। किन्तु गृहियोंके लिये प्रतिदिन इन द्रव्योंका संग्रह कर कार्य करना अत्यन्त कठिन है। इसी लिए शास्त्रकारोंने एक सहज उपाय निर्धारित किया है। दहिने हाथकी तर्जनीमें रजत और अनामिकामें सुवर्ण धारण करें, ऐसा करनेसे ही कुशादि धारण करनेका कार्य हो जायगा।

"तर्जन्या रजतं धार्यं स्वर्णं धार्यमनामया।
कुशाभावे धरन्नान्ये तुल्यास्ते कुशाः कुशाः ॥" (आह्निकतत्त्व)

सामगगणको चाहिये कि वे सनकादि दिव्यमनुष्यका तर्पण प्रत्यङ्मुख हो कर करें। सामभिन्नगण उदङ्मुख हो कर तर्पण करें। देवगण पूर्व, पितृगण दक्षिण, मनुष्यगण प्रतीची और असुरगण उत्तर दिशाको भजना किया करते हैं, इसलिए तर्पणादि कार्य भी उक्त दिशाओंकी तरफ मुंह करके करने चाहिये। देवोंकी प्रीतिके लिए तीन बार जलतर्पण करें और ऋषियोंके लिए एक बार। पिता, पितामह, प्रपितामह, मातामह,

प्रमातामह, वृद्धप्रमातामह, माता, पितामही और प्रपितामही, इनको तीन बार पितृतीर्थ द्वारा तर्पण करें। किन्तु माताके अनुरोधसे मातामही, प्रमातामही और वृद्धप्रमातामहीको एक बार तर्पण करना चाहिये।

इन बारह व्यक्तियोंमेंसे जो जीवित हों, उनको छोड़ कर उनसे ऊँचे पुरुषको ग्रहण कर बारह संख्या पूर्ण करें। संन्यासी और पतित व्यक्तिके लिए भी ऐसा ही विधान समझें।

तदनन्तर विमाता, ज्येष्ठ भ्राता, पितृव्य, मातुल आदिका तर्पण करें। बान्धवोंके तर्पणके बाद सुहृदोंका तर्पण करें। सुहृद् यदि असवर्ण हों तो भी उनका तर्पण किया जा सकता है।

ब्राह्मणको, असवर्ण होने पर भी भीष्माष्टमीमें भीष्मका तर्पण करना आवश्यक है। ब्राह्मण आदि जो वर्ण भीष्माष्टमीमें भीष्मको जल नहीं चढ़ाते, उनका एक वर्षमें कमाया हुआ पुण्य नष्ट हो जाता है।

"ब्राह्मणाद्यास्तु ये वर्णा दद्युर्भीष्माय नो जलम्।
संवत्सरकृतं तेषां पुण्यं नश्यति सत्तम॥"

(आह्निकतत्त्व)

पहले देवतर्पण, फिर मनुष्यतर्पण, पश्चात् मरीच्यादि ऋषितर्पण, उसके बाद अग्निष्वात्तादि पितरोंका तर्पण, अनन्तर चतुर्दश यमतर्पण करके पितरोंका तर्पण करें। पीछे रामतर्पण करें।

इन समस्त तर्पणोंमें अशक्त होने पर गद्दमुनि लिखित संक्षिप्त तर्पण करें। इस संक्षिप्त तर्पणसे समस्त तर्पण सिद्ध होंगे।

स्त्री और शूद्र तर्पणमन्त्र ब्राह्मणके द्वारा पाठ करा कर स्वयं 'नमः नमः' उच्चारण करके जल चढ़ावें। किन्तु पिता आदिका नामोल्लेखपूर्वक जो वाक्य कहे जाते हैं, उन्हें स्त्री और शूद्र कहेंगे। अनुपनीत और जीवत्-पितृक व्यक्ति प्रेततर्पणके सिवा अन्य तर्पण नहीं कर सकते।

तर्पण करनेसे पहले स्नानवस्त्रको निचोड़ना न चाहिये। याज्ञवल्क्यने कहा है, जो तर्पणसे पहले स्नानवस्त्र निचोड़ते हैं, उनके देवगण ऋषियोंके साथ निराश हो कर चले जाते हैं।

तर्पण प्रयोग—पहले जो समय कहा गया है, उस समयके अनुसार प्राचीनावीती और दक्षिणमुख हो कर कृताञ्जलि पूर्वक—

"ओं कुरुक्षेत्रं गया गंगा प्रभास पुष्कराणि च।
तीर्थान्येतानि पुण्यानि तर्पणकाले भवन्त्विह॥"

यह मन्त्र पढ़ कर तीर्थ-आवाहन करें। पीछे पूर्वमुख उपवीती हो कर देवतर्पण करें। 'ॐ ब्रह्मास्तृप्यताम्, ॐ विष्णुस्तृप्यताम्, ॐ रुद्रस्तृप्यताम्, ॐ प्रजापतिस्तृप्यताम्' ब्रह्मादि प्रत्येक देवताको नामके साथ देवतीर्थ द्वारा एक एक अञ्जलि जलप्रदान करें। इस प्रकारसे देवतर्पण करके—

"ओं देवा यक्षास्तथा नागा गन्धर्वाप्सरसोऽसुराः।
क्रूराः सर्पाः सुपर्णाश्च तरवो जम्भगाः खगाः॥
विद्याधरा जलाधारास्तथैवाकाशगामिनः।
निराहाराश्च ये जीवाः पापे धर्मे रताश्च ये॥
तेषामाप्यायनायैतद्दीयते सलिलं मया।"

यह मन्त्र पढ़ कर देवतीर्थके द्वारा एक अञ्जलि जल प्रदान करें। बादमें पश्चिममुख निवीती हो कर—

"ओं सनकश्च सनन्दश्च तृतीयश्च सनातनः।
कपिलश्चासुरिश्चैव वोढुः पञ्चशिखस्तथा॥
सर्वे ते तृप्तिमायान्तु मद्दत्तेनाम्बुना सदा।"

यह मन्त्र दो बार पढ़ कर प्रजापतितीर्थके द्वारा दो अञ्जलि जल प्रदान करें। इसके बाद पूर्वमुख उपवीती हो कर 'ॐ मरीचिस्तृप्यताम्, ॐ अत्रिस्तृप्यताम्, ॐ अङ्गिरास्तृप्यताम्, पुलस्त्यस्तृप्यताम्, ॐ पुलहस्तृप्यताम्, ॐ क्रतुस्तृप्यताम् ॐ प्रचेतास्तृप्यताम् ॐ वशिष्ठस्तृप्यताम् ॐ भृगुस्तृप्यताम्, ॐ नारदस्तृप्यताम्' यह कह कर मरीचिसे नारद पर्यन्त यथाक्रमसे प्रत्येकको देवतीर्थ द्वारा एक एक अञ्जलि जल चढ़ावें।

इसके उपरान्त दक्षिणमुख प्राचीनावीती हो कर ॐ अग्निष्वात्ताः पितरस्तृप्यन्ताम् एतत् सतिलोदकं तेभ्यः स्वधा, ॐ सोमपाः, ॐ हविष्मन्तः, ॐ उष्मपाः, ॐ सुकालिनः, ॐ बर्हिषदः, ॐ आज्यपाः इनको पितृतीर्थ द्वारा सतिल एक एक अञ्जलि जल देवें। पीछे—

"ॐ यमाय धर्मराजाय मृत्यवे चान्तकाय च।
वैवस्वताय कालाय सर्वभूतक्षयाय च॥
औदुम्बराय दध्नाय नीलाय परमेष्ठिने।
वृकोदराय चित्राय चित्रगुप्ताय वै नमः॥"

इस मन्त्रको तीन बार पढ़ कर पितृतीर्थ द्वारा तीन अञ्जलि जल चढ़ावें। यदि समर्थ हो, तो चतुर्दश यमोंको प्रत्येकका नामोल्लेख कर तीन तीन अञ्जलि जल प्रदान करें।

उसके उपरान्त तर्पण समाप्तिपर्यन्त दक्षिणमुख प्राचीनावीती हो कर पितृतीर्थके द्वारा तिलतर्पण करें, कृताञ्जलि हो कर—

"ॐ आगच्छन्तु मे पितर इमं गृह्णन्त्वपोऽञ्जलिं।"

इस मन्त्रको पढ़ कर पितरोंका आवाहन करें। पीछे "विष्णुरों अमुकगोत्रः पिता अमुकदेवशर्मा तृप्यतामिदं सतिलोदकं तस्मै स्वधा।" यह वाक्य तीन बार कह कर तीन अञ्जलि जल पितरोंको चढ़ावें। इस तरह पितामह, प्रपितामह, मातामह, प्रमातामह और वृद्धप्रमातामहको भी सतिल तीन अञ्जलि जल देवें।

"विष्णुरों अमुकगोत्रा माता अमुकी देवी तृप्यतामिदं सतिलोदकं तस्यै स्वधा।" इस प्रकार कह कर सतिल तीन अञ्जलि जल देवें।

तत्पश्चात् पितामही और प्रपितामहीको भी इस तरहसे तीन अञ्जलि जल प्रदान करें। मातामही, प्रमातामही, वृद्धप्रमातामही, विमाता, पितृव्य, मातुल और भ्राता आदि सभीको एक एक अञ्जलि जल देवें।

पितृतर्पण समाप्त कर भीमाष्टमीमें भीष्मका तर्पण करना विधेय है। भीमाष्टमीके अलावा भीष्मके तर्पण करनेकी जरूरत नहीं।

भीष्मतर्पण—

"ॐ वैयाघ्रपदगोत्राय सांकृतिप्रवराय च।
अपुत्राय ददाम्येतत् सलिलं भीष्मवर्मणे॥"

इस मन्त्रको पढ़ कर एक अञ्जलि जल चढ़ावें।

"ॐ भीष्मः शान्तनवो वीरः सत्यवादी जितेन्द्रियः।
आभिरद्भिरवाप्नोतु पुत्रपौत्रोचितां क्रियां॥"

इस मन्त्रके द्वारा भीष्मको नमस्कार करें। अनन्तर—

"ॐ अग्निदग्धाश्च ये जीवा येऽप्यदग्धाः कुले मम।
भूमौ दत्तेन तृप्यन्तु तृप्ता यान्तु परां गतिं॥"

इस मन्त्रको पढ़ कर एक अञ्जलि जल देवें।

"ॐ ये बान्धवाबान्धवा वा येऽन्यजन्मनि बान्धवाः।
ते तृप्तिमखिला यान्तु ये चास्मत्तोयकाङ्क्षिणः॥"

इस मन्त्रको पढ़ कर एक अञ्जलि जल देवें। तदनन्तर—

"ॐ आब्रह्मभुवनाल्लोका देवर्षिपितृमानवाः।
तृप्यन्तु पितरः सर्वे मातृमातामहादयः॥
अतीतकुलकोटीनां सप्तद्वीपनिवासिनां।
मया दत्तेन तोयेन तृप्यन्तु भुवनत्रयम्॥"

इस मन्त्रसे तीन अञ्जलि जल दे कर

"ॐ आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं जगत्तृप्यतु।"

इस मन्त्रसे तीन अञ्जलि जल चढ़ावें। तदुपरान्त—

"ॐ ये चास्माकं कुले जाता अपुत्रा गोत्रिणो मृताः।
ते तृप्यन्तु मया दत्तं वस्त्रनिष्पीडनोदकम्॥"

इस मन्त्रसे स्नानवस्त्र निचोड़ कर भूमि पर एक बार जल छोड़ना चाहिये।

"ॐ पिता स्वर्गः पिता धर्मः पिता हि परमं तपः।
पितरि प्रीतिमापन्ने प्रीयन्ते सर्वदेवताः॥"

इस मन्त्रसे पिताके चरणोंको नमस्कार करें। प्रतिदिन तर्पण करनेमें अशक्त होने पर—

"ॐ आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं जगत्तृप्यतु।"

इस मन्त्रसे तीन बार जलाञ्जलि दे कर तर्पण सम्पन्न किया जा सकता है।

संक्षेपमें तर्पणके मन्त्रान्तर—

"आब्रह्मस्तम्ब पर्यन्तं देवर्षिपितृमानवाः।
तृप्यन्तु सर्वे पितरो मातृमातामहादयः॥
अतीतकुलकोटीनां सप्तद्वीपनिवासिनां।
आब्रह्मभुवनाल्लोकादिदमस्तु तिलोदकम्॥"

शूद्र और यजुर्वेदियोंको तर्पणकालमें "तृप्यतु" शब्दका प्रयोग करें, जैसे—"ब्रह्मा तृप्यतु" "सनकश्च सनन्दन" इस मन्त्रको उत्तरमुखी हो, पढ़ कर दो अञ्जलि जल चढ़ावें।

'कुरुक्षेत्रं गया गंगा प्रभासपुष्कराणि च।
तीर्थान्येतानि पुण्यानि तर्पणकाले भवन्त्विह॥"

इस मन्त्रके द्वारा पहले तीर्थ-आवाहन करना चाहिये।

शूद्रगण भीष्म-तर्पण करके पितृतर्पण करें। और सब नियम सामवेदियोंके समान हैं।

ऋग्वेदियोंका तर्पण यजुर्वेदियों जैसा है, सिर्फ अग्निष्वात्तादि पितरोंका तर्पण तीन बार करना पड़ता है। जन्माष्टमी तिथिमें सिर्फ जलसे भी पितरोंका तर्पण किया जाय, तो भी वर्षमें गया-श्राद्धका फल होता है।

(आह्निकतत्त्व)

तन्त्रके मतसे तर्पण तीन प्रकारका है—१ आन्तर, २ मानस और ३ बाह्य। सोम, अर्क और अनलके संघट्टसे स्खलित जो परम अमृत, उस दिव्य अमृतसे परम देवताका जो तर्पण किया जाता है, उसको आन्तर-तर्पण कहते हैं। आत्माको तन्मय कर अर्थात् जिस देवताका तर्पण करें, उस देवताके स्वरूपमें लीन हो कर जो तर्पण किया जाता है, उसका नाम है मानस-तर्पण। विशुद्ध स्थानमें बैठ कर तर्पण आरम्भ करना चाहिये। पहले गुरुका तर्पण कर पीछे मूलदेवीका तर्पण करें। पहले बीजत्रय ग्रहण करें, पश्चात् विद्या और हुतभुग्दयिता (स्वाहा) युक्त करके मूलदेवीका नाम ले कर "तर्पयामि नमः" इस पदका प्रयोग करें।

कुशवारि द्वारा देवता, अग्नि और ऋषियोंका तर्पण करें। तर्पणके आदिमें "तृप्यन्तां" इस पदका प्रयोग किया जाता है।

इस प्रकारसे विष्णु, रुद्र, प्रजापति, ऋषिगण, पितृगण और भैरवोंका तर्पण करें। तर्पणके प्रारम्भमें 'त्रिपुर पूर्व' इस पदका प्रयोग करना आवश्यकीय है। ० (त्रि०) ६ तृप्तिजनक।

तर्पणग्राम—दिनाजपुर जिलेके मलदह परगनेके अधीन एक पल्लिग्राम। परगनेमें यही ग्राम सबसे मशहूर है और करतोया नदीके किनारे अवस्थित है। इसमें ग्राम ही अनेक गुफा और शालके वन हैं। प्रतिवर्ष चैत्र वा वैशाख मासमें यहां एक भारी मेला लगता है जिसमें प्रायः ४।५ हजार मनुष्य इकट्ठे होते हैं।

तर्पणमन्त्र (सं० क्ली०) 'क्रियामञ्जरी' नामक जैनग्रन्थमें उल्लिखित एक मन्त्र।

तर्पणी (सं० स्त्री०) तृप्-णिच् करणे ल्युट् ङीप्। १ गुरु-स्कन्धवृक्ष, खिरनीका पेड़। २ गङ्गा। (त्रि०) ३ प्रीति-दायिनी, तृप्ति देनेवाली।

तर्पणीय (सं० त्रि०) तृप्तिके योग्य।

तर्पणेच्छु (सं० पु०) तर्पणं इच्छति इष-उ निपातनात् साधुः। १ भीष्म। (त्रि०) २ तर्पणाकांक्षी, जो तर्पण करनेमें इच्छुक हो।

तर्पयितव्य (सं० त्रि०) तृप-णिच्-तव्य। तृप्तिके योग्य।

तर्पिणी (सं० स्त्री०) तर्पयति प्रीणयति तृप-णिच-णिनि, ततो ङीप्। पद्मचारिणी लता, स्थल कमलिनी।

तर्पित (सं० त्रि०) तृप-णिच्-क्त। प्रीणित, सन्तुष्ट किया हुआ।

तर्पिन् (सं० त्रि०) तृप-णिच्-णिनि। १ प्रीणयिता, सन्तुष्ट करनेवाला। २ तर्पण करनेवाला।

तर्पिणी (सं० स्त्री०) तृप् इन गौरा० ङीप्। पद्मचारिणी। कहीं कहीं तर्षिणी ऐसा भी पाठ देखा जाता है जिसका अर्थ भी यही है। तर्पिणी कलिकादि०। स्थल, तर्पिणी। स्वार्थे कन्। तर्पिणिका, तर्षिणिका।

तर्बूज (हिं० पु०) तरबूज देखो।

० "तर्पणञ्च क्रिया प्रोक्तं आन्तरं तत्तु शृणुष्व मे।
सोमार्कानलसंघट्टात् स्खलितं यत्परामृतम् ॥
तेनामृतेन दिव्येन तर्पयेत् परदेवताम्।
आन्तरं तर्पणं प्रोक्तमानसं शृणु साम्प्रतम् ॥
आत्मानं तन्मयम् कृत्वा सदा सम्यग्विभावनात्।
तर्पयेत् सर्वदेवांस्तु मानसं परिकीर्तितम् ॥
उपविश्य शुचौ देशे तर्पणं समुपाचरेत्।
तर्पयित्वा गुरुं आदौ मूलदेवीं च तर्पयेत् ॥
बीजत्रयं समुच्चार्य विद्यां हुतभुग्दयितां तथा।
ततो देवताः स्वनाम्ना तर्पयामि नमः पदं ॥
देवानृषीन् पितॄंश्चैव तर्पयेत् कुशवारिणा।
तर्पणादौ प्रयुञ्जीत तृप्यन्ताम् इति भैरव ॥
तथैव पातयेन्नित्यं बिन्दुं वरं प्रजापतिम्।
एवं क्रमात् प्रकुर्वीत पितॄंश्च भैरवान् ॥
तत्त्वतो गुरुशिष्यादीन् पितॄन् भैरव तर्पयन्।
आदौ त्रिपुरपूर्वं च तर्पणे विनियोजयेत् ॥"

(तन्त्रसार)

तर्मन् (सं० क्ली०) तरति तॄ-मनिन्। गन्धर्वगन्धे मनिन्। उण् ४।१५८। यूपाग्र, यज्ञके काठका अगला भाग।

तर्य (सं० पु०) ऋषिविशेष, एक ऋषिका नाम।

तर्वट (सं० पु०) तर्वति हन्तं गच्छति तर्व बाहुलकात् अटन्। १ वत्सर, वर्ष। २ चक्रमर्द, चकवँड़, पँवार।

तर्रा (हिं० पु०) चाबुकका फीता।

तर्राना (हिं० पु०) एक प्रकारका गाना। तराना देखो।

तर्री (हिं० स्त्री०) प्रत्येक ऋतुमें होनेवाली एक प्रकारकी घास।

तर्ष (सं० पु०) तृष तृष्णायां भावे घञ्। १ अभिलाष इच्छा। २ तृष्णा, चाह। ३ प्लव, बेड़ा। ४ समुद्र। ५ सूर्य।

तर्षण (सं० क्ली०) तृष भावे ल्युट्। १ पिपासा, तृष्णा प्यास। २ अभिलाष, इच्छा।

तर्षित (सं० त्रि०) तर्षोऽस्य जातः। तर्ष तारका० इतच्। १ तृषित प्यासा। २ जाताभिलाष, वाञ्छित, चाहा हुआ।

तर्षुल (सं० त्रि०) तृष-उलच्। तृष्णायुक्त, जिसे प्यास लगी हो।

तर्ष्यावत् (सं० त्रि०) तृष्यावत् वेदे पृषो० साधुः। तृषित, प्यासा।

तर्हन् (सं० पु०) अनिष्ट करना, बुराई करनेकी क्रिया।

तर्हि (सं० अव्य०) तद्-र्हिल्। उस समय, तब।

तल (सं० पु०-क्ली०) तलति तल-अच्। १ अधोभाग, पेंदा, तला। २ पाताल। ३ पृष्ठदेश, किसी वस्तुका बाहरी फैलाव। ४ मूलदेश, वह स्थान जो किसी वस्तुके नीचे पड़ता हो। ५ हथेली। ६ पैरका तलवा। ७ मध्यदेश। ८ स्वरूप, स्वभाव। ९ कानन, जङ्गल। १० गर्त, गड्ढा। ११ ज्याघातवारण, चमड़ेका वह जो धनुषकी डोरीकी रगड़से बचनेके लिये बाईं बाँहमें पहना जाता है। १२ घरकी छत, पाटन। १३ कार्ण-बीज। १४ थप्पड़ तमाचा। १५ तालवृक्ष ताड़का पेड़। १६ खड्गादिमुष्टि, तलवार इत्यादिकी मूठ। १७ सव्य हस्त द्वारा तन्त्रीवादन, बाएँ हाथसे वीणा बजानेकी क्रिया। १८ गोधा, गोह। १९ कलाई, पहुँचा। २० नरकविशेष, एक नरकका नाम। इस नरकमें व्यभिचारी, कन्याकारी इत्यादि वास करते हैं। २१ आधार, सहारा। २२ महादेव। २३ वालिश्त, बित्ता। २४ [illegible] नीचेकी भूमि। २५ वक्ष, छाती।

तलक (सं० क्ली०) तलेन गभीरगर्त्तेन कायति कै-क। १ पुष्करिणी, ताल, पोखरा। २ फलविशेष, एक फलका नाम।

तलकर (सं० पु०) १ एक प्रकारका कर या लगान। यह कर मुर्शिदाबाद जिलेमें प्रचलित है। छूटे तालाबोंकी जमीनके लगानको तलकर कहते हैं।

२ मुर्शिदाबाद जिलेके एक झीलका नाम। इस जिलेमें जितने झील हैं सबसे यही झील बड़ा है। बहरमपुरसे कई कोस पश्चिमकी ओर जानेसे ही यह झील देखा जाता है।

तलकाड़—१ महिसुर राज्यमें महिसुर जिलेके अन्तर्गत एक तालुक।

२ उक्त तालुकका प्राचीन नगर। यह अक्षा० १२°११' उ० और देशा० ७७°२' पू० पर महिसुर शहरसे २८ मील दक्षिण-पूर्वमें कावेरी नदीके किनारे अवस्थित है। पूर्व समयमें यह नगर तलकाड़, तल्काड़ तथा तालकाड़ नामसे भी प्रसिद्ध था। लोकसंख्या प्रायः ३८५७ है।

इस नगरमें कावेरी नदीके एक किनारे बहुतसे शैव-मन्दिर देखे जाते हैं। उक्त मन्दिरोंका सर्वांश बालूसे ढका हुआ है। कावेरी नदीके दूसरे किनारे जो मन्दिर विद्यमान है, उसके विषयमें निम्नलिखित दन्तकथाएँ प्रसिद्ध हैं। किसी समय एक भिक्षुक महादेवकी अर्चनाके लिये तलकाड़में आये हुए थे। यहाँ आ कर वे बड़े ही असमञ्जसमें पड़ गये। असंख्य शिवमन्दिर देख कर वे सोचने लगे, कि यदि सब मन्दिरमें पूजा की जाय तो पूजाके जितने उपकरण उनके पास सञ्चित हैं, उनसे कुछ भी नहीं हो सकता, अथवा सब मन्दिरमें पूजा किये बिना भी नहीं बनता, क्यों कि यदि वे किसी मन्दिरमें अर्चना न करें, तो उस मन्दिरकी देवमूर्ति असन्तुष्ट हो जायगी। ऐसा सोचते सोचते अन्तमें उन्होंने संग्रहीत अर्थसे उरद खरीदा। वे एक एक उरद प्रति-मन्दिरमें उत्सर्ग करने लगे। किन्तु आश्चर्य है कि जब एक मन्दिरमें उपासना बाकी रह गई, तब सब उरद

खर्च हो गया। इस पर वह भिक्षुक बहुत ही चिन्तित हो पड़े। जिस मूर्तिकी पूजा न हुई, उन्हें वे नदीके दूसरे किनारे उठा ले गये, इस ख्यालसे कि दूसरी दूसरी मूर्त्तियाँ उन पर अपनी प्रधानता कर न सकें।

प्राचीन तलकाड़ नगरका अधिकांश बालूसे ढंकी हुई है। यह बालुराशि छोटे पहाड़की नाईं प्रायः १ मील लम्बी है। प्रतिवर्ष १० फुटके हिसाबसे यह बालुराशि बढ़ती आ रही है। उक्त बालुकास्तूपसे ३० मन्दिर लोप हो गये हैं। उन मन्दिरोंमेंसे दोके शिखर अब भी दीख पड़ते हैं। किसी किसी वर्षाप्लवमें कीर्तिनारायणके मन्दिरकी बालुकाराशि कुछ कुछ अलग हो जाती है। इस नगरके प्रायः सभी अंश बालुकामय हैं। वर्त्तमान अवस्था देखनेसे अनुमान करते हैं, कि शेष अंश भी शीघ्र ही बालुकाच्छादित हो जायगा। स्थानीय लोगोंका कहना है, कि इस नगरकी अन्तिम रानीने यह स्थान बालूमें परिणत होगा ऐसा शाप दे कर कावेरी नदीमें अपना प्राणत्याग किया था।

तलकाड़के अधिवासियोंमें प्रायः सभी हिन्दू हैं। १८६८ ई० तक तलकाड़ नर्सीपुर तालुकका प्रधान शहर था। संस्कृत भाषामें तलकाड़को दलवन कहते हैं। दलवनपुर नामसे भी इसका उल्लेख देखा जाता है।

तलकाड़का प्राचीन इतिहास नहीं मिलता और अगर मिलता भी है तो २८८ ई०से उक्त ई०में गङ्गवंशीय हरिवर्माने तलकाड़में अपनी राजधानी स्थापन की। ६ठी शताब्दीमें इस वंशके किसी दूसरे राजाने तलकाड़का दुर्गादि संस्कार किया। ८वीं शताब्दीके अन्तमें चोल-राजगण यहां शासन करते थे। यह शहर चेर वंशीय राजाओंके अधीन भी कुछ काल तक था। १०वीं शताब्दीका यह होयसाल बल्लाल वंशकी राजधानी थी। ११वीं शताब्दीमें पुनः गङ्गवंशकी ध्वजपताका इस नगरमें फहराने लगी। शिवसमुद्रके दरोकमसे ही यह स्थान फिरसे गङ्गवंशके हाथ लगा था। किन्तु इस वंशके तीनसे अधिक राजा तलकाड़में राज्य न कर सके। बाद यह विजयनगरके किसी करदराजाके अधीन आ गया। इसके बाद १६३४ ई०को महिसुरके हिन्दूराजाने युद्धमें विजयी हो कर तलकाड़ पर अधिकार कर लिया। १८६८ ई०में यहां म्युनिसपलिटी स्थापित हुई है।

तलकावेरी—कावेरी नदीका उत्पत्तिस्थान। यह कुर्ग प्रदेशमें पश्चिमघाट पर्वतके ब्रह्मगिरि अंशमें अक्षा० १२° २३´ १०´´ उ० और देशा० ७५° ३४´ १०´´ पू०में अवस्थित है। यहां एक देवमन्दिर है। अनेक हिन्दूयात्री प्रतिवर्ष यहां आते हैं। कार्त्तिक अथवा अगहन महीनेमें सम्भवतः वर्षावसानमें बहुतसे लोग स्नान करनेको यहां आते हैं। इस समय कुर्गके प्रत्येक परिवार स्नान करनेके लिये एक एक प्रतिनिधि भेजते हैं। प्रतिवर्ष मन्दिरमें सरकारका प्रायः २१२०) रु० खर्च होता है।

तलकी (हिं० स्त्री०) पञ्जाब, अवध, बंगाल, मध्यप्रदेश तथा मन्द्राजमें मिलनेवाला एक पेड़का नाम। इसका काठ लाल और कुछ कुछ भूरा होता है और इससे सामान इत्यादि बनाने तथा मकानोंमें लगानेके काममें आता है।

तलकोट (सं० पु०) वृक्षविशेष, एक पेड़का नाम।

तलकोन—मन्द्राजके कड़ापा जिलेके अन्तर्गत वायलपाड़ तालुकका एक मन्दिर, जलप्रपात और उपत्यका। यह अक्षा० १३° ४०´ उ० और देशा० ७८° १५´ पू०के मध्य पालकोंड पहाड़ पर अवस्थित है। इसके आस पासमें धान और ईखकी खेती होती है। समूचा पहाड़ घने जङ्गलसे आच्छादित है जिसमें कई तरहके हरिन और सूअर पाये जाते हैं। मन्दिर भी वनोंके बीच अवस्थित है। एक ओर जलप्रपात कलकल शब्द करता हुआ बह रहा है। इसके पास ही दो विशाल पत्थर देखते हैं जिन्हें लोग राम और लक्ष्मण नामसे पुकारते हैं। ऊपर जानेको जितनी राहें गई हैं सभी सङ्कीर्ण है, और हमेशा जंगली जानवरोंका डर बना रहता है। जलप्रपात ७० या ८० फुट नीचे जमीन पर गिरता है। कहते हैं, कि इस जलप्रपातमें स्नान करनेसे सभी पाप जाते रहते हैं।

शिवरात्रिके उपलक्षमें अनेक यात्री दूर दूर देशोंसे यहां आते हैं। यात्रियोंमें विशेष कर स्त्रियोंकी संख्या ही अधिक रहती है। प्रवाद है, कि इस प्रपातमें स्नान कर उक्त मन्दिरमें पूजा करनेसे बन्ध्या भी पुत्रवती होती है तथा जिनको केवल लड़की ही होती है, वे भी

यहाँके प्रासादमें पुत्र प्रसव करती हैं। अतएव यहांका हम्माम देखने योग्य है।

तलगङ्ग—१ पञ्जाबके आटक जिलेकी एक तहसील। यह अक्षा० ३२° २४´ और ३३° १२´ उ० तथा देशा० ७१° ४८´ और ७२° ३२´ पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण ११८८ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः ८२५८४ है। इसमें ८६ ग्राम लगते हैं। लवणके पर्वतसे यह तहसील कहीं कहीं विच्छिन्न हो गई है। मुसलमान, हिन्दू, सिख, ईसाई प्रभृति इस स्थानमें वास करते हैं। मुसलमानोंकी संख्या सबसे अधिक है।

गेहूँ, जौ, बाजरा, ज्वार, कुल्थी, उरद और रूई यहांके प्रधान उत्पन्नद्रव्य हैं।

राजस्व एक लाख रुपयेसे अधिक है। इस तहसीलमें एक दीवानी, एक फौजदारी विचारालय और २ थाने हैं। एक तालुकादार सब प्रकारके विचारकार्य करते हैं।

२ पञ्जाबके आटक जिलेके अधीन तलगङ्ग तहसीलका प्रधान शहर। यह अक्षा० ३२° ५५´ उ० और देशा० ७२° २८´ पर पू० झीलम नगरसे ८० मील उत्तर-पश्चिम कोणमें अवस्थित है। इस शहरमें म्युनिसपालटीका बन्दोबस्त है। लोकसंख्या प्रायः ६००५ है, जिसमें मुसलमानोंकी संख्या सबसे अधिक है।

१६२५ ई०के प्रारम्भमें किसी अवान सर्दारने यह नगर स्थापन किया, तभीसे इसी शहरसे स्थानीय राज-कार्य चलाया जाता है। सिखके राजत्वकालमें तथा वृटिश शासनकालमें भी इस स्थानसे विचारालयादि स्थानान्तरित न हुए। यह शहर एक सामभूमिके ऊपर बसा हुआ है। कई एक गुहा हो कर नगरका जल निकास होता है।

तलगङ्गके निकटवर्ती स्थानमें भिन्न भिन्न प्रकारके अनाज उत्पन्न होते हैं। यहांका व्यवसाय बहुत विस्तृत है। यहां एक प्रकारका जूता तैयार होता है। जूतेमें सुनहरी जड़ाऊका काम किया हुआ रहता है, जो दूसरे दूसरे प्रदेशोंमें भेजे जाते हैं। पञ्जाबकी स्त्रियां इस जूतेको काममें लाती हैं।

सिख-आधिपत्यके समय सरदार जिस दुर्गमें रहते थे, वह शहरका बना हुआ है। अभी इस दुर्गमें पुलिस और तहसीलकी कचहरी है।

अङ्गरेजके शासनकालसे बहुत दिनों तक इस स्थानमें एक सैन्यावास था। किन्तु १८८२ ई०में वह यहांसे उठा दिया गया।

शहरमें एक स्कूल और एक दातव्य औषधालय है।

तलगू (हिं० स्त्री०) तैलङ्ग देशकी भाषा।

तलघरा (हिं० पु०) तहखाना।

तलघाट—मन्द्राज विभागके सालेम जिलेका दक्षिणांश। पहले यह प्रदेश कोङ्गु देशके अन्तर्गत था। कोङ्गुवंशीय या गङ्गराजगण चेनराजाओंके पहले इस प्रदेशमें शासन करते थे।

५वीं शताब्दीमें कोङ्गुवंशीय राजाओंने दुर्ग तक तथा ८वीं शताब्दीमें तुङ्गभद्रा नदीतीरस्थ हरिहर तक अपना राज्य फैलाया था। ८९४ ई०में ये लोग चोल-वंशसे अधिकारच्युत किये गये। ११वीं शताब्दीके मध्य चोलराजाओंके अधीन कई एक सामन्त प्रबल हो उठे। इनमेंसे होयशाल वंशीय किसी सामन्तने १०८० ई०में सालेम प्रदेश पर अधिकार किया। १३१० ई०में यह प्रदेश मुसलमानोंके हाथ लगा। कुछ कालके बाद यह विजयनगर राज्यसे मिला लिया गया। १६वीं शताब्दीके अन्तको इस प्रदेशमें नायकोंका आधिपत्य रहा। १७९९ ई०में श्रीरङ्गपत्तनके अवरोधके बाद यह प्रदेश सदाके लिये वृटिश राज्यके अन्तर्भुक्त किया गया।

तलचेरी—मन्द्राज विभागके अन्तर्गत मलबार जिलेके कोत्तयम् तालुकका एक शहर और बन्दर। यह अक्षा० ११° ४५´ उ० और देशा० ७५° २८´ पू०के मध्य कालिकट शहरसे २४ मील और मन्द्राजसे रेल द्वारा ४५० मील पर अवस्थित है। इस शहरमें म्युनिसपालिटिका प्रबन्ध है। हिन्दू, मुसलमान, ईसाई प्रभृति भिन्न भिन्न धर्मके लोग इस शहरमें वास करते हैं। हिन्दूकी संख्या सबसे अधिक है। इस नगरको तेलिचेरी और तलसेरी भी कहते हैं।

तलचेरी मलबार विभागका एक उपविभाग है। इस स्थानमें उत्तर मलबार जिलेकी अदालत, कारागार,

शुल्क कार्यालय, नगरमें शहरके अन्यान्य कार्यालय तथा बहुतसे वाणिज्य कार्यालय हैं। शहर स्वास्थ्यकर और देखनेमें सुन्दर है। यह समतल पहाड़के ऊपर बसा हुआ है। पहाड़ समुद्र तक फैला हुआ है। निकटवर्ती स्थान ले कर शहरका भूपरिमाण ५ वर्गमील है। एक समय इसके चारों ओर एक दृढ़ मट्टीका प्राचीर शोभा देता था। नगरके उत्तरमें तलचेरी दुर्ग है, जो आज तक भी सुदृढ़ भावमें विद्यमान है। यह दुर्ग अभी कारागाररूपमें व्यवहृत होता है। दक्षिण-पूर्व और उत्तर-पश्चिम भागमें दो समचतुर्भुजाकार मैदान हैं। दक्षिण-पूर्व मैदानमें एक अश्वारोही योद्धा देखा जाता है। उत्तरकी ओर एक दूसरा मैदान है, जो दुर्गसे १५० गजकी दूरीमें एक दृढ़ प्राचीर दुर्गको अपरापरित सीमाको रक्षा करता है। इस प्राचीरमें कहीं कहीं बन्दूक छोड़नेका छेद था।

कहवा, इलायची और चन्दनकाठ इस स्थानसे दूसरे दूसरे स्थानोंमें भेजी जाती हैं। यहांको रफ्तनी आमदनीसे दुगनी है।

वार्षिक वृष्टिपात प्राय १२४'३४ इंच है।

१६८३ ई०में इष्ट इण्डिया कम्पनीने मिर्च और इलायचीका व्यवसाय करनेके लिये यहां एक वाणिज्य-कोठी खोली थी। १७०८से १७६१ ई० तक कई बार कम्पनीको चेरावलके राजा तथा स्थानीय दूसरे दूसरे जमींदारोंसे तलचेरी और उसके समीपमें बहुतसी जमीन मिली थी। उन्हें जमींदारोंसे शुल्क वसूल तथा विचारादि करनेका अधिकार भी दिया गया था। हैदरअलीने कम्पनीकी बहुतसी अधिकृत जमीन हस्तगत कर ली। १७६१ ई०में इस कोठीने रेसिडेन्सीका आकार धारण किया। १७८० ई०से १७८२ तक यह प्रदेश हैदरअलीके सेनापति सरदारखांसे अवरुद्ध अवस्थामें था। बम्बईसे सेनाने आ कर इसे उद्धार किया। महिसुरयुद्धमें अङ्गरेजी सेना तलचेरीसे घाट पर्वत पार हुई थी। मङ्गारके बाद इस स्थानमें उत्तर मलवारके सुपरिण्टेण्डेण्टका कार्यालय और म्युनिसिपल शासन-सभा स्थापित हुई। लोकसंख्या प्रायः २७८८३ है।

तलछट (हिं० स्त्री०) किसी पदार्थके नीचे बैठी हुई तलौंछ, गाद।

तलताल (सं० पु०) तलेन करतलेन ताड्यते ताड़ कर्मणि घञ् डस्य लः। करतल द्वारा वादनीय वाद्यभेद, हथेलीसे बजानेका एक प्रकारका बाजा।

तलत्र (सं० क्ली०) तलं त्रायते त्रै-क. चमड़ेका बना हुआ दस्ताना।

तलत्राण (सं० क्ली) तलं करतलं त्रायते त्रै-करणे ल्युट्। करतलरक्षक, चमड़ेका बना हुआ दस्ताना।

तलध्वनि (सं० पु०) तलस्य ध्वनिः, ६-तत्। करतलका शब्द।

तलना (हिं० क्रि०) कड़कड़ाते हुए घी और तेलमें डाल कर पकाना।

तलपट (हिं० वि०) नाश, बरबाद, चौपट।

तलप्रहार (सं० पु०) तलेन प्रहारः, ३-तत्। तमाचा, थप्पड़।

तलफ (अ० वि०) नष्ट, बर्बाद।

तलफना (हिं० क्रि०) १ बेचैन होना, छटपटाना। २ व्याकुल होना, विकल होना।

तलफी (फा० स्त्री०) १ बरबादी, बरबादी। २ हानि।

तलब (अ० स्त्री०) १ अन्वेषण, खोज, तलाश। २ इच्छा, चाह, इच्छा। ३ आवश्यकता, मांग। ४ बुलावा, बुलाहट। ५ तनख्वाह, वेतन।

तलबगार (फा० वि०) चाहनेवाला, मांगनेवाला।

तलबाना (फा० पु०) १ एक प्रकारका खर्चा। यह गवाहोंको तलब करनेके लिये टिकटके रूपमें अदालतमें दाखिल किया जाता है। २ समय पर मालगुजारी नहीं देनेके कारण दण्डके रूपमें जमींदारको ओरसे लिये जानेका खर्चा।

तलबी (अ० स्त्री०) १ बुलाहट। २ मांग।

तलबेली (हिं० स्त्री०) उत्कण्ठा, छटपटी, बेचैनी।

तलभेद (सं० पु०) तलस्य भेदः, ६-तत्। जब जिसके पैरमें ईंट हो गया हो।

तलमल (सं० पु०) तलछट, मैल, गाद।

तलमलाहट (हिं० स्त्री०) व्याकुलता, बेचैनी।

तलमीन (सं० पु०) तले अवनिम्ने स्थितो मीनः। अवनिम्नस्थित मत्स्य, भींगा मछली।

तलम्ब—पञ्जाबके मुलतान जिलेके अन्तर्गत कबीरवाला तहसीलका एक शहर। यह अक्षा० ३०°३१ उ० और देशा० ७२°१५ पू०के मध्य मुलतान शहरसे ५२ मील उत्तर-पूर्वमें तथा चन्द्रभागा नदीके बायें किनारेसे २ मीलकी दूरी पर अवस्थित है। शहरमें म्युनिसपालिटी है। लोकसंख्या प्रायः २५२६ है।

शहरसे १ मील दक्षिणमें एक प्राचीन दुर्ग था। उस दुर्गकी ईंटोंसे तलम्बके कई एक राजभवन बनाये गये हैं। दुर्गकी ईंट प्राचीन मुलतानकी अट्टालिकाकी ईंटसी हैं। बहुतोंका मत है, कि अलेकसन्दर इसी स्थान पर चन्द्रभागा उत्तीर्ण हुए थे और यहां उन्होंने मल्लियोंको पराजित कर इस प्रदेश पर अधिकार जमाया था। यह प्रदेश एक बार महमूदके भी हाथ लगा था। तैमूरने भारतवर्षमें आ कर तलम्बको लूटा तथा अधिवासियोंकी हत्या की, किन्तु दुर्ग नष्ट नहीं किया।

तलम्बमें अनेक ध्वंसावशेष देखे जाते हैं। कहा जाता है, कि महमूद लङ्घके समय (१५१०-१५२५)-में चन्द्रभागा नदीकी गति परिवर्त्तित हो कर यह स्थान परित्यक्त हो गया है। यहांका विस्तीर्ण ध्वंसावशेष एक नगर सरीखा दीख पड़ता है; जो दक्षिणकी ओर ऊंचे दुर्गसे सुरक्षित है। बहिर्भागका मट्टीका प्राचीर २०० फुट मोटा और २० फुट ऊंचा है। इस प्राचीरके ऊपर प्रायः समान ऊंचाईका एक दूसरा प्राचीर देखनेमें आता है। पहले दोनोंका मध्यभाग बड़ी बड़ी ईंटोंसे समाच्छादित था।

वर्त्तमान तलम्ब ग्राममें एक पुलिस, एक डाकघर, एक स्कूल, एक चिकित्सालय और एक सराय है। ये सब एक अट्टालिकाके मध्य अवस्थित है।

शहरसे प्रायः ½ मील दक्षिण-पश्चिममें एक छावनी स्थान और एक सुन्दर कूप है।

तलयुद्ध (सं० क्ली०) तलस्य चपेटस्य आघातेन युद्धं। चपेटाघात द्वारा युद्ध, मुक्का-मुक्कीसे लड़ाई करनेकी क्रिया।

तललोक (सं० पु०) तलस्थो लोकः, मध्यपदलो०। पाताल।

तलव (सं० त्रि०) तलं चर्मादि तलं याति लिङ्ग्विं बा० क। तलवाद्यकारक।

तलवकार (सं० पु०) १ सामवेदकी एक शाखा। २ एक उपनिषद्‌का नाम।

तलवा (हिं० पु०) पैरके नीचेका भाग।

तलवा—भागलपुर जिलेकी एक छोटी नदी। पहले यह नदी बहुत बड़ी थी। स्थान स्थान पर इसका प्राचीन गर्भ देखा जाता है जिसकी चौड़ाई लगभग १५से २० चेनकी है। देखनेसे मालूम पड़ता है कि अभी जिस स्थानमें निम्नभूमिमें जल आता है, पहले उसी स्थानमें इस नदीमें जल आता था। वर्षा ऋतुके बाद यह नदी कहीं कहीं लुप्त हो जाती है। नदीगर्भस्थ शुष्क स्थानमें फसल उपजाई जाती है। मट्टी पंकसे आच्छादित रहनेके कारण फसल भी खूब लगती है। यह नदी निःशङ्कपुरकुरा परगनेके पश्चिमकी ओर प्रवाहित है। वर्षा कालमें सोनबर्षा और वैद्यनाथपुर तक बोझसे भरी हुई नावें आती जाती है। यह नदी धर्मान और गौरलके साथ मिली है।

तलवार (हिं० स्त्री०) १ खड्ग, कृपाण। (वि. खड्ग देखो।) २ लोहा तैयार करनेके लिये जिस हथियारसे गुल्लादि काटे जाते हैं, उसे भी तलवार कहते हैं।

तलवारण (सं० क्ली०) तले बाहुतले वारयति वारि ल्युट्। १ ज्याघात वारणार्थ हस्ततलबद्ध चर्मभेद, वह कवच जो धनुषकी डोरीके आघातसे बचनेके लिये हाथमें बांधा जाता है। २ खड्ग, तलवार। ३ म्यान।

तलसाना—बम्बई प्रदेशके काठियावाड़ विभागमें झालावाड़का एक छोटा राज्य, इसमें ७ छोटे छोटे ग्राम लगते हैं। भूपरिमाण ४३ वर्गमील है और राज्यकी आय प्रायः १०५००) रुपये की है जिनमेंसे १०५२) रुपये वृटिश सरकारको और जुनागढ़के नवाबको देने पड़ते हैं। लोकसंख्या प्रायः १६८१ है। यहांके राजा झालाराजपूत वंशोद्भव हैं।

बम्बई-बरोदा और मध्यभारतीय रेलपथकी बढ़वाण शाखाके अन्तर टेशनसे ११ मील दक्षिणपूर्वमें तलसाना ग्राम अवस्थित है। प्रतिकन्याके मन्दिरके लिये यह ग्राम विशेष प्रसिद्ध है। काठियावाड़में सर्वपूजाके भी जो निदर्शन पाये जाते उनमेंसे यह एक है।

तलसारक (सं॰ क्ली॰) तले सारो यस्य, बहुव्री॰ कप्। घोटकका वक्षःस्थलबन्धन रज्जु, वह रस्सी जो घोड़ेकी छातीमें बंधी रहती है। इसके संस्कृत पर्याय—वक्त्रपट्ट और तलिका है। किसी किसी पण्डितके मतसे इसका अर्थ घोटकका अश्वभोजनपात्र है अर्थात् वह बरतन जिसमें घोड़ेको खानेके लिये अनाज दिया जाता है।

तलस्थित (सं॰ त्रि॰) तले स्थितः, ७-तत्। जो नीचे रहता है।

तलहटी (हिं॰ स्त्री॰) पहाड़की तराई, घाटी।

तलहारि—मध्यप्रदेशके रायपुर जिलेके अन्तर्गत एक स्थान। राजिममें जगपालका जो उत्कीर्ण लेख मिला है, उसके पढ़नेसे जाना जाता है, कि रत्नदेवके राजत्वकालमें जगपालने यह स्थान जय किया था। फिर ८९६ सम्वत्‌के रत्नपुर शासनमें लिखा है, कि तलहारिसे जाजल्लदेव वार्षिक कर वसूल करते थे।

तलहृदय (सं॰ क्ली॰) तलस्य हृदयमिव। पदतलका मध्यभाग तलवा।

तला (सं॰ स्त्री॰) तल स्त्रियां टाप्। गोधा, चमड़ेका बना जो धनुषकी डोरीकी रगड़से बचनेके लिये बाईं बांहमें पहना जाता है।

तला (हिं॰ पु॰) १ किसी वस्तुके नीचेका भाग, पेंदा। २ जूतेके नीचेका चमड़ा।

तलाई (हिं॰ स्त्री॰) छोटा ताल, तलैया, बावली।

तलाक (अ॰ पु॰) पति पत्नीका विधानपूर्वक सम्बन्ध त्याग।

तलाची (सं॰ स्त्री॰) तलमञ्चति अञ्च क्विप्, स्त्रियां ङीप्। तृणनिर्मित कट, बेंत या बांसकी फट्टियोंकी बनी हुई चटाई।

तलाजा—बम्बई विभागके अन्तर्गत काठियावाड़के भावनगर राज्यका नगर। यह अक्षा॰ २१° २१' १५" उ॰ और देशा॰ ७२° ४' ३०" पू॰ पर भावनगरसे ११ मील दक्षिणमें अवस्थित है। नगर चारों ओर दीवारोंसे घिरा हुआ है। इसका दृश्य एक छोटा दुर्गके सदृश अत्यन्त मनोहर है। यह समुद्रपृष्ठसे ४०० फुट ऊंचा है। इसके पासके एक पहाड़के ऊपर एक हिन्दू-मन्दिर और एक सुन्दर तालाब है। उस तालाबका जल अत्यन्त निर्मल है। पहाड़में कहीं कहीं कन्दरा भी है। पहले डकैत इन्हीं कन्दराओंमें छिप कर रहते थे। १८२१ ई॰ तक भी उनमें डकैतोंका रहना देखा गया था।

तलाजिया—गुजराती ब्राह्मण सम्प्रदायका एक भेद। भावनगरसे ११ मील दक्षिण तलाजा नामका एक ग्राम है। वहींसे इन लोगोंका निकास हुआ है, इसलिये ये तलाजिया नामसे प्रसिद्ध हैं। आज कल ये लोग विशेष रूपसे दुकानदारीसे गुजारा करते हैं। नासिक, बम्बई, अहमदनगर और सूरत आदि जिलोंमें ये अधिक संख्यामें पाये जाते हैं। ब्राह्मणकर्मकी अपेक्षा वैश्यकर्ममें इनकी प्रवृत्ति विशेष देखी जाती है।

तलाट्टु—तामिल भाषामें लिखे हुए बहुतसे पद्य। इसमें देवताओंकी शैशवावस्था वर्णित है। प्रतिवर्ष निर्दिष्ट पर्वके दिनमें मन्द्राजके दक्षिणांशवासी बहुतसी छोटी छोटी देवमूर्तियोंको हिंडोले पर झुला झुला कर यह पद्य गाते हैं। इसमें बहुतसे पद्य अश्लील और बहुतसे केवल शब्दाडम्बर परिपूर्ण हैं। इनमें एक पद्यका नाम अम्बड़ है जिसकी भाषा अत्यन्त मधुर है। मन्द्राजकी स्त्रियां छोटे छोटे बच्चोंको सुलानेके लिये यह पद्य गाया करती हैं।

तलातल (सं॰ क्ली॰) नास्ति तलं यस्मिन् अतलं तलादपि अतलं। पातालभेद, सात पातालोंमेंसे एक पातालका नाम। यहां मयदानव शिवसे रक्षित हो कर वास करते हैं। (भागवत) पाताल देखो।

तलाभिघात (सं॰ पु॰) तलेन अभिघातः, ३-तत्। करतल द्वारा प्रहार, तमाचा, थप्पड़।

तलामणि (सं॰ पु॰) प्रवाल, मूंगा।

तलाश (तु॰ स्त्री॰) १ अन्वेषण, खोज, ढूंढ ढांढ। २ आवश्यकता, चाह, मांग।

तलासा (सं॰ स्त्री॰) वृक्षभेद, एक पेड़का नाम।

तलाशी (फा॰ स्त्री॰) खोई वस्तु आदिकी देख भाल।

तलाह्व (सं॰ क्ली॰) तालीशपत्र देखो।

तलिका (सं॰ स्त्री॰) तलं अश्ववक्षःस्थलं बध्यत्वेनास्त्यस्याः तल ठन्। तलसारक, वह रस्सी जिससे घोड़ेकी छाती बंधी रहती है।

तलित् (सं॰ स्त्री॰) तडित् पृषो॰। विद्युत्, बिजली।

तलित (सं॰ क्ली॰) तलतःकर्म क्त। भृष्टमांस, तला हुआ मांस। शुद्ध मांस जिस तरह प्रस्तुत किया जाता है उसी तरह मांसको अच्छी तरह सिद्ध कर उसे घीमें भून लेते हैं इसीको तलित कहते हैं। इसके गुण—बल, मेधा, अग्नि, मांस, ओजोधातु और शुक्रवृद्धिकारक, तृप्तिजनक, लघु, स्निग्ध, रुचिकर और शरीरपुष्टिकर है।

तलिन् (सं॰ त्रि॰) तलं अस्त्यस्य इनि। तलायुक्त, जिसमें चमड़े का तला लगा हो।

तलिन (सं॰ क्ली॰) तल्यते शयनार्थं गम्यतेऽत्र तल-इनन्। तलि पुलिभ्यां च। उण् २।५१। १ शय्या, सेज, पलङ्ग। (त्रि॰) २ विरल, अलग अलग। ३ स्तोक, थोड़ा, कम। ४ स्वच्छ, शुद्ध, साफ। ५ दुर्बल, दुबला।

तलिपरम्ब—१ मन्द्राज विभागमें मलबार जिलेका एक शहर।

२ मलबार जिलेमें चिरकल तालुकका एक शहर। यह अक्षा॰ १२° ६' उ॰ और देशा॰ ७५° २२' पू॰ पर कनानूरसे १५ मील उत्तर-पूर्वमें अवस्थित है। यहां भिन्न भिन्न धर्मावलम्बी मनुष्य वास करते हैं। हिन्दूकी संख्या सबसे अधिक है। यहां सब मजिष्ट्रेट, डिष्ट्रिक्ट मुन्सिफकी अदालत और एक मन्दिर है। मन्दिरकी छत सोनासे मढ़ी हुई है। इसके पास ही रैलोले पहाड़ पर बहुतसी कन्दरायें खुदी हुई हैं, जो देखनेमें अत्यन्त मनोरम और आश्चर्यजनक लगते हैं। लोकसंख्या प्रायः ७८४८ है।

तलिम (सं॰ क्ली॰) तल बाहुलकात् इमन्। १ कुट्टिम, छत, पाटन। २ शय्या, पलङ्ग। ३ खड्ग। ४ वितानक, चँदवा। ५ चन्द्रहास।

तलिया (हिं॰ स्त्री॰) समुद्रकी थाह।

तली (हिं॰ स्त्री॰) १ तल, पेंदी। २ तलछट, तलौंछ।

तलीच (सं॰ पु॰) मलाङ्गभेद, शरीरका कोई अङ्ग।

तलुन (सं॰ पु॰) तरति वेगेन गच्छति इति उनन्। ओणादिक। उण् ३।५४। रस्य लः। १ वायु, हवा। २ युवा, पुरुष।

तलुना (सं॰ स्त्री॰) तलुन-टाप्। तरुणी, युवती स्त्री।

तले (हिं॰ क्रि॰ वि॰) नीचे।

तलेक्षण (सं॰ पु॰) तले अधोभागे ईक्षणं यस्य, बहुव्री॰। शूकर, सुअर।

तलैटी (हिं॰ स्त्री॰) १ पेंदी। २ तलहटी, तराई, घाटी।

तलैङ्ग—पेगुके अधिवासियोंका साधारण नाम। स्यामवासी इन्हें तलैङ्ग और ब्रह्मवासीगण मिङ्ग-मोन कहा करते हैं। इनमेंसे अनेक इरावती नदीके डेल्टेमें वास करते हैं। पेगु, मार्त्तावान, मोलमेन और आमहार्टके अधिवासी मोन नामसे मशहूर हैं। यह नाम इन लोगोंके आपसमें चलता है।

पेगुवासकी भाषा मोन अथवा तलैङ्ग है। इस भाषाके अक्षर भारतीय अक्षरमूलक है। पाली अक्षरके साथ यह बहुत कुछ मिलता जुलता है। बौद्धग्रन्थ इसी अक्षरमें लिखे हुए मिलते हैं। श्याम और ब्रह्मवासी यह भाषा समझ नहीं सकते। तलैङ्ग शब्द सम्भवतः तैलङ्ग शब्दका अपभ्रंश है।

तलैचा (हिं॰ पु॰) इमारतका वह भाग जो मेहराबसे ऊपर और छतसे नीचे रहता है।

तलैया (हिं॰ स्त्री॰) छोटा ताल।

तलोदरी (सं॰ स्त्री॰) तलं निम्नमुदरं यस्याः, बहुव्री॰ ततः ङीष्। भार्या, स्त्री।

तलोदा (सं॰ स्त्री॰) तले उदकं यस्याः बहुव्री॰, उदक-शब्दस्य उदादेशः। नदी, दरिया।

तलोदा—१ बम्बई प्रदेशके खान्देश जिलेका एक तालुक। यह अक्षा॰ २१° ३०' और २२° २' उ॰ तथा देशा॰ ७१° ५८' और ७४° १२' पू॰में अवस्थित है। भूपरिमाण ११०० वर्गमील है। इस उपविभागमें इसी नामका एक शहर और १८१ ग्राम लगते हैं। छिपनी और काथी नामके दो छोटे देशीराज्य इसके अधीन है। लोकसंख्या प्रायः ९९८८१ है, जिनमेंसे हिन्दूकी संख्या सबसे अधिक है। बहुतसे मुसलमान तथा अन्यान्य धर्मके लोग भी यहां वास करते हैं।

स्थानीय नैसर्गिक दृश्योंमेंसे सातपुरा पहाड़की चोटीका दृश्य अत्यन्त मनोहर है। यह पहाड़ पूर्वसे पश्चिमकी ओर विस्तृत है। पहाड़के नीचे एक बड़ी समभूमि

देखी जाती है। इस जनपदमें तरह तरहके पशु रहते हैं।

तलोदाकी मट्टी काली है और उसमें उद्भिद् आदिका सार मिश्रित है। जिस स्थानमें खेती होती है वहांका जलवायु खराब नहीं है। सातपुरा पहाड़के नीचे पास पासके ग्रामोंमें मलेरिया रोग अत्यन्त प्रबल है। यहां ज्वर और प्लीहा रोग अकसर हुआ करता है। अप्रैल और मई मास छोड़ कर युरोपीयगण इस स्थानमें निर्भयसे नहीं रह सकते हैं। वार्षिक वृष्टिपात प्रायः ३० इंच है।

२ उक्त तालुकका एक प्रधान शहर। यह अक्षा० २१° २४′ उ० और देशा० ७४° १३′ पू० धूलियासे ६२ मील उत्तर-पश्चिममें अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ६५८२ है। हिन्दू, मुसलमान, जैन, पारसी प्रभृति अधिवासी यहां देखे जाते हैं। हिन्दूकी संख्या सबसे ज्यादे है। खान्देश जिलेमें तलोदाके इसका व्यवसाय विशेष प्रसिद्ध है। भिन्न भिन्न स्थानोंसे बहादुरी काठ यहां ला कर बेचा जाता है। रोगाधाम, तेल और अनाजका व्यवसाय भी यहां कम नहीं है। खान्देशकी सर्वोत्कृष्ट काठकी गाड़ी इसी स्थानमें बनाई जाती है। हरएक गाड़ीका मूल्य ४०। ४५) रु० रहता है। इस शहरमें म्युनिसपालिटि है। इस शहरमें एक डाकघर, स्कूल और दातव्य औषधालय है।

तलौंछ (हिं० स्त्री०) किसी द्रव पदार्थको वह मैल जो नीचे जम जाती है, तलछट।

तल्क (सं० क्ली०) तल बाहुलकात् कन्। वन, जङ्गल।
तल्ख (फा० वि०) १ कटु, कड़ुवा। २ जिसका स्वाद खराब हो, बदमजा।
तल्खी (फा० स्त्री०) कड़ुवाहट, कड़ुआपन।

तल्प (सं० पु०-क्ली०) तल्प्यते शयनार्थं गम्यते तल-प। "कलाभिरवरार्ध्यतल्पगाः" (कु०) १ शय्या, पलंग। २ अट्टालिका, अटारी। ३ दारा, स्त्री।

तल्पक (सं० पु०) तल्प-कन्। शय्यासंस्कारक भृत्य, वह नौकर जो पलंग या खाटको सजा कर रखता है।

तल्पकीट (सं० पु०) तल्पे शय्यायां जातं कीटः। कीटविशेष, खटमल।

तल्पगिरि (सं० पु०) दाक्षिणात्यके तिरुपतिके समीप जो विष्णुके नामसे उत्सर्ग किया हुआ एक पहाड़।

तल्पज (सं० त्रि०) तल्प-जन-ड। क्षेत्रज पुत्र।

तल्पन (सं० क्ली०) तल्प इव आचरति तल्प-क्विप्, ल्युट्। १ करिपृष्ठ, हाथीकी पीठ। २ पृष्ठास्थिका मांस, मेरुदण्डका मांस।

तल्पशीवन् (सं० वि०) शय्याशायी, जो सदा पलंग पर पड़ा रहता है।

तल्पेशय तल्पशीवन् देखो।

तल्प्य (सं० पु०) तल्पे भव तल्प-यत्। १ रुद्रभेद, एक रुद्रका नाम। २ शय्यासाधु।

तल्ल (सं० क्ली०) तस्मिन् लीयते ली-ड। १ बिल, गड्ढा। (पु०) २ जलाधारविशेष, ताल, पोखरा।
३ (वि०) उसमें लीन उसमें लगा हुआ।

तल्लज (सं० पु०) तत् प्रसिद्धं यथा तथा लजति लज-अच्। प्रशस्तिवाचक, आदरसूचक शब्द।

तल्लक (सं० पु०) कुक्कुर, कुत्ता।

तल्ला (सं० पु०) १ सामीप्य, ठौर, पास। २ तलेका परत, अस्तर, भितल्ला।

तल्लिका (सं० स्त्री०) तस्मिन् लीयते ली-ड संज्ञायां कन् टापि अत इत्वं। कुञ्चिका, कुञ्जी, ताली।

तल्ली (सं० स्त्री०) तत्प्रसिद्धं यथा तथा लयति लय-ड-ङीष्। १ तरुणी, युवती। २ नौका, नाव। ३ वरुणकी स्त्री।

तल्ली (हिं० स्त्री०) १ जूतेका तला। २ नीचेकी तलछट।

तल्लुआ (हिं० पु०) एक प्रकारका कपड़ा, सहतूत, गुजरी, मखमल।

तल्ह (सं० क्ली०) सुगन्धिद्रव्यके घर्षणसे उत्पन्न सौरभ, वह सुगन्ध जो सुगन्धित पदार्थोंको रगड़नेसे उत्पन्न हो।

तल्वकार (सं० पु०) सामवेदका एक शाखा।

तव (सं० त्रि०) युष्मद् शब्दका षष्ठीका एक वचन। तुम्हारा।

तवक (सं० त्रि०) तव-क। तुम्हारा।

तवक्षीर (सं० क्ली०) तु-अच्, तवं क्षीरमिति, कर्मधा०। १ तीखुर, तवाखीर, तीखुर। इसके गुण-मधुर, शिशिर, दाह, पित्त, रक्त, काश, क्षय, श्वास और अपस्मारनाशक है। २ वंशलोचन, बंसलोचन।

तवक्षीरी (सं० स्त्री०) तवक्षीर-ङीष्। गन्धद्रव्य, हलद। इसकी जड़से एक प्रकारका तीखुर बनता है। अरारूट इसी तीखुरसे बनता है।

तवज्जह (अ० स्त्री०) १ ध्यान, रुख। २ कृपादृष्टि।

तवनी (हिं० स्त्री०) छोटा तवा।

तवर (सं० स्त्री०) निर्दिष्ट वर्ष संख्या, कोई इष्ट बड़ी राशि।

तवरक (हिं० पु०) समुद्र और नदियोंके तट पर होनेवाला एक प्रकारका पेड़। इसमें इमलीके जैसे फल लगते हैं जिन्हें खानेसे गाय भैंस इत्यादि अधिक दूध देती हैं।

तवराज (सं० पु०) तु-अच् तवः पूर्णः सन् राजते राज-अच्। यवासशर्करा, तुरंजबीन।

तवराजोद्भवखण्ड (सं० पु०) तवराजादुद्भवति उत्-भू-अच्, तवराजोद्भवः यः खण्डः, कर्मधा०। यवासशर्कराका खण्ड, तुरंजबीनका टुकड़ा। इसके संस्कृत पर्याय-सुधामोदक, खण्डजोद्भव, सितिमोदक, अमृतसारज और सितखण्ड है। इसके गुण—दाह, ताप, तृष्णा, मोह, मूर्च्छा और भ्रमनाशक, इन्द्रियोंका तर्पणकारी, शीतल और सदा मधुररस है।

तवर्ग (सं० पु०) त, थ, द, ध, न, ये पांच तवर्ग हैं।

तवर्गीय (सं० पु०) तवर्गे भवः तवर्गान्तर्गत छ। तवर्गसे उत्पन्न वर्ण, तवर्गका अक्षर।

तवर्णीलत् (सं० पु०) शरट।

तवस् (सं० वि०) तु-असुन्। १ वृद्ध, वृद्ध। २ महत्, बड़ा। (क्ली०) ३ बल, ताकत।

तवस्य (सं० क्ली०) तवसे बलाय हितं तवस्-यत्। बलसाधन।

तवस्वत् (सं० वि०) तवोऽस्त्यस्य मतुप् मस्य वः मान्तात् मत्वर्थेन विसर्गः। बलयुक्त, ताकतवर।

तवा (हिं० पु०) १ रोटी सेंकनेका एक छिछला, गोल लोहेका बरतन। २ मटकेका गोल ठीकरा। इसे चिलम पर रख कर तमाखू पीते हैं। ३ एक प्रकारकी लाल मट्टी।

तवारीख मुर्गी—शाहजहां और जहांगीर बादशाहोंके इतिहास। इन दो किताबें १६४२ ई०में बनाई गई थीं। फिर १८१० ई०में मुहम्मद द्वितीय शाह अकबरके समय उनका अनुवाद किसी दूसरे कविने उर्दूमें किया था।

तवाशीर (हिं० पु०) वंशलोचन।

तवाना (सं० त्रि०) तवसा बलेन गोयते गै कर्मणि क्विप् पृषो० साधुः। मजबूत बलयुक्त, जिसे खूब ताकत हो।

तवाज़ा (अ० स्त्री०) १ आवभगत, आदर, मान। २ आतिथ्य, मेहमानदारी, दावत।

तवाना (फा० वि०) बली, मोटा ताजा।

तवाना (हिं० क्रि०) किसी दूसरेसे गरम कराना।

तवायफ़ (अ० स्त्री०) वेश्या, रंडी।

तवायफ—वेश्याओंकी एक जाति। इनमें कचन, कश्मीरी, पतुरिया, रामजानी, चकलादारिन, कसबी, भड़ुआ, डफालिन, कदुतरी मिरासी, मोरथोकार, नायिका, गौनहारिन, नगमाची और नटवा ये सब तवायफ जातिके ही अन्तर्गत हैं। इनमेंसे पात्र, रामजानी और नगाये ये तीनों हिन्दू स्त्रियां हैं। पात्रकी उत्पत्तिके विषयमें प्रवाद है, कि कुमायूंके राजाके यहां दो दासी कन्यायें थीं जिनमेंसे एक तो राजपूतसे ब्याही गई थी और दूसरी पहाड़ी क्षत्रियसे। जो पहाड़ी क्षत्रियसे ब्याही गई थी, वही पात्र कहलाई। आजकलकी पात्र या पतुरिया उसीके वंशकी मानी जाती है। महादेव, हनुमान् और भैरों इनके उपास्य देवता हैं। जो लड़कियां जन्म लेती हैं, उन्हें बचपनसे ही नाचना गाना सिखाया जाता है, बाद वे यौवन कालमें विवाह कर वेश्यावृत्ति अवलम्बन करती हैं।

कोरंबो, मिरासी, गौनहारिन, डोमिन और आकाशकामनी ये सब मुसलमान स्त्रियां हैं। पात्रके जैसा ये लोग भी अपनी लड़कोंका विवाह नहीं करतीं। किन्तु इनका लड़का जब विवाहके योग्य होता है, तब वे एक निम्नश्रेणीकी हिन्दू या मुसलमान लड़कीको खरीद कर उसीके साथ उसका विवाह कर देती हैं। इस प्रकारसे ब्याही हुई स्त्रियां वेश्या-वृत्ति नहीं करतीं वरं वे विवाहोपलक्षमें तथा और किसी दूसरे त्योहारके उत्सवके यहां नाच गान कर अपना गुजारा करती हैं।

जब कोई हिन्दू स्त्री इस समाजमें आना चाहती है, तब पहले उसे इस्लाम धर्ममें दीक्षित होना पड़ता है। विशेष कर हिन्दू विधवा या भगोड़ी स्त्रियां ही तवायफ

हुआ करती हैं। इस जातिमें ऐसी रस्म है, कि लड़की जब बारह तेरह वर्षकी होती, तब वह किसी धनी यार-के यहां बैठी जाती है, इस रस्मको 'सिर ढकाई' कहते हैं। लड़की जब यारके घरसे लौट आती है, तब अपने जात भाईको एक भोज देना पड़ता है। मिस्सी नामकी एक दूसरी रस्म है जिसमें ये अपने दांतोंमें मिस्सी लगाना आरम्भ करती हैं। इसके बाद नथुनी जिसे वे बचपनसे ही पहने आती हैं, उतार फेंकती हैं, इस रिवाजको 'नथनी उतारने' कहते हैं। आज कल भारतवर्षके प्रायः सब जिलोंमें तवायफ पाई जाती है। कभी कभी ये लोग महफिलमें जा कर नाचती गाती हैं।

तवारा (हिं० पु०) जलन, ताप, दाह।

तवारीख़ (अ० स्त्री०) इतिहास।

तवालत (अ० स्त्री०) १ दीर्घत्व लम्बाई। २ आधिक्य, अधिकता, अधिकाई। ३ झंझट, बखेड़ा।

तविपुला (सं० स्त्री०) विपुला छन्दोभेद, विपुला नामका छन्द। चार अक्षरोंका तगण होने पर यह छन्द होता है।

तविषम् (सं० त्रि०) अत्यन्त बलवान्।

तविष (सं० पु०) तव-टिषच्। १ स्वर्ग। २ समुद्र। ३ व्यवसाय। ४ शक्ति। ५ स्वर्ण, सोना। (त्रि०) ६ वृद्ध, बुड्ढा। ७ महत्, बड़ा। ८ बलवान्, ताक़तवर।

तविषी (सं० स्त्री०) तविष संज्ञायां ङीप्। १ भूमि, ज़मीन। २ नदी, दरिया। ३ देवकन्या। ४ बल।

तविषीमत् (सं० त्रि०) तविषी अस्त्यस्य मतुप्। दीप्ति-युक्त, चमक दमक।

तविषीयु (सं० त्रि०) तविषीय-उ। बलप्रयोगकारी।

तविषीवत् (सं० त्रि०) साहसी।

तविष्या (सं० स्त्री०) बल, शक्ति, ताकत।

तव्य—१ वेदात्मभेद। (त्रि०) तव-यत्। २ शक्तिशाली, बलवान्, ताकतवर।

तशख़ीस (अ० स्त्री०) १ निश्चय, ठहराव। २ रोगका निदान।

तशरीफ़ (अ० स्त्री०) महत्व इज़्ज़त, बुज़ुर्गी।

तश्त (फा० पु०) १ एक प्रकारका छिछला बरतन जिसका आकार थालीसा होता है। २ परात, लगन। ३ पाखानोंमें रखे जानेका तांबेका बड़ा बरतन, गमला।

तश्तरी (फा० स्त्री०) रिकाबी।

तष्ट (सं० त्रि०) तक्ष-क्त। १ तनूकृत, छीला हुआ। २ छिलाहुआ, पीस कर जो दलोंमें किया हुआ। ३ ताड़ित, पीटा हुआ। ४ गुम्फित, गुंथ किया हुआ।

तष्टा (सं० पु०) १ विश्वकर्मा। २ छील छाल कर गढ़ने-वाला। ३ [illegible]। ४ एक आदित्यका नाम।

तष्टा (फा० पु०) तांबेकी एक छोटी तश्तरी। इसका व्यवहार ठाकुर पूजनके समय मूर्त्तियोंको स्नान करानेके लिये होता है।

तष्टि (सं० स्त्री०) तक्ष-क्तिन्। तक्षण, रंदा करनेका काम।

तष्टृ (सं० पु०) तक्ष-तृच् पृषोदरा० कलोपि साधुः। १ सूत्रधार, बढ़ई। २ विश्वकर्मा। ३ आदित्यभेद, एक आदित्यका नाम।

तस (हिं० वि०) तैसा, वैसा।

तसकीन (अ० स्त्री०) दिलासा, तसल्ली।

तसकुरगान—अफगान-तुर्किस्तानका एक शहर। यह अक्षा० ३६° ४२´ उ० और देशा० ६७° ४१´ पू० पर समुद्रपृष्ठसे १४८५ फुट ऊंचे पर अवस्थित है। यह शहर अपने प्रदेशमें सबसे विस्तृत और सघन है तथा मध्य एशिया और काबुलका वाणिज्य-केन्द्र है। इसमें ४००० घर लगते हैं, उज़बेग और ताजिककी ही संख्या सबसे अधिक है। यहां प्रायः जितनी सड़कें हैं, सभी १० या १२ फुट चौड़ी हैं। तारीफ तो इस बातकी है, कि वे सबके सब बिलकुल सीधी चली गई हैं, टेढ़ापन कहीं भी नहीं है। समूचा शहरमें तसकुरगान नदीसे जल जाता है। काफी पानी नहीं मिलनेके कारण अच्छी ज़मीन रहते भी उपज बहुत कम होती है। फल, मेवे आदि ही अधिक पाये जाते हैं।

तसगर (हिं० पु०) जुलाहोंके तानेकी एक लकड़ी जो नौलक्खीके पास रहती है।

तसदीक़ (अ० स्त्री०) १ सचाई। २ समर्थन, पुष्टि, सचाईका निश्चय। ३ साक्ष्य, गवाही।

तसद्दुक़ (अ० पु०) १ निछावर, सदक़ा। २ बलिदान, कुरबानी।

तसनीफ़ (अ० स्त्री०) ग्रन्थकी रचना।

तसबीह (अ० स्त्री०) जपमाला, सुमिरनी।

तसमा (फा॰ पु॰) चमड़ेकी पतली और कुछ चौड़ी डोरी फीतेके आकारकी लम्बी होती है, चमड़ेका चौड़ा फीता।

तसर (सं॰ पु॰) त्रस्यतीति त्रस-अरन् किच्। १ सूत्रवेष्टन, जुलाहोंकी ढरकी। २ एक प्रकारका कीड़ा।

तसर—कीटज-सूत्रविशेष, एक तरहका कड़ा और मोटा रेशम। बङ्गालके अन्तर्गत छोटा नागपुर प्रदेश, सामि·सा, मयूरभञ्ज, केंवझड़ आदि स्थानोंमें, बाँकुड़ा, वीर·भूम, मेदिनीपुर जिलेके जङ्गलोंमें तथा बङ्गालके अन्यान्य स्थानोंमें शाल, पियाल, हरीतकी, विभीतकी, आमलकी, कुसुम, सोम, बदरी आदि वृक्षों पर तसरके कीड़े पालते हैं। इन्हीं कीड़ोंसे तसर पैदा होता है। यह कहना फिजूल है, कि तसर रेशमका ही एक भेद है।

रेशम देखो।

ऊपर जिन स्थानोंके नाम लिखे गये हैं, उन प्रदेशों·के जङ्गलोंमें तसर अपने आप ही उत्पन्न होता है। इसकी खेती भी होती है। तसरकी खेती रेशम जैसी नहीं है। रेशम उत्पन्न करनेके लिए जैसे तूतियाके पत्ते खिला कर रेशमके कीड़ोंको पालते हैं और यत्न·पूर्वक उनको घरमें ही रख कर, घरमें ही गुटिका उत्पन्न कराते हैं, तसरके उक्त प्रदेशोंमें वैसा नहीं करते। चाईं·बासा, हजारीबाग, लोहारडागा आदि स्थानोंमें तसर उत्पादनकारियोंको तसरकी खेती ऐसी कष्टसाध्य नहीं है। इनको जङ्गलोंमें आपसे आप होनेवाले कीड़ोंको सिर्फ चिड़ियों और चींटियोंसे बचानेके सिवा और कुछ भी नहीं करना पड़ता।

तसर-उत्पत्ति—पहलेसे कुछ पके हुये बीज या कोशों·का संग्रह कर रखते हैं और यथासमय उनमेंसे कीड़े निकलने पर उनको पासके जङ्गलमें छोड़ देते हैं। वहां वे अपने अपने जोड़े ढूंढ़ लेते हैं। जोड़ा होने पर मादा कीड़े वृक्षके पत्तों पर छोटे छोटे चपटे, सरसों जैसे अण्डे देने लगते हैं। ये अण्डे कुछ चिपकने होनेसे पत्ते पर खूब चिपट जाते हैं। एक एक कीड़ा ३।४ दिनमें २००से २५० तक अण्डे देता है। एक बारगी सब अण्डे दे देने पर इनके जीवन-कार्यका अन्त हो जाता है अण्डे देनेके ३।४ दिन बाद ही वे मर जाते हैं। नर कीड़े शीघ्र मर जाते हैं। तब सिर्फ अण्डे ही भविष्यत् तसर-कीटवंशके संरक्षक रह जाते हैं।

इन अण्डोंसे १०।१२ दिनके भीतर छोटे छोटे भद्दे कैसे कीड़े निकलते हैं और पत्तों पर रेंगते फिरते हैं। इस समय ये कीड़े बड़े ही पेटुक होते हैं। लगातार कोमल पत्तोंको खा खा कर जल्दी जल्दी बढ़ते रहते हैं। इस समय ये ३।४ बार खोली या केंचुल बदलते रहते हैं। खोली बदलते समय कुछ देरके लिए ये आहारविहार छोड़ कर चुपचाप पड़े रहते हैं। इस तरह १०।१५ दिनमें ये अपनी पूरी बाढ़को पहुंच जाते हैं। उस समय इनका आकार ३।४ इंचसे ५।६ इंच तक होता है। ये कीड़े मटमैले, नीले, पीले, भूरे, लाल आदि नाना रंगोंसे चित्र·विचित्र होते हैं। इनकी आंखें उज्ज्वल और पैर छोटे छोटे होते हैं।

अण्डे फूटनेके बादसे अब तक इनके शत्रुओंकी कमी नहीं रहती। प्रथमतः क्षुद्र अवस्थामें चींटियां इनकी परम शत्रु हैं। चील, कौए और अन्यान्य बनचर पक्षी, गिलहरी, सांप आदि मौका लगते ही इनको खा जाते हैं। इसलिए पालनेवालोंको इस समय बड़ी सावधानीसे इनकी रक्षा करनी पड़ती है। रखवाले तीरधनु, कंकड़, बांस आदिसे उक्त जानवरोंको मार कर भगा देते हैं।

जो लोग इनकी रक्षाके लिए नियुक्त होते हैं, वे कठोर ब्रह्मचर्य अवलम्बन कर जङ्गलमें ही रहते हैं। उनका विश्वास है, कि ऐसा न करनेसे कीड़े मर जाते हैं। अतएव वे जङ्गलमें झोंपड़ी बना कर २।१ मास तक व्रतपरायण हो ब्रह्मचारीसे रहते हैं। मल-मूत्र त्यागनेके बाद ही वे स्नान करते हैं और प्रतिदिन हविष्यान्न भक्षण कर तृणशय्या पर सोते हैं। जब तक कीड़े पूरी बाढ़को नहीं पहुंचते, तब तक वे स्त्रीपुत्रादिका मुखाव·लोकन नहीं करते। इनको और भी एक ऐसा ही विश्वास जम गया है, कि रक्षा करते समय कदाचित् यदि स्त्रीका गमन हो, तो कीड़ोंमें उत्पादिका शक्ति घट जाती है। इसीलिए स्त्रीके गमन करने पर रखवाले पवित्र नामका जाप करते हैं। सन्ताल, कोल, कुर्मी आदि जातियां ही प्रायशः तसर पैदा करनेका काम

करती हैं। फिलहाल बहुतसे अंग्रेज़ वणिकोंकी भी इस तरफ दृष्टि पड़ी है।

कीड़े पूर्णावयवको प्राप्त होने पर कोष बनानेके लिए व्यग्र होते हैं। उस समय ये तृणकी छोटी छोटी डालियों पर मुंहसे निकली हुई लारसे तन्तु बनाते हैं। यह लार ही बादमें सूख कर मजबूत तसर या रेशमके रूपमें परिणत हो जाती है। तन्तु बन जाने पर सूत निकालते हुए घूम घूम कर ये अपने लिए एक कोष बना लेते हैं और उसीमें बन्द हो जाते हैं। इन कोषोंकी आकृति कुछ लंबेपनको लिए गोल अंडेके समान है। कीटकी जातिके अनुसार कोष भी छोटे बड़े कई प्रकारके होते हैं। बड़ेसे बड़ा कोष १।१½ इञ्च तक लम्बा होता है।

कोषके अंदर १।४ दिन तक लगातार सूत निकाल कर, ये कीड़े चुपचाप सोते रहते हैं। इस अवस्थामें ये खाना पीना सब छोड़ कर मुरदेकी तरह निष्पन्द और निश्चेष्ट हो जाते हैं। किन्तु आश्चर्यकी बात तो यह है, कि दो तीन मास तक इस तरह पड़े रहने पर भी इन की मृत्यु नहीं होती। इस अवस्थामें कोषको चीर कर इनको बाहर निकालनेसे, ये पिङ्गलवर्ण मांसपिण्डवत् मालूम पड़ते हैं, किन्तु शीघ्र ही ये हिल-डुल कर सजीवताका प्रमाण दिखाते हैं। इस तरह असमयमें इनको निद्राभङ्ग करनेसे ये ज्यादा देर तक जीते नहीं, शीघ्र ही मर जाते हैं। समय पर ये अपने आप कोषको काट कर खूबसूरत प्रजापतिके रूपमें बाहर निकलते हैं।

कोष सम्पूर्ण बन जाने पर रक्षकगण उनको उठानेके लिए तयार रहते हैं। उन्हें अपनी अभिज्ञतासे, कब कोष पकता और फोड़नेके लायक होता है, इसका ज्ञान हो जाता है। इस समय कोषसज्जित तसरालिङ्गवृक्ष वनभूमि अर्थात् कण्टकशोभित कमलोद्यानके समान शोभायमान रहती है। जब कोष फोड़ कर दो-एक कीड़ा भागनेकी तैयारी करता है, तब रक्षकगण उन्हें इकट्ठा कर घर ले आते हैं। कीड़े जीवित रहनेसे कोष काट कर भाग जायेंगे, इस भयसे वे कोषोंको क्षारके साथ गरम पानीमें उबाल कर मार डालते हैं। जिन कोषोंको उबाला नहीं जाता, वे 'दबो' नामसे प्रसिद्ध हैं। इनका तसर सबसे अच्छा होता है। इनको 'मूढ़न' भी कहते हैं। यह कोष बहुत कड़ा होता है, जोरसे दाबने पर भी दबता नहीं। इससे मोटेदर्जेके कोषोंको डाबा, बगुई, जाड़ुई आदि कहते हैं। जिन कोषोंको काट कर कीड़े स्वतः निकल जाते हैं, उनको रामकटा, चाम, पेते, बोहर, धुके, तथा फूटी कहते हैं। जो कोष परिपक्व होनेसे पहले ही असमयमें फोड़े या उबाले जाते हैं, वे बहुत कोमल होते हैं, उनको सहज ही दाब कर चपटा किया जा सकता है। यह किसी कामके नहीं होते और खूब कम दाममें बिकते हैं। कटे हुए कोष बिलकुल ही नष्ट नहीं हो जाते। कीड़े कोषके छेदके पास सूत ठेल कर बाहर निकल आते हैं। अतः उनसे भी सूत पाया जाता है। चींटी, चूहे आदिके काटने पर कोष नाकाम हो जाते हैं। आषाढ़ श्रावणमें आमवेते, भाद्रमें मूढ़न, आश्विनमें मुगा, कार्त्तिकमें डाबा, अग्रहणमें बगुई, पौष और माघमें जाड़ुई कोष उत्पन्न होते हैं।

कोषोंके संग्रह किये जानेके उपरान्त उत्कर्षके अनुसार उनमेंसे चुन चुन कर पृथक् पृथक् ढेरी लगाते हैं। बादमें उनको बाजारमें बेचते हैं। चाईबासा, सिंहभूम, मानभूम आदि जिले और धलभूम, सिखरभूम, तुङ्गभूम आदि स्थानोंके व्यापारी लोग जंगल-वासियोंसे उन कोषोंको खरीद लेते हैं। वे फिर उनको बांकुड़ा, विष्णुपुर, मेदिनीपुर, मानकर, सोनामुखी, राजग्राम आदि स्थानोंसे आये हुए व्यवसायियोंको या उनके कोश माल लेने-वालोंको बेच देते हैं। ये दलाल या बेपारी लोग अधिक लाभकी आशासे बहुधा गांव गांवमें घूम घूम कर कोष संग्रह किया करते हैं। किन्तु अधिकांश कोष निकटस्थ हाटोंमें बिकते हैं। तसर-कोषोंके संग्रहके समय उन हाटोंमें पूर्वोक्त स्थानोंसे बहुतसे व्यापारियों-का समागम होता है। चाईबासाके अन्तर्गत दन्तु-पुकुर नामकी हाटमें तथा बड़ागुड़ा नामक स्थानमें इन कोषोंकी बड़ी भारी खरीद बिक्री होती है। बिक्रीके लिए हाटोंमें इनको अलग अलग ढेरी लगा दी जाती है। खरीददार अपनी इच्छानुसार एक एक ढेरीसे मुट्ठी भर भर इनकी परीक्षा करते हैं। इनकी आय या आमदनी

करना पड़ता है। इसे आँचसे पैसा उबाल या पकाया होता है, सभात टेरा गोलों को समझो जाती है। पीछे एक एक टेरीकी कीमत ठहराई जाती है। कहना फिजूल है, कि इस तरह तसरके छोटे बड़े आदि आकार, उज्ज्वलता, पुष्टता आदि गुणोंके अनुसार कीमतमें कमी बेशी हुआ करती है। बहुधा ये दरल्लागामी तसरविक्रेता पुर्जे दलाल और पैकारियोंके पंजेमें फंस कर धोखा खाते हैं।

संख्याके अनुसार ही इसका मूल्य निर्द्धारित होता है। तौल कर बेचनेकी रिवाज नहीं है। पैकारी या दलाल लोग पुटका खरीदते समय गण्डे आदिके भावसे खरीदा करते हैं। बड़े बड़े हाटोंमें जब बहुसंख्यक कोयोंकी खरीदबिक्री होती है, तब गिनना मुश्किल हो जाता है। इस समय कूत या अनुमानसे एक एक टेरीकी संख्या निर्णीत होती है। किन्तु अधिक संख्या होने पर भी प्रायः गिन लेना ही अच्छा समझा जाता है। संख्या स्थिर होने पर उनका मूल्य ठहराया जाता है। तसरकी उपज अच्छी न होने पर उत्कृष्ट कोयोंकी कीमत फी काहन (काहनकी संख्या १२८० ह०) १२) से ७) तक, मध्यम प्रकारके कोयोंकी ७) से ५) तक तथा निकृष्ट प्रकारके कोयोंकी कीमत लगभग ५) से ४) रु० तक होती है। और उपज अच्छी होने पर उत्कृष्ट कोयेका भाव ७) से ६) रुपया, मध्यमका ६) से ५) रुपया और निकृष्टका भाव ४) से २) रुपये तक हुआ करते हैं। वर्षा, शरत्, हेमन्त और शीतऋतुमें ही तसरके कोयोंकी उत्पत्ति होती है। वसन्त और ग्रीष्मऋतुमें जब सूर्यका तेज अत्यन्त प्रखर होता है, तब ये कोयेके भीतर सोते रहते हैं।

व्यापारदार लोग इन कोयोंको खरीद खरीद कर बांकुड़ा और उसके अन्तर्गत राजग्राम, सोनामुखी, विष्णुपुर, जयपुर, तथा वर्द्धमानके मानकर और हुगलीके जिलेमें बदनगंज, श्यामबाजार, कृष्णगंज आदि स्थानोंमें भेजा करते हैं। उपर्युक्त स्थानोंमें कोयोंसे तसरका सूत बनता है। यह सूत कुछ तो स्थानीय जुलाहे लोग खरीद लेते हैं और अवशिष्ट वा नाना रङ्गोंमें रङ्ग कर तरह तरहके कपड़े बनाते हैं तथा बाकीका कलकत्ता और अन्यान्य प्रधान प्रधान नगरोंको रवाना होता है।

मुर्शिदाबाद और उसके निकटवर्ती बहरमपुर, नदिया, मालदह आदि स्थानोंमें भी कुछ कुछ तसर पैदा होता है। परन्तु इन स्थानोंमें तसरकी अपेक्षा रेशमकी अधिक उपज है।

कोयोंसे सूत निकालनेके लिए पहले उनको क्षार पानीमें उबाला जाता है। इससे कोये कोमल हो जाते हैं और सहजमें सूत निकलता है तथा सूतका मैल भी कुछ कुछ निकल जानेसे सूत साफ हो जाता है। अनन्तर समस्त कोयोंके शोषण और परिष्कृत होने पर इन्हें पुनः पुनः धो कर उनके डंठल और ऊपरका अपरिष्कृत अंश फेंक दिया जाता है। पीछे एक पात्रमें थोड़ा पानी रख कर उसमें ४।५ या उससे ज्यादे कोये डाल देते हैं, और उनके छोरोंको एकत्र कर एक साथ सबका सूत चरखे पर लपेट लेते हैं। यह काम अक्सर औरतें ही किया करती हैं। सूत निकालनेके लिये इससे उमदा और कोई यन्त्र व्यवहृत नहीं होता। तमाम सूत निकलनेके बाद कोयेके भीतरसे [illegible] मांसपिण्डवत् मृत तसर-कीट निकलता है। सांथाल आदि लोग उसको तसरकच्छ कहते और उपादेय समझ कर खा जाते हैं। तसर कातनेवाले उनको रख देते हैं और सांथाल लोगोंको बेच देते हैं।

कोयोंकी पुष्टता और आकारके अनुसार उनसे सूत भी कमोबेश होता है। उत्कृष्ट कोयोंमें १०।१२से ही १ तोला सूत निकलता है। कोये निकृष्ट होने पर उनके अनुसार कोयोंकी संख्या भी बढ़ जाती है। तसरका सूत बहुत उमदा होनेसे अधिकसे अधिक १० तोला और निकृष्ट होने पर १२।१३ तोला तक बिकता है।

कोयोंके डंठल और सूत निकल जाने पर बाकी जो भीतरी अंश बच रहता है, वह और छिन्न तसर सूतादि भी नष्ट नहीं होते। इससे एक प्रकारका मोटा सूत बनता है। औरतें इसको कोमल बना कर अर्थात् रेशमकी भांति—रूईकी तरह धुनक धुनक कर चरखेसे उसका सूत बनाती हैं। इस सूतसे गरधनी और एक तरहका खूब मोटा कपड़ा बनता है। बङ्गालमें इस कपड़ेको छिटिया, मटका इत्यादि कहते हैं। हिन्दू लोग इसको पवित्र और मजबूत समझ कर देवपूजा और अन्य

अवेशामें अर्थात् पहना करते हैं। तसरका स्वाभाविक रङ्ग गेहुंआं होता है। इसको कुसुमी, धानी आदि नाना रङ्गोंमें रङ्ग कर उससे उत्कृष्ट धोती साड़ी, दुपट्टे आदि बनाते हैं। बिना रंगे हुए मोटे तसरके सूतसे दीर्घ कालस्थायी और मज़बूत चिकना कपड़ा बनता है। विशुद्ध तसरके थान तथा तसरकी तानी और सूतकी भरनी दे कर नाना प्रकारके मज़बूत कपड़े बनाये जाते हैं। इससे कोट अंगरखा आदि अच्छे बनते हैं। इसके एक गज़ कपड़ेकी कीमत २) २॥) तक होती है। बांकुड़ा, विष्णुपुर, मानभूम, मुर्शिदाबाद, भागलपुर आदि स्थानोंमें उमदा उमदा तसरके कपड़े बनते हैं। तसरके कपड़े मज़बूत और स्वास्थ्यकर होनेसे साधारण लोग कहा करते हैं, कि—

"पहने तसर और खावे घी,
पैसा बचे और उमदा जी।"

उत्कृष्ट तसरकी धोती, साड़ी इत्यादि पहननेमें बुरी नहीं बल्कि मज़बूत होती है।

तसरका सूत पानीमें जल्दी सड़ता नहीं और बराबर-के कपासके सूतकी अपेक्षा बहुत मज़बूत होता है। इस लिये इससे मछली पकड़नेका डोरा भी बनाया जाता है। बंगालमें गांवोंके रहनेवाले लोग इसे और भी मज़बूत बनानेके लिये सिर्फ पानीमें भिगो कर कच्चे कोयोंसे भी सूत निकालते हैं। बहुतसे लोग कोयहत्याके भयसे भी कच्चे कोयोंसे सूत निकालते हैं। इस तरहसे निकाला जानेवाला सूत बहुत उमदा और मज़बूत होता है, पर वस्त्रादिके लिये सूत निकालनेमें इतनी मेहनत करना लोग पसन्द नहीं करते और अनायास ही हज़ारों-लाखों कोयोंको उबाल कर अपना रोज़गार चलाते हैं। तसर-कीट आदिका विस्तृत विवरण और उनके प्रतिरोध आदि रेशम शब्दमें देखो।

तसला (फा॰ पु॰) लोहे, पीतल, तांबे आदिका एक प्रकारका गहरा बरतन।

तसली (हिं॰ स्त्री॰) छोटा तसला।

तसलीम (अ॰ स्त्री॰) १ प्रणाम, सलाम। २ किसी बात-को स्वीकृति, हामी।

तसल्ली (अ॰ स्त्री॰) १ आश्वासन, सान्त्वना, ढाढ़स। २ धैर्य, धीरज।

तसवीर (अ॰ स्त्री॰) १ चित्र, नकशा। (वि॰) २ मनोहर, खूबसूरत।

तसू (हिं॰ पु॰) लम्बाईकी एक माप जो १½ इञ्चके लगभग मानी गई है।

तस्कर (सं॰ पु॰) तद् करोति तत्-कृ-अच्, सुट् दस्योपश्च। १ चौर, चोर। २ पत्रशाक, एक प्रकारका साग। ३ मदनवृक्ष, मैनफल। ४ चोरनामक गन्धद्रव्य। ५ श्रवण, कान। ६ एक प्रकारके लम्बे और सफेद केतु। इनकी संख्या ५१ है और ये बुधके पुत्र माने गये हैं।
(बृहत्संहिता)

तस्करता (सं॰ स्त्री॰) तस्करस्य भाव तस्कर-तल् स्त्रियां टाप्। चौर्य, चोरका काम, चोरी।

तस्करस्नायु (सं॰ पु॰) तस्करस्य स्नायुरिव नाड़िका यस्याः, बहुव्री॰। काकनासालता, कौवाठोंठी।

तस्करी (सं॰ स्त्री॰) तस्कर तद् करोति चौर्यार्थे-ट, टित्वात् ङीप्। १ वह स्त्री जो चोरी करे। २ चोरकी स्त्री। ३ चोरका काम, चोरी। ४ काकनासालता, कौवाठोंठी। ५ अतिकोपना, गर्विता। ६ श्वेतनलालुका।

तस्तुय (सं॰ स्त्री॰) चैत्रविषय नामकी औषध।

तस्थिवन् (सं॰ त्रि॰) स्था-क्वसु। स्थित, ठहरा हुआ।

तस्थु (सं॰ त्रि॰) स्था-कु द्वित्व। स्थावर, एक ही स्थान पर रहनेवाला।

तस्थुस (सं॰ पु॰) स्था-कुसि द्वित्व। मानव, मनुष्य।

तस्मात् (सं॰ अव्य॰) इसलिये।

तस्य (सं॰ पु॰) उसका।

तस्मा (हिं॰ पु॰) तसमा देखो।

तह – तहा देखो।

तह (फा॰ स्त्री॰) १ मोटाईका फैलाव, परत। २ तल, पेंदा। ३ तल, थाह। ४ झिल्ली, महीन पटल।

तहकीक (अ॰ स्त्री॰) १ सत्य, यथार्थ। २ अनुसन्धान, खोज। ३ जिज्ञासा, पूछताछ।

तहकीकात (अ॰ स्त्री॰) अन्वेषण, अनुसन्धान, जांच।

तहखाना (फा॰ पु॰) तलगृह, ज़मीनके नीचेकी कोठरी, भुइंहरा।

तहज़ीब (अ॰ स्त्री॰) सभ्यता, शिष्टता।

तहदरज (फा॰ वि॰) बिलकुल नया, जिसका व्यवहार न हुआ हो।

तहनिशाँ (फा० पु०) लोहे पर सोने चाँदीकी पच्चीकारी।

तहपेच (फा० पु०) पगड़ीके नीचेका कपड़ा।

तहबाजारी (फा० स्त्री०) बाजारमें बैठ कर बेचनेवालोंसे लिये जानेका महसूल।

तहमत (फा० पु०) वह कपड़ा जो कमरमें लपेटा जाता है, लुंगी।

तहरी (हिं० स्त्री०) १ पेठेकी बरी और चावलकी खिचड़ी। २ मटरकी खिचड़ी। ३ कालीन बुननेवालोंकी टाँकी।

तहरीर (अ० स्त्री०) १ लिखावट, लेख। २ लिखाई। ३ लिखी हुई बात, लिखा हुआ मजमून। ४ लेखबद्ध प्रमाण। ५ लिखनेकी मजदूरी, लिखाई।

तहरीरी (फा० वि०) लेखबद्ध, लिखा हुआ।

तहलका (अ० पु०) १ मृत्यु, मौत। २ नाश, बरबादी। ३ विप्लव, धूम, हलचल।

तहलील—अरबदेशकी स्त्रियोंका एक प्रकारका कर्कश शब्द। जिह्वा और कण्ठकी गतिके एकत्र संयोगसे यह शब्द निकलता है। यह शब्द निकालते समय वे मुँह पर बहुत तेजीसे हाथ फेरती हैं। तहलील सुननेसे ही अरब अथवा तुर्क लोग जोशमें आ कर ज्ञानरहित हो जाते हैं।

कलिकन और बुरखरके समयमें टैंकोंकी अरबी स्त्रियाँ किसी अपरिचित व्यक्तिकी अभ्यर्थनाके समय यह शब्द उच्चारण करती हैं। यह उनका आमोदज्ञापक निदर्शन है। मृत व्यक्तिके लिये शोक प्रगट करते समय भी यह शब्द व्यवहृत होता है।

तहवील (अ० स्त्री०) १ सुपुर्दगी। २ धरोहर, अमानत। ३ जमा, खजाना।

तहवीलदार (अ० पु०) वह मनुष्य जिसके जिम्मे रुपयेका हिसाब रहता है, खजानची।

तहसनहस (हिं० वि०) नष्ट भ्रष्ट, बरबाद।

तहसील (अ० स्त्री०) १ चंदा, उगाही, वसूली। २ जमीनकी वार्षिक आय। ३ तहसीलदारकी कचहरी, मालकी छोटी कचहरी।

तहसील—राजस्व वसूलकी सुविधाके लिये एक एक प्रदेश भिन्न भिन्न भागोंमें विभक्त किया जाता है। इसके प्रत्येक भागको तहसील कहते हैं। हर एक तहसीलमें एक तहसीलदार रहता है और वही वहाँका मुख्य मुख्य काम करता है।

तहसीलका कर संग्रह करना ही तहसीलदारका प्रधान कार्य है। इसके सिवा तहसीलदारोंके हाथ दीवानी और फौजदारी विचारकी क्षमता है। इन्हें मजिस्ट्रे-टका अधिकार रहता है।

तहसीलदारके कार्यालयको भी कभी कभी तहसील कहते हैं।

गवर्मेण्टकी नाईं जमींदारोंके अधीन भी बहुतसी तहसीलें हैं। जमींदारोंका परगना अनेक तहसीलों और डीहोंमें विभक्त रहता है।

तहसीलदार (हिं० पु०) १ किसी परगने या तालुकका प्रधान कर वसूल करनेवाला। फारसी तहसीलदार और अरबी तहसील शब्दसे हिन्दी तहसीलदार शब्द उत्पन्न हुआ है। मुसलमानोंके राजत्वकालमें इस शब्दकी सृष्टि हुई है। बाद अंगरेज गवर्मेण्ट भी इस शब्दका व्यवहार करती आ रही है। २ जमींदारोंके सरकारी मालगुजारी वसूल करनेका अफसर। यह मालके छोटे मुकदमोंका फैसला भी करता है।

तहसीलदारी (अ० पु०) १ मालगुजारी वसूल करनेका काम, तहसीलदारका काम। २ तहसीलदारका पद।

तहसीलना (अ० क्रि०) वसूल करना, उगाहना।

तहाँ (हिं० अव्य०) उस स्थान पर, वहाँ।

तहाना (हिं० क्रि०) लपेटना, तह करना।

तहोबाला (फा० वि०) तहसनहस, ऊपर नीचे, उलट पुलट।

ता (सं० पु०) विशेषण और संज्ञा शब्दोंके आगे लगाये जानेका एक भाववाचक प्रत्यय।

ता (फा० अव्य०) पर्यन्त।

ताई (हिं० स्त्री०) १ ताप, ज्वर। २ वह बुखार जो जाड़ा दे कर आता हो, जूड़ी। ३ मालपूआ, जलेबी आदि बनानेकी एक प्रकारकी छिछली कड़ाही। ४ बापके बड़े भाईकी स्त्री, जेठी, ताई।

ताईद (अ० स्त्री०) १ पक्षपात, तरफदारी। २ समर्थन, पुष्टि।

ताईं (हिं० अव्य०) १ पर्यन्त, तक। २ निकट, समीप। ३ समक्ष, प्रति। ४ लिये, वास्ते, निमित्त।

ताऊ (हिं० पु०) बालकके पिताका बड़ा भाई, बड़ा चाचा।

ताऊन (अ० पु०) एक प्रकारका संक्रामक रोग। इसमें रोगीको गिल्टी निकलती और बुखार आता है।

ताऊस (अ० पु०) १ मयूर, मोर। २ एक प्रकारका बाजा जो सारङ्गी और सितारसे मिलता जुलता है। इस पर मोरका चित्र बना रहता है।

ताऊसी (अ० वि०) १ मोरकासा, मोरके रङ्गका। २ गहरा बैंगनी।

ताओई—(ताओसि नामसे प्रसिद्ध) चीनदेशका एक प्राचीन धर्ममत और सम्प्रदाय ई०से ६०४ वर्ष पहले लेओकाङ् नामके एक दार्शनिकने जन्मग्रहण किया था, वे ही इस मत और सम्प्रदायके प्रवर्तक थे। उनका जीवनी अद्भुत और अलौकिक उपाख्यानोंसे भरी हुई है। उनके बाल बहुत ही सफेद थे, इसलिए वे 'लाओचि' अर्थात् 'शुभ्रकेश' के नामसे प्रसिद्ध थे।

पहले लाओचि चू-वंशीय एक चीन-सम्राट्के पुस्तकालयके अध्यक्ष थे। इस कार्यमें उन्हें नाना शास्त्र परिदर्शनमें विशेष सुभीता हुआ था। धीरे धीरे उनके पाण्डित्यकी चर्चा नाना स्थानोंमें फैल गई। चीन-सम्राट्ने उनको मान्दारिनका पद दे दिया। कुछ दिन बाद वे तिब्बतमें जा कर एक लामाके पास धर्मोपदेश लेने लगे। इस शिक्षाके बलसे ही उन्होंने ताओई या ताओची अर्थात् अमरपुत्र नामक सम्प्रदायका प्रवर्त्तन किया था। इन्होंने अनेक ग्रन्थ रचे हैं, जिनमें ताओई ग्रन्थ ही प्रधान है। ताओई मत बहुत अंशोंमें ग्रीक-विद्वान् एपिक्युरसके मतका अनुयायी और कुछ चार्वाक-मतके समान है।

इस मतमें—उच्चभावशून्य दुष्ट कामनाओंको छोड़ कर दुर्दम इन्द्रियोंको वशीभूत करना ही मनुष्यका प्रधान धर्म और उद्देश्य बतलाया है। आत्मा और मनको जैसे बने—हर एक तरहसे सर्वदा सुखी रखनेकी चेष्टा करना कर्त्तव्य बतलाया है। और यह भी बताया है, कि कभी भी दुश्चिन्ता और शोकरूपी पुष्टको मनमें स्थान न देना चाहिये।

लाओचिके मतका उनके शिष्योंने बहुत कुछ परिवर्तन कर डाला। उन्होंने देखा कि, अपार्थिव सुख काम स्पर्शित पथ पर आरूढ़ होने पर मन चञ्चल होता और सुख दूर भाग जाता है। इसलिए उन लोगोंने स्थिर किया कि, ऐसा एक अमृतरस बनाना चाहिये जिसके पीनेसे अमरत्व प्राप्त हो, फिर रोग, शोक, जरा और मृत्यु, स्पर्श भी न कर सकें। इस उद्देशसे वे रसायनशास्त्र अध्ययनमें प्रवृत्त हुए। अमृतरस पी कर अमर हो जायगे, इस आशासे सैकड़ों लोग उनका मत ग्रहण करने लगे। क्या धनी और क्या गरीब, क्या स्त्री और क्या पुरुष, सभी अभिनव लोलिशिक्षामें व्यग्र हो गये। इस तरह थोड़े ही दिनोंमें ताओची सम्प्रदाय अत्यन्त प्रबल हो गया। चीनमें सर्वत्र ही इन्द्रजाल, प्रेताधिष्ठान, भविष्यद्वाणी इत्यादिका प्रचार होने लगा। बहुतसे चीन-सम्राटोंने भी ताओ-चियोंके आपातमनोरम वचनों पर मुग्ध हो कर उन्हें आश्रय दान दिया था। ताओचियोंने भी लोगोंको भक्ति आकर्षित करनेके लिए नाना स्थानोंमें देवमन्दिर और देवमूर्त्तियां स्थापित कर पूजा, होम, बलि इत्यादि करना प्रारम्भ कर दिया। इस देशके तन्त्रशास्त्रोंमें जो चीना-चारक्रमका उल्लेख है, ताओचियोंका क्रिया-काण्ड प्रायः उससे मिलता जुलता है। इस देशके लोगोंका विश्वास है, कि तन्त्रोक्त चीनाचार चीनदेशसे इस देशमें प्रचारित हुआ है। सम्भव है, कि चीनके ताओचियोंने जिस मतका प्रचार किया है, वही इस देशमें चीनाचारके नामसे प्रचलित हुआ हो।

ताओचियोंमें बहुतोंको विलासप्रिय देखा जाता है।

इस समय ताओचि लोग शूकर, पक्षी और मछलीसे उपास्य देवताकी पूजा किया करते हैं। बहुतसे तो अब दैवज्ञ कहलाते हैं।

बहुत दिनोंसे चीनके विद्वान् और बुद्धिमान् व्यक्ति ताओचि-धर्मको असारता प्रतिपादन करते आते हैं, किन्तु तो भी बहुतसे चीनवासी कुसंस्कारको छोड़ कर ताओई धर्मका परित्याग नहीं कर सके हैं।

ताओचियोंके प्रधान धर्माध्यक्ष, चीनके किसी प्रधान मान्दारिनकी अपेक्षा भी अधिक सुख-सम्पद्का भोग करते हैं। क्रियाङ्गसी प्रदेशके प्रधान नगरमें धर्माध्यक्षका प्रासाद है, देवता समझ कर उनके जीवनके दर्शन करना उनका उपदेश सुननेके लिए बहुत दूर-देशान्तरोंसे

देवदूत और धर्मयाजको वेशमें व्यवहृत हुआ करते हैं।

तांत (हिं॰ स्त्री॰) १ चमड़े या नसोंकी बनी हुई डोरी। २ धनुषकी डोरी। ३ सूत, डोरा। ४ सारंगी आदिका तार। ५ जुलाहेका राछ।

तांतड़ी (हिं॰ स्त्री॰) तांत।

तांतवा (हिं॰ पु॰) पांव सूजनेका रोग।

तांता (हिं॰ पु॰) श्रेणी, पंक्ति, कतार।

तांतियाड़ा—१ वीरभूम जिलेमें हरिपुर परगनेका एक छोटा ग्राम। यह नगरसे कई कोस दक्षिणमें अवस्थित है। यहां बहुतसे तांती रहते हैं। जो तसरके कपड़े तथा धुती तैयार करते हैं। इस गांवके पूर्व और पश्चिमको ओर प्रायः १०,७४०० गज विस्तृत पुष्करका एक प्रसिद्ध बांध है और इसमें भी एक कोस दक्षिणमें अजयगढ़ नामक नई एक नाला होते प्रवाहित है। ककुरई देखो।

२ मानभूम जिलेके भट्टिया गोपालपुर परगनेका एक छोटा ग्राम। यह सहापन्ना नदीके समीप ही अवस्थित है। यहां बहुतसे तन्तुवाय वास करते हैं। इसी कारण यह परगनेमें विशेष प्रसिद्ध है।

तांतिया (हिं॰ वि॰) जो तांतकी तरह दुबला हो।

तांतिया तोपी (तांत्या टोपी)—सिपाही विद्रोहके नायक प्रसिद्ध नानासाहबके प्रधान मन्त्री और दलपोषक। सिपाही-विद्रोह (सन् १८५७का गदर)-के इतिहासमें नानासाहबने जैसी प्रसिद्धि लाभ की है, तांतिया तोपीको प्रसिद्धि भी उससे कुछ कम नहीं है। कानपुरके विद्रोहमें तांतियाने जैसे साहस और वीरताका परिचय दिया था, उससे उस समयके सेनापति आउटराम, कलिन आदि बहुतसे अंग्रेज भीत और चकित हो गये थे। इन्होंके उत्तेजित करने पर ग्वालियरकी बड़ी फौजने सिन्धियाका पक्ष छोड़ कर विद्रोह किया था और ग्वालियरराजको सिंहासनसे विपद्ग्रस्त कर दिया था। अंग्रेजी सेना आ कर यदि राजाको सहायता न करती तो शायद उस समय ग्वालियरराज्यका अस्तित्व ही मिट जाता। जिस समय झांसीकी रानी चारों ओर अंग्रेजी सेना द्वारा परिवेष्टित हो कर तथा अंग्रेज सेनापतिके प्रबल आक्रमणसे अत्यन्त विपद्ग्रस्त हुई थीं, तांतिया तोपी उस समय सेना सहित रानीकी सहायताके लिए उपस्थित हुए थे। रानीके साथ ब्रिटिश-सेनाका जितनी बार युद्ध हुआ था, इन्होंने प्रत्येक युद्धमें नाम और प्रतिष्ठा प्राप्त की थी। कालपीसे पीछे लौट आप पहुंचके बाद गोपाल-पुरमें आ कर इन्होंने रानीसे भेंट की और ग्वालियर पर अधिकार किया। यहां इन्होंने बहुत धन एकत्रित किया था। अंग्रेजी सेनाने आ कर जब ग्वालियर अधिकार कर लिया और झांसीकी रानी लड़ाईमें मारी गईं, तब तांतिया एक तरहसे निःसहाय हो गये। परन्तु साथमें बहुत सेना और अर्थबल होनेसे ये नाना-साहबका नाम लेकर दाक्षिणात्यवासियोंको उत्तेजित करनेमें अग्रसर हुए। ब्रिटिश-गवर्नमेण्ट भी इससे बहुत डर गई थी। बड़े लाटके आज्ञानुसार सेनापति मीडर तांतियाको पकड़नेके लिए अग्रसर हुए। तांत्याने राव साहबके साथ चम्बल नदीको पार कर राजपूतानामें प्रवेश किया। उनकी इच्छा थी, कि राजपूत राजाओंको उत्तेजित कर अंग्रेजोंके विरुद्ध युद्ध घोषणा करें। किन्तु राजपूतानामें दो एक जगह विद्रोहके चिह्न दीखने पर भी तांत्याका अभिप्राय सिद्ध न हुआ। जयपुरसे इन्होंने खबर पाई थी, यहांसे विशेष सहायता पानेकी आशा हुआ था, पर भाग्य प्रकट हो जानेसे नसीराबादसे रबार्ट साहब दो हजार सेनाके साथ तांत्याकी गतिरोध करनेके लिए आ पहुंचे। तांत्या अपनी फौजके साथ बनास नदी पार होनेके अभिप्रायसे टोंकके भीतरसे धावित हुए। उस समय चम्बल नदीका पानी इतना बढ़ा हुआ था, कि उनको सेनाको उसे पार करनेको सुविधा न हुई। इसके लिए ये पश्चिमकी तरफ बुन्दी पहाड़ी पार हुए। उस समय राजपूतानेकी सभी नदियां उमड़ चली हुई थीं। इतने पर भी रबार्ट साहबने उनका पीछा करना छोड़ा नहीं। भीलवाड़ेके पास रबार्टको एक बार तांत्याकी सेना दीख पड़ी थी, किन्तु शीघ्र ही वह आंखोंके ओझल हो गई। बनास नदीके किनारे पर पहुंच कर रबार्ट तांत्या पर आक्रमण करनेके लिए तैयारी करने लगे। यहां तांत्या तोपी भी निश्चिन्त न थे, वे सेनाको छोड़कर कई मील दूर ग्रामके देवालयमें पूजाके लिए चले गये। आधी रातको आ कर उन्होंने सुना कि, शत्रु बहुत ही पास आ गये हैं। इस पर उन्होंने फौजको रातमें ही

बजानेका आदेश दिया। पदातिकगण सभी थक गये थे, उन लोगोंने तांत्याका आदेश ग्राह्य नहीं किया। अश्वारोही और गोलन्दाज सब तैयार हो गये। दूसरे दिन एक छोटा युद्ध हुआ। किन्तु दुर्भाग्यवश तांत्याको सेनाको पीठ दिखाना पड़ी। धीरे धीरे तांत्या चम्बल नदीको पार हो कर झालरा पाटनकी तरफ बढ़ने लगे।

झालरापाटन एक प्रसिद्ध देशीय राज्यकी राजधानी है। तांत्याने अनायास ही उक्त राजधानी पर अधिकार कर अधिवासियोंसे करस्वरूप ६ लाख रुपये वसूल कर लिये। इसके सिवा राजकोषसे भी इनको प्रायः ४ लाख रुपयेकी चीजें और ३० तोपें मिली थीं। यहां उन्होंने बहुत थोड़े समयके भीतर बहुतसी नई सेना बना ली।

अब तांत्यातोपी सैन्यबल और अर्थबलसे विशेष बलीयान् हो गये। इन्दोर पर उनका लक्ष्य गया। महाराष्ट्र मात्र ही नानासाहबको पेशवा मानते थे। तांत्याको विश्वास था, कि इन्दोर अधिकार कर लेनेसे तथा नानासाहबका नाम घोषित होने पर होलकर-राज्यके सम्पूर्ण लोग आ कर उनकी सहायता करेंगे। किन्तु उनके सेनापतियोंमें परस्पर वैमनस्य होनेसे उनका यह उद्देश्य सिद्ध न हुआ। तांत्यातोपी पर आक्रमण करनेके लिए मनाटं, होप और मेजर जनरल माइकेल सेना सहित राजगढ़में उपस्थित हुए। तांतिया कौशली और बुद्धिमान् होने पर भी वैसे साहसी न थे, युद्धके समय वे प्रायः रणक्षेत्रमें उपस्थित न होते थे, इसी दोषके कारण उनकी सेना उनको कायर समझ कर घृणाकी दृष्टिसे देखती थी। इसी दोषसे विपुल सेना और सहायक होते हुए भी वे बार बार अंग्रेजोंसे पराजित होते आये थे। और अबकी बार भी वे इसी दोषके कारण पराजित हो गये। उनकी सेना तितर बितर हो गई। कुछ दिन तांतिया जंगलोंमें घूमते रहे। अन्तमें उन्होंने अपनी सेनाके दो विभाग कर दिये, एक दल रावसाहबके अधीन उत्तरकी तरफ भेज दिया और एक दलको वे अपने साथ ले कर दक्षिणकी ओर चल दिये।

तांत्यातोपी नर्मदा नदीको पार हो कर दाक्षिणात्यकी तरफ अग्रसर हो रहे हैं, यह सुन कर बम्बईके गवर्नर भीत और चकित हुए। जिसमें तांतिया नर्मदा नदी पार न हो सकें, इसके लिए विशेष बन्दोबस्त किया गया था। तांतिया अन्य किसी भी तरफ जानेका मौका न देख कर पश्चिमकी ओर आ कर कार्गुन नामक स्थानमें पहुंच गये। इधर मेजर सादरलैण्ड उनकी गति रोकनेके लिए सिन्दवल आ पहुंचे। तांतिया देरी न कर नर्मदाकी तरफ अग्रसर हुए। छोटा उदयपुर नामक स्थानमें पहुंचते ही ब्रिगेडियर पार्कने आ कर उनकी सेनाको परास्त कर दिया। इससे तांतिया भग्नहृदय हो कर बांसवाड़ाके घने जंगलको लौटने लगे। उन्हें अब यह उम्मेद न था, कि वे फिर वृटिशगवर्मेण्टके विरुद्ध अस्त्र चलावेंगे। किन्तु अकस्मात् आशाका क्षीण-आलोक दिखलाई दिया। संवाद मिला कि, कुमार फिरोजशाह अयोध्यासे आ रहे हैं; इसलिए उनका साथ दिया। वे जिस जालमें फंसे थे, अब उस जालको तोड़नेके लिए उन्होंने एक बार शेष मस्तक उठाया। प्रतापगढ़के निरिचट्टको भेद कर उन्होंने मेजर रोकको ससैन्य परास्त किया। कर्नल बेनसनने साम्यासे यह संवाद पा कर जोरापुरमें तांतियाको सेना पर आक्रमण पूर्वक ६ हाथी छीन लिये।

तांतिया इन्द्रगढ़ नामक स्थानमें आ कर फिरोजशाहके साथ मिल गये। इस समय दोनों पक्षोंकी बुरी हालत हो गई थी, किन्तु दोनों दलोंके मिल जाने पर कुछ कुछ आशाका सञ्चार हुआ। ये द्रुतवेगसे सावधानी हो कर राजपूतानाके उत्तरांशको धावित हुए। इधर कर्नल हलमिसने नसीराबादसे २४ घण्टेके भीतर २६ कोस रास्ता पार कर सीकर नामक स्थानमें विद्रोहियों पर आक्रमण किया। इस आकस्मिक आक्रमणसे तांतिया अत्यन्त विचलित हुए। उन्होंने भग्नोत्साह हो कर कुछ अनुचरोंके साथ चम्बल नदी पार करते हुए सिरोञ्जके निकटवर्ती निविड़ जंगलमें प्रवेश किया। जंगलमें मानसिंहके साथ उनकी मुलाकात भी हुई। मानसिंह सिन्धियाके अधीन एक सामन्त राजा थे, सिन्धियाने उनकी समस्त सम्पत्ति छीन ली थी। इसी लिए वे दस्युवृत्ति कर जंगलमें ही जीवन यापन करते थे। तांतियाके साथ उनका पूर्ण परिचय था। उन्होंने तांत्यातोपेको आदरके साथ आश्रय दिया।

इधर सेनापति मिडियरने मेजर मिडको मानसिंह

सैकड़ों लोग धर्मोधारणको सेवामें उपस्थित हुआ करते हैं।

तांत (हिं॰ स्त्री॰) १ चमड़े या नसोंको बनी हुई डोरी। २ धनुषकी डोरी। ३ सूत, डोरी। ४ सारंगी आदिका तार। ५ जुलाहोंका राछ।

तांतड़ी (हिं॰ स्त्री॰) तांत।

तांतवा (हिं॰ पु॰) आंत उतरनेका रोग।

तांता (हिं॰ पु॰) श्रेणी, पंक्ति, कतार।

तांतिपाड़ा—१ वीरभूम जिलेमें हरिपुर परगनेका एक छोटा ग्राम। यह नगरसे कई मील दक्षिणमें अवस्थित है। यहां बहुतसे तांती रहते हैं। जो तसरके कपड़े तथा सूती तैयार करते हैं। इस गांवके पूर्व और पश्चिमको ओर प्रायः ३००।४०० गज विस्तृत पत्थरका एक प्रसिद्ध बांध है और इससे भी एक मील दक्षिणमें वक्रेश्वर नामक कई एक गरम सोते प्रवाहित हैं। वक्रेश्वर देखो।

२ मालदह जिलेके भद्दिया गोपालपुर परगनेका एक छोटा ग्राम। यह महानन्दा नदीके समीप ही अवस्थित है। यहां बहुतसे मनुष्य वास करते हैं। इसी कारण यह परगनेमें विशेष प्रसिद्ध है।

तांतिया (हिं॰ वि॰) जो तांतको तरह दुबला हो।

तांतिया तोपी (तात्या टोपी)—सिपाहीविद्रोहके नायक प्रसिद्ध नानासाहबके प्रधान मन्त्री और पृष्ठपोषक। सिपाहीविद्रोह (सन् ५७का गदर)-के इतिहासमें नानासाहबने जैसी प्रसिद्धि लाभ की है, तांतिया तोपीकी प्रसिद्धि भी उनसे कुछ कम नहीं है। कानपुरके विद्रोहमें तांतियाने जैसे साहस और वीरत्वका परिचय दिया था, उससे उस समयके सेनापति उइण्डहाम, कलिन आदि बहुतसे अंग्रेज भीत और चकित हो गये थे। इन्होंके उत्तेजित करने पर ग्वालियरकी बड़ी फौजने सिन्धियाका पक्ष छोड़ कर विद्रोह किया था और चर्खारीराजको विशेषरूपसे विपद्ग्रस्त कर दिया था। अंग्रेजी सेना आ कर यदि राजाकी सहायता न करती तो शायद उस समय चर्खारीराज्यका अस्तित्व ही मिट जाता। जिस समय झांसीकी रानी अपने पार्श्वमित्र द्वारा परित्यक्त हो कर तथा अंग्रेज-सेनापतिके प्रबल आक्रमणसे अत्यन्त विपद्ग्रस्त हुई थीं, तांतिया तोपी उस समय सेना सहित रानीकी सहायताके लिए उपस्थित हुए थे। रानीके साथ वृटिश-सेनाका कितनी दफा युद्ध हुआ था, इन्होंने प्रत्येक युद्धमें रानीको यथेष्ट सहायता की थी। काल्पी अंग्रेजोंके हाथ पड़नेके बाद गोपालपुरमें जा कर इन्होंने रानीसे भेंट की और ग्वालियर अधिकार किया। यहां इन्होंने बहुत धन एकत्रित किया था। अंग्रेजी सेनाने आ कर जब ग्वालियर अधिकार कर लिया और झांसीकी वीर रानी जब शत्रुकी गोलीसे मारी गईं, तब तांतिया एक तरहसे निरुत्साह हो गये। परन्तु साथमें बहुत सेना और अर्थबल होनेसे ये नानासाहबका नाम लेकर दाक्षिणात्यवासियोंको उत्तेजित करनेमें अग्रसर हुए। वृटिश-गवर्मेण्ट भी इससे बहुत डर गई थी। बड़े लाटके आदेशानुसार सेनापति नेपियर तांतियाको पकड़नेके लिए अग्रसर हुए। तात्याने राव साहबके साथ चर्मण्वती नदीको पार कर राजपूतानामें प्रवेश किया। उनकी इच्छा थी, कि राजपूत राजाओंको उत्तेजित कर अंग्रेजोंके विरुद्ध युद्ध घोषणा करें। किन्तु राजपूतानामें दो एक जगह विद्रोहके चिह्न दीखने पर भी तात्याका अभिप्राय सिद्ध न हुआ। जयपुरको इन्होंने चर भेजे थे, वहांसे विशेष सहायता पानेका सुभीता हुआ था, पर बात प्रकट हो जानेसे नसीराबादसे रवार्ट साहब दो हजार सेनाके साथ तात्याकी गतिरोध करनेके लिए आ पहुंचे। तात्या अपनी फौजके साथ नर्मदा नदी पार होनेके अभिप्रायसे टोंकके भीतरसे धावित हुए। उस समय चम्बल नदीका पानी इतना बढ़ा हुआ था, कि उनकी सेनाको उसे पार करनेकी हिम्मत न हुई। इसके लिए वे पश्चिमको तरफ बुन्दीगिरि पार हुए। उस समय राजपूतानेकी सभी नदियां उद्वेलित हुई थीं। इतने पर भी रवार्ट साहबने उनका पीछा करना छोड़ा नहीं। भीलवाड़ेके पास रवार्टको एक बार तात्याकी सेना दीख पड़ी थी, किन्तु शीघ्र ही वह आंखोंके ओझल हो गई। बनास नदीके किनारे पर पहुंच कर रवार्ट तात्या पर आक्रमण करनेके लिए तैयारियां करने लगे। वहां तात्या तोपी भी निश्चित न थे, वे सेनाको होशियार करके स्वयं पासके देवालयमें पूजाके लिए चले गये। आधी रातको आ कर उन्होंने सुना कि, शत्रु लोग बहुत ही पास आ गये हैं। इस पर उन्होंने शीघ्र ही रण-भेरी

बजानेका आदेश दिया। पदातिकगण सभी थक गये थे, उन लोगोंने तांत्याका आदेश पालन नहीं किया। अश्वारोही और गोलन्दाज सब तैयार हो गये। दूसरे दिन एक छोटा युद्ध हुआ। किन्तु दुर्भाग्यवश तांत्याकी सेनाको पीठ दिखाना पड़ी। धीरे धीरे तांत्या चम्बल नदीको पार हो कर झालरापाटनकी तरफ बढ़ने लगे।

झालरापाटन एक प्रसिद्ध देशीय राज्यकी राजधानी है। तांत्याने अनायास ही उक्त राजधानी पर अधिकार कर अधिवासियोंसे करस्वरूप ६ लाख रुपये वसूल कर लिये। इसके सिवा राजकोषसे भी इनको प्रायः ४ लाख रुपयेकी चीजें और ३० तोपें मिली थीं। यहाँ उन्होंने बहुत थोड़े समयके भीतर बहुतसी नई सेना जमा की।

अब तांत्यातोपी सैन्यबल और अर्थबलसे विशेष बलीयान् हो गये। इन्दोर पर उनका लक्ष्य गया। महाराष्ट्र मात्र ही नानासाहबको पेशवा मानते थे। तांत्याको विश्वास था, कि इन्दोर अधिकार कर लेनेसे तथा नानासाहबका नाम घोषित होने पर होलकर-राज्यके सम्पूर्ण लोग आ कर उनकी सहायता करेंगे। किन्तु उनके सेनापतियोंमें परस्पर वैमनस्य होनेसे उनका यह उद्देश्य सिद्ध न हुआ। तांत्यातोपी पर आक्रमण करनेके लिए मफार्ट, होप और मेजर जनरल माइकेल सेना सहित राजगढ़में उपस्थित हुए। तांतिया कौशली और बुद्धिमान् होने पर भी वैसे साहसी न थे, युद्धके समय वे प्रायः रणक्षेत्रमें उपस्थित न होते थे, इसी दोषके कारण उनकी सेना उनको कायर समझ कर घृणाकी दृष्टिसे देखती थी। इसी दोषसे विपुल सेना और सहायक होते हुए भी वे बार बार अंग्रेजोंसे पराजित होते आये थे। और अबकी बार भी वे इसी दोषके कारण पराजित हो गये। उनकी सेना तितर बितर हो गई। कुछ दिन तांतिया जंगलोंमें घूमते रहे। अन्तमें उन्होंने अपनी सेनाके दो विभाग कर दिये, एक दल रावसाहबके अधीन उत्तरकी तरफ भेज दिया और एक दलको वे अपने साथ ले कर दक्षिणकी ओर चल दिये।

तांत्यातोपी नर्मदा नदीको पार हो कर दाक्षिणात्यकी तरफ अग्रसर हो रहे हैं, यह सुन कर अंग्रेजके गवर्नर भीत और चकित हुए। जिससे तांतिया नर्मदा नदी पार न हो सकें, इसके लिए विशेष बन्दोबस्त किया गया था। तांतिया अन्य किसी भी तरफ जानेका मौका न देख कर पश्चिमकी ओर आ कर खार्गुन नामक स्थानमें पहुँच गये। इधर मेजर साटरलैण्ड उनकी गति रोकनेके लिए सिकन्दर आ पहुँचे। तांतिया ठहरे न कर नर्मदाकी तरफ अग्रसर हुए। छोटा उदयपुर नामक स्थानमें पहुँचते ही ब्रिगेडियर पार्कने आ कर उनकी सेनाको परास्त कर दिया। इससे तांतिया भग्नहृदय हो कर बांसवाड़ाके घने जंगलको लौटने लगे। उन्हें अब यह उम्मेद न थी, कि वे फिर अंग्रेजोंके विरुद्ध अस्त्र चलावेंगे। किन्तु अकस्मात् आशाका क्षीण-आलोक दिखलाई दिया। संवाद मिला कि, कुमार फिरोजशाह अयोध्यासे आ रहे हैं; इन्होंने उनका साथ दिया। वे जिस जालमें फँसे थे, अब उस जालको तोड़नेके लिए उन्होंने एक बार शेष मस्तक उठाया। प्रतापगढ़के लिखिसहट(?)को भेद कर उन्होंने मेजर रोकको ससैन्य परास्त किया। कर्नल बेनसनने बांसवाड़ेमें यह संवाद पा कर जीरापुरमें तांतियाकी सेना पर आक्रमण पूर्वक ६ हाथी छीन लिये।

तांतिया इन्द्रगढ़ नामक स्थानमें आ कर फिरोजशाहके साथ मिल गये। इस समय दोनों पक्षोंकी बुरी हालत हो गई थी, किन्तु दोनों दलोंके मिल जाने पर कुछ कुछ आशाका सञ्चार हुआ। ये दूरदेशसे(?) सामथासे हो कर राजपूतानाके उत्तरांशकी धावित हुए। इधर कर्नल हलमिसने नसीराबादसे २४ घण्टेके भीतर २६ कोस रास्ता पार कर सीकर नामक स्थानमें विद्रोहियों पर आक्रमण किया। इस आकस्मिक आक्रमणसे तांतिया अत्यन्त विचलित हुए। उन्होंने भग्नोत्साह हो कर कुछ अनुचरोंके साथ चम्बल नदी पार करते हुए सिर पड़के निकटवर्ती निबिड़ जंगलमें प्रवेश किया। जंगलमें मानसिंहके साथ उनकी मुलाकात हो गई। मानसिंह सिन्धियाके अधीन एक सामन्त राजा थे, सिन्धियाने उनकी समस्त सम्पत्ति छीन ली थी। इसी लिए वे दस्युवृत्ति कर जंगलमें ही जीवन यापन करते थे। तांतियाके साथ उनका पूर्ण परिचय था। इन्होंने तांत्यातोपीको आदरके साथ आश्रय दिया।

इधर सेनापति मेडियरने मेजर मिडको मानसिंह

और तांत्यातोपीके पकड़नेके लिए भेज दिया। १८५८ ई०को न्यों मार्च को मेजर मिडने, जिस गाँवमें मानसिंह रहते थे, उस गाँवके ठाकुरको पत्र दिया। उसमें मानसिंहके लिए लिखा गया, कि यदि वे स्वयं आ कर पकड़ाई देंगे, तो उनके लिए बहुत सुभीता होगा। अन्तमें मानसिंहको कहा गया, कि उनको वृटिश-शिविरमें रक्खा जायगा, सिन्धिया उनका बाल भी बांका नहीं कर सकेंगे, प्रत्युत: उनके सुखस्वच्छन्दताके लिए अङ्गरेज सेनापति विशेष कोशिश करेंगे। मानसिंह अंग्रेज-सेनापतिके पास जा कर मिले। किन्तु तब भी तांत्यातोपीको कुछ सन्देह न हुआ। उन्होंने मानसिंहको कहलवा भेजा, कि वे यहीं रहें या फिरोजशाहके साथ फिर जा मिलें। मानसिंहने उत्तर दिया कि, "मैं तीन दिनके भीतर आ कर आपसे मुलाकात करूंगा।" वृटिश सेनापति जानते थे, कि मानसिंहके सिवा और किसीको भी ताकत नहीं कि तांत्या तोपीको पकड़ लावे। इसलिए नाना प्रकारका लोभ दे कर मानसिंह पर यह भार सौंपा गया। ७ अप्रैलको शामके बाद मानसिंहने तांत्यासे जा कर भेंट की और कहा—"मिड साहब आप पर सदय हुए हैं।" उस समय भी तांतियाने पूछा, कि यहीं रहें या फिरोजशाहके पास जाँय। किन्तु 'कल इसका जवाब दूंगा' इतना कह कर मानसिंह चल दिये। उसी रातको दो पहरके समय मानसिंहने कुछ सिपाहियोंके साथ आ कर देखा, कि तांत्या तोपी गहरी नींदमें सो रहे हैं। विश्वासघातक मानसिंह उसी अवस्थामें उनको कैद कर मिड साहबके शिविरमें ले गये। पीछे तांत्यातोपी सीकरीको भेजा गया। विचारमें तांत्यातोपी दोषी ठहराये गये। विचारके समय तांत्यातोपीने जवाब दिया था कि—"अपने प्रभुके आदेशसे इतने दिन युद्ध किया है; मैंने कभी भी किसी अंग्रेज पुरुष, स्त्री या बालककी हत्या नहीं की।" १८५८ ई०, १८ अप्रैलको उनके प्राणदण्डका दिन स्थिर हुआ। मृत्युसे पहले तांत्यातोपीने यह बात कही थी—'मैं अपने लिए जरा भी दुःखित नहीं हूं परन्तु मेरा परिवारवर्गको कष्ट न पहुंचना चाहिये।'

नानासाहब, सिपाहीविद्रोह, झांसीकी रानी आदि शब्दोंमें अन्यान्य विवरण देखो।

तांतियाभील, (तांत्याभील)—एक प्रसिद्ध भील-दस्यु वा डाकू। मध्यप्रदेशमें नीमार जिलेके अन्तर्गत घाटोंके निकट विरदा नामका एक ग्राम है; यहाँ हिन्दू भीलोंके बीच कई एक घर गौलोंके भी वास हैं। इसी वंशमें (१८४२ ई०में) क्षत्रियोंसे भाउसिंहके औरससे तांतिया का जन्म हुआ था।

बाल्यावस्थामें ही इनकी माताका देहान्त हो गया। विद्याशिक्षाके अभावके कारण ज्ञानमार्जित नहीं हो सका था, किन्तु उसमें उनके सद्गुण, असाधारण बुद्धि और न्यायपरता अवश्य थी।

बचपनसे ही तांतिया अस्त्र-शस्त्रसे खेलना ज्यादा पसन्द करता था। उसमें शारीरिक सामर्थ्य भी कम न थी। एक दिन एक भैंसा क्षिप्त अवस्थामें गाँवके अन्दर घुस आया, ग्रामका कोई भी उसको पकड़ न सका। किन्तु तांतियाने खेल समझ कर उसके दोनों सींग इस तरहसे पकड़ कर नवा दिये कि, फिर वह भैंसा किसी तरह भी अपना मस्तक उठा न सका और घबराता हुआ जमीन पर गिर पड़ा।

तभीसे लोगोंको तांतियाके पराक्रमका परिचय मिलने लगा। जिस ग्राममें भाउसिंह रहता था, वहाँ उनकी कुछ सम्पत्ति न थी।

ग्रामसे कुछ दूरी पर पोखार नामक गाँवमें उसकी कुछ जमीन थी। शिव पटेल नामक एक व्यक्तिके साझेमें वह खेती करता था। तांतियाकी उम्र जब १० वर्षकी हुई, तब उसके पिता भाउसिंहकी मृत्यु हो गई। पिताकी मृत्युके बाद उस शिव पटेलने तांतियाको उस जमीनसे दूर कर दिया। इस पर तांतियाने शिव पटेलके नाम अदालतमें नालिश ठोंक दी; किन्तु अर्थाभावसे वह मुकदमेमें हार गया।

तांतियाने मुकदमेमें हार कर शिव पटेलको उत्तम-मध्यम कुछ शिक्षायें दीं। इस अन्याय आचरणके कारण उसे एक वर्षकी कैद हुई।

यह उसका प्रथम कारागार दर्शन है। नागपुर सेंट्रल जेलमें बड़े कष्टसे एक वर्ष बिताया।

तांतिया जेलसे लौट तो आया पर गाँवके कुछ लोगोंके षड़यन्त्रसे उसे फिर तीन महीनेके लिए जेल जाना पड़ा।

जेलसे छुटकारा पा कर अबकी बार वह अपने ग्राममें न रह कर होलकर राज्यमें नेवा नामक ग्राममें रहने लगा।

इस समय फिर वह पूर्वोक्त षड़यन्त्रकारियोंके षड़यन्त्रमें पड़ गया। इस षड़यन्त्र और जेलके कठोर व्यवहारने ही तांतियाको डाकू बना दिया, उसके दस्युवृत्ति ग्रहण करनेमें यही प्रधान कारण था। षड़यन्त्रका हाल मालूम पड़ते ही तांतियाने वह ग्राम छोड़ दिया और एक जगहसे दूसरी जगह, एक जङ्गलसे दूसरे जङ्गलमें घूम फिर कर एक वर्ष काट दिया। इस समय जीविका निर्वाहके लिए उसको कुछ कुछ चोरी और डकैती भी करनी पड़ती थी।

खड़ोसा ग्राममें बिजनिया नामका तांतियाका एक विश्वस्त मित्र था, उससे तांतियाको षड़यन्त्रके विषयकी बहुत कुछ खोज मिला करती थी। तांतिया हिम्मत पटेल आदि कुछ षड़यन्त्रकारियोंके षड़यन्त्रसे पुलिसके द्वारा फिर पकड़ा गया।

उसके साथ बिजनिया और दौलिया ये दोनों भी पकड़े गये। इस हाजत-घरमें तांतियाके अनुचर भील-कैदी १० थे, वे हाजत-घरसे सेंध काट कर निकल आये और पहरेवालोंको कह कर चल दिये।

तांतिया अपने दल बलके साथ जेलसे निकल कर ६ घण्टा लगातार चला, ३० कोस चल कर सब निरापद हुए और गलेकी लोहेकी सभी हंसुली आदि तोड़ डालीं। जिन लोगोंने तांतियाके विरुद्ध षड़यन्त्र रचा था, समय पा कर अब उनको यह उपयुक्त सजा देने लगा। इसी तरह तांतिया कंजूसका माल लूट कर गरीबोंको बांटता था, जो अर्थके अभावमें भूखा मारा फिरता था, उसे तांतिया बहुत रुपये देता था। कंगाल या दुखियोंके लिये तो तांतिया बापके समान था।

जिन जिन आदमियोंने तांतियाके विरुद्ध षड़यन्त्र किया था और उसको पुलिसके हाथ पकड़वा दिया था, उन सबको उसने विशेषरूपसे दण्ड दिया। उनके घर द्वार जला दिये, धन लूट कर गरीबोंको बांट दिया। पुलिसने इसको पकड़नेके लिए बड़ी बड़ी कोशिशें कीं, पर सब व्यर्थ हुईं। पुलिस जब सैकड़ों बार कोशिश करके इसे पकड़ न सकी, तब असमर्थोपाय हो कर उसको पकड़नेके होलकर-राजसे सहायता मांगनी पड़ी। होलकर-राज भी वृटिश-पुलिसके साथ एकमत हो कर इसके अनुसन्धानमें प्रवृत्त हुए।

तांतियाको पकड़नेके लिये पुलिस जितना प्रयत्न करने लगी, उतना ही उसका पकड़ना उसके लिये कठिन होने लगा। इस समय सिर्फ भील ही तांतियाके दलमें न थे, कोरकू और बनजारोंमेंसे भी बहुतसे आ कर उसके दलको बढ़ाने लगे।

तांतियाको न पकड़ सकनेका प्रधान कारण यह था, कि वह दरिद्रोंका पिता और विपन्नका एकमात्र आश्रयदाता था। तांतिया जिस ग्राममें लूट करता, वहीं गांवके दरिद्रोंको सबके सामने समान भावसे बटवारा कर देता था।

बालक, ब्राह्मण और स्त्री, ये लोग भी तांतियाके लिये विशेषरूपसे दोषी होने पर भी वह उनका किसी तरह अनिष्ट न करता था।

जिन गुणोंके कारण उस प्रदेशकी दरिद्र प्रजामण्डली तांतियाको विशेषरूपसे आदर करती थी, वे गुण उसमें डाकू होनेके बाद नहीं आये थे। बचपनसे ही उसके हृदयपट पर इन गुणोंका अक्स पड़ा हुआ था।

तांतियाको पकड़नेके लिये अबकी बार राशि राशि अर्थ व्यय करने लगी, होलकर महाराजके बहुतसे सिपाही कर्मचारी और सुदक्ष पुलिस, कोई भी कृतकार्य न हो सके। तांतिया इसी तरह कभी अंगरेजी राज्यमें और कभी होलकर राज्यमें आ कर दुष्टोंका दमन करने लगा।

इसी समय तांतियाका दाहिना हाथ दौलिया पकड़ा गया और अभियोगके लिये उसे कालेपानीकी सजा हुई। तांतियाने बहुत चेष्टा करके न मालूम क्या सोच कर कुछ दिनोंके लिये सौम्यमूर्त्ति धारण कर ली।

तांतियाने इस ५ वर्षमें इतनी डकैतियां की थीं, कि जिनका वर्णन असम्भव है। उसके द्वारा यथाक्रमसे बड़ी बड़ी ४०० प्रसिद्ध डकैतियां हुई थीं। कभी पुलिसके सामने और कभी पुलिसको प्रतारित करके ये डकैतियां की गई थीं। इस समय तांतियाने कुछ पुलिस-कर्मचारियोंकी नाक काट ली थी। इस समय तांतियाको

उम्र ४५ वर्षकी थी, इस तरह असमयमें बहुत परिश्रम, शारीरिक अनेक अत्याचार आदिसे उसका शरीर कुछ दुर्बल हो गया तथा लगातार ११ वर्ष तक पुलिस, पल्टन, मालगुजार आदिके साथ युद्ध कर और हजारों घर जला कर वह बहुत ही क्लान्त हो गया। अब दस्युपति तांतिया इन सबको छोड़ कर गवर्मेण्टसे क्षमा पानेके उपाय सोचने लगा। इसके लिये आखिर उसे बहुतोंके साथ मित्रता करनी पड़ी। उसकी तरफसे गवर्मेण्टको दो एक बात कहनेके लिये बहुतोंको उसने रुपये भी दिये।

पहले इसकी हिम्मत यहां तक बढ़ी हुई थी, कि जब उसे गरीबोंके कष्ट निवारण करनेकी इच्छा होती और सहजमें कहींसे द्रव्य-संग्रहका उपाय न देखता, तब चलती गाड़ीमें चढ़ कर बाहुबलसे गाड़ीका दरवाजा खोल डालता था। इस तरह जी० आई० पी० रेल गाड़ीमें चढ़ कर चावल, गेहूं, चना आदिके बोरे नीचे डाल देता और बादमें उस गाड़ीसे उतर कर उन चीजोंसे गरीबोंका अभाव दूर करता था। किन्तु अब उस शक्तिका ह्रास हो गया, दृष्टिशक्ति भी घट गई वह तेज, वह उद्यम अब उसमें कुछ भी नहीं रहा।

तांतियाने मेजर ईश्वरीप्रसाद सी० आई० ई०से अङ्गरेजोंसे क्षमा मांगनेके लिये मित्रता की। ईश्वरीप्रसादने एक दिन तांतियाको निमन्त्रण दिया। तांतिया जब इनके मकान पर निमन्त्रण रखाके लिये उपस्थित हुआ, तब इन्हींके षड़यन्त्रसे पुलिसके द्वारा पकड़ा गया। इस पर तांतियाके अनुचर पुलिससे बहुत कुछ लड़े, पर किसी तरह भी कृतकार्य न हो सके।

"तांतिया पकड़ा गया है" इस संवादको पा कर अङ्गरेज गवर्मेण्टके आनन्दकी सीमा न रही। पुलिस-कर्मचारी मात्र ही अपने कष्टका लाघव समझ कर आनन्दसे नाचने लगे। ईश्वरीप्रसादने तांतियाको विचारार्थ अङ्गरेजोंके पास भेज दिया। किन्तु बहुतसे लोग सन्देह करने लगे, कि यह असली तांतिया है या और कोई। अन्तमें अनेक प्रमाणों द्वारा निर्णय हो गया कि, यही असली तांतिया है।

अब तांतियाका विचार होने लगा। तांतियाके विरुद्ध हजारों अभियोग उपस्थित हुए। तांतियाके विचारके दिन अदालत लोगोंकी भीड़से ठसाठस भर गई। तांतियासे जो कुछ पूछा गया, उसने सबका सब स्वीकार किया था। तांतियाके लिए फांसीका हुक्म हुआ।

तांतियाको मजबूतीसे बांध कर जब्बलपुरकी जेलके भीतर पहुंचाया गया। बहुतसे लोग तांतियाके लिये रोने लगे। तांतिया राजदण्डसे दण्डित हो हमेशाके लिये इस लोकसे बिदा हो गया।

तांती (हिं० स्त्री०) १ पंक्ति, कतार। २ बालबच्चे, औलाद। (पु०) ३ जुलाहा।

तांबा (हिं० पु०) ताम्र देखो।

तांबी (हिं० स्त्री०) १ एक प्रकारका तांबेका छोटा बरतन जिसका मुंह चौड़ा रहता है। २ तांबेकी करछी।

तांबेकारी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका लाल रङ्ग।

तांबेल (पु०) कच्छप, कछुआ।

तांवर (हिं० स्त्री०) १ ताप, ज्वर, हरारत। २ जूड़ी। ३ मूर्च्छा, पछाड़।

तांवरी (हिं० स्त्री०) तांवर देखो।

ताक (अ० पु०) १ चीज वस्तु रखनेके लिये दीवारमें बना हुआ गड्ढा, आला, ताखा। (वि०) २ विषम, जो संख्यामें बराबर न हो। ३ अद्वितीय, अनुपम।

ताक (हिं० स्त्री०) १ अवलोकन, ताकनेकी क्रिया। २ अनुसन्धान, खोज, तलाश। ३ किसी अवसरकी प्रतीक्षा, घात, दांव। ४ स्थिरदृष्टि, टकटकी।

ताकजुफ्त (फा० पु०) एक प्रकारका जुआ। इसमें एक खिलाड़ी मुट्ठीके भीतर कुछ कौड़ियां या इसी प्रकारकी दूसरी वस्तुएं ले कर दूसरेको पूछता है कि अमुकोंकी संख्या सम है या विषम। यदि उत्तरदाता ठीक बतला देता है, तो वह जीत जाता है।

ताक झांक (हिं० स्त्री०) १ कुछ प्रयत्नपूर्वक दृष्टिपात, ठहर ठहर कर बारबार देखनेकी क्रिया। २ छिप कर देखनेकी क्रिया। ३ निरीक्षण, देखभाल। ४ अन्वेषण, तलाश, खोज।

ताकत (अ० स्त्री०) बल, शक्ति, जोर। २ सामर्थ्य।

ताकतवर (फा० वि०) १ बलवान्, बलिष्ठ। २ सामर्थ्यवान्, जिसे बल हो।

ताकना (हिं॰ क्रि॰) १ निहारना, ताड़ना, सोचना। २ एकदृष्टिसे देखना, टकटकी लगाना। ३ ताड़ना, लखना। ४ पहलेसे देख कर स्थिर करना, तजवीज करना। ५ दृष्टि रखना, रखवाली करना।

ताकरीलिपि—शामियानसे यमुना नदीके किनारे तकके प्रदेशमें जो जो अक्षर प्रचलित हैं, उनका नाम है ताकरी। ताकरी अक्षर नागरी लिपिके समान नहीं, बल्कि नागरीका रूपभेद हो सकता है। सम्भवतः तक्षक या ताकोंने इन अक्षरोंका पहले पहल प्रचलन किया है, इसीलिये उनके नामानुसार इसका ताकरी नाम पड़ा है। सिन्धु नदीके पश्चिमकी तरफ और शतद्रु नदीके पूर्व-भागमें तथा काश्मीर और काङ्गड़ाके ब्राह्मणोंमें इस लिपि-का प्रचलन है। काश्मीर और काङ्गड़ाके शिलालेखों और सिक्कोंमें यही अक्षर देखनेमें आते हैं। काश्मीरका राजतरङ्गिणी नामक ग्रन्थ भी तकारी लिपिमें लिखा गया है। यूसुफजाइ और शिमलाके बीच २६ स्थानोंमें यह लिपि देख पड़ती है। इसमें कोई कोई स्थान ताकरी मण्डे और लण्डे नामसे परिचित है।

इस लिपिमें विशेषता इतनी है, कि स्वरवर्ण व्यञ्जनके साथ कभी भी संयुक्त नहीं होता, पृथक् लिखना पड़ता है। इस लिपिके संख्याबोधक अक्षर आजके प्रचलित अक्षरोंके समान हैं। यह सहजमें लिखी जा सकती है। इसमें सिर्फ 'र' व्यञ्जनवर्णके साथ संयुक्त किया जाता है।

ताकारी—सतारा नामगांवके रास्तेके दक्षिणमें अवस्थित एक गण्डग्राम। यह वेठ नामक स्थानसे १० कोस उत्तर-पूर्व तथा कराड़से १६ कोस दक्षिण-पश्चिममें पड़ता है। सताराके रास्तेसे प्रायः १ कोस उत्तरमें एक छोटा पहाड़ देखनेमें आता है जो दक्षिण-पूर्वकी ओर विस्तृत है। इस पहाड़में एक आश्चर्य रमणीय गुफा है। इसी गुफाके लिये ताकारी ग्राम बहुत मशहूर हो गया है। प्रायः ½ कोस पहाड़के ऊपर कुछ दूर जानेसे उक्त गुफाके पास पहुंच जाते हैं। गुफाके पश्चिम दिशाकी पार्श्वीय भूमि प्रायः २० गज पर्यन्त समतल है। समतलभूमिका [illegible] मन्दिर दक्षिण पूर्व कोणमें प्रतिष्ठित है। एक गुफा ४० फुट लम्बी और ३० फुट चौड़ी है। इसके मध्य एक आयताकार सरोवर है, जिसका जल बहुत परिष्कार और स्वास्थ्यजनक है। पूर्वकी ओर जल तक बहुतसी सीढ़ियां बनाई गई हैं। सामनेसे देखनेमें बहुत सुन्दर लगता है। इसका परिमाण ११×११ है। गुफाके पश्चिम दिशामें एक महादेवका मन्दिर है, जिसमें शिवलिङ्ग स्थापित हैं। मन्दिर आधुनिकसा प्रतीत होता है। इसका परिमाण २५×१० फुट है। आयताकार, सभाकार और षट्कोणाकार इन तीन प्रकारके ६ फुट ऊंचे स्तम्भोंसे मन्दिरका दालान सुरक्षित है। इसकी छत प्रस्तरमय है। जिस कोठरीमें शिवलिङ्ग प्रतिष्ठित है, वह समचतुर्भुजाकार है। मन्दिरके शिखर पर एक कलस देख पड़ता है। कहा जाता है, कि बेलगांवके अधीन चिकोड़ीके निकटवर्ती अन्दरके रामरय भगवन्तने १७३० ई॰में यह मन्दिर निर्माण किया है। माघ मासकी कृष्ण चतुर्दशीमें यहां प्रतिवर्ष मेला लगता है। शुक्लपक्षके रात्रिकालमें कमल-भैरवोंकी प्रतिमूर्तिको पालकी पर चढ़ा कर यात्रा कराते हैं।

ताकि (फा॰ अव्य॰) इसलिये कि, जिसमें।

ताकीद (अ॰ स्त्री॰) किसीको सावधान करके दी हुई आज्ञा या अनुरोध।

ताकोली (हिं॰ स्त्री॰) एक पौधेका नाम।

ताक्षक (सं॰ त्रि॰) तक्षक सम्बन्धीय।

ताक्षण्य (सं॰ पु॰-स्त्री॰) तक्ष्णोऽपत्यं तक्षन्-ण्य तक्ष्णो अपत्यं। तक्षका अपत्य, बढ़ईकी सन्तान।

ताक्षशिल (सं॰ त्रि॰) तक्षशिलाऽभिजनोऽस्य तक्षशिला-अण्। तक्षशिलाजात, जो तक्षशिला नगरीमें उत्पन्न हुआ हो, या जो तक्षशिला नगरीसे आया हो।

ताक्ष्ण (सं॰ पु॰-स्त्री॰) तक्ष्णोऽपत्यं तक्षन्-अण्। (शिवादिभ्योऽण्। पा ४।१।११२) तक्षका अपत्य, बढ़ईकी सन्तान।

ताखा (अ॰ वि॰) जिसकी दोनों आंखें भिन्न भिन्न रङ्ग या ढङ्गकी हों।

ताग (हिं॰ पु॰) तागा देखो।

तागड़ (हिं॰ पु॰) कलालोंकी बनी हुई एक प्रकारकी सीढ़ी जो शराबों पर चढ़नेके लिये लगी रहती है।

तागड़ी (हिं॰ स्त्री॰) १ कमरमें पहननेका एक गहना, करधनी कांची। २ कटिसूत्र, कमरमें पहननेका रंगीन डोरा।

तागना (हिं॰ क्रि॰) सुईमें तागा डाल कर सिलाई करना।

तागपहनी (हिं॰ स्त्री॰) एक पतली लकड़ी। इसका एक सिरा नोकदार और दूसरा चिपटा होता है।

तागपाट (हिं॰ पु॰) रेशमके तागेमें सोनेके तीन अंतर डाल कर बनाया हुआ एक प्रकारका गहना। यह केवल विवाहमें काम आता है।

तागा (हिं॰ पु॰) १ सूत, डोरा, धागा। २ प्रति मनुष्यके हिसाबसे लगनेवाला एक कर।

ताङ—१ युक्तप्रदेशके अन्तर्गत डेरा इसमाइलखां जिलेका उपविभाग और तहसील। यह अक्षा॰ ३२° और ३२°३०' उ॰ तथा देशा॰ ७०°४' और ७०°४१' पू॰में अवस्थित है। भूपरिमाण ५०२ वर्गमील है। इसके पश्चिममें वजीरिस्तान पड़ता है। यह तहसील पहले एक प्रकारकी स्वाधीन थी। यहांके नवाब दौलत खेल वंशके कतिखेल सम्प्रदायभुक्त थे। अन्तिम नवाबका नाम शाह नवाज खां था, जिसकी मृत्यु १८८२ ई॰में हुई। पीछे उनके लड़के सरवारखां नवाब बने। ये बड़े शूरवीर निकले। उन्होंने अपना सारा समय राज्यको सुधारने तथा अपनी जातिको उन्नत बनानेमें लगा दिया था। सिख लोगोंने जब डेरा इसमाइलखां हस्तगत कर लिया, तब सरवारखांको उनकी अधीनता स्वीकार करनी पड़ी और वे वार्षिक १२०००) रु॰ उन्हें देनेको राजी हुए। सिखकी गोटी जब धीरे धीरे जमने लगी, तब वार्षिक कर बढ़ा कर ४००००) रु॰ कर दिया गया। सरवारखांके मरने पर उनके लड़के अल्लादादखां राज्याधिकारी हुए। इस समय सिखका एक लाख रुपया पावना उनके यहां हो गया था। अल्लादाद खांमें ऐसी शक्ति नहीं थी कि उक्त ऋणका परिशोध करें, अतः ये पहाड़ों पर भाग कर महसूदकी शरणमें पहुंचे। अन्तमें यह तहसील सिख सरदार नवनिहालसिंहको जागीरके रूपमें दे दी गई। कुछ काल तक यह तहसील मालिक फतेहखां तिवानाके अधीन थी, पीछे सिख सरदार दीवान लक्खीमलके लड़के दौलत रायने इस पर अपना अधिकार जमाया। १८४६ ई॰में अल्लादादके लड़के शाह नवाजखांने अंगरेज प्रतिनिधि एडवर्डकी शरण ली। दयापरवश एडवर्डने (पीछे सर हरबर्ट) उन्हें ताङ्का शासक बना दिया और साथ साथ पूरी स्वाधीनता भी दे दी। किन्तु ऐसी स्थिति सदा एकसी न रही। यहांकी जनसंख्या लगभग ४८४६० है। इसमें एक शहर और ७८ ग्राम लगते हैं।

२ उक्त तहसीलका एक शहर। यह अक्षा॰ ३२°११' उ॰ और देशा॰ ७०°१२' पू॰के मध्य अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ४४०२ है। यह शहर ताङ्के प्रथम नवाब कतलखांसे बसाया गया है। समूचा शहर मट्टीकी दीवारसे घिरा हुआ है। दीवारकी ऊंचाई १२ फुट और चौड़ाई ७ फुट है। बीच बीचमें दो एक फाटक भी लगे हुए हैं, लेकिन ये सब अभी भग्नावस्थामें पड़े हैं। यहां भग्न मट्टीका दुर्ग भी देखनेमें आता है। शहरमें अनाज, कपड़े, तमाकू तथा और दूसरी दूसरी चीजोंकी रफतनी होती है। पञ्जाबके प्रतिनिधि सर हेनरी डुरन्दकी इसी शहरमें मृत्यु हुई थी।

ताच्छीलिक (सं॰ पु॰) तच्छीलार्थे विहितः ठञ्। तच्छीलार्थ विहित-प्रत्यय।

ताच्छील्य (सं॰ क्ली॰) तत्शीलं यस्य तस्य भावः ष्यञ्। तच्छीलता, किसी कामको लगातार करनेकी क्रिया।

ताज (अ॰ पु॰) १ राजमुकुट, बादशाहकी टोपी। २ कलगी, तुर्रा। ३ मोर, मुर्गा आदि चिड़ियोंके सिर परकी चोटी, शिखा। ४ दीवारकी कंगनी या छज्जा। ५ मकानके सिरे पर शोभाके लिये बनाई जानेकी बुर्जी। ६ गंजीफेके एक रंगका नाम। ७ आगरेका ताज महल।

ताज—मुसलमान जातिकी एक स्त्री कवि। इनके वंश, स्थान इत्यादिका कोई ठीक पता नहीं लगा। शिवसिंह सरोजमें इनका सम्वत् १६५२ कहा गया है और मुंशी देवीप्रसादने सम्वत् १७०० के लगभग इनका समय बतलाया है। इनकी सभी कविताएं सरस और मनोहर हैं। श्रीकृष्णचन्द्रजीकी भक्तिमें भी ये खूब रंगी थीं। इसका परिचय इनकी कवितामें ही झलकता है। जान पड़ता है, कि ये पञ्जाबके तरफकी होंगी, क्योंकि इनकी भाषा पञ्जाबी और खड़ी बोली मिश्रित थी। यों तो इनके बनाये हुए अनेक छन्द विद्यमान हैं पर उदाहरणार्थ यहां एक ही दिया जाता है—

"पैंच की छबीली सब रंगमें रंगीला
        बड़ा चित्तका अड़ीला कहूं देवतोंसे न्यारा है।
माल गले सोहै नाक मोती सेत सोहै कान
        मोहै मन कुण्डल मुकुट सीस धारा है॥
दुष्ट जन मारे सतजन रखवारे ताज
        चित हित वारे प्रेम प्रीति कर वारा है।
नन्दजूका प्यारा जिन कंसको पछारा
        वह वृन्दावनवारा कृष्ण साहब हमारा है॥"

ताजक (फा॰ पु॰) १ ईरानीकी एक जाति। बुखाराके खानाते और बदख्शानमें ये अधिक देखे जाते हैं। इनमेंसे बहुतसे खोकन, खिवा, चीनतातार और अफगानिस्तानमें रहते हैं।

ताजक शब्दकी उत्पत्तिका निर्णय करना अतीव कठिन है। उजबक, हजारा, अफगान, यहूदी और तुर्कस्तानके प्रदेशोंमें जो लोग स्थायीरूपसे रहते हैं, साधारणतः ताजक शब्द उन्हींके लिए प्रयोग किया जाता है। समस्त प्रदेशोंमें तुरकी, पुश्तु, अरबी और बेलुचि भाषा व्यवहृत होती है, सतमय यह कि फारसी भी प्रचलित है। अफगानिस्तान और तुर्किस्तानमें जिन अधिवासियोंकी जातिगत भाषा फारसी है, वे ताजक और पारसिवन इन दोनों नामोंसे परिचित हैं। पारस्य देशमें ताजक और इलियत ये दो विपरीत अर्थबोधक संज्ञाएं प्रचलित हैं। वहां सर्वत्र ही ताजकसे शहरवासियोंका बोध न हो कर कृषकोंका बोध होता है। बुखारमें यह जाति सर्त, अफगानिस्तानमें देहान और बेलुचिस्तानमें देहवारके नामसे प्रसिद्ध है। काबुल नदीके निकटवर्ती ईरानी लोगोंको काबुली कहते हैं। सिस्तानके अधिकांश लोग ताजक हैं। ये फूंसकी झोंपड़ियोंमें रहते और मछली तथा पक्षी पकड़ कर जीवनधारण करते हैं। तुर्क आक्रमणके पहलेसे ही बदख्शानमें ताजकोंका वास था। यहांके ईरानी पर्वत, उपत्यका और उद्यानपरिवेष्टित ग्रामोंमें वास करते हैं। बदख्शानके ताजक चितरालके लोगोंकी तरह खूबसूरत नहीं होते। इनकी आकृति बन्दरकी जैसी है।

बुखाराके ताजक लोग म्लेच्छोचित कामसे नहीं डरते पाये हैं। वे बहुत कम धर्मात्मा होते हैं। खिवराको पहले शताब्दीके शेषभागमें इनको जबरन मुसलमान बनाया गया था। बुखाराके ताजक स्वच्छ और खूबसूरत तथा उनके आंखें और बाल भी स्याह काले हैं। ये बड़े डरपोक, लोभी, मिथ्यावादी और विश्वासघातक होते हैं।

कोई कोई कहते हैं, कि 'ताज' शब्दसे 'ताजक' शब्दकी उत्पत्ति हुई है। ताज शब्दका अर्थ है—अग्निपूजकका मुकुट। किन्तु ताजक लोग यह व्याख्या नहीं मानते।

ताजक लोग व्यापारमें, खेतीबारी और रोजगारमें ही लगे रहते हैं; सभ्यता और शिक्षाकी आलोचनासे भी ये उदासीन नहीं हैं। इन्हीं लोगोंके प्रयत्नसे मध्य-एशियाका बुखारा सभ्यता और उन्नतिका केन्द्रस्थल हो गया है। बहुत दिनोंसे ये मानसिक उन्नतिके लिए सचेष्ट हैं और असभ्य विजेताओं द्वारा प्रपीड़ित होने पर भी ये उनको सभ्यताकी शिक्षा देते रहे हैं। मध्य-एशियाके अधिकांश महत् व्यक्ति ताजकवंशके हैं। बुखारा और खिवाके प्रधान प्रधान व्यक्ति सब ताजक हैं।

ताजक और सर्त लोगोंमें शरीर-गत बहुत वैषम्य देखनेमें आता है। भम्बेरी साहबका कहना है कि पारसिक क्रीतदासियोंके साथ सर्त पुरुषोंके विवाहकी प्रथा प्रचलित रहनेके कारण सर्त लोगोंकी आकृति खराब हो गई है।

मध्य एशियाके ताजक-युवकगण भी कविता और चित्र पढ़ना पसन्द करते हैं। यहांका साहित्य भी मैदेशिक अत्याचारोंसे भरा हुआ है। ग्रामीण मुल्ला ईशानोंसे बहुतसे धार्मिक ग्रन्थ लिखे हैं। किन्तु सभी दुर्बोध हैं—साधारण लोग उन पुस्तकोंको बिलकुल ही नहीं समझ पाते। ताजकोंके पुस्तक लिखित सभी हस्ताक्षर विदेशीय भाषामें हुए हैं।

उजबक, तुर्क और किरघिज लोग अत्यन्त सङ्गीत-प्रिय हैं। गाते समय ये लोग मृदु रागिणीको पकड़ रखते हैं। उजबकोंकी कविताओंका मूलभाव अरबी अथवा फारसीसे लिया गया है, ऐसा ज्ञात पड़ता है। इनके चतुर्दश वा विषमों की कविताएँ पाया जाता है।

तागना (हिं॰ क्रि॰) सुईसे तागा डाल कर सिलाई करना।

तागपहनी (हिं॰ स्त्री॰) एक पतली लकड़ी। इसका एक सिरा नोकदार और दूसरा चिपटा होता है।

तागपाट (हिं॰ पु॰) रेशमके तागेमें सोनेके तीन अंतर डाल कर बनाया हुआ एक प्रकारका गहना। यह केवल विवाहमें काम आता है।

तागा (हिं॰ पु॰) १ सूत, डोरा, धागा। २ प्रति मनुष्यके हिसाबसे लगनेवाला एक कर।

ताङ्क—१ युक्तप्रदेशके अन्तर्गत डेरा इस्माइलखां जिलेका उत्तरविभाग और तहसील। यह अक्षा॰ ३२° और ३२°३०' उ॰ तथा देशा॰ ७०°४' और ७०°४३' पूर्वमें अवस्थित है। भूपरिमाण ५०२ वर्गमील है। इसके पश्चिममें वजीरिस्तान पड़ता है। यह तहसील पहले एक प्रकारसे स्वाधीन थी। यहांके नवाब दौलत खेल वंशके कतिखेल सम्प्रदायभुक्त थे। अन्तिम नवाबका नाम शाह नवाजखां था, जिनकी मृत्यु १८८२ ई॰में हुई। पीछे उनके लड़के सरवारखां नवाब बने। ये बड़े शूरवीर निकले। उन्होंने अपना सारा समय राज्यको सुधारने तथा अपनी जातिको उन्नत बनानेमें लगा दिया था। सिक्ख लोगोंने जब डेरा इस्माइलखां हस्तगत कर लिया, तब सरवारखांको उनकी अधीनता स्वीकार करनी पड़ी और वे वार्षिक १२०००) रु॰ उन्हें देनेको राजी हुए। सिक्खकी गोटी जब धीरे धीरे जमने लगी, तब वार्षिक कर बढ़ा कर ४००००) रु॰ कर दिया गया। सरवारखांके मरने पर उनके लड़के अलादादखां राज्याधिकारी हुए। इस समय सिक्खका एक लाख रुपया पावना उनके यहां हो गया था। अलादाद खांमें ऐसी शक्ति नहीं थी कि उस ऋणका परिशोध करें, अतः वे पहाड़ों पर भाग कर महसूदकी शरणमें पहुंचे। अन्तमें यह तहसील सिक्ख सरदार नवनिहालसिंहको जागीरके रूपमें दे दी गई। कुछ काल तक यह तहसील मालिक फतेहखां तिवानाके अधीन रही, पीछे सिक्ख सरदार दीवान लक्खीमलके लड़के दौलत रायने इस पर अपना अधिकार जमाया। १८४६ ई॰में अलादादके लड़के शाह नवाजखांने अंगरेज प्रतिनिधि एडवर्डकी शरण ली। दयापरवश एडवर्डने (पीछे सर एडवर्ड) उन्हें ताङ्कका शासक बना दिया। साथ साथ पूरी स्वाधीनता भी दे दी। किन्तु ऐसी स्थिति सदा एकसी न रही। यहांकी जनसंख्या लगभग ४८४६० है। इसमें एक शहर और ७८ ग्राम लगते हैं।

२ उक्त तहसीलका एक शहर। यह अक्षा॰ ३२°११' उ॰ और देशा॰ ७०°३२' पू॰के मध्य अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ४४०२ है। यह शहर ताङ्कके प्रथम नवाब कतलखांसे बनाया गया है। समूचा शहर मट्टीकी दीवारसे घिरा हुआ है। दीवारकी ऊंचाई १२ फुट और चौड़ाई ७ फुट है। बीच बीचमें दो एक फाटक भी लगे हुए हैं, लेकिन ये सब अभी भग्नावस्थामें पड़े हैं। यहां भग्न मट्टीका दुर्ग भी देखनेमें आता है। शहरमें अनाज, कपड़े, तमाकू तथा और दूसरी दूसरी चीजोंकी रफ्तनी होती है। पञ्जाबके प्रतिनिधि सर हेनरी दुरन्दकी इसी शहरमें मृत्यु हुई थी।

ताच्छीलिक (सं॰ पु॰) तच्छीलार्थे विहितः ठञ्। तच्छीलार्थ विहित-प्रत्यय।

ताच्छील्य (सं॰ क्ली॰) तत्शीलं यस्य तस्य भावः ष्यञ्। तच्छीलता, किसी कामको लगातार करनेकी क्रिया।

ताज (अ॰ पु॰) १ राजमुकुट, बादशाहकी टोपी। २ कलगी, तुर्रा। ३ मोर, मुर्गा आदि चिड़ियोंके सिर परकी चोटी, शिखा। ४ दीवारकी कंगनी या छज्जा। ५ मकानके सिरे पर शोभाके लिये बनाई जानेकी बुर्जी। ६ गंजीफेके एक रंगका नाम। ७ आगरेका ताज महल।

ताज—मुसलमान जातिकी एक स्त्री कवि। इनके वंश, स्थान इत्यादिका कोई ठीक पता नहीं लगा। शिवसिंह सरोजमें इनका सम्वत् १६५२ कहा गया है और मुन्शी देवीप्रसादने सम्वत् १७०० के लगभग इनका समय बतलाया है। इनकी सभी कविताएं सरस और मनोहर हैं। श्रीकृष्णचन्द्रजीकी भक्तिमें भी ये खूब रंगी थीं। इनका परिचय इनकी कवितासे ही झलकता है। जान पड़ता है, कि ये पञ्जाबके तरफकी होंगी, क्योंकि इनकी भाषा पञ्जाबी और खड़ी बोली मिश्रित थी। दो तो इनके बनाये हुए अनेक छन्द विद्यमान हैं एक उदाहरणार्थ यहां पर भी दिया जाता है—

"ऐंठ की छबीली सब रंगमें रंगीला
बड़ा चित्तका अड़ीला कहूं देवनोंसे न्यारा है।
माल गले सोहै नाक मोती सेत सोहै कान
मोहै मन कुण्डल मुकुट सीस धारा है॥
दुष्ट जन मारे सन्तजन रखवारे ताज
चित हित वारे प्रेम प्रीति कर वारा है।
नन्दजूका प्यारा जिन कंसको पछारा
वह वृन्दावनवारा कृष्ण साहब हमारा है॥"

ताजक (फा॰ पु॰) १ ईरानीकी एक जाति। बुखाराके अञ्चलमें और बदकसानमें ये अधिक देखे जाते हैं। इनमेंसे बहुतसे खोकन्द, खिवा, चीनतातार और अफगानिस्तानमें रहते हैं।

ताजक शब्दकी उत्पत्तिका निर्णय करना अतीव कठिन है। उजबक, हजारा, अफगान, ब्रहुई और तुर्कमानिस प्रदेशोंमें जो लोग स्थायीरूपसे रहते हैं, साधारणतः ताजक शब्द उन्हींके लिए प्रयोग किया जाता है। समस्त प्रदेशोंमें तुरकी, पुस्तु, ब्रहुई और बेलुचि भाषा व्यवहृत होती है, मतलब यह कि फारसी भी प्रचलित है। अफगानिस्तान और तुर्किस्तानमें जिन अधिवासियोंकी जातिगत भाषा फारसी है, वे ताजक और पारसिवन इन दोनों नामोंसे परिचित हैं। पारस्य देशमें ताजक और इलियत ये दो विपरीत अर्थबोधक संज्ञाएं प्रचलित हैं। वहां सर्वत्र ही ताजकसे शहरवासियोंका बोध न हो कर कृषकोंका बोध होता है। बुखारेमें यह जाति सर्त, अफगानिस्तानमें देहान और बेलुचिस्तानमें देहवारके नामसे प्रसिद्ध है। काबुल नदीके निकटवर्ती ईरानी लोगोंको काबुली कहते हैं। सिस्तानके अधिकांश लोग ताजक हैं। ये फूसकी झोंपड़ियोंमें रहते और मछली तथा पक्षी पकड़ कर जीवनधारण करते हैं। तुर्क आक्रमणके पहलेसे ही बदकसानमें ताजकोंका वास था। यहांके ईरानी पर्वत, उपत्यका और उद्यान-परिवेष्टित ग्रामोंमें वास करते हैं। बदकसानके ताजक सिस्तनके लोगोंकी तरह खूबसूरत नहीं होते। इनकी पोशाक उजबकों जैसी है।

बुखाराके ताजक लोग स्मरणातीत कालसे यहां रहते आये हैं। ये अग्नि उपासक थे। हिजरा-की पहली शताब्दीके शेषभागमें इनको जबरन मुसलमान बनाया गया था। बुखाराके ताजक लम्बे और खूबसूरत तथा उनके आंखें और बाल भी स्याह काले हैं। ये बड़े डरपोक, लोभी, मिथ्यावादी और विश्वासघातक होते हैं।

कोई कोई कहते हैं, कि 'ताज' शब्दसे 'ताजक' शब्दकी उत्पत्ति हुई है। ताज शब्दका अर्थ है—अग्निपूजकका मुकुट। किन्तु ताजक लोग इस व्याख्याको नहीं मानते।

ताजक लोग ज्यादातर खेतीबारी और रोजगारमें ही लगे रहते हैं; सभ्यता और शिक्षाकी आलोचनामें भी ये उदासीन नहीं हैं। इन्हीं लोगोंके यत्नसे मध्य-एशियाका बुखारा सभ्यता और उन्नतिका केन्द्रस्थल हो गया है। बहुत दिनोंसे ये मानसिक उन्नतिके लिए सचेष्ट हैं और अन्यान्य विजेताओं द्वारा पराजित होने पर भी ये उनको सभ्यताकी शिक्षा देते रहे हैं। मध्य-एशियाके अधिकांश महत् व्यक्ति ताजकवंशके हैं। बुखारा और खिवाके प्रधान प्रधान व्यक्ति सब ताजक हैं।

ताजक और सर्त लोगोंमें शरीर-गत बहुत वैषम्य देखनेमें आता है। मस्येरो साहबका कहना है कि पारसिक क्रीतदासियोंके साथ सर्त पुरुषोंके विवाहकी प्रथा प्रचलित रहनेके कारण सर्त लोगोंकी आकृति खर्व हो गई है।

मध्य एशियाके ताजक-उजबवनिता सभी कविता और किस्से पढ़ना पसन्द करते हैं। यहांका साहित्य भी दैशिक उपन्यासोंसे भरा हुआ है। स्थानीय सुन्नी ईशानोंने बहुतसे धार्मिक ग्रन्थ लिखे हैं। किन्तु सभी दुर्बोध हैं—साधारण लोग इन पुस्तकोंको बिल्कुल ही नहीं समझ पाते। ताजकोंके पुस्तक लिखित सभी इस्लाम विद्वेषीय भावोंसे भरे हुए हैं।

उजबक, तुर्क और किरगिज लोग अन्यान्य अशिक्षित हैं। गाते समय ये लोग मृदु रागिणीको पसन्द करते हैं। उजबकोंकी कविताओंका मूलभाव यद्यपि फारसीसे लिया गया है, फिर भी जान पड़ता है। इनमें अपूर्वत्व सो किसी ही कविताओंमें पाया जाता है।

तातार लोग वीरत्व-गाथा रचना और उसको गाना खूब पसन्द करते हैं।

२ यवनाचार्यका बनाया हुआ ज्योतिषका एक ग्रन्थ। पहले यह ग्रन्थ अरबी और फारसीमें था। बाद राजा समरसिंह, नीलकण्ठ आदिसे यह संस्कृतमें बनाया गया। ताजिक देखो।

ताज़गी (फा॰ स्त्री॰) १ शुष्कताका अभाव, हरापन, ताज़ापन। २ प्रफुल्लता, स्वस्थता। ३ नयापन।

ताजत् (सं॰ त्रि॰) तनूज शब्दोंसे आदिष्ट हिनेसीवी। शीघ्र।

ताजदार (फा॰ वि॰) १ ताजके आकारका। (पु॰) २ ताज पहननेवाला बादशाह।

ताजद्रु (सं॰ पु॰) कोविदारवृक्ष, कचनारका पेड़।

ताजन (फा॰ पु॰) चाबुक, कोड़ा।

ताजना (हिं॰ पु॰) ताजन देखो।

ताजपराकाठि—बम्बई विभागके बीजड़ और गधार अञ्चलवासी एक जाति।

ताजपुर—१ दरभङ्गा जिलेका एक उपविभाग। यह पहले त्रिहुतके अन्तर्गत था। १८७५ ई॰की १ली जनवरीसे दरभङ्गा, मधुबनी और ताजपुर इन तीन महकुमेको ले कर दरभङ्गा जिला संगठित हुआ है। १८६७ ई॰को इस स्थानमें प्रथम महकुमा स्थापित हुआ था। यह अक्षा॰ २५°२८´१५´´ और २६°२´ उ॰ तथा देशा॰ ८५°१´६´´ और ८६°४´ पू॰में अवस्थित है। भूपरिमाण ७६४ वर्गमील है। हिन्दू, मुसलमान, ईसाई, कोल प्रभृति यहां वास करते हैं। हिन्दूकी संख्या सबसे अधिक है।

ताजपुर महकुमेमें ३ थाना, एक दीवानी और फौजदारी अदालतें हैं।

२ उक्त ताजपुर महकुमेका प्रधान शहर। यह अक्षा॰ २५°५१´३१´´ उ॰ और देशा॰ ८५°४२´ पू॰के मध्य मुजफ्फरपुरसे २४ मील दूर दलसिङ्गसरायके रास्ते पर अवस्थित है। यहां एक स्कूल, दातव्य औषधालय और विचारालय है। शहरके नीचे बलान नदी प्रवाहित है।

ताजपुर—पुर्णिया जिलेका एक परगना। इस परगनेमें धान, तिल, सरसों, आलू इत्यादि बहुत उपजते हैं।

परगनेके किसी किसी स्थानमें ४½ से ७½ हाथका कट्ठा चलता है। साधारणतः ४ से ५ हाथका कट्ठा ही विशेष प्रचलित है। प्रजाको प्रति बीघेमें एक रुपया मालगुजारी देनी पड़ती है।

इस परगनेमें ४४ जमींदारी लगती हैं। यहांका कर प्रायः ६८८४२ रु॰ है।

ताजपुर—१ दिनाजपुर जिलेका एक परगना। यह जिलेके दक्षिण पश्चिम कोणमें अवस्थित है। इस प्रदेशकी जमीन समतल नहीं है, कहीं ऊँची और कहीं नीची है तथा दक्षिण-पश्चिमकी ओर ढालू है। यह प्रदेश समुद्रपृष्ठसे १५० फुट ऊँचा है। थोड़े परिश्रमसे ही खेतमें अच्छी फसल उपजती है। कहीं कहीं धानकी जमीन और जलाभूमि है। वर्षाकालमें परगनेकी सभी नदियोंका जल बहुत बढ़ जाता है जिससे सब ग्राम जलमय हो जाता है।

धान, ईख, तिल सरसों, उरद इत्यादि यहांके प्रधान उत्पन्न द्रव्य हैं। ग्रामके निकटस्थ जमीनमें तमाकू बहुत उपजता है। पहले यहां बहुतसी नोनकी जमीन थी।

ताजपुर परगनेके सभी स्थानमें मछली पाई जाती है। धीवर मछली पकड़ कर राइगञ्ज और निकटवर्ती बाजारमें बेचते हैं।

१८७४ ई॰के दुर्भिक्षकालमें दुर्भिक्ष-प्रपीड़ित मनुष्योंके थोड़े खर्चसे परगनेमें कई एक राहें तैयार हो गई हैं।

यहांकी जमीन कुछ कुछ धूसरवर्ण तथा बालू मिली हुई कीचड़सी है।

इन परगनेका जलवायु स्वास्थ्यकर नहीं है। वर्षाके बाद ही ज्वरका प्रकोप आरम्भ होता है, जिससे अनेक लोगोंकी मृत्यु हो जाती है। ग्रीष्मकालमें दिनके समय अत्यन्त गरमी और रातके समय ठण्ढा मालूम पड़ती है। बहुत दिनों तक ज्वरके रह जानेसे वात-रोग हो जाता है। अतीसार और कुष्ठ रोगका प्रकोप भी यहां कम नहीं है।

२ दिनाजपुर जिलेके विजयनगर परगनेके अधीन एक ग्राम। यह ग्राम अत्यन्त आधुनिक नहीं है। मुसलमानोंके समयमें यह स्थान विशेष प्रसिद्ध था। उस समय ताजपुर एक प्रधान मेलावासके रूपमें लिया जाता था

और पुर्णिया तथा दिनाजपुरके सीमान्त प्रदेशमें अव-स्थित था। अभी इस स्थानका नाम सरकार ताजपुर रखा गया है। ताजपुरके पूर्वभागमें ही प्रथम मुसल-मान-राजधानी देवकोट नगर है। कद्दलोंने विद्रोही हो कर ताजपुरमें दिल्लीकी हटिंग सेनाके साथ कई एक युद्ध किये। १७७० ई०में अंग्रेज गवर्मेण्टके अधीनमें ताजपुर जिलेका संस्कार किया गया। पहले यहाँ एक जजी थी, जो १७८५ ई०में यहाँसे उठा दी गई है। नगरसे ताजपुर तक एक सड़क चली गई है।

ताजपुर—युक्तप्रदेशके बिजनोर जिलेके अन्तर्गत धामपुर तहसीलका एक शहर। यह अक्षा० २९°१०´३०" और देशा० ७८°२८´पू० पर बिजनोर शहरसे २७ मील दक्षिण-पूर्वमें अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ५७१५ है। तगावंशीय परिवारका वास होनेके कारण यह शहर प्रसिद्ध है। उक्त वंशके बहुतोंने ईसाईधर्म अव-लम्बन किया है। १८वीं शताब्दीमें यह राज्य तगा-वंशीय राजाओंके हाथ लगा था। १८५७ ई०के सिपाही विद्रोह-के समय यहाँके राजा बागी न हुए थे। वर्त्तमान राजा राष्ट्रीय व्यवस्थापक-सभाके सदस्य हैं। यहाँ एक औषधालय और दो स्कूल हैं।

ताजपोशी (फा० स्त्री०) वह उत्सव जो राजमुकुट धारण करने या राजसिंहासन पर बैठनेके समय किया जाता है।

ताजबावड़ी—एक प्रसिद्ध तालाब। इस बावड़ीका दूसरा नाम ताजकारी भी है। बम्बई विभागके बिजापुर शहर-से पश्चिम और नगरके मक्कादारसे १०० गज पूर्व वाणिज्य-केन्द्रके समीपमें अवस्थित है। इसके दक्षिणमें मुगदा-घर है और प्रवेश-द्वार पर एक प्रशस्त मेहराब है जिसका दृश्य देखते ही बनता है।

१६२० ई०में ताजरानीके अन्यतम इब्राहिम रोजा-के स्थपति मालिक सन्दलने यह विख्यात बावड़ी खोद-वाई थी। इसके विषयमें दन्तकहानी इस प्रकार प्रचलित है—मालिक सन्दल सुलतान महम्मदके अन्यतम मन्त्री थे। सुलतान स्त्रियोंको खूबसूरतीकी खूब तारीफ करते थे। एक दिन सुलतानने कन्याको दरबारमें लानेके लिये मालिक सन्दलसे कहा। हुक्म पाते ही मालिक सोचता सा रह गया। उन्हें मालूम पड़ा, कि शायद इन्होंने राजाका कोई अनिष्ट किया है जिससे उन पर अभियोग लगाया जायगा। कन्याको सुलतानके सामने लानेमें उन्हें भावी विपद्‌की आशङ्का हुई। इस विपद्‌से बचनेके लिये वे अपने ही अपनी निर्दोषिताके अनेक प्रमाण संग्रह कर कन्याको लाने चल दिये। जब वे बहुतसी रमणियोंके साथ कन्याको ले कर दरबारमें पहुँचे तब उन्हें मालूम पड़ा कि उन्हें शून्य दलको आज्ञा हुई है। इस पर मालिकने फौरन अपने पूर्वसंग्रहीत प्रमाणोंको राजाके सामने पेश किया। सुलतानने जब देखा कि मालिकके प्रति बहुत अन्याय विचार किया गया है, तब वे बहुत लज्जित हुए। बाद सुलतानने मालिकसे कहा, कि तुम्हारा जो जो चाहो सो माँगो। इस पर मालिकने बहुत विनीत स्वरसे कहा, 'यदि आप मुझ पर खुश हैं, तो अपना नाम चिरस्मरणीय रखनेके लिये मैं एक कीर्ति स्थापन करना चाहता हूँ।' मालिकका अभीष्ट सिद्ध करनेके लिये सुलतानने उपयुक्त धन दे दिया। उसी धनसे ताज बावड़ी खोदवाई गई। बावड़ीकी गहराई ५१ फुट है।

ताजबीबी (फा० स्त्री०) शाहजहान्‌की अत्यन्त प्यारी और प्रसिद्ध बेगम मुमताजमहल। इन्हींके लिये आगरेमें ताज-महल नामका मकबरा बनाया गया।

ताजमहल (अ० पु०) आगरा शहरमें यमुनाके किनारे पर स्थित जगत्प्रसिद्ध समाधि-मन्दिर। स्थानीय लोग इसे रोजा या ताजबीबीका रोजा कहते हैं। पृथिवीके सात आश्चर्यजनक पदार्थोंमें इसकी भी गिनती होती है।

बादशाह शाहजहान्‌ने अपनी प्रियतमा पत्नी मुमताज-महलके स्मरणार्थ यह सुरम्य हर्म्य बनवाया था। मुम-ताजका यथार्थ नाम था अर्जमन्द-बानू बेगम या नवाब आलियाबेगम। शाहजहान् इनको अपने प्राणोंसे भी ज्यादा प्यार करते थे। एकदिन बेगमने स्वप्न देखा कि, उनके गर्भस्थ बालक रोता है। उन्होंने बादशाहको बुला कर कहा, "प्रियतम! मैं गर्भस्थ बालकका रोना सुन रही हूँ। ऐसा रोना कभी किसीने नहीं सुना। मुझे निश्चय मालूम होता है कि मैं अब बचूँगी नहीं। किन्तु आपसे मेरी इतनी प्रार्थना है, कि मेरी मृत्युके बाद आप किसीका पाणिग्रहण न करें। आप मेरे पुत्रोंको ही राज्याधिकारी

दनाईं। और एक प्रार्थना है, आपने कहा था, कि मेरी कब्रके ऊपर एक हर्म्य बनवा देंगे। आपका यह वायदा भी पूरा होना चाहिये।" बेगमकी बात अभी निकली, [illegible] होनेके बाद, १६३१ ई०में उनकी मृत्यु हो गई। शाहजहाँने भी प्रियतमाके इस अन्तिम अनुरोधकी रक्षा की। उन्होंने फिर अन्य किसी भी रमणीका पाणिग्रहण न किया अथवा ऐसा समझें, कि फिर उनके कोई सन्तान होनेकी बात नहीं सुननेमें आई।

प्रियतमा पत्नीकी मृत्युके बाद ही शाहजहाँने ताजमहल बनवाना शुरू कर दिया। ऐसा सुना जाता है कि, उस समय भारतवर्षमें देशी और विदेशी जितने भी मुख्य मुख्य शिल्पी और स्थपति मौजूद थे, सभीने इस महत् कार्यमें भाग लिया था।

यमुनाके किनारे प्रसिद्ध अकबराबाद (वर्तमान आगरा) नगरमें ताजमहल बनना शुरू हो गया। प्रसिद्ध भ्रमणकारी टाभर्नियरने इस अनुपम अट्टालिकाको प्रारम्भ और सम्पूर्ण होते देखा है। उस समय वर्तमान समयकी अपेक्षा मालमसाला और मजदूरी कहीं ज्यादा सस्ती होने पर भी ३१७४८०२४) रुपये व्यय और लगातार २० वर्ष परिश्रम करनेके बाद यह महाकार्य समाप्त हुआ था।

यह महल १८ फुट ऊँचे और ३१३ फुट श्वेतमर्मर-मण्डित ठीक चतुरस्र चबूतरे पर प्रतिष्ठित है। इसके चारों कोने १३३ फुट ऊँचे अत्यन्त रमणीय भारतभरमें अतुलनीय चार मीनारोंसे सुशोभित हैं। उक्त सफेद संगमर्मरके चबूतरेके बीचमें १८६ फुट चतुरस्र भूमि पर जगत्-प्रसिद्ध समाधि-मन्दिर अवस्थित है। ठीक बीचमें ५८ फुट विस्तृत और ८० फुट ऊँची एक प्रधान गुम्बज है। इस गुम्बजके भीतर दीवाल पर सफेद-संगमर्मरकी जालियाँ लगी हुई हैं। ऐसी खूबसूरत और शिल्प-नैपुण्य-मय जालियाँ या अन्यान्य संसार [illegible] भी नहीं हैं। इस गुम्बजके भीतर ठीक [illegible] ताजमहलकी कब्र और उसके बगलमें [illegible] कब्र है।

इस [illegible] के कोने पर [illegible] २६ फुट [illegible] गह

[illegible] जाने आनेके लिए बहुतसे मार्ग और द्वार हैं। इस गुम्बजके प्रत्येक दीवारके ऊपर, भीतर और बाहर अति उत्तम सफेद संगमर्मरकी जालियाँ लगी हुई हैं, जिनसे काफी प्रकाश पहुँचता है। अकबरकी मृत्युके बाद मुगल लोग शिल्पनैपुण्यका कितना आदर करते थे, इस मकबरेकी कारीगरी देखनेसे उसका काफी परिचय मिल सकता है। सारांश यह है, कि नाना प्रकार और नाना वर्णके मूल्यवान् मणि-प्रस्तरादि द्वारा कितनी खूबसूरती, कितना मनोहर और कितना स्वाभाविक शिल्पनैपुण्य दिखलाया जा सकता है, इसमें उसकी पराकाष्ठा दिखलायी गई है। इसमें नाना प्रकारके बहुमूल्य लाल, सब्ज आदि रंग बिरंगे पत्थरोंके टुकड़े जड़ कर बेल बूटोंका ऐसा उमदा काम बना है, कि जिसको देख कर चित्रका भ्रम होता है। यहाँ तक कि एक गुलाबकी प्रत्येक पंखड़ीमें जितने प्रकारका रंग, जैसा आकार हो सकता है, वहाँ उन उन रंगोंके पत्थर लगाये गये हैं। ज्यादा क्या कहें, मानो ये प्रकृतिके साँचेमें ही ढाले गये हैं, ऐसे मालूम पड़ता है। ऐसा अपूर्व मनोहर शिल्पनैपुण्य संसारमें क्या और भी कहीं है? ताजमहलमें जहाँ जाओगे, जहाँ देखोगे, वहीं ऐसी मनोमुग्धकर तसवीर तुम्हारे नेत्रपथकी पथिक होगी कि, जिसे तुम जनम भर भूल नहीं सकते। ज्यादा दिन नहीं हुए भारतवासी जिस असाधारण शिल्पनैपुण्य और भास्करकार्य (पच्चीकारी, नक्काशी आदि) में अपना पाण्डित्य दिखला गये हैं, उसकी तुलना और कहाँ है? ताजमहल ही उसकी तुलना है! चित्रकरकी तूलिका, कविकी कल्पना और भावुककी भावना भी ताजमहलकी तसवीर उतारनेमें असमर्थ है। जिसने इसे अपनी आँखोंसे देखा है, उसीने समझा है, [illegible] है, [illegible] इसका वर्णन किया है। इस सामान्य [illegible] ताजमहलका औपमा तो दूर रहा, [illegible] करना भी असम्भव है।

[illegible] बात [illegible] उन्होंको [illegible] एक बार इस अनु- [illegible] है। ये कार्य तो [illegible] अवधिमें घर



ताजमहल।

पूछा कि—'कहो कैसा देखा ?'—तब उनके मुँहसे यही निकला कि—"अगर मेरे ऊपर भी ऐसा ही मकबरा बने, तो मैं कल मरनेको तैयार हूँ।" वास्तवमें जिस किसीने एक बार ताजमहल देखा है, उसके हृदयमें इस तरहके भावका उदय हुआ है।

ताजमहलके दोनों बगलमें तीन गुम्बजोंवाली सफेद संगमर्मरकी दो मसजिदें हैं। दाहिनी तरफकी मसजिदको साधारण लोग जवाब कहते हैं, इसमें उपासनादि नहीं होती। इसकी गुमटी पर पीतलके गोला, अर्धचन्द्र और कलस दिखलाई देते हैं।

ताजमहलका कौनसा अंश कब बना है, यह भी यहाँके शिलालेखों द्वारा विदित हो सकता है। मसजिदके सामने पश्चिम दिशाके फाटककी सीढ़ पर बादशाहके राज्यका १०वाँ वर्ष और १०४६ हिजरा खुदा हुआ है। ताजमहलके भीतर प्रवेशपथके बाईं ओर १०४८ हिजरा और फाटकके सामने १०५७ हिजरा (अर्थात् १६४८ ई०) खुदा हुआ है। यह अन्तिम अङ्क ही ताजमहल पूरा होनेका समय है। इसी तरह मुमताज-महलकी कब्रके ऊपर १०४० हिजरा और शाहजहान्की कब्र पर १०७६ हिजरा खुदा हुआ है। इन दोनों कब्रोंके ऊपर जो गुम्बज है ठीक उसीके नीचे दो कब्रें ऊपर बनी हुई हैं। यथार्थ कब्रें नीचे हैं। प्रवेशद्वारसे घुसते ही सामने नीचे जानेके लिये सोपानश्रेणी है। मालूम होता है, ऊपरकी कब्रें लोगोंके देखनेके लिये चबूतरेके बराबर (ऊँचाईके समान) बनाई गई हैं, तथा इससे भीतरकी शोभा भी अपूर्व हो गई है। भीतर जानेसे यह मालूम होता है, कि मानो ये दो (ऊपरकी) असली कब्रें हैं। इसमें जहाँ जहाँ तारीख खुदे हुए हैं, उन सभी पदार्थों पर तुघरा लिपिमें कुरानके उपदेशपूर्ण सूरा लिखे हुए हैं। इसी तरह फाटकके सामने "पवित्र और सरल हृदय! विश्वाधिपतिके उद्यानमें आओ!" इत्यादि वाक्य लिखे हैं।

ताज़ा (फा॰ वि॰) १ जो सूखा न हो, हराभरा। २ जो हालमें तोड़ कर लाया गया हो। ३ जो थका न हो, स्वस्थ, प्रफुल्ल। ४ सद्यःप्रस्तुत, हालका बना हुआ। ५ जिसको व्यवहारमें लानेके लिये तुरन्त निकाला हो।

ताजिक (सं॰ क्लो॰) एक ज्योतिषका ग्रन्थ। यवनाचार्यकृत जातकविषयक ग्रन्थ जो फारसी और अरबी भाषामें लिखा हुआ था। पीछे समरसिंह, नीलकण्ठ आदिने इसे संस्कृत भाषामें अनुवादित किया था।

संस्कृत ताजिक ग्रन्थमें निम्नलिखित विषयोंका वर्णन मिलता है—

प्रधान बारह राशियोंमें मेष आदि चार चार राशियें यथाक्रमसे पित्त, वायु, सम और कफस्वभावी हैं अर्थात् मेष, सिंह और धनुः इनका पित्तस्वभाव, मकर, वृष और कन्या इन तीनोंका वायुस्वभाव है; मिथुन, तुला और कुम्भ इन तीनोंका समस्वभाव (वायु, पित्त और कफकी समता) तथा कर्कट, वृश्चिक और मीन इन तीन राशियोंका कफस्वभाव है।

मेषसे लगा कर चार चार राशि क्रमसे क्षत्रियादि चार वर्ण हैं, अर्थात् मेष, सिंह और धनु ये तीन राशियां क्षत्रियवर्ण; वृष, कन्या मकर ये तीन वैश्यवर्ण; मिथुन, तुला और कुम्भ ये तीन शूद्रवर्ण तथा कर्कट, वृश्चिक और मीन इनका ब्राह्मणवर्ण है। इस प्रकार राशियोंका स्वरूप और वर्ण जान कर ज्योतिःशास्त्रकी गणना करनी चाहिये, इसीलिये पहले राशिका स्वरूप कहा गया है।

वर्षका शुभाशुभ फल जाननेके लिये वर्षप्रवेश-समय निर्णय—जन्म-समयमें रवि जिस राशिके जितने अंशादिमें अवस्थिति करता है, पुनः जिस समय वह उसी राशिके उतने ही अंशादिमें आगमन करता है, वही समय वर्षप्रवेश-समय है।

रविस्फुटका स्थिर करके भी वर्षप्रवेश-समयका निर्णय किया जा सकता है। बादमें वर्षप्रवेशमें तिथ्यानयन, वर्षप्रवेशमें योगानयन, वर्षप्रवेश रविस्फुटानयन, चन्द्रस्फुटानयन, प्राङ्नत और पश्चान्नतदण्डानयन; तथा लग्नखण्डा, लग्नकुण्डली और भावकुण्डली, पञ्चवर्ग, द्रेष्काणचक्र, उच्च-नीच कथन, लग्नखण्डाचक्र, बल-निरूपण, द्वादशवर्गविवरण, होराचक्र, द्रेकाणचक्र, चतुर्थांशचक्र, पञ्चमांशचक्र, षष्ठांशचक्र, सप्तांशचक्र, अष्टमांशचक्र, नवांशचक्र, दशमांशचक्र, एकादशांशचक्र, द्वादशांशचक्र, भावविंशा, वर्षाधिपानयन, पदका स्वरूप, दृष्टि-प्रकरण, दृष्टिसाधन, मैत्रीभाव, सहयोग, वर्षप्रवेश, दशानिरूपण, मासप्रवेशानयन, पताकांगानयन, वर्षारिष्ट, विशेषरिष्टभङ्ग, भावविचार, धनभाव, सहजभाव, चतुर्थभाव, पञ्चमभाव, षष्ठभाव, सप्तमभाव, अष्टमभाव, नवमभाव, दशमभाव, एकादशभाव, द्वादशभाव और रवि आदि दशाओंका विशद विशेषरूपसे वर्णित है।

और भी कई एक विषयोंका वर्णन है, जिनके नाम संस्कृत नहीं जान पड़ते; अरबी या फारसीसे लिये गये हैं। नीचे उनके नाम दिये जाते हैं—

हद्दाविवरण, मुन्थानयन, इक्कबालयोग, इन्दुवारयोग, इत्थशालयोग, ईशराफ योग, नक्तयोग, यमया योग, मणऊ योग, कम्बूल योग, गैरिकम्बूलयोग, खल्लासरयोग, रद्दयोग, दुःफालिकुत्थ योग, दुत्थोत्थ दवीरयोग, तम्बीरयोग, कुत्थयोग और दुरफयोग ये षोड़श योग, सहम नाम, सहम ५० प्रकार, सहमसाधन, सहमदश और मुन्थाभावफल।

ताजिया (अ० पु०) मृत-व्यक्तिके लिए विलाप करना तथा शोक प्रकट करना। मुहर्रमके समय मुसलमान लोग सामान्य उपकरणसे हुसैन और हसनकी कब्र बना कर जो बाहर निकाला करते हैं, उसीको भारतवर्षमें ताजिया कहते हैं। यह बांसकी कमचियों पर रङ्ग बिरङ्ग काग़ज़, पन्नी वगैरह चिपका कर बनाया जाता है और आकारमें मकबरे (मण्डप) जैसा होता है।

फारस देशमें मुहर्रमके दिनोंमें अलौकिक घटना-युक्त अनेक नाटकादि रचे जाते हैं, जिनको वहांके लोग ताजिया कहते हैं।

अमेरिकामें भी ताजिया शब्द प्रचलित है। इस देशसे जो मजदूर लोग अमेरिकाके भिन्न भिन्न स्थानोंमें गये हैं, वे वहां ताजिया शब्दका व्यवहार किया करते हैं। मुहर्रम ही इन मजदूरोंका प्रधान पर्व है, हिन्दू मजदूर भी मुहर्रमको प्रधान पर्व मानने लगे हैं।

१८८४ ई०में त्रिनिदादके किसी एक शहरके भीतरसे ताजिया ले कर जानेकी मुमानियत हुई। जिससे आखिर एक भीषणतम घटना हुई थी।

मुहर्रमके समय बहुतसे मुसलमान ताजिया बनाते हैं; बहुतसे फकीर और बूढ़े लोग तरह तरहकी पोशाकें पहन पहन कर छाती पर हाथ पीटते पीटते ताजियाके पीछे पीछे जाया करते हैं। बहुतसे मराठे सर्दारोंको ताजिया बनाते देखा गया है। परन्तु वे

आक्रमण संभव नहीं है। आक्रमण मदार ताजिया नहीं बनाते।

भारतवर्षमें जूनागढ़ आदिकी तरफ ताजियाको ले कर हिन्दू और मुसलमानोंमें परस्पर बड़ी भारी लड़ाई हुआ करती है। मुहर्रम देखो।

ताज़ी (फा॰ वि॰) १ अरब सम्बन्धी, अरबका। (पु॰) २ अरबका घोड़ा। ३ शिकारी कुत्ता। (स्त्री॰) ४ अरबकी भाषा।

ताज़ीम (अ॰ स्त्री॰) सम्मान प्रदर्शन, झुक कर सलाम करना इत्यादि।

ताज़ीमीसरदार (फा॰ पु॰) बड़ा सरदार जिनके आने पर राजा या बादशाह उठ कर खड़े हो जाते हैं।

ताटक (सं॰ पु॰) १ आभूषणविशेष, एक प्रकारका गहना जो कानमें पहना जाता है, करनफूल, तरकी। २ छप्पय-के २४वें भेदका नाम। ३ छन्दविशेष, एक प्रकारका छन्द। इसके प्रत्येक चरणमें १६ और १४के विरामसे ३० मात्राएं होती हैं और अन्तमें मगण होता है।

ताटङ्क (सं॰ पु॰) ताड्यते ताड़ घञ्॰ पृषो॰ डस्य टः तथा भूतो-ऽस्ति अङ्कं यस्य, बहुव्री॰। कर्णाभरणविशेष, कानमें पहननेका एक गहना, करनफूल, तरकी।

ताटस्थ्य (सं॰ क्ली॰) तटस्थस्य भावः ष्यञ्। १ औदा-सीन्य, उदासीनता। २ नैकट्य, वह जो समीपमें है।

ताड़ (सं॰ पु॰) चुरादि॰ तड़ भावे अच्। १ ताड़न, प्रहार, चोट, आघात। २ गुप्फन। कर्मणि अच्। ३ शब्द, ध्वनि, धमाका। ४ मुष्टिपरिमित तृणादि, घास, अनाजके डंठल आदिकी पूंटिया जो मुट्ठीमें आ जाय, मुट्ठी। ५ पर्वत, पहाड़। ६ हाथका अलङ्कारविशेष, हाथका एक गहना। ७ मूर्त्ति-निर्माण विद्यामें मूर्त्तिके ऊपरी भागका नाम। ८ तालवृक्ष, शाखारहित एक बड़ा पेड़। यह पेड़ खंभेके रूपमें ऊपरको ओर बढ़ता चला जाता है। इसके केवल सिरे पर ही पत्ते होते हैं। ये पत्ते चिपटे मजबूत डण्ठलोंमें चारों ओर इस प्रकार फैले रहते हैं जैसे पंखियोंके पर। इसकी लकड़ीकी भीतरी बनावट सूतके ठोस लच्छोंकी तरह होती है। ऊपर गिरे हुए पत्तोंके डंठलोंके मूल रह जानेके कारण छाल खुरदुरी दिखाई पड़ती है। इसके संस्कृत पर्याय—

तालद्रुम, पत्री, दीर्घस्कन्ध, ध्वजद्रुम, तृणराज, मधुरस, मदाढ्य, दीर्घपादप, चिरायुः, तरुराज, दीर्घपत्र, गुच्छ-पत्र, आसवद्रु, लेख्यपत्र और महोन्नत हैं।

भारतके नाना स्थानोंमें बरमा, सिंहल, सुमात्रा, जावा आदि द्वीपोंमें, तथा फारसकी खाड़ीके तटका प्रदे-शोंमें ताड़के पेड़ बहुत पाये जाते हैं। बङ्गालमें तालाबके किनारे भी इसके पेड़ देखे जाते हैं। इसकी ऊंचाई लगभग ७० फुटकी होती है और मोटाई ५६ फुटसे अधिककी नहीं होती।

तामिल भाषामें ताल-विलास नामक एक ग्रन्थ है जिसमें ताल-पेड़के ८०१ प्रकारके गुणोंका परिचय अङ्कित है, इस वृक्षका प्रत्येक भाग किसी न किसी काममें आता ही है।

पुराना ताड़का पेड़ ही अधिक काममें आता है। यह जितना पुराना होता जाता उतना ही यह कड़ा और काला रङ्गका होता जाता है।

इसकी पड़ी लकड़ी मकानोंमें लगती है। लकड़ी खोखली करके एक प्रकारकी छोटी नाव भी बनाई जाती है। सिंहलके जफना नामक नगरका ताड़का पेड़ बहुत प्रसिद्ध था। अनेक प्रकारके द्रव्य प्रस्तुत होनेके कारण इसकी लकड़ी दूर दूर देशोंमें भेजी जाती थी। डाक्टर हाइटने परीक्षा करके यह देखा था कि ताड़की लकड़ी सागकी लकड़ीसे किसी अंशमें निकृष्ट नहीं है।

इसके पत्तेके डंठलोंके रेशेसे मजबूत रस्से तैयार होते हैं और मद्रासोवासीगण इनसे एक प्रकारका सुन्दर जाल बनाते हैं। पत्तोंसे पंखे बनते हैं और छप्पर छाये जाते हैं। दक्षिणके देशोंमें बहुत जगह कागजके बदले इसके पत्तोंको ही लिखने पढ़नेके काममें लाते हैं। इनमें बहुत आसानीसे लिखावटके अक्षर तैयार होते हैं और खर्च भी कम पड़ता है। प्राचीन कालमें ताड़पत्र पर ग्रन्थ लिखे जाते थे।

ताल-वृक्षके रसमें प्रधानतः सिरका, ताड़ी और गुड़ प्रस्तुत होता है।

ताड़का रस निकालकर, पेड़से ताजा ताजी अव-स्थामें खानेमें मधुर होता है। यदि प्रतिदिन प्रातःकाल नियमपूर्वक इसका रस पीया जाय, तो वह दस्तोंमें

मूत्रावर्त्ता काम करता है। वस्तिक रोग तथा शोथमें भी यह बहुत उपकारी है। इसके फूलोंके कच्चे अंकुरोंको पोंछनेसे बहुतसा मीठा रस निकलता है जिसे ताड़ी कहते हैं। ताड़ी देखो।

ताड़ीका पुलटिस फोड़े या घावके लिए अत्यन्त उपकारी है। ताजा ताड़ी इसको मैदामें मिला कर थोड़ी आंच देनेसे उसमें जो फेन निकलने लगता है, वही पुलटिस है। पके हुए ताड़की मज्जा चर्मरोगमें बहुत उपकारी है। शरीरका कोई अङ्ग जल जाने पर सिंहलके चिकित्सक फोड़ा रोकनेके लिये उसके ऊपर ताड़की आंठीके रेशे चिपका देते हैं।

जिस रससे तुरत फेन बाहर निकलता है उसे खानेसे मूत्रकृच्छ्ररोग जाता रहता है। यह शोथमें भी बहुत उपकारी है।

ताड़की गरीके जलसे वमन और वमनोद्रेक बन्द होता है।

ताड़के ताजा रससे बढ़िया गुड़ और चीनी तैयार होती है। चीनी देखो। ताड़ीको चुआनेसे अरक या शराब बनती है। मद्य देखो।

चैतके महीनेमें इसमें फूल लगते हैं और वैशाखमें फल जो भादोंमें खूब पक जाते हैं। एक एक फलमें कमसे कम तीन तीन आंठी रहती है, छोटे फलमें दो भी पाई जाती है। कच्ची अवस्थामें फलोंके भीतर गरी रहती है जो खानेके योग्य होती है। इस अवस्थामें इसके भीतर जल रहता है। ज्यों ज्यों फल पकता जाता है त्यों त्यों जल कड़ा होता जाता है। अन्तमें उस आंठीके मध्य गरी होती है जो खानेमें मिष्ट, मुखप्रिय तथा नारियलकी गरीके सदृश इसमें अनेक गुण हैं।

पहले ही कहा जा चुका है कि ताड़की लकड़ीसे अनेक प्रकारकी वस्तुसामग्री प्रस्तुत होती है। उसी तरह इसका रस भी भोजन इत्यादिके बनाना और दूसरे दूसरे कामोंमें व्यवहृत होता है। चूनेके पानीमें ताड़का रस डाल कर यदि उसमें गेंद या मोमका चूर्ण मिला दिया जाय तो सुन्दर पालिश तैयार होती है और भीत पर इसका लेप देनेसे यह बहुत चमकने लगता है।

ताड़में अनेक गुण रहनेके कारण इसे पवित्र वृक्षोंमें गिनते हैं। कोई कोई इसे ही कल्पद्रुमसा समझते हैं।

वैद्यकके मतसे इसके गुण—मधुर, शीतल, स्निग्ध, दाह और श्रमनाशक है। इसके रसका गुण—श्लेष्म, स्निग्ध, दाह और शोथनाशक तथा मत्तताकारक है। फलका गुण—पका ताड़ दुर्जर, मूत्र, तन्द्रा, अभिष्यन्द, शुक्र, पित्त, रक्त और कफवृद्धिकर होता है। (भावप्रकाश) राजवल्लभके मतसे इसके गुण वात, रुचि, कुष्ठ, तथा रक्त पित्तनाशक, बृंहण, गुरु और स्वादु है।

ताड़की गरीका गुण—मूत्रकर, मिष्ट, वातपित्तनाशक और गुरु है। ताड़की अस्थिमज्जाका गुण—मधुर, मूत्रल, शीतल और गुरु है। ताड़के जलका गुण पित्तनाशक, शुक्र और स्तन्यवृद्धिकर तथा गुरु है। नूतन ताड़ीका गुण—मदकर, कफ, पित्त, दाह और शोथनाशक है, खट्टा हो जानेसे यह वातनाशक और पित्तवृद्धिकर होती है। ताड़के कोंपलका गुण—स्वादु, तिक्त, कषाय, मूत्ररोगनाशक, बल, प्राण और शुक्रवृद्धिकर है। ताड़की तरुण मज्जाका गुण मारक, लघु, श्लेष्म, वात और पित्तनाशक है। ताड़की जटाका गुण—हृद्य और क्षयरोगनाशक है। (राजवल्लभ) ८ हरिताल, तमालका पेड़। १० हिन्ताल। ११ कण्टकताल।

ताड़क (सं० त्रि०) ताड़-कन्। १ प्रहारकारी, ताड़न करनेवाला। (क्ली०) २ छदहारकबीज, बघारका बीज।

ताड़कफल—ताड़का देखो।

ताड़का (सं० स्त्री०) १ राक्षसीभेद, एक राक्षसीका नाम, इसकी उत्पत्तिके सम्बन्धमें कथा है कि सुकेतु नामक किसी पराक्रमशाली यक्षने सन्तानके लिये ब्रह्माके उद्देशसे कठोर तपस्या की। ब्रह्माने उसकी तपस्यासे सन्तुष्ट हो कर उसे एक वर दिया जिससे उन्हें ताड़का नामकी एक कन्या उत्पन्न हुई। ब्रह्माके वरसे ताड़काको हजार हाथियोंका बल था। यह जम्भनन्दन सुन्दकी स्त्री थी। जब अगस्त्य ऋषिने किसी बात पर क्रुद्ध हो कर सुन्दको मार डाला, तब यह अपने पुत्र मारीचको ले कर अगस्त्य ऋषिको खाने दौड़ी। ऋषिके शापसे माता और पुत्र दोनों घोर राक्षस हो गये। इसी समयसे यह राक्षसी अगस्त्यजीका तपोवन नाश करने लगी और उसे उजाड़

प्राणियोंसे शून्य कर दिया। यह अरण्य ताड़कावन नामसे प्रसिद्ध है। वह और इसका पुत्र दोनों ब्राह्मणों देवताओंसे ही उनके प्रति अत्यन्त अत्याचार करते थे तथा यज्ञीय वह्निके धुएँको आकाशमें फैलता देख वे दलबलके साथ वहाँ पहुँच जाते और अनेक तरहका उपद्रव मचाया करते थे। इनके इस अत्याचारसे कोई भी यज्ञ करनेका साहस नहीं करता। इसी प्रकार ताड़का इस जंगलमें रह कर अपना दिन बिताने लगी। बाद विश्वामित्रने इसका दमन करनेके लिए दशरथजीकी शरण ली और उन्हें सब वृत्तान्त कह कर वे रामचन्द्र और लक्ष्मणको अपने साथ उस तपोवनमें लाए। रास्तेमें ही विश्वामित्रके आदेशसे रामचन्द्रजीने इसे मार गिराया और मारीचको बाण द्वारा बहुत दूर फेंक दिया। ताड़काको मारनेके समय रामचन्द्रने विश्वामित्रसे कहा था, "प्रभो! यह स्त्री है, अतः किस प्रकार इसका वध करूँ।" इस पर विश्वामित्रने कहा, "यह स्त्री नहीं है, जो स्त्री वीरके समान युद्ध करती है, जिसने स्त्रियोंके योग्य लज्जा और कोमलताका त्याग कर दिया है, वैसी स्त्रीको मारनेसे स्त्रीवधका प्रायश्चित्त नहीं होता।" (रामायण १।२५-२६ स०)। २ देवदाली, एक लता।

ताड़काफल (सं० क्ली०) ताड़केव स्थूलमिव फलमस्य, बहुव्री०। बड़ी इलायची।

ताड़कायन (सं० पु०) विश्वामित्रके एक पुत्रका नाम। (भारत अनु० ४ अ०)

ताड़कारि (सं० पु०) ताड़कायाः अरिः, ६-तत्। ताड़काके शत्रु, श्रीरामचन्द्र।

ताड़केय (सं० पु०) ताड़कायाः अपत्यं ढक्। ताड़काका पुत्र, मारीच।

ताड़घ (सं० पु०) ताडं हन्ति हन-टक्। पाणिनिताड़यौ शिल्पिनि। पा ३।२।५५। कशाघात, बेंत या कोड़ा मारनेवाला, प्रहार।

ताड़घात (सं० पु०) ताडं हन्ति हन्-अण्। वह जो हथौड़े आदिसे पीट कर काम करता हो।

ताड़ङ्क (सं० पु०) ताड़ अङ्कः चिह्नं यस्य या ताडं पत्राणि मरुति अङ्क-घञ्, अथवा कृतं शकन्ध्वादित्वात् साधुः। १ कर्णाभरणविशेष, कानमें पहननेका एक प्रकारका गहना, करनफूल। इसके संस्कृत पर्याय—कर्णदर्पण, ताड़ङ्ककर्णिका, तालपत्र, ताड़पत्र और कर्णमुद्रा है। २ हस्ताभरणविशेष, हाथमें पहननेका एक गहना।

ताड़न (सं० क्ली०) ताड़ि भावे ल्युट्। १ आघात, प्रहार, मार। २ दीक्षाङ्गविषयमें दीक्षणीय मन्त्रसंस्कारविशेष। इसमें मन्त्रोंके वर्णोंको चन्दनसे लिख कर प्रत्येक मन्त्रको वायुबीज द्वारा पढ़ कर मारते हैं। (सारदाति०) ३ गुणन। ४ शासन, दण्ड, सजा। ५ डाँट डपट, घुड़की।

ताड़ना (सं० स्त्री०) ताड़न टाप्। १ प्रहार मार। २ भर्त्सना, डाँट डपट। ३ शासन, दण्ड। ४ उत्पीड़न, कष्ट, तकलीफ।

ताड़ना (हिं० क्रि०) १ दण्ड देना, मारना पीटना। २ शासित करना डाँटना डपटना। ३ किसी बातको लक्षणसे समझ लेना, भाँपना, लख लेना। ४ मारपीट कर भगाना, हाँकना, हटा देना।

ताड़नी (हिं० स्त्री०) ताड़न क्रियां डीप्। अश्वताड़नयष्टि, कोड़ा, चाबुक।

ताड़नीय (सं० त्रि०) ताड़-अनीयर्। शासनयोग्य, दण्ड देने योग्य, सजा देने काबिल।

ताड़पत्र (सं० क्ली०) तालस्य पत्रमिव अस्य द्र। कर्णभूषणविशेष, कानका एक गहना।

ताड़पत्रि—मन्द्राज प्रदेशके बेलारी जिलेके अधीन एक शहर। १५वीं शताब्दीमें यह शहर स्थापित हुआ है। यहाँ राम और त्रिपुरायके दो मन्दिर हैं। दोनों मन्दिर अच्छे अच्छे शिल्पकार्योंसे शोभित हैं जो देखनेमें बहुत अच्छे लगते हैं।

ताड़वाला (हिं० वि०) ताड़नेवाला, समझ जानेवाला।

ताड़यितृ (सं० त्रि०) ताड़-तृच्। ताड़नकारी, मारनेवाला।

ताड़ाग (सं० त्रि०) तड़ागे भवः अण्। तड़ागभव जल, तालाबका पानी। गुण-वातवर्द्धक, मधुर, कषाय और कटु, पाक। हेमन्तकालमें तड़ागका जल बहुत हितकर है।

ताड़ि (सं० स्त्री०) ताड़यति अर्थं गोभते तड़-णिच्-इन्। १ वृक्षविशेष, एक प्रकारका पेड़, ताड़ी पेड़। २ ताड़न।

ताड़ित (सं॰ त्रि॰) तड़-णिच्-क्त। १ आहत। २ तिरस्कृत। ३ प्रत्याड़ित। ४ दूरीकृत। ५ दण्डित। ६ विद्ध। (क्ली॰) तड़ित् भावार्थे क्त। ७ विद्युत्, बिजली।

ताड़ितकी उत्पत्तिका विषय सिद्धान्तशिरोमणिमें इस प्रकार लिखा है — समुद्रमें वड़वाग्नि है, जलमध्यनिमग्न इस वड़वाग्निसे धूमराशि उत्थित होती है और वह धूमराशि आकाशमें वायुद्वारा चालित हो कर चारों तरफ फैल जाती है। पीछे सूर्यरश्मि किरण द्वारा प्रदीप्त होने पर स्फुलिङ्ग निकलते हैं, इन्हीं स्फुलिङ्गोंको ताड़ित या बिजली कहते हैं। ये अनुकूल और प्रतिकूल वायुके आघातसे उद्भ्रान्त हो कर पार्थिवांशके साथ मिश्रित होते हैं, बादमें अकस्मात् वैद्युत तेजः निकलता है, वह प्रायः चक्राकारवर्त्ममें हुआ करता है। वह तीन प्रकारका है—पार्थिव, आप्य और तैजस। जिसमें पृथिवीका अंश अधिक हो वह पार्थिव, जिसमें जलीय अंश अधिक हो वह आप्य और जिसमें तेजका भाग अधिक हो वह तैजस कहलाता है।

विशेषविवरण-यूरोपीय विज्ञानमें ताड़ितका परिचय इस प्रकार दिया गया है—अम्बर (Amber) नामक पदार्थको घर्षण करनेसे, वह छोटे छोटे पंख, तृण आदिको आकर्षित करने लगता है। बहुत दिनोंसे लोग अम्बरके इस गुणको जानते थे। अम्बरके ग्रीक नामसे अङ्गरेजी Electricity शब्दकी उत्पत्ति हुई है। संस्कृत प्राचीन ग्रन्थोंमें तृणमणि और अम्बरको एक ही पदार्थ बतलाया गया है। डाक्टर गिलबार्टने तीन सौ पचास वर्ष पहले, अन्यान्य पदार्थोंमें भी घर्षणादिसे इस तरहकी आकर्षणशक्तिका आविष्कार किया था।

डेढ़ सौ वर्ष पहले ताड़ितके विषयमें मनुष्य जातिका ज्ञान सङ्कीर्ण और सीमाबद्ध था। वास्तवमें देखा जाय तो सुप्रसिद्ध मार्किन वैज्ञानिक फ्राङ्कलिन और अंग्रेज कावेण्डिशके समयसे ही ताड़ित-विज्ञानकी सृष्टि हुई है। पीछे ताड़ितकी इतनी उन्नति हुई कि अब उसने विज्ञानका सर्वोच्चस्थान प्राप्त कर लिया है। वर्त्तमानमें यह कहना अत्युक्ति न होगा कि, मनुष्य-समाजकी स्थिति और उन्नतिके लिए ताड़ितशक्ति ही प्रधान अवलम्बन है। सभ्यतम मनुष्य जातिका व्यवसाय, वाणिज्य, राजनीति इत्यादि सब कुछ ताड़ितशक्तिकी विविध प्रक्रियाके ऊपर प्रतिष्ठित है।

यूरोप और अमेरिकाके प्रधान प्रधान मनस्वियोंके द्वारा ताड़ितके विषयमें विविध आविष्क्रियाओंका सन्धान और ताड़ितविज्ञानकी विविध उन्नति सम्पादित हुई है। इस छोटेसे निबन्धमें सबका उल्लेख करना असम्भव है। किन्तु कुछ लोगोंका उल्लेख न करनेसे निबन्ध अधूरा रह जायगा। फ्राङ्कलिन और कावेण्डिशके बाद आपिनार, माइकेल फाराडे, लार्ड केलविन (सर विलियम टोमसन), क्लार्क मक्सवेल और हार्टजके नाम ताड़ितविज्ञानके इतिहासमें समधिक प्रसिद्ध हैं। इनमें आपिनार फरासी, हार्टज जर्मन तथा और सब अंग्रेज थे। इङ्गलैण्डके लिये यह बड़े गौरवका विषय है।

वर्त्तमान समयमें ताड़ितशक्ति विविध विधानानुसार मनुष्य और मनुष्य-समाजका भिन्नभावसे उपकार कर रही है। किन किन विषयोंमें कितने उपायोंसे ताड़ित शक्तिका व्यवहारिक प्रयोग हो रहा है, उसकी शुमार नहीं। वर्त्तमान निबन्धमें ताड़ितशक्तिकी वैज्ञानिक आलोचना की जायगी। ताड़ितके व्यवहारिक प्रयोगके लिए स्वतन्त्र निबन्धकी आवश्यकता है। एडिसन, पश्चिमन आदि जगद्विख्यात व्यक्तियोंने जिन कौशलोंसे विविध यन्त्रोंका उद्भावन कर ताड़ित शक्तिको मनुष्योंके कार्यसाधनमें नियोजित किया है, इस निबन्धमें उन सबकी आलोचनाको ही स्थान मिलेगा या नहीं सन्देह है।

ताड़ित एक जड़पदार्थ अथवा जड़ पदार्थका एक प्रकार धर्ममात्र है, अथवा शक्तिका किस तरहका भेद मात्र है, इसका अभी तक निःसंशय निरूपण नहीं हुआ है। आज तक भी इस विषय पर विविध तर्क वितर्क चल रहे हैं। किन्तु हम इस तर्क वितर्कमें प्रवेश नहीं करना चाहते। उस विषयमें आधुनिक वैज्ञानिकोंके मत अन्तमें कहेंगे।

ताड़ित किसको कहते हैं?—ताड़ित कहनेसे हम क्या समझते हैं, पहले यही बतलाना आवश्यक है। एक कांचके टुकड़ेको रेशमी रूमाल पर घिस कर छोटे छोटे कागजके टुकड़ोंके ऊपर रखनेसे मालूम होगा कि कागजके टुकड़े उछल उछल कर कांचके ऊपर आ लग रहे हैं।

लाक्षादण्डको फलालैन पर घिस कर अथवा अम्बरको कंघो बालों पर घिस कागजके टुकड़ोंके ऊपर रखनेसे भी ऐसा होता है। काँच, लाक्षादण्ड वा कंघोके इस प्रकारके घर्षणसे उनमें किसी प्रकारकी विकृति नहीं होती। घर्षणसे पहले आकार देखनेमें जैसा था, बादमें भी ठीक वैसा ही रहता है; किन्तु न मालूम उसमें एक नूतन क्षमता या धर्म कहांसे आ जाता है। यह नवाविर्भूत आकर्षणशक्तिविशिष्ट काँच-दण्ड और लाक्षादण्डको ताड़ित-धर्मान्वित कहा जा सकता है। इस नूतन आविर्भूत धर्मका नाम है ताड़ित-धर्म।

ताड़ित-विकाशके उपाय—काँच, रेशम और लाह पर प्रायः घर्षण करनेसे बहुत आसानीसे ताड़ितधर्मका विकाश होता है। साधारणतः विभिन्न प्रकृतिसम्पन्न किसी भी दो पदार्थोंको परस्पर घिसनेसे न्यूनाधिक मात्रामें ताड़ितका विकाश हुआ करता है अथवा घर्षणका भी प्रयोजन नहीं होता। इटली-निवासी भोल्टाने पहले पहल देखा था कि दो धातु-द्रव्योंके परस्पर संस्पर्श होनेसे ही दोनोंमें ताड़ितधर्मविकाश होता है। हाँ, इसमें विकाशकी मात्रा सर्वत्र समान नहीं होती है। यह ठीक है साधारणतः यह नियम निर्दिष्ट किया जा सकता है, कि दो विभिन्न रासायनिक प्रकृतिसम्पन्न द्रव्योंको परस्पर छुआ देनेसे दोनों ही ताड़ितधर्माक्रान्त होते हैं। स्पर्श ही जहां ताड़ित-विकाशके लिए यथेष्ट है, वहां दो द्रव्योंको घसनेसे विशेष फल होगा, यह निश्चित है।

स्पर्श और घर्षणके सिवा अन्य नाना कारणोंसे ताड़ितका विकाश होते देखा जाता है। आघात प्रयोग और तापप्रयोगमें ताड़ितका विकाश देखनेमें आता है। बहुतसे जीव-शरीरोंमें ताड़ितका विकाश होता है। वे आत्मरक्षाके लिए उस ताड़ितका व्यवहार करते हैं। जलमें वाष्प होते समय ताड़ितका विकाश होता है। इसके अलावा जो ताड़ितप्रवाह उत्पन्न करनेके उपाय हैं, उनका उल्लेख आगे किया जायगा।

ताड़ित निरूपणका उपाय—ताड़ितका विकाश हुआ है या नहीं, इसके समझनेके लिए विविध उपाय हैं। एक सोलाके टुकड़े पर एक सूतको लटका करके रखनेसे ही संक्षेपमें ताड़ित-निरूपणका उपाय होता है। कोई भी ताड़िताक्रान्त पदार्थ उसके पास आते ही, सोलाका टुकड़ा उसकी तरफ आकृष्ट होगा। एक काँचकी बोतलमें काग कस कर, उसको कागमें सुराख कर उसमें एक पीतलकी सींक पिरो देवें। सींकका एक छोर बोतलके भीतर और एक बाहर रहना चाहिये। जो छोर भीतर रहे, उस पर दो सूक्ष्म स्वर्ण वा तांबेकी पत्तियाँ लपेट देवें। इस यन्त्रको ताड़ित-निरूपक या तड़िद्दीक्षणयन्त्र कहा जा सकता है। काँच वा लाह या अन्य कोई पदार्थमें ताड़ितका विकाश होने पर उस पदार्थको बोतलके बाहरवाली सींकके छोर पर लानेसे ही अन्य भावसे दोनों पत्तियाँ अलग अलग हो जायंगी। दोनों पत्तियोंमें परस्पर विकर्षण होगा। इस विकर्षणका विषय पीछे और भी विशदरूपसे कहा जायगा।

ताड़ित दो प्रकारका है। जिस तरह रेशम पर काँच घिस कर उस काँचको तड़िद्दीक्षणके पास लानेसे पत्तियाँ अलग अलग हो जाती हैं, उसी तरह फलालैन या पशम पर लाह घिस कर उस लाहको तड़िद्दीक्षणके पास लानेसे भी पत्तियाँ अलग अलग हो जाती हैं, अर्थात् काँच और लाह दोनोंमें ही ताड़ितधर्मके विकाशका प्रमाण मिलता है। किन्तु ऐसी अवस्थामें यदि काँच और लाह दोनोंको एक साथ यन्त्रके पास लाया जाय, तो पत्तियोंको उस तरह अलग अलग होते नहीं देखा जाता। काँच और लाह दोनोंमें ताड़ितके विकाश हुए हैं, किन्तु वह परस्पर विरुद्ध धर्माक्रान्त हो जाते हैं। पृथक् भावसे दोनों जो कार्य करते हैं, एकत्र होनेसे परस्पर उस कार्यकी प्रतिकूलता करते हैं। सूतमें काँच और लाहके टुकड़ोंको बांध देनेसे मालूम होगा कि, दोनों आकर्षित हो रहे हैं। दो काँचके टुकड़ोंको रेशम पर घस कर टांग देनेसे देखेंगे कि, दोनोंमें आकर्षण न हो कर विकर्षण हो रहा है। और लाहके दो टुकड़ोंको पशम पर घस कर सूतसे लटका करनेसे दोनोंमें परस्पर विकर्षण होते देखेंगे। अतएव मालूम होता है कि—

(१) काँचका ताड़ित काँचके ताड़ितको विकर्षित करता या धक्का देता है।

(२) लाहका ताड़ित लाहके ताड़ितको विकर्षित करता या धक्का देता है।

(३) काँचका ताड़ित लाहके ताड़ितको आकर्षित करता या खींचता है।

इन दृश्योंको देख कर सिद्धान्त किया जाता है कि काँचका ताड़ित और लाहका ताड़ित परस्पर विरुद्ध या विपरीत धर्मयुक्त है। काँचके ताड़ितको धन ताड़ित और लाहके ताड़ितको ऋण-ताड़ित कहनेकी प्रथा चल गई है।

बीजगणितमें धन राशिके साथ ऋण-राशिका जो सम्बन्ध है, पावनेके साथ देनेका जो सम्बन्ध है, बढ़नेके साथ घटनेका जैसा सम्बन्ध है, धन-ताड़ितके साथ ऋण-ताड़ितका भी ठीक वैसा ही सम्बन्ध है। दाम और [illegible] एक साथ होते रहनेसे जिस तरह दाम भी रक्षित नहीं होता और बहुत भी अधिक नहीं होता, बराबरी हो कर पीछे लौटनेसे जैसे आगे या पीछे किसी तरफ भी ज्यादा चलना नहीं होता, उसी तरह धन-ताड़ितमें ऋण-ताड़ितका योग होनेसे अर्थात् धन-ताड़ितके पास ऋण-ताड़ितके आनेसे दोनोंमें स्वतन्त्र कुछ भी शक्ति नहीं दीखता।

दश रुपये कर्ज हो जाना और दश रुपये किसी पर पावने रहना जिस तरह एक ही बात है, उसी तरह धन-ताड़ितका कुछ बढ़ जाना और ऋण-ताड़ितका कुछ घट जाना समान है। किसी वस्तुमें धन-ताड़ितका आविर्भाव हुआ है, यह कहना और उसमें ऋण-ताड़ितका तिरोभाव हुआ है, यह कहना बराबर ही है। दोनोंमें इसके सिवा अन्य कोई सम्बन्ध नहीं है। इतना याद रखना चाहिये, कि धन-ताड़ित 'क' से 'ख' में गया, अथवा ऋण-ताड़ित 'ख' से 'क' में गया, दोनों वाक्य ही ठीक समानार्थवाची है।

और एक बात है;—काँचके ताड़ितको धन न कह कर ऋण कहनेके लिए कोई युक्ति नहीं है। दो प्रकारके ताड़ितोंमें एकको धन और दूसरेको ऋण कहनेसे ही काम चल सकता है। काँचके ताड़ितको धन और लाहके ताड़ितको ऋण कहनेकी सिर्फ प्रथा चल गई है।

परिचालक और अपरिचालक पदार्थ—ताड़ितावस्था किसी पदार्थको सूखे रेशमी डोरेसे लपेट कर सूखी वायुमें बहुत दिन तक रखा जा सकता है, उसका ताड़ित-धर्म लुप्त नहीं होता। किन्तु डोरा यदि भीगा हुआ हो या वायु आर्द्र हो अथवा हाथसे या किसी धातुद्रव्यसे उसका स्पर्श हो गया हो, तो शीघ्र ताड़ित धर्मका लोप हो जाता है। सूखा डोरा और अनार्द्र वायु अपरिचालक है तथा भीगा डोरा, आर्द्र वायु, मनुष्यका शरीर और धातु-पदार्थ ताड़ितके परिचालक हैं। अपरिचालकके भीतरसे ताड़ित अन्यत्र नहीं जा सकता, किन्तु परिचालक पदार्थ ताड़ितके गमनमें बाधा नहीं देता। काच, लाह आदि अपरिचालक पदार्थ पर जहां घर्षण होता है, ताड़ित ठीक वहीं आवद्ध रहता है। धातु पदार्थमें ताड़ित एक जगह विकाशित होने पर वह तुरंत ही सर्वत्र फैल जाता है। इस कारण धातुपदार्थ द्वारा ताड़ितको रोका नहीं जा सकता। धातुपदार्थमें ताड़ित सञ्चित और आवद्ध कर रखने पर उसको शुष्क वायुमें शुष्क रेशमी सूतसे खींच कर या काच आदि अपरिचालक पदार्थसे बने हुए डण्डेके ऊपर बैठा कर रखा जा सकता है। वायु अधिक आर्द्र होने पर काच आदि पर पानी और मैल होता है, फिर उस परसे टपकता हुआ ताड़ित अन्यत्र चला जाता है। काच, लाह, रेशम, पशम, वायु, रुई, सूखी लकड़ी, मोम, कोयला, गन्धक, तेल आदि पदार्थ अपरिचालक हैं। धातुपदार्थ मात्र ही साधारणतः उत्तम परिचालक होते हैं। मनुष्यका शरीर भी परिचालक है। किसी द्रव्यमें ताड़ित रहनेसे स्पर्श मात्रसे वह ताड़ित अन्यत्र चला जाता है।

परिचालकका धर्म।—परिचालक पदार्थके अभ्यन्तर देशमें ताड़ितकी क्रियाका प्रकाश नहीं होता। साधारणतः इनके पदार्थोंके पास ताड़ित सञ्चित होनेसे ये पदार्थ ताड़ितको साफ आकृष्ट होते हैं। कहीं कहीं अग्निके स्फुलिङ्ग आदि ताड़ितकी अद्भुत क्रियाएँ भी देखनेमें आती हैं। आकर्षण, विकर्षण, अग्निस्फुलिङ्गकी उत्पत्ति आदि ताड़ितमें विविध क्रियाएं देख कर ताड़ितका विकाश और अस्तित्व समझमें आ जाता है। किन्तु किसी धातुमय द्रव्यके भीतर ऐसी कोई भी क्रिया प्रकट नहीं होती, अर्थात् एक टीनके बक्स या लोहेके पिंजरेके भीतर कोमल पदार्थ या तड़िद्वीक्षणयन्त्र आदि रखनेसे उस पर

पिंजरेके बाहर प्रभूत परिमाणमें ताड़ितका संचय होने पर भी उस कमरेके पदार्थ पर या तड़िद्दीक्षणयन्त्र पर उसका जरा भी प्रभाव नहीं पड़ता। माइकेल फाराडेने एक बड़े भारी काठके बकसको धातुके पत्तेकी पत्तियोंसे मढ़ कर यन्त्रके जरिये उसमें प्रभूत ताड़ितका संचय किया और स्वयं तड़िद्दीक्षणादि ले कर उसके भीतर घुस गये। बकसके बाहरमें बड़े अग्निस्फुलिङ्ग इधर उधरको विक्षिप्त हो रहे थे, किन्तु बकसके भीतर उन्हें कुछ भी मालूम न हुआ।

गणितशास्त्रानुसार देखा जाता है, कि जिस प्रदेशमें ताड़ितकी कोई क्रिया नहीं है, वहां ताड़ितका अस्तित्व भी नहीं है। धातुद्रव्यके भीतर जैसे बिजलीकी क्रिया नहीं होती, उसी तरह उसके भीतर बिजली भी सञ्चित नहीं रहती। ठोस या पोली कैसी भी क्यों न हो, किसी भी धातुकी चीजमें बिजली सञ्चित करनेसे समस्त ताड़ित या बिजली उसके ऊपर आ जाती है। उसके भीतर जरा भी नहीं रह जाती। किसी ताड़ित विशिष्ट द्रव्यको बकस या पिंजरे जैसे पोले धातुमय पदार्थके भीतर घुसेड़ देनेसे स्पर्श मात्रसे समस्त ताड़ित उस बकस या पिंजरेके ऊपर आ जाता है। उस समय उस द्रव्यको निकाल कर तड़िद्दीक्षण द्वारा उसकी परीक्षा करनेसे मालूम होगा कि, उसमें जरा भी बिजली नहीं रही है।

एक पिंजरे या लोहेके जालके भीतर रहनेसे वज्राघातकी कुछ आशङ्का नहीं रहती।

अपरिचालक पदार्थके भीतर सर्वत्र ताड़ितक्रियाकी स्फूर्ति होती है तथा उसके ऊपर और भीतर सर्वत्र ही ताड़ित सञ्चित हो सकता है।

परिचालक पदार्थोंमें सिवा ऊपरके अन्यत्र कहीं भी बिजली नहीं रहती। और ऊपर भी सर्वत्र समान परिमाणमें नहीं रहती। एक लोहेके गोले पर सर्वत्र समान भावसे बिजली मौजूद रहती है। किन्तु धातुमय द्रव्यका उपरिभाग ऊँचा नीचा होने पर सब जगह समान बिजली नहीं होती। जो जमीन जितनी ऊँची होगी, वहां उतनी ही ज्यादा बिजली ठहरेगी और नीची जमीन पर उतनी ही कम। इस प्रकार जहां जहां नोकसी निकली रहेगी वहीं वहीं बिजली कुछ ज्यादा जमती है; अन्यत्र उससे कुछ कम रहा करती है।

परिचालकके भीतर जो ताड़ितकी क्रिया प्रकट नहीं होती, ठीक उसी धर्मके फलसे ऐसा होता है, यह गणितशास्त्रकी सहायतासे प्रमाणित हो सकता है। किसी निर्दिष्ट आकारके धातुमय पदार्थके उपरिभागके किसी अंश पर ताड़ित जमनेसे भीतरमें ताड़ितकी क्रिया प्रकट नहीं होती, इसकी गणितकी सहायतासे गणना हो सकती है। गणितप्रयोग वर्तमान निबन्धमें बहिर्भूत है।

परिचालक और अपरिचालकमें प्रभेद।—परिचालकके भीतर बिजली वासयोग नहीं करती; पर अपरिचालकके भीतर बिजलीका वास प्रयुक्त होता है। दो ताड़ितयुक्त पदार्थ पासके मध्य रहनेसे दोनोंमें या तो आकर्षण या विकर्षण होते देखा जाता है। दोमेंसे एकको पिंजरे या बकसमें भर देनेसे फिर आकर्षण या विकर्षण कुछ भी उस बकसकी धातुकी भीत पार नहीं जाता। पिंजरा या बकस मानो भित्ति हो कर रहता है। ऐसी हालतमें भीतरकी बिजली और बाहरकी बिजली परस्पर सम्पूर्ण पृथक् और स्वाधीनभावसे रहती है। परिचालक पदार्थ ताड़ितवस्तुके सञ्चालनमें समर्थ हैं, किन्तु अपरिचालक पदार्थ इसमें पटु हैं। दोनोंका यह प्रभेद इस प्रकारसे कुछ कुछ समझा जा सकता है। इस्पात, कांच, मट्टी, पत्थर, रबर आदि कठिन द्रव्योंको खींचा, तोड़ा और टेढ़ा किया जा सकता है, किन्तु जल, तेल, गुड़, कीचड़ इत्यादि तरल द्रव्योंको इस तरह खींचा, तोड़ा और टेढ़ा नहीं किया जा सकता। कांचको दोनों हाथोंसे पकड़ कर खींचा जा सकता है, कांच उस खींचनेमें अदृष्ट बाधा पहुंचाता है। थोड़ासा कीचड़ ले कर खींचनेसे कीचड़ इतनी कम बाधा पहुंचाता है कि, मालूम ही नहीं पड़ती। जल इससे भी ज्यादा है। बिजलीके लिए अपरिचालक पदार्थ कठिन द्रव्यके समान है और परिचालक पदार्थ जल या कीचड़के समान। अपरिचालकके भीतर बिजलीको खींचन पड़ता है और धक्का लगता है, परिचालकके भीतर न तो खींचन पड़ता है और न धक्का ही लगता है। कठिन मट्टीका उपरिभाग ऊँचा नीचा या असमान हो सकता है, किन्तु तरल जलका उपरिभाग समतल हो जाता है, ऊँचा नीचा नहीं। जलके भीतर यद्यपि सामान्य दाब [illegible]

(३) काँचका ताड़ित लाखके ताड़ितको आकर्षित करता या खींचता है।

इन सबको देख कर सिद्धान्त किया जाता है कि काँचका ताड़ित और लाखका ताड़ित परस्पर विरुद्ध वा विपरीत धर्मयुक्त है। काँचके ताड़ितको धन-ताड़ित और लाखके ताड़ितको ऋण-ताड़ित कहनेकी प्रथा चल गई है।

बीजगणितमें धन राशिके साथ ऋण-राशिका जो सम्बन्ध है, पावनेके साथ देनेका जो सम्बन्ध है, प्रवेशके साथ निर्गमका जैसा सम्बन्ध है, धन-ताड़ितके साथ ऋण-ताड़ितका भी ठीक वैसा ही सम्बन्ध है। दान और ग्रहणके एक साथ होते रहनेसे जिस तरह दान भी अधिक नहीं होता और ग्रहण भी अधिक नहीं होता, अग्रवर्ती हो कर पीछे लौटनेसे जैसे आगे वा पीछे किसी ओर भी ज्यादा चलना नहीं होता, उसी तरह धन-ताड़ितमें ऋणताड़ितका योग होनेसे अर्थात् धन-ताड़ितके पास ऋण-ताड़ित ले जानेसे दोनोंमें स्वतन्त्र फल भली भांति नहीं दीखता।

दश रुपये कर्ज हो जाना और दश रुपये किसी पर पावने रहना जिस तरह एक ही बात है, उसी तरह धन-ताड़ितका कुछ बढ़ जाना और ऋण-ताड़ितका कुछ घट जाना समान है। किसी वस्तुमें धन-ताड़ितका आविर्भाव हुआ है, यह कहना और उसमें ऋण-ताड़ितका तिरोभाव हुआ है, यह कहना बराबर ही है। दोनोंमें इसके सिवा अन्य कोई सम्बन्ध नहीं है। इतना याद रखना चाहिये, कि धन-ताड़ित 'क' से 'ख' में गया, अथवा ऋण-ताड़ित 'ख' से 'क' में गया, दोनों वाक्य ही ठीक समानार्थवाची हैं।

और एक बात है;—काँचके ताड़ितको ऋण न कह कर धन कहनेके लिए कोई युक्ति नहीं है। दो प्रकारके ताड़ितोंमें एकको धन और दूसरेको ऋण कहनेसे ही काम चल सकता है। काँचके ताड़ितको धन और गाला या लाहके ताड़ितको ऋण कहनेकी सिर्फ प्रथा चल गई है।

परिचालक और अपरिचालक पदार्थ—ताड़िताक्रान्त किसी पदार्थको सूखे रेशमी डोरेमें लपेट कर सूखी वायुमें बहुत दिन तक रखा जा सकता है, उसका ताड़ित-धर्म लुप्त नहीं होता। किन्तु डोरा यदि भींगा हुआ हो वा वायु आर्द्र हो अथवा हाथसे वा किसी धातुद्रव्यसे उसका स्पर्श हो गया हो, तो शीघ्र ताड़ित धर्मका लोप हो जाता है। सूखा डोरा और आर्द्र वायु अपरिचालक है तथा भींगा डोरा, आर्द्र वायु, मनुष्यका शरीर और धातु-पदार्थ ताड़ितके परिचालक हैं। अपरिचालकके भीतरसे ताड़ित अन्यत्र नहीं जा सकता; किन्तु परिचालक पदार्थ ताड़ितके गमनमें बाधा नहीं देता। काँच, लाख आदि अपरिचालक पदार्थ पर जहाँ घर्षण होता है, ताड़ित ठीक वहीं आवद्ध रहता है। धातु पदार्थमें ताड़ित एक जगह विकाशित होने पर वह तुरंत ही सर्वत्र फैल जाता है। इस कारण धातुपदार्थ द्वारा ताड़ितको रोका नहीं जा सकता। धातुपदार्थके ताड़ित सञ्चित और आवद्ध कर रखने पर उसको शुष्क वायुमें शुष्क रेशमी सूतेसे खींच कर वा काँच आदि अपरिचालक पदार्थसे बने हुए डंडेके ऊपर बैठा कर रखा जा सकता है। वायु अधिक आर्द्र होने पर काँच आदि पर पानी और मैल होता है, फिर उस परसे टकता हुआ ताड़ित अन्यत्र चला जाता है। काँच, लाह, रेशम, पशम, वायु, रुई, सूखी लकड़ी, सोना, कोयला, गन्धक, तैल आदि पदार्थ अपरिचालक हैं। धातुपदार्थ मात्र ही साधारणतः उत्तम परिचालक होते हैं। मनुष्यका शरीर भी परिचालक है। किसी द्रव्यमें ताड़ित रहनेसे स्पर्श मात्रसे वह ताड़ित अन्यत्र चला जाता है।

परिचालकका धर्म।—परिचालक पदार्थके अभ्यन्तरदेशमें ताड़ितको क्रियाका प्रकाश नहीं होता। साधारणतः हलके पदार्थोंके पास ताड़ित सञ्चित होनेसे वे पदार्थ ताड़ितकी तरफ आकृष्ट होते हैं। कहीं कहीं अग्निके स्फुलिङ्ग आदि ताड़ितकी अन्यरूप क्रियाएँ भी देखनेमें आती हैं। आकर्षण, विकर्षण, अग्निस्फुलिङ्गकी उत्पत्ति आदि ताड़ितमें विविध क्रियाएं देख कर ताड़ितका विकाश और अस्तित्व समझमें आ जाता है। किन्तु किसी धातुमय द्रव्यके भीतर ऐसी कोई भी क्रिया प्रकट नहीं होती, अर्थात् एक टीनके बकस वा लोहेके पिंजरेके भीतर हलका पदार्थ वा तड़िद्दीक्षणयन्त्र आदि रखनेसे बकस या

पिंजरेके बाहर प्रभूत परिमाणमें ताड़ितका संचय होने पर भी उस इलके पदार्थ पर वा तड़िद्दीक्षणयन्त्र पर उसका ज़रा भी प्रभाव नहीं पड़ता। माइकेल फाराडेने एक बड़े भारी काठके बकसको बारीक रांगेकी पत्तियोंसे जड़ कर यन्त्रके ज़रिये उसमें प्रभूत ताड़ितका सञ्चय किया और स्वयं तड़िद्दीक्षणादि ले कर उसके भीतर घुस गये। बकसके बाहरमें बड़े बड़े अग्निस्फुलिङ्ग इधर उधरको विक्षिप्त हो रहे थे, किन्तु बकसके भीतर उन्हें कुछ भी मालूम न हुआ।

गणितशास्त्रानुसार देखा जाता है, कि जिस प्रदेशमें ताड़ितकी कोई क्रिया नहीं है, वहां ताड़ितका अस्तित्व भी नहीं है। धातुद्रव्यके भीतर जैसे बिजलीकी क्रिया नहीं होती, उसी तरह उसके भीतर बिजली भी सञ्चित नहीं रहती। ठोस या पोली कैसी भी क्यों न हो, किसी भी धातुकी चीज़में बिजली सञ्चित करनेसे समस्त ताड़ित वा बिजली उसके ऊपर आ जाती है। उसके भीतर ज़रा भी नहीं रह जाती। किसी ताड़ितविशिष्ट द्रव्यको बकस या पिंजरे जैसे पोले धातुमय पदार्थके भीतर घुसेड़ देनेसे स्पर्श मात्रसे समस्त ताड़ित उस बकस या पिंजरेके ऊपर आ जाता है। उस समय उस द्रव्यको निकाल कर तड़िद्दीक्षण द्वारा उसकी परीक्षा करनेसे मालूम होगा कि, उसमें ज़रा भी बिजली नहीं रही है।

एक पिंजरे या लोहेके आलेके भीतर रहनेसे वज्राघातको कुछ आशङ्का नहीं रहती।

अपरिचालक पदार्थके भीतर सर्वत्र ताड़ितक्रियाकी स्फूर्ति होती है तथा उसके ऊपर और भीतर सर्वत्र ही ताड़ित सञ्चित हो सकता है।

परिचालक पदार्थमें सिवा ऊपरके अन्यत्र कहीं भी बिजली नहीं रहती। और ऊपर भी सर्वत्र समान परिमाणसे नहीं रहती। एक लोहेके गोले पर सर्वत्र समान भावसे बिजली मौजूद रहती है। किन्तु धातुमय द्रव्यका उपरिभाग ऊँचा नीचा होने पर सब जगह समान बिजली नहीं होती। जो अंश जितना ऊँचा होगा, वहां उतनी ही ज्यादा बिजली ठहरेगी और नीची ज़मीन पर उतनी ही कम। इस प्रकार जहां जहां नोकसी निकली रहेगी वहीं वहीं बिजली कुछ ज्यादा जमती है; अन्यत्र उससे कुछ कम रहती है।

परिचालकके भीतर जो ताड़ितकी क्रिया प्रकट नहीं होती, ठीक उसी धर्मके फलसे ऐसा होता है, यह गणितशास्त्रकी सहायतासे प्रमाणित हो सकता है। किसी निर्दिष्ट आकारके धातुमय पदार्थके उपरिभागके किसी अंश पर ताड़ित जमनेसे भीतरमें ताड़ितकी क्रिया प्रकट नहीं होगी, इसकी गणितकी सहायतासे गणना की जा सकती है। गणितप्रयोग वर्तमान निबन्धसे बहिर्भूत है।

परिचालक और अपरिचालकमें प्रभेद।—परिचालकके भीतर बिजली बलप्रयोग नहीं करती; पर अपरिचालकके भीतर बिजलीका बल प्रयुक्त होता है। दो ताड़ितयुक्त पदार्थ बाहरके मध्य रहनेसे दोनोंमें या तो आकर्षण या विकर्षण होते देखा जाता है। दोनोंमेंसे एकको पिंजरे या बकसमें भर देनेसे फिर आकर्षण या विकर्षण कुछ भी उस बकसकी धातुको भेद कर नहीं जाता। पिंजरा या बकस मानो भित्ती हो कर रहता है। ऐसी हालतमें भीतरकी बिजली और बाहरकी बिजली परस्पर सम्पूर्ण पृथक् और स्वाधीनभावसे रहती है। परिचालक पदार्थ ताड़ितबलके सञ्चालनमें असमर्थ है, किन्तु अपरिचालक पदार्थ इसमें पटु है। दोनोंका यह प्रभेद इस प्रकारसे कुछ कुछ समझा जा सकता है। इस्पात, कांच, लकड़ी, पत्थर, रबर आदि कठिन द्रव्योंको खींचा, मोड़ा और टेढ़ा किया जा सकता है, किन्तु जल, तेल, गुड़, कीचड़ इत्यादि तरल द्रव्योंको इस तरह खींचा, मोड़ा और टेढ़ा नहीं किया जा सकता। कांचको दोनों हाथोंसे पकड़ कर खींचा जा सकता है, बीच उस खींचनेमें अदृष्ट बाधा पड़ जाती है। थोड़ासा कीचड़ ले कर खींचनेसे कीचड़ इतनी कम बाधा पहुंचाता है कि, मालूम ही नहीं पड़ती। जल इससे भी ज्यादा है। बिजलीके लिए अपरिचालक पदार्थ कठिन द्रव्यके समान है और परिचालक पदार्थ जल या कीचड़के समान। अपरिचालकके भीतर बिजलीको खींचन पड़ता है और पड़ सकता है, परिचालकके भीतर न तो खींचन पड़ता है और न पड़ ही सकता है। कठिन मट्टीका उपरिभाग ऊँचा नीचा या असमान हो सकता है, किन्तु तरल जलका उपरिभाग समतल ही होता है, ऊँचा नीचा नहीं। जलके भीतर असमानता द्वारा [illegible]

हो जल अपने आप हट कर दाबको सर्वत्र समान कर लेता है, परन्तु कठिन पदार्थके भीतर विभिन्नस्थलोंमें विभिन्न मात्रासे दाब देनेसे कठिन पदार्थ टेढ़ा या नम जाता है। जलकी तरह बहता ढरकता नहीं। इसी तरह अपरिचालक पर ऊपर या भीतर विभिन्नस्थलोंमें ताड़ितको विभिन्न मात्राओंमें दाब पड़ सकती है, उस दाबसे ताड़ितको एक जगहसे दूसरी जगह ढकेल देना चाहता है। किन्तु ताड़ित अपरिचालकको भेद कर सहजमें नहीं जा सकता। परिचालकके भीतर ताड़ितको दाबमें थोड़ी बहुत घट बढ़ होनेसे ही उसी समय थोड़ीसी बिजली पानीकी तरह ढरक जाती है, परिचालक उसमें कुछ भी बाधा नहीं देता। अतएव परिचालकके भीतर ताड़ितकी दाबकी कुछ कमीबेशी नहीं होती; सर्वत्र समान दाब होनेसे न खींचन पड़ती है और न धक्का ही लगता है।

पानीके दाबके साथ बिजलीके जो गुणोंकी तुलना की गई है, उसको अब हम उद्गति (potential) शब्दसे व्यवहार करेंगे। कठिन पदार्थके विभिन्न स्थलों पर दाबकी कमीबेशी हो सकती है, तरलपदार्थके विभिन्न स्थानोंमें दाबकी थोड़ी बहुत कमीबेशी होनेसे तरलपदार्थ हट कर दाबको बराबर कर लेता है। अपरिचालकके भीतर ताड़ितकी उद्गति विभिन्न स्थान पर विभिन्न परिमाणसे हो सकती है। परिचालकके अन्दर ताड़ितकी उद्गति सर्वत्र समान होगी; जरा सी कमीबेशी होनेसे ताड़ित कुछ हट कर उद्गतिको समान कर लेगा। परिचालक और अपरिचालक दोनोंका ही स्वभाव ऐसा है। दोनोंमें ताड़ितकी जो क्रियाएं देखनेमें आती हैं, वे सभी इस विभिन्न स्वभावसे उत्पन्न हैं। परिचालकके भीतर उद्गति सर्वत्र समान होती है, इस कारण परिचालकके भीतर बहिस्थ ताड़ितका कोई खिंचाव या धक्का प्रकट नहीं होता। अतएव परिचालकके किसी स्थान पर जरासी बिजलीका सञ्चार करने मात्रसे समस्त ताड़ित केवल ऊपर ही फैल जाता है और वह इस तरह फैल जाता है जिससे परिचालक भरमें उसकी उद्गति समान होती है, अर्थात् परिचालकके भीतर किसी जगह खिंचाव या धक्का नहीं पाया जाता। जैसे पानी जहाँ ज्यादा दाब है, वहाँसे, जहाँ कम दाब है, वहाँ जानेकी कोशिश करता है, उसी तरह बिजली भी जहाँ उद्गति अधिक है, वहाँसे, जहाँ उद्गति कम है, वहाँ जानेकी चेष्टा करती है। बीचमें यदि अपरिचालकका व्यवधान हो तो सिर्फ चेष्टा मात्र ही करती रह जाती है, बिजली एक स्थानसे अन्यत्र नहीं जाने पाती बीचमें सिर्फ खिंचाव पड़ जाता है। और यदि परिचालकका व्यवधान हो तो बिजली सहज ही ढरक कर जाती है, दोनों जगह उद्गति समान हो जाती है, खिंचाव नहीं पड़ता।

परिचालक और अपरिचालकका इस स्वाभाविक प्रभेदको याद रखनेसे ताड़ित-घटित प्रायः सभी क्रियाओंको एक प्रकारसे समझा जा सकता है। मान लो, कि एक पीतलके गोलेमें धन-ताड़ित सञ्चित करके उसको डोरेमें बाँध कर टाँग दिया गया। उसके चारों ओर सिर्फ अपरिचालक वायु विद्यमान है। पासमें उद्गति अधिक है, जितनी दूर जाओगे उद्गति उतनी ही घटती जायगी। और एक छोटे गोलेमें धन-ताड़ित ले कर उसे उसके पास थामनेसे वह क्रमशः दूर जाना चाहेगा। क्योंकि यह धन-ताड़ित, जिधर जानेसे उद्गति घटती है उसी तरफ जाना चाहता है। धन-ताड़ितके साथ ऋण-ताड़ितके प्रभेदको याद करनेसे ही समझ सकते हैं, कि इस प्रदेशमें ऋण-ताड़ितयुक्त एक छोटा गोला रखनेसे वह क्रमशः दूरसे पास आवेगा। धन ताड़ित जहाँ उद्गति अधिक है, वहाँसे जहाँ कम है, उसी तरफ जाता है। ऋण-ताड़ित जहाँ कम है, वहाँसे जहाँ अधिक है, उसी तरफ जाता है। धन-ताड़ित धन-ताड़ितको धक्का मारता है, ऋण-ताड़ित भी ऋण-ताड़ितको ठेल देता है, किन्तु धन-ताड़ित ऋण-ताड़ितको खींचता है।

ताड़ितका परिमाण।—तड़िद्वीक्षणयन्त्र ताड़ितके अस्तित्व निरूपणार्थ व्यवहृत होता है। ताड़ित किस जातिका है, इसका भी सहजमें निर्णय किया जा सकता है। उपस्थित ताड़ितमें जब यन्त्रकी दोनों पत्तियां अलग अलग हो जायं, तब काँचके ताड़ितको पास ले आने पर यदि पृथक्त्व और भी बढ़ जाय तो समझना चाहिये कि, उपस्थित ताड़ित धनताड़ित है। और यदि पृथक्त्व

घट जायँ, तो उसे ऋण-ताड़ित समझना चाहिये। धन और ऋण दोनोंको अलग अलग रखनेसे यदि पत्तियाँ जरा भी अलग अलग न हों, तो समझें कि धन और ऋण दोनोंका परिमाण समान है। कुछ पृथक्त्वको देख कर ताड़ितका परिमाण भी स्थूलतः निर्णीत हो सकता है। सूक्ष्मभावसे ताड़ित-परिमाणको प्रणालियोंका उल्लेख करना अनावश्यक है। यहीं तक याद रखना चाहिये कि, यन्त्रद्वारा ताड़ितकी जाति और परिमाण दोनोंका ही निर्णय किया जा सकता है।

ताड़ितकी अक्षयता।—इसी तरह यन्त्र द्वारा परिमाण और परीक्षा करके देखा गया है कि, ताड़ितका ध्वंस नहीं है। बिजली एक स्थानसे दूसरे स्थानको एक आधारसे अन्य आधारमें जा सकती है, इसकी कणिकामात्रका भी ध्वंस नहीं होता। साधारणतः बिजली जो बहुत देर तक एकत्र आबद्ध नहीं रखी जा सकती, उसका प्रधान कारण पार्श्ववर्ती पदार्थका आंशिक परिचालकत्व ही है। बिजली वायुपथसे तथा धूलिकणा जलकणा आदिको आश्रय कर धीरे धीरे परिचालित हो कर एक द्रव्यके ऊपरसे अन्य द्रव्यके ऊपर जाया करती है, किन्तु उसका ध्वंस नहीं होता। लॉर्ड केलविनने कांचका शीशा सर्वतः वायुशून्य करके उसके भीतर वर्षों तक ताड़ितयुक्त पदार्थको आबद्ध कर रखा था, बहुत वर्षोंमें भी ताड़ितके परिमाणका ह्रास नहीं हुआ था।

अर्थात् दस भाग धन ताड़ितमें पांच भाग धन-ताड़ित मिलानेसे सर्वत्र और सर्वदा ठीक पन्द्रह भाग धन-ताड़ित पाया जाता है। मिलाते समय परिमाण घटता नहीं। दस भाग ऋण-ताड़ितमें पांच भाग ऋण-ताड़ित मिलानेसे सर्वत्र पन्द्रह भाग ऋण-ताड़ित होता है। और दस भाग धनमें आठ भाग ऋण मिलानेसे दो भाग धन होता है। दस भाग धनमें दस भाग ऋण मिलानेसे धन वा ऋण किसीका भी अस्तित्व नहीं रहता। इस हालतमें भी कहना पड़ेगा, कि धन और ऋणमें योग हुआ है। उसका ध्वंस या नाश हुआ है, ऐसा कहना भूल है।

ताड़ितका संक्रमण थोड़ेसे धन ताड़ितके पास एक पीतलकी कोई चीज सूतकी सहायतासे बांधो। पूर्वोक्त नियमानुसार धन-ताड़ितके पासमें उद्गति अधिक और दूरमें उद्गति कम होती है। अतएव इस धातुद्रव्यका जो पार्श्व धन-ताड़ितके सम्मुख और निकटस्थ है, वहां उद्गति अधिक तथा जो पार्श्व पीछे और दूरी पर स्थित है, वहां उद्गति कम होती है। उस वस्तुको वहां लानेसे पहले उसके ऊपर किसी स्थानमें ताड़ितका चिह्नमात्र न था; किन्तु अब देखोगे कि, सामनेके भागमें ऋण-ताड़ित और पश्च-भागमें धनताड़ितका आविर्भाव हुआ है अर्थात् परिचालक धातुद्रव्यके स्वभावतःसे किञ्चित् धनताड़ित, जहां उद्गति अधिक था, वहांसे, जहां उद्गति कम है, वहां भगा गया है, निकटसे दूर और सामनेसे पीछे गया है। और थोड़ासा ऋण ताड़ित विपरीत दिशाको अर्थात् दूरसे पासमें, पश्चात्से सामने गया है। नापनेसे देखेंगे कि, नूतन आविर्भूत धन-ताड़ितका परिमाण ठीक ऋण-ताड़ितके समान है। पहले मानो उस धातुके भीतर शून्य परिमित ताड़ित अव्यक्तभावसे निहित था। अब वही शून्य परिमित ताड़ित किञ्चित् धन और उतने ही ऋणमें विश्लिष्ट हो कर विभिन्न दिशाको हट गया है। इसीको ताड़ितका संक्रमण कहते हैं।

यह कहना बाहुल्य मात्र है कि, परिचालकके स्वभावधर्मसे ऐसा होता है। अपरिचालक पदार्थमें ऐसा नहीं होता; क्योंकि उसके दोनों पार्श्वमें उद्गति समान न होनेसे भी ताड़ितकी गति नहीं होती। और परिचालकके दोनों पार्श्वमें उद्गति असमान होनेसे वा कुछ धन-ताड़ित अपने आप हट कर पश्चात् भागकी उद्गतिको जरा बढ़ा देता है। थोड़ासा ऋण-ताड़ित अपने आप हट कर सामनेकी उद्गति घटा देता है। इससे उसके विभिन्न अंशमें उद्गति असमान नहीं रह सकती, सर्वत्र उद्गति समान हो जाती है। उस समय उसके भीतर ताड़ितका खिंचाव नहीं रहता अर्थात् ताड़ितकी क्रियामें स्फूर्ति नहीं रहती।

इस संक्रमणके समय जितने धन और ठीक उतने ही ऋणका विकास होनेसे समग्र ताड़ितका परिमाण पहले जितना था अब भी उतना ही रहता है। ताड़ित-

का जैसे ध्वंस नहीं है, वैसे ही सृष्टि भी नहीं है। एक जगहमें कुछ धन ताड़ितको हटा कर एकत्र सञ्चित करनेसे अन्यत्र किसी न किसी जगह ठीक उतने ही ऋण-का आविर्भाव और विकाश होता है। योगफल शून्य ही रहता है। माइकेल फराडे इस मतके प्रतिष्ठाता हैं।

एक टीनके या अन्य किसी धातुके बकसको भूमिसे अलग कर अर्थात् अपरिचालक द्रव्यमें परिवृत करके उस-के भीतर एक धन ताड़ितयुक्त गोला लटका दो। बकस-के बाहरके हिस्से पर धन ताड़ित और भीतरके हिस्सेमें ऋण-ताड़ितका विकाश होगा। उल्लिखित संक्रमण ही इसका कारण है। बकसके बाहरी हिस्सेको छूनेसे वहांका धन ताड़ित तत्क्षणात् शरीरके मध्यसे चला जाता है। अभ्यन्तरमें गोलाका धन और बकसके भीतरी हिस्से-में ऋण-ताड़ित वर्त्तमान रहता है। तड़िद्दीक्षण द्वारा बाहरमें कहीं भी कोई ताड़ितक्रिया देखनेमें नहीं आती. भीतरके गोलेको सहसा बाहर निकाल लेनेसे ऋण-ताड़ित भी साथ ही साथ बकसके अन्तःपृष्ठसे बाहरके पृष्ठमें आ कर पड़ता है और तड़िद्दीक्षणसे पकड़ा जाता है। और गोलेका यदि निकालनेसे पहले बकसके गात्रसे स्पर्श कराया जाय, तो बाहर निकालनेके बाद गोला अथवा बकसमें कहीं भी किसी ताड़ितका लेशमात्र नहीं मिलता। प्रमाणित हुआ कि, गोलामें जितना धन था, बकसके भीतर भी उतना ही ऋणका आविर्भाव हुआ था; नहीं तो दोनोंका योगफल शून्य नहीं होता।

जिस कोठरीके भीतर मैं बैठा हूं, उसको एक वृहत् परिचालक बकसके समान समझ सकता हूं। कोठरीके भीतर किसी जगह कुछ धन-ताड़ित रखनेसे कोठरीके भीतर दीवारों पर ठीक उतने ही ऋण-ताड़ितका आविर्भाव होगा अर्थात् चारों ओरकी दीवार, नीचेकी जमीन और ऊपरकी छत पर सर्वत्र थोड़ा बहुत ऋण-ताड़ितका विकाश होगा. सबको एकत्र करनेसे ठीक अभ्यन्तरस्थ धन-ताड़ितके साथ परिमाणमें समान होगा, जरा भी कम वा ज्यादा न होगा।

कोठरीके भीतर न झुला कर यदि खुले मैदानमें धन-ताड़ितयुक्त एक गोला लटकाया जाय, तो उसके चारों ओर जहां जहां परिचालकको पीठ है, वहां वहां कुछ कुछ ऋण-ताड़ितका विकाश होगा। नीचे मैदान-में जमीन पर कुछ दूरवर्त्ती वृक्ष या पहाड़ पर किञ्चित् उपरिस्थ आकाशमें एक मेघ होनेसे उसके गात्रमें भी यत् किञ्चित् ऋण-ताड़ितका आविर्भाव होगा। किन्तु यदि जगतमें जहां जितना ऋण-ताड़ितका ऐसा आविर्भाव हुआ है, उसको एकत्र संग्रह कर रखा जाय, तो उस-की समष्टि उस सुवलम्बित गोलेके पृष्ठदेशवर्त्ती धन-ताड़ितकी अपेक्षा जरा भी कमती या बढ़ती न होगी।

ऊपर जो टीनके बकसका उल्लेख किया गया है, उसके भीतर धन-ताड़ित ले जानेसे बाहरके हिस्सेमें धन और भीतरी हिस्सेमें ऋण-ताड़ितका आविर्भाव होता है। किन्तु बकसके भीतर यदि रेशम पर कांच घसा जाय, तो कांचमें धन-ताड़ितका विकाश होता है, किन्तु बकस-के बाहरी हिस्सेमें किसी भी ताड़ितका चिह्न नहीं मिलता। कांचमें जैसे धनका विकाश होता है, वैसे ही रेशममें साथ साथ ऋणका विकाश होता है। कांचमें जितना धन उत्पन्न होता है रेशममें ठीक उतना ही ऋण उत्पन्न होनेसे बाहर कोई फल नहीं होता।

ताड़ितकी प्रकृति।—पहले ही कह चुके हैं, कि ताड़ित पदार्थ क्या, शक्ति है या धर्म, इसका अभी तक कुछ निर्णय नहीं हुआ। ताड़ितके स्वरूपनिर्णयमें प्रवृत्त होने पर इस बातको याद रखनी चाहिये। ताड़ित कोई भी पदार्थ क्यों न हो, जगत्में उसकी नूतन सृष्टि वा ध्वंस नहीं है। शुद्ध धन वा शुद्ध ऋण-ताड़ितका हम किसी तरह भी सञ्चय नहीं कर सकते। कुछ धन ताड़ित किसी जगह किसी उपायसे सञ्चित होने पर ठीक उतना ही ऋण-ताड़ित साथ ही साथ किसी न किसी जगह आविर्भूत होगा। और इसी तरह कुछ धनका किसी स्थानमें लोप होनेसे ठीक उतने ही ऋणका अन्यत्र कहीं लोप होगा। योगफल समान ही रहेगा। धन-ताड़ित सिर्फ समपरिमाण ऋण ताड़ि-तसे पृथक् होता है। पानी जिस तरह दाम पहुंचता है, बिजली उसी तरह उद्वृति उत्पन्न करती है। धन-ताड़ि-तके जितने पासमें जाओगे, उतनी ही उद्वृति अधिक

होगी और ऋण-ताड़ितके जितने पासमें आयेगी उद्गति उतनी ही कम होगी। धन अधिक उद्गतियुक्त स्थानसे दूर जानेकी और ऋण उससे विपरीत दिशाको जानेकी चेष्टा करता है। धन जब एक तरफ चले, तो समझना चाहिये कि ऋण भी विपरीत दिशाको जा रहा है। अपरिचालक प्रदेशमें उद्गतिकी कमीबेशी हो सकती है, क्यों कि अपरिचालकके भीतरसे बिजली सहजमें जा नहीं सकती। परिचालकके भीतर उद्गति सर्वत्र समान होती है, क्योंकि वहां धन और ऋण बिना बाधाके चल फिर कर उद्गतिको समान कर लेते हैं। सर्वत्र उद्गतिको समान करते समय धन-ताड़ितकी गति ऋणकी तरफ अथवा ऋणकी गति धनकी तरफ होती है। फल स्वरूप दोनोंका सम्मिलन वा योग होता है, अर्थात् कुछ धन और उतने ही ऋणका तिरोभाव होता है।

ताड़ित सहनकी क्षमता।—साधारणतः दो धातु-द्रव्योंको ताड़ितयुक्त करके दोनोंको छुआ देनेसे सम्पूर्ण ताड़ितको दोनों बांट लेते हैं। तात्पर्य यह है, कि जो बड़ा होता है, उसमें ही ताड़ितका अंश अधिक पड़ता है। द्रव्यके आयतन और आकारको देख कर किसके हिस्सेमें कितना पड़ेगा, इसकी गणना की जा सकती है।

किसी द्रव्यमें कुछ धन-ताड़ित देने पर उसकी उद्गति अवश्य बढ़ती है; ताड़ित जितना ज्यादा दिया जायगा, उद्गति उतनी ही बढ़ जायगी। और छोटी वस्तुमें जरासी बिजली देनेसे जितनी उद्गति बढ़ती है, एक बड़ी वस्तुमें उतनी देनेसे उद्गति उतनी नहीं बढ़ती। एक थालीमें और एक ग्लासमें समान जल डालनेसे, ग्लासके पानीमें उच्चता और साम्य जितनी होती है, उतनी थालीके पानीमें नहीं होती, ऐसा ही इसका हिसाब है। आकृति और परिमाण मालूम रहने पर, कितनी बिजलीसे कितनी उद्गति बढ़ती है, यह कहा जा सकता है। दो चीजोंको छुआ देनेसे जिसमें उद्गति अधिक है, वहांसे जिसमें कम है, उसमें थोड़ासा धन-ताड़ित चला जाता है। इसलिए समस्त ताड़ित दोनों चीजोंमें बँट जाने पर दोनोंकी उद्गति समान हो जाती है।

अन्यान्य द्रव्योंकी तुलनामें पृथिवीका आकार इतना बड़ा है कि अन्य द्रव्योंसे पृथिवीमें ताड़ितके जाने आनेमें पृथिवीकी उद्गतिकी जरा भी क्षति-वृद्धि नहीं होती। इसीलिए किसी ताड़ितयुक्त द्रव्यका भूमिसे स्पर्श होने पर उसकी प्रायः समस्त बिजली पृथिवीमें चली जाती है; पृथिवीके हिस्सेमें प्रायः सब पड़ता है। परन्तु तो भी पृथिवीकी उद्गतिका जरा भी व्यतिक्रम नहीं होता। महासागरमें कितना ही पानी गिरता है और कितना ही निकलता है, पर तो भी उसमें कुछ घटती बढ़ती नहीं होती, उसकी मर्यादा समान ही रहती है, इसका हिसाब भी प्रायः वैसा ही है।

पृथिवीकी उद्गतिमें सहजमें ह्रास वृद्धि नहीं होती, इसीलिए अन्यान्य ताड़ितयुक्त पदार्थोंकी उद्गतिको पृथिवीके साथ मिला कर परिमाण निर्णय करनेकी प्रथा है। पर्वतकी उच्चता नापनी हो तो वह समुद्रपृष्ठसे कितना ऊँचा है, और समुद्रकी गभीरता नापनी हो तो वह कितना नीचा है, यही देखा जाता है, इसी तरह किसी स्थानमें ताड़ितकी उद्गतिका निर्णय करनेके लिए वह पृथिवीसे कितनी ज्यादा वा कम है, इसी बातका निर्णय किया जाता है।

पानी जैसे ऊँचेसे अपने आप नीचेको जाता है, ताप जिस तरह गरम जगहसे शीतल स्थानको जाता है, धन ताड़ित भी उसी तरह जहां उद्गति ज्यादा है, वहांसे जहां कम हो, वहां जाना चाहता है। इसलिए किसी जगह ताड़ित सञ्चित करना हो, तो उद्गति जितनी कम हो, उतना ही सुभीता है। पानीको जैसे ऊँची जगहमें न रख कर नीची जगहमें रखनेसे सुभीता पड़ता है, गिरनेका डर नहीं रहता; इसे भी कुछ कुछ वैसा ही समझिये। इसीलिए ऐसे स्थानमें और ऐसे उपायसे धन-ताड़ित सञ्चित कर रखना चाहिये कि, जहां उद्गति खूब ज्यादा न हो। अन्यथा ताड़ितके निकल जानेकी आशङ्का रहेगी।

लीडेन-जार।—एक टीनके पत्तर पर कुछ धन-ताड़ित सञ्चित करेंगे। और एक टीनके पत्तरको जमीनसे लगा कर उसके सामने समान्तराल करके रखा। इस पत्तरकी जो पीठ पहले-पत्तरके सामने है, उस पीठ पर ऋण-ताड़ित संक्रमणवशतः आविर्भूत होता है। पहले पत्तरमें जितना धन होगा, इसमें उतना ही ऋण

रहेगा। यदि सिर्फ धन ताड़ित हो उसमें यथेष्ट उद्गति होती, पासमें ऋण होनेसे उसकी उद्गति उतनी नहीं हो सकती।

दूसरी चद्दरको जितने पासमें रक्खा जायगा, उद्गति उतनी ही कम होगी। इसलिए ऐसे स्थल पर पहली चद्दर पर बहुत धन-ताड़ित सञ्चित कर रखने पर भी उसकी उद्गति ऊँचेकी नहीं चढ़ती। ताड़ित सञ्चित कर रखनेकी जरूरत पड़ने पर ऐसा उपायका अवलम्बन करना उचित है। एक कांचकी बोतलके भीतर और बाहर जस्ताके वरक चिपटा देनेसे, वह ताड़ित पकड़ रखनेका उमदा यन्त्र बन जाता है। ऐसे यन्त्रको लोडेन-जार कहते हैं। ऐसे ही कुछ लोडेन-जारोंको बराबर बराबर सजा कर सबके भीतर और बाहरके हिस्से को धातु द्वारा जोड़ दो, इस तरह बैटरी बन जायगी। उसमें काफी बिजली सञ्चित की जा सकती और बहुत देर तक रक्खी जा सकती है। बाहरका हिस्सा जमीनको छुए रहता है; भीतर जितना धन होता है, बाहर उतना ही ऋण सञ्चित रहता है। मतलब यह है कि धन अपने सहचर ऋणके पास रहे, तो दोनों दोनोंको बाँध रखते हैं, अन्यत्र नहीं जाने देते। और दूर रहनेसे दोनों ही अन्यत्र जानेकी कोशिश करते रहते हैं।

योंतो जहां भी ताड़ित है, वहीं ऐसे लोडेन-जारकी भी सृष्टि होती है। किसी चीज पर कुछ धन ताड़ित रहनेसे ही अन्य किसी चीज पर दीवाल या जमीन पर उसका सहवर्ती ऋण-ताड़ित अवश्य ही रहेगा। इसके सिवा कुछ धनके सामने कुछ ऋण रख कर बीचमें अपरिचालकका व्यवधान देनेसे लोडेन-जारकी सृष्टि होती है। बात यह है, कि यह व्यवधान जितना कम होगा, धन और ऋण जितने पास पास होंगे, उस लोडेन जारकी कार्यकारिता, अर्थात् दोनों ताड़ितकी स्थितिशीलता उतनी ही अधिक होगी। वायवीय-व्यवधानकी अपेक्षा कांच आदिके द्रव्योंका व्यवधान उस स्थितिशीलताके अधिक अनुकूल होता है।

ताड़ितका सञ्चालन—पुनः पुनः उल्लिखित हुआ है, कि धनताड़ित जहां उद्गति अधिक है, वहांसे जहां उद्गति कम है, उसी तरफ तथा उसका सहवर्ती ऋण-ताड़ित उसकी तरफको जानेकी चेष्टा करता है। बीचमें अपरिचालक रहनेसे सहजमें परस्पर मिल नहीं सकते, परिचालक रहनेसे उसी समय मिल जाते हैं। ताड़ितका यह सञ्चालन या गमनागमन साधारणतः तीन प्रणालियोंसे होता है।

(१) बीचमें परिचालकका व्यवधान होनेसे दोनों ताड़ित उसी समय मिल जाते हैं। एक तांबे या पीतल अथवा किसी भी धातुके टुकड़े, तार या जञ्जीरसे धन ताड़ित और ऋण-ताड़ितको परस्पर छुपा देनेसे, दोनों ही उस धातु-द्रव्यके द्वारा विपरीत दिशाको धावित होते हैं। उस धातुमें क्षणिक प्रवाहका सञ्चार होता है। दोनों ताड़ितोंका मिल जाना प्रवाहका फल है। मिल जानेसे सर्वत्र उद्गति समान हो जाती है और प्रवाह बन्द हो जाता है। ताड़ित-प्रवाहके विशेष धर्मकी बात पीछे कहेंगे। मामूली तौरसे यह याद रखना चाहिये, कि उद्गति समीकरणकी चेष्टासे ही परिचालकमें ऐसे क्षणिक प्रवाहकी उत्पत्ति होती है, जिसके भीतरसे प्रवाह चलता है, वह उत्तप्त होता है।

(२) धन और ऋण-ताड़ितके मध्य कांच, वायु आदि अपरिचालक व्यवधान होनेसे दोनोंका मिलना सहजमें नहीं होता। धनके निकटवर्ती प्रदेशमें उद्गति अधिक और ऋणके निकटस्थ प्रदेशमें उद्गति कम रह जाती है। किन्तु इस उद्गति-वैषम्यके फलसे धन हमेशा ऋणकी तरफ और ऋण धनकी तरफ जानेकी चेष्टा करता है। जिन दो पृष्ठों पर दोनों ताड़ित सञ्चित होते हैं, वे परस्पर आकृष्ट होते हैं और यदि रोका न जाय तो अग्रसर हो कर आखिर तक एक दूसरेको छूते हैं। दोनोंके मध्यवर्ती प्रदेशमें एक खिंचावसा पड़ जाता है। इस उद्गतिके वैषम्यको क्रमशः बढ़ानेसे यह खिंचाव आखिर तक इतना बढ़ जाता है कि फिर मध्यवर्ती अपरिचालक भी दोनों ताड़ितको पृथक् नहीं रख सकता। इस्पात या रबरका तार बहुत कुछ खिंचावको सह लेता है, किन्तु ज्यादा खिंचाव पड़ने पर टूट भी जाता है। इसी प्रकार बीचका परिचालक भी आखिर तक टूट जाता है। परिचालककी तोड़ कर ताड़ित मानो अपनी रास्ता कर लेता है और उस रास्तासे दोनों

ताड़ितका सम्मिलन होता है। सम्मिलनके बाद फिर शक्तिमें वैषम्य नहीं रहता, और न अपरिचालकके बीचमें खिंचाव ही रहता है।

इस तरह अपरिचालक छिन्न हो कर दोनों ताड़ित-का मेल होने पर विविध उत्पात होते हैं। अपरिचालक यदि वायवीय द्रव्य हो, तो वह सहसा इतना उत्तप्त और प्रसारित होता है, कि उसमेंसे अग्निस्फुलिङ्ग निकलने और शब्द होने लगता है। कांच, कागज, लकड़ी या कठिन पदार्थमें होनेसे वह टूट या फट जाता है। बीचमें बारूदकी तरहका दाह्य पदार्थ होनेसे वह जलने लगता है। कोई जीव-शरीर हो तो उसमें प्रचण्ड आघात लगता है।

ताड़ितमें स्फुलिङ्ग, आनुषङ्गिक शब्द और आघात आदि इसी तरह हुआ करते हैं।

बड़े बड़े ताड़ित-यन्त्रोंकी सहायतासे ये सब खेल आसानीसे दिखाये जाते हैं। आलोक, शब्द, आदि उत्पन्न करके विविध कौशलसे तरह तरहके तमाशे दिखाये जा सकते हैं। लीडेन जारकी बेटरीमें बहुत ताड़ित सञ्चित करके उस ताड़ितसे ऐसे सञ्चालन द्वारा नाना प्रकारके आश्चर्यजनक कार्य किये जा सकते हैं। बहुतसे लोगोंको एक दूसरेका हाथ थमा कर खड़ा करके, एक लीडेन-जारके ताड़ितसे आघात करनेसे सबका शरीर कांप उठता है।

बड़े बड़े कांचके नलोंमें थोड़ी थोड़ी अक्सिजन, हाइ-ड्रोजन आदि विविध वायु भर कर, उनमें इस तरह ताड़ित सञ्चालित करनेसे नाना प्रकारके विचित्र वर्णोंके आलोकोंका विकाश होता है। इस आलोकोंका विकाश अत्यन्त मनोहर होता है। विचित्र आकारके नल बना कर नाना प्रकारके उमदा उमदा खेल-तमाशे दिखाये जा सकते हैं। ऐसे नलको गेसलरका (Geissler) नल कहते हैं।

वक्र विद्युत्‌के साथ ताड़ित-यन्त्रमें उत्पन्न अग्निस्फु-लिङ्ग और उसके आनुषङ्गिक कार्योंका सादृश्य देख कर बेञ्जामिन् फ्राङ्कलिनने अनुमान किया है कि दोनों ही एक ही कारणसे उत्पन्न होते हैं। उन्होंने पतङ्ग उड़ा कर उसमें मेघस्थ ताड़ितका संक्रमण कराया था, और ताड़ित पतङ्गसे लगे हुए भीगे सूतके द्वारा आ कर उनकी अंगुलियोंमें स्फुलिङ्ग देने लगा था। अन्यान्य परीक्षाओं द्वारा उन्होंने मेघके ताड़ित और यन्त्रके ताड़ितमें एकता प्रमाणित की थी। आकाशमें विद्युत् ताड़ितका वृहत् स्फुलिङ्ग मात्र है और वज्रध्वनि तदानुषङ्गिक अद्भुत आकस्मिक उत्ताप और वायुकम्पनजनित शब्द मात्र है।

लार्ड केल्विन द्वारा आविष्कृत शक्तिमान यन्त्रकी सहायतासे देखा गया है कि जमीनके ऊपर वायुमण्डल-में प्रायः सर्वत्र ताड़ितका थोड़ा बहुत विकाश है। वायु-रहित मेघ प्रायः सर्वदा ही ताड़ितयुक्त रहता है। आकाशमें भाफका होना और वायुके साथ घर्षण ही शायद इस ताड़ित-विकाशका कारण है। छोटे छोटे अदृश्य जल-कण जब जम कर बृहत्तर जल-कणोंका आकार धारण करते और मेघकी सृष्टि करते हैं, उस समय उस ताड़ि-तका परिमाण थोड़ा होने पर भी उसकी शक्ति बहुत ज्यादा हो जाती है। जमीन पर या आसमानमें मेघमें पहलेसे ताड़ित न होने पर भी पूर्वोक्त नियमानुसार विपरीत ताड़ितका सञ्चय होता है। शक्तिका वैषम्य और ताड़ितका खिंचाव बहुत ज्यादा हो जाने पर मध्यस्थ वायुराशिको छिन्न करके उसमें प्रकाण्ड ताड़ित-स्फुलिङ्गकी उत्पत्ति होती है, साथ ही गर्जन आदि भी होती है।

(२) परस्पर विपरीत ताड़ित यदि अत्यन्त दूर हो, तो ताड़ितके लिए मध्यस्थ व्यवधानको भेद कर सबके साथ मिलना कठिन हो जाता है। किन्तु ऐसी हालतमें भी किसी एक चीजके ऊपर इच्छानुसार ताड़ितका सञ्चय नहीं किया जा सकता। एकदेश पर जहां ऊंचा ऊंचा, वृक्ष, गुम्बज स्थान वर्तमान है, अधिकांश बिजली उन्हीं स्थानोंमें आ कर लगती है और चारों ओर-को बिजली उसको धक्का देती रहती है। इस तरहके धक्के देते रहनेसे बिजली उन स्थानोंमें वायु-पथसे निकल-ना चाहती है। वायुके भी परिचालक अंश नष्ट हो जाते हैं। वायुका हर एक कण उस सहित ताड़ितसे कुछ कुछ धक्का खाता तथा विकृत और विच्छिन्न हो कर जहां शक्ति कम है, वहांसे भागा करता है। इसी प्रकारसे वायुमें प्रवाह उत्पन्न होता और वायुकणोंके वायु-

क्रमाका अवलम्बन ले कर धीरे धीरे ताड़ित निकलता रहता है।

किसी नुकीले पदार्थमें ताड़ित सञ्चित करने पर उस ताड़ितको रोकना कठिन हो जाता है। नुकीले स्थानमें ताड़ित जमता है और चारो तरफसे धक्का पा कर वायुपथसे निकल जाता है। वायुमें जो प्रवाह उत्पन्न होता है, उसको कौशलसे प्रत्यक्ष दिखाया जा सकता है। इसके सिवा सूचीके मुंहके पास वायुमें नाना प्रकारके आलोकोंका विकाश होता है। अंधेरे घरमें ताड़ित-यन्त्र चलानेसे सूचीके मुंह पर ऐसे आलोकोंका विकाश देखनेमें आता है।

वज्रपातकी आशङ्का-निवारणार्थ मकानके बगलमें सूच्याग्र धातुदण्ड गाड़ रखनेकी प्रथा है। ऊपरसे घनमें ताड़ित सञ्चित होने पर नीचे जमीन पर भी उसके सहवर्ती विपरीत ताड़ितका संक्रमण होता है। वह ताड़ित जमीन पर आवद्ध न रह कर धातुदण्डके सूक्ष्म अग्रभागसे क्रमशः निकल जाता है। एक साथ ज्यादा ताड़ित भूपृष्ठ पर आवद्ध वा सञ्चित न हो सकनेके कारण, वज्रपात अर्थात् सञ्चित ताड़ितके खिंचावसे वायुराशिमेंसे आकस्मिक भेदजनित स्फुलिङ्ग निकलनेकी आशङ्का नहीं रहती।

फिलहाल ताड़ित-स्फुलिङ्गके विषयमें नये नये विविध तत्त्वोंका आविष्कार हुआ है। उनसे मालूम होता है, कि इस तरहके धातु दण्ड-द्वारा सम्यक् फलप्राप्तिकी सम्भावना कम है। वज्रपातकी आशङ्काको निर्मूल करनेके लिये मकानको लोहे या तांबेके जालसे ढक देनेके सिवा अन्य उपाय नहीं है।

ताड़ितयन्त्र—पर्याप्त परिमाणमें ताड़ित उत्पादन और सञ्चय करनेके लिए विविध यन्त्रोंका आविष्कार हुआ है। अल्प मात्रामें ताड़ितकी आवश्यकता होने, पर सहजमें मिल सकता है। एक तश्तरीमें थोड़ीसी लाख गला कर रखो। और दूसरी एक तश्तरीको कांच वा अन्य अपरिचालक दण्डके हत्थेसे थामो। पहली रकाबीकी लाख पर फ्लानेल या बिल्लीका चमड़ा दो-चार बार घिसनेसे उसमें कुछ ऋण-ताड़ितका विकाश होगा। दूसरी रकाबीको इस ताड़ितके सामने लाओ और उंगलीसे उसे एक बार छू दो। अब इस रकाबीमें भी कुछ धन-ताड़ित संक्रमित और आविर्भूत होंगे। वास्तवमें पहलीके ऋण और दूसरीके धनमें कुछ वायुभाग और व्यवधान रहनेसे एक प्रकार मोहन शक्ति स्फुट हो जाती है। अब हत्थेको पकड़ कर दूसरी तश्तरीको अलग कर दो और सञ्चित धन-ताड़ितका यथेच्छ व्यवहार करो। इस तरहके यन्त्रको ताड़िदुपचयन्त्र कह सकते हैं इसका अंग्रेजी नाम है Electrophorus.

प्रचुर परिमाणमें ताड़ितोत्पादनके लिए नाना प्रकारके बड़े बड़े यन्त्र हैं। ये यन्त्र साधारणतः दो श्रेणीके होते हैं। प्रथम श्रेणीमें घर्षण द्वारा कांच वा अन्य द्रव्य पर ताड़ित उत्पन्न होता है। उस ताड़ितको फिर बड़े बड़े ताड़िताधारमें किसी तरह सञ्चालित और सञ्चित किया जाता है। इस श्रेणीमें रामसडेनका (Ramsden) यन्त्र ही प्रसिद्ध है। इसमें ताड़ित शक्तिका अत्यन्त अपचय होता है, यही दोष है। जितनी मेहनत की जाती है, उसका अधिकांश वृथा नष्ट हो जाता है, उतना फल नहीं मिलता।

दूसरी श्रेणीके यन्त्र कुछ कुछ ताड़िदुपचयन्त्रसे मिलते जुलते हैं। मान लो कि, दो बड़े बड़े 'क' और 'ख' ताड़ितके आधारस्वरूप विद्यमान हैं। शुरुसे ही 'क'में थोड़ा धन और 'ख' में थोड़ा ऋण सञ्चित है। और एक तृतीय क्षुद्र द्रव्य 'ग' को लो। 'ग' को 'क' के पास पकड़ और एक बार जमीनसे छुआओ। 'ग' में किञ्चित् ऋणका संक्रमण होगा। 'ग' को अब हटा कर 'ख' को छू दो; 'ग' का प्रायः सम्पूर्ण ऋण 'ख' में चला जायगा। क्योंकि 'ग' छोटा और 'ख' बड़ा है, 'ख' में ऋणका परिमाण बढ़ गया। फिर 'ख' को 'ग' के सामने रख कर भूमिस्पर्श कराओ। अबकी बार 'ग' में धन संक्रमित होगा। 'ग' को 'क' के पास ले जा कर 'क' को छू दो। प्रायः सम्पूर्ण धन 'क' में चला जायगा। अबकी बार 'क' में धनकी मात्रा बढ़ गई। इसी तरह मध्यवर्ती 'ग' को एक बार 'क' की तरफ और एक बार 'ग' की तरफ ले जानेसे तथा बीच बीचमें भूमिस्पर्शकी व्यवस्था करनेसे 'क' में क्रमशः धन और 'ख' में क्रमशः ऋणकी मात्रा बढ़ जायगी। दोनों ताड़ितका थोड़ा थोड़ा अंश ले कर आरम्भ

कानेसे शेष तक दोनोंका मधुर सम्बन्ध हो सकता है।

इन श्रेणीके यन्त्रोंमें शक्तिका अधिक अपव्यय नहीं होता, तथा एक छोटेसे यन्त्रमें इतनी बिजली सञ्चित की जा सकती है कि, जिसके विघातसे 'क' और 'ख' दोनोंके मध्य वायुस्तरमें कई इञ्च या कई फुट लम्बे स्फुलिङ्ग आसानीसे निकल सकते हैं।

होलट्ज् (Holtz), वस् (Voss) विमूर्स्टन (Wimhurst) आदिके बनाये हुए ताड़ितयन्त्र इसी श्रेणीके अन्तर्गत हैं। आजकल इन्हीं यन्त्रोंका आदर होता है।

ताड़ित-प्रवाह।—एक ताड़ितयन्त्रके ताड़िताधारमें कुछ ताड़ितका सञ्चय करके एक तांबेके तारसे उस ताड़िताधारको जमीनसे छुआ देनेसे उसी समय सम्पूर्ण ताड़ित उस तारके जरिये जमीनमें चला जाता है। इस तरह ताड़िताधारकी उच्चति भूमिकी उच्चतिके समान हो जाती है, इसीका नाम है ताड़ित-प्रवाह। यह प्रवाह अल्पमात्र ठहरता है। प्रवाहके कारण तार कुछ गरम हो जाता है। प्रवाहको यदि स्थायी बनाना चाहो तो यन्त्रके कार्यको बन्द न करके लगातार ताड़ित उत्पन्न करते रहो। एक तरफ जैसे ताड़ित आधारसे निकल कर तारके जरिये चलता रहेगा, दूसरी ओर उसी तरह नवीन ताड़ित आधारमें सञ्चित होता रहेगा। इस तरह जब तक चाहो ताड़ितका प्रवाह तारमें चलाया जा सकता है। तार क्रमशः गरम हो जाता है। तारके पास यदि एक चुम्बककी सूई रक्खी जाय, तो वह अपने स्थानसे थोड़ासा हट जायगी।

लीडेन-जारके दोनों तरफ धातुदण्ड या तार जोड़ देनेसे दण्ड और तारमें ताड़ितप्रवाह चलता है। इससे सञ्चित ताड़ित बाहर निकल जाता है। धन ताड़ित एक तरफसे एक ही ओर जाता है, ऋण-ताड़ित अन्य दिशाकी ओर जाता है। इस स्थलमें भी ताड़ित-प्रवाह अल्पस्थायी होता है। प्रवाहको स्थायी बनानेके लिए एक तार (पृष्ठ) ताड़ितयन्त्रके साथ और दूसरा तार भूमिके साथ संयुक्त करके अविरत यन्त्रको चलाते रहना चाहिये।

यह देखनेमें आता है, कि परिचालक पदार्थकी उच्चतिको समान करनेके लिए इस प्रवाहकी उत्पत्ति होती है। जब तक जोरसे या नूतन ताड़ित उत्पन्न करके परिचालक पदार्थके दोनों अंशोंकी उच्चतिको असमान रक्खा जाता है, तभी तक ताड़ितका स्रोत एक अंशसे अन्यत्र चलता रहेगा। उच्चतिके समान होते ही स्रोत भी बन्द हो जाता है।

ताड़ित-यन्त्रके द्वारा ताड़ितका जो स्रोत उत्पन्न होता है, उससे प्रवाहित ताड़ितका परिमाण अधिक नहीं होता। ताड़ितके प्रबल स्रोत बहानेके अन्य उपाय भी हैं।

साधारणतः ताड़ितका प्रवाह कहनेसे धन-ताड़ितके प्रवाहका ही बोध होता है। किन्तु इस बातका ध्यान रक्खो कि, ताड़ित 'क' से 'ख' की तरफ बहता है ऐसा कहनेसे धनताड़ित 'क' से 'ख' की तरफ और साथ ही ऋण-ताड़ित 'ख' से 'क' की तरफ प्रवाहित होता है ऐसा समझो।

ताड़ितयन्त्रके बिना ताड़ितस्रोत उत्पन्न करनेके लिए तीन प्रधान उपाय हैं—

(१) एक टुकड़ा तांबा और एक टुकड़ा दस्ता, दोनोंके छोरोंको मिला कर अन्य दो छोरोंको मण्डूक या शल्कहीन मत्स्यकी देहसे छुआनेसे उसका निर्जीव शरीर भी उछलने लगता है। गलवनी (Galbani) ने इस घटनाका आविष्कार किया था। दो विभिन्न धातुके स्पर्शमात्रसे दोनोंमें ताड़ितका आविर्भाव होता है। एकमें धन और दूसरेमें ऋण आविर्भूत होता है। वोल्टा (Volta) इस घटनाके आविष्कर्ता थे। थोड़ासा पानीमें जरासा नमक या कई बिन्दु द्रावक डाल कर उसमें एक तांबे और एक जस्तेके टुकड़ेको आंशिकभावसे डुबो दो तथा एक तारके द्वारा तांबेके साथ बाहरमें जस्तेको संलग्न कर दो। बाहरमें तांबेसे जस्तेकी तरफ तार द्वारा ताड़ितका (अर्थात् धन ताड़ितका) स्रोत चलेगा। पानीके भीतर जस्तेसे तांबेकी तरफ स्रोत चलेगा। जब तक दोनों धातुएं पानीके भीतर डूबी रहेंगी, तब तक यह ताड़ित-स्रोत बहता रहेगा। डूबे हुए जस्तेका धीरे धीरे क्षय हो जायगा।

इस तरह ताड़ितका कोष (Cell) तैयार होता है। कोषके अन्दर साधारणतः गन्धकद्रावक पानीमें मिला

कर व्यवहृत होता है। इस गन्धकद्रावकमें एक जस्तेका और एक अन्य धातुका टुकड़ा पड़ा रहता है। यह द्वितीय धातु विभिन्न कोषोंमें विभिन्न होती है। इनमें तांबा, प्लाटिनम्, पारद तथा जमा हुआ कोयला तक व्यवहृत होता है। इस धातुदण्डको तार द्वारा जस्तेके साथ जोड़ देनेसे उस तारसे ताड़ितका स्रोत बहता है। जस्ता क्रमशः गन्धकद्रावकके साथ रासायनिक मिश्रणसे मिल कर लयको प्राप्त होता है। इस रासायनिक प्रक्रियासे हाइड्रोजन वायु उद्भूत हो कर तांबे या तद्विध अन्य किसी भी धातुके कोषमें रहती है, उसके गात्रमें उत्पन्न होती और ताड़ितप्रवाहका क्रमशः क्षीण करती है। इस लिए इस हाइड्रोजन वायुको जला देनेकी जरूरत पड़ती है। प्लाटिनम् अथवा कोयलाको इसी लिए एक मिट्टीके भांड़में नाइट्रिक एसिड (यवक्षारद्रावक) द्वारा भिगो रखनेकी रीति है। उक्त द्रावक हाइड्रोजन वायुको जला देती है।

ताड़ितप्रवाहके लिए त्रिविध कोष प्रचलित हैं। डानियेलके कोषमें तांबा और जस्ता, ग्रोवके कोषमें प्लाटिनम् और जस्ता, बुनसेनके कोषमें कोयला और जस्ता व्यवहृत होता है। डानियालका कोष औरोंसे कुछ कमजोर होता है। क्षीणप्रवाह उत्पादनके लिए उसका व्यवहार किया जाता है। हाइड्रोजन जलानेके लिए नाइट्रिकके बदले वाइक्रोमिक एसिड आदिका भी व्यवहार होता है

बाहरमें ताड़ित-स्रोतका प्रतिबन्धक अधिक होने पर कुछ कोषोंको बराबर बराबर सजा कर एकका तांबा दूसरेका जस्ता, इस तरह क्रमसे संलग्न करके बैटरी बनानी चाहिये। बाहरमें प्रतिबन्धक अधिक न होने पर एक कोष ही दश कोषका काम देता है, क्योंकि कोषोंमें भी कुछ कुछ प्रतिबन्धक क्षमता मौजूद है। संख्या बढ़ानेमें प्रतिबन्धक भी बढ़ेगी।

ताड़ितयन्त्रसे ताड़ितस्रोत उत्पन्न करनेसे उस ताड़ितका परिमाण अधिक नहीं होता, किन्तु उसमें उद्धृति बहुत ज्यादा होती है। कोषसे जो प्रवाह उत्पन्न होता है, उसकी उद्धृति उसके सामने बहुत कम है, किन्तु प्रवाहगत ताड़ितका परिमाण अधिक होता है। यन्त्रजात प्रवाहको ऊँचे स्थानसे पतनशील सवेग स्रोत सनधाराके साथ और कोषजात प्रवाहको प्रायः समभूमि पर धीरे प्रवहमान विशाल नदीके स्रोतके साथ तुलना हो सकती है। यन्त्रका प्रवाह मानो मायापाका अनुप्रवाह है और कोषका प्रवाह मानो भागीरथीका स्रोत।

(२) एक तांबे और एक लोहेके तारके दोनों छोरोंको जोड़ कर यदि एक सन्धिस्थलमें उत्ताप और दूसरेको ठण्डा रक्खा जाय, तो दोनों तारोंमें ताड़ित-प्रवाह चलने लगता है। कोषज प्रवाह रासायनिक शक्ति भी ऐसी हालतमें प्रवाह-तापसे उत्पन्न होती है।

इस प्रवाहकी उद्धृति बहुत कम होती है, हां, दोनों सन्धियोंके बीचमें उष्णताका असामान्य इतरविशेष होनेसे ही थोड़ा बहुत प्रवाह दीख पड़ता है। तांबे और लोहेके बदले अन्य दो धातु विशेषतः एण्टिमनि (रसाञ्जन) और बिसमथका व्यवहार किया जा सकता है। दोनों सन्धियोंमें उष्णताके सामान्य तारतम्यसे यह ताड़ितप्रवाह उत्पन्न होता है, इसलिए यह प्रवाह उष्णताके आविष्कारके लिए व्यवहृत होता है। जहां उष्णता इतनी कम हो कि जो साधारण पारदघटित तापमान-यन्त्रसे भी पकड़ी नहीं जा सकती, वहां भी इस उपायसे वह पकड़ाई देती है। चन्द्र और नक्षत्रके आलोकके उत्तापको मापनेके लिए इस यन्त्रका व्यवहार होता है।

(३) आजकल प्रायः विविधकार्योंमें अत्युच्च उद्धृतियुक्त पर परिमाणमें भी प्रबल, ताड़ितप्रवाहका प्रयोग किया जाता है। यन्त्रज, कोषज या तापज प्रवाहसे भी ये काम नहीं होते। डाइनामो नामक यन्त्र द्वारा इन उग्र प्रबल प्रवाहोंकी उत्पत्ति होती है। एक चुम्बकके पास तांबेका तार घुमाते रहनेसे उसमें भी ताड़ितप्रवाह उत्पन्न होता है। डाइनामोके विषयमें विशेष विवरण पीछे दिया जायगा।

ताड़ित प्रवाह बहनेके नियम।—ताड़ितप्रवाह अपरिचालक पदार्थमेंसे नहीं बह सकता और इसीलिए इससे ताड़ित स्फुलिङ्ग आदिके तमाशे अच्छी तरह नहीं दिखाए जा सकते। इसकी उद्धृति यन्त्रज ताड़ितकी अपेक्षा बहुत कम है। हां, यह परिचालक मात्रके भीतरसे अनायास हो जा सकता है। सब धातुओंमें परिचालकता समान नहीं होती। जिनमें परिचालकता कम है, उन-

में प्रवाह-प्रतिबन्धकी क्षमता अधिक है। धातुओंमें सबसे ज्यादा परिचालकता चांदीमें होती है, उससे नीचे तांबेमें। प्लाटिनम्, लोहा, सीसा आदिमें परिचालकता कम और प्रतिबन्धकता अधिक है। जिसमें प्रतिबन्धकता अधिक है, उसमेंसे ताड़ित-प्रवाह चलता तो है पर जल्दी नहीं जा सकता। अधिक समयमें थोड़ा ताड़ित प्रवाहित होता है। और जिसमें प्रतिबन्धकता कम है, उसमेंसे थोड़ा समयमें अधिक ताड़ित प्रवाहित होता है। इसके सिवा जो तार जितना लम्बा होगा, उसकी प्रतिबन्धकता भी उतनी ही अधिक होगी; जो जितना मोटा होगा, उसकी प्रतिबन्धकता उतनी ही कम होगी। तांबेके मोटे और छोटे तारमें अथवा स्थूल दण्डमें प्रतिबन्धकता बहुत कम होती है।

ताड़ितप्रवाह कोषसे निकल कर परिचालक रास्तासे चलता है। बीचमें दो चार मार्ग मिलने पर थोड़ा बहुत सबमें जाता है। जिस मार्गमें प्रतिबन्धकता अधिक है, उस मार्गमें प्रवाह क्षीण हो जाता है; और जिस मार्गमें प्रतिबन्धकता कम है, उसमें प्रबल हो जाता है। और मार्ग जहां पर आ कर एकत्र होते हैं, ताड़ित-प्रवाह भी वहां आ कर मिलता है। इस विषयमें नदीके साथ ताड़ित-प्रवाहका पूरा सादृश्य है।

प्रवाहके धर्म।—प्रवाहके विविध धर्मोंमेंसे तीन ही प्रधान और इन तीनोंसे बहुत काममें आते हैं—

(१) जिस धातुके भीतर प्रवाह चलता है, वह गरम हो जाती है। कोषके भीतर जितने जस्तेका क्षय हुआ, वह देख कर कुल कितना ताप उत्पन्न हुआ, इसका हिसाब लगाया जा सकता है। प्रवाहके मार्गमें जहां प्रतिबन्धकता अधिक है, वहां ताप भी अधिक उत्पन्न होता है। प्लाटिनम् धातुमें परिचालकता कम है, प्लाटिनम्के पतले तारमें प्रवाह चलानेसे वह तापसे उद्दीप्त हो जाता है। कांचके बल्बके भीतर प्लाटिनम् या कोयलेका बारीक तार लगा कर साधारण ताड़ित प्रदीप (बिजली बत्ती) बनाये जाते हैं। इस तारमें प्रवाह चलनेसे वह उत्तप्त हो कर प्रकाश देने लगता है। यदि कोयलेका तार दिया जाय तो, बल्बको वायुशून्य कर देना चाहिये, नहीं तो कोयलेका तार जल जायगा।

राजपथ, मकान आदि आलोकित करनेके लिए दो-एक कोषसे काम नहीं चलता। बहुसंख्यक कोषोंको पंक्ति बार लगा कर उस बैटरीसे प्रवाह लिया जाता है। बल्बमें जो तार रहता है, उसको एक जगहसे काट कर दो कोयलेके टुकड़े लगा दिये जाते हैं। दोनों मुखोंके बीचमें सामान्य वायुके स्तरका व्यवधान रहता है। प्रबल प्रवाह उस वायुस्तरको भेद कर चलता रहता है। कोयलेका टुकड़ा और मध्यगत वायुस्तर उत्तप्त और प्रदीप्त हो कर तेज रोशनी देता है।

आजकल ऐसे स्थल पर डाइनामो-जनित प्रवाह व्यवहृत होता है। एक छोटासा डाइनामो बहुतसे कोषोंका काम देता है।

(२) ताड़ितप्रवाहके मार्गमें थोड़ासा पानी रक्खो, अर्थात् कोषके दोनों प्रान्तोंसे आये हुए दोनों तारोंका मुंह पानीमें डुबो दो। पानीमें दो-चार बूंद गन्धक-द्रावक छोड़ दो। प्रवाह जितना चलेगा, पानी उतना ही विश्लिष्ट होता जायगा। जो तार जस्तेसे मिला हुआ है, उसके मुंह पर हाइड्रोजन और जो तांबे या प्लाटिनम्से संलग्न है, उसमें अक्सिजन उत्पन्न होगा। जलके सिवा अन्य पदार्थमें भी इस तरहका विश्लेषण हो सकता है।

साधारणतः द्रावक पदार्थ, क्षार पदार्थ तथा द्रावक और क्षारके समवायसे उत्पन्न लावणिक पदार्थ जल हो यदि तरल अवस्थामें हों तो ताड़ित प्रवाहके द्वारा उनमें रासायनिक विश्लेषण हुआ करता है। किसी किसी साद्र-बोध और कठिन पदार्थमें भी विश्लेषण होता है, यह विशेष लक्षित हुआ है। लावणिक पदार्थका एक भाग धातुमय और अन्य भाग अधातुमय (Non-metallic) होता है, धातुभाग जस्तेसे संलग्न तारके मुखमें और अधातु भाग ताम्रलग्न तारके मुखमें संचित होता है। बहुतसे मूल पदार्थ जो अन्य रासायनिक उपायसे यौगिकके भीतरसे बाहर निकाला नहीं जा सका है, वह इस उपायसे विश्लिष्ट और आविष्कृत हुआ है। १९वीं सदीके प्रारम्भमें सर हम्फ्री डेभीने इसी तरह पटासियम् (पोटाश), सोडियम (सज्जी), कालसियम् (खड़िया)

आदि कुछ नवीन धातुओंका आविष्कार किया था। फराडेकी सीधामी माइकेल फराडे (टाउन्स) नामक अत्युग्र वायवीय उपधातुओंका इस उपायसे यौगिक पदार्थोंसे निकाला है।

ताड़ित-प्रवाह धातुज द्रव्यको विश्लिष्ट करके धातु भागको पृथक् कर सकता है, इसलिए आजकल कलईके काममें ताड़ितप्रवाह व्यवहृत होता है। किसी पदार्थ पर चांदी, सोना, तांबा आदि धातुओं वातोंकोसे चढ़ा देनेका नाम कलई या गिल्टी है। इन धातुओंसे घटित रासायनिक पदार्थको पानीसे गला कर उसमें ताड़ितप्रवाह चालित करो। जिस पदार्थ पर कलई चढ़ानी हो, उसको जस्ते से लगी हुए तारमें छिनगा कर उस द्रवमें डुबो दो। शीघ्र ही उस पदार्थ पर धातुमय सूक्ष्म आवरण जम जायगा किसी पदार्थ पर जरा मोटा आवरण चढ़ा कर उससे छापेका काम लिया जा सकता है।

(३) जिस तारसे ताड़ित-प्रवाह चल रहा हो, उसको एक चुम्बकको कीलके ऊपर समान्तराल भावसे थामनेसे कील उसी वक्त घूम कर तारके साथ खड़े होनेकी कोशिश करेगी। चुम्बकका कांटा स्वभावतः उत्तर-दक्षिणमें रहता है, तारको उसके पास (उत्तर-दक्षिणमें) पकड़नेसे कांटा घूम जाता है। पृथिवीका चौम्बक-बल कांटेको उत्तर-दक्षिणमें रखना चाहता है और ताड़ित-प्रवाह उसे पूर्व-पश्चिममें रखना चाहता है। तार-वाहित प्रवाह यदि दक्षिणसे उत्तरकी तरफ हो और कांटा तारके नीचे हो, तो कांटेका उत्तर-वर्ती मुख बाईं ओर (या पश्चिमकी तरफ) घूम जाता है एवं दक्षिणवर्ती मुख दाहिने (पूर्वकी ओर) घूम जाता है। एकके उलटनेसे सब उलट जाते हैं।

ताड़ित-प्रवाहमें चुम्बक-शलाकाको इस प्रकार घुमाने की शक्ति होनेसे टेलिग्राफ या ताड़ित वार्तावहकी सृष्टि हुई है। कलकत्तेमें ताड़ितकोष है और दिल्लीमें कांटा। कलकत्तेके कोषसे तार निकल कर दिल्ली चला गया और वहां चुंबककी कीलके पाससे घूम कर कलकत्तेको लौट आया। प्रवाह कलकत्तेसे तारके जरिये दिल्ली चला गया, वहां कीलको घुमा कर फिर कलकत्तेके कोषमें वापस आ गया। लौटते समय तारके रास्तेसे न आ कर जमीनके रास्तेसे भी आ सकता है। भूमि-पथमें परिचालकता भी अधिक है और खर्च भी कम है। इस तरह कलकत्तेमें बैठ कर इच्छानुसार दिल्लीमें चुंबकका कांटा घुमाया जा सकता है। चुंबकके कांटेको घुमानेसे ही सङ्केत हो जाता है। कीलको पांच तरहसे घुमा कर पांच तरहका सङ्केत भेजनेके लिए विविध कौशल प्रचलित हैं। आज कल इस देशमें टेलिग्राफ स्टेशनोंमें मोर्सकी पद्धति पर सङ्केत किये जाते हैं। इसमें चुम्बकसे संलग्न एक हथौड़ी खुट् खुट् करके नाना प्रकारके शब्द करती है, अथवा एक कागज पर दाग बना देती है। उन शब्दोंको सुन कर या दाग देख कर सङ्केत निरूपित होते हैं। टेलिग्राफ-विद्या अब एक प्रकाण्ड और स्वतन्त्र विद्या हो गई है। स्थानाभावके कारण इस निबन्धमें उसका विशेष विवरण नहीं देना चाहते। ताड़ितवार्तावह शब्दमें विशेष विवरण देखो।

तार द्वारा प्रवाह पल भरमें बहुत दूर चला जाता है। प्रवाह कितने समयमें कितनी दूर जाता है, इसका कोई निर्दिष्ट हिसाब नहीं है। वस्तुतः ताड़ित-प्रवाहमें किसी तरहका निर्दिष्ट वेग नहीं है। आजकल महासागरके भीतरसे, एक महादेशसे दूसरे महादेशको सङ्केत भेजे जाते हैं। इन तारोंमें प्रतिबन्धकता इतनी ज्यादा है, कि ताड़ित-प्रवाह उसमें अत्यन्त क्षीण हो जाता है। इतना क्षीण हो जाता है, कि चुम्बकका कांटा भी सहजमें नहीं हिल सकता। एक स्टेशनमें तार-कोषसे संलग्न करने पर तारमें सिर्फ एक ताड़ितका धक्का लगता है। वह धक्का फिर दूरवर्ती स्टेशनमें पहुंचता है, इसमें भी कुछ समय लगता है। इस धक्केके पहुंचने पर सङ्केत मालूम पड़ता है ऐसे स्थल पर सुचारुरूपसे सङ्केत पानेके लिए पहले बड़ा कष्ट उठाना पड़ता था। ग्लासगोके अध्यापक सर विलियम टमसनकी प्रतिभाने समस्त विघ्न बाधाओंको पराजित कर उनके नामको जगद्विख्यात कर दिया। इन्हीं टमसनको इस समय लॉर्ड केलविनके नामसे प्रसिद्धि है।

ताड़ितप्रवाहको नापनेका तरीका।—प्रति सेकेण्डमें तारसे कितनी बिजली जाती है, इसका निर्णय कर प्रवाहका परिमाण निर्धारित होता है। दोनों उपायोंमें

यही परिमाण सहज है। अथवा अन्य तरलपदार्थ कितने समयमें कितना विश्लेषित होता है, इसको देख कर प्रवाहकी प्राबल्य या दोलनताको निर्णय हो सकता है। अथवा चुम्बककी कोन कितनी घूम गई, इसको देख कर प्रवाहका परिमाण हो सकता है। प्रवाह जितना प्रबल होगा चुम्बकके लिए उसका प्रयुक्त बल भी उतना ही अधिक होगा। प्रवाह यदि नितान्त क्षीण हो, तो तारको उस कोन पर कई बार फिरा लेना चाहिये। जितने फेरा लोंगे, प्रवाहका बल भी उतना ही बढ़ जायगा। चुम्बककी कोनको बक्समें लटका कर बक्सके चारो तरफ तार लपेटनेसे ताड़ित-प्रवाहके नापनेका यन्त्र बन जाता है। इसका अंग्रेजी नाम है Galvanometer.

ताड़ित-प्रवाहमें चुम्बकत्व। ताड़ितप्रवाह चुम्बककी काँटेको घुमा देता है। वस्तुतः ताड़ितप्रवाह स्वयं ही बहुतांशमें चुम्बकधर्म युक्त है। एक चुम्बकके चारो पार्श्वके प्रदेशमें जो जो घटनाएं होती हैं, ताड़ितप्रवाहके पार्श्वस्थ प्रदेशमें भी ठीक वैसी ही घटनाएं होती हैं। तारको एक अंगुठी तैयार करके उसमें प्रवाह चलाते ही, यह चुम्बकरूपमें परिणत हो जाती है। एक बड़ा इस्पातके चुम्बकके पार्श्वमें लोहा रखनेसे यह चुम्बकधर्म पाता है, चुम्बककी कोन रखनेसे, वह एक निर्दिष्ट दिशामें खड़ी होके ठहरती है। इसी तरह ताड़ित प्रवाहके समीप भी लोहा चुम्बकत्व पाता है। चुम्बक-शलाका निर्दिष्ट दिशामें ठहरती है। छोटा लोहेका टुकड़ा उसकी तरफ आकृष्ट होता है।

इस्पातको प्रथम चुम्बकके पास थोड़ा देर तक रखके या चुम्बकसे घर्षण कर इस्पात स्थायी चुम्बक बन जाता है। इसी तरह इस्पात पर ताड़ितवाही तार लपेट देनेसे भी वह स्थायी चुम्बक हो जाता है। लोहे पर तार लपेट देनेसे जब तक प्रवाह रहता है, तभी तक उसमें चुम्बकत्व रहता है। आजकलमें आवश्यक स्थायी या अस्थायी चुम्बक तैयार करनेके लिए ताड़ितका प्रवाह ही व्यवहृत होता है। प्रत्यक्षवारकी सहायतासे आसानीसे इस्पात भी चुम्बक बनता है।

एक मोटा सीसा कच पर मोटा सुता हुआ तार लपेट कर इसको निकाल लेनेसे भी लपेटा हुआ तार एक जाता है, इसको अंग्रेजोंमें Solenoid कहते हैं। हिन्दीमें इसे कुण्डली कह सकते हैं। तारकी एक लम्बी कुण्डलीमें विद्युत्प्रवाह चलानेसे वह बहुतांशमें चुम्बक-शलाकाके अनुरूप होती है। उसका एक छोर स्वतः ही उत्तरकी तरफ और दूसरा दक्षिणकी ओर रहता है। दो चुम्बकोंमें परस्पर जैसे आकर्षण-विकर्षण आदि होता है, कुण्डली और चुम्बकमें या दो कुण्डलियोंमें भी उसी तरह आकर्षण-विकर्षण आदि जारी रहता है। अथवा कुण्डलीको पास आने दीजिये, जरासे तारको एक फेर लपेट कर (सिर्फ अंगूठीके समान करके) उसमें ताड़ित-स्रोत चलानेसे, वह भी चुम्बक शलाका इस्पातकी पत्तीकी तरह काम करती है। उसका एक पार्श्व उत्तरवर्ती और दूसरा पार्श्व दक्षिणवर्ती होता जाता है। इसी तरह दो अंगूठियोंको परस्पर समसूत्रपात करनेसे दोनोंमें आकर्षण या विकर्षण होता है। प्रवाह यदि दोनोंमें एक तरफ चले, तो आकर्षण और विपरीत दिशामें चले तो विकर्षण होता है। फरासीसी विद्वान् आम्पियरने पहले पहल उच्च गणितके प्रयोगसे यह आकर्षणादि घटनाओंकी गणना की थी। फिनहाम फराडे और मक्सवेल द्वारा प्रदर्शित पद्धतिसे ये गणनाएं और भी सहजमें सम्पादित होती हैं।

ताड़ितका क्षेत्र।—चुम्बकके पार्श्व प्रदेशको चौम्बक प्रदेश कहेंगे। इस प्रदेशमें लोहा रखनेसे उसमें चुम्बकत्व आ जाता है। चौम्बक प्रदेशका प्रधान लक्षण हो यह है, कि वहां चारों ओर चुम्बकोंकी यदृच्छा-क्रमसे रखा नहीं जा सकता। उस दूसरे चुम्बककी चाहे जिस तरह रखो, छोड़नेके साथ ही वह घूम कर एक निर्दिष्ट अवस्थानको ग्रहण करेगा। यहांसे स्थानच्युत करने पर भी, वह पुनः वहीं पहुंच जायगा। ताड़ित-प्रवाहके चारों पार्श्वका प्रदेश भी चौम्बक प्रदेश है। यहां भी चुम्बक या अन्य ताड़ितवाहीको यदृच्छा-क्रमसे इस प्रकार नहीं रख सकते। रखनेसे वह घूम कर पुनः अपने निर्दिष्ट स्थानको ग्रहण कर लेता है। इसी तरह इस चुम्बक प्रदेशमें चुम्बक और ताड़ित-प्रवाह चलने पर अन्तरीक्ष भी [illegible] जाता है। अति प्रसारित चुम्बक-शक्ति होती है। चौम्बकक्षेत्रमें ताड़ित-

प्रवाहका पुनः पुनः दिक्-परिवर्तन करके इस गतिको घूर्णनमें परिणत किया जा सकता है। प्रबल ताड़ित-प्रवाह तारके कुछ अंशोंमें प्रवाहित हो कर शक्तिशाली चौम्बक-प्रदेशकी सृष्टि करता है। उस प्रदेशमें तारके अन्य अंश इस तरह सजे हुए रहते हैं, कि उसमें प्रवाह प्रवाहित होते ही वह तेजीसे घूमने लगता है। उसके साथ बड़े बड़े चक्रोंको जोड़ देनेसे, वे भी घूमा करते हैं। साधारण वाष्पीय एञ्जिनसे जो कार्य होते हैं, इस तरहके ताड़ितके एञ्जिनसे भी वे कार्य हो सकते हैं। वाष्पीय एञ्जिनका कार्य तापसे उत्पन्न होता है जो कोयले जलानेसे होता है। बिजलीके एञ्जिनका कार्य भी ताड़ितशक्तिसे उत्पन्न होता है और यह कोषके मध्य गन्धकद्रावक द्वारा जस्ता जलानेसे मिलता है। गन्धकद्रावकके साथ जस्तेका सम्मिलन, साधारण दाहन-क्रियासे मूलतः अभिन्न नहीं है। कोयलेकी अपेक्षा जस्तेमें खर्च ज्यादा पड़ता है, इसलिये ताड़ितका एञ्जिन वाष्पीय एञ्जिनका स्थान ग्रहण नहीं कर सका है।

ताड़ित-प्रवाहके साथ चुम्बकका सम्बन्ध।—चुम्बकके साथ ताड़ित-प्रवाहके इस साधर्म्यको देख कर दोनोंकी प्रकृतिगत अभिन्नताकी बात सहजहीमें मनमें जगह पाती है। चुम्बकके अन्दर लोहेके प्रत्येक अणुके चारों तरफ ताड़ितप्रवाह घूम रहा है। अनुमान करनेसे दोनोंमें यह सादृश्य खूब मिलता है। विविध युक्तियाँ इस अनुमानका समर्थन करती हैं। वस्तुतः लोहमात्रका (चाहे उसमें चुम्बक हो, चाहे न हो) प्रत्येक अणु ताड़ितका एक एक क्षुद्र आवर्तस्वरूप है। गोला जैसे एक अक्षरेखाके चारों तरफ घूमता है, पृथिवी जैसे अपनी अक्षरेखाके ऊपर आवर्तन करती है, प्रत्येक आणविक ताड़ितावर्त भी इसी तरह एक एक अक्षका अवलम्बन कर उसके चारों तरफ हमेशा घूम रहा है। साधारण लोह-पिण्डमें यह अक्षरेखाएं इतस्ततः विभिन्न दिशाओंमें विक्षिप्त होती हैं, परन्तु चुम्बकमें ये अक्षरेखाएं प्रधानतः एक ही दिशामें रहती हैं। सिर्फ चुम्बकके भीतर ही नहीं, बाहर चौम्बक प्रदेशमें भी ये आवर्त विद्यमान रहते हैं। हम जिसको शून्य कहा करते हैं, वास्तवमें वह शून्य नहीं है। कोई एक अदृश्य सामग्री समग्र शून्यप्रदेशमें व्याप्त है। चुम्बकके चारों तरफ इस अदृश्य सर्वदेशव्यापी पदार्थमें भी ताड़ितके क्षुद्र आवर्त विद्यमान हैं। वहाँ लोहेको ले जानेसे वे आवर्त लोहेमें आ कर, उसमें चुम्बकत्वकी उत्पत्ति करते हैं, अर्थात् उन आवर्तोंके वेगसे लोहेकी आणविक अक्षरेखाएँ निर्दिष्ट दिशाको घूम जाती हैं।

ताड़ित-प्रवाहका गठन।—ऊपर कह चुके हैं, कि चौम्बक प्रदेशमें ताड़ितप्रवाहको इच्छानुसार नहीं रक्खा जा सकता। यह अपनेसे ही एक निर्दिष्ट अवस्थानको ग्रहण कर लेता है। यह अपने आप जिस तरफ जाना चाहे, उस तरफ उसे बे-रोकटोक जाने दो। देखोगे—प्रवाह चलते चलते कुछ क्षीण हुआ। मानो प्रवाह जिस तरफ चलता था, उससे विपरीत दिशामें दूसरा एक प्रवाह उत्पत्ति हुई और उसने पूर्वतन प्रवाहको क्षीण और दुर्बल कर दिया। प्रवाह जिस तरफ जाना चाहे, उस तरफ उसे मत जाने दो, बलपूर्वक उसे उलटी तरफ लौटा ले चलो। देखोगे—प्रवाह और भी कुछ प्रबल हो चला है। मानो दूसरे एक नये प्रवाहने उत्पन्न हो कर उसके प्रवाहको बढ़ा दिया है। चौम्बक प्रदेशमें गतिके प्रभावसे इसी प्रकार ताड़ितप्रवाह कभी क्षीण और कभी प्रबल होता रहता है; अथवा इस ओर पर या उस ओर पर नवीन प्रवाह उत्पन्न हो कर वर्तमान प्रवाहको घटाता या बढ़ाता है। चौम्बक प्रदेशमें गतिके प्रभावसे इस नवीन प्रवाहकी सृष्टिका नाम है—ताड़ितप्रवाहका संक्रमण। माइकेल फाराडेने इसका आविष्कार किया है। जो तार या परिचालक द्रव्य चौम्बक प्रदेशमें घूम रहा है, उसमें ताड़ितप्रवाह बिलकुल न होने पर भी उक्त गतिके प्रभावसे नवीन प्रवाहका आविर्भाव होता है। वह जब तक चलता है, प्रवाह भी तभी तक रहता है; गति बन्द होने पर प्रवाह भी बन्द हो जाता है। तारको, चुम्बकके पासमें ले जानेसे जो फल होता है, चुम्बकको दूरसे तारके पास लाने पर भी ठीक वही फल होता है। ताड़ित प्रवाह सब विषयोंमें चुम्बकके समान है; इसलिए तारके पास सहसा एक प्रवाह उपस्थित करनेसे भी ठीक वैसा ही फल होगा। गतिके प्रभावसे नये प्रवाहका आविर्भाव

होता है; तथापि उत्पन्न प्रवाह ऐसी दिशामें बहता है, जिससे यह उस गतिको बाधा पहुँचाता रहता है। इस हिसाबको याद रखनेसे, किस तरफ प्रवाह जमेगा, इस बातका सहजमें निश्चय किया जा सकता है। जैसे सहसा घोड़ा चलनेसे सवार पीछेको झुक जाता है और खड़े होने पर सामने झुक जाता है, यह भी कुछ कुछ वैसा ही है। ताड़ितप्रवाहको सहसा किसी तार पर चलानेसे भीतरसे एक बाधासी पड़ती है, सहसा प्रवाहमान स्रोतको रोकना चाहो तो वह रुकता नहीं बल्कि क्षणभरके लिए प्रबलतर हो जाता है, इसमें भी यही कारण है। यह साधारण नियम है, कि चौम्बक प्रदेशमें एक तारको घुमानेसे ही उसमें प्रवाहका आविर्भाव या संक्रमण होगा। चौम्बक प्रदेशमें किसी न किसी चुम्बकका अथवा तदनुरूप ताड़ितप्रवाहका प्रभाव विद्यमान है। यह प्रभाव सर्वत्र समान होता है, ऐसा नियम नहीं; कहीं ज्यादा और कहीं कम होता है। अधिक प्रवाहके स्थानसे कम प्रवाहके स्थान पर अथवा कम प्रवाहके स्थानसे अधिक प्रवाहके स्थान पर किसी भी परिचालकको ले जा सकते हैं, उसीमें एक तरफ (छोर पर) ताड़ितप्रवाह उत्पन्न होगा। प्रवाह जब तक चलता रहेगा, उसकी स्थिति भी तभी तक रहेगी। यदि दोनों जगहका प्रभाव समान हो, तो सम्भव है प्रवाह उत्पन्न न हो। परिचालक जितनी तेजीसे एक स्थानसे अन्य स्थानमें ले जायगा, उत्पन्न प्रवाह भी उतना ही प्रबल और पुष्ट होगा। वस्तुतः तांबेके तारको कई बार ऐंठ कर अति वेगसे चौम्बक प्रदेशमें चलाने या घुमानेसे, अत्यन्त प्रबल ताड़ितप्रवाह मिल सकता है। व्यवस्थापूर्वक इस प्रकारसे ताड़ितप्रवाह उत्पन्न करनेसे चपलता और उद्भूतिके विषयमें वह ताड़ितयन्त्रोत्पन्न प्रवाहके समान होता है।

अक्सर कारके रुमकर्फकी कुण्डली (Ruhmkorff's Coil) नामक एक तरहका यन्त्र व्यवहृत होता है, इसमें ताड़ितप्रवाहकी उद्भूति इतनी ज्यादा होती है, कि यह प्रवाह अनायास ही अपरिचालक वायुको भेदकर चला जाता है; २।१० इञ्च लम्बा ताड़ित-स्फुलिङ्ग एक छोटीसी कुण्डलीके द्वारा भी मिल सकता है। बड़े भारी कोष या बैटरासे ; इतना स्फुलिङ्ग भी नहीं निकलता। वायवीय पदार्थमें ताड़ित-स्फुलिङ्ग चलनेसे जो तमाशे होते हैं, वे सब ही इस यन्त्रकी सहायतासे सुचारु रूपसे दिखाये जा सकते हैं। गाइसलरके नलकी बात पहले कह चुके हैं। उसके भीतर विविध वायवीय पदार्थ अल्प परिमाणमें रहते हैं। उसमें ताड़ितप्रवाह चलनेसे विविध तरहके विचित्र आलोकोंका विकाश होता है। क्रूक्स् साहबने कांचके नलके भीतरसे वायुको प्राय सम्पूर्ण-रूपसे निकाल कर, कुण्डली द्वारा ताड़ितप्रवाह चला कर नाना प्रकारके आश्चर्यजनक तमाशे दिखाये थे। क्रूक्सके नलके भीतर वायु करीब करीब होता ही नहीं, ऐसा भी कहा जा सकता है। कुछ अणु इधर उधर दौड़ा करते हैं। ये ही अणु ताड़ित वहन करके इतस्ततः दौड़ते हैं। नलके भीतर एक छोटी पत्तियासी हीरेका टुकड़ा आदि विविध पदार्थ रखनेसे ये अणु उन पर धक्का दे कर विचित्र उज्ज्वल आलोकका विकाश करते हैं। क्रूक्स्-नलके ये कार्य अत्यन्त सुन्दर और मनोहर होते हैं।

रुमकर्फकी कुण्डलीमें जो उच्च ताड़ितप्रवाह उत्पन्न होता है, वह एक ही तरफको अविच्छेद स्रोतमें नहीं बहता। रह रह कर और थम थम कर बहता है। १ मिनटके अन्दर २०।३० बार अथवा २००।४०० बार ठहरता और बहता है। इन विच्छेदोंकी संख्याको यदि किसी तरह दहाई और सैकड़ोंको पार कर लाख और करोड़में बढ़ाया जाय तथा साथ ही प्रवाहकी चपलता और उद्भूतिको खूब ऊँचे पर चढ़ाया जाय, तो क्रूक्स्-नलको यन्त्रके साथ संलग्न रखनेकी भी आवश्यकता नहीं रहती। यन्त्रके पासमें किसी स्थान पर नलको रखनेसे उसका अन्तःस्थ उज्ज्वल हो उठता है, बीचमें मनुष्यका व्यवधान रखनेसे उच्च ताड़ितप्रवाह उसको भेद कर चला जाता है और दूरस्थ नलको उद्दीप्त करता है। आश्चर्यका विषय है, कि जिसका शरीर भेद कर जाता है, उसे कुछ भी मालूम नहीं पड़ता। साधारण रुमकर्फके उच्च या साधारण डाइनेमोका प्रबल प्रवाह मनुष्य सह नहीं सकता, किन्तु इस अत्युच्च ताड़ितप्रवाहके अङ्ग-प्रत्यङ्गमें सौ सौ बार प्रबल प्रवाहके साथ—देह भेद करने पर भी कोई नुकसान नहीं होता। टेस्ला सर्व

हुए हैं। इटलीके युवक सिन्योर मार्कोनीने इस अद्भुत घटनाका आविष्कार कर लोगोंकी आँखोंमें चकाचौंध लगा दिया है।

डाइनामो।—चौम्बक प्रदेशमें तांबेके तारको तेजीसे घुमाने पर पुष्ट और उग्र ताड़ितस्रोत उत्पन्न होता है। पुष्टका अर्थ परिमाणमें अधिक और उग्रका अर्थ उद्गतिमें ऊँचा होता है। ब्राश, साइमेन्स, ग्राम, एडिसन आदिके बने हुए विविध प्रकारके डाइनामो आजकल विविध कार्योंमें व्यवहृत होते हैं। चौम्बक प्रदेश विभिन्न तरहसे प्रस्तुत होता है। कहीं कहीं बड़े बड़े प्रतापशाली इस्पातके चुम्बक व्यवहृत होते हैं। कहीं कहीं बैटरीसे ताड़ितप्रवाहको वृहत् लौह पिण्ड पर लपेट कर, उस लोहेको पराकाष्ठा चुंबकरूपमें परिणत किया जाता है। तारविशेषमें तार घुमा कर जो प्रवाह उत्पन्न हो रहा है, उसीका कुछ अंश या अधिकांश या पूरा लौहपिण्ड पर लपेट कर चुम्बक बनाया जाता है। प्रवाह क्रमशः पुष्ट होता है, चुंबकका प्रभाव भी उतना ही बढ़ता है। प्रवाह और चुंबक दोनों ही क्रमशः प्रबल हो कर एक दूसरेको और भी प्रबल कर देते हैं।

नगरके राजपथोंको आलोकित करनेके लिए, ट्राम-गाड़ी चलानेके लिए तथा अन्यान्य बड़े बड़े कार्योंके सम्पादन करनेके लिए डाइनामोओंमें ताड़ितप्रवाह उत्पन्न किया जाता है। इन डाइनामोओंके तारोंको वेगसे घुमानेके लिए वाष्पीय एञ्जिनकी जरूरत पड़ती है। छोटे छोटे डाइनामो हाथसे घुमाये जा सकते हैं। जिन डाइनामोंमें इस्पातके स्थायी चुंबक द्वारा चौम्बक प्रदेश उत्पन्न किया जाता है, उनको डाइनामो न कह कर अधिक मागनेटो कहते हैं। डाक्टरी बैटरी छोटा मागनेटो मात्र है। एक इस्पातके चुंबकके पास तार घुमानेसे जो प्रवाह उत्पन्न होता है, वही रोगीके शरीरमें चालित होता है। इस बैटरीका प्रवाह एक-तरफा नहीं होता; एक बार इस तरफ, एक बार उस तरफ चलता है। प्रवाहको एक तरफा और अवच्छिन्न करनेके लिए किसी किसी डाइनामोमें विशेष विशेष कौशल है।

यह फिर या कई फिर लपेटा हुआ तार चौम्बक प्रदेश-में घुमानेसे, उसमें काफी प्रवाह या स्रोत उत्पन्न हो जाता है। जरासे धातुमय पिण्डको सहसा चौम्बक प्रदे-शमें ठेल देनेसे उसमें काफी प्रवाह पैदा नहीं होता है। सिर्फ उसके ऊपरसे थोड़ासी बिजली छूट जाती है। उसके ऊपर एक बिजलीका धक्कासा लगता है। यह धक्का उसका गात्र भेद कर जितना भीतर प्रवेश करता है, उतना ही क्षीण हो जाता है और उसके प्रवेशका वेग जल्दी घट जाता है। और यदि एक धक्केके बदले पुनः पुनः सेकेण्डमें हजार बार या लाख बार, एक दफा इस तरफ और एक दफा उस तरफ धक्का लगे, तो वे धक्के प्रवेश करनेमें असमर्थ होते हैं। कुछ प्रवेश करनेके पहले ही वे नष्ट हो जाते या उत्ताप रूपमें परिणत हो जाते हैं।

ताड़ितप्रवाहका आन्दोलन या स्पन्दन—डाक्टरी बैटरी-में, बहुतसे डाइनामोमें, इनडक्शन या तिमलाके यन्त्रोंमें ताड़ितका एक तरफा स्रोत नहीं बहता। एक बार इस छोरकी ओर एक बार उस छोरकी ओर बहता है। आसलमें प्रवाह आन्दोलित या स्पन्दित होता रहता है। अबतक सबकी धारणा थी, कि ताड़ितका एक एक स्फुलिङ्ग एक एक धक्का मात्र है। प्रत्येक स्फुलिङ्गके साथ एक एक धन-ताड़ित एक तरफ और एक ऋण ताड़ित दूसरी तरफ सहसा चला जाता है। किन्तु किसीसे निश्चित हुआ है, कि यह एक स्फुलिङ्ग सिर्फ धक्का नहीं, बल्कि यह भी एक आन्दोलन मात्र है। लीडेन जार या ताड़ितयन्त्रमें 'क'से 'ख' की तरफ एक स्थानसे अन्य स्थान पर थोड़ा धन ताड़ित सहसा वायुभेद कर चला गया, जिससे स्फुलिङ्ग उत्पन्न हुआ; एक क्षणिक आकस्मिक उग्र प्रवाह उत्पन्न हुआ। ऐसा अब तक विश्वास था। किन्तु वास्तवमें ऐसा नहीं है। धक्का एक बार इधरसे उधर और उधरसे इधर, इसी तरह पुनः पुनः जाता आता रहता है। प्रवाह जा कर फिर लौट आता है। एक स्फुलिङ्ग क्षणिक घटना है; उसका स्थितिकाल एक सेकेण्डका लक्षाधिक भाग मात्र है। किन्तु इस अल्प अरसेके भीतर भी लाखों धक्के इधर उधर लग जाते हैं। बहुत बार ताड़ित-प्रवाहके इतस्ततः स्पन्दन या आन्दोलनका समष्टिरूप एक स्फुलिङ्ग है। एक स्फुलिङ्गके दर्पणमें प्रति-बिम्बको दर्पणके शीघ्र घूर्णन द्वारा विस्तारित करनेसे

प्रतिबिम्ब कटा हुआ सा जान पड़ता है। स्फुलिङ्गके मध्य ताड़ितका आन्दोलन ही इस प्रकार दीप्तिका कारण है।

ताड़ितकी गति।—परिचालकके विभिन्न अंशोंमें ताड़ितकी प्रकृति विभिन्न नहीं हो सकती। परिचालकका यही धर्म है। इस स्वधर्मके प्रभावसे परिचालकमें ताड़ितप्रवाह पैदा होता है। प्रवाहके क्रमसे परिचालक गरम हो जाता है और उसका पार्श्ववर्ती समस्त प्रदेश चौम्बक-धर्माक्रान्त होता है। प्रवाह सिर्फ परिचालकके भीतर हो जाता हो, ऐसा नहीं। हां, अपरिचालकके भीतर प्रवाह सहजमें जाता नहीं; जब जाता है, तब एक उग्र प्रचण्ड धक्का दे कर अपरिचालकको फाड़ कर जाता है। धक्का भी एक तरफ नहीं लगता; एक धक्का लगनेसे ही साधारणतः कुछ देर तक उसका इतस्ततः आन्दोलन चलता है। इस आन्दोलनके रहते हुए स्फुलिङ्गका प्रकाशांश और शब्द उत्पत्ति समान हो जाती है। परिचालक और अपरिचालकमें यही प्रभेद है। परिचालकके भीतरसे जो प्रवाह जाता है, ऐसा सब समय नहीं कहा जा सकता। परिचालक सिर्फ प्रवाहका रास्ता दिखला देता है। ताड़ित-स्रोत उसके ऊपरसे चलता है। तारके भीतर घुसनेकी कोशिश करता है और घुसनेके बाद तापरूपमें परिणत होता है। प्रवाह जिस रास्तेसे चलता है, उसके चारों तरफ चौम्बक प्रदेश है। चारों तरफका प्रदेश बिल्कुल वायुशून्य होने पर भी उसका चुम्बकत्व नष्ट नहीं होता। अनुमान होता है, कि शून्य स्थानमें भी ऐसे पदार्थ विद्यमान हैं जिनसे उस चुम्बकत्व मौजूद रहता है। साधारणमें जिस स्थानको शून्य कहते हैं, वह बिल्कुल शून्य नहीं है। आलोकविज्ञान कहता है, कि शून्य स्थानमें भी पदार्थविशेष ओतप्रोत भावसे व्याप्त है। उस पदार्थको अंग्रेजीमें ईथर कहते हैं, हिन्दीमें आकाश या आसमान कहेंगे। यहां आकाशका अर्थ शून्य नहीं, बल्कि शून्यव्यापी पदार्थविशेष है। यह ईथर या आकाश सूक्ष्म, अदृश्य और अनुमानसे प्रतीत होने पर भी अत्यन्त कठिन स्थितिस्थापक पदार्थ है। अणुदल और ग्रहपुञ्जको साथ कर यह सतत तक इसके भीतरसे बिना बाधाके चले जाते हैं, आश्चर्य है, तो भी काठिन्यविषयमें इस्पात भी इससे पराजित होता है। यह आकाश जड़पदार्थोंके अणुओंके इतस्ततः कम्पन और आन्दोलनजात धक्कोंकी लहरोंको वहन करता है। ये तरङ्गें आकाशके भीतरसे सेकेण्डमें एक लाख छियासी मील तक चलती हैं।

सम्भवतः ताड़ितप्रवाह ही चतुःपार्श्वस्थ आकाशमें इस चौम्बकधर्मको देता है। माइकेल फाराडेने, चुम्बकके साथ आलोकके कुछ सम्बन्धोंका आविष्कार किया था। आलोक आकाशका स्पन्दन मात्र है। इस स्पन्दनको निर्दिष्ट एक दिशा है। चौम्बक प्रदेश इस स्पन्दनकी दिशाको घुमा सकता है। इससे तथा अन्यान्य कारणोंसे यह अनुमित होता है, कि चौम्बकधर्म आकाशका ही धर्म है।

चौम्बक-धर्म यदि आकाशका ही धर्म हो, तो जिस स्थानमें ताड़ितप्रवाह एकतरफा न बह कर बार बार आन्दोलित हो रहा है, वहां इस आकाशमें भी वह आन्दोलन उपस्थित होगा। जड़पदार्थके अणुओंके कम्पनसे तरङ्गें उत्पन्न हो कर फैल जातीं और आकाशमें व्याप्त होतीं और आलोक उत्पन्न करती हैं, ताड़ितके आन्दोलनसे उसी प्रकार तरङ्गें उत्पन्न हो कर चारों ओर आकाशमें प्रसारित होती हैं। इन तरङ्गोंको ताड़ितोर्मि या चौम्बकोर्मि कह सकते हैं। वस्तुतः किसी स्थान पर ताड़ितकी एक तरङ्ग उत्पन्न होने पर उसके साथ चुम्बकत्वकी भी तरङ्गें उत्पन्न होती हैं, दोनों सहगामी या सहचरी हैं, क्योंकि जहां ताड़ितका प्रवाह होता है, उसके पार्श्वमें ही चुम्बकत्वका आविर्भाव होता है। ताड़ितके प्रवाहकी तुलना स्रोतके साथ और चुम्बकत्वकी तुलना आवर्त या घूर्णीके साथ हो सकती है। तथा इस प्रवाहके साथ घूर्णीका अविच्छेद्य सम्बन्ध देखनेमें आता है। मनस्वी क्लार्क मक्सवेलके मनमें ऐसा प्रश्न उपस्थित हुआ कि जिस आकाशमें आलोक स्पन्दित होता है, उसी आकाशमें ताड़ितकी तरङ्गें क्यों न चलेंगी? यदि ऐसा ही हो अर्थात् यदि एक आकाश दोनों प्रकारकी लहरोंको वहन करे, तो आलोक और ताड़ितकी तरङ्गें दोनों ही एक ही वेगसे आकाशपथ पर धावित होंगी। विविध युक्तियों द्वारा मक्सवेलने अपने मतका समर्थन किया था।

हुए होते इन्होंने चुम्बक निर्माणमें इस अद्भुत घटनाका आविष्कार कर लोगोंकी आँखोंमें चकाचौंध लगा दिया है।

डाइनामो।—चौम्बक प्रदेशमें ताँबेके तारको तेजीसे घुमाने पर पुष्ट और उच्च ताड़ितस्रोत उत्पन्न होता है। पुष्टका अर्थ परिमाणमें अधिक और उच्चका अर्थ शक्तिमें ऊँचा होता है। क्लार्क, ग्राइमिलम, ग्राम, एडिसन आदिके बने हुए विविध प्रकारके डाइनामो आजकल विविध कार्योंमें व्यवहृत होते हैं। चौम्बक प्रदेश विभिन्न तरहसे प्रस्तुत होता है। कहीं कहीं बड़े बड़े प्रतापशाली इस्पातके चुम्बक व्यवहृत होते हैं। कहीं कहीं बैटरीसे ताड़ितप्रवाहको वृहत् लौह पिण्ड पर लपेट कर, उस लोहेको परोक्षान्त चुंबकरूपमें परिणत किया जाता है। क्षेत्रविशेषमें तार घुमा कर जो प्रवाह उत्पन्न हो रहा है, उसीका कुछ अंश या अधिकांश वा पूरा लौहपिण्ड पर लपेट कर चुम्बक बनाया जाता है। प्रवाह क्रमशः पुष्ट होता है, चुंबकका प्रभाव भी उतना ही बढ़ता है। प्रवाह और चुंबक दोनों ही क्रमशः प्रबल हो कर एक दूसरेको और भी प्रबल कर देते हैं।

नगरके राजपथोंको आलोकित करनेके लिए ट्राम-गाड़ी चलानेके लिए तथा अन्यान्य बड़े बड़े कार्योंके सम्पादन करनेके लिए डाइनामोओंसे ताड़ितप्रवाह उत्पन्न किया जाता है। इन डाइनामोओंके तारोंको वेगसे घुमानेके लिए वाष्पीय एञ्जिनकी जरूरत पड़ती है। छोटे छोटे डाइनामो हाथसे घुमाये जा सकते हैं। जिस डाइनामोमें इस्पातके स्थायी चुंबक द्वारा चौम्बक प्रदेश उत्पन्न किया जाता है, उसको डाइनामो न कह कर अधिक मागनेटो यन्त्र कहते हैं। डाक्टरी बैटरी छोटा मागनेटो मात्र है। एक इस्पातके चुंबकके पास तार घुमानेसे जो प्रवाह उत्पन्न होता है, वही रोगीके शरीरमें चालित होता है। इस बैटरीका प्रवाह एक-तरफा नहीं होता; एक बार इस तरफ, एक बार उस तरफ चलता है। प्रवाहको एक तरफा और अवच्छिन्न करनेके लिए किसी किसी डाइनामोमें विशिष्ट विशिष्ट कौशल हैं।

एक फेर या कई फेर लपेटा हुआ तार चौम्बक प्रदेश-में घुमानेसे, उसमें काफी प्रवाह या स्रोत उत्पन्न हो जाता है। लट्टूसे धातुमय पिण्डको सहसा चौम्बक क्षेत्रमें ठेल देनेसे उसमें काफी प्रवाह पैदा नहीं होता है। सिर्फ उसके ऊपरसे थोड़ासी बिजली छट जाती है। उसके ऊपर एक बिजलीका धक्कासा लगता है। यह धक्का उसका गात्र भेद कर जितना भीतर प्रवेश करता है, उतना ही क्षीण हो जाता है और उसके प्रवेशका वेग जल्दी घट जाता है। और यदि एक सेकेंडके अन्दर पुनः पुनः सैकड़ों हजार बार या लाख बार, एक दफा इस तरफ और एक दफा उस तरफ धक्का लगे, तो वे धक्के प्रवेश करनेमें असमर्थ होते हैं। कुछ प्रवेश करनेके पहले ही वे नष्ट हो जाते या उत्ताप रूपमें परिणत हो जाते हैं।

ताड़ितप्रवाहका आन्दोलन या स्पन्दन—डाक्टरी बैटरी-में, बहुतसे डाइनामोमें, इनडक्शन वा रोमकार्फ यन्त्रोंमें ताड़ितका एक तरफा स्रोत नहीं बहता; एक बार इस छोरकी ओर एक बार उस छोरकी ओर बहता है। वास्तवमें प्रवाह आन्दोलित या स्पन्दित होता रहता है। पहले सबकी धारणा थी, कि ताड़ितका एक एक स्फुलिङ्ग एक एक धक्का मात्र है। प्रत्येक स्फुलिङ्गके साथ एक एक धन-ताड़ित एक तरफ और एक ऋण ताड़ित दूसरी तरफ सहसा चला जाता है। किन्तु फिलहाल निश्चित हुआ है, कि यह एक स्फुलिङ्ग सिर्फ धक्का नहीं, बल्कि यह भी एक आन्दोलन मात्र है। लीडेन जार या ताड़ितयन्त्रमें 'क' से 'ख' की तरफ एक धक्केसे कुछ पर थोड़ा धन ताड़ित सहसा चला गया, जिससे स्फुलिङ्ग उत्पन्न हुआ; एक क्षणिक आकस्मिक प्रवाह उत्पन्न हुआ। ऐसा अब तक विश्वास था। किन्तु वास्तवमें ऐसा नहीं है। धक्का एक बार इधरसे उधर और उधरसे इधर, इसी तरह पुनः पुनः आता जाता रहता है। प्रवाह जा कर फिर लौट आता है। एक स्फुलिङ्ग क्षणिक घटना है; उसका स्थितिकाल एक सेकेण्डका लक्षांश भाग मात्र है। किन्तु इस अल्प कालके भीतर भी लाखों धक्के इधर उधर लग जाते हैं। बहुत बार ताड़ित-प्रवाहके इतस्ततः स्पन्दन या आन्दोलनका सम-ष्टिफल एक स्फुलिङ्ग है। एक स्फुलिङ्ग दर्पणमें प्रति-बिम्बको दर्पणके साथ घूर्णन द्वारा विश्लेषित करनेसे

प्रतिबिम्ब कटा हुआ सा जान पड़ता है। स्फुलिङ्गके मध्य ताड़ितका आन्दोलन ही इस प्रकार दोखनेका कारण है।

ताड़ितकी तरंगे।—परिचालकके विभिन्न अंशोंमें ताड़ितकी उद्भूति विभिन्न नहीं हो सकती। परिचालकका यही धर्म है। इस स्वधर्मके प्रभावसे परिचालकमें ताड़ितप्रवाह पैदा होता है। प्रवाहके फलसे परिचालक गरम हो जाता है और उसका पार्श्ववर्ती समय प्रदेश चौम्बक-धर्माक्रान्त होता है। प्रवाह सिर्फ परिचालकके भीतर हो जाता हो, ऐसा नहीं। हां, अपरिचालकके भीतर प्रवाह सहजमें जाता नहीं; जब जाता है, तब एक उग्र प्रचण्ड धक्का दे कर अपरिचालकको फाड़ कर जाता है। धक्का भी एक तरफ नहीं लगता; एक धक्का लगनेसे ही साधारणतः कुछ देर तक उसका इतस्ततः आन्दोलन चलता है। इस आन्दोलनके रहते हुए स्फुलिङ्गका अन्तर्द्धान और सर्वत्र उद्भूति समान हो जाती है। परिचालक और अपरिचालकमें यही प्रभेद है। परिचालकके भीतरसे ही प्रवाह जाता है, ऐसा सब समय नहीं कहा जा सकता। परिचालक सिर्फ प्रवाहका रास्ता दिखला देता है। ताड़ित-स्रोत उसके ऊपरसे चलता है। शरीरके भीतर घुसनेकी कोशिश करता है और घुसनेके बाद तापरूपमें परिणत होता है। प्रवाह जिस रास्तेसे चलता है, उसके चारों तरफ चौम्बक प्रदेश है। चारों तरफका प्रदेश बिल्कुल वायुशून्य होने पर भी उसका चुम्बकत्व नष्ट नहीं होता। अनुमान होता है, कि शून्य स्थानमें भी ऐसे पदार्थ विद्यमान हैं जिनसे उक्त चुम्बकत्व मौजूद रहता है। वास्तवमें जिस स्थानको शून्य कहते हैं, वह बिल्कुल शून्य नहीं है। आलोकविज्ञान कहता है, कि शून्य स्थानमें भी पदार्थविशेष ओतप्रोत भावसे व्याप्त है। उक्त पदार्थको अंग्रेजीमें ईथर कहते हैं, हिन्दीमें आकाश या आसमान कहेंगे। यहां आकाशका अर्थ शून्य नहीं, बल्कि शून्यव्यापी पदार्थविशेष है। यह ईथर या आकाश सूक्ष्म, अदृश्य और अनुभवसे अतीत होने पर भी अत्यन्त कठिन स्थितिस्थापक पदार्थ वायुरूप और लौहखण्डसे लगा कर यह नक्षत्र तक इसके भीतरसे बिना बाधाके चले जाते हैं, आश्चर्य है, तो भी काठिन्यविषयमें इस्पात भी इससे पराजित होता है। यह आकाश जड़पदार्थोंके अणुओंके इतस्ततः कम्पन और आन्दोलनजात धक्कोंकी लहरोंको वहन करता है। ये तरङ्गे आकाशके भीतरसे सेकेण्डमें एक लाख छियासी मील तक चलती हैं।

सम्भवतः ताड़ितप्रवाह ही वस्तुःपार्श्वस्थ आकाशमें इस चौम्बकधर्मको देता है। माइकेल फाराडेने, चुम्बकके साथ आलोकके कुछ सम्बन्धोंका आविष्कार किया था। आलोक आकाशका स्पन्दन मात्र है। इस स्पन्दनको निर्दिष्ट एक दिशा है। चौम्बक प्रदेश इस स्पन्दनकी दिशाको घुमा सकता है। इससे तथा अन्यान्य कारणोंसे यह अनुमित होता है, कि चौम्बकधर्म आकाशका ही धर्म है।

चौम्बक-धर्म यदि आकाशका ही धर्म हो, तो जिस स्थानमें ताड़ितप्रवाह इकतरफा न बह कर बार बार आन्दोलित हो रहा है, वहां इस आकाशमें भी एक आन्दोलन उपस्थित होगा। जड़-पदार्थके अणुओंके कम्पनसे तरङ्गे उत्पन्न हो कर जैसे चारों ओर आकाशमें व्याप्त होतीं और आलोक उत्पन्न करती हैं, ताड़ितका आन्दोलनसे उसी प्रकार तरङ्गें उत्पन्न हो कर चारों ओर आकाशमें प्रसारित होती हैं। इन तरङ्गोंको ताड़ितोर्मि वा चौम्बकोर्मि कह सकते हैं। वस्तुतः किसी स्थान पर ताड़ितकी एक तरङ्ग उत्पन्न होने पर उसके साथ चुम्बकत्वकी भी तरङ्गें उत्पन्न होती हैं, दोनों सहवर्ती वा सहचरी हैं, क्योंकि जहां ताड़ितका प्रवाह होता है, उसके पार्श्वमें ही चुम्बकत्वका आविर्भाव होता है। ताड़ितके प्रवाहको तुलना स्रोतके साथ और चुम्बकको तुलना आवर्त या घुर्णीके साथ हो सकती है। तथा इस प्रवाहके साथ घुर्णीका अविच्छेद्य सम्बन्ध देखनेमें आता है। मनस्वी क्लार्क मक्सवेलके मनमें ऐसा प्रश्न उपस्थित हुआ कि जिस आकाशमें आलोक विकम्पित होता है, उसी आकाशमें ताड़ितकी तरङ्गें क्यों न चलेंगी? यदि ऐसा ही हो अर्थात् यदि एक आकाश दोनों प्रकारकी लहरोंको वहन करे, तो आलोक और ताड़ितकी तरङ्गें दोनों ही एक ही वेगसे आकाशपथ पर धावित होंगी। विविध युक्तियों द्वारा मक्सवेलने अपने मतका समर्थन किया था।

ताड़ितपदार्थ (सं० पु०) ताड़ित एव यः पदार्थः कर्मधा० । दो वस्तुओंकी रगड़से निकला हुआ ज्योतिर्मय पदार्थ ।

ताड़ितपरिचालक (सं० पु०) ताड़ितस्य परिचालकः ६-तत् । (The conductor of electricity) वे वस्तु जिनसे ताड़ित पदार्थ एक स्थानसे दूसरे स्थानको थोड़ी-सी देरमें पहुँचाया जाता है ।

ताड़ितवार्त्ता (सं० स्त्री०) तारकी खबर ।

ताड़ितवार्त्तावह देखो ।

ताड़ितवार्त्तावह (सं० पु०) ताड़ित एव वार्त्तावहः कर्मधा० । ताड़ित-यन्त्रके द्वारा शीघ्र संवाद प्रेरण करनेका यन्त्र, वह यन्त्र जिसके द्वारा बिजलीकी सहायतासे एक स्थानसे दूसरे स्थान पर समाचार भेजा जाता है तारके जरियेसे खबर भेजनेकी कल, टेलिग्राफ (Telegraph), तार। जिस यन्त्रसे ताड़ित अर्थात् बिजलीकी तरह शीघ्र सम्वाद आते या पहुँचे, उनका नाम 'ताड़ितवार्त्तावह' या Electric telegraph है।

पूर्वकालमें किस प्रकारके सङ्केतादि द्वारा दूरवर्ती स्थान पर संवादादि भेजे जाते थे, इसका कुछ कुछ वर्णन 'टेलिग्राफ' शब्दमें लिखा जा चुका है। फलतः वे सो सङ्केत, समुद्रके मध्य एवं समय समय पर आवश्यक होने पर स्थल भागमें, ताड़ितके आविष्कारके बाद विज्ञानके बलसे सर्वोत्कृष्ट वार्त्तावहके रूपमें सर्वत्र नियोजित हुए हैं। बिजलीके जरिये बहुदूरवर्ती प्रदेशोंमें भी, इतनी सरलता एवं शीघ्रतासे संवाद भेजा जाता है, कि जिसको देख कर आश्चर्य होता है। विज्ञानके चरमोत्कर्षमें ताड़ितकी यह उपयोगिता अब भूमण्डलस्थ समस्त सभ्यदेशोंमें सम्यक्‌रूपसे मनुष्यसमाजमें पाई जाती है तथा सन्धि, विग्रह, व्यवसाय वाणिज्य आदिका प्रभूत उपकार कर रही है। सभ्यसमाजमें प्रतिदिन काममें आने वाला यह महोपकारी व्यापार किस प्रकारसे आविष्कृत हुआ और इसकी कार्यप्रणाली कैसी है, इसका स्थूल मर्म यहां लिखा जाता है।

ताड़ित पदार्थ के मूलतत्त्वके आविष्कारके बाद भी उसके द्वारा दूरवर्ती स्थानमें सङ्केत करनेका उपाय प्रकाशित हुआ। १७४७ ई०में विलय् वाट्सन् साहबने इस विषयकी बहुत परीक्षा की थी। इन्होंने ४०० फुट लम्बे तारसे एक लीडेन-जार (Leyden-jar) विस्फोटको युक्त किया था। १७५० ई०में स्कटस् मेगाजिन (Scots' Magazine) नामकी पत्रिकामें, बिजलीसे दूरवर्ती स्थान पर किस तरह खबर भेजी जा सकती है, इसका एक सहज उपाय प्रकाशित हुआ था। परन्तु वह कभी कार्यमें परिणत नहीं हुआ। १७७४ ई०में जेनेभा नगरमें २४ अक्षरोंके लिए २४ तारोंमें एक एक पिथबाल इलेक्ट्रोस्कोप (Pith-ball electroscope) जोड़ कर टेलिग्राफ बनाया गया। इसी वर्ष जर्मनीमें रिउसर (Reussur) साहबने पिथ-बालके बदले शीशेकी दो पट्टियां और उन पर अक्षर लिख कर, उनके द्वारा अक्षर प्रकट किये। ये सब टेलिग्राफ घर्षण-जनित ताड़ित (Frictional electricity)-के द्वारा उत्पन्न होते थे। इसमें कभी कभी परीक्षामें सङ्केत पहुँचते थे, और कभी कभी परिश्रम व्यर्थ भी जाता था। अन्तमें वल्टा साहबने प्रवाह-ताड़ित (Current electricity) का आविष्कार किया। यह ताड़ित सहजमें और सुविधासे तारके भीतरसे स्थानान्तरको भेजा जा सकता है और उसमें इसकी शक्तिका भी तादृश अपचय नहीं होता।

प्रवाह-ताड़ितके द्वारा कैसे संवाद भेजा जा सकता है, इस विषयकी अनेक परीक्षाएं हुईं। १८११ ई०में मिउनिकवासी सोमरिङ् साहब (Sommering) ने ३५ पृथक् पृथक् तारोंके साथ ३५ जलपात्र संयुक्त कर, पानीमें जलके विश्लेषण द्वारा सङ्केत ज्ञापन करनेका प्रस्ताव किया। १८२० ई०में आंपियर (Ampère) साहबने जलपात्रके बदले २५ कम्पासकी कांटोंके चलन अचलनके द्वारा अक्षर प्रकट किये। बादमें १८३२ ई०में मि० बेरन शिलिङ् (Baran Schilling)-ने रूसराज्यमें सिर्फ एक कम्पासकी सूचिकाके परिदोलन द्वारा अक्षर प्रकट करके टेलिग्राफ बना डाला।

१८३३ ई०में, वेबर (Weber) और गस (Gauss) साहबने दो तारोंके द्वारा ८००० फुटकी दूरी पर एक छोटी चुम्बकशलाकामें संलग्न दर्पणके आन्दोलनसे सङ्केतोंका परिचालन किया था। यह यन्त्र इतना

साहबके वर्त्तमान दर्पण-ताड़ितमान-यन्त्र (Mirror-galvanometer) के समान था।

उपरोक्त वैज्ञानिकोंके अनुरोध करने पर मिउनिक वासी अध्यापक मि० टाइन-हिल (Mr.Stein Heel -ने इस विषयमें बहुत परीक्षाएं कीं और यथेष्ट उन्नति भी की। बहुत परिश्रमके बाद आपने १८३७ ई०में एक टेलिग्राफ बनाया और उसी वर्ष उसे Gottengen Academy of Sciences सभामें सबको दिखाया। इन्होंने सबसे पहले ताड़ितप्रवाहके प्रत्यवर्त्तनके लिए दूसरा तार न रख कर एक ही तारके दो छोरोंको दो छेशनोंमें जमीनमें गाड़ कर एक ही तारसे संवाद भेजनेकी प्रथाका आविष्कार किया था। इस समय दो कम्पासके काँटोंके हलन जनित दो मूल सङ्केतों के संमिश्रणसे सम्पूर्ण वर्णमाला प्रकट की जाने लगी ये दोनों काँटे, एक धन और दूसरी ऋणताड़ितप्रवाह द्वारा, एक ही तरफ झुक जाते थे। कभी काँटेकी गति को देख कर और कभी काँटेसे एक कागजपर बिन्दु अङ्कित कर अक्षर सूचित होते थे। बिन्दु अङ्कनके लिए काँटेके अग्रभागमें सूची या मसी-पूर्ण सूक्ष्म नल रहता था। काँटे क्रमशः हट जाते थे और उनसे बिन्दुओंकी दो श्रेणी अङ्कित हो जाती थीं। स्थायी चुम्बकसे उत्पन्न ताड़ितके द्वारा यह ताड़ितवार्त्ता सम्भव होती थी।

एक लौह-दण्डके ऊपर अपरिचालक सूत्रादि मण्डित ताँबेका तार लपेट कर उस कुण्डलीमें ताड़ित-स्रोत प्रवाहित करनेसे, उस लोहेमें चुम्बकत्व आ जाता है, और ताड़ित-स्रोत बन्द होते ही उसका चुम्बकत्व नष्ट हो जाता है। ऐसे ताड़ितीय चुम्बकके आकर्षणसे आकृष्ट करके, एक घण्टा पर चोट मार कर सङ्केत करनेकी प्रथा उद्भावित हुई। यही मोर्स साहबके टेलिग्राफका मूल सूत्र है। हुइटष्टोन साहबने इस उपायसे घण्टा बजा कर टेलिग्राफ करनेसे पहले, वहांके कर्मचारीको सतर्क करनेका उपाय निकाला था।

१८३७ ई०में सर्व प्रथम तीन देशोंमें टेलिग्राफ व्यवसाय रूपमें संस्थापित हुआ। मिउनिकमें ष्टाइनहिल साहबका, अमेरिकामें मोर्स साहबका और इंग्लैण्डमें हुइट ष्टोन और कूक साहबका टेलिग्राफ प्रचलित हुआ। इंग्लैण्डमें लण्डन वर्मिंङ्हम और ग्रेटवेष्टर्न रेलवेमें सबसे पहले टेलिग्राफ लगा था। इन टेलिग्राफोंके तारोंको अपरिचालक पदार्थसे मण्डित कर मट्टीके नीचे गाड़ा जाता था, परन्तु पीछे इसमें खर्च अधिक होनेसे काठकी खूंटियों पर लगाया गया। एक काँटेके यन्त्रमें एक तार और दो काँटोंके यन्त्रमें दो तार लगा कर टेलिग्राफका व्यवहार होने लगा। इसके बाद हुइटष्टोन साहबने इसकी बहुत कुछ उन्नति की थी।

अब ताड़ितवार्त्तावह वा टेलिग्राफ-यन्त्रके भूततत्त्व, उसकी गठन और कार्य-प्रणालीका विवरण लिखा जाता है।

ताड़ितकोष वा बैटरी—सम्प्रति जितने भी प्रकारके टेलिग्राफ प्रचलित हैं, सब प्रवाह ताड़ित द्वारा सम्पन्न होते हैं। घोषकीय ताड़ितको टेलिग्राफमें नियोजित करनेके लिए बहुत कोशिश की गई थी, पर उसमें खर्च अधिक पड़ने तथा दिक्कत होनेके कारण उसका व्यवहार नहीं हो सका।

ताड़ित-वार्त्तावहके लिए अब नाना देशोंमें नाना प्रकारके ताड़ित-कोष प्रचलित हैं। कुछ समय पहले डानियल साहबका ताड़ितकोष व्यवहृत होता था। अब अधिकांश स्थानोंमें उसके बदले 'बाइक्रमेट बैटरी' काममें आती है। इस देशमें, टेलिग्राफ आफिसोंमें मिनोटोका (Minotto's) ताड़ितकोष व्यवहृत होता है।

तार—टेलिग्राफका तार साधारणतः लौह-निर्मित और जस्ते द्वारा मण्डित होता है। कहीं कहीं विशेष सुभीतेके लिए ताँबेका तार भी व्यवहृत होता है। यह तार काष्ठ या धातुके स्तम्भों पर लगी हुई चीनामट्टीकी अपरिचालक टोपियोंमें बांध कर ले जाना पड़ता है। ये टोपियां इतनी सफाईसे बनाई जाती हैं कि वर्षा होने पर भी इनका कुछ अंश बना रहता है और इसलिए ताड़ितप्रवाह तारसे निकल कर स्तम्भोंमें नहीं आता। आजकल प्रायः सभी स्थानोंमें खंभों पर तार जाता है। कहीं कहीं, जहां बाहरमें विपदकी आशङ्का अधिक है, जमीनके भीतरसे तार लगा है। इस तार पर गुटापार्चा, कुचुक, रबर आदि अपरिचालक वस्तुएं चढ़ी रहती हैं

और उसे अपने भीतरसे ले जाते हैं। इससे तारमें ताड़ित का अपव्यय भी कम होता है, पर यह बहुत महँगा, साधारणके लिए उतना उपयोगी नहीं है।

ताड़ितवार्त्तावहके पूर्व पूर्व आविष्कर्त्ताओंका विश्वास था कि ताड़ितप्रवाहके प्रत्यावर्त्तनके लिए एक दूसरे तारके बिना काम नहीं चल सकता। पूर्वोक्त स्टाइनहिल साहबने, एक दिन रेल पथका लौहदण्ड ताड़ितवाही तारका काम दे सकता है या नहीं, इस बातकी जांच करते हुए आविष्कार कर डाला कि पृथिवी ही ताड़ित-प्रत्यावर्त्तनके लिए तारका काम कर सकती है। दो स्टेशनोंमें तारके दोनों छोरोंको जमीनमें गाड़ देनेसे, दूसरे तारका काम निकल आता है। ऐसा होने पर भी तारमें जैसा वास्तविक ताड़ितस्रोत लौट आता है, वैसा पृथिवीसे नहीं आता। पृथिवी तारके दोनों छोरोंसे विभिन्न प्रकारका ताड़ित शोषण करती है, इसलिए तारमें ताड़ितका प्रवाह अव्याहत रहता है। जमीनमें तार अच्छी तरह गड़ जाना जरूरी है, नहीं तो यह कामयाब नहीं होता। तारके एक छोरमें बड़ी तांबेकी पत्ती लगा कर उसे साधारणतः पुष्करिणी या कूपादिमें गाड़ देना चाहिये। बड़े बड़े शहरोंमें गैस या पानीके नलोंमें तारका मुंह लगा देनेसे ही काम चल जाता है। स्थानविशेषमें वज्राघात-निवारक तार या पत्तीके साथ जोड़ दिया जाय तो कोई हर्ज नहीं। तात्पर्य यह कि तारका छोर जो जमीनमें गाड़ा जाता है, वह सर्वदा आर्द्र रहना चाहिये, कभी सूखना न चाहिये।

ताड़ितवार्त्तावहके मूल उपादान ३ हैं—१ दोनों स्थानोंके बीचमें धातुमय तारका संयोग और ताड़ित-प्रवाह-उत्पादक एक यन्त्र, २ एक स्टेशनसे दूसरे स्टेशनको संवाद भेजनेका यन्त्र और ३ संवाद ग्रहण करनेका यन्त्र। जिन कौशलोंसे ये कार्य, विशेषतः शेषोक्त दो कार्य सम्पन्न होते हैं, वे बहुत प्रकारके हैं, जिनमें कांटेका टेलिग्राफ, डायल-टेलिग्राफ और प्रिंट टेलिग्राफ या मुद्रणवार्त्ता ये तीन प्रधान हैं।

कम्पासके कांटेका टेलिग्राफ प्रधानतः एक ताड़ित्-प्रवाहमान यन्त्र (Galvanometer) के सिवा और कुछ भी नहीं है। एक अपरिचालक पदार्थमण्डित तारको कुण्डलीमें अनुलोमभावसे एक चुम्बक-शलाका अवस्थित रहती है और उस चुम्बक-शलाकाके साथ तारका एक कांटा संलग्न रहता है। यह शेषोक्त कांटा ही यन्त्रके बाहर दृष्टिगोचर होता है। तार द्वारा विभिन्न प्रकारका ताड़ितप्रवाह उस कुण्डलीमें प्रवाहित होने पर चुम्बक शलाका दो विभिन्न दिशाओंमें हिलती रहती है। इसीसे सङ्केत समझाया जाता है। प्रेरक इच्छानुसार धन या ऋण-ताड़ित प्रवाहित कर उस कांटेको दाहिने या बायें हिला सकता है।

डायल टेलिग्राफमें एक डायल या गोलाकृति कागज पर २४ अक्षर लिखे रहते हैं। केन्द्रस्थानमें एक कांटा लगा रहता है, जो ताड़ितीय चुम्बककी सहायतासे दूरवर्ती स्टेशनसे इच्छानुसार घुमाया जा सकता है। यह कांटा जिस अक्षरका निर्देश करता है, वह प्रेरित अक्षर है, ऐसा समझा जाता है। ऐसे टेलिग्राफोंमें बहुत समय नष्ट होता है और यन्त्रादि अत्यन्त कुटिल होनेसे शीघ्र ही विगड़ भी जाते हैं। अव्यवसायीगण अपने अपने कामके लिए ऐसा टेलिग्राफ कभी कभी व्यवहारमें लाते हैं, अन्यथा इसका व्यवहार नहींके बराबर होता है।

मोर्सटेलीग्राफ—यह टेलिग्राफ सम्प्रति बहुत प्रचलित है। मोर्स टेलिग्राफका प्रधान अङ्ग एक लौह दण्ड और ताड़ितप्रवाहके गमनागमनसे उसका पर्यायोदयमें चुम्बकधर्म-प्राप्ति है। नीचे इसकी कार्य-प्रणाली संक्षेपमें लिखी जाती है।

लौहनिर्मित एक ताड़ितीय चुम्बक पर, अपरिचालक पदार्थमें डुबोया हुआ (अर्थात् अपरिचालक पदार्थसे मढ़ा हुआ) तांबेका तार लिपटा रहता है। उस तारका एक छोर जमीनमें और एक छोर लाइनके तारके साथ लगा होता है। इस चुम्बकके ऊपर, एक लौह-दण्ड इस प्रकार लगा रहता है कि जिससे वह मध्यस्थानसे अवस्थानके ऊपर आन्दोलित होता रहता है। यह छोटेसे स्प्रिङ्ग के सहारे वह ऊँचा चुम्बकसे-विच्छिन्न हो कर अवस्थान करता है। चुम्बकको विपरीत दिशामें डंडेके छोर पर एक पेन्सिल या सुई लगी रहती है। उस सुई या पेन्सिलके बहुत ही पासमें सटा हुआ, पर उससे अलग एक कागजका फीता रहता है। इस

यन्त्रको इण्डिकेटर या रिसिभर (Indicator or Receiver) (अर्थात् संवाद निर्देश वा ग्रहण करनेका यन्त्र) कहते हैं।

लाइनके तारसे ताड़ितप्रवाह ज्यों हो उस ताड़ितीय चुम्बकको तार-कुण्डलीमें हो कर जाता है, त्यों हो इसका लौह चुम्बकरूपमें परिणत हो जाता है और सम्मिलित लौह-दण्डको आकर्षित करता है। उस लौहदण्डका एक छोर नीचेको आकृष्ट होने पर दूसरा छोर जिसमें पेन्सिल या सुई लगो होती है, ऊपरको उठ जाती है और फिर वह सुई या पेन्सिल कागजसे लग जाती है। इस प्रकार जब तक ताड़ितप्रवाह प्रवाहित होता रहता है, तब तक सुई या पेन्सिल कागजसे सटो रहती है और ताड़ितप्रवाहके बन्द होते हो 'स्प्रिङ्'के जोरसे वह अलग हो जाती है। ताड़ित-स्रोतको कम वा अधिक समय तक प्रवाहित कर, संवाददाता इच्छानुसार कम वा अधिक समय तक पेन्सिल वा सुईका मुंह कागजसे सटाये रख सकता है। उपरोक्त कागजका फीता एक छोटे पहिये पर लिपटा रहता है और वह हाथसे वा घड़ीको भांति किसी यन्त्रके द्वारा समानरूपसे खींचा जाता है; सुतरां पेन्सिल वा सुई क्षणमात्र वा कुछ अधिक समय तक, कागजके फीते पर सटी रहनेसे उस कागज पर क्रमशः विन्दु (·) वा रेखा (—) अङ्कित हो जाती है। कहीं कहीं पेन्सिल वा सुईके बदले स्याहीका बारीक नल व्यवहृत होती है। इससे चिह्न भी स्पष्ट होता है और अपेक्षाकृत चीणतर ताड़ित-प्रवाहसे काम चल जाता है। इन विन्दु और रेखाओंके विन्याससे समस्त अक्षरोंका विन्यास हो जाता है। नीचे मोर्स साहबके टेलिग्राफको वर्णमाला लिखी जाती है:—

A ·—	N —·	
B —···	O ———	1 ·————
C —·—·	P ·——·	2 ··———
D —··	Q ——·—	3 ···——
E ·	R ·—·	4 ····—
F ··—·	S ···	5 ·····
G ——·	T —	6 —····
H ····	U ··—	7 ——···
I ··	V ···—	8 ———··
J ·———	W ·——	9 ————·
K —·—	X —··—	0 —————
L ·—··	Y —·——	Understood ···—·
M ——	Z ——··	

दो अक्षरोंके बीचमें एक "डैस" या रेखाके बराबर जगह खाली छोड़ दी जाती है और दो शब्दोंके बीचमें उससे प्रायः दूना स्थान खाली रखा जाता है। एक कार्टके यन्त्रमें ऐसा चिह्न कार्टके बाईं तरफ तथा ऐसा चिह्न दाहिनी ओर झुका हुआ मालूम पड़ता है। फलतः, वे यथाक्रमसे मोर्स साहबके विन्दु और रेखाके समान हो जान पड़ते हैं। अंग्रेजी वर्णमालाकी तरह उपर्युक्त चिह्नों द्वारा हिन्दीके अ, आ, क, ख आदि भी सूचित किये जा सकते हैं।

संवाद भजनेका यन्त्र या मोर्स साहबकी चाबी (Morse's key)—यह यन्त्र एक लकड़ीकी छोटी पटिया पर बना



है। इसके ऊपर 'क' अवस्थानमें निबद्ध 'ड' 'ड' धातुमय दण्ड अवस्थित है। इसका 'ग' प्रान्त 'म' क्षुद्र स्प्रिङ्से सर्वदा 'ग' तारके साथ लगे हुए 'प' नामक एक धातुखण्डमें संलग्न रहता है, और अपर प्रान्त 'ख' ऊपरको उठ जाता है। 'ठ' लाइनका तार 'ड ड' दण्डके साथ संलग्न है। 'क' धातुखण्ड 'ग' तारके द्वारा ताड़ितकोषके एक मेरुके साथ संलग्न है। 'ग' धातुपिण्ड 'ग' तारके द्वारा इण्डिकेटर या निर्देशक यन्त्रके साथ संयुक्त है। 'ग' चोनामट्टी या अन्य कोई अपरिचालक पदार्थ निर्मित छोटा हैण्डल (हत्था) है। इस चित्रमें संवाद-ग्रहणके समय इसकी जैसी अवस्था रहती है, वही दिखलाई गई है। दूसरी ष्टेशनसे ताड़ितप्रवाह लाइनके 'ठ' तारमें हो कर आता और 'ड ड' दण्डमें प्रविष्ट होता है; फिर वहांसे प्रान्तमें हो कर 'न' 'म' तारके द्वारा संवाद-निर्देशक यन्त्रकी तार-कुण्डली परिभ्रमण करता हुआ भूमिमें प्रवेश करता है। निर्देशक यन्त्रमेंसे जाते समय वहां सङ्केत ज्ञापित हो जाता है। संवाद भेजते समय, संवाददाता ज्यों ही हैण्डलको दाब कर 'क'के साथ ताड़ितकोषका संयोग करता है, त्यों ही उसका दूसरा छोर 'ख' से अलग हो जाता है। फिर ताड़ितकोषसे ताड़ितप्रवाह अपने आप 'ड ड' दण्ड और 'ठ'

भागमें लाइनके द्वारा दूसरे स्टेशन पर पहुंच जाता है। इस प्रकारसे संवाददाता इच्छानुसार यन्त्रको कम वा अधिक समय तक दाब कर, तार द्वारा कम वा अधिक समय तक ताड़ितप्रवाहको प्रवाहित कर सकता है और दूसरे स्टेशन पर बिन्दु वा रेखा अङ्कित कर सकता है। दो स्टेशनोंका तार किस प्रकारसे सम्बन्ध रखता है, इस बातको समझानेके लिए नीचे एक नमूनेका चित्र दिया जाता है।



इस चित्रमें दो स्टेशनोंके यन्त्रादि पृथक् बना दिये गये हैं और बीचमें दो तारके खंभे भी बने हुए हैं। 'ड' और 'ड' ताड़ितकोष हैं, 'क' और 'क' ये दो संवाद देनेके यन्त्र (Key या चाबी) हैं, 'न' और 'न' संवाद ग्रहण करनेके यन्त्र (या निर्देशक) हैं, 'ग' और 'ग' ताड़ितमान यन्त्र हैं तथा 'त' और 'त' लाइनका तार है। 'ड' और 'ड' इन दो ताड़ितकोषोंका एक एक प्रान्त 'ख' और 'ख' स्थानीय संवाद देनेके यन्त्रमें तथा अपर प्रान्त 'ठ' और 'ठ' भूगर्भके साथ संयुक्त हैं। चित्रमें दाहिनी ओरकी स्टेशनसे बाईं तरफकी स्टेशनमें संवाद जा रहा है, और बाईं ओरकी स्टेशनमें वह संवाद-निर्देशक यन्त्रमें स्थापित हो रहा है। ताड़ितस्रोत 'ड' ताड़ितकोषमेंसे निकल कर 'क' चाबीमें और 'ग' ताड़ितमान यन्त्रमें होता हुआ लाइनके तारमें प्रवेश कर रहा है, और दूसरी स्टेशन पर पहुंच कर वहांके 'ग' ताड़ितमान यन्त्रमें होता हुआ 'क' चाबीमें प्रवेश कर रहा है। 'क' चाबी 'न' निर्देशक-यन्त्रमें संलग्न होनेके कारण ताड़ितप्रवाह वहां जा कर संवाद ग्रहण कर रहा है और उसमें-से 'ठ' स्थानसे भूगर्भमें प्रवेश कर रहा है। ताड़ितमान यन्त्र द्वारा इतना ही मालूम होता रहता है कि ताड़ित जा रहा है या नहीं। इस तरह एक ही तारसे संवाद भेजना और ग्रहण करना दोनों काम होते हैं।

टेलिग्राफ-कार्यालयमें और भी कुछ यन्त्र रहते हैं, नीचे उनका वर्णन किया जाता है।

रिले (Relay)– यह यन्त्र प्रायः निर्देशक-यन्त्रके समान ही है, पर यह उससे अपेक्षा अधिकांशमें सूक्ष्म और अपेक्षाकृत कोमल ताड़ितप्रवाह द्वारा परिचालित हो सकता है। तारका ताड़ितप्रवाह स्वभावतः क्षीण है, जिसमें अधिक दूर गमन करनेसे नाना कारणोंसे और भी क्षीणतर हो जाता है; सुतरां यह निर्देशक यन्त्रको तेजीके साथ परिचालित नहीं कर सकता और न उससे कागज पर अच्छी तरह दाग ही पड़ता है। इसी लिए प्रत्येक स्टेशन पर केवल स्थानीय निर्देशक यन्त्रमें प्रेरित संवादके मुद्रणके लिए एक पृथक् ताड़ित कोष रहता है। इस ताड़ितकोषके दो मेरुओंमेंसे एक भास्वत्‌रूपसे निर्देशक यन्त्रके साथ संलग्न है, दूसरा तारके द्वारा 'प' रिलेयन्त्रके 'न' स्थानके साथ संलग्न है।



निर्देशक-यन्त्रके ताड़ितीय चुम्बकको तार कुण्डलीका दूसरा छोर 'म' तार-द्वारा 'प ठ' होता हुआ 'न' दण्डके साथ जा मिला है। रिलेमें स्थित 'र' तार कुण्डलीका एक छोर लाइनमें जा मिला है और दूसरा जमीनमें गड़ा है। अब ज्यों ही लाइनके तारसे ताड़ितस्रोत रिलेमें स्थित ताड़ितीय चुम्बकके 'र' तार-कुण्डलीमें हो कर जमीनमें जाता है, त्यों ही यह ताड़ितीय चुम्बक 'क' दण्डको आकर्षण करता है और उसका 'ठ' प्रान्त 'न' के साथ संयुक्त हो जाता है। सुतरां स्थानीय ताड़ितकोष के दोनों मेरुओंके संयुक्त होने पर, उसका प्रबल ताड़ितप्रवाह बिना बाधाके 'क,ठ,न,म,ट,स' आदि निर्देशक यन्त्र हो कर गमन करता है और उसे कार्यकारी बनाता है; और ज्यों ही लाइनके तारमें ताड़ितप्रवाह बन्द हो जाता है, त्यों ही 'ठ' स्प्रिंगके जोरसे 'क' दण्ड

को उठ जाती है, सुतरां निर्देशक यन्त्रमें ताड़ितप्रवाह छिन्न होता है। इसी प्रकार प्रत्येक बार जैसे रिले यन्त्रमें हो कर ताड़ितप्रवाह गमन करता है, निर्देशक यन्त्रमें भी हूबहू इसी प्रणालीसे प्रबलतर ताड़ितप्रवाह गमन करता है और सङ्केतोंका स्पष्टतया निर्देश करता है ।

वर्तमानताड़ितवार्त्तावह—टेलिग्राफ कार्यालयमें, कर्मचारीगण इतनी क्षिप्रताके साथ अभ्रान्तरूपसे संवाद भेजते और ग्रहण करते हैं, कि जिसको देख कर आश्चर्य होने लगता है। एक सुदक्ष कर्मचारी प्रत्येक मिनटमें ३० । ४० शब्द प्रेरण और ग्रहण कर सकता है। सुनिपुण कर्मचारी संवाद ग्रहण करते समय कागजकी तरफ आँख उठा कर देखता भी नहीं, वह मात्र निर्देशक-यन्त्रके ताड़ितीय चुम्बकके साथ लौहदण्डके आघात-जनित शब्दसे ही सङ्केत समझ लेता है। इसी परसे अमेरिकावालोंने एक प्रकारका नया टेलिग्राफ आविष्कृत किया, जिसमें रिले-यन्त्र जैसा एक यन्त्र रहता है। ताड़ितप्रवाह ज्यों ही तार द्वारा उसमें प्रवेश करता है, त्यों ही इसका ताड़ितीय चुम्बक एक छोटी हथौड़ाको आकर्षित करता है। चुम्बक पर इस हथौड़ीके पड़ते ही 'टक, शब्द होता है और प्रवाह बन्द होते ही स्प्रिङ्के जोरसे हथौड़ी ऊपरको उठ जाती है। इस प्रकारसे ताड़ितस्रोतको अल्प वा अधिक समय तक प्रवाहित रख कर, शब्दके ह्रस्व और दीर्घताका तारतम्य प्रकट किया जा सकता है। यह ह्रस्व और दीर्घ शब्द क्रमसे मोर्सके बिन्दु और रेखाके समान है। समयकी किफायत और प्रणाली सहज होनेके कारण फिलहाल सर्वत्र यही टेलिग्राफ प्रचलित हो गया है ।

जिस स्टेशन पर संवाद भेजा जाता है, उस स्टेशनके कर्मचारियोंको सावधान करनेके लिए और एक यन्त्र व्यवहृत होता है, जिसे हम ताड़ितीय घण्टी कह सकते हैं। इसका गठनप्रणाली इस प्रकार है, एक लकड़ीकी पटिया पर एक चुम्बक लगा रहता है, जिसके एक छोर पर स्प्रिङ् द्वारा आवद्ध एक धातुकी पत्ती और उस पर एक छोटी हथौड़ी तथा उस हथौड़ीके पार्श्वमें एक घण्टी लगी होती है। यह हथौड़ी स्प्रिङ्के जोरसे घंटा और चुम्बकसे पृथक् रहती है। ताड़ितीय चुम्बककी तारकुण्डलीका एक छोर हथौड़ीके साथ संयुक्त रहता है। लाइनके साथ इस यन्त्रको जोड़ देने पर, ज्यों ही ताड़ितप्रवाह उस हथौड़ीमें हो कर तारकुण्डलीमें प्रवेश करता और दूसरी ओरसे निकल जाता है, त्यों ही चुम्बकको शक्तिसे हथौड़ी आकर्षित हो कर घण्टी पर पड़ती है। परन्तु हथौड़ीके आकर्षित होते ही ताड़ितप्रवाह खण्डित हो जाता है और इसीलिए वह (आकृष्ट होनेसे) स्प्रिङ्के जोरसे अलग हो जाती है हट कर पूर्वावस्थाको प्राप्त होते ही फिर उसमें ताड़ितप्रवाह संयुक्त होता है, और वह पुनः घण्टी पर पड़ती है। इस प्रकारसे जब तक ताड़ितप्रवाह चलता रहता है, तब तक घण्टी बजती रहती है। कर्मचारी उस शब्दको सुन कर यन्त्रके पास आता है और कौशलसे ताड़ितस्रोतको उस यन्त्रसे हटा कर सीधा निर्देशक-यन्त्रमें जाने देता है ।

कभी कभी झञ्झा मेघ आदिसे तारस्थ स्वाभाविक-ताड़ित विशिष्ट हो जाता है और संवाद देने-लेनेमें बड़ी दिक्कत होती है। यहां तक कि भयावह उपद्रव भी होने लगते हैं। इस दैव उपद्रवके निराकरणके लिए, लाइनका तार एक ताड़ितपरिचालक यन्त्रके साथ जुड़ा रहता है। लाइनके तारसे, ताड़ितप्रवाह सीधा टेलिग्राफके यन्त्रोंमें नहीं जाता, बल्कि इस यन्त्रमें हो कर जाता है। इनका गठन-प्रणाली इस प्रकार है,—आरीके समान दाँतवाली दो ताँबेकी पत्तियाँ लम्बाईमें पास-पास इस तरह लगी रहती हैं कि जो एक दूसरेका स्पर्श नहीं करती। इनमेंसे एक तो लाइनके तारके साथ और एक भूगर्भके साथ संयुक्त रहती है। मेघादिकी प्रणोदन-शक्तिके कारण ज्यों ही तारमें ताड़ित सञ्चित होता है, त्यों ही उस आरीके नुकीले दाँतोंमें हो कर वह भूमिमें प्रविष्ट हो जाता है। और फिर विपद्की आशङ्का नहीं रहती। दाँत एक दूसरेसे सटे न रहनेके कारण तारका ताड़ितस्रोत भूमिमें नहीं जाता, सुतरां वार्त्तावहकी कुछ क्षति नहीं होती। सिर्फ मेघादि-द्वारा उपचीयमान ताड़ित ही नष्ट होती है।

दो प्रधान स्टेशनोंके बीचमें उससे अधिक स्टेशन हों तो उनमें हो कर किस प्रकारसे संवाद भेजा जाता है, सो दिखलाते हैं।

'क ख' ताड़ितकोष है। इसका एक सिरा 'ग' संवाद देनेके यन्त्रकी तरफसे और दूसरा सिरा 'घ' स्टेशनके तारके साथ जुड़ा हुआ है। ताड़ितप्रवाह 'घ' स्टेशनके तारसे हो कर संवाद भेजनेके यन्त्रमें प्रवेश कर रहा है और यन्त्रमें 'ग' की तरफ (निर्देशक-यन्त्रमें हो कर) 'ङ' स्टेशनके तारमें जा रहा है। इस प्रकारसे गमन करते समय वही निर्देशक-यन्त्रमें संवाद सूचित होता है, इसमें समय भी कम लगता है। ताड़ितप्रवाह अत्यावश्यकतामें सभी समय (घटकानेके साथ ही) निर्दिष्ट स्थान या स्टेशन पर जा कर वहां संवाद ज्ञापन करता है। इस प्रकार एक स्टेशनसे दूसरा स्टेशनको संवाद भेजते समय, मध्यवर्ती स्टेशनोंमें भी वह संवाद ज्ञापित होता है।

यदि एक स्टेशनसे दूसरा स्टेशन बहुत दूर हो, तो प्रबल ताड़ितकोषका व्यवहार करने पर भी, प्रवाह गमन करते करते क्षीण हो जाता है। इसलिए दूरवर्ती स्टेशनोंके बीचमें एक स्टेशनका होना आवश्यक है। इस मध्यवर्ती स्टेशनके यन्त्रादि किस प्रकारसे विन्यस्त रहते हैं, सो लिखा जाता है।

'क' ताड़ितकोष है। इसका एक सिरा 'ग' 'छ' 'ठ' दण्डमें लगा हुआ है, और दूसरा सिरा 'ख' जमीनमें गड़ा है। 'ड' ताड़ितोय चुम्बक है; इसकी तार-कुण्डलीका एक छोर स्टेशनके तारसे लगा है और दूसरा छोर जमीनमें गड़ा हुआ है। 'ञ' धातुमय दण्ड है, जो दूसरी तरफ 'ट' स्टेशनके तारके साथ संयुक्त है। 'छ ठ' दण्ड साधारणतः स्प्रिंगके जोरसे 'ञ' से पृथक् रहता है। ताड़ित प्रवाह 'ढ' स्टेशनके तारसे 'ड' ताड़ितोय चुम्बकको कुण्डलीमें घूमता हुआ जमीनमें प्रवेश करता है, उसी समय 'छ ठ' दण्डका 'छ' अंश चुम्बकसे आकृष्ट हो कर 'ञ' से लगता है और इस प्रकार 'छ' 'ञ' के संयुक्त होने पर 'क' ताड़ितकोषसे नवीन और प्रबलतर ताड़ितप्रवाह 'छ ठ' और 'ञ' दण्डमें हो कर 'ग' ... और 'ट' स्टेशनके तारमें प्रवाहित होता है। और 'ढ' तारमें ताड़ितस्रोत बन्द होते ही 'छ' और 'ञ' पृथक् हो जाते हैं और इस कारण 'ट' तारमें भी ताड़ितप्रवाह बन्द हो जाता है। 'ढ' तारमें जब तक ताड़ितप्रवाह रहता है तब तक 'ट' तारमें भी मध्यवर्ती स्टेशनके ताड़ितकोषसे प्रबल ताड़ितस्रोत प्रवाहित होता है। और इसीलिए दूर गमन-हेतुक प्रवाहका क्षीणता-जन्य कोई हानि नहीं होती।

यहां तक, साधारणतः आजकल जो टेलिग्राफ यन्त्र प्रचलित हैं, उन्हींका संक्षेपमें वर्णन किया गया है। वर्तमान समयमें इसके सिवा और भी अनेक प्रकारके ताड़ितवार्त्तावह आविष्कृत हुए हैं और हो रहे हैं, जिनमेंसे कुछ टेलिग्राफोंका विवरण नीचे लिखा जाता है।

Telediagraph या तसवीरें भेजनेका टेलिग्राफ—टेलिग्राफसे संवाद जाता है और फोटोग्राफसे फोटो उतरती है, यह बात सभी जानते हैं; पर टेलिग्राफसे फोटो उतरती है और फोटोग्राफसे संवाद भेजा जाता है, यह बात किसीके भी समझमें न आई होगी। परन्तु विज्ञानने ये असम्भावनीय बातें भी सिद्ध कर दिखाई हैं।

टेलिग्राफकी सहायतासे जिस यन्त्रके द्वारा तसवीरें उतारी जाती हैं, उस यन्त्रका नाम Telediagraph है। इसमें खर्च भी अधिक नहीं पड़ता और न इसमें कुछ कठिनता ही है। इसके जरिये विलायतके बहुतसे संवादपत्रों और पुलिस-कर्मचारियोंने प्रतिष्ठा लाभ कर ली है। सैकड़ों कोसकी दूरी पर किसी राज्यमें सहसा कोई विप्लव उपस्थित हो, तो तुरन्त ही उसके नेताओंका चित्र प्रकाशित हो कर चारों तरफ फैल जाता है; क्रमानुसार पाठकोंमें उसका प्रचार बढ़ने लगते हैं। यह टेलिडायग्राफ क्रमशः व्यवसाय-वाणिज्यका अङ्ग होता जा रहा है।

इसके आविष्कारक मिः अर्नेस्ट ए॰ हमेल (Mr. Ernest A. Hummel, of St. Paul minnesota) हैं।

आप एक घड़ी बनानेवाले कारीगर थे। तरुण अवस्थामें ही आपने इस अद्भुत वस्तुका आविष्कार किया था। आपने पहले पहल १८७५ ई०के मई मासमें इसका मूल्य सत्य रख कर कार्य प्रारम्भ किया था।

इस समय आप अपने मातापितासे मिलनेके लिये जर्मनी गये थे और वहां किसी संवादपत्रमें एक तसवीर देख कर आप इसके आविष्कारके सत्यमें उपनीत हो गये। उसके बाद १८९८ ई०के जनवरी महीनेमें आपने 'New York Herald' आफिसमें इसकी परीक्षा करनी शुरू कर दी। उक्त कार्यालयके दो कमरे आपने अपने लिये खाली करा लिए, जिनमेंसे एकमें टेलिग्राफ़ भेजनेकी मशीन (Transmitter) और दूसरेमें टेलिग्राफ़ लेनेकी मशीन (Receiver) रख कर चित्रोंके आदानप्रदानके विषयमें परीक्षा करने लगे। पहले पहल आपने आफिसके चारों ओर आठ मील लम्बा तार लगा कर कार्य प्रारम्भ कर दिया और उसमें किन किन चीजोंकी कमी है, उसकी खोज करने लगे।

इस प्रकारसे एक वर्ष खोज करनेके बाद आपने इतनी उन्नति कर ली कि सन् १८९९में, १८ अप्रेलको आपने New York Herald आफिससे Chicago Times Herald, The St. lones Retonlico, The Boston Herald और The Philadelphia Inquirer इन आफिसोंमें फोटो भेजे। एक ही समयमें, एक ही तार-द्वारा एक ही उक्त फोटो आफिसोंमें पहुंचनेसे शीघ्र ही आपकी कीर्त्ति चारों ओर फैल गई।

आचार्य मोर्सने जो टेलियाफ चलाया है, उसमें बिन्दु और रेखाका अनुवाद करना पड़ता है, किन्तु हुमेल साहबने ऐसी तरकीब निकाली कि उन्हीं बिन्दु और रेखाओंके द्वारा वही तसवीर खींच कर तैयार हो जाती है।

टेलियाफमें जैसे पृथिवीको एक Conductor बना कर सिर्फ एक तारसे एक (Complete circuit) पूर्ण वेष्टन बनाया जाता है, उसी प्रकार Telediagraph-में भी एक स्थानसे बिन्दु और रेखा भेजी जाती है। यह पहले कानोंसे सुना जाता था। पीछे परीक्षा द्वारा आविष्कृत हुआ कि भेजनेवाली मशीनके जरिये बिन्दु या रेखा जैसे भी चिह्न भेजे जाते हैं, वे सब ज्योंके त्यों लेनेवाली मशीनके नीचे एक पतला कागज रख देनेसे उसमें भी अङ्कित हो जाते हैं। इसी प्रणाली पर हुमेलके आविष्कारकी भित्ति प्रतिष्ठित है।

दोनों यन्त्र एक ही प्रणालीसे बने हैं और तार-द्वारा संयुक्त हैं। प्रत्येक यन्त्रमें एक एक cylinder है, जिसकी लम्बाई आठ इञ्च है और घड़ीके पुर्जेके समान एक प्रकारके यन्त्र (Clock work)से, एक ही प्रकारसे घुमाया जा सकता है। प्रत्येक सिलण्डरके ऊपर एक पतला प्लाटीनामका कांटा (Stylus वा needle) है, जिसका आकार टलियाफकी चाबीके अग्रभागके सम न है। इसके सिवा तसवीर उतारनेके लिए और भी कई चीजोंकी आवश्यकता होती है। जैसे—८ इञ्च लम्बी और ६ इञ्च चौड़ी एक पत्ती, तथा इसी नापका एक Carbon manifold copying paper (पोष्ट आफिस आदिमें काम आनेवाला नीला कागज) इत्यादि।

अब भेजनेकी तरकीब लिखी जाती है। जिसकी तसवीर भेजनी हो, उसकी फोटो परसे उक्त टीनकी पत्ती पर उसकी एक तसवीर खींचनी चाहिये; किन्तु तसवीरके चारों ओर एक एक इञ्च स्थान खाली छोड़ देना चाहिये, कलम या कूंचीसे तसवीर खींचनी चाहिए, परन्तु लेख्य-पदार्थ स्याहीकी अपेक्षा घना और non conductor of electricity होना चाहिये। 'सुरसार' से पिघलाया हुआ चपड़ासे स्याहीका काम लिया जा सकता है।

उक्त पत्तीको, जिस पर चपड़ेकी स्याहीसे तसवीर खींची गई है, सिलण्डर पर लपेट कर प्रेरितव्य स्थान पर संवाद भेजनेके साथ ही वहां तसवीर तैयार हो जाती है। उस समय ग्राहक यन्त्रके सिलण्डर पर दो कागज चढ़े रहते हैं। (जिनमें एक 'कारबोन-पेपर होता है) और उनके ऊपर कांटा तथा Stylus लगाया जाता है। जब दोनों स्टेशनोंका प्रवाह (Current) जोड़ा जाता है और दोनों सिलण्डर अपनी अपनी मशीनकी सहायतासे, समभावसे घूमने लगते हैं तथा प्रेरक यन्त्रका कांटा जब पत्तीके चपड़ेके ऊपरसे जाता है, तब चपड़ाके nonconductor होनेसे ग्राहक यन्त्रमें वैद्युतिक प्रवाह न

पेंसिलमें चलनेसे प्रेरक यन्त्रका फोटो कागज पर छोटे से अक्षर का चिह्न बना देता है। प्रेरक यन्त्रमें जैसी भी हरकत होती रहती है, ग्राहक यन्त्रके कागज पर हूबहू वैसे ही चिह्न या रेखाएँ आदि खिंच जाती हैं। क्योंकि जिस स्थानमें पकड़ा नहीं रहता, उस स्थानों पर काटेके लगने या वैद्युतिक प्रवाह चालित होता है और तत्पश्चात् ग्राहक यन्त्रका फोटो कागजसे स्पर्श हो कर उसको पकड़ जाता है, फिर उस कागज पर किसी तरहका दाग नहीं पड़ता। इस प्रकार सिलिण्डर एक बार घूम कर कुछ नीचे उतरता है और कुछ बाईं ओर हट कर फिर घूमने लगता है। क्रमशः रेखाओंके पासमें रेखायें बनती जाती हैं और १० या १० मिनटमें एक चित्र बन कर तैयार हो जाता है। इसके बाद कागज खोल कर चित्रकारको दिया जाता है और वह उसे ठीक जाँच कर जहाँ जो कुछ कमी रह जाती है, उसे सुधार देता है; फिर वह चित्र प्रकाशयोग्य हो जाता है। चित्रके नाम पते जो, सो लिख दिया जाता है। उसके अनुसार चित्रकार आलोक और छाया जान कर उसे सुधार देता है। एक ही समयमें इसी यन्त्र द्वारा तसवीर भिन्न भिन्न दूरवर्ती स्थानों पर भेजी जा सकती है।

यह स्थिर हो चुका है कि, बिजली एक सेकेण्डमें १८६००० मील दौड़ सकती है। अतएव यह कहा जा सकता है, कि चाहे कितनी भी दूर क्यों न हो इसका भी प्रवाह तत्क्षणात् पहुँच जाता है। फिलहाल इस यन्त्रको "New York Herald"ने अपने ही काममें रक्खा है।

हिउ प्रिण्टिङ्ग टेलिग्राफ (Hughe's printing-telegraph—इसके द्वारा दूरवर्ती स्टेशन पर छपे हुए अक्षरोंमें छपा हुआ संवाद पहुँचता है। इसके यन्त्रादि बहुत ही कठिन हैं, इसलिए सुशिक्षित कर्मचारी ही इसका व्यवहार कर सकते हैं। फिलहाल इसकी और भी उन्नति हो गई है।

काउपर राइटिङ्ग टेलिग्राफ (Cowper's Writing telegraph—इस अद्भुत यन्त्रके द्वारा, एक स्टेशन पर संवाददाता जो कुछ भी लिखेगा, वह तत्क्षणात् दूसरे स्टेशन पर लिखा जायगा। इसकी बड़ी उन्नति हो गई है।

समुद्रिक तार—जो तार समुद्रमें डाल कर जाते हैं, वे बहुत मजबूत होते हैं और उस पर नाना प्रकारके अपरिचालक पदार्थ चढ़े रहते हैं। सामुद्रिक तारका गठन प्रणाली इस प्रकार है,—सात या सात सिवाय अधिक तारोंको एक साथ ऐंठ कर, उसके ऊपर अपरिचालक कोई पदार्थ मढ़ा जाता है। फिर उस पर गुटापार्चा कपड़ा आदि पदार्थ बार बार चढ़ाये जाते हैं। इसके ऊपर मोटे मोटे तार और अन्तमें तार्कोलमें डुबोये हुए सन आदिके द्वारा वेष्टित किया जाता है। इस प्रकारसे सम्पूर्ण तारके सुरक्षित हो जाने पर, फिर इसे पुनः तारपिन तेल, अलकतरा आदिसे परिपूर्ण उत्तम कड़ाहेमें डुबो लिया जाता है।

बे-तारका तार—(Wireless Telegraph) इस टेलिग्राफमें तारको आवश्यकता नहीं, बिना तारके ही खबर पहुँच जाती है। केवल दोनों स्थानों पर दो विद्युद्यन्त्र होते हैं, जिनकी सहायतासे एक स्थानका संवाद दूसरे स्थान तक बिना तारकी सहायताके ही पहुँच जाता है। *विशेष विवरणके लिये 'बे-तारका तार' देखो।*

ताड़ित वियोजन (सं॰ क्ली॰) ताड़ितस्य वियोजनं ६-तत्। (Electrical repulsion) जो ताड़ित पदार्थोंके गुण द्वारा छोटी वस्तु खींच या पासमें स्पर्श हो जाय, उसे ताड़ित-वियोजन कहते हैं।

ताड़िताकर्षण (सं॰ क्ली॰) ताड़ितस्य आकर्षणं ६-तत्। (Electrical attraction) वह वस्तु जो ताड़ित पदार्थके गुण द्वारा खींच या पासमें आ लिया जाता है उसे ताड़िताकर्षण कहते हैं।

ताड़ितापरिचालक (सं॰ पु॰) ताड़ितस्य अपरिचालकः ६-तत्। (non-conductor of electricity) वह वस्तु जिसमें ताड़ित पदार्थोंका सञ्चालन निवारण किया जाय।

ताड़ितालोक—ताड़ितका आलोक, बिजलीका प्रकाश।

ताड़ी (सं॰ स्त्री॰) ताडि ङीष्। ताड़का पेड़। इसका पर्याय—ताड़ि, ताली और ताडि है। २ कानमें पहननेका एक प्रकारका गहना।

ताड़ी (हिं॰ स्त्री॰) ताड़ आदि विशिष्ट ताड़का रस, वह मादक रस जो ताड़के फूलते हुए डंठलोंसे निक-

लता है। प्रधानतः ताड़के रसको ताड़ी कहा जाने पर भी ईख, खजूर, नीम, मैरेय, नारियल आदि वृक्षसे जो रस निकलता है, जिसके पीनेसे नशा होता है, उसको भी साधारणतः ताड़ी कहते हैं।

भारतमें ताड़ीका व्यवहार कुछ नया नहीं है। कुलार्णवतन्त्रमें ताड़िकाके नामसे ताड़ीका उल्लेख पाया जाता है। गन्धर्वतन्त्रके १५वें पटलमें इक्षुरस, बदरी रस, जम्बूरस, खर्जूररस, नारिकेल और द्राक्षारससे मादक-द्रव्य बनानेका विधान है। मद्य देखो।

भारतवर्षमें अब भी जगह जगह नशेके लिये ताड़, खजूर, नारियल, मैरेय, आदिकी ताड़ी व्यवहृत होती है। ताड़ीमें मादकताशक्ति होने पर भी, ताड़ी और मद्यमें बहुत पार्थक्य है। स्वभावतः वा कृत्रिम उपायसे ताड़ आदिके वृक्षसे जो रस निकलता है; उसको धूप या तापसे फेनयुक्त करके तेजस्कर किया जाता है, इसीका नाम ताड़ी है और उसे सड़ा चुआ कर जो पानीय बनाया जाता है, उसको मद्य कहते हैं।

भारतमें जिन जिन वृक्षोंसे जैसे जैसे ताड़ी संगृहीत होती है, नीचे उन सबकी प्रणाली लिखी जाती है।

ताड़-वृक्षके ऊर्द्धभागमें जो कच्ची कच्ची पुष्पित शाखा वा फूलते हुए डंठल निकलते हैं, उनके सिरेको अच्छी तरह छील कर रस निकलनेके स्थानमें एक भाधारपात्र बाँध दिया जाता है। अकसर करके लोग रोज सुबह उसे खोल कर उसका रस दूसरे पात्रमें ढाल कर ले जाते हैं और पूर्ववत् डंठलोंको छील कर पात्र बाँध देते हैं। इस तरह जब तक उन डंठलोंका मूल तक न कट जाय, तब तक वे छीले जाते हैं। साधारणतः आश्विनसे वैशाख मास तक ताड़-वृक्ष काट कर रस निकाला जाता है। भारतमें सर्वत्र ही ताड़से रस निकाला जाता है, जिसमें दाक्षिणात्यमें कुछ अधिक। ताड़ देखो।

अकसर करके पासी लोग रसमें थोड़ीसी पुरानी काञ्जी वा फेनयुक्त ताड़ी मिला देते हैं, जिससे उस रसमें मादकताशक्ति बहुत जल्द बढ़ जाती है।

ताड़का रस वा ताड़ी साधारण लोगोंको नशा करनेका सहज उपाय है। इससे गवर्मेण्टके आबकारीमें हानि होते देख, एक बार बंबई गवर्मेण्टने खजूर और ताड़वृक्षोंको काट डालनेका आदेश दिया था। * उसके अनुसार एक सूरत जिलेमें ही प्रायः लाखसे ज्यादा वृक्ष काटे गये थे। किन्तु रक्तबीजका झाड़ क्या सहजमें निर्मूल हो सकता है? कुछ दिन बाद ही प्रायः पचास हजार वृक्ष फिर पैदा हो गये। कुछ भी हो, अब गवर्मेण्ट ताड़ और खजूरके पेड़को निर्मूल करना नहीं चाहती, बल्कि इससे जो ताड़ी बना कर बेचते हैं, गवर्मेण्ट उनसे कुछ कुछ कर वसूल करती है।

भारत और सिंहलके रोटीवाले प्रायः सर्वत्र ही पाँवरोटी बनानेके लिए ताड़ी व्यवहार करते हैं। इससे मिश्री भी बनाते हैं।

भावप्रकाशके मतसे-ताड़का ताजा रस अत्यन्त मादक, खट्टा होने पर पित्तजनक और वायुदोषनाशक है।

खजूर।—देशी खजूर विलायती खजूर आदि नाना प्रकारके खजूरवृक्षके डंठलोंको छील काट कर जो रस निकाला जाता है, उससे भी ताड़ी बनती है। खजूर-रस सूर्योदयसे पहले और प्रातःकालमें खूब मीठा और मादकतारहित रहता है, किन्तु जितना दिन चढ़ता रहता है, उतनाही उसमें झाग बढ़ता और ताड़ी रूपमें परिणत होता रहता है। दिन चढ़े बाद उस फेनयुक्त खजूर रसको पीनेसे नशा होता है।

मैरेय (मरि) (Caryota urens)—इसकी ताड़ी *मन्द्राज प्रदेशोंमें अधिक प्रचलित है।* इसके १५ से २४ वर्ष तकके पेड़से मन्द्राजी लोग रस निकाला करते हैं। ग्रीष्मऋतुमें ही इससे अधिक रस निकलता है। एक एक पेड़से २४ घण्टेमें एक मनसे भी ज्यादा रस प्राप्त होता है। पेड़को काट देने पर भी एक महीने तक रस निकलता रहता है। ताजा रस खानेमें बहुत मीठा लगता है, किन्तु थोड़ी देर तक रखनेसे उसमें झाग आ जाता है और वह तीव्रमादकताशक्तिविशिष्ट ताड़ीमें परिणत हो जाता है। दक्षिणमें ब्राह्मणके सिवा अन्य जातिके अधिकांश लोग इस ताड़ीको व्यवहारमें लाते हैं। इसको चुआनेसे मैरेय (Gin) बनता है।

नारियल।—जैसे ताड़-वृक्षके फूलते हुए डंठलोंको छील कर इसमेंसे रस निकालते हैं, उसी तरह नारिकेल

* Bombay Gazetteer, Vo ,11 p. 30.

इसके चारों—इसलिये शाखाएँ निकलती हैं जहाँसे नीचेके भागको काट छाँट कर रस निकाला जाता है। पाठकोंमें आदिमके पेड़से रस निकालनेके समय कठिन उपाय न होने पर भी इतिहासमें वर्णित प्रथा भिन्न है। ऐसे पहाड़ी भाग हो सकते आदिमके पेड़को रक्षा करते हैं, एक रस लानेके लिए और दूसरे रसके लिए। जिन पेड़ोंसे रस निकाला जाता है, उस समय उन पर उन नहीं लगते हैं। बरबई प्रदेशमें शाखाएं और आदिमका रस निकालते हैं। इसके लिए कहीं पेड़ प्रायः १, से २, फ० तक रस देता रहता है। साथ ना अपने रसको पहिला आदिमका रस पाने योग्य हो जाता है और शाखोंमें अधिक हो जाता है। इसलिए भी कुछ बचाया जाता है, जिससे रस भी भर योग्य हो पास पर बड़ा देते हैं। आदिमको सारी सावधानता भरा सामने प्रसिद्ध है। आयुर्वेदके सिवा भारत सर्वसाधारण दवाओंमें भी मोम व्यवहृत होता है।

व विशेष देखो।

मोम :—किसी किसी विशेषके काष्ठसे भी मोम जगहसे रस निकलता है। कोई कोई इस रसको मोमको साथ करते हैं। रस निकालनेसे कुछ पहिलेसे ही जहाँसे रस निकलेगा वही एक भाग ऐसा पूँछ तक होता रहता है। साथ इतने ही योग समाप्त होते हैं कि, पेड़में रस हुआ है, योग निकलेगा, सब समय नहीं पर पास बना देते हैं। उसमें बहुत थोड़ा बूँद बूँद रस टपकता रहता है। मोमके पेड़से जैसे स्वभावतः रस निकलता है, उसी तरह कृत्रिम उपायसे भी किसी किसी भागसे रस निकाला जा सकता है। कृत्रिम उपायसे रस निकालना हो तो पेड़के उस स्थानसे—जहाँसे शाखाएँ निकलती हैं—प्रायः चार फिट काट कर उनके नीचे पात्र रख देना चाहिये। स्वभावतः जैसा पत्थर और मर्दनसे रस निकलता है, कृत्रिम उपायसे वैसा या उतना प्रचुर परिमाण रस भी नहीं निकलता। मद्रास प्रदेशमें कोई कोई मोमका काष्ठमें तेल मिला कर जलाते हैं।

शाड्वल (सं० पु०) शाड्वलि अस्त्यर्थे लच्। १ शाड्वल, शाड्वल घाससे भरा।

शाड्वल (सं० त्रि०) १ शाड्वल योग्य, शाड्वलसे ढँका। २ हरी हरी घाससे आच्छन्न। ३ हरा, सबज, हरे रंगका।

शाड्वलवत् (सं० त्रि०) शाड्वल विद्यतेऽस्य मतुप्। १ शाड्वल जिसमें बहुत घास हो, जो घाससे ढका हो। २ जो छोटा घास हो। (पु०) ३ दूब, दोब।

शाण्ड (सं० स्त्री०) शण्डिला मुनिका अपत्य। शाण्ड गोत्र।

शाण्डव (सं० स्त्री०) शण्डिला मुनिका अपत्यं शाण्डिल्य गोत्रापत्यानि वा शाण्डिला शण्डिल्य गोत्र। शण्डिल्य, १ मूल्य, भाव। २ पुष्पका मूल्य। पुष्पोंके मूल्यको शाण्डव और लिखते मूलको भाव कहते हैं। यह मूल्य जिसको पसन्द किया है, उसी लिये कोई कोई कहते हैं, कि इस मूल्यका पता न मिला है। किसी किसीके अनुसार शाण्ड नामक ऋषिने पहले पहल इसको लिखा हो, इसीसे इसका नाम शाण्डव पड़ा है। ३ ऋतु मूल्य, यह भाव जिसमें बहुत अधिक पुष्ट था। ४ विशेष मूल्य। ५ दण्ड विशेष, एक प्रकारको भाव।

शाण्डवताजिक (सं० पु०) शाण्डवे नियमस्थले यमाभ्यः स कार्यमनास्येति ठञ्। गौणकोषे शाण्डवक शब्दो।

शाण्डवप्रिय (सं० पु०) शाण्डवं प्रियं यस्य बहुव्रौ। १ महादेव। (त्रि०) २ मूल्यपद भाव, जिसको भाव बहुत प्रिय हो।

शाण्डवित (सं० त्रि०) शाण्डव इतच् वि वर्तन्ते ज। नर्तित, नाच किया हुआ।

शाण्डवी (सं० पु०) संगीतमें प्रयुक्त सात्विकोंमें एक।

शाण्डि (सं० स्त्री०) शाण्डिल मुनिका अपत्यं शाण्डिल्य। गुह्यनाथ।

शाण्डिल्य (सं० पु०) शाण्डिल गोत्र, पर्यायमें दति शब्द यञ्। शण्डिलमुनिपुत्र शाण्डिल्य गारपन्तानी, वाल्मिकिको शाण्डिल्य गायत्रीका ब्राह्मण कहते हैं। २ कश्यपके वंशमें एक मुनिपुत्र।

शाण्डिल्य (सं० पु०) शाण्डिल्य पद, इन्होंने दिलीप मुनिदेव, शाण्डिल्य पुत्रका नाम। इन्होंने धनुर्वेदका सम्प्रणय प्रणयन किया है। शण्डिल देखो।

शाण्डिली (सं० स्त्री०) शाण्डिल्य किसी चौरा, शण्डिल मुनिकी गोत्रमें संख्या।

ताण्ड्य (सं० पु०) तण्डिमुनेरपत्यं गर्गादि यञ्। १ तण्डि मुनिके वंशज। २ सामवेदके एक ब्राह्मणका नाम।

तात (सं० पु०) तनोति विस्तारयति गोत्रादिकं तन्-क्त दीर्घश्च (तुतनिभ्यां दीर्घश्च उण् । ३.९०) अनुदात्तेति तनेर्नलोपः। १ पिता। २ स्नेहास्पद अल्पवयस्कको प्रति सम्बोधनमें व्यवहृत शब्द, प्यारका एक शब्द या संबोधन जो भाई बन्धु, इष्ट मित्र विशेषतः अपनेसे छोटेके लिये व्यवहृत होता है। ३ अनुकम्पा, दया। (त्रि०) ४ पूज्य, आदरयोग्य।

तातगु (सं० पु०) तातस्य पितुरिव गौ र्वाचकशब्दो यत्र बहुव्री। १ पितृव्य, चाचा। (त्रि०) २ जनकहित, पिताकी भलाई करनेवाला।

तातजनयित्री (सं० स्त्री०) तातश्च जनयत्री च। पिता और माता। यह शब्द नित्य द्विवचनान्त है।

ताततुल्य (सं० त्रि०) तातस्य पितुस्तुल्यः ६-तत्। पिताके तुल्य, जो पिताके समान हो। इसका पर्याय—पितृसम, मनोजवस्, मनोजव, पितृसन्निभ और तातल है।

तातन (सं० पु०) तातं प्रशस्तं यथा तथा नृत्यति तात नृत् ड। खञ्जन पक्षी, खिड़रिच।

ताततरी (हिं० स्त्री०) एक पेड़का नाम।

तातल (सं० पु०) तातं लाति ला-क पृषो० पस्य तः। १ रोग। २ पाक, पक्वता। ३ लौहकण्ट, लोहेका काँटा। ४ पितृतुल्य सम्बन्धी। ५ मनोजव, मनके समान जिसका वेग हो, अतिवेगवान्। (त्रि०) ६ तप्तमात्र, गरम।

ताता (जमशेदजी)—भारतवर्षके गौरव-स्वरूप एक प्रधान वणिक्। इन्होंने हमारे देशके व्यवसाय-वाणिज्यमें देशीयोंको प्रतिष्ठा स्थापित की है। आज, इनके द्वारा स्थापित जमशेदपुरका लोहेका कारखाना देख कर पृथिवीके प्रायः सभी व्यवसायी आश्चर्य करते हैं।

१८३९ ई०में बड़ौदा राज्यके अन्तर्गत नाभ्सारीमें इनका जन्म हुआ था। जिस समय मुसलमानोंके अत्याचारोंसे घबड़ा कर पारसी लोग भारतमें आये थे, उस समय नाभसारी पारसी-समाजका एक प्रधान केन्द्र हो गया था। जमशेदजी ताताने पारसी जातिमें ही जन्म लिया था। बाल्यावस्थामें जमशेदजीने नाभ्सारीमें ही प्रारम्भिक शिक्षा पाई थी और वहीं धर्मग्रन्थोंका पढ़ना सीखा था। उस समय ये शिकार खेलना बहुत पसन्द करते थे। मल्ल शास्त्रमें इन्होंने विशेष व्युत्पत्ति लाभ की थी। इसके बाद १८५२ ई०में ये उच्च शिक्षा प्राप्त करनेके लिए बम्बई भेजे गये; उस यात्र इनकी उमर १० वर्षकी थी।

बम्बई पहुँच कर ताताने मानो नयी दुनियामें पैर रक्खा। वहां चारों ओर ताता जातिके लोग नाना कार्योंमें मशगूल थे; नयी नयी चिन्ताओं और नये नये कार्यों की विचित्र धारा प्रवाहित हो रही थी। जमशेदजी बम्बई आ कर एलफिन्स्टन स्कूलमें भरती हुए। १८५८ ई०में इनका विद्याभ्यास समाप्त हुआ। छात्र-जीवनमें ये विशेष कोई कृतित्व नहीं दिखा सके थे।

जमशेदजीके पिता एक मामूली रोजगार करते थे। चीनदेशके साथ उनका वाणिज्य चलता था। ताता कालेजसे निकल कर पिताके साथ व्यवसायमें लग गये। अफीमका रोजगार उस समय पारसियोंके हाथमें ही था; अन्य लोग इस व्यवसाय को कम समझते थे। विशेषतः उस समय चीनमें चीजोंको आमदनी रफ्तनीका विशेष सुभीता न था। ताताने पिताके पास रह कर कुछ काम सीखा और फिर वे हांङ्कांङ्‌ भेजे गये वहां अफीमके रोजगारको इन्होंने भली भांति सीख लिया, जिससे इनकी वाणिज्य-बुद्धि खुल गई।

इसके कुछ दिन बाद ही, अमेरिकामें अन्तर्विप्लव होनेके कारण वहांसे रुईकी रफ्तनी बन्द हो गई, फिर क्या था; बम्बई नगर रुईके व्यवसायका केन्द्र हो गया। ताता कम्पनीने प्रसिद्ध प्रेमचन्द रायचन्दके साथ मिल कर रुईका व्यवसाय प्रारम्भ कर दिया। ताता लन्दन जा कर रुईके व्यवसाय पर्यवेक्षण करने लगे। १८६५ ई०में अमेरिकाका युद्ध सहसा समाप्त हो गया, जिससे ताताको कुछ क्षतिग्रस्त होना पड़ा। लन्दनमें जमशेदजीने जो रुई बेचनेके लिए गाँठें खोली थीं, उन्हें बेच कर वे भारत लौट आये। बम्बईमें जो उनका कारोबार था, वह किसी तरह कायम रहा।

ताताकम्पनी धीरे धीरे इस क्षतिकी पूर्तिके लिए

सौंपित करने लगे। इसके कुछ दिन बाद ही एम्प्रेस मिलके [illegible] बुरा हाल हो गया। [illegible] साथ साथ [illegible] हो गया। इस हिसाबसे टाटाको कुछ फायदा रहा था। इसके बाद [illegible] दिन रहते थे, [illegible] जिस दिन [illegible] था। उन दिनों [illegible] थे; इस लिए मशीनें खूब [illegible] की गई। इस और पर [illegible] मालके एक [illegible] था। और इनके परिश्रमसे टाटा [illegible] कि कारीगर कपड़ेकी मिल [illegible] काम चलाया जा सकता है। [illegible] एक मिल [illegible] किया, परन्तु [illegible] इस लिए उन्होंने पहले इंग्लैण्ड को लिखकर कार्य-प्रणाली [illegible] और [illegible] मैनेजरको [illegible] दिये।

[illegible] और [illegible] बाद टाटा [illegible] कि भारतमें [illegible] कपड़ेकी मिल [illegible] विशेष सफलता प्राप्त हो सकती है। इसलिए, नागपुरमें मिल खोलनेका निश्चय किया। टाटाका यह अभिमत था, कि मिल [illegible] जहाँ रूई पैदा होती हो, वहीं कपड़ेकी मिल खोलनी चाहिए। नागपुरमें रेल-लाइन होनेके कारण माल [illegible] भी [illegible] नहीं पड़ती थी।

१८७६ ईस्वीमें मिल [illegible] तैयार हुई और १८७७ ईस्वी १ ली जनवरीको यह चालू हो गई। उस दिन महारानी विक्टोरिया भारतकी सम्राज्ञी हुई थीं; इस लिए टाटाने अपनी मिलका नाम रखा 'एम्प्रेस मिल'। पहले पहले मिलके चलानेमें इन्हें बड़ी दिक्कतें उठानी पड़ी थीं, परन्तु [illegible] बहुत [illegible] और [illegible] थे, इसलिए धीरे धीरे सब दिक्कतें दूर हो गईं।

"एम्प्रेस मिल" स्थापित करनेके बाद, टाटा [illegible] मशीनोंको [illegible] करने लगे। इस [illegible]

जिसमें इनको [illegible] का परिचय दिया। ये [illegible] प्रचलित रीतिका [illegible] थे। इसलिए [illegible] मशीनोंमें परिवर्तन [illegible] और [illegible] भी कुछ [illegible] था, उसे भारतमें प्रचलित करनेमें पूरी [illegible] की थी। उन्होंने यह भी देखा, कि मिलको [illegible] साथ चलानेके लिए उसकी मशीन बहुत अच्छी होनी चाहिए। इसलिए उन्होंने पुरानी [illegible] बदले बहुत नई मशीनें लगवाईं। जिन मशीनोंमें थोड़े समयमें बहुत माल तैयार हो सके, ऐसी मशीनें मँगाईं। [illegible] देशमें उस समय ऐसी अच्छी मशीनें नहीं थीं। [illegible] मशीनोंमें [illegible] है। [illegible] टाटाने [illegible] अनुसरण कर [illegible] मिलोंमें भी अच्छी मशीनें मँगाईं। इसके बाद, अच्छी मशीनोंसे बने हुए अच्छे मालकी [illegible] लिए [illegible] इस बातका पता लगानेके लिए टाटाने चारों तरफ [illegible] भेजे। [illegible] ठीक होने पर, जहाँ जिस [illegible] माल पहुँचे, इस बातका [illegible] करने लगे। इसके लिए [illegible] किया और [illegible] में भी [illegible] कई [illegible] बन्दोबस्त किया। टाटा इस बातको जानते थे कि मिलको अच्छी तरह चलानेके लिए छोटे-बड़े सभी कामोंमें पूरा पूरा ध्यान दिया जाता है।

इस प्रकारकी कोशिशसे कुछ ही वर्षोंमें मिल [illegible] —नाम भी [illegible] होने लगा। कर्मचारियोंको उत्साहित करनेके लिए टाटाने खूब [illegible] भी निश्चित किये और [illegible] देना आरम्भ कर दिया। इससे [illegible] मिलको [illegible] लिए [illegible] हो [illegible] है, [illegible] कर्मचारियोंकी ओर से बहुतसे [illegible] हैं। [illegible] से [illegible] थे।

'एम्प्रेस मिल' में, [illegible] काम [illegible] बन्दोबस्त किया था। [illegible]

युवकोंको वे अच्छे वेतन पर नियुक्त करके उन्हें काम सिखाते थे और फिर उनमेंसे अच्छे आदमियोंको चुन कर उन्हें मिलका काम देते थे। इस तरह बहुतसे युवकोंको आपको मिलमें काम मिला करता था और बहुतसे व्यवसाय सीख कर देशकी समृद्धि वृद्धि करते थे।

उस मिलको दस वर्ष तक चलानेके बाद, ताताने विचारा कि अब इस देशमें अच्छी चीजोंके बनानेका समय आया है, इसलिए ऐसी मशीनें मंगानी चाहिए जिनसे खूब महीन धोती बन सकें। इसके लिए आपने दूसरी मिल खोलनेका निश्चय किया। भाग्यसे उस समय 'धरमसी मिल'का नीलाम हो रहा था, ताताने १२॥ लाख दे कर उसे खरीद लिया। 'धरमसी मिल' उस जमानेमें सबसे बड़ी मिल थी। पचास लाख रुपये लगा कर मिल फिरसे चलाई गई। लोगोंने समझा ताताने बहुत सस्ते दामोंमें मिल ले ली; किन्तु यह उनका कोरा भ्रम था। इस मिलमें ताता पूरे ठगाये गये थे। मिलके कल-पुर्जे बिलकुल रद्दी थे, जिनकी मरम्मत कराते कराते दस वर्ष बीत गये। दस वर्ष बाद मिल चालू हुई। इसमें ताताको प्रचुर अर्थ व्यय करना पड़ा था। परन्तु रुपयोंकी अपेक्षा ताताके धैर्यका ही अधिक प्रयोजन था। 'धरमसी मिल' को फिर चलाना ताताके जीवनकी एक अक्षय कीर्ति है। आपके अध्यवसायको देख कर लोग चकित हो गये थे। दूसरा मिल-वाला होता तो कभीका बेच कर छुट्टी करता। परन्तु ताता हटनेवाले न थे। दस वर्षकी अक्लान्त चेष्टाके बाद उन्होंने असम्भवको सम्भव कर दिखाया। वही टूटी धरमसी मिल अब लाखके रुपये घरमें लाने लगी। इस मिलका आपने नाम रक्खा "स्वदेशी मिल"। अब भी "स्वदेशी मिल" अच्छी अवस्थामें चल रही है।

ताताकी दोनों मिलें अच्छी तरहसे चलने लगीं। पर तो भी उन्हें सन्तोष न हुआ। वे उन्नतिके नये नये मार्गोंके आविष्कार करनेमें सर्वदा व्यस्त रहते थे। उन्होंने देखा, भारतमें कपास की खेती जिस ढंगसे की जाती है, वह अच्छी नहीं है। मिस्रमें आप कपासकी खेती देख आये थे। आपने सोचा, भारतके लोग भी शिक्षासम्पन्न होने पर वैसा उपाय अवलम्बन करेंगे। इस पर आपने एक छोटीसी पुस्तक भी लिखी, किन्तु उस समय आपकी बात पर किसीने भी ध्यान न दिया। परन्तु इस समय गवर्मेंट तक ताता कम्पनीको रुईके विषयमें प्रमाण (Authority) मानती है।

इस समय विलायती जहाजवालोंने बम्बईके मालका भाड़ा बहुत ही ज्यादा कर दिया। मिलके मालिकोंको यह व्यवहार बहुत ही बुरा लगा, पर वे कुछ कर न सके। आखिर ताता जापान गये और वहांकी जहाज-कम्पनीसे बन्दोबस्त कर आये। बम्बई लौट कर आपने तमाम मिल-वालोंका एक संगठन किया, जिसमें सबने जापानी जहाजमें माल भेजनेके लिए अङ्गीकारपत्र लिख दिया। विलायती कम्पनियां ताताकी कार्रवाई देख कर हंसी उड़ाने लगीं। कुछ दिन बाद उनकी हंसीने विषादका रूप धारण किया—सब जहाजवालोंका रोजगार मिट्टी हो गया। परिणाम यह हुआ कि दोनोंमें प्रतिद्वन्द्विता होने लगी। पहले जिस चीजका महसूल १३) रु०से १८) रु० तक था, उसका अब २) रु० मात्र रह गया। पी० एण्ड ओ० कम्पनीने १) ही रुपया महसूल कर दिया। दोनों दलोंमें भीषण संग्राम चलने लगा। ताताने सबको समझाया कि "सावधान रहना, लोभमें आ कर कोई अङ्गीकारपत्रको भङ्ग न करना। याद रखना, जापानी कम्पनी यदि एक बार भी परास्त हो गई, तो फिर विलायती कम्पनियोंके फन्देमें पड़ना पड़ेगा।" परन्तु मानता कौन था—लोभ बुरी बला थी। बहुतसे व्यापारियोंने अङ्गीकारपत्रको शर्त तोड़ दी। परन्तु विलायती कम्पनियोंको भी खूब शिक्षा मिल गई। उन्होंने फिर भाड़ा बढ़ानेका नाम भी न लिया, बल्कि पहलेसे कुछ कम ही रक्खा।

ताताने अन्यान्य धनिकोंकी तरह धनको ही जीवनका ध्रुवतारा न बनाया था। उनके जीवनमें सुख या विलासिताके लिए तनिक भी स्थान न था। तात्पर्य यह, कि ताता धनका सदुपयोग करना जानते थे। आप अर्थद्वारा किस तरह देशका हित हो, सर्वदा इसी चिन्तामें रहते थे। साधारण मनुष्योंकी तरह आपका जीवन निरर्थक नहीं था। कुछ कामोंकी कल्पना तो आपके मनमें सर्वदा जाग्रत रहती थी और उन कामोंको

किये जाते थे। इन्होंने तानसेनकी पालकीमें कंधे लगाये थे। राजा रामचन्द्रको बादशाहका आग्रह मानना पड़ा और तानसेन वापस न हुए। इन्होंने रोते रोते तानसेनको विदा किया। तानसेनने जिस दिन रीवाँ छोड़ा उस दिन पालकीमें [illegible] सुनाया, उसी दिन बादशाहने उनको दो लाख रुपये इनाममें दिये।

प्रवाद इस प्रकार है—तानसेन दिल्लीमें आकर मुसलमान नहीं होना चाहते थे। उनके साथ बहुतसे और भी कुछ ऐसे ही थे। बादशाह भाव ताड़ गये किन्तु कुछ कह न सके। आखिर एक दिन बादशाहने तानसेनके साथ अपनी लड़कीको भेज दी। बादशाहजादीने जाते ही तानसेनको मोहित कर लिया। तानसेन भी उसपर मुग्ध हो गये। बादशाहने दोनोंका विवाह कर दिया। तबसे तानसेन मुसलमान और बादशाहके दामाद हो गये। इनके जो पद मिलते हैं, उनमें भी नाम आते हैं, जिनमें उनके इष्टदेवका [illegible] रामचन्द्रका अथवा महिमाका [illegible] होता था। उन पदोंको देखनेसे मालूम होता है कि इन्होंने रामचन्द्रको महिमा गायी है। परन्तु पद-पदके अन्तमें ये अपनेको 'तानसेन' कहते हैं।

तानसेन एक सच्चे भावुक भक्त थे। इनका हृदय कृष्णभक्त था। किन्तु इनकी कृतियोंमें बहुत भक्तिका प्रभाव [illegible] है। इनके रचे हुए अनेक गीत मिलते हैं, पर यहाँ केवल एक ही गीत उद्धृत किया जाता है—

"देव दे ! तुहीं जल तुही थिर तुही सेत तुही नद ।
तुही आदि तुही अनादि तुही अनन्त तुही अकेल ।
[illegible] तुही [illegible] तुही [illegible] ।
तुही [illegible] तुही [illegible] तुही [illegible] ।
तुही वेद तुही पुराण तुही [illegible] तुही कुरान,
तुही [illegible] तुही [illegible] तुही [illegible] ।
[illegible] तुही वेद तुही [illegible] ।
तुही [illegible] तुही [illegible] तुही [illegible] ।"

मुसलमान धर्मके होनेपर भी इनके भक्तिके गीत तान-सेनके भावके परिचायक हैं।

तानसेनकी मृत्युके विषयमें भी एक प्रवाद प्रसिद्ध है। कहते हैं बादशाहने एक बार दीपक राग सुनना चाहा। तानसेनने कहा कि दीपक राग गानेसे गायक जल जाता है, इसलिए तानसेनने दीपक राग गानेसे बहुत आपत्ति की। परन्तु बादशाह कब माननेवाले थे। तब उन्होंने दीपक राग गानेका प्रस्ताव किया। बादशाहने कहा—'तुम जो दीपक नहीं गाओगे, तो मैं [illegible]।' बादशाहने तानसेनको दीपक गानेके लिए बाध्य किया। तानसेनने बादशाहसे कहा कि यदि आप मुझे मारना चाहते हैं, तो दीपक गानेका आदेश न दें; किन्तु दीपक सुननेके लिए बादशाहका कुतूहल बहुत बढ़ गया था। उन्होंने तानसेनकी बात पर ध्यान न दिया। तब तानसेन क्या करते? उन्होंने अपनी कन्याको मल्हार गानेके लिए कहा और स्वयं दीपक गाने लगे। उनका विचार था कि, मल्हारके गुणसे दीपकानल कुछ शान्त होगा। तानसेनकी कन्या मल्हार गाने लगी, किन्तु जितने स्वरोंकी आवश्यकता थी उतना न [illegible] सका। तानसेन भी दीपक राग गाते गाते जलने लगे। इसलिए उनकी मृत्यु हो गई। कहा जाता है कि, उनकी मृत्युके उपरान्त भी [illegible] रहे थे। किन्तु उनके जीवन-वृत्तके साथ साथ यह दीपकका भी [illegible] गई थी।

तानसेनकी कब्र ग्वालियरमें मौलाना मुहम्मद गौसकी कब्रके निकट है। वहाँ उनकी कब्रके पास एक इमलीका पेड़ है। कहते हैं कि उस पेड़की पत्ती चबानेसे गला अच्छा होता है। इसलिए बहुतसे गायक और गवैये वहाँ जाकर पत्ती चबाते हैं। [illegible]

● [illegible]

तानसेन सिर्फ एक अद्वितीय गायक ही थे, ऐसा नहीं; वे बहुतसे नवीन नवीन राग-रागिणी भी बना गये हैं। आसावरी, जोगिया और दरबारी-कनाडा ये राग इन्होंके चलाये हुए हैं। आइन-इ-अकबरी और 'पादशाःनामा'में यथाक्रमसे तानतरङ्ग और विलास नामक इनके दो पुत्रोंका उल्लेख पाया जाता है। दोनों भी प्रसिद्ध गायक थे। प्रसिद्ध गायक सुरतसेन इन्हींके वंशधर थे। इनके वंशज प्यारसेनने कान्नयन्त्रका संस्कार किया था।

तानसेनके शिष्य भी प्रसिद्ध गायक हो गये हैं, जिनमें चाँदखाँ और सुरजखाँका नाम ही प्रसिद्ध है।

ताना (हिं० पु०) १ कपड़ेको बुनावटमें वह सूत जो लम्बाईके बल होता है। २ दरी या कालीन बुननेका करघा।

ताना (हिं० क्रि०) १ तप्त करना, तपाना, गरम करना। २ पिघलाना। ३ गरम कर परीक्षा करना। ४ परीक्षा करना, जाँचना।

ताना (अ० पु०) आक्षेप वाक्य, व्यंग्य, बोली ठोली।

ताना बाना (हिं० पु०) कपड़ेकी बुनावटमें लम्बाई और चौड़ाईके बल फैलाए हुए सूत।

तानारीरी (हिं० स्त्री०) साधारण गाना आलाप, राग।

तानाशाह (फा० पु०) अब्दुलहसन बादशाहका दूसरा नाम।

तानी (हिं० स्त्री०) कपड़ेकी बुनावटमें वह सूत जो लम्बाईके बल हो।

तानोयक (सं० पु०) यावनाल वृक्ष, भुट्टेका पोधा।

तानुको—एक प्रसिद्ध अरबी कवि। इनका दूसरा नाम अबुल-आला था। ये तानूक वंशके थे। इनकी बनाई हुई कविताएँ प्रशंसनीय हैं।

तानूनपात (सं० त्रि०) अग्नि सम्बन्धीय।

तानूनप्त्र (सं० क्ली०) तनूनप्ता देवता अस्य अण्। वायुके लिये दिया जानेवाला दधि मिश्रित घृत, वह दही मिला हुआ घी जो वायुको चढ़ाया जाता है।

तानूर (सं० पु०) तन वाहुलकात् ऊरण्। जलावर्त्त, पानीका भँवर। २ वायुका भँवर। ३ बहुवारवृक्ष, बहुआर लसोरा।

तान्त (सं० त्रि०) तम-क्त। १ म्लान, बिलकुल सूखा हुआ। २ क्लान्त, थका हुआ।

तान्तव (सं० क्ली०) तन्तोर्विकारः अञ्। १ वस्त्र, कपड़ा। (त्रि०) २ तन्तुनिर्मित, जिसमें तन्तु या तार हो, जिसमेंसे तार या तन्तु निकल सके।

तान्तवता (सं० स्त्री०) तान्तव-तल्-टाप्। कठिन द्रव्यका विशेष धर्म। जिस गुणके रहनेसे कुछ पदार्थोंको खींच कर तन्तु अर्थात् तार बनाया जा सकता है, उसका नाम तान्तवता है। आघातसहित गुणके साथ तान्तवता गुणका कोई भी सम्बन्ध नहीं है।

जिससे अच्छी पत्ती बनती है, उसीसे पतला तार बनता होगा ऐसा कोई नियम नहीं। लोहेका तार जैसा बारीक होता है, पत्ती उतनी बारीक नहीं होती। रांगा और सीसेको पीट कर अच्छी पत्ती बनाई जा सकती है, पर उनको खींच कर तार नहीं बनाया जा सकता। प्लाटिनम्, चाँदी, ताँबा, सोना, जस्ता रांगा, सीसा इनमेंसे पूर्ववर्त्ती धातुओंकी अपेक्षा परवर्त्ती धातुओंमें क्रमशः यह गुण थोड़ा पाया जाता है। वस्तुतः प्लाटिनम् अर्थात् तिन-काञ्चन नामक धातुमें तान्तवता गुण सबसे ज्यादा है। किसी किसीने इसका इतना बारीक तार बनाया है कि जिसका व्यास एक इञ्चके एक लाख भागमें तीन भाग मात्र है।

तान्तव्य (सं० पु० स्त्री०) तन्तोः सन्तानस्य अपत्यं गर्गा यञ्। तन्तुका अपत्य, जुलाहेको सन्तान।

तान्तव्यायनी (सं० स्त्री०) तन्तोरपत्यं स्त्री ष्फ पित्वात् ङीप्। तन्तुकी अपत्य स्त्री।

तान्तुवायि (सं० पु० स्त्री०) तन्तुवायस्य अपत्यं तन्तुवाय-इञ्। तन्तुवायका अपत्य, ताँतीका वंशज।

तान्तुवाय्य (सं० पु० स्त्री०) तन्तुवायस्य अपत्यं तन्तुवाय-ण्य। सेनान्तलक्षणकारिभ्यश्च। पा ४।१।१५२। तन्तुवायके अपत्य, ताँतीके वंशज।

तान्त्र (सं० क्ली०) १ तन्त्रविशिष्ट, वह जिसमें तार लगे हों। २ तन्त्रशास्त्र सम्बन्धीय।

तान्त्रिक (सं० त्रि०) तन्त्रं सिद्धान्तमधीते वेद वा तन्त्र-उक्थादित्वात् ठक्। १ ज्ञातसिद्धान्त, जो सिद्धान्त जानता हो। २ शास्त्राभिज्ञ, जो शास्त्र जानता हो।

१ [illegible], जो [illegible] नामसे [illegible] है। [illegible] [illegible] [illegible]। ४ [illegible] (पुं०) ५ [illegible], एक प्रकारका [illegible], जिस [illegible] [illegible] और उसमें [illegible] [illegible] हो, [illegible], [illegible], [illegible] [illegible] हो और [illegible] [illegible] और [illegible] [illegible] हो, [illegible] [illegible] [illegible] हो, [illegible] [illegible] [illegible] हो तथा [illegible] [illegible] और [illegible] [illegible] होता हो उसे [illegible] [illegible] कहते हैं।

तान्त्रिकी (सं० स्त्री०) तान्त्रिक-ङीप्। १ तन्त्रशास्त्रोक्ता। मुक्तिदायक धर्म दो प्रकारका है, वैदिक और तान्त्रिक। तन्त्र देखो।

तान्दन (सं० पुं०) वायु, हवा।

तान्दूर (सं० क्ली०) तन्दूर [illegible] [illegible] निर्वृत्त अण्। तन्दूर-[illegible], [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] कर उसे तन्दूर-[illegible] द्वारा [illegible] तान्दूर मांस प्रस्तुत होता है।

तान्व (सं० पुं०) तन्वाः [illegible] [illegible] अण्, [illegible] पूर्व [illegible] वेदे न तुल्यः। १ तनुज, पुत्र, बेटा। २ [illegible], तनु नामक ऋषिके गोत्रापत्य। [illegible] [illegible] अण्। ३ तनु-[illegible]-सम्बन्धी आदि अण्। ४ [illegible]।

तान्वद (सं० पुं०) तन्वद ऋषिके गोत्रज।

ताप (सं० पुं०) तप-घञ्। १ तेजोगमक उष्णादि स्पर्शविशेष [illegible]। २ कष्ट, दुःख। ३ उष्णता, गर्मी, आँच। ४ ज्वर, बुखार। ५ मानसिक कष्ट, हृदयका दुःख। ६ आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक [illegible] दुःख, दुःख देखो।

ताप (Heat)—प्रकृति-कार्यमें [illegible] [illegible] विविध पदार्थोंमें एक प्राकृतिक शक्ति, जिसका प्रभाव पदार्थोंके [illegible], [illegible] आदि [illegible] पड़ता है, [illegible], [illegible], [illegible]। इसके द्वारा [illegible] [illegible] आदि [illegible] [illegible] होती हैं। इसके न होनेसे विविध पदार्थोंके द्वारा [illegible] नहीं हो सकता। [illegible] में ताप, [illegible] के अंदर रस, निर्गमन [illegible] या [illegible] आदि क्रियाओंका एक प्रधानतः कारक है।

ऐसी कोई रासायनिक क्रिया नहीं, जिसमें ताप [illegible] विनियोग, उद्भव या और नहीं होता हो। इसके सूक्ष्म [illegible] और [illegible] विभिन्न [illegible] [illegible] [illegible] मात्रामें [illegible] और [illegible] सम्पादन किया जा सकता है। [illegible] [illegible] (ईस, वराह) और [illegible] आदि इसीके निदर्शनस्वरूप हैं। [illegible] और [illegible] तापकी सहायतासे सर्वत्र ही विविधरूपमें देखनेमें आती है।

तापके न होनेसे [illegible] और [illegible] जल, [illegible] और [illegible] कुछ भी न होता। ताप किसे कहते हैं, किन्तु इसका स्वरूप क्या है? ताप पदार्थ है; [illegible] यह नहीं कहा जा सकता कि यह पदार्थ है। ताप भारविहीन है; किसी वस्तुका गौरवावस्थामें जितना भार है, शीतावस्थामें भी उतना ही भार रहता है। तापद्वारा भारमें कुछ भी परिवर्तन नहीं होता। फिर भी उसकी सत्ताको सब स्वीकार करते हैं। यह [illegible] स्पर्शग्राह्य और [illegible] है। जब किसी पदार्थमें संचारित होता है, तब पदार्थ उसे ग्रहण करता है, और उसमें उसका अवस्थान्तर या रूपान्तर होता है। इस प्रकार तापका [illegible] किया जा सकता है और इसे [illegible] विस्तारण, [illegible] और [illegible] प्रभृति क्रियाओंकी उत्पत्ति होती है।

ताप सकल पदार्थोंमें न्यून या अधिक मात्रामें वर्तमान रहता है। यहां तक कि तुषारविन्दुमें जो अत्यन्त शीतल है उसमें भी ताप है। [illegible] [illegible] द्वारा यह निर्धारित हो चुका है कि [illegible] [illegible] तुषार [illegible] जितना रहता है, [illegible] [illegible] अपेक्षा अधिक शीतल हो जाता है।

तापको यदि [illegible] [illegible] करने और [illegible] ताप एक वस्तुसे दूसरी वस्तुमें परिचालित एवं संचालित होते हैं। कोई कोई पदार्थ इसे [illegible] [illegible] करते हैं, जिससे किसी वस्तु द्वारा यह संचालित भी होता है और किसी किसी वस्तुद्वारा परिचालित [illegible]

रित और विकीरित होता है। सभी स्थलोंमें ताप प्रत्यक्ष-ग्राह्य और परिमेय है। कई पदार्थ तापका शोषण करते हैं, किन्तु उत्तप्त नहीं होते अथवा उनका उत्तप्त होना देखनेमें नहीं आता। ऐसे स्थलोंमें ताप गूढ़, अनिन्द्रियग्राह्य या अनुमित-ग्राह्य कहलाता है।

अतएव ताप दो प्रकारका है—प्रत्यक्षग्राह्य (Sensible) और अनुमितग्राह्य (latent)

तापका लक्षण—जिसके किसी वस्तुमें रहनेसे वह वस्तु उष्ण मालूम पड़े, उसीका नाम ताप है।

तापकी प्रकृति (Nature of heat)—अनेक विज्ञानविद् विद्वान् इस विषयमें नाना प्रकारके मत प्रकाशित कर गये हैं, किन्तु उन सबमें एक भी सर्वाङ्ग सुन्दर रूपसे गृहीत नहीं हो सका। किन्तु यह स्थिर है कि ताप, आलोक और तड़ित्, ये तीनों एक पदार्थ हैं—एक ही पदार्थके रूपान्तर मात्र हैं।

इन तीनोंका उपादान पदार्थ इथर (Ether) है जो अणुओंके परस्पर अवान्तर प्रदेशमें परिव्याप्त हो कर अवस्थान करता है।

प्राचीन विद्वानोंका कहना है कि, जिसका उष्णस्पर्श है, उसका नाम तेज है। पुरातन यूरोपीय विद्वान् इसे एक प्रकारका अत्यन्त सूक्ष्म पदार्थ समझते थे, किन्तु नये विद्वानोंका मत है कि ताप कोई स्वतन्त्र या भिन्न पदार्थ नहीं है।

उन्होंने प्रमाणित किया है कि जड़ात्मक अणुओंका कम्पन ही ताप है। उनके मतसे जड़ पदार्थोंके परमाणुसमूह इथर या आकाश नामक एक प्रकारके विश्वव्यापी सूक्ष्म पदार्थसे परिवेष्टित हैं, उन्हींके आन्दोलनसे (जड़ द्रव्योंके समस्त अणु आन्दोलित होनेसे) ताप उत्पन्न होता है।

कुछ भी हो, तापके विषयमें यही दो प्रधान मत प्रचलित हैं, जिनमें शेषोक्त मत ही सर्वत्र परिगृहीत हुआ है।

१—ताप एक सूक्ष्मतम तरल पदार्थ इथर (Ether) है। यह सब जगह और समस्त वस्तुओंके सहयोगमें अवस्थान करने एवं प्रयोजनवश पुनः उन सबसे अलग हो जानेमें समर्थ है। इस प्रकार सहयोग और विच्छेदसे तापकी प्रसारण पृथक् आदि क्रियाएँ लक्षित कर सकती हैं।

२—ताप अणुओंके कम्पनसे उत्पन्न होता है। जिस समय किसी पदार्थके समस्त अणु कम्पित होते रहते हैं, उस समय उसे स्पर्श करनेसे वह कम्पन हमारी नसोंमें आकर आघात करती है और इसीसे हमें उष्ण-स्पर्शानुभव होता है; वह कम्पन सिर्फ शुद्ध अणुओंमें ही अवस्थान करता हो, ऐसा नहीं, वह समस्त अणुओंके अवान्तर प्रदेशस्थित इथरमें भी विद्यमान रहती है। यही (शेषोक्त) मत इस समय विशेष युक्तिसङ्गत प्रतीत होता है। कारण इस संसारमें जो कुछ पदार्थ दृष्टिगोचर होते हैं, यथार्थमें वे सभी अनवच्छिन्न गतिशील हैं।

वस्तुतः यथार्थ स्थिति किसीको भी नहीं है; यह स्थितिशील है, ऐसा किसीके विषयमें नहीं कहा जा सकता। तो भी वह गति किसी किसी स्थलमें प्रत्यक्ष और किसी किसी स्थलमें अनुमित होती है। वह गति भी बलका अन्यरूप मात्र है। वही बल फिर आत्मगत या अन्यलभ्य हो सकता है। कुछ भी हो, उस गति या बलसे ताप उत्पन्न होता है। पदार्थोंके परस्पर सङ्घर्षसे तापकी उत्पत्ति होती है। जिन अणुओंसे वह पदार्थ बना है, उनके चलने या परस्पर सङ्घर्षसे तापकी उत्पत्ति होती है। आघात करनेसे वस्तुमें उष्णता आ जाती है, अतः जितना अधिक बल प्रयोग किया जायगा, उतना ही अधिक ताप उत्पन्न होगा। वाष्पीय शकट या वाष्पीय यान इसके निदर्शनस्वरूप हैं। जब वही ताप अवस्थान्तरको प्राप्त होता है, अर्थात् जब उसे पुनः किसी प्रकारकी गतिसमुत्पादनमें प्रवृत्त किया जाता है, तब वह तिरोहित हो जाता है।

तापके उत्पत्ति-स्थान (Sources of heat)—यहां तापके उत्पत्ति-स्थानका वर्णन किया जाता है। जितने तापप्रभव पदार्थ हैं, उनमें सूर्य एक प्रधानतम है। सूर्यका ताप पृथ्वी पर पड़ता है एवं उसके सम्पूर्ण कार्य वहीं दिखाई देते हैं। ग्रीष्मकालमें अधिक तापका अनुभव होता है, उस समय उद्भिज्जोंकी परिवर्धनादि तापक्रियाएं लक्षित होती हैं। ताप पृथ्वी पर पतित हो कर पृथ्वीको उत्तप्त करता है, पृथ्वीके समस्त पदार्थ उत्तप्त

होते हैं, किन्तु जब इनके कारणसे केवल दो भाग भाग ही उत्पन्न करता है, तब जलका अधिक भीत होना-कारणसे फिरसे और वह जम कर रखते हैं। रेलगाड़ीके पानीके रस (भाप) का जब दाबकर संयोग होता है, तब उसकी इंजनकाममें अधिक ताप के कारण परिवर्तन होता, वह भाप का जाता जाता द्वारा चला जाता है। इस प्रकार ताप द्वारा इसका परिवर्तन होते हैं इस प्रकार तापके कारण होनेमें परिमाणका क्रियाके विविध भाव दिखाई जाते हैं। अतः, तापमान आदि सब शुद्ध जाते हैं।

सूर्योको छोड़ कर संघर्षण (friction), विद्युत, संपीडन (percussion) रासायनिक क्रिया आदि भी ताप-कारक हैं। मस्तिष्क और इंजन में भी रासायनिक क्रियाकी उत्पत्तिका काम है। इनमें भी तापकी उत्पत्ति होती है।

संघर्ष—वस्तुओंमें परस्पर संघर्षण होनेसे तापकी उत्पत्ति होती है। काष्ठ काष्ठमें संघर्षण होनेसे ताप उत्पन्न होता है। आपसमें दोनोंको काट लगा कर उसमें लगाया गया घर्षण करनेसे वह अत्यन्त उत्ताप हो कर प्रज्वलित होता है और काट जल जाता है। बराबर बराबर घिसनेसे वह गर्म जाते हैं। ऐसे मापकने परीक्षा करके देखा है कि पेंच (screw)के ऊपर पहियोंके घर्षणसे अग्निस्फुलिङ्ग निकलते हैं। घर्षणसे ताप उत्पन्न न हो, इसीलिए रेलगाड़ीमें चर्बी व्यवहृत होती है। इसीसे प्राचीनकालमें अरणी-द्वारा अग्नि उत्पादन करनेकी प्रथा पाई जाती है।

संपीडन—संघर्षण और पीड़न इन दोनोंको एकत्र करके संपीडन कहते हैं। एकदम दबानेसे परस्पर तीव्रता और विभेदसे अधिक उत्ताप होता है। लुहारके हथौड़ेसे लोहा ठोकने वाला गरम हो जाता है।

रासायनिक क्रिया—वस्तुओंके परस्पर मिलित होनेसे जो नूतन प्रकार वस्तुकी सृष्टि होती है, उसे रासायनिक क्रिया कहते हैं। कभी कभी इसमें अत्यन्त ताप भी होता है, जो प्रायः दिखाई नहीं पड़ता। चूनेमें जल जो डालनेसे और ... ताप उत्पन्न होता है। ... है।

अथवा आदि भी रासायनिक क्रियाके उदाहरण हैं।

ऊपर कहा गया है कि तापके दो प्रकारके भेद हैं—एक उष्णताका और दूसरा कुछ या अनुभूति द्वारा। उष्णताका ज्ञान प्रायः त्वगिन्द्रिय द्वारा अनुभूत होता है। किन्तु विवेचनापूर्वक देखा जाय तो अनुभीत उष्ण पदार्थोंका एक प्रकारका भावतारतम्य है। जब हम कोई उष्ण वस्तु स्पर्श करते हैं, तब हमें उष्णताका अनुभव होता है। इसी तरह जब हम एक तुषारबिन्दु पर हाथ देते हैं, तब हमें शीतलताका अनुभव होता है, किन्तु वह कितना उष्ण या कितना शीतल है, यह निश्चय नहीं कर सकते। निश्चय न कर सकनेके कारण तापके परिमाण और तापप्रकृति आदिके बारेमें भी कुछ स्थिर नहीं कर सकते। इसलिए तापमानयन्त्रकी सृष्टि हुई है। इन्द्रियों द्वारा सामान्यतः जो कुछ स्थिर किया जाता है, वह यथार्थ हो तो, पर सब समय नहीं। क्योंकि यदि किसी व्यक्तिके एक हाथको एक कालको और एक हाथको इस तरह शीत करके और उसमेंसे पश्चात् यदि क्रमानुसार स्पर्श किया जाय, तो उसे शीत विभिन्न प्रकारका उष्णानुभव होगा। यदि वायुमण्डल वायु उष्ण हो, तो सब उष्ण, काष्ठ उष्णतर और धातुका पदार्थ उष्णतम मालूम पड़ेगा, किन्तु यदि वायु शीतल होनेसे इसके विपरीत, अर्थात् धातुका पदार्थ शीततम, काष्ठ शीततर और सब शीतल प्रतीत होगा। अतएव इसकी स्पर्शशक्ति बिलकुल अनिश्चित है।

कोई एक व्यक्ति किसी वर्षाकालमें चल रहा है और दूसरा उसी पर्वत पर चढ़ रहा है; उष्णदेशवासी जितना शीत समझता है, उतना ही शीतदेशवासी अनुभव करता है और पहाड़वासी उतना शीतको भी अनुभव करता है; इन दोनोंमेंसे कोई भी उष्णता और शीतलता की वास्तविक स्थिति नहीं कर सकता। और भी ऐसे कभी कभी शीतकालमें किसी किसी दिन शीतानुभव होता है और शीतकालमें कभी कभी गरम मालूम पड़ता है। इस विभिन्नतावशतः उष्णताके मानके लिए स्पर्शशक्ति ऊपर किसी प्रकार विश्वास नहीं किया जा सकता। कोई कोई तापको एक पृथक् भाव पदार्थ कहते हैं, किन्तु वह ताप पदार्थ भी स्पर्शसे

हिसावसे तौला नहीं जा सकता। फलतः साक्षात् सम्बन्धसे तापको किसी प्रकार भी मापा नहीं जा सकता, किन्तु हम पदार्थोंके ऊपर नाना प्रकारके परिमाप करके तापके परिमाण निर्द्धारणमें समर्थ होते हैं।
तापमान देखो।

उष्णता और शीतलता—उष्णता और शीतलतामें कोई विशेष प्रभेद नहीं है। एक वस्तुके साथ तुलनामें जो वस्तु उष्ण बोध होती है, अन्य एक वस्तुकी तुलनामें वही फिर शीतल ज्ञात होती है। एक हाथ अति उष्ण जलमें और दूसरा हाथ बरफके पानीमें डुबो रखनेके बाद दोनों हाथोंको गुनगुने पानीमें डुबो देनेसे, जो हाथ उष्ण जलमें निमज्जित हुआ उसे शीतल और जो हाथ हिमजलमें निमज्जित हुआ, उसे उष्णताका अनुभव होता है।

तापके कारणसे जड़ वस्तुका प्रसारण—तापके कारण द्रव्यके परमाणु एक दूसरेको दूरीभूत करते हैं। इसी लिए तापके समागमसे द्रव्यादि प्रसारित होते हैं। उत्तप्त होनेसे कठिन द्रव्यकी अपेक्षा तरल द्रव्य और तरल द्रव्यकी अपेक्षा वाष्पीय द्रव्य अपेक्षाकृत अधिक विस्तृत होते हैं। इसी तरह उत्तप्त होनेसे कठिन द्रव्य द्रव और द्रव-द्रव्य वाष्प हो जाते हैं। सभी कठिन द्रव्य उत्तप्त होनेसे प्रसारित होते हैं, इसीलिए रेलकी पटरी बनाते समय उनके बीचमें थोड़ो थोड़ो जगह छोड़ दी जाती है।

यन्त्र-द्वारा परीक्षा करके देखा गया है कि, जो शीतल लौहदण्ड किसी छिद्रमें अनायास प्रविष्ट होता है, वह उत्तप्त होने पर उसमें प्रवेश नहीं कर सकता। जो कठिन पदार्थ तापके समागमसे विश्लिष्ट नहीं होते, उत्तप्त करनेसे वे ही क्रमशः कोमल हो जाते हैं और अन्तमें तरल हो जाते हैं। कठिन द्रव्योंकी तरह द्रव-द्रव्य भी उत्तप्त होनेसे प्रसारित होते हैं।

इसीलिये जलपूर्ण पात्रमें ताप देनेसे जल उच्छ्वसित होता है। वायवीय सभी वस्तुएँ ताप लगनेसे अतिशय प्रसारित होती हैं। यदि किसी वायुपूर्ण चर्मथलेका मुंह बन्द कर उसमें ताप दिया जाय, तो वह अपने आप फूल उठती है।

समान भागमें ताप प्राप्त होने पर भी सम्पूर्ण प्रकारके कठिन और तरल द्रव्य समान परिमाणमें प्रसारित नहीं होते, किन्तु समस्त वायवीय द्रव्य समान ताप प्राप्त होने पर प्रायः समान परिमाणमें ही विस्तृत होते हैं।

तापका फल—इस विषयमें पहले ही कहा गया है कि घन तरल वा वाष्पीय सभी पदार्थ तापसे प्रसारित और शीतसे सङ्कुचित होते हैं। यह प्रसरण घन पदार्थोंमें कम, तरल पदार्थोंमें कुछ अधिक और वाष्पीय पदार्थोंमें सबसे अधिक लक्षित होता है, अर्थात् पदार्थोंके समस्त अणु जितने शिथिलबद्ध होंगे, प्रसारण भी उतना ही अधिक लक्षित होगा। सब पदार्थ एक प्रकारके तापसे एकरूपमें प्रसारित नहीं होते।

घन पदार्थोंका प्रसरण इतना अल्प है, कि उसे हम देख कर समझ नहीं सकते। हां, सूक्ष्मरूपसे परिमाण करनेसे वह जाना जा सकता है।

लोहेका घेरा उत्तप्त किये विना पहियेमें नहीं पहनाया जा सकता। इसका अर्थ इसके सिवा और कुछ नहीं, कि उत्तापसे उसका आयतन बढ़ जाता है। किन्तु यह वृद्धि इतनी अल्प है कि सूक्ष्म दृष्टिके भी अगोचर है। कांच सहसा उत्तप्त या शीतल होनेसे तड़क जाता है, क्योंकि वह अपरिचालक है। उसके सम्पूर्ण भागोंमें ताप समभाव और शीघ्रतासे परिचालित नहीं होता।

इसलिए जिस स्थलका ताप अपेक्षाकृत अधिक हो जाता है, वह स्थल कुछ अधिक प्रसारित होनेकी चेष्टा करता है। इस प्रकार असम प्रसरणके कारण वह कांच चटक जाता है। किसी वस्तुके अत्यन्त उत्तप्त होने पर शीतल होते समय उसके सङ्कोचनसे जो बल उत्पादित होता है, वह अत्यन्त अधिक है। इसके लिए एक उदाहरण देना ही यथेष्ट होगा।

पैरी नगरमें किसी घरकी भीत फट कर बाहरकी ओर फूल उठी थी, लौहदण्ड द्वारा घर वेष्टित किया गया। इसके बाद लोहेके डण्डे गरम किये गये, खूब उत्तप्त हो जाने पर डण्डे स्क्रूसे अच्छी तरह कस दिये गये। ये दण्ड जिस समय क्रमसे शीतल हो कर सङ्कुचित होने लगे, तो उनके साथ भीत भी संकुचित हो गई।

तरल पदार्थोंका प्रसरण हम प्रत्यक्ष देख सकते हैं। यह दो प्रकारका है—यथार्थ (real) और प्रत्यक्ष

होते हैं, किन्तु वह छतोंके आभ्यन्तरमें केवल दो चार हाथ ही प्रविष्ट करता है, यह जानकर अनेक लोग ग्रीष्मकालमें मिट्टीके भीतर घर बना कर रहते हैं। रेलगाड़ीके रास्तेमें रेल (लाइन) का जहां परस्पर संयोग होता है, उस स्थलमें ग्रीष्मकालमें अधिक तापके समय परिसरण होगा, यह जान कर जरा जरा अन्तर रक्खा गया है। इस समय नाना प्रकारके फल परिपक्व होते हैं। इस समय तापके आधिक्य होनेसे परिशोषण क्रियाके विशेष लक्षण देखनेमें आते हैं। नहर, तालाब आदि सब सूख जाते हैं।

सूर्यको छोड़ कर संघर्षण (friction), पेषण, संघटन (percussion) रासायनिक क्रिया आदि भी तापप्रभव है। तड़ित् और दहन, ये भी रासायनिक क्रियाकी अन्यपरिणति मात्र हैं। इनसे भी तापकी उत्पत्ति होती है।

संघर्षण—वस्तुओंमें परस्पर संघर्षण होनेसे तापकी उत्पत्ति होती है। काठ काठमें संघर्षण होनेसे ताप उत्पन्न होता है। कांचकी शीशीकी डाट लगा कर रस्सीसे उसका गला घर्षण करनेसे वह स्थान उत्तप्त हो कर प्रसारित होता है और डाट खुल जाती है। बरफ़ पर बरफ़ घिसनेसे वह गल जाती है। डेभि साहबने परीक्षा करके देखा है कि रेल (पटरी)-के ऊपर पहियोंके घर्षणसे अग्निस्फुलिङ्ग निकलते हैं। घर्षणसे ताप उत्पन्न न हो, इसीलिए रेलगाड़ीमें चर्बी व्यवहृत होती है। इसीसे मशीनके समस्त कल-पुरजे भलीभांति यथायोग्य स्थानमें सजाये जाते हैं।

संघट्टन—संघर्षण और पेषण इन दोनोंकी एकताको संघट्टन कहते हैं। चकमक पत्थरको परस्पर ठोंकने और घिसनेसे अग्नि उत्पन्न होती है। लुहारके हतोड़ेसे लोहा पीटते समय लोहा उत्तप्त हो जाता है।

रासायनिक क्रिया—वस्तुओंके परस्पर मिलित होनेसे जो नूतन प्रकार वस्तुकी सृष्टि होती है; उसे रासायनिक क्रिया कहते हैं। कभी कभी इससे अन्युत्ताप भी होता है, जो प्रायः देखनेमें नहीं आता। चूनेमें पानी डालनेसे और जलमें गन्धकद्रावक देनेसे ताप उद्गत होता है। पानीमें पोटाश डालनेसे वह जलने लगता है। प्रदीप जलना आदि भी रासायनिक क्रियाके उदाहरण हैं।

ऊपर कहा गया है कि ताप दो प्रकारका होता है—एक प्रत्यक्षग्राह्य और दूसरा गूढ़ या अनुमतिग्राह्य। प्रत्यक्षग्राह्य ताप प्रायः स्पर्शशक्ति द्वारा अनुभूत होता है। विशेष विवेचनापूर्वक देखा जाय तो स्पर्शबोध हम लोगोंका एक प्रकारका तापमानयन्त्र है। जब हम कोई उष्ण वस्तु स्पर्श करते हैं, तब हमें उष्णस्पर्शानुभव होता है। इसी तरह जब हम एक तुषारपिण्ड पर हाथ देते हैं, तब हमें शीतलस्पर्शानुभव होता है, किन्तु वह कितना उष्ण या कितना शीतल है, यह निश्चय नहीं कर सकते। निश्चय न कर सकनेके कारण तापके वैलक्षण्य और ह्रासवृद्धि आदिके बारेमें भी कुछ स्थिर नहीं कर सकते; इसलिए तापमानयन्त्रकी सृष्टि हुई है। इन्द्रियों द्वारा सामान्यतः जो कुछ स्थिर किया जाता है, वह यथार्थ ही हो, यह सम्भव नहीं। क्योंकि यदि किसी गृहस्थके एक धातुकी, एक काठकी और एक सूतकी इस तरह तीन चीज हो और उनमेंसे प्रत्येकका यदि क्रमानुसार स्पर्श किया जाय, तो हमें तीन विभिन्न प्रकारका स्पर्शानुभव होगा। यदि गृहस्थित वायु उष्ण हो, तो वस्त्र उष्ण, काठ उष्णतर और धातुका पदार्थ उष्णतम मालूम पड़ेगा, किन्तु उसी वायुके शीतल होनेसे इसके विपरीत, अर्थात् धातुका पदार्थ शीतलतम, काठ शीतलतर और वस्त्र शीतल प्रतीत होगा। वस्तुतः हमारी स्पर्शशक्ति बिलकुल अनिश्चित है।

कोई एक पथिक किसी पर्वतसे उतर रहा है और दूसरा उसी पर्वत पर चढ़ रहा है; उतरनेवाला तो जितना नीचे उतरता है, उतना ही उष्णताका अनुभव करता है और चढ़नेवाला क्रमशः शीतका ही अनुभव करता है; इन दोनोंमेंसे कोई भी उष्णता और शीतलताकी उपलब्धि विशेष रूपसे नहीं कर पाता। और तो क्या; कभी कभी ग्रीष्मकालमें किसी किसी दिन शीतानुभव होता है और शीतकालमें कभी कभी गरम मालूम पड़ती है। इन विलक्षणताओंको सूक्ष्मरूपसे जाननेके लिए स्पर्श-शक्तिके ऊपर किसी प्रकार विश्वास नहीं किया जा सकता। कोई कोई तापको एक सूक्ष्म तरल पदार्थ कहते हैं, किन्तु यह तरल पदार्थकी तरह देरसे

हिसाबसे तौला नहीं जा सकता। फलतः साक्षात् सम्बन्धसे तापको किसी प्रकार भी मापा नहीं जा सकता, किन्तु हम पदार्थोंके ऊपर नाना प्रकारके परिमाण करके तापके परिमाण निर्द्धारणमें समर्थ होते हैं।

तापमान देखो।

उष्णता और शीतलता—उष्णता और शीतलतामें कोई विशेष प्रभेद नहीं है। एक वस्तुके साथ तुलनामें जो वस्तु उष्ण बोध होती है, अन्य एक वस्तुकी तुलनामें वही फिर शीतल ज्ञात होती है। एक हाथ अति उष्ण जलमें और दूसरा हाथ बरफके पानीमें डुबो रखनेके बाद दोनों हाथोंको गुनगुने पानीमें डुबो देनेसे, जो हाथ उष्ण जलमें निमज्जित हुआ उसे शीतल और जो हाथ हिमजलमें निमज्जित हुआ, उसे उष्णताका अनुभव होता है।

तापके कारणसे जड़ वस्तुका प्रसारण—तापके कारण द्रव्यके परमाणु एक दूसरेको दूरीभूत करते हैं। इसी लिए तापके समागमसे द्रव्यादि प्रसारित होते हैं। उत्तप्त होनेसे कठिन द्रव्यकी अपेक्षा तरल द्रव्य और तरल द्रव्यकी अपेक्षा वाष्पीय द्रव्य अपेक्षाकृत अधिक विस्तृत होते हैं। इसी तरह उत्तप्त होनेसे कठिन द्रव्य द्रव और द्रव-द्रव्य वाष्प हो जाते हैं। सभी कठिन द्रव्य उत्तप्त होनेसे प्रसारित होते हैं, इसीलिए रेलकी पटरी बनाते समय उनके बीचमें थोड़ी थोड़ी खाँप छोड़ दी जाती है।

यन्त्र-द्वारा परीक्षा करके देखा गया है कि, जो शीतल लौहदण्ड किसी छिद्रमें अनायास प्रविष्ट होता है, वह उत्तप्त होने पर उसमें प्रवेश नहीं कर सकता। जो कठिन पदार्थ तापके समागमसे विश्लिष्ट नहीं होते, उत्तप्त करनेसे वे ही क्रमशः कोमल हो जाते हैं और अन्तमें तरल हो जाते हैं। कठिन द्रव्योंकी तरह द्रव-द्रव्य भी उत्तप्त होनेसे प्रसारित होते हैं।

इसीलिये जलपूर्ण पात्रमें ताप देनेसे जल उच्छ्वसित होता है। वायवीय सभी वस्तुएं ताप लगनेसे अतिशय प्रसारित होती हैं। यदि किसी वायुपूर्ण चर्मथलका मुंह बन्द कर उसमें ताप दिया जाय, तो वह अपने आप फूल उठती है।

समान भागमें ताप प्राप्त होने पर भी सम्पूर्ण प्रकारके कठिन और तरल द्रव्य समान परिमाणमें प्रसारित नहीं होते, किन्तु समस्त वायवीय द्रव्य समान ताप प्राप्त होने पर प्रायः समान परिमाणमें ही विस्तृत होते हैं।

तापका फल—इस विषयमें पहले ही कहा गया है कि घन तरल वा वाष्पीय सभी पदार्थ तापसे प्रसारित और शीतसे सङ्कुचित होते हैं। यह प्रसरण घन पदार्थोंमें कम, तरल पदार्थोंमें कुछ अधिक और वाष्पीय पदार्थोंमें सबसे अधिक लक्षित होता है, अर्थात् पदार्थोंके समस्त अणु जितने शिथिलबद्ध होंगे, प्रसारण भी उतना ही अधिक लक्षित होगा। सब पदार्थ एक प्रकारके तापसे एकरूपमें प्रसारित नहीं होते।

घन पदार्थोंका प्रसरण इतना अल्प है, कि उसे हम देख कर समझ नहीं सकते। हां, सूक्ष्मरूपसे परिमाण करनेसे वह जाना जा सकता है।

लोहेका घेरा उत्तप्त किये बिना पहियेमें नहीं पहनाया जा सकता। इसका अर्थ इसके सिवा और कुछ नहीं, कि उत्तापसे उसका आयतन बढ़ जाता है। किन्तु यह वृद्धि इतनी अल्प है कि सूक्ष्म दृष्टिके भी अगोचर है। कांच सहसा उत्तप्त या शीतल होनेसे तड़क जाता है, क्योंकि वह अपरिचालक है। उसके सम्पूर्ण भागोंमें ताप समभाव और शीघ्रतासे परिचालित नहीं होता।

इसलिए जिस स्थलका ताप अपेक्षाकृत अधिक हो जाता है, वह स्थल कुछ अधिक प्रसारित होनेकी चेष्टा करता है। इस प्रकार असम प्रसरणके कारण वह कांच चटक जाता है। किसी वस्तुके अत्यन्त उत्तप्त होने पर शीतल होते समय उसके सङ्कोचनसे जो बल उत्पादित होता है, वह अत्यन्त अधिक है। इसके लिए एक उदाहरण देना ही यथेष्ट होगा।

पैरी नगरमें किसी घरकी भीत फट कर बाहरकी ओर फूल उठी थी, लौहदण्ड द्वारा घर वेष्टित किया गया। इसके बाद लोहेके डण्डे गरम किये गये, खूब उत्तप्त हो जाने पर डण्डे स्क्रूसे अच्छी तरह कस दिये गये। ये दण्ड जिस समय क्रमसे शीतल हो कर सङ्कुचित होने लगे, तो उनके साथ भीत भी संकुचित हो गई।

तरल पदार्थोंका प्रसरण हम प्रत्यक्ष देख सकते हैं। यह दो प्रकारका है—यथार्थ (real) और प्रत्यक्ष

होते हैं; किन्तु वह पृथ्वीके आभ्यन्तरमें केवल दो चार हाथ ही प्रवेश करता है, यह जानकर अनेक लोग ग्रीष्मकालमें मिट्टीके भीतर घर बना कर रहते हैं। रेलगाड़ीके रास्तेमें रेल (लाइन) का जहां परस्पर संयोग होता है, उस स्थानमें ग्रीष्मकालमें अधिक तापके समय परिसरण होगा, यह जान कर जरा जरा अन्तर रक्खा गया है। इस समय नाना प्रकारके फल परिपक्व होते हैं; इस समय तापके आधिक्य होनेसे परिशोषण क्रियाके विशेष लक्षण देखनेमें आते हैं। नहर, तालाब आदि सब सूख जाते हैं।

सूर्यको छोड़ कर संघर्षण (friction), पेषण, संघटन (percussion) रासायनिक क्रिया आदि भी तापप्रभव है। तड़ित् और दहन, ये भी रासायनिक क्रियाकी अन्यपरिणति मात्र हैं। इनसे भी तापकी उत्पत्ति होती है।

संघर्षण—वस्तुओंमें परस्पर संघर्षण होनेसे तापकी उत्पत्ति होती है। काठ काठमें संघर्षण होनेसे ताप उत्पन्न होता है। कांचकी शीशीकी डाट लगा कर रस्सीसे उसका गला घर्षण करनेसे वह स्थान उत्तप्त हो कर प्रसारित होता है और डाट खुल जाती है। बरफ पर बरफ घिसनेसे वह गल जाती है। डेभि साहबने परीक्षा करके देखा है कि रेल (पटरी)-के ऊपर पहियोंके घर्षणसे अग्निस्फुलिङ्ग निकलते हैं। घर्षणसे ताप उत्पन्न न हो, इसीलिए रेलगाड़ीमें चर्बी व्यवहृत होती है। इसीसे मशीनके समस्त कल-पुरजे भलीभांति यथायोग्य स्थानमें सजाये जाते हैं।

संघट्टन—संघर्षण और पेषण इन दोनोंकी एकताको संघट्टन कहते हैं। चकमक पत्थरको परस्पर ठोंकने और घिसनेसे अग्नि उत्पन्न होती है। लुहारके हतौड़ेसे लोहा पीटते समय लोहा उत्तप्त हो जाता है।

रासायनिक क्रिया—वस्तुओंके परस्पर मिलित होनेसे जो नूतन प्रकार वस्तुकी सृष्टि होती है, उसे रासायनिक क्रिया कहते हैं। कभी कभी इसमें अन्युत्पात भी होता है, जो प्रायः देखनेमें नहीं आता। चूनेमें पानी डालनेसे और जलमें गन्धकद्रावक देनेसे ताप उद्गत होता है। पानीमें पोटास डालनेसे वह जलने लगता है। प्रदीप जलना आदि भी रासायनिक क्रियाके उदाहरण हैं।

ऊपर कहा गया है कि ताप दो प्रकारका होता है—एक प्रत्यक्षग्राह्य और दूसरा गूढ़ या अनुमितग्राह्य। प्रत्यक्षग्राह्य ताप प्रायः स्पर्शशक्ति-द्वारा अनुभूत होता है। विशेष विवेचनापूर्वक देखा जाय तो स्पर्शबोध हम लोगोंका एक प्रकारका तापमानयन्त्र है। जब हम कोई उष्ण वस्तु स्पर्श करते हैं, तब हमें उष्णस्पर्शानुभव होता है। इसी तरह जब हम एक तुषारपिण्ड पर हाथ देते हैं, तब हमें शीतलस्पर्शानुभव होता है, किन्तु वह कितना उष्ण या कितना शीतल है, यह निश्चय नहीं कर सकते। निश्चय न कर सकनेके कारण तापके वैलक्षण्य और ह्रासवृद्धि आदिके बारेमें भी कुछ स्थिर नहीं कर सकते; इसलिए तापमानयन्त्रकी सृष्टि हुई है। इन्द्रियों द्वारा सामान्यतः जो कुछ स्थिर किया जाता है, वह यथार्थ ही हो, यह सम्भव नहीं। क्योंकि यदि किसी गृहस्थके एक धातुकी, एक काठकी और एक वस्त्रकी इस तरह तीन चीज हों और उनमेंसे प्रत्येकका यदि क्रमानुसार स्पर्श किया जाय, तो हमें तीन विभिन्न प्रकारका स्पर्शानुभव होगा। यदि गृहस्थित वायु उष्ण हो, तो वस्त्र उष्ण, काठ उष्णतर और धातुका पदार्थ उष्णतम मालूम पड़ेगा, किन्तु उसी वायुके शीतल होनेसे इसके विपरीत, अर्थात् धातुका पदार्थ शीतलतम, काठ शीतलतर और वस्त्र शीतल प्रतीत होगा। वस्तुतः हमारी स्पर्शशक्ति बिलकुल अनिश्चित है।

कोई एक पथिक किसी पर्वतसे उतर रहा है और दूसरा उसी पर्वत पर चढ़ रहा है; उतरनेवाला तो जितना नीचे उतरता है, उतना ही उष्णताका अनुभव करता है और चढ़नेवाला क्रमशः शीतका ही अनुभव करता है; इन दोनोंमेंसे कोई भी उष्णता और शीतलताकी उपलब्धि विशेष रूपसे नहीं कर पाता। और तो क्या; कभी कभी ग्रीष्मकालमें किसी किसी दिन शीतानुभव होता है और शीतकालमें कभी कभी गरम मालूम पड़ती है। इन विलक्षणताओंको सूक्ष्मरूपसे जाननेके लिए स्पर्श-शक्तिके ऊपर किसी प्रकार विश्वास नहीं किया जा सकता। कोई कोई तापको एक सूक्ष्म तरल पदार्थ कहते हैं, किन्तु यह तरल पदार्थकी तरह वैसे

हिसावसे तौला नहीं जा सकता। फलतः साक्षात् सम्बन्धसे तापको किसी प्रकार भी मापा नहीं जा सकता, किन्तु इन पदार्थोंके ऊपर नाना प्रकारके परिमाण करके तापके परिमाण निर्धारणमें समर्थ होते हैं।

तापमान देखो।

उष्णता और शीतलता—उष्णता और शीतलतामें कोई विशेष प्रभेद नहीं है। एक वस्तुके साथ तुलनामें जो वस्तु उष्ण बोध होती है, अन्य एक वस्तुकी तुलनामें वही फिर शीतल प्रतीत होती है। एक हाथ अति उष्ण जलमें और दूसरा हाथ बरफके पानीमें डुबो रखनेके बाद दोनों हाथोंको गुनगुने पानीमें डुबो देनेसे, जो हाथ उष्ण जलमें निमज्जित हुआ उसे शीतल और जो हाथ हिमजलमें निमज्जित हुआ, उसे उष्णताका अनुभव होता है।

तापके कारणसे जड़ वस्तुका प्रसारण—तापके कारण द्रव्यके परमाणु एक दूसरेको दूरीभूत करते हैं। इसी लिए तापके समागमसे द्रव्यादि प्रसारित होते हैं। उत्तप्त होनेसे कठिन द्रव्यकी अपेक्षा तरल द्रव्य और तरल द्रव्यकी अपेक्षा वाष्पीय द्रव्य अपेक्षाकृत अधिक विस्तृत होते हैं। इसी तरह उत्तप्त होनेसे कठिन द्रव्य द्रव और द्रव-द्रव्य वाष्प हो जाते हैं। सभी कठिन द्रव्य उत्तप्त होनेसे प्रसारित होते हैं, इसीलिए रेलकी पटरी बनाते समय उनके बीचमें थोड़ी थोड़ी फाँक छोड़ दी जाती है।

यन्त्र द्वारा परीक्षा करके देखा गया है कि, जो शीतल लौहदण्ड किसी छिद्रमें अनायास प्रविष्ट होता है, वह उत्तप्त होने पर उसमें प्रवेश नहीं कर सकता। जो कठिन पदार्थ तापके समागमसे विश्लिष्ट नहीं होते, उत्तप्त करनेसे वे ही क्रमशः कोमल हो जाते हैं और अन्तमें तरल हो जाते हैं। कठिन द्रव्योंकी तरह द्रव-द्रव्य भी उत्तप्त होनेसे प्रसारित होते हैं।

इसीलिये जलपूर्ण पात्रमें ताप देनेसे जल उच्छ्वसित होता है। वायवीय सभी वस्तुएं ताप लगनेसे अतिशय प्रसारित होती हैं। यदि किसी वायुपूर्ण चर्मसशकका मुंह बन्द कर उसमें ताप दिया जाय, तो वह अपने आप फूल उठती है।

समान भागमें ताप प्राप्त होने पर भी सम्पूर्ण प्रकारके कठिन और तरल द्रव्य समान परिमाणमें प्रसारित नहीं होते, किन्तु समस्त वायवीय द्रव्य समान ताप प्राप्त होने पर प्रायः समान परिमाणमें ही विस्तृत होते हैं।

ताापका फल—इस विषयमें पहले ही कहा गया है कि घन तरल वा वाष्पीय सभी पदार्थ तापसे प्रसारित और शीतसे सङ्कुचित होते हैं। यह प्रसारण घन पदार्थोंमें कम, तरल पदार्थोंमें कुछ अधिक और वाष्पीय पदार्थोंमें सबसे अधिक लक्षित होता है, अर्थात् पदार्थोंके समस्त अणु जितने शिथिलबद्ध होंगे, प्रसारण भी उतना ही अधिक लक्षित होगा। सब पदार्थ एक प्रकारके तापसे एकरूपमें प्रसारित नहीं होते।

घन पदार्थोंका प्रसरण इतना अल्प है, कि उसे हम देख कर समझ नहीं सकते। हां, सूक्ष्मरूपसे परिमाण करनेसे वह जाना जा सकता है।

लोहेका घेरा उत्तप्त किये विना पहियेमें नहीं पहनाया जा सकता। इसका अर्थ इसके सिवा और कुछ नहीं, कि उत्तापसे उसका आयतन बढ़ जाता है। किन्तु यह वृद्धि इतनी अल्प है कि सूक्ष्म दृष्टिसे भी अगोचर है। कांच सहसा उत्तप्त या शीतल होनेसे तड़क जाता है, क्योंकि वह अपरिचालक है। उसके सम्पूर्ण भागोंमें ताप समभाव और शीघ्रतासे परिचालित नहीं होता।

इसलिए जिस स्थलका ताप अपेक्षाकृत अधिक हो जाता है, वह स्थल कुछ अधिक प्रसारित होनेकी चेष्टा करता है। इस प्रकार असम प्रसरणके कारण वह कांच चटक जाता है। किसी वस्तुके अत्यन्त उत्तप्त होने पर शीतल होते समय उसके सङ्कोचनसे जो बल उत्पादित होता है, वह अत्यन्त अधिक है। इसके लिए एक उदाहरण देना ही यथेष्ट होगा।

पैरी नगरमें किसी घरकी भीत फट कर बाहरको ओर फूल उठी थी, लौहदण्ड द्वारा घर वेष्टित किया गया। इसके बाद लोहेके डण्डे गरम किये गये, खूब उत्तप्त हो जाने पर डण्डे क्रमसे अच्छी तरह कस दिये गये। ये दण्ड जिस समय क्रमसे शीतल हो कर सङ्कुचित होने लगे, तो उनके साथ भीत भी अंकुचित हो गई।

तरल पदार्थोंका प्रसरण हम प्रत्यक्ष देख सकते हैं। यह दो प्रकारका है—यथार्थ (real) और प्रत्यक्ष

(apparent)। किसी भी तापक्रमयन्त्रके वर्तुलाकार भागमें ताप देनेसे पारा नलमें चढ़ने लगेगा ; जितना चढ़ना देखेंगे, उतना ही उसका प्रत्यक्ष प्रसरण है। कारण तापसे पारद जिस तरह प्रसारित हुआ, उसी तरह वर्तुलाकार भाग भी ईषत् प्रसारित हुआ, इसलिए वर्तुलाकार भागमें अब पारदको पूर्वापेक्षा अधिक स्थान पूर्ण करना पड़ा, किन्तु यदि वर्तुलाकार भाग अपनी पूर्वावस्थामें ही रहता तो पारद नलके और भी ऊपर चढ़ता और यही पारदका यथार्थ प्रसरण कहलाता। इस तरह तरल पदार्थ किसी भी पात्रमें क्यों न रहे, तापसे तरल पदार्थके साथ उस पात्रका भी कुछ प्रसरण होता है। अतएव तरल पदार्थोंके प्रसरणमें हम लोग केवल प्रत्यक्ष प्रसरण ही देख पाते हैं।

तरल पदार्थोंका प्रसरण समस्त पदार्थोंके प्रसरणकी अपेक्षा अल्प-नियमानुयायी है ; तापक्रम जितना ही वाष्पीभाव-बिन्दुके समीपवर्ती होता है, उतना ही उसके नियमका व्यतिक्रम भी बढ़ने लगता है।

घन और तरल उभय प्रकारके कितने ही पदार्थोंमें प्रसरण-नियमका वैपरीत्य लक्षित होता है। गन्धक और किसी किसी मिश्रधातुके गलानेसे वह घनीभूत होनेके समय सङ्कुचित न हो कर प्रसारित होती है। जिस धातुसे छापनेके अक्षर बनते हैं, सांचेमें ढालनेके बाद शीतल होते समय वह अल्प प्रसारित हो कर अक्षरका अग्रभाग सुस्पष्ट रूपसे चिह्नित कर देती है।

तापके अंश लिख कर प्रकाश करने हों तो उनकी संख्याके दाहनी ओर कुछ ऊपरमें एक छोटी बिन्दी लगा देनी चाहिए। और शतांशिक, फारेनहीट अथवा रिमर जिस प्रणालीके अंश हों, उसके नामका आदि अक्षर लिखना चाहिये ; जैसे २७° श, ६०° फा, १२° रि अर्थात् शतांशिकके २७, फारेनहीटके ६० और रिमरके १२ अंश। शून्यसे नीचेका कोई अंश हो तो ऋण-चिह्न देना चाहिए ; जैसे—१५° श० अर्थात् शतांशिक तापमानके शून्यसे १५ अंश नीचे।

तरल पदार्थोंमें जल ही इसका उदाहरण-स्थल है। शतांशिक तापक्रमके ४° अंश पर्यन्त जल शीतसे संकुचित होता है। किन्तु जलका तापक्रम इसके नीचे जितना कम होता जाता है, उतना ही जल प्रसारित होता है। कारण ४° श०में जल गाढ़तम अर्थात् सबसे घनकी चरम सीमाको प्राप्त होता है। फिर चाहे इसे उत्तप्त करें या शीतल, यह प्रसारित ही होगा। जलमें यदि यह वैपरीत्य न होता, तो शीतप्रधान देशोंमें, शीतकालमें जो नद नदी ह्रद आदि तुषारावृत रहते हैं, उन सब नदीका जल जब तक बरफ न हो जाता तब तक ऊपरके जलका बरफ होना असम्भव होता। तलस्थ जलके बरफ हो जानेसे कोई जलचर ही जीवित न रहता। किन्तु ४° श०में जल गाढ़तम होनेसे बरफ, जिसका तापक्रम ०°श है। जलकी अपेक्षा लघु होनेके कारण उसके ऊपर तैरता रहता है और बरफ अपरिचालक है, इसके ऊपर रहनेसे बाहरका शीत निम्नस्थ जलमें प्रवेश नहीं करता। उस जलका तापक्रम ४°श रहता है और उसी जलमें मत्स्य एवं अन्यान्य जलचर जीवन धारण करते हैं।

वाष्पीय पदार्थोंका प्रसरण अन्य पदार्थोंके प्रसरणकी अपेक्षा अधिक नियमानुयायी है और समस्त वाष्पीय पदार्थोंमें प्रायः समभावसे होता है। यह प्रसरण तरल पदार्थोंके प्रसरणकी अपेक्षा १२ गुण अधिक होता है। वाष्पीय पदार्थोंके प्रसरणसे मानव-जीवनको सैकड़ों लाभ पहुंचते हैं। केवल मानव-जीवन ही क्यों, ऐसा कोई जीवन ही नहीं जो इसके अभावमें नष्ट नहीं होता हो।

जिसके अभावसे हम मुहूर्त मात्र भी जी नहीं सकते, उस वायुसे आक्रान्त रहने पर भी हम उसके ही अभावसे मर जाते। हम जो वायु निःश्वास द्वारा त्याग करते हैं, वह यदि प्रसरण गुणके कारण तत्क्षणात् ऊर्द्धगति न होती और उसके बदले यदि परिष्कार वायु न पाते, वही परित्यक्त वायु हमें फिर ग्रहण करनी पड़ती, तो उसके द्वारा हमारे जीवनका संहार हो जाता। मृदु मलयानिल वायुसे ले कर प्रचण्ड तूफान तक, सभी वायुगतियोंका यही एक मात्र कारण है। इसके सिवा इस वायुगतिके न होनेसे मेघ जहां उठते, वहीं अर्थात् समुद्रके ऊपर ही रह जाते, पृथ्वीके प्रायः समस्त देशोंमें अनावृष्टि होती, कृषिकार्य न चलता, इत्यादि अशेष-विध अमंगल होते। किन्तु तापके प्रसरण-बलसे पूर्वोक्त किसी भी प्रकारके अमङ्गल नहीं होते।

यहां प्रश्न हो सकता है कि जब ताप किसी पदार्थमें गूढ़ भावसे रहता है; तो उस समय क्या वह ताप नहीं कहलाता? हां, उस समय भी वह ताप कहलाता है; क्योंकि वहां पूर्वमें उसका अस्तित्व लक्षित हुआ है और पश्चात् भी उसका अस्तित्व दिखलाई देता है। अतएव अवस्था-विशेषमें दृष्टिगोचर न होने पर भी अनुमान किया जा सकता है कि वहां पर ताप वर्तमान है।

कोई एक गोला ऊपर फेंका गया, वह नीचे न गिर कर किसी छत पर या किसी उच्च भूमि पर रह गया, उसका पतन उस आधार संयोगसे न हुआ, तो क्या यह कहा जायगा कि उसकी पतनशक्ति नष्ट हो गई? नहीं, कारण आधार-शून्य होते ही वह गोला अपने आप जमीन पर गिरेगा। क्षण भरके लिये उस आधारभूमिने उस गोलेकी पतनशक्तिका प्रतिरोध किया था, तुल्यबलविरोधिताके कारण वह शक्ति उस समय प्रत्यक्षीभूत नहीं हुई थी। इसी तरह ताप भी समयाविशेषमें गूढ़ भावसे रहता है; वस्तु जमा हुई है, यह मालूम नहीं होता अर्थात् तापका कोई कार्य वहां दृष्टिगोचर नहीं होता, किन्तु अवस्थान्तरमें वह भली भांति लक्षित होता है।

ताप वस्तुओंकी अवस्थाओंका परिवर्तन करता है। पदार्थ जो घन, तरल और वाष्पीय इन तीन अवस्थाओंमें देखा जाता है, उनका कारण ताप ही है।

पदार्थ तापके संक्रमणसे घनसे तरल, तरलसे वाष्पीय तथा तापके अपसरणसे वाष्पीयसे तरल और तरलसे घन अवस्थामें परिणत होते हैं। बरफ, जल और जलीय वाष्प एक ही उपादानसे बने हैं, केवल तापभेदसे तीन अवस्थाओंमें परिणत हुए हैं।

लोहा इतना कठिन है, किन्तु ताप देनेसे वह भी गल जाता है। उससे भी अधिक ताप देनेसे वाष्प रूपमें परिणत हो जाता है।

समस्त पदार्थोंको इस अवस्थात्रयमें परिणत नहीं कर सकते। किन्तु हम नहीं कर सकते, इसलिए होता ही न हो, ऐसा नहीं वायु और हाइड्रोजन कभी अवस्थान्तरमें परिणत नहीं हुआ, अलकोहल कभी जमाया नहीं गया। किन्तु इसमें कोई सन्देह नहीं कि यथेष्ट ताप अपहृत किया जाय तो यह उद्देश्य सिद्ध हो सकता है। प्रकार तथा किसी किसी धातुके पदार्थ साधारण अग्निमें नहीं गलते, किन्तु तड़िताग्निमें कोई भी पदार्थ क्यों न हो, वह गल कर वाष्प हो जायगा।

ताप सभी वस्तुओंका एक रूपसे परिवर्तन करता है, अर्थात् यथेष्ट उत्ताप को जाने पर समस्त वस्तुएं वाष्पीभूत और यथेष्ट ताप अपहृत कर सकने पर समस्त वस्तुएं घनीभूत हो जाती हैं।

तरल पदार्थ दो प्रकारसे वाष्पीभूत होते हैं। साधारण तापक्रमसे भी उष्मशील तरल पदार्थ अनावृत अवस्थामें ऊपरके भागसे धीरे धीरे वाष्पाकारमें परिणत होते हैं और तापक्रमकी वृद्धिके साथ उस वाष्पीभावकी वृद्धि होती है। इसी कारण कोई पात्र जलपूर्ण कर अनावृत रखनेसे वह क्रमशः कम हो कर निःशेषित हो जाता है एवं जलाशयादि ग्रीष्मकालमें शुष्क प्राय हो जाते हैं। यही कारण है कि गीला वस्त्र हवामें रखनेसे शुष्क हो जाता है। इस वाष्पीय भावका नाम उत्स्वेदन (Evaporation) है। तापके संयोगसे किसी पदार्थका समस्त भाग जब वाष्पाकारमें परिणमनशील होता है और जब नीचेसे वाष्प त्वरित उद्गत होने लगता है, तब जो वाष्पीभाव होता है, उसका नाम स्फुटन है। इसे हम प्रत्यक्ष देख सकते हैं, किन्तु पूर्वोक्त उत्स्वेदन हरवक्त देखनेमें नहीं आता। ऊपर कहा जा चुका है कि, तरल पदार्थके वाष्पीभावमें परिणत होनेके लिए हर वक्त समान ताप नहीं लगता, भू-वायुका पेषण अल्प होनेसे अल्प ताप और अधिक होनेसे अधिक ताप लगता है। जहां भू-वायुका पेषण नहीं है, वहां जल और अलकोहल आदि किसी किसी तरल पदार्थके लिए बिलकुल तापकी जरूरत नहीं होती। एक जलपूर्ण पात्रको वायु-निष्काशक यन्त्रमें रख कर उसके भीतरी भागका शून्य कर सकनेसे जल अपने आप खौलने तो लगता है, पर जल उत्तप्त नहीं होता, वरन् शीतल होता रहता है। साधारणतया १००° ताप लगनेसे जल खौलता है, किन्तु उच्च उच्च पर्वतोंके ऊपर, जहां भू-वायुका पेषण अपेक्षाकृत अल्प होता है, वहां ८०° या ८५° में ही पानी उबलने लगता है।

इसके सिवा तापके और भी अनेक फल हैं। ताप रासायनिक संयोग और वियोगका एक प्रधान उत्तेजक है। तड़ित् चुम्बकाकर्षणके सम्बन्धमें तापके फल पीछे लिखे जायेंगे।

तापके कारण जड़वस्तुओंकी अवस्थान्तरोत्पत्ति—उत्तापसे कठिन द्रव्य द्रव होते हैं। काठ, कागज और पशम प्रभृति द्रव्योंको द्रव नहीं किया जा सकता। उष्ण करनेसे इनके समस्त उपादान पृथक् हो जाते हैं। बहुतोंकी धारणा है कि अङ्गारादि कतिपय द्रव्य गलाये नहीं जा सकते। किन्तु यह सिद्धान्त युक्तियुक्त नहीं मालूम पड़ता। अङ्गार कोमल अवस्थामें परिणत किया गया है; सम्भव है कि कालान्तरमें यह द्रवीभूत भी किया जा सकेगा। द्रव्यमात्र एक एक निर्दिष्ट परिमाणकी उष्णतामें द्रव होते हैं। ०° श (अथवा ३२° फा॰ परिमाण) उष्णतामें बर्फ गल कर पानी हो जाता है। भूतलस्थ सभी द्रव्यों पर वायुराशिका दबाव है। सागरपृष्ठकी वायुराशिका दबाव प्रायः ३० इञ्चके समान है। ३० इञ्च दबाव और ०° श उष्णतामें बर्फ गल जाता है, किन्तु अधिक दबाव होनेसे समधिक उष्णताके बिना नहीं गलता।

द्रवमाण वस्तुमें कितना ही ताप क्यों न दिया जाय उसकी उष्णता किसी तरह भी नहीं बढ़ती।

और भी देखनेमें आता है कि, द्रवमाण द्रव्य तथा उससे उत्पन्न द्रवकी उष्णता समान होती है। ०° श, अथवा ३२° फा परिमित उष्ण होने पर बर्फमें कितना भी ताप क्यों न दिया जाय, उसके तापकी वृद्धि नहीं होती। किन्तु इसी तापके प्रभावसे बर्फ द्रव हो जाता है। द्रवमाण बर्फसे जो जल उत्पन्न होता है, उसकी भी उष्णता ०° श अथवा ३२° फा होती है।

अतएव यह निश्चित है कि ०° श बर्फको ०° श जलमें परिणत करनेके लिए कुछ तेज अन्तर्हित होता है। यही अन्तर्हित तेज जलके अन्तर्गत अप्रत्यक्ष प्रच्छन्न या गूढ़ तेज कहलाता है। ८०° श प्रमाण उष्ण एक सेर जलके साथ ०° श प्रमाण उष्ण एक सेर जल मिलानेसे ४०° श प्रमाणका दो सेर जल प्रस्तुत होता है।

किन्तु ८०° प्रमाण उष्ण एक सेर जलमें ०° श प्रमाण एक सेर तुषार-चूर्ण मिला देनेसे ०° श प्रमाण उष्ण दो सेर जल होता है। इस तरह निश्चय होता है कि ०° श प्रमाण एक सेर बर्फ गल कर ०° श प्रमाण एक सेर जल होनेमें जो तेज अन्तर्हित होता है, उसके द्वारा एक सेर जलकी उष्णता ८०° अंश बढ़ाई जा सकती है। अन्यान्य कठिन द्रव्योंके द्रव होते समय भी ऐसा ही हुआ करता है। किन्तु समस्त द्रव द्रव्योंके अन्तर्गत अदृश्य प्रच्छन्न तेजका परिमाण समान नहीं होता।

०° श परिमाण उष्ण होने पर जिस प्रकार बर्फ गलकर उसका पानी हो जाता है, उसी तरह ०° परिमाण शीतल होनेसे पानी जम कर बर्फ हो जाता है। बर्फके द्रव होते समय जितना तेज अन्तर्हित होता है, जल जमते समय ठीक उतना ही तेज विनिर्गत होता है।

तात्पर्य यह है कि जितनी उष्णतासे कोई वस्तु द्रव होती है, ठीक उतनी ही उष्णतामें तदुत्पन्न द्रव द्रव्य पुनः घनीभूत होता है। और गलते समय जिस परिमाणमें तेज अन्तर्हित होता है, जमते समय भी उतना ही तेज निर्गत होता है। इसीलिए शीतप्रधान देशोंमें जब दारुण शीतके प्रभावसे जलाशयादिका जल जम कर बर्फ होने लगता है, उस समय उस हिममय जलके अन्तर्गत छिपा गूढ़ तेज प्रकाशित हो कर दुरन्त शीतका पराक्रम कुछ खर्व कर देता है।

द्रवीभूत होनेसे द्रव्यादिके आयतनकी वृद्धि होती है। १०० घन इञ्च गन्धकको गलानेसे वह १०५ घन इञ्च होता है, किन्तु बर्फ द्रव होनेसे संकुचित एवं जल जमने पर प्रसारित होता है। अन्यान्य तरल द्रव्य जमने पर भारी होते हैं, किन्तु जल जम कर बर्फ होने पर हलका हो जाता है, इसीलिए यह जलमें तैरती है। जल जमते समय विस्तृत होता है, इसीसे शीतप्रधान देशीय नद, नदी, ह्रद, समुद्र आदिका जल जम कर बर्फ होने पर वह ऊपर तैरा करता है एवं निम्नमें ४° श प्रमाण उष्ण जल रहनेसे मत्स्यादि जलचर जीवगण उसके प्रभावसे मरते नहीं। जल जम कर जब बर्फ होता है, तब उसकी आयतन वृद्धिके कारण प्रसारणशक्तिकी भी आश्चर्यजनक वृद्धि होती है। यदि किसी जलपूर्ण मोटेकी बोतलका मुख बन्द करके किसी अतिशय शीतल पदार्थके भीतर कुछ क्षणके लिए रक्खा जाय, तो

उसीमें उसके भीतरका जल बर्फमें परिणत हो जायगा एवं बर्फ होते समय उसके प्रसारणका बल इस तरह प्रबल हो उठेगा कि वह लौहमय पात्र फट जायगा। शीतप्रधान देशोंमें, रात्रिकालमें शीतके प्रभावसे जल-प्रणालीका जल जम जानेसे कभी कभी नल फट जाते हैं।

पर्वतोंके ऊपर जो वृष्टिका जल गिरता है, उसका कुछ अंश छिद्रादिमें प्रविष्ट होता है। पीछे शीत द्वारा जब वह तुषाररूपमें परिणत होता है, तब प्रसारणके कारण प्रस्तरखण्ड विदीर्ण हो जाते हैं।

कठिन द्रव्य उत्तप्त होनेसे वाष्प होते हैं। कागज, काठ प्रभृति कितने हो कठिन द्रव्योंको जैसे गलाया नहीं जा सकता, उसी प्रकार मेट और नारिकेल-तैल प्रभृति कतिपय तरल द्रव्योंको भी वाष्पीय रूपमें परिणत नहीं किया जा सकता ; उत्तापके कारण इनके उपादान पृथक् अथवा भिन्न प्रकारसे संयुक्त होते हैं। कर्पूर आयडीन (अरुणक) प्रभृति कतिपय कठिन द्रव्य द्रव न हो कर एक दम वाष्प हो जाते हैं। सभी वाष्पीय द्रव्य अधिकांश वर्णहीन और स्वच्छ होते हैं। केवल आयडीन प्रभृति कुछ द्रव्योंका वाष्प वर्ण-विशिष्ट होता है। वाष्प और वायुमें कोई विशेष प्रभेद नहीं है। वाष्पकी वायव्यता नैमित्तिक और वायुकी स्वाभाविक होती है।

जो पदार्थ स्वभावतः तरल होते हैं, उनके परिणामसे जो वायुवत् द्रव्य उत्पन्न होता है, उसे वाष्प कहते हैं। वायवीय वस्तुओंको तरह वाष्प भी स्थिति-स्थापक हैं। उष्णता और दबावके तारतम्यानुसार वायवीय द्रव्योंमें आयतन-वृद्धिका जैसा तारतम्य है, वाष्प-समूहका भी ठीक वैसा ही तारतम्य हुआ करता है।

शतांशिकके एक अंश परिमाणमें उष्णताको वृद्धि होनेसे वायवीय और वाष्पीय वस्तुओंका आयतन २७३, या •००३६६५ परिमाणमें वर्द्धित होता है, अर्थात् १ घन इञ्च या १ घन फुट किसी वायु या वाष्पकी उष्णता यदि १°श बढ़ाई जाय, तो उसका आयतन २७३या१•००३६६५ घन इञ्च या घनफुट प्रमाण होगा। इस तरह २७३ अंश प्रमाण तापको वृद्धि होनेसे ताप दुगुना हो जायगा।

जिस तरह कठिन द्रव्योंके द्रव करनेमें समान उत्ताप प्रयोग नहीं होता, उसी तरह द्रव द्रव्योंके वाष्प करनेमें भी समान उत्तापकी आवश्यकता नहीं होती। भिन्न भिन्न द्रव द्रव्य भिन्न भिन्न उष्णतामें वाष्पाकार धारण करते हैं। सुरासार, जल, तार्पीनतैल और पारा इन द्रव द्रव्योंको खौलानेके लिये यथाक्रमसे फारनहीटके १७३°, २१२°, ३१६° और ६६०° अंश परिमित गरम करना चाहिए।

एक जातिकी कठिन वस्तुएं जिस तरह एक प्रकारकी उष्णतामें द्रव होती हैं उसी तरह एक जातिकी द्रव वस्तुएं भी समान परिमाणमें उष्ण होनेसे उबलने लगती हैं। जैसे—सब देशों और सब समयोंमें १००° श या २१२° फा प्रमाण उष्ण होनेसे पानी खौलने लगता है।

पहले लिखा जा चुका है, कि भूतलस्थ सभी पदार्थ पर वायु-राशिका दबाव है। उस दबावका अतिक्रम बिना किये द्रव द्रव्य कभी खौल नहीं सकते। वास्तवमें जब किसी द्रव द्रव्य सम्भूत वाष्पकी प्रसारण-शक्ति वायु-राशिके दबावके समान होती है, तभी वह खौलता है।

जब वायुराशिका दाब ३० इञ्च पारदके समान होती है, केवल उसी समय फारनहीटके २१२° अंशमें जल उबल उठेगा। दाबके न्यूनाधिक होनेसे स्फुटन-विन्दुका (Boiling point) भी न्यूनाधिक्य होता है।

पर्वतोंके ऊपर वायुराशिका दबाव अपेक्षाकृत अल्प होनेसे वहां अपेक्षाकृत अल्प उत्तापसे जल खौलाया जा सकता है।

परीक्षाके द्वारा निरूपित हुआ है कि जितना ऊंचा चढ़ा जायगा, उतना हो प्रति ५२० फुटमें स्फुटनविन्दु फारनहीटका १ अंश कम होता जायगा। पर्वतोंको उच्चता नापनेका यही एक उपाय है।

वायुनिष्काशन-यन्त्रके आवरण-पात्रके भीतर एक जल-पूर्ण पात्र रख कर वायु निकाल देनेसे पात्रस्थित जल ७०° फा परिमित उष्णतासे भी जोरसे खौलने लगता है। फलतः ऐसा कोई नियम नहीं कि उष्ण होनेसे जल उबलता है या उबलनेसे जल गरम होता है।

द्रव द्रव्य जब खौलने लगते हैं, तो उन्हें कितना हो उत्तप्त क्यों न किया जाय, किसी तरह भी उनकी उष्णता …

वृद्धि नहीं होगी। और भी देखा जाता है कि द्रवमान कठिन द्रव्य और उनसे उत्पन्न द्रव द्रव्योंकी उष्णता जिस तरह बिलकुल अभिन्न है, खौलते हुए द्रव्य और उनसे उत्पन्न वाष्पकी उष्णता भी ठीक उसी तरह समान है। विशुद्ध जल २१२° फा उष्ण होनेसे उबल उठता है एवं एक बार खौल उठने पर भी जितना उत्ताप दिया जाय, उसके द्वारा उष्णताकी कुछ भी वृद्धि नहीं होती। और खौलते जलसे जो वाष्प उत्पन्न होता है उसकी उष्णता भी ठीक २१२° फा रहती है। अतएव यही प्रतीत होता है कि कठिन द्रव्यके द्रव होते समय जिस तरह किञ्चित् परिमाणमें तेज अप्रत्यक्ष रहता है, उसी तरह द्रव द्रव्यके वाष्प होते समय भी तेजका कियदंश प्रच्छन्न रह जाता है। जिस परिमाणमें ताप देनेसे १ दण्डमें तुषारशिम जल खौल उठता है, उसी परिमाणमें फिर ५½ दण्ड काल उत्ताप न देनेसे वह वाष्प नहीं होता, अर्थात् हिम जलको ३२° फारनहीटसे २१२° फा प्रमाण उष्ण करनेमें जितने तापका प्रयोग करना पड़ता है, २१२° फा प्रमाण उष्ण जलको वाष्पमें परिणत करनेके लिये उसकी अपेक्षा ५·४ गुणा अधिक ताप प्रयोग करनेकी आवश्यकता होती है। अतएव जलीय वाष्पके अप्रत्यक्ष गूढ़ तापका परिमाण प्रायः १८०° ५·४=८७२° फा हुआ। ०° श एक सेर जलके साथ १००° श एक सेर जल मिश्रित करनेसे ५०° श प्रमाण उष्ण दो सेर जल प्रस्तुत होता है किन्तु १००° श एक सेर जलीय वाष्पको शीतल जलके मध्यस्थित किसी नलके द्वारा परिचालित कर १००° श एक सेर जल उत्पादन करनेसे इतना तेज निकलता है कि उसके द्वारा ५·४ सेर जल १° शसे १००° तक उष्ण होता है। सुतरां जलीय वाष्पका अप्रत्यक्ष तेज परिमाण हुआ १०० ५·४=५४०° श या ५७२ फा।

और भी देखा जाता है कि जलके वाष्प होने पर जो तेज अप्रत्यक्ष होता है, वही तेज जलीय वाष्पके घनीभूत हो कर जल होनेमें पुनः प्रकाशित होता है।

जो द्रव्य जलमें द्रवीभूत हो कर रहते हैं, जलके बर्फ या वाष्प होने पर उन सबकी निर्मुक्ति हो जाती है। बर्फके द्रव या वाष्पके घनीभूत होनेसे जो जल पैदा होता है, वह इसीलिये विशुद्ध है। वृष्टिका जल भी इसी कारणसे शुद्ध है। अधिकांश विशुद्ध जल प्रस्तुत करनेके लिये जलाशयादिका जल ले कर उसे उत्ताप द्वारा वाष्प बनाते हैं और उस वाष्पको घनीभूत करके पुनः जल बनाया जाता है। इस तरह जो जल तैयार होता है, उसे तापका जल कहते हैं।

द्रव द्रव्यके ऊपरी भागसे सर्वदा ही वाष्प उत्थित हुआ करता है। यह सभी जानते हैं कि, नदी झील तालाबादिके पृष्ठदेशसे नित्य ही वाष्प उत्थित होता है। वायुकी न्यूनाधिकतासे वायुनिःसरणमें भी न्यूनाधिक्य हुआ करता है। जलादिके ऊपर वाष्पराशिका दबाव जितना अल्प होता है, उतना ही वाष्प निःसरण अधिक हुआ करता है। वायु-निष्काशन-यन्त्रमें किञ्चित् ईथर नामक तरल द्रव्य रख कर वायु-निष्काशन करनेसे वाष्प इतने जोरसे निकलने लगता है कि फिर वह शीघ्र ही उबल उठता है। फलतः वाष्प परिणामशील द्रव द्रव्यमात्र ही वायुविहीन स्थलमें पहुंचते ही उसी समय वाष्परूपमें परिणत हो जाता है।

यूडिकलोन, ईथर आदि शीघ्र वाष्प-परिणामशील वस्तुओंके स्पर्शसे शरीर शीतल होता है। इसका कारण यही है कि ये वस्तुएं वाष्प होते समय शरीरसे तेज ग्रहण करती हैं। वृष्टिके बाद वायु शीतल हो जाती है, क्योंकि वर्षाके समस्त जलकण भूमि और वायुसे तेज ले कर वाष्प होते हैं। ग्रीष्मऋतुमें सुराहीमें जल रखनेसे वह साधारण जलकी अपेक्षा अधिक शीतल हो जाता है। इसका कारण यही है कि जलकण सुराहीके छिद्रोंमें प्रवेश करते हैं और बाहर निकल कर वाष्प-रूपमें परिणत होते समय भीतरके जलसे तेज खींच लेते हैं। इसी लिए जल शीतल हो जाता है। सुराहीका जल हवामें रखनेसे और भी अधिक शीतल होता है। धनाढ्य व्यक्तियोंके मकानोंमें पंखा और पानीसे भीगी हुई खसखसके द्वारा जो तरावट की जाती है, उसका कारण वाष्प होते समय जल-बिन्दुओं द्वारा तेज ग्रहण किया जाना ही है।

ताप-संचालन—परिचालन, परिवाहन और विकिरण तीन प्रकारसे एक स्थानका ताप दूसरे स्थानमें लाया जा सकता है। इस बातको तो सभी जानते हैं कि लोहेके डण्डेका एक किनारा आगमें रखनेसे क्रमशः दूसरा किनारा भी उत्तप्त हो उठता है।

जिस गुणके कारण जड़ द्रव्यके परमाणु इस प्रकारसे ताप संचालन करते हैं, उसका नाम परिचालकता है। और जिस क्रियाके द्वारा इस तरहसे एक कणसे दूसरे कणमें ताप संचालित होता है, उसका नाम परिचालन है। इन वस्तुओंको जो ताप-परिचालन कर सकती हैं, ताप-परिचालक कहा जाता है।

सब द्रव्योंको परिचालकता एकसी नहीं होती। वाष्प और द्रव-द्रव्योंकी अपेक्षा कठिन वस्तुएं अधिक ताप-परिचालक हैं और कठिन वस्तुओंमें भी धातुद्रव्योंकी परिचालन-शक्ति सबसे अधिक है। चांदी, तांबा, सोना, पीतल, रांग, लोहा, फौलाद, सीसा और प्लाटिनम् ये कुछ द्रव्य विशेष परिचालक हैं। इनमें भी अगलोंकी अपेक्षा पिछलोंकी परिचालन-शक्ति कुछ कम है। धातुद्रव्योंकी अपेक्षा पत्थर और कांचकी परिचालक-शक्ति बहुत कम है, तथा कोयला काठ, बर्फ, बालू इत्यादि द्रव्योंकी परिचालक शक्ति और भी कम है। किसी बड़े लोहेके डण्डेके एक प्रान्तमें अग्नि प्रयुक्त होनेसे दूसरा प्रान्त इतना उत्तप्त हो उठता है कि स्पर्श नहीं किया जा सकता; किन्तु किसी प्रज्वलित लकड़ी जिस ओर जलती है उसी ओर अग्निके पार्श्वमें हाथ देनेसे भी कुछ नहीं होता। इसी तरह कोयलेका एक भाग अग्निमय हो उठने पर भी अन्य भाग द्वारा वह सहजमें ही पकड़ा जा सकता है। कांचका एक भाग अग्निमें गल कर द्रव होने पर भी दूसरा भाग जरा भी उत्तप्त नहीं होता।

रुई, रेशम आदि द्रव्योंकी परिचालक शक्ति इतनी कम है कि यदि इन्हें अपरिचालक कहा जाय तो भी अत्युक्ति न होगी। जिन वस्तुओंकी परिचालक शक्ति कम है, उनके द्वारा ही पहननेके कपड़े बनाने चाहिये, क्योंकि ऐसा करनेसे शीतकालमें शरीरका तेज निकल कर बाहर नहीं जा सकता और ग्रीष्मकालमें बाहरका तेज शरीरमें प्रवेश नहीं कर सकता। कम्बलमें बर्फ लपेट रखनेसे वह जल्दी गलता नहीं, कम्बलकी दुर्बल परिचालकता ही इसमें कारण है।

ताप-परिवाहन—तरल और वायवीय द्रव्योंके भीतर हो कर तेज परिचालित नहीं होता, यही कारण है जो किसी जलपूर्ण पात्रके ऊपरी भागमें ताप प्रयोग करनेसे नीचेका जल कुछ भी उष्ण नहीं होता।

हां, किसी बरतनमें जल रख कर उसके नीचे आग देनेसे जो सारा जल गरम हो जाता है, उसका दूसरा कारण है। तापके संयोगसे पहले नीचेका जल गरम होता है। गरम होनेसे हलका होता है और इसीलिये वह ऊपर उठता है। इस प्रकार नीचेका हलका जल ऊपर आनेसे ऊपरका शीतल और भारी जल नीचे जाता है और कुछ ही क्षणमें गरम हो कर फिर ऊपर आता है। इसी प्रकार ऊर्द्ध्व-प्रवाह और अधः-प्रवाह द्वारा बर्तनका समस्त जल उष्ण हो जाता है। तरल द्रव्योंमें जिस गुणके होनेसे ऊर्द्ध्व और अधः-प्रवाह द्वारा उनके परमाणु-समूह ताप प्रवाहित करते हैं, उसका नाम है परिवाहकता। इस तरहके ताप-सञ्चालित होनेको परिवाहन कहते हैं।

द्रव द्रव्योंकी अपेक्षा वायवीय द्रव्योंकी परिवाहक शक्ति अधिक प्रबल है। वायु अथवा वायुवत् वस्तु-परिपूर्ण किसी पात्रके नीचे आग जलानेसे ऊपर कहे अनुसार ऊर्द्ध्व और अधः-प्रवाहके कारण उसके भीतरकी वायु क्षणकालमें ही अतिशय उष्ण हो उठती है और इसीलिये अंगीठीसे धूममय उष्ण वायु ऊपर उठती है तथा चारों ओरसे शीतल वायु आ कर उसका स्थान पूर्ण कर देती है। यही वायु फिर अंगीठीके अग्नि-स्पर्शसे उष्ण हो कर ऊर्द्ध्वगामी होती है और फिर चारों ओरसे वायु आकर उसका स्थान अधिकार करती है। फलतः किसी स्थानकी वायुके किसी भी कारणसे उष्ण हो कर ऊर्द्ध्वगामी होने पर ही चारों ओरसे वायु आकर उसका स्थान अधिकार करती है। इसी कारण बाहरकी वायु सूर्य-रश्मिके स्पर्शसे उष्ण होती है। रवि-किरणों द्वारा बाहरकी वायुके उष्ण हो कर ऊर्द्ध्वगामी होने पर उसका स्थान पूर्ण करनेके लिए गृह आदिसे शीतल वायु प्रवाहित होती है और ऊर्द्ध्वदेशसे उष्ण वायु गृहमें प्रवेश करती है। इस प्रकार कुछ काल तक भीतरसे बाहर और बाहरसे भीतर वायु-प्रवाह प्रवाहित होते रहनेसे अन्तमें बाहर और भीतरकी वायु समान उष्ण हो जाती है। इसलिए ग्रीष्मकालके मध्याह्न समय में मकानके दरवाजे और खिड़कियां बन्द रखनी

चाहिए। यह परिवाहन ही समस्त वायु-प्रवाहोंका एक प्रधान कारण है। वाणिज्य-वायु, मौसमी वायु आदि सभी वायुप्रवाह इसी तरह उत्पन्न होते हैं।

ताप-विकिरण—यदि किसी धातुद्रव्यके ऊपर कोई उत्तप्त अयःपिण्ड रखा जाय, तो उसके तापका कुछ अंश आधार-द्रव्य द्वारा परिचालित होता है, कुछ अंश चारों ओर स्थित वायु द्वारा प्रवाहित होता है तथा अवशिष्ट अंश किरणरूपमें चारों ओर निक्षिप्त हो कर पार्श्ववर्ती द्रव्यादि द्वारा परिगृहीत होता है। इस कारण यह अयःपिण्ड क्रमशः शीतल हो कर चारों ओरकी वायुके समान उष्ण हो जाता है। जिस क्रियाके द्वारा द्रव्यादिका तेज किरणाकारमें चतुर्दिक् विकीर्ण होता है, उसे विकिरण कह सकते हैं। अग्निके सामने खड़े होनेसे उसकी तैजस किरणोंके शरीर पर पड़ने तथा शरीर द्वारा परिशोषित होनेसे उष्णताकी उपलब्धि होती है। सूर्यका तेज किरणके रूपमें आ कर पृथ्वी पर पतित होता है, परिचालित या परिवाहित हो कर नहीं आता।

सूर्यकी किरणें वायुराशिमें हो कर पृथिवी पर पतित होती हैं, किन्तु उनके द्वारा वायुराशिकी उष्णताकी वृद्धि वैसी नहीं होती। पृथ्वीके ऊपरसे तेज प्रतिफलित परिचालित और परिवाहित हो कर उसे उष्ण करता है, इसीलिए वायुमण्डलका अधोदेश मात्र ही उष्ण है; तदूर्ध्व प्रदेश अतिशय शीतल है। सब वस्तुओंकी विकिरणशक्ति समान नहीं होती। कालिखकी विकिरण-शक्ति सबसे अधिक है। इसीलिए किसी द्रव्यके ऊपरी भागमें कालिख पोत देनेसे उसकी विकिरणशक्ति अधिक प्रबल हो जाती है। परीक्षा द्वारा निरूपित हुआ है कि जो द्रव्य जिस परिमाणमें तेज परिशोषण करता है उसकी विकिरण-शक्ति भी ठीक उसी परिमाणमें प्रबल होती है। तैजस किरणें उज्ज्वल और चिकने धातु-द्रव्यके ऊपर पतित होते ही प्रतिफलित हो जाती हैं। इसी कारण उनके द्वारा तेज परिशोषित नहीं होता, सुतरां उनकी विकीरणशक्ति भी नितान्त अल्प होती है। ऐसा नहीं है कि अतिशय उत्तप्त होने पर द्रव्योंसे तेज विकीर्ण नहीं होता। गरम हो या ठण्डे, समस्त द्रव्य, सदैव तेज विकीर्ण करते हैं। बर्फ जो इतना शीतल है, यह यदि ठोस पारे या ऐसा ही किसी बर्फसे ठण्डी वस्तुके निकट रख दिया जाय तो उससे भी इतना तेज निकलता है कि उस हिममय पारेकी उष्णताकी वृद्धि होती है। जो वस्तु जितना तेज विकीर्ण करती है, उसके ऊपर अन्यान्य पदार्थोंसे यदि ठीक उसी परिमाणसे तेज विकीर्ण हो कर पतित हो तो उसकी उष्णतामें किसी प्रकारका परिवर्तन घटित नहीं होता, इसके अन्यथा होनेसे ही न्यूनाधिक्य होता है। समस्त तप्त पदार्थ तेज विकिरण करनेके बाद शीतल हो जाते हैं। इसका कारण यह है कि चारों ओरके पदार्थोंसे उत्तप्त द्रव्य जिस परिमाणमें तेजकी किरणें पाते हैं, उसकी अपेक्षा अधिक परिमाणमें तेज उनके द्वारा चारों ओर विक्षिप्त होता है।

यहां पर विवेचना कर देखनेसे प्रतीत होगा कि केवल उष्ण पदार्थोंके स्पर्शसे ही द्रव्य उत्तप्त नहीं होते, वरन् गरम वस्तुओंसे दूर रक्खे जाने पर भी ठण्डे पदार्थ गरम हो जाते हैं, गरम पदार्थोंके तेज, परिवाहन करनेसे पदार्थ गरम हो जाते हैं। गरम पदार्थोंके तेजका परिचालन या परिवाहन करनेसे पदार्थ जिस तरह उष्ण हो जाते हैं, उनके द्वारा निक्षिप्त तैजस-किरणका शोषण करके भी उसी तरह उष्ण हो सकते हैं। शीतल पदार्थोंके स्पर्शसे उष्ण द्रव्य जिस तरह शीतल होते हैं तेज-विकिरण द्वारा भी वैसाही होता है।

यह विकिरण-शक्ति ओसकी उत्पत्तिका प्रधान कारण है। रात्रिमें धरातलकी समस्त वस्तुओंके वायुमण्डलकी अपेक्षा अधिक शीतल होनेसे वायुके भीतरका कुछ अंश घनीभूत हो कर शिशिर विन्दुओंके रूपमें पदार्थोंके ऊपरी भागमें बिखर जाता है। वाष्पीय वस्तुओंके सम्बन्धमें अब तक जो कुछ लिखा गया है, विवेचना कर देखनेसे उससे जाना जायगा कि दिनमें सूर्य-किरणों द्वारा धरापृष्ठके उत्तप्त हो जानेसे वायुमें जितना वाष्प रह सकता है, रात्रिकालमें तेज विकीर्ण कर पृथ्वीके अधिक शीतल हो जाने पर उसके ऊपरकी वायुमें उतना ही वाष्प रहे, यह किसी प्रकार सम्भव नहीं। उष्णताका जितना ही ह्रास होता है, वायुमण्डलमें उतना ही कम वाष्प रह सकता है, अर्थात् उतने ही अल्प वाष्प द्वारा वायुराशि

परिमित होती है। सुतरां वायु दिनमें जो भाप रहती है, रातमें शीतल होनेसे यदि वह परिमित हो उठे तो शीतल द्रव्यके स्पर्शमात्रसे ही उसके भीतरके वाष्पका कुछ अंश घनीभूत हो कर ओसके रूपमें परिणत हो जाता है। वायुमें जितने अधिक परिमाणमें वाष्प रहता है, उतने ही अल्प परिमाणमें शीतल होने से ओस उत्पन्न होती है। यही कारण है कि ग्रीष्मकालमें दिनमें वायुमण्डल अत्यन्त उत्तप्त होता है। किन्तु रात्रिमें उतना ठण्डा नहीं होता, इसीलिए वायुका वाष्प ओसके रूपमें परिणत नहीं होता।

जिन वस्तुओंको विकिरण-शक्ति अधिक प्रबल होती है, वे सब रात्रिकालमें अधिक शीतल हो जाती हैं; इसी कारण उन सब वस्तुओंमें अधिक ओस इकट्ठी होती है। सभी धातुओंकी विकिरण शक्ति अत्यन्त अल्प है, इसीलिए उनमें विशेष ओस नहीं ठहरती, किन्तु मिट्टी, काँच, बालू, पेड़ोंके पत्ते, ऊन प्रभृति द्रव्योंकी विकिरण-शक्ति अधिक होनेके कारण उनके ऊपर प्रचुर परिमाणमें ओस सञ्चित होता है।

तापके उत्पत्तिस्थान—समस्त जड़ द्रव्योंके परस्पर संघर्षणसे ताप उत्पन्न होता है। प्राचीन कालमें आर्य लोग अरणि-घर्षण द्वारा अग्नि उत्पन्न करते थे। असभ्य लोग दो काठोंको आपसमें घिस कर आग जलाते हैं। घिसनेसे दियासलाई जल उठती है। चकमक पत्थर और इस्पातमें परस्पर चोट करनेसे आगकी चिनगारियां निकलती हैं। बर्फ यद्यपि इतना शीतल है। तथापि घर्षण करनेसे उष्ण हो जाता है।

संकोचन—जिस तरह तापके निकल जानेसे वस्तु सिकुड़ जाती है, उसी तरह वस्तुके सिकुड़ने पर ताप निकलता है। सङ्कोचनसे आयतनका जितना ही ह्रास होगा, उष्णताकी भी उतनी ही वृद्धि होगी। वारि-घटित पेषण-यन्त्र द्वारा किसी ठोस वस्तुके ऊपर दबाव डालनेसे वह आकुञ्चित और उत्तप्त होता है। जल और तेल संकुचित होनेसे गरम होते हैं।

आघात—यह सभी जानते हैं कि आघात-प्राप्त होनेसे समस्त जड़ द्रव्य उष्ण होते हैं। निहाईके ऊपर सीसेका एक टुकड़ा रख, उस पर हथौड़ेकी चोट करनेसे सीसेके परिमाणु विकम्पित हो कर उत्तप्त हो जाते हैं। कभी कभी वेगसे आनेवाली बन्दूककी गोलीके किसी कठिन पदार्थ पर पतित होने पर भी आग उत्पन्न होती है। पतनशील वस्तुके भूतल पर पतित होनेसे उसकी दृश्यमान गतिके रुक जाने पर अदृश्यमान आणविक गति या ताप उत्पन्न होता है।

पदार्थशास्त्रके विद्वानोंने परीक्षाके द्वारा यह प्रमाणित किया है कि कोई एक सेर भारी पदार्थ १३८२ फुटसे अथवा १३८२ सेर भारी पदार्थके १ फुट ऊँचेसे गिरनेमें जो वेग प्राप्त होता है, उसके तिरोहित होने पर इतना ताप उत्पन्न होता है कि उसके द्वारा १ सेर जलकी उष्णता शतांशिक तापमानको १° बढ़ाई जा सकती है।

रासायनिक संयोग—लकड़ी आदिसे जो अग्नि प्राप्त होती है, उसमें जलनेवाले पदार्थके साथ वायुमें रहनेवाले अक्सिजनका रासायनिक संयोग ही इसका कारण है। दीपक आदिसे जो प्रकाश निकलता है, वह भी तेल आदिके अङ्गारके सहित वायुके अक्सिजनके संयोग होनेसे उत्पन्न होता है। हम जो आगकी लपट देखते हैं वह केवल अत्यन्त गरम वाष्प है। वाष्प या वायवीय द्रव्य अधिक उत्तप्त होनेसे अग्नि शिखाके समान ही दिखाई देते हैं।

तड़ित्—बिजलीसे भी ताप उत्पन्न होता है। वज्रकी अग्नि भी इसी बिजलीकी आगका रूपान्तर मात्र है।

जीवदेह—जीवका शरीर भी तापका एक उत्पत्तिस्थान है। हमारे शरीरकी उष्णता चारों ओरकी वायुके समान नहीं है। क्या अरब देशका बालुकामय मरुप्रदेश और क्या तुषारमण्डित सुमेरु-शिखरके निकटवर्ती प्रान्त, सब जगह मनुष्य-शरीरकी उष्णता फारेनहीटके ९८ अंश होगी।

भूगर्भ—ज्वालामुखी पहाड़ोंसे निकली अग्नि और झरनोंके जलकी उष्णता देख कर विदित होता है कि पृथ्वीका भीतरी भाग अग्निमय पदार्थों से परिपूर्ण है। सूर्यके उत्तापसे तो सिर्फ दो तीन फुट ऊपरकी मिट्टी रात्रिकी अपेक्षा दिनमें अधिक उष्ण हो जाती है। ग्रीष्मकालमें शीतकालकी अपेक्षा कुछ अधिक दूर नीचे तक पृथ्वी उष्ण विदित होती है। जो हो ६०, ७० या १००

फुटसे अधिक नीचे सूर्यरश्मिका प्रभाव अनुभव नहीं होता। फ्रान्स देशकी राजधानी पेरिस नगरके मान-मन्दिरके ५८ फुट नीचे एक तापमानयन्त्र लगा है। जाड़ा गर्मी, शीत, हिम कभी भी उसके भीतरके पारेका चढ़ाव उतार नहीं देखा जाता। भूपृष्ठके सभी स्थानोंमें कुछ दूर नीचे एक ऐसा स्थान है जहां शीत, हिम, जाड़ा गर्मी, कभी भी उष्णतामें घटती बढ़ती नहीं होती। इस स्थानके ऊर्द्ध्व भागमें और और अधोभागमें पार्थिव तेजका प्रादुर्भाव देखा जाता है। इसे चिर-समोष्णस्थान कहते हैं, इस चिर-समोष्णस्थानकी उष्णता सब जगह एकसी नहीं है। भारतवर्षमें समोष्णरेखामें जो उष्णता है, उसके निम्नस्थ चिर-समोष्णस्थानमें भी वही उष्णता देखी जाती है। चिर-समोष्णस्थानसे जितना नीचे जाया जाय, उतने ही औसतन प्रति ६० फुटमें १° फारनहीटके हिसाबसे उष्णताकी वृद्धि होगी। इसीसे माना जाता है कि पृथ्वीके गर्भमें कुछ नीचे तापका इतना प्रादुर्भाव है कि वहां पर ले जाने पर लोहा गल कर पानीकी तरह हो सकता है।

सूर्य—जिन सब तेजोंका अब तक वर्णन किया है, और तेजके सामने वे नितान्त तुच्छ ज्ञात होते हैं। सूर्य ही तापका आदि-कारण है। उन्हींसे हम ताप और प्रकाश पाते हैं। किन्तु सूर्यने ताप और प्रकाश कहांसे पाया, यह हम नहीं जानते। ताप और प्रकाश सम्बन्धी जितने व्यापार हैं, सब सूर्य्यहीसे सम्पादित होते हैं। दीप-शिखा और ईंधनकी आगमें भी सूर्य्य ही प्रकाशमान है। दावाग्नि, वज्राग्नि और बिजलीकी अग्नि इन सबमें भगवान् भास्कर ही विराजमान हैं। उन्होंने ही सागरको जलका शरीर और वायुको वाष्पीय आकार प्रदान किया है। वे ही समुद्रके जलको वाष्प रूपमें परिणत कर मेघ उत्पन्न करते हैं। उन्होंने नवपल्लवोंसे तरु-लताओंको सुशोभित किया है। वे ही तेजके रूपमें प्रकट हो कर पुनः तेज-रूपमें अन्तर्धान होते हैं। उन्हींके आगमन और गमनकालमें समस्त प्राकृतिक व्यापार सम्पादित होते हैं।

अनुमितिग्राह्य ताप—जो ताप स्पर्शशक्ति या तापमान यन्त्र किसीसे लक्षित नहीं होता और उसकी सत्ताकी उपलब्धि होती है, उसीका नाम गूढ़ या अनुमितिग्राह्य ताप है। तापसे अनेक पदार्थ गल जाते हैं। यह देखा जाता है जब तक पदार्थोंके गलनेका कार्य सम्पूर्ण रूपसे समाप्त नहीं हो जाता, तब तक उसका तापक्रम स्थिर और समभावसे रहता है। ताप दिया जाता है किन्तु तापमानमें उसका कोई लक्षण ही नहीं देखा जाता, इसका कारण क्या है? समस्त पदार्थ गलते समय कुछ ताप शोषण करते हैं, किन्तु यह ताप जाता कहां है, और वह लक्षित ही क्यों नहीं होता? यह ताप उस पदार्थको तरल अवस्थामें रखनेमें पर्यवसित रह जाता है। जब पदार्थ तरल हो जाता है, तो उस तापको उस कार्यके करनेकी आवश्यकता नहीं रहती। सुतरां तापमान स्पष्ट किया जा सकता है। इसकी पहली अवस्थामें अर्थात् पदार्थके तरल होते समय ताप अलक्षित रहता है, किन्तु यदि वह न होता तो उस पदार्थको तरल अवस्थामें रखनेमें और कौन समर्थ हो? इस प्रकार अनुमान करनेसे उसकी सत्ताकी उपलब्धि होती है, जान कर इसे अनुमितग्राह्य ताप कहा जाता है। यह और भी स्पष्ट किया जा सकता है। देखा जाता है कि यदि आध सेर जल जिसका तापक्रम ८०° और आध सेर जल जिसका तापक्रम ०° है, उन्हें एकत्रित किया जाय तो इनके मिश्रणका तापक्रम ४०° होता है। किन्तु यदि आधसेर चूर्णित बर्फके साथ जिसका तापक्रम ०° है और आधसेर जल जिसका तापक्रम ८०° हो, मिलाया जाय तो बर्फ गल जायगा। इस मिश्रणसे जो एकसेर जल प्रस्तुत होगा, उसका तापक्रम ०° ही होगा। यहां ०° का आधसेर बर्फ अपने तापक्रमसे अर्थात् ०°से कुछ भी अधिक नहीं बढ़ा, तब वह ८०° ताप गया कहां? वह बर्फके जल बनानेमें लग गया। सुतरां समान परिमाणके बर्फके समान तापक्रमको जलमें परिणत करनेके लिए जितना ताप आवश्यक होता है, वह उतने ही परिमाण जलको ८०° तक उष्ण कर देता है। तापका यही परिमाण गूढ़ या अनुमितिग्राह्य ताप कहलाता है। बर्फके जमते समय जितना ताप लगता है उतना ही अधिक समय उसे जमानेमें लगता है क्योंकि जब तक बर्फमें तापका यह परिमाण बाहर न निकल जायगा तब तक वह जम नहीं सकता।

आपेक्षिक ताप—एक ही तापक्रमके दो विभिन्न पदार्थोंको एकसे पात्रमें समान दूरी पर रख, एक साथ एक ही आगका एकसा ताप दो तो उन दोनों पदार्थोंके तापक्रममें अन्तर देखा जायगा। पारद और जल इसी तरह रखनेसे देखेंगे कि जलकी अपेक्षा पारद अधिक उत्तप्त हो जाता है।

पारेको ०° तापक्रमसे किसी निर्दिष्ट तापक्रम तक उठानेके लिए जितना ताप लगता है, उतनेसे नहीं होगा; अर्थात् पारा और पानीको समान तापक्रम तक उष्ण करनेमें पारेकी अपेक्षा जलके लिये अधिक ताप आवश्यक होगा। इसी तरह यदि समान परिमाणका पारा और पानी १००°से शीतल करना शुरू किया जाय तो पारेके बराबर शीतल होनेमें पानीको अधिक समय लगेगा। ठीक इसी तरह जल पारदके समान उष्ण होनेमें जितना अधिक ताप लेगा, उसके बराबर शीतल होनेमें उतना ही अधिक ताप त्याग भी देगा।

जब एक तापक्रमके एक पदार्थके साथ दूसरे पदार्थका मिश्रण किया जाय और दोनोंका परिमाण एक ही हो, तो उनके तापक्रममें विशेष अन्तर पड़ जाता है। यदि १००° तापक्रमका आधसेर पारद ०° तापक्रमके आधसेर पानीमें मिलाया जाय तो मिश्रणका तापक्रम करीब ३° होगा, अर्थात् पारदका तापक्रम ८७° कम हो कर पानीका तापक्रम केवल ३° बढ़ेगा। सुतरां बराबर तौलके पानी और पारेको बराबर तापक्रम तक उठानेमें पानीके लिए पारेकी अपेक्षा ३२ गुणा ताप अधिक प्रयोग करना पड़ेगा।

इसी तरह यदि अन्यान्य वस्तुओंकी जलके साथ तुलना की जाय तो सब वस्तुओंमें ही तापक्रमकी यह विषमता लक्षित होगी। किसी पदार्थके तापक्रमको ०°से १° तक बढ़ानेमें वह पदार्थ जितना ताप शोषण करेगा और उसी अवस्थाके उतने ही जलको उसी तापक्रममें लानेके लिए जल जो ताप शोषण करेगा, उन विभिन्न तापोंकी तुलना करनेसे जो हाथ आयगा वही उस पदार्थका आपेक्षिक ताप है। अर्थात् सीसेका आपेक्षिक ताप जाननेके लिए समान परिमाणका जल और सीसा लो, उस सीसेको ०° से १° तापक्रममें लानेके लिये जितना ताप आवश्यक होता है, उस तापसे जलका तापक्रम जितना बढ़ता है, उस तापसे जलका ०·०३१४ तापक्रम होगा। सुतरां सीसेका आपेक्षिक ताप तुलनामें ०·०३१४ हुआ। आधा सेर जलका तापक्रम ०° से १° पर्यन्त बढ़ानेमें जितना ताप आवश्यक होता है, उसे वैज्ञानिक लोग तापाङ्क (Thermal unit) कहते हैं। यही आपेक्षिक तापका नाप है।

ठोस और तरल पदार्थोंका आपेक्षिक ताप जाननेके लिए तीन प्रकारके उपाय काममें लाए जाते हैं-बरफका गलन, मिश्रण और शीतलीकरण। अन्तिम प्रणाली समयके द्वारा जाना जाता है, अर्थात् किसी एक विशेष तापमें ला कर पदार्थोंके शीतल होनेमें जिसके जितना समय लगता है, उसी समयको घट-बढ़के अनुसार विभिन्न पदार्थोंके आपेक्षिक तापका निरूपण किया जाता है।

आधसेर बर्फ गलानेके लिए ८०° तापाङ्कोंकी जरूरत होती है। यदि किसी पदार्थका कोई एक निर्दिष्ट तापक्रम, मान लो १००°में लाकर एकदम तुषारके ऊपर रखा जाय, तो देखा जायगा कि वह शीतल हो कर १००°से ०°के तापक्रममें आनेमें कुछ बर्फ गला कर पानी बना देता है। उस पानीका वजन और उस पदार्थका वजन ठण्डा होते होते जितना तापाङ्क नीचे गिर पड़ेगा, उसकी संख्या देख कर उस पदार्थके आपेक्षिक तापका निरूपण सहज ही किया जा सकता है। इसे सहजहीमें जाननेके लिए सुप्रसिद्ध विद्वान् लाप्लसने तापमिति (Calorimeter) नामक एक यन्त्र प्रस्तुत किया है। इस यन्त्रमें धातुके तीन बकस एकके भीतर एक लगे रहते हैं। प्रथम द्वितीयके बीचकी जगह बर्फसे भरदी जाती है और तीसरे बकसके भीतर जिस पदार्थका आपेक्षिक ताप जानना होता है, उसे रखा जाता है। प्रत्येक बकसमें ढक्कन लगा दिया जाता है। प्रथम और द्वितीय बकसके बीचकी जगहमें जो बर्फ रहता है, वह द्वितीय और तृतीय बकसके अन्दर रक्खे बर्फके साथ बाहरी तापका सम्बन्ध अलग कर देता है, वहां पर केवल तीसरे बकसका ही ताप पहुँच सकता है और किसी तापके वहां पहुंचनेका रास्ता नहीं; सुतरां उस तापसे बरफ गल कर जितना जल होगा उसे जल द्वारा कौशलपूर्वक निकाल कर तौल

जगत्‌में भी चार्वीलिक ताप निकाला जा सकता है।

ताप-विषयक निबन्ध एक तौर पर शेष हो गया। विज्ञानका यह भाग अत्यन्त विस्तृत है। ताप, तड़ित् और प्रकाश इनके द्वारा दिनोंदिन जितने आविष्कार होते हैं, उनका वर्णन दुःसाध्य है। इसी तापसे मेघ, वर्षा, आंधी, ओस और बर्फकी उत्पत्ति है।

तापक (सं० पु०) तापयतीति तप-णिच् ण्वुल्। १ ताप-कारक, ताप उत्पन्न करनेवाला। २ ज्वर, बुखार। ३ रजोगुण। एकमात्र रजोगुण ही तापका प्रतिकारण है। ताप या दुःख ही रजोगुणका धर्म है।

दुःख और रजोगुण देखो।

तापतिल्ली (हिं० स्त्री०) ज्वरयुक्त प्लीहा-रोग, तिल्ली बढ़नेकी बीमारी।

तापती (सं० स्त्री०) १ सूर्यकी कन्या तापी। तापी देखो। २ एक नदी। यह सातपुरा पहाड़से निकल कर पश्चिम ओर प्रवाहित हो खंभातकी खाड़ीमें जा मिली है।

तापत्य (सं० पु० स्त्री०) तपत्याः सूर्यकन्यायाः अपत्यं [illegible]त्वात् ण्य। तपतीके वंशज कुरु।

तपती और तापी देखो।

तापत्रय (सं० क्ली०) तापानां त्रयः, ६ तत्। त्रिविध दुःख, तीन प्रकारका ताप, जैसे—आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक।

तापदुःख (सं० क्ली०) तापरूपं दुःखं। दुःखभेद। पातञ्जलदर्शनमें इस दुःखका विषय इस प्रकार लिखा है—

कर्मके पुण्यापुण्यके अनुसार सुख और दुःख हुआ करता है। पुण्यकर्मके फलसे उत्कृष्ट जाति, चिरायु और विषयभोगादि फल सुखप्रद होते हैं तथा पापकर्मके प्रभावसे परितापादि दुःख-भोग रूप फल मिलता है। अतएव सुख और दुःखभोग कर्मफलानुसार हुआ करता है। जन साधारण उक्त दो प्रकारके फल भोग करते हैं, किन्तु योगिगण सुख-दुःखादि भोगरूप सभी कर्मफलोंको दुःख मानते हैं। क्लेशादिका ज्ञान हो जानेसे जिन्हें विवेक उत्पन्न हो गया है, वे भोग साधक सभी द्रव्योंको विषमिश्र सुस्वादु अन्नके जैसा प्रतिकूल समझते हैं। योगि-गण दुःखके संसर्गमात्रसे ही उद्विग्न हो जाते हैं। जिस तरह कोमलसे कोमल ऊनके डोरेके स्पर्शसे आंखोंको बहुत पीड़ा होती है, उसी तरह अल्प दुःखके अनुभवसे भी विवेकीको अत्यन्त कष्ट मालूम पड़ता है; क्योंकि सभी विषयोंका उपभोग करनेसे परिणाममें संस्कार-वशतः दुःख भुगतना पड़ता है। मनुष्य जितना विषय भोग करता है, उससे भी अधिक भोग-लालसा बढ़ती है। किन्तु विषयभोगके समय किसी विषयके नहीं मिलने पर जो दुःख होता है, उसे कोई परिहार नहीं कर सकता; वरन् दुःखान्तर उपस्थित हुआ करता है। सुतरां विषयभोगमें कुछ भी सुखकी सम्भावना नहीं है। सुखसाधक सामग्रीके उपस्थित होने पर उसके विरोधीके प्रति द्वेष उत्पन्न होता है और सुखानुभवके समय भी तापरूप दुःख पहुंचता है। उस समय तो सुख मिलता है और जब अनभिमत द्रव्य उपस्थित होता है, तब दुःख हुआ करता है। इस प्रकार पुनःपुनः सुख और दुःख-की उत्पत्ति होती है। अतएव सभीको दुःखमय समझ कर विवेकशाली मुनि लोग विषयभोगादिका परित्याग करते हैं। सुखानुभवके समय भी तापदुःख उपस्थित होता है, क्योंकि सुखसाधक सामग्रीके उपस्थित होने पर भी उसके विरोधीके प्रति द्वेष रहता है। अतः ताप-दुःख, संस्कार दुःख और परिणाम दुःख इन तीन प्रकारके दुःखों द्वारा सत्व, रज और तम इन तीन गुणकी वृत्तिका स्वरूप देखा जाता है। अतएव किसी प्रकारका विषयभोग क्यों न हो, उसमें दुःखके सिवा सुखकी सम्भावना नहीं है। विशेष विवरण दुःखमें देखो।

तापन (सं० क्ली०) तप-णिच् भावे ल्युट्। १ तापकरण। (पु०) कर्त्तरि ल्यु। २ सूर्य। ३ कामदेवके पांच बाणोंमें-से एक बाण। ४ सूर्यकान्त मणि। ५ अर्कवृक्ष, मदार। ६ आनक यन्त्र, ढोल नामका बाजा। (त्रि०) ७ तापक, ताप देनेवाला। (क्ली०) ८ नरकविशेष, एक नरकका नाम। ८ तन्त्रमें एक प्रकारका प्रयोग। इससे शत्रुको पीड़ा होती है।

तापना (हिं० क्रि०) १ अग्निकी गरमीसे अपनेको गरम करना। २ शरीर गरम करनेके लिये जलाना, फूंकना। ३ नष्ट करना, बरबाद करना।

तापनी (सं० क्ली०) १ उपनिषद्भेद, एक उपनिषद्का नाम। २ स्वर्णमय, वह जो सोनेका बना हो। स्वर्णका

विकारः घर्म । ३ निष्क परिमाण सुवर्ण । (त्रि०) ४ तापयोग्य, गरमहोनेके काबिल ।

तापमान-यन्त्र—यन्त्रविशेष, एक यन्त्र जिसे अंग्रेजीमें थर्मामीटर (Thermometer) कहते हैं। जिस यन्त्रके द्वारा उष्णताका निरूपण किया जाता है, उसका नाम तापमान यन्त्र है। साधारणतः जिस तापमानका व्यवहार होता है, वह कन्द संयुक्त केवल एक कांचको नली है, जिसके कन्द और नलका कुछ भाग पारदसे भरा रहता है। उष्णताकी ह्रासवृद्धि होनेके कारण यन्त्रके भीतरका पारा संकुचित और विस्तृत हुआ करता है। द्रवमान तुषार या हिमजलमें डालनेसे पारा जिस अङ्ग तक नीचे गिर जाता है, उसे द्रवणाङ्क कहते हैं और खौलते हुए पानीमें अथवा उससे निकले भापमें डालनेसे जिस अङ्ग तक पारा चढ़ जाता है उसे फुटनाङ्क (Boiling point) कहते हैं।

इन दो अङ्कोंके बीचकी जगहको कोई १८०, कोई १०० और कोई ८० के बराबर भाग कर उष्णताके अंश-चिन्होंको अङ्कित करते हैं।



इङ्गलैण्डमें प्रथमोक्त तापमान प्रचलित है। फारनहीट नामक एक ओलन्दाज विद्वान्ने इसका आविष्कार किया था, इसीलिये यह फारनहीटका तापमान कहलाता है। फारनहीटका द्रवणाङ्क ३२, फुटनाङ्क २१२, और इन दोनों अङ्कोंके भीतरका स्थान १८० समान अंशोंमें विभक्त है। द्रवणाङ्कके ३२ अंश नीचे शून्य है।

फ्रान्स देशमें दूसरी तरहका तापमान प्रचलित है। इसका द्रवणाङ्क ०° और फुटनाङ्क १००° तथा इन दो अङ्कोंके बीचका स्थान १०० समान अंशोंमें विभक्त है। तीसरी तरहका तापमान रूसराज्यमें प्रचलित है। रिउमर नामक एक व्यक्तिने इसका पहले पहल प्रचार किया। इसका द्रवणाङ्क ०° और फुटनाङ्क ८०° है और इन दो अङ्कोंके बीचका स्थान ८० सम भागोंमें विभक्त है। अतएव देखा जाता है कि जिस उष्णताके कारण हिमजल खौलने लगता है, उसीके १८०, १०० अथवा ८० समभागोंके एक भागसे प्रत्येक खण्डको उष्णताका परिमाण प्रकाशित होता है।

हिमजल जितना गरम होनेसे उबलने लगता है उतना ही गरम होनेसे फारनहीट, शतांशिक और रिउमर इन तीनों तापमान-यन्त्रोंमें पारा यथाक्रम—३२, ० और ० से २१२, १०० और ८० चिह्न तक उठेगा। उष्णताके अंश लिखते समय संख्याके दक्षिण और अंगके तनिक ऊपर एक छोटा शून्य देते हैं और शतांशिक फारनहीट या रिउमर जिस प्रणालीके अंश हों उसके नामका प्रथम अक्षर लिखा जाता है।

यथा—२०° श, ६०° फा, १२° रि, अर्थात् शतांशिकके २०, फारनहीटके ६० और रिउमरके १२ अंश। शून्यके नीचेका कोई अंश लिखना हो तो उसके आगे ऋण चिह्न देते हैं। यथा—१५° श। अर्थात् शतांशिक तापमानके शून्यसे १५ अंश नीचे।

तापमानके विषयमें विशेषरूपसे लिखनेके पहले तापका एक प्रधान गुण वर्णन करना बहुत जरूरी है। तापके उस गुणका नाम प्रसारण (Expansian) है। तापके लगनेसे समस्त वस्तुएं प्रसारित होती हैं। वस्तुओंके परमाणु विलग होनेसे वस्तुका प्रसरण होता है। घन, तरल और वाष्पीय ये तीनों पदार्थ तापके इस गुणके वशमें हैं जिनमें वाष्प, सबसे अधिक तरल उसकी अपेक्षा कम और घन सबकी अपेक्षा अल्प वशवर्ती है। दूध तरल पदार्थ है। किसी एक कड़ाहीमें दूध रख कर उत्ताप देनेसे वह उफन उठता है।

कड़ाही घन पदार्थ है सुतरां उत्ताप लगनेसे उसका प्रसरण लक्षित नहीं होता। दूध तरल है इससे उसका प्रसरण खूब दिखाई देता है। किसी मशकमें दश आना भर हवा ले कर गरम करनेसे, मशक हवासे परिपूर्ण हो कर सब तरफसे फूल उठेगी, किन्तु यह प्रसरणका

जो तापीसागरसङ्गममें सन्तोष स्नान करके अरण्येश्वरको देखते हैं, उनका किसी समय भी वियोग नहीं होता और जो असमर्थ या दैववश यहां आ कर स्नान करते हैं, वे निरापद होते और पितरोंका तर्पणादि करनेसे वे अक्षय होते हैं। (स्कन्दपुराण तापीख॰)

यह तापीकी पौराणिक कथा है। अब यह नदी सपता या ताप्ती नामसे प्रसिद्ध है। यह दाक्षिणात्यके पश्चिमांशकी एक प्रधान नदी है।

मध्यप्रदेशके बेतूल जिलेसे (अक्षा॰ २१° ४८´ उ॰ और देशा॰ ७८° २५´ पू॰ में) इसकी उत्पत्ति है। मूलताई नगरमें (अक्षा॰ २१° ४६´ २६´´ उ॰ और देशा॰ ७८° १८´ ५६´´ पू॰में) एक पवित्र तीर्थ है। बहुतोंका मत है, कि इसीसे ताप्तीनदीकी उत्पत्ति हुई है।

पहले मूलताई नगरसे सुरम्य सुषमा भूमिके ऊपर प्रबलवेगसे इसने सातपुरा पहाड़की दो शाखाएं भेदी हैं। इसकी बाईं ओर मैकालय निकलता पहाड़ और दहिनी ओर कालीभीत-गिरिमाला है। प्रायः १५० मील तक ताप्तीनदीकी उपत्यका पर तुङ्ग गिरिशृङ्ग बना गया है। इसी प्रकार सातपुरा पहाड़से मोड़ ले कर और पा कर उसने सुगभीर और प्रायः ७५ से १०० हाथ तक विस्तृत स्रोतस्वतीका आकार धारण किया है। किन्तु किसी किसी स्थान पर पानी इतना कम है, कि ग्रीष्मऋतुमें अनायास ही पैदल पार हो सकते हैं। इसके दोनों किनारे ऊंचे होने पर भी टापू नहीं हैं। केवल मुहानेके सिवा सर्वत्र ही दोनों तीरके भाग टापू और नाना प्रकारके वृक्षलतागुल्मसमाकीर्ण हैं।

इसके बाद ताप्ती खानदेशकी ऊंची भूमि पर गई है। यहां पूर्वांश समुद्रतलसे ७०० से ७५० फुट ऊंचा होगा। यहांसे यह क्रमशः निम्नमुखी हो कर जहां सामभूमि सूरत जिलेसे खानदेशको पृथक् करती है, वहां जा पहुंची है। यहां ताप्तीनदीसे बहुतसी शाखाएं निकली हैं, जिसमें बाईं ओर पूर्णा, वाघर, गिरना, बोरी पांझरा और शिवा तथा दहिनी ओर सुकी, अनेर, अरुणावती, गोमई (गोमती) और नमदा प्रधान हैं। खानदेशमें पहले ११ मील तक समतल और कृषिक्षेत्रके ऊपरसे प्रवाहित हुई है, किन्तु पीछे २० मील तक दोनों किनारे अत्युच्च गिरिशृङ्गवेष्टित निविड़ जङ्गल है। इस अंशमें लोकालय नहीं है, बीच बीचमें कहीं हो दश घर आरण्यवासी भीलजातिकी झोंपड़ियां देख पड़ती हैं।

यहाँ ताप्ती पाषाणके आघातप्रतिघातसे प्रबल स्रोताकार धारण कर बहुत कम चौड़ी जगहमें गिर रही है। इस महोच्च पथका नाम है 'हरनफाल'। इसके बाद ही गुजरातका विस्तृत प्रान्तर आरम्भ हुआ है। इस अंशमें ताप्ती नदी कहीं खूब चौड़ी और कहीं बहुत कम चौड़ी हो कर गिरि, दरी और निर्जन वनराजि भेदती हुई प्रायः ५० मील तक चली गई है। टाप्त भानक सङ्कटको पार कर यह नदी पश्चिममुखी हो कर सूरत जिलेमें पहुंची है।

यहां राजपीपलाके पहाड़को छोड़ कर और कोई भी पर्वत ताप्तीके मुखमें पतित नहीं हुआ। यहांसे ८० मील घूम कर ताप्ती सागरमें जा मिली है। इसके मध्य कहीं तो साधारण उर्वरा और कहीं कहीं समधिक शस्यशाली क्षेत्र दृष्टिगोचर होता है। अश्वनीकुमारसे ले कर सूरत तक ताप्तीका एक बड़ा भारी घुमाव है। स्थलपथमें अश्वनीकुमारसे सूरत एक कोसकी दूरी पर है। किन्तु जलपथसे जानेमें प्रायः ५।६ कोस घूमना पड़ेगा। सूरतसे दक्षिण पश्चिममुखी प्रायः ४ मील तक जा कर खूब चौड़ी हो गई है और सागरमें जा मिली है।

ताप्तीकी लम्बाई ४५० मील है और प्रायः तीन हजार वर्गमील स्थानके जलसे प्रवाहित होने पर भी सब जगह नाव आ जा नहीं सकती और तो क्या इसके मुहानेसे १७ मील ऊपर तक ज्वार चढ़ने पर जगह जगह पैदल पार हुआ जा सकता है। मुहानेके पास बहुत रेती और टापू हैं, इसीलिए पोतादि सब समय निरापद नहीं हैं। सूरत बन्दरमें जो जहाज आ कर लगते हैं, वे इसी नदीसे आते हैं।

आश्विनसे चैत्र मास तक यहां निर्विघ्नतया जहाज आदि सहज ही आ जा सकते हैं, किन्तु इसके बाद फिर निरापद नहीं है। मुहानेके पास बीच बीचमें छोटे छोटे टापूसे दीख पड़ते हैं, जिन पर झाऊके पेड़ भी दिखलाई देते हैं। किन्तु शीतके समय इनमेंसे बहुतसे डूब जाते हैं।

सब जगह सुविधानुसार ज्वार-भाटा नहीं होता। भड़ौचसे सागरसङ्गम तक ज्वार-भाटा ठीक होता है।

इस नदीमें रेती बहुत जमती है, इसलिए इसको गतिका परिवर्तन देखनेमें आता है तथा बाढ़के वक्त किनारेको डुबो कर निकटवर्ती ग्राम नगर आदि प्लावित करती है। पहले दश बीस वर्ष बाद कभी कभी भयानक बाढ़ आती थी, जिससे सूरत और निकटवर्ती नगर वा ग्रामोंके कितने ही प्राणियोंको मृत्यु होती थी तथा इतनी चीजें नष्ट होती थी कि जिसका कोई शुमार नहीं। इस समय पहलेकी तरह बाढ़ नहीं आती, इसीसे खैर है। किन्तु रेती बराबर जमा करती है। बड़े बड़े इञ्जिनियरोंने नाना कायल किये, पर इसको रोक न सके।

तापतीके मुहाने पर सुवेली नामका एक विध्वस्त बन्दर दीख पड़ता है। किसी समय यूरोपीय वणिकोंके बहुतर वाणिज्यपोत वहां पहुँचा करते थे। अंग्रेज और पुर्तगीजोंमें यहां घोरतर युद्ध हुआ था; किन्तु अब सुवेलीको बन्दर नहीं कहा जा सकता। रेती जम कर यहां नदीका स्रोत मन्द हो जानेसे यह प्राचीन बन्दर परित्यक्त हुआ है।

तापती नदीके दोनों किनारों पर जैसे हिन्दू तीर्थोंकी भरमार है, उसी तरह प्राचीन बौद्धक्षेत्रोंका भी अभाव नहीं है। प्रसिद्ध अजन्ता (अजण्ट) गुहा तापतीके दक्षिण-तट पर अवस्थित है। इसके किनारे बाघ नामक स्थानमें छोटेसे पहाड़ पर बौद्धों द्वारा खोदित तीन गुहाएं हैं।

प्रति बारह वर्षके अन्तमें तापतीके तीरवर्ती बोढ़न नामक ग्राममें मेला हुआ करता है, जिसमें हजारों यात्रियोंका समागम होता है। इस समय तापतीके किनारे सूरतसे दो मील दूरी पर गुप्तेश्वर और अश्विनीकुमार तीर्थ ही सर्वप्रधान हैं। अब भी सैकड़ों हिन्दू उक्त तीर्थमें जाते हैं। स्कन्दपुराणके तापीखण्डमें ६५ और ६६वें अध्यायमें अश्विनीकुमार और गुप्तेश्वरका माहात्म्य वर्णित है। अब भी बहुतसे लोग गुप्तेश्वरमें शवदाह करने आते हैं। बहुतोंका विश्वास है, कि यहां तापतीके साथ गङ्गा आ मिली है।

तापती नदीके मुहानेके पास वारिताप्य नामक एक तीर्थ है, जिसका वर्त्तमान नाम वारियाव है। कहा जाता है, कि यहां तपतीने तपतेश लिङ्गको स्थापना और तपस्या की थी। इसके पश्चिममें कुछ दूरी पर एक कुरुक्षेत्र है।

तापीखण्डके मतसे—इस पुण्यक्षेत्रमें तपतीके पुत्र कुरुने कठोर तपस्या की थी, इस कारण इसका नाम कुरुक्षेत्र पड़ गया है। (तापीखं० ६८ अ०)

तापी-संगरसङ्गम भी एक प्रसिद्ध तीर्थ है। यहांसे कुछ दूरी पर नाविकोंके सुभीतेके लिए एक बहुत ऊँचा पक्का बत्ती-घर बना हुआ है। समुद्रमें प्रायः आठ कोस दूरीसे इसका उजाला दिखलाई देता है।

२ सूर्यकी एक कन्या। ३ यमुना नदी।

तापीज (सं० पु०) माक्षिकधातु, सोना मक्खी।

तापीसमुद्भव (सं० त्रि०) १ जो तापी नदीके किनारे या उसके आस पासमें उत्पन्न हो। (क्ली) २ अग्निप्रस्तर, एक प्रकारका खनिज पदार्थ। ३ मणिभेद, एक मणिका नाम।

तापेन्द्र (सं० पु०) सूर्य।

तापेश्वर (सं० पु०) तीर्थभेद, एक तीर्थका नाम।

ताप्य (सं० क्ली०) तापे हितं ताप-यत्। धातुमाक्षिक, सोनामक्खी।

ताप्यक (सं० क्ली०) ताप्यमेव स्वार्थे कन्। धातु माक्षिक, सोनामक्खी।

ताप्युत्थसंज्ञक (सं० क्ली०) ताप्युत्था संज्ञा यस्य बहुव्रो० कप्। धातुमक्षिक, सोनामक्खी।

ताफ़्ता (फा० पु०) एक प्रकारका चमकदार रेशमी कपड़ा।

ताब (फा० स्त्री०) १ ताप, गरमी। २ चमक, आभा। ३ सामर्थ्य, शक्ति, मजाल। ४ धैर्य, हिम्मत, साहस।

ताबड़तोड़ (हिं० क्रि०-वि०) अखण्डित क्रमसे, लगातार, बराबर।

ताबा (हिं० वि०) तावे देखो।

ताबूत (अ० पु०) वह सन्दूक जिसमें मृतदेह रख कर गाड़नेके लिये ले जाते हैं।

ताबे (अ० वि०) १ अधीनस्थ, अधीन, मातहत। २ आज्ञानुवर्त्ती, हुक्मका पाबन्द।

तावेदार (अ० वि०) आज्ञाकारी, टहल करनेवाला।

तावेदारी (फा० स्त्री०) १ सेवकाई, नौकरी। २ सेवा, टहल।

ताम (सं० पु०) ताम्यतेऽनेन तम करणे घञ्। १ भीषण, डरावना, भयङ्कर। २ दोष, विकार। ३ मनोविकार, व्याकुलता, बेचैनी। ४ दुःख, क्लेश, कष्ट। ५ ग्लानि, लज्जा। ६ पाप।

ताम (हिं० पु०) १ क्रोध, गुस्सा। २ अन्धकार, अँधेरा।

तामजान (हिं० पु०) एक प्रकारकी छोटी खुली पालकी।

तामड़ा (हिं० वि०) १ जिसका रंग तांबेसा हो। (पु०) २ लाल रंगका एक प्रकारका पत्थर। ३ एक तरहका कागज। ४ ललाट सम्बन्ध गर्दनकी खोपड़ी।

तामर (सं० क्ली०) ताम्यं ग्लानिं राति रा-क। १ जल, पानी। २ घृत, घी।

तामरस (सं० क्ली०) तामरे जले रसति रस-अच्। १ पद्म, कमल। ताम्यतेऽनेन रसति इति रसं कर्मधा०। २ स्वर्ण, सोना। ३ ताम्र, तांबा। ४ धुस्तूर, धतूरा। ५ सारस। ६ छन्दोभेद, एक छन्दका नाम। इसमें बारह अक्षर होते हैं। १।५।८।११।१२ वां वर्ण गुरु रहता है।

तामरसी (सं० स्त्री०) तामरस ङीप्। पद्मिनी।

तामलकी (सं० स्त्री०) भूम्यामलकी, भूंआंवला।

तामलिप्त (सं० पु०) देशभेद, एक देशका नाम।

तामलिप्तक (सं० पु०) तामलिप्त स्वार्थे कन्। तमलुक देश।

तामलूक (हिं० पु०) ताम्रलिप्त देखो।

तामस (सं० पु०) तमस्तमोगुणः प्रधानत्वेनास्त्यस्य इति अच्। १ सर्प, सांप। २ खल, दुष्ट। ३ उल्लूक, उल्लू। ४ चतुर्थ मनु. मन्वन्तरमें विष्णुके अवतार हरि; इन्द्र त्रिशिख, देवगण वैधृतिगण, ज्योतिर्धाम आदि सप्तर्षि, ख्यातिनरादि मनुके पुत्रगण। (भाग० ८.२४ अ०) ५ क्रोध, गुस्सा। ६ अन्धकार, अँधेरा। ७ अज्ञान, मोह। ८ एक अस्त्रका नाम।

(त्रि०) ९ तमोगुणयुक्त, जिसमें तमोगुण हो। १० तमःप्रधानगुणक, जिसका तमोगुण प्रधान हो। तमोऽस्त्यस्य इदं अण्। ११ तमोगुणाधिकार द्वारा प्रकृत ग्रन्थविशेष तामसशास्त्रोंका विषय पद्मपुराणमें इस प्रकार लिखा है—

पाशुपत आगम शैवशास्त्र, कणादोक्त महत् वैशेषिक शास्त्र, गौतमोक्त न्यायशास्त्र, कपिलोक्त सांख्य, जैमिनि-कथित मीमांसा, बृहस्पतिकथित चार्वाकशास्त्र, बुद्धरूपी विष्णु-कथित बौद्धशास्त्र, शङ्कराचार्य-कथित मायावाद-युक्त वेदान्तशास्त्र, ये सभी तामसशास्त्र हैं। इनके श्रवण करनेसे ज्ञानियोंका भी पातित्य होता है। इन तामसशास्त्रोंमें वेदका यथार्थ अर्थ तिरोहित हुआ है और इसमें कर्ममात्र ही त्याज्य है, जीवात्मा परमात्मामें ऐक्य प्रतिपादित हुआ है। ब्रह्मका ज्ञेयरूप निर्गुणरूपसे दर्शित हुआ है। जगत्के नाशके लिए कलियुगमें इन शास्त्रोंकी उत्पत्ति हुई है।

कूर्मपुराणमें लिखा है, कि तामस शास्त्रका विषय है। इस जगत्में श्रुति और स्मृतिके विरुद्ध जो शास्त्र हैं, वे सभी तामस हैं। कापाल, भैरव, यामल, वाम—ये सभी तामसशास्त्र हैं।

अष्टादश पुराणोंमें छह सात्त्विक, छह राजस और छह तामस हैं। जिनमें मत्स्य, कूर्म-लिङ्ग, शिव, स्कन्द ये छह तामसपुराणोंमें शिवका माहात्म्य विशेषरूपसे कीर्तित हुआ है।

विष्णु नारद, भागवत, गरुड़, पद्म, वराह ये छह सात्त्विकपुराण हैं। इन सात्त्विकपुराणोंमें विष्णुका माहात्म्य कहा गया है।

ब्रह्माण्ड, ब्रह्मवैवर्त, मार्कण्डेय, भविष्य, वामन ब्रह्म ये छह राजसपुराण हैं। इनमें ब्रह्माका माहात्म्य वर्णित है। (पद्मपु०)

कणाद, गौतम, शक्ति, उपमन्यु, जैमिनि, दुर्वासा, मृकण्डु, बृहस्पति, शुक्राचार्य, जमदग्नि, ये सब तामस मुनि थे। गौतम, बार्हस्पत्य, सांवर्त, यम, शङ्ख, औशनस ये तामस स्मृतियां हैं।

मनुष्योंको स्वभावसे ही तीन प्रकारकी श्रद्धा होती है—सात्त्विकी, राजसी और तामसी। जो लोग भूत और प्रेतादि पर श्रद्धा रखते और उनकी उपासना करते हैं, उनकी तामसी श्रद्धा समझनी चाहिये।

इसके सिवा आहार, यज्ञ, तप, दान आदि अन्यान्य सम्पूर्ण कार्य भी तीन प्रकारके होते हैं। भोजन तथा

विरसतामात्र (जिसका असली स्वाद बिगड़ गया हो), पूतिमत्, पर्युषित, उच्छिष्टादि अमेध्य आहार तामस आहार और यह आहार ही तामस लोगोंके लिये प्रिय है।

अति दुराग्रह द्वारा दूसरेके उत्सादनके लिए आत्मामें नाना प्रकारको पीड़ा उत्पन्न करके जो तप किया जाता है, उसे तामसतप कहते हैं और ऐसा तप तामसप्रकृतिके लोग ही करते हैं।

देश-काल-पात्रादिका विचार न कर, किसी भी देश वा काल अथवा पात्रमें असत्कार और अवज्ञताके साथ जो दान दिया जाता है, उसको तामसदान कहते हैं।

भविष्यत्‌का अशुभफल, शक्तिक्षय, अर्थक्षय और परिजनादिका क्षय तथा प्राणिहिंसा और आत्मसामर्थ्यादिको पर्यालोचना न करके अज्ञान वा अविवेकतावश जो क्रिया अनुष्ठित होती है, उसके तामसकी क्रिया कहते हैं।

जो व्यक्ति अत्यन्त असमाहित है अर्थात् किसी भी कार्यमें विशेषरूपसे मन नहीं लगता, जिसकी बुद्धि अत्यन्त असंस्कृत है, जो निपुणताके साथ विचार न कर सकनेके कारण प्रकृतिवश कोई प्रवृत्ति मनमें उदित हो और उसके अनुसार काम कर डालता हो, जो ज्ञान-पर्यालोचनाके द्वारा कुछ भी परिमार्जित नहीं हुआ हो, सदुपदेश द्वारा जिसको किसी तरहसे समझाया नहीं जा सकता, अन्तःसारविहीन, मायावी, जो अन्तःकरणके भावको छिपा कर बाहरमें अन्यरूप व्यवहार करता है और परवृत्तिको बिगाड़नेमें तत्पर है, चिन्ता आदि करनेमें आलसी है, सर्वदा अवसन्न और दीर्घसूत्री है, ऐसे कर्त्ताको तामसकर्त्ता कहते हैं।

जो मनसे अधर्मको धर्म और अकर्त्तव्य विषयको कर्त्तव्य समझता है, ऐसे विपरीत भावप्रकाशक मनको तामसमन कहते हैं।

जिस व्यक्तिके किसी विशेष धारणाके द्वारा सर्वदा हो मनमें शोक, भय, स्वप्न, विषाद, मत्तता आदि उदित हुआ करती हैं, उस दुर्मेधा व्यक्तिकी धारणाको तामसधृति कहते हैं।

निद्रा, आलस्य और प्रमादके द्वारा जो सुख उत्पन्न होता है, जो आत्मामें वर्तमान और परिणाममें मोहके सिवा और कुछ भी उत्पन्न नहीं करता, उस सुखका नाम तामस सुख है। (गीता) पौरोहित्य, याचन, दैवल्य (शूद्रादि-द्वारा प्रतिष्ठित विग्रहादिकी नित्यपूजा), ग्रामयाजन, विष्णुसेवापराध, विष्णुनामापराध, असत्प्रतिग्रह, अभिचार, पशुजीवादि हनन, पातक, उपपातक, अतिपाप महापाप, अनुपातक, लोभ, मोह, अहङ्कार, काम, क्रोध ये समस्त तामसकर्म हैं। (पद्मपु० उ० ख०)

तामसऋत्विक् और तामसद्रव्य द्वारा तामसभाव अवलम्बन कर जो यज्ञ किया जाता है, उसका नाम तामस यज्ञ है। इस प्रकारके तामस यज्ञ, तामस दान और तामस तपस्या द्वारा नरकमें जन्म होता है।

तमोगुण प्रकृतिके तीन गुणोंमेंसे एक है। जिस गुणके द्वारा तम अर्थात् ग्लानि उत्पन्न हो, उसको तम अर्थात् आवरक गुण कहते हैं, इसलिए तमोगुण मोहका कारण है। सत्व, रज और तम ये तीन गुण परस्पर जड़ित हैं; जब एक गुणका प्राधान्य होता है, तभी उसको उस गुणोंके नामसे पुकार सकते हैं। तम, रज और सत्त्व भिन्न भिन्न नहीं रह सकते। हां, जब सत्व और रजको पराजित कर अपना धर्म प्रकट करता रहता है, तभी उसको तम कहा जा सकता है। किन्तु पराभूत भावमें सत्व और रज उसमें विद्यमान रहेंगे। तम तमोगुण, इस गुण शब्दमें वैशेषिकोक्त गुणपदार्थ नहीं है, इसको द्रव्य पदार्थ समझना चाहिये।

सत्व, रज और तम ये गुणत्रय अशुभ्यभावसे अवस्थान करने पर अव्यक्त कहलाते हैं। ये गुणत्रय सर्वकार्यव्यापी, अविनाशी और स्थिर होते हैं। जब ये गुण क्षुभित होते हैं, तब पञ्चभूतात्मक नवद्वारयुक्त पुररूपमें परिणत हुआ करते हैं। उक्त पुरके मध्य इन्द्रियां अवस्थान कर जीवको विषयवासनामें प्रवृत्त करती हैं। मन उस पुरमें रह कर विषयोंको अभिव्यक्त कर देता है, बुद्धि उस पुरकी कर्त्री है। लोग भ्रान्तिपूर्वक उस पुरको जीवात्मा कहते हैं। किन्तु वास्तवमें ऐसा नहीं है, जीव उस पुरमें रह कर सिर्फ सुख और दुःखका भोग करता है। गुणत्रय एक दूसरेका आश्रय ले कर अवस्थान करते

है। यह बात पहले ही कही जा चुकी है, कि जिस स्थान पर इनमेंसे किसी एकका आधिक्य होता है, वहां दूसरोंकी हीनता लक्षित होती है। सत्त्व और रजके हीन होने पर तमोगुण प्रकाशित होता है। इसी तरह तमः हीन होने पर रज और रज हीन होने पर सत्त्व प्रकट होता है। तमोगुण अप्रकाशात्मक है, इसको मोह कह सकते हैं।

इस तमोगुणके प्राबल्यसे मनुष्यको अधर्ममें प्रवृत्ति हुआ करती है। तमोगुणके कार्य ये हैं—मोह, अज्ञानता, अत्याग, अनिश्चयता, स्वप्न, स्तम्भ, भय, लोभ, शोक, सत्कार्यदूषण, अस्मृति, अक्षमता, नास्तिकता, दुश्चरित्रता, सदसद्विवेकराहित्य, इन्द्रियवर्गकी अपरिस्फुटता, निकृष्ट धर्मप्रवृत्ति, अकार्यमें कार्यज्ञान, अज्ञानमें ज्ञानाभिमान, अमित्रता, कार्यमें अप्रवृत्ति, अश्रद्धा, वृथा चिन्ता, असरलता, कुबुद्धि, अप्रसन्नता, अजितेन्द्रियता, दूसरोंका अपवाद, अभिमान, क्रोध, असहिष्णुता, मत्सरता, नीचकर्ममें अनुराग, अशुभकर कार्यका अनुष्ठान, अपात्रमें दान। जो इन कार्योंका अनुष्ठान करते हैं, उनको तामसप्रकृतिका मनुष्य समझना चाहिये। तामसप्रकृतिके लोग जन्मान्तरमें स्थावर, राक्षस, सर्प, कृमि, कीट, पक्षी, विविध चतुष्पद जन्तु होते हैं। जो सर्वदा निकृष्ट कार्य करते रहते हैं, उनको तमोगुणके प्राधान्यसे तामस प्रकृतिका कहना चाहिये। सत्त्व, रज और तम ये तीनों गुण सर्वदा प्राणियोंके शरीरमें अवच्छिन्नरूपसे रहते हैं। इसलिए उनको कभी भी पृथक् रूपमें नहीं देख सकते। ये तीनों गुण एक दूसरे पर अनुरक्त हो कर परस्परको आश्रय किया करते हैं। सत्त्वगुण सत्त्वमें, तमोगुण तममें, रजोगुण सत्त्व और तममें किसी समय भी तिरोहित नहीं होता। उक्त गुणत्रय परस्पर मिल कर सांसारिक समस्त कार्य करते हैं। केवल जन्मान्तरीय पापपुण्यके कारण प्राणियोंकी देहमें इनका तारतम्य देखनेमें आता है। स्थावरसमुदायमें तमोगुणका आधिक्य विद्यमान है; किन्तु वे रज और तमोगुणसे विरहित नहीं हैं। जागतिक प्रत्येक पदार्थमें तम विद्यमान है या आधिक्य भावसे रहनेके कारण किसी द्रव्यका नाम सात्त्विक और किसीका राजसिक या तामस हुआ है,

अज्ञानमाय, बुद्धि, धर्म, ज्ञान, विराग, ऐश्वर्य ये सात्त्विक और इनके विपरीत तामस है। (सांख्यका०)

विषादका नाम है मोह, विषादका स्वरूप ही तमोगुण है, जब कभी इस गुणका आविर्भाव होता है, तभी विरक्तता आ उपस्थित होती है। जब तमोगुण प्रकाशित होता है, उस समय वह रज और सत्त्वको पराजित कर अपनी वृत्ति प्रकाशित किया करता है।

सत्त्वगुण लघुप्रकाशक और इष्ट है। रज उपष्टम्भक और चञ्चल है तथा तमोगुण गुरु-आवरक है। गुण परस्पर विरोधी होते हैं, किन्तु विरोधी होने पर भी स्वयं सुन्द और उपसुन्दवत् विनष्ट नहीं होते। जिस प्रकार वर्त्ति और तैल परस्पर-विरुद्ध होने पर भी एकत्र मिलित हो कर परस्पर अर्थ प्रकट किया करते हैं तथा वायु, पित्त और श्लेष्मा परस्पर विरोधी होने पर भी एकत्र मिल कर शरीर-धारणरूप कार्य करते हैं, उसी प्रकार ये गुणत्रय परस्पर विरोधी होने पर भी एकत्र मिलित हो कर परस्परकी वृत्ति अर्थात् सुख, दुःख और मोह प्रकट करते रहते हैं। तम अर्थात् अविद्याके आठ भेद हैं—अव्यक्त, महत्, अहङ्कार और पञ्च तन्मात्र। ये आठ प्रकारके तम अज्ञान हैं। (सांख्यका० ४८)

नैयायिक सिद्धान्तोंका कहना है कि आलोकका अभाव ही तम है। प्रभाकरोंके मतसे रूपके दर्शनका अभाव ही तम है।

विशेष विवरणके लिये 'प्रकृति' शब्द देखो।

(पु०) तमसो राहोरपत्यं अण्। १० राहुपुत्र, तामसकीलक। ११ शिवका एक अनुचर।

तामसकीलक (सं० पु०) तामसः राहुसुतः कीलकः। राहुपुत्र केतुभेद। तामसकीलक आदि संज्ञाविशिष्ट राहुसुत तैंतीस प्रकारके हैं। वर्ण, स्थान और आकारादिके द्वारा सूर्यमण्डलमें उनका लक्ष्य करके फल निर्णय किया जाता है। वे यदि सूर्यमण्डलगत हों, तो अमङ्गल होता है, चन्द्रमण्डलगत होने पर शुभफल; तथा यदि चन्द्रमण्डलमें ये काक, कबन्ध या प्रहरणरूपी दृष्ट हों, तो अमङ्गलदायक होते हैं। उक्त केतुओंके उदयसे सब कुछ विकृत हो जाता है। जल मलिन और आकाश धूलिसमाच्छन्न होता है। प्रचण्डवायु बहा करती है,

चारों तरफ अनिष्टराशि उपस्थित होती है। उक्त राहुमूर्तिमें यदि शिखी और कीलकादिरूप-विशिष्ट राहुका दर्शन हो, तो पूर्ववत् फल होगा। सूर्यविम्बस्थ केतु जहां जहां दिखलाई देंगे, वहां वहांके राजाओंका अमङ्गल होगा। सूर्यमण्डलमें यदि दण्डाकृति केतुसंस्थान दिखलाई दे, तो नरपतिकी मृत्यु, और कबन्धसंस्थान दीख पड़े, तो व्याधिका भय होता है। ध्वांक्षाकार दीखनेसे चोरोंका भय तथा कीलकाकार दीखने पर दुर्भिक्ष होता है। (बृहत्संहिता ३ अ०) केतु देखो।

तामसध्यान (सं॰ क्लो॰) षट्कर्भैरवका ध्येयरूप भेद। षट्कर्भैरवका ध्यान तीन प्रकारका है—सात्विक, राजस और तामस। (तन्त्रसा॰)

तामसमद्य (सं॰ क्लो॰) कई बारकी खींची हुई शराब।

तामसबाण (सं॰ पु॰) एक शस्त्रका नाम।

तामससन्यासी (सं॰ त्रि॰) जो गार्हस्थ्य धर्मको छोड़ मोक्षकी कामनाके लिये वनमें घूम घूम कर तपस्या करते हैं, वे ही तामससन्यासी कहलाते हैं।

तामसिक (सं॰ त्रि॰) तमसा तमोगुणेन निर्वृत्तं तामस ठञ्। तमोगुणका कार्य। तामसी देखो।

तामसी (सं॰ स्त्री॰) तमोऽन्धकारप्राधान्येन अस्ति अस्यां तमस-अण्, स्त्रियां ङीप्। १ अन्धकारबहुला रात्रि, अन्धेरी रात। २ महाकाली। ३ जटामांसी, बालछड़। ४ तमोगुणयुक्ता, वह जिसमें तमोगुण हो। ५ एक प्रकारकी मायाविद्या। शिवजीने निकुम्भिला यज्ञसे प्रसन्न हो कर इसे मेघनादको दिया था। इस विद्याके प्रभावसे मेघनाद अदृश्य हो कर युद्ध करता था। (रामा॰)

तामालेय (सं॰ त्रि॰) तमाल संख्यादि॰ ठञ्। तमाल वृक्षके पासका भाग।

तामिल—दक्षिणापथकी दक्षिणप्रान्तवासी एक विस्तीर्ण जाति और उनकी भाषा।

तामिल शब्दका संस्कृतरूप द्राविड़ है। मनुसंहिता, महाभारत आदि प्राचीन ग्रन्थोंमें, द्राविड़ नामक जनपद और वहांके अधिवासियोंका द्राविड़ नामसे उल्लेख है। द्राविड़ शब्दका मागधी (पालि) रूप दमिलो * है। तामिल भाषामें 'द' को जगह 'त' होता है, इस तरहसे 'तमिल' वा 'तमिर' रूप हो गया है। पूर्वनियमानुसार द्राविड़ शब्द पालि भाषामें दमिलो तथा उससे तामिर वा तामिल हुआ है। शङ्कराचार्यके शारीरकभाष्यमें द्रमिल शब्दका उल्लेख है। इस द्रमिल शब्दका तामिल व्याकरणके अनुसार 'तिरमिड़' रूप होता है। किसीके मतसे इस तिरमिड़ शब्दसे भी तामिल शब्दकी उत्पत्ति हो सकती है।

प्रसिद्ध पाश्चात्यपदार्थवित् सि॰ प्लिनिने ईसाकी १ली शताब्दीमें इस तामिल देशका तरपिना (Tropina) नामसे उल्लेख किया है तथा तत्पूर्ववर्ती भूवृत्तान्तमूलक पिटिङ्गरकी तालिकामें दमिरिक (Damirico) नामसे इसका उल्लेख मिलता है।

नामकरण।—जैनोंके शत्रुञ्जयमाहात्म्य (७।१)-में लिखा है—

"इतश्च श्रुतस्वामिसूनुद्रविड़ इत्यभूत्।
यन्नाम द्रविड़ो देशः प्रथे बहुशस्यभूः॥"

यहां आदिनाथ ऋषभदेवके द्रविड़ नामक एक पुत्र हुए थे, जिनके नामसे बहुशस्यशाली यह द्रविड़ देश प्रसिद्ध हुआ है। किन्तु महाभारत, हरिवंश आदिके मतसे द्राविड़ नामक जातिके वासके कारण इस जनपदका द्रविड़ वा द्राविड़ नाम पड़ा है। मनुसंहिता आदिके मतसे द्राविड़ जाति पहले क्षत्रिय थी। वेद तथा ब्राह्मणके दर्शन न होनेके कारण वे वृषलत्वको प्राप्त हुए थे।

(मनु १०।४४)

इसके सिवा आदिपर्वमें लिखा है, कि विश्वामित्र जब वशिष्ठकी कामधेनु नन्दिनीको ले गये, उस समय नन्दिनीके प्रस्रावसे द्राविड़ोंकी उत्पत्ति हुई।

"असृजत् पह्नवान् पुच्छात् प्रस्रावाद्द्राविड़ाञ्छकान्।"

(आदि १।१७५।३)

इधर जैनोंके शत्रुञ्जयमाहात्म्यमें लिखा है, ऋषभके पुत्र द्रविड़की सन्तान ही द्राविड़ नामसे प्रसिद्ध हुई थी। (शत्रुञ्जयमा॰ ७।१)

जनपदका अवस्थान—महाभारतके निम्नलिखित श्लोकोंसे

* महावंश, २१वां परिच्छेद।

† ईसाकी ७म शताब्दीमें चीन-परिब्राजक युएनचुयङ द्राविड़देशमें आये थे। उन्होंने इस स्थानका 'चि-मो-लो' (Chi-mo-lo) नामसे उल्लेख किया है, जिसका इस देशका 'दिमल' वा 'दिमर' होता है।

पढ़नेसे मालूम होता है कि प्राचीन द्राविड़ या तामिल देश भारतके किनारे था।

"...कलिङ्गेषु ... गोदावरी सागरगामगच्छत्।
ततो विपाप्मा द्रविडेषु राजन् समुद्रमासाद्य च लोकपुण्यम्॥"

(वन ११८।४)

'कावेर्याः दक्षिणे भूमौ दक्षिणे मलयाचलम्।
तयोर्हि द्राविडदेशो योजनानि विंशति॥" (भवि० ...)

मि० कल्डवेलने द्राविड़ीय व्याकरणमें लिखा है—समस्त कर्णाटक अथवा पूर्व और पश्चिम घाटके नीचे, पुलिकाटसे लगा कर कुमारिका अन्तरीप तक तथा उत्तरमें बङ्गोपसागरके उपकूल तक तामिल भाषा प्रचलित है। भाषाके आधारसे तो दाक्षिणात्यके समस्त दक्षिणांशको ही द्राविड़ या तामिल देश कह सकते हैं। इस समय तामिल देशका रकबा करीब ६०००० वर्गमील होगा।

जातितत्त्व।—पाश्चात्य पुरातत्त्वविदोंने तामिल, तेलगू, कनाड़ी, मलयाली, तुलु, तोड़ा, कोटा, गोण्ड और कन्ध इन श्रेणियोंको द्राविड़ीय जाति या उसकी शाखा माना है। किन्तु वज्रसूची उपनिषदमें उक्त जातियोंको द्राविड़ कहा गया है, जैसे—

'आन्ध्राः कर्णाटकाश्चैव गुर्जरा द्राविडास्तथा।
महाराष्ट्रा इति ख्याताः पञ्चैते द्राविडाः स्मृताः॥"

(वज्रसू ५१)

आन्ध्र, कर्णाटक, गुर्जर, द्राविड़ और महाराष्ट्र इन पांचोंको एक साथ पञ्चद्राविड़ कहते हैं। द्राविड़ देखो।

पुरातत्त्ववेत्ताओंने तामिलोंको आर्य नहीं माना है। उनका अनुमान है, कि यह भारतकी प्राचीनतम अनार्य जातिसे उत्पन्न हुई एक जाति है। रामचन्द्र जिस कपिसेनाको ले कर राक्षसराज रावणके साथ युद्ध करने गये थे, उस सेनाके सभी लोग प्राचीन द्राविड़ या तामिल जातिसे उत्पन्न थे। वे उस समय बहुत असभ्य थे और उनकी भाषा आर्यजातिके लिये अबोध्य थी, इसलिये वाल्मीकिने उनका वानर नामसे उल्लेख किया है। किन्तु जैन-रामायण (या पद्मपुराण)-में उस सेनाको आर्य और सुसभ्य मनुष्यजाति बतलाया है। (इसका विस्तृत विवरण जैन-पद्मपुराणके ८८ परिच्छेदमें देखो।) वास्तवमें वे वानर न थे।

तामिल शब्दको देख कर कनङ्गवेल आदि किसी किसी भाषाविदने स्थिर किया है, कि दाक्षिणात्यमें आर्य उपनिवेशसे पहले तामिल लोग कुछ कुछ सभ्य हुए थे। उस समय भी उनके राजा थे, राजगण दुर्भेद्य दुर्गमें रहते और छोटे छोटे भूखण्डका राज्य करते थे। गवैये शब्दों या गायकगण गायन करते थे। ताड़पत्र या मिट्टीमें लिखनेके अक्षर थे। वे एक ईश्वर मानते थे। जिसको 'क' अर्थात् राजा कहते थे। उनके उपासनागृह थे 'को-इल्' अर्थात् मन्दिर बनवाते थे। वे टीन, सोना और रूपाके सिवा अन्यान्य समस्त धातुओंके विषयको जानते थे। वे सौसे लगा कर हजार तक गिन सकते थे। घोष्ठ, कुञ्ज, ग्राम, छोटा नगर, गांव, छोटे-मोटे समुद्रग्राम भी थे। हां, उनका कोई बड़ा शहर या राजधानी नहीं थी। उन्हें अन्यान्य समस्त पर्वोंके नाम मालूम होने पर भी वे युग और ग्रहणका नाम नहीं जानते थे। तीर, धनुष, तलवार और भाला ये उनके युद्धास्त्र थे। युद्ध और शिकारमें उनको बड़ा आनन्द आता था। वे एक तरहका कपड़ा बुनना और रंगना जानते थे तथा मिट्टीका पात्र व्यवहार करते थे। किन्तु उनमें लिखने-पढ़नेकी चर्चा न थी। दर्शनशास्त्रकी बात तो दूर रही, व्याकरणका भी कोई नियम नहीं बना था। आर्योंका आगमनसे इनमें विद्याशिक्षाका स्रोत बहा है।

अब वह दिन चले गये। आर्य-संस्रवसे उनमें आर्य भावोंका सञ्चार हो गया है, किन्तु ब्राह्मणोंमें अब अनैक्यभाव अभी तक बिल्कुल दूर नहीं हुआ है। इस समय जहां रुपया है, वहीं तामिल हैं। जहां बड़ा कर मिलता है वहीं तामिल घुस पड़ते हैं। इनमें पूर्वतन कुसंस्कार बहुत कुछ दूर हो गये हैं। इस समय अभी कट्टर हिन्दू होने पर भी समाजके आचार-विचारोंको पालन न कर उच्च शिक्षा तथा उन्नतिके पथमें अग्रसर हो रहे हैं।

धर्म।—पूर्वकालमें तामिल लोग भूत-प्रेतोंकी पूजा करते थे। अब भी दक्षिणकी तरफ नीच लोग भूतोंकी पूजामें आसक्त हैं। उनके मतसे जिन मनुष्योंकी बलपूर्वक या अकस्मात् मृत्यु होती है, वे ही भूत हो कर मनुष्यका अनिष्ट करते हैं। ये भूत अत्यन्त प्रतिहिंसाप्रिय क्रूर हैं और मौका पाते ही गरदन पा दबाते हैं। कभी कभी

दानका खून और ताण्डवनृत्य पसन्द करते हैं। इनमें कोई बकरा, कोई सूअरके बच्चे और कोई मुरगासे सन्तुष्ट होते हैं। और कोई कोई तो बिना शराब मिले सन्तुष्ट हो नहीं होते। वस्तुतसे निम्न-श्रेणीके तामिलोंका विश्वास है, कि भूतसे ही दुःस्वप्न होते हैं। एक प्रकारका भूत है जो सोते समय गरदन आ दबाता है।

तामिल छात्र।

किसीको रोग होने पर अब भी निम्न श्रेणियोंमें ओझा बुलाये जाते हैं। वे सिर पर पगड़ी, गलेमें माला, हाथमें कड़े और बांहमें टँड़िया पहन कर आते और साथमें घण्टीदार धनुष लाते हैं। वह बड़े जोरसे चिल्ला कर कूदते हुए मन्त्र पढ़ता और उस धनुषको बजाता रहता है। इससे ओझाके शरीरमें भूतावेश होता है। फिर वह रोगकी व्यवस्था करता है। भूत-पूजा नीचोंका धर्म होने पर भी उच्च-श्रेणीके लोगोंमें इसका प्रचार अब बिल्कुल नहीं रहा है।

बहुतोंका विश्वास है, कि दाक्षिणात्यमें ब्राह्मण-प्राधान्य स्थापित होनेसे पहले, बहुत समय तक यहां जैनधर्मका प्राबल्य था। पहले ही लिखा जा चुका है, कि जैन-ग्रन्थ शत्रुञ्जय-माहात्म्यके मतसे आदि तीर्थङ्कर श्रीऋषभदेवके पुत्रके नामानुसार द्रविड़ नाम हुआ है। और उन्होंके अपत्यगण द्राविड़ नामसे प्रसिद्ध हुए हैं। उपर्युक्त पौराणिक कथासे स्पष्ट ज्ञान पड़ता है, कि किसी समय तामिल देशमें जैनोंका समधिक प्राबल्य था।

ईसाकी ७वीं शताब्दीमें जब चीन-परिव्राजक यूएन-चुयांग इस देशमें आये थे, उस समय भी उन्होंने निर्ग्रन्थ या दिगम्बर-जैनोंका प्राधान्य देखा था। जैनोंके समयमें द्राविड़को यथेष्ट उन्नति हुई है। अब भी द्राविड़के नाना स्थानोंमें प्रभूत जैन कीर्तियां प्राचीन जैन समृद्धिका विशेष परिचय दे रही हैं। यहांके प्राचीन जैनधर्मावलम्बियोंको असभ्य, अनार्य वा म्लेच्छ नहीं कहा जा सकता; वे अवश्य ही सुसभ्य और आर्य थे। किसी किसी भाषाविद्का अनुमान है, कि सुप्रसिद्ध कुमारिल भट्टने आन्ध्र-द्राविड़ शब्दसे जिस द्राविड़भाषाका उल्लेख किया है, वह उन्हींके समकालीन जैनोंमें व्यवहृत तामिल भाषा है।

पाण्ड्यराज सुन्दरपाण्ड्य परम शैव थे। उन्हींके समयमें तामिल-भूमि पर शैवोंका प्राधान्य और जैनधर्मकी अवनतिका सूत्रपात हुआ। शङ्कराचार्यके दौरदौरेसे यहां जैनधर्मका प्रभाव एकबारगी हीनप्रभ हो गया था।

तामिलोंमें बहुत दिनों तक शैवधर्म प्रबल था, इस समय शिवोपासकगण स्मार्त कहलाते हैं। रामानुजके प्रयत्नसे वैष्णवधर्मका प्राधान्य स्थापित हुआ। तामिलोंमें अब दो श्रेणीके वैष्णव दीख पड़ते हैं, एकका नाम तेङ्गल वा दक्षिणवेदी है और दूसरेका बड़गल या उत्तरवेदी।

इस समय उत्तर-भारतमें जैसे पहलेकी तरह वेदका प्रचलन नहीं रहा है, वैसा द्राविड़में अभी तक नहीं हुआ। तामिलोंमें अब भी वेदका यथेष्ट आदर है। और तो क्या, द्राविड़का ऐसा कोई मन्दिर नहीं, जहां प्रतिदिन वेद न पढ़ा जाता हो। तामिल ब्राह्मण समस्त धर्मकर्ममें वेदपाठहीको एक प्रधान अङ्ग समझते हैं। ब्राह्मणगण अब भी यथासाध्य शास्त्रको मान कर चलते हैं। यहां वर्णविचारकी प्रथा भी शिथिल नहीं हुई है। अब भी ऐसे बहुत स्थान हैं, जहांके ब्राह्मण शूद्रको स्पर्श करनेमें अपने धर्मनाशकी आशङ्का करते हैं। ऐसे भी बहुतसे ब्राह्मण-ग्राम हैं, जहां शूद्रोंको प्रवेश करनेका अधिकार नहीं है।

मुसलमानोंके आधिपत्यकालमें बहुत थोड़े तामिलोंने ही इस्लामधर्म माना था। उनकी सन्तान सन्ततियोंमेंसे बहुतोंने ईसाकी १६वीं शताब्दीमें फ्रान्सिस जेवियरके प्रयत्नसे ईसाई धर्म मान लिया था। इस समय तामिलोंमें फीसदी १ ईसाई निकलेगा।

शब्द और साहित्य—द्राविड़ी भाषाओंमें जितनी भी वर्णमालायें हैं, उनमें तामिल-वर्णमाला अपूर्ण है। डा० बुर्नेलके मतसे, तामिल-वर्णमाला सबसे पुराने [illegible] वर्णमालासे ही उत्पन्न है और [illegible] है। किन्तु इस विषयमें बहुत सन्देह है। अंग्रेज़ देखो।

इस भाषामें अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, (दीर्घ) ए, ऐ, (ह्रस्व) ओ, (दीर्घ) ओ, औ, और ये बारह स्वर तथा क, ङ, च, ञ, ट, ण, त, न, प, म, य, र, ल, व, ळ, ऴ, ऱ, ऩ ये १८ व्यञ्जन वर्ण हैं।

इस भाषामें क, ख, ग, घ इन चार अक्षरोंका उच्चारण एकसा है, च, छ, ज, झ, इन चारोंका, ट, ठ, ड, ढ, इन चारोंका, त, थ, द, ध, इन चारोंका तथा प, फ, ब, भ, इन चारों वर्णोंका उच्चारण एकसा है। अर्थात् 'क' के बदले एक कमें ख, ग, घ, इन तीनों अक्षरोंका काम चल जाता है। इसके सिवा श, ष, स, ह, ये वर्ण तो बिल्कुल हैं ही नहीं। संस्कृतभाषामें जैसे युक्ताक्षर व्यवहृत हुआ करते हैं, तामिल भाषामें वैसे नहीं होते। सिर्फ क्क, ङ्क, च्च, ञ्च, ट्ट, ण्ट इत्यादि और ट्क, ट्प, र्क, र्प, र्च, ल्क, ल्प, न्र ये युक्ताक्षर देखनेमें आते हैं। तीन व्यञ्जनोंका योग सिर्फ 'न्त्र' और 'र्त्र' है। संस्कृतकी तरह समस्त व्यञ्जन न रहनेसे तामिल भाषामें जब कोई संस्कृत शब्द लिया जाता है, तब उसका रूपान्तर हो जाता है। जैसे संस्कृतका कृष्ण शब्द तामिल लिपिमें किरुष्णन् या 'किट्टिनन्' लिखा जायगा।

यूरोपीय भाषाविदोंने स्थिर किया है, कि तामिल भाषा संस्कृतमूलक नहीं है। यदि संस्कृतमूलक होती, तो इसमें इतनी थोड़ी अक्षर या अपूर्ण वर्णमाला नहीं रहती। कोई कोई ब्राह्मणमूलक द्राविड़ी भाषाको ही तामिल समझ कर उसको संस्कृतमूलक बतलाते हैं। आधुनिक तामिल भाषामें बहुतसे संस्कृत शब्दोंका प्रयोग होने पर भी, तामिल भाषाके जितने भी प्राचीनतम शिलालेख और ग्रन्थ मिले हैं, उनमें संस्कृतका प्रभाव बिलकुल नहीं दीखता। इस कारणसे हम तामिलको संस्कृतमूलक कहना सङ्गत नहीं।

तामिल भाषा भी नितान्त अर्वाचीन नहीं है। बहुत प्राचीन समयमें भी यहां वर्त्तमान तामिल भाषाके शब्दोंका प्रयोग होता था। बाइबिलके प्राचीन भागमें हिब्रूके अक्षरोंमें मयूर के अर्थमें शब्द लिखा गया है।* बाइबिलमें उस समय मयूरका जो नाम लिखा गया है वह तामिलभाषा-मूलक है। इसके अलावा ग्रीक और लाटिन आदि भाषाके बहुत प्राचीन ग्रन्थोंमें भी जो नाम लिखे गये हैं, और जो पहले पहल भारतसे ही यूरोपमें पहुंचे हैं, उनके अधिकांश नाम इस संस्कृतभाषामें नहीं पाते, किन्तु तामिलभाषामें ही मिलते हैं।

तामिलभाषा दो प्रकारकी है। एकका नाम शेन्-तामिल अर्थात् प्राचीन तामिल और दूसरीका कोडुन्तामिल अर्थात् आधुनिक तामिल। दोनोंमें इतना पार्थक्य है, कि दोनोंको यदि भिन्न भिन्न भाषा कहा जाय तो अत्युक्ति न होगी।

कैसे समयसे ही तामिलभाषाका उत्कर्ष हुआ है। चारों ब्राह्मणगण उक्त दोनों ही भाषामें संस्कृत शब्द मिला देते हैं। द्राविड़के ब्राह्मण कहा करते हैं, कि महर्षि अगस्त्यने ही विन्ध्याद्रि लङ्घन कर द्राविड़में संस्कृत-सभ्यता और संस्कृत-साहित्यका प्रचार किया था। द्राविड़ और मलयालके लोगोंका विश्वास है, कि अगस्त्य अब भी जीवित हैं और समय समय अगस्त्याद्रिमें रहते हैं। अब भी कुमारिका अन्तरीपके निकट अगस्त्यपर्वतके भागमें वे पूजे जाते हैं। कोई कोई द्राविड़ पण्डित कहते हैं, कि सुन्दर पाण्ड्यके समयमें ही अगस्त्यने आ कर तामिल-वर्णमाला और तामिल-व्याकरणका प्रचार किया था। ऐसी दशामें पाश्चात्योंके मतमतान्तरसे अगस्त्यको इस पुराण-वर्णित अगस्त्य नहीं समझ सकते। सम्भवतः ये अगस्त्य-नामधारी और ही कोई व्यक्ति थे। तामिलोंका यह भी कहना है, कि अगस्त्यने ही उनके पूर्वपुरुषोंको पहले पहल चिकित्सा, ज्योतिष, रसायन, इन्द्रजाल आदिकी शिक्षा दी थी। और तो क्या, बहुतसे आधुनिक ग्रन्थ भी अगस्त्यके नामसे चल रहे हैं।

* बाइबिलमें मयूरका 'तुकि' नाम लिखा है, वह शब्द तामिल 'तोगै' या 'तोकै' शब्दसे उत्पन्न है।

जैनोंके उद्योगसे तामिलभाषाके साहित्यकी समधिक उन्नति हुई है। श्रवणबेलगोलाके शिलालेख और जैन-ग्रन्थोंके पढ़नेसे मालूम होता है, कि अन्तिम श्रुतकेवली भद्रबाहुस्वामीने बहुत दिनों तक द्राविड़ देशमें वास किया था, मौर्यराज चन्द्रगुप्त यहीं उनके शिष्य हुए थे। चन्द्रगुप्त देखो। यदि ऐसा ही है, तो मानना पड़ेगा, कि पहलेसे ही जैनियोंका यहां विस्तार हो गया था। जितने भी प्राचीन तामिल ग्रन्थ मिलते हैं, उनमें अधिकांश जैन हैं। बहुतोंका अनुमान है, कि तामिल भाषाके जितनी भी प्राचीन हस्तलिपियोंका आविष्कार हुआ है, उनमें जैनग्रन्थ ही सबसे अधिक प्राचीन हैं। कुमारिल और शङ्कराचार्यके आविर्भावके बादसे ही द्राविड़में जैन प्रभावका ह्रास होने लगा और जैनोंकी संख्या भी बहुत घट गई। ऐसी दशामें तामिल-जैनसाहित्यकी उन्नति और अवनति उनसे पहले ही माननी पड़ेगी।

तामिल भाषामें कवि तिरुवल्लुर-रचित कुरल ग्रन्थ ही सर्वप्रधान है। ईसाकी ८वीं शताब्दीमें पहले यह ग्रन्थ रचा गया था। कविके निम्न श्रेणीकी परिया जातिमें जन्म लेने पर भी, उनका ग्रन्थ सर्वत्र आदृत होता है। प्रसिद्ध विदुषी औवैरार (आवियार) तरुवल्लुवरकी भगिनी थीं। इनकी कविताने भी द्राविड़-समाजमें विशेष आदर पाया है। कम्बनकी तामिल रामायणमें कविकी कवित्वशक्तिका यथेष्ट परिचय मिलता है। सुन्दरपाण्ड्य तामिल भाषामें कई शिव-स्तोत्र लिख गये हैं, तामिल शैवगण उनको तामिल-वेद मानते हैं। ऐसा ही ४००० श्लोकोंका एक विष्णुस्तोत्र भी है, वह भी वैष्णवोंके लिए वेदस्वरूप है।

तामिल भाषामें रचित जैनकाव्योंमें १५००० श्लोकात्मक "चिन्तामणि" नामक ग्रन्थ ही विशेष उल्लेखयोग्य है। इस ग्रन्थकी रचना-प्रणाली, शब्दयोजना और वर्ण-माधुर्य कम्बनकी रामायणकी अपेक्षा श्रेष्ठ हैं।

तामिस्र (सं० पुं०) तमिस्रा तमस्तति रस्तास्य अण्। १ नरकविशेष, एक नरकका नाम। इस नरकमें सदा घोर अन्धकार बना रहता है, जो दूसरोंको ठग कर अपनी जीविका निर्वाह करते हैं, वे ही इस नरकके अधिकारी हैं; उन्हें इस नरकमें अधिक यन्त्रणा भोगनी पड़ती है। (भागवत ५।२६।) तमिस्रया साध्य अण्। २ द्वेष। ३ अविद्याविशेष, एक अविद्याका नाम। भोगकी इच्छापूर्तिमें बाधा पड़नेसे जो क्रोध उत्पन्न होता है उसे तामिस्र कहते हैं। ४ क्रोध, गुस्सा।

तामी (हिं० स्त्री०) १ तांबेका तसला। २ एक प्रकारका बरतन जिससे द्रव पदार्थ मापा जाता है।

तामील (अ० स्त्री०) आज्ञाका पालन।

तामु (सं० त्रि०) तम-उण्। स्तोता, स्तुति करनेवाला।

तामेसरी (हिं० स्त्री०) गेरूके योगसे बनाये जानेका एक प्रकारका तामड़ा रंग।

ताम्बुली (सं० स्त्री०) ताम्बुली पृषो० साधुः। ताम्बूल, पान।

ताम्बूल (सं० क्ली०) तम-ऊलच्, बुगागमो दोर्घश्च। अभि-षिक्तादिभ्य उर्ठ्वौ। उण् ४।९०। १ पर्णनागवल्ली दल, पान। पर्याय—ताम्बूलवल्ली, ताम्बुली, नागिनी और नागवल्ली।

स्वनाम-प्रसिद्ध लताविशेषके पत्तेको ताम्बूल या पान (Piper Beetle) कहते हैं। पान शब्द संस्कृतके पर्ण शब्दका अपभ्रंश है, जिसका अर्थ है—पत्ता। पान भारतवर्षमें सर्वत्र मिलता है, पर ज्यादा उत्तरमें नहीं होता।

पानके विभिन्न नाम—

हिन्दीमें	...	...	पान।
बङ्गलामें	...	...	पान।
बम्बईमें	...	...	पान, विलिदेले।
मराठीमें	...	...	विड़ेचा-पान।
गुजरातीमें	...	...	पान, नागरवेल।
तामिलमें	...	...	वेत्तिलाई।
तेलगूमें	...	...	तमालपाकू, नागवल्ली।
कनाड़ीमें	...	...	विलेदेले।
मलयमें	...	...	वेत्ता, वित्तिला।
ब्रह्ममें	...	...	कुनियोई, कानिनेत्।
सिंहलमें	...	...	बलात।
अरबीमें	...	...	तानबोल।
फारसीमें	...	...	तानबोल, बर्ग-ए-तम्बोल।

पान उष्णदेशमें सोली जमीन पर होता है। भारत,

तन्त्र और व्याकरण—इन भाषाओंके लिये भी सर्वमान्य हैं, उनमें तामिल-वर्णमाला अपूर्ण है। डा० बुर्नेल कहते, तामिल-वर्णमाला अशोकके पहले वा प्राचीन वर्णमालामें ही प्रचलित है और उनके दाक्षिणात्यमें लिखित शिलालेखमें भी दिखाई देती है। किन्तु इस विषयमें प्रमाण अपर्याप्त है। [illegible]

इस भाषामें अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, (दोनों) ऐ, ओ, (दोनों) औ, ऋ, और ऌ ये बारह स्वर तथा क, ङ, च, ञ, ट, ण, त, न, प, म, य, र, ल, व, ळ, ऴ, ऱ, ऩ ये १८ व्यञ्जन वर्ण हैं।

इस भाषामें क, च, ट, त इन चार अक्षरोंका उच्चारण एकसा है। ख, ग, घ, ङ, इन चारोंका, ट, ठ, ड, ढ, इन चारोंका, त, थ, द, ध, इन चारोंका तथा प, फ, ब, भ, इन चारों वर्णका उच्चारण एकसा है। अर्थात् 'क' के रहने पर उसमें ख, ग, घ, इन तीनों अक्षरोंका काम चल जाता है। इसके सिवा श, ष, स, ह, ं, ः, ये वर्ण भी विलकुल हैं ही नहीं। संस्कृतभाषामें जैसे संयुक्ताक्षर युक्तव्यञ्जन हुआ करते हैं, तामिल भाषामें वैसे नहीं होते। सिर्फ क्ष, ज्ञ, श, ष, स, ह, कुछ ऐसे और ट्क, ट्प, ण्ट, न्ट, न्त, म्प, ल्क, र्क, ये युक्ताक्षर दिखाई पड़ते हैं। तीन व्यञ्जनोंका योग सिर्फ 'र्क्क' और 'र्च' है। संस्कृतकी तरह समस्त व्यञ्जन न होनेसे तामिल भाषामें जब कोई संस्कृत शब्द लिया जाता है, तब उसका रूपान्तर हो जाता है। जैसे संस्कृतका कृष्ण शब्द तामिल लिपिमें किरुट्टिनन् या 'किट्टिनन्' लिखा जायगा।

यूरोपीय भाषाविदोंने स्थिर किया है, कि तामिल भाषा संस्कृतमूलक नहीं है। यदि संस्कृतमूलक होती, तो इसमें इतने थोड़े अक्षर या अपूर्ण वर्णमाला नहीं रहती। कोई कोई प्राकृतमूलक द्राविड़ी भाषाको ही तामिल समझ कर उसको संस्कृतमूलक बतलाते हैं। आधुनिक तामिल भाषामें बहुतसे संस्कृत शब्दोंका प्रयोग होने पर भी, तामिल भाषामें लिखित [illegible] और प्राचीन शिलालेख और अन्य लिपि हैं, उनमें संस्कृतका प्रभाव बिलकुल नहीं दीखता। इन कारणोंसे हम तामिलको संस्कृतमूलक कहना उचित नहीं।

तामिल भाषा भी [illegible] नहीं है। [illegible] और [illegible] भी इसी वर्णमाला तामिल भाषासे [illegible] हुई होगी। [illegible] प्राचीन भाषामें लिखकर [illegible] मधुर भी [illegible] है। [illegible] इस समय [illegible] ओ प्राप्त किया गया है वह तामिलभाषा-मूलक है। इसके अलावा और भाषाने भाषा आदि भाषाने बहुत संस्कृत शब्दादिको ग्रहण किये हैं, और जो पहले अन्य भाषामें थे ऐसे शब्द हैं, उनके अधिकांश भाग इस संस्कृतभाषामें नहीं पाते, किन्तु तामिलभाषामें वे मिलते हैं।

तामिलभाषा दो प्रकारकी है। एकका नाम शेन्तमिल अर्थात् प्राचीन तामिल और दूसरीका कोडुन्तमिल अर्थात् आधुनिक तामिल। दोनोंमें इतना पार्थक्य है, कि दोनोंको यदि भिन्न भिन्न भाषा कहा जाय तो अत्युक्ति न होगी।

कैसे समयमें ही तामिलभाषाका उत्कर्ष हुआ है। आर्य ब्राह्मणगण जब दोनों ही भाषामें संस्कृत शब्द मिला देते हैं। द्राविड़के ब्राह्मण कहा करते हैं, कि महर्षि अगस्त्यने ही विन्ध्यादि लङ्घन कर दाक्षिणात्यमें संस्कृत-सभ्यता और संस्कृत-साहित्यका प्रचार किया था। द्राविड़ और मलयालके लोगोंका विश्वास है, कि अगस्त्य अब भी जीवित हैं और मलयाचलके अरण्यमें वास करते हैं। अब भी कुमारिका अन्तरीपके निकट अगस्त्यकी पर्वत श्रेणी में पूजे जाते हैं। कोई कोई द्राविड़ पण्डित कहते हैं, कि सुन्दर पाण्ड्यके समय में ही अगस्त्यने आ कर तामिल-वर्णमाला और तामिल-व्याकरणका प्रचार किया था। किसी दशामें पाश्चात्यगण [illegible] अगस्त्यको इस पुराण-वर्णित अगस्त्य नहीं मान सकते। सम्भवतः ये अगस्त्य-सम्प्रदायी और ही कोई व्यक्ति थे। तामिलोंका यह भी कहना है, कि अगस्त्यने ही इनके पूर्वपुरुषोंको पहले पहल शिल्पशास्त्र, रसायन, ज्योतिष आदिकी शिक्षा दी थी। और भी क्या, बहुतसे आधुनिक ग्रन्थ भी अगस्त्यके नामसे चल गये हैं।

* बङ्गालीमें अनुवाद 'दुष्ट' शब्द लिखा है, पर यह तामिल 'दमीड' या 'दूमिड' शब्दसे हुआ है।

जैनोंके उद्योगसे तामिलभाषाके साहित्यकी समधिक उन्नति हुई है। श्रवणबेलगोलाके शिलालेख और जैन-ग्रन्थोंके पढ़नेसे मालूम होता है, कि अन्तिम श्रुतकेवली भद्रबाहुस्वामीने बहुत दिनों तक द्राविड़ देशमें वास किया था, मौर्यराज चन्द्रगुप्त वहीं उनके शिष्य हुए थे। चन्द्रगुप्त देखो। यदि ऐसा हो है, तो मानना पड़ेगा, कि पहलेसे हो जैनियोंका वहां विस्तार हो गया था। जितने भी प्राचीन तामिल ग्रन्थ मिलते हैं, उनमें अधिकांश जैन हैं। बहुतोंका अनुमान है, कि तामिल भाषाके जितनी भी प्राचीन हस्तलिपियोंका आविष्कार हुआ है, उनमें जैनग्रन्थ ही सबसे अधिक प्राचीन हैं। कुमारिल और शङ्कराचार्यके आविर्भावके बादसे हो द्राविड़में जैन प्रभावका ह्रास होने लगा और जैनोंकी संख्या भी बहुत घट गई। ऐसी दशामें तामिल-जैनसाहित्यकी उन्नति और अवनति उनसे पहले ही माननी पड़ेगी।

तामिल भाषामें कवि तिरुवल्लुर-रचित कुरल ग्रन्थ हो सर्वप्रधान है। ईसाकी ८वीं शताब्दीसे पहले यह ग्रन्थ रचा गया था। कविके निम्न श्रेणीको परिया जातिमें जन्म लेने पर भी, उनका ग्रन्थ सर्वत्र आदृत होता है। प्रसिद्ध विदुषी औवैरार (आवियार) तरुवल्लुवरकी भगिनी थीं। इनकी कविताने भी द्राविड़-समाजमें विशेष आदर पाया है। कम्बनकी तामिल रामायणमें कविकी कवित्वशक्तिका यथेष्ट परिचय मिलता है। सुन्दरपाण्ड्य तामिल भाषामें कई शिव-स्तोत्र लिख गये हैं, तामिल शैवगण उनको तामिल-वेद मानते हैं। ऐसा ही ४००० श्लोकोंका एक विष्णुस्तोत्र भी है, वह भी वैष्णवोंके लिए वेदस्वरूप है।

तामिल भाषामें रचित जैनकाव्योंमें १५००० श्लोकात्मक "चिन्तामणि" नामक ग्रन्थ ही विशेष उल्लेखयोग्य है। इस ग्रन्थकी रचना-प्रणाली, शब्दयोजना और वर्ण-माधुर्य कम्बनकी रामायणकी अपेक्षा श्रेष्ठ हैं।

तामिस्र (सं० पु०) तमिस्रा तमस्तति रस्त्यस्य अण्। १ नरकविशेष, एक नरकका नाम। इस नरकमें सदा घोर अन्धकार बना रहता है, जो दूसरोंको ठग कर अपनी जीविका निर्वाह करते हैं, वे ही इस नरकके अधिकारी हैं; उन्हें इस नरकमें अधिक यन्त्रणा भोगनी पड़ती है। (भागवत ५।२६.) तमिस्रया साध्य अण्। २ द्वेष। ३ अविद्याविशेष, एक अविद्याका नाम। भोगकी इच्छापूर्तिमें बाधा पड़नेसे जो क्रोध उत्पन्न होता है उसे तामिस्र कहते हैं। ४ क्रोध, गुस्सा।

तामी (हिं० स्त्री०) १ तांबेका तसला। २ एक प्रकारका बरतन जिससे द्रव पदार्थ मापा जाता है।

तामील (अ० स्त्री०) आज्ञाका पालन।

तामु (सं० त्रि०) तम-उण्। स्तोता, स्तुति करनेवाला।

तामेसरी (हिं० स्त्री०) गेरूके योगसे बनाये जानेका एक प्रकारका तामड़ा रंग।

ताम्बुली (सं० स्त्री०) ताम्बुली पृषो० साधुः। ताम्बूल, पान।

ताम्बूल (सं० क्लो०) तम-ऊलच्, बुगागमो दीर्घश्च। सलिकल्याद्भ्य ऊलच्। उण् ४।९०। १ पर्णनागवल्ली दल, पान। पर्याय—ताम्बूलवल्ली, ताम्बुली, नागिनी और नागवल्ली।

स्वनाम-प्रसिद्ध लताविशेषके पत्तेको ताम्बूल वा पान (Piper Beetle) कहते हैं। पान शब्द संस्कृत पर्ण शब्दका अपभ्रंश है, जिसका अर्थ है—पत्ता। पान भारतवर्षमें सर्वत्र मिलता है, पर ज्यादा उत्तरमें नहीं होता।

पानके विभिन्न नाम—

हिन्दीमें	...	...	पान।
बङ्गलामें	...	...	पान।
बम्बईमें	...	...	पान, विलिटेले।
मराठीमें	...	...	विड़ेचा-पान।
गुजरातीमें	...	...	पान, नागरवेल।
तामिलमें	...	...	वेत्तिलाई।
तेलगूमें	...	...	तमालपाकु, नागवल्ली।
कनाड़ीमें	...	...	विलेदेले।
मलयमें	...	...	वेत्ता, विल्तिला।
ब्रह्ममें	...	...	कुनियोई, कानिनीय।
सिंहलमें	...	...	बलात।
अरबीमें	...	...	तानबोल।
फारसीमें	...	...	तानबोल, बर्ग-ए-तांबोल।

पान उष्णदेशमें सोली जमीन पर होता है। भारत,

सिंचन, और खादके लिए इसकी जरूरत होती है। बहुतोंका अनुमान है कि दक्षिण भारत इसका आदि वासस्थान है, क्योंकि यह वहींका पौधा है।

पानकी खेती बड़ी कष्टसाध्य है। इसके खेतमें खाद और इसका परिमाण बराबर ध्यान रखना पड़ता है। किसानको प्रतिदिन प्रायः इसकी देखभाल करनी पड़ती है। स्थान भेदसे इसकी खेतीमें कुछ कुछ पार्थक्य है। मन्द्राजके कोइम्बातुर जिलेमें पानकी खेती ऐसी होती है, कि जमीनको खूब साफ करके बनानेके बाद उसमें दो फुट चौड़ा लम्बा मेंड़ बना देते हैं, जिसका आकार नाली वालोंका सा अथवा औंधा हो जाता है। आड़वाममें इन मेंड़ोंके किनारे शीशमियोंके बीज बोये जाते हैं और यथासमय तक उनको जड़में पानी भी दिया जाता है। उसके बाद दो वर्षके पुराने पानके पौधोंको उखाड़ कर उनको एक एक गांठमें एक एक टुकड़ा बनाते हैं और शीशमियोंके नीचे दो टुकड़े गाड़ देते हैं। प्रथम १५ दिन तक एक दिन अन्तर पानी देते हैं। पीछे सप्ताहमें एक बार पानी दिया जाता है और इसी तरह बेल बढ़ाने लग जाते हैं। इसके बाद आवश्यकतानुसार प्रत्येकमें गोबर, राख इत्यादिकी खाद देते रहते हैं। मालीके ऊपर लगी हुई लताको उठा कर खड़ेके ऊपर देते हैं। इसके बाद पानको लताओंको उन शीशमियोंके पौधोंमें बांध देते हैं। एक वर्ष तक इसी तरह लताको हटाते साथ साथ किसानको इसे बांधना पड़ता है। एक वर्षके बाद लता बढ़नेसे ही उस पर लिपट कर बढ़ सकती है। यथाऋतु-मानसमें फिर खाद देनी पड़ती है। प्रथम वर्षके बादसे ही प्रतिदिन लताके पानके पत्ते तूटते रहते हैं। इस तरह १५ महीने तक पत्ते तोड़े जा सकते हैं।

बहुत अच्छे खेतमें बोया पीछे हर महीने ५ कोटि पान होते हैं। १०० पत्तोंका १ अगूल (गुच्छा) होता है, २५ अगूलका एक पाशालि और ८० पाशालियोंमें १ कोटि होता है। एक पाशालि ५) के भावमें बिकती है। इस तरह प्रति बीघेमें हर महीने ३०) के पान होते हैं और १५ महीनेमें ४५०) रुपयेका लाभ होता है। पानकी खेतीमें बेशक परिश्रम पड़ता है, बैसा लाभ भी

ज्यादा होता है। तो भी आज इसकी खेती बहुत कम होती जाती है।

आसाम—आसाममें प्रतिवर्ष इस प्रदेशमें पानका आदर अधिक है। इसलिए इसकी खेतीमें भी अपेक्षा कृत ज्यादा पाया जाता है। इस देशमें जो लोग पानकी खेती करते हैं, वे 'बरै' नामसे प्रसिद्ध हैं। इनके खेतको वहां बरोजा कहते हैं। कहीं कहीं 'पानबरज' भी कहते हैं। पानकी लता बड़ी कोमल होती है और बहुत कम गरम या ठण्ढा लगनेसे मर या झुलस भी जाती है। यदि अच्छी तरह देखभाल रखी जाय तो भारतमें दो वर्ष का परिश्रमफल मिलता है। पानका बरोजा ऊपर और चारों ओरसे इस तरह ढक दिया जाता है, कि जिससे फिर पानों पर धूप और ओसको पड़ने न पावे। पानकी लताओंको टेकनेके लिए और छाईदार बनानेके लिए बड़े बड़े पत्तोंवाला पलाशबृक्ष बोया जाता है। यहां पानका बरोजा बहुत बड़ा होता है और किसान इसीके लिए रहते हैं, तथा जिनमें भी किसान हैं, मानो कई एक बरोजाको जमीन बांट लेते हैं। यहां बरोजाके भीतर बहुत तरी रहनेसे नालियोंमें स्याम आदि जानवर आ छिपते हैं। यहां भी २ वर्ष तक पानकी खेती होती है। प्रथम वर्षको सकल और द्वितीय वर्षको नरवा कहते हैं। पहला फसलकी जो कीमत ज्यादा होती है। गोसाइ जिलेकी खेतीमें कुछ फरक है। यहां एक बार खेती करनेसे १०।१२ वर्ष तक फसल होती है। यहांकी खेती मन्द्राजकी तरह होती है। बेल बरोजे बदले यहां 'बाबा' या जयन्तीवृक्ष लगाते हैं। जिनके पास और 'लाहुरा' या मदारको मुंडियों गाड़ कर बाड़ी बना देते हैं। जयन्तीवृक्षके मूल जाने पर गुच्छके पेड़ लगा देते हैं। इस प्रकार वर्ष बाद बरोजा बदल जाते हैं। अन्यान्य स्थानोंसे यहांकी खेतीमें परिश्रम और खर्च कम पड़ता है।

बंगाल—बङ्गालमें भी जो लोग पानकी खेती करते हैं, वे 'बारई' कहलाते हैं। वे 'तामली' या शाखा भी ब्राह्मण से पृथक् और निम्नश्रेणीके होते हैं। पानके खेतको यहां 'बरज' कहते हैं। बरज देशमें जमीन ऊंचा होता है। यहां वर्तमान नामक स्थानमें तथा ढाकेके जिलाकी

स्थानमें इसकी खेती अधिक होती है। उलुबेड़ियाके निकटवर्ती बाटूल ग्रामके पान सबसे उमदा होते हैं, इसलिए यहींको खेतोको तरकीब लिखी जाती है। बङ्गालमें तीन प्रकारके पान होते हैं—'सांचो', या खासा, कपूरकाठी और देशी या बङ्गला। कपूर काठी पान खानेमें मोठा और कपूरगन्धविशिष्ट होता है। इसकी खेती बहुत कम होती है; खेती ज्यादा होने पर भी यह कम उपजता है।

पानका बरज किसी तालाब या नहरके निकटवर्ती ऊँचे स्थान पर होना चाहिए। इसके लिये चिकनी मिट्टी ही अच्छी है। बरजमें घास आदि नहीं होने देना चाहिये, होने पर जड़से उखाड़ देना चाहिए। मिट्टीको १ या १॥ फुट तक फाड़ से कर चारों तरफ नाले खोद दें और ऊँची बाड़ बना दें। नये बरजमें तालाबका पङ्क देना पड़ता है। मिट्टीके ढेलोंको फोड़ कर पंक्ति-वार कमाँचियाँ गाड़ देनी पड़ती हैं। उन कमाँचियोंके पास ही नागरबेल (पान)को एक एक गाँठ गाड़ देवें; कमाँचियां ४।५ हाथ ऊँची होनी चाहिए। बरजके ऊपर चारों तरफ सनकटी छा दी जाती है। टट्टियोंको मजबूत करनेके लिए बीच बीचमें बाँसके खूँटे गाड़ दिये जाते हैं। 'गोंज' अर्थात् जो कमाँचियां गड़ी जाती हैं, उनकी एक पंक्ति १८ इञ्च और एक पंक्ति १० इञ्च अन्तरमें होती हैं तथा १८ इञ्चकी पंक्तिके आमने सामने दो 'गोंजों'का अग्रभाग खींच कर एकत्र बाँध देते हैं। पानकी गांठ २७ इञ्च दूरकी कमंची (गोंज)के नीचे गाड़ते हैं। एक एक गाँठ एक हाथ या एक फुट लम्बी काटी जाती है। इसे तिरछी गाड़ कर खजूरके पत्तोंसे ढक देते हैं। जेठसे लगा कर कातिक तक रोपणकार्य चल सकता है। लताके उत्पन्न होते ही उन कमचियोंके साथ मूंजसे उसको बाँध देते हैं। पीछे बरजके ऊपर तक पहुँचने पर उसको नीचेकी तरफ झुका देते हैं। बीच बीचमें तालाबका पङ्क और पोखों आदिको सड़ा-सुखा कर जड़में देते हैं। इस तरह प्रत्येक बार मिट्टी देते देते 'बरज' विलक्षण ऊँचा हो जाता है। बाँटुल ग्राममें एक एक पुराने बरजकी जमीन इकमंजिले मकानके बराबर ऊँची हो गई है। गोबरका चूरा, तालाबके कीचड़का चूरा, सरसोंकी खली आदि पानके लिये बहुत उमदा खाद है। अंडोंको उनी लताओंको नष्ट कर देती है। बरजमें मैला पानी न देना चाहिये। बरजमें पानीका जमना भी अनिष्टकर है। पानकी लता-में निम्नलिखित दोष लग जाते हैं—

१· दाग लगना—पानके पत्तों पर काले काले दाग लगना। यह दाग क्रमशः आयतनमें बढ़ता रहता है और पत्ते नष्ट हो जाते हैं।

२। पानके डण्ठलोंका काला होना और अन्तमें पत्ते झर जाना।

३। मुरझाना-पत्तोंका क्रमशः सूख कर मुरझा जाना।

४। पत्तोंके किनारे लाल हो जाना।

५। पत्तेके किनारोंका मुड़ जाना।

ये रोग सिर्फ पत्तोंमें लगते हैं।

६। पङ्कारी—यह संक्रामक पीड़ा है, यह लताकी गाँठमें होता है, जिससे लता क्रमशः काली हो कर सूख जाती है। जिस लतामें पङ्कारी रोग लग जाय और उससे यदि अन्य लताका सम्पर्क हो, तो उसमें भी यह रोग लग जाता है। इस रोगके होने पर उस लताको जड़से तुरन्त उखाड़ देना चाहिये और जड़की कुछ मिट्टी भी निकाल कर फेंक देनी चाहिये।

७। 'गान्दी' वा 'गांदो'—लतामें गान्दी रोग लगने पर उसकी जड़ लाल हो जाती है और अन्तमें सूख जाती है।

उक्त रोगोंमें लहसुनका रस मिट्टीके साथ मिला कर उस मिट्टीको लताको जड़में देना चाहिये। इससे लाभ होता है।

उड़िष्या-यहां भी बङ्गालकी तरह खेती होती है। एक एक लतासे ५।१० वर्ष तक पत्ते तोड़े जा सकते हैं। इस तरह उड़िष्यामें बीघा पीछे खर्च बाद दे कर सालमें ४००) से ४५०) रुपये तक लाभ होता है।

बम्बई—यहां पानकी खेतीका उतना आदर नहीं होता। अहमदनगरमें पानके पत्ते ३ वर्षसे पहले नहीं तोड़े जाते। यहांकी खेती मन्द्राज जैसी है। ८ दिन अन्तर दे कर पत्ते तोड़े जाते हैं।

पूनामें पानके खेतको पानमाला कहते हैं। यहां

सिंहल, और ब्रह्ममें पत्तेके लिए इसकी खेती होती है। बहुतोंका अनुमान है कि यवद्वीप पानका आदि वासस्थान है, वहींसे यह सर्वत्र फैल गया है।

पानीकी खेती बड़ी कष्टसाध्य है। इसके खेतमें ताप और रसका परिमाण बराबर समान रहना जरूरी है। किसानको हमेशा देख-भाल रखनी पड़ती है। स्थान-भेदसे इसकी खेतीमें कुछ कुछ पार्थक्य है। मन्द्राजके कोइम्बातुर जिलेमें पानकी खेती काफी होती है, वहां जमीनको काम लायक बनानेके बाद उसमें दो फुट चौड़ा नाला खोद कर मेंड़ बना देते हैं, जिसका आकार ठीक पानीको होलीर या नहर जैसा हो जाता है। भाद्रमासमें इन मेंड़ोंके किनारे मोलमिरोंके बीज बोये जाते हैं और आश्विनमास तक इसकी जड़में पानी भी दिया जाता है। इसके बाद दो वर्षके पुराने पानके पौधोंको उपाट कर उनको एक एक गांठसे एक एक टुकड़ा बनाते हैं। प्रत्येक मोलमिरोंके नीचे दो टुकड़े गाड़ देते हैं। प्रथम १५ दिन तक एक दिन अन्तर पानी देते हैं। पीछे सप्ताह में एक बार पानी दिया जाता है और इसी तरह तीन महीने बीत जाते हैं। उसके बाद माघमासके प्रारम्भमें गोबर, राख इत्यादिको खाद देते रहते हैं। नालेके ऊपर जमी हुई मिट्टीको उठा कर खादके ऊपर देते हैं। इसके बाद पानकी लताओंको उक्त मोलमिरोंके पौधोंसे बांध देते हैं। एक वर्ष तक इसी तरह लताकी वृद्धिके साथ साथ किसानको उसे बांधना पड़ता है। एक वर्षके बाद लता अपनेसे ही उस पर लिपट कर चढ़ सकती है। असाढ़-सावनमें फिर खाद देनी पड़ती है। प्रथम वर्षके बादसे ही प्रतिदिन जड़के पासके पत्ते टूटते रहते हैं। इस तरह १६ महीने तक पत्ते तोड़े जा सकते हैं।

बहुत अच्छे खेतमें बीघा पीछे हर महीने ५ कोरि पान होते हैं। १०० पत्तोंका १ कत्तूस (गुच्छा) होता है, २५ कत्तूसमें पालागि और ८० पालागिमें १ कोरि होती है। प्रति पालागि ।)के भावसे बिकती है। इस तरह प्रति बीघेमें हर महीने २०)के पान होते हैं और १६ महीनेमें ३२०) रुपयेकी फसल होती है। पानकी खेतीमें जैसा परिश्रम पड़ता है, वैसा लाभ भी काफी होता है। तो भी लोग इसकी खेती उतनी नहीं करते।

मध्यभारत—मन्द्राजकी अपेक्षा इस प्रदेशमें पानका आदर अधिक है। इसलिए इसकी खेतीमें भी लोगोंका आग्रह ज्यादा पाया जाता है। इस देशमें जो लोग पानकी खेती करते हैं, वे 'बरे' नामसे प्रसिद्ध हैं। पानके खेतको यहां बरोजा कहते हैं। कहीं कहीं 'पानका टण्डा' भी कहते हैं। पानकी लता बड़ी कोमल होती है और बहुत कम उत्ताप या आलोकसे नष्ट या दूषित हो जाती है। यदि अच्छी तरह देख भाल रक्खी जाय तो लाभमें दो वर्षका परिश्रमफल मिलता है। पानका खेत बांस और टट्टियोंसे इस तरह ढक दिया जाता है, कि जिससे फिर पानों पर धूप और जोरकी हवा न लगे। पानकी लताओंको ढकनेके लिए और लपेट कर चढ़ानेके लिए बड़े बड़े पत्तोंवाला अरण्डका बोया जाता है। यहां पानका बरोजा बहुत बड़ा होता है और खेत हमेशाके लिए रहते हैं, तथा जितने भी किसान हैं, सभी कई एक बरोजाकी जमीन बांट लेते हैं। यहां बरोजाके भीतर बहुत तरी रहनेसे गरमियोंमें व्याघ्र आदि जानवर आ छिपते हैं। यहां भी २ वर्ष तक पानकी खेती होती है। प्रथम वर्षको उटक और द्वितीय वर्षको करवा कहते हैं। पहली फसलकी ही कीमत ज्यादा होती है। नीमार जिलेकी खेतीमें कुछ फरक है। वहां एक बार खेती करनेसे १०।१२ वर्ष तक फसल होती है। यहांकी खेती मन्द्राजकी तरह होती है। मोल-सरीके बदले यहां 'सरवा' या जयन्तीवृक्ष लगाते हैं। खेतके चारों ओर 'पाडरा' या मदारकी खूंटियां गाड़ कर बाड़ी लगा देते हैं। जयन्तीवृक्षके सूख जाने पर गुग्गुलके पेड़ लगा देते हैं। दस बारह वर्ष बाद वे बरोजा बदल डालते हैं। अन्यान्य स्थानोंसे यहांकी खेती परिश्रम और खर्चमें कम पड़ती है।

बंगाल—बङ्गालमें जो लोग पानकी खेती करते हैं, वे 'बारई' कहलाते हैं। ये 'तामली' या ताम्बूली जाति से पृथक् और निम्नश्रेणीके होते हैं। पानके खेतको यहां 'बरज' कहते हैं। बरज देखनेमें अच्छा होता है। यहां वर्द्धमान नामक स्थानमें तथा गङ्गाके निकटवर्ती

स्थानमें इसकी खेती अधिक होती है। उलुवेड़ियाके निकटवर्ती वाटूल ग्रामके पान सबसे उमदा होते हैं, इसलिए यहाँकी खेतीकी तरकीब लिखी जाती है। बङ्गालमें तीन प्रकारके पान होते हैं—'साँचो', वा खासा, कपूरकाठी और देशी वा बङ्गला। कपूर काठी पान खानेमें मीठा और कपूरगन्धविशिष्ट होता है। इसकी खेती बहुत कम होती है; खेती ज्यादा होने पर भी यह कम उपजता है।

पानका बरज किसी तालाब वा नहरके निकटवर्ती ऊँचे स्थान पर होना चाहिए। इसके लिये चिकनी मिट्टी ही अच्छी है। बरजमें घास आदि नहीं होने देना चाहिये, होने पर जड़से उखाड़ देना चाहिए। मिट्टीको १ या १॥ फुट तक फाड़ ले कर चारों तरफ नाले खोद दें और ऊँची बाड़ बना दें। नये बरजमें तालावका पङ्क देना पड़ता है। मिट्टीके ढेलोंको फोड़ कर पंक्ति-वार कमाँचियाँ गाड़ देनी पड़ती हैं। उन कमाँचियोंके पास ही नागरवेल (पान)की एक एक गाँठ गाड़ देवें; कमाँचियाँ ४।५ हाथ ऊँची होनी चाहिए। बरजके ऊपर चारों तरफ सनकटी छा दी जाती है। टट्टियोंको मजबूत करनेके लिए बीच बीचमें बाँसके खूँटे गाड़ दिये जाते हैं। 'गौज' अर्थात् जो कमाँचियाँ गड़ी जाती हैं, उनकी एक पंक्ति १८ इञ्च और एक पंक्ति १७ इञ्च अन्तरमें होती है तथा १८ इञ्चकी पंक्तिके आमने सामने दो 'गौजों'का अग्रभाग खींच कर एकत्र बाँध देते हैं। पानकी गाँठ २७ इञ्च दूरकी कमंची (गौज)के नीचे गाड़ते हैं। एक एक गाँठ एक हाथ या एक फुट लम्बी काटी जाती है। इसे तिरछी गाड़ कर खजूरके पत्तोंसे ढक देते हैं। जेठसे लगा कर कातिक तक रोपणकार्य चल सकता है। लताके उत्पन्न होते ही उन्हें कमचियोंके साथ मूंजसे उसको बाँध देते हैं। पीछे बरजके ऊपर तक पहुंचने पर उसको नीचेकी तरफ झुका देते हैं। बीच बीचमें तालावका पङ्क और पौधों आदिको सड़ा-सुखा कर जड़में देते हैं। इस तरह प्रत्येक बार मिट्टी देते देते 'बरज' विलक्षण ऊँचा हो जाता है। वाटूल ग्राममें एक एक पुराने बरजकी जमीन इकमंजिले मकानके बराबर ऊंची हो गई है। गोबरका चूरा, तालाबके कीचड़का चूरा, सरसोंकी खली आदि पानके लिये बहुत उमदा खाद है। अंडीकी खली लताओंको नष्ट कर देती है। बरजमें मैला पानी न देना चाहिये। बरजमें पानीका जमना भी अनिष्टकर है। पानकी लता-में निम्नलिखित दोष लग जाते हैं—

१ दाग लगना—पानके पत्तों पर काले काले दाग लगना। यह दाग क्रमशः आयतनमें बढ़ता रहता है और पत्ते नष्ट हो जाते हैं।

२। पानके डण्ठलोंका काला होना और अन्तमें पत्ते झर जाना।

३। मुरझाना-पत्तोंका क्रमशः सूख कर मुरझा जाना।

४। पत्तोंके किनारे लाल हो जाना।

५। पत्तेके किनारोंका मुड़ जाना।

ये रोग सिर्फ पत्तोंमें लगते हैं।

६। अङ्गारी—यह संक्रामक पीड़ा है, यह लताकी गाँठमें होता है, जिससे लता क्रमशः काली हो कर सूख जाती है। जिस लतामें अङ्गारी रोग लग जाय और उससे यदि अन्य लताका सम्पर्क हो, तो उसमें भी यह रोग लग जाता है। इस रोगके होने पर उस लताको जड़से तुरन्त उखाड़ देना चाहिये और जड़की कुछ मिट्टी भी निकाल कर फेंक देनी चाहिये।

७। 'गान्दी' वा 'गादो'—लतामें गान्दी रोग लगने पर उसकी जड़ लाल हो जाती है और अन्तमें सूख जाती है।

उक्त रोगोंमें लहसुनका रस मिट्टीके साथ मिला कर उस मिट्टीको लताकी जड़में देना चाहिये। इससे लाभ होता है।

उड़िष्या-यहाँ भी बङ्गालकी तरह खेती होती है। एक एक लतासे ५०।६० वर्ष तक पत्ते तोड़े जा सकते हैं। इस तरह उड़ियामें बीघा पीछे खर्च बाद दे कर सालमें ४००) से ४५०) रुपये तक लाभ होता है।

बम्बई—यहाँ पानकी खेतीका उतना आदर नहीं होता। अहमदनगरमें पानके पत्ते ३ वर्षसे पहले नहीं तोड़े जाते। यहाँकी खेती मन्द्राज जैसी है। ८ दिन अन्तर दे कर पत्ते तोड़े जाते हैं।

पूनामें पानके खेतको पानमाला कहते हैं। यहाँ

सिंचाईका काम कुएंके पानीसे होता है। धारवाड़के पान आषाढ़की फसल है। यह खुली जमीनमें होता है, ऊपर मचान नहीं बांधा जाता। १ बीघेमें प्रायः १ हजार बेलें लगाई जाती हैं। एक आबादी ३ से ७ वर्ष तक रहती है।

कनाड़ाके पान आम्रवृक्षके नीचे बोये जाते हैं। तीन वर्ष बाद पत्ते तोड़ते हैं। थाना जिलेमें यह पथरीली, दलदली और गीली जमीनके सिवा और सब जगह होता है। यहां १ फुट या १॥ फुट गहरे गड्ढे खोदते और पौष मासमें उनको पानीसे भर देते हैं। पानीके सूख जाने पर (मिट्टी कुछ कुछ गीली रहती है) एक एक गड्ढेमें एक एक हाथ लम्बे चार चार डण्ठल गाड़ देते हैं; फिर उगने पर उनको कमाचियोंसे बांध देते हैं। इन गड्ढोंमें प्रायः एक एक पाव सरसोंकी खली भी देनी पड़ती है। एक मास बाद फिर प्रत्येक गड्ढेमें एक एक पाव सूखी डाली जाती है। लताके बढ़ने पर इसका बन्धन खोल दिया जाता है, जिससे वह जमीन पर लेटने लगती है। इसके बाद फिर खली डालते हैं और जड़में राख-मिट्टी देते हैं। फिर लताकी गांठोंसे डालियां निकल कर बढ़ने लगती हैं। और एक प्रकारकी खेती होती है, जिसमें लताको जमीन पर न लिटा कर मचि पर चढ़ा देते हैं। एक वर्ष बाद पत्ते तोड़ते रहते हैं। कोलावा जिलेमें मछलीकी खाद देते और ताड़पत्र ढकते हैं। पूना, सतारा और घाटपर्वतमें उत्कृष्ट पान होते हैं।

संयुक्त प्रदेश—बुन्देलखण्डमें अच्छे पान होते हैं। पर यहां पानकी खेती बहुत कम होती है।

ब्रह्मदेश—यहां करेनजातिके लोग ऊंचे स्थान पर बड़े बड़े जङ्गली पेड़ोंके नीचे पानकी खेती करते हैं। उक्त पेड़ोंकी नीचेकी डालियां काट दी जाती हैं। पन-बेल वृक्षके काण्ड पर चारों तरफ फैलती और लम्बे लम्बे पत्ते फैलाती है। यह देखनेमें बड़ी मनोहर लगती है। युवकगण पानके वृक्ष पर चढ़ना बड़े कौशल-से सीखते हैं। शायद इसलिये इसका नाम "कड़ी" पड़ गया है। 'मघई' नामक एक प्रकारका पान होता है, जो बहुत ही सुस्वादु होता है तथा 'मीठा' नामका पान भी खानेमें बहुत उमदा लगता है।

वैद्यकके मतसे पानके गुण—विशदगुणयुक्त, रुचिकारक, तीक्ष्ण, उष्णवीर्य, कषाय, तिक्त, कटुरस, सारक, वशीकरणक्षम, क्षारयुक्त, रक्तपित्तजनक, लघु, बलकारक तथा कफ, मुखगत दुर्गन्धमल, वायु और श्रान्ति-नाशक है।

भोजनके बाद सुपारी, कपूर, कस्तूरी, लवङ्ग, जाय-फल अथवा मुखके लिए निर्मलत्वजनक कटु तिक्त और कषाय संयुक्त फलके सुगन्धद्रव्यके साथ ताम्बूल खाना चाहिये।

रात्रिको, निद्रावसान होने पर, स्नानके बाद, भोजनके बाद, वमनके बाद और परिश्रम कर चुकने पर, पण्डित-सभा और राजसभामें ताम्बूल खाना अच्छा है।

(राजवल्लभ)

किसीके मतसे—ताम्बूल तीक्ष्ण, उष्णवीर्य, अत्यन्त रुचिकारक, सारक, क्षाररसयुक्त, तिक्त, कटुरस, कामो-द्दीपक, रक्तपित्तजनक, लघु, वश्यताजनक, कफघ्न, मुख-की दुर्गन्ध और मलका नाशक, वातघ्न, श्रमापहारक, मुखमें निर्मलता और सुगन्ध लानेवाला, कान्तिजनक, अङ्गसौष्ठवकारक, हनु और दन्तगत मलनाशक, रसने-न्द्रियका शोधक तथा मुखस्राव और गलरोगका विना-शक है।

नूतन ताम्बूल ईषत् कषाययुक्त, मधुररस, गुरु और कफकारक तथा प्रायः पत्रकसदृश है। पत्रशाकमें जो जो गुण होते हैं, नूतन ताम्बूलपत्रमें भी वे वे गुण मौजूद रहते हैं। जितने भी पान बङ्गालमें पैदा होते हैं, वे अत्यन्त कटुरस, सारक, पाचक, पित्तवर्द्धक, उष्ण-वीर्य और कफनाशक हैं।

पुराने पान कटुरसविहीन, लघु, कोमलतर और पाण्डुवर्ण होते हैं, ये अत्यन्त गुणदायक हैं। अन्यान्य पान इसकी अपेक्षा हीनगुणविशिष्ट हैं। पानमें सुपारी कत्था और चूना लगा कर खानेसे कफ, पित्त और वायु नष्ट होती है, मन प्रफुल्ल होता है, मुख निर्मल और सुगन्धित होता है तथा कान्ति और अङ्गके सौन्दर्यकी वृद्धि होती है।

प्रातःकालमें ताम्बूल खावें तो सुपारी अधिक, दो-पहरके समय कत्था अधिक तथा रात्रिको चूना अधिक मिलाना चाहिए।

ताम्बूलके अग्रभागमें परमायु, मूलभागमें यश और मध्यदेशमें लक्ष्मी अवस्थान करती है। इसलिए ताम्बूल-के अग्रभाग, मूलभाग, और मध्यदेशको छोड़ कर बाकी-का भाग खाना चाहिये। (राजनिर्घण्ट)

ताम्बूलके मूलदेशके खानेसे व्याधि, अग्रभागके खाने-से पापसञ्चय, चूर्ण पान खानेसे परमायुका ह्रास और ताम्बूलकी शिराखानेसे बुद्धि नष्ट हो जाती है।

(राजवल्लभ)

पान, सुपारी आदिके खाने पर पहले जो रस बनता है; वह विषोपम, दूसरी बार जो रस बनता है, वह भेदक और दुर्जर तथा तीसरी बार जो रस बनता है, वह अमृतके समान गुणदायक और रसायन है। अत-एव ताम्बूलका वही रस पान करने योग्य है, जो तीसरी बारके चबानेसे निकलता है। ज्यादा पान खाना भी हानिकारक है। दस्तके बाद तथा भूख लगने पर पान न खाना चाहिए। इससे ज्यादा पान खानेवालेका शरीर, दृष्टि, केश, दांत, अग्नि, कान, वर्ण और बलका क्षय होता है तथा अन्तमें पित्त और वायुकी वृद्धि हो जाया करती है।

दाँतोंकी कमजोरी और चक्षुरोग, विषरोग, मूर्च्छा-रोग, मदात्यय, क्षय और रक्तपित्त, इनमेंसे कोई भी एक रोग होने पर पान न खाना चाहिए। (भावप्रकाश)

विधवा स्त्री, यति, ब्रह्मचारी और तपस्वियोंके लिए पान खाना निषिद्ध है। इन लोगोंके लिए पान गोमांस तुल्य है। (स्मृति०)

बिना सुपारीके पान नहीं खाना चाहिये। यदि कोई सुपारीके बिना पान खावे तो जब तक वह गङ्गा स्नान न करेगा, तब तक उसे चाण्डालके घर जन्म लेना पड़ेगा (कर्मलोचन)

भोजनके बाद कुल्ला करके पान खाना चाहिए। विद्वान् लोग देवता और ब्राह्मणोंको बिना दिये ताम्बूल नहीं खाते।

वैद्यगण पानके भेषजगुणके बड़े पक्षपाती हैं। नाना प्रकारकी औषधोंके अनुपानमें पानका रस काम आता है।

सुश्रुतके मतसे—पान सुगन्धित, वायुनिःसारक, धारक और उत्तेजक है। इसके सेवन करनेसे निःश्वास-में सुगन्ध आती है, स्वर साफ होता है और मुखके दोष नष्ट होते हैं।

पानका डंठल यदि बच्चोंके गुह्यदेशमें प्रयोग किया जाय, तो उनकी कोष्ठबद्धता नष्ट होती है। पानके पत्तेको घिसी कर कनपटियों पर रखनेसे सिरका दर्द जाता रहता है। गाल और गलेके सूजने पर उस पर पानका पत्ता बांधनेसे कुछ फायदा पड़ता है। स्तनोंमें कठिन पीड़ा वा सूज जाने पर उन पर पानके पत्ते बांध देने चाहिये, इससे पीड़ा शांत होती है। फोड़े पर पान बांधनेसे, घाव दूषित नहीं होता और आराम पड़ता है। पानके साथ चूना, सुपारी, कत्था और अन्यान्य मसाले मिला कर खाना भारतकी सभी जातियोंमें प्रचलित है। यह आगन्तुकको अभ्यर्थना करनेके लिए अति प्रिय और उपादेय उपहार-रूपमें दिया जाता है। नित्य भोजनके उपरान्त भी लोग पान खाया करते हैं। यह परिपाक-कार्यमें सहायता पहुंचाता है। अक्षरोगोके लिए ज्यादा पान खाना अच्छा है। पानका रस गरम करके, कानमें डालनेसे कानका पीब और आंखमें डालनेसे नाना प्रकारके चक्षुरोग तथा मधु या चासनीके साथ चाटनेसे बच्चोंकी बैठी हुई खांसी जाती रहती है। डिप्थिरिया (बिहोरी) रोगमें दूधके साथ पानका रस सेवन करनेसे उपकार होता है। इसको जड़ जड़-रोली होती है। स्त्री यदि पानकी जड़को बट कर खावे, तो उसकी गर्भधारणकी शक्ति जन्म भरके लिए नष्ट हो जाती है। वैद्यगण पानके रसके साथ कपासकी जड़ बट कर हीरकचूर्णको औषधके लिए शोधित करते हैं। पानका फल मधु या चासनीके साथ खानेसे खांसी जाती रहती है। खारी जमीन पर रहनेवालोंको पान खाना फायदेमंद है।

ताजे पानको पानीमें चुआनेसे कुछ पीले रंगका दो तरहका तेल बनता है; एक तो जलसे भारी होता है और दूसरा हलका। दोनोंमें ही पानकी सुगन्ध होती है।

इथरके साथ पानका पत्ता गलानेसे भाराकिम नामका एक तरहका क्षार निकलता है; इससे कोई नयी भांतिका लवण बनाया जाता है।

ताम्बूलकरङ्क (पुं०) ताम्बूलस्य करङ्कः ६-तत्।

ताम्बूलपात्र, पान रखनेका बरतन, डब्बा। इसका दूसरा नाम बट्टो है।

ताम्बूलद (सं॰ त्रि॰) ताम्बूलं ददाति द-क। ताम्बूलदाता, जो पान लगा कर अपने मालिकको देता है। इसका पर्याय—वागगुलिक है।

ताम्बूलदायक (सं॰ पु॰) ताम्बूल दा-ण्वुल्। ताम्बूलदाता, वह नौकर जो पान इत्यादि लगानेमें नियुक्त किया जाता है।

ताम्बूलधर (सं॰ पु॰) वह नौकर जो पान लेकर खड़ा रहता है।

ताम्बूलनियम (सं॰ पु॰) पान, सुपारी, लवंग इलायची आदि खानेका नियम।

ताम्बूलपत्र (सं॰ पु॰) ताम्बूलमिव पत्रमस्य। १ पिण्डालु, अरुआ नामकी लता। इसके पत्ते पानके जैसे होते हैं। (क्लो॰) २ पानका पत्ता।

ताम्बूलपात्र (सं॰ क्लो॰) ताम्बूलस्य पात्रं, ६-तत्। ताम्बूलकरङ्क, पान रखनेका बरतन, डब्बा, पानदान।

ताम्बूलपेटिका (सं॰ स्त्री॰) ताम्बूलस्य पेटिका ६-तत्। ताम्बूलपात्र देखो।

ताम्बूलवीटिका (सं॰ स्त्री॰) पानका बोड़ा, बीड़ो।

ताम्बूलराग (सं॰ पु॰) ताम्बूलकृतो रागः मध्यलो॰ कर्मधा॰। १ पानको पीक। २ मसूर।

ताम्बूलवल्लिका (सं॰ स्त्री॰) ताम्बूल, पान।

ताम्बूलवल्ली (सं॰ स्त्री॰) ताम्बूललता, पानकी बेल। इसका संस्कृत पर्याय—ताम्बूली, नागवल्लिका, वर्णलता, सप्तशिरा, सप्तलता, फणिवल्ली, भुजगलता, भक्ष्यपत्रा, ताम्बूलवल्लिका, पर्णवल्ली, ताम्बूलिटिवामीष्टा, नागिनी और नागवल्लरी। (भावप्रकाश)

ताम्बूलवाहक (सं॰ पु॰) राजभृत्यविशेष, पान खिलानेवाला नौकर।

ताम्बूलाधिकार (सं॰ पु॰) वह नौकर जिसके हाथ पानका इन्तजाम हो।

ताम्बूलिक (सं॰ त्रि॰) ताम्बूलं तद्रचनं शिल्पमस्य ताम्बूल-ठन्। १ पान बेचनेवाला, तमोली। २ तमोली जाति।

ताम्बूलिन् (सं॰ त्रि॰) ताम्बूलं पण्यतया अस्यास्य इनि। ताम्बूलविक्रेता, पान बेचनेवाला, तमोली।

ताम्बूली (सं॰ स्त्री॰) ताम्बूल-गौरा ङीष्। २ ताम्बूलवल्ली, पानकी बेल।

ताम्बूली—साधारणतः तंबोली या तमोली नामसे प्रसिद्ध एक जाति। बङ्गाल, बिहार और उड़ीसामें इनका बहुत सम्भ्रम है। ये मूलतः ताम्बूल व्यवसायी होनेके कारण इस नामसे अभिहित हुए हैं। इस जातिको भी मिश्र जाति कहा गया है। बंगालमें इनको ताम्ली वा तामुली तथा ताम्बूल-वणिक कहते हैं।

बिहारके ताम्बुलियोंमें गोत्रभेद नहीं है। इनमें पुश्तैनीसे चले आये नियमके अनुसार विवाह आदि सम्बन्ध होते हैं। 'धियानिया' सम्पर्कको पकड़ का ६ पीढ़ी तक और "दियाडी" सम्पर्क पकड़ कर १४ पीढ़ी तक विवाह सम्बन्ध नहीं होता।

बङ्गाल और उड़ीसामें ब्राह्मणगोत्रके अनुसार इनके नाना विभाग है। कुलमानानुसार भी इनमें विभाग हैं। समानगोत्र और समान कुलमें विवाह नहीं होता, सपिण्ड वा समानोदक होने पर भी नहीं होता। सगोत्रीय किन्तु भिन्न कुलके होने पर, वा समोपाधि किन्तु भिन्न गोत्रीय होने पर विवाह करनेमें बाधा नहीं।

बङ्गालके ताम्बुली पांच थाकोंमें विभक्त हैं, जैसे—सप्तग्रामी वा कुशदहो, अष्टग्रामी वा कटकी, चौदहग्रामी, बियालीसग्रामी और वर्द्धमानी। सप्तग्रामियोंका कहना है, कि ये उत्तरभारतसे आ कर पहले पहल सप्तग्राममें बसे थे, वहां इनके चौदह सौ घर थे। किसी मुसलमान नवाबके इनकी किसी स्त्री पर अत्याचार करनेके कारण ये सप्तग्रामको छोड़ कर कुशदहमें आ कर रहने लगे। बियालीस ग्रामियोंका भी अपने आदि इतिहासके सम्बन्धमें ऐसा ही कहना है। ये बङ्गालमें सप्तग्रामियोंके पीछे आये हैं परन्तु संख्या इन्हींकी अधिक है। चौदहग्रामियोंका फिलहाल ज्यादा सम्मान नहीं है। बियालीसग्रामी थाकके यशोधरसिंह, वर्द्धमानी थाकके श्रीमन्त पालकी एक कन्याके साथ विवाह करनेके कारण, जातिके द्वारा घरसे निकाले गये थे और श्वशुरके साथ हुगली जिलेके बोंदची नामक ग्राममें आ कर रहने लगे थे। वे

हो चौदहग्रामी थाकके प्रवर्तक हैं। इन्होंने अपने धनके प्रभावसे निकटवर्ती चौदहग्रामोंके तांबूलियोंको अपनी श्रेणीमें मिला कर इस थाककी स्थापना की थी। इस घटनाके कुछ प्रमाण भी मिलते हैं बांकुड़ेमें एक देव-मन्दिरके प्रस्तरखण्ड पर लिखे हुए विवरणसे मालूम होता है, कि यशोवरके पुत्र गोकुलने शक-सं० १५०४ (१५८२ ई०)-में इस मन्दिरकी प्रतिष्ठा की थी। इससे यह सहज ही कहा जा सकता है, कि चौदहग्रामी थाकका प्रवर्तन इससे और भी ५० वर्ष पहले हुआ था। वर्द्धमानी थाक चौदहग्रामीसे पहले प्रवर्तित हुआ था। वीरभूम और वर्द्धमानमें इस थाकके लोग ही अधिक हैं। अष्टग्रामियोंका कहना है, कि पहले सप्तग्रामियोंके समकालमें ये भी उत्तरभारतसे आ कर पहले उड़ीसामें बसे थे और इसीलिए वे अपनेको अन्य थाकोंसे कुछ हीन समझते हैं। इनमें कई एक थाकोंके काश्यप, कुरम, पराशर, शाण्डिल्य और व्यास गोत्र हैं।

विहारी तांबूलियोंमें प्रधानतः आदि वासस्थानके भेदसे कई एक श्रेणियां हैं,—मगहिया, तिरहुतिया, कनौजिया, भोजपुरिया, कुरम, कारन, सूर्यद्विज आदि।

बङ्गालके ताम्बूलियोंमें चौधरी, चन्द, दत्त, दे, सूर, पाल, पान्ति, रक्षित, सेन और सिंह, ये उपाधियां हैं। विहारमें भकत, खिलोआला, नागवंशी और पंटो, उपाधियां हैं।

विहार।—इनमें बालाविवाह प्रचलित है, तथा लड़कीवालेको दहेज देना पड़ता है। वंश-मर्यादाके अनुसार दहेजमें कमी-बेशी होती है। हरिद्राक्त वस्त्र या पीत-वर्णके रेशमी वस्त्र अथवा पट्टवस्त्र इनके वैवाहिक वसन हैं। ये नवशाख श्रेणीके अन्तर्गत हैं; किन्तु विधवाएं ब्राह्मण कायस्थोंकी विधवाओंके समान आचरण करती हैं। बङ्गाल और उड़ीसामें विधवाओंका पुनर्विवाह नहीं होता। विहारमें विधवाओंका दूसरा विवाह हो जाता है। विधवाके लिए कनिष्ठ देवरके साथ विवाह करना ही प्रशंसाजनक है। अंगला होने पर भी वे इसको कुमारी-विवाहसे कुछ हीन नहीं समझते। पंचायतकी अनुमति ले कर स्त्रीको त्याग सकते हैं। परित्यक्ता स्त्री फिर विवाह नहीं कर सकती।

बङ्गाली ताम्बूली साधारणतः वैष्णव होते हैं। इनमें ब्राह्मण-श्रेणी पृथक् वा पतित नहीं है तथा सेवदेवता और चन्द्रसूर्यकी ये पूजा करते हैं। विहारमें बन्दी और नरसिंह नामके ग्राम्यदेवता हैं; गेहूंके पिष्टक, मिष्टान्न, केले और दही आदिसे उनकी पूजा होती है। अन्यान्य श्रमजीवी वणिक्जातियोंकी तरह इनमें भी कोई कोई—विश्वकर्माके सम्पूजाकी तरह—बंगाली (? सि)में चूनादान, पान, सरौता और कतरनी आदिकी पूजा किया करते हैं। इनमें ३० दिनका अशौच होता है।

ताम्बूलकी खेती करना और पान बेचना इनका आदि-व्यवसाय है। उत्तरभारतमें अब भी अधिकांश तमोली पान बेचने हीका काम करते हैं, किन्तु बङ्गालके तमोलियोंने प्रायः जातीय व्यवसाय छोड़ दिया है, दुकानदारी, अनाजका रोजगार और चूना आदि बेचनेका काम करते हैं। बहुतसे लोग दफ्तरोंमें केरानीका काम करते हैं और बहुतसे जमींदारोंके यहां गुमास्तेका काम करते हैं। इनके सिवा बहुतोंने उन्नत जीविकाका अवलम्बन कर लिया है। जो कृषिकार्य करते हैं, वे स्वयं हल नहीं चलाते। सत्शूद्रके विषयमें जो पौराणिक या स्मार्त विधियां मिलती हैं, उनमें किसीने तेलीको और किसीने तमोलीको शूद्र जाति माना है। पराशरके मतसे तेली और ब्रह्मवैवर्त्तपुराणके मतसे ताम्बूली सत्शूद्र हैं। बङ्गालमें अधिकांश स्थानमें ताम्बूली वैश्याचार मानते हैं। ये पंगास, गोची, ईटा आदि शल्कहीन मत्स्य नहीं खाते।

पूनाके तमोलियोंने पेशवाओंके समयमें सतारा और अहमदनगरसे आ कर यहां पानका व्यवसाय किया था। ये मराठे कुनबियोंके साथ आहार-व्यवहार करते हैं, आदान-प्रदान भी होता है। इनमें महाराष्ट्रीय उपाधियां प्रचलित हैं। समोपाधि व्यक्तियोंमें परस्पर आदान-प्रदान नहीं होता। ये कत्था चूना सुपारी और पान बेचते हैं। इनकी स्त्रियां रोजगारमें शामिल नहीं होती। लड़कोंको पढ़ाया नहीं जाता। इनमें कुछ मुसलमान भी हैं, जो यथार्थमें कुनबी थे; औरङ्गजेबके प्रभावसे मुसलमान हो गये हैं। ये आपसमें हिन्दी और दूसरोंके साथ मराठी बोलते हैं। इनकी पोशाक मराठों जैसी

है, वे पानका रोजगार करते हैं। इनकी स्त्रियां अब भी अनेक हिन्दू क्रियाकलापोंका अनुष्ठान किया करती हैं। वे अपनी ही श्रेणीमें आदान प्रदान करते हैं। धारवारके हिन्दू ताम्बूली खत्री और अत्यन्त शराब पीनेवाले हैं। दाक्षिणात्यमें सभी स्थानोंके मुसलमान तम्बोली हानिफी सम्प्रदायके सुन्नी मुसलमान और सर्वत्र एकसे आचारके हैं। मुसलमान तंबोली पान खरीद कर लाते और दूकान पर बैठ कर बेचते हैं।

ताम्र (सं० क्लो०) ताम्यति आकाङ्क्षति तम रक् दीर्घश्च। अमितम्यादीर्घश्च। उण् २।१६। १ तैजस धातुभेद, तांबा। पर्याय—ताम्रक, शुल्व, म्लेच्छमुख, द्वयष्ट, वरिष्ठ, उडुम्बर, द्विष्ट, उदम्बर, उदुम्बर, तपनेष्ट, अम्बक अरविन्द, रविलोह, रविप्रिय, रक्त, नैपालिक, रक्तधातु, मुनिपित्तल, अर्क, सूर्याङ्ग और लोहितायस। (शब्दरत्ना०)

हिन्दी और बङ्गला	तांबा, तामा।
गुजराती	ताम्बा, ताम्बु।
कर्णाटक और मराठी	ताम्र।
तामिल	शेंबु, सेम्बू।
तेलगू और मलय	रागि, ताम्रमू।
भूटान	जङ्गत, नीलठोकर।
पञ्जाबी	नील टूमिया।
अरबी	नोहस।
फारसी और तुर्की	मिस।
ब्रह्मा	केयानी।
चीन	चिटुङ, टुङ, चिकिन।
दिनेमार	कोबार।
फरासीसी	कुइभर।
ओलन्दाज (हॉलैण्ड) } सुइडेन }	कोपर।
जर्मनी	कूपर।
इटली	रामे।
लैटिन	किउप्रास।
पोलैण्ड	मियेज।
पुर्तगीज, स्पेन	कैमबर।
रूस	कोलायफेड, मेड़।

पुराणोंमें इसकी उत्पत्तिका विवरण इस प्रकार लिखा है—पूर्वकालमें गुड़ाकेश नामक एक महासुरने ताम्रका रूप धारण कर विष्णुकी आराधना की। विष्णुके सन्तुष्ट होने पर उस असुरने विष्णुके चक्रसे मरनेकी कामना की। विष्णुने भक्तकी वासनाको पूर्ण करनेके लिए वैशाख मासकी शुक्लद्वादशीके दिन उसको चक्रद्वारा मार डाला। उस असुरको विष्णुलोक प्राप्त हुआ। पीछे उसके मांससे ताम्र, रक्तसे सुवर्ण, अस्थिसे रौप्य आदि तथा उन सबके मलसे अन्यान्य धातुएं उत्पन्न हुईं।

(वराहपु०)

मतान्तरसे ऐसा भी है, कि कार्तिकेयका जो शुक्र पृथिवी पर गिरा था, उससे ताम्रकी उत्पत्ति हुई। (सुश्रुत)

ताम्र धातु जिस आकारमें साधारणतः बाजारोंमें देखनेमें आती है, खानसे ठीक वैसी ही नहीं निकलती। अन्यान्य धातुओंकी तरह खानमें भी यह अधिकतासे विशुद्ध अवस्थामें नहीं मिलती।

फिलहाल मालूम हुआ है, कि भारतके उपद्वीपोंमें ही तांबेकी खानें अधिक हैं। सिंहभूम जिला तथा धलभूम राज्यमें तांबेकी अधिकताके कारण वहां खनिके कामके लिए कितने ही बार कितने ही वणिक्‌दलोंका संगठन हुआ है; किन्तु किसीको भी सफलता नहीं हुई। हजारीबागमें बरागण्डा नामक स्थानमें तांबेकी खान दिखलाई दी है और जिससे यह भी मालूम हुआ है, कि यहां पहले भी खदानका काम होता था। फिलहाल उन खदानोंके चलानेकी व्यवस्था हुई थी। राजपूतानेमें देशीय राज्योंमें कुछ तांबेकी खानें हैं, अंग्रेजोंके अधिकृत अजमेरमें कुछ अंग्रेज वणिकोंने खोदनेका काम जारी किया था; पर फिलहाल वह भी बन्द है। कुमायूं और गढ़वाल जिलेमें तांबेकी खानें होने पर भी उनकी अवस्था ऐसी दुर्दशा हो गई है। दार्जिलिङ्गके बीच औगढ़ी नामक स्थानकी पावर में एक खदानका काम चल रहा है। पश्चिमद्वारमें जितनी खानें हैं, उन्हें नेपाली लोग चलाते हैं। मन्द्राजमें कर्नूल और नेल्लूर जिलेमें खानका काम चल रहा है।

भारतमें तांबेकी खानोंके विषयमें नवीन कुछ जानने योग्य विवरण नहीं है। पहले भारतमें देशीय लोग भी

अधिकतर तांबा निकालते थे, किन्तु उन लोगोंने भी क्रमशः इस कामको छोड़ रहे हैं। नेल्लूर, सिंहभूम, हजारीबाग आदि स्थानोंमें तांबेकी पुरानी खानोंको देखनेसे मालूम होता है, कि किसी समय इस कामके लिए काफी आदमी मेहनत करते थे। भारतमें तांबेकी खानका काम चलानेके लिए अंग्रेज-वणिकोंका बहुत बार संगठन हुआ था, किन्तु कोई भी चिरस्थायी न हो सका। इस देशमें तांबेके आकरके काममें वे किसी तरह भी अपना बन्दोबस्त न कर सके। इसीलिए अंग्रेजोंने यह अनुमान किया है, कि इस विषयमें देशीय लोगोंके बिना मन लगाये उन्नति नहीं हो सकती।

भारतमें यह अक्साइड, एक प्रकार सल्फिउरेट, एक प्रकार मालकिट, कार्बनेट, आर्सेनेट और फस्फेट अवस्थामें मिलता है। शिखावती, रामगढ़ आदि स्थानोंमें सलफिउरेट तांबेकी खान है। अजमेरमें कार्बनेट तांबा मिलता है। यहांकी लोहेकी खदानसे भी कार्बनेट तांबा निकलता है। नेल्लूर और अड्डूमें सिल्किकेट तांबेकी खान है, किन्तु यह निकालने लायक स्थान नहीं है। नजीबाद, नागपुर, धनपुर और जयपुर राज्यमें भी तांबेकी खादनें हैं। कच्छमें तांबेकी खानका काम चल रहा है।

पञ्जाबकी प्रदर्शनीमें गुड़गांवसे पाइराइटिस तांबेका एक टुकड़ा आया था। हिस्सार जिलेसे बहुत उमदा तांबा आया था। कांगड़ा जिलेमें कुलूके पास मणिकर्ण और पिलाङ्से पाइराइटि नामका तांबा और स्थितिसे नीले रंगका कार्बनेट तांबा भी आया था। काश्मीरमें तांबा मिलता तो है, पर यहां उसका रोजगार नहीं चलता। कुमायूं, गढ़वाल, सिक्किम, नेपाल आदि स्थानोंमें तांबेकी खानें हैं। देशीय लोग ही उनका थोड़ा बहुत काम चलाते हैं। कुमायूंमें सिंघाना नामक स्थानमें तथा पापुल्ली, शिम्मलपानी, मार्तुगेडी, केराई, बेलरसिरा, गोई टोमाकेडी, दोविरि और धनपुरमें तांबेकी खानें हैं। बैजनाथके पास देवघरमें भी तांबेके आकार देखनेमें आते हैं। दो फुट खोदनेसे ही यहां तांबा मिलता है। राजमहलके पासकी कुआ नामक स्थानमें कोयलेकी खानके मजदूरोंको बुला कर एक बार परीक्षा की गई थी, उससे फी सदी ३० भाग उमदा तांबा और २५ भाग उनसे विकृत तांबा सहज ही मिला था। नेपालके पार्वत्यप्रदेशमें लोहे और तांबेकी खानें यथेष्ट हैं। यहांका तांबा इतना उमदा होता है, कि किसी समय विलायती तांबेसे भी इसका हजार गुणा आदर था। सिंहभूममें तथा मेदनीपुरके पश्चिममें ८० मीलसे अधिक स्थानमें तांबेकी खानें हैं। १३८ पौण्ड वजनके तीन ताम्रपत्र यहां बने थे जिससे तांबेके सिक्के बखूबी बन सकते थे। यह तांबा भी विलायती तांबेसे अच्छा होता था। १८८७ ई०में कालहस्ती, वेङ्कटगिरि, नेल्लूर और बड़वाड़में तांबेकी खानें निकली हैं। कर्णूलसे २० मील पूर्वमें गुक्षिग्राम है, उससे २ मीलकी दूरी पर तांबेकी खदान है। लम्बें द्वीपका तांबा बहुत उमदा होता है। मरगुई द्वीपपुञ्जके बहुतसे द्वीपोंमें धूसरवर्णके आकर देखे जाते हैं। इनमें फी सदी आधा उत्कृष्ट ताम्र तथा आधा अभ्रक, लोहा और गन्धक मिलता है। चद्दिरान, मलविन और चेडुबाद्वीपमें हरे रंगका कार्बनेट तांबा मिलता है। आसाममें शिवसागरसे ३० मील दूरी पर अच्छा तांबा पाया जाता है।

शानराज्यमें तथा कालेन, माइयो और मगीउ नामक स्थानमें उत्कृष्ट मैलकाइट तांबा निकलता है।

सगेङ् नामक स्थानमें पहले चीना लोग खानोंका काम चलाते थे। तिमुर द्वीपमें भी तांबा मिलता है। जापानके उपद्वीपोंमें बहुतायतसे तांबा उत्पन्न होता है। पृथिवी पर अन्य किसी भी स्थानमें ऐसा बढ़िया तांबा नहीं मिलता। जापानके लोग इसको साफ करके एक इंच मोटे एक फुट लम्बे टुकड़े बना कर बेचा करते हैं। इससे कुछ खराब तांबा ईंटके आकारमें बिकता है। यहांके तांबेके आकरमें खादके साथ स्वर्ण भी मिलता है। ओलन्दाज लोग चीनसे यह तांबा प्रति वर्ष दो हजार टन रफ्तनी करते हैं। चीनमें एक प्रकारका निकल मिला हुआ सफेद तांबा मिलता है। यह केवल चीनमें ही निकलता है। इससे थाली, कटोरी आदिके ढकन, वत्तीदान और प्याले बनते हैं। ... अवस्थामें गल प्रायः चांदीको तरह चमकता है।

१८०२ ई०में अष्ट्रेलिया द्वीपमें भी तांबेका ८० ...

आविष्कार हुआ है। कान्नौरमें आनुस्कर नदीके किनारे अति उत्कृष्ट तांबा मिलता है, जिसमें थोड़ा अंश चांदीका भी मिला रहता है।

तांबेका इतिहास —अति पुराकालसे ही तांबा मनुष्यों का परिचित हुआ है, यहां तक कि लोहेके आविष्कारसे पहले भी तांबेके शस्त्र आदि बनते थे। आदिम जाति लोहेसे पहले इसका व्यवहार करती थी। शायद यह होगा कि अन्यान्य धातुओंके खानसे निकाल कर व्यवहारिक धातुरूपमें प्रस्तुत करना पड़ता है, किन्तु इसके लिए यह नियम नहीं, क्योंकि खानसे ही व्यवहार योग्यो अवस्थामें निकलता है। यह अत्यन्त आघातको सहनेवाला है और इससे तार भी बनता है।

रोमकोंको यह कादप्रास (साइप्रास) द्वीपसे पहले पहल मिला था, इसलिए इसको पहले 'कइप्रियाम्' कहते थे, क्रमशः बिगड़ते बिगड़ते उसीका किउ-प्राम् (कु-प्राम वा कापर) रूप हो गया है।

खानमें तांबा नाना अवस्थाओंमें मिलता है, जैसे अकसाइड, क्लोराइड, कार्बनेट, फस्फेट, सालफेट, आर्सेनेट, सिलिकेट, भानाडेट, सालफाइड और व्यवहारिक धातु। प्रकृतिके प्रायः सर्वत्र और सब पदार्थोंमें थोड़ा-बहुत तांबा है। समुद्रके लवण आदिमें भी तांबेके अंश हैं, अतः यह मानना पड़ेगा कि समुद्रके जलमें भी तांबा है। उद्भिज्जों और जीव-शरीरमें भी तांबा है। आटा, फल, घास, मांस, अण्डा, पनीर आदि सभी चीजोंमें तांबा है। जीव-रक्तमें भी तांबेकी सत्ता है, यकृत् और मूत्रयन्त्रमें तांबेकी सत्ता शरीरके अन्यान्य अंगोंकी अपेक्षा बहुत ज्यादा है। ऊपर जितने तरहके तांबोंका वर्णन किया है, उनमें सभी प्रकारके तांबोंसे व्यवहारिक तांबा नहीं मिलता।

चट्टानके भीतर आकर ताम्रके साथ व्यवहारिको तांबा सर्वदा ही मिलता है,—कहीं पतला, कहीं छोटे छोटे नुकीले टुकड़ेके रूपमें और कहीं बड़ी बड़ी ईंटों (Solid blocks)के आकारमें मिलता है। अमेरिकाके सुपिरियरहृदके किनारेकी खानमें व्यवहारिक धातु ही अधिक पायी जाती है। यहां एक एक खानका वजन ५०० टन तक होता है। उत्तर-अमेरिकाके तांबेसे फी सदी २ अंश चांदी निकलती है। यह चांदी एक दूसरे तांबेके साथ भली भांति मिश्रित रहती है और कहीं कहीं तांबेके साथ चूर्णवत् या सूक्ष्म अवस्थामें पायी जाती है।

आकर-ताम्रमें नाना वर्णव्यत्यय देखनेमें आते हैं; ये ही तांबे सलफाइड अवस्थापन्न हैं।

१। धूसर तांबा (Grey sulphide of copper)—इंग्लेण्डमें यह-कर्नवाल नामक स्थानमें सर्वदा मिलता है।

२। बैंगनी तांबा (purple copper)—तांबा और फेरिक सलफाइड (Cuprous and Ferric sulphides) विभिन्न अनुपातसे मिश्रित होने पर इस खनिजकी उत्पत्ति होती है। यह तीन प्रकारका होता है, एकमें फी सदी ७० भाग, दूसरेमें ६० भाग और तीसरेमें फी सदी ५६ भाग असली तांबा रहता है। कर्नवाल, सुईडन और उत्तर-अमेरिकामें यह बहुतायतसे मिलता है।

३। पाइराइटिस् या पीला तांबा (Copper pyrites or yellow copper)—इस श्रेणीका तांबा अधिक मिलता है। इसमें फी सदी ३४.४ अंश तांबा होता है। कर्नवाल, डिभनसायर, सुइडेन, किउबा द्वीप, दक्षिण-अमेरिका और युनाइटेड ष्टेट्‌समें बहुत जगह ऐसा तांबा मिलता है। कर्नवालकी खानमें हर साल यह एक लाख पचास हजारसे ३० हजार टन तक उत्पन्न होता है। इसमें व्यवहारिक तांबा प्रायः १२ हजार टन बनता है।

४। फहलर या असली भूरा तांबा (Fahlore or true grey copper)—इसमें बहुतसी धातुएं मिश्रित रहती हैं, जिनमें प्रोटोसलफाइड तांबा (Protosulphide of copper), आर्सेनिक, रसाञ्जन, जस्ता, लोहा, चांदी और पारा ही अधिक है; फी सदी ३०से ४८ अंश विशुद्ध तांबा निकलता है। पारा फी सदी २से १६ अंश तक रहता है। चांदी जितनी कम होती है, विशुद्ध तांबेका परिमाण उतना ही ज्यादा होता है। गन्धक और रसाञ्जनके मिश्रणसे इसकी और भी एक श्रेणी उत्पन्न होती है, जिसको 'बुर्नोनाइट' (Sulphantimonite of copper) कहते हैं।

५ पेटाकमाइट (Atacamite)—यह पेरू और चिली देशमें मिलता है। इसको Oxychloride of copper भी कहते हैं।

६। क्रिसोकोला (Chrysocolla)—उक्त देशमें तांबेकी खदानोंमें यह मिलता है। इसको Silicate of coppe कहते हैं। इन दो धातुओंसे भी तांबा पृथक् किया जा सकता है।

तांबेमें तड़ित-परिचालन-शक्ति चांदीके सिवा अन्यान्य धातुओंकी अपेक्षा बहुत ज्यादा है. इसीलिए इसके तारकी सहायतासे ताडितवार्त्ता या तार भेजा जाता है।

तांबा प्रायः सभी प्रकारकी मौलिक धातुओंके साथ मिला रहता है, जिसका अधिकांश औषध आदिमें व्यवहार होता है। नाइट्रोमिउरेटिक एसिड और आमोनियाके संयोगसे तांबा गलता है। क्लोरइन गैसके संयोगसे तांबा जल सकता है।

तांबेसे नित्य काममें आने लायक और कुछ मिश्रित धातुएं बनती हैं; जैसे पीतल—पीतल देखो। मुञ्जको धातु (Muntz's Metal) प्रिन्सको धातु (Prince's metal), मोसैयिक स्वर्ण (Mosaic gold), मन्‌हिम स्वर्ण (Mannheim gold) नकल ब्रोञ्ज (Immitation bronze), सिमिलर (Similor), टोम्बाक Tombac), और कांसा (Bele metal)

तांबेका अणविक गुरुत्व ३१.७५ है, आपेक्षिक तापसे १००° के मध्य ०.०८५१५ अवस्थाभेदसे आपेक्षिक गुरुत्वमें विभिन्न होती है। शुद्ध तांबेका आपेक्षिक गुरुत्व ८.००० है।

तांबेका स्वाद कसैला है, इसमें आघ्रिता गुण है। तांबेको ज्यादा देर तक हाथमें रखनेसे भी जी घूमने लगता है। यह चांदीसे कड़ा और अत्यन्त घातसह है। पीट कर इसका इतना बारीक वरक बनाया जा सकता है, कि वह हवामें उड़ने लगता है। इससे तार भी बहुत महीन बनता है। ०.०७८ इञ्च मोटे तार पर ३०२.२६ पौण्ड वजन लटकाने पर भी वह टूटता नहीं। सर्दी या हवामें रखनेसे इस पर जङ्ग लग जाती है जिसे तांबेका कलङ्क कहते हैं। यह कलङ्क विषाक्त होता है। तांबेमें टीन मिला कर उसको और भी घातसह बनाया जा सकता है, किन्तु उससे इसको भङ्ग-प्रवणता बढ़ती है। फी सदी ५ भाग टीन मिलानेसे यह सफाईको लिए पीला, कठिन, घन और ध्वनि कर हो जाता है। तथा जङ्ग नहीं लगती। अतः टीनके मिलानेसे तांबेके द्वारा और भी अधिक कार्य होता है। ५ भागसे अधिक जितनी टीन मिलेगी, उतनी ही उसकी भङ्ग-प्रवणता बढ़ेगी।

१। Speculum metal—तांबेके साथ ३ अंश टीन मिलानेसे जो धातु बनती है, उसमें आलोक प्रतिफेप करनेकी शक्ति बढ़ती है; इसलिए इसको स्पेकुलम् धातु कहते हैं। प्लिनिका कहना है, कि पहले इस धातुसे दर्पण बनते थे। हमारे देशमें भी कांसेके दर्पण बनते देख पड़ते हैं। वर्त्तमानमें बहुत जगह पूजा, विवाह आदि कार्योंमें कांसेका टुकड़ा (मलिन होने पर भी) दर्पणको तरह काममें लाया जाता है।

२। Muntz's metal—जहाज और बड़ी बड़ी नावोंके नीचे यह धातु व्यवहृत होती है। १८३२ ई०में मि० जी० एफ० मुञ्जको इसका पेटेण्ट दिया गया था। *६० भाग तांबे और ४० भाग जस्तेसे यह धातु बनती है।* ढाल कर इसकी बड़ी बड़ी चद्दरें बनाई जाती हैं। चद्दरोंके बन जाने पर उनको गन्धक द्रावकसे धो दिया जाता है। यह देखनेमें पीली होती है, फिरभिरा तांबेको चद्दरको अपेक्षा इस धातुको चद्दरसे चद्दैश्च्य अच्छो तरह साधित होता है। तांबेको अपेक्षा इसमें तला मढ़नेमें कम खर्च पड़ता है, किन्तु युद्धके जहाजोंके लिए अब भी इसका व्यवहार नहीं होता।

३। Prince's metal—८० भाग तांबेके साथ २० भाग जस्ता, टीन और सोसा मिला कर यह धातु बनाई जाती है। इससे ब्रोञ्ज धातुको तरहके रंगकी कलई की जा सकती है। ८५.५ भाग तांबा और ११.५ भाग जस्ता मिला लेनेसे इस धातु पर छैनी चला कर मूर्त्ति बनाई जा सकती है। इसका रंग और लाल होता है।

४। Mosaic gold—बहुत ठण्डे स्थान पर समभागके जस्ते और तांबेको मिला कर गलाया जाता है। उस गलित द्रव्यको खूब घोंटा जाता है, घोंटते समय फिर उसमें थोड़ा जस्ता मिलाया जाता है। घोंटते घोंटते

असामें उसका रंग बदल कर बिलकुल सफेद हो जाता है। इसके बाद ठण्डा होने पर उसका रंग सुनहरी हो जाता है। इसीको Mosaic gold कहते हैं।

५। Mannheim gold—यह धातु भी प्रिन्सेस् धातुके समान है, पर उपादानके भागोंमें कुछ तारतम्य होता है।

६। Tombac—८४·५ भाग तांबा और १५·५ भाग जस्ता मिला कर यह धातु बनाई जाती है। यह कहना अत्युक्ति नहीं, कि इसके समान वातसह धातु और दूसरी नहीं है। इसका तार भी बहुत महीन और बढ़िया बनता है।

७। Immitation bronze—ये दो वस्तुएं भी प्रिन्सेस् धातुके समान हैं। भागोंमें इतना तारतम्य है। कि इसमें ८८ भाग तांबा पड़ता है और १२ भाग जस्ता। इसका रंग साफ होता है; इससे मूर्त्तियां बना करती हैं।

८। कांसा (Bell-metal or bronze) शब्द देखो।

टोम्बक धातुको पीट कर उससे दई.. इस पतली चद्दर बनाई जा सकती है। इस तरहकी पतली चद्दरको "ओलन्दाजी धातु" (Dutch metal) कहते हैं। ब्रोञ्जरंग और ब्रोञ्ज-चूर्ण भी इसी ओलन्दाजी धातुको विरोजा और पानीके साथ पीस कर बनाया जाता है। कहीं कहीं तेलके साथ भी पीस लेते हैं।

तांबा अति पवित्र धातु होनेके कारण, हमारे देशमें देवपूजाके सम्पूर्ण बरतन आदि इसीसे बनते हैं, जैसे—ताम्रकुण्ड, घट, घटी, पुष्पपात्र, जलशङ्ख आदि। तांबेके पुष्पपात्रमें नाना प्रकारके नक्शे खुदे हुए होते हैं। हिन्दुओंका विश्वास है, कि कलिकालमें तांबेके पात्र पर रख कर भोजन करनेका निषेध है, किन्तु मुसलमान लोग प्रायः हमेशा तांबेका बरतन काममें लाते हैं। वे हंडा, डेगची, रकाबी वगैरह सभी बरतनों पर कलई चढ़वा लेते हैं। तंबाकू रखनेके लिए वे बड़े बड़े तांबेके हंडे काममें लाते हैं।

आयुर्वेद, एलोपाथिक, होमियोपाथिक, हकीमी और अवधौतिक चिकित्सा-प्रणालीमें नाना तरहसे औषधके लिए तांबेका व्यवहार होता है।

जो तांबा जवाकुसुमकी तरह लाल, स्निग्ध और कोमल है, जो आघातसे नष्ट नहीं होता; और जिसमें लोहा या सीसा मिला नहीं रहता वही तांबा उत्तम है और मारणके लिए उपयोगी है।

जो तांबा काला, रूखा, अत्यन्त स्वच्छ या सफेद और आघातसे नष्ट हो जाता है; तथा जिसमें लोहा और सीसा मिला होता है, वह तांबा दूषित है। ऐसा तांबा मारणके लिए सम्पूर्ण अनुपयोगी है।

तांबेकी शोधनविधि—तांबेका बहुत बारीक पत्र बना कर उसे आगमें जलावें। पीछे उसे ज्वलन्त अङ्गारवत् तप्त अवस्थामें तेल तक्र, कांजी, गोमूत्र और कुलथीका क्वाथ, इन सब द्रव्योंमेंसे प्रत्येकमें तीन तीन बार बुझानेसे तांबा विशुद्ध होता है।

अशोधित ताम्र विषसे भी ज्यादा अनिष्टकर है। क्योंकि विषमें तो सिर्फ एक ही प्रकारका दोष है और बिना शोधे हुए तांबेमें ८ प्रकारके दोष भरे हैं। अशोधित तांबेके सेवन करनेसे भ्रम, कै, दस्त, पसीना, उत्क्लेद, मूर्च्छा, दाह और अरुचि उत्पन्न होती है। यह अष्टदोषयुक्त तांबा ही एक मात्र विष है।

ताम्रकी मारणविधि—तांबेकी पतली पतली पत्तियोंको आगमें जलावें, फिर तीन दिन अम्लमें डुबो कर खरल में डालें और उसमें चतुर्थांश पारद डाल कर अम्लके द्वारा एक प्रहर तक घोंटें। पीछे खरलसे निकाल लें। फिर दूना गन्धक अम्ल द्वारा पीस कर उस ताम्रपत्रोंको लेप कर गोलाकाकृति करें तथा स्वरस (अदरख), हिलमोचिका या पुनर्णवा पीस कर कल्क बनावें। उस कल्कके द्वारा उक्त गोलकके ऊपर दो अंगुल परिमित लेप दें। उसके बाद उस गोलकको एक पात्रमें स्थापन करें और बालुका द्वारा उस पात्रको भर कर उसका मुंह एक सरवेसे ढक दें। फिर मिट्टी, नमक और पानी एक साथ मिला कर पात्र और सरवेके बीचको संधको बन्द कर दें। पीछे चूल्हे पर चढ़ा कर चार प्रहर पर्यन्त अग्निके उत्तापमें पकावें। अग्निके उत्तापको क्रमशः बढ़ाते रहना चाहिये। इस तरह पाक करके, शीतल होने पर, गोलकको निकाल कर जिमीकन्दके (ओलके) रसमें एक प्रहर तक घोंटें और फिर उसे ओलके भीतर भर दें।

उसके बाद उस डिब्बे कन्दके चारो तरफ एक अङ्गुल मोटी मिट्टी थोप कर गजपुटमें उसका पाक करें। इस तरह ताम्र मारित होता है। यह मारित ताम्र वमन, विरेचन, भ्रम, क्लम, अरुचि, विदाह, स्वेद और उत्क्लेद को कभी भी नहीं होने देता।

मारित ताम्रके गुण—यह कषाय, मधुर, तिक्त, अम्लरस, कटु विपाक, सारक, पित्तनाशक, कफापहारक, शीतवीर्य, व्रणरोपक, लघु, लेखनगुणयुक्त, किञ्चित् उष्ण तथा पाण्डु, उदर, अर्श, ज्वर, कुष्ठ, कास, श्वास, क्षय, पीनस, अम्लपित्त, शोथ, क्रमि और शूलको नाश करनेवाला है।

असम्यक् मारित ताम्रके सेवन करनेसे दाह, स्वेद, अरुचि, मूर्च्छा, क्लेद, विरेचन, वमन और भ्रम उपस्थित होता है। (भावप्र०)

रसेन्द्रसारसंग्रहके मतसे तांबेमें आठ प्रकारके दोष हैं। इसलिए ताम्रका शोधन करना आवश्यक है।

ताम्रशोधन—लवङ्ग और अकवनके दूधसे तांबेको पत्तीको लेप कर, आगमें जला कर सम्हालूके पत्तेके रसमें छोड़ देनेसे ताम्रका शोधन होता है।

मतान्तरमें ऐसा भी है, कि गोमूत्रमें ताम्रपत्र डाल कर एक प्रहर तक खूब तेज आग पर पाक करनेसे तांबा संशोधित होता है।

ताम्रपाक—दूने गन्धकके साथ पारेको घृतकुमारीके रसमें घोंट कर तांबेकी पत्ती पर पोतें; फिर उसको लवणयन्त्रमें चार पहर तक पकावें, शीतल होने पर उसका चूर्ण बना कर सब रोगोंमें प्रयोग करें। तांबेके पत्र पर जम्बीरी नीबूका रस, सेंधा नमक और गन्धकका लेप दे कर भस्म होने तक उसका पुटपाक करें। इस तरह ताम्रपाक होता है।

किसीके मतसे—तांबेको पत्तीको लवण, क्षार और जम्बीरीके रसमें एक दिन घोंट कर उस पर सिज और अकवनका दूध पोत कर बार बार जलावें और सम्हालूके रसमें निक्षिप्त करें। पीछे समभाग पारद, दूध, घी और गन्धक मिला कर तीन बार पुटपाक करनेसे भस्म हो जायगी। पश्चात् उसमें तीन पुट देवें।

शोधित ताम्रके गुण—अनुपान विशेषके साथ सेवन करनेसे क्षय, कुष्ठ, पाण्डु, शूल, मेद, अर्श और वातरोग नष्ट होता है। एक रत्तीसे दो रत्ती तकको मात्रा वर्ष भर सेवन करनेसे मेद, मृत्यु और जरा नष्ट हो जाती है।

शोधित ताम्र उग्रता, विषदोष, यकृत्, प्लीहा, उदरी, क्रमि, शूल, आमवात, ग्रहणी, अर्श और अम्लपित्त आदि नष्ट करता है। (रसेन्द्रसा०)

तांबा अम्लके संयोगसे शुद्ध होता है। 'ताम्रमम्लेन शुद्ध्यति' (मनु०

ताम्रके पात्रमें भोजन न करना चाहिये। देवपूजा आदिमें ताम्रके पात्र ही प्रशस्त हैं, देवपूजामें ताम्रनिर्मित पात्र ही व्यवहृत होते हैं।

२ कुष्ठभेद, एक तरहका कोढ़। ३ रक्तवर्ण, लाल रंग। ४ द्वीपभेद, एक द्वीपका नाम। (भारत ३।३१।१५)
ताम्र—महिषासुरका एक प्रसिद्ध सेनापति। यह दानव इन्द्रयमादि देवोंके साथ घोरतर युद्ध करनेके बाद अन्तमें देवोके हाथसे निहत हुआ था।

(देवीभा० ५५ स्कन्ध)

ताम्रक (सं० क्ली०) ताम्रस्वार्थे कन्। ताम्र, तांबा। ताम्र देखो।

ताम्रकण्टक (सं० पु०) १ निर्यासप्रधान कण्टक वृक्षविशेष, एक प्रकारका पेड़। २ रक्तखदिर वृक्ष, लाल खैरका पेड़।

ताम्रकर्णी (सं० स्त्री०) ताम्रवर्णौ कर्णौ यस्याः, बहुव्री० स्त्रियां ङीष्। १ पश्चिमदिक्हस्तीकी पत्नी, पश्चिमके दिग्गजकी पत्नी, अञ्जना। २ ठठेरा, वह, जो तांबेका बरतन बनाता हो।

ताम्रकार (सं० पु०-स्त्री०) ताम्रं करोति ताम्रधातुभिः पात्रादिकं निर्म्मीति क्र-अण्। वर्णसङ्कर जातिविशेष। इसके संस्कृत पर्याय—ताम्रिक, शौल्बिक और ताम्रकुट्टक। इस जातिके विषयमें अनेक मतभेद हैं। किसीके मतसे आयोगव (बढ़ई) के औरस और विप्राके गर्भसे इस जातिको उत्पत्ति है।

"आयोगवेन विप्रायां जाताम्ताम्रोपजीविनः॥"

शूद्रके औरस और वैश्याके गर्भसे आयोगव जाति उत्पन्न हुई है। यह ताम्रकार (ठठेरा) जाति कंसकार (कसेरो) जातिके अन्तर्गत है और फिर किसीके मतसे

यह जाति वैश्या और ब्राह्मणके संयोगसे उत्पन्न हुई है। किसी लोगोंके मतानुसार तिलकर्माके औरस और शूद्रके गर्भसे इस जातिकी उत्पत्ति हुई है। ये तांबेके बरतन बना कर अपनी जीविका निर्वाह करते हैं।

कांस्यकार देखो।

ताम्रकिलि (सं॰ पु॰) लोहितवर्णका कीटविशेष, बीरबहुटी नामका कीड़ा।

ताम्रकूट (सं॰ पु॰-स्त्री॰) ताम्रं कुट्टयति कुट्ट-अण्। १ ताम्रकार, ठठेरा। ताम्रकार देखो। २ तमाकूका पेड़।

ताम्रकुट्टक (सं॰ पु॰) ताम्रं कुट्टयति कुट्ट-ण्वुल्।

ताम्रकार देखो।

ताम्रकुण्ड (सं॰ क्लो॰) कर्म॰ ताम्रमयं कुण्डं। ताम्रमय जलाधार पात्रभेद, तांबेका बना हुआ एक प्रकारका बरतन। इसमें पूजाके समय जल गिराया जाता है।

ताम्रकूट (सं॰ पु॰ स्त्री॰) ताम्रस्य कूटमिव। क्षुपविशेष तमाकू। तन्त्रके मतसे मस्यिदा, कालकूट ताम्रकूट, धुस्तूर (धतूरा), अहिफेन (अफीम), खर्जूररस, तारिका (ताड़ी), और तरिमा (भांग, गांजा) ये आठ प्रकारके सिद्धद्रव्य हैं।

ताम्रकृमि (सं॰ पु॰) ताम्रवर्णः, कृमिः कीटः मध्यलो॰। इन्द्रगोपकीट, बीरबहुटी नामका कीड़ा।

ताम्रगर्भ (सं॰ क्लो॰) ताम्रगर्भ-इव उत्पत्तिस्थानं यस्य बहुव्री॰। तुत्थ, तुतिया। यह तांबेसे उत्पन्न होता है।

तुत्थ देखो।

ताम्रचक्षु (सं॰ पु॰) ताम्रचक्षुषी यस्य बहुव्री॰। लाल नेत्रवाला, कपोत, कबूतर।

ताम्रचूड़ (सं॰ पु॰-स्त्री॰) ताम्रा रक्ता चूड़ा यस्य बहुव्री॰। १ कुक्कुट, मुरगा। मुरगा भोर हो कर 'कुकड़ू कूं' शब्द करता है। रातमें यदि वह उक्त शब्द छोड़ कर दूसरे तरहका शब्द करे तो भय होता है। किन्तु रात्रिके अवसान होने पर प्रथम अन्द्रचूड़ तारस्वरमें स्वाभाविक शब्द करनेसे राजाका राज्य और देशकी वृद्धि होती है।

(वृहत्सं॰ ८६।५४) कुक्कुट देखो।

२ कुक्कुरद्रुम, कुकरौंधा नामका पौधा। ३ कुमारानुचर मातृभेद, कार्त्तिकेयके एक अनुचरका नाम।

"कुमार ताम्रिली सम्भा ताम्रचूड़ा विशालिनी"।

(भारत ६० अ॰)

(त्रि॰) ४ रक्त शिखायुक्त, जिसकी चोटी लाल हो।

ताम्रचूड़भैरव (सं॰ पु॰) भैरवभेद।

ताम्रजाल (सं॰ पु॰) सत्यभामाके गर्भसे उत्पन्न श्रीकृष्णके एक पुत्रका नाम। (हरिवंश १६१ अ॰)

ताम्रतनु (सं॰ त्रि॰) जिसके शरीरका रंग तांबेके जैसा हो।

ताम्रतुण्ड (सं॰ पु॰) एक प्रकारका बन्दर। इसके मुखका रंग ताम्रवर्ण होता है।

ताम्रत्रपुज (सं॰ पु॰) ताम्रञ्च त्रपु च ताभ्यां जायते जन ड। कांस्य, कांसा।

ताम्रत्व (सं॰ क्लो॰) ताम्रस्य भावः ताम्र-त्व। ताम्रका भाव, रक्तवर्ण।

ताम्रदुग्धा (सं॰ स्त्री॰) ताम्रं रक्तं दुग्धं क्षीरं रसो यस्याः बहुव्री॰। गोरखदुग्धा, गोरखदुद्धी, अमरगंजी-बनी।

ताम्रद्रु (सं॰ पु॰) रक्तचन्दन।

ताम्रद्वीप (सं॰ पु॰-क्लो॰) दक्षिणदेशस्थित द्वीपविशेष। दक्षिणदिक् विजयके समय सहदेवने यह द्वीप जय किया था। ताम्रपर्णी देखो।

ताम्रधातु (सं॰ पु॰) ताम्र, तांबा। ताम्र देखो।

ताम्रधूम्र (सं॰ त्रि॰) कृष्ण और रक्तवर्ण, तमेड़ा, लाल रंग।

ताम्रध्वज (सं॰ पु॰) रत्नपुरके राजा मयूरध्वजके पुत्र। इन्होंने युद्धमें अर्जुन और श्रीकृष्णको पराजय किया था।

ताम्रलिप्त और मयूरध्वज देखो।

ताम्रपक्षा (सं॰ स्त्री॰) सत्यभामाके गर्भसे उत्पन्न श्रीकृष्णकी एक कन्याका नाम। (हरिवंश १६१ अ॰)

ताम्रपक्षी (सं॰ पु॰) श्रीकृष्णके एक पुत्रका नाम।

ताम्रपट्ट (सं॰ क्लो॰) ताम्रनिर्मितं पट्टं मध्यलो॰, कर्मधा॰। ताम्रमय लेखनपत्रभेद, ताम्रशासन। पूर्वकालमें राजा धर्मविद् ब्राह्मणोंको ताम्रपत्रमें भूमिका परिमाणादि समस्त विवरण लिख कर स्वमुद्रा चिह्नित करके प्रदान करते थे, ब्राह्मण पुत्रपौत्रक्रमसे वह भूमि भोग करते थे। इसके बाद कोई भी अन्य राजा उस भूमिका कर नहीं लेते थे। इस तरहको भूमिदान करनेको

अपेक्षा परदत्त भूमिको रक्षा करना अत्यन्त पुण्यजनक है। भारतवर्षके सब स्थानोंसे ही इस तरहके सैकड़ों ताम्रशासन आविष्कृत हुए हैं। इससे भारतीय राजाओं-की वंशावली और इतिहास बहुत कुछ स्थिर होता है।

ताम्रपत्र (सं० पु०) ताम्रं रक्तं पत्रं यस्य बहुव्री०। १ जीवशाक, एक प्रकारका साग। २ रक्तवर्ण पत्रयुक्त मात्र, एक प्रकारका पेड़ जिसके पत्ते लाल होते हैं। कर्मधा०। ३ ताम्रमय लिखनपत्र, तांबेकी चद्दरका टुकड़ा। ४ रक्तदल नव पल्लव, लालरङ्गको नयी पत्तियां।

ताम्रपत्रक (सं० पु०) ताम्रपत्र देखो

ताम्रपर्ण—सिंहल द्वोपका नामान्तर (Taprobane)। सिंहल देखो।

ताम्रपर्णी—मन्द्राजके अन्तर्गत तिन्नेवेलि जिलेकी एक नदी। इसका स्थानीय नाम "परुनै" है। टलेमी और पेरिप्लस इसका उल्लेख कर गये हैं। यह पश्चिम-घाट पर्वतसे निकल कर दक्षिण-पूर्वको ओर बहती हुई शर्मदेवी तक चली गई है। फिर वहांसे उत्तर-पूर्वको ओर होती हुई तिन्नेवेलिसे पालमकोटा तक और वहांसे फिर कभी दक्षिणको ओर कभी पूर्वको ओर होती हुई बङ्गोपसागरमें जा गिरी है।

जहांसे यह नदी निकली है, वहां चित्तार आदि इसकी अनेक उपनदियां हैं। ताम्रपर्णीको लम्बाई ७० मीलके लगभग है। इस नदीसे तिन्नेवेलि जिलेकी प्रायः १८५००० बीघा जमीन सींची जाती है। जल-सञ्चारकी सुविधाके लिये इसमें आठ पुल दिये गये हैं। इनमेंसे सात तो हिन्दूराजाओंके समयके हैं और आठवां जो श्रीवैकुण्ठम् नामक स्थानमें है उसे हटिश गवर्मेण्टने १८६९ ई०में बनाया है। यह पुल समुद्रपृष्ठसे १०४० फुट ऊंचा है। जब नदीमें बाढ़ अधिक आ जाती है, तब ये सब पुल डूब जाते हैं। इसके किनारेका कोनकैई नामक स्थान अभी समुद्रतीरसे ५ मील हट गया है। किन्तु टलेमीका वर्णन पढ़नेसे मालूम पड़ता है कि वह स्थान समुद्रवर्त्ती एक बन्दर था। अभी यह ग्रामके रूपमें परिणत हो गया है। तामिल भाषामें कानकैईको अर्थ सेना-दल वा सेना-शिविर है। कयाल नामक एक दूसरा छोटा ग्राम है, जो समुद्रके किनारेसे दो मीलकी दूरी पर अवस्थित है। मार्कपोलो इसी कयालको कयेल बतला गये हैं।

रामायण, महाभारत तथा सभी मुख्य पुराणोंमें इस नदीका उल्लेख है। प्रियदर्शी अशोकके १३वें अनुशासनमें इस नदीका जो उल्लेख है, उसमें लिखा है, कि दक्षिणमें चोड़गण और पाण्ड्यगण तम्बपनी (ताम्रपर्णी) तक राज्य करते थे, उस समय वहां बौद्धधर्मका प्रभाव जोरोंसे फैला हुआ था।

जहांसे यह नदी निकली है, वहां ताम्रपर्णी नामकी एक और नदी है जो पश्चिमको ओर बहती हुई त्रिवा-ङ्कुर राज्यमें प्रवेश करती है।

२ बम्बई प्रदेशके अन्तर्गत बेलगाम जिलेकी एक छोटी नदी। यह मिढ़िहल नामक स्थानमें घाटप्रभा नदीसे आ मिली है।

३ सिंहल द्वोपकी एक नगरी। इस नगरीके कारण समूचे सिंहलका ताम्रपर्ण नाम पड़ा है। ४ मञ्जिष्ठा, मजीठ। ५ सरोवर, तालाब, बावली।

ताम्रपर्णीय (सं० पु०) सिंहलद्वीपवासी बौद्ध।

ताम्रपल्लव (सं० पु०) ताम्राणि पल्लवानि यस्य बहुव्री०। अशोकवृक्ष। इसके संस्कृत पर्याय—हेमपुष्प, वञ्जुल कङ्केलि, पिण्डपुष्प, गन्धपुष्प और नट। (भावप्रकाश)

ताम्रपाकी (सं० पु०) पच्यते इति पाकः पच्-घञ्, ताम्रः रक्तवर्णः पाकः परिणतिरस्यास्य इति इनि। गर्दभाण्ड वृक्ष, पाकरका पेड़।

ताम्रपात्र (सं० क्ली०) ताम्रनिर्मितं पात्रं कर्मधा०। ताम्रमय पात्र, तांबेका बरतन। ताम्रपात्रमें तर्पण करना प्रशस्त है। किसी देवकार्यमें ताम्रपात्रमें ही सङ्कल्प करना पड़ता है। ताम्रपात्रमें भोजन करना निषिद्ध है। ताम्रपात्रमें मधु और दुग्ध रखनेसे वह मद्यतुल्य हो जाता है।

"नारिकेलजलं कांस्ये ताम्रपात्रे स्थितं मधु।
गव्यञ्च ताम्रपात्रस्थं मद्यतुल्यं घृतं विना।"
(स्मृतिसागर)

ताम्रपात्रमें घृत रखना प्रशस्त है। ताम्रपात्रमें दधि और मांस दूषणीय है, किन्तु दुग्धान्तरयुक्त मांस और घृत-युक्त दधि दूषणीय नहीं है। ताम्रका पात्र प्रशस्त है। ताम्रपात्रके अभावमें मृत्पात्र ही हितकर है।

श्रेष्ठ माना जाता था। तारकाक्ष स्वर्णनिर्मित पुरका अधिकारी था।

इस समय तारकासुरके हरि नामक प्रबल पराक्रान्त एक पुत्रने कठोर तपस्या करके प्रजापति ब्रह्मासे एक वरके लिये प्रार्थना की, "मैं अपने पुरमें एक तालाब प्रस्तुत करना चाहता हूं। इस तालाबके जलमें जितने अस्त्र-निहत शोणित निक्षेप किये जांय, वे उसके प्रभाव-से पुनर्जीवित और अधिक बलशाली हो जायें।" "ऐसा ही होगा" यह कह कर ब्रह्माजी चल दिये। क्रमशः वे अत्यन्त बलदर्पित हो तीनों लोकमें बहुत ऊधम मचाने लगे। देवताओंने इन असुरोंसे अनेक प्रकारकी यन्त्रणाएं पा कर शिवजीकी शरण ली। शिवजीने उसी समय देव-ताओंका आधा बल ग्रहण कर त्रिपुरको भेदते हुए इन्हें मार डाला। (भारत कर्ण ३३ अ०) त्रिपुर देखो।

तारकाख्य (सं० पु०) तारक इति आख्या यस्य बहुव्री०। तारकाक्ष। तारकाक्ष देखो।

तारकान्तक (सं० पु०) अन्तयति इति अन्तकः तारकस्य अन्तकः, ६-तत्। कार्त्तिकेय।

तारकादि (सं० पु०) तारक आदिर्यस्य। पाणिन्युक्त गणविशेष, सञ्जात अर्थमें तारकादिके बाद इतच् प्रत्यय होता है। तारका, पुष्प, कर्णक, मञ्जरी, ऋजीष, क्षण, सूत्र, मूत्र, निष्क्रमण, पुरीष, उच्चार, प्रचार, विचार, कुड्मल, कण्टक, मुसल, मुकुल, कुसुम, कुतूहल, स्तबक, किसलय, पल्लव, खण्ड, वेग, निद्रा, मुद्रा, बुभुक्षा, धेनुष्या, पिपासा, श्रद्धा, अभ्र, पुलक, अङ्गारक, वर्णक, द्रोह, दोह, सुख, दुःख, उत्कण्ठा, भर, व्याधि, वर्मन्, व्रण, गौरव, शास्त्र, तरङ्ग, तिलक, चन्द्रक, अन्धकार, गर्व, मुकुर, हर्ष, उत्कर्ष, कुवलय, गर्ध, क्षुध, सीमन्त, ज्वर, गर, रोग, रोमाञ्च, पण्डा, कज्जल, तृष्, कोरक, कल्लोल, स्थपुट, फल, कञ्चुक, शृङ्गार, अङ्कुर, शैवाल, बकुल, श्वभ्र, आराल, कलङ्क, कर्दम, कन्दल, मूर्च्छा, अङ्गार, हस्तक, प्रतिबिम्ब, विघ्न, तन्त्र, प्रत्यय, दीक्षा और गर्ज ये तारकादिगण हैं।

तारकारय (सं० पु०) शिव, महादेव।

तारकायण (सं० पु०) विश्वामित्रके एक पुत्रका नाम।
(हरिवंश २६ अ०)

तारकारि (सं० पु०) तारकासुरके शत्रु।

तारकासुर (सं० पु०) असुर विशेष, एक असुरका नाम। इसका विवरण शिवपुराणमें इस तरह लिखा है—

यह असुर तार नामक असुरका पुत्र था। देवताओं-को जीतनेके लिये तारकाने एक हजार वर्ष तक घोर तपस्या की, किन्तु तपस्याका फल कुछ न हुआ। तब इसके मस्तकसे एक बहुत प्रचण्ड तेज निकला। उस तेजसे देवतागण दग्ध होने लगे, यहां तक कि इन्द्र सिंहासन परसे खिंचने लगे। इससे इन्द्रादि देवगण अत्यन्त भय-भीत हुए, और इसका उपाय सोचने लगे। उस समय मालूम पड़ता था कि अकालमें यह ब्रह्माण्ड लोप हो जायगा। ब्रह्माण्डकी रक्षा करनेके लिये सब देवगण ब्रह्माके निकट पहुंचे और प्रणाम कर उनसे तारका-का तपोवृत्तान्त निवेदन किया। देवताओंकी प्रार्थना पर ब्रह्मा तारकाके समीप वर देनेके लिये उपस्थित हुए और उससे वर मांगनेके लिये कहा।

तारकासुर ब्रह्माका यह वचन सुन कर बोला, भगवन्! जब आप प्रसन्न हैं तब कोई चीज असाध्य नहीं है, आप मुझे दो वर दीजिये। पहला तो यह कि मेरे समान संसारमें कोई बलवान् न हो, दूसरा यह कि यदि मैं मारा जाऊं तो उसीके हाथसे जो शिवसे उत्पन्न हो।" 'तथास्तु' कहकर ब्रह्माजी स्वस्थानको चले गये।

वर पा कर तारक भी अपने घरको लौट आया। सब असुरोंने मिलकर उसे राजगद्दी पर अभिषिक्त किया और चारों ओर यह आज्ञा प्रचार कर दी कि इस जगत्में अब किसीका भी शासन प्रचलित नहीं होगा। तारक राज-पद पर अभिषिक्त हो कर घोर अन्याय करने लगा, विशेष कर देवताओंको अत्यन्त कष्ट पहुंचाने लगा। तब देव, दानव, यक्ष, राक्षस, किम्पुरुष प्रभृति सबके सब अत्यन्त दुःखित हुए।

इन्द्रादि देवगण निरुद्योग हो कर उसे सन्तुष्ट करनेके लिये प्रधान प्रधान रत्न प्रदान करने लगे।

इन्द्र उच्चैःश्रवा अश्व, धर्म रत्नदण्ड, शशि कामधुक् धेनु और समुद्र सब रत्न उसे देने लगे।

सूर्य डरके मारे तारकपुरमें प्रखर रूपसे अपनी किरण नहीं दे सकते थे, चन्द्रमा भी अमावसके दोनों पक्षमें

उदय होते थे, वायु अनुकूल हो कर सर्वदा मन्द मन्द बहती थी। तीनों भुवन तारककी आज्ञाके अधीन हो गये थे। देवगण उसकी सेवा करते थे। जितने ऋषि थे, वे उसके दूतका काम करते थे। देवताओंके हव्यको तारकासुर ही ग्रहण करता था।

अन्तमें जब देवगण इस दुःखको सह न सके, तब एक दिन सब कोई मिल कर ब्रह्माके पास गये और अपना अपना दुखड़ा रोया। ब्रह्माने कहा "शिवके पुत्रके अतिरिक्त तारकको और कोई मार नहीं सकता। हिमालयके शिखर पर शिवजी तपस्याकर रहे हैं और पार्वती दो सखियोंके साथ उनको परिचर्या कर रही हैं। तुम लोग जा कर ऐसा उपाय रचो कि उनका संयोग शिवके साथ हो जाय। शिवजीके पुत्रके बिना तारकको मारनेका कोई दूसरा उपाय नहीं है।

इन्द्रादि देवगण रतिके साथ कन्दर्पको लेकर शिवजीका तप भङ्ग करनेके लिए हिमालय पहाड़ पर उपस्थित हुए। कन्दर्पके वहां पहुंचने पर वसन्त पूर्णभावसे विराज करने लगा। शिवजी अकालमें वसन्तका आविर्भाव देख कर तपश्चर्यामें तन-मनसे लग गये।

इस समय पार्वती पुष्पके आभरणसे भूषित हो कर शिवपूजाके निमित्त महादेवके समीप पहुंचीं।

कन्दर्पके प्रभावसे पार्वती विकृत भावापन्न हो गईं। महादेवको भी चित्तविकृति उपस्थित हुई।

इस समय महादेव क्षणकाल विचार कर बोले 'क्या! ईश्वर हो कर दूसरेको स्त्रीका अङ्ग स्पर्श करना मुझे उचित है? जब मेरे ही चित्तमें ऐसी विकृति जाग उठेगी तो क्या क्षुद्र मनुष्य दुष्कर्म नहीं कर सकते!" ऐसा सोच कर वे फिर तपश्चर्यामें नियुक्त हो गये।

शिवजी आसनबद्ध हो कर भी चित्त स्थिर न कर सके। अनुसन्धान करके इसका कारण देखा कि कन्दर्प रतिके साथ उनका तप भङ्ग करनेके लिये पास होमें खड़ा है। इसे देख कर शिवजीने ऐसी क्रोधभरी दृष्टि उसकी ओर डाली कि कन्दर्प उनके नेत्रोंसे निकली हुई अग्निसे उसी समय ढेर हो गया।

मदन (कन्दर्प) के भस्म हो जाने पर शिवजीने वह स्थान छोड़ दिया। पार्वती भी अपने रूपकी निन्दा करती हुई स्वस्थानको लौटी। बाद पार्वतीजी शिवजीको पति बनानेके लिये घोर तपस्यामें प्रवृत्त हुईं। बहुत दिन तपस्या करनेके बाद पार्वतीने महादेवको पतिरूपमें पाया। अन्तमें शिवके साथ पार्वतीका विवाह हो गया। विवाह हो जानेके बाद जब शिवजीके पार्वतीसे कोई पुत्र न हुआ, तब देवगण फिर भी घबरा उठे। महादेव और पार्वती क्रीड़ामें आसक्त थे, इस कारण उनके पास कोई जा नहीं सकते थे। इधर तारकासुर दिनोंदिन अधिक ऊधम मचाने लगा, देवगण लाचार हो किंकर्त्तव्यविमूढ़की नाईं रहने लगे। बाद अग्नि कपोतका रूप धारण करके महादेवके पास उपस्थित हुई। शिवजीने ज्योंही कपोतरूप धारी अग्निको देखा, त्यों ही उसे कहा, "हे कपटरूपधारी कपोत, तुम कौन हो? तुम्हीं हमारे वीर्यका धारण करो।" इतना कह कर उन्होंने वीर्यको अग्निके ऊपर डाल दिया। उसी वीर्यसे कार्त्तिकेय उत्पन्न हुए। कार्त्तिकेय देखो।

कार्त्तिकके उत्पन्न होने पर देवताओंने उन्हें अपना सेनापति बनाकर तारकासुरको मारनेके लिए शोणितपुर भेजा।

इस पुरमें तारकासुरके साथ घमसान युद्ध हुआ, दस दिन तक बराबर लड़ाई होती रही। उसके बाद तारकासुरको सैन्य क्षीण होने लगी, बाद कार्त्तिकके कठिन शरसे तारकासुर मारा गया।

(शिवपु० १-२०अ० और देवीभागवत)

तारकित (सं० क्लो०) तारका सञ्जाता अस्य तारकादित्वात् इतच्। नक्षत्रयुक्त, वह जो तारोंसे शोभित हो।

तारकिन् (सं० त्रि०) तारकाः सन्त्यत्र इनि। तारकायुक्त, तारोंसे भरा।

तारकिणी (सं० स्त्री०) तारकिन् ङीप्। नक्षत्रयुक्त रात्रि, तारोंसे परिपूर्ण रात।

तारकूट (हिं० पु०) एक प्रकारको धातु जो चांदी और पीतलके योगसे बनी है।

तारकेश्वर (सं० पु०) औषधविशेष, एक प्रकारको दवा। इसको प्रस्तुत प्रणाली—पारा, गन्धक, लोहा, बङ्ग, अभ्रक, जवासा, जवक्षार, गोखरूके बीज और रुद्र, इन सबको बराबर लेकर घिसते हैं, बाद फिर पेठेके पानी, वटमूल

ये काढ़े और गोंदके रसकी भावना देकर उसे घोंटते और दो दो रत्तीकी गोलियां बना लेते हैं। इन गोलियोंको मधुके साथ खाना चाहिये। इसका पथ्य बकरीका दूध, चीनी और ईखका रस है। इस औषधके सेवनसे बहुमूत्र रोग दूर हो जाता है। (भैषज्यरत्ना०)।

२। तारावटी—रसमिन्दूर, लोहा, बङ्ग, अभ्रक इन सबको बराबर लेकर मधुके साथ एक दिन तक पीसते हैं और बाद एक माषेकी परिमित गोलियां बनाते हैं। इसका अनुपान मधुयुक्त पक्व यज्ञडुम्बरका चूर्ण है। इसके सेवन करनेसे बहुमूत्र रोग जाता रहता है

(भैषज्यरत्नावली प्रमेहाधिकार)

तारकेश्वर—हुगली जिलेके अन्तर्गत एक पुण्यस्थान। यह अक्षा० २२° ५३´ उ० और देशा० ८८° ४´ पू०में अवस्थित है। तारकेश्वरके लिङ्ग और उनके मन्दिरके लिये यह स्थान अत्यन्त प्रसिद्ध है।

काशीघाटमें नकुलेश्वरकी जिस तरह उत्पत्ति हुई है, बहुतोंका कहना है कि तारकेश्वरकी उत्पत्ति भी उसी तरह है। किसी प्राचीन पुराण अथवा तन्त्रमें इसका विवरण नहीं रहनेके कारण यह आधुनिक प्रतीत होता है। तब भी यह दो तीन सौ वर्षसे पहलेका है। भविष्य ब्रह्मखण्ड (७।५८)में इस लिङ्गका उल्लेख है।

तारकेश्वर राढ़वासियोंके परम भक्तिके देवता हैं। उनके निकट सैकड़ों दुःसाध्यरोगियोंने आरोग्य लाभ किया है। बहुतसे राढ़वासी अब भी बाबा तारकनाथके नामसे डरते हैं। शिवरात्रि और चड़क-संक्रान्तिके दिन यहां बहुत उत्सव होता है, जिसमें लगभग ५०।६० हजार यात्री एकत्र होते हैं। तारकेश्वरमें बहुत आमदनी होती है जिसे यहांके महन्त उपभोग करते हैं।

पहले तारकेश्वर जाते समय बहुतसे मनुष्य दुर्दान्त डकैतोंसे आक्रमण किये जाते थे। इस यात्रामें यात्रियोंको कितना कष्ट झेलना पड़ता था; वह अकथनीय है। अभी तारकेश्वरके पास रेल स्टेशन हो जानेसे उनका कष्ट और भय सदाके लिये जाता रहा। इससे तारकेश्वरके यात्रियोंकी संख्या भी बढ़ गई है।

तारकोपनिषद् (सं० स्त्री०) उपनिषद् भेद, एक प्रकारका उपनिषद्।

तारक्षिति (सं० पु०) तारा उच्चा क्षिति र्यत्र। देशभेद, एक देश जो पश्चिममें ३८०।१८।२० नक्षत्रोंमें अवस्थित है। यहां म्लेच्छोंका निवास है।

तारघर (हिं० पु०) वह स्थान जहांसे तारकी खबर भेजी जाती है।

तारघाट (हिं० पु०) कार्यसिद्धिका योग, व्यवस्था, आयोजन।

तारचर्बी (हिं० पु०) चीन, जापान आदि देशोंमें होनेवाला मोमचीना नामका पेड़। इसके फलमें तीन बीजकोश होते हैं। ये चरबीसे भरे रहते हैं। चीन और जापानमें मोमबत्तियां इसी पेड़की चरबीसे बनती हैं। इसके बीजोंसे भी एक प्रकारका पीला तेल निकलता है, जो दवा और रोगनके काममें आता है।

तारज (सं० पु० क्ली०) धातव द्रव्यभेद।

तारटी (सं० स्त्री०) तारटि देखो।

तारण (सं० पु०) तारयतीति तृ-णिच्-ल्यु। १ तरक, बेड़ा। कर्त्तरि ल्यु। २ विष्णु। (त्रि०) ३ तारयिता, तारनेवाला, उद्धार करनेवाला। भावे ल्युट्। (क्ली०) ४ तारण कारण, पार उतारनेकी क्रिया। ५ उद्धारण, निस्तार। ६ षष्टि संवत्सरका अष्टादश वर्ष भेद, साठ संवत्सरोंमेंसे अठारहवां वर्ष। इस तारणवर्षमें अत्यन्त वृष्टि होती है, जिससे धान्य इत्यादि दूसरे दूसरे अनाज नष्ट हो जाते हैं। (ज्योतिस्तत्त्व)

चतुर्थ युगात्म नामक तृतीय वर्षका नाम तारण है, इसमें अत्यन्त वृष्टि होती है। (बृहत्सं० ८।२६)

बृहस्पति देखो।

तारणि (सं० स्त्री०) तार्यतेऽनया तृ-णिच्-अनि। नौका, नाव।

तारणी (सं० स्त्री०) तारणि ङीप्। कश्यपकी एक पत्नी जो यक्ष और उपयक्षकी माता कही जाती है।

तारणेय (सं० पु०) तारण्याः अपत्यं ढक्। तारणीके संतान।

तारतण्डुल (सं० पु०) तार शुभ्र तण्डुलमस्य। धवल यावनाल, सफेद ज्वार।

तारतम्य (सं० क्ली०) १ तरतमयोर्भावः तरतम-ष्यञ्। १ न्यूनाधिक्य, एक दूसरेसे कमी, बेशीका हिसाब। २

उत्तरोत्तर न्यूनाधिक्यके अनुसार व्यवस्था, क्रमोंके गोके हिसाबसे सिलसिला। ३ गुण, परिमाण आदिका परस्पर मिलान।

तारतम्यबोध (सं० पु०) कई वस्तुओंमें भले बुरे आदिकी पहचान।

तारतार (सं० क्ली०) तारयतीति तारं तत्प्रकारः प्रकारे द्वित्वं। सांख्यशास्त्रोक्त गौण तृतीय सिद्धिभेद, सांख्यके अनुसार गौणकी तीसरी सिद्धि। आगमके अविरोधी न्यायद्वारा अर्थात् युक्तियुक्त तर्कद्वारा आगमके अर्थको परीक्षा कर संशय और पूर्वपक्ष निराकरणद्वारा उत्तर-पक्षका व्यवस्थापन करना ही मनन समझा गया है, इससे जो सिद्धि लाभ होती है, उसीका नाम तारतार है। यह गौणसिद्धि है। सिद्धि देखो।

तारतार (हिं० वि०) जिसकी धज्जियां अलग अलग हो गई हों, टुकड़ा टुकड़ा, उधड़ा हुआ।

तारतोड़ (हिं० पु०) कपड़े पर किया हुआ सुईका एक तरहका काम, कारचोबी।

तारदो (सं० स्त्री०) तरदो एव स्वार्थे अण्-ततो ङीप्। तरदी वृक्ष, एक प्रकारका कांटेदार पेड़।

तारन (हिं० पु०) १ छतकी ढाल, छाजनकी ढाल। २ छप्परका वह बांस जो कड़ियोंके नीचे रहता है। ३ तारण देखो।

तारना (हिं० क्रि०) १ पार लगाना। २ उद्धार करना, मुक्त करना, निस्तार करना।

तारनाथ (सं० पु०) तारानाथ देखो।

तारनाद (सं० पु०) ताराः नादः कर्मधा०। उच्चनाद, जोरकी आवाज।

तारपरम—मृदङ्ग पर जो परम बजते हैं, आलाप बजाते समय छेड़के संयोगसे तारमें भी ये सब परम बजाये जाते हैं। सितार आदि यन्त्रों पर एक प्रकारकी प्रणालीसे राग आदिका आलाप बजाया जाता है, उसमें तानकी नितान्त आवश्यकता होती है। उस प्रणालीके वादनको तारपरम कहते हैं।

तारपानि—हिन्दीके एक कवि। इन्होंने भागीरथी लीला-को रचना की है।

तारपीन (हिं० पु०) एक प्रकारका तेल जो चीड़के पेड़से निकलता है। जमीनसे दो हाथ ऊपर चीड़के पेड़में एक खोखला गड्ढा काट कर बनाया जाता है और उसे नीचेकी ओर कुछ गहरा बना दिया जाता है। इसी गड्ढे में चीड़का पसेव निकल कर गोंदके रूपमें जमा होता है, जिसे गन्धाविरोजा कहते हैं। इस गोंदसे भबका द्वारा जो तेल निकाल लिया जाता है, वही तार-पीनका तेल कहलाता है। यह औषधके काममें आता है। दर्दके लिये यह रामबाण है।

तारपुष्प (सं० पु०) तारं रजतमिव पुष्पं यस्य। कुन्दवृक्ष, कुन्दका पेड़।

तारबर्की (पु०) वह तार जिससे बिजलीको शक्ति द्वारा समाचार पहुंचाया जाता है।

तारमाक्षिक (सं० क्ली०) तारं रूप्यमिव माक्षिकं। उपधातुभेद, रूपामक्खी नामकी एक उपधातु। उपधातु ७ हैं, जिनमें तारमाक्षिक चांदीकी उपधातु है, यह धातु चांदीके समान गुणवाली है। इसमें कुछ चांदी मिली रहनेके कारण इसको तारमाक्षिक कहते हैं। चांदीकी अपेक्षा अप्रधानता होनेके कारण इसमें गुण भी कुछ कम हैं। तारमाक्षिकमें सिर्फ चांदीका गुण ही नहीं, बल्कि अन्यान्य द्रव्योंके मिश्रित रहनेसे अन्य गुण भी मौजूद हैं। विशुद्ध तारमाक्षिक किञ्चित् तिक्तसंयुक्त मधुररस, मधुर विपाक, शुक्रवर्द्धक, रसायन, चक्षुके लिये हितकारक, क्षय, कण्डू और त्रिदोषनाशक है। अविशुद्ध तारमाक्षिक अविशुद्ध स्वर्णमाक्षिककी तरह मन्दाग्निजनक, अतिशय बलनाशक, विष्टम्भी, नेत्ररोग, कुष्ठरोग, गण्डमाला और व्रणरोगोत्पादक है। इसलिये तारमाक्षिकका शोधन बहुत जरूरी है। कर्कोटक, मेषशृङ्गी और जम्बीरी नीबूके रसद्वारा तीन दिन कड़ी धूपमें भावना देनेसे तार माक्षिक विशुद्ध होता है।

तारमाक्षिकका मारना—कुलथीके क्वाथके साथ घोम कर तेल, मठा, अथवा बकरीके मूतसे पुटपाक करने पर तारमाक्षिक मारित होता है। (भावप्र०) मतान्तरमें ऐसा भी है—सूरण या जिमीकन्दके भीतर माक्षिक रख कर मूत, कांजी, तेल, गोदुग्ध, कदलीरस, कुलथीका क्वाथ और कोदों धानका क्वाथ, इनका स्वेद दे कर क्षार, अम्ल-वर्ग, पञ्चलवण, तेल और घीके साथ तीन बार पुट देनेसे

यह सिद्ध होता है। कभी कभी मैंगूर्ड रस द्वारा गोंद, दे कर, रेवन्दकी और मकोयरसमें एक दिन पाक करने से भी तात्कालिक सिद्ध होता है।

तारमूल (सं० क्ली०) स्थानभेद, एक स्थान का नाम।

तारयितृ (सं० त्रि०) उद्धार करनेवाला, तारनेवाला।

तारल (सं० क्ली०) तरल एव अण्। १ तरल। २ लम्पट।

तारल्य (सं० क्ली०) तरल वस्तुका धर्म, कठिन और तरल पदार्थमें प्रभेद। कठिन द्रव्योंके समस्त अणु सहज ही सञ्चालित नहीं होते। सोना, चांदी, तांबा, सीसा, पत्थर, ईंट आदि द्रव्योंके अणु एक ओरसे दूसरी ओर नहीं ले जाये जा सकते, किन्तु जल इत्यादि तरल द्रव्यों के अणु थोड़ा बलप्रयोग करने पर सञ्चालित होते हैं और उनके एक ओरके कण सहज ही दूसरी ओर ले जाये जा सकते हैं।

जिस गुणसे जलादि द्रव्योंके अणु सहज होमें संचालित और प्रवाहित होते हैं, उसे तारल्य कहते हैं। यही गुण होनेके कारण जल आदि पदार्थोंको तरल पदार्थ कहा जाता है।

समस्त द्रव पदार्थोंमें यह गुण दिखाई देता है, परन्तु सबमें समान परिमाणमें नहीं होता।

इथर नामक द्रव पदार्थ अतिशय तरल है। घी, मक्खन, गुड़ प्रभृति द्रव्योंका तारल्यगुण अत्यन्त अल्प है; इसीसे ये समय समय पर कठिन भाव धारण कर लेते हैं।

आणविक आकर्षण और आणविक विकर्षणके तारतम्यसे समस्त जड़ पदार्थ कभी कठिन, कभी तरल और कभी वाष्पीय आकार प्राप्त करते हैं। आणविक विकर्षणकी अपेक्षा आणविक आकर्षण अधिक होनेसे कठिनताका सञ्चार होता है। दोनोंका पराक्रम प्रायः समान होनेसे तारल्यकी उत्पत्ति होती है। और आकर्षणकी अपेक्षा विकर्षण अधिक बलशाली हो तो समस्त पदार्थ वाष्पाकार धारण करेंगे। उष्णताकी जितनी वृद्धि होगी विकर्षणका बल भी उतना ही बढ़ेगा। इसीलिये तापके प्रभावसे जिन वस्तुओंके उपादान विभिन्न नहीं होते, उत्ताप होनेसे वे ही द्रव्य कठिनसे तरल और वाष्प हो जाते हैं।

कठिन वस्तुओंके परमाणु आणविक आकर्षण गुणसे जिस तरह दृढ़तया आबद्ध रहते हैं, तरल और वाष्पीय पदार्थोंके परमाणु वैसे नहीं होते।

कठिन वस्तुके परमाणु निविड़ संश्लेषके कारण सहज होमें अलग नहीं होते, किन्तु तरल और वाष्पीय द्रव्योंके परमाणु सहज होमें थोड़े शिथिलसे ही संचालित हो जाते हैं। कठिन (ठोस) पदार्थोंमें हर एकको एक निर्दिष्ट आकृति होती है, किन्तु तरल और वाष्पीय पदार्थोंकी कोई निर्दिष्ट आकृति नहीं है। इन्हें जैसे बर्तनमें रखा जायगा, इनकी वैसी ही आकृति हो जायगी।

तरल और वाष्पीय द्रव्योंमें प्रभेद—जिस प्रकार तरल द्रव्योंके परमाणु सहज ही संचालित होते हैं, उसी प्रकार वायवीय द्रव्योंके अणु भी थोड़े ही बलप्रयोगसे संचालित होते हैं, किन्तु वाष्पीय द्रव्य जिस प्रकार दबाव पड़नेसे संकुचित होते हैं, तरल पदार्थ वैसे नहीं होते। जैसे समस्त वाष्पीय द्रव्य आकुञ्चनीय होते हैं वैसे समस्त तरल पदार्थ दुराकुञ्चनीय हैं। परन्तु यह नहीं कि तरल पदार्थ बिलकुल ही आकुञ्चनीय नहीं। पदार्थविद् विद्वानोंने परीक्षा द्वारा स्थिर किया है कि अधिक बलप्रयोग करनेसे सभी तरल पदार्थ कुछ कुछ आकुञ्चित होते हैं। फी इञ्च साढ़े सात सेर दबाव देनेसे दश लाख भाग जलके आयतनमें पाँच भाग कम हो जाता है, और दबाव हटा लेने पर जल या अन्यान्य सभी पदार्थ पुनः प्रसारित हो कर अपने पूर्व आयतनको प्राप्त हो जाते हैं। अतएव यह स्वीकार करना होगा कि सभी तरल वस्तुएँ स्थितिस्थापक गुणसम्पन्न हैं।

तरल पदार्थमें चाप-संचालनका नियम—तरल वस्तुके एक अंशमें चाप प्रयोग करनेसे वह सब ओर समभागसे संचालित होता है। ईसवीकी सत्रहवीं सदीके मध्य-भागमें पास्कल नामक एक फरासीसी विद्वान्‌ने तरल पदार्थोंमें चाप संचालनके नियमका आविष्कार किया; इसी लिए यह नियम पास्कलका नियम नामसे प्रसिद्ध है।

जलादिके एक ओर चाप प्रयोग करनेसे वह चारों ओर सम भागसे संचालित होता है। यह निम्नलिखित परीक्षा द्वारा देखा गया है।

एक पिचकारीके सदृश बहुतसे छिद्रोंवाला यंत्र जलसे भर कर उसका अर्गल बलपूर्वक यदि भीतर डाला जाय, तो उसके समस्त छिद्रोंसे जल बाहर निकलता है। यदि चारों ओर चाप संचालित न होता तो सभी छिद्रोंसे जल न निकलता।

जलादिके एक अंशमें चाप प्रयोग करनेसे यह चाप उसके सर्वांशमें संचालित हो कर चाप युक्त अंशके साथ समायतनसम्पन्न अंशोंके ऊपर समपरिमाणमें और लम्ब-भावसे कार्य करता है तरल पदार्थके एक अंशमें दिया गया चापसर्वांशमें संचालित होता है। यह भी पूर्वोक्त परीक्षाद्वारा प्रतिपादित हुआ है।

तरल पदार्थोंका उत्क्षेपक चाप (दबाव)—तरल पदार्थोंके ऊपरसे नीचेकी ओर चाप द्वारा जिस प्रकार नीचेके अणु आक्रान्त होते हैं उसी तरह नीचेसे ऊपरकी ओर चाप द्वारा ऊपरके अणु उद्भासित होते हैं। नीचेके स्तरोंका ऊपरके स्तरों पर अवक्षेपक चाप और ऊपरके स्तरोंका नीचेके स्तरों पर उत्क्षेपक चाप समान होता है। यह निम्नलिखित परीक्षा द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। किसी जलपूर्ण पात्रमें दोनों ओर खुली एक नली डुबाने-से देखा जायगा, पात्रमें जितना ऊंचा जल है उतना ही ऊँचा पानी नलीमें भी उठता है, किन्तु इसी नलीके नीचेका मुंह उसीके समान एक टुकड़ा कांच या अभ्रक द्वारा आवद्ध कर थोड़ेसे सूत द्वारा वह कांच या अभ्रक बांधके धीरे धीरे जलमें डुबाया जाय तो देखा जायगा, सूत छोड़ देने पर भी नली डुबेगी नहीं और जलके चापसे उद्भासित हो उठेगी। अब यदि नलीके भीतर पानी डाला जाय तो देखा जायगा, नलीके भीतरका जल ज्योंही बाहरके जलकी अपेक्षा ऊंचा होगा त्योंही नली डूब जायगी। सुतरां देखा जाता है कि नीचेकी ओर लगे हुआ कांच जिस बलसे उद्भासित होता है वह उसके समायत और उसके पृष्ठदेशसे बहिर्भाग तक जल जितना उन्नत है उतने ही उन्नत जलके समान होता है अर्थात् उसके ऊपरसे नीचेकी जो चाप है वही चाप नीचेसे ऊपरकी भी है अर्थात् जलके मध्यस्थित किसी अणुके ऊपर उत्क्षेपक और अवक्षेपक चाप बराबर है।

साम्यावस्थामें तरल वस्तुओंकी पृष्ठदेश सर्वत्र सम-तल रहती है।

कठिन पदार्थका ऊपरी भाग कहीं ऊंचा कहीं नीचा हो सकता है। किन्तु तरल द्रव्योंकी सतह सर्वत्र समान ऊंची होती है। कठिन अवस्थामें आणविक आकर्षण गुणके कारण द्रव्यके परमाणु परस्पर दृढ़रूपसे आश्लिष्ट रहते हैं। इसीलिए किसी द्रव्यका कोई अंशविशेष किञ्चित् ऊंचा होने पर भी मध्याकर्षण द्वारा विच्छिन्न होकर पतित नहीं होता, किन्तु तरल अवस्थामें आण-विक आकर्षण वैसा प्रबल नहीं होता। इससे तरल वस्तुके परमाणु सहज ही विचलित और प्रवाहित होकर समतलभाव धारण करते हैं।

किसी तरल वस्तुका यदि कोई भाग किञ्चित् उन्नत हो उठे तो पृथ्वीके मध्याकर्षणसे उसे पुनः निपतित होना पड़ता है। वास्तवमें तरल पदार्थोंकी सतह स्वभा-वतः सम उच्च होती है। जलके ऊंचे नीचे होनेका कारण सभीको विदित है।

जिस तरह धरापृष्ठ पर कहीं ऊंचे पर्वतशिखर, कहीं गंभीर गह्वर दिखाई देते हैं। सागर पृष्ठमें वैसा नहीं दिखाई देता। यदि कभी किसी कारणसे कहीं पर समुद्रका जल किंचित् ऊंचा उठ जाता है तो उस कारणके हटते ही वहांका जल समभाव धारण कर लेता है। यद्यपि महासमुद्रके जिस भाग पर दृष्टि डाली जाय वही समतल मालूम देता है तथापि यह नहीं कहा जा सकता कि उसका समग्र पृष्ठदेश दर्पणकी तरह सम-तल है। उसकी सतहका प्रत्येक बिन्दु पृथ्वीके केन्द्रके साथ तुलनामें समतलभावसे अवस्थित है, किन्तु भूपृष्ठ-की जलराशिका आकार गोलेकी सतहकी तरह गोल है। इस तरह जहां बहुत दूर पर्यन्त जल व्याप्त है उसकी समस्त सतहका दर्पणाकार समतल होना सम्भव नहीं।

२ तरलता, द्रवत्व। ३ पतलापन।

तारवाई—हैदराबाद राज्यके वरङ्गल जिलेका एक तालुक। इसमें कुल १५५ ग्राम लगते हैं। राजस्व २०८००) रु०के लगभग है। तालुकका अधिकांश जङ्गलमें आच्छादित है।

तारवायु (सं० पु०) तारः वायु कर्मधा०। अत्युच्च शब्द-युक्त वायु, बहुत जोरसे बहनेवाली हवा।

तारविमला (सं० स्त्री०) तारं रूप्यमिव विमला। उपधातु विशेष, रूपामक्खी नामकी उपधातु।

तारशुद्धिकर (सं॰ क्ली॰) तारस्य रजतस्य शुद्धिं करोति कृ-ट। सीसक, सीसा। इससे चांदीका मैल साफ किया जाता है।

तारसार (सं॰ पु॰) उपनिषद्‌भेद, एक उपनिषद्‌का नाम।

तारहार (सं॰ पु॰) तारानिर्मितो हारः मध्यपदलो॰ कर्मधा॰। स्थूल मुक्ताहार।

तारा (सं॰ स्त्री॰) तारयति संसारार्णवात् तृ-णिच् अच् टाप्। १ आंखकी पुतली। २ वानरराज बालीकी स्त्री और सुषेण वानरकी कन्या। रामचन्द्रने छिप कर बालीका वध किया था। बालीके मारे जानेके उपरान्त श्रीरामचन्द्र आदिसे ताराने सुग्रीवको अपना पति मान लिया। इसके पुत्रका नाम अङ्गद था। (प्रातःस्मरणीय) प्रातःकाल उठ कर इसका नाम स्मरण करनेसे वह दिन मङ्गलमय होता है।

"अहल्या द्रौपदी कुन्ती तारा मन्दोदरी तथा।
पञ्चकन्याः स्मरेन्नित्यं महापातकनाशनम्॥"

किन्तु प्रातःकालमें इनके नाम स्मरणका नियम रघुनन्दनके आह्निकतत्त्वमें नहीं है।

४ अश्विनी आदि नक्षत्र। जैसे—अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्या, अश्लेषा, मघा, पूर्वफाल्गुनी, उत्तरफाल्गुनी, हस्ता, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूला, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवणा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वभाद्रपद, उत्तरभाद्रपद और रेवती, ये २७ प्रधान तारा हैं।
नक्षत्र देखो।

अधिपति—अश्विनीके अधिपति अश्विनी। भरणीके यम, कृत्तिकाके दहन, रोहिणीके कमलज, मृगशिराके शशि, आर्द्राके शूलभृत्, पुनर्वसुके अदिति, पुष्याके जीव, अश्लेषाके अहि, मघाके पितृगण, पूर्वफाल्गुनीके योनि, उत्तरफाल्गुनीके अर्यमा, हस्ताके दिनकृत्, चित्राके त्वष्टा, स्वातिके पवन, विशाखाके अग्नि, अनुराधाके मित्र, ज्येष्ठाके शक्र, मूलाके निर्ऋति, पूर्वाषाढ़ाके तोय, उत्तराषाढ़ाके विश्वेदेव, श्रवणाके हरि, धनिष्ठाके वसु, शतभिषाके वरुण, पूर्वभाद्रपदके अजैकपाद, उत्तरभाद्रपदके अहिर्बुध्न और रेवतीका अधिपति पूषा है।

नाम—आर्द्रा, पुष्या, धनिष्ठा, शतभिषा, श्रवणा, रोहिणी, उत्तरफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा और उत्तरभाद्रपद इनका नाम है ऊर्ध्वमुख। मघा, मूला, अश्लेषा, कृत्तिका, विशाखा, भरणी, मघा, पूर्वफाल्गुनी, पूर्वाषाढ़ा और पूर्वभाद्रपद इनका नाम अधोमुख। अश्विनी, रेवती, हस्ता, चित्रा, स्वाति, पुनर्वसु, ज्येष्ठा, मृगशिरा और अनुराधा इन नक्षत्रोंका नाम तिर्यङ्मुख तारा है।

जाति—अश्विनी और शतभिषा अश्व जातीय है, रेवती और भरणी हस्ती, कृत्तिका छाग, रोहिणी और मृगशिरा सर्प, आर्द्रा, हस्ता और स्वाति महिष, पुनर्वसु मेष, पुष्या, अश्लेषा और मघा मूषक, पूर्वफाल्गुनी और चित्रा व्याघ्र, विशाखा और अनुराधा हरिण; ज्येष्ठा कुक्कुर; मूला और श्रवणा वानर; पूर्वाषाढ़ा नकुल जातीय तथा धनिष्ठा, पूर्वभाद्रपद और उत्तरभाद्रपद सिंह जातीय है।

मृगशिरा, हस्ता, स्वाति, श्रवणा, पुष्या, रेवती, अनुराधा अश्विनी और पुनर्वसु नक्षत्रमें जन्मग्रहण करनेसे देवगण होता है, उत्तरफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तरभाद्रपद, पूर्वफाल्गुनी, पूर्वाषाढ़ा, पूर्वभाद्रपद, रोहिणी भरणी और आर्द्रामें नरगण तथा ज्येष्ठा, मूला, अश्लेषा, कृत्तिका, शतभिषा, चित्रा, मघा, धनिष्ठा और विशाखामें जन्म लेनेसे राक्षसगण होता है।

किसी शुभकार्यके करनेके पहले उसके लिए चन्द्र और ताराशुद्धिका देखना जरूरी है। विशेषतः यात्रामें चन्द्रशुद्धि और कृष्णपक्षमें ताराशुद्धि न देख कर कार्य करनेसे नाना प्रकारके अमङ्गल होते हैं।

ताराशुद्धि। यथा—जन्म, सम्पत्, विपत्, क्षेम, प्रत्यरि, साधक, वध, मित्र और अतिमित्र ये ९ तारा हैं। इनमें जन्म, विपत्, प्रत्यरि और वध अशुभ है, इनके सिवा अन्य समस्त तारे शुभकर होते हैं।

जन्मतारामें विवाद, श्राद्ध, मैथुन, यात्रा और क्षौर कर्म निषिद्ध है।

निषिद्ध तारेमें यात्रा करनेसे मरण, कृषिकार्यमें धननाश, औषध सेवनमें नाश, गृहारम्भमें गृहदाह, और कार्यमें रोगोत्पत्ति, श्राद्धमें वंशनाश, विवादमें दुर्दैव और युद्धमें भंग होता है।

जन्मतारासे गणना की जाती है। चन्द्र और तारा-शुद्धि होने पर अन्य समस्त दोष नष्ट हो जाते हैं।*

विशेष विवरणके लिए नक्षत्र शब्द देखो।

४ दश महाविद्याओंमेंसे पहली विद्या।

"काली तारा महाविद्या षोडशी भुवनेश्वरी।
भैरवी छिन्नमस्ता च विद्या धूमावती तथा॥
बगला सिद्धविद्या च मातंगी कमलात्मिका।
एता दश महाविद्या सिद्धविद्याः प्रकीर्तिता॥"

(तन्त्रसार)

काली, तारा, षोड़शी, भुवनेश्वरी, भैरवी छिन्नमस्ता, धूमावती, बगला, मातङ्गी और कमला, ये दश महाविद्याएं हैं।

सतीने दक्षयज्ञमें जानेके लिए महादेवसे बारंबार अनुमति मांगी थी, किन्तु महादेवने किसी तरह भी उन्हें जानेको अनुमति न दी। इस पर सतीने धीरे धीरे महादेवको डरानेके लिए उक्त दशरूप धारण किये थे। पीछे महादेवने भयभीत हो कर उन्हें दक्षालयमें जानेको अनुमति दी थी। दशमहाविद्या देखो।

प्रथमा तारा ही और द्वितीया महाविद्या, (श्लोकमें "काली तारा महाविद्या" है) ऐसा नहीं; काली और तारा दोनों ही आद्या महाविद्या हैं। कालिकासे ही ताराकी उत्पत्ति है। कहा है, कौषिकीने कृष्णवर्ण हो कर कालिकाका रूप धारण किया था, कालिका सर्वमयी हैं। तारा विश्वमयी धरित्रीरूपिणी और सर्वसिद्धिदायिनी हैं। साधकको यदि तारामन्त्रादिका ज्ञान हो तो वह शीघ्र ही मुक्ति लाभ करता है। उसको अनर्गल कविता कहनेकी शक्ति हो जाती है और वह सर्वशास्त्रमें पाण्डित्य लाभ कर धनपति हो जाता है।

५ बृहस्पतिकी स्त्री। एक दिन अङ्गिरातनय चन्द्र ताराके अलोकसामान्य रूपको देख कर उन्हें हरण कर ले गये। बृहस्पतिको मालूम होते हो उन्होंने देवताओंसे कहा। देवताओंने ऋषियोंके साथ मिल कर चन्द्रसे तारा मांगी। परन्तु दुर्बुद्धि सोमदेवने ताराको लौटाया नहीं। इस पर देवाचार्य बृहस्पति अत्यन्त क्रुद्ध हो उठे। शुक्राचार्य इनके पश्चात्वर्ती हुए। महातेजा रुद्र पहले बृहस्पतिके पिता अङ्गिराके शिष्य थे, वे भी गुरु-पुत्रके स्नेहके कारण बृहस्पतिके पृष्ठपोषक हुए। महात्मा रुद्रदेव, जिस ब्रह्मशिर नामक परमास्त्रका प्रयोग दैत्यों पर किया गया था और उससे दैत्योंकी यशोराशि विनष्ट हुई थी, उसी अतिभीषण आजगव शरासनको धारण कर युद्धके लिए प्रवृत्त हुए। ताराके लिए इस युद्धका प्रारम्भ हुआ था, इसलिए यह तारकामय नामसे प्रसिद्ध हुआ। इस देव-दानव-समरमें अनेक लोगोंका वध होने लगा। आखिर देवोंने अनन्योपाय हो कर ब्रह्माको शरण ली। देवोंको प्रार्थनासे लोकपितामह ब्रह्मा स्वयं समरभूमि पर आये। उन्होंने शुक्राचार्य और शङ्कर रुद्रदेवको सांत्वना दे कर युद्धसे निवृत्त होनेका आदेश दिया और ताराको चन्द्रसे ले कर बृहस्पतिको अर्पण किया। उस समय ताराको अन्तःसत्वा देख कर बृहस्पतिने कहा—"तुम मेरे क्षेत्रमें अन्यजनित गर्भ धारण न कर सकोगी।" ताराने उसी समय गर्भस्थ पुत्र दस्युहन्तमको प्रसव कर शरस्तम्ब पर फेंक दिया। सद्यःप्रसूत कुमार शरस्तम्ब पर गिर कर ज्वलन्त पावककी तरह दीप्यमान हो गया, उसकी शरीर-कान्तिसे देवगण मानो तिरस्कृत होने लगे। देवोंने संशयापन्न हो पूछा—"देवि! सत्य कहना, यह पुत्र सोमदेवका है या बृहस्पतिका?" किन्तु ताराने कुछ उत्तर न दिया। इस पर सद्योजात दस्युहन्तम अपनी

* "जन्मसम्पद्विपत्क्षेमप्रत्यरिः साधकोवधः।
मित्रं परममित्रंच नवताराः प्रकीर्तिताः॥
सर्वमंगलकर्माणि त्रिषु जन्मसु कारयेत्।
विवादश्राद्धभैषज्यगमनाक्षौरादिविवर्जयेत्॥
यात्रायां पथिकस्यन्तं कृषिविधौ सर्वस्य नाशो भवेत्॥
भैषज्ये मरणं तथा सुनैभतं दाहो गृहारम्भणे।
क्षौरे रोगसमागमो द्रुविधः श्राद्धेऽर्थनाशस्तदा।
वादे बुद्धिविनाशं बुधि भगशासोदयं जन्मभे॥
पापारम्भगत्रु त्रिविधा पंचचतुर्दशापिं तत्रिसिपुना।
सिद्धिफलावृद्धिदरी विनाशपंशाक्रमात् कथिता॥
ताराचन्द्रबले प्राप्ते दोष इत्याद्ये भवन्ति ये।
ते सर्वे विलयं यान्ति सिंहं दृष्ट्वा गजा इव॥"

(ज्योतिस्तत्त्व)

ताराको मार देनेके लिए तैयार हुआ, तब ब्रह्माने इनको निषेध कर तारासे पुनः पूछा—"मातः! तुम सच सच कह दो यह पुत्र किसका है?" ताराने हाथ जोड़कर कहा—"यह महात्मा बुध। दस्युहन्तम भगवान् सोमदेवका पुत्र है।" यह सुन कर प्रजापति सोमदेवने अपने पुत्रको ग्रहण किया और उसका नाम बुध रक्खा। यह बुध अब भी गगनाङ्गनमें चन्द्रको प्रतिकूल दिशामें उदित होता है।

सोमदेव इस पापसे यक्ष्मा राजयक्ष्मारोगसे आक्रान्त हो दिन दिन क्षीणमण्डल होने लगे। अन्तमें चन्द्रने इस रोगकी शान्तिके निमित्त अपने पिताकी शरण ली। महात्मा अत्रिने इनके पापको शान्त कर दी। पीछे चन्द्र पापमुक्त हो कर पूर्ववत् दीप्तिमान् और पूर्णमण्डल हो गये।

६ चक्षुमध्य कृष्णवर्ण तारा, आंखकी पुतली। पर्याय—कनीनिका, तारका और चित्रिणी।

७ बुद्ध धर्मोपासिकाकी सी। ८ जैनशक्तिविशेष।

ताराकूट (सं॰ क्ली॰) ताराणां कूटं, ६-तत्। ताराविषयक कूटभेद, फलित ज्योतिषमें वरकन्याके शुभाशुभ फलको गणित करनेवाला एक कूट। इसका विचार विवाह स्थिर करनेसे पहले किया जाता है।
विवाह और नक्षत्र देखो।

ताराक्ष (सं॰ पु॰) दैत्यभेद, एक दैत्यका नाम।
तारकाक्ष देखो।

तारागञ्ज—रङ्गपुर जिलेके अन्तर्गत एक ग्राम। यहां धान, पाट और तमाकूका व्यवसाय अधिक होता है।

तारागढ़—१ अजमेरके मेरवाराके अन्तर्गत एक गिरिदुर्ग। यह अक्षा॰ २६°२७'२०" और देशा॰ ७४°४०'१४" पू॰में अवस्थित है। अजमेरकी ओर गोमगढ़ शिखर ढालू हो गया है, उसपर ही यह दुर्ग अवस्थित है। इसके चारों ओर दुर्भेद्य प्राचीर है। पूर्व समयके भारी राजगण इसी दुर्भेद्य दुर्गमें रहते थे। राठोर और चौहानके साथ जब लड़ाई छिड़ी थी, तब १२१० ई॰में यहां मीरन हुसेनने प्राणत्याग किया था, यहां गुम्बजके ऊपर उनकी भी एक सुन्दर मसजिद बनी है। यहां मुसलमानोंके प्राचीन धार्मिक लोग यहां जियारतको आते हैं।

२ बम्बईके सातारा राज्यके अन्तर्गत एक गिरिदुर्ग। यह अक्षा॰ १८° १०' उ॰ और देशा॰ ७३° ४०' पू॰के मध्य सह्याद्रिके ढालू किनारे अवस्थित है। १८१४-१५ ई॰में युद्धके समय गोराओं सेनाने इस दुर्गके आश्रय लेकर अंगरेजोंके विरुद्ध युद्ध किया था।

ताराग्रह (सं॰ पु॰) मङ्गल, बुध, गुरु, शुक्र और शनि इन पांच ग्रहोंका समूह।

ताराचक्र (सं॰ क्ली॰) ताराणां चक्रं, ६-तत्। तन्त्रोक्त चक्रभेद। इस चक्रद्वारा दीक्षणीय मन्त्रका शुभाशुभ जाना जाता है। नक्षत्र और दीक्षा देखो।

तारासाधन (सं॰ क्ली॰) तारायाः साधनं, ६-तत्। तारापूजाविषयक साधन। तारापूजामें यह साधन करना पड़ता है। तारा देखो।

ताराचरण शर्म—हिन्दीके एक अच्छे ग्रन्थकार। ये १८८८ ई॰में वर्तमान विद्यमान थे। इन्होंने भावानन्द-प्रकाशिका नामक ग्रन्थ रचा है।

ताराज (सं॰ क्ली॰) एक संख्या। ([illegible] १७।१०)

ताराज (फा॰ पु॰) १ लूट पाट। २ नाश, बरबादी।

ताराकक्षपथ (सं॰ पु॰) तारोंका समूह जो आकाशमें क्रान्तिवृत्तके उत्तर और दक्षिणकी ओर रहता है। इस समूहमें अश्विनी भरणी आदि हैं।

तारादेवी (सं॰ स्त्री॰) १ एक महाविद्या। तारा देखो। २ हिमालयका गढ़वाल और दस्रासमय शृङ्गस्थान तथा शिमला इलाकेमें एक गिरिशृङ्ग जो शिमलाके निकट विद्यमान है। ३ जैनोंकी एक शासनदेवी।

ताराधिप (सं॰ पु॰) ताराणां अधिपः, ६-तत्। १ चन्द्र, चन्द्रमा। तारायाः अधिपः। २ शिव, महादेव। ३ बृहस्पति। ४ बालि और सुग्रीव। ५ नक्षत्राधिप, अश्वि, यम प्रभृति नक्षत्रोंके अधिपति। तारा देखो।

तारापीड़ (सं॰ पु॰) तारायाः आपीडः, ६-तत्।
मुक्तापीड़ देखो।

तारानगर—बङ्गाल प्रदेशके अन्तर्गत एक प्राचीन ग्राम।
(भ॰ ब्रह्म॰ १६।३५)

तारानाथ (सं॰ पु॰) ताराणां नाथः। १ चन्द्र, चन्द्रमा। २ तिब्बतके एक सुप्रसिद्ध बौद्धपण्डित। इन्होंने १७वीं शताब्दीमें एक बौद्धधर्मका इतिहास रचा है। आजकल पुराविद्गण इसका यथेष्ट आदर करते हैं।

तारानाथ तर्कवाचस्पति—एक प्रसिद्ध बङ्गाली विद्वान्। १८१२ ई०में वर्द्धमान जिलेके कालना ग्राममें इनका जन्म हुआ था। बचपनसे ही इनको पढ़नेका बहुत शौक था। थोड़े ही दिनोंमें इन्होंने संस्कृतमें अच्छी व्युत्पत्ति लाभ की और 'तर्कवाचस्पति' उपाधिसे विभूषित हो गये। फिर काशी जा कर इन्होंने वेदान्तशास्त्रका अध्ययन किया। अध्ययन कर चुकने पर इन्होंने अपने ग्राममें चतुष्पाठी खोल दी और नेपालसे शीशमकी लकड़ी मंगा कर उसका रोजगार करने लगे। किन्तु दुर्भाग्यवश इसमें घाटा हो गया और ये कर्जदार हो गये।

संस्कृत-कालेजमें ये व्याकरणके अध्यापक नियुक्त हुए। कालेजके अध्यक्षने इन्हें प्राचीन संस्कृत ग्रन्थ छपा कर प्रचार करनेकी सलाह दी। इन्होंने कावएल साहबकी सलाहसे ग्रन्थ प्रकाशन कार्य प्रारम्भ कर दिया और कर्ज चुका कर निश्चिन्त हुए। इसके बाद इन्होंने शब्दकल्पद्रुमके तुलनाका "वाचस्पत्य" नामक एक वृहत् अभिधान सङ्कलित किया। इस कोषके प्रकाशनमें करीब १२ वर्ष समय और ८००००) रुपये व्यय हुए थे। इसके सिवा इन्होंने शब्दस्तोम-महानिधि (कोष), तत्त्वकौमुदी-टीका, पाणिनिकी सरल टीका, धातुरूपादर्श आदि बहुतसे संस्कृत ग्रन्थ लिखे हैं।

तारापथ (सं० पु०) ताराणां पन्थाः ६-तत्. अच् समासान्तः। आकाश।

तारापीड़ (सं० पु०) ताराणां आपीड़ः भूषणमिव, ६-तत्। १ चन्द्र, चन्द्रमा। २ चन्द्रावलोकके एक पुत्रका नाम। ये अयोध्याके राजा थे। इनके पुत्रका नाम चन्द्रगिरि था। ३ काश्मीरके एक विख्यात राजा। काश्मीर देखो।

तारापुर—बम्बई प्रदेशके खम्बात राज्यका एक नगर। यह खम्बात नगरसे ५ कोस उत्तरमें अवस्थित है।

२ थाना जिलेका एक बन्दर। यह अक्षा० १८°५०' उ० और देशा० ७२° ४२' १०" पू० पर पड़ता है। यह ग्वाड़ीके दक्षिण बैसर स्टेशनसे १ कोस उत्तर-पश्चिममें अवस्थित है। ग्वाड़ीके उत्तरमें यह तारापुर छिवनी नामसे मशहूर है। यहां लाखसे अधिक रुपयेका कारोबार होता है।

तारापुर-चिनचनी—बम्बईके थाना जिलेके अन्तर्गत माहिम और दाहानू तालुकका एक प्राचीन शहर। यह अक्षा० १८°५२' उ० और देशा० ७२°४१' पू० के मध्य अवस्थित है। लोकसंख्या लगभग ७०५१ है; जिनमेंसे अधिकांश पारसी और बानी हैं। पारसी-विजेता विकाजो मेहरजीका १८२० ई०का बनाया हुआ यहां एक मन्दिर है। यहां चावल, नमक, गुड़, मटीके तेल तथा लोहेकी आमदनी तथा धान, मछली और लकड़ीकी रफ़तनी होती है।

ताराप्रमाण (सं० क्ली०) तारायां प्रमाणं, ६-तत्। अश्विनी प्रभृति नक्षत्रकी स्वरूप-निरूपक संख्या। वृहत्संहितामें इस संख्याके विषयमें इस प्रकार लिखा है—शिखि ३, गुण ३, रस ६, इन्द्रिय ५, अनल ३, शशी १, विषय ५, गुण ३, ऋतु ६, पञ्च ५, वसु ८, पक्ष २, एक १, चन्द्र १, भूत १४, अर्णव ४, अग्नि ३, रुद्र ११, अग्नि ८, दहन ३, शत १०० तथा द्वात्रिंशत् ३२. यह तारका-प्रमाण है। अश्विनी आदि नक्षत्रोंके साथ पूर्व लिखित तारासंयुक्त हैं। इनका फल तारोंकी संख्याके अनुसार हुआ करता है। (वृहत्संहिता ९ अ०)

ताराबाई—१ महाराष्ट्रनायक राजारामकी ज्येष्ठ पत्नी और भारतप्रसिद्ध शिवाजीकी पुत्रवधू।

१७०० ई०में सिंहगढ़में राजारामकी मृत्यु हुई। बादशाह औरङ्गजेबने सिंहगढ़ घेर लिया। राजारामकी ज्येष्ठा महिषी ताराबाईने इस समय शोक, लज्जा और भयको जलाञ्जलि दे कर अपने धर्म, देश और पतिराज्यकी रक्षाके लिए असिधारण किया। इस समय बहुतसे मराठोंने औरङ्गजेबका पक्ष अवलम्बन किया था, किन्तु रानी ताराबाईकी सुमधुर भर्त्सना और उत्साहवाक्योंसे बहुतसे महाराष्ट्र-वीरोंने उत्तेजित हो कर पुनः ताराबाईका साथ दिया था।

पहले ताराबाईने रामचन्द्र पन्थ अमात्य, शङ्कराजी नारायण सचिव और धनजी यादवकी सहायतासे १० वर्षके बालक (२य) शिवाजीको सिंहासन पर बिठाया और छोटी सपत्नी राजसबाईको कैद कर रक्खा।

१७०० ई०से १७०३ ई० तक औरङ्गजेबने सिंहगढ़ अवरोध कर अन्तमें अधिकार कर लिया। गढ़का नाम बदल कर 'बक्शिन्दबक्शी' (अर्थात् ईश्वरका दान) नाम रक्खा गया।

१७०५ ई०में मुगलबादशाह सेनासहित पूना छोड़

कर औरङ्गजेबको हस्तगत किये। मुग़ल-सेना पुनः और कर आगे बढ़ी ही थी, कि इसमें ताराबाईने मराठे सरदारोंको सिंहगढ़ अधिकार करनेके लिए आदेश दिया। थोड़े ही समयमें सिंहगढ़ और राजगढ़ मोहनगढ़ पर-र्ना अधिकार कर बैठे। इससे औरङ्गजेब बहुत ही दुःखित हुए थे।

खाफिखाँने 'मुन्तखब-उल्-लुबाब' नामक ग्रन्थमें लिखा है कि, इस समय ताराबाई महाराष्ट्र-सेनाका प्रधान अधिकार कर सर्वोसर्वा और महाराष्ट्रसे मुग़ल-अधिकृत प्रदेश लूटने लगीं। औरङ्गजेब अपने जीवित रहने तक भी इसका कुछ प्रतिकार न कर सके। मुग़ल-बादशाह सुदीर्घ, अध्यवसाय और अविश्रान्त के जितने प्रकार करने गये ताराबाईको पराजय महा-महाराष्ट्रीके समयोंका ज्ञान न थी कर उनकी ही वृद्धि होने लगी। बादशाह जिस तरह सैन्य सामन्त और अमीर उमरावोंके साथ महासमारोहसे दाक्षिणात्यमें अव-स्थान कर रहे थे, उसी तरह महाराष्ट्र-सेनानायकगण भी सब जगह उपस्थित होते, वहाँ सामयिक शिविर और युद्धशिविरोंको भी कर सदा आनन्दसे समय बिताते थे। उनका साहस खूब ही बढ़ गया था। मराठोंने कुछ प्रान्तोंको एक एक सरदारके बीच परस्पर बाँट लिया। मुग़ल बादशाहके नियमका अनुसरण कर उन प्रान्तों-में एक एक सूबेदार, कमाविसदार और राहदार आदि कर्मचारी नियुक्त हुए। (१)

महाराष्ट्रोंके पुनरभ्युदयसे औरङ्गजेब विचलित हो गये थे। विशेषतः सिंहगढ़के हस्तच्युत हो जाने पर उन-को इस दुःखसे कुछ दिन तक पीड़ित होना पड़ा था। कुछ समय बाद ही उन्होंने मराठोंके पुन आक्रमण करने के लिए प्रस्ताव किया। मुग़लसेनाको साथ सिंहगढ़ जय करनेके लिए भेजा। मुग़लसेनाने शाहूको मारकर महाराष्ट्र शासनकर यह एक दिन विश्वास कर लिया था कि, 'शाहू ही महाराष्ट्र सिंहासनके प्रकृत उत्तराधिकारी हैं, महाराष्ट्र शासनका उनको अधिकार करना चाहिये।" इसके बाद सिंहगढ़ मुग़लोंके हाथ आ गया, पर उनको भी पता हुआ। महाराष्ट्रोंने पुनः सिंहगढ़ अधिकार कर लिया।

१७०७ ई०में सिन्धियोंके साहाय्यसे और निजामकी सहायतासे शाहू साथ मराठोंके हाथ आये थे ... विजय हो गया। शाहू भी औरङ्गजेबके पुत्रकी शिवाजीको दक्षिण प्रदेश और धनधान्योंका समाचार भेजते थे। इसी समय औरङ्गजेबकी मृत्यु हुई।

ताराबाई अब महाराष्ट्रकी रानी बनी गयी थी। मुग़ल-सेनाके चले जाने पर ताराबाई पुनः अधिकार करनेके लिए तैयारियाँ करने लगीं। उनको साहसमें पूनाके मुग़ल-सेनापति औरङ्गाबादको पराजय कर शासन अधि-कार कर लिया। किन्तु थोड़े दिन बाद ही उनका शासन भार छिन गये। अब शाहूका बल बहुत कुछ बढ़ गया।

महाराष्ट्रमें जिन लोगोंने शाहूके विरुद्ध आचरण किया, उनको वे सावधान करते। उस समय महाराष्ट्रके सामन्तने ताराबाईको साथमें पुरन्दर-दुर्ग अधिकार किया था। शाहूने उनको पुरन्दर छोड़ देनेके लिए आदेश दिया, किन्तु सरदारोंने उनके आदेश पर कुछ भी ध्यान न दिया। इस पर शाहूने शिवाजीको प्रधान राजधानी (सातारा) छोन ली। सरदारोंने ताराबाईके साथमें प्रतिज्ञा की थी, कि जब तक उनके घटमें प्राण रहेंगे, तब तक वे उनका (ताराबाईका) साथ न छोड़ेंगे। अब उन्होंने प्रतिज्ञा भङ्गको अपेक्षा मृत्युको महत्त्व गुना श्रेय समझ कर युद्धमें आत्मरक्षापूर्वक अपने प्राण त्याग दिये।

ताराबाई सरदारोंकी मृत्युसे अत्यन्त दुःखित हुई थीं। इस समय बहुतोंने उनका साथ छोड़ कर शाहूका पक्ष ग्रहण किया था।

१७१२ ई०के प्रारम्भमें ताराबाईके पुत्र शिवाजीकी बसन्तरोगसे मृत्यु हुई। इससे ताराबाई अपने राज्यकी ममता छोड़ बैठीं। अब राजसबाईके पुत्र सम्भाजीने उनका स्थान अधिकार कर लिया। अब ताराबाई और उनकी पुत्रवधू भवानीबाई दोनों ही कैद हुईं। इस समय भवानीबाई गर्भवती थीं, तदनन्तर उनके एक पुत्र हुआ। ताराबाईने बहुत सावधानीसे उसको छिपा रखा, किन्तु इस समय आत्मरक्षा ताराबाईके हाथकी बात नहीं थी।

१७४८ ई०में शाहूकी मृत्यु हुई। अब तक ताराबाई-

(१) ... Vol. ..., 223-225

ने जिसको छिपी तौरसे पाला था, अब वही उनका प्यारा पौत्र रामराजका उत्तराधिकारी हुआ। पेशवा बालाजीने साहूको (मृत्युसे पहले) लिखा था कि, "ताराबाईका पौत्र राजा होने पर भी राज्यशासन मेरे ही हाथ रहेगा तथा जिससे शिवाजीके वंशधरोंका नाम उज्वल रहे, मैं उस पर विशेष लक्ष्य रक्खूंगा।"

इस समय ताराबाईकी उम्र ७० वर्षकी थी। इस वृद्धावस्थामें भी उनकी पहलेकी चेष्टाओं और बुद्धिशक्तिका जरा भी ह्रास नहीं हुआ था। रघुजीके ऊपर रामराजका भार दे कर बालाजी पूना चले आये। अबसे पूना ही महाराष्ट्र-साम्राज्यकी राजधानी हुई, रामराज नाममात्रके लिए सताराके राजा थे, उनमें शक्ति कुछ भी नहीं थी। इस समय बालाजी ही सर्वप्रधान थे। किन्तु ताराबाईकी प्रकृति ऐसी नहीं थी कि, वे किसीको अधीनतामें रहें। बालाजी भी ताराबाईकी उतनी परवाह नहीं करते थे। अब ताराबाई-बालाजीके हाथसे राजशक्ति ले कर स्वयं परिचालन करनेके लिए चेष्टित हुईं।

ताराबाईने पन्यसचिवको अनुरोधपूर्वक कहलवा भेजा कि, "मैं सिंहगढ़में पतिकी समाधि दर्शन करने जाऊँगी, उस समय आप मुझको साम्राज्यकी नेत्रीरूपमें प्रचार करनेकी चेष्टा करें। बालाजी इस संवादको पा कर कुछ विचलित हुए थे। उन्होंने ताराबाईको हाथमें रखनेके लिए कहला भेजा कि, "आप जैसी सदाशया बुद्धिमती और उच्चप्रकृतिकी रमणी दूसरी नहीं है; आप अधिकांश स्थान पर राजशक्ति परिचालन कर सकें, इसमें हमें कोई आपत्ति नहीं है किन्तु हमें जो राजा साहुसे क्षमता प्राप्त हुई है, उसको रामराज जिससे स्वीकार कर लें, इसकी कोशिश आप अवश्य ही करेंगी।"

महाराष्ट्र सामन्तगण बालाजीकी कूटनीति समझ गये। इस समय प्रधान पद पानेके लिए उनमें बहुत झगड़ा होने लगा। इसी बीचमें बालाजीने भीतर ही भीतर सहायवृता आरम्भ कर दी। रामराज सताराहुर्गमें कैद कर लिये गये। ताराबाईने कोल्हापुर जा कर आश्रय लिया। कुछ दिन बालाजीने उनके विरुद्ध एक दल सेना भेज दी, किन्तु उससे कुछ हुआ नहीं।

ताराबाई बालाजीका सर्वनाश करनेके लिए चारों तरफसे महाराष्ट्रको उत्तेजित करने लगी। पेशवा बालाजीने विचारा कि, ताराबाईके प्रति अनिष्ट आचरण करनेसे कोई फल नहीं निकलेगा। उन्होंने ताराबाईको कहला भेजा कि, आप साम्राज्यमें गुणमें मानमें और उम्रमें सर्वप्रधान हैं; आपके विरुद्ध आचरण करना हमको उचित नहीं। आप पूना आ कर प्रधानशक्ति ग्रहण कीजिये।

१७५७ ई०में ताराबाई इस प्रकार पूना बुलाई गईं। रामराज भी कुछ दिनोंके लिए मुक्त हुए, किन्तु रामराज ताराबाईको इच्छाके विरुद्ध कार्य करने लगे। इससे ताराबाई रामराज पर अत्यन्त असन्तुष्ट हो गईं, उन्होंने दामाजी गायकवाड़ और रघुजी भोंसलेकी सहायतासे रामराजको कैद कर लिया और स्वयं सर्वेसर्वा हो गईं। बालाजी युद्धके लिए निजामराज्यमें गये थे, उनके लौटते ही ताराबाईको सम्पूर्ण अधिकारोंसे हाथ धोना पड़ा। मानसिक कष्टसे कुछ दिन बाद ताराबाईका स्वर्गवास हो गया।

२ बेदनूरकी प्रसिद्ध वीरबाला। बेदनूरके सोलङ्कीराज राव सुरतानकी कन्या थीं। अनहलवाड़के प्रसिद्ध बलहरवंशमें सुरतानका जन्म हुआ था।

सुरतानके पूर्वपुरुषोंने कुछ समय तक तोड़थोड़ामें राज्य किया था। लयला नामका एक अफगानके सुरतानको वहांसे भगा कर उस राज्य अधिकार कर लेने पर सुरतानने बेदनूर आ कर आश्रय लिया था।

जिस समय पिताका भाग्य-परिवर्त्तन हुआ था, उस समय ताराबाई किशोरी थी; वसन भूषण इन्हें अच्छे नहीं लगते थे, ये सर्वदा तलवारसे खेला करती थीं और घोड़े पर चढ़ कर बाणप्रयोग किया करती थीं। वीरबाला सर्वदा वीरवेशमें रहना पसन्द करती थीं। देखते देखते वीरबालाके कमनीय अङ्गमें यौवन भाव दिखलाई दिये। इनके रूप, गुण, बाणशिक्षा और अद्भुत तलवार फिरानेको चर्चा शीघ्र ही राजपूतानेके वीरसमाजमें फैल गई। मेवाड़के राणा रायमलके तृतीय पुत्र जयमलने ताराबाईके साथ विवाह करनेके लिए प्रार्थना की। वीरबालाने जयमलको कहला भेजा, कि "जो थोड़ाका उद्धार करेंगे, ताराबाई उन्हींको

तार्क्ष्यनन्दन (सं० पु०) ताक्ष्यपुत्र, एक प्रकारका सामगान। (लाट्या०)

तार्क्ष्यशैल (सं० क्लो०) रसाञ्जन, रसौत।

तार्क्ष्यसामन् (सं० क्लो०) सामभेद। (लाट्या० १।११।६)

तार्क्ष्यायण (सं० पु०-स्त्री०) तार्क्ष्यस्य ऋषेरपत्यं युवा नडादित्वात् फक् तृतीय फक्। तार्क्ष्य ऋषिके युवा अपत्य।

तार्क्ष्यायणी (सं० स्त्री०) तार्क्ष्यस्य गोत्रापत्यं स्त्री तद-शार्ङ्गरवादित्वात् ङीन्। तार्क्ष्य ऋषिकी संतान स्त्री।

तार्क्षी (सं० स्त्री०) पातालगारुडिक, एक वनलताका नाम।

तार्ण (सं० त्रि०) तृणस्य इदं बिल्वादित्वात् अण्। १ तृण सम्बन्धी, जो घासमें बना हो। २ तृणजन्य अग्नि, घासकी उत्पन्न अग्नि। तृणात् अग्निरूपात् ज्वालादाहात् अग्नि-कादि० अण्। ३ तृणविकारादिका वर्ण व्यवहार कर, यह कर या महसूल जो घास पर लगाया जाता है।

तार्णक (सं० त्रि०) तृणानि सन्त्यस्मिन् तृण कुञ्ज्, अ शोभार्थाप्रत्ययः अतः विल्वकादित्वात् छ लोपश्च तुक्। तृणयुक्त देशभेद, वह स्थान जहां घास बहुत होती हो।

तार्णकर्ण (सं० पु०-स्त्री०) तृणकर्णस्य ऋषेरपत्यं शिवादित्वात् अण्। तृणकर्ण ऋषिके सन्तान।

तार्णबिन्दवीय (सं० त्रि०) तृणबिन्दुः देवता अस्य तृण-बिन्दु छ। पा ४।२।२८। तृणबिन्दुके उद्देशसे जो दिया जाय।

तार्णायन (सं० पु० स्त्री०) तृणस्य गोत्रापत्यं नडादित्वात् फक्। तृण नामक ऋषिके सन्तान।

तार्त्तीय (सं० त्रि०) तृतीय एव स्वार्थे अण्। तृतीय भाग।

तार्त्तीयसवन (सं० त्रि०) तृतीय सवन सम्बन्धीय।

तार्त्तीयाह्निक (सं० त्रि०) तृतीय दिन सम्बन्धीय, जो तीसरे दिन होता हो।

तार्त्तीयीक (सं० त्रि०) तृतीय एव स्वार्थे ईकक्। तृतीय, तीसरा।

तार्प्य (सं० क्लो०) तृप-ण्यत्। तृप्ता नामक लताजात वस्त्रभेद, तृप्ता नामक लताके बना हुआ वस्त्र। इसका व्यवहार वैदिक कालमें होता था।

तार्ष्ट्य (सं० त्रि०) तृष-कर्मणि ण्यत्। १ तार्षेय, जो तृष्णा होने योग्य। तो तार्षे देवं नाम। २ तृष्णार्त देह सम्बन्ध, बड़ी धातु तार युक्तादिका भाड़ा, गगरी।

तार्ष्टघ (सं० पु०) ऋग्वेद एक ऋषिका नाम।

ताल (सं० पु०) तल एव-अण्। १ तालवृक्ष, ताड़का पेड़। तायते प्रतिष्ठत्वं भवति तल-कर्मणि घञ् इत्यमरः। (क्लो०) २ हरिताल, हरताल। ३ करतालिका, हथेलियोंको बजानेका एक शब्द। ४ दुर्गाके सिंहासनका नाम। ५ कामकपित्थ, करी। ६ वह शब्द जो दोनों हाथों या बाहुया जांघको ठोंकनेसे उत्पन्न होता है। ७ हाथियोंके कान फट-फटानेका शब्द। ८ मञ्जीरेका एक मान, बित्ता। ९ ताला। १० मजीरा या झाँझ नामका बाजा। ११ पर्वतके ऊपर या कांपना एक धर्म। १२ तिलकम, देश। १३ तलवारकी मूठ। १४ एक नरक। १५ महादेव। १६ उप-शिशिर, ताड़का पेड़। तालुकरर देखो। १७ पिङ्गलमें टगणके दूसरे भेदका नाम जो एक गुरु और एक लघुका होता है—ऽ।

१८ गीतके काल और क्रियाका परिमाण। गाने और नाचनेमें उसके काल और क्रियाका परिमाण जो बीच बीचमें हाथ पर हाथ मार सूचित किया जाता है। यह स्वर इतने समय तक गाया जाता है, इस काल तक विलम्बित होता है, इस काल तक द्रुत है, इत्यादि विषयों तथा अंगुलियोंके आकुञ्चन और प्रसारण आदिके द्वारा गीत और नृत्यादि विषयके काल और क्रियाके परिमाणका नाम ही ताल है। गाने और बजानेमें उसके काल और क्रियाके परिमाणनिर्णयको ताल कहते हैं। क्रियाके द्वारा परस्पर हस्तायमान कालके छन्दोनुसारित परिमाणविशेषका नाम भी ताल है।

महादेव और पार्वतीके नाचसे तालकी उत्पत्ति हुई है। महादेवने ताण्डव और पार्वतीने लास्य नृत्य किया था। ताण्डवका 'ता' और लास्यका 'ल' इन दो अक्षरोंसे 'ताल' शब्दकी उत्पत्ति हुई है।

(सङ्गीत, सङ्गीतदर्पण आदि)

गीत, वाद्य और नृत्य, ये तीनों तालद्वारा प्रतिष्ठित हुए हैं। इसके दो भेद हैं—मार्गताल और देशी ताल। भरतमुनिके मतानुसार मार्गताल ६० प्रकारका है;

यथा—१ चच्चत्पुट, २ चाचपुट, ३ षट्पितापुत्रक, ४ उद्घट्टक, ५ सन्निपात, ६ कङ्कण, ७ कोकिलारव, ८ राजकोलाहल, ९ रङ्गविद्याधर, १० शचीप्रिय, ११ पार्वतीलोचन, १२ राजचूड़ामणि, १३ जयश्री, १४ वादिकाकुल, १५ कन्दर्प, १६ नलकुवर, १७ दर्पण, १८ रतिलीन, १९ मोक्षपति, २० श्रीरङ्ग, २१ सिंहविक्रम, २२ दीपक, २३ मल्लिकामोदक, २४ गजलील, चर्चरी, २६ कुहक्क, २७ विजयानन्द, २८ वीरविक्रम, २९ टेङ्किक ३० रङ्गाभरण, ३१ श्रीकीर्त्ति, ३२ वनमाली, ३३ चतुर्मुख, ३४ सिंहनन्दन, ३५ नन्दीश, ३६ चन्द्रबिम्ब, ३७ द्वितीयक, ३८ जयमङ्गल, ३९ गन्धर्व, ४० मकरन्द, ४१ त्रिभङ्गि, ४२ रतिताल, ४३ वसन्त, ४४ जगझम्प, ४५ गारुगि, ४६ कविशेखर, ४७ घोष, ४८ हरवल्लभ, ४९ भैरव, ५० गतप्रत्यागत, ५१ मल्लताली, ५२ भैरवमस्तक, ५३ सरस्वतीकण्ठाभरण, ५४ क्रोड़ा, ५५ निःसारु, ५६ मुक्तावली, ५७ रङ्गराज, ५८ भरतानन्द, ५९ आदितालक और ६० सम्पर्केष्टाक इसी प्रकार १२० देशी ताल बताये गये हैं। भिन्न भिन्न मतके प्राचीन ग्रन्थोंमें भिन्न भिन्न प्रकारके तालोंके नाम और संख्याओंमें भी पार्थक्य पाया जाता है। इन तालोंमें से आजकल बहुत ही थोड़े प्रचलित हैं। किन्तु उनमें मात्रा आदिके नियम नहीं मिलते। उनके नाम और मात्राका विवरण नीचे अकारादिक्रमसे दिया जाता है।

चिह्नोंका परिचय इस प्रकार है—ह्रस्वमात्राका चिह्न (।), दीर्घमात्राका चिह्न (॥), प्लुतका चिह्न (॥), द्रुतका चिह्न (̊), अनुद्रुतका चिह्न (+), विरामचिह्न (,), विभिन्नताका चिह्न १।२ इत्यादि।

अड्डताली—१। (̊ । ।)—२। (̊ ̊ । ।)

अनङ्गताल—१। (। ॥ । । । ॥)—२। (। ̊ । । ॥)

अन्तरक्रीड़ा—(̊ ̊ ̊)

अभङ्ग—१। (॥ ॥)—२। (। । । ॥)

अभिनन्द—(। । ̊ ̊ ॥)

अर्जुनताल—(̊ । ̊ । ̊ ̊ ̊ । ̊ ।)

अटताली—(× × ̊ ।)

असम (कङ्काल)—(। ॥ ॥)

आड़ खेमटा—यह अब भी प्रचलित है, इसमें १२ मात्राएं होती हैं। किसी किसीके मतसे, यह ताल साढ़े तेरह मात्राओंका होता है, इसमें तीन थपकी लगा कर एक बार विराम होता है।

ठेका—

+ । । । १ । ।
धागे त्रेकेटे घेने धागे धागे

। ॰ । । । १ ।
तेने नाके त्रेकेटे घेने धागे

। ।
धागे घेने ::

आड़ा चौताला—यह वर्तमानमें प्रचलित है। इसमें ७ मात्राएं होती हैं; चार ताल और तीन खाली।

ठेका—

+ । १ । ॰ । १ । ॰ । १ । ॰ ।
धागे धादा दिम्ता कत्ति नाधा त्रेकेट् धा दिम्ता ::

इसका दूसरा नाम छोटा चौताला है।

आड़ा ठेका—यह ताल प्रचलित है इसमें ९ मात्राएं हैं; तीन ताल और एक खाली छोड़ना पड़ता है।

ठेका—

+ । । + १ । ॰ । । + । +
धिधि ताधि धिधा तिति ताधि धि धा ::

आदिताल—(।)

इसमें एक लघुताल होता है।

इड़ावान्—(̊ । ̊ ̊ ।)

उक्षव—(। ॥)

उदीक्षण—(। । ॥)

उद्घट्ट—(॥ ॥ ॥)

उद्दण्ड—१। (̊ ̊ ।)—२। (̊ , ।)

एकताली या एकतालिका—

१। रामा (̊), २। चन्द्रिका (।, ॥), ३। मन्मिका (। ̊ ।), ४। विपुला—(× ̊ , ।), ५। (̊ ।), ६। (× ̊ ̊ ̊ ।), ७। (̊ ॥)

प्रचलित एकतालमें ६ दीर्घ मात्राएं पाई जाती हैं। यह बारह मात्राका ताल है। कोई कोई इसको तीन और कोई चार पदोंमें विभक्त करते हैं। जो तीन पदोंमें विभक्त करते हैं, वे कहते हैं कि इसमें खाली ताल नहीं है, और जो चार पदोंमें विभक्त करते हैं, वे इसमें खाली है, ऐसा बतलाते हैं।

तार्णप्रसव (सं॰ पु॰) भस्मकर्णवृच, एक प्रकारका शालवृच। (राजनि॰)

तार्णशैल (सं॰ क्ली॰) रसाञ्जन, रसौत।

तार्णसामन् (सं॰ क्लो॰) सामभेद। (लाट्यायन १।६।१६)

तार्णायण (सं॰ पु॰-स्त्री॰) तृणस्य ऋषेरपत्यं युवा गर्गादित्वात् यञ्, यूनि फक्। तृणऋषिके युवा अपत्य।

तार्णायणी (सं॰ स्त्री॰) तृणस्य गोत्रापत्यं स्त्री तृण· लोहितादित्वात् ष्फ। तृण ऋषिको वंशज स्त्री।

तार्ण्या (सं॰ स्त्री॰) वनलताविशेष, एक वनलताका नाम।

तार्ण (सं॰ त्रि॰) तृणस्य इदं शिवादित्वात्-अण्। १ तृण सम्बन्धी, जो घासमें बना हो। २ तृणजन्य वह्नि, घासमें उत्पन्न अग्नि। तृणात् तद्विक्रयात् स्थानादागतः शुण्डिकादि॰ अण्। ३ तृणविक्रयरूप अर्थ स्थानजात कर, वह कर या महसूल जो घास पर लगाया जाता है।

तार्णक (सं॰ त्रि॰) तृणानि सन्त्यस्मिन् तृण, कुक्, च तोर्णकोयास्तस्मिन् भवः विल्वकादित्वात् छ मात्रस्य लुक्। तृणयुक्त देशभेद, वह स्थान जहां घास बहुत होती हो।

तार्णकर्ण (सं॰ पु॰-स्त्री॰) तृणकर्णस्य ऋषेरपत्यं शिवादित्वात् अण्। तृणकर्ण ऋषिके वंशज।

तार्णबिन्दवीय (सं॰ त्रि॰) तृणबिन्दुः देवता अस्य तृणबिन्दु-छ। छ च। पा ४।२।२८। तृणबिन्दुके उद्देशसे जो दिया जाय।

तार्णायन (सं॰ पु॰-स्त्री॰) तृणस्य ऋषेर्गोत्रापत्यं नडादित्वात् फक्। तृण नामक ऋषिके वंशज।

तार्त्तीय (सं॰ त्रि॰) तृतीय एव स्वार्थे अण्। तृतीय पादन्यास।

तार्त्तीयसवन (सं॰ त्रि॰) तृतीय सवन सम्बन्धीय।

तार्त्तीयाह्निक (सं॰ त्रि॰) तृतीय दिन सम्बन्धीय, जो तीसरे दिन होता हो।

तार्त्तीयिक (सं॰ त्रि॰) तृतीय एव स्वार्थे ईकक्। तृतीय, तीसरा।

तार्प्य (सं॰ क्ली॰) तृप-ण्यत्। तृपा नामक लताजात वस्त्रभेद, तृपा नामक लतासे बना हुआ वस्त्र। इसका व्यवहार वैदिक कालमें होता था।

तार्य (सं॰ त्रि॰) तॄ-कर्मणि ण्यत्। १ तरणीय, पार होने योग्य। तरे तरणे देयं पण्यम्। २ तरणार्थ देय शुल्क, नदी आदि पार उतारनेका भाड़ा, उतराई।

तार्क्ष (सं॰ पु॰) वृक्षभेद, एक पेड़का नाम।

ताल (सं॰ पु॰) तल एव-अण्। १ करतल, हथेली। ताड्यते तड़-कर्मणि घञ् डस्य ल। (क्लो॰) २ हरिताल, हरताल। ३ तालीदपत्र, तेजपत्तेकी जातिका एक पेड़। ४ दुर्गाके सिंहासनका नाम। ५ करतलध्वनि, ताली। ६ वह शब्द जो अपने ऊंचे या बाहु पर जोरसे हथेली मारनेसे उत्पन्न होता है। ७ हाथियोंके कान फटफटानेका शब्द। ८ लम्बाईकी एक माप, बित्ता। ९ ताला। १० मजीरा या झांझ नामका बाजा। ११ चलेके पत्थर या कांचका एक पल्ला। १२ विल्वफल, बेल। १३ तलवारको मूठ। १४ एक नरक। १५ महादेव। १६ तृणविशेष, ताड़का पेड़। ताड़वृक्ष देखो। १७ पिङ्गलमें टगणके दूसरे भेदका नाम जो एक गुरु और एक लघुका होता है—ऽ।

१८ गीतके काल और क्रियाका परिमाण नाचने और गानेमें उसके काल और क्रियाका परिमाण जो बीच बीचमें हाथ पर ठोंक कर सूचित किया जाता है। यह स्वर इतने समय तक गाया जाता है, इस काल तक विलम्बित होता है, इस काल तक द्रुत है, इत्यादि विषयों तथा अंगुलियोंके आकुञ्चन और प्रसारण आदिके द्वारा गीत और नृत्यादि विषयके काल और क्रियाके परिमाणका नाम हो ताल है। गाने और बजानेमें उसके काल और क्रियाके परिमाणविशेषको ताल कहते हैं। क्रियाके द्वारा अखण्ड दण्डायमान कालके छन्दोनुयायिक परिमाणविशेषका नाम भी ताल है।

महादेव और पार्वतीके नाचनेसे तालको उत्पत्ति हुई है। महादेवने ताण्डव और पार्वतीने लास्य नृत्य किया था। ताण्डवका 'ता' और लास्यका 'ल' इन दो अक्षरोंसे "ताल" शब्दकी उत्पत्ति हुई है।

(मधुसूदन, अमरटीकायां भरत)

गीत, वाद्य और नृत्य, ये तीनों ताल द्वारा प्रतिष्ठित हुए हैं। इसके दो भेद हैं—मार्गताल और देशी ताल। भरतमुनिके मतानुसार मार्गताल ६० प्रकारका है:

यथा—१चञ्चत्पुट, २ चाचपुट, ३ षट्पितापुत्रक, ४ उद्घट्टक, ५ सन्निपात, ६ कङ्कण, ७ कोकिलारव, ८ राजकोलाहल, ९ रङ्गविद्याधर, १० शचीप्रिय, ११ पार्वतीलोचन, १२ राजचूड़ामणि, १३ जयश्री, १४ वादिकाकुल, १५ कन्दर्प, १६ नलकुवर, १७ दर्पण, १८ रतिलीन, १९ मोक्षपति, २० श्रीरङ्ग, २१ सिंहविक्रम, २२ दीपक, २३ मल्लिकामोदक, २४ गजलील, चर्चरी, २६ कुहक्क, २७ विजयानन्द, २८ वीरविक्रम, २९ टेङ्किक ३० रङ्गाभरण, ३१ श्रीकीर्त्ति, ३२ वनमाली, ३३ चतुर्मुख, ३४ सिंहनन्दन, ३५ नन्दीश, ३६ चन्द्रबिम्ब, ३७ द्वितीयक, ३८ जयमङ्गल, ३९ गन्धर्व, ४० मकरन्द, ४१ त्रिभङ्गि, ४२ रतिताल, ४३ वसन्त, ४४ जगझम्प, ४५ गारुगि, ४६ कविशेखर, ४७ घोष, ४८ हरवल्लभ, ४९ भैरव, ५० गतप्रत्यागत, ५१ मल्लताली, ५२ भैरवमस्तक, ५३ सरस्वतीकण्ठाभरण, ५४ क्रीड़ा, ५५ निःसारु, ५६ मुक्तावली, ५७ रङ्गराज, ५८ भरतानन्द, ५९ आदितालक और ६० सम्पर्कष्टाक इसी प्रकार १२० देशी ताल बताये गये हैं। भिन्न भिन्न मतके प्राचीन ग्रन्थोंमें भिन्न भिन्न प्रकारके तालोंके नाम और संख्याओंमें भी पार्थक्य पाया जाता है। इन तालोंमें से आजकल बहुत ही थोड़े प्रचलित हैं। किन्तु उनमें मात्रा आदिके नियम नहीं मिलते। उनके नाम और मात्राका विवरण नीचे अकारादिक्रमसे दिया जाता है।

चिह्नोंका परिचय इस प्रकार है—ह्रस्वमात्राका चिह्न (।), दीर्घमात्राका चिह्न (ऽ), प्लुतका चिह्न (▮), द्रुतका चिह्न (˚), अनुद्रुतका चिह्न (+), विरामचिह्न (,), विभिन्नताका चिह्न १।२ इत्यादि।

अद्दुताली—१। (˘ । ।)—२। (˘˘ । ।)

अनङ्गताल—१। (। ऽ । । । ऽ)—२। (। ˘ । । ऽ)

अन्तरक्रीड़ा—(˚ ˘ ˘)

अभङ्ग—१। (ऽ ▮)—२। (। । । ऽ)

अभिनन्द—(। । ˘ ˘ ऽ)

अर्जुनताल—(˘ । ˘ । ˘ ˘ ˘ । ˚ ।)

अष्टाली—(× × ˘ ।)

असम (कङ्काल)—(। ऽ ऽ)

आड़ खेमटा—यह भी प्रचलित है, इसमें १२ मात्राएं होती हैं। किसी किसीके मतसे, यह ताल साढ़े तेरह मात्राओंका होता है, इसमें तीन थपकी लगा कर एक बार विराम होता है।

ठेका—

\+ । । । १ । ।
धागे धेकेटे धेने धागे धागे

। ° । । । १ ।
तेने ताके धेकेटे धेने धागे

। ।
धागे धेने : :

आड़ा चौताला—यह वर्तमानमें प्रचलित है। इसमें ७ मात्राएं होती हैं; चार ताल और तीन खाली।

ठेका—

\+ । १ । ° । १ । ° । १ । ° ।
धागे धादा दिंता कत्ति नाधा धेकेट् धा दिंता : :

इसका दूसरा नाम छोटा चौताला है।

आड़ा ठेका—यह ताल प्रचलित है इसमें ९ मात्राएं हैं; तीन ताल और एक खाली छोड़ना पड़ता है।

ठेका—

\+ । । + १ । ° । । + । +
धिधि ताधि धिधा तित्ति ताधि धि धा : :

आदिताल—(।)

इसमें एक लघुताल होता है।

इड़ावान्—(˘ । ˘˘ ।)

उत्सव—(। ▮)

उदीक्षण—(। । ऽ)

उद्घट्ट—(ऽ ऽ ऽ)

उद्दण्ड—१। (˘˘ ।)—२। (˘ , ।)

एकताली या एकतालिका—

१। रामा (˘), २। चन्द्रिका (।, ऽ), ३। प्रमिता (। ˘ ।), ४। विपुला—(× ˘, ।), ५। (˘ ।), ६। (× ˘˘˘ ।), ७। (˘ ऽ)

प्रचलित एकतालमें ६ दीर्घ मात्राएं पाई जाती हैं। यह बारह मात्राका ताल है। कोई कोई इसको तीन और कोई चार पदोंमें विभक्त करते हैं। जो तीन पदोंमें विभक्त करते हैं, वे कहते हैं कि इसमें खाली ताल नहीं है। और जो चार पदोंमें विभक्त करते हैं, वे इसमें खाली है, ऐसा बतलाते हैं।

ठेका—

+ । । । । । २ । । । ।
(१) धिन् धिन् धा धा, तिन् ता कत् ते

२ । । । ।
धागे नागे धिन धा ::

+ । । । २ । । । ० । ।
(२) धिन् धिन् धा धा, थुन् ना, कत् ते

। २ । । ।
धागे ठेकेटे धिन् धा ::

कोई इसमें बारह मात्राओंकी जगह ६ ही मात्राएं बतलाते हैं, सो एक ही बात है।

कङ्कण—(॥ ॥ । ॥ ।)

कङ्काल—१। पूर्ण (॰॰॰॰ ॥) मतान्तरमें—(॰॰॰ । ॥), २। खण्ड (॰॰ ॥ ॥) मतान्तरमें - (॰॰ ॥), ३। सम (॥ ॥ ।), ४। विषम (। ॥ ॥)

कन्दताल—१। (॥ । ॥ ॰॰ ॥ ॥), २। (। ॰॰)

कन्दर्प—१। (॰॰ ॥ ॥ ।) २। ॰॰)

कन्दुक—१। (। । । । ॥), २ (॰॰,)

करण— (॥)

करणयति—(॰॰॰॰)

कलध्वनि— (। । ॥ ॥ ।)

कल्याण—(+ + +)

कव्वाली—यह ताल अब भी प्रचलित है।

कव्वाली-श्रेणीके गायक प्रायः इस तालका व्यवहार करते हैं, इसलिए इसका नाम कव्वाली पड़ गया है। यह तिताली और द्रुततिताली नामसे परिचित है। द्रुततिताली (जलदतिताल), अयतिताली (धीमा तिताला), मध्यमान और आड़ा ठेका ये सभी एक जातिके हैं; सिर्फ द्रुतविलम्बित बजानेसे एक ही बोलसे उक्त सभी वाद्य साधे जा सकते हैं। मध्यमानको दूना द्रुत करनेसे कव्वाली, मध्यमान और द्रुत कव्वालीसे विलम्बित होनेसे जलदतिताल और मध्यमान विलम्बित [illegible] तिताला हो सकता है। मध्यमानके [illegible] आड़ा ठेकाका बोल हो सकता [illegible] आड़ाठेका है [illegible] एक ताली ५,

ठेका—

[illegible] तत् धागे

। ० । । २ ।
ता धिन् तिन् ता, कत् तागे ठेकेटे दिन ::

+ । २ ।
(२) धा धिन् धिन् धा, ता धिन् धिन् ता,

० । । २
ता तिन् तिन् ता ना धिन् धिन् ता ::

+ । २
(३) धा धिन् धा, ना धिन् धा,

। ० । २
तिन् तिन् ता, ना धिन् धा ::

तीसरा ठेका द्रुत बजाते समय और सितारके साथ अधिक बजाया जाता है।

कहरवा—यह ताल वर्तमानमें प्रचलित है। इसमें दोताल और पांच मात्राएं हैं। ठेका –

+ । ॰ २ । ।
धिधि कत् नाक् दिन ::

काश्मीरी खेमटा—वर्तमानमें प्रचलित है। ठेका—

+ ०
धिक्‌ना धा तिता ::

कीर्तिताल—१। (। ॥ ॥ । ॥), २। (। ॥ ॥ । ॥)

कुड्डुक—(॰॰ । ।)

कुण्डनाचि—(॰ ॥, ॰ ॥, ॰॰॰॰ ॰, ॥)

कुण्डल—१। (॰॰ । ।), २। (॰ । । । । । ॰ ॥ ॰ ।)

कुविन्दक—(। ॰॰ ॥ ॥)

कुमुद—१। (। ॰ । ॥), २। (। ॥)

कुम्भताल (× , । × ॰, ॥)

कोकिलप्रिय—(। । ॥)

क्रीड़ाताल (॰ ॰,)

खण्ड—(कङ्काल)—(॰॰ ॥ ॥), २। (॰ ॥)

खण्डताल—(॰॰ ॥ +)

खयरा—प्रचलित है। कोई कोई इसको खरता भी कहते हैं। ठेका—

+ । । । २ । ॰ ।
[illegible] धाक् तिन् ::

ठेका—

। । ।
फेटे ताक धुमा ::

खेमटा—प्रचलित है। इसमें ६ मात्राएं हैं, किसीके मतसे चार भी हैं। ठेका—

(१) धाटे धे, नाते ने, ताटे धे, ना धेने : :

(२) धागेधि नातिन् नाक् धि नातिन् : :

गज—(| | | |)

गजधम्प—(॥ ˘˘˘,)

गजलील—(| | | ',)

गारुगि—(˘ ˘,)

गाग—(˘˘˘˘,)

गौरी—(| | | | |)

घटकर्कट—(॥ ॥ ॥ | ॥ ॥ ॥ | | ॥ ˘˘˘ ॥ | | ॥ ॥ | | | ॥ ˘˘˘˘˘, | , | , | , | ,)

चच्चत्पुट—(॥ ॥ | ॥ |)

चच्चरी—१ (˘, | ˘, | ˘, | ˘, ˘ |) २ (˘ , ˘˘ , ˘ , ˘˘ , ˘ , ˘˘ , ˘˘ , ˘˘ ,)

चण्डताल—(˘˘˘˘ | |)

चतुरस्र—(॥ | ˘ ॥)

चतुर्थताल—(| | ˘)

चतुर्मुख—(| ॥ | ॥)

चतुस्ताल—प्रचलित है—१। (॥ ˘),२। (˘ ।)

चन्द्रकला—१। (| | |) —२। (॥ ॥ ॥ | ॥ | ॥ ॥ |)

चन्द्रक्रीड़—(+ |)

चन्द्रताल—(| | ॥ ॥ ॥ ॥ | ˘˘˘,)

चन्द्रिका (एकताली)—(, ॥)

चाचपुट—(॥ | | ॥)

चित्रताल—(| ˘)

चौताल—अब भी प्रचलित है। इसमें ६ दीर्घ मात्राएं हैं, जिसमें १। ३। ५। ६ इन चार पदोंमें आघात और २। ४में खाली लगता है। चौतालके पद दो मात्रावाले होते हैं, इसमें चार आघात लगते हैं, इसीलिए इसका नाम चौताल पड़ा है। यथा—

(१) धा धा धिन्ता कत् गेटे, ते टे ता
तेटे कता गेदि धिना : :

(२) धा गे, दिन् ता कत् तागे दिन ता,
तेटे कता गेदि धिनि : :

छोटा चौताल—प्रचलित है। इसमें ७ मात्राएं होती हैं, जिसमें ४ आघात और ३ खाली होती हैं। इसको आड़ा चौताला भी कहते हैं।

जगझम्प—(| ॥ ˘)

जगणमठ—(| ॥)

जनक—१। (| | | | ॥ ॥ ॥ | ॥ ॥)—२। (| ॥ | ॥ ॥ ॥ ॥)

जयताल—१। (| | | | ˘ ॥ |), २। (| ॥ |), ३। | | | ˘˘˘ | | |)

जयमङ्गल—१। (| | ॥ ॥ ॥), २। (॥ ॥ ॥ ॥)

जयश्री—१। (| ॥ | | ॥), २। ॥ | ॥ | ॥)

जलद तिताला—वर्तमानमें प्रचलित है। यही द्रुत-त्रिताली नामसे प्रसिद्ध है। किसी किसीके मतसे यह कव्वालीसे किञ्चित् विलम्बित है। कव्वाली देखो।

झम्पताल—१। (˘˘, |), २। (˘ ,), ३। (˘, +), ४। वर्तमानमें प्रचलित झंपताल—(॥ ॥ | , ॥ ॥,)

इसमें चार पद और दश मात्राएं होती है। बोल—

+		१		
धा	गे	धा	गे	दिन्

०		१		
ता	के	धा	के	दिन् : :

टङ्ग—(॥ | ॥ +)

ठुमरी—वर्तमानमें प्रचलित चार ह्रस्वमात्राका ताल। इसमें दो आघात और दो खाली होते हैं। बोल—

	+	०	१	०	
(१)	धेधा,	किटि,	नेधा,	किटि,	: :
(२)	ताधाकि,	धुन	धा,	दुधा	: :
(३)	धाक्	धिन	धेधा	गेदिन	: :
(४)	धागे	धिनधिन	धागे	धिनधिन	: :

टेङ्किा—(॥ । । ।)

तिपोट—वर्तमानमें प्रचलित चार पदोंवाला एक ताल। इसमें ३ आघात और १ खाली लगता है। प्रथम और तृतीय पदमें तीन तथा द्वितीय और चतुर्थ पदमें चार मात्राएं होती हैं। कभी कभी दो मात्रे और चार ह्रस्वमात्राएं भी व्यवहृत होती हैं। बोल—

+ ३
। । । । । । ।
धिन धा तेकेटे धिन धिन धा तेकेटे

० ३
। । । । ।
तिन ता तेकेटे धिन धिन धा तेकेटे ::

तुरगलील वा तुरङ्गलील—१। (, ˝ ,), २। (˝ ।। । ॥ ।)

तृतीयताल—१। (˝ ,)—२। (। ,)

तेवरा—वर्तमानमें प्रचलित है। यह तीव्र ताल है। इसमें ३ पद और ७ मात्राएं होती हैं। प्रथम और द्वितीय पदमें दो दो मात्राएं और तीसरे पदमें तीन मात्राएं हैं। बोल—

+ २ ३
। । । । । ।
धा धिनि नाक धागे नागे धिनि नाक ::

तोम्बुलो—(। । ,)

त्रिपुट—(˝ ।)

त्रिभङ्गी—इसका प्रचलन प्रायः जैनोंमें अधिक पाया जाता है; पूजाके अष्टकादिमें ऐसे तालका व्यवहार होते हैं।—१। (। । ॥ ॥), २। (॥ । । ॥)

त्रिभिन्न—१। (। ॥ ॥ ।), २। (। ॥ ˝)

त्राख—(। । ˝ । ।)

दर्पण—(˝ ॥)

दीपक—१। (˝ । ॥ ˝ । ॥), २। (˝ । । ॥ ॥)

दुर्बल— ˝ । ।)

दोवहार—यह अब भी प्रचलित और १२ मात्राओंका ताल है। इसमें तीन खाली और सम् द्विमात्रा काल स्थायी होता है। बोल—

+ ० २ ३
। । । ।
धा धिन्नाक तेरेकेटे गेदे धिनि

३ ३ ३
। । । ।
घिटिताक धिनताक धुमाकिटि धुनयुम

३ ३ ३
। । ।
ताकदित् धाधा घिटिताक ::

द्रुततिताली—वर्तमानमें प्रचलित ८ दीर्घ मात्राओंका ताल। कोई कोई इसको कव्वाली कहते हैं और कोई कोई यह बतलाते हैं, कि कव्वालीसे किञ्चित् विलम्बित है। कव्वालीका विवरण देखो।

द्वन्द्व—(। । ॥ ॥ ॥ । ॥)

द्वितीय—(˝ ॥)

धत्ता—(। । ˝ । ॥)

धामार—प्रचलित है।-(। । , ॥ , ॥ ,)

धीमा तिताला—वर्तमानमें प्रचलित है। यह १६ दीर्घ मात्राओंका ताल है, इसका दूसरा नाम है मध्यतिताली।

नन्दन—१। (॥ ।), २। (। । ˝ ॥)

नन्दिवर्द्धन—(॥ । । ॥ ।)

नान्दी—१। (। ˝˝ । । ॥ ॥)—२। (। । ॥)

निःशङ्क—(। ॥ ॥ ॥ ॥ ।)

निःशङ्कलील—(॥ ॥ ॥ ॥ ।)

निःसारुक—१। (॥,), २। (। , ।)

नृप—(। ˝ ।)

पञ्चताली—( )

पञ्चम—(˝˝)

पञ्चम सवारी—प्रचलित है।—(। , । , ॥ , ॥ , ॥ , ॥ , ॥ , ॥ ,)

पञ्चाघात—(॥ ॥ । , । ॥ ,)

पठताल—वर्तमानमें प्रचलित दो मात्राका ताल।

परिक्रम—(˝˝ ॥ ॥ ॥)

पार्वतीनेत्र—(। । ˝˝ । । । ॥ ॥ ॥ । ।)

पार्वतीलोचन—(॥ ॥ ॥ । ॥ ॥ ॥ ˝ .)

पूर्ण (कङ्काल)—१। (˝ ˝ ॥ ।)—२। (˝ ˝˝ । ॥)

पोस्ता—प्रचलित है।—(। ˝ , । × ,)

प्रतापशेखर—(॥ । ,)

प्रतिताल—१। (। ˝)—२। (॥ ˝)

प्रतिमद्य—१। (॥ ॥)—२। (॥ ॥)—
३। (॥ ॥ ॥ ॥ । ।)

प्रत्यङ्ग—(॥ ॥ ॥ । ।)

प्रसिद्धा—(एकताली)—(। ˚ ।)

फ़ीरदस्त—यह ७ दीर्घ मात्राओंका ताल अब भी प्रचलित है।

बङ्गदीपक—(॥ । । ॥ ॥ ।)

बङ्गभारण—(॥ ॥ । । ॥)

बङ्गोद्योत—(॥ ॥ । । ॥)

वनमाली—१। (˚˚ ˚ । । ॥)—२। (। ˚˚˚˚ ॥

वर्णताल—(॥ । ˚˚ । ।)

वर्णमित्र—(˚˚ । ।)

वर्णभीरु—(। । । । ˚ ।)

वर्णमष्ठिका—१। (॥ ˚˚ । ˚˚)—२। (। ˚ । ˚˚)

वर्णयति—१। (। । ˚˚)-२। (। । ॥ ॥)

वर्णलील—(˚ ˚ । ॥)

वर्द्धन—(˚˚ । ॥)

वर्द्धमान- (˚˚ । ॥)

वसन्त-१। (। । । ॥ ॥ ॥)—२। (॥ ॥ ॥)

विजय—१। (॥ ॥ ॥ ।)—२। (॥ । ॥)

विजयानन्द—(। । ॥ ॥ ॥)

विद्याधर—(॥ ॥)

विन्दुमाली—(॥ ˚˚˚˚ ॥)

विपुला (एकताली)—(× ˚, ।)

विलोकित—(॥ ˚˚ ॥)

विषम—(˚˚˚, ˚˚˚˚)

वीरपञ्च—वर्तमानमें प्रचलित है। इसमें ८ ह्रस्व मात्राएं व्यवहृत होती है। वीरपंचम देखो।

वीरविक्रम—(। ˚ ॥)

ब्रह्मताल—१। (। । ˚˚ । ˚ ।)—२। (। । । ॥)—३। (। ˚ । ˚˚ । ˚)—४। वर्तमानमें प्रचलित चौदह मात्राओंका ताल। ब्रह्मताल देखो।

ब्रह्मयोग—वर्तमानमें प्रचलित १८ मात्राओंका ताल। ब्रह्मयोग देखो।

भग्नताल—(˚˚˚˚ । । ।)

भृङ्गताल—(॥ । ॥)

मकरन्द—१। (˚ । । ।)—

मच—१। (॥ । । ˚, ˚,)—२। । । । ॥ । ।

मचक—१। (। । ॥ । । । ।,)—२। (॥ । ˚ । ॥ ॥ ॥ ॥)

मष्ठिका—१। (, ˚ । ॥)—२। ; (, ।)—३। (।, ॥ ॥ । ।)

मदनताल—(˚ ।)

मध्यमान—वर्तमानमें प्रचलित ८ दीर्घ मात्राओंका ताल। मध्यमान देखो।

मलयताल—(॥ । ॥)

मम्मताल—(। । । । ˚)

मल्लिकामोद—(। । ˚˚˚)

महाकवि—(˚˚˚ । । ˚ । । । । । । ।)

मिश्रताल—(˚˚, ˚˚, ˚˚˚ । ॥ ॥ ˚˚ ॥ ॥ ॥)

मिश्रवर्ण—(˚˚, ˚˚, ˚˚, ॥ ॥ ˚˚ । ॥ ॥)

मुकुन्द—१। (। ˚˚ ॥), २। (। ।)

मुदितमच—(॥ । । । । । ।)

मोचपति—(१६ दीर्घ, ३२ ह्रस्व और ६४ अर्द्ध-मात्राएं सिलसिलेवार न्यस्त होती हैं)

मोहनताल—प्रचलित है। यह १२ मात्राका ताल है। मोहनताल देखो।

यत्—(। ˚, । । । ˚, ।, ।)।—वर्तमानमें प्रचलित है। यत् देखो।

यतिताल—(। ˚, ।)

यतिलग्न—(˚˚ ।)

यतिशेखर—(˚˚ । । । ˚ । ˚ । ˚)

रङ्गताल—(˚˚˚ ॥)

रङ्गप्रदीपक—(॥ ॥ । ॥ ॥)

रङ्गलोल—(। ॥ ˚˚)

रङ्गाभरण—(॥ ॥ ॥ । ॥)

रतिताल (। ॥)

रतिलील—१। (। । ॥ ॥), २। (॥ ˚˚˚˚˚˚˚˚)

रागवर्द्धन—(˚, ॥)

राजकोलाहल—(˚ ॥ । ॥ । ॥)

राजचूड़ामणि—१। (˚ । । ॥), २। (˚ । । । ˚˚ । ॥)

राजझङ्कार—(॥ । ॥ ˚)

राजताल—(॥ ॥ ˚ ॥ । । ॥)

राजनारायण—(˚, । ॥ । ॥)

राजमार्त्तण्ड—(॥ । ॰)

राजमृगाङ्क (॰ । ॥)

राजविद्याधर — (। ॥ ॰ ॰)

राजशीर्षक—(॥ ॥ ॥ ॥)

रामा (एकताली)—(॰)

रायवङ्कोल—(॥ । ॥ ॰ ॰)

रासक—(।)

रुममाल—वर्त्तमानमें प्रचलित है। यह १२ मात्राओंका ताल है। रुमताल देखो।

रुद्रताल—वर्तमानमें प्रचलित १६ मात्राओंका ताल। रुद्रताल देखो।

रूपक—१ (। ।)—२। यह ७ मात्राका ताल अब भी प्रचलित है। रूपक देखो।

लक्ष्मीताल—१ (॰ ॰ । × × ॰ ॰ ॰ । + × ॰, ॰ ॰ । × , । ।)—२ (॰ , ॥ ॥)—३। वर्त्तमानमें प्रचलित १८ मात्राओंका ताल। लक्ष्मीताल देखो।

लक्ष्मीश (॰ , । ॥)

लघु—(। । । ॥)

लघुचञ्चरी—(॰ । × , ॰ ॰ । × , । × , ॰ ॰ । × , ॰ ॰ । × , ॰ । × , ॰ । ×)

लघुशेखर—१ (। , २। (। ।)

लयताल—(॥ । ॥ । । ॥ ॥ ॰ ॰ ॰ ,)

ललित—(। ॥)

ललितप्रिय—(। । ॥ । ॥)

लीलाताल—(॰ । ॥)

शम (कङ्काल)—(। ॥ ।)

शरभलीलक—१। (। ॰ । , २। (॰ ॰ । ।), ३। यह ताल अब भी प्रचलित है। शरभलीलक देखो।

शार्ङ्गदेव—(॰ ॰ । ॥ ॥ ॥ ।)

शिवताल—(। ॥)

श्रीकान्ति—(॥ ॥ । ।)

श्रीकीर्ति—(॥ ॥ । ।)

श्रीनन्दन—(॥ । । ॥)

श्रीरङ्ग—१। (। । ॥ । ॥), २। (। । ॥ । । । ॥)

षष्ठावताली—दूसरा नाम धीमा तेताला है। धीमा तिताला का विवरण देखो।

षट् ताल—( )

षट् पितापुत्रक—१। (॥ । । । ॥ ॥ । । । ॥), २। (॥ ॥ ॥ ॥ ॥)

सन्निताल—(॰ ॰ ॰ । । ॰ ॰)

सन्निपात—१। (॥), २। (॥)

सम १। (। ॰ ॰ ,), २। (। , ॰ ॰ ॰)

सम्पर्कोष्टीक—१। (॥ ॥ ॥ ॥ ॥), २। (॥ ॥ ॥ ॥)

सरस्वतीकण्ठाभरण—(॥ ॥ । । ॰ ॰)

सारङ्ग—(॰ ॰ ॰ ॰)

सारस—(। ॰ ॰ ॰ । ।)

सिंह—(। ॰ ॰ ॰)

सिंहनन्दन—(॥ ॥ । ॥ । ॥ ॰ ॰ ॥ ॥ । ॥ । ॥ ॥ । । । । । ।)

सिंहनाद—(। ॥ ॰ ॰ ॥).

सिंहविक्रम—१। (॥ ॥ । । । ॥ । ॥ ॥), २। (। । ॥ ॥ ॥ । ॥ ॥)

सिंहविक्रीड़ित—१। (। । ॥ । ॥ । । ॥ । ॥), २। (। ॥ । ॥ ॥ । । ॥ ॥ ॥ ॥ । ।)

सिंहलील—(। ॰ ॰ ॰)

सुरफाक्ता—(। । , । , । । ,) यह ताल वर्त्तमानमें प्रचलित है। सुरफाक्ता देखो।

हंस—(। । ॥ ,)

हंसनाद—(। ॥ ॰ ॰ ॥)

हंसलील—(। । ,) (संगीतरत्ना०)

पूर्वोक्त तालोंमेंसे वर्त्तमानमें प्रचलित तालोंकी संख्या बहुत कम है। प्रसिद्ध तालोंके लक्षण उन्हीं शब्दोंमें देखना चाहिये। बोल कापनेकी प्रणाली देखनेके लिये बोल शब्द देखो।

तालक (सं० क्ली०) तालमेव स्वार्थे कन्। १ हरिताल, पर्याय—ताल, आल, माल, शैलुष, पिञ्जक, रोमहरण, हरितालक। तालक दो प्रकारका है—पत्र-हरिताल और पिण्ड-हरिताल। दोनोंमें पत्र-हरिताल ही श्रेष्ठ गुणयुक्त है, पिण्ड-हरिताल उससे कुछ अल्प गुणयुक्त है। पत्र-हरिताल सुवर्णवर्णतुल्य, भारबहुल, स्निग्ध, अभ्रकी भाँति स्तरसमन्वित, श्रेष्ठ गुणदायक और रसायन है। पिण्डहरिताल पिण्ड-सदृश, स्तरहीन, स्वल्प, मल और अल्प गुणयुक्त, लघु तथा स्त्रीनाशक है।

शोधित तालक कटु,कषाय रस, स्निग्ध, उष्णवीर्य तथा विष, कण्डु, कुष्ठ, मुखरोग, रक्तदोष, कफ, पित्त, और कण्ठव्रण-नाशक है। अशोधित या भलीभांति नहीं मारा हुआ तालक सेवन करनेसे शरीरका लावण्य नष्ट होता है तथा बहुविध सन्ताप, वाञ्चल्य, कफ, वायु-वृद्धि और कुष्ठरोग उत्पन्न होता है। (भावप्र०)

अशुद्ध हरिताल आयुनाशक, कफ वायु और मेहकर है। अशुद्ध तालक ताप, स्फोट और अङ्ग सङ्कोचन करता है, इसलिए शोधन अति आवश्यक है।

तालकशोधन—कुष्माण्डके रसमें, चूनाके जलमें और तैलमें पाककर शोधन करनेसे तालक दोषहीन होता है। खण्ड खण्ड १० भाग तालकको १ भाग सुहागेके साथ मिला कर जम्बीरी नीबूके रसमें एक बार तथा काञ्जिमें बार बार धोवें फिर चौहरे कपड़ेमें बांध कर दोला-यन्त्रमें एक दिन पाक करें। पीछे काञ्जि, कुष्माण्डके रस और त्रिमूलके क्वाथमें एक एक दिन स्वेद देनेसे तालक विशुद्ध होता है।

प्रकारान्तर—हरितालके टुकड़े कर कपड़ेमें बांधें, फिर कुष्माण्डके रसमें तैल और त्रिफलाके क्वाथमें एक पहर तक दोलायन्त्रमें पाक करनेसे तालक शोधित होता है।

विशुद्ध हरितालको चूनेके पानी और अपामार्ग-मूलके क्षार-जलमें माड़ कर ऊपर और नीचे यवक्षार-चूर्ण देवें उसे हंडेमें रख कर शरवा ढक दें फिर कुष्माण्डसे उसे भर दें। उसके बाद मुह मूंद करके चार पहर तक पाक करें। यह हरिताल कुष्ठ आदि रोगनाशक है।

शोधित तालकके गुण—यह कटु, स्निग्ध, कषायरस, विसर्प, कुष्ठ, मृत्यु और जराहरक, देहशोधक, कान्ति, वीर्य और ओज वर्द्धक है।

हरितालमारण—हरितालको आमरूलके और कागजी नीबूके रसमें तथा चूनेके पानीमें बारह पहर तक भावना दे कर धोवें, फिर हूने शाल्मलीके क्षारमें रख कर कच्छप-यन्त्रमें बालूसे ऊर्द्ध्वदेश पूर्ण करके १२ पहर तक पकावें, और ठण्ढा होने पर उसका चूर्ण बना लें। इसको एक रत्तीकी मात्रा बना कर सेवन करनेसे कुष्ठ, श्लीपद आदि रोग आरोग्य हो जाते हैं। (रसेन्द्रसारसं०)

तालमिव कायति कै-क। २ द्वारकपाट, रोधनयन्त्र, ताला। ३ तुवरिका, गोपीचन्दन। स्वार्थे क। ४ तालद्रुम, ताड़का पेड़।

तालकट (सं० पु०) देशभेद। बृहत्संहिताके अनुसार दक्षिणका एक देश जो १२।१३।१४ नक्षत्रमें पड़ता है। तालिकोट देखो।

तालकन्द (सं० स्त्री०) तालस्येव कन्दमस्य। तालमूली, मूसली।

तालकरीर (सं० पु०) तालाङ्कुर, ताड़का कोपल।

तालकाभ (सं० पु०) तालकस्य हरितालस्य आभाइव आभायस्य बहुव्री०। हरिद्वर्ण, हल्दीका रंग, पीला रंग। (त्रि०) २ हरिद्वर्णयुक्त, जिसका रंग पीला हो।

तालकी (सं० स्त्री०) तालकस्य इयं अण्-ङीप्। तालज मद्यभेद, तालरस, ताड़ी।

तालकूटा (हिं० पु०) वह जो झांझ बजा कर भजन इत्यादि गाता हो।

तालकेतु (सं० पु०) तालस्तालचिह्नितः केतुरस्य। १ भीष्म। २ वह जिसको पताका पर ताड़के पेड़का चिह्न हो। ३ बलराम।

तालकेश्वर (सं० पु०) औषधविशेष, एक प्रकारकी दवा। प्रस्तुत-प्रणाली—कोंहड़ेका रस, त्रिफलाका जल, तिल-तैल, घृतकुमारीको रस और कांजी इन सबसे भावना देनी होती है। पीछे २ माषा गन्धक और २ माषा पारेकी कज्जली बना कर पहलेकी कज्जलीमें मिला देते हैं। बाद इसमें २ माषा हरिताल मिलाकर बकरीके दूध, नीबूके रस तथा घृतकुमारीके रसमें यथाक्रम तीन दिन भावना देते हैं। इसके अनन्तर उसे शुष्क और चक्राकार करके कण्डोमें पलाशके क्षारके भीतर रख कर १२ प्रहर तक पाक करते हैं। ठंढा हो जाने पर उसे उतार लेते हैं। इसकी दो दो रत्तीकी गोली बना कर सेवन करनेसे कुष्ठ, वात, रक्त और व्रणरोग जाता रहता है।

दूसरा तरीका—थोड़ी हरितालको अकुन्द और शरपुङ्खके पत्तीके रसमें घोंट कर सुखा लेते हैं। बाद उसे पलाशके क्षारसे भरे हुए बरतनमें रख कर पुटपाक देते हैं। बरतनमें हरितालके नीचे और ऊपर दोनों ही तरफ क्षार रहे। बाद दिन रात पाक करनेसे हरितालभस्म

हो जायेगी। जब उसका वर्ण सफेद हो जाय और अग्निमें देनेसे धुंआ निकलने लगे, तब जानना चाहिये कि हरिताल भस्म हो गई है। इस प्रकार प्रस्तुत की हुई औषधका सेवन करनेसे कुष्ठादि रोग दब जाते हैं। इसकी मात्रा १ रत्ती है। इसके अनुपानमें मसूर, चने और मूंगकी दाल पथ्य है।

रसेन्द्रसारके मतसे—हरिताल, पारा, गन्धक, लोह, अभ्रके समभागको मधुमें घोंट कर १ माषेकी गोली बनाते हैं। अनुपान एक तोला पक्का यज्ञडुम्बुर और मधु है। यज्ञडुम्बुरके अभावमें केवल मधुसे ही काम चल सकता है। इस औषधसे बहुमूत्र रोग वातको जानसे प्रशमित हो जाता है।

तालकोश (सं॰ पु॰) वृक्षभेद, एक पेड़का नाम।

तालक्षीर (सं॰ पु॰) तालजातं क्षीरमिव शुभ्रत्वात्। शर्करा भेद, खजूर या ताड़की चीनी।

तालक्षीरक (सं॰ क्ली॰) तालक्षीर स्वार्थे कन्। ताड़की चीनी।

तालगर्भ (सं॰ पु॰) तालस्य गर्भः, ६-तत्। तालमज्जा, ताड़का गूदा या पनीर। तलवारमें यदि तालमज्जाका पानी दिया जाय तो उससे हाथीकी सूंड छेदी जा सकती है।

तालगुण्डा—महिसुरके शिमोगजिलेके अन्तर्गत शिकारपुर तालुकका एक ग्राम। यह अक्षा॰ १४°२५´ उ॰ और देशा॰ ७५°१५´ पू॰ बेलगामीसे २ मील, उत्तर-पूर्वमें अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः २००५ है। प्रवाद है, कि ३री शताब्दीमें कदम्बके राजा मुकननने इसे स्थापित किया था। उस समय तालगुण्डामें एक भी ब्राह्मण न रहनेके कारण उन्होंने १२००० ब्राह्मणोंको दक्षिणसे ला कर यहां बसाया था। फिलहाल इसकी लोकसंख्या पहलेसे बहुत घट गई है। अनेक शिलालिपियोंमें इस ग्रामका उल्लेख देखा गया है।

तालग्राम—युक्तप्रदेशके फर्रुखाबाद जिलेकी छिब्रामी तहसीलका एक शहर। यह अक्षा॰ २७°२´ उ॰ और देशा॰ ७९°३८´ पू॰में, फतेगढ़से २४ मीलकी दूरी पर अवस्थित है। लोकसंख्या लगभग ५४५० है। अकबरके समयमें यह परगने भरमें एक मशहूर शहर था। आजकल यह उतनी उन्नतदशामें नहीं है। शहरमें कुल दो विद्यालय हैं।

तालघाट—दक्षिणप्रदेशमें बम्बईसे नासिक जानेके रास्ते पर अवस्थित एक प्रधान गिरिपथ। यह समुद्रसे १९१२ फुट ऊंचा है। यह अक्षा॰ १९° १४´ उ॰ और देशा॰ ७३° ३३´ पू॰में अवस्थित है।

तालङ्क (सं॰ पु॰) तालमङ्कं यस्य सः। भूषणविशेष, एक प्रकारका गहना।

तालचर (सं॰ पु॰) १ देशभेद, एक देशका नाम। २ उस देशके रहनेवाले। ३ तालचर देशके राजा।

तालचेर-उड़ीसाके देशीय राजाके अधीन एक करद राज्य। यह अक्षा॰ २०°५२´से २१°१८´ उ॰ और देशा॰ ८४°५४´ से ८५°१६´ पू॰में अवस्थित है। भूपरिमाण ३९९ वर्गमील है। इस राज्यके उत्तरमें पाललहरा, पूर्वमें ढेंकानल तथा दक्षिण और पश्चिममें अङ्गुल राज्य है। लोकसंख्या प्रायः ६०४३२ है। यहां कोयले और लोहेकी खानें हैं। जिस जगह ब्राह्मणी नदी पाललहरा और ढेंकानलसे तालचेर राज्यको पृथक् करती है, उस जगह नदीके किनारे सोना पाया जाता है। इस नदीकी बालू धोनेसे स्वर्णरेणु संग्रहीत होता है।

इस राज्यके मध्य ब्राह्मणी नदीके किनारे अवस्थित तालचेर नगर ही प्रधान है।

तालचेरके राजगण कहते हैं, कि ५०० वर्ष व्यतीत हुए अयोध्या-पतिके एक पुत्रने यहां आ कर असभ्य अधिवासियोंको भगा राज्य स्थापन किया था। वर्त्तमान राजा उन्हींके वंशधर हैं। अङ्गुल-विद्रोहके समय यहांके राजाने ब्रुटिश गवर्मेण्टको सहायता दे कर 'महेन्द्र बहादुर'की उपाधि प्राप्त की है।

१८७४ ई॰को २१वीं मईको राजा रामचन्द्र वीरवर हरिचन्दनने ब्रुटिशगवर्मेण्टसे पुरुषानुक्रमिक राजाकी उपाधि पाई है। राज्यकी आमदनी ६५०००) रु॰की है। ब्रटिशगवर्मेण्टको १०४०) रु॰ देने पड़ते हैं। राजाके प्रायः सौ सौ सेना हैं। इस राज्यमें, एक मिडिल वर्नाक्यूलर तथा दो अपर प्राइमरी स्कूल और एक दातव्य चिकित्सालय है।

तालजङ्घ (सं॰ पु॰) १ एक देशका नाम। २ उस देशका

निवासी। ३ एक यदुवंशी राजा। इनके पुत्रोंने राजा सगरके पिता असितको राज्यच्युत किया था।

तालजटा (सं॰ स्त्री॰) तालस्य जटेव, ६-तत्। तालवृक्ष-का जटाकार पदार्थ विशेष, ताड़के पेड़की जटा।

तालदण्डा—उड़ीसाकी एक नहर। इसकी लम्बाई ३२ मीलकी है। यह कटक शहरसे महानदीकी प्रधान शाखामें मिल गई है। नौकाके जाने आने तथा खेतोंमें पानी सींचनेके लिये यह नहर काटी गई है।

तालध्वज (सं॰ पु॰) तालो ध्वजो यस्य, बहुव्री॰। १ बलराम। २ पर्वतविशेष, एक पहाड़का नाम। ३ वह जिसकी पताका पर ताड़के पेड़का चिह्न हो।

तालध्वजा (सं॰ स्त्री॰) तालस्तालवृक्षेव ध्वजचिह्नं यस्या, बहुव्री॰। पुरीविशेष, एक नगरका नाम।

तालनवमी (सं॰ स्त्री॰) तालोपहारा नवमी। १ भाद्र शुक्लानवमी, भादो सुदी नौमीको तालनवमी कहते हैं।

"मासि भाद्रपदे योऽस्यामवमी बहुलेतरा।
तस्यां संपूज्य वै दुर्गामश्वमेधफलं लभेत्॥"

भाद्र मासकी शुक्ल-नवमीको दुर्गाकी पूजा करनेसे अश्वमेधका फल होता है।

२ व्रतविशेष, एक व्रतका नाम। भाद्र शुक्ला नवमीको सौभाग्यकी कामना करके स्त्रियां ताल या ताड़का उपहार दे कर इस व्रतका अनुष्ठान किया करती हैं, इस लिए इसका नाम तालनवमी पड़ा है। यह व्रत ८ वर्ष तक किया जाता है। इसमें आरम्भ वर्षसे ले कर नवम वर्ष तक प्रतिष्ठा की जाती है।

व्रतप्रयोग—पहले दिन संयत हो कर रहें, व्रतके दिन प्रातःकालमें नित्यक्रियादि सम्पन्न करके स्वस्ति-वाचन पूर्वक संकल्प करें,—"ओविष्णुर्नमोऽद्य भाद्रे मासि शुक्लपक्षे नवम्यान्तिथावारभ्य अमुक गोत्रा श्री-अमुकी देवी सौभाग्य-सौन्दर्य-पुत्र-पौत्रादि-नित्यधन-धान्य-विवर्द्धनैहलौकिक-महासुख-परलोकाधिकरणक-परम-गति प्राप्तिकामा नववर्षपर्यन्तं तालनवमी व्रत-महं करिष्ये।" इस प्रकारसे संकल्प कर सूर्यादि पञ्च देवताकी पूजा करें। पीछे ताड़पत्रसे गौरीका आवा-हन कर षोड़शोपचारसे पूजा करें और नवयुक्त नैवेद्य प्रदान करें। "नमो गौर्यै नमः" इस मन्त्रसे तीन बार पुष्पाञ्जलि दे कर प्रणाम करें। तत्पश्चात् एक फल हाथमें ले कर व्रतकी कथा सुननी चाहिये। व्रतकथा इस प्रकार है—

रुक्मिणी उवाच—

केनोपायेन भगवन्नारी दुःखं न विन्दति।
सौभाग्यमर्थसौन्दर्यं पुत्रपौत्रादिकं लभेत्॥
इहलोके महत्सौख्यं परलोके परां गतिं।
तन्मे कथय तत्त्वेन सद्भावो यदि ते मयि॥

श्रीकृष्ण उवाच—

शृणु देवि महाभागे सौभाग्यं येन जायते।
पुत्रपौत्रादिकं नित्यं धनधान्यविवर्द्धनं॥
इहलोके महत्सौख्यं परलोके परां गतिं।
तालनवमीव्रतं पुण्यं त्रिषु लोकेषु विश्रुतं॥
कुरु देवि प्रयत्नेन सर्वकामसमृद्धिदं।
भाद्रे मासि सिते पक्षे नवमी या शुभा भवेत्॥
तस्यामारभ्य कर्तव्य नव वर्षाणि सुव्रते।
कृत्वा च तद्व्रतं देवी त्यजेत्तालस्य भक्षणं॥
तालस्य व्यजनाद्वायुर्नकर्तव्यः कदाचन।
अष्टम्यां नियमीभूत्वा प्रातरुत्थाय सत्वरं॥
स्नानं कृत्वा नवम्याञ्च व्रतसंकल्पमाचरेत्।
तालपत्रमथारोप्य तत्र गौरीं प्रपूजयेत्॥
पाद्यादिभिः समभ्यर्च्य नैवेद्यं नवतालकं।
सम्पूर्णे नवमे वर्षे प्रतिष्ठामाचरेत् ततः॥
फलानि नवदद्यात् च तालस्य द्विजसत्तमे।
पिण्डखर्जूरजाती च एला चैव हरीतकी॥
नारिकेलं तथा पूगं रम्भा पक्वफलान्वितं।
तत्र मुख्यं प्रदातव्यं तालस्य फलमुत्तमं॥
वस्त्रेणाच्छाद्य दद्यात्तु द्विजं दक्षिणान्वितं।
प्रतिष्ठार्थं प्रदातव्यं काञ्चनं रजतं तथा॥
व्रतादिनि तु भुञ्जीत निरामिषं घृताक्तं।
एवं कृते न सन्देहः पूर्वोक्तञ्च फलं लभेत्।
कथितं तव यत्नेन कुरुष्व व्रतमुत्तमं॥

रुक्मिणी उवाच—

व्रतं केन कृतं देव मर्त्यलोके प्रकाशितम्।
तन्मे कथय तत्त्वेन व्रतमेतत् सुदुर्लभम्॥

श्रीकृष्ण उवाच—

रम्ये तु यमुनाकूले कंसस्य तालवृन्दके।

समय यह स्थान विशेष समृद्धिशाली था। अम्बदुर्ग, पहाड़के चारों ओर सुशोभित दुर्भेद्यदुर्ग प्राचीर, प्रासाद और अट्टालिकाएं प्राचीन समृद्धिका विलक्षण परिचय देती हैं। सर हिउ रोजने १८५० ई०में यहांका प्राचीन दुर्ग धूलमें मिला डाला। नगरकी आय प्रायः (००) रु० है। यहां अनेक प्रकारके अन्न और कपासका व्यवसाय चलता है। पुलिसका खर्च निभानेके लिये प्रत्येक गृहस्थसे कुछ कुछ कर लिया जाता है। यहां एक प्रकारका कम्बल तैयार होता है।

तालबैताल (हिं० पु०) दो देवता या यक्ष। प्रवाद है कि राजा विक्रमादित्यने इन्हें सिद्ध किया था और ये बराबर उनकी सेवामें रहते थे।

तालभृत् (सं० पु०) तालं बिभर्त्ति ध्वजरूपेण भृ-क्विप्। बलराम।

तालमखाना—(हिं० पु०) गीली या सीड़ जमीन पर होनेवाला एक पौधा। यह औषधके काममें आता है।

संस्कृत	अतिक्षुरा।
कर्णाटकी	कालशखबीज।
तामिल	निर्मली।
बम्बई, मन्द्राज	तालमखाना, कोलशुण्डा।
मलयाल	गोकुल जनम।

यह एक तरहका छोटा कण्टकगुल्म है। यह भारतमें सर्वत्र विशेषतः पानी या दलदलोंके निकट होता है। इसके बीज, जड़, पेड़ सभी दवाईके काममें आते हैं। यह कण्टकारी, गोखरू आदिकी जातिका है। मुसलमानी और आयुर्वेदशास्त्रमें इसका बहुत व्यवहार देखनेमें आता है। इसके शैत्य और मूत्रकारक गुण अति प्रसिद्ध हैं। मूत्रकृच्छ्र, उदरी वात और लिङ्गसम्बन्धी रोगोंमें इसका व्यवहार किया जाता है। इसके बीज कामवर्द्धक हैं। इसकी जड़का उबाला हुआ पानी आधा आध छटांक दिनमें दो बार पीनेसे मूत्रकृच्छ्र और पथरी रोगमें फायदा पहुंचता है। मलवार प्रदेशमें चिकित्सकसे बिना परामर्श लिए ही लोग उक्त रोगोंमें इसका व्यवहार करते हैं। यूरोपीय डाक्टरोंने भी किसकाल इसकी परीक्षा की और निम्न प्रकार गुण बतलाए हैं।

बीज—स्निग्धकारक, मूत्रकारक, बलकारक और लिङ्गदोष-प्रशमनक है।

मूल—स्निग्धकारक, तिक्त, मूत्रकारक और बलकारक है।

पत्र—स्निग्धकारक और मूत्रकारक है।

बम्बई प्रदेशमें इसके बीजोंका रोजगार होता है।

पर्याय—कोकिलाक्ष, काकेक्षु, इक्षुर, भिक्षु, काण्डेक्षु, इक्षुगन्धा, शृङ्गी, क्षुरक, शृगालघण्टी, वज्रास्थि, शृङ्खला, वनकण्टक, वज्र क्षुर, शुकपुष्प, छत्रक और अतिक्षुर। अतिक्षुर देखो।

तालमर्द्दक (सं० पु०) वाद्यभेद, एक प्रकारका बाजा।

तालमुलिका (सं० स्त्री०) तालमूली देखो।

तालमूलिका (सं० स्त्री०) तालमूली स्वार्थे कन् टाप्, ह्रस्व। तालमूली, मूसली।

तालमूली (सं० स्त्री०) तालस्य मूलमिव मूलमस्याः, बहुव्री०। स्वनामख्यात गुल्मविशेष, मूसली। संस्कृत पर्याय—तालिका, तालमुलिका, अर्शोघ्नी, मूषली, ताली, खलिनी, सुवहा, तालपत्रिका, गोधापदी, हेमपुष्पी भूताली और दीर्घकान्दिका। गुण—शीत, मधुर, वृष्य, पुष्टि, बल और कफप्रद, पिच्छिल, पित्त, दाह और श्रमहारक है। इसके दो भेद हैं, श्वेत और कृष्ण। श्वेत अल्पगुणयुक्त और कृष्ण रसायन होता है। श्वेत तालमूली सफेद मूसली और कृष्ण तालमूली काली मूसलीके नामसे मशहूर है। गुण—मधुर, रम्य, वृष्य, उष्णवीर्य और बृंहण, गुरु, तिक्त, रसायन तथा गुदज रोगादिनाशक है। (भावप्रकाश)

तालमेल (हिं० पु०) १ तालस्वरका मिलान। २ उपयुक्त योजना, मिलान, मेल जोल। ३ अनुकूल संयोग, अच्छा मौका।

तालयन्त्र (सं० क्ली०) मत्स्यतालुवत् द्वादशाङ्गुल परिमित यन्त्रभेद, बारह उंगलीका एक यन्त्र जिसका आकार मछलीके तालुसा होता है। कान, नाक और नाड़ीसे शल्य निकालनेके लिये यह यन्त्र व्यवहृत होता है।

तालरस (सं० पु०) ताड़के पेड़का मद्य, ताड़ी।

तालरेचनक (सं० पु०) तालेन रेचयति रिच्-णिच्-ल्यु स्वार्थे-कन्। नट।

तालमलक्षण (सं॰ पु॰) तालो लक्षणं ध्वजो यस्य बहुव्री॰। तालध्वज, बलराम।

काललक्ष्मन् (सं॰ पु॰) ताल एव लक्ष्म चिह्नं यस्य। बलराम।

तालवन (सं॰ क्ली॰) १ वृन्दावनमें स्थित ताड़ वृक्षका एक वन। यह तालवन बारह वनोंमेंसे एक है। यह मधुवनके पास अवस्थित है। बलरामने यहां धेनुकका वध किया था। धेनुकवधसे पहले यह वन जीवजन्तुओंके लिए अगम्य था, उसके बादसे यह पुण्यतीर्थ समझा जाने लगा। (वृन्दावनलीलामृत, भक्तमाल)

यह तालवन गोवर्द्धन पर्वतसे उत्तरको ओर यमुनाके किनारे पर अवस्थित है। यहांकी भूमि समतल, स्निग्ध, प्रशस्त और कुशसमाकीर्ण तथा ताड़के वृक्षोंसे भरी हुई है। इस वनमें मनुष्योंका जाना नहीं होता, यह अत्यन्त दुष्प्रवेश्य है। इस वनको मिट्टी काली है, उसमें कंकड़ पत्थरोंका सम्बन्ध हो नहीं है। इस वनमें नरमांसलोलुप गर्दभरूपधारी अति दुर्दमनीय प्रभूत बलशाली धेनुक नामका एक दैत्य रहता था। एक दिन कृष्ण और बलदेव कालियदमन करके इस वनमें पहुंचे। धेनुक दैत्यने इन पर आक्रमण किया, इस पर बलदेवने उसके पैर पकड़ कर घुमाना शुरू किया और अन्तमें एक ताड़के वृक्ष पर फेंक दिया; जिससे उसकी मृत्यु हो गई। धेनुकके आत्मीयवर्गके साथ निहत होने पर तालवन निरुपद्रव हुआ और तभीसे यह तीर्थमें परिणत हो गया। (हरिवंश ६९ अ॰)

२ तालकानन, वह जङ्गल जिसमें अधिकतर ताड़के ही पेड़ हों।

तालवाही (सं॰ त्रि॰) वह बाजा जिससे ताल दिया जाता है।

तालवृन्त (सं॰ क्ली॰) ताले करतले वृन्तं बन्धनमस्य तालस्येव वृन्तमस्य वा, बहुव्री॰। १ व्यजन, ताड़के पत्तोंका पंखा। २ एक प्रकारका सोम।

तालवेचनक (सं॰ पु॰) तालस्य वेचनं पृथक्करणं संख्यानेन नियमनं यत्र कप्। नट।

तालव्य (सं॰ त्रि॰) तालोर्जातं तालु-यत् (शरीरावयवाद् यत्। पा ५।१।६) तालुजात, तालुसे उच्चारण किया जानेवाला वर्ण। इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ, य और श ये वर्ण तालुसे उच्चारण किये जाते हैं।

तालशस्य (सं॰ क्ली॰) तालास्थिमज्जा, ताड़के फलके भीतरका गूदा।

तालसत्व (सं॰ क्ली॰) हरितालभस्म, हरतालकी भस्म।

तालसांस (हिं॰ पु॰) ताड़के फलके भीतरका गूदा। यह खानेके काममें आता है।

तालस्कन्ध (सं॰ पु॰) एक अस्त्र। इसका विवरण वाल्मीकि रामायणमें आया है।

ताला (हिं॰ पु॰) कपाट अवरुद्ध करनेका यन्त्र, जन्दरा, कुलुफ।

ताला-कुंजी (हिं॰ स्त्री॰) १ किवाड़, संदूक आदि बंद करनेका यन्त्र। २ लड़कोंका एक खेल।

तालाख्या (सं॰ स्त्री॰) तालं तत्प्रममिव आख्यायते आख्याक वा तालं आख्या यस्याः। मुरा नामक गन्धद्रव्य, कपूर। कचूरी।

तालाङ्क (सं॰ पु॰) तालस्तालचिह्नितः अङ्कः ध्वजो यस्य, बहुव्री॰। १ बलदेव। २ करपत्र। ३ शाकभेद, एक प्रकारका साग। ४ महालक्षणसम्पन्न पुरुष, शुभ लक्षणवान् मनुष्य। ५ पुस्तक। ६ हर, महादेव।

तालाङ्कुर (सं॰ क्ली॰) १ तालास्थि मस्य, ताड़के फलके भीतरका गूदा। २ मनःशिला, मैनसिल।

तालादि (सं॰ पु॰) पाणिन्युक्त गणविशेष, पाणिनिके एक गणका नाम।

तालाब (हिं॰ पु॰) जलाशय, सरोवर, पोखरा।

तालावचर (सं॰ पु॰) तालेन अवचरति नृत्यति अव-चर-अच। नट।

तालि (सं॰ स्त्री॰) तालयति प्रतिष्ठत्वनया तल-णिच्-इन्। सर्वधातुभ्यो इन्। उण् ४।११७। भूम्यामलकी, भुंई आंवला। २ यवक्षार। ३ आघात, चोट।

तालिक (सं॰ पु॰) तलेन करतलेन निर्वृत्तः तल-ठक्। तेन निर्वृत्तं। पा ५।१।७९। १ प्रसारिताङ्गुलिपाणि, फैली हुई हथेली। इसके पर्याय—चपेट, प्रतल, तल, प्रहस्त और ताल। २ तालपत्र या कागजका पुलिंदा। ३ थपत, तमाचा। ४ सूती या तागा जिससे भिन्न भिन्न विषयोंके तालपत्र या कागज बंधे हों।

तालिकट—तालकट देखो।

तालिका (सं० स्त्री०) तालिक स्त्रियां टाप्। १ चपेट, थप्पड़, तमाचा। २ तालमूली, मूसली। ३ मञ्जिष्ठा, मजीठ। ४ ताली, कुंजी। ५ तालपत्र या कागजका पुलिंदा। ६ सूची, फिहरिस्त।

तालिकोट—बम्बई प्रदेशके अन्तर्गत बीजापुर जिलेके मुद्देबिहाल उपविभागका एक प्रधान नगर। यह अक्षा० १६° २८ उ० और देशा० ७६° १८ पू०में कल्लाड़गी नगरसे ६० मील उत्तर-पूर्वमें अवस्थित है। १५६५ ई०की २५वीं जनवरीको इस नगरसे प्राय: ३० मील दूर कृष्णा नदीके दाहिने किनारे विजयनगरके राजा रामराज और उनके तीन भाइयोंके साथ निजामशाही, कुतुबशाही और आदिलशाही राज्यके मुसलमानोंका युद्ध हुआ था। इस युद्धमें बीजापुरका हिन्दू राज्य बिलकुल नष्ट हो गया। निजामशाहीने विजयी हो कर तालिकोट अधिकार किया। महाराष्ट्रके अभ्युदयके समय इस जगह बड़े बड़े मकान मन्दिर इत्यादि बनाये गये थे।

तालित (सं० क्ली०) ताड्यते यत् तड़-णिच्-क्त डस्य लत्वं। १ वाद्यभाण्ड, एक प्रकारका बाजा। २ रञ्जित वस्त्र रंगा हुआ कपड़ा। ३ गुण, रस्सी, डोरी।

तालिन् (सं० पु०) तलेनर्षिणा प्रोक्तं अधीयते शौनकादि० णिनि। १ तलोक्ताध्येता, वह जो तलऋषिका कहा हुआ अध्ययन करता है। (त्रि०) ताली वाद्यत्वेनास्त्यस्य इनि। २ तालवाद्ययुक्त, करतालवादक। २ (पु०) ३ शिव, महादेव।

"वेत्राली वनवी ताली खली कालकटङ्कट:।"

(भारत अनु० १७ अ०)

तालिब (अ० पु०) वह जो अन्वेषण करता हो, तलाश करनेवाला।

तालिबअली—बिलग्राम-वासी एक कवि। इस उपनामकी इन्होंने अनेक कविताएं रची हैं। ये १८०२ ई०में विद्यमान थे।

तालिबइल्म (अ० पु०) विद्यार्थी, छात्र।

तालिबशाह—हिन्दीके एक कवि। इनका जन्म १७६८ ई०में और मृत्यु १८०० ई०में हुई थी। इनको कविता अच्छी होती थी।

तालियामार (हिं० पु०) पानी काटनेवाला जहाज या नावका अगला भाग।

तालिश (सं० पु०) तलतीति तल-गतौ इश-किन्। इश: किच्च्याण्यादिभ्यश्चेति किन्। उण् ४।१४४। पर्वत, पहाड़।

ताली (सं० स्त्री०) तालेन सवियोगेन निर्वृत्ता अण्। १ ताड़ी। तल-ज्वलनात् अच् ङीप्। २ वृक्षभेद, एक प्रकारका पेड़। ३ भूम्यामलकी, भूआंवला। ४ तालमूली, मुसली। ५ अरहर। ६ तालीशपत्राख्य वृक्ष, एक प्रकारका छोटा ताड़ जो बंगाल और आसाममें होता है। ७ तालोद्घाटनयन्त्र, कुंजी। ८ ताम्रवल्लीलता। ९ छन्दोभेद, एक वर्णवृत्त। १० मेहराबके बीचोबीचका पत्थर या ईंट।

ताली (हिं० स्त्री०) १ करतलध्वनि। २ छोटा ताल, तलैया। ३ गांवके मध्य उंगलीका छोर। ४ चाबी।

तालीका (अ० पु०) १ मकानकी कुर्की। २ वह फिहरिस्त जो कुर्क किए हुए असबाबके लिये बनाई जाती है।

तालीपत्र (सं० क्ली०) ताल्या इव पत्रमस्य। तालीशपत्र।

तालीम (अ० स्त्री०) शिक्षा, उपदेश।

तालीयक (सं० पु०-क्ली०) करताल।

तालीश (सं० क्ली०) तालीव शेतान् श्यति शो-ड। स्वनामख्यात वृक्षविशेष।

तालीशपत्र (सं० क्ली०) तालीशं रोगनाशकं पत्रं यस्य। भूम्यामलकी, भूआंवला। यह तमाल या तेजपत्रकी जातिका होता है और हिमालय पर सिन्धुसे आसाम और सिकिम तक बहुत होता है। इसके संस्कृत पर्याय—शुकोदर, धात्रीपत्र, अर्कवेध, करिपत्र, करिच्छद, नील, नीलाम्बर, ताल, तालीपत्र, तमाह्वय और तालीशपत्रक। इसका गुण—तिक्त, उष्ण, मधुर, कफ, वात, कास, हिक्का, क्षय, श्वास और छर्दिदोष, गुल्म, आम और अग्निमान्द्यनाशक तथा लघु और अरुचिकर है। इसके पत्ते तेजपत्तेसे मिलते जुलते होते हैं। इसकी लकड़ी बहुत हलकी होती है।

तालीशपत्री (सं० स्त्री०) तालीशपत्र।

तालीशाद्यमोदक (सं० पु०) चक्रदत्तोक्त मोदकभेद, चक्रदत्तके मतानुसार एक प्रकारका मोदक। इसकी प्रस्तुतप्रणाली—तालीशपत्र १ तोला, मिर्च २ तोला, सोंठ ३ तोला, पीपल ४ तोला, वंशलोचन ५ तोला, दारचीनी ॥ (आधा) तोला, इलायची ॥ (आधा) तोला,

चीनी ॥ (आधा) सेर, इन सबको मिला कर मोदक प्रस्तुत करना पड़ता है। चीनीके समान जलमें सबको यथाविधानसे पाक करनेके बाद गोली प्रस्तुत करते हैं जो मोदककी अपेक्षा कुछ छोटी होनी चाहिये। इसके सेवन करनेसे कास, श्वास, अरुचि और शोथ इत्यादि समस्त रोग जाते रहते हैं।

तालु (सं० क्लो०) तरन्त्यनेन वर्णा इति तॄ प्लवन सन्तरणयोः। उण् १।५। जिह्वेन्द्रियके अधिष्ठानका स्थान, मुंहके भीतरकी अगली छत जो ऊपरके दांतोंकी पंक्तिसे लगा कर कौवा (घांटी) तक होती है, तालू। पर्याय—काकुद, तालुक।

मुंहसे तालू निर्मित हुआ है, उसमें जिह्वा उत्पन्न हुई है। इसमें नाना प्रकारके रस उत्पन्न होते हैं, जीभ उनको ग्रहण करती है।

विराट् पुरुषका तालू निर्भिन्न अर्थात् पृथक्रूपसे उत्पन्न होने पर लोकपाल वरुण अपने अंशोंसे जिह्वाके साथ अधिदेवतास्वरूप उसमें प्रविष्ट हुए। (भाग० ३।६।१४१)

तालुगत रोग होने पर उसका प्रतीकार सुश्रुतमें इस प्रकार लिखा है—गलशुण्डिकारोगमें अंगूठे और दूसरी उंगलीको सटा कर गलशुण्डिकाको खींचें और जीभके ऊपर रख कर उसे मण्डलाग्र शस्त्र द्वारा छेद दें; इसको अल्पांश वा पूर्णांशमें नहीं छेदें और न खींचें, किन्तु एकांशको छोड़ कर तीन अंश छेदें। अत्यन्त छेदन करनेसे छेदनके कारण मृत्यु हो सकती है। हीनच्छेद होनेसे शोफ, लालास्राव, निद्रा, भ्रम और तमोदृष्टि ये सब उपद्रव होते हैं। इसलिये दृष्टकर्मा और चिकित्सा-विशारद वैद्योंको चाहिये, कि गलशुण्डी रोगमें छेदन करके नीचे लिखी प्रक्रिया करें। मरिच, अतिविषा, पाठा, वच, कुड़ और शोनहूच, इनका क्वाथ वा चूर्ण मधु और सैन्धव लवणके साथ प्रतिसारणमें प्रयोग करें। वच, अतिविषा, पाठा, रास्ना, कुटकी और नीम इनका क्वाथ कवलग्रहमें प्रयोजनीय है। इङ्गुदी, दन्ती, सरल काष्ठ, देवदारु और अपामार्ग, इनको पीस कर बत्ती बनावें और सुबह शाम उसका धूमपान करें। इसमें क्षारयुक्त मूंगका जूस खाना चाहिये।

अध्रुष, तुण्डिकेरी, मांसघात और तालुपुप्पुट रोगमें रोगके अनुसार शस्त्रकार्य करें। तालुपाक रोगमें पित्तनाशक क्रिया करनी चाहिए। तालुशोषमें स्नेह, स्वेद, और वायुशान्तिकर क्रिया करें।

(सुश्रुत चिकित्सितस्थान २२ अ०)

तालुक (सं० क्लो०) ताल स्वार्थे कन्। १ तालू। २ तालूका एक प्रकारका रोग।

तालुकण्टक (सं० पु०-क्लो०) एक रोग जो बच्चोंके तालूमें होता है। इसमें तालूमें कांटेसे पड़ जाते हैं और तालू धंस जाता है। इसमें बच्चोंको पतले दस्त भी आते हैं।

तालुकदारी ग्राम—कई एक ग्राम। वंशानुक्रमिक बन्दोबस्तके अनुसार उक्त ग्रामोंका राजस्व गवर्मेण्ट तथा तालुकदार आपसमें बांट लेते हैं और तालुकदारको ग्रामके शासन तथा व्यवस्थाके सम्बन्धमें कई एक निर्दिष्ट काय करने पड़ते हैं। जब कभी तालुकदारगण अपने कर्त्तव्य कार्योंसे मुख मोड़ते हैं, तब गवर्मेण्ट उनके हाथसे अधिकार छीन लेती हैं; किन्तु राजस्वका हिस्सा देती हैं। इन समस्त ग्रामोंको तालुकदारी ग्राम कहते हैं। राजपूत, कोलि और कुशवती मुसलमानोंमें ही इस तरहको तालुकदारी देखी जाती है।

तालुका (सं० स्त्री०) तालूकी दो नाड़ी।

तालुच्य (सं० पु०-स्त्री०) तलुच्यर्षेर्गोत्रापत्यं यञ्। १ तलुच ऋषिके गोत्रज। (स्त्री०) लोहितादित्वात् ष्फ षित्वात् ङीष्। २ तालुच्यायनी।

तालुजिह्व (सं० पु०) तालु एव जिह्वा यस्य, बहुव्री०। १ कुम्भीर, घड़ियाल। इसके जीभ नहीं होती। यह तालूसे ही रसास्वादन करता है, इसीसे कुम्भीरका नाम तालुजिह्व पड़ा है। २ आलजिह्व, गलेका कौवा (uvula)।

तालुन (सं० त्रि०) तलुनस्यापत्यं तलुन-अञ्। शण्डिकादिभ्योञ्। पा ४।३।९२। तलुन सम्बन्धीय।

तालुपाक (सं० पु०) सुश्रुतोक्त तालुगत रोगभेद, एक तालूकी बीमारीका नाम। इस रोगका विषय सुश्रुतमें इस प्रकार लिखा है; तालुगत रोग ८ प्रकारका है, जैसे—गलशुण्डिका, तुण्डिकेरी, अध्रुष, मांसकच्छप, अर्बुद, मांससङ्घात, तालुपुप्पुट, तालुशोष और तालुपाक।

श्लेष्मा और रक्तद्वारा तालुमूलमें वायुपूर्ण वस्तिकी तरह (स्फीत मशककी भांति) दीर्घ उन्नत शोफ उत्पन्न

होता है तथा उसमें पिपासा, श्वास और काश होता है; इसको गलशुण्डीरोग कहते हैं। सूज जाना, मोटा घाव होना, वेदना, दाह और पक जाना ये सब तुण्डीकेरीके लक्षण हैं। तालुमें सूजन, स्तब्धभाव (भारीपनका होना) और ललाई होनेसे इस रोगको अध्रुष समझें। यह रोग रक्तके द्वारा होता है। इसमें अत्यन्त ज्वर होता है, तालुदेश कछुवेकी तरह ऊँचा हो जाता है। वेदना घटती और सूजन बढ़ती रहनेसे उसको कच्छपी रोग कहते हैं। यह श्लेष्माके द्वारा उत्पन्न होता है। तालुमें पद्माकार शोफ होने पर उसको रक्तजन्य अर्बुद कहते हैं। अर्बुदका लक्षण पहले लिखा जा चुका है। तालुके भीतर श्लेष्मा द्वारा मांस दूषित हो कर वेदनाहीन जो सूजन होती है, उसको मांससंघात कहते हैं। तालुदेशमें वेदनाहीन स्थायी और बेरकी तरहकी जो सूजन होती है, वह कफमेदजन्य पुप्पुटरोग है। वातपित्तके कारण तालुके सूख और फट जाने पर, तथा उससे तालुश्वास होने पर, उसे तालुशोष कहते हैं। पित्तके द्वारा तालुका पक जाना यह तालुपाकका लक्षण है।

तालुपात (सं० पु०) एक रोग जो छोटे बच्चोंके तालुमें होता है।

तालुपीड़क (सं० पु०) तालुपात रोग।

तालुपुप्पुट (सं० पु०) तालुगत रोगभेद, तालुमें होनेवाला एक रोग।

तालुयन्त्र (सं० क्ली०) बारह अंगुलीका एक यन्त्र जो मछलीके तालुसा होता है। तालयन्त्र देखो।

तालुर—तालूर देखो।

तालुविद्रधि (सं० पु०) तालुगत शोथविशेष। त्रिदोषके कारण तालुमें दाहरोग मिल जानेसे यह रोग उत्पन्न होता है।

तालुविशोषण (सं० स्त्री०) तालुका सूख जाना।

तालुशोष (सं० पु०) सुश्रुतोक्त तालुगत रोगभेद, एक रोग जिसमें तालू सूख जाता है और उसमें फटकर घावसे हो जाते हैं।

तालू (हिं० पु०) १ तालु देखो। २ खोपड़ीके नीचेका भाग, दिमाग। ३ घोड़ोंका एक ऐब।

तालूफाड़ (हिं० पु०) हाथियोंका एक रोग। इसमें हाथीके तालुमें घाव हो जाता है।

तालूर (सं० पु०) तालवति तल-णिच् बाहुलकात् ऊर। आवर्त, जलका भंवर।

तालूषक (सं० क्ली०) तलका उपक। तालू।

तालेवर (हिं० वि०) धनाढ्य, धनी।

तालेश्वर नदी—अशोर जिलेकी एक नदी। यह नरेन्द्रपुरके निकट अठारा-बांकाकी शाखा नदी चितासे निकल है और तालेश्वर ग्रामके निकट भैरव नदीमें मिली है। इसकी लम्बाई लगभग ५ मील होगी। वर्षाऋतुमें इसकी चौड़ाई करीब ५० गजकी हो जाती है। छोटी छोटी नावें इसमें सब दिन आती जाती हैं।

ताल्प (सं० वि०) तल्पके संबंध।

ताल्लुक (हिं० पु०) तअल्लुक देखो।

ताल्वर्बुद (सं० पु०) रोगविशेष, एक रोग। इसके होनेसे तालूमें एक कमलके आकारका बड़ासा अर्बुद या गांठ सा निकल आता है। इसमें बहुत पीड़ा होती है।

ताव (हिं० पु०) १ वह गरमी जो किसी वस्तुको तपाने या पकानेके लिये पहुँचाया जाय। २ अधिकारयुक्त क्रोधका आवेश, घमण्ड लिए हुए गुस्सेकी झोंक। ३ अहङ्कारका आवेश। ४ तत्काल होनेकी आवश्यकता। ५ कागजका एक तख्ता।

तावक (सं० वि०) तव इदं युष्मद्-अण्, एकवचने तव कादेशः। त्वत् सम्बन्धीय, तेरा, तुम्हारा।

तावकीन (सं० वि०) तव इदं युष्मद् खञ्। युष्मदस्मदोरन्यतरस्यां खञ् च। पा ४।३।१। एकवचने तवकादेश। त्वदीय, तुम्हारा।

तावत् (अव्य० तत्परिमाणमस्य तत् डावतु। १ साकल्य। २ अवधि। ३ मान। ४ अवधारण, निश्चय। ५ प्रशंसा। ६ पक्षान्तर। ७ संभ्रम। ८ अधिकार। ९ तदा, तब तक। १० वाक्यालङ्कार। (त्रि०) तत्परिमाणमस्य तद् वतुप्। ११ परिमाणविशिष्ट, उतने परिमाणका।

तावत् शब्द क्रियाका विशेषण होनेसे यह क्लीबलिङ्ग होता है।

तावतिक (सं० वि०) तावता क्रीतः संख्यायाः कन्। उतनी कीमतमें खरीदा हुआ।

तावत्कृत्वस् (सं० वि०) तावत्कृत्व इति तावत्सु क्रियाभ्यावृत्तिगणने कृत्वसुच्। उतना संख्या, उतना अंक।

तावतिक (सं॰ त्रि॰) तावतं क्रीतं ठन्। वतोरिड् वा। पा ५।१।२३। उतनेमें खरीदा हुआ।

तावतिथ (सं॰ त्रि॰) तावतो पूरणः डट्, वा "वतो-रिथुक्" इति सूत्रेण इथुक्। तावत्का पूरण।

तावन्मात्र (सं॰ त्रि॰) तावदेव तावत्-मात्रच्। (प्रमाणे द्वयसज्दघ्नञ्मात्रचः बहुलं। पा ५।२।३७) उतना ही परि-माण, उतनेका।

तावबन्द (हिं॰ पु॰) एक प्रकारकी औषध जिसके प्रयोग-से चांदीका खोटापन तपाने पर भी प्रकाश न हो।

तावभाव (हिं॰ पु॰) परिस्थिति, मौका।

तावर (सं॰ क्ली॰) धनुर्गुण, धनुषकी डोरी।

तावरी (हिं॰ स्त्री॰) १ जलन, ताप। २ धूप, घाम। ३ ज्वर, बुखार। ४ मूर्च्छा।

तावान (फा॰ पु॰) दण्ड, डांड़।

तावि—बम्बई प्रदेशके काठियावाड़का एक छोटा राज्य।

ताविष (सं॰ पु॰) तव्यते गम्यते सत्कर्मभिरत्र तव गौत्र-धातुः तव-टिषच्। तवेर्णिद्वा। उण् १।४८। १ स्वर्ग। २ समुद्र।

ताविषी (सं॰ स्त्री॰) तवति सौन्दर्य्यं गच्छति तव-टिषच् स्त्रियां ङीष्। १ देवकन्या। २ नदी। ३ पृथिवी।

तावीज (अ॰ पु॰) १ यन्त्र, मन्त्र या कवच। यह सोने, चांदी, तांबे आदिके चौकोर या आठ पहले संपुटके भीतर रख कर गलेमें या बांह पर पहना जाता है। इस-से रोग, दुःख या अपदेवताकी दृष्टि दूर होती है। पहले यूरोपमें भी तावीज पहननेकी प्रथा थी। डिउटेरोनमी के ११वें अध्यायके १८वें पदमें इस विषयका आभास पाया जाता है; उसमें लिखा है—"Therefore shall ye lay up these my words in your heart, in your soul and bind them for a sign upon your hand that they maybe as frontlets between your eyes" हिन्दुओंमें राजाग्नि और भयनिवारणके लिये, रोग शोक दुःख कष्ट हरण करनेके लिये और ग्रह-दोष शान्तिके लिये अनेक देवदेवी तथा ग्रहदेवताके कवच धारण करनेकी प्रथा प्रचलित है।

२ अलङ्कारविशेष। यह सोना या चांदीका बना कर हाथमें पहना जाता है।

ताषीष (सं॰ पु॰) ताविष पृषो॰ दीर्घः। १ स्वर्ग। २ समुद्र। ३ काञ्चन, सोना।

ताषीषी (सं॰ स्त्री॰) ताविषी पृषो॰ दीर्घः। १ चन्द्रकन्या। २ इन्द्रकन्या।

तासुरि (पु॰) शुभाशि।

ताश (हिं॰ पु॰) १ खेलनेके लिये मोटे कागजका चौखूंटा टुकड़ा जिस पर रंगोंकी बूटियां या तसवीरें बनी रहती है, खेलनेका पत्ता। (Playing card)

इसके एक जोड़ेमें बावन पत्ते होते हैं जो चार रंगोंमें विभक्त रहते हैं। रंगोंके नाम हुकुम, चिड़ी, पान और ईंट हैं। एक एक रंगके तेरह तेरह पत्ते होते हैं। इस प्रकार चारों रङ्गके पत्ते मिला कर बावन होते हैं। प्रत्येक रंगके तेरह पत्तोंमेंसे एकसे दश तक तो बूटियां होती हैं जिन्हें क्रमशः इक्का, दुक्की (या दुग्गी), तिक्की, चौकी, पञ्जी, छक्का, सत्ता, अट्ठा, नहला और दहला कहते हैं; शेष तीन पत्तियोंमें क्रमशः गुलाम, बीबी और बादशाहकी तसवीरें होती हैं।

इन बावन ताशोंको ले कर अनेक प्रकारके खेल खेले जाते हैं, जिनमें साधारण या रंगमार खेल सबसे प्रसिद्ध है। इस खेलमें विशेष कर दो दो मनुष्य खेलते हैं। खेलनेके समय पहले ताशको अच्छी तरह फेरफार कर पांच पांच ताश पहली बार बांटते हैं। इस खेलमें किसी रंगकी अधिक बूटियोंवाला पत्ता उसी रंगकी कम बूटियोंवाले पत्तेको मार सकता है। इसी प्रकार दहले-को गुलाम मार सकता है और गुलामको बीबी, बीबीको बादशाह और बादशाहको इक्का। रंगमारमें एक्का सबसे श्रेष्ठ माना जाता है और यह सब पत्तोंको मार सकता है। इसी प्रकार रंगसे मार कर जब हाथके पांचों ताश खर्च हो जाते हैं, तब फिर पांच पांच ताश बांट लेते हैं। इसी क्रमसे बावनों ताशके बंट जाने पर खेलनेवाले अपने अपने जीते हुए ताशोंको उठा कर रंग लगाते हैं। अब खेल फिर पहले जैसा शुरू होता है। अन्तमें जिसके पास अधिक ताशके पत्ते आ जाते हैं, उसीकी जीत समझी जाती है। 'कोर्टकीस' नामक एक दूसरा खेल है। इसमें चार मनुष्य एक साथ खेलते हैं। दो दो मनुष्य-का जोड़ा या गोइयां होता है। दाहिनी ओरसे चार

चार ताश पहलेसे चार बाँटे जाते हैं। पहले जिसको ताशके पत्ते दिये जाते हैं, वह उन्हें ले कर जिस रंगके पत्तोंको बलवान् या अधिक देखता है, वही रंग बोलता है। सब पत्तोंके बट जाने पर वे पहले रंगमार जैसा खेल खेलते हैं। लेकिन खेलते समय दूसरेके पास उस रंगका पत्ता न रहे तो रंगसे मार सकता है। 'रंग'की दुक्की 'बदरंग'के एक्काको भी मार सकती है। इस प्रकार जब हाथके सब पत्ते खतम हो जाते हैं, तब जिसके पास जीते हुए ताशके अधिक पत्ते रहते हैं, वही जीतता है। 'गिस' नामका एक तीसरा खेल है। यह भी 'कोर्ट-पीस' की तरह खेला जाता है। फर्क इतना ही है, कि 'कोर्टपीस'में चार मनुष्य खेलते हैं, लेकिन इसमें छः। तीन तीन आदमीका जोड़ा या गोइयाँ होता है। इसमें चारों रंगकी दुक्की अलग रख दी जाती है। शेष अड़तालीस ताश छहोंके बीच आठ आठ करके बाँट देते हैं। इसमें 'हाथ' बोलनेके लिये कहा जाता है अर्थात् जितनी बार वह स्वयं या अपने जोड़से ताश काट सकता है। पाँचसे ले कर सात हाथ बोल सकते हैं। जब हाथमें ऐसे ऐसे पत्ते आ जाँय कि उससे लगातार आठ बार काट सके, दूसरा एक बार भी काट न सके, तब ऐसी हालतमें 'गिस' बोला जाता है। जहाँ खेलनेवालोंको जब बराबर बराबर ताशके पत्ते मिल जाते हैं, तब वे क्रमसे 'हाथ' बोलते हैं; कोई पाँच, कोई छः और कोई सात। जो जिस तरहका अपना ताश देखता है, बोल उठता है। जिसकी संख्या अधिक रहती है, पहले वही 'रंग' बोलता है। बाद 'रंगमार' जैसा खेल शुरू होता है। जो जितना हाथ बोलता है, उतना जीत लेने पर उस अङ्कको कागज पर लिख लेता है अथवा उसकी याददाश्त रखी जाती है। अगर वह उतना हाथ न जीत सका तो उसे 'पेनेल्टी' लगती है अर्थात् उसके विरुद्ध पक्षका उससे दूना हाथ होता है। इसी प्रकार खेलते खेलते जिसके बावन हाथ पहले होते हैं, उसीकी जीत होती है; तब एक गिस कहलाता है। यदि हाथ बोलते समय 'गिस' कहा जाय और जीत न सके, तो दूसरेका दो 'गिस' होना साबित होता है। ताश खेलते समय खिलाड़ीको अपने ताश इस तरह छिपाये रखना चाहिये कि दूसरा कोई उसके ताशको देख न सके। ऐसा नहीं करनेसे उसकी पोल खुल जाती है और अपने जोड़की भी हार होती है।

'गुलाम चोर' नामका एक और खेल है। इस खेलका जैसा नाम है, वैसी इसकी करनी भी है। इसमें चार खिलाड़ी रहते हैं, उपर्युक्त खेलों जैसा जोड़ा नहीं रहता। सभी एक दूसरेके विरुद्ध रहते हैं। खेलके प्रारम्भमें बावन पत्तोंमेंसे किसी एक पत्तेको चुरा रखते हैं। पीछे सब पत्ते आपसमें बाँटे जाते हैं। बाद प्रत्येक खिलाड़ी अपने पासके पत्तोंका जोड़ा लगा कर अर्थात् चिड़ीको दुक्कीके साथ पानकी दुक्की, तिक्कीके साथ तिक्की इत्यादि इसी प्रकार पानके साथ ईंटकी बूटियोंके संख्यानुसार पत्तोंका जोड़ा लगा कर अलग रखते हैं। अब बचे हुए पत्तोंको वे अपने अपने सामने इस तरह पकड़े रहते हैं कि कोई दूसरा उसे देख न सके। बाद एक खिलाड़ी दूसरेके हाथसे पत्ता खींच कर, अगर उसके पास उसका जोड़ा रहता है, तो उसीके साथ मिला कर अलग रख देता है, या नहीं तो अपने हाथके पत्तोंमें ही उसे उलट पुलट कर दूसरेको खींचने कहता है। इस प्रकार खेलते खेलते सब पत्तोंका जोड़ा लग जाता है, केवल एक ही पत्ता जिसका जोड़ा चुरा कर रखा गया है, बच जाता है। जिसके हाथमें वह पत्ता रह जाता है, वह चोर समझा जाता है। इसीको 'गुलाम चोर' कहते हैं। इसके सिवा और भी ताशके कई खेल हैं जिनका विस्तारके भयसे उल्लेख नहीं किया गया।

ताशका खेल पहले पहल किस देशमें निकला, इसका ठीक पता नहीं है। कोई मिस्र देशको, कोई बाबिलोनियाको, कोई अरबको और कोई भारतवर्षको इसका आदि स्थान बतलाते हैं। फिर बहुतोंका कहना है कि फ्रान्सके राजा ६ठे चार्ल्स वायुरोगग्रस्त थे। उन्हींके जी बहलानेके लिये ताशके खेलकी सृष्टि हुई। शेक्सपियरमें ताशके खेलका उल्लेख है। अभी जो 'ग्रेट मुगल' मार्काका ताश मिलता है, वह पहले पहल यूरोपसे इस देशमें लाया गया था। साहब, बीबी, गुलामकी तसवीरोंसे भारतवासीको इतना सुख न देख कर, उसके बदले तरह तरहकी देवदेवियोंकी तसवीरें दी गई हैं। फिलहाल पैरिसमें जो 'कदम्बेमो' नामका

ताश आता है, उसमें कृष्णलीलाको ही अधिक तसवीरें हैं।

इस खेलकी उत्पत्ति किस देशमें और किस समयमें हुई, इसका पता हमलोगोंको इसीसे लग जायगा, कि विलायतमें रायेल एशियाटिक सोसाइटी नामकी एक लाइब्रेरी है जहां हजार वर्ष पहलेका एक जोड़ा ताश मिलता है। किन्तु यह ताश एक हजार वर्ष पहलेका है, इसका कोई प्रमाण नहीं मिलता। भारतवर्षके जिस ब्राह्मणसे यह ताश खरीदा गया था, उसने कहा था, कि यह हजार वर्ष पहलेका है।

सर विलियम जोन्स लिख गये हैं, कि भारतवर्षमें चतुराजी नामक एक खेल बहुत दिनोंसे प्रचलित है। आईन-इ-अकबरीमें अबुलफजलने कहा है,—"प्राचीन ऋषियोंने स्थिर किया था, कि ताशके कुल बारह रंग हों, और बरह रंगोंके बारह बारह ताश हों; पर वे प्रत्येक रंगके भिन्न भिन्न बारह राजा नहीं मानते थे।"

अकबरके समयमें भारतवर्षमें जो ताश प्रचलित थे, उनके रंगोंके नाम भिन्न थे; जैसे, (१) अश्वपति—यह सबसे प्रधान रंग था। ताशके ऊपर दिल्लीके बादशाह अकबरकी तसवीर घोड़े पर बनी रहती थी। उनके हाथमें छत्र और पताका शोभित थी। बाद दहलासे ले कर एक्का तकके पत्ते घोड़ेकी तसवीर पर चित्रित थे। (२) गजपति-इसमें ताशके पहले पत्ते पर उड़ीसाके राजाकी तसवीर हाथी पर बनी होती थी। उनके वजीरको तसवीर भी उसी तरह थी। बूटियोंवाले ताश हाथी पर छपे रहते थे। (३) नरपति—इसमें बीजापुरके राजा सिंहासन पर बैठे थे, पास ही उनके वजीरकी भी तसवीर थी, और सब ताश पदाति सैन्यके चित्रोंसे चित्रित रहते थे। (४) गढ़पति-गढ़के ऊपर सिंहासन पर बैठे हुए राजाकी तसवीर और गढ़के ऊपर वजीरकी तसवीर रहती थी। (५) धनपति—राज सिंहासन पर बैठे हैं, सामने धनराशि है और बगलमें वजीर बैठ कर राजकोषका हिसाब कर रहे हैं; शेष पत्तों पर सोने और चांदीसे भरे हुए घड़ोंकी तसवीरें रहती थीं। (६) दलपति—वर्माहतके राजा सिंहासन पर बैठे हुए हैं और चारों ओरसे वहांके लोग उन्हें घेरे हैं। शेष ताशमें सिर्फ वर्माहतके पुरुषोंके ही चित्र थे। (७) नौपति—राजा जहाजके ऊपर सिंहासन पर बैठे हैं और चौकी पर वजीर। फुटकर ताशोंमें नावकी तसवीरें रहती थीं। (८) स्त्रीपति-प्रथम ताशमें सिंहासनके ऊपर रानी और दूसरेमें वजीरकी स्त्री चौकी पर बैठी रहती थीं। दूसरे दूसरे ताशोंमें भी स्त्रीकी तसवीरें थी। (९) देवपति—पहले ताशमें इन्द्र सिंहासनके ऊपर और दूसरेमें उनके मन्त्री चौकी पर बैठे रहते थे। शेष ताश देवताओंकी तसवीरोंसे चित्रित रहते थे। (१० असुरपति-दाऊदके पुत्र सुलेमान सिंहासन पर और वजीर चौकी पर बैठे रहते थे; और सब ताशोंमें दैत्योंकी तसवीरें रहती थीं। (११) वनपति—पहले ताशमें पशुराज सिंहका और दूसरेमें चीताका चित्र और शेष दश ताशोंमें जङ्गली पशुओंकी प्रतिमूर्ति रहती थी। (१२) अहिपति—मकरके ऊपर सर्पराज और सर्पके ऊपर वजीर बैठा रहते थे। दूसरे दूसरे ताशोंमें सर्पोंके चित्र रहते थे।

प्रथम छः रंगोंके ताशोंको "बिशबर" अर्थात् बिशबल या "अधिकबल" और शेष छःको "कमबर" अर्थात् कमबल या "अल्पबल" कहते थे।

बादशाह अकबरने ताशोंमें और भी कई प्रकारके परिवर्त्तन किये थे, जैसे—धनपति धनदान कर रहे हैं, वजीर भण्डारकी खबर ले रहे हैं। शेष दश ताशोंमें राजकोषमें नियुक्त प्रतिमूर्तियां थीं यथा—जौहरी, धातु गलानेवाला, अथवा मुहर आदि आटनेवाला, वजन करनेवाला, छाप देनेवाला, मुहर गिननेवाला, 'सान' नामक मुद्रा गिननेवाला, पोद्दार तथा धातु पीटनेवाला रहता था। एक और प्रकारके ताशमें बादशाह अकबरने भूमिदाता राजाओंकी तसवीरें दी हैं। उनके सामने फरमान, दानपत्र, दफ्तरके कागजात रखे हुए हैं; नीचे वजीर बैठे हैं और सामने दफ्तर है। अन्यान्य पुत्ता ताशोंमें राजस्व सम्बन्धीय कर्मचारियोंके चित्र हैं, यथा—कागजी, कागज पर रूल खींचनेवाला, दफ्तरके कागज पर लिखनेवाला, कागज पर सुनहरी रुपहरी काम करनेवाला, मकशा खींचनेवाला, सोनेके जल और मोम रंगसे रेखा खींचनेवाला, फरमान लिखनेवाला, खाता बांधनेवाला तथा रंगरेज। फिर एक प्रकारके ताशमें अकबर

बादशाहके शिल्पकारोंके ताशपत्तोंकी खूब भड़कीली तसवीरें दी हैं। ये रेशम और रेशमके कपड़ोंका निरीक्षण कर रहे हैं। दूसरे ताशोंमें भार ढोनेवाले मजदूरोंकी प्रतिमूर्त्तियां हैं। फिर एक प्रकारके ताशमें मंत्रीराज सिंहासन पर बैठ कर गाना सुन रहे हैं। वजीर गायक और वादकोंकी तदबीर कर रहे हैं। अवशिष्ट ताशोंमें गायक और वादकोंकी प्रतिमूर्त्तियां चित्रित हैं। और एक प्रकारका ताश है जिसमें रौप्यराज रौप्यमुद्रा निर्माण कर रहे हैं। वजीर टांकशाल तदारुक कर रहे हैं। अवशिष्ट ताशोंमें रौप्यमुद्रायन्त्रके कर्मचारियोंकी तसवीरें हैं। एक दूसरे प्रकारके ताशमें असिराज तलवार चला रहे हैं। वजीर आयुधागारका तदारुक कर रहे हैं। अन्य दश ताशोंमें आयुधागारके कर्मचारियोंकी प्रतिमूर्त्तियां चित्रित हैं। ताजपति—राजा राजचिह्न प्रदान कर रहे हैं, वजीरको घोड़ा दिया है, घोड़ेमें भी राजचिह्न है। फीलदारपति-राजा हाथी पर और वजीर बैलगाड़ी पर जा रहे हैं। अन्यान्य ताशोंमें कोई भृत्य तो बैठा हुआ है, कोई शराब पी रहा है, कोई गान कर रहा है और कोई देवताकी उपासनामें ही मस्त है। आईन-इ अकबरीमें लिखा है, कि बादशाह अकबर जिस ताशसे खेलते थे, उसमें बारह रंग थे और १४४ पत्ते रहते थे। अबुल फजलने इन सब ताशोंको भारतवर्षसे ही प्राप्त किया था। ये सब ताश यदि भारतवर्षके न होते, तो उनमें भारतीय नाम नहीं रहता। पहले हर एक रङ्गमें केवल बारह ही पत्ते होते थे। 'गुलाम' तो पाश्चात्य देशोंकी नई सृष्टि है। आजकल जो ताश खेले जाते हैं, वे यूरोपसे ही आते हैं।

दशावतार ताश देखो।

ताशा (अ॰ पु॰) एक प्रकारका बाजा जिस पर चमड़ा मढ़ा हुआ रहता है। इसे गलेमें लटका कर दो पतली लकड़ियोंसे बजाते हैं।

ताष्ट (सं॰ त्रि॰) त्वष्ट्-अण्। विश्वकर्माका बनाया हुआ।

तासन (हिं॰ पु॰) आतशबाजी गलेकी तरह रस्सी जिसे चक्र पर लपेटकर उसे नचाते हैं।

तासीर (अ॰ स्त्री॰) प्रभाव, गुण, असर।

तासुर (सं॰ पु॰) तस आयूमकात् उरच्। १ अश्वचपल, मनका वेग। तस्वीर्ट यत्। २ तस्करगमो।

तासुरी (सं॰ स्त्री॰) तासुर स्त्रियां ङीष्। चित्तका, मनकी चोरी।

तास्कर्य (सं॰ क्ली॰) तस्करस्य भावः तस्कर-ष्यञ्। तस्करता, चोरी।

तासान्द्र (सं॰ क्ली॰) सामभेद।

ताहम (फा॰ अव्य॰) तोभी, तिसपर भी, फिर भी।

ताहेरपुर—१ बङ्गालका एक विख्यात परगना। यह दिनाजपुर जिलेमें अवस्थित है। इसका परिमाण लगभग ७६२ वर्गमील है। यह परगना केवल एक जमींदारी है।

२ राजशाही जिलेके अन्तर्गत एक विख्यात जमींदारी। यहांके जमींदारने बङ्गदेशमें विशेष ख्याति प्राप्त की है और गवर्मेंटसे उन्हें उपाधि भी मिली है। जमींदार वारेन्द्र श्रेणीके भादुड़ीवंशीय ब्राह्मण हैं।

ति (सं॰ अव्य॰) इति वेदे। पृषो॰ साधुः। इति शब्दार्थ।

तिक (सं॰ पु॰) तिक्-क। ऋषि भेद, एक ऋषिका नाम।

तिककितवादि (सं॰ पु॰) पाणिनिका एक गण। तिककितव, वङ्गरभण्डीरथ, उपकलमक, फलकनरक, बकनख-गुदपरिणद्ध, उब्जककुभ, लम्बशाटकमुख, उरसलमटूट, कृष्णाजिनकृष्णसुन्दर, भटकमपिञ्जल और अग्निवेशदशेरुक ये शब्द तिककितवादिगण-भुक्त हैं।

तिकड़ी (हिं॰ स्त्री॰) १ वह जिसमें कड़ियां हों। २ तीन तीन रस्सियोंको एक साथ लेकर चारपाई आदिकी बुनावट।

तिकादि (सं॰ पु॰) पाणिनिका एक गण। अपत्य अर्थमें तिकादि शब्दके बाद फिञ् होता है। तिक, कितव, संज्ञा, बाला, शिखा, उरस्, शाट्य, सैन्धव, यमुन्द, रूप्य, ग्राम्य, नील, अमित्र, गोकक्ष, कुरु, देवरथ, तैतिल, औरस, कौरव्य, भौरिकि, मौलिकि, चौपत, चैटयत, शीकयत, क्षैतयत, ध्वाजवत्, चन्द्रमस, शुभ, गङ्गा, वरेण्य, सुयामन्, आरद्ध, वाह्यक, खल्य, वृष, लोमक, उदन्य और यज्ञ इन शब्दोंको लेकर तिकादिगण बना है।

तिकानी (हिं॰ स्त्री॰) एक प्रकारकी तिकोनी लकड़ी जो पहियेके बाहर धुरेके आगे पहियेको रोकनेके लिये लगी होती है।

तिकीय (सं॰ त्रि॰) तिक-छ । उत्करादिभ्यश्छः। पा ४।२।९०। तिकके सन्निहित देशादि, तिकके पासका देश।

तिकुरा (हिं॰ पु॰) फसलको तीन बराबर राशि, जिनमेंसे एक राशि जमींदार लेते हैं।

तिकोना (हिं॰ वि॰) १ त्रिकोणयुक्त, जिसमें तीन कोने हों। (पु॰) २ एक नमकीन पकवान।

तिकोनिया (हिं॰ वि॰) तिकोना देखो।

तिक्की (हिं॰ स्त्री॰) तीन बूटोंदार ताशका पत्ता।

तिक्त (सं॰ पु॰) तेजयति तिज बाहुलकात् कर्त्तरि क्त। १ रसभेद, छः रसोंमेंसे एक तीता रस। (स्त्री॰) २ पर्पटकौषधि, पित्तपापड़ा। ३ सुगन्ध। ४ कूटजवृक्ष। ५ वरुण वृक्ष। इन सब वृक्षोंमें तीता रस अधिक रहनेके कारण इनको गिनती तिक्तमेंकी गई हैं। (त्रि॰) तिक्त रसयुक्त, तीता रसवाला। ७ तिक्तरसवत्, तीतारसके समान।

इस रसके विषयमें सुश्रुतमें इस प्रकार लिखा है—आकाश, वायु, अग्नि, जल और भूमि इन पञ्चभूतोंमें उत्तरोत्तर एक एक करके बढ़ कर शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध ये पांच गुण उत्पन्न होते हैं। अतएव रस जलीय गुणसे निकला है। एक दूसरेसे संसर्ग रखता है, अनुकूल है और एक दूसरेसे मिल कर सब भूतोंके सब अंशोंमें मिला है। लेकिन वह उत्कृष्ट और अपकृष्टके भेदसे ग्रहण किया जाता है।

जलीय गुणसम्भूत वह रस तथा और सब भूतोंके साथ मिल कर निदग्ध हो जानेसे ६ प्रकारोंमें विभक्त हो जाता है। वे ही छः रस हैं, जिनके नाम क्रमशः मधुर, अम्ल, लवण, कटु, तिक्त और कषाय है। विशेष विवरण रसमें देखो। वायव्य और आकाश गुणके अधिक रहनेसे तिक्त रस उत्पन्न होता है। किसी किसी पण्डितका कहना है, कि जगत्का अग्निसोमीयत्व प्रयुक्त रस दो प्रकारका है—आग्नेय और सौम्य। मधुर, तिक्त और कषाय सौम्य हैं एवं कटु, अम्ल और लवण आग्नेय। कटु, तिक्त और कषाय लघु हैं। सौम्यका अर्थ शीतल है।

जिस रससे गलेमें ज्वाला, मुखमें वैरस्य, अन्नमें अरुचि और हर्ष हो, उसे तिक्त रस कहते हैं।

तिक्तरस छेदन, रुचि, दीप्ति और शोधनकर एवं कण्डु, कोष्ठ, तृष्णा, मूर्च्छा और ज्वरशान्तिकारक, स्तन्यशोधक एवं विष्ठा, मूत्र, क्लेद, मेद, वसा और पूयशोषणकर है। ऐसा गुणवि शिष्ट होने पर भी अधिक मात्रामें सेवन करनेसे शरीर स्पन्दरहित हो जाता, बोलनेकी शक्ति घट जाती, हाथ पावोंमें आक्षेप होता तथा शिरःशूल, भ्रम, तोद, भेद, छेद और मुखमें वैरस्य उत्पन्न होता है। अमलतास गुरुच, मजीठ कनेर, हल्दी, इन्द्रयव दारुहल्दी, वरुणवृक्ष, गोखरू, सप्तपर्ण, बृहती, भटकटैया, मूषिकपर्णी, निसोथ, घोषालता, कर्कोटक, कारवेल्लक (करेला), वार्त्ताकु, करीर, करवीर, मालती, शङ्खहुली, अपामार्ग, वचा, अशोक, कुटकी, जयन्ती, ब्राह्मी, पुनर्णवा, वृश्चिकाली और ज्योतिष्मती लता आदि तिक्त वर्गके अन्तर्गत हैं। इनमें पटोल और वार्त्ताकु उत्कृष्ट है। (सुश्रुत सूत्र॰ ४२ अ॰)

तिक्तक (सं॰ पु॰) तिक्तेन तिक्तरसेन कायति कै क वा तिक्त संज्ञायां कन्। १ पटोल, परवल। २ चिरतिक्त, चिरायता। ३ कृष्णखदिर, कालाखैर। ४ इङ्गुदीवृक्ष। ५ तिक्त र॰, तीता रस। ६ निम्बवृक्ष, नीमका पेड़। ७ कुटज वृक्ष, कुरैया। (त्रि॰) तिक्तरसयुक्त, जिसका रस तीता हो।

तिक्तकन्दिका (सं॰ स्त्री॰) तिक्तरसप्रधानः कन्दो मूलं सोऽस्त्यस्य तिक्तकन्द-कन्-टाप्, इत्वं। गन्धपत्रा, वनकचूर, वनाशट।

तिक्तका (सं॰ स्त्री॰) तिक्तेन रसेन कायति कै-क-टाप्। कटुतुम्बी, कड़ुआ कद्दू। इसके संस्कृत पर्याय-इक्ष्वाकु, कटुतुम्बी, तुम्बी और महाफला हैं। इसके गुण—शीतवीर्य, हृदयग्राही, तिक्तरस, कटुविपाक तथा पित्त, काश, विष, वायु और पित्तज्वरनाशक। (भावप्र॰) २ काकजङ्घा, चकसेनी। ३ करञ्जलता, कंजा। ४ क्षुपशाक।

तिक्तकाण्ड (सं॰ पु॰) भूनिम्ब, चिरायता।

तिक्तकाण्डेरुहा (सं॰ स्त्री॰) कटुका, कुटकी।

तिक्तकोषातकी (सं॰ स्त्री॰) तिक्तघोषा, कड़ई तरोई।

तिक्तगन्धा (सं॰ स्त्री॰) तिक्तः गन्धो यस्याः, बहुव्री॰। १ वराहक्रान्ता, वराहीकन्द। २ राजिका, सफेद सरसों।

तिक्तगन्धिका (सं० स्त्री०) तिक्तगन्धा देखो।

तिक्तगुञ्जा (सं० स्त्री०) गुञ्जेव तिक्ता राजदन्तादित्वात् पूर्वनिपातः। करञ्जभेद, करंजुवा। इसके पर्याय—कण्टकी, रमणा और विटपकण्टी।

तिक्तघृत (सं० क्ली०) सुश्रुतोक्त घृतभेद, सुश्रुतके अनुसार कई तिक्त औषधियोंके योगसे बना हुआ एक घृत। इसके प्रस्तुतप्रणाली—त्रिफला, पटोल, निम्ब, अडूसा, कटुकी, दुरालभा, त्रायमाणा और पर्पट प्रत्येकका दो दो पल जलमें डुबाते हैं। जब उनका चौथा भाग रह जाय तो नीचे उतार लेते हैं। त्रायमाणा, मूर्वा, इन्द्रयव, चन्दन, भूनिम्ब और पिप्पली प्रत्येकका आध तोला ले कर एक क्वाथमें ओटते हैं। उसी चूर्णके साथ प्रस्थ परिमित घृत पाक करना चाहिये। इससे कुष्ठ, विषमज्वर, गुल्म, अर्श, ग्रहणी, शोथ, पाण्डु, विसर्प और षण्ढता रोग जाते रहते हैं। (सुश्रुत चिकि० ९ अ०)

तिक्ततण्डुला (सं० स्त्री०) तिक्तस्तण्डुलोऽन्तः शस्यं यस्याः। पिप्पली, पीपर। इसके पर्याय—चपला, शौण्डी, वैदेही, मागधी, कणा, उपकुल्या, मगधी और कोल हैं। (शब्दरत्नमाला)

तिक्तता (सं० स्त्री०) तिक्तस्य भावः तिक्त-तल्-टाप्। तिक्तपन, तिताई।

तिक्ततुण्डी (सं० स्त्री०) तिक्ततुण्डी पृषोदरादित्वात् साधुः। कटुतुम्बीलता, कड़ुई तरोईकी लता।

तिक्ततुम्बी (सं० स्त्री०) तिक्ता तुम्बी। कड़ुवा कद्दू, तितलौकी।

तिक्तदुग्धा (सं० स्त्री०) तिक्तं दुग्धं निर्यासो यस्याः। १ क्षीरिणीवृक्ष, खिरनी। २ अजशृङ्गी, मेढ़ासिंगी।

तिक्तधातु (सं० पु०) तिक्तः तिक्तरसप्रधानो धातुः। पित्त।

तिक्तपत्र (सं० पु०) तिक्तानि पत्राणि यस्य। १ कर्कोटक, ककोड़ा, खेखसा। (त्रि०) २ तिक्तपत्रक वृक्षमात्र, वह पेड़ जिसके पत्ते कड़ुए हों। (क्ली०) ३ तिक्तं पत्रं। कड़ुई पत्ती।

तिक्तपर्णिका (सं० स्त्री०) गोरक्षकर्कटी, कचरी, पेंहटा।

तिक्तपर्णी (सं० स्त्री०) गोरक्षकर्कटी, कचरी।

तिक्तपर्वा (सं० स्त्री०) तिक्तं पर्व पर्वणि यस्याः, बहुव्री०। १ दूर्वा, दूब। २ हिलमोची, हुलहुल। ३ गुडूची, गुर्च, गिलोय। ४ यष्टिमधुका, जेठीमधु, मुलेठी।

तिक्तपुष्पा (सं० स्त्री०) तिक्तानि पुष्पाणि यस्याः। १ पाठा। (त्रि०) २ तिक्तपुष्पक वृक्षमात्र, वह पेड़ जिसमें कड़ुए फूल लगते हैं। (क्ली०) ३ तिक्त फूल, कड़ुआ फूल।

तिक्तफल (सं० पु०) तिक्तानि फलानि यस्य। १ कतक वृक्ष, रीठा। (त्रि०) २ तिक्तफलक वृक्षमात्र, वह पेड़ जिसमें कड़ुए फल लगते हैं। ३ तिक्त फल, कड़ुआ फल।

तिक्तफला (सं० स्त्री०) तिक्तानि फलानि यस्याः। १ यवतिक्ता लता, भटकटैया। २ वार्ताकी, कचरी। ३ खर्बुजा, खरबूजा।

तिक्तभद्रक (सं० पु०) तिक्तस्तिक्तरसप्रधानो भद्रकः स्वार्थे कन्। पटोल, परवल।

तिक्तमरिच (सं० पु०) तिक्तो मरिच इव। कतक वृक्ष, रीठा।

तिक्तयवा (सं० स्त्री०) तिक्तः यव इन्द्रयव रसोऽस्याम् अच्। १ शङ्खिनी। २ यवतिक्ता लता।

तिक्तरसा (सं० स्त्री०) तिक्तः रसो यस्याः। माचीशाक।

तिक्तरोहिणिका (सं० स्त्री०) तिक्तरोहिणी स्वार्थे कन्-टाप् पूर्वह्रस्वश्च। कटुका, कुटकी।

तिक्तरोहिणी (सं० स्त्री०) तिक्ता सती रोहति रुह-णिनि ङीप्। कटुका, कुटकी।

तिक्तला (सं० स्त्री०) शङ्खिनी।

तिक्तवर्ग (सं० पु०) तिक्तानां वर्गः, ६-तत्। तिक्तरसात्मक द्रव्य समूह।

तिक्तवल्ली (सं० स्त्री०) तिक्ता वल्ली। १ मूर्वालता, मुर्रा, मरोरफली। २ तिक्तलता मात्र, कड़ुई बेल।

तिक्तबीजा (सं० स्त्री०) तिक्तं बीजं यस्याः। कटुतुम्बी, कड़ुआ कद्दू, तितलौकी।

तिक्तशाक (सं० पु०) तिक्तः शाको यस्य। १ खदिरवृक्ष, खैरका पेड़। २ वरुणद्रुम, वरुणवृक्ष। ३ पत्रसुन्दर वृक्ष। (क्ली०) ४ एक प्रकारका कड़ुआ साग।

तिक्तशाकसद (सं० पु०) [illegible] वृक्ष।

तिक्तशाकद्रु (सं० पु०) वरुणवृक्ष।

तिक्तसार (सं० पु०) तिक्तः सारो निर्यासोऽस्य। १ खदिर, खैर। २ विटखदिर वृक्ष। (क्ली०) ३ दीर्घ रोहिषक तृण, रोहिस नामकी घास। ४ तिक्तसारक वृक्षमात्र, वह

पेड़ जिसका रस तीता हो। ४ तिक्तभार, कड़ुआ रस।

तिक्ता (सं॰ स्त्री॰) तिक्तस्तिक्तरसोऽस्त्यस्याः अच् ततटाप्। १ कटुरोहिणी कुटकी। पर्याय—कट्वी, कटुका, तिक्ता, कृष्णभेदा, कटुम्भरा, अशोका, मत्स्यशकला, चक्राङ्गी, शकुन्मादनी, मत्स्यपित्ता, काण्डरुहा, रोहिणी और कटुरोहिणी है। २ पाठा। ३ यवतिक्ता मता। ४ षड्भुजा, खरमूला। ५ छिक्कनी, नकछिकनी। ६ लता कस्तूरी।

तिक्ताख्या (सं॰ स्त्री॰) तिक्तेति आख्या यस्याः। कटुतुम्बी। कड़ुआ कद्दू, तितलौकी।

तिक्ताङ्गा (सं॰ स्त्री॰) तिक्तं अङ्गं यस्याः। पातालगरुड़ीलता, छिरेंटा।

तिक्तामृता (सं॰ स्त्री॰) लताभेद, एक प्रकारकी बेल। (Menispermum glabrum)

तिक्ताह्वया (सं॰ स्त्री॰) तिक्तेति आह्वयो यस्याः। कटुतुम्बी, तितलौकी।

तिक्तिका (सं॰ स्त्री॰) तिक्त स्वार्थे कन् टाप् अतइत्वं। १ कटुतुम्बी, तितलौकी। २ काकमाची। ३ कटुका, कुटकी।

तिक्तिरी—आर्य लोगोंका एक प्राचीन तुनती वाद्ययन्त्र। यह देखनेमें बहुत कुछ यूरोपीय बगपाइप (Bagpipe) यन्त्रकी तरह था; आजकल तुमड़ीके नामसे प्रख्यात है। आहितुण्डिक लोग इसका व्यवहार करते हैं। इसका दूसरा नाम पुंगी है। इस यन्त्रके निम्नभागमें छिद्रयुक्त दो नल परस्पर बराबर संयुक्त रहते हैं और ऊपरके भागमें एक कड़ुये कटुतुम्बी संयोजित रहती है। यही वायुकोष है, इसका ऊपरी भाग नलाकार और कुछ वक्र रहता है। इसीमें एक छिद्र रहता है। तिक्ततुम्बी होनेके कारण इसका नाम तिक्तिरी हो गया है।

यूरोपीय संगीतइतिहासके लेखक हिल साहबने Travels in Siberia साइबेरिया-भ्रमण नामक ग्रन्थमें तित्ति (Titty) नामसे इसका उल्लेख किया है और यूरोपके Bag-pipe के साथ तुलना की है। किन्तु आधुनिक तिक्तिरी और बग-पाइपमें यही अन्तर है कि बगपाइपका वायुकोष चर्मनिर्मित होता है। प्राचीन कालमें ऋषिगण कभी कभी तिक्त कद्दूके अभावमें मृगचर्म द्वारा यह यन्त्र तयार करते थे, सुतरां आधुनिक बगपाइप उस समयकी तिक्तिरीके समान कहा जा सकता है। यह कभी कभी नाकसे बजाया जाता है इसीसे इसका दूसरा नाम नासाजंगी भी है। इसके एक नलमें एक उंगली अन्तर हो कर और दूसरेमें ५ छिद्र होते हैं। नलके मध्यमें नीचेके दो छिद्र मोम द्वारा बन्द रहते हैं, ये ऊपरवाले नलके दोनों तरफ होते हैं। दूसरी नलीके पांच छेदोंमेंसे दूसरा और चौथा खुला रहता है और तीन मोम द्वारा बन्द रहते हैं। प्रथम नलके सात सुर बजाये जाते हैं, दूसरा नल केवल सुर योगके लिये बजाया जाता है। यह हिमलयन्त्र प्रायः पृथ्वीके समस्त प्रधान देशोंमें अति प्राचीन कालसे व्यवहारमें लाया जाता है। कोइम्बटूर सोनेरट (Coimbotour Sonnerat)के भोयजेज् ऐण्ड इण्डेस ओरियन्टल्स (Voyages and Indes Orientales) नामक ग्रन्थमें यह Tourte नामसे वर्णित है। हिल साहबने लिखा है कि उन्होंने यह यन्त्र मङ्गोलियाके सीमान्तमें देखा था। औस्ली साहब (Sir William Ously) पारस्यमें ऐसा एक यन्त्र देखा था; वहां यह "नेइ अम्बाना" (Nei Ambana) नामसे प्रसिद्ध है। मिस्रके प्राचीन "जुकारा" (Zouggarah) एवं आधुनिक "आर्गून" और जुम्मारा (Jummarah) यन्त्र इसी तरहका होता है। दो विभिन्न प्रकारके नल और बिना तुम्बीका 'धाम' नामक एक यन्त्र है, बाइबिलमें 'साम्फोनिया' नामके एक ऐसे ही यन्त्रका उल्लेख है, यही यन्त्र आधुनिक इटलीके "जामपोना" (Zampogna) और हिब्रूके 'माग्रेपा'की तरह है।

तिख (हिं॰ वि॰) जो तीन बार जोता गया हो।

तिखरा (हिं॰ वि॰) तिख देखो।

तिखाई (हिं॰ स्त्री॰) तीक्ष्णता, तीक्ष्णपन, तेजी।

तिखूंटा (हिं॰ वि॰) त्रिकोणयुक्त, जिसमें तीन कोने हों, तिकोना।

तिगना (हिं॰ क्रि॰) दृष्टि डालना, देखना।

तिगर—सिन्धु प्रदेशके अन्तर्गत शिकारपुर जिलेके मिहर उपविभागके अन्तर्गत एक तालुक। इसका भूपरिमाण ३०१ वर्गमील है।

तिगरिया—उड़ीसाके करद राज्योंमेंसे एक छोटा राज्य।

यह अक्षा० २०° २४' से २०° ३२' उ० और देशा० ८५° २६' से ८५° ३५' पू०में अवस्थित है। इसके उत्तरमें अँगुल राज्य, पूर्वमें आठगढ़ राज्य, पश्चिममें बड़म्बा राज्य और दक्षिणमें महानदी है। कटक राज्योंमें यह सबसे छोटा होने पर भी यहाँ बहुत मनुष्योंका वास है। भूपरिमाण ४६ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः २२९२५ है। हिन्दुओंकी संख्या सबसे अधिक है। यहाँ पार्वतीय और जङ्गला अंश छोड़ कर और सब जगह अच्छी फसल होती है। मोटा चावल, तमाकू, रुई, ईख और तेलहन सरसों आदि यहाँके प्रधान उत्पन्न द्रव्य हैं। प्रायः ४०० वर्ष पहले सुदर्शन नामक किसी उत्तर-भारतीय मनुष्यने जगन्नाथतीर्थसे लौटते समय यहाँ आ कर इस देशके असभ्य आदिम निवासियोंको भगा राज्य स्थापन किया। ये ही वर्तमान राजवंशके आदिपुरुष हैं। पहले यहाँ तीन गढ़ थे, उन्हीं तीन गढ़ोंसे इसका नाम तिगड़िया वा तिगिरिया हुआ है। महाराष्ट्रके अभ्युदयके समय इस राज्यके कई अंश पार्श्ववर्ती राजाओंने अधिकार कर लिये थे। इसमें कुल १०२ ग्राम लगते हैं। राज्यकी आय १८,०००) और राजस्व ८८२) रु० है। इसकी सैन्य संख्या १०० है। राज्यमें १२ स्कूल हैं। अबसे कुछ पहिले यहाँके राजा वनमाली क्षत्रियवर अम्बरसिंह महापात्र थे।

तिगित (सं० त्रि०) तिजित, चोखा, तेज।

तिगुना (हिं० वि०) तीन बार अधिक, तीन ...

तिगुणता (हिं० स्त्री०) तिगुना देखो।

तिग्म (सं० क्ली०) तेजयति उत्तेजयति ... कुलिशसिद्धिरक्षक। उप ... १ वज्र। २ ... १ पुरुमीढ़ पुत्र एक ... पु० ५०।७४) ... तिग्म नामसे प्रसिद्ध ... (त्रि०) तेज। ४ तीक्ष्णयुक्त ...

तिग्मकर (सं० पु०) ... यस्य। १ सूर्य। २ ... राजा। तिग्मः करः ... प्रकाश।

तिग्मकेतु (सं० पु०) ध्रु... वत्सरोंके वंशमें उत्पन्न एक ...

तिग्मजम्भ (सं० त्रि०) तीक्ष्णमुख, जिसका मुँह तेज हो।

तिग्मता (सं० स्त्री०) तिग्मस्य भावः तिग्म-तल् टाप्। तीक्ष्णता।

तिग्मतेजस् (सं० त्रि०) तिग्मं तेजः यस्य। तीक्ष्ण तेजयुक्त, अत्यन्त तेज।

तिग्मदीधिति (सं० पु०) तिग्मा दीधितिर्यस्य, बहुव्री०। तिग्मांशु, सूर्य।

तिग्मभृष्टि (सं० त्रि०) तिग्मा भृष्टिर्यस्य, बहुव्री०। तीक्ष्ण तेजयुक्त, अत्यन्त तेज।

तिग्ममन्यु (सं० त्रि०) तिग्मः मन्युर्यस्य। १ उत्कोपक, जिसे बहुत गुस्सा हो। (पु०) २ महादेव, शिव। (भारत १३।१७।४८)

तिग्मरश्मि (सं० पु०) तिग्मा रश्मयो यस्य। १ सूर्य। (त्रि०) २ प्रखररश्मिक, जिसकी किरण बहुत तेज हो। (स्त्री०) ३ प्रखर रश्मि, तेज किरण।

तिग्मरुच (सं० त्रि०) तिग्मा रुक् यस्य। तिग्मरुचि, तेज कान्ति।

तिग्मवत् (सं० त्रि०) तीक्ष्णयुक्त, अत्यन्त तेज।

तिग्मशृङ्ग (सं० त्रि०) तीक्ष्णशृङ्ग, तेज सींगोंवाला।

तिग्मशोचिस् (सं० त्रि०) तिग्मं शोचिः यस्य। तीक्ष्णज्वाल, तेज लपट, तेज आंच।

तिग्महेति (सं० त्रि०) तिग्मा तीक्ष्णा हेतयोऽस्त्राणि यस्य, बहुव्री०। तीक्ष्णास्त्र, तेज धारकी शिखा, तेज भी।

तिग्मांशु (सं०) तिग्माः अंशवो यस्य। १ सूर्य। (त्रि०) ... जिसकी किरण तेज हो। (स्त्री०) ... तेज प्रकाश। ... के पुत्र, एक राजकुमार। ... तिग्मं ... अंशु यस्य। ... दहन। ... आता है, ... का नाम।

तिजारत (अ० स्त्री०) वाणिज्य, व्यापार, रोजगार।

तिजारा—राजपूतानाके अन्तर्गत अलवार राज्यका एक शहर। यह अक्षा० २७°५६´ उ० और देशा० ७६°५१´ पू० अलवार नगरसे ३० मील उत्तर-पश्चिममें अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ७७८४ है। इस स्थानसे राजपूताना मालवा रेलवेका खैरताल स्टेशन बहुत समीप है। कहा जाता है, कि तेजपाल नामक यादों राजपूत इस शहरके प्रतिष्ठाता हैं। कृषिकार्य, वस्त्र बुनना तथा कागज प्रस्तुत करना यहांके अधिवासियोंकी प्रधान उपजीविका है। यह शहर मेवात राज्यकी प्राचीन राजधानी है। यहां म्युनिसिपलिटिका बन्दोबस्त है। शहरके दक्षिणमें भरतरी नामक प्रसिद्ध पठान-समाधि विद्यमान है, जो उत्तरी भारतवर्षके सभी समाधियोंसे बड़ी है। कहा जाता है, कि यहांके पूर्व शासनकर्त्ता सिकन्दर लोदीके भाई अलाउद्दीन आलमखांने इसे निर्माण किया है। यहां डाकघर स्कूल और अस्पताल है।

२ इसी राज्यके उत्तर-पूर्वमें अवस्थित एक तहसील। इसमें कुल १९८ ग्राम लगते हैं। यहांकी लोकसंख्या प्रायः ६६८२६ है, जिनमें एक तिहाई मियो हैं। मुगलोंके शासनकालमें यह स्थान आगरा प्रदेशका सरकार या जिला था। १७६२ ई०में यह तहसील जाटोंके प्रधान सूरजमलके अधीन आई। इसके बाद १७६५ ई०में सिख डकैतोंने इस तहसीलमें लूट-मार मचायी, तथा जाटोंको भगा कर इसे अपने अधिकारमें कर लिया, किन्तु १७८६ ई०में यह पुनः भरतपुरके जाटोंके अधिकारभुक्त हुआ। भरतपुरके प्रधान गवर्मेण्टके विरुद्ध हो जानेसे उनका राज्य छीन कर अलवारको अर्पण किया गया। १८२६ ई०में महाराज बख्तावरसिंहने इस तहसीलको बलवन्तसिंह पर सौंपा। बलवन्त सिंहने निःसन्तान अवस्थामें प्राणत्याग किया, बाद १८४५ ई०में यह अलवार राज्यमें मिला दिया गया।

तिजारी (हिं० स्त्री०) वह बुखार जो हर तीसरे दिन जाड़ा दे कर आता है।

तिजिन (सं० पु०) तिज-इनच्, किच। चन्द्रमा।

तिजिल (सं० पु०) तेजयति तीक्ष्णीकरोति, तिज-इलच्। तिजगुनादिभ्यः किन्। उण् १।५७। १ चन्द्रमा। २ राक्षस।

तिड़ी (हिं० स्त्री०) तीन बूटियोंका ताशका पत्ता।

तिण्टी (सं० स्त्री०) विद्युत्, बिजली।

तिण्डिवनम्—१ मन्द्राजके आरकट जिलेका उपविभाग। इसमें तिण्डिवनम्, तिरुवन्नमलय और विलुपुरम नामके तीन तालुक लगते हैं।

२ उक्त उपविभागका एक तालुक। यह अक्षा० १२° २´ से १२° २८´ उ० तथा देशा० ७९° १३´ से ८०° पू०के मध्य बङ्गालकी खाड़ीके किनारे अवस्थित है। भूपरिमाण ८१६ वर्गमील और लोकसंख्या लगभग ३१६०१८ है। इसमें एक शहर और ४७३ ग्राम लगते हैं।

३ उक्त तालुकका एक शहर। यह अक्षा० १२° १५´ उ० और देशा० ७९° ४०´ पू०में अवस्थित है। इसका शुद्ध नाम तिनत्रिणिवनम् है, जिसका अर्थ इमलीका जङ्गल होता है। यहां इमलीके बहुतसे वन देखनेमें आते हैं। लोकसंख्या प्रायः ११२०३ है।

तितउ (सं० पु०) तन्यते अनेन तनोति वा तन-डउ। तनोतेर्डउः सन्वच्च। उण् ५।५२। १ चालनी, चलनी, छलनी। २ छत्र, छाता।

तितर बितर (हिं० वि०) जो एकत्र न हो, छितराया हुआ, बिखरा हुआ।

तितरोखो (हिं० स्त्री०) एक छोटी चिड़िया।

तितली (हिं० स्त्री०) १ एक उड़नेवाला सुन्दर कोड़ा या फतिंगा। यह कीड़ा बगीचोंमें फूलों पर बैठता हुआ दिखाई पड़ता है और फूलोंके पराग और रस आदि पी कर जीवन निर्वाह करता है। इसका विशेष विवरण प्रजापति शब्दमें देखो। २ गेहूं आदिके खेतोंमें होनेवाली एक प्रकारकी घास। यह हाथ सवा हाथ तक बढ़ती है। इसकी पत्तियां बहुत पतली पतली होती हैं। पत्तियां और बीज दवाके काममें आते हैं।

तितलौआ (हिं० पु०) कड़ुआ कद्दू, तितलौकी।

तितारा (हिं० पु०) १ एक प्रकारका बाजा जो सितारसे मिलता जुलता है। २ फसलकी तीसरी बारकी सिंचाई। (वि०) ३ जिसमें तीन तार हों।

तितिंबा (फा० पु०) १ ढकोसला। २ शेष। ३ परिशिष्ट, उपसंहार।

तितिक्ष (सं० त्रि०) तित क्षाम्यं सन्-अच्-टाप्। १ शीतो-

…ष्णादि द्वन्द्वसहनशील, जो सरदी गरमी तमाम आपदें सह कर सकता हो। (पु०) २ महर्षि, एक ऋषिका नाम। तस्य गोत्रापत्यं गर्गादित्वात् यञ्। न लिपा, इसी लोपसे हुआ संज्ञा।

तितिक्षा (सं० स्त्री०) तितिक्ष-अ-टाप्। १ क्षमा, क्षान्ति। २ शीतोष्णादि द्वन्द्वसहन, सरदी गरमी आदि सहनेकी सामर्थ्य।

शीतोष्णादि सहनेका नाम तितिक्षा है। मुमुक्षुको पहले शम, दम और उपरति साधन कर पीछे तितिक्षाका साधन करना चाहिए। शम, दमको साधे बिना तितिक्षा साधी नहीं जा सकती।

अप्रतीकार पूर्वक चिन्ता और विलाप-रहित हो कर सब प्रकारके दुःखोंका सहना ही तितिक्षा है। जब तितिक्षा साधी जाती है, तब सुखसे हृदय न तो प्रफुल्लित होता और न दुःखसे म्लान ही होता है। तब सुख दुःख और शोक अन्तःकरणको किसी तरहसे क्षुब्ध नहीं कर सकता।

तितिक्षित (सं० त्रि०) तितिक्षा सञ्जाता अस्य तारकादित्वात् इतच्। क्षान्त, सहिष्णु।

तितिक्षु (सं० त्रि०) तितिक्ष-उ। सनाशंसभिक्ष उः। पा ३।२।१६८। १ क्षमाशील, क्षान्त, सहिष्णु। (पु०) २ पुरुवंशीय एक राजा। ये महामनाके पुत्र थे।

तितिभ (सं० पु०) तितीति शब्देन भाति भा-ड। इन्द्रगोपकीट, खद्योत, जुगनू।

तितिम्बा (अ० पु०) १ अवशिष्ट अंश, बचा हुआ भाग। २ परिशिष्ट, उपसंहार।

तितिर (सं० पु०-स्त्री०) तित्तिरि पृषोदरादित्वात् [illegible] तित्तिरि पक्षी, तीतर नामकी चिड़िया।

तितिल (सं० क्ली०) तिलमिव [illegible] नामक मिट्टीका बरतन। [illegible] २ [illegible] एक प्रकारका पकवान। ३ ज्योतिषमें [illegible] करणोंमेंसे एक।

तितीर्षा (सं० स्त्री०) १ तैरनेकी इच्छा। २ तरजानेकी इच्छा।

तितीर्षु (सं० त्रि०) १ जो तैरनेकी इच्छा करता हो। २ जो तरने या उद्धार पानेकी इच्छा करता हो।

तितुमीर—चौबीस-परगना जिलेके बादुड़िया थानाके अन्तर्गत हैदरपुर ग्राममें तितुमीरका घर था। इन्हींके निज भागमें इनका जन्म हुआ था। उस समय अंगरेजोंका प्रभुत्व बङ्गालमें उतना प्रबल न था। [illegible] उपद्रवसे लोग तङ्ग आ गये थे।

बचपनसे ही तितु अपने धर्मके प्रति श्रद्धावान् थे। अपने धर्म पर इनका जैसा अनुराग था, अपने [illegible] के ऊपर भी उतनी ही ममता थी।

१८२८ ई०में यह मक्का तीर्थको गये। वहाँ वाहाबि सम्प्रदायके नायक सैयद अहमदके साथ इनकी जान पहचान हो गई। उस सैयदसे दीक्षित हो तितु अपने देशको लौटा और अपने मतके प्रचार करनेके लिये इच्छुक हुआ। उस समय बङ्गालके मुसलमानोंका आचार व्यवहार प्रायः हिन्दुओंका था। इन्होंने मुसलमानोंको शिक्षा देनेकी चेष्टा की, देशके मुसलमानोंको अपने धर्ममें लानेके लिये इसने कोई कसर उठा न रखी। किन्तु सम्भ्रान्त मुसलमान कोई भी इनका मतानुवर्ती न हुआ। थोड़े से मात्र इनके उपदेश-वाक्यसे आकृष्ट हुए। इसने शिष्योंसे दाढ़ी बढ़ानेको कहा। इनका उपदेश था [illegible] अवलम्बी या पुत्रकन्याके विवाहमें नाच गान, सूद पर रुपये न लगावें, [illegible] कर धोती न [illegible] इत्यादि। धीरे धीरे लोग इसके उपदेशसे ऐसे हो गये कि रात दिन [illegible] अपना [illegible] इन्हींके पास बैठे रहते, [illegible] न देते थे। [illegible] राजाओं [illegible] लगे, तब उन्होंने इस बातकी घोषणा [illegible] कोई भी अपना कार्य नष्ट कर [illegible] की अवहेला करते हुए धर्मोपदेश नहीं सुनेगा, जो इस आज्ञाका उल्लङ्घन करेगा, वही उचित दण्ड पावेगा। राजाने सबोंको यह कह कर डरा दिया [illegible] दाढ़ी रखेगा उसे कर देना [illegible] को यह बात मालूम न पड़ने पर यह [illegible] और तितुने हिन्दुओंको [illegible] लगा। १८३१ ई०में इसने [illegible] पर लूट लिया और [illegible] बरबाद कर दी।

बाद इसने और दूसरे दूसरे देशों पर चढ़ाई करने की आज्ञा दी। कार्तिकी पूर्णिमाका दिन था, पूंड़ा नामक ग्राममें बड़ी धूमधामसे एक उत्सव होनेवाला था। तितुमीरका आगमन सुन कर सब कोई तितर बितर हो गये और डरसे जहां तहां जा छिपे। वहां पहुंच कर तितुमीरने एक गोहत्या कर डाली। यह देख पुजारीसे रहा न गया, उसने तुरंत देवीके हाथसे खड्ग ले कर हत्याकारी मुसलमानोंको खण्ड खण्ड कर दिया। पीछे बहुतोंसे घेरे जाने पर आप भी मारे गये। इस समय वहांके जमींदार तथा ग्रामवासी भी तितुमीर पर टूट पड़े। बचावका कोई रास्ता न देख तितुमीरने अपने बचे खुचे अनुचरोंको लौट आनेका हुक्म दे दिया। जाते समय इसने देव-मन्दिरमें गोमांस लटकवा दिया और दो ब्राह्मणोंके मुंहमें भी बलपूर्वक ठूंस दिया।

बारासातके ज्वाइण्ट मजिष्ट्रेटको यह बात मालूम होने पर उन्होंने वहांके दरोगाको तितुमीरके विरुद्ध भेजा। दरोगा जातिके ब्राह्मण थे। उन्होंने लगभग डेढ़ सौ बरकन्दाज और बहुतसे चौकीदारोंको साथ ले तितुमीर पर चढ़ाई कर दी। तितुमीरके पास भी ५००।६०० सौ हथियारबन्द थे। आखिर दोनोंमें मुठभेड़ हो ही गई। दरोगा साहब बहुतसे अनुचरोंके साथ मारे गये। इस जीत पर तितुका साहस और भी बढ़ गया। उसने अपनेको भारतका अद्वितीय अधीश्वर समझ कर तमाम घोषणा कर दी और सबको सूचना दे दी कि जो उसे आधिपत्य न मानेगा और तदनुसार कर न भेजेगा, उसका सिर धड़से अलग कर दिया जायगा। यहां तक कि उसने बांसका एक किला भी बना लिया था। उसी किलेके भीतर तितुके अनुचर लोग रहते थे और उनका दरबार भी उसी जगह लगता था।

इस समय इसकी तूती तमाममें बोलने लगी। लोग डरसे देश छोड़ कर भागने लगे। कुछ तो टाकीमें और कुछ गोबरडांगामें रहने लगे। किन्तु वहां भी उन्हें तनिक भी चैन न थी। गोबरडांगाके जमींदारने कलकत्तेसे दो सौ हबसी, दो तीन सौ लाठीबाज तथा कुछ हाथी तितुके विरुद्ध भेजे। फलतः तितु गोबरडांगामें अपना प्रभुत्व जमा न सका और बाध्य हो कर उसे लौटना पड़ा। बाद मोल्लाहाटी कोठीके मैनेजर डेविस साहबने भी इसमें जमींदारका साथ दिया। सबने मिल कर तितु पर चढ़ाई कर दी। दोनों पक्षके बहुतसे लोग लड़ाईमें मारे गये। कितनेने गोरचा गोविन्दपुरमें जा कर आश्रय लिया। तितुको जब मालूम पड़ा कि शत्रुके कितने ही लोग उक्त ग्राममें जा छिपे हैं, तब उसने वहां धावा मारा। दोनों पक्षमें इच्छामती नदीके किनारे घमसान युद्ध हुआ। तितुके अधिकांश लोग मारे गये और कुछ नदीमें डूब मरे। लोहूसे नदीका जल लाल हो गया, तितुमीर किसी प्रकार प्राण ले कर भागा। इस लड़ाईमें तितु इतना विपद्ग्रस्त हुआ था, कि उसे जीवित देख उसके अनुचर लोग उसे ईश्वरप्रेरित समझने लगे थे। इतना होने पर भी तितुके इने गिने अनुचरोंका साहस तनिक भी घटा न था।

उधर कदम्बगाछी थानाके दरोगाके मारे जाने पर वहांके ज्वाइण्ट मजिष्ट्रेट निश्चिन्त हो न बैठे थे। वे गवर्मेण्टको इस बातकी सूचना देकर उपयुक्त सैन्यदल संग्रह कर रहे थे। गवर्मेण्टने सोचा था, कि तितुके थोड़ेसे अस्त्र शस्त्र विहीन मनुष्योंके लिये अधिक सैन्यदलकी जरूरत नहीं। इसलिए उन्होंने पुनः कुछ चौकीदार, बरकन्दाज-कुछ अनियमित सेना और ४ गोरा असवारोही तितुके विरुद्ध भेजे। वे आकर तितुका बाल बांका भी न कर सके, बल्कि एक अङ्गरेज असवारोही और कुछ सिपाही मारे गए। इस समय तितुमीरका दल खूब बढ़ा चढ़ा था, तथा दिनोंदिन इसकी और भी पुष्टि होती जाती थी। जो कुछ हो, काल ही मनुष्यको उन्नत बनाता है और काल ही उसे गड्ढेमें गिराता है। तितुमीरकी भी यही हालत हुई। उसकी बादशाही सदा एक सी न रही, शीघ्र ही उसका दर्प चूर्ण हो गया और अन्तमें अधःपतनको प्राप्त हुआ।

१८३१ ई०की १८वीं नवम्बरके सवेरे लेफ्टेनेण्ट ष्टुआर्ड द्वारा परिचालित एक दल अङ्गरेजी सेना, एक दल देशीय पदातिक और कुछ गोलन्दाज सेना पूर्वप्रेरित सेनाके साथ मिल गई और सबोंने मिल कर तितुमीरके बांसके किलेको चारों ओरसे घेर लिया। विद्रोहियोंको धर्मोन्मत्तताने उन्हें इतना उन्मादित कर दिया था, कि

है अथवा भी भीत या विचलित न हो कर इस सुशिक्षित अङ्गरेजी सेनाके साथ भिड़ गये। पहले दिन उन्होंने जितनी भी अङ्गरेजी सेना नष्ट की थी उसके सेनापतिके सांढ़के सिरमें बांस गाड़ कर नदीतटवर्त्तीमें रख दिया था।

तितुमीरके बहुसंख्यक लोगोंको मार डालनेकी मैकटेविसको जरा भी इच्छा न थी। इस कारण उन्होंने तितुमीरको आत्मसमर्पण करनेके लिये कहला भेजा। किन्तु तितुमीरने उसके दूत हीको मार डाला। सेनापतिने विद्रोहियोंको डरानेके लिये खाली तोपकी आवाज की। इससे पहले ही बांसके किलेके चारों कोनों पर चार कमानें तैयार हो गयी थीं। अब इनसे खाली आवाज होता देख मुसलमानोंने समझा, कि यथार्थमें फकीर भी उनके सब गोले निगल रहे हैं, जिससे खाली आवाज मात्र निकलती है। इस पर वे सबके सब एक स्वरसे चिल्ला उठे, 'कम्पनीसे गोला खा डाला'। यह कहते हुए वे एकबारगी अङ्गरेजी सेना पर टूट पड़े। तब सेनापतिने लाचार हो कर गोला चलानेका हुक्म दिया। इसका फल यह हुआ, कि बांसका किला तहस नहस हो गया और तितुमीर तथा उसके कितने ही अनुचर उसी जगह मारे गये। बहुतसे अनुचर कैद कर लिये गये। बहुतसे जान ले कर भाग गये। किन्तु अङ्गरेजी सेनाने इन भागनेवालोंका पीछा कर पशुपक्षियोंकी तरह उनका शिकार किया। कोई तो पासवाले गांवके वनमें और कोई गांवके घरमें जा छिपे थे। अनुसन्धानकारी अङ्गरेजी सेनाने उन्हें उनके घरमें मार गिराया। इस प्रकार ४०१ भी विद्रोही लोगोंकी जीवनलीला समाप्त हुई।

तित्तिर (सं॰ पु॰) तित्ति इति शब्दं राति ददाति रा-क। १ तीतर नामका पक्षी। २ तित्तिरी नामकी घास।

तित्तिरि (सं॰ पु॰) तित्ति इति शब्दं रौति रु-डि। पक्षी भेद, तीतर चिड़िया। संस्कृत पर्याय—तैत्तिर-खाङ्गुलोदर, तित्तिर, कपिञ्जल, अनुमान, खरकोण, चित्रपक्ष, तितिर और समक्रोड़। इसके मांसके गुण—रुक्ष, लघु, वीर्यवर्द्धक, कषाय, मधुर, शीत और त्रिदोष नाशक। यह कृष्ण और गौरवर्णका होता है। काले तीतरको कृष्णतित्तिरि और चित्र विचित्र तित्तिरिको गौरतित्तिरि कहते हैं। कृष्णतीतर बलकारक, ग्राहक, वर्ण हितकर, त्रिदोष, श्वास, काश और ज्वरनाशक है। गौर तीतरमें इससे कुछ अधिक गुण हैं। (भावप्र॰)

२ यजुर्वेदकी एक शाखाका नाम। ३ ऋषिविशेष, एक ऋषिका नाम। ४ यास्क मुनिके एक शिष्य। इन्होंने तीतर पक्षी बन कर याज्ञवल्क्यके वमन किये हुए यजुर्वेदको चुगा था। भागवतमें इसका विवरण इस प्रकार लिखा है—यजुर्वेदके विभागकर्ता व्यासदेवके शिष्य वैशम्पायनके शिष्यों का नाम यजुः था, और ब्रह्महत्याजनित पापक्षय साधन करने तथा अपने गुरुके अनुष्ठेय व्रतका आचरण करनेसे उनका दूसरा नाम चरक पड़ा। उन व्रतचारियोंके साथ याज्ञवल्क्य नामक उनके एक दूसरे शिष्यने कहा, 'भगवन्! इन अल्पसार शिष्योंके आचरित व्रतसे आपका क्या होगा? मैं इससे सुदुस्तर व्रताचरण करके आपको पापसे विमुक्त करूंगा।' यह सुन कर उनके गुरु वैशम्पायन क्रोधसे अधीर हो उठे और बोले 'याज्ञवल्क्य! तुम मेरे शिष्य हो कर ब्राह्मणोंकी निन्दा करते हो; इसलिये तुमने जो कुछ मुझसे सीखा है उसे परित्याग कर दो और यहांसे दूर हो जाओ।' तब देवरातके पुत्र याज्ञवल्क्य पढ़े हुए यजुर्वेदको वमन कर वहांसे चले आये। इसके बाद मुनियोंने उस वान्त हुए यजुर्वेदको देखा और उन्हें पानेके लिए तीतर पक्षी बन कर उस यजुर्वेदको चुग लिया। तभीसे उस यजुर्वेद शाखाका नाम तैत्तिरीय हुआ है।

(भागवत॰ १२।६।६४-६८)

तित्तिरिक (सं॰ पु॰) तित्तिरि स्वार्थे कन्। तित्तिरि देखो।

तित्तिरीक (सं॰ क्ली॰) तित्तिरिः पक्षाद्दृश्य अस्य तित्तिरि-शाकुनकात् ठक्। एक प्रकारका अञ्जन जो तीतर पक्षीके पंखके जलानेसे तैयार किया जाता है।

तिथ (सं॰ पु॰) तेजयति तिज-थक्। (उणा॰ २।१४) १ अग्नि। २ काम, कामदेव। ३ काल। ४ प्रावृट, काल, वर्षाका समय।

तिथि (सं॰ पु॰-स्त्री॰) अतनोति अत-न्यासवसतौ अत-इथिन्। १ चन्द्र चन्द्रकलाओंकी क्रियारूप प्रतिपदा आदि तिथियां। २ अमावास्याके बाद पूर्णिमा तक और पूर्णिमाके बाद अमावास्या तककी चन्द्रमाकी कलाओंको तिथि कहते हैं। (तिथितत्त्व) जो काम विशेष

क्षीयमान वा वर्द्धमान चन्द्रकलाका विस्तार करता है, उस कालविशेषका नाम ही तिथि है। आधारस्वरूपा महामाया जो देवियोंकी देहधारिणी हो कर अवस्थित हैं तथा जो चन्द्रमण्डलके षोडशभाग परिमित चन्द्रकी देहधारिणी अमा और महाकला नामसे प्रसिद्ध नित्य और क्षयोदयरहित हैं, उनका नाम भी तिथि है। ऐसी तिथियां दो भागोंमें विभक्त हैं—शुक्ला और कृष्णा। अमावस्याके बाद प्रतिपदासे पूर्णिमा तक और पौर्णिमासीके बाद प्रतिपदासे अमावस्या तक, पन्द्रह पन्द्रह दिनोंका एक एक पक्ष होता है। इस प्रकार-भेदसे चन्द्रकी ह्रास-वृद्धि हुआ करती है। स्मार्त्त भट्टाचार्यने इस प्रकार लिखा है—"वृद्धिकरः शुक्लः कृष्णश्चन्द्रक्षयात्मकः" अर्थात् जिन पन्द्रह दिनोंमें चन्द्रकी वृद्धि होती है, उस पक्षको शुक्ल कहते हैं और जिन पन्द्रह दिनोंमें चन्द्रका ह्रास होता है, उसको कृष्णपक्ष कहते हैं। चान्द्रमासमें पहले शुक्लपक्ष और पीछे कृष्णपक्ष व्यवहृत होता है। सभी तिथियां प्रायः ६० दण्ड परिमित हैं। सूर्यमण्डलसे विनिःसृत हो कर चन्द्र जो त्रिंशद्भागात्मक राशिके द्वादश भाग तक गमन करता है, वही एक एक तिथि है, राशिका परिमाण १५० दण्ड है, सुतरां उसके ३० भागके १२ भागमें हो ६० दण्ड हुए, इस तरह ६० दण्ड ही एक एक तिथिका परिमाण है। जिसका नाम अमा है और जो क्षयोदयवर्जित, ध्रुव, षोड़शीकला है, वह काल ही समान्यतः तिथि है।

वृद्धिक्षययुक्त पञ्चदशकलारूप जो कालविभाग हैं, वेही पन्द्रह तिथियां हैं। वह्नि आदि पन्द्रह देवता उक्त पन्द्रह कलाओंको क्रमसे पान करते हैं। जैसे—वह्नि देवता प्रथम कलाको पान करते हैं, इसलिए उनका नाम प्रथम है एवं तद्युक्त कालविशेषका नाम ही प्रतिपद् है।

इसी प्रकार द्वितीया आदिके विषयमें समझना चाहिये। इस तरह कलाएं जब पीत होती हैं, तब कृष्णपक्ष होता है। और तदनुसार प्रथम कला, द्वितीय कला होती है एवं तद्युक्त काल ही प्रतिपदा द्वितीया इत्यादि कहलाता है। इस प्रकारसे जब समस्त कलाएं चन्द्रमण्डलको पूर्ण करती हैं, तब उस समयका नाम शुक्लपक्ष होता है।

चन्द्रकी प्रथम कलाको अग्नि, द्वितीय कलाको रवि, तृतीयको विश्वदेव, चतुर्थको सलिलाधिप, पञ्चमको वषट्कार, षष्ठको वासव, सप्तमको ऋषिमण्डल, अष्टमको अजैकपाद, नवमको यम, दशमको वायु, एकादशको उमा, द्वादशको पितृसकल, त्रयोदशको कुबेर, चतुर्दशको पशुपति और पञ्चदश कलाको प्रजापति पान करते हैं। समस्त कलाएं जब पीत हो जाती हैं, तब चन्द्रमण्डल बिलकुल दिखाई नहीं देता। जो षोड़श कलाएं सर्वदा जलमें प्रविष्ट होती हैं तथा अमामें सोम ओषधिको प्राप्त होती हैं तथा ओषधिगत और अम्बुगत होने पर उनको गो पान करती हैं, वह गोमभूत क्षीरसमूह अमृतस्वरूप है, द्विजाति द्वारा मन्त्रपूत हो कर यज्ञीय अग्निमें हुत होता है, उससे चन्द्रमा पुनः वृद्धिको प्राप्त होता है। इस तरह दिनों दिन वृद्धिप्राप्त हो कर पूर्णिमामें यह पूर्णताको प्राप्त करता है।

सिद्धान्तशिरोमणिके मतसे चन्द्र सूर्यसे विनिःसृत हो कर पूर्वको ओर गमन करता है।

अमावस्याके दिन शीघ्रगामी चन्द्र सूर्यमण्डलके अधःप्रदेशमें और मन्दगामी सूर्य चन्द्रमण्डलके ऊर्द्ध्व प्रदेशमें रहता है। सूर्यको सम्पूर्ण किरणें चन्द्रके उपरिभागमें पड़ती हैं, निम्न या पार्श्व किसी भी तरफसे नहीं निकल सकतीं। चन्द्रके उपरिभागमें पतित हो कर उसी तरह अवस्थित रहती हैं, इस तरह चन्द्र और सूर्यके गतिविशेषके कारण तथा सूर्यरश्मियोंसे सम्पूर्ण अभिभूत होनेके कारण चन्द्रमण्डल जरा भी दिखाई नहीं देता। पीछे चन्द्र शीघ्रगतिके द्वारा सूर्यसे विनिःसृत हो कर पूर्व दिशाको गमन करता है अर्थात् त्रिंशत्-अंश-युक्त राशिमें द्वादश अंश-द्वारा सूर्यका उल्लङ्घन कर गमन करता है। अतएव उस समय चन्द्रके पञ्चदश भागोंमेंसे प्रथम भाग दर्शनयोग्य होता है। सूर्यको किरणें उस प्रथम भागमेंसे निकलती हैं, इसीलिए चन्द्रको उस प्रथम कलाको सब देख नहीं पाते और उसी कलाको प्रथम कला कहते हैं। उक्त कलानिष्पत्ति परिमित कालको ही नाम तिथि है। द्वितीया आदिमें भी इसी तरह समझ लेना चाहिये।

चन्द्र और सूर्यको गतिके द्वारा जिस समय कालका

परिच्छेद होता है, उस समय चन्द्र और सूर्यके गति-विशेषका आश्रय करके तिथिका स्वरूप-निर्णय करना चाहिये। समग्र नक्षत्र बारह-राशियोंका भोग करते हैं, ३० अंशोंमें राशिका भाग होता है। सूर्यसे निकल कर चन्द्र जब तक त्रिंशत्-भागात्मक राशिके द्वादश भागमें गमन करता है, तब तक चन्द्रमा तिथि अर्थात् एकरस है। (विष्णुधर्मोत्तर) चन्द्र नित्य राशिचक्रके मध्य १३ अंश १० कला ३४ विकला ५२ अनुकला पश्चिम दिशासे पूर्व दिशाको गमन करता है। सूर्य प्रतिदिन पश्चिम दिशासे पूर्व दिशाको ५८ कला ८ विकला गमन किया करता है। इस तरहसे चन्द्र सूर्यसे दिन दिन १२ अंश ... कला ४७ विकला गमन करने पर एक एक तिथि ... है। यह मध्यगति द्वारा संघटित होता है। किन्तु ... सूर्यकी शीघ्रगति और मन्दगतिके अनुसार ... व्यतिक्रम भी हुआ करता है। स्फुटगणना द्वारा ... विद्वानोंने स्थिर किया है, कि चन्द्रके सूर्यसे ... हो कर ... अंश गमन करने पर एक एक तिथि होती है। ... ३६० अंश गमन करने पर प्रतिपद आदि और ... हुआ करती हैं। जब चन्द्रमें वृद्धि और क्षय ... तब उसे शुक्ल और कृष्णपक्ष कहते हैं। ... चन्द्र सूर्यसे ८० अंश पूर्वांशमें अवस्थित ... उस दिन अर्द्धचन्द्र दिखलाई ...

... सूर्यरश्मि द्वारा चन्द्रमें ... चन्द्रमण्डलके एक ओरका ... तक दीप्तिमान् और दूसरी तरफ ... रहता है। ... पीयूषपिण्डो ... शाभिरव कांति। ... स्थामलश्री: ... गतपस्य:॥" (ज्योतिष) ... और होते हैं, ये जो अंश ... होते हैं। इसके सिवा ... समान ... चन्द्रमा ... एक ... इनको भी समझें।

इस चन्द्रमण्डलके जिस अंशको देख रहे हैं, वह अंश जब सूर्य-किरण द्वारा सर्वांशमें प्रकाशित होता है, तब उसे पूर्णचन्द्र कहते हैं और उसी दिन पूर्णिमा तिथि होती है। इस प्रकार अंशकी ... अनुसार चन्द्रकलाकी क्षयवृद्धि होती है, इसलिये तिथि भी प्रतिपदा आदि नामोंसे पुकारी जाती है। अमावस्याके बाद शुक्ल-द्वितीयामें चन्द्र पश्चिमदिशामें उदित होता है तथा उस तिथिसे चन्द्रमण्डलका पश्चिमांश सूर्य-किरण द्वारा क्रमशः एक एक कला प्रतिदिन बढ़ता है और अन्तमें पूर्णिमाके दिन पूर्णचन्द्र हो कर प्रकाशित होता है। और जब कृष्णपक्ष प्रारम्भ होता है, तब प्रति दिन चन्द्रमण्डलके ... अंशसे एक एक कलाका ह्रास हो कर अमावस्याके दिन चन्द्र सम्पूर्णरूपसे अदृश्य हो जाता है।

शुक्लपक्षकी प्रतिपदासे ले कर पूर्णिमा तक चन्द्र क्रमशः सूर्यसे दूरगामी होता है, एवं तदनुसार चन्द्र-मण्डलका प्रदीप्त अंश पृथिवीके सम्मुखवर्ती हो कर प्रकाशित होता रहता है। कृष्णपक्षकी प्रतिपदासे ले कर पूर्णिमा तक चन्द्र अपने ह्रास या पथमें १८० अंश भ्रमण करता है; इतने समय तक चन्द्र सूर्यसे (पृथिवीके मध्य-स्थसे) पश्चिममें अवस्थित रहता है और कृष्णपक्षमें पूर्वकी ओर अवस्थित होता है। इस तरह चन्द्र जितना जितना सूर्यके पास पहुंचता जाता है, उतना ही प्रति-दिन ... एक एक कला घटती दिखलाई देती है। अन्तमें अमावस्याके दिन इसका समस्त प्रदीप्त अंश पृथिवीसे विपरीत दिशाकी ओर हो जाते हैं और ... अंश पृथिवीके सामने आ जाते हैं।

तिथियोंका स्वरूप :—जो प्रतिपदा तिथ्यन्तादिसे ... होती है, वही प्रतिपदा ग्राह्य है; ... द्वारा अर्थात् दो तिथियोंका ... नहीं है। केवल ... तिथि पूज्य है। ... होते है। ... परिमाणमें इसके भेद होते हैं। ... अमावस्यायुक्त होने पर ... है। ... उपवासके लिये ऐसी व्यवस्था नहीं ... उपवास करना हो तो ... काम करना चाहिये।

कार्तिकमासकी शुक्लपक्षीय प्रतिपदाके दिन बलिराजकी पूजा की जाती है। उक्त तिथिमें जो बलिराजकी पूजा करता है, उसे अनेकविध सुख होता है। पूजा करके रात्रि-जागरण करना पड़ता है। इस प्रतिपदाका नाम द्यूतप्रतिपद् है।

कार्तिकमासके प्रथम दिन अर्थात् शुक्लपक्षीय प्रतिपदाको हरगौरीने द्यूतक्रीड़ा की थी, इसलिए उक्त तिथिको द्यूतप्रतिपदा कहते हैं। इस क्रीड़ामें शङ्कर पराजित हुए थे और शङ्करीने विजय पाई थी, इसलिए शिव दुःखी और दुर्गा सुखी हुई थीं। वर्तमान समयमें भी उक्त दिवसमें लोग जूआ खेला करते हैं। उसमें राजाकी जय और पराजय होती है, सम्वत्सर उसको सुख और दुःख होता है। संवत्‌का फलाफल जाननेके लिए उक्त तिथिमें द्यूतक्रीड़ा विधेय है। उक्त तिथिमें यदि गङ्गास्नान और दान किया जाय, तो शतगुण पुण्य होता है।

"स्नानं दानं शतगुणं कार्त्तिकेऽस्यास्तिथौ भवेत्॥" (तिथित०)

यदि अग्रहायण मासकी कृष्णपक्षीय प्रतिपदा रोहिणी नक्षत्रयुक्त हो और उस समय यदि गङ्गास्नान किया जाय, तो शतसूर्यग्रहण कालीन गङ्गास्नानका फल प्राप्त हो। उक्त तिथिमें कुष्माण्ड-भक्षण, तैलमर्दन और क्षौरकर्म नहीं कराना चाहिये।

द्वितीया—जो द्वितीया प्रतिपद्युक्त हो, वह ग्राह्य है, यह नियम शुक्ल और कृष्ण दोनों पक्षोंके लिये है। किन्तु कोई कोई परयुक्तको ही ग्राह्य बतलाते हैं।

उपवास-तिथिमें जो तिथियां आती हैं, उनमें परयुक्त और पूर्वयुक्त इस प्रकार दो प्रभेद हैं, जैसे द्वितीया, एकादशी, अष्टमी, त्रयोदशी और अमावस्या, उपवासविधिमें परयुक्त ग्राह्य नहीं हैं। कृष्णपक्षीय तिथियोंके लिये उक्त नियम लागू है, शुक्लपक्षके लिए नहीं।

शुक्लपक्षीय एकादशी, अष्टमी, षष्ठी, द्वितीया, चतुर्दशी त्रयोदशी और अमावस्या, इनका उपवास शेषको पकड़ कर करें। (विष्णुरहस्य)

आषाढ़मासकी शुक्लपक्षीय पुष्यानक्षत्रयुक्त द्वितीयाको जगन्नाथदेवकी रथयात्रा हुआ करती है, इसलिए उस दिन यात्रा-महोत्सव और ब्राह्मण भोजन करावें। यदि नक्षत्रयुक्त न भी हो, तो भी उक्त तिथिके माहात्म्यके कारण उक्त कर्म करना उचित है। इससे भगवान्‌को अत्यन्त प्रीति होती है।

यमद्वितीया—कार्तिकमासकी शुक्लपक्षीय द्वितीयाको भ्रातृद्वितीया कहते हैं। इस दिन बहिनोंको भाइयोंकी पूजा करनी चाहिये।

यम-द्वितीयामें यम और यमुनाकी पूजा की जाती है। यत्नपूर्वक उस दिन बहनके हाथका भोजन करें, बहनका दिया हुआ दान प्रतिग्रह करें एवं बहनको दान देवें।

अपरपक्षके बादकी शुक्लद्वितीया, कोजागरके बादकी कृष्णद्वितीया, चैत्रकी और कार्तिककी पूर्णमासीके बादकी कृष्णद्वितीया, इन सबका तृतीयाके साथ युग्मादर है। अतः उक्त दिन अनध्यायके हैं।

यमद्वितीयाके दिन यात्रा नहीं करनी चाहिये, यात्रा करनेसे मृत्यु होती है। इस तिथिमें वृहती (बड़ी हड़) खाना मना है।

तृतीया—रम्भाव्रतके सिवा दैव और पैत्रकर्ममें चतुर्थीयुक्त तृतीया ग्राह्य है। ज्येष्ठमासकी शुक्लपक्षीय तृतीयामें रम्भाव्रत हुआ करता है। वैशाखमासकी शुक्लपक्षीय तृतीयामें कृत्तिका और रोहिणी नक्षत्र हों, तो विशेष फल होता है।

इस दिन स्नान और दानादि करनेसे उसका अक्षय फल होता है, इसीलिए उसका नाम अक्षय-तृतीया पड़ा है। उस दिन जलदान करनेसे महापुण्य होता है तथा विष्णुको चन्दनादि देनेसे विष्णुलोकमें वास होता है।

यह सत्ययुगकी प्रथम तिथि है। वैशाखकी शुक्लतृतीयामें भगवान्‌ने यवकी सृष्टि कर सत्ययुगकी सृष्टि की थी, इसलिये यवसे विष्णुकी अर्चना और होम करें एवं ब्राह्मणको यथाशक्ति भोजन करावें। उक्त तिथिमें गङ्गा ब्रह्मलोकसे पृथिवी पर उतरी थी, इसलिए शङ्कर, गङ्गा, हिमालय, कैलाश और सगर नृपतिकी पूजा करें। उस दिन जो श्रद्धासे गङ्गास्नान और तपहोमादि करता है, उसका अनन्तकाल पर्यन्त स्वर्गलाभ होता है। इस तृतीयामें युग्मादर नहीं है। तृतीया तिथिमें मांस और पटोल खानेका सर्वथा निषेध है।

चतुर्थी—चतुर्थी और पञ्चमी संयुक्त ग्राह्य होने पर एकादशी, अष्टमी, षष्ठी, अमावस्या और चतुर्थी, इनमें

ईसको एकत्र कर उपवास करना पड़ता है। किन्तु ब्रह्म-वैवर्त्तपुराणान्तर्गत गणेशखण्डमें शनैश्चरयुक्त चतुर्थी ग्राह्य है।

भौमवारमें चतुर्थी, रविवारमें सप्तमी और बुध-वारमें अष्टमी पड़ने पर ये तिथियां अक्षया होती हैं अर्थात् उस दिनमें स्नानदानादि करनेसे अक्षय निधिका फल होता है। त्रयोदशी, चतुर्थी, सप्तमी और चतुर्दशी इन तिथियोंमें अध्ययन न करना चाहिए। ईशा-दिके मतसे चतुर्थीका माहात्म्य प्रचुर है। भाद्रमासके कृष्ण और शुक्ल दोनों ही पक्षकी चतुर्थीका नाम नष्टचन्द्र है। इस चन्द्रमाका कभी दर्शन न करना चाहिये। अकस्मात् दर्शन हो जाने पर शान्तिकी व्यवस्था करनी पड़ती है। माघमासकी शुक्लपक्षीय चतुर्थीमें गौरीपूजा की जाती है उस दिन गुड़ खाना और ब्राह्मणोंको खिलाना विहित है।

पञ्चमी — जो पञ्चमी चतुर्थी और षष्ठीके योगसे युक्त हो, वही ग्राह्य है; पर युक्त ग्राह्य नहीं।

'चतुर्थीसंयुता कार्या पंचमी परया नतु' (हारीत)

पञ्चमीके सम्बन्ध कार्य चतुर्थी संयुक्त होने पर करें, पर युक्त ग्राह्य नहीं है। उपवासमें पञ्चमी पूर्वविद्ध ग्राह्य होनेसे, शुक्ल पक्षमें परविद्ध ग्राह्य है; यदि पञ्चमी पूर्व दिनके पूर्वाह्णमें चतुर्थीयुक्त हो और बादके दिन पूर्वाह्णमें षष्ठीयुक्त हो, तो पूर्वदिन उपवासादि दैव-कार्य करने चाहिये। पूर्वाह्णमें चतुर्थीयुक्त पञ्चमी यदि न हो और दूसरे दिन पूर्वाह्णके मुहूर्त्तके भीतर यदि कमसे कम पञ्चमी आ जाय, तो पूर्वाह्णके अनुरोधसे दूसरे दिन पूजा करनी चाहिये और उसी दिन पूजाके अङ्गस्वरूप उपवास करना चाहिये।

श्रावणमासकी कृष्णापञ्चमीको मानसपञ्चमी कहते हैं। उस दिन घरमें मनसादेवी और अष्टनागकी पूजा की जाती है। इस प्रकार प्रति पञ्चमी अर्थात् भाद्रमासकी कृष्णापञ्चमी तक पूजा करनी चाहिए। इससे सर्पभय निवारित होता है।

माघमासकी शुक्लपक्षीय पञ्चमीको वसन्तपञ्चमी कहते हैं। उस दिन लक्ष्मीकी पूजा की जाती है, इसके सिवा नव पल्लवोंसे शय्या और आम्रमञ्जरीसे वसन्त पूजा करके रतिकाम और कामदेवकी पूजा करनी चाहिये। पञ्चमीके दिन अध्ययन और लिखना न चाहिये तथा उस दिन ब्राह्मणोंको भोजन कराना चाहिये। इस तिथिमें तैल न लगाना चाहिये।

षष्ठी — सप्तमीयुक्त षष्ठी ही ग्रहण की जाती है। ज्येष्ठमासकी शुक्लषष्ठीको अरण्यषष्ठी कहते हैं। इस प्रकार सब स्त्रियां एक एक पंखा हाथमें ले कर वनमें षष्ठीकी पूजा करने जाती हैं। इसको "जमाईषष्ठी" भी कहते हैं।

भाद्रमासकी शुक्लषष्ठीको चपेटाषष्ठी कहते हैं। उस दिन स्नानादि करनेसे अक्षय फल होता है।

अगहन महीनेकी शुक्लषष्ठीको गुहषष्ठी कहते हैं, इसमें शिवाकी शान्ति की जाती है।

चैत्रमासकी शुक्लषष्ठीको स्कन्दषष्ठी कहते हैं, उस दिन कार्त्तिककी पूजा करनेसे इस जन्ममें सुख सौभाग्य और परलोकमें बैकुण्ठकी प्राप्ति होती है।

आश्विनमासकी शुक्लषष्ठीको बोधनषष्ठी कहते हैं।

कपालषष्ठी अर्थात् जन्माष्टमी, स्कन्दषष्ठी और शिव-रात्रि इनमें दिनको पहले ही कार्य करे। तिथिके अन्तमें पारणा करनी चाहिये।

सप्तमी — अष्टमीयुक्त सप्तमी युग्मादरके कारण ग्राह्य है। पञ्चमी, सप्तमी, दशमी, त्रयोदशी, प्रतिपद् और नवमी, ये तिथियां उपवासविधिमें पूर्वयुक्त अर्थात् विद्ध-व्याप्यादिनी, परयुक्त ग्राह्य हैं। किन्तु हरिवासरमें अर्थात् एकादशीमें योगको पकड़ना वर्जित है। उपवास-विधिके अनुसार अष्टमीयुक्त सप्तमीमें ही उपवास करना चाहिये, षष्ठीयुक्त होने पर नहीं। यदि शुक्लपक्ष सप्तमीमें रविवार पड़ जावे, तो उसका नाम विजयासप्तमी है, उस दिन स्नान, दान और सूर्यपूजा करनेसे अक्षय होता है।

भाद्रमासकी शुक्ला सप्तमीको ललितासप्तमी कहते हैं। इसमें कुक्कुटीव्रत किया जाता है। जो यह व्रत करता है, दूसरे जन्ममें उसके लिए पृथिवी पर कुछ दुष्प्राप्य नहीं रहता।

माघमासकी शुक्लसप्तमीको माकरी सप्तमी कहते हैं। इसको गुप्ताख्या भी कहते हैं। उस दिन अरुणोदयमें यदि गङ्गास्नान किया जाय, तो जन्मार्जित-

कालीन गङ्गास्नानका फल हो। माकरी सप्तमीको सप्तबदरोपत्र और सप्त अर्कपत्र मस्तक पर धारण करके स्नान करे। महानवमी, द्वादशी, भरणी नक्षत्रयुक्त दिन, अक्षय तृतीया और रथाख्य सप्तमी अर्थात् माघ मासकी सप्तमी इन दिनोंमें अध्ययन न करना चाहिये।

मन्वन्तरा तिथि—आश्विनकी शुक्ला नवमी, कार्तिककी द्वादशी, चैत्र और भाद्रकी शुक्लातृतीया, पौषकी एकादशी, फाल्गुनकी अमावस्या, आषाढ़की शुक्लासप्तमी, माघकी शुक्ला सप्तमी, श्रावणकी राधाष्टमी, आषाढ़की पूर्णिमा एवं कार्त्तिक, फाल्गुन, चैत्र और ज्यैष्ठकी पूर्णिमाको मन्वन्तरा कहते हैं। इन तिथियोंमें दानादि करनेसे महाफलकी प्राप्ति होती है।

अष्टमी—शुक्लपक्षकी अष्टमी नवमीयुक्त और कृष्णपक्षकी अष्टमी सप्तमीयुक्त होने पर भी ग्राह्य है। कृष्णपक्षकी अष्टमी और चतुर्दशी उपवासविधिके अनुसार पूर्व तिथियुक्त ही ग्राह्य है। परन्तु शुक्लपक्षके लिए परयुक्त ग्रहणीय है।

शनि और मङ्गलवारको यदि कृष्णपक्षीय अष्टमी और चतुर्दशी पड़े, तो यह अत्यन्त पुण्यजनक तिथि होती है। वृहस्पतिवारकी अष्टमी, सोमवारकी अमावस्या, रविवारकी सप्तमी और मङ्गलवारकी चतुर्थी इनमें जो लोग धर्म वा पाप कर्म करते हैं, वह ६० हजार वर्ष तक अक्षय रहता है।

जन्माष्टमी—भाद्रमासकी कृष्णाष्टमीके दिन सावर्णि मन्वन्तरीय प्रथम युगमें देवकीके गर्भसे श्रीकृष्णने जन्मग्रहण किया था। श्रावणमें हो चाहे भाद्रमें, रोहिणीयुक्त कृष्णाष्टमीको जयन्ती कहते हैं, जयन्ती-अष्टमीका ही अपर नाम जन्माष्टमी है। विवेचनापूर्वक देखा जाय तो इस जगह एक सन्देह हो सकता है, कि एक बार श्रावण मासमें और एक बार भाद्र मासमें जन्माष्टमी कही गई, इसका तात्पर्य क्या? तात्पर्य यह है, कि श्रावणके मुख्यचान्द्रमें और भाद्रके गौणचान्द्रमें कृष्णजन्माष्टमी होती है; इसी कारण श्रावण और भाद्र ये दोनों पद प्रयुक्त हुए हैं। किन्तु व्रतके लिए भाद्र मासका उल्लेख करना पड़ेगा। भाद्रमासकी कृष्णपक्षीय रोहिणीयुक्त अष्टमीमें कृष्णाष्टमी व्रत है और उसी दिन उपवास करनेका विधान है। जन्माष्टमी देखो।

दोनों दिन निशीथ सम्बन्ध होने वा न होने पर दूसरे दिन अंग्रेजी हिसाबसे अमावस्या आदि तिथि गणनाके नियम ५१०के पृष्ठमें लिखे जाते हैं।

प्रथम विधि—जिस सालके जिस महीनेके नीचे जो संख्या दी गई है, वह संख्या उस महीनेकी तिथिके लिए आवश्यक होगी. उस मासकी तारीखकी उक्त संख्याके साथ जोड़नेसे जो संख्या होगी, वही तिथिकी संख्या है।

प्रमाण—तालिकामें १८७१ सन्‌के जून मासके स्तम्भकी १३ संख्याको उस मासके दो तारीखसे जोड़ने पर १५ होता है, १२ तारीखको पूर्णिमा है। यदि ३० हो, तो उसे छोड़ देना पड़ेगा।

अमावस्याके दिननिरूपणकी विधि—ऊपरकी अनुक्रमणिकामें सन्‌के पूर्वभागमें जो संख्या है, उसका ३० से वियोग करनेसे जो संख्या बचेगी, उतने संख्यक दिन अमावस्या है। यथा—

१८७१ सन्‌के जून मासके स्तम्भकी १३ संख्याके ऊपर ३० रख कर यदि बाकी निकाली जाय, तो १७ बाकी बचते हैं। इस तरह जून मासके १७वें दिन अमावस्या हुई।

तिथियोंके अधिपति—शुक्ल और कृष्णपक्षकी प्रतिपदा तिथिके अधिपति अग्निदेव, द्वितीयाके प्रजापति, तृतीयाकी गौरी, चतुर्थीके गणेश, पञ्चमीके अहि, षष्ठीके कार्तिक, सप्तमीके रवि, अष्टमीके शिव, नवमीको दुर्गा, दशमीके यम, एकादशीके विश्व, द्वादशीके हरि, त्रयोदशीके काम, चतुर्दशीके हर, पूर्णिमा और अमावास्याके अधिपति चन्द्र हैं।

मासदग्धा तिथि—वैशाख मासकी शुक्लाषष्ठी, आषाढ़ मासकी शुक्लाष्टमी, भाद्रमासकी शुक्लादशमी, कार्तिककी शुक्लाद्वादशी, पौषकी शुक्लाद्वितीया और फाल्गुन मासकी शुक्लाचतुर्थी मासदग्धा होती है। श्रावणकी कृष्णाषष्ठी, आश्विनकी कृष्णाष्टमी, अग्रहायणकी कृष्णादशमी, माघकी कृष्णाद्वादशी, चैत्रकी कृष्णाद्वितीया और ज्यैष्ठकी कृष्णाचतुर्थी मासदग्धा होती है।

उक्त मासदग्धा तिथियोंमें जो व्यक्ति जन्म लेता वा यात्रा करता है, वह व्यक्ति इन्द्रतुल्य होने पर भी कालका

तिथियोंकी तालिका।

ईसवी सन	जनवरी	फरवरी	मार्च	अप्रैल	मई	जून	जुलाई	अगस्त	सितम्बर	अक्टूबर	नवम्बर	दिसम्बर
१८७१	९	११	१०	११	१२	१३	१४	१५	१७	१७	१९	१९
१८७२	२०	२२	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२८	२८	०	०
१८७३	१	३	२	३	४	५	६	७	९	९	११	११
१८७४	१२	१४	१३	१४	१५	१६	१७	१८	२०	२०	२२	२२
१८७५	२३	२५	२४	२५	२६	२७	२८	२९	१	१	३	३
१८७६	४	६	५	६	७	८	९	१०	१२	१२	१४	१४
१८७७	१५	१७	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२३	२३	२५	२५
१८७८	२६	२८	२७	२८	२९	०	१	२	४	४	६	६
१८७९	७	९	८	९	१०	११	१२	१३	१५	१५	१७	१७
१८८०	१८	२०	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२६	२६	२८	२८
१८८१	०	२	१	२	३	४	५	६	८	८	१०	१०
१८८२	११	१३	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१९	१९	२१	२१
१८८३	२२	२४	२३	२४	२५	२६	२७	२८	०	०	२	२
१८८४	३	५	४	५	६	७	८	९	११	११	१३	१३
१८८५	१४	१६	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२२	२२	२४	२४
१८८६	२५	२७	२६	२७	२८	२९	०	१	३	३	५	५
१८८७	६	८	७	८	९	१०	११	१२	१४	१४	१६	१६
१८८८	१७	१९	१८	१९	०	२१	२२	२३	२५	२५	२७	२७
१८८९	२८	०	२९	०	१	२	३	४	६	६	८	८

दान करना है तथा उसके विवाहमें विघ्न, अविश्लेषमें कन्याका अपमान, विद्या आरम्भमें मूर्ख, गो-प्रसवमें गर्भपात और वाणिज्यमें मूलधनका नाश होता है। इसलिये बुद्धिमान व्यक्ति इस तिथिमें कोई भी शुभकार्य नहीं करते।

दग्धातिथिके विषय पहले [illegible] लिखा जा चुका है।

जन्माष्टमीकी व्रतविधि-रोहिणीयुक्त अष्टमी होनेसे उस दिन व्रत न करें; अन्यथा पूर्वकृत व्रत और व्रताचरित पुण्य नष्ट हो जाते हैं। जन्माष्टमीके सम्बन्धमें लिखे गये वचन हैं, [illegible] भी ऐसी विधि है। जिस तिथि और नक्षत्रके योगमें उपवासादि करें, उसीमें उसका अन्त न होनेसे तब तक पारण करना उचित नहीं।

जन्माष्टमी रोहिणीयुक्त होनेसे उस दिन उपवासादि करें। यदि पहले दिन अर्द्धरात्रव्यापिनी अष्टमी है, किन्तु रोहिणी योग नहीं है, दूसरा दिन यदि रोहिणीयुक्त हो तो उस दिन उपवासादि करें।

यदि जन्माष्टमीके पूर्व दिन उपवास हो और दूसरे दिन रात्रि महानिशा बीत जाने पर तिथि-नक्षत्र दोनोंका या एकका वियोग हो तो उस दिन सबेरे पारण करें। उपवासके दूसरे दिन तिथि और नक्षत्र दोनोंके अन्तमें पारण करें और यदि महानिशाके पूर्व एकका अवसान और अन्यकी महानिशामें स्थिति हो, तो उसके अवसान होने पर पारण करें। महानिशामें यदि दोनोंकी स्थिति हो तो उस दिन उत्सव पारण करें। किसी किसीके मतसे बारह महीनेमें ही रोहिणीयुक्त अष्टमीको जयन्ती-व्रतकी

बतलाया है, किन्तु ऐसा हो नहीं सकता। क्योंकि, सूर्यके समसूत्रपात अवस्थानसे अमावस्या होती है। ज्योतिःशास्त्रमें ऐसा नियम है। यहां मानना पड़ेगा कि सूर्य द्वादश मासमें द्वादश राशियोंमें भ्रमण करता है। यदि ऐसा हो है, तो भाद्रमासमें जिस राशिका भोग करता है, अन्य मासमें उस राशिका भोग किस तरह कर सकता है? अतएव बारह महीने रोहिणीयुक्त अष्टमीका होना नितान्त असंभव है।

दूर्वाष्टमी—भाद्र मासकी शुक्लपक्षीय अष्टमीको दूर्वाष्टमी कहते हैं; यह पूर्वयुक्त ग्राह्य है।

महाष्टमी—आश्विन मासकी शुक्लाष्टमीको महाष्टमी कहते हैं; इसमें दुर्गा-पूजा और उपवास करें। पुत्रवान् व्यक्तिके लिए उपवास नहीं है; स्त्रियोंमें सभी कर सकती हैं; दूसरे दिन पारण करना चाहिये। सहस्र कोटि एकादशी पालनेसे जितना फल है, महाष्टमीके उपवास करने पर भी उतना ही फल मिलता है। महाष्टमीका व्रत नवमीयुक्त होने पर ही करें।

गोपाष्टमी—कार्त्तिककी शुक्ला अष्टमीको गोपाष्टमी कहते हैं, उस दिन गो-पूजा, गोग्रासदान और गवानुगमन करनेसे महापुण्य होता है।

अष्टका—अग्रहायण, पौष और माघकी कृष्णाष्टमीको अष्टका कहते हैं। अग्रहायणमासकी कृष्णाष्टमीका नाम पूपाष्टका है, उस दिन पिष्टक द्वारा पितरोंका श्राद्ध किया जाता है। पौषमासकी कृष्णाष्टमीका नाम मांसाष्टका है इसमें पितरोंका मांस द्वारा श्राद्ध होता है। माघमासकी कृष्णाष्टमीको शाकाष्टका कहते हैं, उस दिन शाक द्वारा पितरोंका श्राद्ध किया जाता है।

भीष्माष्टमी—माघमासकी शुक्लाष्टमीको भीष्माष्टमी कहते हैं। इस दिन चारों वर्णोंको भीष्मका तर्पण करना पड़ता है। तर्पण देखो।

अशोकाष्टमी—चैत्रमासकी शुक्लाष्टमीका नाम अशोकाष्टमी है। इसमें ८ अशोक कलिका खाई जाती है तथा स्नानदानादि करनेसे शोकसे छुटकारा मिलता है। लौहित्य जलमें स्नान करना ही विधेय है।

अशोककलिका भक्षण करनेका मन्त्र—

"त्वामशोक हराभीष्ट मधुमाससमुद्भव।
पिबामि शोकसन्तप्ता मामशोकं सदा कुरु॥"

अशोकाष्टमी देखो।

नवमी—अष्टमीयुक्त नवमी ग्राह्य है, क्योंकि अष्टमीके साथ नवमीका युग्मादर होता है, भाद्रमासकी आर्द्रायुक्त कृष्णानवमीमें बोधन तथा कल्पारम्भ किया जाता है। इस नवमीको बोधननवमी कहते हैं। यदि उस दिन आर्द्रा नक्षत्र न हो, तो तिथिमाहात्म्यके कारण उस दिन कार्य करना होगा।

कार्त्तिककी शुक्लपक्षीय नवमीको ब्रह्माने चण्डी-पूजा की थी और वह दिन युगका प्रधान दिन था, इसलिए उस दिन चण्डीपूजा की जाती है।

माघमासकी शुक्लानवमीका नाम है महानन्दा, उस दिन स्नानादि करनेसे उसका फल अक्षय होता है।

श्रीरामनवमी—चैत्रमासकी पुनर्वसुनक्षत्रयुक्त शुक्लानवमीके दिन भगवान्‌ने रामके रूपमें जन्म लिया था, इसलिये उक्त तिथिका नाम रामनवमी पड़ा है। कोटि-सूर्यग्रहण कालकी तरह उस दिन जो कुछ किया जाता है, उससे अक्षय फल प्राप्त होता है।

वैष्णवोंके लिए अष्टमीविद्धा रामनवमीका मानना उचित नहीं अर्थात् विष्णुपरायण व्यक्तिको दशमीयुक्त होने पर उपवास आदि करना चाहिये। उपवासके उपरान्त दशमीको पारण करें, यदि दूसरे दिन दशमी न हो एकादशी हो, तो अष्टमीविद्धामें ही साधारण उपवास करें।

दशमी—शुक्लपक्षीय दशमी एकादशीयुक्त और कृष्णपक्षीय दशमी नवमीयुक्त ग्रहणीय है अर्थात् उपवास और दैव-पैत्र-कर्ममें उक्त प्रकार प्रसिद्ध है।

दशहरा—ज्यैष्ठ मासकी शुक्लपक्षीय दशमीको दशहरा कहते हैं। उस दिन गङ्गास्नान करनेसे दशविध पापोंका क्षय होता है, इसलिए इसका नाम दशहरा पड़ा है।

ज्यैष्ठ मासकी शुक्लपक्षीय दशमीमें यदि हस्तानक्षत्र योग हो, तो गङ्गास्नान मात्रसे दश-जन्मकृत पाप नष्ट हो जाते हैं।

विजयादशमी—आश्विनकी शुक्लादशमीका नाम विजयादशमी है। यह दशमी तिथि उदयमें प्रशस्त है। इस

तिथियोंकी तालिका।

ईस्वी सन्	जनवरी	फरवरी	मार्च	अप्रैल	मई	जून	जुलाई	अगस्त	सेप्टेम्बर	अक्टूबर	नवम्बर	डिसम्बर
१८०१	८	११	१०	११	१२	१३	१४	१५	१७	१७	१८	१८
१८०२	२०	२२	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२८	२८	०	०
१८०३	१	३	२	३	४	५	६	७	९	९	११	११
१८०४	१२	१४	१३	१४	१६	१६	१७	१८	२०	२०	२२	२२
१८०५	२३	२५	२४	२५	२६	२७	२८	२९	१	१	३	३
१८०६	४	६	५	६	७	८	९	१०	१२	१२	१४	१४
१८७७	१५	१७	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२३	२३	१५	२५
१८९८	२६	२८	२७	२८	२९	०	१	२	४	४	६	६
१८७९	७	९	८	९	१०	११	१२	१३	१५	१५	१७	१७
१८८०	१८	२०	१६	२०	२१	२२	२३	२४	२६	२६	२८	२८
१८८१	०	२	१	२	३	४	५	६	८	८	१०	१०
१८८२	११	१३	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१९	१९	२१	२१
१८८३	२२	२४	२३	२४	२५	२६	२७	२८	०	०	२	२
१८८४	३	५	४	५	६	७	८	९	११	११	१३	१३
१८८५	१४	१६	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२२	२२	२४	२४
१८८६	२५	२७	२६	२७	२८	२९	०	१	३	३	५	५
१८८७	६	८	७	८	९	१०	११	१२	१४	१४	१६	१६
१८८८	१७	१९	१८	१९	०	२१	२२	२३	२५	२५	२७	२७
१८८९	२८	०	२९	०	१	२	३	४	६	६	८	८

ग्रास बनता है तथा उसके विवाहमें विधवा, कृषिकर्ममें फलका अभाव, विद्या आरम्भमें मूर्ख, स्त्री-सङ्गममें गर्भपात और वाणिज्यमें मूलधनका नाश होता है। इसलिये बुद्धिमान् व्यक्ति दग्धा तिथियोंमें कोई भी शुभकार्य नहीं करते।

प्रतिपदासे ले कर अष्टमी तककी व्यवस्था पहले लिखी जा चुकी है।

जन्माष्टमीको पारणविधि-रोहिणीयुक्त अष्टमी होने पर पारण न करें। अन्यथा पूर्वकृत कर्म और उपवासजनित फल नष्ट हो जायेंगे। जन्माष्टमीके पारणके लिये यह नियम है, अन्यान्य व्रतोंके लिए भी ऐसी विधि है। जिस तिथि और नक्षत्रके योगमें उपवासादि करें, उसमें एकका क्षय न होने तक पारण करना उचित नहीं। जन्माष्टमी रोहिणीयुक्त होने पर उपवासादि करें तथा पहले दिन षष्ठीदण्डात्मिका अष्टमी है, किन्तु रोहिणी योग नहीं है, दूसरा दिन यदि रोहिणीयुक्त हो तो उस दिन उपवासादि करें।

यदि जयन्तीयोगके पूर्व दिन उपवास हो और दूसरे दिन रात्रि सार्द्धप्रहर बीत जाने पर तिथि-नक्षत्र दोनोंसे या एकसे विमुक्त हो, तो उस दिन सवेरे पारण करें। उपवासके दूसरे दिन तिथि और नक्षत्रके अन्तमें पारण करें और जब महानिशाके पूर्व एकका अवसान और अन्यकी महानिशामें स्थिति हो, तो एकके अवसान होने पर पारण करें। महानिशामें यदि दोनोंकी स्थिति हो तो उस दिन सुबह पारण करें। किसी विद्वान्ने बारह महीने की रोहिणीयुक्त अष्टमीको जयन्ती-अष्टमी

बतलाया है, किन्तु ऐसा हो नहीं सकता। क्योंकि, सूर्यके समसूत्रपात अवस्थानसे अमावस्या होती है। ज्योतिःशास्त्रमें ऐसा नियम है। यहां मानना पड़ेगा कि सूर्य द्वादश मासमें द्वादश राशियोंमें भ्रमण करता है। यदि ऐसा ही है, तो भाद्रमासमें जिस राशिका भोग करता है, अन्य मासमें उस राशिका भोग किस तरह कर सकता है? अतएव बारह महीने रोहिणीयुक्त अष्टमीका होना नितान्त असंभव है।

दूर्वाष्टमी—भाद्र मासको शुक्लपक्षीय अष्टमीको दूर्वाष्टमी कहते हैं; यह पूर्वयुक्त ग्राह्य है।

महाष्टमी—आश्विन मासकी शुक्लाष्टमीको महाष्टमी कहते हैं; इसमें दुर्गा-पूजा और उपवास करें। पुत्रवान् व्यक्तिके लिए उपवास नहीं है; स्त्रियोंमें सभी कर सकती हैं; दूसरे दिन पारण करना चाहिये। सहस्र कोटि एकादशी पालनेमें जितना फल है, महाष्टमीके उपवास करने पर भी उतना ही फल मिलता है। महाष्टमीका व्रत नवमीयुक्त होने पर ही करें।

गोपाष्टमी—कार्तिककी शुक्ला अष्टमीको गोपाष्टमी कहते हैं, उस दिन गो-पूजा, गोग्रासदान और गवानुगमन करनेसे महापुण्य होता है।

अष्टका—अग्रहायण, पौष और माघकी कृष्णाष्टमीको अष्टका कहते हैं। अग्रहायणमासकी कृष्णाष्टमीका नाम पूपाष्टका है, उस दिन पिष्टक द्वारा पितरोंका श्राद्ध किया जाता है। पौषमासकी कृष्णाष्टमीका नाम मांसाष्टका है इसमें पितरोंका मांस द्वारा श्राद्ध होता है। माघमासकी कृष्णाष्टमीको शाकाष्टका कहते हैं, उस दिन शाक द्वारा पितरोंका श्राद्ध किया जाता है।

भीमाष्टमी—माघमासकी शुक्लाष्टमीको भीमाष्टमी कहते हैं। इस दिन चारों वर्णोंको भीष्मका तर्पण करना पड़ता है। तर्पण देखो।

अशोकाष्टमी—चैत्रमासकी शुक्लाष्टमीका नाम अशोकाष्टमी है। इसमें ८ अशोक कलिका खाई जाती है तथा स्नानदानादि करनेसे शोकसे छुटकारा मिलता है। लोहित अम्में स्नान करना ही विधेय है।

अशोककलिका भक्षण करनेका मन्त्र—

"त्वामशोक हराभीष्ट मधुमाससमुद्भव।
पिबामि शोकसन्तप्तो मामशोकं सदा कुरु॥"

अशोकाष्टमी देखो।

नवमी—अष्टमीयुक्त नवमी ग्राह्य है, क्योंकि अष्टमीके साथ नवमीका युग्मादर होता है, भाद्रमासको आर्द्रायुक्त कृष्णानवमीमें बोधन तथा कल्पारम्भ किया जाता है। इस नवमीको बोधननवमी कहते हैं। यदि उस दिन आर्द्रा नक्षत्र न हो, तो तिथिमाहात्म्यके कारण उस दिन कार्य करना होगा।

कार्तिकको शुक्लपक्षीय नवमीको ब्रह्माने चण्डी-पूजा को थी और वह दिन युगका प्रधान दिन था, इसलिए उस दिन चण्डीपूजा की जाती है।

माघमासकी शुक्लानवमीका नाम है महानन्दा, उस दिन स्नानादि करनेसे उसका फल अक्षय होता है।

श्रीरामनवमी—चैत्रमासकी पुनर्वसुनक्षत्रयुक्त शुक्लानवमीके दिन भगवान्‌ने रामके रूपमें जन्म लिया था, इसलिये उक्त तिथिका नाम रामनवमी पड़ा है। कोटिसूर्यग्रहण कालको तरह उस दिन जो कुछ किया जाता है, उससे अक्षय फल प्राप्त होता है।

वैष्णवोंके लिए अष्टमीविद्धा रामनवमीका मानना उचित नहीं अर्थात् विष्णुपरायण व्यक्तिको दशमीयुक्त होने पर उपवास आदि करना चाहिये। उपवासके अपरान्त दशमीको पारण करें, यदि दूसरे दिन दशमी न हो एकादशी हो, तो अष्टमीविद्धामें ही साधारण उपवास करें।

दशमी—शुक्लपक्षीय दशमी एकादशीयुक्त और कृष्णपक्षीय दशमी नवमीयुक्त ग्रहणीय है अर्थात् उपवास और दैव-पैत्र-कर्ममें उक्त प्रकार प्रसिद्ध है।

दशहरा—ज्येष्ठ मासकी शुक्लपक्षीय दशमीको दशहरा कहते हैं। उस दिन गङ्गास्नान करनेसे दशविध पापोंका क्षय होता है, इसलिए इसका नाम दशहरा पड़ा है।

ज्येष्ठ मासकी शुक्लपक्षीय दशमीमें यदि हस्तानक्षत्र योग हो, तो गङ्गास्नान मात्रसे दश-जन्मकृत पाप नष्ट हो जाते हैं।

विजयादशमी—आश्विनकी शुक्लादशमीका नाम विजयादशमी है। यह दशमी तिथि उदयमें प्रशस्त है। इस

स्थान कह कर उल्लिखित है। यह नगर अभी एक छोटे ग्राममें परिणत हो गया है तथा समुद्रसे केवल ५ मील की दूरीमें पड़ता है। यही स्थान प्राचीन कयाल नगर था। मार्कोपोलोने इसे कैइल बतलाया है। इसका वर्त्तमान नाम कोरकेई है। वर्त्तमान रामेश्वरम् नगरका प्राचीन नाम कोटी है। यह भी मुक्ता-व्यवसायके लिये ग्रीकवासियोंके निकट परिचित था। "कोलकेई" का अर्थ सैन्यदल या स्कन्धावार है। कोलकेई और समुद्रके मध्यस्थित एक स्थानको अब भी प्राचीन कयाल कहते हैं। यह प्राचीन कयाल समुद्रके तीरसे दो मीलकी दूरी पर अवस्थित है। कयालके अर्थमें समुद्रके साथ संयोग विशिष्ट हृहत् हृद आता है। चीन और अरबके साथ कयाल नगरका वाणिज्य-सम्बन्ध था। इसका चिह्न अब भी पाया जाता है। पुर्त्तगोजोंने आ कर कयालको समुद्रसे दूरवर्त्ती देख तुतिकोरिण (तुतकुड़ी) शहरको वाणिज्यका बन्दर बनाया। अब भी तिन्नेवेली जिलेमें तुतकुड़ी एक प्रधान बन्दर है। वर्त्तमान कोरकेई शहर प्राचीन कयालका अंशविशेष था, सो मन्दिरकी खोदी-हुई लिपि तथा टकसाल इत्यादिके देखनेसे प्रमाणित होता है। प्राचीन चीनके वाणिज्य-सम्बन्धमें कयालमें किसी जगह जमीनके नीचे नाना प्रकारके चीनी मट्टीके टुकड़े और चीनाके प्राचीन जङ्क नामक जहाजके भग्न-खण्ड पाये जाते हैं। अभी यहां लावि नामक देशीय मुसलमान और रोमन-काथलिक मत्स्यव्यवसायी वास करते हैं। मार्कोपोलो कहते हैं, कि पाण्ड्य वंशीय पांच भाइयोंमेंसे असाय नामक बड़ा भाई कैइलमें राज्य करते थे। एडेन, हरमस प्रभृति अरबीय देशोंसे जहाज इस देशमें आते थे। उन जहाजों पर प्रायः घोड़ेकी आमदनी होती थी। राजाके यथेष्ट मणि-माणिक्य था। उनके ३०० स्त्रियां थीं। इस स्थानको खोद कर मि० काल्डवेलने बहुतसे कलसके आकार मिट्टीके बरतन पाये थे, जिनमें प्राचीनकालकी एक जाति मुर्दे गाड़ती थी। जितने बरतन पाये गये थे उनमेंसे एकका घेरा ११ फुट था और उसमें मनुष्यका अस्थिपञ्जर पाया गया था। यहां जगह जगह बुद्ध-मूर्त्तियां देखी जाती हैं, उनकी पूजादि नहीं होती। एक जगह एक बुद्ध-मूर्त्तिको उलटा कर धोबी उस पर कपड़ा फींचता है। पुर्त्तगीज जब पहले पहल इस देशमें आये, तब उन्होंने इस देशमें कुइलनके राजाको राज्य करते देखा था। शायद वे त्रिवांकुरके कोई राजपुत्र होंगे, क्योंकि पुर्त्तगीज आगमनके समय यह त्रिवांकुड़ राज्यके अन्तर्भुक्त था। १०६४ ई० तक पाण्ड्य राजाओंके अधिकारमें रह कर पीछे यह प्रदेश सुन्दर-पाण्ड्यद्वारा अधिकृत हुआ। १३१० ई०में मुसलमानोंने एक बार इस पर आक्रमण किया, किन्तु पाण्ड्य राजा विजयी हुए। इस समय २५० वर्ष तक एक प्रकारकी अराजकता फैली हुई थी। पाण्ड्य राजाओंने तथा कर्णाटके नायकोंने इस प्रदेशको खण्ड खण्ड कर अधिकार कर लिया था। १५५८ ई०में विजयनगरके सेनापति नायकोंने मदुराका नायकवंश प्रतिष्ठित किया। १५६५ ई०में विजयनगरके ध्वंस होने पर यह स्वाधीन हो गया। १७वीं शताब्दीके अन्तमें उपकूलमें पुर्त्तगीजोंका प्रभाव बढ़ने लगा, किन्तु ओलन्दाजोंने उन्हें उक्त स्थानसे मार भगाया। इन्होंने तुतकुड़ीमें प्रथम युरोपीय कोठी स्थापन की। १७४४ ई०में यह स्थान आर्कटके नवाबके नाम मात्रका अधीन हुआ, प्रकृतपक्षमें यह कई एक पालेयकार (पलिगार)के सर्दारोंके अधीन था। १७८१ ई० तक यहां केवल सर्दारोंमें परस्पर छोटी छोटी लड़ाई होती रहनेके कारण एक प्रकारकी अराजकता फैली हुई थी। १७५६ ई०में महम्मद युसुफखांने मदुरा और तिन्नेवेली इन दोनों राज्योंमें सुशृङ्खला स्थापन करनेके लिये तिन्नेवेली एक हिन्दू सर्दारके हाथ, ११०००००) रु० वार्षिक कर स्थिर कर अर्पण किया। १७५८ ई०में महम्मद युसुफखांके चले जाने पर पुनः पूर्ववत् अराजकता दीखने लगी। उन्होंने फिर आकर स्वयं दोनों राज्योंका शासनभार ग्रहण किया। १७६४ ई० तक वे राज्य करते रहे, बाद में राजस्व देनेमें असमर्थ होनेके कारण सैन्यदलसे पकड़े गये और उन्हें फांसीकी आज्ञा दी गई। १७८१ ई०में बहुत राजस्व हो जानेसे आर्कटके नवाबने यह जिला अङ्गरेजोंको दे दिया।

१७८२ ई०में अक्कणपत्ति और पाञ्चालमकुरिचि नामक पलिगारके सर्दारोंके दो राज्य कर्नल फुलार्टनने

जीते। बहुतसे पलिगार सर्दार उस समय भी कई एक स्थानोंके शासनकर्त्ता थे। किन्तु १७९९ ई०में वे विद्रोही हो उठे और शायद वे टीपू सुलतानको मदद करें, इस डरसे अङ्गरेजोंने उनके अस्त्र छीन लिये और दुर्ग तहस नहस कर डाला। १८०१ ई०में पुनः विद्रोह आरम्भ हुआ, किन्तु इस समय समस्त कर्णाट और तिन्नेवेली अङ्गरेजोंके हाथ रहनेसे कोई विशेष गड़बड़ी न मची।

इस जिलेमें २८ शहर और लगभग १४८२ ग्राम लगते हैं। लोकसंख्या प्रायः २०५८६०७ है। यहां हिन्दू, मुसलमान और ईसाइयोंका वास है। मुसलमानोंकी अपेक्षा ईसाइयोंकी संख्या अधिक है। मुसलमान प्राचीन अरबियोंके वंशधर हैं। ये अपनेको सोनागर या जोनागर कहते और अङ्गरेज लोग उन्हें लाभि कहते हैं। ये सब मत्स्य-व्यवसायी है।

हिन्दुओंके मध्य वल्लीय (मजदूर और कृषक), वेल्लालर (कृषिव्यवसायी), शानान (ताड़ीवाले), परिया (चण्डाल सरीखी नीच जाति और जातिभ्रष्ट), कम्मालर (शिल्पी), ब्राह्मण, कैकल्लर (तांती), मरावी (वर्णसङ्कर और नीच जाति), अम्बत्तन (नाई), वन्नन (धोबी), शेठी (बनियां), कुशवन (कुम्हार), क्षत्रिय, शेम्बाड़वन (धीवर), कणक्कन (कायस्थ) प्रभृति जातियां प्रधान हैं। शानान और परवर जातिके लोग इस देशमें एक प्रकारसे प्रधान हैं। परवर जातिके सभी मनुष्य रोमन काथलिक ईसाई हैं। शानान लोग केवल ताड़के पेड़की खेती करते हैं। इन लोगोंमें प्रेतोपासना प्रचलित है। ब्राह्मण्य धर्मका प्रभाव यहां बहुत कम है। बहुतसे ब्राह्मण भी प्रेतपूजा करते हैं।

वेल्लालर जातिमें कोटाई वेल्लालर नामक एक सम्प्रदाय है। ये सहीके दुर्गमें वास करते हैं। इनकी स्त्रीजाति उस दुर्गके बाहर नहीं जाती।

समुद्रके किनारे तिरुचेन्दुर, ताम्रपर्णीके ऊपर पापनाशम् और चित्राके किनारे कोत्तालम नामक स्थानमें तीन प्रसिद्ध हिन्दू मन्दिर हैं, कोत्तालमका शिवमन्दिर शहरके दक्षिण 'तेङ्काशी' अर्थात् दक्षिण-काशी नामसे मशहूर है।

१५४२ ई०में पुर्तगीज सेण्ट फ्रान्सिस जेभियर नामक पादरीने परवरोंको पहले पहल ईसाई बनाया। मुसलमानों अत्याचारके समय इन्होंने पुर्त्तगीजोंका आश्रय लिया था। तभीसे ये अपनेको सेण्ट जेभियरको सन्तान कहते आये हैं।

मदुरा और तिन्नेवेली जिलेमें कहवा और चायके लिए सिंहल देशको आदमी भेजे जाते हैं।

यहांके २८ नगरोंमें तिन्नेवेली, पालमकोटा, तुतकुड़ी और श्रीविल्लिपुत्तुर नगर प्रधान हैं। यहांकी प्रधान भाषा तामिल है। इसके सिवा यहां तेलगू, कर्णाटी, गुजराती, हिन्दी और पतनुल भाषा भी प्रचलित है। यहां धान, चना, कंगनी, चेना, उरद प्रभृति अन्न उपजाते हैं। तमाकू, कहवा, प्याज, पान, लाल मिर्च, धनिया, तिल, रेंड़ी, रूई, ईख और ताड़ यहांके प्रधान कृषिद्रव्य हैं। तुतकुड़ीसे भेड़, घोड़ा और बैलकी रफतनी सिंहलमें होती है और कहवा, ताड़की मिसरी और लाल मिर्च दूसरे दूसरे देशोंमें भेजी जाती है। उपकूल भागमें कौड़ी और सीप पकड़नेका व्यवसाय विख्यात है। एक समय ओलन्दाजोंने शङ्ख पकड़नेका व्यवसाय स्वयं अपने अधिकारमें कर लिया था। मान्यार उपसागरमें अंगरेजोंने १७८६ ई०में पहले पहल मुक्ता निकालनेका व्यवसाय आरम्भ किया। यहांके मुक्ता उतना उत्कृष्ट नहीं हैं। शङ्ख बंगदेशमें अधिक भेजे जाते हैं।

शासनकी सुविधाके लिए यह जिला ४ भागों और ८ तालुकोंमें बांटा गया है, जैसे-तिन्नेवेली तालुक (पालमकोटा), तापीशरम् और तेङ्काई तालुक (तुतकुड़ी), नानागुनेरी, अम्बासमुद्रम्, तेनकाशी (शर्मादेवी), श्रीविल्लिपुत्तुर, सातूर, शङ्करनाइनारकोविल (श्रीविल्लिपुत्तुर)। रेल लाइन भी इस जिलेमें गई है। मार्च और जून महिनेमें यहांका ताप-परिमाण छायाकी दायामें ८५° तथा दिसम्बर और जनवरी महीनेमें लगभग ७०° है। वार्षिक वृष्टिपात २५ इंच है।

२ मन्द्राजके अन्तर्गत उक्त जिलेका एक उपविभाग। यह तिन्नेवेली और शंकरनाइनार-कोविल तालुक लेकर संगठित हुआ है।

३ उक्त जिलेका एक तालुक। यह अक्षा० ८° ३१' से ८° ५३' उ० और देशा० ७७° ३४' से ७७° ५१'

उ०में अवस्थित है। भूपरिमाण ३२८ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः १८४६४० है। इस तालुकमें दो शहर और १२३ ग्राम लगते हैं। कोदगन, पालयन, तिरुवेल्ली, पूर्वीय मरुदूर और पश्चिमीय मरुदूर नामक नहरोंसे जल सिंचनका कार्य होता है।

४ इसी नामके तालुक और जिलेका एक प्रधान शहर यह अक्षा० ८°४४´ उ० और देशा० ७७°४१´ पू०में ताम्रपर्णी नदीके किनारे मन्द्राज शहरको रेलसे ४४६ मीलकी दूरी पर अवस्थित है। इसका ऐतिहासिक विवरण अस्पष्ट है। १५६० ई०में नायकवंशके अधिष्ठाता विश्वनाथने इस शहरका संस्कार किया था। यहांका एक प्राचीन शिवमन्दिर बहुत प्रसिद्ध है, अन्यान्य बड़े बड़े मन्दिरोंकी नाईं इसमें भी सहस्रस्तम्भ-नाटमन्दिर है।

इस शहरकी लोकसंख्या प्रायः ४०४६८ है, जिनमें ३४६६४ हिन्दू, ४६८८ मुसलमान और ८०० ईसाई हैं। १८६६ ई०में यहां म्युनिस्पलिटि स्थापित हुई है। इस शहरकी वार्षिक आय ३६,५००) और व्यय ३४,८००) रु० है। यहां दो कालेज, एक शिल्पविद्या सिखानेका स्कूल तथा कई एक छोटे छोटे स्कूल हैं।

तिन्सुकिया—आसामप्रदेशके लखिमपुर जिलेके अन्तर्गत डिब्रूगढ़ उपविभागका एक ग्राम। यह अक्षा० २७° २८´ उ० और देशा० ८५° २१´ पू०में अवस्थित है। यहां एक चिकित्सालय है। आसाम-बङ्गाल और डिब्रू-सदिया रेलवेका यहां सङ्गम होनेके कारण यह स्थान दिनों दिन प्रसिद्ध होता जा रहा है।

तिपड़ा (हिं० पु०) कमखाब बुननेवालोंके करघेकी एक लकड़ी। इस लकड़ीमें तागा लिपटा रहता है और यह दोनों बेमरोंके बीचमें होता है।

तिपतुर—महिसुरके तुमकूर जिलेका तालुक। यह अक्षा० १३° ०´ और १३° २६´ उ० और देशा० ७६° २१´ और ७६° ५१´ पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण ५०८ वर्गमील और लोकसंख्या ८०७०८ है। इसमें चार शहर और ३८१ ग्राम लगते हैं।

तिपंखा (हिं० वि०) १ जिसमें तीन पत्तें या पार्श्व हों। २ जिसमें तीन तागे हों।

तिपाई—दक्षिण-आसामकी एक नदी। मणिपुरमें लुसाइ और लुसाइ पर्वत पर तुइवर कहते हैं। लुसाइ पर्वत पर यह नदी घूमती हुई कछाड़के दक्षिण-पश्चिमकोणमें 'बराक' नदीसे मिल गई है। इस सङ्गमस्थल पर तिपाईमुख नामक एक ग्राम है। इस ग्राममें लुसाइयोंके साथ व्यवसाय चलता है। लुसाइ लोग कई एक प्रकारका मोटा कपड़ा, भारतीय रबर, हाथीके दांत, मोम इत्यादि वनजात द्रव्योंको अपने साथ ला कर यहांके चावल, नमक, लोहेके यन्त्रादि, कपड़े, नकली मोतीकी माला और तमाकूसे बदला करते हैं।

तिपागढ़—मध्यभारतका एक प्राचीन स्थान। यह चान्दा जिलेमें अवस्थित है। यहां तिपागढ़ पर्वतके ऊपर तिपागढ़ नामक एक किला है। इस किलेके निकट एक सरोवरसे तिपागढ़ी नामकी एक नदी निकली है। यह प्राचीन दुर्ग, कनिंहम साहबके मतसे गोंड़ राजाओंकी कीर्त्ति है। दुरारोह पर्वत, बीचके जङ्गल तथा गम्य पथके अभावसे इस दुर्गमें सहजमें नहीं जा सकते। रास्ता इतना दुर्गम है कि तिपागढ़ी नदीको सात बार पार करना पड़ता है। यह दुर्ग तिपागढ़ पर्वतकी एक दुर्गम उपत्यकाके ऊपर अवस्थित है। इस दुर्गके नीचे एक बड़ा सरोवर है जो पार्वत्य झीलकी नाईं दीख पड़ता है। यह दुर्ग-सरोवर चारों ओर दीवारसे घिरा हुआ है। केवल दक्षिण-पूर्वकी ओर दीवार नहीं है। दीवार पर्वतके अधिरोह और अवरोहके अनुसार एकक्रमसे पांच शिखरको घेरे हुए है। इस वेष्टित स्थानमें बहुतसी समतल उपत्यकायें हैं, जिनमें तिपागढ़ी नदीकी उपनदियां प्रवाहित हैं। इन नदियोंका जल प्रायः पहाड़के ढालवें स्थानसे न बह कर इधर उधर समतल भूमिमें गिरता है। बहुतसे छोटे बड़े सोते उत्पन्न होनेका यही कारण है। दुर्गके समस्त अंशको निकटवर्ती इरमदन्द ग्रामके लोगोंने भी नहीं देखा है और पहाड़के उस अंश पर जानेकी सुविधा न होनेके कारण कोई भी वहां नहीं जा सकता। प्राचीर बड़े बड़े प्रस्तर-खण्डोंसे गठित है, किन्तु अभी उसकी ऊंचाई किसी जगह भी ५ फुटसे अधिक नहीं देखी जाती है। पर्वतके दक्षिण-पश्चिम शिखरके निकट बहुतसे मकानोंके

भग्नावशेष देखनेमें आते हैं। कहा जाता है, कि यहां एक राजभवन था।

पर्वतमें एक हनुमानकी आकृति खुदी हुई है। यहां कहीं भी उत्कीर्ण शिलालेख नहीं पाया जाता। उक्त तालाब चारों ओर बड़े बड़े पत्थरोंसे बंधा है। चूना, सुर्खी अथवा और किसी प्रकारके मसालेका व्यवहार कहीं भी नहीं है। पहले इसमें सीढ़ियां लगी हुई थीं। इसके एक तरफका भाग टूट फूट गया है। प्रवाद है, कि इसी भग्नमुखसे तिपागड़ी नदी निकली है, किन्तु उस स्थानसे जलका निकलना अनुमान नहीं किया जाता है। किसी दूसरी दिशासे तिपागड़ीकी उत्पत्तिका कारण जान पड़ती है। प्रवाद है, कि इस दुर्गकी अंतिम रानी एक दिन गोधाहित रथसे उतरते उतरते ह्रदके मध्य रथके साथ अदृश्य हो गई, तभीसे यह जङ्गलमें परिणत हो गया है। एक दूसरा प्रवाद है, कि द्रुपदराजने इस दुर्गका निर्माण किया। वे युद्दरागढ़में रहते और जमीनकी एक सुरंग हो कर यहां आते थे। यहां उनका एक अखाड़ा था। पाण्डवोंके राजा भी सुरंग हो कर इस अखाड़ेमें आते थे, किन्तु द्रुपदराज उन्हें कहीं भी देख नहीं सकते थे।

तिपाड़ (हिं० पु०) १ तीन पाट जोड़ कर बनाई हुई चीज। २ वह जिसमें तीन पल्ले हों। ३ वह जिसमें तीन किनारे हों।

तिपारी (हिं० स्त्री०) बरसातमें आपसे आप होनेवाला एक प्रकारका छोटा झाड़। इसके पत्ते छोटे और सिरे पर नुकीले होते हैं। इसमें सफेद फूल गुच्छोंमें लगते हैं। इसके दूसरे नाम—मकोय, परपोटा और छोटी रस-भरी।

तिपैरा (हिं० पु०) वड़ा कुआं जिसमें तीन चरसे एक साथ चल सकें।

तिबट्टी (हिं० स्त्री०) जिसमें तीन रस्सियां एक साथ एक एक बार खींची जांय।

तिबारा (हिं० वि०) १ तीसरी बार। (पु०) २ वह मद्य जो तीन बार उतारा गया हो। ३ वह घर या कोठरी जिसमें तीन द्वार हों।

तिबासी (हिं० वि०) तीन दिनका बासी।

तिबी (हिं० स्त्री०) बीमारी।

तिब्बत—हिमालयके उत्तरमें एक देश। तिब्बती भाषामें इसका नाम 'बो' है। इसके उत्तरमें चीनतातार, पूर्वमें चीन, दक्षिणमें हिमालय पर्वत और पश्चिममें तूरान है। इसका परिमाणफल १८७५००-वर्गकोस और लोक संख्या प्रायः ५१००००० है। इसके दक्षिणमें जैसा हिमालय पर्वत है। उत्तरमें भी वैसा ही एक अत्यन्त विस्तीर्ण पर्वत है। चीनी इस पहाड़को 'क्वियुनलन्' हिन्दुस्तानी 'कैलास' कहते हैं। पूर्व और पश्चिममें बहुतसे पर्वत हैं। इन पर्वतोंसे एशियाकी बहुतसी नदियां निकली है। यह देश अत्यन्त उन्नत और शीत-प्रधान है। शीतका अधिक प्रादुर्भाव होनेसे यहां बहुत उद्भिद् नहीं जनमते हैं, इससे यहां जलावन दुष्प्राप्य है। इस देशमें तरह तरहके पशु पाये जाते हैं। गाय, भैंस और घोड़े तथा खच्चर ही यहांके साधारण पशु हैं। हिमालय-पथ पर बैलगाड़ी अथवा सवेगी इत्यादि नहीं जा सकते हैं, इसी कारण भेड़े और बकरे ही बोझ ढोनेका काम करते हैं। चमरी नामक एक प्रकारकी गोजाति पाई जाती है, इसीकी पूंछसे चामर बनता है। चमरी देखो। कस्तूरी मृग भी इस प्रदेशमें बहुत हैं। इस देशके बकरेके रोएंसे दुशाले बनते हैं। अज देखो।

तिब्बतके कुत्ते बहुत बड़े और बलवान् होते हैं। यहांकी खानोंमें सोना, पारा, सुहागा और नमक पाया जाता है। तिब्बतके लोग देखनेमें बहुत कुछ तातारोंसे मिलते जुलते हैं। ये अलस, शान्त और सन्तुष्टचित्त हैं। शाल और ऊनी वस्त्र बुनना ही इन लोगोंका प्रधान शिल्प है। इनका वाणिज्य चीनके साथ चलता है। मुर्देको जलाने तथा गाड़नेकी प्रथा इस देशमें नहीं है। ये पारसियोंकी नाईं मुर्देको श्मशानमें फेंक आते हैं, केवल याजकको देहको जलाते हैं। भेड़का मांस इन लोगोंका प्रधान खाद्य है। बहुतसे लोग कचा मांस खाते हैं। ये सब भाई मिल कर एक स्त्रीसे विवाह करते हैं। बड़े भाई स्त्री पसन्द करनेके अधिकारी हैं। तिब्बतवासी बौद्ध हैं। इनका याजकसम्प्रदाय 'लामा' नामसे प्रसिद्ध है। दलाई-लामा सबसे प्रधान और तशि-लामा उनके नीचे हैं। तिब्बतवासियोंका विश्वास है कि दलाई-लामा स्वयं ईश्वर हैं, मनुष्यके वेषमें मनुष्यके मध्य रहते हैं,

इनकी मृत्यु नहीं है; लेकिन कभी कभी शरीर बदला करते हैं। दलई-लामाकी मृत्यु होने पर शास्त्रोक्त विशेष लक्षणयुक्त शिशुको दलई-लामाका 'नवशरीरधारण' ज्ञान कर उसीको उक्त पद पर अभिषिक्त करते हैं। सब कोई पहले दलई लामाकी देहको मन्दिरमें रख पूजा करते हैं। तशि-लामा बुद्धके अंश समझे जाते हैं। ये चीन-सम्राट्के गुरु और धर्मोपदेशक हैं।

तिब्बतके समस्त मन्दिरोंमें बुद्धप्रतिमा प्रतिष्ठित है। यहांकी भाषा स्वतन्त्र है। अक्षर बहुत कुछ नागरी अक्षरसे मिलते जुलते हैं। ईसाकी ७वीं शताब्दीमें यह लिपि भारतवर्षसे तिब्बतको चली गई है। ये काष्ठ-फलकमें खोद कर पुस्तकादि मुद्रित करते हैं।

ल्हे लासा और टिसुलम्बू ये तीन नगर इस देशमें सर्वप्रधान हैं। लासा नगरमें दलई-लामाका मन्दिर है। इसीसे यह बहुत पवित्र स्थान माना गया है। काश्मीरके समीप लदृवग (लदाक) प्रदेशको छोड़ कर तिब्बतके और सभी अंश चीनके अधीन हैं। चीनराजके एक प्रतिनिधि यहांके शासनकर्त्ता हैं। लासा नगरमें ही ये रहते हैं। लदाककी राजधानी ले है। लदाक देखो।

आमदो नामक स्थानके लामा सोनपो नोमनखन तिब्बतका भू-विवरण लिख गये हैं, जिससे निम्नलिखित विवरण संगृहीत हुआ है—

तिब्बत देशमें शीत और उष्णताका अंश बराबर रहनेके कारण यहां न तो अत्यन्त गर्मी पड़ती है और न अत्यन्त शीतहीका प्रादुर्भाव है। इसी कारण यहां दुर्भिक्ष नहीं और हिंसक पशु तथा कीटादि नहीं पाये जाते।

पर्वतमाला।—योहया प्रदेशमें तिसो, चोमोकनकर, फुलहरी, कुम-कन्री; उत्तर नांग प्रदेशमें छबे। दो-कान्दम प्रदेशमें छि-कङ्गचरित और नाङ्-छेन-सङ्गल है। इनके सिवा यरलह-सहम्बू, तोदगोकर्पो, खबा-सोदि, सहसाकर्पो, सङ्छेनपोमर इत्यादि बर्फसे ढकी हुई सफेद शिखरयुक्त ऊंची पर्वतमाला है। छोति-गोङ्गिया, सरि-यर अम, ओमोनगरी, कोन्स-तुम्यन छिमो प्रभृति पर्वत सुगन्धि घास, जड़ी बूटीके उद्भिद् और सुन्दर तरुलता-गुल्मसे परिपूर्ण है। इसके अतिरिक्त क्षुद्रपर्वत देश-मय व्याप्त है।

ह्द।—नकम्-यु अहो (मानस-सरोवर), मन-अहो छि-उन-सो, नहा-अहो, यर ग्रो गयु अहो, फग-अहो, अहो क्रियरिंग न्सोगङ्, स्रो-स्पो, तीया-सो प्रभृति ह्रद हैं। एतद्भिन्न और भी कई एक परिष्कार मीठे और क्षार जलयुक्त ह्रद इस देशके नाना स्थानोंमें देखे जाते हैं।

नदी।—चांग-पो (ब्रह्मपुत्र), सेङ्गे खबब् (सिन्धु), मयुचिव नम्ब, यड़ा-सङ्कि, ज छ्, ङ्ग छ्, त्रि-छु, सछ् (होयाङ् हो), सि-छु, येछु, माङ्ग-छु, हजुनगा-छु और याङ्-छु प्रभृति असंख्य उपनदियोंके साथ इस देशके नाना स्थानोंमें प्रवाहित हैं।

विस्तृत अरण्य, चारणभूमि, तृणमय प्रान्तर, उर्वर उपत्यका, कर्षित क्षेत्र और बन्धुर अधित्यका बालुका-मय मरुदेशके नाना स्थानोंमें है। ग्यमग् (चीन), ग्यगर (भारतवर्ष), पेरसिग (पारस्य) प्रभृति बृहत् देशोंकी सीमामें जिस तरह बड़े बड़े समुद्र हैं, इसके चारों ओर भी उसी तरह बड़े बड़े पर्वत हैं। इन पर्वतोंके दूसरे पारमें ग्य-नग् (चीन), ग्य-गर (भारतवर्ष), मोन् (हिमालय प्रान्तवर्ती प्रदेश), ब-यो (नेपाल), खु-छि (काश्मीर), स्तग्-सिमगस् (ताजिक या पारस्य) और होर (तातार) प्रभृति बड़े बड़े देश अवस्थित हैं। इन देशोंकी उर्वरता जिन बड़ी नदियों द्वारा होती है, उनका अधिकांश ही इस 'पो' (तिब्बत वा भोट) देशसे उत्पन्न होनेके कारण यह प्रदेश ज़म्बु लिङ्ग (जम्बुद्वीप) खण्ड-का केन्द्रस्थान कहा जा सकता है।

'पो' देश प्रधानतः तीन भागोंमें विभक्त है—

१। तो-ङ्गर-री कोर-सुम—ऊंचा या छोटा तिब्बत।

२। बु-साङ् (चार प्रदेशोंमें विभक्त)—मध्य तिब्बत।

३। दो, खम और गङ्—बड़ा तिब्बत।

ऊंचा तिब्बत (संक्षेपमें पो छुङ्)—इसके कई उप-विभाग हैं—तमग्-सो लदवग, सङ्-यू-सङ्गाङ्ग सकङ्, गुगेबुरङ्ग (पुरङ्ग)। प्रत्येक उपविभाग भी जिलोंमें विभक्त है।

पहले 'पो' देशकी शासन-सीमा तुरुष्क या तुर्कों देशके कोष तक विस्तृत थी। ऊंचा तिब्बत अभी उत्तर और दक्षिण इन दो भागोंमें विभक्त है। उत्तरभाग अट-कशानके मध्यमें है। यहां तिब्बतियोंका एक इमोर,

(दुर्ग) है। डोवङ्ग नामक दुर्दान्त जाति पर शासन रखनेके लिये दुर्गके मालिक तिब्बताधिपतिके अधीन प्रतिनिधि स्वरूप हैं। ये पहले डोकृद-राज कहलाते थे। उक्त तिब्बतके पूर्वमें तुषारमण्डित उच्च शैल (कैलास पर्वत), मफम (मानस-सरोवर) ह्रद और कुङ्ग्योन नामक निर्झरका जल बहुत पवित्र माना गया है। जो इसे पीते हैं, वे मुक्ति पाते हैं। उक्त निर्झर गोगर नामक स्थानके एक स्वतन्त्र गारपोन (गवर्नर) या शासनकर्त्ताके अधीन है और ये भी लासाके प्रधान शासनकर्त्ताकी मातहतमें हैं।

मानससरोवर और कैलास पर्वतकी महिमा एक तिब्बतीय पुस्तकमें लिखी है, कि कैलाससे चार प्रधान नदियां निकली हैं। इन नदियोंका उत्पत्तिस्थान क्रमशः हाथी, शेर, घोड़े और सिंहके मुंह सरीखा है। अन्यान्य पुस्तकोंमें उन्हें क्रमशः गाय, घोड़े, मयूर और सिंहमुखके तुल्य बतलाया है। इन्हीं स्थानोंसे गङ्गा, लौहित्य (ब्रह्मपुत्र), वक्षु (अक्षस्) और सिन्धुकी उत्पत्ति हुई है।

सिन्धुनदी पश्चिम दिशामें तिब्बतके अन्तर्गत ब्रलति प्रदेशमें होती हुई काश्मीरके अन्तर्गत कपिस्थान नामक स्थानमें दक्षिण-पश्चिमकी ओर भारतमें प्रवेश करती है। वक्षु नदी कैलासके उत्तरपश्चिमांशसे निकल कर थोकर प्रदेशके मध्य होती हुई पश्चिमकी ओर तुर्कियोंके देशमें प्रवेश करती है। कैलास पर्वतसे सीता नामक और एक दूसरी नदी पूर्वांशसे निकल कर अभी मानससरोवरमें गिरती है। कहा जाता है, कि पहले यह देशके मध्य हो कर पूर्व सागरमें गिरती थी।

कैलासपर्वतके सामनेका गोमपिरी नामक एक छोटा पर्वत तीर्थियों द्वारा 'हनुमन्त' कहलाता है। इस पर्वतमें हलसे जमीन खोदने पर जैसे गड्ढे हो जाता है, वैसे दाग दीख पड़ते हैं। इसके विषयमें कई एक गल्प हैं तिब्बती लोग कहते हैं, कि मि-लुबन सिन्दाप और नारो-बोनछुङ्ग नामक दो तिब्बतीय ज्ञानी पण्डितोंके धर्म-विचारके समय उनमेंसे शेष व्यक्ति नीचे गिर पड़े थे, उन्हींकी देहके भारसे ऐसे चिह्न हो गये हैं। भारतवासियोंके मतसे कार्त्तिकके साथ शिवाशाममें उनके शराघातसे यह चिह्न उत्पन्न हुए हैं। उनका यह भी कहना है, कि पहले यह पर्वत कैलासके ऊपर ही अवस्थित था, किन्तु हनुमान इसको कैलासपर्वतसे अलग कर स्वतन्त्र स्थापनपूर्वक उस पर रहते थे। इसी-से जाना जाता है, कि तीर्थिक (ब्राह्मण)-गण इसे हनुमान पर्वत कहते हैं। इस पर्वतके ऊपर कई जगह ऐसे चिह्न हैं। भारतवासी उन्हें शिवदुर्गा, कार्त्तिक, बकासुर, हनुमान प्रभृतिके पदचिह्न बतलाते हैं। यहां जिगतेन-ग्रोलङ्गिगुर नामक एक पवित्र गुहा है। कैलासके पूर्वांचलके लोग कहते हैं कि ये समस्त चिह्न सिद्धपुरुषोंके हैं। 'लदाक' प्रदेशमें ले खर (ले) दुर्ग अवस्थित है। यहांके लोग काश्मीरकी नाईं परिच्छदधारी हैं। इनकी टोपी चीन देशके अपराधियोंकी टोपीसी होती है। बालकगण लाल और काले रंगकी टोपी पहनते हैं। लद्दाखके पूर्वकी ओर गुगे प्रदेश है। यहांका थोडिङ्गका आश्रम बहुत विख्यात है, जो लोचब-रिन्छेन साङ्गपो द्वारा प्रतिष्ठित हुआ है। इसके पूर्वमें पुरङ्ग प्रदेश है। यहां पहले खोन-तुमन-गम्पो वंशीय राजा राज्य करते थे। राजा छोद इस वंशमें बहुत प्रसिद्ध हो गये हैं। इसके दक्षिणमें अत्यन्त पुराना और प्रसिद्ध 'चोभो जमनी'का मन्दिर है, जिसे पुरङ्गोंग मन्दिर भी कहते हैं। पहले इस स्थानसे कुछ दूरमें एक संन्यासी रहते थे। उन्होंने अपनी कुटीमें ७ आर्य बौद्धपण्डितों-को आश्रय दिया था। ये आचार्य जब भारतवर्षको लौटे थे, तब इन्होंने संन्यासीके पास सात बोरे रत्न छोड़े थे। बहुत वर्ष बीत चुकने पर भी वे वापस न गये। अन्तमें संन्यासीने बोरोंको खोल कर देखा, कि उनमें कई एक थैलियां हैं और उन पर 'जमनी' नाम लिखा हुआ है। संन्यासीने उन थैलियोंको भी खोला, उनमें कई एक चांदीके टुकड़े पाये। वे समस्त टुकड़ोंको ले कर खुमनम नामक स्थानको गये और वहां उन्होंने उसी चांदीसे एक बुद्धमूर्ति निर्माण कराई। जब प्रतिमाके घुटने तक तैयार हो गया, तब वह आपसे आप चलने लगी। इस पर संन्यासी बहुतसे लोगोंको अपने साथ ले उस प्रतिमाको तिब्बत ले आये। यहां पहुंच कर यह प्रतिमा अचल हो गई। उसी स्थान पर संन्यासीने

इन्हें प्रतिष्ठित कर एक मन्दिर बनवाया और उसका नाम 'जमली' रखा। जमलीका अर्थ अचल है। निम्न पुरनके पूर्वमें नयमत्यम नामक एक बहुत विस्तृत समतल क्षेत्र है, जो पहले लामा शासनकर्त्ताओंके अधीन था। अभी यह नेपालके अधिकारमें है। इसके पूर्वमें जोङ्ग दुमोङ्ग नामक एक स्थान है। यहां एक बड़ा दुर्ग और कारागार तथा बहुतसे महाराम हैं। इसके दक्षिणमें क्रिरोङ्ग नामक स्थान है, यही उत्र तिब्बतकी अन्तिम सीमा है। यहांका समतन-लिङ्ग नामका आश्रम पुरातन और पवित्र है। तिब्बतके चार विख्यात जोभो (बुद्ध) मन्दिरोंमें एक की कथा पहले कही जा चुकी है, एक दूसरा अर्थात् जोभो-ओयति सुमाङ्-पो नामक मन्दिर इस स्थानमें विद्यमान है। इसके दक्षिणमें सम्भू नयाकोट (नवकोट) और अन्यान्य स्थान नेपालाधिकृत हैं। इसके पूर्ववर्ती ननन या नलम तथा उसके समीपका शुणथङ्ग नामक स्थान जैत्सुन मिलरप, म-लोचव और तैपकुग नामके तीन पण्डितोंकी जन्मभूमि है। चुम्भर नामक स्थानमें मिलरपकी मृत्यु हुई थी। ननमके नीचे नलम नामक गिरिवर्त्म (घाटी) नेपालमें प्रवेश करनेका एक पथ है।

प्रकृत तिब्बतके प्रधानतः दो भाग हैं—तृमाङ्ग और ऊ (वू)। ये भी फिर चार रु अर्थात् सामरिक विभागोंमें विभक्त हैं। यथा—उरु, येरु, यानरु और रुलम्। चोर राजाओंके समयमें यह प्रदेश छ थि-कोर नामक विभागोंमें विभक्त था। यामृदों नामका ह्रदप्रदेश एक स्वतन्त्र थि-कोरके सीमा गिना जाता था। नेपाल-सीमाके लोमो-कङ्कर नामके ऊँचे तुषारमण्डित पर्वतके निकट मिलरप पण्डित पांच परी-सिद्ध हुए थे। लप-छी नामक शिखर पर तृशिरिङ्ग तृषि-ङ्मा नामक एक ज्ञानीका वास स्थान था। इसके मूलदेशमें पांच तुषार-ह्रद हैं, जिनके जलका वर्ण परस्पर विभिन्न है। ये ह्रद उक्त ज्ञानीके नाम पर उत्सर्ग किये गये हैं। इस स्थानके आश्रमके उत्तरमें फोमा नामक एक बड़ा तुषार-ह्रद है, जो तिब्बतके चार प्रधान तुषार-ह्रदोंमेंसे एक है। इसके समीप रियो नगममाङ्ग नामक एक बहुत पवित्र स्थान है। यहीं पद्मसम्भव नामके प्रसिद्ध बौद्धाचार्यको ज्यो तषम् मन्दरवाका प्रिय-प्रासाद था, यहां उक्त देवकन्याओंका पदचिह्न देखा जाता है। इसके उत्तरमें गुरु-मङ्-ला नामके ऊंचे पहाड़ पर विख्यात तग्मचुगो नामक बारह परम्पराओंका धाम था। पद्मसम्भवने इन्हें परास्त कर तीर्थिक (ब्राह्मण)के वंशसे बौद्धधर्मकी रक्षा तथा भारतवर्षसे शत्रुभावसे ब्राह्मणोंका आना बन्द कर दिया था। तिब्बती लोगोंका विश्वास है, कि तभीसे शत्रुभावसे कोई तीर्थिक तिब्बतमें प्रवेश नहीं कर सकता; किन्तु यह ठीक नहीं है। भारतवर्षसे अब भी ब्राह्मण परिव्राजक तिब्बत देखने जाते हैं। इस पर्वत पर गुङ्ग-थङ्ग-ला गिरिवर्त्म है। इस राह हो कर उत्तरको ओर जानेसे टिङ्रि नामक जिला मिलता है। यहांका तम्प-साङ्गे नामक पण्डितका तपोवन, गुहा और समाधि स्तम्भ है। ये ही तिब्बतीय धर्मके शियेत् शाखाके प्रवर्त्तक थे। यहां चीन राजाका एक दल सैन्य और एक सीमान्तरक्षक सेनापति हैं। इसके पूर्वमें शेखि जोङ्ग (दुर्ग) और उत्तरमें शेकरटोर्ज जोङ्ग (दुर्ग) तथा उसके समीप एक कारागार अवस्थित है। इसके निकट शेकर छोदे आश्रम है। इस आश्रमके पास पा-शाक्य नामका महाराम है। जिसमें एक इतना लम्बा चौड़ा घर है कि उसमें बहुत अतानोंसे घुड़दौड़ हो सकती है। इस घरका नाम दुखङ्ग-कर्मो है। यहां तान्त्रिक बौद्धमत प्रचलित है। पा-शाक्य आश्रमसे उत्तरमें एक दिनके रास्ते पर, लहु तग जोङ्ग (दुर्ग) नामक स्थानमें थङ्गतुनामा गोलशो शाडुम नामक महापुरुष सिद्ध हुए थे। यहां पा-गोनूथिम नामकी एक गुहा और धारिग-कर्पो नामक एक प्रकारके श्वेतवर्ण पत्थरोंमें उत्कीर्ण शिलालेख है। इसके समीप त्रिकोण आकारका एक काला पत्थर देखा जाता है जिसे लोदोन कहते हैं। प्रवाद है, कि यह पा-गोम लामाके हृत्पिण्डकी प्रस्तरीभूत अवस्था है। बहुतसे भक्त इसके घटके हुए टुकड़े उठा ले जाते हैं। थङ्ग-जोङ्गके उत्तरमें एक तुषारावृत ऊंची पर्वतमाला है। इसके दूसरे पारमें लुस्पो नामक चोर (मनुष्य-भक्षक) जातिके लोग रहते और ताई-चोर कहलाते थे। ऐसा साधारण लोगोंका विश्वास है, कि उक्त पर्वतमालाको तुषारराशिके गल कर जमीन पर गिरनेसे

तिब्बतका बहुत अनिष्ट होता है। इसके अलावा खिचेनाखो (मुसलमान) भी वास करते हैं। ये काम-गरके अधीन हैं। इन लोगोंके देशके बाद च्यानम् नामकी विस्तृत मरुभूमि पड़ती है और फिर उसके बाद अच्चिया नामकी एक मुसलमान जाति रहती है। इन लोगोंके साथ बौद्धधर्मकी विरागवत्ता चली आ रही है। योन खङ्ग नामक स्थानमें बहुतसे मृत मनुष्योंकी हड्डी और खोपड़ी पाई जाती हैं। शाक्य और दिगुङ्ग आश्रमकी लड़ाईमें जितने मनुष्य मारे गये थे, शायद ये उन्हींकी अस्थिमाला होगी। वा शाक्य महाश्रमके निकट तगाङ्-पो नदी प्रवाहित है। इसके तीरवर्ती लह-रत्से, छुम रिङ और फुन-त्सु होम-जोङ्ग प्रभृति स्थान सात् गवर्मेण्टके अधीन हैं। इन सब स्थानोंमें बहुतसी पवित्र मूर्त्तियां देखी जाती हैं। यहांका खोपु-व्यस-छेन नामका स्तम्भ थोपुलोचवने बनवाया है। फुन-त्सको लिङ्ग नामक आश्रम फुन क्येन जोमो नङ्पने बनाया है। इस स्थानमें तथा फुण-त्सो-लिङ्ग प्रभृति स्थानोंमें जो-व नामक बौद्धाचार्यकी शिष्यपरम्परा वास करती तथा बौद्धशास्त्रके कालचक्र व्याकरण और विचार ग्रन्थादि पढ़ती थी। फुन-त्सो-लिङ्गमें जोनङ मत प्रचलित हुआ है। यहां कुब्लइ नामक सम्राट्के गुरु दोगोन फग-पा रहते थे। बाद जोनङ्-प साम्प्रदायिक मतकी श्रीवृद्धि हो जानेसे यह प्रायः लोपसा हो गया। इसके दक्षिणमें तशि-ल्हुन-पो महाश्रम है, जो ग्ये-गदुन्दुव द्वारा स्थापित हुआ है। यहां अमिताभ बुद्ध मनुष्यके आकारमें पन्छेन-रम्-पो अमपा नामसे आविर्भूत हुए थे। तशि-ल्हुनपो नामक आश्रममें उनकी कई एक अच्छी समाधियां हैं। इसके समीप कुन ख्याब-लिङ्ग नामका प्रासाद पन्छेन-तनपर-सिमसे बनाया गया है। तशि-ल्हुनपो आश्रमके पूरबकी उत्तर ग्यङ्-नामक स्थानमें तिब्बतका तीसरा प्रसिद्ध नगर ग्यन्-त्से अवस्थित है। इस शहरका व्यवसाय बहुत बढ़ा चढ़ा है। पहले यहां सिलु-रब्तन-कुन-स-सङ्गे नामक राजाकी राजधानी थी। उस राजाने यहां गोमङ्ग गम्पोन ङेमगो नामक संघाराम स्थापन किया। तशि-ल्हुनपो आश्रमके दक्षिणमें कोङ्जिन् दोर्जे नामक एक संन्यासीका तपोवन है, जिसे लोग शर्मो हाईलोङ्ग कहते हैं। यहां एक आर्यजनक निर्झर है, जिसके जलसे रोग नाश होता है। इसके सिवा अवलोकितेश्वरकी लिङ्ग-मूर्त्ति पर्वत पर खुदी हुई है। त्साङ्ग-पो नदीके किनारे त्साङ्ग-रङ्ग उपत्यकामें रिन्छेनगुङ्ग जोङ्ग अवस्थित है। यह रिन्छेन पुङ्ग नामक राजाके द्वारा बनाया गया है। निकटवर्ती थवग्य नामक ग्राममें पन्छेन-रिमपोछे नामक तशिलामाका जन्म हुआ था। इस उपत्यकाके नाना स्थानोंमें बहुतसे लामाओंने जन्मग्रहण किया था। यहां अनेक तपोवन हैं, किन्तु लोकसंख्या अधिक नहीं है।

ग्यन्-त्से नगरके दक्षिणमें पर्वतमालाके दूसरे बगल रलिङ नामक स्थान है। इसके पूर्वमें सिवङ्ग फोलङ्ग नामक राजाका जन्मस्थान फोन्ङ्याम है। तशिल्-हुन पो आश्रमके दक्षिण-पूर्वमें खिङ्ग खाम नामकी पर्वतमालाके दूसरे पार्श्वमें नोन-जोङ्ग नामका दुर्ग और एक ह्रदके मध्य कारागार निर्मित है। इस स्थानके बाद टिङ्किर जोङ्ग है। इसके दक्षिणमें मोन-दजोङ्ग नामका राज्य है, जिसे भारतवासी सिकिम कहते हैं। ग्यन्-त्से नगरके ठीक दक्षिणमें पर्वतमालाके दूसरे किनारे फग री-जोङ्ग नामका दुर्ग अवस्थित है। यही लासा गवर्मेण्टका सीमान्त दुर्ग है। इसके दक्षिण-पूर्वमें ल्हो-दुक (भूटान) राज्य है।

उत्तर ग्यङ्-नामक स्थानसे बहुत पर्वतमाला पार होने पर यरदोक (यम-दो) नामक ग्राम मिलता है, जो ठीक फग्रीके उत्तरमें पड़ता है। यहां तिब्बतके प्रधान चार ह्रदोंमेंसे यर-दोक-युमत्सो नामक एक ह्रद है। शीतकालमें ह्रदका ऊपरी भाग जम जाता है। उस समय ह्रदमेंसे अपध्वनिकी नाईं शब्द हमेशा निकलता रहता है। किसीके मतसे यह शब्द समुद्र या सिंहकी गरज और किसीके मतसे वायुका शब्द है। इस ह्रदकी मछलियां छोटी और सब एक ही आकारकी होती हैं। यरदोक नामक स्थानके पूर्वमें त्साङ्-पो और कि-छु नामकी नदीके सङ्गमस्थलसे कुछ पूर्वको हट कर सङ्-नामक स्थानमें प्रतिवर्ष लामा लोगोंकी सभा होती है। इसके निकटवर्ती एक नदीके किनारे हुमङ्ग-दोर-सु-लखङ्ग नामका मन्दिर राजा स्त्रङ्शन द्वारा निर्माण किया गया है। इसके पूरबमें सेगवर-सेरब-सुगोन नामक स्थानमें डोग-सोदन सेवर नामके देवताकी दो स्वयम्भू प्रतिमायें हैं।

इसकी प्रतिमामें शिर-संस्थान और आसन समूह:साफ साफ दीख पड़ते हैं। सान्द्रुक उपत्यकामें नेडुशोङ्ग नाम- का प्रासाद और दुर्ग है। यहां फगमो-दुबवंशीय सित्- चङ्ग-ङुर-ग्यलछान नामके राजा रहते थे। उनका अन्ता- वशेष अब *गन्धर्वोंका वासस्थान* कहा जाता है।

कुछ दूर पूर्वकी ओर जानेसे त्सिओ-गोङ्म नामक पर्वतके समीप चतन्द-गुङ्ग नामका आश्रम है, जो समस्त उत्तरी एशियामें विख्यात है। यहांके बड़े उपासनागृह- में मैत्रेय (चम्पथोङ्ग्दो)-की बड़ी प्रतिमा स्थापित है। इसके सिवा यहां भारतवर्षीय चन्द्र पण्डितके हस्तलिखित ग्रन्थ, अवलोकितेश्वर (चनरसिग)-की प्रतिमा और इस मोचयकी समाधि भी है। यहां दलइ लामाका एक प्रासाद है। यहांके तान्त्रिक मतके देवता यम्भैरवकी प्रतिमा बहुत प्रसिद्ध है। यहां विनय, अभिधर्म और माध्यमिक दर्शनकी शिक्षा दी जाती है। इसके सिवा प्रज्ञापारमिता तथा नि-ता-तुम्ङ्ग तान्त्रिकके मतका कुछ अंश भी पढ़ाया जाता है। इसके पूर्वमें तिब्बतकी राज- धानी पो-ल हदग (लासा) नगर है। आर्यावर्तके किसी वृहत् नगरके साथ इसकी तुलना नहीं होने पर भी तिब्बतके मध्य यह एक प्रधान नगर गिना जाता है। *लासा नगरके बीचमें एक ऊंचा तिमंजला शाक्य-* बुद्धका मन्दिर है। इसमें शाक्यसिंहकी जो प्रतिमा है, वह उनके बारह वर्षकी अवस्थाका प्रतिरूप है। राजा स्रोन्त्सन गम्पोने चीनकी राजकन्यासे विवाह किया और वहींसे इस प्रतिमाको अपने देशमें लाये थे। यह अवलोकितेश्वर (चनरसिग) और मैत्रेय बुद्धकी स्वयंभू प्रतिमा है। इसके सिवा तुसोङ्गचप, थी-सुन्, ग्यमोदेवी (भारतमें शची कामिनी नामसे ख्यात) प्रभृतिकी मूर्तियां हैं।

तिब्बतके अधिकांश सम्भ्रान्त और जमींदार लामा नगरमें रहते हैं। चीन, काश्मीर, नेपाल, भूटान प्रभृति स्थानोंसे यहां वणिक् आते हैं। इस नगरमें आध मील- की दूरी पर पोताला नामक प्रासाद है। प्रवाद है, कि इस प्रासादमें जगन्नाथ अवलोकितेश्वर वास करते थे। ये ही दलइ-लामाके रूपमें वर्तमान हैं। स्रोन्त्सन गम्पो नामक राजाने इसे निर्माण किया था। यहां लोहित प्रासाद (को-दुङ्ग-मर्पो) है। इस प्रासादमें लोकेश्वरकी प्रतिमा और कोङ्गम-डुप नामक पूर्व दलइ लामाकी समाधि है, जिसमें तेरह लाख रुपये लगे हुए हैं। पोताला प्रासादके दक्षिण- पश्चिममें चग्पोहरी पर्वत पर चिकित्साशास्त्र सिखानेका विद्यामन्दिर है। यह मन्दिर अवधापितके नाम पर तथा पर्वतके पश्चिममें हरि पर्वत आर्यमञ्जुघोषके नाम पर उत्सर्ग किया गया है। यहां दम्-ङ गन्दुङ्ग राजा हैं। पोताला और लासाके मध्यमें अम्बन नामके एक राजकर्म- चारीका वास है। ये दलइलामाकी गतिविधि पर दृष्टि रखनेके लिये चीन-सम्राट् द्वारा नियुक्त किये गये हैं। इस नगरके उत्तरमें सेर थेग छे-लिङ्ग नामक आश्रममें अवलोकितेश्वरकी ग्यारह मुखकी प्रतिमा विराजमान है। उ-छू नदीके किनारे होकर पूर्वकी ओर जानेसे एक जङ्गल पार होना पड़ता है, उसके बाद सम्येर नामक पहाड़के ऊपर अतिशदेवका तपोवन और गुहा, आचार्य (दफुग) पद्मसम्भवके तथा ८० योगियोंकी गुहाएं देखी जाती हैं। यहां अवलोकितेश्वरमूर्त्ति, रूपप्रस्तर-सम्भूत स्वयंभू मणि, सोमप्रस्तरखण्डके मध्यगत श्वेतप्रस्तरसे स्वयं- जात तारामूर्त्ति, जम्भल (कुबेर)-मूर्त्ति, रिगधोल (वट- मती) मूर्त्ति और दुषखाव विश्वमूर्त्ति हैं। चार मैत्रेयोंसे येवन आमहैनने इस प्रदेशमें अमृतकी वर्षा की थी। यहां अन्न छगिल नामक एक अद्वितीय देवता- की प्रतिमा है। उ-छू नदीके दाहिने किनारे प्रसिद्ध संस्कारक त्सङ्खोङ्ग-द्वारा स्वयं स्थापित गधन नामक आश्रम और उनका समाधिस्थान है। इसके सिवा यहां यमान्तक महाकाल कालरूप नामक देवताकी प्रतिमा और गुह्य-समाजका मण्डल है। गधनके उत्तर पूर्वमें कगल पर्वतके दूसरे पारमें रदेङ्ग नामका आश्रम है इसके दक्षिणमें चीनका यूनान नामक स्थान पड़ता है। सङ्ग नामक स्थानके पूर्व पर्वतके दूसरे पारमें लम सुहो अवस्थित है। इसके पूर्वमें ग्य-छु (रौप्य) नदीके बायें किनारे रिभोछे नामक प्रसिद्ध महाराम है और महाराम- के पूर्वमें मरखम् प्रदेश है। यहां राजा स्रोन्त्सन गम्पोके समयमें निर्मित कई एक मन्दिर हैं। इसके पूर्व- में कोङ्ग बे-ल नामक स्थान है, यहीं चीन और तिब्बतकी सीमा है। कोङ्गबे-लके पूर्वमें बाह विभागके मध्य युं-

हिम अम्बलिङ्ग नामका सङ्घाराम सियङ्ग् नामक स्थानमें अवस्थित है। यहां अन्-नि शास्त्रमतावलम्बी २८०० संन्यासी रहते हैं। सियङ्ग् नामक स्थानके उत्तरपूर्वमें नागरङ्ग जिला पड़ता है। यहां नागछु नदीके किनारे कोड नामका मन्दिर भारतवर्षीय आचार्य फ-तम्प सङ्ग्र (सिद्धिपथागमत प्रवर्त्तक)का योगाश्रम मन्दिर है। श्यमो-रोल नामके प्रदेशमें लोचव विरोचनकी तपस्याका स्थान और गुहा है। आमदो प्रदेशमें ध-स्यु-ङ्ग नामक स्थानके उत्तर पर्वतके पारमें चोङ्ग्-स जिला है। वर्त्तमान युगके द्वितीय बुद्ध शार चोङ्ग्-खप लोसं तग्प नामक प्रसिद्ध संस्कारककी जन्मभूमिके ऊपर कुम्बुम नामका सङ्घाराम स्थापित है। यहां एक सफेद चन्दनका पेड़ है। प्रवाद है, कि उक्त संस्कारकके जन्मकालमें उसके हरएक पत्तेमें सेङ्गनारो बुद्धकी छवि दीखने लगी थी। इस स्थानसे उत्तरपूर्वमें आमदो गोमङ्-गोनप वा सेर-खङ्ग गोन्प नामका सङ्घाराम अवस्थित है। इस सङ्घारामके प्रधान आचार्य तगषे धोमो नामाके अवतार हैं। वे ही इस भूविवरणके प्रणेता हैं। यहां अन-नो मतावलम्बी २००० संन्यासी वास करते हैं। इसके उत्तरमें आमदो परो नामक जिलेके ओमोङ्गोर सङ्घाराम बहुत विख्यात है। अमनिङ्ग नामके एक मन्दिरमें १ लाख बुद्ध मूर्त्तियां और मैत्रेय बुद्धकी ८० फुट ऊंची प्रतिमा हैं। लोषातुन सङ्घाराममें सम्बर नामके तान्त्रिक देवताकी मूर्त्ति है। यह देवता अपनी ही शक्ति आलिङ्गन करके विद्यमान हैं। इसके उत्तरमें को कोनर नामका ह्रद है जिसके बीचमें महादेव नामका एक पर्वत है। यहां को-कोनर मोङ्गोल नामकी एक श्रेणीकी चोर जाति ३२ सर्दारोंके अधीन वास करती है। ये बौद्धधर्मावलम्बी हैं। आजकल तिब्बतके पूर्वाञ्चलके लोग अक्सर ही कनफुचि मत ग्रहण करते हैं। लदाकके मनुष्य मानसके मतावलम्बी हैं। इस देशमें कहीं कहीं चीन-तातार, तुर्किस्तान और मङ्गोलियाके मुसलमान रहते हैं, उन्होंने इस देशके दस्यु-व्यवसायी लोगोंको मुसलमान बनाया है।

वर्त्तमान तिब्बत राज्य अक्षा० २०° से ३०° उ० और देशा० ७२° से १०५° पूर्वमें अवस्थित है। इसके उत्तरमें गोबी नामकी विस्तृत मरुभूमि है। इसकी सबसे ऊंची समतल भूमि समुद्रतलसे ४० हजार फुट ऊंची है। उच्च तिब्बतमें इस तरहकी भूमि १२से १३ हजार फुट ऊंची है। तिब्बतको चीना लोग 'चङ्ग' या 'सितङ्ग' देश कहते हैं। तिब्बत शब्द टु-पेइ-तेइ (तुबो) शब्दका अपभ्रंश है। तिब्बतके लोग अपने देशको 'पो' या 'पो-युल' कहते हैं। पो शब्दसे प्राचीन भारतवासियोंने इसे भोटको आख्या दी है। पो शब्द लिखनेमें 'बोट' इस तरह लिखा जाता है। सुतरां उसका भोट शब्द होना असम्भव नहीं है। पो-युलका अर्थ 'पो' देश है, 'पो-प'का अर्थ पो देशीय पुरुष तथा 'पो-मो'का अर्थ पो देशीय स्त्री होता है। तिब्बती लोग मध्य तिब्बतको ही प्रकृतपक्षमें पो कहते हैं। पूर्व तिब्बत साधारणतः खम या खड़ा तिब्बत नामसे पुकारा जाता है। चीन शासनमें इसने तिब्बतको दो भागोंमें विभक्त किया है। अग्र-तिब्बत और पश्चात्-तिब्बत। चङ्ग प्रदेश (प्रकृत तिब्बत) साधारणतः चार भागोंमें विभक्त है—पूर्वमें चोयेन चङ्ग (खम), मध्यमें उङ्ग्, चङ्ग्, पश्चिमोत्तरमें ङय् चङ्ग् (प्रकृत गुति) और पश्चिममें नरि (लदाक)।

लदाक प्रदेशमें 'ले' प्रधान नगर है और इस्कार्दो बल्ति प्रदेशका प्रधान नगर है। बल्तिमें सिन्धु नदीके किनारे बल्ति और रोङ्दो, सिङ्ग-गे-चु नदीके किनारे खरटकसो, तोमतो, अकुंत-शगर नदीके किनारे शगर और श्योक नदीके किनारे ख्योबलु, चोर्यत तथा कि्थम शहर हैं।

तिब्बतवासी हिमालय पर्वतको कङ्गिर कहते हैं।

गिरिपथ—भारतवर्षसे शतद्रु नदीके किनारे हो कर एक रास्ता गया है। यही रास्ता तिब्बतका प्रधान रास्ता माना जाता है और यह मध्य एशिया तक विस्तृत है। गढ़वाल राज्यके मध्य टेहरी प्रदेशमें नीलनघाट गिरिपथ है। अंग्रेजोंके अधिकृत गढ़वाल राज्यमें नीति और माना गिरिपथ, कुमायूं प्रदेशमें जोहर गिरिपथ, कुमायूं राज्यके सीमान्तमें दर्म और व्यास गिरिपथ है। इसके सिवा भारतवर्षसे तिब्बतमें प्रवेश करनेके और भी कई एक पथ हैं।

अधिवासी—तिब्बतके लोग मङ्गोलीय जातिके हैं। नेपाल और भूटानके लोग भी इसी जातिसे उत्पन्न

हुए हैं। तिब्बती लोग इन समस्त पार्वतीय प्रदेशोंके मनुष्योंको भोट कहते हैं। लदाकके लोग अपनेको भोटिया कहलाते हैं। गोबि-मरुके दक्षिणमें धोर्प नामक जाति वास करती है। ये तुरुक जातिसे उत्पन्न हुए हैं। होर या होरप जाति मङ्गोलियाके तुरुक जातिसे उत्पन्न हैं। ये उत्तर-तिब्बतमें वास करते हैं। मुसलमान लोग साधारणतः खचो नामसे विख्यात हैं।

वेशभूषा—धनी और सम्भ्रान्त लोग ग्रीष्मकालमें चीना-साटन और शीतकालमें उसी साटनके नीचे पशुके रोएँ लगा कर पहनते हैं। साधारण लोग ग्रीष्ममें रोएँके बुने हुए कपड़े और शीतमें भेड़के चमड़े पहनते हैं। सभी लोग जूता पहनते हैं। साधारण लोग जीवनमें प्रायः स्नान नहीं करते तथा कपड़े भी सर्वदा नहीं धोते हैं, इसी कारण उनके शरीरमें थोड़ा जल पड़नेसे ही चमड़ा फट जाता है। शहरके लोग जो प्रायः घरसे बाहर नहीं जाते स्नान नहीं करते हैं और वे स्नान करनेको पापकर्म समझते हैं। यहां कोई भी साबुनका व्यवहार नहीं करता, एक प्रकारके वृक्षके निर्यासको जलमें घट कर उसीसे कपड़ा साफ करते हैं।

व्यवसाय—पार्वतीय प्रदेशके सभी मनुष्य व्यवसाय करते हैं। ये मार्चसे नवम्बर मास तक उपत्यकामें रहते हैं। इन लोगोंकी स्त्रियां कुछ कुछ कृषिकार्य्य करती हैं। उत्पन्न अनाजोंमेंसे पुरुष चावल, आटा, रुई और चीनी तैयार कर तिब्बतको ले जाते और वहांसे सुहागा, नमक और पशम लाते हैं। नवम्बरसे मार्च तक वे पर्वतको छोड़ कर अलकनन्दाके किनारे कुरुप्रयाग और नन्दप्रयाग-में जा कर नजीबाबादके वणिकोंके साथ वाणिज्य करते हैं। ये बकरी गौओंको बोझ ढोनेके काममें नियुक्त करते हैं। यह पशु १५०से २०० पौण्ड अर्थात् २॥ मन बोझ ढो सकता है। तिब्बतमें पर्वत और नदीमें स्वर्णरेणु पाया जाता है, किन्तु सुहागाका आदर वाणिज्य व्यापारमें बहुत अधिक है। बहुत दिन हुए, कि यहां चायका व्यवसाय चल रहा है। लगभग चार सेर चायका एक बण्डल २४) रुपयेमें बिकता है। भेड़ और बकरीके रोएँके लिए इन दो प्रकारके पशुओंका पालन भी यहांके निम्न श्रेणीके अधिवासियोंका मुख्य व्यवसाय है। पशु-पालक उन्हें चरानेके लिए १४।१६ हजार फुट ऊपर तक चले जाते हैं, इससे अधिक ऊपर जानेका साहस नहीं होता।

धर्म—बौद्धधर्म ही समस्त देशका प्रधान धर्म है। छोटे तिब्बतके लोग सिवा मुसलमान हैं। दलाई-लामा बौद्धधर्मके सर्वप्रधान याजक हैं और वे लासा नगरमें रहते हैं। तशिलामा द्वितीय याजक हैं और वे सान्पु (ब्रह्मपुत्रके किनारे) तशिलुन्पो नगरमें रहते हैं। साधारण याजक (श्रमण) "गेलङ्ग" नामसे पुकारे जाते हैं। इनके बाद "गेछल" या "तुप्प" गण धर्मशास्त्र मात्र पाठके शिक्षार्थी हैं। ये ८।१० वर्षकी अवस्थामें किसी धर्ममन्दिरमें शिक्षाके लिये प्रवेश करते हैं। १९ वर्षकी उमरमें इन्हें "तुप्प" उपाधि और २४ वर्षमें "गेलङ्ग" उपाधि मिलती है। बौद्धधर्मके लोग यहां दो सम्प्रदायोंमें विभक्त हैं—"गेलुगपा" और "शम्मर"। प्रथम सम्प्रदायके याजक पीले वस्त्र पहनते हैं और विवाह नहीं करते। किन्तु द्वितीय सम्प्रदायके याजक लाल वस्त्र पहनते और विवाह करते हैं। लामा, गेलङ्ग और तुप्पोंके सिवा इनमें और भी कई एक संन्यासी हैं जो सभी तरहके काम काज करते हैं।

उत्सव—किसी गोन्प या गुम्बके लामाकी मृत्यु-तिथिके उपलक्ष्यमें प्रति वर्ष उसी गुम्बमें उत्सव और रोशनी की जाती है। तशिलुन्पो गुम्बमें प्रतिवर्ष तीन बार इसी तरहका उत्सव होता है। जिस दिन यहां पहले पहल बौद्धधर्म प्रचार हुआ था, उसी तिथिके अनुसार प्रतिवर्ष लासा नगरमें 'लासा मिङछुन' नामक उत्सव होता है। इसके सिवा फलसुपेच, सुसुपेच, गिसुपेच, मितुपेच, गोसुङ्गपेच, गेजिपेच, लतुपेच, चिन्दुपेच, दुपेच, कम्दुरपेच और लुकलोपेच नामक बारह वार्षिक उत्सव हैं। इन लोगोंमें बार्हस्पत्य-संवत्सर प्रचलित है। १०२५ ई०से इन लोगोंका अब्द शुरू हुआ है।

६३८से ६४२ ई०के मध्य शाक्यकालमें, दूसरे अशोककालमें (शाक्यकी मृत्युके ११० वर्ष बाद) और तीसरे कनिष्ककालमें (शाक्यकी मृत्युके ४०० वर्षके भी अधिक समय बाद) भारतवर्षमें जो बौद्धग्रन्थ संगृहीत हुए थे, तिब्बतवासी बौद्धोंके ग्रन्थ भी उन्हींसे अनूदित किये गये थे।

संस्कार-विधि—ये न तो शवदाह करते हैं और न गाड़ते, वरन् ऊँचे स्थानमें फेंक आते हैं। गीदड़ मांस खा लेते और हड्डी छोड़ देते हैं। धनीकी देहको तख्ते पर रख कर एक ऊँचे पर्वत पर ले जाते हैं, (श्मशानके उद्देश्यसे ही यह पर्वत व्यवहृत होता है) और वहां मुर्देके शरीरसे वे मांस काट कर अलग करते हैं, बाद हड्डीको चूर चूर कर आगमें डालते और धुआं उत्पादन करते हैं। धुएँको देख कर गिद्ध, गीदड़ आदि पहुँच जाते और उन्हींको काटा हुआ मांस दे दिया जाता है। प्रधान प्रधान लामाकी मृतदेह उन्हींके गोम्पके मध्य नवीन प्रस्तुत समाधिमन्दिरमें गाड़ते हैं। निम्नपदके लामाकी देह जलाई जाती है, किन्तु भस्मराशिको धातव-पुत्तलिकामें बन्द कर मन्दिरमें रख छोड़ते हैं। साधारण लोगोंके लिए पारसियोंकी नाईं दीवारसे घिरा हुआ 'मृतस्थापनस्थान' है। मङ्गोलियामें कोई कोई मृतदेहको जलाते और कोई पत्थरके ढेरमें गाड़ते तथा कोई निर्जन स्थानमें फेंक आते हैं। ये हठात् मृत शिशुकी देहको रास्तेमें फेंक देते हैं।

धर्मविस्तार और धर्ममत—तिब्बतमें बौद्धधर्म प्राचीन वा ञदर और आधुनिक वा छि दर इन दो भागोंमें विभक्त है। लह-थित्-तुसम्पो राजाके समयसे अधस्तन २६ पुरुष नमरि-स्रोन्-त्सन राजाके राजत्वकाल तक तिब्बतमें बौद्धधर्मकी बात कोई नहीं जानता था। लह-थो-थो-रि-नन्-त्सन नामक राजाके राजत्वकालमें राजप्रासाद पर कई भाग पं कौ छ्यग-ग्य पुस्तक आकाशसे गिरी थी, इस पुस्तकका अर्थ नहीं जाननेके कारण तिब्बती लोगोंने इसका नाम 'सं-पोसां-व' रखा। यहींसे बौद्धधर्मका सूत्रपात हुआ। राजाको स्वप्नमें मालूम हो गया, कि उनसे अधस्तन पञ्चम पुरुषमें इस पुस्तकका अर्थ प्रकाशित होगा। इसीके अनुसार बोधिसत्व अवलोकितेश्वरके अवतार स्रोङ्-त्सन गम्पो राजाके अधिकारके समय उनके मन्त्री थोन-मि-सम्भोट भारतवर्षमें उपस्थित हुए और उन्होंने बौद्धधर्मके नाना शास्त्र अध्ययन किये। वे हिन्दुओंके शास्त्रोंमें भी व्युत्पत्ति लाभ कर तिब्बतको लौट गये। तिब्बतमें जा कर उन्होंने ही तिब्बतकी 'उचन' नामक अक्षरमालाकी सृष्टि की। मात्रायुक्त नागरी अक्षर और मात्राहीन लुत्सु अक्षरों (काफिरिस्तान वा वाकइयामें प्रचलित भाषा और अक्षरमाला)से तोड़ फोड़ कर मात्रायुक्त 'उचन' अक्षर निकाले गये हैं। यही तिब्बत देशकी प्रथम वर्णमाला है। राजा स्रोन-त्सन-गम्पो नेपालकी राजकुमारीसे विवाह कर वहांसे अक्षोभ्य-बुद्धको (पञ्च ध्यानी बुद्धमेंसे एक) और चीनकी राजकुमारीके साथ विवाह कर वहांसे शाक्य मुनिकी प्रतिमा लाये थे। ये ही दोनों तिब्बतकी सबसे पहली और प्राचीन बौद्ध-प्रतिमा हैं। रस-थुल-नं-किङ्-लख नामक मन्दिर बनवा कर राजाने उन दो मूर्त्तियोंको स्थापित किया। इसी मन्दिरके नामानुसार उनकी राजधानीका नाम 'लासा' पड़ा है। थोन्-मि-सम्भोट और उनके अनुगामिगण राजाके आदेशसे तिब्बतके नवसृष्ट अक्षरोंमें तिब्बतीय भाषामें संस्कृतसे बौद्धग्रन्थ अनुवाद करनेमें नियुक्त हुए। संग्ये-फलपो-छे प्रभृति ग्रन्थ ही सबसे पहले अनुवादित हुए थे।

थि स्रोन-दे-त्सन् राजा मञ्जुघोषके अवतार माने जाते थे। उनके राजत्वकालमें महापण्डित शान्तरक्षित, पद्मसम्भव और अन्यान्य भारतवर्षीय बौद्ध-पण्डित तिब्बतमें आमन्त्रित हुए। इन लोगोंके साथ सात श्रमण बौद्ध-संन्यासी भी आये थे, जिनमें वैरोचन प्रधान थे। इनके शिक्षादानसे देशमें शीघ्र ही बहुतसे लोचव (संस्कृतज्ञ तथा दो या तीन भाषावित् तिब्बतीय लोग) हो गये। लोचवोंमें लुइ-वनपो, सेगोर वैरोचन, आचार्य रिन्छेन-छोग, येसे ञपो, कछोग गङ् प्रभृति प्रधान हैं। इन्होंने सूत्र, तन्त्र और ध्यानशास्त्रका तिब्बतीय भाषामें अनुवाद किया। ये शान्तरक्षित दुल्व (विनय) शास्त्रसे माध्यमिक शास्त्र तक शिक्षा देते थे। पद्मसम्भव स्वामी छात्रोंको तन्त्रशास्त्र सिखाते थे। इस समय ह्वशन् महायान नामक एक चीन देशीय पण्डितने तिब्बत आ कर एक नया मत प्रचार किया। वे कहते थे "सत्य हो वा असत्य, मन जब तक आसक्त रहेगा, तब तक उसको मुक्ति नहीं है; स्वर्ण सीकड़ा हो या लोहेका वह समान भावसे बांधे रखता है। बिना निरासक्त हुए बार बार जन्मग्रहणसे परित्राण नहीं है।' यह मत प्रचारित होने पर शान्तरक्षितका दार्शनिक

ह्वाशङ्ग की तरह और ह्वशन महायानका मत 'बहुत अच्छे ढंगसे लगा। राजा ठि-स्रोङ्-दे-त्सन व्याकुल हो कर भारतवर्षसे पण्डित कमलशीलको लाये। कमलशीलने तर्कमें चीन पण्डित पराजित किये अतः पर उनका मत धीरे धीरे लुप्त होने लगा। कमलशील तिब्बतमें पुनः शिक्षा प्रचार करने लगे। शान्तरक्षित और कमलशील दोनों स्वतन्त्र-माध्यमिक मतावलम्बी थे। इसके बाद और कई एक योगाचार्य पण्डित यहाँ आये थे, किन्तु वे स्वतन्त्र-माध्यमिक मतके विरुद्ध कुछ विशेष नहीं कह सके। राजा रल-पचनके राजत्वकालमें पण्डित जिन-मित्रने आ कर अनेक धर्मग्रन्थोंका देशीय भाषामें अनुवाद किया था।

इसके बाद जब लङ्-दर्म नामके राजा सिंहासन पर बैठे, तब उनके भयसे कुछ समयके लिये बौद्धधर्म तिब्बतसे जाता रहा। इस समय तीन संन्यासी अम-दिन-छु-बोरिसे भाग कर आमदो देशमें गोन-प-रब-सल नामक लामाके शिष्य हुए। इसके बाद और भी दश मनुष्य लामाका शिष्यत्व ग्रहण कर संन्यासी हो गये। लुम छुल-थिम इनमें प्रधान थे। लङ्दर्मकी मृत्युके बाद वे लौट कर अपने अपने महाराममें पहुँचे और पुनः बौद्धधर्मके संस्कारमें प्रवृत्त हुए। उन्होंने श्रमणोंकी संख्याको बढ़ानेके लिये उ और सङ्ग प्रदेशमें कार्य आरम्भ किया। इस तरह पुनः आमदो प्रदेशके लामा गोङ्-पब-सल और लुमे छुल-थिम द्वारा तिब्बतमें बौद्धधर्म प्रतिष्ठित हुआ। लह-लामाके समयमें लोचव रिन-छेन संगपो भारतसे शास्त्रादि सीखनेको आये। उन्होंने लौट कर सूत्र और तन्त्रशास्त्रका अनुवाद किया।

लङ्दर्म राजाके पूर्ववर्ती कालको 'ङ-दर' और परवर्ती कालको 'छि-दर' कहते हैं।

रिन्छेन-सङ्पोने तान्त्रिक मतावलम्बियोंके अनेक आचार व्यवहारका भी संस्कार किया। धर्मकी दुहाई देकर बहुतोंने अश्लील व्यवहार अवलम्बन किया था। ये प्रासङ्ग माध्यमिक मतावलम्बी थे।

राजा लह-लामाने भारतवर्षसे धर्मपाल और उनके तीन शिष्योंको बुलाया। पूर्व भारतमें धर्मपाल अपने शिष्य सिद्धपाल, गुणपाल और प्रज्ञापालके साथ इस देशमें आये। इनके बाद पे-हिन दोलिङ होकर मेनाचमें विनयशास्त्र सीखनेके लिये दीपङ्कर मतावलम्बी पण्डित प्रेतकके निकट पहुँचे। इन्होंके शिष्य सिद्धुल्व (अथवा देशीय विनयविद्) कह कर प्रसिद्ध हैं। इसके बाद राजा लहदके समयमें काश्मीरके पण्डित शाक्यश्री बुलाये गये। इनसे कई एक शास्त्र अनुवाद कराया गया। इन्होंने जो आचार-विधि प्रचार की, वह 'पञ्चेन शाक्य ग्युप' नामसे मशहूर है। आमदो देशीय अञ्चलने दूसरे प्रकारकी आचार-विधि लिखी थी जो 'मदेन डोम ग्युप' नामसे प्रसिद्ध है। इस तरह विनयशास्त्र ही तिब्बतीय बौद्धधर्मके आधार हुए और डोमग्युप भी आचार-विधि बौद्धधर्मके आनुष्ठानिक आचरण-रूपमें प्रतिष्ठित हुई।

कालक्रमसे नाना पण्डितोंके नाना व्याख्यानसे तिब्बतीय बौद्धधर्म भारतवर्षके १८ प्रकारके वैभाषिक मतकी भाँति नाना साम्प्रदायिक मतोंमें विभक्त हो गया। इन लोगोंमें अनेक मत प्रवर्त्तियोंके नामसे, अनेक मतप्रचारके प्रथम स्थानके नामसे और अनेक मत प्रवर्त्तकके भारतीय गुरुके नामसे प्रसिद्ध हो गये तथा बहुतसे मत अपने अपने क्रिया विशेष नामसे भी अभिहित हुए।

समस्त साम्प्रदायिक मत पुनः पुरातन और संस्कृत (गेलुग्-प) इन दो भागोंमें विभक्त हो गये हैं। पुरातन सम्प्रदायमें निं-म-प, कह्-दम्प, कर्-ग्युं-प, शि-च्ये-प, जोनंप और सिद्धेव ये सात शाखायें हैं। पुरातन सम्प्रदाय साधारणतः दो भागोंमें विभक्त है- निं-म-प और सर्मप। इस भेदको आधा-शास्त्र तन्त्रशास्त्रमें लिखी गई है। जो सब अन्य पण्डित स्मृतिके अपने तिब्बतीय भाषामें अनूदित हैं, वेही निं-मप और जो रिन्-छेन-सङ्पोसे अनूदित हैं, वेही सर्मप कहलाते हैं। मघ-योमुन तन्त्रोंके राजा ठि-स्रोङके राजत्व कालमें अनूदित होने पर भी वे सर्मसम्प्रदाय गिने जाते हैं। इस तरह और भी दो एक शीलमात्र रहने पर भी रिन्छेन्-सङ्पोके सर्व तन्त्रके प्रतिष्ठाता कह कर सर्वत्र पूजित हुए। लोचव रिन्छेन्-सङ्पोने प्रज्ञापारमिता, सूत्र और सिद्ध तन्त्रका प्रचार किये। सर्वोपरि योगतन्त्र

उन्होंके द्वारा तिब्बतमें प्रचार किया गया। गो नामक तान्त्रिक पण्डितने नागार्जुनके मतसे समाजगुह्य मतका प्रचार किया और सर्व नामक तान्त्रिक पण्डितने पिटतन्त्रके अनुसार समाज गुह्यमत, मातृतन्त्रके अनुसार महामाया अनुष्ठान, वज्रहर्ष और सम्बर-अनुष्ठान विधि प्रचलित की। ये समस्त लोचवोंके प्रतिष्ठित तान्त्रिक अनुष्ठान और विधि 'ग्सर-स्नग्स' या नव्यतन्त्र नामसे ख्यात हैं।

राजा स्रोन् त्सन-गम्पो स्वयं धर्मोपदेष्टा थे। इनके छात्र जो सब पुस्तक व्यवहार करते थे, वे 'ग्येरिम' नामसे और अवलोकितेश्वरके उपदेशसमूह 'भोगरिम' नामसे पुकारे जाते थे। स्रोन्त्सन-गम्पोने हो सबसे पहले 'ओं मणि पद्मे हुं' यह मन्त्र प्रचलित किया तथा मन्त्रविधिकी शिक्षा दी। वेही भारतवर्षसे कुमार और शङ्कर ब्राह्मण नामके दो आचार्योंको तथा काश्मीरसे पण्डित शीलमञ्जुको लाये। इनके पांचवें पुरुषके बाद राजा थि-स्रोन् देउत्सनने शान्तरक्षितको लाये। इन्होंने देशीय लोगोंके धर्माचरणकी अवस्था देख कर उन्हें कुछ कुछ अनुष्ठानादि सिखानेके लिये पहले 'दशधर्म' अर्थात् प्राणी हिंसानिषेध, चौर्यनिषेध, व्यभिचारनिषेध, मिथ्या कथननिषेध, परनिन्दा या कुवाक्यवचननिषेध, तथा वाक्यव्ययनिषेध, लोभनिषेध, अमङ्गलचिन्तानिषेध, सत्यका अपलापनिषेध, इन दश विधियोंका प्रचार किया। इसके बाद तन्त्रमत सिखानेके लिये शान्तरक्षितके अनुरोधसे वे उद्यानसे पद्मसम्भवको लाये। इन्होंने यहां कूटागारकी नाईं एक विहार स्थापन किया। पद्मसम्भवने राजाको योगशिक्षा दी। राजा और छब्बीस संन्यासी विविध योगमें सिद्धि लाभ कर नाना अलौकिक क्षमतापन्न हुए। बाद धर्मकीर्ति, विमलमित्र, बुद्धगुह्य, शान्तिगर्भ प्रभृति पण्डित इस देशमें आये। धर्मकीर्तिने वज्रधातुयोग नामक तान्त्रिक आचार और विमलमित्रने तन्त्रके गुप्त रहस्यकी शिक्षा दी। निंमके मतसे नौ प्रकारके अनुष्ठान हैं—

(१) मं-दो (२) रं-ग्यल (३) अक्-मेस (४) क्रिया (५) उप (६) योग (७) कोप अभायोग (८) सुं अनुयोग (९) ओम-छेनपो-अतियोग।

इनमेंसे पहले तीन निर्माणकाय-बुद्धके (बुद्ध शाक्यसिंह) उपदेश हैं। इन्हींका नाम साधारण 'यान' है। दूसरे तीन सम्भोगकाय वज्रसत्त्वके उपदेश हैं, जिनका नाम बाह्य वा अध्य तन्त्रयान रखा गया है। शेष तीन धर्मकाय सामन्तभद्र या कुन्तत-संपोके उपदेश हैं और ये ही अनुत्तर अन्तरयानत्रय नामसे ख्यात हैं। कुन्तत-संपो यहांके सर्वप्रधान बुद्ध माने जाते हैं। वज्रधर संप्रदायके मतसे सम्प्रदायियोंमें (गेलुगप) प्रधान बुद्ध हैं। वज्रसत्त्व निंमके मतसे दूसरे और शाक्यसिंह बुद्धके अवतार कह कर तीसरे बुद्ध रूपमें सम्मानित होते हैं। बाह्य और अन्तर तन्त्रोंमें बुद्धशाक्यसिंह स्वयं क्रियातन्त्रोंके उपदेष्टा हैं और उप या कर्मतन्त्र तथा योगतन्त्र वैरोचनसे उपदिष्ट हैं। पञ्च जाति या ध्यानी बुद्धोंके नाम—(१)अक्षोभ्य (२) वैरोचन (३) रत्नसम्भव (४) अमिताभ और (५) अमोघसिद्ध। प्रत्येकमें बुद्ध अवस्थाके पांच ज्ञानोंका प्रतिमा स्वरूप है। वज्रधर अनुत्तर या अन्तर तन्त्रके उपदेशकर्त्ता हैं। निंमके मतानुसार लामाकी भी श्रेणियां हैं—

(१म) बुद्ध-जैसे शाक्यसिंह, कुन्तत संपो, दोर्जे सेम्स, अमिताभ। (२य) रिगजिन। जो शेष कालमें हो महत् गुणसम्पन्न और पीछे अपनी चेष्टा और अध्यवसायसे महाविद्वान् और अन्तमें विद्याधरियोंसे (ये से खहदोम) से अनुप्राणित होते हैं, जैसे-पद्मसम्भव, त्योसिंह, मानपुर और अन्यान्य बोधिसत्त्वगण। (३य) गं सग-नग या अनुप्राणित संन्यासी, जो बहुत यत्नसे गुह्य विषयको रक्षा करते हैं। (४र्थ) कहवग्-तुग तन स्वप्नादिष्ट और स्वप्नानुप्राणित लामागण। (५म) ते-थो-तेर—जो सब लामा गुप्त धर्मपुस्तक पाकर बिना शिक्षककी सहायतासे उन्हें समझ सकते और लिख सकते हैं। (६ष्ठ) लोप-सम संग्य-जो सब लामा उपासनासे सिद्धि लाभ कर ऐश्वरिक शक्ति पाते हैं। इन छह उक्त श्रेणीके भेदके अतिरिक्त आनुष्ठानिक अवस्थाके और तीन भेद हैं :—(१) रिंकस्म् (सिद्धिको दूरस्थ श्रेणी) (२) ने-गंस (सिद्धिको निकटस्थ श्रेणी) और (३) सब-मो,टग-मन (गम्भीर भाव श्रेणी) पहली श्रेणीमें पुनः तीन उपविभाग हैं—ख्यु-दुन, दुपेटो और डेनडोग।

ख्यु-दुन श्रेणी—ङ-थं और दाम प्रदेशमें व्याप्त है।

और चाय) आये थे। इन्होंने ही इस तरह तिब्बतके राजाओंमें सबसे पहले देश प्रचार प्राप्त किया तथा तिब्बती लोगोंमें ये भगवान माने गए हैं। एक समय राजा महाशय जब इन द्रव्योंकी आलोचना कर रहे थे, इतनेमें आकाशसे दैववाणी हुई, कि इनसे निम्न चौथे पुरुषके बाद पांचवें राजाके समय इन समस्त विषयोंका अर्थ प्रकाशित होगा। इस पर राजाने यत्नपूर्वक उन्हें सं-पर्-सं-चो (अपरिज्ञात द्रव्य) नाम देकर राज-प्रासादमें रख दिया और उसी दिनसे वे प्रतिदिन उनकी पूजा करने लगे। ५६१ ई०को १२० वर्षकी अवस्थामें उनकी मृत्यु हुई। इनके प्रपौत्र अन्धे हो गये थे, किन्तु कोई उत्तराधिकारी न रहनेके कारण अनेक तर्कवितर्कके बाद अन्ध राजकुमार ही राजसिंहासन पर बैठे। इनके अभिषेकके समय उन समस्त दैवदत्त द्रव्योंकी पूजा करनेसे उनका अन्धत्व दूर हो गया। आंखें खुलते समय सबसे पहले उन्हें मालूम पड़ा, कि ल्हरि पर्वत पर एक भेड़ भागा जा रहा है। इसी कारण इनका नाम तग्-रि-नन्-सिग रखा गया। इनके बाद इनके पुत्र नम-रि-स्रोन-त्सन राजा हुए। इनके राजत्वकालमें तिब्बती लोगोंने चीनसे चिकित्साशास्त्र और अङ्कशास्त्र पहले पहल सीखा। इस समय दधिपायस और गोधनका इतना आदर था और अधिकता भी इतनी थी, कि राजाने अपना राजप्रासाद बनाते समय गाय और चमरीके दूधसे सभी मसाला मिला दिया था। इन्होंने (ल्हासाके निकटवर्ती २० मील विस्तृत) ञ्गसुम-दिगस नामक झीलके किनारे एक सुन्दर द्रुतगामी और बलशाली घोड़ा पाया। यह घोड़ा उनका बहुत प्यारा था और इसका नाम दोय-प रखा गया। एक दिन इस घोड़े पर सवार हो एक दुर्दान्त चमरीका शिकार कर लौटते समय राजाने विख्यात चम-शिङ नामक लवण देशका सबसे पहले आविष्कार किया। ६१० ई०में इनकी मृत्यु होने पर इनका पुत्र सुविख्यात दूरदर्शी स्रोन-त्सन-गम्पो राजा हुए। इनके समय तिब्बतमें एक नया युग आविर्भूत हुआ।

स्रोन-त्सन-गम्पोने ६०० से ६१७ ई०के मध्य जन्म ग्रहण किया था। इनके सिर पर एक उभड़ा हुआ छोटा चिह्न था, जिसे लोग अमिताभ बुद्धकी मूर्त्तिका चिह्न अनुमान करते थे। यह चिह्न बहुत साफ साफ दीखता तथा उससे ज्योति भी निकलती थी, इस कारण राजा उसे एक लाल साटनकी टोपीसे सदा ढके रहते थे। तेरह वर्षकी अवस्थामें राजसिंहासन पर बैठे। इनके राजत्वकालमें अनेक पर्वतगुहा और पर्वतके नाना स्थानोंसे अवलोकितेश्वर, तारा, हयग्रीव प्रभृति देवताओंकी स्वयम्भू मूर्त्तियां आविष्कृत हुईं। इनके अलावा बहुतसे उपयोगी शिलालेख भी पाये गये, जिनमें 'ओं मणिपद्मे हुं' यह षडक्षर मन्त्र भी खोदा हुआ था। राजा उक्त देवमूर्त्तियोंका दर्शन कर अपने हाथसे पूजन करते थे। अभी जिस जगह पोताला प्रासाद अवस्थित है, उस जगह राजाने सो-खनका एक प्रासाद निर्माण किया। उन्हें बहुतसे मन्त्रतन्त्र थे और विद्याबलसे इन्होंने अनेक भूत-प्रेतोंको वश कर उनका एक सैन्यदल बना लिया था। ज्ञान और शौर्यमें राजाने अधिक प्रसिद्धि पाई थी। प्रतिवेशी राजगण इन्हें बहुमूल्य उपहार भेजते थे। राजा भी उन लोगोंकी सभामें दूत प्रेरण करते। इनके राज्यकालके पहले भी तिब्बतमें कोई लिपि-प्रणाली-समन्वित भाषा नहीं थी; किन्तु राजा विदेशी राजाओंको उन्हींके देशकी भाषामें पत्रादि लिख कर मित्रता रखते थे। संस्कृत, चीन और नेवारी (नेपालकी) भाषामें उनका पूरा प्रवेश था। राजाने आस पासके कई एक प्रदेशोंको लड़ाईमें जीत कर अपने राज्यमें मिला लिया। अन्तमें वे लड़ाईकी ओरसे ध्यान हटाकर धर्मोन्नतिकी ओर विशेष ध्यान रखने लगे।

राजा स्वयं बौद्धप्रिय और भक्त थे। वे तिब्बतमें बौद्धधर्म प्रचारके लिये विशेष यत्नवान् हुए। उन्होंने देखा, कि लिपिप्रणालीविशिष्ट भाषाके बिना धर्म प्रचारकी सुविधा नहीं हो सकती तथा देश शासनके लिये राजविधि भी प्रचारित नहीं हो सकती है। यह स्थिर कर उन्होंने अपने दूत थोन्-मि-सम्भोटको १६ सहचरोंके साथ भारतवर्षमें संस्कृत भाषा और बौद्धधर्म-शास्त्र सीखनेके लिए भेजा। राजाने उन लोगोंको संस्कृत अक्षरके आधार पर तिब्बतीय भाषाके उच्चारणके अनुसार उस भाषाके लिए उपयुक्त वर्ण निकालनेकी चेष्टा करनेको कहा।

सम्भोट आर्यावर्त्तमें पहुंच कर पण्डितोंको बहुत सुवर्णादि उपहार दे लिपिकर नामक बौद्ध पण्डितोंसे उक्त भाषा सीखने लगे। सम्भोटने बहुत थोड़े ही दिनोंमें संस्कृत भाषा और ६४ प्रकारकी लिपिप्रणाली तथा पण्डित देवसिंहके निकट कलाप, चान्द्र और सारस्वत व्याकरण सीख लिया। इसके बाद उन्होंने तथा सहचरोंने २४ बौद्ध प्रवचन और रहस्य ग्रन्थ अध्ययन किये। देशमें लौट कर उन्होंने विद्या और ज्ञानदेवता मञ्जुश्रीका पूजन किया। बाद तिब्बतीय भाषा लिखनेके लिये सम्भोटने "उ चन्" (मात्राविशिष्ट) वर्णमालाकी सृष्टि की और उसी भाषामें प्रथम व्याकरण-शास्त्र "सुमचु दग-यिग" प्रणयन किया। राजाके हुक्मसे ज्ञानवान् सभी मनुष्य लिखना पढ़ना सीखने लगे और क्रमशः उन नये अक्षरोंकी सहायतासे धर्मग्रन्थादि संस्कृतसे तिब्बती भाषामें अनूदित होने लगे। राजाने प्रजाको धर्मनिष्ठ करनेके लिए निम्नलिखित १६ आदेश प्रचार कर उन्हें उसी नियमके अनुसार चलनेको बाधा किया।

(१) कोन-छोगमें (ईश्वरमें) विश्वास करो।

(२) धर्मानुष्ठान और धर्मशास्त्रका पाठ करो।

(३) पितामाताकी सेवा करो।

(४) ज्ञानीकी सेवा करो और विद्वान्‌को उच्चासन दो।

(५) उच्च वंशीय तथा वयोवृद्धका सम्मान करो।

(६) विनय और न्यायी बनो।

(७) धनधान्यको अच्छे कामोंमें खर्च करो।

(८) बड़ोंका पदानुसरण करो।

(९) उपकारीका प्रत्युपकार और उनके प्रति कृतज्ञ हो।

(१०) सद्भाव और प्रीति रख कर हिंसा द्वेष छोड़ो।

(११) आत्मीय स्वजन बन्धु बान्धवोंकी सेवा सुश्रुषा करो।

(१२) देशके हित साधन और देशके कामोंमें तत्पर हो।

(१३) सच्चो तौलका (बटखरा) व्यवहार करो।

(१४) स्त्रियोंकी बात मत सुनो।

(१५) नम्रता और सभ्यताका व्यवहार सीखो।

(१६) धैर्य और नम्रतासे विपद् और क्लेशका सहन करो।

इन समस्त व्यवहारोंसे प्रजाका सुख स्वच्छन्द और शीलता दिनों दिन बढ़ने लगी।

कहा जाता है, कि राजा स्त्रोन तृसन-गम्पोने भारत-महासागरके किनारेसे अवलोकितेश्वरके नागसार-चन्दकी स्वयम्भू प्रतिमा प्राप्त की थी।

राजा नेपालाधिपतिने ज्योतिवर्माकी कन्यासे विवाह किया। यौतुकमें राजाको मात अमूल्य द्रव्य मिले थे, जिनमेंसे अक्षोभ्य बुद्ध और मैत्रेयकी प्रतिमा, तारा देवीकी चन्दन प्रतिमा तथा रत्नदेव नामक वैदुर्य मणि प्रधान थे।

बाद भोटपतिने चीनराज सेङ्ग-तृसन-पोकी कन्या ह्वणचिन कुमारीको अपने प्रधान मन्त्री गरके कौशलसे मङ्गा कर उससे विवाह किया। चीन राजकुमारी अपने साथ बुद्धमूर्त्ति, एक बौद्ध धर्मग्रन्थ तथा चिकित्सा और ज्योतिषशास्त्र लाई थी।

भोटके अधिवासी राजा स्त्रोन-तृसन गम्पोको चेन रेस-सिगका (अवलोकितेश्वरका) अवतार और उपरोक्त दो रानियोंको ताराटेवोभी मानते थे। यथार्थमें इन्हीं लोगोंके यत्नसे तिब्बतमें बौद्धधर्म एक ऊँचे शिखर पर पहुंच गया था। राजाने १०८ बड़े बड़े मन्दिरोंका निर्माण कर उनमें बुद्धमूर्त्ति प्रतिष्ठित की थीं। २५ वर्षकी उम्रमें उन्होंने मञ्जुश्रीका भवन पिकिनके उत्तरमें १०८ मठ बनानेके लिये अपने मन्त्रीको भेजा था।

६३८ ई०में स्त्रोन-तृसनने तिब्बतकी विख्यात लासा नगरी स्थापन की। सभी प्रसिद्ध बौद्ध ग्रन्थोंका अनुवाद करानेके लिये उन्होंने भारतसे कुशर और शङ्कर पण्डित-को, नेपालसे पण्डित शीलमञ्जुको और चीनसे ह-शन मह-देव नामक प्रसिद्ध आचार्यको बुलवाया था।

चीन-राजकुमारी और नेपाल राजकुमारीसे कोई सन्तान न हुई, इसीसे स्त्रोन-तृसनने छि-चि कर और लि-थन् नामको दो राजकुमारियोंका पाणिग्रहण लिया। पहलेके गर्भसे मन-स्त्रोन-मन-तसन और दूसरेसे गुन-गुन-तसन नामक पुत्र उत्पन्न हुआ। गुन-रि जब १३ वर्षका हुआ, तब स्त्रोन तृसनने उसे राजा बनाया और आपने वानप्रस्थ अवलम्बन किया। किन्तु दुःखका विषय है, कि १८ वर्षकी अवस्थामें राजकुमारकी हठात्

स्वर्णादि बहुमूल्य उपहार दिये, और पीछे तिब्बतमें बौद्ध धर्मका प्रचार, उसकी हानि, ध्वंस और पुनः प्रचारकी चेष्टा-का सारा विवरण उनसे कह सुनाया। आखिर ज्ञानप्रभने उन्होंने यह भी कहा, "अभी आपके सिवा और कोई दूसरा मनुष्य भारतमें नहीं पाता जो तिब्बतको इस धर्म विप्लवसे उद्धार कर सके, अतः आपको एक बार तिब्बत आनेका कष्ट दिया जाता है।"

मोक्षप और उनके अनुयायी पण्डित अतिशका विशाल हृदय वर उनको सम्मति पानेके लिए हामकी नाईं सेवा करने लगे। अन्तमें अतिश ताराटेवीको आज्ञानुसारसे तिब्बत जानेको राजी हुए। ये तिब्बतका बहुत उपकार और एक महासाधक (उपासक) का विशेष सहायता करेंगे, इस प्रकारको आकाशवाणी होनेसे उन्होंने ५८ वर्षकी अवस्थामें १०४२ ई०को अपने प्राणकी उपेक्षा करके विक्रमशीलके महाविहारको परित्याग कर तिब्बतमें प्रस्थान किया। ङ-रि प्रदेशके थोलिङ्ग महाविहारमें अतिश रहने लगे। उन्होंने राजाको तन्त्रसूत्र सिखाया, बाद उ और सङ प्रदेशमें धर्म प्रचार किया। उन्होंने कई एक शास्त्र ग्रन्थ प्रणयन किये, जिनमेंसे बोधिपथ (मन्त्रपथ-प्रदीप) प्रधान है। ७५ वर्षकी अवस्थामें १०५५ ई०को अतिशको मृत्यु हुई। चोट-दे के पुत्र अग्नेदके राजत्वकालमें अतिशने उ, सङ्ग और खम प्रदेशोंके समस्त भाषा और व्याकरणको उद्धार कर कालचक्रके नूतन नियमका प्रचार किया। उत्तर भारतके शम्भल प्रदेशमें वृहस्पति-मंडलाको वर्षचक्रकी गणनाके जो नियम अतिशने पाये थे, वे भी इस समय प्रचलित किये गये। तिब्बती लोगोंमें इसका नाम रब-जुङ रखा। १२०५ ई० तक अतिशके मतने भी शिक्षा दी गई थी। इस समय विख्यात लोच्छवने बहुतसे संस्कृत ग्रन्थ तिब्बतीय भाषामें अनूदित किये। ग्यारहवीं शताब्दीमें पण्डित सर्व, मिन-लोचवो, काश्मीरीय पण्डित शाक्यश्री और अन्यान्य भारतीय पण्डितोंने तिब्बती बौद्ध धर्म प्रचारके लिए अशेष सहायता की। अग्नेदसे लेकर सप्तम पुरुषमें राजा लगा-छ-टे*के राजत्वकालमें मैत्रेय बुद्धको एक प्रतिमा बनाई गई, जिसमें १२००० दोमडङ (अर्थात् १६ आना भरके) खर्च हुए थे। उन्होंने मञ्जुश्रीदेवको एक प्रतिमा बनवाई थी जिसमें ७ से अर्थात् एक मन सोना लगा था। इनके पुत्र अमोट्ठ पिताको अपेक्षा प्रतिभावान् थे और अतिशके बुद्धगयाके वज्रासन (दार्जे-दन) नामक बौद्धपीठके पूजा भेजते थे। इस वज्रासनको रक्षामें अपने और ज्ञानमल भारा रखा था। इनके पौत्र धर्मदमने 'कह-ग्युर' नामक धर्मशास्त्रका सम्पूर्ण रूपसे सोने पत्राोंमें लिखवाया था। धर्मदमके पुत्र रिगुमनने ल्हासा नगरमें बहुत खर्च करके बुद्धमूर्तिकी प्रतिष्ठा की, तथा उनके मन्दिरके गुम्बजको स्वर्णमण्डित करा दिया था। रिगुमनके पुत्र मड-ग्र-मल शाक्य-प लामाओंसे आठवर्षमें दीक्षित हो राज-सिंहासन पर बैठे। इस वंशके अन्तिम राजा अनुद्धद थे। उन्होंने पा-लग-मगके आत्मीय मो-लम-दे का नाम पुस्तमें रख कर राजगद्दी पर बिठाया।

धर्मसलेग-प राजाके पुत्र छनटेके वंशधरोंने गुदाङ, गुग्हम, चिल-उ, लमतबे, ललहुम और लनझोर प्रदेशोंमें छोटा छोटा राज्य स्थापन कर वहाँ राज्य किया। ठिड-दे के वंशधरोंने गु, ज्ञम, ठलग, य-ङ-लग और खम लमे जिन्होंने छोटा छोटा राज्य बनाया। खोदेके चार पुत्र थे—कश्हेसे, चिदे, चिङ्ग और मग-प। प्रथम और

(१) नगेद
(२) वादे
(३) दानि-दे (१०)
(४) अन्ने
(५) माग्देव
(६) तगल-तुग
(७) श्रीट-दे (१७)
(८) च-ग-लदव-दे
(९) लग-छ-दे
(१०) अगो-दे
(११) जे-नर-मग (१८)
(१२) अनन मङ
(१३) सिद्ध-मल
(१४) सङ-ड-मल
(१५) जे-नर मङ (१९
(१६) अ-जित-मल
(१७) कलप-मल
(१८) पा-लग-मल
इसके बाद वंशलोप।

* लगोदे वंशावली —

अरुणने तसन-रोन प्रदेश पर, द्वितीयने आमदो और तसोनय प्रदेश पर और तृतीयने उ प्रदेश पर अधिकार जमाया। तृतीय यि-कुन यम लुन नगरमें राजधानी उठा कर ले गये। यि कुनके अधस्तन पञ्चमपुरुष जोशोनाल् और थोन्-न-रिन पोछे और पन-फगमो-टु-प नामक टा लामाओंका विशिष्टरूपसे परिपोषण करते थे। इनके पौत्र शाक्यगोन प्रसिद्ध शाक्य पण्डितके परिपोषक थे। शाक्यगोनके पौत्र तग् प-रिन-पोछेकी चीन-सम्राटके यहां खूब खातिर होती थी। तग-ग्नैं-फोदनमें जो विस्तीर्ण प्रासाद है, वह इन्हींका बनाया हुआ है। इनके पुत्र शाक्य-गोन-पो (२य) ने युम्ब-लगन प्रासादमें एक महारामको प्रतिष्ठा की।

तिब्बतमें मुगल अधिकार।—यिकुनवंशीय राजगण बहुत ही दुर्बल थे। जिस मुगलवीरने भारतवर्ष पर आक्रमण किया था, उसी छेङ्गिसखांने ‡ १३वीं शताब्दीके प्रथमभागमें बातकी बातमें समस्त तिब्बत पर अधिकार जमा लिया। छेङ्गिसके बाद उनके एक पुत्र गोगान राज्यके पूर्वांशके अधिकारी हुए। गोगनके दो पुत्र गोदन और गोयुगनने अपनी सभामें शाक्य पण्डितको बुलाया था। इस घटनासे शाक्यमहा रामके प्रधान याजकोंने तिब्बतके राजनीतिक युगमें मुगलोंके धर्म-मत-परिवर्त्तनका एक नया युग गिना।

तिब्बतमें शाक्याधिकार।—(१२००-१३४० ई०में) चीन देशके प्रथम मुगलसम्राट् प्रसिद्ध § कुबले (कबलई) ने शाक्य पण्डितके भतीजे फग्‌प लोडोई ग्यल्तसन् नामक पण्डितको अपनी सभामें बुलाया। ये १८ वर्षकी अवस्थामें चीन-राजसभामें पहुंचे। उनके आनेसे सम्राट् ने उन्हें स्वर्णसनन्द, अपनी मुहर, मणिमुक्ताके अलङ्कार, मणिमुक्ताका मुकुट, स्वर्णदण्ड और स्वर्णसूत्रका छत्र तथा निशान आदि उपहारमें दिये। पीछे सम्राटने उन्हें अपना गुरु बनाया और बौद्धधर्म अवलम्बन किया। अन्तमें सम्राट्‌ने गुरुको प्रकृत तिब्बत (उ और तसन प्रदेशके १३ जिलाओंके साथ) ‡ खम् और आमदो प्रदेश दानमें दिये। इस समय शाक्य लामा तिब्बतके स्वाधीन शासन

‡ यि-कुनकी वंशावली—

त्रिकुन वा यिकुन	ओखोवग्
होद-त्रिय-द-वर	शाक्य-गोन् (१म)
कुसवन (६ पुत्र और)	शाक्यभद्रशि
जो गह	तग प रिन पोछे
दर्म (अन्यान्य कई मनुष्य)	शाक्यगोनपो (२य) व और
सोवो-नह ग्योर	जे-शाक्य-रिन्छेन

* जंगिजखां तिब्बतमें तेंगिर ग्यलपो वा तेंद-जुन नामसे मशहूर थे। ये पोर्गि बाहुदुर (बहादुर) नामक काबुल (करकंट) राजाके औरस और रानी हुलान (हइलान) के गर्भसे इनका जन्म हुआ था। १८ वर्षकी उमरमें ये पैतृक सिंहासन पर बैठे। २१ वर्ष तक ये भारत, चीन, तिब्बत और एशियाके अन्यान्य प्रदेशों पर आक्रमण करते रहे। बहु-तोंको इन्होंने जीता था और बहुतोंको लूटा भी था। ६१ वर्षकी अवस्थामें इनका देहान्त हुआ।

जंगिज वा चेंगिजखां देखो।

§ कुबले (कबलाइ) का अर्थ अवतार वा अलौकिक जन्म-विशिष्ट है।

‡ तिब्बतके १३ जिले जिन्हें कुबलेखांने फगपको दानमें दिये, उनके नाम नीचे दिये जाते हैं—

तसन् प्रदेशमें ७—

१। २ उत्तर और दक्षिणलाटो (ला-टो)।
३ गुर्मो (कुर्मो) ५ चन्।
४ छुमिग ६ चङ।

उ प्रदेशमें ६—

१ ग्यम ४ पन— दो-ये-व
२ डिग्न ५ फग-डु।
३ तसल-प ६ यर-लुङ्।

उ और तसन् प्रदेशोंमें दह दग बमपदके १३ जिले (दरोर वा दम्-शो हो जिलाओंके साथ) अवस्थित हैं।

कहाँ * ठहराये गये। फग्-प और डोगन उनसे सम्मानित विशेष प्रसिद्ध हुए। १२ वर्ष तक चीन देशमें रह कर फग्-प शाक्यभूमिमें लौट आये।

फग्-प दो-गोनको जब शाक्यभूमिमें ३ वर्ष हो चुका था, तब उन्होंने कन्जुरकी पुस्तकको एक प्रस्त प्रतिलिपि तैयार कराई। यह प्रतिलिपि स्वर्णाक्षरमें लिखी गई थी। प्रसन्न तिब्बतके भिरह जिलोंका राजस्व ग्रहण कर शाक्यभूमिमें उन्होंने एक ऊँचा मन्दिर बनवाया। इसके सिवा उन्होंने एक स्वर्णको प्रकाण्ड बुद्धप्रतिमा, एक बहुत ऊँचा डारतेन (चैत्य) और अन्यान्य देव प्रतिमाकी स्थापना की, और प्रति दिन एक सौ श्रमणोंके आहार तथा भिक्षा देनेकी पूरी व्यवस्था कर दी। चीनसम्राट्‌के प्रार्थनानुसार वे दो बार चीन देशको गये थे। अबकी बार लौटते समय इन्हें १०० से स्वर्ण, १०००से रौप्य और १२००० से साटनको पोशाक मिली थी। शाक्यसामन्तोंमें ये ही सबसे अधिक क्षमताशाली थे। इसके परवर्ती प्रतिनिधिगण दुर्बलमना और अधम प्रकृतिके समझे जाते थे। इनके समयमें प्रजाका सुख स्वाच्छन्द्य जाता रहा, सामन्त और शाक्यगण लोग भी उन्नत हो गये। शाक्यसामन्त लोग इन सब प्रतिनिधियोंके हाथोंके कठपुतली हो रहे थे। अतः वे इसका कुछ भी प्रतिकार कर नहीं सकते थे। कलह, युद्ध, षड़यन्त्र, खून इत्यादि होने पर भी इन सब प्रतिनिधियोंमेंसे किसीने भी सामन्तोंकी अधीनता न छोड़ी।

फग्-पके परवर्ती चतुर्थ प्रतिनिधि आन्-रिन् छोन्‌को चीनसम्राट्‌से एक सनद मिली थी, किन्तु इनके कुछ समय बादही ये अपने एक नौकरके हाथसे मारे गये। इसके परवर्ती दानों प्रतिनिधियोंने आईमादिका संस्कार किया था। आनसेन नामक अष्टम प्रतिनिधिने शाक्य महाराममें बैठनेके आसनादिका निर्माण किया। इन्होंने ही आन् सर लिंग और पोन-आई रि नामक दो महाराम प्रतिष्ठित किये। इस समय दिगुन महारामकी क्षमता सबसे प्रबल हो गई थी। यहाँ उस समय १८ हजार श्रमण वास करते थे। शाक्यमहाराम और दिगुन महाराममें इसी प्रधानताको ले कर विवाद उठा। यह विवादको उत्तरोत्तर वृद्धि होती गई, यहाँ तक कि अन्तमें आनलेनने सेना भेज कर दिगुन महारामको लूट लिया और जलवा डाला। महाराममें आग लगनेसे कितने श्रमण तो प्राण ले कर भागे और कितने उसीमें जल मरे। इस दुर्घटनाके कई वर्ष बाद पुनः यह महाराम प्रबल और क्षमताशाली हो उठा। उस समय फिर शाक्य-प सम्प्रदायके साथ विवाद लगा। इस बार भी महाराम पूर्ववत् तहस नहस कर डाला गया। लेकिन यह महाराम अभी शाक्यमहारामका मुकाबिला कर रहा है। आनलेन जब दिगुन महारामका ध्वंस कर लौटे आ रहे थे, तब रास्तेमें भी किसीने इन्हें मार डाला। नगतसुन नामक नव प्रतिनिधि फगदु नामक प्रधान सामन्तोंके साथ युद्धमें पराजित हुए। इसके साथ साथ तिब्बतमें जो ७० वर्षसे शाक्याधिकार चला आ रहा था, वह भी जाता रहा।

तिब्बतमें चीनाधिकार।—शाक्य महारामका प्रभुत्व लोप हो जाने पर दिगुन, फग्-दुव और तसल नामक महाराम क्रमशः प्रभुत्वशाली हो उठे। १३०२ ई०से

---

* शाक्यवंश राज-प्रतिनिधिगण—

(१) कन्चक गलपचे
    |
    कुनगाह ञनपचे (इन्होंने राज्य नहीं किया)।
    |

(२) बन् नहुन्	(१२) डो छबेर सेंग (१म)
(३) बन कर्गो	(१३) कुन रिन्
(४) छबन-रिन-छबोंग	(१४) डोन-यों-दब
(५) कुन-दब	(१५) योनदन-ग्रुब
(६) यन्-तुन्	(१६) डो-छबेर-सेंगे (२य)
(७) छबन डोर	(१७) नाम-ख-गलपन पो (१म)
(८) सन सेंग	(१८) डन् चदुप-सा
(९) वेन-वा-दब	(१९) डो नम् दब
(१०) वेंगेरन्	(२०) नम-ख-गलपन-पो (२य)
(११) डो-छबेरंब	(२१) सन-सुंग

विख्यात अ-यि व्यन छुब-ग्यल्तयन जो फग्मो-दु * नामसे प्रसिद्ध हैं उनका जन्म फगमोदु नगरमें हुआ था। उन्होंने ही प्रकृत तिब्बतके १३ जिलों और ग्सम प्रदेशको वशीभूत कर वहां अपना राजत्व स्थापित किया। तीन वर्षकी उमरमें इन्होंने लिखना पढ़ना सीख लिया था। छः वर्षकी उमरमें छो-ग्यि-सोनचन लामाने इन्हें धर्मशास्त्रादिकी शिक्षा दी। सात वर्षकी उमरमें ये च्यनय-न लामासे उपदेश धर्ममें दीक्षित हुए। जब ये चौदह वर्षके हुए, तब इन्होंने शाक्यमहारामसें जा कर प्रधान लामा दगछेन रिनचोइके साथ आलाप किया और उन्हें एक टट्टू उपहारमें दिया। कुछ काल तक शाक्यमहाराममें रहनेके बाद एक दिन प्रधान लामाने खाते समय इन्हें अपना प्रसाद खानेको बुलाया। १७ वर्षको उमरमें उनकी विद्या-शिक्षा और परीक्षा खतम हुई थी। जब इनकी उमर सिर्फ १८ वर्षकी थी, तब चीन-सम्राट्ने इन्हें १० हजार सेनाओंके अधिनायकत्वकी सनद मिली थी। इस सम्मान पर दि-गुन्, तसन्, यह तसन और शाक्य प्रदेशके सर्दार लोग जल उठे। अन्तमें दोनों पक्षमें खूब घमसान युद्ध चला। प्रथम युद्धमें तो फगमोदु परास्त हुए, लेकिन द्वितीय युद्धमें उन्हींकी जीत हुई। यह युद्ध फिर कई वर्षों तक चलता रहा। अन्तमें फग-मोदु विजयी हुए। विपक्षके सरदारगण पकड़े गये और कैद कर लिये गये। इसके बाद उन् और तसन प्रदेशके सरदार तथा लामाओंने मिल कर चीन सम्राट्से निवेदन किया, कि फगमोदु बड़े अत्याचारी हो गये हैं। विशेषतः शाक्य-सरदारोंको उन्होंने कैद कर रखा है।

* फग्मो-दु की वंशतालिका—

(१) फग-मो-दु (तिशरि)	(८) रिगछेन-दोजेछन
(२) जम् क्यन-गुप् छेनपो	(९) शकनग-बन
(३) सग-य-रिनछेन	(१०) मवन् ब्रशि
(४) थों-नम-पग-पन	(११) मनवन प्रशो
(५) शाक्यरिनछेन	(१२) मक्बर पानपो
(६) पगर रबछन् बन	(१३) चोद पम् बम् ग्रुप
(७) बक-ग्रग-ज्ञुनमे	

इधर फगमोदुने भी चीनमें स्वयं जा कर तत्कालीन यो-गन-थ-स नामक प्रसिद्ध चीन-सम्राट्को तरह तरहकी बहुमूल्य सामग्री, दुर्लभ कस्तूरी और श्वेत सिंहचर्म उपहारमें दे कर प्रकृत घटना कह सुनाई। सम्राट्ने यह रहस्य सुनकर फगमोदुका पहलेसे भी अधिक सम्मान किया और न्यायपरताके पुरस्कार स्वरूप वंशानुक्रमसे भोग करनेके लिये उ प्रदेश उनके अधिकारमें कर दिया। समस्त प्रदेश शाक्योंके हाथ रहा। चीनसे लौट कर फगमोदुने राज्यशासनकी सुव्यवस्था और नियमादि स्थिर कर दिये। प्राचीन राजनीति और आईनका संस्कार किया गया। शाक्य-शासनकर्त्ताओंने स्रोन-तसन गम्पो और थि-स्रोनदे आईनादिका त्याग कर दिया था। इन्होंने उनका संस्कार कर पुनः उन्हें काममें लाया। इन्होंने नेदेन-तसे नामका एक दुर्ग बनवाया था, जहां स्त्रियोंका प्रवेश निषेध था। विनयशास्त्रानुसार फगमोदु संयमका आचरण करते थे और मद्य तथा रात्रिभोजन इनके लिये हराम था। ये गोनकर, श्गकर आदि १३ दुर्गोंके तथा तसे-थन महारामके प्रतिष्ठाता थे। शाक्य सरदार गण दुर्बलता और असमताका तथा चीन मुगलोय नियमका अवलम्बन करते थे, इस कारण प्रजा उनसे बहुत असमय रहती थी। उनके साथ प्रजाका प्रायः विवाद हुआ करता था। फगमोदुने यह वृत्तान्त चीन-सम्राट्को कह सुनाया। उन्होंने उन्हें उ और तिब्बतके अन्यान्य प्रदेशोंको स्वराज्यभुक्त करनेका हुक्म दे दिया। कहते हैं, कि फगमोदुने समस्त तिब्बतका एकाधिपत्य पा कर एक करोड़ धातु प्रतिमा स्थापित की और अपना नाम 'किंसुत' रखा।

फगमोदुके अधःस्तन चतुर्थ पुरुष शाक्यरिनछेन चीन-सम्राट् यौ गन-युनके प्रिय मन्त्री थे। चीन सम्राट्ने इन्हें पहले सम्राट्-पुरीके रक्षक-पद पर, पीछे चीन साम्राज्यका राजस्व-वसूलके सर्वाध्यक्षके पद पर नियुक्त किया। किन्तु शाक्य रिनछेन् सम्राट्को खून करानेके लिए चीनके प्रधान मन्त्रीके साथ षड्यन्त्रमें शामिल हो गये। उन्होंने बहुत सी बैल गाड़ियों पर समस्त सेनाओंको छुपा रूपसे माटनेके कपड़ोंसे ढक कर सम्राट्पुरीमें भेज दिया। सम्राट्को इस बातकी

बाहर सुरक्षित कर दई और उसी समय से यथानुसार चीनके कर्मचारियोंको भाग गये। प्राचीन समय चीनके सम्राट् हुए। इस समयसे चीन सार्वभौम अधिकारमें आया और जनताई मुगलवंशका अधिकार हुआ। प्रधान मन्त्री चीन इनके पुत्र कुबलैन प्रथम सम्राट् माने गये।

जावर तिब्बतका उस समय मृत्यु हो चुकी थी। उनके पुत्र सत, उपाध्याय सम्राट् से पहले तरह सम्मानित हुए। सम्राट् ने धर्म पद और आमदो प्रदेशका भी अधिकार दे दिया। तदुपरान्त इस प्रकार नव तिब्बत-सुरक्षी ले कर उस प्रदेशके पश्चिम सीमाना तक अपना प्रभुत्व फैला लिया। ये प्रधान संस्कारक तथा सबसे विशिष्ट परिपोषक बन्धु थे। इन्होंने समग्र १ माल 'बालगो' लिखी गई। कई वर्षोंतक इन्होंने अपने वंशमें १ माल समर्थोंका प्रतिपालन किया था। छु-सिङ्ग लिङ और कर्शीन दुर्गके ये ही अधिष्ठाता थे। इनके पौत्रने चीन-सम्राट् से 'वन'(राजा) की उपाधि पाई थी। इसी वंशके दशम राजा सन-गम-तसि भूटानके धर्मराजके (छह कर्मी) बन्धु थे। इन्होंने नाना स्थानमें चैत्यादि निर्माण किये। उनके मन्त्री रिनहेनने कई बार उनके विरुद्ध अस्त्रधारण किया था। लेकिन प्रतिबार वे हारते ही गये थे। चीन सम्राट् ने उन्हें 'दिन-को-गड्' की उपाधि दी थी।

इस वंशके राजत्वकालमें तिब्बत सब पूर्वकी अपेक्षा अधिक सीमा तक पहुंच गया था। दुर्भिक्षादिका नाम और विदेशियोंका आक्रमण बन्द हो जानेसे प्रजा सुखी थी। चीन देशमें मोगलवंशके सम्राटोंके कारण यदि लड़ाई छिड़ भी जाती थी, तो उससे शान्ति भङ्ग नहीं होता था। इस वंशके बारहवें राजा सम्बेर ज्ञानपनके राजत्वकालमें उ और तसङ्गके मन्त्रियोंने मिल कर राजाके विरुद्ध लड़ाई ठान दी थी। लड़ाईमें राजा अपनी भारी सेना ले कर बैठे और केवल चार मासके राजा रह गये। तमको राजा भी मासमें राजसत्ताका परित्याग करने लगे। इस प्रकार जब आपसमें तसङ्गके राजाके प्रति टस-मस रहे, ठीक उसी समय गुरुङ और गुरखोंने तिब्बत पर धावा मारा और उसे जीत लिया। गुरखोंने इस वंशके राजाको तिब्बतका राज्य प्रदान किया। यह घटना १६४३ ई०में घटी थी। तभीसे आज तक तिब्बत एक प्रकारसे दलाईलामाके अधीन चला आ रहा है।

लासा देखो।

तिब्बती (हिं० वि०) १ तिब्बत सम्बन्धी, जो तिब्बतमें उत्पन्न हुआ हो। (स्त्री०) २ तिब्बतकी भाषा। (पु०) ३ तिब्बत देशका रहनेवाला।

तिमंजिला (हिं० वि०) तीन खण्डोंका, तीन मरातिबका।

तिम (हिं० पु०) सनाटा, ठंढा।

तिमाशी (हिं० स्त्री०) १ एक तौल जो तीन माशेके बराबर मानी गई है। २ पहाड़ी देशोंमें प्रचलित ४० जौकी एक तौल।

तिमि (सं० पु०) तिम्-इन् वा ताम्यति तम्-इन् अकारस्य इकारादेशः। १ समुद्रमें रहनेवाला मछलीके आकारका सुवृहत् जीवविशेष, बड़ा अजगर और बड़ा मत्स्यहर, तिमिका पहिला वृहदाकार ज्ञात अब तक ठीक ठीक मालूम नहीं हुआ। मछलीकी तरह इसका पूंछ होता है। पानीमें तैरनेके लिए मछलियोंकी तरह कानके नीचे पंख होते हैं। इसके पैर नहीं होते, पेड़के कुछ ऊपर स्तन होते हैं, स्तनके दो तुला होते हैं। दुग्धाधार देहमें ही रहता है. मछलीकी तरह यह अण्ड नहीं होता। इसके आकार और वर्णमें नाना भेद होते हैं। इसीसे प्राणितत्त्वविदोंने इन्हें उनके आकार प्रकारके अनुसार २०-२२ भागोंमें विभक्त किया है। अत्यन्त प्राचीन कालमें सब जगत्‌की तिमिके अधिकार और उसके साथ जातिके उत्पन्न होनेकी बात विदित है। महाभारत रामायण प्रभृति प्राचीन ग्रन्थोंमें 'तिमि' 'तिमिङ्गिल' 'तिमिङ्गिलगिल' नामसे इस वृहदाकार जीवका वर्णन है। अरिष्टटल नामक प्राणतत्त्वविद् तिमि, डलफिन और मत्स्य १७६ विषय विशेष कहना है कि 'तिमि ठीक अन्यान्य चौपायें जानवरोंकी तरह श्वास-प्रश्वास लेता है, गर्भमें बच्चा रहता है तथा माता तिमि जीवित और आकारयुक्त सन्तान प्रसव करती है और स्तन दे सन्तानका पालन करती है। इसके फुसफुस प्रभृति भीतरके शरीरावयवके कार्य भी अन्यान्य चतुष्पदोंकी तरह होते हैं।"

तिमि प्रधानतः दो भागोंमें विभक्त है—दन्तविशिष्ट और

दन्तविहीन। जिनके दांत नहीं। इनके मुखमें कोमल अस्थिफलककी भांति एक तरहकी कोमल अस्थि होती है। इनको ठुड्डी खूब भारी और मोटी होती है। मछलियोंकी तरह इनके बदनमें छिलके नहीं होते; नाकका छेद बहुत बड़ा होता है। ये जलके तृण और छोटे जन्तुओंका आहार करते हैं। जिनके दांत नहीं होते अंग्रेज प्राणितत्त्वविदोंने उनका नाम बलिनिडि (Balænide) रक्खा है अर्थात् इनके ऊपर चोनामट्टीकी तरह एक हड्डी जमती है, जिसे अंग्रेजोंमें Balaen or whale-bone कहते हैं; इसीसे इस जातिका नामकरण हुआ है। दन्तहीन तिमि फिर चार भागोंमें विभक्त हैं। बलिन (Balaena) अर्थात् समपृष्ठ दन्तहीन तिमि। कभई मछलीकी पीठके ऊपरी भागके कांटोंकी तरह इनके छोटे पंख या पृष्ठकण्टक नहीं होते, पीठमें ऊंटकी तरह कुब्बड़ या सांढ़की तरह कंधावर नहीं होता। उदरमें (मनुष्योंको तोंद बढ़ जानेसे जिस तरह वह दिखलाई देती है उस तरहके) स्तर नहीं होते। इसी श्रेणीमें तिमिकी अस्थि (Balaen) खूब मोटी और दृढ़ होती है। यह तिम्यस्थि ठीक दांतोंकी तरह तालुके ऊपरकी कतारमें उत्पन्न होती है। एक एक जातिमें एक ओरके मसूड़ेमें ३१४ तक तिम्यस्थि उत्पन्न होती है। एक एक अस्थिमें अभ्रकके परतोंकी तरह १२ तक परत रहते हैं।

ये तिम्यस्थियां तालुकी भांति मध्यरेखासे हो कर समस्त तालूको घेरे रहती हैं। संख्यामें अधिक होनेके कारण ये खूब घनी उगती हैं। प्रत्येक अस्थि भीतरकी ओर क्रमशः सूक्ष्म हो कर कोमल हड्डीके कांटोंकी तरह मसूड़ीके निकट लटकती रहती है। यह तिम्यस्थि व्यवसायका एक मूल्यवान् उपकरण है। व्यवसायी लोग इसे तिमिकण्टक नामसे पुकारते हैं। इसकी जिह्वा कोमल और गलेकी नाली बहुत छोटी होती है, यहां तक कि बड़े से बड़े तिमिके भी गलेका छिद्र एक इञ्चसे बड़ा नहीं होता। मस्तक समस्त देहके भागका तिहाई होता; माथेके दोनों पार्श्व समान नहीं होते, दाहिना भाग बायें भागसे बड़ा होता है। इसका मांस रक्तवर्ण, दृढ़ और भुरभुरा होता है। बदनमें कांटे या छिलके नहीं, केवल मूंछकी और कांटोंकी तरह कुछ लोम होते हैं। इसके चमड़ेके ठीक नीचे मांसके ऊपरी भागमें एक फुटसे ले कर दो फुट तक जालकी तरहके आच्छादनके भीतर चर्बी रहती है। बृहदाकार तिमिके शरीरकी समस्त चर्बीका परिमाण ७५० मनसे ज्यादा होता है। इसी चर्बीसे इसका शरीर उष्ण रहता है, और उसके शरीरका आपेक्षिक गुरुत्व कम हो जाता है, जिससे वह जलके ऊपर तैरा करता

बृहत्काय तिमि।

है और इसीसे गहरे जलमें भी उसे जलका भार मालूम नहीं होता। इनके शरीरमें कई तरहकी कीड़े होते हैं। यह कीट अनेक प्रकारके होते हैं, जिनमें तिमिका जूं नामक एक श्रेणी है जो इनके शरीरमें ही उत्पन्न होते हैं और उनके ऊपरका शरीर कोर कोर कर खाते हैं। इनके शरीरमें घोंघे भी लगे रहते हैं। तिम्यस्थियोंकी संख्या और परिमाण देख कर इनके वयस निरूपित की



तिमिका वयुण है।

गई, जिससे इनकी परमायु ८००से ९०० वर्ष पर्यन्त स्थिर हुई; किन्तु यह अभ्रान्त विवेचित नहीं होता।

इस दन्तहीन समपृष्ठ तिमि जातिके फिर देश भेदसे कुछ उपभेद हैं। यथा—

१। *Balaena mysticetus* or the Right whale—दक्षतिमि—श्रीनलैण्ड।

२। *Balaena marginata* or the Western Australian whale—पश्चिम अष्ट्रेलियादेशीय तिमि। पश्चिम-अष्ट्रेलिया।

३। *Balaena Australis* or the cape whale, उत्तमाशा अन्तरीपका तिमि—उत्तमाशा अन्तरीप।

५। *Balaena Japonica* or the Japan whale जापान देशीय तिमि—जापान सागर।

६। *Balaena antarctica* or *Balaena Antipoda* or the Newzealand whale—न्यू जिलेण्ड देशीय तिमि—दक्षिण महासागर।

७। *Balaena gibbosa* or the Scrag-whale—कूबड़दार तिमि—अटलाण्टिक महासागर।

७। *Balaena Hunterius Temminckii*—दक्षिण देशीय शिकारी तिमि—उत्तमाशा अन्तरीप।

८। *Balaena Hunterius Swedenborgii*—उत्तर देशीय शिकारी तिमि।

इन आठ प्रकारके तिमियोंमें शुद्धतिमि (The Right whale) अत्यन्त विख्यात है। ये हिमाच्छन्न उत्तर महासागरमें ही रहते हैं। कभी कभी इन्हें प्रशान्त उत्तर सीमा तक आते देखा जाता है। इसकी लम्बाई ५०।७० फुट होती है। इसकी पूंछ ठीक मछलियोंके वाहन अंकड़ेकी तरह २० २५ फुट विस्तृत होती है। सामनेका पर ८।९ फुट लम्बा और ४।५ फुट चौड़ा होता है। मुख १४।१६ फुट दीर्घ होता है। दोनों आंखें मुखरन्ध्रसे एक फुट ऊंचे पर होती हैं। इसके जल फेंकनेके दो छिद्र खूब सूक्ष्म और मस्तकके सर्वोच्च भागमें बने होते हैं। इसके शरीरका रंग चिकना और काला (काली मखमलकी तरह) और पेटकी तरफ सफेद होता है। ये कितने दिनमें गर्भ-धारण करते हैं यह विदित नहीं। एक गर्भमें एक ही सन्तान प्रसव करते हैं। सद्योजात सन्तान १० से १४ फुट दीर्घ होती है। इनका सन्तान-प्रेम अत्यन्त प्रबल होता है। इसीलिए शुद्धतिमिके शिकारी समय समय पर शावकोंको पकड़ कर शावकों की जननीको अपेक्षाकृत अल्प श्रमसे पकड़ लेते हैं। तिमिमृगया व्यवसायी जाके बिद्ध होकर पकड़ जाती है और सन्तान पीठके ऊपर चढ़कर प्राणदान करती है। ये साधारणतः घण्टेमें ४।५ मील चल सकते हैं। अधिक दूर नहीं तैर सकते। चलते समय मुंह फाड़ कर चलते हैं और सामने जलके साथ साथ छोटे छोटे जन्तुओंको भी मुंह में ले कर नीचेकी ओर जलको बाहर कर देते हैं। दौड़ते समय ये और ज्यादा तेज चलते हैं, शिकारके समय ये चर्बीसे आहत होने पर कुछ सेकेण्डोंमें इन्होंने जल्दी चले जाते हैं। इनका बल असाधारण प्रचण्ड है। पूंछके आघातसे ही बड़े बड़े जहाजके तख्ते टूट जाते हैं। तिमि पानीके भीतर लगातार आध घण्टे से कुछ अधिक रह सकते हैं। सांस लेनेके लिए प्रति ८।१० मिनटमें मुख उठा कर लेते हैं। सांस लेते समय ही जल फेंकते हैं। जल फेंकते समय इनके मस्तकके छिद्रोंसे फुहारेकी तरह जल ऊपर उठने लगता है। यह जल १०।१२ हाथ ऊपर तक उठता है। कभी कभी ये जोड़ा बनकर तिर मस्तक नीचे कर और पूंछ जलके ऊपर कर—ठीक सीधे खड़े हो कर एक प्रकारका शब्द करते हैं जो ४।५ मील दूर तक सुना जाता है। ये दल बांध कर नहीं घूमते। वाल्यावस्थामें कभी कभी नर मादा एक साथ घूमते हैं। इस जाति प्रकारके तिमिका मस्तक अपेक्षाकृत छोटा, वर्ण बिलकुल काला होता है। ये नोरवे निकट तक अधिक घूमते हैं। इस जातिके तिमि विषुवत् रेखाके निकटसे दक्षिण महासागरके तुषारक्षेत्रके मध्य तक घूमते हैं और उत्तर जापान तक चले जाते हैं। दक्षिण आफ्रिका और न्यूजिलेण्डके निकट तिमि-शिकारी इन्हें ही अधिक पकड़ा करते हैं। आइसलेण्डके निकट शुद्धतिमिका (The Right Whale) एक स्वतन्त्र है। आइसलेण्ड निवासी इन्हें Nord-kapper कहते हैं। इनका शरीर शुद्धतिमिकी अपेक्षा लम्बा, मस्तक छोटा, नीचेका जबड़ा गोल और चौड़ा, वर्ण धूसर, मस्तकका निम्न भाग शुभ्र है तथा और यह शुद्धतिमिकी अपेक्षा अधिक चतुर एवं भयंकर स्वभावका होता है। श्रीनलैण्ड-वासी और ऐस्कुइमो जातिके लोग शुद्धतिमि खाते हैं और उनका चमड़ा पहनते हैं।

दन्तहीन तिमिके द्वितीय भागका नाम *Megaptera* or the Humpbacked whale या कुब्जक तिमि। इसके पीठमें ऊंटकी तरह कूबड़ होता है। कहीं-कहीं मतमें कूबड़ और कुछ नहीं, केवल पीठके पर या पीठके कांटोंका ही रूपान्तर मात्र है। इसके आगे और अधिक कुछ नहीं जाना जाता। केवल मही-कि साधारणतः ये सरलदम तिमि-जैसोंके ही अनुसार हैं। इनको देशभेदसे निम्नलिखित शाखाएं हैं—

१। *Megaptera Longimana* or The Johnstone's Hump-backed whales हहत् कुलपृष्ठ तिमि—उत्तर या जर्मन सागर।

२। *Megaptera Kuzira* or the Kuzira-कुजोय तिमि या जापान देशादि कुलपृष्ठ तिमि—जापान सागर।

३। *Megaptera Americana* or the Bermuda Humpbacked whale बार्मूदा द्वीपोय कुलपृष्ठ तिमि।

४। *Megaptera poeskop* or the Cape Humpbacked whale, उत्तमाशा अन्तरीपका कुलपृष्ठ तिमि—दक्षिण आफ्रिका।

५। *M. Eschrichtus Robustus*-स्थूलकाय कुलपृष्ठ तिमि। *Balaenopttera* or the Rorqual (or the pike whales) स्वीडेन।

दन्तहीन तिमियोंके तृतीय विभागका नाम है पंखमुख तिमि।

इनका मुख सूक्ष्म होनेके कारण इनका यह नाम पड़ा है। इनकी पीठमें एक छोटेसे पङ्खको तरह पृष्ठकण्टक होता है। तिमिजातीय जीवोंमें यही श्रेणी हहत् है। इस तिमिको अपेक्षा और बड़ा जीव संसारमें दूसरा नहीं है। उत्तर देशका पक्षमुख तिमि १०० फुटसे भी बड़ा होता है। यह हहत् श्रेणी ही अङ्गरेजोंमें Rorqual नामसे ख्यात है। इसलिये हिन्दीमें इसे रकुँयल या हहत्काय पक्षमुख तिमि कहा जा सकता है। इस श्रेणीमें २५।२६ फुट दीर्घ तिमिकी एक जाति है जिसे अंग्रेजोंमें pike-whale या बर्छामुख तिमि कहते हैं। इनके मुखको आकृति अंग्रेजो पाइक नामक बर्छा अस्त्रको तरह होती है। इसी श्रेणीके तिमि संख्यामें अधिक पाये जाते हैं। उत्तर यूरोपके रकुँयालोंका रङ्ग स्लेटको तरह धूसर और उदर सफेद होता है। ये ब्रिटेनद्वीपके दक्षिणमें नहीं आते। जलमें एक स्थानमें स्थिर हो कर वास नहीं करते, वरन् तैर कर घूमा करते हैं। घण्टेमें ये चार पांच मील घूम सकते और अतिशय शब्द करते हैं। ये अर्णवमें आहत होने पर एक दौड़में १००० फुट पर्यन्त चले जाते हैं। शिकारी लोग इस जातिके तिमि पकड़नेको नहीं जाते। पहले तो इनका पकड़ना बड़ा कष्टकर और हहत्तिमिकी अपेक्षा विपद्जनक है, उस पर इनकी चर्बी बहुत कम और तिम्यस्थि क्षुद्र और निकृष्ट होती है। रकुँयालको नलीको नाल औरोंकी अपेक्षा दीर्घ होती है। इसलिए ये मछलियां इत्यादि खा सकते हैं और छोटे-छोटे कीड़े-मकोड़े तो एक ही झपाटेमें हड़प कर जाते हैं। एक बार एक रकुँयालके पेटमें छः सौ काड मछलियोंके अस्थिपञ्जर पाये गये थे। इस जातिके केवल दो उपभेद देखे जाते हैं।

१। *Balaenoptera rostata*-उत्तरदेशीय पक्षमुख तिमि—उत्तर या जर्मन सागर पर्यन्त।

२। *Balaenoptera Sciraha* or chinensis-चीन देशीय पक्षमुख-फर्मोसा द्वीपके निकट।

दन्तहीन तिमिके चौथे विभागका नाम Physalu अर्थात् पृष्ठकण्टकी है। ये देखनेमें ठीक रकुँयालकी तरह होते हैं; फर्क इतना ही, कि उनकी पीठ बड़ी लम्बी चौड़ी और उसमें काँटे होते हैं। ये भी पक्षमुख ही हैं और यथार्थमें तो उन्हें पक्षमुख तिमिका एक उपविभाग कहना ही युक्तिसंगत जान पड़ता है। इनका स्वभाव इत्यादि भी रकुँयालकी भांति होता है। इनमें ये भेद हैं—

१। *Physalus Antiquorum* or the Razor back—क्षुरपृष्ठ—पीतमनेक और उत्तरमहासागर।

२। *Physalus Boops*—वृष—उत्तरसागर।

३। *Physalus fasciatus* or the Peruvian Finner, पेरू देशीय पृष्ठकण्टक—पेरु उपकूल।

४। *Physalus Iwasi* or the Japan Finner—जापानी पृष्ठकण्टक—जापान उपकूल।

५। *Physalus Australis* or the Southern Finner दक्षिण महासागरका पृष्ठकण्टक—दक्षिण महासागर।

६। *Physalus Duguidii*-पाइको द्वीपका पृष्ठकण्टक—पाइको उपकूल।

३। *Balæna Japonica or the Japan whale*—जापान देशीय तिमि—प्रशान्त सागर।

४। *Balæna antipodarum or Balæna Antipodum or the Newzealand whale*—न्यूजिलैण्ड देशीय तिमि—दक्षिण महासागर।

५। *Balæna Sieboldii or the Seaguard whale*—[illegible]-तिमि – अटलान्टिक महासागर।

७। *Balæna Hectorius Tasmaniensis*—दक्षिण देशीय [illegible] तिमि—[illegible]।

८। *Balæna Hectorius [illegible]*—उत्तर देशीय [illegible] तिमि।

इन आठ प्रकारके तिमियोंमें ठर्रतिमि (The Right whale) अधिक विख्यात है। ये शीतप्रधान उत्तर महासागरमें ही रहते हैं। कभी कभी इन्हें प्रायः उत्तर सीमा तक आते देखा जाता है। इनकी लम्बाई ६०।७० फुट होती है। इनकी पूंछ ठीक मछलियोंके माफिक आकारकी तरह २०-२४ फुट विस्तृत होती है। सामनेका पर ८ फुट लम्बा और ४।५ फुट चौड़ा होता है। मुख १४।१६ फुट दीर्घ होता है। दोनों आंखें मुखनालमें एक फुट ऊंचे पर होती हैं। इनके मस्तकमें दो छिद्र खूब सूक्ष्म और मस्तकके सर्वोच्च स्थानमें बने होते हैं। इनके शरीरका रंग चिकना और काला (काली मखमलकी तरह) और पेटकी तरफ सफेद होता है। ये किस ऋतुमें गर्भधारण करते हैं यह विदित नहीं। एक गर्भमें एक ही सन्तान प्रसव करते हैं। सद्योजात सन्तान १० से १४ फुट दीर्घ होती है। इनका सन्तान-स्नेह अत्यन्त प्रबल होता है। इसीलिए ठर्रतिमिके शिकारी समय समय पर शावकोंको पकड़ कर शावकोंकी माताओंको अनायास अपने हाथमें पकड़ लेते हैं। तिमिमूर्ति [illegible] पानीमें आते फिर डोकर पड़ जाती है और तमाम पेटके ऊपर उठकर श्वासप्रश्वास करती है। ये साधारणतः घण्टेमें ४।५ मील चल सकते हैं। अपने बहुत [illegible] से नहीं हिलते। अपने समय मुंह फाड़ कर चलते हैं और पानीमें उनके साथ साथ छोटे छोटे [illegible] मुंह बन्द करके दन्तोंकी तरह [illegible] कर देते हैं। छोड़ने समयसे और ज्यादा तेज चलते हैं, शिकारके समय ये कभी कभी आहत होने पर कुछ [illegible] इनके [illegible] चले जाते हैं। इनका [illegible] है। [illegible] बरफके [illegible] हुआ देखा है। तिमि पानीके भीतर कमसे कम [illegible] घण्टे तक रह सकती है। [illegible] कुछ [illegible] लेते हैं। जब ये [illegible] फेंकते हैं, तब [illegible] फुहारेका आकार [illegible] जाता है। यह जल १०।१५ हाथ तक उठता है। कभी कभी ये कोड़ा काटके फिर मस्तक नीचे कर और पूंछ ऊपर कर—ठीक [illegible] ही कर एक प्रकारका शब्द करते हैं जो ४।५ मील दूर तक सुना जाता है। ये दल बांध कर नहीं घूमते; प्रायः अकेले कभी कभी नर मादा एक साथ घूमते हैं। उन [illegible] प्रकारोंके तिमिका मस्तक अपेक्षाकृत छोटा एवं बिलकुल अण्डाकार होता है। ये मेरुके निकट [illegible] घूमते हैं। इस जातिके तिमि विषुवत् रेखाके निकटसे दक्षिण महासागरके तुषारवेष्टित स्थान तक घूमते हैं और उत्तर जापान तक आते जाते हैं। दक्षिण आफ्रिका और न्यूजिलैण्डके निकट तिमि-शिकारी इन्हें ही पकड़ा करते हैं। [illegible] निकट ठर्रतिमि (The Rigt Whale) एक [illegible] है। [illegible] निवासी इन्हें Nordkapper कहते हैं। इनका शरीर ठर्रतिमिकी अपेक्षा सरल, मस्तक छोटा, [illegible] [illegible] और चौड़ा, वर्ण धूसर, [illegible] [illegible] और ठर्रतिमिकी अपेक्षा अधिक [illegible] होता है। [illegible] और [illegible] जातियों [illegible] ठर्रतिमिकी [illegible] जाते हैं और [illegible] है।

इस श्रेणीके तिमिके द्वितीय गणका नाम *Megaptera* or the Humpbacked whale वा कुब्जक तिमि। इसके पीठकी [illegible] ऊंटकी तरह कूबड़ होता है। [illegible] इसके कूबड़ और [illegible] नहीं, [illegible] है। इनके [illegible] और अधिक कुछ नहीं जाना जाता। केवल [illegible] ये प्रायः तिमि [illegible] ही अनुसार हैं। इनको जीवविदने निम्नलिखित भागोंमें [illegible] हैं—

१। *Megaptera Longimana* or The Johnstone's Hump-backed whales वृहत् कुब्जपृष्ठ तिमि—उत्तर या जर्मन सागर।

२। *Megaptera Kuzira* or the Kuzira-कुजोय तिमि या जापान देशादि कुब्जपृष्ठ तिमि—जापान सागर।

३। *Megaptera Americana* or the Bermuda Humpbacked whale वामर्दा द्वीपीय कुब्जपृष्ठ तिमि।

४। *Megaptera poeskop* or the Cape Humpbacked whale, उत्तमाशा अन्तरीपका कुब्जपृष्ठ तिमि—दक्षिण आफ्रिका।

५। *M. Eschrichtus Robustus*-स्थूलकाय कुब्जपृष्ठ तिमि। *Balaenoptera* or the Rorqual (or the pike whales) स्वोडेन।

दन्तहीन तिमियोंके तृतीय विभागका नाम है पंखमुख तिमि।

इनका मुख सूक्ष्म होनेके कारण इनका यह नाम पड़ा है। इनकी पीठमें एक छोटेसे पङ्खकी तरह पृष्ठकण्टक होता है। तिमिजातीय जीवोंमें यही श्रेणी वृहत् है। इस तिमिको अपेक्षा और बड़ा जीव संसारमें दूसरा नहीं है। उत्तर देशका अग्रमुख तिमि १०० फुटसे भी बड़ा होता है। यह वृहत् श्रेणी ही अङ्गरेजोंमें Rorqual नामसे ख्यात है। इसलिये हिन्दीमें इसे रकुयल या वृहत्काय अग्रमुख तिमि कहा जा सकता है। इस श्रेणीमें २५।२६ फुट दीर्घ तिमिकी एक जाति है जिसे अंग्रेजीमें pike-whale या बर्छामुख तिमि कहते हैं। इनके मुखकी आकृति अंग्रेजी पाइक नामक बर्छी अस्त्रकी तरह होती है। इसी श्रेणीके तिमि संख्यामें अधिक पाये जाते हैं। उत्तर यूरोपके रकुयालों-का रङ्ग स्लेटकी तरह धूसर और उदर सफेद होता है। ये ब्रिटेनदीपके दक्षिणमें नहीं आते। इनमें एक स्थानमें स्थिर हो कर रहा नहीं करते, वरन् तैर कर घूमा करते हैं। घण्टेमें ये चार पांच मील घूम सकते और अतिशय मन्द करते हैं। ये अर्थांत आहत होने पर एक दौड़में २००० फुट पर्यन्त चले जाते हैं। शिकारी लोग इस जाति-के तिमि पकड़नेको नहीं जाते। पहले तो इनका पकड़-ना बड़ा कष्टकर और वृहत्तिमिको अपेक्षा विपद्जनक है, उस पर इनकी चर्बी बहुत कम और तिम्यस्थि क्षुद्र और निकृष्ट होती है। रकुयालको गलेकी नाल औरोंको अपेक्षा दीर्घ होती है। इसलिए ये मछलियां इत्यादि खा सकती हैं और छोटे-छोटे कीड़े-मकोड़े तो एक ही झपटमें हड़प कर जाते हैं। एक बार एक रकुयालके पेटमें छः सौ काड मछलियोंके अस्थिपंजर पाये गये थे। इस जातिके केवल दो उपभेद देखे जाते हैं।

१। *Balaenoptera rostata*-उत्तरदेशीय अग्रमुख तिमि—उत्तर या जर्मन सागर पर्यन्त।

२। *Balaenoptera Sewinza* or chinensis-चीन देशीय अग्रमुख-फर्मोजा द्वीपके निकट।

दन्तहीन तिमिके चौथे विभागका नाम Physalu अर्थात् पृष्ठकण्टकी है। ये देखनेमें ठीक रकुयालकी तरह होते हैं। फर्क इतना है, कि इनकी पीठ बड़ी लम्बी चौड़ी और उसमें कांटे होते हैं। ये भी अग्रमुख ही हैं और यथार्थमें तो इन्हें अग्रमुख तिमिका एक उप-विभाग कहना ही युक्तिसंगत जान पड़ता है। इनका स्वभाव इत्यादि भी रकुयालकी भांति होता है। इनके ये भेद हैं—

१। *Physalus Antiquorum* or the Razor back—क्षुरपृष्ठ—पीतसैन्य और उत्तरमहासागर।

२। *Physalus Boops*—यूप—उत्तरसागर।

३। *Physalus fasciatus* or the Peruvian Finner, पेरु देशीय पृष्ठकण्टक—पेरु उपकूल।

४। *Physalus Iusi* or the Japan Finner—जापानी पृष्ठकण्टक—जापान उपकूल।

५। *Physalus Australis* or the Southern Finner दक्षिण महासागरका पृष्ठकण्टक—दक्षिण महासागर।

६। *Physalus Dagnila*-पाईनो द्वीपका पृष्ठ-कण्टक—पाईनो उपकूल।

७। *Physalus Patachonicus*—पाटिगोनियाका एक-फलक—पाटागोनिया महाद्वीप।

८। *Physalus Sibbaldii*—सिवाल्डकी एकफलक—उत्तर सागर।

९। *Physalus Sibbaldii borealis*—सुमात्राद्वीप निवासी—उत्तर सागर।

१०। *Physalus Sibbaldii antipodum*—न्यूजीलैण्डका एकफलक—न्यूजीलैण्डका उपकूल।

११। *Physalus Sibbaldii Antarcticus*—दक्षिण मेरुका एकफलक—तस्मानियाका उपकूल।

१२। *Physalus Sibbaldii latirostris*—चौड़े मुखका एकफलक—उत्तर सागर।



तिमिकी दूसरी श्रेणी है दन्तयुक्त। यूरोपके प्राणीतत्त्वविद् इन्हें डेण्टिसिटी (Denticete) कहते हैं। ये प्रधानतः तीन भागोंमें विभक्त हैं (१) *Cetodontidæ* या तैलकर तिमि, (२) *Kogia* or Short headed whales या छोटे सिरवाले तिमि और (३) या ....तिमि। इस शाखाके तिमियोंके कामशिकारी पकड़ सकते, मारते, काट, लेते हैं, तथा बड़ा और छोटेमें दांत होते हैं। अंग्रेजीमें ये साधारणतः Catodon, Cachalot या Sperm whale नामसे कहे जाते हैं। इनको पुरुषजाति लम्बी कम ६४ फुट और स्त्रीजाति लम्बी कम ३२ फुट दीर्घ होती है। इनके शरीरका रङ्ग सब जगह एकसा नहीं, पीठ गहरा और पूंछका भाग सफेद और बाकी अंश श्यामा होता है। ये अपनी पूंछकी चोटसे पानी ठीक कर होता करके घूमते हैं। प्राणीविद् द्वारा ये भी १०।१२ मिनटके बाद पानी फेंका करते हैं। इनके शरीरसे मिलकर बहुत चर्बी और प्रायः ८०।९० मन निकलती है। इनके पानी फेंकनेकी क्रियामें ....के भीतर दक्षिण भागमें प्रायः ....स्थान प्रकट होता है। इससे इनको तिमि तैल (Spermaceti oil) है। यह तैल इनके मस्तिष्कमें प्रायः ४०।५० मन पाया जाता है। इनको कहीं कहीं Sperm-oil कहते हैं। इनको तिमि तैल कहते हैं मानो शुद्ध तिमि रहता है। इस जातिके तिमि शुक्र-सागरमें भी पाये हैं। ये ८० फुट तक दीर्घ होते हैं। इनका मस्तक इतना बड़ा होता है कि वह समस्त शरीरका तृतीयांश कहा जा सकता है। साधारणतः इनका वर्ण गाढ़ा धूसर होता है। पूर्व समय तिमिको शिकारी लोग Bull-whale (वृषभ-तिमि) कहते हैं। इनका मुख-विवर भी बहुत बड़ा और चौड़ा होता है। नीचेके मसूड़ेमें ऊपरका मसूड़ा कई फुट बड़ा होता है। इनके निम्नांश या दन्त नहीं होते। नीचेके मसूड़ेमें दांत होते हैं। मुख बन्द करते समय इन दांतोंके ऊपरके सिरे ऊपरके मसूड़ेमें छेद होते हैं। इनका कोई कोई दक्षिण समुद्रमें छोटे होते हैं। इनकी पीठका मध्य भाग कुबड़के निमित्त ऊंचा होता है। तैरते समय कुछ भाग जलके ऊपर उठा रहता है। ये पानीमें भाग कर तक घूमते हैं। शिकारियों द्वारा देखे जाने पर और भी तेज चलते हैं। इनके पंख अपेक्षाकृत छोटे होते हैं। पूंछका पंखा खूब चौड़ा होता है। यह जिस समय साथ पानी के जलके ऊपर विचरण करते हैं उस समय मालूम पड़ता है मानो लम्बी तिमिका एक खण्ड जलके ऊपर बहा हुआ है। इनको पूर्वोक्त-जाति तिमियोंको तरह छोटी नहीं होती। इनमें ४८ बड़ी और छोटी दन्त होते हैं। मस्तकके तैल रखनेके भीतर एक प्रकारका पदार्थ होता है जिसे Junk (जङ्क) कहते हैं। इससे चर्बीका तैल निकलता है। वहीं मानो अन्य स्थान का स्थानोंसे तैल निकलता है। यह तिमि समय तिमिका चमड़ा भी व्यवहारमें लाया जाता है। ये अक्सर लोग पड़ाका ओठोंको भक्षण करते हैं। ये १।६ भी एक साथ मिल कर और कर चलते हैं। इनके दलमें स्त्री जाति ही अधिक पाई जाती है। इनके पुरुषोंमें प्रायः पर युद्ध होता है, जिससे इनके मसूड़े और तुण्डोंका बहुतसी टूट जाती है। इस तिमिको उपजातियां ये हैं—

१ *Catodon Macrocephalus*—बड़े मस्तकका तैल कर तिमि—एकमस्तकका समुद्र।

२। *Catodon cabeeii* मेक्सिको देशोय तैलकर तिमि—मक्सिको उपकूल।

३। *Catodon polycyphus* दक्षिण सागरोय तैलकर तिमि—दक्षिणसागर।

इस तिमिकी दूसरी शाखा क्षुद्रमस्तक है। इनकी आकृतिमें मस्तककी क्षुद्रता छोड़ कर और कोई भेद नहीं है, इस श्रेणीके केवल दो उपविभाग हैं। (१) *Kogia bleniceps* or short headed sperm whale क्षुद्रमस्तक तैलकर तिमि दक्षिण-आफ्रिकाके उपकूलमें और (२) *Kogia ma-bayii* भारतीय क्षुद्रमस्तक तैलकर तिमि अष्ट्रेलिया और भारत-महासागरमें निवास करते हैं।

इस तिमिकी तृतीय शाखा कुब्जपृष्ठ तैलकर तिमिका उपविभाग है। (१) *Physter tursio* or the black fish अथवा—स्काटलैण्डका उपकूल और (२) *Euphysetes Grayii* वा अष्ट्रेलियाके तैलकर तिमि—दक्षिण-महासागर।

तिमिकी यह जाति शिकारियोंके बड़े लोभकी सामग्री है। शिकारी लोग इसे पाकर और कुछ नहीं चाहते। इनके शिकार करनेमें बड़ी विपदोंका सामना करना पड़ता है। ये पूंछके झपाटे होसे नौका उलटा देते हैं। इनके शिकारकी प्रणाली वृहत्तिमिके शिकारकी तरह है। शिकारी लोग नौकामें चढ़ हारपून (Harpoon) नामक बर्छासे आक्रमण करते हैं और एकके ऊपर एक बर्छाकी वर्षा कर मार डालते हैं। हारपूनके आघातसे दुर्बल हो जाने पर इन्हें मार डालना कष्ट कर नहीं होता। हारपूनमें खूब बड़ी रस्सी बंधी रहती है। आघात पाकर ये डूब जाते हैं। उस समय मछली पकड़नेकी तरह रस्सी छोड़ कर नौकामें तेजीसे इनके साथ घूमना होता है। फिर ऊपर उठ आने पर बर्छा छोड़ कर इन्हें पकड़ा जाता है। हारपूनका फला ठीक बड़ीश (मछली पकड़नेके कांटे)की तरह उलटी ओरको घुमाया होता है। यह देखनेमें मनुष्यके कमलकी तरह होता है। नौकामें ४०।५० शिकारी दो हारपून और ५।६ बर्छे होते हैं। नौकामे हारपून फेंकते ही नौका अपने एक दम पीछे हटानी पड़ती है। चोट लगनेसे तिमि भयके मारे सम्मुख नहीं दौड़ते, हमेशा जलके नीचे डूबते हैं यहां तक कि २०० हाथ नीचे डूब जाते हैं। हारपूनकी रस्सी इससे भी बड़ी रखनी होती है। पानीके नीचे तिमि२०।२५ मिनट डूबे रहते हैं, परन्तु इसके बाद श्वासकष्ट होनेके कारण फिर ऊपर उठ आते हैं। कभी वे झपट्टा मार कर नौका उलट देते हैं। ये बर्छेके आघातसे ही मरते हैं। चोट खाकर कोई कोई तिमि ऊपर नहीं उठते और जो ऊपर नहीं उठते वे हाथ नहीं आते। इनके झपटेसे बचनेके लिए नौकामें बड़े बड़े लोहेके कांटे लगे रहते हैं। तिमिके मर जाने पर शिकारी नौकाको उसके निकट ले जाते हैं और जलमें ही उसके शरीरके ऊपर खड़े हो कर उसकी खाल और चर्बी निकालना आरम्भ कर देते हैं। इन लोगोंके साथ जहाज रहता है। नौकाको जहाजसे बांध कर या लङ्गर डाल कर इस तरह ये तेल चर्बी इत्यादि संग्रह करते हैं। वसन्त कालमें शिकार आरम्भ होता है और शरद समयमें समाप्त हो जाता है। नोरवेके निवासी नवम शताब्दीसे वृहत्तिमिका शिकार करना जानते हैं। त्रयोदश शताब्दीमें फरासीसी स्पेनियर्ड और फ्लेमिश लोगोंने इनका शिकार करना आरम्भ किया। अंग्रेजोंने इसे १६वीं सदीसे शुरू किया है। इङ्गलैण्डके कानून मुताबिक इङ्गलैण्डके उपकूलसे तीन क्रोशके बीचमें जो तिमि पकड़े जांय, वे सब राजसम्पत्ति गिनी जाती है, इससे दूर सागरमें जो सबसे पहले बरछी चला कर तिमिको रोक दे वही व्यक्ति उसके अर्धांशका अधिकारी होता है, अपर अर्धांशके अधिकारी अन्य मनुष्य आदि होते हैं। इसको छोड़ और भी कई स्थानीय नियम हैं।

२ समुद्र। ३ राजविशेष, पुरुवंशीय दुष्यन्तके पुत्र। इन्हीं तिमिराजाने ४२ वर्ष राजत्व किया था।

तिमिकोष (सं॰ पु॰) तिमेः कोष इव। समुद्र।

तिमिङ्गिल (सं॰ पु॰) तिमिं गिलति सतः सुम्। (गिलेऽगिल-स्य। पा ६।३।७०।) १ वृहत्काय मत्स्यविशेष, ह्वेल नामकी बड़ी मछली। २ द्वीपविशेष, एक द्वीपका नाम। ३ उक्त द्वीपके निवासी। (त्रि॰) ४ तद्द्वीपजात, जो उस द्वीपमें उत्पन्न हो।

तिन्तिड़ीफलिक (सं॰ पु॰) तिन्तिड़ीकं तिष्ठति तिन्तिड़ीक-स्थ क, स्थस्य कः, पृषोदरादित्वात् साधुः। ... ततः स्वार्थे कन्। एक प्रकारकी बहुत बड़ी मछली।

तिन्तिड़ीभाटक (सं॰ पु॰) तिन्तिड़ीको भाटक इव यस्य। १ दक्षिणापथ देशविशेष, दक्षिणका एक देश जिसका जिक्र पुराणोंमें आता है। इसके निवासी तिन्तिड़ीभाटक नामसे प्रसिद्ध हैं। २ उक्त देशके निवासी। ३ उक्त देशके राजा।

तिमि (सं॰ पु॰) तिम्यति आर्द्रो भवति तिम इन्। मत्स्यविशेष, समुद्रमें रहनेवाली बहुत बड़ी मछली। यह मीन विदमीच है, किन्तु वर्तमान पुस्तकोंमें इसका मुख्य नाम निर्दिष्ट नहीं हुआ है। इस मत्स्योंका [illegible] सौभाग्य और मनःप्रसादक, शोथ-[illegible] तथा कामवर्द्धक है। (सुश्रुत॰ सू॰ ४६ अ॰)

तिमित (सं॰ त्रि॰) तिम-कर्मणि क्त। १ निश्चल, स्थिर। २ क्लिन्न, आर्द्र, भीगा।

तिमितिमिङ्गिल (सं॰ पु॰) मत्स्यविशेष, एक प्रकार का बड़ी मछली।

तिमिध्वज (सं॰ पु॰) दानवविशेष, शम्बर नामक दैत्य जिसे मार कर रामचन्द्रने ब्रह्मासे दिव्यास्त्र लाभ किया था। (रामा॰ २।९।११)

तिमिर (सं॰ क्ली॰-पु॰) तिम्यतीति तिम-किरच्। इति उणादि उण् १।५१। १ अन्धकार, अंधेरा। २ चक्षुरोगविशेष, आंखका एक रोग। इसका विवरण सुश्रुतमें इस प्रकार लिखा है—

दृष्टिविज्ञान पण्डितोंका कहना है, कि मनुष्योंकी दृष्टि पञ्चभूतोंके गुणसे बनी हुई है। बाह्य पटलमें [illegible] वस्तु के [illegible], शीतल [illegible] पटलोंके दोनों [illegible] [illegible] और [illegible] [illegible], इस तरह दृष्टिगत दोषोंके तथा पटलके [illegible] तिमिर रोगके लक्षण कहे जाते हैं।

दोष विगुण हो कर शिरा-समूहके [illegible] जाता है और उसके दृष्टिके प्रथम पटलमें रहनेसे सभी रूप अस्पष्ट भावसे देखे जाते हैं। द्वितीय पटलमें दोषके रहनेसे दृष्टि विह्वल हो जाती है और सब वस्तु मक्खी, मच्छड़, केशजाल, जाला, मण्डल, पताका और कुण्डल आदि दिखलाई पड़ते हैं, अथवा जलप्लव का दृष्टि होता है, जैसा मालूम पड़ता है, अथवा [illegible] तिमिराक्रान्त जैसा होता पड़ता है। दृष्टिको अत्यन्त सूक्ष्म वस्तु दिखलाई और [illegible] वस्तु सूईके छेदमें पड़ती है और [illegible] [illegible] भी [illegible] नहीं पड़ता। दोषके तृतीय पटलमें रहनेसे ऊपरका और नासाग्रभागको जैसा देख पड़ता है और कर्ण, नासिका तथा चक्षुविशिष्ट सभी आकृतियां विपरीत भावसे दिखलाई पड़ता है। दोष बलवान् हो कर जब दृष्टिके नीचे भागमें रहता है, तब [illegible] [illegible], [illegible] रहनेसे दूरस्थ [illegible] और पार्श्वभागमें रहनेसे पार्श्वस्थ रूप नहीं देखा जाता। दोष जब दृष्टिमें चारों तरफ फैल जाता है, तब सभी वस्तु सङ्कुचित देख पड़ता है। दृष्टिके मध्य दो स्थानोंमें यदि दोष रहे, तो एक वस्तु दो और यदि अवस्थित भावसे रहे, तो बहुत रूप दिखती है। चतुर्थ पटलमें दोष रहनेसे तिमिर रोग उत्पन्न होता है। तिमिर रोगमें, सब ओर दृष्टिरोध होनेसे वह लिङ्गनाश नाम हो जाता है। तिमिर रोग के प्रथम अवस्था होने पर चन्द्र, सूर्य, विद्युत् और नक्षत्रविशिष्ट आकाश तथा निर्मल तेज और ज्योतिः पदार्थ दिखलाई पड़ते हैं। लिङ्गनाश रोगको इस अवस्था को नीलिका या काच कहते हैं। यह लिङ्गनाश रोग यदि वायुसे उत्पन्न हो, तो सभी पदार्थ लाल, चञ्चल और [illegible] देखने हैं। पित्त जन्यके उत्पन्न होनेसे आदित्य, खद्योत, इन्द्रधनु, तड़ित् और मयूरपुच्छके जैसे विचित्र वर्ण अथवा नील या कृष्णवर्ण, या सभी पदार्थ या नीलवर्ण दिखाई जैसा अथवा धूम अथवा [illegible] [illegible] [illegible] जैसा, अथवा सभी पदार्थ [illegible] दिखाई देते हैं। रक्तजन्यके उत्पन्न होनेसे सभी रक्तवर्ण और अन्धकारमय, कफसे उत्पन्न होनेसे सब स्निग्धवर्ण और [illegible] [illegible] जैसे दिखाई देते हैं। सन्निपातजन्यके उत्पन्न होनेसे अनिर्वचनीय भाव है। सभी दिखाई ज्योतिर्मय दूसरे लगते या ऊपरसे नीचे अन्धकारको भाई होता पड़ता है। वायु जन्यके दोष उत्पन्न होनेसे दृष्टिमण्डल रक्तवर्ण, [illegible] [illegible]

रोगयुक्त अथवा नीलवर्ण-श्लेष्मसे श्वेतवर्ण, शोणितसे रक्तवर्ण, और सन्निपातसे विचित्रवर्ण होता है।

परिम्लायिरोगमें दृष्टिमण्डलमें रक्तजन्य अरुणवर्ण मण्डलाकार स्थूलता उत्पन्न होता है अथवा समूचा मण्डल कुछ नीलवर्ण हो जाता है। इस रोगमें कभी कभी आपसे आप दोष क्षय हो कर दृष्टिकी शक्ति बढ़ जाती है।

इसके सिवा पित्तविदग्धदृष्टि, कफविदग्धदृष्टि, रात्र्यन्धता, धूमदर्शी, ह्रस्वजाड्य, नकुलान्धता और गम्भीरक ये सात प्रकारके रोग उत्पन्न होते हैं। दृष्टिके स्थानमें दुष्टपित्तके रहनेसे वह स्थान पीला हो जाता है, तथा सभी वस्तु पीली नजर आती हैं। इसे पित्तविदग्धदृष्टि कहते हैं। दोषके तृतीय पटलमें रहनेसे रोगीको दिनके समय नहीं सूझता, रातको सूझता है। दृष्टि जब श्लेष्मासे विदग्ध होती है, तब सभी पदार्थ सफेद दीख पड़ते हैं।

तीनों पटलोंमें यदि थोड़ा थोड़ा दोष रहे, तो नक्तान्धता तुरंत उत्पन्न होती है। इसमें दिनके समय सूर्य किरणोंमें कफकी अल्पताके कारण दृष्टिशक्ति प्रकट होती है। शोक, ज्वर, परिश्रम और मस्तकके अभिताप द्वारा दृष्टिके अभिहत हो जाने पर सभी पदार्थ धूम्रवर्ण देखे जाते हैं। इसको धूमदर्शी कहते हैं। इसमें दिनके समय बारीक वस्तु बहुत कठिनतासे नजर आती है।

रातको शैत्यगुण द्वारा पित्तकी अल्पताके कारण ये सब पदार्थ देखे जाते हैं, इसे ह्रस्वजाड्य कहते हैं। जिस रोगमें दृष्टिके दोषाभिभूत हो जानेसे नकुलकी दृष्टिके समान विद्युतकी आभा निकलती है, उसे नकुलान्ध कहते हैं। वायु कर्तृक दृष्टिस्थानके विकृत होनेपर भी उसका अभ्यन्तर भाग बहुत गम्भीर भावसे प्रकाशित होता है। इन सब रोगोंके सिवा दृष्टिस्थानमें अनिमित्त और अनिमित्त नामक दो प्रकारके और भी बाह्यरोग हैं। मस्तकके अभितापसे दृष्टि हत होने पर अनिमित्त होता है। यह रोग अभिष्यन्द निदान द्वारा जाना जाता है। देवता, ऋषि, गन्धर्व, महोरग या ज्योतिः अथवा दीप्तिमान् पदार्थोंके सन्दर्शनसे दृष्टिगत होने पर निमित्त लिङ्गनाश होता है। इस रोगमें दृष्टि स्पष्ट विमल वैदूर्यमणिकी तरह दीख पड़ती है। दृष्टि द्वारा अभिहत इस होने पर विदीर्ण, अवसन्न या हीन मालूम पड़ती है।

(सुश्रुत चिकित्सित ७ अ०)

कुपित दोषके चतुर्थ पटलमें रहनेसे दृष्टि बिलकुल बन्द हो जाती है, इसीको कोई तिमिर और कोई लिङ्गनाश कहते हैं। यह तमःस्वरूप तिमिररोग यदि अचिरजात हो तो रोगीको सब पदार्थ चन्द्र, सूर्य, नक्षत्र, विद्युत्, अग्नि आदिका तेज और सुवर्णादि दीप्तिशील पदार्थोंके समान दीखने लगते हैं। इसी लिङ्गनाश रोगको नीलिका और काच कहते हैं, (सुश्रुत) इन दोनोंके लक्षण पहले ही लिख चुके हैं। विशेष विवरण चक्षुरोग और रोगमें देखो।

तिमिरनुद् (सं० पु०) तिमिरं नुदति खण्डयति नुद-क्विप्। १ सूर्य। (बृहत्सं० ४।७५) (वि०) २ अन्धकारनाशक, अंधकारका नाश करनेवाला।

तिमिरभिद् (सं० पु०) तिमिरं भिनत्ति भिद-क्विप्। १ सूर्य। (वि०) २ अन्धकारको नाश करनेवाला।

तिमिररिपु (सं० पु०) तिमिरस्य रिपुः, ६-तत्। १ सूर्य। (वि०) २ तिमिरनाशक, अंधकार दूर करनेवाला।

तिमिरहर (सं० पु०) १ सूर्य। २ दीपक।

तिमिरा (सं० स्त्री०) हरिद्रा, हल्दी।

तिमिरारि (सं० पु०) तिमिरस्य अरिः, ६-तत्। १ सूर्य। २ अन्धकारका शत्रु।

तिमिरावलि (सं० स्त्री०) अन्धकारका समूह।

तिमिरि (सं० पु०) तिमि मत्स्य, तिमि नामकी मछली।

तिमिरिन् (सं० पु०) तिमिरं अस्त्यस्य तिमिर-इनि। १ अन्धकारकारी, अंधकार करनेवाला। २ इन्द्रगोप कीट, जुगनू।

तिमिर्ष (सं० पु०) दीवन्तुत।

तिमिष (सं० पु०) तिम इसक्। १ आम्य कर्कटी, ककड़ी, फूट। २ कुष्माण्ड, कुम्हड़ा। ३ माटाम्र, तरबूज।

तिमी (सं० स्त्री०) तिमि पृषोदरादित्वात् ङीप्। १ तिमि मत्स्य। २ दक्षकी एक कन्या। यह कश्यपकी स्त्री और तिमिङ्गिलोंकी माता थी।

तिमोर (सं० पु०) वृक्षभेद, एक पेड़का नाम।

तिमुहानी (हिं० स्त्री०) १ वह स्थान जहां तीन और तीन राह गई हों। २ वह स्थान जहां तीन ओरसे नदियां आ कर मिली हों।

तिमिङ्गिलगिल (सं०पु०) तिमिङ्गिलं गिलति तिमिङ्गिल-गृ-क, रस्य ल, अगिलस्येति पर्य्युदासात् न मुम्। अति वृहत् मत्स्यभेद, एक प्रकारको बहुत बड़ी मछली।

तिमिङ्गिलाशन (सं० पु०) तिमिङ्गिलो भक्ष्यः अश्यते यत्र अश आधारे ल्युट्। १ दक्षिणस्थ देशभेद, दक्षिणका एक देश-विभाग जिसके अन्तर्गत लङ्का आदि हैं। यहांके निवासी तिमिङ्गिल मछलीका मांस खाते हैं। २ उक्त देशके निवासी। ३ उक्त देशके राजा।

तिमिज (सं० क्लो०) तिमितो जायते जन-ड। मुक्ताभेद, तिमि नामक मछलीसे निकलनेवाला मोती। यह मोती वेधनीय है; किन्तु अपरिमित गुणवाली जान कर इसका मूल्य शास्त्रमें निर्दिष्ट नहीं हुआ है। यह राजाओंका सुत, अर्थ, सौभाग्य और यशःसम्पादक, रोग शोक-नाशक तथा कामप्रद हैं। (वृहत्सं० ८१ अ०)

तिमित (सं० वि०) तिम कर्त्तरि क्त। १ निश्चल, स्थिर। २ क्लिन्न, आर्द्र, भींगा।

तिमितिमिङ्गिल (सं० पु०) महामत्स्यभेद, एक प्रकारको बड़ी मछली।

तिमिध्वज (सं० पु०) दानवविशेष, शम्बर नामक दैत्य जिसे मार कर रामचन्द्रने ब्रह्मासे दिव्यास्त्र प्राप्त किया था। (रामा० २।९।११)

तिमिर (सं० क्लो०-पु०) तिम्यतीति तिम-किरच्। इषिमदि मुदीति। उण् १।५१। १ अन्धकार, अंधेरा। २ चक्षु रोगविशेष, आंखका एक रोग। इसका विवरण सुश्रुतमें इस प्रकार लिखा है—

दृष्टिविशारद पण्डितोंका कहना है, कि मनुष्योंको दृष्टि पञ्चभूतोंके गुणसे बनी हुई है। वाह्य पटलमें अक्षय तेज कर्त्तृक आवृत, शीतल प्रकृतिविशिष्ट, खद्योतके दोनों विस्फुलिङ्गोंसे निर्मित और मसूरदल परिमित विरलात्मविशिष्ट, इन सब दृष्टिगत रोगोंके तथा पटलके अभ्यन्तरस्थ तिमिर रोगके लक्षण कहे जाते हैं।

दोष विगुण हो कर शिरा-समूहके अभ्यन्तर जाता है और उसके दृष्टिके प्रथम पटलमें ठहरनेसे सभी रूप अव्यक्त भावसे देखे जाते हैं। विगुणित दोषके द्वितीय पटलमें रहनेसे दृष्टि विह्वल हो जाती है और सब जगह मक्षिका, मशक, केशजाल, मण्डल, पताका, मरीचि और कुण्डल समूह देखनेमें आते हैं, अथवा जलमग्न सा दृष्टि होती है, ऐसा मालूम पड़ता है; अथवा मेघाच्छन्न वा तिमिराच्छन्नके जैसा दीख पड़ता है। दृष्टिकी भ्रान्तिसे दूरस्थित वस्तु निकटमें और निकटस्थित वस्तु दूरमें मालूम पड़ती है और कोशिश करनेसे भी सूचीपाश नहीं देखा जाता। दोषके तृतीय पटलमें रहनेसे हृदाकार और वस्त्राच्छन्नके जैसा दीख पड़ता है और कर्ण, नासिका तथा चक्षुःविशिष्ट सभी आकृतियां विपरीत भावसे देखनेमें आती हैं। दोष बलवान् हो कर जब दृष्टिके अधोभागमें रहता है, तब समीपस्थ द्रव्य, ऊर्द्ध भागमें रहनेसे दूरस्थ द्रव्य और पार्श्वभागमें रहनेसे पार्श्वस्थ द्रव्य नहीं दीखता। दोष जब दृष्टिमें चारों तरफ फैल जाता है, तब सभी वस्तु सङ्कुचित दीख पड़ती हैं। दृष्टिके केवल दो स्थानोंमें यदि दोष रहे, तो एक आकृति तीन बार और यदि अवस्थित भावसे रहे, तो बहुत बार दीखती है। चतुर्थ पटलमें दोष रहनेसे तिमिर रोग उत्पन्न होता है। तिमिर रोगमें, एक ही समयमें दृष्टिरोध होनेसे वह लिङ्गनाश रोग हो जाता है। तिमिर रोगके अत्यन्त गम्भीर होने पर चन्द्र, सूर्य, विद्युत् और नक्षत्रविशिष्ट आकाश तथा निर्मल तेज और ज्योतिः पदार्थ देखनेमें आते हैं। लिङ्गनाश रोगकी इस अवस्थाको नीलिका वा काच कहते हैं। यह लिङ्गनाश रोग यदि वायुसे उत्पन्न हो, तो सभी पदार्थ लाल, सचल और मैले दीखते हैं। पित्त कर्त्तृक उत्पन्न होनेसे आदित्य, खद्योत, इन्द्रधनु, तड़ित् और मयूरपुच्छके जैसा विचित्र वर्ण अथवा नील वा कृष्णवर्ण, वा श्वेत चामर वा श्वेतवर्ण मेघके जैसा अत्यन्त स्थूल अथवा मेघशून्य समयमें मेघाच्छन्नके जैसा, अथवा सभी पदार्थ जल-प्लावितसे दीखते हैं। रक्त कर्त्तृक उत्पन्न होनेसे सभी रक्तवर्ण और अन्धकारमय, कफसे उत्पन्न होनेसे सभी श्वेतवर्ण और स्निग्ध तैलाक्त जैसे दीखते हैं। पित्त कर्त्तृक उत्पन्न होनेसे परिम्लायिरोग होता है। इसमें सभी दिशाएं नवोदित सूर्यकी नाईं वा खद्योतपूर्ण वृक्ष समूहकी नाईं दीख पड़ती हैं। वायु कर्त्तृक दोष उत्पन्न होनेसे दृष्टिमण्डल रक्तवर्ण, पित्तसे परिम्लायि-

रोगयुक्त अथवा नीलवर्ण-श्लेष्मासे श्वेतवर्ण, शोणितसे रक्त वर्ण, और सन्निपातसे विचित्रवर्ण होता है।

परिम्लायिरोगमें दृष्टिमण्डलमें रक्तजन्य अरुणवर्ण मण्डलाकार स्थूलता उत्पन्न होता है अथवा समूचा मण्डल कुछ नीलवर्ण हो जाता है। इस रोगमें कभी कभी आपसे आप दोष क्षय हो कर दृष्टिकी शक्ति बढ़ जाती है।

इसके सिवा पित्तविदग्धदृष्टि, कफविदग्धदृष्टि, रात्रान्धता, धूमदर्शी, ह्रस्वजाड्य, नकुलान्धता और गम्भो-रक ये सात प्रकारके रोग उत्पन्न होते हैं। दृष्टिके स्थानमें दुष्टपित्तके रहनेसे वह स्थान पीला हो जाता है, तथा सभी वस्तु पीली नजर आती हैं। इसे पित्तविदग्धदृष्टि कहते हैं। दोषके तृतीय पटलमें रहनेसे रोगीको दिनके समय नहीं सूझता, रातको सूझता है। दृष्टि जब श्लेष्मासे विदग्ध होती है, तब सभी पदार्थ सफेद दीख पड़ते हैं।

तीनों पटलोंमें यदि थोड़ा थोड़ा दोष रहे, तो नक्ता-न्धता तुरंत उत्पन्न होती है। इसमें दिनके समय सूर्य किरणमें कफकी अल्पताके कारण दृष्टिशक्ति प्रकट होती है। शोक, ज्वर, परिश्रम और मस्तकके अभिताप द्वारा दृष्टिके अभिहत हो जाने पर सभी पदार्थ धूम्रवर्ण देखे जाते हैं। इसको धूमदर्शी कहते हैं। इसमें दिनके समय बारीक वस्तु बहुत कठिनतासे नजर आती है।

रातको शैत्यगुण द्वारा पित्तको अल्पताके कारण से सब पदार्थ देखे जाते हैं, इसे ह्रस्वजाड्य कहते हैं। जिस रोगमें दृष्टिके दोषाभिभूत हो जानेसे नकुलकी दृष्टिके समान विद्युतकी आभा निकलती है, उसे नकुलान्ध कहते हैं। वायु कर्त्तृक दृष्टिस्थानके विरूप होनेपर भी उसका अभ्यन्तर भाग बहुत गम्भीर भावसे प्रकाशित होता है।

इन सब रोगोंके सिवा दृष्टिस्थानमें सनिमित्त और अनि-मित्त नामक दो प्रकारके और भी बाह्यरोग हैं। मस्तक-के अभितापसे दृष्टि हत होने पर सनिमित्त होता है। यह रोग अभिष्यन्द लिङ्गनाश द्वारा जाना जाता है। देवता, ऋषि, गन्धर्व, महोरग वा ज्योतिः अथवा दीप्ति-मान् पदार्थोंके सन्दर्शनसे दृष्टिगत होने पर अनिमित्त लिङ्गनाश होता है। इस रोगमें दृष्टि स्पष्ट विमल वैदूर्य-मणिको तरह दीख पड़ती है। दृष्टि द्वारा अभिहत हत होने पर विदीर्ण, अवसन्न या हीन मालूम पड़ती है।

(सुश्रुत चिकित्सित ७ अ०)

कुपित दोषके बाह्य पटलमें रहनेसे दृष्टि बिलकुल बन्द हो जाती है, इसीको कोई तिमिर और कोई लिङ्गनाश कहते हैं। यह तमःस्वरूप तिमिररोग यदि अचिरजात हो तो रोगीको सब पदार्थ चन्द्र, सूर्य, नक्षत्र, विद्युत्, अग्नि आदिका तेज और सुवर्णादि दीप्तिशील पदार्थोंके समान दीखने लगते हैं। इसी लिङ्गनाश रोगको नीलिका और काच कहते हैं। (सुश्रु०) इन दोनोंके लक्षण पहले ही लिख चुके हैं। विशेष विवरण चक्षुरोग और रोगमें देखो।

तिमिरनुद् (सं० पु०) तिमिरं नुदति खण्डयति नुद-क्विप्। १ सूर्य। (बृहत्सं० ३।८६) (त्रि०) २ अन्धकार-नाशक, अंधकारका नाश करनेवाला।

तिमिरभिद् (सं० पु०) तिमिरं भिनत्ति भिद-क्विप्। १ सूर्य। (त्रि०) २ अन्धकारको नाश करनेवाला।

तिमिररिपु (सं० पु०) तिमिरस्य रिपुः, ६-तत्। १ सूर्य। (त्रि० २ तिमिरनाशक, अंधकार दूर करनेवाला।

तिमिरहर (सं० पु०) १ सूर्य। २ दीपक।

तिमिरा (सं० स्त्री०) हरिद्रा, हल्दी।

तिमिरारि (सं० पु०) तिमिरस्य अरिः, ६-तत्। १ सूर्य। २ अन्धकारका शत्रु।

तिमिरावलि (सं० स्त्री०) अन्धकारका समूह।

तिमिरि (सं० पु०) तिमि मत्स्य, तिमि नामकी मछली।

तिमिरिन् (सं० पु०) तिमिरं अस्त्यस्य तिमिर-इनि। १ अन्धकारकारी, अंधकार करनेवाला। २ इन्द्रगोप कीट, जुगनू।

तिमिर्ष (सं० पु०) दीर्घस्तुत।

तिमिष (सं० पु०) तिम इषक्। १ ग्राम्य कर्कटी, ककड़ी, फूट। २ कुष्माण्ड, कुम्हड़ा। ३ नाटाम्र, तरबूज।

तिमी (सं० स्त्री०) तिमि पृषोदरादित्वात् ङीष्। १ तिमि मत्स्य। २ दक्षकी एक कन्या। यह कश्यपकी स्त्री और तिमिङ्गिलोंकी माता थी।

तिमोर (सं० पु०) वृक्षभेद, एक पेड़का नाम।

तिमुहानी (हिं० स्त्री०) १ वह स्थान जहां तीन ओर तीन राह गई हों। २ वह स्थान जहां तीन ओरसे नदियां आ कर मिली हों।

तिम्म (तिम्मप)—इस नामके दाक्षिणात्यमें बहुतसे छोटे छोटे राजा, सामन्त या सर्दार हो गये हैं। कृष्णा जिलेमें आविष्कृत बहुतसे शिलालेखोंमें उनका नाम उल्लिखित हुआ है। इनमेंसे एक कृष्णदेवरायके मन्त्री थे, जिन्होंने १४३७ शकमें कोण्डवीडु अधिकार किया था। मङ्गलगिरिके शिलालेखमें इनका माहात्म्य वर्णित है। मङ्गलगिरिके गरुड़स्तम्भ पर मन्दिरमें एक शिलालेख है, जिसमें रुद्रराजपुत्र तिम्मका परिचय पाया जाता है। विजयनगरकी एक शिलालिपिमें चिक्क तिम्मय्यदेवका महाअरसुके पुत्र तिम्मराजके नामसे उल्लेख मिलता है। वेङ्कटगिरिके नायुडू वंशमें भी गणि-तिम्म नामके एक पराक्रमशाली पुरुषका जन्म हुआ था। इनके समयमें पलनाड़ और कृष्णाके दक्षिणांशस्थित प्रदेशोंमें कुछ दस्यु-सरदारोंने मिल कर बहुत उपद्रव किया था। इन्होंने विजयनगराधिपति अच्युतदेवरायके आदेशानुसार वहां जा कर उनका शासन किया था। इसी तरह १५३० ई०में मसुलीपत्तनके कृष्णाके कुछ सरदारोंको परास्त किया था। आखिरको रणक्षेत्रमें ही ये मारे गये थे। इनके पुत्रने भी मुसलमान सरदारोंसे घोर युद्ध किया था।

तियला (हिं० पु०) स्त्रियोंकी पोशाक।

तिया (हिं० पु०) तीन बूटियोंका ताशका एक पत्ता। २ नक्कीपुरके खेलका एक दांव।

तिरकट (पु०) अगला पाल।

तिरकट गावामवाई (पु०) वह पाल जो सबसे ऊपर और आगेमें रहता है।

तिरकटगावी (पु०) ऊपरका पाल।

तिरकट डोल (पु०) अगला मस्तूल।

तिरकट सवर (पु०) छोटा और चौकोर अगला पाल। यह सबसे बड़े मस्तूलके ऊपर आगेकी ओर लगाया जाता है। जब धीमी हवा चलती है तो यह पाल काममें लाया जाता है।

तिरकट सवर (पु०) वह पाल जो सबसे ऊपर रहता है।

तिरकट सवाई (पु०) रस्सेमें बंधा हुआ अगला पाल। यह मस्तूलके सहारेके लिये लगाया जाता है।

तिरकाना (हिं० क्रि०) १ ढीला छोड़ना। २ रस्सा ढीला करना।

तिरकुटा (हिं० पु०) सोंठ, मिर्च, पीपल इन तीन कड़ुई दवाइयोंका समूह।

तिरखूंटा (हिं० वि०) त्रिकोणयुक्त, जिसमें तीन कोने हों।

तिरच्छ (म० पु०) तिनिश वृक्ष।

तिरछउड़ी (हिं० स्त्री०) मालखम्भकी एक कसरत।

तिरछा (हिं० वि०) जो ठीक सामनेकी ओर न जा कर इधर उधर हट कर गया हो। २ अस्तरके काममें आनेवाला एक प्रकारका रेशमी कपड़ा।

तिरछाना (हिं० क्रि०) तिरछा होना।

तिरछापन (हिं० पु०) तिरछा होनेका भाव।

तिरछी (हिं० वि०) तिरछा देखो।

तिरछी बैठक (हिं० स्त्री०) मालखम्भकी एक कसरत।

तिरछौहां (हिं० वि०) जो कुछ तिरछापन लिए हो।

तिरछौहैं (हिं० क्रि०-वि०) वक्रता, तिरछापन लिए हुए।

तिरना (हिं० क्रि०) पानीको सतहके ऊपर रहना, उतराना। २ तैरना, पैरना। ३ पार होना। ४ मुक्त होना, उद्धार पाना।

तिरनी (स्त्री०) एक डोरी जिससे घाघरा या धोती नाभिके पास बांधते हैं, नीवी, तिन्नी। २ नाभिके नीचे लटकता हुआ घाघरे या धोतीका एक भाग।

तिरप (हिं० स्त्री०) नाचमें एक प्रकारका ताल।

तिरपटा (हिं० वि०) जो तिरछी आंख करके देखता हो, ऐंचाताना।

तिरपन (हिं० वि०) १ जिसकी संख्या पचाससे तीन ज्यादह हो। (पु०) २ वह संख्या जो पचास और तीनके योगसे बनी हो।

तिरपाई (हिं० स्त्री०) वह चौकी जिसमें तीन पाये लगे रहते हैं, स्टूल।

तिरपाल (हिं० पु०) १ छाजनमें खपड़ोंके नीचे दिए जानेका फूस या सरकण्डोंके लम्बे पूले। २ वह कनवस जिसमें रोगन चढ़ा रहता है।

तिरपौलिया (हिं० पु०) वह बड़ा स्थान जिसमें तीन फाटक हों और जिसमें होकर हाथी, घोड़े, ऊंट इत्यादि सवारियां अच्छी तरह निकल सकें।

तिरफला (हिं॰ पु॰) त्रिफला देखो ।

तिरवो (हिं॰ स्त्री॰) सिन्धु देशमें एक प्रकारकी नाव-का नाम ।

तिरमिरा (हिं॰ पु॰) १ कमजोरीके कारण नजरका एक दोष । २ तीक्ष्ण प्रकाशमें नजरका न ठहरना, चकाचौंध । ३ घी तेल इत्यादिके छींटे जो पानी दूध तरल पदार्थके ऊपर तैरते दिखाई देते हैं ।

तिरमिराना (हिं॰ क्रि॰) रोशनीके सामने नजरका न ठहरना, चौंधना, झपना ।

तिरवट (हिं॰ पु॰) तिल्लानेकी जातिका एक प्रकारका राग ।

तिरवा (फा॰ पु॰) किसी स्थानकी उतनी दूरी जहां तक एक तीर जा सके ।

तिरश्च (सं॰ क्ली॰) गयाधारका तिर्यक् अवलम्ब, चारपाईके तिरछे पाये ।

तिरश्चता (सं॰ त्रि॰) तिरश्चीन, तिरछा ।

तिरश्चया (सं॰ अव्य॰) गुप्तरूपसे, छिपके ।

तिरश्चिराजि (सं॰ पु॰) आङ्गिरस वंशके एक ऋषिका नाम ।

तिरश्ची (सं॰ स्त्री॰) तिर्यक् जातिः स्त्रियां ङीप् । १ पशु-पक्षियोंकी स्त्री, मादा । (पु॰) २ आङ्गिरस वंशके एक ऋषिका नाम ।

तिरश्चीन (सं॰ त्रि॰) तिर्यगेव स्वार्थे ख । १ तिर्यग्-भूत, तिरछा । २ कुटिल, टेढ़ा ।

तिरश्चीनगति (सं॰ स्त्री॰) मल्लयुद्धकी एक गति, कुश्तीका एक पेंच ।

तिरश्चीननिधन (सं॰ क्ली॰) सामभेद ।

तिरश्चीनपृश्नि (सं॰ त्रि॰) जिसमें तिरछा दाग दिया गया हो ।

तिरस् (सं॰ अव्य॰) तरति दृष्टिपथं तॄ-असुन् । १ अन्तर्धान, गायब । २ तिर्यग्, तिरछा । ३ तिरस्कार ।

तिरसठ (हिं॰ त्रि॰) १ जिसकी संख्या साठसे तीन अधिक हो । (पु॰) २ वह संख्या जो साठ और तीनके योगसे बनी हो ।

तिरसा (हिं॰ पु॰) एक तरहका पान जिसका एक सिरा चौड़ा और दूसरा तङ्ग हो ।

तिरस्कर (सं॰ त्रि॰) तिरस्करोति णिच् सत्वेन: तिरयति आच्छादयति । तिरः करोति कृ-ट । आच्छादक, परदा करनेवाला, ढांकनेवाला ।

तिरस्करिन् (सं॰ त्रि॰) तिरः करोति कृ-णिनि । आच्छा-दक, ढांकनेवाला ।

तिरस्करिणी (सं॰ स्त्री॰) तिरस्करिन् संज्ञापूर्वक-विधिरनित्यत्वात् वृद्ध्यभावः ततो ङीप् । १ पटमय आच्छा-दक पदार्थ, परदा, कनात, चिक । २ ओट, आड़ । ३ मनुष्यको अदृश्य करनेकी एक प्रकारकी विद्या ।

तिरस्करी (हिं॰ पु॰) आच्छादक परदा ।

तिरस्कार (सं॰ पु॰) तिरस् कृ-घञ् । १ अनादर, अप-मान । २ भर्त्सना, फटकार । ३ अनादरपूर्वक त्याग । (त्रि॰) ४ अवज्ञाकारक, अपमान करनेवाला ।

तिरस्कारिन् (सं॰ त्रि॰) तिरस् करोति कृ णिनि । १ आच्छा-दक, ढांकनेवाला । (पु॰) २ पटभेद, कनात, चिक । (त्रि॰) ३ अवज्ञाकारक, अपमान करनेवाला ।

तिरस्कृत (सं॰ त्रि॰) तिरस् कृ-कर्मणि क्त । १ अनादृत, जिसका तिरस्कार किया गया हो । २ आच्छादित, परदे-में छिपा हुआ । ३ अनादरपूर्वक त्याग किया हुआ । (क्ली॰) ४ लक्ष्मसारोक्त मल्लविशेष, लक्ष्मसारका एक मल्ल । इसके मध्यमें दकार और मस्तक पर दो कवच और अस्त्र होता है ।

तिरस्क्रिया (सं॰ स्त्री॰) तिरस्-कृ भावे श । १ अनादर, तिरस्कार । २ आच्छादन । ३ वस्त्र पहरावा ।

तिरस्य (सं॰ पु॰) तिरस् कण्ड्वादित्वात् यक् । अन्तर्धान, गायब ।

तिरहुत—यह संस्कृत तीरभुक्ति शब्दका अपभ्रंश है । १८७४ ई॰के शेष तक यह भारतवर्षके अन्तर्गत विहार प्रदेशके पटना विभागके सर्वोत्तरवर्ती एक जिला था । बङ्गालके छोटे लाटके अधीन ऐसा बड़ा और अधिक संख्याविशिष्ट जिला दूसरा नहीं था । इसमें मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सीतामढ़ी, दरभङ्गा, मधुबनी और ताजपुर ये छह उपविभाग लगते थे । उस समय इसके उत्तरमें नेपालराज्य, उत्तर-पूर्वमें भागलपुर जिला, दक्षिण-पश्चिम-में मुङ्गेर जिला, दक्षिणमें गङ्गानदी, दक्षिण-पश्चिममें सारन जिला या गण्डक नदी, उत्तर-पश्चिममें चम्पारन

जिला था। उत्तर सीमामें नेपालराज्यके साथ अंग-रेजी राज्यके सीमानिर्धारणके लिये खाई, नदी, ईंटे और काठ आदिके स्तम्भ हैं।

१८७५ ई०को १ली जनवरीसे यह बड़ा जिला शासनकार्यकी सुविधा और सुव्यवहारके लिये दो स्वतन्त्र जिलाओंमें विभक्त हुआ। मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सीतामढ़ी इन तीनों उपविभागोंको ले कर मुजफ्फरपुर तथा दरभङ्गा, मधुबनी और ताजपुर इन तीन उपविभाग लेकर दरभङ्गा जिला संगठित हुआ है। वास्तवमें अभी बङ्गाल-विहारके मानचित्रसे तिरहुत जिलेका अस्तित्व लोप हो गया है। मुजफ्फरपुर और दरभङ्गा इन दो जिलों का विवरण अब भी स्वतन्त्र भावसे संगृहीत नहीं हुआ है; सुतरां तिरहुत नाममें ही इनका कुछ कुछ विवरण दिया जाता है।

१७६५ ई०में जब सूबा विहार अंगरेजोंके हाथ आया, तब गङ्गाके उत्तरकूलवर्ती सारण, चम्पारण, तिरहुत और हाजीपुर ये चार स्थान सरकारमें विभक्त थे। उस समय सरकार तिरहुतका परिमाण ५०५३ वर्गमील और सरकार हाजीपुरका परिमाण ०८३५ वर्गमील था, किन्तु उस समय सारे तिरहुत जिलेका परिमाण केवल ६३४३ वर्गमील था, पहले सरकार तिरहुत और सरकार हाजीपुर इन दोनोंमें १०४ परगने थे। इन सब परगनोंके नामकी तालिका नहीं पाई जाती, पर सरकारी कागजातसे जाना जाता है, कि उस समय भागलपुर और मुङ्गेर जिलोंके अधिकांश स्थान इन्हीं दो सरकारोंके अधीन थे।

१७८५ ई०में भागलपुर और मुङ्गेरके अन्तर्गत बलिया, मस्जिदपुर, बादेभुसारी, इमादपुर, कुड़ा, गावखण्ड, कायखण्ड, नारादिगर, छय, फरकिया, मालकी, मलीया, मालसे गोपाल और नयपुर ये तेरह परगने तिरहुत कलेक्टरीके अन्तर्गत हुए, किन्तु १८३० ई०में ये पुनः तिरहुतसे अलग कर दिये गये। १८६५ ई०में सारणके अन्तर्गत परगना बाबरा और मुङ्गेरके अन्तर्गत परगना बादे भुसारी तिरहुतके अन्तर्भुक्त हुआ तथा १८६८ ई०में गङ्गानदीकी गति परिवर्त्तित हो जानेसे पटनाके अन्तर्गत भीमपुर, गयासपुर तथा आक्मिावाद इन परगनोंके कई अंश तिरहुतके अन्तर्भुक्त हुए।

तिरहुत जिलेका भूभाग साधारणतः पङ्कमय है, बीच बीचमें नदी है, कई जगह जङ्गल भी है। बांस और आमके वन यथेष्ट हैं। समस्त भूभाग जमीनकी प्रकृतिके अनुसार तीन भागोंमें विभक्त किया जा सकता है। दक्षिण-पश्चिममें हाजीपुर, बालागाछा, सरैसा, पिपाड़ा, रति और गदेश्वर परगनेको लेकर एक विभाग बना है; इसकी जमीन ऊंची और उर्वरा है। बाद छोटी गण्डक और बाघमती नदियोंके अन्तर्गत दुआब भूभाग है; इसकी जमीन पङ्कमय है, वर्षामें नदी बढ़ जाती है। यहांका प्रधान शस्य खरीफ है। तृतीय विभाग बाघमती नदीके उत्तर और पूर्वमें है, यहांकी जमीन भी पलही है और जिलेका मध्य भाग सबसे अधिक स्वास्थ्यकर है। हैमन्तिक धान ही इस अञ्चलका प्रधान शस्य है।

जमीन स्वभावतः रेतीली है, कहीं कङ्कर और कहीं मट्टीमें सोरा तथा नमक पाया जाता है। नुनिया नामकी एक जाति सोरा और नमकसे अपनी जीविका निर्वाह करती है।

तिरहुतमें गङ्गा, बड़ी गण्डक, बया, छोटी गण्डक और तिलगुजा ये चार नदियां प्रवाहित हैं। इनमेंसे गङ्गा, गण्डक, छोटी गण्डक, बाघमती छोटी बाघमती, तिलगुजा और कराई इन सात नदियोंमें वर्ष भरमें सभी समय जा आ सकते हैं। इनके सिवा केवल वर्षाकालमें कमला और इसकी शाखा नदी बलान, चावल, झिम, साखदाफकाई, पुरानी बाघमती और बयामें भी गमनागमन होता है।

गङ्गा—थिकमागेपुरके निकट गङ्गानदी इस जिलेकी दक्षिणी सीमाके रूपमें गिनी जाती है। हाजीपुरके निकट चामताघाटसे कई कोस उत्तर-पूर्वमें वाढ़ नामक स्थानके सामने गण्डक गङ्गामें जा मिली है। वर्षाकाल छोड़ कर दूसरे समयमें गङ्गाकी चौड़ाई आध कोस तक रहती है, किन्तु वर्षाकालमें बहुत बढ़ जाती है। सारण दियारासे गङ्गाकी एक स्वाभाविक खाड़ी निकल कर हाजीपुरके निकट नेपाली मन्दिरके नीचे गण्डकके साथ मिली है। इसकी चौड़ाई इतनी थोड़ी है कि इसे किसी हालतमें नदी नहीं कह सकते। गङ्गामें जब जल बढ़ जाता है, तब तीरवर्ती सभी स्थान जलमग्न हो जाते

है और गण्डकका जल भी प्रतिहत हो कर उसमें गङ्गा-का जल प्रवेश हो जाता है, जिससे तीरवर्त्ती स्थान प्लावित हो जाते हैं। ताजपुर उपविभागमें प्रतिवर्ष प्लावन होता है। गङ्गाके किनारे तिरहुतमें कोई विख्यात स्थान नहीं है। बाढ़के सामनेसे गङ्गा उत्तरपूर्वकी ओर घूम कर बाजितपुर तक आई है और दक्षिण-पूर्वकी ओर तिरहुत जिलेसे दूर हट गई है।

गण्डक—हाजीपुरके निकट यह गङ्गाके साथ मिली है। यह नदी कहीं कहीं नारायणी तथा शालग्रामी नामसे भी पुकारी जाती है। हिमालयसे उत्पन्न हो कर मुजफ्फरपुरके कर्णौल नीलकोठीके निकट यह तिरहुतमें प्रवेश करती है, बाद दक्षिण-पूर्वकी ओर प्रवाहित हो कर हाजीपुर तक चली आई है। गण्डकके किनारे लालगञ्ज ही प्रधान गञ्ज वा बाजार है। इसका स्रोत बहुत प्रबल है। नाव द्वारा आने जानेमें बहुत खतरा है। हजार मन बोझ लाद कर नाव लालगञ्ज तक अच्छी तरह जा सकती है। गण्डककी तरह तीर-भूमिकी अपेक्षा ऊंची है। इसीसे बाढ़ रोकनेके लिये दोनों किनारों पर बांध दिये गये हैं। सारण जिलेकी ओर जो बांध है, वह बहुत ऊंचा है, किन्तु तिरहुत जिलेका बांध उतना ऊँचा नहीं है, इसी कारण बांध पार हो कर प्लावन हो जाता है।

बया—चम्पारण जिलेमें गण्डकसे बया निकल कर कारपोल-मीलकोठीके निकट तिरहुत जिलेमें प्रवेश करती है। दक्षिण-पूर्वकी ओर यह क्रमशः डुरिया, मरिदा, भटोलिया, चितवारा और शाहपुर पतोरी मील-कोठीके बगल हो कर जिलेके दक्षिण-पूर्व प्रान्तमें गङ्गाके साथ आ मिली है।

छोटी गण्डक—यह चम्पारण जिलेसे निकल कर मुजफ्फरपुर विभागमें धोर्यवात थानेके निकट तिरहुत जिलेमें प्रवेश करती है, बाद मुजफ्फरपुरके समीप टेढ़ी हो कर पठाराकोठीके नीचे होती हुई; मुङ्गेर शहरके ठीक सामने गङ्गामें गिरी है। वर्षाकालमें नाव गङ्गासे दो हजार मन बोझ ले कर रूसेरा तक और हजार मन ले कर मुजफ्फरपुर तक जा सकती है। नागर बस्तीके निकट इस नदीके ऊपर हो कर "दरभङ्गा ष्टेट रेलवे" गई है। इसके किनारे मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, और रूसेरा प्रधान वाणिज्य-केन्द्र हैं।

बलान—यह ताजपुरके निकट छोटी गण्डकसे निकल कर ताजपुर दलसिंहसरायके समीप होती हुई, जहां जामवयारी नदी मुङ्गेरके पास छोटी गण्डकमें मिली है, ठीक उससे कुछ ऊपरमें जामवयारीके साथ मिली है।

बागमती—यह नेपालमें काटमाण्डू नगरके निकट उत्पन्न हो कर सीतामढ़ी उपविभागमें मणियाड़ी घाटके निकट तिरहुत जिलेमें प्रवेश करती है। कुछ दूर जा कर इसमें लालबाकिया नदी आ मिली है। बाद यह नरयया तक छोटी गण्डकके साथ समान्तर भावमें आकर पहले रूसे-राके निकट छोटी गण्डकमें जा मिली थी, किन्तु अभी घूम कर हायाघाटके निकट करई नदीके सहारे तिल-युगा नदीमें आ गिरी है। बागमतीका पुराना गर्भ आज भी पुरानी बागमती नामसे पुकारा जाता है। दरभङ्गा और मुजफ्फरपुर शहरसे दूर गाईघाटी नामक स्थानसे नूतन बागमती दरभङ्गा और मुजफ्फरपुर रास्तेको काटती हुई चली गई है। सुर्की नामक स्थानमें बाढ़का पानी रोकनेके लिये बांध है। इस नदीमें पदौरी नामक स्थानके पास लालबाकिया, मणियारी घाटके पास भूरेङ्गी नदी, सीतामढ़ीके नीचे दरभङ्गा और मुजफ्फरपुरके रास्तेसे ७८ मील दक्षिणमें लखनदाइ नदी मिली है। कम-तौल नामक स्थानमें कमला नदी और पासमें पूर्वसे धाउस और पश्चिमसे झिमनदी छोटी बागमतीमें मिल गई है। इसके बाद छोटी बागमती दरभङ्गा शहरसे ४ कोस दक्षिणमें हयाघाटके निकट बड़ी बागमतीमें आ गिरी है।

करई—बागमती जब पुरानी बागमती नदीके भीतर होकर बहती थी, तब यह एक सामान्य नदी थी, अभी यही हायाघाटके नीचे बागमतीका प्रधान स्रोत हो गई है। मुङ्गेरकी सीमामें तिलकेश्वर नामक स्थानके निकट यह तिलयुगा नदीमें मिली है।

तिलयुगा—यह नेपालसे निकल कर कदोलगांवके पास तिरहुतकी गङ्गामें गिरी है। रहमारी ग्रामके निकट यह दो भागोंमें विभक्त हो कर मंजागामके समीप पुनः

जिला था। उत्तर सीमामें नेपालराज्यके साथ अंगरेजी राज्यके सीमानिर्द्धारणके लिये खाई, नदी, ईंटे और काठ आदिके स्तम्भ हैं।

१८७५ ई०को १ली जनवरीसे यह बड़ा जिला शासनकार्यकी सुविधा और सुव्यवहारके लिये दो स्वतन्त्र जिलाओंमें विभक्त हुआ। मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सीतामढ़ी इन तीनों उपविभागोंको ले कर मुजफ्फरपुर तथा दरभङ्गा, मधुबनी और ताजपुर इन तीन उपविभाग लेकर दरभङ्गा जिला संगठित हुआ है। वास्तवमें अभी बङ्गाल-विहारके मानचित्रसे तिरहुत जिलेका अस्तित्व लोप हो गया है। मुजफ्फरपुर और दरभङ्गा इन दो जिलोंका विवरण अब भी स्वतन्त्र भावसे संगृहीत नहीं हुआ है, सुतरां तिरहुत नाममें ही इनका कुछ कुछ विवरण दिया जाता है।

१७६५ ई०में जब सूबा बिहार अंगरेजोंके हाथ आया, तब गङ्गाके उत्तरकूलवर्त्ती सारण, चम्पारण, तिरहुत और हाजीपुर ये चार स्थान सरकारमें विभक्त थे। उस समय सरकार तिरहुतका परिमाण ५०५३ वर्गमील और सरकार हाजीपुरका परिमाण ७८३५ वर्गमील था, किन्तु उस समय सारे तिरहुत जिलेका परिमाण केवल ६३४३ वर्गमील था, पहले सरकार तिरहुत और सरकार हाजीपुर इन दोनोंमें १०४ परगने थे। इन सब परगनोंके नामको तालिका नहीं पाई जाती, पर सरकारी कागजातसे जाना जाता है, कि उस समय भागलपुर और मुङ्गेर जिलोंके अधिकांश स्थान इन्हीं दो सरकारोंके अधीन थे।

१७८५ ई०में भागलपुर और मुङ्गेरके अन्तर्गत बलिया, मस्जिदपुर, बाहेभुसारी, इमादपुर, कुड़ा, गावखण्ड, कबखण्ड, नारादिगर, छय, फरकिया, मालकी, मलीया, मालसे गोपाल और नयपुर ये तेरह परगने तिरहुत कलेक्टरीके अन्तर्गत हुए, किन्तु १८३० ई०में ये पुनः तिरहुतसे अलग कर दिये गये। १८६५ ई०में सारणके अन्तर्गत परगना बावरा और मुङ्गेरके अन्तर्गत परगना बाहे भुसारी तिरहुतके अन्तर्भुक्त हुआ तथा १८६८ ई०में गङ्गानदीकी गति परिवर्त्तित हो जानेसे पटनाके अन्तर्गत भीमपुर, गयासपुर तथा आजिमाबाद इन परगनोंके कई अंश तिरहुतके अन्तर्भुक्त हुए।

तिरहुत जिलेका भूभाग साधारणतः पङ्कमय है, बीच बीचमें नदी है, कई जगह जङ्गल भी है। बांस और आमके वन यथेष्ट हैं। समस्त भूभाग जमीनकी प्रकृतिके अनुसार तीन भागोंमें विभक्त किया जा सकता है। दक्षिण-पश्चिममें हाजीपुर, बालागाछा, सरैसा, बिसाड़ा, रति और गदेश्वर परगनेको लेकर एक विभाग बना है; इसकी जमीन ऊंची और उर्वरा है। बाद छोटी गण्डक और बाघमती नदियोंके अन्तर्गत दुआब भूभाग है; इसकी जमीन पङ्कमय है, वर्षामें नदी बढ़ जाती है। यहांका प्रधान शस्य खरीफ है। तृतीय विभाग बाघमती नदीके उत्तर और पूर्वमें है, यहांकी जमीन भी पङ्कली है और जिलेका मध्य भाग सबसे अधिक स्वास्थ्यकर है। हैमन्तिक धान ही इस अञ्चलका प्रधान शस्य है।

जमीन स्वभावतः रेतीली है, कहीं कङ्कर और कहीं मट्टीमें सोरा तथा नमक पाया जाता है। नुनिया नामकी एक जाति सोरा और नमकसे अपनी जीविका निर्वाह करती है।

तिरहुतमें गङ्गा, बड़ी गण्डक, बया, छोटी गण्डक और तिलयुगा ये चार नदियां प्रवाहित हैं। इनमेंसे गङ्गा, गण्डक, छोटी गण्डक, बाघमती छोटी बाघमती, तिलयुगा और कराई इन सात नदियोंमें वर्ष भरमें सभी समय जा आ सकते हैं। इनके सिवा केवल वर्षाकालमें कमला और इसकी शाखा नदी बलान, धाउस, झिम, लाखन्दाई, पुरानी बाघमती और बयामें भी गमनागमन होता है।

गङ्गा—शिकमारीपुरके निकट गङ्गानदी इस जिलेकी दक्षिणी सीमाके रूपमें गिनी जाती है। हाजीपुरके निकट चामताघाटसे कई कोस उत्तर-पूर्वमें बाढ़ नामक स्थानके सामने गण्डक गङ्गामें जा मिली है। वर्षाकाल छोड़ कर दूसरे समयमें गङ्गाकी चौड़ाई आध कोस तक रहती है, किन्तु वर्षाकालमें बहुत बढ़ जाती है। सारण दियारासे गङ्गाकी एक स्वाभाविक खाड़ी निकल कर हाजीपुरके निकट नेपाली मन्दिरके नीचे गण्डकके साथ मिली है। इसकी चौड़ाई इतनी थोड़ी है कि इसे किसी हालतमें नदी नहीं कह सकते। गङ्गामें जब जल बढ़ जाता है, तब तीरवर्त्ती सभी स्थान जलमग्न हो जाते

अस्पताल और स्कूल है। शहर बहुत परिष्कार और सड़कें प्रशस्त हैं। यहांके बाजार बड़े बड़े हैं और सुबह शाम उनमें बिक्री होती है। अदालतके समीप मान नामक एक गड्ढेके सदृश जलाशय है जो किसी नदीके पुरातन-गर्भका अंश मात्र है। बाजारमें तालाबके किनारे राम-सीता और शिवका मन्दिर है। यह शहर बहुत प्राचीन कालका नहीं है। इसके स्थापनकर्त्ता मुजफ्फरखाँ एक 'आमिल' या 'अफसर नाद' (नायक) थे। कम्पनीको दीवानी मिलनेके बहुत पहले उन्होंने उत्तरमें सिकन्दर-पुर ग्राम, पूर्वमें कपोंसी ग्राम, दक्षिणमें सैयदपुर और पश्चिममें साहिवगञ्जसे ७५ बीघे जमीन निकाल कर उसीमें अपने नाम पर नगर स्थापन किया। क्रमशः इसकी उन्नति होती गई। १८१७ ई०में छोटी गण्डकके बढ़नेसे इसकी बहुत क्षति हो गई है।

रहुआ—यह मुजफ्फरपुरसे ३ कोस दूर, पूसा रास्तेके ऊपर अवस्थित एक छोटा ग्राम है। यहां जुलाई महीनेमें ७ दिनका एक मेला लगता है। यहां पीरका एक स्थान है जहां बहुतसे यात्री एकत्र होते हैं।

सरिया—यह मुजफ्फरपुरसे दक्षिण-पश्चिम ८ कोस दूर, बया नदीके किनारे अवस्थित है। यहां नीलकी एक कोठी है। बयाके ऊपर हाजीपुरके रास्ते पर तीन गुम्बजका एक पुल है। यहांसे थोड़ी दूरके फासले पर पत्थरका एक स्तम्भ है जो किसी एक ब्राह्मण द्वारा स्थापित हुआ है। लोग इसे 'भीमसिंहकी लाठी' कहते हैं। यह २४ फुट ऊंचा और सिर्फ एक पत्थरका बना हुआ है। इसके ऊपर चौकोन पत्थर पर एक पत्थरकी सिंहमूर्त्ति है। सिंहमूर्त्ति तक खम्भेकी ऊंचाई ३० फुट है। डा० राजा राजेन्द्र-लाल मित्रके मतसे यह एक अशोकस्तम्भ है। इसके बगलमें एक गहरा कूआं है।

बसन्तपुर—सरियाकी नीलकोठीसे कुछ दक्षिणमें यह बृहत् ग्राम अवस्थित है। यहां आश्रमभिति है।

साहिबगञ्ज—मुजफ्फरपुरसे १५ कोस उत्तर-पश्चिममें बया नदीके किनारे पर यह शहर अवस्थित है। यहांसे मोतिहारी, सीतापुर और लालगञ्ज तक सड़कें गई हैं। यहांका बाजार बहुत लम्बा चौड़ा है। तेलहन, अनाज, गेहूं, अरहर और नमकका व्यवसाय अधिक होता है। कर्णिनकी नील-कोठी बाजारसे बहुत समीप है। यहांके जूते दूसरे देशोंमें भेजे जाते हैं।

कण्टाई—यह मुजफ्फरपुरसे ४ कोस दूर मोतिहारीके रास्ते पर अवस्थित है। इसी स्थानमें कण्टाई नील-कोठी है। पहले यहां शोराकी भी कोठी थी। सप्ताहमें दो बार हाट लगती है। यहां सीतापुरका रास्ता मुज-फ्फरपुरके रास्तेमें आ मिला है।

बैलसण्ड कस्बा—यह मुजफ्फरपुरसे १४ कोस दूर सीतामढ़ीके रास्ते पर अवस्थित है। यह स्थान पुरानी बागमती नदीके किनारे बसा है। यहां एक बड़ी नीलकी कोठी है।

राजखण्ड—मुजफ्फरपुरसे ११ कोस उत्तर-पूर्वमें यह बड़ा ग्राम अवस्थित है। यहां भैरव नामका एक बड़ा मेला लगता है। इस मेलेमें गाय बैलकी बिक्री होती है। यहां एक नीलकी कोठी है। पहले यहां शोरेका कार-खाना था। इसके पश्चिममें लालबकैयाई नदी प्रवाहित है।

कटरा या अकबरपुर—यह लालबकैयाई नदीके किनारे पर अवस्थित है। इसके पश्चिममें एक टूटा फूटा मट्टीका किला है। किलेका परिमाण प्रायः ६० बीघा और दीवार ३० फुट ऊंची है। राजचन्द्र नामक एक व्यक्ति इस दुर्गके अधिपति थे। दरभङ्गा जाते समय वे अपने परिवारवर्गसे कह गये थे कि यदि उनकी ध्वजा गिर जावे तो उनकी मृत्यु निश्चित समझना चाहिये। एक कुरसी राजाका शत्रु था, उसने ध्वजा तोड़ डाली और राजपरिवारको इसकी खबर दी। इस पर वे जलती हुई चितामें जल मरे।

मधुबनी—दरभङ्गा शहरसे ८ कोस उत्तर-पूर्वमें यह शहर अवस्थित है। यह मधुबनी उपविभागका सदर थाना है। यहांका बाजार खूब विस्तृत है। मार-सली और कपड़े आदि प्रधान वाणिज्य द्रव्य हैं। शहरके उत्तरमें दरभङ्गा-राज मधुसिंहके तीसरे लड़के कीर्त्ति-सिंहका वंश "मधुबनीके बाबू" नामसे प्रसिद्ध है. इन्होंने अपनी परगनेके कई ग्राम राजपरिवारसे पाये हैं। इस शहरके भीतर नेपाल जानेका प्रधान पथ है।

भौयारा—मधुबनीसे पांच कोस दक्षिणमें यह बड़ा

मिल गई है। पश्चिमकी शाखामें बागता नामक स्थानके पास यह बलान नदीमें मिली है। राइमारीसे ले कर नदीके गर्भ तक जगह जगह बांध दिये हुए हैं। नाव जाने आनेका कोई रास्ता नहीं है।

कमला—यह नेपालसे निकल कर जयनगर नामक स्थानसे तिरहुतमें प्रवेश करती है। पहले यहां शिला-नाथ नामक एक शिवमन्दिर था जो क्रमशः नदीकी गति बदल जानेसे, नदीके गर्भमें पड़ गया है। कमतौलके निकट कमला बागमतीमें मिली है। कमलाकी पुरानी खाई तिलकेश्वरके निकट तिलयुगा नदीमें गिरती है।

इनके सिवा छोटी बलान नयाधार, कमला, पण्डौल नाला आदि नदियां हैं।

ताजपुरसे ५ कोस दक्षिण-पश्चिममें सरैसा परगनेके मध्य तालबरैला नामक नाला ही विख्यात है। इसकी लम्बाई ३ कोस और क्षेत्रफल २० वर्गमील है।

तिरहुतमें खनिज द्रव्य कुछ भी उत्पन्न नहीं होता, लेकिन नदीके साथ सोरा और नमक पाया जाता है। इरौली नामक स्थानमें छोटी गण्डकसे कङ्कर निकला जाता है।

वन्य द्रव्योंमें मधु, गम्बुक, मोम, आदिकी छोड़से प्रमुख चूना, चिरायता, मदरकोश, गुरच, सुण्डि, तालमूली तथा मकोइ प्रभृति भैषज उत्पन्न होते हैं। जङ्गलमें भांगका पेड़ भी होते हैं। यथार्थमें इस जिलेमें उतना जङ्गल वा परती जमीन नहीं है। जामुन, शीशम, झाव, आम, कटहल, महुआ आदिके वृक्ष भी यथेष्ट हैं।

इस देशमें सैकड़े पीछे ८८ हिन्दू और ८ मुसलमान हैं। घोपैवात नामक स्थानमें एक पार्वतीय जाति वास करती है। पहले ये एक नेपाली सुबेदारके भृत्यके रूपमें थे। सुबादारका वंश लुप्त हो गया है। उनके भृत्य खेती करके अपनी जीविकानिर्वाह करते हैं।

ब्राह्मणोंमें मैथिल और गौड़ हैं, जो विशेष कर मधुबनी और दरभङ्गामें रहते और तिरहुतिया ब्राह्मण कहलाते हैं। मैथिल ब्राह्मणोंमें श्रोत्रिय लोग शुचि हैं। ये मजरौती, योगिया और गृहस्थ वा मैथिल, श्रोत्रिय, योगचङ्गौला तथा पण्डित इन पांच भागोंमें विभक्त हैं। श्रोत्रिय लोग सबसे माननीय हैं। दरभङ्गके महाराज भी इसी श्रेणीके अन्तर्गत हैं। ये बङ्गालके कुलीन ब्राह्मणोंकी नाईं बहु-विवाह और इच्छानुसार कुछ दिन एक श्वशुरालयमें और कुछ दिन दूसरे श्वशुरालयमें रहते हैं। श्वशुरसे प्रति बार ये लोग रहनेके लिये रुपये आदि ले लेते हैं। सौराठ नामक स्थानके देव-मन्दिरमें यादवीय ब्राह्मणोंका मेला लगता है। इस मेलेमें अपनी अपनी श्रेणीके पण्डित प्रत्येक व्यक्तिकी वंशतालिका खोलकर विवाह-सम्बन्धका निरूपण करते हैं। उच्च कुलकी सन्तानके पिता निम्न कुलमें विवाह होनेसे कुलमर्यादा स्वरूप रुपये आदि पाते हैं। इस मेलेके दिन वर और कन्याका नाम निरूपित होता और उनके पिताकी सम्मति-सूचक एक तालिका लिखी जाती है। श्रोत्रिय लोग यदि अपनी श्रेणीके सिवा भिन्न श्रेणीमें विवाह करें तो वे उसी श्रेणीके हो जाते और आत्मीय स्वजन परित्यक्त होते हैं। ये लोग अपने हाथसे कुदाल द्वारा मारते और जमीन खोदते हैं। केवल हल जोतनेके लिये किसी दूसरे (निम्न श्रेणीके लोगों) को नियुक्त करते हैं। पहले ये लोग किसीके यहां नौकरी नहीं करते थे, किन्तु अभी बहुतसे तहसीलदार और गुमस्ते हो गये हैं। इन लोगोंमेंसे बहुतसे आमके बगीचे लगा कर जीविका चलाते हैं। मैथिलब्राह्मण देखो।

ब्राह्मणोंके बाद इस देशमें राजपूतोंका सम्मान अधिक है। ये अधिकांश जमींदार और कृषक हैं। आज कल कुछ पुलिसके चौकीदार, प्यादे और घोड़ेदार-का काम करते हैं। राजपूत और ब्राह्मणके बाद बाभन नामकी एक दूसरी जाती है। वे राजपूतोंकी अपेक्षा हीनमर्याद होने पर भी दूसरी दूसरी जातिकी अपेक्षा गण्य मान्य हैं। ये लोग जमींदार वा अयाचक जीवी ब्राह्मणके नामसे परिचित हैं। बाभन देखो।

तिरहुतमें निम्नलिखित शहर विशेष प्रसिद्ध हैं—

मुजफ्फरपुर—यह मुजफ्फरखाँ नामक एक व्यक्ति द्वारा स्थापित हुआ था, इसीसे इसका नाम मुजफ्फरपुर पड़ा है। यह शहर अक्षा० २६° ७´ २१´´ उ० और देशा० ८५° २६´ २३´´ पू०में छोटे गण्डकके किनारे अवस्थित है। इसी नगरमें जिलेकी सदर अदालत है। यहां म्युनिसिपलिटी, कलेक्टरी, दीवानी और फौजदारी अदालत, जेल,

अस्पताल और स्कूल हैं। शहर बहुत परिष्कार और सड़कें प्रशस्त हैं। यहांके बाजार बड़े बड़े हैं और सुबह शाम उनमें बिक्री होती है। अदालतके समीप मान नामक एक गड्ढेके सदृश जलाशय है जो किसी नदीके पुरातन-गर्भका अंश मात्र है। बाजारमें तालाबके किनारे राम-सीता और शिवका मन्दिर है। यह शहर बहुत प्राचीन कालका नहीं है। इसके स्थापनकर्त्ता मुजफ्फर खां एक 'आमिल' या 'चकला दार' (नायक) थे। कम्पनीको दीवानी मिलनेके बहुत पहले उन्होंने उत्तरमें सिकन्दर-पुर ग्राम, पूर्वमें कर्पोंसी ग्राम, दक्षिणमें सैयदपुर और पश्चिममें मारिहारगञ्जसे ७५ बीघे जमीन निकाल कर उसी में अपने नाम पर नगर स्थापन किया। क्रमशः इसकी उन्नति होती गई। १८१७ ई॰में छोटी गण्डकके बढ़नेसे इसको बहुत क्षति हो गई है।

रहुआ—यह मुजफ्फरपुरसे २ कोस दूर, पूसा रास्तेके ऊपर अवस्थित एक छोटा ग्राम है। यहां जुलाई मही-नेमें ७ दिनका एक मेला लगता है। यहां पीरका एक स्थान है जहां बहुतसे यात्री एकत्र होते हैं।

सरिया—यह मुजफ्फरपुरसे दक्षिण-पश्चिम ८ कोस दूर, गया नदीके किनारे अवस्थित है। यहां नीलकी एक कोठी है। गयाके ऊपर हाजीपुरके रास्ते पर तीन गुम्बजका एक पुल है। यहांसे थोड़ी दूरके फासले पर पत्थरका एक स्तम्भ है जो किसी एक ब्राह्मण द्वारा स्थापित हुआ है। लोग इसे 'भीमसिंहकी लाठी' कहते हैं। यह २४ फुट ऊंचा और सिर्फ एक पत्थरका बना हुआ है। इसके ऊपर चौकोन पत्थर पर एक पत्थरकी सिंहमूर्त्ति है। सिंहमूर्त्ति सह खम्भेकी ऊंचाई ४० फुट है। डा॰ राजा राजेन्द्र-लाल मित्रके मतसे यह एक अशोकस्तम्भ है। इसके बगलमें एक गहरा कुआं है।

बसन्तपुर—सरियाकी नीलकोठीसे कुछ दक्षिणमें यह वृहत् ग्राम अवस्थित है। यहां आम्यसमिति है।

साहेबगञ्ज—मुजफ्फरपुरसे १५ कोस उत्तर-पश्चिममें गया नदीके किनारे पर यह शहर अवस्थित है। यहांसे मोतिहारी, सीतापुर और लालगञ्ज तक सड़कें गई हैं। यहांका बाजार बहुत अच्छा चौड़ा है। तेलहन, अनाज, तिल, उरद और नमकका व्यवसाय अधिक होता है। कर्णीनकी नील-कोठी बाजारसे बहुत समीप है। यहांके जूते दूसरे देशोंमें भेजे जाते हैं।

कण्टाई—यह मुजफ्फरपुरसे ४ कोस दूर मोतिहारीके रास्ते पर अवस्थित है। इसी स्थानमें कण्टाई नील-कोठी है। पहले यहां शोराकी भी कोठी थी। समाहमें दो बार हाट लगती है। यहां सीतापुरका रास्ता मुज-फ्फरपुरके रास्तेमें आ मिला है।

बैलसण्ड कस्बा—यह मुजफ्फरपुरसे १४ कोस दूर सीतामढ़ीके रास्ते पर अवस्थित है। यह स्थान पुरानी बाघमती नदीके किनारे बसा है। यहां एक बड़ी नीलकी कोठी है।

राजखण्ड—मुजफ्फरपुरसे ११ कोस उत्तर-पूर्वमें यह बड़ा ग्राम अवस्थित है। यहां भैरव नामका एक बड़ा मेला लगता है। इस मेलेमें गाय बैलकी बिक्री होती है। यहां एक नीलकी कोठी है। पहले यहां शोरेका कार-खाना था। इसके पश्चिममें लालबकयाई नदी प्रवाहित है।

कटरा या अकबरपुर—यह लालबकयाई नदीके किनारे पर अवस्थित है। इसके पश्चिममें एक टूटा फूटा सहीका किला है। किलेका परिमाण प्रायः ६० बीघा और दीवार ३० फुट ऊंचा है। राजचन्द्र नामक एक व्यक्ति इस दुर्गके अधिपति थे। दरभङ्गा जाते समय वे अपने परिवारवर्गसे कह गये थे कि यदि उनकी ध्वजा गिर जावे तो उनकी मृत्यु निश्चित समझना चाहिये। एक कुरमी राजाका शत्रु था, उसने ध्वजा तोड़ डाली और राजपरिवारको इसकी खबर दी। इस पर वे जलती हुई चितामें जल मरे।

मधुबनी—दरभङ्गा शहरसे ८ कोस उत्तर-पूर्वमें यह शहर अवस्थित है। यह मधुबनी उपविभागका सदर थाना है। यहांका बाजार खूब विस्तृत है। सन सीसी और कपड़े आदि प्रधान वाणिज्य द्रव्य हैं। शहरके उत्तरमें दरभङ्गा-राज मधुसिंहके तीसरे लड़के कीर्त्ति-सिंहका वंश "मधुबनीके बाबू" नामसे प्रसिद्ध है, इन्होंने अबदो परगनेके कई ग्राम राजपरिवारसे पाये हैं। इस शहरसे भीतर नेपाल जानेका प्रधान पथ है।

भौवारा—मधुबनीसे पाव कोस दक्षिणमें यह बड़ा

ग्राम अवस्थित है। इसके दक्षिणमें एक दुर्गका भग्नावशेष देखा जाता है। पहले इस दुर्गमें ईंटोंकी दीवार थी। रघुसिंह नामक एक व्यक्तिने यह दुर्ग निर्माण किया था। ये दरभङ्गा-राजके वंशोद्भव थे। १७६२ ई०में इनके वंशीय प्रतापसिंह यहांसे अपना वासस्थान उठा कर दरभङ्गा ले गये। यहां एक मसजिदका भग्नावशेष है। अकबरके समसामयिक शासनकर्ता अमानउल्लाने यह मसजिद निर्माण की थी।

बिरटपुर (विराटपुर)—यह खजौली थानाके अन्तर्गत एक ग्राम है। यहां भी एक दुर्गका ध्वंसावशेष और गृहप्राचीरादिके चिह्न हैं। एक जगह गड्ढेमें महादेवकी लिङ्गमूर्त्तिके कुछ अंश हैं। कहा जाता है कि महाभारतके अनुसार राजा विराटने इस दुर्गको निर्माण किया था। तेली लोग राजाको स्वजाति और गड्ढेके शिवलिङ्गको कोल्हूका मूसल बतलाते हैं।

सौराठ—यह मधुवनीसे ४ कोसकी दूरी पर है। ९० वर्ष पहले दरभङ्गाके राजाओंने यहां एक शिवमन्दिरकी प्रतिष्ठा की है। उसी मन्दिरके निकट तिरहुतीय ब्राह्मणोंका वार्षिक मेला लगता है। कभी कभी लाखसे अधिक ब्राह्मण एकत्रित हो जाते हैं। इस मेलेमें वरकर्त्ता और कन्याकर्त्ता पुत्रकन्याका विवाह सम्बन्ध स्थिर करते हैं।

झञ्झारपुर—यह मधुवनीसे पूर्व-दक्षिणमें ७ कोसकी दूरी पर अवस्थित है। इस छोटे ग्राममें दरभङ्गा राजवंशीय प्रतापसिंहके नाम पर प्रतापगञ्ज और राजा मधुसिंहकी बहन ज्योदेवीके नाम पर ज्योगञ्ज नामक दो बाजार हैं। दरभङ्गा-राजकी सभी सन्तान इस ग्राममें भूमिष्ठ हुई हैं, इसीसे यह प्रसिद्ध है। राजवंशके बहुतोंके निःसन्तान अवस्थामें मरने पर राजा प्रतापसिंहने निकटवर्त्ती सुर्णमग्रामवासी महन्त शिवरतनगिरिकी सेवा-सुश्रूषा की। महन्त झञ्झारपुर आये और अपनी जटाकी एक शिखा इस स्थानमें जमा कर बोले कि जो यहां वास करेगा उसके पुत्ररत्न होगा। उनके कथनानुसार प्रतापसिंहने यहां एक वासस्थान निर्माण किया, किन्तु मकान तैयार होनेके पहले ही अपुत्रक अवस्थामें उनकी मृत्यु हुई। बाद उनके भाई मधुसिंह मकान तैयार करा कर रहने लगे। यह ग्राम पहले राजपूतोंका था। महाराज छत्रसिंहकी स्त्री गर्भिणी हो कर प्रसवकाल तक इस घरमें थीं, इसीसे छत्रसिंहने इस ग्रामको खरीद लिया। यहां रक्षमातादेवीका एक मन्दिर है। इस ग्रामका पीतलका पनबट्टा और 'गङ्गाजमनी' नामका अलपात्र बहुत प्रसिद्ध है।

मधेपुर (मध्यपुर)—यह वरहमपुर, हरसिंहपुर, गोपालपुरघाट और दरभङ्गाके सङ्गमस्थान पर अवस्थित है। प्राचीन मिथिलाका केन्द्रस्थल होनेसे यह मधेपुर और मध्यपुर नामसे प्रसिद्ध है। महाराज मधुसिंहके चौथे लड़के रमापतिसिंह पचि परगना पा कर इस ग्राममें रहते थे। तिरहुत और पूर्णियाके रास्ते पर यह ग्राम अवस्थित होनेसे व्यवसायका केन्द्रस्थल माना गया है।

वासुदेवपुर—मधुवनीसे ५ कोस पूर्वमें यह ग्राम अवस्थित है। पहला इसका नाम शङ्करपुर था। पीछे इसका नाम शङ्करपुर-गंधवार पड़ा और अन्तमें वासुदेवपुर हुआ है। इस विषयमें किम्वदन्ती इस प्रकार है यहां गन्ध और भैरव नामके दो भाई रहते थे। दोनों पराक्रमशाली और नाम मात्रको तिरहुत राजाके अधीन थे। तिलयुगाके पूर्वतीरवर्त्ती कई स्थानोंमें गन्धकी जमींदारी थी और कराई नदीके दक्षिणमें भैरवका अधिकार था। तिरहुतके राजाने स्वयं उन्हें दमन नहीं कर सकने पर किसी दो विदेशियोंसे उन्हें मरवा डाला। जिस हत्याकारीने जिसे मारा, उसने उसीकी जमींदारी पुरस्कारमें पाई। गन्ध-हन्ताके वंशधर "गन्धमारिया' और भैर हन्ताके वंशधर 'भौरमारिया' नामसे प्रसिद्ध हुए। गन्धमारियावंश शङ्करपुरमें और भौरमारियावंश सिंह्निया ग्राममें रहते हैं। इसीसे शङ्करपुरका गन्धवार नाम पड़ा है। महाराज छत्रसिंहने विवाहके समय यह ग्राम यौतुकमें पाया था। महारानी छत्रपति कुमारी मरते समय यह ग्राम अपने मंझले लड़के वासुदेवको सौंप गई। छत्रसिंहकी मृत्युके बाद रुद्रसिंहने राजा हो कर वासुदेवको अराइन परगना दान किया, उन्होंने इस राज्यपर अपना दावा करके विवाद ठान दिया। अन्तमें कुमार वासुदेवने अराइन परगनेको ग्रहण न कर, मातृदत्त शङ्करपुरका नाम बदल कर अपने नाम पर रक्खा और वे यहीं आ कर रहने लगे।

मिर्जापुर—मधुबनीसे ४ कोस उत्तर-पूर्वमें यह ग्राम अवस्थित है। यहांके बाजारमें नेपालको तराईसे अनाज आता है। यहांसे ६ कोस उत्तर-पूर्वमें बलराजाका ध्वंसावशिष्ट दुर्ग है। इस ग्रामका नाम भी बलराजपुर है। दुर्गकी लम्बाई ४सौ गज और चौड़ाई २ सौ गज है। बलराजा कौन थे, इसका पता नहीं।

जयनगर—यह नेपालकी सीमा पर अवस्थित है और एक मृण्मय दुर्गका भग्नावशेष है। पहाड़ियोंको शासनमें रखनेके लिये किसी मुसलमानने यह दुर्ग निर्माण किया था। दुर्ग बनवाते समय पृथ्वीसे एक मृतदेह पाई गई थी, इसी कारण यह स्थान अशुभकर समझा जाता है। सम्भवतः १५६३ ई०में बङ्गालके शासनकर्त्ता अलाउद्दीनने कामरूपसे बेतिया तक जो सीमान्त दुर्ग निर्माण किये थे, उन्हींमेंसे यह एक दुर्ग होगा। नेपाल-युद्धके समय यहां अंगरेजोंका स्कन्धावार था। इस ग्राममें नीलको कोठी और चीनीका कारखाना है।

गिरिजानाथ—जयनगरके निकट कमलाके किनारे गिरिजानाथ ग्राम है। वैशाख महीनेमें यहां पन्द्रह दिन तक मेला लगता है। इस मेलेमें तिरहुतसे अनाज और मवेशी तथा नेपालसे लौहपिण्ड, कुठार, तेजपत्ता और कस्तूरी आती है। मेलेमें पहले शिवदर्शनके लिए बहुत संन्यासी आते थे, किन्तु कमलागर्भमें उस मन्दिर और प्रतिमाका लोप हो जानेसे संन्यासी बहुत कम आते हैं।

ककरौल—दरभङ्गासे ६ कोस उत्तरमें यह ग्राम पड़ता है। यहां तिरहुतीय याग ब्राह्मणोंका वास अधिक है। कुर्ती कपड़ेके लिए यह स्थान प्रसिद्ध है, नेपाली लोग इस कपड़ेको अधिक व्यवहारमें लाते हैं। कुसेलपुर नामक ग्राममें कपिलेश्वर महादेवका एक मन्दिर है। प्रवाद है कि पुराणोक्त कपिल मुनि यहां रहते थे। वे ही शिवके प्रतिष्ठाता माने जाते हैं। माघ मासमें यहां एक मेला लगता है, जिसमें कुर्ती कपड़े, पीतलके बरतन और अनाज आदि बिकते हैं। यहांको पुष्करिणीमें सीतुआ नामक एक प्रकारका सुस्वादु फल उपजता है।

दरभङ्गा—यह तिरहुतमें सबसे बड़ा नगर है। यह अक्षा० २८° १०´ उ० और देशा० ८५° ५४´ पू०में छोटी बाघमतीके बांये किनारे पर अवस्थित है। यह एक उपविभागीय सदर थाना है।

दरभंगा शब्दमें विस्तृत विवरण देखो।

जिमच—यह दरभङ्गासे डेढ़ कोस पूर्व कमलाके किनारे पर है। यहां कार्तिक और माघी पूर्णिमामें एक मेला लगता है, जिसमें पुण्यार्थिनी हिन्दू स्त्रियां कमलामें स्नान करने आती हैं। उनका विश्वास है कि स्नान करनेसे वन्ध्यात्वदोष दूर हो जाता है।

नेहरा—यहां तीन बड़ी दिग्गी हैं। पुड़दौह नामकी एक दिग्गी (दिग्गी) २ मील लम्बी है। दरभङ्गाके राजा शिवसिंह पुष्करिणी खनन करनेका सङ्कल्प करके एक हाथमें जलपूर्ण झारी ले घोड़े पर सवार हुए, और जल गिराते गये। उन्होंने प्रण किया था, कि झारीका जल जहां खतम हो जायगा, पुष्करिणीकी लम्बाई भी उतनी ही दूर तक रखी जायगी। यह वही दीर्घिका है। अभी इसमें उतना अधिक जल नहीं है। इसके एक अंशमें सामान्य जल है और अन्यान्य अंशोंमें खेती होती है। कमला नदी किसी समय इस दीर्घिकाके समीप हो कर बहती थी, वह इसका सब जल निकाल ले गई है। इसके निकट १२ बीघा जमीनमें शिवसिंहके प्रासादका भग्नावशेष है।

सिंहिया—बहेरासे ६ कोस दक्षिण सिंहिया ग्राममें कराई नदीके किनारे एक कोसकी दूरी पर मङ्गल नामका एक दुर्ग है। इस दुर्गकी परिधि प्रायः डेढ़ कोस है। इसके चारों ओर ३०।४० फुट ऊंची मिट्टीकी दीवार और उसके बाद गहरी खाई है। मङ्गलगढ़के भीतरमें अभी कोई अट्टालिका नहीं है, बल्कि यहां खेती होती है। किन्तु १॥ से २ फुट तककी बहुतसी ईंटें देखनेमें आती हैं। इसका इतिहास कुछ भी जाना नहीं जाता है। प्रवाद है, कि बलराजाने दुर्गाधिपति राजा मङ्गलको परास्त और विनष्ट किया था। गढ़के पूर्वमें नीलकी कोठी है।

अहियारी—कामटौल थानेके दक्षिण पूर्वमें यह ग्राम अवस्थित है। यहांकी लोकसंख्या प्रायः ढाई हजार है। वैशाख महीनेमें अहल्यास्थान या सिंहेश्वर नामक स्थानमें एक मेला लगता है जो केवल एक दिन तक रहता

है और लगभग १० हजार मनुष्योंका समागम होता है। इस मेलेमें न कोई चीज खरीदी जाती है और न बेची जाती, केवल पुण्यकार्यका अनुष्ठान होता है। यात्री लोग यहां आ कर पहले देवकाली नामक पवित्र कुण्डमें स्नान करते हैं, बाद एक पत्थर परके एक पदचिह्नको देख कर आते हैं। यह सीता या रामका पदचिह्न कह कर प्रसिद्ध है। इसी चिह्नके ऊपर एक मन्दिर बना है जिसे पहल्यास्थान कहते हैं। रामायणके अहल्यागौतम-सम्वादमें इसकी उत्पत्ति बतलाई गई है। यहां दरभङ्गाके राजका बनाया हुआ एक बहुत ऊँचा देवालय है।

माल्लीनगर—छोटी गण्डकके उत्तरी किनारे पर अवस्थित एक ग्राम। यहां रामनवमीसे ले कर पांच दिन तक मेला लगता है, जिसमें २ हजारसे ४ हजार तक मनुष्य एकत्रित होते हैं। १८४१ ई०में यहां एक शिवमन्दिर प्रतिष्ठित हुआ है, उसी मन्दिरके निकट "रामनवमी" नामक उक्त मेला लगता है। शिव नामक कोई मध्यवित्त वैश्य थे। गुरुके उपदेशसे उन्होंने एक देवमन्दिर निर्माण किया। इनके वंशधर क्रमशः धनी हो गये और सिपाही-विद्रोहके समय इसी वंशके बाबू नन्दोपत्सिंहने गवर्मेण्टकी सहायता कर रायबहादुर उपाधि पाई थी। पूसा जमींदारी इन्हीं लोगोंकी है। इस वंशके सुविधाके मतानुसार शिवके पुरोहित निर्वाचित होते हैं।

पूसामें माल्लीनगर और बख्तियारपुर नामके गवर्मेण्टके दो खास ग्राम हैं। माल्लीनगर पहले दरभङ्गा राजकी मिलकीयतमें गिना जाता था। पहले यहां गवर्मेण्टके घोड़ेके बछड़े आदि उत्पादन तथा पालन करनेका स्थान था। किन्तु १८७२ ई०में यह काम बन्द कर दिया गया। यहां अफीम तथा कुसुमफूल उपजाये जाते हैं।

सीतामढ़ी—लालबकयाई नदीके पश्चिमी किनारे पर अक्षा० २६°३५' उ० और देशा० ८५°२२' पू०में यह शहर अवस्थित है। यहां प्रायः ६ हजार मनुष्य वास करते हैं। यह सीतामढ़ी उपविभागका सदर थाना है। सरसों आदिका तेलहन अनाज, धान, गायका चमड़ा और नेपालके द्रव्यादि ही यहांके प्रधान वाणिज्य द्रव्य हैं। अधिकांश नेपालका काठ वर्षाकालमें नदीसे बहा ले आते हैं। चैत्रमासमें यहां पन्द्रह दिनका एक मेला लगता है। मेलेमें रामनवमीके दिन ही खूब उत्सव होता है। इसमें सब प्रकारकी चीजोंकी आमदनी होती है। हाथी और घोड़े भी बिकने आते हैं, किन्तु बैलोंके बिक्रयके लिये ही यह मेला प्रसिद्ध है। सीतामढ़ीके बैल बहुत ताकतवर और सुन्दर होते हैं। प्रवाद है—सीतामढ़ी ही राजर्षि जनककी कर्षित यज्ञभूमि थी। इसी जगह सीताका जन्म हुआ था। खेतके जिस गड्ढेमें सीताकी उत्पत्ति हुई थी, वह अभी पुष्करिणीके रूपमें परिणत हो गया है। फिर किसीका मत है, कि निकटवर्ती पनौरा नामक स्थानमें सीताका जन्म हुआ था। सीतामढ़ीमें सीताका एक मन्दिर है। इसी मन्दिरके निकट हनुमान, शिव, दाही आदिके और भी ८ मन्दिर हैं।

शिउहर (शिवहर)—सीतामढ़ीसे ८ कोस दक्षिण-पश्चिममें यह ग्राम अवस्थित है। यहां बेतिया-राजके एक ज्ञाति राजा हैं। उन्होंने एक लाख रुपये खर्च करके ग्राममें बहुतसे मन्दिर बनवाये हैं।

पनौरा—यह सीतामढ़ीसे तीन मील दक्षिण-पश्चिममें अवस्थित है। लोग इस स्थानको सीतादेवीकी जन्मभूमि बतलाते हैं। यहां एक मट्टीका बना हुआ बड़ा रावण और वानरकी मूर्ति है। जो हनुमान तथा रावणके युद्धका दृश्य कह कर प्रसिद्ध है। रावण मूर्तिके दो मस्तक हैं। इन दोनों प्रतिमाके निकट एक मन्दिर रहते हैं और प्रतिवर्ष उनका अङ्गराग होता है।

देवकाली—शिवहर ग्रामसे २ कोस पूर्वमें यह ग्राम अवस्थित है। यहां फाल्गुन महीनेमें एक मेला लगता है और एक बहुत ऊँचा शिवमन्दिर भी है। शिवको जल चढ़ानेके लिये बहुत दूरसे यात्री आते हैं।

भैरागिनया—उत्तर सीमान्तवर्त्ती एक स्थान। यहां एक बड़ा बाजार है। जहां नेपाली और पहाड़ी वणिक पण्य द्रव्य बेचा करते हैं। इसके दक्षिणको और वे नहीं जाते हैं।

बेनासी अपकौनी—इस ग्रामका नाम बेना है, किन्तु यहांका जल बहुत खराब है।

हाजीपुर—यह गण्डकके उत्तरी किनारे अक्षा० २५°

४०´ ५०´ उ० और देशा० ८५´ १४´ २४´´ पू०में अवस्थित है। यह इसी नामके उपविभागका सदर थाना है। लोकसंख्या प्रायः २२॥ हजार है। यह पटना शहरसे विपरीत दिशामें पड़ता है और इसके दोनों ओर नदी रहनेके कारण जिलेमें यह एक विशेष प्रयोजनीय वाणिज्यकेन्द्र हो गया है। यहां एक दुर्ग, कई एक सराय, मन्दिर और मसजिदके भग्नावशेष हैं। किलेमें एक सराय है जहां नेपालके मन्त्री कभी कभी आया करते हैं। सरायके मध्य एक दोतलाकी बौद्धमन्दिर है। इस सखुए काठकी शिल्पकारी तथा अट्टालिकाकी बनावट प्रशंसनीय है। मन्दिर ८० वर्ष पहलेका बना हुआ है। शोनपुरघाटके निकट जामीमसजिद नामकी पत्थरकी बनी हुई एक मसजिद है। हाजीइलियस् नामके किसी मुसलमानने ५सौ वर्ष पहले यह शहर स्थापन किया था। मसजिद भी उन्हींकी बनाई हुई है। सोनापुर और हाजीपुरके बाजारमें और दो मसजिदें हैं। सोनापुरकी मसजिदके प्रतिष्ठाताका नाम इमामबक्स है। शहरके पश्चिममें राममन्दिर है। प्रवाद है, कि जनकपुर जाते समय रामचन्द्रजी यहां कुछ काल तक ठहरे थे। उनके अवस्थिति-स्थान पर ही यह मन्दिर बना हुआ है। अभी सारण जिलेमें जो शोनपुरका मेला लगता है, पहले वह हाजीपुरमें ही लगता था। उक्त मेलेमें, नदीमें बकरा फेंकनेका जो नियम था, वह अब गण्डकके उत्तरी किनारे अर्थात् हाजीपुरमें हुआ करता है। पहले जिस दुर्गके भग्नावशेषका उल्लेख किया जा चुका है, उसे भी हाजी इलियसने ३६० बीघा जमीनके ऊपर बनाया है।

१५७२ ई०में अकबरके एक सेनापति मुजफ्फरखांने अफगान-विद्रोहियोंके हाथसे हाजीपुर छीन लिया, किन्तु वे नदीके किनारे टहलते समय शत्रुसे मार डाले गये। दो वर्षके बाद सुलेमान करारानीके छोटे लड़के दाऊदने पटनेके दुर्गको तहस नहस कर दिया। इस पर दाऊदको पकड़ने तथा विहार पर शासन करनेके लिये मुनीमखांको दिल्लीसे हुक्म मिला। दाऊदने हाजीपुरके किलेमें आश्रय लिया। मुगल-सेनाने दुर्ग अवरोध किया। अकबरको यह संवाद मिलने पर वे स्वयं पटनेकी ओर चल पड़े। उन्होंने तीन हजार सेना साथ ले हाजीपुरसे गढ़को जीतनेका संकल्प किया। हाजीपुरके जमींदार गजपति सेनापति हो कर लड़ने लगे। दुर्गाधिपति अफगान फतेखां तथा और भी बहुतसे सैनिक मारे गये। सभीके मस्तक दाऊदके निकट भेजे गये, जिसका उद्देश्य यह था कि वे इससे अपना परिणाम समझ सकेंगे। अकबर अपना दुर्ग देखनेके लिये पञ्च-पहाड़ीके ऊपर गये और फिर लौट आये। पांच दिनके बाद दाऊद बङ्गालसे उड़ीसा भाग आये; वहां वे परास्त हो कर सन्धि करनेको बाध्य हुए, किन्तु १५७७ ई०में उन्होंने विद्रोही हो कर मुगल सेनाको हाजीपुरसे निकाल भगाया। पीछे मुजफ्फरखांने उन्हें अच्छी तरहसे परास्त किया। १५७८ ई०में विद्रोही अरब बहादुरने इस दुर्गमें आश्रय लिया। हाजीपुरके दीवान मुल्ला तालिया द्वारा उसकी जागीर छीन ली जाने पर वे बागी हो गये। मुल्ला मशदी (अमीन), परखोत्तम (बकशी) और समशेर (कलिमा)ने अरब बहादुरका पक्ष लिया। अन्तमें अरब बहादुरने परखोत्तमको मार कर सारा विहार प्रदेश हस्तगत किया, किन्तु पटनेके दुर्गमें पराजित हो कर उन्होंने हाजीपुरके दुर्गकी शरण ली। महाराजाओंने एक साल कोशिश करनेके बाद उन्हें यहांसे निकाल दिया। १५८४ ई०में मसूमखांके सेनापति अलिया इसी स्थान पर पराजित हुए थे। किसी समय यही हाजीपुर सरकार हाजीपुरका प्रधान शहर था, उस समय इसमें ११ परगने लगते थे। अभी इसके कई एक परगने मुंगेर जिलेमें मिला दिये गये हैं।

लालगञ्ज—गण्डकके पूर्वी किनारे पर हाजीपुरसे ६ कोस उत्तर-पूर्वमें अवस्थित एक प्रधान वाणिज्य-केन्द्र और विख्यात शहर। इससे कुछ दूरमें सिंघिया नील-कोठी है। पहले ओलन्दाज लोग इस कोठीमें शोरेका कारोबार करते थे। तिरहुतमें युरोपीय कोठियोंमें केवल दो ही आदि और पुरातन हैं। १७८१ ई०में ओलन्दाज इष्टइण्डिया कम्पनीने यह कोठी और इसके संलग्न १४ बीघा जमीन जगन्नाथ सरकार नामक एक व्यक्तिसे एक सौ रुपयेमें खरीदी थी। इस विक्रयके कागजात आज भी विद्यमान हैं। जिसे जगन्नाथ सरकारसे अंग्रेज गवर्मेण्टने खरीद लिया है।

तिरहुतमें आम, कटहल, बेल, नीबू, अनार, केला, अमरूद, और जामुन यथेष्ट उपजते हैं। तालाबमें मखाना बहुत होता है।

धान तीन प्रकारका होता है—आउस या भदई, अगहनी या हैमन्तिक और साठो। यहांको प्रधान उपज गेहूं, जौ, चना, जई, कोदो, सुनहरी, मड़ुआ, कोदो, श्यामा, चेना, अरहर, खेसारी, मूंग, मसूर, आलू, तिल, तिसी, रेंड़ी, रुई, पान, ईख, तमाकू, अफीम, कुसुमफूल आदि हैं। खनिज द्रव्योंमें शोराका काम हो खूब बढ़ा चढ़ा है।

शासनविभाग–तिरहुत जिला दरभङ्गा और मुजफ्फरपुर इन दो जिलोंमें विभक्त हुआ है। इसके प्रत्येक जिलेमें तीन उपविभाग हैं। इन छः विभागों या पूर्वतन तिरहुत जिलेमें अभी कुल निम्नलिखित ८४ परगने लगते हैं— (१) अहिलवर (२) अहीम (३) अकबरपुर (४) आलापुर (५) बावरा नं० १ (६) बावरा नं० २ (७) बावरा तुर्की (८) बादेभुसारी (९) बहादुरपुर (१०) बालागाछ (११) बानूयन (१२) बरैल (१३) बसोतरा (१४) बेगाई (१५) भदवार (१६) भाला (१७) भरवारा (१८) भोर (१९) बिचोर (२०) बोसुहा (२१) चकमणि (२२) धरौरा (२३) ढढ़नमंगरा (२४) दिलवरपुर (२५) फतशाबाद (२६) फरीदपुर (२७) गदेश्वर (२८) गढ़चांट (२९) गरजौल (३०) गोर (३१) गोपालपुर (३२) हाजीपुर (३३) हमीदपुर (३४) हाटी (३५) हवेली दरभङ्गा (३६) हासी (३७) हिरनी (३८) जबदी (३९) जहांनाबाद (४०) जबलपुर (४१) जोगर (४२) जरैल (४३) कम्बरा (४४) कनहौली (४५) कसमा (४६) खन्द (४७) खुरमन्द (४८) लदुआरी (४९) लोबन (५०) महिला (५१) महिला जिला तुर्की (५२) महिन्द (५३) मकरमपुर (५४) मड़वाकला (५५) मड़वाखुर्द (५६) नलपुर (५७) नारढ़ा (५८) नौतन (५९) निजामउद्दीनपुर बोगरा (६०) ओधरा (६१) पच्छी (६२) पछिम (पश्चिम) भोगी (६३) पद्री (६४) परहारपुर-जबदी (६५) परहारपुर मोताम (६६) परहारपुर राघो (६७) पिपड़ारुज (६८) पिद्री (६९) पूरब (पूर्व) भोगी (७०) रामचन्द (७१) रतो (७२) महोरा (७३) सलोमाबाद (७४) सलीमपुर मढंवा (७५) सराय हमीदपुर (७६) सरैसा (७७) शाहजहानपुर (७८) ताजपुर (७९) तप्पा भातगाला (८०) तिसमान (८१) तिरयानी (८२) तिलकचान्द (८३) तिरमत (८४) ओकला है।

सिपाही-विद्रोह—१८५७ ई०में संवाद आया, कि सिपाही विद्रोहमें उन्मत्त बहुतसे विद्रोही सिपाही प्रदेश तिरहुतको लौटे आ रहे हैं। यहांके अंगरेज अफसरोंमें हो रक्षाका उपाय खोज रहे थे। अनेक मनुष्य भयभीत हो कर अपने अपने परिवारको अन्यत्र भेजनेकी व्यवस्था कर रहे थे। जून महीनेके तीसरे सप्ताहमें ऐसा सुना गया कि वारिसअली नामक एक व्यक्ति जिसका जन्म दिल्लीके बादशाह वंशमें था, पटनेके मुसलमानोंके साथ इस विषयमें पत्रव्यवहार कर रहा है। इस पर एक नवयुवक सिविलियन और चार नीलकर साहब उसे पकड़नेके लिये गये और पटने तथा गयाके मध्यवर्ती किसी स्थानसे एक मजहर बदमाशको, जो इस विषयमें चिट्ठी लिख रहा था, पकड़ लाये। वारिसअलीको फांसी हुई। बाद अरोफखांने उन लोगोंके अधिनायक हो कर मुङ्गेरको डाक तथा कलक्टरका घर लूट लिया। पीछे उन्होंने राजकीय कोषागार पर धावा मारा, किन्तु पुलिस और नाजिरोंने इन्हें मार भगाया। विद्रोही लोग अलीगंजको भाग गये। इसके सिवा यहां और कोई गड़बड़ी नहीं हुई, मगर अनेक तरहकी शंकाएं अवश्य हुई थीं।

तिरहुतिया (हिं० वि०) १ तिरहुत सम्बन्धी, जो तिरहुतका हो। (पु०) २ वह जो तिरहुतमें रहता हो (स्त्री०) ३ तिरहुतकी बोली।

तिरा (हिं० पु०) एक प्रकारका पौधा। इसके बीजोंसे तेल निकलता है।

तिराटी (सं० स्त्री०) निसोत।

तिरानबे (हिं० वि०) १ जिसकी संख्या नब्बेसे तीन अधिक हो। (पु०) २ वह संख्या जो नब्बे और तीनके योगसे बनी हो।

तिराना (हिं० वि०) १ पानीके ऊपर ठहराना। २ तैरना। ३ पार करना। ४ निस्तार करना, तारना।

तिरासी (हिं० वि०) १ जिसकी संख्या अस्सीसे तीन अधिक हो। (पु०) २ वह संख्या जो अस्सी और तीनके योगसे बनी हो।

तिराहा (हिं॰ पु॰) वह स्थान जहांसे तीन रास्ते तीन ओर गये हों, तिमुहानी।

तिराही (हिं॰ स्त्री॰) तिराह नामक स्थानकी बनी कटार या तलवार।

तिरिशिम्बिक (सं॰ पु॰) वृक्षभेद, एक पेड़का नाम।

तिरिटि (सं॰ पु॰) इक्षु-ग्रन्थि, ईखकी गिरह या गांठ।

तिरिणीकण्ट (सं॰ पु॰) पारिजातका पेड़।

तिरिन्दिर (सं॰ पु॰) एक राजाका नाम।

तिरिम (सं॰ पु॰) तृ-इमक्। शालिभेद, एक प्रकारका धान।

तिरिया (हिं॰ स्त्री॰) स्त्री, औरत।

तिरिश (सं॰ पु॰) तृ-इशक्। शालिभेद, एक प्रकारका धान।

तिरीट (सं॰ क्ली॰) तीर्यते शिरोविपदोऽनेनेति तृ-कीटन्। कृतकृभ्यः कीटन्। उण् ४।१८४। १ किरीट, मुकुट। २ स्वर्ण, सोना। ३ लोध्रवृक्ष, लोधका पेड़।

तिरीटी (सं॰ त्रि॰) तिरीट' अस्यास्ति तिरीट-इनि। मस्तकाच्छादन-युक्त, जिसका सिर ढका हो।

तिरोफल (हिं॰ पु॰) दन्तीवृक्ष।

तिरोबिरो (हिं॰ वि॰) तितिरबिरी देखो।

तिरोपशालि (सं॰ पु॰) तीन महीनेमें होनेवाला एक प्रकारका धान।

तिरुकपुर—चेङ्गलपट्ट जिलेके मध्य चेङ्गलपट्ट नगरसे ४॥ कोस दक्षिण-पूर्वमें स्थित एक ग्राम। यहां दो प्राचीन शिवमन्दिर हैं, जिनमें बहुतसे प्राचीन शिलालेख मौजूद हैं।

तिरुकाट्टिपल्लि—त्रिशिरापल्ली जिलेका एक ग्राम और नदी। यह कावेरी स्टेशनसे आध मीलकी दूरी पर अवस्थित है। इसको प्राचीन चेर, चोल और पाण्ड्य राज्यकी सीमा समझना चाहिए।

तिरुक्कर—तञ्जोर जिलेके अन्तर्गत मयावरम्‌से ८ कोस पूर्वमें स्थित एक छोटा ग्राम। यहांका शिवमन्दिर अत्यन्त प्राचीन है, जिसमें प्राचीन शिलालेख और पांच ताम्रलेख मिले हैं।

तिरुकणमई—तञ्जोर जिलेके नागपट्टनसे ७ कोस दक्षिण-पश्चिममें अवस्थित एक ग्राम। यहां एक प्राचीन शिवमन्दिर और उसमें एक शिलालेख है।

तिरुकामूर—एक प्रसिद्ध ग्राम। यह तिन्नेवेल्लि जिलेके अन्तर्गत श्रीवैकुण्ठ नामक स्थानसे २ कोस दक्षिण-पूर्वमें अवस्थित है। यहां एक अत्यन्त प्राचीन शिवमन्दिर और एक विष्णुमन्दिर है। यहांके स्थलपुराणमें विष्णु-मन्दिरका माहात्म्य वर्णित है। यहांका चेमचोलशास्त्री-श्वर नामक देवमन्दिर भी अत्यन्त प्राचीन है। यहांके एक शिलालेखमें लिखा है कि १५१२ ई॰में विवाङ्कुड़के राजा मार्त्तण्डवर्माने देवसेवाके लिये शासन दिया था। ग्रामके बीचमें एक प्रस्तरस्तम्भ पर शिलालेख है।

तिरुकुलम्—एक प्राचीन ग्राम। यह मलबार जिलेके अन्तर्गत मञ्जेरीसे १ कोस दक्षिण-पश्चिममें अवस्थित है यहांका शिवमन्दिर अत्यन्त प्राचीन है। टीपू सुलतानके समयका यहां एक दुर्ग है। इसके अलावा यहां कई एक पत्थरकी कब्रें भी हैं।

तिरुकोइलूर (तिरुक्कोविलूर)—१ मन्द्राजके दक्षिण आर्काट जिलेका एक उपविभाग। इसमें तिरुकोइलूर और कल्लकुरची नामके दो तालुक लगते हैं।

२ उक्त उपविभागका एक तालुक। यह अक्षा॰ ११° ३८' से १२° ५' उ॰ और देशा॰ ७८° ४' से ७८° ३१' पू॰में अवस्थित है। क्षेत्रफल ५८४ वर्गमील है। लोकसंख्या प्रायः २०८५०१८ है। इसमें इसी नामका एक शहर और ३५० ग्राम लगते हैं। पोनियर और गडीलम नामकी दो नदियां इस तालुकमें प्रवाहित हैं।

३ उक्त तालुकका एक प्रधान शहर। यह अक्षा॰ ११° ५८' उ॰ और देशा॰ ७८° १२' पू॰में पोनैयार नदी दक्षिणतट पर अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ८,९१० है। इस शहरमें श्रीवैष्णव संप्रदायका एक प्रसिद्ध विष्णुमन्दिर है। इसकी गठन-प्रणाली तिरुवन्नमलय-के शिव-मन्दिरसे कहीं अच्छी है। उत्सव-मण्डपके स्तम्भ पर अत्यन्त सुन्दर कारुकार्य है और बाहरके आंगन की दीवारके ऊपर तोन, तथा मन्दिरके दरवाजेके ऊपर एक गोपुर है। इस मन्दिरमें बहुतसे शिलालेख हैं। किलूरके शिव मन्दिरकी अपेक्षा यह मन्दिर नया मालूम पड़ता है। इसमें विष्णु-मूर्त्ति विद्यमान है। उनके हाथमें शङ्ख, चक्र, गदा, पद्म, कण्ठमें १०८ मण्ड-युक्त शालग्राम माला, वक्षःस्थल पर श्रीवत्सचिह्न है।

इनका भार माथे पर था है और दाहिना पैर ब्रह्मलोक की ओर फैला हुआ है। प्रतिमाके पास ही पद्मयोनि सनकादि ऋषि पूजा कर रहे हैं। माघ मासकी शुक्ल-पञ्चमीसे ले कर पूर्णिमा तक विष्णुके वार्षिक उत्सव, दोलोत्सव, रथोत्सव आदि बहुत समारोहसे मनाये जाते हैं।

यहां नित्य वेदपाठ और देवनर्त्तकियोंका नाचगान हुआ करता है। प्रति शुक्रवारको अभिषेकादिका उत्सव होता है। उस दिन वहां बहुत मनुष्योंका समागम होता है। इस मन्दिरके खर्चके लिये गवर्मेण्ट प्रति-वर्ष १८ सौ रुपये देती है। मन्दिरके धर्मकर्त्ताको उक्त रुपये खर्च करनेका अधिकार है। यहां विल्लपुर-गुण्टाकुल रेलवेका एक ष्टेशन है, जो पेन्नर या पिणाकिनी नदीके बायें किनारे देवनूर नामक ग्रामके समीप अवस्थित है। स्कन्दपुराणमें वर्णन है, कि पूर्व समयमें वालखिल्य महर्षियोंने देवनूर ग्रामके निकट पिणाकिनीके किनारे तपस्या की थी; लेकिन तपस्या करनेके स्थानका पता नहीं चलता।

इतिहास—पहले यह शहर जिञ्जीके हिन्दू-राजाओंके अधीन था। पीछे विजयनगरके राजाओंके हाथ लगा। प्रायः १६५४ ई०में गोलकुण्डाके सूबेदारने वेलूरके नरसिंहरायको जीत कर जिञ्जीको मुसलमान राज्यभुक्त कर लिया और आप वहांके नवाब बनाये गये। वे ही वहांके शासनकर्त्ता थे। १६७७ ई०में शिवाजीने जिञ्जी अधिकार कर यहां एक सुदृढ़ दुर्ग स्थापन किया। शिवाजी स्वदेशको लौटते समय यहां एक शासनकर्त्ता छोड़ आये थे। किन्तु उनके आनेके बाद ही मुसलमान शासनकर्त्ताने इस पर अपना अधिकार जमा लिया। जिञ्जीके हिन्दू राजाओंने ही यहांका मन्दिर स्थापन किया था। तिण्डिवनम् रेलष्टेशनसे तिरुवन्नमलयकी ओर २८ कोस दूरीमें भग्नावशिष्ट जिञ्जीका दुर्ग है।

तिरुकोइलूरके विष्णु-मन्दिरसे आध कोसकी दूरीमें पिणाकिनी नदीके किनारे किलूर ग्राम अवस्थित है। यहां एक पुरातन शिवमन्दिर विद्यमान है। यह मन्दिर लगभग ५०० वर्षका होगा। मन्दिरका मध्य गुम्बज [illegible] बनाया जाता है। फाल्गुन मासमें यहां एक उत्सव मनाया जाता है जिसमें दूर दूरके लोग आते हैं।

तिरुकोट्टूर—एक प्राचीन ग्राम, जो मदुरा जिलेके मध्यवर्ती शिवगङ्गासे ८ कोस उत्तरमें अवस्थित है। यहांका शिवमन्दिर बहुत विख्यात है। यहांके शिलालेखके पढ़नेसे मालूम पड़ता है कि रघुनाथ तिरुमलय सेतुपतिने १६०१ ई०में मन्दिरके खर्चके लिये बहुत जमीन दान की थी।

तिरुक्कण्णपूर—तञ्जोर जिलेके अधीन कुम्भकोणमसे ७ कोस दक्षिण पश्चिममें अवस्थित एक ग्राम। यहां एक अत्यन्त प्राचीन शिवमन्दिर और उसमें एक शिलालेख है।

तिरुक्कलुकुण्ड्रम्—चेङ्गलपट्ट जिलेके मध्यवर्ती चेङ्गलपट्ट शहरसे ४ कोस दक्षिण-पूर्वमें स्थित एक मनोहर प्राचीन ग्राम। यहां हिन्दूराजाओंके समयका एक बड़ा मण्डप है जो पहाड़ काट कर प्रस्तुत किया गया है। इसके सिवा यहां एक सुन्दर शिल्पकार्ययुक्त प्राचीन मन्दिर है।

तिरुकाट्टुप्पल्ली—तञ्जोरसे ६॥ कोस उत्तरमें अवस्थित एक प्रसिद्ध ग्राम। यहां चोलराज-निर्मित एक प्राचीन शिव-मन्दिर है जिसमें खुदा हुआ शिलालेख देखा जाता है। बहुतसे यात्री यहांके शिवलिङ्ग देखनेके लिये आते हैं।

तिरुक्कारवासल—तञ्जोरके तिरुवारूर रेलष्टेशनसे ४॥ कोस दक्षिणमें अवस्थित एक ग्राम। यहां शिवमन्दिर है जिसमें प्राचीन कालका शिलालेख पाया जाता है।

तिरुकोलक्कुडि—मदुरा जिलेका एक अत्यन्त प्राचीन ग्राम जो मदुरा शहरसे १५ कोस उत्तरपूर्वमें अवस्थित है, यहांके प्राचीन शिवमन्दिरमें पाण्ड्य राजाओंके समयके खुदे हुए बहुतसे शिलालेख हैं जिनमेंसे दो त्रिभुवन चक्रवर्ती सुन्दर पाण्ड्यके ११वें और २०वें वर्षमें तथा एक त्रिभुवन चक्रवर्ती वीर पाण्ड्यदेवके राजत्व ११वें वर्षमें उत्कीर्ण हुए हैं।

तिरुचङ्गोडु—सलेम जिलेके अन्तर्गत इसी नामके तालुकका शहर। यह अक्षा० ११° २२′ ४४″ उ० और देशा० ७७° ५६′ २०″ पू० शङ्कगिरि दुर्गसे साढ़े तीन कोस दूर एक ऊंचे पर्वतके नीचे समतलभूमिसे १२०० फुट ऊंचे पर अवस्थित है। शहरमें तथा शिखिचूड़ामें कई एक शिवमन्दिर हैं, जिनमेंसे अर्द्धनारीश्वरके मन्दिरमें १५२२से १५८१ तकमें उत्कीर्ण बहुतसे शिलालेख हैं। कैलास-नाथेश्वरके मन्दिरमें भी कई एक शिलालिपि हैं, जिनमेंसे

एकके पढ़नेसे मालूम होता है कि उस मन्दिरका सम्मुखवर्ती गोपुर १५८५ ई०में मदुराके विजयरङ्ग चोक्कलिङ्ग नायक द्वारा निर्मित हुआ है। यहांके एक ताम्रशासनमें लिखा है कि शैलचूडाख्य मन्दिरको देवसेवाके लिये १६५६ ई०में महिसुरके जगराज उदैय्यारने बहुतसी जमीन दान की थी।

इस शहरकी जनसंख्या हजारसे अधिक है। वस्त्र बुननेका व्यवसाय ही यहां प्रधान है। यहां अत्यन्त उत्कृष्ट चन्दनकाठके गोले प्रस्तुत होते हैं।

तिरुचेन्दूर—तिन्नेवेल्लि जिलेके तेङ्काई तालुकके मध्यवर्ती एक शहर। यह अक्षा० ८° २८´ ५०´´ उ० और देशा० ७८° १०´ ३०´´ पू० श्रीवैकुण्ठमसे ८ कोस पूर्व-दक्षिण कोणमें समुद्रकूल पर अवस्थित है। यहांका सुब्रह्मण्यस्वामीका मन्दिर अत्यन्त विख्यात है। स्कन्दपुराणमें यहांका माहात्म्य वर्णित है। प्रतिवर्ष अनेक यात्री यहां आया करते हैं। मन्दिरका शिखरनैपुण्य अत्यन्त सुन्दर है, जिसमें अनेक प्राचीन शिलालेख पाये जाते हैं। समुद्रके किनारे सोलह स्तम्भ खड़े हैं, उनमें भी प्राचीन लेख खुदे हुए हैं।

तिरुपासूर—आर्काट जिलेका एक पुण्यस्थान। यह तिरुवल्लूरसे १॥ कोस दक्षिण-पूर्वमें अवस्थित है। यहां लक्ष्मी वरदराजस्वामी, कृष्णस्वामी और अम्मवार प्रभृति प्राचीन देवमन्दिर हैं, जिनमेंसे यहांके स्कन्दपुराणमें लक्ष्मीका माहात्म्य विस्तारपूर्वक वर्णित है। कृष्णस्वामी और अम्मवारके मन्दिरमें कई एक शिलालेख हैं।

तिरुपुनई—मदुरा जिलेका एक ग्राम। यह मेलूरसे ७॥ कोस उत्तरमें त्रिचिनापल्लीके रास्ते पर अवस्थित है। कहा जाता है कि यहांका देवमन्दिर पराक्रम द्वारा चोलराजाने बनाया गया है। उस मन्दिरमें बहुतसे शिलालेख देखे जाते हैं, जिनमेंसे एक आधुनिक शिलालेखके पढ़नेसे मालूम पड़ता है कि १७०१ ई०में उस मन्दिरका संस्कार हुआ था।

तिरुपुवई—मदुरा जिलेके मध्य रामनादसे २२ कोस पश्चिम उत्तरमें अवस्थित एक तालुकका शहर। यहां पत्थरका प्राचीन निर्मित एक वृहत् शिवालय है। प्रति वर्ष बहुतसे यात्री शिवलिङ्गको देखने आते हैं।

तिरुवियरई—तञ्जोरके मध्यवर्ती कुम्भकोणमसे ३ कोस दक्षिण-पूर्वमें अवस्थित एक प्राचीन ग्राम। यहां एक प्राचीन विष्णुमन्दिर है जिसमें बहुतसे शिलालेख हैं।

तिरुतनि (तिरुत्तनि)—१ मन्द्राजके आर्काट जिलेकी एक जमींदारी तहसील। क्षेत्रफल ४०१ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः १०१००५ है। इसमें इसी नामका एक शहर और ३२७ ग्राम लगते हैं।

२ उक्त जमींदारी तहसीलका एक प्राचीन शहर। यह अक्षा० १३° ११´ उ० और देशा० ७९° ३०´ पू० श्रोलिङ्गमसे १५ मीलकी दूरी पर अवस्थित है। लोकसंख्या लगभग ३६८७ है। 'तिरुतनि' इस नामकी उत्पत्तिके विषयमें स्थानीय प्रवाद इस तरह प्रचलित है—

प्राचीन कालमें सुब्रह्मण्य स्वामीने तारकासुर, सिंह, वक्रासुर, सुरपद्मासुर प्रभृति असुरोंको मार कर इस स्थानमें आ विश्राम किया था। "तिरुत्तणिगै" शब्दका अर्थ सुविश्राम है, इसीसे यह नाम उत्पन्न हुआ है और उसीका अपभ्रंश तिरुतनि है। इन्द्र उपद्रव-रहित हो स्वर्गराज्यमें रहने लगे और सुब्रह्मण्य स्वामीके कार्यसे संतुष्ट हो उन्होंने अपनी कन्या देवसेनाको उन्हें अर्पण किया। सुब्रह्मण्य इनसे विवाह कर यहां रहने लगे। इसके पीछे इन्होंने वल्लीम्मा नामकी एक दूसरी रूपवती रमणीका पाणिग्रहण किया। इस विषयमें दो प्रवाद सुने जाते हैं। १ला प्रवाद—वल्लीम्मा किसी एक ब्राह्मणके औरस और चाण्डाल-कन्याके गर्भसे उत्पन्न हुई थी। उसकी माताने अपने स्वामीके निकट यह प्रार्थना की कि सद्योजात शिशुको जंगलमें छोड़ कर वह आपका अनुसरण करेगी। सुतरां वल्लीके जन्म होनेके साथ ही उसकी माता उसे जंगलमें छोड़ आप पतिकी अनुगामिनी हो गई। किसी अरण्य जातिने उसका भरण पोषण किया। युवती होने पर वह (अतुल रूपवती होनेसे) सब जगह प्रसिद्ध हो गई। वल्ली पहाड़ पर बैठ कर अपने पालक पिताके शस्यक्षेत्रकी रक्षा करती थी। एक दिन सुब्रह्मण्य स्वामी उसे देख मोहित हो गये। बाद उससे विवाह करनेके उद्देश्यसे वे तिरुत्तनिसे एक सुरंग खोद कर उसीके द्वारा प्रति दिन वल्लीके निकट आने जाने लगे, पीछे उसे व्याह कर तिरु-

तनिमें आये। उत्तर आर्कटके अन्तर्गत तिरुत्तुर तालुकके मिन्नवाडि ग्राममें बल्लीम्माका पालक पिता रहता था। इस ग्राममे १ कोस पश्चिममें जहां पहले दोनोंमें मुलाकात हुई, पीछे मिलन और विवाह हुआ। यहां अब भी एक मन्दिरमें सुब्रह्मण्यस्वामी और बल्लीम्मा की मूर्ति विराजित है। बल्लीकी माता किसी अस्पृश्य जातिकी कन्या थी। कोई कोई कहते हैं, कि बल्लीकी माता सुप्रसिद्ध तामिलकवि तिरुवल्लुवरकी बहिनके सिवा और कोई नहीं है।

२रा प्रवाद—किसी समय लक्ष्मी और नारायणने हरिण और हरिणीके रूपमें कौतुक क्रीड़ा की थी। हरिणी रूपकी लक्ष्मी इस समय एक कन्या प्रसव कर उसे उसी स्थान पर छोड़ स्वस्थानको चली गईं। पीछे अपतीका नगरीके कुरव नामके राजने बल्लीमलय नामक पहाड़ पर उसका लालनपोषण किया। बल्लीमलयके निकट पाये जानेसे लड़कीका नाम बल्लीम्मा रखा गया। किसी समय सुब्रह्मण्य स्वामीने शिकार करते समय उसे देखा। पीछे वे उसके रूप पर मोहित हो कर राजाके निकट इस कन्याके कर प्रार्थी हुए। इस पर राजाने बल्लीम्माको उसे अर्पण किया। सुब्रह्मण्य उससे विवाह कर अपने देशको चले गये।

तिरुत्तनिका मन्दिर बहुत पुराना है। ग्यारहवीं शताब्दीकी चोल राजाओंके समयमें इसका मूलपत्तन और विजयनगरके राजाओं द्वारा इसका संस्कार हुआ। यह मन्दिर एक ऊंचे पहाड़ पर अवस्थित है। पहाड़के ऊपर जानेके लिये दो पथ हैं और दोनोंमें सुन्दर सीढ़ियां बनी हुई हैं। यात्रियोंके रहनेके लिये, पथके बगलमें बहुत सी कोठरियां हैं। मन्दिरके पास ही कुमार, ब्रह्मा, अगस्त्य, इन्द्र, शेष, राम, विष्णु, नारद और मर्हर्षि नामके छोटे बड़े नौ तीर्थ हैं। प्रत्येक आख्यायिका विषयक स्वतन्त्र इतिहास है। मन्दिरके सामने जो पुष्करिणी है, उसे लोग कुमारतीर्थ कहते हैं। सुब्रह्मण्य स्वामीकी पत्थरमय मूर्ति चतुर्भुज है और उसकी लम्बाई मनुष्य-सी है। कहा जाता है, कि ये शैशवकालमें कृत्तिका द्वारा पाले गये थे, इसीसे प्रति वर्ष कार्त्तिक मासके कृत्तिका नक्षत्रको इस मन्दिरमें विशेष समारोहके साथ उत्सव होता है, जिसमें दूर दूर के देशोंके यात्री आते हैं। देवसेना और बल्ली माता-का मन्दिर पृथक् रूपसे निर्दिष्ट है और पूजादि भी एकान्त अलग होती है। तिरुत्तनि चार अंशोंमें विभक्त है। १ला स्थान तिरुत्तनि, यह पर्वतके ऊपर और देवालयके बगलमें है। यहां अधिकांश वैदिक अर्चक वास करते हैं। २रा, मठ ग्राम, यहां ३० मठ १० कु—और २१ मण्डप हैं, इसीसे इस स्थानको मठम कहते हैं। ३रा, नल्लीनगुण्टा, नल्लीन नामके किसी राजाने ८० वर्ष पहले एक बड़ी पुष्करिणी खुदवा कर पहाड़के चारों ओर ब्राह्मणोंके लिए एक पक्का घर बनवा दिया है, तभीसे राजाके नाम पर उस ग्रामका नाम पड़ा है। ४था, अमृतपुर—यहां ऐसा प्रवाद है, कि यहांके वर्त्तमान जमींदारके पितामह वेङ्कट पेरुमल राजाने किसी समय अत्यन्त कठिन रोगाक्रान्त हो इस स्थानपर दूध और मट्ठा पीकर आरोग्य लाभ की थी, तभीसे इस स्थानका नाम अमृतपुर हुआ है। देवालयके दक्षिण १ कोसकी दूरीमें पडुमन नामक एक जङ्गलमें ७ कुण्ड हैं। इसके समीप सप्तकुमारियोंका एक मन्दिर है। जो अभी भग्नावस्था में पड़ा है। कारवेट नगरके जमींदार मन्दिरका खर्च देते हैं।

तिरुवत्तुरै पुण्डि—तञ्जोर जिलाके तिरुत्तुरैपुण्डि तालुकका सदर। यह तञ्जोरसे १८ कोस पूर्व-दक्षिणमें अवस्थित है। यहां अत्यन्त प्राचीन शिवमन्दिर है जिसमें उत्कीर्ण शिलालेख है।

तिरुत्तङ्गल—तिन्नेवेली जिलेके सातुर तालुकके मध्यस्थित एक प्राचीन ग्राम। यहांके विष्णुमन्दिरकी बाहरी दीवार में प्राचीन शिलालेख खुदे हुए हैं।

तिरुत्तरकोशमङ्गै—मदुरा जिलेके रामनादसे ४ कोस दक्षिण-पश्चिम अवस्थित एक प्राचीन ग्राम। प्रवाद है कि यहां पाण्ड्य राजाओंकी प्राचीन राजधानी थी। यहां का भास्कर और शिल्पकार्ययुक्त शिवमन्दिर देखने योग्य है। मन्दिरमें बहुतसे शिलालेख खुदे हुए हैं जिनमें सब से प्राचीन लिपि १३०५ ई०में और पाण्ड्य देवके राजत्व-कालमें उत्कीर्ण हुई है।

तिरुननरियूर—तञ्जोर जिलेके मायावरमसे ४ कोस दक्षिण

पश्चिममें अवस्थित एक प्राचीन ग्राम। यहां एक अत्यन्त प्राचीन शिवमन्दिर है जिसमें बहुतसे शिलालेख देखनेमें आते हैं।

तिरुनरुङ्गुन्नम्—दक्षिण आर्काटके अन्तर्गत तिरुकोइलूरसे ६॥ कोस दक्षिण-पूर्वमें अवस्थित एक ग्राम। यहां अत्यन्त प्राचीन शिवमन्दिर और जैनमन्दिर है। शिवमन्दिरमें बहुतसे बड़े बड़े शिलालेख हैं। यहांके स्थलपुराणमें जैन मन्दिरका माहात्म्य वर्णित है।

तिरुनवाई—मलबार जिलेके पोन्नानी तालुकके अन्तर्गत एक प्राचीन ग्राम। यह कुट्टिपुरम् और तीरुर रेलवे ष्टेशनके बीचोबीच अवस्थित है। गांवके पास ही कृषि क्षेत्रके ऊपर एक बांध हैं। पहले प्रति बारह वर्षके अन्तमें राज्याभिषेकके उपलक्ष्यमें यहां नरबलि होती थी। लगभग २०० वर्ष हुए, यह प्रथा सदाके लिये बंद हो गई है। इसके पास ही एक पहाड़ी कन्दरा है इसी जगह ठहर कर राजा बलि देखा करते थे। गांवमें रामचन्द्रजीका एक मन्दिर है।

तिरुनामनल्लूर—दक्षिण आर्काटके अन्तर्गत तिरुकोइलूर शहरसे प्रायः १० कोस दक्षिण-पूर्वमें अवस्थित एक प्राचीन ग्राम। यहां एक शिवमन्दिर है, जिसमें बहुतसे प्राचीन शिलालेख हैं। ११५४ ई०से पहले भी यह मन्दिर विद्यमान था, क्योंकि उस ई०के उत्कीर्ण शिलालेखमें पुरोहितोंके साथ देवसेवाके प्रबन्धकी कथा वर्णित है। इसके सिवा विजत संवत्सरमें उत्कीर्ण महामण्डलेश्वर नरसिंहदेव और चोलराज कोनेरि-नम्मरकोण्डनकी कई एक अनुशासन-लिपियां हैं।

तिरुनागेश्वर—तञ्जोर जिलाके कुम्भकोणम् तालुकके अन्तर्गत एक शहर। यहांकी जनसंख्या प्रायः छः हजार है। जिसमें गाढ़ो वस्त्र बुननेका प्रधान स्थान है। यहां प्राचीन शिवमन्दिर भी है।

तिरुनिरइयूर-एक प्राचीन ग्राम। यह तञ्जोर जिलेके कुम्भकोणम्से ढाई कोस दक्षिण-पूर्वमें अवस्थित है। यहां शिवमन्दिर है जिसमें प्राचीन कालके शिलालेख हैं।

तिरुपति (त्रिपति)--उत्तर-आर्कट (अरकाड़) जिलेका एक प्रधान वैष्णवतीर्थ और चन्द्रगिरि तालुकका प्रधान शहर। यहां मद्रास अंगमन साउथ-रेलवेका एक ष्टेशन है जो शहरसे १मील दूरी पर है। यहां पहाड़के ऊपर श्रीनिवासदेवका मन्दिर प्रतिष्ठित है। उक्त पहाड़ तिरुमलय नामसे प्रसिद्ध है। यह निम्न तिरुपतिसे ६ मील पूर्वमें है। तिरुमलय पर चढ़नेके लिए चार प्रधान मार्ग हैं। पहला मार्ग निम्न तिरुपतिसे उत्तरकी तरफ, दूसरा चन्द्रगिरिकी ओरसे पूर्वोत्तर दिशामें, तीसरा नागपट्टनसे पश्चिमकी तरफ और चौथा मार्ग बालपेटसे पूर्वकी तरफ है। इनके सिवा और भी कई-एक छोटे छोटे मार्ग हैं। इन पर चढ़नेकी सीढ़ी निम्न तिरुपतिसे ६ मील दूर होगी। इस पहाड़की सात प्रधान शिखरें हैं। प्रत्येक शिखर भिन्न भिन्न नामसे प्रसिद्ध है। इनमेंसे शेषाचल नामकी शिखर पर श्रीनिवासदेवका मन्दिर है; इसलिए कोई कोई इसे 'शेषाचलम्' भी कहते हैं। इस पर्वतका दूसरा नाम 'वेङ्कट' है। स्कन्दपुराणीय वेङ्कटाद्रिमाहात्म्यमें इसका विवरण इस प्रकार लिखा है—

किसी समय विष्णु अन्तःपुरमें रमाके साथ क्रीड़ा कर रहे थे। शेषनाग पुरद्वार पर द्वाररक्षाके लिए नियुक्त थे। इतनेमें वायुने आ कर अन्तःपुरमें प्रवेश करनेकी चेष्टा की। शेषनागने उन्हें भीतर जानेके लिए निषेध किया, किन्तु वायु उनको बातकी कुछ भी परवाह न कर जबरन भीतर जानेकी कोशिश करने लगे। दोनोंमें खूब झगड़ा होने लगा। कलह-शब्द सुन कर विष्णु द्वार पर आये और कहने लगे—"तुम लोग विवाद क्यों कर रहे हो?" विष्णुने विवादका कारण जान कर शेषसे कहा—"संसारमें वायु ही सबसे बलवान् है।" शेषने कहा—"भगवन्! दोनोंमें कौन बलवान् है, आप इसका प्रत्यक्ष कर लीजिये। जाम्बूनदतटमें वेङ्कटगिरि है, मैं उसे घेरे रहूंगा; वायु यदि मुझे स्थानच्युत कर सके तो समझूंगा वह सबसे बलवान् है।" शेषनागके वेङ्कटगिरिको वेष्टित करने पर वायुने उन्हें प्रबलवेगसे उड़ा कर पचास हजार योजन दूर, दक्षिणसमुद्रसे १२ योजन उत्तरमें पूर्वसमुद्रके पश्चिमभागकी सुवर्णमुखी नदीके वामभागमें फेंक दिया। शेषका शरीर विदीर्ण हो गया। वे अपनेको अपमानित समझ लज्जासे म्रियमाण हो गिरिशृङ्ग पर भगवान् विष्णुका ध्यान करने लगे। विष्णुने प्रसन्न हो कर उनसे वर मांगनेके लिए कहा। शेषने यह

कर मांगा कि "आप जैसे मेरे कुन्डल पर वैकुण्ठमें सर्वदा अवस्थित हैं, उसी तरह व्यङ्कटस्थित श्रीमन्दिर मेरे शरीर पर सदा वास करें।" भगवान् 'तथास्तु' कह कर तभीसे शङ्खचक्र हाथमें लिए श्रीआसन पर वास करते हैं। ये व्यङ्कटगिरिके ऊपर हैं, इसलिए व्यङ्कटेश वा व्यङ्कटपति कहलाते हैं। वराहपुराणमें लिखा है कि त्रेतायुगमें श्रीरामचन्द्रने लङ्का जाते समय अपने दल-सहित स्वामितीर्थमें स्नान किया था। उक्त पुराणके ४१वें अध्यायमें यह भी लिखा है कि पाण्डवोंने वनवासके समय इस पर्वत पर एक वर्ष तक वास किया था और जिस तीर्थतट पर वे थे, उसका नाम है पाण्डवतीर्थ। स्कन्दपुराणके व्यङ्कटाचलमाहात्म्यमें लिखा है—रामानुजाचार्यने व्यङ्कटाचल पर जा कर आकाशगङ्गाके किनारे विष्णुके षडक्षर-मन्त्रका ध्यान किया था और विष्णुने तुष्ट हो कर उन्हें दर्शन दिये थे। रामानुजने कलिके ४११८ अब्दमें जन्म लिया था, इस हिसाबसे ८०० वर्ष से पहले भी यह स्थान महातीर्थके नामसे प्रसिद्ध था।

पर्वतश्रेणीके भिन्न भिन्न स्थानमें झरना और उसके नीचे बड़े बड़े जलाशय हैं, जो पुण्यतीर्थके नामसे प्रसिद्ध है। इनमें सात तीर्थ प्रधान हैं,—१म स्वामितीर्थ, २य वियद्गङ्गा, ३य पापविनाशिनी, ४र्थ पाण्डवतीर्थ, ५म तुम्बोरकोण, ६ष्ठ कुमारधारिका और ७म गोगर्भ। स्वामितीर्थ १०० गज लम्बा और ५० गज चौड़ा है; इसके चारों तरफ ग्रेनाइट-पत्थरकी सीढ़ियां बनी हुई हैं। यह तीर्थ देवालयके पास ही है। यात्रिगण इसमें स्नान किया करते हैं। पापविनाशिनीतीर्थ देवालयसे २ मील दूरी पर एक सामान्य जलप्रपातके नीचे अवस्थित है। इस जल प्रपातके नीचे खड़े हो कर स्नान करनेसे ब्रह्महत्या आदि महापातक विनष्ट होते हैं। यहां ऐसी किम्वदन्ती है कि, पापके तारतम्यके हेतु जलका वर्ण तक मलिन हो जाता है। पहाड़के पूर्वकी ओर जो जलप्रपात है, वहां तुम्बुरकोण (तुम्बिर-कोण) कहलाता है। स्कन्दपुराणके मतसे—पहले ऋषिगण यहां वास करते थे। इस समय यह स्थान जङ्गलसे भरा हुआ है। यहां कोई मायस हरनी हो, तो कपिलतीर्थमें स्नान करके अर्द्ध वा रौप्यनिर्मित व्यङ्कटेशका कोटा गलेमें धारण करना चाहिए। ऐसा प्रवाद है, कि कोई स्वामितीर्थमें स्नान करनेसे वह कोटा उसके कपोलदेशसे अपने आप खुल जाता है। कपिलतीर्थके पीछे जो वृहत् गोपुर है, वह आलविलि नामसे प्रसिद्ध है। इस गोपुरके द्वार तक सब श्रेणीके मनुष्य जा सकते हैं, इसके आगे हिन्दुओंके सिवा अन्य किसी भी जातिकी गति नहीं है। इस जगहसे ऊपर चढ़नेके लिए पक्की सीढ़ी शुरू होती है। यह सीढ़ी करीब एक मील लम्बी और समतल भूमिसे १ हजार फुट ऊंची होगी। बीच बीचमें विश्राम-स्थान भी हैं। सीढ़ीके मध्य स्थानमें एक वृहत् गोपुर है जो "गालि-गोपुर"के नामसे मशहूर है। इसके पीछे वैकुण्ठ नामक मन्दिरमें रामचन्द्रकी मूर्त्ति विराजमान है। इस मन्दिरके ईशान कोणमें वैकुण्ठ-गुहा नामक एक गुफा है। श्रीरामचन्द्रके योगासन आने पर उनके अनुचरगण इसी गुफामें ठहरे थे। इस स्थानसे व्यङ्कटेशके मन्दिरको जानेकी पक्की सड़क है।

तिरुमलय-गिरिस्थित नगर बहुत मामूली है। यह स्वामितीर्थके व्यङ्कटस्वामीके मन्दिरके चारों तरफ अवस्थित है। यहां हिन्दुओंके सिवा अन्य कोई भी जाति वास नहीं कर सकती। यहांकी जनसंख्या १५ हजारसे ज्यादा न होगी। यात्रियोंके ठहरनेके लिए यहां बहुत से छत हैं जिनको महिसुर और कोचीनके राजा तथा कालहस्ती और व्यङ्कटगिरिके जमींदारोंने बनवा दिया है। मन्दिरके पासमें सहस्रस्तम्भ मण्डप है, इसका शिल्पनैपुण्य उत्तम है। यह ग्रेनाइट पत्थरके स्तम्भ पर स्थापित है। रास्तेकी तरफ प्रत्येक स्तम्भ पर मूर्त्तियां खुदी हुई हैं। इस मण्डपका एक अंश गिर पड़ा है। एक लाख रुपयेमें इसका जीर्णसंस्कार हुआ है। इसके एक बगल एक अपूर्व प्रस्तररथ पड़ा हुआ है। चन्द्रयोन नामक किसी राजाने इस प्रस्तर-रथको बनवाया था। यहांके स्वामितीर्थमें स्नान करना चाहिये। तीनों देवालय भिन्न भिन्न प्राचीरोंसे वेष्टित हैं। बाहरकी दीवार ग्रेनाइट पत्थरकी बनी है जिसके एक पार्श्वमें एक वृहत् [illegible] [illegible] खुदी हुई है। इसके द्वार पर एक [illegible] गोपुर है। यह प्राचीर १३० गज लम्बा और ८० [illegible]

गज चौड़ी है। मन्दिरमें चतुर्भुज विष्णुमूर्त्ति खड़ी हैं, जिनके दाहिने हाथमें चक्र, दूसरा हाथ भूमिकी तरफ और बायें हाथमें शङ्ख, दूसरेमें पद्म है। इस मूर्त्तिके साथ शक्ति न होनेके कारण लोग अनुमान करते हैं, कि पहले यहां केवल शिवमूर्त्ति ही थी, रामानुजके प्रयत्नसे उसी मूर्त्तिमें शङ्ख और चक्रसे शोभित दो सोनेके हाथ लगा दिये गये हैं। प्रवाद है, कि कुलोत्तुङ्ग चोलके पुत्र तोण्डमन चक्रवर्त्तीने इस प्रसिद्ध मन्दिरकी प्रतिष्ठा की थी।

इस मन्दिरमें देवदर्शन करने पर कुछ दर्शनी देनी पड़ती है। देवका दुग्धस्नान देखनेसे १३) रुपये और कर्पूरालोकमें देवदर्शन करनेसे १) रु० देना पड़ता है। दिनके १२ बजेसे २ बजे तक पूजा आदि होती है। साधारणके दर्शनके लिए आठ घण्टे तक द्वार खुला रहता है। अर्काट् प्रदेश जबसे अंग्रेजोंके शासनाधीन हुआ है, तबसे १८४० ई० तक यह मन्दिर अंग्रेजोंकी देख-रेखमें था। पीछे इसका भार महन्तके ऊपर सौंपा गया। अब भी महन्त पर ही इसका भार है। इस देवालयकी वार्षिक आय करीब २१ हजार रुपये और व्यय १५ हजार रुपये है। अन्यान्य देवालयोंकी भांति इसमें देवाङ्गनाएं नहीं हैं। पहले यहां कोई भी कुलटा प्रवेश न कर सकती थी; किन्तु अब वह बात नहीं रही उसका बहुत कुछ व्यतिक्रम हो चुका है। जिन महात्माओंने इस मन्दिरकी उन्नति की थी, उनका नाम अब भी सम्मानके साथ उच्चारित होता है। देवालयकी हस्तलिपिमें उसका इस प्रकार विवरण मिलता है,—'पोचिलने माइरणकी दूसरी प्राचीर और उनके पुत्र जनमेजयने बाहरकी प्राचीर बनवाई थी। पीछे विक्रम नामके किसी दूसरे राजाने इस मन्दिरका संस्कार कराया था। कोई कोई कहते हैं, कि, तण्डमन चक्रवर्त्ती महाराजने वर्त्तमान मूलमन्दिर बनवाया था। ब्रह्मपुराणीय व्यङ्कटेश-माहात्म्यमें स्पष्ट लिखा है कि—"किसी समय नारद पृथिवी पर्यटन करके भगवान् वैकुण्ठनाथके दर्शन करने गये थे, उन्होंने यह कहा था कि 'गङ्गासे एक हजार कोस दक्षिण और पूर्वसागरसे ३५ कोस पश्चिममें एक मनोहर पर्वत है।" विष्णुने इसके उत्तरमें कहा—"कलियुगमें चोल राजपुत्र चक्रवर्त्ती द्वारा प्रतिष्ठित हो कर मैं यहां रहूंगा।" यहांका प्रधान उत्सव आश्विन मासमें १० दिन तक होता है। उत्सवके पांचवें दिन गरुड़ोत्सव और दशवें दिन नारायणवनमें पद्मावतीके साथ वार्षिक कल्याणोत्सव हुआ करता है।

व्यङ्कटेश्वरस्वामीके मन्दिरके बाहर स्वामी पुष्करिणीके किनारे एक सामान्य मन्दिर है, जिसमें वराहस्वामीकी मूर्त्ति है। किसीके मतसे, कोई यज्ञवराह विचरण करते हुए उक्त स्थानमें आये थे, इसलिए वे उस शृङ्गके अधिष्ठाता देवता हैं। तभीसे यहां वराहस्वामी प्रतिष्ठित हैं। यात्रिगण व्यङ्कटेश स्वामीसे पहले इनकी पूजा करते हैं। व्यङ्कटेश स्वामीके मन्दिरके समीप गोगर्भतीर्थ है और उसके पास ही चेत-अलिगुण्डि नामक एक प्रस्तरमय स्तम्भ है। इस स्तम्भके पास कोई भी मिथ्या वचन कहनेका साहस नहीं करता। जिन विषयोंकी सत्यताका निर्णय करना विचारकोंकी शक्तिसे बाहर है, वे विषय भी यहां सुलझ जाते हैं। वादी और प्रतिवादी गोगर्भतीर्थमें स्नानपूर्वक भीगी धोती पहने स्तम्भके पास जा कर जो कुछ कहते हैं, वह सत्य समझा जाता है। इस प्रकार शपथ करनेके लिए वादी और प्रतिवादीको सात सात रुपये जमा करने पड़ते हैं। इसके बाद खिचड़ी, पूड़ी, अन्न और दधिअन्नोंका भोग होता है वैरागियोंको उस भोगका प्रसाद मिलता है।

तिरुपत्तूर—मन्द्राज प्रदेशके सलेम जिलेका एक तालुक और उस तालुकका प्रधान नगर। यह शहर अक्षा० २०° २८´ ४०´´ उ० और देशा० ७८° ३१´ ३०´´ पू०में अवस्थित है। लोकसंख्या लगभग १६४८८ है, जिसमें अधिकांश हिन्दू और कुछ मुसलमान हैं। यहां समस्त राजकीय कार्यालय हैं। जिनमें इस स्थानसे चारों ओर रास्ते गये हैं। जिस कारण यहां अनाजकी आमदनी अधिक होती है। यहां चमड़ेका व्यवसाय भी होता है। इस शहरमें एक बहुत बड़ा तालाब है जिसके मुहानेका और दूसरा तालाब जिसे भरसे नहीं देखा जाता है।

तिरुपरङ्गाडु—एक प्राचीन ग्राम। यह दक्षिण आर्काट जिलेके अन्तर्गत आर्काट शहरसे दश कोस पूर्वमें अव-

स्थित है। यहांके प्राचीन मन्दिरमें कई एक शिला-लेख हैं।

तिरुवुदैमरुदूर—एक ग्राम। यह तिन्नेवेलि जिलेके मध्य अम्बासमुद्रसे डेढ़ कोस उत्तर-पूर्वमें, जहां घटना नदी ताम्रपर्णीके साथ मिली है उसी सङ्गमस्थान पर अवस्थित है। यहां अनेक पवित्र देवमन्दिर हैं। प्रधान मन्दिरमें १५वीं से १७वीं शताब्दीके मध्य प्रदत्त कोल-ब्राह्मण-अङ्कित कई एक शिलालेख और एक ताम्रशासन देखनेमें आता है।

तिरुपुर—कोयम्बतुर जिलेके अन्तर्गत एक शहर और रेल स्टेशन। यह अक्षा० ११° ३७' उ० और देशा० ७७° ४०' ३०" पू०में अवस्थित है। यहांकी लोकसंख्या प्रायः ४००० है।

तिरुपोरूर—चेङ्गलपट जिलेके अन्तर्गत कोभलङ्ग शहरसे ३½ कोस दक्षिण-पश्चिम और चेङ्गलपट शहरसे ७ कोस उत्तर-पूर्वमें अवस्थित एक स्थान। यहां एक प्राचीन शिवमन्दिर है। ४० वर्ष पहले प्रधान असिष्टेण्ट कम-क्टरको इस मन्दिरके पास ही कई एक प्राचीन ताम्र शासन मिले थे।

तिरुप्पंतिरुत्ति—तञ्जोर जिलेमें तिरुवाड़ीसे १ कोस पश्चिममें अवस्थित एक स्थान। यहां शिल्पकार्यखचित एक प्राचीन शिवमन्दिर है, जिसमें बहुतसे शिलालेख हैं।

तिरुप्पट्टूर—त्रिचिनापल्ली जिलेमें मुसीरी तालुकका एक ग्राम। यह मुसीरी शहरसे १२ कोस पूर्वमें अवस्थित है। यहां एक प्राचीन शिवमन्दिर है और उसमें कई एक शिलालेख हैं।

तिरुप्पत्तूर—मदुरा जिलेके मध्य तिरुमङ्गलम तालुकका एक ग्राम। यह तिरुमङ्गलम् शहरसे १ कोस उत्तर-पश्चिममें पड़ता है। यहां एक प्राचीन शिवमन्दिर और उसमें बहुतसे शिलालेख हैं।

तिरुप्पदिकुन्रम्—चेङ्गलपट जिलेके काञ्चीपुर तालुकका एक स्थान। यह काञ्चीपुरसे १½ कोस दक्षिण-पश्चिममें अवस्थित है. यहां एक प्राचीन, अत्यन्त सुन्दर शिल्पकार्य विशिष्ट शिवमन्दिर है जिसमें बहुतसे शिलालेख हैं। एक शिलालेख कृष्णदेव महाराजके राजत्वकालका (१५१८का) खुदा हुआ है। उसमें मन्दिरके लिये भूमि दानका उल्लेख है।

तिरुप्पदिरिप्पुलियुर—दक्षिण आर्कट जिलेमें कुडालूर शहरसे ४ कोस उत्तरपश्चिममें अवस्थित एक ग्राम। इसके पास ही रेल-स्टेशन है। यहां एक उत्तम शिल्पकार्य विशिष्ट प्राचीन मन्दिर है, जिसमें बहुतसे शिलालेख हैं।

तिरुप्पनन्दाल—तञ्जोर जिलेमें कुम्भकोणम् शहरसे ११ कोस उत्तर-पूर्वमें अवस्थित एक ग्राम। यहां एक सम्पत्तिशाली शूद्र द्वारा प्रतिष्ठित मन्दिर है। इस मन्दिरमें तामिल भाषामें लिखे हुए बहुतसे प्राचीन पत्र पाये जाते हैं। इसके सिवा मन्दिरमें एक तेलगू भाषाका और तीन तामिल भाषाके ताम्रशासन हैं। तुरुत्तुव नामक स्थान इस मन्दिरके लिये दान किया गया है जिसका दानपत्र तेलगू भाषामें है और वह १०४४ ई०में धनतिरि नामक स्थानमें वेङ्कटपतिरायके राजत्वकालमें खोदा गया है। उक्त तामिल भाषाके शासनोंमेंसे एक १०११ ई०में रामेश्वरके पास उक्त मठको कुछ भूमिदान करनेके लिए रामनादके सेतुपति सर्दार हिरण्यगर्भ-याजि-कुमार पुत्र विजय रघुनाथ सेतुपतिके द्वारा खुदाया गया है।

तिरुप्पारकुडु—मलवार जिलेमें वल्लुवनाद तालुकका एक ग्राम। यह अङ्गडिपुरसे ५ कोस उत्तर-पूर्वमें अवस्थित है। यहां १८ डोलमेन (प्राचीन कालमें असभ्य जातियोंमें मृत मनुष्योंके स्मृतिचिह्नके लिये चार पत्थरोंके ऊपर एक बड़ा चौड़ा पत्थर रख कर आसनवत् स्थान बनता था, इसीको डोलमेन कहते हैं)।

तिरुप्पलङ्कुड़ि—मदुरा जिलेकी रामनाद जमींदारीका एक स्थान, जो रामनाद शहरसे १८ कोस उत्तर-पूर्वमें समुद्रके किनारे पर है। यहां एक प्राचीन शिवमन्दिर है, जिसमें एक ताम्रशासन और मन्दिरके सामने बहुतसे शिलालेख हैं।

तिरुप्पात्तुरइ—त्रिचिनापल्ली जिलेका एक स्थान जो त्रिचिनापल्ली शहरसे ३½ कोस उत्तर-पूर्वमें अवस्थित है। यहां एक प्राचीन शिवमन्दिर है और उसमें एक शिलालेख है।

तिरुप्पाक्कुड़ी—चेङ्गलपट जिलेके काञ्चीपुर तालुकका एक स्थान। यह काञ्चीपुर शहरसे ३½ कोस पश्चिममें

पड़ता है। यहां एक प्राचीन विष्णुमन्दिर है, जिसमें विभिन्न पत्थरोंमें खुदे हुये शिलालेख हैं।

तिरुप्पार्कडल—उत्तर आर्कट जिलेके अन्तर्गत वलाजापेट से ४ कोस दक्षिण-पूर्वमें अवस्थित एक पुण्यतीर्थ। यहांका विष्णु-मन्दिर विख्यात है। स्थानीय स्थलपुराणमें विष्णु-मन्दिर और उक्त तीर्थका माहात्म्य वर्णित है। यहां बहुतसे प्राचीन शिलालेख हैं। किसीके मतसे पहले यह शिवमन्दिर था, फिर वही अब विष्णु-मन्दिरके रूपमें परिणत हो गया है।

तिरुप्पाशूर (तिपासुर)—चेङ्गलपट्ट जिलेका एक शहर। यह तिरुवल्लूरसे १ कोस पश्चिम अक्षा० १३° ८' २०" उ० और देशा० ७९° ५५' पू०में अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः साढ़े तीन हजार है।

यह स्थान एक पवित्र तीर्थ समझा जाता है। हिन्दू राजाओंके समयमें निर्मित यहां एक प्राचीन शिवमन्दिर है। यहांके स्थलपुराणमें इस स्थानका तथा शिवमन्दिरके माहात्म्यका विस्तारपूर्वक वर्णन है। मन्दिरमें जगह जगह चोल-राजाओंके समयके शिलालेख हैं। यहांके स्थलपुराणमें लिखा है, कि महाराज करिकालने कुरुम्ब-रियोंको जीता था।

पहले अधिकारियोंके दौरात्म्यसे रक्षा पानेके लिये बहुतसे मनुष्य इस दुर्गमें आश्रय लेते थे। १७८१ ई०में सर आयर कूटने इस दुर्ग पर आक्रमण किया। कम्पनी-के समयमें यहां विभिन्न अंग्रेजोंके सैनिक वास करते थे। बाद कभी कभी गोरोंकी फौज भी यहां आ कर ठह-रती थी।

तिरुप्पाम्बियम्—यह स्थान तञ्जोर जिलेमें, कुम्भकोणम्से २॥ कोस उत्तर-पश्चिममें अवस्थित है। यहां एक अति प्राचीन शिवमन्दिर है, जिसमें अब तक बहुतसे शिला-लेख हैं।

तिरुप्पुन्दुरुत्ति—तञ्जोर जिलेके नागपट्टन शहरसे ५ कोस दक्षिण-पश्चिममें अवस्थित एक स्थान। यहां एक प्राचीन शिवमन्दिर है, जिसमें बहुतसे शिलालेख देखनेमें आते हैं।

तिरुप्पुगापुर—तञ्जोर जिलेमें त्रिभुवनम् शहरसे ४ कोस उत्तरमें अवस्थित एक ग्राम। यहां अमध्य जातियोंके शव-समाधि-निर्देशक बहुतसे प्रस्तरासन हैं।

तिरुप्पुल्लाणि—इसका संस्कृत नाम दर्भशयनम् है। यह स्थान मदुरा जिलेके रामनाद जमींदारीके मध्य रामनाद शहरसे ३ कोस दक्षिणमें पड़ता है। स्थलपुराण और सेतुमाहात्म्यमें इस स्थानका एक पवित्र तीर्थके जैसा वर्णन किया है। रामेश्वरके यात्रिगण प्रायः इस स्थानको देखने जाते और यहांके विष्णुकी दर्भशयन मूर्त्तिको पूजादि करते हैं। सेतुमाहात्म्यमें लिखा है, कि रामचन्द्र-जी लङ्का जाते समय समुद्रके किनारे आ कर वरुणदेवको खुश करनेके लिये तीन दिन तक दर्भ या कुश-शय्या पर सोये थे; इसीसे यह स्थान दर्भशयन नामसे विख्यात है। यहांकी मूलमन्दिरस्थ शेषशायी विष्णु-मूर्त्तिको ही पण्डा लोग रामचन्द्रकी दर्भशयन-मूर्त्ति बतलाते हैं। देखनेसे ही मालूम पड़ता है, कि किसी समय यह स्थान समुद्रके किनारे पर था। अभी उस जगहसे समुद्र प्रायः तीन मील पीछे हट गया है। मूल मन्दिरके सामने एक बड़ा सरोवर है, जिसे सेतुमाहात्म्यमें चक्र-तीर्थ बतलाया है। यह सरोवर चारों ओर पत्थरसे बंधा था, किन्तु अभी उसका अधिकांश नष्ट हो गया है। इसके उत्तरमें एक पुष्करिणी है, जिसे रामतीर्थ कहते हैं। मन्दिरकी दीवारकी लम्बाई तथा चौड़ाई प्रायः ४०० फुट होगी। प्रवेश-द्वारके ऊपर एक बड़ा गोपुर है।

मूल मन्दिर यद्यपि बड़ा नहीं है, तो भी इसके चारों ओर बड़े बड़े मण्डप हैं। विजयनाथ सेतुपतिने इस पत्थरके मण्डपोंको बनवाया था। यहांके जगन्नाथजीका मन्दिर ही सबसे प्रधान है। प्रवाद है—तिरुमङ्गै आल्वार नामक एक व्यक्तिने चौर्यवृत्ति कर यह मन्दिर निर्माण किया था। मूलमन्दिर साफल्य मोम पत्थरसे बना हुआ है। यह मन्दिर कब बनाया गया इसका निश्चय नहीं है। किन्तु यहांके चोल राजाओंके समयमें उत्कीर्ण तेरहवीं शताब्दीके शिलालेखमें इस मन्दिरका प्रसङ्ग रह-नेसे अनुमान किया जाता है कि यह मन्दिर उसके पहले ही बनाया गया होगा।

दर्भशयनके मन्दिरके समीप वरुणकुण्ड है। सेतु-माहात्म्यमें लिखा है—रामचन्द्रजीने तीन दिन दर्भ-शयनमें रह कर जब देखा कि वरुणदेव नहीं आये, तब उन्होंने गुस्सा कर समुद्रको सुखानेके लिये तीर छोड़ा।

समुद्र भयसे किनारा छोड़ कर एक योजन पीछे हट गया। तब वरुणने उस कुण्डसे निकल स्तुतिवादपूर्वक रामचन्द्रको प्रणाम किया, तभीसे यह कूप वरुणकुण्ड नामसे मशहूर हो गया है।

चक्र, वरुण और पापमोचनके अलावा यहां सेतु और धनुष्य नामके और दो तीर्थ हैं। यात्रिगण नियमपूर्वक इन पञ्चतीर्थोंमें स्नान करते हैं। दर्भशयन मूर्त्तिके सिवा महालक्ष्मी, गोष्ठियों, भूदेवी, जगन्नाथ, कोदण्ड रामस्वामी और सन्तान रामस्वामीके कई एक मन्दिर हैं। मन्दिरोंमें बहुतसे प्राचीन शिलालेख हैं।

तिरुमङ्गोलूर—मन्दार जिलेमें कोइयम् शहरसे १ कोस दक्षिणमें अवस्थित एक ग्राम। यहांके पहाड़ पर (खुदी हुई) एक कन्दरा है।

तिरुमङ्गलम्—मन्द्राज प्रदेशके मदुरा जिलेका एक तालुक और उसका प्रधान शहर। तालुकका भूपरिमाण ६२५ वर्गमील है। शहर अक्षा० ८° ४८' २०" उ० और देशा० ८८° १' १०" पू०में पड़ता है। शहरकी लोकसंख्या प्रायः छः हजार है। १५६६ ई०में यहां वैशानर जाति आ कर बस गई है।

तिरुमङ्गलकुडि—यह स्थान तञ्जोर जिलेके कुम्भकोणम्से ४ कोस उत्तर-पूर्वमें अवस्थित है। यहां एक प्राचीन शिवमन्दिर है जिसमें अन्यान्यमें उत्कीर्ण शिलालेख पाये जाते हैं।

तिरुमपुर—त्रिचिनापल्ली जिलेके उदैयारपलैयम् तालुकके अन्तर्गत एक प्राचीन ग्राम। यहां सुन्दर भास्कर्ययुक्त एक शिवमन्दिर है। जिसमें कई एक शिलालिपि उत्कीर्ण हैं।

तिरुमल नायक—मदुराके एक विख्यात राजा। इनका असल नाम 'महाराज मान्यराज श्री तिरुमल नायकोनायनि अय्यलु गारु' था। इन्होंने त्रिचिनापल्ली परित्याग कर मदुरामें अपनी राजधानी स्थापन की थी। इनके यत्नसे मदुरामें सुन्दर राजप्रासाद और बहुतसे देवमन्दिर बने थे। इन्होंने पहले ही पहल विजयनगरका अधीनतापाश छिन्न कर एक बार स्वाधीन होनेकी चेष्टा की थी। इस समय महिसुरसे सेना दिण्डिगुल नामक स्थानमें आ कर उन्हें सहायता दी, किन्तु वे सम्पूर्ण रूपसे पराजित हुए थे।

१६२१ ई०में रोबर्ट डि नोबिलियस नामक प्रसिद्ध जेसुट मदुरा पहुंचे, उस समय मदुराके राजा तिरुमलके साथ रामनादके सेतुपतिका घमसान युद्ध हो रहा था। इस युद्धमें तिरुमल कृतकार्य न हो सके थे।

वे हमेशा विजयनगरके राजाको अपनी अधीनताके चिह्नस्वरूप उपहार भेजते थे, किन्तु एक बार उसकी अवहेला कर १६५० ई०में विजयनगरके राजकुमारने तिरुमल पर शासन करनेके लिये उनके साथ युद्ध-घोषणा कर दी। इस पर तिरुमल तञ्जोर और जिञ्जीर नायकोंके साथ मिल गये। विजयनगरकी सेनाने जिञ्जी पर आक्रमण किया। इधर तिरुमलके बुलानेसे मुसलमानोंने आ विजयनगर पर धावा किया। वे क्रमशः मुसलमानराज्यको विस्तार करते हुए दक्षिणमें आ विजयनगरके करद राज्य पर आक्रमण करने लगे। उस समय तिरुमल भाग कर मदुरामें आ टिके। अन्तमें वे गोलकुण्डाके मुसलमान राजाओंके साथ मिल कर महिसुर और विजयनगराधिकृत अवशिष्ट राज्य पर आक्रमण करने लगे। महिसुरके राजा उदैयारने तिरुमलकी विश्वासघातकताका बदला लेनेके लिये तिरुमल पर आक्रमण किया। भीषण युद्धके बाद मदुराके राजा तिरुमलकी जीत हुई, किन्तु इसी साल इनका देहान्त हो गया।

तिरुमल देव—विजयनगरके एक प्रसिद्ध राजा। ये सुविख्यात राम राजके भाई थे। विजयनगरके भग्नावशेषोंमें तिरुमलके समयके उत्कीर्ण शिलालेख आविष्कृत हुए हैं जिनके पढ़नेसे जाना जाता है कि तालिकोटके युद्धमें रामराजका अधःपतन होनेसे तिरुमलने ही विजयनगरके राजवंशमें प्राधान्य लाभ किया था तथा पेनुकोण्ड नामक स्थानमें राजधानी बनाई थी। इन्होंने १५६७ से १५७१ ई० तक राज्य किया था। इनकी मृत्युके बाद इनके बड़े लड़के श्रीरङ्ग राजा हुए थे।

तिरुमलपुरम—उत्तर आर्काट जिलेमें वालाजापेट तालुकका एक ग्राम, जो पुन्नर रेलस्टेशनसे २३ कोस उत्तरमें अवस्थित है। यहां एक अति प्राचीन भग्न विष्णुमन्दिर है; जिसमें बहुतसे शिलालेख देखे जाते हैं। तिनेवेल्ली जिलेमें भी इसी नामक स्थान है जो तिनेवेल्ली शहरसे ६ कोस उत्तर पश्चिममें पड़ता है। इस

ग्रामके पास ही एक बड़ा प्रस्तर-निर्मित अट्टालिकाका भग्नावशेष पड़ा हुआ है।

तिरुमाल्कावान् कोट्ट—मदुरा जिलाके रामनादसे १७ कोस पश्चिममें अवस्थित एक ग्राम। यहां एक अति सुन्दर भास्कार्यपुष्पयुक्त पुरातन शिवमन्दिर है और उसमें बहुतसे शिलालेख हैं।

तिरुमुक्कूडल—त्रिशिरापल्लीके कुलित्तलय शहरसे ८ कोस पश्चिममें एक पुण्यस्थान जो अमरावती और कावेरी नदीके संगम-स्थान पर अवस्थित है। यहांके अति प्राचीन शिवमन्दिरमें बहुतसे शिलालेख मिलते हैं।

तिरुमुरुगनपूण्डि—कोयम्बतुर जिलेके तिरुपुर रेल-ष्टेशनसे २ कोस उत्तर-पश्चिममें अवस्थित एक ग्राम। यहांके दो प्राचीन मन्दिरोंमें बहुतसे शिलालेख देखे जाते हैं।

तिरुमूर्त्तिकोविल—कोयम्बतुर जिलेका एक प्राचीन ग्राम। यह अक्षा० १०° २७´ उ० और देशा० ७७° १२´ पू०में अवस्थित है। यहां एक बड़े और सुन्दर मन्दिरमें ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वरकी मूर्त्तियां विराजमान हैं, इन्हींके लिए यहांका स्थान मनोहर है। स्थलपुराणमें इसका माहात्म्य सविस्तार वर्णित है। यहां प्रति रविवारको यात्री जुटते हैं।

देवताके वार्षिक उत्सवके समय यहां हजारों मनुष्य एकत्र होते हैं। यहांके सहस्र स्तम्भ मण्डप देखने योग्य है। ग्रामके पास ही एक पहाड़ है। पहाड़ पर कहीं कहीं विष्णुके पदचिह्न खुदे हुए दीख पड़ते हैं।

तिरुमोकूर—यह ग्राम मदुरा जिलेके मदुरा शहरसे २ कोस दक्षिण-पश्चिममें अवस्थित है। यहां अति प्राचीन शिवमन्दिर और विष्णुमन्दिर है। दोनों मन्दिरोंमें बहुतसे शिलालेख मिलते हैं। एक शिलाफलकमें लिखा है कि १५२२ ई०में इनवाय सेतुपतिने यहांके शिवमन्दिरका संस्कार किया था।

तिरुवक्करै—दक्षिण-आर्काट जिलेके विल्लुपुरम् शहरसे ६ कोस उत्तर-पश्चिममें अवस्थित एक ग्राम। यहां एक प्राचीन शिवमन्दिर है। जिसमें एक गोपुर भी है और उसके चारों ओर अनेक तरहके शिलालेख दृष्टिगत होते हैं। कहा जाता है कि यह मन्दिर चेरके किसी राजा द्वारा निर्माण किया गया है।

तिरुवट्टोर—यह ग्राम त्रिवाङ्कुड़ राज्यके पद्मनाभपुरसे ४ कोस उत्तर-पश्चिममें अवस्थित है। यहां तामिल अक्षरमें लिखे हुए दो प्रस्तरस्तम्भ हैं। इसके अलावा यहां एक ईसाइयोंका प्राचीन गिर्जा भी है। पहले इस प्रदेशमें एक कुप्रथा थी कि उच्चश्रेणीकी हिन्दू-रमणियोंके किसी निर्दिष्ट दिनमें बाहर निकलने पर पुलिया नामक नीच दासजाति उन्हें पकड़ कर ले जाती थी। यहांके एक शिलालेखमें इस कुप्रथाको रोकनेके लिये स्थानीय राजाकी ओरसे कठोर आदेश दिया गया है।

तिरुवहार—त्रिवाङ्कुडके अन्तर्गत कलङ्कुलमसे ३ कोस उत्तर-पश्चिममें अवस्थित एक ग्राम। यहां अनेक प्राचीन देवमन्दिर हैं जिसमें शिलालेख भी देखे जाते हैं।

तिरुवलुन्दै—चेङ्गलपट्ट जिलेके चेङ्गलपट्ट शहरसे ८ कोस उत्तर पूर्व तथा कोवलङ्गसे १ कोस दक्षिण-पश्चिम समुद्रके किनारे अवस्थित एक ग्राम। यहां एक प्राचीन शिवमन्दिर है जिसमें उत्कीर्ण शिलालिपि भी देखी जाती है।

तिरुवड़मरुदूर—तञ्जोर जिलेमें कुम्भकोणम् तालुकके अन्तर्गत एक शहर। यह अक्षा० ११° उ० और देशा० ७९° २०´ पू० कुम्भकोणम् शहरसे ३ कोस उत्तर-पूर्व और सोमगार नदीके किनारे अवस्थित है। यहां रेलवे ष्टेशन है। लोकसंख्या प्रायः ११२३० होगी। यहां एक अति प्राचीन शिवमन्दिर है। जिसमें तामिल भाषामें उत्कीर्ण १५४४ ई०के रामराज सदम देवरायके राजत्वकालका एक शिलालेख मिलता है। मन्दिरका शिल्प-नैपुण्य देखने योग्य है। इसके सामने एक सुन्दर गोपुर है।

तिरुवड़ि—तिरुवाड़ि देखो।

तिरुवड़ि शूल—एक ग्राम। यह चेङ्गलपट्ट जिलेमें चेङ्गलपट्ट तालुकसे पूर्व एक पहाड़ पर अवस्थित है। यहां एक प्रसिद्ध मन्दिर है। कहा जाता है कि कुरुम्बरोंने यहां भी एक दुर्ग ११वीं सदीमें निर्माण किया था। विजयनगरके प्रभावके समय ही सर्दार यहांके दुर्गका संस्कार कर विजयनगरके प्रभुत्वकी घोषणा करते थे। विजयनगरके पतनसे उसका नाश होने पर दुर्ग भी विनष्ट हो गया। इस विषयकी अनेक कहानियां सुनी जाती हैं।

तिरुवदत्तुरै—तञ्जोर जिलेके मयावरम् शहरसे ३ कोस दक्षिणपूर्वमें अवस्थित एक ग्राम। यहां एक प्राचीन शिवमन्दिर है जिसमें १३५३ ई०का खुदा हुआ एक शिलालेख है इससे मन्दिरके विषयका पूरा पता लगता है।

तिरुवत्तियूर—मन्द्राज प्रदेशके चेङ्गलपट जिलेके अन्तर्गत सैदापेट तालुकका एक शहर। यह अक्षा० १३° १०´ उ० और देशा० ८०° १८´ पू० सेंट जोर्ज किलेसे ६ कोस उत्तरमें अवस्थित है। यहांकी जनसंख्या प्रायः १९८१८ है। यहां एक अति प्राचीन शिवमन्दिर है। मन्दिरके बाहर और भीतर अन्यान्य स्थलमें खुदा हुआ शिलालेख पाया जाता है। ११०२ ई०में फायर साहब इस मन्दिर और शिलालेखको देख गये हैं।

तिरुवत्तूर—मन्द्राजके उत्तर अर्काड़ (आर्काट) जिलेका एक शहर। यह आर्काट शहरसे ११ कोस दक्षिण-पूर्व चेयार नदीके उत्तरकूल पर अवस्थित है। पहले यह जैनियोंका एक प्रधान शहर था। यहांका देवमन्दिर पहले स्थानीय पौराणिक मतावलम्बियोंके हाथ था। इसके सामने नदीके दूसरे पारमें पूर्णायशो नामक स्थानमें एक जैन मन्दिरका भग्नभाग अवशिष्ट है। कहा जाता है, कि उस मन्दिरको तहस नहस कर उसके द्रव्यादिसे तिरुवत्तूरका मन्दिर निर्मित हुआ है। पूर्णायशोके मन्दिरकी जैन प्रतिमा अभी पृथ्वी पर पड़ी हुई है। उसके पास ही एक नहर है। सुना जाता है कि उस नहरमें मन्दिरके पीतलका किवाड़ और धनादि रखा हुआ है। मन्दिरके ध्वंसके समय बहुतसे जैन फांसी पर अन्यायासे तथा सौतिकसे पिट कर मारे गये थे। मन्दिरमें खुदे हुए चित्रसे इसका पूरा प्रमाण झलकता है। मन्दिरकी एक खुदी हुई तसवीरमें एक ताड़का पेड़ है। यहांके लोगोंका विश्वास है कि महादेवकी अर्द्धनारीश्वर मूर्त्तिके प्रतिमास्वरूप यह पेड़ खुदा हुआ है। इस तसवीरका मेल अत्यन्त विख्यात है। यह एक मण्डप पर अवस्थित है और इसकी ऊंचाई लगभग ८ फुटकी होगी। मन्दिरकी दीवारमें बहुतसे अस्पष्ट तामिलके शिलालेख देखे जाते हैं।

तिरुवन्दिपुरम्—दक्षिण-आर्काड़ (आर्काट) जिलेका एक शहर। यह कुड्डालूर शहरसे २½ कोस उत्तर-पश्चिममें पड़ता है। यहां एक प्राचीन विष्णुमन्दिर है, जिसके नाना स्थानोंमें भिन्न भाषाओंमें खुदे हुए बहुतसे शिलालेख पाये जाते हैं। मन्दिरके भीतरकी दीवारमें भी एक शिलालिपि है। इसके पास ही तिरुमाणिक्कुलि नामक ग्राम है, यहां उत्कृष्ट गठन कारुकार्य विशिष्ट एक शिवमन्दिर है। प्रवाद है कि यह मन्दिर ११वीं शताब्दीमें निर्माण किया गया है। इसमें भी बहुतसे शिलालेख हैं। पूर्वकी ओर प्रवेशद्वार पर १८ हाथ चौड़ी और १५ गज लंबी एक भित्ति है। द्वारके दोनों बगल दीवारोंमें बहुतसे शिलालेख खुदे हुए हैं।

तिरुवन्नमलय—मन्द्राज दक्षिण आर्काट जिलेका उत्तर-पश्चिमीय तालुक। यह अक्षा० ११° ५८´ से १२° २१´ उ० और देशा० ७८° ३८´ से ७९° १०´ पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण १००८ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः २४४०८६ है। बारामहालसे चेङ्गलगिरियनको जानेमें यहीं सबसे पहला शहर पड़ता है, इसीसे आठ वर्षतक युद्धविग्रह स्थानसमूहका व्यवसाय इस शहरमें चलता है। पर्वतके ऊपर स्कन्धावार है। १७५३ ई०से १७९१ ई०के मध्य इस पर दस बार धावा मारा गया था। १७६० ई०में यहां अंगरेजोंका एक स्कन्धावार था। १७६७ ई०में कर्नल स्मिथने हैदरअली और निजामके साथ युद्धके समय चेङ्गलगिरिसे हो कर आते हुए इस स्थानमें उनके सहयोगियोंको एक एक करके पराजय किया; किन्तु १७९१ ई०में यह टीपूके हाथ लगा। टीपूके पराजयके बाद यह फिर अंगरेजोंके दखलमें आया।

तिरुवन्नमलय दक्षिण प्रदेशमें मन्द्राजके मध्य एक प्रधान तीर्थ है। यहां एक रेलवे स्टेशन भी है जो शहरसे ¾ मीलकी दूरी पर पड़ता है। स्टेशन अरुणाचल पहाड़के पूर्वकी ओर है। यह तीर्थ संस्कृत शास्त्रोंमें अरुणाचल नामसे प्रसिद्ध है। यहां महादेवकी पञ्चभौतिक मूर्त्तिकी तेजोमूर्त्ति विराजित है। अरुणाचल गिरिशृङ्ग समुद्रपृष्ठसे २६६४ फुट और शहरसे २०१३ फुट ऊंचा है।

महादेवकी तेजोमूर्त्तिके आविर्भावके विषयमें एक रोचक कहानी इस प्रकार है—किसी समय ब्रह्मा और पार्वती अभिमानके पृथ्वीतलमें भ्रमण कर रहे थे

पार्वतीने कौतुक करनेकी इच्छासे छिपके आ कर महादेवकी आंख मूंदी। महादेवकी आंख बंद हो जानेसे सम्पूर्ण विश्वसंसार अन्धकाराच्छन्न हो गया। यद्यपि यह देवलीला थोड़े ही समय तकके लिये थी, तो भी पृथ्वी पर अन्धकार बहुत काल तक रहा। चन्द्रसूर्यका उदय बंद हो गया। प्रकाशके अभावसे त्रिभुवन हाहाकार करता हुआ शिवजीके निकट पहुंचा। शिवजी सारी बात सुन कर पार्वतीके ऊपर असन्तुष्ट हुए और उन्हें शाप देते हुए बोले, 'जब तुमसे पृथ्वीका अमङ्गल हुआ है, तब तुम्हें पृथ्वी पर जा तपस्या करके प्रायश्चित्त करना पड़ेगा।' इस तरह शाप दिये जाने पर पार्वती गङ्गाके किनारे तपस्या करने लगीं। बहुत समय व्यतीत होने पर आकाशवाणी हुई, 'काञ्चीपुरमें जा कर तपस्या करो।' इस पर पार्वती काञ्चीपुरमें जाकर तपस्या करने लगीं। उस स्थान पर बहुत समय बीत चुकने पर पुनः देववाणीके आदेशानुसार पार्वती अरुणाचल पर जा तपस्या करने लगी। इस समय पार्वतीने पञ्चाग्नि तप आरम्भ किया। कुछ कालके बाद महादेवजीने संतुष्ट हो कर पर्वत-शिखरके ऊपर ज्योतिर्मयरूपसे उन्हें दर्शन दिया। पार्वतीका प्रायश्चित्त समाप्त हो गया। हर-पार्वती उसी मूर्त्तिमें अरुणाचल पर ही रहने लगे। अरुणाचल पर अभी महादेव और महादेवीकी मूर्त्ति हैं। महादेव तिरु-वन्नमलैश्वर या अरुणाचलेश्वरके नामसे और महादेवी अपीत कुचाम्बल या उन्नमलै नामसे अभिहित हैं। यहां विघ्नेश्वर, सुब्रह्मण्य, चण्डिकेश्वर प्रभृति देवमूर्त्तियोंकी पृथक् पृथक् पूजा होती है। दाक्षिणात्यके विधानानुसार अरुणाचलेश्वरकी भी दो मूर्त्तियां हैं, एक स्थावरमूर्त्ति और दूसरी उत्सवमूर्त्ति। मूलमूर्त्ति पत्थरकी और उत्सव-मूर्त्ति धातुकी बनी हुई हैं। अरुणाचलेश्वर किस समयकी प्रतिमा हैं उसका कोई निश्चय नहीं है, किन्तु अनुमान किया जाता है यह चोलराजाओंके समयमें स्थापित हुई है। मन्दिर भुरभुरा (Granite) पत्थरका बना हुआ है।

मन्दिरके चारों ओर प्राङ्गण है और प्राङ्गणके चारों तरफ दुर्भेद्य पत्थरकी दीवार। दक्षिण प्रदेशके युद्धादिके समय ये समस्त उच्च प्राचीर वेष्टित देव मन्दिरादि एक प्रकारके सुदृढ़ स्थान सदृश व्यवहृत होते थे। १७५३ ई०में मूर्त्तजा अली और महाराष्ट्रीय सेनापति मुरारिरावने यह मन्दिर अवरोध किया था; किन्तु कर्णाटकके नवाबद्वारा मन्दिरकी रक्षा की गई। १७५७ ई०में फ्रान्सीसियोंने यह स्थान अधिकार किया।

१८५७ ई०में निजामके उमरावने पुनः इस पर दखल किया। १७६० ई०में कप्तान टिफिनने कर्णाटकके नवाबकी ओरसे इसका उद्धार किया। १७९१ ई०में यह टीपूके हाथ लगा। अन्तमें १७९९ ई०को टीपूके साथ सन्धि हो जाने पर यह अंगरेजोंके अधिकारमें आया।

मन्दिरके बाहरकी दीवार पर चार गोपुर हैं। मन्दिर सात प्रकोष्ठमें विभक्त है। सामनेका प्रकोष्ठ उत्सव-मण्डप कहलाता है। इसके पीछे शेष छः प्रकोष्ठ हैं। ये प्रकोष्ठ क्रमशः छोटे और अन्धकारमय हैं। प्रत्येक प्रकोष्ठके दरवाजे पर प्रकाश देनेकी अच्छी व्यवस्था की गई है। दिनके समय भी यहां रोशनी दी जाती है। अन्तिम प्रकोष्ठ सबसे छोटा और अन्धकारमय है। इस घरका नाम मूलस्थान है और यहीं देवताकी स्थावरमूर्त्ति विराजित हैं। घरमें वायु या प्रकाश आनेकी अच्छी व्यवस्था नहीं है। इस अन्धकारको दूर करनेके लिये हमेशा रोशनीकी जरूरत पड़ती है। मूलस्थानमें पूजकके सिवा दूसरेको जानेका अधिकार नहीं है। यात्री लोग मूर्त्ति देखनेके लिये दरवाजे पर खड़े रहते हैं और पूजक भीतर जाकर उनके प्रतिनिधि-स्वरूप अष्टोत्तरशत या सहस्र नाम पाठ द्वारा अर्चना करते हैं। नारियल, केला, पान और सुपारी नैवेद्य दिया जाता है। पीछे पूजक कपूर जला कर वेद-पाठ करते हुये आरती उतारते हैं और उसी प्रकाशमें यात्री लोग देवता दर्शन करते हैं। कार्त्तिककी शुक्ल-चतुर्दशीसे पूर्णिमा तक अरुणाचलेश्वरका वार्षिक उत्सव होता है, जिसे प्रदीपोत्सव कहते हैं। उत्सवके अन्तिम दिनमें जनताका अधिक जमाव होता है। इस उत्सवके उपलक्ष्यमें प्रायः ५।७ लाख मनुष्य एकत्र होते हैं। डेपुटि मजिष्ट्रेट शान्तिरक्षाके लिये इसमें पहुंचते हैं। पुलिस-इन्स्पेक्टर स्वयं मन्दिर द्वार पर रखवाली करते हैं। मण्डपकी छतके एक अंशमें शाहजीके आसन देखे जाते हैं। इस

मनुष्योंसे भर जाता है। रथयात्राके बाद ही कृष्णपक्ष और पञ्चमूर्त्ति दीपोंसे भगवन्मूर्त्ति नाना मणिमुक्ताके अलङ्कारोंसे भूषित कर कंधे पर रख कर नगरमें लाई जाती है। सूर्यास्तमें कर्पूरका प्रकाश शिखरमें टांग कर पहाड़के सर्वोच्च शिखरमें लाया जाता है। उसी समय एक प्रकारकी आतशबाजी होती है और तब कपूरके प्रकाशका आवरण अलग किया जाता है। आतशबाजीके ऊपर जाने पर अरुणाचलका सर्वोच्च प्रकाशमय हो जाता है। यहां एक कुण्ड है जिसे स्कन्दपुराणके मतसे भगवतीने तपस्याका अग्निकुण्ड कहते हैं। इस कुण्डमें पहलेसे घी, नया कपड़ा और कपूर इत्यादि दिये जाते हैं और वहां एक मनुष्य होमसे लेकर हमेशा खड़ा रहता है। मन्दिर-प्राङ्गणमें आतशबाजी ऊपर उठने पर ही उस कुण्डमें आग लगा दी जाती है और यह प्रकाश बहुत दूरसे देखनेमें आता है। यहांके बहुतसे लोग इस दिन उपवासी रहते और प्रकाशको देख अन्नग्रहण करते हैं। इस मन्दिरका सर्व निर्वाहके लिये वृटिश-सरकार प्रति वर्ष ८ हजार रुपये देती है। मन्दिरके अभिभावक 'धर्म-कर्त्ता' नामसे पुकारे जाते हैं। प्रवाद है, कि गौतम मुनिने यहां तपस्या की थी। वे चिरजीवी हैं, अभी भी हर एक रातको वे अरुणाचलेश्वरकी पूजा कर जाते हैं।

२०से ४० तक ब्राह्मणकुमार यहां वेद अध्ययन कर सकते हैं। जिस प्रति जो नियमित भोग चढ़ाया जाता है, उसे अध्यापक ब्राह्मण और पूजक भोग पाते हैं। दाक्षिणात्यके नियमानुसार इस मन्दिरमें भी देवदासी हैं जिनकी संख्या लगभग ५० है।

यहां बहुतसे धर्मशाला हैं, जहां ब्राह्मण यात्री तीन दिन तक बिना खर्चके भोजन पाते हैं। शूद्र जातिके लिये पृथक् धर्मशाला भी है जहां वे केवल रह सकते हैं, किन्तु भोजन नहीं मिलता। रसोई करनेके लिये बरतन मिलता है।

इस देशके नटकोटा सेठी प्रधान धनी हैं। उन्होंने अनेक स्थानोंमें धर्मके निमित्त और यात्रियोंके सुविधाके लिये बहुतसे छत्र बना दिये हैं।

तिरुवत्तुर १—दक्षिण आर्काट जिलेके तिरुपुरम् शहरसे १ कोस पूर्वमें अवस्थित एक ग्राम। यहां एक प्राचीन शिवमन्दिर है, जिसमें बहुतसे शिलालेख देखे जाते हैं।

तिरुवत्तुर (तिरुवाडी)—मन्द्राजके अन्तर्गत तञ्जोर जिलेका एक शहर। यह अक्षा० १०°५३' उ० और देशा० ७९°६' पू०में तञ्जोर शहरसे ६ कोस उत्तर कावेरी नदीके किनारे अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ७८११ है। तञ्जोरके प्रथम आक्रमणके समय शिवाजीने यहीं स्कन्धावार स्थापित किया था। यहां पञ्चनदका एक प्राचीन शिवमन्दिर है। मन्दिर देखनेमें सुन्दर और कारुकार्य-विशिष्ट है। इसकी मरम्मत प्रधान लोगोंने की है। उत्सवके समय हजारों यात्री एकत्रित होते हैं। इसका नाम गरुडग्राम है। इस स्थानके देवताका नाम तिरुनन्दि या तिरुनन्दिकेश्वर है। एक तो उत्सव, दूसरे यहांकी पुष्करिणीमें स्नान करनेके लिये यात्रियोंकी संख्या और भी बढ़ जाती है। यात्री बहुत दूर दूर देशोंसे आया करते हैं। दशहराके दिन महास्नान करनेसे जो फल मिलता है, वही फल यहां स्नान करनेसे प्राप्त होता है। शिवमन्दिरके प्राङ्गणमें एक कुण्ड अवस्थित है। कहते हैं कि न्यायमित्र नामक किसी ऋषिने यहां स्वयम्भू शिवलिङ्गकी तपस्या की थी। तपस्यासे सन्तुष्ट हो कर शिवजीने उनसे कहा, 'लिङ्गमूर्त्तिके समीप उत्तरकी ओर तीन लोटरे छिद्र हैं। उन्हींको खोदनेसे आपकी मनस्कामना पूरी होगी।' तदनुसार ऋषिने सब ढूंढ़ कर खोदा, तो उसमेंसे ईंटोंका, चूना-सुरखीका और सोनेमें मोतीका ढेर मिला। बाद ऋषिने उसी सामानोंसे स्वयम्भू लिङ्गके ऊपर वर्त्तमान मन्दिर बनवाया। न्यायमित्रके शिष्योंमें प्रवाद है, कि चिदम्बरम नामक कोई ब्राह्मण थे। शिवरात्रिमें जब वे अनुष्ठानमें लीन रहे थे, एक ऋषिकी दृष्टि उन पर पड़ी। कौतुक करनेके लिये बालक चिदम्बरने ऋषिके शिरपर उपदेशके बहाने एक मोह डाल दिया। ऋषि बिना कुछ कहे चल दिये। वयःप्राप्त होने पर चिदम्बर इस सामान्य घटनाको भूल गये। क्रमशः विवाहादि कर संसारधर्ममें प्रवृत्त हुए। बहुत दिन बीत गये, पर उनसे एक भी सन्तान न हुई। अतः वे बहुत दुःखित हो नाना धर्मानुष्ठान और व्रतनियमादि करने लगे। एक

दिन सपनेमें उस ऋषिने दर्शन दिया और उनके शैशव अतिके कुकर्मोंके लिये मृदु तिरस्कार करते हुए कहा, उसी कर्मदोषसे आपने अब तक पुत्रमुख दर्शन नहीं किया है।' बाद त्रिशूलीने इसके लिये प्रायश्चित्त करनेको यों विचारा—"मोहमदमें पड़ कर शैशवकालमें ऋषिको खानेके लिए मैंने जो पत्थर भिक्षामें दिया था, अभी मुझे वही भोजन करना उचित है।" ऐसा स्थिर कर वे अन्यान्य खाद्य त्याग कर छोटे छोटे पत्थरके टुकड़े खाने लगे। उनका नाम शिलातरण (शिलाभक्षक) पड़ा। प्रायश्चित्तसे सन्तुष्ट हो कर भगवान्ने अपना दर्शन दिया और कहा, 'जमीन खोदने पर एक बक्स और उसमें एक शिशु मिलेगा।' वैसा ही हुआ। त्रिशूलीको जो बच्चा मिला, उसका मनुष्य सा शरीर और गौसा मुख था। शिशुको पा कर त्रिशूलीने उसे महादेवके नाम पर अर्पण कर दिया। महादेवने उसे अपने अनुचरोंका अधिनायक बनाया। इसीका नाम था तिरुनन्दि या त्रि-नन्दी। जो शिवजीका वाहन कह कर प्रसिद्ध है। ८ ऋषिकी बहनके साथ त्रिनन्दीका विवाह हुआ था। त्रिनन्दीको प्रमथाधिपत्व-दानके समय जब अभिषेक होता है, तब उनके मस्तक पर शिवके हस्तस्थ कमण्डलुका जल, शिवके मस्तकस्थ गङ्गाजल, शिववाहन वृषभके मुखका जल और चन्द्रमासे अमृतधारा गिरती है, त्रिनन्दीके मस्तक परसे यह चार प्रकारका जल गिर कर नदीको धाराके साथ एक गह्वरमें जमा हो जाता है। इसी गह्वरमें वर्त्तमान पञ्चनाली सरोवर है। वर्त्तमान शियाली शहरके समीप प्राचीनकालमें इन्द्रका एक दिव्य कानन था। एक बार वर्षा नहीं होनेसे यह बिलकुल सूख गया था। अदृष्टके अधिकारमें असमर्थ रहनेके कारण इन्द्र इसका कुछ भी प्रतीकार कर न सके। बाद नारदसे पा कर उनसे कहा, 'पधियम् नामक पर्वतशिखर पर अगस्त्य ऋषिने कमण्डलुमें गङ्गाजल-रख छोड़ा है। यदि आप विघ्नहर नामक देवताकी सहायतासे उस जलको गिरा सकें तो आपकी इच्छा पूरी हो। इन्द्रने ऐसा ही किया। विघ्नहर गो-मूर्ति धारण कर कमण्डलुका जल पीने गये। अगस्त्यने सामान्य गो जान कर उसे हटा दिया। ऐसा करनेमें कमण्डलु उलट गया और जल नदीके रूपमें बह चला। यही नदी पूर्वोक्त अभिषेक-जलके साथ मिल कर बहते पञ्चनालीगह्वरमें गिरी है, यद्यपि इसीके जलसे कावेरी नदीकी उत्पत्ति हुई है।

त्रिनन्दी उत्सवके समय आठ कन्धे पर सात स्वतन्त्र स्थानोंमें लाये जाते हैं। कहते हैं कि इन सात स्थानोंमें सात ऋषि शुभभावसे तपस्या करते हैं। उन्हींको दर्शन देनेके लिये ही ऐसा किया जाता है। प्राचीनकालमें सूर्यवंशीय महाराज मुख्य इस उत्सवमें बहुत रुपये खर्च करते थे। तञ्जोर-तालुक बोर्डके निरीक्षणमें यहां एक संस्कृत हाईस्कूल है। इसके सिवा एक वैदिक-स्कूल और एक अंगरेजी हाईस्कूल भी है।

तिरुवरङ्ग—दक्षिण-आर्कट जिलेमें कल्लकुरिच शहरसे १० कोस दक्षिण-पूर्वमें अवस्थित एक स्थान। यहां एक प्राचीन विष्णुमन्दिरमें बहुतसी शिलालिपियां पाई जाती हैं।

तिरुवरम्बुर—त्रिचिनापल्ली जिलेमें तञ्जोरके रास्ते पर अवस्थित एक स्थान। यह त्रिचिना पल्ली शहरसे ७ कोस पूर्व और उत्तरमें पड़ता है। यहां एक रेलवे स्टेशन है। इसके पास ही एक ऊंचे पहाड़के ऊपर एक सुन्दर शिवमन्दिर है। दूरसे इस मन्दिरकी शोभा अपूर्व दीख पड़ती है। इसकी दीवारमें बहुतसे शिलालेख मिलते हैं। इस स्थानका दूसरा नाम एरुम्बेश्वर है।

तिरुवम—त्रिवाङ्कुड़ राज्यका एक स्थान जो कुइलन् शहरसे १० कोस उत्तरमें अवस्थित है। यहां एक अति प्राचीन मन्दिर है। त्रिवन्द्रम्के प्रसिद्ध मन्दिरके बाद ही इस स्थानके मन्दिरका उल्लेख किया जाता है।

तिरुवनङ्कड—तञ्जोर जिलेके सियाली शहरसे ६ कोस दक्षिण-पूर्वमें अवस्थित एक ग्राम। यहां एक प्राचीन शिव-मन्दिर है, जिसमें बहुतसे शिलालेख खुदे हुए हैं और यहांके कल्लमहाडिके मन्दिरमें एक ताम्रशासन है।

तिरुवलञ्जुरि—तञ्जोर जिलेके कुम्भकोणम् तालुकका एक स्थान। यह कुम्भकोणम् शहरसे डेढ़ कोस दक्षिण पश्चिममें अवस्थित है। यहां एक प्राचीन शिवमन्दिर है जिसमें बहुतसे प्राचीन शिलालेख पाये जाते हैं। यह मन्दिर अत्यन्त वृहत् और सुन्दर गोपुर-विशिष्ट है।

तिरुवल्लम—उत्तर-आर्काट जिलेके वेल्लूर शहरसे ५ कोस उत्तर-पूर्वमें अवस्थित एक ग्राम और रेलवे स्टेशन। यहांके बिल्वनाथेश्वर स्वामीका मन्दिर अत्यन्त बड़ा है। उसकी दीवार पर बहुतसे अस्पष्ट शिलालेख खुदे हुए हैं।

तिरुवल्लुवर—एक प्रसिद्ध तामिल कवि और दार्शनिक।
त्रिवल्लुवर देखो।

तिरुवाटोर—मन्द्राज प्रदेशके त्रिवांकुड़ राज्यका एक ग्राम। यह अक्षा० ८° १५' उ० और देशा० ७७° १८' पू० त्रिवन्द्रम् शहरसे २१ कोस दक्षिण-पूर्वमें अवस्थित है। यहांकी जनसंख्या १८१८ है। यह त्रिवांकुड़ राज्यकी प्राचीन राजधानी है। यहां एक प्राचीन शिवमन्दिर है जिसमें बहुतसे शिलालेख भी खुदे हुए हैं। त्रिवांकुड़ देखो।

तिरुवारूर—१ मन्द्राज प्रदेशके तञ्जोर जिलेके अन्तर्गत नागपत्तन तालुकका एक शहर। यह अक्षा० १०° ४६' उ० और देशा० ७९° ३८' पू०में तञ्जोर-नागपत्तन रेलवे पर अवस्थित है। यहांकी लोकसंख्या प्रायः १५४१६ है। यहां डिपुटी तहसीलदार और जिलेके मुनसिफ रहते हैं। यहां पावनकोलम, हाईस्कूल तथा बहुतसे प्राचीन देवमन्दिर हैं।

२ चेङ्गलपट्टु जिलेमें और एक विष्णुधाम है, वह भी तिरुवारूर नामसे प्रसिद्ध है। यह मन्द्राजसे १२ कोसकी दूरी पर अवस्थित है। यहांकी लोकसंख्या प्रायः पांच हजारसे अधिक नहीं होगी। यहां एक रेलस्टेशन भी है। यहांकी विष्णुमूर्त्ति देखनेके लिये दूर दूरसे मनुष्य आते हैं। यहां हृत्तापनाशिनी नामका एक तीर्थ है। प्रवाद है, कि शालिहोत्र ऋषिने बहुत समय तक इस हृत्तापनाशिनीके किनारे कठोर तपस्या की थी। तपस्यासे सन्तुष्ट होकर विष्णुने उन्हें दर्शन दिया। ऋषिने वर मांगा कि इस सरोवरमें स्नान करनेसे महापापीका भी पाप दूर हो। विष्णु उनके मस्तक पर हाथ रख 'ऐसा ही होगा' कह कर अन्तर्धान हो गये। तभीसे यह तीर्थ हृत्तापनाशिनी नामसे प्रसिद्ध है। यहांकी दक्षमाताया चतुर्भुज विष्णुमूर्त्तिका एक हाथ शालिहोत्र ऋषिके मस्तक पर रखा हुआ दीख पड़ता है। एक मन्दिरमें कनकवल्ली देवी विराजमान हैं। कहा जाता है कि यह मूर्त्ति स्वयंभूताके अनुरूप है। यहां भी कई एक शिलालेख देखे जाते हैं।

तिरुर—मन्द्राजके मलबार जिलेके अन्तर्गत पोन्नाई तालुकका एक ग्राम। यह अक्षा० १०° ५३' उ० और देशा० ७५° ५६' पू०में अवस्थित है। लोकसंख्या लगभग ४४११ है। यह एक रेलवे स्टेशन है।

तिरुरङ्गाडी—मन्द्राजके मलबार जिलेके अन्तर्गत एरनाड तालुकका एक शहर। यह अक्षा० ११° २' उ० और देशा० ७५° ५६' पू०में अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ५४०० है। यहां डिपुटी-तहसीलदार और सहकारी मजिस्ट्रेटकी अदालत तथा प्रसिद्ध मापिला फकीर मामाम टङ्गलकी एक समाधि है। मछली, सुपारी और नारियल यहांका वाणिज्यद्रव्य है।

तिरेंदा (हिं० पु०) समुद्रमें तैरता हुआ पीपा। समुद्रका पानी जहां छिछला रहता है वहीं पर संकेतके लिये यह रखा जाता है। २ मछली मारनेकी बंसीमें बंधी हुई पांच छः अंगुलकी लकड़ी। यह लकड़ी पानीमें तैरती रहती है और इसके डूबनेसे मछलीके फंसनेका पता लगता है।

तिरै (हिं० पु०) फीलवानोंका एक शब्द। जिसे वे चलते हुए हाथियोंको बिठानेमें प्रयोग करते हैं।

तिरोअह्न्य (वै० त्रि०) अहनि भवं अह्न्यं तिरोहितम्। तिरोहितोऽह्नः। एक दिनका पर्युषित।

तिरोगत (सं० त्रि०) अदृश्य, गायब।

तिरोजन (सं० अव्य०) मनुष्यसे पृथक्।

तिरोध (सं० स्त्री०) तिरस्-धा-क्विप्। अन्तर्धान, अदर्शन।

तिरोधातव्य (सं० त्रि०) तिरस्-धा-तव्य। आच्छादन योग्य, ढाकने लायक।

तिरोधान (सं० क्लो०) तिरस् धा-भावे ल्युट्। अन्तर्धान, अदर्शन, गोपन।

तिरोधायक (सं० पु०) गुप्त करनेवाला, छिपानेवाला। आड़ करनेवाला।

तिरोभवित (सं० त्रि०) तिरस् भू-क्त। १ तिरोभाव, अन्तर्धान। २ गुप्तभाव, गोपन, छिपाव।

तिरोभाव (सं० पु०) तिरस् भू-भावे घञ्। १ अन्तर्धान,

अदर्शन, लोप। २ आच्छादन। ३ गुप्तभाव, छिपाव।

तिरोभूत (सं॰ त्रि॰) तिरस्-भू-क्त। अन्तर्हित, गुप्त, छिपा हुआ।

तिरोरा—मध्य-प्रदेशके भण्डारा जिलेकी उत्तरीय तहसील। यह अक्षा॰ २१° १०' और २१° ४०' उ॰ तथा देशा॰ ७९° ४१' और ८०° ४' पू॰के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ११२८ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः २८१५२४ है। इस तहसीलमें ५०१ ग्राम और ११ जमींदारियाँ हैं। जमींदारी-टैंटका रकबा ७६८ वर्गमील है, जिसमें १६२ वर्गमील जंगल है।

तिरोवर्ष (सं॰ त्रि॰) तिरः तिरोहिताः वर्षाः यत्र। वृष्टिसे रक्षित, जिसका बरसातसे बचाव हुआ हो।

तिरोहित (सं॰ त्रि॰) तिरस्-धा-क्त। १ अन्तर्हित, अदृष्ट, छिपा हुआ। २ आच्छादित, ढका हुआ।

तिरोऽह्ना—तिरोवाह्ना देखो।

तिरौदा (हिं॰ पु॰) तिरेंदा देखो।

तिरौरी—पञ्जाबके कर्नाल तहसील और जिलेका एक ग्राम। यह अक्षा॰ २९° ४८' उ॰ और देशा॰ ७६° ५८' पू॰के मध्य थानेसर से १४ मील दक्षिणमें अवस्थित है। ११९१ ई॰में अजमेरके चौहान राजा पृथ्वीराजने महम्मद घोरको इसी स्थान पर परास्त किया था और फिर ११९२ ई॰में आप भी यहीं पर परास्त हुए थे। इसका प्राचीन नाम आजमाबाद है, क्योंकि यहां औरङ्गजेबके पुत्र आजमशाहका जन्म हुआ था। १०३८ ई॰में नादिरशाहने इसे जीता था। पहले यह समृद्धशाली शहर था, आज कल इसकी अवस्था शोचनीय है।

तिर्य (सं॰ त्रि॰) तिम-निर्मित, जो तिमका बना हो।

तिर्यक् (सं॰ त्रि॰) वक्र, टेढ़ा, आड़ा, तिरछा। मनुष्यको छोड़ पृथिवीके समस्त जीव तिर्यक् कहलाते हैं, क्योंकि पशु पक्षी आदिके शरीरका विस्तार ऊपरकी ओर नहीं रहता, आड़ा हो जाता है। इनका खाया हुआ अन्न पेटमें सीधे ऊपरसे नीचेको ओर नहीं जा कर आड़ा जाता है (पु॰)। २ पवन धातु, पारा।

तिर्यक्छिन्न (सं॰ त्रि॰) तिर्यक् वक्रभावेन छिन्नं वक्र भावसे छिन्न, जो तिरछा गिरा हो।

तिर्यक्ता (सं॰ स्त्री॰) तिर्यच्-भावे तल्। वक्रत्व, तिरछापन, आड़ापन।

तिर्यक्त्व (सं॰ क्ली॰) तिर्यच् भावे त्व। १ वक्रत्व, तिरछापन।

तिर्यग्गति (सं॰ स्त्री॰) तिरश्ची गतिः कर्मधा॰। वक्रगति, तिरछी चाल।

तिर्यक्पाती (सं॰ त्रि॰) तिर्यक् पतति पत-णिनि। १ वक्र प्रसारित, आड़ा फैलाया हुआ। २ कुटिलवृत्तिशाली, जो कुटिल वृत्तिका हो।

तिर्यक्प्रमाण (सं॰ क्ली॰) तिर्यक् प्रमाणः कर्मधा॰। विस्तार-प्रमाण, चौड़ाई।

तिर्यक्प्रेक्षण (सं॰ त्रि॰) तिर्यक् प्रेक्षणं यस्य, बहुव्री॰। वक्रदृष्टिकारी, तिरछी नजरसे देखनेवाला।

तिर्यक्प्रेक्षी (सं॰ त्रि॰) तिर्यक् यथा तथा प्रेक्षते प्र-ईक्ष णिनि। वक्रदृष्टिकारी, जो तिरछी नजरसे देखता हो।

तिर्यक्भेद (सं॰ पु॰) दो आधार पर रक्खी हुई वस्तुका बीचमें दबाव पड़नेसे टूटना।

तिर्यक्लोक (सं॰ पु॰) जैनमतानुसार वह लोक जहां मनुष्य, देव और नारकियोंका अस्तित्व न हो। यह लोकस्थित नाड़ीके बाहर है। 'जैनधर्म' शब्दमें लोकरचना देखो।

तिर्यक्व्यतिक्रम (सं॰ पु॰) जैनमतानुसार दिग्व्रतका एक अतीचार। दिग्विरतिव्रत देखो।

तिर्यक्स्रोतस् (सं॰ पु॰) तिर्यक् वक्रं स्रोतः आहारसञ्चारो यस्य, बहुव्री॰। पशु पक्षी प्रभृति। भागवतमें इनके विषयमें इस प्रकार लिखा है—तिर्यक्स्रोताओं अर्थात् पशुपक्षियोंकी सृष्टि षष्ठम है। ये २८ प्रकारके माने गये हैं। ये ज्ञानशून्य तथा तमोगुणविशिष्ट हैं, इसीसे आहारादिमात्रपरायण हैं। ये केवल घ्राणेन्द्रिय द्वारा ही अपने अर्थको सिद्ध करते हैं, इनके अन्तःकरणमें किसी प्रकारका ज्ञान नहीं बतलाया गया है। तिर्यक्स्रोताओंके नाम—(दो खुरवाले) गाय, बकरी, भैंस, कृष्णसारमृग, सूअर, नीलगाय, रुरु नामक मृग, भेड़ और ऊंट; (एक खुरवाले-) गदहा, घोड़ा, खच्चर, गौरमृग, शरभ, सुरागाय; (पञ्चनख) कुत्ता, गीदड़, भेड़िया, बाघ, बिल्ली, खरहा, सिंह, बन्दर, हाथी, कछुआ,

तिरुवल्ल—उत्तर-आर्काट जिलेके वेल्लुर शहरसे ५ कोस उत्तर-पूर्वमें अवस्थित एक ग्राम और रेलवे ष्टेशन। यहांके विरञ्चनाथेश्वर स्वामीका मन्दिर अत्यन्त बड़ा है। उसकी दीवार पर बहुतसे अस्पष्ट शिलालेख खुदे हुए हैं।

तिरुवल्लुवर—एक प्रसिद्ध तामिल कवि और दार्शनिक त्रिवल्लूवर देखो।

तिरुवाङ्कोड़—मन्द्राज प्रदेशके त्रिवाङ्कुड़ राज्यका एक ग्राम। यह अक्षा० ८° १५´ उ० और देशा० ७७° १८' पू० त्रिवन्द्रम् शहरसे २१ मील दक्षिण-पूर्वमें अवस्थित है। यहांकी जनसंख्या १८३८ है। यह त्रिवाङ्कुड़ राज्यकी प्राचीन राजधानी है। यहां एक प्राचीन शिवमन्दिर हैं जिसमें बहुतसे शिलालेख भी खुदे हुए हैं। त्रिवांकुड़ देखो।

तिरुवालूर—१ मन्द्राज प्रदेशके तञ्जोर जिलेके अन्तर्गत नागपट्टन तालुकका एक शहर। यह अक्षा० १०° ४६´ उ० और देशा० ७९° ३८´ पू०में तञ्जोर-नागपट्टन रेलपथ पर अवस्थित है। यहांकी लोकसंख्या प्रायः १५४३६ हैं। यहां डिपुटी तहसीलदार और जिलेके मुनसिफ रहते हैं। यहां चावलकोकल, हाई-स्कूल तथा बहुतसे प्राचीन देव-मन्दिर है।

२ चेङ्गलपट्टु जिलेमें और एक विष्णुधाम है, यह भी तिरुवल्लूर नामसे प्रसिद्ध है। यह मन्द्राजसे १३ कोसकी दूरी पर अवस्थित है। यहांकी लोकसंख्या प्रायः पांच हजारसे अधिक नहीं होगी। यहां एक रेल-ष्टेशन भी है। यहांकी विष्णु मूर्त्ति देखनेके लिये दूर दूरके मनुष्य आते हैं। यहां हृत्तापनाशिनी नामका एक तीर्थ है। प्रवाद है, कि शालिहोत्रज ऋषिने बहुत समय तक इस हृत्तापनाशिनीके किनारे कठोर तपस्या की थी। तपस्यासे सन्तुष्ट होकर विष्णुने उन्हें दर्शन दिया। ऋषिने वर मांगा कि इस सरोवरमें स्नान करनेसे महापापीका भी पाप दूर हो। विष्णु उनके मस्तक पर हाथ रख 'ऐसा ही होगा' कह कर अन्तर्धान हो गये। तभीसे यह तीर्थ हृत्तापनाशिनी नामसे प्रसिद्ध है। यहांकी अनन्तशायी चतुर्भुज विष्णुमूर्त्तिका एक हाथ शालिहोत्रज ऋषिके मस्तक पर रखा हुआ दीख पड़ता है। एक मन्दिरमें कनकवल्ली देवी विराजमान है। कहा जाता है कि यह मूर्त्ति स्वर्णसीताके अनुरूप है। यहां भी कई एक शिलालेख देखे जाते हैं।

तिरुर—मन्द्राजके मलवार जिलेके अन्तर्गत पोनाई तालुकका एक ग्राम। यह अक्षा० १०° ५३´ उ० और देशा० ७५°५६´ पू०में अवस्थित है। लोकसंख्या लगभग ४४४४ है। यह एक रेलवेष्टेशन है।

तिरुरङ्गाड़ी—मन्द्राजके मलवार जिलेके अन्तर्गत अर्णाड़ तालुकका एक शहर। यह अक्षा० ११°२´ उ० और देशा० ७५° ५६´ पू०में अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ५४०० हैं। यहां डिपटी-तहसीलदार और सहकारी मजिष्ट्रेटको अदालत तथा प्रसिद्ध मापिल्ल फकीर तारामल टङ्गलको एक समाधि है। मछली, सुपारी और नारियल यहांका वाणिज्यद्रव्य है।

तिरेंदा (हिं० पु०) समुद्रमें तैरता हुआ पीपा। समुद्रका पानी जहां छिछला रहता है वहीं पर संकेतके लिये यह रखा जाता। २ मछली मारनेकी वंसीमें बंधी हुई पाच छः अंगुलकी लकड़ी। यह लकड़ी पानीमें तैरती रहती है और इसके डुबनेसे मछलीके फंसनेका पता लगता है।

तिरे (हिं० पु०) फीलवानोंका एक शब्द। जिसे वे नहाते हुए हाथियोंको लिटानेमें प्रयोग करते हैं।

तिरोअह्ना (सं० वि०) अहनि भवं अह्नां भविच्छन्द-सोतियत्। तिरोहितोऽह्नाः। एक दिनसे अधिकका।

तिरोगत (सं० वि०) अदृश्य, गायब।

तिरोजन (सं० अव्य०) मनुष्यसे पृथक्।

तिरोध (सं० स्त्री०) तिरस्-धा-क्विप्। अन्तर्धान, अदर्शन।

तिरोधातव्य (सं० वि०) तिरस-धा-तव्य। आच्छादन-योग्य, ढाकने लायक।

तिरोधान (सं० क्ली०) तिरस् धा-भावे ल्युट्। अन्तर्धान, अदर्शन, गोपन।

तिरोधायक (सं० पु०) गुप्त करनेवाला, छिपानेवाला। आड़ करनेवाला।

तिरोभविष्ठ (सं० त्रि०) तिरस् भू-तृच्। १ तिरोभाव, अन्तर्धान। २ गुप्तभाव, गोपन, छिपाव।

तिरोभाव (सं० पु०) तिरस भू-भावे घञ्। १ अन्तर्धान,

अदर्शन, लोप। २ आच्छादन। ३ गुप्तभाव, छिपाव।

तिरोभूत (सं॰ त्रि॰) तिरस्-भू-क्त। अन्तर्हित, गुप्त, छिपा हुआ।

तिरोरा—मध्य-प्रदेशके भण्डारा जिलेकी उत्तरीय तहसील। यह अक्षा॰ २१° १०' और २१° ४०' उ॰ तथा देशा॰ ७९° ४३' और ८०° ४०' पू॰के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ११२८ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः २८१५२४ है। इस तहसीलमें ५७१ ग्राम और ११ जमींदारियाँ हैं। जमींदारी-इटका रकबा ७१८ वर्गमील है, जिसमें १६३ वर्गमील जंगल है।

तिरोवर्ष (सं॰ त्रि॰) तिरः तिरोहितः वर्षः यत्र। वृष्टिसे रक्षित, जिसका वरसातसे बचाव हुआ हो।

तिरोहित (सं॰ त्रि॰) तिरस्-धा-क्त। १ अन्तर्हित, अदृष्ट, छिपा हुआ। २ आच्छादित, ढका हुआ।

तिरोऽह्न—तिरोअह्न देखो।

तिरोंदा (हिं॰ पु॰) तिरेंदा देखो।

तिरौरी—पञ्जाबके करनाल तहसील और जिलेका एक ग्राम। यह अक्षा॰ २९°४८' उ॰ और देशा॰ ७६°५८' पू॰के मध्य थानेसर से १४ मील दक्षिणमें अवस्थित है। ११९१ ई॰में अजमेरके चौहान राजा पृथ्वीराजने महम्मद घोरीको इसी स्थान पर परास्त किया था और फिर ११९२ ई॰में आप भी यहीं पर परास्त हुए थे। इसका प्राचीन नाम अज़माबाद है, क्योंकि यहाँ औरङ्गजेबके पुत्र आज़मशाहका जन्म हुआ था। १७३९ ई॰में नादिर शाहने इसे लूटा था। पहले यह समृद्धशाली शहर था, आज कल इसकी अवस्था शोचनीय है।

तिर्य (सं॰ त्रि॰) तिर-निर्मित, जो तिरका बना हो।

तिर्यक् (सं॰ त्रि॰) वक्र, टेढ़ा, आड़ा, तिरछा। मनुष्यको छोड़ पक्षियोंके समस्त जीव तिर्यक् कहलाते हैं, क्योंकि खड़े होनेमें उनके शरीरका विस्तार ऊपरकी ओर नहीं रहता, आड़ा हो जाता है। इनका खाया हुआ अन्न पेटमें सीधे रूपसे नीचेकी ओर नहीं जा कर आड़ा जाता है (पु॰)। २ अयन धातु, पारा।

तिर्यक्छिन्न (सं॰ त्रि॰) तिर्यक् वक्रभावेन छिन्नं वक्र भावसे छिन्न, जो तिरछा गिरा हो।

तिर्यक्ता (सं॰ स्त्री॰) तिर्यच्-भावे तल्। वक्रत्व, तिरछापन, आड़ापन।

तिर्यक्त्व (सं॰ क्ली॰) तिर्यच् भावे त्व। १ वक्रत्व, तिरछापन।

तिर्यग्गति (सं॰ स्त्री॰) तिरश्ची गतिः कर्मधा॰। वक्रगति, तिरछी चाल।

तिर्यक्पाती (सं॰ त्रि॰) तिर्यक् पतति पत-णिनि। १ वक्र प्रसारित आड़ा फैलाया हुआ। २ कुटिलहस्तिगज, जो कुटिल हस्तिका हो।

तिर्यक्प्रमाण (सं॰ क्ली॰) तिर्यक् प्रमाणः कर्मधा॰। विस्तार-प्रमाण, चौड़ाई।

तिर्यक्प्रेक्षण (सं॰ त्रि॰) तिर्यक् प्रेक्षणं यस्य, बहुव्री॰। वक्रदृष्टिकारी, तिरछी नजरसे देखनेवाला।

तिर्यक्प्रेक्षी (सं॰ त्रि॰) तिर्यक् वक्रं यथा तथा प्रेक्षते प्र-ईक्ष-णिनि। वक्रदृष्टिकारी, जो तिरछी नजरसे देखता हो।

तिर्यक्भेद (सं॰ पु॰) दो आधार पर रक्खी हुई वस्तुका बीचमें दबाव पड़नेसे टूटना।

तिर्यक्लोक (सं॰ पु॰) जैनमतानुसार वह लोक जहाँ मनुष्य, देव और नारकियोंका अस्तित्व न हो। यह लोकस्थित नाड़ीके बाहर है। 'जैनधर्म' शब्दमें लोकरचना' देखो।

तिर्यक्व्यतिक्रम (सं॰ पु॰) जैनमतानुसार दिग्व्रतका एक अतीचार। तिर्यग्व्यतिक्रम देखो।

तिर्यक्स्रोतस् (सं॰ पु॰) तिर्यक् वक्रं स्रोतः आहारसञ्चारो यस्य, बहुव्री॰। पशु पक्षी प्रभृति। भागवतमें इसके विषयमें इस प्रकार लिखा है—तिर्यक्स्रोताओं अर्थात् पशुपक्षियोंकी सृष्टि अष्टम है। ये २८ प्रकारके माने गये हैं। ये ज्ञानशून्य तथा तमोगुणविशिष्ट हैं, इसीसे आहारादिमात्र परायण हैं। ये केवल घ्राणेन्द्रिय द्वारा ही अपने अर्थकी सिद्धि करते हैं, इनके अन्तःकरणमें किसी प्रकारका ज्ञान नहीं बतलाया गया है। तिर्यक्स्रोताओंके नाम—(दो खुरवाले) गाय, बकरी, भैंस, कृष्णसारमृग, सूअर, नीलगाय, रुरु नामक मृग, भेड़ और ऊँट; (एक खुरवाले-) गदहा, घोड़ा, खच्चर, गौर मृग, शरभ, सुरागाय; (पञ्चनख) कुत्ता, गीदड़, भेड़िया, बाघ, बिल्ली, खरहा, सिंह, बंदर, हाथी, कछुआ,

मेढक; (जलचर—) मकरादि जन्तु; (नभचर—) गीध, बगला, मोर, हंस, कौवा, पेचक इत्यादि।

तिर्यग (सं० पु०) तिर्यग ग, कुटिलगामी पशुपक्षादि, वे पशुपक्षी जिनकी चाल टेढ़ी हो।

तिर्यगतिक्रम (सं० पु०) जैनमतानुसार दिग्व्रतके पांच अतीचारोंमेंसे तीसरा अतीचार। पर्वतादिकी गुफाओं तथा सुरंग आदिमें टेढ़ा जाना, जिससे व्रतमें दोष लगे, तिर्यक्-अतिक्रम कहलाता है। (तत्त्वार्थसूत्र ७।३०)

तिर्यगन्तर (सं० क्लो०) दो द्रव्योंके मध्यस्थानका परिमाण।

तिर्यगयन (सं० क्लो०) तिरश्चां अयनं, ६ तत्। १ पशुपक्षियोंकी गति तिर्यक् अयनं कर्मधा०। २ वक्रगति, टेढ़ी चाल।

तिर्यगागत (सं० त्रि०) तिर्यक् वक्रभावेन आगतः। जो वक्रभावसे आता हो।

तिर्यगीक्ष (सं० त्रि०) तिर्यक् ईक्ष-अच्। वक्रभावसे देखना, जो तिरछी नजरसे देखता हो।

तिर्यगीश (सं० पु० कृष्णका एक नाम।

तिर्यगेकादश—जैनमतानुसार ग्यारह तिर्यक् प्रकृतियोंका नाम। तिर्यग्गति आदि २, एकेन्द्रियादि जाति ४, आताप उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण—ये ११ तिर्यक् प्रकृतियां हैं। इनका उदय तिर्यग्गतिमें ही होता है; इसीसे 'तिर्यगेकादश' ऐसा पड़ा है।

(गोम्मटसार कर्मकाण्ड ४१४) देखो।

तिर्यग्ग (सं० त्रि०) तिर्यक् गच्छति तिर्यक्-गम-ड। कुटिलगामी, जिसकी गति टेढ़ी हो।

तिर्यग्गत (सं० त्रि०) तिर्यक् वक्रभावेन गतः। वक्रगामी।

तिर्यग्गति (सं० स्त्री०) तिरश्चो गतिः, कर्मधा०। १ वक्रगति, तिरछी या टेढ़ी चाल। कर्मवश पशु-योनि-प्राप्त। तिर्यग्गति देखो। (त्रि०) २ तिर्यक् गति यस्य। ३ वक्रगमन शील, जिसकी चाल टेढ़ी हो।

तिर्यग्गम (सं० क्लो०) तिर्यक् गमं गमनं। वक्रगमन, टेढ़ी चाल।

तिर्यग्गमन (सं० क्लो०) तिर्यक् गम्-ल्युट्। १ वक्र गमन, टेढ़ी चाल (त्रि०) तिर्यक् गमनं यस्य। २ वक्र। ३ गतिशील वायु।

तिर्यग्ज (सं० त्रि०) तिर्यक् जन ड। १ जो पक्षी इत्यादिसे उत्पन्न हो। (पु०) पक्षी इत्यादिकी जाति।

तिर्यग्जन (सं० पु०) तिर्यक् जनः कर्मधा०। कुटिल, कपटी मनुष्य आदमी।

तिर्यग्जाति (सं० स्त्री०) तिरश्चां जाति ६-तत्। पक्षिजाति।

तिर्यग्दिश् (सं० स्त्री०) तिर्यक् दिश्-क्विप्। उत्तरदिशा।

तिर्यग्धार (सं० पु०) तिर्यक् धृ-घञ्। वक्रधार, जिसका किनारा तेज हो।

तिर्यग्नासा (सं० स्त्री०) तिर्यक् नासा यस्य, बहुव्री०। वह जिसकी नाक तिरछी या टेढ़ी हो।

तिर्यग्भागव्रतिक्रम (सं० पु०) सागारधर्मामृत नामक जैन-ग्रन्थमें वर्णित अतीचार-भेद।

तिर्यग्यवोदर (सं० क्लो०) जौका दाना (Barley corn)

तिर्यग्यान (सं० क्लो०) तिर्यक् यानं यस्य, बहुव्री०। कुलीर, केकड़ा।

तिर्यग्योन (सं० पु०) शुकसारिकादि पक्षी-जाति, तोता और मैना पक्षीकी जाति।

तिर्यग्योनि (सं० स्त्री०) पशुपक्ष्यादि तिर्यक् जाति। गृहस्थ यदि ब्रह्मचारियोंका वेश धारण कर भिक्षादि द्वारा जीविका निर्वाह करें, तो वे तिर्यग्योनिको प्राप्त होते हैं। पशु, पक्षी, मृग, सरीसृप और स्थावर इन्हीं पांच भागोंमें तिर्यक्योनि विभक्त है।

तिर्यग्योन्यन्वय (सं० पु०) तिर्यक् योनीनां अन्वयः ६-तत्। पशुपक्ष्यादि जाति।

तिर्यग्विद्ध (सं० त्रि०) तिर्यक् भावेन विद्धः। सुश्रुतोक्त एक प्रकारका शिरावेध। तिर्यक् (वक्र)-भावसे अस्त्रपात होनेसे यदि समस्त अङ्ग कट जांय, केवल थोड़ा ही बच रहे तो उसे तिर्यग्विद्ध कहते हैं। यह तिर्यग्वेध अत्यन्त दूषणीय है। (सुश्रुत चिकि० ८अ०) २ जो तिर्यक्-भावसे विद्ध किया गया हो।

तिर्यङ्नास (सं० पु०) वह जिसकी नाक टेढ़ी हो।

तिर्यञ्च् (सं० पु०) तिरो अञ्चति तिरस् अञ्च-क्विप्, तिरसः तिरि आदेशः आद्येन लोपश्च। विहङ्ग प्रभृति, पक्षी इत्यादि। पाप करने पर मनुष्य पक्षी-योनिमें जन्म लेता

है। (भाग० ११।११।१२५) (त्रि०) २ वक्रगामी, जिसकी गति टेढ़ी हो।

तिर्यंच (सं० पु०) जैनमतानुसार मनुष्य, देव और नारकियोंके सिवा जगत्‌में जितने भी जीव हैं, वे सब तिर्यंच हैं। तिर्यंच जीवके दो भेद हैं—त्रस और स्थावर।

जैनधर्म शब्दमें जीव-तत्त्व प्रकरण देखो।

तिर्यंचानुपूर्वी (सं० स्त्री०) जैनमतानुसार जीवकी एक गति। इसमें उसे तिर्यंग्योनिमें जाते हुए कुछ काल तक रहना पड़ता है।

तिर्यंची (सं० स्त्री०) तिर्यच् स्त्रियां ङीप्। तिरश्ची, पशुपक्षियोंकी स्त्री मादा पशु या पक्षी।

तिल (सं० पु०) तिलति स्निह्यति तैलेन पर्णे भवति तिलक। स्वनामख्यात रबिशस्यविशेष (Sesamum Indicum)। इसके पर्याय—होमधान्य, पवित्र, पितृतर्पण, पापघ्न, पूतधान्य, जटिलफल और फलपुर।

तिलकी गिनती 'धान्यवर्ग'में की गई है। इसका व्यवहार संस्कृतमें प्राचीन है, यहां तक कि जब और किसी बीजसे तैल नहीं निकाला गया था, तब तिलसे निकाला गया। इस कारण उसका नाम ही "तैल" (तिलसे निकाला हुआ) पड़ गया। पर आज कल अन्यान्य तैलके बीजोंसे (सरसों, पोस्त, बादाम आदि) जो निर्यास निकलता है, वह भी "तैल" नामसे ही प्रसिद्ध हो गया है। अभी 'तेल' कहनेसे तिलका तेल न समझ कर सरसोंका तेल ही समझा जाता है।

तिल पोषमण्डलका शस्य है। पाश्चात्य उद्भिद्‌शास्त्रवेत्ताओंका अनुमान है, कि तिलका आदि स्थान अफ्रीका महाद्वीप है। आज तक केवल १२ जातिके तिल पाये गये हैं। अफ्रीकामें प्रायः बारह प्रकारके तिलोंमेंसे आठ प्रकारके तिल जङ्गली उपजते हैं। तैलवृक्ष बीजकी खेती अफ्रीकामें भी बहुत पहलेसे प्रचलित है। ग्रीक, लाटिन और अरबीय प्राचीन ग्रन्थकारोंके ग्रन्थोंमें सिसेम वा सिसेमम शब्द (अरबीय सिम्‌सिम्) पाया जाता है। प्लिनि इस और दिउस कोरिदिसने लिखा है, कि "मिस्रमें सिसेम नामक तिलवृक्ष भी अच्छी खेती होती है।" ओर्को कुछ और हो लिख गये हैं—कि तिल भारतवर्षसे इस देशमें लाया गया है। अरबीय "सेमसेम" वा "सिमसम" शब्दसे ही ग्रीक 'सिसेम' शब्द निकला है।

पाश्चात्य पण्डित लोग जो कुछ कहें, पर तिलका व्यवहार भारतवर्षमें बहुत पहलेसे चला आ रहा है। यूरोप जब अफ्रीकाका विवरण बिलकुल नहीं जानता था, अफ्रीकाकी जब पार्श्वीय सभ्यता विस्तृत नहीं हुई थी, तभीसे भारतमें तिलका व्यवहार प्रचलित है। पृथ्वीके प्राचीन ग्रन्थ वेदमें इसका उल्लेख है (अथर्ववेद २।८।३, ६।१४०।२, शुक्ल यजुर्वेद १८।१२ और शतपथब्राह्मणमें ९।१।१।३)। इसके सिवा हिन्दूके श्राद्ध और तर्पणादिमें बहुत प्राचीन कालसे तिलका व्यवहार चला आ रहा है। एतद्भिन्न भारतवर्षके विभिन्न स्थानोंकी विभिन्न भाषाओंमें इस शस्यके जितने भी नाम प्रचलित हैं, उन सभीमें तिल यह नाम एक प्रकार अविकृत भावसे लिया गया है। किसी दूसरे शस्यके नामोंको इस प्रकार समता भारतवर्षमें नहीं है। जिञ्जलि, जिल्जलि आदि अनेक नाम यद्यपि अरबीय 'जुल्‌जुलान्' शब्दका रूपान्तर है, तो भी यही आदिम नाम है, ऐसा नहीं कह सकते। भारतीय आयुर्वेद शास्त्र सबसे प्राचीन है। उसमें भी तिलके जातिभेदसे गुणभेद आदि बतलाये गये हैं। पोषमण्डलका शस्य जान कर मध्यभारतके किसी स्थानमें जङ्गली तिल यद्यपि नहीं भी मिलता है, तो भी हिमालय, अफगानिस्तान, फारस, अरब, मिस्र आदि देशोंमें जो इसकी खेती होती है, उससे अनुमान किया जाता है कि यह भारतका आदि शस्य न भी हो, पर यह आर्यों द्वारा इस देशमें पहले पहल लाया गया था, इसमें सन्देह नहीं। इसका आर्य-नाम तिल और ईरानी नाम 'सिमसिम' देख कर अनुमान किया जाता है कि बहुत पहले तिल एक ही स्थानमें उपजता था जहांसे इसकी खेती पूर्व और पश्चिमकी ओर फैलते फैलते बहुत दूर तक फैल गई है। अंगरेज लोग इसीके आधार पर कहते हैं कि यूफ्रेटीस नदीके किनारेसे ले कर उत्तर-भारत तक मध्यएशियाके किसी स्थानमें इसका आदि धाम था। उसी स्थानसे आर्य लोग इसे भारतवर्षमें, पीछे भारतीय द्वीपपुञ्जमें लाये। भारतमें प्रचार होनेके बहुत पीछे तिल अरब या यूरोपमें नहीं भेजा जाता था, यह संस्कृतशास्त्रके प्रमाणसे पता चलता है। जिन्होंने गर्भमें पहले तापसे भारतीय वस्तु द्रव्योंका विवरण संग्रह करनेके लिए

जो कर्मचारी नियुक्त हुए हैं, उनके अनुसन्धानसे प्रकाशित हुआ है कि पारसनाथ पहाड़में १५०० फुटसे ले कर ३५०० फुटकी ऊंचाई पर तथा हिमालयके उत्तर-दक्षिणांशमें इस जातिका शस्य जङ्गलीरूपमें पाया गया है। जङ्गली और खेती तिलमें बहुत फर्क पड़ता है। खेती तिलका फूल सफेद और जङ्गलीका काला होता है। पत्ते डंठल और मूलमें भी अनेक प्रभेद देखनेमें आते हैं।

प्लिनि और पेरिप्लसके ग्रन्थोंसे जाना जाता है, कि तिलका तेल गुजरात और सिन्धुदेशसे लोहितसागर होता हुआ यूरोपको जाता था।

आइन-इ-अकबरीमें श्वेत तिल और कृष्ण-तिलका उल्लेख है। यह आढ़ या आउस अनाजोंमें गिना गया है। आगरा, इलाहाबाद, अयोध्या, दिल्ली, लाहोर, मुलतान, मालवा आदि सूबोंमें इसकी खेती होती थी।

थोड़े ही दिनोंसे इसका कारोबार बहुत बढ़ गया है, विदेशोंको भी यह भेजा जा रहा है।

खेती—भारतवर्षके प्रायः गरम देशोंमें इसकी खेती होती है। ग्रीष्ममण्डलस्थ प्रदेशमें यह शीतकालका शस्य, दूसरी जगह शारद शस्य और शीत प्रदेशमें ग्रीष्मकालका शस्य है। पञ्जाब प्रदेशमें वर्षाकालमें इसकी खेती होती है। मध्यभारतमें और मन्द्राजमें वसन्त तथा शरत्कालमें इसकी फसल दो बार उपजायी जाती है। मध्यभारत और उत्तर-भारतकी बालुकामय भूमिमें इसकी जैसी वृद्धि और पुष्टि देखी जाती है, ब्रह्म, आसाम और बङ्गालकी सजल भूमिमें वैसी नहीं देखी जाती। तिल साधारणतः चार श्रेणियोंमें विभक्त है। लेकिन यह नहीं कह सकते कि, ये चार श्रेणियां जातिके अनुसार हैं अथवा खेतीके अवस्थानुसार। वर्ण देख कर यदि इसकी श्रेणी कायम की गई हो, तो भी इसकी संख्या चार ही है: श्वेत, कृष्ण, रक्त और धूसर। भारतवर्षमें कहीं भी इसका पौधा १८ इञ्चसे अधिक ऊंचा नहीं देखा गया है; कहीं कहीं तो इसकी ऊंचाई केवल तीन ही चार-फुट है। इसकी पत्तियां आठ-दश अंगुल तक लंबी और तीन-चार अंगुल चौड़ी होती हैं। वे नीचेकी ओर तो ठीक आमने-सामने मिली हुई लगती हैं, पर थोड़ा ऊपर चल कर कुछ अन्तर पर होती हैं। पत्तियोंके किनारे सीधे नहीं होते, टेढ़े-मेढ़े होते हैं। फूल गिलासके आकारका होता और ऊपर चार दलोंमें विभक्त रहता है। फूल सफेद रंगका होता है, केवल मुंह पर भीतरकी ओर बैंगनी धब्बे दिखाई देते हैं। यह सब देख कर मालूम पड़ता है, कि तिल और धानकी खेती प्रायः एक ही समयसे आरम्भ हुई है। धान्य देखो। किसी किसी तिलको पकनेमें तीन मास और किसीको ८।१० मास लगते हैं। इसके प्राचीन विषयका पता लगानेसे ऐसा विश्वास होता है, कि जितने प्रकारके तेलहन बीज हैं, उनमेंसे तिल ही सबसे पहले मनुष्योंके व्यवहारमें आया और इसीका तेल संसारमें प्रथम तेल हुआ।

पूर्व-भारतमें तिलका पौधा स्वतन्त्ररूपसे जनमता है। सफेद तिलकी पत्तियां काले तिलकी पत्तियोंसे चौड़ी होती हैं। फूलका रंग मटमैला और पत्तोंका गाढ़ा, उजला, सब्ज होता है। सफेद तिलका स्वाद मीठा, दाना मोटा और बड़ा होता है।

भारतवर्ष भरमें तिलकी खेती कहां और किस प्रकार होती है, वह नीचे दिया जाता है—

ढाका—लक्ष्मी नदीके किनारे इसकी खेती खूब होती है। यह धानके साथ ही मिला कर बोया जाता है। खेत तैयार होनेके समय पहले वर्षके धानकी जड़ यदि खेतमें रह गई हो, तो उसे जला देते हैं। बाद हल चलाते हैं। जमीन यदि अधिक सूख गई हो, तो हलके साथ साथ ही चौकी देनी चाहिये और यदि सरस हो, तो चौकी देनेकी जरूरत नहीं पड़ती। पहली बार खेत जोते जानेके पन्द्रह दिन बाद फिर एक बार तिरछे जोतते हैं। इसी प्रकार तीन चार बार जोत कर प्रति बीघेमें डेढ़ सेर तिल और १० दश सेर आमन धान एक साथ मिला कर बोते हैं। माघ फागुनसे ले कर चैत तक बोनेका अच्छा समय है। जब इसका अंकुर ४।५ इञ्चका हो जाता है, तब खेतको एक बार कुदालसे कोड़ते हैं और घने पौदे उपजने पर उनमेंसे कितनेको काट डालते हैं। दश पन्द्रह दिनके बाद खेतको एक दफा और कोड़ देनेसे सब घास मर जाती है। जेठके

खेतोंमें तिल पकने पर काट लेते हैं और उसे कई दिनों तक ढेरमें रखते हैं। बाद लाठीसे पीट कर अनाज निकाल लेते हैं। प्रति बीघेमें २।१ मन तिल उपजता है। ढाकामें कहीं कहीं आउस, आमन और तिल तीनों एक साथ मिला कर बोते हैं। चैत्र मासके अन्तमें एक बार पानी हो जानेसे पूर्ववत् खेत तैयार करते और प्रति बीघेमें १। सेर तिल, १० सेर आउस और ६ सेर आमन बोते हैं। अङ्कुरके उगने पर एक बार हलकी चौकी फेर देते हैं। जेठ मासमें जब तिल पक जाते हैं, तो उसे काट लेते हैं।

मेदिनीपुर—कृष्णतिल और श्वेततिल जङ्गली जमीनमें आषाढ़ मासमें बोते और अगहन वा पूस मासमें काटते हैं तथा खसला-तिल ईखके खेतमें चैत वैशाख मासमें बोते और जेठ आषाढ़ मासमें काटते हैं। भदई या भाद्रीय तिल दलदल जमीनमें आषाढ़ श्रावण मासमें बोया और भाद्रमें काटा जाता है।

हुगली—कृष्णतिल आषाढ़-श्रावण मासमें बोते और आश्विन-कार्त्तिक मासमें काटते हैं। येमारीकी तरह इस जिलेमें तिल भी धानकी जमीनमें दूसरी फसलके रूपमें बोया जाता है। पर यह उसी हालतमें होता है, जब अतिवृष्टिसे धान सड़ जाता है।

फरीदपुर—यहां ऊंची जमीनमें माघ फाल्गुन मासमें काला तिल बोते और आषाढ़ श्रावणमें काट लेते हैं। जो जमीन नीची है, उसमें सफेद तिल श्रावण भाद्रमें बोते और अग्रहायण पौषमें काटते हैं। इस जिलेमें तिल, और तिलका तेल दोनों ही प्रचुर होते हैं।

रंगपुर—यहां श्रावण भाद्रमें काला तिल बोया जाता और अग्रहायण पौषमें काटा जाता है। ऊंची जमीनमें ही यह फसल अच्छी लगती है। कहीं कहीं अरहरके साथ ही साथ इसे बोते हैं। अच्छी फसल लगने पर प्रति बीघे १॥ या २ मन दाना निकलता है। सरसोंकी दरमें इसकी बिक्री होती है। लाल वा चावल तिल बहुत कम बोया जाता है। पौष माघ मासमें इसे बोते और ज्येष्ठ आषाढ़में काट लेते हैं। इसकी दर सरसोंसे कम रहती है।

राजशाही—धानकी जमीनमें चैत्र वैशाखमें बोते और आषाढ़ श्रावणमें काटते हैं। कृष्णतिल वैशाख मासमें बोया जाता और अग्रहायणमें काट लिया जाता है। इस जिलेमें तिलकी खेती बहुत कम होती है।

बगुड़ा—यहां तीन प्रकारके तिल उपजते हैं। काले तिलकी फसल अच्छी होती है। वर्षाके अन्तमें बोया जाता और हिमके आरम्भमें काट लिया जाता है।

लोहरडांगा—तिल या तिलको भाद्र आश्विनमें ऊंची जमीनमें बोते और चैत्र वैशाखमें काटते हैं। पलामू विभागका यह एक प्रधान शस्य है, दक्षिणांशमें काफी उपजता है। इस देशमें तिल प्रति बीघे १॥ मन पैदा होता और २॥) से ले कर ३) रु० मन बिकता है।

आसाम—यहां तिलकी खेती होती है और बङ्गाल देशमें रफ्तनी होती है।

मद्र—तिलकी खेती यहां बहुत कम है। मन्द्राजसे इसकी आमदनी होती है। इस देशमें तिल नहीं होने पर भी मद्रवासी इसका व्यवहार खूब करते हैं।

बरार—यहां २८३५४८ बीघा जमीन तिलकी खेतीके लिये है। प्रति बीघे सवा मनके हिसाबसे उपजता है। निजाम-राज्यका और बरार प्रदेशका तिल बहुतायतसे बम्बई होता हुआ यूरोप भेजा जाता है।

मध्यभारत—नागपुर नर्मदा आदि स्थानोंमें तिलकी खेती खूब होती है। यहांके तिलकी रवानगी भी बम्बई होते हुए है। इस प्रान्तमें शारद और वासन्ती दोनों फसलमें ही तिल उपजता है। शरत्‌के तिलको भदई तिल और वसन्तके तिलको ढायड़ी तिल कहते हैं। गरीब कृषक ही कई जमीनमें इसकी खेती करते हैं। इसमें इन्हें न तो अधिक परिश्रम करना पड़ता है और न अधिक रुपये ही व्यय होते हैं। जमीन-परके जंगल आदिको साफ कर एक दो बार हल जोत देते और तब बीज बो देते हैं। एक मुट्ठी तिलसे तीन बीघा जमीन बोई जाती है। एक बार कोड़ना भी पड़ता है। जब तक यह अच्छी तरह पक नहीं जाता, तब तक गो, बकरी, भेंड़ आदि इसका कुछ अनिष्ट नहीं कर सकते। पकनेके साथ ही इसे काट लेना चाहिये। अच्छीसे अच्छी जमीनमें यह प्रति बीघे २॥-३ मन उपजता और २॥)-३) रु० मन बिकता है। इसके सिवा प्रति बीघेमें रुपये आठ आने खर्च भी पड़ते हैं। तिल काट कर उस जमीनमें बाजरा या ज्वार बोई जाय तो उस घाटेकी पूर्त्ति हो कर लाभ हो सकता है। यहां ८ सेर तिलमेंसे ३ सेर तेल निकलता है

-को वन विभाग नियुक्त हुए हैं, उनके अनुसन्धानसे प्रकाशित हुआ है कि पारसनाथ पहाड़में १५०० फुटसे ले कर ३५०० फुटकी ऊंचाई पर तथा हिमालयके उत्तर-दक्षिणांशमें इस जातिका शस्य जङ्गलीरूपमें पाया गया है। जङ्गली और खेती तिलमें बहुत फर्क पड़ता है। खेती तिलका फूल सफेद और जङ्गलीका काला होता है। पत्ते डंठल और मूलमें भी अनेक प्रभेद देखनेमें आते हैं।

प्लिनि और पेरिप्लसके ग्रन्थोंसे जाना जाता है, कि तिलका तेल गुजरात और सिन्धुदेशसे लोहितसागर होता हुआ यूरोपको जाता था।

आइन-इ-अकबरीमें श्वेत तिल और कृष्ण तिलका उल्लेख है। यह आशु या आउस अनाजोंमें गिना गया है। आगरा, इलाहाबाद, अयोध्या, दिल्ली, लाहोर, मुलतान, मालवा आदि सूबोंमें इसकी खेती होती थी।

थोड़े ही दिनोंसे इसका कारोबार बहुत बढ़ गया है, विदेशोंको भी यह भेजा जा रहा है।

खेती—भारतवर्षके प्रायः गरम देशोंमें इसकी खेती होती है। ग्रीष्मप्रधानस्थ प्रदेशमें यह शीतकालका शस्य, दूसरी जगह शारद शस्य और शीत प्रदेशमें ग्रीष्मकालका शस्य है। पञ्जाब प्रदेशमें वर्षाकालमें इसकी खेती होती है। मध्यभारतमें और मन्द्राजमें वसन्त तथा शरत् कालमें इसकी फसल दो बार उपजायी जाती है। मध्यभारत और उत्तर-भारतकी बालुकामय भूमिमें इसकी जैसी वृद्धि और पुष्टि देखी जाती है, ब्रह्म, आसाम और बङ्गालकी सजल भूमिमें वैसी नहीं देखी जाती। तिल साधारणतः चार श्रेणियोंमें विभक्त है। लेकिन यह नहीं कह सकते कि, ये चार श्रेणियां जातिके अनुसार हैं अथवा खेतीके अवस्थानुसार। वर्ण देख कर यदि इसकी श्रेणी कायम की गई हो, तो भी इसकी संख्या चार ही है; श्वेत, कृष्ण, रक्त और धूसर। भारतवर्षमें कहीं भी इसका पौधा १८ इंचसे अधिक ऊंचा नहीं देखा गया है; कहीं कहीं तो इसकी ऊंचाई केवल तीन ही चार फुट है। इसकी पत्तियां आठ-दश अंगुल तक लंबी और तीन-चार अंगुल चौड़ी होती हैं। वे नीचेकी ओर तो ठीक आमने सामने मिली हुई लगती हैं, पर थोड़ा ऊपर चल कर कुछ अन्तर पर होती हैं। पत्तियोंके किनारे सीधे नहीं होते, टेढ़े-मेढ़े होते हैं। फूल गिलासके आकारका होता और ऊपर चार दलोंमें विभक्त रहता है। फूल सफेद रंगका होता है, केवल मुंह पर भीतरकी ओर बैंगनी धब्बे दिखाई देते हैं। यह सब देख कर मालूम पड़ता है, कि तिल और धानकी खेती प्रायः एक ही समयसे आरम्भ हुई है। धान्य देखो। किसी किसी तिलको पकनेमें तीन मास और किसीको ८।१० मास लगते हैं। इसके प्राचीन विषयका पता लगानेसे ऐसा विश्वास होता है, कि जितने प्रकारके तेलहन बीज हैं, उनमेंसे तिल ही सबसे पहले मनुष्योंके व्यवहारमें आया और इसीका तेल संसारमें प्रथम तेल हुआ।

पूर्व-भारतमें तिलका पौधा स्वतन्त्ररूपसे जनमता है। सफेद तिलकी पत्तियां काले तिलकी पत्तियोंसे चौड़ी होती हैं। फूलका रंग मटमैला और पत्तोंका गाढ़ा, उजला, सब्ज होता है। सफेद तिलका स्वाद मीठा, दाना मोटा और बड़ा होता है।

भारतवर्ष भरमें तिलकी खेती कहां और किस प्रकार होती है, वह नीचे दिया जाता है—

ढाका—मेघनी नदीके किनारे इसकी खेती खूब होती है। यह धानके साथ ही मिला कर बोया जाता है। खेत तैयार होनेके समय पहले वर्षके धानकी जड़ यदि खेतमें रह गई हो, तो उसे जला देते हैं। बाद हल चलाते हैं। जमीन यदि अधिक सूख गई हो, तो हलके साथ साथ ही चौकी देनी चाहिये और यदि सरस हो, तो चौकी देनेकी जरूरत नहीं पड़ती। पहली बार खेत जोते जानेके पन्द्रह दिन बाद फिर एक बार तिरछे जोतते हैं। इसी प्रकार तीन चार बार जोत कर प्रति बीघेमें डेढ़ सेर तिल और १० दश सेर आमन धान एक साथ मिला कर बोते हैं। माघ फागुनमें ले कर चैत तक बोनेका अच्छा समय है। जब इसका अंकुर ४।५ इंचका हो जाता है, तब खेतको एक बार कुदालसे कोड़ते हैं और घने पौदे उपजने पर उनमेंसे कितनेको काट डालते हैं। दश पन्द्रह दिनके बाद खेतको एक दफा और कोड़ देनेसे सब घास मर जाती है। जेठके

महीनेमें तिल पकने पर काट लेते हैं और उसे कई दिनों तक ढेरमें रखते हैं। बाद लाठीसे पीट कर अनाज निकाल लेते हैं। प्रति बीघेमें २।३ मन तिल उपजता है। ढाकामें कहीं कहीं आउस, आमन और तिल तीनों एक साथ मिला कर बोते हैं। चैत्र मासके अन्तमें एक बार पानी हो जानेसे पूर्ववत् खेत तैयार करते और प्रति बीघेमें १। सेर तिल, १० सेर आउस और ६ सेर आमन बोते हैं। अङ्कुरके उगने पर एक बार हलकी चौकी फेर देते हैं। जेठ मासमें जब तिल पक जाते हैं, तो उसे काट लेते हैं।

मेदनीपुर—कृष्णतिल और श्वेततिल जङ्गली जमीनमें आषाढ़ मासमें बोते और अगहन या पूस मासमें काटते हैं तथा खगला-तिल ईखके खेतमें चैत वैशाख मासमें बोते और जेठ आषाढ़ मासमें काटते हैं। भदई या भाद्रीय तिल दलदल जमीनमें आषाढ़ श्रावण मासमें बोया और भाद्रमें काटा जाता है।

हुगली—कृष्णतिल आषाढ़-श्रावण मासमें बोते और आश्विन-कार्त्तिक मासमें काटते हैं। खेसारीकी तरह इस जिलेमें तिल भी धानकी जमीनमें दूसरी फसलके रूपमें बोया जाता है। पर यह उसी हालतमें होता है, जब अतिवृष्टिसे धान सड़ जाता है।

फरीदपुर—यहां ऊंची जमीनमें माघ फाल्गुन मासमें काला तिल बोते और आषाढ़ श्रावणमें काट लेते हैं। जो जमीन नीची है, उसमें सफेद तिल श्रावण भाद्रमें बोते और अग्रहायण पौषमें काटते हैं। इस जिलेमें तिल, और तिलका तेल दोनों ही प्रस्तुत होते हैं।

रंगपुर—यहां श्रावण भाद्रमें कृष्ण तिल बोया जाता और अग्रहायण पौषमें काटा जाता है। ऊंची जमीनमें ही यह फसल अच्छी लगती है। कहीं कहीं सरदके साथ ही साथ इसे बोते हैं। अच्छी फसल लगने पर प्रति बीघे १॥ या २ मन दाना निकलता है। सरसोंकी दरमें इसकी बिक्री होती है। लाल या आउस तिल बहुत कम बोया जाता है। पौष माघ मासमें इसे बोते और ज्येष्ठ आषाढ़में काट लेते हैं। इसकी दर सरसोंसे कम रहती है।

राजशाही—धानकी जमीनमें चैत्र वैशाखमें बोते और आषाढ़ श्रावणमें काटते हैं। कृष्णतिल वैशाख मासमें बोया जाता और अग्रहायणमें काट लिया जाता है। इस जिलेमें तिलकी खेती बहुत कम होती है।

बगुड़ा—यहां तीन प्रकारके तिल उपजते हैं। कालें तिल हीकी फसल अच्छी होती है। वर्षाके अन्तमें बोया जाता और हिमके प्रारम्भमें काट लिया जाता है।

लोहरडांगा—तिल या तिमनी भाद्र आश्विनमें ऊंची जमीनमें बोते और चैत्र वैशाखमें काटते हैं। पलामू विभागका यह एक प्रधान शस्य है, दक्षिणांशमें काफी उपजता है। इस देशमें तिल प्रति बीघे १॥ मन पैदा होता और २॥) से ले कर ३) रु० मन बिकता है।

आसाम—यहां तिलकी खेती होती है और बङ्गाल देशमें रफतनी होती है।

ब्रह्म—तिलकी खेती यहां बहुत कम है। मन्द्राजसे इसकी आमदनी होती है। इस देशमें तिल नहीं होने पर भी ब्रह्मवासी इसका व्यवहार खूब करते हैं।

बरार—यहां २८३५४८ बीघा जमीन तिलकी खेतीके लिये है। प्रति बीघे सवा मनके हिसाबसे उपजता है। निजाम-राज्यका और बरार प्रदेशका तिल बहुतायतसे बम्बई होता हुआ यूरोप भेजा जाता है।

मध्यभारत—नागपुर नर्मदा आदि स्थानोंमें तिलकी खेती खूब होती है। यहांके तिलकी रवानगी भी बम्बई होते हुए है। इस प्रान्तमें शरद और वासन्ती दोनों फसलमें ही तिल उपजता है। शरत्के तिलको मघई तिल और वसन्तके तिलको छावड़ी तिल कहते हैं। गरीब कृषक ही कई जमीनमें इसकी खेती करते हैं। इसमें इन्हें न तो अधिक परिश्रम करना पड़ता है और न अधिक रुपये ही व्यय होते हैं। जमीन परके जंगल आदिको साफ कर एक दो बार हल जोत देते और तब बीज बो देते हैं। एक मुट्ठी तिलसे तीन बीघा जमीन बोई जाती है। एक बार कोड़ना भी पड़ता है। जब तक यह अच्छी तरह पक नहीं जाता, तब तक गो, बकरी, भेड़ आदि इसका कुछ अनिष्ट नहीं कर सकते। पकनेके साथ ही इसे काट लेना चाहिये। अच्छीसे अच्छी जमीनमें यह प्रति बीघे २॥-३ मन उपजता और २।)-३) रु० मन बिकता है। इसके सिवा प्रति बीघेमें रुपये आठ आने खर्च भी पड़ते हैं। तिल काट कर उस जमीनमें बाजरा या ज्वार बोई जाय तो उक्त घाटेकी पूर्त्ति हो कर लाभ हो सकता है। यहां ८ सेर तिलमेंसे ३ सेर तेल निकलता है

और ६ सेर खली। प्रत्येक कोल्हूका खर्च ।~)॥ या ।⁄) है। घानीसे तेल निकालनेका कोई स्वतन्त्र रास्ता नहीं रहता है। तेल और खली दोनों एक साथ मिल कर घानीके ऊपर चले आते हैं। बाद पानी दे कर खली और तेल अलग अलग कर लिया जाता है, इसीसे यहांका तेल खराब होता है।

पञ्जाब—प्रायः सभी जिलेमें थोड़ा बहुत तिल हुआ ही करता है। करांची बन्दर हो कर इसकी अधिकांश रफ्तनी होती है। रावलपिण्डीकी पहाड़ी जमीनमें इसकी फसल अच्छी होती है। इस देशमें तिल प्रायः अन्यान्य शस्ययुक्त खेतोंके किनारे किनारे जाता है। काला तिल ही यहां अधिक उपजता है। गरम जल द्वारा इसकी भूसी अलग कर बाजारमें बेचते हैं। यहां ५ सेर तिलमेंसे २ सेर तेल निकलता है।

झंग—सरस हल्की मट्टीमें तिल अच्छा होता है। इस देशमें पतली मट्टीकी तहसे आच्छादित बालूके ऊपर तिल बोया जाता है और उपजता भी खूब है। ज्वार, उरद, मूंग आदिके साथ मिला कर इसे बोते हैं। एक ही दो बार जोतनेसे खेत तैयार हो जाता है, श्रावण भाद्र मासमें इसे बालूमें मिश्रित कर प्रति बीघे ६॥ सेर बोते हैं। उत्तरी वायुके लगनेसे फूल झड़ जाता है।

मोण्टगोमारी—यहां ज्वार, मोथा, मूंग आदिके साथ मिला कर बोया जाता है। वर्षाकालमें इसकी खेती होती है। जल सींचनेकी सुविधा रहनेसे दूसरे समय भी हो सकती है। वर्षाके बाद हलसे खेतको एक बार जोत लेते और तब मट्टी या किसी दूसरे अनाजमें मिला कर इसे बोते हैं। बोनेके बाद एक बार फिर हलसे जोत देना अच्छा है। प्रति बीघे तीन पाव बीज लगता है। यदि पौधे घने जमे हों, तो कुछ उखाड़ डालने चाहिये। जनसाधारणमें प्रवाद है, कि जौके फरक फरक बोने, तिलके घने बोने, भैंसके बछड़ा जनने तथा स्त्रीके कन्या जननेमें जो कष्ट होता है वह कहा नहीं जाता। यहां केवल काला तिल ही उपजता है। इस देशमें बिजलीके अधिक कड़कनेसे खेतीमें बहुत नुकसान होता है। तिल काट कर उसके डंठलोंके मुंहको एक ओर करके ढेर कर रखते हैं और ऊपरसे कोई भारी चीज दबा देते हैं। ऐसा करनेसे तिलकी छीमी नरम हो जाती है। बाद पौधोंको एक एक करके रस्सीमें गूंथ कर धूपमें औंधे लटका देते हैं। नीचे कपड़ा भी बिछा रहता है। धूपमें जब छीमी फट जाती है, तब तिल नीचे झड़ कर कपड़ेमें जमा हो जाता है। इस देशमें १५ सेर तिलमेंसे ६ सेर तेल निकलता है। तिलका सूखा डंठल जलानेके काम आता है।

करनाल—यहां तिलका श्रेणीभेद नहीं है। नई कड़ी जमीनमें यहां तिल अच्छा होता है। इसी कारण नहरके समीप तिलकी खेती कुछ अधिक होती है। यहां इसे ज्वारके साथ मिला कर बोते हैं, कारण, जिस तरह ज्वारकी खेती होती है, उसी तरह इसकी भी। तिल काट कर धूपमें सुखाते हैं। अच्छी तरह सूख जाने पर छीमी काट लेते हैं और डंठलको फेंक देते हैं। यहां पांच सेर तिलमें एक सेर तेल मिलता है। रसोई तथा दीपमें यही तेल काम आता है। इस देशमें तिलके पौधेमें एक प्रकारका कीड़ा लगता है। जिसके एक बार लगनेसे फिर पौधेको बचाना मुश्किल हो जाता है।

युक्तप्रदेश—इस देशमें कृष्ण और श्वेत तिल उत्पन्न होता है। कृष्ण तिलको 'तिल' और श्वेत तिलको 'तिली' कहते हैं। तीसीकी अपेक्षा तिल देरीसे पकता है। तिलको ज्वारके साथ और तीसीको कपासके साथ मिला कर बोनेसे फसल अच्छी होती है। तिलके तेलकी अपेक्षा तीसीका तेल रन्धन-कार्यमें अच्छा माना गया है। हिमालयके नीचे देरा, पीलिभीत, बस्ती, गोरखपुर आदि स्थानोंमें तिलकी खेती साधारण तौर पर होती है, पर बुन्देलखण्डमें अधिक है। इलाहाबादमें भी तिल उपजाया जाता है। इस देशमें इसकी गिनती खरीफमें की गई है। मौसममें यह बोया जाता और कातिक अगहनमें काटा जाता है। हलकी जमीनमें यह खूब होता है। बुन्देलखण्डमें हलकी पीली मट्टी इसके लिये उपयोगी है। तिलके बाद उस जमीनमें निकृष्ट कोदों या कुटकीके सिवा और कुछ नहीं उपजता। तीन बार खेतको भली भांति जोत कर कपास ज्वार आदिके साथ इसे मिला कर बोते हैं। किसान अपनी इच्छानुसार तिल मिलाते हैं। सिर्फ तिल

प्रति बीघे २॥ सेर लगता है। तिलके पक जाने पर उसे काट लेते और अँटिया बाँध कर धूपमें सुखाते हैं। जब छीमी कट जाती है, तब तिल झरने लगता है, बाद उसे परिस्कार कर अलग रख देते हैं। तिलका डंठल जलानेके काममें आता है। असमय वृष्टि हो, वा फूल लगते समय हो, तो इसका बहुत नुकसान होता है। आश्विनमें वृष्टि होनेसे तो यह फसल बिलकुल ही नहीं लगती। ज्वार वा कपासके साथ बोनेसे प्रति बीघे आध मन तीस सेर और यदि फकत बोया जाय तो १॥ मनसे २ मन तक उपजता है।

सिन्धुप्रदेश—यहांका तिल एक प्रधान शस्य है। सब जिलोंमें इसकी खेती होती है। महम्मदखां जिलेकी जमीन तिलके लिए बहुत उपयोगी है। इस जिलेमें प्रति अठारह दिन तिलका खेत सींचा जाता है। साढ़े चार महीनेमें तिल पकता है और प्रति बीघे २॥ मन उपजता है। नौशहर जिलेमें तिल आषाढ़ मासमें सरस उत्कृष्ट जमीनमें बोया जाता है। हर एक खेतमें ७।८ बार जल देना पड़ता है। यहां पांच महीनेमें तिल पकता और प्रति बीघे बीस सेर उत्पन्न होता है।

बम्बई प्रदेशके गुजरात, खानदेश, पूना, नासिक, कर्णाटक, कोङ्कण, रत्नगिरि आदि स्थानोंमें तिलकी खेती होती है। कनाड़ामें अधिक वर्षा होनेके कारण यहां बिलकुल तिल नहीं होता। उक्त स्थानोंमें कृष्ण और श्वेत दोनों प्रकारके तिल उपजते हैं। धूसर तिल केवल गुजरातमें ही होता है। यहां बाजराके साथ मिला कर इसे बोते हैं। काठियावाड़ प्रदेशमें श्वेत, कृष्ण और रक्त तीनों प्रकारके तिल पाये जाते हैं। श्वेत तिलका तेल अन्य जिलोंके तेलसे सुस्वादु और अधिक तेलद होता है। यहां पुरबिया तिल काफी उपजता है।

मन्द्राज प्रदेशके गोदावरी जिलेमें तिलको काट कर अँटियामें बांधते और ताड़के पत्तोंसे ढक कर आठ दिन धूपमें रख छोड़ते हैं। पीछे अँटियोंको झाड़नेसे बारह आना तिल नीचे गिर पड़ता है और जो कुछ रह जाता है वह भी दो तीन दिन तक धूप खानेके बाद झड़ जाता है। कोयम्बतोर जिलेमें क्या दलदल और क्या सूखी जमीन सभीमें तिल उपजता है। यहां 'कार' और 'टट्टू' यही दो प्रकारके तिल मिलते हैं। प्रथम कारका तिल ही उत्कृष्ट होता और ग्रीष्मकालमें उपजता है। उत्तर अरकाड़ जिलेमें बड़े और छोटेके भेदसे दो प्रकारका तिल होता है। यहां लाठीसे पीट कर तिल निकालते हैं। इस देशमें ४ सेर तिलमें १ सेर तेल निकलता है। यहां सभी प्रकारके तेलोंसे तिलके तेलका ही आदर अधिक है। यह तेल रसोईमें तथा सभी कामोंमें व्यवहृत होता है। यहांसे अधिकांश तिल यूरोपको भेजा जाता है।

महिसुरमें बोन एलू, 'कार एलू' और 'गुर एलू' येही तीन प्रकारके तिल उपजते हैं। तिलके पौधोंको जला कर जो राख बनती है, उसे वे खादकी तरह खेतमें डालते हैं।

तिलका व्यवसाय।—तिलका व्यवसाय बहुत विस्तृत है। बङ्गाल और आसाममें जो तिल पैदा होता है उसमेंसे कुछ तो बङ्गालमें ही खप जाता है और अधिकांश मन्द्राज भेजा जाता है। मन्द्राजमें जो कुछ उपजता तथा बङ्गालसे जितना भी आता है उसमेंसे बारह आना हिस्सा अन्यदेशको रफतनी होती है। इसीसे मन्द्राजमें तिलका व्यवसाय खूब चलता है। अयोध्या और युक्तप्रदेशकी उपजमेंसे कुछ तो बम्बई और कुछ बङ्गालको भेजा जाता तथा अवशिष्टांश उसी देशमें खर्च होता है। मध्यभारतका समस्त तिल बम्बई भेजा जाता है। बम्बईमें जो कुछ उपजता तथा जो कुछ आमदनी होती है, उसमेंसे अधिकांश उसी देशमें खर्च होता है और जो जाता है, वह यूरोपका रवाना होता है। सिन्धुप्रदेशका अधिकांश तिल यूरोप जाता है। यूरोपमें तिलसे स्वीट ऑयेल, अलिभ ऑयेल आदि तैयार हो कर फिर इस देशमें आते हैं। त्रिपुराके पार्वत्यप्रदेश तथा काश्मीर प्रदेशसे भी तिल भारतवर्षमें आता है।

तिलकी भूसी मवेशी आदिको खिलाई जाती है। पञ्जाब तथा निम्न बङ्गालके गरीब मनुष्य भूसीको आटेमें मिला, पीठी बना कर खाते हैं। पश्चिममें इसकी बिकती है।

तिलका भैषज्यगुण—तिल अर्शरोगका रामवाण है। रक्तस्रावी अर्शमें, तिलके पानीमें मक्खन मथ कर

उसका प्रलेप देनेसे रोगी बहुत जल्द आरोग्य हो जाता है। तिलका लड्डू, तिलकुट, तिलका बड़ा आदि तिल-द्रव्य अर्श रोगीका पथ्य है। तिल और तिलका तेल आमाशय तथा मूत्र-रोगमें बड़े कामकी चीज है। यह स्निग्धकारक है। रज-रोध रोगमें तिलका चूर्ण कमर-भर गरम जलमें डाल कर यदि उसमें रोगी खड़ा रहे, तो वह बहुत जल्द आरोग्यता प्राप्त कर सकता है। तिल-सिद्ध जलमें चीनी मिला कर रखनेसे खांसी जाती रहती है। तिल और तीसी-सिद्ध जलसे कामोद्दीपन होता है तथा शय्यादोष भी दूर हो सकता है। अग्नि-दग्ध स्थानमें तिल पीस कर लगानेसे अंगा हो जाता है। तिलका फूल चक्षुरोगका अव्यर्थ महौषध है। मृदु विसूचिका, आमाशय, दस्त, पीनस, श्वेत-प्रदर और मूत्र-नालीके रोगोंमें इसकी पत्तियोंको भिगो कर जलके साथ खानेसे बहुत उपकार होता है। दो ताजी पूर्ण-पुष्ट पत्तियां लगभग डेढ़ पाव जलमें डाल कर कुछ समय तक छोड़ देनेसे वह जल पीने योग्य हो जाता है। यदि पत्तियां सूखी हों, तो गरम जल देना उचित है। भारतवर्षमें तिलकी पत्तियां छोटी होती हैं, अतः वे बहुत लगती हैं। डाक्टर एमसं कहते हैं (मार्च १८७५) कि 'मैंने तिलकी पत्तियोंको भिगो कर उसका पानी जितने आमाशय रोगोंमें प्रयोग किया है, सभी आरोग्य हो गये हैं।' गर्भिणीके लिये तिल अपथ्य है। इससे गर्भस्राव होनेकी सम्भावना है। तिलकी पत्तियोंको जलमें भिगो कर यदि वह जल बालमें लगाया जाय, तो बालकी श्रीवृद्धि होती है। भुने हुए तिलसे अन्तमें शिथिलता आ जाती है।

कलमें चीनी प्रस्तुत करते समय चीनीके मैल काटनेके लिये तिल व्यवहृत होता है।

आयुर्वेदके मतसे—तिल चार प्रकारका होता है, कृष्ण, शुक्ल, रक्तवर्ण और एक जो छोटा छोटा होता है, उसे जंगली तिल कहते हैं। तिलके गुण—कटु, तिक्त मधुर-कषाय-रस, गुरु, कटु, मधुर, विपाक, स्निग्ध, उष्णवीर्य, कफघ्न, पित्तनाशक, बलकारक, बालका, हितसम्पादक, शीतलस्पर्श, चर्मके, हितकर, स्तन्यवर्द्धक, व्रण हितकारक, और दांतोंका दृढ़तासम्पादक, ईषत मूत्रकारक, मलशोधक, वायुनाशक और अग्नि तथा बुद्धिप्रदायक है। उक्त चार प्रकारके तिलोंमेंसे कृष्णतिल सबसे उत्तम, शुक्लतिल मध्यम और रक्तवर्णादि तिल अधम माना गया है। (भावप्रकाश)

जंगली तिलको उपतिल कहते हैं। इस तेलके गुण—बलहार, बालको हितकर, कषाय, उष्ण, तीक्ष्ण मधुर, तिक्त, बलकारक, कफ, वात, व्रण और कण्डूनाशक, कान्तिप्रद, वस्ति, अभ्यङ्ग, पान, नस्य, कर्ण और अक्षि-पूरणमें हितकर है। (राजनि॰)

तिल तैल—सरसोंकी नाईं तिल भी घानीमें फट कर तेल निकलता है। तिलतैल स्वच्छ, परिष्कार और तरल होता है। इसका वर्ण मलिन पीताभ रक्त है। इसमें गन्ध नहीं होती, पुराना होने पर भी यह न तो गाढ़ा होता और न सड़ी बू ही निकलती है। भारतमें तिल-तेल रन्धनमें, गात्र मर्दनमें तथा दीपमें व्यवहृत होता है। देशी साबुन भी तिलतैलसे बनाया जाता है। यूरोपमें यह केवल दीप और साबुन बनानेके काम आता है। बादामके तेल और घीमें तिलका तेल मिला रहता है। भारतमें जो यूरोपीय "अलिभ आयेल" भेजा जाता है, उनमें अधिकांश शुद्ध तिलका तेल ही रहता है। चीनमें बादाम, तिल और कुसमफूलको एक साथ पीस कर एक प्रकारका तेल बनाया जाता है, जिसे 'गोरा तेल' कहते हैं। सभी प्रकारके फुलेल तिलके तेलसे ही बनते हैं। तीन गुण फूल और तीन गुण तेलको एक साथ मिला कर बोतलमें भर रखे और बोतलके मुंहको कागसे बन्द कर धूपमें कुछ काल तक छोड़ दें, तो एक प्रकारका सुन्दर फुलेल तैयार हो जाता है। अथवा एक स्तर फूलके ऊपर तिल और फिर द्विगुण फूलके ऊपर तिल रख कर उसे फूलोंसे ढके रहें, तो थोड़ी देर बाद तिलमें फूलोंकी गन्ध आ जाती है। अब इस तिलसे जो तेल निकलेगा, वह बहुत सुगन्धयुक्त होगा। व्यवसायी लोग अतरमें तिलका तेल मिला कर अतरकी दरमें बेचते हैं।

तिलतैलका भैषज्य गुण—सभी प्रकारके लक्षणोंमें यह व्यवहृत होता है। ग्रोट ऑयल या अलिभ आयेल जिस तरह व्यवहृत होता है, यह भी उसी तरह व्यवहृत होता। मेहरोगमें तिलका तेल बहुत उपकारी है।

समूचे शरीरमें जब एक प्रकारका लोम वा कण्टकवत् रोग उत्पन्न होता है, तब डाक्टर लोग नहरनीसे उन्हें बाहर निकालनेकी सलाह देते हैं। किन्तु यदि उसमें तिलका तैल प्रयोग किया जाय तो वे सब नरम हो कर नीचे गिर पड़ते हैं और प्रत्येक काँटेकी जड़में फुंसी पड़ कर फट जाती है। पीछे तिलके तेलसे वह आराम हो जाती है। जो तेल भूसी रहित तिलसे निकलता है, वह बहुत उत्कृष्ट होता है। कृष्ण तिल प्रत्येक धर्म-कार्यमें व्यवहृत होता है। तिलका दान लेना पाप है। लेकिन तिलदानसे अशेष पुण्य प्राप्त होता है।

जो ब्राह्मण प्रातःकाल उठ कर तिल दान करते हैं वे सब प्रकारके पापोंसे छुटकारा पाते हैं। प्रेतोद्देशसे तिल-दान किया जाता है। जो प्रेतोद्देशसे हेमगर्भ तिलदान करते हैं, उनके पितृगण तिल-संख्यक वर्ष स्वर्गलोकमें वास करते हैं। हेमगर्भ तिल-दान आद्य एकोद्दिष्ट श्राद्धके दिन किया जाता है।

अशौचान्तके द्वितीय दिन और आद्यश्राद्धके दिनके पहले तिल-दान कर पीछे दूसरे दानादि किये जाते हैं इस तिलदानको जो ब्राह्मण ग्रहण करते हैं, वे अपवित्र समझे जाते हैं इसी कारण यह दान महाब्राह्मण (अग्र-दानी) लिया करते हैं। श्राद्ध देखो।

तिलसे पितृगणका तर्पण किया जाता है। किन्तु सभी दिन तिल तर्पण करना निषिद्ध है। गङ्गादि तीर्थमें और प्रेतपक्षमें (प्रतिपद्से लेकर अमावस्या पर्यन्त) तिल-तर्पण कर सकते हैं। तर्पण देखो।

जन्मतिथिके दिन जो तिल द्वारा स्नान, तिल-मिश्रित, तिलहोम, तिलप्रदान, तिलवपन और तिलोद्वर्त्तन करते हैं, वे चिरायु होते तथा उनके सब कष्ट जाते रहते हैं।

रातको न तो तिल खाना चाहिये और न तिल मिश्रण कोई द्रव्य ही। सप्तमी, नवमी, चतुर्दशी, अष्टमी, अमावस्या, पूर्णिमा और संक्रान्ति इन कई एक तिथियोंमें तिलका तेल लगाना निषिद्ध है।

२ तिलकालक, देहस्थित तिलाकार चिह्नविशेष, काले रङ्गका छोटा दाग जो शरीर पर होता है। सामुद्रिक तिलोंके स्थानसे अनेक प्रकारके शुभाशुभ बतलाये जाते हैं। यह तिल यदि पुरुषके शरीरमें दाहिनी ओर और स्त्रीके शरीरमें बाईं ओर हो तो शुभ है। हथेलीका तिल सौभाग्यसूचक समझा जाता है। ३ तिलतुल्यस्वल्प-प्रमाण, तिलके बराबरकी कोई वस्तु। ४ एक प्रकारका गोदना जो काली बिन्दीके आकारका होता है। स्त्रियां शोभाके लिए इसे अपने गाल ठुड्डी आदिमें गुदाती हैं। ५ आंखकी पुतलीके बीचो-बीचकी गोल बिन्दी। इसमें सामने पड़ी हुई वस्तुका छोटासा प्रतिबिम्ब दिखाई पड़ता है।

तिलंगनी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी मिठाई जो चीनीमें तिलको पाग कर बनाई जाती है।

तिलंगवा (हिं० पु०) हिमालय पर्वतसे लगा कर नेपाल पञ्जाब तथा अफगानिस्तानमें होनेवाला एक प्रकारका पेड़। इसकी लकड़ी इमारतोंमें लगती है तथा हल और झप्पानका डंडा आदि बनानेके काममें आती है।

तिलंगा (हिं० पु०) अंगरेजी फौजके देशी सिपाही। पहले पहल ईष्ट-इंडिया कंपनीने मन्द्राजमें किला बनवा कर वहांके तिलंगियोंको अपनी सेनामें भरती किया था। तभीसे अंगरेजी फौजके देशी सिपाही मात्र तिलंग कह-लाने लगे।

तिलंगना (हिं० पु०) तैलङ्ग देश।

तिलङ्गी (हिं० वि०) तिलङ्गनाका रहनेवाला, तैलङ्ग।

तिलक (सं० क्ली०) तिलवत् तिलपुष्पइव कायति कै-क। चन्दनादि द्वारा ललाट आदि द्वादश अङ्गों पर धारणीय चिह्न, वह चिह्न। जिसे गीले चन्दन और केशरादि ललाट, वक्षस्थल, बाहु आदि अङ्गों पर शोभा अथवा साम्प्रदायिक सङ्केतके लिये लगाया जाता है। चलती बोलीमें इसे टीका भी कहते हैं। पर्याय—तमालपत्र, चित्रक और विशेषक। (अमर०)

द्वादश तिलक लगानेकी विधि—प्रत्येक वैष्णवको स्नानके बाद विष्णुके द्वादश नाम लेकर अपने द्वादशाङ्ग पर तिलक लगाना चाहिये। (हरिभक्तिवि०)

ललाट पर तिलक लगाते समय केशवका नाम लेना चाहिए। इसी तरह उदर पर नारायण, वक्षस्थल पर माधव, कण्ठकूप पर गोविन्द दक्षिण कुक्षिमें विष्णुबाहु-पर मधुसूदन, कन्धरमें त्रिविक्रम, वामपार्श्वमें वामन,

वाम बाहु पर श्रीधर, वाम कर्णमें हृषीकेश, पृष्ठ पर पद्मनाभ और कटि पर दामोदरका नाम लेकर तिलक लगाना उचित है। (स्कन्दपु०) तिलक लगाते समय ललाट पर प्रथम ऊर्ध्वपुण्ड्र धारण करना चाहिए। फिर ललाटादि पर क्रमशः तिलक लगाना चाहिए। (पद्मपु०)

सम्प्रदायानुसार सर्वार्थसिद्धिके लिए मस्तक पर किरीटमन्त्र (न्यासपूर्वक) धारण करना चाहिए।

किरीटमन्त्र—"ॐ श्रीकिरीटकेयूरहारमकरकुण्डल-चक्र-शंख-गदा-पद्महस्त-पीताम्बरधर श्रीवत्सांकित-वक्षःस्थल-श्रीभूमि-सहित-स्वात्मज्योतिर्दीप्तिकराय सहस्रादित्यतेजसे नमो नमः।"

(हरिभक्तिवि० ४ वि०)

ललाटादि द्वादश अङ्गोंके तिलक हरिमन्दिरके नामसे प्रसिद्ध है।

वाम वक्षः, नेत्रान्त, शुण्ड और स्कन्ध, इन स्थलों पर शङ्ख चिह्नित तिलक करना चाहिए। इसी प्रकार दक्षिण नेत्रान्त आदि स्थल पर चक्र-चिह्नित तिलक लगाना चाहिए।

ऊपर लिखे अनुसार द्वादश अङ्गों पर विष्णुका नाम लेकर तिलक लगानेवाले वैष्णवको प्रति दिन प्रेम और भक्तिकी प्राप्ति होती है। (हरिभक्तिवि०)

जो वैष्णव गलेमें तुलसीकाष्ठकी माला धारण करते, द्वादश अङ्गों पर पूर्वोक्त प्रकारसे तिलक लगाते और श्रीकृष्ण पर दृढ़ भक्ति रखते हैं, उनके द्वारा जगत् आशु पवित्र होता है।

मध्यदेश-छिद्रयुक्त ऊर्द्ध पुण्ड्ररूप तिलक हरिमन्दिरके नामसे प्रसिद्ध है। यह तिलक नासिकामूलसे लेकर शिरोमध्यगत पर्यन्त लगाया जाता है।

ऊर्ध्वपुण्ड्रके बीचमें पीली रेखा होने पर, वह रामानुजतिलक कहलाता है। (पद्मपु०)

जो लोग रामोपासक हैं, उनके तिलकमें यदि ऊर्ध्व-पुण्ड्रक तथा भ्रूद्वयके बीचमें बिन्दु हो तो उसे हरिके मत्स्यादि अवतारोंकी उपासकोंका तिलक समझना चाहिये।

ब्राह्मणोंको ऊर्ध्वपुण्ड्रक करना चाहिए, क्षत्रियोंके लिए भी ऐसी ही व्यवस्था है वैश्यों और शूद्रोंको मण्डलाकृति तिलक लगाना चाहिए। जो ऊर्ध्वपुण्ड्रके बीचमें छिद्र नहीं करते हैं, वे नराधम हैं; एवं उनके ललाट पर वह तिलक कुत्तेके पैरके समान है। यदि किसी द्विजातिके मस्तक पर इस प्रकारका तिलक दीख पड़े तो कृष्णके नामका स्मरण कर वस्त्रसे मुँह ढक लेना चाहिये।

ललाटके दक्षिणमें ब्रह्मा, वामपार्श्वमें महेश्वर और बीचमें विष्णु वास करते हैं, इसलिए बीचका अंश शून्य रखना चाहिए। गोल, टेढ़ा, छिद्रहीन, छोटा, लम्बा और विस्तृत, ये षड्लक्षणयुक्त तिलक निरर्थक हैं।

त्रिपुण्ड्रका प्रमाण दीर्घ होगा; नासिकाके मूलसे लेकर ब्रह्माग्र तक। शूद्रके लिए इसका प्रमाण एक अङ्गुल और ब्राह्मणोंके लिए चार अङ्गुल हैं। नासिकको तीन भागोंमें विभक्त करने पर जो भाग होता है वह अर्थात् भ्रूद्वयके मध्यभागके अधःस्थानको विद्वानोंने मूल कहा है।

ब्रह्मचारी, वानप्रस्थ, गृहस्थ और यतिगण जो ऊर्ध्व-पुण्ड्रक करते हैं, उसका नाम है हरिमन्दिर। वैष्णव विप्र, भूपाल, वैश्य, शूद्र और अन्त्यजोंके ऊर्ध्वपुण्ड्रकी भी हरिमन्दिर है। नर या नारी यदि कृष्णपदमें चित्त लगानेकी इच्छा करें, उन्हें यत्नपूर्वक तुलसी माला और हरिमन्दिर (तिलक) धारण करना चाहिए। दण्डाकार दो रेखायें मूलदेशमें कोणक (अर्थात् कोणयुक्त और मध्यमें छिद्रयुक्त होने पर उसे ऊर्ध्वपुण्ड्र कहा जा सकता। (पद्मपु०)

अधोमुख पद्मकलिकाके आकार, मध्यदेश छिद्रयुक्त और दो युग्म रेखाएं होने पर, उसे ऊर्ध्वपुण्ड्र-तिलक कहते हैं। तीर्थ-मृत्तिका, यज्ञकाष्ठ, विल्व, अश्वत्थ और तुलसी मूलकी, मृत्तिका गोष्पदमृत्तिका, गङ्गा-मृत्तिका, महानिम्ब, तुलसीकाष्ठ-मृत्तिका, कस्तूरी, कुङ्कुम, फल, सिन्दूर रक्त-चन्दन, गोरोचन, गन्धकाष्ठ, जल, अगुरु, गोमय और धात्रीमूलके द्वारा सन्ध्या आदि सम्पूर्ण कार्योंमें तिलक लगाया जा सकता है।

प्रति दिन स्नान करनेके बाद तिलक लगाना सभी वर्णोंका कर्तव्य है। नित्य, नैमित्तिक, काम्य ये तीन प्रकारके कर्म तथा पैत्रादि कर्म बिना तिलकके निष्फल होते हैं। तिलक और दर्भके बिना स्नान, संध्या

पञ्चयज्ञ, पैत्र और होमादिकर्म सब निष्फल हैं; ब्राह्मणोंको ऊर्ध्वपुण्ड्र, क्षत्रियोंको त्रिपुण्ड्रक, वैश्योंको अर्द्धचन्द्राकृति और शूद्रोंको वर्तुलाकार तिलक करना चाहिये।
(आह्निकतत्त्व०)

ऊर्ध्वपुण्ड्र मिट्टीसे, त्रिपुण्ड्र भस्मसे और तिलक चन्दनसे करना चाहिये। (श्राद्ध०) जो अशुचि और अनाचारी हैं तथा मनमें पापाचरण करते हैं, वे भी त्रिपुण्ड्रक तिलकके धारण करनेसे समस्त पातकोंसे मुक्त हो जाते हैं। ऊर्ध्वपुण्ड्रका धारक चाहे जहां मरे और मर कर चण्डाल ही क्यों न हुआ हो, वह स्वर्गलोकमें जाता है। (पद्मपु०)

श्राद्धकर्त्ताको पैत्रिक कार्य अर्थात् श्राद्ध करते समय अर्द्धपुण्ड्र, त्रिपुण्ड्र वा चन्द्राकार तिलक करके श्राद्ध वा पैत्रिक कार्य न करना चाहिये। (विश्वप्र०).

वेदनिष्ठ ब्राह्मणोंको ऊर्ध्वपुण्ड्र, त्रिशूल, वर्तुलचतुरस्र वा अर्द्धचन्द्रादि चिह्न नहीं धारण करना चाहिये। वेदनिष्ठ ब्राह्मण आदि अज्ञानतावश इन चिह्नोंको धारण करे, तो वह अवश्य ही पतित होगा, इसमें तनिक भी सन्देह नहीं। (निर्णयसि० सूत०)

तिलकसेवा वैष्णवोंका एक मुख्य साधन है। ये लोग ललाटादि द्वादश अङ्गों पर गोपीचन्दन और अन्य मृत्तिका द्वारा नाना प्रकार तिलक लगाया करते हैं। इनके तिलकद्रव्योंमें द्वारकाका गोपीचन्दन ही सर्वापेक्षा प्रशस्त है। व्यङ्कटादिकी मृत्तिका भी तिलकके लिए उत्कृष्ट कही गई है। *

परम भक्तिपूर्वक व्यङ्कटाद्रिके ह्रदकी मृत्तिका ले कर ऊर्द्धपुण्ड्रक तिलक धारण करना चाहिए। ऐसा करनेसे हरिके महत्पद लोकको प्राप्ति होती है। श्रीवैष्णवगण नासामूलसे ले कर केश पर्यन्त दो ऊर्ध्व रेखाएं अङ्कित करते हैं और उन दोनों रेखाओंके नासामूलस्पृष्ट उभयप्रान्त, अन्य एक भ्रूमध्यगत रेखाके द्वारा संयुक्त हो जाते हैं तथा उन दोनों ऊर्ध्वपुण्ड्रके बीचमें पीत अथवा रक्तवर्णकी और एक रेखा अङ्कित करते हैं।

इसके सिवा ये लोग हृदय और बाहुओं पर गोपीचन्दनसे शङ्ख, चक्र, गदा और पद्मका प्रतिरूप चिह्नित किया करते हैं।

शङ्ख आदिके बीचमें एक रक्तवर्णकी रेखा रहती है, जो लक्ष्मीस्वरूप समझी जाती है। काशीखण्डमें इन वैष्णवाचारोंके विषयमें इस प्रकार लिखा है,—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वा अन्य कोई यदि शरीर पर शङ्ख-चक्र आदि चिह्न अङ्कित करें तो उन्हें देखते ही पाप विनष्ट होते हैं।

बहुतोंके पास इन तिलकोंकी लकड़ी वा धातुकी छाप रहती है। वे उसे ही अङ्गविशेष पर अङ्कित कर शरीरको पवित्र बनाते हैं। कोई कोई उक्त धातुमय मुद्राको उत्तप्त करके शरीर पर अङ्कित करते हैं। परन्तु यह शास्त्रविरुद्ध है। बृहन्नारदीयपुराणमें लिखा है—यदि कोई पुरुष शङ्खादि चिह्नको उत्तप्त करके शरीरमें लगावे, तो वह पातकका भोग करता हुआ शत कोटि जन्मपर्यन्त चण्डालयोनिमें रहता है और नरकमें जाता है। ऐसे व्यक्तिके साथ बातचीत करनेसे नरक भोगना पड़ता है।*

श्रीसम्प्रदायकी तरह रामानन्दियोंमें भी तिलकसेवा प्रचलित है। परन्तु यह वे अपनी अपनी रुचिके अनुसार ऊर्द्धपुण्ड्रकी अन्तवर्त्ती रेखाका रूप और परिमाण कुछ विशेष कर देते हैं और प्रायः रामानुजोंकी अपेक्षा कुछ छोटा बनाते हैं।

दादूपन्थी लोग तिलकसेवा और माला धारण नहीं करते। मलूकदासी सम्प्रदाय ललाट पर एक छोटी रेखा अङ्कित करता है।

रामसनेही सम्प्रदायके लोग ललाट पर एक श्वेतवर्ण दीर्घपुण्ड्र लगाया करते हैं।

सनकादि सम्प्रदाय अर्थात् निमात लोग गोपीचन्दनकी दो ऊर्द्ध और उसके बीचमें एक काला वर्तुलाकार तिलक लगाते हैं।

---

* हरिभक्तिवि० धृत नारदवचन, हरिभक्तिवि० २६वां अ०।

* "तथाहि तप्तशङ्खादि लिंगचिह्नतनुर्नरः।
स सर्वपातकभोगी चाण्डालो जन्मकोटिभिः॥
तं द्विजं तप्तशङ्खादिलिंगाङ्कितनुं द्विज।
सम्भाष्य रौरवं याति यावदिन्द्राश्चतुर्दश॥"
(बृहन्नारदीयपु०)

विट्ठल-भक्त सम्प्रदायके लोग वैष्णवोंकी तरह ललाट पर दो श्वेतवर्ण ऊर्ध्वरेखा चिह्नित करते हैं।

वल्लभाचारी सम्प्रदायके लोग ललाट पर दो ऊर्ध्व-पुण्ड्र बना कर फिर उसे नासामूलमें अर्धचन्द्राकृति करके मिला देते हैं, इन दो पुण्ड्रके बीचमें एक वर्तुलाकार रक्तवर्णका तिलक बनाते हैं। इस सम्प्रदायके भक्तगण श्रीवैष्णवोंकी तरह बाहु और वक्षःस्थल पर शङ्ख, चक्र, गदा और पद्म अङ्कित करते हैं तथा कोई कोई श्याम-बिन्दी नामकी काली मिट्टी अथवा अन्य प्रकारकी काले रंगकी धातु द्वारा उल्लिखित वर्तुलाकार तिलक धारण करते हैं।

चरणदासी सम्प्रदायके लोग ललाट पर चन्दन या गोपीचन्दनकी एक लम्बी रेखा खींच कर तिलक करते हैं। उदासीन शैव हो या वैष्णव, तिलक देख कर उन्हें सहजमें पहचाना जा सकता है।

वैरागी लोग नासामूलसे ले कर केश पर्यन्त ऊर्ध्व-रेखा और शैव लोग ललाटके वामपार्श्वसे लगा कर दक्षिणपार्श्व तक विभूतिसे तीन रेखाएँ खींचते हैं। प्रथमोक्त तिलकको ऊर्ध्वपुण्ड्र कहते हैं और शेषोक्तको त्रिपुण्ड्र। वैष्णव ऊर्ध्वपुण्ड्र लगाते हैं और शैव त्रिपुंड्र। उत्कलमें जैसे तिलकके पार्थक्यसे अतिबड़ी और बिन्दु-धारी आदि सम्प्रदायोंको पहचाना जाता है, उसी प्रकार हिन्दुस्थानमें भी हरिव्यासी, रामप्रसादी, बड़गल आदिको अनायास ही पहचाना जा सकता है।

निमात सम्प्रदायी हरिव्यासी लोग अन्यान्य अंशोंमें रामानन्दियोंकी भांति ही तिलकसेवा करते हैं, विशेषता सिर्फ इतनी ही है कि ये ललाटस्थ पुंड्रके बीचमें रक्तवर्ण 'श्री' (ऊर्ध्वपुंड्रको मध्यरेखाका नाम 'श्री' है) न बना कर भ्रू-युगलके बीच श्यामबिन्दी नामक कृष्णवर्ण मृत्तिका द्वारा एक छोटी बिन्दी बनाते हैं। श्यामबिन्दी-का अभाव हो तो गोपीचन्दन द्वारा शुभ्रवर्ण बिन्दु बनाया जा सकता है। रामानन्दी लोग भ्रूयुगलके नीचे तथा नासिकाके ऊपर गोपीचन्दनका लेपन कर जो अर्द्धगोला-कृति वा तदनुरूप एक प्रकारकी आकृति बनाते हैं; उसे सिंहासन कहते हैं। हरिव्यासी लोग इस तरह सिंहा-सन न बना कर अर्द्ध-गोलाकृति रेखामात्र अङ्कित करते हैं। उस रेखाके उभय प्रान्त ललाटस्थ ऊर्द्धपुंड्रके निम्न-भागसे लगे रहते हैं। भारतवर्षके दक्षिणखण्डके अन्तर्गत मुंगीपट्टन हरिव्यासियोंका आदि वासस्थान है। रामात सम्प्रदायी रामप्रसादी लोग भ्रूके बीचमें काली बिन्दी न लगा उससे कुछ ऊँचे (ललाटके बीचमें) सफेद बिन्दु लगाते हैं। यह बिन्दु हरिव्यासियोंकी अपेक्षा बड़ा होता है। इस तिलकको बेणीतिलक कहते हैं। इसमें ऐसी किम्वदन्ती प्रसिद्ध है, कि सीतादेवीने अपने हाथसे राम-प्रसादके ललाट पर यह तिलक अङ्कित किया था। बड़गल नामक रामात-सम्प्रदायके वैष्णव ऊपर लिखे अनुसार बिन्दु न करके रामानन्दियोंकी तरह ऊर्ध्वपुंड्रके बीचमें रक्तवर्ण 'श्री' अङ्कित करते हैं। परन्तु उनकी तरह नासिकाके ऊपर और भ्रूके नीचे सिंहासन नहीं बनाते। इसी सम्प्रदायके लस्करी नामक वैष्णव रामानन्दियोंकी भांति सिंहासन बनाते हैं, पर उनकी तरह रक्तवर्ण नहीं बल्कि श्वेतवर्ण।

चतुर्भुजोंका तिलक रामानन्दियोंके समान होता है, सिर्फ ललाट पर 'श्री' नहीं होता। 'श्री'का स्थान खाली रहता है। वैष्णवधर्ममें तिलकको बड़ी महिमा बतलाई है। बङ्गालमें भिन्न भिन्न वैष्णव सम्प्रदायोंमें विभिन्न प्रकारके तिलक प्रचलित हैं। नित्यानन्द प्रभुके परिवारमें वेणुपत्राकृति, अद्वैत प्रभुके परिवारमें वटपत्रा-कृति, आचार्यप्रभुके परिवारमें तिलपुष्पाकृति, गौरीदास-के परिवारमें रमकलिकाकृति इत्यादि नाना प्रकार तिलक प्रचलित हैं। ये सभी तिलक नासिका पर लगाये जाते हैं। इसके अतिरिक्त उपर्युक्त वैष्णव-परिवारके लोग ललाट पर भी नाना प्रकारके ऊर्ध्वपुंड्र देखनेमें आते हैं।

गोपीचन्दनसे सफेद रङ्ग, श्यामबिन्दी नामकी मिट्टीसे काला रङ्ग तथा हल्दी, सुहागा और नीबूका रस मिला कर पीला और लाल तिलक लगाया जाता है। इस (शेषोक्त) तिलकके उपादानमें सुहागाका अंश अधिक होनेसे रंग लाल हो जाता है; नहीं तो एक तरहका पीला रंग हो जाता है।

२ सौवर्चल लवण, सोंचर नमक। ३ कृष्णवर्ण सौवर्चल लवण, काला सोंचर नमक। ४ राजसिंहासन पर अधिरोहण, राज्याभिषेक, राजगद्दी। ५ विवाह-सम्बन्ध

स्थिर करनेको एक प्रथा या रिवाज जिसे टीका कहते हैं। इसमें कन्यापक्षके लोग वरके ललाट पर दधि अक्षत आदिका तिलक लगाते और उसके साथ कुछ द्रव्य भी देते हैं। ६ स्त्रियोंका एक गहना जो माथे पर पहना जाता है, टीका। ७ क्लोम, पेटको तिल्ली। ८ किसी ग्रन्थकी अर्थसूचक टीका या व्याख्या।

(पु०) ११ लोध्रवृक्ष, लोधका पेड़। १ मरुवकवृक्ष, मरुआ। १२ रोगभेद, तिलकारक रोग। १४ अश्वभेद, एक जातिका घोड़ा, घोड़ेका एक भेद। १३ अश्वत्थवृक्षविशेष, एक प्रकारका अश्वत्थ, पीतलके पेड़का एक भेद।

१४ पुष्पवृक्षविशेष, पुन्नागकी जातिका एक पेड़। काण्ड काट कर रोपनेसे यह पुनः जीवित होता है। वसन्त ऋतुमें पुष्पादिके लगनेसे इसमें अपूर्व सुन्दरता आ जाती है। इसके पुष्प छत्तेके आकारके होते हैं। शोभाकी वृद्धिके लिए इसका पेड़ बगीचोंमें लगाया जाता है। इसकी छाल और लकड़ी औषधके काम आती है। पर्याय—विशेषक, मुखमण्डनक, पुण्ड्र, पुण्ड्रक, स्थिरपुष्पी, छिन्नरुह, दग्धरुह, मृतजीव, तरुणीकटाक्षकाम, वासन्तसुन्दर, दुग्धरुह, भालविभूषणसंज्ञ, पुन्नाग, रेचक, क्षुरक, श्रीमान्, पुरुष, छत्रपुष्पक। (राजनि० भावप्र०)

गुण—यह पाकमें कटु, वात, पित्त और कफनाशक; बल, पुष्टि और मेद-कारक; हृद्य और लघु होता है। इसकी छाल—कषाय, उष्ण, पुंस्त्व, दन्तदोष, कृमि, शोथ, व्रण और रक्तदोष-नाशक है।

१५ ध्रुवकविशेष, ध्रुवकका एक भेद। इसके प्रत्येक चरणमें पचीस अक्षर होते हैं। (संगीतदामोदर) १६ सूत्रधार।

(त्रि०) १७ श्रेष्ठ, शिरोमणि, किसी समुदायका श्रेष्ठ व्यक्ति। (माघ ३।६३)

तिलक—लोकमान्य बालगङ्गाधर तिलक। महाराष्ट्र-देशीय सर्वजन-मान्य सुप्रसिद्ध देशनायक। साधारण जनता इन्हें "तिलक महाराज" कहा करती थी।

१८५६ ई०में पवित्र चित्पावन ब्राह्मणकुलमें तिलकका जन्म हुआ था। आपके पिता स्वर्गीय गङ्गाधर रामचन्द्र तिलक पहले रत्नगिरि-विद्यालयके अन्यतम सहकारी शिक्षक थे। बादमें वे थाना और पूनाके शिक्षाविभागके सहकारी डिप्टी-इन्सपेक्टर नियुक्त हुए थे। शिक्षकका कार्य करते समय गङ्गाधर-रामचन्द्र अत्यन्त लोक-प्रिय हो गये थे। उन्होंने व्याकरण तथा त्रिकोणमिति-सम्बन्धी कई पुस्तकें भी लिखी थीं। बालगङ्गाधरने अपने पिताके पास ही गणितकी शिक्षा प्राप्त की थी और इस विषयमें वे इतने सिद्धहस्त हो गये थे कि सोलह वर्षकी उम्रमें पिताको भी छका दिया करते थे।

पिताकी मृत्युके चार मास बाद, १८७२ ई०के अन्तमें आप मेट्रिक परीक्षामें उत्तीर्ण हुए और फिर पूनाके डेक्कन-कालेजमें अध्ययन करने लगे। १८७६ ई०में आप बी० ए०में आनर हो कर पास हुए। १८७९ई०में बम्बई-विश्वविद्यालयकी आईन-परीक्षामें उत्तीर्ण हो कर आपने एल० एल० बी, की उपाधि प्राप्त की। आईन या 'ला' पढ़ते समय परलोकगत मि० आगरकरसे आपकी मित्रता हो गई। इन दोनों मित्रोंने मिल कर निश्चय किया कि "हममेंसे कोई भी सरकार की नौकरी नहीं करेगा। एक राष्ट्रीय (बे-सरकारी) विद्यालय या महाविद्यालय (कालेज) खोल कर उसीकी उन्नतिके लिए आत्मसमर्पण करेंगे। देशके होनहार युवकोंको कम खर्चमें यथायोग्य शिक्षा दे कर उन्हें मनुष्य बनानेका प्रयत्न करेंगे।"

इसी समय मि० विष्णुकृष्ण चिपलोनकर सरकारी शिक्षा-विभागके कार्यको छोड़ कर स्वयं स्वाधीनभावसे शिक्षा देनेके लिए उत्सुक हुए। आपको साधारण जनतामें विष्णुशास्त्रीके नामसे प्रसिद्धि थी। आप एक प्रतिष्ठावान लेखक थे। इनके सङ्कल्पकी बात युवक तिलक और आगरकरके कानमें पड़ी। दोनोंने जा कर विष्णुशास्त्रीसे मुलाकात की। इसी समय परलोकगत एम० बी० नामजोशी भी इनमें मिल गये। इस शुभ योगके फलसे तथा स्वर्गीय मि० नामजोशीके उत्साह और अध्यवसायसे अनुप्राणित हो तिलक और चिपलोनकरने १८८० ई०की २री जनवरीको "पूना-न्यू-इंग्लिश स्कूल"की प्रतिष्ठा की। जून मासमें मि० वी० एस० आपटे एम० ए० ने इनके शिक्षा दान-रूप शुभकार्यमें योग दिया और उसी वर्ष आगरकरने भी एम० ए० पास कर, उसी स्कूलमें पढ़ाना शुरू कर दिया। शिक्षा-दानके साथ साथ पाँचों

युवकोंने मिल कर "केशरी" और "मराठा" इन दो संवाद-पत्रोंका निकालना शुरू कर दिया। "केशरी" मराठीमें निकला और "मराठा" अंग्रेजीमें। ये दोनों संवादपत्र अब भी महाराष्ट्रके श्रेष्ठ पत्र समझे जाते हैं। तिलक महाराज "केशरी"के लिए ही अधिकतर परिश्रम किया करते थे। कारण, उन्हें मालूम था कि देशकी जनशक्तिको उद्बुद्ध करनेके लिए देशीय भाषामें लिखित संवादपत्रकी ही आवश्यकता है। अंग्रेजी भाषाके जाननेवाले बहुत कम हैं। इसलिए तिलक महाराजने देशकी भाषामें देशकी बात प्रगट करनेका निश्चय कर लिया। "केशरी"का महाराष्ट्रमें जितना प्रभाव था, उतना प्रभाव भारतके और किसी भी पत्रका नहीं था। "केशरी"को क्या धनी और दरिद्र, सब समान भावसे पढ़ते थे।

'न्यू-इङ्गलिश स्कूल' धीरे धीरे उन्नति करता गया और पूनाके समस्त स्कूलोंमें उसीने श्रेष्ठ स्थान पाया। विष्णुशास्त्री चिपलोनकरने दो प्रेस खोल दिये। इन कार्यक्षेत्रोंमें पांचों युवक मिल कर पूर्ण उत्साहसे कार्य करने लगे।

इसी समयसे देशके काममें तिलकने आत्मत्याग किया और साथ ही उन पर विपत्तियां भी पड़ने लगीं। 'केशरी' और 'मराठा'में कोल्हापुरके तदानीन्तन महाराज शिवाजीरावके प्रति दुर्व्यवहारके सम्बन्धमें तीव्र प्रतिवाद करके अपना मन्तव्य प्रकट किया था; इसके लिए तिलक महाराज और आगरकर पर मानहानिकी नालिश हुई। अदालतने दोनोंको ४।४ महीनेकी कैदकी सजा दी। पर इस कारादण्डके फलसे तिलक और आगरकरकी जन-प्रियता भी दुगुनी बढ़ गई और वे नवीन उत्साहसे सारी शक्ति लगा कर जन-सेवा करने लगे।

इस समय इन निर्यातित देश-भक्त युवकोंकी सहायताके लिए एक नाटक खेला गया, जिसमें स्वयं गोखलेने नाटककी भूमिका ग्रहण की थी।

१८८४ ई०के अन्तमें तिलक महाराजने "दाक्षिणात्य-शिक्षा-समिति"की स्थापना की। इसमें पहले सिर्फ उनके मित्रगण ही सदस्य थे; पर कुछ दिन बाद बहुतसे युवक इस समितिके सभासद हो गये और उत्साहके साथ काम करने लगे। केलकर, पटनकर और गोखले भी इस समितिमें शामिल थे। धीरे धीरे इसके स्कूलने कालेजका रूप धारण कर लिया, जो कि "फर्गुसन कालेज"के नामसे पूनामें अब भी मौजूद है। शिक्षा-समितिके सदस्योंने प्रतिज्ञा की जो कि "बीस वर्ष तक नाममात्रको वेतन लेकर इस कालेजमें अध्यापना करेंगे।" दाक्षिणात्य शिक्षा-समितिके अधीनस्थ सभी संस्थाएं धीरे धीरे उन्नति करने लगीं। समितिने युवकोंके खेलने-कूदनेके लिए दो मैदान खरीद लिए। बम्बईके पूर्ववर्ती शासनकर्त्ता सर जेम्स फर्गुसनकी प्रतिश्रुतिके अनुसार परवर्त्ती शासनकर्त्ता लार्ड रायेने उक्त कालेजको बड़ा करनेके लिए और भी कुछ जमीन दे दी। युवक-सङ्घने चतुरसिंगीके पास कालेजके लिए एक बड़ा सुन्दर भवन बनवाया। तिलक कालेजमें गणितकी शिक्षा देते थे और आवश्यक होने पर कभी कभी विज्ञान तथा संस्कृत भी पढ़ाया करते थे। तिलक उक्त तीनों विषयोंमें समान कृतित्व दिखलाते थे। गणितकी शिक्षा देनेमें तिलककी समानता और कोई भी नहीं कर सकता, ऐसी छात्रोंकी धारणा थी। अध्यापकोंमें इनका यश सर्वत्र व्याप्त हो गया था।

परन्तु १८९० ई०में आपको अध्यापकका पद त्याग देना पड़ा। बहुत दिनोंसे समितिके सदस्योंमें मनोमालिन्य चला आ रहा था। समाज और धर्मके विषयमें आपका मत कट्टर हिन्दुओंके समान था। इसलिए राष्ट्रकी सहायता लेकर किसी समाजके संस्कार करनेकी आवश्यकता है, इस बातको आप स्वीकार नहीं करते थे। परन्तु आगरकरका मत इनसे सम्पूर्ण विपरीत था। वे समाज-संस्कारको आशु प्रयोजनीय समझते थे। समितिके अन्यान्य सदस्य भी आगरकरके मतानुवर्ती थे। किन्तु इस समय तिलकके पदत्याग करनेका और भी एक गुरुतर कारण उपस्थित हुआ। १८८८ ई०में अध्यापक गोखले पूनाकी 'सार्वजनिक सभा'के सम्पादक (या मन्त्री) नियुक्त हुए। इसमें तिलककी आपत्ति थी। आपका कहना था कि "जो दाक्षिणात्य समितिके आजीवन सभ्य हैं, उन्हें अपनी सम्पूर्ण शक्ति और समय कालेजकी उन्नतिके लिए व्यय करना चाहिए।" गोखले शिक्षक हो कर भी राजनीतिक सभाके मन्त्री होते हैं

और समितिके अन्यान्य सदस्य उसमें सम्मति देते हैं, यही तिलकके पदत्यागका मूल-कारण था। इस तरह तिलकने अपने अभीष्ट कार्य—अध्यापकत्वको छोड़ दिया और राजनीतिक जीवन यापन करनेमें प्रवृत्त हो गये।

इसी समय सरकारने "सहवास-सम्मति"वाला प्रस्ताव पास करना चाहा, जिस पर देश-व्यापी तुमुल आन्दोलन शुरू हो गया। तिलक इस कानूनके पास होनेके विरुद्ध जोजानसे कोशिश करने लगे। जिस नीतिके अनुसार विदेशी विजातीय गवर्मेण्ट प्रजाके धर्म और समाज सम्बन्धी यम-नियमोंमें हस्तक्षेप कर बाध्यता-मूलक आईन बनानेके लिए अग्रसर हो, तिलक महाराज उस नीतिके कट्टर विरोधी थे। सहवास-सम्मति आईनका पास होना कितना ही हितकर क्यों न हो, गवर्मेण्ट बलपूर्वक ऐसी व्यवस्था करती थी, इस कारण समाज-संस्कारके विशेष पक्षपाती और भी बहुतसे व्यक्ति सरकारके घोर विरोधी हो गये थे।

कालेजके अध्यापकका पद त्याग कर तिलकने पुनः कानून पढ़ानेकी व्यवस्था की। बम्बई-प्रेसिडेन्सीमें यही पहला-लॉ-कालेज है। कालेजमें हाईकोर्टके लिए वकालती विद्या पढ़ानेका बन्दोवस्त हो गया। इसके बाद दाक्षिणात्य समितिके सभ्योंमें एक बटवारा हुआ, जिसमें तिलक अकेले "केशरी" और "मराठा" पत्रके स्वत्वाधिकारी और सम्पादक हुए। "केशरी"के सम्पूर्ण-भावसे तिलकके कर्तृत्वाधीन होने पर, दिनों दिन उसकी उन्नति होने लगी।

तिलकने राजनीतिक क्षेत्रमें अवतरण करने पर भी अपनी असाधारण मनीषाको केवलमात्र उसीमें निबद्ध नहीं रखा था; प्रत्युत विद्यामें भी उनका असीम अनुराग था। अवसर पाते ही आप शास्त्राध्ययन करते थे। वेदके काल-निर्णयके विषयमें आपने कई निबन्ध लिखे हैं, जिससे आपके असाधारण पाण्डित्यका यथेष्ट परिचय मिलता है। १८७२ ई०में लण्डनमें प्राच्यविद्याविद् विद्वानोंकी एक अन्तर्जातीय बैठक हुई थी, उसमें तिलक महाराजके उक्त निबन्ध भेजे गये थे। उनसे तिलककी विद्वत्ता और प्रतिभा चारों ओर व्याप्त हो गई। १८८३ ई०में ये निबन्ध पुस्तकाकारमें प्रकाशित किये गये; पुस्तकका नाम "ओरायन" रखा गया। इस पुस्तकमें, ग्रीकको अपेक्षा हिन्दू सभ्यताकी प्राचीनताके विषयमें आपने बहुतसे प्रमाण दिये हैं। ग्रीक् आख्यायिकामें मृत शिकारीके 'ओरायोन' नामक नक्षत्रराशिमें स्थान-लाभकी जो कथा है, उसके साथ (उक्त नक्षत्रराशिका हिन्दू-नामकरण) मृगशिरा और सूर्यावस्थानकाल मार्गशीर्ष मासका जो शब्दगत सादृश्य है, उस विषयकी विस्तृत आलोचना कर तथा 'अग्रहायण' (मार्गशीर्ष) शब्दका अर्थ 'वर्षका प्रथम दिन, क्यों है, इसका विचार कर तिलक महोदयने दिखलाया है कि ऋग्वेदके जिन स्तोत्रोंमें उक्त अग्रहायण शब्दका उल्लेख है वा उस विषयकी नाना आख्यायिका हैं, वे जिस समय रची गई थीं, उस समय तक ग्रीक् लोग हिन्दुओंसे पृथक् नहीं हुए थे। सूर्यदेवके मृगशिरानक्षत्रमें अवस्थान करते समय जब वत्सरका प्रथम मास शुरू होता था, तब (अर्थात् ईसासे चार हजार वर्ष पहले) उपर्युक्त दोनों प्राचीन जातियां एक ही स्थानमें रहती थीं और उस समय ऋग्वेदकी गाथाएं रची गई थीं। प्राच्य और प्रतीच्य विद्यामें कैसी प्रगाढ़ विद्वत्ता होने पर और कैसी तीक्ष्ण दृष्टिसे गवेषणा करने पर ऐसा सिद्धान्त स्थिर किया जा सकता है, यह बात सहज ही समझ सकते हैं। उस गणित-विद्यामें तथा फलित ज्योतिषमें तिलकके असाधारण अधिकारका परिचय इसीसे मिल सकता है। इस ग्रन्थके प्रकाशित होने पर अध्यापक मोक्समूलर, जेकोबी, वेबर और हुइटनी आदि प्रमुख पाश्चात्य विद्वानोंने तिलककी सो मुंहसे प्रशंसा की थी। 'जन हपकिन्स विश्वविद्यालय'के डाक्टर ब्लूमफिल्डने विश्वविद्यालयके वार्षिक अधिवेशन पर कहा था, कि "ओरायनके लेखकने अपने प्रतिपाद्य प्रधान विषयों पर मुझे विश्वास करनेके लिए बाध्य किया है, यह बात मैं मुक्तकण्ठसे कहता हूं। 'ओरायन" अब साहित्य-जगत्में कुछ समयके लिए महा आन्दोलनकी सृष्टि करता रहेगा।" साहित्य और इतिहासके क्षेत्रमें सचमुच ही 'ओरायन'ने विप्लवकी सृष्टि की है।

इसी समय तिलक महाराज बम्बई प्रादेशिक कांग्रेसके मन्त्री नियुक्त हुए। लगातार पांच अधिवेशनों तक

थे, किन्तु अब उसकी ग्राहक संख्या काफी बढ़ने लगी। राजद्रोहके मुकदमाके समय इसके सात हजार ग्राहक हो गये। जेलसे लौट कर आपने "केसरी"का पहलेका कर्ज सब चुका दिया। आर्य्यन-कम्पनीके बन्द हो जाने तथा कारखानेमें नुकसान पड़ जानेसे अब आपको अर्थागमका उपाय सिर्फ "केसरी" हो रह गया। इसलिए आपको "केसरी"के लिए और भी अधिक परिश्रम करना पड़ा।

श्रीबाबा महाराज नामक एक सरदार तिलकके मित्र थे। उनका भी वासस्थान पूना था। श्रीबाबा महाराजकी स्त्रीका नाम था ताई महाराज। मरते समय उन्होंने एक 'इच्छापत्र' लिखा जिसमें तिलकको वे अपनी सम्पत्तिके परिचालक नियुक्त कर गये। यह घटना तिलकके हाजतसे छुटनेके बाद हो हुई थी। श्रीबाबाका कुछ ऋण भी था, तिलक महाराजने ऋण चुका दिया और विशेष दक्षताके साथ उनकी सम्पत्तिका रक्षणावेक्षण करते रहे। श्रीबाबाके कोई पुत्र न था, इसलिए आपने ताई महाराजको दत्तकपुत्र ग्रहण करनेका परामर्श दिया। ताई महाराजने अपनी इच्छानुसार एक बालकको पुत्ररूपमें ग्रहण कर लिया। तिलकको सुव्यवस्थासे औरोंके स्वार्थमें बाधा पड़ी। आखिर स्वार्थी लोग ताई महाराजको कुपरामर्श दे कर बहकाने लगे। ताई महाराज भी बातोंमें आ गईं। उन्होंने पवित्रहृदय तिलक महाराज पर जाल, प्रवञ्चना, सम्मति न होने पर भी दत्तक-ग्रहण करना आदि दफा सातमें नालिश कर दी। १९०१से १९०४ई० तक, चार वर्ष मामला चला। छोटी अदालतने तिलकको दोषी ठहरा कर १॥ वर्षकी सजाका हुक्म दिया। सेशनमें अपील की गई। जजने दण्ड घटा कर ६ महीनेकी सजाका हुक्म दिया। फिर हाई कोर्टमें अपील हुई और खलास हो गये। जजने स्पष्ट शब्दोंमें प्रकट कर दिया कि मि० तिलकने किसी प्रकारकी भी प्रवञ्चना नहीं की, जालका अभियोग मिथ्या है। इसके बाद आपने ताई महाराजकी सम्पत्तिके तत्त्वावधायकका पद छोड़ दिया।

इसके दूसरे वर्ष तिलक महाराजका ध्यान अपनी सम्पत्ति पर गया। आप अपने दो संवादपत्रों और प्रेसके इन्तजाममें लग गये। इस समय "केसरी"की ग्राहक-संख्या बहुत ही बढ़ गई थी। इसलिए आपको प्रेसके लिए एक अच्छी मशीनकी जरूरत पड़ी। महाराज गायकवाड़ने आपको अल्पमूल्यमें पूनेका 'गायकवाड़-वाड़ा' बेच दिया। उस जमीन पर आपने प्रेसके लिए मकान बनवाया। तिलक महाराजने मुद्रण-यन्त्रकी उन्नतिके लिए अपनी असामान्य प्रतिभा नियोजित कर यहाँ भी एक अद्भुत कार्य्य कर डाला। लीनो-यन्त्रमें काम आवे ऐसा मराठी टाइप बनाया जा सकता है या नहीं, आप इस विषयकी चिन्ता करने लगे। आपने लीनो-यन्त्रके लिए जैसे मराठी टाइप बनानेकी कल्पना की थी, उसका विलायतवालोंने अनुमोदन किया। परन्तु वैसे हरफोंके साथ लीनो-यन्त्रके मंगानेमें बाधा पड़ गई, विलायतके कारखाने उस तरहकी सिर्फ एक ही मशीन ढाल कर भेजना स्वीकार नहीं किया।

समय भारतमें, एकता स्थापनके उद्देश्यसे एक ही लिपिके प्रचारके लिए तिलक महाराजने यथेष्ट प्रयास किया था। १९०५ ई०में "एकलिपि-विस्तार-समिति" के अधिवेशनमें बाबू रमेशचन्द्र दत्त महाशय सभापति हुए थे, जिसमें तिलक महाराजने भारतके सर्वत्र नागरी अक्षरके प्रचलन पर जोर दिया था और नाना युक्तियों द्वारा उसे उपयोगी बतलाया था। वास्तवमें देखा जाय तो एक लिपि हुए बिना सम्पूर्ण जातियोंमें एकताका होना असम्भव है।

तिलक धार्मिक और सामाजिक उन्नतिके परिपन्थी न थे। १९०६ ई०में आपने काशीमें हिन्दूसमाजके संस्कारके विषयमें जैसा मत दिया था, उससे ऐसा ही प्रतीत होता है। आपने कहा था, कि वैदिक युगमें भारतका बाहरकी किसी भी समाज या जातिसे संस्पर्श न था। भारतके अधिवासी उस समय परस्पर एक दूसरेके साथ घनिष्ट सम्बन्धसे संबद्ध थे और सबकी सब एक ही विराट् जाति थी। भारतके नेताओंका कर्त्तव्य है कि उस एकताकी पुनः प्रतिष्ठा करें। काशीके हिन्दू जैसे हैं, बम्बई, मन्द्राजके हिन्दू भी ठीक वैसे ही हैं। विभिन्न देशवासी हिन्दुओंकी भाषा और वस्त्रादिमें अन्तर हो सकता है, पर जिस अनुष्ठानसे वे अनुप्राणित

है वह एक ही है। अतएव विभिन्न देशके हिन्दुओंका एकताके सूत्रमें आबद्ध होना आवश्यक है।

लोकमान्य तिलक कांग्रेसके प्रायः प्रारम्भसे ही उससे संश्लिष्ट थे। कांग्रेसके काममें आप प्रतिवर्ष उसका साथ देते थे। १८८५ ई०की प्रथम कांग्रेसकी विषय निर्वाचिनसमितिके सभ्योंमें आपका नाम चुना गया था इसी वर्ष आपने व्यवस्थापक सभा-सम्बन्धी प्रस्तावका समर्थन किया था। नागपुरकी सप्तम कांग्रेसमें आपने आर्म्स-एक्टके संबन्धमें प्रस्ताव उठाया था, लाहोरकी नवम कांग्रेसमें चिरस्थायी बन्दोबस्त संबन्धी प्रस्तावका समर्थन किया था. पूनाकी ग्यारहवीं कांग्रेसमें प्रजा-स्वत्व संबन्धीय प्रस्तावके आप अन्यतम वक्ता थे और कलकत्तेकी बारहवीं कांग्रेसमें आपने प्रादेशिक गवर्मेण्टोंको राजस्वके विषयमें अधिक जिम्मेवारी और स्वाधीनता देनेका प्रस्ताव किया था। सोलहवीं कांग्रेसमें भी तिलकने जन-साधारणके एक प्रस्तावका समर्थन किया था। कलकत्तेकी सत्रहवीं कांग्रेसमें शिक्षा संबन्धी कोई प्रस्ताव पेश हुआ था, जिस पर आपने एक बड़ी वक्तृता दी थी। इंग्लैण्डमें प्रतिनिधि भेजनेके विषयमें स्वर्गीय सर वेडरवर्नने जो प्रस्ताव पेश किया था, तिलक महाराजने उसका समर्थन किया था। कहनेका तात्पर्य यह है कि राजनीतिक आन्दोलनमें आपका खूब उत्साह और विश्वास था। आप प्रायः यह कहा करते थे, कि "हमारे कार्याकार्यके विचारकर्त्ता इंग्लैण्डमें हैं।" आप ब्रिटिश प्रजातन्त्रको और इशारा करते थे। ब्रिटिश प्रजा-साधारण पर आपकी श्रद्धा थी। १८०५ ई०में जब काशीमें कांग्रेस हुई थी; उस समय तिलक महाराजकी विशेषरूपसे अभ्यर्थना की गई थी इस कांग्रेसमें आपने दुर्भिक्ष, दारिद्र्य और भारतकी अर्थनीति अवस्थाके विषयमें अनुसन्धान तथा सेट्लमेण्टके बारेमें एक प्रस्ताव उपस्थित किया था। १८०६ ई०में कलकत्तेकी कांग्रेसमें स्वर्गीय पं० आनन्दचालूंने स्वदेशी आन्दोलनके विषयमें जो प्रस्ताव किया था, उसके आप समर्थक थे।

परन्तु भारतकी राजनीति-क्षेत्रकी शान्ति अब नष्ट हो गई। विधि-सङ्गत राजनीतिक आन्दोलन पर जो भारतवासियोंकी श्रद्धा थी, लार्ड कर्जनने उसके मूल पर कुठाराघात किया। लार्ड कर्जनके बङ्ग भङ्गके बाद भारतवासियोंने जैसा भारत इतिहासमें अभूतपूर्व आन्दोलन उठाया, उधर नौकरशाहीने भी वैसे ही कठोरतम शासनसे देशको विभीषिकामय कर दिया। साधारणमें सभा-समितियोंका होना बन्द कर दिया. देशके गण्यमान्य जन-नायकोंको बिना विचारके निर्वासित किया गया, बहुतोंको फाँसी पर भी लटकाया गया। जो लोग कभी राजनीतिक आन्दोलनकी छायामें भी न जाते थे, वे भी इस धड़-पकड़से घबड़ा उठे। इस विभीषिका सृष्टिका परिणाम यह हुआ कि भारतके कुछ व्यक्तियोंने पुरानी "आवेदन-निवेदन"की प्रथा सर्वथा त्याग दी। राजनीतिक युद्धक्षेत्रमें वे दृढ़तर और प्रबल अस्त्र-प्रयोगके पक्षपाती हो गये। एक एक करके बहुतोंने पुराने रिवाजका मुंह काला किया। भारतके इन नव-गठित "चरम-पन्थियों"में भी विभिन्न दलोंकी सृष्टि हुई। इस दलबन्दीके कारण सूरतकी कांग्रेसमें विच्छेद हो गया। भारतके इस राजनीतिक विच्छेद और सङ्कटके समयमें लोकमान्य तिलकने "चरमपन्थियों"का नेतृत्वपद ग्रहण किया।

लोकमान्य तिलकने अपने राजनीतिक मतवादकी निम्नलिखित रूपसे व्याख्या की,—"हमारे इस राजनीतिक सम्प्रदायकी जो 'चरम पन्थी'की आख्या प्राप्त हुई है, वह उसके उद्देश्यकी विशिष्टताके लिए नहीं, बल्कि कर्म-पन्थाके वैशिष्ट्यके कारण मिली है। भारतसे अभी ब्रिटिश-शासनका उच्छेद करना चाहते हों या ब्रिटिश-शासनसे किसी तरहका सम्बन्ध नहीं रखना चाहते हों, ऐसे राजनीतिक मतके समर्थक या पोषक भारतमें बहुत कम हो हैं। उनके साथ हमारा कोई सम्बन्ध नहीं है—वह सुदूर भविष्यकी बात है। हम लोगोंमें किसी तरहकी शृङ्खला नहीं है, सम्पूर्ण निरस्त्र हैं, गृह-विच्छेदके कारण दुर्बल हैं, भला हम कैसे ब्रिटिश-आधिपत्यसे छुटकारा पा सकते हैं? ये सब बातें सुदूर भविष्यके लिए छोड़ देना ही हमारे लिए सङ्गत और उचित है। वर्तमानमें, हमारे देशका शासन-भार क्रमशः अधिकतर हमारे ही हाथमें आवे, यही हमारा उद्देश्य है। हमारी यह भविष्यकी आशा है,—

भारतके विभिन्न प्रदेश सम्मिलित हो कर एक युक्तराज्यका सङ्गठन करेंगे तथा ब्रिटिश औपनिवेशिक स्वायत्त-शासनके द्वारा, देश-देशवासियोंके द्वारा और भारतके प्रधान केन्द्रीय गवर्मेण्ट इंग्लैण्डमें रह कर निखिल भारत सम्बन्धी समस्याओंका समाधान करेगा। स्वायत्त-शासनकी व्यवस्थासे प्रादेशिक गवर्मेण्टोंमें भी सुव्यवस्थाकी आकांक्षाका हम पोषण करते हैं। परन्तु ये भी बहुत दूरकी बातें हैं, आरम्भ शुरू होने पर बहुत दिनों बाद सम्भव पर हो सकती हैं। फिलहाल हम अपनी कार्य-पद्धतिके जरिये नौकरशाहीको समझाना चाहते हैं, कि उनकी सभी कार्य पद्धति अच्छी हो, ऐसा नहीं। सम्प्रति हमारे ब्रिटिश-कर्मचारियोंकी गतिविधि बहुत ही बिगड़ गई है।........किस प्रकारसे हम नौकरशाही को सचेत कर सकते हैं, यही हमारी वर्तमान समस्या है। इस नौकरशाहीमें हमारे प्रतिनिधि स्थानीय व्यक्ति उतने नहीं हैं, निम्नपदों पर अधिकार करनेके सिवा हमारा नौकरशाहीके साथ और कोई सम्बन्ध नहीं हो पाया है। यहीं पर 'माडरेटों'के साथ हमारे मतका पार्थक्य है। 'माडरेट'-गण अब भी यह आशा रखते हैं, कि हम इंग्लैण्डमें प्रतिनिधि भेज कर अंग्रेज जन-साधारणकी मतिगतिमें परिवर्तन ला सकते हैं। इस देशमें जितने भी अंग्रेज हैं, उनके मति-परिवर्तनकी आशा तो दोनों ही दलोंने, बहुत दिन हुए छोड़ दी है। 'माडरेट'-गण इंग्लैण्डके लोगोंसे अब भी आशा रखते हैं, पर 'अग्रपन्थी' गण ऐसी आशा नहीं रखते।

........हमारा आदर्श है, 'आत्म-निर्भरता'—भिक्षा वृत्तिका तिरोधान।

'साधारण स्वदेशी-आन्दोलनके सिवा बायकाट और निष्क्रिय प्रतिकूलता भी हमारे अस्त्र हैं। हम बायकाटके लिए किसी पर बल-प्रयोग करनेके पक्षपाती नहीं हैं। हम किसीको विलायती चीजें खरीदनेके लिए मना नहीं करते और न दूकानदारोंके दरवाजे पर जा कर धरना देनेकी ही सलाह देते हैं। और निष्क्रिय प्रतिकूलतामें भी हम सिर्फ 'राजद्रोहसभा-निषेध'की आईन जैसी व्यवस्थाकी उपेक्षा करेंगे। हमारे भाग्यमें जो कुछ है, होने दो; उसके लिए हम चिन्तित नहीं हैं। हम भारतवासी जन-साधारणके महान् उद्देश्यकी सिद्धिके लिए मतो हुए हैं। नौकरशाही यदि हमारे इस आदर्शको एक साथ छोड़ कर भी सोचे विरत होनेके सिवा उन्हें कोई सुफल नहीं प्राप्त हो सकता। व्यवस्थापकसभामें असुविधाकी सृष्टि कर एवं सरकार या नौकरशाहीके विरोधी हो कर हम इंग्लैण्डकी दृष्टि आकर्षित करना चाहते हैं। रेल चला कर, शिक्षाकी व्यवस्था कर और सरकारी कार्यमें एक मात्र अंग्रेजी भाषाका व्यवहार कर इंग्लैण्ड और भारतकी एकताके आदर्शकी परिपुष्टि भी की है, पर यह सब कुछ उन्होंने अपनी इच्छासे नहीं किया। ब्रिटिश-आधिपत्यके प्रबल प्रतापसे भारतवासी अपने ही आप एकताके सूत्रमें आबद्ध होना सीख रहे हैं। किन्तु इस एकताकी परिपुष्टि कई पीढ़ियोंके बाद हो सकती है। अतएव हमें अभीसे ही अपने उद्देश्यकी पुष्टिके लिए सम्मुखीन होना चाहिए; हमको दूसरे मार्ग पर न चल कर पहले इसी मार्ग पर चलना उचित है।"

लोकमान्य तिलक महाराजने एक जगह कहा है—"हमारा यह विद्रोह सम्पूर्णभावसे बिना रक्त-पातके ही होना चाहिये। किसीको भी ऐसा न समझ लेना चाहिये कि रक्त-पात न होगा, इस कारण लोगोंको दुःख कष्ट भी न होगा, कष्टोंका सामना तो हर हालतमें करना पड़ेगा। बिना रक्त-पातके ही हमें जिन कष्टोंको भोगना पड़ेगा, वे सामान्य नहीं है। यह बात निश्चित है कि यदि हम दुःख-कष्ट सहनेके लिये तैयार नहीं है, तो हमारे द्वारा किसी भी उद्देश्यकी सिद्धि नहीं हो सकती।"

सूरत-कांग्रेसके विच्छेदके बाद भारतके राजनीतिक क्षेत्रमें और भी भीषण घटनाएं होने लगीं। सरकारने अपनी दमननीतिकी कठोरताका किञ्चिन्मात्र भी ह्रास नहीं किया। परिणाम यह निकला कि बङ्गालमें विद्रोह उपस्थित हो गया। मुजफ्फरपुरमें बम फटा। जिसे मारना चाहते थे उसे तो मारा नहीं, आततायियोंने दो अङ्गरेज रमणियोंको मार डाला। बम फेंकनेके बारेमें संवादपत्रोंमें आलोचना होने लगी। 'केसरी' में भी इसके प्रतीकारके विषयमें कई धारावाहिक लेख प्रकाशित हुए। इन लेखोंमें देशकी तदानीन्तन अवस्थाका

भ्रष्ट भाषामें वर्णन किया गया था और बतलाया गया था कि "बम फेंकनेका कार्य अत्यन्त गर्हित है, इसमें सन्देह नहीं, किन्तु सरकारी दमननीति और अन्यान्य व्यवस्थाके दोषसे ही ऐसा हुआ है। अब यदि इस अत्याहितके लिये फिरसे कठोरतर दमननीतिकी व्यवस्था की गई, तो उसका फल यह होगा कि देशमें विद्रोहका विस्तार होने लगेगा। विद्रोह निवारणका उपाय यही है, कि देशके आदमियों पर सहानुभूति-पूर्ण हृदयसे उनके लिये नाना विषयोंमें सुव्यवस्था कर देना। इस परसे गवर्मेण्टने प्रमाणित किया कि 'केशरी' के लेखोंमें कौशलसे बमके व्यवहारका समर्थन किया गया है और उसके लिए लोगोंको उत्तेजना दी गई है। तिलक महाराज ही केशरी के सम्पादक हैं, ऐसा सरकारको मालूम था। अतएव उनके प्रेस और सिंहगढ़के स्वास्थ्य-निवासमें खानातलाशी हुई। तलाशीमें एक पोस्ट-कार्ड निकला, जिसमें विस्फोटककी दो पुस्तकोंका नाम लिखे थे। तिलक महाराज गिरफ़तार हो गए। सरकारने उन्हें जमानत पर भी नहीं छोड़ा। आप पर दो अभियोग लगाए गए। १३ जुलाईको हाई-कोर्टमें मुकदमा शुरू हुआ, स्पेशल जुरीमें सात अङ्गरेज और दो पारसी चुने गये। 'केशरी'के जिन लेखोंके लिए तिलक गिरफ्तार हुए थे, वे सब मराठी भाषामें लिखे हुए थे। जज और जूरियोंमें कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं था जो मराठी भाषा जानता हो। तिलकने अपने पक्ष समर्थनके लिए वक्तृता दी। मुकदमाके तीसरे दिन चार बजेसे आपकी वक्तृता शुरू हुई थी, परवर्ती बुधवारको (मुकदमाके आठवें दिन) दो पहरके वक्त वह खतम हुई। अपना पक्ष-समर्थन करते समय आपने व्यवहार-शास्त्रमें अपनी विशेष दक्षताका परिचय दिया था। एडभोकेट जनरलने तिलककी वक्तृताका उत्तर देते समय कुछ व्यङ्ग किया था, उनकी वक्तृता उसी दिन शामको समाप्त हो गई। जजने कहा -"हम रात तक मुकदमा करेंगे और आज ही इस मामलेको खतम कर देंगे।" विचारपति मि० दाबरने जूरियोंको मामला समझाते समय तिलकके विरुद्ध वक्तृता दी। रातके आठ बजे जूरी लोग आपसमें सलाह करनेके लिए इजलाससे उठकर दूसरे कमरेमें चले गये। ८।।१० बजेके समय जूरी लोग इजलासमें आये। सात जूरियोंने तिलकको दोषी ठहराया और दोने निर्दोष। जजने अधिकांश जूरियोंके मतानुसार तिलकको अपराधी ठहराया और उन्हें छः वर्षके लिए द्वीपान्तर-वास तथा एक हजार रुपये जुर्मानाका हुक्म सुनाया। दण्ड देते समय तिलक महाराजके लिए जजने कहा था—"आपमें असामान्य प्रतिभा है, असीम शक्ति है और जन-समाज पर आपका यथेष्ट प्रभाव है। इस प्रतिभाको यदि आप अपने देशके हितके लिए नियोजित करते, तो आज जिस जन-समाजके लिए आप चिन्तित हैं, उसके सुख-सन्तोषमें कारण हो सकते थे। राजनीतिक आन्दोलनमें बमका व्यवहार विधि-सङ्गत उपाय है, यह बात विकृत-मस्तक और उन्मार्गगामीके सिवा और कोई भी नहीं कह सकता, और तो क्या, इसकी चिन्ता भी नहीं कर सकता। और आपने जो लेख लिखे हैं, वे विविध सङ्गत हैं, यह बात भी विकृतमस्तकके सिवा और कोई नहीं कह सकता। आप जैसे अवस्थापन्न और उच्चपदस्थ व्यक्तिको कैसा दण्ड देनेसे आईन और विचारका उद्देश्य सिद्ध हो सकता है, इसीका मैं चिन्ता कर रहा हूं। आपकी वयस और अन्यान्य पारिपार्श्विक अवस्थाका विचार करते हुए मैं विवेचना-पूर्वक स्थिर करता हूं कि देशकी शान्ति और शृङ्खलाकी रक्षाके लिए तथा जिस देशकी सेवाके लिए आपने आत्म नियोग किया है, उस देशके मङ्गलार्थ अब आपको कुछ दिनोंके लिए उस देशसे दूर रखना ही विशेष वाञ्छनीय है।"

विचारपतिके इस मन्तव्य-पाठसे तिलक महाराजने अपना अपमान समझा। मि० दाबरने जब तिलकको आपना शेष वक्तव्य कहनेके लिए कहा, तब आप कठघरेमेंसे जलदगम्भीर-स्वर और मर्मस्पर्शी भाषामें बोल उठे—"मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि जूरियों-के द्वारा अपराधी ठहराये जाने पर भी, मैं निरापराध हूं। एक महाशक्ति जगत्‌के भाग्यका नियन्त्रण किया करती है; भगवान्‌की इच्छा शायद ऐसी ही है, कि मैंने जिस उद्देश्यकी सिद्धिके लिए आत्म-नियोग किया था, मेरे स्वाधीन रहनेकी अपेक्षा मेरे दुःख कष्ट सहनेसे ही उसमें अधिक सफलता प्राप्त होगी।"

लोकमान्य बालगङ्गाधर तिलक।

तिलक महाराजके इस दण्डके प्रतिवाद करनेके लिए महाराष्ट्र प्रदेशमें प्रबल आन्दोलन और उत्तेजना फैल गई। मध्यवित्त व्यक्तियोंने एक सप्ताह तक कोई काम-काज ही नहीं किया। देशी और विदेशी प्रायः सभी संवादपत्रोंमें इस दण्डाज्ञाके विरुद्ध प्रतिवाद प्रकाशित हुआ था। जनता तिलकके लिए इतनी क्षुब्ध हो गई कि शहरमें जहां-तहां दङ्गा-फिसाद होने लगा। इसके दमनके लिए शहरमें सेना लाई गई; जिसकी गोलियोंसे १५ आदमी मर गये और १८ घायल हुए। मध्यवित्त शिक्षित समाजने भी एक सप्ताहके लिये अपना व्यापार बन्द रक्खा था।

दण्डाज्ञाके अनुसार तिलक महाराज शीघ्र ही बम्बई-से अहमदाबाद भेजे गये। परन्तु मालूम नहीं, सरकारने क्या सोच कर, उन्हें आन्दामन नहीं भेजा। छः वर्ष तक आप मन्दालयमें ही रक्खे गये। अहमदाबाद पहुंचते ही सरकारने जुर्मानेके एक हजार रुपये माफ कर दिये थे। आपके आत्मीय बन्धु जब हाई-कोर्टमें बार बार अपील दे कर व्यर्थमनोरथ हो गये, तब प्रिविकौन्सिलमें अपील करनेके लिये मि० बानर्ड को विलायत भेजा। परन्तु प्रिविकौन्सिलका विचार भी भारत गवर्नमेंटके परामर्शानुसार होता है, इसलिये उससे भी कोई सुफल नहीं हुआ।

मन्दालयमें निर्वासनके समय, तिलक महाराजने अपने प्रिय-ग्रन्थ 'श्रीमद्भगवद्गीता' की आलोचना

करना प्रारम्भ कर दिया। गीताकी आलोचनामें आप निर्वासनकी निर्जनताको बिलकुल भूल गये और साथ ही आपका सामयिक अवसाद भी दूर हो गया। परन्तु हाय! इसी समय आपकी कर्म-क्लेशमय जीवनकी चिरसङ्गिनी, सहधर्मिणीका देहान्त हो गया, जिससे आप अत्यन्त व्यथित हुए। आप विद्वान् थे, शीघ्र ही दर्शन और धर्म सम्बन्धीय आलोचनामें मन लगा कर आपने कुछ शान्ति प्राप्त की। आपने बहुत आलोचना करनेके बाद मौलिक गवेषणा-पूर्वक 'गीता-रहस्य' नामक एक विशाल ग्रन्थकी रचना की। निर्वासन-स्थानसे लौट कर आपने यह ग्रन्थ प्रकाशित किया, जिससे देशमें एक नव-जागरणकी आवाज गूँज उठी। तिलककी असामान्य विद्वत्ता, गभीर अनुभूति और हिन्दू-शास्त्रकी मर्यादा इस 'गीता-रहस्य'में ही प्रकट हो जाती है।

१८१४ ई०में तिलक मुक्ति पाकर अपने देशमें आये। आपने एक पत्रमें अपनी अहिंस-राजनीतिक मतवाद प्रकट किया कि—"गवर्मेण्ट धीरे धीरे भारतकी उन्नतिके लिये प्रयत्न कर रही है, अतएव इंगलैण्डके इस दुःसमयमें प्रत्येक भारतवासीको सहायता देनी चाहिए।" इसके पर भी, पूना पहुँचते ही सरकारने आप पर तीक्ष्ण-दृष्टि रखनेकी व्यवस्था की थी।

सन् १८१५ की कांग्रेसमें तिलक महाराजने नरम और गरम दलका विरोध मिटा दिया। आपके उद्योगसे १८१६ ई०के सेप्टेम्बर मासमें, पूनामें "होमरूल लीग" नामकी एक सभा स्थापित हुई। एक बार आपने लखनऊकी कांग्रेसमें स्वायत्त-शासनके सम्बन्धमें वक्तृता दी थी और अपना मन्तव्य प्रकट किया था। ६१ वीं वर्षगांठमें लोगोंने आपको १ लाख रुपयेकी थैली भेंटमें दी थी।

१८१७ ई०में मण्टेगू साहब जब भारतवर्षमें नवीन शासन-प्रथा प्रवर्तन करने आये, तब तिलक महाराजने 'होमरूल लीग'की तरफसे उनके साथ मुलाकात की थी। आपने विलायतकी ब्रिटिश जनताको भारतकी अवस्थाका परिज्ञान करानेके लिए विलायत जानेकी इच्छा प्रकट की, किन्तु गवर्नमेण्टने इन्हें वहां जानेकी आज्ञा न दी। १०१८ ई०में 'इम्पीरियल वार कानफरेन्स'ने पहले तिलक महाराजको निमन्त्रण नहीं दिया था, किन्तु पीछे जन-साधारणके आन्दोलनसे आप निमन्त्रित हुए थे। तिलकने वहां राजभक्ति-प्रकाशक प्रस्तावका समर्थन करते हुए कहा था—"जब तक देशमें स्वायत्त शासनकी व्यवस्थाका विरोध करनेवाला कानून रहेगा तब तक कोई भी हृदयसे राजभक्ति नहीं दिखा सकता।" लाट साहबने तिलककी वक्तृता देनेसे रोका, इस पर तिलक और उनके बन्धु-बान्धवोंने अपना अपमान समझा और उसी समय सब सभासे उठ कर चले आये। वास्तवमें तिलक राजभक्ति दिखानेके विरोधी न थे। दूसरी सभामें उन्होंने स्वयं इस बातको भली भांति समझा दिया था। लाट साहबके उक्त व्यवहारके विरुद्ध बम्बईमें एक सभा हुई। तिलकने उसमें कहा कि "यदि सरकार भारतवासियोंको सैन्य-विभागमें ग्रहण करे, तो मैं इसी समय पांच हजार सेना इकट्ठी करके दे सकता हूं।" परन्तु गवर्नमेण्टने आपकी यह स्वतःप्रणोदित सहायता ग्रहण करनेमें शायद अपना अपमान समझा।

नवीन शासन-संस्कारका कानून जब छप कर प्रकाशित हुआ तब तिलकने उस पर असन्तोष प्रकट किया था।

सर वेलेण्टाइन चिरोलने अपनी "भारतमें अशान्ति" नामक पुस्तकमें तिलकके विरुद्ध बहुतसी झूठी बातें लिख मारी थीं। इसलिए चिरोल पर मुकदमा चलानेके लिए १८१८ ई०में आप विलायत गये। वहां मुकदमा करके आप कृतकार्य न हुए। आपने विलायतके श्रमजीवी सम्प्रदायकी दृष्टि भारतकी शासनप्रथाकी ओर आकर्षित की थी। विलायतमें आप ब्राह्मणके हाथकी रसोई जीमते थे।

भारत लौट कर १८१८ ई०में आप अमृतसरकी कांग्रेसमें शामिल हुए और उसकी प्रबन्धकारिणी समिति को आपने अपने आदर्शमें अनुप्राणित किया। इस बार कांग्रेसका कार्य सिर्फ आप ही के मतानुसार चला था।

१८२० ई०के जुलाई मासमें तिलक महाराजको बीमारीने घेर लिया। सुयोग्य चिकित्सकोंके बहुत परिश्रम करने पर भी आपको पुनः स्वास्थ्य प्राप्त नहीं हुआ।

अवस्थामें ३१ जुलाई, शनिवार रातिको १२ बजके ४० मिनट पर आप सर्वदाके लिए धराधाम त्याग कर स्वर्ग सिधारे। दूसरे दिन महात्मा मोहनदास करमचंद गान्धी, लाजपत राय, मुनजी, टेगवान्ड, कारन्दिकर, शौकतअली, छोटानी, बैपटिस्टा आदि हिन्दू-मुसलमान नेतागण विषण्ण हृदयसे अपने सम्मानित सहयोगीकी अन्तिम क्रिया सम्पादनके लिए पैदल अर्थीके साथ गये थे। भारतके सर्वत्र ही इस महापुरुषके लिए शोकप्रकाश किया गया था।

तिलक वास्तवमें भारतमाताके ललाटके उज्ज्वल तिलक थे। आपके चरित्रसे हमें असाधारण दृढ़ता, आत्यन्तिक सरलता, अकृत्रिम देशभक्ति और समाजनिष्ठा की शिक्षा मिलती है। आपकी मृत्युसे जातीय-जीवनकी जो क्षति हुई है, सहजमें उसकी पूर्ति न हो सकती।

तिलकक (सं॰ पु॰) काश्मीरके एक राजाका नाम। (राजतर॰ ८।२६८)

तिलककामोद (सं॰ पु॰) एक रागिणीका नाम। यह कामोद और बिहाग अथवा कान्हड़ा कामोद और यह योगसे मिल कर बनी है।

तिलकट (सं॰ क्ली॰) तिलस्य रजः तिल-कटच्। तिलका चूर्ण।

तिलकल्क (सं॰ स्त्री॰) तिलका छिलका।

तिलकना (हिं॰ क्रि॰) ताल आदिकी मट्टीका सूख कर दरारके साथ फटना।

तिलकमुद्रा (सं॰ पु॰) चन्दन आदिका टीका और शङ्खचक्र आदिका छापा। इसे भक्त लोग लगाते हैं।

तिलकराज (सं॰ पु॰) काश्मीरके एक राजाका नाम। (राजतर॰ ७।११९)

तिलकल्क (सं॰ पु॰) तिलस्य कल्कः ६-तत्। तिलकुट, तिलका चूर्ण।

तिलकल्कज (सं॰ त्रि॰) तिलकल्कात् जायते जन ड। जो तिलके चूर्णसे उत्पन्न हो।

तिलकसिंह (सं॰ पु॰) काश्मीरके एक राजाका नाम। (राजतर॰ ८।४१२)

तिलकहार (हिं॰ पु॰) वह मनुष्य जो कन्याकी ओरसे वरको तिलक चढ़ानेके लिये जाता है।

तिलका (सं॰ स्त्री॰) तिलमिव बीजकोशे इव कायति तिल-कै-क टाप्। १ हारभेद, कण्ठमें पहननेका एक आभूषण। २ शरीरमें शस्त्रादि द्वारा तिल-पुष्पके आकार का चिह्न। ३ छन्दोभेद, एक वृत्तका नाम जिसके प्रत्येक चरणमें ६ अक्षर होते हैं।

तिलकालक (सं॰ पु॰) तिल इव कालकः उपमि॰। १ देहस्थित तिल, शरीर परका तिलके आकारका काला चिह्न, तिल। इसके संस्कृत पर्याय—तिलक, कालक, पिप्लु और जड़ुल। जिसका परिमाण तिलके समान तथा वर्ण काला होता और जिसकी वृद्धि नहीं होती और जो कष्टदायक नहीं होता, उसे तिलकालक कहते हैं। वात पित्त और कफकी अधिकता होनेसे यह तिल उत्पन्न होता है। २ रोगविशेष। इसका वर्ण काला अथवा विचित्रवर्ण विवाक्त होता है। इसमें पुरुषकी इन्द्रिय पक जाती है और उस पर काले काले दागसे पड़ जाते हैं और थोड़े दिनके बाद मांस गल गल कर गिरने लगता है। ३ तिलयुक्त व्यक्ति, वह मनुष्य जिसके तिल हो।

तिलकाश्रय (सं॰ पुं॰) तिलकस्य आश्रयः ६-तत्। वह स्थान जहां तिलक लगाया जाता है, ललाट।

तिलकिट्ट (सं॰ क्ली॰) तिलस्य किट्टं ६-तत्। तिलमल, तिलकी खली।

तिलकित (सं॰ त्रि॰) तिलकोऽस्य सञ्जातः तारकादित्वादितच्। अङ्कित, छापा हुआ।

तिलकी (सं॰ त्रि॰) तिलकमस्त्यस्य तिलक इनि। तिलक युक्त, जो तिलक लगाता हो। तिलक धारण कर सब काम करना चाहिये।

तिलकुट (हिं॰ पु॰) कुटे हुए तिल जो खांड़की चाशनी में पगे हों।

तिलकेश्वरतीर्थ (सं॰ क्ली॰) तिलकेश्वर नामका तीर्थ। शिवपुराणोक्त एक तीर्थका नाम।

तिलखलि (सं॰ स्त्री॰) तिलस्य खलिः ६-तत्। तिलकी खली।

तिलखा (हिं॰ पु॰) एक चिड़ियाका नाम।

तिलङ्ग—एक प्राचीन जनपद। स्कन्दपुराणके कुमारिकाखण्डमें इस जनपदका उल्लेख है। मालूम होता है कि यह त्रिकलिङ्ग शब्दका अपभ्रंश है। अभी यह तैलङ्ग नामसे मशहूर है। तैलङ्ग देखो।

तिलचटा (हिं० पु०) एक प्रकारका झींगुर।

तिलचावली (हिं० स्त्री०) १ तिल और चावलकी खिचड़ी। (वि०) जो कुछ सफेद और कुछ काला हो।

तिलचित्रपत्रक (सं० पु०) तिलचित्राणि तिलवत् विचित्राणि पत्राणि यस्य बहुव्री० कप्। तैलकन्द।

तिलचूर्ण (सं० क्ली०) तिलस्य चूर्णं ६-तत्। चूर्णीकृत तिल, तिलकुट। पर्याय—तिलकल्क, पलल और पिष्टक है, इसका गुण रूक्ष, पित्त, रक्त, बल और पुष्टिदायक है।

तिलच्छक (सं० पु०) ईहामृग, कोक, भेड़िया।

तिलज (सं० क्ली०) तैल, तेल।

तिलजटा (सं० क्ली०) तिलमञ्जरी, तिलका मंजर।

तिलजा (सं० स्त्री०) तिलवासिनी धान्य एक प्रकारका धान जिसकी सुगन्ध तिल जैसी होती है।

तिलजुगा—उत्तरबिहारमें प्रवाहित एक नदी। यह नेपाल की तराईसे निकल भागलपुर जिला होती हुई तिलकेश्वर ग्रामके निकट दक्षिणपूर्वकी ओर घूमकर मुङ्गेरके फर्कीया परगनेमें प्रविष्ट हुई है। फिर बलहर नामक स्थानपर भागलपुर जिलेमें प्रवेश कर ठीक पूर्वकी ओर जा कर भौरावती ग्रामके निकट कोसी नदीमें गिरी है। इस नदीमें बारहो मास नाव आती जाती है। इससे कई एक शाखा नदी और खाल निकली है।

तिलछना (हिं० क्रि०) बेचैन होना, विकल रहना।

तिलड़ा (हिं० वि०) १ जिसमें तीन लड़े हों। (हिं० पु०) २ पत्थर गढ़नेवालोंकी एक छेनी इससे वे टेढ़ी लकीर या लहरदार नक्काशी बनाते हैं।

तिलड़ी (हिं० स्त्री०) तीन लड़ोंकी एक माला। इसके बीचमें जुगनी लटकती है।

तिलतण्डुलक (सं० क्ली०) तिलस्य तण्डुल इव कार्यमिक्षं क। १ आलिङ्गन। (पु०) तिलस्य तण्डुलः, ६-तत्। २ निस्तुष तिल, बिना भूसीका तिल। ३ तिलमिश्रित तण्डुल, तिल मिला हुआ चावल।

तिलतेजा (सं० स्त्री०) तिल इव तेजयति चुरादि निजअच् टाप्। मतान्तर, एक प्रकारकी बेल।

तिलतैल (सं० क्ली०) तिलस्य स्नेहः तिल-तैलच्। स्नेहे तैलच्। पा ५।२।२१ इति सूत्रस्य वार्त्तिकोक्त्या तैलच्। तिलतैल, तिलका तेल। सब प्रकारके तेलोंसे तिलका तेल प्रशस्त है।

इसके गुण—कषाय स्वादु, उष्ण, पित्तकृत्, वायुनाशक, श्लेष्मावर्द्धक, मेधा, कण्डु, कुष्ठ और विकारनाशक, हृद्य और श्रमनाशक।

छिन्न, भिन्न, च्युत, पिष्ट, क्षत, भग्न, अग्निदाह, अभ्यङ्ग, विष, अङ्गावगाहन, पान, वस्तिक्रिया, नस्य, कर्णपूरण इन सब स्थानोंमें तिलका तेल विधेय है।

(हारीतसं०)

तिलका तेल आग्नेय, उष्ण, तीक्ष्ण, मधुर, पुष्टिकर, तृप्तिकर, ग्राम्य-धर्ममें उत्तेजक, सूक्ष्म, विशद, गुरु, सारक, विकाशी, तेजस्कर, मेधा, शरीरकी कोमलता, और मांसको दृढ़ करनेवाला, वर्णकर, बलकर, दृष्टि राहित्य, साधक, मूत्ररोधक लेखनकर, तिक्त, कषाय, पाचक, वातश्लेष्मानाशक, क्रमिघ्न योनिशूल, शिरःशूल और कर्णशूलमें शान्तिकर, गर्भाशयका शोधनकर, छिन्न, भिन्न, उत्पिष्ट, विद्ध, च्युत, मथित, क्षत, भग्न, स्फुटित क्षारदग्ध, अग्निदग्ध, विश्लिष्ट, दारित, अभिहत, दुर्भग्न और मृगव्यालादि दष्ट इन सब स्थानोंमें तिलका तेल बहुत हितकर है। (सुश्रुत)

तिलदानी (हिं० स्त्री०) दरजीकी सुई, तागा, अंगुश्ताना आदि औजार रखनेकी कपड़ेकी थैली।

तिलदेश्वरतीर्थ (सं० पु०) तिलदेश्वर इति नाम्ना प्रसिद्ध तीर्थ। रेवानदीके तीरवर्त्ती तीर्थविशेष, एक तीर्थका नाम जो रेवानदीके किनारे अवस्थित है। इसका दूसरा नाम तिलकेश्वरतीर्थ है। रेवामाहात्म्य।

तिलद्वादशी (सं० स्त्री०) द्वादशीभेद। द्वादशी देखो।

तिलधेनु (सं० स्त्री०) तिलनिर्मिता धेनु, मध्यलो० कर्मधा०। विधानपूर्वक तिलनिर्मित धेनु, एक प्रकारका दान जिसमें तिलोंकी गाय बना कर दान करते हैं। पद्मपुराणमें लिखा है षोड़श आढ़क अर्थात् चौंसठ सेर तिलसे गाय और चार आढक अर्थात् सोलह सेर तिलसे बछड़ा बनाना चाहिये। उसके ईखके टुकड़ोंके पैर, फूलोंके दाँत, गन्धमयी नाक और गुड़ की जीभ होनी चाहिये। इसी तरह तिलधेनु प्रस्तुत होती है। पीछे उसे काले मृगचर्ममें स्थापित कर वस्त्र द्वारा

भम्तमें ३१ जुलाई, शनिवार रात्रिको १२ बजके ४० मिनट पर आप सर्वदाके लिए धराधाम त्याग कर स्वर्ग सिधारे। दूसरे दिन महात्मा मोहनदास करमचन्द गान्धी, खापर्डे, मुनजो, देशपाण्डे, कारन्दिकर, शौकतअली, छोटानी, बैपटिष्टा आदि हिन्दू-मुसलमान नेतागण विषण्ण हृदयसे अपने सम्मानित सहयोगीकी अन्तिम क्रिया सम्पादनके लिए पैदल अर्थीके साथ गये थे। भारतके सर्वत्र ही इस महापुरुषके लिए शोकप्रकाश किया गया था।

तिलक वास्तवमें भारतमाताके ललाटके उज्ज्वल तिलक थे। आपके चरित्रसे हमें असाधारण दृढ़ता, आत्यन्तिक सरलता, अकृत्रिम देशभक्ति और समाजनिष्ठा की शिक्षा मिलती है। आपकी मृत्युसे जातीय-जीवनकी जो क्षति हुई है, सहजमें उसकी पूर्ति न हो सकती।

तिलकक्ष (सं॰ पु॰) काश्मीरके एक राजाका नाम। (राजतर॰ ८।८६८)

तिलककामोद (सं॰ पु॰) एक रागिणीका नाम। यह कामोद और विधिल अथवा कान्हड़ा कामोद और षड़ योगसे मिल कर बनी है।

तिलकट (सं॰ क्ली॰) तिलस्य रजः तिल-कटच्। तिलका चूर्ण।

तिलकल्क (सं॰ स्त्री॰) तिलका छिलका।

तिलकना (हिं॰ क्रि॰) ताल आदिकी मट्टीका सूख कर दरारके साथ फटना।

तिलकमुद्रा (सं॰ पु॰) चन्दन आदिका टीका और शङ्खचक्र आदिका छापा। इसे भक्त लोग लगाते हैं।

तिलकराज (सं॰ पु॰) काश्मीरके एक राजाका नाम। (राजतर॰ ७।११९)

तिलकल्क (सं॰ पु॰) तिलस्य कल्कः ६-तत्। तिलकुट, तिलका चूर्ण।

तिलकल्कज (सं॰ त्रि॰) तिलकल्कात् जायते तिल कल्क-जन-ड। जो तिलके चूर्णसे उत्पन्न हो।

तिलकसिंह (सं॰ पु॰) काश्मीरके एक राजाका नाम। (राजतर॰ ८।४१२)

तिलकहार (हिं॰ पु॰) वह मनुष्य जो कन्याकी ओरसे वरको तिलक चढ़ानेके लिये जाता है।

तिलका (सं॰ स्त्री॰) तिलमिव मोक्षकोष इव कायति तिल-कै-क टाप्। १ हारभेद, कण्ठमें पहननेका एक आभूषण। २ शरीरमें मशादि द्वारा तिल-पुष्पके आकार-का चिह्न। ३ छन्दोभेद, एक वृत्तका नाम जिसके प्रत्येक चरणमें ६ अक्षर होते हैं।

तिलकालक (सं॰ पु॰) तिल इव कालकः कर्मधाः। १ देहस्थित तिल, शरीर परका तिलके आकारका काला चिह्न, तिल। इसके संस्कृत पर्याय—तिलक, कालक, पिप्लु और जड़ुल। जिसका परिमाण तिलके समान तथा वर्ण काला होता और जिसकी वृद्धि नहीं होती और जो कष्टदायक नहीं होता, उसे तिलकालक कहते हैं। वात पित्त और कफकी अधिकता होनेसे यह तिल उत्पन्न होता है। २ रोगविशेष। इसका वर्ण काला अथवा विचित्रवर्ण विपाक होता है। इसमें पुरुषकी इन्द्रिय पक जाती है और उस पर काले काले दागसे पड़ जाते हैं और थोड़े दिनके बाद मांस गल कर गिरने लगता है। ३ तिलयुक्त व्यक्ति, वह मनुष्य जिसके तिल हो।

तिलकाश्रय (सं॰ पु॰) तिलकस्य आश्रयः ६-तत्। वह स्थान जहां तिलक लगाया जाता है, ललाट।

तिलकिट्ट (सं॰ क्ली॰) तिलस्य किट्टं ६-तत्। तिलमल, तिलकी खली।

तिलकित (सं॰ त्रि॰) तिलकोऽस्य सञ्जातः तारकादि-त्वादितच्। अङ्कित, छापा हुआ।

तिलकी (सं॰ त्रि॰) तिलकमस्त्यस्य तिलक इनि। तिलक युक्त, जो तिलक लगाता हो। तिलक धारण कर सब काम करना चाहिये।

तिलकुट (हिं॰ पु॰) कुटे हुए तिल जो खांड़की चाशनी-में पगे हों।

तिलकेश्वरतीर्थ (सं॰ क्ली॰) तिलकेश्वर नामका तीर्थ। शिवपुराणोक्त एक तीर्थका नाम।

तिलखलि (सं॰ स्त्री॰) तिलस्य खलिः ६-तत्। तिलकी खली।

तिलखा (हिं॰ पु॰) एक चिड़ियाका नाम।

तिलङ्ग—एक प्राचीन जनपद। स्कन्दपुराणके कुमारिका-खण्डमें इस जनपदका उल्लेख है। मालूम होता है कि यह त्रिकलिङ्ग शब्दका अपभ्रंश है। अभी यह तैलङ्ग नामसे मशहूर है। तैलंग देखो।

तिलचटा (हिं० पु०) एक प्रकारका झींगुर।

तिलचावली (हिं० स्त्री०) १ तिल और चावलकी खिचड़ी। (वि०) जो कुछ सफेद और कुछ काला हो।

तिलचित्रपत्रक (सं० पु०) तिलचित्राणि तिलवत् विचित्राणि पत्राणि यस्य बहुव्री० कप्। तैलकन्द।

तिलचूर्ण (सं० क्ली०) तिलस्य चूर्णं ६-तत्। चूर्णीकृत तिल, तिलकुट। पर्याय—तिलकल्क, पलल और पिष्टक है, इसका गुण रूक्ष, पित्त, रक्त, बल और पुष्टिदायक है।

तिलच्छक (सं० पु०) ईहामृग, कोक, भेड़िया।

तिलज (सं० क्ली) तैल, तेल।

तिलजटा (सं० क्ली०) तिलमञ्जरी, तिलका मंजर।

तिलना (सं० स्त्री०) तिलवासिनी धान्य एक प्रकारका धान जिसकी सुगन्ध तिल जैसी होती है।

तिलजुगा—उत्तरबिहारमें प्रवाहित एक नदी। यह नेपाल की तराईसे निकल भागलपुर जिला होती हुई तिलकेश्वर ग्रामके निकट दक्षिणपूर्वकी ओर घूमकर मुङ्गेरके फर्कीया परगनेमें प्रविष्ट हुई है। फिर बलहर नामक स्थानपर भागलपुर जिलेमें प्रवेश कर ठीक पूर्वकी ओर जा कर धौंगावती ग्रामके निकट कोसी नदीमें गिरी है। इस नदीमें बारहो मास नाव आती जाती है। इससे कई एक शाखा नदी और खाल निकली है।

तिलझना (हिं० क्रि०) बेचैन होना, विकल रहना।

तिलड़ा (हिं० वि०) १ जिसमें तीन लड़ें हों। (हिं० पु०) २ पत्थर गढ़नेवालोंकी एक छेनी इससे वे टेढ़ो लकीर या लहरदार नक्काशी बनाते हैं।

तिलड़ी (हिं० स्त्री०) तीन लड़ोंकी एक माला। इसके बीचमें सुगनी लटकती है।

तिलतण्डुलक (सं० क्ली०) तिलस्य तण्डुल इव कार्यमिव कन्। १ आलिङ्गन। (पु०) तिलस्य तण्डुलः, ६-तत्। २ निस्तुष तिल, बिना भूसीका तिल। ३ तिलमिश्रित तण्डुल, तिल मिला हुआ चावल।

तिलतेजा (सं० स्त्री०) तिल इव तेजयति चुरादि तिज-अच् टाप्। लताभेद, एक प्रकारकी बेल।

तिलतैल (सं० क्ली०), तिलस्य स्नेहः तिल-तैलच्। स्नेहे तैलच्। पा ५।२।२९ इति सूत्रस्य वार्तिकोक्त्या तैलच्। तिलतैल, तिलका तेल। सब प्रकारके तेलोंसे तिलका तेल प्रशस्त है।

इसके गुण—कषाय स्वादु, उष्ण, पित्तकृत्, वातनाशक, श्लेष्मावर्द्धक, मेधा, कण्डु, कुष्ठ और विकारनाशक, हृद्य और श्रमनाशक।

छिन्न, भिन्न, च्युत, पृष्ट, क्षत, भग्न, अग्निदाह, अभ्यङ्ग, विष, अवगाहन, पान, वस्तिक्रिया, नस्य, कर्णपूरण इन सब स्थानोंमें तिलका तेल विधेय है। (हारीतसं०)

तिलका तेल आग्नेय, उष्ण, तीक्ष्ण, मधुर, पुष्टिकर, तृप्तिकर, ग्राम्य-धर्ममें उत्तेजक, सूक्ष्म, विशद, गुरु, सारक, विकाशी, तेजस्कर, मेधा, शरीरकी कोमलता, और मांसको दृढ़ करनेवाला, वर्णकर, बलकर, दृष्टि शक्तिप्रसादक, मूत्ररोधक लेखनकर, तिक्त, कषाय, पाचक, वातश्लेष्मानाशक, क्रमिघ्न योनिशूल, शिरःशूल और कर्णशूलमें शान्तिकर, गर्भाशयका शोधनकर, छिन्न, भिन्न, उत्पिष्ट, विद्ध, च्युत, मथित, क्षत, भग्न, स्फुटित क्षारदग्ध, अग्निदग्ध, विश्लिष्ट, दारित, अभिहत, दुर्भग्न और मृगव्यालादि दष्ट इन सब स्थानोंमें तिलका तेल बहुत हितकर है। (सुश्रुत)

तिलदानी (हिं० स्त्री०) दरजीकी सुई, तागा, अंगुश्ताना आदि औजार रखनेकी कपड़ेको थैली।

तिलदेश्वरतीर्थ (सं० पु०) तिलदेश्वर इति नाम्ना प्रसिद्ध तीर्थ। रेवानदीके तीरवर्ती तीर्थविशेष, एक तीर्थका नाम जो रेवानदीके किनारे अवस्थित है। इसका दूसरा नाम तिलकेश्वरतीर्थ है। रेवामाहात्म्य।

तिलद्वादशी (सं० स्त्री०) द्वादशीभेद। द्वादशी देखो।

तिलधेनु (सं० स्त्री०) तिलनिर्मिता धेनु, मध्यलो० कर्मधा०। विधानपूर्वक तिलनिर्मित धेनु, एक प्रकारका दान जिसमें तिलोंकी गाय बना कर दान करते हैं। पद्मपुराणमें लिखा है षोड़श आढ़क अर्थात् चौंसठ सेर तिलसे गाय और चार आढ़क अर्थात् सोलह सेर तिलसे बछड़ा बनाना चाहिये। उसके ईखके टुकड़ोंके पैर, फूलोंके दाँत, गन्धमयी नाक और गुड़ की जीभ होनी चाहिये। इसी तरह तिलधेनु प्रस्तुत होती है। पीछे उसे काले मृगचर्ममें स्थापित कर वस्त्र द्वारा

आच्छादन और पल्लवोंसे सुशोभित करते हैं। बाद मन्त्रपूत कर दान किया जाता है। तिलधेनु दान करनेसे सब कामना सिद्ध होती है, इसमें कुछ भी संदेह नहीं।

तिलनामा (सं० स्त्री०) एक प्रकारका धान।

तिलनालभूति (सं० स्त्री०) तिलका खार। तिलको राख।

तिलनी (सं० स्त्री०) धान्यविशेष, एक प्रकारका धान।

तिलपट्टी (हिं० स्त्री०) खांड या गुड़में पगे हुए तिलोंका कतरा।

तिलपपड़ी (हिं० स्त्री०) तिलपट्टी देखो।

तिलपर्ण (सं० पु०) तिलस्येव पर्णं यस्य। १ श्रीवेष्ट सरलका गोंद। (क्ली०) २ रक्तचन्दन। ३ तिलके पेड़का पत्ता।

तिलपर्णिका (सं० स्त्री०) तिलपर्णी स्वार्थे कन् टाप् च रक्तचन्दन।

तिलपर्णी (सं० स्त्री०) तिलस्येव पर्णोऽस्याः ङीप्। तिलपर्णी नदी आकरोऽस्य यस्याः इति अच् ङीष्। १ रक्तचन्दन। २ नदीविशेष, एक नदीका नाम।

तिलपिच्चट (सं० क्ली०) तिलस्य पिष्टकं पृषोदरादित्वात् साधुः। तिलपिष्टक, तिलोंकी पीठी।

तिलपिञ्ज (सं० पु०) निष्फलस्तिलं तिल-पिञ्ज। निष्फल तिलवृक्ष, वह तिलका पौधा जिसमें फूलफल नहीं लगते, बंझा तिलका पेड़।

तिलपिण्डी (सं० स्त्री०) तिलकल्क, तिलका चूर्ण।

तिलपिष्टक (सं० क्ली०) तिलस्य पिष्टकं ६-तत्। तिल-पिच्चट, तिलोंकी पीठी। इसका पर्याय पलल है। गुण—यह बलकृत्, वृष्य, वातघ्न, कफ, पित्तकृत्, बृंहण, गुरु, स्निग्ध, मूत्राधिक्यकारक और निवर्त्तक है।

तिलपीड़ (सं० पु०) तिलं पीड़यति पीड़-अच्। तैलिक, तेली।

तिलपुष्प (सं० क्ली०) तिलस्य पुष्पं ६-तत्। १ तिलका फूल। २ व्याघ्रनखवृक्ष, बघनखी।

तिलपुष्पक (सं० पु०) तिलस्येव पुष्पमस्य कप्। १ विभी-तकवृक्ष, बहेड़ा। २ तिलका फूल। ३ नासिका, नाक। इसकी उपमा तिलके फूलसेही जाती है। इसलिये नाकको तिलपुष्प कहा गया है।

तिलपेज (सं० पु०) निष्फलस्तिलः तिल-पेज। १ निष्फल तिल, बंझा तिलका गाछ। २ श्वेततिल, सफेद तिल।

तिलबट्टा (हिं० पु०) चौपायोंका एक रोग। इसमें गलेके भीतरके मांसके बढ़ जानेसे वे कुछ खा-पी नहीं सकते।

तिलबर (हिं० पु०) एक प्रकारका पक्षी।

तिलभार (सं० पु०) देशभेद, एक देशका नाम जिसका विवरण महाभारतमें आया है।

तिलभाविनी (सं० स्त्री०) तिलं भावयति तिल भू-णिनि स्त्रियां ङीप्। तैलभाविनी, चमेलीका पेड़।

तिलभुग्ना (हिं० पु०) तिलकुट।

तिलभृष्ट (सं० क्ली०) तिलेन भृष्टं ३-तत्। तिल द्वारा भर्जित, तिलके साथ भूना या पकाया हुआ। महाभारतमें लिखा है कि तिलके साथ भुनी हुई वस्तुका खाना निषिद्ध है। स्मृतियोंमें तिल मिला हुआ पदार्थ बिना देवार्पित किए खाना वर्जित है।

तिलभेद (सं० पु०) खाखस, पोस्तेका दाना।

तिलमय (सं० वि०) तिलस्य विकारः मयट्। तिलका विकार।

तिलमयूर (सं० पु०-स्त्री०) तिलपुष्पचिह्नितः मयूरः मध्यलो०। मयूरभेद, एक प्रकारका मोर जिसके शरीर पर तिलके समान काले चिह्न होते हैं।

तिलमापड़ी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी कपास जो दक्षिणमें तिलारी और करनूलमें होती है।

तिलमिल (हिं० स्त्री०) चकाचौंध, तिलमिलाहट।

तिलमिलाना (हिं० क्रि०) तिरमिराना देखो।

तिलमिश्र (सं० वि०) तिलेन मिश्रः ३-तत्। जिसमें तिल मिला हो।

तिलमोदक (सं० क्ली०) तिलोंका लड्डू, तिलवा।

तिलरस (सं० पु०) तिलस्य रसः ६-तत्। तिलका तेल।

तिलरा (हिं० पु०) कसेरेकी एक छेनी जिससे वे टेढ़ी लकीर बनाते हैं।

तिलवट (हिं० पु०) तिलपट्टी, तिलपपड़ी।

तिलवन (हिं० स्त्री०) जंगलों और बगीचोंमें मिलनेवाला एक पौधा। इसके दो भेद हैं—एक सफेद फूलका, दूसरा नीलापन लिये पीले फूलका। इसके बीज, फूल आदि दवाके काममें आते हैं। इसमें गरम और वातघ्न आदि गुण रहते हैं।

तिलवा (हिं० पु०) तिलोंका लड्डू ।

तिलवासिनी (सं० पु०-स्त्री०) एक प्रकारका धान जिसको सुगन्ध तिलसी होती है।

तिलव्रती (सं० वि०) तिलस्य व्रतमस्त्यस्य तिल-व्रत-इनि । तिलव्रतधारी, जो तिलव्रतका अनुष्ठान करता है।

तिलशकरी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी मिठाई जो तिल और चीनीके मेलसे बनाई जाती है, तिलपपड़ी ।

तिलशम् (सं० अव्य०) तिलं तिलं तत् परिमितं करोतीति सनार्थत्वात् वीप्सायां कारकार्थे शस्। धीरे धीरे, थाहिस्ते थाहिस्ते ।

तिलशालि (सं० पु० स्त्री०) धान्यविशेष, एक प्रकारका सुगन्धित धान ।

तिलशैल (सं० पु०) तिलनिर्मितः शैलः मध्यलो० कर्मधा०। दान करनेके लिये तिलकल्पित शैल । दानके लिए दश पर्वत कल्पित हुए हैं, उनमेंसे तिलशैल एक है। तिलशैलके दो भेद हैं, पहला पर्वतका तिलमय प्रधान मेरु, दूसरा तिलशैलके पश्चात् कल्पित तिलमय विष्कम्भगिरि। इस शैलदानका विधान इस प्रकार लिखा है—

अयन, विषुव, व्यतीपात, दिनक्षय, शुक्लतोया, अमावस्या, विवाह, उत्सव, यज्ञ, द्वादशी, पुण्यदिन आदिमें यह शैलदान करना पड़ता है। यथाशास्त्र इस शैलके दान करनेसे मनुष्य सनातन विष्णुलोकको पाते हैं।

दश द्रोण परिमित तिलका जो शैल कल्पित होता है, वह उत्तम, पञ्च द्रोणका मध्यम और तीन द्रोणका अधम माना गया है।

इस तरह यथाशक्ति १०,५ या ३ द्रोण द्वारा पहले शैल बनाते हैं; पीछे इस मन्त्रसे आमन्त्रण करना पड़ता है।

मन्त्र—'यस्मात् मधु वधे विष्णोर्देहस्वेदसमुद्भवाः ।
तिलाः कुशाश्च माषाश्च तस्माच्छम्मो भवत्विह ॥
हव्ये कव्ये च यस्माच्च तिला एवाभिरक्षणम् ।
भवादुद्धर शैलेन्द्र तिलाचल नमोऽस्तु ते ॥'

इस मन्त्रसे आमन्त्रण कर ब्राह्मणको दान करना चाहिये। इससे विष्णुलोककी प्राप्ति होती है और पुनर्जन्म नहीं होता। तिलविष्कम्भगिरि करनेमें इसी तिलपर्वतको अनेक सुगन्धित पुष्प, सुवर्ण, पिप्पल और हिरण्मय हंस-युक्त बनाना पड़ता। पीछे पूर्वोक्त रूपसे यथाविधि दान करते हैं। (मत्स्यपु० ८१।८२ अ०)

तिलक्षुद (सं० वि०) तिलं क्षुदति-क्षुद-क्षुम् मन्। तिलको पेरनेवाला, तेली ।

तिलस्नेह (सं० पु०) तिलस्य स्नेहं, ६-तत् । तिलका तेल ।

तिलस्म (हिं० पु०) १ इन्द्रजाल, जादू । २ चमत्कार, करामात ।

तिलस्मी (हिं० वि०) इन्द्रजाल सम्बन्धी, जादूका ।

तिलहन (हिं० पु०) एक प्रकारका पौधा । इसके बीजोंसे तेल निकलता है ।

तिलहर—१ युक्तप्रदेशके शाहजहानपुर जिलेकी एक तहसील। यह अक्षा० २७° ५१' से २८° १५' उ० और देशा० ७९° २७ से ७९° ५६' पू०में अवस्थित है। क्षेत्रफल ४१८ वर्गमील और लोकसंख्या प्राय: २५७०३५ है। इसमें तिलहर, खुदागंज और कटरा नामके तीन शहर और ५५८ ग्राम लगते हैं। इस तहसीलमें रामगङ्गाके बहनेसे यहांकी मट्टी बहुत उपजाऊ हो गई है।

२ उक्त तहसीलका एक शहर। यह अक्षा० २७° ५८' उ० और देशा० ७९° ४४' पू० शाहजहानपुरसे ६ कोस पश्चिममें अवस्थित है। लोकसंख्या प्राय: १८०८१ है। किसी समय यह शहर चारों ओर ईंटोंकी दीवारसे घिरा था, अभी उसका केवल ध्वंसावशेष रह गया है। सिपाही-विद्रोहके समय यहांके सम्भ्रान्त मुसलमानगण विद्रोही हुए थे, इसीसे उनकी सारी सम्पत्ति जब्त कर ली गई। अब यहां धनी मुसलमान बहुत थोड़े हैं। यह शहर गुड़के व्यवसायके लिए प्रसिद्ध है।

तिला (हिं० पु०) लिङ्गलेप, वह तेल जो लिङ्गेन्द्रिय पर उसकी शिथिलता दूर करनेके लिए लगाया जाय।

तिलाक (हिं० स्त्री०) स्त्री पुरुषके सम्बन्धका टूटना। ईसाइयों और मुसलमानोंमें यह प्रचलित है। वे अपनी विवाहिता स्त्रीसे एक विशेष नियमके अनुसार सम्बन्ध तोड़ देते हैं। सम्बन्ध टूट जाने पर स्त्री और पुरुष दोनोंको पृथक् पृथक् विवाह करनेका अधिकार हो जाता है।

तिलांकितदल (सं० पु०) तिलवत् अङ्कितं दलं यस्य, बहुव्री०। तैलकन्द।

तिलाञ्जली (सं॰ स्त्री॰) मृतक संस्कारका एक अङ्ग। मुर्देके जल चुकने पर स्नान करके यह क्रिया की जाती है। इसमें हाथको अञ्जलियोंमें जल भर उसमें तिल डाल कर उसे मृतकके नामसे छोड़ते हैं।

तिलान्न (सं॰ क्लो॰) तिलमिश्रितं अन्नं, मध्यलो॰ कर्मधा॰। क्षयर, तिलकी खिचड़ी।

तिलपत्या (सं॰ स्त्री॰) तिलस्येव क्षुद्रः अपत्य बीजमस्याः, बहुव्री॰। कृष्णजीरक, काला जीरा।

तिलाम्बु (सं॰ क्लो॰) तिलमिश्रितः अम्बु, मध्यपदलो॰ कर्मधा॰। तिलकोदक, तिल मिला हुआ पानी।

तिलार्द्ध (सं॰ क्लो॰) तिलस्य अर्द्धं, ६-तत्। तिलका आधा, बहुत छोटा पदार्थ।

तिलावा (हिं॰ पु॰) १ बड़ा कुआँ। २ रातके समय कोतवाल आदिका शहरमें गश्त लगाना, गौंद।

तिलित्स (सं॰ पु॰) गोनस सर्प, एक प्रकारका साँप।

तिलिन—ऊपर ब्रह्मके पकोक्कू जिलेका एक शहर। यह अक्षा॰ २१° २७' और २१° ४७' उ॰ तथा देशा॰ ८३° ५८' और ८४° २२' पू॰में अवस्थित है। भूपरिमाण ४८८ वर्गमील और लोकसंख्या १०८४३ है। इसमें कुल १२० ग्राम लगते हैं। शहरमें माव नामकी नदी प्रवाहित है।

तिलिया (हिं॰ पु॰) अरपत।

तिली—बङ्गालकी एक प्रभावशाली हिन्दू जाति। इस जातिमें धनाढ्य और जमींदारोंकी संख्या काफी है। भारतवर्षके अन्यान्य प्रदेशोंमें जो तेली जातिके लोग रहते हैं, उनसे साथ इनके आचार-व्यवहार और सामाजिक सम्मानमें बिलकुल सौसादृश्य नहीं है; इसलिए इसको हम स्वतन्त्र जाति कह सकते हैं।

तिली जाति कृषि, वाणिज्य, व्यवसाय, महाजनी आदिका कार्य कर जीविकानिर्वाह करती है।

शास्त्रोंके प्रति दृष्टिपात करने पर भी हमें दीख पड़ेगा, कि तिल तेली और तैलकारक जातिकी उत्पत्तिमें कितना अन्तर है। ब्रह्मवैवर्त्त पुराणमें तैलिक जातिकी उत्पत्ति-विषयमें इस प्रकार लिखा है—

"गोपालिन्यां बारजीवात् तैलकस्य च सम्भवः।"

अर्थात् बारजीवि या तमोलीके औरस और ग्वालिनके गर्भसे तैलिक जातिकी उत्पत्ति हुई है। किन्तु तेलीके सम्बन्धमें इस प्रकार लिखा है—

"कुम्भकारात् वीर्येण सद्यः कोटकदोषितः।
बभूव तैलकारश्च कुटिलः पतितो भुवि॥"

अर्थात् तैलकार या तेली जाति कुम्भकारके औरस और राज (या संगतराश)के गर्भसे उत्पन्न हुई है, जो कि कुटिल और पतित है।

इससे मालूम होता है कि तैलकार या तेली जाति हिन्दू-समाजमें बहुत समयसे पतित है। परन्तु तैलिकगण किसी शास्त्रमें शूद्रोंमें मध्यम श्रेणीके और किसी शास्त्रमें उत्तम श्रेणीके माने गये हैं।

पराशरपद्धतिमें तिलियोंके सामाजिक अवस्थानके बारेमें इस प्रकार कहा गया है—

"गोपो माली तथा तैली तन्त्र मोदको बारुजिः।
कुलालः कर्मकारश्च नापितो नवशायकाः।
एते सत्शूद्रजाताश्च नवशाखा प्रकीर्त्तिताः॥"

इस प्रमाणसे तैलिक तथा तैली जाति एक हो सकती है। तैलिक जातिको बृहद्धर्मपुराणमें एक स्थल पर तौलिक कहा गया है; जिसका स्थान उत्तम सङ्करोंमें तथा गुवाकविक्रय-जीविकोंमें निर्दिष्ट हुआ है। ब्रह्मवैवर्त्त पुराणके ब्रह्मखण्डमें भी लिखा है,—

"तासां सङ्करजातेन बभूवुर्वर्णसङ्कराः।
गोपनापिततैलाश्च तथा मोदककूवरौ॥
ताम्बुलीवर्णकारौ च तथा वणिग्जातयः।
इत्येवमाद्या विप्रेन्द्र सच्छूद्राः परिकीर्त्तिताः॥"

इस श्लोकसे तेल या तिली जाति सत्शूद्र प्रमाणित होती है।

ऊपर जितने भी संस्कृत वचन उद्धृत किये गये हैं, उनमें एक भी ऐसा नहीं जिसे हम प्राचीन शास्त्र-सम्मत कह सकें। पराशरपद्धति अथवा परशुराम या भार्गवराम कृत जातिमालाकी दुहाई दे कर जितनी भी वर्णसङ्करोत्पत्तिकी कथाएं कीर्त्तित हैं, वे सब बङ्गालकी निजस्व हैं, बङ्गालके बाहर कहीं भी उनका प्राचीन अस्तित्व नहीं मिलता। बंगालके नाना स्थानोंसे उक्त पद्धति या जातिमालाकी जितनी भी पोथियाँ निकली हैं, उनमेंसे कोई भी सौ वर्षसे ज्यादा पुरानी नहीं है। किसी भी महापुराण या उपपुराणोंकी सूचीमें बृहद्धर्मपुराणका नाम नहीं मिलता। अथवा यों कहिए कि प्राचीन स्मृतिसं-

निबन्धमें बृहद्धर्म पुराणके वचन उद्धृत नहीं हुए। कलकत्तेमें विभिन्न स्थानोंसे जितने भी बृहद्धर्मपुराण मुद्रित हुए हैं, उनके उत्तरखण्डमें (शेषभागमें) १३वें और १४वें अध्यायमें जो वर्णसङ्करप्रकरण ग्रथित हुआ है, वह एक अपूर्व वस्तु ही मालूम पड़ती है। जिन धर्मसूत्र और स्मृतिसंहिताओंमें वर्णसङ्करका प्रसङ्ग है, उनमें सर्वत्र अनुलोम और प्रतिलोम सङ्करोंका पृथक् पृथक् उल्लेख किया गया है, परन्तु बृहद्धर्मपुराणमें अनुलोम और प्रतिलोम दोनों प्रकारकी २० सङ्करजातियोंको श्रेष्ठ वर्णसङ्कर कहा गया है। आश्चर्यकी बात है कि बृहद्धर्मपुराणके पाठभेदसे तैलिक वा तौलिक जातिको एक मान लेने पर भी उक्त पुराणकी 'वैश्यात्तु द्विजकन्यायां जातौ ताम्बुलितौलिकौ।' (१३।३१) अर्थात् 'वैश्यके औरस और ब्राह्मणकन्याके गर्भसे ताम्बुलि और तौलिक जाति उत्पन्न हुई है' इस प्रकार उत्पत्तिको मान कर ताम्बुलि और तौलिक जातिको किसी प्रकार भी श्रेष्ठ वर्णसङ्करोंमें नहीं गिना जा सकता। ऐसी दशामें उन्हें प्रतिलोमजात हीन वर्णसङ्कर माना जा सकता है।

इसमें सन्देह नहीं कि ब्रह्मवैवर्तपुराणके ब्रह्मखण्डका १०वां अध्याय, जिसमें वर्णसङ्कर जातिमाला कीर्तित हुई है, यह भी नितान्त आधुनिक समयकी रचना है। उक्त अध्यायमें यह श्लोक मिलता है—

"म्लेच्छात् कुविन्दकन्यायां जोलाजातिर्बभूव ह।" (१०।१२१)

अर्थात् म्लेच्छ या मुसलमानके औरस और कुविन्द-कन्याके गर्भसे 'जोला' जाति उत्पन्न हुई है।

'जोला' शब्द केवल बङ्गालमें ही प्रचलित है; बङ्गालको छोड़ कर उत्तरपश्चिम प्रान्तोंमें 'जुलहा' कहते हैं। बंगालमें मुसलमानोंके आनेके बाद, उनके सम्पर्कसे इस जुलहा जातिकी उत्पत्ति हुई है और इसीलिए ब्रह्मवैवर्तपुराणके ब्रह्मखण्डमें वर्णित वर्णसङ्करजातिमालाका अंश आधुनिक सिद्ध होता है। अर्द्धचूड़के युद्धमें "राढ़ीय" और "वारेन्द्र" चोरोंका उल्लेख (प्रकृतिखण्ड २७ अ०) से यह बात प्रमाणित होती है कि प्रचलित ब्रह्मवैवर्तमें बहुतसे श्लोक ऐसे भी हैं, जो पीछेसे बङ्गालियोंने बना लिए हैं। इसलिए पूर्वोद्धृत श्लोकोंके अनुसार 'तिली' 'तैलिक' वा 'तौलिक' और 'तैलकार'जातिकी उत्पत्तिका निर्णय करना न्यायसङ्गत नहीं है। जातिके विषयमें उद्धृत श्लोक किसी विशेष उद्देश्य-साधनके लिए आधुनिक समयमें रचे गये हैं, इसमें कोई भी सन्देह नहीं है।

बंगालमें साधारणतः तिली, तेली और 'कोलू' ये तीन जातियां पाई जाती हैं; जिनमेंसे तिली जातिका आचार-व्यवहार उच्चश्रेणीके हिन्दूओंके समान है; उपनयनके सिवा इस जातिमें अन्य संस्कार मुख्य या गौणरूपसे प्रचलित हैं। इस समाजमें विधवा-विवाह प्रचलित नहीं है, किन्तु विधवाएं यथारीति ब्रह्मचर्यका पालन करती हैं। तिली और तेली जातिमें परस्पर कोई सम्बन्ध नहीं है। तेली जातिका सामाजिक आसन तिली जातिसे बहुत नीचे है। कहीं कहीं तेली जातिका पानी नहीं चलता, परन्तु तिली जातिका पानी सर्वत्र और उच्च ब्राह्मण भी ग्रहण करते हैं। उक्त तिली और तेली जातिकी अपेक्षा 'कोलू'जातिकी सामाजिक अवस्था और भी हीन है। कहीं भी इसका पानी नहीं चलता; सर्वत्र ही यह अस्पृश्यजातिकी तरह मानी जाती है। बंगीय शास्त्रकारोंने तेलीजातिका 'तैलिक' नामसे तथा 'कोलू' जातिका 'तैलकार' नामसे उल्लेख किया हैं; ऐसी दशामें परशुराम वा पराशरपद्धति, ब्रह्मवैवर्त वा बृहद्धर्मपुराणमें जो तैलिकजातिका प्रसङ्ग है, उसे हम तेली मान सकते हैं और जहां तैलकार जातिका प्रसङ्ग है, उसे "कोलू"। यह पहले ही लिखा जा चुका है कि बृहद्धर्मपुराणमें 'तैलिक'की जगह 'तौलिक' भी पाठ है। और भी देखिये—

"तैलिकेभ्यश्चकोदाज्ञा गुवाकविक्रये तत्तु।" (१४।६४)

अर्थात् तैलिकको गुवाक (सुपारी) विक्रय करनेके लिए आज्ञा दी गई थी। यहां किसी किसी मुद्रित पुस्तकमें तौलिक पाठ रहनेसे, कोई कोई ऐसा समझते हैं कि तिली जातिमें कोई कोई सुपारीका रोजगार करते हैं, इसलिये तिली और तौलिक दोनों एक ही जाति हैं। परन्तु यह उनका भ्रम है। तौली वा तौलिक शब्दका आभिधानिक अर्थ चित्रकर (अर्थात् जो 'तूली' या कूंचीसे चित्राङ्कण द्वारा जीविकानिर्वाह करे) है। आधुनिक बृहद्धर्मपुराणमें तौलिक जातिका गुवाक-

व्यवसाय निर्दिष्ट किया गया है; परन्तु जरा विचार करनेसे सहज ही मालूम हो सकता है कि सिर्फ तिली जातिमें ही नहीं, बल्कि ताम्बूलि, बारुई, गन्धवणिक् आदि सभी जातियोंमें बहुत समयसे गुवाक वा सुपारीका व्यवसाय प्रचलित है। फिलहाल तिली जातिका कोई निर्दिष्ट व्यवसाय ही नहीं है। यह पहले ही कहा जा चुका है कि यह जाति कृषि, वाणिज्य, व्यवसाय, महाजनी आदि द्वारा जीविका निर्वाह करती है। यह कहना फिजूल है, कि शास्त्रानुसार उपर्युक्त कार्य ही वैश्यजातिकी उपजीविकाके लिए योग्य हैं।

तिली शब्दका मुख्यार्थ तिलोत्पादनकारी है। अमरकोषके वैश्यवर्गमें इस प्रकार लिखा है—

"तिल्य' तैलीनवच्चापोमाण्वमं गाद्द्विरूपता।" (२।८।७)

अर्थात् तिल्य और तैलीन शब्दसे तिलोत्पादक (खेत आदि) का बोध होता है। तिली शब्द 'तिल्य' और 'तैलीन' शब्दका एकार्थवाची है। ऐसी दशामें तिली शब्द भी वैश्यवर्गमें पड़ता है।'

महाभारत शान्तिपर्वमें तुलाधार वैश्य और जाजलि-संवादमें लिखा है—

"विक्रीणतः सर्वरसान् सर्वगन्धांश्च वाणिज।
वनस्पतीनोषधीश्च तेषां मूलफलानि च॥
अध्यगा नैष्ठिकीं बुद्धिं कुतस्त्वामिदमागतम्।
एतदाचक्ष्व मे सर्वं निखिलेन महामते॥" (२६१।२।३)

जाजलिने तुलाधारसे पूछा—'हे वणिक्पुत्र! तुम सर्व प्रकार रस, सर्व प्रकार गन्ध, वनस्पति, ओषधि और फल-मूल बेचा करते हो; तुमने किस प्रकार ऐसा निश्चय बुद्धि और ज्ञान प्राप्त किया है? हे महामते! मुझे सब समझा दो।'

इस प्रकार विस्तृतरूपसे धर्मतत्त्व प्रकट करते हुए तुलाधारने कहा—

"ये च छिन्दन्ति वृषणान् ये च भिन्दन्ति नस्तकान्।
वहन्ति महतो भारान् बध्नन्ति दमयन्ति च॥३७॥
हत्वा सत्वानि खादन्ति तान् कथं न विगर्हसे॥३८॥
पञ्चेन्द्रियेषु भूतेषु सर्वं वसति दैवतम्।
आदित्यश्चन्द्रमा वायुर्ब्रह्मा प्राणः क्रतुर्यमः॥४०॥
तानि जीवानि विक्रीय का मृतेषु विचारणा।
अजोऽग्निर्वरुणो मेषः सूर्योऽश्वः पृथिवी विराट्॥४१॥
धेनुर्वत्सश्च सोमो वै विक्रीयैतन्न सिध्यति।
का तैले का घृते ब्रह्मन् मधुन्यौषधेषु वा॥४२॥"

अर्थात्—'जो गो-समूहका मुष्कमोचन और नासिका भेदन कर उनको गुरु-भारसे प्रपीड़ित, बद्ध और दमित करते हैं तथा जो नाना प्रकारकी जीवहिंसा कर मांस भक्षण करते हैं, उनकी क्यों न निन्दा की जाय? पञ्चेन्द्रिय-विशिष्ट जीवमात्रमें ही सूर्य, चन्द्र, वायु, ब्रह्मा, प्राण, क्रतु और यम वास करते हैं; सुतरां जीवदेह विक्रय द्वारा जो अपनी देह त्याग करते हैं, वे भी क्या निन्दनीय नहीं हैं? छागमें अग्नि, मेषमें वरुण, अश्वमें सूर्य, पृथिवीमें विराट् तथा धेनु और वत्समें चन्द्र अवस्थान करते हैं; इसलिए जो व्यक्ति इनको विक्रय करते हैं, उन्हें कभी भी सिद्धि प्राप्त नहीं होती। परन्तु तैल, घृत, मधु और औषध-विक्रय द्वारा किसी पापस्पर्शकी सम्भावना नहीं है।' उद्धृत विवरणसे धार्मिक वैश्यका क्या क्या कर्तव्य है? सो मालूम हो जाती है।

मनुसंहिताके दशवें अध्यायमें लिखा है—

"अपः शस्त्रं विषं मांसं सोमं गन्धांश्च सर्वशः।
क्षीरं क्षौद्रं दधि घृतं तैलं मधु गुडं कुशान्॥"

अर्थात्—जल, शास्त्र, विष, मांस सोमवल्ली, सर्व प्रकार गन्ध, दुग्ध, क्षीर, दधि, घृत, गुड़, तैल, मधु और कुश इन वस्तुओंको ब्राह्मण नहीं बेच सकता; यह वैश्यके लिए पालनीय है। परन्तु आपद्‌कालमें ब्राह्मण भी उक्त वैश्यके व्यवसायको ग्रहण न कर सकता है।

अब देखा जाता है कि अमरकोष, महाभारत और मनुसंहिताके अनुसार तिलोत्पादन, तिल और तैल बेचना वैश्यकी उपजीविकामें था, परन्तु गाय वा बैलका अण्डकोष छेदन और नासिका भेदन निन्दित समझा गया है। कोलू जाति, कोल्हूमें जुत कर बिना सङ्कोचके काम करेगा इस खयालसे, बैलका मुष्क छेदन करती है और इसी निन्दितकर्मके द्वारा वह हिन्दू-समाजमें अस्पृश्य एवं पतित समझी जाती है। तैलीजाति ऐसा हीन कर्म न करने पर भी कल्हूमें जोत कर बैलको कष्ट देती है; इसलिए यह कोलूकी तरह पतिहीन न होने पर भी विपरीत आचरण द्वारा वैश्यसमाजके बाहर

चलो गई है। बङ्गालमें तिली नवशाखमें शामिल किये जाते हैं। तिली जातिमें अब बहुतोंने कोल्हू चलाना छोड़ दिया है और भिन्न व्यवसाय करने लगे हैं। इनमें जो 'घानी' (कोल्हू) चलाते हैं, वे 'घनातिली' कहाते हैं। यह कहना व्यर्थ है कि उक्त विभिन्न प्रकार कार्योंसे तिली जातिका कोई सम्पर्क नहीं है। सम्भवतः यह जाति बहु पूर्वकालसे तिल उत्पादन और तिलका व्यवसाय करती थी और इसीसे इसका नाम तिली पड़ा है।

तिली जातिका वर्तमान हिन्दूसमाज पर कितना प्रभाव है, इस बातका निर्णय उनकी शिक्षा दीक्षा और धनवत्ताकी आलोचना करनेसे ही हो सकता है। तिली लोग आचार-व्यवहारमें ब्राह्मण और कायस्थोंकी तरह सदाचारी होते हैं। स्त्री-जातिका परिश्रम कर जीविका निर्वाह करना सामाजिक नीचताका चिह्न है; किन्तु तिलियोंमें ऐसी स्त्रियां बहुत कम हैं जो कायिक परिश्रम द्वारा जीविकानिर्वाह करती हों।

इस जातिमें हजार पीछे १८ शिक्षित व्यक्ति हैं।

तिली जाति बहुत प्राचीन है, इसमें सन्देह नहीं। बङ्गालमें बहुतोंने सम्मानजनक कार्य कर कीर्ति प्राप्त की है। पुण्यकीर्ति रानी भवानीने इसी जातिके दयारामको दीवानीका पद दिया था। अंग्रेजोंके अभ्युदयके प्रारम्भमें काशिमबाजार-राजवंशके प्रतिष्ठाता कान्त बाबूने वारेन् हेष्टिंस् आदि उच्चपदस्थ व्यक्तियोंका सौहार्द प्राप्त किया था। कान्तबाबूके आन्तरिक प्रयत्न और चेष्टासे, हेष्टिंसको इस देशमें सुशासन स्थापन करनेमें बहुत कुछ सहायता मिली थी। कहा जाता है, कि कृष्णनगरके सुप्रसिद्ध राजा कृष्णचन्द्रने तिलीजातीय एक व्यक्तिको राजवैद्यका पद दिया था।

इस युगमें कृष्णदास पाल इस जातिका मुखोज्ज्वल कर गये हैं। आप असामान्य प्रतिभाशाली लेखक और असाधारण वाग्मी थे। आपका राजनीतिक मतवाद उस समय सर्वत्र आदरके साथ गृहीत होता था। तिली जातिके राजकृष्ण राय भी सुप्रसिद्ध कवि और नाट्यकार एवं औपन्यासिक हो गये हैं। फिलहाल काशिमबाजारके लोकमान्य महाराज सर मणीन्द्रचन्द्र नन्दी बहादुर, जिन्होंने इसी तिलीजातिमें जन्म लिया है, अपने औदार्य, वदान्यता, अमायिकता आदि गुणोंसे बङ्गालके एक आदर्श पुरुषके रूपमें सम्मान पा रहे हैं।

बङ्गालमें तिली जातिके धनाढ्योंकी संख्या काफी है। काशिमबाजार, दीघापतिया, राणाघाट, बयड़ा बैद्यपुर, श्रीरामपुर, फरासडांगा, फरीदपुर, भाग्यकुल, चूड़ामन आदि स्थानोंके जमींदार इसी जातिके हैं।

तिलैती (हिं॰ स्त्री॰) तेलहनकी खूंटी जो फसल काटने पर खेतमें बच जाती है।

तिलैदानी (हिं॰ स्त्री॰) तिलदानी देखो।

तिलंगू (हिं॰ स्त्री॰) तेलगू देखो।

तिलोकपति (हिं॰ पु॰) विष्णु।

तिलोकी (हिं॰ पु॰) त्रिलोकी देखो।

तिलोचन (हिं॰ पु॰) त्रिलोचन देखो।

तिलोत्तमा (सं॰ स्त्री॰) तिलप्रमाणैः सर्वरत्नानां अंशैः उत्तमा। स्वर्वेश्या, स्वर्गकी एक वेश्या। सुन्द और उपसुन्द नामके दो असुर थे, जो देवताओं द्वारा अवध्य और प्रबल पराक्रमी थे। ये दोनों भाई यदि परस्पर न लड़ते, तो इनकी मृत्यु होनी दुर्घट थी। लोक-पितामह भगवान् ब्रह्माने इन दोनों असुरोंके विनाशार्थ समस्त रत्नोंका तिल तिल ग्रहण कर तिलोत्तमाकी सृष्टि की थी*।

इसके समान रूपवती रमणी स्वर्गराज्यमें दूसरी न थी। तिलोत्तमाके रूपलावण्यका विषय इस प्रकार वर्णित है—'एक दिन एक असामान्य रूपलावण्यवतीने महादेवको प्रलोभित करनेके लिए उनके चारों ओर घूमना शुरू कर दिया। उस समय महादेव भी उस पर मोहित हो गये और उसको देखनेकी अभिलाषासे, जिस तरफ वह गई, योगबलसे उसी तरफ वे अपना मुंह बनाने लगे। इस प्रकार तिलोत्तमाके दर्शनके लिए महादेवको चार मुंह बनाने पड़े थे§।

---

* "तिलं तिलं समानीय रत्नानां यद्विनिर्मिता।
तिलोत्तमेति तत्तस्याः नाम चक्रे पितामहः॥"
(भारत आदि॰ २११ अ॰)

§ "यतो यतः सा सुदती मामुपाधावदन्तिके।
ततस्ततो मुखचारु मम देवि विनिर्गतम्॥
तं दिदृक्षुरहं योगाच्चतुर्मूर्त्तिरमागतः।
चतुर्मुखश्च संवृत्तो दर्शयन् योगमुत्तमम्॥"
(भारत अनु॰ १४१।२३)

तिलोत्तमाको पानेके लिए सुन्द और उपसुन्दमें परस्पर विवाद हो गया और उसी युद्धमें दोनोंको मृत्यु हो गई।

तिलोध—शाहाबाद जिलेके ससिराम उपविभागका एक ग्राम। यह अक्षा० २४° ४८' उ० और देशा० ८७° ६' पू०में अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः २५८२ है। यहां शीतलादेवीकी एक प्रतिमूर्त्ति है, जिस पर १३३२ ई० अङ्कित है। इस देवीके कारण यह स्थान बहुत मशहूर हो गया है। प्रति वर्ष कार्त्तिक मासमें यहां एक मेला लगता है जिसमें १०००० मनुष्य एकत्रित होते हैं।

तिलोदक (सं० क्लो०) तिलमिश्रितः उदकं, मध्यलो० कर्मधा०। तिलमिश्रित जल, तिल मिला हुआ पानी।

तिलोरी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारको मैना।

तिलौंछना (हिं० क्रि०) तेल लगा कर चिकना करना।

तिलोदन (सं० क्लो०) तिलमिश्रितं ओदनं, मध्यलो० कर्मधा०। कृशर, तिलकी खिचड़ी।

तिलौंहा (हिं० वि०) जिसका स्वाद या रंग तेलसा हो।

तिलौरी (हिं० स्त्री०) तिल मिली हुई उरद या मूंगकी बरी।

तिलपिञ्ज (सं० पु०) तिल पिञ्ज देखो। बन्ध्यतिल, ढ़ंका तिल।

तिल्य (सं० क्लो०) तिलानां भवनं क्षेत्रं वा तिल-यत्। विभाषा तिलमाषोमाभंगाण्युभ्यः। पा ५।२।४। १ तिलको खेत। (वि०) २ तिलाय हितं हितार्थे यत्। तिलका हितकर। ३ तिलोत्पादक।

तिल्लना (हिं० पु०) तिलका नामक वर्णवृत्त।

तिल्लर (हिं० पु०) १ एक प्रकारका चिड़िया। (वि०) २ तिलड़ा।

तिल्ला (अ० पु०) १ कलाबत्तूका नाम। २ पगड़ी, दुपट्टे या साड़ीका कलाबत्तूका काम किया हुआ अंचल। ३ वह वस्तु जो शोभा बढ़ानेके लिये किसी चीजमें लगाई जाती है।

तिल्लाना (हिं० पु०) तराना देखो।

तिल्ली (हिं० स्त्री०) पेटके भीतरका एक अवयव। यह मांसकी पोली गुठलीके आकारकी होती है और अंतड़ियोंके नीचे पेटकी बाईं ओर रहती है। इसमें खाए हुए पदार्थका रस कुछ समय तक रहता है। जब शरीरके रक्त द्वारा यह रस सोख लिया जाता है तो तिल्ली पिचक कर पूर्ववत् हो जाती है, लेकिन इसके पहले यह रससे बढ़ी हुई दीख पड़ती है।

ज्वर होने पर यह तिल्ली कुछ बढ़ जाती है; क्योंकि उसमें रस आ जाता है। ऐसी अवस्थामें उसे छेदनेसे साफ लोहू निकलता है। इस रोगमें मनुष्य बहुत कमजोर हो जाता है और मुंह सूखा रहता है। वैद्यकशास्त्रमें लिखा है कि दाहकारक तथा कफकारक पदार्थोंके विशेष सेवन करनेसे लोहू कुपित हो कर कफ द्वारा प्लीहाको बढ़ाता है तब तिल्ली बढ़ जाती है। आयुर्वेदके अनुसार जवाखार, पलासका खार, शङ्खकी भस्म आदि प्लीहाकी उपयुक्त औषध है। डाक्टरोंमें कुनैन, संखिया और लोहा-मिश्रित औषध तिल्ली बढ़ने पर दी जाती हैं। इसे प्लीहा और पिलही भी कहते हैं।

२ तिल नामका अन्न। ३ आसाम और बरमामें छोटी पहाड़ियों पर मिलनेवाला एक प्रकारका बांस। इसकी ऊंचाई पचास फुट तक और गांठें दूर दूर पर होती हैं।

तिल्व (सं० पु०) तिलतीति, तिल-वन्। उल्वादयश्च। उण् ४।९५। इति सूत्रेण निपातनात साधुः। १ लोध्रवृक्ष, लोधका पेड़। २ श्वेतवर्ण लोध्र। ३ रक्तलोध्र, लाल लोध।

तिल्वक (सं० पु०) तिल्व-स्वार्थे कन्। १ लोध्र, लोध। २ तिमिश।

तिल्वनी (सं० स्त्री०) कर्णस्फोटा, एक प्रकारकी बेल।

तिल्विल (सं० पु०) देवयजन-स्थान, वह जगह जहां देवताकी पूजा की जाती है।

तिवारी—ब्राह्मण-जातिकी एक उपाधि। इस नामके ब्राह्मण गौड़ व कान्यकुब्ज आदि सम्प्रदायमें विशेष हैं। यह शब्द त्रिवेदी-शब्दका अपभ्रंश रूप है। पूर्वकालमें जो लोग तीनों वेदोंके ज्ञाता थे, उन्हें राजधर्मसभामें और विश्वविद्यालयोंसे त्रिवेदीकी उपाधि मिलती थी। तदनुसार उनका कुल भी त्रिवेदी कहाने कहाते भाषाभाषियों द्वारा तिवारी कहाने लग गया।

तिवासी (हिं० वि०) तिबासी देखो।

तिवी (हिं० स्त्री०) स्त्रीमारी।

तिशना (फा० पु०) ताना, मेहना।
तिष्ठ (सं० क्रि०) अवस्थान करो, ठहरो, रहो।
तिष्ठद्गु (सं० पु०) तिष्ठन्त्यो गावो यस्मिन् काले तिष्ठद्गु प्रभृतित्वात् निपातनात् अव्ययोभावः। दोहन काल, वह समय जब गायें अपने खूंटे पर चर कर आ जाती हैं संध्या, शाम।
तिष्ठद्गुप्रभृति (सं० स्त्री०) पाणिन्युक्त गणविशेष, पाणिनि की एक गणका नाम। अव्ययोभाव समासमें निपातप्रयुक्त तिष्ठद्गु प्रभृति कई एक शब्द सिद्ध होते हैं, यथा—तिष्ठद्गु, वहद्गु, आयतीगव, खलेयव, खलेबुस, लुनयव, पूतयव, पूयमानयव, संहृतयव, संप्रमाणयव, संहृतबुस, समभूम, समपदाति, सुषम, विषम, दुःषम, निषम, अपसम, आयतीसम, प्रौढ़, पापसम, पुण्यसम, प्राह्न, प्ररथ, प्रमृग, प्रदक्षिण, अपरदक्षिण, सम्प्रति और असम्प्रति। (पाणिनि)
तिष्ठहोम (सं० त्रि०) तिष्ठता होमो यत्र। यजतिरूप यागभेद। इस यागमें वषट् कार मन्त्रद्वारा होम करना पड़ता है।
तिष्टा (सं० स्त्री०) तिस्ता नामकी नदी। यह हिमालय पर्वतके पाससे निकल कर नवाबगंजके पास गंगामें जा मिली है।
तिष्य (सं० पु०) तुष्यत्यस्मिन् तुष-क्यप् निपातनात् साधुः। १ पुष्य नक्षत्र। (क्लो०) त्विष्-दीप्तौ अघ्न्यादित्वात् यक् निपा० साधुः। २ कलियुग। तिष्य नक्षत्र-मस्त्यास्य पौर्णमास्यां अच्। ३ पौषमास। पुष्यानक्षत्रमें पौषमासकी पूर्णिमा होती है। (त्रि०) तिष्ये नक्षत्रे जातः अण् तस्य लुक्। ४ पुष्यानक्षत्रजात, जो पुष्य-नक्षत्रमें उत्पन्न हो। ५ माङ्गल्य, कल्याणकारी।
तिष्यक (सं० पु०) तिष्य एव स्वार्थे कन्। पौषमास।
तिष्यपुष्पा (सं० स्त्री०) तिष्यां माङ्गल्यं पुष्पं यस्याः, बहुव्री०। आमलकी, आंवला।
तिष्यफला (सं० स्त्री०) तिष्यं फलं यस्याः, बहुव्री०। आमलकी।
तिष्या (सं० स्त्री०) तिष्यं मङ्गलं हेतुत्वेनास्त्यस्याः अच्। आमलकीवृक्ष, आंवलेका पेड़।
तिसपुट (हिं० स्त्री०) तिवपट देखो।
तिसरायत (हिं० स्त्री०) तीसरा होनेका भाव।
तिसरैत (हिं० पु०) १ मध्यस्थ। २ तीसरे हिस्सेका मालिक।
तिसृका (सं० स्त्री०) त्रिभावे कन् तिसृ आदेशः। तिसृभावे संज्ञायां कन्युपसंख्यान'। पा ७।२।९९। ग्रामभेद, एक गांवका नाम।
तिसृधन्व (सं० क्लो०) तिसृभिरिषुभिर्युतं धन्व धनुः, वैदिक प्रयोगे अच समासान्तः अविभक्तावपि वेदे त्रिस्रादेशः। वह धनुष जिसमें तीन वाण लगे हों।
तिस्रा (सं० स्त्री०) गन्धपुष्पी।
तिस्स (हिं० पु०) अशोक राजाके सगे भाईका नाम।
तिहत्तर (हिं० वि०) १ जिसकी संख्या सत्तरसे तीन अधिक हो। (पु०) २ वह संख्या जो सत्तर और तीनके योगसे बनी हो।
तिहद्दा (हिं० पु०) वह स्थान जहां तीन सीमा मिलती हों।
तिहन् (सं० पु०) तुह अर्दने कनिन् निपातनात् साधु। १ व्याधि, रोग, पीड़ा। २ व्रीहि, धान। ३ धनु, धनुष। ४ सद्भाव।
तिहरा (हिं० वि०) १ तेहरा देखो। (स्त्री०) २ मट्टीका बरतन जिसमें दही जमाया जाता है।
तिहराना (हिं० क्रि०) तीन बार करना।
तिहरी (हिं० स्त्री०) १ तीन लड़ोंकी माला। २ दूध जमानेका मट्टीका बरतन। (वि०) ३ तिहरा देखो।
तिहवार (हिं० पु०) त्योहार, पर्वका दिन।
तिहवारी (हिं० स्त्री०) त्योहारी देखो।
तिहाई (हिं० पु०) १ तृतीयांश, तीसरा हिस्सा। (स्त्री०) २ खेतकी उपज, फसल।
तिहानी (हिं० स्त्री०) चूड़ी बनानेके काममें आनेवाली एक प्रकारकी लकड़ी। यह एक बालिश्त लंबी और तीन अंगुल चौड़ी होती है।
तिहायत (हिं० पु०) तिसरैत, मध्यस्थ।
तिहाली (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी कपासकी बौंड़ी।
तिहैया (हिं० पु०) तृतीयांश, तीसरा भाग।
तीकुर (हिं० पु०) खेतकी उपजकी बंटाई। इसमें तिहाई अंश जमींदार और दो तिहाई गृहस्थ लेता है।

तिलोत्तमाको पानेके लिए सुन्द और उपसुन्दमें परस्पर विवाद हो गया और उसी युद्धमें दोनोंकी मृत्यु हो गई।

तिलोय—शाहाबाद जिलेके ससेराम उपविभागका एक ग्राम। यह अक्षा० २४° ४८' उ० और देशा० ८०° ६' पू०में अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः २५९२ है। यहां शीतलादेवीकी एक प्रतिमूर्त्ति है, जिस पर १३३२ ई० अङ्कित है। इस देवीके कारण यह स्थान बहुत मशहूर हो गया है। प्रति वर्ष कार्त्तिक मासमें यहां एक मेला लगता है जिसमें १०००० मनुष्य एकत्रित होते हैं।

तिलोदक (सं० क्लो०) तिलमिश्रितः उदकं, मध्यलो० कर्मधा०। तिलमिश्रित जल, तिल मिला हुआ पानी।

तिलोरी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी मैना।

तिलौंछना (हिं० क्रि०) तेल लगा कर चिकना करना।

तिलोदन (सं० क्लो०) तिलमिश्रितं ओदनं, मध्यलो० कर्मधा०। खिचर, तिलकी खिचड़ी।

तिलौंहा (हिं० वि०) जिसका स्वाद या रंग तेलसा हो।

तिलौरी (हिं० स्त्री०) तिल मिली हुई उरद या मूंगकी बरी।

तिल्पिञ्ज (सं० पु०) तिल पिञ्ज मेदे डिस। वन्यतिल, हंसा तिल।

तिल्य (सं० क्लो०) तिलानां भवनं क्षेत्रं वा तिल-यत्। विभाषा तिलमाषोमाभंगाणुभ्यः। पा ५।२।४। १ तिलका खेत। (वि०) २ तिलाय हितं हितार्थे यत्। तिलका हितकर। ३ तिलोत्पादक।

तिल्ला (हिं० पु०) तिलका नामक वर्णवृत्त।

तिल्लर (हिं० पु०) १ एक प्रकारकी चिड़िया। (वि०) २ तिलड़ा।

तिल्ला (अ० पु०) १ कलाबत्तूका नाम। २ पगड़ी, दुपट्टे या साड़ीका कलाबत्तूका काम किया हुआ अंचल। ३ वह वस्तु जो शोभा बढ़ानेके लिये किसी चीजमें लगाई जाती है।

तिल्लाना (हिं० पु०) तराना देखो।

तिल्ली (हिं० स्त्री०) पेटके भीतरका एक अवयव। यह मांसकी पोली गुठलीके आकारकी होती है और पसलियोंके नीचे पेटकी बाईं ओर रहती है। इसमें खाए हुए पदार्थका रस कुछ समय तक रहता है। अन्त में रक्त द्वारा यह रस सोख लिया जाता है तो तिल्ली फिरसे पूर्ववत् हो जाती है, लेकिन इसके बदले यह रसके बढ़ी हुई दीख पड़ती है।

ज्वर होने पर यह तिल्ली कुछ बढ़ जाती है, क्योंकि उसमें रस आ जाता है। ऐसी अवस्थामें उसे हिलनेसे लाल लिङ्ग निकलता है। इस रोगमें मनुष्य बहुत कमजोर हो जाता है और मुंह सूखा रहता है। वैद्यकशास्त्रमें लिखा है कि दाहकारक तथा कफकारक पदार्थोंके विशेष सेवन करनेसे लोहू कुपित हो कर कफ द्वारा प्लोहाको बढ़ता है तब तिल्ली बढ़ जाती है। आयुर्वेदके अनुसार लवणक्षार, पलासका क्षार, गदहको भस्म आदि प्लोहाकी उपयुक्त औषध है। डाक्टरोंमें कुनैन, संखिया और लोहा-मिश्रित औषध तिल्ली बढ़ने पर दी जाती हैं। इसे प्लोहा और पिलही भी कहते हैं।

२ तिल नामका अन्न। ३ आसाम और बरमामें ऊंची पहाड़ियों पर मिलनेवाला एक प्रकारका घास। इसकी ऊंचाई पचास फुट तक और गांठें दूर दूर पर होती हैं।

तिल्व (सं० पु०) तिलतीति तिल-वन्। उल्वादयश्च। उण् ४।९५। इति सूत्रेण निपातनात् साधुः। १ लोधवृक्ष, लोधका पेड़। २ श्वेतवर्ण लोध। ३ रक्तलोध, लाल लोध।

तिल्वक (सं० पु०) तिल्व-स्वार्थे कन्। १ लोध, लोध। २ तिनिश।

तिल्वली (सं० स्त्री०) कर्णस्फोटा, एक प्रकारकी बेल।

तिल्विल (सं० पु०) देवयजन-स्थान, वह जगह जहां देवताको पूजा की जाती है।

तिवारी—ब्राह्मण-जातिकी एक उपाधि। इस नामके ब्राह्मण गौड़ व कान्यकुब्ज आदि सम्प्रदायमें विशेष हैं। यह शब्द त्रिवेदी-शब्दका अपभ्रंश रूप है। पूर्वकालमें जो लोग तीनों वेदोंके ज्ञाता थे, उन्हें राजधर्मसभामें और विश्वविद्यालयोंसे त्रिवेदीकी उपाधि मिलती थी। तदनुसार उनका कुल भी त्रिवेदी कहाने कहाते भाषाभाषियों द्वारा तिवारी कहाने लग गया।

तिवासी (हिं० वि०) तिवासी देखो।

तिवी (हिं० स्त्री०) बीमारी।

तिशना (फा॰ पु॰) ताना, मेहना।

तिष्ठ (सं॰ क्रि॰) अवस्थान करो, ठहरो, रहो।

तिष्ठद्गु (सं॰ पु॰) तिष्ठन्त्यो गावो यस्मिन् काले तिष्ठद्गु प्रभृतित्वात् निपातनात् अव्ययोभावः। दोहन काल, वह समय जब गायें अपने खूंटे पर चर कर आ जाती हैं संध्या, शाम।

तिष्ठद्गुप्रभृति (सं॰ क्लो॰) पाणिन्युक्त गणविशेष, पाणिनि के एक गणका नाम। अव्ययोभाव समासमें निपातप्रयुक्त तिष्ठद्गु प्रभृति कई एक शब्द सिद्ध होते हैं, यथा—तिष्ठद्गु, वहद्गु, आयतीगव, खलेयव, खलेबुस, लुनयव, पूतयव, पूयमानयव, संहृतयव, संप्रमाणयव, संहृतबुस, समभूम, समपदाति, सुषम, विषम, दुःषम, निषम, अपसम, आयतीसम, प्रौढ़, पापसम, पुण्यसम, प्राह्ण, प्ररथ, प्रमृग, प्रदक्षिण, अपरदक्षिण, सम्प्रति और असम्प्रति। (पाणिनि)

तिष्ठहोम (सं॰ त्रि॰) तिष्ठता होमो यत्र। यजतिरूप यागभेद। इस यागमें वषट् कार मन्त्रद्वारा होम करना पड़ता है।

तिष्ठा (सं॰ स्त्री॰) तिस्ता नामकी नदी। यह हिमालय पर्वतके पाससे निकल कर नवाबगंजके पास गंगामें आ मिली है।

तिष्य (सं॰ पु॰) तुष्यत्यस्मिन् तुष-क्यप् निपातनात् साधुः। १ पुष्य नक्षत्र। (क्लो॰) त्विष-दीप्तौ अघ्न्यादित्वात् यक् निपा॰ साधुः। २ कलियुग। तिष्यं नक्षत्रमस्त्यस्य पौर्णमास्यां अच्। ३ पौषमास। पुष्यानक्षत्रमें पौषमासकी पूर्णिमा होती है। (त्रि॰) तिष्ये नक्षत्रे जातः अण् तस्य लुक्। ४ पुष्यानक्षत्रजात, जो पुष्य-नक्षत्रमें उत्पन्न हो। ५ माङ्गल्य, कल्याणकारी।

तिष्यक (सं॰ पु॰) तिष्य एव स्वार्थे कन्। पौषमास।

तिष्यपुष्पा (सं॰ स्त्री॰) तिष्यं माङ्गल्यं पुष्पं यस्याः, बहुव्री॰। आमलकी, आंवला।

तिष्यफला (सं॰ स्त्री॰) तिष्यं फलं यस्याः, बहुव्री॰। आमलकी।

तिष्या (सं॰ स्त्री॰) तिष्यं मङ्गलं हेतुत्वेनास्त्यस्याः अच्। आमलकीवृक्ष, आंवलेका पेड़।

तिसखुर (हि॰ स्त्री॰) तिखुट देखो।

तिसरायत (हि॰ स्त्री॰) तीसरा होनेका भाव।

तिसरैत (हि॰ पु॰) १ मध्यस्थ। २ तीसरे हिस्सेका मालिक।

तिसृका (सं॰ स्त्री॰) त्रिभावे कन् तिसृ आदेशः। तिसृ-भावे संज्ञायां कन्तुपसंख्यानं। पा ७।२।९९। ग्रामभेद, एक गांवका नाम।

तिसृधन्व (सं॰ क्लो॰) तिसृभिरिषुभिर्युतं धन्व धनुः, वैदिक प्रयोगे अच समासान्तः अविभक्तावपि वेदे त्रिसादेशः। वह धनुष जिसमें तीन बाण लगे हों।

तिस्ता (सं॰ स्त्री॰) शङ्खपुष्पी।

तिस्स (हि॰ पु॰) अशोक राजाके सगे भाईका नाम।

तिहत्तर (हि॰ त्रि॰) १ जिसकी संख्या सत्तरसे तीन अधिक हो। (पु॰) २ वह संख्या जो सत्तर और तीनके योगसे बनी हो।

तिहद्दा (हि॰ पु॰) वह स्थान जहां तीन सीमा मिलती हों।

तिहन् (सं॰ पु॰) तुह अर्द्दने कनिन् निपातनात् साधु। १ व्याधि, रोग, पीड़ा। २ व्रीहि, धान। ३ धनु, धनुष। ४ सद्भाव।

तिहरा (हि॰ वि॰) १ तेहरा देखो। (स्त्री॰) २ मट्टीका बरतन जिसमें दही जमाया जाता है।

तिहराना (हि॰ क्रि॰) तीन बार करना।

तिहरी (हि॰ स्त्री॰) १ तीन लड़ोंकी माला। २ दूध जमानेका मट्टीका बरतन। (वि॰) ३ तिहरा देखो।

तिहवार (हि॰ पु॰) त्योहार, पर्वका दिन।

तिहवारी (हि॰ स्त्री॰) त्योहारी देखो।

तिहाई (हि॰ पु॰) १ तृतीयांश, तीसरा हिस्सा। (स्त्री॰) २ खेतकी उपज, फसल।

तिहानी (हि॰ स्त्री॰) चूड़ी बनानेके काममें आने-वाली एक प्रकारकी लकड़ी। यह एक बालिश्त लंबी और तीन अंगुल चौड़ी होती है।

तिहायत (हि॰ पु॰) तिसरैत, मध्यस्थ।

तिहाली (हि॰ स्त्री॰) एक प्रकारकी कपासकी बौड़ी।

तिहैया (हि॰ पु॰) तृतीयांश, तीसरा भाग।

तीकुर (हि॰ पु॰) खेतकी उपजकी बंटाई। इसमें तिहाई अंश जमींदार और दो तिहाई गृहस्थ लेता है।

तीक्ष्ण (सं॰ क्ली॰) तेजयति तिज्यते नेन वा, तिज-क्स्न दीर्घश्च। निपातनात्। उण् ३।१८। १ उग्रता, गरमी। २ विष, जहर। ३ लोहकीट, इस्पात। ४ युद्ध, लड़ाई। ५ मरण, मौत। ६ शस्त्र, हथियार। ७ सामुद्र लवण, समुद्री नमक, करकच। ८ मुष्क, मोखा। ९ यवक्षार, खार। १० मरक, महामारी, मरी। (त्रि॰) ११ तीक्ष्णतायुक्त, तेज या तीखे स्वादवाला। प्रतिभा, हीरक, कटाक्ष, दुर्वाक्य, नख, लवण, रविकर ये सब तीक्ष्ण वस्तु हैं। (कविकल्पलता) १२ आत्मत्यागी। १३ निरालस्य, जिसे आलस्य न हो। १४ तेज धारवाला। १५ तीव्र, प्रखर, उग्र। १६ कर्णकटु, जो सुननेमें अप्रिय हो। १७ असह्य, जो सहन न हो सके। (पु॰) १८ यव क्षार, जवाखार। १९ श्वेतकुश, सफेद कुश। २० कुन्दुरुक, कुंदुर गोंद। २१ ज्योतिषोक्त नक्षत्रगण, आर्द्रा, अश्लेषा, ज्येष्ठा और मूला नक्षत्र। २२ योगी।

तीक्ष्णक (सं॰ पु॰) तीक्ष्ण संज्ञायां कन्। १ श्वेतसर्षप, सफेद सरसों। २ मुष्कक, मोखावृक्ष।

तीक्ष्णकण्टक (सं॰ पु॰) तीक्ष्णानि कण्टकानि यस्य, बहुव्री॰। १ धुस्तूर, धतूरा। २ इङ्गुदीवृक्ष। ३ बबूर, बबूलका पेड़। ४ करीर, करीलका पेड़। (त्रि॰) ५ तीक्ष्ण कण्टकयुक्त, जिसमें तेज कांटे हों।

तीक्ष्णकण्टका (सं॰ स्त्री॰) तीक्ष्ण कण्टक-टाप्। कन्थारी वृक्ष एक पेड़।

तीक्ष्णकन्द (सं॰ पु॰) तीक्ष्णः कन्दोमूलं यस्य, बहुव्री॰। पलाण्डु, प्याज।

तीक्ष्णकर्मन् (सं॰ त्रि॰) तीक्ष्णं कर्म यस्य, बहुव्री॰। कार्यदक्ष, जो काम-काज करनेमें तेज हो।

तीक्ष्णकल्क (सं॰ पु॰) तीक्ष्णः कल्को यस्य, बहुव्री॰। तुम्बुरुवृक्ष, धनिया।

तीक्ष्णकान्ता (सं॰ स्त्री॰) तीक्ष्णा उग्रा कान्ता कमनीया कर्मधा॰। मङ्गलचण्डिकाकी मूर्त्ति विशेष, तारादेवी, उग्रतारा।

कालिकापुराणमें लिखा है, कि दिक्करवासिनी देवीकी पीठपर स्वयं भगवान् शम्भु लिङ्गरूपमें, विष्णु शिलारूपमें और ब्रह्मा लिङ्गरूपमें अवस्थित हैं। फिर यहां देवी दुर्गा तीक्ष्णकान्ता और उग्रतारा इन दो रूपोंमें विहार करती हैं। ललितकान्ता नामक परात्परा मङ्गलचण्डिकाका नाम ही तीक्ष्णकान्ता है। तीक्ष्णकान्ता देवी कृष्णवर्णा, लम्बोदरी और एकजटाधारिणी हैं। साधकको इस देवीका पूजन सर्वदा करना चाहिए। मन्त्रपाठ पूर्वक इसका त्रिकोणमण्डल करना चाहिये—"ऐं ऐं सुरेशे तथा तिष्ठतु" यही तीक्ष्णकान्ताका मण्डलस्थान मन्त्र है।

नरान्तक, त्रिपुरान्तक, दैत्यान्तक, यमान्तक, वैतालान्तक, दुर्दरान्तक, गणान्तक और यमान्तक ये तीक्ष्णकान्ताके द्वारपाल हैं। मण्डलके आठ कोर इन सबोंकी पूजा करनी चाहिये। पूजा करते समय सम्बोधनान्त एक नाम, पीछे "गन्धपुष्पं" तब "स्वाहा" शब्दको मिला कर जो बने वही इन द्वारपालकोंका मन्त्र है। तीक्ष्णकान्ता और उग्रतारा इन्हीं दो मूर्त्तियोंमें पात्र, उपकरण, ध्यान, न्यास प्रभृति करना पड़ता है। चामुण्डा, कराला, सुभगा, भीषणभगा और विकटा ये छः देवीकी योगिनी हैं।

'हे मातारेकजटे विद्महे वि कटदंष्ट्रे धीमहि तन्नस्तारे प्रचोदयात्।'

यही पीठदेवी तीक्ष्णकान्ताकी गायत्री है। विकटचण्डिका देवी इनकी निर्माल्यधारिणी हैं।

मृण्मय या रुद्राक्षसे इनकी जपमाला करनी पड़ती है। तीक्ष्णकान्ता देवीकी पूजामें यही विशेष है। इसके सिवा उपचार बलिदान जप आदि समस्त कार्य कामाख्या पूजाके अनुसार करने पड़ते हैं। तीक्ष्णकान्ता देवीके जलमें मदिरा, बलिमें नरबलि और नैवेद्यमें मोदक, नारियल, मांस, व्यञ्जन और ईख ही प्रशस्त और प्रीतिकर हैं। इनकी पूजा करनेसे साधक अभीष्ट लाभ करता है।

(कालिकापु॰ ८० अ॰)

तीक्ष्णक्षीरा (सं॰ स्त्री॰) १ वनकर्कर, वनककड़ी। २ शुक्लमदनवृक्ष, सफेद मदनका पेड़।

तीक्ष्णक्षीरी (सं॰ स्त्री॰) वंशलोचन।

तीक्ष्णगन्ध (सं॰ पु॰) तीक्ष्णः प्रचण्डो गन्धो यस्य, बहुव्री॰। १ शोभाञ्जनवृक्ष, सहजनका पेड़। २ रक्ततुलसी, लाल तुलसी। ३ श्वेततुलसी, सफेद तुलसी। ४ कुन्दुरु नामक गन्धद्रव्य।

तीक्ष्णगन्धा (सं॰ स्त्री॰) तीक्ष्णगन्ध-टाप्। १ श्वेतवचा,

सफेद वच। २ कन्यारोका वृक्ष। ३ राजिका, राई। ४ वचा, वच। ५ जोवन्ती। ६ सूक्ष्मैला, छोटो इलायची। ७ श्वेतजीरक, सफेद जोरा।

तीक्ष्णगन्धोग्रा (सं० स्त्री०) शुक्लवचा, सफेद वच।

तीक्ष्णतण्डुला (सं० स्त्री०) तीक्ष्णस्तण्डुला यस्याः, बहुव्री०। पिप्पली, पीपल।

तीक्ष्णतरु (सं० पु०) पिलुवृक्ष, एक पेड़।

तीक्ष्णता (सं० स्त्री०) तीक्ष्णस्य भावः तीक्ष्ण भावे तल-टाप्। तीव्रता, तेजी।

तीक्ष्णताप (सं० स्त्री०) तीक्ष्णः तापः यस्य। महादेव, शिव।

तीक्ष्णतैल (सं० क्ली०) तीक्ष्णस्य स्नेहः स्नेहे तैलच् वा तीक्ष्णं तैलं स्नेहो यस्य। १ स्नूही चीर, सेहुँड़का दूध। २ सर्जरस, राल। ३ मद्य, शराब। ४ सरसोंका तेल।

तीक्ष्णत्वच् (सं० पु०) तुम्बुरु, धनिया।

तीक्ष्णदंष्ट्र (सं० पु०-स्त्री०) तीक्ष्ण दंष्ट्रा यस्य, बहुव्री०। १ व्याघ्र, बाघ। (त्रि०) २ तीक्ष्ण दंष्ट्रायुक्त, जिसके दांत तेज हों।

तीक्ष्णदाधा (सं० स्त्री०) यावनाल वृक्ष।

तीक्ष्णदन्त (सं० पु०) वह जानवर जिसके दांत बहुत तेज या नुकीले हों।

तीक्ष्णदृष्टि (सं० स्त्री०) तीक्ष्णा दृष्टिः, कर्मधा०। सूक्ष्म दृष्टि, जिसकी दृष्टि सूक्ष्मसे सूक्ष्म बात पर पड़ती हो।

तीक्ष्णद्रु (सं० पु०) पिलुवृक्ष, एक प्रकारका कांटेदार पेड़।

तीक्ष्णधार (सं० पु०) तीक्ष्णधारा यस्य, बहुव्री०। १ खड्ग। (त्रि०) २ तीक्ष्ण धारयुक्त, जिसकी धार बहुत तेज हो।

तीक्ष्णपत्र (सं० पु०) तीक्ष्णानि पत्राणि यस्य, बहुव्री०। १ तुम्बुरु, धनिया। २ कुमरिच, लाल मिर्चका पेड़। (त्रि०) ३ तीक्ष्णपत्रयुक्त, जिसके पत्तोंमें तेज धार हो।

तीक्ष्णपुष्प (सं० क्ली०) तीक्ष्णं पुष्पं यस्य, बहुव्री०। १ लवङ्ग, लौंग। (त्रि०) २ तिग्म पुष्पयुक्त, जिसके फूलमें तेज धार हो।

तीक्ष्णपुष्पा (सं० स्त्री०) तीक्ष्णपुष्प-टाप्। केतकी।

तीक्ष्णप्रिय (सं० पु०) यव, जौ।

तीक्ष्णफल (सं० पु०) तीक्ष्णं फलं यस्य, बहुव्री०। १ तुम्बुरु, धनिया। २ तेजा फल।

तीक्ष्णफला (सं० स्त्री०) तीक्ष्ण फल-टाप्। राजसर्षप, राई।

तीक्ष्णबुद्धि (सं० पु०) तीक्ष्णबुद्धिर्यस्य, बहुव्री०। प्रखरमति, जिसकी बुद्धि बहुत तेज हो।

तीक्ष्णमञ्जरी (सं० स्त्री०) पर्णलता, पानका पौधा।

तीक्ष्णमूल (सं० पु०) तीक्ष्णं मूलं यस्य, बहुव्री०। १ शोभाञ्जन, सहिंजन। २ कुलाञ्जन। (त्रि०) ३ तिग्ममूलक, जिसकी जड़में बहुत तेज गन्ध हो। (क्ली०) तीक्ष्णं मूलं कर्मधा०। ४ तिग्म मूल, तेज जड़।

तीक्ष्णरश्मि (सं० पु०) तीक्ष्णरश्मयो यस्य, बहुव्री०। तिग्मांशु, सूर्य। (त्रि०) २ तिग्म रश्मियुक्त, जिसकी किरणें बहुत तेज हों।

तीक्ष्णरस (सं० पु०) तीक्ष्ण रसो यस्य बहुव्री०। १ यवक्षार, जवखार। तीक्ष्णः रसः कर्मधा०। २ तिग्मरस, शोरा। (त्रि०) ३ तिग्मरस युक्त, जिसका रस बहुत तेज हो।

तीक्ष्णलौह (सं० क्ली०) तीक्ष्णं लौहं कर्म। लौहभेद, इस्पात।

तीक्ष्णवल्क (सं० पु०) तुम्बुरु, धनिया।

तीक्ष्णवृक्ष (सं० पु०) पिलुवृक्ष, एक प्रकारका कांटेदार पेड़।

तीक्ष्णवेग (सं० त्रि०) तीक्ष्णः वेगः यस्य, बहुव्री०। अधिक वेगयुक्त, जिसमें तेज गति हो।

तीक्ष्णशूक (सं० पु०) तीक्ष्णं शूकी अग्रं यस्य, बहुव्री०। यव, जौ। (त्रि०) २ खरशूकयुक्त, जिसकी नोक तेज हो। (क्ली०) तीक्ष्णं शूकं, कर्मधा०। ३ खरशूक, तेज नोक।

तीक्ष्णसार (सं० स्त्री०) तीक्ष्णः कठिनः सारो यस्या, बहुव्री०। १ शिंशपावृक्ष, शीशमका पेड़। २ मधुकवृक्ष, महुयेका पेड़। ३ लौह, लोहा। ४ (त्रि०) तिग्मसारयुक्त, जिसका रस बहुत तेज हो। (क्ली०) ५ खरसार, तेज रस।

तीक्ष्णा (सं० स्त्री०) तीक्ष्ण-टाप्। १ वचा, वच। २ सर्पकङ्कालिकावृक्ष। ३ कपिकच्छु, केवांच। ४ महाज्योति-

सती लता, बड़ी मालकंगनी। ५ अत्यम्लपर्णी लता। ६ जलौका, जोंक। ७ कटु बीज, मिर्च। ८ ताराई बोका एक नाम।

तीक्ष्णांशु (सं॰ पु॰) तीक्ष्णाः अंशवो यस्य, बहुव्री॰। तिग्म रश्मि, सूर्य।

तीक्ष्णांशुतनय (सं॰ पु॰) तीक्ष्णांशुः सूर्यस्तस्य तनयः, ६-तत्। सूर्यतनय, सूर्यके पुत्र।

तीक्ष्णाग्नि (सं॰ पु॰) १ छातीका एक रोग। २ अजीर्ण रोग। ३ जठराग्नि।

तीक्ष्णाग्र (सं॰ वि॰) तीक्ष्णःअग्रो यस्य, बहुव्री॰। सूक्ष्माग्र, पैनी नोकवाला, जिसका अगला भाग तेज या नुकीला हो।

तीक्ष्णायस (सं॰ क्ली॰) अय एव आयसं तीक्ष्णाञ्च तत् आयसञ्चेति, कर्मधा॰। लौहविशेष, इस्पात लोहा। इसके संस्कृत पर्याय—लौह, शस्त्रायस, शस्त्र, पिण्ड, पिण्डायस, शठ; आयस, निशित, तीव्र, खड्ग, मुण्डज, अयस, चित्रायस और चीनज। इसके गुण—उष्ण, तिक्त; वात, पित्त, कफ, प्रमेह, पाण्डु और शूलनाशक तथा तीक्ष्ण।

इस्पातका चूर्ण और त्रिफलाका चूर्ण एकत्र मिला कर दूधके साथ सेवन करनेसे शूलरोग जाता रहता है।

तीक्ष्णेषु (सं॰ पु॰) अमल बाणयुक्त।

तीखा (हिं॰ वि॰) १ तीक्ष्ण, जिसकी धार या नोक बहुत तेज हो। २ प्रखर, तीव्र, तेज। ३ उग्र, प्रचण्ड। ४ जिसका स्वभाव बहुत उग्र हो। ५ बढ़िया, अच्छा। ६ अप्रिय वचन। ७ जिसका स्वाद बहुत तेज या चरपरा हो।

तीखी (हिं॰ स्त्री॰) एक प्रकारका काठका औजार जो रेशम फेरने वालोंके काममें आता है। इसके बीचमें गज डाल कर उस पर रेशम फेरा जाता है।

तीखुर—हलदीकी जातिका एक प्रकारका पौधा। इसकी जड़से अराफट प्रस्तुत किया जाता है। अराफट देखो। मध्य भारतमें यह प्रचुर परिमाणमें पैदा होता है। बङ्गाल, मन्द्राज और बम्बईके पहाड़ी प्रदेशोंमें भी इसकी खेती होती है। हरिद्रा, कचूर और आमहल्दी प्रभृतिकी तरह मध्यभारतके रायपुर जिलेमें तीखुरका भी खूब बड़ा व्यवसाय होता है। उत्तर-पश्चिम हिमालय, कमायुं जिलेके रामघाट पर्यन्त, त्रिवाङ्कोर और कोचीनमें भी यह उगता है। यह दो प्रकार होता है; अंग्रेजोंमें इन दो जातियोंके नाम Curcuma augustifolia एवं Curcuma Leucorrhiza हैं। हिन्दीमें दोनों श्रेणियां तीखुर और तैलङ्गमें अराफटगड्डालु नामसे कही जाती हैं।

कई लोगोंका कहना है कि इसकी प्रथम श्रेणीका देशी नाम कुभा या कुया और दूसरीका नाम तीखुर है।

इसकी खेती ठीक हल्दीकी खेतीकी तरह होती है; लेकिन इसे खोदते समय हल चलानेकी जरूरत होती है। इसकी जड़ इतनी कठिन होती है कि बिना हल चलाये निकाली नहीं जा सकती। यत्न पूर्वक इसकी खेती करने पर इससे विलायती आराफटकी तरह उत्कृष्ट द्रव्य बनता है।

कनाड़ा, कोचीन और त्रिवाङ्कोरमें इससे आराफट प्रस्तुत होता है। इसका आटा कानाके बाजारोंमें बिकता है वहांके हलवाई इससे एक प्रकारके मोटे लड्डू बनाते हैं, जो खानेमें अत्यन्त सुस्वादु होते हैं। इससे बिस्कुट भी अच्छे बनते हैं। यह कुछ कोष्ठबद्धकर (कब्ज करने-वाला) है। बम्बईमें पानी मिलाया दूध या क्षार गाढ़ा करनेके लिए यही आटा काममें लाया जाता है। यह रोगीके लिए भी हितकर है। नाना स्थानोंमें यह नाना उपायोंसे प्रस्तुत किया जाता है। उनमेंसे गोदावरी जिले-में जो उपाय अवलम्बित किये जाते हैं, वे ही आराफट शब्दमें लिखे गये हैं। अधिक धूप लगनेसे इसमें अधिक खट्टापन आ जाता है। यत्नसे प्रस्तुत करने पर एक बीघेमें डेढ़ सौ रुपया लाभ हो सकता है।

तीखुन (हिं॰ पु॰) तीखुर देखो।

तीज (हिं॰ स्त्री॰) १ प्रत्येक पक्षकी तीसरी तिथि। २ हरतालिका तृतिया, भादों सुदी तीज।

(हिं॰ वि॰) हरतालिका देखो।

तीजा (हिं॰ पु॰) १ मुसलमानोंमें किसीके मरनेके दिनसे तीसरा दिन। (हिं॰ वि॰) २ तृतीय, तीसरा।

तीतर (हिं॰ पु॰) समस्त नदियां और पुरोंमें मिलने वाला एक प्रसिद्ध पक्षी। इसके दो भेद हैं, चितकबरा

और काला। इसका पेट कुछ भारी, दुम छोटी और पैरमें चार उंगलियां होती हैं। यह एक जगह कभी स्थिर नहीं रहता। हिन्दुस्तानमें यह प्रायः कपास, गेहूँ या चावलके खेतोंमें जालमें फंसाकर पकड़ा जाता है। इसके अंडे चिकने और धब्बेदार होते हैं।

विशेष विवरण तितिर शब्दमें देखो।

तीता (हिं॰ वि॰) १ तिक्त, जिसका स्वाद तीखा और चरपरा हो। २ कटु, कड़ुआ। ३ गीला, नम। (हिं॰ पु॰) ४ जोतने बोनेको जमीनका गीलापन। ५ ऊपर भूमि। ६ ढेंकी या रहटका अगला भाग। ७ ममोरेके झाड़का एक नाम।

तीन (हिं॰ वि॰) १ जो दोसे एक अधिक हो। (पु॰) वह संख्या जो दो और एकके योगसे बनती हो।

तीनपान (हिं॰ पु॰) एक प्रकारका बहुत मोटा रस्सा। इसकी मुटाई एक फुटसे अधिक नहीं होती।

तीनपाम (हिं॰ पु॰) तीनपान देखो।

तीनलड़ी (हिं॰ स्त्री॰) तीन लड़ियोंकी माला, तिलड़ी।

तीनी (हिं॰ स्त्री॰) तिन्नीका चावल।

तीपहा (हिं॰ पु॰) एक प्रकारका औजार जो रेशमी कपड़ा बुननेवालोंके काममें आता है। इसके नीचे ऊपर दो लकड़ियां लगी रहती हैं।

तीपरा (टिप्रा)—त्रिपुरा और चट्टग्रामकी पार्वत्य प्रदेशवासी एक भ्रमणशील जाति। आराकानमें इन्हें मरङ्ग कहते हैं। इस जातिका प्रकृत जातिगत नाम तीपरा नहीं है। इनमेंसे बहुतोंका त्रिपुराके पार्वत्य प्रदेशमें वास होनेके कारण ये लोग तीपरा नामसे मशहूर हो गये हैं। पूछने पर भी ये अपनेको बङ्गालके 'तिपारा' बतलाते हैं। यूरोपीय मानवतत्त्वविद्गण इस जातिको लौहित्यश्रेणीभुक्त करते हैं। इन लोगोंका आकार प्रकार बहुत कुछ बङ्गालियों जैसा होने पर भी ये उनसे मजबूत मालूम पड़ते हैं।

ये लोग खेतीबारी करके अपनी जीविका निर्वाह करते हैं।

इन लोगोंको खेतीबारी मन्न जातिसी होती है। सुआर, मद्य और हिन्दुओंको अपने दलमें लानेमें ये तनिक भी आपत्ति नहीं करते।

बाल्यविवाहकी प्रथा इन लोगोंमें प्रचलित नहीं है। स्त्रियां प्रायः शुद्धाचारी होती हैं। विवाहके समय कोई विशेष अनुष्ठानादि नहीं करने पड़ते। खाना पीना और नाच गान यही विवाहका प्रधान अङ्ग है। इस समय वन और नदी-देवताके उद्देश्यसे एक सूअरके बच्चेको बलि दी जाती है। कन्याकी माता एक पात्रमें शराब लाकर उसे कन्याके हाथमें अर्पण करती है। फिर कन्या वरकी गोदमें बैठ कर उस पात्रको वरके हाथमें दे देती है। आधी शराब तो वर खुद पी लेता और आधी अर्द्धाङ्गिनीको पिलाता है। कन्याके मातापिताकी इच्छासे यदि विवाह हुआ हो, तो वरको तीन वर्ष तक ससुरालमें रह कर काम काज करना पड़ता है।

ये लोग काली और सत्यनारायणकी पूजा करते हैं। पूजामें ब्राह्मण नियुक्त नहीं होते। औचाई नामक स्वजातीय एक घर है, जो वंशानुक्रमसे पुरोहितका काम करता है। जब किसीकी मृत्यु होती है, तब ये मृतदेहको घरके बाहर ले जाते और एक मुर्गीको मार कर चावलके साथ उसे मृत व्यक्तिके पांव तले रख देते हैं, जहां दाहकर्म होता है, वहां मृतके आत्मीयगण ७ दिन तक आते और प्रति दिन मृतके उद्देशसे एक एक मुर्गी मार कर उसे चावलके साथ वहीं रख जाते हैं। पीछे मृतकी भस्म लाकर पहाड़के ऊपर रखते और उसके ऊपर एक छोटासा घर बना कर उसमें मृतके अस्त्र-शस्त्र बहुत सावधानीसे रख छोड़ते हैं। इनमेंसे एक श्रेणी राजवंशी नामसे प्रसिद्ध है। वे अपनेको त्रिपुराके राजवंशीय बतलाते हैं।

तीमारदारी (फा॰ स्त्री॰) रोगियोंकी सेवा-शुश्रूषाका काम।

तीय (हिं॰ स्त्री॰) स्त्री, औरत।

तीर (सं॰ क्ली॰) तीर-अच्। नद्यादिका कूल, नदी आदिका किनारा। नदी किनारेसे ५० हाथ तक परिमित स्थानको तीर कहते हैं। भाद्र मासकी कृष्णा चतुर्दशी तिथिमें जहां तक जल प्लावित होता है, वहां तक गर्भ और उस जगहसे ५० हाथ तक तीर कहलाता है। पुराणोंके मतसे गङ्गादि पुण्य नदीके किनारे किया हुआ पुण्य या पाप चिरस्थायी रहता है, इसलिये भूलसे भी पुण्यनदियोंके किनारे पाप कार्य नहीं करना चाहिये और सदा

प्रयागादि पुण्यस्थानमें अवस्थान होना चाहिये। (पु०) २ सीसक, सीसा नामक धातु। ३ बाण, शर। ४ त्रपु, टीन। ५ समीप, निकट, पास।

तीरंदाज (फा० पु०) वह जो तीर चलाता हो।

तीरंदाजी (फा० स्त्री०) तीर चलानेकी विद्या।

तीरगर (फा० पु०) १ तीरप्रस्तुतकारी, तीर बनानेवाला कारीगर। २ एक श्रेणीके मुसलमान। अहमदाबाद जिलेमें इनका वास अधिक है। पहले ये युद्धके लिये तीर बनाते थे, इसीसे इनका नाम तीरगर पड़ा है। अभी तीरका आदर जाता रहा। सुतरां इन्होंने भी जातीय व्यवसायका परित्याग किया है। अभी ये चौकीदार या दासका कार्य कर जीविका निर्वाह करते हैं।

तीरग्रह (सं० पु०) देशभेद, एक देशका नाम।

तीरण (सं० क्ली०) लताभेद, करञ्जिका, करंज।

तीरभुक्ति (सं० पु०) देशविशेष, इसका नामान्तर विदेह है। तिरहुत देखो।

तीररुह (सं० त्रि०) तीरे रोहति रुह-क। वृक्ष, पेड़।

तीरवर्त्ती (सं० त्रि०) १ जो तट पर रहता हो। २ पास रहनेवाला, पड़ोसी।

तीरस्थ (सं० त्रि) तीरे तिष्ठति तीर-स्था-क। १ तीरस्थित, तट पर रहनेवाला। २ नदीके तीर पर पहुंचाया हुआ मरणासन्न व्यक्ति। बहुत जगह जब रोगी मरनेको होता है, तब उसके सम्बन्धी पहलेहीसे उसको नदीके तीर पर ले जाते हैं। धार्मिक दृष्टिसे नदीके तीर पर मरना अधिक उत्तम समझा जाता है।

तीराट (सं० पु०) लोध्र, लोध।

तीरान्तर (सं० क्ली०) तीरस्य अन्तरं, ६-तत्। दूसरे पार।

तीरित (सं० त्रि०) तीर-क्त। कार्यसमाप्ति।

तीव (सं० पु०) १ शिव, महादेव। २ शिवकी स्तुति।

तीर्ण (सं० त्रि०) तॄ-क्त। १ उत्तीर्ण, जो पार हो गया हो। २ अभिभूत, हराया हुआ। ३ व्याप्त, जो भोगा हुआ हो। ४ अतिक्रान्त, जो सीमाका उल्लंघन कर चुका हो।

तीर्णपदा (सं० स्त्री०) मूसली, तालमूल।

तीर्णपदी (सं० स्त्री०) तीर्णः पादैः मूलमस्याः कर्म्मधारयः कुम्भपद्या० ङीप्। तालमूली, मूसली।

तीर्णा (सं० स्त्री०) प्रतिष्ठाच्छन्द वृत्तिविशेष, एक वृत्त जिसके प्रत्येक चरणमें एक मगण और गुरु होता है।

तीर्थ (सं० क्ली०) तरति पापादिकं यस्मात् तॄ-थक्। पातृतुदि वचीति। उण् २।७। १ शास्त्र। २ यज्ञ। ३ क्षेत्र, स्थान। ४ उपाय। ५ नारीरज, रजस्वला स्त्रीका रज। ६ अवतार, अवतरण। ७ ऋषिजुष्ट जल, वह जल जिसे ऋषिगण सेवन करते हैं। ८ पात्र, बरतन। ९ उपाध्याय, गुरु। १० मन्त्री, वजीर। ११ योनि, भग। १२ दर्शन। १३ घाट। १४ विप्र। १५ आगम। १६ निदान। १७ वह्नि, अग्नि। १८ पुण्यस्थानादि।

काशीखण्डमें तीर्थका विषय इस प्रकार लिखा है,— तीर्थ तीन प्रकारका है, जङ्गम, मानस और स्थावर। जगत्में ब्राह्मणगण जङ्गम तीर्थ हैं। ये पवित्रस्वभाव और सर्वकामप्रद हैं। इनके वाक्योदकके द्वारा मलिन मनुष्य विशुद्ध हो जाते हैं। ब्राह्मणोंकी सेवा करनेसे पाप नहीं रहते और समस्त कामनाओंकी सिद्धि होती है।

मानसतीर्थ—सत्य, क्षमा, इन्द्रियनिग्रह, दया, ऋजुता, दान, दम, सन्तोष, ब्रह्मचर्य, प्रियवादिता, ज्ञान, धैर्य और तपस्या ये मानसतीर्थ हैं, इनमें भी मनकी विशुद्धता ही सबसे श्रेष्ठ है। देशभ्रमण करनेसे आत्माकी उन्नति या बहुदर्शिता होती है, इसलिए भी तीर्थयात्राको हिन्दूगण अति पुण्यदायक समझते थे। तीर्थमें जानेसे मन विशुद्ध होता है और साधुओंके दर्शनसे आत्मा भी पवित्र होती है। जिन महात्माओंके धाममें जाते हैं, उनका दृष्टान्त स्मरण करनेसे जगतकी अनित्यता स्पष्ट ही प्रतीयमान होने लगती है, सैकड़ों मनुष्य इन धाममेंसे आ कर जन्म और मृत्युके हाथसे उद्धार हुए हैं। इन सब विषयोंकी चिन्ता करनेसे मनमें एक उदारभावका उदय होता है और सर्वदा पापोंसे दूर रहनेकी इच्छा जाग्रत होती है। अतएव प्रत्येक मनुष्यको आत्माकी उन्नतिके लिए तीर्थयात्रा करनी चाहिये। मात्र शरीरको पानीमें डुबा कर स्नान कर लेनेसे तीर्थस्नान नहीं होता। यथार्थ तीर्थस्नानी वही

हैं जिसने अपनी पाँचों इन्द्रियोंको जीत लिया है। जो लोभी, क्रूर, दाम्भिक या विषयासक्त हैं और सैकड़ों बार तीर्थस्नान करते हैं, वे कभी भी पापोंसे मुक्त नहीं होते। केवल शरीरका मैल दूर करनेसे ही मनुष्य निर्मल नहीं हो जाता, मनसे मलको निकाल देनेसे ही मनुष्य यथार्थमें निर्मल हो सकता है। तीर्थयात्राका वास्तविक उद्देश्य चित्तकी शुद्धि प्राप्त करना है। यदि अन्तःकरणका भाव पवित्र न हुआ, तो दान, तप, यज्ञ, शौच, तीर्थसेवा, सत्कथा श्रवण आदि सदनुष्ठान करने पर भी कोई फल नहीं होता। मनुष्य अपनी इन्द्रियोंको जय करके चाहे जहाँ क्यों न बैठा रहे, वहीं उसके लिए कुरुक्षेत्र, नैमिषारण्य और पुष्कर आदि तीर्थस्थान हैं। जो लोग राग-द्वेष आदि मलोंको दूर करके विशुद्ध ध्यानरूप जलमें स्नान करते हैं, उन्हींको उत्कृष्ट गति प्राप्त होती है।

स्थावरतीर्थ—गङ्गा आदि पुण्यप्रदेशोंको स्थावरतीर्थ कहते हैं। जैसे शरीरका अवयवविशेष पवित्र माना जाता है, उसी तरह पृथिवीके भी कुछ प्रदेश पुण्यतम माने जाते हैं। स्थावर और मानसतीर्थमें जो लोग नित्य अवगाहन करते हैं, उनको उत्कृष्ट फलकी प्राप्ति होती है। (काशीखं०)

तीर्थयात्राके द्वारा जो फल होता है, वह फल विपुल दक्षिणाके साथ बहुतर यज्ञद्वारा भी नहीं होता। जो लोग हाथ, पैर और मनको संयत करके विद्या, तपस्या और कीर्तिसम्पन्न हो चुके हैं, उन्होंने यथार्थमें तीर्थफल प्राप्त किया है। प्रतिग्रहसे निवृत्त हो कर जो व्यक्ति जिस किसी तरह सन्तुष्ट रहता है, उसीको तीर्थका फल मिलता है। जो व्यक्ति दाम्भिक नहीं हैं, जिनके आरम्भ निष्फल हो चुके हैं, जो सम्पूर्ण सङ्गोंसे निवृत्त, क्रोधरहित, जितेन्द्रिय, सत्यवादी, स्थिरव्रत और समस्त प्राणियोंको अपने समान देखते हैं, वे ही तीर्थका फल भोगते हैं। इन्द्रियोंको संयत करके, श्रद्धा और धीरताके साथ तीर्थ-भ्रमण करनेसे पापी मनुष्य विशुद्ध हो जाते हैं; साधुओंकी तो बात ही क्या? तीर्थानुसरण करनेसे तिर्यग्योनि या कुदेशमें जन्म नहीं होता। तीर्थभ्रमणकारी व्यक्ति दुःखी नहीं होता और अन्तमें स्वर्गवासी होता है। जिसको श्रद्धा नहीं, जो पापात्मा और नास्तिक है, जिसका संशय दूर नहीं हुआ है, जो निरर्थक तर्क करता है, उसे तीर्थका फल नहीं मिलता।

जो शीतोष्णको सह कर धीरतासे विधिपूर्वक तीर्थयात्रा करते हैं, वे स्वर्गगामी होते हैं।

तीर्थयात्राके लिए जानेवाले व्यक्तिको प्रथमतः घरमें संयत हो कर उपवास करना चाहिए। पीछे यथाशक्ति गणेश, पितृगण, ब्राह्मण और साधुओंकी पूजा करना उचित है। तदनन्तर पारण करके नियम अवलम्बनपूर्वक आनन्दसे यात्रा करनी चाहिए। तीर्थयात्रासे लौट कर पुनः पितरोंकी पूजा की जाती है। ऐसा करनेसे उसका फल मिलता है। तीर्थमें ब्राह्मणकी परीक्षा न करनी चाहिए। कोई अन्न माँगे तो उसे यथाशक्ति देना चाहिए और किसी पर क्रोध न करना चाहिए। तिलपिष्ट और गुड़से श्राद्ध भी करना पड़ता है। श्राद्धमें अर्घ प्रदान और आवाहन करना उचित नहीं। काल विशुद्ध हो या न हो, किसी तरहका विघ्न न रहनेसे ही श्राद्ध और तर्पण करना चाहिए। प्रसङ्गाधीन तीर्थमें जा कर यदि स्नान किया जाय, तो उसका फल प्राप्त होता है, किन्तु तीर्थयात्राके निमित्त स्नान करनेसे फल लाभ नहीं होता। तीर्थयात्रासे पापात्माओंके पाप नष्ट होते हैं और श्रद्धा-सम्पन्न व्यक्तियोंको यथोक्त फल प्राप्त होता है। जो दूसरेके लिए तीर्थयात्रा करते हैं, उन्हें षोड़श अंश फल प्राप्त होता है और जो प्रसङ्गाधीन यात्रा करते हैं, उनको आधा फल प्राप्त होता है। जिसके लिए कुशकी प्रतिकृति बना कर उसे तीर्थमें स्नान कराया जाता है। उस व्यक्तिको अष्टमांश फल प्राप्त होता है। तीर्थमें उपवास और मस्तक-मुण्डन करना चाहिये। तीर्थमें मस्तक मुड़ानेसे शिरोगत समस्त पाप नष्ट होते हैं। जिस दिन तीर्थमें जाना हो, उसके पहले दिन उपवास करना चाहिये और तीर्थमें पहुँचते ही श्राद्ध करना चाहिए। काशी, काञ्ची, माया, अयोध्या, द्वारका, मथुरा और अवन्ती ये सात पुरी मोक्षप्रद एवं श्रीशैल और केदार उनसे भी ज्यादा मुक्तिप्रद हैं।

तीर्थराज प्रयागसे अविमुक्त क्षेत्र विशेष मुक्तिप्रद हैं। अविमुक्तक्षेत्रमें जो निर्वाण या मुक्त होते हैं, वे फिर कहीं भी जन्म नहीं लेते। अन्यान्य जितने भी मुक्तिक्षेत्र

है, वे सब कार्योंसे मिलते हैं, अन्य किसी क्षेत्रमें ऐसा नहीं होता। (काशीख० ६ अ०)

पद्मपुराणमें तीर्थका विषय इस प्रकार लिखा है,—विशुद्ध मन ही पुरुषका तीर्थ है। तीर्थ बड़ी यथार्थ और आवश्यक है, जिससे अन्तःकरण निर्मल हो, जब तक मन विशुद्ध न हो, तब तक किसी भी तीर्थका फल प्राप्त नहीं होता। जैसे मद्यपात्रको सौ बार धोने पर भी वह पवित्र नहीं होता, उसी तरह अविशुद्धात्माओंको सैकड़ों बार तीर्थ-जलसे धोये जाने पर भी कभी फलकी प्राप्ति नहीं होती। दुष्टाशय दाम्भिक लोगोंका व्रत, दान आदि सब निष्फल है। मनुष्य इन्द्रियोंको दमन करके चाहे जिस जगह वास करे, वह स्थान उसके लिए पुष्कर नैमिषारण्य आदि तीर्थ हो जाता है। (पद्मपु०)

तीर्थमें जा कर जिनके चित्तका मल दूर नहीं हुआ, उनको तीर्थ करने पर भी कुछ फल नहीं मिलता। प्रयागतीर्थमें जा कर पितरोंका श्राद्ध और केशमुण्डन करना चाहिये; अन्यथाके उचित नहीं। तीर्थयात्रासे पहले और तीर्थसे लौट कर पितरोंका श्राद्ध करना उचित है। ऐश्वर्यमत्त धनी जो यानादि द्वारा तीर्थयात्रा करते हैं, उनको तीर्थयात्रा वृथा है। (मत्स्यपु०)

सत्ययुगमें पुष्कर, त्रेतामें नैमिषारण्य, द्वापरमें कुरुक्षेत्र और कलियुगमें गङ्गा ही श्रेष्ठ तीर्थ है। तीर्थमें प्रतिग्रह नहीं करना चाहिए। नारायणक्षेत्र, कुरुक्षेत्र, वाराणसी, बदरीनाथ, गङ्गासागरसङ्गम, पुष्कर, भास्कर, प्रभास, रासमण्डल, हरिद्वार, केदार, सरस्वती, वृन्दावन, गोदावरी, कौशिकी, त्रिवेणी आदि तीर्थोंमें जो लोग इच्छापूर्वक प्रतिग्रह करते हैं, उनको कुम्भीपाक नरकमें जाना पड़ता है। तीर्थमें जा कर, प्राण कण्ठगत होने पर भी दान ग्रहण न करना चाहिये। अकाल, मलमास और शास्त्रोक्त निषिद्ध दिनको छोड़ कर तीर्थयात्रा करनी चाहिये। किन्तु गयाक्षेत्रको अकालमें भी जा सकते हैं, अथवा संक्रान्तिमें सभी तीर्थमें जा सकते हैं।

इस पृथिवी पर कितने तीर्थ हैं, इसका निर्णय करना दुःसाध्य है। एक पद्मपुराणमें ही साढ़े तीन करोड़ तीर्थोंका उल्लेख है। ऐसी दशामें सम्पूर्ण [illegible] करना असम्भव है। एकमात्र इस भारतवर्षमें तीर्थ हैं, जिनकी शुमार नहीं। जहां कहीं भी कोई महापुरुष आविर्भूत हुए हैं, अथवा जहां किसी देव वा महात्माने लीला की है, धर्मप्राण हिन्दुओंने उसी स्थानको तीर्थ मान लिया है। इसलिए समस्त तीर्थोंके नाम एकत्र प्रगट करके ग्रन्थकी कलेवरवृद्धि करना वृथा है।

तीर्थोंके नामानुसार उन्हीं शब्दोंमें विवरण दिया गया है।

यहां महाभारतके अनुसार कुछ प्राचीन तीर्थोंका उल्लेख किया जाता है।

पुष्कर—इसका नाम तीर्थराज है। इस तीर्थमें त्रिसन्ध्या दश कोटि तीर्थोंका आगमन होता है, इसमें स्नानादि करनेसे अश्वमेध यज्ञका फल और ब्रह्मलोककी प्राप्ति होती है। जम्बूमार्ग—इससे अश्वमेध-सदृश फल और विष्णुप्राप्ति होती है। तण्डुलिकाश्रम—इसका फल है, दुर्गतिविनाश और ब्रह्मप्राप्ति। अगस्त्य-सरोवर—इसमें तीन रात उपवास करनेसे वाजपेय यज्ञका फल और शाकभोजन करनेसे कौमारलोककी प्राप्ति होती है। धर्मारण्य—यहां कण्वाश्रम है, प्रवेश करते ही पापक्षय होता है। देवपितृपूजा द्वारा अश्वमेधफल और देवलोककी प्राप्ति होती है। ययातिपतन—यहां जाते ही अश्वमेधका फल होता है। कोटितीर्थ—यहां महाकाल नित्य विराजित रहते हैं। स्नान करनेसे अश्वमेध-तुल्य फल होता है।

भद्रवट—नर्मदा नदी, यहां पितरोंका तर्पण करनेसे अग्निष्टोम करनेका फल होता है। दक्षिणसिन्धु—यहां ब्रह्मचर्य आचरण करनेसे अग्निष्टोम तुल्य फल और स्वर्गप्राप्ति होती है। चर्मण्वती नदी—यहां इन्द्रियनिग्रह करनेसे ज्योतिष्टोम तुल्य फल होता है। अर्बुदाचल—यहां वशिष्ठाश्रम है, एक रात्रि उपवास करनेसे सहस्र गोदानके समान फल होता है। पिङ्गतीर्थ—यहां इन्द्रिय जय करनेसे सवत्स शत कपिलादान तुल्य फल होता है। प्रभास—यहां हुताशन स्वयं विराजित हैं, अतः अग्निष्टोम सदृश फल होता है। सरस्वती-सागरसंगम—यहां स्नान करनेसे सहस्र गोदानतुल्य फल और तीन दिन उसमें रह कर देवताओं और पितरोंका तर्पण करनेसे अश्वमेधतुल्य फल होता है।

वरदान—यहां दुर्वासाने विष्णुको वर प्रदान किये

था, अतः स्नान करनेसे गोदानतुल्य फल होता है।

द्वारावतीका पिण्डारकतीर्थ—यहां पद्मचिह्नयुक्त मुद्रा और शूलचिह्नित पद्म अब भी देखनेमें आते हैं। महादेव स्वयं इस स्थानमें हैं। यहां स्नान करनेसे सुवर्णदान यज्ञसदृश फल प्राप्त होता है।

समुद्रसिन्धुसङ्गम—यहां स्नान और पितरोंका तर्पण करनेसे वरुणलोककी प्राप्ति होती है। द्रिमोतीर्थ—यहां महादेव स्वयं विराजित हैं; स्नान करनेसे अश्वमेधका फल और महादेवके दर्शन वा पूजनसे सम्पूर्ण पाप नष्ट होते हैं। वसुधारातीर्थ—इसके दर्शन करनेसे अश्वमेधका फल, स्नान और तर्पण द्वारा पितृलोककी प्राप्ति होती है। सिन्धूत्तमतीर्थ—यहां स्नान करनेसे बहुयज्ञतुल्य फल प्राप्त होता है। भद्रतुङ्गतीर्थ—यहां जानेसे ब्रह्मलोकको प्राप्ति होती है। कुमारिका और शक्रतीर्थ—यहां स्नान करनेसे सम्पूर्ण पापोंका नाश होता है। पञ्चनदतीर्थ—इसमें पञ्चयज्ञका फल प्राप्त होता है। भीमास्थानतीर्थ—यहां स्नान करनेसे मनुष्य देवोपम होता है और सहस्र गोदानतुल्य फल मिलता है।

गिरिकुञ्जतीर्थ—यहां स्वयं ब्रह्मा विराजित हैं। उनको प्रणाम करनेसे सहस्र गोदानतुल्य फल होता है। विमलतीर्थ—अब भी यहां सौवर्ण और रजत मत्स्य मौजूद हैं। स्नान और पानद्वारा वाजपेय सदृश फल प्राप्त होता है। वितस्तानदी—यहां तर्पण करनेसे वाजपेय फल और स्वर्गलोक-गमन होता है। काश्मीरमें वितस्ता नामक तक्षकनागसदन तीर्थमें स्नान करनेसे वाजपेय फल और स्वर्गलोक प्राप्त होता है। शमपरातीर्थ—यहां सन्ध्याकालमें स्नान और समार्चिको चरु प्रदान करनेसे सहस्र अश्वमेधका फल प्राप्त होता है।

रुद्रास्पदतीर्थ—यहां महादेवके दर्शन करनेसे अश्वमेध सदृश फल होता है। मतिमान् पर्वत—यहां तीन दिन उपवास करनेसे ज्योतिष्टोम सदृश फल होता है। देविकानदी—यह महादेवका स्थान है; यहां स्नान, महादेवके दर्शन और महादेवको चरु प्रदान करनेसे समस्त कामनाओंको सिद्धि और दीर्घसत्र, राजसूय और अश्वमेधका फल होता है। विनशनतीर्थ—यहां स्नान करनेसे वाजपेय सदृश फल होता है। शशयानतीर्थ—यहां स्नान करनेसे शिवकी भांति दीप्ति और सहस्र गोदान तुल्य फल होता है। कुमारकोटितीर्थ—यहां स्नान तथा पितृ और देवताओंका पूजन करनेसे गवामयनयाग जैसा फल होता है। रुद्रकोटितीर्थ—यहां एक करोड़ ऋषियोंने मिल कर ऐसा प्रण किया था कि 'हम पहले महादेवको देखेंगे'। उनके प्रस्थान करने पर रुद्र सन्तुष्ट हो कर यहां कोटी हुए थे। यहां स्नान करनेसे अश्वमेध यज्ञका फल और कुलका उद्धार होता है। सरस्वतीसङ्गमतीर्थ—यहां जनार्दन स्वयं विराजते हैं; अतः स्नान करनेसे बहु सुवर्णयागका फल प्राप्त होता है। मयावसानतीर्थ—यहां जानेसे सहस्र गोदानका फल होता हैं।

कुरुक्षेत्रतीर्थ—यहां जानेसे समस्त पापोंका नाश और मचक्रुक द्वारपालको पूजा करनेसे सहस्र गोदानका फल होता है। विष्णुस्थान—यहां स्नान और दर्शन करनेसे अश्वमेधका फल और विष्णुलोकमें गमन होता है। परिप्लवतीर्थ—यहां अग्निष्टोम और अतिरात्र यज्ञका फल मिलता है। पृथिवी तीर्थ—यहां सहस्र गोदान तुल्य फल होता है। शालूकिनीतीर्थ—स्नान करनेसे सहस्र गोदानका फल होता है। सर्पिर्वोतीर्थ—यहां जानेसे अग्निष्टोमका फल और नागलोकको प्राप्ति होती है। अवर्णकद्वारपाल तीर्थ—यहां रात्रिवास करनेसे सहस्र गोदानका फल होता है।

पञ्चनदतीर्थ—यहां स्नान करनेसे अश्वमेधका फल होता है। अश्विनतीर्थ—फल, उत्तमरूप। वराहतीर्थ—फल, अग्निष्टोमतुल्य। जयन्ततीर्थ—फल, राजसूययज्ञतुल्य। एकहंसतीर्थ—फल, सहस्र गोदानतुल्य। कृतशौचतीर्थ—फल, पुण्डरीकयज्ञ तुल्य।

मुञ्जावटतीर्थ—यह महादेवका स्थान है; यहां एक रात्रि वास करनेसे गाणपत्यको प्राप्ति होती है। जामदग्न्यह्रदपुष्कर तीर्थ—यहां स्नान पूजा करनेसे हयमेधका फल होता है। रामह्रदतीर्थ—परशुरामके क्षत्रियोंके विनाश करने पर उनके रक्तसे ५ ह्रद उत्पन्न हुए थे। यहां पितरोंका तर्पण करनेसे बहु सुवर्णयज्ञका फल होता है। वंशमूलकतीर्थ—यहां स्नान करनेसे कुलका उद्धार

होता है। कायशोधनतीर्थ—यहां स्नान करनेसे देहकी शुद्धि होती है। लोकोद्धारतीर्थ—फल, स्वकीय लोको-द्धार। श्रीतीर्थ—फल, उत्तम श्रीप्राप्ति। कपिलातीर्थ—यहां स्नान तथा देवता और पितरोंकी पूजा करनेसे सहस्र कपिलादानका फल होता है। सूर्यतीर्थ—यहां उपवास, पितृपूजा और स्नान करनेसे अग्निष्टोम फल और देवलोककी प्राप्ति होती है। गोभवनतीर्थ—यहां अभि-षेक करनेसे सहस्र गोदानका फल होता है। शङ्खिनी-तीर्थ—यहां स्नान करनेसे उत्तम रूपकी प्राप्ति होती है।

ब्रह्मावर्त्ततीर्थ—स्नानका फल, ब्रह्मलोककी प्राप्ति। सुतीर्थ—यहां स्नान, पितृ और देवपूजा करनेसे अश्वमेध तुल्य फल और पितृलोककी प्राप्ति होती है। अम्बुमती-तीर्थ—यहां स्नान करनेसे समस्त रोगोंका नाश और ब्रह्मलोककी प्राप्ति होती है। शीतवनतीर्थ—यहां केशमुण्डन करनेसे पवित्रता होती है। स्वानलोमापह-तीर्थ—यहां स्नान करनेसे परमगति प्राप्त होती है। दशाश्वमेधतीर्थ—स्नानका फल, निर्वाणगति-की प्राप्ति। मानुषतीर्थ—यहां व्याधपीड़ित कृष्ण-मृगोंको, अवगाहन करनेसे मानुषत्व प्राप्त हुआ था। फल, पापोंका विनाश। आपगानदी—यहां देवता और पितरोंके उद्देशमें ब्राह्मणभोजन करनेसे कोटि ब्राह्मण-भोजनका फल लाभ होता है। ब्रह्मोडुम्बर तीर्थ—यहांके सप्तर्षिकुण्डमें स्नान करनेसे सम्पूर्ण पापोंका नाश और ब्रह्मलोककी प्राप्ति होती है।

कपिलकेदारतीर्थ—यहां तपस्या करनेसे समस्त पापोंका नाश और अन्तर्द्धानकी प्राप्ति होती है। सरक-तीर्थ—वृषध्वजको प्रणाम करनेसे समस्त कामनाओंकी सिद्धि और शिवलोक प्राप्ति होती है। इलास्पदतीर्थ—स्नान, देवता और पितृपूजासे दुर्गतिका विनाश और वाजपेयका फल प्राप्त होता है। किन्दानतीर्थ—स्नानसे अपरिमेय दानका फल प्राप्त होता है। किञ्जप्यतीर्थ—स्नान-से अपरिमेय जपका फल होता है। अम्बाजन्मतीर्थ—यह नारदका स्थान है; यहां मृत्यु होनेसे अनुत्तम लोककी प्राप्ति होती है। वैतरणीनदीतीर्थ—यहां महादेवकी पूजा और स्नान करनेसे समस्त पापोंसे मुक्ति और परम-पदकी प्राप्ति होती है। फलकीतीर्थ और मिश्रकतीर्थ—व्यासदेवने यहां सभी तीर्थ मिलाये थे; स्नान करनेसे सर्व-तीर्थ स्नानका फल होता है। मधुवटीतीर्थ—स्नान देवता और पितृपूजन करनेसे सहस्र गोदान तुल्य फल होता है। कौशिकीदृषद्वतीसङ्गमतीर्थ—स्नानसे पापोंका नाश होता है। किन्दत्तकूप तीर्थ—तिलप्रस्थदान करनेसे ऋणत्रय-से मुक्ति और परमसिद्धि प्राप्त होती है। वेदीतीर्थ—स्नान करनेसे सहस्र गोदानका फल होता है। अहः और सुदिनतीर्थ—यहां दान करनेसे सूर्यलोक प्राप्ति होती है।

मृगधूमतीर्थमें स्नान और वामनपूजा करनेसे सम्पूर्ण पापोंका नाश और सूर्यलोकप्राप्ति, सरस्वतीतीर्थमें स्नान करनेसे स्वर्गवास और नैमिषकुञ्जतीर्थमें स्नान करनेसे अश्वमेधका फल होता है। कन्यातीर्थमें स्नान करनेसे ज्योतिष्टोमका फल, ब्रह्मस्थानतीर्थमें स्नान करनेसे शूद्रको ब्राह्मणत्व-प्राप्ति, सप्तसारस्वततीर्थमें स्नान और जप करनेसे ब्रह्मलोक-प्राप्ति, अग्नितीर्थ स्नानसे वह्निलोक लाभ, विश्वामित्रतीर्थ स्नानसे ब्राह्मण्यप्राप्ति, ब्रह्मयोनितीर्थ स्नानसे ब्रह्मलोकवास, पृथूदकतीर्थमें अभिषेक करनेसे अश्वमेध-फल और पापियोंको स्वर्गलाभ होता है। मधुस्रवतीर्थमें स्नान करनेसे सहस्र गोदानका फल होता है। सरस्वत्यरुणासङ्गमतीर्थमें तीन रात्रि उप-वास और स्नान करनेसे ब्रह्महत्याजनित पापका नाश होता है।

अवकीर्णतीर्थ-स्नानसे दुर्गतिका नाश होता है। शतसहस्रतीर्थ और साहस्रकतीर्थमें स्नान करनेसे सहस्र गोदानका फल होता है, दान और उपवासके फल-की शतगुण वृद्धि होती है। रेणुकातीर्थमें अभिषेक, देवता और पितृपूजन करनेसे समस्त पापोंका नाश और अग्निष्टोमयज्ञका फल होता है। विमोचनतीर्थमें स्नान करनेसे समस्त प्रतिग्रह-पापोंसे मुक्ति मिलती है। पञ्चवट-तीर्थ—फल, महत् पुण्यलाभ और स्वर्गगमन। तैजस-तीर्थ—यहां ब्रह्मादि देवोंने कार्त्तिकेयको सेनापतिपद पर अभिषिक्त किया था। कुरुतीर्थमें स्नान करनेसे ब्रह्मलोक प्राप्त होता है। स्वर्गद्वारतीर्थमें जानेसे अग्निष्टोमयज्ञका फल प्राप्त होता है। अनरकतीर्थमें जानेसे दुर्गति नष्ट

होती है। अग्निपुरतीर्थ—इस जगह पितृ और देवता-ओंका तर्पण करनेसे अग्निष्टोमका फल होता है। गङ्गा-ह्रदकूपतीर्थमें स्नान करनेसे ब्रह्मलोककी प्राप्ति होती है। स्थाणुवटतीर्थमें स्नान और एक रात्रि उपवास करनेसे इन्द्रलोककी प्राप्ति होती है। बदरीपाचनतीर्थ—यहां वशिष्ठका आश्रम है; तीन रात्रि उपवास और बदरी-फल भक्षण करनेसे अश्वमेधका फल और इन्द्रलोककी प्राप्ति होती है। इन्द्रमार्गतीर्थमें अहोरात्र उपवास करनेसे इन्द्रलोककी प्राप्ति होती है। आदित्याश्रमतीर्थ-स्नानसे स्वर्गलोक प्राप्त होता है। सोमतीर्थमें स्नान करनेसे सोम-लोकमें गमन होता है। कन्याश्रमतीर्थ—यहां तीन रात्रि अवस्थान और उपवास करनेसे ब्रह्मलोकमें गमन होता है। दधीचितीर्थ-स्नानसे वाजपेययज्ञका फल होता है। सन्निहतीतीर्थ—यहां अमावस्याके दिन सम्पूर्ण तीर्थोंका समागम होता है। अमावस्याके दिन और सूर्यग्रहण-के समय स्नान करनेसे शत अश्वमेधका फल होता है। सूर्यग्रहणमें स्नानमात्रसे सकल पापोंका नाश और ब्रह्म-लोककी प्राप्ति होती है। गङ्गाह्रदतीर्थमें स्नान करनेसे राजसूय और अश्वमेधयज्ञका फल होता है। उसके बाद कारापचनतीर्थमें स्नान करनेसे अग्निष्टोमयज्ञका फल और विष्णुलोककी प्राप्ति होती है।

सौगन्धिकवनतीर्थ—यहां ब्रह्मा आदि देव प्रति दिन आया करते हैं, इस वनमें प्रवेशमात्रसे ही समस्त पापोंका विनाश होता है। प्लक्षसरस्वतीतीर्थमें स्नान, पितृ और देवपूजा करनेसे अश्वमेधयज्ञका फल होता है। ईशानाध्युषिततीर्थ—यहां त्रिरात्रोपवास और शाकाहार करनेसे द्वादशवर्ष शाकाहारका फल होता है। सुव-र्णाक्षतीर्थ—यहां महादेव स्वयं विराजित हैं, शिवपूजा द्वारा अश्वमेधयज्ञका फल और गाणपत्यकी प्राप्ति होती है। धूमावतीतीर्थमें त्रिरात्र उपवास द्वारा मनस्कामनाकी सिद्धि होती है। रथावर्त्ततीर्थमें आरोहण करनेसे महा-देवके प्रसादसे परमगति होती है। धारातीर्थमें स्नान करनेसे शोक नष्ट होता है। गङ्गाद्वारतीर्थमें स्नान करने-से पुण्डरीक-यागका फल होता है।

सप्तगङ्ग, त्रिगङ्ग और शक्रावर्ततीर्थ—इन तीन तीर्थों-में पितृ और देवताओंका तर्पण करनेसे पुण्यलोककी प्राप्ति होती है। गङ्गायमुनासङ्गमतीर्थमें स्नान करनेसे दशाश्वमेधका फल और कुलका उद्धार होता है। कन-खलतीर्थमें स्नान और त्रिरात्र उपवास करनेसे वाजिमेध-फल और ब्रह्मलोककी प्राप्ति होती है। कपिलावटतीर्थमें एक दिन उपवास करनेसे सहस्र गोदानका फल होता है। कपिलानागराजतीर्थमें अभिषेक करनेसे सहस्र कपिलादानका फल होता है। ललितिकातीर्थमें स्नान करनेसे दुर्गतिका नाश होता है। सुगन्धातीर्थमें जानेसे समस्त पापोंका नाश और ब्रह्मलोककी प्राप्ति होती है। गङ्गासरस्वतीसङ्गमतीर्थमें स्नान करनेसे अश्वमेधका फल और स्वर्ग-गमन होता है। भद्रकर्णतीर्थमें स्नान और शिवपूजा करनेसे दुर्गति नहीं होती। कुब्जाम्रकतीर्थमें जानेसे स्वर्गलाभ, अरुन्धतीवटतीर्थमें एक रात्रि वास करनेसे सहस्र गोदानका फल और कुलोद्धार होता है। ब्रह्मावर्ततीर्थमें जानेसे अग्निष्टोम-यज्ञका फल और ब्रह्म-लोककी प्राप्ति होती है। यमुनाप्रभवतीर्थ—स्नानसे अश्व-मेध-फल और ब्रह्मलोकगमन होता है। सिन्धुप्रभवतीर्थमें पञ्चरात्र वास करनेसे बहुसुवर्णयज्ञका फल होता है। अर्धवेदीतीर्थमें जानेसे अश्वमेधयज्ञका फल और स्वर्ग-लोकका लाभ होता है। वाशिष्ठीनदी तीर्थमें जानेसे सभी वर्णोंको द्विजत्वकी प्राप्ति और स्नानोपवास करनेसे ऋषिलोक प्राप्ति होती है। भृगुतुङ्गतीर्थमें जानेसे अश्व-मेधका फल, वीरप्रमोक्षतीर्थमें जानेसे समस्त पापोंका नाश, विद्यातीर्थ-स्नानसे सर्वत्र विद्यालाभ और महा-श्रमतीर्थमें उपवास करनेसे शुभलोककी प्राप्ति होती है।

महालयतीर्थमें उपवास और एक मास वास करनेसे अपने साथ २१ पीढ़ीका उद्धार होता है। वेतसीतीर्थ-गमनसे अश्वमेधफल और औशनसगति प्राप्ति, सुन्द-रिकातीर्थ-गमनसे रूपप्राप्ति, ब्राह्मणिकातीर्थ गमनसे ब्रह्मलोक लाभ, नैमिषतीर्थमें प्रवेश करनेसे सकल पापों-का नाश, स्नान करनेसे सप्तकुलोद्धार और प्राणत्याग द्वारा स्वर्गकी प्राप्ति होती है। गङ्गोद्भेदतीर्थमें तीन दिन उपवास करनेसे वाजिमेधका फललाभ और विष्णु-लोकमें वास होता है। देवता और पितृतर्पण करनेसे सारस्वतलोकमें वास होता है। बाहुदानदीतीर्थमें एक रात्रि वास करनेसे ब्रह्मलोककी प्राप्ति होती है।

लोहित्यतीर्थमें स्नान करनेसे सम्पूर्ण पापोंका नाश और देवलोककी प्राप्ति होती है। रामतीर्थमें स्नान करनेसे अश्वमेधका फल, मार्कण्डेयतीर्थमें जानेसे राजसूय और अश्वमेधका फल, राजगृह तीर्थमें स्नान करनेसे कुबेर-तुल्य सन्तोष, मणिनागतीर्थमें जानेसे सहस्र गोदानका फल और सर्पविष-भय नष्ट होता है। गौतमवन तीर्थ—यहांके अहल्याह्रदमें स्नान करनेसे परमगति प्राप्त होती है। श्रीदेवीतीर्थमें जानेसे श्रीप्राप्ति, उदपान तीर्थमें अभिषेक करनेसे वाञ्छित फल प्राप्ति, जनकराज कूप तीर्थमें अभिषेक करनेसे विष्णुलोक प्राप्ति, विनशन-तीर्थमें जानेसे वाजपेय-फलप्राप्ति, गिरमन्दातीर्थमें(?) अव-स्नान करनेसे गुह्यकलोकमें वास, कम्पनानदी तीर्थमें जानेसे पुण्डरीकयज्ञका फल, विशालनदीतीर्थमें जानेसे अग्निष्टोमका फल और देवलोकमें निवास, माहेश्वरी-तीर्थमें जानेसे अश्वमेधका फल और स्वकुलोद्धार, दिवौकःपुष्करिणीमें जानेसे दुर्गतिका विनाश और वाजिमेधका फल, रामह्रदतीर्थमें जानेसे अश्वमेधका फल, महेश्वरपदतीर्थमें स्नान करनेसे अश्वमेधका फल, नारायणस्थानतीर्थमें जानेसे अश्वमेधका फल और विष्णुलोकमें वास तथा जातिस्मरतीर्थमें स्नान करनेसे जातिस्मरत्व प्राप्त होता है।

वटेश्वरपुरतीर्थमें केशवके दर्शन, पूजन और उपवास करनेसे अभीष्टकी सिद्धि होती है। वामनतीर्थमें जानेसे दुर्गतिका विनाश और विष्णुलोक प्राप्ति, अच्युतस्थान(?) तीर्थमें एक रात्रि अवस्थान करनेसे सहस्र गोदानका फल, लोहोद्भवतीर्थमें(?) एक रात्रि उपवास करनेसे अग्निष्टोमका फल, कन्याश्रमतीर्थमें आहार त्याग करनेसे सप्तलोककी(?) प्राप्ति, निरोराबटीतीर्थमें(?) जानेसे अश्वमेधका फल और स्वकुलोद्धार तथा मणिनागमें अभिषेक करनेसे वाजपेययज्ञका फल प्राप्त होता है। देवकूट तीर्थमें वाजपेयका फल और स्वकुलोद्धार होता है।

कौशिकमुनिह्रद—इस स्थानमें एक मास वास करनेसे अश्वमेधका फल होता है। सर्वतीर्थवरह्रद—यहां वास करनेसे बहुसुवर्णयागका फल और दुर्गतिका विनाश होता है। वीराश्रमतीर्थमें जानेसे अश्वमेधका फल, अग्निधारा-तीर्थमें जानेसे अश्वमेधका फल और स्वकुलोद्धार, पितामहसरमें अभिषेक करनेसे अग्निष्टोम-का फल, कुमारधारातीर्थमें स्नान करनेसे कृतकृत्यता(?) और ब्रह्महत्यादि पापका विनाश, गौरीशिखरतीर्थमें आरोहण, स्नान, देवता और पितृपूजन करनेसे अश्वमेधका फल और स्वर्गगमन, ऋषभद्वीपमें(?) और क्रौञ्च-निषूदनतीर्थमें अभिषेक करनेसे समस्त पापोंका नाश, ब्रह्म-तीर्थमें जानेसे वाजपेयका फल, चम्पातीर्थमें जानेसे सहस्र गोदानका फल ललितिकातीर्थमें(?) जानेसे राजसूयका फल तथा संविद्यतीर्थमें स्नान करनेसे विद्या लाभ होती है। आदित्यतीर्थमें जानेसे बहुसुवर्ण यज्ञका फल, सोमाश्रमतीर्थमें तीन रात्रि उपवास करनेसे ११ कुम्भदानका(?) फल और कामतीर्थमें जानेसे सहस्र गोदानका फल और स्वर्गलाभ होता है। अपापतीर्थमें(?) स्नान और त्रिरात्र उपवास करनेसे कामनाओंकी सिद्धि, वैतरणीतीर्थमें जानेसे समस्त पापोंका नाश और विरजतीर्थमें जानेसे चन्द्रकी भांति कान्ति होती है। प्रभवतीर्थमें(?) जानेसे पाप नष्ट होते हैं। शोणभागीरथीसङ्गममें(?) पितृ और देवतर्पण करनेसे अग्निष्टोमका फल प्राप्त होता है। शोण प्रभव, नर्मदाप्रभव और वंशगुल्म, इन तीन तीर्थमें स्नान करनेसे वाजिमेधका फल प्राप्त होता है। ऋषभ-तीर्थमें जानेसे सहस्र गोदानका फल, पुण्यवतीतीर्थमें स्नान और त्रिरात्र उपवास करनेसे सहस्र गोदानका फल और कुलोद्धार होता है। नदिकातीर्थमें स्नान करनेसे दीर्घायुलाभ और स्वर्गगमन होता है। महेन्द्र-पर्वत पर जा कर स्नान करनेसे वाजिमेध फल, मातङ्ग-केदार स्नानसे स्वर्गलोक लाभ, श्रीपर्वत नामक पर्वत(?)-में स्नान करनेसे अश्वमेधका फल और परमगति प्राप्त होती है। ऋषभपर्वत पर जानेसे वाजपेयका फल, कावेरीतीर्थमें जानेसे सहस्र गोदानका फल, कन्यातीर्थ स्नानसे समस्त पापोंका नाश, गोकर्णतीर्थमें स्नान, उप-वास, पूजा आदि करनेसे अश्वमेध यज्ञादिका फल, गोमाचीतीर्थ(?)-गमनसे रूप और सौभाग्यप्राप्ति, देवालयमें देवता और पितृतर्पण करनेसे अतुल(?) और ऐश्वर्य(?) प्राप्ति, गोदावरीतीर्थमें जानेसे वासुकीलोक(?)-प्राप्ति, वेणा-सङ्गममें स्नान करनेसे सर्व पापोंका नाश, वरदासङ्गममें स्नान करनेसे वाजिमेधका फल तथा ब्रह्मस्थान(?) और

दिन उपवास करनेसे सहस्र गोदानका फल प्राप्त होता है।

कुशप्लवनतीर्थमें स्नान और उपवास करनेसे चन्द्र-लोककी प्राप्ति होती है। देवह्रद, कृष्णवेण्या-समुद्भव, ज्योतिर्मात्रिह्रद और कण्वाश्रम, इन चार तीर्थोंको यात्रा करनेसे अग्निष्टोमयज्ञका फल होता है। पयोष्णी-नदीमें स्नान और तर्पण करनेसे सहस्र गोदानका फल तथा दण्डकारण्य, शरभङ्गाश्रम और कुशाश्रममें जानेसे दुर्गतिका नाश और सकुलोद्धार होता है। सूर्पारक, रामतीर्थ, सप्तगोदावर, देवपथ, तङ्गकारण्य, मेधाविक, कालञ्जरपर्वत, देवह्रद, त्रिकूटपर्वत, भर्टस्थान, ज्येष्ठ-स्थान, शृङ्गवेरपुर, मुञ्जावट आदि तीर्थोंमें स्नान, दान, पूजा, तर्पण आदि करनेसे अश्वमेधादि यज्ञका फल और स्वर्गलोककी प्राप्ति होती है।

प्रयाग, वासुकीतीर्थ, अयोध्या, मथुरा, गया, काशी, काञ्ची, अवन्ती, पुरी और द्वारावती ये सब तीर्थ मोक्षदायक हैं। पुष्कर, केदार, इन्दुमती, भद्रसर आदि तीर्थ पितृकार्यके लिये प्रशस्त हैं। वंशोद्भेद, हरोद्भेद, गङ्गोद्भेद, महालय, भद्रेश्वर, विष्णुपद, नर्मदाद्वार और गया ये सब पितृतीर्थ कहलाते हैं। गयाकी तरह यहाँ भी पिण्डदान करनेसे मुक्ति होती है। ये तीर्थ समस्त पापोंको हरण करनेवाले हैं; इनका नामस्मरण करनेसे ही अधिक पुण्य होता है, पिण्डदानकी तो बात ही क्या? गयाशीर्ष, अक्षयवट, अमरकण्ठकपर्वत, वराह-पर्वत, नर्मदातीर, गङ्गा, कुशावर्ती, बिल्वक, सुगन्धा, शाकम्भरी, फल्गु, महागङ्गा, कुमारधारा, प्रभास, सरस्वती, प्रयाग, गङ्गासागरसङ्गम, नैमिषारण्य, वाराणसी, अगस्त्याश्रम, कौशिकी, सरयूतीर्थ, शोणी, ज्योतिर्वती, विपाशा, वितस्ता, शतद्रु, चन्द्रभागा और ईरावती, ये सब तीर्थ श्राद्धके लिये प्रशस्त हैं। (विष्णुसंहिता)

ऊपर जो कुछ तीर्थोंका फल कहा गया है, वह सब उन्हींके लिए है जो जितेन्द्रिय हैं। अजितेन्द्रियोंके तीर्थमें जानेसे उनका मन पवित्र होता है, विषयासक्ति घट जाती है, इसलिए प्रत्येकको तीर्थयात्रा करना उचित है। तीर्थमें पापाचरण करनेसे वह पाप अक्षय हो जाता है। अतएव तीर्थमें हस्त, पद और इन्द्रियोंको विशेष-रूपसे संयत रखना चाहिये।

१८ हस्तस्थित तीर्थ, हाथमेंके कोई विशिष्ट स्थान। दाहिने हाथके अंगूठेमें उत्तरसे जो रेखा गई है, उसका नाम ब्रह्मतीर्थ है। आचमनके समय इस ब्रह्मतीर्थमें जल ले कर आचमन करना चाहिये। तर्जनी और अंगुष्ठका शेषभाग पितृतीर्थ है। इस तीर्थके द्वारा नान्दीमुखके सिवा अन्य समस्त श्राद्धोंमें पिण्डादि दिये जाते हैं। अङ्गुलिके अग्रभागमें देवतीर्थ है, इसके द्वारा देवकार्य करना चाहिये। कनिष्ठा अङ्गुलिके अधोभागका नाम काय वा प्राजापत्यतीर्थ है; इसके द्वारा पितरोंके साथ देवताओंका कार्य किया जाता है।

(मार्क० पु० ३४।१०३—१०७)

२० मन्त्री आदि राष्ट्रकी अठारह सम्पत्तियां, जिनके नाम इस प्रकार है—१ मन्त्री, २ पुरोहित, ३ युवराज, ४ भूपति, ५ द्वारपाल, ६ अन्तर्वंशिक, ७ कारागाराधिकारी, ८ द्रव्यसञ्चयकारक, ९ कृत्याकृतमें अर्थका विनियोजक, १० प्रदेष्टा, ११ नगराध्यक्ष, १२ कार्यनिर्माणकारक, १३ धर्माध्यक्ष, १४ सभाध्यक्ष, १५, दण्डपाल, १६ दुर्गपाल, १७ राष्ट्रान्तपाल, १८ अटवीपाल। राजा इन अठारह तीर्थोंमें अवगाहन करके कृतकृत्य होते हैं अर्थात् इनको भलीभांति जान लेनेसे ही राजा राजकार्य सुचारुरूपसे चला सकते हैं। (नीलकंठ)

२१ पुण्यकाल। २२ वह जो तार दे, तारनेवाला। २३ ईश्वर। २४ अतिथि, मेहमान। २५ पितामाता। २६ वैरभावका त्याग कर परस्पर उचित व्यवहार।

२७ जलाशयका अग्निमात्र प्रदेश। अग्निमात्र स्थानको छोड़ कर शौचकार्य करना चाहिये।

(आह्निकतत्त्व)

२८ संन्यासियोंकी उपाधिविशेष। जो तत्त्वमस्यादि लक्षणरूप त्रिवेणीसङ्गममें तत्त्वार्थभावसे स्नान कर चुके हैं, वे ही तीर्थ उपाधिके योग्य हैं। २९ अवसर।

तीर्थक (सं० त्रि०) तीर्थ-कन्। १ योग्य, लायक। (पु०) २ तीर्थकारी, वह जो तीर्थोंको यात्रा करता हो। ३ ब्राह्मण। ४ तीर्थद्वार।

तीर्थंकर (सं० पु०) तीर्थं शास्त्रं करोति कृ-ट। १ जिन। २ विष्णु। ये चौदह विद्याकी बाह्यविद्याओंमें प्रणेता तथा प्रवक्ता हैं, इन्होंने हयग्रीव रूपमें मधु और कैटभको मार

कर महर्षि वदरीने महाकी। समस्त श्रुति और अन्य विद्याओंका उपदेश दिया था तथा अरि और शत्रुओंको जीतनेके लिये चापविद्याका प्रदान किया था। (त्रि०) ३ शास्त्रकार।

तीर्थकाक (सं० पु०) तीर्थे काक इव कोऽनुपपन्नः। तीर्थस्थित काककी नाईं चपलचारी, जिस तरह कौवा इधर उधर भोजन ढूंढनेमें व्यग्र रहता है, उसी तरह बहुतसे मनुष्य तीर्थमें जा कर कौवेकी नाईं अर्थानुसन्धानमें व्यग्र रहते हैं वे अत्यन्त पापी होते और अन्तमें नरक वास करते हैं। (पुराण)

तीर्थकृत (सं० पु०) तीर्थं करोति तीर्थ-कृ क्विप् तुगागमश्च। १ जिनदेव। (त्रि०) २ शास्त्रकार।

तीर्थङ्कर (सं० पु०) तीर्थं संसारसमुद्रतरणं करोति कृ-ट-मुमच। जिन, जिनेन्द्र भगवान्, जैनोंके उपास्य देव जो देवताओंसे भी श्रेष्ठ और सब प्रकारके दोषोंसे रहित, मुक्त और मुक्तिदाता हैं। इनकी मूर्तियां दिगम्बर होती हैं और उनकी आकृति प्रायः एकसी होती है। केवल चमर, छत्र और सिंहासनका आकार भी एक दूसरेसे भिन्न होता है। तीर्थङ्करोंकी जितनी भी मूर्तियां देखनेमें आती हैं, वे सब या तो पद्मासन होती हैं या खड्गासन। इनके आसनके नीचे वृषभ, गज, अश्व आदि, विभिन्न चिह्न* अङ्कित रहते हैं, जिनसे उनका परिचय मिलता है कि ये अमुक (ऋषभनाथ वा अजित नाथ आदि) तीर्थङ्करकी प्रतिमूर्ति हैं।

जैन-हरिवंश, जिनेन्द्रपञ्चकल्याणक आदि ग्रन्थोंके अनुसार नीचे तीर्थङ्करोंका संक्षिप्त विवरण लिखा जाता है—

जिस समय तीर्थङ्कर भगवान् स्वर्गीय विमानोंसे च्यवन कर अपनी माताके गर्भमें अवतार करते हैं, उसके छः महीने पहलेसे ही सौधर्म नामक प्रथम स्वर्गके इन्द्र उस नगरकी शोभा बढ़ानेके लिए कुबेरको भेजते हैं। कुबेर नगरमें आकर वहां रत्नोंके मन्दिर, वन, उपवन कूप, बावड़ी आदि निर्माण करते हैं; और साथ ही नगरमें रत्नोंकी वर्षा करते हैं, जिससे नगरमें कोई भी व्यक्ति दरिद्र नहीं रहता। सब आनन्दसे कालातिपात करते हैं। इन्द्रकी आज्ञा पा कर दिक्कुमारियां और रुचकवासिनी देवियां आ कर नाना प्रकारसे माताकी सेवा करने लगती हैं। छः महीने बीतने पर तीर्थङ्करकी माताको रात्रिके पिछले भागमें गज ऐरावत इत्यादि १६ स्वप्न* दिखाई देते हैं। स्वप्नोंसे माता पिताको यह निश्चय हो जाता है कि उनको त्रिभुवनविजयी पुत्ररत्नकी प्राप्ति होगी। दोनों भगवान्‌के जन्मावधि महोत्सवसे कालातिपात करते हैं। गर्भमें ही उनके मति, श्रुति और अवधि ये तीन ज्ञान होते हैं। जिस समय मति-श्रुत-अवधिज्ञान-विशिष्ट तीर्थङ्कर भगवान्‌का जन्म होता है, उसी समय तीन लोकके प्राणी आनन्दित होते हैं और इन्द्रका आसन कांपने लगता है। इससे उनको तीर्थङ्करके जन्मका संवाद मालूम हो जाता है। साथ ही भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिष्क देवोंके भवनोंमें घण्टा आदिका रव होने लगता है, जिससे उनको भी मालूम हो जाता है कि भगवान्‌का जन्म हुआ। उसी समय कुबेर अष्ट योजन परिमित† हस्तीकी रचना करते हैं, जिस पर इन्द्र अपने परिवार सहित चढ़ कर मर्त्यलोकमें अवतरण पूर्वक जय जय शब्द करते हुए नगरकी प्रदक्षिणा देते हैं। इन्द्राणी प्रसूतिगृहमें जा कर भगवान्‌की माताको मायाक्रमसे निद्रित कर देती हैं और वहां दूसरे मायामयी बालकको रख कर तीर्थङ्कर भगवान्‌को बाहर ले आती हैं। इन्द्र जब भगवान्‌के रूपको देखते देखते तृप्त नहीं

* चिह्नोंका विवरण 'जैनधर्म' शब्दमें 'जिनमूर्ति' शीर्षक तालिकामें देखना चाहिये।

* सोलह स्वप्न इस प्रकार हैं—१ गौरवर्ण ऐरावत हाथी, २ सुन्दर स्कन्धविशिष्ट श्वेत वृषभ (बैल), ३ गरजते हुए सुन्दर कान्तिविशिष्ट केशरी वा सिंह, ४ सिंहासनारूढ़ा दो हस्तियोंसे नहाती हुई लक्ष्मी, ५ आकाशमें लटकती हुई कल्पवृक्षके पुष्पोंकी दो माला, ६ पूर्ण चन्द्र, ७ सूर्य, ८ जलमें केलि करती हुई दो मछलियां, ९ केवल आम्रपल्लवादिविभूषित स्वर्णके दो घट, १० निर्मल जलपूर्ण सरोवर, ११ समुद्र, १२ रत्नखचित सुवर्ण सिंहासन, १३ देव-देवांगनाओंसे शोभित रत्नखचित सुन्दर विमान, १४ पृथिवीको भेद कर निकलता हुआ नागेन्द्र भवन, १५ पंचवर्णविशिष्ट रत्नराशि और १६ धूमरहित निर्धूम अग्नि।

† यह हस्ती देवकृत मायामयी होता है, इसलिए इसके चलने फिरनेसे किसीको बाधा नहीं होती।

होती तब वह उसी समय १००० नेत्र बना लेता है। प्रथम स्वर्गके सौधर्म इन्द्र प्रणमा कर भगवान्‌को गोदमें लेते हैं और द्वितीय स्वर्गके ईशान इन्द्र उन पर छत्र लगाते हैं। तीसरे और चौथे स्वर्गके इन्द्र दोनों तरफ खड़े हुए भगवान् पर चमर ढारते हैं। अन्य समस्त इन्द्र एवं देव आदि 'जय जय' शब्द उच्चारण करते हैं। अनन्तर भगवान्‌को ऐरावत हस्ती पर चढ़ा कर महासमारोहके साथ सुमेरु पर्वत पर ले जाते हैं। वहां अर्द्धचन्द्राकार पाण्डुकशिला पर रखे हुए रत्नमयी सिंहासन पर भगवान्‌को विराजमान करते हैं। उस समय अनेक प्रकारके बाजे बजते हैं, शचियां मङ्गलगान करती हैं और देवाङ्गनाएं नृत्य करती हैं। देवगण हाथों हाथ क्षीर-समुद्रसे १००८ कलश भर कर लाते हैं और सौधर्म एवं ईशान इन्द्र उनसे भगवान्‌का अभिषेक करते हैं। फिर इन्द्राणी तीर्थङ्कर भगवान्‌को वस्त्राभूषण पहनाती हैं। पश्चात् उस प्रकार समारोहके साथ नगरकी ओर लौटते हैं और भगवान्‌को माताके हाथमें सौंप कर ताण्डवनृत्य करते हैं। अनन्तर माताकी सेवाके लिए कुबेरको नियुक्त कर इन्द्र, इन्द्राणियां और समस्त देव अपने अपने स्थानको चले जाते हैं। बालक अवस्थामें तीर्थङ्करोंके साथ स्वर्गके देवगण बालकका रूप धारण कर क्रीड़ा करते हैं। तीर्थङ्कर किसीके निकट अध्ययन नहीं करते।

इसी तरह जब भगवान् राज्यादि त्याग कर दीक्षा ग्रहण करते हैं, तब ५म ब्रह्मस्वर्गके ब्रह्मर्षि नामक देव आ कर उनके वैराग्यकी प्रशंसा करते हैं और इन्द्र पालकी पर चढ़ा कर उन्हें वनमें पहुंचा आते हैं। तीर्थङ्कर "नमः सिद्धेभ्यः" कह कर केशलुंचन करते हैं। इन्द्र उन केशोंको रत्नमयी पिटारेमें रख कर क्षीरसागरमें निःक्षेप करते हैं। इसके बाद केवलज्ञान प्राप्त होने पर इन्द्रकी आज्ञासे कुबेर आदि देवगण समवसरण (तीर्थङ्करोंकी सभा)-की रचना करते हैं। इसके सिवा निम्नलिखित विशेषताएं हो जाती हैं। एक सौ योजन तक सुभिक्ष हो जाता है। तीर्थङ्कर बिना इच्छाके आकाशमार्गमें विहार करते हैं और उनके चरणोंके नीचे देव कमल रचते जाते हैं, उनका मुख चारों दिशाओंमें दीखता है, किन्तु होता एक ही है। उन पर किसी तरहका उपसर्ग नहीं होता और न वे भोजन ही करते हैं। समवसरणमें आये हुए प्राणी भी परस्पर अविरोधी मैत्रीभाव धारण करते हैं। आकाश, दिशाएं और पृथिवी निर्मल हो जाती है। छहों ऋतुओंके फूल एक साथ फल जाते हैं। चतुर्दशअतिशय देखो। इसके बाद जब उनको मोक्षकी प्राप्ति होती है, तब स्वर्गसे इन्द्रादि देव आते हैं। चन्दनादिके साथ अग्निकुमार जातिके देवोंके मुकुटोंकी अग्निसे दाह-क्रिया सम्पन्न होती है। इन्द्रादि देव उनका भस्म मस्तकमें लगाते और स्तुति पूजादि करते हैं।

तीर्थङ्कर हमेशा २४ ही होते हैं, इसमें न्यूनाधिक्य नहीं होता; न तेईस हो हो सकते हैं और न पचीस।

जैनागममें उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी इन दो काल विभागोंका उल्लेख है। जैनधर्म देखो। उत्सर्पिणी कालमें निम्नलिखित २४ तीर्थङ्कर हो गये हैं, जिन्हें साधारणतः 'अतीत चौबीसी" कहते हैं। यथा—

(१) श्रीनिर्वाण, (२) सागर, (३) महासाधु, (४) विमलप्रभु, (५) श्रीधर, (६) सुदत्त, (७) अमलप्रभु, (८) उद्धर, (९) अङ्गिर, (१०) सन्मति, (११) सिन्धुनाथ, (१२) कुसुमाञ्जलि, (१३) शिवगण, (१४) उत्साह, (१५) ज्ञानेश्वर, (१६) परमेश्वर, (१७) विमलेश्वर, (१८) यशोधर (१९) कृष्णमति, (२०) ज्ञानमति, (२१) शुद्धमति, (२२) श्रीभद्र, (२३) अतिक्रान्त, और (२४) शान्ति।

वर्तमान अवसर्पिणीकालमें जो २४ तीर्थङ्कर हो गये हैं, उन्हें साधारण, "वर्तमान चौबीसी" कहते हैं और उनके नाम इस प्रकार हैं—(१) ऋषभदेव* वा आदिनाथ, (२) अजितनाथ, (३) सम्भवनाथ, (४) अभिनन्दननाथ, (५) सुमतिनाथ, (६) पद्मप्रभ, (७) सुपार्श्वनाथ, (८) चन्द्रप्रभ, (९) पुष्पदन्त, (१०) शीतलनाथ; (११) श्रेयांसनाथ, (१२) वासुपूज्य, (१३) विमलनाथ, (१४) अनन्तनाथ (१५) धर्मनाथ, (१६) शान्तिनाथ, (१७) कुन्थुनाथ, (१८) अरनाथ, (१९) मल्लिनाथ, (२०) मुनिसुव्रतनाथ, (२१) नमिनाथ; (२२) नेमिनाथ, (२३) पार्श्वनाथ और (२४) वर्द्धमान वा महावीर स्वामी।

* श्रीमद्भागवतके मतसे ये ही विष्णुके प्रथम अवतार हैं।

इनमेंसे १म तीर्थंकर श्रीऋषभनाथ भगवान् कैलाश पर्वतसे, १२वें श्रीवासुपूज्य चम्पापुरीसे, २२वें श्रीनेमिनाथ गिरनार पर्वतसे, २४वें श्रीमहावीरस्वामी पावापुरसे और शेष बीस तीर्थंकर श्रीसम्मेदशिखर या पार्श्वनाथ पहाड़से मोक्ष या निर्वाणलाभ हुए हैं।

भविष्यमें होनेवाले २४ तीर्थंकरोंको सर्वसाधारण "अनागत चौबीसी" कहते हैं। जिनके नाम इस प्रकार हैं—

(१) श्रीमहापद्म, (२) सुरदेव, (३) सुपार्श्व, (४) स्वयंप्रभ, (५) सर्वात्मभूत, (६) श्रीदेव, (७) कुल-पुत्र-देव, (८) उदङ्कदेव, (९) प्रोष्ठिलदेव, (१०) जयकीर्ति, (११) मुनिसुव्रत, (१२) अरह (अमम), (१३) निष्पाप (१४) निःकषाय, (१५) विपुल, (१६) निर्मल, (१७) चित्रगुप्त, (१८) समाधिगुप्त, (१९) स्वयंभू, (२०) अनिवृत्त, (२१) जयनाथ, (२२) श्रीविमल, (२३) देवपाल और (२४) अनन्तवीर्य।

इनके सिवा जैनग्रन्थोंमें यह भी वर्णन है कि सम्प्रति विदेहक्षेत्रके विभिन्न स्थानों या क्षेत्रोंमें २० तीर्थंकर अब भी विद्यमान हैं, जिनके नाम इस प्रकार हैं—(१) सीमन्धर, (२) युगन्धर, (३) बाहु, (४) सुबाहु, (५) सुजात, (६) स्वयंप्रभ, (७) ऋषभानन, (८) अनन्तवीर्य, (९) सुरप्रभ, (१०) विशालकीर्ति (११) वज्रधर, (१२) चन्द्रानन, (१३) चन्द्रबाहु, (१४) भुजङ्गम, (१५) ईश्वर, (१६) नेमिप्रभ, (१७) वीरसेन (१८) महाभद्र, (१९) देवयश, और (२०) अजितवीर्य। विशेष विवरणके लिये जैनधर्म शब्द तथा जैन-पुराण ग्रन्थ देखना चाहिये।

तीर्थंकरनामकर्म (सं० क्ली०) जैनधर्मानुसार वह शुभ कर्म-प्रकृति जिसके उदयमें अचिन्त्य विभूति-संयुक्त तीर्थंकरपदकी प्राप्ति हो। दर्शनविशुद्धि, विनयसम्पन्नता आदि षोडश भावनाओंका पूर्णतया अनुशीलन करनेसे भव्य पुरुष (आत्मा) अन्तःकालमें तीर्थंकर हो सकता है। अभीतकमें जितने भी तीर्थंकर हुए हैं तथा भविष्यमें जितने भी होंगे, सबमें यही कर्म-प्रकृति कारण है। जैनगण इन पवित्रतासम्पन्न षोडशभावनाओंकी पूजादि करते हैं। षोडशकारण और जैनधर्म देखो।

तीर्थसद्म (सं० क्ली०) पदमें यात्रासन्निवेश तीर्थ तीर्थस्थान। जैसे तीर्थ, तीर्थराज।

तीर्थदेव (सं० पु०) तीर्थमिव देवः। शिव, महादेव।

तीर्थबाहु (सं० पु०) तीर्थं बाहु इव। तीर्थंकर देखो।

तीर्थपति (सं० पु०) तीर्थराज देखो।

तीर्थपाद (सं० पु०) तीर्थं पादौ यस्य, बहुव्री० समासे दन्त्यस्य पदादेशः। हरि, विष्णु।

तीर्थपादीय (सं० पु०) वैष्णव।

तीर्थभूत (सं० त्रि०) तीर्थं भू-क्त। तीर्थस्वरूप।

तीर्थमहाकूट (सं० पु०) तीर्थस्थो महाकूट। स्थान तीर्थभेद।

तीर्थमृत्युयोग (सं० पु०) तीर्थे मृत्युविधायकः योगः। योगविशेष, इस योगके रहनेसे मनुष्यकी मृत्यु तीर्थमें होती है। इसका विषय ज्योतिषमें इस प्रकार लिखा है। जन्मकालीन चन्द्रमा यदि शुभ स्थानमें रहे तथा दशम स्थानमें बृहस्पतिकी दृष्टि रहे, अथवा अष्टम स्थानमें शुक्र और द्वितीय स्थानमें बृहस्पति रहें तो उस मनुष्यको तीर्थमृत्यु होती है।

तुल राशिमें रवि, नवम स्थानमें बृहस्पति, लग्नमें शुक्र रहे और अष्टम स्थानमें बुधकी दृष्टि पड़ती हो तो मनुष्यकी मृत्यु गङ्गातटमें होती है।

लग्नमें शुक्र और बृहस्पति रहें, अष्टम स्थानमें चन्द्रमा रहे और उसके प्रति लग्नाधिपतिकी दृष्टि पड़ती हो तो मनुष्यकी मृत्यु काशीमें होती है।

जिस मनुष्यका जन्म सिंहलग्नमें हुआ हो और उसके पञ्च स्थानमें शनि, मिथुनमें बृहस्पति तथा अष्टम स्थानमें लग्नाधिपतिकी दृष्टि पड़ती हो, तो उस मनुष्यकी मृत्यु तीर्थ स्थानमें होती है।

जिसके जन्मकालमें मीन वा धन राशि और लग्नमें मित्र किसी भी ग्रहकी दृष्टि रहे तो वह मनुष्य विविध पुण्य सम्पन्न होकर गङ्गाजलमें प्राण परित्याग करता है।

यदि लग्नके चतुर्थ, पञ्च, सप्तम, अष्टम या दशम स्थानमें बृहस्पति रहे और वह बृहस्पति यदि उच्च स्थानमें हो तथा आठ ग्रहका मान यदि सौम्य हो, तो उसको तीर्थमृत्यु होता है और वह अन्तमें मोक्ष पाता है।

(ज्योतिस्तत्त्व)

तीर्थयात्रा (सं० स्त्री०) तीर्थमुद्दिश्य यात्रा। पवित्र स्थानमें दर्शन स्नानादिके लिये जाना।

तीर्थराज (सं० पु०) तीर्थानां राजा, ६-तत्। प्रयागतीर्थ।

तीर्थराजि (सं० स्त्री०) तीर्थानां राजिरत्र, बहुव्री०। अविमुक्त काशीक्षेत्र। यहां सभी तीर्थ विराजित हैं, इसलिये काशीको तीर्थराजि कहा जा सकता है। किस किस क्षेत्रसे कौन कौन तीर्थ काशीमें आये हैं, उसका वर्णन काशीखण्डमें इस प्रकार लिखा है,—

स्वर्ग, मर्त्य और पातालमें जितने भी मुक्तिप्रद शुभ आयतन हैं, वे सभी काशीमें लाये गये हैं। कुरुक्षेत्रसे देवदेवके स्थाणु नामक महालिङ्ग यहां आविर्भूत हुए हैं, यहां उनको कलामात्र अवस्थित है। इसके पास ही लोलार्कसे पश्चिमकी तरफ सन्निहती नामक महापुष्करिणी है, यहीं कुरुक्षेत्रतीर्थ है। नैमिषक्षेत्रसे देवदेव ब्रह्मावर्तकूपके साथ आये, जो ढुण्ढिराजसे उत्तरकी ओर अवस्थित हैं और उनके पास ही ब्रह्मावर्तकूप है। गोकर्णसे महाबल नामक लिङ्ग और प्रभासतीर्थसे शशिभूषण नामक लिङ्ग आये, जो ऋणमोचनतीर्थके पूर्वको ओर अवस्थित हैं। उज्जयिनीसे पावनाशन लिङ्ग आये, जो ओङ्कारेश्वरलिङ्गके पूर्वकी तरफ विद्यमान हैं। पुष्करसे आयोगन्धेश्वर लिङ्ग आये जो मत्स्योदरीसे उत्तरमें हैं, अट्टहाससे महानादेश्वरलिङ्ग आये जो त्रिलोचनासे उत्तरमें हैं, मरुत्कोटसे महोत्कटेश्वरलिङ्ग आये जो कामेश्वरसे उत्तरमें हैं, विमलस्थानसे विमलेश्वर लिङ्ग आये जो स्वर्लीनसे पश्चिममें हैं, महेन्द्रपर्वतसे महाव्रत नामक महालिङ्ग आये जो स्कन्देश्वरके पास हैं; और गयातीर्थसे फल्गु आदि सार्द्धकोटि परिमित तीर्थो-सहित पितामहेश्वर यह आ कर अवस्थान कर रहे हैं। गयातीर्थसे शूलटङ्क नामक महेश्वर तीर्थराज-सहित आकर निर्वाणमण्डपसे दक्षिणमें अवस्थान कर रहे हैं तथा महाक्षेत्र शङ्कुकर्णसे महातेजोऽतिप्रद महातेज लिङ्ग, रुद्रकोटितीर्थसे महायोगीश्वर लिङ्ग, भुवनेश्वर क्षेत्रसे स्वयं कृत्तिवास और कुरुजाङ्गलसे चण्डीश्वर यहां आये हैं।

कालञ्जर तीर्थसे स्वयं भगवान् नीलकण्ठ आये हैं, तथा काश्मीरसे विजयलिङ्ग आ कर शालटङ्कके पूर्वमें अवस्थान कर रहे हैं। त्रिदण्डापुरीसे भगवान् ऊर्द्धरेता यहां आये हैं और कुष्माण्डक नामक गणपतिको सामने रख कर अवस्थान कर रहे हैं। मण्डलेश्वर क्षेत्रसे श्रीकण्ठ नामक लिङ्गका आगमन हुआ है, वे मण्ड नामक विनायकको उत्तरदिशामें रख कर अवस्थान कर रहे हैं।

छागलाण्ड नामक महातीर्थसे भगवान् कपर्द्दीश्वर पिशाचमोचनतीर्थमें स्वयं आविर्भूत हुए हैं। आम्रातकेश्वरक्षेत्रसे सूक्ष्मेश्वर आये जो विकटदन्त गणपतिके समीप अवस्थित हैं। मधुकेश्वरसे जयन्त नामक महालिङ्गका आगमन हुआ, ये लम्बोदर गणपतिके सामने अवस्थित हैं। श्रीशैलसे देवदेव त्रिपुरान्तक आये, जो विश्वेश्वर स्थानसे भगवान् कुक्कुटेश्वर, जालेश्वरसे भगवान् त्रिशूली रामेश्वरसे जटोदेव, विमन्ध्याक्षेत्रसे देवदेव त्र्यम्बक, हरिश्चन्द्र क्षेत्रसे भगवान् हरेश्वर, मध्यमेश्वरसे भगवान् शर्व, स्थलेश्वरसे यक्षेश्वर महालिङ्ग, हर्षितक्षेत्रसे तमोहारी हर्षितलिङ्ग, वृषभध्वजक्षेत्रसे भगवान् वृषेश्वर, कुदारक्षेत्रसे ईशानेश्वर लिङ्ग, ईशानक्षेत्रसे मनोहर भैरवमूर्ति, कनखलतीर्थसे सिद्धिप्रद भगवान् उग्र, वस्त्रापथ नामक महाक्षेत्रसे भगवान् भवदेव, दारुवनसे भगवान् दण्डी, भद्रकर्णह्रदसे भद्रकर्ण-सहित साक्षात् शिव, हरिश्चन्द्र, पुरसे भगवान् शङ्कर और कायारोहणक्षेत्रसे आचार्य नकुलीश पाशुपतव्रतावलम्बी अपने शिष्यांके साथ आकर यहां अवस्थान कर रहे हैं। गङ्गासागरसे अमरेश्वर, मानगोदावरीसे भगवान् भीमेश्वर, भूतेश्वरक्षेत्रसे भगवान् भस्मगात्र, नकुलीश्वरसे भगवान् स्वयम्भू, हेमकूट पर्वतसे विरूपाक्ष गङ्गाद्वारसे हिमाद्रीश्वर, कैलाससे सप्तकोटि अन्यान्य महाबल गणनिचयोंके साथ गणाधिप, गन्धमादन पर्वतसे भूर्भुवः नामक लिङ्ग, जललिङ्गस्थलसे पवित्र जलप्रिय लिङ्ग और कोटीश्वरतीर्थसे श्रेष्ठलिङ्गका यहां आगमन हुआ है। ये सभी तीर्थ काशीमें अवस्थान कर रहे हैं, इसलिये इसका नाम तीर्थराजि पड़ा है। उपर्युक्त तीर्थोंमें स्नान, दान आदि करनेसे जितना पुण्य होता है, काशीस्थ उन्हीं तीर्थोंमें स्नानादि करनेसे होता है उससे कहीं सौगुना अधिक पुण्य होता है।

(काशीख० ६९ अ० ; काशी देखो।

तीर्थवत् (सं० त्रि०) तीर्थं विद्यतेऽस्य तीर्थ-मतुप मस्य,

कादिनः । बहुधा तत्र तीर्थविधिः, बहुत लोगोंमें विधा हुआ।

तीर्थवाक (सं॰ पु॰) तीर्थ तद्वत् वाको यस्य, बहुव्री॰। केश, बाल।

तीर्थवासन (सं॰ पु॰) तीर्थवासन वध। तीर्थवाक देखो।

तीर्थशिला (सं॰ स्त्री॰) किसी तीर्थमें स्नान करनेको उतरनेकी सीढ़ी।

तीर्थशौच (सं॰ क्ली॰) तीर्थस्य घाटस्य शौचं परिष्कारः ६-तत्। घाटादि परिष्कार।

तीर्थसेन (सं॰ पु॰) कुमारानुचर मातृभेद, कार्त्तिकेयकी एक मातृकाका नाम।

तीर्थसेवा (सं॰ स्त्री॰) तीर्थसेवा, ७-तत्। तीर्थगमन, तीर्थयात्रा।

तीर्थसेवी (सं॰ पु॰ स्त्री॰) तीर्थ घट्टादिसन्निधाने निवसति सेव-णिनि। १ बकपक्षी, बगला। (त्रि॰) २ तीर्थवासी, जो तीर्थमें रहता है।

तीर्थाटन (सं॰ पु॰) तीर्थयात्रा।

तीर्थिक (सं॰ पु॰) १ तीर्थकारी ब्राह्मण, पंडा। २ बौद्धमतानुसार बौद्ध धर्मविद्वेषी ब्राह्मण। ३ तीर्थंकर।

तीर्थिया (हिं॰ पु॰) तीर्थंकरोंको माननेवाले, जैनी।

तीर्थीकरण (सं॰ क्ली॰) पवित्रीकरण, जिससे स्थानको पवित्र हो जाय।

तीर्थीभूत (सं॰ त्रि॰) तीर्थ-भू अभूततद्भावे च्वि। तीर्थस्वरूप पवित्र। जो जिस स्थानपर निवास करते हैं, वही स्थान पवित्र अर्थात् तीर्थस्वरूप है।

तीर्थ्य (सं॰ पु॰) तीर्थे भव यत्। १ रुद्रभेद, एक रुद्रका नाम। २ सहपाठी, सहपाठी।

तीलड़ा (हिं॰ पु॰) एक प्रकारकी चिड़िया।

तीली (फा॰ स्त्री॰) १ बड़ा तिनका, सींक। २ धातु आदिका पतला पर कड़ा तार। ३ जुलाहोंका एक औजार। इससे रेशम लपेटा जाता है। ४ नाली पतलाई करनेकी करघेमें ढरकीकी सींक। ५ जुलाहोंके सूत साफ करनेकी तीलियोंकी कूँची।

तीवर (सं॰ पु॰) तीव स्थौल्ये अरच्। (सिद्धान्तकौ॰ उण॰ ३।१) १ समुद्र। तीवति स्थूलतां याति अनेन वसतीति तीवरः। २ व्याध, बहेलिया।

३ एक वर्णसङ्कर जातिविशेष। ब्रह्मवैवर्तके मतसे यह जाति क्षत्रियके औरस और राजपुत्रीके गर्भसे उत्पन्न हुई है। पराशर पद्धतिके अनुसार यह जाति शूद्रके औरससे उत्पन्न हुई है और अपाङ्क्तेय तथा हव्यकव्यवर्जित है। यह जाति अस्पृश्य है। इसी तीवर जातिसे लेट, हाड़ी, दस्यु और मेद जातिकी उत्पत्ति हुई है। तीवरों और मेदसे भड़, मल्ल, माहर, मड, कोल और कन्दर इन छः जातियोंकी उत्पत्ति है।

बङ्गाल और बिहारके किसी किसी स्थानमें यह तीयर, तीओर, राजवंशी अथवा मल्ला नामसे प्रसिद्ध है।

किसी किसीने तीयर और धीवर इन दोनों जातियोंको एक बतलाया है, पर ऐसा समझना भ्रम है। धीवर कहार जातिकी एक श्रेणी है। परन्तु तीयरोंका कहारोंसे कुछ भी सम्बन्ध नहीं है। आकृति और प्रकृतिमें भी धीवरोंकी अपेक्षा तीयर निकृष्ट मालूम पड़ते हैं।

भागलपुरके तीयरोंमें बानरगोत्र और गोबरिया ये दो थाक पाये जाते हैं। बानरगोत्र अपनेको शुद्ध कहते हैं और मैथिल ब्राह्मण उनका पौरोहित्य करते हैं। ये दूसरोंसे पृथक् हैं। परन्तु गोबरिया कोल लोग समझे जाते हैं और शराब, सूअरका मांस आदि भक्षण करते हैं। बङ्गालके तीयरों और गोबरियोंमें पुरु-षका काम करते हैं। पतित ब्राह्मण इनके पुरोहित हैं।

पूर्व बङ्गालमें तीयर लोग अपनेको राजवंशी कहा करते हैं। मैमनसिंहके तीयर अपनेको निकृष्ट बतलाते हैं और गङ्गा किनारेके तीयर कुलवंशी।

तीयर जातिमें चौधरी, मझोदार, सरकार, मण्डल (महाजना), राय, मुखियार आदि उपाधियां पायी जाती हैं। इनमें काश्यप, आलम्बायन और शाण्डिल्य ये तीन गोत्र हैं।

पूर्व बङ्गालके तीयर तीन भागोंमें विभक्त हैं—उत्तर, दाक्षिणात्य और मध्य। उत्तर राढ़में पाँच हैं, इनमें

* "क्षत्रात् करणकन्यायां राजपुत्रो बभूव ह।
राजपुत्र्यां तीवरश्च क्षत्रवीर्येण जातवान्॥"
(ब्रह्मवै॰ ब्रह्म॰ १० अ॰)

बाद पराशामिक और उससे नीचे गण। नीचे थाकके तीवरोंको उच्चश्रेणीको कन्या लेनी पड़ती है, इसके सिवा कन्याके पिताको अधिक रुपये न देनेसे इनका ब्याह नहीं होता। इनमें विधवा-विवाह प्रचलित नहीं है। हां, गरीब विधवायें अपनी इच्छासे मछली बेचती हैं, सूतको करधनी बनाती हैं अथवा वैष्णवी हो भीख मांग कर अपना गुजारा करती हैं।

तीवरी (सं॰ स्त्री॰) तीवर स्त्रियां ङीप्। १ तीवरपत्नी। तीवरकी स्त्री। २ व्याधपत्नी, व्याधकी स्त्री।

तीव्र (सं॰ त्रि॰) तीव रक् यद्वा तिज निशाने रन् दीर्घः। (प्रभावीरा। उण २।२८सूत्रे उज्ज्वल)१ अतिशय, अत्यन्त। २ तीक्ष्ण, तेज। ३ अत्युष्ण बहुत गरम। ४ कटु, कड़ुवा। ५ अतिशययुक्त, नितान्त, बेहद। ६ असह्य, न सहने योग्य। ७ प्रचण्ड। ८ तीखा। ९ वेगयुक्त, तेज। (सं॰ क्ली॰) लौहभेद, इस्पात। ११ तीर, नदीका किनारा। १२ सीसु, टीन। १३ लौहमात्र, साधारण लोहा। (सं॰ पु॰) १४ शिव, महादेव। १५ वैराग्यका उपायविशेष। (पातञ्जल १।२१-२२)

किसी किसी मनुष्यको तीव्र योगी कहते हैं। योगसाधनका उपाय तीन तरहका है, मृदु, मध्य और अधिमात्र अर्थात् तीव्र। जो ये त्रिविध उपाय अवलम्बन करते हैं, उन्हें यथेष्ट फल प्राप्त होता है। यह भी तीन प्रकारका है, मृदु उपाय, मध्य उपाय और तीव्र उपाय। फिर इसके तीन भेद हैं—मृदुसंवेग, मध्य संवेग और तीव्रसंवेग। सुतरां योगियोंके उपाय नौ प्रकारके हैं। जो तीव्रसंवेग हैं, उनकी सिद्धि सन्निकट है। (पातञ्जलभाष्य)

तीव्रकण्ठ (सं॰ पु॰) तीव्रः कण्ठो यस्मात् बहुव्री॰। शूरण फल, जमीकन्द, ओल।

तीव्रकन्द (सं॰ पु॰) तीव्रः कन्दः मूलं यस्य। १ शूरण, जमीकन्द। २ पलाण्डु, प्याज।

तीव्रगति (सं॰ त्रि॰) तीव्रा गतिर्यस्य बहुव्री॰। १ जिसकी चाल तेज हो। (पु॰) २ वायु, हवा।

तीव्रगन्ध (सं॰ क्ली॰) तीव्रः गन्धो यस्य। तीव्रगन्धयुक्त, वह पदार्थ जिसकी गन्ध बहुत तेज हो।

तीव्रगन्धा (सं॰ स्त्री॰) तीव्रगन्ध-टाप्। यवानी, अजवायन।

तीव्रगन्धिका (सं॰ स्त्री॰) यवानी, अजवायन।

तीव्रज्ञानी (सं॰ त्रि॰) तीव्रज्ञान-णिनि। अत्यन्त ज्ञानी, बहुत अक्लमन्द।

तीव्रज्वाला (सं॰ स्त्री॰) तीव्रं यथा तथा ज्वालयति ज्वल-णिच्-अच्-टाप्। धातकी, धवका फूल। लोग कहते हैं कि इसके छूनेसे शरीरमें घाव हो जाता है। (त्रि॰) २ तीव्रज्वालायुक्त, जिसमें बहुत जलन हो। तीव्रा ज्वाला कर्मधा॰। तीव्रज्वाला, तेज जलन।

तीव्रता (सं॰ स्त्री॰) तीव्रस्य भावः तीव्र-तल्। उग्रता, तीक्ष्णता, तेजी, तीखापन।

तीव्रदारु (सं॰ क्ली॰) तीव्रं दारु कर्मधा॰। तीव्रकाष्ठ, तेज लकड़ी।

तीव्रबन्ध (सं॰ पु॰) तीव्रः बन्धो यस्मात् बहुव्री॰। तामस गुण, तमोगुण।

तीव्रवेदना (सं॰ स्त्री॰) तीव्र वेदना कर्मधा॰। अत्यन्त यन्त्रणा, बहुत पीड़ा, ज्यादा तकलीफ।

तीव्रसंवेग (सं॰ पु॰) तीव्रः संवेगः कर्मधा॰। तीव्र वैराग्य। तीव्र देखो।

तीव्रसन्ताप (सं॰ पु॰) श्येनपक्षी, बाज।

तीव्रसव (सं॰ पु॰) एकाह यागभेद, एक दिनमें होनेवाला एक प्रकारका यज्ञ।

तीव्रसुत (सं॰ त्रि॰) सोमका अवयवभूत प्रातःसवनिक।

तीव्रा (सं॰ स्त्री॰) तीव्र-टाप्। १ कटुरोहिणी, कटकी। २ गण्डदूर्वा, गांडर दूब। ३ राजिका, राई। ४ महाज्योतिष्मती, बड़ी मालकांगनी। ५ तरदीतरु, तरखीका पेड़। ६ तुलसी। ७ नदीविशेष, एक नदीका नाम। ८ षड्ज स्वरकी चार श्रुतियोंमेंसे पहली श्रुति। ९ मदकारिणी, खुरासानी अजवायन। (त्रि॰) १० तीव्रवेगयुक्त, जिसमें बहुत तेज गति हो।

तीव्रानन्द (सं॰ पु॰) तीव्र आनन्दो यस्य। शिव, महादेव।

तीव्रान्त (सं॰ त्रि॰) तीव्र या तीक्ष्ण फल।

तीव्रानुराग (सं॰ पु॰) जैन-मतानुसार एक प्रकारका अतीचार। जैसे—परस्त्री या परपुरुषमें अत्यन्त अनुराग करना अथवा कामकी वृद्धिके लिये अफीम, कस्तूरी

तीसीका बीज। भारतवर्षमें तीसीके पौधेसे तीसीका बीज, बीजसे तेल और खरी या खली बनती है। इस देशमें तीसीसे रेशे नहीं निकालते हैं, इस कारण बीज बहुत पतला बोया जाता है। पतले पौधेमें टहनियां और फूल बहुत निकलते हैं। फूल झड़नेपर छोटी घुडियां बंधती हैं; इन्हीं घुडियोंमें बीज रहते हैं। यूरोपमें केवल रेशेका ही आदर अधिक है। इस कारण वे बहुत घना बीज बोते हैं, जिससे पौधोंमें टहनियां न निकलें और पौधे भी बड़े हों। भारतवर्षमें खेतीके दोष वा गुणसे तीसीका दाना पतला और मोटा हुआ करता है तथा रंग भी कई तरहके हो जाते हैं। तीसी सफेद और लालरंगकी होती है। खेतीकी प्रणाली और जङ्गली गुणसे लाल तीसीके भी फिर कई भेद हैं जिन्हें केवल महाजन लोग ही पहचानते हैं।

सफेद तीसीका बीज लाल तीसीके बीजसे पुष्ट और बीजका छिलका पतला होता है। इससे तेल भी काफी निकलता है। इसका छिलका (भूसी) भी हल्का और स्वादु होता है। सफेद तीसी गेहूं और चनेके मोलमें बिकती है। जब्बलपुरमें इस प्रकारकी तीसी बहुत उपजती है। नर्मदाके दक्षिणमें इस तीसीकी व्यवहार अधिक है। जब्बलपुरकी सफेद तीसी दूसरे देशमें उपजानेसे लाल हो जाती है।

बहुत वर्षा होनेसे तीसी नुकसान हो जाती है क्योंकि इसके पत्तोंमें गोटीसा दाग पड़ जाता है, इसीसे प्रायः आधेसे अधिक पौधे नष्ट हो जाते हैं। इसके सिवा इसमें और भी कई तरहके कीड़े लगकर इसका सत्यानाश कर डालते हैं।

बङ्गालके मध्य वर्द्धमान-विभागमें सर्वत्र इसकी खेती नहीं होती है। दियारेकी तीसी अच्छी होती है। हल्की तथा पङ्कमय जमीन तीसीकी खेतीके लिये उपयोगी है। कड़ी मट्टीमें तीसी नहीं उपजती। तीसीके खेतका पानी अच्छी तरह बाहर निकाल देना अच्छा है; क्योंकि खेतमें पानीके रह जानेसे इसका बहुत नुकसान होता है। जिस खेतका पानी सूख गया हो तथा जिसमें धानके पौधे लगे हों हों, वैसे खेतमें प्रति बीघे ७२ सेर तीसी बोई जाती है। अन्तमें जब धान पकता है, तब वह काट लिया जाता है और तीसी उसमें चैत्र मास तक लगी रहती। दियारेकी जमीनमें तीसी अधिक होती है। गेहूं, चने, सरसों वा खेसारीमें इसे मिला कर बोते हैं अथवा बिना किसी दूसरे अनाजमें मिलाये भी यह बोई जाती है, जो खेत बहुत गहरा जोता गया हो, उसमें तीसी अच्छी नहीं उपजती है। तीसी बो कर खेतको चौरस कर देना अच्छा है। पहली फसल बोई जानेके बाद खेतमें एक बार हल चलाया जाता है; पीछे तीसी बो कर दो बार चोंकी देनी पड़ती है। यह फसल आश्विन और कार्त्तिक मासमें बोयी जाती और चैतमें काटी जाती है। केवल तीसी बोनेमें प्रति बीघे ३ सेर और मिलाकर बोनेमें १॥ सेर बीज लगता है। सिर्फ तीसी प्रति बीघे २ मन उपजती है। गङ्गाके किनारे इसकी फसल अच्छी लगती है। फसल अच्छी तरह पक जानेके पहले ही इसे जड़से काट डालते हैं।

शाहाबादमें यह जौ, मसूर आदिके साथ मिला कर बोई जाती है। युक्तप्रदेश और अयोध्याके सभी जिलोंमें इसकी खेती होती है। काश्मीरके पश्चिमांशमें भी यह कम नहीं उपजती है। इसका तेल उस देशमें बहुत व्यवहृत होता है। मन्द्राज और ब्रह्म देशमें इसकी खेती प्रायः नहींके बराबर समझना चाहिये। बम्बई प्रदेशमें भी इसका खूब आदर है। पूना, शोलापुर, नासिक, खानदेश, अहमदनगर, गुजरात आदि स्थानोंमें भी यह कुछ कुछ उपजायी जाती है। मध्यभारत और बरारमें कुछ अधिक होती है, हैदराबादमें भी कम नहीं उपजती।

तीसीका तेल। बीजकी पुष्टि और ग्रंथीके अनुसार इसके तेलका परिमाण जाना जाता है। पुराने बीजसे नये बीजमें तथा पतले दानेसे मोटे दानेमें अधिक तेल निकलता है। कमसे कम ५४ सेर बीजमें १ सेर तेल पाया जाता है, किन्तु दाना अच्छा रहनेसे ५३ सेरमें एक सेर तेल निकलता है। शाहाबादमें यह तेल दोयेमें व्यवहृत होता है। जलानेके समय इस तेलसे धुआं निकलता है। विलायतसे जो तीसीका तेल इस देशमें आता है, वह विशुद्ध होता है और रंगसाजी तथा लिथोके छापेकी स्याही बनानेके काममें आता है। इसके सिवा इस तेलमें सुखानेका गुण अधिक है। किन्तु इस लोगोंके देशकी

चर्दि श्लम । इसमें [illegible] जान पड़ता है ।

तीस (हिं॰ वि॰) १ जो दसगिनतीमें एक कम हो । (पु॰) २ वह संख्या जो बीस और दसके जोड़से बने हो ।

तीसट (सं॰ पु॰) एक वैद्यक-ग्रन्थकार ।

तीसरा (हिं॰ वि॰) १ जो दोके बाद पड़ता हो । २ सम्बन्ध रखनेवालोंसे भिन्न ।

तीसवां (हिं॰ पु॰) जो उनतीसके बाद पड़ता हो, जिसके पहले उनतीस और हों ।

तीसी (हिं॰ स्त्री॰) एक प्रकारका तैलवृक्ष-पदार्थ । भिन्न भिन्न भाषाओंमें इसके नाम इस प्रकार हैं—

हिन्दी (भाषामें) अलसी, तीसी । बङ्गाल—तीसी, मसीना । बिहार-तीसी तिसना । उड़ीसा-पेसु । गुजराती-अलसी । कमायूं—तीसी, अलसी । कारमीर-बिसुम्, पालिस । पञ्जाब—अलसि, तीसी, अलसी । काश्मीर—[illegible] । बम्बई-अलसी, जवस, जास । गुजरात-अलसी । तामिल (भाषामें) अलसी विरइ । तेलगु (भाषामें) अतसी, [illegible] । कर्णाटक—अगसी, अगसे । मलय-चिर, [illegible] । सुर्मी-[illegible] । फारस-कतान या तुख्म कतान । अरबी-[illegible], कुत्तान या [illegible] कुत्तान । हिब्रू (भाषामें) [illegible] । संस्कृत (भाषामें) अतसी, उमा, क्षुमा, मालिका, मसृणो, [illegible] । लाटिन (भाषामें) लाइनम् । अंग्रेजी-लिनसीड । [illegible] (भाषामें) लिन ।

इसका वैज्ञानिक नाम Linum usitatissimum है । तीसीसे तीसीका तेल, तेल और रस्सी बनती है; किन्तु यूरोप और अमेरिकामें इसके पौधेसे एक प्रकारका सूत प्रस्तुत होता है जो लिनेन (Linen) या लिनन्के नामसे इस देशमें प्रसिद्ध है । पुरा-तत्त्वविदोंका कहना है, कि यूरोपमें बहुत पहलेसे निम्नलिखित प्रकार तीसीका व्यवहार प्रचलित हुआ था । मिसरके प्राचीन समाधि-मन्दिरोंमें तीसीके रेशेसे बुना कपड़ा मिला है, तीसीके रेशेसे बुना कपड़ा [illegible] विदित है । प्राचीन मिस्रवासियोंका [illegible] इस [illegible] था । ईसा-जन्मके [illegible] पहले मिसरमें तीसीके रेशेका व्यवहार था [illegible] ।

है । सिन्धु और पञ्जाबमें तीसीके [illegible] हुआ है । तीसकी खेतीके [illegible] प्राचीन [illegible] आविष्कृत हुए हैं, उनमें तीसीका चोकर आदि पाया गया है । [illegible] तीसीका [illegible] प्रचलित थी, किन्तु भारत और [illegible] भारतमें [illegible] इसका प्रचार हुआ है ।

[illegible] तीसीके तीन भेद हैं—(१) Linum usitatissimum, (२) L. humili और (३) L. angustifolium । [illegible] एक दूसरे [illegible] दिखला दिया है, कि [illegible] तीसी [illegible] होती है । इस [illegible] तीसीके फिर भी दो भेद हैं,—(क) [illegible] (alpha vulgar) और [illegible] (beta humilis) इनमें से पहला भेद भारतवर्षमें और दूसरा [illegible] प्रचलित है । [illegible] (L. angustifolium) [illegible] और [illegible] जङ्गली [illegible] है । भिन्न भिन्न [illegible] भाषामें इसका नाम भिन्न [illegible] है, इससे जाना जाता है, कि विभिन्न देशोंमें विभिन्न जाति द्वारा यह प्राचीनकालसे प्रचलित है ।

भारतमें भी तीसीका प्रचार बहुत पहलेसे है । [illegible] इस देशमें तीसीके बीज और [illegible] सिवा उसके सूतका व्यवहार नहीं है, किन्तु पहले था । संस्कृत भाषामें [illegible] वस्त्रका [illegible] व्यवहार देखा जाता है । बहुतेरे [illegible] अर्थ [illegible] हैं, किन्तु वह नहीं है । क्योंकि तीसीका एक नाम जब 'क्षुमा' है तब उससे प्रस्तुत वस्त्रको [illegible] कहा जाता है । [illegible] एक प्रकारका [illegible] होता है [illegible] एक प्रकारका [illegible] प्रस्तुत होता है, जो [illegible] है और [illegible] प्रचलित भी हो गया है । इससे अनुमान किया जाता है कि [illegible] प्रकार [illegible] । [illegible] लिखा है, कि [illegible] करते हैं—

तीसीका बीज। भारतवर्षमें तीसीके पौधेसे तीसीका बीज, बीजसे तेल और खरी या खली बनती है। इस देशमें तीसीसे रेशे नहीं निकालते हैं, इस कारण बीज बहुत पतला बोया जाता है। पतले पौधेमें टहनियां और फूल बहुत निकलते हैं। फूल झड़नेपर छोटी घुंडियां बंधती हैं; इन्हीं घुंडियोंमें बीज रहते हैं। यूरोपमें केवल रेशेका ही आदर अधिक है। इस कारण वे बहुत घना बीज बोते हैं, जिससे पौधोंमें टहनियां न निकले और पौधे भी बढ़े हों। भारतवर्षमें खेतीके दोष या गुणसे तीसीका दाना पतला और मोटा हुआ करता है तथा रंग भी कई तरहके हो जाते हैं। तीसी सफेद और लालरंगकी होती है। खेतीकी प्रणाली और जङ्गली गुणसे लाल तीसीके भी फिर कई भेद हैं जिन्हें केवल महाजन लोग ही पहचानते हैं।

सफेद तीसीका बीज लाल तीसीके बीजसे पुष्ट और बीजका छिलका पतला होता है। इससे तेल भी काफी निकलता है। इसका छिलका (भूसी) भी हल्का और स्वादु होता है। सफेद तीसी गेहूं और चनेके मोलमें बिकती है। जब्बलपुरमें इस प्रकारकी तीसी बहुत उपजती है। नर्मदाके दक्षिणमें इस तीसीकी व्यवहार अधिक है। जब्बलपुरकी सफेद तीसी दूसरे देशमें उपजानेसे लाल हो जाती है।

बहुत वर्षा होनेसे तीसी नुकसान हो जाती है क्योंकि इसके पत्तोंमें गोटीसा दाग पड़ जाता है, इसीसे प्रायः आधेसे अधिक पौधे नष्ट हो जाते हैं। इसके सिवा इसमें और भी कई तरहके कीड़े लगकर इसका सत्यानाश कर डालते हैं।

बङ्गालके मध्य वर्तमान-विभागमें सर्वत्र इसकी खेती नहीं होती है। दियारेकी तीसी अच्छी होती है। हल्की तथा पङ्कमय जमीन तीसीकी खेतीके लिये उपयोगी है। कड़ी मट्टीमें तीसी नहीं उपजती। तीसीके खेतका पानी अच्छी तरह बाहर निकाल देना अच्छा है; क्योंकि खेतमें पानीके रह जानेसे इसका बहुत नुकसान होता है। जिस खेतका पानी सूख गया हो तथा जिसमें धानके पौधे लगे हो हों, वैसे खेतमें प्रति बीघे ७२ सेर तीसी बोई जाती है। अन्तमें जब धान पकता है, तब वह काट लिया जाता है और तीसी उसमें चैत्र मास तक लगी रहती। दियारेकी जमीनमें तीसी अधिक होती है। गेहूं, चने, सरसों या खेसारीमें इसे मिला कर बोते हैं अथवा बिना किसी दूसरे अनाजमें मिलाये भी यह बोई जाती है, जो खेत बहुत गहरा जोता गया हो, उसमें तीसी अच्छी नहीं उपजती है। तीसी बो कर खेतको चौरस कर देना अच्छा है। पहली फसल बोई जानेके बाद खेतमें एक बार हल चलाया जाता है; पीछे तीसी बो कर दो बार घासको देनी पड़ती है। यह फसल आश्विन और कार्तिक मासमें बोयी जाती और चैत्रमें काटी जाती है। केवल तीसी बोनेमें प्रति बीघे ३ सेर और मिलाकर बोनेमें १॥ सेर बीज लगता है। सिर्फ तीसी प्रति बीघे २ मन उपजती है। गङ्गाके किनारे इसकी फसल अच्छी लगती है। फसल अच्छी तरह पक जानेके पहले ही इसे जड़से काट डालते हैं।

शाहाबादमें यह जौ, मसुर आदिके साथ मिला कर बोई जाती है। युक्तप्रदेश और अयोध्याके सभी जिलोंमें इसकी खेती होती है। काश्मीरके पश्चिमांशमें भी यह कम नहीं उपजती है। इसका तेल उस देशमें बहुत व्यवहृत होता है। मन्द्राज और ब्रह्म देशमें इसकी खेती प्रायः नहींके बराबर समझना चाहिये। बम्बई प्रदेशमें भी इसका खूब आदर है। पूना, शोलापुर, नासिक, खानदेश, अहमदनगर, गुजरात आदि स्थानोंमें भी यह कुछ कुछ उपजायी जाती है। मध्यभारत और बरारमें कुछ अधिक होती है, हैदराबादमें भी कम नहीं उपजती।

तीसीका तेल। बीजकी पुष्टि और श्रेणीके अनुसार इसके तेलका परिमाण जाना जाता है। पुराने बीजसे नये बीजमें तथा पतले दानेसे मोटे दानेमें अधिक तेल निकलता है। कमसे कम ऽ४ सेर बीजमें १ सेर तेल पाया जाता है, किन्तु दाना अच्छा रहनेसे ऽ३ सेरमें एक सेर तेल निकलता है। शाहाबादमें यह तेल दीयेमें व्यवहृत होता है। जलानेके समय इस तेलसे धुआं निकलता है। विलायतसे जो तीसीका तेल इस देशमें आता है, वह विशुद्ध होता है और रंगसाजी तथा लिथोके छापेकी स्याही बनानेके काममें आता है। इसके सिवा उस तेलमें सुखानेका गुण अधिक है। किन्तु इस लोगोंके देशकी

[illegible] हो [illegible] है। [illegible] है [illegible] [illegible] होता है; किन्तु [illegible] नहीं है। [illegible] १०० [illegible] है।

[illegible] होता है [illegible] है [illegible] होता था। [illegible] १८६८ ई० में [illegible] था। [illegible] नहीं [illegible] था। क्योंकि [illegible]

और [illegible] जाता है।

१८५१ ई० में [illegible] किया गया। [illegible] ई० में [illegible] था। [illegible] होता है। [illegible] था। [illegible] जाता था।

[illegible]

१८५१ ई० [illegible] गया। [illegible]

[illegible] था। [illegible] गया। [illegible] ई० में [illegible] [illegible] था।

पेशावरमें तोसोसे रज्जुकर्म-व्यवहारके लिये रस्सा तैयार करते हैं। इसके अलावा पञ्जाबमें और किसो दूसरे काममें तोसीके सूतका व्यवहार नहीं होता है और न वहांके लोग इस ओर ध्यान हो देते हैं, किन्तु वहां जो कुछ सूत तैयार होता है, उसको गिनती अच्छोंमें है। युक्तप्रदेशमें भो सूत तैयार नहीं होता है; यहां तोसोका बोज निकाल कर उसके पौधोंको आंटियोंमें बांधते और उन्हें सात-आठ दिन तक तालावके जलमें रख छोड़ते हैं। प्रति दिन आंटियां उलटानो पड़ती हैं। ७।८ दिन बाद (अधिक गर्मीके समयमें ४।५ दिन बाद) इसको जड़को फाड कर देखना पड़ता है, कि पटुवेके समान इसको डण्ठल अलग हुआ है वा नहीं। ऐसा होने पर पन्द्रह दिन तक उन्हें बाहर ठंडमें पतला करके सुखाना पड़ता है। यदि वृष्टि होनेकी आशङ्का हो, तो आंटियोंको कोणाकारमें बाहर जमा कर रखना चाहिये। पोछे मोगरी या मूसलसे डंठलको चूर चूर करना पड़ता है। तब परिष्कार कर बन्डलमें बांधकर रख छोड़ते हैं। यह बम्बई हो कर विलायत भेजा जाता है। देशो लपकोंने अभी इसका व्यवसाय आरम्भ नहीं किया है।

मध्यभारतमें तीसीका पौधा एक फुटसे अधिक ऊंचा नहीं होता है, किन्तु तोसो बहुत ज्यादे निकलती है। इस देशमें यह प्रायः रब्बी आदिके साथ बोई जाती है। बरारमें भो ऐसा हो है। इन दो स्थानोंमें कहीं भो सूत नहीं होता है।

सिन्धुप्रदेशको उत्तरी सीमामें तोसोसे सूत तैयार होता है, जमींदार लोग इसको रस्सो बनवाते हैं। सिन्धुके और किसो भागमें तोसोको खेतीका नाम भो नहीं है। बम्बईमें बीजसे केवल तेल निकाला जाता है, सूत कहीं भो तैयार नहीं होता। मन्द्राजमें भी यही हाल है। बङ्गालमें यदि यत्न किया जाय तो सूतेसे रस्सो, चटाई आदि बन सकती हैं। कलकत्ते के निकट गङ्गाके दूसरे किनारे कलसे एक समय तोसोके सूतका थान और विपालका बहुत बढ़ियां कपड़ा तैयार हुआ था।

भारतमें अभो सब जगह तीसीका बीज संग्रहीत होता है। पौधा या तो मवेशीको खिलाया जाता या जला दिया जाता है। यदि यह बरबाद न किया जाय, वरं आंटियोंको सुखा कर कागजको कलमें भेजा जाय, तो दोनोंके लिये विशेष लाभ हो।

तीसीका व्यवसाय—भारतवर्षमें तोसीका कितना खर्च है, वह ठीक ठीक जाना नहीं जाता। इस देशमें तोसोको सुन्दर कल कहीं भी देखनेमें नहीं आती है। इसको पका कर गाढ़ा करके एक प्रकारका वारनिश भो बनता है। धनो लोगोंके घरमें किवाड़ तथा झरोखेमें जो सब्ज रंग देखा जाता है, वह यही वारनिश है। प्रति वर्ष कई सौ मन बोज विदेशमें भेजे जाते हैं।

तीसीका व्यवहार। यदि प्रस्तुत कर सके तो इसके रेशेसे रस्सो, चटाई, विपाल, पाल आदि बन सकते हैं। यदि सूत निकाल न सके तो इसके पौधोंको सुखा कर कागजकी कलमें भेज देनेसे बहुत लाभ होता है। लिथोके छापेकी स्याही, रंगसाजी तथा वारनिशके सिवा इसके तेलसे नकल-इण्डिया-रबर और नरम साबुन बनता है। तेल विशुद्ध होने पर ये सब चीजें अच्छी बनती हैं। किन्तु भारतमें मिश्रित तेल हो अधिक है।

तीसी औषधके काममें भो आती है। इसको खरो-को पीस कर उसको पुलटिस बांधनेसे सूजन बैठ जाती है या कच्चा फोड़ा शीघ्र पक कर बह जाता है। दर्द भी कम जाता है। मूत्र-श्वास-रोगमें भी यह काममें आती है। मेह और मूत्ररोग तथा लिङ्गयन्त्रकी पीड़ामें भी यह बहुत उपकारी है। दातव्य चिकित्सालयोंमें तीसीको जलमें सिद्ध कर उसे मेहरोगीको सेवन कराते हैं। बीजके चूर्णको चीनीके साथ मिला कर खानेसे मेहरोग शान्त होता तथा कामाग्नि बढ़ती है। लड्डूमें भी यह तिलको नाईं मिलाई जाती है। इस देशमें तेल कम होता है। इसलिये खरी भी कम होती है। किन्तु रूसियामें परोक्षा कर देखा गया है, कि खरी गौको खिलानेसे उसके दूधमें मक्खन अधिक होता है।

तु (सं॰ अव्य॰) १ निरर्थक पादपूरण। २ भेद। ३ अवधारण ४ समुच्चय। ५ पक्षान्तर। ६ नियोग। ७ प्रशंसा। ८ निग्रह। ९ सम्पर्क। १० किन्तु। ११ आधिक्य।

तुंजाल (हिं॰ पु॰) फुंदने लगे हुए एक प्रकारका जाल। यह मक्खी आदिसे बचनेके लिये घोड़ोंके ऊपर डाला जाता है।

गुँदेला (हिं० वि०) मटमैला, गन्दे दिखनेवाला, मैला-कुचैला।

गुइँड़ (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका छोटा पेड़। इसकी लकड़ियाँ मकानोंमें लगती हैं और खूँटे, मेज और किवाड़ आदि बनाए जाते हैं। इसकी पत्ती भी चारेके काम आती है।

गुआ (हिं० पु०) सुपारी, चिकनी।

गुई (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी बेल जो बरसात पर बहुत फैलती है।

गुफ् (सं० पु०) गुफ क्विप्। ग्रथन, गुम्फन।

गुफ (हिं० स्त्री०) १ किसी पद या श्लोकका कोई खण्ड, कड़ी। २ वह पत्थर जो किसी पहाड़के धंसमें रहता है। ३ कबूतरोंके, परोंके दोनों भागोंके अन्तिम पत्तोंका [illegible] चिह्न।

गुफगोविन्द—एक प्राचीन हिन्दू ज्योतिर्विद्।

गुफन्दी (हिं० स्त्री०) १ गहरे कविता करनेकी क्रिया। २ लिखा पद जिसमें काव्यके गुण न हो, तुकबन्दी।

गुफना (फा० पु०) बूँदी कतरनेका फंदा।

गुफान (हिं० स्त्री०) कनकटुमाग, काठिया।

गुफा (अ० पु०) किसी पहाड़का खोह, सब ओर सिमटी हुई जगह जहाँसे हवा भी आ सके।

गुफागीरी (सं० स्त्री०) गुफागीरी पृषोदरादित्वात् साधुः। मंदगोचन।

गुफार (हिं० स्त्री०) अधिक मनबहलाव, 'गु' का प्रयोग जो उच्चारणजनक समझा जाता है।

गुफारना (हिं० क्रि०) अधिक सम्बोधन करना, गु गु करके पुकारना।

गुफाराम—महाराष्ट्र देशके एक प्रसिद्ध अखबारि। भारत वर्षमें अवस्थित तमाम महापुरुषोंकी जन्मभूमि है। प्रति कुटी और ईंट ईंटमें अध्यात्म महापुरुष अद्भुत कार्य कर दिखा गये हैं। कोई ध्रुव, कोई धाम, कोई कैलास, इत्यादि बहुतसी धारा-प्रदेश-वासियोंका बहुत स्वतन्त्र भावना कर गये हैं। यदि उन्होंके अन्तःकरण मनोभाव जानने पर पहुँचना तब पड़ी वह भावनामें अनुकरणीय है। इसलिए हिन्दू धार्मिक भावनाओंमें धर्म-कार्यीन्द्रिय प्रवृत्तियोंका समावेश नहीं है। जिन्होंने गुफाराम, समुद्र राजराज, साक्षात् जिन्होंने मस्त प्रदेशोंमें गुफाराम उनके भारत के हृदयमें विराजित हैं। जिन्दुस्तानके ऐसे कोई जिन्दू कलाम नहीं है, जिसने गुफारामके अविस्मरणीय न सुना हो। बाजवाले, महारानी, दासी इत्यादि कोई ज्ञान नहीं, जहाँ गुफारामकी कविता न सुनी जाती हो। गुफारामने ब्रजभाषामें और ज्ञान दिया है, गुफारामने भी महाराष्ट्रमें भी प्रेम और गौरव प्राप्त किया है। ये महात्मापुरुष अपने अन्त मृत्युके पहले या ईश्वरकृपा होनेके बाद कविताओंमें हुए हैं। इनके बहुत-से अभंग भाषामें प्रसिद्ध हैं। ये सब अभंग महाराष्ट्र जातिके हृदयके भूषण हैं। शिवाजीके जैसा राजचक्रवर्ती सम्राट् तक इनके अभंग को आदरसे गाते और सुनते थे। बहुतसे भक्त मन्दिरमें एक दो बार गाकर या लोगोंको अपने घरमें सुनाया जाता है।

महाराष्ट्रकी राजधानी पूनासे आठ कोस उत्तर-पश्चिममें इन्द्रायणीके तट पर एक छोटा गाँव है। इसके निकट देहू नामका एक गाँव अवस्थित है। इस गाँवमें "मोरे" उपाधिधारी शूद्र जातिका एक महाराष्ट्र परिवार वास करता था। वाणिज्य ही उनका प्रधान व्यवसाय था। वह वंश उत्तम धर्मपरायण था। गुफारामके पूर्वपुरुष अति और इस गाँवमें तब बहुत पहलेसे रहते थे। गुफारामके जन्मसे बहुत पहलेका यह विवरण था। ये वाणिज्य व्यवसायी थे किन्तु साधारण वणिक् की भाँति धनलोभी न थे। अब कभी अतिथि और अभ्यागतोंमें कुछ खाने को आता, तो वे बहुत दीनोंके घर जा दिया करते थे और उनकी अवस्थाके बाद दिन भर बहुत आनन्दसे सहायता करते थे।

विठ्ठलरूपी विष्णुभगवान्‌की पूजा करना इस वंशकी कौलिक प्रथा थी। उन्होंके अनुसार प्रत्येक महाराष्ट्रों को वे पाण्डुरङ्ग विठ्ठल विठोबा ही बड़ी पूजा करते थे। किन्तु [illegible] कि विठोबा देव भक्ति मानिन्द [illegible] भक्त। ये गुफाराम अतिशय [illegible] कहते कोई भाग [illegible] बुलाते थे।

मुझे पाओगे।" इसके बाद विश्वम्भरने जैसी मूर्ति स्वप्नमें देखी थी ठीक वैसी ही एक विठोवाकी मूर्ति आम्र-काननमें देखी। देहुके पास ही इन्द्रायणीके तीर पर उन्होंने मन्दिर बनवा कर उसमें उस मूर्तिकी स्थापना की और आप स्वयं ही उनकी पूजार्चनामें नियुक्त हो गये। ये बहुत ही धर्मपरायण थे, इसीसे उन्होंने तुकाराम जैसे वंशके गौरव बढ़ानेवाले पुत्रको प्राप्त किया था।

तुकारामका जन्म १६०७ ई०में हुआ था। इनके पिताका नाम बोल्लावा और माताका नाम कनकाङ्गी था। बोल्लावा सद्गुणोंसे विभूषित थे और कनकाङ्गी अत्यन्त पतिपरायणा थी। इनके प्रथम पुत्रका नाम शान्तजी था। तुकाराम पिताके द्वितीय पुत्र थे। कनकाङ्गी जब गर्भवती हुई, तब संसारके प्रति उनका अत्यन्त विराग उत्पन्न हुआ था और वे सर्वदा निर्जन स्थानमें बैठकर हरिनाम जपा करती थी। वे पहलेसे ही जानती थी कि उनका पुत्र (तुकाराम) एक भक्तशिरोमणि होगा। तुकारामके बाद भी कनकाङ्गीके एक पुत्र और एक कन्या उत्पन्न हुई थी। तुकारामके पिता इधर जैसे पुत्रकन्यासे सम्पन्न थे, वैसे ही उनके धनसम्पद्‌की भी कमी न थी। अवस्था उन्नत होनेसे ही प्रायः सभी भगवान्‌का नाम भूल जाया करते हैं, किन्तु बोल्लावा और कनकाङ्गी ये दोनों उस प्रकृतिके मनुष्य नहीं थे। सांसारिक सब प्रकारके सुखोंको प्राप्त करने पर भी वे भगवान्‌की चर्चा न भूलते थे। यथासमय पुत्रकन्याका विवाह हुआ, किन्तु धन जन-पुत्र प्रभृति होनेपर भी उन्हें अहंकारने छुआ तक न था। ज्येष्ठ पुत्र शान्तजीके वयःप्राप्त होने पर उनके ऊपर संसारका भार अर्पण कर उन्होंने निर्विघ्न-चित्तसे भगवान्‌की आराधनामें जीवन व्यतीत करनेका सङ्कल्प किया और तदनुसार ज्येष्ठ पुत्र शान्तजीको गृहस्थीका भार ग्रहण करनेके लिये अनुरोध किया; किन्तु शान्तजी बाल्यकालसे ही विरक्त थे। सुतरां उन्होंने इस भारको लेना स्वीकार न किया। तब बोल्लावाने मध्यमपुत्र तुकारामसे कहा। पिताकी आज्ञा शिरोधार्य कर तुकारामने तेरह वर्षकी अवस्थामें गृहस्थीका गुरुतर भार अपने ऊपर ले लिया।

तुकारामके दो विवाह हुए थे। उनकी पहली स्त्रीका नाम रुकावाई और दूसरीका अवलाई था। अवलाई साधारणतः जीजोवाई या जीजाई नामसे प्रसिद्ध थीं। पहली स्त्री कामरोगग्रस्त थी, इसीसे उन्होंने दूसरा विवाह किया था; इनकी दोनों स्त्रियोंमें छोटीके ऊपर ही गृहस्थीका भार था। तुकारामने यद्यपि थोड़ी ही अवस्थामें संसारका गुरुतर भार ग्रहण किया था तो भी वे इस गुरुतरभारको वहन करनेमें अकृतकार्य न हुए थे, वरन् वे अत्यन्त दक्षताके साथ गार्हस्थिक कर्त्तव्योंका सम्पादन करने लगे।

कौलिक-वाणिज्य व्यवसायमें उनकी विशेष प्रतिष्ठा हुई एवं थोड़े ही दिनोंमें उन्होंने बहुतसे धनाढ्य वणिकोंके विश्वासभाजन होकर यथेष्ट अर्थ उपार्जन किया। तुकारामके सौभाग्य-लक्षण सब विषयोंमें ही दिखाई देने लगे। मनुष्यकी अवस्था सब दिन एकसी नहीं रहती। प्रायः सुखके बाद दुःख आ कर अपना स्थान अधिकार कर लिया करता है। तुकारामकी भी यह सुखकी अवस्था अधिक दिन तक न रही। सत्रह वर्षकी अवस्थामें इन्हें पहले पिताका और फिर माताका वियोग-दुःख सहना पड़ा।

तुकाराम माता-पिताके वियोगसे बिलकुल अधीर हो उठे। इसी शोकने संसार बन्धनके समस्त मलको अपनीत कर तुकारामके चित्तकी निर्मलता सम्पादन किया। भगवद्भक्ति और वैराग्य तुकाराममें पुरुषानुक्रमसे वर्तमान था; किन्तु सम्पद, माता पिताके स्नेह, विषयानुरक्ति और संसारके भारने एकत्र हो कर इतने दिन उन्हें आध्यात्मिक उन्नति साधनमें अवसर प्रदान नहीं किया। दुःख किसे कहते हैं, तुकारामने इसे एक दिन भी अनुभव नहीं किया। इतने दिन संसार उनके निकट सुखमय था; किन्तु माता पिताकी मृत्युसे उनका ज्ञान-चक्षु उन्मीलित हो उठा। संसार अनित्य है, दुःख अवश्यम्भावी है यह वे अच्छी तरह जान गये। तुकाराममें तेरह वर्षमें ही संसारका भार ग्रहण किया था; सही किन्तु जबतक माता पिता जीवित रहे, तब तक यह भार इतना गुरुतर नहीं मालूम होता था; परन्तु अब यह भार उनके लिये

तुंदैला (हिं० वि०) लम्बोदर, बड़े पेटवाला, तोंदवाला।

तुबड़ी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका छोटा पेड़। इसकी लकड़ी मकानोंमें लगती है जो सफेद, नर्म और चिकनी मालूम पड़ती है। मवेशी इसके पत्ते बड़े चावसे खाते हैं।

तुपर (हिं० पु०) अरहर, आढ़की।

तुई (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी बेल जो कपड़े पर बुनी हुई रहती है।

तुक् (सं० पु०) तुज-क्विप्। अपत्य, सन्तान।

तुक (हिं० स्त्री०) १ किसी पद्य या गीतका कोई खण्ड, कड़ी। २ वह अक्षर जो किसी पद्यके अंतमें रहता है। ३ अक्षरमैत्री, पद्यके दोनों चरणोंके अन्तिम अक्षरोंका परस्पर मेल।

तुकज्योतिर्विंद्—एक प्राचीन हिन्दू ज्योतिर्विंद्।

तुकबंदी (हिं० स्त्री०) १ भद्दी कविता करनेकी क्रिया। २ ऐसा पद्य जिसमें काव्यके गुण न हों, भद्दापद्य।

तुकमा (फा० पु०) घुंडी फसानेका फंदा।

तुकान्त (हिं० स्त्री०) अन्त्यानुप्रास, काफिया।

तुका (फा० पु०) बिना गांसीका तीर, वह तीर जिसमें गांसीकी जगह घुंडीसी बनी हो।

तुकाखीरी (सं० स्त्री०) तुगाखीरी पृषोदरादित्वात् साधुः। वंशलोचन।

तुकार (हिं० स्त्री०) अशिष्ट सम्बोधन, 'तू' का प्रयोग जो अपमान-जनक समझा जाता है।

तुकारना (हिं० क्रि०) अशिष्ट सम्बोधन करना, तू तू करके पुकारना।

तुकाराम—महाराष्ट्र देशके एक प्रसिद्ध भक्त कवि। भारतवर्ष धर्मक्षेत्र तथा महापुरुषोंकी लीलाभूमि है। प्रति युगमें और देश देशमें भगवद्भक्त महापुरुष जन्मग्रहण करके इस देशका गौरव बढ़ाते हैं। कोई भक्ति, कोई ज्ञान, कोई वैराग्य, इत्यादि सद्गुणों द्वारा स्वदेशवासियोंका बहुत उपकार साधन कर गये हैं। वैदिक मन्त्रोंसे लगाकर वर्तमान समयके धर्मसङ्गीत तक सभी धर्मभावमें अनुप्राणित हैं। हमारे देशकी आधुनिक भाषाओंमें धर्म-भावोद्दीपक पदावलियोंका अभाव नहीं है। हिन्दीमें तुलसीदास, बङ्गलामें रामप्रसाद, तामिलमें तिरुवल्लुवर तथा मराठीमें तुकाराम प्रत्येक नरनारीके हृदयमें विराजित हैं। हिन्दुस्तानमें ऐसी कोई हिन्दू-सन्तान नहीं है, जिसने तुलसीदासके कवित्तोंको न सुना हो। राजपथमें, नगरमें, ग्राममें ऐसा कोई स्थान नहीं, जहां तुलसीदासकी कविता न सुनी जाती हो। तुलसीदासने युक्तप्रान्तमें जैसा स्थान पाया है, तुकारामने भी महाराष्ट्रदेशमें भी वैसा ही गौरवका आसन प्राप्त किया है। ये भक्तमहापुरुष अपनी जन्मभूमिमें देवांश या देवानुग्रहीतके समान प्रतिष्ठाभाजन हुए हैं। इनके समस्त पद अभङ्ग नामसे परिचित हैं। ये सब अभङ्ग महाराष्ट्र जातिके हृदयके रामस्वरूप हैं। भिक्षुकसे लेकर राजचक्रवर्ती सम्राट् तक इनके अभङ्गको आदरसे गाते और सुनते हैं। वस्तुतसे धर्म मन्दिरमें यह देवीमाहात्म्य या गीताकी नाईं आदरसे पढ़ा जाता है।

महाराष्ट्रकी राजधानी पूनासे आठ कोस पश्चिमोत्तरमें इन्द्रायणी नामक एक छोटी नदी है। इसके किनारे देहु नामका एक ग्राम अवस्थित है। इस ग्राममें "मोरे" उपाधिधारी शूद्र जातिका एक महाराष्ट्र-परिवार वास करता था। वाणिज्य ही उनका प्रधान व्यवसाय था। यह वंश अत्यन्त धर्मपरायण था। तुकारामके पूर्वपुरुष भक्ति और वैराग्यमें उस समय सबसे श्रेष्ठ थे। तुकारामके ऊर्ध्व सप्तम पुरुषका नाम विश्वम्भर था। ये वाणिज्य-व्यवसायी थे किन्तु साधारण वणिक्की नाईं अन्यायाचारी न थे। जब कभी अतिथि और संन्यासीसे मुलाकात हो जाती, तो ये बहुत यत्नसे उनकी सेवा करते थे और रातको भक्तवृन्दोंके साथ मिल कर बहुत आनन्दसे सङ्कीर्तन करते थे।

पण्ढरपुरके विठोवादेवकी पूजा करना इस लोगोंकी कौलिक रीति थी। उसीके अनुसार प्रत्येक एकादशीको वे पण्ढरपुर जाकर विठोवा देवकी पूजा करते थे। किन्तु एक दिन उन्होंने स्वप्नमें देखा कि विठोवा देव स्वयं उपस्थित होकर उनसे कह रहे हैं कि "वत्स! मैं तुम्हारी भक्तिसे बहुत प्रसन्न हुआ हूं, अब तुम्हें पण्ढरपुर आनेकी कोई आवश्यकता नहीं। तुम अपने ग्राम देहुमें ही

सुभे पाओगे।" इसके बाद विश्वम्भरने जैसी मूर्ति स्वप्नमें देखी थी ठीक वैसी ही एक विठोवाकी मूर्ति आम्र-काननमें देखी। देहुके पास ही इन्द्रायणीके तीर पर उन्होंने मन्दिर बनवा कर उसमें उस मूर्तिकी स्थापना की और आप स्वयं ही उनकी पूजाचर्नामें नियुक्त हो गये। ये बहुत ही धर्मपरायण थे, इसीसे उन्होंने तुकाराम जैसे वंशके गौरव बढ़ानेवाले पुत्रको प्राप्त किया था।

तुकारामका जन्म १६०७ ई०में हुआ था। इनके पिताका नाम बोल्हावा और माताका नाम कनकाङ्ग था। बोल्हावा सद्गुणोंसे विभूषित थे और कनकाङ्ग अत्यन्त पतिपरायणा थी। इनके प्रथम पुत्रका नाम शान्तजी था। तुकाराम पिताके द्वितीय पुत्र थे। कनकाङ्ग जब गर्भवती हुई, तब संसारके प्रति उनका अत्यन्त विराग उत्पन्न हुआ था और वे सर्वदा निर्जन स्थानमें बैठकर हरिनाम जपा करती थी। वे पहलेसे ही जानती थी कि उनका पुत्र (तुकाराम) एक भक्तशिरोमणि होगा। तुकारामके बाद भी कनकाङ्गके एक पुत्र और एक कन्या उत्पन्न हुई थी। तुकारामके पिता इधर जैसे पुत्रकन्यासे सम्पन्न थे, वैसे ही उनके धनसम्पद्की भी कमी न थी। अवस्था उन्नत होनेसे ही प्रायः सभी भगवान्का नाम भूल जाया करते हैं, किन्तु बोल्हावा और कनकाङ्ग ये दोनों उस प्रकृतिके मनुष्य नहीं थे। सांसारिक सब प्रकारके सुखोंको प्राप्त करने पर भी वे भगवान्की चर्चा न भूलते थे। यथासमय पुत्रकन्याका विवाह हुआ, किन्तु धन जन-पुत्र प्रभृति होनेपर भी उन्हें अहंकारने छुआ तक न था। ज्येष्ठ पुत्र शान्तजीके वयःप्राप्त होने पर उनके ऊपर संसारका भार अर्पण कर उन्होंने निर्विघ्न-चित्तसे भगवन्की आराधनामें जीवन व्यतीत करनेका सङ्कल्प किया और तदनुसार ज्येष्ठ पुत्र शान्तजीको गृहस्थीका भार ग्रहण करनेके लिये अनुरोध किया; किन्तु शान्तजी बाल्यकालसे ही विरक्त थे। सुतरां उन्होंने इस भारको लेना स्वीकार न किया। तब बोल्हावाने मध्यमपुत्र तुकारामसे कहा। पिताकी आज्ञा शिरोधार्य कर तुकारामने तेरह वर्षकी अवस्थामें गृहस्थीका गुरुतर भार अपने ऊपर ले लिया।

तुकारामके दो विवाह हुए थे। उनकी पहली स्त्रीका नाम रुक्माबाई और दूसरीका अवलाबाई था। अवलाबाई साधारणतः जीजीबाई या जीजाई नामसे प्रसिद्ध थीं। पहली स्त्री कासरोगग्रस्त थी, इसीसे उन्होंने दूसरा विवाह किया था; इनकी दोनों स्त्रियोंमें छोटीके ऊपर ही गृहस्थीका भार था। तुकारामने यद्यपि थोड़ी ही अवस्थामें संसारका गुरुतर भार ग्रहण किया था तो भी वे इस गुरुतरभारको वहन करनेमें अकृतकार्य न हुए थे, वरन् वे अत्यन्त दक्षताके साथ गार्हस्थिक कर्त्तव्योंका सम्पादन करने लगे।

कौलिक-वाणिज्य व्यवसायमें उनकी विशेष प्रतिष्ठा हुई एवं थोड़े ही दिनोंमें उन्होंने बहुतसे धनाढ्य वणिकोंके विश्वासभाजन होकर यथेष्ट अर्थ उपार्जन किया। तुकारामके सौभाग्य-लक्षण सब विषयोंमें ही दिखाई देने लगे। मनुष्यकी अवस्था सब दिन एकसी नहीं रहती। प्रायः सुखके बाद दुःख आ कर अपना स्थान अधिकार कर लिया करता है। तुकारामकी भी यह सुखकी अवस्था अधिक दिन तक न रही। सतह वर्षकी अवस्थामें इन्हें पहले पिताका और फिर माताका वियोग-दुःख सहना पड़ा।

तुकाराम माता-पिताके वियोगसे बिलकुल अधीर हो उठे। इसी शोकने संसार बन्धनके समस्त मलको अपनीत कर तुकारामके चित्तकी निर्मलता सम्पादन किया। भगवद्भक्ति और वैराग्य तुकाराममें पुरुषानुक्रमसे वर्त्तमान था; किन्तु सम्पद. माता पिताके स्नेह, विषयानुरक्ति और संसारके भारने एकत्र हो कर इतने दिन उन्हें आध्यात्मिक उन्नति साधनमें अवसर प्रदान नहीं किया। दुःख किसे कहते हैं, तुकारामने इसे एक दिन भी अनुभव नहीं किया। इतने दिन संसार उनके निकट सुखमय था; किन्तु माता पिताकी मृत्युसे उनका ज्ञान-चक्षु उन्मीलित हो उठा। संसार अनित्य है, दुःख अवश्यम्भावी है यह वे अच्छी तरह जान गये। तुकारामने तेरह वर्षसे ही संसारका भार ग्रहण किया था; सही किन्तु जबतक माता पिता जीवित रहे, तब तक यह भार इतना गुरुतर नहीं मालूम होता था; परन्तु अब यह भार उनके लिये

अत्यन्त कष्टदायक मालूम पड़ने लगा। अविलम्ब अनतिक्रमणीय है, यह सोच कर वे सांसारिक कार्य करनेमें यत्नवान् हुए। दुःखके बाद दुःख आता है, इस समय एक दूसरी दुर्घटनाने उन्हें घोर विपद्‌में डाल दिया। इस समय इनके बड़े भाईकी स्त्रीका परलोकवास हो गया। शान्तजी एक तो सब विषयोंसे उदासीन थे ही, दूसरे माता पिताकी मृत्युसे उनकी उदासीनता और ज्यादा बढ़ गई। अब स्त्रीके मर जाने पर अपनेको संसारके सब बन्धनसे मुक्त समझ कर उन्होंने तीर्थ-पर्यटन और धर्म-चर्चाके लिये घर छोड़ दिया।

इस समय तुकारामकी उम्र अठारह वर्षकी थी। तुकाराम जिस कार्यके लिये इस पृथिवी पर आये हुए थे, क्रमशः उनका वह पथ उन्मुक्त होने लगा।

भ्रातृजायाकी मृत्यु और ज्येष्ठ भ्राताके गृहत्यागसे भगवद्भक्ति तुकारामके हृदयमें जागरित हो गई और वे क्रमशः भगवत्‌प्रेममें निमग्न होने लगे तथा संसारके प्रति क्रमशः उनकी उदासीनता झलकने लगी। व्यवसायके प्रति ध्यान नहीं रहनेसे वाणिज्यमें उन्हें बहुत घाटा लगा। तुकारामका धन क्रमशः नाश होने लगा। व्यवसाय-वाणिज्य चलानेमें आदान प्रदान विशेष आवश्यक है; किन्तु इसे क्राम होते देख व्यवसायिगण तुकारामके साथ आदान-प्रदान बंद करने लगे; परन्तु तुकाराम जितने रुपये पाते थे, वे इन्हें व्यवसायमें उदास देख कर ऋण-परिशोधमें विलम्ब करने लगे। सुतरां दिनों दिन तुकारामकी अवनति होने लगी। सांसारिक व्यय जैसाका तैसा बना रहा, आयका पथ क्रमशः घटने लगा। तुकाराम अत्यन्त विपद्‌में पड़ गये। पूर्वकी अवस्थाको पलटानेको इन्होंने सैकड़ों यत्न किये; लेकिन वे सफलता प्राप्त न कर सके। उनका हृदय जिस भगवद्‌भक्तिसे पूर्ण था, वह क्रमशः बढ़ने लगा। इस समय तुकारामने पहलेकी नाईं महाजनी व्यवसायमें उन्नतिकी सम्भावना न देख कर एक साधारण दाल-चावलकी दूकान खोली। इस समय तुकाराम जहां बैठते थे, वहीं हरि-कीर्तन करते थे।

ग्राहकके आने पर वे सोचते थे कि उन्हें द्रव्य कम देनेसे अधर्म होगा, यह सोच कर ग्राहकको इच्छाके अनुसार द्रव्यादि देते थे। इस व्यवसायमें लाभकी बात तो दूर रही, असलमें भी बहुत घाटा हुआ। जब इन्होंने देखा कि दूकानदारीमें कोई लाभ नहीं; तो वे एक नवीन व्यवसायमें प्रवृत्त हुए। किन्तु उसमें भी उन्हें सुविधा न हुई। इस समय चारों ओरसे इनकी निन्दा होने लगी। एक तो सांसारिक कष्ट और दूसरे चारों ओरसे आत्मीय स्वजनोंके कटुवचनकी बौछार; वे अधीर हो उठे। कोई कहता कि तुकाराम अत्यन्त निर्बोध है; कोई कहता कि तुकाराम अकर्मण्य और व्यवसाय-कार्यमें नितान्त मूर्ख है। इन्हीं कारणोंसे तुकारामका मन अत्यन्त चञ्चल हो उठा। अनेक चेष्टा करने पर भी वे अपने मनको संसारके प्रति आकृष्ट कर न सके। उनका हृदय जिस भावसे पूर्ण हो गया था, उसके वेगको दमन करना असाध्य था। तुकाराम काम-काज तो करते थे; किन्तु उनका अन्तःकरण सर्वदा हरिभक्तिमें रहा करता था। धीरे धीरे तुकारामका समस्त मूलधन जाता रहा। इस समय उनके अत्यन्त सांसारिक कष्ट उपस्थित हुआ।

तुकाराम इस कष्टको निवारण करनेके लिए फिर भी *व्यवसाय कार्यमें प्रवृत्त हुए।* किन्तु अब उनके पास मूलधन कुछ भी न बचा था। तब वे भार ढोनेवाले बैलकी पीठ पर धान लाद कर गांव गांव बेचने लगे। रात दिनके परिश्रमसे, आहार-निद्रा समय पर न होनेसे, शीत ग्रीष्मसे किसीसे भी वे विचलित न हुए; किन्तु इस कार्यमें भी उन्हें लाभ न हुआ। उनका दुःख जितना ही अधिक बढ़ने लगा, उतना ही वे विठोबाके चरणमें आत्मसमर्पण करने लगे। इस समय तुकारामका अलङ्कार इत्यादि जो कुछ था, वह धीरे धीरे निःशेष होने लगा। तब प्रतिवासी वणिक् आ कर उनका कागज पत्र देखने लगे। बाद उन्होंने अनुमान किया कि तुकारामकी रक्षाका अब कोई उपाय नहीं है; तुकाराम दिवालिया हो गये। व्यवसायीके लिए दिवाला निकलने और निन्दा फैलनेसे बढ़ कर और कोई कष्ट नहीं। यह सम्वाद सब जगह बिजलीकी तरह फैल गया। सब महाजनोंने आ कर उनका दरवाजा घेर लिया। इसी समय तुकाराम पर बड़ी भारी विपत्ति थी, वे बिलकुल हतबुद्धि हो गये। तब उनके आत्मीयस्वजनोंमेंसे किसीने अर्थसे सहायता

दे कर और किसीने ज़मानत दे कर तुकारामको इस विपत्तिसे रक्षा की। तुकारामके बन्धुवान्धवोंकी ऐसी धारणा थी कि विठोबाकी भक्ति ही उनकी अवनतिका कारण है। एक दिन कई बन्धुओंने तुकारामसे कहा,–"तुम विठोबाकी भक्ति छोड़ कर सांसारिक कार्यमें लग जाओ, इस संसारमें विठोबाकी भक्ति करके किसने उन्नति प्राप्त की है?" इस तरह तुकाराम चारों ओरसे तिरस्कृत होने लगे। घरमें अवलाईकी भी यही धारणा थी, वे भी सर्वदा कहती थीं कि विठोबा-भक्तिसे ही हम लोगोंकी अवनति हुई है। घरमें स्त्री, बाहरमें बन्धुबान्धव सभी उनको उत्यक्त करने लगे। इधर गृहस्थीका दारुण कष्ट था, उधर इन लोगोंका झंझट; तुकाराम सभीकी बातें सह लेते थे। वे विठोबाके प्रेममें निमग्न रहते, इसीसे सांसारिक दुःख उन्हें उतना कष्टकर नहीं मालूम पड़ता था। लोगोंकी ताड़नासे, स्त्रीकी भर्त्सनासे उनका भगवद्प्रेम और भी अधिक बढ़ता जाता था।

वणिकोंके लिए व्यवसायके सिवा जीविका-निर्वाहका कोई दूसरा उपाय नहीं है। सुतरां तुकारामने इस बार अन्तिम उद्यमका बीड़ा उठाया। उनके पास जो कुछ पूंजी बची थी, उसीसे उन्होंने लालमिर्च खरीदी और उसे बेचनेके लिए कोङ्कणदेश गये। यद्यपि वे नये द्रव्यको ले कर भिन्न देशमें गए थे, तोभी उनके व्यवसायकी रीति पूर्ववत् थी। नूतन व्यवसायीको देख कर झुंडके झुंड ग्राहक आने लगे और मूल्य दे कर इच्छानुसार सौदा खरीदने लगे। बहुतोंने उधार भी लिया। इस तरह थोड़े ही दिनोंमें लाभकी बात तो दूर रही, मूलधन भी गायब हो गया। मिर्च बेच कर जो उनके पास बचा, उसे ले कर स्वदेशको लौटे। किन्तु दैवकी ऐसी विडम्बना हुई कि रास्तेमें आते समय वे एक ठगके छलभन्दमें फंस गये। वह ठग उन्हें बहुतसे कृत्रिम सुवर्णालङ्कार दे कर इनकी सब पूंजी ले नौ दो ग्यारह हो गया। तुकाराम घर आ कर इस दुर्दशाके कारण आत्मीय स्वजनोंके निकट बड़े लाञ्छित हुए।

इधर घर-गृहस्थीके कष्टने भी अपना पूरा रंग दिखाया; उनकी स्त्रीने देखा कि स्वामी सर्वस्वान्त हो गये, उनके ऊपर लोगोंका विश्वास जाता रहा, अब किसीसे कर्ज मिलना दुर्लभ है। अवलाई सम्पत्तिपन्न गृहस्थकी लड़की थी, उसके ऊपर बहुतोंका विश्वास था। उसने २००) रु० कर्ज ले कर स्वामीको दिये और बहुत समझा-बूझा कर व्यवसाय करनेके लिये कहा। तुकाराम रुपये लेकर व्यवसायके लिए बालाघाट नामक स्थानमें गये। इस बार खरीद-बेचकर उन्हें एक-चतुर्थांश लाभ हुआ। घर लौटते समय तुकारामने देखा कि राजानुचरगण एक ब्राह्मणको ऋण न चुका सकनेके कारण बांध कर ले जा रहे हैं, उसकी स्त्री भी रोती हुई उसके पीछे जा रही है। ब्राह्मणने ऋण परिशोधके लिये १२ वर्ष तक क्रमागत भीख मांगी; किन्तु वह कुछ संग्रह न कर सका। ब्राह्मणकी ऐसी दुर्दशा देख कर तुकारामका हृदय दयासे पिघल गया। उन्होंने अपना व्यवसायसे प्राप्त सब द्रव्य ब्राह्मणको देकर उसे उसी समय ऋण-मुक्त किया तथा ब्राह्मणके चौरकार्य और दानकी दक्षिणामें दश ब्राह्मणोंको भोजन कराया। इस बार तुकारामकी बची-खुची सब पूंजी खतम हो गई।

तुकारामके घर आनेसे पहले ही यह संवाद चारों ओर फैल गया और सब उन्हें पागल समझने लगे। अवलाई दरिद्रताकी पीड़ासे कठोरस्वभावा हो गई थी। स्वामीके इस व्यवहारसे उसने अग्निमूर्त्ति धारण की। अब तुकारामका घरमें रहना भी कठिन हो गया। इसी समय दारुण दुर्भिक्ष भी उपस्थित हुआ; रुपयेमें दो सेर धान बिकने लगा। इस दुर्भिक्षमें तुकारामका परिवार वर्ग अन्नके अभावसे दारुण क्लेश भोगने लगा। जब तुकाराम पड़ोसियोंसे सहायता मांगने जाते, तो वे उन्हें अपमानके साथ भगा देते थे। कोई कोई तो उन्हें यह कह कर चिढ़ाते थे कि "अब तुम्हारा विट्ठल देवता कहां गया? विट्ठल-भक्तिका परिणाम देख चुके न!" ऐसे वचनोंसे तुकाराम बहुत ही मर्माहत होते थे; किन्तु उस समय दुर्भिक्षका प्रकोप बढ़ता ही जाता था, तुकारामकी बड़ी स्त्री तो पहलेसे ही कासरोगसे पीड़ित थी। अनाहार और क्लेशसे इस समय उसने इस लोकका परित्याग किया। उसकी मृत्युसे सभी तुकारामको धिक्कारने लगे। इसके कुछ दिन बाद तुकारामके बड़े पुत्र सन्तोजीका भी प्राणान्त हुआ। तुकाराम सन्तोजीपर

दायका अनिष्ट करते थे। पुत्रकी अकालमृत्युसे तुकारामके हृदय पर गहरी चोट पहुँची।

तुकारामका ज्ञान अब तक पूर्ण विकसित न हुआ था; किन्तु इस तरह बार बार विपत्तियोंके सहते रहनेसे वे अच्छी तरह समझ गये, कि इस संसाररूप अरण्यमें कहीं भी सुखका स्थान नहीं है। सांसारिक-सुख अलीक और भ्रान्तिमात्र है। पहली स्त्री और पुत्रकी मृत्युसे तुकारामका संसार-मोह इतने दिनों तक चलता था। तुकारामने सोचा, कि सांसारिक सुखकी आशासे जितनी ही चेष्टायें कीं। किन्तु कुछ फल न हुआ, वरन् दुःख ही बढ़ता गया। संसारका दुःख पर्वत-प्रमाण और सुख भ्रान्तिमात्र है। ऐसा विचार कर तुकाराम संसार-बन्धनको छिन्न कर देहूके निकटवर्त्ती भाम्बनाथ नामक पर्वत पर जा भगवदाराधनामें लीन हो गये। इस पर्वत पर पहुँच कर उन्होंने शान्ति-लाभके लिये सप्ताह-व्यापी अविश्राम आराधना और चिन्तनके बाद शान्ति-लाभ की।

तुकाराम जब भाम्बनाथ चले गये, तब उनके आत्मीय-स्वजन चारों ओर उनकी पर्यटन कर उसी स्थान पर आ पहुँचे। बार बार अनुरोध करने पर तुकाराम पर्वतसे उतर कर इन्द्रायणीके किनारे आये। सात दिनों तक उन्होंने कुछ खाया-पीया न था। भोजन करनेके बाद उन्होंने रोते हुए अपने भाईसे सांसारिक अवस्था कही। व्यवसायमें तुकारामकी समस्त सम्पत्ति नष्ट हो जाने पर भी इनके पिताने लोगोंको जो ऋण दिया था, वह उन्होंने पूर्णतया वसूल न किया था। भाईने रोते हुए इनसे कागजात मांगे। तुकारामने कागजात ला कर छोटे भाईसे कहा—'भाई अब वृथा आशा क्यों करते हो आज इन कागजातोंको इन्द्रायणीके जलमें फेंक दो।' इस पर भाईने कहा—"आप संसारत्यागी हैं, आपसे यह काम हो सकता है। किन्तु मुझे जब इस परिवार-वर्गका प्रतिपालन करना हो है तब मुझसे यह काम होना असम्भव है।" तुकारामने छोटे भाईकी इस बातको सुन कर उसका आधा अंश दे दिया और आधेको इन्द्रायणीके जलमें फेंकते हुए कहा,—'आजसे तुम निश्चिन्त हो जाओ, भिक्षासे ही मैं जीवन निर्वाह करूँगा।'

तुकारामको इस अवस्थामें देख लोग तरह तरहकी बातें उड़ाने लगे। कोई कहता था कि व्यवसायमें क्षतिग्रस्त हो कर तुकारामका मस्तिष्क विकृत हो गया है, कोई कहता था कि तुकारामने जीविकाके लिये यह साधु-भाव धारण किया है; इत्यादि किन्तु तुकारामके लिए निन्दा और स्तुति एक ही समान थी। वे इच्छानुसार नाना स्थानोंमें घूम-घूम कर धर्मचिन्तामें समय व्यतीत करते थे।

तुकारामके पूर्वपुरुष विश्वम्भरने देहूमें विठोबाके लिये जो मन्दिर निर्माण किया था, वह संस्कारके अभावसे भग्नप्राय: हो गया था। तुकारामने मन्दिर-संस्कार कराना चाहा। किन्तु इतना धन उनके पास नहीं जिससे उनका अभीष्ट सिद्ध हो; परन्तु साधु-उद्देश्यसे विरक्त होना इस भगवद्भक्तके लिये सुकठिन थे। तुकारामने अपने हाथसे मन्दिर-संस्कारका संकल्प किया एवं स्वयं मट्टी खोद कर मन्दिरनिर्माणका कार्य आरम्भ किया। भक्तिच्छा-प्रणोदित-कार्य कभी अपूर्ण नहीं रहता। क्रमशः प्रतिवासी इस कार्यमें सहायता देने लगे। तुकारामने आदिसे अन्त तक साधारण श्रमजीवियोंकी तरह मन्दिर निर्माणके कार्यमें परिश्रम किया तथा सर्वसाधारणकी सहायतासे मन्दिरकी प्रतिष्ठा कर दी। अब तो तुकाराम गाढ़-अनुरागसे विठोबाकी पूजा करने लगे और रामकीर्त्तनमें नियुक्त हुए। अन्यान्य भक्तगण अभिनव पद्यावली रचना कर विठोबाके चरणमें उपहार प्रदान करते थे; किन्तु तुकारामके इस तरहकी पद्यावली रचकर भेंट देनेकी यथेष्ट इच्छा रहने पर भी भक्ति ग्रन्थोंसे अभिज्ञता न होनेसे उनकी कामना पूर्ण न होती थी। इसलिये वे पूर्वतन साधु भक्तोंकी ग्रन्थावलीका मनोयोगके साथ पाठ करने लगे। महाराष्ट्र देशीय प्राचीन भक्त-कवि नामदेवके अभङ्ग, कबीरकी पद्यावली ज्ञानेश्वरकृत गीता-व्याख्या, अमृतानुभव नामक अध्यात्म-ग्रन्थ, योगवाशिष्ठ और श्रीमद्भागवत प्रभृति भक्ति-ग्रन्थोंका अनुशीलन करनेसे उनका हृदय और भी भक्तिसे परिपूर्ण हो गया। इनकी स्मरणशक्ति अत्यन्त तीक्ष्ण थी, इससे थोड़े ही समयमें वे उन ग्रन्थोंके तत्त्वावधारणमें समर्थ हुए। इस समय वे ध्यान, धारणा,

निदिध्यासन प्रभृतिमें अभ्यस्त होने लगे। इस तरह तुकारामका धर्मजीवन संगठित होने लगा।

तुकाराम देहूत लौट आनेके बाद ही साधु और सज्जनोंकी सेवामें नियुक्त हुए। जिस स्थान पर हरिसङ्कीर्तनके लिये १० मनुष्य एकत्र होते, उस स्थानको वे अपने हाथसे परिष्कार कर दिया करते थे, जिससे कि भक्तोंके चरणमें कठिन कङ्कड़ोंका आघात न लगे। जब सब कोई हरि-कथा श्रवणार्थ घरमें प्रवेश करते, तब वे उनके जूतोंकी रक्षा करते थे। दूसरेका उपकार और साधुओंकी सेवाके अतिरिक्त उनके जीवनका और दूसरा कोई लक्ष्य ही न था। तुकारामकी ऐसी अवस्था देख बहुतसे लोग उनसे व्यर्थ परिश्रम कराते थे। यह व्यवहार तुकारामकी स्त्री सहन न कर सकती थी, इस कारण वह सभीसे कलह करती थी। तुकारामके जीवनी लेखकोंने तुकारामकी स्त्रीका वर्णन करते समय उन्हें मुखड़ा प्रभृति कह कर दूषित किया है, किन्तु पर्यालोचना करके देखा जाय तो उन्हें प्रकृत-पतिपरायणाके सिवा और कुछ नहीं कह सकते। अबलाई धनवान्‌की कन्या थीं। जब उनका विवाह हुआ था, तब तुकारामकी अवस्था अच्छी थी। बादमें अदृष्ट-दोषसे क्रमशः दरिद्रताके कारण वह सर्वदा अन्नकी चिन्तामें व्यस्त रहती थीं। तुकारामने विठोबाकी भक्तिमें अपना सर्वस्व खो दिया है, यह धारणा उनके हृदयमें बैठ गई थी। इसी कारण अबलाई तुकारामको कभी कभी तिरस्कार करती थीं, किन्तु उसमें एक प्रधान गुण यह था कि वह स्वामीको बिना खिलाये आप कभी न खाती थीं। इसलिये तुकाराम जब कभी घरसे अदृश्य हो जाते थे, तब अबलाई नदीतीर, प्रान्तर, पर्वत, गुहा अथवा जहांसे हो वहांसे वह उन्हें खोज लातीं और भोजन करातीं थीं, उन्हें खिलाये बिना वह किसी काममें न लगती थीं। जब तुकाराम भाण्डनाथ पर्वत पर रहते थे, तब वहां भी अबलाई आहार्य द्रव्य ले कर पहुंचती थीं। एक दिन इसी अवस्थामें कड़ी धूप और पथ श्रमसे श्रान्त होकर वह मूर्च्छित हो पड़ी थीं। तुकाराम अपनी स्त्रीके इस क्लेशको देख कर वहांसे देहूत चले गये और वहीं रहने लगे थे।

तुकारामने नामदेव रचित अभङ्गसे अपने धर्म-जीवनके विकाशमें विशेष सहायता पायी थी। इस समय एक दिन उन्होंने स्वप्नमें देखा, कि विठोबा देव उपस्थित हो कर उनसे कह रहे हैं—"तुकाराम! मेरे भक्त नामदेवने जितने अभङ्ग रचनेकी इच्छा की थी, उतने पूरे न हुए, इसलिये तुम उन्हें समाप्त कर जीवोंका कल्याण करो। मैं तुमको सप्रेम स्थान प्रदान करता हूं।" इतना कह कर विठोबा अन्तर्द्धान हो गये।

तुकारामने पहले भागवतके दशम स्कन्धमें वर्णित श्रीकृष्णकी बाल्यलीलाका ८०० सौ श्लोकोंमें वर्णन कर एक ग्रन्थ बनाया और सङ्कीर्त्तनके समय उनके मुखसे भावमयी कविताएं अनर्गल निःसृत होने लगीं। धर्म-विद्वेषी लोग तुकारामकी उस उपदेश-पूर्ण पदावलीको सुन कर आत्म-विस्मृत हो जाते थे। इनके सङ्कीर्तनमें ऐसी एक मोहिनी शक्ति थी, कि जो इसे एक बार सुन लेता वह उसे कभी न भूलता था, प्रत्युत वह उसके हृदयमें दृढ़रूपसे अङ्कित हो जाता था।

पहले जो तुकारामको पागल समझ कर घृणा करते थे, अभी वे उनका भाव देख कर विस्मित होने लगे। क्रमशः तुकारामका गौरव और प्रतिष्ठा बढ़ने लगी। सबको पूरा विश्वास हो गया कि तुकाराम यथार्थमें एक प्रकृत साधु हैं। तुकारामने पहले स्थिर किया था कि निर्जन स्थान ही तपस्याके लिये उपयुक्त है, किन्तु अभी उनके मनका भाव बदल गया। संसारमें रह कर वे नाना प्रकारसे जीवका कल्याण साधन कर सकते। यह सोच कर संसारके प्रति उनका विराग घटने लगा। वे पुनः संसारमें प्रवेश हुए और अनासक्त-भावसे संसारमें रह कर नाम-कीर्त्तन करने लगे। उनके इस कीर्त्तनको सुननेके लिये दूर दूर देशोंसे अनेक लोग आने लगे। इस समय दलके दल तुकारामके शिष्य होने लगे। तुकाराम नये अनुराग और उत्साहसे कीर्त्तन करते थे। तुकारामके शिष्योंमेंसे गङ्गाधरपन्थ नामक एक ब्राह्मण और सन्ताजी नामक एक तैलिक ये ही दो मनुष्य प्रधान थे। तुकारामके पीछे पीछे कीर्त्तनके समय ये करताल और वीणा ले कर घूमते फिरते थे। गङ्गाधरपन्थके ऊपर तुकारामकी कविता लिखनेका भार था। इस समय कपट

धार्मिकजन तुकारामके ऊपर अत्याचार करने लगे। मम्बाजी बाबा गुसाईं नामक एक ब्राह्मणने इनके प्रति द्वेषसे अत्याचार आरम्भ किया। मम्बाजी इस ग्राममें एक मठ बनाकर वहांका महन्त हो गये थे, पहले इनकी सब कोई भक्ति करते थे। अब तुकारामके प्रति सबोंका अनुराग देख कर वे उन्हें स्थानच्युत करनेके लिये विशेष चेष्टा करने लगे। तुकारामकी एक भैंसने एक दिन मन्दिरको तोड़ फोड़ दिया। इस पर गोसाईंने उन्हें गाली दी। एक दिन सन्ध्या समय एकादशीको विठोबाका दर्शन करनेके लिये इस मन्दिरमें बहुतसे लोग एकत्रित हुए थे। चारों ओर कांटेके रहनेके कारण दर्शकोंको अत्यन्त कष्ट होता था इसलिये तुकारामने अपने हाथसे कांटेको उखाड़ कर स्थान परिष्कृत किया था। मम्बाजी गोसाईं तुकारामको कांटा उखाड़ते देख क्रोधित हो उठे और उसी कांटेसे तुकारामको मारने लगे। एकके बाद एक करके १०।१५ कांटेकी छड़ी तुकारामकी पीठ पर टूट गई; बाद इसके मम्बाजी क्लान्त हो कर बैठ गये। गोसाईं प्रभु इस तरहसे तुकारामको प्रहार कर मन्दिरमें प्रत्यागत हुए। तुकारामने बिना शब्द किये इस कष्टको सहन कर लिया। तुकारामकी ऐसी अवस्था देख सबके नेत्रमें आंसू भर आये। तुकारामने इस प्रकारको उपलक्ष करके कई एक अभङ्गकी रचना की।

तुकाराम किस तरहके असाधारण पुरुष थे, उनका वर्णन करना असाध्य है। वे इस प्रकारसे दण्डित हो कर घरको लौटे, उनकी स्त्री अवलाई उनकी अङ्ग वेदनाको दूर करनेके लिये सेवा शुश्रूषामें लग गई। तुकारामके सुस्थ होने पर एकादशीके हरिजागरणके लिये समस्त आयोजन हुआ, कीर्तन सुननेके लिये झुण्डके झुण्ड मनुष्य आने लगे; किन्तु मम्बाजी गुसाईं नहीं आये। इस पर तुकारामने उनको बुलानेके लिये किसी व्यक्तिको भेजा। क्रोध असह्य कह कर गुसाईंजीने उस आदमीको लौटा दिया। तब तुकारामने स्वयं जा दण्डवत् कर कहा, "अपने हाथसे बहुत कांटेकी छड़ी प्रहार करनेसे प्रभु थक गये होंगे, इसमें मेरा भी दोष है। अतः मुझे क्षमा कर कीर्तनमें योगदान करनेको कृपा करें।" मम्बाजी तुकारामके इस व्यवहारसे एकदम स्तम्भित हो गये, उसी दिनसे उनका विद्वेष भाव जाता रहा और तुकारामके प्रति आन्तरिक प्रेम उत्पन्न हो आया।

दीक्षा नहीं होनेसे ज्ञान सम्पूर्ण नहीं होता, इसीसे एक दिन विठोबाने स्वप्नमें ब्राह्मणका रूप धारण कर तुकारामको 'राम, कृष्ण, हरि' इस मन्त्रसे दीक्षित किया। स्वप्नदृष्ट महापुरुषके अन्तर्धानसे तुकाराम अत्यन्त व्याकुल हो गये। उन्हें कुछ भी शान्ति न मिली। अन्तमें उन्होंने सोचा कि पुनः संसारमें प्रवेश ही शान्ति नहीं पानेका कारण है। यह सोच कर फिर कुछ दिनके लिये उन्होंने संसार परित्याग किया। उस ग्रामके निकट भण्डारा मत नामक एक अरण्यमें जाकर वे रहने लगे और प्रति दिन प्रातःकाल इन्द्रायणी नदीमें स्नान कर विठोबाका दर्शन करनेके लिये अरण्य आते थे। एक दिन जब वे वहांसे न लौटे तब उनकी स्त्री अवलाई अत्यन्त व्याकुल हो उन्हें खोजने लगीं, अन्तमें इन्द्रायणीके तीर पर उनसे भेंट हुई और बहुत कुछ सुन कर उन्हें घर लौटा लायीं और बोलीं "आज दिनसे मैं फिर कभी धर्मकार्यमें व्याघात न करूंगी।" किन्तु अवलाई इस प्रतिज्ञाको अनेक दिन तक पालन न कर सकीं, क्योंकि तुकारामके तीन कन्या और दो पुत्र थे। तीनों कन्याओंका नाम भागीरथी, काशी और गङ्गा तथा पुत्रका नाम महादेव और विठोबा था। एक तो पुत्र कन्याओंका प्रतिपालन, दूसरा प्रभूत अतिथि-समागम, इससे अवलाई बहुत व्यस्त रहती थीं। इसी कारण अनेक बार वह तुकारामको दो चार बातें कहा करती थीं। इसके सिवा प्रथमा कन्या विवाहके योग्य हो गई थी, जिसके लिये वह सर्वदा वर ढूढ़नेके लिये हठ करती थी। एक दिन तुकाराम वरानुसन्धानको गये और स्वजातीय तीन बालकको देखकर उन्हें अपने घर लाया और एक ही दिन तीनों लड़कोंका विवाह करा दिया गया।

तुकारामने इस बार अवलाईके हाथसे छुटकारा पाया। इनकी ख्याति धीरे धीरे फैलने लगी। दूर दूर देशोंसे मनुष्य आकर इनका उपदेश ग्रहण करने लगे। तुकाराम शूद्र होकर ब्राह्मणको उपदेश देते थे,

शास्त्रज्ञानरहित होने पर भी शास्त्रका मर्म साधारणके निकट प्रचार करते थे जो किसी किसीको असह्य मालूम पड़ने लगा। मन्वाजीको भाई रामेश्वरभट्ट नामक एक ब्राह्मण तुकारामके ऊपर अत्याचार करने लगे। रामेश्वर राजमान्य शास्त्रज्ञ पण्डित कहकर परिचित थे। उन्होंने ग्रामाधिकारीसे समझा कर कहा कि तुकाराम शूद्र होकर श्रुतिका मर्म प्रकाश करते हैं। जब ग्रामाधिकारीको मालूम हुआ कि तुकाराम सब धर्मकर्मको उत्पाटित कर नाम महिमा प्रचार और भक्तिपथ स्थापनमें चेष्टा कर रहे हैं तब उन्होंने तुकारामको निर्वासनका आदेश प्रदान किया। तुकाराम विषम विपद्में पड़ गये। अन्तमें उन्होंने सोचा इस समय रामेश्वरका शरणापन्न होनेसे इस विपद्से उद्धार हो सकता है, यह सोचकर इन्होंने रामेश्वरकी शरण ली। रामेश्वर अत्यन्त गर्वित थे, इसीसे इसका विपरीत फल हुआ। रामेश्वरने कहा, 'तुमने जो समस्त अभङ्गकी रचना की है, उसमें श्रुतिका अर्थ प्रकाशित होता है, इस कारण तुम उस अभङ्गको इन्द्रायणीके जलमें फेंक डालो।'

ब्राह्मणकी आज्ञा अपरिहार्य समझकर तुकारामने अपने हृदयके धन उस अभङ्गको इन्द्रायणीके जलमें फेंक दिया।

तुकाराम इस काम पर बहुत ही व्यथित हुए और अन्न जल परित्याग कर विठोवाके चरणमें अनवरत ध्यान करने लगे। इस तरहसे तेरह दिन व्यतीत हो गये। अन्तमें विठोवाने स्वप्न दिया 'मैंने उस अभङ्गको रक्षा की है, तुम उसे उद्धार करो।' ग्रामके लोगोंने उस कविताको उद्धार कर तुकारामको प्रत्यर्पण किया। तुकारामने इस उपलक्षमें ७ अभङ्गकी रचना की। बाद रामेश्वर भी उनके एक प्रधान शिष्य हो गये थे।

इस समय बाहुबल, ज्ञानबल और भक्तिबलसे महाराष्ट्रदेश अपूर्व गौरवसे गौरवान्वित हो गया था। बाहुबलके अवतारस्वरूप शिवाजी, तथा ज्ञानधनके अवतार रामदास स्वामी थे, इधर भक्तिबलमें तुकाराम महाराष्ट्र देशमें शीर्षस्थानीय हो गये थे। तुकाराम, शिवाजी तथा रामदास स्वामी केवल एक समयमें आविर्भूत हो नहीं हुए थे, वरन् एक दूसरेके साथ घनिष्ठ सम्बन्ध भी था। तुकारामके साथ शिवाजीका साक्षात् और सम्मिलन ये दोनों उनके जीवनका एक एक विशेष उल्लेखयोग्य घटना है। शिवाजी तुकारामको पूनामें लानेके लिये सम्भ्रमसूचक छत्र, अश्व और एक कारकुन भेजे; किन्तु तुकाराम सम्पत्तिको विषके समान मानते थे। बहुजनाकीर्ण पूना शहरमें आनेका उनकी तनिक भी इच्छा न हुई। उन्होंने शिवाजीके लिये कई एक अभङ्ग रचना कर कारकुनको विदा किया। किन्तु शिवाजी तुकारामका अभङ्ग और गुण सुनकर एक दम मोहित हो उठे थे, इसलिये वे स्थिर रह न सके। शिवाजी राजपदको तुच्छ समझ कर तुकारामकी पर्णकुटी पर गये। उन्होंने तुकारामको प्रभूत स्वर्णमुद्रा प्रदान की; परन्तु तुकारामने शिवाजी-प्रदत्त प्रभूत स्वर्ण-राशिकी ओर दृष्टि तक भी न डाली और शिवाजीसे कहा,—"महाराज! हरि-सेवकके निकट मृत्तिका और सुवर्ण-मुद्रामें कुछ भी पार्थक्य नहीं है, इससे केवल मोह और माया बढ़ती है। यह दृश्य यथार्थमें ही अवलोकनीय था। इधर राजचक्रवर्ती शिवाजी कृताञ्जलि पुटसे दण्डायमान थे, उधर प्रभूत स्वर्णमुद्राका ढेर लगा था। शिवाजी उनकी निस्पृहता देख कर बिलकुल स्तम्भित हो गये और अपने राजपदको तुच्छ समझ कर इस संन्यासीकी समताको ही अधिक मानने लगे। उन्होंने राजकार्यमें अवहेलाकर तुकारामके कीर्त्तन और धर्मचर्चामें जीवन व्यतीत करनेका दृढ़ सङ्कल्प कर लिया; बाद तुकारामने उन्हें उपदेश देकर पूना-शहरमें भेज दिया। इस तरह तुकारामको प्रतिपत्ति और शिष्यसंख्या दिन दुनी और रात चौगुनी बढ़ने लगी। सब कोई तुकारामको देवावतार और देवानुगृहीत पुरुष समझ कर अर्चना करने लगे। इस समय तुकाराम सर्वदा कहा करते थे, 'प्रभो! अब मुझे वैकुण्ठ ले चलिये।'

फाल्गुनी-होमपूर्णिमामें यहां अनेक प्रकारका कुत्सित आमोद-प्रमोद हुआ करता था, इस बार तुकारामने लोगोंके इस कुत्सित आमोदको बन्द कर हरि-कीर्त्तनको उत्साहके साथ प्रचार किया। इस रात्रिमें उन्होंने २४ अभङ्गकी रचना की, जो "काय शुद्धकरण",

अर्थात् 'अटले देहसमर्पण' नामसे परिचित है। दूसरे दिन सबेरे तुकारामने कीर्तन कर शिष्योंको अनेक प्रकारके उपदेश देते हुए कहा 'मैं बैकुण्ठ जाऊँगा'। बाद अपनी स्त्री अवलाईको भी यह संवाद भेजा कि 'तुम्हें बैकुण्ठ जाना हो तो आओ, हम दोनों मिल कर एक साथ बैकुण्ठ ही चलें।' अवलाईने सोचा, कि प्रभु शायद कोई तीर्थ जा रहे हैं; यह सोच कर उद्वेगको प्रकाश नहीं करके खबर दी कि 'एक तो मैं गर्भवती हूँ, दूसरे इस संसारको फेंक कर क्यों कर जाऊँ ?' इस तरह तुकाराम सभोंसे बिदा ले कर नाम-कीर्तन करते हुए बाहर निकले। तुकारामने सत्य ही जो महाप्रस्थान किया वह किसीको भी विश्वास न हुआ। १५७२ ई०की फाल्गुनी कृष्णा द्वितीया तिथिमें तुकारामने महाप्रस्थान किया। उस दिनसे तुकाराम फिर कभी नहीं देखे गये। तुकाराम अन्तर्धान हो गये हैं, यह संवाद चारों ओर बिजलीकी नाईं फैल गया। सब कोई हाहाकार करने लगे। उनके चरित-लेखकोंने ऐसा निर्देश किया है कि वे सशरीरसे स्वर्गको चले गये। तुकारामने जाते समय अपनी स्त्री अवलाईको कहा था कि तुम्हारे गर्भमें इस बार जो सन्तान उत्पन्न होगी उसका नाम नारायण रखना और यह सन्तान विशेष भक्तिमान् होगी। तुकारामकी यह भविष्यवाणी सफल हुई थी। यथार्थमें नारायण विशेष हरिभक्तिपरायण निकले। कुछ दिनके बाद शिवाजी हरि-भक्त शिष्यको देखनेके लिए देहु ग्राम आये थे और उन्होंने इस परिवारके भरण-पोषणके लिए कोई एक ग्राम जागीर दी थी। आज भी उनके वंशधरगण उस जागीरका भोग कर रहे हैं।

तुकारामने जिन सब अभङ्गोंकी रचना की थी वे सब प्रायः निम्नलिखित भावोंमें लिखे गये हैं—

१। सुख, दुःख, सम्पद्, विपद्, सब अवस्थामें भगवान्‌की भक्ति करनी चाहिये।

२। आश्रय और शरणमें आये हुए व्यक्तिको अभयदान देना चाहिए।

३। ईश्वर केवल भक्ति-लभ्य हैं। शास्त्रज्ञानसे वे प्राप्त नहीं किए जा सकते।

४। ईश्वरके प्रति अनन्य-भक्ति, चित्तकी निर्मलता, साधु-संगति ये सब धर्मके लक्षण हैं। शरीरसे भक्त सजाना, यह सिर्फ धर्मका निकृष्ट अंश है।

५। द्विज, शूद्र, स्त्री, पुरुष प्रभृति सबके सब भगवान्‌की कृपाके अधिकारी हैं।

६। भगवान्‌के साथ जीवोंका सम्बन्ध अत्यन्त निकट तथा अत्यन्त मधुर है। वे हम लोगोंसे दूर नहीं हैं। व्याकुल हृदयसे पुकारने पर हमें दर्शन देते हैं।

ये ही तुकारामके प्रचारित धर्मके मूलमन्त्र हैं, इन्हींसे उन्होंने महाराष्ट्रीयकी आबालवृद्धवनिताको मोहित किया था।

तुकोजीराव होलकर—इन्दौरके एक अधिपति। मल्हाररावके पुत्र खण्डेराव पिताके जीवन कालमें ही (१७५४ ई०) कुम्भके दुर्ग घेरनेके समय मारे गये थे। खण्डेरावका विवाह भारतप्रसिद्ध अहल्याबाईसे हुआ था। उनके गर्भसे मालिरावने जन्म ग्रहण किया। मल्हाररावके मरने पर मालिराव सिंहासन पर अभिषिक्त हुआ। किन्तु उसने अधिक दिन राज्य नहीं किया। अभिषेकके ८ मास बाद ही वे कालग्रासमें पतित हुए।

इस समय मल्हाररावके और कोई उत्तराधिकारी न थे। अहल्याबाईकी एक कन्या थी सही किन्तु एक भिन्न श्रेणीके सामन्तके साथ उसका विवाह हुआ था, इसलिए हिन्दूधर्मशास्त्रानुसार वह उत्तराधिकारी न हो सकी। इसी समय अहल्याबाईने अपने हाथमें राज्यशासन दण्ड ग्रहण किया। किन्तु सैन्यपरिचालना करना स्त्रियोंके लिए संगत नहीं है, यह सोच कर उनने स्वजातीय तुकोजी होलकरको १७६७ ई०में सेनापतित्वमें नियुक्त किया। इन्दौरके इतिहासमें तुकोजी होलकरका अभिषेक इसी समयसे गिना जाता है।

मल्हारराव होलकरके साथ तुकोजीका कोई निकट सम्पर्क न था। वे मल्हारके अधीन काम करते थे। इनकी वीरता, प्रभु-भक्ति और साहससे सन्तुष्ट हो कर मल्हाररावने इन्हें बहुत सी सेनाओंके नायकत्व पर नियुक्त किया। बुद्धिमती अहल्याबाईने तुकोजीकी दक्षता और विचक्षणतासे सन्तुष्ट हो कर उन्हें राज्यका प्रधान बनाया। अहल्याबाईकी अनुमतिके अनुसार

तुकोजी अपने उच्चपदके निदर्शनस्वरूप खिलात पानेके लिए महाराष्ट्र-राजधानीकी ओर अग्रसर हुए। पूनामें तुकोजीने यथेष्ट सम्मान लाभ किया।

उनके समयमें गङ्गाधरने प्रधान मन्त्रित्व प्राप्त किया। होलकर राज्यमें इनका भी यथेष्ट आदर था। अहल्याबाईने सेनापतित्वके सिवा शीघ्र ही तुकोजीको 'होलकर' अथवा राज-सम्भ्रम-सूचक उपाधि प्रदान की। अहल्याबाईने कौशलक्रमसे यह सम्मान प्रदान किया था, जिससे कि कोई भी उनके साथ असन्तोष प्रकाश कर न सके। तुकोजीने निर्विवादसे २० वर्ष तक यह उच्च-सम्मान भोग किया था। इतने दिनोंमें अहल्याबाईके गुणसे एक दिनके लिए भी राज्यमें कोई विघ्न न हुआ। अहल्याबाईने जो उपकार किया था, उसे तुकोजी एक दिनके लिए भी विस्मृत न हुए। अहल्याबाईसे अधिक उमर होने पर भी वे उन्हें मातृसम्बोधन करते थे; किन्तु अहल्याबाईके अभिप्रायसे उनकी मुद्रामें 'मल्हारराव होलकरके पुत्र तुकोजी' अङ्कित थी।

तुकोजीने होलकर उपाधि ग्रहण करनेके बाद बारह वर्ष तक ससैन्य दक्षिण देशमें वास किया। इस समय सातपुरा गिरिमालाका दक्षिणांश उनके अधीन तथा उत्तरांश अहल्याबाईके शासनाधीन था। जब वे हिन्दूस्थानमें थे, तब वे राजपूताने और बुन्देलखण्डके अन्तर्गत देशोंसे स्वयं कर वसूल करते थे। वे सर्वदा दूर देशमें रह कर अपनी इच्छानुसार कार्य करते थे सही, किन्तु अहल्याबाईके निकट कार्यविवरणी नियमित भेजा करते तथा उनके मन्त्रणानुसार कार्य करते थे।

सचमुच अहल्याबाई जितने दिन बची थीं, उतने दिन राजपद पा कर भी तुकोजी केवल प्रधान सेनापति और अपने निकटवर्ती स्थानके राजस्व-आदायकारी कर्मचारीकी नाईं काम करते थे। ऐसे कृतज्ञ और ऐसे उच्चप्रकृतिके मनुष्य होलकरराज्यमें कभी नहीं देखे गये।

वे जैसे प्रभुभक्त थे वैसे ही मित्रप्रिय भी थे। पानीपथकी लड़ाईके बाद मुसलमान-राज्य ध्वंस करके प्रतिशोध लेनेके लिए महाराष्ट्र-वीरोंकी इच्छा पूरी हुई। उस समय तुकोजी पूना जा कर पेशवाके निकट रहते थे। पेशवाके आदेशसे रामचन्द्र गणेशके साथ वे मुसलमान समरमें भेजे गये। इस समय नाजिब-उद्दौला एक प्रधान मुसलमान सर्दार थे। पहले महाराष्ट्रोंने १७७० ई०में उन्हींके अधिकृत नाजिबाबाददुर्ग पर आक्रमण किया। नाजिब खांके साथ मल्हारराव होलकरकी मित्रता थी। तुकोजी उसी सूत्रसे उनके साथ कथा वार्त्ता करने लगे; किन्तु इस पर माधोजी सिन्धिया अत्यन्त चिढ़ कर बोले, "हम लोग प्रतिशोध लेनेके लिए आ रहे हैं न कि सन्धि स्थापन करनेके लिए। मैं अपने भाई और भतीजेके शोणितका प्रतिशोध क्यों न लूं? तुकोजी मुसलमान उमरावके साथ भ्रातृभाव स्थापन कर रहे हैं। पूनामें पेशवाको सम्वाद देना चाहिए। हम लोग उनके केवल आदेशवाही हैं; उनके आदेशानुसार ही काम करेंगे।" किन्तु तुकोजीने सिन्धियाका प्रस्ताव ग्राह्य नहीं किया। जिनको उन्होंने एक बार वचन दे दिया है, उनके विरुद्ध किसी प्रकारकी कार्रवाई करनेमें वे सहमत न हुए। उन्होंने नाजिब-उद्दौलाके साथ पूर्व-मित्रताकी रक्षा की। इससे महाराष्ट्रोंको अनेक सुविधा हुई। वे जाट और राजपूत राज्यमें बहुत लूटमार और कर वसूल करने लगे।

नाजिब-उद्दौला तुकोजीकी उदार-प्रकृतिसे अत्यन्त आकृष्ट हुए थे। यहां तक कि वे मृत्युके पहले अपने प्रियपुत्र जबिता खांको तुकोजीके हाथ समर्पण कर गये थे। वे जानते थे कि उनकी मृत्युके बाद महाराष्ट्रोंके करालग्रासले तुकोजीके सिवा दूसरा कोई भी उनके परिवारवर्गकी रक्षा नहीं कर सकते।

यथार्थमें उनकी मृत्युके बाद महाराष्ट्रोंने हिन्दुस्थानका अधिकांश अपने दखलमें कर लिया। इस समय सिन्धिया हिन्दुस्थानमें सबसे बढ़े-चढ़े थे। तुकोजी सहयोगीकी उन्नतिसे सन्तुष्ट थे सही, किन्तु उनके अधीन सामन्तकी नाईं कार्य करनेमें प्रस्तुत नहीं थे; इसलिये वे लौट कर मालवको चले आये।

कुछ दिनके बाद पेशवा माधवरावकी मृत्यु तथा राघव कर्त्तृक पेशवाके कनिष्ठ भाई नारायणरावकी मृत्यु होने पर महाराष्ट्र-सामन्तगण दाक्षिणात्यमें आ पहुंचे। हत्याकारीके विरुद्ध इस समय 'बार भाए' नामक महाराष्ट्र-सर्दारोंने एक दल संगठित किया था। माधोजी

सिन्धिया और तुकोजीने इस दलमें योग दिया था। इसीसे हरिवंशदेवके साथ तुकोजीको युद्ध करना पड़ा था।

नारायणरावकी मृत्युके बाद माधवराव नामक उनके एक पुत्र उत्पन्न हुआ। सर्दारोंने उसी माधवको पेशवाईके पद पर नियुक्त किया, किन्तु सकल-शासनका भार नाना फड़नवीसके हाथ रहा। इतिहासमें ये नानाफड़नवीसके नामसे विख्यात हैं। राघवके विरुद्ध जो सैन्यदल संगठित हुआ था, उसमें अनाईसने यथेष्ट कार्य किया था। १७७९ ई०में कर्नल आपटनकी मध्यस्थतासे दोनों दलमें सन्धि हो गई। किन्तु यह सन्धि कायम न रही। पश्चात् सालबाई नामक स्थानमें दूसरी बार सन्धि स्थापन की गई, इससे युद्ध कुछ कालके लिए शान्त रहा।

पूना गवर्मेण्टने निजामकी सहायतासे टिपु सुलतानके विरुद्ध जो युद्ध किया था, उसमें तुकोजीने प्रधान कार्यका भार लिया था। दूसरे वर्ष उन्होंने महेश्वर पहुंच कर अहल्याबाईके साथ मुलाकात की और इसीसे सब गड़बड़ी मिट गई।

प्रथम बाजीरावके औरस और एक मुसलमान रमणीके गर्भसे शमशेर बहादुर नामक एक पुत्र उत्पन्न हुआ। बुन्देलखण्डके अधिकारमें शमशेर बहादुरका अधिकार तथा समस्त भारतवर्षमें माधोजी सिन्धियाका अधिकार फैलानेके लिये महाराष्ट्रोंने यथेष्ट चेष्टा की, इस विषयमें योग देनेके लिये तुकोजी तैयार हुए, किन्तु तुकोजी, माधोजी सिन्धियाके प्रति सहायता करनेमें समर्थ न हुए। इसी सूत्रसे लड़ाई छिड़ी, किन्तु इसमें तुकोजीने कोई उपकार न पाया। अन्तमें हिन्दुस्थानके राज्यमें होलकर और सिन्धियाका बराबर बराबर अंश स्थापित हुआ। इससे सिन्धिया और मल्हारराव होलकरके दिल-दिलमें जो गड़बड़ी थी वह इस समय मिट गई। ऋण परिशोधके लिये कई एक जिला तुकोजीको देने पड़े; किन्तु माधोजीके प्राधान्यसे तुकोजीने कोई विशेष लाभ प्राप्त न किया। माधोजी इस समय पूनाके दरबारमें अपना प्रभुत्व स्थापन करनेके लिये जब उपस्थित हुए तब तुकोजी सर्दारोंके साथ विवादमें लिप्त हो गये। १७९२ ई०में सिन्धियाके प्रतिनिधि मुकदादा-लाखेरीके निकट युद्धमें तुकोजीके हिंग्यवन नामक फरासीसी सेनापतिके पदातिक दलसे पराजित हुए। जब सिन्धियाकी सेना मालवमें लगी, तब तुकोजीकी सेनाने इन्दौर तक उसका पीछा किया; किन्तु मालवके मध्य सिन्धियाकी कोई क्षति न हुई। इस युद्धमें सिन्धिया और होलकरका कुछ भी स्वार्थ न था। दोनों दलके सर्दारोंको स्वयं प्रकाश करना ही उद्देश्य था।

तुकोजी मालवमें कई एक साल रहे। इस समय बहुत दिनोंसे सङ्कल्पित निजामअलीके विरुद्ध युद्ध करनेके लिये पूनामें सर्दारगण एकत्र हो रहे थे, इन्होंने तुकोजीको बुलाया। १७९५ ई०में यह लड़ाई छिड़ी। इस समय तुकोजीकी उम्र ७० वर्षकी थी। माधोजी सिन्धियाके मरने पर, ये सबसे प्राचीन सर्दार कह कर सम्मानित होते थे, किन्तु दौलतराव सिन्धियाकी क्षमता ही सबसे अधिक थी। निजामको पराजित करनेके लिये जितनी लड़ाइयां हुईं, उनमें होलकरने बहुत अंशमें सिन्धियाको केवल परामर्श दानसे सहायता की, विशेष कार्यमें कुछ भी नहीं। इस युद्धके समाप्त होनेके पहले ही तुकोजीकी मृत्यु हुई। ये वीर पुरुष, समरकुशल और सरल थे। इसलिये पद पद पर अपसर होते हुए शरणागत अहल्याबाईके निकट, जैसे साध्वी, सती भूत और सरल थे उनके लिये भी मुक्तसे इनकी प्रशंसा करनी चाहिये।

तुक्कड़ (हिं० पु०) वह जो भद्दी कविता बनाता हो।

तुक्कल (फा० स्त्री०) मोटी डोर पर उड़ाई जानेकी एक प्रकारकी बड़ी पतङ्ग।

तुक्का (फा० पु०) १ बिना गांसीका तीर। २ शृङ्गपर्वत, छोटी पहाड़ी, टीला। ३ सीधी खड़ी वस्तु।

तुकेश्वरी पहाड़—आसामके मध्य ग्वालपाड़ा जिलेका एक पहाड़। इसके शिखर पर शिवजीके किसी एक राजाके बना हुआ एक सुन्दर प्राचीन मन्दिर है, जिसमें दुर्गादेवीकी मूर्ति प्रतिष्ठित है। मन्दिर अत्यन्त सुन्दर कारुकार्यविशिष्ट है। इसकी गठन प्रणालीमें यदि कौशल देखे जाते हैं। यहां भिन्न भिन्न स्थानके संन्यासी और यात्री आते हैं। यह स्थान केवल संन्यासियोंका आश्रम स्थान है। संन्यासियोंमेंसे एक राजाकी और संन्यासिनियोंमेंसे एक रानीकी उपाधि ग्रहण करती है। ये ही

यहांके सामाजिक विषयोंके सर्वमय कर्त्ता माने जाते हैं।

तुख (सं० पु०) १ छिलका, भुसी। २ अंडेके ऊपरका छिलका।

तुखार (सं० पु०) विन्ध्यपर्वतस्थ जातिभेद। (हरिवं० ५ अ०) महर्षियोंने मोहान्ध और मदगर्वित वेणको निग्रह करके मन्थन किया था, उसी समय इस जातिकी उत्पत्ति हुई थी। ये विन्ध्या पहाड़ पर रहते हैं। ये असभ्य तथा अधर्मरत हैं और तुख्वर या तुखार नामसे प्रसिद्ध हैं।

२ एक देशका प्राचीन नाम। इसका उल्लेख अथर्ववेद परिशिष्ट रामायण, महाभारत इत्यादिमें आया है। अधिकांश ग्रन्थोंके मतसे यह देश हिमालयके उत्तर-पश्चिममें बतलाया गया है। वर्तमान नाम तुखारिस्तान है। यहांके घोड़े प्राचीनकालमें बहुत अच्छे माने जाते थे।

तुषार देखो।

तुगलक (तुघलक)—सुलतान गयास्-उद्दीन बलबनके एक क्रीतदास। इनके पुत्रने (१४२१ ई०में) खुसरुशाह-को मार कर गयास्-उद्दीन तुगलक नाम ग्रहण-पूर्वक दिल्लीके सिंहासन पर बैठे थे। इस वंशके राजा ही तुगलकवंशके नामसे इतिहासमें प्रसिद्ध हुए हैं। तुगलकवंशमें जो राजा हुए हैं, उनकी एक वंशावली दी जाती है।

गयास्-उद्दीन् तुगलक
(१३२१—१३२५ ई०)

- महम्मदखां (उलघ खां) (१३२५—१३५२)
- सिपहसालार रजब
  - फिरोज तुगलक (१३५१—१३८८)
    - महम्मद तुगलक नसीर-उद्-दीन् (१३८०—१३८४)
      - हुमायू (१३८४)
      - महमूद (१३८४—१४१४) (तैमूर द्वारा दिल्ली-अधिकार)
    - जाफरखां
      - अबूबकर (१३८८—९०)
    - फतेहखां
      - तुगलक शाह गयास उद्दीन (१३८८—८९)

तुगा (सं० स्त्री०) तुज भावे घञर्थे क, टाप्। वंशलोचन। यह क्षय-काश, श्वास और काम-विनाशक है।

तुगाक्षीरी (सं० स्त्री०) तुगा त्वक्क्षीरा एव क्षीरी। वंश-लोचन।

तुग्र (सं० पु०) तुज-रक् न्यङ्क्वादित्वात् जस्य गः। वैदिक-कालके एक पवित्र-गोत्रीय राजर्षि। ये अश्विनीकुमारोंके उपासक थे। इनके पुत्रका नाम भुज्यु था। इन्होंने द्वीपान्तर-वासी शत्रुओंको परास्त करनेके लिये अपने पुत्रको जहाज पर चढ़ा कर समुद्र पथसे भेजा था। भुज्यु देखो। मार्गमें जब एक बड़ा तूफान आया और वायु नौकाको उलटाने लगी, तब भुज्युने अश्विनीकुमारोंको स्तुति की थी। अश्विनीकुमारोंने सन्तुष्ट हो कर भुज्युको सेना-सहित अपनी नौका पर ले कर तीन दिनमें उसके पिताके पास पहुंचा दिया था। (ऋक् १।११६।३)

तुग्र्य (सं० पु०) १ जल, पानी। २ तुग्रके पुत्र भुज्यु।

तुग्र्या (सं० स्त्री०) तुग्र-टाप्। जल, पानी।

तुग्र्यावृध् (सं० त्रि०) तुग्र्या-वृध-क्विप्। उदकवर्द्धयिता, जलको बढ़ानेवाला।

तुग्वन् (सं० त्रि०) तुज-क्वनिप् न्यङ्क्वादित्वात् जस्य गत्वं। हिंसक, हिंसा करनेवाला।

तुघरिल खां—ये दिल्लीके सुलतान अल्तमसके एक क्रीत-दास थे। इनका पूरा नाम मालिक इख्तियार उद्दीन उजबक-इ-तुघरिल खां था। उनके समयमें ये बाद-शाही पाकशालाके सहकारी अध्यक्ष (नाइब चाशनीगीर) थे। सुलतान रुकन्-उद्दीन फिरोज शाहके समयमें इन्होंने दरबारमें मुख्तार (अमीर-इ-मजलिस)-का पद पाया था। इसके बाद हस्तिशालाके अध्यक्ष हुए।

सम्राट्के क्रीतदास जब विद्रोही हो उठे थे, तब तुघरिलखांने भी विद्रोहमें योग दिया था, किन्तु सुल-तान रजियाके राजत्व-कालमें ये अश्वशालाध्यक्षके पद पर नियुक्त हुए। बहराम शाहके राजत्वमें (६३८ हिजरीमें) तुर्की मालिक और अमीरोंने जब दिल्ली पर आक्रमण किया, तब मालिक तुघरिल खां और मालिक कराकस खां विपक्षदलमें रह कर भी सम्राट्के दलमें मिल गये और विपक्षियोंसे लड़ने लगे, किन्तु शत्रुके सन्देहमें कारागार भेजे गये। अन्तमें दिल्लीके उद्धार होने पर उनकी मुक्ति हुई। अलाउद्दीनके राजत्वकालमें इन्होंने

लखनऊ-दिल्ली और अवधका शासनभार पाया, इसके बाद ये बंगालके शासनकर्त्ता हुए। इस स्थानका अधिकार पा कर ये विद्रोही हो उठे, किन्तु मालिक इख्तियारुद्दीन् युजबक्से पराजित हो कर दिल्लीको लौट आये। इसके कुछ दिनोंके बाद इन्होंने अयोध्या तथा लखनौतीका शासनभार ग्रहण किया। इसके साथ जाजनगराधिपति (उत्कलके राजा)-की लड़ाई छिड़ी। जाजनगराधिपतिने इनको सेनापतिको कैद कर लाये थे, किन्तु तुघरिल दोनों लड़ाईमें पराजित हो कर भाग गये। तीसरी लड़ाईमें मालिक तुघरिलखांने दिल्लीसे सैन्यसहायता प्रार्थना की, बाद लखनौतीमें एक प्रबल सैन्यदल ले कर जाजनगराधिपतिके अधिकारभुक्त अमर्दन देश पर हठात् आक्रमण किया।

यहांके राजा अपने परिवारवर्गको छोड़ कर भाग गये। अन्यत्र भागते पीछे सैन्य तुघरिल खांके हाथ लग गये।

तुघरिल राजाओंको लूट कर रत्न, स्वर्ण और अन्य धनके लालचसे अहङ्कार करने लगे; बाद अयोध्या पर चढ़ाई करनेके लिये अग्रसर हुए। अयोध्या नगरमें प्रवेश कर सब नगर इन्होंने अपने नाम पर खुतबा* पाठ करनेका आदेश किया तथा अपनेको सुलतान मुघिसुद्दीन् नाममें प्रचार किया। एक वर्षके बाद सम्राट्के अधीन् एक अमीरने हठात् आ कर संवाद दिया कि सम्राट्की सैन्य बहुत नजदीक पहुंच गई है। यह सुनते ही तुघरिल खांने नौका पर चढ़ कर लखनौतीको ओर प्रस्थान किया।

इस विद्रोहाचरणमें मुसलमान और थोड़े हिन्दू भी उन पर विरक्त हो गये थे। जो कुछ हो, इन्होंने लखनौती छोड़ बागमती नदीको पार कर कामरूप पर आक्रमण किया। कामरूपाधिपति पराजित हुए, तुघरिलने कामरूप नगर और राज्य अधिकार किया।

कामरूपाधिपतिने कर दे कर राज्य पानेकी आशासे एक विनयपत्र सहकर्ता उनके पास भेजा, किन्तु तुघरिल इस पर सहमत न हुए। तब कामरूपपतिने अपने सैन्य और प्रजाओंको धन दे कर कहा कि जितना मूल्य बने उतना दे कर कामरूपका सब अनाज खरीद लावो। प्रजाओंने उनके कथनानुसार वैसा ही किया। तुघरिलने देशकी उर्वरता पर विश्वास कर अपना दो वर्षका अनाज बेच डाला। इसके बाद काटनेके समय कामरूपपतिने सारी ओरके जलपथ का नाला खोल दिया जिससे कि संग्रह किया हुआ अनाज बह गया। मुसलमानोंने निराहार मरनेके डरसे लखनौतीको भाग जानेका विचार किया। देश जलमें डूब रहा है, रास्ता कहीं न मिला, किन्तु पथदर्शकको सहायतासे सब कोई पहाड़ी रास्तासे भाग निकले। यहां एक सङ्कीर्ण रास्तेसे आ कर हठात् हिन्दुओंने आक्रमण किया। इस युद्धमें तीर लगनेसे तुघरिल खां हाथीकी पीठ परसे नीचे गिर पड़े और हिन्दुओंके हाथसे बन्दी हुए। बहुत सैनिक भी बहुतसे मरे और बहुतसे बन्दी हुए। तुघरिलके स्त्री-पुत्रादि तथा अमीरवर्ग भी बन्दी हुआ था।

तुघरिल कामरूपपतिके सामने लाये गये। इन्होंने अपने सन्तानसे भेंट करनेकी इच्छा प्रकट की। पुत्रके उपस्थित होने पर इन्होंने उसे अपनी गोदमें ले मुख-चुम्बन करते करते प्राणत्याग किया।

तुघान खां—दिल्लीके सम्राट् अल्तमसका एक क्रीतदास। इसका पूरा नाम मालिक ताजउद्दीन-तुघिन-तुघान् खां था। ये सुन्दर रूपवान् पुरुष थे। इनमें गुण भी यथेष्ट थे। दया, दाक्षिण्य, महिमा, भद्रता, उदारता और लोकप्रियतामें सभी इनकी बड़ाई करते थे।

सुलतान अल्तमसने इन्हें खरीद कर पहले साकि-इ-खास (पानपात्र-वाहक)के पद पर तथा उसके बाद सरदावात-दार (प्रधान मिन्नाधार-रक्षक)के पद पर नियुक्त किया। इसके बाद ये क्रमशः बदाऊंके जागीरदार और अवधके शासनकर्त्ता नियुक्त हुए। इसके बाद ६३० हिजरीमें ये बहार प्रदेशके शासनकर्त्ता बनाये गये। इस स्थान पर कुछ काल काम करनेके बाद इन पर बिहारका शासनभार सौंपा

* कुतबा और [illegible] किया जाता है जो [illegible] है। [illegible] "[illegible]" [illegible] किया जाता है।

गये। ६३१ हिजरीमें लक्ष्मणावतीके शासनकर्त्ता मालिक अयनतातकी मृत्यु होने पर तुघान खाँ ही शासनकर्त्ता हुए। जब सुलतान अलतमसकी मृत्यु हुई तब तुघान खाँ और आइबक नामक राढ़प्रदेशके शासनकर्त्तामें विवाद हुआ। मिनहाजने लिखा है, कि इस समय लक्ष्मणावती दो भागोंमें विभक्त थी—एक भाग लखनऊ या राढ़ और दूसरा भाग वसनकोट वा वरेन्द्र था। तुघान खाँ वरेन्द्रभूमके और आइबक राढ़के शासनकर्त्ता थे। लक्ष्मणावती नगरीके अन्तर्गत वसनकोट शहरके अधिकारके लिये दोनोंमें लड़ाई छिड़ी। आइबक साहसी पुरुष थे, इन्हें सब कोई आओर खाँ कहते थे। युद्धमें तुघान खाँने आओर खाँके मर्मस्थानमें शराघात कर मार डाला। आइबकके मरने पर दोनों प्रदेश तुघानके अधीन आ गये।

सुलताना रजियाके राजत्वकालमें तुघान खाँने दिल्लीके दरबारमें अनेक उपयुक्त व्यक्ति और उपहार प्रेरण किया। सुलतानाने भी चन्द्रातप, राजदण्ड, पताका, नहवत इत्यादि प्रदान करके तुघानको सम्मानित किया। इसके बाद तुघानने तिहुत पर आक्रमण किया और बहुत धनरत्न लूट कर घर लाये।

सुलतान मुइज-उद्दीन् बहराम शाहके राजत्वकालमें भी तुघान खाँ सम्राट्के साथ सद्भाव रखते थे। सुलतान अलाउद्दीन मसायुद शाहके राजत्वके पहले तुघानके हितैषी सिआमी मन्त्री वहाउद्दीन् हिलाल सुरियानीने अयोध्या, कोरा-माणिकपुर और उत्तरदेश अधिकारमें लाने के लिये प्रतिज्ञा की। ६४० हिजरीमें तुघान खाँ कोरा-माणिकपुरमें उपस्थित हुए, बाद अयोध्याकी सीमामें कुछ दिन रह कर लक्ष्मणावतीको लौट आये।

६४१ हिजरीमें जाजनगर (उत्कल)के राजाने लक्ष्मणावती राज्यमें उत्पात आरम्भ किया। तुघान खाँने जाजनगर-सैन्यके उत्पात-निवारणके लिये उन्हें कटासीन के निकट दो नहरोंके पार मार भगाया। वे एक मैंतके जङ्गलमें छिप रहे। अन्तमें जब मुसलमान सैनिक खाने पीनेके लिये शिविरको आये, तब हिन्दू-सैन्यने पीछेसे आक्रमण कर बहुतसे मुसलमानोंको विनष्ट कर डाला। तुघान खाँ विफल मनोरथ हो राजधानी लौट आये। राजधानीमें आ कर उन्होंने अपने मन्त्रीको दिल्ली भेजा। शर्फ उल-मुल्कने दिल्ली-दरबारमें आ कर सम्राट् अलाउद्दीन मसायुद शाहसे साहाय्यकी प्रार्थना की। सम्राट्ने काजी जलालउद्दीन कनानीको खिलात्, चन्द्रातप, ताज और राजचिह्न दे कर प्रेरण किया तथा कमरउद्दीन्के अधीन हिन्दुस्तानी सैन्य दलको एवं गङ्गा नदीके पूर्वीय स्थानके सैन्यदलको भेजा। अयोध्याके शासनकर्त्ता तमरखाँने भी किनारको ससैन्य लक्ष्मणावतीके सहायतार्थ प्रेरण किया।

६४२ हिजरीमें जाजनगराधिपति कलामोन्के युद्धका प्रतिशोध लेनेके लिये, लक्ष्मणावती पर आक्रमणके उद्देश्यसे बहुसंख्यक अश्वारोही और पदाति सैन्य लेकर वहां जा पहुंचे। राढ़में इस समय तुघानके अधीन फखर-उल्-मुल्क करीम-उद्दीन् लाघरी शासनकर्त्ता थे। जाजनगरके सेनापतिने पहले राढ़ देश पर ही आक्रमण किया। युद्धमें करीम-उद्दीन्की बहुतसी सेना मारी गई। अन्तमें करीम-दल-सहित लक्ष्मणावतीको भाग गये। (चाटेश्वर शब्द देखो।) जाजनगरके सेनापतिने उनका पीछा किया, किन्तु जब उन्होंने सुना कि दिल्लीसे सेना आ रही है तब वे कूच करनेको बाध्य हुए। दिल्लीसे प्रेरित सैन्यदलने उपस्थित हो कर देखा कि विपक्ष नहीं है और न युद्ध ही हो रहा है। अन्तमें तमर खाँके साथ तुघान खाँका युद्ध छिड़ा। किन्तु कई एक घंटा युद्ध करनेके बाद एक व्यक्तिकी मध्यस्थतासे लड़ाई बन्द हो गई। नगरके द्वार पर ही तुघान खाँका शिविर था, वे ससैन्य शिविरमें आ अस्त्रादि त्याग कर विश्रामका उद्योग करने लगे; किन्तु तमर खाँके शिविरसे कुछ दूरहीमें रह कर उन्होंने अस्त्रादि त्यागके उनसे शिविरमें आ अवशिष्ट सैन्योंको परास्त किया और हठात् आ कर तुघान खाँ पर आक्रमण किया। तुघान खाँने घोड़े पर सवार हो नगरमें प्रवेश कर अपने प्राण बचाये। तुघानके अनुरोधसे मिनहाज-उद्दीन् सिराजीने दोनोंमें सन्धिका प्रस्ताव किया। तमरखाँने प्रस्ताव किया कि तुघान खाँ यदि उन्हें लक्ष्मणावती राज्य छोड़ कर दिल्ली चले जांय, तो सन्धि हो सकती है। तुघान खाँ इस अन्नव प्रस्तावसे समझ गये कि यह तमरखाँ-

का उल्लेख नहीं है, फिरिश्तेने सम्राट्से भी कहीं ऐसा कालका उल्लेख किया है, कहीं तो ऐसा स्पष्ट प्रमाण तमर खाँ कना करनेका मालूम नहीं करते। जो कुछ हो, तुगान खाँ राजभक्तिके बदले वैसा ही कर पटना अवध, कड़ा, बोड़ा और लखनौतीको भार ले ६४३ हिजरीमें दिल्लीको गये। अल्पकालमें नगर अलतमशके अधीन हो गया। तुगानखाँने दिल्लीमें आ कर महा सम्मान प्राप्त किया और उनको राजभक्ति तथा कार्यदक्षतासे सन्तुष्ट हो कर सुलतानने परित्यक्त अयोध्याका शासन-भार अर्पण किया गया। इसके कई एक महीने बाद सम्राट् अलाउद्दीन मसऊद शाहके सिंहासन पर आरूढ़ होने पर तुगान खाँने अयोध्या जा कर वहाँका शासन-भार ग्रहण किया। यहाँ पर उन्होंने यथेष्ट सुख-शान्ति पाई थी, किन्तु कुछ कालके बाद ही उनकी मृत्यु हो गई। आश्चर्यका विषय यह था कि जिस रातमें अयोध्यामें तुगान खाँकी मृत्यु हुई, ठीक उसी रातको लखनौतीमें तमर खाँकी भी जीवनलीला शेष हुई।

तुङ्ग—(सं० पु०) तुञ्ज हिंसायां अच्, न्यंकादित्वात् कुत्वं। १ पुन्नागवृक्ष। २ पर्वत, पहाड़। ३ नारिकेल। ४ बुधग्रह। ५ गण्डक। (त्रि०) ६ उन्नत, ऊँचा। (क्ली०) ६ ग्रहविशेषका राशिभेद, ग्रहोंकी उच्चराशि। ज्योतिषमें इसका विषय इस प्रकार लिखा है,—यवनाचार्यके मतसे मेषादि सब राशि, सूर्यादि सप्तग्रहोंके दशमादि अंश यथाक्रमसे उच्च और परमोच्च हैं। मेष राशिका दशम अंश रविमें उच्च तथा दशमका शेष अंश ही परमोच्च है। वृष राशिके तीन अंश चन्द्रमें उच्च और तृतीयांशका शेष अंश परमोच्च है। मकर राशिका अट्ठाईसवाँ अंश मङ्गलमें उच्च तथा अट्ठाईसवेंका पूर्णांश ही परमोच्च है। कन्याराशिका पन्द्रहवाँ अंश बुधमें उच्च और पन्द्रहवेंका पूर्णांश भी परमोच्च है। कर्कट राशिका पाँचवाँ अंश उच्च और पाँचवेंका शेष अंश ही परमोच्च है। मीन राशिका सत्ताईसवाँ अंश शुक्रमें उच्च और सत्ताईसवेंका शेष अंश भी परमोच्च है। तुला राशिका बीसवाँ अंश शनिमें उच्च और बीसवेंका शेष अंश भी परमोच्च है। इन मेषादि सब राशियोंके सातवें घरमें रवि प्रभृति सप्तग्रहोंके दशमादि अंशके यथाक्रमसे नीच और दशांशका शेष अंश और भी नीच है। इस तरह चन्द्र, मङ्गल, बुध, बृहस्पति, शुक्र और शनि इनके वृषभ, कर्कट, मीन, मकर, कन्या और तुलाराशिमें पूर्वोक्त उच्चांशके अनुसार नीच परमनीच विचार करना पड़ेगा। इन सब अंशोंका ज्ञापक अंश 'तुङ्गलग्नमें' समझना चाहिये।

मेषराशि रविका उच्च पद, वृषराशि चन्द्रका, मकर मङ्गलका, कन्या बुधका, कर्कट बृहस्पतिका, मीन शुक्रका और तुला शनिका उच्च पद है। सब ग्रह जन्मकुण्डलीमें यदि पूर्वोक्त उच्चांशमें रहें, तो उनको सम्पूर्ण बली समझना चाहिये। इन्हीं ग्रहोंके ऊँचे स्थानका नाम तुङ्ग है तथा सप्तम स्थानका नाम सुतुङ्ग है। यदि ग्रह नीच घरमें यदि नीचांशमें रहें तो उन्हें बलहीन जानना चाहिये। जन्मकालमें सिंह, वृष, कन्या और कर्कट राशिमें राहुग्रहके रहनेसे तुङ्ग होता है। राहु तुङ्ग होनेसे मनुष्य नाना धनरत्न-भूषित राजराजाधिपति और चिरायु होता है। (कोष्ठी प्र०)

मूल त्रिकोणको भी तुङ्ग कहते हैं। सिंहराशि रविका त्रिकोणगृह, वृष राशि चन्द्रमाका मूल त्रिकोण है, मेष मङ्गलका, कन्या बुधका, धनु बृहस्पतिका, तुला शुक्रका और कुम्भ शनिका मूल त्रिकोणगृह है। त्रिकोण अंश रवि प्रभृति सब ग्रहोंके सिंहादि सब राशिका विंशादि अंश यथाक्रमसे मूलत्रिकोणांश कहकर प्रसिद्ध है। यथा, रविको सिंहराशिका बीसवाँ अंश, मङ्गलको मेषराशिका बारहवाँ अंश, बृहस्पतिको धनुराशिका दशवाँ अंश, शुक्रको तुला राशिका पन्द्रहवाँ अंश और शनिको कुम्भराशिका बीसवाँ अंश मूलत्रिकोण अंश है। इसमें बुध और चन्द्रमें विशेषता यह है कि बुधके तुङ्गस्थानके बाद दशांश और चन्द्रमाके तुङ्गस्थानके बाद सत्ताईसवाँ अंश मूलत्रिकोण अर्थात् बुधका पन्द्रहवाँ अंश तुङ्ग है, इसलिये कन्याराशिके पन्द्रहवें अंशके बाद दशांश मूल-त्रिकोण तथा चन्द्रमाके तृतीयांश तुङ्गके बाद सत्ताईसवाँ अंश मूल त्रिकोण होता है। मिथुनराशि राहुका उच्च गृह है, कुम्भराशि मूल त्रिकोण, कन्या राशि स्वगृह, शुक्र और शनि मित्र तथा, सूर्य, चन्द्र और मङ्गल ये शत्रु और मिथुनके बीचके अंशको उच्चांश समझना चाहिये। सिंहराशि केतुका मूलत्रिकोणगृह है। धनु

उच्च, मीनराशि स्वगृह, शुक्र और शनि शत्रु, सूर्य, मङ्गल और चन्द्र ये मित्र हैं, वृहस्पति और बुध ये न तो शत्रु हैं और न मित्र; और धनुराशिके छठे अंशको केतुका उच्चांश समझना चाहिये।

मेषमें रवि, वृषमें चन्द्र, कन्यामें बुध, कुलीरमें गुरु, मीनमें शुक्र, मकरमें मङ्गल एवं तुलामें शनिके रहनेसे तुङ्ग होता है।

"आदित्यमेषे वृषभे शशांके कन्यागते च गुरौ कुलीरे।
मीने च शुक्रे मकरे महीजे शनौ तुलायामिति तुङ्गगेहाः॥
(समयामृत)

तुङ्गका फल—रवि अपने घरमें रहनेसे मनुष्य पण्डित, धार्मिक, धीरस्वभावसम्पन्न, अरोगी, बहुतोंके प्रतिपालक, दाता, बहु सुख संभोगकारी तथा मण्डलेश्वर नृपति होता है।

जन्म समयमें बुध यदि अपने उच्च स्थानमें रहे, तो मानव कन्या, पुत्र और उत्तम रत्नसम्पन्न राजासे माननीय, राज्यके एकदेशका अधिकारी, शास्त्रालापमें आमोद युक्त तथा सर्वदा सौभाग्यविशिष्ट होता है।

जन्म समयमें वृहस्पति यदि अपनी उच्च राशिमें रहे तो मनुष्य उत्तम मन्त्रिसम्पन्न, अत्यन्त बलवान्, माननीय, क्रोधी, अत्यन्त धनवान्, हस्ती, अश्व, यान और उत्तम स्त्रीका स्वामी तथा बहुत मनुष्योंका प्रतिपालक होता है।

जन्म समयमें शुक्र यदि अपनी उच्च राशिमें रहे, तो मनुष्य मिष्टान्नभोजी, सकलगुणयुक्त, राजमन्त्री, दीर्घायु, दाता, देवब्राह्मण-भक्त तथा उत्तम भोगी होता है।

जन्म समयमें शनि यदि अपने उच्च स्थानमें रहे, तो मनुष्य, स्त्री विलासकर, उत्तम कीर्त्तिशाली, अत्यन्त धनवान्, दीर्घजीवी, राज्यके एकदेशका अधिपति, पण्डित, दाता तथा भोक्ता होता है।

"एक तुङ्गे भवेद्भोगी द्वितुङ्गे च धनेश्वरः।
त्रितुङ्गेन भवेद्राजा चतुर्थे चक्रवर्त्तिनः॥"

जन्मकालीन एक गृह तुङ्ग होनेसे भोगी, दो रहनेसे धनेश्वर, तीनमें राजा और चारमें राजचक्रवर्त्ती होता है।

यदि शत्रु, निधन और व्ययगृहमें ग्रहगण तुङ्ग हों तो कथित समस्त फल व्यर्थ होते हैं, और केन्द्र या त्रिकोणमें होनेसे यथोक्त फल होता है। लग्नका सप्तम, चतुर्थ और दशम स्थान केन्द्र माना जाता है। (कोष्ठीप्रदीप)

८ किञ्जल्क। ९ उग्र। १० प्रधान। ११ उन्नत। (पु०) १२ शिव, महादेव। १३ क्षत्रियपुत्र। इन्होंने तपके प्रभावसे नारायणको सन्तुष्ट कर शेष नामक इन्द्र-सदृश एक पुत्र प्राप्त किया था। १४ एक प्रसिद्ध क्षत्रिय राजवंश।

तुङ्गक (सं० पु०) तुङ्ग स्वार्थे क, संज्ञायां कन् वा। १ पुन्नाग वृक्ष, नागकेसर। (स्त्री०) २ तुङ्गी शब्दार्थ। ३ अरण्यरूप तीर्थभेद, एक तीर्थका नाम। पहले यहां सारस्वत मुनि ऋषियोंको वेद पढ़ाया करते थे। एक बार जब वेद नष्ट हो गये तब अङ्गिराके पुत्रने 'ॐ' शब्दका यथाविधि उच्चारण किया था। इस शब्दके उच्चारणके साथही पूर्वाभ्यस्त सब वेद उपस्थित हो गया। तब ऋषि और देवगण, वरुण, अग्नि, प्रजापति, हरि, नारायण, भगवान् पितामह इत्यादिने महाद्युति भृगुको यज्ञ करनेके लिये नियुक्त किया। वे यथाविधि ऋषियोंके अधीन यज्ञ करने लगे। आज्य द्वारा अग्नि सन्तुष्ट हो गई। बाद देवता और ऋषि अपने अपने स्थान को गये। यह अरण्य तुङ्गकतीर्थ नामसे प्रसिद्ध हुआ। पुरुष या स्त्रीके इस स्थानमें जानेसे सब पाप नष्ट हो जाते हैं और एक मास यहां रहनेसे ब्रह्मलोकको प्राप्ति होती है तथा सब कुलका उद्धार होता है।

तुङ्गकूट (सं० पु०) तुङ्ग कूटमस्य। उच्चशृङ्ग पर्वतभेद, ऊंची चोटीका एक पहाड़।

तुङ्गता (सं० स्त्री०) तुङ्गस्य भाव तुङ्ग तल्। उच्चता, ऊंचाई।

तुङ्गत्व (सं० क्ली०) तुङ्गस्य भावः, भावे त्व। उच्चता, ऊंचाई।

तुङ्गधन्वन् (सं० पु०) तुङ्ग उन्नत धनुर्यस्य बहुव्रीहौ धनुर्धन्वादेशः। उच्च धनु।

तुङ्गनाथ (सं० पु०) हिमालय पर एक शिवलिङ्ग और तीर्थस्थान।

तुङ्गनाभ (सं० पु०) तुङ्गनाभिर्यस्य बहुव्री०। कीटभेद, एक प्रकारका विषैला कीड़ा। तुङ्गीनाश देखो।

तुङ्गप्रस्थ (सं० पु०) रामगढ़के निकटस्थ एक पर्वत।

तुङ्गबल (सं० पु०) तुङ्ग देखो।

का प्रस्ताव नहीं है, दिल्लीके सम्राट्‌ने ही उन्हें ऐसा करनेका उपदेश दिया है, नहीं तो ऐसा असङ्गत प्रस्ताव तमर-खाँ कभी करनेका साहस नहीं करते। जो कुछ हो, तुघान खाँ राजभक्तिके बलसे वैसा ही कर अपना धनरत्न, हाथी, घोड़ा और अनुचरोंको साथ ले ६४३ हिजरीमें दिल्लीको गये। लक्ष्मणावती नगर तमरखाँके अधीन हो गया। तुघानखाँने दिल्लीमें जा कर महा सम्मान प्राप्त किया और उनकी राजभक्ति तथा सतिवृत्ति स्वरूप उन्हें तमर खाँसे परित्यक्त अयोध्याका शासन-कर्त्तृत्व दिया गया। इसके कई एक महीने बाद सम्राट् नसीरुद्दीन् महम्मद शाहके सिंहासन पर आरूढ़ होने पर तुघान खाँने अयोध्या जा कर वहांका शासन-भार ग्रहण किया। यहां पर उन्होंने यथेष्ट सुख-शान्ति पाई थी, किन्तु कुछ कालके बाद ही उनकी मृत्यु हो गई। आश्चर्यका विषय यह था कि जिस रातमें अयोध्यामें तुघान खाँकी मृत्यु हुई, ठीक उसी रातको बङ्गालमें तमर खाँकी भी जीवनलीला शेष हुई।

तुङ्ग—(सं० पु०) तुज हिंसायां यज, न्यंक्वादित्वात् कुत्वं। १ पुन्नागवृक्ष। २ पर्वत, पहाड़। ३ नारिकेल। ४ बुधग्रह। ५ गण्डक। (त्रि०) ६ उच्च, ऊंचा। (क्ली०) ६ ग्रहविशेषका राशिभेद, ग्रहोंकी उच्चराशि। ज्योतिषमें इसका विषय इस प्रकार लिखा है,—यवनाचार्य्यके मतसे मेषादि सप्त राशि, सूर्यादि सप्तग्रहोंके दशमादि अंश यथाक्रमसे उच्च और परमोच्च हैं। मेष राशिका दशांश रविसे उच्च तथा दशांशका शेष अंश ही परमोच्च है। वृष राशिके तीन अंश चन्द्रसे उच्च और तृतीयांशका शेष अंश परमोच्च है। मकर राशिका अट्ठाईसवां अंश मङ्गलसे उच्च तथा अट्ठाईसवेंका पूर्णांश ही परमोच्च है। कन्याराशिका पन्द्रहवां अंश बुधसे उच्च और पन्द्रहवांका पूर्णांश ही परमोच्च है। कर्कट राशिका पांचवां अंश उच्च और पांचवेंका शेष अंश ही परमोच्च है। मीन राशिका सत्ताईसवां अंश शुक्रसे उच्च और सत्ताईसवेंका शेष अंश ही परमोच्च है। तुला राशिका बीसवां अंश शनिसे उच्च और बीसवेंका शेष अंश ही परमोच्च है। इन मेषादि सप्त राशियोंके सातवें घरमें रवि प्रभृति सप्तग्रहोंके दशमादि अंशके यथाक्रमसे नीचे और दशांशका शेष अंश और भी नीचे है। इस तरह चन्द्र, मङ्गल, बुध, वृहस्पति, शुक्र और शनि इनके वृश्चिक, कर्कट, मीन, मकर, कन्या और मेषराशिमें पूर्वोक्त उच्चांशके अनुसार नीच परमनीच विचार करना पड़ेगा। इन सब अंशोंका तीसवां अंश स्फुटगणनामें सम्हालना चाहिये।

मेषराशि रविका उच्च ग्रह, वृषराशि चन्द्रका, मकर मङ्गलका, कन्या बुधका, कर्कट वृहस्पतिका, मीन शुक्रका और तुला शनिका उच्च ग्रह है। सब ग्रह उच्च गृहस्थितसे यदि पूर्वोक्त उच्चांशमें रहें, तो ग्रहोंको सम्पूर्ण बली समझना चाहिये। इन्हीं ग्रहोंके ऊंचे स्थानका नाम तुङ्ग है तथा परमोच्च स्थानका नाम सुतुङ्ग है। ग्रहगण नीच घरमें यदि नीचांशमें रहें तो उन्हें बलहीन जानना चाहिये। जन्मकालीन सिंह, वृष, कन्या और कर्कट राशिमें राहुग्रहके रहनेसे तुङ्ग होता है। राहु तुङ्ग होनेसे मनुष्य नाना धनरत्न-भूषित राजराजाधिपति और चिरायु होता है। (कोष्ठी प्र०)

मूल त्रिकोणको भी तुङ्ग कहते हैं। सिंहराशि रविका त्रिकोणगृह, वृष राशि चन्द्रमाका मूल त्रिकोण है, मेष मङ्गलका, कन्या बुधका, धनु वृहस्पतिका, तुला शुक्रका और कुम्भ शनिका मूल त्रिकोणगृह है। त्रिकोण अंश रवि प्रभृति सप्त ग्रहोंके सिंहादि सप्तराशिका विंशादि अंश यथाक्रमसे मूलत्रिकोणांश कहकर प्रसिद्ध है। यथा, रविको सिंहराशिका बीसवां अंश, मङ्गलको मेषराशिका बारहवां अंश, वृहस्पतिको धनुराशिका दशवां अंश, शुक्रको तुला राशिका पन्द्रहवां अंश और शनिको कुम्भराशिका बीसवां अंश मूलत्रिकोण अंश है। इनमेंसे बुध और चन्द्रमें विशेषता यह है कि बुधके सु-उच्चांशके बाद दशांश और चन्द्रमाके सु-उच्चांशके बाद सत्ताईसवां अंश मूलत्रिकोण अर्थात् बुधका पन्द्रहवां अंश सु-उच्च है, इसलिये कन्याराशिके पन्द्रहवें अंशके बाद दशांश मूल-त्रिकोण तथा चन्द्रमाके तृतीयांश सुउच्चके बाद सत्ताईसवां अंश मूल त्रिकोण होता है। मिथुनराशि राहुका उच्च गृह है, कुम्भराशि मूल त्रिकोण, कन्या राशि स्वगृह शुक्र और शनि मित्र तथा, सूर्य, चन्द्र और मङ्गल ये शत्रु और मिथुनके बीसवें अंशको उच्चांश समझना चाहिये। सिंहराशि केतुका मूलत्रिकोणगृह है; धनु

उच्च, मीनराशि स्वगेह, शुक्र और शनि शत्रु, सूर्य, मङ्गल और चन्द्र ये मित्र हैं, वृहस्पति और बुध ये न तो शत्रु हैं और न मित्र; और धनुराशिके छठे अंशको केतुका उच्चांश समझना चाहिये।

मेषमें रवि, वृषमें चन्द्र, कन्यामें बुध, कुलीरमें गुरु, मीनमें शुक्र, मकरमें मङ्गल एवं तुलामें शनिके रहनेसे तुङ्ग होता है।

"आदित्यमेषे वृषभे शशांके कन्यागते च गुरौ कुलीरे।
मीने च शुक्रे मकरे महीजे शनौ तुलायामिति तुङ्गगेहाः॥

(समयामृत)

तुङ्गका फल—रवि अपने घरमें रहनेसे मनुष्य पण्डित, धार्मिक, धीरस्वभावसम्पन्न, अरोगी, बहुतोंके प्रतिपालक, दाता, बहु सुख संभोगकारी तथा मण्डलेश्वर नृपति होता है।

जन्म समयमें बुध यदि अपने उच्च स्थानमें रहे, तो मानव कन्या, पुत्र और उत्तम रत्नसम्पन्न राजासे माननीय, राज्यके एकदेशका अधिकारी, शास्त्रालापमें आमोद युक्त तथा सर्वदा सौभाग्यविशिष्ट होता है।

जन्म समयमें वृहस्पति यदि अपनी उच्च राशिमें रहे तो मनुष्य उत्तम मन्त्रिसम्पन्न, अत्यन्त बलवान्, माननीय, क्रोधी, अत्यन्त धनवान्, हस्ती, अश्व, यान और उत्तम स्त्रीका स्वामी तथा बहुत मनुष्योंका प्रतिपालक होता है।

जन्म समयमें शुक्र यदि अपनी उच्च राशिमें रहे, तो मनुष्य मिष्टान्नभोजी, सकलगुणयुक्त, राजमन्त्री, दीर्घायु, दाता, देवब्राह्मण-भक्त तथा उत्तम भोगी होता है।

जन्म समयमें शनि यदि अपने उच्च गृहमें रहे, तो मनुष्य, स्त्री विलासकर, उत्तम कीर्त्तिशाली, अत्यन्त बलवान्, दीर्घजीवी, राज्यके एकदेशका अधिपति, पण्डित, दाता तथा भोक्ता होता है।

"एक तुङ्गे भवेद्भोगी द्वितुङ्गे च धनेश्वरः।
त्रितुङ्गेन भवेद्राजा चतुर्थे चक्रवर्त्तिनः॥"

जन्मकालीन एक ग्रह तुङ्ग होनेसे भोगी, दो रहनेसे धनेश्वर, तीनमें राजा और चारमें राजचक्रवर्त्ती होता है।

यदि शत्रु, निधन और व्ययगृहमें ग्रहगण तुङ्ग हों तो कथित समस्त फल व्यर्थ होते हैं, और केन्द्र या त्रिकोणमें होनेसे यथोक्त फल होता है। लग्नका सप्तम, चतुर्थ और दशम स्थान केन्द्र माना जाता है। (कोष्ठीप्रदीप)

८ किञ्जल्क। ९ उग्र। १० प्रधान। ११ उन्नत। (पु०) १२ शिव, महादेव। १३ क्षत्रियपुत्र। इन्होंने तपके प्रभावसे नारायणको सन्तुष्ट कर शेष नामक इन्द्र-सदृश एक पुत्र प्राप्त किया था। १४ एक प्रसिद्ध क्षत्रिय राजवंश।

तुङ्गक (सं० पु०) तुङ्ग स्वार्थे क, संज्ञायां कन् वा। १ पुन्नाग वृक्ष, नागकेसर। (स्त्री०) २ तुङ्गी शब्दार्थ। ३ अरण्यरूप तीर्थभेद, एक तीर्थका नाम। पहले यहां सारस्वत मुनि ऋषियोंको वेद पढ़ाया करते थे। एक बार जब वेद नष्ट हो गये तब अङ्गिराके पुत्रने 'ॐ' शब्दका यथाविधि उच्चारण किया था। इस शब्दके उच्चारणसे सबको पूर्वाभ्यस्त सब वेद उपस्थित हो गया। तब ऋषि और देवगण, वरुण, अग्नि, प्रजापति, हरि, नारायण, भगवान् पितामह इत्यादिने महाद्युति भृगुको यज्ञ करनेके लिये नियुक्त किया। वे यथाविधि ऋषियोंके अधीन यज्ञ करने लगे। आज्य द्वारा अग्नि सन्तुष्ट हो गई। बाद देवता और ऋषि अपने अपने स्थान को गये। यह अरण्य तुङ्गकतीर्थ नामसे प्रसिद्ध हुआ। पुरुष या स्त्रीके इस स्थानमें जानेसे सब पाप नष्ट हो जाते हैं और एक मास यहां रहनेसे ब्रह्मलोकको प्राप्ति होती है तथा सब कुलका उद्धार होता है।

तुङ्गकूट (सं० पु०) तुङ्गं कूटमस्य। उच्चशृङ्ग पर्वतभेद, ऊंची चोटीका एक पहाड़।

तुङ्गता (सं० स्त्री०) तुङ्गस्य भाव तुङ्ग-तल्। उच्चता, ऊंचाई।

तुङ्गत्व (सं० क्ली०) तुङ्गस्य भावः, भावे त्व। उच्चता, ऊंचाई।

तुङ्गधन्वन् (सं० पु०) तुङ्गं उन्नतं धनुर्यस्य बहुव्रीहौ धनुर्धन्वादेशः। उच्च धनु।

तुङ्गनाथ (सं० पु०) हिमालय पर एक शिवलिङ्ग और तीर्थस्थान।

तुङ्गनाभ (सं० पु०) तुङ्गनाभिर्यस्य बहुव्री०। कीटभेद, एक प्रकारका विषैला कीड़ा। तुङ्गीनाभ देखो।

तुङ्गभद्र (सं० पु०) रामगढ़के निकटस्थ एक पर्वत।

तुङ्गवन (सं० पु०) तुङ्ग देखो।

तुङ्गभ (सं० क्लो०) तुङ्गं भं कर्मधा०। सूर्यादिको उच्चराशि मेष प्रभृति। तुंग देखो।

तुङ्गभद्र (सं० पु०) तुङ्गोऽपि भद्रः। मदमत्त हस्ती, मतवाला हाथी।

तुङ्गभद्रा (सं० स्त्री०) तुङ्गप्रधाना भद्रा निर्मला च। नदीविशेष, एक नदीका नाम।

"तुंगभद्रा सुप्रयोगा वाह्या कावेरी चैव हि।
दक्षिणापथनद्यस्ताः सह्यपादाद्विनिःसृताः॥"
(मत्स्यपु० ११४।२९)

यह दक्षिण प्रदेशकी एक बड़ी नदी है। तुङ्ग तथा भद्रा नामक दो नदीके संयोगसे यह उत्पन्न हुई है। महिसुरकी दक्षिण-पश्चिम सीमामें सह्य पर्वतके गङ्गामूल नामक शिखरसे ये नदियां निकल कर दक्षिण-कनाड़ा होती हुई प्रवाहित है। महिसुरके मध्य १४° उत्तर अक्षांशमें और ७५°४३ पूर्व-देशांशमें सिमोगा जिलेके कुदली नामक ब्राह्मण-ग्राममें ये दोनों नदियां आ कर मिली हैं। यह नदी प्रायः आध मील चौड़ी है और इसकी गहराई भी कम नहीं है। पश्चिमस्थ वनके बड़े बड़े काष्ठादि नदीमें बहा कर ले जाते हैं। ३०० वर्ष पहले विजयनगरके राजाओंने इस नदीमें ७ 'आनिकट' निर्माण किये थे। महिसुर और धारवार जिलेसे वर्धा और कुमुद्वती नामकी दो नदियां तथा दक्षिणमें बिलारी जिलेसे हगारी तथा कर्णूलसे हिन्दरी नदी आकर इसमें मिली है। तुङ्गभद्रा ८ कोस बह कर कृष्णा नदीमें मिली है। इस नदीकी लम्बाई कुल २०० कोस है। बांस या बेंत द्वारा लोग नदी पार होते हैं। इसके किनारे महिसुरके मध्य हरिहर, बेलारीके मध्य कम्पिलि तथा कर्णूल नगर अवस्थित है। हरिहर नगरमें एक ईंट और पत्थरका बना हुआ सेतु है। नदीमें कुम्भीर अधिक हैं। बेलारीके मध्य रामपुर नामक स्थानमें ५१ खंभोंके ऊपर बना हुआ मन्द्राज रेलवेका पुल है।

इस नदीका चलित नाम तुंभद्रा है। आयुर्वेदमें इसका जल स्निग्ध, निर्मल, स्वादु, गुरु, कण्डु और पित्तास्रदायक, प्रायः दाहाकर तथा मेधाकर कहा गया है। (राजनि०)

तुङ्गमुख (सं० पु०) गण्डक, गैंड़ा।

तुङ्गरस (सं० पु०) तुङ्गः श्रेष्ठो रसो यस्य। गन्धद्रव्य-भेद।

तुङ्गबाहु (सं० पु०) तलवारके ३२ हाथोंमेंसे एक।

तुङ्गबीज (सं० क्लो०) तुङ्गस्य शिवस्य बीजं, ६-तत्। पारद, पारा।

तुङ्गवेणा (सं० स्त्री०) नदीभेद, एक नदीका नाम।
'विनदी पिंगला वेणां तुंगवेणां महानदी।' (भारत भीष्मप० ९ अ०)

तुङ्गवृक्ष (सं० पु०) नारिकेलवृक्ष, नारियलका पेड़।

तुङ्गशेखर (सं० पु०) तुङ्गं उन्नतं शेखरं यस्य। १ पर्वत, पहाड़। (क्लो०) तुङ्गं शेखरं, कर्मधा०। २ पहाड़की ऊंची चोटी। (त्रि०) ३ उच्च शेखरयुक्त, जिसकी चोटी ऊंची है।

तुङ्गस्कन्धफल (सं० पु०) नारिकेलवृक्ष, नारियलका पेड़।

तुङ्गा (सं० स्त्री०) तुङ्ग-टाप्। १ वंशलोचन। २ शमीवृक्ष।

तुङ्गारण्य (सं० पु०) एक जङ्गल जो झांसीसे ६ कोस दूर ओड़छाके पास है। यहां एक मन्दिर है और प्रतिवर्ष मेला लगता है।

तुङ्गारि (सं० पु०) श्वेत करवीरवृक्ष, सफेद कनेरका पेड़।

तुङ्गिन् (सं० स्त्री०) तुङ्गं मेषादिकं स्थानमाश्रयत्वेनास्त्यस्य इनि। १ उच्चस्थित ग्रह। (त्रि०) २ प्रधान स्थानस्थ।

तुङ्गिनी (सं० स्त्री०) तुङ्गिन्-ङीप्। १ महाशतावरी, बड़ी शतावर।

तुङ्गी (सं० स्त्री०) तुङ्ग- गौरादित्वात् ङीप्। १ हरिद्रा, हलदी। २ रात्रि, रात। ३ बर्वरीवृक्ष, बर्बई, ममरी।

तुङ्गीनास (सं० पु०) तुङ्गी हरिद्रेव पीता नासा यस्य, बहुव्री०। कीटभेद, एक विषैला कीड़ा। तुङ्गीनास, विचिलिक, तालक, वाहक, कोष्ठागारी, क्रमिकर, मण्डलपुच्छक, तुङ्गनाभ, सर्पपीक, अवल्गुली और शम्बुक ये बारह प्रकारके कीड़े प्राणनाशक हैं। इन कीड़ोंके काटनेसे सांपके काटने जैसा विषका कोप देखा जाता है, एवं सान्निपातिक ज्वर वेदना और तीव्र यातना उत्पन्न होती है। क्षार या आगसे जला हुआ शरीरका भाग जैसा हो जाता है, काटा हुआ स्थान भी वैसा ही हो जाता है और उसमेंसे पीला, काला और लाल रंगका

लोह निकलते देखा जाता है। ज्वर, अङ्गमर्द, रोमाञ्च, वेदना, वमन, अतीसार, तृष्णा, दाह, अत्यन्त शोत, शोफ, हिक्का, दाह, मोह, कम्प, श्वास, ग्रन्थि, मण्डला-कार चिह्न, दद्रु, कर्णिका, विसर्प प्रभृति, कोड़ की प्रकृति-के अनुसार ये समस्त उपद्रव होते हैं।

(सुश्रुत कल्प० ८ अ०)

तुङ्गीपति (सं० पु०) तुङ्गा रात्रेः पतिः। चन्द्रमा।

तुङ्गीश (सं० पु०) तुङ्गी सर्वप्रधानाः ईशः, कर्मधा०। १ शिव। २ कृष्ण। ३ सूर्य। तुङ्गा ईशः, ६-तत्। ४ चन्द्रमा।

तुच (सं० पु०) त्वच् क्विप्, सम्प्रसारणं तुज-क्विप्, पृषो-दरादित्वात् साधुः। १ अपत्य, सन्तान।

तुच्छ (सं० क्ली०) तौति अभावत्वं गच्छति तुच्छ। छोद दिकचिभ्यांशुतुष्यान्त कित्. पीपृहो स्वथ। उणा २।११ १ पुलाक, भूसी, छिलका। २ हीन, क्षुद्र, नाचोज। (त्रि०) तुद् क्विप्, तेन तं वा छ्यतीति छो-क। ३ शून्य, निःसार, खोखला। ४ अल्प, थोड़ा। (पु०) ५ नोलोथ, नोलका पौधा। ६ तुत्थ, तूतिया।

तुच्छज्ञान (सं० क्ली०) तुच्छस्य ज्ञानं ६-तत्। सामान्य बोध।

तुच्छता (सं० स्त्री०) तुच्छस्य भावः तल-टाप्। सामा-न्यता, हीनता, नोचता। २ क्षुद्रता, ओछापन। ३ अल्पता।

तुच्छत्व (सं० क्ली०) तुच्छस्य भावः। १ हेयता, होनता। २ क्षुद्रता, ओछापन।

तुच्छदु (सं० पु०) तुच्छो हीनोद्रुमः कर्मधा०। एरण्ड-वृक्ष, रेंड़ीका पेड़।

तुच्छधान्यक (सं० क्ली०) तुच्छं धान्यं अल्पार्थे कन्। पुलाक, भूसी, छिलका।

तुच्छा (सं० क्ली०) तुच्छ वेदे स्वार्थे दृशार्थे या यत्। १ तुच्छमस्त्वार्थ। २ तुच्छकत्व।

तुच्छा (सं० स्त्री०) तुच्छ-टाप्। १ तुत्थ, तूतिया। २ नोलोथ, नीलका पेड़। ३ सूक्ष्मैला, छोटी इलायची।

तुच्छीकृत (सं० त्रि०) अतुच्छं तुच्छं कृतं अभूततद्भावे च्वि। अवज्ञात, जिसका अपमान किया गया हो।

तुच्छातितुच्छ (सं० त्रि०) अत्यन्तक्षुद्र, छोटे से छोटा।

तुज (सं० स्त्री०) तुज-क्विप्। १ रक्षणसमर्थ, वह जो रक्षा करनेमें समर्थ हो।

तुजि (सं० त्रि०) बलवान्, ताकतवर।

तुजि (सं० पु०) एक राजाका नाम।

तुजह (हिं० स्त्री०) धनुष, कमान।

तुज्य (सं० त्रि०) तुज हिंसायां अघ्न्यादयश्चेति यत्। हिंस्य, हिंसा करने योग्य।

तुञ्ज (सं० पु०) तुजि-बले अच्। १ वज्र। २ दान फल-दानकर्त्ता।

तुञ्जीन (सं० पु०) काश्मीरके एक राजाका नाम।

तुटितुट (सं० पु०) शिव।

तुटुम (सं० पु० स्त्री०) तुटति नाशयति द्रव्यजातं तुट-बाहुलकात् उम। इन्दुर, चूहा।

तुड़वाना (हिं० क्रि०) तोड़नेका काम किसी दूसरेसे कराना।

तुड़ाई (हिं० स्त्री) १ तुड़ानेकी क्रिया या भाव।

तुड़ाना (हिं० क्रि०) १ तोड़नेका काम किसी दूसरेसे कराना। २ बन्धन छुड़ाना। ३ सम्बन्ध तोड़ना। ४ रुपया तुड़ाना भुनाना।

तुड़ि (सं० स्त्री०) तुड़-इन-किच। तोड़न, तोड़नेकी क्रिया।

तुड़म (हिं० पु०) तुरही, बिगुल।

तुणि (सं० पु०) तुण संकोचे इन् पृषोदरादित्वात् साधुः या तुणति सङ्कोचयति तुण-इन् (सर्वधातुभ्य इन्। उण् ४।११३) तुन्नवृक्ष, तुनका पेड़। यह उत्तरीय भारतमें सिन्धु नदीसे लेकर सिकिम और भूटान तक होता है। यह चालोससे लेकर पचास हाथ तक ऊंचा और दस बारह हाथ मोटा होता है। शिशिरऋतुमें इसके सब पत्ते गिर जाते हैं। वसन्तके आरम्भमें हो इसमें नीमके फूलको तरहके छोटे छोटे फूल गुच्छोंमें लगते हैं। इन फूलोंसे एक प्रकारका पीला बसन्ती रंग निकलता है। इसके फूल जब झड़ जाते हैं तो रंग बनानेके लिये लोग उन्हें इकट्ठा करके सुखा लेते हैं। इसकी लकड़ी लाल रंगकी और बहुत मजबूत होती है। इसमें दीमकों और घुन लगनेका डर नहीं रहता है। इसका संस्कृत पर्याय—तुनि, तुवक, आपीन, तुनिक, कच्छक, कुठेरक,

कान्तलक, नन्दिवृक्ष नन्दक। इसका गुण—कटु, विपाक, कषाय, मधुर, तिक्तरस, लघु, धारक, शीतवीर्य, शुक्रवर्द्धक तथा व्रण, कुष्ठ और रक्तपित्तनाशक।

तुणिक (सं० पु०) तुणि स्वार्थे कन्। नन्दिवृक्ष, तुनका पेड़।

तुण्ड (सं० क्ली०) तोड़ने अच्। १ मुख, मुंह। (पु०) २ महादेव। ३ राक्षसविशेष, एक राक्षसका नाम। (भारत० ३।२८८।९) ४ एक दानव जो अत्यन्त बलशाली था। यह आयुके पुत्र नहुष द्वारा मारा गया था। (पद्मपु०) (क्ली०) ५ चंचु, चोंच। ६ थूथन, निकला हुआ मुँह। ७ खड्गका अग्रभाग, तलवारका अगला हिस्सा।

तुण्डकेरिका (सं० स्त्री०) कार्पासी कपासका वृक्ष।

तुण्डकेरी (सं० स्त्री०) प्रशस्तं तुण्डं प्रशंसायां कन्। तदोत्तं ईरयति वा ईर-अण् स्त्रियां ङीप्। १ कर्पासी, कपास। २ बिम्बिका, कुंदरु।

तुण्डकेशरी (सं० पु०) मुखका एक रोग। इसमें तालूकी जड़में सूजन होती और दाह पीड़ा आदि उत्पन्न होती है।

तुण्डदेव (सं० पु०) तुण्डरूपो देवः तुण्डेन दीव्यति दिव-अच्। एक राजाका नाम।

तुण्डि (सं० पु०) तुण्डते निष्पीडयति तुण्ड-इन्। सर्वधातुभ्य इन्। उण् ४।११७। १ मुख, मुंह। २ चञ्चु, चोंच। ३ बिम्बिका, बिंबाफल, कुँदरु। ४ बन्दा। (स्त्री) ५ नाभि।

तुण्डिका (सं० स्त्री०) तुण्डिरेव तुण्डि-स्वार्थे कन् टाप् च। १ नाभि, टुड़ी। २ बिम्बिका कुंदरु।

तुण्डिकेरी (सं० स्त्री०) १ कार्पासी, कपास। २ बिम्बिका, कुंदरु। इसके पर्याय—तुण्डि, रक्तफल, बिम्बी और बिम्बिका। ३ कीटविशेष, एक कीड़ा। ४ तालूगत रोगविशेष, मुखका एक रोग। इसमें तालूकी जड़में सूजन होती और दाह पीड़ा आदि उत्पन्न होती है। इस रोगमें शास्त्रकार्य उचित है।

तुण्डिकेशी (सं० स्त्री०) बिम्बिका, कुंदरु।

तुण्डिभ (सं० त्रि०) तुण्डिवृद्धा नाभिरस्य तुन्दिभ। तुन्दिवालवदेभः। पा ५।२।१४०। वृद्धनाभि जिसकी नाभि निकली हुई हो।

तुण्डिल (सं० त्रि०) तुण्डि सिध्मादित्वादिलच्। १ वृद्धनाभि, जिसकी नाभी निकली हुई हो। २ तोंदवाला, निकला हुआ पेटवाला। ३ मुखर, बकवादी, मुँह जोर।

तुण्डी (सं० त्रि०) १ मुखयुक्त, मुंहवाला। २ चंचुयुक्त, चोंचवाला। ३ थूथनवाला। (पु०) ४ गणेश। (स्त्री) ५ नाभि, टुड़ी।

तुण्डीगुदपाक (सं० पु०) एक रोग। इसमें बच्चोंकी गुदा पक जाती और नाभिमें पीड़ा होती है।

तुण्डीरमण्डल (सं० पु०) दक्षिणके एक देशका नाम।

तुतकुड़ी (Tuticorin)—समुद्रतीरवर्त्ती एक प्रसिद्ध बन्दर। सत्रहवीं शताब्दीके प्रारम्भमें पुर्तगीजोंने यहां प्रथम आवास स्थापन किया। १६५८ ई०में वे इसे अपने अधिकारमें लाये। इसके बाद प्रायः १७०० ई०में डेनमार्कोंने यहां एक छोटा दुर्ग निर्माण किया। उस समय तिनेवेलीके अधिवासी समुद्रसे मोती, सीप और शङ्ख संग्रह करनेके लिये ७ सौ नावें रखा करते थे।

इस कार्यका भार उन्हीं लोगों पर सौंपा गया था। उन लोगोंका यह व्यवसाय बहुत दिनों तक चलता रहा और इससे उन्हें यथेष्ट आय होती रही।

१७८२ ई०में अंगरेजोंने तुतकुड़ी पर अधिकार जमाया और १७८५ ई०में उन्होंने इसे फिर डेनमारोंको प्रत्यर्पण किया। १७९५ ई०में अंगरेजोंने इसे पुनः अपने अधिकारमें कर लिया। १८१८ ई० तक इसे अपने अधिकारमें रख कर उन्होंने फिर डेनमार्कोंको लौटा दिया। १८५२ ई०में डेनमार्कोंने इसे पुनः अंगरेजोंको दे दिया। आज तक यह अंगरेजोंके अधिकारमें है। यात्री इसी बन्दरसे कलम्बो जाते हैं। इसके किनारे अधिक जल न होनेके कारण बड़े बड़े जहाज किनारेके निकट नहीं आते हैं। ष्टीम-लञ्च द्वारा यात्रिगण जहाज पर चढ़ते हैं; यहां कईएक रुई और सूतेकी कलें हैं। यहां रुई और सूते गांठमें बंधे जानेके बाद विलायत भेजा जाता है। इस स्थानसे मनार उपकूल पर मोती-सीप निकालनेका बन्दोबस्त किया गया है। समुद्रके किनारे बीच नामक एक प्रशस्त रास्ता है। यहां आम, नारंगी और केला आदि अनेक प्रकारके फल पाये जाते हैं, नारियल तथा ताड़के वृक्ष भी यथेष्ट

है। ताड़का गुड़ और ताड़की चीनी यहां यथेष्ट पाई जाती है। यहांका स्वास्थ्य उत्तम है, किन्तु मीठे जलका बहुत अभाव है। आजकल आर्टिज़िन कूप खोदे गये हैं। शहरके समुद्रतीरवर्ती बहुत अंश प्रजाविशिष्ट और समृद्धिशाली हैं। यहां हिन्दुओंके रहनेके कईएक छत्र और साहबोंके लिये एक उत्तम होटल है। यहां 'तुतकुड़ी टारमिनश' नामक रेलको एक स्टेशन है।

ततराना (हिं॰ क्रि॰) तुतलाना देखो।

तुतलाना (हिं॰ क्रि॰) शब्दों और वर्णोंका अस्पष्ट उच्चारण करना, साफ न बोलना।

तुतली (हिं॰ वि॰) तोतली देखो।

तुतान (सं॰ पु॰) सोमांसकभेद।

तुतुरी—एक तरहका छोटा शृङ्गयन्त्र। यह यन्त्र माङ्गलिक कर्म और देवमन्दिरोंमें व्यवहृत होता है।

तुतुवार्थि (सं॰ पु॰) तूर्णविनिर्भजनमस्य वेदे पृषोदरादित्वात् साधुः। तूर्ण भजन, जल्दी जल्दी भजन करनेकी क्रिया।

तुत्थ (सं॰ पु॰) तुदति पीड़यत्यनेन तुद-थक्। पातुदेति। उण् २।३। १ प्रस्तर, पत्थर। २ अग्नि, आग। ३ अञ्जनभेद। ४ नीलवृक्ष, नीलका पौधा। ५ सूक्ष्मैला, छोटी इलायची। ६ उपधातुविशेष, तूतिया। इसके संस्कृत पर्याय—नीलाञ्जन, हरिताश्म, तुत्थक, मयूरग्रीवक, ताम्रगर्भ, अमृतोद्भव, मयूरतुत्थ, शिखिकण्ठ, नील, तुत्थाञ्जन, शिखिग्रीव, वितुन्नक, मयूरक, भूतक, मूषातुत्थ, मृतामद और हेमसार। इसमें तांबेका भाग थोड़ा ही है। इसमें अन्यान्य द्रव्य संयुक्त है, इसीसे इसमें दूसरे दूसरे गुण भी हैं। इसके गुण—क्षाररसयुक्त, कटु, कषायरस, वमनकारक, लघु, लेखनगुणयुक्त, भेदक, शीतवीर्य, चक्षुका हितकर एवं कफपित्त, विष, अश्मरी, कुष्ठ, और कण्डूनाशक है। (भाव-प्र॰) रसेन्द्रसारसंग्रहके मतसे इसकी शोधनप्रणाली इस तरह है,—बिल्ली और कबूतरकी बीटसे तूतिया पीस कर उसके दश भागोंमेंसे एक भागके बराबर सुहागा मिलाते और मृदु पुटमें पाक करते हैं। इसके बाद सैन्धव लवणके साथ मधु दे कर पुट देनेसे यह विशुद्ध होता है।

दूसरे प्रकारसे—बिल्लीकी बटके साथ तूतिया पीसते और उसमें चतुर्थांश मधु और सुहागा मिला कर तीन बार पुट देनेसे वमन और भ्रमिकर शक्ति रहित होनेसे शुद्ध हो जाता है। शोधनकी दूसरी रीति—तूतियामें उसका अर्द्धांश गन्धक मिलाकर चार दण्ड पाक करते हैं। वमन और भ्रमशक्ति-रहित होनेसे पाक सिद्ध होता है। तूतियाके गुण—कटु, क्षार, कषाय रस, विषद, लघु, लेखन, विरेचक, चाक्षुष, कण्डू, क्रमि और विषनाशक है। (रसेन्द्रसारसं॰)

तुत्थक (सं॰ क्ली॰) तुत्थमेव स्वार्थे कन्। तुत्थ, तूतिया।

तुत्था (सं॰ स्त्री॰) तुत्थ-टाप्। १ नीली वृक्ष, नीलका पौधा। २ छुटैला, छोटी इलायची।

तुत्थाञ्जन (सं॰ क्ली॰) तुत्थञ्च तत् अञ्जनञ्चेति कर्मधा॰। उपधातुविशेष, तूतिया, नीलाथोथा।

तुद (सं॰ पु॰) तुद-यक् तुदायक्। पृषो॰ साधुः। १ हननकर्त्ता, मारनेवाला, कतल करनेवाला। २ ब्रह्म। ३ दक्षिणाविभाजक, ब्रह्मरूप ऋत्विगभेद।

तुदन (सं॰ पु॰) १ व्यथा देनेकी क्रिया, पीड़न। २ व्यथा, पीड़ा। ३ चुभाने या गड़ानेकी क्रिया।

तुदादि (सं॰ पु॰) धातुगणविशेष। इस गणकी धातुके बाद 'स' आता है। "तुदादिभ्यः श" इस 'स' प्रत्ययके होनेसे गुण नहीं होता, इसीसे इसका नाम अगुण हुआ है। विशेष विवरण धातु शब्दमें देखो।

तुन (हिं॰ पु॰) एक बहुत बड़ा पेड़। तुनि देखो।

तुनकामोज (लग॰ पु॰) छोटा समुद्र।

तुनकी (फा॰ स्त्री॰) एक तरहकी खस्ता रोटी।

तुनतुनी (हिं॰ स्त्री॰) तुन तुन शब्द देनेवाला एक प्रकारका बाजा।

तुनि—१ मन्द्राजके गोदावरी जिलेकी एक जमींदारीका तहसील। यह अक्षा॰ १०° ११' और १०° ३२' उ॰ तथा देशा॰ ८२° ८' और ८२° ३६' पू॰में अवस्थित है। भूपरिमाण २१६ वर्गमील और लोकसंख्या ५८०४२के लगभग है। इसमें एक शहर और ४८ ग्राम लगते हैं। तहसीलका अधिकांश पहाड़ और जङ्गलसे आच्छादित है।

२ उत्त तहमीलका एक शहर। यह अक्षा० १७° २२' उ० और देशा० ८२° ३२' पू० मन्द्राजसे ४२५ मीलकी दूरी पर अवस्थित है। लोकसंख्या लगभग ८८४२ है।

तुनी (हिं० स्त्री०) तुनका पेड़।

तुनीर (हिं० पु०) तूणीर देखो।

तुन्तुभ (सं० पु०) सर्षपद्रुम, सरसोंका पौधा।

तुन्द (सं० क्ली०) तुदतोति तुद-दन् (अन्दादयश्च। उण् ४।१६८) उदर, पेट।

तुन्दकूपिका (सं० स्त्री०) तुन्दस्य कूपिकेव। क्षुद्र कूप, नाभि, ढ़ोंढ़ी।

तुन्दकूपी (सं० स्त्री०) तुन्दस्य कूपोयस्य। नाभि, ढ़ोंढ़ी।

तुन्दपरिमार्ज (सं० त्रि०) तुन्दं परिमष्टि तुन्दं परि-मृज-क तुन्द परि-मृज- अण्। मन्द, सुस्त। २ अलस, आलसी।

तुन्दमृज (सं० त्रि०) तुन्दं मार्ष्टि-मृज-क।
तुन्दपरिमार्ज देखो।

तुन्दवत् (सं० त्रि०) तुन्दं विद्यते अस्य। तुन्द-मतुप्। तुन्दिल, तोंदवाला, निकला हुआ पेटवाला।

तुन्दादि (सं० पु०) पाणिनिकथित शब्दगणविशेष, इस तुन्दादि शब्दके बाद अस्त्यर्थमें इलच् प्रत्यय आता है।

तुन्दि (सं० क्ली०) तुद-इन् बाहुलकात् नुमच्। १ गन्धर्व विशेष, एक गन्धर्वका नाम। (स्त्री०) २ नाभि, ढ़ोंढ़ी।

तुन्दिक (सं० त्रि०) अतिशयितं तुन्दमुदरं मत्वस्य तुन्द-ठन्। विशाल जठरयुक्त, तोंदवाला, बड़े पेटवाला।

तुन्दिकर (सं० पु०) तुन्दिं करोति कृ-अच्। तुन्दिल, बड़े पेटवाला।

तुन्दिकफला (सं० स्त्री०) खीरेकी बेल।

तुन्दिका (सं० स्त्री०) तुन्दिक-टाप्। नाभि।

तुन्दित (सं० त्रि०) तुण्डिल, जिसकी नाभी निकली हो।

तुन्दिन (सं० त्रि०) तुन्दोऽस्त्यस्य इनि। तुन्दयुक्त, निकले हुए पेटवाला।

तुन्दिभ (सं० त्रि०) तुन्दि वृद्धा नाभिरस्त्यस्य तुन्दि-भ। तुन्दिवलिवटेर्भः। पा ५।२।१३९। तुन्दिल, तोंदवाला।

तुन्दिल (सं० त्रि०) तुन्दकस्यास्ति तुन्द-इलच्। तुन्दादिभ्य इलच्। पा ५।२।११७। स्थूलोदर, बड़े पेटवाला।

तुन्दिफला (सं० स्त्री०) तुन्दिलं वृहत्फलं यस्याः। त्रिपुषी, खीरा।

तुन्न (सं० पु०) तुद-क्त। १ नन्दि, तुनका पेड़। २ फटे हुए कपड़ेका टुकड़ा। (त्रि०) ३ व्यथित, दुःखित। ४ छिन्न, कटा या फटा हुआ।

तुन्नकारिका (सं० स्त्री०) भूम्यामलकी, भूआँवला।

तुन्नवाय (सं० पु०) तुन्नं छिन्नं वयति तन्न-वे-अण्। सौचिक, कपड़ा सोनेवाला, दरजी।

तुन्नसेवनी (सं० स्त्री०) तुन्नं छिन्नं सोव्यतेऽनया सिव् कारणे ल्युट् ङीप्। सूचीभेद, एक प्रकारका दरजी।

तुपक (हिं० स्त्री०) १ छोटी तोप। २ बन्दूक, कड़ाबीन।

तुफंग (हिं० स्त्री०) १ हवाई बन्दूक। २ एक लम्बी नली। इसमें मट्टी या आटेकी गोलियां तथा छोटे तीर आदि डाल कर फूंकके जोरसे चलाए जाते हैं।

तुभना (हिं० क्रि०) स्तब्ध रहना, ठक रह जाना।

तुम (हिं० सर्व०) 'तू' शब्दका बहुवचन।

तुमकूर—१ महिसुर राज्यका एक जिला। यह अक्षा० १२° ४५' और १४° ६' उ० तथा देशा० ७६° २१' और ७७° २८' पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ४१६८ वर्गमील है। इसके उत्तरमें मन्द्राजके अनन्तपुर जिला, पूर्वमें कोलर और बंगलूर जिला, दक्षिणमें महिसुर जिला और पश्चिममें चितलद्रुग, कडूर तथा हसन जिले हैं।

जिलेका पूर्वीय भाग छोटे छोटे पहाड़ोंसे भरा है; पर्वत उत्तरसे दक्षिण तक फैले हुए हैं। यों तो यहां अनेक नदियां प्रवाहित हैं, पर जयमङ्गली और शिमशा ये दो ही प्रधान हैं। यहांका जलवायु बहुत मनोरम तथा स्वास्थ्य-कर है। जिलेका दक्षिणी भाग बहुत कुछ बंगलूर जिलेसे मिलता जुलता है। वार्षिक दृष्टिपात ३८ इञ्च है।

कहते हैं, कि प्राचीन कालमें यह स्थान गङ्गवंशके अधिकारमें था। पीछे यह होयसल राजवंशके अधिकारमें आया। वे अधिक दिन तक राज्य न कर पाये। कालक्रमसे यह जिला विजयनगरके अधीन आ गया। विजयनगरके अधःपतन होने पर १६३८ ई०में बीजापुरराजने इस पर अपना पूरा दखल जमाया और इसे शिवाजीके पिता शाहजीके निरीक्षणमें

छोड़ दिया। १६८७ ई०में मुगलोंने इसे जीता और सीरामें राजधानी स्थापित की। मुगलोंके अधीन यह स्थान सत्तर वर्षके लगभग रहा। पीछे यह १७५७ ई०में महाराष्ट्रोंके हाथ लगा, लेकिन दो वर्ष बाद ही उन्होंने पुनः सन्धि हो जाने पर मुगलोंको प्रत्यर्पण किया। सन्धि टूट जाने पर १७६६ ई०में महाराष्ट्रोंने फिरसे इसे अपने अधिकारमें कर लिया। बहुत दिनों तक वे इसका भोग न कर सके। १७७४ ई०में टीपू सुलतानने इस पर अपना अधिकार जमा लिया।

तुमकूरकी लोकसंख्या लगभग ६७८१६२ है। यहां हिन्दू, जैन, मुसलमान, ईसाई तथा अन्यान्य जातिके लोग रहते हैं। हिन्दुओंकी संख्या सबसे अधिक है। इसमें १८ शहर और २७५३ ग्राम हैं। धान, चना, ईख, रुई, रागी और नील यहांके प्रधान उत्पन्न-द्रव्य हैं। यहां सूतके मोटे कपड़े, कम्बल, रस्से नारियलके रेशे तथा बारीक रेशमका सूत प्रस्तुत होता है। दक्षिण-महाराष्ट्र-रेलवे इसी जिलेमें हो कर बङ्गलूरसे पूना तक गई है।

राजकार्यकी सुविधाके लिए यह जिला आठ तालुकोंमें विभक्त है। डिपटी कमिश्नर जिलेके प्रधान माने जाते हैं। इसे अनेक उपविभागोंमें बांट कर हर एक उपविभागको एक एक सहकारी कमिश्नरके अधीन रखा गया है।

२ तुमकूर जिलेका पूर्वीय तालुक। यह अक्षा० १३° ७' और १३° ३२' उ० तथा देशा० ७६° ५८' और ७७° २१' पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ४५५ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः १०७५१३ है। इस तालुकमें ३ शहर और ४७७ ग्राम लगते हैं। इसका पूर्वीय भाग जङ्गल तथा पहाड़ोंसे परिपूर्ण है। यहांकी जमीन बहुत उर्वरा है, अतः प्रति वर्ष अच्छी फसल होती है। सुपारी तथा नारियलके पेड़ सब जगह नजर आते हैं।

३ उक्त तालुकका एक शहर। यह अक्षा० १३° २१' उ० और देशा० ७७° ६' पू०; बङ्गलूरसे ४३ मील उत्तर-पश्चिममें अवस्थित है। जनसंख्या ११८८८ के लगभग है। यह शहर एक उच्च स्थान पर बसा हुआ है। इसके चारों ओर केले और ताड़के वन हैं। प्रवाद है, कि वर्तमान शहर महिसुरवंशके कान्त अरस् नामक एक व्यक्तिद्वारा स्थापित हुआ है। यहां १८७० ई०में म्युनिसपालिटी कायम हुई है।

तुमड़ी (हिं० स्त्री०) १ कडुए गोल कद्दूका सूखा फल। २ वह पात्र जो सूखे गोल कद्दूको खोखला करके बनाया जाता है। ३ सूखे कद्दूका एक बाजा जिसको मुंहसे फूंक कर बजाते हैं।

तुमतड़ाक (हिं० स्त्री०) तमतड़ाक देखो।

तुमसर—मध्यप्रदेशके भण्डारा तहसील और जिलेका एक शहर। यह अक्षा० २१° २३' उ० और देशा० ७९° ४६' पू०के मध्य भण्डारा शहरसे २७ मील और बम्बईसे ५७० मीलको दूरी पर अवस्थित है। जनसंख्या प्रायः ८२१६ है। यहां १८६७ ई०में म्युनिसिपलिटी स्थापित हुई है। यह एक प्रधान वाणिज्यकेन्द्र है। शहरके आस पास धानकी अच्छी फसल लगती है। यहां बैलगाड़ीका खूब बढ़िया पहिया तैयार होता है जो विशेष कर नागपुर और बरारको भेजा जाता है। शहरमें एक वर्नाक्युलर मिडिल स्कूल, एक बालिकाओंका स्कूल तथा एक चिकित्सालय है।

तुमाना (हिं० क्रि०) तुमानेका काम किसी दूसरेसे कराना।

तुमिनकट्टी—बम्बईके धारवार जिलेके अन्तर्गत रानीबेन्नूर तालुकका एक छोटा शहर। यह तुङ्गभद्रा नदीके किनारे रानीबेन्नूर शहरसे १५ मील दक्षिणमें अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ६३४१ है। यहां केवल दो विद्यालय हैं।

तुमुती (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी चिड़िया।

तुमुर (सं० क्ली०) तुमुल नस्य र। १ तुमुल, सेनाका कोलाहल। २ क्षत्रियोंकी एक जाति। इसका उल्लेख पुराणोंमें आया है।

तुमुल (सं० क्ली०) तु सौत्र धातु, बाहुलकात्, मुलक्। १ रणसङ्कुल, लड़ाईकी हलचल। २ कलि वृक्ष, बहेड़ेका पेड़। ३ व्याकुल युद्ध, गहरी मुठभेड़। (त्रि०) ४ प्रचण्ड, उग्र, तेज।

तुमुलयुद्ध (सं० त्रि०) तुमुलं युद्धं। घोरतर संग्राम, घमसान लड़ाई।

तुम्ब (सं० पु०-स्त्री०) तुम्बति नाशयत्यरुचिं तुम्ब-अच्। अलाबु, लौकी।

तुम्बक (सं० पु०) तुम्ब-स्वुन्। १ अलाबु, लौआ, लौकी। २ धन्याक, धनियां।

तुम्बर (सं० क्लो०) तुम्ब' तदाकार' राति-रा-क। वाद्य भेद, एक प्रकारका बाजा। २ तुम्बरु गन्धर्व।

तुम्बरचक्र (सं० क्लो०) तुम्बर' चक्र', कर्मधा०। नरपतिजयचर्य्योक्त चक्रभेद। चक्र देखो।

तुम्बरु (सं० पु०) गन्धर्वभेद, एक गन्धर्वका नाम।

तुम्बवन (सं० पु०) वृहत्संहिताके अनुसार एक देश। यह दक्षिणमें १२।१३।१४ नक्षत्रके मध्य अवस्थित है।

तुम्बा (सं० स्त्री०) तुम्ब-टाप्। १ अलावु, कड़ ुआ कद्द ू। २ गवी, एक प्रकारका जङ्गली धान। यह नदियों या तालोंके किनारे आपसे आप होता है।

तुम्बि (सं० स्त्री०) तुम्बति नाशयति अरुचि' तुम्ब-इन्। अलावु, कड़ ुआ कद्द ू।

तुम्बिका (सं० स्त्री०) तुम्ब-ण्वुल् टापि अत इत्व'। १ अलावु, कद्द ू। २ कटुतुम्बी, कड़ ुआ कद्द ू।

तुम्बिनी (सं० स्त्री०) तुम्ब णिनि-ङीप्। कटुतुम्बी, कड़ ुआ कद्द ू, तित लौकी।

तुम्बी (सं० स्त्री०) तुम्बि-ङीप्। १ अलावु, छोटा कड़ ुआ कद्द ू। २ कुलिक वृक्ष, बहेड़े का पेड़। (रत्नमाला)

तुम्बीतैल (सं० क्लो०) अलावुतैल, कद्द ूका तेल।

तुम्बीपुष्प (सं० क्लो०) तुम्ब्याः पुष्पमिव पुष्पमस्य। अलावु पुष्प, कद्द ूका फूल।

तुम्बुक (सं० क्लो०) तुम्ब बाहुलकात् उकः। अलावुफल, कद्द ूका फल।

तुम्बुकी—भारतवर्षीय एक प्राचीन आनद्ध यन्त्र, चमड़ े से मढ़ा हुआ एक प्रकारका बाजा।

तुम्बुगुठ—महाराष्ट्र ब्राह्मण जातिका एक भेद।

तुम्बुर (सं० पु०) विन्ध्यपर्वतस्थित जातिभेद, विन्ध्य पहाड़ पर रहनेवाली एक जाति। (हरिवंश ५ अ०)

तुम्बुरी (सं० स्त्री०) तुम्बर' आकार' राति रा-क ङीष पृषोदरादित्वात् उत्व'। १ कुक्कुरी, कुतिया। २ धन्याक, धनिया।

तुम्बुरु (सं० क्लो०) १ धन्याक, धनिया। (पु०-क्लो०) २ तपस्वीविशेष, एक तपस्वीका नाम। ३ एक जिन-उपासकका नाम। ४ फलवृक्षविशेष। इसका बीज धनियेके आकारका पर कुछ कुछ फटा हुआ होता है। इसके संस्कृत पर्याय—शूलघ्न, सौरज, सौर, वनज, मातुल, द्विज, तीक्ष्णकल्क, तीक्ष्णफल, तीक्ष्णपत्र, महामुनि, स्फुटत्, सुगन्धि। इसके गुण—कफ, वात, शूल, गुल्म, उदराध्मान, क्रमिनाशक और अग्निप्रदीपकारक है। भावप्रकाशके मतसे इसके पर्याय—सौरभ, सौर, वनज, मातुल और अन्धक। इसके गुण—तिक्त, कटुरस, कटु, विपाक, रूक्ष, उष्णवीर्य, अग्निदीप्तिकारक, तीक्ष्ण, रुचिकारक, लघु, विदाही एवं वातश्लेष्मिक रोग, चक्षुरोग, कर्णरोग, ओष्ठगत रोग, शिरोरोग, शरीरका गुरुत्व, क्रमि, कुष्ठ, शूल, अरुचि, श्वास और प्लीहा प्रभृति रोग-नाशक।

तुम्बुरु (सं० पु०) १ एक गन्धर्वका नाम। ये मधु अर्थात् चैत्र मासमें सूर्यके रथ पर रहते हैं। सङ्गीतविद्यामें ये विशेष पारदर्शी थे। इन्होंने ब्रह्माके निकट सङ्गीतविद्या सीखी थी। ये विष्णुके अत्यन्त प्रिय पार्श्वचर थे।

अद्भुत-रामायणमें लिखा है,—त्रेतायुगमें कौशिक नामके एक ब्राह्मण थे। वे वासुदेवके अत्यन्त भक्त थे और सर्वदा उन्हींका गुण गान किया करते थे। हरिगुणगानके सिवा उनका कोई दूसरा कार्य हो न था। वे विशुस्थल नामक अनुत्तम हरिक्षेत्रमें जा कर वहां मूर्च्छनाके उत्तरतियोगमें तालवर्णसे पूरित अत्यन्त भक्तिके साथ हरिगुण करनेमें प्रवृत्त हुए तथा भिक्षा द्वारा जीवनयात्रा निर्वाह करने लगे। वहां पद्माक्ष नामक एक ब्राह्मण रहते थे। वे कौशिकका गान सुन कर सर्वदा उन्हें अन्न दान करते थे। जब कौशिकको अन्न-चिन्ता जाती रही, तब वे और भी हरिप्रेममें उन्मत्त हो कर हरिगुण गान करने लगे। पद्माक्ष भी उस गानको भक्तिपूर्वक सर्वदा सुनते थे। धीरे धीरे कौशिकके क्षत्रिय, वैश्य और ब्राह्मणकुलोत्पन्न ज्ञान और विद्यामें श्रेष्ठ ७ शिष्य हो गये। पद्माक्ष सभीको अन्नदान देने लगे। उसी स्थानमें मालव नामक विष्णुभक्तिपरायण एक वैश्य रहते थे। वे हृष्टचित्तसे हरिको प्रतिदिन दीपमाला प्रदान करते थे। मालती नामकी उनकी पतिव्रता स्त्री भी प्रीत-मनसे हरिक्षेत्रके चारों ओर गोमय लेपन करती थीं। हरिके निमित्त कुशस्थलसे ५० ब्राह्मण आकर कौशिकके कार्य साधनार्थ वहां रहने लगे। क्रमशः यह गान अत्यन्त

विख्यात हो गया। कलिङ्गराज इस गानकी कथा सुन कर यहां आये और उनसे बोले, कौशिक! तुम सहचरोंके साथ मेरा यशोगान करो। यह सुन कर कौशिकने कहा,—'महाराज! मेरी जिह्वा या वाक्य कभी भी हरिके सिवा किसी दूसरेका यहां तक कि इन्द्रका भी स्तव नहीं करता।' बाद उनके शिष्योंने भी राजासे इस तरह कहा। इस पर राजाने अत्यन्त क्रुद्ध हो कर अपने भृत्योंसे कहा 'तुम लोग अत्यन्त उच्चस्वरसे मेरा गुणगान करो, जिससे इनका गान कोई सुन न सके।' भृत्योंके गान आरम्भ करने पर उन समस्त ब्राह्मणों और कौशिकने अत्यन्त दुःखित हो कर्णरोध किया तथा काष्ठशङ्कु द्वारा एक दूसरेका कर्ण भेद किया। पीछे राजाने बल पूर्वक गानमें नियुक्त किया। इस भयसे सबोंने अपना अपना जिह्वाग्र छेदन किया। राजाने इस व्यापारसे अत्यन्त क्रुद्ध हो कर सभीको देशसे निकलवा दिया। वे सबके सब उत्तरकी ओर रवाना हुए। उन लोगोंका भोग शेष हो गया। इसके बाद हरिने उन लोगोंको अपना पार्षद बनाया। कौशिक दिग्वन्धु नामक गणाधिप हुए। उस समय कौशिकके प्रीति-उत्पादनके लिये मधुराचरदच, वीणगुणतत्त्व गीत-विशारदोंके गान द्वारा विष्णु-सभामें अद्भुत महोत्सव आरम्भ हुआ। इस सभामें महात्मा तुम्बरु और कौशिकने प्राण भर कर हरिजीका गुणगान किया। गान सुन कर नारदके मनमें अत्यन्त क्रोध हो आया। नारद क्रुद्ध हो कर तुम्बरुको जीतनेके लिये विष्णुके उपदेशानुसार गान शिक्षार्थ गानबन्धु नामके उलूकेश्वरके निकट गये। उनके समीप एक हजार वर्ष गान सीख कर नारदके मनमें कुछ अहङ्कार उत्पन्न हुआ, बाद तुम्बरुको जीत करनेके लिये उनके घरके निकट आकर उन्होंने देखा कि यहां बहुतसे विकृताकार स्त्रीपुरुष रहते हैं। उनमेंसे एकके भी प्रकृत अङ्ग नहीं है। नारदने उन लोगोंको इस विकृतावस्थामें देख उनसे परिचय पूछा। वे बोले कि हम लोग राग और रागिणी हैं। आपके गानसे हम लोगोंको यह दुरवस्था हुई है। तुम्बुरु गानसे हम सबको सुस्थ कर देंगे, इसीसे हम लोग यहां आये हैं। नारद इस बातसे अत्यन्त लज्जित होकर नारायणके निकट गये। नारायणने नारदका आक्षेप सुनकर कहा, 'नारद! तुम अब तक गीतशास्त्रमें पारदर्शी नहीं हुए हो। तुम्बुरुके सदृश होनेमें अभी बहुत विलम्ब है। जब मैं कृष्णरूपमें जन्मग्रहण करूंगा तब तुम्हारे लिये गानशिक्षाका उपाय कर दूंगा। बाद नारदने जब सम्पूर्ण रूपसे गीत अधिकृत किया, तब तुम्बुरुके प्रति उनका द्वेषभाव हुआ। (अद्भुतराम०)

तुम्बुरुवीणा—इसका प्रचलित नाम तम्बुरा या तानपुरा है। यह एक सुखे हुए गोल कद्दूके खोलने और एक बांसके डंडेसे बनता है। तुम्बुरु गन्धर्व इस यन्त्रका सृष्टिकर्त्ता है, इसीसे इसका नाम तुम्बुरुवीणा पड़ा है। गीत और वाद्यके समय सुर-विराम निवारणके लिये इस यन्त्रका प्रयोजन पड़ता है। इसमें दो लोहे और दो पीतलके तार लगे रहते हैं, इसका सुर अध्यम क्रमसे इस प्रकार है—

प—सो—सो—प
स स म प
० ०

तानपूरामें जो चार तार रहते हैं, वे इसी प्रकार लगाये जाते हैं।

तुम्र (सं० त्रि०) तुम प्रेरणे आदरणे च रक्। १ प्रेरक, भेजनेवाला। २ हिंसक, मारनेवाला।

तुम्हारा (हिं० सर्व०) 'तुम' का सम्बन्ध कारकका रूप।

तुम्हें (हिं० सर्व०) तुमको।

तुरंज (फा० पु०) १ चकोतरा नीबू। २ तिजौरा नीबू। ३ पान या कलगीके आकारका बूटा जो अंगरखोंके मोढों और पीठ पर तथा दुशालेके कोनों पर बनाया जाता है।

तुरंजबीन (फा० स्त्री०) खुरासान देशमें होनेवाली एक प्रकारकी चीनी। यह ऊंटकटारेके पौधों पर ओसके साथ जमती है।

तुरंत (हिं० क्रि० वि०) अत्यन्त शीघ्र, झटपट, फौरन।

तुरंता (हिं० पु०) गांजा।

तुर (सं० त्रि०) तुर-क। वेगविशिष्ट, वेगवान्, जल्दी चलनेवाला।

तुर (हिं० पु०) १ जुलाहेकी वह लकड़ी जिस पर वे

कपड़ा बुनकर लपेटते जाते हैं। २ वह बेलन जिस पर गोटा बुन कर लपेटते जाते हैं।

तुरई (हिं० स्त्री०) १ एक प्रकारकी बेल। इसके लम्बे फलोंकी तरकारी बनाई जाती है। 'तुरही' देखो।

तुरक (हिं० पु०) तुर्क देखो।

तुरकटा (फा० पु०) मुसलमान। यह घृणासूचक शब्द है।

तुरकाना (हिं० पु०) १ तुर्कों जैसा। २ तुर्कोंका देश या बस्ती।

तुरकानी (फा० वि०) १ तुर्कोंकी जैसी (स्त्री०) २ तुर्ककी स्त्री।

तुरकिन (फा० स्त्री०) १ तुर्ककी स्त्री। २ तुर्क जातिकी स्त्री।

तुरकिस्तान (सं० पु०) तुरुष्क देखो।

तुरकी (फा० वि०) १ तुर्क देशका। २ तुर्क देश सम्बन्धी। (फा० स्त्री०) तुर्किस्तानकी भाषा।

तुरग (सं० पु०-स्त्री०) तुरेण वेगेन गच्छति गम-ड। १ घोटक, घोड़ा। २ चित्त। (त्रि०) ३ शीघ्रगामी, तेज चलनेवाला।

तुरगगन्धा (सं० स्त्री०) तुरगस्येव गन्धो यस्याः बहुव्री०। १ अश्वगन्धा, असगंध।

तुरगदानव (सं० पु०) तुरगाकारः दानवः मध्यलो० कर्मधा०। केशी नामक दैत्य। यह दैत्य कंसकी आज्ञासे कृष्णको मारनेके लिये वृन्दावनमें घोड़ेका रूप बना कर रहता था। इसके अत्याचारसे वह स्थान जन-प्राणिशून्य हो गया। दुरात्मा तुरगवेशी दैत्य गोपोंको मारने लगा। यहां तक कि उसके डरसे समस्त वन कम्पित हो उठा। कोई भी दूसरी बार वन जानेका साहस न करता था। एक दिन वह दैत्य काल प्रेरित हो घोष-पल्लीमें प्रविष्ट हुआ। उसे देख घोषविष्टने भयभीत हो श्रीकृष्णकी शरण ली। केशी भी ऊपरको मुख किये, आंख फैलाये, दांत दिखलाते, और बहुत जोरसे गरजते हुए कृष्णकी ओर अग्रसर हुए। बहुत देर बाद कृष्णने उसे मार डाला। (हरिवं ८० अ०)

तुरगप्रिय (सं० पु०) तुरगाणां प्रियः, ६-तत्। यव, जौ।

तुरगब्रह्मचर्य (सं० क्ली०) तुरगस्येव ब्रह्मचर्यं ततः स्वार्थे कम्। स्त्रीके अभाव हेतु अङ्गनात्याग रूप ब्रह्मचर्यभेद; वह ब्रह्मचर्य जो केवल स्त्रीके न मिलनेके कारण हो।

तुरगमेध (सं० पु०) तुरगेण मेधः ६-तत्। अश्वमेध, यह जो घोड़ेकी रक्षा करता हो।

तुरगरक्षक (सं० पु०) तुरगस्य रक्षकः ६-तत्। अश्व-रक्षक। (बृहत्सं० १५।२६)

तुरगलीलक (सं० पु०) सङ्गीतका तालविशेष, सङ्गीत-दामोदरके अनुसार एक तालका नाम।

तुरगातु (सं० त्रि०) तुरेण गातुः, गम वेदे गतु। १ शीघ्र-गमनकारक, जल्दी चलनेवाला। (क्ली०) तूर्ण गमन, जल्दी जानेकी क्रिया।

तुरगानन (सं० पु०) तुरगस्य आननमिव आननमस्य। किन्नरभेद, एक प्रकारके देवता, जिनका मुख घोड़ेके जैसा और शेष अङ्ग मनुष्य जैसा हो।

तुरगारोह (सं० पु०) अश्वारोही, घुड़सवार।

तुरगिन् (सं० त्रि०) तुरग वाहनत्वेनास्त्यस्य इनि। अश्वारोही, घुड़सवार।

तुरगी (सं० स्त्री०) तुरगवत् गन्धोऽस्त्यस्य, अर्श आदित्वात् अच ततो ङीष्। १ अश्वगन्धा, असगंधा। २ अश्वी, घोड़ी।

तुरगीय (सं० पु० स्त्री०) अश्वसम्बन्धीय।

तुरगुला (हिं० पु०) कर्णफूल नामक कानके गहनेमें लटकाये जानेका लटकन, झुमका, लोलक।

तुरगोपचारक (सं० पु०) अश्वसादी, घुड़सवार। शनिके अश्विनीनक्षत्रमें विचरण करनेसे घोड़ा, घुड़सवार, कवि, वैद्य और अमात्योंकी हानि होती है। (बृहत्सं० १०।३)

तुरङ्ग (सं० पु०-स्त्री०) तुरेण गच्छति तुर-गम-खच् वा डिच। १ घोटक, घोड़ा। (क्ली०) २ चित्त। ३ सैन्धव-नमक। ४ सातकी संख्या। (त्रि०) शीघ्रगामी, जल्दी चलनेवाला।

तुरङ्गक (सं० पु०) तुरङ्ग इव कायति कै-क। १ हस्ति-घोषाख्य, बड़ी तोरई। स्वार्थे कन्। २ घोटक, घोड़ा।

तुरङ्गगन्धा (सं० स्त्री०) तुरगगन्धा देखो।

तुरङ्गगौड़ (सं० पु०) गौड़रागका एक भेद। यह वीर या रौद्र रसका राग है।

तुरङ्गद्वेषिणी (सं० स्त्री०) तुरङ्गो द्विष्यतेऽनया तुरङ्ग-द्विष-बाहु० करणे इनि ङीप्। महिषी, भैंस।

तुरङ्गप्रिय (सं० पु०) तुरङ्गस्य प्रियः, ६ तत्। यव, जो।

तुरङ्गम (सं० पु०-स्त्री०) तुरं गच्छति गम्-खच्-मुम्। १ घोटक, घोड़ा। २ चित्त। ३ एक छन्दका नाम। इसके प्रत्येक चरणमें दो नगण और दो गुरु होते हैं। (त्रि०) ४ शीघ्रगामी, जल्दी चलनेवाला।

तुरङ्गमशाला (सं० स्त्री०) तुरङ्गमस्य शाला गृहं, ६-तत्। अश्वशाला, घुड़सार।

तुरङ्गमेध (सं० पु०) अश्वमेध।

तुरङ्गवक्त्र (सं० पु०) तुरङ्गस्येव वक्त्रमस्य। अश्वमुखाकार किन्नरभेद, घोड़ेकासा मुखवाला किन्नर।

तुरङ्गवदन (सं० पु०) तुरङ्गस्येव वदनमस्य। अश्वमुखाकार किन्नरभेद, घोड़ेकासा मुंहवाला किन्नर।

तुरङ्गारि (सं० पु०) तुरङ्गस्य अरिः, ६-तत्। १ करवीर, कनेर। २ महिष, भैंस।

तुरङ्गिका (सं० स्त्री०) तुरङ्गवत् आकारोऽस्त्यस्याः। तुरङ्ग-ठन्। देवदाली लता, घघरबेल।

तुरङ्गिन् (सं० त्रि०) तुरङ्गे वाहनत्वेन अस्त्यस्य। तुरङ्ग इन्। अश्वारोही, घुड़सवार।

तुरङ्गी (सं० स्त्री०) तुरङ्गमत् गन्धोऽस्त्यस्याः अच, गौरादित्वात् ङीष्। १ अश्वगन्धा, असगन्ध। जातौ ङीष्। २ अश्वी, घोड़ी।

तुरण (सं० क्ली०) तुर भावे ल्युट्। क्षिप्र गमन, जल्दीसे जानेकी क्रिया।

तुरण्य (सं० पु०) तुरण्य कण्वादित्वात् भावे घञ्। त्वरा, शीघ्र।

तुरण्यसद् (सं० त्रि०) तुरण्य-सद-क्विप्। जो बहुत थक जाते हों।

तुरत (हिं० अव्य०) तत्क्षण, शीघ्र, चटपट।

तुरत—हिन्दीके एक कवि। ये १७५४ ई०में विद्यमान थे। सुजानचरित्रमें इनका नाम आया है।

तुरपई (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी सिलाई।

तुरपन (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी सिलाई। इसमें जोड़ोंको पहले लम्बाईके बल टांके डाल कर मिला लेते हैं, फिर निकले हुए छोरको मोड़ कर तिरछे टांकोंसे जमा देते हैं। लुढ़ियावन।

तुरपवाना (हिं० क्रि०) तुरपाना, तुरपानेका काम दूसरेसे कराना।

तुरपाना (हिं० क्रि०) तुरपवाना देखो।

तुरपना (हिं० क्रि०) लुठियाना।

तुरम् (सं० अव्य०) तुर अम्। त्वरा, जल्दी।

तुरम (हिं० पु०) तुरही।

तुरमती (हिं० स्त्री०) एक चिड़िया जो बाज की तरह शिकार करती है। इसका आकार बाजसे छोटा होता है।

तुरमनी (हिं० स्त्री०) नारियल रेतनेकी रेती।

तुरया (सं० त्रि०) तूर्ण, शीघ्र, जल्द।

तुरस (सं० क्ली०) त्वरा, शीघ्र।

तुरस्पेय (सं० क्ली०) तुरस-पा-यत्। तूर्णपेय।

तुरही (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका बाजा जो मुंहसे फूंक कर बजाया जाता है।

तुरा—आसामके गारोहिल जिलेका एक शहर। यह अक्षा० २५° ३१' उ० और देशा० ९०° १४' पू०में अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः १३०५ है। यहांकी आबहवा गरम और अस्वास्थ्यकर है। यहां एक छोटा कारागार और एक अस्पताल है।

तुराव—एक प्रसिद्ध हिन्दी कवि। इनकी रस-पद्यकी कविता सराहनीय है। उदाहरणार्थं एक नीचे देते हैं—

"आयोरी आयो बसन्त सुहावन।
आओरी सखियां सब हिलमिलके नए नए रंगसों बसन रंगावन।
नई बहार नई ऋतु लागी नई नई नई छबिसों पियाको रिझावन।
अबकी बसन्त पिया आगनमें आयो मो पर फाग मचावन॥
भई तुराव पिय की कृपा काहे न होरीकी धूम मचावन॥"

तुरायण (सं० क्ली०) तुर-क, तस्य अपत्यं। १ अमङ्ग। २ यज्ञभेद, एक प्रकारका यज्ञ जो चैत्र शुक्ला पञ्चमी और वैशाख शुक्ला ५मीको होता है। ३ परायण, आसक्त, लीनता।

तुरावत् (हिं० त्रि०) वेगयुक्त, वेगवाला।

तुरावती (हिं० त्रि०) वेगवाली, झोंकके साथ बहनेवाली।

तुरावान् (हिं० त्रि०) तुरावत् देखो।

तुराषाट् (सं० पु०) इन्द्र।

तुराषाह् (सं० पु०) तुरं त्वरितं साहयति सह-णिच्-

देशको शान चौथी या पांचवीं शताब्दीके प्रारम्भमें यूरोपमें विज्ञापित हुई। इसके कई सौ वर्ष पहले चीना लोग इस विषयका कुछ कुछ हाल जानते थे।

तुर्कोंके कई एक प्राचीन वंश-विभाग हैं—(१) ओघुज (२) सेलजुक और (३) ओसमान-ली।

(१) ओघुज—प्रवाद है कि तुर्किस्तानमें (मध्य एशियाके तूरान देशमें) ओघुजखाँ नामके एक पराक्रान्त तुर्की नरपति रहते थे। उनके पिताका नाम कारा खाँ था। ओघुजखाँ इब्राहिमके समसामयिक थे। इनका राज्य इनके कईएक उत्तराधिकारियोंमें विभक्त हुआ। पूर्वाञ्चलमें तीन खाँओंने चीन तक अपना राज्य फैलाया और पश्चिमाञ्चलमें दूसरे तीनखाँओंने अक्षु और जकजरतिस नदीके चारों ओर राज्य विस्तार किया था। इनमेंसे प्रथम खां पार्वतीय खाँ नामसे विख्यात थे। ये तुर्कमान (वर्तमान कास्पीयन-सागर-तीरवर्ती तुर्की) जातिके आदि पुरुष थे। द्वितीय खाँ सामुद्रिकखाँ नामसे मशहूर थे। ये ही सेलजुकोंके आदिपुरुष माने जाते हैं। तृतीय खाँ स्वर्गीय खाँ नामसे विख्यात थे। ये काथि जातिके आदि पुरुष रहे। इसी काथि जातिसे ओसमान-ली तुर्कोंकी उत्पत्ति हुई है। ओघुज लोग बहुत काल तक पारस्यके साथ लड़ाईमें उलझे रहनेके कारण ७११ ई०में अरबके साथ विद्रोहमें लिप्त हो गये। अरबोंने इस समय बुखार और समरकन्द जय किया। बुगराखाँ हारूनने ८८८ ई०में चीन तक अपना राज्य फैलाया। बाद अन्तर्विद्रोहसे सेलजुकोंने प्रबल हो कर इनका राज्य जीत लिया।

(२) सेलजुक - १० वीं शताब्दीके अन्तमें सेलजुकोंके अधिपति प्रबल हो उठे। इनके पौत्र तुघरिल बेग ११ वीं शताब्दीके मध्यभागमें एक स्वाधीन राजा थे। इस समय बोगदादमें खलीफा अलीकायम राज्य करते थे। उनके पुत्र बेमानिरि पितृ-राज्य जय करनेकी इच्छासे सेलजुकपति तुघरिलसे मारे गये। खलीफाने सेलजुकपतिको अपना रक्षक समझ कर उन्हें अमीरउल्-उमरा-ई (राजाधिराज)। की उपाधि दी, और उनकी बहनसे आपने विवाह किया तथा अपनी लड़कीसे उनका विवाह करा दिया।

१०६८ ई०में तुघरिल बेगका ... सन्तान राजा हुए और उन्होंने खलीफा कायमकी एक कन्याके साथ विवाह किया। उन्होंने पारस्यके उत्तर-पश्चिमांश, आर्मेनिया, जर्जिया, मेसोपोटेमिया और सिरोया आदि देशोंको फतह किया। १०७१ ई०में उन्होंने ग्रीक-सम्राट् रोमेनसको पराजित कर उन्हें कैद कर लिया। इनके पुत्र मालिकशाहने एशिया-माइनरका अधिकांश जय किया। इसके बाद १३० वर्ष तक इस वंशके राजा अत्यन्त पराक्रान्त रहे। इन्होंने पश्चिम एशियाके प्रायः समस्त भाग अधिकार कर लिये थे। सेलजुकोंके अन्तिम राजा द्वितीय अलाउद्दीन् १२०७ ई०में मुगलोंके हाथ विनष्ट हुए। इनके पीछे इनका राज्य कई एक सर्दारोंने आपसमें बांट लिया। तुर्किस्तान देखो। इन लोगोंके समयमें कोनि नगरमें राजधानी थी।

(३) ओसमान-ली- सुलेमान शाह काथि जातिके राजपुत्र थे। १३ वीं शताब्दीके प्रारम्भमें वे खुरासानके अन्तर्गत महान् नामक स्थानमें राज्य करते थे। चङ्गेज खाँके भयसे वे १२३४ ई०में ५०००० लोगोंके साथ आर्मेनियाके मध्य आखलत और आरजीनजान नामक स्थानमें जा कर रहने लगे थे। ७ वर्ष पीछे कोन नगरके सेलजुक-राज अलाउद्दीनके खुरासान और खारिज्म अधिकार कर लेने पर वे पुनः स्वदेशको लौटे, किन्तु रास्तेमें जाबेर शहरके निकट युफ्रेतिस नदी पार करते समय वे डूब मरे। उनके अनुयायियोंने वहाँ उनका एक समाधिमन्दिर निर्माण किया जो आज भी वर्तमान है। इन्होंके एक पुत्र अर्तुघरिलने पश्चिम देशमें वास करनेके लिये कृतसंकल्प हो अलाउद्दीन सेलजुककी अधीनता स्वीकार की और मुगलोंके साथ लड़ाईमें उन्हें सहायता पहुंचा कर उस युद्धमें जय लाभ की। इस पर अलाउद्दीनने सन्तुष्ट हो कर उन्हें अङ्गोरा प्रदेशकी जागीर दी और उन्हें सामन्तराज स्वीकार किया। इसके सिवा अरतुघरिलने अलाउद्दीन्को ग्रीक और मुगल-युद्धमें साहाय्य किया था। इस समय ये सेलजुक राज्यके ... [illegible] ... कह कर सम्मानित हुए। १२८८ ... [illegible] ... हुई। उन्हींके पुत्रका नाम ओस-मान।

(१२८८—१३२६)—ओसमानने राजा हो कर ग्रोक-वासियोंके साथ लड़ाई करके उनके अनेक स्थान जीत लिये। सेलजुक-राज अल्लाउद्दोनको मृत्यु होने पर ओसमानने एशिया-माइनरके बहुतसे छोटे छोटे राज्यों पर अपना प्रभुत्व जमाया। १० वर्ष पीछे इन्होंने ब्रुसा अधिकार किया। उन्हींके नामानुसार इस प्रदेशके कायि जातीय तुर्कलोग ओसमान-ली नामसे प्रसिद्ध हुए। १३२१ ई०में ओसमानली तुर्कोंने बसफोरस पार कर कनस्तान्तिनोपलके निकटवर्ती प्रदेश अधिकार किये. १३२६ ई०में इनको मृत्यु हुई। इनके बड़े लड़के उरखाँ राजा हुए। ओसमान मरते समय उत्तरमें विथिनिया, पूर्वमें गालासिया, दक्षिणमें फ्रिगिया और पश्चिममें मङ्गोलियस नदीके किनारे तक राज्यसीमा बढ़ा गये थे. यहींसे तुरुष्क साम्राज्यका सूत्रपात है। वर्तमान शेष सम्राट् इन्हींके वंशोद्भव हैं।

(१३२६—१३५०)—उरखाँने राजा हो कर अपने भाई अल्लाउद्दोनको प्रधान वजीरके पद पर नियुक्त किया। उरखाँने अपने नाम पर सिक्का चलाने तथा खुतवा पढ़नेका आदेश दिया। केवल इन्होंने ही स्वाधोनता अवलम्बन की। राज्यशासनके लिये इन्होंने जो कर्मचारी नियुक्त किये, आज तक उन्हीं पदों पर कर्मचारी नियुक्त होते आ रहे हैं। उनको शासनप्रणाली अब भी प्रचलित है। इन्होंने आत्मविद्रोहको आशङ्का करते हुए पहलेसे ही सतर्क रहनेके उद्देश्यसे एक नियमित सैन्यदल सङ्गठित किया। इस तरहको सेना यूरोपमें पहले किसीने भी नियुक्त न की थी, इस काममें प्रधान विचारक कारा खलोल चेन्द्रेलीने उन्हें सलाह दी था। इस सैन्यदलको जेनिसेरो कहते थे। इसीसे वर्त्तमान तुरुष्कके जेनिसेरो (नवगठित सैन्यदल) शब्दकी उत्पत्ति हुई है। १३३० ई०में इसी सैन्यको ले कर फिलोक्रेनके युद्धमें सम्राट् उरखाँने अपने छोटे भाई आन्द्रनिकसको पराजित किया। इस लड़ाईमें उन्होंने निकिया जीता और वहां राजधानी स्थापित की। कुछ वर्ष बाद (१३३६ ई०में) इन्होंने मिसिया दखल किया। १३३३ ई०में सम्राट् आन्द्रनिकसने एक सन्धि की जिसमें उन्होंने अपना एशियाका राज्य उरखाँको दे दिया। १३३७ ई०में स्वयं उरखाँने बसफरस पार कर ग्रोकराज्य पर आक्रमण किया। सम्राट् जन काण्टाकुजेनस्ने अपनी कन्या उरखाँको ब्याह दो और (१३४६ ई०में) उन्हें शान्त करनेकी चेष्टा की, किन्तु कुछ फल न निकला। उरखाँके पुत्र सुलेमानने १३५४ ई०में दार्दानेलिस पार कर जिम्पि दुर्ग अधिकार किया। तुर्कोंका यूरोपमें यही सबसे पहला अधिकार था और तभीसे यह उसके हाथमें है। सम्राट् जन काण्टाकुजेनस और उनके एक दूसरे जामाता प्यालिओलोगसके बीच विद्रोह उपस्थित हुआ। उरखाँने दार्दानेलिसके द्वारा गलिपोलि दुर्ग पर आक्रमण और अधिकार किया। १३५६ को ७५ वर्षकी उम्रमें उरखाँको मृत्यु हुई। उनके मरनेके बाद उनका साम्राज्य कई भागोंमें बँट गया। प्रति विभागमें एक पाशा नामक राजा हुए। पारसोक "पय शाह" शब्दसे पाशा शब्दकी उत्पत्ति है, जिसका अर्थ 'जो फारस के शाहको प्रधानतः रचा करे' होता है।

(१३५८-१३८८)—उरखाँके बड़े लड़के सुलेमान घोड़ेसे गिर कर मर गये, सुतरां छोटे पुत्र मुराद राजा हुए। राजा होनेके साथ ही उन्होंने अवशिष्ट बाइजण्टाइन साम्राज्य अधिकार करनेका उद्योग किया। १३६१ ई०में उन्होंने आड्रियानोपल अधिकार किया और वहां राजधानी स्थापित की। हङ्गेरि, बोसनिया, सर्भिया और वालासियाके राजगण मुरादके विरुद्ध हो गये। किन्तु वे सबके सब तुर्कोंके हाथसे १३६३ ई०में पूर्णरूपसे पराजित हुए। इस युद्धमें ग्रेस, बुलगेरिया, माकिदोनिया, थेसालो और एपिरस तुर्कोंके हाथ लगे। १३८६ ई०में मुरादने कारामानियाके सेलजुकराज अल्लाउद्दोनको वशीभूत कर अपने अधीन राजाके जैसा स्वीकार किया। इतनेमें सर्भियाके राजा लाजारसने बोसनिया, बुलगेरिया, हङ्गेरी, पोलैण्ड और वालासियाके राजाओंको सहायता पा कर तुर्कोंके विरुद्ध लड़ाई ठान दो। १३८८ ई०में सर्भियाके दक्षिण कोसोवा नामक स्थानमें मुरादके साथ लड़ाई छिड़ो। लड़ाईमें रक्तको नदो बहने लगो। लाजारस कैद कर लिये गये। सहायकारी राजगण भाग चले। प्रधान

देशकी बात चौथी या पांचवीं शताब्दीके प्रारम्भमें यूरोपमें विज्ञापित हुई। इसके कई सो वर्ष पहले चोना लोग इस विषयका कुछ कुछ हाल जानते थे।

तुर्कों के कई एक प्राचोन वंश-विभाग हैं—(१) ओघुज (२) सेलजुक और (३) ओसमान-ली।

(१) ओघुज—प्रवाद है, कि तुर्किस्तानमें (मध्य एशियाके तूरान देशमें) ओघुजखां नामके एक पराक्रान्त तुर्की नरपति रहते थे। उनके पिताका नाम कारा खां था। ओघुजखां इब्राहिमके समसामयिक थे। इनका राज्य इनके कईएक उत्तराधिकारियोंमें विभक्त हुआ। पूर्वाञ्चलमें तीन खांओंने चीन तक अपना राज्य फैलाया और पश्चिमाञ्चलमें दूसरे तीनखांओंने अक्षु और जकजरतिस नदीके चारों ओर राज्य विस्तार किया था। इनमेंसे प्रथम खां पार्वतीय खां नामसे विख्यात थे। ये तुर्कोमान (वर्तमान कास्पीयन-सागर-तीरवर्ती तुर्की) जातिके आदि पुरुष थे। द्वितीय खां सामुद्रिकखां नामसे मशहूर थे। ये ही सेलजुकोंके आदिपुरुष माने जाते हैं। तृतीय खां स्वर्गीय खां नामसे, विख्यात थे। ये काथि जातिके आदि पुरुष रहे। इसी काथि जातिसे ओसमान-ली तुर्कोंकी उत्पत्ति हुई है। ओघुज लोग बहुत काल तक पारस्यके साथ लड़ाईमें उलझे रहनेके कारण ७११ ई०में अरबके साथ विद्रोहमें लिप्त हो गये। अरबोंने इस समय बुखार और समरकन्द जय किया। बुगराखां हारुनने ९९८ ई०में चोन तक अपना राज्य फैलाया। बाद अन्तर्विद्रोहसे सेलजुकोंने प्रबल हो कर इनका राज्य जीत लिया।

(२) सेलजुक—१० वीं शताब्दीके अन्तमें सेलजुकोंके अधिपति प्रबल हो उठे। इनके पौत्र तुघरिल बेग ११ वों शताब्दीके मध्यभागमें एक स्वाधीन राजा थे। इस समय बोगदादमें खलीफा अलीकायम राज्य करते थे। उनके पुत्र बेसासिरि पित्र-राज्य जय करनेको इच्छासे सेलजुकपति तुघरिलसे मारे गये। खलीफाने सेलजुकपतिको अपना रक्षक समझ कर उन्हें 'अमीरउल्-उमरा-ई' (राजाधिराज) की उपाधि दी, और उनको बहनसे आपने विवाह किया तथा अपनी लड़कीसे उनका विवाह करा दिया।

१०६८ ई०में तुघरिल बेगका भतीजा अलप-आर्स्लान राजा हुए और उन्होंने खलीफा कायमको एक कन्याके साथ विवाह किया। उन्होंने पारस्यके उत्तर-पश्चिमांश, आर्मेनिया, जर्जिया, मेसोपोटेमिया और सिरोया आदि देशोंको फतह किया। १०७१ ई०में उन्होंने ग्रोक-सम्राट् रोमेनसको पराजित कर उन्हें कैद कर लिया। इनके पुत्र मालिकशाहने एशिया-माइनरका अधिकांश जय किया। इसके बाद १३० वर्ष तक इस वंशके राजा अत्यन्त पराक्रान्त रहे। इन्होंने पश्चिम एशियाके प्रायः समस्त भाग अधिकार कर लिये थे। सेलजुकोंके अन्तिम राजा द्वितीय अलाउद्दोन् १२०७ ई०में मुगलोंके हाथ विनष्ट हुए। इनके पीछे इनका राज्य कई एक सर्दारोंने आपसमें बांट लिया। तुर्किस्तान देखो। इन लोगोंके समयमें कोनि नगरमें राजधानी थी।

(३) ओसमान-ली- सुलेमान शाह काथि जातिके राजपुत्र थे। १३ वीं शताब्दीके प्रारम्भमें वे खुरासानके अन्तर्गत महान् नामक स्थानमें राज्य करते थे। चङ्गेज खांके भयसे वे १२३४ ई०में ५०००० लोगोंके साथ आर्मेनियाके मध्य आखुलत और आरजेनजान नामक स्थानमें जा कर रहने लगे थे। ७ वर्ष पीछे कोन नगरके सेलजुक-राज अलाउद्दोनके खुरासान और ख्वारिज्म अधिकार कर लेने पर वे पुनः स्वदेशको लौटे, किन्तु रास्तेमें जाबेर शहरके निकट यूफ्रेतिस नदी पार करते समय वे डूब मरे। उनके अनुयायियोंने वहां उनका एक समाधिमन्दिर निर्माण किया जो आज भो वर्तमान है। इन्हींके एक पुत्र अरतुघरिलने पश्चिम देशमें वास करनेके लिये क्रतसंकल्प हो अलाउद्दोन सेलजुककी अधीनता स्वीकार की और मुगलोंके साथ लड़ाईमें उन्हें सहायता पहुंचा कर उस युद्धमें जय लाभ की। इस पर अलाउद्दोनने सन्तुष्ट हो कर उन्हें अङ्गोरा प्रदेशकी जागीर दो और उन्हें सामन्तराज स्वीकार किया। इसके सिवा अरतुघरिलने अलाउद्दोनको ग्रोक और मुगल-युद्धमें साहाय्य किया था। इस समय वे सेलजुक राज्यके पश्चिम सोमान्त-रक्षक कह कर सम्मानित हुए। १२८८ ई०में उनकी मृत्यु हुई। उन्हींके पुत्रका नाम ओसमान था।

(१२८८—१३२६)—ओसमानने राजा हो कर ग्रीक-वासियोंके साथ लड़ाई करके उनके अनेक स्थान जीत लिये। सेलजुक-राज अलाउद्दीनकी मृत्यु होने पर ओसमानने एशिया-माइनरके बहुतसे छोटे छोटे राज्यों पर अपना प्रभुत्व जमाया। १० वर्ष पीछे इन्होंने इसमा अधिकार किया। उन्हींके नामानुसार इस प्रदेशके कायि जातीय तुर्कलोग ओसमान-ली नामसे प्रसिद्ध हुए। १३२१ ई०में ओसमानली तुर्कोंने वसफोरस पार कर कनस्तान्तिनोपलके निकटवर्ती प्रदेश अधिकार किये, १३२६ ई०में इनकी मृत्यु हुई। इनके बड़े लड़के उरखाँ राजा हुए। ओसमान मरते समय उत्तरमें बिथिनिया, पूर्वमें गालातिया, दक्षिणमें फ्रिगिया और पश्चिममें सङ्गोरियस नदीके किनारे तक राज्यसीमा बढ़ा गये थे, यहींसे तुरुष्क साम्राज्यका सूत्रपात है। वर्तमान शेष सम्राट् इन्हींके वंशोद्भव हैं।

(१३२६—१३५०)—उरखाँने राजा हो कर अपने भाई अलाउद्दीनको प्रधान वजीरके पद पर नियुक्त किया। उरखाँने अपने नाम पर सिक्का चलाने तथा खुतबा पढ़नेका आदेश दिया। केवल इन्होंने ही स्वाधीनता अवलम्बन की। राज्यशासनके लिये इन्होंने जो कर्मचारी नियुक्त किये, आज तक उन्हीं पदों पर कर्मचारी नियुक्त होते आ रहे हैं। उनकी शासन-प्रणाली अब भी प्रचलित है। इन्होंने भ्रातृविद्रोहकी आशङ्का करते हुए पहलेसे ही, सतर्क रहनेके उद्देश्यसे एक नियमित सैन्यदल सङ्गठित किया। इस तरहकी सेना यूरोपमें पहले किसीने भी नियुक्त न की थी, इस काममें प्रधान विचारक कारा खलील चेन्दरेलीने उन्हें सलाह दी थी। इस सैन्यदलको जेनिसेरी कहते थे। इसीसे वर्त्तमान तुरुष्कके जेनिसेरी (नवगठित सैन्यदल) शब्दकी उत्पत्ति हुई है। १३३० ई०में इसी सैन्यको ले कर फिलोक्रेनके युद्धमें सम्राट् उरखाँने अपने छोटे भाई आन्द्रनिकस्को पराजित किया। इस लड़ाईमें उन्होंने निकिया जीता और वहां राजधानी स्थापित की। छह वर्ष बाद (१३३६ ई०में) इन्होंने मिसिया दखल किया। १३३३ ई०में सम्राट् आन्द्र-निकसने एक सन्धि की जिसमें उन्होंने अपना एशियाका राज्य उरखाँको दे दिया। १३३७ ई०में स्वयं उरखाँने वसफरस पार कर ग्रीकराज्य पर आक्रमण किया। सम्राट् जन कण्टाकुजेनस्ने अपनी कन्या उरखाँको व्याह दी और (१३४६ ई०में) उन्हें शान्त करनेकी चेष्टा की, किन्तु कुछ फल न निकला। उरखाँके पुत्र सुलेमानने १३५४ ई०में दार्दानेलिस पार कर जिम्पि दुर्ग अधिकार किया। तुर्कोंका यूरोपमें यही सबसे पहला अधिकार था और तभीसे वह उसके हाथमें है। सम्राट् जन कण्टाकुजेनस और उनके एक दूसरे जामाता प्यालिओलोगसके बीच विद्रोह उपस्थित हुआ। उरखाँने दार्दानेलिसके द्वारा गलिपोलि दुर्ग पर आक्रमण और अधिकार किया। १३५९ को २५ वर्षकी उम्रमें उरखाँकी मृत्यु हुई। उनके मरनेके बाद उनका साम्राज्य कई भागोंमें बँट गया। प्रति विभागमें एक पाशा नामक राजा हुए। पारसीक "पद शाह" शब्दसे पाशा शब्दकी उत्पत्ति है, जिसका अर्थ 'जो फारसके शाहकी प्रधानतः रक्षा करे' होता है।

(१३५८-१३८८)—उरखाँके बड़े लड़के सुलेमान घोड़ेसे गिर कर मर गये, सुतरां छोटे पुत्र मुराद राजा हुए। राजा होनेके साथ ही उन्होंने अवशिष्ट बाइजण्टाइन साम्राज्य अधिकार करनेका उद्योग किया। १३६१ ई०में उन्होंने आद्रियानोपल अधिकार किया और यहां राजधानी स्थापित की। हङ्गेरि, बोसनिया, सर्भिया और वालाशियाके राजगण मुरादके विरुद्ध हो गये। किन्तु ये सबके सब तुर्कोंके हाथसे १३६३ ई०में पूर्णरूपसे पराजित हुए। इस युद्धमें थ्रेस, बुलगेरिया, माकिदोनिया, थेसाली और एपिरस तुर्कोंके हाथ लगी। १३८६ ई०में मुरादने कारामानियाके सेलजुकराज अलाउद्दीनको वशीभूत कर अपने अधीन राजाके जैसा स्वीकार किया। इतनेमें सर्भियाके राजा लाजारसने बोसनिया, बुलगेरिया, हङ्गेरी, पोलैण्ड और वाला-शियाके राजाओंकी सहायता पा कर तुर्कोंके विरुद्ध लड़ाई ठान दी। १३८८ ई०में सर्भियाके दक्षिण कोसोवा नामक स्थानमें मुरादके साथ लड़ाई छिड़ी। लड़ाईमें रक्तकी नदी बहने लगी। लाजारस कैद कर लिये गये। साहाय्यकारी राजगण भाग चले। प्रधान

यद्धमें द्वीप इस युद्धमें तुरुष्कके हाथ लगे। ट्रानसिलभानियाके राजा जापोलाको मृत्यु होने पर अष्ट्रियाके राजा फार्डिनण्डने हङ्गेरी अधिकार किया। १५४१ ई०में हङ्गेरि जीतनेके लिये सुलेमानने सेना भेजी। १५४७ ई०में अष्ट्रियाके राजा बुडा वा ओफेन नगरके साथ हङ्गेरीका अधिकांश छोड़ देनेको बाध्य हुए। दो वर्षके बाद हङ्गेरीको ले कर फिर लड़ाई छिड़ी। अन्तमें १५६२ ई०को एक सन्धि हुई, जिसमें यह स्वीकार किया गया कि समस्त हङ्गेरी राज्य तुरुष्कके अधीन हो, केवल उत्तर-हङ्गेरी राज्य अष्ट्रियाके अधिकारमें रहे और वे उसके लिए तुरुष्क-पतिको वार्षिक कर देवें। इस सन्धिसे पहले सुलेमानके दोनों पुत्र सलीम और बयाजिद् सम्राट्‌की मृत्युके बाद सिंहासनके लिए लड़ने लगे। कोनि नगरमें दोनों भाइयोंका युद्ध हुआ। युद्धमें पराजित हो कर बयाजिदने अपने चार पुत्रोंको साथ ले पारस्य देशमें आश्रय लिया। सुलेमानद्वारा सलीम उत्तराधिकारी स्वीकार किये जाने पर पारस्यके राजाने बयाजिद् और उनके चारों पुत्रोंको सम्राट्‌के हाथ सौंप दिया। सुलेमानके आदेशसे १५६१ ई०में बयाजिद् पुत्र समेत मार डाले गये। इनके समयमें तुरुष्कको नौ-सेना की खूब अच्छी बनी थी। नौ-सेनाके अध्यक्ष सर्वदा इटाली, रोम और अफ्रिकाके बन्दरादि पर आक्रमण किया करते और रेगियो, सोरेण्टो, बूजिया, ओरान और मेजर्का द्वीप अधिकार भी कर चुके थे। १५६० ई०में जार्बाके निकट इटली और स्पेनकी एकत्र सेना तुरुष्कको नौ-सेनासे परास्त हुई। एक दूसरी तुर्की सेना लोहित-सागर, पारस्यसागर और भारतसागरमें घूमा करती और पूर्तगीजोंके साथ इस दलका सदैव युद्ध हुआ करता था। जर्बाके युद्धमें जय प्राप्त कर सुलतान सुलेमान माल्टा जीतनेको अग्रसर हुए और १५६० ई०में एक बड़ी सेना साथ ले माल्टाका अवरोध छोड़ कर हङ्गेरी युद्धमें जा पहुंचे। उस युद्धमें १५६६ ई०को स्जिगेथ अधिकार करते समय वे परलोकको चल बसे।

(१५६६—१५७४)—सुलेमानके मरनेके बाद उनके पुत्र २य सलीम राजा हुए। इन्होंने राजसिंहासन पर बैठते ही जेनिसेरियोंका एक विद्रोह दमन किया और अष्ट्रियाके राजा द्वितीय म्याक्सिमिलियनके साथ सन्धि स्थापन कर १५६२ ई०की सन्धिकी शर्तें रद्द कर दीं। पीछे १५७० ई०में इन्होंने अरबके अन्तर्गत येमेन प्रदेश और साइप्रस द्वीप अधिकार कर लिया। बाद १६७० ई०में स्पेनियोंसे अफ्रिकाके अन्तर्गत टिउनिस दखल किया। १५७२ ई०में तुरुष्कको ऐसी प्रबल नौ-सेना भी लेपाण्टोकी लड़ाईमें अष्ट्रियाके छल-बलद्वारा प्रायः ध्वंस हो गई।

(१५७४—१५८५)—२य सेलिमके पुत्र ३य मुराद राजा हुए। चिलदिरके युद्धमें तुरुष्कसम्राट्‌ने ऐरिवन, जर्जिया और दाग्रिस्तान जय किया। क्रिमियाके खाँ इस समय रूस द्वारा आक्रान्त थे। तुरुष्कसेनापति ओसमान पाशा उनको सहायता पहुंचानेके लिए आगे बढ़े। १५८४ ई०के युद्धमें उन्होंने क्रिमिया पलटा लिया। इनके राजत्वका अन्तिम समय पारस्यके साथ लड़ाईमें बीता। ट्रानसिलभानिया, मलदोरिया, वालाचिया प्रभृतिके राजाओंने इनकी स्वाधीनता स्वीकार की और यूरोपीय राजन्यवर्गके साथ कुछ कुछ सम्बन्ध रखा। इंगलैण्डके साथ प्रथम वाणिज्य-व्यवसायकी सन्धि इन्हींके समयमें हुई थी।

(१५८५—१६०३)—तृतीय मुरादबाद उनके पुत्र महम्मद अपने १८ भ्राता और ७ गर्भवती बेगमको मार कर राज्य सिंहासन पर बैठे। इनका समस्त राजत्वकाल अष्ट्रियाके साथ युद्धमें बीता किन्तु किसी युद्धमें वे जय अथवा पराजित न हुए। सिजिसमण्ड नामक ट्रानसिलभनियाके राजा विद्रोही हो कर पुनः उनके वशीभूत हुए और अधीनता स्वीकार की। इनके राजत्वकालमें एशियाके दिगद्दिगन्त विद्रोही हुए थे।

(१६०३—१६१७)—तृतीय महम्मदके पुत्र प्रथम अहमद २४ वर्षको अवस्थामें राज्यसिंहासन पर अभिषिक्त हुए। दिल होसेनके विद्रोहीने पारस्यके प्रथम राजा शाह अब्बासकी सहायतासे और भी विषम रूप धारण किया। १६१२ ई० तक यह युद्ध होता रहा। पितामहसे जीते हुए तीनों राज्य वे पारस्यके राजाको लौटा देनेमें बाध्य हुए। अष्ट्रियाके सम्राट् द्वितीय रोडल्फने अन्यान्य राजन्यवर्गके साथ मिल कर हङ्गेरी पर

आक्रमण किया। बहुतसी घमसान लड़ाइयां हुईं। अन्तमें १६०६ ई०को अहमदने सिटभाटोरोक नामक स्थानमें सन्धि कर ली। इस युद्धमें सुलतानने अष्ट्रिया-को उसके अधिकृत उत्तर हङ्गेरीका कर छोड़ दिया। इस समय नेदारलण्डके साथ वाणिज्य स्थापित हुआ। एकदल कोशाकने इस समय ऐशियामें साइनप नगर लूटा और ध्वंस किया। सुलतान स्त्री और प्रियपात्रों-के हाथ काठपुतली सरीखे थे, इस कारण इनके समयमें तुरुष्क साम्राज्यकी यथेष्ट क्षति हुई थी।

१६१७ ई०में इनकी मृत्यु होने पर इनके भाई प्रथम (१) मुस्ताफाने छः मास तक राज्य किया। अन्तःपुर-वासियोंके षड़यन्त्रसे ये कैद कर लिये गये थे।

(१६१४—१६२२)—प्रथम अहमदके पुत्र २य ओसमान राजा हुए। पोलण्डका युद्ध इनके राजत्वकाल में प्रथम और प्रधान घटना था। तुरुष्क सम्राट् क्रीत-दासीके सिवा और दूसरी कुमारीसे विवाह नहीं कर सकते थे। इन सम्राट्ने यह नियम उल्लङ्घन कर प्रधान कर्मचारीकी कन्याओंमेंसे तीनके साथ विवाह किया। इस कारण ये प्रजाके अप्रीतिभाजन हो गये। जेनिसेर-लोग विद्रोही हो उठे। उन्होंने मुफतीके परामर्शसे सुलतान को कैद किया और उनके कुपरामर्शदाताओंको मार डाला। प्रथम मुस्ताफा कारागारसे मुक्त कर राज्याभि-षिक्त किये गये, किन्तु उनके पागल हो जानेसे द्वितीय ओसमानके भाई चतुर्थ मुराद राज्यसिंहासन पर बैठे।

(१६२३—१६४०)—चतुर्थ मुराद १२ वर्षकी अवस्थामें राज्याभिषिक्त हुए। प्रथम दश वर्ष तक उनकी माता उनकी अभिभाविका थीं, पीछे वे निठुर तथा कार्यदक्ष सम्राट निकले। इनके समयमें बोगदादके शाह विद्रोही हुए और बोगदाद पारस्यके अधीन आ गया। क्रिमियाके तातारोंने विद्रोही हो कर तुर्की सेनापति कापूदान पाशाको परास्त किया। प्रायः डेढ़ हजार कोशाक इस समय वसफरसके किनारे लूटपाट मचाने लगे। तब जेनिसेरियोंने कातर हो कर अपने ही कन्-स्तान्तिनोपलके एक अंशमें आग लगा कर सम्राट्को चेता दिया कि, 'आपकी तलवारके साहाय्यके विना राज्य-का कष्ट दूर नहीं हो सकेगा।' १६३३ ई०में इस बातसे युवक-सम्राट्को बहुत उत्साह हुआ। अन्तःपुर त्याग कर वे सैन्यको संग्रहमें दत्तचित्त हुए। दो वर्षके बाद एशियाको युद्धयात्रा कर उन्होंने आर्जेरुम, एरिवन और ताबिजका उद्धार किया। १६३८ ई०में बोगदाद भी उद्धार किया गया। इस युद्धमें ८० हजार मनुष्योंकी जानें गई थीं। १६३८ ई०में पारस्यके साथ सन्धि की गई, जिसमें यह स्थिर किया गया कि बोगदाद राज्य तुरुष्कके और एरिवन पारस्यके अधीन होगा। इस जयलाभके बाद स्वदेशको लौट आनेके साथ ही सम्राट्को मृत्यु हुई।

(१६४०—१६४८)—चतुर्थ मुरादके बाद उनके भाई १म इब्राहिम राजा हुए। इन्होंने अपने शासनकालमें कोशाकके हाथसे आजफ जीता और भिनिसको लड़ाईमें कण्डिया अधिकार किया। राजा दिनरात भोगविलासमें लगे रहते थे। जेनिसेरिके विद्रोहमें ये मारे गये।

(१६४८-१६८७)—प्रथम इब्राहिमकी मृत्युके बाद उनका सात वर्षका लड़का चतुर्थ महम्मद राज्यसिंहा-सन पर बैठा। १म अहमदकी स्त्री और इनकी पिता-मही इनकी अभिभाविका थीं। नबालिग अवस्थामें हमेशा वजीरके हेर फेरसे राज्यमें बहुत गड़बड़ी और क्षति हुई थी। १६४८से १६५६ ई०के मध्य १८ बार प्रधान मन्त्री परिवर्त्तित हुए, अन्तमें वृद्धा सुलताना माहपिकर अन्तःपुरके षड़यन्त्रसे मारी गईं। १६५६ ई०में महम्मद केप्रिलीने प्रधान वजीर हो कर राज्यकी दुर्दशा दूर की। ट्रानसिलभानियाके राजा रागोजीने अष्ट्रियाको कई एक देश दे कर सम्राट् १म लियो-पोल्डके साथ भीषण संग्राम किया। तुरुष्क सेनाने बहुत-से देश दखल किये। १६६४ ई०के एक युद्धमें तुरुष्क सेना पराजित हुई। बाद सन्धि हो जाने पर ट्रानसिल-भानिया और हङ्गेरीके और भी कई एक अंश अष्ट्रिया साम्राज्यभुक्त हुए। सुलतानने १६६८ ई०में कण्डिया जीत कर इसकी क्षति पूरी की। १६७५ ई०में उन्होंने पोलण्डके बहुत अंश जय किये। १६८२ ई०को हङ्गेरी-में विद्रोह उपस्थित हुआ। उसकी सहायता देनेमें तुरुष्क के साथ अष्ट्रियाका पुनः युद्ध छिड़ा। १६८३ ई०में प्रधान वजीर कारा मुस्ताफाने २ लाख सेना साथ ले भियेना नगरी अवरोध किया, किन्तु काउण्ट ष्टारहेम-

वर्गके ग्रोरत्व और कोशलसे उस बार सिवाना उद्धार हुआ। पोलण्डके राजा और बभेरियाके राजाने अष्ट्रिया-का साथ दे कर तुर्कोंको सम्पूर्ण रूपसे पराजित किया। करा मुस्ताफा हङ्गेरीको भाग गये। ६ हजार पुरुष, ११ हजार स्त्री, १४ हजार बालिका और ५० हजार बालक क्रीतदास बना कर लाये गये। अष्ट्रियाकी सेनाने उनका पीछा किया था। ३ वर्ष युद्धके बाद तुरुष्क दानियुब नदीके दूसरे किनारेका समस्त अधिकार छोड़ देनेको बाध्य हुए। पीछे भिनिशी लोग इन लोगोंका साथ दे तुरुष्कका समस्त ग्रीस राज्याधिकार हड़प गये। जेनिसेरियोंने विद्रोही हो कर सुलतानको अन्तःपुरमें कैद कर रक्खा।

(१६८७–९१)—उसके बाद उनके भाई द्वितीय सुलेमान राजा हुए।

(१६९१—९५)—द्वितीय सुलेमानके दूसरे भाई द्वितीय अहमद राजा हुए। अष्ट्रियाके राजाने पुनः बहुतसे राज्य दखल कर लिये। भिनिशियोंने भी कियस अधिकार किया। सम्पूर्ण राज्यमें अशान्ति फैल गई।

(१६९५—१७०३)—चतुर्थ महम्मदके पुत्र द्वितीय मुस्ताफा उनके बाद राजगद्दी पर बैठे। इनके समयमें बहुतसे भिनिशी दमन किये गये, किन्तु अष्ट्रियावासी बल्कान पर्वतके निकट बहुत ऊधम मचाने लगे। १६९६ ई०में रूसके राजा पिटर दि-ग्रेटने अष्ट्रियाकी सहायतासे आजफ लौटा लिया। १६९८ ई०में भिनिसकी सेना तुरुष्कसे पराजित होने पर कार्लोविट्जकी सन्धि हुई। करिन्थ योजकके उत्तरवर्त्ती समस्त ग्रीस तुरुष्कके हाथ लगा। अष्ट्रियाने तेमेश्वरको छोड़ कर और सारा हङ्गेरी दखल किया। ओसमान-लो अपने समस्त राज्यके खो जानेसे उन्मत हो गये और १७०३ ई०में उन्होंने बागी होकर द्वितीय मुस्ताफाको राज्यच्युत किया।

(१७०३—३०)—द्वितीय मुस्ताफाके भाई तृतीय अहमद राजा हुए। उन्होंने विद्रोह दमन कर राज्यमें शान्ति स्थापन करनेकी विशेष चेष्टा की। १५ वर्षमें उन्हें १४ प्रधान वजीर बदलने पड़े। उनके राजत्व-कालमें स्वोडेनके राजा १२वें चार्ल्सने तुरुष्कमें आ कर आश्रय लिया था। इस सूत्रसे रूसियाके साथ एक लड़ाई छिड़ी। बालताजी महम्मदके षड़यन्त्रमें आकर पिटर-दि-ग्रेट ससैन्य तुरुष्कके हाथसे कैद कर लिये गये, किन्तु रूसकी रानी कार्थेरिनने प्रधान वजीरको रिशवत दे कर षड़यन्त्रसे उद्धार किया। आजफ नगर रूसियाको छोड़ देना पड़ा। १७१४ ई०में मोरिया दखल किया गया। १७१७ ई०में अष्ट्रियाके साथ युद्ध आरम्भ हुआ। तेमेश्वर अष्ट्रियाके अधिकारमें आ गया। इसके पीछे पारस्यके साथ युद्ध छिड़ा। युद्धमें उत्तर पारस्य अधिकार किया गया, किन्तु १७२६ ई०में पुनः वह उनके हाथसे जाता रहा। इसी कारण जेनिसेरियोंने विद्रोही हो कर राजाको राज्यसे च्युत कर दिया। इनके राजत्वकालमें तुरुष्कमें एक छापाखाना खोला गया था।

(१७३०—५४)—उनके बाद २य मुस्ताफाके पुत्र १म महमूद राजा हुए। इनके सेनापतिने ताब्रिज दखल किया। पारस-पति तमास्पके साथ जो सन्धि हुई थी, उससे ओसमान-लो सन्तुष्ट न हो कर पुनः विद्रोही हो गये। उधर नादिर कुलीखाँने पारस अधिकार कर तुरुष्कके विपक्षमें अस्त्र धारण किया और तृतीय अहमदने जो सब राज्य जय किये थे, उन्हें फिर लौटा लिया। १७३७ ई०में रूसियाके साथ तुरुष्कको अनबन हो गयी और अष्ट्रियाने रूसियाके साथ मिल कर तुरुष्कके विरुद्ध लड़ाई ठान दी। १७३९ ई०में अष्ट्रिया पराजित हो वालासिया, सर्भिया और बेलग्रेड तुरुष्कको दे देनेमें बाध्य हुए। रूसने सत्तदेविया अधिकार किया। अन्तमें पारस और अरबके ओहाबियोंके साथ युद्ध हुआ। १७५४ ई०में सम्राट्की मृत्यु हुई।

(१७५४—५७)—प्रथम महमूदके बाद उनके भाई तृतीय ओसमान राजा हुए।

(१७५७—७३)—उसके बाद तृतीय अहमदके पुत्र तृतीय मुस्ताफा राजसिंहासन पर आरूढ़ हुए। इन्होंने रूसकी रानी दूसरी कार्थेरिनके विरुद्ध युद्ध ठान दिया। पोलैण्डको रूसियाके हाथसे बचानेके लिये यह युद्ध हुआ था। इनके जीते-जी यह लड़ाई समाप्त नहीं हुई।

(१७७३—८९)—इसके बाद तृतीय अहमदके दूसरे पुत्र प्रथम अबदुल हमीद (वा चतुर्थ अहमद) राजा हुए। रूसियाके कईएक युद्धमें जयलाभ करने पर

१७७४ ई०में एक सन्धि हुई। इस सन्धिमें कबर्दी, आज़फ, किलबरन, फाचे, येनिकेल, बोग और निपर नदीके मध्यस्थ प्रदेश कृष्णसागर, बसफरस तथा डार्दनेलिसमें अबाधगति एवं मलदेभिया और वालेसियाका रक्षाभार तथा तुरुष्क-साम्राज्यके समस्त ग्रीकसमाज-भुक्त ईसाइयोंके ऊपर रूसका प्रभुत्व फैल गया था।

क्रिमियाके खाँ स्वाधीन हो गये। तीन वर्ष बाद अष्ट्रियाको बुकोनिया छोड़ देना पड़ा। इसके पीछे रूसके क्रिमिया ले लिये जाने पर तुरुष्कमें घमसान युद्धकी तैयारियाँ होने लगीं। रूसिया भी अष्ट्रियाके साथ मिल गया। १७८७ ई०में यह युद्ध आरंभ हुआ। इस युद्धमें तुरुष्कोंने अष्ट्रियाके ऊपर अपना प्रभुत्व जमाया; किन्तु वे रूसियासे पराजित हो गये। इसके बाद सुलतानकी मृत्यु हुई।

(१७८९—१८०१)—उनके बाद तृतीय मुस्ताफाके पुत्र तृतीय सलीम राजा हुए। इस समय रूस और अष्ट्रियामें लड़ाई छिड़ी हुई थी। कई एक युद्धमें तुरुष्क पराजित हुए। इस युद्धमें तुरुष्क तहस-नहस हो जाता; किन्तु इंगलैण्ड, प्रुसिया और स्वीडेन इसके बीचमें पड़ गये। १७९१ ई०में सिष्टोवयामें अष्ट्रियाके साथ सन्धि स्थापन हुई, जिसमें तुरुष्कने अपना खोया हुआ राज्य पुनः पाया। १७९२ ई०को जेसीमें रूसियाके साथ सन्धि हुई। तुरुष्कने क्रिमियाका दावा छोड़ दिया और निष्टर नदी दोनों राज्योंके सीमारूपमें निर्द्धारित हुई। इस समय बोनापार्टीने मिश्र जीत कर फ्रांसके साथ युद्ध ठान दिया; किन्तु इंगलैण्डने मिश्र उद्धार कर १८०२ ई०में तुरुष्कको प्रदान किया। १८०० ई०में सुलतान सलीमने रूसिया, नेपल्स और इंगलैण्डके साथ सन्धि कर आयोनीय द्वीपावली दखल की। सुलतान सलीमने इस समय युरोपीय सैन्यगठन तथा दीवानी परिवर्त्तित की। इतनेमें इङ्गलैण्ड और रूसियाके बीच प्रतिद्वन्द्विता उत्पन्न हुई। फ्रांसीसीकी उत्तेजनासे रूस और तुरुष्कमें १८०६ ई०की लड़ाई छिड़ी। इङ्गलैण्डने तुरुष्ककी सहायता की। रूस दानियुबके किनारे अग्रसर होने लगा। जेनसेरि और मुफ्तिने मिल कर सुलतानको राज्यच्युत और कैद किया।

(१८०७—८)—इसके बाद प्रथम अबदुल हामिदके पुत्र मुस्ताफा राजा हुए। इन्होंने तृतीय सलीमकी संस्कारविधि परित्यागपूर्वक प्राचीन प्रथा अवलम्बन करके विद्रोह दमन किया। रूससे तुरुष्ककी सेना पराजित हुई। रुस्चुक नामक प्रदेशके पाशा मुस्ताफा वैरक्तरने ससैन्य आकर सुलतानको राजच्युत करना चाहा। काराबद्ध तृतीय सलीमको इस विद्रोहका मूल समझ कर सुलतान मुस्ताफाने उन्हें मार डालनेकी आज्ञा दी; किन्तु वे भी बहुत जल्द पाशासे राज्यच्युत हुए।

(१८०८—४०)—उनके बाद उनके भाई द्वितीय महमुद राजा हुए। इन्होंने सुलतान तृतीय सलीमको कारागारसे मुक्त किया। वे उन्हींके मतानुसार राज्य करने लगे। अभी युरोपीय अन्यान्य राज्योंके साथ समता बाँधनेसे तुरुष्कमें जिन सब संस्कारकी आवश्यकता होगी, वृद्ध सुलतान नये सुलतानको उन्हींके विषयमें उपदेश देने लगे। पाशा मुस्ताफा प्रधान वज़ीर हुए। संस्कारविधि अवलम्बन कर जेनिसेरी पुनः विद्रोही हुए। विद्रोहियोंने अन्तःपुर पर आक्रमण किया। राज्यको बचानेके लिये प्रधान मन्त्रीने राज्यच्युत-सुलतान चतुर्थ मुस्ताफाको मार डाला और आप भी जेनिसेरियोंकी मुट्ठीमें पड़ कर मृत्युको प्राप्त हुए। सुलतान द्वितीय महमुदने उसमानका वंशधर बतला कर बाद पाया। उन्होंने भी अपना सिंहासन निष्कण्टक करनेके लिये चतुर्थ मुस्ताफाके शिशुपुत्रको मरवा डाला। जेनिसेरियोंकी इच्छानुसार उन्होंने संस्कार-प्रथा परित्याग की। ये इङ्गलैण्डके साथ सन्धि करके रूसियाके साथ लड़ने लगे। इस समय बहुतसे अधीनराज्य स्वाधीन हो गये। अतः उनको बाध्य हो कर १८१२ ई०को बुकारेष्टमें रूसियाके साथ सन्धि करनी पड़ी। प्रुथ और बेसारबियाके पूर्वस्थ समस्त देश, किनदियके कुछ अंश और दानियुबका मुहाना रूसियाको देने पड़े। ग्रीकोंने इस समय स्वाधीनता अवलम्बन कर तुरुष्कको सम्पूर्ण रूपसे शक्तिहीन बना दिया। अन्तमें युरोपीय राज्य ग्रीसके पक्षमें आ गये। इङ्गलैण्ड, फ्रांस, और रूसियाकी सेनाने मिल कर १८२७ ई०को नाभारिणाके युद्धमें तुरुष्ककी सेनाको अच्छी तरह तहस-नहस कर डाला। इस युद्धके

गाँके योरल और कोगमसे उन बार मिथाना उद्धार हुआ। पोलण्डके राजा और बभेरियाके राजाने अष्ट्रियाका साथ दे कर तुर्कोंको सम्पूर्ण रूपसे पराजित किया। कारा मुस्ताफा हङ्गरीको भाग गये। ६ हजार पुरुष, ११ हजार स्त्री, १४ हजार बालिका और ५० हजार बालक क्रोतदास बना कर लाये गये। अष्ट्रियाकी सेनाने उनका पीछा किया था। ३ वर्ष युद्धके बाद तुरुष्क दानियुब नदोके दूसरे किनारेका समस्त अधिकार छोड़ देनेको बाध्य हुए। पीछे भिनिसो लोग इन लोगोंका साथ दे तुरुष्कका समस्त ग्रीस राज्याधिकार हड़प गये। जेनिसेरियोंने विद्रोही हो कर सुलतानको अन्तःपुरमें कैद कर रक्खा।

(१६८७-८१)—उसके बाद उनके भाई द्वितीय सुलेमान राजा हुए।

(१६८१—८५)—द्वितीय सुलेमानके दूसरे भाई द्वितीय अहमद राजा हुए। अष्ट्रियाके राजाने पुनः बहुतसे राज्य दखल कर लिये। भिनिसियोंने भी कियस अधिकार किया। सम्पूर्ण राज्यमें अशान्ति फैल गई।

(१६८५—१७०१)—चतुर्थ महम्मदके पुत्र द्वितीय मुस्ताफा उनके बाद राजगद्दी पर बैठे। इनके समयमें बहुतसे भिनिसी दमन किये गये, किन्तु अष्ट्रियावासी वल्कन पर्वतके निकट बहुत ऊधम मचाने लगे। १६८६ ई०में रूसके राजा पिटर दि-ग्रेटने अष्ट्रियाकी सहायतासे आजफ लौटा लिया। १६८८ ई०में भिनिसकी सेना तुरुष्कसे पराजित होने पर कार्लोविट्सको सन्धि हुई। करिन्थ योजकके उत्तरवर्त्ती समस्त ग्रीस तुरुष्कके हाथ लगा। अष्ट्रियाने तेमिस्वरको छोड़ कर और सारा हङ्गरी दखल किया। ओसमान-लो अपने समस्त राज्यके खो जानेसे उन्मत्त हो गये और १७०२ ई०में उन्होंने बागी होकर द्वितीय मुस्ताफाको राज्यच्युत किया।

(१७०३—३०)—द्वितीय मुस्ताफाके भाई तृतीय अहमद राजा हुए। उन्होंने विद्रोह दमन कर राज्यमें शान्ति स्थापन करनेकी विशेष चेष्टा की। १५ वर्षमें उन्हें १४ प्रधान वजीर बदलने पड़े। इनके राजत्वकालमें स्वीडेनके राजा १२वें चार्ल्सने तुरुष्कमें आ कर आश्रय लिया था। इस सूत्रसे रूसियाके साथ एक लड़ाई छिड़ी। बाल्तताजी महम्मदके षड़यन्त्रमें आकर पिटर-दि-ग्रेट ससैन्य तुरुष्कके हाथसे कैद कर लिये गये, किन्तु रूसकी रानी कायेरिनने प्रधान वजीरको रिशवत दे कर षड़यन्त्रसे उद्धार किया। आजफ नगर रूसियाको छोड़ देना पड़ा। १७१४ ई०में मोरिया दखल किया गया। १७१७ ई०में अष्ट्रियाके साथ युद्ध आरम्भ हुआ। तेमिस्वर अष्ट्रियाके अधिकारमें आ गया। इसके पीछे पारस्यके साथ युद्ध छिड़ा। युद्धमें उत्तर पारस्य अधिकार किया गया, किन्तु १८२६ ई०में पुनः यह उनके हाथसे जाता रहा। इसी कारण जेनिसेरियोंने विद्रोही हो कर राजाको राज्यसे च्युत कर दिया। इनके राजत्वकालमें तुरुष्कमें एक छापाखाना खोला गया था।

(१७३०—५४)—उनके बाद २य मुस्ताफाके पुत्र १म महमूद राजा हुए। इनके सेनापतिने तातिस दखल किया। पारस-पति नमास्पके साथ जो सन्धि हुई थी, उससे ओसमान-लो सन्तुष्ट न हो कर पुनः विद्रोही हो गये। उधर नादि कुलीखाँने पारस अधिकार कर तुरुष्कके विपक्षमें अस्त्र धारण किया और तृतीय अहमदने जो सब राज्य जय किये थे, उन्हें फिर लौटा लिया। १७३७ ई०में रूसियाके साथ तुरुष्कको अनबन हो गयी और अष्ट्रियाने रूसियाके साथ मिल कर तुरुष्कके विरुद्ध लड़ाई ठान दी। १७३८ ई०में अष्ट्रिया पराजित हो वालासिया, सर्भिया और बेलग्रेड तुरुष्कको दे देनेमें बाध्य हुए। रूसने सलटेविया अधिकार किया। अन्तमें पारस और अरबके ओहाबियोंके साथ युद्ध हुआ। १७५४ ई०में सम्राट्की मृत्यु हुई।

(१७५४—५७)—प्रथम महमूदके बाद उनके भाई तृतीय ओसमान राजा हुए।

(१७५७—७३)—उसके बाद तृतीय अहमदके पुत्र तृतीय मुस्ताफा राज्यसिंहासन पर आरूढ़ हुए। इन्होंने रूसकी रानी दूसरी कायेरिनके विरुद्ध युद्ध ठान दिया। पोलैण्डको रूसियाके हाथसे बचानेके लिये यह युद्ध हुआ था। इनके जीते-जी यह लड़ाई समाप्त नहीं हुई।

(१७७३—८८)—इसके बाद तृतीय अहमदके दूसरे पुत्र प्रथम अबदुल हमीद (वा चतुर्थ अहमद) राजा हुए। रूसियाके कई एक युद्धमें अयसाम करने पर

१७७४ ई०में एक सन्धि हुई। इस सन्धिमें कबर्दा, आजफ, किलबरन, फार्च, येनिकेल, बोग और निपर नदीके मध्यस्थ प्रदेश कृष्णसागर, बसफरस तथा दार्दानेलिसमें अबाधगति एवं मलटेभिया और वलाखियाका रक्षाभार तथा तुरुष्क-साम्राज्यके समस्त ग्रीकसमाजभुक्त ईसाइयोंके ऊपर रूसका प्रभुत्व फैल गया था।

क्रिमियाके खाँ स्वाधीन हो गये। तीन वर्ष बाद अष्ट्रियाको बुकोनिया छोड़ देना पड़ा। इसके पीछे रूससे क्रिमिया ले लिये जाने पर तुरुष्कमें घमसान युद्ध की तैयारियाँ होने लगीं। रूसिया भी अष्ट्रियाके साथ मिल गया। १७८७ ई०में यह युद्ध आरंभ हुआ। इस युद्धमें तुरुष्कोंने अष्ट्रियाके ऊपर अपना प्रभुत्व जमाया; किन्तु वे रूसियासे पराजित हो गये। इसके बाद सुलतानकी मृत्यु हुई।

(१७८९—१८०१)—उनके बाद तृतीय मुस्तफाके पुत्र तृतीय सलीम राजा हुए। इस समय रूस और अष्ट्रियामें लड़ाई छिड़ी हुई थी। कई एक युद्धमें तुरुष्क पराजित हुए। इस युद्धमें तुरुष्क तहस-नहस हो जाता; किन्तु इंगलैण्ड, प्रुसिया और स्वीडेन इसके बीचमें पड़ गये। १७९१ ई०में सिष्टावयामें अष्ट्रियाके साथ सन्धि स्थापन हुई, जिसमें तुरुष्कने अपना खोया हुआ राज्य पुनः पाया। १७९२ ई०को जेसीमें रूसियाके साथ सन्धि हुई। तुरुष्कने क्रिमियाका दावा छोड़ दिया और निष्टर नदी दोनों राज्योंकी सीमारूपमें निर्धारित हुई। इस समय बोनापार्टीने मिश्र जीत कर प्रांसके साथ युद्ध ठान दिया; किन्तु इंगलैण्डने मिश्र उद्धार कर १८०१ ई०में तुरुष्कको प्रदान किया। १८०० ई०में सुलतान सलीमने रूसिया, नेपल्स और इंगलैण्डके साथ सन्धि कर आयोनीय द्वीपावली दखल की। सुलतान सलीमने इस समय यूरोपीय सैन्यगठन तथा दीवानी परिवर्त्तित की। इतनेमें इङ्गलैण्ड और रूसियाके बीच प्रतिद्वन्द्विता उत्पन्न हुई। फ्रांसीसीकी उत्तेजनासे रूस और तुरुष्कमें १८०६ ई०को लड़ाई छिड़ी। इङ्गलैण्डने तुरुष्कको सहायता की। रूस दानियुबके किनारे अग्रसर होने लगा। जेनसेरि और मुफ्तिने मिल कर सुलतानको राज्यच्युत और कैद किया।

(१८०७—८)—इसके बाद प्रथम अबदुल हामिदके पुत्र मुस्तफा राजा हुए। इन्होंने तृतीय सलीमको संस्कारविधि परित्यागपूर्वक प्राचीन प्रथा अवलम्बन करके विद्रोह दमन किया। रूससे तुरुष्ककी सेना पराजित हुई। रुष्चुक शासक प्रदेशके पाशा मुस्तफा वैरक्तारने ससैन्य आकर सुलतानको राज्यच्युत करना चाहा। कारारुद्ध तृतीय सलीमको इस विद्रोहका मूल समझ कर सुलतान मुस्तफाने उन्हें मार डालनेकी आज्ञा दी; किन्तु वे ही बहुत जल्द पाशासे राज्यच्युत हुए।

(१८०८—४०)—उनके बाद उनके भाई द्वितीय महमुद राजा हुए। इन्होंने सुलतान तृतीय सलीमको कारागारसे मुक्त किया। वे उन्हींके मतानुसार राज्य करने लगे। अभी यूरोपीय अन्यान्य राज्योंके साथ समता बाँधनेमें तुरुष्कमें जिन सब संस्कारकी आवश्यकता होगी, वृद्ध सुलतान नये सुलतानको उन्हींके विषयमें उपदेश देने लगे। पाशा मुस्तफा प्रधान वजीर हुए। संस्कारविधि अवलम्बन कर जेनिसेरी पुनः विद्रोही हुए। विद्रोहियोंने अन्तःपुर पर आक्रमण किया। राज्यको बचानेके लिये प्रधान वजीरने राज्यच्युत सुलतान चतुर्थ मुस्तफाको मार डाला और आप भी जेनसेरियोंकी मुट्ठीमें पड़ कर मृत्युको प्राप्त हुए। सुलतान द्वितीय महमुदने उसमानका वंशधर बतला कर त्राण पाया। उन्होंने भी अपना सिंहासन निष्कण्टक करनेके लिये चतुर्थ मुस्तफाके शिशुपुत्रको मरवा डाला। जेनिसेरियोंकी इच्छानुसार उन्होंने संस्कार-प्रथा परित्याग की। वे इङ्गलैण्डके साथ सन्धि करके रूसियाके साथ लड़ने लगे। इस समय बहुतसे अधीनराज्य स्वाधीन हो गये। अतः उनको बाध्य हो कर १८१२ ई०को बुकारेष्टमें रूसियाके साथ सन्धि करनी पड़ी। प्रथ और बेसारेबियाके पूर्वस्थ समस्त देश, विनदियके कुछ अंश और दानियुबका मुहाना रूसियाको देने पड़े। ग्रीकोंने इस समय स्वाधीनता अवलम्बन कर तुरुष्कको सम्पूर्ण रूपसे शक्तिहीन बना दिया। बहुतसे यूरोपीय राज्य ग्रीसके पक्षमें आ गये। इङ्गलैण्ड, फ्रांस, और रूसियाकी सेनाने मिल कर १८२७ ई०को नावारिनोके युद्धमें तुरुष्ककी सेनाको अच्छी तरह तहस-नहस कर डाला। इस युद्धके

वाद ग्रीस सम्पूर्ण रूपसे स्वाधीन हो गया। अभेरिया-राजवंशके ओथो प्रथम राजा हुए।

१८२२ ई०के बाद विद्रोहियोंको दमन करते समय उन्होंने अपनी प्रिय प्रजा और श्रेष्ठ राजपुरुषोंको खोते हुए भी महमुद जेनिसेरियोंका मूलोच्छेद किया। ऐसा होनेसे तुरुष्कमें नवयुगका सूत्रपात हुआ। सर्भिया और वालासिया ले कर बहुत दिनोंसे रूसके साथ झगड़ा चल रहा था। १८२६ ई०में आक-कार्मानकी सन्धिके अनुसार सब गड़बड़ी दूर हो गई। इस समय महमुदने दल-बल बहुत बढ़ा लिया। तब भी ग्रीसका विवाद चल रहा था। यूरोपीय राजगण ग्रीसकी स्वाधीनताके पक्षपाती थे। महमुद यूरोपीय राजाओंको युद्धको दे कर ग्रीसमें मुसलमान-अधिकार स्थायी करनेके लिये विशेष यत्नवान् हुए। १८२६ ई०में रूसके साथ सन्धि की गई। रूसके सेनापति डिविसने (Diebitsch) मासला नामक स्थानमें तुर्कसैनिकोंको पराजय कर आड्रियानोपल अधिकार किया। इस समय पास्किविच नामक एक दूसरे रूस-सेनापतिने आरजरुम पर आक्रमण किया। महमुदने आड्रियानोपलमें १८२८ ई०को रूसके साथ सन्धि स्थापन की, जिससे ग्रीसराज्य निर्विवाद स्वाधीन हो गया। सर्भिया और वालासियाने स्वाधीन शासन शक्ति लाभ की। इसके सिवा और कई एक देश रूसके अधिकारमें आ गये। १८३१ ई०में सुलतानने इजिप्टके पाशा महम्मद अली पर धावा किया, किन्तु इस युद्धमें सुलतानकी सैन्य ही परास्त हुई। इसके दूसरे वर्ष इब्राहिम पाशा कनस्तान्तिनोपलसे ६५ कोस दूर कुटाया नामक स्थान तक अग्रसर हुए थे। १८३३ ई०में एक सन्धि की गई, जिससे मुहम्मद अलीने समस्त सिरीया-राज्य तथा इब्राहिम पाशाने आदन का कर्त्तृत्व पाया। इस समय विजयी इब्राहिम पाशाके हाथसे कनस्तान्तिनोपल बचानेके लिये रूस-सम्राट् निकोलसने जलपथसे एक सैन्य-दल भेजा। इसी कारण १८३३ ई०को आङ्कियर स्कोलेसिसमें एक सन्धि हुई, जिसमें यह स्थिर हुआ कि रूसका कोई विपक्ष-दार्दनेलिस पार कर न सकेगा। १८३५ ई०में तुरुष्कको सेनाने त्रिपली अधिकार किया। इसके बाद सुलतान महमूदने महम्मद अलीको दमन करनेके लिये पुनः नयी लड़ाई आरम्भ कर दी; किन्तु १८३९ ई०को २४वीं जूनको इब्राहिम पाशाके निकट तुरुष्ककी सेना सम्पूर्ण रूपसे पराजित हुई। उसके कुछ दिनके बाद ही महमूद की मृत्यु हुई।

२य महमूदके पुत्र अबदुल मेजिद १६ वर्षकी अवस्थामें राज्य-सिंहासन पर बैठे। इस समय निज-युद्धमें पराजय, कपुदान पाशाकी विश्वासघातकतासे महम्मदअलीके नौ-सेना-दलका नाश तथा विजयी इब्राहिम पाशाके आगमनसे मानो तुरुष्क-साम्राज्य विलुप्तप्राय हो गया था। इस सङ्कटके समय सुलतानने अंग्रेजोंके साथ (लण्डनमें १८४० ई०को १५वीं जुलाईको) एक सन्धि स्थापन की। सन्धिके अनुसार एक दल अंग्रेजी और फ्रांसीसी नौसेनाने आकर एकर, सिदन, और सिरीयाके उपकूलवर्त्ती कई एक नगर अधिकार किये। इब्राहिम पाशाने उक्त स्थान बाध्य हो कर छोड़ दिये। शीघ्र ही शान्ति विराजने लगी। महम्मद अली वार्षिक कर दे कर पुरुषानुक्रमसे पाशा हो कर रहने लगे।

इस समय तुरुष्कके थोड़े मुसलमानोंने उत्पात मचाना आरम्भ कर दिया। उन्होंने सोचा 'इस बार ऐसा मालूम पड़ता है कि सभी ईसाईका अनुकरण करेंगे, पहलेकी रीति-नीति जाती रहेगी। सुतरां इसलाम-धर्मकी अवनति होगी।' ऐसा जान कर उन्होंने अस्त्र धारण किया। रसीद पाशाने सबके सामने यह प्रचार किया, कि सुलतानके अधीन प्रजाके मध्य सभी धर्मके मनुष्य एक दृष्टिसे देखे जायेंगे। सब कोई समानभावसे अपना-अपना धर्म पालन कर सकते हैं, विधर्मियोंके ऊपर अन्याय करके किसी प्रकारका कर नहीं लिया जा सकता है; किन्तु यह प्रस्ताव तुरुष्कके उच्च अमीर-उमराओंको अच्छा न लगा। अतः वे सबके सब असन्तोष प्रकाश करने लगे। इधर यूरोपीय तुरुष्कमें बहुतसी ईसाई-प्रजा वास करती थी। वे भी अभी सुविधा पा कर अपना स्वार्थसंरक्षणके लिये रूस-राजके हाथमें राज्य समर्पण करनेको प्रस्तुत हुए। इधर फ्रांस, अष्ट्रिया और इङ्गलैण्डके राजदूतगण तुरुष्कको

सभामें सुयोग खोज रहे थे; किन्तु इस समय बुद्धिमान् सुलतानने निरपेक्ष आइन प्रचार कर ईसाई-प्रजाको शान्त किया। यथार्थमें अभी भी यूरोपीयगण अब्दुल मेजिदको समुन्नत-प्रकृतिकी बड़ाई किया करते हैं। १८४८ ई०में हङ्गरीके प्रधान राजपुरुषोंने आ कर सुलतानका आश्रय ग्रहण किया। अष्ट्रिया और रूस-सम्राट्ने उन्हें पकड़वा देनेका अनुरोध किया। किन्तु सुलतानने उनके प्रस्तावकी उपेक्षा करते हुए कहा, "आश्रित मनुष्योंकी रक्षा करना ही हम लोगोंका जातीयधर्म है। प्राण विसर्जन करते हुए भी हम लोग जातीय धर्मकी रक्षा किया करते हैं।"

पहले रूसके साथ तुरुष्कको कई एक सन्धि हुई थीं सही, किन्तु उनमें रूसका ही स्वार्थ भरपूर था। रूस बराबर तुरुष्कके ऊपर तीव्र दृष्टि रखा करते थे।

तुरुष्कके ग्रीक-समाजभुक्त ईसाइयोंने सुलतानके विरुद्ध रूस-राजके निकट अभियोग किया। जारने पूर्वसन्धिपत्रके विरुद्ध सब हाल जान कर तुरुष्कके आभ्यन्तरिक व्यापारमें हस्तक्षेप किया। रूससैन्यने आ कर मल्दोविया और वालासिया अधिकार कर लिया। तब सुलतान भी निश्चिन्त रह न सके। उनके सेनापति उमार पासाने बलकान और दानियुब नदी-तीरस्थ दुर्ग अधिकार कर लिये। इधर फ्रांसीसी और अंग्रेज-नौ-सेनाने बेसिक-उपसागरमें आ कर लङ्गर डाला। अक्तूबर मासमें तुरुष्कने रूसके विरुद्ध युद्ध-घोषणा कर दी और अंग्रेज तथा फ्रांसीसियोंको मदद देनेके लिये बुलाया।

वालाचियामें दोनों दलमें कई बार युद्ध हुए, प्रति युद्धमें ही रूससैन्य हारने लगी। नवम्बर मासमें रूसकी नौ-सेनाने शिवास्तुपोल-बन्दरसे निकल कर सिनुपके रास्ते पर तुर्कीके-युद्ध जहाजोंको नष्ट किया। पीछे १८५४ ई०में रूससैन्यने दानियुब नदी पार कर दोब्रुचाके दुर्गों पर आक्रमण किया। इस समय इंगलैण्ड औ' फ्रांसमें लड़ाई छिड़ी हुई थी। १५ जूनको रूसगण असीम चेष्टा और प्रचुरसी सैन्य नष्ट करनेके बाद सिलिष्ट्रिया पर आक्रमण कर लौटे आ रहे थे। तुर्की-सेनाने भी दानियुब पार कर रूससैन्यका पीछा किया। गिउरगीवी नामक स्थानमें रूस-सेना पराजित हुई। इस देशमें अष्ट्रियाकी सेनाने तुरुष्कके अधिकारभुक्त जो सब देश दखल किये थे, उन्हें भी अभी छोड़ दिये। इसी बीचमें अंग्रेज और फ्रांसीसीके जङ्गीजहाज कृष्णसागरमें प्रवेश कर ओड़ेसा नगरके ऊपर गोला बरसाने लगे। रूसके जङ्गीजहाजने आ कर शिवास्तुपोल बन्दरमें आश्रय लिया था। १८५४ ई०को १४वीं सितम्बरको मार्शल सेण्ट-आर्नड और लर्ड रागलैनके अधीनमें अंग्रेजी और फ्रांसीसी सेना क्रिमिया शहरकी उतरी। इस समय जो भीषण युद्ध हुए थे, वे ही यूरोपीय इतिहासमें 'क्रिमिया-समर'के नामसे प्रसिद्ध हैं।

२० वीं सितम्बरको आलमामें युद्ध हुआ। कुमार मेञ्जिकोफके अधीन रूसकी सेना सम्पूर्ण रूपसे पराजित हुई। बहुत शीघ्र ही अंग्रेजी और फ्रांसीसी सेनाने आ कर बालाक्लावा और कामिस बन्दर अधिकार किया। २६वीं सितम्बरको वे शिवास्तुपोलका दक्षिणांश दखल कर बैठे। इस समय कठिन शीतसे शिवास्तुपोलके ऊपर अंग्रेजी और फ्रांसीसी सेनाको तुरुष्क-राज्यके बचानेमें जो कष्ट भुगतना पड़ा था, वह अकथनीय है। भीतर और बाहर महाबलशाली रूससैन्य उन्हें घेरी हुई है, रूस अपना गौरव बचानेके लिये प्राणपणसे चेष्टा कर रहा है। किन्तु उनके सामने मुट्ठी भर फ्रांसीसी और अंग्रेजी सेनाने तुर्क-सेनाकी सहायतासे रूसका वह विपुल गौरव मट्टीमें मिला दिया। उनका काम यथार्थमें अत्यन्त प्रशंसनीय था। इस समय तुर्क सेनापति उमार पाशाने भी जिस तरह बुद्धिमत्ता और विचक्षणताका परिचय देते हुए रूससैन्यको बार-बार पराजय किया था, वह तुरुष्कके पक्षमें महागौरवका विषय था; इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है। अन्तमें फ्रांसकी राजधानी पेरिस नगरमें सन्धि हो जानेसे सब गड़बड़ी मर-मिट गई। तुरुष्कपतिने मल्दोविया और इस्मायलनगरको उपकूलवर्त्ती नदीके मुहाने तक समस्त देश तथा निस्तार और दानियुब नदीके उत्तरांश कई एक प्रदेश लौटा पाये।

१८६१ ई०में अब्दुल अजीज सिंहासन पर बैठे।

इनके समयमें मोण्टिनिग्रो तुरुष्कके अधीन राज्यरूपमें गिना जाने लगा। १८७६ ई०में अबदुल हमीद (२य) राज्यसिंहासन पर अभिषिक्त हुए। इन्हींके समयमें विख्यात रूस और तुरुष्कका युद्ध आरम्भ हुआ था। रूसने अपना नष्ट-गौरव पुनरुद्धार करनेके लिये इस बार भोलकनमें तुरुष्क पर आक्रमण किया। बारबार रूसकी जय होने लगी। अन्तमें तुरुष्कराजने १८७८ ई०में रूसको बटम, कारस और आर्डाहन छोड़ दिये। ये रूसका युद्धव्यय ३२ करोड़ रुपये देनेको राजी हुए और उसीके अनुसार उन्हें प्रति वर्ष ३१८१८० रुपये रूस-गवर्मेण्टको देने पड़ते थे।

तुरुष्क-राज्य पहले बहुत विस्तृत होने पर भी अभी इसका भूपरिमाण ६६५०० वर्गमील और लोकसंख्या लगभग ४१६८००० है।

बीसवीं शताब्दीमें तुरुष्क—उन्नीसवीं शताब्दीके शेष भागसे ही तुरुष्कमें नव-जागरणकी आवाजें उठी थीं। तुरुष्कके युवक-सम्प्रदायने यूरोपीयोंके समक्ष यह प्रमाणित करना चाहा 'कि तुरुष्क बिलकुल मरा हुआ नहीं है—उसमें अब भी प्राण हैं।' अबदुल हमीदके शासनकालमें "नव्य तुर्की-सम्प्रदाय" नामसे तुरुष्कमें युवकोंकी एक संस्था स्थापित हुई थी। इन लोगोंका उद्देश्य था, कि अबदुल हमीदका उच्छेद कर तुर्कोंका नवीन रीतिसे संगठन किया जाय। पहले इन लोगोंने तुर्कोंके सैन्यदलको वशमें किया। फिर १९०८ ई०को २३वीं जुलाईको नियाजिबेके अधिनायकत्वमें तत्कालीन तुर्की-गवर्मेण्टके विरुद्ध इन लोगोंने विद्रोहकी घोषणा की। मनष्टि और अविदाके मध्यवर्ती रेजना नगरमें ही प्रथम विद्रोह शुरू हुआ। इस आकस्मिक घटनासे रूस और इंगलैण्डने फिर तुर्कोंके बीच हस्तक्षेप करनेका साहस न किया। दूसरे दिन आनोयार-बेके सभापतित्वमें सैलोनिकाकी 'ऐक्य और उन्नति-सम्मति'की तरफसे नवीन राजतन्त्रकी घोषणा हुई। उन लोगोंने सुलतानसे उक्त घोषणा मान्य करनेके लिए अनुरोध करते हुए यह भी सूचित किया, कि यदि शीघ्र ही उन लोगोंके प्रस्ताव पर सुलतान सम्मति न देंगे, तो द्वितीय और तृतीय नम्बर सेना कनष्टाण्टिनोपल अधिकार करनेके लिये अग्रसर होगी। कुछ भी हो, २८ तारीखको अब्दुल हमीदने उन लोगोंके इस प्रस्तावको स्वीकार कर घोषणापत्रके द्वारा पूर्वतन १८७६के राजतन्त्रके माननेकी प्रतिज्ञा की। यद्यपि इस विद्रोहको सम्पूर्ण सफल नहीं कहा जा सकता, तथापि इससे सुलतानका स्वेच्छाचार बहुत कुछ प्रशमित हुआ। तारीख १ अगस्तको ग्रीक, धर्मनियम, शेख उल इसलाम आदि समस्त सम्प्रदायके प्रतिनिधियोंको ले कर एक नवीन 'कबिनेट' (मन्त्रिसभा) संगठित हुआ।

परन्तु नव्यतुर्की दलकी विजय अधिक दिन तक निष्कण्टक न रही। सुलतानके अनुचरगण अपनी पूर्व-क्षमता प्राप्त करनेके लिए भरसक कोशिश करने लगे। इसलिए नव्यतुर्कीदलने अबदुल हमीदको सिंहासनसे उतार दिया और उनके कनिष्ठ भ्राता महम्मद रेशाद एफान्दीको सुलतान पद प्रदान किया; परन्तु अबसे वास्तवमें नव्यतुर्कीदलके ख्यातनामा नेता आनोयार बे ही समग्र तुर्कीका शासन करने लगे।

इस समय मुस्ताफा कमाल पाशाने इच्छानुसार सैन्यसंस्कार किया। उनके आदेशसे अमंसग्न सैनिकोंमें संघवद्धभावसे आधुनिक समर-विद्यानुमोदित तुर्की सेनाके लिए उपयोगी कूच-कवाजोंका प्रचलन हुआ। वे पहलेसे ही सेनाकी युद्धोत्साहितकी ओर दृष्टि रखते थे। नव्य-तुर्की-विप्लवके प्रथम वर्षमें उन्होंने सैलोनिकामें सैन्य-परिचालनमें अपना कृतित्व दिखा कर तत्कालीन प्रवीण तुर्की-सेनापतियोंको विस्मित कर दिया। १९१० ई०में कमाल पाशा समर-सचिवकी अनुमति अनुसार फ्रान्स गये और पिकार्डिमें उन्होंने कौशलपूर्ण परिचालना द्वारा फ्रान्सको सहायता पहुँचाई। यहीं उन्हें फरासीसी जातिके आचार-व्यवहार और सेनाकी युद्धनीतिके साथ विशेषरूपसे परिचित होनेका सुयोग प्राप्त हुआ था।

बलकानके युद्धमें तुर्कोंको बड़ी विपत्तिमें पड़ना पड़ा था; परन्तु आनोयार और कमाल पाशाने इस विपत्तिमें तुर्कोंकी रक्षा की थी। बुलगेरियाके हाथसे आड्रियानोपलको तुर्कोंने छीन लिया।

१९१४ ई०के अगस्त महीनेमें यूरोपमें महायुद्धका सूत्रपात हुआ। तुर्कोंके साथ इस युद्धका कुछ भी सम्बन्ध न

था; परन्तु सुचतुर जर्मनोंने कूट-कौशलसे दुर्बल तुर्कीको भी इस युद्धमें घसीट लिया। जर्मनोंकी तरफसे तुरुष्कके युद्धक्षेत्रमें अवतीर्ण होनेमें कमाल पाशाका व्यक्तिगत विरुद्ध मत था। परन्तु जब युद्धकी घोषणा हुई, तब उन्होंने सैन्यदलमें योग दिया। कुछ दिन बाद मित्र-सेनाने कनष्टैण्टिनोपलकी ओर अग्रसर होनेकी चेष्टा की। इससे प्रधान सेनापति विचलित हो उठे; परन्तु निर्भीक कमाल पाशाने उस समय प्रस्ताव किया कि 'मुझे युद्ध-परिचालकका भार दिया जाय।" उन्होंने अपने ऊपर भार ले कर अंग्रेजी सेनाको अनाफोर्टामें इस तरह परास्त किया, कि समग्र जगत् उस अभावनीय घटनाको देख कर दंग हो गया। इसमें सन्देह नहीं कि उनकी इस विजयसे ही तुर्की-साम्राज्य निश्चित ध्वंसके ग्राससे बच गया। इसके बाद जर्मनोंने चक्रान्त कर अनवार और कमाल पाशाको नाना विपदोंमें डालनेका प्रयत्न किया था।

परन्तु शीघ्र ही पुन: तुरुष्कके जीवन-मरणकी समस्या उपस्थित हुई। कमाल पाशा कोशिश करने पर भी कुछ न कर सके। जर्मन लोग बोगदादमें पराजित हो गये। १९१८ ई०में जब महायुद्धका अवसान हुआ, तब (३० अक्टूबरको) आर्मिष्टिस्‌की सन्धिके अनुसार अटोमान-गवर्नमेण्ट मित्र-शक्तिके समक्ष सम्पूर्ण रूपसे आत्म-समर्पण करनेके लिए बाध्य हुई। कनष्टिनोपल इस समय मित्रशक्तिके अधिकारमें था। पेरा और गालाटामें अंग्रेजी सेनाने तथा इस्ताम्बुलमें फरासीसी सेनाने शिविर-सन्निवेश किया था। सुलतान उस समय अंग्रेजोंके यहां नजरबन्द थे। आर्मिष्टिसके समयसे ही मातृभूमिकी रक्षाके लिये तुर्कीमें सर्वत्र ऐसे छोटे छोटे दलोंका संगठन हो रहा था। कमाल पाशाने उन्हीं छोटे छोटे दलोंको एक सुस्तर जातीय सङ्घका रूप दे दिया। इसी समय ग्रीसोंने स्मरना अधिकार कर लिया। स्मरना तुर्कियोंका एक प्रयोजनीय वाणिज्य-केन्द्र था। कमाल पाशा अंगोरा और ग्रीक-सेनाको बाधा देनेके लिए अग्रसर हुए। तुर्कियोंने हटिश-सेनाकी उपस्थितिमें ही पश्चिम-आनातोलिया पर कब्जा कर लिया। अली फयादे १५ सौ अस्वारोही सेनाको देख, उसे चालीस हजार ब्रटिश-सैनिकोंका अग्रदल समझ कर डरके मारे स्थान छोड़ कर भाग गये।

१९१८ ई०के अक्टूबर मासमें एशिया-माइनरके दो स्थानोंमें युद्ध केन्द्रीभूत हुआ था। एक स्मरना और एडिनका अंश था (अंग्रेजोंकी सहायतामें ग्रीक लोग इसी तरफ थे) और दूसरा बोगदादका अंश जहां ब्रटिश-सेना उपस्थित थी। तुर्कीका जातीय सेना इन दोनों दलोंके साथ अत्यन्त वीरता और सतर्कताके साथ युद्ध करनेके लिए अग्रसर हो रही थी। कमाल पाशा इस समय तुर्कीजातिके अन्दर स्वदेशप्रेम लानेके लिए भी चेष्टा कर रहे थे। उन्होंके निर्देशानुसार तुर्कीकी राष्ट्रीय महासभा परिचालित होती थी। उन्होंने अङ्गोरामें एक महासभा कर उसमें कुछ 'जातीय शर्तें' निर्णीत की थीं। जो नीचे लिखी जाती हैं—

१। जिन स्थानोंमें अरबवासियोंकी संख्या अधिक है, उन स्थानोंसे तुर्कीका दावा उठा लिया जायगा; परन्तु तुर्कीके अवशिष्ट अंश एक राष्ट्र एकजाति और एक धर्मकी समष्टि समझी जायगी।

२। पश्चिम-थ्रेसके अधिवासिगण अपने देशकी इति कर्तव्यताके सम्बन्धमें विचार कर सकेंगे। परन्तु पूर्व-थ्रेसके विषयमें कोई भी मध्यस्थता न मानी जायगी।

३। वृहत् शक्ति-पुञ्जने नवीन क्षुद्रराज्योंके लिए जितनी भी शर्तें कायम की हैं, वे मान्य होंगी।

४। कनष्टैण्टिनोपल और समुद्र-सङ्कटों (प्रणालियों)-को बिना शर्तके तुर्कियोंको दे देना पड़ेगा। हां, वाणिज्यके सुभीतेके लिए स्वार्थसंश्लिष्ट शक्ति-समूहका न्याय्य स्वत्व मान्य होगा।

५। राष्ट्रीय आर्थिक और विचार-सम्बन्धीय समस्त कार्योंमें तुर्कीकी स्वाधीनताको मानना पड़ेगा। अन्य शब्दोंमें यों समझना चाहिए कि तुर्कीके सिवा अन्यान्य देशोंमें तुरुष्कको जितनी भी प्रजा है, उनको स्वायत्त-शासन देना होगा।

इसी बीचमें सुलतानने सेभर्सकी सन्धि स्वीकार कर ली, जिससे जातीय दल अत्यन्त क्षुब्ध हो गया। १९२१ ई०की जनवरीमें ग्रीक-सेना युद्ध-यात्राके लिए प्रस्तुत हुई। कमाल पाशाने उन्हें पद-पद पर बाधा पहुंचाई,

कर शहरमें रसद भेजना बन्द कर दिया और नगरके उपकण्ठमें लूट मचाने लगी। १३०४ ई०में एक मुसलमान फकीरके किसी प्रकार उद्भावित कौशलसे मुगल लोग सहसा डर गये और एकबारगी शिराबको छोड़ कर भाग गये। तुर्करगण इतने डर गये थे, कि घर पहुंचने तक उन्होंने रास्तेमें कहीं भी पड़ाव न डाला था।

तुर्फरी (सं० वि०) तृफ हिंसायां वा० अरी। हन्ता, अंकुशका मारनेवाला भाग जो सामने सीधी नोकको ओर होता है।

तुर्फरीतु (सं० वि०) तृफ-अरीतु पृषोदरादित्वात् साधुः। हन्ता। तुर्फरी देखो।

तुर्य (सं० वि०) चतुर्णां पूरणः चतुर-यत् च भागस्य लोपः। चतुर्थ, चौथा।

तुर्यगोल (सं० पु०) कालज्ञानार्थ यन्त्रभेद, समय जाननेका एक यन्त्र।

तुर्यवाह (सं० पु०) तुर्यं चतुर्थवर्षं वहति वह-ण्वि। चार वर्षका पशु।

तुर्या (सं० स्त्री०) तुरीय ज्ञान, वह ज्ञान जिससे मुक्ति हो जाती है।

तुर्याश्रम (सं० पु०) चतुर्थाश्रम, संन्यासाश्रम।

तुर्रा (अ० पु०) १ घुंघुराले बालोंकी लट जो माथे पर हो। २ कलगी, गोशवारा। ३ पगड़ीके ऊपर लगानेका बादलेका गुच्छा। ४ फूलोंकी लड़ियोंका गुच्छा। यह दूल्हेके कानके पास लटकता रहता है। ५ टोपी आदिमें लगा हुआ फुंदना। ६ पक्षियोंको चोटी, शिखा। ७ हाशिया, किनारे। ८ मकानका छज्जा। ९ जटाधारी, मुर्गकेश नामका फूल। १० चाबुक, कोड़ा। ११ आठ या नौ अंगुल लम्बी एक प्रकारकी बुलबुल। जाड़े की ऋतुमें यह भारतवर्षके पूर्वीय भागोंमें रहती है। पर गर्मियोंमें चीन और साइबेरियाकी ओर चली जाती है। १२ एक प्रकारका बटेर, लुवकी। (वि०) १३ अद्भुत अनोखा।

तुर्वणि (सं० वि०) तूर्णं वनुते वन् संभक्तौ इन् पृषोदरादित्वात् साधुः। तूर्ण संभक्ता।

तुर्वन् (सं० क्लो०) शत्रुका हिंसन, दुश्मनका मारना।

तुर्वश (सं० पु०) नृपभेद, एक राजाका नाम। ये ययातिके पुत्र थे। जहां तक सम्भव है, येही तुर्वसु नामसे सुप्रसिद्ध हैं।

तुर्वशे (सं० अव्य०) अन्तिक, निकट, पास।

तुर्वसु (सं० पु०) ययाति राजाके एक पुत्रका नाम। ययातिके औरस और देवयानीके गर्भसे इनका जन्म हुआ था। एक दिन ययातिने इन्हें बुला कर कहा—"पुत्र! विषय भोगोंसे मुझे अभी तक तृप्ति नहीं हुई है, इसलिए मैं तुमसे यौवन चाहता हूं। हजार वर्ष तुम्हारे यौवनका उपभोग कर मैं उसे फिर तुम्हें वापस कर दूंगा।" तुर्वसुने उत्तर दिया—"पिता! मैं बुढ़ापा लेनेको तैयार नहीं हूं।"

"न कामये जरां तात! कामभोगप्रणाशिनीं।
बलरूपान्तकरणीं बुद्धिप्राणप्रणाशिनीं॥" (भारत आ०)

ययाति पुत्रका उत्तर सुन कर बहुत क्रुद्ध हुए और पुत्रको उन्होंने इस प्रकार अभिशाप दे डाला—

"मेरे शरीरसे जन्मग्रहण करने पर तुमने मुझे अपना यौवन न दिया; इसलिये तुम जहांके राजा होओगे, वहांको प्रजाका क्षय होगा। और जिनमें धर्माधर्मका ज्ञान नहीं है, जो प्रतिलोमाचार, मांसभक्षक, सर्वदा गुरुदाररमत और तिर्यक्योनि हैं, उन्होंके तुम राजा होओगे तथा नाना प्रकारका कष्ट पाओगे।"

(भारत आ० ८४)

तुर्वसुका वंशविवरण विष्णुपुराणमें इस प्रकार लिखा है—तुर्वसुके पुत्र वह्नि, उनके पुत्र गोभानु, उनके पुत्र त्रैशाम्ब, उनके पुत्र करन्धम और करन्धमके पुत्र मरुत्त थे। मरुत्तके कोई सन्तान न थी, इसलिए उन्होंने पुरुवंशीय दुष्मन्तको पुत्ररूपसे ग्रहण किया। इस प्रकार ययातिके अभावसे तुर्वसुके वंशने पौरववंशका आश्रय लिया था। (विष्णुपु० ४ अंश, १६ अ०)

तुर्वीति (सं० पु०) वैदिक राजभेद, एक राजाका नाम।

तुश (फा० वि०) खट्टा।

तुर्शरु (फा० वि०) कठोर स्वभाववाला, बदमिजाज।

तुर्शाना (फा० क्रि०) खट्टा हो जाना।

तुर्शी (फा० स्त्री०) अम्लता, खटाई।

तुर्गीदंदा (फा० स्त्री०) घोड़ेके दांतोंमें कीट या मैल जमनेका रोग।

तुन (हिं॰ वि॰) तुल्य देखो।

तुलकराय—मारवाड़के एक राजपूत कवि। ये गीत कवित्तके कईएक ग्रन्थ बना गये हैं।

तुलना (हिं॰ क्रि॰) १ तौला जाना। २ उद्यत होना, तैयार होना। ३ गाड़ीके पहियेका औंगा जाना। ४ पूरित होना, भरना। ५ नियमित होना, अंदाज होना। ६ ठीक अन्दाजके साथ टिकना। ७ तुल्य होना, तौलमें बराबर उतरना।

तुलना (सं॰ स्त्री॰) १ सादृश्य, समता, बराबरी। २ तारतम्य, मिलान।

तुलनी (हिं॰ स्त्री॰) वह लोहा जो तराजू या काँटेकी डाँड़ीमें सूईके दोनों तरफ लगा रहता है।

तुलबुली (हिं॰ स्त्री॰) जल्दबाजी।

तुलभ (सं॰ पु॰) तुरेण वेगेन भाति भा-ड्स्य लः। आयुधजीवि सङ्घभेद।

तुलव—महाराष्ट्र सम्प्रदायी ब्राह्मण जातिका एक भेद। दक्षिण कनाड़ाके आस पास इस जातिका वास है। वहां इनकी स्थिति और जीतपद साधारण है। ये लोग कम पढ़े लिखे होते हैं।

तुलवाई (हिं॰ स्त्री॰) १ तौलनेकी मजदूरी। २ पहियेकी औंगनेकी मजदूरी।

तुलवाना (हिं॰ क्रि॰) १ तौल करना, वजन करना। २ गाड़ीके पहियेकी धुरीमें घी तेल आदि दिलाना, औंगवाना।

तुलसारिणी (सं॰ स्त्री॰) तुरेण वेगेन सरति सृ-णिनि-ङीप्। तृण, घास।

तुलसी (सं॰ स्त्री॰) तुलां सादृश्यं स्यति नाशयति सो-क-गौरादित्वात् ङीप्, शकन्ध्वा॰। स्वनामख्यात क्षुप। (Ocymum Sanctum) "तुलसी" की नामोत्पत्तिके विषयमें इस प्रकार लिखा है। इस अखिल संसारमें जिस देवीकी तुलना नहीं है, वही तुलसी नाममें प्रसिद्ध है। (शब्दार्थचि॰)

ब्रह्मवैवर्तपुराणके मतसे—तकारसे मरण और लकार शुन्य होनेसे मृत समझा जाता है अर्थात् मृतव्यक्ति जिसके प्रभावसे "लसति" अर्थात् दीप्ति पाता है, उसीका नाम तुलसी है। (ब्रह्मवैपु॰ ७।६१)

पर्याय—सुभगा, तीव्रा, पावनी, विष्णुवल्लभा, सुरेज्या, सुरसा, कायस्था, सुरदुन्दुभि, सुरभि, बहुपत्री, मञ्जरी, हरिप्रिया, अपेतराक्षसी, श्यामा, गौरी, त्रिदशमञ्जरी, भूतघ्नी, भूतपत्री, पर्णास, वृन्दा, कठिञ्जर, कुठेरक, वैष्णवी, पुण्या, पवित्रा, माधवी, अमृता, पत्रपुष्पा, सुगन्धा, गन्धहारिणी, सुरवल्ली, पैनरावर्त्त, सुबहा, ग्राम्या, सुलभा, बहुमञ्जरी, देवदुन्दुभि।

शुक्लपत्र तुलसीके पर्याय—खरपत्र, अजगीर, प्रश्वपुष्प, फणिज्झक, अम्लपत्र, समीरण, मरुवक प्रस्थपुष्प। गन्धतुलसीके पर्याय—सुगन्धक, गन्धनामा, तीक्ष्णगन्ध, गन्धफणिज्झक, सुगन्ध, देवदुन्दुभि। विल्वगन्धके पर्याय—वैकुण्ठक, विल्वगन्ध, अल्पमानक। श्वेत तुलसीके पर्याय—अर्जक, श्वेतवर्णीय, गन्धपत्र, कुठेरक, अक्षार्जक, तीक्ष्ण, तीक्ष्णगन्ध और सितार्जक।

कृष्ण तुलसीके पर्याय—कृष्णार्जक, कृष्णपर्णी, सुरभि, कालमाल, करालक, कालपर्णी, मालका, कालमालक और बर्बरी।

बर्बरी तुलसीके पर्याय—सुरभि, सुरभिदेवा, सरसा, अपेतराक्षसी, बर्बरी, खरवी, तुङ्गी, खरपुष्पा और अजगन्धिका।

गुण—कटु, तिक्तरस, हृदयग्राही, उष्णवीर्य, दाहजनक, पित्तकारक, अग्निप्रदीपक एवं कुष्ठ, मूत्रकृच्छ्र, रक्तदोष, पार्श्वशूल, कफ और वायुनाशक। शुक्ल तुलसी और कृष्ण तुलसी दोनोंके गुण एकसे हैं।

बर्बरी तुलसीके गुण—यह रूक्ष, शीतवीर्य, कटुरस, विदाही, तीक्ष्ण, रुचिकारक, हृदयग्राही, अग्निप्रदीपक, लघुपाकी, पित्तवर्द्धक एवं कफ, वायु, रक्त, कण्डू, कृमि और विषनाशक है। (भावप्र॰)

इसकी उत्पत्तिका विवरण ब्रह्मवैवर्त्तपुराणमें इस प्रकार लिखा है—तुलसी नामकी एक गोपिका गोलोकमें राधाकी सखी थी। एक दिन राधाने इसे कृष्णके साथ विहार करते देख शाप दिया कि 'तू मनुष्य शरीर धारण कर।' तुलसी यह शाप सुन कर बहुत दुःखित हुई और कृष्णके शरणमें पहुंची। कृष्णने उसे कहा, 'तू मनुष्ययोनिमें जन्म ले कर तपस्याके द्वारा मेरा अंश पावेगी।' शापके अनुसार तुलसी धर्मध्वज राजाके

औरस और उनकी स्त्री माधवीके गर्भमें कार्त्तिक पूर्णिमाके दिन उत्पन्न हुई। उनके रूपकी तुलना किसीसे नहीं हो सकती थी, इसीसे इनका नाम तुलसी पड़ा। पीछे तुलसी वनमें जा कर कठोर तपस्या करने लगी। उनकी घोरतर तपस्यासे सभी उद्विग्न हो गये। जितनी कठोर तपस्या हो सकती थी, तुलसीने एक भी न छोड़ी। इस तपस्यासे ब्रह्मा भी स्थिर न रह सके और तुलसीके निकट आ कर बोले, 'तुलसी! तुम अपना अभीष्ट वर मांगो।'

तुलसीने ब्रह्मासे कहा, 'प्रभो! यदि आप मुझ पर प्रसन्न हैं, तो जिस वरके लिये प्रार्थना करती हूं सो सुनिये। आप सर्वज्ञ हैं, आपसे कोई बात छिपी नहीं है। मेरा नाम तुलसी गोपी है, मैं पहले गोलोकमें रहती थी। एक दिन मैं गोविन्दके साथ विहार करते करते मूर्च्छित हो गई थी, तिस पर भी मेरी इच्छा पूरी न हुई। उसी समय रासेश्वरी राधा वहां पहुंच गईं और ऐसी अवस्थामें हम दोनोंको देख कृष्णको तो अनेक कटु वचन कहे और मुझे शाप दिया। बाद कृष्णने मुझसे कहा कि तू तपस्या करके मेरा चतुर्भुज अंश पायेगी। अब मैं उन्हींको पति स्वरूपसे पाना चाहती हूं।'

इस पर ब्रह्मा बोले, 'श्रीकृष्णके अङ्गसे उत्पन्न सुदाम नामक गोपने राधिकाके शापसे दानवरूपमें जन्म लिया है। शङ्खचूड़ उसका नाम है, गोलोकमें तुम उसे देख कर मोहित हो गई थीं, पर राधिकाके भयसे कुछ कर न सकीं। अभी उसीको तुम पतिके रूपमें ग्रहण करो, पीछे कृष्ण मिल जायंगे। नारायणके शापसे तुम एक वृक्षमें परिणत हो कर सभोंसे पूज्या और विश्वपावनी होओगी एवं सब पुष्पोंसे प्रधान और नारायणकी प्राणाधिका होओगी। बिना तुम्हारे सभी पूजा निष्फल होंगी।' तुलसीने ब्रह्माके मुखसे यह सुन कर कहा, 'आपने जो कुछ कहा, वह सत्य होवे। किन्तु कृष्णकी रतिसे मैं तृप्त नहीं हुई, अतः श्यामसुन्दर द्विभुज कृष्णसे मिलनेकी इच्छा करती हूं। आपके प्रसादसे उनका मिलना दुर्लभ नहीं है। किन्तु अभी सबसे पहले मेरे को राधाका भय है, उसे हो मोचन कीजिये।'

ब्रह्माने षोड़शाक्षर राधिकामन्त्र, स्तव, कवच, आदि उसे दे दिये और 'तुम राधाकी तरह सुभगा होओ' ऐसा कह कर वे अपने स्थानको चल दिये। तुलसी भी तपस्याको समाप्त कर स्थिर चित्तसे बैठी। कुछ समय बाद ब्रह्माके कथनानुसार शङ्खचूड़ नामक राक्षससे इसका विवाह हुआ। शङ्खचूड़को वर मिला था कि बिना उसकी स्त्रीका सतीत्व भङ्ग हुए उसकी मृत्यु न होगी। शङ्खचूड़ने स्वर्गराज्य जीत कर देवताओंका अधिकार छीन लिया था। जब देवता लोग कुछ भी उसका कर न सके, तब वे सबके सब ब्रह्माके पास गये। ब्रह्मा उन्हें अपने साथ ले कर शिवके पास आये, शिवजी उन्हें वैकुण्ठमें विष्णुके निकट ले गए। विष्णुने कहा, 'आप लोग मिल कर शङ्खचूड़के साथ युद्ध कीजिये, हम शङ्खचूड़का रूप धारण कर तुलसीका सतीत्व भङ्ग करेंगे। पीछे शङ्खचूड़ आप लोगोंसे द्वारा मारा जायगा।' यह कह नारायणने तुलसीका सतीत्व नष्ट किया। जब तुलसीको मालूम पड़ा कि ये नारायण हैं, तब उसने उन्हें शाप दिया कि "तुम पत्थर हो जाओ।" स्वामीकी मृत्युके बाद तुलसी नारायणके पैर पर गिर कर रोने लगी, तब नारायणने कहा, 'तुम यह शरीर छोड़ कर लक्ष्मीके समान मेरी प्रिया होओगी। तुम्हारे शरीरसे गण्डकी नदी और केशसे तुलसी वृक्ष होगा।' उसी समय वैसा ही गया। तबसे बराबर शालग्रामकी पूजा होने लगी और तुलसीदल उनके ऊपर चढ़ने लगा। बिना तुलसीके उनकी पूजा नहीं होती।

(ब्रह्मवै॰ प्रकृतिख॰ १३—२१ अ॰)

बृहद्धर्मपुराणके मतसे—प्राचीन कालमें कैमासपुरमें धर्मदेव नामक विष्णुभक्तिपरायण एक साधुशील ब्राह्मण रहते थे। उनकी स्त्रीका नाम वृन्दा था। वृन्दा धर्मचारिणी और पतिव्रता थीं।

एक दिन धर्मदेव ब्राह्मणकी सभामें जा कर कृष्णका गुण गान कर रहे थे। इधर भोजनका समय बीत गया, वृन्दा अपने घरमें अभ्यागत अतिथिकी पूजा करके मनोहर कैलासशिखर पर प्रतिवासियोंके घर घूमने चली गईं। इसी बीचमें धर्मदेव अपने घर आये और पत्नीको क्षुधातुरा तथा अधमा जान कर बहुत बिगड़े। वृन्दा घर नजर पड़नेके साथ ही उन्होंने शाप दिया कि, 'तू क्षुधार्त्ता हो कर अपना घर छोड़ इधर उधर

घूमती फिरती है, इसी कारण राक्षसीका शरीर धारण कर वृन्दा उसी समय राक्षसी बन कर पृथ्वी पर आई और सब जन्तुओंको खाने लगी। किन्तु पूर्वस्मृतिके कारण वह गो, ब्राह्मण और वैष्णवादिको नहीं मारती थी। अनेक जीवोंके नष्ट हो जानेसे पृथ्वी अस्थिमालिनी हो गई। जब वृन्दाको और कोई जन्तु न मिला, तो उसने तीन दिन उपवास किया।

पीछे जीवोंके अन्वेषणमें वह श्रीशैलको गई और वहाँ भी शैलके अतिरिक्त और कोई सत्व न मिला। उसने सात दिन अनाहार रह कर शरीर त्याग दिया। एक दिन महादेव पार्वतीके साथ भ्रमण करते करते वहाँ पहुँच गये जहाँ वृन्दाको लाश पड़ी थी। महादेव बोले, यह रूपवती वृन्दा धर्मदेवकी पत्नी है। अभिशापवश राक्षसी-का रूप धारण करके भी उसने आज तक ब्राह्मणहत्या नहीं की है। अतः इसका शरीर निष्फल रहना उचित नहीं है। हमारे वचनानुसार यह वृन्दा पृथ्वी पर वृक्षके रूपमें जन्म लेगी और सभीको प्रेमभाजना होगी। जब यह वृक्ष होवेगी, तब इसके पत्ते विष्णु पर चढ़ाये जायेंगे। इसके पत्तोंके सिवा मणिमुक्ता आदि किसीसे भी विष्णुकी पूजा नहीं हो सकेगी; वृक्ष तुलसीके नामसे प्रसिद्ध होगा। पार्वती और हम इसके अधिष्ठात्री देवता होंगे।

तुलसी कार्त्तिक मासकी अमावस्या तिथिमें पृथ्वी पर वृक्षके रूपमें उत्पन्न हुई थी। (ब्रह्मवैपु० ८ अ०)

तुलसीका माहात्म्य—कार्त्तिक मासमें तुलसीदलसे जो नारायणकी पूजा करते एवं दर्शन, स्पर्शन, ध्यान, प्रणाम, स्पर्शन, रोपण तथा सेवन करते हैं, वे कोटिसहस्र युग तक स्वर्गपुरीमें वास करते हैं। जो तुलसीका वृक्ष रोपते हैं, उनका पुण्य उतनाही युग सहस्र वर्ष विस्तृत हो जाता है जितना उसका मूल फैलता है। तुलसीदलसे जो नारायणकी पूजा करते हैं, उनके अकार्जित सभी पाप नाश रहते हैं। वायु तुलसीकी गन्ध जिस ओर ले जाती है, वही दिशा पवित्र हो जाती है। तुलसीके वनमें विष्णुपद करनेसे विघ्नगण बहुत प्रसन्न होते हैं। जिनके घरमें तुलसी-वनकी मट्टी रहती है, उनके घरमें यम-किङ्कर नहीं आ सकते। तुलसी-मृत्तिकासे लिप्त यदि किसी मनुष्यका देहान्त हो, तो वह कितना भी पापी क्यों न हो तो भी यमकिङ्करगण उसके समीप आनेकी बात तो दूर रहे, उसे देख भी नहीं सकते। जो तुलसीके मूलमें दीपदान करते हैं, उन्हें विष्णुपद प्राप्त होता है। जिसके घरमें तुलसीकानन है, उसका घर तीर्थस्वरूप है तथा नर्मदा और गोदावरीमें स्नान करनेसे जो फल मिलता है वही फल तुलसीवन संसर्गसे है। जो तुलसी मञ्जरी द्वारा विष्णुका पूजन करते हैं, उन्हें फिर गर्भवास-यन्त्रणा नहीं भुगतनी पड़ती अर्थात् उन्हें मोक्ष मिलता है।

पुष्करादि तीर्थ, गङ्गादि सरित्, वासुदेव आदि देवता सर्वदा तुलसीदलमें वास करते हैं।

जहाँ केवल एक तुलसीका वृक्ष है, वहाँ ब्रह्मा, विष्णु और शिव आदि त्रिदश अवस्थित हैं।

तुलसी पत्रमें केशव, पत्राग्रमें प्रजापति, पत्रवृन्तमें शिव सब समय रहते हैं। इसके पुष्पमें लक्ष्मी, सरस्वती, गायत्री, चन्द्रिका और शची आदि देवियाँ तथा शाखामें इन्द्र, अग्नि, शमन, वरुण, पवन और कुबेर आदि देव-गण अवस्थित हैं। आदित्यादि ग्रह, वसु, मनु और देवर्षि विद्याधर, गन्धर्व आदि समस्त देवयोनि तुलसी-पत्रमें रहती हैं।

जो ये माघमासमें तुलसीका वृक्ष सींचते हैं, उन्हें अश्वमेधका फल मिलता है। तुलसीके समान पुण्य और मुक्तिप्रद वृक्ष और दूसरा कोई नहीं है।

तुलसी हाथमें रख कर यदि कोई मिथ्या शपथ करे अथवा मिथ्या वचन बोले, तो जब तक चौदहों इन्द्र रहेंगे, तब तक उसे बार बार कुम्भीपाक नरकमें रहना होगा।

तुलसीचयननिषेध—पूर्णिमा, अमावस्या, द्वादशी और संक्रान्तिमें तुलसी नहीं तोड़ना चाहिये। तैल लगा कर मध्याह्नस्नान किये बिना निशि और सन्ध्या कालमें एवं रात्रिवास परिधान कर जो तुलसीदल तोड़ते हैं, वे हरिका मस्तक छेदन करते हैं।

तुलसीचयनविधि—मध्याह्नस्नान कर और पवित्र वस्त्र पहन कर तुलसीदल तोड़ना चाहिये। तुलसीदल इतने चाहिये जितने चाहिये तोड़े जिससे कि शाखा छिन्न

न पावे। शाखाके टूट जानेसे महापाप होता है। तोड़नेसे पहले भक्तिपूर्वक निम्नलिखित मन्त्रका पाठ कर तीन बार ताली बजानी चाहिये और तब धीरे धीरे तोड़ना चाहिये। तोड़नेका मन्त्र—

"मातस्तुलसि! गोविन्दहृदयानन्दकारिणि!
नारायणस्य पूजार्थं चिनोमि त्वां नमोऽस्तु ते॥
कुसुमैः पारिजाताद्यैः सुगन्धैरपि केशवः।
त्वया विना नैव तृप्तिं चिनोमि त्वामतः शुभे॥
त्वया विना महाभागे समस्तं कर्म निष्फलं।
अतस्तुलसि देवि त्वां चिनोमि वरदा भव॥
चयनोद्भवदुःखं यद्देवि ते हृदि वर्तते।
तत्क्षमस्व जगन्मातस्तुलसि त्वां नमाम्यहं॥"

(क्रियायोगसार)

"तुलस्यमृतजन्मासि सदा त्वं केशवप्रिया।
केशवार्थे चिनोमि त्वां वरदा भव शोभने॥
त्वदङ्गसम्भवैः पत्रैः पूजयामि यथा हरिम्।
तथा कुरु पवित्राङ्गि कलौ मलविनाशिनि॥"

(स्कन्दपु०)

इन सब मन्त्रोंका पाठ कर तुलसीदल तोड़ें और विष्णुकी पूजा करें, तो लक्षकोटि फल मिलता है। द्वादशी आदि तिथियोंमें तुलसी चयनका निषेध है। विष्णुपूजाके लिये एक द्वादशी तिथिको छोड़ कर और सब निषिद्ध दिनोंमें तुलसीदल तोड़ सकते हैं।

(विष्णुधर्मोत्तर)

तुलसीकाष्ठ मालाका माहात्म्य—प्रत्येक विष्णुभक्तिपरायण वैष्णवको तुलसीकाठकी माला अवश्य धारण करनी चाहिये। जो तुलसीकी माला धारण करते हैं, उन्हें पद पद पर अश्वमेध यज्ञका फल प्राप्त होता है। तुलसीमाला वैष्णवोंके चिह्नस्वरूप है। अन्य वचनानुसार, ब्राह्मणको काठकी माला पहने, यतिको किसी सवारी पर चढ़े और विधवाको चारपाई पर सोये हुए देखें तो सचैल स्नान करना चाहिये।

"काष्ठमालाधरं विप्रं यतिनं यानरोहिणं।
खट्वासनां विधवां दृष्ट्वा सचैलं स्नानमाचरेत्॥"

(पद्मपु०)

इस वचनके अनुसार ब्राह्मणको तुलसीमाला धारण करना निषिद्ध है। इसके उत्तरमें वैष्णव कहते हैं—तुलसीकाठकी मालाके सिवा और दूसरे काठकी माला निषिद्ध है। तुलसीमाला धारणका निषेध है, यह इस वचनसे नहीं झलकता।

स्मार्त्त पण्डितोंका कहना है कि यह विप्रोंके लिये निषिद्ध है। इसके प्रमाणमें वे ये वचन देते हैं—

"तुलसीपत्रजातेन माल्येन भव भूषितः।
विप्रस्त्वं न च तत् काष्ठमालां गलगतां कुरु॥"

(पाद्मोत्तरख०)

इसके सिवा दूसरोंके मतसे—विष्णुदीक्षाविहीन विप्रोंको इसका धारण करना उचित नहीं है।

तुलसीका स्तव—

"वृन्दां वृन्दावनीं विश्वपूजितां विश्वपावनीं।
पुष्पसारां नन्दिनीञ्च तुलसीं कृष्णजीवनीं॥"
एतन्नामाष्टकञ्चैतत् स्तोत्रं नामार्थसंयुतं।
यः पठेत्ताञ्च संपूज्य सोऽश्वमेधफलं लभेत्॥"

(ब्रह्मवैवर्त्तपु०)

जो यह स्तव प्रति दिन पाठ करते हैं, उन्हें अश्वमेधयज्ञका फल मिलता है। तुलसीपत्रसे गणेशपूजा नहीं करनी चाहिये। "न तुलस्या विनायकं" (स्मृति)

तुलसीविवाह और तुलसीप्रतिष्ठा विधि—पहले तुलसीवृक्ष घरमें अथवा किसी दूसरी जगह रोपते हैं। पीछे तीन वर्ष पूरे होने पर वहां एक वेदिका बनाते हैं। इसके अनन्तर विष्णुशयनकालमें या कार्त्तिकमासके वैवाहिक नक्षत्रमें वहां मण्डप और कुण्डवेदी निर्माण करते हैं। यह प्रतिष्ठा पूर्णिमामें भी विशेष फलप्रद है।

बाद शान्तिकर्म, मातृस्थापन, वृद्धिश्राद्ध आदि विवाहविधिके अनुसार सब काम करने पड़ते हैं। वेदवेदाङ्गपारग ब्राह्मणोंको ऋत्विक् नियुक्त करना चाहिये और वैष्णवविधानके अनुसार वर्द्धनीक्रमसे स्थापन करना चाहिये। यहां मण्डपमें लक्ष्मी-नारायणकी मूर्त्ति स्थापन करनी पड़ती है। सूर्यके अस्त होने पर शुभलग्नमें मन्त्रपूर्वक विवाह कर्मवत् सब कार्य करके होम करना होता है। मन्त्र—

"ओं नमो केशवाय नमः, स्वाहा, नारायणाय स्वाहा, माधवाय गोविन्दाय विष्णवे मधुसूदनाय त्रिविक्रमाय वाम-

सुनतो फिरती है, इसे कारण राक्षसीका शरीर धारण कर।' वृन्दा उसी समय राक्षसी बन कर पृथ्वी पर आई और सब जन्तुओंको खाने लगी। किन्तु पूर्वस्मृतिके कारण वह गो, ब्राह्मण और वैष्णवादिको नहीं मारती थी। अनेक जीवोंके नष्ट हो जानेसे पृथ्वी अधिमानिनी हो गई। जब वृन्दाको और कोई जन्तु न मिला, तो उसने तीन दिन उपवास किया।

कोई जीवोंके अन्वेषणमें वह श्रीशैलको गई और वहां भी शैवके अतिरिक्त और कोई सत्व न मिला। उसने सात दिन अनाहार रह कर शरीर त्याग दिया। एक दिन महादेव पार्वतीके साथ भ्रमण करते करते वहीं पहुंच गये जहां वृन्दाको लाश पड़ी थी। महादेव बोले, यह रूपवती वृन्दा धर्मदेवकी पत्नी है। अभिशापवश राक्षसी का रूप धारण करके भी इसने आज तक ब्राह्मणहत्या नहीं की है। अतः इसका शरीर निष्फल रहना उचित नहीं है। हमारे वचनानुसार यह वृन्दा पृथ्वी पर वृक्षके रूपमें जन्म लेगी और सभीको प्रेमभाजना होगी। जब यह वृक्ष होवेगी, तब इसके पत्ते विष्णु पर चढ़ाये जांयगे। इसके पत्तोंके सिवा मणिमुक्ता आदि किसीसे भी विष्णुकी पूजा नहीं हो सकेगी; वृक्ष तुलसीके नामसे प्रसिद्ध होगा। पार्वती और हम इसके अधिष्ठात्री देवता होंगे।

तुलसी कार्त्तिक मासकी अमावस्या तिथिमें पृथ्वी पर वृक्षके रूपमें उत्पन्न हुई थी। (बृहद्धर्मपु० ८ अ०)

तुलसीका माहात्म्य—कार्त्तिक मासमें तुलसीदलसे जो नारायणकी पूजा करते एवं दर्शन, स्पर्शन, ध्यान, प्रणाम, कर्षण, रोपण तथा सेवन करते हैं, वे कोटिसहस्र युग तक स्वर्गपुरीमें वास करते हैं। जो तुलसीका वृक्ष रोपते हैं, उनका पुण्य उतनाही युग सहस्र वर्ष विस्तृत हो जाता है जितना उसका मूल फैलता है। तुलसीदलसे जो नारायणकी पूजा करते हैं, उनके जन्मार्जित सभी पाप जाते रहते हैं। वायु तुलसीकी गन्ध जिस ओर ले जाती है, वही दिशा पवित्र हो जाती है। तुलसीके वनमें विहार करनेसे पितृगण बहुत प्रसन्न होते हैं। जिनके घरमें तुलसी-समूही सदा रहती है, उनके घरमें यम-किङ्कर नहीं आ सकते। तुलसी-मृत्तिकासे लिप्त यदि किसी मनुष्यका देहान्त हो, तो वह चिरकाल हो क्यों न हो, तो भी यमकिङ्करगण उसके शरीर आदिको भाग तो दूर रहे, उसे देख भी नहीं सकते। जो तुलसीके मूलमें दीप दान करते हैं, उन्हें नित्यपद प्राप्त होता है। जिसके घरमें तुलसीकानन है, उसका घर तीर्थस्वरूप है तथा नर्मदा और गोदावरीमें स्नान करनेसे जो फल मिलता है वही फल तुलसीवन संसर्गमें है। जो तुलसी मञ्जरी द्वारा विष्णुका पूजन करते हैं, उन्हें फिर गर्भवास-यन्त्रणा नहीं भुगतनी पड़ती अर्थात् उन्हें मोक्ष मिलता है।

पुष्करादि तीर्थ, गङ्गादि सरित्, वासुदेव आदि देवता सर्वदा तुलसीदलमें वास करते हैं।

जहां केवल एक तुलसीका वृक्ष है, वहां ब्रह्मा, विष्णु और शिव आदि त्रिदश अवस्थित हैं।

तुलसी पत्रमें केशव, पत्राग्रमें प्रजापति, पत्रवृन्तमें शिव सब समय रहते हैं। इसके पुष्पमें लक्ष्मी, सरस्वती, गायत्री, चण्डिका और शची आदि देवियां तथा शाखामें इन्द्र, अग्नि, शमन, वरुण, पवन और कुबेर आदि देवगण अवस्थित हैं। आदित्यादि ग्रह, वसु, मनु और देवर्षि विद्याधर, गन्धर्व आदि समस्त देवयोनि तुलसीपत्रमें रहती हैं।

जो वैशाखमासमें तुलसीका वृक्ष सींचते हैं, उन्हें अश्वमेधका फल मिलता है। तुलसीके समान पुण्य और सुखप्रद वृक्ष और दूसरा कोई नहीं है।

तुलसी हाथमें रख कर यदि कोई मिथ्या शपथ करे अथवा मिथ्या वचन बोले, तो जब तक चौदहों इन्द्र रहेंगे, तब तक उसे बार बार कुम्भीपाक नरकमें रहना होगा।

तुलसीचयननिषेध—पूर्णिमा, अमावस्या, द्वादशी और संक्रान्तिमें तुलसी नहीं तोड़ना चाहिये। तैल लगा कर मध्याह्नस्नान किये बिना निशि और सन्ध्या कालमें एवं अविशौच परिधान कर जो तुलसीदल तोड़ते हैं, वे हरिका मस्तक छेदन करते हैं।

तुलसीचयनविधि—मध्याह्नस्नान कर और पवित्र वस्त्र पहन कर तुलसीदल तोड़ना चाहिये। तुलसीदल इतने आदरसे आहिस्ते तोड़ें जिससे कि शाखा हिलने

न पावे। शाखाके टूट जानेसे महापाप होता है। तोड़नेसे पहले भक्तिपूर्वक निम्नलिखित मन्त्रका पाठ कर तीन बार ताली बजानी चाहिये और तब धीरे धीरे तोड़ना चाहिये। तोड़नेका मन्त्र—

"मातस्तुलसि ! गोविन्दहृदयानन्दकारिणि !
नारायणस्य पूजार्थं चिनोमि त्वां नमोऽस्तु ते॥
कुसुमैः पारिजाताद्यैः सुगन्धैरपि केशवः।
त्वया विना नैव तुष्टिं चिनोमि त्वामतः शुभे॥
त्वया विना महाभागे समस्तं कर्म निष्फलं।
अतस्तुलसि देवि त्वां चिनोमि वरदा भव॥
चयनोद्भवदुःखं यद्देवि ते हृदि वर्तते।
तत्क्षमस्व जगन्मातस्तुलसि त्वां नमाम्यहं॥"

(क्रियायोगसार)

"तुलस्यमृतजन्मासि सदा त्वं केशवप्रिया।
केशवार्थे चिनोमि त्वां वरदा भव शोभने॥
त्वदङ्गसम्भवैः पत्रैः पूजयामि यथा हरिम्।
तथा कुरु पवित्राङ्गि कलौ मलविनाशिनि॥"

(स्कन्दपु०)

इन सब मन्त्रोंका पाठ कर तुलसीदल तोड़ें और विष्णुको पूजा करें, तो लक्षकोटि फल मिलता है। द्वादशी आदि तिथियोंमें तुलसी चयनका निषेध है। विष्णुपूजाके लिये एक द्वादशी तिथिको छोड़ कर और सब निषिद्ध दिनोंमें तुलसीदल तोड़ सकते हैं।

(विष्णुधर्मोत्तर)

तुलसीकाष्ठ मालाका माहात्म्य—प्रत्येक विष्णुभक्तिपरायण वैष्णवको तुलसीकाठकी माला अवश्य धारण करनी चाहिये। जो तुलसीकी माला धारण करते हैं, उन्हें पद पद पर अश्वमेध यज्ञका फल प्राप्त होता है। तुलसीमाला वैष्णवोंके चिह्नस्वरूप है। अन्य वचनानुसार, ब्राह्मणको काठकी माला पहने, यतिको किसी सवारी पर चढ़े और विधवाको चारपाई पर सोये हुए देखें तो सचेल स्नान करना चाहिये।

"काष्ठमालाधरं विप्रं यतिनं यानरोहिणं।
खट्वास्थां विधवां दृष्ट्वा सचैलं स्नानमाचरेत्॥"

(पद्मपु०)

इस वचनके अनुसार ब्राह्मणको तुलसीमाला धारण करना निषिद्ध है। इसके उत्तरमें वैष्णव कहते हैं—तुलसीकाठकी मालाके सिवा और दूसरे काठकी माला निषिद्ध है। तुलसीमाला धारणका निषेध है, यह इस वचनसे नहीं झलकता।

स्मार्त्त पण्डितोंका कहना है कि यह विप्रोंके लिये निषिद्ध है। इसके प्रमाणमें वे ये वचन देते हैं—

"तुलसीपत्रमात्रेण माल्येन भव भूषितः।
विप्रस्त्वं न च तत् काष्ठमालां गलगतां कुरु॥"

(पाद्मोत्तरख०)

इसके सिवा दूसरोंके मतसे—विष्णुदीक्षाविहीन विप्रोंको इसका धारण करना उचित नहीं है।

तुलसीका स्तव—

"वृन्दां वृन्दावनीं विश्वपूजितां विश्वपावनीं।
पुष्पसारां नन्दिनीञ्च तुलसीं कृष्णजीवनीं॥"
एतन्नामाष्टकञ्चैतत् स्तोत्रं नामार्थसंयुतं।
यः पठेत्ताञ्च संपूज्य सोऽश्वमेधं फलं लभेत्॥"

(ब्रह्मवैवर्त्तपु०)

जो यह स्तव प्रति दिन पाठ करते हैं, उन्हें अश्वमेधयज्ञका फल मिलता है। तुलसीपत्रसे गणेशपूजा नहीं करनी चाहिये। "न तुलस्या विनायकं" (स्मृति)

तुलसीविवाह और तुलसीप्रतिष्ठा विधि—पहले तुलसीवृक्ष घरमें अथवा किसी दूसरी जगह रोपते हैं। पीछे तीन वर्ष पूरे होने पर वहां एक वेदिका बनाते हैं। इसके अनन्तर विशुद्धकालमें वा कार्त्तिकमासके वैवाहिक नक्षत्रमें वहां मण्डप और कुण्डवेदी निर्माण करते हैं। यह प्रतिष्ठा पूर्णिमामें भी विशेष फलप्रद है।

बाद शान्तिकर्म, मातृस्थापन, वृद्धिश्राद्ध आदि विवाहविधिके अनुसार सब काम करने पड़ते हैं। वेदवेदाङ्गपारग ब्राह्मणोंको ऋत्विक् नियुक्त करना चाहिये और वैष्णवविधानके अनुसार सर्वतोभद्र स्थापन करना चाहिये। यहां मण्डपमें लक्ष्मी-नारायणकी मूर्त्ति स्थापन करनी पड़ती है। सूर्यके अस्त होने पर शुभलग्नमें मन्त्रपूर्वक विवाह कर्मवत् सब कार्य करके होम करना होता है। मन्त्र—

"ओं नमो केशवाय नमः, स्वाहा, नारायणाय स्वाहा, माधवाय गोविन्दाय विष्णवे मधुसूदनाय त्रिविक्रमाय वाम-

...श्रीधराय क्षुधीशाय दर्पहनाशाय रमेशाय ... कविप्रियाय सप्तसुराय सनातनाय मानिने ... विष्णुप्रियाय वैकुण्ठाय ... गुरुप्रियाय ... स्वाहा" इस मन्त्रसे होम करना चाहिये। बाद यजमानको स्त्री और समीप बन्धुओंके साथ मिल कर इसकी प्रदक्षिण करते हैं। वैदिक पर तुलसीके पाणिग्रहणमें सूक्त, शाखिलाध्याय, श्रव और वैष्णवसंहिताका पाठ भी करना पड़ता है।

पीछे तरह तरहके मङ्गलवाद्य कर पूर्णाहुति देते और तब, परिवेश विधि समाप्त कर ऋत्विकोंको दक्षिणा दे विदा करते हैं। इस प्रकार विष्णुके साथ व्याह देना तुलसीको अर्चना करनी पड़ती है। जो इस विधानसे तुलसी-प्रतिष्ठा, तुलसी-रोपण और तुलसीकी सेवा करते हैं, वे विपुल भोग प्राप्त कर मोक्ष पाते हैं।

(इरि भक्तिवि० २० विला०)

प्रत्येक मनुष्यको अपने घरमें कमसे-कम एक तुलसीवृक्ष अवश्य लगाना चाहिये।

तुलसी कवि—हिन्दीके एक कवि। इनके पिताका नाम यदुराय था। इन्होंने १६५५ ई०में कविमाला नामक एक हिन्दी-ग्रन्थ रचा था। इस ग्रन्थमें पूर्ववर्त्ती ७५ कवियोंकी कविताएं उद्धृत की गई हैं।

तुलसीदल (सं० पु०) तुलसीपत्र।

तुलसीदाना (हिं० पु०) एक आभूषण।

तुलसीदास—हिन्दुस्तानके सर्वप्रधान भक्त-कवि। किसीका मत है, कि वे कनौजिया ब्राह्मण थे, और कोई इन्हें सरयूपारीण ब्राह्मण बतलाते हैं। कनौजिया ब्राह्मण मिश्र-इनसे बड़ी नफरत रखते हैं; पर तुलसीदासने अपनी कवितामें लिखा है—"जाको कुल-संगम" अर्थात् 'जिस कुलमें मांगनेकी प्रथा है, उस कुलमें मेरा जन्म हुआ'। इससे इन्हें कनौजिया न समझ सरयूपारीण समझें तो कोई आपत्ति नहीं। इनकी दुबे उपाधि थी और गोत्र पराशर। वि०सं० १५८९में इनका जन्म हुआ था। बहुतसे हिन्दुओंका ऐसी श्रद्धा थी, कि 'जो बच्चा ज्येष्ठा और मूलाके सन्धिमें अभुक्तमूल (गण्ड)-में जन्म ग्रहण करता है, वह पितृहन्ता और मातृहन्ता ... होता है। ऐसे पुत्रका त्याग देना ही उचित है, को इसका त्याग न करें, तो कम-से-कम आठ वर्ष तक उसका मुंह तो देखना ही नहीं चाहिए।' यह ज्योतिष-का आदेश है।

तुलसीदासका जन्म भी उक्त अभुक्तमूल नक्षत्रमें हुआ था। सम्भवतः इसीलिए उनके पिताने उन्हें त्याग दिया था। उस समय ऐसे बच्चोंको पालनेके लिए अन्य गृहस्थ भी तैयार नहीं होते थे। सौभाग्यवश तुलसीदास एक साधुके हाथ पड़ गये थे। कविवरने अपनी विनयपत्रिका-में लिखा है—

'जननी जनक तज्यो जनमि करम बिनु बिधिहु सिरज्यो अवडेरे।'

अर्थात् जन्मनेके बाद मातापिताने मुझे छोड़ दिया था; विधिने भी मेरा भाग्य अच्छा नहीं किया, इसीलिए मुझे छोड़ दिया है।

ये साधु ही तुलसीदासके गुरु थे; उन्हींको सङ्गतमें तुलसीदासने भारत भ्रमण किया था और उन्हींसे उन्हें आध्यात्मिक शिक्षा मिली थी।

इनके कवित्त-रामायणके पढ़नेसे मालूम होता है कि इनका यथार्थ नाम रामबोला था; पिताका नाम आत्माराम शुक्ल, माताका हुलसी, पत्नीका रत्नावली, श्वसुरका दीनबन्धु पाठक और पुत्रका नाम तारक था। शैशवावस्थामें ही पुत्रकी मृत्यु हो गई थी।' जैसा कि कविवरने स्वयं लिखा है—

"दूबे आत्मराम हैं, पिता नाम भगवान।
माता हुलसी कहत सब, तुलसी हैं सुत जान॥
प्रह्लाद कृपाल नाम करि, गुरुको सुमिर गाय।
प्रगट नाम नहिं कहत जग, कहे दीन अघराय॥
दीनबन्धु पाठक कहत, श्वसुर नाम सब कोइ।
रत्नावलि तिय नाम है, सुत तारक गत होइ॥"

बहुतोंका विश्वास है, कि तुलसीदासका यह नाम उनके ... हुआ है। इनके जन्मस्थानके विषयमें भी ... हैं कि दोआबके अन्तर्गत ... तो कोई-कोई ... चित्रकूटवर्त्ती हाजि- ... कोई बांदा जिलेमें ... ग्राम ... बतलाते हैं।

अनुमित होता है कि तरी ग्राम ही इनकी जन्मभूमि है। बाल्यावस्थामें इन्होंने शूकरक्षेत्रमें (वर्तमान सोरं नामक स्थानमें) विद्याभ्यास किया था। परन्तु यहां वे संस्कृत भाषामें विशेष पाण्डित्य प्राप्त न कर सके थे। साधुकी कृपासे यथासमय चित्रकूटमें रह कर इन्होंने मामूली हिन्दी और उर्दू सीख ली थी। इनके बनाये हुए रामायणमें उत्तरकाण्डके मङ्गलाचरणके श्लोकको पढ़नेसे मालूम होता है कि संस्कृतभाषामें इनका विशेष दखल न था।

तुलसीदासके उपदेष्टाका नाम था नरहरि। रामानन्दने जिस प्रकार रामानुजके विशिष्टाद्वैतमतका प्रचार किया था, तुलसीदास उस पद्धतिके बहुत कुछ पक्ष पाती थे। ये कट्टर वैरागी वैष्णवोंकी तरह द्वैतवादको नहीं मानते थे। अयोध्यामें इनको 'स्मार्त्त ब्राह्मण'के नामसे प्रसिद्धि है। इन्होंने शङ्कराचार्य-प्रवर्तित वेदान्तके अद्वैतवादका निर्विशेषाद्वैत नामसे उल्लेख किया है। इनके रामायणमें कई जगह शङ्कराचार्यका मत ग्रहण किया गया है। शङ्कराचार्यके ब्रह्मको इन्होंने 'राम'के नामसे प्रसिद्ध किया है।

शङ्कराचार्यके अनुयायी प्रसिद्ध मधुसूदन सरस्वती तुलसीदासके एक मित्र थे।

रामानुजसे जो गुरुपरम्पराएं प्रचलित हैं, उनमेंसे दो तालिकाओंमें तुलसीदासका नाम पाया जाता है। यथा—

१ रामानुजस्वामी, २ शटकोपाचार्य, ३ कुरेशाचार्य, ४ लोकाचार्य, ५ पराशराचार्य, ६ वाकाचार्य, ७ लोकाचार्य, ८ देवाधिदेव, ९ शैलेशाचार्य, १० पुरुषोत्तमाचार्य, ११ गङ्गाधराचार्य, १२ रामेश्वरानन्द, १३ द्वारानन्द, १४ देवानन्द, १५ श्यामानन्द १६ श्रुतानन्द, १७ नित्यानन्द, १८ पूर्णानन्द, १९ हर्यानन्द, २० श्रयानन्द, २१ हरियर्यानन्द, २२, राघवानन्द, २३ रामानन्द, २४ सुरसुरानन्द, २५ माधवानन्द, २६ गरिबानन्द, २७ लक्ष्मीदास, २८ गोस्वामीदास, २९ नरहरिदास और ३० तुलसीदास।

तुलसीदासके श्वशुर दीनबन्धु श्रीरामचन्द्रजीके उपासक थे। इनकी बालिका कन्या, तुलसीदासके साथ विवाह होनेके बाद भी, बहुत दिनों तक पिताके घर रही थीं, वे भी रामचन्द्रजीकी भक्ति करती थीं। यथासमय रत्नावली अपने पतिके घर आ कर रहने लगीं। उनके एक पुत्र हुआ। तुलसीदास स्त्रीको छोड़ कर क्षणभर भी न रह सकते थे। वे अत्यन्त स्त्रैण हो गये थे। एक दिन तुलसीदासकी पत्नी पतिसे बिना पूछे ही अपने मायके चल दीं। इससे तुलसीदासको बड़ी चिन्ता हुई, वे तुरन्त ही पत्नीके पीछे पीछे दौड़े गये और रास्तेमें उन्हें पकड़ लिया। इस पर रत्नावलीने कहा—

"लाज न लागत आपुको दौरे आयेहु साथ।
धिक धिक ऐसे प्रेमको कहा कहौं मैं नाथ॥
अस्थिचर्ममय देह मम तामहँ जैसी प्रीति।
तैसी जौं श्रीराम महँ होत न तौ भवभीति॥" *

स्त्रीकी मीठी भर्त्सनासे तुलसीदासकी आंखें खुल गईं। उन्होंने फिर स्त्रीकी तरफ ताका भी नहीं। रत्नावली नहीं जानती थीं, कि इस जरासी बातसे उनके स्वामीके हृदयमें गहरी चोट पहुंचेगी। उन्होंने तुलसीदासको वहां ठहरा कर उनसे आहारादिके लिये बहुत कुछ प्रार्थना की। परन्तु कुछ फल न हुआ। उसी समय तुलसीदास राम नामकी आश्रय ग्रहण संन्यासी हो गये।

वे पहले तो अयोध्यामें और फिर काशीमें बहुत दिनों तक रहे। इसी बीचमें वे मथुरा, वृन्दावन कुरुक्षेत्र प्रयाग और पुरुषोत्तमक्षेत्र दर्शन कर आये।

रत्नावलीने गृहस्थावस्था छोड़नेके बाद अपने पति तुलसीदासको एक पत्र लिखा—

"कटिकी खीनी कनक-सी, रहत सखिन सँग सोइ।
मोहि फटेका डर नहीं, अनत कटे डर होइ॥"

अर्थात्—कनकवरणी क्षीणकटि मैं, सखियोंके साथ रहती हूं; मेरी छाती फटे इसका मुझे डर नहीं; डर इसी बातका है कि तुम्हें कोई दूसरी स्त्री न ले ले।'

---

* भक्तमाल और भक्तिमाहात्म्य नामक संस्कृत ग्रन्थमें लिखा है;—तुलसीदासकी पत्नी पालकीमें बैठ कर पीहर जा रही थीं; मार्गमें उन्होंने पतिको पीछे पीछे आते देख यह बात कही थी; परंतु अयोध्यामें ऐसी किम्वदन्ती है कि, तुलसीदासके ससुराल पहुंचने पर उनकी स्त्रीने उक्त दोहे कहे थे।

तुलसीदासने इसका उत्तर दिया—

"कटे एक रघुनाथ संग, बाँधि जटा सिर केस।
हम तो चाखा प्रेमरस, पत्नीके उपदेस॥"

कैसी मधुर बात है। पतिका उत्तर पा कर रत्ना-वली निश्चिन्त हो गईं। वे मनमें पतिकी प्रशंसा करने लगीं।

वर्षों बीत गये। तुलसीदास इस समय वार्धक्यमें पदार्पण कर चुके थे। उन्हें घर-द्वार कुछ भी स्मरण न था। नाना स्थानोंमें पर्यटन करते हुए दैववश वे अपनी सुसराल पहुँचे और अतिथि बन कर एक दिन वहीं रहे। उन्हें याद हो न थी, कि यह उनकी सुसराल है। उन्होंकी ब्राह्मणी उनका अतिथिसत्कार करने आईं। उन्होंने भी अपने पतिको न पहचाना। उन्होंने तुलसीदासके लिए आहारादिकी व्यवस्था कर दी। तुलसीदास स्मार्त-वैष्णव थे, वे अपने हाथसे रसोई बनाने लगे। दो एक बात सुन कर रत्नावलीने अपने पतिको पहचान लिया। उन्होंने अपने मनका भाव छिपा कर कहा—'आपको मिर्च ला दूँ।' तुलसी बोले—'जरूरत नहीं, मेरी झोलीमें है'। रत्नावली बोलीं—'तो क्या जरासा कपूर ला दूँ?' तुलसीने कहा—'वह भी मेरी झोलीमें है।'

इसके बाद साध्वी, पतिसे कुछ न कह कर उनके साथ प्रवासमें जाने चाहीं। परन्तु तुलसीदासने निषेध कर दिया, जिससे उनकी मनस्कामना सिद्ध न हुई। उस दिन रातको उन्हें नींद भी न आई। सिर्फ यही चिन्ता थी—"किस तरह मैं हृदयेश्वरकी पादसेवा कर सकूँगी?" बहुत सोच-विचारोंके बाद निश्चय किया कि जो अभी जरा जरासी चीजोंको भी त्याग नहीं कर सके हैं, वे क्या अपनी धर्मपत्नीको सर्वथा त्याग सकते हैं! दूसरे दिन प्रातःकाल आ कर उन्होंने पतिसे पूछा—'देव! आपने क्या मुझे पहचाना?' तुलसीदासने उत्तर दिया, 'नहीं।' रत्नावलीने फिर पूछा, 'आपको यह भी नहीं मालूम कि आप किसके घर ठहरे हुए हैं?' उत्तर मिला, 'नहीं।' फिर पूछा, 'इस स्थानका नाम जानते हैं?' इसका भी उत्तर मिला, 'नहीं'। फिर रत्नावलीने धीरे धीरे अपना पूरा परिचय दे कर उनसे साथ रहनेकी प्रार्थना की। परन्तु तुलसीदास किसी प्रकार भी राजी न हुए। रत्नावलीने बड़े दुःखके साथ कहा—

"खरिया खरी कपूरलौं उचित न पिय तिय त्याग।
कै खरिया मोहि मेलि कै अचल करौ अनुराग॥"

अर्थात् अब तुम्हारी झोलीमें खड़ीसे ले कर कपूर तकको स्थान मिल गया, तब प्रियतम! स्त्रीको स्थान देना उचित नहीं! या तो मुझे भी झोलीमें रख लीजिए, अथवा (सर्वत्यागी हो कर) उस भगवानमें अनुराग कीजिए।'

स्त्रीकी बात सुन कर साधु तुलसीदासको ज्ञानोदय हुआ। उन्होंने समझ लिया कि उनकी अपेक्षा उनकी स्त्रीने अधिक ज्ञान प्राप्त किया है। फिर क्या था, तुलसी-दास सर्वत्यागी हो गये—झोली एक ब्राह्मणको दे दी।

तुलसीदास, बलिया जिलेके अन्तर्गत भृगुके आश्रम, हंसनगर, पारासिया (पाराशरीय) आदि पुण्यस्थानोंके दर्शन करते हुए गायघाटके राजा गम्भीरदेवकी आति-थेयता पर मुग्ध हो कुछ दिन वहीं रहे। वहांसे ब्रह्मे-श्वरनाथ नामक महादेवके दर्शन करनेके लिये आरा जिलेके ब्रह्मपुरमें गये। वहांसे वे कान्त-ब्रह्मपुर गये; यहांके अधिवासियोंकी राक्षसी नीतिको देख कर उन्हें बड़ा दुःख हुआ। यहां राहुल नामके एक अहीरने तुलसीदासकी बहुत सेवा की थी। अहीरकी सेवासे खुश हो कर इन्होंने उससे कुछ मांगनेके लिए कहा। दरिद्र अहीरने प्रार्थना की—"भगवान् पर मेरी पूर्ण-भक्ति रहे और मेरा वंश दीर्घजीवी हो, इतनी ही मेरी प्रार्थना है।" तुलसीदासने कहा,—"यदि तुमने (या तुम्हारे परिवारमेंसे और किसीने) चोरी न की हो, अथवा किसीके मनको कष्ट न दिया हो, तो तुम्हारा अभिप्राय सिद्ध होगा।" बलिया और शाहाबाद जिलेके लोग अब भी इस किम्वदन्तीको कहा करते हैं; तुलसी-दासकी बात सच्ची निकली।

कान्तसे तुलसीदास बेलापतौल नामक स्थानमें चले गये। वहां पण्डित गोविन्दमिश्र नामक एक शाक-द्वीपी ब्राह्मण और रघुनाथसिंह नामक एक क्षत्रियने बड़े आदरसे इनको अपना अतिथि बनाया था। इनके

कथनानुसार वेलापतीतका नाम रघुनाथपुर प्रसिद्ध हुआ। यहां जिस चौराये पर वे बैठा करते थे, उसको अब भी लोग भक्तिकी निगाहसे देखते हैं। रघुनाथपुरके निकटवर्त्ती कायथ-ग्राममें जोरावरसिंह नामक एक क्षत्रियने इनसे दीक्षा ग्रहण की थी।

तुलसीदास पहले अयोध्यामें आ कर कुछ दिन स्मार्त्त-वैष्णवके रूपमें रहे थे। उस समय भगवान रामचन्द्रने उनको स्वप्नमें दर्शन दिये और भाषामें रामायण लिखनेका आदेश दिया। १६३१ संवत्में इन्होंने रामायण लिखना प्रारम्भ किया। अरण्यकाण्ड समाप्त होनेके पहले ही वैरागी वैष्णवोंसे उनका मतभेद हो गया। वे बाध्य हो कर काशी चले आये। लोलार्क-कुण्डके पास असीघाटमें इनका डेरा था। यहीं से १६८० संवत्में इन्होंने स्वर्गलाभ किया। जहां ये रहते थे, उसके पासका घाट अब भी 'तुलसीघाट" कहलाता है। उसके पास ही उक्त कवि द्वारा प्रतिष्ठित एक हनुमानका मन्दिर है।

काशीमें इनके विषयमें बहुतसी किम्वदन्तियां प्रसिद्ध हैं—

सुना जाता है, कि रामायण समाप्त होनेके बाद, एक दिन तुलसीदास मणिकर्णिका-घाटमें स्नान कर रहे थे। इतनेमें एक संस्कृतके जानकार पण्डितने आ कर उनसे कहा,—"साधु आपतो संस्कृत जानते हैं, फिर भाषामें रामायण क्यों लिखी।" तुलसीदासने हंस कर उत्तर दिया—"मेरी भाषा नितान्त तुच्छ है यह मैं मानता हूं, पर वह आपके 'नायिकावर्णन' की अपेक्षा अनेक अंशोंमें उत्तम है।" पण्डितने कहा—"कैसे?" तुलसीदासने उत्तर दिया—

"मनिभाजन विष पारई पूरन अमी निहारि।
का छाँड़िय का संग्रहिय कहहु विवेक विचारि॥"

घनश्याम शुक्ल एक अच्छे कवि थे, हिन्दीकी कविता इनकी बहुत अच्छी होती थी। एक दिन कुछ पण्डितोंने उनसे संस्कृत भाषामें कविता बनानेके लिए कहा। इस पर वे बोले—"मैं तुलसीदाससे पूछ कर उत्तर दूंगा।" तुलसीदाससे पूछने पर उन्होंने उत्तर दिया—

"का भाषा का संस्कृत प्रेम चाहिये सांच।
काम जु आवहि कामरी का लै करै कुमांच॥"

किसी समय कुछ डकैत तुलसीदासको मारने आये थे। उन्होंने अपनी रक्षाके लिए प्रयत्न न कर कहा था—

"बासर बासनिके ढका रजनी चहुं दिसि चोर।
दलत दयानिधि देखिये कपी किसोरि किसोर॥"

तुलसीदासके कथनानुसार हनूमान्ने दर्शन दिये। उनके उस भीम आकारको देख कर डकैत लोग मूर्छित हो कर गिर पड़े।

अकबर बादशाहके राजस्व-सचिव टोडरमल तुलसीदासके एक परम मित्र थे। १६४६ सं॰में टोडरमलकी मृत्यु होने पर, उनके स्मरणार्थ तुलसीदासने निम्नलिखित दोहे रचे थे—

"महतो चारो गांवको मनको बड़ो महीप।
तुलसी या कलिकालमें अथये टोडरदीप॥
तुलसी राम सनेहको सिर धर भारी भार।
टोडर धरे न कांध हू जग कर रहेउ नतार॥
तुलसी उर थाला विमल टोडर गुनगन बाग।
समुझि सुलोचन सींचिहैं उमगि उमगि अनुराग॥
रामधाम टोडर गये तुलसी भयेउ निसोच।
जियबो मीत पुनीत बिनु यही सहो संकोच॥"

अम्बर-राज मानसिंह और जगत्सिंह आदि हिन्दू राजकुमारगण अक्सर इनसे मिला करते थे। एक दिन किसीने तुलसीदाससे पूछा—"बड़े आदमी आपके पास क्यों आते हैं?" तुलसीदासने इसका उत्तर दिया—

"लहै न फूटी कौड़िहू को चाहै केहि काज।
सो तुलसी महंगो कियो राम गरीबनिवाज॥
घर घर मांगे टूक पुनि भूपति पूजे पांय।
ते तुलसी तब राम बिनु ते अब राम सहाय॥"

इस प्रकार तुलसीदासके सम्बन्धमें और भी बहुतसी किम्वदन्तियां प्रसिद्ध हैं। 'बनारसी विलास' नामक हिन्दी जैनग्रन्थमें कविवर बनारसीदासकी जीवनीमें लिखा है कि "सं॰ १६८०में जिस समय तुलसीदासका शरीरपात हुआ था, उस समय जैनकवि बनारसीदासकी आयु ३७ वर्षकी थी। आगरेमें तुलसीदासके साथ बनारसीदासकी भेंट हुई, तुलसीदासने रामायणकी

एक प्रतिलिपि करा कर उन्हें उपहारस्वरूप दी। इसके ३।४ वर्ष बाद दोनोंका पुनः समागम हुआ, तो तुलसीदासने रामायणके सौन्दर्य विषयमें उनसे प्रश्न किया। बनारसीदासने उसी समय यह कविता रच कर सुनाई—

"विराजै रामायण घट माहिं ॥
मरमी होय मरम सो जानै, मूरख मानै नाहिं॥ विराजै॰ ॥
आतमराम ज्ञानगुन लछमन सीता सुमति समेत।
शुभपयोग वानरदल-मंडित, वर विवेक रणखेत; विराजै॰ ॥
ध्यान धनुष टंकार शोर सुनि, गई विषयदिति (१) भाग।
भई भस्म मिथ्यामत लंका, उठी धारणा आग; विराजै॰ ॥
जरे अज्ञान भाव राक्षस कुल, लरे निकांक्षित सूर।
जूझे रागद्वेष सेनापति संसै गढ़ चकचूर; विराजै॰ ॥
विलखत कुम्भकरण भवविभ्रम, पुलकित मन दरयाव।
थकित उदार वीर महिरावण, सेतुबन्ध समभाव; विराजै॰ ॥
मूर्छित मन्दोदरी दुराशा, सजग चरन हनुमान।
घटी चतुर्गति परणति सेना, छुटे छपक गुन बान; विराजै॰ ॥
निरखि सकति गुन चक्रसुदर्शन, उदय विभीषण दीन।
फिरै कबन्ध मही रावणकी, प्राणभाव शिरहीन; विराजै॰ ॥
इह विधि सकल साधु घट अन्तर होय सहज संग्राम।
यह विवहारदृष्टि रामायण, केवल निश्चय राम ॥

विराजै रामायण॰"

तुलसीदास यथार्थमें हिन्दीके महाकवि थे। उनकी रचनाका माधुर्य, लिपिचातुर्य और भाव्य भक्तिभाव सर्वथैव अत्यन्त प्रशंसनीय है। हिन्दीभाषा-भाषी अति उच्च राजा महाराजाओंसे ले कर दीन दरिद्र भिक्षुक तक तुलसीदासके दोहोंका आदर करते हैं। इनके नामसे बहुतसे ग्रन्थ प्रचलित हैं, किन्तु वे सभी इन्हींकी लेखनीसे निकले हुए हैं या नहीं, इसमें सन्देह है।

निम्नलिखित ग्रन्थ प्रायः इन्हींके रचे हुए समझे जाते हैं,—

१ रामलला नहछू, २ वैराग्यसन्दीपनी, ३ बरवै रामायण, ४ पार्वतीमंगल, ५ जानकीमंगल, ६ रामाज्ञा (ये छ ग्रन्थ छोटे छोटे हैं), ७ दोहावली या सतसई, ८ कवित्त रामायण या कवितावली, ९ गीत-रामायण या गीतावली, १० कृष्णावली या कृष्ण-गीतावली, ११ विनयपत्रिका, १२ रामचरितमानस। इनमें ६ ग्रन्थ बड़े बड़े हैं। रामचरितमानस सबसे बड़ा ग्रन्थ है और सर्वसाधारणमें यह 'तुलसीरामायण' नामसे प्रसिद्ध है।

(१) सूर्यका नाश।

तुलसीदुङ्गरि—हिमालयस्थ हिमालयान्तर्गत नयपाल राज्यकी एक विस्तृत गिरिमाला। यह अक्षा॰ २८° ४४' उ॰ और देशा॰ ८१° १०' से ८२° ४०' पूर्वमें अवस्थित है। इसकी ऊँची चोटीका नाम तुलसी है। जो समुद्र पृष्ठसे १८२३८ फुट ऊँची है।

तुलसीदेया (सं॰ स्त्री॰) तुलसीं देटि तुल्यगन्धत्वात् इति अच्, तत-टाप्। वर्वरी, वन तुलसी।

तुलसीवन (सं॰ क्ली॰) तुलस्याः वनं ६-तत्। तुलसीका बन।

तुलसीपुर—१ अयोध्याके गोण्डा जिलेके अन्तर्गत एक परगना। इसके उत्तरमें हिमालय, दक्षिणमें बलरामपुर परगना, पूर्वमें बाणगंगा नदी और बहराइच जिला है। इस स्थानका प्राकृतिक दृश्य अत्यन्त मनोरम है। उत्तरभागमें पहाड़के ऊपर तराईका विस्तीर्ण वनविभाग है और उसके बाद ही छोटे छोटे पहाड़ोंसे घिरे हुए ऊँचे नीचे भूमिखण्ड हैं। यहांकी जमीन उत्तम होने पर भी जलवायु बहुत अस्वास्थ्यकर है। इस कारण यहां बहुत कम मनुष्य बसते और उतना अच्छा कृषिकार्य भी नहीं होता है।

परगनेका प्रधान अंश जमीन है किन्तु यहां धानकी फसल अच्छी होती है। इसके सिवा जौ, गेहूं और अरहर भी कम नहीं उपजते। यहां हिन्दुओंकी संख्या ही सबसे अधिक है जिनमेंसे ब्राह्मण जातिका नाम ही उल्लेखयोग्य है। जनकोल कुर्मी जातिके होने पर भी ये अपनेको चित्तौरके राजपूत कुर्मीठाट बतलाते हैं।

अधिक दिनकी बात नहीं है, कि तुलसीपुर परगनेका अधिकांश दो राजवंशने दखल किया था। तीन सौ वर्ष हुए एक घर पाल जातिके पठान सर्दारके अधीन यहां पालोंने-मालिक बनके रहने लगे। ये सब शाह-सर्दार दो प्रकारके कर देते थे। एक कर 'दरिमाहा' या दरिद्रोंका बलरामपुरके राजाको और दूसरा 'नजराना' या नजरानेमें इन राजाको दिया करता था।

प्रवाद है, कि प्रायः ५०० वर्ष पहले यहां मेघराज नामक चौहान वंशीय एक राजाने और पीछे उनके वंशधरोंने बहुत दिनों तक थारुओंके ऊपर आधिपत्य किया था।

प्रायः सौ वर्ष बीत चुके, बलरामपुरके राजा पृथ्वीपाल सिंहकी मृत्यु हुई। उनके पुत्र नवलसिंह राजा होनेको थे, किन्तु उनके भतीजे कलयारि सर्दारने नवलको भगा कर राज्य अधिकार कर लिया। चौहानराजाने गिरि जङ्गलमें आश्रय ले कर दो हजार थारुओंकी सहायतासे अपना पैतृकराज्य उद्धार किया। तब राज्यहारोंने पहाड़ पर जाकर आश्रय लिया। कुछ दिन बाद नेपालराजके उन पर आक्रमण करने पर उन्होंने पुनः बलरामपुरमें आकर नवलसिंहकी शरण ली। नवलसिंहने उनकी सहायतासे तुलसीपुरके थारु सर्दारोंको दमन किया और उसका नाम तुलसीपुर रखा। वे भी बलरामपुरके राजाको वार्षिक डेढ़ हजार कर देनेको राजी हुए। उनके पुत्र दलेल सिंह उचित रीतिसे उक्त कर देते आ रहे थे। उनके बाद दानबहादुर सिंह राजा हुए। उन्होंने कर देना बन्द कर दिया।

१८२८ ई०में गवर्नर जेनरल तुलसीपुरमें शिकारको गये। राजाकी आतिथ्यसेवासे मुग्ध हो कर बड़े लाटने अयोध्याके नवाबको हुक्म दिया कि वे कुछ वार्षिक कर ले कर तुलसीपुर परगनेका चिरस्थायी बन्दोबस्त दान बहादुरके साथ कर दें।

दान बहादुरके समयमें राज्य एक उन्नतिके शिखर पर पहुंच गया था। १८४५ ई०में दान बहादुरकी मृत्यु होनेके बाद उनके लड़केका दृगराजसिंहने पितृसम्पत्ति पाई। कोई कोई कहते हैं कि दृगराज सिंहके षड़यन्त्रसे ही उनके पिताकी मृत्यु हुई। दृगराजाको भी अधिक दिन राज्य नहीं भोगना पड़ा। उनके पुत्र दिग्‌नारायणसिंह १८५० ई०में पिताको राज्यसे बाहर निकाल कर आप राजा बन बैठे। दृगपालने बलरामपुरमें आ कर आश्रय लिया। उनके साहाय्यके लिए वृटिश गवर्मेण्टने एक दल सेना भेजी। दृगराजने इन सेनाओंकी मददसे अपना राज्य अधिकार किया। किन्तु दुर्दान्त पुत्रके हाथसे उन्हें बहुत कष्ट भुगतना पड़ा। दिग्‌नारायणने समय पाकर पिताको कैद कर लिया और विष खिला कर मरवा डाला।

अयोध्या प्रदेश वृटिश शासनाधीन होने पर गवर्मेण्टने दिग्‌नारायणसे कर मांगा। किन्तु हीनमति दिग्‌नारायण कर देनेको राजी न हुए। इसी कारण वे बन्दी कर लखनऊ नगर लाये गए। इसी समय विद्रोह आरम्भ हुआ। बन्दी अवस्थामें दिग्‌नारायणकी मृत्यु हुई। उनकी स्त्रीने भी विद्रोहमें साथ दिया था। इसलिए तुलसीपुर राज्य जब्त कर गवर्मेण्टने बलरामपुरके राजाको अर्पण किया।

२ उक्त परगनेका एक प्रधान नगर। यहां तुलसीपुर राजाओंका बनाया हुआ एक पुराना गढ़ है। प्रायः दो सौसे अधिक वर्ष हुए, तुलसीदास नामक किसी कुर्मीने यह नगर स्थापन किया। उन्हींके नामानुसार तुलसीपुर नाम पड़ा है।

तुलसीबाई—इन्दोरके राजा यशवन्तराव होलकरकी एक प्रेयसी। यह रमणी पहले एक सामान्य नर्तकी थी; पीछे इसने महाराज यशवन्तरावका हृदय अधिकार कर लिया था। यशवन्तरावके शेषावस्थामें उन्मादरोगग्रस्त होने पर तुलसीबाई होलकर-राज्यकी सर्वमयी हो गई, तुलसीबाईने रूपकी छटासे, मधुर बातोंसे और मनोहर हावभावसे थोड़े ही दिनोंमें सबको मोहित कर लिया। तुलसीके कोई सन्तान न थी। यशवन्तरावकी मृत्युके बाद उनके पुत्र मल्हाररावको दत्तकपुत्र ग्रहण कर तुलसीबाई राज्य चलाने लगी। दीवान गणपतरावसे तुलसीबाईकी कुछ खटपट थी, इसलिए सरदार लोग तुलसीबाईसे नाराज हो गये।

रूपमें अप्सरा और बातोंमें मूर्तिमयी करुणा होने पर भी तुलसीबाईका हृदय कूट अभिसन्धियोंसे भरा हुआ था। तुलसीबाईसे जो लोग किसी प्रकारका द्वेष रखते थे, उनके सर्वनाशकी चिन्तामें वह सर्वदा मग्न रहती थी।

उस समय महाराष्ट्र लोग ब्रिटिशशक्तिको परास्त करनेके लिए दल बांध रहे थे। तुलसीबाईने भी सरदारोंके अभिप्रायको जान उसी दलमें साथ दिया। परन्तु गणपतराव समझ गये कि मराहठे सरदार जिस तरह

नज़ल हो रहे हैं, इससे यही प्रतीत होता है कि उन पर और गुसाईंजी पर शीघ्र ही आपत्ति आनेवाली है। एक दिवस उन्होंने क्रिश्चियन लोगोंके लिए कुछ लिख दिया। १८१७ ई०, मार्च २४ दिसम्बरको प्रातःकालमें एकाएक बादशाह महाराजाके बाहर गये थे। वही अवसर पा, लोग कुसाईको पकड़ कर ले गये और एक दल सैनिकोंने आ कर गुसाईजीको घेर लिया। गुसाईंजीने आपत्ति विरुद्ध होने पर लोगोंने आपत्ति करनेके लिए कहा और तिरस्कार भी किया। परन्तु किसीने भी उनकी बातपर ध्यान नहीं दिया। अन्तमें दुष्ट लोग गुसाईंजीको पकड़ कर ले गये, क्योंकि किसीने भी उनको नहीं बचाया और उनका सिर काट कर नदीमें फेंक दिया।

तुलसीदाना (हिं० पु०) धानकी होनेवाला एक प्रकारका महीन धान। इसका चावल बहुत सुगन्धित होता है और कई साल तक रह सकता है।

तुलसीमाला (सं० स्त्री०) तुलस्याः माला। तुलसीको माला। तुलसी देखो।

तुलसीवन (सं० पु०) १ तुलसीके पौधोंका समूह, तुलसीका जङ्गल। २ वृन्दावन।

तुलसीविवाह (सं० पु०) तुलस्याः विवाहः। तुलसीका विवाह। तुलसी देखो।

तुलसीश्याम—जूनागढ़के अन्तर्गत ऊना या देलवाड़ासे प्रायः ११ कोस उत्तरमें अवस्थित एक पुण्यस्थान। यहाँ विष्णु, शिव और हनुमानके अनेक मन्दिर तथा उष्ण प्रस्रवण हैं। यहाँ आकर बहुतसे लोग स्नानमें विष्णुके शङ्ख और चक्रका छाप लेते हैं।

तुला (सं० स्त्री०) तोल्यतेऽनया तुल-भिद्। १ सादृश्य, तुलना, मिलान। २ वस्तुका तौलनेका काल, तराजू। ३ मान, तौल। ४ प्राचीन परिमाण, प्राचीन कालको एक तौल जो १०० पल या पाँच सेरके बराबर होता थी। ५ भाण्ड, अनाज आदि नापनेका बरतन। ६ राशि विशेष, ज्योतिषके बारह राशियोंमेंसे सातवीं राशि। चित्रा नक्षत्रके शेष दो चरण और स्वाती नक्षत्रके चारों अर्थात् सवा दो नक्षत्रोंका एक राशि होती है। चित्रा नक्षत्रके शेष ३० दण्ड और स्वाती तथा विशाखाके आद्य ४५ दण्ड तुलाराशि होती है। इसको संस्कृत संज्ञा तुला, घट, वणिक, सातवाँ, धन, तुलाधर। ज्योतिषके दक्षिणकी ओर इसका विस्तार, शूद्र, बलवान, अल्पसन्तति, अल्पकाम, अंगता, शूद्रवर्ण, उग्रस्वभाव, दिनबली, चित्र, पश्चिम और सिंहनाद है।

(नीलकण्ठता०)

वराहमिहिरके मतसे—तुलाधर, वृक्ष, उपाङ्क, साथि, हाट, वणिक रेत, योनि, मिट्टीवाला, नदी, पितृसिवादि, पथ, शूद्रवर्ण, पत्तन और अस्तित्वमान अर्थात् सिद्धका प्राणिक खेत, वा समुद्रका पार, एवं सलिलकी भूमि, बालुका मार्ग, पर्वतकी गुहा, कूप, स्वच्छ स्थान, उद्यान आदि तुला स्थलमें है।

(बृहत् जातक टीकायां।)

इन सब संज्ञाओंसे नाना प्रकारकी सम्भावना हो सकती है। जिस समय इस राशिका उदयकालमें यह राशि जिस स्थानमें अवस्थित है, उसका ज्ञान हो जाता है एवं इस राशि द्वारा जिस तरह नरोंका विचार है, उस उस स्थानमें नरोंके रहनेसे वस्तादिके चिह्न तथा नरोंके स्वभावसे उस उस वस्तुप्रयत्नकी हानि या दोर्बल्य इत्यादि जाना जाता है।

इस राशिका आकार तराजू लिए हुए मनुष्यका सा है। इसके अधिपति देवताका भी आकार हाथ-हथेल तुलावान् पुरुष जैसा माना जाता है। यह राशि स्वच्छ वर्ण और अस्थिर है।

तुलाराशिमें जिसका जन्म होता है, वह देवता, ब्राह्मण और साधुओंको अर्चनामें रत, बुद्धिमान्, पण्डित, अतिथिप्रिय, सत्यवादी और उत्तम आचरणयुक्त, तीक्ष्ण बुद्धिमान विशिष्ट, परमधन, धर्मयुक्त, दीनभक्त, क्रय-विक्रयमें कार्यकुशल, रोगी, बन्धुओंका उपकारी, क्रोधी, बन्धु द्वारा निन्दित एवं इनसे परित्यक्त होता है।

(कोष्ठीप्र०)

कोष्ठीप्रदीपके मतसे—तुलाराशिमें जिसका जन्म होता है, वह पण्डित, दीर्घनासिकायुक्त, निर्धन, सत्यप्रिय, स्त्रीादि द्वारा सम्मानित, परोपकारक, अपना बहुमानी, ज्योतिषज्ञ और भूमीका चतुरक होता है।

राशि (स०) शब्द देखो।

तुलाई (हिं० स्त्री०) १ रुईसे परिपूर्ण दोहरा कपड़ा,

तुलाई। २ तौलनेका काम या भाव। ३ तौलनेको मजदूरी।

तुलाकावेरी—कावेरी नदीका उत्पत्तिस्थान। कुर्ग-राज्यके पश्चिम सह्याद्रिका जो अंश ब्रह्मगिरि नामसे प्रसिद्ध है उसीके ऊपर अक्षा० १२° २३' १०" उ० और देशा० ७५° ३४' १०" पू०के मध्यगिरिके बाद देवस्य भागमण्डलसे २ कोसकी दूरी पर तुला-कावेरी प्रवाहित है। उक्त स्थानके निकट एक बहुत पुराना देवमन्दिर है। देव दर्शन करनेके लिए हजारों तीर्थयात्री यहां आते हैं। तुला-कावेरीके अनेक माहात्म्य पाये जाते हैं जिनमेंसे कोई तो अग्निपुराणीय, कोई ब्रह्मकैवर्त्तपुराणीय और फिर कोई ब्रह्मवैवर्त्त पुराणीय नामसे प्रचलित हैं। स्कन्दपुराणमें लिखा है, कि तुला या कार्त्तिक मासमें यहां गङ्गाजी आई हैं। उस समय यहां स्नान करनेसे अशेष फल मिलते और सब पाप जाते रहते हैं। इस महीनेमें कुर्गके प्रायः हर एक घरसे एक एक मनुष्य गङ्गाकी पूजा करने आते हैं।

मन्दिरकी देवसेवाके लिए गवर्मेण्टकी ओरसे वार्षिक २३२०) मिलते हैं।

तुलाकूट (सं० क्ली०) तुलायाः कूटं ६-तत्। तुलामानका कूट, तौलमें कसर। तुलायां कूटं यस्य। तुलाका कूटकारक लोक, तौलमें कसर करनेवाला, डांडी मारनेवाला मनुष्य।

तुलाकोटि (सं० स्त्री०) तुलां साहृश्यं कोटयति कुट-इन्। १ नूपुर। तुलाया कुटति कुट-इन्। २ मानभेद, एक तौलका नाम। ३ तराजूकी डंडीके दोनों ओर जिसमें पलड़े की रस्सी बंधी रहती है। ४ अर्बुद संख्या।

तुलाकोष (सं० पु०) तुलायाः परिमाणस्य कोष इव। तुला परीक्षा।

तुलाजा (तुलजा) काठियावाड़के अन्तर्गत भावनगर राज्यका मध्यस्थित एक प्राचीरवेष्टित नगर। यह अक्षा० २१° २१' १५" उ० और देशा० ७२° ४' पू० पहाड़की ढालुवां भाग पर अवस्थित है। इसके चारों ओर अत्यन्त सुन्दर और शिल्पनैपुण्ययुक्त अनेक जैनमन्दिर हैं। पहाड़के शिखर पर प्रसिद्ध तुलजाभवानीका मन्दिर और एक सुन्दर सरोवर विद्यमान है। सैकड़ों तीर्थयात्री तुलजा देवीका दर्शन और सरोवरमें स्नान करनेके लिए यहां आते हैं। स्कन्द-पुराणीय तुलजामाहात्म्यमें इस स्थानकी कथा विशेषरूपसे वर्णित है। यहांके पहाड़ पर खोदी हुई अनेक गुहा हैं जिनमें १८२३ ई० तक घोर डकैत लोग रहते थे।

तुलाजापुर—(तुलजापुर) १ हैदराबाद राज्यके ओसमानाबाद जिलेका पूर्वीय तालुक। यहांकी लोकसंख्या ५८४१५ और भूपरिमाण ४११ वर्गमील है। इसमें दो शहर और ११४ ग्राम लगते हैं। २ उक्त तालुकका एक शहर। यह अक्षा० १८° १' उ० और देशा० ७६° ५' पू०के मध्य शोलापुरसे २८ मील और ओसमानाबादसे १४ मील दूरमें अवस्थित है। लोकसंख्या ६६१२ है। यहां एक पुलिस इन्सपेक्टरका अफिस, एक अस्पताल, डाकघर, डाक बङ्गला और एक स्कूल है। यह व्यवसायका एक प्रधान केन्द्र है। पहाड़के नीचे तुलजाभवानीका एक मन्दिर है जहां दुर्गापूजाके समय दूर दूर देशोंसे आये हुये यात्रियोंका समागम होता है। कहते हैं कि सतारा और कोल्हापुरके राजाओंके उस मन्दिरका निर्माण किया है। प्रति मङ्गलवारको यहां हाट लगती है।

तुलाजी—तञ्जोरके विद्योत्साही एक प्रसिद्ध राजा। इन्होंने १७६५ से १७८८ ई० तक राज्य किया था। इन्होंने निम्नलिखित ग्रन्थ रचे हैं—१ आदिधर्मसारसंग्रह, २ दशकुल तेजोनिधि (ज्योतिष), ३ धन्वन्तरीसारविधि, ४ सम्प्राप्तसारसंग्रह, ५ राजधर्मसारसंग्रह, ६ रामध्यान, ७ वाक्यामृत और संगीतसारामृत।

तुलाजी अङ्गरेय—प्रसिद्ध महाराष्ट्र दस्यु कनोजी अंग्रियाका एक पुत्र। कनोजीके जैसा इनसे उत्पातसे अंगरेज और महाराष्ट्रगण बहुत व्यस्त हो गये थे। अन्तमें बम्बई गवर्मेण्ट और महाराष्ट्र-सेनापतिने मिल कर तुलाजीको परास्त किया था।

तुलादण्ड (सं० पु०) तुलायाः दण्डः। मानदण्ड, मापनेको डंडी।

तुलादान (सं० क्ली०) तुलया स्वदेहमानेन दानं। तुलापुरुषसंज्ञक महादान, एक प्रकारका दान जिसमें किसी मनुष्यको तौलके बराबर द्रव्यका दान होता है। यह षोलह महादानोंमेंसे एक है। तुलापुरुषदान देखो।

तुलाकोटि (सं० पु०) तुलायाः कोटिरग्रं यत्र। तुलाधार दण्ड, तराजूकी डंडी जिसमें रस्सी बंधी रहती है।

तुलाधर (सं० पु०) तुलायाः मानं दण्डस्य धरः धृ-अच्। १ वाणिजक, बनिया, वणिक्पद। २ तुलाराशि। ३ सूर्य। ४ तुला गुण, तराजूकी डोरी। (त्रि०) ५ तुलादण्डधारक, तराजूको पकड़नेवाला।

तुलाधार (सं० पु० तुला धृ-अण्। १ तुलाराशि। २ तुलागुण, तराजूकी डोरी जिसमें पलड़े बंधे रहते हैं। ३ वाराणसीनिवासी एक व्याध। यह सदा माता पिताकी सेवामें तत्पर रहता था, इसी पुण्यसे यह सर्वदर्शी हुआ था। जलबोध नामक एक व्यक्ति जब इसके पासमें आया तब इसने उसको समस्त पूर्व वृत्तान्त कह सुनाया। इस पर उस व्यक्तिने भी माता पिताकी सेवाका व्रत ले लिया। (पद्मपु० ३ अ०) ४ वाराणसीनिवासी वणिक्, इन्होंने महर्षि जाजलिको मोक्षधर्मका उपदेश दिया था। (भारत १२।२६० अ०)

तुलापरीक्षा (सं० स्त्री०) अभियुक्तोंकी एक परीक्षा। प्राचीन कालमें यह अग्निपरीक्षा विष-परीक्षादिके समान प्रचलित थी। इसकी परीक्षा इस तरह थी - एक भूमि खानमें गड़वाकर एक बड़ीभारी तुला खड़ी की जाती और चारों ओर तोरण आदि बाँधे जाते थे। फिर मन्त्रपाठ पूर्वक देवताओंकी पूजा करते थे और अभियुक्तको एक बार तराजूके पलड़े पर बिठाकर मट्टी आदिसे तौल लेते थे। फिर उसे उतार कर दूसरी बार तौलते थे। यदि पलड़ा कुछ झुक जाता था, तो अभियुक्त दोषी समझा जाता था।

तुलापुरुषकृच्छ्र (सं० पु०) एक प्रकारका व्रत। इसमें पिण्याक (तिलकी खली), भात, मट्ठा, जल और सत्तू इनमेंसे प्रत्येकको क्रमशः तीन तीन दिन तक खा कर पन्द्रह दिनों तक रहना पड़ता है। यमने इसे २१ दिनोंका व्रत लिखा है। इसका पूरा विधान याज्ञवल्क्य, हारीत आदि स्मृतियोंमें पाया जाता है।

तुलापुरुषदान (सं० क्ली०) तुलापुरुषस्य तुलाम्मित पुरुष-मानस्य परिमित द्रव्यस्य दानं ६ तत्। षोडश महादानके अन्तर्गत दानविशेष, सोलह प्रकारके दानोंमेंसे एक दान। यह सब दानोंमें प्रधान और आदिदान है तथा यह अयन, विषुवसंक्रान्ति, व्यतीपात, दिनक्षय, युगादि, मन्वन्तरादि, संक्रान्ति, वैधृतियोग, द्वादशी अष्टका आदिमें किया जाता है। पंचाङ्ग-ग्रहयोगके तीर्थ, मन्दिर, वन, तड़ाग अथवा मनोज्ञ स्थानमें यह महादान करना होता है। जीवन अनित्य है, धन चञ्चल मात्र है। ऐसा ज्ञान कर इस दानमें हाथ डाले। पुण्यतिथिमें ब्राह्मणको निर्दिष्ट कर सम्पूर्ण वसुन्धरा और उसमें सात हाथ तोरण वेदी बनावे और चार कुण्ड और पूर्णकुम्भ स्थापन करे। इसके पूर्वोत्तरमें एक हाथकी वेदी बनावे। इस वेदीमें ब्रह्मा, शिव, अच्युत आदि देवताओंकी पूजा करके, ग्रह और लोकपालोंकी पूजा करनी होती है। ब्रह्मा, शिव और अच्युतकी पूजा प्रतिमामें तथा अन्य देवताओंकी पूजा कलसमें करते हैं।

शाल, खदिर, चन्दन, देवदारु, श्रीपर्णी और बिल्व आदि लकड़ियोंकी एक तुला बनानी होती है। तुला-दण्डकी लंबाई ५ हाथ और बीचमें चार अंगुलका फासला रहे। तुलाको लोकर लोहेकी होनी चाहिये। उसे सुवर्ण युक्त रत्नमाला, माल्यविलेपन आदिसे विभूषित कर उसमें पांच रङ्गकी पांच पताका लगा देनी चाहिये।

इस दानमें विधान दस वेदविद् ब्राह्मण नियुक्त रहें। ऋग्वेदी होतासे पूर्वको और यजुर्वेदी होतासे दक्षिणको ओर, सामवेदी होतासे पश्चिमको और तथा अथर्ववेदी होतासे उत्तरको ओर दो ब्राह्मणोंका रहना होता है। पीछे विनायकादि लोकपाल आवाहन आदि करके, ब्रह्मा आदि देवताओंकी पूजा करते और मन्त्र द्वारा होम चतुर्दश अध्याय आदि गणनाके साथ वह विहित मन्त्र द्वारा करते हैं। पीछे देवता और ऋत्विजों-को हेममूल्य दान देते हैं। ब्राह्मण शान्ति-पाठका जप करते और आदि मन्त्र और सर्वौषधि अभिषेचन करते हैं।

बाद तीन बार तुलाकी प्रदक्षिणा कर तुलापर बैठ इस मन्त्रसे उसे आमन्त्रण करते हैं—

"नमस्ते सर्वदेवानां शक्तिस्त्वं सत्यमाश्रिता।
साक्षीभूता जगद्धात्री निर्मिता विश्वयोनिना॥"

एकतः सर्वसत्वानि तथा भूतशतानि च ।
धर्मो धर्मकर्ता मध्ये स्थापितासि जगद्धिते ॥
त्वं तुले सर्वभूतानां प्रमाणमिह कीर्त्तिता ।
मां तोलयन्ती संसारा दुद्धरस्व नमोऽस्तु ते ॥
नमो नमस्ते गोविन्द ! तुलापुरुषसंज्ञक ।
त्वं हरे तारयस्वास्मानस्मात् संसारसागरात् ॥
पुण्यं कालमथासाद्य कृत्वाधिवासनं पुनः ।
पुनः प्रदक्षिणं कृत्वा तां तुलामारुहेद्बुधः ॥
स खड्गचर्मः कवची सर्वाभरणभूषितः ।
धर्मं राजमथादाय हैमं सूर्येण संयुतं ॥"

इस मन्त्र पाठके बाद ब्राह्मणगण दान द्रव्यको तराजूके पलड़े पर रखते और फिर निम्नलिखित मन्त्र पढ़ते हैं ।

"नमस्ते सर्वभूतानां साक्षीभूते सनातनि ।
पितामहेन देवि त्वं निर्मिता परमेष्ठिना ॥
त्वया धृतं जगत् सर्वं सहस्थावरजङ्गमम् ।
सर्वभूतात्मभूतस्थे नमस्ते विश्वधारिणि ॥"

यह मन्त्र पढ़ कर तराजू परसे दान-द्रव्यको नीचे उतारते और उसमें आधा गुरुको देते, बाकीमें दूसरे दूसरे-को बांट देते हैं । तुलास्थित द्रव्यको अधिक काल तक घरमें नहीं रखना चाहिये ।

तुलादानमें तराजूके एक पलड़े पर दान करनेवाला बैठता है और दूसरे पलड़े पर उसीको तौलके बराबर सोना-चांदी आदि द्रव्य रखे जाते हैं ।

द्रव्यविशेषसे तुला बनानेसे ये सब फल मिलते हैं । जो मनुष्य अष्टधातुकी तुला बनाते, वे मानसिक, वाचिक और कायिक सभी पापोंसे मुक्त होते हैं एवं जितने दिन वे सब धातु रहेंगी, उतने सौ कोटि वर्ष स्वर्गलोकमें वास करते हैं । पीछे पुण्यक्षय होने पर वे उच्च कुलमें जन्म लेते एवं धन-धान्य द्वारा समृद्ध होते हैं । जो सोनेकी तुला बनाते, उनके पूर्वके दस पुरुष एवं पीछेके दस पुरुष उद्धार पाते हैं तथा आप भी स्वर्गगामी होते हैं और कभी भी दरिद्रताको प्राप्त नहीं होते । जो चांदीकी तुला बनाते, वे स्वर्गगामी होते हैं और पृथ्वी पर राजा हो कर जन्म ग्रहण करते हैं । सुवर्ण द्वारा, कुष्ठ-रोगी आदि महापातकग्रस्त मनुष्य भी तांबेकी तुला बना कर निष्पाप होते हैं तथा स्वर्गलोकमें वास करते हैं ।

कांसेकी तुला बनानेसे इन्द्रका पद, लोहेसे उत्तम स्थान लाभ, पीतलसे स्वर्ग, सीसेसे गन्धर्व लोकमें वास रांगेसे चन्द्रका सायुज्य लाभ, घीसे, तेलकी और तेलकी तुला बनानेसे अरोगी और सुखी होते हैं ।

जितने प्रकारके दान हैं, उनमेंसे तुलादान ही सर्व-प्रधान है । जीवन धारण कर प्रत्येक मनुष्यको यह दान करना उचित है । विभवके अनुसार सुवर्णादि तुलादान अवश्य विधेय है । (दानसागर)

२ मतभेद, एक प्रकारका व्रत जो १५ या २१ दिनों तक करना होता है ।

१५ दिन साध्यव्रतमें पिण्याक, मांड़, मट्ठा, जल और सत्तू प्रत्येक तीन तीन दिन खा कर रहना पड़ता है । २१ दिन साध्यव्रतमें पूर्वोक्त ५ द्रव्य तीन दिन करके १५ और शेष ६ दिन तक वायुभक्षण अर्थात् उपवास करना पड़ता है ।

तुलाप्रग्रह (सं० पु०) तुला प्र-ग्रह-अप् । तुलादण्ड, तराजूमें बंधी हुई डोरी ।

तुलाप्रगाह (सं० पु०) तुला-प्रग्रह घञ् । तुलादण्ड, तराजूकी डोरी ।

तुलाबीज (सं० क्ली०) तुलायाः तोलनस्य बीजं ६-तत् । गुञ्जा, घुंघचीके बीज जो तौलनेके काममें आते हैं ।

तुलाभवानी (सं० स्त्री०) शक्तिदिग्विजयके मतानुसार एक नदी और नगरीका नाम । (तुलापुर देखो ।)

तुलामान (सं० क्ली०) तुलायै तोलनायै मानं मीयते अनेन मा करणे ल्युट् । १ तुलादण्ड, तराजूकी डोरी । २ यह अंदाज वा मान जो तौल कर लिया जाय । ३ बाट, बटखरा ।

तुलायन्त्र (सं० पु०) तुलायाः यन्त्रं ६-तत् । तुलादण्ड, तराजू ।

तुलायष्टि (सं० स्त्री०) तुलायाः यष्टिः ६-तत् । तुलादण्ड तराजूमें बंधी हुई डोरी ।

तुलाराम सेनापति—पहले ये कछारके अन्तिम हिन्दू-राजा गोविन्दचन्द्रके एक सिपाही वा चपरासी

लगभग

प्रधान

कोई ग्रन्थ

काम

इतिहास

बंधो

उपतुला

… ह्य सार्वभौम

इस प्रदेशमें तुलुभाषा प्रचलित है। लगभग चार लाख मनुष्य यह भाषा बोलते हैं। पञ्च प्रधान द्राविड़ भाषाओंमें तुलु भी एक है। इस भाषामें कोई ग्रन्थ आज तक नहीं बनाये गये हैं। मलयालम् अथवा कनाड़ो अक्षरोंमें ही इस भाषाके लिखनेका काम किया जाता है।

कनाड़ाके इतिहासके साथ तुलुवका इतिहास मिला हुआ है।

तुलूलो (हिं॰ स्त्री॰) पेशाब इत्यादिको बंधी हुई धार जो कुछ दूर पर जा कर पड़े।

तुलोपतुला (सं॰ स्त्री॰) तुला और उपतुला, चतुर्थभागका नाम तुला और तृतीय भागका नाम उपतुला है।

"भवति तुलोपतुलानां मूलं पादेन पादेन।"

(वृहत्संहिता ५३।१०)

तुल्य (सं॰ त्रि॰) तुलया सम्मितं यत्। नौवयोधर्मेति। पा ४।४।९१) सादृश्य, बराबरी। इसके संस्कृत पर्याय—सम, सदृक्ष, सदृश, सदृक्, साधारण, समान, सधर्म, सम्मित और स्वरूप। इनके उत्तरपदमें रहनेसे तुल्यवाचक होता है। निभ, सङ्काश, नोकाश प्रतोकाश, उपमा, भूत, रूप, कल्प, प्रभ, ये भी तुल्यके पर्याय हैं। २ समान, बराबर। (पु॰) ३ स्वनामख्यात गन्धर्व।

तुल्यकोणिक (Equiangular) जिस क्षेत्रके सब कोन बराबर हों।

तुल्यज्ञ (सं॰ पु॰) तुल्यं जानाति तुल-ज्ञा-क। तुल्यज्ञानी, बराबर बराबर ज्ञानवाले।

तुल्यता (सं॰ स्त्री॰) तुल्यस्य भावः तुल्य-तल्-टाप्। १ सादृश्य। २ समता, बराबरी।

तुल्यदर्शन (सं॰ त्रि॰) तुल्यं दर्शनं यस्य, बहुब्री॰। समानदर्शन।

तुल्यपान (सं॰ क्लो॰) तुल्यैः सह पानं। स्वजातिके लोगोंके साथ मिलजुल कर खानापीना।

तुल्यप्रधानव्यंग्य (सं॰ पु॰) वह व्यंग्य जिसमें वाच्यार्थ और व्यंग्यार्थ बराबर हो।

तुल्यबल (सं॰ त्रि॰) तुल्यं बलं यस्य। १ समशक्तिसम्पन्न, समान ताकतवाला। (स्त्री॰) तुल्यं बली कर्मधा॰। २ समान बल, बराबर जोर।

तुल्यभावन (सं॰ क्लो॰) तुल्यं भावनं। एक प्रकारको राशिका मिलान।

तुल्यमूल्य (सं॰ त्रि॰) तुल्यं मूल्यं यस्य। १ समान मूल्यविशिष्ट, बराबर दामवाला। २ समान, बराबर।

तुल्ययोगिता (सं॰ स्त्री॰) काव्यालङ्कारविशेष, एक अलङ्कार जिसमें प्रस्तुतों या अप्रस्तुतोंका अर्थात् बहुतसे उपमेयों या उपमानोंका एक ही धर्म बतलाया जाय।

तुल्ययोगी (सं॰ त्रि॰) समान सम्बन्ध रखनेवाला।

तुल्यरूप (सं॰ त्रि॰) तुल्यं रूपं यस्य। एकरूप, सदृश।

तुल्यवृत्ति (सं॰ त्रि॰) तुल्या वृत्तिर्यस्य। एक व्यवसायो, एक रोजगारके।

तुल्यशम् (अव्य॰) तुल्य सोऽप्यर्थे-शम्। बराबर बराबर।

तुल्याकृति (सं॰ त्रि॰) तुल्या आकृतिर्यस्य। सदृशाकृति, जो देखनेमें एकसे हों।

तुल्लस (सं॰ पु॰) ऋषिभेद, एक ऋषिका नाम।

तुव—तव देखो।

तुवर (सं॰ पु॰-क्लो॰) तवति हिनस्ति रोगान् तु-बाहुलकात् ष्वरच्। १ कषाय रस, कसैला रस। २ धान्यभेद, एक प्रकारका धान। ३ आढ़क, अरहर। ४ नदियों और समुद्रके तटपर होनेवाला एक पौधा। इसके फल इमलीके समान होते हैं, जिनके खानेसे पशुओंका दूध बढ़ता है। ५ अजातशृङ्ग गवि, वह गाय जिसके सींग नहीं निकले हों। (त्रि॰) ६ कषाय, कसैला। ७ तिक्त, तीता। ८ श्मश्रुहीन, बिना दाढ़ी-मूंछका।

तुवरयावनाल (सं॰ पु॰) तुवरः कषायः यावनालः कर्मधा॰। धान्यभेद, लाल ज्वार, लाल जुन्हरी। पर्याय—तुवर, कषाययावनाल, रक्तयावनाल, लोहित कुम्भस्थ धान्य। यह गुण—कषाय, उष्ण, विरेचक, संग्राही, वातनाशक, विदाही और शोषकारक है।

तुवरिका (सं॰ स्त्री॰) तुवरः कषायरसोऽस्त्यस्याः तुवर-ठन्। १ सौराष्ट्रमृत्तिका, गोपीचन्दन। २ आढ़की, अरहर।

तुवरी (सं॰ स्त्री॰) तुवर स्त्रियां जित्वात् ङीष्। १ आढ़की, अरहर। २ धान्यभेद, एक प्रकारका धान। गुण यह धारक, मधु, तीक्ष्ण, उष्णवीर्य, अग्निकारक और कफ, विष, रक्त, कण्डु, कुष्ठ और कोष्ठगत

सोमरसक है। २ सोमरसपिंडिका, सोमरसन्दन। पर्याय—मन् सोमरस, मधन, चान्द्र, मघी, तुवादम, अमानक, अप्पौ, तुविजा, धूम्बत, कामी, मुमाना। गुण—यह तिक्त, कटु, कषाय, उष्ण, विशद, बहुको दिन कर, प्यासो, वृद्धि और पित्तके लिये गुणकारक है।

तुवीमन् (सं॰ क्ली॰) सोमरसपिंडिका, सोमरसन्दन।

तुवीदित्य (सं॰ पुं॰) तुवनो इव दित्या यस्य। यमसद्गण, अर्द्ध वज्रका चिह्न, यमदार।

तुवि (सं॰ क्ली॰) तुवनो हूतौ॰ मत्युः। १ तुवनो, तुंबी। २ बहुकालार्थ, जिसके बहुत यन्त्र हो।

तुविकूर्मि (सं॰ त्रि॰) बहुकर्मा, तुरमें अनेक प्रकारके काम करनेवाला।

तुविग्र (सं॰ त्रि॰) १ प्रभूतगमन, बहुत चलने वाला। २ बहुत जोरसे शब्द करनेवाला। ३ बहुत खानेवाला।

तुविग्राभ (सं॰ त्रि॰) बहुग्राहक, जोरसे पकड़नेवाला।

तुविघ (सं॰ त्रि॰) पूर्ण घोष, बहुत प्रशंसनीय।

तुविग्रीव (सं॰ त्रि॰) विस्तीर्णकन्धर, जिसका कंधा बहुत मजबूत हो।

तुविजात (सं॰ त्रि॰) १ पोअन्नो, ताकतवर। २ जो बहुतोंको रक्षाके लिये उत्पन्न हुआ हो। ३ जिससे बहुतों की उत्पत्ति हो। यह तुविजात इन्द्रका विशेषण है।

तुविद्युम्न (सं॰ त्रि॰) तुवि बहु द्युम्नं धनं यस्य। प्रभूतधनयुक्त, जिसके पास बहुत धन हो।

तुविनृम्ण (सं॰ त्रि॰) प्रभूत बलयुक्त, जो बहुत ताकत रखता हो।

तुविप्रति (सं॰ त्रि॰) १ बहुप्रतिगामी, बहुतोंमें घूमनेवाला। २ बहुतोंसे मुकाबला करनेवाला।

तुविबाध (सं॰ त्रि॰) बहुरोधक, बहुतोंको कष्ट पहुंचानेवाला।

तुविमघ्न (सं॰ त्रि॰) बहुघोष, जिसके अनेक घोष हों।

तुविमघ—तुवीमघ देखो।

तुविमात्र (सं॰ त्रि॰) बहुपरिमित, जिसका ... हो।

तुविमघ (सं॰ क्ली॰) तुवि...को दूसरी मा ...

१ शक्ति, बहुतो। २ प्रज्ञा, बुद्धि, ज्ञान। ३ बल, पराक्रम।

तुविम्रक्ष (सं॰ त्रि॰) जिसके कामोंमें बहुतोंका अधिकार हो।

तुविराधस् (सं॰ त्रि॰) प्रभूत धनयुक्त, धनी, जिसके पास बहुत दौलत हो।

तुविराज (सं॰ त्रि॰) प्रभूत बलयुक्त, बलवान्, ताकतवर।

तुविवाजस (सं॰ त्रि॰) बहु गुणयुक्त, गुणी, जिसे अनेक आवास हो।

तुविशुष्म (सं॰ त्रि॰) बहुबल, बलवान्, ताकतवर।

तुविश्रवस् (सं॰ त्रि॰) बहु यशयुक्त, जिसके पास बहुत यशकर हों।

तुविष्टम (सं॰ त्रि॰) बहुतम, बड़ा, ताकतवर, जोरदार।

तुविष्मत् (सं॰ त्रि॰) तुविष्-मतुप्। १ बलवान्, वृद्धिमान्। २ जोरदार।

तुविष्वणस् (सं॰ त्रि॰) प्रभूतध्वनियुक्त, जिससे बहुत शब्द निकलता हो।

तुविष्वणि (सं॰ त्रि॰) महाशब्दयुक्त, जिसमें खूब आवाज आती हो।

तुविस्वन् (सं॰ त्रि॰) बहु शब्दयुक्त, जिसमें बहुत शब्द हो।

तुवीमघ (सं॰ त्रि॰) प्रभूत धनयुक्त, बहुत धनी।

तुवीरव (सं॰ त्रि॰) बहु शब्दयुक्त, जिसमें बहुत आवाज हो।

तुवीरवत् (सं॰ त्रि॰) तुवीं ...: ... मतुप्, मस्य व। बहु शोरयुक्त, जिसमें अधिक शोर हो।

तुवीशम (सं॰ त्रि॰) तुवि शोभः शमः। बहुबलयुक्त, बहुत बलवान, जो खूब ताकत रखता हो।

तुषार (हिं॰ पु॰) ...-...मक्खी बोलनेवाला एक जन्तु। दूसरी तरफ जिसमें ... है।

तुष (... १ ... पके उपरकी
... २ ... -ईंट का ढेर।
... लिये ...
तुषज ... संधि ...
...
तुषक ...

तुषधान्य (सं॰ क्लो॰) तुषावृतं धान्यं। सतुषधान्य, छिलका सहित धान।

तुषसार (सं॰ पु॰) तुषं सरति अनुसरति सृ-अण्। आग भूसाके बीच बहुत धीरे धीरे फैलती है, इसीसे उसका नाम तुषसार रक्खा गया है।

तुषानल (सं॰ पु॰) तुषस्य अनलः। १ तुषजात अग्नि, भूसीकी आग, करसीकी आंच। २ तुषाग्निमें आत्मदाह-रूप प्रायश्चित्तविशेष, भूसी वा घास-फूसकी आगमें भस्म होनेकी क्रिया जो प्रायश्चित्तके लिए की जाती है। कुमारिलभट्ट तुषाग्निमें ही भस्म हो कर मरे थे।

तुषाम्बु (सं॰ क्लो॰) तुषस्य अम्बुः ६-तत्। तुषोदक, एक प्रकारकी कांजी जो भूसीसहित कुटे हुए जौकी सड़ा कर बनाई जाती है। गुण—अग्निदीप्तिकारक, हृदयग्राही, तीक्ष्ण, उष्णवीर्य, पाचक, रक्तपित्तजनक एवं पाण्डु, कृमि और वस्तिगत शूलविनाशक है।

तुषार (सं॰ पु॰) तुष्यत्यनेन अस्मात् तुष-आरन्। तुषरा-रश्च। उण् ३।१३८) १ हिम, बरफ। २ हिमकण, पाला।

विकिरणशक्ति ही तुषारकी उत्पत्तिका प्रधान कारण है। रातको पृथ्वी परकी सभी वस्तु जब अपना तेज विकीर्ण कर वायुराशिकी अपेक्षा अधिक ठण्डी हो जाती हैं, तब चारों ओरकी वायुके अन्तर्गत जलीय वाष्प घनीभूत हो कर तुषारके बिन्दुके रूपमें उनके ऊपर जम जाती है।

उष्णताका जितना ही ह्रास होता है, वायुराशिमें उतनी ही कम वाष्प रहती है, अर्थात् उतनी ही कम वाष्प द्वारा वायुराशि परिपिक्त होती है। सुतरां दिनके समयमें जो वाष्प रहती है, रातमें कुछ कुछ शीतल हो कर यदि वह उससे परिपिक्त हो जाय तो शीतलद्रव्यके स्पर्शसे ही उनके अन्तर्गत कुछ वाष्प घनी हो कर तुषारके रूपमें परिणत हो जाती है। वायुमें जितनी ही अधिक वाष्प रहती है, उतना ही कम यदि वह ठण्डी हो जाय तो तुषार बनता है। इस देशमें ग्रीष्मकालमें दिनकी वायुराशि बहुत गरम रहता है, किन्तु रातको उतनी ठण्डी नहीं रहती, इसी कारण उसमें मिली हुई है। वाष्प भी तुषाररूपमें परिणत नहीं होती है। जिन सब वस्तुओंकी विकिरणशक्ति प्रबल रहती है, वे रातको कुछ शीतल हो जाती हैं। यही कारण है कि उन सब वस्तुओंके ऊपर कुछ तुषार जम जाता है। सभी धातु द्रव्योंकी विकिरणशक्ति बहुत कम है, इसीसे उनके ऊपर उतना तुषार नहीं जमता, किन्तु मट्टी, कांच, बालू, वृक्षपत्र, पशम आदि द्रव्योंमें विकिरण-शक्ति अधिक है, इस कारण उनके ऊपर तुषार भी अधिक जम जाता है, उससे पृथ्वीपृष्ठसे तेज विकिरणकी तथा तुषारउत्पत्तिकी प्रतिबन्धकता होती है। जब आकाशमण्डल मेघाच्छन्न रहता है, तब वह भूपृष्ठ तेज-विकिरण द्वारा उतना ठंढा नहीं हो सकता, क्योंकि मेघावलीसे तेज विकीर्ण होता हुआ उसके ऊपर गिरता है। यही कारण है, कि मेघाच्छन्न रात्रिमें उतना तुषार नहीं पड़ता। विस्तृत शाखाविशिष्ट वृक्षके तले भी तुषार नहीं जमने-का यही कारण है। जब वायु धीमी चालसे बहती है, तब सब वस्तुएं अधिक ठंडी हो जाती हैं और तुषारोत्पत्ति बहुत कुछ ज्यादा हो जाती है। क्योंकि उतनी ही कम शीतल होनेसे वायु वाष्पकर्त्तक परिपिक्त हो जाती है। नदीसे समुद्र तक सभी जलाशयका अन्तावर्त्ती तेज संयोग-से धुएंके अवयवसदृश वाष्पाकारमें ऊपर जा कर जो जल गिरता है, उसे तुषारज जल कहते हैं। यह तुषारज जल प्राणियोंके लिये तो अहितकर है, पर वृक्षोंके लिये विशेष उपकारक है। भावप्रकाशके मतसे इसके गुण—शीतल, रूक्ष, वायुवर्द्धक, पित्तनाशक, एवं कफ, ऊरुस्तम्भ, कण्ठरोग, मन्दाग्नि, मेद और गलगण्डादि रोगनाशक। (भावप्रकाश॰) ३ शीतलस्पर्श। ४ कर्पूरभेद, एक प्रकारका कपूर, चीनिया कपूर। ५ देशभेद, हिमा-लयके उत्तरका एक देश। ग्रीक लोगोंके ग्रन्थोंमें यह देश 'तोखारि' नामसे प्रसिद्ध है। ७ तुषारदेशोद्भव जाति, तुषारदेशमें बसनेवाली जाति। प्रत्नतत्त्वविदोंके मतानुसार यह जाति शकजातिकी एक शाखा है। १ली शताब्दीमें इन लोगोंने भारतवर्षमें प्रवेश कर अनेक स्थानों पर आक्रमण किया था। (त्रि॰) ८ शीतल-स्पर्शयुक्त, छूनेमें बरफकी तरह ठण्डा।

तुषारकण (सं॰ पु॰) तुषारस्य कणः, ६-तत्। हिमकण।

गुहाकार (सं॰ पु॰) १ सिंह, शार्दूल। २ कर्पूर-[illegible]

गुहाचर (सं॰ पु॰) गुहायां चरः [illegible]

गुहाविहार (सं॰ पु॰) [illegible]

गुहाशिर (सं॰ पु॰) [illegible]

गुहारोह (सं॰ त्रि॰) [illegible] । (स्त्री॰) २ कर्पूर, कपूर।

गुहाविहार—[illegible] एक प्राचीन नगर। [illegible] यह स्थान बहुत प्राचीन और [illegible] है। [illegible] यह [illegible] गुहा-विहार [illegible] है। [illegible] प्राचीन [illegible] पर्वतोंमें [illegible] है, जिनमें कहीं कहीं [illegible] पड़ी पड़ी ईंटें निकाली थीं। [illegible] पद्मपुराणमें [illegible] किया है वही यह गुहाविहार हो सकता है। यहां पहले बौद्धमठ [illegible] था। यहां भी [illegible] बुद्धकी मूर्ति [illegible] है। ऐसा अनुमान किया जाता है, कि पहले इस स्थानको गुहा[illegible]-विहार कहते थे, [illegible] गुहा-विहार नाम पड़ा है। यहांका [illegible] मन्दिर [illegible] है।

गुहशयान (सं॰ पु॰) १ चीता। २ सिंह, बाघ।

गुहामूर्ति (सं॰ पु॰) गुहायाः मूर्तिः [illegible]। सिंह, शार्दूल।

गुहाश्रित (सं॰ पु॰) गुहाः आश्रितः [illegible]। सिंह, शार्दूल।

गुहावृन्द (सं॰ पु॰) [illegible]। [illegible] इस [illegible] बहुत [illegible] है, [illegible] नाम गुहा[illegible] है।

गुहाह्व (सं॰ स्त्री॰) [illegible], [illegible]।

गुहिन (सं॰ पु॰) [illegible] । [illegible], एक [illegible] [illegible]। इसको [illegible] है, किन्तु [illegible] इसके [illegible] हैं। [illegible] हैं—[illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible] और [illegible]। ([illegible])

[illegible] एक [illegible] [illegible] दिया [illegible] है। ([illegible])

इसके नाम दस प्रकार हैं—[illegible], [illegible] और [illegible]। कोई कोई तो इनकी संख्या ११ और कोई १४ बतलाते हैं। [illegible] है—एक एक [illegible] १२, [illegible] ११ [illegible]। [illegible] "[illegible]" [illegible] गया है। २ विष्णु। (भारत [illegible])

३ बौद्धमतानुसार एक [illegible] नाम।

४ [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है। ([illegible])

गुहेन (सं॰ स्त्री॰) [illegible]। [illegible], [illegible]।

गुहोदक (सं॰ पु॰) [illegible]। १ [illegible], [illegible] पानी [illegible] हुई [illegible]। यह [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible] और [illegible] है।

[illegible] भी गुहोदकके समान [illegible] है। [illegible] जाता है, [illegible] है। [illegible] गुहोदकसे [illegible] है कि [illegible] गुहोदक है और [illegible]। [illegible]

गुह्य (सं॰ त्रि॰) गुह [illegible]। १ [illegible] २ [illegible], [illegible]। (पु॰) ३ विष्णु। [illegible] है, [illegible] गुह्य [illegible] होता है।

तुष्टि (सं॰ स्त्री॰) तुष-भावे क्तिन्। १ तोष, सन्तोष, तृप्ति २ बुद्धिमद। यह तुष्टि नौ प्रकारकी है, चार आध्यात्मिक और पांच वाह्य। (सांख्यका॰ ५१)

आध्यात्मिक तुष्टियां ये हैं—प्रकृति, उपादान, काल और भाग्य। आध्यात्मिकका अर्थ आभ्यन्तरिक है। प्रकृति सगुण है वा निर्गुण एवं सभी तत्त्व प्रकृतिके ही कार्य हैं; यह जाननेसे जो तुष्टि होती है, उसे प्रकृत्याख्य तुष्टि कहते हैं।

उपादान—कोई सभी तत्त्वोंको न जान कर केवल उपादान ग्रहण करते हैं अर्थात् संन्याससे विवेक होता है, ऐसा समझ संन्याससे जो तुष्टि होती है, उसे उपादानाख्य तुष्टि कहते हैं।

काल—काल पा कर आप ही विवेक या मोक्ष प्राप्त हो जायगा। अतः तत्त्वाभ्यास निष्प्रयोजन है, ऐसा जो जानता है और जो इसीमें सन्तुष्ट रहता है; इस प्रकारकी तुष्टिको कालाख्य तुष्टि कहते हैं।

भाग्य—भाग्यमें होगा तो मोक्ष हो ही जायगा, ऐसी तुष्टिको भाग्याख्य तुष्टि कहते हैं। ये चार प्रकारकी तो आध्यात्मिक तुष्टि हुई।

अब वाह्य तुष्टिका विषय कहते हैं। वाह्य विषयोंकी विरक्तिसे जो शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्धरूप पांच प्रकारकी तुष्टियां उत्पन्न होती हैं, उन्हें वाह्यतुष्टि कहते हैं। अर्जन, रक्षण, क्षय, सङ्ग और हिंसा इन पांच विषयोंसे विरक्त अर्थात् इनमेंसे प्रत्येकका दोष देख कर उनसे विरक्त हो जानेका नाम पञ्च वाह्य तुष्टि है।

(सांख्यका॰)

तुष्टि आध्यात्मिकादिके भेदसे ९ प्रकारकी है, चार आध्यात्मिकी तुष्टि और पांच वाह्यतुष्टि। आत्मभावसे या आत्मबुद्धिसे ग्रहण करनेका नाम आध्यात्मिक है। प्रकृतिके विवेकज्ञानको ही मुक्ति कहते हैं, इस कारण प्रकृति ही उपास्य है। प्रकृतिके सिवा और दूसरा उपास्य भी नहीं है, ऐसा सोच कर जो तुष्टि होती है, उसे प्रकृतितुष्टि कहते हैं, इसका नाम अम्भ है। व्रतधारण और संन्यासादिके सिवा विवेकसे मुक्ति नहीं है; यही मुक्तिके प्रतिकारण हैं, ऐसा समझ कर अनेक व्रती हो जाते हैं और सन्तुष्ट रहते हैं। इस प्रकारकी तुष्टिका नाम उपादानतुष्टि है; इसीको सलिल कहते हैं। व्रती हो चुके हैं, समय पा कर मुक्त हो जायंगे, ऐसी तुष्टिका नाम काल है; इसीको ओघ कहते हैं। भाग्यमें रहनेसे मुक्ति अवश्य होगी, ऐसी तुष्टिको भाग्य कहते हैं; इसका नाम वृष्टि है।

इनके सिवा विषयत्यागजनित ५ प्रकारकी तुष्टि हैं, जिनका विवरण इस प्रकार है—

धनोपार्जन करनेमें बहुत कष्ट होता है। अतः धनका कोई प्रयोजन नहीं, ऐसा जान कर जो सन्तोष रखा जाता है, उसे पारतुष्टि कहते हैं। धनकी रक्षा करना और भी कठिन है, ऐसा जान कर विषयपरित्यागपूर्वक सन्तुष्ट रहनेमें जो सन्तोष है, उसका नाम सुपारतुष्टि है। धनके नाश हो जानेसे बहुत दुःख होता है, उसका नहीं रहना ही अच्छा है, ऐसी तुष्टिको पारपारतुष्टि कहते हैं। ज्यों ज्यों भोग करते हैं, त्यों त्यों इच्छा बढ़ती जाती है, अतः भोग भी दुःखदायक है। उसका त्याग करना ही श्रेय है। इस प्रकार त्याग-बुद्धिसे जो सन्तोष उत्पन्न होता है, उसे अनुत्तमाम्भतुष्टि कहते हैं। विषय-सम्पर्कमें हिंसादि नाना प्रकारके दोष होते हैं अर्थात् बिना दूसरेको कष्ट दिये सुख नहीं मिलता, यह जान कर विषय-विमुख होनेमें जो सन्तोष है, उसे उत्तमाम्भतुष्टि कहते हैं। ये ही ९ प्रकारकी तुष्टियां ज्ञानशक्तिकी उद्बोधक वा उत्तेजक हैं। इनके नहीं रहनेसे ज्ञाननाशक और योगनाशक विपर्यय सभी वृत्तियां प्रबल हो जाती हैं। (सांख्यद॰)। तुष-कर्त्तरि क्तिच्। ३ गौर्यादि षोडश मातृकाओंमेंसे एक मातृकाका नाम। कुलदेवता देखो। ४ शक्तिविशेष। (देवीभाग॰ १।१५।६१) ५ कंसके आठ भाइयोंमेंसे एक।

तुष्टिकर (सं॰ त्रि॰) तुष्टिं करोति तुष्टि-कृ-ट। सन्तोषकर, तृप्तिजनक।

तुष्टिजनक (सं॰ त्रि॰) तुष्टीनां जनकः, ६-तत्। सन्तोषजनक, तृप्तिकर।

तुष्टिमत् (सं॰ त्रि॰) तुष्टिरस्त्यस्य तुष्टि-मतुप्। १ तोषयुक्त, सन्तुष्ट। (पुः) २ उग्रसेनके पुत्र, कंसके भाई।

(भाग॰ ९।२४।२४)

[illegible] (सं० पु०) [illegible]
[illegible] है।
[illegible] (सं० पु०) [illegible] देखो।
[illegible] (सं० पु०) [illegible]
[illegible] (हिं० स्त्री०) [illegible]
[illegible] (सं० क्ली०) [illegible]
[illegible] (हिं० स्त्री०) [illegible] देखो।
[illegible] (सं० पु०) [illegible]
[illegible] एक [illegible]
[illegible] (सं० पु०) [illegible]
[illegible] एक [illegible]
[illegible] (सं० क्ली०) [illegible] १ [illegible] २ [illegible] ३ [illegible] (त्रि०) ४ [illegible]
[illegible] (सं० पु०) [illegible]
[illegible] (सं० पु०) [illegible] १ चन्द्रमा। २ कपूर, कपूर।
[illegible] (सं० पु०) चन्द्रमा।
[illegible] (सं० पु०) [illegible] १ चन्द्रपुत्र, बुध। [illegible] देखो।
[illegible] (सं० पु०) [illegible]
[illegible] (सं० पु०) [illegible] चन्द्रमा।
[illegible] (सं० पु०) चन्द्रमा।
[illegible] (सं० पु) चन्द्रमा।
[illegible] (सं० पु०) [illegible] चन्द्रमा।
[illegible] (सं० पु०) [illegible]
[illegible] (सं० पु०) चन्द्रमा।
[illegible] (सं० क्ली०) [illegible]
[illegible] (सं० पु०) [illegible]
[illegible] (सं० पु०) [illegible]

[illegible] (सं० पु०) १ चन्द्रमा। २ कपूर।
[illegible] (सं० पु०) १ [illegible] एक [illegible]
[illegible] (२ [illegible])
३ [illegible] एक [illegible] ([illegible])
[illegible] (हिं० शब्द०) १ एक [illegible] एक [illegible] है, [illegible] है। (हिं० स्त्री०) २ [illegible]
[illegible] (हिं० शब्द०) [illegible] देखो।
[illegible] (हिं० पु०) [illegible] देखो।
[illegible] (हिं० क्रि०) [illegible] देखो।
[illegible] (हिं० पु०) १ [illegible] २ [illegible] है, [illegible]
[illegible] (हिं० स्त्री०) १ [illegible] २ [illegible]
[illegible] (हिं० क्रि०) [illegible] देखो।
[illegible] (सं० पु०) [illegible] १ [illegible] पर्याय— [illegible] २ [illegible] नाम
[illegible] (सं० क्ली०) [illegible] एक प्रकारका छन्द। [illegible] होते हैं, [illegible] है।
[illegible] (सं० पु०) [illegible]
[illegible] (सं० पु०) [illegible]
[illegible] (सं० पु०) [illegible] है।
[illegible] (सं० पु०) [illegible]
[illegible] (सं० त्रि०) [illegible] है।

तूणि (सं॰ पु॰) तून देखो।

तूणिक (सं॰ पु॰) तूणीक देखो।

तूणिन् (सं॰ पु॰) तूणवदा क्षतिरस्त्यस्येति तूण-इनि। नन्दोवृक्ष, तूनका पेड़। पर्याय—तूणो, तुन्नक, आपीन, तूणिक, कच्छक, कुठेरक, कान्तलक, नन्दिवृक्ष, नन्दक। गुण—यह कटु पाक, कषाय, मधुर, लघु, तिक्त, शीतल, बलकारक, व्रण, कुष्ठ और अस्त्रपित्तनाशक है। (त्रि॰। २ तूणयुक्त, जो तरकश लिये हो।

तूणी (सं॰ स्त्री॰) तूण्यते पूर्यते बाणैः तूण कर्मणि घञ्, गौरादित्वात् ङीष्। तूण, तरकश। २ नीलीवृक्ष नीलका पौधा। ३ वातरोगविशेष। इसमें मूत्राशयके पाससे दर्द उठता है और गुदा एवं पेड़ू तक फैलता है। मलद्वार और मूत्राशयके पाससे वेदना उत्पन्न होकर बहुत शीघ्र पक्वाशयमें चले जानेको प्रतितूणी कहते हैं।

तूणीक (सं॰ पु॰) तूणी तूण इव कायति कै-क। नन्द-वृक्ष, तुनका पेड़।

तूणीर (सं॰ पु॰) तूण्यते पूर्यते बाणैः तूण बाहुलकात् ईरन्। तूण, तरकश।

तूणीरवत् (सं॰ त्रि॰) तूणीर अस्त्यर्थे मतुप् मस्य व। तूणीरधारी, जो तीर चला कर अपनी जीविका निर्वाह करता हो।

तूत्थक (सं॰ क्ली॰) तुत्थ पृषो॰ साधुः। तुत्थ, तूतिया, नीलाथोथा।

तूती (फा॰ स्त्री॰) १ एक प्रकारका छोटा शुक या तोता। इसकी चोंच पीली, गरदन बैंगनी और पैर हरे होते हैं। २ कनारी द्वीपसे भारतवर्षमें आनेवाली एक प्रकारकी छोटी सुन्दर चिड़िया। इसकी बोली बहुत मधुर होती है। इसे लोग पिंजरोंमें पालते हैं। ३ एक प्रकारकी छोटी चिड़िया। इसका रंग मटमैला होता है। इसकी बोली भी बहुत मीठी है। जाड़ेमें यह सारे भारत-वर्षमें पाई जाती है, पर गरमियोंमें उत्तर-काश्मीर तुर्कि-स्तान आदिकी ओर चली जाती है। ४ एक प्रकारका बाजा या खिलौना जो मुंहसे बजाया जाता है। ५ एक छोटी टोंटीदार घड़िया जो मद्यकी बनी होती है और जिससे लड़के खेलते हैं।

तूतुजान (सं॰ पु॰) तुज-कानच्, तुजादित्वात् अभ्यास-दीर्घः बाहु॰ नलोपः। क्षिप्र, तेजी।

तूतुजि (सं॰ स्त्री॰) तुजि बले दाने वा तुजि-कि-द्वित्वे तूजां अभ्यासदीर्घः बाहु॰ नलोपश्च। १ क्षिप्र, तेजी। २ दाता।

तूतुज्यमानस (सं॰ पु॰) तुजि कर्मणि यानच् द्वित्व अभ्यास-दीर्घः बाहुलकात् नलोपः तथाभूतः अमति दीप्यते अम अच्। क्षिप्र, तेजी।

तूतुम (सं॰ त्रि॰) तुद अच् द्वित्वे अभ्यासदीर्घः पृषो॰ साधुः। तूर्ण, जल्दी।

तूद (सं॰ पु॰) तुद्यति तुद-क पृषोदरादित्वात् दीर्घः। १ तूतवृक्ष, तूतका पेड़, शहतूत। २ इसी नामका एक पेड़, इसे कोई कोई पात्रपिप्पल भी कहते हैं। पर्याय—तूद, तूतपूप, क्रमुक, ब्रह्मदारु। पक्के तूद-फलके गुण—यह गुरु, मधुररस, शीतवीर्य और पित्त तथा वायुनाशक है। कच्चे तूदफलके गुण—यह गुरु, सारक, अम्लरस, उष्णवीर्य और रक्तपित्तकारक है।

तूदा (फा॰ पु॰) १ राशि, ढेर। २ सीमाका चिह्न, हद्दबन्दी। ३ मट्टीका वह टीला जिस पर तीर, बन्दूक आदिसे निशाना लगाना सीखा जाता है।

तूदी (सं॰ स्त्री॰) देशभेद, एक देशका नाम।

तून (हिं॰ पु॰) १ तुनका एक पेड़। २ तून नामका लाल कपड़ा।

तूना (हिं॰ क्रि॰) १ चूना, टपकना। २ खड़ा न रह सकना, गिरना। ३ गर्भपात होना, गर्भ गिरना।

तूनीर (हिं॰ पु॰) तूणीर देखो।

तूफान (अ॰ पु॰) १ आपत्ति, ईति, प्रलय, आफत। २ हल्लागुल्ला। ३ उपद्रव, झगड़ा, बखेड़ा, फसाद। ४ डुबानेवाली बाढ़। ५ वायुके वेगका उपद्रव, आंधी, झटिका। पृथिवीमण्डल चारों ओरसे प्रायः २५ कोस वायुमण्डलसे आवृत (घिरा हुआ) है। यह वायुराशि नाना कारणोंसे सर्वदा चञ्चल रहती है। जब यह कोमल और मन्द मन्द लहरोंसे अनेक तरहके सुगन्धि द्रव्योंको ले कर चलती है, तब सभीको आनन्दित कर देती है। बहुत समय यह वायुराशि नाना नैसर्गिक वा आकस्मिक कारणोंसे विलोड़ित हो कर,

[illegible] होती है [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

[illegible] किन्तु [illegible] वायु [illegible] है। [illegible] इस प्रकार [illegible]

[illegible]

वायु और जल ताप देखो।

[illegible]

[illegible] इस प्रकार [illegible] मौसमी वायु (Monsoon) आदि [illegible]

[illegible] किन्तु [illegible]

१ मीलसे १०००-१२०० मील पर्यन्त हो जाता है। इन समस्त प्रकाण्ड घूर्णवायुके केन्द्रके निकट वायु प्रायः स्थिर रहती है, किन्तु परिधिकी तरफ वायुप्रवाह भीषण तूफान रूपमें प्रवाहित हो कर वृक्ष और मकान आदिको भग्न और चूर चार कर डालता है। प्राकृततत्त्वज्ञ पण्डितोंने निर्णय किया है, कि हम लोग जिन बड़े-बड़े तूफानोंको देखते हैं वे एक एक प्रकाण्ड घूर्णवायु मात्र हैं। ये समस्त घूर्णवायु १से १५०० मील विस्तृत स्थान तक फैल कर घूमते घूमते गमन करती हैं। उनमें ४०० से ६०० मील व्यासयुक्त घूर्णवायु ही अधिक है। इस प्रकार एक एक घूर्णवायु ८।१० पर्यन्त विद्यमान रहती है तथा सौ सौ मील स्थानके ऊपर हो कर गमन करती है, अंगरेजीमें इन सबको साइक्लोन (Cyclone) कहते हैं। इन समस्त घूर्णवायुकी परिधि ही झटिकाचक्र है। केन्द्रस्थल बिलकुल शान्तभावापन्न होता है। उसके चारों ओर चक्राकारसे तूफान प्रवाहित होता है। घूर्णवायु चलनेके समय एक ही कालमें अनेक स्थानमें विभिन्न मुखी तूफानको उत्पन्न करते करते अग्रसर होती है। पहले ही कहा जा चुका है, कि केन्द्रस्थलमें वायु प्रायः निश्चल रहती है, सुतरां जिस स्थानके ऊपर हो कर केन्द्र जाता है, वहां पहले एक ओरसे तूफान बनता है। पीछे कुछ काल शान्त रह कर फिर ठीक विपरीत दिशासे तूफान आता है।

जिस स्थानके ऊपर हो कर केन्द्र जायगा, वहां पहले और अन्तमें दो विपरीत दिशामें तूफान होगा तथा बीचमें केन्द्र जानेके समय वह शान्त रहेगा। यदि एक घूर्णवायुका केन्द्र मन्द्राजके उत्तर हो कर पश्चिमाभिमुख जाय, तो वहां पहले उत्तर-पश्चिमसे तूफान बहेगा, बाद वह वायु पश्चिम और क्रमशः दक्षिण-पश्चिमसे बह कर शेष हो जायगी।

तूफान एक समयमें जितने स्थानमें फैल कर रहता है, उसीको तूफान अथवा घूर्णवायुका आकार कह सकते हैं। यह व्याप्तस्थान ठीक गोल नहीं होता। किसमें भी समस्त वृत्तके आभासकी नाईं है। क्षुद्र व्यासकी अपेक्षा बड़ा व्यास दो तीन गुना बड़ा होता है। जिस दिशामें घूर्णवायु गमन करती है, उसी दिशामें गुरु व्यास विस्तृत रहता है। लघु व्यास गमनपथके साथ समकोण करके अवस्थान करता है। वृत्ताभास जितना लम्बा होता है, उतना ही तूफानका तेज अधिक होता है। बहुत स्थानोंके परीक्षालब्ध घूर्णवायु विषयक कितने ही नियम नीचे दिखलाये जाते हैं।

१। झंझावायु निरक्षदेशसे दोनों क्रान्तिवृत्त पर्यन्त मध्यवर्ती प्रदेशमें निरक्षरेखाके निकटवर्ती वाणिज्य-वायु-प्रवाहके आरम्भस्थलमें ग्रीष्मकालके समय किम्बा मौसमवायुके परिवर्तनके समय उत्पन्न होती है। विषुव प्रदेशमें कभी तूफान नहीं होता है। कभी कोई तूफान विषुवरेखाके पारसे नहीं देखा जाता, वरं इसकी दोनों दिशाओंसे एक ही द्राघिमामें परस्पर १०।१२ अंशके मध्यमें तूफानका एक ही समयमें प्रवाहित होना सुना गया है। दोनों गोलार्द्धमें घूर्णवायु प्रथम भागमें पश्चिमाभिमुख और शेष भागमें पूर्वाभिमुख गमन करती है। सर्वत्र ही उसकी गति निरक्षदेशसे वक्राकार हो कर मेरुकी तरफ हो जाती है।

२। उसकी गति द्विस्वभावापन्न है अर्थात् केन्द्रके चारों ओर झटिकाचक्र प्रवाहित रहता है, फिर इसी प्रकार आवर्त्तन करते करते घूर्णवायु अग्रसर हो जाती है। उत्तर गोलार्द्धमें यह आवर्त्तन दहिनी ओरसे बायीं तरफ अर्थात् घड़ीकी सूई जिस तरह घूमती है, उसके ठीक विपरीत दिशामें रहता है। दक्षिण-गोलार्द्धमें यह आवर्त्तन घड़ीकी सूईके अनुरूप होता है।

सभी घूर्णवायुका गमनपथ एक विस्तीर्ण क्षेपणीकी नाईं है। इसका शिर पश्चिमदिशामें तथा दोनों बाहु पूर्व दिशामें विस्तृत रहती हैं। यह शिर उत्तर-गोलार्द्धमें प्रायः ३० और दक्षिण गोलार्द्धमें प्राय २६ रेखाओंको किसी याम्योत्तररेखाको स्पर्श करता रहता है।

३। सचराचर निरक्षरेखाके निकट विस्तीर्ण क्षेपणी-के पूर्वप्रान्तमें सूर्यकी अस्फुट क्रान्तिकी (Declination of the sun) समपरिमाण अक्षरेखाकी झंझावात उत्पन्न होती है, इसी प्रकार पश्चिमकी ओर जाते जाते अन्तमें शीर्ष स्थानका प्रदक्षिण करके पूर्वाभिमुख गमन करती है। शेष भागमें यह क्रमशः निरक्षरेखासे दूर चली जाती है। चीन-सागरके अनेक तूफान इसके [illegible]

विपरीत है अर्थात् उत्तरगोलार्धमें विपरीतदिशामें फिरा करती रहती है।

२। प्रत्येक घूर्णवायुकी गति स्थानोंके अनुसार भिन्न भिन्न होती है, यही नहीं कि एक ही स्थानमें एक ही अवस्थामें भिन्न भिन्न हो जाती है। दक्षिण भारतीय होन्दमहासागर और पश्चिम-अफ्रिकाके समुद्रमें गति घण्टेमें ६ मीलसे ११ मील तक होती है। दक्षिण-भारत महासागरमें इसकी गति १० मीलसे ७ मील तक होती है। वेस्टइण्डिजमें इसकी गति ३० मील, चीनसागरमें भी १७ मील तक तथा बंगाल महासागरमें ६से २४ मील तक होती है। कोई कोई घूर्णवायु तो इतना धीरे चलती है, जिसको चलनेमें दिन भी लग जाते हैं। इसी प्रकार घूर्णवायुका तूफान बहुत काल तक एक ही दिशामें प्रचलित होता रहता है।

३। इस प्रकार घूर्णवायुका व्यास ५०से १६० मील तक और कभी कभी १००० मीलसे अधिक भी हो जाता है। स्थल-भागमें कभी कभी प्रारम्भिक अवस्था अधिक प्रचलित होता है, तथा वायुमण्डलकी गति अत्यन्त वेगसे भी आता है। दक्षिण भारतीय होन्दमहासागरमें इस वायुका व्यास प्रायः १०० अथवा १५० मील है, किन्तु अटलाण्टिक महासागरमें जाने पर जब प्रचलित हो जाता है, उस समय कभी कभी इसका व्यास १००० मील तक भी हो जाता है। बंगालकी खाड़ीमें [illegible] प्रायः ३०० या ३५० मील है। कभी कभी ६०० मील और कभी ३५० भी हो जाता है। विशेष करके तूफानका वेग अधिक रहता है। अरबसागरमें इसका व्यास ३०० मीलसे अधिक नहीं होता, ऐसा बहुतोंका अनुमान है। चीन-सागरमें इस वायुका व्यास ६० । ७० मील तक होता है।

घूर्णवायु चारों ओर बड़े वेगसे घूमती है। इसके केन्द्रस्थलकी वायुकी गति और घूर्णवायुकी गति एक ही दिशामें होती है, वहाँ तूफान बहुत प्रबल रहता है। जहाँ प्रकार विपरीत है, वहाँ इसकी गति मन्द हो जाती है। ये दोनों किन्तु समानरूपसे दोनों ओर प्रायः विपरीत भावसे रहते हैं, फिर घूर्णवायु अपने केन्द्रको छोड़ छोड़ कर निकटवर्ती भी या दूसरी ओर गमन करती है। यही कारण है, कि [illegible] घूर्णवायु दक्षिणार्धमें [illegible] दिशाओंमें तूफान चलते देखे जाते हैं।

तूफानके समय वायु भिन्न भिन्न दिशाओंसे प्रवाहित होती है, आरम्भमें जिस दिशामें तूफान नहीं आया, अर्थात् घूर्णवायुकी गति उस दिशामें नहीं होती। ऐसा भी अनुमान होता है, कि इसके बाद ही उसी दिशामें वायु प्रवाहित हुआ करती है। इस अंशका [illegible] भिन्न स्थानमें आकर जब वहाँसे वायु भिन्न दिशामें बहता है तब स्थान पर और उसी दिशामें तूफान चलता है। ऐसा भी हो सकता है कि यदि पूर्वदिशामें तूफान चले तो उस स्थानमें वायुका वेग पश्चिम और दक्षिण आदि दिशाओंमें भी चल सकता है।

घूर्णवायुका वेग घण्टेमें ६० से ८० मील तक होता है, कभी कभी इससे भी अधिक हो जाता है। इसके द्वारा तूफानका वेग नहीं मापा जा सकता। [illegible] का परिमाण इससे अधिक बहुत [illegible] है। यद्यपि तूफानका वेग कभी कभी घण्टेमें ८०।९० मील तक हुआ करता है।

अधिक समय तक [illegible] तूफान बहुत परिश्रम करता है। इसका [illegible] १ मील या उससे भी कुछ अधिक हुआ करता है। ये अधिक देर तक नहीं ठहरते, किन्तु इनका वेग बड़ा ही भयानक होता है। इनमें जो वृक्ष, मकान, मनुष्य, पशु, जो कुछ सामने आता है, उसे उड़ा कर ले जाते हैं।

ये सभी तूफान [illegible] एक स्थान पर विद्यमान रहते हैं, किन्तु [illegible] अधिक दिनों तक बहुत तूफान प्रचलित होता है। [illegible] तूफान घूर्णवायुसे उत्पन्न नहीं होता, [illegible] वायु [illegible] उत्पन्न होता है। इसी प्रकार [illegible] वायु [illegible] और [illegible]

सुतरां वह प्रतिहत हो कर जगह जगह तूफान उत्पन्न कर देता है। फिर उष्ण वायुके लघु होने पर ऊर्ध्वगमन-कालमें प्रवाहके द्वारा पर्वत पर जानेसे यदि वह वहांके शीतप्रभावसे फिर शीतल, घनीभूत, और गुरु हो जाय तो अधिक भारके कारण वह पर्वतपार्श्व हो कर वेगसे नीचेकी ओर बहती है। इसी प्रकार एक स्थानमें १०।१२ दिनतक एक ही दिशामें भीषण तूफान होता रहता है।

तूफानकी उत्पत्तिके सम्बन्धमें पण्डितोंमें मतभेद है। प्रोफेसर टेलर (Taylor) साहबका मत है, कि स्थानीय तापके कारण जब किसी स्थानकी वायु ऊपर जाती है तब चारों ओरसे वायुप्रवाह इस स्थान पर दौड़ आता है। उसके परस्पर प्रतिघातसे और पृथ्वीके आवर्तनके लिए घूर्णवायु उत्पन्न होती है। फिर कितने पण्डित यह कहते हैं कि परस्पर विपरीतमुखी दो वायुप्रवाहके संघर्षणसे यह उत्पन्न होता है। मि० ब्लान्फोर्ड (Blanford) कहते हैं कि किसी कारण किसी स्थान पर वायुमें रहनेवाली जलराशि घनीभूत हो कर मेघमें परिवर्त्तित हो जाती है और वहांका वायुसागर अवनत हो जाता है। सुतरां चारों दिशाओंमें रहनेवाली वायु इस स्थानसे धावित हो कर तूफान उत्पन्न करती है। शेषोक्त सिद्धान्त ही बहुत कुछ ठीक प्रतीत होता है। अनेक प्रकारकी परीक्षाओं द्वारा पण्डित लोग इस सिद्धान्तको स्वीकार कर रहे हैं। जिस जिस स्थान पर वायुराशिकी दाब कमका होता है, चारों ओर रहनेवाला अधिक दाबयुक्त स्थानसे उस अल्पदाबयुक्त भूभाग पर वायुकी गति हुआ करती है। यदि चारों दिशाओंमें रहनेवाली वायुराशिकी दाब थोड़ी थोड़ी घटती जाय, तो वायुप्रवाह धीरे धीरे गमन करता है, और यदि समीपहीमें अधिक दाबयुक्त प्रदेश रहे, तो वायुराशि वेगसे दौड़ती है। कहीं भी इसका व्यतिक्रम नहीं देखा जाता। किसी स्थान पर वायुयन्त्रके द्वारा Barometer पारदकी अवनति देखने पर उस समय यदि पार्श्ववर्त्ती देशोंमें उन्नति हुई हो तो समझना चाहिये, कि शीघ्र ही तूफान आनेवाला है। नाविक लोग इसी उपायसे तूफान आदिका आगमन पहलेसे ही जान कर सावधान हो जाते हैं तथा अनेक दुर्घटनाओंके हाथसे बच जाते हैं।

जिन सब समुद्रोंमें तूफान घोरवृष्टि आदि हुआ करती है, उन सब समुद्रोंमें हो कर यदि निरापद जाना चाहें तो पहले वायुमानयन्त्रके पारदकी उन्नतिकी ओर लक्ष्य करना अवश्य कर्त्तव्य है। परीक्षा द्वारा प्रमाणित हुआ है कि ग्रीष्ममण्डल वा उसके निकटवर्त्ती स्थानमें जब यन्त्रस्थ पारदकी अवनति होती है, तभी तूफान आता है। कभी कभी पारदकी यह अवनति २॥ इञ्च तक हुआ करती है। तूफानके केन्द्रस्थलमें ही अवनति सबसे अधिक होती है। बहुतोंका कहना है, कि सभी तूफान लम्बरूपसे अथवा एक पार्श्वमें कुछ टेढ़ा मेरुदण्डके चारों ओर चक्कर लगाते हुए जाते और उस घूर्णके कारण केन्द्रापसारिणी शक्तिके द्वारा केन्द्रसे वायुराशि परिधिकी ओर गमन करती है। केन्द्रस्थल पर पारदकी अवनति एवं प्रान्तभाग पर उन्नति होनेका यही कारण है। बहुतसे लोग इसमें आपत्ति दिखला कर कहते हैं, कि तूफान बार बार चक्कर लगा कर नहीं आता। सभी समय इसकी केन्द्राभिमुख दौड़नेकी प्रवृत्ति देखी जाती है। वे यह भी कहते हैं, कि जब केवल केन्द्रापसारिणी शक्तिसे यह अवनति उत्पन्न होती है, तब उसका परिमाण बहुत घट जाता है। क्योंकि तूफानका व्यास ४०० मील है और प्रान्तभागमें यह घण्टेमें ७० मीलके वेगसे प्रवाहित होता है, तो भी इसकी केन्द्रापसारिणी शक्ति यन्त्रस्थ पारदकी $\frac{1}{100}$ इञ्चसे अधिक अवनत नहीं कर सकती। किन्तु सर्वत्र एक इञ्च वा उससे भी अधिक अवनति होते देखी जाती है।

जो कुछ हो तूफानके पहले तथा समकालमें वायुराशिकी चापकी असमता प्रयुक्त वायुमानयन्त्रस्थ पारद एक बार ऊंचा और एक बार नीचा होता रहता है। इस लिए यन्त्रस्थ पारदका इस प्रकार स्पन्दन देख कर समझना चाहिये कि तूफान अवश्यम्भावी है। १८४० ई०के अक्टूबर मासमें चीनसागरमें जिस तूफानसे गोलकुण्डा नामक युद्धपोत जलमें डूब गई थी, उस तूफानके आरम्भके पहले ही २४ घण्टे तक वायुमानयन्त्रस्थ पारद स्पन्दित हुआ था। किसी दूसरे जहाजने इस दुर्भागे उद्धार पाया था, उसीसे उल्लिखित तालिका पायी गई है।

विपरीत है अर्थात् गमनकालमें निरन्तरनाभिके निकटवर्ती रहते हैं।

४। समस्त घूर्णवायुओंकी गति पृथ्वीके अनेक स्थानोंमें भिन्न भिन्न रूपमें होती है, यहां तक कि एक ही स्थानमें एक ही ऋतुमें भिन्न भिन्न हो जाती है। पश्चिम भारतीय द्वीपपुञ्जमें और उत्तरी-अमेरिकामें इसकी गति घण्टेमें ८ मीलसे १२ मील तक होती है। दक्षिण-भारत महासागरमें इसकी गति १० मीलसे कम २ मील तक होती है। बंगोपसागरमें उसका परिमाण घण्टेमें २से १८ मील, चीनसागरमें ७से २४ मील तथा अतलान्त महासागरमें १०से २४ मील तक होता है। कोई कोई घूर्णवायु तो इतनी धीमी चलती है, जिसको भ्रमसे स्थिर भी कह सकते हैं। इसी प्रकार घूर्णवायुका तूफान बहुत काल तक एक ही दिशामें प्रवाहित होता रहता है।

५। इन समस्त झंझावातोंका व्यास ५००।६०० मील तक और कभी कभी १००० मील अथवा उससे भी अधिक हो जाता है! गमन-कालमें कभी आकुंचित अथवा कभी प्रसारित होता है, तथा आकुञ्चनकालमें यह अति भीषण वेगशाली हो जाता है। पश्चिम भारतीय द्वीपपुञ्जमें इस वायुका व्यास प्रायः १०० अथवा १५० मीलों है, किन्तु अटलाण्टिक महासागरमें आते ही यह प्रसारित हो जाता है, उस समय कभी कभी इसका व्यास १००० मील पर्यन्त हो जाता है। बङ्गोपसागरमें सभी झंझावायुओंका परिसर प्रायः ३०० वा ३५० मील है। कभी यह ६०० मील और कभी १५० भी हो जाता है, शेषोक्त समयमें तूफानका वेग भीषण रूपसे बढ़ता है। अरबसागरमें उसका व्यास २४० मीलसे अधिक नहीं होता, ऐसा बहुतोंका अनुमान है। चीन-सागरके सभी टाइफुनका व्यास ६०।७० मील तक होता है।

घूर्णवायु आवर्त्तन करते करते गमन करती है। सुतरां झटिकाचक्रकी वायुकी गति और घूर्णवायुकी गति एक ही दिशामें होती है, वहां तूफान सबसे प्रबल रहता है। जहां परस्पर विपरीत है, वहां इसकी गति मन्द हो जाती है। ये दोनों बिन्दु गमनपथके दोनों पार्श्व परस्पर विपरीत भागमें रहते हैं, फिर घूर्णवायु पहले पश्चिमकी ओर और पीछे तिर्य्यग्भावसे हो कर पूर्वकी ओर गमन करती है। यही कारण है, कि उत्तर गोलार्द्धमें अयगामी घूर्णवायुकी दक्षिणदिशाका तथा दक्षिण-गोलार्द्धमें बाईं दिशाका तूफान सबसे तेज होता है।

तूफानके समय वायु जिस दिशामें प्रवाहित होती है, वास्तवमें उसी दिशामें तूफान नहीं आता, अर्थात् घूर्णवायुकी गति उस दिशामें नहीं होती। पहले ही कहा गया है, कि इसके चारों ओर सभी दिशाओंसे वायु प्रवाहित हुआ करती है। इस झटिकाचक्रका जो अंश जिस स्थानके ऊपर हो कर जाता है, उस अंशमें वायु जिस दिशामें बहती है उसी स्थान पर और उसी दिशामें तूफान बहता है। ऐसा भी हो सकता है कि यदि पूर्वदिशामें तूफान आवे तो उस स्थानमें वायुका वेग पश्चिम और दक्षिण आदि दिशाओंमें हो सकता है।

घूर्णवायुकी गति घण्टेमें २से ४० मील तक होती है, कभी कभी उससे भी अधिक हो जाती है। इसके द्वारा तूफानका वेग नहीं समझा जा सकता। झटिकाचक्रका आवर्त्तवेग इसकी अपेक्षा बहुत अधिक है। इसलिए तूफानका वेग कभी कभी घण्टेमें ८०।९० मील तक हुआ करता है।

अनेक समय क्षुद्र क्षुद्र घूर्णवायुएं प्रबल तूफान उत्पन्न करके बहुत अनिष्ट करती हैं। इनका व्यास कई गजसे १ मील वा उससे भी कुछ अधिक हुआ करता है। ये अधिक देर तक नहीं ठहरतीं, किन्तु इनका वेग बड़ा ही भयानक होता है। दो चार घण्टोंमें ही ये वृक्ष, मकान, मनुष्य, पशु, जो कुछ सामने आता है, उसे झटझट कर डालती हैं।

ये सभी तूफान साधारणतः कई घण्टों तक एक स्थान पर विद्यमान रहते हैं, किन्तु अनेक स्थानोंमें चार वा उससे भी अधिक दिनों तक प्रबल तूफान प्रवाहित होता है। यह तूफान घूर्णवायुसे उत्पन्न नहीं होता, प्रत्युत सामयिक वायु-प्रवाहसे उत्पन्न होता है। इसी प्रकार वाणिज्य-वायु पश्चिमकी ओर यामोत्तर सदृश मासमें प्रवाहित हो कर आण्डिज पर्वतके निकट प्रबल होती तूफानके रूपमें परिणत हो जाती है। पार्वत्य प्रदेशमें सामयिक वायुप्रवाह निर्दिष्टतया चलने नहीं पाता,

सुतरां वह प्रतिहत हो कर जगह जगह तूफान उत्पन्न कर देता है। फिर उष्ण वायुके लघु होने पर ऊर्ध्वगमन-कालमें प्रवाहके द्वारा पर्वत पर जानेसे यदि वह वहांके शीतप्रभावसे फिर शीतल, घनीभूत और गुरु हो जाय तो अधिक भारके कारण वह पर्वतपार्श्व हो कर वेगसे नीचेको ओर बहती है। इसी प्रकार एक स्थानमें १०।१२ दिनतक एक ही दिशासे भीषण तूफान होता रहता है।

तूफानकी उत्पत्तिके सम्बन्धमें पण्डितोंमें मतभेद है। प्रोफेसर टेलर (Taylor) साहबका मत है, कि स्थानीय तापके कारण जब किसी स्थानकी वायु ऊपर जाती है तब चारों ओरसे वायुप्रवाह इस स्थानपर दौड़ आता है। उसके परस्पर प्रतिघातसे और पृथ्वीके आवर्तनके लिए घूर्णवायु उत्पन्न होती है। फिर कितने पण्डित यह कहते हैं कि परस्पर विपरीतमुखी दो वायुप्रवाहके संघर्षणसे यह उत्पन्न होता है। मि० ब्लानफोर्ड (Blanford) कहते हैं कि किसी कारण किसी स्थान पर वायुमें रहनेवाली जलराशि घनीभूत हो कर मेघमें परिवर्त्तित हो जाती है और वहांका वायुसागर अवनत हो जाता है। सुतरां चारों दिशाओंमें रहनेवाली वायु इस स्थानसे धावित हो कर तूफान उत्पन्न करती है। शेषोक्त सिद्धान्त ही बहुत कुछ ठीक प्रतीत होता है। अनेक प्रकारकी परीक्षाओं द्वारा पण्डित लोग इस सिद्धान्तको स्वीकार कर रहे हैं। जिस जिस स्थान पर वायुराशिकी दाब कमका होता है, चारों ओर रहनेवाला अधिक दाबयुक्त स्थानसे उस अल्पदाबयुक्त भूभाग पर वायुकी गति हुआ करती है। यदि चारों दिशाओंमें रहनेवाली वायुराशिकी दाब थोड़ी थोड़ी बढ़ती जाय, तो वायुप्रवाह धीरे धीरे गमन करता है, और यदि समीपहीमें अधिक दाबयुक्त प्रदेश रहे, तो वायुराशि वेगसे दौड़ती है। कहीं भी इसका व्यतिक्रम नहीं देखा जाता। किसी स्थान पर वायुयन्त्रके द्वारा Barometer पारदकी अवनति देखने पर उस समय यदि पार्श्ववर्त्ती देशोंमें उन्नति हुई हो तो समझना चाहिये, कि शीघ्र ही तूफान आनेवाला है। नाविक लोग इसी उपायसे तूफान आदिका आगमन पहलेसे ही जान कर सावधान हो जाते हैं तथा अनेक दुर्घटनाओंके हाथसे त्राण पाते हैं।

जिन सब समुद्रोंमें तूफान और वृष्टि आदि हुआ करती है, उन सब समुद्रोंमें हो कर यदि निरापद आना चाहें तो पहले वायुमानयन्त्रके पारदकी उन्नतिकी ओर लक्ष्य करना अवश्य कर्त्तव्य है। परीक्षा द्वारा प्रमाणित हुआ है कि ग्रीष्ममण्डल या उसके निकटवर्त्ती स्थानमें जब यन्त्रस्थ पारदकी अवनति होती है, तभी तूफान आता है। कभी कभी पारदकी यह अवनति २॥ इञ्च तक हुआ करती है। तूफानके केन्द्रस्थलमें ही अवनति सबसे अधिक होती है। बहुतोंका कहना है, कि सभी तूफान लम्बरूपसे अथवा एक पार्श्वमें कुछ टेढ़ा मेरुदण्डके चारों ओर चक्कर लगाते हुए जाते और उस घूर्णके कारण केन्द्रापसारिणी शक्तिके द्वारा केन्द्रसे वायुराशि परिधिकी ओर गमन करती है। केन्द्रस्थल पर पारदकी अवनति एवं प्रान्तभाग पर उन्नति होनेका यही कारण है। बहुतसे लोग इसमें आपत्ति दिखला कर कहते हैं, कि तूफान बार बार चक्कर लगा कर नहीं आता। सभी समय इसकी केन्द्राभिमुख दौड़नेकी प्रवृत्ति देखी जाती है। वे यह भी कहते हैं, कि जब केवल केन्द्रापसारिणी शक्तिसे यह अवनति उत्पन्न होती है, तब उसका परिमाण बहुत घट जाता है। क्योंकि तूफानका व्यास ४०० मील है और प्रान्तभागमें यह घण्टेमें ७० मीलके वेगसे प्रवाहित होता है, तो भी इसकी केन्द्रापसारिणी शक्ति यन्त्रस्थ पारदको $\frac{1}{100}$ इञ्चसे अधिक अवनत नहीं कर सकती। किन्तु सर्वत्र एक इञ्च या उससे भी अधिक अवनति होते देखी जाती है।

जो कुछ हो तूफानके पहले तथा समकालमें वायुराशिकी चापकी असमता प्रयुक्त वायुमानयन्त्रस्थ पारद एक बार ऊंचा और एक बार नीचा होता रहता है। इस लिए यन्त्रस्थ पारदका इस प्रकार स्पन्दन देख कर समझना चाहिये कि तूफान अवश्यम्भावी है। १८४० ई०के अक्टूबर मासमें चीनसागरमें जिस तूफानसे गोलकुण्डा नामक युद्धपोत जलमें डूब गई थी, उस तूफानके आरम्भके पहले ही २४ घण्टे तक वायुमानयन्त्रस्थ पारद स्पन्दित हुआ था। किसी दूसरे जहाजने इस दुर्नाशसे उद्धार पाया था, उसीसे उल्लिखित तालिका पायी गई है।

तूफानके शेष होनेसे पहले ही पश्चिममें पारदका उन्नति होती है। पिडिंटन साहब कहते हैं, कि यही निदर्शन तूफानमें पड़े हुए नाविकोंके निराश हृदयमें आशाका सञ्चार करता है।

किसी किसी तूफानके समय पारदकी उन्नति और अवनति अत्यन्त धीरे धीरे और किसी समय अत्यन्त शीघ्र शीघ्र हुआ करती है। जितना शीघ्र यह परिवर्तन होता है, तूफानका प्रकोप भी उतना ही अधिक बढ़ता है। तूफानके केन्द्रके किसी स्थान पर आनेसे ३से ६ घंटे पहले ही पारद सहसा अवनत हो जाता है। तूफानके प्रकोपके अनुसार इस अवनतिका तारतम्य होता है। इसका वेग जब अत्यन्त अधिक होता है, तब यह अवनति २.७ इंचसे अधिक हो जाती है, अर्थात् स्वस्थ पारद २९.९ इंचसे २६.३० इंच पर्यन्त उतर आता है।

तूफानका पूर्वलक्षण—तूफान आनेके पहले वायु निश्चल और सूक्ष्म रहती है, निःश्वास प्रश्वासमें कष्ट मालूम पड़ता है। उसके बाद उच्चतर भागमें एक एक दिशामें मन्द मन्द वायु प्रवाहित होती है। तदनन्तर एक घण्टा या उससे भी अधिक काल तक शान्तभाव लक्षित होता है तथा उसके बाद ही उस दिशामें प्रबल तूफान उठने लगता है। तूफानके साथ साथ प्रायः विद्युत्, वज्राघात, मेघ और वृष्टि सङ्घटित रहती है। तूफानके पहले तापमानयन्त्रमें तापकी अधिकता देखी जाती है। इसके आनेसे ही ताप घट जाता है तथा मेघ और वृष्टि होने लगती है। तूफानके बाद शीतका अनुभव न हो कर यदि फिर गरमी मालूम पड़े तो समझना चाहिये कि शीघ्र ही और एक तूफान आवेगा। बड़े बड़े तूफानके समय समुद्र उद्वेलित और उच्च तरङ्गाकारमें बहुत वेगसे लहराता है और कभी कभी आस पासके देशोंको भी प्लावित कर डालता है। यह तरङ्ग दो प्रकारकी होती है—एक तो समग्र पूर्ववायु द्वारा विताड़ित हो कर इसके आगे आगे चलती है और दूसरी घूर्णवायुके चारों ओर रश्मियोंसे झटिका-चक्रमें सभी दिशाओंमें उत्पन्न होती है।

भूमण्डलके किस प्रदेशमें कब किस दिशामें तूफान आता है यह अब तक अच्छी तरह स्थिर नहीं हुआ है। पश्चिम-भारतीय द्वीपपुञ्जमें सूर्यके ठीक ऊपर आने पर जब मस्तक पर आ जाते हैं, तभी प्रायः तूफान होता है। अटलाण्टिक महासागरके उत्तरीय भागमें जून मासके ले कर दिसम्बर तक तूफानका समय है। विशेषतः अगस्त मासमें ही कई बार तूफान आता है। दक्षिण भार० महासागरमें नवम्बरसे जून पर्यन्त तूफानका समय रहता है, जिनमें जनवरी और मार्च मासमें सबसे अधिक तथा जून और नवम्बर मासमें अल्प हुआ करता है। बङ्गोपसागरमें अक्टूबर और नवम्बर मासमें अर्थात् प्रथम उत्तर-पूर्व मौसम वायुके समयमें ही प्रायः तूफान होता है। तद्भिन्न दक्षिण-पश्चिमसे मौसम वायु रहनेके समय अर्थात् मई और जून मासमें भी तूफान हुआ करता है। चीनसागरमें सर्वत्र जूनसे नवम्बर मासके मध्य तक तूफानका प्रकोप है जिसमेंसे सितम्बरमें सबसे अधिक और जून मासमें कम होता है। अरबसागरमें दोनों प्रकारके मौसम वायुके समयमें ही तूफान होता है।

१८वीं शताब्दीके प्रारम्भसे भारतवर्ष और उसके निकटवर्ती समुद्रमें जो भीषण तूफान हो गया है, उसका विवरण अनेक अंग्रेजी पुस्तकोंमें वर्णित है। हेनरि पेडिंटन (Henry Peldington) साहबने, १८१८से १८५१ ई० तक अब तक जो तूफान हुए हैं उनका विवरण लिखा है। इन्होंने पहले पहल स्थिर किया था कि भारतवर्ष और विषुव-रेखाके उत्तरके समुद्रोंमें जो तूफान आता है, वहां सब अक्षवत् परिभ्राम्यमाण घूर्णवायु है। उन्होंने सभी तूफानोंका वेग तथा चलनेका रास्ता भी स्थिर किया है।

मन्द्राजके १०८ मील उत्तरसे ले कर १२० मील दक्षिण तकके स्थानोंमें तूफानका प्रकोप अत्यन्त अधिक है। १७४६ से १८८१ ई० पर्यन्त १० भीषण तूफान हुए थे जिनमें बहुतोंकी हानि हुई थी।

बङ्गोपसागरमें जो भीषण तूफान हो गये हैं, पेडिङ्टन आदिकी पुस्तकोंमें उनमेंसे ११के वर्णन हैं। ब्लानफोर्ड साहबने हिसाब लगा कर देखा है, कि जनवरी मासमें २, फरवरीमें ०, मार्चमें १, अप्रैलमें ५, मईमें १०, जूनमें ४,

जुलाईमें २, अगस्तमें २, सितम्बरमें ३, अक्तूबरमें २०, नवम्बरमें १४, और दिसम्बर मासमें ३ तूफान होते हैं। इनमेंसे नवम्बरसे अप्रोलके शेष तक जितने तूफान आते हैं, वे ही वङ्गोपसागरके दक्षिणांशमें आबद्ध रहते हैं, मई और जून तथा अक्तूबर और नवम्बर मासके प्रथम सप्ताहमें प्रधानतः सागरके उत्तर भागमें तूफान होते हैं। मध्यवर्ती समयमें अर्थात् दक्षिण-पश्चिम मौसुमवायुके समय कभी कभी उत्तर भागमें तूफान होता है सही किन्तु उसकी संख्या बहुत कम है।

कप्तान टेलरने वङ्गोपसागरके तूफानके विषयमें इसी प्रकार लिखा है। किसी जहाजके ऐसे ही तूफानमें पड़नेसे पहले एक दिशामें उसे तूफान आ घेरता है, उसके कुछ देर बाद वायु शान्त भाव धारण करती है तथा आकाश निर्मल हो जाता है। तदनन्तर विपरीत दिशासे फिर भीषण तूफान आता है। इन समस्त झटिकाओंकी गति पूर्वोक्त नियमानुवर्ती अर्थात् घूर्णवायुके उत्तरांशमें तूफान पूर्वसे, दक्षिणांशमें पश्चिमसे और पश्चिमांशमें उत्तरसे प्रवाहित होता है। ये घूर्णवायुएँ प्रायः दक्षिण-पूर्व कोणसे उत्तरपश्चिम कोणकी ओर जाती हैं।

मन्द्राज और उसके चतुःपार्श्ववर्ती स्थानोंमें अनेक बार भीषण तूफान हो गये हैं। इन सभी तूफानोंका उत्पादक घूर्णवायु है जो पूर्व-दक्षिणकी ओरसे उत्तर-पश्चिमकी ओर बहुत तेजीसे बहती है। जब यह किनारे पहुंचती है, तब इसकी गति परिवर्त्तित हो कर पश्चिम या उत्तर-पश्चिमकी ओर हो जाती है। इसका व्यास प्रायः १५० मील है और इसका आवर्त्तन घड़ीके कांटेके विपरीत दिशामें रहता है।

१७४६ ई०में ३ अक्तूबरको दो-प्रहर रात्रिके समय मन्द्राज नगरमें एक भीषण तूफान आया था। उस समय फारस्य-सेनापति लावोर्डनने मन्द्राज नगर पर अधिकार कर वहां २३ दिन तक ठहर गया था। पोतके आश्रयमें बहुतसे जङ्गी जहाज तथा नावें थीं। प्रायः सभी भग्न और जलमग्न हो गये थे। तीन नावोंमें लगभग १२ हजार मनुष्य थे, उनकी भी जानें गईं।

१७४८ ई०की १२वीं और १३वीं अप्रोलकी रात्रिके समय कडालूरके निकट तूफान आया था। यह तूफान उत्तर-पश्चिमकी ओरसे प्रवाहित हुआ था और दो दिन तक एक ही गतिसे बहता रहा था। पेम्ब्रोक जहाज पार्टोनोभोसे बहुत समीप हो जलमग्न हो गया था केवल मात्र १२ मनुष्योंने उस उपद्रवसे रक्षा पाई थी। सेण्ट-फोर्टके समीप हो नमूर नामक जहाज टूट फूट गया और उसमेंके ५२० कर्मचारी पुरुष और आरोही जलमें डूब मरे। सेण्टडेभिड फोर्टके निकट हो इष्ट इण्डिया कम्पनीके दो बड़े जहाज और सभी छोटी छोटी डोंगियां नष्टभ्रष्ट हो गई थीं।

१७५२ ई०की ३१वीं अक्तूबरको एक भयानक तूफान उठा था। १७६१ ई०की १लो जनवरीका पुंदिचेरीमें जो भीषण तूफान आया था, उसमें कितने अङ्गरेज तो डूब मरे और कितनोंने बहुत मुश्किलसे आत्मरक्षा की। ८ अंगरेजी जहाजोंमें केवल चार जहाज बच गये थे और ४ टूटफूट गये। किन्तु वे किसी प्रकार जलमग्न होनेसे बचे थे। निवकामल प्रभृति ३ जहाज तीरमें निक्षिप्त हुए एवं शेष ३ जहाज डूब गये। ११०० सौ आरोहियोंमेंसे केवल मात्र ७ यूरोपियन और ● देशीय मनुष्य मरे थे।

१७७३ ई०में २१वीं अक्तूबरको मन्द्राजमें प्रबल तूफान हुआ था। उस समय पोताश्रयमें जितने जहाज लङ्गर लगाये थे, वे सभी विनष्ट हो गये।

१७८२ ई०में उत्तर पश्चिमसे तूफान आरम्भ हुआ था। दूसरे दिन प्रातःकालमें १०० देशीय पोत तीरमें निक्षिप्त हुये। इंग्लैण्डाधिपतिके दो जहाज कुछ विकृत हो कर बड़े कष्टसे बम्बई पहुंचे। इस समय हैदर अलोके उत्पीड़नसे असंख्यक प्रजाने मन्द्राज नगरमें आश्रय लिया था। तूफानके बाद ही यह दुर्घटना हुई थी। गवर्नर मेकार्टनिने उन लोगोंके कष्टको दूर करनेके लिये यथासाध्य यत्न किया था।

१७८१ ई०की २७ वीं अक्तूबरको प्रबल तूफान हुआ था। इस समय वायुमानयन्त्रसे पारदको उन्नति २८·४६५ इञ्चसे कम नहीं थी।

१८११ ई०को २री मईको मन्द्राजमें जो भीषण तूफान आया था, उससे प्रायः शताधिक जहाज और छोटे छोटे पोतादि नष्ट हुए थे। केवल दो जहाज मद्रास

में बह कर नष्ट गये थे। इस तूफानसे मेघना समुद्रमुखसे प्रायः ४ मील तककी भूमि १६ हाथ जलके नीचे चली गई थी।

१८१८ ई०को २४वीं अक्टूबरको मन्द्राज नगरके उत्तरमें तूफान आरम्भ हुआ था। क्रमशः तूफानका वेग वृद्धि होकर एक बार रुक गया, हठात् दक्षिणकी ओरसे फिर पहलेके समान प्रबल तूफान आया। यह पूर्व वायु मन्द्राज नगरसे पश्चिमाभिमुख आई थी। वायुमानयन्त्रमें पारा २८·७८ इञ्च तक चढ़ गया था।

१८३६ ई०को ३०वीं अक्टूबरको मन्द्राज नगरके उत्तरमें तूफान आया था। अपराह्न चार बजेके समय वायु उत्तर-पश्चिम तथा उत्तरदिशासे प्रवाहित हो कर आध घण्टा तक ठहरी, अनन्तर सायंकाल ७ बजेके समय द्विगुण वेगसे दक्षिणकी तरफसे तूफान आने लगा, इस समय वायुमानयन्त्रमें पारा २८·१८५ इञ्च चढ़ा था। पूर्व वायु नगरके ऊपर हो कर चलती थी।

१८४६ ई०की २५वीं नवम्बरको जो तूफान हुआ था, उसमें मन्द्राजके मानमन्दिरके वायुगतिपरिमापक यन्त्रादि नष्टभ्रष्ट हो गये थे।

१८६४ ई०को १ली नवम्बरको मछलीपत्तनमें जो भयानक तूफान आया था, उसके प्रकोपसे समुद्र स्फीत हो उठा था। उपकूल भागमें १२।१३ मील तक और कहीं कहीं तो १७ मील तक प्रायः ७८० वर्गमील स्थान प्लावित हो गया था। इस भीषण प्लावनमें प्रायः ३०००० मनुष्य यमपुरको सिधारे थे।

झटिका द्वारा सुन्दरवनकी बड़ी हानि हुई थी। १५८४ ई०में हरिणघाटा और गङ्गाके मध्यवर्ती स्थानमें अर्थात् वर्त्तमान समय बरिशाल और बाकरगञ्ज जिला तूफानके द्वारा ताड़ित समुद्रकी तरङ्गोंमें प्लावित हो गया। ([illegible] देखो।) इसके बाद ही मग और पोर्तुगीज लुटेरोंने नगरको तहस नहस कर डाला। १६२२ ई०में यह देश फिर जलप्लावित हो गया। उसमें प्रायः १०००० मनुष्योंने प्राण त्याग किये तथा कितने गृहादि नष्ट हो गये।

एक अंग्रेजी सामयिक पत्रमें लिखा है, कि १७३७ ई०में कलकत्तेमें एक भीषण तूफान हुआ था। इस तूफानसे समुद्रमें ऐसी भीषण तरंग आई थी, कि कलकत्तेको प्लावित कर दिया था। उसमें प्रायः ३००००० आदमी मर गये थे। १७३६ ई०में लक्ष्मीपुरके निकट मेघना नदीका जल ६ फुट ऊंचा हो गया था। १८३१ ई०के प्रबल तूफानसे कलकत्तेके चारों तरफ ३०० ग्राम और प्रायः ११ सहस्र मनुष्य नष्ट गये थे।

१८३३ ई०के प्रबल तूफानसे सागरद्वीप १० फुट जलके नीचे डूब गया था तथा वहांके समस्त मनुष्य और युरोपके तत्त्वावधारकगण नष्टभ्रष्ट हो गये थे।

१८५८ को कलकत्तेमें एक प्रबल तूफानसे बहुतसे मनुष्योंको नष्टभ्रष्ट कर दिया।

१८६४ ई०को ५वीं अक्टूबरको रात्रिमें समुद्रसे एक भीषण तूफान कलकत्तेके ऊपर होकर गया। इस तूफानसे बहुतसे स्टीमर और ६०।७० सहस्र मन बोझा लादनेवाले जहाजोंमेंसे कुछ तो टूट टाट गये, कुछ तीरमें निक्षिप्त हुए और जलमें डूब गये। प्रायः ३०० मील तकके गृहवृक्षादि बिलकुल धराशायी हो गये। यह तूफान आन्दमान द्वीपके निकट उत्पन्न हो कर उत्तर-पश्चिमके सम्मुख बालेश्वर और हिजलीके निकट उपकूलभागमें पतित हुआ था। बाद वहांसे यह ५ अक्टूबरको कलकत्ता आया और कृष्णनगर तथा बगुड़ाके ऊपर हो कर गारो पहाड़ पर जा पहुंचा। इस तूफानके प्रकोपसे बहुत अनिष्ट हुआ था। सागरसे ३० फुट ऊंचा तरंगित हो कर भागीरथीके उभयकूलवर्त्ती प्रायः ८ मील पर्यन्त स्थानको जलप्लावित कर दिया। कलकत्ते और उसके प्रायः १८६४८१ मकान नष्ट गये। मिदनीपुर जिले और सुन्दरवनमें इससे भी अधिक हानि हुई थी। यहां तककि जिलेके प्रायः ३० अंश अधिवासी तूफानके प्रकोपसे नष्ट गये थे। अभी बहुत रुपये खर्च करके २५।३० वर्षके कठिन परिश्रमके बाद जलप्लावनके हाथसे सुन्दरवन आदि स्थानकी रक्षा की गई है। तूफानके समय कलकत्तेमें जिस तरह बहुतसे अधिवासियोंकी अकाल-मृत्यु हुई है, उसका उल्लेख करते हुए ब्लानफोर्ड साहबने लिखा है, कि गङ्गा यदि टेम्स और मर्सेके जैसा अधिवासीयुक्त हो कर अवस्थित होती, तो दुःखोंके आर्त्त और हाहाकारकी ध्वनि सुनाई पड़ती तथा [illegible]

भू-कम्प इत्यादि दुर्घटनायें जो इतिहासमें इतनी प्रसिद्ध हो गई हैं, वह कलकत्ते के तूफानके विषम उत्पातके सामने बहुत तुच्छ गिनी जातीं। इस तूफानमें प्रायः २००जहाज और ३००००० मनुष्य नष्ट हुए थे।

मेघना नदीके मुहानास्थित हस्दोप, साहबाजपुर, हतिया प्रभृति धान्यक्षेत्र तथा नारियलसे सुशोभित सभी दीपको भी तूफानसे अनेक बार हानि पहुंची थी। वे द्वीप अंशसे बहुत ऊंचेमें अवस्थित है। इस लिये जो कुछ हानि हुई वह केवल तूफानसे हो। वायुराशिके असाधारण शान्त भाव और आकाशकी लालिमा द्वारा वहांके अधिवासी पहलेसे ही तूफान आगमन मालूम कर सकते हैं। किन्तु १८७६ ई०को ३१वीं अक्तूबरको तूफान सहसा उत्तरकी ओर आया। दूसरे दिन अर्थात् पहली नवम्बर को बहुत वेगसे बहने लगा। ज्वार बहुत ऊंचा उठ आया। इसके बाद पश्चिम दक्षिणके कोनसे भारी-तूफान आजानेसे १०से १४ फुटतक सागरतरङ्ग बढ़ गई। ४ बजे तक जल बढ़ता रहा, पीछे धीरे धीरे घटने लगा, इसमें प्राय १६५०७० मनुष्योंके प्राण गये थे।

तूफानी (फा० वि०) १ ऊधमी, उपद्रवी, बखेड़ा करनेवाला, फसादी। २ झूठा कलङ्क लगानेवाला, तोहमत जोड़नेवाला। ३ उग्र, प्रचण्ड।

तूबर (सं० पु०-स्त्री०) तु-क्विप् तूः तु-हत्यां-अच् वा तूबर पृषो० अस्य य। १ अजातशृङ्ग पशु, बिना सींगका बैल, टूढ़ा बैल। २ वे दाढ़ीमूंछका मनुष्य। ३ अयत्न पुरुषका लक्षण। ४ कषाय रस, कसैला रस। (त्रि०) ५ कषायरसयुक्त, जिसमें कसैला रस हो।

तूमकूर—तुमकूर देखो।

तूमड़ो (हिं० स्त्री०) १ तूंबी। २ सपेरोंके बजानेका तूंबी का बना हुआ एक प्रकारका बाजा।

तूम-तड़ाक (फा० स्त्री०) १ तड़क भड़क, शान शोकत, आन बान। २ बनावट, ठसक।

तूमना (हिं० क्रि०) १ रूईके गालेसे सटे हुए रेशोंको कुछ अलग अलग करना, उधेड़ना। २ धज्जी धज्जी करना। ३ हाथसे मसलना, मलना, दमना। ४ रहस्य खोलना, पोल खोलना, बातको उधेड़ना।

तूमार (अ० पु०) बातका व्यर्थ विस्तार, बातका बतंगड़।

तूमारिया सूत (हिं० पु०) खूब महीन कता हुआ सूत।

तूय (सं० क्लो०) तोय पृषोदरादित्वात् साधुः। १ जल, पानी। २ क्षिप्र, तेज़ी।

तूया (हिं० स्त्री०) काली सरसों।

तूर (सं० वि०) तूर-कर्त्तरि-क्विप्। १ वेगयुक्त, तेज। (स्त्री०) २ वेग, तेज़ी।

तूर (सं० क्लो०) तूर्यते मुखं तूर-घञ्। १ वाद्यभेद, एक प्रकारका बाजा, नगारा। २ तुरही नामका बाजा, तुरही।

तूर (हिं० स्त्री०) १ जुलाहोंके करघेकी गज-डेढ़गज लम्बी एक लकड़ी। इसमें तानी लपेटी जाती है। इसके दोनों सिरों पर दो चूर और चार छेद होते हैं, लपेटनी, फनियाला। २ जनानी पालकीके चारों ओर बंधी हुई एक रस्सी। यह हवासे परदा उड़ जानेसे बचाती है। ३ अरहर।

तूरंत (हिं० पु०) एक प्रकारका पक्षी।

तूरना (हिं० पु०) एक चिड़ियाका नाम।

तूरान (फा० पु०) फारसके उत्तरमें अवस्थित मध्य एशियाका सारा भाग। यह तुर्क, तातारी, मुगल आदि जातियोंका निवास स्थान है।

ईरान अर्थात् पारस्यदेशके उत्तर और उत्तर पूर्वमें अवस्थित मध्यएशियाके समस्त देशको पारसी लोग 'तूरान' कहते हैं। जिस तरह हिन्दू आर्य और म्लेच्छ ये दो शब्द व्यवहार करते हैं, उसी तरह पारसी 'ईरान' और तूरान' करते हैं। तूरानदेशके लोगोंको तूरानी कहते हैं।

पाश्चात्य जातितत्त्वविद् कभीरका मत है, कि मङ्गोलीय (जाफतवंशीय) जातिका आदि वासस्थान खोजरलेकके अन्तर्गत अलटाय पर्वत पर था। यहांसे वे उत्तर और मध्य एशिया तथा गङ्गा नदीके उत्तरप्रदेश तक आ बसे। वर्त्तमान समयमें हुन्न, तुर्की, मुगल, कोल आदि जातियां इसी बड़ी तूरानी जातिकी शाखा कहलाती हैं।

प्रागैतिहासिक कालसे एक दल और जाति जो हिमालयसे ले कर अलटाय तकको वृहत् पर्वतमालाकी पश्चिमका प्रदेशमें वास करती थी, वह प्राचीन समयसे

सभ्य जातियोंकी आदिम अवस्थाका विवरण अनुसन्धान करनेसे ही जाना जाता है। यह जाति कभी कभी दल बांध कर एशिया और युरोपके अपर देशोंमें जाती और वहां लूटपाट मचाती थी। इस तरह लूटका शब्द जहां तहां पाया गया है, उनमेंसे चीन देशकी सीमामें हियङ्ग-नु द्वारा उत्पात और चीनके प्रबल पराक्रान्त चीन सम्राटों द्वारा उनका दमन-विवरण ही सबसे प्राचीन प्रतीत होता है। जब इन्हें पूर्वकी ओर चीन सीमामें बाधा पहुंची तो इन्होंने पश्चिमकी ओर ट्रान्सअक्सिय नामक प्राचीन पश्चिम-राज्यमें उत्पात मचाया और छोटे एशिया या अफ्रिकाके अधीन स्थानके बीच आ कर वास किया। इसी जातिके लोगोंने कभी कभी तुघरिल बेग, सेल्जुक सल्तनत, चङ्गेजखां, तैमूर, ओसमान आदिके अधीन चीन, बोगदाद, बैजेन्टियम और भारतवर्षमें उपद्रव मचाया है। इसी जातिके लोगोंकी एक शाखा तुरुष्कमें राज्य करती है और मुगल नामक एक दूसरी शाखा भारतवर्षमें बहुत काल तक राज्य कर गई है। इस जातिके लोगोंने कभी सभ्यतर जातिकी अधीनता स्वीकार नहीं की। इन्होंने अपनी पारवर्ती सभ्य जातियोंसे ही अनेक विषयोंमें शिक्षा लाभ की है सही, किन्तु वह न तो उनके बन्धुभावसे और न प्रजाभावसे, वरं उनके ऊपर प्रभुत्व और राजत्व करके ही सीखी है।

वर्त्तमान कालमें तूरानी जातिको तुर्को-भारतीय जाति कहनेसे भी उन्होंका बोध हो सकता है। प्राचीन कालमें आर्यगण सामाजिक और राजनैतिक बन्धनमें बद्ध हो कर रहना चाहते थे। ये एक स्त्रीसे विवाह और ईश्वरकी उपासना कर जाति और समाज-बन्धनकी चेष्टा करते थे, किन्तु तूरानी लोग ठीक इसके विपरीत चलते थे। इनमें भी धर्मसमाज है, किन्तु उसमें आध्यात्मिक भाव अधिक नहीं था। पाश्चात्य पण्डितोंका मत है, अक्कादियोंको (काल्डिय वधमूनक पत्रादि) कि आर्योंसे अत्यन्त प्राचीन कालमें इस तूरानी संघर्षमें भी पाया था। काइरस नामक प्राचीन पारस्य राजाके अकीमेनि-डीय वंशको लिपि एक प्रधान अंग समझा जाता था। साइबेरियाके दक्षिणमें भी इस तरहकी अक्षरलिपि प्रचलित है।

पाश्चात्य पण्डितोंका अनुमान है, कि भारतके तामिल, तेलगू आदि द्राविड़ जाति तथा कोल, भील, सन्थाल असभ्य जाति भी इसी तूरानी जातिके अन्तर्गत है। वे लोग प्रमाण देते हैं, कि आर्य लोग जब भारतवर्षमें आये, तब यहां उन्होंने शकजातिको पाया और फैला देखा। यह शक जाति उक्त तूरानी जातिकी तातार या तुर्की शाखाके अन्तर्गत है। आर्योंने शक लोगोंको उत्तर-(भारतसे) दास, दस्यु, म्लेच्छ इत्यादि नामोंसे अभिहित कर विन्ध्य प्रभृति पर्वतशृङ्गोंमें भगा दिया था। ये ही द्राविड़, मलय और सिंहलमें बसे हुए हैं। तेलगू, तामिल, कर्णाटी, मलय आदि भाषाओंका घनिष्ठ साहश्य भी इस अनुमानका एक विशिष्ट प्रमाण है। भील, गोंड़, कोल प्रभृति पार्वतीय जातिकी भाषा भी उक्त सब दाक्षिणात्य भाषाओंके साथ बहुत कुछ मिलती जुलती है, इससे अनुमान किया जाता है, कि ये लोग भी शक जातिके वंशधर हैं। अष्ट्रेलिया द्वीपवासियोंकी भाषा भी दाक्षिणात्यकी अनेक भाषाओं-सी है, इस कारण यह स्पष्ट है कि तूरानी जातिके अभी मध्य एशिया और उत्तर एशियामें रहते भी तूरानी भाषा अनेक तरहसे विकृत हो कर उत्तर और मध्य एशिया, उत्तर यूरोप और दक्षिण भारतमें फैली हुई है। लेपलैण्ड, फिनलैण्ड, हङ्गेरी, तुरुष्क, क्रिमिया आदि देशोंकी भाषा भी इस तूरानी भाषाके अन्तर्गत है, आर्य और समितिक भाषाको छोड़कर अन्यान्य यूरोपीय और आसियिक भाषायें इस तूरानी भाषाके अन्तर्गत नहीं है। चीनकी भाषा इसके अन्तर्गत नहीं है। तूरानी भाषा विभक्त हो कर अभी उत्तर देशीय (Ural-Altaic वा Ugro Tartaric) एवं दक्षिण देशीय भाषामें विभक्त हो गई है। उत्तर-तूरानीय भाषा फिर तुङ्गोसीय, मङ्गोलीय, तुर्की, फिनीय और सामयदीय इन पांच भागोंमें तथा दक्षिणदेशीय भाषा तामिलीय, गाङ्गेय, बहिर्हिमालय और अन्तर्हिमालयदेशीय, लोहित्य, थैङ्ग और मलयदेशीय इन पांच भागोंमें विभक्त है।

चीनके उत्तरसे ले कर साइबेरियाके मध्यवर्ती तम्बन नदीके किनारे तक मङ्गोलीय भाषा प्रचलित है। चीना-के अन्तर्गत मांचू जातिके लोग यह भाषा बोलते हैं।

बैकालहृदकी तीरवर्ती स्थान मङ्गोलीय भाषाका आदि-स्थान है। मादविरियाके पूर्वांशमें यह भाषा चलती है। चङ्गेजखाँने १२२७ ई०में मङ्गोलीयोंने बुरियात, ओलोट वा कालमक प्रदेशोंको और एकत्र कर मङ्गोल-राजत्व स्थापन किया। इसी समयसे मङ्गोलीय, तुङ्गसीय और तातारीय भाषावादी मनुष्य एक देशके अन्तर्गत हो गये।

भारतमें शतद्रु नदीके किनारे उच्च और निम्न कुमायर प्रदेशसे ले कर भूटान तक गाङ्गा-तूरानी भाषा (अन्त-र्हिमालय अंशमें) प्रचलित है। ब्रह्म, श्याम् आदि पूर्व उपद्वीपोंको उत्तरदेशीय भाषा, आसामको मिकिर जातिकी भाषा और बोडो कछाड़ी, कुकी, नागा, गोड़ प्रभृति पूर्व-बङ्गालकी असभ्य जातियोंकी भाषा; कोल, मुण्डा, सन्थाल, भूमिज प्रभृति पश्चिम-बङ्गालकी असभ्य जातियोंकी भाषा और छोटा नागपुरको मुण्डाजातिकी भाषा लौहित्य-तूरानी भाषाके अन्तर्गत है। तामिलीय-तूरानी भाषाके मध्य वेलुचिस्तानको ब्राहुइ जातिकी भाषा, गोंड़ भाषा, कनाड़ा प्रदेशकी तुलुव जातिकी भाषा, कर्णाटकी भाषा नीलगिरिकी तोड़ा जातिकी भाषा, त्रिवाङ्कुरकी मलयालम् भाषा, तामिल भाषा, तेलगू भाषा, ताप्ती और नर्मदाके मध्यवर्ती भील, कुर, कोर्कु आदि की भाषा गणनीय है। पूर्वद्वीपपुञ्जके मध्य निफन साम्राज्य और लिङ्क साम्राज्यकी भाषा बहुत कुछ उत्तर-देशीय तूरानी भाषासे मिलती जुलती है। अष्ट्रेलियाकी भाषा तामिलके अनुरूप है। तुरुष्कको भाषा और व्याकरण अविकल तूरानीय भाषाके समान है।

तूरानी (फा० वि०) तूरान सम्बन्धी, तूरान देशका।

तूरी (सं० स्त्री०) तूरं तदाकारः पुष्पादी अस्त्यस्येति तूर-अच् गौरा ङीष्। धुस्तूर वृक्ष, धतूरेका पेड़।

तूर्ण (सं० क्ली०) त्वर भावे क्त अथो दृढ़भाव सत ऊट्, निष्ठा तस्य न। (ज्वरत्वरेति। पा ६।४।२० इति।) ऊट्, (रदाभ्यां निष्ठा त इति। पा ८।२।४२ इति) तस्य न। १ शीघ्र, जल्दी, तुरन्त। २ त्वरायुक्त, जिसमें तेजी हो।

तूर्णक (सं० पु०) सुश्रुतके अनुसार एक प्रकारका चावल जिसे त्वरितक कहते हैं।

तूर्णाग (सं० क्ली०) तूर्णं सम् ते अच् श्रम्। उदक, जल, पानी।

तूर्णि (सं० पु०) त्वरते त्वर-नि म च नित्। १ मन, चित्त। २ त्वरा, शीघ्रता, जल्दी। ३ मलम। (त्रि०) ४ क्षिप्र, तेज। ५ क्षिप्रगामी, तेज चलनेवाला।

तूर्णरथ (सं० त्रि०) शीघ्र गमनयुक्त, जो खूब तेजीसे चलता हो।

तूर्त (सं० क्ली०) त्वर-क्त ऊठ् वेटे न निष्ठानत्व न। १ क्षिप्र, शीघ्रता, जल्दी।

तूर्य (सं० क्ली०) तूर्यते ताड्यते तुर-ण्यत्। वाद्यभेद, एक प्रकारका बाजा, तुरही, सिंघा।

तूर्यखण्ड (सं० पु०) तूर्यस्य खण्ड इव। वाद्यभेद, एक प्रकारका बाजा।

तूर्यजीव (सं० त्रि०) तूर्यं आजीवः जीविका यस्य। (Musician) वाद्यव्यवसायी, जो बाजा बजाकर अपनी जीविका निर्वाह करता हो।

तूर्यमय (सं० त्रि०) तूर्य। स्वरूपे मयट्। तूर्य स्वरूप, वाद्यभेद, एक बाजा।

तूर्याचार्य (सं० पु०) तूर्यस्य आचार्यः ६-तत्। वह जो वाद्यके विषयमें शिक्षा देता हो।

तूर्व (सं० क्ली०) तुर्व अच् रेफ पूर्वस्य दीर्घः। क्षिप्र, शीघ्रता, जल्दी।

तूर्वयाण (सं० त्रि०) तूर्वं यानं यस्य। १ क्षिप्रगामी, तेज चलनेवाला। (पु०) १ एक राजाका नाम।

तूर्वि (सं० स्त्री०) तूर्व इन् दीर्घः। १ क्षिप्र, शीघ्रता।

तूल (सं० क्ली०) तूलयति पूरयति सर्व व्यापकत्वात् तूल-क। १ आकाश। २ आवस्थाकार वृक्षविशेष, तूलका पेड़, शहतूत, पर्याय—तूद, ब्रह्मकाष्ठ, ब्रह्मपोट, पूयक, ब्रह्मदारु, सुपुष्प, मृदुप, नीलवृन्तक, क्रमुक, विप्रकाष्ठ, मदसार। गुण—मधुर, अम्ल, दाहनाशक, बलकारक, कषाय और कफनाशक है। तूत देखो। (पु०) ३ कपास, मदार, सेमर आदिके ढोंढके भीतर-का धूआ। पर्याय—पिचु, पिचुल, पिचुतूल और तूलपिचु है।

तूल (हिं० पु०) १ सूती कपड़ा जो चटकीले लाल रङ्ग-का होता है। २ गहरा लाल रङ्ग।

तूलक (सं० क्ली०) तूल-स्वार्थे कन्। तूल, कपास।

तूलकार्मुक (सं० क्ली०) तूलाय तूलक्षेपणाय कार्मुक-

मिन । तूलस्य [illegible] पटवा ।

तूलचिक्कणा (सं॰ स्त्री॰) [illegible]

तूलचाप (सं॰ पु॰) तूलस्य तूलशोधनार्थं चाप इव । तूलकार्मुक, धुनकी ।

तूलन (हिं॰ स्त्री॰) [illegible] छड़में लगी हुई एक खूंटी जिससे किसी [illegible] मंडी बोझ थोड़ा थोड़ा उतर जाय ।

तूलता (हिं॰ स्त्री॰) समता, बराबर ।

तूलना (हिं॰ स्त्री॰) १ छूनेसे टेम देनेके लिये पहियेको निकाल कर गाड़ीको किसी लकड़ीके सहारे पर ठहराना । २ पहियेकी धुरीमें तेल या चिकना देना ।

तूलनालिका (सं॰ स्त्री॰) तूलनिर्मिता नालिका । पिञ्जिका, रूईकी पोनी बत्ती जिससे कातने पर बढ़ बढ़कर सूत निकलता है, पूनी ।

तूलनाली (सं॰ स्त्री॰) तूलनिर्मिता नाली । पिञ्जिका, पूनी ।

तूलपिचु (सं॰ स्त्री॰) पिच्-कुन तूलप्रधानः पिचुः । तूल वृक्ष, रूईका पौदा ।

तूलफल (सं॰ पु॰) अर्कवृक्ष, अकवनका पेड़ ।

तूलफला (सं॰ स्त्री॰) शाल्मली वृक्ष, सेमरका पेड़ ।

तूलमूल (सं॰ क्ली॰) काश्मीरकी चन्द्रभागा नदीके किनारेका एक देश ।

तूलवती (सं॰ स्त्री॰) वृक्षविशेष, नील ।

तूलवृक्ष (सं॰ पु॰) तूलस्य वृक्षः । शाल्मलीवृक्ष, सेमरका पेड़ ।

तूलशर्करा (सं॰ स्त्री॰) तूलस्य शर्करेव । कार्पासबीज, कपासका बीया, बिनौला ।

तूलसेचन (सं॰ क्ली॰) तूलस्य सेचनं ६-तत् । सूत्रकर्त्तन, रूईसे सूत कातनेका काम ।

तूला (सं॰ स्त्री॰) तूल-अच्, ततः टाप् । कार्पासी, कपास ।

तूलि (सं॰ स्त्री॰) तूल-इन् मत्र किन् । 'इगुपधात् कित् ।' उण् ४।१२१ । चित्रकारकी वर्तिका, चित्रकारीकी कूँची ।

तूलिका (सं॰ स्त्री॰) तूलिरेव स्वार्थे कन् । चित्रकारोंका रंग भरनेकी कूँची । पर्याय—ईषिका, ईषीका, तूलि, कूर्ची । २ स्वर्णपरीक्षार्थ शलाका, सोना चांदी आदि परखनेकी कसौटी । ३ [illegible] सोना [illegible] ढालनेका बरतन । ४ लौहादि शलाका, लालटेन आदिकी बत्ती [illegible] आदि पदार्थ । ५ मल्लोपकरणविशेष, सौरक

तूलिनी (सं॰ स्त्री॰) तूलोऽस्त्यस्या इनि-ङीप् । १ शाल्मली वृक्ष, सेमरका पेड़ । २ [illegible] । (त्रि॰) ३ तूल युक्त, जिसमें रूई हो ।

तूलिफला (सं॰ स्त्री॰) तूलि तूलवत् फलं यस्याः । शाल्मलीवृक्ष, सेमरका पेड़ ।

तूली (सं॰ स्त्री॰) १ नीलवृक्ष । २ रंग भरनेकी कूँची । ३ जुलाहोंका लकड़ीका एक यन्त्र । इसमें कूंचोंके द्वारा माड़ी [illegible] देकर तैयार करते हैं ।

तूवर (सं॰ पु॰) तु-बाहुलकात् वरच्, दीर्घश्च । १ तूवर [illegible] । २ कषाय रस, कसैला रस । (त्रि॰) ३ कषाय रसयुक्त, जिसका रस कसैला हो ।

तूवरक (सं॰ पु॰) अजातशृङ्ग, ठूंठा बैल, जिस [illegible] सींगका बैल । २ बे-दाढ़ीमूंछका मनुष्य । ३ कषाय रस, कसैला रस ।

तूवरिका (सं॰ स्त्री॰) तूवर संज्ञायां कन् टाप् अतइत्वं । १ आढ़की, अरहर । २ सौराष्ट्रमृत्तिका, गोपीचन्दन ।

तूवरी (सं॰ स्त्री॰) तूवर गौरा॰ ङीष् । १ आढ़की, अरहर । २ सौराष्ट्रमृत्तिका, गोपीचन्दन ।

तूष्णींशील (सं॰ वि॰) तूष्णीं शीलं यस्य । मौनावलम्बी, मौन, चुप । इसका नामान्तर तूष्णिक है ।

तूष्णीक (सं॰ त्रि॰) तूष्णीं शीलं अस्य । 'शीले को मलोपश्च' पा ५।२।७२ इति वार्त्तिकोक्त्या कः मलोपश्च । मौनी, मौन साधनेवाला ।

तूष्णीकाम् (सं॰ अव्य॰) तूष्णीम् काम् । 'कप्रकरणे तूष्णीमः काम् वक्तव्यः ।' पा ५।३।७२ । इति वार्त्तिकोक्त्या काम् । मौन, चुप ।

तूष्णीम् (सं॰ अव्य॰) तूष बाहुलकात् नीम् । मौन ।

तूष्णींभाव (सं॰ पु॰) तूष्णीं भू घञ् । मौनावलम्बन, निस्तब्धता, सन्नाटा ।

तूष्णींभूत (सं॰ त्रि॰) तूष्णीं भूतः । मौन, चुप, शान्त ।

तुस (हिं॰ पु॰) १ भूसी, भूसा। २ हिमालय पहाड़ पर काश्मीरसे ले कर नेपाल तक पाई जानेवाली एक पहाड़ी बकरीका ऊन, पशम, पशमीना। यह बकरी पहाड़के बहुत ऊंचे स्थान पर पाई जाती है। यह काश्मीरसे ले कर मध्य-एशियामें अलटाई पर्वतके ठण्डे स्थानोंमें पाई जाती है। इसके शरीर पर घने घने मुलायम रोयोंकी बड़ी मोटी तह होती है। इसकी भीतरी ऊनको काश्मीरमें असली तुस या पशम कहते हैं। यह दुशालेमें दिया जाता है। इसके ऊपरके ऊन या रोएं-से या तो रस्सियां बांटी जाती हैं या पट्टू नामका कपड़ा बुना जाता है। ३ तुसके उनका जमाया हुआ कंबल या नमदा।

तुसदान (हिं॰ पु॰) कारतूस।

तुसा (हिं॰ पु॰) चोकर, भूसी।

तुसी (हिं॰ वि॰) १ तुसके रंगका, करंजई। (पु॰) २ करंज या स्लेटके रंगकी तरहका एक रंग।

तूस्त (सं॰ क्ली) तुस-बाहुलकात् तन् दीर्घश्च। १ रेणु, धूल। २ जटा। ३ पाप, धनुष। ४ सूक्ष्म पदार्थ, अणु, कणिका।

तृंहण (सं॰ क्ली॰) तृह भावे ल्युट। हिंसन, हत्या, कतल।

तृक्ष (सं॰ पु॰) तृक्ष-अच्। कश्यप ऋषि।

तृक्षाक (सं॰ पु॰) तृक्ष-आकन्। ऋषिभेद, एक ऋषिका नाम।

तृक्षि (सं॰ पु॰) तृक्ष-इन्। त्रसदस्युके पुत्र एक ऋषिका नाम।

तृख (सं॰ क्ली॰) तृण-क पृषो॰ साधुः। जातीफल, जायफल।

तृखा (हिं॰ स्त्री॰) तृषा देखो।

तृच (सं॰ क्ली॰) तिसृणामृचां समाहारः तिस्र ऋचो यत्र वा, अच् समासान्तः सम्प्रसारणं। समान देवता और समान छन्दके तीन ऋक्।

तृण (सं॰ क्ली॰) तृण्यते भक्ष्यते तृण-घञ् या तृह-क्त-हकारलोपश्च। सुदेः को इलोपश्च। उण् ५।८। नड़ादि, नरकट घास आदि। पर्याय—अर्जुन, शिष, भट, नेड़, हरित और ताण्डव। तृणस्य अयं शिवा॰ अण्। २ तार्ण। गाय इत्यादिको तृण देनेसे अशेष पुण्य होता है। धनिष्ठादि पञ्च नक्षत्रोंमें घरके लिये तृण और काठ आहरण नहीं करना चाहिये। आहरण करनेसे अग्नि, चौरभय, रोग, राजपीड़ा और धन क्षय होता है। ३ गन्धद्रव्यविशेष, रामकपूर। पर्याय—कुतृण, तृण, सुगन्ध, सुशीतल।

तृणक (सं॰ क्ली॰) तृणं स्वल्पार्थे कन्। १ स्वल्पतृण, थोड़ी घास। २ चीनाक, चेना धान।

तृणकर्ण (सं॰ पु॰) तृणमिव कर्णोऽस्य। ऋषिभेद, एक ऋषिका नाम।

तृणकाण्ड (सं॰ क्ली॰) तृणानां समूहः तूर्वादित्वात् काण्डच्। तृणसमूह, घासका ढेर।

तृणकीय (सं॰ त्रि॰) तृण सलवर्ण-छ नाड़ादित्वात् कुक् च। तृणभव, जो घाससे उपजा हो।

तृणकुङ्कुम (सं॰ क्ली॰) तृण सभूतं कुङ्कुमं। सुगन्ध द्रव्यभेद, एक सुगंधित घास, रोहिस घास। पर्याय—तृणाख्यक, गन्धि, तृणशोणित, तृणपुष्प, गन्धाधिक, तृणित्व, तृणगौर, लोहित। गुण-यह कटु, उष्ण, कफ, वायु, शोफ, कण्डु, कोढ़ और आमदीपनाशक तथा परमभास्वर है।

तृणकुटी (सं॰ स्त्री॰) तृणाच्छादिता कुटी। तृणाच्छादित गृह, वह घर जो तृणसे छाया रहता है। पर्याय—कायमान।

तृणकुटीरक (सं॰ क्ली॰) तृणौकः। तृणनिर्मित घर, पत्तोंका घर।

तृणकूट (सं॰ क्ली॰) तृणराशि, घासका ढेर।

तृणकूर्म (सं॰ पु॰) तृणमयः कूर्मः। श्वेततुम्बी, सफेद कद्दू या लौकी।

तृणकेतकी (सं॰ स्त्री॰) १ वंशलोचन। २ सत्यनोर-भेद, एक प्रकारका तीखुर।

तृणकेतु (सं॰ पु॰) तृणेषु केतुरिव। १ वंशवृक्ष, बांस। २ तालवृक्ष, ताड़का पेड़।

तृणकेतुक (सं॰ पु॰) तृणकेतु स्वार्थे कन्। वंश, बांस।

तृणकेसर (सं॰ क्ली॰) तृणकुङ्कुम, रोहिस घास।

तृणगड़ (सं॰ पु॰) समुद्र कर्कट, समुद्रका एक प्रकारका केकड़ा। २ कीटभेद, कीड़ा।

तृणगन्धा (सं॰ स्त्री॰) तृणवत् गन्धो यस्याः। विदारी, मासपर्णी।

तृणगोधा (सं॰ स्त्री॰) तृणस्य गोधेव स्थानात्। १ गिर-गिट, छिपकली। २ तृणजलौका, एक प्रकारकी जोंक।

तृणगौर (सं॰ क्ली॰) सुगन्ध तृणविशेष, एक सुगन्धित घास, रोहिस घास।

तृणग्रन्थि (सं॰ स्त्री॰) तृणमिव ग्रन्थर्यस्य। स्वर्ण जीवन्ती क्षुप।

तृणग्राही (सं॰ पु॰) तृणं गृह्णाति ग्रह-णिनि। मणिविशेष, एक रत्नका नाम, नीलमणि। पर्याय—शुका-पुष, तृणमणि।

तृणचर (सं॰ पु॰) तृणेषु चरति चर-ट। १ गोमेद-मणि। (त्रि॰) २ तृणभक्षिमात्र, तृण चरनेवाला।

तृणजम्भन् (सं॰ त्रि॰) तृणं जम्भो भक्ष्यं यस्य। जम्भा-सुहरिततृणसोमेभ्यः। पा ५।४।१२५। इति निपात-नात् साधुः। १ तृणभक्षक पशु चरनेवाला। तृण-मिव जम्भो दन्तो यस्य। २ तृण तुल्य दन्तयुक्त, जिस-के दांत घासके रंगके हों।

तृणजलायुका (सं॰ स्त्री॰) तृणाकारा तृणजाता वा जलायुका। जलौकाभेद, एक प्रकारकी जोंक।

तृणजलूका (सं॰ स्त्री॰) जलौकाभेद, एक प्रकारकी जोंक।

तृणजलौका (सं॰ पु॰) जलौकाविशेष, एक प्रकारकी जोंक।

तृणजलौकान्याय (सं॰ पु॰) तृणजलौकाके समान। नैयायिक लोग इस वाक्यका प्रयोग तभी करते हैं, जब उन्हें आत्माके एक शरीर छोड़ कर दूसरे शरीरमें जाने का दृष्टान्त देना होता है। जिस प्रकार जोंक अग्र-में बढ़ते हुए तिनकेके अग्रभाग तक पहुंच कर जब दूसरा तिनका पकड़ लेती है तब पहलेको छोड़ देती है, उसी प्रकार आत्मा जब दूसरे शरीरमें जाती है तब पहले-को परित्याग कर देती है।

तृणज्योति (सं॰ स्त्री॰) तृणमिव ज्योतिः। तृणज्योति लता।

तृणजीवन (सं॰ त्रि॰) तृणेन जीवति जीव-ल्युट्। जो पशु घास खाकर जीवन धारण करते हैं।

तृणज्योतिस् (सं॰ स्त्री॰) तृणेषु मध्ये ज्योतिः ज्योति-र्यस्याः। ज्योतिष्मती लता।

तृणता (सं॰ स्त्री॰) तृणस्य भावः तृण-तल्। १ धनु-धार, कमान। २ तृणत्व तृणका भाव।

तृणदुह (सं॰ पु॰) बड़वाग्नि।

तृणद्रुम (सं॰ पु॰) तृणमिव द्रुमः कमारत्वात्। १ नारिकेल, नारियल। २ ताल, ताड़का पेड़। ३ गुवाक, सुपारी। ४ ताली, एक प्रकारका छोटा ताड़। ५ केतकी। ६ खजूर, खजूरका पेड़। ७ हिन्ताल। इसके नियाँसके गुण—यह शीतल, मधु, शोधन, श्रमकारक, रुष, तथा और रक्तपित्तनाशक है।

तृणधान्य (सं॰ क्ली॰) तृणरूपं धान्यं। १ धान्य-विशेष, तिन्नीका धान। २ तिन्नीका चावल। ३ सावाँ।

तृणध्वज (सं॰ पु॰) १ वंश, बांस। २ तालवृक्ष, ताड़का पेड़।

तृणनिम्ब (सं॰ पु॰) तृणाकारः निम्बः। किरातनिम्ब, चिरायता।

तृणप (सं॰ पु॰) तृणं पाति पा-क। गन्धर्वभेद, एक गन्धर्वका नाम।

तृणपञ्चमूल (सं॰ क्ली॰) तृणरूपाणां पञ्चानां मूलं। पञ्चाङ्ग-विशिष्ट पाचन। कुश, काश, शर, दर्भ, इक्षु ये पांच तृणपञ्चमूल हैं। शालि, इक्षु, कुश, शर और काश ये भी पांच तृणपञ्चक हैं। इनके मूलके गुण—यह तृष्णा, दाह, पित्त, असृक् और मूत्रनाशक है।

तृणपति (सं॰ पु॰) राजधान, काला कपूर।

तृणपत्रिका (सं॰ स्त्री॰) तृणस्येव पत्राण्यस्याः ठन्-टाप्। इक्षुदर्भतृण, एक प्रकारकी घास।

तृणपत्री (सं॰ स्त्री॰) तृणमिव पत्रमस्याः ङीष्। तृणपत्रिका, एक प्रकारकी घास।

तृणपदी (सं॰ स्त्री॰) तृणस्येव पादोऽस्याः कुम्भपद्यादि-त्वात् दशावः। तृणगुल्म मूलयुक्त लता, वह लता जिसकी जड़ घासकी जैसी होती है।

तृणपाणि (सं॰ पु॰) ऋषिविशेष, एक ऋषिका नाम।

तृणपीड़ (सं॰ क्ली॰) तृणस्येव पीड़ा यत्र। युद्धभेद, एक प्रकारकी लड़ाई।

तृणपुष्प (सं॰ क्ली॰) तृणमिव पुष्पमस्य। १ तृण कुङ्कुम, तृणकेशर। २ ग्रन्थिपर्णी, गठिवन।

तृणपुष्पिका (सं॰ स्त्री॰) सिन्दूरपुष्पी नामक क्षुप।

तृणपूली (सं॰ स्त्री॰ तृणस्य पूलः संहतिरत्र गौरादित्वात् ङीष्। चटाई, घासकी बनी हुई चटाई।

तृणप्राय (सं॰ त्रि॰) निकम्मा, बेमसरफ, बुरा।

तृणमणि (सं॰ पु॰) तृणग्राहकी मणिः। तृणग्राहिमणिभेद, एक रत्नका नाम।

तृणमत्कुण (सं॰ पु॰) प्रतिभू, वह जो जमानतमें पड़ता हो, जामिन।

तृणमय (सं॰ त्रि॰) तृणस्य विकारः तृण-मयट्। तृण-विकार, घासका बना हुआ।

तृणमयी (सं॰ स्त्री॰) तृणमय-ङीप्। तृण निर्मिता, घासकी बनी हुई चीज।

तृणमल्लिका (सं॰ स्त्री॰) मल्लिकापुष्पभेद, एक प्रकारका चमेलीका फूल।

तृणमुद्ग (सं॰ पु॰) श्यामाकधान्य, एक प्रकारका धान।

तृणमुस्तिका (सं॰ स्त्री॰) मुस्ततृण, मोथा नामकी घास।

तृणमूल (सं॰ क्ली॰) तृणपञ्चमूल देखो।

तृणमेरु (सं॰ पु॰) रुद्राक्ष वृक्ष।

तृणराज (सं॰ पु॰) तृणेषु राजते राज-अच्, वा तृणस्य राजा। १ तालवृक्ष, ताड़का पेड़। २ नारियलका पेड़। ३ वंश, बांस। ४ इक्षु, ईख। ५ खर्जूर, खजूर।

तृणराजवर्ग (सं॰ पु॰) तृणराजानां वर्गः। वृक्षसमूह, सुपारी, ताड़, हिन्ताल, केतकी, खजूर, नारियल और ताड़ी ये सात वृक्ष तृणराजवर्ग हैं। इनके पत्ते आदिसे दन्तुवन नहीं करना चाहिये।

तृणवल्वजा (सं॰ स्त्री॰) तृणरूपा वल्वजा। वल्वजा तृण, एक प्रकारकी घास।

तृणविन्दु (सं॰ पु॰) एक ऋषिका नाम। ये २४वें द्वापरमें सब वेदोंको विभाग कर वेदव्यास हुए हैं। ये ऋषि महाभारतके कालमें भी थे और इनसे पाण्डवोंके साथ वनवासको अवस्थामें भेंट हुई थी।

तृणविन्दुसरोवर (सं॰ पु॰) तृणविन्दोः, ६-तत्। तृण-विन्दु ऋषिके सरोवर एवं तीर्थ यह सरोवर काम्यक वनके निकटवर्त्ती मरुभूमिके प्रान्तभागमें अवस्थित है।

(*भारत वन २५७ अ॰*)

तृणवीज (सं॰ क्ली॰) तृणस्य वीजं ६-तत्। श्यामाक, तिन्नीका धान।

तृणवीजोत्तम (सं॰ पु॰) तृणवीजेषु उत्तमः। श्यामाक, तिन्नी धान।

तृणवृक्ष (सं॰ पु॰) तृणमिव वृक्षः, असारत्वात्। १ नारिकेल, नारियल। २ ताल, ताड़। ३ गुवाक, सुपारी। ४ ताली, एक प्रकारका छोटा ताड़। ५ केतकी। ६ खर्जूर, खजूर। ७ हिन्ताल।

तृणशय्या (सं॰ स्त्री॰) घासका बिछौना, चटाई, साथरी।

तृणशीत (सं॰ क्ली॰) तृणेषु शीतं शीतलं। गन्ध तृण, रोहितघास जिसमेंसे नीबू-कीसी सुगन्ध आती है।

तृणशीता (सं॰ स्त्री॰) तृणेषु शीता। जल पिप्पली।

तृणशून्य (सं॰ क्ली॰) तृणमिव शून्यं फलरहितं। १ केतकीपुष्प। २ मल्लिका, चमेली। ३ नागरङ्ग, नारङ्गी। (त्रि॰) तृणेन शून्यं। ४ तृणरहित, बिना घासका।

तृणशूली (सं॰ स्त्री॰) तृणं शूलमिव तीक्ष्णाग्रं यस्याः गौरा॰ ङीष्। लताभेद, एक लताका नाम।

तृणशोणित (सं॰ क्ली॰) तृणकुङ्कुम, रोहिस घास।

तृणशोषक (सं॰ पु॰ स्त्री॰) तृणमपि शोषयति शुष-णिच्-ण्वुल्। राजिमत् जातीय सर्पभेद, एक प्रकारका सांप।

तृणशौण्डिका (सं॰ स्त्री॰) तृणेषु शौण्डिका। मधुरेतकी वृक्ष।

तृणषट्पद (सं॰ पु॰) तृणमिव षट्पदः। कीटविशेष, एक प्रकारका कीड़ा।

तृणसंज्ञक (सं॰ पु॰) तृणं संज्ञा यस्य। तृणसमूह। कुश, काश, नल, दर्भ, काण्ड और इक्षु ये तृणसंज्ञक हैं।

तृणसारा (सं॰ स्त्री॰) तृणस्येव सारो यस्याः। कदली वृक्ष, केलाका वृक्ष।

तृणसिंह (सं॰ पु॰) तृणेषु सिंह इव तन्नाशकत्वात्। कुठार, कुल्हाड़ी।

तृणसोमाङ्गिरा (सं॰ पु॰) दक्षिणदिक्स्थित युधिष्ठिरके ऋत्विक्भेद, युधिष्ठिरका पुरोहितके नाम। अयञ्ज, दन्तुम, आत्स्यायेय, दृढ़व्य, ऊर्ध्वबाहु, तृणसोमाङ्गिर और मित्रावरुणके पुत्र अगस्त्य ये ७ ऋषि युधिष्ठिरके पुरोहित थे और दक्षिणप्रदेशमें वास करते थे।

तृणकन्द (सं० पु०) तृणमिव कन्दति ह्रस्व-कन्द-अच्। तृणवत् पत्रक सभावयुक्त, जिसका आकार तृणका कंपन हो।

तृणस्पर्शपरिषह (सं० पु०) जैनधर्मानुसार मुनियोंके लिए शास्त्रोक्त बाईस परिषहोंमेंसे एक मार्ग चलते समय काँटे या कांच आदिसे शरीर बिद्ध होने पर भी मुनिगण उस क्लेशको वीतराग भावसे सहन करते हैं, उसे दूर करनेका कोई उपाय नहीं करते। इसीका नाम तृणस्पर्शपरिषह है।

तृणहर्म्य (सं० पु० क्ली०) तृणाच्छादितो हर्म्यः। तृण-कुटी, अटालिका, वह अटारी जिसके ऊपर फूसका घर बना हुआ हो।

तृणाख्य (सं० पु०) तृणरूपः बहु प्रियः। मन्थानक तृण, एक प्रकारकी घास।

तृणाग्नि (सं० पु०) तृणजातः। अग्निः। तार्ण अग्नि, घास फूसकी आग, फूसोंकी आँच।

तृणाञ्जन (सं० पु०) तृणमिव अञ्जनः। कृकलास, गिर-गिट।

तृणाटवी (सं० स्त्री०) तृणप्रचुरा अटवी। तृणमय वन।

तृणाढ्य (सं० क्ली०) तृणैः आढ्य। पर्वतजात तृण, वह घास जो पहाड़ पर उगी हो।

तृणादि (सं० पु०) तृणको आदिमें रख कर सप्रत्यय निमित्त पाणिनि-उक्त गण विशेष। तृण, नड़, मूल, वन, पर्ण, वर्ण, बिल, पुल, फल, अर्जुन, अर्ण, सुपर्ण, बल, चरण, बुस ये तृणादि हैं। (पाणिनि)

तृणाम्ल (सं० क्ली०) तृणरूपं तृण अम्लस्य यत्। तृणि आमलका नाम।

तृणारक (सं० स्त्री०) तिनका, तृणकी नोक।

तृणाल (सं० क्ली०) तृणेषु पत्रःस्नपथ तृण, नोनिया, घास जोनो।

तृणारणिन्याय (सं० पु०) न्यायविशेष, कोई काम अपने अपने कारणोंके समान अवस्था। जो जो अग्निके पैदा होनेमें तृण और अरणी दोनों कारण हैं पर उनका निर्देश अर्थात् अलग अलग कारण हैं। आदिमें अग्नि उत्पन्न होनेका कारण दूसरा है और दूसरेमें अग्नि उत्पन्निका कारण दूसरा।

तृणावर्त (सं० पु०) तृण आवर्तयति आवृत-णिच्-अण्। १ वात्याकार वायुसमूह, घूर्णवायु, बवंडर।

२ कंसासुरके एक दैत्यका नाम। एक दिन कंसने इसे श्रीकृष्णको मारनेके लिये गोकुल भेजा था। यह वात्या (बवंडर)का रूप धारण कर इसने गोकुलमें उथलपथल मचा दिया। धूलसे सबोंकी आँखें बन्द हो गईं तथा इसके घोर गर्जनसे सब दिशाएं गूंज उठी थीं। यह असुर बालक कृष्णको कुछ ऊपर ले गया था। यहां श्रीकृष्ण इतने भारी हो गये कि भूभिभार, इसका चलना उसके लिये दुःसाध्य हो गया। धीरे धीरे वायुवेग घटने लगा। इससे वह दैत्यको श्रीकृष्ण और भी पर्वत-के समान मालूम पड़ने लगे। श्रीकृष्ण उसका गला पकड़े हुए थे। इस कारण वह उन्हें छोड़ भी नहीं सकता था। अधिक समय तक गला पकड़े रहनेके कारण वह चेष्टाशून्य हो गया और उसकी दोनों आँखें बाहर निकल आईं। पीछे वह भयानक शब्द करता हुआ गतासु हो कर श्रीकृष्णको साथ लिये जमीन गिरा। आकाशसे शिला पर गिरनेके कारण तृणावर्तकी हड्डी चूर चूर हो गई और वहीं प्राणान्तको प्राप्त हुआ।

(भाग० १०।७ अ०)

तृणावकीर्णतीर्थ (सं० क्ली०) तीर्थविशेष, तृणावकीर्ण तीर्थ।

तृणासृक् (सं० क्ली०) तृणेषु असृगिव रक्तत्वात्। तृण-कुङ्कुम, रोहिस घास।

तृणाह्वा (सं० स्त्री०) तृणविशेष, एक प्रकारकी घास।

तृणेन्दु (सं० पु०) तृणमिवेन्दुरिव मधुरस्वरत्वात्। मन्थरा, सालिवाली।

तृणेन्द्र (सं० पु०) तृणानां इन्द्रः। तृणराज, ताड़का पेड़।

तृणेक्षण (सं० पु०) तृणेषु क्षणः। तृणवर्णक तृण, कसेरु घास।

तृणोत्तम (सं० क्ली०) तृणकुङ्कुम, रोहिस घास।

तृणोद्भव (सं० पु०) तृणेषु उद्भवति उद् भू-अच्। १ नीवार धान्यविशेष, तीनी धान, एक धान। २ तृणजात अग्नि, घास फूसकी आग। (त्रि०) ३ तृणजात मात्र, जो केवल घासमें उत्पन्न हुआ हो।

तृणोत्पन्न (सं० स्त्री०) उत्तम तृण, एक प्रकारकी घास।

तृणोल्का (सं० स्त्री०) तृणकृता उल्का। तृणका लुआठ, घास फूसकी मशाल।

तृणौकस (सं॰ क्ली॰) तृण निर्मितः उकः। तृणनिर्मित गृह, घास फूसका घर।

तृणौषध (सं॰ क्ली॰) तृणात्मकं औषधं। एलवालुक नामक गन्धद्रव्य, एलुवा।

तृष्मान (सं॰ वि॰) तृष्णायुक्त।

तृण्या (सं॰ स्त्री॰) तृणानां समूहः तृण-य। तृणसमूह, घास फूसका ढेर।

तृतीय (सं॰ वि॰) त्रयाणां पूरणः त्रि-तीय सम्प्रसारणं। तीनका पूरण, तीसरा।

तृतीयक (सं॰ पु॰) तृतीय-कन्। विषम ज्वरविशेष, तीसरे दिन आनेवाला ज्वर, तिजारा। आमाशय, हृदय, कण्ठ, शिर, और सन्धि ये पांच कफके स्थान माने गये हैं। दिन और रात ये दो हो दोषके प्रकोपकाल हैं। इनमेंसे एक एक प्रकोपके समय दोष हृदयमें लीन हो कर दूसरे प्रकोपकालमें ज्वर उत्पन्न कर देता है। दोष यदि कण्ठमें स्थित हो, तो ज्वरदिवस हृदयमें रह कर तीसरे दिनमें आमाशयं आच्छादन करता और ज्वर पैदा करता है। इसीको तृतीयक ज्वर कहते हैं। यह ज्वर एक दिनके बाद आता है। (सुश्रुत)

भावप्रकाशमें भी लिखा है, कि जो ज्वर एक दिन बाद आता है, उसे तृतीयक ज्वर कहते हैं। जो तृतीयक ज्वर कफपित्तसे उत्पन्न होता है, उससे त्रिकस्थानमें, वायु और कफसे उत्पन्न होनेसे पीठमें तथा वायु पित्तसे उत्पन्न होनेसे पहले सिरमें दर्द होता है। तृतीयक ज्वरके यही तीन भेद हैं। (भावप्र॰) ज्वर देखो।

तृतीयकविपर्यय (सं॰ पु॰) तृतीयक ज्वरविशेष। जो ज्वर बीचमें एक दिन हो कर, आदि और अन्तिम दिनमें विमुक्त हो जाता है, उसे तृतीयकविपर्यय कहते हैं। "मध्ये एकं दिनं ज्वरं जनयति आद्यावन्त्ये च दिने मुंचतीति तृतीयकविपर्ययः।" (भावप्रकाश)

तृतीयता (सं॰ स्त्री॰) तृतीय भावे तल्। तृतीयत्व, तीनका भाव।

तृतीयप्रकृति (सं॰ स्त्री॰) तृतीया प्रकृतिः प्रकारः। पुरुष और स्त्रीके अतिरिक्त एक तीसरी प्रकृतिवाला, नपुंसक, क्लीव, हिजड़ा।

तृतीययुगपर्यय (सं॰ पु॰) तृतीयस्य युगस्य द्वापरस्य परिवर्त्तः यत्र काले। वह समय जब द्वापर युगका तृतीय पर्यय उपस्थित हो।

तृतीयसवन (सं॰ क्ली॰) सुयते सोमोऽस्मिन् तृतीयं सवनं कर्मधा॰। यज्ञभेद, अग्निष्टोम आदि यज्ञोंका तीसरा सवन। यह यज्ञ प्रातः, मध्याह्न और सायंकालमें करना होता है। कात्यायन-श्रौतसूत्रमें इस प्रकार लिखा है—प्रातःकालके यज्ञमें जो सब कर्म उपांशुस्वर द्वारा करनेके हैं, उन्हें उच्चस्वरसे नहीं करके प्रथम स्वरसे; मध्याह्नमें जो सब कर्म नीच और उच्चस्वरसे करनेके हैं, उन्हें मध्यमस्वरसे और सायंकालमें जो नीच और मध्यमस्वरसे करनेके हैं, उन्हें प्रथमस्वरसे करना चाहिए।

तृतीयांश (सं॰ पु॰) तृतीयः अंशः। तृतीय भाग, तीसरा हिस्सा।

तृतीया (सं॰ स्त्री॰) तृतीय टाप्। १ तिथिविशेष, प्रत्येक पक्षका तीसरा दिन, तीज। तिथि देखो। व्याकरणमें करणकारक।

तृतीयाकृत (सं॰ वि॰) तृतीय डाच्-कृ-क्त। वारत्रय कर्षितक्षेत्र, वह खेत जो तीन बार जोता गया हो।

तृतीयाप्रकृति (सं॰ स्त्री॰) तृतीया प्रकृतिः। संज्ञा पूरणार्थ। पा ६।३।३८। इति न पुंवद्भावः। नपुंसक, हिजड़ा।

तृतीयायम (सं॰ पु॰-क्ली॰) तृतीयं आयमं। वानप्रस्थाश्रम। गृहस्थाश्रमके बाद यही आश्रम अवलम्बन करना पड़ता है।

तृतीयासमास (सं॰ पु॰) तृतीया सह समासः। समासविशेष, तृतीया तत्पुरुष समास। तृतीया विभक्तिके साथ यह समास होता है, इसीलिए इसका नाम तृतीया समास रखा गया है। समास देखो।

तृतीयी (सं॰ वि॰) तृतीय अस्त्यर्थे इनि। तृतीय भागाई, तीसरे हिस्सेका हकदार।

तृद् (सं॰ वि॰) तृद् बाहुलकात् कुक्। हिंसक, कतल करनेवाला।

तृदिल (सं॰ वि॰) तृद्-बाहु॰ इलच्। १ भेदक, फूट करानेवाला। २ भिन्न, अलग।

तृपत् (सं॰ पु॰) तृप्नोति प्रीणयति तृप-अति। अपत् पर्षद्। उन् २।८५। इति सूत्रेण निपातनात् साधुः। १ चन्द्र, चन्द्रमा। २ छत्र, छतरी। ३ इन्द्र।

तृपल (सं॰ त्रि॰) तृप्यति तृप-कलच्। उण् १।१०६। चित्र, मित, चञ्चल।

तृपला (सं॰ स्त्री॰) तृपल-टाप्। १ लता। २ त्रिफला।

तृपलप्रभर्मन् (सं॰ त्रि॰) १ प्रस्तरादि द्वारा प्रहारकारक, जो पत्थर आदिसे चोट करता हो। २ क्षिप्र प्रहारकारक, जो बहुत तेजीसे मारता हो।

तृपाला (सं॰ स्त्री॰) तृप-कालन्। लता।

तृप्त (सं॰ त्रि॰) तृप-क्त। १ तृप्तियुक्त, तुष्ट, अघाया हुआ, जिसकी इच्छा पूरी हो गई हो। २ प्रसन्न, खुश।

तृप्ता (सं॰ स्त्री॰) तृप्त-टाप्। गायत्रीभेद, एक प्रकारकी गायत्री।

तृप्रा (सं॰ स्त्री॰) तृप्र-टाप्। गायत्रीभेद, एक प्रकारकी गायत्री।

तृप्ताङ्ग (सं॰ त्रि॰) तृप्तः अङ्गं यस्य। तर्पितावयव, जिसका शरीर तृप्त हो गया हो।

तृप्ति (सं॰ स्त्री॰) तृप-क्तिन्। भोजनादि द्वारा आकांक्षा-निवृत्ति, इच्छा पूरी होनेसे प्राप्त शान्ति और आनन्द, संतोष। इसके पर्याय—सौहित्य, तर्पण, प्रीणन और अविलम्बन हैं।

तृप्तिकर (सं॰ त्रि॰) तृप्तिं करोति कृ-ट। प्रीतिप्रद, आह्लादजनक, खुश करनेवाला।

तृप्तिदा (सं॰ स्त्री॰) तृप्तिं ददाति दा-क-टाप्। गायत्रीभेद, एक प्रकारकी गायत्री। तृप्ता देखो।

तृप्तिन् (सं॰ त्रि॰) तृप्तोऽस्त्यस्य तृप्त-इनि; सुखादिभ्यश्च पा ५।२।१३१) तृप्तियुक्त, प्रसन्न, खुश।

तृप्तिमत् (सं॰ त्रि॰) तृप्तिः विद्यते अस्य तृप्ति-मतुप्। १ तृप्तियुक्त, आह्लादविशिष्ट। (क्ली॰) २ उदक, जल।

तृप्नु (सं॰ त्रि॰) तृप-क्नु। तृप्तिशील, खुश रहनेवाला।

तृप्र (सं॰ पु॰) तृप्यत्यनेन तृप-रक्। स्फायितञ्चीति। उण् २।१३। १ घृत, घी। २ पुरोडाश। (क्ली॰) ३ दुःख, कष्टभोग। (त्रि॰) ४ तर्पक, तृप्त करनेवाला।

तृप्राशु (सं॰ त्रि॰) तृप्रं दुःखं न सहते अश्नुते तृप्राशु। दुःखासहन, जो दुःख सहा न कर सकता हो।

तृफला (सं॰ स्त्री॰) तृम्फति प्रीणयति तृफ-कलच्-टाप्। त्रिफला, हड़, बहेड़ा आंवला।

तृम्फ (सं॰ स्त्री॰) तृम्फति प्रीणयति तृम्फ-क। सर्जजाति, एक प्रकारका पौधा।

तृम्फादि (सं॰ पु॰) धातुगणविशेष। तृम्फ, तुम्फ, दृम्फ, ऋम्फ, गुम्फ, उम्फ, शुम्भ ये सब धातु तृम्फादि हैं।

तृष् (सं॰ स्त्री॰) तृष-क्विप्। तृषा देखो।

तृषा (सं॰ स्त्री॰) तृष-टाप्। १ आकांक्षा, इच्छा, अभिलाषा। पर्याय—इच्छा, कांक्षा, स्पृहा, ईहा, तृट्, वाञ्छा, लिप्सा, मनोरथ। २ पिपासा, प्यास। ३ कामकन्या, कामदेवकी लड़की। ४ लाङ्गली वृक्ष, कलियारी। ५ लोभ, लालच।

तृषाभू (सं॰ स्त्री॰) तृषायाः भूरुत्पत्तिस्थानं। क्लोम, पेटमें जल रहनेका स्थान।

तृषालु (सं॰ त्रि॰) पिपासित, प्यासा।

तृषावत् (सं॰ त्रि॰) पिपासित, प्यासा।

तृषास्थान (सं॰ पु॰) क्लोम, पेटमें जल रहनेका स्थान।

तृषाह (सं॰ क्ली॰) तृषां हन्ति हन-ड। १ जल, पानी। २ मधुरिका, एक प्रकारकी सौंफ।

तृषित (सं॰ त्रि॰) तृषा जाता अस्य तारकादित्वादितच्। १ तृष्णान्वित, प्यासा। २ लुब्ध, लोभी, लालची। ३ इच्छुक, अभिलाषी।

तृषितोत्तरा (सं॰ स्त्री॰) तृषित उत्तरो यस्याः। सकलपर्णीवृक्ष, पटसन।

तृषु (सं॰ क्ली॰) तृ-सुक् पृषोदरादित्वात् साधुः। १ क्षिप्रता, तेजी, शीघ्रता। (त्रि॰) २ क्षिप्रतायुक्त, तेज।

तृषुच्यवस् (सं॰ त्रि॰) तृषु च्यवः यस्य। क्षिप्रगमनयुक्त, बहुत तेज चलनेवाला।

तृषुच्युत् (सं॰ त्रि॰) तृषु-च्यु-क्विप्। क्षिप्रगमनशील, जो तेजीसे चलता है, जिसकी गति बहुत तेज हो।

तृष्ट (सं॰ त्रि॰) तृष-क्त भिदे बाहुलकात् इडभावः। १ दाहजनक। २ तृषित, प्यासा।

तृष्टामा (सं॰ स्त्री॰) तृष्टं दाहं अमयति गमयति अम-णिच्-अच्। नदी, दरिया।

तृष्णज् (सं॰ त्रि॰) तृष्यति आकांक्षति तृष नजिङ्। १ लुब्ध, लोभी। २ तृषित, प्यासा।

तृष्णा (सं॰ स्त्री॰) तृष न, अथ किच्। १ पिपासा, प्यास। पर्याय—उदन्या, तृष्, तर्ष, तृषा, तर्षण। (अमर) २ लिप्सा, लोभ, लालच। ३ अप्राप्त अभिलाष। ४ गौरि-

है, एक बीमारी। इसका विषय सुश्रुतमें इस प्रकार लिखा है—

जलपानसे तृप्ति न हो कर यदि फिर फिर जलको आकांक्षा बनी रहे तो उसे तृष्णा कहते हैं। यह संक्षोभ, शोक, श्रम, मद्यपान, रुक्ष, अम्ल, शुष्क, उष्ण और कटु द्रव्य भोजन; धातुक्षय, लङ्घन तथा ताप इन सबोंके द्वारा पित्त और वायुकी वृद्धि हो कर जलीय धातुवाही सभी स्रोतोंको दूषित करती है। इन सब स्रोतोंको गाढ़ दूषित हो जानेसे अत्यन्त तृष्णा उत्पन्न होती है। इसकी उत्पत्तिके सात भेद हैं—वायुसे, पित्तसे, श्लेष्मासे, क्षतसे क्षयसे (धातुक्षय), आमसे तथा कटु, तिक्त आदि भोजन करनेसे।

तालु, ओष्ठ, कण्ठ एवं मुखका सूखना, दाह, सन्ताप, मोह, भ्रम, विलाप और प्रलाप ये सब तृष्णाके पूर्वलक्षण हैं। विशेषतः वायुसे उत्पन्न तृष्णामें मुखशोष; शङ्खदेश (कपालास्थि), शिरोदेश तथा गलदेशमें पीड़ा। स्रोतपथका अवरोध, मुखका वैरस्य और शीतल जलकी इच्छा होती है। मूर्च्छा, प्रलाप, अरुचि, मुखशोष, पीत नेत्र, अत्यन्त दाह, शीताभिलाष, मुखको तिक्तता और कण्ठसे धूमोद्गम ये सब पित्तसे उत्पन्न तृष्णाके लक्षण हैं। जठरानलके कफ द्वारा संवृत हो जाने पर उसकी वाष्प रुक जाती है जिससे जलवाही स्रोतपथ दूषित हो कर कफज तृष्णा उत्पन्न करता है।

निद्रा, देहकी गुरुता, मुखकी मधुरता, शीतज्वर, वमन, अरुचि ये सब कफसे उत्पन्न तृष्णाके लक्षण हैं। शोणितके कारण पीड़ा या शोणितके गिरनेसे तृष्णाके सब लक्षण पाये जाने पर भी अधिक जलकी आकाङ्क्षा नहीं रहती। इसको रक्तसे उत्पन्न तृष्णा कहते हैं। रस आदि धातु क्षय होनेसे जो तृष्णा पैदा होती है, दिनरात बार बार जल पीने पर भी उसकी शान्ति नहीं होती। इसे कोई कोई सान्निपातिक तृष्णा कहते हैं। आमज तृष्णामें त्रिदोषके सभी लक्षण दीख पड़ते हैं। इसके सिवा हृद्शूल, निष्ठीवन और शरीरमें अवसाद आदि लक्षण भी उत्पन्न होते हैं। अतिशय स्नेह, अम्ल वा लवण अथवा गुरुपाक अन्न खानेसे भी तृष्णा पैदा होती है, इसे भोजनसे उत्पन्न तृष्णा कहते हैं। तृष्णार्त मनुष्य यदि शोष, मानसिक क्रियाहीन और बधिर हो तथा उसकी जीभ निकल गई हो, तो रोगको असाध्य समझना चाहिये। (सुश्रुत उत्तरतन्त्र ४८ अ०) भावप्रकाशमें इसका विषय इस प्रकार लिखा है—

भय, परिश्रम, बल क्षय तथा पित्तवर्द्धक द्रव्य खानेसे पित्त और वायु कुपित हो कर ऊपरकी ओर चला जाता है और तालुमें पहुँच कर पिपासा उत्पन्न करता है। अब, कफ, आमरससे दूषित दोष जलवाही स्रोतोंको दूषित कर तृष्णा उत्पन्न करता है। तृष्णाके सात भेद हैं—वातज, पित्तज, कफज, क्षतज, क्षयज, आमज, और अन्नज। सुश्रुतके 'सलिलवहस्रोतः' इससे बहुवचनका ज्ञान होनेके कारण चरकके मतानुसार जिह्वा, हृदय, गलदेश और क्लोम (मूलाधार)का बोध होता है अर्थात् तृष्णा होनेके समय दोष इन्हीं सब स्थानोंमें रहता है।

तृष्णाका सामान्य लक्षण—तृष्णाके उपस्थित होने पर रोगीके तालु, ओठ, कण्ठ और मुखमें वेदना तथा जलन पैदा होती है; एवं सन्ताप, मोह, भ्रम और प्रलाप भी होता है।

वातज तृष्णाका लक्षण—वातसे उत्पन्न तृष्णारोगमें मुखमें मलिनता और विरसता, शङ्ख (कपालास्थि) और मस्तकमें वेदना होती एवं रस और अम्बुवाहिधमनी बन्द हो जाती है।

पित्तजका लक्षण—पैत्तिक तृष्णारोगमें मूर्च्छा, अन्नमें अरुचि, प्रलाप, दाह, रक्ताक्ष, अत्यन्त मुखशोष, शीतल सेवनाभिलाष, मुखकी तिक्तता और धुआं निकलनेके जैसा मालूम पड़ता है।

कफजका लक्षण—कफसे उत्पन्न तृष्णारोगमें आपसे आप कुपित कफ जठराग्निका आच्छादन करता तथा बाधक तृष्णाको रोक देता है। यह अवरुद्ध उष्मा जलवाही स्रोतको सोख कर कफ-कृत तृष्णा उत्पादन करती है। इस रोगमें निद्राधिक्य, देहमें गुरुत्व, मुखमें मधुरता और तृष्णापीड़ित व्यक्ति अत्यन्त कृश हो जाता है।

क्षतजका लक्षण—शस्त्रादि द्वारा क्षत मनुष्यको जो वेदना तथा रक्त निःसरणके कारण तृष्णा उत्पन्न होती है, उसको क्षतज तृष्णा कहते हैं।

तृपल (सं० वि०) तृप्यति-तृप-कल। कलस्तृपश्च। उण् १।१०६। चिप्र, तेज, चञ्चल।

तृपला (सं० स्त्री०) तृपल-टाप्। १ लता। २ त्रिफला।

तृपलप्रभर्मन् (सं० वि०) १ प्रस्तरादि द्वारा प्रहारकारक, जो पत्थर आदिसे चोट करता हो। २ चिप्र प्रहारकारक, जो बहुत तेजीसे मारता हो।

तृपाना (सं० स्त्री०) तृप-कानच्। लता।

तृप्त (सं० वि०) तृप-क्त। १ तृप्तियुक्त, तुष्ट, अघाया हुआ, जिसकी इच्छा पूरी हो गई हो। २ प्रसन्न, खुश।

तृप्ता (सं० स्त्री०) तृप्त-टाप्। गायत्रीभेद, एक प्रकारकी गायत्री।

तृप्ता (सं० स्त्री०) तृप्त-टाप्। गायत्रीभेद, एक प्रकारको गायत्री।

तृप्तांशु (सं० वि०) तृप्तः अंशुर्यस्य। तर्पितावयव, जिसका शरीर तृप्त हो गया हो।

तृप्ति (सं० स्त्री०) तृप-क्तिन्। भक्षणादि द्वारा आकांक्षा-निवृत्ति, इच्छा पूरी होनेसे प्राप्त शान्ति और आनन्द, संतोष। इसके पर्याय—सौहित्य, तर्पण, प्रीणन् और असितभव हैं।

तृप्तिकर (सं० वि०) तृप्तिं करोति कृ-ट। प्रीतिप्रद, आह्लादजनक, खुश करनेवाला।

तृप्तिदा (सं० स्त्री०) तृप्तिं ददाति दा-क-टाप्। गायत्री-भेद, एक प्रकारकी गायत्री। तृप्ता देखो।

तृप्तिन् (सं० वि०) तृप्तोऽस्त्यस्य तृप्त-णिनि : सुखादिभ्यश्च पा ५।२।१३१) तृप्तियुक्त, प्रसन्न, खुश।

तृप्तिमत् (सं० वि०) तृप्तिः विद्यते अस्य तृप्ति-मतुप्। १ तृप्तियुक्त, आह्लादविशिष्ट। (क्ली०) २ उदक, जल।

तृप्नु (सं० वि०) तृप-क्नु। तृप्तिशील, खुश रहनेवाला।

तृप्र (सं० पु०) तृप्यत्यनेन तृप-रक्। स्फायितच्चीति। उण् २।१३। १ घृत, घी। २ पुरोडास। (क्ली०) ३ दुःख, तकलीफ। (वि०) ४ तर्पक, तृप्त करनेवाला।

तृप्रालु (सं० वि०) तृप्रं दुःखं न सहते असहने तृप्रात्‌आलु। दुःखासहन, जो दुःख सहन न कर सकता हो।

तृफला (सं० स्त्री०) तृम्फति पीड़यति तृफ्-कलच् टाप्। त्रिफला, हड़, बहेड़ा आंवला।

तृफू (सं० स्त्री०) तृफति पीड़यति तृफ-ऊ। सर्प जाति, एक प्रकारका सांप।

तृम्फादि (सं० पु०) धातुगणविशेष। तृम्फ, तुम्फ, दृन्फ, ऋन्फ, गुन्फ, उन्फ, शुन्फ ये सब धातु तृम्फादि हैं।

तृष् (सं० स्त्री०) तृष्-क्विप्। तृषा देखो।

तृषा (सं० स्त्री०) तृष्-टाप्। १ आकांक्षा, इच्छा, अभिलाषा। पर्याय—इच्छा, स्पृहा, ईहा, तृट्, वाञ्छा, लिप्सा, मनोरथ। २ पिपासा, प्यास। ३ कामकन्या, कामदेवकी लड़की। ४ लाङ्गली वृक्ष, कलिहारी। ५ लोभ, लालच।

तृषाभू (सं० स्त्री०) तृषायाः भूरुत्पत्तिस्थानं। क्लोम, पेटमें जल रहनेका स्थान।

तृषालु (सं० वि०) पिपासित, प्यासा।

तृषावान् (सं० वि०) पिपासित, प्यासा।

तृषास्थान (सं० पु०) क्लोम, पेटमें जल रहनेका स्थान।

तृषाह (सं० क्ली०) तृषां हन्ति हन-ड। १ जल, पानी। २ मधुरिका, एक प्रकारको सौंफ।

तृषित (सं० वि०) तृषा जाता अस्य तारकादित्वादितच्। १ तृष्णान्वित, प्यासा। २ लुब्ध, लोभी, लालची। ३ इच्छुक, अभिलाषी।

तृषितोत्तरा (सं० स्त्री०) तृषित उत्तरो यस्याः। अश्मन्तक पर्णोहिच, पटसन।

तृषु (सं० क्ली०) तृ-सुक् पृषोदरादित्वात् साधुः। १ चिप्रता, तेजी, शीघ्रता। (वि०) २ चिप्रतायुक्त, तेज।

तृषुच्यवस् (सं० त्रि०) तृषु च्यवः यस्य। चिप्रगमनयुक्त, बहुत तेज चलनेवाला।

तृषुच्युत् (सं० वि०) तृषु-च्युत्-क्विप्। चिप्रगमनशील, जो तेजीसे चलता है, जिसकी गति बहुत तेज हो।

तृष्ट (सं० वि०) तृष-क्त वेदे बाहुलकात् इड़भावः। १ दाहजनक। २ तृषित, प्यासा।

तृष्टामा (सं० स्त्री०) तृष्टं दाहं अमयति गमयति अम-णिच्-अच्। नदी, दरया।

तृष्णज् (सं० वि०) तृष्यति आकांक्षति तृष नजिङ्। १ लुब्ध, लोभी। २ तृषित, प्यासा।

तृष्णा (सं० स्त्री०) तृष न, सच कित्। १ पिपासा, प्यास। पर्याय—उदन्या, तृष्, तर्ष, तृषा, तर्पण। (जटाधर) २ लिप्सा, लोभ, लालच। ३ अप्राप्त अभिलाष। ४ रोग-

भेद एक बीमारी। इसका विवरण सुश्रुतमें इस प्रकार लिखा है—

मद्यपानसे तृप्ति न हो कर यदि फिर फिर जलकी आकांक्षा बनी रहे तो उसे तृष्णा कहते हैं। यह संक्षोभ, शोक, श्रम, मद्यपान, रूक्ष, अम्ल, शुष्क, उष्ण और कटु द्रव्य भोजन; धातुक्षय, लङ्घन तथा ताप इन सबोंके द्वारा पित्त और वायुकी वृद्धि हो कर जलीय धातुवाही सभी स्रोतोंको दूषित करती है। इन सब स्रोतोंको गाढ़ दूषित हो जानेसे अत्यन्त तृष्णा उत्पन्न होती है। इसकी उत्पत्तिके सात भेद हैं—वायुसे, पित्तसे, श्लेष्मासे, क्षतसे क्षयसे (धातुक्षय), आमसे तथा कटु, तिक्त आदि भोजन करनेसे।

तालु, ओष्ठ, कण्ठ एवं मुखका सूखना, दाह, सन्ताप, मोह, भ्रम, विलाप और प्रलाप ये सब तृष्णाके पूर्व-लक्षण हैं। विशेषतः वायुसे उत्पन्न तृष्णामें मुखशोष, शङ्खदेश (कपालास्थि), शिरोदेश तथा गलदेशमें पीड़ा; स्रोतपथका अवरोध, मुखका वैरस्य और शीतल जलकी इच्छा होती है। मूर्च्छा, प्रलाप, अरुचि, मुखशोष, पीत नेत्र, अत्यन्त दाह, शीताभिलाष, मुखकी तिक्तता और मस्तकसे धूमोद्गम ये सब पित्तसे उत्पन्न तृष्णाके लक्षण हैं। जठरानलके कफ द्वारा संवृत हो जाने पर उसकी वाष्प बढ़ जाती है जिससे जलवाही स्रोतपथ दूषित हो कर शुष्क तृष्णा उत्पन्न करता है।

निद्रा, देहकी गुरुता, मुखकी मधुरता, शीतज्वर, वमन, अरुचि ये सब कफसे उत्पन्न तृष्णाके लक्षण हैं। शोणितके कारण पीड़ा या शोणितके गिरनेसे तृष्णाके सब लक्षण पाये जाने पर भी अधिक जलकी आकांक्षा नहीं रहती। इसको रक्तसे उत्पन्न तृष्णा कहते हैं। रस आदि धातु क्षय होनेसे जो तृष्णा पैदा होती है, दिनरात बार बार जल पीने पर भी उसकी शान्ति नहीं होती। इसे कोई कोई सान्निपातिक तृष्णा कहते हैं। आमज तृष्णामें त्रिदोषके सभी लक्षण दीख पड़ते हैं। इनके सिवा हृद्‌शूल, निष्ठीवन और शरीरमें अवसाद आदि लक्षण भी उत्पन्न होते हैं। अतिशय स्नेह, अम्ल या लवण अथवा गुरुपाक अन्न खानेसे भी तृष्णा पैदा होती है, इसे भोजनसे उत्पन्न तृष्णा कहते हैं। तथापि मनुष्य यदि क्षीण, मानसिक क्रियाहीन और बधिर हो तथा उसका जीभ निकल गई हो, तो रोगको असाध्य समझना चाहिये। (सुश्रुत उत्तरतन्त्र ४८ अ०) भावप्रकाशमें इसका विवरण इस प्रकार लिखा है—

भय, परिश्रम, बल क्षय तथा पित्तवर्द्धक द्रव्य खानेसे पित्त और वायु कुपित हो कर ऊपरको ओर चला जाता है और तालुमें पहुंच कर पिपासा उत्पन्न करता है। अब, कफ, आमरससे दूषित दोष जलवाही स्रोतोंको दूषित कर तृष्णा उत्पन्न करता है। तृष्णाके सात भेद हैं—वातज, पित्तज, कफज, क्षतज, क्षयज, आमज, और अन्नज। सुश्रुतके 'वलिक्षयरोगः' इसमें बहुवचनका प्रयोग होनेके कारण चरकके मतानुसार जिह्वा, हृदय, गलदेश और क्लोम (मूलाधार)को शोष होता है अर्थात् तृष्णा होनेके समय दोष इन्हीं सब स्थानोंमें रहता है।

तृष्णाका सामान्य लक्षण—तृष्णाके उपस्थित होने पर रोगीके तालु, ओष्ठ, कण्ठ और मुखमें वेदना तथा जलन पैदा होती है, एवं सन्ताप, मोह, भ्रम और प्रलाप भी होता है।

वातज तृष्णाका लक्षण—वातसे उत्पन्न तृष्णारोगमें मुखमें मलिनता और विरसता, शङ्ख (कपालास्थि) और मस्तकमें वेदना होती एवं रस और अम्बु वाहिधमनी बन्द हो जाती है।

पित्तजका लक्षण—पैत्तिक तृष्णारोगमें मूर्च्छा, अन्नमें अरुचि, प्रलाप, दाह, रक्ताक्ष, अत्यन्त मुखशोष, शीतल सेवनाभिलाष, मुखकी तिक्तता और धुआं निकलनेके जैसा मालूम पड़ता है।

कफजका लक्षण—कफसे उत्पन्न तृष्णारोगमें आपसे आप कुपित कफ जठराग्निका आच्छादन करता तथा पावक ऊष्माको रोक देता है। यह अवरुद्ध उष्मा जलवाही स्रोतको शोष कर कफ-जनक तृष्णा उत्पादन करती है। इस रोगमें निद्राधिक्य, देहमें गुरुत्व, मुखमें मधुरता और तृष्णापीड़ित व्यक्ति अत्यन्त कृश हो जाता है।

क्षतजका लक्षण—शस्त्रादि द्वारा क्षत मनुष्यको जो वेदना तथा रक्त निःसारके कारण तृष्णा उत्पन्न होती है, उसको क्षतज तृष्णा कहते हैं।

क्षयजका लक्षण—रसक्षययुक्त जो तृष्णा उत्पन्न होती है, उसे क्षयज तृष्णा कहते हैं। क्षयज तृष्णारोगमें रोगी दिनरात सभी समय जल पी कर भी तृप्तिलाभ नहीं कर सकता तथा रसक्षयके सभी लक्षण दिखलाई देते हैं। कोई कोई इसे सान्निपातिक तृष्णा भी कहते हैं।

रसक्षयका लक्षण—रसक्षय होने पर हृदयमें वेदना, कम्प, मुखशोष, हृदयमें शूल, शोष और शून्यता होती है।

आमजका लक्षण—आमज तृष्णा सान्निपातिक तृष्णाकी नाईं लक्षणयुक्त होती है। इसमें हृदयमें वेदना, निष्ठीवन और शरीरमें अवसन्नता होती है।

अन्नजका लक्षण—स्निग्धद्रव्य, अम्ल, लवण और कटु, रसयुक्त द्रव्य तथा गुरुद्रव्य सेवन करनेसे शीघ्र ही तृष्णा उत्पन्न होती है। इस तृष्णाको अन्नज तृष्णा कहते हैं।

उपसर्ग तृष्णाका लक्षण—जिस तृष्णामें रोगीका स्वर क्षीण हो जाता है, मूर्च्छा और क्लान्ति आने लगती है तथा मुखशोष, हृदयशोष और तालुशोष हो जाता है उसे धातु-शोषणकारी तृष्णाको कष्टसाध्य समझना चाहिये।

तृष्णारोगका उपसर्ग और अरिष्ट—ज्वर, मोह, क्षय, कास और श्वासादियुक्त अत्यन्त मुखशोषादि कठिन उपद्रवयुक्त रोगोंमें क्षय और वमिवेगसे कातर ये सब लक्षण रोगीको मृत्युके कारण हैं।

तृष्णाकी चिकित्सा—वातज तृष्णारोगमें वायुनाशक अथच कोमल, लघु और शीतल द्रव्योंसे चिकित्सा करानी चाहिये। वातज तृष्णारोगमें गुड़मिश्रित दही खाना प्रशस्त है। पित्तज तृष्णारोगमें मधुर और तिक्तरसयुक्त द्रव्य तथा तरल और शीतल द्रव्य हितकर है। मोथा, पित्तपापड़, बाला, धनियां, खसकी जड़ और श्वेतचन्दन सभीके मिश्रित परिमाण दो तोलेको दो सेर पानीमें उबालते हैं। जब पानी जल कर एक सेर बचता है, तो उसे उतार लेते हैं। ठण्ढा करके सेवन करनेसे पिपासा दाह और ज्वर घट जाता है। ८ तोले लाईका चूर्ण-को ३८ तोले उष्ण जलमें डाल कर एक रात रख छोड़ते हैं। दूसरे दिन उसमें मधु ४ माशा, गुड़ ४ माशा, गाम्भारीफलचूर्ण ४ माशा और चीनी ४ माशा मिला कर सेवन करनेसे पैत्तिक तृष्णा जाती रहती है।

आर्द्र वस्त्रोंकी शय्या पर सोनेसे तथा उनसे शरी ढकनेसे तृष्णा और उग्र दाह दूर हो जाता है। द्राक्ष इक्षुरस, दुग्ध, यष्ठिमधु, मधु और नीलोत्पल इन स द्रव्योंको पीस कर जलके साथ उसे नाक द्वारा पीने कठिनसे कठिन तृष्णा नष्ट हो जाती है।

अनार, बेर, लोध, कैथ और खट्टा (नीबू) इन सब को एक साथ पीस कर मस्तक पर लेप देनेसे तृष्ण जाती रहती है।

ठण्डा जल भर पेट पी कर पान और अल्प मधु ख कर वमन करनेसे तृष्णा प्रशमित हो जाती है। धनिये के काढ़े को चीनीके साथ प्रति दिन सवेरे पीनेसे तृष्ण और दाह जाता रहता है। आँवला, पद्ममूल, कुट लावा, वटरोहक इन सबको चूर्ण कर मधुके साथ गोल बनाते हैं। बाद उस गोलीको मुखमें रखनेसे प्यास औ दारुण मुखशोष नष्ट हो जाता है। क्षयज तृष्णामें बरा बर भाग जलमिश्रित दूध या मांस रस अथव असम परिमाणका मधुमिश्रित जल हितकर है आमज तृष्णामें बिल्व और वचका क्वाथ सेवन करन चाहिए। अधिक खाने पर यदि तृष्णा उपस्थित हो जा तो वमि करनेसे इसका प्रतिकार होता है। इस प्रक्रिय द्वारा क्षयज तृष्णाके सिवा अन्य प्रकारके तृष्णारोग भी अच्छे हो जाते हैं।

मूर्च्छा, वमि, अनाह, रक्त पित्त और मदात्यय रोगी को एवं रमण और मद्यार्पित व्यक्तिको शीतल जल पिलाना चाहिए। हितकर अन्न और औषधद्वारा तृषित व्यक्तिको तृष्णा दूर करना कर्त्तव्य है, क्योंकि तृष्णाकी शान्ति होनेके बाद अन्य रोगकी चिकित्सा की जा सकती है। तृष्णातुर मनुष्यको यदि जल न मिले तो वह उत्कट व्याधियुक्त वा मरणापन्न हो जाता है। तृष्णामें मोह और मोहसे जीवननाश होता है, इसी कारण इस हालत में जल देना उचित है। भोजन न करनेसे भी जीवन धारण हो सकता है, किन्तु तृष्णातुर मनुष्यको जल न मिले तो शीघ्र ही उसकी मृत्यु हो जाती है।

(भावप्र० तृष्णाधिकार)

तृष्णाक्षय (सं० पु०) तृष्णायाः क्षयो यत्र। १ शान्ति। तृष्णाके नहीं रहने पर आदमी सुखी रहता है। तृष्णायाः

हन्यः ६-तत् । २ पिपासानाश, प्यासका दूर होना।

तृष्णाघ्न (सं॰ त्रि॰) तृष्णां हन्ति तृष्णा-हन्-ठक् । १ जल, पानी। २ तृष्णानाशक, जिससे तृष्णा जाती रहती हो।

तृष्णार्त्त (सं॰ पु॰) तृष्णाया ऋतः ३-तत्। पिपासायुक्त, पिपासाकातर, वह जो प्याससे छटपटाता हो।

तृष्णारि (सं॰ पु॰) तृष्णायाः अरिः ६-तत् । १ पर्पट, पित्तपापड़ा। (त्रि॰) २ तृष्णानाशक, प्यास दूर करनेवाला।

तृष्णातुर (सं॰ पु॰) तृष्णायाः आतुरः ६-तत्। पिपासायुक्त, वह जिसे प्यास लगी हो।

तृष्णालु (सं॰ त्रि॰) तृष्णा अस्त्यर्थे आलु। १ तृषित, प्यासा। २ लुब्ध, लालची, लोभी।

ते (सं॰ अव्य॰) १ त्वया, तुमसे।

तेइस (हिं॰ वि॰) तेईस देखो।

तेइसवां (हिं॰ वि॰) तेईसवां देखो।

तेईस (हिं॰ वि॰) १ जो बीससे तीन अधिक हो। (पु॰) २ वह संख्या जो बीस और तीनके योगसे बनी हो।

तेईसवां (हिं॰ वि॰) जो क्रमसे तेईसके स्थान पर पड़ता हो।

तेंतरा (हिं॰ पु॰) वह लकड़ी जो बैलगाड़ीमें फड़के नीचे लगी रहती है।

तेंतालिस (हिं॰ पु॰) तेंतालीस देखो।

तेंतालिसवां (हिं॰ वि॰) तेंतालीसवां देखो।

तेंतालीस (हिं॰ वि॰) १ जो गिनतीमें चयालिससे एक अधिक हो। (पु॰) २ वह संख्या जो चालीससे तीन अधिक हो।

तेंतालीसवां (हिं॰ वि॰) जो क्रमसे तेंतालीसके स्थान पर पड़ता हो।

तेंतिस (हिं॰ वि॰) तेंतीस देखो।

तेंतिसवां (हिं॰ वि॰) तेंतीसवां देखो।

तेंतीस (हिं॰ वि॰) १ जो गिनतीमें तीससे ज्यादा हो। (पु॰) २ वह संख्या जो तीस और तीनके योगसे बनी हो।

तेंतीसवां (हिं॰ वि॰) जो क्रमसे तेंतीसके स्थान पर पड़ता हो।

तेंदुआ (हिं॰ पु॰) अफ्रीका और एशियाके घने जङ्गलोंमें मिलनेवाला एक हिंसक पशु। यह बिल्ली या चीतेकी जातिका होता है। बल और भयङ्करतामें यह शेर और चीतेसे कम नहीं है। किन्तु यह चीतेसे छोटा होता और चीतेकी तरह इसकी गरदन पर भी अयाल नहीं होती। यह चार पांच फुट लम्बा होता है। इसके शरीरका रङ्ग कुछ पीलापन लिए भूरा होता है। इस जातिके कुछ जानवर काले रंगके भी होते हैं।

तेंदू (हिं॰ पु॰) भारतवर्ष, लङ्का, बरमा और पूर्व-बङ्गालके पहाड़ों और जङ्गलोंमें होनेवाला एक प्रकारका वृक्ष। पुराना होने पर इसके हीरकी लकड़ी बिलकुल काली हो जाती है जो बाजारमें आबनूसके नामसे बिकती है। इसके पत्ते लम्बोतरे, नोकदार, खुरदुरे और महुवेके पत्तोंकी तरहके पर उससे छोटे होते हैं। इसका छिलका काला होता और जलानेसे चिड़चिड़ाता है। २ इसी पेड़का फल। यह नीबूकी तरहका हरे रंगका होता है। जब यह फल पकता है, तब इसका रंग पीला हो जाता और खानेके काममें आता है। इसके कच्चे फलके गुण—स्निग्ध, कसैला, हलका, मलरोधक, शीतल, अरुचि और वातोत्पादक। पक्के फलके गुण—भारी, मधुर, कफकारी और पित्त, रक्तरोग तथा वातनाशक। ३ एक प्रकारका तरबूज जो सिंध और पंजाबमें पाया जाता है।

तेग (अ॰ स्त्री॰) खड्ग, तलवार।

तेगबहादुर (तेजबहादुर)—सिख-सम्प्रदायके ९वें गुरु, ६ठे गुरु हरगोविन्दके पुत्र। हरगोविन्दके तीन स्त्रियोंसे पांच पुत्र थे, जिनमें दामोदरीके गर्भसे ज्येष्ठपुत्र गुरुदत्त हुए थे और नानकीके गर्भसे तेगबहादुर। पिताकी जीवित अवस्थामें ही गुरुदत्तकी मृत्यु हो गई; परन्तु उनके पुत्र हरराय पर हरगोविन्दका बड़ा स्नेह था। इन्हीं हररायको हरगोविन्द अपनी गद्दी दे गये। इस पर नानकीने पतिके सामने अपना दुःख प्रकट किया। मरते समय हरगोविन्द नानकीसे कह गये कि "भविष्यमें तेगबहादुरको ही गद्दी मिलेगी। तुम मेरे इस कवच (तावीज) को रख दो। जब तेग गुरु होगा, तब उसे देना।"

गुरु हररायके भी दो पुत्र थे—रामराय और हरकिसन। हररायके बाद [illegible] की कम उमरमें [illegible]

गये। इनको चेचककी बीमारीमें मौत हो गई। मरते समय वे अपने शिष्योंसे कह गये" कि 'जाओ, तुम्हारे गुरु विपाशानदीके किनारे बकाला ग्राममें हैं।'

तेगबहादुर बहुत दिनों तक पटनेमें थे, उसके बाद नाना स्थानोंमें घूमते हुए गोविन्दवालके पास बकाला ग्राममें पहुंचे और वहीं रहने लगे। हरकिसनकी मृत्युके बाद उनके अनुगत शिष्योंने तेगबहादुरको अपना गुरु बना लिया; किन्तु सोधियोंने हरकिसनके भ्राता रामरायको गुरु बनानेका निश्चय कर लिया था। उनके प्रयत्नसे रामराय दिल्लीमें गुरुपद पर अभिषिक्त हुए। उस समय हरगोविन्दके एक प्रधान शिष्य मक्खनशाह दिल्लीमें ही थे, इनका सिख-सम्प्रदाय पर अच्छा प्रभाव था। अब मक्खनशाह भी गुरुवाक्यको सुसिद्ध करनेकी इच्छासे बकाला पहुंचे और तेगबहादुरको गुरु मान कर उन्हें नजराना भेंट किया; परन्तु तेगबहादुरने उसे ग्रहण नहीं किया, कहा-"मुझे क्यों देते हैं? जो राजा हैं उन्हें नजराना दीजिए।" अन्तमें माता और मक्खनशाहकी कोशिशसे तेगबहादुर गद्दी पर बैठे। माताने उन्हें वह कवच और हरगोविन्दकी तलवार ला कर दी। तेगबहादुरने कहा—"इनको लेने लायक मैं नहीं हूं। आप लोग मुझे तेगबहादुर (महायोद्धा) समझते हैं, मगर मेरा नाम है देग-बहादुर (अर्थात् पाकस्थलोंका रक्षक)।"

तेगबहादुरके अन्तिम वाक्य पर तमाम सिख-समाज उन्हें भक्तिकी दृष्टिसे देखने लगी और उन्हींको सिख-धर्मका रक्षक मानने लगी। थोड़े ही दिनोंमें उनके सैकड़ों शिष्य बन गये। अब तेगबहादुर पितासे भी अधिक प्रसिद्ध हो गये।

पहले इन्होंने सोधियोंके उच्छेदका विचार किया था, किन्तु मक्खनशाहके कहनेसे शान्त हो गये। अब ये महा आड़म्बरसे समय बिताने लगे। हजारों घुड़सवार इनकी आज्ञा पालनेके लिए सशस्त्र तैयार रहते थे। शिष्योंके उपहारोंसे इनके पास यथेष्ट धन भी सञ्चित हो गया था, जिससे कर्त्तापुरमें इन्होंने एक सुदृढ़ दुर्ग बनवाया। वहां इनकी धर्मसभा संस्थापित हुई। रामराय अब तक कोई बहाना ढूंढ़ रहे थे; इन्होंने मौका जान दिल्लीश्वर औरङ्गजेबको खबर दी कि 'तेगबहादुरने पापके साथ शत्रुता करनेके लिए दुर्ग बनवाया है, शीघ्र ही उनका दमन करना चाहिये।" दिल्लीके दरबारसे तेगबहादुरको पकड़ लानेके लिए परवाना निकला। तेगबहादुर अपने परिवार-सहित दिल्ली पहुंचे और वह जयपुरराजके प्रासादमें ठहरे। जयपुरराजने उनकी तरफसे बादशाहको खबर दी, कि "तेगबहादुर एक शान्त एवं शिष्ट फकीर हैं, उच्चपद पाना वा राज्यका अनिष्ट करना उनका उद्देश्य नहीं है। नाना तीर्थोंमें भ्रमण करना ही उनका उद्देश्य है।" कुछ भी हो, इस बार जयपुरराजके प्रयत्नसे तेगबहादुर बाल बाल बच गये। फिर वे जयपुरके राजाके साथ बङ्गालमें चले आये। पीछे ये पटनेमें ही परिवार-सहित रहने लगे। यहां इनकी पत्नी गुजरीने भावी सिख-गुरु प्रसिद्ध गोविन्दसिंहका प्रसव किया। पटनामें तेगबहादुर करीब पांच-छ वर्ष थे, उनका अधिकांश समय पूजा और ध्यानमें व्यतीत होता था। यहीं उन्होंने सिखोंको धर्मनीति सिखानेके लिए एक विद्यालय स्थापित किया।

अनन्तर ये अपने देश लौट आये। कहलूर-राज देवीमाधवसे, ५०० रु० दे कर, इन्होंने आनन्दपुरमें थोड़ीसी जमीन खरीदी, जिसमें मखेरवाल नामक नगर बसाया। अब भी यह नगर मौजूद है, सिख लोग उसे पवित्र मानते हैं।

बङ्गालमें एक उदासीनसे इन्होंने कुछ उपदेश ग्रहण किया था। उस उपदेशके प्रभावसे ये पञ्जाब पहुंचते ही एक डकैत बन गये। हांसी और शतद्रु नदीके मध्यवर्ती समस्त भूभाग इनके उपद्रवोंसे तंग हो गया। बहुतसे गृहस्थ घर छोड़ कर भगने लगे। इसी समय आदम हाफिज नामक एक धर्मध्वजी भी तेगबहादुरके साथ हो लिया। मुगल बादशाहके पंजेसे बचनेके लिए बहुतसे भागे वा छुपे हुए व्यक्तियोंने भी इनका साथ दिया। धीरे धीरे तेगबहादुरका दल शस्त्रधारी हो गया। बादशाहने इनके दमनके लिए फौज भेजी। उसके साथ इनका एक छोटा-मोटा युद्ध भी हो गया। आखिर तेगबहादुर कैद कर लिये गये। दिल्ली जानेसे पहले ये गोविन्दको अपने पद पर अभिषिक्त कर गये। भविष्यमें ये ही गुरु गोविन्दसिंह नामसे प्रसिद्ध हुए हैं। तेगबहा-

हुरके दिल्ली लाये जाने पर, औरङ्गजेबने उनसे धर्म-विषयक बहुतसी बातें पूछीं। अन्तमें उन्होंने तेगबहादुरको मुसलमानधर्म ग्रहण करनेके लिये आदेश दिया। परन्तु तेगबहादुरने मुसलमान होना स्वीकार नहीं किया।

पहले उन्हें कारागारमें रक्खा गया और मुसलमान बनानेके लिये काफी तंग किया गया। अन्तमें तेगबहादुरने बादशाहको कहलवा भेजा कि "दरबारमें मैं अपनी एक करामत दिखाना चाहता हूं"।

औरङ्गजेबने उन्हें दरबारमें हाजिर होनेके लिये हुक्म दिया। तेगबहादुरने एक कागज पर कुछ लिखा और उसे गले पर रख कहा—"मेरे इस मन्त्रके प्रभावसे कटा हुआ शिर जुड़ जायगा।" उन्होंने उसी समय जल्लादसे शिरको अलग कर देनेके लिए कहा। भरे दरबारमें तेगबहादुरका शिर धड़से अलग हो गया। सबने बड़े आश्चर्यसे उस कागजकी ओर दृष्टि डाली, उस पर लिखा था—"शिर दिया, पर सर न दिया" अर्थात् मस्तक दिया पर मनकी बात न दी। १६७५ ई०में यह घटना हुई थी।

तेगबहादुरने इस तरह १२ वर्ष ७ मास २१ दिन गुरुआई की थी। निर्दयी बादशाहने उसी वक्त उनकी देहको रास्तेमें फेंक देनेके लिए हुक्म दिया। दिल्लीवासी सिखोंने गुरुके पवित्र मस्तकका दाह किया और वहां एक समाधि-मन्दिर बनवा दिया। मजहबशाहकी कोशिशसे मजबीसिख (या भाड़दार) उनके उस मस्तक हीन शरीरको आनन्दपुर ले आये। यहां गुरु गोविन्दने महा समारोहसे पिताका ऊर्ध्वदैहिक कार्य समाप्त किया। आनन्दपुरमें तेगबहादुरके स्मरणार्थ एक बड़ा मन्दिर बनवाया गया।

अब भी सिख-सम्प्रदाय तेगबहादुरको "सच बादशाह" कह कर उनका खूब सम्मान करता और भक्ति दिखलाता है।

तेंगा (सं० स्त्री०) तिङ्ग-पुंसि घ जस्य गः। अप्रसिद्ध देवता भेद, एक सामान्य देवताका नाम।

तेगा (अ० पु०) १ खड्ग, खिड़ा। २ दरवाजेको ईंट पत्थर मट्टी आदिसे बंद करनेकी क्रिया। ३ कुश्तीका एक दांव या पेंच। इसका दूसरा नाम कमरतेगा है। ...

तेङ्कुम्बला—दक्षिण कनाड़ाका एक ग्राम। यह कासरगोड़से ८ कोस उत्तरमें समुद्रके किनारे अवस्थित है। यहां इक्केर राजाओंका बनाया हुआ एक पुराना किला है। किलेके प्रवेशद्वार पर एक कर्णाटी शिलालेख देखनेमें आता है।

तेङ्करइ—मदुरा जिलेमें पेरिय कुलमसे आधकोस पूर्वमें अवस्थित एक पुण्यस्थान। यहांका सुब्रह्मण्यका मन्दिर बहुत पुराना है। मन्दिरमें बहुतसे शिलालेख विद्यमान हैं।

तेङ्करइ—तिन्नेवेलि जिलेके अन्तर्गत तेङ्करइ तालुकका एक सदर। इसका दूसरा नाम आड़वारतिरु नगरी है। यह अक्षा० ८° ३५´ उ० और देशा० ७८°७´३०´´ पू० तुतकुड़ीसे १८ कोस दक्षिण-पश्चिममें तथा ताम्रपर्णी नदीके दाहिने किनारे अवस्थित है। यहां तेङ्करइ सरोवरके बगलमें एक शिलालेख मौजूद है।

तेङ्काशि—मन्द्राजके तिन्नेवेलि जिलेका एक तालुक। यह अक्षा० ८°४८ और ८°८´ उ० तथा देशा० ७७° ११´ और ७७° ३८´ पू०में पड़ता है। भूपरिमाण ३७४ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः ११४,४३० है। इसमें तीन शहर और ८२ ग्राम लगते हैं।

२ तिन्नेवेलि जिलेके इसी नामके तालुकका एक शहर। यह अक्षा० ८°५८´ उ० और देशा० ७७°१८´ पू० तिन्नेवेलि शहरसे ३३ मीलकी दूरी पर अवस्थित है। लोकसंख्या लगभग १८१२८ है।

दक्षिणकाशी शब्दके अपभ्रंशसे तेङ्काशि नाम पड़ा है। यहांके अधिवासी इस स्थानको काशीके जैसा पवित्र समझते हैं। यहांका विश्वनाथस्वामीका मन्दिर प्रसिद्ध है। इसके सिवा और भी कई एक शिवालय हैं जिसमें काशी विश्वनाथस्वामीका मन्दिर बहुत सुन्दर दीख पड़ता है। यहांके स्थलपुराणमें उक्त मन्दिर तथा यहांके तीर्थोंका माहात्म्य लिखा है। इन सब मन्दिरोंमें पाण्ड्यराजाओंके समयमें उत्कीर्ण बहुतसे शिलालिपि देखे जाते हैं।

किसी समय यह दक्षिणकाशी दुर्गम दुर्ग प्राचीर आदिसे घिरा हुआ था। अंग्रेजोंके युद्धकालमें वे सब तहस नहस कर डाले गये।

तेङ्गल (तेङ्गलई)—मन्द्राज प्रदेशके वैष्णवोंको एक श्रेणी। इस प्रदेशके वैष्णवगण दो सम्प्रदायोंमें विभक्त हैं—एक बड़गल या उत्तरवेदी और दूसरा तेङ्गल या दक्षिणवेदी। रामानुजके समय ये लोग एक ही सम्प्रदायभुक्त थे। इसके बाद रामानुजके शिष्य मनवलमनुक्षि या राम्यज मविके मतावलम्बी तेङ्गल और रामानुजके अन्य शिष्य वेदान्ताचार्य या वेदान्तदेशिकके अनुवर्ती लोग बड़गल-नामसे प्रसिद्ध हुए। किसी किसीका कहना है, कि काञ्चीपुरवासी वेदान्तदेशिकने यह प्रचार किया था कि "मैं दाक्षिणात्यके ब्राह्मणकुलके आचार-व्यवहारका संशोधन करने और दाक्षिणात्यमें उत्तरापथके सनातन शास्त्र एवं धर्मको पुनः प्रतिष्ठाके लिए भगवान्‌द्वारा प्रेरित हुआ हूं।" बड़गलोंने उनका मत मान लिया, पर तेङ्गलोंमें किसीने भी नहीं माना। इसलिए दोनों दलोंमें विषम विरोध खड़ा हो गया। परन्तु दोनों सम्प्रदाय विष्णुके उपासक हैं। बड़गल लोग विष्णुकी भांति विष्णु-शक्तिका अस्तित्व और उसका प्रभाव भी मानते हैं, किन्तु और किसी भी विषयमें उनकी सामंजस्यता स्वीकार नहीं करते। इसी मतभेदको ले कर दो दलोंमें विरोध और विषम विद्वेष खड़ा हो गया है। इस विषयमें अनेक वादानुवाद भी हो चुका है।

इसके सिवा तिलकसेवाके विषयमें भी बहुत वाक्‌वितण्डा हुआ करता है। तेङ्गलोंके तिलकमें सिंहासन होता है, पर बड़गलोंमें नहीं पाया जाता। दोनों ही दल अपने अपने तिलकको शास्त्रसम्मत और विपक्षियोंके तिलकको शास्त्रविरुद्ध सिद्ध करनेकी चेष्टा करते रहते हैं। कभी कभी इस विषयको ले कर लड़ाई भी हुआ करती है।

बड़गल और तेङ्गल दोनों विरुद्धवादी होने पर भी एक जाति होनेसे परस्पर विवाह सम्बन्ध होता है।

तेज (हिं॰ पु॰) तेजस् देखो।

तेज (फा॰ वि॰) १ तीक्ष्ण धारका, जिसकी धार पैनी हो। २ जो चलनेमें बहुत तेज हो। ३ जो काम करनेमें फुरतीला हो। ४ तीक्ष्ण, तीखा, झालदार। ५ बहुमूल्य, महँगा। ६ उग्र, प्रचण्ड। ७ जिसमें भारी प्रभाव हो। ८ जिसकी बुद्धि बहुत तीक्ष्ण हो। ९ जो बहुत चञ्चल या प्रबल हो।

तेजःपुञ्ज (सं॰ पु॰) तेजसां पुञ्जः। तेजोराशि, आभाका समूह।

तेजःफल (सं॰ क्लो॰) तेजसे फलमस्य तेजः फलति वा फल-अच्। वृक्षभेद एक पेड़का नाम, तेजफल। पर्याय—बहुफल, शाल्मलीफल, स्तवकफल स्त्रोयफल, गन्धफल, कण्टवृक्ष। गुण—यह कटु, तीक्ष्ण, सुगन्ध, दीपन, वातश्लेष्मा और अरुचिनाशक तथा शूलरक्षाकारक है।

तेजकरण—ग्वालियरके एक राजा। इनका दूसरा नाम दुल्हाराय था। भट्ट कवि खड्गराय आदिके ग्रन्थोंमें तेजकरणको विस्तृत आख्यायिका लिखी है। देवसाके राजा रणमल्लकी कन्याके साथ इनका विवाह हुआ था। रणमल्लके कोई पुत्र न था, इसलिए उन्होंने तेजकरणको ही अपना राज्य दे दिया। तेजकरणके विषयमें खड्गराय, टाड साहब और जनरल कनिङ्हमने जो निरूपण किया है, वह यथार्थ नहीं मालूम पड़ता।

देखो ग्वालियर शब्द, पृष्ठ ७४१, भाग ६।

तेजधारी (हिं॰ वि॰) तेजस्वी, प्रतापी।

तेजन (सं॰ पु॰) तेजयति शाम्यं अग्निमिति वा तिज-णिच्-ल्यु। १ वंश, बांस। २ मुञ्ज, मूंज। ३ भद्रमुञ्ज, रामशर, सरपत। (क्लो॰) ४ दीपन, दीप्त करने या तेज उत्पन्न करनेकी क्रिया या भाव। ५ भोजन। ६ चटाई। ७ सिरके बालका गुच्छा।

तेजनक (सं॰ पु॰) तिज-णिच्-ल्यु, संज्ञायां कन् वा। शरतृण, सरपत।

तेजनाख्य (सं॰ पु॰) तेजन आख्या यस्य। मुञ्ज तृण, मूंज।

तेजनाह्वय (सं॰ पु॰) मुञ्ज तृण, मूँज।

तेजनी (सं॰ स्त्री॰) तेजन-गौरा॰ ङीष्। १ मूर्वा। २ चविका, चव्य, चाब। ३ तेजोवती, तेजवल। ४ ज्योतिष्मती, मालकँगनी।

तेजपत्ता (हिं॰ पु॰) दारचीनीकी जातिका एक पेड़। संस्कृतमें इसका नाम तमाल है और अंगरेजी उद्भिद् शास्त्रोंमें Cinnamomum Tamala। इससे अनुमान किया जाता है, कि यह संस्कृत उद्भिद्शास्त्रोंके तमाल जातीय वृक्षोंके अन्तर्गत है। अंगरेजी उद्भिद् शास्त्रोंमें इसका दूसरा नाम Cassia Lignea या Cassia Cinnamon है।

तेजपत्ता दो प्रकारका होता है– तेजपत्ता (Cinnamomum Tamla) और राम तेजपत्ता (Cinnamomum Obtusifolium)

तेजपत्तेका पौधा अधिक बड़ा नहीं होता। जिस स्थान पर कुछ समय तक अच्छी वर्षा हो कर पीछे धूप पड़ती हो, वहां यह पेड़ अच्छी तरह बढ़ता है। हिमालयके पूर्वांशमें यह ३ से ७ हजार फुटकी ऊंचाई पर पाया जाता है। सिक्किम, दारजिलिङ्ग, कांगड़ा, जयन्तिया, खासिया, ब्रह्मदेश और अन्दामन द्वीपमें यह बहुत उपजता है। सिन्धुके किनारेसे ले कर शतद्रुके किनारे तक भी इसका पेड़ कहीं कहीं देखनेमें आता है। जयन्तिया और खासियामें इसकी खेती होती है। इसके बीजको सात सात फुटकी दूरी पर बोते हैं। पौधा जब पांच वर्षका हो जाता है, तब उसे दूसरे स्थान पर रोप देते हैं। जब तक इसके पौधे छोटे रहते हैं, तब तक विशेष रक्षाकी आवश्यकता होती है। धूप आदिसे बचानेके लिए उन्हें झाड़ियोंकी छायामें रख देते हैं। पांचवें वर्षमें जब यह दूसरे स्थान पर रोपा जाता है, तभी इसके पत्ते काममें आने योग्य हो जाते हैं।

इसकी छाल और पत्तियां दोनों ही काममें लाई जाती हैं। दारचीनीकी नाईं तेजपत्तेकी छाल भी सुगन्धित होती है और बहुत कुछ दारचीनीके साथ मिलती जुलती भी है। छालसे एक प्रकारका तेल और साबुन तथा पत्तियोंसे एक प्रकारका रंग बनाया जाता है।

छाल।—दारचीनीकी नाईं इसके धड़ और मोटी डालियोंसे छाल निकाल कर उसे दारचीनीकी तरह काममें लाते हैं। दारचीनीकी अपेक्षा इसकी छाल पतली होती है सही, पर उस तरह सिकुड़ी नहीं होती, वरन् ठीक गोलनल जैसी रहती है। दारचीनीकी छालका ऊपरी भाग यत्नपूर्वक छिलका काट कर अलग कर दिया जाता है, वैसा इसमें नहीं। इसी कारण इसमें कहीं कहीं ऊपरी भाग भी लगा हुआ दीख पड़ता है। इसकी शाखा या धड़की छालकी अपेक्षा मूलतन्तुकी छालमें दारचीनीकी गन्ध अधिक रहती है। मणिपुर प्रान्तमें पौधेकी छाल न लेकर मूलतन्तुकी छाल ही ली जाती है। तेजपत्तेकी छालका गुण भी दारचीनीके जैसा है, लेकिन उतना उत्कट नहीं। केवल मूलतन्तुकी छालका गुण दारचीनी सरीखा देखनेमें आता है। चीनके काण्टन, कलकत्ता और बम्बई आदि स्थानोंमें इसका खूब व्यवसाय होता है।

तेल –इसकी छालका ऊपरी भाग जो काट कर अलग कर दिया जाता है, उसीसे एक प्रकारका सुगन्ध तेल बनता है। १० सेर छालमें लगभग ।/ छटांक तेल निकलता है। यह तेल देखनेमें स्वच्छ, पीतवर्ण तथा दारचीनीके समान गन्धविशिष्ट होता है, किन्तु गुणमें दारचीनीके तेलसे कुछ हीन है। इस तेलसे खास कर साबुन (Military soap) बनाया जाता है।

फूल और फल—इसका फूल और फल ठीक लवङ्ग जैसा होता है। फल बढ़ने नहीं दिया जाता। यह भी छालकी नाईं गुणविशिष्ट है। प्राचीन कालमें हिपोक्रस (Hippocras) नामक सुगन्ध मद्य इसीसे बनाया जाता था। यूरोपमें यह Cassiabud नामसे और बम्बईमें 'काली नागकेशर' नामसे मशहूर है। चीन और दक्षिण भारतवर्षसे यह बम्बईको भेजा जाता है। 'चीना' और 'मलयारी' नामसे इसके दो भेद हैं। दक्षिण प्रदेशके मुसलमान लोग व्यञ्जनादिको सुगन्धित करनेके लिये इसे मसालेकी तरह काममें लाते हैं।

पत्ता—तेजपत्तेकी पत्तियां साधारणतः भारतवर्षमें शाक तरकारी आदिमें मसालेकी तरह डाली जाती हैं और औषधके काममें भी लाई जाती हैं। प्रति वर्ष कुआंरसे अगहन तक और कहीं कहीं फागुन तक इसकी पत्तियां तोड़ी जाती हैं। साधारण वृक्षोंसे प्रति वर्ष, और पुराने तथा दुर्बल वृक्षोंसे प्रति दूसरे वर्ष पत्तियां ली जाती हैं। प्रत्येक वृक्षसे प्रति वर्ष १०से २५ सेर तक पत्तियां निकलती हैं। छींटका रंग बनानेके समय इसकी पत्तियोंको हड़, बहेड़ा और आंवलेके साथ मिला लेते हैं, जिससे रंग पक्का हो जावे। इसी उद्देशसे प्रतिवर्ष ५००।६०० मन पत्तियोंकी शामगांव और मरदाके मध्यवर्ती स्थानोंसे रफ्तनी होती है।

औषध—इसकी छाल और पत्तियां आयुर्वेदमें उत्तेजक रूपमें एवं उदरामय और आमाशयमें केवल

पत्तियां ही व्यवहृत होती हैं। हकीम लोग मूत्रकृच्छ्र, पीड़ा, उदरामय, पेटव्यथा, सर्पदंशन और अफीमके विषमें इसकी पत्तियोंका प्रयोग करते हैं। इसके फूल और फल लवङ्गके बदले व्यवहृत होते हैं। और तेलसे सिर-दर्द, अर्धकपारी जाती रहती है। पीपल, मधु और तेजपत्तोंका अवलेह सेवन करनेसे खांसी, सरदी और श्लेष्म दूर हो जाती है। यदि प्रसवका स्राव दूषित हो कर अधिक गिरने लगे तो इसके पत्तोंका चूर्ण खिला देनेसे अच्छा हो जाता है। वैद्यगण भी बहुतसे ज्वरोंकी औषधमें इसकी पत्तियोंका व्यवहार करते हैं। जापानमें एक श्रेणीका तेजपात है जिसके मूलतन्तुसे यथेष्ट कर्पूर निकलता है।

बहुतोंका मत है, कि यह पेड़ भारतवर्षका आदिम पेड़ नहीं है। पहले पहल चीन देशसे यह इस देशमें आया था। और अभी इसका प्रचार बहुत दूर तक हो गया है। किन्तु यह ठीक प्रतीत नहीं होता। क्योंकि तेजपत्तोंका व्यवहार भारतवर्षमें बहुत पहलेसे था। ईसाके जन्म पहलेसे भी इसके पत्ते भारतवर्षसे युरोपमें भेजे जाते थे। प्लिनीने मालबथम (Malabathrum) नामक जिस पत्रका उल्लेख किया है, वही भारतीय तमाल पत्रम् शब्दका अपभ्रंश है। चीनसे प्रति वर्ष लगभग ढाई लाख रुपयेकी छाल और पत्तियां इस देशमें आती हैं और अरब, पारस्य तथा तुरुष्क देशोंमें प्रायः लाख रुपयेका द्रव्य भेजा जाता है।

तेजपत्र (सं॰ क्लो॰) तेजयति तिज-णिच्-अच् तेज पत्रमस्य। स्वनामख्यात पत्र, तेजपत्ता। पर्याय—गन्धजात, पत्र, पत्रक, त्वक्‌पत्र, वराङ्ग, भृङ्ग, चोच, उत्कट। गुण—यह कफ, वायु, अर्श, हृल्लास और अरुचिनाशक है। भावप्रकाशके मतानुसार—यह लघु, उष्ण, कटु, स्वाद, तिक्त, रूक्ष, पिच्छल, कफ, वात, कण्डु, आम और अरुचिनाशक है। तेजपत्ता देखो।

तेजपाल—गुर्जरके एक विख्यात मन्त्री। अश्वराजके पुत्र, वस्तुपालके भाई, चौलुक्यराज वीरधवलके बन्धु और प्रधान मन्त्री। इनकी स्त्रीका नाम था अनुपमा और पुत्रका लावण्यसिंह। जैनधर्मके ये प्रधान उत्साहदाता थे। १३ वीं शताब्दीमें तेजपाल और वस्तुपाल प्रचुर रुपये व्यय कर अर्बुद और गिरना पहाड़के ऊपर तीर्थङ्करोंके उद्देशसे कई एक सुन्दर और सुरम्य जैन-मन्दिरोंका निर्माण कर गये हैं। आबू और वस्तुपाल देखो।

तेजपुर—१ आसामके दरंग जिलेका प्रधान नगर और सदर। यह अक्षा॰ २६° ३७' १५" उ॰ और देशा॰ ९२° ५२' ५" पू॰में ब्रह्मपुत्रके उत्तरी किनारे भरली और ब्रह्मपुत्रके सङ्गम स्थान पर अवस्थित है।

इस नगरकी बनावट अच्छी है, दो छोटे छोटे पहाड़ोंके मध्य समतल क्षेत्रके ऊपर नगर बसा हुआ है। यह बहुत प्राचीन नगर है। इसके पास ही शिल्पनैपुण्ययुक्त प्राचीन देवालयका भग्नावशेष देखा जाता है। किसी किसी प्राचीन भग्न मन्दिरमें शिलालेख है। देवद्वेषी मुसलमानोंके उत्पातसे इन मन्दिरोंका सत्यानाश हो गया है।

प्रवाद है—यहां बाण राजाके साथ श्रीकृष्णका युद्ध हुआ था। यहां राजकीय कार्यालय, कारागार, अंगरेजी विद्यालय और दातव्य चिकित्सालय है। दिनों दिन इस शहरकी उन्नति देखी जाती है। वाणिज्य-व्यवसाय भी दिन दूना और रात चौगुना बढ़ रहा है।

२ बंबईके अन्तर्गत महीकांटेका एक छोटा राज्य।

तेजबल (हिं॰ पु॰) हरिद्वार तथा उसके आस पासके प्रान्तोंमें अधिकतासे होनेवाला एक कांटेदार जङ्गली वृक्ष। इसका छिलका लाल मिर्चकी तरह बहुत चरपरा होता है। पहाड़ी लोग दाल मसाले आदिमें इसकी जड़ मिर्चकी तरह काम लाते हैं। इसकी जड़की छाल चबानेसे दांतका दर्द जाता रहता है। गुण—यह गरम, चरपरा, पाचक, कफ और वातनाशक तथा श्वास, खांसी, हिचकी, और बवासीर आदिका नाशक है।

तेजल (सं॰ पु॰) तेजसि अतिशयेन पालयति शावकानिति तेज-आ-ला-क। कपिञ्जल पक्षी, चातक, पपीहा।

तेजवती (सं॰ स्त्री॰) तेजोवती, तेजबल।

तेजवन्त (हिं॰ वि॰) तेजवान देखो।

तेजवान् (हिं॰ वि॰) १ तेजस्वी, जिसमें तेज हो। २ वीर्यवान्। ३ बली, ताकतवाला। ४ कान्तिमान्, चमकीला।

तैजस (सं॰ क्लो॰) तेजयति तेज्यते ऽनेन वा तिज-असुन्। दीप्ति, कान्ति, चमक दमक। २ प्रभाव, रोब दाब। ३ पराक्रम, जोर, बल। ४ रेतस्, शुक्र, वीर्य। ५ देह कान्ति, शरीरकी चमक दमक। ६ नवनीत, मक्खन, नैनी। ७ वह्नि, अग्नि, आग। ८ सुवर्ण, सोना। ९ मज्जा। १० पित्त। ११ अधिक्षेप और अपमानादि असहनरूप नायकका गुणभेद। पर प्रयुक्त अधिक्षेप और अपमानादि प्राणनाश और सह्य नहीं करनेका नाम तेज है। १२ मांस रसादि शुक्रान्त: धातुका तेज पदार्थ।

गर्भोत्पत्तिके समय तेजधातु जब अधिकांश जल धातुके साथ मिलती है, तब गर्भ गौरवर्ण और जब पार्थिव धातुके साथ मिलती है; तब कृष्णवर्ण हो जाता है। अधिकांश पृथ्वी और आकाश धातुके साथ मिलनेसे कृष्णश्याम और अधिकांश जलीय तथा आकाश धातुके साथ मिलनेसे, गौरश्याम हो जाता है। तेजधातु अन्धा दृष्टिशक्तिके साथ जब नहीं मिलती, तब जात बालक शोणितके साथ मिलनेसे रक्ताक्ष, पित्तके साथ मिलनेसे अक्षु पीतवर्ण, श्लेष्माके साथ मिलनेसे शुक्लाक्ष और वायुके साथ मिलनेसे विकृताक्ष होता है। (सुश्रुत शारीरस्थान)

१३ प्रागल्भ्य, साहस। १४ पराभिभव सामर्थ्य। तेज रहनेसे दूसरेको परास्त करनेकी सामर्थ्य रहती है। १५ शत्रुका अनभिभाव्यत्व, वह गुण जिससे शत्रु विजय नहीं प्राप्त कर सकता। १६ अप्रतिहताज्ञत्व, वह आज्ञा जिसे उल्लंघन नहीं कर सकते। १७ चैतन्यात्मक ज्योतिः। १८ सत्वगुणजात लिङ्गदेह, सत्वगुणसे उत्पन्न लिङ्ग शरीर। १९ अश्वका वेग, घोड़ेकी चलनेकी तेजी घोड़ोंका स्वाभाविक स्फुरण (हिलाव) ही तेज है। यह तेज दो प्रकारका है, सततोत्थित और भयोत्थित। घोड़ोंको चलाये बिना जो स्वाभाविक स्फुरण होता है, उसीका नाम सततोत्थित तेज है। चाबुकसे अथवा भय दिखलानेसे जो स्फुरण होता है, उसे भयोत्थित तेज कहते हैं। (भोजराज)

२० पञ्चमहाभूतका तृतीय भूत, पांच महाभूतोंमेंसे तीसरा भूत। इसका स्पर्श उष्ण, रूप शुक्ल और भास्वर है। किसी वस्तुके स्पर्श करनेसे जो उष्णता मालूम पड़ती है, उसका नाम तेज है। यह तेज, शब्द और तन्मात्रके साथ रूप तन्मात्रसे उत्पन्न हुआ है। इसी कारण तेजमें तीन गुण है, शब्द, स्पर्श और रूप। (सांख्यद॰)

न्याय और वैशेषिक दर्शनके मतसे यह दो प्रकारका है—नित्य और अनित्य। परमाणुरूप नित्य है और कार्यरूप अनित्य। यह अनित्य अर्थात् कार्यरूप तेज शरीर, इन्द्रिय और विषयके भेदसे तीन प्रकारका है। शरीर तेज, आदित्यलोकमें प्रसिद्ध है, इन्द्रियतेज रूपग्राहक चक्षु है और विषयतेज चार प्रकारका है—भौम, दिव्य, औदर्य तथा आकरज। भौम, अग्नि प्रभृति है, दिव्य विद्युदादि है, भुक्तद्रव्योंके परिपाकका कारण औदर्य है और उदरमें जो तेज है उससे भुक्तद्रव्य परिपक्व हो कर शरीर पुष्ट होती है। आकरज सुवर्णादि है। इसका धर्म, रूप, द्रवत्व प्रत्यक्षयोगित्व है। इसका गुण—स्पर्श, संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, रूप, द्रव्य, वेग, तेजका द्रवत्व और नैमित्तिक है, किन्तु यह सांसिद्धिक द्रव पदार्थ नहीं है, निमित्तके लिए ही द्रव्य हुआ करता है।

रूप, दर्शनेन्द्रिय, पाक, सन्ताप, तीक्ष्णता, वर्ण (गौरादि), भ्राजिष्णुता, अमर्ष, शौर्य और साहस ये सब तेजके गुण हैं अर्थात् तेजसे ये सब उत्पन्न होते हैं। शरीरमें तेज पदार्थ है इसीसे प्राणी रूपवान् दर्शनेन्द्रिय-सम्पन्न प्रभृति गुणविशिष्ट होते हैं और उसीसे भुक्त द्रव्य भी भली भांति परिपक्व हो जाता है। २१ तेजस्वी उपचारके कारण तेजस् शब्दसे तेजस्वीका बोध होता है। (भारत अनुशा॰)

तेजसिंह—प्रसिद्ध सिक्ख-सेनापति। ये गौड़ब्राह्मणवंशमें उत्पन्न हुए थे। इनका असल नाम तेजराम और इनके पिताका नाम निधिराम था। ये महाराज रणजित् सिंहके प्रियपात्र खुशालसिंहके भतीजे थे। खुशालसिंह रणजितसिंहके यहां दारपालकका काम करते थे। खुशालसिंहसे आज्ञा लिये बिना कोई भी रणजित सिंहसे मुलाकात नहीं कर सकता था। जब कभी कोई संभ्रान्त व्यक्ति रणजितसिंहसे मुलाकात करना चाहते थे, तब खुशालसिंहको बहुत बड़ी छाप लगते थे। इस प्रकार खुशालसिंह कोई कोई बहुत जल्दी ही बड़े और

सिखराज्यमें एक प्रधान व्यक्ति समझे जाने लगे। मेरठ-में उनका आदि निवास था। वहांसे इन्होंने तेजरामको सिख-दरबारमें बुलावा भेजा। १८१६ ई०में तेजरामने सिखधर्म अवलम्बन कर अपना नाम तेजसिंह रखा। अपने चाचाकी तरह ये भी धीरे धीरे सिख-दरबारमें गण्य-मान्य हो उठे।

१८४५ ई०की २१ सितम्बरको जवाहिरसिंहकी हत्याके बाद महारानी झिन्दन लालसिंहको प्रधान वजीर और तेजसिंहको प्रधान सेनापति बना कर राज्य चलाने लगीं। किन्तु लालसिंह और तेजसिंह पर खालसा सेना बहुत विरक्त थी। अनेक कारणोंसे वह विरक्ति-भाव क्रमशः बद्धमूल होने लगा। इस समय खालसा-सेनाकी क्षमता भी कुछ बढ़ गई थी। सभी राजपुरुष उससे डरा करते थे। इस कारण तेजसिंह खालसा-सेना-के पराक्रमको खर्व कर डालनेके लिये नाना प्रकारकी चेष्टाएं करने लगे। लालसिंहने भी इस षड्यन्त्रमें हाथ दिया। इन्होंने यह स्थिर कर लिया कि वृटिश सेनाके सिवा खालसा सेना किसीसे भी विदलित नहीं हो सकती। उन्होंने दरबारमें यह घोषणा कर दी कि अंग-रेजी सेना शतद्रु नदी पार कर सिख राज्य पर आक्रमण करनेको आ रही है। इस समय उन्हें भी वृटिशराज्य पर धावा मारना उचित है। एक दिन दरबारमें प्रधान प्रधान सिख-योद्धाओंके सामने दीवान दीननाथने कई एक मिथ्या पत्र पढ़ कर यह कहा, कि मातृभूमिकी रक्षाके लिये अभी सभीको अस्त्रधारण करना उचित है। महारानीकी इच्छा है, कि राजा लालसिंह वजीर और तेजसिंह प्रधान सेनापति हों।

स्वदेशानुरागी खालसा सेना यह सुन कर उत्तेजित हो उठी। इस समय राजा लालसिंहको वजीर और तेजसिंहको सरदार बनानेमें किसीने आपत्ति न की। नीचाशय तेजसिंहने अभी खालसा-सेनाके ऊपर अपना आधिपत्य पा कर उन्हें ध्वंस करना चाहा। विना किसी कारणके सिखयुद्ध छिड़ गया। जहां जहां खालसा सेनाके साथ वृटिशसेनाका संसर्ग था, वहां दुर्मति तेजसिंहने विश्वासघातकता करनेमें कोई कसर उठा न रक्खी, किन्तु सिखसेनाने इस ओर तनिक भी ध्यान न दिया। बार बार अपने सरदारकी कूटनीति देख कर भी वह जैसी वीरता दिखलाती आ रही थी, वह अत्यन्त प्रशंसनीय थी। जहां अंगरेजोंकी जीतकी कुछ भी आशा न थी, तेजसिंहकी विश्वासघातकतासे वहां उन्होंने बहुतोंकी खूनखराबी कर जय प्राप्त कर ली। जिस फिरोजशाहके युद्धमें सिख सेनाकी सम्पूर्ण रूपसे हार हुई थी, जिस विख्यात युद्धमें अंगरेजी सेनानायकोंने स्वदेशमें सम्मान प्राप्त किया था, वह युद्ध केवल इसी दुर्वृत्त तेजसिंहकी विश्वासघातकतासे समाप्त हुआ था। उस युद्धमें तेजसिंह बीस हजार पदाति और पांच हजार अश्वारोही सेनाओं-के साथ उपस्थित थे।

उन्होंने अपनी आंखोंसे लालसिंहकी पराजय देखी थी, लेकिन वे कुछ भी मदद न पहुंचाई। वे परिश्रान्त और निरुपाय वृटिशसेनाकी अवस्थासे भी अच्छी तरह जानकार थे। उनके सभी योद्धा युद्ध करनेके लिये उत्तेजित हो गए थे, लेकिन कापुरुष तेजसिंह विश्वघातकतासे उन्हें भुलावेमें डाल कर शतद्रु नदीके पार लौटा लाये। अन्तमें जब उन्हें तेजसिंहकी चालबाजी अच्छी तरह मालूम हो गई, तब वे दांत पीस कर रह गये। प्रथम सिखयुद्धके बाद तेजसिंहने वृटिश-शिविरमें जा कर गवर्नर-जेनरलसे मुलाकात की और सन्धि करनेको कहा, किन्तु बड़े लाटने उनका प्रस्ताव नामंजूर कर दिया। अन्तमें सिखसेनाके भयसे तेजसिंह दहल उठे। कब कौन आ कर उनका प्राण ले लेगा, इस आशङ्कासे उन्हें रातको नींद नहीं आती थी। उन्होंने किसी ज्योतिषीके कहनेसे निरापद रहनेके लिए एक अद्भुत दुर्ग बनवाना विचारा था। जो कुछ हो, अन्तिम दशामें वे मानसिक दुःखसे ही पञ्चत्वको प्राप्त हुए थे।

यदि सरदार तेजसिंह पद पदमें विश्वासघातकता नहीं करते, तो सिखयुद्धका इतिहास भिन्नरूपसे लिखा जाता। सिखयुद्ध देखो।

तेजसिंह—१ प्राग्वाटवंशीय एक सामन्त। इनके पिताका नाम विजयसिंह और पितामहका नाम विक्रम था। इन्होंने देवप्रासादकृति नामक एक ज्योतिर्ग्रन्थ रचा है।

२ बुन्देलखण्डवासी एक कवि। ये जातिके कायस्थ थे। ये दफतरनामा ग्रन्थ बना गये हैं।

तेजसी—मारवाड़के एक राजपूत कवि। इनकी सभी कविताएं सराहनीय होती थीं।

तेजस्कर (सं० वि०) तेजः करोति कृ-ट। तेजोवृद्धिकारक, तेज बढ़ानेवाला।

तेजस्य (सं० वि०) तेजसि साधु-यत्। १ तेजःसाधन। (पु०) २ महादेव।

तेजस्व (सं० पु०) महादेव, शिव।

तेजस्वत् (सं० त्रि०) तेजस् अस्त्यर्थे मतुप् मस्य व। तेजोयुक्त, तेजस्वी, तेजयुक्त।

तेजस्वती (सं० स्त्री०) गुणवर्माकी कन्या। कथासरित्सागरमें इसकी कथा इस प्रकार लिखी है—उज्जयिनीमें आदित्यसेन नामक एक राजा थे। एक दिन ससैन्य गङ्गाके किनारे टहल रहे थे। उस प्रदेशके गुणवर्मा नामक किसी धनी व्यक्तिके तेजस्वी नामकी एक कन्या थी। गुणवर्माने आदित्यसेनको उपयुक्त वर जान अपनी लड़कीका विवाह उनके साथ कर दिया। राजा तेजस्वतीके रूप और गुण पर मोहित हो राजकार्य भी भूल गये थे। कुछ दिन बाद इनके गर्भसे एक कन्या उत्पन्न हुई। राजा तेजस्वतीके रूपसे इतने मुग्ध हो गये थे कि एक दण्ड भी उन्हें अलग नहीं रख सकते थे। एक दिन राजाने उन्हें हाथी पर चढ़ा और आप घोड़े पर चढ़ शत्रु-राज्य पर चढ़ाई करनेके लिये प्रस्थान किया। रास्तेमें महिषीको खुश करनेके लिये राजाने बहुत तेजसे अपना घोड़ा छोड़ा। मुहूर्त्त भरमें घोड़ा आंखोंकी ओट हो गया। अनेक अनुसन्धान करने पर भी जब राजा न मिले, तब अमात्यगण महिषीको राजधानी वापिस लाये। इधर राजा दिक्भ्रान्त हो विन्ध्याटवीके मध्य जा पहुंचे। आप बहुत थके थे, अतः घोड़ेको अपनी इच्छानुसार चलने दिया। घोड़ा भी अपनी जातीय बुद्धिके बलसे राजाको उज्जयिनीकी ओर ले चला। इसी समय रात हो गई, नगरका दरवाजा बन्द हो गया। राजा भी घोड़े पर घूमते घूमते थक हो गये। श्मशानके निकट छान्दस ब्राह्मणोंका एक गांव था, वहीं राजा अकस्मात् जा पहुंचे। गांवके बीच एक मन्दिर था। जब राजा मन्दिरमें प्रवेश करने लगे, तब वहांके लोगोंके साथ इनका विवाद हुआ। इसी बीचमें विदूषक नामक एक ब्राह्मण वहां आये और भव्यवेश देख कर उन्होंने राजाको आश्रय दिया। विदूषकने अपने तपके प्रभावसे अग्निसे एक खड्ग पाया था।

विदूषकने परिचारक द्वारा राजाकी सेवा-टहल कराई और सोनेको एक उमदा स्थान भी दिया। उनकी शरीर-रक्षाके लिये आप रात भर जगते रहे। सुबह होने पर राजा उठ कर क्या देखते हैं, कि विदूषक घोड़ेको भली भांति सजा कर सामने खड़ा है। राजा घोड़े पर सवार हो अपने नगरको लौट आए। राजाको देख कर रानीके आनन्दका पारावार न रहा। राजाने कृतज्ञताके उपकार स्वरूप विदूषकको एक सौ गांवका आधिपत्य और राजपौरोहित्य अर्पण किया। विदूषकने अपनी सारी सम्पत्ति मन्दिरके ब्राह्मणोंको दे दी। कुछ दिन बाद ब्राह्मण लोग विदूषकको अग्राह्य कर आपसमें झगड़ने लगे। इस बीचमें चक्रधर नामक एक व्यक्ति वहां आ पहुंचे और बोले, 'तुम लोगोंमें एक नायकका होना आवश्यक है, अतः तुममेंसे जो अधिक साहसी है, वही इस गांवका नायक होगा।' तब सभीने नायक होनेकी अपनी अपनी इच्छा प्रकट की। इस पर चक्रधरने उन लोगोंसे कहा, देखो! श्मशानमें तीन चोर शूलसे मरे पड़े हैं, तुममेंसे जो उनकी नाक काट लावेगा, वही नायकके योग्य होगा। यह काम करनेमें और सभीने तो अपनी अनिच्छा प्रगट की, मगर विदूषक बिल्कुल तैयार हो गये। पीछे विदूषकने अग्निदत्त खड्ग ले दो पहर रातको श्मशानकी ओर प्रस्थान किया। वहां उन्हें बहुत डर मालूम हुआ और जब वे तीनों मुर्दोंके पास पहुंचे तो वे भूत पिशाच बन कर उन्हें मुष्टिप्रहार करने लगे। तब विदूषकने भूतका वेग दूर करनेके लिये तलवारसे वार किया और तीनोंकी नाक काट कपड़ेमें बांध ली। पीछे लौटते समय वे क्या देखते हैं, कि एक मनुष्य शवके ऊपर बैठ कर जप कर रहा है। विदूषक यह काण्ड छिपके देखने लगे। कुछ कालके बाद आसन्न शव भूतके वशमें हो कर फुत्कार करने लगा, जिससे उसके मुंहसे अग्नि और नासिकासे सरसों निकलने लगीं। योगीने सरसों उठाईं और भूनकर उसे तमाचा मारा। बाद वह शव उठ कर खड़ा हो गया।

उसके कन्धे पर चढ़ लिया और वह धीरे धीरे चलने लगा। विदूषक भी अलक्षितरूपसे उसके पीछे पीछे जाने लगे। क्रमशः वे दोनों एक कात्यायनीके मन्दिरमें पहुँचे। योगीने शवको छोड़ कर मन्दिरमें प्रवेश किया। विदूषक मन्दिरकी भीतमें कान लगाये खड़े रहे। कुछ काल बाद देववाणी हुई, यदि तुम अभिलषित वर चाहते हो, तो आदित्यसेनाकी एकमात्र कन्याको हमें उपहार दो।' यह सुन कर योगी फिर वेतालके सहारे नभोपथसे चल दिये। विदूषकने सोचा कि मैं अवश्य ही प्रतिपालक की कन्याको रक्षा करूँगा। ऐसा सोचते हुए वे हाथमें तलवार लिये उसी जगह खड़े रहे। योगी जब राजकन्याको ले कर वहां पहुँचा तब विदूषकने उसे कतल कर डाला। तब फिर देववाणी हुई, "विदूषक! यह योगी महावेताल और सर्पपसिद्ध था, केवल पृथ्वी और राजकन्या सखीगनकी कामना आज उसको जाती रही। तुम इन सब सर्पपोंको ग्रहण करो, इन्हींके प्रभावसे आज रातको आकाशमार्गसे अभीष्ट देशको पहुँच जावोगे।' यह सुन विदूषकने सर्पपोंको ग्रहण कर राजकन्याको अपनी गोदमें बिठा लिया। पीछे देववाणी हुई, 'मासके अन्तमें फिर यहां आ जाना।'

विदूषकने प्रणाम कर आकाशपथसे राजपुरकी ओर प्रस्थान किया। कुछ समय बाद राजकन्याके घर पर पहुँच कर जब विदूषकने उसे अपनी खाट पर सुला दिया, तब वह बोली, 'आर्य! आप यहांसे न जांय' नहीं तो भयसे मेरा प्राणान्त होगा।' विदूषक भी वहीं पड़ रहे। सुबहको जब ये सब बातें राजाको मालूम हुईं, तब उन्होंने विदूषकको पुरस्काररूप अपनी कन्या दे दी। जब महीना शेष होनेको चला, तब राजकन्याने देववाणीकी बात विदूषकको याद दिला दी। विदूषक फिर श्मशान गये और कात्यायनीके मन्दिरके समीप जा कर बोले, 'मैं विदूषक आ गया।' मन्दिरके भीतरसे आवाज आई, 'भीतर चले आओ।' भीतर जा कर विदूषकने देखा कि वहां सुन्दर वासभवन है और एक असामान्य रूपवती कन्या बैठी हुई है। पूछनेसे पता चला, कि यह विद्याधरकी कन्या है और उसका नाम है भद्रा। पीछे उसके अनुरोधसे विदूषकने उसका पाणिग्रहण किया और दोनों वहीं रहने लगे। इधर दूसरे दिन राजकन्या स्वामीको न देख कर व्याकुल हो गई। कई दिन बीत गये, तो भी उनका कुछ पता नहीं। सबके सब चिन्तित हो गये। पीछे भद्राने अपनी सहचरी योगेश्वरीसे सुना कि विद्याधरगण इसके लिए उस पर बहुत क्रुद्ध हो गये हैं।

इस पर भद्राने विदूषकसे कहा, 'आप यहीं ठहरिये। मैं पूर्वसागरके पार कर्कोटक नदीके पार्श्वस्थित शीतोदा नदीके दूसरे किनारे उदयगिरिके सिद्धाश्रमको जाती हूं।' इतना कह उसने यादगारीमें अपनी मुंदरी उन्हें दे दी और आप उस स्थानको चली गई। विदूषक भी पागल जैसे, 'हा भद्रे!' करते हुए उस घरसे निकल पड़े। पीछे राजा आदित्यसेनने ऐसी अवस्थामें देख इनकी चिकित्सा कराई। दुःसाध्य रोग समझ कर एवं चिकित्सकोंकी सलाह ले कर राजाने उन्हें यथेच्छ व्यवहार करनेका अधिकार दिया। विदूषक भद्राकी तलाशमें निकले। दिन रात पूर्वदिशाकी ओर जाते जाते एक दिन वे शामको पौण्ड्रवर्द्धन नगरमें पहुँचे। वहां उन्होंने एक राक्षसको परास्त कर देवसेन राजाकी दुःखलब्धिका नामक कन्यासे विवाह किया। पीछे वे वहांसे ताम्रलिप्त नगरको चले गये। यहां स्कन्ददास नामक वणिकके साथ उन्होंने समुद्रपथसे यात्रा की। कुछ दिन बाद स्कन्ददासका जहाज समुद्रमें रुक गया। इस पर बहुत दुःखित हो कर बोला, 'जो मुझे इस विपद्से उद्धार करेगा, उसे मैं अपना आधा धन और कन्या दूंगा।' विदूषकने स्कन्ददाससे कहा, 'कमरमें रस्सी बांध कर यदि आप मुझे समुद्रमें गिरा दें तो मैं आपका यह शंकट दूर कर सकता हूं।' विदूषकसे वैसा ही किया, किन्तु स्कन्ददासने रुपये देनेके भयसे उनको बन्धन रस्सी काट दी, जिससे वे नीचे समुद्रमें गिर पड़े और अपने घरको राह ली। जब विदूषक बहुत मुश्किलसे समुद्र पार कर गये, तब देववाणी हुई, 'विदूषक! तुम धन्य हो। जिस स्थान पर तुम आये गये हो, इसका नाम नग्नराज्य है। यहांसे पूर्वकी ओर सात दिनका रास्ता ते करनेके बाद हो कर्कोट नगर पहुँचोगे।' तदनुसार सातवें दिनमें वे कर्कोटनगर

पहुंचे। वहां उन्होंने पूर्व पराजित धूमदंष्ट्र नामक राक्षसका बायां हाथ काट कर उसे परास्त किया और वहांकी राजकन्याको व्याहा। पीछे जब धूमदंष्ट्रके साथ इनकी दोस्ती हुई, तब उसके साहाय्यसे वे शीतोदा नदी पार कर उदयगिरिके तल पर पहुंचे। वहां भद्राके साथ इनका मिलन हुआ। इसके अनन्तर विदूषक धूमदंष्ट्रकी सहायतासे स्कन्ददासकी कन्या तथा धन बलपूर्वक ग्रहण कर पत्नियोंके साथ उज्जयिनी नगरको वापिस आये। यहां आ कर आनन्दपूर्वक श्वशुरका राजत्व-भोग करने लगे। (कथासरित्सागर)

२ गजपिप्पली, गजपीपल। ३ चविका, चवा नामकी औषधि। ४ महाज्योतिषी, बड़ी मालकंगनी।

तेजस्विता (सं० स्त्री०) तेजस्विनः भावः तल्-टाप्। प्रभावशालिता, तेजस्वी होनेका भाव।

तेजस्वित्व (सं० क्ली०) तेजस्विनः भावः त्व। बलवत्व, बलवान् होनेका भाव।

तेजस्विनी (सं० स्त्री०) तेजस्विन् स्त्रियां ङीप्। १ ज्योतिष्मतीलता। २ महाज्योतिष्मती, मालकंगनी। पर्याय—तेजस्विनी, तेजोवती, तेजोह्वा, तेजनी। गुण—यह कफ, श्वास, कास, मुखरोग और वातनाशक, कटु, तिक्त तथा अग्निदीपक है।

तेजस्वी (सं० त्रि०) तेजोऽस्त्यस्य तेजस्-विनि। १ तेजोयुक्त, जिसमें तेज हो। प्रतापी, प्रतापवाला। (पु०) इन्द्रके पुत्रका नाम।

तेजःसेन (सं० पु०) काश्मीरके एक राजाका नाम। (राजतर० ८।४०१)

तेजा (फा० पु०) एक प्रकारका काला रंग जो चूने आदिसे बनाया जाता है। इससे रंगरेज लोग मोरपंखी रंग तैयार करते हैं।

तेजाब (फा० पु०) किसी क्षारपदार्थका अम्ल-सार यह द्रावक होता है। सब प्रकारके तेजाब पानीमें घुल जाते हैं। इसका स्वाद बहुत खट्टा होता है और क्षारोंका गुण नष्ट कर देता है। जब यह किसी धातु पर पड़ता है, तब उसे काटने लगता है। एक किस्मका तेजाब इतना तेज होता है कि शरीरके किसी स्थान पर लगनेसे वह बिलकुल जल जाता है। इसका व्यवहार प्रायः औषधोंमें होता है।

तेजाबी (फा० वि०) तेजाब सम्बन्धी।

तेजारत (हिं० स्त्री०) तिजारत देखो।

तेजारती (हिं० वि०) तिजारती देखो।

तेजिका (सं० स्त्री०) ज्योतिष्मती, मालकंगनी।

तेजित (सं० त्रि०) तिज-णिच्-क्त। शाणित, जो तेज किया गया हो। पर्याय—निशित, क्षुत, शाणित, शात, शाणादि मार्जित, क्ष्णुत, निशात, शित, शात।

तेजिनी (सं० स्त्री०) तेजोवती लता, तेजबल (Sansevieria Zeylanica)

तेजिष्ठ (सं० त्रि०) तेजस्विन् अतिशयार्थे इष्ठन् विनेर्लुक् टिलोपः। अति तेजस्वी, अत्यन्त प्रभावशाली।

तेजी (फा० स्त्री०) १ तेज होनेका भाव। २ तीव्रता, प्रबलता। ३ उग्रता, प्रचण्डता। ४ शीघ्रता, जल्दी। ५ महंगी, गरानी।

तेजीयस् (सं० त्रि०) तेजो विद्यतेऽस्य तेजस्-ईयसुन्। तेजोयुक्त, तेजस्वी।

तेजेयु (सं० पु०) रौद्राश्व राजाके एक पुत्रका नाम। (भारत आदि० ९४ अ०)

तेजोदोष (सं० पु०) पित्तज रोग, वह रोग जो पित्त बिगड़नेसे हुआ हो।

तेजोधातु (सं० पु०) पित्त।

तेजोनाथतीर्थ (सं० क्ली०) शिवपुराणोक्त एक तीर्थका नाम।

तेजोमण्डल (सं० क्ली०) चन्द्र वा सूर्यमण्डल।

तेजोमन्थ (सं० पु०) तेजो मथ्नाति मन्थ-अच्। गनिकारिका वृक्ष, गनियारीका पेड़।

तेजोमय (सं० त्रि०) तेजस् प्रचुरार्थे विकारे वा मयट्। १ तेजःप्रचुर, तेजसे पूर्ण। २ तेजोविकार। ३ ज्योतिर्मय, जिसमें खूब कान्ति या चमक दमक हो। ४ पित्त।

तेजोमात्रा (सं० स्त्री०) तेजसो मन्त्रगुणानां मात्रा अंशः। तेजस अंश, चमकीला भाग।

तेजोमूर्त्ति (सं० पु०) तेजः तेजसो मूर्त्तिर्यस्य। १ सूर्य। (त्रि०) २ तेजात्मक, जिसमें खूब तेज हो। ३ तेजःप्रचुर, तेजसे पूर्ण।

तेजोराशि (सं॰ पु॰) तेजसां राशिः। तेजःपुञ्ज, तेजका समूह।

तेजोरूप (सं॰ क्ली॰) तेजः सर्वप्रकाशकं चैतन्यं रूपं यस्य। १ ब्रह्म। ये ज्योतिरूप प्रकाशात्मक हैं, ब्रह्मका स्वरूप ज्योतिरूपमें प्रकाशित होता है। तेजसा रूपः। २ जो अग्नि या तेजरूप हो।

तेजोवत् (सं॰ त्रि॰) तेजस्, अस्त्यर्थे मतुप्, मस्य व। तेजयुक्त, जिसमें तेज हो।

तेजोवती (सं॰ स्त्री॰) तेजोवत् ङीप्। १ गजपिप्पली। २ चविका, चव्य। ३ महाज्योतिष्मती, मालकंगनी। तेजस्वती देखो। ४ अग्निका विमान।

तेजोविद् (सं॰ त्रि॰) जिसमें तेज या दीप्ति हो।

तेजोबिन्दु (सं॰ पु॰) एक उपनिषद्का नाम।

तेजोबिन्दूपनिषद् (सं॰ स्त्री॰) उपनिषद्भेद, एक उपनिषद्का नाम। नारायणने इसकी दीपिका रची है।

तेजोबीज (सं॰ क्ली॰) मज्जा।

तेजोवृक्ष (सं॰ पु॰) क्षुद्राग्निमन्थ वृक्ष, छोटी अरणीका वृक्ष।

तेजोवृत्त (सं॰ क्ली॰) तेजसो वृत्तं, ६-तत्। वीर्यानुरूप।

तेजोह्वा (सं॰ स्त्री॰) तेजः ह्वयते स्पर्द्धते ह्वे-क। १ तेजोवती, तेजबल। २ चविका, चव्य।

तैंतालीस (हिं॰ वि॰) तैंतालीस देखो।

तैंतीस (हिं॰ वि॰) तैंतीस देखो।

तैदली (सं॰ स्त्री॰) देवताभेद, एक देवताका नाम।

तेन (सं॰ पु॰) ते गौरी न शिवो यत्र। गानाङ्गभेद, गानका एक अङ्ग।

"तेनेति शब्दस्तेन स्यात् मंगलानां प्रदर्शकः।"

ते और न ये दो शब्द मङ्गल प्रदर्शक हैं। ते शब्दसे गौरी और न शब्दसे हरका बोध होता है। इसीसे तेन शब्द माङ्गलिक है। गानके पहले हर-गौरीका प्रसाद प्राप्त करनेके लिये यह शब्द उच्चारण किया जाता है।

तेनसेरिम—ब्रह्मदेशका एक विस्तीर्ण विभाग। यह अक्षा॰ ८° ५८' से १८° २८' उ॰ और देशा॰ ८५° ४८' से ८८° ४०' पू॰में अवस्थित है। इसके उत्तरमें अपर बरमा, पूर्वमें करेनी और श्याम, पश्चिममें पेगु विभाग और बङ्गालकी खाड़ी तथा दक्षिणमें मलयप्रायोद्वीप है। भूपरिमाण ४६७३० और लोकसंख्या प्रायः ११५८५५८ है, जिनमें बौद्धोंकी संख्या अधिक है। इस विभागके अन्तर्गत अमहर्ष्ट, तावय, मार्गुइ, थयेतिन, तोङ्गु, सोलमिन और सालवइन औ अमूभाग नामके ७ जिले हैं। इसमें ४६६३ ग्राम और ८ शहर लगते हैं।

२ उक्त तेनसेरिम विभागके मार्गुइ जिलेका प्रधान शहर। यह अक्षा॰ ११° ११' से १३° २८' उ॰ और देशा॰ ८८° ५१' से ८८° ४०' पू॰में अवस्थित है। भूपरिमाण ४०२२१ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः १००१२ है। छोटा और व १ तेनसेरिम नदीके सङ्गम पर मार्गुइ नगरसे २० कोस दक्षिण-पूर्वमें पड़ता है। इसके चारों ओर पहाड़ और जङ्गल है। एक समय यह नगर उन्नतिके ऊँचे शिखर पर पहुँचा हुआ था। ब्रह्म और श्यामराजोंका बार बार आक्रमण होते रहनेसे अभी यह श्रीहीन हो गया है।

१३१३ ई॰में श्यामवासियोंने बहुत यत्नसे यह नगर निर्माण किया। अभी बड़े बड़े पत्थरके स्तम्भ पूर्वगौरवका परिचय दे रहे हैं। स्तम्भमें यद्यपि कोई लिपि उत्कीर्ण नहीं है, तो भी ब्रह्मदेशके लोगोंका कहना है कि नगरकी भावी उन्नतिके लिये देवताओंके प्रीत्यर्थ यहां एक रमणीको जीवन्त समाधि हुई थी। अब भी नगरके चारों ओर प्रायः ४ वर्गमील स्थान मट्टीकी दीवारसे घिरा हुआ है। १७५८ ई॰में ब्रह्मदेशके राजा आलंपयाने यह नगर अधिकार किया और शासनकर्त्ताकी तेजतलवारके आघातसे बहुतसे अधिवासियोंकी जानें गईं। उसी समयसे श्यामवासियोंने इस स्थान पर दखल करनेके लिये कई बार चेष्टा की थी। शहरकी पूर्वश्री जाती रही और अब एक सामान्य ग्रामसा हो गया है।

मार्गुइ जिलेमें दो नदियोंके आपसमें मिल जानेसे इसका तेनसेरिम नाम पड़ा है। यह नदी प्रायः ढाई सौ मील जा कर समुद्रमें गिरी है। इसके बहुतसे मुहाने हैं।

३ उक्त मार्गुइ जिलेके इसी नामके शहरका एक ग्राम। यह अक्षा॰ १२° ६' उ॰ और देशा॰ ८८° १' पू॰ बड़ी और छोटी तेनसेरिम नदियोंके सङ्गमस्थान पर अवस्थित है। किसी समय यह ग्राम बहुत सम्पद्शाली था। इसमें केवल एकसौ घर रह गये हैं।

तेनाली—१ मन्द्राजके अन्तर्गत गुन्टुर जिलेका एक तालुक। यह अक्षा० १५°४५' से १६°२१' उ० और देशा० ८०°३१' से ८०°५४' पू०के मध्य कृष्णा नदीके बाएं किनारे अवस्थित है। भूपरिमाण ६४४ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः २८८१२७ है। इसमें कुल १५० ग्राम लगते हैं। राजस्व प्रायः १५७३०००) रु० का है। कृष्णा नदीसे जो नहर काटी गई है, उसीसे जलका काम चलाता है। यह तालुक उस प्रान्तमें सबसे बड़ा है।

२ उक्त तालुकका एक शहर। यह अक्षा० १६° १५' उ० और देशा० ८०°३८' पू०में अवस्थित है। लोकसंख्या १०२०४ है। इष्ट-कोष्ट-रेलवे (East Coast Railway)-के खुल जानेसे यह शहर दिनों दिन बहुत तरक्की कर रहा है। यहांका मन्दिर बहुत प्राचीन है और उसमें बहुतसी शिलालिपियां हैं। इसी शहरमें विजयनगरके राजा कृष्णदेवके सभा-कवि गर्लपति रामलिङ्गमका जन्म हुआ था।

तेन्दूखेड़ा—मध्यप्रदेशके नरसिंहपुर जिलेका एक नगर। यह अक्षा० २३°१०' उ० और देशा० ७८°५८' पू० गाडर-वाड़ा रेल-स्टेशनसे ११ कोस दूरमें अवस्थित है। इस नगरसे एक कोसकी दूरी पर लोहेकी खान है।

तेम (सं० पु०) तिम-घञ्। आर्द्रीभाव, आर्द्रता, गीला-पन।

तेमन (सं० क्ली०) तिम-ल्युट्। १ आर्द्रीकरण, गीला-करनेकी क्रिया। २ व्यञ्जन, पका हुआ भोजन।

तेमनी (सं० स्त्री०) तेमन-ङीप्। चुल्लीभेद, चूल्हा।

तेमरू (हिं० पु०) तेंदूका वृक्ष, आबनूसका पेड़।

तेरज (हिं० पु०) खतियोनीका गोशवारा।

तेरस (हिं० स्त्री०) त्रयोदशी, किसी पक्षकी तेरहवीं तिथि।

तेरह (हिं० वि०) १ जो गिनतीमें दससे तीन अधिक हो। (पु०) १ वह संख्या जो दस और तीनके योगसे बनी हो।

तेरहवां (हिं० वि०) जो क्रमसे तेरहके स्थान पर पड़े।

तेरहीं (हिं० स्त्री०) किसी मनुष्यकी मृत्युके दिनसे तेरहवीं तिथि। इसमें पिण्डदान और ब्राह्मणभोजन करके दाह करनेवाला और मृतकके घरके लोग शुद्ध होते हैं।

तेरा (हिं० सर्व०) मध्यम पुरुष, एकवचन, सम्बन्धकारक सर्वनाम।

तेरि—१ पञ्जाबके कोहाट जिलेकी एक तहसील। यह अक्षा० ३२°४८' से ३३°४४' उ० और देशा० ७०° ३३' से ७२°१' पू०में अवस्थित है। भूपरिमाण १६१६ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः ८४३३६ है। इसमें कुल १६६ ग्राम लगते हैं। तहसीलकी आय लगभग ८५०००) रु०की है। यहां युद्धप्रिय खट्टक जातिका वास है उनके सर्दार ख्वाजा महम्मदखांने वृटिश गवर्मेंटको किसी लड़ाईमें सहायता पहुंचाई थी, इसी पर गवर्मेंटने आपको तेरि तहसील जागीरके तौर पर दे दी है।

२ उक्त तहसीलका एक सदर। यह अक्षा० ३३°१८' उ० और देशा० ७१°७' पू०में अवस्थित है। यहां प्रायः साढ़े सात हजार मनुष्योंका वास है। जागीरदारका प्रासाद इसी नगरमें है। इसके सिवा यहां और भी बहुत सी मसजिदें तथा सुन्दर अट्टालिकायें हैं। नगरके बीचमें बाजार, पान्थनिवास, थाना, विद्यालय और औषधालय हैं।

तेरितोई—कोहाट जिलेकी एक नदी। सीरम्नईसे दो छोटे छोटे स्रोत निकल कर तेरिनगरसे ५ कोस दूरमें हो एक दूसरेसे मिल गये हैं। उसी जगह यह नदी तेरितोई नाम धारण कर पूर्वकी ओर बहती हुई सिन्धु नदीमें जा गिरी है। जिन पहाड़ोंसे यह नदी बहती है, प्रायः उनके समीप नमककी खानें हैं।

तेरदाल—सांगली नामक दक्षिण-महाराष्ट्रराज्यके अन्त-र्गत एक नगर। यह अक्षा० १६°३०' उ० और देशा० ७५°५' पू० कृष्णा नदीके दहिने किनारे अवस्थित है। लोकसंख्या प्रायः ६१२५ है। पूर्व समयमें यह शहर चारों ओर दीवारसे घिरा था। अब भी दुर्गके प्राकारका भग्नावशेष देखनेमें आता है। यह शहर वाणिज्यका केन्द्र है। यहां मोटी धोती और अच्छे अच्छे कम्बल तैयार होते हैं। यहांके ११८० ई०में बने हुए प्रभुस्वामी और भगवान् नेमनाथ स्वामीके जैनमन्दिर बहुत प्रसिद्ध हैं। यहां विद्यालय और चिकित्सालय भी हैं।

तेवन्दर-१ मध्यभारतके रेवा राज्यकी एक तहसील। यह अक्षा० २४°४१' और २५°१२' उ० तथा देशा० ८१'

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

तेलियाकंद । (हिं॰ पु॰) तेलकन्द देखो।

तेलियाकत्था (हिं॰ पु॰) एक प्रकारका कत्था। इसका भीतरी भाग काले रंगका होता है।

तेलियाकाकरेजी (हिं॰ पु॰) कालापनके लिये गहरा ऊदा रंग।

तेलियाकुमैत (हिं॰ पु॰) १ घोड़ेका एक रंग। यह अधिक कालापन लिये लाल या कुमैत होता है। २ इसी रंगका घोड़ा।

तेलियागढ़ी—मन्याल परगनेके अन्तर्गत एक परगना और उसी परगनेके मध्य एक गिरिपथ तेलियागढ़ी गिरिपथके उत्तरमें राजमहल और दक्षिणमें गङ्गा है। पूर्व समयमें शत्रुओंके आक्रमणसे गौड़राज्यको बचानेके लिये यह स्थान काममें लाया जाता था।

तेलियागर्जन (हिं॰ पु॰) गर्जन देखो।

तेलियापानी (हिं॰ पु॰) एक तरहका पानी जिसका स्वाद बहुत खारा और बुरा मालूम पड़ता है।

तेलियासुरंग (हिं॰ पु॰) तेलियाकुमैत देखो।

तेलिया सुहागा (हिं॰ पु॰) एक प्रकारका बहुत चिकना सुहागा।

तेली—हिन्दुओंकी एक जाति जिसकी गणना शूद्रोंमें होती है। इस जातिके लोग प्रायः सारे भारतवर्षमें फैले हुए हैं और सरसों, तिल आदि पेर कर तेल निकालनेका व्यवसाय करते हैं। युक्तप्रान्तमें द्विज लोग इन लोगोंका छुआ हुआ जल ग्रहण नहीं करते। इस जातिकी उत्पत्तिके विषयमें मतभेद पाया जाता है। मिर्जापुरके तेलियोंका कहना है, कि प्राचीन समयमें किसी मनुष्यके तीन पुत्र थे। उसके और कोई सम्पत्ति तो थी नहीं, केवल बावन महुएके पेड़ थे। मरते समय उसने लड़कोंसे उन्हें आपसमें बराबर बराबर बांट लेनेको कहा। बावन पेड़ोंके तीन समान भाग हो नहीं सकते, इसलिये वे उनकी पैदावार ही आपसमें बांट लेनेको राजी हुए। एकने तो उनकी पत्तियां ले लीं और वह भड़-भूंजा नामसे प्रसिद्ध हुआ। आजतक भी इस जातिके लोग भाड़में पत्तियां जलाते हैं। दूसरेने उनके फूल लिये और वह कलवार कहलाने लगा। तीसरेने उनके कोइंदा (गुलैंदा) लिये और वही तेली नामसे प्रसिद्ध हुआ है। परन्तु यह कहां तक सच है, कह नहीं सकते।

इस जातिके कईएक विभाग हैं; जैसे—ब्याहुत, जैसवार, जौनपुरिया, कनौजिया, मथुरिया, राठौर, श्रीवास्तव, उमरी आदि। मिर्जापुरके तेली ब्याहुत, कनौजिया, श्रीवास्तव और दक्षिणाहा श्रेणीभुक्त हैं। ये लोग विशेषतः भैंस पर माल लाद कर अपनी जीविका-निर्वाह करते हैं। बनारसमें ब्याहुत, कनौजिया, जौनपुरिया, श्रीवास्तव, बनरसिया, जैसवार, लोहौरिया, गुनाहरिया और गुलहानी श्रेणीके तेली रहते हैं। इनमें गुलहानी सबसे निकृष्ट समझे जाते हैं। जौनपुरिया तेली तेलका व्यवसाय न कर केवल टाटका व्यवसाय करते हैं। फर्रुखाबादमें राठौर, परनामी, रैयो, जैसवार, श्रीवार, मथुरिया और सियान तेलीका तथा बस्तीमें ब्याहुत, जौनपुरी, कनौजिया, तुरकिया और सेठवार तेलियोंका वास है। इनमेंसे मैनपुरीके केथिया, कानपुरके परनामी, इलाहाबादके सुरहिया, झांसी और ललितपुरके बाथरा, मिर्जापुरके माहुर बरनिया, दक्षिणाहा गोरखपुरके भिज्होतिया, महोबके महोबिया, प्रतापगढ़के सकलपुरी तेली सबसे श्रेष्ठ माने जाते हैं। ये लोग निकट-सम्बन्धीके साथ आदान-प्रदान नहीं करते। पिता और माताकी तरफ कमसे कम तीन पीढ़ी तक जब कोई सम्बन्ध नहीं ठहरता, तभी विवाह स्थिर करते हैं।

उच्च श्रेणीके हिन्दुओंके समान इन लोगोंमें भी विवाहके नियम प्रचलित हैं। ब्याहुत तेलीको छोड़ कर प्रायः सभी तेली विधवा विवाह करते हैं। रजोदर्शनके पहले ही लड़कियां ब्याही जाती हैं, लेकिन पुरुषकी उमर जबतक २०।२५ वर्षकी नहीं होती, तब तक उनका विवाह नहीं होता है। विशेषतः विधवा अपने देवरसे ही विवाह कर लेती है। पुरुष जब अपनी स्त्रीका चाल चलन खराब देखता अथवा उसमें दूसरा हो और गुण पाता, तो उसे त्याग सकता है। इस जातिके कोई कोई लोग शराब पीते तथा मछली मांस आदि खाते हैं। इन लोगोंके पुरोहित निम्नश्रेणीके ब्राह्मण होते हैं, जो तेलिया-ब्राह्मन कहलाते हैं। उच्च श्रेणीके हिन्दुओं जैसा ये लोग भी शिव, काली, दुर्गा आदि देवदेवियोंकी पूजा किया करते हैं। इस जातिके लोग बड़े कंजूस

होने, कैसा ही धनी होने पर भी उसकी प्रशंसा नहीं होती। इस पर एक प्रवाद भी प्रचलित है—"तेली धनवान किया हुआ क्या?"

बंगालमें दो प्रकारके तेलजीवी या तेली पाये जाते हैं; तेली और 'कोलू'। इनकी उत्पत्तिके विषयमें दो प्रवाद प्रचलित हैं,—

(१) महादेव सर्वदा मस्त बना कर रहते थे, सहसा एक दिन उन्हें तेल लगानेकी इच्छा हुई। इच्छा होनेके साथ ही उनके दाहिने हाथके पसीनेसे एक दिव्य पुरुष उत्पन्न हुआ। यही पुरुष तेलियोंके आदिपुरुष रूपनारायण या मनोहरपाल थे। शिवका वर पा कर इन्होंने पहले पहल कोल्हू बनाया। कोई कोई ऐसा कहते हैं, कि पहले कोल्हूमें दो बैल जोते जाते थे और उनकी आंखोंमें अंधोटी नहीं लगायी जाती थी। 'कोलु'ओंने एक बैल जोतना और उसकी आंखोंमें अंधोटी बांधना शुरू कर दिया, जिससे वे पतित हो गये।

(२) एक दिन भगवतीने स्नानके समय हल्दी मल कर, उस उबटनसे दो पुरुषोंकी सृष्टि की और उनसे शीघ्र ही तेल बना लानेके लिए कहा। एक पुरुष बहुत ही जल्दी तेल बना कर ले आया और दूसरेको उससे दूनी देर हो गई। भगवतीने देरीका कारण पूछा, तो उसने उत्तर दिया कि 'पेषणीसे बक्लको भिगो कर तेल संग्रह किया था, इससे देर हो गई।' जो जल्दी आया था, उसने कहा 'मैंने पेषणीके नीचे एक छेद कर दिया था जिससे मूत्राधारकी तरह तेल आपसे आप टपकता था, इसलिए जल्दी आ गया।' भगवतीको क्रोध आ गया। मूल-निर्गमकी भांति जो तेल संचित हुआ है, वह उनके लिए लाया गया, यह बात उन्हें सह्य न हुई। उन्होंने शेषोक्त व्यक्तिको अभिशाप दिया, जिससे वह पतित हो गया।

इनमेंसे प्रथम व्यक्ति तेलियोंके आदिपुरुष थे और द्वितीय व्यक्ति 'कोलु'ओंके। बंगालमें 'कोलु' लोग तेलकार और विशुद्ध तेली लोग तैलिक कहलाते हैं। (तिली देखो।) बंगालके तेलियोंमें दो प्रधान श्रेणी विभाग हैं—एक एकादशतेली और दूसरा द्वादशतेली। इस श्रेणी-विभागके सम्बन्धमें एक प्रवाद है कि—आदि तेली मनोहरपाल व्यापारी बन कर नाना देशोंमें द्रव्य बेचनेके लिए गये थे। इनको दो स्त्रियां थीं। सहसा एक दिन घर पर खबर आई कि मनोहर मर गये। इस खबरसे पाते ही ज्येष्ठा पत्नीने अलङ्कारादि त्याग किये और विधवाके सदृश रहने लगी, परन्तु कनिष्ठाको इस संवाद पर विश्वास न हुआ और इसलिए वह सधवाकी भांति रहने लगी। कुछ दिन बाद जब मनोहर घर लौटे, तो भ्रम दूर हो गया। इन दोनों स्त्रियोंकी गर्भजात सन्तान दो स्वतन्त्र श्रेणियोंमें बंट गई। ज्येष्ठ पत्नीकी सन्तान एकादशतेली कहलाने लगी और कनिष्ठाकी द्वादशतेली।

पूर्व-बङ्गालमें और एक श्रेणीके तेली रहते हैं, जो 'घानी' या 'गाडुया' कहाते हैं। इनका कोल्हू 'कोलु'ओंके कोल्हूसे भिन्न प्रकारका होता है; उसमें तेल टपकनेके लिए छेद नहीं रहता।

बङ्गालमें 'धनातेली' और 'कोलु'ओंके सिवा अन्य तेली (एकादश, द्वादश आदि) कोल्हू नहीं चलाते। अधिकांश लोग अनाज वगैरहकी महाजनी करते हैं। कोई कोई चीनी या गुड़का रोजगार भी करते हैं और कोई कोई दाल-चावलकी दूकान भी।

तेलियोंमें जो लोग तेल बेचते हैं, वे सिर्फ तिलसे ही तेल निकालते हैं। अन्यथा करने पर जातिच्युत किये जाते हैं। ये लोग तिल पेरनेके लिए दो प्रकारके कोल्हुओंमेंसे किसीका भी व्यवहार नहीं करते। पहले तिलको जरा उबालते हैं और फिर मुसलमानोंसे कुटवा लेते हैं। वे तिलको कूट कर सिर्फ छिलका अलग कर देते हैं; उसके बाद तेली लोग उसे एक बड़े मट्टीके बरतनमें डाल कर ऊपरसे गरम पानी छोड़ देते हैं। बारह घण्टे भीगनेके बाद सबेरे एक बांसकी घोटनीसे घोटते हैं। फिर उसमें थोड़ासा गरम पानी छोड़ देते हैं और कुछ देर तक यों ही रहने देते हैं। उसके बाद ही पानीके ऊपर तेल बहने लगता है, जिसे कपड़ेसे उठा कर अन्य पात्रमें निचोड़ लेते हैं।

जो लोग ऊपर लिखे अनुसार तेल बनवाते हैं, वे बंगालमें अस्पृश्य समझे जाते हैं। युक्तप्रदेशमें जो लोग उक्त प्रकारसे दूसरोंसे तिल कुटवा कर तेल बनाते हैं, वे

भी अन्यान्य तेलियोंमें श्रेष्ठ माने जाते हैं। ये लोग अपनेको विशुद्ध वैश्य समझते हैं।

बंगालमें स्थानभेदके कारण और भी अनेक श्रेणियां पाई जाती हैं और उनमें बहुतसी ऐसी भी हैं, जिनमें परस्पर ब्याह-शादी नहीं होती।

दाक्षिणात्यमें सतारा जिलेमें तेलियोंके दो विभाग हैं—एक लिङ्गायत और दूसरा मराठा। इन दोनोंमें परस्पर ब्याह-शादी वा खाना-पीना आदि नहीं होता। ये लोग तिल, नारियल और सनके बीजसे तेल निकालते हैं तथा तेल और खली बेचा करते हैं। लिङ्गायत लोग देवताको नहीं पूजते। जङ्गम ब्राह्मण लोग इनके पुरोहित हैं। मराठा तेली महाराष्ट्रीय हिन्दू हैं। लिङ्गायतोंके विवाहकी रीति प्रायः कुनबियोंके समान है। ये लोग रजस्वला स्त्रीको चार दिन तक नहीं छूते। इस जिलेके तेलीलोग मुरदेको गाड़ते हैं और दश दिनका अशौच मानते हैं। ये जातीय व्यवसायके सिवा अन्य किसी प्रकारका रोजगार नहीं करते।

पूना जिलेके तेली शनिवारी, सोमवारी, परदेशी और लिङ्गायत इन चार श्रेणियोंमें विभक्त हैं। शनिवारी और सोमवारी तेली उक्त दो वारोंको कोई भी काम नहीं करते। इन लोगोंका आचार कुनबियों जैसा है। परस्पर-खाना पीना वा शादी-ब्याह नहीं होता। प्रत्येकके घर 'घाना' (कोल्हू) चलता है, सभी भद्र-परिच्छदधारी हैं। स्त्रियां अति सुन्दरी होती हैं, माथे पर फूल नहीं लगातीं। ये लोग नारियल, तिल, चीना-बादाम (मूंगफली), सरसों आदिका तेल निकालते हैं। इनमें स्मार्त्त हैं तथा गणपति मारुति आदि इष्टदेवता भी हैं। देशीय ब्राह्मणगण इनका पौरोहित्य करते हैं। प्रसव होने पर पांचवें दिन ये 'सट्-वाई' (षष्ठी) देवीकी पूजा करते हैं। १२वें या १३वें दिन बच्चेका नामकरण होता है। रजोदर्शनसे पहले लड़कियोंका विवाह नहीं होता और पुरुषोंका विवाह २०।२४ वर्षकी अवस्थामें होता है। विधवाओंका परिणय भी इनमें प्रचलित नहीं है। ये मुरदेको जलाते हैं और दश दिनका अशौच मानते हैं। आजकल तेल-के प्रचारसे इनका जातीय व्यवसाय बिलकुल नष्ट हो गया है। अब ये गाड़ी चलाते तथा खेतीबारी और मजदूरी करते हैं। बहुतसे मांस-मछली और शराब भी पीते हैं।

अहमदाबाद जिलेकी तेलीजाति कुनबी जातिका अंश समझी जाती है। तेलकारका व्यवसाय करनेके कारण ही शायद ये पतित हुए होंगे। इनमें दिवाकर, दोलसे, गायकवाड़, लोखण्डे, मंगर, मैजन्दार, काठेवाड़ और अलमुंजकर—ये आठ विभाग हैं। इनमें परस्पर एक दूसरेसे शादी-ब्याह नहीं होता। ये लोग चोटीके सिवा तमाम मस्तक मुड़ाते हैं, पर दाढ़ी और मूंछें नहीं मुड़ाते। इनका व्यवसाय पूनाके तेलियोंके समान है। ये वैष्णव हैं और योगी ब्राह्मण लोग इनका पौरोहित्य करते हैं।

प्राचीन हिन्दू-शास्त्रोंमें तेलीके विषयमें इस प्रकार पाया जाता है। मनुसंहितामें लिखा है—

"सूनाचक्रध्वजवतां वेशेनैव च जीवताम्।" (४।८४)

अर्थात् जो पशुमारणमांसविक्रयजीवी हैं, जो तिलादि बीजोंसे तेल निकाल कर बेचते हैं अर्थात् तैलिक हैं, मद्यविक्रेता, शौण्डिक और वेश्याकी आयसे जो जीविका निर्वाह करते हैं, उनसे दान लेनेका निषेध है। कारण—"दशसूनासमं चक्रं दशचक्रसमो ध्वजः" (मनु ४।८५) अर्थात् दशसूनायान वा मांसविक्रेतामें जो दोष है, वही दोष चक्रवान् या तैलिकमें है।

याज्ञवल्क्यसंहितामें लिखा है—

"पिशुनानृतिनोश्चैव तथा चाक्रिकबन्दिनाम्।
एषामन्नं न भोक्तव्यं सोमविक्रयिणस्तथा॥" (४।१६५)

अर्थात् पिशुन, मिथ्यावादी, चाक्रिक वा तैलिक, बन्दी और सोमविक्रयी, इन लोगोंका अन्न न खाना चाहिए।

विष्णुसंहितामें इस प्रकार लिखा है—

"रजकचर्मकारशौण्डिकतैलिकचक्रिणाम्।" (५१।१६)

अर्थात् चमार, शौण्डिक, तैलिक और मद्यपानकारी (धोबी) इन लोगोंका अन्न अभक्ष्य है।

तेलु (सं॰ पु॰) सूर्यवंशीय, एक राजाका नाम।

तेलौंछो (हिं॰ स्त्री॰) तेल रखनेकी छोटी प्याली, मलिया।

तेवट (हिं० स्त्री०) ताल दीर्घ अथवा १४ लघु मात्राओंका एक ताल।

तेवन (सं० क्ली०) तेव भावे ल्युट्। १ क्रीड़ा, खेल। २ केलिकानन, प्रमोदकानन।

तेवर (हिं० पु०) कुपित दृष्टि, क्रोधभरी नजर। भृकुटी, भौंह।

तेवरसी (हिं० स्त्री०) १ ककड़ी। २ खीरा। ३ फूट।

तेवरा (हिं० पु०) धूनमें बजाया हुआ रूपक ताल।

तेवराना (हिं० क्रि०) १ भ्रममें पड़ना, सन्देहमें पड़ना। २ विस्मित होना, आश्चर्य करना। ३ मूर्च्छित हो जाना, बेहोश हो जाना।

तेवरी (हिं० स्त्री०) त्योरी देखो।

तेवहार (हिं० पु०) त्योहार देखो।

तेवार (तेवर) मध्य भारतका एक छोटा ग्राम। यह जब्बलपुरसे ६ मील पश्चिम, बम्बईके रास्ते पर अवस्थित है। यहांके अधिकांश अधिवासी पत्थर काट कर अपनी जीविका निर्वाह करते हैं। प्राचीन नगर करणबेलके ध्वंसावशेषसे तथा मन्दिरोंसे ही ये लोग पत्थर काट लाते हैं। इस गांवके पूर्वमें बाल-सागर नामक एक सुन्दर बड़ा तालाब है। सीढ़ियां चौकोन पत्थर और लोहेकी बनी हुई हैं। तालाबके बीचमें एक छोटा द्वीप है। उस द्वीप पर एक आधुनिक मन्दिर विद्यमान है। गांवके पश्चिम प्रान्तमें एक बड़े वृक्षके नीचे कारुकार्यविशिष्ट बहुतसे छोटे छोटे पत्थरके खण्ड एकत्र हैं। उनमेंसे अधिकांश अच्छे दिखाई पड़ते हैं। और बहुतसे टूट फूट भी गये हैं। ये सब पत्थरके खण्ड करणबेल नगरके ध्वंसावशेषसे लाये गये हैं। इस ग्रामके दक्षिण-पश्चिम आध कोसकी दूरी पर प्राचीन करणबेल शहरका खण्डहर अवस्थित है। एकत्र पत्थरोंमेंसे एकमें "पद्मपाणि" बुद्ध मूर्ति खोदी हुई है। यह एक चौकोन पत्थर पर उत्कीर्ण है। इसके पीछे "ये धर्म हेतु" इत्यादि लिखा हुआ है। पद्मासनके नीचे वज्रपाणि उपविष्ट हैं। इसके बायें बगलमें वज्रधर मनुष्य मूर्ति और दहिने बगलमें हाथ जोड़े हुए एक मनुष्य मूर्ति नीचे घुटनेके बल बैठी हुई है। वेदमंचके नीचे एक सतरी चौड़ी शिलालिपि है। इसके अलावा एक दूसरी प्रतिमा भी एक बड़े पत्थर पर खोदी हुई है। शिला पर एक पुरुष-मूर्ति खोदी हुई है, जिसका दहिना घुटना उठा हुआ है और उस पर बायां हाथ रखा हुआ है। दहिना हाथ सिर ऊपर है। मूर्तिके चारों ओर बहुतसी मनुष्य मूर्तियां हाथ जोड़े खड़ी हैं। सिरके निकट हाथ जोड़े हुई एक स्त्री मूर्ति बैठी है और पैरके नीचे पुरुष-मूर्ति है। इसके भी पीछे शिलालेखकी दो पंक्तियां हैं किन्तु उनके अक्षर प्रायः लुप्त हो गये हैं। खोदी हुई मूर्तिका आकार पुरुषकार होने पर भी ग्रामके लोग उसे त्रिपुरदेवी कहा करते हैं। और भी एक पुत्तलिकाकी प्रतिमा है। ये कुम्भीर पर चढ़ी हुई चार हाथवाली देवी मूर्ति है। स्थानीय मनुष्य "नर्मदा माई" नामसे इनकी पूजा करते हैं। शायद यह किसी प्राचीन मन्दिरकी गङ्गाकी प्रतिमा है। इसके सिवा शिव, कृष्ण और भैरवादिकी मूर्तियां भी हैं। एक बड़ी शिला पर उमंगिनी गोपियोंसे घिरी हुई गोवर्द्धन कृष्णकी मूर्ति क्या ही खूबी खोदी हुई है।

जैनोंके दिगम्बर सम्प्रदायकी आदिनाथकी मूर्तिका शिलाफलक भी विद्यमान है।

करणबेल और तेवार ग्राम बहुत प्राचीन कालसे इतिहास पुराणादिमें मशहूर है। इन दोनों ग्रामका प्राचीन नाम त्रिपुर नगर है, जहां किसी समय चेदि राजाओंकी राजधानी थी। कहा जाता है, कि महादेवने जिस जगह त्रिपुरको मारा था, वही जगह त्रिपुर नामसे विख्यात है। नर्मदाके उत्पत्ति-स्थलस्थ प्रदेशमें पहले पौराणिक युगमें प्रबल पराक्रान्त हैहयवंशीय राजा राज्य करते थे। चेदिराज्य भी यहां तक विस्तृत था। महाभारतमें युधिष्ठिर, शिशुपाल, भीष्मक आदिके नाम पाये जाते हैं। उपरिचर वसुकी राजधानीका नाम महाभारतमें नहीं है, किन्तु शुक्ति नदीके किनारे अवस्थित था ऐसा लिखा है। कालक्रमसे चेदिराज्य दो भागोंमें विभक्त हुआ। एक भाग महाकोशल कहलाया जिसकी राजधानी मणिपुरमें थी। दूसरा भाग चेदि नामसे ही मशहूर था और उसकी राजधानी वर्त्तमान तेवारीका त्रिपुर नगरी थी। हेमकोषमें त्रिपुरनगरका दूसरा नाम चेदिनगरी लिखा है। चेदि नाम क्यों पड़ा इसका पता नहीं

बनती। कनिङ्हम साहबने अनुमान किया है, कि मणिपुर राजाकी लड़की चित्राङ्गदाके नामसे "चित्राङ्गदो देश" "चङ्गदीदेश" "चेदो देश" ऐसा रूपान्तर हुआ है, किन्तु यह युक्ति संगत प्रतीत नहीं होता। उनके मतसे टलेमोका "सागिद" नगर भी चेदि कहलाता है, किन्तु हम लोगोंके ख्यालसे "सागिद" साकेत शब्दका ही रूप है। महाभारत पढ़नेसे जाना जाता है, कि मणिपुर कलिङ्गराजके अधीन था। रत्नपुरके शिलालेखमें कलचूरीके राजा जाजल्ल सुरगणाधिपति नामसे उल्लिखित हैं। कनिङ्हमने कलचुरि शब्दको मूल अनुसन्धान करते हुए इस उपाधिसे इसे "कुलसुर" शब्दका रूपान्तर अनुमान किया है। कलचुरि देखो।

कर्णबेल ग्राममें अब भी बहुतसे भग्नावशेष बड़े हैं, किन्तु तेवारके लोगोंने उस स्थानसे पत्थर आदि ला कर प्राचीन कीर्ति का शेष कर डाला है। तेवारसे १० मील दूर कारोतराय पर्वतके निम्नभागमें एक गुहा है। यहांके लोग इस गुहाको बनियाका घर कहा करते हैं। इस गुहासे २०० फुटकी दूरी पर दो अट्टालिकाओंका भग्नावशेष विद्यमान है। यह बरामदेकी नाईं दीख पड़ता है; केवल स्तंभकी पंक्ति पर जो छत थी, वह अब नहीं है। इसके चारों ओर घूम कर एक छोटे पहाड़ सरीखे एक स्तूपके निकट जाना होता है। इसका ऊपरी भाग समतल, प्रशस्त तथा ईंटोंसे आच्छादित है। यह स्तूप बड़ा छतियागढ़ नामसे मशहूर है। यहांकी ईंटें लगभग ६ फुट लम्बी चौड़ी हैं।

अन्यान्य छोटे छोटे पहाड़ोंके ऊपर भी इसी तरह बहुत सी ईंटोंको देख कर अनुमान किया जाता है, कि एक समय यह सब स्थान प्राचीर द्वारा मजबूतीसे घिरा हुआ था। एक जगह छोटे दुर्गका भग्नावशेष भी देखनेमें आता है। इसकी दीवारें छोटे छोटे पत्थरके टुकड़ोंसे बनी थीं। इसके तीन ओर बनगङ्गा नामकी छोटी नदी चारों ओर घूम गई है। नदीके किनारे पहाड़का रास्ता दुर्गम है। वहां एक बड़ी प्रतिमा है जिसके तीन मस्तक हैं। हर एक मस्तक पर बड़ी बड़ी टोपी है। प्रत्येक मुखमें तीन तीन आंखें हैं। बायें मुखकी जिह्वा लपलपा रही है। प्रतिमा केवल ५ फुट ऊंची है और उसका निम्नांश (कमर तक) टूट फूट गया है। इसके समीप एक विस्तीर्ण गह्वरमें जल संचित हो कर एक छोटा तालाब सरीखा हो गया है। कर्णबेलके निकट एक पवित्र पुष्करिणी है और उसके निकट भी पाषाणमूर्त्तिकी पीठ पर उत्कीर्ण लिपिके शेष चरणमें "ईशानसिंह मूर्त्तकपहित" लिखा हुआ है।

तेहरा (हिं० वि०) १ तीन परत किया हुआ, तीन लपेटका। २ जिसको एक साथ तीन प्रतियां हों। ३ जो दो बार हो कर फिर तीसरी बार किया गया हो।

तेहराना (हिं० क्रि०) १ तीन लपेट या परतका करना। २ त्रुटि आदि दूर करनेके लिये किसी कामको तीसरी बार करना।

तेहवार (हिं० पु०) त्योहार देखो।

तेहा (हिं० पु०) १ क्रोध, गुस्सा। २ अहङ्कार, शेखी।

तेही (हिं० वि०) १ क्रोधी, जिसमें गुस्सा हो। २ अभिमानी, घमंडी।

तैंतालीस (हिं० वि०) तैंतालीस देखो।

तैंतीस (हिं० वि०) तैंतीस देखो।

तै (अ० पु०) १ मीमांसा निबटेरा, फैसला। २ पूर्त्ति, पूरा करनेकी क्रिया। (वि०) १ जिसका फैसला हो गया हो। ४ समाप्त, जो पूरा हो चुका हो

तैकायन (सं० पु०) तिकस्य अपत्यं गोत्रापत्यं तिक फक्। तिक ऋषिके वंशज।

तैकायनि (सं०पु०-स्त्री) तिकस्य अपत्यं गोत्रापत्यं युवा तैकायनि-इञ्। तिक ऋषिके युवा वंशज।

तैक्ष्ण (सं० पु०) तिक्ष्णका भाव, तीखापन, चरपराहट।

तैक्ष्णायन (सं० पु०) तीक्ष्णस्य अपत्यं गोत्रापत्यं। तीक्ष्ण-फञ्। अश्वादिभ्यः फञ्। पा ४।१।११०। तीक्ष्ण ऋषिके वंशज।

तैक्ष्ण्य (सं० क्ली०) तीक्ष्णस्य भावः तीक्ष्ण-ष्यञ्। १ तीक्ष्णता, तेजी। २ कठोरता, कड़ाई, सख्ती। ३ क्रूरता, निष्ठुरता, बेरहमी।

तैखाना (हिं० पु०) तहखाना देखो।

तैग्म्य (सं० क्ली०) तिग्मस्य भावः तिग्म-ष्यञ्। तिग्मता, प्रखरता, तीक्ष्णता।

तैजसिनव (सं० स्त्री०) एक प्रकारका छोटा खाना।

तैजस (सं० क्लो०) तेजसो विकारः तेजस्-अण्। १ घृत, घी। २ धातु द्रव्यमात्र। (मनु ५।१११) ३ तीर्थविशेष। (भारत ८।४६।१०१)

४ सांख्योक्त रजोगुणोत्पन्न एकादशेन्द्रियादि।

"सात्त्विक एकादशकः प्रवर्त्तते वैकृतादहंकारात्।
भूतादेस्तन्मात्रः स तामसस्तैजसादुभयम्॥"
(सांख्यका० २५)

वैकृत (अर्थात् सात्त्विक अहङ्कार)-से एकादशक (अर्थात् एकादश इन्द्रिय), तामससे तन्मात्र और तैजससे दोनों ही प्रवर्त्तित होते हैं। अहङ्कारका जब सात्त्विक अंश प्रबल होता है, तब उसको वैकृत संज्ञा होती है, फिर उसे सात्त्विक अहङ्कार कहा जा सकता है। इस वैकृत (सात्त्विक) अहङ्कारसे ही एकादश इन्द्रियोंकी उत्पत्ति हुई है। इसलिये इन्द्रियोंमें सत्त्वांश अधिक होनेके कारण वे अपने विषयको ग्रहण करनेमें समर्थ होती हैं। तामस भूतादिसे तन्मात्र हुआ है अर्थात् जब तम द्वारा सत्त्व और रजः अभिभूत होता है, तब उस अहङ्कारको तामस कहते हैं। सांख्याचार्योंने इस तामस अहङ्कारको भूतादि कहा है। भूतादिसे पञ्च तन्मात्रकी उत्पत्ति होती है। तैजससे इन दोनों (अर्थात् एकादश इन्द्रिय और पञ्च तन्मात्र)-का प्रवर्त्तन हुआ है। रज द्वारा जब सत्त्व और तम अभिभूत होता है, तब यह अहङ्कार ही तैजस संज्ञा पाता है। पूर्वोक्त सात्त्विक अहङ्कार जब वैकृत हो कर एकादश इन्द्रियोंको उत्पन्न करता है, तब उसे तैजस अहङ्कारकी सहायता लेनी पड़ती है। सात्त्विक निष्क्रिय है, तैजस अहङ्कारके साथ बिना मिले उसमें कार्य करनेकी शक्ति नहीं आती। इसलिए तैजसके साथ मिल कर एकादश इन्द्रियोंको उत्पन्न करता है। इसी तरह भूतादि तामस अहङ्कार भी निष्क्रिय है, वह तैजसके साथ मिल कर तन्मात्रोंको उत्पन्न करता है। इसलिए तैजससे ही इन दोनों (एकादश इन्द्रिय और पञ्च तन्मात्र)-की उत्पत्ति होती है। तैजस ही एकमात्र इनकी उत्पत्तिमें कारण है। तैजसकी सहायताके बिना सत्त्व और तम कोई भी कार्य नहीं कर सकते। (सांख्यद०)

५ पराक्रम। ६ शरीरकी वह शक्ति जो खाद्यको रस और रससे धातुमें परिणत करती है।

(पु०) ७ सूक्ष्म शरीर व्यष्टि उपहित चैतन्य। (वेदान्तसा०) ८ सुमतिके एक पुत्रका नाम। (मत्स्यपु० ११ अ०) ९ बहुत तेज चलनेवाला घोड़ा। १० भगवान्। ११ एक प्रकारकी शारीरिक शक्ति। यह शक्ति खाद्यको रसमें और रसको धातुमें परिणत करती है। (त्रि०) १२ तेज-सम्बन्धी, तेजसे उत्पन्न।

तैजसावर्त्तनी (सं० स्त्री०) आवर्त्तते ऽत्र आवृत-ल्युट्, स्त्रियां ङीप्, तैजसानां आवर्त्तनी। मूषा, चाँदी सोना गलानेकी घरिया।

तैजसी (सं० स्त्री०) गजपिप्पली।

तैतल (सं० पु०) ऋषिभेद, एक ऋषिका नाम।

तैतिक्ष (सं० त्रि०) तितिक्षा शीलमस्य, तितिक्षा छत्रादित्वात् ण। तितिक्षाशील, क्षमाशील।

तैतिक्ष्य (सं० पु०-स्त्री०) तितिक्षस्य ऋषेः गोत्रापत्यं गर्गा यञ्। तितिक्ष ऋषिके वंशज।

तैतिर (सं० पु० क्लो०) तैत्तिर पृषो० साधुः। तित्तिर पक्षी, तीतर। २ गण्डक, गैंडा।

तैतिल (सं० पु०) १ गण्डक, गैंडा। (क्लो०) २ ग्यारह करणोंमेंसे चौथा करण। फलित ज्योतिषके मतसे इस करणमें मनुष्यका जन्म होनेसे वह कलाकुशल, रूपवान्, वक्ता, गुणी, सुशील और कामी होता है। ३ देवता।

तैतिलम (सं० पु०) गोत्रप्रवर्त्तक ऋषियोंका प्रवरभेद।

तैत्तिर (सं० क्लो०) तित्तिरीणां समूहः तित्तिर-अण्। अनुदात्तादेरञ्। पा ४।२।४४। १ तित्तिर पक्षी, तीतर। २ गण्डक, गैंडा।

तैत्तिरि (सं० पु०) १ कुकुरवंशके एक राजाका नाम। २ ऋषिभेद, कृष्ण यजुर्वेदके प्रवर्त्तक एक ऋषिका नाम।

तैत्तिरीय (सं० पु०) तित्तिरिणा प्रोक्तं अधीयते अण्। तित्तिरीय प्रोक्त समस्त शाखाध्यायी। यह शब्द बहुवचनान्त है।

इसके सम्बन्धमें भागवतादि पुराणोंमें इस प्रकार लिखा है—एक बार वैशम्पायनने ब्रह्महत्या की। उनके प्राय-श्चित्तके लिए उन्होंने अपने शिष्योंको यज्ञ करनेकी आज्ञा

हो और सब शिष्य तो यज्ञ करनेके लिए प्रस्तुत हो गये, पर याज्ञवल्क्य प्रस्तुत न हुए। इस पर वैशम्पायनने कहा, तुम हमारी शिष्यता छोड़ दो। याज्ञवल्क्यने 'वैसा ही होगा' यह कह कर जो कुछ उनसे पढ़ा था सब उगल दिया। अन्यान्य सहपाठियोंने तीतर बन कर उस वमनको चुग लिया। इसी कारण उनका नाम तैत्तिरीय पड़ा। यजुर्वेद शब्दमें विस्तृत विवरण देखो। २ इसी शाखाका उपनिषद्। यह तीन भागोंमें विभक्त है। पहले भागका नाम संहितोपनिषद्। इसमें व्याकरण और अद्वैतवाद सम्बन्धी बातें हैं। दूसरे भागका नाम आनन्दवल्ली और तीसरेका भृगुवल्ली है। इन तीनों सम्मिलित भागोंको वारुणी उपनिषद् भी कहते हैं। तैत्तिरीय उपनिषद्में केवल ब्रह्मविद्या पर ही विचार नहीं किया है, बल्कि श्रुति स्मृति और इतिहास सम्बन्धी भी बहुत सी बातें हैं। इस उपनिषद् पर शंकराचार्यका बहुत अच्छा भाष्य है।

तैत्तिरीयक (सं॰ पु॰) तैत्तिरीय स्वार्थे कन्। तैत्तिरीय शाखाका अनुयायी या पढ़नेवाला।

तैत्तिरीय ब्राह्मण (सं॰ पु॰) कृष्णयजुर्वेदीय ब्राह्मण। भिन्न भिन्न प्रकारके सदुपदेशोंसे पूर्ण है।

तैत्तिरीया (सं॰ स्त्री॰) तित्तिरिणा प्रोक्ता छन् टाप्। यजुर्वेदकी एक शाखाका नाम। यजुर्वेद देखो।

तैत्तिरीयारण्यक (सं॰ पु॰) तैत्तिरीय शाखाका आरण्यक अंश। इस अंशमें वानप्रस्थोंके लिए उपदेश है।

तैत्तिरीयोपनिषद् (सं॰ स्त्री॰) उपनिषद्भेद, एक उपनिषद्का नाम।

तैत्तिल (हिं॰ पु॰) तैतिल देखो।

तैनात (अ॰ वि॰) नियत, नियुक्त, मुकर्रर।

तैनाती (हिं॰ स्त्री॰) नियुक्ति, मुकर्ररी।

तैन्तिड़ीक (सं॰ स्त्री॰) तिन्तिड़ीकेन संस्कृतं कोपधत्वात् अण्। १ तिन्तिड़ीक संस्कृत व्यञ्जनादि, वह व्यञ्जन जिसमें इमली दी गई हो। २ तिन्तिड़ीकविकार, इमलीका रस।

तैमिर (सं॰ पु॰) तिमिरमेव अण्। नेत्ररोग भेद, आँखकी एक बिमारी। तिमिर देखो।

तैमिरिक (सं॰ त्रि॰) तैमिरो रोगोऽस्त्यस्य ठन्। तिमिर रोगयुक्त, जिसको तिमिर रोग हुआ हो।

तैया (हिं॰ पु॰) मट्टीका छोटा बरतन। इसमें छीपी कपड़ा छापनेके लिए रंग रखते हैं, अहर।

तैयार (अ॰ वि॰) १ दुरुस्त, ठीक, लैस। २ उद्यत, तत्पर, मुस्तैद। ३ प्रस्तुत, मौजूद। ४ हृष्टपुष्ट, मोटा-ताजा।

तैयारी (हिं॰ स्त्री॰) १ दुरुस्ती। २ तत्परता, मुस्तैदी। ३ शरीरकी पुष्टता, मोटाई। ४ समारोह, धूमधाम। ५ सजावट।

तैर (सं॰ क्ली॰) तीरे भवः अण्। कुलत्थ, कुलथी।

तैरणी (सं॰ स्त्री॰) तीरे नमति नम-ड, स्वार्थे अण् स्त्रियां गौरादित्वात् ङीष्। क्षुप विशेष, एक प्रकारका क्षुप। इसके पर्याय—तैरण, तैर, कुलीनी और रागट। इसके गुण—यह शिशिर, तिक्त, व्रणनाशक और अरुचवर्णद है।

तैरना (हिं॰ क्रि॰) १ पानीके ऊपर ठहरना, उतराना। २ शरीरका अंग संचालन कर पानीमें चलना, पैरना, हरना।

तैरश्च (सं॰ वि॰) तिरश्चामिदं तिर्यच्-अण्। तस्यात् तिरश्चादेशः। तिर्यग् जाति सम्बन्धीय।

तैराई (हिं॰ स्त्री॰) १ तैरनेकी क्रिया। २ तैरनेके बदलेमें मिलनेवाला धन।

तैराक (हिं॰ वि॰) तैरनेवाला, जो अच्छी तरह तैरना जानता हो।

तैराना (हिं॰ क्रि॰) १ तैरनेका काम किसी दूसरेसे कराना। २ घुसाना, धँसाना, गोटना।

तैर्थ (सं॰ वि॰) तीर्थे दीयते कार्यं वा व्युष्टादित्वात् अण्। १ वह कार्य जो तीर्थमें किया जाय। २ तीर्थमें देने योग्य। ३ तीर्थ सम्बन्धी। ४ वह द्रव्यादि जो तीर्थस्वरूप किसी दूसरे स्थानसे आता है।

तैर्थिक (सं॰ वि॰) तीर्थसिद्धान्तविषयं शिल्पं अस्ति छेदादि॰ ठञ्। १ तीर्थसिद्धान्ताभिज्ञ, शास्त्रकार, कपिल कणाद आदि। तीर्थं वेत्ति ठञ् वा। सिद्धान्ताभिज्ञ, जो सिद्धान्त जानता हो। तीर्थे भवः ठञ्। ३ तीर्थभव, जो तीर्थमें उत्पन्न हो।

तैर्थ्य (सं॰ त्रि॰) तीर्थं सङ्कादित्वात् ण्य। तीर्थ समीपादि, जो तीर्थके निकट हो।

तैर्यगयनिक (सं० त्रि०) तिरश्चां अयनं अयनभेदः तदेव ठञ्। पशु विशेष, एक प्रकारका पशु।

तैर्यग्योन (सं० त्रि०) तिर्यग्योनि इदं अण्। तिर्यग् योनि पशु इत्यादिका सर्ग भेद। तिर्यक् योनिके पांच भेद हैं, पशु, मृग, पक्षी, सरीसृप और सभी स्थावर भूत।

तैर्यग्योन्य (सं० त्रि०) तिर्यग् योनि इदं, ष्यञ्। पशु पक्षी इत्यादिका सर्ग भेद।

तैल (सं० क्लो०) तिलस्य तत्सदृशस्य वा विकारः अञ्। तिल-सर्ष पादि-जनित स्नेह द्रव्यभेद, तिल सरसों आदिको पेर कर निकाला हुआ चिकना और तरल पदार्थ, तेल, रोगन।

"तिल-द्विजन्यवातघ्नं स्नेहतैल गुदाङ्कुरम्।
तत्र वातहरं सर्वं विशेषात्तिलसम्भवं॥" (भावप्र०)।

वैद्यकके अनुसार तिल आदि स्निग्ध-द्रव्यके स्नेहको तैल कहा जा सकता है। परन्तु तिलसे जो स्नेह-निर्यास निकलता है, वास्तवमें उसीको तैल कहते हैं। तिलकी तरह अन्यान्य स्नेह-रस-प्रदायी बीजोंके निर्यासको भी सामान्यतः तैल कहते हैं। उद्भिज्ज बीजोंसे उत्पन्न तैलके सिवा कुछ वृक्षोंकी शाखा प्रशाखा और काण्डसे, काठसे, कुछ वृक्षोंके पत्तोंसे और जड़से भी तैलवत् निर्यास निकलता है, यह भी तैल कहलाता है। जीव-देहसे चरबीके सिवा एक प्रकारका तैलवत् रस निकलता है, उसका भी नाम तैल है। इसके सिवा मिट्टी और पर्वत-गह्वरोंमें भी तैलवत् अत्यन्त तरल पदार्थ मिलता है, उसे भी तैल कहते हैं।

तैल पानीसे हलका और गाढ़ा, स्निग्ध, चिकना और गन्धयुक्त होता है। यह किसी प्रकार भी पानीमें घुल नहीं सकता; किन्तु अलकोहलमें घुल जाता है। जो समस्त साथ सर्वांशमें मिश्रित नहीं होता, ऐसे उद्भिज्ज, प्राणीज और कृत्रिम रसको भी सामान्यतः तैल कहा जाता है। कागज पर पड़ने पर, कागज उसे सोख जाता है और कुछ स्वच्छ भी हो जाता है।

तैलका व्यवहार नाना प्रकारसे होता है। आहार्य द्रव्योंमें, गात्र-मर्दनमें, नाना प्रकारकी चीजें बनानेमें और आलोक-उत्पादनमें, इत्यादि अनेकों कार्योंमें तैलका बहुत व्यवहार होता है। मनुष्यके लिए धान्य, गेहूं, जौ, चना, मटर, मक्का आदि प्रधान आहार्य शस्योंके बाद ही घीकी आवश्यकता होती है और उसके बाद तैल वा तैलाक्त पदार्थकी। तैलकर द्रव्य, तैलजद्रव्य और तैल ये तीनों वस्तुएं व्यवसायके सर्व-प्रधान द्रव्यमें शामिल हैं। नाना प्रकारका तैल इस देशमें पाया है और यहांसे बाहर भी जाता है।

अवस्थाके भेदसे तैल दो प्रकारका है उड़ायु (वायु-परिणामी) और स्थिर।

१। उड़ायु-तैल।—यह प्रायः जलके समान, अतिशय दाहक, तीव्रगन्ध और तीक्ष्णस्वाद होता है। यह सुरा-सारके साथ घुलता नहीं, पानीमें भी अच्छी तरह नहीं घुलता, कागज पर गिरने और उड़ जानेसे दाग नहीं लगता। यदि सूख जाने पर भी दाग रहे, तो उसे तैल-की मिलावटी समझना चाहिये। उद्भिज्ज तैलके सिवा और कोई भी तैल (प्रायः) उड़ायु नहीं होता। साधारणतः यह तैल चुआ कर निकाला जाता है। इस श्रेणीके तैलोंमें कई तैल ऐसे पतले होते हैं कि हाथमें लेने पर भी मालूम नहीं पड़ता कि यह तैल है। गन्धराज, नीबू आदिके तैल इसी श्रेणीके हैं। लौंग, दालचीनी, जायफल, इलायची आदिका तैल अपेक्षाकृत गाढ़ा होता है; जायफल मिर्च आदिका तैल जम कर मक्खन जैसा हो जाता है। पीपरमिण्ट, मर्जोरम आदिके तैलमें मृदु उत्ताप देनेसे स्वच्छ दाने बंध जाते हैं। उड़ायु-तैलके पात्रका आवरण खोल कर, उसमें उत्ताप देनेसे तैल उड़ जाता है और उस स्थानके चारों तरफ उसकी गन्ध फैल जाती है; परन्तु वायुमें आवरण लगा कर यदि उत्ताप दिया जाय तो बहुत देरमें उड़ता है और रंग बदल कर काला पड़ जाता है, गन्ध भी जाती रहती है। स्थिर तैलमें प्रायः गन्ध नहीं होती, किन्तु जलादि मिश्रित रहने पर होती है।

२। स्थिरतैल—यह उत्तापसे उड़ता नहीं, और स्वभावतः तरल या उत्तापसे तरल हो जाता है। स्थिर-तैल स्निग्ध, चिकना, गन्ध-युक्त, अतिदाह्य एवं मृदु स्वाद होता है। यह ६०० डिग्रीसे कम उत्तापसे खौलता नहीं पानीमें घुलता नहीं, और न सुरासारमें ही अच्छी तरहसे मिलता है। कागज पर पड़ने पर दाग पड़ जाता है।

स्थिर तैलमें कार्बन, हाइड्रोजन और अक्सिजन रहता है। विश्लेषण करनेसे इस तैलमें दो तरहके पदार्थ निकलते हैं—तैलसार और तैलमौक्तिक। तैलके तरलांशको पाश्चात्य विद्वान् Oleum (वा Liquid portion of oil) वा तैलसार कहते हैं और उसके स्वच्छ एवं चिक्कणांशको Margarine (a pearllike substance in some Oil) वा तैलमौक्तिक। प्राणीज तैलमें, बीजोत्पन्न तैलमें तथा जलपाई-जातीय फलोंके तैलादिमें Stearine (aproximate principle of fat) वा चरबीका गाढ़ अंशवत् और भी एक उपादान पाया जाता है।

तैलका व्यवहार बहुत ज्यादतीसे होता है। साबुन और बत्ती बनानेमें, दीया जलानेमें, मशीनमें, पशम बनानेमें, रंग और वार्निश बनानेमें, साग, तरकारीमें, दवाइयोंमें, छापनेकी स्याहीमें, फलादिके अचारोंमें, केश आदिके संस्कारमें, तथा सुगन्धित तैल और द्रव्य आदिके बनानेमें तैलका यथेष्ट व्यवहार होता है। इसके सिवा और भी बहुतसे छोटे छोटे कामोंमें तैलका व्यवहार होता है।

मृत्तिज तैल वा मिट्टीका तेल—इसका अंग्रेजी नाम 'केरोसिन' है। यह तैल तुरुष्कके अधीन अरबमें, उत्तर-पारस्यके बाकू नामक स्थानमें, उत्तर भारतमें, चीन और ब्रह्मदेशमें उत्पन्न होता है। इस तैलसे छ तरहकी चीजें बनती हैं, जिनमें एक प्रकारका तुषारश्वेत कठिन मोम और एक तरहका उमदा खुशबूदार तैल ही मुख्य है।

हमारे आयुर्वेदके मतसे सभी तैल वायुनाशक हैं, जिनमें तिलका तैल ही सबसे श्रेष्ठ है। इसके पर्याय—स्नेह, स्नेह, अभ्यञ्जन। (हेम०)

तैल आग्नेय, उष्ण, तीक्ष्ण, मधुर, पुष्टिकर, प्रीतिकर, व्यवायकर्मका उत्तेजक, सूक्ष्म विशद, गुरु, सारक विकाशी, तेजस्कर, त्वक्के लिए प्रसन्नतासम्पादक, मेधा, शरीरकी कोमलता और मांसको दृढ़ करनेवाला, वर्णकर बलकर, दृष्टि-हितकर, मूत्र-रोधक, लेखनकर, तिक्त पश्चात् कषाय, पाचक, वातश्लेष्मा और कृमिनाशक, योनिशूल शिरःशूल और कर्णशूलको शान्त करनेवाला एवं गर्भाशयका शोधक होता है। छिन्न, भिन्न, उत्पिष्ट, विद्ध, च्युत, मथित, क्षत, पिच्चित, भग्न, स्फुटित, क्षारदग्ध, अग्निदग्ध, विश्लिष्ट, दारित, अभिहत, दुर्भग्न, मृगव्यालादि द्वारा दष्ट, इनमें तथा परिषेचन, मर्दन और अवगाहनके लिए तिलका तैल ही प्रशस्त है।

वस्तिक्रियामें, पीनेमें, नस्यमें, कर्णरन्ध्र-पूरणमें, अन्नपानके संयोगमें तथा वायुकी शान्तिके लिए तैलका व्यवहार किया जाता है।

सर्षपतैल (सरसोंका तेल)—यह अग्निदीपनकारक, कटुरस, कटुविपाक, लघु, तीक्ष्णताकारक, उष्णस्पर्श, उष्णवीर्य, तीक्ष्ण, रक्तपित्त-प्रकोपक तथा कफ, मेद, वायु, अर्श, शिरोरोग, कर्णरोग, खुजली, कोढ़, कृमि, श्वित्र, कोठ और दुष्टव्रण-नाशक होता है। काली और सफेद सरसोंका तेल भी उक्त गुण-सम्पन्न एवं मूत्रकृच्छ्रोत्पादक होता है।

एरण्डतैल (अंडीका तेल)—यह तेल मधुर, उष्ण, तीक्ष्ण, अग्निकर, कटु और पीछेसे कषाय, सूक्ष्म, नाड़ीशोधक, त्वक्के लिए हितकर, वृष्य, पाकमें मधुर एवं वयःस्थापक (जिसके व्यवहारसे शरीर शीघ्र जीर्ण नहीं होता), योनि और शुक्रका शोधक, आरोग्य, मेधा, कान्ति और बलको उत्पन्न करनेवाला तथा वातश्लेष्मा और शरीरके अधोभागके दोषोंका नाशक है।

निम्ब, अतसी, शण, कुसुम्भ, मूलक, देवदारु, हस्तिवल, (घोड़ाकरंज), अर्क, काम्पिल्ल, हस्तिकर्ण, पृथ्वीका (बड़ी इलायची), पीलु, करञ्ज, इङ्गुदी, शिग्रु, सर्षप, सुवर्चला (सोंठी), विडङ्ग, ज्योतिष्मती इनके बीज और फलका तैल तीक्ष्ण, लघु पर अनुष्णवीर्य, रस और पाकमें कटु, सारक तथा वातश्लेष्मा, कृमि, कुष्ठ, प्रमेह और शिरोरोगका नाशक है।

शुभ्र शीतलतैल—वातघ्न, मधुर, बलकारक, कटु, चक्षुके लिए अहितकर, स्निग्ध, गुरुपाक और पित्तकर होता है।

इंगुदीका तैल कृमिघ्न, ईषत् तिक्त, लघु, कुष्ठ एवं कृमिनाशक और दृष्टि, शुक्र एवं बलवर्द्धक होता है।

कुसुम्भीका तैल—परिपाकमें कटु, समस्त दोषोंका वर्द्धक, रक्तपित्तजनक, तीक्ष्ण, चक्षुके लिए अहितकर और विदाही (जिससे गला जलने लगे) होता है।

शिरीषलिंग (शिरीषका), तिनिश, बिभीतक, नारिकेल, कोल, अक्षोट, अम्लात प्रियाल, कर्कंदा, खर्जूरी, मधूक, अमारक, कर्कटिक, कूष्माण्ड आदिका तैल मधुर वात और पित्तको शान्त करनेवाला, शीतवीर्य, केशके लिए हितकर, मलमूत्ररोधक और अग्निमान्द्यकर होता है। मधूक, गम्भारी और पलाशका तैल मधुर, कषाय और कफ पित्तको शान्त करनेवाला है।

तुवरक और भल्लातकका तैल—उष्ण मधुर, कषाय, पीछेसे तिक्त, कटु एवं कुष्ठ, मेद, मेह, और कृमिका नाशक तथा ऊर्ध्व और अधोभागके दोषोंको दूर करनेवाला है।

सरल, देवदारु, गण्डीर, शिंशपा और अगुरु इनके सारभागका तैल—तिक्त, कटु, कषाय, दूषित व्रणोंका नाशक तथा कृमि, कफ, कुष्ठ एवं वायुका शान्त करनेवाला है।

तुम्बी, कोषाम्र दन्ती, द्रवन्ती, श्यामा, सप्तला, नीलि-कम्पिल्ल और शंखिनीका तैल—तिक्त, कटु, कषाय शरीरके अधोभागके दोषोंका नाशक तथा कृमि, कफ, कुष्ठ और वायुको शान्त करनेवाला एवं दूषित व्रणोंका संशोधक है।

यवतिक्ताका तैल—सब दोषोंको शान्त करनेवाला, ईषत् तिक्त, अग्निदीप्तिकर, लेखन, पथ्य, पवित्र और रसायन है।

ऐकैषिका (शरपुष्प)-का तैल—मधुर, अति शीतल, पित्तशान्तिकर, वायुवर्द्धक और श्लेष्मवर्द्धक है।

आम्रास्थिका तैल—ईषत् तिक्त, अति सुगन्धित, वात श्लेष्मशान्तिकर, रूक्ष, मधुर, कषाय और इसके रसकी भांति अतिशय पित्तकर है।

जिन फलोंके तैलोंका उल्लेख किया गया है, वे फल भी तैलकी तरह वायुशान्तिकर हैं। सब तैलोंमें तिलका तैल ही उत्कृष्ट है। तैलके सहज कार्यकारी और उसी प्रकार गुणयुक्त होनेके कारण ही अन्यान्य तैलोंमें तैलत्व स्वीकार किया जाता है।

वाग्भटका कहना है, कि जिस चीजसे जो तैल उत्पन्न होता है, उसमें उस चीजके गुण विद्यमान रहते हैं। इसलिए तैलोंके गुण नहीं लिखे गये हैं; उनके गुण तत्तत् उपादान-द्रव्यसे ग्रहण कर लेना चाहिये। शरीर पर तैल लगानेसे शरीर मुलायम रहता है, कफ और वायु नष्ट होते हैं, धातु पुष्टिकर होती है, बल और वर्ण प्रसन्न रहता है, पैरोंके तलवे पर तैल मलनेसे [illegible] जाती है, आँखोंको तरावट पहुंचती है और पादरोग नष्ट होता है, परन्तु कफरोगोंके लिए यह अनिष्टकर है। शरीरमें तेल मल कर स्नान करनेसे बल बढ़ता है। लोम-कूप एवं शिराओंके मुखमें तैल प्रविष्ट होनेसे नाड़ी तृप्त रहती है। तैल द्वारा मस्तकको भीगा रखनेसे शिरःशूल, खालित्य, पालित्य और गंजापन नहीं होता, प्रत्युत केश घने, मजबूत और काले होते हैं तथा इन्द्रियाँ प्रसन्न और मुख श्रीयुक्त रहता है। कानमें तैल डालनेसे कर्णरोग नष्ट हो जाता है। मर्दन या लगानेके लिए सरसोंका तेल ही सबसे उत्तम है।

तैल-पक्व खाद्यके गुण—विदाही, गुरुपाक, परिणाममें कटु, उष्ण; वायु और दृष्टिके लिए अहितकर, पित्तकर एवं त्वक्‌दोषोत्पादक है। तैलपक्व मांस सुस्वादु, रुचिकर एवं लघुपाक होता है।

तैल जितना पुराना होता जाता है, उसमें उतनी ही गुणोंकी वृद्धि होती है। (भावप्र०, सुश्रुत, [illegible])

प्रातःकाल (सूर्योदयसे पहले), व्रत, श्राद्ध, द्वादशी और ग्रहणके दिन तैल नहीं लगाना चाहिए।

"प्रातःस्नाने व्रते श्राद्धे द्वादश्यां ग्रहणे तथा।
मद्यलेपसमं तैलं तस्मात्तैलं विवर्जयेत्॥" ([illegible])

उक्त श्लोकमें तैलका निषेध किया गया है। तिल-तैलपर, अर्थात् पूर्वोक्त कार्योंमें तिलका तैल नहीं लगाना चाहिये।

घृत, सर्षपका तैल और पुष्पवासित तैल तथा पक्व तैल शरीर पर न लगाना चाहिए, क्योंकि इन तैलोंका लगाना दोषावह है। (तिथितत्त्व)

वार विशेषमें तैल मर्दनका फल—रविवारको तैल लगानेसे हृदयका विनाश होता है, सोमको कीर्तिनाश, मङ्गलको मृत्यु, बुधको पुत्रनाश, वृहस्पतिवारको अर्थ नाश, शुक्रवारको शोक और शनिवारको तैल लगानेसे दीर्घायु लाभ होती है। ([illegible])

घी मलनेकी अपेक्षा तैल मर्दन करनेसे ८ गुना फल होता है।

"घृतदशगुणं तैलं मर्दयेत् न तु खादयेत् ॥" (वैद्यक)

तैलंगा (हिं॰ पु॰) तिलंगा देखो।

तैलंगी (हिं॰ पु॰) १ तैलंग देशवासी। (स्त्री॰) २ तैलंग देशकी भाषा। (वि॰) ३ तैलंग देश सम्बन्धी, तैलंग देशका।

तैलक (सं॰ क्लो॰) स्वल्पं तैलं, अल्पार्थे-कन्। अल्प परिमाण तैल, थोड़ा तैल।

तैलकन्द (सं॰ पु॰) तैलप्रधानः कन्दः। कन्दविशेष। इसके पर्याय—द्रावककन्द, तिलाङ्कितदल, करवीर-कन्दसंज्ञ और तिलचित्रपत्रक। इसके गुण—लौह, द्रावी, कटु, उष्ण, वात, अपस्मार, विष और शोफ-नाशक।

तैलकल्कज (सं॰ पु॰) तैलात् तिलसम्बन्धिनः कल्का-ज्जायते जन-ड। तैलकिट्ट, खली।

तैलकार (सं॰ पु॰) तैलं करोति कृ-अण्। वर्णसङ्कर जातिविशेष, तेली। ब्रह्मवैवर्त्तपुराणके अनुसार इस जातिकी उत्पत्ति कोटक जातिकी स्त्री और कुम्हार पुरुषसे बतलाई गई है। इसके पर्याय—धूसर, चाक्रिक और तैली। यात्राकालमें इस जातिको देखनेसे अमङ्गल होता है।

> "ददर्शामङ्गलं राजा पुरो वर्त्मनि वर्त्मनि।
> कुम्भकारं तैलकारं व्याधं सर्पोपजीविनं ॥"
>
> (ब्रह्मवै॰ गणपतिख॰ ३५ अ॰)

तैलकिट्ट (सं॰ क्लो॰) तैलस्य किट्टं ६-तत्। तैलमल, खली। पर्याय—पिन्याक, खलि, और तैलकल्कज। गुण—यह कटु, शोष्य, कफ, वात और प्रमेहनाशक है।

तैलकीट (सं॰ पु॰) कीटभेद, तेलिन नामका कीड़ा।

तैलङ्ग (सं॰ स्त्री॰) तिलकस्य भावः कर्म वा तिलक-वुञ्। पत्यन्त पुरोहितादिभ्यो यक्। पा ५।१।१२८। तिलकका भाव, तिलक करनेका काम।

तैलङ्ग (सं॰ पु॰) देशविशेष, श्रीशैलसे ले कर चोलराज-के मध्यभाग तकको तैलङ्ग देश कहते हैं। तिलिंग देखो। यहांकी भाषा तिलिङ्ग वा तैलगू है।

तैलङ्गभट्ट—जैसलमेरके रहनेवाले हिन्दीके एक कवि। ये महारावल रणजितसिंह जैसलमेर-नरेशके दरबारमें रहते थे। ये साधारण श्रेणीके एक कवि थे। इन्होंने 'रणजित-रत्नमाला' नामक ग्रन्थ रचा है।

तैलङ्गस्वामी—एक महापुरुष। भारतवर्ष महापुरुषोंकी लीलाभूमि है। कितने ही महात्माओंने इस देशमें जन्म ग्रहण किया है, बाद वे प्रभूत उपकार साधन कर तिरोहित हो गये हैं। महात्मा तैलङ्गस्वामी काशी-धामके एक अमूल्य रत्न थे। इन्हें देखनेसे आध्यात्मिक तामसिक भाव दूर हो जाता था और हृदयमें सात्विक भावका समावेश होता था। जिन्होंने एक बार इनकी मूर्त्ति देख ली है, वे ही यथार्थमें इसका अनुभव कर सकते हैं। विदेशीय यात्रिक और साधु लोग जिस प्रकार भक्तिपूर्वक विश्वेश्वर, अन्नपूर्णा, मणिकर्णिकादिका दर्शन करते थे, इस महात्माका भी उसी प्रकार भक्तिपूर्वक दर्शन कर वे आत्माको चरितार्थ बना विमल अनिर्वच-नीय पवित्र सुख अनुभव कर गये हैं।

इस लोगोंके देशमें साधु पुरुषोंकी जीवनी अन्धकारमें छिपी हुई है, महात्मा तैलङ्गस्वामीके विषयमें भी वही हाल है। पता लगानेसे जो कुछ मालूम हुआ है, वही इस जगह लिखा जाता है। महात्माका प्रकृत नाम श्रैलिङ्गस्वामी था। ये जातिके ब्राह्मण थे। दाक्षिणात्य प्रदेशके होलिया नगरमें इनका जन्म हुआ था। १५२८ शताब्दीके पौषमासमें इन्होंने जन्मग्रहण किया था। इन-के पिताका नाम नरसिंहधर था। नरसिंहधर सच्चरित्र-वान् पुरुष थे। इनके दो विवाह हुए थे जिनसे दो पुत्र उत्पन्न हुए। प्रथम पत्नीके पुत्रका नाम शैलिङ्गधर और दूसरेका श्रीधर था। ४० वर्षकी अवस्थामें इनके पिताका देहान्त हुआ। इनकी माता विद्यावती और विचक्षण बुद्धिमती थीं। पिताके मरने पर शैलिङ्ग अपनी माता से ही विद्या सीखते थे। इसी प्रकार बारह वर्ष बीत गये, इस समय इन्होंने मातासे योगविद्या भी प्राप्त की थी। इनकी अवस्था जब ५२ वर्षकी हुई, तब माता भी इस लोकसे चल बसीं। मृत्युके बाद इनकी माताकी जहां अन्त्येष्टिक्रिया हुई थी, वहांसे ये फिर लौट कर घर न आये। श्रीधरने इन्हें घर लानेकी बहुत चेष्टा की, पर कुछ फल न हुआ। शैलिङ्गने श्रीधरको यह कह कर विदा किया कि, 'भाई! अब मैं फिर मायामय संसारमें प्रवेश न करूंगा, जो कुछ पैतृक सम्पत्ति है, आनन्दसे उसका भोग करो।' [illegible] वहां

एक सुन्दर गढ़ बनवा दिया और गाभिनीजीको उसकी व्यवस्था कर दी। तभीसे तैलिङ्गधर वहां रह कर माता द्वारा उपदिष्ट योगाभ्यास करने लगे। इस प्रकार २० वर्ष बीत गये। इस समय पश्चिमदेशमें पटियाला राज्यके बाहुर ग्राममें भगीरथस्वामी नामक एक सुप्रसिद्ध योगी रहते थे। संयोगवश एक दिन तैलिङ्गके साथ उनकी भेंट हो गई और दोनोंमें बहुत देर तक वार्तालाप होता रहा, पीछे कुछ दिन दोनों एक साथ रहे। अनन्तर भगीरथ स्वामी उन्हें अपने साथ पुष्करतीर्थको ले गये। वहां बहुत दिन तक रह कर तैलिङ्गधरने भगीरथस्वामीसे अच्छी तरह योग-शिक्षा प्राप्त की। इस प्रकार दीक्षित हो जाने पर भगीरथस्वामी इन्हें गणपतिस्वामी नामसे पुकारने लगे। अनन्तर ये दोनों अब अनेक तीर्थोंका पर्यटन कर काशीधाममें पहुंचे, तब वहांके सभी लोग इन्हें तैलिङ्गस्वामी कहने लगे। कुछ दिन बाद भगीरथस्वामीका पुष्करतीर्थमें ही शरीरान्त हुआ। स्वामीजीके मरने पर तैलिङ्गस्वामी भी तीर्थ-पर्यटनकी इच्छासे वहांसे निकले। इसी प्रकार कुछ दिन घूमते फिरते ये सेतुबन्ध-रामेश्वरमें पहुंचे जहां इन्होंने महाराष्ट्र देशीय अप्पाराव नामक एक ब्राह्मणको अपना शिष्य बनाया। कार्त्तिक मासकी शुक्ला पञ्चमीमें बहुत समारोहके साथ एक मेला लगा जिसमें अनेक यात्री इकट्ठे हुए थे। तैलिङ्गस्वामीके स्वदेशवासी कई एक यात्री भी वहां आये हुए थे। उन्होंने तैलिङ्गस्वामीको घर चलनेके लिए बहुत तंग किया। इस पर वे वह स्थान छोड़ कर सुदामापुरीको चले गये। पीछे वहांसे भी नेपाल जा कर कुछ काल तक योगाभ्यास करने लगे। वहां लोगोंकी संख्या अधिक देख कर तिब्बतको चले गये। फिर वहांसे मानस-सरोवरमें जा कर इन्होंने दीर्घकाल तक योगाभ्यास किया। पीछे यह स्थान भी छोड़ कर नर्मदा नदीके किनारे मार्कण्डेय ऋषिके आश्रममें रहने लगे वहां इनकी अनेक महात्माओंसे भेंट तथा बातचीत हुई। इस आश्रमके महात्मागण एक दिन प्रातःसमय नदीके किनारे जा रहे थे कि इसी बीचमें उन्होंने देखा कि नदी दूधका रूप धारण कर तैलिङ्गस्वामीके पास पहुंच गई। तैलिङ्गस्वामीने भी प्रसन्न चित्तसे उस दूधको पी लिया। महात्माओंके इस स्थान पर आनेसे ही नदीने दूधका रूप परित्याग कर स्वाभाविक आकार धारण किया। यह आश्चर्य घटना देख कर वे स्तब्ध हो रहे और उस रातको योगाभ्यासमें न लग कर आश्रमको लौट आए और वहां उपस्थित महात्माओंसे यह अद्भुतपूर्व वृत्तान्त आद्योपान्त कह सुनाया। इस पर सब कोई स्वामीजीको साक्षात् ईश्वर समान देख कर उनकी भक्ति और श्रद्धा करने लगे। पीछे स्वामीजी वहांसे प्रयागधाम जा कर कुछ काल तक रहे और फिर वहांसे काशीधामके असी घाटमें आकर तुलसीदासके उद्यानमें गुप्तभावसे रहने लगे। इस समय काशीधाममें आज कल जैसा अगणित लोगोंका वास नहीं था। अधिकांश लोग धार्मिक और सात्त्विक स्वभावके थे। जब ये तुलसीदासके उद्यानमें रहते थे, तब कभी कभी लोलार्ककुण्डमें जाया करते थे। अनेक उत्कट रोगी रोगकी यन्त्रणासे बेचैन हो कर स्वामीजीके शरण लेते और स्वामीजी दयापरवश हो कर उन्हें इस रोगसे आरोग्य कर देते थे। क्रमशः अनेक लोग आकर उन्हें तंग करने लगे। बाद ये यह स्थान छोड़ कर दशाश्वमेधघाटमें रहने लगे। इनका तात्कालिक अमानुषिक कार्यकलाप बहुत आश्चर्यजनक था। वे कभी तो शीतकालकी दुःसह शीतमें और कभी जलमें रहते थे। फिर ग्रीष्मकालकी प्रचण्ड धूपके उत्तापमें जब साधारण लोगोंको बाहर निकलनेका साहस नहीं होता, तब वे अश्वमेधाश्रमके दुस्तर तप्त बालू पर भी आया करते थे। वे भीख मांग कर नहीं खाते थे, जब कभी खाद्य पदार्थ सामने आ जाता था, तभी उसे खा लेते थे। इसमें किसी जाति या खाद्याखाद्यका अथवा स्वादास्वादका विचार नहीं करते थे। वहांके लोग किसी समय इन्हें २०।२५ सेर खाद्य पदार्थ खिला देते थे। फिर थोड़ी देरके बाद ही यदि कोई कुछ खानेको दे देता तो उसे भी वे खानेसे मुंह नहीं मोड़ते थे। पहले तो ये सभीसे बातचीत किया करते थे, किन्तु यहां आ कर किसीसे बोलते तक न थे। इस समयका कोई दुर्भिक्ष विषय आ पड़ता था, तब स्वामीजी ही सम्भव बन

कर उनको मीमांसा कर देते थे। कौपीन बाद जो कुछ इन्हें खानेको दिया जाता था, उसे ही वे खुशी-से खा लेते थे। काशीधाममें अनेक धार्मिक मनुष्य आया करते हैं। एक दिन किसी धनी व्यक्तिने २० भरा सोनेका एक कंकण स्वामीजीके हाथमें पहना दिया। काशीके गुण्डोंने उसे देख कर सोचा कि यदि स्वामीको शराब पिला कर बेहोश कर दें, तब यह कंकण हम लोगोंके हाथ लग जाय। यह सोच कर उन्होंने स्वामीजी को ७।८ बोतल शराब पिला दी, किन्तु इससे स्वामीजी-का कुछ भी अनिष्ट न हुआ। पीछे इन्होंने स्वयं अपने हाथसे सोनेका कंकण खोल कर उन दुष्टोंको दे दिया।

स्वामीजी सर्वदा नंगे घूमते फिरते थे। एक दिन पुलिस उन्हें पकड़ कर मजिष्ट्रेटके सामने ले गई। साहबने नंगा घूमनेसे मना किया और कहा, 'यदि तुम कपड़ा नहीं पहनोगे, तो हम अपना खाना तुम्हें खिला देंगे।' इस पर स्वामीजी बोले, 'पहले तुम हमारा खाना खाओ, तब हम तुम्हारा खायेंगे।" साहबने जब पूछा कि तुम्हारा खाना क्या है ? तब स्वामीजी उसी समय मल त्याग कर उसे खाने लगे। यह देख कर साहबको ज्ञान हुआ और उन्होंने स्वामीजीको छोड़ कर यथेच्छा भ्रमण करनेकी अनुमति दी।

दयानन्द सरस्वतीने किसी समय काशीधाममें आकर हिन्दू देवदेवियोंके असारत्वका प्रमाण देते हुए तथा पुराणादिकी निन्दा करते हुए जनताको अपने मतमें पलटा लिया और "एकमेवाद्वितीयम्" यह मत सर्वसाधारणमें प्रचार किया। फल यह हुआ, कि बहुतसे लोग मन्त्र-मुग्धकी नाईं अपने धर्मकी निन्दा करने लगे। दिनों दिन दयानन्दका दल पुष्ट होने लगा। बाद स्वामीजीके शिष्योंने यह संवाद उन्हें कह सुनाया। इस पर स्वामीजीने एक कागजके टुकड़े पर कुछ लिख कर उसे अपने शिष्य मङ्गलप्रसाद ठाकुरके हाथ दयानन्दके पास भिजवा दिया। कागज पढ़ कर दयानन्दने उसी समय काशीधाम छोड़ दिया। कागज पर जो कुछ लिखा था, वह दयानन्द और स्वामीजीके अतिरिक्त कोई नहीं जान सकता था।

१८०५ शकाब्दोंमें, काशीधाममें पञ्चगङ्गाके गर्भमें तैलङ्ग स्वामीने "लाट" नामक एक पत्थरका शिवलिङ्ग स्थापित किया। इसके कुछ दिन बाद इन्होंने पञ्चगङ्गाके ऊपर, जिस आश्रममें ये रहते थे उस आश्रममें, बहुत समारोहसे वैलिङ्गेश्वर नामक एक दूसरे शिवलिङ्गकी प्रतिष्ठा की। मङ्गलप्रसाद ठाकुर उसके सेवक नियुक्त हुए। इस आश्रममें स्वामीजीकी एक मूर्त्ति भी विद्यमान है। काशीवासी तथा यात्रीलोग इस मूर्त्तिका भक्तिपूर्वक दर्शन करते हैं।

महात्मा तैलिङ्गस्वामीने देहत्याग करनेके १५ दिन पहले मृत्युका हाल अपने सेवकोंसे कह दिया था। जिस घरमें ये रहते थे, उस घरके सभी द्वार बन्द करा कर आप समाधिस्थ हुए थे। कालपूर्ण होने पर सन्ध्याके पहले दरवाजा खोला गया और आप बाहर निकल कर योगासन पर बैठे। पीछे इन्होंने आत्माको परब्रह्ममें लीन कर शरीरत्याग किया।

१८०८ शकाब्दोंमें पौषशुक्ला एकादशीके दिन सन्ध्या समय स्वामीजीने अपना कलेवर बदला था।

इनका बनाया हुआ "महावाक्यरत्नावली" नामक एक ग्रन्थ मिलता है जिसमें निम्नलिखित उपदेशपूर्ण विषय लिखे हुए हैं—

ब्रह्मलक्षणवाक्य, विदविन्द्यावाक्य, उपदेशवाक्य, जीव-ब्रह्मैक्यवाक्य, मननवाक्य, जीवन्मुक्तवाक्य, स्वानुभूति-वाक्य, समाधिवाक्य, अष्ट स्वरूपवाक्य, पुंलिङ्गस्वरूपवाक्य, स्त्रीलिङ्गस्वरूपवाक्य, नपुंसकलिङ्गरूपवाक्य, आत्मस्वरूप-वाक्य, फलावाक्य और विदेहवाक्य।

स्वामीजीने दीर्घजीवन भोग कर जीवन्मुक्ति प्राप्त किया। ये मुक्त पुरुष थे। शिष्यगण इन्हें शिवाय विश्वेश्वरके अंश मानते थे। इस महापुरुषके स्वरूपका वर्णन करना असाध्य है। इनकी कृपासे कितने ही लोगोंने दुःसाध्य रोगोंके पंजेसे छुटकारा पाया है। कितने ही लोगोंने इनका शिष्यत्व लाभ कर अपनेको धन्य समझा है।

इनके शिष्यगण इष्टदेवकी नाईं इनका भी नाम सबेरे स्मरण किया करते हैं।

[illegible]

कृष्णे० मात्रुः। तैलपायिका, तेलिन नामका कीड़ा।

तैलपीतिका (सं० स्त्री०) तैलस्य पीतिरिव। तैलकीट, तैलका कीड़ा।

तैलत्व (सं० क्ली०) तैलस्य भावः तैल-त्व। तेलका भाव वा गुण।

तैलद्रोणी (सं० स्त्री०) तैलपूर्णा द्रोणी मध्यपदलो० कर्म०। प्राचीन कालका काठका एक प्रकारका बड़ा पात्र जिसकी लम्बाई चौड़ाई आदमीकी लम्बाईके बराबर हुआ करती थी। इसमें तेल भरकर चिकित्साके लिये रोगी लिटाए जाते थे और सड़नेसे बचानेके लिये मृतशरीर रखे जाते थे। इस पात्रमें लेटे रहना—वातरोग, व्याधि, कुष्ठरोग, पङ्गु, बाधिर्य, मिन्मिन, गद्गद, कम्पवात, पृष्ठग्रह, वामन, वातरक्त, ग्रीवाभङ्ग, अपतन्त्र, क्षय, रुधिर, मूत्रकृच्छ्र और अश्मरी आदि रोगोंमें हितकर है। राजा दशरथकी मृत्यु होने पर उनका शरीर कुछ समय तक तैलद्रोणीमें रखा गया था। तैलद्रोणीमें मृत शरीर रखनेसे जल्दी सड़ता नहीं।

"तैलद्रोण्यां तदामात्याः संवेश्य जगतीपतिं।
राज्ञः सर्वाण्यथादिष्टाश्चक्रुः कर्माण्यनन्तरम्॥"
(रामा० २।६६।१४)

तैलधान्य (सं० क्ली०) तैलोपयोगि धान्यं। तैलोपयोगी शस्य, धान्यका एक वर्ग जिसके अन्तर्गत तीनों प्रकारकी सरसों, दोनों प्रकारकी राई, तिल और कुसुमके बीज हैं।

तैलनिर्याण (सं० पु०) गन्धराज।

तैलनी (सं० स्त्री०) तैलकिट, खली।

तैलप (सं० पु०) तैलं पिबति पा-क। तैलपायिका, तेलिन नामका कीड़ा। तेल चुरानेवाला दूसरे जन्ममें तैलपायिका-योनिमें जन्म लेता है।

तैलपर्णक (सं० पु०) तैलमिव पर्णं यस्य कप्। पलितपर्ण वृक्ष, गठिवन।

तैलपर्णिक (सं० क्ली०) तैलं तैलयुक्तमिव पर्णमस्य वा तिलपर्णी तत्र भवतीत्यण् ठन्। १ हरिचन्दन, लालचंदन। २ चन्दनभेद, एक प्रकारका चन्दन। पर्याय—गोशीर्ष, चन्दन, भद्रश्री, तैलपर्णी, गन्धसार, मलयज और चन्दनाति। ३ वृक्षविशेष, एक प्रकारका पेड़।

तैलपर्णी (सं० स्त्री०) तिलपर्णे भवं तत्र अण् ङीप्। १ चन्दन। २ श्रीवास, सरलका गोंद। ३ सिह्लक, शिलारस या तुरुष्क नामका गन्धद्रव्य।

तैलपा (सं० स्त्री०) तैलं पिबति पा-क टाप्। तैलपायिका, तेलका कीड़ा।

तैलपायिका (सं० स्त्री०) तैलं पिबति पा-ण्वुल् टापि अत इत्वं। कीटविशेष, झींगुर, झनका। पर्याय—रक्ताङ्गी, तैलपीतिका, तैलपा, तैलाम्बुका और कपा भारा।

तैलपायी (सं० पु०) तैलं पिबति पा-णिनि। तैलपायिका, झींगुर।

तैलपिञ्ज (सं० पु०) तिलपिञ्ज, बंध्या तिलवृक्ष।

तैलपिपीलिका (सं० स्त्री०) तैलप्रिया पिपीलिका। पिपीलिकाभेद, एक प्रकारकी चींटी। पर्याय—तन्वङ्गी और कपिशाङ्गिका।

तैलपिष्टक (सं० पु०) तैलस्य पिष्टकं। तैलकिट, खली।

तैलपीत (सं० त्रि०) पीतं तैलं येन, समासे पर-निपातः। पीततैलक, जिसने तेल पीया हो।

तैलफल (सं० पु०) तैलप्रधानं फलं यस्य। १ इङ्गुदी। २ विभीतक, बहेड़ा।

तैलभाविनी (सं० स्त्री०) तैलं भावयति सुगन्धं करोति भू-णिच्-णिनि ङीप्। जातीपुष्प वृक्ष, चमेलीका पेड़।

तैलमर्दन (सं० क्ली०) तैलस्य मर्दनं। शरीरमें तेल लगानेकी क्रिया।

तैलमाली (सं० स्त्री०) तैलमाला माला समूहो यत्र ततो ङीप्। बत्ती, तेलकी बत्ती, पलीता।

तैलम्भाला (सं० स्त्री०) तिलपालीऽस्त्यां अर्थे तिलपाल-अण्, सुम्। प्रपा।

तैलयन्त्र (सं० पु०) तैलमर्दनार्थं यन्त्रं। तिलादि निष्पीडनार्थं यन्त्रादि, कोल्हू।

तैलवक (सं० पु०) तिलवृक्षस्य विषयो देशः राजन्या वुञ्। तैलवालाका देश।

तैलवल्ली (सं० स्त्री०) तैलार्थे न भवो। लाक्षावली, शत-मूली।

तैलाभ्यञ्जन (सं० क्ली०) तैलं अभ्यज्यते कुत्सितोऽनेन

साध-णिच् ल्युट्। गन्धद्रव्यविशेष, शीतल चीनी, कबाब-चीनी। पर्याय—काकोल, कोलक, गन्धव्याकुल, कक्कोलक और कोषफल।

तैलस्फटिक (सं॰ पु॰) तैलाक्तः स्फटिक इव। १ टंक-मणि, कहरुवा। यह प्रायः समुद्रके किनारे होता है। २ अम्बर नामका गन्धद्रव्य।

तैलस्यन्दा (सं॰ स्त्री॰) तैलमिव स्यन्दति स्यन्द-अच्। १ श्वेत-गोकर्णी, सुरहटी। २ काकोली, एक प्रकारकी दवा। ३ भूमिकुष्माण्ड, भूपोंवला।

तैलाक्त (सं॰ त्रि॰) तैलेन-आक्त। तैलमर्दित, जिसमें तेल लगा हो।

तैलाख्य (सं॰ पु॰) तुरुष्क नामक गन्धद्रव्य, शिलारस नामका गन्धद्रव्य।

तैलागुरु (सं॰ क्ली॰) तैलाक्तमिव अगुरु। दारुगुरु नामक गन्धद्रव्य, अगरकी लकड़ी।

तैलाङ्ग (सं॰ पु॰) बकुल वृक्ष, मौरयोका पेड़।

तैलाटी (सं॰ स्त्री॰) तैलेन तैलप्रदानेन अटति दूरी भवति अट-अच् गौरा॰ ङीष्। बरटा नामका कीट, बर्रे, भिड़।

तैलाधार (सं॰ पु॰) तैलस्य आधारः। तेल रखनेका बरतन।

तैलाभ्यङ्ग (सं॰ पु॰) शरीरमें तेल मलनेकी क्रिया तेल-की मालिश।

तैलाम्बुका (सं॰ स्त्री॰) तैलं अम्बु जलमिव पेयं यस्याः कप् टाप्। तैलपायिका, झींगुर।

तैलिक (सं॰ पु॰) तैलं पण्यत्वे मास्त्यस्य तैल-ठन्। तैलकार, तेली। तिठी और तेली देखो।

तैलिकयन्त्र (सं॰ पु॰) कोल्हू।

तैलिन (सं॰ त्रि॰) तैलं निष्पाद्यत्वेनास्त्यस्य तैल-इनि। १ तैलकार, जो तेल निकालता हो। २ तैलयुक्त जिसमें तेल मिला हो।

तैलिनी (सं॰ स्त्री॰) तैलं भक्षत्वेन आश्रयत्वेन वा अस्त्यस्य तैल-इनि-ङीप्। १ कीटभेद, एक प्रकारका कीड़ा। पर्याय—तैलकीट, पङ्क्तिम्भा, दद्रुमालिनी। २ दशावर्त्ती, तेलकी बत्ती।

तैलिशाला (सं॰ स्त्री॰) तैलिनः शाला। ६-तत्। वह स्थान जहां तेल पेरनेका कोल्हू चलता हो।

तैलीन (सं॰ क्ली॰) तिलानां भवनं क्षेत्रं तिल-खञ्। (विभाषा तिलमाषेति। पा ५।२।४) तिलक्षेत्र, तिलका खेत। तिली देखो।

तैल्वक (सं॰ पु॰) लोध्र, लोध। १ (त्रि॰) २ जो लोधकी लकड़ीसे बना हो।

तैल्वपूग (सं॰ क्ली॰) पूगफल, सुपारी।

तैव्रक (सं॰ त्रि॰) तीव्र वुञ्। तीव्र, तेज। तीव्र देखो।

तैव्रदारव (सं॰ त्रि॰) तीव्रदारुण इदं रजतादित्वात् अञ्। तीव्रदारु सम्बन्धी।

तैश (अ॰ पु॰) आवेग-युक्त क्रोध, गुस्सा।

तैष (सं॰ पु॰) तैषी तिष्यनक्षत्रयुक्ता पौर्णमासी अस्मिन् इति तैषी सास्मिन् पौर्णमासीति अण्। पौष-मास, पूसका महीना। शुक्ल प्रतिपदसे लेकर अमावस्या तक चान्द्र पौषमासका नाम तैष है। पौष मासकी पूर्णिमाके दिन तिष्य (पुष्या) नक्षत्र होता है।

तैषी (सं॰ स्त्री॰) तिष्येण नक्षत्रेण युक्ता तिष्य-अण्। पुष्यनक्षत्रयुक्ता पौर्णमासी, पूसकी पूर्णिमा।

तैसा (हिं॰ वि॰) उस प्रकारका।

तोंद (हि॰ स्त्री॰) पेटके आगेका बढ़ा हुआ भाग, पेटका फुलाव।

तोंदल (हिं॰ वि॰) तोंदवाला, जिसका पेट आगेको और बढ़ा और खूब फूला हुआ हो।

तोंदा (हिं॰ पु॰) १ वह मार्ग जिससे होकर तालाबका पानी निकलता हो। २ टीले या मट्टीका ढोहा जिस पर तीर या बन्दूक चलानेका अभ्यास करनेके लिये निशाना लगाते हैं। ३ राशि, ढेर।

तोंदी (हिं॰ स्त्री॰) नाभी, ढोंढ़ी।

तोंदीला (हिं॰ वि॰) तोंदल देखो।

तोंदैल (हिं॰ वि॰) तोंदल देखो।

तोंबा (हिं॰ पु॰) तूंबा देखो।

तोंबी (हिं॰ स्त्री॰) तूंबी देखो।

तौई (हिं॰ स्त्री॰) १ कुरते आदिमें कमर पर लगी हुई पट्टी या गोट। २ चादर या दोहर आदिकी गोट। ३ अँगियाका लेफा।

मण्ड' या 'मन्त' कहते हैं। प्रति मण्डमें पांच पांच घर रहते हैं। जिनमेंसे तीन तो रहनेके लिए, एक दूध दही रखनेके लिए और शेष एक खानेके लिये। ये सब घर दूरसे बादामी रंगके दीख पड़ते हैं। हरएक घर १० फुट ऊंचा, १५ फुट लम्बा और ८ फुट चौड़ा रहता है। सभी घर बांसके बने होते और उनमें गोबरका लेप दिया रहता है। घरका भीतरी भाग ६ से दस हाथ तक चौड़ा होता है। बीचमें दो फुट ऊंचा मट्टीका चबूतरा रहता है जिस पर हरिण या भैंसके चमड़ा अथवा चटाई बिछा कर सोते हैं। उसके पश्चिमकी ओर भट्टी और भट्टीके चारों तरफ असबाब रहता है। दूधका घर सबसे बड़ा होता है। यह घर टट्टियासे दो बराबर भागोंमें विभक्त रहता है। एक भागमें दूध घी आदि रखे जाते और दूसरेमें उन लोगोंके इष्टदेवताकी पूजा होती है।

तोड़ा (हिं० पु०) १ सोने चांदी आदिकी सिकरी। यह लच्छेदार और चौड़ी होती है। यह तोड़ा आभूषणकी तरह पहननेके काममें आता है। इसके कई भेद हैं। कोई कोई इसे पैरों, हाथों या गलेमें पहनते हैं। कभी कभी सिपाही लोग अपनी पगड़ीके ऊपर चारों ओर भी तोड़ा लपेट लेते हैं। २ रुपये रखनेकी टाट आदिकी थैली। ३ तट, किनारा। ४ वह मैदान जो नदीके संगम आदि पर बालू मट्टी जमा होनेके कारण बन जाता है। ५ घाटा, कमी, टोटा। ६ रस्सी आदिका खण्ड। ७ नाचका एक टुकड़ा। ८ हलकी सस्ती लकड़ी, हरिस। ९ पलीता, पलीता। १० एक प्रकारकी साफ चीनी जो प्रायः मिस्रीकी तरह होती है और उससे पोला बनाते हैं। ११ वह तोड़ा जिसके चकमक पर मारनेसे आग निकलती है। १२ तीन बार तक ब्याई हुई भैंस।

तोड़ाई (हिं० स्त्री०) तुड़ाई देखो।

तोड़ाना (हिं० क्रि०) तुड़ाना देखो।

तोड़ी (सं० स्त्री०) तुड़-अच् गौरा० ङीष्। १ तीन साधन धान्यभेद, एक प्रकारका धान। २ सम्पूर्णरागकी स्त्री। इसका ग्रह अंश और न्यास मध्यम है।

तोड़ी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी सरसों।

तोतई (हिं० वि०) जिसका रंग तोतेके रंगसा हो, धानी।

तोतरंगी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी चिड़िया।

तोतरा (हिं० वि०) तोतला देखो।

तोतराना (हिं० क्रि०) तुतलाना देखो।

तोतला (हिं० वि०) १ अस्पष्ट बोलनेवाला, जो तुतला कर बोलता हो। २ जिसमें उच्चारण साफ साफ न हो।

तोतस् (सं० अव्य०) तु-बाहुलकात्। १ कलत्र। २ त्वं, तुम।

तोता (फा० पु०) एक प्रसिद्ध पक्षी। इसके शरीरका रंग हरा और चोंच लाल होती है। इसकी दुम छोटी होती है। और पैरोंमें दो, आगे और पीछे दो इस प्रकार चार अंगुलियां होती हैं। यह मनुष्योंकी बोलीका अनुकरण अच्छी तरह कर सकता है। इसकी बोली बहुत मीठी होती है, इसीलिये लोग इसे अपने घरों पालते हैं। और छोटे मोटे पद तथा "राम राम" सिखाते हैं। इसके कई भेद हैं, जिनमेंसे अधिकांश फल खाते और कुछ मांस भी खाते हैं। तोतेकी लम्बाई कमसे कम तीन फुटकी होती है। कुछ ऐसे भी तोते हैं जिनका स्वर बहुत कटु, अप्रिय होता है। नर और मादाका रंग प्रायः एकसा ही होता है। अमेरिकामें कई प्रकारके तोते मिलते हैं। होरामन, कातिकनूरी, काकातूआ आदि तोतेकी जातिके हैं। जिस तरह दूसरे दूसरे पालतू पक्षी अपने मालिकके यहांसे भाग जाने पर फिर लौट आते हैं उस तरह तोते छूट जाने पर फिर कभी अपने पालनेवालेके पास नहीं आते। इसलिये तोता कृतघ्न पक्षी कहलाता है। २ बन्दूकका घोड़ा।

तोताचश्म (फा० पु०) तोतेकी तरह आंखें फेर लेनेवाला, वह जो बहुत बे-मुरौवत हो।

तोताचश्मी (फा० स्त्री०) बेमुरौवती, बेवफाई।

तोताराम—हिन्दी तथा अंग्रेजीके एक प्रसिद्ध विद्वान्। इनका जन्म संवत् १८०० में कायस्थकुलमें हुआ था। कुछ दिन सरकारी नौकरी करके इन्होंने अलीगढ़में [illegible] [illegible]। [illegible] इन्हें [illegible] [illegible] होती थी। इन्होंने कुछ दिन 'भारतबन्धु' [illegible] [illegible] पत्र भी निकाला था। [illegible] [illegible] [illegible] इन्होंका बनाया हुआ है। [illegible] [illegible] [illegible] राम-रामायण [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

तोंअरघार—मध्यभारतके ग्वालियर राज्यका एक जिला। यह अक्षा० २५° ४८' और २६° ५२' उ० तथा देशा० ७७° ११' और ७८° ४२' पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण १८७८ वर्गमील और लोकसंख्या प्रायः ३६८४१४ है। यहांके प्रधान अधिवासी तोंवर ठाकुरके नाम पर ही जिलेका नामकरण हुआ है। इसमें गोहद नामका एक शहर और ७०४ ग्राम लगते हैं। यह चार परगनोंमें विभक्त है, अम्बा, गोहद, जौरा और नूराबाद। राजस्व १११२००० रु० का है।

तोक (सं० क्ली०) तौति पूरयति गृहं तु-बाहुलकात् क। १ अपत्य, लड़का वा लड़की। २ शिशु, बालक, बच्चा। ३ श्रीकृष्णचन्द्रके सखाओंमेंसे एक।

तोकक (सं० पु०) चातकपक्षी, नीलकण्ठ।

तोकरा (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी लता। यह प्रायः अफीमके पौधों पर लिपट कर उन्हें सुखा देती है।

तोकवत् (सं० त्रि०) तोकं विद्यतेऽस्य तोक-मतुप् मस्य व। पुत्रादियुक्त, जिसके पुत्रपौत्र हों।

तोक्म (सं० पु०) तकन्ति हसन्ति आनन्दिता भवन्ति लोका अनेन तक-बाहुलकात् म ओतश्च। १ हरिद्वर्ण अपक्व यव, हरा और कच्चा जौ। २ हरिद्वर्ण, हरा रंग। ३ मेघ, बादल। (क्ली०) ४ कर्णमल, कानकी मैल। ५ नवप्ररूढ़ यव, जौका नया अङ्कुर। ६ पत्रयुक्त अङ्कुर, वह अंकुर जिसमें पत्ते निकल गये हों।

तोक्मन् (सं० क्ली०) तोक-मनिन् पृषोदरादित्वात् अतत्वं। १ नवप्ररूढ़ यव, जौका नया अंकुर। २ अपत्य, लड़का, लड़की।

तोटक (सं० क्ली०) १ द्वादशाक्षरपाद छन्द, बारह अक्षरका वर्णवृत्त। इस छन्दके प्रत्येक चरणमें १२ अक्षर होते हैं। २ शङ्कराचार्यके चार प्रधान शिष्योंमेंसे एक। इनका दूसरा नाम नन्दीश्वर था।

तोटका (हिं० पु०) टोटका देखो।

तोड़ (हिं० पु०) १ तोड़नेकी क्रिया। २ नदी आदिके जलकी तेजधारा। ३ दुर्ग वा दीवारों आदिका वह अंश जो गोलेकी मारसे टूट फूट गया हो। ४ प्रतिकार, मारक। ५ दहीका पानी। ६ कुश्तीका एक पेच जिससे कोई दूसरा पेच रद्द हो। ७ बार, झोंक, दफा।

तोड़जोड़ (हिं० पु०) १ युक्ति, चाल। २ घटे बढ़े लड़ा कर काम निकालना।

तोड़न (सं० क्ली०) तुड़ भावे ल्युट्। १ भेदन, छेद करनेकी क्रिया। २ दारण, चीरने या फाड़नेका काम। ३ हिंसन, मारनेका काम।

तोड़ना (हिं० क्रि०) १ भग्न, विभक्त या खण्डित करना। २ किसी वस्तुके अंगको किसी प्रकार अलग करना। ३ किसी वस्तुका कोई अंश बेकाम करना। ४ किसी संगठन व्यवस्थाको नष्ट कर देना। ५ खरीदनेके लिए किसी पदार्थका दाम घटा कर निश्चित करना। ६ सेंध लगाना। ७ किसीका कुमारीत्व भङ्ग करना। ८ क्षीण दुर्बल करना। ९ नियमके विरुद्ध आचरण करना। १० दूर करना, अलग करना। ११ स्थिर न रहने देना, कायम न रहने देना।

तोड़ल (सं० क्ली०) तन्त्रभेद, एक तन्त्र।

तोड़ा—मन्द्राज प्रदेशके अन्तर्गत नीलगिरिनिवासी एक असभ्य जाति। किसीका मत है, कि तामिल 'तोरवम्' वा तोरम् शब्दसे तोड़ वा तोड़ा शब्द निकला है जिसका अर्थ है पशुपाल वा यूथ।

तोड़ोंके मतानुसार इनके चार पांच यूथ हैं जिनमेंसे दो तो निःशेष प्राय हैं।

इस जातिके लोग देखनेमें लम्बे, शरीरानुरूप गठन, बलिष्ट तथा स्वाधीन प्रकृतिके होते हैं। नाक लम्बी, ललाट चौड़ा, गण्डस्थल गोल, चिबुक और भौंके बाल खूब काले होते हैं। देखनेमें मानो ये पाश्चात्य सभ्य जातिकी एक शाखा हैं। इन लोगोंका जैसा स्वभाव है, वैसी ही पोशाक भी है, पर कुछ विशेषता है। ये लोग एक कपड़ेको दोहरा कर पहनते हैं। स्त्री पुरुष दोनों ही सिर पर पगड़ी धारण करते हैं।

तोड़ालोग स्वभावतः बहुत अपरिष्कार रहते हैं। स्त्री बहु विवाह कर सकती है। अकसर दो चार भाइयोंमें एक स्त्री रहती है।

मवेशी आदिका पालन करना ही इन लोगोंका प्रधान उपजीविका है। ये लोग प्रधानतः दूध, दही, घी और नाना प्रकारके दलहन अनाज खा कर रहते हैं।

ये लोग घने जङ्गलमें घर बना कर रहते हैं जिसे

मण्ड' वा 'मलत' कहते हैं। प्रति मण्डमें पाँच पाँच घर रहते हैं। जिनमेंसे तीन तो रहनेके लिए, एक दूध दही रखनेके लिए और शेष एक ग्वालेके लिये। ये सब घर दूरसे बादामी रंगके टीले पड़ते हैं। हरएक घर १० फुट ऊँचा, १५ फुट लम्बा और ८ फुट चौड़ा रहता है। सभी घर बांसके बने होते और उनमें गोबरका लेप दिया रहता है। घरका भीतरी भाग ६ से दस हाथ तक चौड़ा होता है। बीचमें दो फुट ऊँचा मट्टीका चबूतरा रहता है जिस पर हरिण वा भैंसके चमड़ा अथवा चटाई बिछा कर सोते हैं। उसके पश्चिमको ओर भट्टी और भट्टीके चारों तरफ असबाब रहता है। दूधका घर सबसे बड़ा होता है। यह घर टट्टियासे दो बराबर भागोंमें विभक्त रहता है। एक भागमें दूध घी आदि रखे जाते और दूसरेमें उन लोगोंके इष्टदेवताकी पूजा होती है।

तोड़ा (हिं० पु०) १ सोने चाँदी आदिकी सिकरी। यह लच्छेदार और मोटी होती है। यह तोड़ा आभूषणकी तरह पहननेके काममें आता है। इसके कई भेद हैं। कोई कोई इसे पैरों, हाथों या गलेमें पहनते हैं। कभी कभी सिपाही लोग अपनी पगड़ीके ऊपर चारों ओर भी तोड़ा लपेट लेते हैं। २ रुपये रखनेकी टाट आदिकी थैली। ३ तट, किनारा। ४ वह मैदान जो नदीके सङ्गम आदि पर बालू मट्टी जमा होनेके कारण बन जाता है। ५ घाटा, कमी, टोटा। ६ रस्सी आदिका खण्ड। ७ नाचका एक टुकड़ा। ८ हलकी लम्बी लकड़ी, हरिस। ९ फलीता, पलीता। १० एक प्रकारकी साफ चीनी जो प्रायः मिस्रीकी तरह होती है और उससे चोला बनाते हैं। ११ वह लोहा जिसके चकमक पर मारनेसे आग निकलती है। १२ तीन बार तक ब्याई हुई भैंस।

तोड़ाई (हिं० स्त्री०) तुड़ाई देखो।

तोड़ाना (हिं० क्रि०) तुड़ाना देखो।

तोड़ी (सं० स्त्री०) तुड़-अच् गौरा० ङीष्। १ तीन साधन धान्यभेद, एक प्रकारका धान। २ वसन्तरागकी स्त्री। इसका षड्ज अंश और न्यास मध्यम है।

तोड़ी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी सरसों।

तोतई (हिं० वि०) जिसका रंग तोतेके रंगसा हो, धानी।

तोतरंगी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी चिड़िया।

तोतरा (हिं० वि०) तोतला देखो।

तोतराना (हिं० क्रि०) तुतलाना देखो।

तोतला (हिं० वि०) १ अस्पष्ट बोलनेवाला, जो तुतला कर बोलता हो। २ जिसमें उच्चारण साफ साफ न हो।

तोतम् (सं० अव्य०) तु-बाहुलकात्। १ कमल। २ त्वं, तुम।

तोता (फा० पु०) एक प्रसिद्ध पक्षी। इसके शरीरका रंग हरा और चोंच लाल होती है। इसकी दुम छोटी होती है। और पैरोंमें दो, आगे और पीछे दो इस प्रकार चार अंगुलियां होती हैं। यह मनुष्योंकी बोलीका अनुकरण अच्छी तरह कर सकता है। इसकी बोली बहुत मीठी होती है, इसीलिये लोग इसे अपने घरमें पालते हैं। और छोटे मोटे पद तथा "राम राम" सिखाते हैं। इसके कई भेद हैं, जिनमेंसे अधिकांश फल खाते और कुछ मांस भी खाते हैं। तोतेकी लम्बाई कमसे कम तीन फुटकी होती है। कुछ ऐसे भी तोते हैं जिनका स्वर बहुत कटु, अप्रिय होता है। नर और मादाका रंग प्रायः एकसा ही होता है। अमेरिकामें कई प्रकारके तोते मिलते हैं। हीरामन, कातिकसुरी, काकातूआ आदि तोतेकी जातिके हैं। जिस तरह दूसरे दूसरे पालतू पक्षी अपने मालिकके यहांसे भाग जाने पर फिर लौट आते हैं उस तरह तोते छूट जाने पर फिर कभी अपने पालनेवालेके पास नहीं आते। इसलिये तोता कृतघ्न पक्षी कहलाता है। २ बन्दूकका घोड़ा।

तोताचश्म (फा० पु०) तोतेकी तरह आँखें फेर लेनेवाला, वह जो बहुत बे-मुरौवत हो।

तोताचश्मी (फा० स्त्री०) बेमुरौवती, बेवफाई।

तोताराम—हिन्दी तथा अंग्रेजीके एक प्रसिद्ध विद्वान्। इनका जन्म संवत् १९०४में कायस्थकुलमें हुआ था। कुछ दिन सरकारी नौकरी करके इन्होंने अलीगढ़में वकालत जमाई। वकालतमें इन्हें खासी आमदनी होती थी। इन्होंने कुछ दिन 'भारतबन्धु' नामक साप्ताहिक पत्र भी निकाला था। केटो-कृतान्त नामक नाटकग्रन्थ इन्हींका बनाया हुआ है। आप वाल्मीकीय रामायणका राम-रामायण नामक एक उम्दा कवित्त दोहा चौपाइयोंमें

हायसे कन्नौजका उद्धार करनेके लिए जयपालके विरुद्ध हो गये। १०२१ ई०में महमूदको जब यह खबर मिली तब वे पुनः इस देशको लौटे, लेकिन उनके आनेके पहले ही जयपाल मार डाले गये थे। पीछे १०२२ ई०में महमूदका जब कन्नौज पर अधिकार हो गया, तब तोमरवंशीय राजकुमारने वहांसे ३ दिनके रास्तेमें दूर गङ्गाके पूर्वीय किनारे वारि नामक स्थान पर राजधानी स्थापित की। मुसलमानोंके टो बार आक्रमणसे कन्नौजकी रक्षा नहीं होनेसे हो जहां तक समझते हैं कि जयपालके परवर्ती कुमारपाल वारि नामक स्थानमें राजधानी उठा ले गये थे। इस समय कन्नौजके राठोर राजवंशके प्रतिष्ठाता चन्द्रदेवने पुनः कन्नौज राज्यका मुसलमानोंके कवलसे उद्धार किया। चन्द्रदेवके पुत्रपौत्रादिके राज्यारोहणके विषयमें जो खोदितलिपि मिली है, उससे जाना जाता है कि चन्द्रदेवके पुत्र मदनपाल १०८७ ई०में राजा थे। इस हिसाबसे १०५० ई०में चन्द्रदेवका राजा होना स्वीकार किया जा सकता है। उस समय तोमरवंशीय द्वितीय अनङ्गपाल राज्य करते थे। शायद उन्होंने दिल्ली नगरमें फिरसे राज्यस्थापन और लालकोट नामका दुर्ग स्थापन किया था। लालकोटका भग्नावशेष अब भी विद्यमान है। दिल्लीके विख्यात लौहस्तम्भमें एक खोदित लिपि है जिससे अनङ्गपाल द्वारा लालकोटका बनाया जाना साबित होता है। उसमें "संवत् दिहली ११०८ अनंगपाल वहि" लिखा है; अर्थात् ११०८ संवत्में (१०५२ ई०में) अनङ्गपालने दिल्लीको बसाया। फिर कुमायूंके ग्रन्थमें लिखा है—"कि दिल्लीका कोट कराया लालकोट कहाया।" यानि दिल्लीका दुर्ग निर्माण कर उसका नाम लालकोट रखा। लालकोट नाम कुतुबउद्दीनके समय तक प्रचलित था' यह इस वचनसे प्रमाणित होता है। "लालकोट तया नगारो बाजतो था" कुतुब-उद्दीनने यह नियम चला दिया था, कि लालकोटकी सीमाके अन्दर कोई नगाड़ा नहीं बजा सकता। यही नियम कनिंहमके समयमें भी प्रचलित था। अनङ्गपाल लालकोटके मध्य 'अनङ्गपाल' नामक १६८ फुट लंबा और १५२ फुट चौड़ा एक जलाशय और २७ देवमन्दिर बनवा गये हैं। अनङ्गपालका जब कुतुब-मीनार बनाते समय सूख गया है। अब केवल शंक गर्भमात्र रह गया है। उक्त मन्दिर भी मुसलमान तहस नहस कर डाले गये हैं। दुर्गका अंश विशेष अभी पूर्ववत् दृढ़ है। इन्होंने बलरामगढ़ जिलेमें अनेकपुर नामक एक नगर भी बसाया था। यह नगर आज भी उसी नामसे ग्रामके रूपमें वर्त्तमान है। इनके पुत्र सूर्यपालने अनेकपुर नगरके समीप १०६१ ई०में सूर्यकुण्ड नामका तालाब खुदवाया जो अब भी मौजूद है। इनके तेजपाल (विजयपाल) नामक एक पुत्रने गुड़गांव और अलवरके बीच तेजोया नगर, दूसरे एक पुत्र इन्द्रराजने 'इन्द्रगढ़', रङ्गराजने अजमेरके निकट तारागढ़ और अचलराजने भरतपुर तथा आगराके बीच "अचेव" वा अचनेर नामका नगर स्थापित किया। द्रौपद नामक इनके और एक पुत्र थे जो असि वा हांसीमें रहते थे। इनके एक पुत्र शिशुपालने शीर्ष वा शिशवल स्थापन किया जो अभी शिरसोपाटन नामसे मशहूर है। ये सब प्रवाद यदि सत्य तो कह सकते हैं, कि द्वितीय अनङ्गपालका राज्य उत्तरमें हांसीसे ले कर दक्षिणमें आगरा, पश्चिममें अलवार और अजमेरसे ले कर पूर्वमें सम्भवतः गङ्गा नदी तक विस्तृत था।

दन्त-कहानीमें तोमरवंशीय कर्णपाल नामक एक विख्यात राजाका नाम पाया जाता है। इनके भी कुछ लड़के थे। वे भी नगरादि स्थापन कर गये हैं। इनमेंसे एकका नाम था बचदेव। इन्होंने नरनोलेके समीप 'बाघोर' और अजमेर-टोडाके समीप 'बाघोरा' वा 'बाचेरा' नगर स्थापित किया। इसी प्रकार नागदेवने अजमेरके निकटस्थ 'नागोर' और 'नागद', कृष्णरायने 'किशनगढ़', बानिलरायने अलवारके पश्चिम 'नारायणपुर, श्यामसिंहने अलवार और जयपुरके बीच 'अजबगढ़' और हरपालने अलवारके पश्चिम 'हरसोरा' और उत्तरमें 'हरसोली' नगर स्थापित किया है। इसके सिवा अलवारके उत्तरपूर्वमें जो 'बहादुरगढ़' है, वह स्वयं कर्णपालका बसाया हुआ है।

कुतुब-मीनारसे एक कोस दूर महीपाल नामक ग्राम भी इसी वंशके राजा महीपालकी कीर्त्ति है। इस वंशमें महीपाल नामके दो राजा हो गये हैं, उनमेंसे यह

जिनकी कीर्त्ति है, नहीं कह सकते।

दिल्लीके दक्षिण-पश्चिममें तुयारवती वा तोमरावती नामका एक जिला है। वहां आज भी एक तोमरवंशीय सरदार रहते हैं। धौलपुर और ग्वालियरके बीच तोमरगढ़ वा तुयारगढ़ नामका जो एक जिला और दुर्ग है, वहांके जमींदार भी इसी तोमरवंशके हैं।

द्वितीय अनङ्गपालके बाद तीन तोमरराज दिल्लीमें राज्य कर गये हैं। उनमेंसे अन्तिम तृतीय अनङ्गपाल अनङ्गपालके समयमें चौहान विशालदेवने दिल्ली पर अधिकार जमाया। कनिंहमके मतानुसार यह घटना ११५१ ई०में घटी।

विशालदेवके पुत्र सोमेश्वरने तृतीय अनङ्गपालकी कन्यासे विवाह किया था। इसीके गर्भसे सुविख्यात पृथ्वीराज वा राय पिथोराका जन्म हुआ। ११६८ ई०में ये मातामहसे गोद लिये गये।

ग्वालियरमें प्रायः दो शताब्दतक एक तोमर वंशने राज्य किया था। सुहानिया वा वर्त्तमान तोमरगढ़के जमींदार अपनेको दिल्लीके अनङ्गपालके वंशधर बतलाते हैं। इस वंशके इतिहास-लेखक कवि खड्गराय तोमरवंशको पाण्डुवंशोद्भव कह कर वर्णन कर गये हैं। राजपूत लोग भी इसे स्वीकार करते हैं।

कनिंहम साहबको १८६४-६५ ई०में वहांके जमींदारोंसे एक वंशपत्रिका मिली थी। शिलालिपिमें भी ग्वालियरराज ८ तोमर-नृपतिके नाम पाये गये हैं। खड्गरायके इतिहासके साथ मिला कर कनिंहमने ग्वालियरकी तोमरराजवंश तालिका इस प्रकार स्थिर की है।

नाम	ई०सन्
तेजपाल	१०८१
मदनपाल	११०५
अनङ्गपाल	११३०
रतनसिंह	११५१
श्यामचन्द्र	११७५
अचलब्रह्म	१२००
वीरसहाय	१२२५
मदनपाल	१२५०
भूपति	१२७५
कुमारसिंह	१३००
घाटमदेव	१३२५
ब्रह्म	१३५०
राजा वीरसिंहदेव	१३७५
उद्धारणदेव, विरमदेव और लक्ष्मीसेन	१४००
गणपतिदेव	१४१८
डुङ्गरसिंह	१४२५
कीर्त्तिराय वा कीर्त्तिसिंह	१४५४
कल्याणमहाय वा कल्याणमल्ल	१४७८
मानसिंह	१४८६
विक्रमादित्य	१५१६

राजा वीरसिंहसे ले कर विक्रमादित्य तक जो यथार्थमें ग्वालियरके राजा हुए। विक्रमके समय १५१८ ई०में इब्राहिम लोदीने ग्वालियर पर अधिकार किया। पीछे यह राजवंश जमींदारके रूपमें गिने जाने लगे। उन राजाओंके बाद खड्गरायके ग्रन्थमें और भी कई एक राजाओंके नाम, मिलते हैं, जैसे—

रामसहाय	१५२६
शालिवाहन	१५६५
श्यामराय	१५८५
संग्रामसहाय	१६३०
कृष्णसहाय	१६६०

बाद तोमरगढ़की वंशपत्रिकामें दो और नाम हैं—

विजयसिंह	१०१०
हरिसिंह	......

सम्राट् अलाउद्दीन् खिलजीके समयमें वीरसिंहदेव ग्वालियरके स्वाधीन राजा हुए। यह सब ऐतिहासिकोंका कहना है; किन्तु १३१५ ई०में अलाउद्दीन्की मृत्यु हुई, सुतरां वीरसिंहका अभ्युदय और अलाउद्दीन्की मृत्यु इन दो घटनाओंमें प्रायः ६०।७० वर्षका फर्क पड़ता है। खड्गरायने इनका समय उल्लेख करते समय कहा है, कि दिल्लीमें मरहम् खां प्रधान वजीर थे। फिर फजल अली कहते हैं, कि सिकन्दरखां प्रधान वजीर थे। इन दोनोंका नाम ले कर यदि विचार किया जाय, तो ऐसा अनुमान होता है, कि वीरसिंह, तैमुरके भारत आक्रमण करनेके कुछ पहले आविर्भूत हुए। इनके

समय सिकन्दर, हुमायूँ और नसरत दिल्लीका आधिपत्य पानेके लिए आपसमें झगड़ रहे थे।

वीरसिंह ग्वालियरके उत्तर दन्दरोली नामक स्थानके जमींदार थे। ये ही बादशाहके प्रधान वजीरके किसी कार्यमें नियुक्त हो कर उनके पास रहा करते थे। इसी अवसरमें उन्होंने बादशाहसे ग्वालियरके दुर्गको अध्यक्षता और शासनकर्तृत्व प्राप्त किया था। फजल अली कहते हैं, एक सैयद उस समय ग्वालियर-दुर्गके अधिपति थे, वे दुर्गका अधिकार छोड़ देनेको राजी न हुए। अन्तमें वीरसिंहने सैयद और उनके सेनापतियोंको निमन्त्रण कर भोजनमें अफीम मिला दी। नशामें जब वे बेहोश हो गये, तब वीरसिंहने उन्हें कैद कर दुर्ग पर अपना अधिकार जमा लिया।

वीरसिंह आदि कई एक पुरुष दिल्लीके अधीन रह कर खिजिर खाँको कर देते थे। वीरसिंहके बाद विरमदेव राजा हुए। शिलालिपिमें इसका प्रमाण है; किन्तु खड्गरायके ग्रन्थमें राजा उद्धारणका नाम मिलता है। ये वीरसिंहके भाई थे, यथार्थमें ये राजा हुए या नहीं इसका कोई प्रमाण नहीं है। विक्रमदेवके बाद शिलालिपिमें गणपतिदेवका नाम पाया जाता है। लक्ष्मीसेनके राज्यप्राप्तिका कोई प्रमाण नहीं है, केवल खड्गरायके ग्रन्थमें उनके नामका उल्लेख है।

१४२४ ई०में डुङ्गरसिंहके राजा होने पर मालवके होसङ्गशाहने ग्वालियरका अवरोध किया। अन्तमें दिल्लीसे मुबारकशाहने आ कर उन्हें परास्त किया। मुबारक शाह डुङ्गरसिंहसे कर वसूल कर दिल्लीको वापिस आये थे। पीछे १४३२ ई० तक उन्होंने कर न दिया। और तब सुलतान महम्मद बहुत बिगड़े और स्वयं बहुत सी सेनाओंको साथ ले ग्वालियर पर धावा मारा। जब डुङ्गरसिंहने उपायका रास्ता न देखा, तब उन्होंने अपनी राजधानीको सम्राट्‌की क्रोधाग्निसे बचनेके लिए मालवके अधिकृत नरवर दुर्गको जा घेरा। सम्राट्‌की सेना ग्वालियरको छोड़ नरवरदुर्गकी रक्षाके लिए चल पड़ी। डुङ्गरसिंह नरवर-दुर्गमें परास्त हुए। वे निराश हो कर ग्वालियर आये और सम्राट्‌की सेना विजयी होकर दिल्लीको वापिस चली गई। ग्वालियर क्रमशसे अब गया। डुङ्गरसिंहके दीर्घ राजत्वकालमें ही ग्वालियरके पार्वतीय भास्करकर्मोंका सूत्रपात हुआ। उस समय इनकी क्षमता उत्तर-भारतमें बहुत प्रसिद्ध थी। समय समय पर दिल्ली, जौनपुर और मालवके मुसलमान राजगण ग्वालियरसे सहायता लेते थे।

डुङ्गरसिंहके बाद उनके लड़के कीर्त्तिसिंह राजा हुए। इन्हींके समयमें पार्वतीय गुहामन्दिरका काम समाप्त हुआ। ये पहले जौनपुरके साथ मिल कर दिल्लीके प्रति विरुद्धाचरण करते थे। पर इनके लड़के कीर्त्तिराय और पृथ्वीरायने दिल्लीका पक्ष अवलम्बन किया था। बहलोल लोदी और जौनपुरके राजा महम्मद शर्कीके साथ जो युद्ध हुआ, उसमें पृथ्वीराय फते खाँ हाजीके हाथसे मारे गये। पीछे कीर्त्तिरायने फते खाँको परास्त कर उसे कैद कर लिया और सिर काट कर बहलोलको उपहारमें भेज दिया। १४६५ ई०में जौनपुर-पति हुसेन शर्कीने एक बृहत् सेनाको साथ ले ग्वालियर दखल किया। कीर्त्तिराय सन्धि करके कर देनेको राजी हुए और जौनपुरका पक्ष ग्रहण किया। जौनपुरपतिकी माताके मरने पर कीर्त्तिरायके पुत्र कल्याणमल्ल जौनपुरमें आत्मीयताकी रक्षा करने आये थे। १४७८ ई०में बहलोल रावरी नामक स्थानमें हुसेन शर्कीको सम्पूर्ण रूपसे परास्त कर ये ग्वालियर पहुँचे। कीर्त्तिसिंहने तुरंत ही लाखों रुपये, तम्बू, घोड़े, ऊँट आदि भेंट दे कर उनकी अधीनता स्वीकार कर ली और बाद उनके साथ कल्पी पर चढ़ाई करनेके लिए चल दिये। १४७८ ई०में कीर्त्तिसिंहकी मृत्यु हुई। पीछे कल्याणमल्ल राजा हुए। इनके थोड़े राजत्वकालमें कोई उल्लेखयोग्य घटना न हुई। । १४८६ ई०में कल्याणमल्लके पुत्र मानसिंह राजा हुए। ये सिंहासन पर बैठते न बैठते बहलोल लोदीसे आक्रान्त हुए। पीछे उन्होंने ८० लाख रुपये दे कर उनसे छुटकारा पाया। १४८८ ई०में बहलोलकी मृत्यु होने पर सिकन्दर लोदीने सम्राट् हो कर ग्वालियरराज मानसिंहको पोशाक आदि भेंटमें दीं। मानसिंहने भी अपने भतीजेके साथ एक हजार सेना और उपहार द्रव्यादि भेज कर सम्राट्‌की संवर्द्धना की। १५०१ ई०में निहाल नामक एक दूत दिल्लीको भेजा गया।

सम्राट्ने जब उससे ग्वालियरका समाचार पूछा, तब उसने बहुत प्रसन्नतासे उत्तर दिया। इस पर वह उसी समय दरबारसे निकाल बाहर किया गया और सिकन्दरने स्वयं ग्वालियरके विरुद्ध यात्रा की। मानसिंहने सैयद, बाबर खाँ और रायगणेश नामक तीन पलातक व्यक्तियोंको सम्राट्के हाथ सौंप, अपने लड़केको उनके पास उपहारके साथ भेजा। उसी समयसे युद्ध बन्द हो गया, लेकिन १५०५ ई०में सिकन्दरने पुनः ग्वालियर पर चढ़ाई कर दी। इस बार देशके मनुष्य भी उनके विरुद्ध हो गये। वे देशीय लोगोंके आक्रमणमें पड़ कर भूखसे कातर हो लौट आनेको बाध्य हुए। अन्तमें शत्रुके भयसे उन्हें एक गुप्त स्थानमें छिपना पड़ा और वहाँसे किसी प्रकार भाग कर प्राण बचाया। उनकी सारी सेना नष्ट हो गई। सिकन्दर जब ग्वालियर दुर्ग जीतनेमें हताश हो गये, तब दूसरे वर्ष उन्होंने ग्वालियरके अधीन हिम्मतगढ़को ही जीत कर सम्मानरक्षा की। १५१७ ई०में ग्वालियरको तहस-नहस कर डालनेकी इच्छासे उन्होंने दूर दूर देशोंके सामन्तगण निमन्त्रण किया। इसी बीच सिकन्दरकी मृत्यु हो गई। इब्राहिम लोदी सम्राट् हो कर उनके विद्रोही भाई जलालखाँको आश्रय देनेके अपराधमें मानसिंहके प्रति बहुत क्रोधित हुए। तदनुसार ३० हजार अश्वारोही और ३ सौ हाथी आजीम हुमायूँ नामक सेनापतिके अधीन ग्वालियरके विरुद्ध भेजे गये। अन्यान्य स्थानोंसे और भी सात सेनापति आजीमके पृष्ठावलम्बन करनेमें नियुक्त हुए। इस युद्धमें ग्वालियरका दुर्ग हाथ आ गया और युद्धके थोड़े दिनोंके बाद मानसिंह इस लोकसे चल बसे। राजा मानसिंह बहुत साहसी, वीरपुरुष थे, शत्रु-मित्र दोनोंसे एक ही तरह सम्मानित होते थे। कभी भी किसीके प्रति इन्होंने अत्याचार न किया। नियामत उल्ला नामक एक ऐतिहासिक उनकी प्रशंसामें कह गये हैं कि हिन्दू रहने पर भी मुसलमानोंके प्रति कभी बुरी निगाह न डाली, बाहरसे तो हिन्दू-भाव टपकता था, पर भीतर मुसलमानी-भाव लबालब भरा था। इन्होंने ही ग्वालियरकी 'मोती झील' बनवाई। तोमरगढ़ और जितवारजिलामें जितनी झीलें हैं वे भी राजा मानसिंहकी ही कीर्ति है। स्थापत्यविद्यामें, भास्करशिल्पमें और सङ्गीतविद्यामें इनका बड़ा प्रेम था। उनका प्रासाद और उनकी बनाई संगीतावली ही इसका निदर्शन है। ये ही गुर्जरी नामक मिश्ररागिणीके प्रतिष्ठाता थे। उन्होंने अपनी गुर्जरीमहिषी मृगनयनाको खुश करनेके लिए इस नव सुरका नामकरण किया। उससे ही गुर्जरीरागिणीके बहुलगुर्जरी, मालगुर्जरी, मङ्गलगुर्जरी और विशुद्धगुर्जरी ये चार विभाग कल्पित हुए हैं। इनकी दो सौ महिषियोंमेंसे मृगनयना ही श्रेष्ठ तथा रूपवती थी। राजकार्यमें भी ये बहुत विचक्षणा थी जिसकी तारीफ अबुलफजल कर गये हैं।

इनके बाद इनके लड़के विक्रमादित्यने कुपहोमें राज्यलाभ किया। इनके समयमें अजीम हुमायूँ बादलगढ़का तोरण जला कर उस पर अधिकार कर बैठा। यही ग्वालियरका पहला द्वार था। दूसरे और तीसरे तोरणमें घनघोर युद्ध हुआ, अन्तमें वे भी मुसलमानोंके हाथ लगी। लक्ष्मणपुर नामक चौथे तोरण पर अधिकार करते समय दिल्लीके एक प्रधान सेनापति ताजनिजामका मृत्यु हो गई। जब अन्तिम तोरण हथियापुर पर अधिकार करने आये, तब राजा विक्रमने अपमानित तथा दुर्दशाग्रस्त होनेके भयसे आत्मसमर्पण किया। राजा आगरा लाये गये। वहाँ सम्राट्ने उन्हें शामसाबाद प्रदेश जागीरमें दिया। ग्वालियरका तोमर या तोमरवंश इसी प्रकार ध्वंस हो गया। मुगलके साथ पानीपतकी लड़ाईमें १५२६ ई०को इब्राहिम लोदीकी तरफसे लड़ते हुए राजा विक्रम मारे गये।

बाबर पानीपतकी लड़ाईमें जयलाभ कर आप ही दिल्लीके सम्राट् बन बैठे और अपने पुत्र हुमायूँको ग्वालियर भेज दिया। राजा विक्रमके वंशधरोंने उन्हें बहुतसे हीरा, मणिमुक्ता उपहारमें दिये। इनमेंसे एक हीरा बहुत बड़ा था, जिसका वजन फेरिस्तामें ८ मिस्कल २२४ रत्ती बतलाया है। वे टाभर्निय् और टावार्नियर इन दोनों हीरोंकी खानोंको 'कोहिनूर' कह कर वर्णन कर गये हैं। ये खानें सम्राट् अलाउद्दीन खिलजीसे पाई थीं।

१५२६ ई०के अन्तमें राजा [illegible]

वंशोय, मोरने जब ग्वालियरके अफगान शासनकर्त्ता तितर खांको बहुत तंग किया, तब बाबरने रहीमदाद नामक एक सेनापतिको उनके विरुद्ध भेजा। रहीमके आने पर तितर खांका मन बदल गया और उन्होंने रहीमको दुर्गमें प्रवेश न होने दिया। किन्तु महम्मद गाउस नामक एक व्यक्तिके कौशलसे रहीमदादने दुर्गपर अधिकार कर ही लिया। १५२७ ई०में राजा मङ्गलरायने (मङ्गलदेव) ग्वालियरको अवरोध किया। ये कीर्त्तिसिंहके छोटे लड़के माने जाते थे। तोमरगढ़के अन्तर्गत धुन्धारी, अखा आदि १२० ग्रामोंके ये जमींदार थे। इनकी वंशावली आज भी उक्त ग्रामोंमें है। ग्वालियरके अवरोधमें ये कृतकार्य न हुए।

सम्राट् हुमायुं १५४२ ई०में ग्वालियरके दुर्गमें रहते थे। इस समय राजा विक्रमके पुत्र रामसहायने ग्वालियरके दुर्गको अपने अधिकारमें लानेके लिये उनसे प्रार्थना की, किन्तु व्यर्थ हुई। इस पर वे बहुत दुःखित हुए और शेरशाहके साथ मिल गये। बाद इन्होंने शेरशाहके सेनापति सुजा खांके साथ युद्धमें जा कर मालव फतह किया।

फेरिस्ता कहते हैं—१५५६ ई०में सम्राट् अकबरके प्रधान मन्त्री बैराम खांने ग्वालियरके शासनकर्त्ता सुहेल खांके विरुद्ध सैन्य भेजनेका उद्योग किया। सुहेल खांने यह सम्वाद पाकर उक्त रामसहायको लिख भेजा कि "आपके पूर्वपुरुष ग्वालियरके राजा थे। कालक्रमसे यह अभी मेरे हाथ है। सम्प्रति मुगल बादशाह चढ़ाई करने आ रहे हैं। हममें उतनी शक्ति नहीं कि उन्हें रोकें। आप यदि मुझे कुछ अर्थ प्रदान करें, तो मैं अपने हाथसे ग्वालियरराज्य दे सकता हूं।" यह सुनकर रामसहाय ग्वालियरकी ओर बढ़े। किन्तु एकबाल खां नामक ग्वालियरके एक निकटवर्त्ती जमींदारने सैन्य संग्रह कर रास्तेमें ही रामसहायको परास्त किया। रामसहाय परास्त होकर मौरके राजाके राज्यमें भाग गये। फजल अली नामक एक ऐतिहासिकका कहना है, कि शेरशाहके पुत्रके मरने पर ग्वालियर बहबल नामक एक क्रीतदासके हाथ लगा। सम्राट् अकबरके समयमें रामसहायने राजपूतोंकी सहायतासे ग्वालियर पर चढ़ाई कर दी। मुगल-सेनापति कावा खां ग्वालियरकी रक्षाके लिये भेजे गये। रामसहायके साथ कावा खांका युद्ध हुआ। तीन दीन तक युद्ध होते रहनेके बाद कावा खांकी ही जीत हुई। अकबर जब चित्तोरमें घेरा डाले हुए थे (१५६८ ई०) तब उस युद्धमें ग्वालियरराज शालिवाहनको (रामसहायके पुत्र) रक्षा मिली थी। शालिवाहन किसी शिशोदीय राजकुमारीका पाणिग्रहण कर राणाके पास ही रहते थे। ग्वालियर अकबरके अधीन होने पर भी शालिवाहन राजपूत-राजसभामें ग्वालियरके राजा कह कर सम्मानित होते थे।

पीछे रोहिताश्वकी खोदितलिपिसे जाना जाता है, कि शालिवाहनके श्यामसहाय और मित्रसेन नामक दो पुत्र थे। ये दोनों कालक्रमसे अकबरके अधीन काम करते रहे। १६२१ ई०में श्यामसहायकी मृत्यु हुई। मित्रसेन मुगलके अधीन ग्वालियर-दुर्गके अध्यक्ष हुए। इसके सिवा मित्रसेनका और हाल मालूम नहीं। श्यामसहायके वंशधर तोमरगढ़की जमींदारी और नाममात्र "ग्वालियर-राज" को उपाधि लेकर सन्तुष्ट थे। श्यामसहायके दो पुत्र थे—संग्रामसिंह और नारायणदास। संग्रामको १६७० ई०में 'ग्वालियरराज'की उपाधि मिली और उनके पुत्र राजा कृष्णसिंहकी १७१० ई०में मृत्यु हुई। कृष्णसिंहके पुत्र विजयसिंह और हरिसिंहने उदयपुरमें आश्रय लिया। विजयसिंहका निःसन्तान-अवस्थामें १७८१ ई०को उदयपुरमें देहान्त हुआ। हरिसिंहके वंशधर अब भी उदयपुरमें हैं। इनकी एक दूसरी शाखा आज भी तोमरगढ़की जमींदारी भोग करती है।

तोमरग्रह (सं० पु०) तोमरं गृह्णाति ग्रह-अच्। तोमरशस्त्रग्राही, वह योद्धा जो तोमर अस्त्र ले कर लड़ता हो।

तोमरधर (सं० पु०) धरतीति धरः धृ-अच् तोमरस्य धरः। १ अग्नि, आग। २ तोमरधारी योद्धा।

तोमराण (सं० पु०) काश्मीरके एक राजाका नाम। ये लक्षिय राजाके पुत्र थे। (राजतर० ५। २१७)

तोमरिका (सं० स्त्री०) तोमर संज्ञायां कन् स्त्रियां टाप् अत इत्वं। तुमरिका, गोपीचन्दन।

तोय (सं॰ क्लो॰) तु-विच् तवे पूर्त्ये याति या-क वा तवते-र्वृद्धिकर्मणः तु-यत् निपातनात् साधुः । १ जल, पानी । २ पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र । ३ लग्नस्थानसे चौथा स्थान ।

तोयकर्म (सं॰ क्लो॰) तोयेन कर्म । तर्पण ।

तोयकाम (सं॰ पु॰) तोयं जलं कामयते कम-अण् । १ परिव्याध वृक्ष, एक प्रकारका बेंत जो जलके समीप उत्पन्न होता है, बानीर । (त्रि॰) २ जलाभिलाषुक, जो जल चाहता हो ।

तोयकुम्भ (सं॰ पु॰) तोयस्य कुम्भ इव । शैवाल, सेवार ।

तोयकृच्छ्र (सं॰ क्लो॰) तोयेन तोयमात्रपानेन कृच्छ्रं व्रतं॰ । जलमात्र पानरूप व्रतविशेष, एक प्रकारका व्रत जिसमें जलके सिवा और कुछ आहार ग्रहण नहीं किया जाता । यह व्रत एक महीने तक करना होता है ।

तोयक्रीड़ा (सं॰ स्त्री॰) तोयस्य क्रीड़ा ६-तत् । जल-क्रीड़ा ।

तोयचर (सं॰ त्रि॰) तोये जले विचरति चर-अच् । जल-चर ।

तोयज (सं॰ त्रि॰) तोये जायते जन-ड । जलज, जो जलसे उत्पन्न होता हो ।

तोयडिम्ब (सं॰ पु॰) तोयस्य डिम्ब इव । मेघोपल, ओला ।

तोयद (सं॰ पु॰) तोयं ददाति दा-क । १ मेघ, बादल । २ मुस्तक, नागरमोथा । (क्लो॰) ३ घृत, घी । (त्रि॰) ४ विधिपूर्वक जलदाता, जो विधिपूर्वक जल देता हो । जलदान करनेसे अत्यन्त फल होता है । जलदान करना मानो प्राणदान करना है । प्राणदानसे अधिक और कुछ नहीं है, किन्तु जलके बिना अन्नादि भी उत्पन्न नहीं हैं; इसीसे जलदान ही सबसे श्रेष्ठ माना गया है । जलदाता सब प्रकारकी कामना और कीर्त्ति लाभ कर अक्षयस्वर्गको प्राप्त होते हैं और उनके सब पाप नष्ट हो जाते हैं । (भारत शान्तिपर्व) ।

"तोयदो मनुजव्याघ्र ! स्वर्गं गत्वा महाद्युते ।
अक्षयान् समवाप्नोति लोकानित्यब्रवीन्मनुः ॥"
(भारत शान्ति॰)

तोयदागम (सं॰ पु॰) तोयदस्य आगमः ६-तत् । मेघा-गम, वर्षाऋतु, बरसात ।

तोयधर (सं॰ पु॰) धरतीति धरः धृ-अच् तोयस्य धरः । १ मेघ, बादल । २ मुस्तक, मोथा । ३ सुनिषण्ण शाक, एक प्रकारका साग ।

तोयधार (सं॰ पु॰) तोयानां धारा यत्र । १ मेघ, बादल । २ मुस्तक, मोथा । धारि भावे अण् तोयस्य धारः । ३ जलवर्षण ।

तोयधारा (सं॰ स्त्री॰) जलप्रणालि, जलकी धारा ।

तोयधि (सं॰ पु॰) तोयानि धीयन्तेऽत्र धा-कि । समुद्र, सागर ।

तोयधिप्रिय (सं॰ क्लो॰) प्रीणाति प्री-क, तोयधि प्रियो यस्य । लवङ्ग, लौंग ।

तोयनिधि (सं॰ पु॰) तोयं निधीयतेऽस्मिन्, तोय-नि-धा-कि । समुद्र ।

तोयनीवी (सं॰ स्त्री॰) तोयं समुद्रोदकं नीवीव यस्याः बाहुव्रीहि कप् । पृथ्वी ।

तोयपर्णी (सं॰ स्त्री॰) १ धान्यविशेष, एक प्रकारका धान । २ कारवेल्ल लता, करैला ।

तोयपाषाणजमल (सं॰ क्लो॰) खर्पर, खपड़ा ।

तोयपिप्पली (सं॰ स्त्री॰) जलपिप्पली ।

तोयपुष्पी (सं॰ स्त्री॰) तोयेन बहुजलदानेन पुष्पमस्याः । पाटलावृक्ष, पाडर ।

तोयप्रष्ठा (सं॰ स्त्री॰) तोयपुष्पी देखो ।

तोयप्रसादन (सं॰ क्लो॰) प्रसादयति प्र-सद-णिच्-ल्यु ट, तोयस्य प्रसादनं । कतकफल, निर्मली । यह फल जलमें घिस देनेसे जल परिष्कार हो जाता है ।

तोयप्रसादनफल (सं॰ क्लो॰) तोयप्रसादनाय फलं । कतकफल, निर्मली ।

तोयफला (सं॰ स्त्री॰) तोयप्रधानं फलं यस्याः । १ फल, लताविशेष, तरबूजकी बेल । २ ककड़ी, ककड़ी ।

तोयवल्ली (सं॰ स्त्री॰) अपामार्ग, एक प्रकारकी औषध ।

तोयरस (सं॰ क्लो॰) समुद्रका फेन ।

तोयमुच् (सं॰ पु॰) तोयं मुञ्चति मुच-क्विप् । १ जल-मुच्, मेघ, बादल । २ मुस्तक, मोथा ।

तोययन्त्र (सं॰ क्लो॰) १ कालज्ञानार्थ घटो यन्त्रविशेष, कालसूचक जलघड़ी । घटीयन्त्र देखो । २ जलयन्त्र-दिर, फुहारा ।

गुप्त मध्यभारतमें भानुगुप्त इस प्रान्तमें राज्य करते थे। इससे अनुमान किया जाता है कि हूणराज तोरमाणने बुद्धगुप्तके (४८४ ई०के) कुछ पीछे और भानुगुप्तके (५१० ई०के) पहले पूर्वमालवामें राज्य किया था।

मिहिरकुल देखो।

तोरश्रवा (सं० पु०) अङ्गिरा ऋषिका नाम।

तोरिया (हिं० स्त्री०) गोटा किनारी आदि बुननेवालों का छोटा बेलन। यह बेलन लकड़ीका बना हुआ रहता है और इस पर वे बुना हुआ गोटा पट्ठा और किनारी आदि लपेटे जाते हैं। २ वह गाय या भैंस जिसका बच्चा मर गया हो। ३ एक प्रकारकी सरसों।

तोरी (हिं० स्त्री०) तुरई देखो।

तोरी-फतेहपुर—मध्यभारतका एक छोटा सनद राज्य। यह बुन्देलखण्ड एजेन्सीके अधीन है। भूपरिमाण ३ वर्गमील और लोकसंख्या लगभग ७०८८ है। यह जागीर बुन्देलाके प्रधान दीवान रायसिंहने अपने बड़े लड़के दीवान हिन्दूसिंहको दी थी। उन्होंने फतेहपुर ग्रामके तोरी पहाड़के ऊपर एक किला बनवाया था। जब यह वृटिश गवर्मेण्टके हाथ लगा, तब उन्होंने १८२३ ई०में दीवान हरप्रसादको १४ ग्रामोंको एक सनद दी। वर्त्तमान जागीरदारका नाम अर्जुनसिंह है।

तोल (सं० पु० स्त्री०) तुल्यते परिमीयते तुल कर्मणि घञ्। तोलक, ८० रत्तीका वजन, तोला।

तोल (हिं० पु०) नावका डाँड़ा।

तोलक (सं० पु०-स्त्री०) तोलमेव स्वार्थे कन्। तोल परिमाण, एक तोला। ८० रत्तीका एक तोला होता है, लेकिन वैद्यक परिभाषामें ८६ रत्तीका १ तोला माना गया है। पर्याय—कोल, द्रङ्क्षण, वटक, अर्धांश और कर्ष।

तोलन (सं० क्ली०) तुल-ल्युट्। १ तोलकरण, तौलनेकी क्रिया। २ उत्तोलन, उठानेकी क्रिया।

तोलम (हिं० स्त्री०) हलके नीचे लगानेके लिये लगाई जानेकी लकड़ी, थाड़।

तोलवाना (हिं० क्रि०) तौलवाना देखो।

तोला (हिं० पु०) १ एक तौल जो बारह माशे या छ्यानबे रत्तीकी होती है। २ इस तौलका बाट।

तोल्य (सं० त्रि०) तुल-कर्मणि ण्यत्। १ तोलनीय, तोलनेके योग्य। (क्ली०) भावे ण्यत्। २ तोलन, तोलनेकी क्रिया।

तोश (सं० पु०) तुश वधे भावे घञ्। १ हिंसा। कर्त्तरि अच्। २ हिंसक।

तोशक (तु० स्त्री०) दोहरी चादर या खोलमें रुई, नारियलकी जटा आदि भर कर बनाया हुआ गरम बिछौना।

तोशकखाना (हिं० पु०) तोशाखाना देखो।

तोशदान (फा० पु०) १ मार्गके लिये जलपान आदि या दूसरी आवश्यक चीजें रखनेकी थैली। २ सिपाहियोंकी पेटीमें लगी हुई चमड़ेकी छोटी थैली। इसमें कारतूस भरे रहते हैं।

तोशल (हिं० पु०) तोसल देखो।

तोशा (फा० पु०) १ मार्गमें खानेका खाद्यपदार्थ। २ साधारण खाने पीनेकी चीज। ३ बाँह पर पहननेकी चीज, बाँह पर पहननेका एक प्रकारका गहना।

तोशाखाना (फा० पु०) वस्त्रों और आभूषणों आदिका भण्डार।

तोष (सं० पु०) तुष भावे घञ्। १ सन्तोष, तृप्ति। २ प्रसन्नता, आनन्द। ३ भागवतके अनुसार स्वायम्भुव मन्वन्तरके एक देवताका नाम। ४ श्रीकृष्णचन्द्रके एक सखाका नाम। (त्रि०) ५ अल्प, थोड़ा।

तोषक (सं० त्रि०) तुष्टिकारक, सन्तुष्ट करनेवाला।

तोषण (सं० क्ली०) तुष भावे ल्युट्। १ सन्तोष, तृप्ति। २ सन्तोषोत्पादन, सन्तुष्ट करनेकी क्रिया या भाव। (त्रि०) कर्त्तरि ल्यु। ३ सन्तोषजनक, खुश करनेवाला।

तोषनिधि—हिन्दीके एक सुकवि। ये चतुर्भुज शुक्लके पुत्र जिला इलाहाबादके शृङ्गवेरपुरके रहनेवाले थे। इन्होंने संवत् १७९१में सुधानिधि नामक रस-भेद और भावभेदका एक बहुत ही बढ़िया ग्रन्थ बनाया है। विनयशतक और नखशिख नामक इनके दो और ग्रन्थ मिलते हैं। इन्होंने अपने ग्रन्थमें आचार्यता भी प्रदर्शित की है तथा कई और साम्प्रदाय पर अपने विचार प्रकट किये हैं। इनका सुधानिधि नामक ग्रन्थ ऐसा विलक्षण बना है कि इनके सुकविपनेमें कोई आपत्ति नहीं कर सकता। उदाहरणार्थ उसमेंसे एक छन्द नीचे दिया जाता है—

"इक रीझी अधीनो करैं बतियाँ जिनको कहि छोनी छलामें करै।
इक दोष धरैं करकोह भरैं इक रोसकै नैन कलामें करैं॥
कहि तोष छुटी छुग अंचनसों उर दै भुजदण्डमें सलामें करैं।
निज अम्बर मोग करम्ब तरे मन कामें कलामें मुलामें करैं
तोतनमें रविको प्रतिबिम्ब परैं किरनै सो घनी घरघाती।
भीतर हु रहि जात नहीं अँखियां चकचौंघ ह्वै जात है राती॥
बैठि रही बलि कोठरिमें कहि तोष करौं बिनती बहुभाँती।
धारसी नैन लै आरसी सो अँग काम कहा कढि पावमें जाती॥

तोषयितव्य (सं॰ वि॰) तुष-णिच्-तव्य। तोषणीय, खुश करने योग्य।

तोषल (सं॰ पु॰) १ कंसके एक असुर मल्लका नाम। धनुर्यज्ञमें श्रीकृष्णने इसे मार डाला था। (क्ली॰) तोषं स्यति स्यो-बाहुलकात् ल। २ अस्त्रभेद, मूसल।

तोषाम—पञ्जाबके अन्तर्गत हिस्सार जिलेका एक ग्राम। यह हांसी नगरसे २८ मील दक्षिणमें अवस्थित है। यहां बालुकामय समतल क्षेत्रसे ८०० फुट ऊँचे एक पहाड़ पर बौद्ध और वैष्णवोंके यत्नसे कई एक उत्कीर्ण शिला-लेख है। प्रवाद है, कि पतियालेके अमरसिंहने तुषाम पर्वत पर एक दुर्ग निर्माण किया था। किन्तु दुर्ग देखनेसे मालूम होता है, कि यह दुर्ग अमरसिंहसे पहले बनाया गया था। अमरसिंहने इसका केवल संस्कार किया है।

कोई कोई अनुमान करते हैं, कि यहां तुषार जातिका एक सङ्घाराम था जिसे तुषारारामम कहते थे। उसीके अपभ्रंशसे तुषाम या तोषाम नाम हुआ है।

तोषित (सं॰ त्रि॰) तुष-णिच्-क्त। तृप्त, तुष्ट।

तोषिन् (सं॰ त्रि॰) तुष्यतीति तुष-णिनि। तुष्टकारक, जो तृप्त करता हो।

तोष्य (सं॰ वि॰) तुष-ण्यत्। तोषणीय, तुष्ट करने योग्य।

तोहफगो (फा॰ स्त्री॰) भलाई, अच्छापन।

तोहफा (अ॰ पु॰) उपायन, उपहार, भेंट।

तोहमत (अ॰ स्त्री॰) मिथ्या अभियोग, झूठा कलङ्क।

तोहमती (अ॰ वि॰) झूठा अभियोग लगानेवाला।

तोहान—१ पञ्जाबके हिस्सार जिलेके अन्तर्गत फतहा-बाद तहसीलकी एक उप-तहसील। इसका भूपरि-माण ४१० वर्गमील है। इसमें ११७ ग्राम लगते हैं। राजस्व लगभग ८६०००) रु॰ का है।

२ उक्त उप-तहसीलका एक ग्राम। यह अक्षा॰ २८° ४२′ उ॰ और देशा॰ ७५° ५४′ पू॰ हिस्सार शहरसे ४० मील उत्तरमें अवस्थित है। लोकसंख्या लगभग ५८२१ है। किसी समय इसकी गिनती अच्छे शहरोंमें होती थी। कहते हैं, कि दिल्लीके तोमर राजा अनङ्गपालने इसे बसाया था और चौहान राजाने इसे तहस नहस कर डाला। १२८८ ई॰में इसी स्थान पर तैमूरसे जाट लोग परास्त हुए थे।

तौंकना (हिं॰ क्रि॰) तौंसना देखो।

तौंस (हिं॰ स्त्री॰) धूपसे उत्पन्न प्यास जो किसी भांति न बुझे।

तौंसना (हिं॰ क्रि॰) गरमीके कारण सन्तप्त होना या झुलस जाना।

तौंसा (हिं॰ पु॰) अधिक ताप, कड़ी गरमी।

तौक (अ॰ पु॰) १ एक प्रकारका गहना जो हँसुलीके आकारका होता और गलेमें पहना जाता है। यह पटरीकी तरह कुछ चौड़ा होता और इसके नीचे घुंघरू आदि लगे होते हैं। २ इसी आकारकी वृत्ताकार पटरी या मँडरा। इसकी तौल हँसुलीसे बहुत भारी होती है। यह अपराधी या पागलके गलेमें पहनाया जाता है जिससे कि वह अपने स्थानसे हिल न सके। ३ पक्षियों आदिके गलेमें इसी आकारका प्राकृतिक चिह्न। ४ चपरास, पट्टा। ५ कोई गोल घेरा या पदार्थ।

तौक्षिक (सं॰ पु॰) धनु राशि।

तौग्र (सं॰ पु॰) तुग्रके पुत्र।

तौचा (हिं॰ पु॰) सिर पर पहननेका एक प्रकारका गहना।

तौजा (अ॰ पु॰) १ विवाहादिमें खर्च करनेके लिये रोतिहारोंको पेशगीमें दिये जानेका द्रव्य, बियाहो। (वि॰) २ हाथउधार। दस्तगर्दा।

तौजी (अ॰ स्त्री॰) वह हिसाब जिसमें प्रजाका नाम, जमीनकी तायदाद और जमाबन्दी आदि लिखी रहती है।

तौतातिक (सं॰ क्ली॰) तुतातभट्टेन निहत्तं तुतात-

ठक.। तुतातभट्टको दर्शनशास्त्र, कौमारिल शास्त्र।

तौतातित—सुप्रसिद्ध कुमारिलभट्टका नामान्तर। माधवाचार्यने सर्वदर्शन संग्रहमें इसी नामसे कुमारिलके वचन उद्धृत किये हैं। इसके पहले कुमारिलभट्ट शब्दमें कुमारिलके धर्ममतकी विस्तृत आलोचना की गई है। उस शब्दमें लिखा है, कि कुमारिल पांचवीं शताब्दीमें प्रादुर्भूत हुए थे, किन्तु आजकलके प्रमाणसे उनका ५ वीं शताब्दीसे बहुत परवर्ती होना जान पड़ता है।

चीन-परिव्राजक इत्सिङ् ७ वीं शताब्दीमें भारतवर्ष आये थे। उनके मतानुसार वाक्यप्रदीपके रचयिता भर्तृहरिने ६५० ई०में अपनी मानवलीला समाप्त की। कुमारिल स्वरचित मीमांसावार्त्तिकमें वाक्यप्रदीपसे अनेक जगह वचनोद्धार और उसकी समालोचना कर गये हैं।

प्रसिद्ध दि० जैनाचार्य समन्तभद्र स्वामीने आप्तमीमांसामें अर्हत्‌की सर्वज्ञता प्रतिपादन की है। जैनग्रन्थकार अकलङ्कदेवने अष्टशती नामक आप्तमीमांसाकी टीकामें लिखा है, कि अर्हत्‌के किसी इन्द्रियज्ञानकी आवश्यकता नहीं है। उसीका प्रतिवाद कुमारिलने किया है। यहाँ समन्तभद्रका मूल और अकलङ्ककी टीका उद्धृत कर दिखलाते हैं—

"सूक्ष्मान्तरितदूरार्थाः प्रत्यक्षाः कस्यचिद्यथा।"

(स्वामी समन्तभद्राचार्य)

अकलङ्कदेवने अपनी टीकामें 'अन्तरित' अर्थात् 'कालविप्रकर्षि अतीतादि' लिखा है। कुमारिलने समन्तभद्राचार्यका मूल और अकलङ्कदेवकी टीका उद्धृत कर इस प्रकार प्रतिवाद किया है—

'एवं यैः केवलं ज्ञानमिन्द्रियाद्यनपेक्षिणः।

सूक्ष्मातीतादिविषयं जीवस्य परिकल्पितम्॥

न ते तदागमात् सिद्ध्येत् न तेनागमो विना।

दृष्टान्तोपि न तद्रूपो नृषु कश्चित् प्रवर्त्तते॥"

(तन्त्रवार्त्तिक)

फिर दि० जैनग्रन्थकार विद्यानन्दिने श्लोकवार्त्तिकमें कुमारिल भट्टका मत उद्धृत कर लिखा है—

"ततो मदुपदर्शनकारि भट्टेन

'एवं' केवलं ज्ञानमिन्द्रियाद्यनपेक्षिणः।

सूक्ष्मातीतादिविषय जीवस्य तैरदः॥"

कुमारिलके तन्त्रवार्त्तिकमें कई जगह इसी प्रकार अकलङ्ककी अष्टशती व्याख्याकी कथा और उसका प्रतिवाद दीख पड़ता है। दूसरे पक्षमें विद्यानन्दि भी अकलङ्कदेवका मत समर्थन करते हुए निज अष्टसहस्री ग्रन्थमें कई जगह कुमारिलका तीव्र प्रतिवाद कर गये हैं। इस प्रकार अकलङ्कदेव और विद्यानन्दिके समयका निरूपण हो जानेसे ही हम निःसन्देह कुमारिलका प्रकृत समय स्थिर कर सकते हैं।

८६१ शकमें पम्प कर्णाटीभाषामें लिखित आदिपुराणमें तथा ८८२ शकमें सोमदेवने अपने यशस्तिलकचम्पूमें अकलङ्कदेवको श्रेष्ठ प्रमाणशास्त्रवित् माना है। फिर जिनसेनाचार्यने ७१० शकको जैन-आदिपुराणमें अकलङ्कदेवका नामोल्लेख किया है। जिनसेनाचार्य राष्ट्रकूटराज १म अमोघवर्षके गुरु थे। उन्होंने आदिपुराणमें एक जगह प्रभाचन्द्रके चन्द्रोदय नामक न्याय-ग्रन्थका उल्लेख किया है। प्रभाचन्द्रने अपने न्यायकुमुदचन्द्रोदयमें और विद्यानन्दिने अष्टसहस्री ग्रन्थमें अपनेको अकलङ्कदेवका शिष्य बतलाया है। इधर प्रभाचन्द्रने बाणभट्टकी कादम्बरी और भर्तृहरिका वाक्यप्रदीप उद्धृत किया है फिर दि० जैनग्रन्थकार ब्रह्मनेमिदत्तने लिखा है अकलङ्कदेव राष्ट्रकूटराज (१म) कृष्णराजके समसामयिक थे। गुजरातमें आविष्कृत राष्ट्रकूटराज दन्तिदुर्गके ताम्रशासनसे जाना जाता है, कि ६७५ शकमें वे राज्य करते थे। पीछे उनके चाचा कृष्णराज अधिकारी हुए। जिनसेनाचार्यने उत्तरपुराणमें लिखा है, कि ७०५ शकमें कृष्णराजके पुत्र श्रीवल्लभराजको राजगद्दी मिली।

पहले ही लिखा जा चुका है, कि इत्सिङ्के मतानुसार ६५० ई०में वाक्यप्रदीपके रचयिता भर्तृहरिकी मृत्यु हुई। कुमारिलने वाक्यप्रदीपका श्लोक उद्धृत किया है। अकलङ्कदेवके शिष्य प्रभाचन्द्र और विद्यानन्दि दोनों ही कुमारिलके तन्त्रवार्त्तिककी आलोचना कर गये हैं। फिर कुमारिलने भी अकलङ्कदेवकी अष्टशतीके अनेक वचन उद्धृत किये हैं। किन्तु अकलङ्कदेवने कहीं भी कुमारिलके मतका प्रतिवाद नहीं किया। इस हिसाबसे कुमारिल धर्मकीर्ति और वाक्यप्रदीपके रचयिता भर्तृहरिके परवर्ती, अकलङ्कदेवके समसामयिक और उनके

शिष्य विद्यानन्द तथा प्रभाचन्द्रके कुछ पूर्ववर्त्ती होते हैं। अकलङ्कदेव राष्ट्रकूटके राजा कृष्णराजके समयमें (६०१ शकके बाद और ७०५ शकके पहले) विद्यमान थे। सुतरां कुमारिलभट्टने भी उसी समय आविर्भूत हो कर वैदिक धर्मका प्रचार किया था।

तौतिक (सं॰ क्लो॰) १मोती। २ शुक्ति, मोतीको सीप।

तोदो (सं॰ स्त्री॰) विषमाख्य वृत्तभेद, द्युतकुमारी।

तोन (हिं॰ स्त्री॰) गाय दुहते समय उसके बछेको उमीके अगले पैरमें बांधनेकी रस्सी।

तोनो (हिं॰ स्त्री॰) १ रोटी सेंकनेका छोटा तवा, तई, तयो। तौन देखो।

तोवा (हिं॰ स्त्री॰) तोवा देखो।

तौम्वरयिन् (सं॰ पु॰) तुम्बरुणा कलाप्यन्तेवासिना प्रोक्तमधीयते इनि। तुम्बरुप्रोक्त शास्त्राध्यायो, तुम्बरुप्रोक्त शास्त्रका अध्ययन करनेवाला।

तौर (सं॰ क्लो॰) यागभेद, एक प्रकारका यज्ञ।

तौर (अ॰ पु॰) १ चरित्र, चालचलन, चलढाल। २ अवस्था, दशा, हालत। ३ तरीका, ढंग। ४ प्रकार, भांति, तरह।

तौरा (हिं॰ पु॰) वह रस्सी जिससे मथानी मथी जाती है, नेवी।

तौरयान (सं॰ क्लो॰) तूर्णं यानमस्या पृषोदरादित्वात् साधुः। तूर्णगमनयुक्त, बहुत तेजीसे चलनेवाला।

तौरश्रवस (सं॰ क्लो॰) तौरश्रवसा ऋषिणा दृष्टं साम अण्। सामभेद, एक प्रकारका साम।

तौरात (हिं॰ पु॰) तौरेत देखो।

तौरायणिक (सं॰ वि॰) तुरायणं यज्ञं वर्त्तयति तुरायण-ठञ्। तुरायणयज्ञकारी, जो तुरायण यज्ञ करता हो।

तौरेत (अ॰ पु॰) यहूदियोंका प्रधान धर्मग्रन्थ। यह हजरत मूसा पर प्रगट हुआ था। इसमें सृष्टि और आदमकी उत्पत्ति आदि विषय लिखे गये हैं।

तौर्य (सं॰ क्लो॰) तूर्य मुरजादौ भवं तूर्य-अण्। तूर्यवाद्य, ढोल मंजीरा आदि बाजे। २ ढोल मंजीरा आदि बजानेकी क्रिया।

तौर्यत्रिक (सं॰ क्लो॰) तर्य्यौगाः यस्य त्रिकं स्वार्थे कन् तौर्यौपलक्षितं त्रिकं। समुदित नृत्य गीत और वाद्य, नाचना, गाना और बाजे बजाना आदि काम। मनुने इसे कामज व्यसन कहा है और त्याज्य बतलाया है। (मनु॰ ७।४७)

विष्णुगृह या देवालयमें नाच, गान और बाजे बजानेसे पुण्य होता है और अन्तमें विष्णु लोककी प्राप्ति होती है। (वराहपुरा॰)

तौल (सं॰ क्लो॰) तुला एव स्वार्थे अण्। स्वार्थिकाः प्रत्ययाः क्वचित् लिङ्गवचनान्यपि अतिवर्त्तन्ते इत्युक्तेः देवतादिवत् क्लीबता। १ तुला, तराजू। (पु॰) २ तुलाराशि।

तौल (हिं॰ स्त्री॰) १ किसी पदार्थके गुरुत्वका परिमाण, वजन। २ तौलनेकी क्रिया या भाव।

तौलकर (सं॰ वि॰) तौलं करोति कृ-ट। परिमापक, तौलनेवाला।

तौलना (हिं॰ क्रि॰) १ वजन करना, जोखना। २ साधना, ठीक करना। ३ तारतम्य जानना, मिलान करना। ४ गाड़ीका पहिया ओंगना, गाड़ीके पहियेमें तेल देना।

तौलवाई (हिं॰ स्त्री॰) तौलाई देखो।

तौला (हिं॰ पु॰) १ मट्टीका बरतन जिससे दूध मापा जाता है। २ अनाज तौलनेवाला मनुष्य, बया। ३ तबिया। ४ मट्टीका कसोरा। ५ महुएकी शराब।

तौलाई (हिं॰ स्त्री॰) १ तौलनेकी क्रिया या भाव। २ तौलनेके बदलेमें दिये जानेका धन, तौलनेकी मजदूरी।

तौलाना (हिं॰ क्रि॰) तौलनेका काम किसी दूसरेसे कराना।

तौलिक (सं॰ पु॰) तुला तुलिकया जीवति तुलि ठक्। १ चित्रकार। २ ब्रह्मवैवर्त्तपुराणोक्त वर्णसंकर जातिभेद। तिली देखो।

तौलिकिक (सं॰ पु॰) तुलिकया जीवति तुलिका-ठक्। चित्रकार। संस्कृत पर्याय—रङ्गाजीव, चित्रकृत्, तौलिक।

नवम भाग सम्पूर्ण।